काशीहिन्दूविश्वविद्यालय [illegible] चतुर्थं पुष्पम्

भरतमुनिविरचितम्

# नाट्यशास्त्रम्

श्रीमदभिनवगुप्तपादाचार्यकृत-अभिनवभारतीसहितम्

तस्य प्रथमो भागः

सम्पादकः

साहित्याचार्यमधुसूदनशास्त्री, एम० ए०

[illegible]

काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः

वाराणसी

# NATYASHASTRA

OF

# BHARATAMUNI

PART FIRST

With the Commentary Abhinavabharati

*By*

ABHINAVA GUPTACHARYA

AND

Edited With an Original Profound Introduction and both Commentaries Madhusudani, Balakreeda

*By*

Madhusudan Shastri *M.A.*

Ex-Dean, Faculty of the Oriental learning B.H.U.

1971

BANARAS HINDU UNIVERSITY

VARANASI

*Printed by*
R. K. Berry,
at the
Banaras Hindu University Press,
Varanasi-5

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयीयसंस्कृतसाहित्यानुसन्धानसमितेः
चतुर्थं पुष्पम्

श्रीमद्भरतमुनिप्रणीतम्

# नाट्यशास्त्रम्

प्रथमभागात्मकम्

श्रीमदाचार्याभिनवगुप्तोपज्ञाभिनवभारतीविवृत्या प्राचीनप्राच्यशाखाप्रमुखेन
श्रीमदाचार्यमधुसूदनशास्त्रिणा विरचिताभिः प्रौढभूमिका-
मधुसूदनीबालक्रीडाभिः समुद्भासितम्

चौखम्भा विश्वभारती
चौक (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी-221001

सम्पादकः
साहित्याचार्य श्री मधुसूदनशास्त्री एम० ए०
एक्स डीन, फैकल्टी आफ दी ओरियण्टल लर्निंग, का० हि० वि० वि० वाराणसी।

काशीहिन्दूविश्वविद्यालयीय संस्कृतसाहित्यानुसन्धान समित्या प्रकाशितम्

मूल्य ४७) रुपये

वि० सं० २०२८

काशी हिन्दू विश्वविद्यालयीयमुद्रणालयस्य व्यवस्थापकेन
आर० के० बेरीमहाशयेन
मुद्रितम्

॥ श्रीः ॥

# प्राक्कथनम्

भरतमुनिप्रणीतमिदं नाट्यशास्त्रं वेदसम्मितो नाट्यवेदः। यमधिकृत्यायं समुद्घोषो महाप्राणानां समृद्धभरतानाम्—

न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला। नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते। अत एवाभियुक्तानामुक्तियुक्तिरतिरिक्तैव सुविराजते

नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाऽप्येकं समाराधनम् ॥इति॥

वेदमेनं निकाममनुसरन्तः समाश्रयन्तश्च अविकलाः कलानिधयः सख्यावतां संख्यायां सत्ख्यातेरसंख्येयाः संख्येयाः चिरन्तनचिन्तका रूपकविधायका अभिनयनयकोविदाः निसर्गप्रतिभाशालिनः कालिदासादयो दरीदृश्यन्ते। एहकि शृणकु। यतोऽत्र निरूपितः प्रतान् विषयो नाट्यनिर्मितिप्रथितामवितथां प्रथां साधिकारं श्रुर्के रोहिष्यै विश्ये च सविलाससमभिलषतां समेषां कुविदुपयोगीति सीमेदमुच्यते। नकिरिह संशयलेशोऽपि। नाट्यं नाम भरतभाषया—

महेन्द्रप्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्।

दृश्यं हृदयग्राहि श्रव्यं व्युत्पत्तिप्रदायि क्रीडनीयकम्।

तत्रात्र अप्रतां क्रीडनीयं त्र्यश्र-चतुरश्र-विकृष्ट-भेदभिन्नं सज्जं नाट्यवेश्म, मञ्जु समाकर्षिका अभिनयशैली निपुणान् नर्तकपतिप्रतीकप्रवीणान् अभिनेतॄन्, "अरसिके सरसार्थनिवेदनं शिरसि मा लिख मा लिख मा लिख इति स्वसमीहानुकूलहृदयान् रसिकान्, सरीतिगुणालंकारवृत्तिप्रवृत्तिस्वरच्छन्दकाकुविविधभाषा न्यूनाधिककथिताभिधेयाभिधानस्थानं, सुखेन सम्मुखीनं, सरसमभिनेयं वस्तु, च वेध्येभ्यो नाट्येभ्यो वस्नवत् विपुलक्षणैः कूपदललक्षत्। नाटकादिषु कति अङ्कांसि करणीयानि इति अङ्कसां संख्यां लक्षणं, शिरःप्रभृतिपादपर्यन्तानां समेषामङ्गसां विनियोगांसि च समयू युजत्। माकिमाधुनिका एतत्परिभाषितलक्षणानुसरणाशङ्कां युन् कुर्वन्तु। प्रामाणिकलक्षणाननुसरणं हि स्वीयमेवान्ध्यम्।

परिवर्तिनि विश्वस्मिन्नस्मिन् यथाज्ञानं प्राप्तकालमनतिक्रम्य शिक्षणीयमनुशासनं सुविशेषं शिष्यः प्रतिपत्तुं शक्ष्यति। व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिरित्युक्तेः। एवं बहूपयोगिन्यस्मिन् महामहिम्नामभिनवगुप्ताचार्याणामभिनवभारती भावापयो धकलुषं कुर्वती अपि मुग्धेव भावपूर्णा, प्राचीनाऽपि प्रौढाऽपि प्रत्यनुशीलनमभिनवावेशं भावयन्ती उद्वेजयन्ती, मानिनीव निगूढमपि स्वप्रकाशं चिरपरिचितमपि परं पूर्वं कदाचिदपि अननुभूतमिव लक्षयन्ती अतीव नवीनतया रतिरीतिं स्वाशयञ्च प्रकाशयन्ती निरतिशयमतिशयमाधत्तामितीमां नाट्यशास्त्रीयमर्मणि नर्मसचिवया मया मधुसूदन्या बालक्रीडया चाहं समगमयम्।

तदेवं तिसृभिरुपेतं नाट्यशास्त्रमेतन् मुद्रापयितुं समितेः समक्षमैक्षयम्। समितिः सहर्षमन्वमोदत्। तदनुमोदमनुमोदमानो विश्वम्भरस्यानुकम्पयाग्रमग्नां द्वे टीके विसृतां भूमिकाञ्चात्र। तदेतत् सहृदयानां विदुषामन्वक्षं समुपाहरामि कीदृशः प्रयास इति त एव प्रमिण्वन्तु। मान्तु पठनपाठनप्रवृत्तिरेव प्रैरिरत्। आरम्भे लेखन-प्रवृत्तौ प्रधानं कारणं मदीया प्रथमा स्वर्गता धर्मपत्नी दुर्गा सुरेलियान्वये सम्भूता एव। विपुलप्रदामहात्परं तस्यास्तोषार्थमारम्भोऽयं फलेग्रहिरभवत्। काव्यमीमांसाया व्यक्तिविवेकस्य रसगंगाधरस्य नाट्यशास्त्रस्य काव्यप्रकाशस्य च मधुसूदनीं विवृतिं व्यरीरचम्। बालक्रीडामपि समेषामेषां ग्रन्थानां व्यरचयं व्यक्तिविवेकं विहाय। कृतेनानेन सा प्रसीदतु सर्वान्तर्यामी भगवांश्च प्रीणातु।

रसगंगाधरनाट्यशास्त्रयोर्मधुसूदन्या बालक्रीडायाश्च प्रेसकापीसम्पादने प्रारूप-संशोधने च मदीया पत्नी कनीयसी पुत्री कुमारी राज्यलक्ष्मी बी० ए०, पुत्रौ अरुणोदय-सूर्योदयौ च महत् साहाय्यमातन्वन्। तदर्थं बह्व आशिषः तेभ्यः समुपाहरामि। भूतभावनं भवानीपतिं समनुभावये मुहुर्मुहुर्निवेदये च भूमन्! त्वदीयोऽहं त्वदीयं वस्तु तुभ्यमुपहरे। नतेन शिरसावश्यं वश्योहमिदमेकमभ्यर्थये यत् प्रथमभागवत् द्वितीयोऽपि भागोऽस्य ग्रन्थरत्नस्य त्वरितत्वरितं पूर्णतामेतु। तव प्रसादेनैव सर्वं सेत्स्यतीति मे दृढो विश्वासः।

विदुषामासेचनको
मधुसूदनशास्त्री
EX डीन, फैकल्टी आफ दी ओरियण्टल लर्निंग
का० हि० वि० वि०
भदैनी, वाराणसी

श्रावणी पूर्णिमा
२०२८

आचार्य श्री मधुसूदनशास्त्री जी के सम्पादकत्व में बड़ी सुन्दर शैली से ग्रन्थरत्न द्वय प्रकाशित हो रहे हैं। इसमें सहृदय विद्वानों के मनोरञ्जन की, विद्या के अनन्योपासक छात्र वृन्द के अध्ययन की एवं भावुक पाठकों के गुणार्जन की पूर्ण सामग्री है।

शास्त्री जी का पांडित्य शास्त्रीय पद्धति को परिष्कृत करने में सुचतुर है, विद्वानों को अपनी ओर आकृष्ट करने में दक्ष है एवं छात्रों की प्रतिभा को आप्यायन करने में रसायन है।

नाट्यशास्त्र के विषय में उसके निर्माण के समय से श्रीमदाचार्य अभिनव गुप्त के बाद शास्त्री जी का ही यह पहला प्रयत्न मेरी दृष्टि में आया है। रसगङ्गाधर के विषय में एक बात कहे बिना नहीं रहा जा सकता है कि इसके रचयिता पण्डितराज का प्रकाश या विकाश राजस्थान में ही जैसे हुआ उसी तरह इस दुरूह ग्रन्थ का उत्कृष्ट विवरण भी राजस्थान के ही विद्वान् के द्वारा हो रहा है यह हर्ष का विषय है। इसका प्रसार एवं प्रचार जनता में हो ऐसी विश्वनाथ से प्रार्थना है।

चैत्र व० १ भौम
सं० २०१२
नीची ब्रह्मपुरी काशी


महामहोपाध्याय
आचार्य पं० गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी
जयपुराभिजन

रसगङ्गाधर एवं नाट्यशास्त्र की विवृति के साक्षात्कार करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। यह देखकर और भी उल्लास हुआ कि इसके सर्वस्व मेरे अनन्य सहकारी परममित्र श्री पं० मधुसूदन जी साहित्याचार्य हैं। अत इसमें यह ध्रुव निष्पन्न है कि इसकी विचार चर्चा विमर्श संघटना अनुशीलन परम्परा अवश्य प्रामाणिक होगी।

क्योंकि इसके तत्त्वानुसन्धानकर्त्ता योग्य विद्वान् सद्गुरुशिक्षित परिश्रमी तथा सच्चे विद्याव्यसनी हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भरतनाट्य शास्त्र के व्याख्यान और परिशुद्ध पाठ प्रकाशित होंगे और रसगङ्गाधर की सुलझती हुई ग्रन्थियाँ उपलब्ध होंगी। मैं सम्मान भाजन विद्वानों और भावुक अध्येताओं का आकर्षण चाहता हूँ।

मा० शु० ६ शुक्रवार
सं० २०१२

महादेव शास्त्री पाण्डेय
सर्वतन्त्र स्वतन्त्र कवितार्किक चक्रवर्त्ती
प्रिंसिपल संस्कृत महाविद्यालय
B. H. U. बनारस



आचार्य श्री मधुसूदन शास्त्री
डीन, फैकल्टी आफ दी ओरियण्टल लर्निग
का० हि० वि० वि०, वाराणसी

# विषयानुक्रमणिका ॥

## प्रथमोऽध्यायः


| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| नाट्योत्पत्तिः | १-१३१ | १-१५५ |
| प्रतिज्ञा | १ | ८ |
| नाट्यवेदोत्पत्तिलक्षणप्रयोगविषये मुनीनां प्रश्नः | २-५ | २८-२९ |
| भरतस्योत्तरमितिहासरूपेण | ६-१२ | ३९-४८ |
| देवप्रार्थनया ब्रह्मणा नाट्यवेदनिर्माणम् | १३-१८ | ४९-६९ |
| ब्रह्मेन्द्रयोः सम्वादः । देवानां नाट्यप्रयोगेऽसामर्थ्यस्य ऋषीणां सामर्थ्यस्य च ज्ञापनम् | १९-२३ | ७०-७३ |
| ब्रह्मणा ज्ञापितेन भरतेन पुत्रशतेभ्योऽध्यापनम् | २४-२५ | ७४ |
| पुत्रशतनामानि | २६-३९ | ७५-७७ |
| भारत्यादिसमाश्रितप्रयोगः | ४१ | ७८ |
| कैशिकीवृत्तियोजनम् | ४२ | ७९ |
| तस्याः प्रयोगार्थमप्सरसां सृष्टिः | ४६ | ८२ |
| तासां नामानि | ४७ | ८३ |
| नारदादीनां गानयोगे नियोजनम् | ५१ | ८५ |
| इन्द्रध्वजमहे दैत्यपराजयरूपकस्य प्रयोगस्योपक्रमः | ५४ | ८६ |
| नान्दीकरणम् | ५६ | ८७ |
| देवानां प्रीतिदायानि | ५९ | ९० |
| दैत्यानां क्षोभः | ६४ | ९३ |
| नटानां वागादिस्तम्भनम् | ६६ | ९३ |
| जर्जरसंभवः | ७० | ९४ |
| विघ्ननिरोधनार्थं भरतेन रङ्गस्थलप्रार्थनम् | ७८ | ९५ |
| विश्वकर्मणा नाट्यमण्डपनिर्माणम् | ७९ | ९६ |
| मण्डपरक्षणम् | ८२ | ९७ |
| विघ्नान्प्रति ब्रह्मणा सामप्रयोगः | ९९ | १०१ |
| नाट्यशब्दनिर्वचनम् | १०७ | १०३ |
| नाट्यप्रयोजनं स्तुतिश्च | १०८-११७ | १२८-१३६ |
| रङ्गपूजाया आवश्यकता | १२४ | १५२-१५५ |


## द्वितीयोऽध्यायः


| | | |
|---|---|---|
| प्रेक्षागृहलक्षणम् | (१-११०) | १५८-२०१ |
| मुनिप्रश्नः | १ | १५८ |
| नाट्यमण्डपलक्षणम् | ४ | १६१ |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| विकृष्टः / चतुरश्रः / त्र्यश्रः | ८ | १६२ |
| तेषां त्रीणि प्रमाणानि | | |
| ज्येष्ठम् | १० | १६५ |
| मध्यमम् | ,, | ,, |
| कनीयः | ,, | ,, |
| माननिर्णयः | १६ | १६७ |
| मनुष्यगेहलक्षणम् | २६ | १७४ |
| भूमिविभागः शुभनक्षत्राणि | २७-३० | १७४-१७५ |
| वास्तुप्रमाणम् | ,, | ,, |
| रज्जुग्रहणम् | ३२ | १७६ |
| रङ्गगृहविभागः | ३८ | १७७ |
| मण्डपनिवेशनम् | ४० | १७८ |
| स्थापनम् | ४६-४७ | १७९-१८० |
| भित्तिकर्म | ४८ | १८० |
| स्तम्भस्थापनविधिः | ५० | १८० |
| स्तम्भोत्थापनम् | ६५ | १८१ |
| मत्तवारणी | ६७ | १८३ |
| रङ्गपीठम् | ७३ | १८५ |
| रङ्गशीर्षम् | ,, | ,, |
| दारुकर्म | ८० | १८८ |
| भित्तिकर्मलेपः | ८४ | १८९ |
| चित्रकर्म | ८६ | १९१ |
| चतुरश्रगृहलक्षणम् | ९१ | १९१ |
| त्र्यश्रगेहलक्षणम् | १०६ | १९९ |


## तृतीयोऽध्यायः


| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| रङ्गदैवतपूजाविधानम् | (१-१०३) | २०३-२२१ |
| नायकस्याधिवासः | २ | २०३ |
| देवतानमस्कारः | ४ | २०४ |
| जर्जरपूजनम् | १२ | २०५ |
| पूजाक्रमः | १५ | २०६ |
| देवतानां निवेशनम् | २१ | २०७ |
| देवतानां पूजनम् | ३४ | २०९ |
| देवताभ्यो बलिविधिः | ३६ | २१० |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| जर्जरपूजनम् | ७४ | २१५ |
| होमः | ८३ | २१७ |
| नाट्याचार्येण कुम्भभेदनम् | ८९ | २१८ |
| रङ्गप्रदीपनम् | ९१ | २१८ |
| रङ्गस्यापूजनादरिष्टम् | ९६ | २१९ |


## चतुर्थोऽध्यायः


| | | |
|---|---|---|
| नृत्यताण्डवलक्षणम् | (१-३२९) | २२२-४९६ |
| ब्रह्मणो वचनानुसारेणामृतमन्थनाख्यसमवकारस्य प्रयोगः | २ | २२४ |
| त्रिपुरदाहाख्यडिमस्य प्रयोगः | १० | २३१ |
| करणाङ्गहारैः पूर्वरङ्गस्य प्रसादनविधिः | १३ | २३२ |
| शिवेन भरतोपदेशनाय तण्डुनिदेशः | १७ | २३५ |
| अङ्गहाराणां (३२) समुद्देशः | १९ | २३६ |
| करणलक्षणम् | ३० | २४० |
| करणानि (१०८) | ३४-५५ | २४२-२४४ |
| करणानां कर्म | ५६-६० | २४५-२५१ |
| १ तलपुष्पपुटम् | ६१ | २५२ |
| २ वर्तितम् | ६२ | २५३ |
| ३ वलितोरु | ६३ | २५६ |
| ४ अपविद्धम् | ६४ | २५८ |
| ५ समनखम् | ६५ | २५९ |
| ६ लीनम् | ६६ | २६० |
| ७ स्वस्तिकरेचितम् | ६७ | २६२ |
| ८ मण्डलस्वस्तिकम् | ६८ | २६४ |
| ९ निकुट्टकम् | ६९ | २६५ |
| १० अर्धनिकुट्टकम् | ७० | २६७ |
| ११ कटिच्छिन्नम् | ७१ | २६८ |
| १२ अर्धरेचितकम् | ७२ | २६९ |
| १३ वक्षःस्वस्तिकम् | ७३ | २७० |
| १४ उन्मत्तम् | ७४ | २७१ |
| १५ स्वस्तिकम् | ७५ | २७२ |
| १६ पृष्ठस्वस्तिकम् | ७६ | २७३ |
| १७ दिक्स्वस्तिकम् | ७७ | २७४ |
| १८ अलातकम् | ७८ | २७५ |
| १९ कटीसमम् | ७९ | २७६ |
| २० आक्षिप्तरेचितम् | ८० | २७८ |

| | | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|---|
| २१ | विक्षिप्ताक्षिप्तकम् | ८१ | २७९ |
| २२ | अर्धस्वस्तिकम् | ८२ | २८० |
| २३ | अञ्चितम् | ८३ | २८१ |
| २४ | भुजङ्गत्रासितम् | ८४ | २८२ |
| २५ | ऊर्ध्वजानु | ८५ | २८३ |
| २६ | निकुञ्चितम् | ८६ | २८४ |
| २७ | मत्तल्लि | ८७ | २८५ |
| २८ | अर्धमत्तल्लि | ८८ | २८५ |
| २९ | रेचकनिकुट्टितम् | ८९ | २८६ |
| ३० | पादापविद्धकम् | ९० | २८७ |
| ३१ | वलितम् | ९१ | २८८ |
| ३२ | घूर्णितम् | ९२ | २८८ |
| ३३ | ललितम् | ९३ | २८९ |
| ३४ | दण्डपक्षम् | ९४ | २९० |
| ३५ | भुजङ्गत्रस्तरेचितम् | ९५ | २९१ |
| ३६ | नूपुरम् | ९६ | " |
| ३७ | वैशाखरेचितम् | ९७ | २९२ |
| ३८ | भ्रमरकम् | ९८ | २९३ |
| ३९ | चतुरम् | ९९ | २९४ |
| ४० | भुजङ्गाञ्चितम् | १०० | २९५ |
| ४१ | दण्डरेचितकम् | १०१ | २९५ |
| ४२ | वृश्चिककुट्टितम् | १०२ | २९६ |
| ४३ | कटिभ्रान्तम् | १०३ | २९७ |
| ४४ | लतावृश्चिकम् | १०४ | २९८ |
| ४५ | छिन्नम् | १०५ | २९८ |
| ४६ | वृश्चिकरेचितम् | १०६ | २९९ |
| ४७ | वृश्चिकम् | १०७ | २९९ |
| ४८ | व्यंसितम् | १०८ | ३०० |
| ४९ | पार्श्वनिकुट्टकम् | १०९ | ३०१ |
| ५० | ललाटतिलकम् | ११० | ३०२ |
| ५१ | क्रान्तकम् | १११ | " |
| ५२ | कुञ्चितम् | ११२ | ३०३ |
| ५३ | चक्रमण्डलम् | ११३ | ३०४ |
| ५४ | उरोमण्डलम् | ११४ | ३०५ |
| ५५ | आक्षिप्तम् | ११५ | " |

| | | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|---|
| ५६ | तलविलासितम् | ११६ | ३०६ |
| ५७ | अर्गलम् | ११७ | ३०७ |
| ५८ | विक्षिप्तम् | ११८ | " |
| ५९ | आवर्तम् | ११९ | ३०८ |
| ६० | डोलापादम् | १२० | ३०९ |
| ६१ | विवृत्तम् | १२१ | " |
| ६२ | विनिवृत्तम् | १२२ | ३१० |
| ६३ | पार्श्वक्रान्तम् | १२३ | ३११ |
| ६४ | निस्तम्भितम् | १२४ | ३१२ |
| ६५ | विद्युद्भ्रान्तम् | १२५ | ३१३ |
| ६६ | अतिक्रान्तम् | १२६ | " |
| ६७ | विवर्तितकम् | १२७ | " |
| ६८ | गजक्रीडितकम् | १२८ | ३१४ |
| ६९ | तलसंस्फोटितम् | १२९ | ३१५ |
| ७० | गरुडप्लुतकम् | १३० | " |
| ७१ | गण्डसूची | १३१ | ३१६ |
| ७२ | परिवृत्तम् | १३२ | ३१६ |
| ७३ | पार्श्वजानु | १३३ | ३१८ |
| ७४ | गृध्रावलीनकम् | १३४ | " |
| ७५ | संनतम् | १३५ | ३१९ |
| ७६ | सूची | १३६ | " |
| ७७ | अर्धसूची | १३७ | ३२० |
| ७८ | सूचीविद्धम् | १३८ | " |
| ७९ | अपक्रान्तम् | १३९ | ३२१ |
| ८० | मयूरललितम् | १४० | " |
| ८१ | सर्पितम् | १४१ | ३२२ |
| ८२ | दण्डपादम् | १४२ | ३२३ |
| ८३ | हरिणप्लुतम् | १४३ | " |
| ८४ | प्रेङ्खोलितम् | १४४ | ३२४ |
| ८५ | नितम्बम् | १४५ | ३२५ |
| ८६ | स्खलितम् | १४६ | " |
| ८७ | करिहस्तकम् | १४७ | ३२६ |
| ८८ | प्रसर्पितकम् | १४८ | " |
| ८९ | सिंहविक्रीडितम् | १४९ | ३२७ |
| ९० | सिंहाकर्षितकम् | १५० | ३२८ |

| | | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|---|
| ९१ | उद्वृत्तम् | १५१ | ,, |
| ९२ | उपसृतम् | १५२ | ३२९ |
| ९३ | तलसंघट्टितम् | १५३ | ३३० |
| ९४ | जनितम् | १५४ | ,, |
| ९५ | अवहित्थम् | १५५ | ३३१ |
| ९६ | निवेशम् | १५६ | ३३२ |
| ९७ | एलकाक्रीडितम् | १५७ | ३३३ |
| ९८ | ऊरूद्वृत्तम् | १५८ | ,, |
| ९९ | मदस्खलितकम् | १५९ | ३३४ |
| १०० | विष्णुक्रान्तम् | १६० | ३३५ |
| १०१ | संभ्रान्तम् | १६१ | ,, |
| १०२ | विष्कम्भम् | १६२ | ३३६ |
| १०३ | उद्घट्टितम् | १६३ | ,, |
| १०४ | वृषभक्रीडितम् | १६४ | ३३७ |
| १०५ | लोलितम् | १६५ | ३३८ |
| १०६ | नागापसर्पितम् | १६६ | ,, |
| १०७ | शकटास्यम् | १६७ | ३३९ |
| १०८ | गङ्गावतरणम् | १६८ | ३४० |

**अङ्गहाराः-( ३२ )** **१७४, १७५**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | स्थिरहस्तः | १७६ | ३४४ |
| २ | पर्यस्तकः | १७७, १७८ | ३४६ |
| ३ | सूचीविद्धः | १७९, १८० | ३४७ |
| ४ | अपविद्धः | १८१-१८२ | ३४९ |
| ५ | आक्षिप्तकः | १८३-१८४ | ३५० |
| ६ | उद्घट्टितः | १८५-१८६ | ,, |
| ७ | विष्कम्भः | १८७, १८९ | ३५१-२ |
| ८ | अपराजितः | १९० | ३५३ |
| ९ | विष्कम्भापसृतः | १९२ | ३५४ |
| १० | मत्ताक्रीडः | १९४ | ३५५ ६ |
| ११ | स्वस्तिकरेचितः | १९७ | ३५७ |
| १२ | पार्श्वस्वस्तिकः | २०१ | ३५९ |
| १३ | वृश्चिकापसृतः | २०२-३ | ३६० |
| १४ | भ्रमरः | २०४-५ | ३६१ |
| १५ | मत्तस्खलितकः | २०६-७ | ३६२ |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| १६ मदविलसितः | २०८-९ | ३६३ |
| १७ गतिमण्डलः | २१०-११ | ३६४ |
| १८ परिच्छिन्नः | २१२-१३ | ३६५ |
| १९ परिवृत्तरेचितः | २१४ | ३६७ |
| २० वैशाखरेचितः | २१८-९-० | ३६९ |
| २१ परावृत्तः | २२१ | ३७० |
| २२ अलातकः | २२३ | ३७२ |
| २३ पार्श्वच्छेदः | २२५ | ३७३ |
| २४ विद्युद्भ्रान्तः | २२७ | ३७४ |
| २५ उद्वृत्तकः | २२९ | ३७६ |
| २६ आलीढः | २३१ | ३७७ |
| २७ रेचितः | २३३ | ३८० |
| २८ आच्छुरितः | २३५ | ३८१ |
| २९ आक्षिप्तरेचितः | २३७ | ३८४ |
| ३० संभ्रान्तः | २४० | ३८६ |
| ३१ अपसर्पितः | २४२ | ३८७ |
| ३२ अर्धनिकुट्टकः | २४५ | ३८९ |
| रेचकाः (४) | २४७ | ३९० |
| रेचकानां लक्षणम्— | २४९-२५३ | ३९२-३९४ |
| पिण्डीबन्धानां क्रमः, नाम, लक्षणं च | २५७ | ३९७-४०४ |
| तण्डुमुनये रेचकादीनां दानम् | २६४ | ४०६ |
| ताण्डव लक्षणम् | २६५ | ४०८ |
| ऋषीणां प्रश्नः | २६६ | ४१४ |
| नृत्तप्रयोजनम् | २६८-२७२ | ४१९-४३३ |
| लास्यताण्डवप्रयोगहेतुः | २७२ | ४४० |
| ताण्डवविधिः वर्धमानकविधिः | २७३-२७४ | ४४०-१ |
| आसारितविधिः | २७६ | ४४३ |
| नर्तकीकर्म (वर्धमाने) | २७९ | ४४५ |
| गीतछन्दकानां लक्षणम् | २९६ | ४६६ |
| गीतानि—वस्त्वङ्गनिबद्धानि | ३०१ | ४७० |
| द... वाद्यविधिः | ३०३ | ” |
| सुकुमारनृत्तविधिः | ३११ | ४७३ |
| नृत्तवाद्यविधिः | ३१३ | ४७९ |

## पञ्चमोऽध्यायः


| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| पूर्वरङ्गविधिः | (१-२१२) | (४९७-५८६) |
| ऋषीणां प्रश्नः | १ | ४९७ |
| पूर्वरङ्गलक्षणम् | ६ | ५०१ |
| तस्याङ्गानि | ८ | ५०५ |
| बहिर्गीतोत्पत्तिः | ११ | ५०७ |
| प्रत्याहारः } | | |
| अवतरणम् } | १७ | ५०९ |
| आरम्भः } | | |
| आश्रावणा } | १८ | ५११ |
| वक्त्रपाणिः } | | |
| परिघट्टना } | १९ | ५१२ |
| संघोटना } | | |
| मार्गासारितम् } | २० | ५१४ |
| आसारितानि } | | |
| गीतकम् } | २१ | ५१५ |
| उत्थापनम् | २२ | ५२० |
| परिवर्तनम् | २३ | ५२१ |
| नान्दी | २४ | " |
| शुष्कावकृष्टा | २५ | ५२२ |
| रङ्गद्वारम् | २६ | ५२४ |
| चारी } | | |
| महाचारी } | २७ | " |
| त्रिगतम् | २८ | ५२५ |
| प्ररोचना | २९ | " |
| निर्गीतोत्पत्तिः, प्रयोजनं च | ३० | ५२७ |
| अङ्गानां दैत्यपरितोषकत्वम् | ३८-४१ | ५३० |
| बहिर्गीतम्, देवानां तोषः | ४३ | ५३३ |
| पूर्वरङ्गः—शुद्धः—चतुरश्रः | ४५ | ५३७ |
| उत्थापनी ध्रुवा | ४८ | ५३९ |
| परिवर्ताः | ६१ | ५४० |
| परिवर्तनी ध्रुवा | ८९ | ५४२ |
| चतुर्थकारस्य प्रवेशनम् | १०० | ५४४ |
| अवकृष्टा ध्रुवा | १०३ | ५४६ |
| नान्दी | १०६ | ५४७ |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| शुष्कावकृष्टा | ११२ | ५५८ |
| रङ्गद्वारम् | ११६ | ५५९ |
| चारी | ११७ | ५६० |
| अड्डिता ध्रुवा | ११८ | ५६० |
| महाचारी | १२६ | ५६२ |
| चतुरश्रा ध्रुवा | १२७ | ५६३ |
| त्रिगतम् | १३५ | ५६५ |
| प्ररोचना | १३९ | ५६६ |
| पूर्वरङ्गः शुद्धः—त्र्यश्रः | १४४ | ५६७ |
| उत्थापनम् | १४४ | ,, |
| उत्थापिनी ध्रुवा | १४५ | ,, |
| पूर्वरङ्गः—चित्रः | १५३ | ५६९ |
| ताण्डवनृत्यविधिः | १५७ | ,, |
| नान्दीमध्यनृत्यम् | १५८ | ५७० |
| नाटकप्रारम्भः | १५९ | ,, |
| नृत्तगीतयोरनतिप्रसङ्गः | १६२ | ५७१ |
| स्थापकप्रवेशः | १७० | ५७३ |
| पूर्वरङ्गस्यावश्यकर्तव्यता | १७८ | ५७७ |
| चित्र मिश्र शुद्ध पूर्वरंगविधिः | १८२-२२२ | ५७९-५८६ |


## षष्ठोऽध्यायः


| | | |
|---|---|---|
| रसविकल्पः | १-८८ | ५८७-५८० |
| षट् प्रश्नाः | १ | ५८८ |
| भरतस्य प्रत्युत्तरम् | ४ | ५९५ |
| नाट्यशास्त्रविषयसङ्ग्रहः | १० | ६०१ |
| विषयाणां विस्तरेण परिगणनम् | १४ | ६०७ |
| रसनिष्पत्तिसूत्रम् | | ६२० |
| तद्विवरणभाष्यम् | | ६७७ |
| रसभावयोः कार्यकारणभावः | | ६८७ |
| रसानामुपाद्योत्पादकभावः | ३७ | ६९० |
| रसानां वर्णदैवतनिदर्शनानि | ४२ | ७०१ |
| शृङ्गारः | | ७०४ |
| हास्यः | | ७३० |
| करुणः | | ७३७ |
| रौद्रः | | ७४० |
| वीरः | | ७४९ |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| भयानकः | | ७५२ |
| बीभत्सः | | ७५६ |
| अद्भुतः | | ७५७ |
| रसानां बहुप्रकारत्वम् | ७७ | ७५९ |
| शान्तरसस्वरूपम् | | ७६२ |
| नवरसोपसंहारः | ८८ | ७८० |

## सप्तमोऽध्यायः

| | | |
|---|---|---|
| भावव्यञ्जकः | १-१२६ | ७८३-८२८ |
| भावाः | १ | ७८९ |
| विभावः | ४ | ७९२ |
| अनुभावः | ५ | ७९३ |
| भावभेदाः | | ७९४ |
| स्थायिनां रसभावापत्तिः | | ७९५ |
| रतिः | | ७९६ |
| हासः | | ,, |
| शोकः | | ७९७ |
| क्रोधः | १६ | ७९८ |
| उत्साहः | २२ | ८०० |
| भयम् | ,, | ,, |
| जुगुप्सा | | ८०१ |
| विस्मयः | २७ | ,, |
| व्यभिचारिभावाः | | ८०२ |
| निर्वेदः | २९ | ८०३ |
| ग्लानिः | ३२ | ,, |
| शङ्का | | ८०४ |
| असूया | | ८०५ |
| मदः | ३८ | ८०६ |
| श्रमः | ४७ | ८०७ |
| आलस्यम् | ४८ | ८०८ |
| दैन्यम् | ४९ | ,, |
| चिन्ता | ५० | ८०९ |
| मोहः | ५३ | ,, |
| स्मृतिः | ५५ | ८१० |
| धृतिः | ५६ | ,, |
| व्रीडा | | ८११ |

| | श्लो. | पृ. |
|---|---|---|
| चपलता | ६० | ८११ |
| हर्षः | ६१ | ८१२ |
| आवेगः | | ,, |
| जडता | ६७ | ८१४ |
| गर्वः | | ,, |
| विषादः | ६९ | ८१५ |
| औत्सुक्यम् | ७० | ,, |
| निद्रा | | ८१६ |
| अपस्मारः | | ,, |
| सुप्तम् | | ८१७ |
| विबोधः | | ८१८ |
| अमर्षः | | ८१८ |
| अवहित्थम् | | ८१९ |
| उग्रता | | ,, |
| मतिः | | ८२० |
| व्याधिः | | ,, |
| उन्मादः | | ८२ |
| मरणम् | | ,, |
| त्रासः | | ८२३ |
| वितर्कः | | ८२४ |
| सात्त्विका भावाः | ९४ | ,, |
| स्वेदः | ९५ | ८२६ |
| स्तम्भः, कम्पः | ९७ | ,, |
| आश्रु | ९७ | ८२६ |
| वैवर्ण्यम्, रोमाञ्चः | ९९ | ,, |
| स्वरभेदः, प्रलयः, तेषां कर्म, | १०० | ,, |
| सात्त्विकभावानां रसेषु विनियोगः | १०१ | ,, |
| शृङ्गारे, हास्ये, करुणे | १०९-११०-१११ | ८२८ |
| रौद्रे, वीरे | ११२-११३ | ८२९ |
| भयानके, बीभत्से | ११५-११६ | ,, |
| अद्भुते | ११७ | ,, |
| स्थायिसंचारिताभेदः, रसभावव्यवस्था | ११८-१२० | ८३० |

## अकारानुक्रमेण नाट्यशास्त्रीय श्लोकानां सूची


अंशभागैर्भवद्भिस्तु ९७
अंशांशैर्भाषितं भावान् ९२
अक्षराणां कलायास्तु ५८२
अक्षिनिमीलोच्छ्वसनैः ८१७
अग्निकुण्डाख्यकुण्डी च ७६
अग्नौ होमं ततः कुर्यात् २१७
अङ्गनेपथ्यवाक्यैश्च ७१९
अङ्गवस्तुनिवृत्तौ तु ४७९, ४९०
अङ्गहारप्रयोगे तु ४४९, ४४८
अङ्गहारेषु वक्ष्यामि २३९
अङ्गहारैश्च देव्यस्ताः ५६९
अङ्गानां तु परावृत्तौ ४७४
अङ्गुलं च तथा हस्तः १६७
अङ्गुलानि तथा हस्ताः १७०
अचलं चाप्यकम्पश्च १८२
अञ्चितं वामहस्तं च ३७०
अञ्चितः पृष्ठतः पादः २६८
अञ्चितश्चरणश्चैव ३२६
अञ्चितः स्यात्करो वामः २९४
अञ्चितापसृतौ पादौ ३२२
अञ्चितेन तु पादेन २७०
अञ्चितैर्वलितैर्हस्तैः २६२
अञ्चितो नासिकाग्रे तु २८१
अञ्चितौ बाहुशिरसि २६५
अञ्चिता चात्र कर्तव्या ५६०
अञ्चितायाः प्रयोगाङ्गैः ५८६
अणवोऽष्टौ रजः प्रोक्तम् १६९
अणू रजश्च बालश्च १६७
अत ऊर्ध्वं न कर्तव्यः १७२
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि ७८०
अतः परं प्रवक्ष्यामि १९८, ३४२ ५२०, ५२७, ५८०, ५८१, ५८५, ६१९
अतश्चैव प्रतिक्षेपात् ४२१
अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा ३१२, ३२३
अतिक्रान्तैः सललितैः ५६४
अतोऽन्यत्परिवर्ज्याः ५८२
अत्र विघ्नविनाशार्थम् २१६
अत्र शुष्काक्षरैरेव ५२२
अत्रेदानीमयं वेदः ८६
अत्रोच्यते न खल्वर्थम् ४१९
अथ परिजने तु रोषः ७९९
अथ या याः क्रियास्तत्र १६०
अथापश्यत्सदो विघ्नैः ९४
अथाह मां सुरगुरुः ७९
अधमानामपहसितम् ७३४
अधस्ताद्रङ्गपीठस्य १००
अध्यर्धहस्तोत्सेधेन १८४
अध्यात्मध्याने ७३७
अनध्याये कदाचित्तु २८
अनभिमतदर्शनेन च ७९७
अनिमित्तहदितहसितः ८२१
अनिमेषप्रेक्षणतः ८२६
अनिस्सरणधर्मत्वाद् १७२
अनुभावा विभावाश्च ७९४
अनेन यस्मात्तेनायम् ७९२
अनेन हि प्रमाणेन ५६७
अनेनैव प्रमाणेन १७०
अनेनैव विधानेन २०९, २१०, ५५४
अन्तर्यवनिकासंस्थैः ५७३
अन्याश्चानुक्रमेणाथ ४५५
अन्ये ये देवगन्धर्वाः २१५
अन्यैश्च विकारकृतैः ८२१
अपक्रान्तं च सम्प्रोक्तम् २४४
अपक्रान्तक्रमं कृत्वा ३८६
अपक्रान्तार्धसूचिभ्याम् २७३
अपविद्धं तु करणम् २४८

अपविद्धं द्रुतं चैव ३६२
अपविद्धं समनखम् २४२
अपविद्धः करः सूच्या २६८, ३३५
अपविद्धोऽङ्गहारश्च २४५
अपविद्धो भवेद्धस्तः २८८
अपसर्पस्तु विज्ञेयः २३८
अपस्मारस्तथोन्मादः ८२९
अपूजयित्वा रङ्गं तु १४२, २१९
अपूपैर्लाजिकामिश्रैः २११
अप्राप्तेश्च न शोकः ८१०
अप्राप्ये प्राप्ये वा लब्धेऽर्थे ८१२
अप्रियनिवेदनाद्यः ८१४
अप्रियनिवेदनाद्वा ८१३
अबुधं बुधसेनं च ७५
अबुधानां विबोधश्च ३३०
अभवन्क्षुभिताः सर्वे ९२, ४२९
अभिद्योत्य सहायोधैः २१७
अभिनेतव्या चिन्ता ८०९
अभिनेयः करुणरसः ७३९
अभिन्ने तु भवेत्कुम्भे २१८
अभिमन्त्र्य यथान्यायम् १८३
अभिवादानि कार्याणि ५४६
अभ्यन्तरापविद्धः स्यात् ३०४
अभ्युदयसुखैर्वाक्यैः ८०७
अयं ध्वजमहः श्रीमान् ८६
अयमेव प्रयोगः स्यात् ५६७
अर्गलं चाथ विक्षिप्तम् २४३
अर्चयेद्भूतसंघांश्च २१०
अर्थोपजीविनामर्थे १२१
अर्धच्छिन्ने भवेत्सूत्रे १३६
अर्धरेचितकं चैव २४३
अर्धसूची च विक्षिप्तम् ३७२
अर्धसूचीति करणम् २४४
अर्धस्वस्तिकमुद्दिष्टम् २४३
अलं वो मन्युना दैत्याः १०२
अलक्षितद्विजं धीरम् ७२४
अलपद्मः कटीदेशे २९८
अलपद्मः शिरोहस्तः ३२०
अलपल्लवसूची च २४७
अलातं च पुरः कृत्वा ३२७
अलातं चरणं कृत्वा २७४
अलातकं प्रयुञ्जीत २७१
अल्पतरप्रविचारः ७९१
अल्पाभिधानेनार्थो यः ६०२
अवकृष्टं पुनः कार्यम् ५८०
अवकृष्टाद्भुता चैव ५८०
अवकृष्टामिदानीं तु ५८३
अविनिश्चितकारित्वात् ८११
अविमृश्य तु यः कार्यम् ८११
अवृष्टिरुक्ता चलने १८२
अव्यक्तपादपतनैः ७४७
अव्यक्तोल्वणचेष्टः ७९९
अशक्ता भगवन् देवाः ७२
अशक्या पुरुषैः सा तु ८२
अश्मपाषाणैः पादैः ५८४
अष्टहस्तं तु कर्तव्यम् १९८
अष्टाङ्गपदसंयुक्ता ८८
अष्टाधिकं शतं ज्ञेयम् १६५
अष्टावेव तु कार्याणि ५८३
अष्टोत्तरशतं ह्येतत् २४४, ३४२
अष्टौ स्तम्भान्पुनश्चैव १९४
असम्बद्धकथाप्रायाम् ५६६
असम्मोहस्तथोत्साहः ८२५
असम्मोहाध्यवसायात् ७४१
असम्मोहादिभिर्व्यक्तः ८००
असुरास्तास्त्वविघ्नांश्च २०४
असूयया च देवानाम् ४३३
अस्थानहसितं यत्तु ७३५
अस्थाने तस्करान्दृष्ट्वा ८०९
अस्थिकीलकपालानि १७५
अस्य रक्षाविधिं सम्यक् ९५
अस्याः प्रयोगं वक्ष्यामि ५६१

अभ्याङ्गानि तु कार्याणि ५०५
अभ्यास्तूपोहनं कार्यम् ५८२, ५८३
अहं वः कथयिष्यामि ५९६
अहीनाङ्गैश्च बोद्धव्या १८७
अहो नाट्यमिदं सम्यक् २३१
अहो प्रहरणं दिव्यम् ९४
आकुञ्चिताक्षिगण्डं यत् ७३५
आक्षिप्तं करणं चैव २६४
आक्षिप्तं नाम करणम् ३०५
आक्षिप्तं हस्तपादं च ३०५, ३०९, ३१२
आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः २९३
आक्षिप्तकं ततः कृत्वा ३५६
आक्षिप्तकं प्रयुञ्जीत ३६७, ३५५
आक्षिप्तकः स विज्ञेयः ३५०
आक्षिप्तकोऽथविज्ञेयः ३८४
आक्षिप्तरेचितं चैव २४३
आक्षिप्तरेचितश्चैव २३८
आक्षिप्तरेचितो ह्येष ३८४
आक्षिप्तश्चरणश्चैकः ३२९
आक्षिप्तस्वस्तिकं कृत्वा ३७२
आक्षिप्तहस्तमाक्षिप्त ३२८
आक्षिप्तानां सभामध्ये ८१८
आक्षिप्तौ च करौ कार्यौ ३०२
आगतस्त्वरितो द्रष्टुम् ९६
आङ्गिको वाचिकश्चैव ६१५
आचम्य तु यथान्यायम् २०६
आचार्यबुद्धया कर्तव्या ५६८
आचार्येण तु युक्तेन २०६
आचार्येण सुयुक्तेन १८०
आज्ञापय विभो क्षिप्रम् २२२
आज्ञापितो विदित्वाऽहम् ७४
आतोद्यरञ्जनार्थं तु ५११
आतोद्यानि च सर्वाणि २१६
आत्मप्रोक्षणमद्भिश्च ५५०
आत्मप्रोक्षणमेवाद्भिः ५४९
आदावुत्थापनी कार्या ५८०
आदित्याश्चैव रुद्राश्च ९८
आदौ द्विगले द्विःकृत्वा ५८२
आदौ द्वे च चतुर्थं च ५४०
आदौ निवेश्यो भगवान् २०७
आद्यं चतुर्थं दशमम् ५६७
आद्यं चतुर्थमन्त्यं च ५६४
आद्यं तु जनितं कृत्वा ३६९
आद्यः पादो नतः कार्यः ३०३
आद्यमन्त्यं चतुर्थं च ५६१
आनतं च तथा गात्रम् ३२९
आनन्दामर्षाभ्याम् ८२६
आनन्देर्ष्यार्तिकृतम् ७९७
आर्द्रायां वा मघायां वा २०६
आलस्यं चैव दैन्यं च ६१३
आलस्यं त्वभिनेयम् ८०८
आलस्याद्दौर्बल्यात् ८१६
आलस्यौपम्यजुगुप्साद्यैः ८२८
आलिखेन्मण्डलं पूर्वम् २०७
आलीढं स्थानकं यत्र ३००
आलीढव्यंसितौ हस्तौ ३७६
आवन्ती दाक्षिणात्या च ६१६
आवर्तितं ततः कुर्यात् ३४७
आवर्त्यं शुकतुण्डाख्यम् २४८
आविद्धेन तु पादेन ३६५
आवेगो जडता हर्षः ८२९
आशीर्वचनसंयुक्ता ५२१
आश्रावणादिचार्यन्तम् ५२६
आश्रावणायां युक्तायाम् ५३४
आश्रावणा वक्त्रपाणिः ५०६
आश्रावणावसाने च ५७३
आश्लेषामूलयोर्वापि २०६
आसारितप्रयोगस्तु ५४३
आसारितविधौ स स्यात् ५६९
आसारिते समाप्ते तु ५०८
आस्वादयन्ति भुञ्जानाः ६८१
आस्वादयन्ति मनसा ६८२

आहारवर्जितानाम् ८०८
आहारविपरिणामात् ८१८
इच्छया चानया नित्यम् ५९७
इति रौद्ररसो दृष्टः ७४८
इतिहासो मया सृष्टः ७१
इत्यनेन विधानेन ५४८
इत्ययं यो विधिर्दृष्टः २२०
इत्येवं मरणं ज्ञेयम् ८२३
इत्येवावन्तिपाञ्चाल ५५८
इत्येष स्वरसमुत्थः ७२६
इमं मे प्रतिगृह्णीताम् २१४
इष्टं वाऽनिष्टं वा ८१४
इष्टकादारुभिः कार्यम् १९२
इष्टजनविप्रयोगात् ८०२
इष्टजनविभवनाशात् ८२१
इष्टजनस्य वियोगात् ८१६
इष्टवधदर्शनाद्वा ७२९
इष्टार्थविषयप्राप्त्या ७९६
इष्टयर्थं रङ्गमध्ये तु १००
इह प्रेक्षागृहं दृष्ट्वा १६३
इहादिर्नाट्यप्रयोगस्य १६१
ईश्वरस्येश्वरी पिण्डी २९८
ईश्वराणां विलासश्च १३१
ईर्ष्याक्रोधादिसंभूते ४२
ईषद्विकसितैर्गण्डैः ७३४
उत्कम्पितांसकशिरः ७३५
उत्कम्प्यापि हि कार्यः ८०७
उत्तमसत्त्वः शेते ८०६
उत्तमाधममध्यानाम् १३२, ७२६
उत्तरस्यां दिशि तथा २०९
उत्तानो वामपार्श्वस्थः ३०२
उत्थापनस्याष्टकलम् ५८०
उत्थापनादिकं यत्र ५३४
उत्थापन्यां प्रयोगेऽस्मिन् ५८२
उत्थाय त्वरितं शक्रः ९४
उत्थाय मण्डलात्तूर्णम् ५५७
उत्पद्यते ह्यसूया ८०५
उत्पाद्य नाट्यवेदं तु ७१
उत्प्लुत्य चरणौ कार्यौ ३१८
उत्फुल्लनासिकं यत्तु ७३०
उत्फुल्लाननेत्रं तु ७३५
उत्सार्याणि त्वनिष्टानि १७८
उत्साहस्त्वभिनेयः स्यात् ८००
उत्साहाध्यवसाभ्याम् ८१९
उत्सेधेन तयोस्तुल्यम् १८४
उदात्तगानैर्गन्धर्वैः ५६९
उद्घट्टितेन पादेन २६४
उद्घात्यकादि कर्तव्यम् ५०५
उद्दीपयन्ति शृङ्गारम् ८२८
उद्भावयन्ति शृङ्गारम् ८२८
उद्वर्तनं परिक्षेपः २९३
उद्वाहनं सन्नमनम् ३९४
उद्वाहनात्पृथग्भावात् २९२
उद्वाहितमुरः कृत्वा ३३९
उद्वृत्तगात्रमित्येवम् ३९८
उद्वृत्ताक्षिप्तके चैव ३८३
उद्वेजनैश्च बहुभिः ७१७
उद्वेजनैः सहल्लेखैः ८०१
उद्वेष्टितापविद्धस्तु ३५०
उद्वेष्टितापविद्धौ च २८५
उद्वेष्टितेन हस्तेन ३४८
उन्मत्तं करणं यत्तु २७१
उन्मत्तं स्वस्तिकं चैव २४३
उपक्षेपेण काव्यस्य ४२५
उपवनगमनविहारैः ७२९
उपस्थितोऽहं ब्रह्माणम् ८५,९५
उपोहनक्रियायां तु ४८१
उभयरसान्तर ७१९
उभयोः पार्श्वयोर्यत्र ३३८
उरःप्रष्ठोदरोपेतम् २४६
उरोमण्डलकौ हस्तौ २०५,२५०,२५९,२७३
उरोमण्डलमाक्षिप्तम् २४३

ऊरुश्चैव तथाविद्धः २२५
ऊरू च वलितौ यस्मिन् २५६
ऊरूद्वृत्तं ततः कुर्यात् २४३,२५८
ऊरूद्वृत्तं तथाक्षिप्तम् २६९,२४५,२४७,
ऊरूद्वृत्तस्तथा चैव २३८
ऊर्ध्वजानुक्रमं कुर्यात् २७५
ऊर्ध्वजानुं विधायाथ २९०
ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादः ३०६
ऊर्ध्वाङ्गुलितलौ पादौ २२९
ऊर्ध्वाधोविप्रकीर्णौ च ३००
ऊर्ध्वापवेष्टितौ हस्तौ ३१७
ऊहप्रत्यूहसंयुक्तम् १९८
ऋजुकं मण्डकं चैव ७६
ऋतुमाल्यालङ्कारैः प्रिय ७२९
ऋद्धिं परस्य दृष्ट्वा निर्वेदः ८०३
एकः समस्थितः पादः ३१७
एकमार्गगतं यत्र ३०७
एकस्तु रेचितो हस्तः ३२६
एकस्मिन्परिवर्ते तु ५४२
एकस्यापि न वै शक्यः ५९८
एका तु प्रथमं योज्या ४६०
एकोनपञ्चाशदिमे ८२७
एको वक्षःस्थितो हस्तः ३२५,३३०
एतत्तु वचनं श्रुत्वा ८५
एतत्प्रमाणं विज्ञेयम् ५६८
एतत्स्वभावजं स्यात् ७५४
एतदुत्साहजननम् २२४
एतद्रसेषु भावेषु १३३
एतस्मिन्नन्तरे देवान् १५२
एतस्मिन्नन्तरे देवैः १०१
एतानि तु बहिर्गीतानि ५०७
एतान्यङ्गानि कार्याणि ५०८
एतान्येवाधिदैवानि १०१
एतांश्चान्यांश्च देवर्षीन् २०१
एते नवरसा ६१२
एते तुष्यन्ति निर्गीते ५३०
एतेषां तु प्रवक्ष्यामि २२९
एतेषां लक्षणमहम् ५०८
एतेषामेव वक्ष्यामि २४२
एतेऽस्य ग्रहणे शक्ताः ७२
एते नव रसाः प्रोक्ताः ६१२
एतैर्द्रव्यैर्युतं कुर्यात् २०७
एभिर्भावविशेषैः ७२९,८०७
एभिर्विमिश्रितश्चायम् २२५
एभिश्चार्थविशेषैः ७४८
एवं काष्ठविधिं कृत्वा १८९
एवं कृत्वा यथान्यायम् २०६,५७०
एवं तावदयं शुद्धः ५६९
एवं तु पूजनं कृत्वा २२२
एवं तु स्थापनं कृत्वा १८०
एवं तेनाप्यभिहितः ७९
एवं नवरसा दृष्टा ७८०
एवं नाट्यमिदं सम्यक् ८५
एवं नान्दी विधातव्या ५५८
एवं निर्गीतमेतत्तु ५३१
एवं पञ्च ध्रुवा ज्ञेयाः ५८०
एवं पञ्चपदी गत्वा ५५५
एवं पदे पदे कार्यः ४५९
एवं प्रयोगः कर्तव्यः ४६६
एवं प्रयोगे प्रारब्धे ९३
एवं भगवता सृष्टः ६९
एवं भावा भावयन्ति ६८९
एवं भावा रसाश्चैव ६९०
एवं रङ्गशिरः कृत्वा १८८
एवं रसाश्च भावाश्च ८३८
एवं वः कथितं सम्यक् ५८६
एवं वस्तुनिबन्धानाम् ४७०
एवं विकृष्टं कर्तव्यम् १९१
एवं विघ्नविनाशाय १००
एवं विधिपुरस्कारैः १८५
एवंविधैः प्रकर्तव्यम् १८७
एवं शुद्धो भवेच्चित्रः ५७०

एवं सङ्कल्प्य भगवान् ४६
एवं सर्वा ध्रुवाः कार्याः ५८६
एवं हि सर्वभावानाम् ७९६
एवं ह्युपोहनं कृत्वा ५८९
एवं ह्युपोहनानां तु ५८०
एवमन्यास्वपि तथा ४०४
एवमष्टकलः कार्यः ५४२
एवमष्टविकल्पः ८१३
एवमस्त्विति तानुक्त्वा ४८
एवमुक्त्वा ततो वाक्यम् २१६, २१८
एवमुक्त्वा तु भगवान् १५५
एवमुत्थापनम् कार्यम् ५५०
एवमुत्थापनी कार्या ५८२
एवमुत्थापयेत्तज्ज्ञः १८३
एवमेतेन विधिना १९९, २०१
एवमेते बुधैर्ज्ञेया ८२६
एवमेते रसा ज्ञेया ७८०
एवमेवास्त्विति ततः ९५
एवमेष प्रयोक्तव्यः ५६७, ५६८, ५७७
एवमेव विधिः कार्यः ५७५
एवमेष विधिः दृष्टः ४९४
एवमेषां बलिः कार्यः २११
एवमेषोऽल्पसूत्रार्थः ६१९
एव कार्यो विधिर्नित्यम् ५७४
एष पर्यस्तको नाम ३४६
एष वः कथितो विप्राः ५७९
ऐश्वर्यभ्रंशेष्टद्रव्यक्षयजा ८०९
औत्सुक्यचिन्तासम्बद्धम् ५८२
कटिच्छिन्नं च कर्तव्यम् ३८६
कटिच्छिन्नं ततश्चैव ३६१
कटिच्छिन्नं तथा चैव ३६४, ३७०, ३७३
कटिच्छिन्नं तु कर्तव्यम् ३८०
कटिजानुविवर्ताच्च २८२
कटिभ्रान्तं तथा चैव २४३
कटिवक्षःस्थितौ हस्तौ ३२०
कटी कर्णसमा यत्र २४७
कत्यङ्गः किं प्रमाणश्च २९
कनीयस्तु तथा वेश्म १६५
कनीयस्तु स्मृतं त्र्यस्रम् १६६
कपिञ्जलिं खादिरं च ७५
कपोतः कर्कटश्चैव ७०१
कपोलस्य प्रदेशे तु २६२
कम्पने परचक्राच्च १८२
करचरणक्षेपधुत्तम्भ ७५१
करचरणहृदयकम्पैः ८०१
करणं नूपुरं कृत्वा २४५
करणं पञ्चविधं स्यात् ८०६
करणैरिह संयुक्ता २४२
करपादनिपातास्तु ५५०
करमावर्तितं कृत्वा ३३५
करमावृत्तकरणम् ३३३
करेचकस्तृतीयस्तु २९२
करिहस्तं कटिच्छिन्नम् ३४७, ३५२, ३५५
३६०, ३६२, ३६३, ३६५, ३६७, ३६९
३७२, ३७७, ३८१, ३८७
करिहस्तो भवेद्वामः २८९
करोपगूढपार्श्वश्च ७२६
करौ पार्श्वे ततस्ताभ्याम् ३७५
करौ प्रलम्बितौ कार्यौ ३३२
करौ च रेचितौ कार्यौ ३१०
करौ च रेचितौ यत्र ३३४
करः पुष्पपुट २५२
कर्णोऽञ्चितः करो वामः ३१४
कर्तराक्षं हिरण्याक्षम् ७६
कर्तव्यं सकटिच्छिन्नम् ३५०
कर्तव्यः पूर्वरङ्गस्तु ५६७, ५७८
कर्तव्यास्तु प्रयत्नेन ५८०
कर्तारः पुरुषाश्चात्र १८७
कर्तुं नपि तथा सर्वान् १८३
कर्म चैषां प्रवक्ष्यामि ८२६
कर्मभावान्वयापेक्षा १०३
कर्मातिशयनिर्वृत्तः ८०१

कलानां वृद्धिमासाद्य ४४१
कलापातविभागार्थम् ५१५
कवेरन्तर्गतं भावम् ७९०
कवेर्नामगुणोपेताम् ५०३
कश्चिन्मत्तोगायति ८०८
कस्तिष्ठति जितं केन ४६६
कस्मात्प्रयोगवैषम्यम् ९३
कस्माद्वहुत्वाख्ञानानाम् ५९७
कस्माद्भवन्तो नाट्यस्य १०१
कस्मान्नृत्तं कृतं ह्येतत् ४१४, ४१७
कस्यचित्त्वथ कालस्य २२८
कामपाल नमो नित्यम् २१३
कारणमवेक्षमाणः ७९९
कार्पासं वाल्वजं वापि १७६
कार्यं चैव प्रयत्नेन १७७
कार्यं द्वारद्वयं चात्र १८६
कार्यं मध्यलये तज्ज्ञैः ५४२
कार्यः प्रवेशो नर्तक्या ४४५
कार्यः शैलगुहाकारः १८९
कार्योनिस्तरणाद्वा ८१५
कार्यो नातिप्रसङ्गोऽत्र ५७०
कार्यो मदक्षयो वै यः ८०७
कार्यौ नाभितटे हस्तौ २८७
काश्यं तु प्रथमे वेगे ८२३
काश्येन साभिनेया ८०३
कालप्रकर्षहेतोश्च ५४६
कालागतं साम्यरागम् ७३५
कालान्तरातिपातान ८१७
कालियं भ्रमरं चैव ७६
काव्यकर्तुर्यशश्चास्तु ५९७
काषायवसनाश्चैव १७८
किञ्चित्प्रवेपिताङ्गः ८०५
किञ्चिदकार्यं कुर्वन् ८११
किञ्चिदवाङ्मुखदृष्टिः ७९९
किञ्चिच्चञ्चितदन्तं च ७३५
किन्तु शोभां प्रजनयेत् ४१६
किन्तूपोहनसंयुक्तम् ५१०
किन्त्वर्थवचन ६०६
किन्त्वल्पसूत्रमन्थार्थम् ५९९
किमन्यत्सम्प्रवक्ष्यामि ५८६
कीर्तनाद्देवतानां च ५१५
कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य २८२, २०६, ३१९
कुञ्चितावाञ्चितौ चैव ३३७, ३४१
कुञ्चितौ मणिबन्धे तु २५३
कुटिलव्याविद्धगतिः ८०६
कुट्टितं करणं कृत्वा ३५४
कुतपस्य च सर्वस्य ५५५
कुतपस्य तु विन्यासः ५०९
कुम्भं सलिलसम्पूर्णम् २१५
कुरु लक्षणसम्पन्नम् ९६
कुर्यादनन्तरं चारीम् ३७५
कुर्यादुद्वेष्टितं चैव ३८७
कुर्यान्नूपुरपादं च ३६८
कुशला ये विदग्धाश्च ७१
कूर्मपृष्ठं न कर्तव्यम् १८७
कृत्वा कुतपविन्यासम् ४४३
कृत्वा नूपुरपादं च ३८८
कृत्वा नूपुरपादं तु ३७५, ३६०
कृत्वाऽवहित्थं स्थानं तु ४६१
कृत्वा विश्लेषमेवं तु ३८२
कृत्वा शुष्कावकृष्टां तु ५५९
कृत्वैवं परिवर्तं तु ४८०
कृत्वोरुयवलितं पादम् ३२१
केवलं परिवर्तं तु ४६८
कैदारिं शालिकर्णं च ७५
कैशिकी श्लक्ष्णनेपथ्या ८०
कोणं वा सप्रतिद्वारम् १८९
कौत्सं ताण्डायनिं चैव ७५
क्रियतामद्य विधिवत् १५२
क्रीडनीयकमिच्छामः ४४
क्रुद्धः स्वभुजप्रेक्षी ७९८
क्रोधभयहर्षलज्जा ८२६

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रोधश्चपलतोग्रयं च | ८२९ | गानं पञ्चविधं ज्ञेयम् | ६१८ |
| क्रोधामर्षौ च हासश्च | ८२८ | गावो वर्षेयु: सप्ताहम् | २०३ |
| क्लीबानां धाष्टर्यजननम् | १२० | गीतकान्ते ततश्चापि | ४२९ |
| क्वचिद्धर्म: क्वचित्क्रीडा | १२८ | गीतकार्थं त्वभिनयेत् | ४५८ |
| क्वचिद्धास्यं क्वचियुद्धम् | १२८ | गीतकार्थाभिसम्बद्धम् | ४८१ |
| क्षतं प्रदीप्तमायस्तम् | २१९ | गीतकेषु प्रयुक्तेषु | ४२५ |
| क्षिप्तायां चैव विज्ञेयम् | ५८० | गीतप्रयोगमाश्रित्य | ४२३ |
| क्षिप्राविद्धकरं चैव | ३२३ | गीतानां छन्दकानां च | ४६९ |
| क्षेपप्रतिक्षेपकृतम् | ४६८ | गीतानां मद्रकादीनाम् | ५०७ |
| क्ष्वेडितैः स्फोटितैश्चैव | २१८ | गीतानि तेषां वक्ष्यामि | ४६७ |
| खञ्जनकुंटसंयुक्ता | ४८६ | गीते वाद्ये च नृत्ते च | ४७० |
| खंडिता विप्रलब्धा वा | ४८१ | गुणनाशनविद्वेषैः | ८०५ |
| खिन्नानां रसभावेषु | ५७१ | गुरुनृपयोरपराधात् | ७१३ |
| खेदो भवेत् प्रयोक्तृणाम् | ४७१ | गुरुप्राया तु सा कार्या | ४५६ |
| गङ्गावतरणं चैव | २४४ | गुरुराजापराधेन | ८०० |
| गच्छेत्पञ्चपदी चैव | ४६२ | गुरुलाघवसंयुक्तम् | ५८० |
| गजक्रीडितकं चैव | २४४ | गुरुसज्जमानजिह्वः | ८०४, ८०६ |
| गतिप्रचारे वक्ष्यामि | २४५ | गुर्वक्षराणि जानीयात् | ५४० |
| गतिमण्डलको ज्ञेयः | २३७ | गुर्वक्षराणि पादे तु | २५८ |
| गत्या वाद्यानुसारिण्या | ४४६ | गृध्रावलीनकं चैव | २४४ |
| गदितैः क्षामक्षामैः | ८०४ | गृहीत्वा जर्जरं त्वष्टौ | ५४९ |
| गदित्वा जर्जरश्लोकम् | ५४९ | गोब्राह्मणशिवं चैव | २०५ |
| गन्तुं किं पुनरन्येषाम् | ४९८ | गौरो वीरस्तु विज्ञेयः | ७०१ |
| गन्धं माल्यं च धूपं च | २१० | ग्रहणे धारणे ज्ञाने | ७२ |
| गन्धपुष्पफलोपेतः | १७९ | ग्रामण्यमुत्तरे स्तम्भे | २०९ |
| गन्धर्वबह्निसूर्येभ्यः | २१० | ग्राम्यधर्मप्रवृत्ते तु | ४२ |
| गन्धैर्माल्यैश्च धूपैश्च | २१५ | ग्लानिर्नाम | ८०२ |
| गम्भीरस्वरता येन | १९० | ग्लानिः शङ्का ह्यसूया च | ८२८ |
| गरुडप्लुतकं चैव | २४४ | घनस्तु तालो विज्ञेयः | ६१७ |
| गर्वः खलु नीचानाम् | ८१४ | घृतौदनेन हुतभुक् | २१० |
| गर्वश्चैव वितर्कश्च | ८२९ | चक्रस्ते नाम पिण्डीनाम् | ३९७ |
| गर्वो विषाद औत्सुक्यम् | ६१४ | चण्डिकायाः भवेत्पिण्डी | ३९८ |
| गर्वोऽसूया मदोत्साहौ | ८२९ | चतस्रो गीतयः कार्याः | ५८१ |
| गाणेश्वरी महापिण्डी | ४०३ | चतस्रो वृत्तयो ज्ञेयाः | ६१६ |
| गात्रकम्पननिश्वासैः | ८०१ | चतुरश्रं करं कृत्वा | ३५२ |
| गात्रमुखदृष्टिभेदैः | ७५४ | चतुरश्रं लये मध्ये | ५५२ |

चतुरश्रं समं कृत्वा १९२
चतुरश्रं समतलम् १९८
चतुरश्रमुरः कार्यम् ५६२
चतुरश्रा ध्रुवा तत्र ५६३
चतुरश्रे परिक्रान्ते ५६८
चतुरश्रो द्विजश्रेष्ठाः ५६७
चतुरश्रो विकृष्टश्च ६१८
चतुरो रेचकांश्चापि २९०
चतुर्गुणसमायुक्ता ५८४
चतुर्थं च कुमारस्ते २१६
चतुर्थं पञ्चमं चैव ५५६
चतुर्थः परिवर्तस्तु ५५०
चतुर्थकारः पुष्पाणि ५५४
चतुर्थकारः पूजां तु ५५६
चतुर्थकारवचाभिः ५६९
चतुर्थीमुत्तरामाशाम् ५९२
चतुर्दशं पञ्चदशम् ५८२
चतुर्भिस्सन्निपातैश्च ५४०, ५६१, ५६२, ५८४
चतुर्भिस्सन्निपातैस्तु ५८३
चतुर्विधं च विज्ञेयम् ६१७
चतुर्हस्तो भवेद्दण्डः १७०
चतुष्पदा नर्कुटके ४८५
चतुष्पदा भवेत्सा तु ५४०
चतुष्षष्टिकरान्कुर्यात् १७१
चतुष्षष्टिकपान्कृत्वा १७७
चतुस्स्तम्भसमायुक्ता १८४, १९८
चत्वारः सन्निपाताश्च ५५२
चत्वारोऽभिनया ह्येते ६१५
चत्वार्येव हि कार्याणि ५८५
चन्द्रार्धभूषणजटम् ५८३
चरणस्यानुगश्चापि २४५
चरणश्चानुगश्चापि ३४१
चारी चैव ततः कार्या ५०८
चारीश्लोकं गदित्वा तु ५६३
चार्यश्चैव तु याः प्रोक्ताः ३४१
चित्रकर्मणि चालेख्याः १९१
चित्रत्वमस्य वक्ष्यामि ५६९
चित्रदक्षिणवृत्तौ तु ५२७
चित्रे चैत्राः कला ज्ञेयाः ५८१
चिन्तानिद्रावन्द्री ८१६
चिन्तौत्सुक्यसमुत्था ८०८
चिरविस्मृतं स्मरति यः ८१०
चौर्याद्विजनिता शङ्का ८०४
चौर्याभिग्रहणवशात् ८१९
छन्दो गीतकमासाद्य ४७४
छिन्नं च करणं प्रोक्तम् २४३
छिन्नायां तु चतुर्भागे १७७
जगत्पितामहं चैव २०४
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् ५६
जङ्घाञ्चिता तथोद्वृत्ता ३३२
जङ्घाञ्चितोपरि क्षिप्ता ३२३
जटिलाम्बष्ठकौ चैव ७५
जडतां सप्तमे कुर्यात् ८९३
जडता च तथा षट् च ८२८
जडता मरणं चैव ८२९
जनप्रवेशनं चान्यत् १९७
जनितं करणं कृत्वा ३३१
जम्बुध्वजं काकजङ्घम् ७५
जम्बूद्वीपे समाक्रान्ते ४४
जयं चाभ्युदयं चैव २१६
जयावहो नरेन्द्रस्य १८३
जर्जरं नमयित्वा तु ५६०
जर्जरं पूजयित्वैवम् २१७
जर्जरग्रहणाद्योऽयम् ५५०
जर्जरस्त्वभिसम्पूज्यः २१५
जर्जरस्य प्रयोगे तु ५३६
जर्जराय प्रयुञ्जीत २०५
जर्जरीकृतदेहांस्तान् ९४
जर्जरीकृत ९४
जर्जरे तु विनिक्षिप्तम् १००
ज्ञात्वा चैव हि चित्रश्लोका ५५०

जालोपनद्धा च लता ४६२
जितं सोमेन वै राज्ञा ५५७
जुगुप्सा विस्मयश्चेति ६११
जृम्भणगात्रविमर्दैः ८१६
ज्ञेयस्तु मदस्त्रिविधः ८०६
ज्येष्ठं विकृष्टं विज्ञेयम् १६६
ज्येष्ठमध्यकनिष्ठानि ५०५
डोलापादक्रमं कृत्वा ३२५
तच्चागणनया कार्यम् ८१९
तच्छ्रुत्वा तु सुखं गानम् ५२९
तच्छ्रुत्वा वचनं शक्रः ७२
तण्डुनाऽपि ततः सम्यक् ४०८
तज्ज्ञेयं सुकुमारं हि ४७०
ततं चानुगतं चापि ४७५
ततं चैवावनद्धम् ६१६
ततं तन्त्रीगतं ज्ञेयम् ६१७
ततः पञ्चपदी गच्छेत् ५५३
ततः पञ्चपदी चैव ५४९
ततः परं तृतीये तु ५५७
ततः परं प्रयुञ्जीत ५७०
ततः प्रभृति वृत्तं तु ४८३
ततः श्लोकं पठेदेकम् ५५९
ततः सर्वैस्तु कुतपैः ५०७
ततः सललितैर्हस्तैः ५४६
ततः सव्यं करं चापि ३६६
ततः सह महेन्द्रेण ९६
ततः सार्धं सुरैर्गत्वा २२९
ततश्च करमावर्त्य ३५८
ततश्च क्षत्रियस्तम्भे १८०
ततश्च वामवेधः स्यात् ५६५
ततश्च वामवेधस्तु ५४८
ततश्च विश्वकर्माणम् ९६
ततश्चासारितं भूयः ५५८
ततश्चोत्थापनं कार्यम् ५०८
ततश्शुष्कावकृष्टा स्यात् ५५८
ततश्शेषप्रयोगस्तु ५७१

ततस्तण्डुं समाहूय २३५
ततस्तस्मिन्ध्वजमहे ८६
ततस्तैरसुरैः सार्धम् ९३
ततस्त्वन्तर्हिता सर्वाः ५७०
ततो गेयावकृष्टा तु ५५६
ततोऽचिरेण कालेन ९६
ततोऽधिवासयेद्वेश्म २०३
ततो ब्रह्मादयो देवाः ८९
ततोऽभिवादनं कुर्यात् ५५३
ततो भूतगणा हृष्टाः २३९
ततो मामाह भगवान् २३०
ततो ये तण्डुना प्रोक्ताः २३६
ततो रौद्ररसं श्लोकम् ५६५
ततो वास्तु प्रमाणेन १७४
ततोऽसृजन्महातेजाः ८२
ततोऽस्म्युक्तो भगवता २२४
ततो हिमवतः पृष्ठे २३१
तत्तथा पूर्वरङ्गे तु ५३६
तत्र सर्वेषु विनिक्षिप्ताः १००
तत्रगीकारशून्यस्य ८०९
तत्र छिन्नं च भिन्नं च २१९
तत्र तूपोहनं कृत्वा ४८५
तत्र पाठ्यं च गेयं च १६६
तत्र विभावानु ६२०
तत्र रसानेव ६२०
तत्र स्तम्भाः प्रदातव्याः १९६
तत्राद्यमभिनेयं स्यात् ४७१
तत्रापि वामवेधस्तु ५६५
तत्राप्युपोहनं कार्यम् ५५८
तत्राभ्यन्तरतः कार्या १९३
तत्रावतरणं कार्यम् ४६८
तत्रैव विनिवेश्यस्तु २०८
तत्रोपवहनं भूयः ५५७
तत्सर्वं सम्प्रवक्ष्यामि ४७८
तत्सर्वमद्भुतरसे ७५८
तत्स्वस्तिकमिति प्रोक्तम् २७२

तथा कृतान्तः कालश्च २१५
तथा च भारतीभेदे ५६१
तथा च मण्डलं स्थानम् २६४
तथा च सन्नतं पार्श्वम् २५२
तथा चाभ्युदयस्थाने ४७९
तथा चार्यां प्रयुक्तायाम् ५२६
तथा चोत्थापने युक्ते ५३५
तथा त्रिकं विवृत्तं च २८८, ३२१
तथा त्रिपुरदाहश्च २३१
तथा नाट्यकुमारीश्च २०५
तथाऽपसर्पणं चैव २९३
तथा पाणिविभागार्थम् ५१४
तथा मूलं रसाः सर्वे ६९१
तथावतरणं प्रोक्तम् ५०९
तथा विध्वंसनं दृष्ट्वा ९२
तथा शुष्कावकृष्टायाम् ५२६
तथा शोककृतश्चैव ७६०
तथैवार्धनिकुट्टं च २५३
तथैवालातकं कुर्यात् ३७०
तथैवोत्तरपूर्वायाम् २०९
तथोपस्थापने चैव ४९०
तदन्तेऽनुकृतिर्बद्धा ८८
तदस्माभिः श्रुतं सर्वम् ४९८
तदेव च पुनर्वस्तु ४५८, ४६९
तन्त्रीभाण्डसमायोगात् ५१४
तन्त्रीभाण्डसमायोगैः ५०५
तन्त्र्योजः करणार्थे तु ५१३
तत्रात्र मन्युः कर्तव्यः १४१
तत्रैतदेवं कर्तव्यम् १०२
[ तमेव च करं भूयः ३५९
तमेवाङ्गुलिबद्धेषु ४७०
तमेवोद्वेष्टितं कृत्वा ३६०
तयोः कक्ष्याविभागेन २०७
तयोरागमने कार्यम् ५६९
तयोरुपरि भेदस्तु १२१
तलपुष्पपुटं पूर्वम् २४२
तलपुष्पापविद्धे द्वे २४५
तलसंस्फोटितौ हस्तौ ३१५
तलसङ्घट्टितं चैव २४४
तलसञ्चरपादाभ्याम् ३३२
तलाग्रसंस्थितः पादः ३३०
तस्माच्छुष्कावकृष्टेयम् ५२२
तस्माज्जर्जर एवेति ९४
तस्मात्तस्यैव तावत्त्वम् १६१
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन ११२, २१९
तस्मात्सृजापरं वेदम् ४८
तस्मादयं पूर्वरङ्गः ५०३
तस्मादेवकृतैर्भावैः १७४
तस्मान्न लक्षणं प्रोक्तम् ४६८
तस्मान्नित्यं प्रयत्नेन १७७
तस्मान्निवातः कर्तव्यः १९०
तस्मिन्सदृश्याभिप्रेतान् ९२
तस्मिन्समवकारे तु २२७
तस्य तण्डुप्रयुक्तस्य ४४०
तस्य त्वभिनययोगान् ७९७
तस्य भाण्डसमः कार्यः ५५५
तस्य वास्तु च पूजा च १६२
तस्यां माल्यं च धूपं च १८४
तस्याः पादावसाने तु ४८७
तस्यान्ते तु त्रिपञ्चाथ ५६५
तस्यैव चानुगो हस्तः ३०७
तां मुखगौरवगात्र ८१६
ताण्डवनृत्तमिदं प्रलयान्ते ५६४
तादृशस्तत्र दातव्यः १७९
तान्यतः सम्प्रवक्ष्यामि २४०
तान्वः करणसंयुक्तान् २३६
ताभ्यां सूची तथा चैव ३४६
ताम्रं चाधः प्रदातव्यम् १८१
तार्क्ष्यपिण्डी भवेद्विष्णोः ३९९
तालप्रमाणं संक्षिप्तम् ५६७
तावत्पर्यस्तकः कार्यः ४५५
तासां प्रकुर्वीत ततः २०९

तिथिनक्षत्रयोगेन १८०
तिलके च करः स्थाप्यः ३१९
तिस्रो वस्तु तृतीयं तु ४६०
तुपारं पार्षदं चैव ७६
तुष्यन्ति लोकपालाश्च ४२५
तूष्णीकः परवशगः ८१४
तृतीयं चैव षष्ठं च ४८४
तृतीयं चैव षष्ठं तु ५८४
तृतीयः परिवर्तस्तु ५४९
तृतीये च स्थितो विष्णुः १००
तृतीये सन्निपाते तु ५४२
ते तत्र तुष्टा दैत्यास्तु ४३०
ते तु सञ्चारिणो ज्ञेयाः ८३०
तण्डुनापि ततः सम्यक् ४०८
तेनैवाक्षिप्तकं कुर्यात् ३७७
तेषां तु वचनं श्रुत्वा ३९,१६१,५००,५९४
तेषां त्रीणि प्रमाणानि १६२
तेषां समासतो योगः ३४१
तेषु सूची प्रयोक्तव्या ४९१
तेष्वयं नाट्यसंज्ञो हि ७१
तैत्तिलं भार्गवं चैव ७५
तैरेव च पदैः कार्यम् ५६३, ५६५
त्रयस्त्रिंशदमी भावाः ६१४
त्रयस्त्रिंशदिमे भावाः ८२४
त्रासं सञ्जनयन्ति स्म ९५
त्रासवैवर्ण्यरुदितैः ८२८
त्रासश्च मरणञ्चैव ८२९
त्रासश्चैव वितर्कश्च ६१४
त्रिकं प्ररोचना चापि ५०८
त्रिकं सुवलितं कृत्वा २९१, ३५५
त्रिकले चापि निर्दिष्टम् ५८५
त्रिकस्य वलनाच्चैव २९३
त्रिकस्योद्वर्तनं चैव ३९२
त्रितालान्तरमुत्क्षेपैः ५६४
त्रितालान्तरविष्कम्भम् ५४५
त्रिपद्या सूत्रसंयुद्र ५५४
त्रिपाणिलयसंयुक्तम् ४७२
त्रिपुरान्तकरं बहुलीलम् ५८६
त्रिभागच्छिन्नया रज्ज्वा १७६
त्रिभिः कलापकं चैव २४१
त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा २०३
त्रिविधः सन्निवेशश्च १६२
त्रिशूलाकृतिसंस्थाना ४०३
त्रीण्युत्तराणि सौम्यं च १७५
त्रेतायुगेऽथ सम्प्राप्ते ३४२
त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य १०९
त्र्यश्रं त्रिकोणं कर्तव्यम् २००
त्र्यश्रं वा चतुरश्रं वा ५७२
त्र्यश्रश्च चतुरश्रश्च ५६८
त्र्यश्रा वा चतुरश्रा वा ५७४
त्र्यश्रे द्वादश पातास्तु ५५०
त्वं पुत्रशतसंयुक्तः ७४
त्वं महेन्द्र प्रहरणम् २०५
दक्षयज्ञे विनिहते ३९५
दक्षिणं तु पदं पुंसः ५५४
दक्षिणः कुट्टितः पादः २९४
दक्षिणेन च कर्तव्यम् ५५३
दक्षिणेन निवेश्यस्तु २०८
दक्षिणेन पुनः सूची ३७४
दण्डपक्षं तथा चैव २४२
दण्डपक्षं तु तत्प्रोक्तम् २९०
दण्डपादं करं चैव ३५३
दण्डरेचितकं चैव २४३
दन्तवन्तः प्रहृष्टास्ते ९२
दत्त्वा ततः प्रकुर्वीत २१०
दश प्रयोक्तृभिः स्तम्भाः १९३
दानवीरं धर्मवीरम् ७६०
दारिद्र्येष्टवियोगाद्यैः ८०३
दाहं तृतीये हिक्कां च ८२३
दिक्स्वस्तिकमलातं च २४३
दिक्ले त्रिभिर्गुणैर्युक्ताः ५८५
दिक्ले दिक्ले तत्रश्चैव ५८५

दिग्ले दिग्ले दिग्ले दिग्ले ५५९
दिग्ले दिग्ले पुनः कार्यम् ५८१
दिग्ले दिग्ले पुनश्चान्ते ५८३
दिग्वन्दने पञ्चपदी ५६८
दिनान्ते दारुणे घोरे २०६
दिव्यदर्शनजो दिव्यः ७६१
दिव्यमानुषसंयोगे ५७६
दिव्यश्चानन्दजश्चैव ७६१
दिव्यानां मानसी सृष्टिः १६२
दिव्यान्तरिक्षभौमाश्च २१५
दिव्ये दिव्याश्रयो भूत्वा ५७६
दिशन्तु सिद्धिं नाट्यस्य २१४
दिशां तु वन्दनं कृत्वा ५५३
दीक्षिताः शुचयश्चैव ५४२
दीपयन्तः प्रवर्तन्ते ८३०
दीयतां भगवन्द्रव्यम् ८०
दुःखार्तानां श्रमार्तानाम् १२१, १३४
दुरिष्टस्तु तथा शङ्कः २१९
दूत्याश्रयं यदा तु स्यात् ४८२
दूरसन्नतपृष्ठं च २११
दृष्टा मया भगवतः ८०
दृष्ट्वा तेषां व्यवसितं ९५
दृष्ट्वा नाट्यगृहं ब्रह्मा ९७
दृष्ट्वैव जर्जरं तेऽपि ९९
देवं विभुं त्रिभुवना ५८२
देवताभ्यस्तु दातव्यम् २१०
देवदानवगन्धर्व ४४
देवदुन्दुभयश्चैव ५६९
देवदेव महादेव २१२
देवदेव महाभाग २११
देवद्विजनृपादीनाम् ५२१
देवपार्थिवरङ्गानाम् ५७२
देववक्त्र सुरश्रेष्ठ २१३
देवसेनापति स्कन्द २१२
देवस्तुत्याश्रयकृतम् ४८५
देवस्तुत्याश्रयं ध्रुवतन् ४७५
देवस्तुष्यति यो येन ५३७
देवस्तोत्रं पुरस्कृत्य ५५९
देवानां तु भवेज्ज्येष्ठम् १६५
देवानां बहुमानेन ५३१
देवानामसुराणां च १४२
देवानां मानसी सृष्टिः १७४
देवानां वचनं श्रुत्वा १०१, ५३०
देवि देवमहाभागे २१२
देवीकृतैरङ्गहारैः ४८४
देवेन चापि सम्प्रोक्तः ४३३
देहः स्वाभाविको यत्र २४६
दैहल्यां यमदण्डस्तु ५९
दैत्यदानवतुष्ट्यर्थम् ५३८
दैत्यैर्विघ्नगणैः सार्धम् १०२
दैन्यं च मरणं चैव ८२८
दैवादर्थविपत्तेः ८१५
दैविको मानुषी चैव ६१६
दोला चैव भवेद्धामः २८६
दोलापादक्रमं कृत्वा ३२५, ३२९
दोलापादस्तथा चैव ३१४
दोलैः करैः प्रचलितैः ३६२
दोषैरेतैर्विहीनं तु १८२
द्रुतमुत्क्षिप्य चरणम् ३१५
द्रुते चौघः ४७४
द्वात्रिंशतं च विस्तारात् १७१
द्वात्रिंशदेते सम्प्रोक्ता- २३८, ३९८
द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिर्वा २४०
द्वारं चैकं भवेत्तत्र १९६
द्वारं तेनैव कोणेन २००
द्वारपालौ स्थितौ चोभौ ९९
द्वारशालानियुक्तौ तु ९८
द्वाराणि चात्र कुर्वीत २०६
द्विकलं पादपतनम् ५५२
द्वितालान्तरविष्कम्भः ५५३
द्वितीयं च हरः पर्वं २१६
द्वितीयं चैव कर्तव्यम् २००

द्वितीयः परिवर्तस्तु ५४७
द्वितीयश्चाश्रितो गण्डे २१६
द्वितीयस्य च पार्श्वस्य ३५८
द्वितीयां दक्षिणामाशाम् ४५३
द्वितीयो रेचितो हस्तः ३१२
द्विविधस्त्रिप्रकृतिगतः ७३६
द्विविधा शङ्का कार्या ८०४
द्वे चाद्ये च चतुर्थं च ५८२
द्वे नृत्तकरणे चैव २४०
द्वौ द्वौ भेदौ स्याताम् ७२२
धनाध्यक्षो यक्षपतिः २१४
धन्यं यशस्यमायुष्यम् ५३७
धर्मो धर्मप्रवृत्तानाम् १२०
धर्मोपघातजश्चैव ७६०
धर्म्यं यशस्यमायुष्यम् १३६
धर्म्यमर्थ्यं यशस्यं च ५०
धातुभिश्चित्रवीणायाम् ४३२
धातुवाद्याश्रयकृतम् ५२०
धिक्त्वर्थवचनं चैव ६०६
धात्वर्थहेतुसंयुक्तम् ६०३
धारणीधारणारते च १९६
धारणीष्वथ भूतानि ५८
धारापिण्डी च जाह्नव्याः ४००
धाष्टर्यजैह्म्यादिसम्भूतम् ८१९
धैर्येणोत्तममध्यानाम् ७९८
ध्रुवायामङ्कितायां च ५८०
ध्रुवाविधाने वक्ष्यामि ४३९
ध्वजभूताः प्रयोक्तव्याः ४०४
न कारयिष्यत्यन्यैर्वा १५४
नक्षत्रेण तु कर्तव्यम् १७९
नक्षत्रेऽभिजिति त्वं हि २१६
न क्षमिष्यामहे नाट्यम् ९३
न क्षोभं न विघातं च ५३१
नखकुट्टाश्मकुट्टी च ७६
न गीतकार्यसम्बद्धम् ४१७
न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पम् १३६
नतत्र पार्श्वे कर्तव्यम् ३३६
न तत्र गानं कर्तव्यम् ५५५
न तथाऽग्निः प्रदहति ४७८
न तथा प्रदहत्यग्निः २१९
नन्द्यां नपुष्कक्षं चैव ८१
नपुंसकपदेनापि ४५४
न भावहीनोऽस्ति रसः ६८६
नमः पितृभ्यः सर्वेभ्यः २१३
नमस्कृत्य महादेवम् २०४
नमोऽस्तु नाट्यमातृभ्यः २१४
नमोऽस्तु सर्वदेवेभ्यः ५५७
न यत्र दुःखं न सुखम् ७७८
नयनवदनप्रसाद ८१२
नयनवदनप्रसादैः ७२९
नराणां यत्नतः कार्या १६२
नर्तकोऽर्थपतिर्वापि १५४
नवगुर्वक्षराण्यादौ ५७८
न वेदव्यवहारोऽयम् ४८
नवे नाट्यगृहे कार्यः २६०
न शक्यमस्य नाट्यस्य ४९७
नष्टस्मृतिर्हतगतिः ८०६
न हि रसा हते ६२०
न हि नृत्तं प्रयोक्तव्यम् ४८२
न श्लोकरसजं काव्यम् ८३०
नागपुष्पस्य चूर्णेन २०६
नागापसर्पितं चैव २४४
नाट्यं सन्दर्शयामोऽद्य २२८
नाट्ययोगप्रसिद्धयर्थम् २१८
नाट्यविध्वंसनं कुर्यात् २१९
नाट्यवेदं ततश्चक्रे ५६
नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन् २९
नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ८
नाट्यस्य ग्रहणं प्राप्तम् ८९
नाट्यस्य मातृश्च तथा २०९
नाट्यस्यास्य प्रवक्ष्यामि ५९९
नाट्याख्यं पञ्चमं वेदम् ५०

नाट्याचार्येण शान्तेन २२०
नाट्यालङ्कारचतुराः ८३
नानाकरणसंयुक्तैः २३२
नानाकुट्टिमविन्यस्तैः १८८
नानाङ्गहारैः प्रानृत्यन् २९९
नानाद्रव्यैर्बहुविधैः ६८९
नानानामाश्रयोत्पन्नम् ६०३
नानानिमित्तसम्भूताः २१२
नानाप्रहरणमोक्षैः ७४८
नानाभावार्थसम्पन्नाः ८३१
नानाभावोपसम्पन्नम् १२२
नानाभिनयसम्बद्धान् ६८८, ७९१
नानामूलफलैश्चापि २११
नानावर्णानि देयानि १८४
नानाविधैः पक्षेपैः ५७६
नानाविन्याससंयुक्तम् १८८
नानाशास्त्रार्थबोधेन ८२०
नानासत्त्वनोपेतम् १८८
नान्दीपदानां मध्ये तु ५७०
नान्दीपदान्तरेष्वेषु ५५८
नान्दी पदैर्द्वादशभिः ५५७
नान्दीप्रयोगेऽथ कृते ५३५
नान्दी शुष्कावकृष्टा च ४०८
नाभिप्रदेशे विन्यस्य ४६२
नायकं रक्षतीन्द्रस्तु १००
नारदस्तुम्बुरुश्चैव २१३
नारदाद्याश्च गन्धर्वाः ८५
नारदाद्यैस्तु गन्धर्वैः ५२८
नारायणाभितगते २१२
नारायणो महेन्द्रश्च २०७
नाशुभं प्राप्नुयात्किञ्चित् ५५७
नासाग्रे दक्षिणं चैव २८४
नासाप्रच्छादनेनेह ८०१
नासौ योगो न तत्कर्म १२६
निकुञ्चितं च मत्ताल्लि २४३
निकुञ्चितं तथा वक्षः २७०
निकुञ्चिताङ्ककशिरः ७३४
निकुञ्चितार्धयोगेन २६७
निकुट्टकं तथा चैव २४७
निकुट्टकद्वयं कार्यम् २५४
निकुट्टितं च कर्तव्यम् २६३
निकुट्टितौ यदा हस्तौ २६४
निकुट्य करपादं च २८८
निकुट्य वक्षसि करौ २७२
निक्षिपेत्कनकं मूले १८१
निखिलेन यथावत्त्वम् ४९८
निग्रहो दुर्विनीतानाम् १२०
नितम्बं करिहस्तं च २४४, २४८, २५०, २५६, २५९, २६१, २८३, ३६२
नित्यं सर्वेऽपि पान्तु त्वाम् २१६
निद्रानिःश्वसितध्यानैः ८१५
निद्राभिभवेन्द्रियोपर ८१७
निबन्धो यः समासेन ६००
निर्गीतं गीयते यस्माद् ५२३
निर्गीतं तु सवादित्रम् ५२९
निर्गीतं यन्मया प्रोक्तम् ५३४
निर्गीतं श्रावितः सम्यक् ५२८
निर्गीतानां सगीतानाम् ४२९
निर्गीतानि सगीतानि ५३८
निर्गीतिनावबद्धाश्च ४२१
निर्जितस्त्वं महावीर्यः २१६
निर्मितस्सर्वदेवैश्च २०५
निर्वेदग्लानिशङ्काख्याः ६१३
निर्वेदश्चैव चिन्ता च ८२९
निर्व्यूहकुहरोपेतम् १८८
निर्वेशमेलकाक्रीडम् २४४
निशायां च बलिः कार्यः १७८
निशायां तु प्रभातायाम् २०६
निश्चिता भगवन्विप्राः ९५
निश्चेष्टो निष्प्रकम्पत्वात् ८२७
निश्वासखेदगमनैः ८०६

निषण्णाङ्गस्तु चरणम् २२८
निषादर्षभगान्धार ६१६
निष्क्रान्तासु च सर्वासु ५७०
निष्कलं तस्य तज् ज्ञानम् १५३
निस्संज्ञस्योत्थानम् ८१७
निस्संज्ञो निष्प्रकम्पश्च ८२६
निहञ्चितांसकूटं च २६०
निहतेषु च सर्वेषु ९४
नीलप्रायं प्रयत्नेन १८१
नीलवर्णस्तु बीभत्सः ७०१
नूपुरं चरणं कृत्वा ३८०, २२३
नूपुरं चैव सम्प्रोक्तम् २५३
नूपुरश्च तथा पादः २९१
नूपुरश्चरणो वामः ३७७
नूपुराक्षिप्तके चैव २८५
नृत्तं तत्र प्रयोक्तव्यम् ४८०
नृत्तप्रयोगः सृष्टो यः ४०८
नृत्ताङ्गपाहि वाद्यैः ४१०
नृत्ताङ्गहारसम्पन्ना ८०
नृत्ताध्वव्यायामात् ८०७
नृत्ते युद्धे नियुद्धे च २४५
नृपतेर्नर्तकीनां च २१७
नृपस्य विजयं शंस २०५
नृणामुत्साहसंयोगात् ८१८
नेपथ्यगृहकं चैव ११६
नेपथ्यभूमौ मित्रस्तु ९७
नेमे वेदा यतः श्राव्याः ४९
नैकान्ततोऽत्र भवताम् १०५
नैर्ऋत्यां राक्षसांश्चैव २०८
नैःश्रेयसोपदिष्टः ७७७
पक्वान्नेन तु मांसेन २१०
पक्वान्नेन तु मांसेन २१०
पञ्चमे च महानागाः १००
पञ्चैव करणानि स्युः २४१
पठेदन्यं पुनः श्लोकम् ४६०
पणवैर्दर्दुरैश्चैव ३५४
पताकाञ्जलि वक्षःस्थम् २४९
पदानाञ्चापि विक्षेपम् ५४४
पदानि पञ्च गच्छेयुः ५५४
पद्मोपविष्टं ब्रह्माणम् २०७
पप्रच्छुस्ते महात्मानः २८
परचेष्टानुकरणात् ७९७
परसौभाग्येश्वरता ८०५
परस्परकृता सिद्धिः ६८९
पराङ्मुखविधिर्भूयः ३६७
परावृत्तोऽथ विज्ञेयः २३८
परिगीतक्रियारम्भः ५११
परिगृह्णन्तु मे सर्वे २१२
परिगृह्य प्रणम्याथ ७९
परिघट्टनया तुष्टा ५३४
परिच्छिन्नं च कर्तव्यम् ३५२, ३६१
परिच्छिन्नं तथा चैव ३७४
परिवर्तनमेवं स्यात् ५५४
परिवर्ताश्च चत्वारः ५४०
परिवर्तास्तु चत्वारः १८३
परिवृत्तं समुद्दिष्टम् २४४
परिवृत्तचितोऽथ स्यात् २३८
परिवृत्तत्रिकं चैव २१७, २२४
परुषवचनाभिधायी ८०६
पर्यस्तकप्रमाणेन ४५७
पर्याप्तविमुक्ताक्षम् ७९८
पर्यायशः कटिश्छिन्ना २६७
पर्यायोद्वेष्टितौ हस्तौ ३५१
पवित्रे ब्राह्मणस्तम्भे १८२
पश्चात्तापेन युतः ८११
पश्चिमायां समुद्रांश्च २०८
पश्चिमे च विभागेऽथ १७८
पश्चिमेन बलिः पीतः १७९
पश्याम इति देवेशः २३०
पाञ्चालमध्यमा चेति ६१६
पातालवासिनो ये च १००
पादतलाहतिपातितशैलम् ५६४

| | | | |
|---|---|---|---|
| पादप्रचारस्त्वेषां तु | ३४१ | पुण्ड्राक्षं पुण्ड्रनासं च | ७६ |
| पादभागाः कलाश्चैव | ५०१ | पुत्रानध्यापयामास | ७४ |
| पादरेचक एकः स्यात् | ३९२ | पुनः पदानि त्रीण्येव | ५६५ |
| पादसूच्यां यदा पादः | ३२० | पुनः पादनिवृत्तिं तु | ४९० |
| पादस्य चातुरी हस्तौ | २८८ | पुनः पुनश्च करणम् | २६८ |
| पादान्ते सन्निपाते तु | ४८६ | पुनः प्रविश्य रङ्गं तु | ५७३ |
| पादावुद्धट्टितौ कार्यौ | ३३६ | पुनराक्षिप्तकं कुर्यात् | ३४९ |
| पादुकोपानहौ चैव | ७६ | पुनरुत्क्षेपणं चैव | ३८२ |
| पादे पञ्चदशं चैव | ५८४ | पुनरुत्थापयेत्तत्र | ३६६ |
| पादैरनाविद्धगतैः | ५६७ | पुनरेभिरेव भावैः | ७५४ |
| पादौ च बलिताविद्धौ | ३३४ | पुनरेव हि वक्ष्यामि | १९१ |
| पादौ निकुट्टितौ चैव | २६४ | पुनरेवानुयन्वाक्यम् | ४९७ |
| पान्तु वो मातरः सौम्याः | २१८ | पुनरेषां प्रवक्ष्यामि | २०१ |
| पायसं तत्र दातव्यम् | १८४ | पुनर्दक्षिणमेव स्यात् | ५५४ |
| पारिपार्श्विकयोश्च स्यात् | ५६० | पुनर्निमित्तापाये च | ७७८ |
| पारिपार्श्विकसङ्कल्पः | ५६६ | पुनर्भयानकश्चैव | ७६१ |
| पारिपार्श्विकहस्ते तु | ४६३ | पुनर्मन्त्रविधानेन | २११ |
| पार्श्वक्रान्तक्रमं कृत्वा | ३११ | पुनश्च दक्षिणं पादम् | ४४८ |
| पार्श्वच्छेदोऽथ सम्प्रोक्तः | २३८ | पुनश्च भावान्वक्ष्यामि | ६१२ |
| पार्श्वमुद्वाहितं चैव | २७६ | पुनश्चित्रे तथा मिश्रे | ४७८ |
| पार्श्वयोरग्रतश्चैव | २७३ | पुनश्चैककला शम्या | ५४१, ५६७ |
| पार्श्वस्वस्तिक इत्येष | ३५९ | पुनस्तथैव कर्तव्यौ | ३२८ |
| पार्श्वात्पार्श्वे तु गमनम् | ३९३ | पुनस्तेनैव देशेन | ३६८ |
| पार्श्वे च रङ्गपीठस्य | ९९ | पुनस्तेनैव योगेन | ३७८, ३५० |
| पार्श्वे तु स्वस्तिकं बध्वा | ३५८ | पुरः प्रसारितः पादः | ३३४ |
| पार्श्वोत्थानोत्थितं चैव | ४४५ | पुरन्दरामरपते | २१२ |
| पिण्डीं बध्वा ततः सर्वाः | ४५७ | पुरस्याबालवृद्धस्य | २१५ |
| पिण्डीनां विधयश्चैव | ४६२ | पुरुषः प्रमदायुक्तः | ७२७ |
| पिण्डीनां विविधा योनिः | ४६४ | पुरोहितं नृपं चैव | १८३ |
| पिण्डीबन्धः कनिष्ठे तु | ४६३ | पुलकेन च रोमाञ्चम् | ८२७ |
| पिण्डीबन्धस्तु पिण्डत्वात् | ४६२ | पुष्करकरणायां तु | ४४६ |
| पिण्डीबन्धांस्ततो दृष्ट्वा | ३९७ | पुष्पाञ्जलिं विसृज्याथ | ४४८ |
| पिण्डीबन्धेषु वाद्यं तु | ४५७ | पुष्पाञ्जलिं समादाय | ५४२ |
| पिण्डी शृङ्खलिका चैव | ४६२ | पुष्पाञ्जलिधरा भूत्वा | ४४७ |
| पितामहाज्ञयाऽस्माभिः | ७७ | पुष्पाञ्जल्यपवर्गश्च | ५४६ |
| पितॄन्पिशाचानुरगान् | २०८, २१० | पुष्पावकीर्णाः कर्तव्याः | ८३१ |

पुष्यनक्षत्रयोगेन १७६
पूजयित्वा तु सर्वाणि २१५
पूजितः प्रीतिमानस्तु २१४
पूजिताः पूजयन्त्येते २१९
पूरणे मृत्तिका चात्र १८६
पूर्वं कृतयुगे विप्राः ४२
पूर्वं कृता मया नान्दी ८७
पूर्वं तु कथितं यस्मात् ४८२
पूर्वं साम प्रयोक्तव्यम् १०१
पूर्वं शिथिललयः कार्यः ५४२
पूर्वदक्षिणतो वह्निः २०८
पूर्वप्रमाणनिर्दिष्टा १९८
पूर्वमेव तु रङ्गेऽस्मिम् ५२०
पूर्वरङ्गं महातेजः ४९९
पूर्वरङ्गं महाभागा ५०१
पूर्वरङ्गं सदा ज्ञेयम् ५८०
पूर्वरङ्गः कृतः पूर्वम् २३१
पूर्वरङ्गविधावस्मिन् २३३
पूर्वरङ्गविधिं श्रुत्वा ५८७
पूर्वरङ्गे प्रयोक्तव्यम् ५७०
पूर्वरङ्गे प्रयोक्तव्यः ५८३
पूर्वरङ्गे भवेच्चित्रे ५८१
पूर्वरङ्गे मया ख्यातम् ५३६
पूर्ववत्प्रविशन्त्यन्याः ४५८
पूर्वेण शुक्लान्नयुतः १७६
पूर्वेणैव विधानेन ४५८
पूर्वोक्तब्राह्मणस्तम्भे १८१
पृष्ठतः कुञ्चितं कृत्वा ३०२
पृष्ठतः कुञ्चितः पादः ३११
पृष्ठतः प्रसृतः पादः ३०७
पृष्ठतो यो भवेद्भागः १७७
पृष्ठतो वलितं पादम् ३१२
पृष्ठप्रसर्पितः पाद ३२७
पृष्ठप्रसारित पादः ३१५, ३१८
प्रकुर्याद्दक्षितवली ३०६
प्रगृह्यतां बलिर्देव २१२, २१३, २१४
प्रगृह्यतां बलिर्भक्त्या २१३
प्रगृह्यतां बलिर्मत्तः २१२
प्रगृह्यतामेष बलिः २१३
प्रगृह्य दीपिकां दीप्ताम् २१८
प्रणम्य दैवताभ्यश्च ४४८
प्रणम्य शिरसा देवौ ८
प्रणश्यतु प्रयोगोऽयम् ५३०
प्रतिबोधस्त्वभिनेयः ८१८
प्रत्यादेशोऽयमस्माकम् १०२
प्रत्यालीढं ततः कुर्यात् ३४३
प्रत्याहारोऽवतरणम् ५०६
प्रत्युवाच ततो वाक्यम् ३९
प्रत्युवाच पुनर्वाक्यम् ५००, ५९४
प्रथमं त्वभिनेयं स्यात् ४६९
प्रथमं शोधनं कृत्वा १७४, ४६९
प्रथमे ब्राह्मणस्तम्भे १८०
प्रदक्षिणाद्यो विज्ञेयः ५४९
प्रददुर्मत्सुतेभ्यस्तु ९०
प्रमाणं यच्च निर्दिष्टम् १६७
प्रमाणमेषां निर्दिष्टम् १६४
प्रयत्नकृतशौचेन ५४९
प्रयुज्य गीतकविधिम् ५३९
प्रयुज्य गीतवाद्ये तु ४५४
प्रयुज्य रङ्गान्निष्क्रामेत् ५७२
प्रयुज्य विधिनैवं तु ४७२
प्रयुज्यालातकं पूर्वम् ३३७
प्रयोक्तव्यं बुधैः सम्यक् ८२३
प्रयोक्तव्यो बुधैः सम्यक् ५७०
प्रयोक्तृभिः प्रयोज्यानि ५०७
प्रयोगमङ्गहाराणाम् २३५, २३६
प्रयोगवशगो हस्तो २८३, ३०८, ३०९, ३११, ३१३, ३१९, ३२१
प्रयोगे प्रस्तुते ह्येवम् ९५
प्रयोजितं पुत्रशतम् ७७
प्रयोज्या स्वङ्गिता ह्येवम् ५८५
प्ररोचना च कर्तव्या ५६६

| | |
|---|---|
| प्रलम्बिताभ्यां बाहुभ्याम् | ३०४ |
| प्रवरं वरदं प्रणमत | ५८५ |
| प्रवालमुत्तरे चैव | १८७ |
| प्रविश्य रङ्गं तैरेव | ५७४ |
| प्रवेशाक्षेपनिष्काम | ६१७ |
| प्रशास्त्विमां महाराजः | ४५७ |
| प्रसर्पितकमुद्दिष्टम् | २४४ |
| प्रसर्पिततलौ पादौ | ३२६ |
| प्रसाद्य रङ्गं विधिवत् | ५७१ |
| प्रसार्य कुञ्चितं पादम् | ३०८ |
| प्रसार्योत्क्षिप्य च करौ | ३४२ |
| प्रस्तावनां ततः कुर्यात् | ५७१ |
| प्रस्ताव्यैवं तु निष्क्रामेत् | ५७७ |
| प्रस्तारितौष्ठकपोलम् | ७९८ |
| प्रहृष्टामरसंकीर्णे | ८७ |
| प्राङ्मुखस्तु ततः कुर्यात | ४५४ |
| प्राञ्जलिः प्रणतो भूत्वा | ७२ |
| प्राप्तानामुपभोगः | ८१० |
| प्राप्नोत्यपचयं घोरम् | ४७८ |
| प्राप्नोत्यपचयं शीघ्रम् | २१९ |
| प्रायेण करणे कार्यः | २४५, ३४१ |
| प्रायेण ताण्डवविधिः | ४३४ |
| प्रायेण सर्वलोकस्य | १३२, ४२९ |
| प्रियव्यलीकजनिता | ८०४ |
| प्रीतस्तु प्रथमं शक्रः | ९० |
| प्रेक्षाकर्तुर्महान्धर्मः | ५५७ |
| प्रेक्षागृहाणां सर्वेषाम् | १६६, १६७, १७४ |
| प्रेङ्खोलितं नितम्बं च | २४४ |
| प्रोक्तवान्द्रुहिणं गत्वा | ९६ |
| फेनश्च पञ्चमे कुर्यात् | ८२३ |
| बद्धा चारी तथा चैव | ३२१ |
| बन्धुलं भञ्जकं चैव | ७९ |
| बलिः प्रीतेन मनसा | २१२ |
| बलिप्रदानैर्होमैश्च | १५२ |
| बहवोऽर्था विभाव्यन्ते | ७९२ |
| बहिर्गीतविधौ सम्यक् | ५२७ |
| बहुभूतगणाकीर्णे | २३१ |
| बहुशः कुट्टितः पादः | २८९ |
| बहूनां समवेतानाम् | ८३० |
| बाष्पपरिप्लुतनयनः | ८०३ |
| बाष्पाम्बुप्लुतनेत्रत्वात् | ८२७ |
| बाहुशीर्षाञ्चितौ हस्तौ | २९९ |
| बाह्यतः सर्वतः कार्या | १९२ |
| व्यंसभ्रमरकं कुर्यात् | ३५७ |
| बीभत्सः क्षोभजः शुद्धः | ७६१ |
| बीभत्सदर्शनं यच्च | ७०० |
| बीभत्सस्य महाकालः | ७०२ |
| बीभत्साद्भुतसंज्ञौ च | ६०८ |
| बीभत्साद्भुतशान्तानाम् | ८३१ |
| बुद्धीन्द्रियकर्मेन्द्रिय | ७७८ |
| ब्रह्मणो वचनं श्रुत्वा | १०२ |
| ब्रह्मर्षिभूतसंघांश्च | २०९ |
| ब्रह्मर्षीणां च विज्ञेयम् | १४२ |
| ब्रह्मा कुटिलकं चैव | ९१ |
| ब्रह्माणं मधुपर्केण | २१० |
| ब्रह्मोत्तरं तथैवास्तु | ५५७ |
| ब्राह्मणांस्तर्पयित्वा तु | १७७, १८२ |
| भक्त्या मयोद्यतो देव | २१३ |
| भक्त्या समुद्यता देव | २१३ |
| भगवन् श्रोतुमिच्छामः | १५८ |
| भयशोकविषादाद्यैः | ८१० |
| भरतं मुनयः सर्वे | ५८८ |
| भरतस्य वचः श्रुत्वा | १५८, ४९७ |
| भवतां देवतानां च | १०३ |
| भवद्भिः शुचिभिर्भूत्वा | ३९ |
| भवद्भिर्नो निशायां तु | २०५ |
| भविष्यतश्च लोकस्य | ५० |
| भविष्यतीदं निर्गीतम् | ५३० |
| भविष्यद्भिर्नरैः कार्यम् | १६० |
| भवेदतिजगत्यान्तु | ५९२ |
| भवेदाचमनं चैव | ५५७ |
| भाण्डवाद्यकृते चैव | ४५९ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाण्डोन्मुखेन कर्तव्यम् | ५६४ | भोज्यैर्भक्ष्यैश्च पानैश्च | १५२ |
| भारती सात्वती चैव | ७८ | भ्रमणं चापि विज्ञेयः | २९४ |
| भारती सात्वती चैव | ६१५ | भ्रमरं चतुरं चैव | २४३ |
| भावाभिनयसंबद्धान् | ६८२ | भ्रुकुटं कटाक्षकुटिलम् | ७९८ |
| भावा वाऽपि रसा वाऽपि | ८३१ | भ्रुकुटीकुटिलोत्कट | ८०५, ७९८ |
| भावा विकारा रत्याद्याः | ७३८ | मङ्गल्यमिति कृत्वा च | १२२, ४२९ |
| भावाश्चैव कथं प्रोक्ताः | ५९४ | मञ्जुकेशी सुकेशी च | ८३ |
| भावो वापि रसो वापि | ८३० | मण्डपे विप्रकृष्टे तु | १७२ |
| भित्तिकर्मणि निर्वृत्ते | १८० | मण्डलं स्थानकं कृत्वा | ३६३ |
| भित्तिकर्मविधिं कृत्वा | १९० | मण्डलस्थानकं चैव | ३३२ |
| भित्तिष्वथ विलिप्तासु | १९० | मण्डलस्वस्तिकं चैव | २४२ |
| भिन्द्यात्कुम्भं ततश्चैव | २१८ | मतिर्मोहो विबोधश्च | ८२८ |
| भिन्ने कुम्भे ततश्चैव | २१८ | मतिर्व्याधिस्तथोन्मादः | ६१५ |
| भिन्ने चैव तु विज्ञेयः | २१८ | मतिश्चैव तथोग्रत्वम् | ८२९ |
| भुजगाभरणं प्रथमाद्यं | ५८६ | मत्तल्लिकरणं कृत्वा | ३६१ |
| भुजङ्गत्रासितं कृत्वा | २९१ | मत्तस्खलितकश्चैव | २३६ |
| भुजङ्गत्रासितं चैव | ३५२ | मत्ताक्रीडो भवेदेष | ३५६ |
| भुजङ्गत्रासितं प्रोक्तम् | २४३ | मत्स्यैश्च पिष्टभक्ष्यैश्च | २११ |
| भुजङ्गत्रासितं सव्यम् | ३५५ | मदस्खलितकं चैव | २५४ |
| भुजङ्गत्रासितः पादः | २९५ | मधुपर्कं तथा राज्ञे | १७९ |
| भुजावूर्ध्वविनिष्क्रान्तौ | ३२४ | मधुरैश्चाङ्गविहारैः | ७२९ |
| भूतपिशाचग्रहणा | ८१७ | मध्यमे च लयाबन्धः | ४६३ |
| भूतयक्षपिशाचाश्च | ९९ | मध्ये चैवात्र कर्तव्ये | २०७ |
| भूतान् पिशाचान् यक्षांश्च | २०४ | मध्ये तु सूत्रभूताभ्याम् | ५४४ |
| भूतेभ्यश्च नमो नित्यम् | २१३ | मध्ये त्रिकोणमेवास्य | २०० |
| भूमिनिपातनिवर्तित | ७९८ | मध्ये लघ्वक्षराणि स्युः | ५८१ |
| भूमिस्तत्रैव कर्तव्यः | १७५ | मध्ये लघ्वक्षराण्येव | ५८२ |
| भूमेर्विभागं पूर्वं तु | १७४ | मन्त्रपूतं च तद्देयम् | १८३ |
| भूयः किं कथ्यतां सम्यक् | ४७९ | मन्त्रपूतमिमं देव्यः | २१२ |
| भूयः किं कथ्यतामन्यत् | ४९४ | मन्त्रपूतमिमं सम्यक् | २१५ |
| भूयश्च ये यत्र रसे | ८२७ | मन्त्रपूतमिमं सर्वम् | २११ |
| भूते चौघः प्रयोक्तव्यः | ४७४ | मन्त्रपूतेन तोयेन | २०२ २१७ |
| भृङ्गारजर्जरधरौ | ५४४ | मन्त्रहीनो यथा होता | २२० |
| भृङ्गारभृतमाहूय | ५४८ | मन्दवातायनोपेतः | १६० |
| भृत्यजः कृतकश्चेति | ७९८ | मयाऽपीदं स्मृतं नृत्यम् | २२१ |
| भोजने कृसराश्चैव | १८५ | मया प्राग्ग्रथितो विद्वन् | २२४ |

मया समवकारस्तु २३०
मर्त्यलोकगताः सर्वे १५२
महाकुले प्रसूताः स्थ २१७
महागणेश्वराः सर्वे २१३
महागीतेषु चैवार्थान् २३४
महाचारी ततश्चैव ५६३
महाचार्यां प्रयुक्तायाम् ५३६
महादेव महायोगिन् २१२
महादेवश्च सुप्रीतः २२१
महानयं प्रयोगस्य ८६
महाभैरवनादाद्यैः ८२४
महीनिपातनाच्चापि ८२७
महेन्द्रप्रमुखैर्देवैः ४४
महेश्वरस्य चरितम् ४९३
मागधं सरलं चैव ७६
मागधी त्वथ कर्तव्या ५८१
मागधीमर्जुनी चैव ८५
मातृनाट्यस्य सर्वास्ताः २११
मानुषस्य तु गेहस्य १७४
मार्गासारितमासाद्य ५३५
माहेश्वरैरङ्गहारैः ४८१
मिश्रमग्निं सुरान्वर्णान् २०४
मिश्रे सम्भाविता कार्या ५८१
मुखनेत्रविकूणनया ७५७
मुखबीजानुसदृशम् ५७६
मुखवर्णपरावृत्त्या ८२७
मुखे सोपोहने कुर्यात् ४७०
मुनयः पर्युपास्यैनम् २८
मुष्टिहस्तश्च वक्षःस्थः ३१८
मुहुः कण्टकितत्वेन ८२७
मुहुरश्रुकणापातैः ८२७
मुहूर्तेनानुकूलेन १७७, १८०
मूलपर्वणि चित्रं तु २१६
मृत्युं च नियतिं चैव २०४
मृत्युर्व्याधिभयं चैव ८२९
मृत्युश्च नियतिश्चैव २१५
मृदङ्गभेरीपटहैः ३९४
अध्यात्मध्यान समुत्थस्त ७७७
य इमं पूर्वरङ्गं तु ५७७
य इमे वेदगुह्यज्ञा ७३
य एवं विधिमुत्सृज्य २१९
य एवमेताञ्जानाति ८३८
य एव वस्तुकविधिः ४७०
यक्षांश्च गुह्यकांश्चैव २०५
यच्च तस्याः क्षमं द्रव्यम् ७९
यजुर्वेदादभिनयान् ५६
यज्ञेन सम्मितं ह्येतत् १५३, २१९
यत्तु शृङ्गारसम्बद्धम् ४८५
यत्तु संदृश्यते किञ्चित् ४८०
यत्त्वतिशयार्थयुक्तम् ७०८
यत्नभावाभिभिनिष्पन्नाः १७४
यत्र कुर्वन्ति सञ्जल्पम् ५२५
यत्र तत्करणं ज्ञेयम् २६२, २७९, ३०१, ३२०
यत्र तत्रापि संयोज्यम् २४५
यत्र प्रसारितौ बाहू ३१८
यत्र सन्निहिते कान्ते ४८१
यत्राभिनेयं गीतं स्यात् ४४९
यथाऽचलो गिरिर्मेरुः १८३
यथा देवास्तथा दैत्याः १०९
यथा नराणां नृपतिः ७९६
यथा नाट्यस्य जन्मेदम् ४९८
यथान्यायं तु कर्तव्या ५४८
यथा बहुद्रव्ययुतैः ६८१
यथा बीजाद्भवेद्वृक्षः ६९१
यथा बुद्ध्यामहे ब्रह्मन् ४९९
यथाभावाभिनिर्वर्त्याः १६२
यथा मिश्रस्तु योक्तव्यः ५८१
यथा योज्या ध्रुवाः पञ्च ७७९
यथा लयस्तथा वाद्यम् ४७४
यथावृत्तेन कर्तव्यम् ५५५
यथाऽवसरमेते हि ८२८

यथाविधि यथादृष्टम् १५४
यथास्थानान्तरगतः २०३
यथास्थानान्तरगतान् २०५
यथा ह्यपत्रयोगस्तु २१९, ५५८
यदा गीतिवशादङ्गम् ४७१, ४७२
यदा प्राप्त्यर्थमर्थानाम् ४१३
यद्वा जन्मगुणोपेतम् २१७
यममित्रौ च सम्पूज्यौ २१०
यमो मित्रश्च भगवान् २१४
यवैस्सिद्धार्थकैर्लाजैः २०६
यशस्यं च शुभार्थं च २३१
यश्चापि विधिमुत्सृज्य ५७८
यश्चाप्यास्यगतो भावः १७३
यश्चायं पूर्वरङ्गस्तु २३४
यस्ताण्डवविधिः प्रोक्तः ५६९
यस्माच्च लोकपालनाम् ५२१
यस्मात्तस्मादमी भावाः ६८८, ७९१
यस्मादनेन ते विघ्नाः ९४
यस्मादभिनयस्त्वत्र ५२४
यस्मादव्यक्तभावं हि १७२
यस्मादुत्थापयन्त्यत्र ५२०
यस्माद्रङ्गे प्रयोगोऽयम् ५०३
यस्मिन्नङ्गे तु युवतिः ४८१
यस्मिन्नङ्गे प्रसादं तु ४८३
यस्य यस्यामवस्थायाम् ४७८
यस्यां ह्रस्वानि शेषाणि ५६१
यस्या लघूनि सर्वाणि ५५२
यस्यास्तु जागते पादे ५६७
या तत्रात्मसमुत्था ८०४
यादृशीं दिशि यस्यां तु १७९
या ध्रुवा छन्दसा युक्ता ४८७
यानि वस्तुनिबद्धानि ४६७, ४६४
यानि स्थानानि याश्चार्यं २५६, २५१
यान्येतानि नियुक्तानि १०१
यावत्पाठ्यं च गेयं च १५४
या विद्या यानि शिल्पानि ५३८
याञ्चाभ्यां मत्तवारण्याम् २१५
युक्तायामवकृष्टायाम् ५२६
युद्धप्रहारघातन ७४८
यूकास्त्वष्टौ यवो ज्ञेयः १७०
ये गीतकादौ युज्यन्ते ५३१
ये चापि नृत्तहस्तास्तु ३४१
ये त्वेते सात्त्विका भावाः ८२९
येनानुकरणं नाट्यम् १४२
येऽपि चान्तरमार्गास्स्युः ४११
ये रसा इति पठ्यन्ते ५९२
योगीव ध्यानपरः ८०३
योऽयं भगवता सम्यक् २९
योऽयं भगवता सृष्टः २९,१०२
योऽयं समवकारस्तु २२४
योऽयं स्वभावो लोकस्य १४३
यो यस्मिन्कर्मणि यथा ६६
योऽर्थो हृदयसंवादी ७९५
यो विधिः पूर्वमुक्तस्तु १९२,४६९
रक्षाः प्रतिसराः सूत्रम् २०६
रक्षाः सुमनसश्चैव २०६
रक्षणे मण्डपस्याथ ९६
रक्षाभूतश्च सर्वेषाम् ९५
रङ्गद्वारमतो ज्ञेयम् ५२४
रङ्गद्वारे प्रयुक्ते तु ५३६
रङ्गपीठं ततः कार्यम् १८४
रङ्गपीठगतान्विघ्नान् ९४
रङ्गपीठस्य पार्श्वे तु १८२
रङ्गपीठस्य मध्ये तु १००,४५६
रङ्गपीठावलोक्यं तु १९३
रङ्गपूजां कुरुष्वेति १९५
रङ्गमध्ये तु तां दीक्षाम् २१८
रङ्गशीर्षन्तु कर्तव्यम् १८५
रङ्गसिद्धौ पुनः कार्यम् ५६६
रङ्गस्याभिमुखं कार्यम् १९७
रङ्गस्योद्योतनं कार्यम् २०६
रङ्गे पिबतः कार्या ८०७

| | |
|---|---|
| रतिर्हासश्च शोकश्च | ६१३ |
| रत्नदानैः सगोदानैः | १८१ |
| रत्नानि चात्र देयानि | १८७ |
| रसं वीरमपि प्राह | ७६० |
| रसत्वं केन वै तेषाम् | ५९९ |
| रसातलगतेभ्यश्च | २१४ |
| रसा भावा ह्यभिनयाः | ६०१ |
| रसेष्वेतेषु सर्वे ते | ८२९ |
| रसेष्वेतेषु सर्वेषु | ८३० |
| राक्षसेन्द्रा महासत्त्वाः | २१२ |
| राज्ञो वा यत्र भक्तिः स्यात् | ५५९ |
| रात्रौ जागरणादपि | ८१६ |
| राष्ट्रं प्रवर्धतां चैव | ५५६ |
| रिपुजो गुरुजश्चैव | ७९८ |
| रुद्रप्रहरणम् सर्वम् | २१४ |
| रुद्राश्चापि ततो देवाः | ५३० |
| रेचका अङ्गहाराश्च | ४०६ |
| रेचकैरङ्गहारैश्च | ३९६,५६९ |
| रेचयेच्च करं वामम् | ३३० |
| रेचितं करणं कार्यम् | ३८० |
| रेचितं करिहस्तं च | ३६० |
| रेचितं मण्डलं चैव | ३६८ |
| रेचितं हस्तपादं च | ३५७ |
| रेचितश्चापविद्धश्च | २७८ |
| रेचितश्चापि विज्ञेयः | २३८ |
| रेचिताख्यः पृथग्भावो | ३९२ |
| रेचिता च कटिर्यत्र | २९७ |
| रेचिताविद्धितौ हस्तौ | ३३७ |
| रेचितेन तु हस्तेन | ३५४ |
| रेचितो दक्षिणो हस्तः | २८६ |
| रेचितौ घूर्णितौ वापि | ३२५ |
| रेचितौ च तथा हस्तौ | १२७, ३०९, ३३३ |
| रेचितौ विप्रकीर्णौ च | २९९ |
| रेचितौ सह गात्रेण | ३६८ |
| रेचितौ स्वस्तिकौ पादौ | ३८१ |
| रेचितौ हस्तपादौ च | २९२ |
| रेच्यते तद्धि करणम् | २९५ |
| रोमाञ्चः स्वरभेदश्च | ८२९ |
| रोमाञ्चगात्रमनिभृतम् | ७९७ |
| रोमाञ्चहर्षौ निद्रा च | ८२८ |
| रौद्रप्रचरणाच्चापि | ५२४ |
| रौद्रस्यैव च यत्कर्म | ६९९ |
| रौद्रो रुद्राधिदैवत्यः | ७०१ |
| लक्षणं पूजनं चैव | १६१ |
| लक्षणेन विना वाद्य | ५७१ |
| लक्ष्मीः सिद्धिर्मतिर्मेधा | २१२ |
| लघुवर्णपदोपेताम् | ५७३ |
| लघु शेषं ध्रुवापादे | ५६४ |
| लघूनि पादे पञ्चस्यान्तु | ५५६ |
| लघ्वक्षरैर्विहीनं तु | ५८६ |
| लज्जानिगूढवदनः | ८११ |
| लताख्यं सकटिच्छिन्नम् | ३७४, ३५५ |
| लताख्यः सकटिच्छेदः | ६५७ |
| लताख्यश्च करो वामः | २९५, २९८ |
| लताख्यौ च करौ कृत्वा | ३६६ |
| लतायन्धाश्च कर्तव्याः | १९१ |
| लयस्य वर्धनाच्चापि | ४४१ |
| ललाटतिलकं कान्तम् | २४३ |
| ललाटे तिलकं कुर्यात् | ६०२ |
| ललितैः पादविन्यासैः | ५५२ |
| ललितैश्चाङ्गविहारैः | ८१२ |
| लाङ्गूलेन समुत्क्षिप्य | १८५ |
| लाङ्गूले शुक्लवर्णे तु | १८६ |
| लावं भयानकं चैव | ७६ |
| लोकधर्मी नाट्यधर्मी | ६१५ |
| लोकपालास्तथा दिक्षु | ९७ |
| लोकवृत्तानुकरणम् | १३२ |
| लोकशास्त्रानुसारेण | ५७२ |
| लोकस्वभावसंसिद्धा | ७९४ |
| लोकालोकस्य जगतः | ५३८ |
| लोकोपदेशजननम् | १३६ |
| वक्त्रपाणी कृते चैव | ५३४ |

वक्षःस्थाने तथा वामम् २८०
वक्षःस्थाने भवेत्सव्यः ३८५
वज्रं विद्युत्समुद्रांश्च २०४
वदेतां सम्यगुक्ताभिः ५५८
वधबन्धताडनादिभिः ८१९
वन्दनानि प्रकुर्वन्ति ५२१
वन्दनान्यथ कार्याणि ५५०
वन्देत पश्चिमामाशाम् ५५२
वन्देत पौरुषेणेशाम् ५५४
वन्देत प्रथमं पूर्वाम् ५५३
वयं गृह्णीम निर्गीतम् ५२९
वरदं सगणं त्रिपुरान्तकम ५८४
वर्णालङ्कारसंयुक्तम् ५३२
वर्णाश्चत्वार एवाथ ९८
वर्तिताघूर्णितः सव्य २८८
वर्धमानकमासाद्य ३४०
वर्धमानकयोगेषु २३३
वर्धमानमथापीह ५००
वर्धमाने प्रयुक्ते तु ५३५
वलितं घूर्णितं चैव २४३
वस्तुनोऽत्र प्रवक्ष्यामि ५८२
वस्त्राङ्गुलीयकानाम् ८११
वाक्यैश्चाक्षेपकृतैः ७५१
वागङ्गमुखरागेण ७९०
वागङ्गसत्त्वाभिनयैः ७८९
वागङ्गाभिनयेनेह ७६३
वाचश्चेष्टां स्मृतिं चैव ९३
वाचं गतिप्रचारश्च ५६८
वाद्यं गुर्वक्षरकृतम ४७०
वाद्यगीतप्रमाणेन ५७८
वाद्यवृत्तिविभागार्थम् ५१३
वान्यविरिक्तव्याधिषु ८०३
वामं चालातकं कृत्वा ३८१
वामदक्षिणपादाभ्याम् २८४
वामपल्लवहस्तेन ५६२
वामपादेन वेधस्तु ५५२
वामपार्श्वस्थितौ हस्तौ २९१
वामवेधं ततः कुर्याम् ५५९
वामवेधस्तु कर्तव्यः ५६३
वामवेधस्तु तत्रापि ५५०
वामसूचीसहकृतम् ३८५
वामसूच्या स्वतिक्रान्तम् ३६५
वामहस्तश्च वक्षःस्थः २४८
वायव्यायां दिशि तथा २०८
वायूंश्च पक्षिणश्चैव २११
वारुणी च नदी पिण्डी ४०२
वार्तिकेन तु मार्गेण ५५२
वालास्त्वष्टौ भवेल्लिक्षा १६९
विकारः प्रकृतेर्जातः ७७८
विकृतरवसत्त्वदर्शन ७५३
विकृताचारैर्वाक्यैः ७३२
विकृतैरर्थविशेषैः ७३२
विकृष्टश्चतुरश्रश्च १६३, १६६
विकृष्टे तान्यशेषाणि १९२
विकृष्टे तून्नतं कार्यम् १९९
विक्षिप्तं करणं कृत्वा ३८४
विक्षिप्तं सकटिच्छिन्नम् ३८७
विक्षिप्तं हस्तपादं च २७८, ३०७
विक्षिप्तं हस्तपादं तु २९५
विक्षिप्ताक्षिप्तबाहुभ्याम् २७२
विघट्य वै यवनिकाम् ५०७
विघ्नजर्जरणार्थं तु २१६
विघ्नजर्जरणार्थं तु २१६
विघ्नानां वचनं श्रुत्वा १०२
विघ्नानां शमनं चैव ४९८
विचारणादिसम्भूतः ८२४
विज्ञानशौचविभव ८१०
वितण्डां गुणसंयुक्ताम् ८२४
विदित्वा हि विराजन्ते ८२१
विदूषकमथोङ्कारः १००
विदूषकस्त्वेकपदाम् ५६६
विद्यायामे रूपात् ८१४

विधुतं शातजङ्घं च ६६
विद्युज्जिह्वं महाजिह्वम् ७६
विद्युद्भ्रान्तमतिक्रान्तम् २५३
विधातव्यौ करौ तथा २९६
विधानं सम्प्रवक्ष्यामि ४८१
विधिना स्थापयेत्तज्ज्ञः १९४
विधिर्यश्च तुरङ्गस्य २०१
विद्धास्यमष्टहस्तं च १९४
विनोदकरणं लोके १५१
विनोदकारणं चेति ४२०
विनोदजननं लोके १५१
विपरीतालङ्कारैः ७३२
विप्रेक्षणैश्च विविधैः ७९९
विभज्य भागान्विधिवत् १७८
विभावानुभावयुतः ८२०
विभावेनाहृतो योऽर्थः ७८९
विमर्दे रागमायाति ८३०
विरूपाक्षपुरोगाश्च ९३
विवाहप्रसवावाह ४३०
विविधाश्चित्तविकारात् ८२१
विविधादर्थविशेषात् ७५१
विविधैश्चैव पादस्य २९३
विवृत्तं विनिवृत्तं च २४३
विशालं शबलं चैव ७६
विशुद्धकरणायां तु १८५
विश्रान्तिजननं काले १२४
विश्वेदेवाः सगन्धर्वाः २०८, २१०
विषण्णगात्रैर्निश्चेष्टैः ८२२
विषादश्रमनिर्वेदाः ८२८
विष्कम्भश्चैव सम्प्रोक्तः २३७
विष्टाकृमिभिरुद्वेगी ७६१
विष्णुपर्वणि वै पीतम् २१९
विष्णुप्रहरणं चैव २०४, २१४
विष्णुस्सिंहासनं चैव ९२
विसर्पणं च हस्तस्य २९२
विस्तरं तस्य वक्ष्यामि ६०७
विस्तरेणोपदिष्टानाम् ६००
विस्तीर्णमथ सङ्क्षिप्तम् ५६८
विस्फारितेक्षणैः ८००
विस्मयश्च वितर्कश्च ८२८
वीररसान्तरचारी ३५३
वीरस्यापि च यत्कर्म ७००
वीराच्चैवाद्भुतोत्पत्तिः ६९६
वीरो महेन्द्रदेवः स्यात् ७०२
वृत्ते ह्युत्थापने विप्राः ५६९
वृश्चिकं करणं कृत्वा ३५९
वृश्चिकं चरणं कृत्वा २८३, २९६, २९९
३०२, ३२१
वृश्चिकं व्यंसितं चैव २४३
वृश्चिकापसृतः प्रोक्तः २३७
वृषभक्रीडितं चैव २५४
वेदमन्यत्ततः स्रक्ष्ये ४९
वेदविद्येतिहासानाम् १५१
वेदिकारक्षणे बह्निः ९७
वेदोपवेदैः सम्बद्धः ६९
वेधं तेनैव कुर्वीत ५३८
वेपथुर्गद्गदवचनैः ७५९
वेपनात्स्फुरणात्कम्पात् ८९७
वैचित्र्योपायचिन्ताभ्याम् ८१५
वैडूर्यं दक्षिणे पार्श्वे १८७
वैनतेय महासत्त्व २१५
वैवर्ण्यमश्रुप्रलय ६१५, ८२५
वैशाखस्थानकेनेह ४४७, २९८
वैशाखस्थानकेनैतत् २९२
वैश्यस्तम्भस्य मूले तु १८१
वैश्यस्तम्भे विधिःकार्यः १८१
व्यञ्जनग्रहणाच्चापि ८२७
व्यञ्जनौषधिसंयोगः ६९०
व्यसनाभिघातभय ८०५
व्यंसितं वामहस्तं च ३५३
व्यंसितापसृतं सव्यम् ३४३
व्यंसितेन तु हस्तेन ३८१

व्याजाच्चैवापराधाच्च ७६१
व्याधीनामेकभावो हि ८२२
व्यायामक्रमधर्मैः ८२६
व्यावृत्तस्तु २८०
व्रीडा चपलता हर्षः ६१४
शकनेमिं गभस्तिं च ६६
शक्रस्यैरावती पिण्डी २९९
शङ्का व्याधिस्तथा ग्लानिः ८४८
शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषैः १७८, २१८
शङ्खवर्णमुखं षण्डम् ६६
शतं चाष्टौ चतुःषष्टिः १६४
शनैर्निपतितो चैव २३१
शम्या तु द्विकला कार्या ५४१
शरीरं व्याप्यते तेन ७९५
शस्त्रक्षतवत्कुर्यात् ८२३
शस्त्रप्रहारभूयिष्ठः ७४८
शस्त्राक्षेपान् त्रासात् ८१३
शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तः ७९३
शाण्डिल्यं चैव वात्स्यं च ७५
शान्तितोयं ततो दत्वा १७७
शार्ङ्गिराश्चैव वैणाश्च ६१६
शास्त्रज्ञेन विनीतेन २२०
शिक्षायोगास्तथा चैव ४६८
शिखिपिण्डी कुमारस्य ४००
शिरःपर्वस्थितो ब्रह्मा १००
शिरःअकम्पस्वेदाद्यैः ८१९
शिरस्ताडनकम्पैः ८१०
शिरसस्तूपरि स्थाप्यौ ३६५
शिरस्ते रक्षतु ब्रह्मा २१६
शिवविष्णुमहेन्द्राद्याः २१०
शिष्योपदेशार्थकृतः ८२०
शीतक्रोधभयश्रम ८२६
शीतभयहर्षरोष ८२६
शुकतुण्डौ यदा हस्तौ २४६
शुद्धवस्त्राः सुमनसः ५४३
शुद्धादर्शतलाकारम् १८७
शुद्धे च पृथुला कार्या ५८१
शुभभूमिविभागस्थः १९२
शुभे नक्षत्रयोगे च १७८
शुष्कावकृष्टा तु भवेत् ५५८
शुष्कोष्ठतालुकण्ठैः ७५५
शूद्रस्तम्भस्य मूले तु १८१
शूद्रस्तम्भे विधिः कार्यः १८१
शृङ्गारं त्रिविधं विद्यात् ७५९
शृङ्गाररससंयुक्तम् ५६३
शृङ्गारस्य प्रचरणात् ५२४
शृङ्गारहास्यकरुणा ६०८
शृङ्गाराद्धि भवेद्धास्यः ६९६
शृङ्गारानुकृतिर्या तु ६९९
शृङ्गारो विष्णुदैवत्यः ७०१
शृणुताङ्गनिबद्धानाम् ४७०
शेषाणां प्रकृतीनां तु १६५
शेषाणां भोजनं कार्यम् १८२
शेषान्देवगणांस्तज्ज्ञः २११
शेषा ये चैव हिंसार्थम् ९५
शेषा ये देवगन्धर्वाः ९२
शैलेन्द्रराजतनया ५८२
शोधयित्वा वसुमतीम् १७५
श्यामायनं माठरं च ७७
श्रममूर्च्छामदनिद्रा ८२६
श्रवणादपि घोराणाम् ८००
श्रवणे दर्शने चास्य २३०
श्राव्यत्वं प्रेक्षणीयस्य ९२
श्रुतिस्मृतिसदाचार १५१
श्रुत्वा तु शक्रवचनम् ७४
श्रुत्वा महेश्वरवचः २३५
श्रूयतां तद्यथा यत्र १६२
श्रूयतां नाट्यवेदस्य ३९
श्लथभावेनाङ्गानाम् ८०४
श्लिष्टौ समनखौ पादौ २५९
श्वापदगजतुरगरथ ८२३
श्वेतं शिरसि वस्त्रं स्यात् २१६

षडन्यानन्तरे चैव १९४
षड्भेदाश्चास्य विज्ञेयाः ७२२
षड्भिर्वा सप्तभिर्वापि २४२
षण्णां रसानां त्रैविध्यम् ८३१
संक्षिप्तान्येव कार्याणि ५६८
संरब्धसाश्रुनेत्रं च ७३६
संवर्तकं पञ्चशिखम् ७७
सखीप्रवृत्ते संलापे ४८२
सगुह्यकस्सयक्षश्च २१४
सङ्ग्रहो यो मया प्रोक्तः ६०७
सङ्ग्रहं कारिकाश्चैव ५९४, ५९६
सङ्ग्रामसम्भ्रमाद्यैः ७४८
सङ्घोटनक्रियायां च ५२४
सङ्घोटना ततः कार्या ५०६
सज्जं नाट्यगृहं देव ९६
सञ्चारिभिस्तु संयुक्तः ८३०
सञ्चार्याकारमात्रेण ८३०
स तु सर्वैः प्रयोक्तव्यः २०१
सत्त्वप्रयोजितो ह्यर्थः ८३१
सत्त्ववित्रासनोद्भूतम् ८००
सदृशं च प्रदातव्यम् २१६
सन्त्रासाच्छोकाद्वा ८०७
सन्नतं यत्र पार्श्वं च २६४
सन्नतं वलितं गात्रम् २२३
सन्नतौ च तथा हस्तौ २१९
सन्नमुखशोषहृदय ७५४
सन्निपातसमं प्रायः ४४९
सप्तद्वीपानुकरणम् १४१
सप्तरूपेण सन्तुष्टा ५२९
सभ्रुकुटीस्फुरितोष्ठः ७९९
समं रक्तं विभक्तं च ४५०
समन्ततश्च कर्तव्यम् २०७
समन्ततश्च कर्तव्या १९२
स मन्तव्यो रसः स्थायी ८३०
समपादं प्रयुज्याथ ३६४
समभ्यर्च्य शिवं पश्चाद् २२९
सममर्थविभागेन १७७
समः सर्वेषु भूतेषु ७७८
समासजप्यं व्रतिनम् २८
समाश्रितः प्रयोगस्तु ७८
समासतस्तु व्याधीनाम् ८२१
समासु जातशोभासु १९१
समा स्थिरा तु कठिना १७५
समुन्नतं शिरश्चैव ३१५
समुन्नतं समं चैव १९९
सम्पूज्य वरुणं चापि २११
सम्पूज्य सर्वानेकत्र २०५
सम्प्रगृह्य बलिं देव २१२
सम्प्रधारणनिःश्वासैः ८०३
सम्प्रधार्य च तेऽन्योन्यम् ५२९
सम्प्रहृष्य ततो वाक्यम् ९४
सम्फेटविद्रवकृता ८६
सम्भाविता यथा चैव ४८१
सम्भ्रान्तमथ विष्कम्भम् २४४
सम्भ्रान्तवदनवेपथु ८०१
सम्यगिष्टस्तु रङ्गो वै २१९
सरस्वतीञ्च लक्ष्मीञ्च २०७
सरस्वती धृतिर्मेधा २१८
सरस्वतीञ्च लक्ष्मीञ्च २०४
सर्पितं दण्डपादं च २४४
सर्वं पीतं प्रदातव्यम् १८१
सर्वं रक्तं प्रदातव्यम् १८१
सर्वग्रहपते सोम २१३
सर्वग्रहाणां प्रवर २१३
सर्वतो मण्डलाविद्धम् ३१३
सर्वदैवतपूजार्हम् ५३७
सर्वपापविशुद्धात्मा ४९३
सर्वप्राणिसुखहितः ७७८
सर्वभूतानुभावज्ञ २१३
सर्वभुजापरिहारैः ८०८
सर्वमेतद्यथातत्त्वम् २९
सर्वमेवं विधिं कृत्वा १८२, २१६, ५६७

सर्वरत्नोज्ज्वलतनुः ९४
सर्वलक्षणसम्पन्नम् २०३
सर्वलक्षणसम्पन्ने ९६
सर्ववेश्मसु यक्षिण्यः ९८
सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नम् ५०
सर्वशुक्लो विधिः कार्यः १८०
सर्वातोद्यैः प्रणुदितैः १५८, २१८
सर्वाम्भसां पतिर्देवः २१४
सर्वेन्द्रियसम्मोहात् ८०९ ८१८,
सर्वेषामङ्गहाराणाम् २२९
सर्वेष्वेव तु निक्षेप्यम् १८१
सर्वोपदेशजननम् १२२
स लप्स्यते शुभानर्थान् १५४
स वेश्मनः प्रकृष्टत्वात् १५२
सव्यहस्तः कटिस्थः स्यात् २८४
सशालभञ्जिकाभिश्च १८८
सस्मार चतुरो वेदान् ४९
सस्वनरुदितैर्मोहागमैश्च ७३९
सहसा भूमौ पतनम् ८१७
सहसारिदर्शनाच्चेत् ८१४
सहेतरैः सूत्रधारम् ९४
सहोमया क्रीडितवान् ५६१
सात्त्विकांस्तु पुनर्भावान् ८२४
सा ध्रुवा परिवर्ताख्या ५८३
सा मातृकेति विज्ञेया २५१, ३४१
साम्ना तावदिमे विघ्नाः १०१
साहाय्यं चैव दातव्यम् २०५
सिंहाकर्षितमुद्वृत्तम् २४४
सिक्ताः कुसुममालाभिः ५६९
सिद्धिः स्वरास्तथातोद्यम् ६०१
सिद्धिस्थाने त्वसौ साध्यः ८०१
सिद्धेनामन्त्रणा या तु ५२५
सुकुमारप्रयोगाश्च ४३४
सुकुमारप्रयोगेण ३९६
सुकुमाराविद्धगतिः ८०६
सुखदुःखसमतिक्रान्तम् ८१०
सुखप्रायेषु सम्पन्नः ७२७
सुदती सुन्दरी चैव ८४
सुधाकर्म बहिस्तस्य १९०
सुपीठधारिणीयुक्तम् १९८
सुप्तं निद्रावहित्थं च ८२८
सुप्तं विबोधोऽमर्षश्च ६१४
सुप्रसादानि सर्वाणि २०९
सुमालां सन्ततिं चैव ८५
सुमुखीभिः प्रसन्नाभिः २१४
सुरामांसप्रदानेन २११
सुवाक्यमधुरैः श्लोकैः ५७५
सूची कृत्वापविद्धं च २९७
सूची कृत्वा पुनः कुर्यात् ५६४
सूची वामपदे दद्यात् ५४५
सूचीपादो नतं पार्श्वम् ३१६
सूचीवामपदं दद्यात् ३७२
सूचीविद्धस्तथा चैव २२७
सूचीविद्धावपक्रान्तौ २८७
सूचीविद्धौ विधायाथ ३१०
सूत्रं बुधैस्तु कर्तव्यम् १७६
सूत्रतः साऽनुमन्तव्या ६०२
सूत्रधारः पठेत्तत्र ४५७
सूत्रधारप्रवेशाद्यः ५४६
सूर्यश्छत्रं शिवस्सिद्धिम् ९१
सृष्टा भगवता यूयाः ४०६
सैन्धवं सपुलोमानम् ४७
सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतः १४२
सोच्छ्वासैर्निःश्वसितैः ८०९
सोच्छ्वासैर्निःश्वासैः ८१८
सोपोहने सनिर्गीते ५२७
सोमं सूर्यं च मरुतः २०४
सौदामिनीं देवदत्ताम् ८४
सौम्यत्वादभिनेया सा ७९६
स्रस्तगात्रतया चैव ८२६
स्खलिताघूर्णितनयनः ८०६
स्खलितापसृतौ पादौ २८५

स्तम्भं वा नागदन्तं वा १८९
स्तम्भः स्वेदश्च मोहश्च ८२९
स्तम्भः स्वेदोऽथ रोमाञ्चः ६१५, ८२५
स्तम्भद्वारं च भित्तिं च १८२
स्तम्भस्योत्थापने सम्यक् १८२
स्तम्भानां बाह्यतश्चापि १९३
स्तम्भानां स्थापनं कार्यम् १८०, १८१
स्तम्भेषु मत्तवारण्याः ६९
स्तम्भे सनत्कुमारं तु २०९
स्त्रीनीचप्रकृतिष्वेष ७३३
स्त्रीनीचप्रकृतावेष ७९८
स्त्रीपुंसयोस्तु संलापः ४७७
स्थानन्तु वैष्णवं कृत्वा ५४२, ५७३
स्थानभ्रष्टं तु यो दद्यात् २२०
स्थाने स्थाने यथान्यायम् २०९
स्थापकः प्रविशेत्तत्र ५७३
स्थापकस्य प्रवेशे तु ५७४
स्थापने ब्राह्मणेभ्यश्च १७९
स्थापयेद्रङ्गमध्ये तु २१५
स्थापितः सूत्रधारेण ५६६
स्थापिता मत्तवारण्याम् ९९
स्थापितोऽर्घो भवेद्यत्र ६०६
स्थापितौ द्वारपत्रेषु ९८
स्थाप्यं चैव ततः पीठम् १९४
स्थायिवर्णाश्रयोपेता ५५६
स्थायी सत्त्वातिरेकेण ८३०
स्थितिधैर्यवीर्यगर्वैः ७५१
स्थिरहस्तोऽङ्गहारस्तु २३६
स्थिरहस्तोभवेदेष ३४४
स्थिरे ततं प्रयोक्तव्यम् ४७४
स्थैर्येणोत्तममध्यानाम् ८१३
स्पर्शग्रहोल्लुकसनैः ७५९
स्पर्शभयशीतहर्षात् ८२६
स्मितवचनमधुररागः ८०६
स्मितमथ हसितं विहसितम् ७३३
स्मितहसिते ज्येष्ठानाम् ७३४
स्मितहासातिहसितैः ७९७
स्याद्रेचकनिकुट्टं च २४२
स्रस्ताङ्गगात्रविक्षेपैः ८२४
स्रस्ताङ्गाक्षिनिमेषैः ८००, ८२४
स्वं स्वं निमित्तमासाद्य ७७८
स्वरभेदो भयहर्ष ८२६
स्वरभेदोऽभिनेतव्यः ८२७
स्वस्तिकं करणं कृत्वा ३७१
स्वस्तिकापसृतः पादः २७५, ३०४
स्वस्तिकापसृतौ पादौ २९८, ३३८
स्वस्तिको रेचितश्चैव २३७
स्वस्तिकौ चरणौ कृत्वा २७९
स्वस्तिकौ चरणौ यत्र २६९
स्वस्तिकौ तु करौ कृत्वा २६२
स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ २६०
स्वस्तिकौ हस्तपादाभ्याम् २७४
स्वस्तिपुण्याहघोषेण १८१
स्वातिनारदसंयुक्तः ८५
स्वातिर्भाण्डनियुक्तस्तु ८५
स्वास्थ्याभ्याससमुत्था ८१०
स्वेदश्च वेपथुश्चैव ८२९
स्वेदश्चैवावहित्थं च ८२८
स्वेदस्याभिनयो योज्यः ८२७
हर्षभयशोकविस्मय ८२६
हर्षोत्फुल्लकपोलम् ७९७
हलपिण्डी बलस्यापि ४०२
हस्तं तु रेचितं कृत्वा ३७७
हस्ततिष्यानुराधाश्च १७६
हस्तपादप्रचारस्तु २४५
हस्तपादप्रचारश्च २३९
हस्तपादप्रचारस्तु ५६८
हस्तपादसमायोगः २४०
हस्तप्रमाणैरुत्सेधैः १९३
हस्तात्प्रभ्रष्टया वापि १७७
हस्ताभ्यामथ पादाभ्याम् २७१
हस्तो हृदि भवेद्वामः २७६

| | | | |
|---|---|---|---|
| हस्तौ तु स्वस्तिकौ पार्श्वे | २०१ | हुताश एव दीप्ताभिः | २१७ |
| हस्तौ निपतितौ चोर्वोः | २५२ | हृदयमनोरथलाभे | ८१२ |
| हस्तौ पादानुगौ चापि | ३२७ | हृदयवितर्कोपगता | ८०९ |
| हस्तौ शिरस्सन्नतं च | ३४० | हृष्टाः समभवन्सर्वे | २२७ |
| हासयति जनं यस्मात् | ७३२ | हितोपदेशजननम् | १२१, १२२ |
| हास्यस्थानानि यानि स्युः | ७३६ | होमं कृत्वा यथान्यायम् | २१८ |

## अभिनवभारत्यां स्मृता ग्रन्था ग्रन्थकर्तारश्च


अंशुमाली ७७
अक्षपादः ७६६
अग्निकुण्डः ७६
अग्निशिखः ७५
अन्ये ८६, १९५, २८४, ६८२, ६८४, ७२०, ७२१
अबुधः ७५
अभिज्ञान-शाकुन्तलम् १२०
अम्बष्ठकः ७५
अमृतमथनम् २२७
अर्जुनी ८५
अश्मकुट्टः ७६
असितः ७६
आव्यकुण्डः ७६
आनन्दवर्धनः ६९१
इन्दुराजः ६७३
उग्रः ७६
उपानहः ७६
उपाध्यायाः ८६, १२१, १९६, २७९, ४९४, ६२८, ६८४
ऋजुकः ७६
औद्भटाः ६०१
कपिञ्जलिः ७५
कलंराक्षः ७६
कलमा ८५
कलशकः ६७४
काकजङ्घः ७५
कामसूत्रम् ७२३
कालिदासः ६७४, ७१९
कालियः ७६
काव्यकौतुकम् १२१, ६८४
कीर्तिधरः ४९५
कुशलः ७६
केचित् ८६, १६३
केरला ८५
कैदारिः ७५
कोहलः ६०, ७५, ८७, २६५, ४१३, ४३४, ४३७
कौत्सः ७५
गभस्तिः ७७
गुणमाला ४२२
गुरुः १४
गौतमः ७६
चापस्वरः ७६
चित्रकः ७५
चिरन्तनाः ४३६
चूडामणिडोम्बिका ४१३
छलितरामम् १२०
जटिलः ७५
जम्बुध्वजः ७५
जीमूतवाहनः ७७५
टीकाकारः ७३७
तण्डुः ७५, २३६, ४०८, ४३३, ४३६, ४४०
ताण्ड्यायनिः ७५
ताण्ड्यः ७६
तापसः ७५
तापसवत्सराजम् ६९६
तुम्बुरुः ३९३
तुषारः ७६
तैतिलः ७५
तोतः ४४७, ७२४
त्रिपुरदाहः २३१
त्रिशिखः ७७
दण्डी ६२३
दत्तिलः ७५

दत्तिलाचार्यः ४८८
दीर्घगात्रः ७५
दुस्सहः ७६
देवदत्ता ८४
देवसेना ८४
द्रुहिणः ९६, २३०
धूम्रायणः ७५
धृतिः ८१
नखकुट्टः ७६
नन्दा ८१
नन्दिमतम् ४०१
नन्दी २९५, २९६
नागानन्दम् ५२५
नारदः ८५, ५२८
नास्तिकधुर्योपाध्यायाः ४०
पञ्चशिखः ७७
पतञ्जलिः ६६६
पाण्डुकर्णः ७१
पादताडितकम् ४२४
पादुकः ७६
पार्षदः ७६
पिङ्गलः ७५
पीठमुखः ७६
पुण्ड्रनासः ७६
पुण्ड्राक्षः ७६
प्रह्लादः १४२
बन्धुलः ७१
बलिः १४२
बहुलः ७१
बादरायणः ७६
बादिरः ७१
बीभत्सः ७६
बुधसेनः ७१
ब्रह्मा ४१, ७१
भट्टनायकः २४, ६४१
भट्टयन्त्रः ४९५
भट्टेन्दुराजः ७१६
भद्रमुखः २९५, २९६
भयानकः ७६
भरतः २८, १५८, २३२, २३४, २९४, ४१०, ४१९, ४३२, ४९७
भरतसूत्रम् ४
भल्लकः ७१
भार्गवः ७५
भासः ७४०
भुजङ्गविभुः ७६५
भेज्जलः ५१४
भ्रमरः ७६
मञ्जुकेशी ८२
मण्डकः ७६
मनोरमा ८४
महाजिह्वः ७६
मागधः ७६
मागधी ८१
माठरः ७७
मारीचवधः ४२७, ४२[illegible]
मिश्रकेशी ८२
मुष्टिकः ७१
मेषः ७६
यमः ७५
याज्ञवल्क्यस्मृतिः १८
रघुवंशम् ७१८
रत्नावली ७१४
राघवविजयः ४१५, ४२७, ४७८
राहुलकः २९२, ४०१
रौद्रः ७७
लाजः ७६
लोल्लटः ४९५, ६०१, ६२१, ६४५, ७०१
लोहिताङ्गः ७७
वञ्जुलः ७७
वात्स्यः ७५
वात्स्यायनः ७२१
वामनगुप्तः ६९१
वार्तिकम् ४१४, ५०६

वार्तिककृत् १९५, ४१०
विक्रमोर्वशीयम् २२७
वितण्ड्यः ७६
विदग्धा ८४
विद्युज्जिह्वः ७६
विधुतः ७७
विन्ध्यवासी ४६
विपुलः ७५
विपुला ८४
विशाखिलः ४७६
विशालः ७६
विश्वकर्मा ९६, १६३
वीरः ७७
वीरभद्रः ३९५
वृद्धाः ७२०
वेणीसंहारः ६९६, ६९९, ७४१
शक्रनेमिः ७७
शङ्कुकः १९५, २०७, २६७, ५१६, ६२४, ६६८, ६८८, ६९८, ७२७
शङ्कुकर्णः ७७
शङ्कुवर्णमुखः ७७
शठः ७७
शबलः ७६
शम्बरः ७६
शाद्वलिः ७५
शाण्डिल्यः ७५
शातजङ्घः ७७
शाल्ङ्कायनः ७६
शालिकः ७५
शालिकर्णः ७५
शिखः ७७
शिवभट्टारकः ८७
शुचिः ७५
श्यामायनः ७७
श्रीराणकः ४०७
श्रीहर्षः ५७७, ५०३
श्रुतिः ७६
षट्त्रिंशदध्यायी ४०
षट्पदः ७६
षट्सहस्री ४१
षण्ढः ७७
संवर्तकः ७७
सदाशिवः ४०
सन्ततिः ८५
सपुलोमा ७५
सपुष्कला ८५
सरलः ७६
सरला ८५
सविचक्षणः ७६
सहृदयदर्पणम् २६
सहृदयालोकलोचनम् ७८६
सहृदयाः ४१३
सितः ७६
सिद्धान्तशास्त्राणि ७७६
सुकेरलः ७५
सुकेशी ८३
सुदती ८४
सुन्दरी ८४
सुनन्दा ८५
सुनाभः ७६
सुमाला ८५
सुमुखी ८५
सुलोचना ८३
सैन्धवः ७५
सैन्धवायनः ७५
सोत्तमः ७६
सौदामिनी ८४
स्वप्नवासवदत्ता १३०, २२७
स्वर्णकः ७५
स्वातिः ८५
हर्षवार्त्तिकम् ४९५
हिरण्याक्षः ७६

## अभिनवभारत्युदाहृतानां ग्रन्थान्तरस्थवचनानामाकरनिर्देशसहितं सूचीपत्रम् ।

| पुटम् । | वचनानि । | आकरः | स्थानम् । |
|---|---|---|---|
| ३९३ | अङ्गहाराभिधानात्तु | तुम्बुरुः | .... |
| ६५५ | अविज्ज हरी चमक्कइ कहवित्र | .... | .... |
| ६९६ | अयैषावां रणमुपगतौ | वेणीसंहारः | ४.१९ |
| ६२३ | अधिरुह्य परां कोटिम् | काव्यादर्शः | २.२८३ |
| ४२७ | अनेकनर्तकीयोज्यम् | चिरन्तनाः | .... |
| १९५ | अन्तर्नैपथ्यगृहं स्तम्भौ | वार्तिककृत् | ... |
| ६४७ | अभिधा भावना चान्या | ... | ... |
| ७१३ | असमाप्तजिगीषस्य | राजतरङ्गिणी | ४.४४२ |
| ७२२ | अस्यास्सर्गविधौ | विक्रमोर्वशीयम् | १.१० |
| ७७७ | अष्टानामिह देवानाम् | सिद्धान्तशास्त्रम् | ... |
| ६७४ | आत्तमात्तमधिकान्तमुज्झितुम् | कालिदासः | ... |
| ७७३ | आत्मानं गोपायेत् | गौतमधर्मः | ९.३५ |
| १२५ | आत्मारामा विहितरतयो | वेणीसंहारः | १.२३ |
| ४८८ | आद्यद्वितीयमध्यान्तात् | दत्तिलः | ... |
| ६४९ | आम्नायसिद्धे किमपूर्वम् | अभि० भारती | ... |
| १४० | आलीढस्थितटङ्कितस्य निभिताम् | ... | ... |
| १४० | आविलपयोधराग्रम् | विक्रमोर्वशीयम् | ५.८ |
| ७२५ | आशाबन्धः कुसुमसदृशं | मेघसंदेशः | १.१० |
| ७१९ | आहूतोऽपि सहायैः | ... | ... |
| ७२८ | ईरिसस्स कण्णपूरदंसणस्य | | ... |
| ६९७ | उत्कम्पिनी भयपरिस्खलदंशुकान्ता | तापसवत्सराजम् | २.१६ |
| ६८४ | उद्यानकान्वाचन्द्रायाः | काव्यकौतुकम् | ... |
| ७१६ | उपपरिसरं गोदावर्याः | भट्टेन्दुराजः | ... |
| ६५० | ऊर्ध्वोर्ध्वमारुह्य यदर्थतत्त्वम् | अभि. भार. | ... |
| ७१२ | एकस्मिन् शयने पराङ्मुख | अमरुकः | २३ |
| ७१२ | एतस्मान्मां कुशलिनमभिज्ञान | मेघसन्देशः | २.४५ |
| ४१४ | एवमवान्तरवाक्यैरुपदेशो | वार्तिकम् | ... |
| ७१८ | कतिचिदहानि वपुरभून् | विक्रमोर्वशीयम् | ५.८ |
| ६९७ | कर्णस्यात्मजमग्रतः शमयतो | वेणीसंहारः | ५.५ |
| ४०२ | कल्पापायनिशान्तसान्ध्यसमये | ... | ... |

| पृष्ठम् | वचनानि । | आकरः | स्थानम् । |
|---|---|---|---|
| ८ | कामजो दशको गणः | मनुस्मृतिः | ७.४७ |
| ६७३ | केलीकन्दलितस्य विभ्रम | ... | ... |
| ७१९ | क नीलकण्ठ ! व्रजसि | कुमारसंभवः | ४.५४ |
| ७७५ | कस्ते पुत्र ! त्राता भविष्यति | नागानन्दम् | ४९ |
| ४३६ | गजादीनां गतिं तुल्याम् | चिरन्तनाः | ... |
| ६१ | गीतिषु सामाख्या | जैमिनिः | २.१.३६ |
| ४३४ | चक्राराभिनयं प्रीतः | कोहलः | ... |
| १९५ | चत्वारः पीठगताः पश्चात् | वार्तिककृत् | ... |
| ६५१ | चित्रं निरालम्बनमेव मन्ये | अभि. भार. | ... |
| ४३६ | छन्नानुरागगर्भाभिः | चिरन्तनाः | ... |
| ७२८ | जस्स अहं तादेण दिण्णेत्ति | प्रियदर्शिका | २.८ |
| ८७ | जितमुडुपतिना नमस्सुरेभ्यः | रत्नावली | १.४ |
| ७७५ | तच्छिद्रेषु प्रत्ययान्तराणि | योगसूत्रम् | ४.२७ |
| ७६५ | तत्परं पुरुषख्यातेर्गुण | ,, | १.१६ |
| ६५१ | तस्मात्सतामत्र न दूषितानि | अभि. भार. | ... |
| ७७१ | तस्य प्रशान्तवाहिता संस्कारात् | योगसूत्रम् | ३.१० |
| ७२० | तीर्थे तोयव्यतिकरभवे | रघुवंशः | ८.९५ |
| १९५ | तेषामष्टावन्येष्पुपरि | वार्तिककृत् | ... |
| ७४१ | त्रैतायुगं तद्धि न मैथिली सा | भासः | ... |
| ६६५ | दुःखसंश्लेषविद्वेषी सुखा | ,, | ... |
| ६९४ | दूराकर्षणमोहमन्त्र इव मे | ... | ... |
| ५०४ | दृष्टा ये वस्त्वर्थे | श्रीहर्षः | ... |
| ७७४ | देवार्चनरतस्तत्त्व | ... | ... |
| ६९८ | दोर्दण्डाञ्चितचन्द्रशेखर | महावीरचरितम् | २.५४ |
| ७७३ | धर्मार्थकाममोक्षाणाम् | हितोपदेशः | १.८३ |
| २६ | नमस्त्रैलोक्यनिर्माण | सहृदयदर्पणम् | ... |
| ६६६ | न हि चैत्र एकस्यां स्त्रियाम् | पातञ्जलमहाभाष्यम् | २.४ |
| ६७६ | निपतिताः स्फुरिताः शशिरश्मयः | ... | ... |
| ६९६ | निर्वाणवैरदहनाः | वेणीसंहारः | १.७ |
| ४३६ | नृसिंहसूकरादीनाम् | चिरन्तनाः | ... |
| ७३ | न्यस्येत्प्राणं भ्रुवोर्मध्ये | ... | ... |
| ४१० | परोक्षोऽपि हि वक्तव्यो | राहुलः | ... |
| ४०५ | पादाग्रस्थितया | रत्नावली | १·१ |
| ६२८ | प्रतिभाति न सन्देहो | ... | ... |
| ६८४ | प्रयोगत्वमनापन्ने | काव्यकौतुकम् | ... |

| पृष्ठम् | वचनानि । | आकरः | स्थानम् । |
|---|---|---|---|
| ७७१ | प्रेमासमाप्तोत्सवम् | तापसवत्सराजम् | १.१७ |
| ४३६ | बालक्रीडानियुद्धादि | चिरन्तनाः | ... |
| ६२६ | भाति पतितो लिखन्त्याः | रत्नावली | २.११ |
| ६४७ | भावनाभाव्य एषोऽपि | ... | ... |
| १९५ | भित्तेः स्तम्भानाञ्च | वार्तिककृत् | ... |
| ६२७ | मणिप्रदीपप्रभयोः | ... | ... |
| ४३७ | मण्डलेन तु यद्वृत्तम् | चिरन्तनाः | ... |
| ५१४ | मेघाशङ्किशिखण्डिताण्डवविधौ | भेज्झलः | ... |
| १२९ | ,, | राघवविप्रलम्भः | ... |
| ४२६ | यत्किञ्चिल्लास्यमेतेन | ... | ... |
| ४१६ | यत्तु काव्येन नोक्तं स्यात् | ... | ... |
| ६७४ | यद्विश्रम्य विलोकितेषु | इन्दुराजः | ... |
| १५ | यमर्थमधिकृत्य प्रवर्तते | न्यायसूत्रम् | १.१.२४ |
| ७६७ | यस्त्वात्मरतिरेव स्यात् | गीता | ३.१७ |
| ४११ | या चैवंविधगुणकीर्तन | ... | ... |
| ७०३ | या व्यापारवती रसान्रसयितुम् | ध्वन्यालोकः | ३.४३ |
| ६२३ | रतिः शृङ्गारतां गता | काव्यादर्शः | २.२८१ |
| ६५६ | रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च | शाकुन्तलम् | ५.२ |
| ७१४ | राज्यं निर्जितशत्रु योग्यसचिवे | रत्नावली | १.९ |
| ४०५ | रेचिताख्योऽङ्गहारो यो | नन्दिमतम् | ... |
| ४३८ | लयान्तरप्रयोगेण | कोहलः | ... |
| ६८१ | लोकोत्तराणि चरितानि | वामनगुप्तः | ... |
| ७१८ | वपुरलसलसद्बाहु | वेणीसंहारः | १.२ |
| ६८४ | वर्णनोत्कलिकाभोग | काव्यकौतुकम् | ... |
| ७१५ | वर्धते लुनाहि पणिलुर्दिसि | ... | ... |
| ४१० | वाक्यानुगतेऽभिनये | वार्तिककृत् | ... |
| ७२१ | वामो हि कामः | कामशास्त्रम् | २.७.१ |
| ७६१ | वितर्कबाधने प्रतिपक्ष | योगसूत्रम् | २.३३ |
| ६२८ | विरुद्धबुद्धिसम्भेदात् | ... | ... |
| ६२८ | विवृद्धात्माऽप्यगाधोऽपि | ... | ... |
| ७६५ | वृथा दुग्धोऽनड्वांस्तनभर | ... | ... |
| १२६ | वेल्लितप्रथितगुम्फसंहतैः | ... | ... |
| ७६५ | वैराग्यात्प्रकृतिलयः | साङ्ख्यकारिका | ४५ |
| ७६५ | वैराग्यं ज्ञानस्यैव परा | योगसूत्रव्यासभाष्यम् | १.१६ |
| १२७ | व्यक्तिर्व्यञ्जनधातुना | नागानन्दम् | १.१४ |

| पृष्ठम् | वचनानि । | आकरः | स्थानम् |
|---|---|---|---|
| १३७ | शमव्यायामाभ्यां प्रतिविहित | बालरामायणम् | १.२४ |
| ७७२ | शय्या शाद्वलमासनं शुचि | नागानन्दम् | ४.२ |
| ६९१ | शृङ्गारी चेत्कविः | ध्वन्यालोकः | ३.४२ |
| ६२६ | शोकेन कृतः स्तम्भः | ... | ... |
| ७६१ | शौचात्स्वाङ्गजुगुप्सा | योगसूत्रम् | २.४० |
| ७०९ | श्वासायासविडम्बनैव वपुषि | ... | ... |
| ६४७ | संवेदनाख्यया व्यङ्ग्य | ... | ... |
| ६९९ | संस्तभ्यन्तां निहत | वेणीसंहारः | ४ |
| ४३६ | सख्याः समक्षं भर्तुः | चिरन्तनाः | ... |
| ६७५ | सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः | वामनकाव्यालं. सूत्रम् | १.३.३० |
| ४३४ | सन्ध्यायां नृत्यतः शम्भोः | कोहलः | ... |
| ६९८ | स पातु वो यस्य हतावशेषाः | ... | ... |
| ६६२ | सर्वा चेयं प्रमितिः प्रत्यक्षपरा | न्यायसूत्रभाष्यम् | १.३ |
| ५० | सर्वा च प्रमा प्रत्यक्षपरा | ,, | ... |
| ७१९ | सिविणवए विहुदोसु | ... | ... |
| १९५ | सोपानाकृति पीठकम् | वार्तिककृत् | ... |
| ७२४ | स्वातन्त्र्येण प्रवृत्तौ तु | भट्टतोतः | ... |
| ४३६ | हास्यप्रायं प्रेरणन्तु | चिरन्तनाः | ... |
| ६९७ | हृदये वससीति मत्प्रियम् | कुमारसंभवः | ४.९ |

# चित्रसूची

**करणनाम्**


१ तलपुष्पपुटम्
२ वर्तितम्
३ वलितोरु
४ अपविद्धम्
५ समनखम्
६ लीनम्
७ स्वस्तिकरेचितम्
८ मण्डलस्वस्तिकम्
९ निकुट्टकम्
१० अर्धनिकुट्टकम्
११ कटिच्छिन्नम्
१२ अर्धरेचितकम्
१३ वक्षःस्वस्तिकम
१४ उन्मत्तम्
१५ स्वस्तिकम्
१६ पृष्ठस्वस्तिकम्
१७ दिक्स्वस्तिकम्
१८ अलातकम्
१९ कटीसमम्
२० आक्षिप्तरेचितम्
२१ विक्षिप्ताक्षिप्तकम्
२२ अर्धस्वस्तिकम्
२३ अञ्चितम्
२४ भुजङ्गत्रासितम्
२५ ऊर्ध्वजानु
२६ निकुञ्चितम्
२७ मत्तल्लि
२८ अर्धमत्तल्लि
२९ रेचितनिकुट्टितम्
३० पादापविद्धकम्
३१ वलितम्
३२ घूर्णितम्
३३ ललितम्
३४ दण्डपक्षम्
३५ भुजङ्गत्रस्तरेचितम्
३६ नूपुरम्
३७ वैशाखरेचितम्
३८ भ्रमरकम्
३९ चतुरम्
४० भुजङ्गाञ्चितम्
४१ दण्डकरेचितकम्
४२ वृश्चिककुट्टितम्
४३ कटिभ्रान्तम्
४४ लतावृश्चिकम्
४५ छिन्नम्
४६ वृश्चिकरेचितम्
४७ वृश्चिकम्
८ व्यंसितम्
४९ पार्श्वनिकुट्टकम्
५० ललाटतिलकम्
५१ क्रान्तकम्
५२ कुञ्चितम्
५३ चक्रमण्डलम्
५४ उरोमण्डलिकम्
५५ आक्षिप्तम्
५६ तलविलासितम्
५७ अर्गलम्
५८ विक्षिप्तम्
५९ आवर्तम्
६० डोलापादम्
६१ विवृत्तम्
६२ विनिवृत्तम्
६३ पार्श्वक्रान्तम्
६४ निस्तम्भितम्

६५ विद्युद्भ्रान्तम्
६६ अतिक्रान्तम्
६७ विवर्तितकम्
६८ गजक्रीडितकम्
६९ तलसंस्फोटितम्
७० गरुडप्लुतम्
७१ गण्डसूची
७२ परिवृत्तम्
७३ पार्श्वजानु
७४ गृध्रावलीनकम्
७५ सन्नतम्
७६ सूची
७७ अर्धसूची
७८ सूचीविद्धम्
७९ अपक्रान्तम्
८० मयूरललितम्
८१ सर्पितम्
८२ दण्डपादम्
८३ हरिणप्लुतम्
८४ प्रेङ्खोलितम्
८५ नितम्बम्
८६ स्खलितम्
८७ करिहस्तकम्
८८ प्रसर्पितकम्
८९ सिंहविक्रीडितम्
९० सिंहाकर्षितकम्
९१ उद्वृत्तम्
९२ उपसृतकम्
९३ तलसङ्घट्टित
९४ जनितम्
९५ अवहित्थकम्
९६ निवेशम्
९७ एलकाक्रीडितम्
९८ ऊरूद्वृत्तम्
९९ मदस्खलितकम्
१०० विष्णुक्रान्तम्
१०१ सम्भ्रान्तम्
१०२ विष्कम्भम्
१०३ उद्घट्टितम्
१०४ वृषभक्रीडितम्
१०५ लोलितम्
१०६ नागापसर्पितम्
१०७ शकटास्यम्
१०८ गङ्गावतरणम्

Through listening and effort, speech becomes definitely worshiped. What is seizing?

श्रीश्यामदेवाय नमः

worshipped fixed, certain seizing

श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुवं करोत्येव कमप्यनुग्रहम् ।

## नाट्यशास्त्र की भूमिका

पूज्यपाद गुरुवर स्व० महामहोपाध्याय पं० बालकृष्णजी महाराज प्रिंसिपल संस्कृत कालेज B. H. U. बनारसके वरद हस्तकी छायामें रहकर ज्ञानसंग्रह किया। उसी समय यह भावना उठी थी कि जो ज्ञान सञ्चित किया है उसको साकार किया जाय।

पू० गुरुजीकी निःसीम कृपा थी। साहित्यशास्त्रके उपयोगी निजी विषयोंके अतिरिक्त शास्त्रान्तर संकथाओंको भी विशेषतौरसे पढ़ते थे और उनको मूर्तरूप देनेका आशीर्वाद देते थे। नवम्बर सन् १९४० की बात है कि अंग्रेजी साइडके कुछ छात्र उनसे नाट्यशास्त्रको पढ़नेके लिए आये। उनको नाटकीय विषयपर एक निबन्ध लिखना था। मुझे पूज्य गुरुवरने आदेश दिया कि इस कार्यको सम्पन्न कराओ। अतः मुझे पूरी तैयारी करनी पड़ी। उस समय पूज्य चरणोंसे जो आशीर्वाद पाया था उसीके भरोसे आज नाट्यशास्त्रकी संस्कृत टीका मधुसूदनी एवं हिन्दी बालक्रीड़ा को लिखने के लिए प्रस्तुत हुआ हूँ। इन मेरी मधुसूदनी एवं बालक्रीडामें आचार्य अभिनवगुप्त होते हुए भी अभिनव शैलीसे प्रकट हैं। उनका पूर्ण आश्रय है।

हमारे यहाँ साहित्यशास्त्रमें आरम्भसे लेकर आज तकके आचार्योंने ज्ञानशशी की जो दिशायें प्रादुर्भावित की उनका एवं उन आचार्योंका स्मरण करना बहुत आवश्यक है। अतः संक्षेपमें क्रमबद्ध साहित्यशास्त्रका विषय विद्वानोंके समक्ष उपस्थित करता हूँ 'गच्छतस्स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः" के अनुसार अवश्य गलतियाँ हो सकती हैं उनके लिए क्षमाप्रार्थी हूँ।

आचार्योंने अपने ग्रन्थोंमें निरूपण किया है कि सच्चिदानन्द सकल-कला-सम्पन्न विभु परमेश्वरमें सर्वप्रथम इच्छा हुई। यह इच्छा सन्तत समवायिनी है अर्थात् परमेश्वरका और इच्छाका नित्यसम्बन्ध समवाय है, इसी इच्छाका नाम शक्ति है और यही शक्ति परमेश्वरमें लीन निखिल चराचर जगत्का बीज है। जब जब यह परात्पर पुरुषोत्तम अपनी इच्छासे चराचर जगत्की सृष्टि करना चाहता है तब उसमें स्पन्दन होता है, इसीका नाम बिन्दु है, शिवतत्व यही है। इस स्पन्दसे बिन्दुसे शिवतत्वसे क्रिया हुई। बिना स्पन्दके क्रिया नहीं होती है। इसी क्रियाका नाम नाद है (लौकिक दृष्टान्तसे भी इसको साफ करते हैं। जैसे चना छिलका और उसमें दो दाल है। चना ब्रह्मस्थानीय उसका आवरण छिलका मायास्थानीय उसमें दो दाल बिन्दु और नाद स्थानीय है) यह नाद शब्द ब्रह्म है। जैसा कि आचार्यने लिखा है—

सच्चिदानन्द विभवात्सकलात्परमेश्वरात्
आसीच्छक्तिस्ततो बिन्दुर्बिन्दोर्नादसमुद्भवः ।

सृष्टि करनेके लिए व्यक्त होनेके लिए बिन्दु और नाद ये दोनों शक्तिकी ही उच्छूनावस्था है ।

इच्छा सैव स्वच्छा सन्तत समवायिनी शक्तिः ।
सचराचरस्य जगतो बीजं निखिलस्य निजनिलीनस्य ॥
यदयमनुत्तरमूर्त्तिः निजेच्छयाखिलमिदं जगत्स्रष्टुम् ।
पस्पन्दे, स स्पन्दः प्रथमं शिवतत्त्वमुच्यते तज्ज्ञैः ॥
पराशक्तिमयः साक्षात् त्रिधासौ भिद्यते पुनः ।
बिन्दुर्नादो बीजमिति तस्य भेदाः समीरिताः ॥
बिन्दुः शिवात्मको, बीजं शक्तिः, नादस्तयोर्मिथः ।
समवायः, समाख्यातः सर्वागम विशारदैः ॥
भिद्यमानात्पराद्बिन्दोरव्यक्तात्मा रवोऽभवत् ।
शब्द-ब्रह्मेति तं प्राहुः सर्वागम-विशारदाः ॥
(शारदा तिलक, एवं बिमर्शिनी टीका)

परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते ।
स्वभावकी ज्ञानबलक्रिया च । इति ॥

दूसरे शब्दोंमें ज्ञान बीज, बल बिन्दु, क्रिया नाद है ।

यह सूक्ष्म नादाख्य शब्द-ब्रह्म परा वाणीके नामसे शास्त्रोंमें व्यवहृत होता है । इस परा वाणी या शब्द-ब्रह्मसे अपरा वाणी पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी उत्पन्न होती है और इसीसे सम्पूर्ण चराचर जगत् की उत्पत्ति शब्दसे हुई इसके बारेमें भगवती श्रुति कहती है कि "वाग्वै विश्वा भूतानि जज्ञे" वाणीसे विश्व पैदा हुआ है ।

नादाख्या सर्वभूतेषु जीवरूपेण संस्थिता ।
अनादि-निधना सैव सूक्ष्मा वागनपायिनी ॥
अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम् ।
विवर्त्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः ॥

नादरूपा सूक्ष्मा अनपायिनी और उत्पत्ति एवं अन्त रहिता वाणी सब भूतोंमें जीवरूपसे बैठी है और वह अनादिनिधन एवं अक्षर शब्द-ब्रह्म रूप वाणी पदार्थ रूपमें चराचर जगत्के रूपमें परिणत होती है। क्योंकि यही जगत्के उत्पत्तिकी प्रक्रिया क्रम है ।

वह क्रम यह है। यह जगत् सत्व रज एवं तम इन गुणोंकी साम्यावस्थाका नाम प्रलय है और वैषम्यावस्थाका नाम सृष्टि है। "साम्यं प्रलयो वैषम्यं सृष्टिः"। गुणोंकी साम्यावस्थामें शब्द नहीं था। वैषम्यावस्थामें सामान्य स्पन्द प्रथम हिल्लोर प्रणव ओङ्कार उत्पन्न होता है। यह होता ही रहता है। सृष्टिकर्त्ता स्पन्द यही है। यह सदा जागरूक है। क्योंकि जब परमेश्वरमें सिसृक्षा होती है तब उसकी

त्रिगुणात्मिका शक्ति घनीभूतावस्थामें आती है। यह शक्तिका घनीभाव ही हिल्लोर रूपमें व्यक्त होता है। जैसे दृष्टान्तमें नदीमें जल चारों तरफके वेगसे आता हुआ चक्राकारमें इकट्ठा होकर भँवरीके रूपमें परिणत होता है तब बड़ी जोरकी ध्वनि होती है। उसी तरह यहाँका भाव समझना चाहिए।

मैं ऊपर बतला चुका हूँ कि बिना स्पन्द के क्रिया नहीं होती। प्रथम वैषम्यावस्थामें सामान्य स्पन्द होता है स्पन्दकी अनुभूति ही शब्द है। चाहे सुना जाय या नहीं सुना जाय। इसीका नाम स्पन्द से क्रिया का होना है, नादकी अभिव्यक्ति है। यह शब्द योगियोंको ही समाधि अवस्थामें सुनाई पड़ता है। "पराऽस्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान-बल-क्रिया च" इस उक्तिके अनुसार इस परमेश्वरकी ज्ञानरूप-शक्तिसे बल बिन्दु उत्पन्न हुआ और उससे क्रियारूप नाद अर्थात् ध्वनि उत्पन्न हुई। उसको ऋषियोंने सुना। 'विद् ज्ञाने' धातुसे निष्पन्न ज्ञानार्थक वेदको शब्दस्वरूप माननेका यही कारण है। कार्यकारण में अभेद भी माना है।

निष्पन्दावस्थामें स्पन्दका उत्थान परा शक्ति है। सभी जगह बहिर्जगत्में उन्मेष करनेवाली शब्दब्रह्मकी इस परा शक्तिका प्रथम परिणाम पश्यन्ती है: क्योंकि यह शक्ति उदासीन होकर परा और मध्यमाकी अवस्थाको देखती है अतः इसका नाम पश्यन्ती है। यह अति सामान्य स्पन्द परासे उद्भूत सामान्य स्पन्द है। इस पश्यन्तीसे मध्यमा उत्पन्न होती है। यह पश्यन्ती और वैखरीके मध्यमें रहती है अतः इसका नाम मध्यमा है। पश्यन्तीमें देखनेके बाद देखे हुएको "मैं कहूँ" ऐसा जो मन ही मनमें वर्णोंके उच्चारणका अन्तः संकल्प है वही मध्यमा वाणी है। यह मध्यमा विशेष स्पन्द किन्तु सूक्ष्म है। इसके बाद तालु, मूर्द्धा एवं कण्ठ स्थानों में श्रूयमान पद वाक्यरूप तृतीय परिणाम वैखरी है। यह वाणी अत्यन्त स्पष्ट विशेष-स्पन्द है। इस शब्दका सूक्ष्म शरीर तन्मात्रा है। और स्थूल देह आकाश है। इस विषयको हमने व्यक्ति विवेककी मधुसूदनी विवृतिके आरम्भमें भी निरूपण किया है।

इस वाणीके बिना कोई भाव नहीं उठ सकते और इस वाणीके बिना कोई विचार नहीं उत्पन्न हो सकते हैं। महावैयाकरण शब्दाद्वैतके प्रतिपादक आचार्य भर्तृहरिने इस सिद्धान्तका प्रतिपादन किया है कि

अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते।

जो भी ज्ञान भासित होता है वे जो भी विचार उठता है, वह सभी शब्दसे अनुविद्ध अनुगत हुआ भासित होता है।

इस विवरण से सिद्ध है कि कोई भी भाव कोई भी विचार सब शब्द से उत्पन्न होते हैं। शब्द के बिना उत्पन्न नहीं हो सकते हैं। शब्द में बड़ी भारी सामर्थ्य है। खरहे के सींग, आकाश में पुष्प एवं बाँझ को लड़का, न कभी हुआ न कभी होगा और न अभी भी है तथापि खपुष्प शशशृङ्ग एवं वन्ध्यापुत्र शब्दों से अर्थ की प्रतीति होती है। अत्यन्तासत्यपिह्यर्थे ज्ञानं शब्दः करोति च इस शब्द के सामर्थ्य को समझकर ही भगवती श्रुति ने उद्घोषित किया कि समस्त चराचर स्थावरजंगम

जगत् शब्द से पैदा हुआ है। "वाग्वै विश्वा भूतानि जज्ञे" श्रुति। शब्द के इस सामर्थ्य का कारण यह है कि स्वयं परमेश्वर ही शब्द रूप में प्रकट है अगर शब्द ज्योति प्रकट नहीं होती तो आज संसार अन्धकारमय हो जाता। सब गुंगे ही तो होते। जैसा कि दण्डी ने काव्यादर्श में कहा है—

यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारं न दीपयेत्।
जगदान्ध्यं प्रसज्येत मूकव्यङ्कलितस्तथा।

यह शब्द ज्योति वेद है। इसीसे सब सृष्टि होती है। इसका स्मृतिकारों एवं अन्य आचार्योंने भी अनुमोदन समर्थन किया है।

वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे।
भूतं भवद् भविष्यञ्च सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति। स्मृतिः।

अतीत वर्त्तमान एवं आगे होनेवाला सब प्रपञ्च वेद से ही सिद्ध है। वेद के द्वारा ही आरम्भ में भगवान् संस्था अर्थात् चराचर जगत्, एवं उसके पार्थक्य का निर्माण करते हैं।

यस्य निश्वसितं वेदा यो वेदेभ्योऽखिलं जगत्।
निर्ममे तमहं वन्दे विद्यातीर्थं महेश्वरम्॥

वेद जिसके निःश्वास हैं। जो वेदों से अखिल जगत् का निर्माण करता है उस परमात्मा को मैं प्रणाम करता हूँ।

यह वेद ऋग् यजु एवं साम रूप से तीन प्रकार का है अतएव इस को वेदत्रयी भी कहते हैं। यह वेदत्रयी काव्य है। इस बात का निर्देश यजुर्वेद के १५ अध्याय ४ थे मंत्र "काव्यं छन्दः" में किया है। व्याख्याकार उव्वट एवं महीधर ने लिखा है कि "कवेः परमात्मनः इदं काव्यं वेदत्रयीरूपं छन्दः। 'त्रयी विद्या काव्यं छन्दः।" इति श्रुतेः।" कवि परमात्मा का यह वेदत्रयी काव्य है। छन्द है अर्थात् छन्दोबद्ध है। क्योंकि श्रुति ने कहा है कि त्रयी विद्या काव्य है। छन्द है।

लोकत्रयी का निर्माण करनेवाला यह वेदत्रयी काव्य जब प्राणिमात्रके उपयोग के लिए होता हुआ भी दुरूह होने के कारण प्राणियों में बोध के अधिकारी मानव मात्र के बोध की वस्तु न हो पाई तब ब्रह्माजी की इच्छा से वाल्मीकि ऋषि से मानव मात्र का उपयोगी काव्य रामायण समुद्भूत हुआ। जैसा कि रामायण में बतलाया है कि जब ब्रह्माजी ने महर्षि वाल्मीकि को तपोनाशक शाप "मा निषाद" इत्यादि के निकलवाने वाले व्याध के कर्म का चिन्तन करने से दुःखी देखा तब ब्रह्माजी स्वयं ऋषि के आश्रम में आये—जैसा कि

आजगाम ततो ब्रह्मा लोककर्त्ता स्वयं प्रभुः।

२४ १ सर्ग ३२ श्लोक में कहा है। उसके बाद ब्रह्माजी हँसते हुए ऋषिको बोले यहाँ तुमने श्लोक अर्थात् भगवान् राम के यश की रचना की है। विचार करने की कोई बात नहीं है। मेरी इच्छा से ही यह छन्दोबद्धा सरस्वती तुमसे प्रादुर्भूत हुई है। इस तुम्हारे काव्य में कोई बात झूठी नहीं होगी।

तमुवाच ततो ब्रह्मा प्रहसन्मुनिपुङ्गवम् ।
श्लोक एव त्वया बद्धो नात्र कार्या विचारणा ॥
मच्छन्दादेव ते ब्रह्मन् प्रवृत्तेयं सरस्वती ।
न ते वागनृता काव्ये काचिदत्र भविष्यति ॥

रा० २ सर्ग ३१

इस तरहसे मानव जगत्में काव्य का अवतरण हुआ। यह काव्य आरोह के तरीकेसे तान और लयके साथ कुश लव के द्वारा गाया गया। कुश लव दोनों भाई गानकी विशेषताके और रूपके लक्षण अर्थात् दृश्य नाटकके सिद्धान्तों के जानकार थे। जैसा कि रा० ४ सर्ग, ९. १०, ११ श्लोक में लिखा है।

काव्यमेतदगायताम् ।
तौ तु गान्धर्वतत्त्वज्ञौ स्थानमूर्छनकोविदौ ।
भ्रातरौ स्वरसम्पन्नौ गन्धर्वाविव रूपिणौ ।
रूपलक्षणसम्पन्नौ मधुरस्वरभाषिणौ ।

यहाँ यह बतलाना जरूरी है कि कुश और लव, रूप याने नाट्यके लक्षणको जानते थे इसके माने होते हैं कि नाटकोंके सिद्धान्तों का निरूपण हो चुका था। और पठन पाठनमें उसका प्रचार हो चला था तभी तो उन दोनोंने उनको जाना। और गन्धर्वतत्त्व गानविद्या का भी प्रचार हो चुका था। और उन नाटकोंका रंगमञ्च पर प्रयोग भी होने लगा था। तथा प्रयोगकर्त्ताओं को कुशीलव शब्दसे कहनेका आधार भी ये कुश और लव ही हैं। जैसा रा० ४ सर्ग ३, ४ श्लोक में लिखा है।

कृत्वा तु तन्महाप्राज्ञः सभविष्यं सहोत्तरम् ।
चिन्तयामास कोऽन्वेतत्प्रयुञ्जीयादिति प्रभुः ॥
तस्य चिन्तयमानस्य महर्षेभावितात्मनः ।
अगृह्णीतां ततः पादौ मुनिवेषौ कुशीलवौ ॥

सभविष्य इसमें दो पद हैं। सभ और विष्य। "सभ अर्थात् सभाके पुरुषों में विष्य अर्थात् जिस तरह फैल जाय इस तरह इसका प्रयोग कौन करेगा ऐसा उत्तरकाण्ड सहित रामायण का निर्माण करके ऋषिने विचार किया। उसी समय कुशलव दोनों भाइयोंने आकर चरणस्पर्श किया।" और नाट्यशास्त्र में भी ३५ अध्याय ८४ श्लोक में लिखा है कि

नानातोद्यविधाने प्रयोगयुक्तः प्रवादने कुशलः ।
कुशलवदातोद्यं विद्यात्तस्मात्कुशीलवः स स्यात् ॥

नाना भिन्न २ प्रकार के आतोद्य (वाद्य) के विधान में प्रयोगके साथ बजाने में कुशल हो और जो कुशलवकी तरह आतोद्यको जानता है वह कुशीलव होता है।

"गीतप्रयोगमाश्रित्य" नाट्यशास्त्र ४ अध्याय २६८ श्लोककी व्याख्यामें आचार्य अभिनवगुप्त लिखते हैं कि "गीयते इति गीतं काव्यम्।"

एष एव च प्रकारः कलाविधिना निबध्यमानो राघवविजयमारीचवधादिकं रागकाव्यमुद्भावयतीति यथोक्तं कोहलेन—

> ल्यान्तरप्रयोगेण रागैश्चापि विवेचितम्।
> नानारसं सुनिर्वाह्यकथं काव्यमिति स्मृतम् ॥

लयतश्चास्यात्र गीत्याधारत्वेनाप्राधान्ये गीतेरेव प्राधान्यमिति न काव्यार्थ-विपर्यासवशेन रागभाषादिविपर्यासो नाट्य इव।

तथाहि-राघवविजयस्य हि ठक्करागेणैव विचित्रवर्णनीयत्वेऽपि निर्वाहः, मारीचवधस्य ककुभग्रामरागेणैव। अत एव रागकाव्यानीत्युच्यन्ते एतानि, रागो गीत्यात्मकत्वात्स्वरः' तस्याधारभूतं काव्यमिति। गाया जाता है अतः गीतकाव्य है। कोहलने कहा है कि भिन्न-भिन्न गीतोंके प्रयोगसे जिसमें रसोंका प्रादुर्भाव हो, कथा याने नायक के इतिवृत्तका पूर्ण निर्वाह हो और रागों के द्वारा जिसका विवेचन किया जाता हो उसको रागकाव्य कहते हैं। जैसे राघवविजय की कथा का निर्वाह ठक्क राग से और मारीचवध की कथा का ककुभग्राम राग से निर्वाह हुआ अत एव ये रागकाव्य होते हैं। राग स्वर है क्योंकि गाया जाता है। राग के आधार पर यह काव्य है। कहने का सारांश कि काव्य का गान भी होता है। अत एव काव्यमेतद् गायताम् कहना ठीक है।

यही तो एक प्रकार है जिसको कला की विधि से निबन्धन करने पर वह राघव-विजय और मारीच वध आदि रागकाव्यों का उद्भावन कर देता है। यही बात कोहल ने कही है।

यहाँ लय के अनुरोध से राग अप्रधान है क्योंकि वह गीति का आधार है अतः गीति ही प्रधान है इसलिये नाट्य में जैसे पात्र एवं अर्थों के अनुसार हेर फेर हो जाता है वैसे इस गीतकाव्य में अर्थ के विपर्यास याने बदल देने पर भी राग एवं भाषा आदि में विपर्यास नहीं होता है।

जिस तरह दैव जगत् में वेदत्रयी रूप काव्य था उसीकी रूपरेखा के अनुसार मानवी सृष्टि इस जगत् में काव्य आया और जिस तरह नाट्य का भी प्रसार दैवी जगत् में पूर्णरूप से था उसी की रूपरेखा के अनुसार मानव जगत् में नाट्य आया। भरत से लेकर अभिनव गुप्त पर्यन्त के सभी आचार्यों ने स्वीकार किया है कि यद्यपि नाट्य में ही रस है तथापि काव्य से ही नाट्य की उत्पत्ति होती है। अतः कारण काव्य में रस रहना जरूरी है क्योंकि कारण के ही धर्म कार्य में संक्रान्त होते हैं।

यद्यपि च नाट्यान्नान्यत्र रस इति वक्ष्यते तथापि काव्यान्नाट्यं निष्पद्यत एवेत्यस्ति रसानुप्रवेशः। नाट्यशास्त्र ४ अध्याय २६८ श्लोक की अभिनव भारती टीका में यह लिखा है। इसी भाव से भामह ने काव्य में रस को मानकर भी नाट्य की तरह प्रधान स्थान न देकर अलंकारों में उसका समावेश कर दिया। प्रकृत में सारांश यह है कि काव्य से नाट्य पैदा होता है नाट्य को भी काव्य कहते हैं आपत्ति नहीं है दोष नहीं है। काव्य और नाट्य का कार्यकारण भाव

होनेसे ही भेदकी प्रतीति एवं अभेदकी प्रतीति दोनों ही प्रतीतियाँ होती हैं। जैसे मृत्तिकासे घट पैदा है किन्तु मट्टीका घड़ा कोई नहीं कहता है, हाँ घड़े को मट्टी भी कह सकते हैं। श्रुति कहती है कि "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्।" विकार अर्थात् पैदा होनेवाले घटादि पदार्थोंका नाम बोलने भरके लिए है वस्तुतः तो वे मट्टी ही है। नाट्यको काव्य शब्दसे भी कहते हैं। काव्यको नाट्य शब्दसे नहीं कह सकते हैं अतएव आचार्योंने उनके उपयोगी पदार्थोंका निरूपण करते समय—

काव्यस्य नाटकादेश्च अलङ्कारान् ब्रवीम्यथ

अग्निपुराण ३३७ अध्याय १ श्लोक में,

"तानि चेत् काव्यनाट्ययोः" "काव्ये नाट्ये च" काव्यप्रकाशमें चतुर्थोल्लास रस प्रकरणकी कारिकामें और अभिनव गुप्तके मतके निरूपणमें मम्मटने—

रसगङ्गाधर में जगन्नाथ ने रसप्रकरण में नव्यमत के निरूपण में—

"नव्यास्तु काव्ये नाट्ये च कविना नटेन च" इति। पण्डितराजने तो नाट्य को काव्य कहना भी पसन्द नहीं किया जैसा कि उन्होंने कहा है।

नाट्याङ्गानामपि सर्वेषां प्रायशस्तथात्वेन काव्यत्वापत्तिर्दुर्वारैवेति।

रसव्यञ्जकको काव्य कहोगे तो नाटकीय अङ्ग अभिनव वगैरह सभीको रसव्यञ्जक होनेसे जबरन काव्य कहनेकी आपत्ति आयेगी।

अलंकार चिन्तामणि पञ्चम परिच्छेद श्लोकमें जिनसेनाचार्य ने—

"काव्यादौ नाटकादौ च शृण्वतां पश्यतां रसान्"

इत्यादि रूपमें पृथक्-पृथक् दोनोंको कहा है। दोनोंके भेदके और भी कारण हैं। काव्य कविका कर्म है और नाट्य नटका कर्म है। नाट्य खेल है, देखनेकी चीज है और वह श्रव्य भी है। जैसा कि भरतने कहा है—"क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्" इति। नियतश्राव्य भी है सूचनीय भी है।

इसके विपरीत काव्य खेल नहीं है नियतश्राव्य नहीं है। सूचनीय नहीं है सर्वश्राव्य है। काव्यके साथ नाट्यका अभेद है। गीतिकाव्य, रागकाव्य, मुक्तक, खण्डकाव्य, दूतकाव्य, आदिकी तरह अभिनेयार्थ भी काव्य एक भेद है यह दशरूपक है। यदि अभेद नहीं होता तो ध्वनिकार काव्यके भेदोंमें अभिनेयार्थ शब्दसे दशरूपकोंको कैसे मानते।

## काव्य से नाट्य की उत्पत्ति

नाट्यकी उत्पत्तिके विषयमें नाट्यशास्त्रमें भरतने एवं नाट्यशास्त्रकी टीकामें अभिनवगुप्तपादाचार्यने स्पष्ट लिखा है। भरत और अभिनवगुप्तके वाक्य के द्वारा इस विषयको बतलानेका उपक्रम करते हैं—

एक समय अनध्यायके दिन नाट्यशास्त्रको जाननेवाले भरत मुनिके पास जब कि वे जप पूजा-पाठ समाप्त करके अपने पुत्रों से घिरे हुए बैठे थे—आत्रेय प्रमुख ऋषि आये और पूछा कि आपने जो वेद के समान सामान्य नाट्यशास्त्र बनाया है उसकी उत्पत्ति का क्या इतिहास है।

भरतमुनि ने कहा कि आप लोग सावधानी से सुनें।

(स्वायम्भुव १ स्वारोचिष २ औत्तमि ३ तामस ४ रैवत ५ चाक्षुष ६ वैवस्वत ७ सावर्णि ८ दक्ष सावर्णि ९ ब्रह्म सावर्णि १०धर्म सावर्णि ११रुद्र सावर्णि १२ मेरु सावर्णि ये चौदह १४ ब्रह्माजीके पुत्र मनु नामसे प्रसिद्ध हैं। इनके समय की अवधि का नाम मन्वन्तर है। यहाँ अन्तर शब्दका अर्थ है अवधि। इसमें "अन्तरमवकाशावधि परिधानान्तर्द्धिभेदतादर्थ्ये" यह कोष प्रमाण है। (मनोः समयस्यान्तरमवधिः मन्वन्तरम्) ऐसा मध्यम पदलोपी समास करनेसे यह मन्वन्तर शब्द व्याकरणसे साधु होता है। विष्णुपुराणके अनुसार इन चौदह मनुओं का पूरा समय ४ अरब ३२००००००० करोड़ है। इसीको एक कल्प कहते हैं। यह ब्रह्मा का एक दिन है। जिनमें ६ मनु बीत गये सातवाँ मनु वैवस्वत चल रहा है। इस तरह १,९५,४२, ९२,२५० वर्ष ७ महीना ८ दिन १५ घड़ी १४ पल बीत गये और २,३६,४७,०७, ७४९ वर्ष ४ महीना २१ दिन ४४ घड़ी ४६ पल बाकी हैं। आज ब्रह्माके दिनका अर्धप्रहर बीत रहा है।

ब्रेकेट के भीतर का अंश भरत का कहा हुआ नहीं है। पाठकों की सुविधा के लिए लिखा हुआ समझें)।

नाट्यवेद के प्रादुर्भाव की परिस्थिति यह है कि पूर्व में जब स्वायम्भुव प्रथम मन्वन्तर का प्रथम युग कृतयुग समाप्त हुआ और दूसरा युग त्रेतायुग प्राप्त हुआ तब नाट्यवेद का निर्माण हुआ। 'धाता यथापूर्वमकल्पयत्' इस श्रुति के अनुसार पूर्वकल्प के अनुसार ही धाता ब्रह्मा अगले कल्पों की सृष्टि करता है। इस तरह जिस २ कल्प में जब २ त्रेतायुग आया तब २ नाट्यवेद का निर्माण हुआ। आज जब सातवें मन्वन्तर वैवस्वत में त्रेतायुग आया तब नियमानुसार नाट्यवेद बना।

जब प्रपञ्च के लोग पारस्परिक ईर्ष्याद्वेषादि से संमूढ हुए सुख दुःख मय की अवस्था को पार कर रहे थे तब महेन्द्रादि देवताओं ने पितामह ब्रह्माजी से कहा कि भगवन्! ऐसा खेल हम लोग चाहते हैं जो दृश्य अर्थात् हृदयग्राही हो और श्रव्य अर्थात् व्युत्पत्तिप्रद हो। क्योंकि यह वेद शूद्र जातियोंके व्यवहार का विषय न होने से वे इसे पढ़ एवं सुन नहीं सकते अतः पांचवा वेद बनाइये।

ब्रह्माजी ने कहा अच्छा मैं ऐसा ही वेद जो सब वर्णों का हितकारी हो बनाता हूँ। ऐसा संकल्प करके सब वेदोंका स्मरण किया। चारों वेदोंसे अंग अर्थात् अंश को लेकर तब नाट्यवेद बनाया।
जैसा कि नाट्यशास्त्र में लिखा है

समाप्तजप्यं व्रतिनं स्वसुतैः परिवारितम् ।
अनध्याये कदाचित्तु भरतं नाट्य कोविदम् ।
मुनयः पर्युपास्यैनमात्रेय प्रमुखाः पुरा ।
प्रपच्छुस्ते महात्मानो नियतेन्द्रियबुद्धयः ।
योऽयं भगवता सम्यग्ग्रथितो वेदसम्मितः ।
नाट्य वेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः कस्य वा कृते ।
तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः ।
प्रत्युवाच ततो वाक्यं नाट्यवेद कथां प्रति ।
पूर्वं कृतयुगे विप्राः वृत्ते स्वायम्भुवेऽन्तरे ।
त्रेतायुगेऽथ सम्प्राप्ते मनोर्वैवस्वतस्य तु ।
ईर्ष्या क्रोधादि संमूढे लोके सुखित दुःखिते ।
महेन्द्र प्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः ।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत् ।
न वेदव्यवहारोऽयं संश्राव्यः शूद्र जातिषु ।
तस्मात्सृजापरं वेदं पञ्चमं सार्ववर्णिकम् ।
एवमस्त्विति तानुक्त्वा देवराजं विसृज्य च ।
सस्मार चतुरो वेदान्योगमास्थाय तत्त्ववित् ।
नाट्यवेदं ततश्चके चतुर्वेदाङ्ग सम्भवम् ।
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्सामभ्यो गीतिमेव च ।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि । इति

चारों वेदों में से किस वेद से किस अंग को कैसे लिया इसका स्पष्टीकरण करते हैं ।

साधारण जनता की बोलचाल की भाषा, आचार एवं व्यवहार तथा शैली की अपेक्षा नाटकीय पात्रों की भाषा वगैरह सब भिन्न २ होती है । जैसे

देवानाः संस्कृतं प्राहुः प्राकृतं किन्नरादयः ।
पैशाचीं च पिशाचाद्याः मागधीं हीनजातयः ।

देवादि संस्कृत में बोलते हैं । किन्नरादि प्राकृत में, पिशाच पैशाची में, हीन जातिवाले मागधी में बोलते हैं । तदनुसार व्यवस्था करके ऋग्वेद से पाठ्यको लिया अर्थात् पात्रों का परस्पर एवं स्वगत भाषण किस भाषामें हो और उसकी शैली क्या होवे इसके स्वरूप के निरूपण का आधार ऋग्वेद से लिया । क्योंकि वहां पात्रोंमें परस्पर सम्वाद मयी एवं पात्रों की स्वगत भाषणमयी ऋचायें है ।

ऋग्वेदसे कैसा क्या लिया उसका दिग्दर्शन पाठकोंकी जानकारी के लिए यहाँ सक्षिप्तरूप में लिखते हैं।

| क्रमसंख्या | मण्डल | सूक्त | प्रतीक | सम्वादके पात्र | मंत्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | १ | २४ | कस्य नूनम् | आजीगर्ति शुनः शेप का स्वगत कथन | १५ |
| २ | १ | १६५ | कया शुभा | इन्द्र, मरुत् और अगस्त्य | १५ |
| ३ | १ | १७० | न नूनमस्ति | ,, ,, ,, | ५ |
| ४ | १ | १७९ | पूर्वीरहम् | अगस्त्य, लोपामुद्रा और अगस्त्य, उसके शिष्य | ६ |
| ५ | ३ | ३३ | प्र पर्वतानाम् | विपाश और शुतुद्री नदियाँ तथा विश्वामित्र ऋषि | १३ |
| ६ | ४ | १८ | अयं पन्थाः | इन्द्र, अदिति और वामदेव | १३ |
| ७ | ७ | ३३ | श्वित्यञ्चो मा | वशिष्ठ, उनके पुत्र और इन्द्र | १४ |
| ८ | ८ | ८९ | अयंत एमि | इन्द्र तथा भार्गव नेम | १२ |
| ९ | १० | १० | ओचित् सखायम् | यम तथा यमी | १४ |
| १० | १० | २७ | असत् सु मे | इन्द्र वसुक तथा | ४२ |
| | | २८ | विश्वो ह्यन्यो | वसुक पत्नी | १२ |
| ११ | १० | ५१ | महत् तदुल्बम | अग्नि एवं देवगण | ९ |
| १२ | १० | ५२ | विश्वे देवाः | अग्नि एवं देवगण | ६ |
| १३ | १० | ५३ | यमैच्छाम मनसा | देवगण और अग्नि | ११ |
| १४ | १० | ८६ | विहि सोतो रसृक्षत | इन्द्र इन्द्राणी तथा वृषाकपि | २३ |
| १५ | १० | ९५ | हये जाये मनसा | पुरुरवा और उर्वशी | १८ |
| १६ | १० | ११९ | इति वा इति मे मनो | सोमरस से छके लवरूपापन्न इन्द्र का स्वगत कथन | १३ |

इसके बाद सामवेद से गायन लिया। क्योंकि साम का ही नाम गीत है। और गीत, प्रयोग माने अभिनय के प्राण हैं। आनन्द व्यञ्जन सामर्थ्य गीति में विपुल मात्रा में होता है अतः जनता के आकर्षण के लिए यह वस्तु जरूरी है। "सद्यः फलति गान्धारी" गान विद्या सद्यः फल देनेवाली होती है ऐसा अनुभव से देखा जाता है।

कैसे उठना बैठना, किस समय कैसे वस्त्राभूषण वगैरह पहिरना, कैसे जाना, आना, करना इत्यादि विषय यजुर्वेद से लिया। क्योंकि यज्ञ में अध्वर्यु को एवं अन्य ऋत्विजों को इन सब नियत व्यापारों को करना पड़ता है। और लोहितोष्णीषाः ऋत्विजः प्रचरन्ति के अनुसार कभी २ लाल पगड़ी या साफा पहिरना पड़ता है। कभी प्रदक्षिण रीत्या गमन होता है एवं पात्रासादन में विचार करना होता है इसलिए यह सब विषय यजुर्वेद से लिया।

इसके बाद रसों को अथर्ववेद से लिया। क्योंकि शान्तिक, पौष्टिक, मारण, मोहन, उच्चाटन कर्मों का निर्देश (एवं पद्धति निरूपण) अथर्ववेद में हैं। कर्म जितने भी हैं वे सब कामना के प्रतीक हैं। "यद्यद्धि कुरुते जन्तुः तत्तत्कामस्य चेष्टितम्।" यही तो सिद्धान्त है। और शान्त-शृङ्गारादि रस भी मन के ही परिणाम या वृत्ति प्रपञ्च निर्वेद रति आदि के पुष्ट एवं व्यक्त स्वरूप हैं। अतः शान्तिक कर्म, शान्तरस के अभिनय, पौष्टिक कर्म, शृङ्गार एवं हास्य रस के अभिनय, मारण कर्म, करुण एवं रौद्र रस के अभिनय, मोहन कर्म, वीर एवं अद्भुत रस के अभिनय, उच्चाटन कर्म बीभत्स, एवं भयानक रस के अभिनय से साम्य रखता है।

सर्वविध विपत्तियोंके शमनार्थ ही शान्तिक कर्म होता है। सब विषयों को बन्धन स्वरूप समझकर तुच्छत्वबुद्धि या हेयत्व के ज्ञान से त्यागना ही निर्वेद है विवाह पुत्रजननादि मंगल के समय किये जानेवाले कर्मों का नाम पौष्टिक है। शृङ्गार एवं हास्य भी मङ्गल के समय ही अच्छे मालूम पड़ते हैं। जब प्राणों के ऊपर आ पड़ती है और कोई भी मार्ग बचने का नहीं रहता है तभी घोर दुःखमयी स्थिति में मारण प्रयोग किया जाता है करुण एवं रौद्र का भी यही हाल है दुःख बहुल ही भाव हैं। आकर्षण करने के लिए ही या अपने बश में करने के लिये ही मोहन प्रयोग किया जाता है एवं वीरता भी युद्ध में दान में दया में दूसरे को वशमें करने के लिए है और अद्भुत तो आकर्षण कर ही लेता है। अवाञ्छनीय पदार्थ को दूर भगाने के लिए उच्चाटन किया जाता है बीभत्स एवं भयानक का स्वरूप ही अवाञ्छनीय है दूर हटाने लायक है। इस उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट हो गया कि काव्य से ही नाट्य की परम्परा का प्रसार हुआ है।

## नाट्यशास्त्र के निर्माण का काल

नाट्यशास्त्र के निर्माण का काल नाट्यकला के पूर्णावस्था का है। क्योंकि नाट्यशास्त्र अपने विषय का सर्वाङ्गपूर्ण ग्रन्थ है। नाट्य के उपयोगी सभी विषयों का इसमें पूर्ण रूपसे मन्थन है। यह तभी हो सकता है जब इस कला का सर्वतो भावेन चारों तरफमें पूर्ण प्रचार हो गया हो। रामायणमें कुश और लव को रूपलक्षण अर्थात् नाट्यलक्षण के तत्त्वज्ञ कोविद पण्डित कहा है। इसके अर्थ होते हैं अध्ययन अध्यापन में छात्रों में विद्वानों में और प्रयोग के रूप में जनता में काफी मात्रा में नाट्य व्याप्त हो गया था। तभी वाल्मीकि ऋषि कहते हैं को न्वेतत् प्रयुञ्जीयात्" कौन इसका प्रयोग करेगा।

बाद की परम्परा में तो आज तक रामायण और महाभारत को ही आश्रय बनाकर नाटक वगैरह प्रचलित हुए हैं। पहली या बीच की नाटकों की परम्परा कालकवलित हो गई।

कविकुल गुरु कालिदास भी भरत को ही इसका प्रधान आचार्य मानते हैं। आप लिखते हैं।

मुनिना भरतेन यः प्रयोगो।
भवतीष्वष्ट रसाश्रयो नियुक्तः ॥

भवभूति ने उत्तर चरित के ७ वें अंक में लिखा है कि 'भगवता वाल्मीकिना स्वकृतिमप्सरोभिः प्रयुज्यमानां द्रष्टुमुपनिमन्त्रिताः वयम्" भगवान् वाल्मीकि ने अप्सरों द्वारा प्रयोग की जानेवाली अपनी कृति को देखने के लिए हम लोगों को निम्नमन्त्रित किया है।

कहने का सारांश कि यह नाट्यकला प्रयोग के रूप में आ चुकी थी। और यह भी प्रसिद्ध हो गया था कि इसके प्रवर्त्तक कुश और लव हैं। भरत ने खुद लिखा है कि कुश लव की तरह जो इस विद्या में निपुण होता है वह कुशीलव कहाता है। ना. शा. ३५ अ. ८४ श्लो.

अब प्रश्न यह उठता है कि नाट्यशास्त्र का निर्माण कब हुआ। उसका समय क्या है।

हम ऊपर मन्वन्तरों का समय बतला चुके हैं। और यह भी बतला चुके हैं कि त्रेतायुग में नाट्यशास्त्र बना और रामायण के बाद बना। रामायण के समयका निर्धारण हो जाने पर नाट्यशास्त्र का समय भी निर्धारित हो जायगा।

इसके पहिले एक बात बतला देना जरूरी है कि यह है भारतीय वस्तु। अतः भारतीय दृष्टिकोण से समय का निरूपण होना उचित है। विदेशियों का दृष्टिकोण वे ग्रहण करें जो उनकी जूठन खाकर स्वनाम धन्य बननेका गौरव करें। जब हमारा गणित शास्त्र सृष्टि के आरंभ से लेकर आज तक का गणित देता है। यही क्यों १-१ एक और एक दो होता है यह हमीने संसार को सिखाया तब कौन सी तुक है कि इस तरह का मूर्खता पूर्ण प्रयास करें और अपनी संस्कृति और सभ्यता या आदर्श के घोर विरोधियों के इशारे पर अपने को शुद्ध सामयिक मानें। तस्मात् सुनिये।

हमारे शास्त्रकारों ने चार युग माने हैं और लिखा है कि हरयुग के अन्त में जब विप्लव होता है और इतिहास के सहित वेदों का लोप हो जाता है तब युगान्त के समय भगवान् विष्णु अवतार ग्रहण करते हैं तब उनसे ऋषि लोग तप द्वारा पुनः सुरक्षित वेदों को प्राप्त करते हैं।

युगान्तेऽन्तर्हितान् वेदान् सेतिहासान् महर्षयः।
तपसा लेभिरे विष्णोरवतारात्सुरक्षितान् ॥इति॥

इस सिद्धान्त के अनुसार त्रेतायुग की अन्तिम परिधि में राम का अवतार हुआ जिनकी चरितावली रामायण है इस रामायण के बाद ही नाट्यशास्त्र बना। इस विषय में भरत का वचन जिसमें कुश और लवका निर्देश है ऊपर लिख आये हैं।

आज तक कलि के ५,०६७ वर्ष बीत गये हैं और द्वापर का वर्ष प्रमाण है ८,६४,००० । इन दोनों को मिला कर ८६९०६७ वर्ष संख्या हुई। इसमें त्रेतायुगका संध्यांश २१६००० वर्ष संख्या मिला देने से योग होता है १०,८५,०६७। तब आज

से दस लाख पच्चासी हजार सढसठ वर्ष पूर्व रामायण बनी। इसके अनुसार नाट्यशास्त्र का समय आज से १० लाख पूर्व सिद्ध होता है। इस तरह शुद्ध समय जब हमको गणना से प्राप्त हो जाता है तब अज्ञात समय कहकर अपना अज्ञान दूसरों पर लादना ही है। अपने भी विदेशी कुत्सित मार्ग में जाना और दूसरे पर भारतीय सुमार्ग में जाने में रोक लगाना। यह कहां की बुद्धिमानी है।

## हमारे नाट्यशास्त्र पर दूसरोंका प्रभाव

उपर्युक्त पद्धति से निर्णीत समय में निर्मित नाट्यशास्त्र पर इन आज कल के नौसिखिये विदेशियों का कैसा प्रभाव। बिलकुल निराधार है कुछ भी प्रभाव कहना बचपन है। छिछोरापन ही है अतः विदेशियों के प्रभाव की कोई शंका भी नहीं करनी चाहिए।

## भरत

भरत यह तीन अक्षर का पद है परन्तु इसके कई अर्थ हैं। शब्दों के कई अर्थ होने के कई कारण हैं। वे कारण ये हैं।

वैयाकरणों ने एवं निरुक्तकारों ने लिखा है कि—

अर्थतश्च १ निरुच्यन्ते शब्दाः केचन योगतः २
वचनाच्च ३ निरुच्यन्ते शब्दाः केचिच्च धातुतः ४
अप्यक्षराणां सादृश्यात् ५ निरुच्यन्ते च केचन ॥
जनश्रुतेश्च ६ केचित्तु, प्रौढिवादाच्च ७ केचन ॥
प्रत्ययाच्च ८ निरुच्यन्ते तत्तच्छाखवशाद् ९ पि।
व्याकरणे च नैरुक्ते नवधा निर्णयः कृतः।

पहला कारण है अर्थ। इसको व्यवहार भी कहते हैं। अर्थ की संगति बैठाने के हिसाब से शब्द के स्वरूप का निर्वचन होता है। जैसे। नाटक वगैरह खेल कूद में साधारण व्यक्ति ही सर्व परिचित, जन विशेष ही आकार बनाने के लिए किसी खास वेष भूषा को अपने अंगों में भरता है पहिनता है वह भरत है। अत एव लोग कहते हैं सांग (स्वांग) भरकर आया है। अहो भाई यह तो बहुत बढ़िया सांग भरता है इत्यादि व्यवहार होता है।

अमर कोष की सुधा नामक प्रसिद्ध एवं प्रामाणिक व्याख्या में महावैयाकरण भट्टोजि दीक्षित के पुत्र भानुजी ने लिखा है एवं शब्दकल्पद्रुमतथा वाचस्पत्यबृहद-भिधान महाकोषों में भी लिखा है कि स्वाङ्गं बिभर्ति इति भरतः।

इस तरह अर्थ के अनुसार निरुक्ति के आधार पर सांग भरने वालों को भरत कहते हैं। जैसा कि लिखा है—

रुद्रेणेदमुमाकृतव्यतिकरे स्वांगे विभक्तं द्विधा।

दूसरा कारण है योग। प्रकृति और प्रत्यय दोनों के मेल से न कि केवल प्रकृति या केवल प्रत्यय से जहां शब्द के स्वरूप का निर्धारण होता है उसे योग कहते हैं। इसमें प्रकृति जिसको धातु कहते हैं का अर्थ और प्रत्यय का अर्थ दोनों के मिलने पर भी एक ही अर्थ मालूम होता है। जैसे पाक। यहाँ धातु पच् का अर्थ भाव है और प्रत्यय घञ् का अर्थ भी भाव है अत दोनों के मेल पर भी यही सिद्ध भाव अर्थ है। इसी तरह भृ धातु है अतच् प्रत्यय है दोनों के मेल से एक ही अर्थ है।

तीसरा कारण है वचन। इसीको आप्तवाक्य कहते हैं। किसी महापुरुष ने जैसा कह दिया उसीके अनुसार लोक में एवं शास्त्र में व्यवहार एवं व्याख्या के द्वारा समन्वय होने लगा। 'दशमेऽहनि पिता नाम कुर्यात्" दशम दिन में पिता पुत्र का नाम करण संस्कार करता है। यह संज्ञा शब्द भी इसीके अन्तर्गत है। इसकी व्याख्या शास्त्रों में "पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्" से की गई है। इसके अनुसार भरत यह संज्ञा है। नाट्य शास्त्र के प्रणेता का नाम भरत उसके पिता का किया हुआ है।

ऋषभ देवके ज्येष्ठ पुत्र का भी नाम भरत था। यह भरत स्वायम्भुव मनु की परम्परा में छठी पीढी में आता है स्वायम्भुवमनु १ उसके पुत्र प्रिय व्रत २ उसके आग्नीध्र ३ उसके नाभि ४ उनके ऋषभ ५ उसके भरत ६ पुत्र हुए। यही पहला भरत है इसी के नाम से यह भरत या भारतवर्ष कहलाता है। भागवत, मार्कण्डेय पुराण, नरसिंह पुराण एवं ब्रह्माण्ड पुराण में इस भरत का प्रचुर वर्णन मिलता है।

दशरथ के पुत्र रामजी के भाई का भी नाम भरत था।

दुष्यन्त के पुत्र का भी नाम भरत था। यही विख्यात भरत शकुन्तला का पुत्र है महाभारत में कही हुई इसी की कथा को लेकर कालिदास की अमर कृति शकुन्तला नाटक है। इसी को लेकर आजकल समाचार पत्रों में काफी चर्चा है। ऋग्वेद के ६ मण्डल १६ सूक्त ४ मंत्र "स्वामीले अध द्विता भरतो वाजिभिः शुनम्" व्याख्या में सायणाचार्य ने "भरतो दौष्यन्तिः" कह कर भी परिचय दिया किन्तु बाद में कालक्रम के विषय का विचार करके कहा कि एतत्संज्ञो राजा वा अन्यो वा कश्चित्।

भरत दुष्यन्त पुत्र अथवा इस नाम का कोई राजा या अन्य कोई। सायणाचार्य ने बुद्धि से काम लिया क्योंकि भरतो दौष्यन्ति कहने से ही उसकी संज्ञा अर्थात् उसका नाम मालूम हो ही गया था तब फिर "एतत्संज्ञो" राजा कहने की क्या आवश्यकता पड़ती वेद तो बहुत प्राचीन है दुष्यन्त पुत्र भरत तो वेद बननेके बाद न मालूम कितने समय के बाद हुआ।

केवल धातु के अर्थ को ग्रहण कर अर्थ की संगति बैठाई जाय वहां इसका प्रयोग होता है वह चौथा कारण है। धातु जिसको प्रकृति भी कहते हैं। व्याकरण में भृञ् भरणे धातु हैं इसका अर्थ है भरना। जैसे लोटे में जल भरना। शरीरमें कपड़ा और गहना भरना यानें पहिरना, शरीर में रंग भरना मानें स्वरूप बनना इत्यादि

अर्थों में प्रयोग होता है इसके अनुसार ही भानुजी दीक्षित और कोषकारों तथा भट्टाचार्य की व्याख्या ठीक है।

यहां पर व्यवहार का अर्थ और धातु का अर्थ दोनोंका मेल बैठ गया है। इसके अनुसार भी सांग भरने वालों को भरत कहा जाता है।

व्याकरण में एक और डुभृञ् धारण पोषणयोः धातु है। इसका अर्थ धारण याने सहारा देना। जैसे धारणात् धर्ममित्याहुः। धर्मो धारयते प्रजाः। धारण अर्थात् जो जीवनमें सहारा देवे उसे धर्म कहते है। जन मात्र को प्राणी मात्र को धर्म ही सहारा है अवलम्बन है। पोषण का अर्थ है खिलाना पिलाना रक्षा करना। यह अर्थ बहुत व्यापक है। इस अर्थ के अनुसार

'विश्व भरण पोषण कर जोई ताको नाम भरत अस होई"

यह तुलसी दासजी की चौपाई जहां सार्थक हुई बस उसका नाम भरत हो गया।

जैसे ऋग्वेद में इन्द्र को भरत कहा है।

क्योंकि इन्द्र वृष्टि के द्वारा प्राणियों का भरण पोषण करता है।

"त्वमीलत प्रथमसिति" इस मंत्र में ऊर्जः पुत्रं भरतम् ऋ० १ मं० ९६ सू० में अग्नि को भरत कहा है। सायण लिखते हैं स्वदेह एव एष अग्निः प्राणो भूत्वा प्रजाः बिभर्त्ति तस्मादेषः भरतः। यह अग्नि प्राणियों के शरीर में रहकर इनका पोषण करता है अतः वह भरत है।

शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि "अग्निर्भरतः" क्योंकि देवताओं का मुख अग्नि है उसी के द्वारा खाद्य मिलने पर उनका पोषण होता है।

एष वै भरतः सोमः। तैत्तिरीय संहिता २ काण्ड ६ प्रपाठक में सोम को भरत कहा है। यह औषधियों का पोषण करता है।

आदि राजा मनु को भी पालन की व्यवस्था करके प्रजा को पोषण करने से भरत कहा है।

पाँचवाँ करण यह है अक्षरों का सादृश्य। इसको उपमान भी कहते हैं। इससे भी अर्थ की समस्या ठीक करके निर्वाचन होता है जैसे भरत। इसमें—

भावैः रसान् तनुध्वं भो ? भरताख्यां भजिष्यथ।

भावों के द्वारा जनता में रसों का विस्तार करो इससे तुम्हारा नाम संसार में भरत कहलायेगा। इसके अनुसार रङ्गमंच पर आकर हाव भावों के द्वारा रस का विस्तार करने वाले नाटक के पात्रों को भरत कहने लगे। भरतं नाम भाव-राग-तालात्मकम्। भाव राग और ताल जहाँ रहता है वह भरत है यहां नाटक को भरत कहा है।

छठा कारण है जनश्रुति। इसका नाम प्रसिद्धि भी है। शंकराचार्य की गद्दी पर आया शंकराचार्य प्रसिद्ध हुआ नाटक में प्रविष्ट हुआ भरत हुआ।

सातवाँ कारण है प्रौढिवाद। इसको विवरण भी कह सकते हैं। पाण्डित्य के बल पर उसकी व्याख्या करके शब्द के अर्थ को स्थिर करना। जैसे बालाराम भरत नामक ग्रन्थ में श्री बालाराम धर्म वर्मा महाराज ने राग सम्बद्ध तालक्रिया परिच्छेद्यभावनानुभवत्वं भरतत्वम्। राग रागिनियों से सम्बन्ध रखने वाली जो तालक्रिया अर्थात् वादन कला है। उन रागों से और वादन कलाओं से परिच्छिन्न होने वाली भावना का अनुभव जिससे हो वह नाट्य दृश्य खेल ही भरत है। भावरसार्थ-ताल क्रिया कारित्वं भरतत्वम्। भाव और रस के लिए तालक्रिया करने वालों को भरत कहते हैं।

आठवां कारण प्रत्यय है। वह यहां अतथ्य है।

नवां कारण तत्तच्छास्त्र व्यवस्था। अपने अपने शास्त्र की व्यवस्था के अनुसार भी शब्दों के अर्थ का निश्चय होता है। नाट्यशास्त्र के आचार्य जिसको भरत कहें वही भरत हो जाता है। इस तरह भरत शब्द का शुद्ध अर्थ हुआ जो पात्र सांग भर करके नियत पद्धति के अनुसार गाना बजाना एवं नाच करके हाव भाव के द्वारा शास्त्रीय रसों का प्रदर्शन करे वह भरत है।

यह सब व्याख्या आदि भरत को छोड़कर जिसने नाट्यशास्त्र बनाया है बाद की परम्परा में आने वाले भरत कहलाने वाले व्यक्तियों के बारे में है।

यदि सांग भरने वालों को भरत कहेंगे तो भाँडों की गणना इसी में हो जायगी। उत्तर। भांड भरतों का ही पर्यायवाचक शब्द है। अभिनव गुप्त अभिनव भारती में नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय १०७ के श्लोक "त्रैलोक्यस्य" की व्याख्या में लिखते हैं।

अनेन भाण्डेन राजपुत्रस्य अन्यस्य वा वागनुकृतेति। इस भाण्ड ने राजपुत्र की या दूसरे की वाणी का अनुकरण किया। यहां भाण्ड भरत को ही कहा गया है। अतः भरत को भाण्ड कहना दोष नहीं है।

भरत के शिष्यों एवं नटों को भरत कहा जाता है। अतएव आदि भरत वृद्ध भरत प्रथम भरत यह कथन भी नाट्यशास्त्र प्रणेता मुनि के लिए ही संगत होता है। यह मुनि का पितृकृत नाम है। औरों को यह नाम सम्प्रदाय से प्राप्त है।

## नाट्य

किसी वस्तु का नाम अर्थात् संज्ञा दो ही प्रकार से होती है। एक स्वेच्छा से दूसरा गुणों से। एक ही के वस्तु के हजार नाम होने का कारण गुण ही है। लिखा भी है। यानि नामानि गौणानि विख्यातानि महात्मभिः। गुणों के कारण महात्माओं ने अनेक नाम भगवान् के कहे हैं। इस तरह नाट्य यह नाम गुण के बदौलत है। नटों का याने भरतों का जो कर्म है उसे नाट्य कहते हैं।

"कर्त्तुरीप्सिततमं कर्म" कर्त्ता की इच्छा का विषय जो हो उसे कर्म कहते हैं। जैसे क्रिया करने वाला (कर्त्ता) चाहता है कि मैं जो क्रिया करता हूँ व्यापार करता हूँ उसका कुछ फल हो। यहाँ नट कर्त्ता है। उसकी इच्छा है कि सहृदयों को सामाजिकों को आनन्द मिले। इसलिए अभिनय क्रिया करता है सामाजिक उससे आनन्द पाते हैं।

तब निष्कर्ष हुआ (व्यापारजन्य फलाश्रय कर्म) नटकर्तृक अभिनय व्यापार से जो फल (सामाजिकों को) आनन्दानुभूति हुई उसका आश्रय याने विषय आनन्द रस होता है अतः नाट्य पद का मुख्य अर्थ है आनन्द रस।

इसी मुख्य अर्थ को यहाँ भरत एवं अभिनव गुप्त ने लिखा है।

योऽयं स्वभावो लोकस्य सुख दुःख समन्वितः।
सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतो नाट्य मित्यभिधीयते।

योऽयमिति। अयमिति प्रत्यक्षकल्पानुव्यवसायविषयो लोकसिद्ध-सत्या-सत्यादिविलक्षणत्वात्। यच्छब्दवाच्यो लोकस्य सर्वस्य साधारणतया स्वत्वेन भाव्यमानः चर्व्यमाणोऽर्थो नाट्यम्।

सामाजिक की सुख दुःख मयी अपनी भावना का प्रत्यक्ष विषय जो यह आङ्गिकादि अभिनयों से व्यक्त होता है वह नाट्य है। अयं कहने का यह अभि-प्राय है कि यह नाट्य (प्रत्यक्ष तो नहीं कह सकते हैं किन्तु प्रत्यक्ष के कल्प अर्थात् समान कह सकते हैं) प्रत्यक्ष कल्प अनुव्यवसाय से जाना जाता है। क्योंकि लोक में जो सच्चे या झूठे पदार्थ हैं उनसे यह विलक्षण है। लोक में पदार्थ का प्रत्यक्ष ज्ञान आँख वगैरह से होता है और उस ज्ञान का ज्ञान अनुव्यवसाय होता है। किन्तु नाट्य रस रूप है अतः इसका ज्ञान लौकिक सामग्री से नहीं होता है अतः प्रत्यक्ष तुल्य अनुव्यवसाय कहा। यत् शब्द का अर्थ है बुद्धि में रहने वाला अतः सभी सामाजिकों को साधारणतया अपनी (अनुभूति) भावना (चर्वणा) से जो मालूम होता है वह अर्थ नाट्य है।

आरम्भ में नाट्य शास्त्र शब्द की व्याख्या में लिखा है। नाट्यं नाम लौकिक पदार्थातिरिक्तं तदनुकार प्रतिबिम्बाऽऽलेख्यसादृश्यारोपाध्यवसायोत्प्रेक्षास्वप्नमायेन्द्र-जालादिविलक्षणं तद्ग्राहकस्य सम्यग्ज्ञानभ्रान्तिसंशयानवधारणानध्यवसाय विज्ञान भिन्नावृत्तान्मास्वादनरूपसंवेदनसंवेद्यं वस्तु रसस्वभावमिति वक्ष्यामः।

रस स्वभाव वस्तु का नाम नाट्य है जो लौकिक पदार्थों से भिन्न है। और अनु-करण, प्रतिबिम्ब आलेख्य सादृश्य, आरोप, अध्यवसाय, उत्प्रेक्षा स्वप्न एवं इन्द्र जाल जो लौकिक ज्ञान के साधन हैं उनसे नहीं जाना जा सकता तथा सम्यक् ज्ञान भ्रान्ति, संशय, अनवधारण, अनध्याय एवं विज्ञानों से अलग ही जिसकी कथा है ऐसे आस्वादन रूप संवेदन (ज्ञान) के द्वारा तद्ग्राहक रसिक सामाजिक से जो जानने योग्य है।

इसी बात को संगीत रत्नाकर कारने सीधे शब्दों में स्पष्ट लिख दिया है।

नाट्य शब्दो रसे मुख्यो, रसाभिव्यक्तिकारणम्
चतुर्धाभिनयोपेतं लक्षणावृत्तितो बुधैः
नर्तनं नाट्यमित्युक्तं सत्वत्राभिनयो भवेत्।
काव्यबद्धं विभावादि व्यञ्जयन्यो नटे स्थितः।
सामाजिकानां जनयन्निर्विघ्नरससंविदम्।

वस्तुतः नाट्य शब्द का मुख्य अर्थ है रस। रस नर्त्तन या नटन रूप हो नहीं सकता है अतः मुख्यार्थ बाध होने पर रस व्यञ्जन समर्थ चतुर्विध अभिनय युक्त नर्तन को भी लक्षणा के सहारे नाट्य कहा। सामाजिकों को निर्विघ्न रस की प्रतीति के साधन नट के व्यापार को अभिनय कहते हैं। इससे काव्योपात्त विभाव आदि की व्यक्ति होती है।

लक्षणा से नाट्य पद का अर्थ हो सकता है अभिनय। या अभिनय हेतुक राम की प्रतीति। क्योंकि अभिनय का रस के साथ व्यङ्ग्य व्यञ्जक भाव सम्बन्ध है। जैसे उपनिषद् पद का मुख्य अर्थ है विद्या तथापि ईशावास्यादि मंत्र समूह शब्दों को भी लक्षणा से उपनिषद् कहते हैं। ऐसा व्यवहार लोक में एवं शास्त्र में खूब प्रचलित है।

इसके अनुसार अमर कोष में लिखा है। तौर्यत्रिकं नृत्यगीतवाद्यं नाट्यमिदं त्रयम्। इसका आशय है ( नटस्येदं नाट्यम् ) नट का जो कर्म नाचना गाना एवं बजाना वह तौर्यत्रिक नाट्य है।

परवर्त्ती दशरूपकों के लक्षण निर्माता आचार्यो ने अभिनय व्यापार और उससे होने वाले आनन्द के बीच की जो सामाजिकों की प्रतीति है ज्ञान है उसको नाट्य कहा है।

दशरूपक कार धनञ्जय ने लिखा है अवस्थानुकृति र्नाट्यम्। अवस्था का अनुकरण नाट्य है। धनिक ने इसको स्पष्ट करते हुए लिखा कि काव्योपनिबद्ध धीरोदात्ताद्यवस्थानुकारः चतुर्विधाभिनयेन तादात्म्यापत्तिः नाट्यम्। काव्यों में जो रामादि नायकों की धीरोदात्तत्वादि अवस्थाएँ लिखी है उनका अनुकरण अर्थात् चार प्रकार के अभिनयों के देखने से उस समय में सामाजिकों को जो नट में, (एक मत है) या अपने में (दूसरा मत है) रामत्व की प्रतीति होती है वही नाट्य है।

सात्विकाद्यैरभिनयैः प्रेक्षकाणां यतो भवेत्।
नटे नायकतादात्म्य बुद्धिस्तन्नाट्य मुच्यते।

रसार्णव सुधाकर प्रथम विलास ४७ श्लोक

उक्ता रसा रसव्यक्तिर्नाट्येनैवेत्युदीरिता।
अवस्थानुकृतिर्नाट्यमिति सामान्य लक्षणम्।
रामादि तादात्म्यापत्तिर्नटे या नाट्यमुच्यते।

भावप्रकाशन ७ अधिकार १-२-३ पंक्ति

तद्रूपतानुसन्धानान्नर्त्तकेऽपि ।

काव्य प्रकाश मे भट्टलोल्लट का मत ४ उल्लास

रामोऽयमिति प्रतिपत्त्या ग्राह्ये नटे

का० में श्री शंकुक का मत ४ उ०

राम की तरह वेषभूषा, उच्चारण, अङ्गसंचालन एवं रोमाञ्चादि के आविर्भाव करने वाले नट में रामत्व की प्रतीति मानने वालों के ये मत हैं।

नटो गीतेन, वाद्येन, नृत्तेनाभिनयेन च ।

रङ्गे रामाद्यवस्थाभिरनु कार्याभिरञ्जसा ।

रामादितादात्म्यापत्तेः प्रेक्षकान् रसयिष्यति ।

नट अनुकरण करने के योग्य रामादि की अवस्थाओं का रंगमञ्च पर अभिनय करके गायन वादन और नर्तन के द्वारा इस प्रकार दर्शकों के हृदय में रस की प्रतीति कराता है जिससे सामाजिक दर्शक लोग अपने में रामत्व की भावना करने लगे। यहाँ रामादि तादात्म्यापत्तेः इस पद में पंचमी ल्यबर्थे लुप्त पंचमी है। अतः रामादितादात्म्यापत्ति विभावयित्वा ऐसा अर्थ समझना।

पण्डितराज जगन्नाथ ने रस प्रकरण में नव्यास्तु और परे तु के मत का स्पष्टीकरण इसी आशय से किया है। वे लिखते हैं।

भावनाविशेषरूपस्य दोषस्य महिम्ना कल्पितदुष्यन्तत्वावच्छादिते स्वात्मनि। इति।

स्वस्मिन् दुःष्यन्ताद्यभेदबुद्धिस्तु बाधबुद्धिपराहतेत्यादिकमपास्तम्, इति। तेन स्वात्मनि दुःष्यन्ताद्यभेदबुद्धिरपि सूपपादा।

भावना विशेष रूप दोष की महिमा से सामाजिक अपने को दुष्यन्तत्व से अवच्छादित मानता है। इति

अपने में दुःष्यन्ताद्यभेदबुद्धि बाधबुद्धि से पराहत है यह भट्टनायक का कहना खतम हुआ। अर्थात् सामाजिकों को अपने में रामत्व या दुष्यन्तत्व की प्रतीति कैसे होगी। क्योंकि राम या दुःष्यन्त पहले हो चुके अथ च वे राजा थे। और सामाजिक अभी मौजूद है और गरीब आदमी है। इस तरह दोनों में बड़ा भेद है। इत्यादि कथन समाप्त हुआ। इति

उसी भावना विशेषरूप दोष की महिमा से अपने में दुःष्यन्ताभेद बुद्धि मजे में हो सकती है। क्योंकि काव्यों में जो दुःष्यन्त शकुन्तलादि शब्द हैं वे धर्म विधया धर्मी का बोध कराते हैं अर्थात् दुःष्यन्तत्वेन शकुन्तलात्वेन उनसे दुःष्यन्त शकुन्तला की प्रतीति होगी। तब बाधकधर्मों के रहते कैसे साधारणीकरण होगा। अतः दोषविशेष की कल्पना अवश्य करनी पड़ेगी उसीसे अभेद बुद्धि होगी। परे तु मत में भी स्वात्मनि दुःष्यन्त तादात्म्यावगाही बोध होता है।

सामाजिक को अपने में रामत्वबुद्धि होती है ऐसा मानने वालों के ये मत है।

अभिनव गुप्त ने (अन्ये तु नटनीयमनुकरणं दशरूपकमेव नाट्यम्) और लोग तो नटनीय अर्थात् अनुकरण दशरूपक को ही नाट्य कहते हैं इस तरह अन्ये तु कहकर इस मत का उपन्यास किया परन्तु सिद्धान्त नहीं माना।

यहाँ इतना स्पष्ट कर देना जरूरी है कि इन दोनों मतों का निरूपण मूलग्रन्थ नाट्यशास्त्र में किया है उसका क्या भाव है और सिद्धान्त मत क्या है।

वदन्तेऽनुकृतिर्बद्धा ना० १ अ० ९७ श्लोक
लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्, इति। ना०
१ अ० ११२ श्लोक

सप्तद्वीपानुकरणं नाट्यमेतद्भविष्यति।
येनानुकरणं नाट्यमेतत्तयन्मया कृतम्।
ना० १ अ० १२० श्लोक

जब भरत ने अभिनय करके दिखाया तो विघ्नों ने उपद्रव किया। क्योंकि प्रयोग में देवताओं का विजय और दैत्य दानवों का नाश दिखाया गया था। तब उन लोगों को सान्त्वना देने के लिए ब्रह्माजी ने कहा कि

नैकान्ततोऽत्र भवतां देवानां चानुभावनम्।
त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।
ना० १ अ० १०६ श्लोक

यहाँ नाटकों में केवल आपही लोगों का अनुभावन नहीं है देवताओं का भी है। उनका या आपका क्या त्रिलोकी के भावों का अनुकीर्तन है। क्योंकि सप्तद्वीपा वसुमती एवं तीनों अन्य लोकों भुवनों के प्राणियों के चरित का अनुकरण स्वरूप यह नाट्य मैंने बनाया है अतः आप लोगों को मन्यु गुस्सा नहीं करना चाहिए।

इस तरह आपाततः अनुकरण स्वरूप नाट्य मालूम पड़ता है परन्तु सिद्धान्त यह नहीं है कि अनुकरण नाट्य है। क्योंकि अनुकरण शब्द का क्या अर्थ है। अनु माने पीछे करण याने आचरण। अर्थात् जो लोग पूर्व में हो चुके हैं उनके आचरणों को प्रयोग में दिखाना। इसमें दो दोष हैं। पहला दोष है।

भविष्यतश्च लोकस्य सर्वकर्मानुदर्शकम्।
ना० १ प्र० श्लोक

यहाँ कहते हैं आगे होने वाले जीवों के लिए सर्व कर्मों का अनुदर्शक यह नाट्य है। यह कहना असंगत हो जायगा।

दूसरा दोष है कि दूसरों की चेष्टाओं का कर्मों का अनुकरण करना नकल करना अर्थात् उनका मज़ाक करना है।

परचेष्टानुकरणात् हासः समुपजायते ना० ७ अ० १५ श्लोक।

इससे तो दुःख एवं ईर्ष्या ही पैदा होगी। हुआ भी दैत्यों को दुःख। यह तो उनकी सान्त्वना नहीं हुई उल्टा उनको चिढ़ाना ही हुआ। किन्तु नाट्य तो आनन्द प्रधान है। जैसा कि सिद्धान्त—

विनोदजननं लोके नाट्यमेतद्भविष्यति,

यह सिद्धान्त ही समाप्त हो जायगा। अगर अनुकरण का अर्थ सदृश करण मानें तब भी नहीं बनता है। क्योंकि किसी खास व्यक्ति के अनुकरण करने में कलह हो जायगा और राम का रोना या हँसना आधुनिक व्यक्ति बिना देखे कैसे कर सकता है। जिसका अनुकरण किया जायगा उसको देखना जरूरी है अन्यथा नकल कैसे करेगा। अतः नियतानुकरण नहीं हो सकता है। अतः राम के जैसा करता है यह कहना वस्तुतः असंगत है।

यदि संभावना करके कि रोने वाला हंसने वाला ऐसा रोता है ऐसे हंसता है, तब, इसमें कौन तुक है कि राम आदि ही का रोना हंसना दिखाया जाय किसी का भी दिखाया जा सकता है। हां ठीक है किन्तु प्रख्यातत्व एवं उदात्तत्व वगैरह को नायक के लक्षण में बतलाने का क्या अर्थ होगा। और फिर आदर्श के बिना विनेय बालकों को क्या शिक्षा मिलेगी। यदि दूसरों की अनुकृति (मजाक उड़ाना) ही नाट्य की इति कर्तव्यता मानी जायगी।

और भी एक बात है। अनुकरण अनुकर्त्ता नट में रहेगा उसका फल भागी नट होगा। इसका अर्थ हुआ नट में ही रस हुआ। सिद्धान्त ही समाप्त हुआ। सामाजिकों को रसानुभूति होती है। यही माना गया है। यदि कहें कि जैसे वस्तुतः पुष्प माला है किन्तु भ्रम से उसको किसी ने सर्प समझ लिया तब भी भय से उसको मूर्छा वगैरह हो जाती है। उसी तरह वह नट है यह जानता है किन्तु अभिनय महात्म्य से उत्पन्न भ्रम से उसको या अपने को राम मान लेता है तब रसानुभूति हो जाती है। तब उन भ्रान्तों की पागलों की चर्चा उपाहास्यस्पद होगी उनकी मूर्खता मानी जायगी या आनन्द की स्थिति मानी जायगी। यह शास्त्र कहलायेगा क्या? उपदेश कहलायेगा क्या?

हितोपदेश जननं धृतिक्रीडा सुखादि कृत्
दुखार्त्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम्
विश्रान्ति जननं लोके नाट्यमेतद्भविष्यति।

सम्पूर्ण जगत् के लिए हितों का उपदेश करनेवाला, धैर्य, क्रीडा एवं सुख का साधन, दुःखार्त्त, श्रमार्त्त, शोकार्त्त और तपस्वियों को विश्रान्ति देनेवाला यह नाट्य होगा। इस सिद्धान्त का कहाँ तक पालन होगा। इससे सिद्ध है कि नाट्य शब्द का मुख्य अर्थ रस है अन्य अर्थ लाक्षणिक है।

यदि कहें कि परचेष्टानुकरण से हास्यरस निष्पन्न होता है वहाँ तो आनन्द ही आनन्द है कहाँ वहाँ कलह होता है। तब भी ठीक नहीं क्योंकि नाट्य माने अनुकरण, उससे निष्पन्न होता है हास्यरस। तब तो दशरूपकों में हास्य ही एक मात्र रस होगा दूसरा कोई भी रस नहीं माना जायगा।

दशरूपककार एवं साहित्य दर्पणकार आदि सभी आचार्यों ने एक तीसरा प्रकार अपनाया है। वे कहते हैं कि नायकादि चरित अभिनेय दृश्य नाट्य है।

दृश्यं तत्राभिनेयम्।

इसी की दूसरी संज्ञा रूपक है और रूप है। इन संज्ञाओं के बारे में सभी एक मत हैं। नट में राम का आरोप होता है अतः रूपक है। और रूप जैसे आँखों से ही देखा जाता है उसी तरह नाट्य आँखों से देखा जाता है अतः रूप भी इसको कहते हैं।

किसी कवि ने कहा है कि—

देवानामिदमामनन्ति मुनयः कान्तं क्रतुं चाक्षुषम्।

यह नाट्य देवताओं के लिए आखों से देखने लायक कान्त यज्ञ है ऐसा मुनियों का कहना है। और भी—

नाट्यरूपैः रसैरतैस्तृप्तिर्भवति चाक्षुषी।
देवानां यज्ञतस्तृप्तिः रसनेन्द्रियगोचरा॥

देवताओं को यज्ञ से जो तृप्ति होती है वह रसनेन्द्रिय की होती है। इन नाट्यरूप रसों से जो तृप्ति होती है वह चाक्षुषी है।

रस रत्नप्रदीपिका द्वितीय परिच्छेद २४ श्लोक।

अलंकार चिन्तामणि पञ्चम परिच्छेद पञ्चम श्लोक में जिन सेनाचार्य ने काव्यादौ नाटकादौ च शृण्वतां पश्यतां रसान् काव्य में रसों को सुनते हैं। नाटक में रसों को देखते हैं।

पाणिनि के मतानुसार तस्येदं के अधिकार में छन्दोगौक्थिकयाज्ञिकबह्वृचनटाञ्ञ्यः इस सूत्र से चरणाद्धर्माम्नाययोः इस वार्तिक की सहायता से नटानामयं धर्मः नाट्यम्। नटानामयमाम्नायः (शास्त्र) नाट्यम्। नटों का धर्म या शास्त्र इस अर्थ में नाट्य पद की सिद्धि होती है। इसका मतलब है कि नाट्य नटों का धर्म अर्थात् अभिनय प्रदर्शन करने के लिए अवलम्बन स्टेज बाँधना और किसी विशेषरूप से अवस्थित होना याने साज सजाना या सांग धारण करना। क्योंकि धृञ् अवलम्बने, धृङ् अवस्थाने एवं धृञ् धारणे इन धातुओं से मनिन् करने पर धर्म बनता है उसी के अनुसार इतने अर्थ हुए। और नटों का शास्त्र इसके अनुसार नाटकीयकला या शिक्षा नाट्य पद का अर्थ हुआ इस प्रकार बहिरंग एवं अन्तरंग व्याख्याओं के अनुसार कई अर्थ होते हैं वे सब प्रायः हमने ऊपर दिखा दिये हैं।

## नाट्य परम्परा

हम पहले बतला चुके हैं कि देवजगत् में काव्य एवं नाट्य की उत्पत्ति होने के बाद मानव जगत् में काव्य एवं नाट्य का अवतरण हुआ। मानव जगत् में नाट्य के अवतरण होने की तीन आख्यायिकायें हैं। एक भरत की बतलाई हुई जो नाट्य-शास्त्र में उल्लिखित है। दूसरी शारदातनय ने अपने ग्रन्थ भाव

प्रकाशन में वर्णन की है। तीसरी अभिनय दर्पण में नन्दिकेश्वर ने बतलाई है। हम क्रमशः तीनों को दिखाते हैं।

आत्रेयोऽथ वशिष्ठश्च पुलस्त्यः पुलहः क्रतुरिति

आत्रेय वशिष्ट प्रभृति ऋषि इकट्ठे होकर भरत के पास गये कहा कि भगवन् हमारा एक संशय है उसको दूर करिये। वह संशय यह है कि—

कथमुर्वीतले नाट्यं स्वर्गान्निपतितं विभो।
कथं तवायं वंशश्च नट—संज्ञः प्रकीर्तितः॥

यह नाट्य स्वर्ग से पृथ्वी पर कैसे अवतरित हुआ और कैसे यह तुम्हारा वंश नट कहलाया।

भरत उवाच

ब्रवीमि वो ह्ययं विप्राः ? यन्मां पृच्छत सुव्रताः ? ।
मर्मेभिस्तनयैः सर्वैः नाट्य-वेद-मदान्वितैः॥
सर्वं लोकाः प्रहसनैर्बाध्यन्ते हास्यसंश्रयैः।
कस्यचित्त्वथ कालस्य शिल्पकर्मसमभ्यसात्॥
ऋषीणामङ्गकरणं कुर्वद्भि र्भाण्डसंश्रयम्।
अग्राह्यं सुदुराचारं ग्राम्यधर्मप्रवर्त्तनम्॥
निष्ठुरञ्चाप्रशस्तञ्च काव्यं संसदि योजितम्।
तच्छ्रुत्वा मुनयः सर्वे भीमरोषाः प्रकोपिताः॥
ऊचुस्ते भरतान् सर्वान्निर्दहन्त इवाग्नयः।
निर्ब्रह्माचरणा भूत्वा शूद्राचारा भविष्यथ॥
यश्च वो भवतां वंशः स च शूद्रो भविष्यति।
येऽत्रापि वंश जातास्ते भविष्यन्त्यथ नर्तकाः॥

भरत जी बोले हे ब्राह्मणो ! आप जो पूछते हैं उसे कहता हूँ। मेरे ये लड़के नाट्यवेद के विषय में अपनी विद्या का अभिमान करने लगे और हास्यरस प्रधान प्रहसनों से संसार की इन्होंने मजाक उड़ानी शुरू कर दी। एक समय शिल्पकर्मके अभ्यास करने के बाद ऋषियों का आंगिक अभिनय करने के लिए तदुप ोगी भाण्डसंश्रय अर्थात् सामग्री संचय एवं स्वाङ्ग तैयार करने लगे। उसी प्रसंग में उन्होंने अग्राह्य किसी के भी उपयोग में नहीं आने लायक दुराचारमय ग्राम्यधर्म में प्रवृत्ति बढ़ाने वाला भीषण एवं निन्दनीय दृश्य काव्य का प्रयोग सभा में किया। इसको सुनकर ऋषि क्रुद्ध हो गये और शाप दिया कि तुम ब्राह्मणों के आचरण से रहित होकर शूद्राचारी होगे और तुम्हारा वंश शूद्र हो जायगा। तुम लोग नर्तक कहलाओगे।

देवताओं ने जब इस शाप को सुना तब दुःखी होकर हमको सान्त्वना दी और ऋषियों को प्रसन्न करके "विद्यालुप्त नहीं होगी किन्तु अन्य शाप ज्यों का त्यों रहेगा।" ऐसा अशीर्वाद हमारे लिए उनसे पाया।

इसके बाद एक समय नीति, बुद्धि एवं पराक्रम से नहुष राजा ने देवराज्य अर्थात् स्वर्ग राज्य पाया और सुन्दर ढंग से उसका शासन किया। फलतः इसने अपने राज्य में दैवी 'व्युष्टि' समृद्धि पाई। किन्तु गन्धर्वों के गान एवं नटों के अभिनय को देखकर चिन्ता की कि कैसे यह अभिनय मुझे प्राप्त हो। उसके बाद हाथ जोड़कर देवताओं से प्रार्थना की कि यह अप्सराओं का इस प्रकार का अभिनय हमारे घर अर्थात् मानव जगत् में होना चाहिए।

इस पर बृहस्पति प्रमुख देवताओं ने कहा कि देवाङ्गनाओं का मनुष्यों के साथ संगम नहीं हो सकता है। भगवन्? आपको स्वर्ग के जीतने पर देवताओं के साथ ईर्ष्या नहीं होनी चाहिए। जो हित हो और पथ्य हो वही करना चाहिए। हां नाट्य शास्त्र के आचार्य लोग पृथ्वी पर जायँगे और वहाँ जाकर तुम्हारा प्रिय करेंगे। अर्थात् यह विद्या मनुष्यों को सिखायेंगे।

इसके बाद नहुष ने मुझसे कहा कि भगवन्? मैं चाहता हूँ कि यह नाट्य पृथ्वी पर प्रतिष्ठित हो जाँय। आपने सुना होगा मेरे पितामह के घर में अन्तःपुर में उर्वशी ने इस नाट्य का प्रयोग किया था। किन्तु अब इसका प्रकाश सम्पूर्ण भूतल में हो ऐसा मैं चाहता हूँ। मैंने कहा—अच्छा ऐसा ही होगा। उसके बाद मैंने अपने लड़कों को बुलाया और कहा आप लोग पृथ्वीतल पर जाओ और इस नाट्य का विस्तार करो। तुम्हारे शाप का अन्त भी हो जायगा। इस तरह यह नाट्य पृथ्वी में अवतरित हुआ।

शाप जन्म ततो ज्ञात्वा सुतानां मे सुरास्तदा
सर्वे विमनसो भूत्वा तान् ऋषीन् समुपस्थिताः।
ऋषिभिश्च ततः प्रोक्तं न चैतद्धि विनश्यति।
शेषमन्यत्तु यत्प्रोक्तं सर्वमेतद् भविष्यति ॥इति॥
कस्य चित्त्वथ कालस्य नहुषो नाम पार्थिवः।
प्राप्तवान् देवराज्यञ्च नयबुद्धिपराक्रमैः।
प्रशशास तदा राज्ये 'दैवीं व्युष्टिं समाप्नुवन्।
गान्धर्वञ्चैव नाट्यञ्च दृष्ट्वा चिन्तामुपागतः।
कृताञ्जलिः प्रयोगार्थं प्रोक्तवानमरान् नृपः।
इदमप्सरसामित्थं नाट्यं भवतु नो गृहे।
प्रत्युक्तः स ततो देवैर्बृहस्पतिपुरोगमैः।
सुरांगनानां नार्होऽयं मानुषैः सह सङ्गमः।
हितं पथ्यं च कर्तव्यं भगवन्? स्वर्जयेर्ष्यया।
आचार्यास्तत्र गच्छन्तु गत्वा कुर्वन्तु ते प्रियम्।
प्रोक्तवांश्च ततो मां तु नृपतिः स कृताञ्जलिः
इदमिच्छामि भगवन्? नाट्यमुर्व्यां प्रतिष्ठितम्।
पितामह गृहेऽस्माकमेतदन्तः पुरे जने
पितामहक्रियायुक्तमुर्वश्याः सम्प्रकीर्तितम्।

तथास्त्विति यथा प्रोक्तो नहुषः पार्थिवस्तदा
सुतानाहूय सम्प्रोक्ताः सामपूर्वं सुरैः सह
गम्यतां सद्दितैर्भूमिं प्रयोक्तुं नाटयमेव च
करिष्यामि च शापान्तमस्मिन् सम्यक् प्रयोजिते।
एवमुर्वी तले नाट्यं शापात्समववारितम् ॥इति॥

दूसरी आख्यायिका यह है। सूर्यवंशी राजा मनु पृथ्वी के शासन भार से श्रान्त हो गया। और चिन्तन किया कि क्या उपाय करूं कि जिससे विश्राम मिले और सुख मिले। इसके लिये अपने पिता सूर्य भगवान् के सम्मुख उपस्थित होकर अपना दुःख निवेदन किया।

सूर्य ने कहा कि पहले ब्रह्मा जी को भी सृष्टि करते २ ग्लानि हुई तब वे विष्णु भगवान् के पास गये। उनको अपना दुःख सुनाया। उत्तर में उन्होंने कहा कि तुम शिव जी के पास जाओ। वे वहाँ गये और उनसे सब बातें कही। शिव जी ने ब्रह्मा जी के कष्ट को सुनकर नन्दिकेश्वर को आज्ञा दी कि तुमको जो मैंने नाट्यवेद पढ़ाया है वह सब ब्रह्मा जी को पढ़ा दो। नन्दिकेश्वर ने प्रयोग के सहित विस्तार के साथ ब्रह्मा जी को नाट्यवेद पढ़ा दिया और कहा कि इसके प्रयोग से ही सृष्टि करने का परिश्रम दूर होगा और तुम को सुख की प्राप्ति होगी।

इसके बाद उनकी आज्ञा पाकर अपने मन्दिर ब्रह्म लोक में आये और विचार किया कि इसका प्रयोग होना चाहिए। ऐसी चिन्ता करते ही पाँच शिष्यों को साथ लिए हुए कोई मुनि उपस्थित हुआ। उनको ब्रह्मा जी ने कहा कि आप लोग नाट्यवेद का भरण अर्थात् धारण करो। उन्होंने सुन्दर तरीके से प्रयोग करके ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया ब्रह्मा जी ने उनको आशीर्वाद दिया कि तुम लोगों ने नाट्यवेद का भरण किया अतः आप लोग भरत नाम से प्रसिद्ध होंगे। और यह नाटयवेद भी आप लोगों के नाम से ख्याति को प्राप्त करेगा। इस वास्ते तुम ब्रह्माजी से प्रार्थना करो। इसके अनुसार मनु महाराज ब्रह्माजी के पास गये और अपनी गाथा सब कही। ब्रह्मा जी ने सब बातें सुनकर भरतों को बुलाया और कहा कि आप लोग मनु के साथ पृथ्वी पर जाओ और इस नाट्यवेद का प्रचार करने के लिये वहीं रहो। इस आज्ञा के अनुसार वे लोग मनु के साथ अयोध्या में आये।

पुरामनुर्महीपालः सप्त द्वीपवतीं भुवम्
पालयन्दुर्भरेणास्या भारेण श्रान्तचेतनः।
केनास्य भूमिभारस्य विश्रान्तिसुखमाप्नुयाम्
इति संचिन्त्य पितरं सवितार मुदैक्षत।
तदैवाभ्यागमत्तत्र भास्करः पुत्रवत्सलः
मनुर्न्यवेदयत्तस्मै भूभारक्लेशमात्मनः
स मनो र्भारखिन्नस्य विश्रामोपायमब्रवीत्।
पुरा दुग्धाब्धि नाथस्य नाभीकमलसम्भवः

ब्रह्मासृजदिमान् लोकान् जङ्गमस्थावरात्मकान्
एतेषां पालनायासव्यापारपरिखेदितः।
विश्रान्ति सुखमन्विच्छन्नुपागच्छच्छ्रियः पतिम्।
प्रजापालनखेदस्य विश्रामाय व्यजज्ञिपत्।
अचिन्तयद्देव देवः श्रान्तं वीक्ष्यात्मसंभवम्।
केनैवास्य विनोदेन विश्रामः सम्भवेदिति
विचिन्त्य भावं स्वक्षेत्र भाविनं विधिमब्रवीत्।
गच्छ ब्रह्मन्? पुरारातिमम्बिकापतिमीश्वरम्।
स ते विश्रान्ति सुखदमुपायमुपदेक्ष्यति।
इत्थमा ज्ञापितो ब्रह्मा देवदेव मुमापतिम्।
अभीष्ट्यात्मनः खेदं सर्वं तस्मै व्यजज्ञिपत्।
विज्ञाय शम्भुस्तत्खेदं नन्दिकेश्वर मभ्यधात्।
मत्सकाशादधीतं त्वं नाट्यवेदमशेषतः
अध्यापयैनं ब्रह्माणं सप्रयोगं सविस्तरम्।
स तथेत्यब्ज जन्मानमध्यापयदशेषतः।
अध्याप्यावोचदेतस्य वेदस्यैव प्रयोगतः।
जगतां सर्जनायासविश्रान्ति सुखमाप्नुहि।
इत्थं स नन्दिनाज्ञप्तः समागम्य स्वमन्दिरम्
नाट्यवेद प्रयोक्तारं भारती—सहितोऽस्मरत्।
स्मृतमात्रे मुनिः कश्चिच्छिष्यैः पञ्चभिरन्वितः।
पुरोऽवतस्थे भारत्याः सहितस्याब्जजन्मनः।
तानब्रवीन्नाट्यवेदं भरतेति पितामहः
तेऽधीत्य नाट्यवेदं तत्प्रयोगांश्च पृथग्विधान्
रसै र्भावैरभिनयः प्रयोगाश्च पृथग्विधैः
नाट्यवेदविदैः सम्यगब्जयोनिमतूतुषन्
तुष्टस्तेभ्यो वरं प्रादादभीष्टं पद्मविष्टरः
नाट्यवेदमिमं यस्माद्भरतेति मयेरितम्।
तस्माद्भरत नामानो भविष्यथ जगत्त्रये
नाट्यवेदोऽपि भवतां नाम्ना ख्यातिं गमिष्यति।
त्वमाराधय तं देवं मनो? ब्रह्माणमच्युतम्
इत्थमादिश्य च मनुं दिनेशस् त्रिदिवं ययौ
मनुर्ब्रह्मसदोऽभ्येत्य प्रणिपत्य पितामहम्
आत्मनो भूभरश्रान्ति व्यजिज्ञपदशेषतः
चतुर्मुखोऽपि विज्ञाय मनोर्भूमिभरक्लमम्।
आहूय भरतान् सर्वानिदं वचनमब्रवीत्।
यात यूयं महीं विप्राः मनुना त्रिदिवागतः।

भारतं वर्षमाश्रित्य वर्त्तध्वं मनुना सह
इति संचोदितास्तेन भरताः पद्मयोनिना
अयोध्यां मानवेन्द्रेण मनुना सार्धमाययुः। इति

इस प्रकार शारदा तनय का यह लेख है। यह किस आधार पर लिखा गया है नहीं कहा जा सकता। परन्तु कल्पना मालूम पड़ती है। नाट्यशास्त्र से इससे परस्पर कुछ भेद है। नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय में लिखा है कि एक दिन भरत को ब्रह्मा जी ने कहा कि भगवान् शिव जी को यह नाट्य दिखाना चाहिए। इस तरह एक वाक्यता करके कैलाश पर गये उनसे नाट्य देखने की प्रार्थना की और त्रिपुर दाह नामक डिम रूपक का प्रयोग दिखाया। भगवान् प्रसन्न हुए और बोले कि आपने पूर्वरङ्ग में नाच गान का प्रयोग नहीं किया बिलकुल शुद्ध प्रयोग किया। सुनिये मैंने संध्या काल में नृत्य करते समय बहुत सुन्दर नृत्य का आविष्कार किया है। इसको इसमें सम्मिलित कर दीजिये बहुत अच्छा प्रयोग हो जायगा।

श्रुत्वा महेश्वर वचः प्रत्युक्तं च स्वयंभुवा।
प्रयोग मङ्गहाराणा माचक्ष्व सुरसत्तम।
ततस्तण्डुं समाहूय प्रोक्तवान् सुरसत्तमः।
प्रयोग मङ्गहाराणा माचक्ष्व भरताय वै।
ततो वै तण्डुना प्रोक्तास्त्वङ्गहारान् महात्मना।
नानाकरणसंयुक्तान् व्याख्यास्यामि सरेचकान्।

इस प्रकार महेश्वर के वाक्य को सुनकर ब्रह्माजी ने कहा कि—हे भगवन्! अंगहार नृत्य का प्रयोग बतलाइये। तब शिव जी ने तण्डु को बुलाकर कहा कि तुम भरत को आंगिक अभिनय नृत्य सिखलाओ। उन्होंने मुझे जो सिखलाया उसका मैं व्याख्यान करूँगा।

अभिनव गुप्त ने अपनी व्याख्या में लिखा है कि यहाँ तण्डु नन्दिकेश्वर का ही दूसरा नाम है। जो हो कथानकों में भेद स्पष्ट है।

मनमोहन घोष द्वारा सम्पादित कलकत्ता में मुद्रित एवं नन्दिकेश्वर विरचित अभिनय दर्पण में इस प्रकार तीसरी परम्परा लिखी है। जो भरत के नाट्य शास्त्र से मिलती है।

नाट्यवेदं ददौ पूर्वं भरताय चतुर्मुखः।
ततश्च भरतः सार्धं गन्धर्वाप्सरसां गणैः॥
नाट्यं नृत्तं तथा नृत्यमग्रे शंभोः प्रयुक्तवान्।
प्रयोगमुद्धतं स्मृत्वा स्वयुक्तं तु ततो हरः॥
तण्डुना स्वगणाग्रण्या भरताय न्यदीदिशत्।
लास्य मस्याग्रतः प्रीत्या पार्वती समदीदिशत्
बुध्वाऽथ ताण्डवं तण्डो मर्त्येभ्यो मुनिरब्रवीत्

पार्वती त्वनुशास्ति स्म लास्यं बाणात्मजामुषाम्
तया द्वारवती गोप्यः ताभिः सौराष्ट्रयोषितः
एवं परम्पराप्राप्तमेव(लास्यं)लोके प्रतिष्ठितम् ।

ब्रह्माजी ने भरत को नाट्य पढ़ाया उसने शिवजी के समक्ष प्रयोग किया शिवजी ने तण्डु को आज्ञा दी कि भरत को ताण्डव सिखलाओ। इस प्रकार तण्डु से ताण्डव सीखकर मुनि ने मर्त्यलोक में प्रचार किया। और पार्वती को आज्ञा दी कि लास्य का प्रयोग सिखलाओ। पार्वती ने बाण की पुत्री उषा को लास्य प्रयोग सिखलाया। उससे द्वारिका की गोपियों ने सीखा। उनसे सौराष्ट्र देश की औरतों ने सीखा। इस तरह लास्य पृथ्वी पर आया।

संगीत रत्नाकर में शार्ङ्ग देव ने इस प्रकार नाट्य के आचार्यों की परम्परा लिखी है।

सदाशिवः, शिवा, ब्रह्मा, भरतः, कश्यपो मुनिः
मतंगो याष्टिको दुर्गाशक्तिः शार्दूल कोहलौ
विशाखिलो दत्तिलश्च कम्बलोश्वतरस्तथा
वायुर्विश्वावसू रम्भार्जुननारद तुम्बुराः
आञ्जनेयो मातृगुप्तो रावणो नन्दिकेश्वरः
स्वातिर्गुणो बिन्दुराजः क्षेत्रराजश्च राहलः ।
रुद्रटो नाम भूपालो (रुद्रसेनश्च भूपालो)
भोजभूवल्लस्तथा
परमर्दीच सोमेशो जय देवो महीपतिः ।
व्याख्यातारो भारतीये लोल्लटोद्भट शंकुकाः
भट्टाभिनव गुप्तौ च श्रीमत्कीर्तिधरोऽपरः ।

यह नामल्लेख पद्य की सुविधा से किया गया है। समय के क्रम से नहीं है। इनमें भरत का तो यह प्रस्तुत नाट्य शास्त्र है ही। यह मतंग मुनि नारद के समकालीन हैं।

मतंगस्य वचः श्रुत्वा नारदो मुनिर ब्रवीत् ।

मतंग के वाक्य को सुनकर नारद मुनि बोले। ऐसा लेख मिलता है। और तानक्रिया द्विधा तन्त्र्यामित्यादि दत्तिलेनाप्युक्तम् । तंत्री याने वीणा में तान क्रिया दो प्रकार की है इस बात को दत्तिलने भी कहा है। इससे सिद्ध होता है कि दत्तिल के बाद हुए मतंगमुनि की बनायी हुई बृहद्देशी नामक पुस्तक है जो अनन्त शयन संस्कृत ग्रन्थावली में छपी है और के० साम्बशिवशास्त्री द्वारा सम्पादित है।

कोहल भरत का पुत्र है। उसके ऊपर भरत का बड़ा भरोसा रहा है। इसके बारे में भरत ने अपने पुत्रों को जब कि उनको मानव जगत में भेज रहे थे आश्वासन दिया था कि मैंने जितना तुमको बतलाया उतना तुम प्रयोग करो बाकी अंश।

शेष मुत्तर तंत्रेण कोहलः पूरयिष्यति ।

कोहल उत्तरतंत्र के द्वारा पूर्ण करेगा। कोहल का बनाया हुआ "ताल" नामक "ग्रन्थ है जो इण्डिया लाइब्रेरी लन्दन में ताड के पत्रों में सुरक्षित है ऐसा मालूम हुआ है। जिसके मुद्रण के लिए भारत गवर्नमेण्ट से प्रार्थना करनी चाहिए।

दत्तिल भरत का पुत्र एवं शिष्य है। इसका बनाया हुआ ग्रन्थ दत्तिल नाम से अनन्त शयन ग्रन्थावलि में के० साम्बशिव शास्त्री के द्वारा सम्पादित है।

अकरोद्दत्तिलः शास्त्रं गीतं दत्तिल संज्ञया।

दत्तिल ने नाट्य शास्त्र बनाया जो दत्तिल के नाम से जाना जाता है।

इसके बारे में तथा कोहल के बारे में नाट्य शास्त्र के आरम्भ में प्रथमाध्याय में २५-२६ श्लोक में

पुत्रानध्यापयामास प्रयोगं चापि तत्त्वतः।
शाण्डिल्यं चैव वात्स्यं च कोहलं दत्तिलं तथा।

और अन्त में ३६ अध्याय ७१ श्लोक में।

कोहलादिभिरेतैर्वा वात्स्यशाण्डिल्यदत्तिलैः।
मर्त्यधर्मतया युक्तैः कञ्चित्कालमवस्थितैः॥

शाण्डिल्य वात्स्य कोहल एवं दत्तिल प्रभृति पुत्रों को तत्त्वतः यथार्थरूप में प्रयोग को पढ़ाया। वात्स्य, शाण्डिल्य, दत्तिल एवं कोहल वगैरह कुछ काल तक मर्त्यधर्म धारण करके मानव जगत् में रहे। ऐसा उल्लेख मिलता है। अहोबल शास्त्री के बनाये हुए संगीत पारिजात में दत्तिल का स्मरण किया गया है। "सोमेश्वर दत्तिल प्रभृति" इतना ही उल्लेख मिलता है।

रघुनाथ भूप के बनाये हुए संगीतसुधा में

शक्तिश्च शार्दूलक कोहलौच समीरणः काश्यप मारुतौ च।
रम्भार्जुनौ नारदतुम्बुरु च पौलस्त्यविश्वावसु दत्तिलाश्च।

इस प्रकार कोहल दत्तिल को नाट्योपयोगी संगीत के प्रसारकों में गणित किया है।

इन ग्रन्थों में नारद की चर्चा बराबर की गई है। नारद का बनाया हुआ संगीत मकरन्द नामक ग्रन्थ है। गायक वाड ओरियन्टल सीरीज बड़ौदा में छपा है।

लोल्लटोद्भट पद से लोल्लट का नाम काव्य प्रकाश में है। उद्भट का नाम भरत व्याख्यात्माओं में वह ही मिलता है। भट्टाभिनवगुप्तौ च इसमें भट्ट पद से भट्टनायक का ग्रहण है। इन्होंने हृदय दर्पण नामक ग्रन्थ भरत की व्याख्या रूप में बनाया है। अभी तक छपा नहीं है।

रसार्णव सुधाकर नाट्यशास्त्रीय विषयों का ग्रन्थ है। शिङ्ग भूपाल का बनाया हुआ है। अनन्त शयन ग्रन्थावली में गणपति शास्त्री के द्वारा सम्पादित है।

संगीत सारामृत। यह तुलजा महाराज विरचित यथा नाम तथा गुणवाला ग्रन्थ है। सुब्रह्मण्य शास्त्री द्वारा सम्पादित एवं दि म्युजिक एकेडेमी मद्रास से प्रकाशित है।

नाटक लक्षण रत्नकोष। सागर नन्दिन् का बनाया हुआ है। आक्स फोर्ड यूनिवर्सिटी लण्दन से प्रकाशित है।

रस रत्न मरीचिका उज्वलराज की बनाई हुई है।

अध्यापक श्री० रा. ना. दांडेकर एम० ए० पी० एच० डी० के द्वारा सम्पादित भारतीय विद्याभवन मुंबई से प्रकाशित है।

बालराम भरत। श्री बालराम वर्मवञ्चि महाराज प्रणीत, के० साम्बशिव शास्त्री द्वारा सम्पादित अनन्त, शयन संस्कृत ग्रन्थावली में प्रकाशित है।

भाव प्रकाशनम्। शारदा तनय की कृति है। गायक वाड ओरियन्टल सीरीज बड़ौदा से प्रकाशित के० एस० रामस्वामी शास्त्री द्वारा सम्पादित है।

नाट्य दर्पण। रामचन्द्र गुणि चन्द्रकृत गायकवाड ओरियन्टल सीरीज बड़ोदा में मुद्रित, वि. महाचार्य द्वारा सम्पादित है।

नाटक चन्द्रिका रूप गोस्वामी विरचित है।

संग्रह चूडामणि—गोविन्द विरचित। अड्यिार लाइब्रेरी से प्रकाशित स० सुब्रह्मण्य शास्त्री द्वारा सम्पादित है।

प्रताप रुद्रीय। विद्यानाथ प्रणीत। मनोरमा सीरीज में ट्रिप्लिकेन मद्रास में मुद्रित स० चन्द्रशेखर के द्वारा सम्पादित है। इसमें नाटक प्रकरण के रूप में एक प्रकरण है। जैसे साहित्य दर्पण में एक प्रकरण है।

साहित्य दर्पण विश्वनाथ विरचित है। यह काफी पठन पाठन में प्रचलित है। प्रसिद्ध ग्रन्थ है इसमें नाटकों के बारे में षष्ठ परिच्छेद है।

दश रूपक—धनञ्जय का बनाया हुआ यह ग्रन्थ रत्न है। धनिक की इसके ऊपर वृत्ति है। निर्णय सागर बम्बई में मुद्रित है। वस्तुतः नाटक शास्त्र के बाद नाटकीय विषय का प्रामाणिक एवं प्रौढ़ ग्रन्थ यही है। इसमें अपनी प्रणाली है। पठन पाठन में विरल प्रचार होने से इस पर शास्त्री लोगों का ध्यान नहीं गया है। अतः कहीं कहीं बहुत भ्रामक पाठ है। न कोई उत्तम टीका टिप्पणी है। है भी तो भ्रामक पाठ को ही लेकर उसकी तस धर दीनी चदरिया वाला ही हाल है। भगवान् विश्वनाथ की कृपा हुई तो अपने परिश्रम से इसका परिशुद्ध पाठ करके विस्तृत एवं प्रामाणिक विवृति का प्रकाशन होगा।

नाट्य शास्त्र के विषय में हमको अबतक यही सामग्री उपलब्ध हुई है। हिन्दी जगत् में भी कुछ प्रयत्न हुआ है।

## नाट्यशास्त्र के संस्करण

नाट्य शास्त्र के तीन संस्करण इस समय उपलब्ध होते हैं। एक गायकवाड़ बड़ौदा का छपा हुआ। दूसरा निर्णयसागर प्रेस, बम्बई तीसरा चौखम्बा संस्कृत सीरीज विद्याविलास प्रेस, बनारस का छपा हुआ। जिनमें बड़ौदा का संस्करण अभिनव गुप्त की अभिनव भारती नामक टीका के सहित है। जो छपा हुआ मिलता है।

एक संस्करण हिन्दी में निकला है जो केवल दो अध्याय का हिन्दी अनुवाद है। इसमें मूल और उसकी हिन्दी है। आरम्भ में भूमिका है।

## नाट्यशास्त्र का विषय

नाट्य शास्त्र में ३६ अध्याय ही को गुह्यतत्त्व कथन। ध्याय नाम से ३७ अध्याय कर लिया है। प्रत्येक अध्याय का विषय क्रमशः निरूपण करते हैं। नाट्योत्पत्ति का कथानक बतलाया है। प्रथम अध्याय में जिसमें आरम्भ में प्रतिज्ञा है।

## प्रथम अध्याय

नाट्यवेद की उत्पत्ति के विषय में मुनियों का भरत से प्रश्न। इतिहास रूप से भरत का उत्तर। देवताओं की प्रार्थना से ब्रह्माजी ने नाट्यवेद का निर्माण किया। ब्रह्माजी की आज्ञा से भरत ने शिष्यों को पढ़ाया। वे शिष्य पुत्र ही थे। उनके नाम गिनाए। वे सौ पुत्र थे। कैशिकी वृत्ति की आवश्यकता। उसके प्रयोग के लिये अप्सराओं की सृष्टि। उनके नाम। नारदादि ऋषियों को गान में नियुक्त करना। इन्द्रध्वज नाम उत्सव में दैत्यों के पराजय प्रदर्शक रूपक के प्रयोग के लिए उपक्रम। रूपक को देखकर प्रसन्न हुए देवताओं का भरतों को दान। दैत्यों को अपनी पराजय देखकर क्षोभ। नटों की वाणी वगैरह का स्तम्भन। विघ्नों की शान्ति के लिए जर्जरों को पैदा करना। विघ्नों को निरोधन करने के लिए भरत के द्वारा रंग स्थल की प्रार्थना। विश्वकर्मा के द्वारा नाट्य मण्डप का निर्माण। मण्डप की रक्षा। ब्रह्माजी के द्वारा विघ्नों को समझाना। नाट्य शब्द का निर्वचन। नाट्यस्तुति। रंग पूजा की आवश्यकता।

## द्वितीय अध्याय

इस अध्याय में प्रेक्षा गृह का लक्षण अर्थात् नाट्यशाला का निरूपण है। नाट्य मण्डप का लक्षण। उसके तीन भेद विकृष्ट चतुरस्र एवं त्र्यस्र। तीनों की लम्बाई चौड़ाई का प्रमाण। तीनों का क्रमशः ज्येष्ठ मध्यम एवं कनीयान् (अर्थात् सबसे छोटा) नामकरण। प्रमाण का निर्णय। मनुष्यों के उपयोगी नाट्यशाला का निर्माण। विकृष्ट नामक नाट्यशाला का लक्षण निरूपण। नाट्यशाला के उपयुक्त भूमि का विभाजन। वास्तु प्रमाण। गृह के नापने के लिए रस्सी के स्वरूपादि का

निरूपण। रंगगृह विभाग। शुभ समय में अभिनयोपयोगी मण्डप (स्टेज) का शिलान्यास। गायन वादन एवं नर्तन प्रयोगारम्भ के लिए मण्डप (स्टेज) की स्थापना। भित्ति का निर्माण। स्तम्भस्थापन विधि। स्तम्भों को खड़ा करना। पात्रों के वेषभूषा के लिए नेपथ्यगृह का निर्देश। मत्तवारणी अर्थात् बारहदरी का संकेत। रंग पीठ। रंगशीर्ष। लकड़ी का कार्य। भित्ति निर्माण एवं उसका लेप। चित्रकारी। चतुरश्र गृह का लक्षण। त्र्यश्रगृह का लक्षण।

## तृतीय अध्याय

इसमें रंगस्थल के देवताओं की पूजा विधि। नायक का निवास स्थान। देवतास्तुति। जर्जर पूजन। पूजाक्रम। देवताओं का स्थापन। देवताओं का पूजन। जर्जर के लिये बलि विधि, होम। नाट्याचार्य के द्वारा शुभ-शुभ परीक्षार्थ कुम्भ भेदन। रंगस्थल को प्रकाशित करने के लिए दीपकों का प्रज्वालन। रङ्ग के देवताओं की पूजा नहीं करने से विघ्न।

## चतुर्थ अध्याय

इसमें ताण्डव नृत्य का लक्षण बतलाया है। ब्रह्मा जी की आज्ञा के अनुसार अमृत मथन नामक समवकार का अभिनय। त्रिपुर दाह नामक डिम का प्रयोग। करण एवं अङ्गहारों के द्वारा प्रयोग के आरम्भ करने के पूर्व (सामाजिकों को प्रसन्न करने के लिए) रंग प्रसादन विधि। भरत को अंगहारों को पढ़ाने के लिए शिवजी के द्वारा तण्डुमुनि अर्थात् नन्दिकेश्वर को आदेश। ३२ अङ्गहारों का नाम निर्देश। करणोंके नाम निर्देश। करण का लक्षण। करणों का कार्य। १०८ करणों का स्वरूप निर्देश। १ तलपुष्पपुट २ वर्तित ३ वलितोरु ४ अपविद्ध ५ समनख ६ लीन ७ स्वस्तिकरेचित ८ मण्डलस्वस्तिक ९ निकुट्टक १० अर्धनिकुट्टक ११ कटिच्छिन्न १२ अर्धरेचितक १३ वक्षःस्वस्तिक १४ उन्मत्त १५ स्वस्तिक १६ पृष्ठस्वस्तिक १७ दिक्स्वस्तिक १८ अलातक १९ कटीसम २० आक्षिप्तरेचित २१ विक्षिप्ताक्षिप्तक २१ अर्धस्वस्तिक २३ अञ्चित २४ भुजङ्गत्रासित २५ ऊर्ध्वजानु २६ निकुञ्चित २७ मत्तल्लि २८ अर्धमत्तल्लि २९ रेचकनिकुट्टित ३० पादापविद्धक ३१ वलित ३२ घूर्णित ३३ ललित ३४ दण्डपक्ष ३५ भुजङ्गत्रस्तरेचित ३६ नूपुर ३७ वैशाखरेचित ३८ भ्रमरक ३९ चतुर ४० भुजङ्गाञ्चित ४१ दण्डरेचितक ४२ वृश्चिककुट्टित ४३ कटिभ्रान्त ४४ लतावृश्चिक ४५ छिन्न ४६ वृश्चिकरेचित ४७ वृश्चिक ४८ व्यंसित ४९ पार्श्वनिकुट्टक ५० ललाटतिलक ५१ क्रान्तक ५२ कुञ्चित ५३ चक्रमण्डल ५४ उरोमण्डलिक ५५ आक्षिप्त ५६ तलविलासित ५७ अर्गल ५८ विक्षिप्त ५९ आवर्त ६० डोलापाद ६१ विवृत्त ६२ विनिवृत्त ६३ पार्श्वक्रान्त ६४ निस्तम्भित ६५ विद्युद्भ्रान्त ६६ अतिक्रान्त ६७ विवर्तितक ६८ गजक्रीडितक ६९ तलसंस्फोटित ७० गरुडप्लुतक ७१ गण्डसूची ७२ परिवृत्त ७३ पार्श्वजानु ७४ गृध्रावलीनक ७५ संनत ७६ सूची ७७ अर्धसूची ७८ सूचीविद्ध ७९ अपक्रान्त ८०म यूरललित ८१ सर्पित

दण्डपाद ८३ हरिणप्लुत ८४ प्रेङ्खोलित ८५ नितम्ब ८६ स्खलित ८७ करिहस्तक ८८ प्रसर्पितक ८९ सिंहविक्रीडित ९० सिंहाकर्षितक ९१ उद्वृत्त ९२ उपसृत ९३ तलसंघट्टित ९४ जनित ९५ अवहित्थ ९६ निवेश ९७ एलकाक्रीडित ९८ ऊरूद्वृत्त ९९ मदस्खलितक १०० विष्णुक्रान्त १०१ संभ्रान्त १०२ विष्कम्भ १०३ उद्घट्टित १०४ वृषभक्रीडित १०५ लोलित १०६ नागापसर्पित १०७ शकटास्य १०८ गङ्गावतरण ३२ अङ्गहारों का स्वरूप निरूपण। ४ रेचक का लक्षण। पादरेचक कटीरेचक, हस्त रेचक एवं ग्रीवा रेचक का स्वरूप कथन। पिण्डी बन्धों का क्रम। ऋषियों का प्रश्न। नृत्य की आवश्यकता और प्रचार। लास्य एवं ताण्डवों के प्रयोगों का कारण। ताण्डव लक्षण। आसारित प्रयोग विधि। नर्तकी कर्म। गीत एवं छन्दकों का लक्षण। गीत गाने के समय वाद्य विधि। सुकुमार नृत्त विधि। नाचने के समय वाद्य विधि। १ स्थिरहस्तः २ पर्यस्तकः ३ सूचीविद्ध ४ अपविद्धः ५ आक्षिप्तकः ६ उद्घट्टितः ७ विष्कम्भः ८ अपराजितः ९ विष्कम्भापसृतः १० मत्ताक्रीडा ११ स्वस्तिकरेचितः १२ पार्श्वस्वस्तिकः १३ वृश्चिकापसृतः १४ भ्रमरः १५ मत्तस्खलितकः १६ मदविलसितः १७ गतिमण्डलः १८ परिच्छिन्नः १९ परिवृत्तरेचितः २० वैशाखरेचितः २१ परावृत्तः २२ अलातकः २३ पार्श्वच्छेदः २४ विद्युद्भ्रान्तः २५ उद्वृत्तकः २६ आलीढः २७ रेचितः २८ आच्छुरितः २९ आक्षिप्तरेचितः ३० संभ्रान्तः ३१ अपसर्पितः ३२ अर्धनिकुट्टकः

## पंचम अध्याय

इसमें प्रयोग के आरम्भ करने के लिए पूर्वरंग का विधान बतलाया है। पूर्वरंग के विषय में ऋषियों का प्रश्न। पूर्वरंग का लक्षण। पूर्वरंग एवं उसके अंग। बहिर्गीतोत्पत्ति। प्रत्याहार, अवतरण। आरम्भ, आश्रावणा। वक्त्रपाणि, परिघट्टना। संघोटना, मार्गासारित। आसारित, गीतक। उत्थापन, परिवर्तन नान्दी। शुष्कावकृष्टा। रङ्गद्वार चारी, महाचारी। त्रिगत, प्ररोचना। निर्गीतोत्पत्ति और उसका प्रयोजन। अंगों का प्रयोजन दैत्यों को खुश करना। शुद्ध पूर्वरंग। उत्थापनी। ध्रुवा परिवर्तन। परिवर्तनी ध्रुवा। चतुर्थकार का प्रवेश। अवकृष्टा ध्रुवा। नान्दी शुष्कावकृष्टा। रङ्गद्वार चारी। अड्डिता ध्रुवा। महाचारी। चतुरश्रा ध्रुवा। त्रिगत। प्ररोचना। पूर्वरंग उत्थापन। उत्थापनी ध्रुवा। चतुरश्र पूर्वरंग त्रिगत। प्ररोचना। पूर्वरंग शुद्ध त्र्यश्र उत्थापिनी। चित्र। नृत्यविधि। नान्दी मध्यनृत्य। नाटक का प्रारम्भ। नृत्त एवं गीत का एक भेद। स्थापक प्रवेश। पूर्वरंग की अवश्यकर्त्तव्यता। प्रक्षिप्त एवं उनकी व्याख्या।

## षष्ठ अध्याय

इसमें रस का निरूपण एवं उसके भेदों का कथन। रसके बारे में पांच प्रश्न। भरत का प्रत्युत्तर नाट्य शास्त्र के विषय का संग्रह। विषयों का परिगणन। रस निष्पत्ति सूत्र। सूत्र का विवरणात्मक भाष्य। रस और भावों में कार्यकारणभाव। रसों में उत्पाद्य उत्पादकभाव। रसों के रंग एवं देवताओं का कथन। शृङ्गार। हास्य।

करुण। रौद्र। वीर। भयानक। बीभत्स अद्भुत। रसों के बहुत से प्रकार। आठ रसों का लक्षण एवं भेद कथन। शान्त रस के स्वरूप का निरूपण। आठ रसों का उपसंहार।

## सप्तम अध्याय

इस अध्याय में भावों के व्यञ्जकों का निरूपण किया है। भाव क्या है इसका निर्देश। विभाव एवं अनुभावों का निरूपण। भावों के भेद। स्थायि-भावों की रसस्वरूपतापत्ति। रति। हास। शोक। क्रोध। उत्साह। भय। जुगुप्सा। विस्मय। आठ स्थायी भावों का निरूपण। ४९ व्यभिचारों का निरूपण। निर्वेद १ ग्लानि २ शंका ३ असूया ४ मद ५ श्रम ६ आलस्य ७ दैन्य ८ चिन्ता ९ मोह १० स्मृति ११ धृति १२ क्रीडा १३ चपलता १४ हर्ष १५ आवेग १६ जडता १७ गर्व १८ विषाद १९ औत्सुक्य २० निद्रा २१ अपस्मार २२ सुप्त २३ विबोध २४ अमर्ष २५ अवहित्थ २६ उग्रता २७ मति २८ व्याधि २९ उन्माद ३० मरण ३१ त्रास ३२ वितर्क ३३। ८ सात्विक भावों का कथन एवं उनके कार्य। स्वेद १ स्तम्भ २ कम्प ३ अश्रु ४ वैवर्ण्य ५ रोमाञ्च ६ स्वरभेद ७ प्रलय ८। सात्विकों का रसों में उपयोग। किस रस में कैसा उपयोग। शृङ्गार में १ हास्य में २ करुण में ३ रौद्र में ४ वीर में ५ भयानक में ६ बीभत्स में ७ अद्भुत में ८। स्थायी एवं संचारी का भेद कथन। रस और भावों की परस्पर व्यवस्था।

## अष्टम अध्याय

इस अध्याय में आंगिक अभिनयों का निरूपण किया गया है। उनके प्रकार एवं शैली तथा भेदों के विषय में ऋषियों का प्रश्न। अभिनय शब्द का निर्वचन। चार प्रकार का अभिनय। आंगिक अभिनय तीन प्रकार का है। नाट्य में ६ अंगों का एवं ६ उपांगों का विनियोग होता है। अभिनय की वस्तु शाखा आदि तीन भेद। शिरोभिनय के १३ प्रकार। आकम्पित एवं कम्पित के लक्षण। आकम्पित का विनियोग। कम्पित का विनियोग। धुत एवं विधुत के लक्षण। धुत का विनियोग। विधुत का विनियोग। परिवाहित एवं आधूत के लक्षण। परिवाहित का विनियोग। आधूत का विनियोग। अवधूत का लक्षण और विनियोग। अञ्चित का लक्षण और विनियोग। निहञ्चित का लक्षण और विनियोग। परावृत्त का लक्षण और विनियोग। उत्क्षिप्त का लक्षण और विनियोग। अधोगत का लक्षण और विनियोग। लोलित का लक्षण और विनियोग। प्राकृत का लक्षण और विनि-योग। ४१ प्रकार की दृष्टियाँ। रस दृष्टि १ स्थायि दृष्टि २ शृङ्गार दृष्टि ३ भीता दृष्टि ४ हास्या दृष्टि ५ करुणा दृष्टि ६ अद्भुता दृष्टि ७ रौद्री दृष्टि ८ वीर दृष्टि ९ बीभत्सा दृष्टि १० शान्ता दृष्टि ११ रति दृष्टि १२ हास दृष्टि १३ शोक दृष्टि १४ क्रोध दृष्टि १५ उत्साह दृष्टि १६ भय दृष्टि १७ जुगुप्सा दृष्टि १८ विस्मय दृष्टि १९ शून्या दृष्टि २० मलिना दृष्टि २१ श्रान्ता दृष्टि २२ लज्जान्विता दृष्टि २३ ग्लाना दृष्टि २४ शंकिता दृष्टि २५ विषादिनी दृष्टि २६ मुकुला दृष्टि २७ कुञ्चिता दृष्टि २८ अभितप्ता दृष्टि २९

जिह्वा दृष्टि ३० ललिता दृष्टि ३१ वितर्किता दृष्टि ३२ अर्धमुकुला ३३ विभ्रान्ता ३४ विप्लुता
३५ आकेकरा ३६ विकोशा ३७ त्रस्ता दृष्टि ३८ मदिरा दृष्टि ३९ मध्यमदा ४० अधम-
मदा दृष्टि ४१। शून्या, मलिना, एवं अभितप्ता का विनियोग। श्रान्ता, ललिता,
म्लाना, शंकिता, विषादिनी, मुकुला, कुञ्चिता एवं अभितप्ता का विनियोग। जिह्वा,
वितर्किता, ललिता, अर्धमुकुला, विभ्रान्ता, विप्लुता, आकेकरा, विकोशा, त्रस्ता एवं
मदिरा दृष्टियों का विनियोग। ९ प्रकार के ताराकर्म भ्रमण १ वलन २ पातन ३
चलन ४ प्रवेश ५ विवर्तन ६ समुद्वृत्त ७ निष्काम ८ प्राकृत ९। वीर, रौद्र एवं भया-
नक के ताराकर्म। प्रत्येक हास्य, बीभत्स, करुण, अद्भुत एवं शृंगार रस में तारा-
कर्म। दर्शन के आठ प्रकार सम १ साचीकृत २ अनुवृत्त ३ आलोकित ४ विलो-
कित ५ प्रलोकित ६ उल्लोकित ७ एवं अवलोकित ८। पुटकर्म के नव भेद उन्मेष १
निमेष २ प्रसृत ३ कुञ्चित ४ सम ५ विवर्तित ६ स्फुरित ७ पिहित ८ वितडित ९।
उनका रस एवं भावों में विनियोग। सात प्रकार के भ्रुकुटी कर्म उत्क्षेप १ पातन २
भ्रुकुटी ३ चतुर ४ कुञ्चित ५ रेचित ६ सहज ७। क्रमशः उत्क्षेप का, पातन का,
भ्रुकुटी का, चतुर का, कुञ्चित का, रेचित का, सहज का विनियोग। उनका रस और
भावों में विनियोग। ६ प्रकार के नासा कर्म नता १ मन्दा २ विकृष्टा ३ सोच्छ्वासा ४
विकूणिता ५ स्वाभाविकी ६। क्रमशः नता का, मन्दा का, विकृष्टा का, सोच्छ्वासा
का, विकूणिता का स्वाभाविकी का विनियोग। ६ प्रकार के गण्डक क्षाम १
फुल्ल २ पूर्ण ३ कम्पित ४ कुञ्चित ५ सम ६। इनके लक्षण और उपयोग। अधर के
६ कर्म विवर्तन १ कम्पन २ विसर्ग ३ विनिगूहन ४ संदष्टक ५ समुद्ग ६। क्रमशः
उनके लक्षण एवं विनियोग। चिबुक के ६ कर्म। कुट्टन १ खण्डन २ छिन्न ३
चुक्कित ४ लेहित ५ सम ६। चिबुक के भेदों के लक्षण एवं विनियोग। उनके लक्षण
एवं विनियोग। मुखकर्म एवं उनके लक्षण तथा विनियोग। ६ प्रकार का मुख राग
एवं उसका प्राधान्य। ९ प्रकार के ग्रीवा कर्म समा १ नता २ उन्नता ३ त्र्यस्रा ४
रेचित। ५ कुञ्चिता ६ अञ्चिता ७ वलिता ८ विवृत्ता ९।

## नवम अध्याय

इसमें उपांगों का अभिनय बतलाया गया। असंयुत हस्त। संयुत हस्त।
नृत्त हस्त। पताक १ त्रिपताक २ कर्त्तरी ३ अर्धचन्द्र ४ अराल ५ शुकतुण्ड ६ मुष्टि ७
शिखर ८ कपित्थ ९ खटका मुख १० सूचीमुख ११ पद्मकोश १२ सर्पशिरा १३
मृग शीर्षक १४ काङ्गुल १५ अलपल्लव १६ भ्रमर १७ हंस वक्त्र १८ हंसपक्ष १९
संदंश २० ऊर्णनाभ २१ ताम्रचूड २२ अन्य के मत से ताम्रचूड का लक्षण। २२ प्रकार
के असंयुत हाथों के लक्षण एवं उनके विनियोग। अञ्जलि १ कपोत २ कर्कट ३
स्वस्तिक ४ खटका वर्धमान ५ उत्संग ६ निषध ७ दोल ८ पुष्प पुट ९ मकर १० गज
दन्त ११ अवहित्थ १२ वर्धमान १३। १३ प्रकार के संयुत हस्तों के लक्षण एवं उनके
विनियोग। हस्ताभिनय की विधि। हस्तों के कर्म एवं प्रचार। हस्त कर्म में देखने
लायक अंश। उत्तम मध्यम एवं अधर्म की हस्तकर्म में विधि। हस्ताभिनय नहीं

करने के अवसर। उस अवसर पर वाचिक अभिनय का प्राधान्य। हस्त प्रचार में मतान्तर। चतुरश्र १ उद्वृत्त २ तलमुख ३ स्वस्तिक ४ विप्रकीर्ण ५ अरालखटका मुख ६ मतान्तर में उन दोनों के लक्षण, आविद्ध ७ सूचीमुख ८ मतान्तर में उनके लक्षण, रेचित ९ अर्धरेचित १० उत्तान वञ्चित ११ पल्लव १२ नितम्ब १३ केशबन्ध १४ लता १५ करिहस्त १६ पक्षवञ्चितक १७ पक्षप्रद्योतक १८ गरुडपक्ष १९ दण्डपक्ष २० ऊर्ध्वमण्डली २१ पार्श्वमण्डली २२ उरोमण्डली २३ उरः पार्श्वार्धमण्डल २४ मुष्टि स्वस्तिक २५ नलिनी पद्मकोश २६ उल्बण २७ ललित २८। २८ प्रकार के नृत्त हस्त एवं उनके प्रयोग। हस्तों के चार प्रकार के करण। आवेष्टित करण १ उद्वेष्टित करण २ व्यावर्तित करण ३ परिवर्तित करण ४। करण प्रयोग करने की जगह। सभी प्रकार के वर्तन का अर्थात् हस्तसंचालन प्रकारों का अंगुली संचालन करने के लिए मुनि का अनुग्रह। आभुग्न १ निर्भुग्न २ (मतान्तर में विनियोग) प्रकम्पित ३ उद्वाहित ४ सम ५। पाँच प्रकार के छाती के कर्म। नतपार्श्व, उन्नतपार्श्व, प्रसारित-पार्श्व, विवर्तितपार्श्व, अपसृतपार्श्वों के लक्षण। नतादि का विनियोग। ५ प्रकार के पार्श्व कर्म। क्षाम १ खल्व २ पूर्ण ३। उनके लक्षण एवं विनियोग। ३ पेट के कर्म। मतान्तर में क्षाम १ खल्ल २ सम ३ पूर्ण ४। चार पेट के कर्म। छिन्ना १ निवृत्ता २ रेचिता ३ कम्पिता ४ उद्वाहिता ५। इनके लक्षण, विनियोग एवं प्रयोजन। ५ कटी कर्म। कम्पन १ वलन २ स्तम्भन ३ उद्वर्तन ४ विवर्तन ५। इनके लक्षण एवं विनि-योग। लोक व्यवहार के अनुसार और भी भेद हो सकते हैं। उनको स्वयं समझें। ५ ऊरु कर्म। आवर्तित १ नत २ क्षिप्त ३ उद्वाहित ४ परिवृत्त ५। इनके लक्षण एवं विनियोग। ५ जंघा कर्म। उद्घट्टित १ सम २ अग्रतलसञ्चर ३ अञ्चित ४ कुञ्चित ५। इनके लक्षण एवं विनियोग। समपाद को स्थिर पाद भी कहते हैं। पादरेचित में चलित संज्ञा इसकी है। यह समपाद प्रयोग के अनुसार त्र्यश्रपाद कहलाता है। जंघोरुकृत एक और भेद बतलाया है। उद्घट्टित १ सम २ अग्रतल संचर ३ अञ्चित ४ कुञ्चित ५ पादकर्म। पाद, जंघा एवं उसके करणों का सामरस्य।

## दशम अध्याय

इस अध्याय में चारी का विधान कहा गया है। चारी शब्द का निर्वचन। व्यायाम। चारी, करण, के लक्षण। अभिनय में मण्डल, चारी का प्राधान्य। सोलह भौम चारियों, सोलह आकाश चारियों के नाम समपादा १ स्थितावर्ता २ शकटास्या ३ अध्यर्धिका ४ चाषगति ५ विच्यवा ६ एलकाक्रीडिता ७ बद्धा ८ ऊरुद्वृत्ता ९ अड्डिता १० उत्स्यन्दिता ११ जनिता १२ स्यन्दिता १३ अपस्यन्दिता १४ समोत्सरित मत्तली १५ मत्तल्ली १६ ये भौम चारियाँ हैं। अतिक्रान्ता १ अपक्रान्ता २ पार्श्व-क्रान्ता ३ ऊर्ध्वजानु ४ सूची ५ नूपुरपादिका ६ दोलपादा ७ आक्षिप्ता ८ आविद्धा ९ उद्वृत्ता १० विद्युद्भ्रान्ता ११ अलाता १२ भुजंगत्रासिता १३ हरिणप्लुता १४ दण्डपादा १५ भ्रमरी १६ ये आकाश चारियां हैं। उपाङ्गसामरस्य चारीविधि। स्थान के छः भेद वैष्णव १ सम २ वैशाख ३ मण्डल ४ आलीढ ५ प्रत्यालीढ ६। इनके लक्षण एवं विनियोग। शस्त्र मोक्षण। न्याय उसका लक्षण एवं प्रयोग। प्रविचार लक्षण।

भारत, सास्वत, वार्धाण्य, कैशिक प्रविचार। प्रहरण में अकर्त्तव्य। नाट्य में शस्त्र लक्षण प्रयोग विधि। सौष्ठव प्राधान्य। सौष्ठव लक्षण। चतुरश्र लक्षण। धनुष के प्रयोग में चार प्रकार के करण। व्यायाम विधि। नस्य विधि। आहार विधि। व्यायाम करने के अयोग्य समय। व्यायाम नियम।

## ग्यारहवाँ अध्याय

इस अध्याय में मण्डलों के भेद बतलाये हैं। दश प्रकार के आकाश मण्डल। दश भौम मण्डल। मण्डलों के नाम। अतिक्रान्त १ विचित्र २ ललितसञ्चार ३ सूची विद्ध ४ दण्डपाद ५ विहृत ६ अलातक ७ वामविद्ध ८ ललित ९ क्रान्त १०। ये दश आकाश मण्डल हैं। भ्रमर १ आस्कन्दित २ आवर्त्त ३ समोत्सरित ४ एल (ड) का क्रीडित ५ अड्डित ६ शकटास्य ७ अध्यर्धक ८ पिष्टकुट ९ चाषगत १०। ये दश भौम मण्डल हैं। प्रयोग विधियाँ। सम। इस मण्डल का सम्प्रदाय के अनुसार प्रयोग करना चाहिए।

## बारहवाँ अध्याय

इसमें गति प्रचार है। पात्रों के रंग प्रवेश की विधि। पादपात विधि। गति में लय विधि। उत्तम पात्रों की स्वाभाविक गति। उत्तम पात्रों की एवं उनके परिवार की गति का निरूपण। देवताओं की गति। राजाओं की गति के विषय में संशय होने पर ऋषियों का प्रश्न, उसका समाधान। राजाओं का देवताओं के अनुकरण में दोषहीनता। सम्भ्रम, उत्पात एवं रोष में उत्तम मध्यम एवं अधम प्रकृतियों की गति। जड़ों की गति। ज्वरार्त्त, तपः श्रान्तों की गति। शृङ्गारादि रसों के अनुकूल गति। शृंगार एवं शोक में गति। अस्वस्थ कामी की गति। आवेगादि में गति के नियम। शृङ्गारिणी गति। स्वस्थकामित, प्रच्छन्नकामित में गति। रौद्र रस में गति। उसका त्रैविध्य। बीभत्स रस में गति। वीर रस में गति। विस्मय रस में गति। हास्य रस में गति। करुण रस में गति। स्त्रियों एवं अधम पुरुषों की करुण रस में समान गति। गाढ प्रहार में गति। शीताभिभूत की गति। वर्षा में दौड़ने वाले की गति। भयानक रस में गति। वणिक्, यति, लिङ्गी, व्रती, पाशुपत की गति। अन्धेरे में चलने के समय गति। रथ, एवं विमान की गति। आरोहण अवरोहण में गति। आकाश में जाने, आकाश से गिरने में गति। प्रासाद के आरोहण अवरोहण में गति। जल में गति। तैरने में गति। नौकास्थ की गति। नदी से अवतरण में गति। केवल अनुभावों से गति का सूचन। अश्व के यान में गति। पन्नग गति। विट, कञ्चुकी, वृद्ध, कृश, व्याधि, ग्रस्त, दूर के मुसाफिर, मत्त, उन्मत्त, खञ्ज, पङ्ग वामन की गति। विदूषक के अङ्ग हास्य में, काव्य हास्य में, नेपथ्य हास्य में एवं स्वभाव में गति। अधम, चेट, शकार, पुलिन्द, पक्षी, नरसिंह, एवं स्त्रियों की गति। आयत स्थान, अवहित्थ स्थान अश्वक्रान्त एवं इनके विनियोग। स्त्रियों की स्वाभाविक गति। रंग पीठ की परिक्रमा में गति। पादपात में नियम। स्थानीया

की गति। प्रेष्य की गति। अर्ध नारी की गति। बालकों की गति। नपुंसकों की गति। पुरुष के अभिनय दिखाने में स्त्रियों की गति। स्त्रियों के अभिनय दिखाने में पुरुषों की गति। भिन्न भिन्न जाति वालों की गति। लिंगस्था की गति। स्त्रियों के लिए उद्धतचारी एवं अंगहारों का निषेध। आसन विधि। शयन में आसन विधि। चिन्तित की। मूर्छा आदि में। व्याधिग्रस्त, लज्जित एवं निद्रित की। पितृकार्य में। प्रिया के प्रसादन में। होम करने में। देवयात्रा में। रूठे हुये के मनाने में। शोकादि नाना अवस्थाओं में। सिंहासन। वेत्रासन। कुशासन। काष्ठासन। मुण्डासन। स्त्रियों का आसन। मसूरिका आसन। भूम्यासन। होमादि में आसन। स्थानीय लोगों के लिए आसन विधि। समकक्ष एवं मध्य श्रेणी के लोगों के लिए भूमि में आसन के नियम। सहासन के नियम। शयन कर्म। आकुञ्चित। सम। प्रसारित विवर्तित। उद्वाहित नत।

## तेरहवाँ अध्याय

इसमें स्थान विभाग प्रदर्शन किया है। बाह्य एवं आभ्यन्तर स्थानों का विभाग। पहले आनेवाले एवं बाद में आनेवालों का रंगाभिमुख विधान। पूर्वदिग्लक्षण। प्रवेश एवं निष्क्रमण की विधि। भारत वर्ष में कक्ष्या विभाग भारत से भिन्न देशों में कक्ष्या विभाग। दूर एवं नजदीक की भूमिका विभाग। विकृष्ट (दूर) जाने में प्रवेशक एवं अंकच्छेदका अवसर। अंकच्छेदक के लिए समय का नियम। हिमवान् पर्वत पर रहने वालों का निदर्शन। निषध पर्वत निवासियों का। नील एवं श्वेत पर्वत पर रहने वालों का। श्रृंगवान् पर निवास करने वालों का। भिन्न-भिन्न द्वीपों में रहने वालों की कक्ष्या विधि। देवताओं का भी मनुष्य भाव। आङ्गिक अभिनय का प्राधान्य। चार प्रकार की प्रवृत्तियाँ। प्रवृत्तिलक्षण। दाक्षिणात्या प्रवृत्तिके देश। आवन्तिकी प्रवृत्तिके देश। उड्रमागधी के देश। इसको राजशेखर ने ओण्ड्रमागधी नाम से लिखा है। पाञ्चालमध्यमा के देश। प्रदक्षिण अप्रदक्षिण प्रवेश। दाहिने एवं बायें से प्रवेश। प्रवृत्ति के भेद से द्वार का भेद। प्रवृत्तियों में विलक्षणता। प्रवृत्ति की योजना। प्रयोग के दो भेद। आविद्ध प्रयोग। आविद्ध प्रयोग के आश्रयीभूत रूपक। सुकुमार प्रयोगों का निर्देश। विदिशा में प्रयोग की व्यवस्था। दो प्रकार की धर्मी। अभिनयों के भेद से लोकधर्मी एवं नाट्यधर्मी। नाट्य धर्मी।

## चौदहवाँ अध्याय

इसमें वाचिक अभिनय एवं छन्दों का विधान है। वाचिक अभिनय का प्राधान्य। वाणी के विभाग। दो तरह का पाठ्य। संस्कृत पाठ्य का लक्षण और उसके अंग। अक्षरों का विभाग। उनके स्थान। घोष एवं अघोष वर्ण। शब्द का लक्षण। आख्यात। उपसर्ग। निपात प्रत्यय। तद्धित। विभक्ति। सन्धि। समास। चूर्ण पदलक्षण। निबद्धपदलक्षण। सम, अर्धसम एवं विषम भेद से तीन

प्रकार के वृत्त। दो प्रकार के निबन्ध। छन्द और उसके विभाग। छन्द एवं शब्द का परस्पर सम्बन्ध। छन्द नाट्य का उद्योतक। उक्तादि २६ छन्दकी जातियों और उनमें एकाक्षरादिक्रम से षड्विंशतिपर्यन्त अक्षरों वाले छन्दो का विधान। माला-वृत्त लक्षण। वार्णिक वृत्तों का निदर्शन। गायत्री में वृत्तों की संख्या। उष्णिक् में। अनष्टुभ में। बृहती में। पंक्ति में। त्रिष्टुप् में। जगती में। अतिजगती में। शक्वरी अतिशक्वरी, अष्टि, अत्यष्टि में। धृति में। अतिधृति में। कृति में। प्रकृति में। आकृति में। विकृति में। संकृति में। अभिकृति में। उत्कृति में। सब मिला-कर वृत्तों की। १३४२१७७२६ तेरह करोड़ ४२ लाख १७ हजार ७ सौ २६ संख्या। (मगण, नगण, भगण, यगण, जगण, रगण, सगण एवं तगण इस तरह) गण-विभाग। गुरु लघु के लक्षण। गायत्री आदि छन्दों जातियों में त्रिक गणों की संख्या। स्वराट् एवं विराट् का विभाग। भुरक् का लक्षण। निवृत् या निवृत का लक्षण। छन्दों के विषय में विधि। सम्पल्लक्षण। विराम (यति) का लक्षण। (स्वराट्, विराट्, भुरिक् एवं निवृत् या निचृत् इन वैदिक छन्दों में ही सम्पन् का सम्भव है लौकिक में नहीं है। छन्दो का स्थान विभाग। मन्त्र के भेद से शरीर एवं दिशा रूप आश्रय का भेद। छन्दों के श्वेतादि वर्ण। मतान्तर से भुरक् स्वराट् आदि के लक्षण। छन्दों का दिव्य, अदिव्य एवं दिव्यमानुष स्वरूप। नष्ट एवं उद्दिष्टका नाम्ना निर्देश। प्रस्तार विधि। आठ छन्दों का प्रस्तार। गणों का कथन। गुरु लघु विभाग एवं यति। गणों के द्विव्यादि तीन भेद। मात्रिक छन्दों के प्रस्तार में भेद। आर्या, गीति एवं वैतालीय छन्दों में मात्रागण। उद्दिष्ट ज्ञान एवं नष्ट ज्ञान के उपाय। प्रस्तार विधि। नष्टोद्दिष्ट विधि। छन्दों का संग्रह।

## पन्द्रहवाँ अध्याय

इसमें उदाहरण के सहित वृत्तों का निरूपण है। तनुमध्या सोदाहरणा। मकरशीर्षा। मालिनी। मालती। उद्धता। भ्रमरमाला। सिंहलेखा। मत्तचेष्टित। विद्युन्माला। चित्तविलासित। मधुकरी। उत्पलमाला। शिखिशारिणी। दोधक। मोटक। इन्द्रवज्रा। उपेन्द्रवज्रा। रथोद्धता। स्वागता। शालिनी। तोटक। कुमुद-प्रभा। चन्द्रलेखा। प्रमिताक्षरा। वंशस्था। हरिणप्लुता। कामदत्ता। अप्रमेया। पद्मिनी। पुटवृत्त। प्रभावती। प्रहर्षिणी। मत्तमयूरक। वसन्ततिलका। असम्बाधा। शरभा। नान्दीमुखी (मालिनी) मत्तेभललित (गजविलसित) प्रवरललित। शिखरिणी। वृषभचेष्टित। हरिणी। श्रीधरा। वंशपत्र पतित। विलम्बितगति। चित्रलेखा। शार्दूलविक्रीडित। सुवदना। स्रग्धरा। मद्रक। अश्वललित। मेघ-माला। क्रौञ्चपादी। भुजग विजृम्भित। दण्डक। विषमवृत्त लक्षण। अर्ध समवृत्त लक्षण। पथ्यालक्षण। अनुष्टुप्चपला। अनुष्टुप् विपुला। वक्त्र। वानवासिका। केतुमती। अपरवक्त्र। पुष्पिताग्रा। उद्गता। ललिता। पाँच प्रकार की आर्या। आर्याओं का सामान्य लक्षण। आर्याओं में यति नियम। पथ्याविपुला लक्षण। चपला। मुखचपला। जघन चपला। आर्याओं का प्रस्तार।

## सोलहवाँ अध्याय

इसमें ३६ प्रकार के लक्षणों के नाम बतलाये गये हैं। विभूषण का लक्षण १ अक्षरसंघात २ शोभा ३ अभिमान ४ गुण कीर्त्तन ५ प्रोत्साहन ६ उदाहरण ७ निरुक्त ८ गुणानुवाद ९ अतिशय १० हेतु ११ सारूप्य १२ मिथ्याध्यवसाय १३ सिद्धि १४ पदोच्चय १५ आक्रन्द १६ मनोरथ १७ आख्यान १८ याच्ञा १९ प्रतिषेध २० पृच्छा २१ दृष्टान्त २२ निर्भासन २३ संशय २४ आशीः २५ प्रियवचन २६ कपट २७ क्षमा २८ प्राप्ति २९ पश्चात्ताप ३० अनुवृत्ति ३१ उपपत्ति ३२ युक्ति ३३ कार्य ३४ अनुनय ३५ परिदेवन ३६ अलंकार। उपमा लक्षण। ५ प्रकार की उपमा प्रशंसोपमा। निन्दोपमा। कल्पितोपमा। सदृश्युपमा। किञ्चित् सदृशी। रूपक, दीपक। यमक। यमक १० प्रकार का है। १ पादान्तयमक २ काञ्चीयमक ३ समुद्र यमक ४ विक्रान्त यमक ५ चक्रवाल यमक ६ सन्दष्टयमक ७ पादादि यमक ८ पादान्त यमक ९ चतुर्व्यवसित १० मालायमक। १० काव्य के दोष हैं। १ गूढार्थ २ अर्थान्तर ३ अर्थहीन ४ भिन्नार्थ (मतभेद से भिन्नार्थ) ५ एकार्थ ६ अभिप्लुतार्थ ७ न्यायादपेत ८ विषम ९ विसन्धि १० शब्दच्युत। ये दश दोष एवं इनके क्रमशः लक्षण। १० प्रकार के गुण। माधुर्य औदार्य रूप गुण का लक्षण। १ श्लेष २ प्रसाद ३ समता ४ समाधि ५ माधुर्य ६ ओज ७ सौकुर्य ८ अर्थव्यक्ति ९ उदारता। १० कान्ति। दश गुण एवं इनके क्रमशः लक्षण। अलंकार वगैरह का रसों में विनियोग। ह्रस्व, दीर्घ एवं प्लुत अक्षरों का रसों में प्रयोग। नाट्य में समुचित शब्द का प्रयोग। काव्य रचना में शब्द माधुर्य। पाठ्य में अक्षर विधि। अनुबन्ध में अनुष्टुप् पाठ के अनुसार लक्षण। भूषणादिक नाम निर्देश। १ भूषण २ अक्षर संघात ३ शोभा ४ उदाहरण ५ हेतु ६ संशय ७ दृष्टान्त ८ प्राप्ति ९ अभिप्राय १० निदर्शन ११ निरुक्त १२ सिद्धि १३ विशेषण १४ गुणातिपात १५ अतिशय १६ तुल्यतर्क १७ पदोच्चय १८ दृष्ट १९ उपदिष्ट २० विचार २१ विपर्यय २२ भ्रंश २३ अनुनय २४ माला २५ दाक्षिण्य २६ गर्हण २७ अर्थापत्ति २८ प्रसिद्धि २९ पृच्छा ३० सारूप्य ३१ मनोरथ ३२ लेश ३३ क्षोभ ३४ गुणकीर्तन ३५ अनुक्तसिद्धि ३६ प्रियोक्ति।

## सतरहवाँ अध्याय

इसमें भाषा के लक्षण, उनके नियम एवं काकुस्वरूप कथन। प्राकृतपाठ्य के लक्षण। तीन प्रकार के प्राकृतपाठ्य। विभ्रष्ट प्राकृत सामान्य के रूप। जिनमें अक्षर संयुक्त नहीं हैं ऐसे भ्रष्ट रूपों के साधक सूत्र। जिनमें अक्षर संयुक्त हैं ऐसे भ्रष्ट रूपों के साधक सूत्र। मागधी। आवन्ती। सूरसेनी प्रयोग। संस्कृत शब्दों के प्राकृत में रूपान्तरीकरण के नियम और उसके उदाहरण। चतुर्विध देशभाषा। अति भाषा १ आर्य भाषा २ जातिभाषा ३ योन्यन्तरी भाषा ४ जाति। भाषा के अधीन दो तरह का पाठ्य। नायक के अनुगुण पाठ्य। संस्कृत का अप्रयोग। प्राकृत पाठ्य के कारण का निर्देश। उत्तम पात्र को भी आवश्यकतावश प्राकृत करना पड़ता है। कार्य में शुभाशुभ लक्षण। राजपत्नी के लिए संस्कृत पाठ्य।

वेश्या एवं अप्सराओं को संस्कृत में बातचीत करना। स्त्रियों का पाठ्य। बर्बर किरात वगैरह के पाठ्य में भाषा का नियम। सात प्रकार की भाषाओं के प्रयोग का विधान। दाक्षिणात्या। शकार भाषा। बनचरों में भाषा की विधि। देशभेद से अक्षरों में बाहुल्य। नकार बहुला भाषा। चकार बहुला। उकार बहुला। ओकार बहुला। विभिन्न देशवासियों के पाठ्य में भाषा विधान के नियम। पात्रों की सम्बोधन में विधि। भगवच्छब्द का प्रयोग। आर्य एवं तात आदि का प्रयोग। राजाओं का सम्बोधन। पात्रों को नाम से पुकारना। मार्ष, मारिष एवं भाव शब्द का प्रयोग। आयुष्मान् एवं साधु शब्दों का प्रयोग। शिष्य एवं सुत को सम्बोधन करने का क्रम। शाक्य वगैरह का कहने का प्रकार। भृत्यादि के द्वारा राजाओं को कहने का क्रम। नायकों का स्त्रियों के साथ। स्त्रियों का नायिकों के साथ बोलने का क्रम। काव्य में नाम का विधान अर्थात् किसको किस नाम से पुकारना। स्त्रियों को बुलाने के लिए पुकारने के लिए नामों का क्रम। पाठ्यविधान।

नाट्य में पात्रों की संभाषण विधि। पात्रों के नाम कहने की विधि। पाठ्य गुण। सात स्वर उनका रसों में विनियोग। तीन स्थान उनका पाठ्य में संप्रयोग। काकु भेद। चरः काकु। उसका दीपन और शमन। उदात्त आदि चार वर्ण और उनका रसों में विनियोग। दो प्रकार की काकु उनके लक्षण और रसों में विनियोग। ६ अलंकार उनके लक्षण और उनका रसों में विनियोग। ६ अङ्ग, उनका रसों में विनियोग। विराम के भेद लक्षण। उनका अभिनय में उपयोग। पाठ्य में हस्त-प्रचार। विराम के नियम एवं उसमें कृष्य अक्षर। वे मौके विराम काकु। स्वर एवं अलंकार से युक्त पाठ्य।

## अट्ठारहवाँ अध्याय

इसमें दश रूपकों का लक्षण बतलाया गया है। रूपकों के नाम एवं उनके लक्षण। सब रूपकों की माता वृत्तियाँ। नाटक एवं प्रकरण में सम्पूर्ण वृत्तियाँ। कैशिकी रहित रूपक। नाटक लक्षण। अंक लक्षण। अंकों के बनाने का नियम। अंकों में वस्तुओं के विभाजन की विधि। प्रवेशक विधान। अंक में समय का नियम। प्रवेश के विधान का अवसर। अंकों में प्रत्यक्ष प्रयोग के अयोग्य। अंक में नायकवध का निराकरण। अंक में जनसंघ का निराकरण। काव्यों में उत्तरोत्तर उदात्तत्व। नाटक के अन्त में अद्भुत रस का निर्वाह। प्रकरण लक्षण। प्रकरण शब्द का निर्वचन। प्रकरण में वर्जनीय नायक चरित्र आदि। प्रकरण में वर्णनीय नायक। वेश्या के नायिकात्व में विधि। प्रकरण में वेश्या एवं कुलांगनाओं की भाषण विधि। विष्कम्भक विधान। नाटिका लक्षण। समवकार लक्षण। विद्रव लक्षण। तीन प्रकार के कपटों का निरूपण। तीन प्रकार के शृंगारों के लक्षण। ईहामृग लक्षण। डिम लक्षण। व्यायोग लक्षण। उत्सृष्टिकांक लक्षण। प्रहन लक्षण। भाण लक्षण। वीथी का लक्षण एवं उसके १३ अंग। उद्घात्यक का लक्षण।

अवलगित का। अवस्पन्दित का। नाली का। असत्प्रलाप का। वाक्केली का प्रपंच। मृदव। अधिवल। छल। त्रिगत। व्याहार। गण्ड। इनके लक्षण।

## उन्नीसवाँ अध्याय

इतिवृत्त के दो भेद। पाँचों संधियों में विभक्त इतिवृत्त के भेद। पाँच अवस्थाएँ। फलारम्भ। प्रयत्न। प्राप्तिसंभव। फलप्राप्ति। फलयोग। सन्धिभेद। लोपत्रय। पाँच अर्थप्रकृतियाँ। बीज। बिन्दु। पताका। प्रकरी। कार्य। इनके लक्षण। अनुसन्धि। इनकी व्यवस्था। पताका स्थानक। पाँच संधियां। मुख। प्रतिमुख। गर्भ। विमर्श। निबर्हण ये पाँच संधियाँ एवं इनके लक्षण। दशरूपकों में संधि व्यवस्था। भिन्न २ संधियों के अंग की कल्पना। सन्ध्यङ्गों का प्रयोजन। भिन्न२ सन्धियों के अंग एवं उनके लक्षण। उपक्षेप। परिकर। परिन्यास। विलोभन। युक्ति। प्राप्ति। समाधान। विधान। परिभावना। उद्भेद। करण एवं भेद ये १२ मुख संधि के अंग और उनके लक्षण। विलास। परिसर्प। विधुत। तापन (शम) नर्म। नर्म द्युति। प्रगयण। (प्रगमन) निरोध। पर्युपासन। पुष्प। वज्र। उपन्यास। वर्णसंहार। ये १३ प्रतिमुख संधि के अंग और इनके लक्षण। अभूताहरण। मार्ग। रूप। उदाहरण। क्रम। संग्रह। अनुमान। प्रार्थना। आक्षिप्त। तो (त्रो) टक। अधिवल। उद्वेग। विद्रव। ये १३ गर्भ संधि के अंग और इनके लक्षण हैं। दशरूपक में ये १२ दिखाये हैं। प्रार्थना एवं विद्रव ये दो नाम नहीं दिये हैं। विद्रव के स्थान पर संभ्रम नाम दिया है। एक ही चीज है। प्रार्थना अधिक है।

अपवाद। संफेट। विद्रव। शक्ति। व्यवसाय। प्रसंग। द्युति। खेद। निषेधन। विरोधन। आदान। छादन। प्ररोचना। व्यवहार। युक्ति। ये १५ विमर्श संधि के अंग हैं। अवमर्श भी इसी का नाम है। दशरूपक में १३ माने हैं। खेद, छादन एवं निषेधन ये नाम नहीं दिये हैं। द्रव, छलन एवं विचलन ये नाम दिये हैं। व्याहार तथा युक्ति ये अधिक हैं। साहित्य दर्पणकार ने १३ माने हैं। खेद, प्रतिषेध एवं छादन नाम दिये हैं। अन्य नाम नहीं दिये हैं। संधि। निरोध। ग्रथन। निर्णय। परिभाषण। द्युति। प्रसाद। आनन्द। समय। उपगूहन। भाषण। पूर्ववाक्य। काव्य संहार। प्रशस्ति। ये १३ निर्वहण संधि के अंग हैं। यहाँ द्युति नाम दिया है। और दशरूपककार एवं साहित्यदर्पणकार ने कृति नाम दिया है। ये ६४ ही अंग हैं। प्रार्थना, व्यवहार एवं युक्ति अधिक हैं। सन्धियों के अनुसार रसभाव की अपेक्षा से अंगों की कर्त्तव्यता। सामदानादि २१ और संधियों का निरूपण। अंगों के प्रयोग की शैली। अर्थ का उपक्षेप करने वाले पाँच विष्कम्भक वगैरह का स्वरूप कथन। विष्कम्भक। चूलिका। प्रवेशक। अंकावतार। अंक मुख। भाणवत्प्रयोज्य लास्य के १२ अंग। गेयपद। स्थित पाठ्य। आसीन। पुष्पगंडिका। प्रच्छेदक। त्रिमूढक। सैन्धवक। द्विमूढक। उत्तमोत्तमक। उक्तप्रत्युक्त। चित्रपद। भाविक। नाटक लक्षण। नाट्यस्वरूप कथन। नाटक के विषय में कथं कर्त्तव्योपदेश। उसके लिए लोक स्वभाव एवं लोक भाषाओं की समीक्षा।

## बीसवाँ अध्याय

इसमें वृत्तियाँ बतलाई गई हैं। वृत्तियों का समुत्थान भारती प्रभृति वृत्तियों का निर्माणार्थ समारम्भ। वेदों से वृत्तियों की उत्पत्ति। भारती वगैरह वृत्तियों का भेद प्रभेद। वाग्भूयिष्ठा भारती। सत्त्वस्वरूपा सात्वती। विचित्रवेषा कैशिकी। नानाचारी आरभटी। न्याय। भारती वगैरह की ऋगादि से समुत्पत्ति। भारती का लक्षण। भारती के भेद। प्ररोचना। आमुख। पाँच आमुख के अंग। उद्घात्य। कथोद्घात। प्रयोगातिशय। प्रवृत्तक। अवलगित। सात्वती लक्षण। सात्वती के भेद। उत्थापक। परिवर्त्तक। संलापक। संघात्यक। कैशिकी लक्षण। कैशिकी के चार भेद। नर्म। नर्मस्फुञ्ज। नर्मस्फोट। नर्मगर्भ। त्रिविधनर्म। आरभटीलक्षण। संक्षिप्तक। अवपात। वस्तूत्थापन। संफेट। वृत्तियों का रस में प्रयोग।

## ईक्कीसवाँ अध्याय

आहार्य अभिनय का निर्देश। वेष भूषा वगैरह के आश्रय से निर्मित आहार्य अभिनय का स्वरूप कथन। नेपथ्य एवं उसके चार प्रकार। पुस्त। अलंकार। अंग रचना। संजीव। तीन प्रकार का पुस्त। संधिम। व्याजिम। वेष्टिम। पंच विध। माल्य। चार प्रकार के आभरण। आवेध्य। बन्धनीय। क्षेप्य आरोप्य। चूडामणि वगैरह शिर के भूषण। कर्णाभरण। कंठ एवं अंगुलि के भूषण। मणिबन्ध भूषण। कूर्पर (बाजू कोहनी) के भूषण। छाती के भूषण। कटिभूषण। देवता की स्त्रियों का भूषण। लघु भूषण। वेष्टितादि माल्यविधि। विद्याधरियों के। यक्षियों के। नागस्त्रियों के। मुनि कन्याओं के। सिद्धांगनाओं के। गन्धर्वियों के। राक्षसियों के। देवांगनाओं के। नागर स्त्रियों के। आवन्तियों के। आभीरी वगैरह के भूषण। पुरुषों के भिन्न २ भूषण। स्त्रियों के भिन्न भूषण। नाट्य में भाव एवं रस के अनुसार भूषणों का प्रयोग। नाट्य में अधिक भूषणों का निषेध। दिव्याङ्गनाओं की भूषण विधि। मानवीयों के लिए भूषण प्रकार। देश काल अवस्था के अनुसार भूषण। मलिन वेष। उपवर्ण। वर्त्तन (उबटन)। परभावप्रवेश। पर्वतों का स्त्रीभाव। पर्वत, नदी, समुद्र, वाहन एवं शस्त्रों की प्राणिसंज्ञा। वर्ण विधि। भिन्न २ द्वीपवासियों राजा एवं ऋषि आदि का वर्ण परिवर्त्तन। वेष के समाश्रय का प्रभाव। देवादि प्राणियों का उल्लेख। देवादि की अंग रचना। मनुष्यों की वर्ण विधि। मनुष्यों का श्मश्रुकर्म और उसके भेद। वेष विधि। तीन प्रकार का आच्छादन। तीन प्रकार का वेष। तापस वेष। सांग्रामिक वेष। पुरुषों का एवं स्त्रियों का वेष। मनुष्यों की मुकुट धारण विधि। अर्ध मुकुट विधि। शिर के साधन का प्रकार, धूर्त, शृंगारी एवं बालकों के केश। सजीव लक्षण। नाट्य में आयुधों की विधि। उनके नाम एवं लक्षण। जर्जर का लक्षण एवं उसके स्थापन की विधि। दण्डकाष्ठ के लक्षण। नाटकों में पटी प्रयोग। लोह के उपकरणों का निषेध। नाट्य के उपकरणों का नाम। घटा। प्रतिशीर्षक। अवदु। उपकरणों से वस्त्र एवं मुकुट का निर्माण। आभरण की विधि। नाट्य में शस्त्र का विधि।

## बाईसवाँ अध्याय

इसमें सामान्य अभिनय का निरूपण किया है। अभिनय में सत्व की प्रधानता। श्रेष्ठ, मध्य एवं अधम अभिनय। नाटकीय रस अलंकार। यौवन में अंगजनित तीन अलंकार। भाव, भावाश्रय हाव एवं हेला। स्त्रियों के लीलादि स्वाभाविक १० अलंकार। लीला। विलास। विच्छित्ति। विभ्रम। किलकिञ्चित। मोट्टायित। कुट्टमित। बिब्बोक। ललित। विहृत। ये और इनके लक्षण। अयत्नज ७ अलंकार। शोभा। कान्ति। दीप्ति। माधुर्य धैर्य। प्रागल्भ्य। औदार्य। ये नाम और इनके लक्षण। पुरुष में रहने वाले सत्व जनित ८ अलंकार। शोभा। विलास। माधुर्य। स्थैर्य। गाम्भीर्य। ललित। औदार्य। तेज। ये ८ नाम और इनके लक्षण। शारीर ६ प्रकार का अभिनय। वाक्य। सूची। अंकुर। शाखा। नाट्यायित। निवृत्यंकुर। ये ६ नाम और इनके लक्षण। अभिनयात्मक अलंकार। आलाप। प्रलाप। विलाप। अनुलाप। संलाप। अपलाप। सन्देश। अतिदेश। निर्देश। व्यपदेश। उपदेश। अपदेश। ये १२ नाम और इनके लक्षण। अभिनय प्रयोजक ७ सातमार्ग। प्रत्यक्ष। परोक्ष। भूत। भविष्यन्। वर्त्तमान काल। आत्मस्थ। परस्थ। ये सात नाम एवं लक्षण। सामान्याभिनय। बाह्य आभ्यन्तर नाट्य। बाह्य, आभ्यन्तर शब्दों के अर्थ एवं तत्सम्बन्धी नाट्यों का प्रयोग। शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध का अभिनय। अभिनय में मनका प्राधान्य और उसके तीन प्रकार के भाव। इष्ट, अनिष्ट एवं मध्य। आत्मस्थ एवं परस्थ काम एवं उसके भेद। शृंगार। स्त्रियाँ सुख की मूल हैं। देव, मनुष्य, पशु पक्षी वगैरह प्रायः सभी जीवों की स्त्रियों के शील का निरूपण। देव शीला अंगना। आसुरशीला। गन्धर्व शीला। राक्षस शीला। नाग शीला। शकुनशीला। पिशाच शीला। यक्षशीला। व्यालशीला। मनुष्य शीला। वानरशीला। हस्तिशीला। मृगशीला। मत्स्य शीला। उष्ट्रशीला। मकरशीला। खरशीला। सूकरशीला। हयशीला। महिषशीला। अजशीला। श्वशीला। गोशीला। ये २३ नाम और इनके लक्षण। कामोपचार के दो भेद। आभ्यान्तर और बाह्य। राजाओं के आभ्यन्तर काम का प्रयोग नाटक में दिखाना चाहिए। वेश्याओं के बाह्य काम का प्रयोग प्रकरण में दिखाना चाहिए। स्त्रियों की बाह्य, आभ्यान्तर एवं बाह्याभ्यान्तर मिश्रित तीन प्रकार की प्रकृति। कुलीना आभ्यन्तरा प्रकृति। वेश्या बाह्य प्रकृति। कृतसंस्कारा मिश्रा। अन्तःपुर के लिए कुलीना या कन्यका। बाह्याभ्यन्तर काम। आभ्यन्तर स्त्री। काम की उत्पत्ति परस्थ उसकी दश अवस्थाएं। प्रच्छन्न कामियों के वियोग जनित भाव। कामयमान स्त्री एवं पुरुष। कामयमान या कामातुर स्त्रियों की दृष्टियाँ एवं उनके लक्षण। ललिता दृष्टि। चलपक्ष्मा। मुकुलेक्षणा। श्लोचपुटा। ये चार प्रकार की काम्या दृष्टि। इङ्गित। मुख राग। वेश्या की मदनातुरता के लक्षण। कुलांगना की मदनातुरता के लक्षण।

अभिलाप। चिन्ता। अनुस्मृति। उद्वेग। विलाप। उन्माद। व्याधि। जड़ता। मरण। ये काम के दश स्थान एवं उनके लक्षण।

विप्रलम्भ की सूचना। कामार्त का शीतलपदार्थों का सेवन और दूती सम्प्रेषण। प्रच्छन्नकामित्व। कामोपचार द्विवासम्भोग। वासक। आठ प्रकार की नायिकाएँ और इनका कामतंत्र। वासकसज्जा। विरहोत्कण्ठिता। स्वाधीनभर्तृका। कलहान्तरिता। खण्डिता। विप्रलब्धा। प्रोषित भर्तृका। अभिसारिका। ये नायिकाओं के आठ ८ नाम एवं इनके लक्षण। अन्तःपुर के विषय में शृंगार एवं सम्बन्ध रखने की विधि। स्त्रियों के प्रिय के विषय में बोलने लायक वचन। वेश्यांगना के लक्षण। कुलीना अंगना के लक्षण। प्रेष्या के लक्षण। उपचार विशेष। वासोपचार। समागम। प्रेष्यादिका शृंगार। विपण्णा की स्थिति। दुर्निमित्त। नायक का आगमन। स्त्री संलाप। स्त्रियों के रूठने के कारण। वैमनस्य। व्यलीक। विप्रिय। मन्यु। भिन्न २ स्त्रियों के अभिनय। केशाकर्षण। वस्त्राकर्षण। नायक को तंग करने के लिए पैदल चलने को विवश करना। रंगस्थल में शयन का अभिनय नहीं दिखाना। अथवा एकाकी शयन। सहशयन में चुम्बनालिंगन वगैरह लज्जाकर कार्य नहीं दिखाना। ईर्ष्यादि दिव्याङ्गनाओं की विधि। नाथ। स्वामी। जीवित। नन्दन। माता। धृष्ट। विकत्थन। दुराचार। शठ। वाम। निर्लज्ज। निष्ठुर। ये नाम और इनके लक्षण। आकाश पुरुष वाक्य। नायक का उन्माद।

## तेईसवाँ अध्याय

वेश्याओं का निवास वैशिक। वैशिक के गुण। दूत या दूती एवं उनके भेद तथा गुण एवं कर्म। पुरुषों का स्त्रियों के साथ प्रथम समागम। मदनातुरा के लक्षण। अनुरक्ता एवं विरक्ता के लक्षण। स्त्रियों के हृदय एवं भावों के ग्रहण के उपाय। स्त्री पुरुषों की विरक्ति का कारण। स्त्रियों के भावग्राही कर्म। स्त्रियों की त्रिविध प्रकृति। कामोपचार कुशला नायिका। उत्तमा। मध्यमा। चार प्रकार की यौवन प्राप्ति। अधमा। प्रथम यौवन। द्वितीय यौवन। तृतीय यौवन। चतुर्थ यौवन। इनके लक्षण। प्रथम यौवन में व्यवहार। द्वितीय यौवन में व्यवहार। तृतीय यौवन में व्यवहार। चतुर्थ यौवन में व्यवहार। इस तरह से यौवन के चार भेद। ज्येष्ठ। चतुर। उत्तम। मध्यम। अधम प्रवर्तक। पाँच प्रकार के पुरुष। प्रयोग करने में पुरुष की पाँच प्रकार की शैली। कामतंत्र के अनुकूल स्त्रियों में पुरुषों की प्रवृत्ति। स्त्रियों में सामादि का उपयोग। मुख राग वगैरह से नायक की प्रकृति का परिचय। वेश्याओं का धन के लिए पुरुषों से व्यवहार। काम को जागरित करना।

## चौबीसवाँ अध्याय

पुरुषों की तीन प्रकार की प्रकृति। उत्तमा प्रकृति। मध्यमा। अधमा। स्त्रियों की तीन प्रकार की प्रकृति। प्रमदोत्तमा। मध्यमा। अधमा। नपुंसक। शकारादि। धीरोद्धत। धीरललित। धीरोदात्त। धीरप्रशान्त। ये चार नायक इनके लक्षण। लिङ्गी। द्विज। राजजीवी एवं शिष्य ये चार इन नायकों के विदूषक। नायक।

नायिका। कुल स्त्री। नृपपत्नी। गणिका ये चार प्रकार की नायिका। धीरा। ललिता। उदात्ता। निभृता। उक्त चारों के पुनः भेद कथन। आभ्यन्तरा। आयुक्तिका। महादेवी। देवी। स्वामिनी। स्थापिता। भोगिनी। शिल्पकारिका। नाटकीया। नर्तकी। अनुचारिका। परिचारिका। महत्तरा। प्रतिहारी। कुमारियाँ। वृद्धा। आन्तःपुरिकायें। कारुक कांचुकीय। कुमारी रक्षक। वर्षवर। नृप। पुरोधा। मंत्री। सचिव। प्राड्विवाक (जष्टिस। जज) कुमाराधिकृत।

## पचीसवाँ अध्याय

चित्राभिनय। प्रातः काल का अभिनय। चाँद एवं उसकी चाँदनी का अभिनय। सूर्य, सूर्यविकार। छाया। विद्युत्। उल्का। मेघगर्जन। तारा, मध्याह्न एवं सायंकाल का अभिनय। छहों ऋतुओं का अभिनय। रसों के अनुकूल ऋतुओं का नाट्य में प्रयोग। भावों का अभिनय। स्त्रियों एवं पुरुषों की अभिनय शैली में भेद। शरत् ऋतु का अभिनय। हेमन्त। शीत। शिशिर। वसन्त। ग्रीष्म। प्रावृट् काल। वर्षा की रात। भाव। विभाव। अनुभावों का अभिनय। वैष्णवस्थान। स्त्रियों का ललित अभिनय। हर्ष का अभिनय। क्रोध का। स्त्रियों के क्रोध का अभिनय। स्त्रियों में दुःख का प्रदर्शन। पुरुषों के भयकार्य। स्त्रियों के भय कार्य। मद के कार्य। स्त्रियों के भाव का पुरुषों के द्वारा। पुरुषों के भाव का स्त्रियों के द्वारा अभिनय। त्रिपताक अंगुली का प्रयोजन। शुकादि का अभिनय। गदहों का ऊँटों का अभिनय। यक्ष एवं पिशाच आदि के अंगहारों का निर्देश। अप्रत्यक्षों का अभिनय। अप्रत्यक्ष अभिवादन। पूज्यों का अभिनय। परिमण्डल का अभिनय। देव, मनुष्य, पशु पक्षी के भावों का एवं उनके अभिवादन का अभिनय। पहाड़ों एवं समुद्रों का अभिनय। आकाश वचन वगैरह के नाम एवं उनके अभिनय की विधि। प्रकृति के अनुरूप भावों का अभिनय। पताकादि का प्रयोजन। चेलाभिनय। डोलाभिनय। दूरस्थ का आभाषण। आत्मगत। अपवारितक। जनान्तिक। कर्ण के समीपजाकर कहना। स्वप्नायित का अभिनय। विषयों का वेग दिखलाने का प्रकार। पात्रों के स्वभाव के अनुसार अभिनय। वृद्धों का पाठ्य। बालकों का पाठ्य। व्याधिप्लुत का पाठ्य। विष के पीनेवाले का अभिनय। विष के वेग का अभिनय। प्रथमादि विष वेगों का लक्षण। संभ्रमादि में वाक्य के प्रयोग। उत्तमादि में भवों का प्रयोग। लोक प्रशंसा। अंगस्पर्शन। नाट्य में तीन प्रकार के प्रमाण। प्रमाणों के अनुरूप नाट्य की व्यवस्था।

## छब्बीसवाँ अध्याय

तीन प्रकार की भूमिका। अनुरूपा। विरूपा। रूपानुरूपिणी। लकड़ी, लाही एवं चमड़े से बनाये हुए पशु आदि का प्रवेश। वय और वेष के अनुकूल प्रयोग करना। परभाव प्रवेशन। सुकुमार प्रयोगों का ही स्त्रियों के द्वारा अभिनय कराना, उद्धत प्रयोगों का नहीं कराना। स्त्रियों के भाव स्त्रियों से। पुरुषों के भाव

पुरुषों से कराना अनुरूप भूमिका। बलात् विपर्यय करने में विरूपा भूमिका। स्वभावतः विपर्यय करने में रूपानुरूपा भूमिका। स्त्रियों की स्वाभाविक मधुरता। अलंकार लक्षण। रम्भा एवं उर्वशी ने स्वर्ग में नाट्य किया। स्त्रियों के द्वारा पुरुषाश्रित प्रयोग। प्रयोग के दो भेद। सुकुमार। आविद्ध। नाटक, प्रकरण, भाण, वीथी एवं अंक। सुकुमार प्रयोग। मायादिबहुल सात्वती एवं आरभटी युक्त नाट्य आविद्ध कहलाते हैं। डिम, समवकार, व्यायोग एवं ईहामृग आविद्ध हैं। अतः पुरुषों के ही द्वारा करणीय ये प्रयोग हैं। गीत। नृत्त। वाद्य। प्रस्तार। ताल। गमन क्रिया। शिष्य निष्पादन ये छः आचार्य के गुण। ऊह। अपोह। मति। स्मृति। मेधा। उत्साह ये ६ शिष्य के गुण। मेधा एवं स्मृति रूप गुणों की श्लाघा (प्रशंसा) एवं उनमें राग (प्रेम) तथा उनकी प्राप्ति के लिए संघर्ष का नाम उत्साह है। उत्साह लक्षण।

## सत्ताइसवाँ अध्याय

सिद्धियों के अधीन प्रयोगः दो प्रकार की वाणी मन एवं अंगसंभवा। दैवी मानुषी सिद्धियाँ। दशांगा मनुष्य सिद्धि। द्विविधा दैवी सिद्धि। वाङ्मयी सिद्धि। शारीरी सिद्धि। हास स्वरूप। साधु वाक्य। करुण एवं विस्मयार्थों में वाक्य। बहुमान वाक्य। दीप्त वाक्य। दैवी सिद्धि। चतुर्विध। घातों के प्रकार। दैव घात। आत्मघात। परघात। औत्पातिक घात। भावदूषक घात। स्वरदूषण। विषम पुष्करगत। त्रिलिंगज दोष। छन्दोवृत्त भेद। यानों के आरोहण में अनभिज्ञता। यूपचयनादि में अपरिग्रह। सिद्धिमिश्रित घात। काव्य में घातों के स्थान। नाटक में गम्भीर अर्थ वाले शब्दों का प्रयोग। प्रेक्षकों का गुण। प्राश्निकों के लक्षण, भेद एवं उनके प्रयोजन। दर्शकों के लिए आसन की विधि। तरुणादि के परितोष का समय। बालकों की तुष्टि। संघर्ष। अभिनयभेद। व्यवहार। पताकादान। सिद्धिस्थान। नाट्य के लिए चार काल। पूर्वाह्णादि समयों में प्रयोजनीय नाट्य। प्रदोष में नाट्य। नाट्य प्रयोग में निषिद्ध समय। नाट्य में पात्र, प्रयोग एवं धन तीन गुण। पात्रगत नाट्य विधियाँ। प्रयोग। समृद्धि।

## अट्ठाइसवाँ अध्याय

बाजे की चार विधियां उनके लक्षण तथा उनके प्रयोग की तीन शैलियाँ। तत एवं अवनद्ध बाजों में कुतप का विन्यास। एक घूमती हुई ज्वाला के समान संगीत का विधान। गान्धर्व का लक्षण। गान्धर्व की उत्पत्ति एवं उसके तीन प्रकार। स्वर, ताल, एवं पद के विषय में विधि। स्वर, श्रुति, ग्राम, मूर्छना एवं जातियाँ।

## उन्तीसवाँ अध्याय

ततातोद्य विधान। इसके अधीन षड्जादि स्वर जातियों का निरूपण। वाद्य प्रयोग में विहित स्वर। वर्णालंकार लक्षण। गीतालंकारों की विधि। वर्ण विहीन अलंकार। चार धातु। तीन वृत्तियां। बाँसुरी के तीन भेद। एवं उनके प्रयोग

निर्गीत विधान। वीणा के भेद। आश्रावणा। आरम्भ। वक्त्रपाणि। संक्षोटणा। परिघट्टना। विपञ्ची। वाद्यकारणं। मिश्रपाठ्यकमवाला २९ अध्याय।

## तीसवाँ अध्याय

सुषिर नामक बाजे का विधान। सुषिर में बाँसुरी की ही विधियाँ। बाँसुरी के स्वर।

## इकतीसवाँ अध्याय

ताल व्यञ्जन। कला। लय और उसके भेद। मन्दलय की तीन कलाएँ। दो तालों की एक प्रकृति। ताल और उसके भेद। मिश्रताल और उसके दो भेद चञ्चत्पुट। चाचपुट। पञ्चपाणि। सम्पक्वेष्टक। उद्घट्ट। सम्बन्ध से तीन भेद। ताल प्रकार। हाथ की अंगुलियों का भेद। काम तन्त्र का अभिनय। ताल भेदों का विस्तार। आसारित विधि। वर्धमानक विधि। गीत के के लक्षण एवं अङ्ग। गीतों के वस्तु की कल्पना। ध्रुवों का ताल विधान। लास्य के लक्षण एवं उसके प्रयोग। तालों के अवधारण का प्रयोजन। अपोहन। कण्डिकों का प्रयोग। लयों के तीन प्रकार।

## बत्तीसवाँ अध्याय

ध्रुवा पद का विधान। ध्रुवा के पाँच भेद। ध्रुवाओं के लिए छन्द का निदर्शन। श्रीः। विद्युत्। धृति। त्रियामा। प्रतिष्ठा। सुप्रतिष्ठा। मत्तालि। जया। विजया। विस्मया। भूतलतन्वी। पद्मिनी। वागुरा। शिखा। घनपंक्तिका। तनुमध्या। मालिनी। मकरशीर्षा। विमला। वीथिका। गिराजला। सुनन्दा। विद्योतिका। नलिनी। पङ्क्ति। नीला। द्रुतगति। तनु। शिखा। षट्पदिका। भोगवती। मधुकरिका। मनोज्ञा। मत्ता। कुसुमवती। मुदिता। मनोज्ञा। प्रकाशिनी। विलम्बिता। दीप्ता। चञ्चलगति। विमलजला। ललिता। मही। मधुकरिका। नलिनी। नदी। रुचिरा। प्रमिता। विशोका। विश्लोका। ललित। मनोवती। विकान्ता। मदनवती। विमलगति। तन्वी। कुसुमवती। सुकुमारा। माला। स्खलितविक्रमा। चपला। मुखचपला। कनकलता। आक्षिप्तिका। शशिलेखा। अविचलित। मणिकृत्। सिंहाक्रान्ता। सुरदयिता। कुमुदिनी। दोधक। कुतोद्धता। पंक्ति। विपुलभुजा। चपलगति। कमलदलाक्षी। द्रुतपादगति। मुखचपला। विमला। रुचिरा। अपरवक्त्र। कमललोचना। अतिचपला। मदकलिता। प्रतिष्ठा। सुप्रतिष्ठा। गायत्री। उष्णिक्। अनुष्टुप्। बृहती। पंक्ति। त्रिष्टुप्। जगती। श्येनी। चपला। क्रौञ्च। पुष्पसमृद्धा। सम्भ्रान्ता। स्खलित। मत्ताक्रीडा। वेगवती। रथोद्धत। बुद्बुदक। उद्गत। वंशपत्रपतित। प्रमिताक्षरा। ध्वजिनी। हंसास्य। तोटक। प्रमोदक। भाविनी। मत्तचेष्टित। ध्रुवाविकल्प पाँच प्रकार का गान। ध्रुवाओं का प्रयोग। भाण्डों के अधीन मह। गायक और वादकों के गुण।

## तैंतीसवाँ अध्याय

गुणदोषविचार गायकवादक के गुण दोषों का विचार।

## चौंतीसवाँ अध्याय

वाद्याध्याय। अवनद्ध वाद्यों की उत्पत्ति एवं उनके अंग प्रत्यंग। अवनद्ध के भेद। त्रिपुष्करादिकों की वाद्यविधि। तीन मार्जनाएँ। गुरु संचय लघु संचय। अट्ठारह जातियाँ। वाद्य संश्रय प्रकार एवं उनका प्रयोग। वाद्यों के लक्षण। वादकों के लक्षण।

प्रकृतिविचार। तीन प्रकार की पुरुष प्रकृतियाँ। तीन प्रकार की स्त्रियों की प्रकृतियाँ। संकीर्ण प्रकृतियाँ। चार प्रकार के नायक। प्रकृतियों के दो प्रकार के उपचार। अन्तःपुर में स्त्रियों का विभाग। स्त्रियों के विशेषण। अन्तःपुर के पुरुष और बाह्य संचारी पुरुष।

## पैंतीसवाँ अध्याय

भूमिका के विभाग से पात्रों में विकल्प। भिन्न भूभागों में भूमिकाएँ। प्रकृतियों के तीन भेद। भूमिका के भेद से प्रयोग। आहार्य गुण। सूत्रधार वगैरह आठ पात्रों के लक्षण। विदूषक वगैरह १२ पात्रों के लक्षण।

## छत्तीसवाँ अध्याय

नाट्यावतार के विषय में प्रश्न करने वाले ऋषियों के नाम। उनके प्रश्न। पूजा की अधिकार प्राप्ति के लिए पूर्व रंग का विधान। मुनियों का शाप पृथ्वी तल पर नाट्य का संचार और नटवंश की उत्पत्ति।

## सैंतीसवाँ अध्याय

गुह्यतत्त्व कथन। नाट्यावतरण नाट्यशास्त्र का माहात्म्य।

## भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का महत्व

इस प्रकार सैंतीस अध्यायों में नाट्य पदार्थ का निरूपण हुआ। इतना विषय जो कि सर्वांग पूर्ण है। अन्य किसी भी भारतीय ग्रन्थ में नहीं मिलता है। सर्वेश्वर का भी साहित्य सार अब छपा है परन्तु बहुत ही अल्पकाय नगण्य है। इतनी पूरी मात्रा में नाटकीय पदार्थ सार्थ का स्पष्ट, विशद, एवं स्वच्छ विवरण विदेशी विद्वानों द्वारा निरूपण किया जाना तो नितान्त असंभव है।

क्योंकि जिस समय यह ग्रन्थ लिखा गया था उस समय उन लोगों का पाषाण युग भी नहीं शुरु हुआ था। उससे भी पहले यह ग्रन्थ एवं इस ग्रन्थ के भाव अपने प्रौढ़ रूप में आ गये थे। और अब उनके स्वर्ण युग में भी ऐसा ग्रन्थ उन लोगों के साहित्य में होगा हमारी तो अनुमिति भी नहीं मानती।

क्योंकि वे इस रास्ते में ही नहीं है। उनकी कल्पना का प्रकार, शैलियों का चुनाव, पद्धतियों का निर्धारण, सूझ बूझ एवं आदर्श अधूरा ही नहीं कुत्सित भी है। जहां नायक को जो कि उस समय की भावनाओं का समाज की अवस्थाओं का, व्यक्तियों की परिस्थिति का व्यञ्जक है प्रतीक है उसको दुःख में अर्थात् गढे में गिराया जाता है दुःखान्त नाटकों का अर्थ ही और क्या हो सकता है। वहाँ कभी उदात्त भावना, आदर्श को अनुप्राणन करने वाली अवस्था एवं उत्तम परिस्थितियाँ आ ही नहीं सकती हैं।

और भी कारण है जहाँ वसुधा ही कुटुम्ब है यह भाव नहीं है। जहाँ भीषण वर्ग कलह विकराल मुँह बायें खड़ा रहता है। जहाँ सभी सुखी रहे यह भाव नहीं है वहाँ संकीर्णता या खुद गरजी घर करती है। इन दोषों के रहते हुए भारतीय नाट्य शास्त्र कथित नायक के लक्षण उनके नायक में नहीं मिल सकते हैं अतएव उस प्रकार के नाट्य शास्त्र का प्रणयन भी नहीं हो सकता है।

क्योंकि नायक एवं उसके अंगों के नियमों का निरूपण ही तो नाट्यशास्त्र है। अतः हमने असंम्भव कहा। इसलिए भारतीय नाट्य शास्त्र का महत्त्व सर्वतो भावेन सुरक्षित है। इस पर और भी विवेचन किया जा सकता है।

भारतीय दृष्टि चरित्रबल एवं आचार तथा आदर्श को ही मुख्यता देती है। उसी की साधना में सिद्धि की पराकाष्ठा को पाती है। दूसरों को भी प्राप्त कराने के लिए उस रास्ते पर ले जाती है अतएव उसमें नयतीति नायकः का अर्थ समन्वित होता है। और उसका उत्थान ही अभ्युदय ही होता है। कभी भी दुःख में पर्यवसान नहीं होता है। कहने का सारांश जनता की चेतः सरिता की धारा को मार्गस्थ करने को क्षमताशाली नायक के उपयोगी अंग प्रत्यंग उपांग एवं सर्वाङ्ग के नियमों का निरूपण करने वाला भारतीय नाट्यशास्त्र ही है दूसरा एवं दूसरी जगह ऐसा ग्रन्थ उपलब्ध नहीं हो सकता है।

## भारतीय रंगमंच

रंग, रंगस्थली, रंगमञ्च, नाट्यशाला, नाट्यवेश्म नाट्यमण्डप, प्रेक्षागृह, एवं नाट्यमन्दिर ये नाम रंगशाला के विषय में प्रसिद्ध है। इसके स्वरूप तीन प्रकार के होते हैं। जो क्रमशः ज्येष्ठ मध्यम तथा अवर अधम कहाते हैं। इनके नाम क्रमशः विकृष्ट, चतुरश्र एवं त्र्यश्र हैं। १०८ हाथ का प्रमाण विकृष्ट का हैं। ६४ हाथ का प्रमाण चतुरश्र का है ३२ हाथ का प्रमाण त्र्यश्र का है। जिसमें ज्येष्ठ भवन देवताओं के लिए है। राजाओं के लिए मध्यम है। बाकी सभी जनता के लिये कनीय या अवर है अधम है।

इस तरह यद्यपि तीन प्रकार के प्रेक्षाभवन बतलाये हैं किन्तु उपयोगी नाट्य भवन का प्रमाण यह है। यह भवन ६४ हाथ लम्बा होना चाहिए और ३२ हाथ चौड़ा होना चाहिए। इससे अधिक लम्बा चौड़ा नहीं बनाना चाहिए। क्योंकि अधिक प्रमाण के प्रेक्षा भवन में पात्रों का स्वर अव्यक्त हो जायगा। स्पष्ट नहीं

सुनाई देगा। और बेसुरा हो जायगा। रस एवं भावों को व्यक्त करने के लिए जिन राग या रागिनियों को गाया जायगा वे भी वेसुरी मालूम होगी। जो देवताओं के उपयोगी गृह होता है वह मनुष्यों के उपयोग में नही आ सकता है।

शुभनक्षत्र में नाट्यशाला का निर्माण कराना चाहिये। शुभनक्षत्र हैं—उत्तराषाढ, उत्तराभाद्रपद, उत्तराफाल्गुनी, विशाखा, रेवती, हस्त, पुष्य, अनुराधा एवं सौम्य। पुष्य नक्षत्र में सफेद सूत्र का प्रसार करना चाहिये। ऐसा सूत्र बनाया जाय जो फैलाते समय टूट न जाय और हाथ से गिर न जाय।

६४ हाथ की नाट्यशाला में बत्तीस २ हाथ के दो विभागों की कल्पना करे। जिसमें प्रथम ३२ हाथ के हिस्से में पृष्ठ विभाग में नेपथ्यगृह—जिसमें पात्र स्वांग भरे रहने चाहिए। ठीक उसी के आगे १६ हाथ का रंगशीर्ष होना चाहिए जिसमें परदा वगैरह खड़ा किया जायगा और अवशिष्ट ३२ हाथ के हिस्से में पात्रों को प्रयोग करने के लिए स्थान रहना चाहिए। इसमें दो द्वार होने चाहिए। चार खम्भे होने चाहिए। दर्शकों के बैठने के लिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे रंगपीठ की चीजें स्पष्ट दिखाई पड़े।

## रस तत्त्व

यद्यपि इसका विवेचन स्वयं भरत करेंगे तथापि यह एक महान् विषय है क्योंकि भरत ने लिखा है—"रसानाथर्वणादपि" रसों को अथर्ववेद से लिया है। लेने का क्या सिद्धान्त या स्वरूप उसका है यह बतलाना आवश्यक है उसी का निरूपण बुद्धि के अनुसार करते हैं। मूलतः यही तत्त्व है जिसके सम्बन्ध से त्रिगुणात्मिका भी सृष्टि आनन्दमय ही प्रतीत होता है। कालीदास ने ठीक ही कहा है।

त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं वर्त्तते।

सत्व रज एवं तम तीन गुणों से उत्पन्न लोकचरित यहाँ नाना रसवाला है। लोकचरित्त का ही तो वर्णन कवि करता है अतः कवि की पाठ्य, श्रव्य एवं दृश्य रूप सृष्टि भी माधुर्य, ओज, प्रसाद, त्रिगुणात्मिका एवं रसमयी है। क्योंकि भरत ने नाट्य शब्द की व्याख्या की कि—

लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्।

लोकवृत्त का अनुकरण ही नाट्य है। अर्थात् सिद्ध हुआ कि जब लोकवृत्त या लोकचरित नाना रसोंवाला है तब उस लोकवृत्त का अनुकरण याने सदृशप्रदर्शन भी अवश्य रसमय होना चाहिए।

"सुखार्थाः सर्वभूतानां प्रवृत्तिः" समस्त चेतन प्राणी कीट पतङ्ग से लेकर ब्रह्मा पर्यन्त सुख आनन्द रस को प्राप्त करना चाहता है। सुख को प्राप्त करने के लिए सभी भूतों की प्रवृत्ति चेष्टा होती है। सुख के लिए प्रवृत्ति करने का प्राणी का स्वभाव है। क्योंकि प्राणी सुख से पैदा हुआ है सुख में पला और उसी में लीन होता है। अतः प्राणी का सुख स्वभाव होना औचित्य प्राप्त है।

सुख के सिवाय सभी वस्तु के विषय में प्रश्न होता है कि तुम अमुक वस्तु को क्यों चाहते हो किन्तु सुख के विषय में यह प्रश्न नहीं होता है कि सुख को तुम क्यों चाहते हो। उसका कारण है कि सबसे हिततम पदार्थ का अन्वेषण किया जाता है। और वह हिततम पदार्थ सुख है फलतः सुख परम लक्ष्य है। उसके विषय में इसे क्यों चाहते हो यह प्रश्न नहीं उठ सकता। रस और सुख दोनों पर्याय हैं।

अतः इस महान् विषय रस का आमूलचूड व्याख्या करना आवश्यक हो गया है।

## रस शब्द के अर्थ

आरम्भ में रस पद का जो भी अर्थ रहा हो अब तो रस पद इतने अर्थों में आता है।

रसः स्वादे, जले, वीर्ये, शृङ्गारादौ, विषे, द्रवे, बोले, रागे, गृहे, धातौ, तिक्तादौ, पारदेऽपि च। प्रेम्णि, भावे, ह्यात्मनि च, सुपेये, स्वरसे, सुखे।

इन अठारह अर्थों में रसपद का प्रयोग होता है। यही क्यों, अब तो महाकवियों के कोई भी प्रयोग इस पद की योजना बिना अधूरे मालूम होते हैं अतएव वे लोग हर पदार्थ में रस जोड़ देते हैं। जैसे—

निन्दारस, निद्रारस, क्रीडारस, विमर्दरस, रणरस, सुनुरस, हिंसारस, मदनरस, सुखरस, सेवारस, विषयरस, लावण्यरस आदि प्रयोग विक्रमांकदेव चरित, नैषधचरित, कादम्बरी वगैरह में मिलते हैं।

परायत्तः प्रीतेः कथमिव (सुखं) रसं वेत्ति पुरुषः। इस तरह प्रीतिरस एवं।

रसास्तु त्रिविधा वाङ्नेपथ्यस्वभावगाः।
कालानुरूपैरालापैः श्लोकैर्वाक्यैः परैस्तथा
नानालंकारसंयुक्तैर्वाचिको रस उच्यते।
कर्मरूपवयोजातिदेशपात्रानुवर्तिभिः।
माल्यभूषणवस्त्राद्यैर्नैपथ्यरस उच्यते।
रूपयौवनलावण्य स्थैर्यधैर्यादिभिर्गुणैः।
रसः स्वाभाविको ज्ञेयः स च नाट्ये प्रशस्यते।

वाचिकरस, नेपथ्य रस एवं स्वाभाविकरस हैं। यह लेख समयमातृका में है ऐसा "कुट्टिनी मत" के व्याख्याकार ने लिखा है।

शृंगारं द्विविधं विद्यात् वाङ्नेपथ्यक्रियात्मकम्। अग्निपुराण ३४२ अ० में शृंगार को वाक् शृंगार एवं नेपथ्यशृंगार दो प्रकार का लिखा है। किन्तु रस शब्द से आनन्द ही लक्ष्य है। उसी के विषय में हम निरूपण करेंगे। यही काव्य का आत्मा माना गया है।

यह रस पदार्थ क्या है और उसकी क्या व्याख्या है यह प्रश्न उठता है। उसका समाधान यह है।

रस सम्प्रदाय, साहित्य शास्त्र में और सब सम्प्रदायों से प्राचीन है तथा अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। इस सम्प्रदाय के अनुसार 'रस' ही कविता का सार है और 'गुण', 'रीति', 'अलंकार' आदि अन्य गौण अर्थात् इसी के सहायक मात्र हैं। इसकी विशद् विवेचना नाट्यशास्त्र में अपनी पूर्ण पराकाष्ठा पर है। सम्भवतः यह ज्ञान पड़ता है कि रस का उत्पत्ति काल नाट्यशास्त्र के काल से भी अति प्राचीन है। भरत मुनि के पहले वेद एवं रामायण में वह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध एवं मान्य था किन्तु बाद के आलोचक जो यहाँ हुए जो अन्य विपक्षी सिद्धान्त के प्रवर्तक थे। वे सब इस सिद्धान्त के माननेवाले नहीं थे, जिससे उन लोगों के द्वारा कई एक परिवर्तन एवं संशोधन इस सिद्धान्त में होते गये।

## "रस परम्परा" वेदों में रस

हम लोग सभी वस्तुओं की तरह ज्ञान को भी देश एवं समय की परिधि में परिच्छिन्न देखते हैं तदनुसार ज्ञान की सीमा के लिए पहिला देश पूर्वदिशा है और पहिल समय वेद का आता है। क्योंकि प्रकाश की ज्ञान की पहिली किरण पूर्व से ही प्रसारित होती है। बाद में समस्त विश्व में प्रकाश ज्ञान फैला है। पूर्व में भी भारत में वह प्रकाश पूर्णरूप में पराकाष्ठा में विकसित हुआ। आध्यात्मिक या भौतिक या दैविक त्रिविध ज्ञान की चरम सीमा भी यहीं भारत में ही निर्धारित की गई थी। अन्य दिशाओं में अभी कहीं पर ककहरा का अध्ययन अध्यापन होता है और कहीं पर अभी धीरे २ विकसित होने जाने जा रहा है।

इस बात को विश्व के मूर्धन्य विद्वानों ने माना है कि विश्व का सर्व प्रथमतया मान्य ग्रन्थ ऋग्वेद है। फिर और तीन साम यजु और अथर्व वेद हैं। इन वेदों में विजेता इन्द्र के युद्ध में वीररस, पराजित दैत्यों के विलाप में करुण रस, उषा को नायिका के रूप में वर्णन में शृंगार रस की अभिव्यक्ति पदे-पदे अनुभव में आती है। इसीलिए कहा कि—

रसानाथर्वणादपि

रसों को अथर्व वेद से ग्रहण किया है।

इस तरह वैदिक काल में रस सम्प्रदाय स्पष्ट रूपेण प्रस्फुटित हो चुका था, रस शब्द का प्रयोग स्थान २ पर वेदों में अर्थविश्लेषणों एवं कथानकों में उस विशेष आनन्द को उपस्थित करने में किया गया जिसको जनता नाटकों में अच्छी कला से प्रभावित होकर अनुभव करती थी। वेद में रस शब्द का प्रयोग पानी, दूध, सोमरस एवं वस्तु के सारभाग आदि एक प्रकार की वस्तुओं का उद्बोधन कराने में भी किया गया है। तैत्तरियोपनिषद में रस शब्द का प्रयोग वास्तविक एवं नित्य सत्य के अर्थात् परब्रह्म के लिये किया गया है जिसकी एक बार अनुभूति होने के बाद स्थायी सुख एवं मोक्ष मिल जाता है। प्रायः करके प्राचीन साहित्यिक आलोचक रस का

प्रयोग उसी अर्थ में करते थे जैसा कि तैत्तरियोपनिषद् में समझाया गया है, उस परम सुख को उद्बोधन करने के लिये जो कि कविताओं से प्राप्त होता है।

## वेदों के बाद रामायण काल में

प्रथम लौकिक साहित्यिक वाल्मीकि जो वैदिक काल के बाद रस सम्प्रदाय के प्रथम व्याख्याकार एवं संस्कृत कविता के आदि कवि माने जाते हैं। उनका प्रथम वाक्य जो कि कारुणिक घटना को देखने से उनके वर वदन से जो श्लोक निकला, उसमें रस सम्प्रदाय के गर्भ धारण करने के स्पष्ट कीटाणु हैं। उनका हृदय क्रौंची के लिये-जब कि वह अपने प्रिय साथी से हमेशा के लिये अलग कर दी गई और जो उन ऋषि के सामने मार डाला गया—पश्चात्ताप के गहरे शोक से विचलित हुआ तब उनके मुख से यकायक पश्चात्ताप के शब्द श्लोक बद्ध निकले। वाल्मीक जी ने स्वयं भी क्रौंच पक्षी के दुःख का अनुभव किया जो कि उनके शब्दों से प्रकट है।

कालीदास ने भी यही विचार वाल्मीक की इस कविता के लिये किया जिसे हम रघुवंश में देखते हैं।

उपर्युक्त विवरण से यह प्रकट है कि स्वयं वाल्मीकि जी ने भी अपनी कविता का कारण उस दया की अनुभूति को ही स्वीकार किया है जिसे उन्होंने अनुभव किया जैसा इस स्थान पर हुआ। यह कहना ठीक है कि अनुभूति ही कविता में परिवर्तित हो गई, अतः कविता का सार या निष्कर्ष प्रकृत में और कुछ नहीं है अवश्य ही वह पश्चात्ताप की अनुभूति—जो कि अनुभूत होने पर ठीक उसी प्रकार की अनुभूति दूसरे के मस्तिष्क में हो जाती है—है। यह करुण रस का स्थायी भाव होने पर उस रस की प्रतीति करा देता है। इसलिये वाल्मीकि के अनुसार कवि की उक्तियाँ, आन्तरिक भावनाओं से प्रेरित होकर निकलती है। वही उत्तम कोटि की कविता हैं। ऐसी कविता जब अच्छी प्रकार से समझी जाती जाती है तब ठीक उसी प्रकार का भाव दूसरे के मस्तिष्क में भी पैदा कर देती है। इसी आधार पर ध्वनि सम्प्रदाय के प्रवर्तक आनन्दवर्धन ने वाल्मीकि को रस सिद्धान्त का आश्रयदाता कहा है।

## रामायण के बाद नाट्यशास्त्र में—

वेदों के (मंत्र, ब्राह्मण एवं उपनिषदों के) काल से वाल्मीकि के काल तक और वाल्मीकि के काल से भरत के काल तक में रस गुण एवं अलंकारों के उदाहरण ही हमें प्राप्त होते हैं। किन्तु (संहिता (मंत्र भाग) ब्राह्मण (विधि भाग) उपनिषद् (ज्ञान भाग) और बाल्मीकि रामायण के बीच के काल में तथा वाल्मीकि रामायण एवं भरत नाट्यशास्त्र के बीच के काल में) रसादि विषयक सिद्धान्त के बारे में कही कोई ग्रन्थ या संकेत नही मिलता है।

वाल्मीकि एवं भरत के बीच के काल में रस की स्थिति के बारे में बहुत कम मालूम है। यद्यपि हम देखते हैं कि रस का अपनी विभिन्न शाखाओं में पूर्ण प्रकाश हैं। तथापि सर्वप्रथम जहाँ पर रस और भाव का नियमबद्ध प्रतिपादन मिलता है

वह है भरतमुनि का नाट्यशास्त्र। इस पुस्तक का प्रधान विषय रस की उत्पत्ति एवं उसकी प्रकृति है। उन रसों और भावों का विश्लेषण है जो नाटक के अच्छे कलाकार द्वारा प्रदर्शित करने पर जनता पर ठीक वैसा ही प्रभाव और उनमें अनुभूति पैदा कर देते हैं। विषय प्रवेश के पहले भरत जी अपने विषय का संक्षिप्त वर्णन छठे अध्याय में एक श्लोक में करते हैं।

रसा भावा ह्यभिनया धर्मिवृत्तिप्रवृत्तयः।
सिद्धिः स्वरास्तथातोद्यं गानं रङ्गश्च संग्रहः॥

भरत जी के अनुसार इन ११ नियमों के मिलने से नाट्यशास्त्र का फल सिद्ध होता है। जिसमें प्रधान रस है। अन्य भाव से लेकर रङ्ग तक के पदार्थ उस प्रधान अर्थात् रस की उत्पत्ति के हेतु हैं। इसका वर्णन भरत जी ने उसी अध्याय में भाव आदि अन्य विषयों के वर्णन के पहले रस के विश्लेषण के स्थल पर किया है। रसों की उत्पत्ति एवं उसके प्रकारों का वर्णन उन्होंने प्रसिद्ध रससूत्र से किया है। इसी की व्याख्या हम आगे करेंगे।

उसके अनुसार रस ९ प्रकार के हैं। दशरूपकों को जब चतुर कलाकार रेखाओं के द्वारा चित्र में प्रदर्शित करता है तथा चतुर नाटककार जब अपनी कलापूर्ण विशेषताओं के द्वारा दर्शकों की ऐसी अवस्था कर दे कि दर्शकों को समय, स्थान, एवं अपना पनका कुछ भी परिज्ञान न रहे और एक विशेष आनन्द का अनुभव करने लगे वही रस है। भरत ने दश रूपकों को ही स्वीकार किया है जिनका कार्य प्रयोजनीय विभावादि को उपस्थित कर रस को पुष्ट करना है।

## पुराण तथा उपपुराणों में रस का स्वरूप

भरत मुनि के नाट्यशास्त्र के बाद अष्टादश पुराण एवं अष्टादश उपपुराणों का काल आता है। उन पुराणों में अग्निपुराण में रस का निरूपण मिलता है। किन्तु आरम्भिकी अवस्था में इसके निरूपण में कुछ विलक्षणता है वह विलक्षणता उससे पहिले के ग्रन्थ नाट्यशास्त्र में नहीं है और न उसके बाद के आचार्यों के ग्रन्थों में मिलती है।

महाराज भोज के ग्रन्थ में भी कुछ विलक्षणता है जो अपने ही ढंग की है। और अग्नि पुराण की विलक्षणता से भिन्न ही है।

## रस के विषय में अग्निपुराण की विलक्षणता

वह परब्रह्म—अक्षर, अज, सनातन एवं विभु है। वेदान्त शास्त्रकार (उत्तर-मीमांसा में) उसको एक चैतन्य ज्योति ईश्वर कहते हैं। उसका आनन्द स्वरूप सहज है। वह आनन्द कभी २ व्यक्त होता है। उसकी उस व्यक्ति का नाम आनन्दमयी संवित् है। उसी को चैतन्य चमत्कार कारी रस आह्वय अर्थात् नाम दिया है।

इस ईश्वर का सृष्टि के आरम्भ में पहिला विकार अहंकार है। उससे अभिमान

पैदा हुआ। जिसमें ये तीनों भुवन भूर्लोक भुवर्लोक एवं स्वर्लोक समाप्त हैं। उस अभिमान से रति पैदा हुई। वह रति, व्यभिचारी आदि साधारण भावों से पुष्ट हुई शृंगार कहलाती है।

अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमजं विभुम्
वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्।
आनन्दः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।
व्यक्तिः सा तस्य चैतन्य चमत्कार रसाह्वया।
आद्यस्तस्य विकारो यः सोऽहंकार इति स्मृतः।
ततोऽभिमानस्तत्रेदं समाप्तं भुवनत्रयम्।
अभिमानाद्रतिः सा च परिपोषमुपेयुषी
व्यभिचार्यादिसामान्यात् शृंगार इति गीयते।

यहाँ उपरि निर्दिष्ट अर्थ के अनुसार चैतन्य चमत्कार रसाह्वया पद में चेतना को चैतन्य कहा गया है। स्वार्थ में ष्यञ् प्रत्यय है। अथवा चैतन्य, चमत्कार एवं रस ये व्यक्ति के नाम हैं पर्याय है। इसीलिए "आनन्दमयी सवित्" इसको लिखा है।

उप पुराणों में विष्णुधर्मोत्तर में रसों की ९ नव संख्या मात्र का निर्देश किया है। लक्षण वगैरह कुछ भी नहीं लिखा है। इतना जरूर लिखा है कि शान्त रस स्वतन्त्र है उसके बाद शृंगार, रौद्र, वीर एवं बीभत्स ये चार रस हैं। इन चारों से क्रमशः हास्य, करुण, अद्भुत तथा भयानक रस पैदा होते हैं। और शान्त सर्वत्र समान रूप से रहता है।

शान्तो रसः स्वतन्त्रोऽथ पृथगेव व्यवस्थितः।

यह अंश अग्निपुराण में नहीं है। बाकी अंश नाट्यशास्त्र एवं अग्निपुराण के समान है।

अग्निपुराण में रसों के वर्ण एवं देवताओं का निर्देश नही है किन्तु विष्णुधर्मोत्तर में नाट्यशास्त्र की तरह उनका निर्देश है "नव चित्ररसाः स्मृताः" शृंगादि नौ रस चित्रों में प्रदर्शनीय हैं। परन्तु इनमें नियम हैं।

शृंगारहास्यशान्ताख्या लेखनीया गृहेषु वे।
परं शेषा न कर्तव्याः कदाचिदपि कस्यचित्।
युद्धश्मशानकरुणमृतदुःखार्त्तकुत्सितान्
अमंगल्यांश्च न लिखेत्कदाचिदपि वेश्मसु।

शृंगार हास्य एवं शान्त रसों के चित्र घरों पर लिखे जा सकते हैं (राजस्थान में चिड़ावा आदि शहरों में सेठों की हवेलियों पर ऐसे चित्र बहुत से मिलेंगे) किन्तु अवशिष्ट रसों के चित्र कभी किसी के घरों पर नही लिखने चाहिए।

युद्ध, श्मशान, करुण, रस एवं मृत दुःखार्त्त तथा गन्दे चित्रों और अमंगल विषयों को कभी भी घरों पर नही लिखना चाहिए। अगर इनको दिखाना ही होतो—

देव वेश्मनि कर्त्तव्या रसाः सर्वे नृपालये।
राजवेश्मनि नो कार्या राज्ञां वासगृहेषु ते।

देव मन्दिरों तथा नियामकों के स्थान कचहरी में सब रसों के चित्र प्रदर्शित किये जा सकते हैं। राजाओं के उन स्थानों में सब रसों को नहीं लिखना चाहिए जहाँ वे बसते हों।

यह विषय साहित्य के सभी ग्रन्थों की अपेक्षा इसमें अपूर्व है।

इस तरह रसों की प्रतीति के साधन विभावादि के उपस्थापकों की शैली है। रस की प्रतीति विभाव अनुभाव एवं संचारी भावों के द्वारा ही होती है। इन विभावादि का उपस्थापन शब्द प्रतिपाद्य अर्थ एवं शुद्ध अर्थरूप अभिनयों से दृश्य नाट्यों में १ सार्थक एवं निरर्थक शब्द रूप राग-रागिनियों से श्रव्य गीति काव्यों में २ शब्द सहकृत वर्ण्यमान अर्थों से पाठ्य रघुवंशादि पद्यात्मक महाकाव्यों ३ तादृश कादम्बरी भृति गद्यात्मक काव्यों ४ एवं तादृश पद्य गद्योभयात्मक चम्पू काव्यों, ५ या फिर कलाकार की शब्द शून्य केवल भावमय विलक्षण रेखाओं से चित्रों ६ उत्कीर्णन ७ एवं टंकण से ८ लकड़ी या पाषाण या धातु में किया जाता है। जिनमें प्रथम ५ प्रकार काव्य की परिधि में आ जाते हैं। बाकी के ३ प्रकार काव्य की सीमा में नहीं आते हैं।

प्रथम में शब्द से प्रतिपाद्य अर्थ अभिनय के योग्य है। अतः ये दृश्य काव्य कहलाते हैं। द्वितीय में अर्थ का कोई खास उपयोग नहीं किन्तु निरर्थकता को दूर करना मात्र ध्येय है। जैसे गो आदि शब्दों में प्रकृति और प्रत्ययों का साधुत्वाख्यानमात्र प्रयोजन है अर्थ उनका विवक्षित नहीं है। अतः वे सार्थक शब्द गीत गोविन्दादि गीत काव्य हैं। तीसरे चौथे एवं पाँचवें में उस शब्द के रहने पर ही वह अर्थ प्राप्त होगी अन्यथा नहीं। अतः शब्द सहकारी के रूप में अवश्य अपेक्षित है और अर्थ वहाँ वर्ण्यमान रहता है। फलतः शब्दार्थोभय प्रधान पद्य, गद्य उभय काव्य कहलाते हैं। षष्ठ में भित्तिपर या कागज पर या अन्य किसी आधार पर विलक्षण रेखाओं के द्वारा विविधभावों के चित्रण से जैसे चिन्तादि में मग्न या आनन्द में विभोर नायक या नायिका का आकर्षक चित्र तैयार किया जाता है। सप्तम में बढ़ई की निपुणता के द्वारा लकड़ी या किसी धातु पर उत्कीर्णन से विविध भावमयी मूर्ति का प्राकट्य हो जाता है। वे विविध भाव ही विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी हैं। सप्तमी में मिस्त्री की टांकी से पाषाण पर स्फटिक पर या अन्य किसी लौह, ताम्र, आदि धातु पर टंकण से विविध भावमयी मूर्ति का प्राकट्य हो जाता है। वे विविध भाव ही विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी हैं।

ये षष्ठ सप्तम एवं अष्टम प्रकार काव्य के क्षेत्र में अन्तर्भुक्त नहीं हो सकते हैं। परन्तु वहाँ विभाव अनुभाव एवं संचारी का चित्रण, उत्कीर्णन एवं टंकण होने से रस की प्रतीति निर्बाध रूप से होती है।

## रस के अनुगामी एवं प्रतिगामी आचार्य एवं उनके मत

रसके स्वरूप का निरूपण करने के पहले कौन रसका विरोधी है और उसका

क्या मत है तथा कौन रसका अनुयायी है और उसका क्या मत है यह बतलाना जरूरी है। तदनुसार हम बतलाते हैं।

## भामह :—

भरत मुनि के सिद्धान्तों में रस को बाद के आलोचकों ने नाटकों के सिवाय अन्य स्थलों के लिये आधारभूत नहीं माना। इस विरोध तथा उदासीनता का प्रधान कारण बाद के लोगों की नाट्य सूत्रों की तरफ अधिक रुचि होना ही थी। इसके अनुयायी, कोहल, मातृगुप्त, हर्ष एवं अन्य लोग भी थे।

उनके लेख अब धीरे २ उपलब्ध हो रहे हैं। भरत के बाद का सबसे पहला लेखक-जिसका साहित्यिक क्षेत्र में स्थान है वह है भामह। यद्यपि उसने आदिम अन्य लेखकों का वर्णन किया है जो उसी के मत के थे, तथापि वर्तमान काल में उनका साहित्य उपलब्ध नहीं है। भामह रस सम्प्रदाय के सिद्धान्त से असहमत ही नहीं परन्तु खुल्लम खुल्ला विरोधी था। वह इसके विपक्षी सम्प्रदाय का लेखक था; उसके अनुसार अलङ्कार ही उत्तम कविता के लिये प्रधान आवश्यकीय वस्तु है। उसने दृश्य नाटक को छोड़कर श्रव्य काव्य में रस को गौण स्थान दिया है, बाकि वे सब केवल रसवत् प्रेय नाम वाले अलंकार समझे जावें।

## दंडी

दूसरा प्रधान समालोचक जो भामह के बाद हुआ वह दंडी था। उसका प्रधान वक्तव्य यह था कि दस गुण ही मिल कर रीति प्रणाली को बनाते हैं। वह भामह के तरह अलंकारों को कविता का प्रधान विषय मानता था। रस भाव के तरफ इसकी भी वैसी ही प्रवृत्ति थी जैसे कि भामह की। इसने भी रसों के भेदो को अलंकारों के अन्तर्गत ही किया है। परन्तु इसने कविता में रसों की स्थिति को स्वीकार किया है, और आगे रसों का वर्णन बहुत ही अच्छे प्रकार से अच्छे छन्दों में किया है। यद्यपि उसने गुणों पर बहुत विशेष प्रकाश डाला है और उनको कविता का सार अथवा प्राण कहा है। तथापि उसने कविता में रसों की आवश्यकता को भी क्या स्थान नहीं दिया है। उसने इनको भी उतना ही आवश्यक माना है जितना गुणों को। इसलिये दंडी का भाव रसों के पक्ष में उतना विरोध पूर्ण नहीं जितना कि भामह का है।

## वामन

वामन, दंडी के बाद का दूसरा कवि है जिसने रीति को अथवा शैली को कविता का प्राण माना है। उसके अनुसार ये शैलियाँ तीन प्रकार की हैं। वैदर्भी, गौड़ी और पांचली। इन तीनों में से वैदर्भी को दसों गुणों सहित कविता का सबसे उत्तम साधन माना है। दंडी के अनुसार अलंकार केवल कविता के सौन्दर्य को चमका देता है। वामन ने दंडी और भामह का ही अनुशीलन किया है कुछ भेदों के साथ उसने अपने पूर्वाधिकारियों से भिन्न तीसरी शैली पांचली को स्वीकार किया।

इसने गुणों एवं अलंकारों की एक खास सीमा बांध दी है। वह ही सबसे प्रथम आलोचक हुआ है जिसने कि कविता के सार का प्रसार प्रत्येक प्रकार की कविता के लिये आवश्यक—जिसकी तुलना उससे की जाती है जिसमें वह निहित रहती है—माना है। रस सम्प्रदाय के सम्बन्ध में इसकी भी धारणा अपने पूर्ववर्ती आलोचकों के समान रही है। परन्तु दंडी एवं भामह के विपरीत उसका मत था कि रस गुणों को एक विशेष आवश्कीय रूप दे देता है जो कि कान्ति कहलाता है। यद्यपि इसने रस को कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया है तथापि उसने नाटकों को काव्य का सबसे श्रेष्ठ अंग माना है। वामन की इस धारणा से यह पुष्ट होता है कि उसने कलापूर्ण निबन्धों के लिये रस की महिमा को स्वीकार किया है परन्तु रसों का पूर्ण प्रकाश नाटकों में ही हो सकता है।

## उद्भट—

रस सम्प्रदाय ने उद्भट के समय में फिर जोर पकड़ा। यद्यपि उद्भट के समय में भी यह कविता की आत्मा नहीं समझा जाता था। यह उद्भट के कथन से स्पष्ट है कि यह प्रसिद्ध लेखक जो साहित्यिक आलोचना क्षेत्र में हुआ वह रस सम्प्रदाय का उतना ही प्रतिनिधित्व करता है जितना कि भामह के अलंकार सम्प्रदाय का। संगीत रत्नाकर की सूची के अनुसार तथा उद्भट के अन्तिम ग्रन्थों के अनुसार यह मालूम होता है कि अपने विस्तृत काव्यालंकार संग्रह ग्रन्थ के अलावा उसने नाट्यशास्त्र पर एक स्वतंत्र टीका भी की थी। इन निबन्धों में अलंकारों का वर्णन भामह की पद्धति के मतानुसार किया है और रसों को वही स्थान दिया है जैसा भामह और दंडी ने परन्तु इनका वर्णन उसने विस्तृत रूप से किया एवं रसों को अनुभव करने के लिये भाव का बहुत ही स्पष्ट चित्रण किया है। उसने भामह के द्वारा पोषित तीन अलंकारों, प्रेयः, रसवत् एवं ऊर्जस्वी के अलावा एक चौथा अलंकार और जोड़ दिया है जिसे समाहित के नाम से सम्बोधित किया है। किन्तु यह अनुमान किया जा सकता है कि उद्भट के समय में अलंकार एवं रीति सम्प्रदायों के सर्वमान्य होने पर भी रस सम्प्रदाय ने काफी प्रसिद्धि पा ली थी।

## रुद्रट—

भामह और उद्भट के बीच के काल में वाल्मीकि एवं भरत से परिचालित रस सिद्धान्त का उपयोग केवल नाटकों में ही किया जाता रहा है परन्तु नाटकों के अलावा अन्य श्रव्य एवं पाठ्य काव्यों में रस का प्रयोग केवल अलंकारों अथवा गुणों के अन्तर में ही होता था। जब इन तीनों सम्प्रदायों, अलङ्कार, गुण, रीति आदि का पूर्ण विकास हो गया तब रुद्रट एवं रुद्रभट्ट ने एक नया परिवर्तन लिया। उसने कहा कि रसों का विकास भी नाटकों के अलावा अन्य साहित्य में हो सकता है तथा अलंकार एवं गुण उसकी सुन्दरता को और बढ़ा सकते हैं। रुद्रट ने अपने काव्यालंकार में स्पष्ट कहा है कि रस से रहित कोई भी काव्य, शास्त्र के समान है अतएव कवियों को रस निरूपण में बहुत सतर्क रहना चाहिये। वह काव्यों में रस मत को लागू

करने पर इतना कट्टर था कि—उसने भरत के नव रसों में 'प्रेम' को जोड़ दिया और व्यभिचारी एवं सात्विक भावों के निरूपण में इतना आगे बढ़ गया कि उसने इनको भी रस का एक खास अंग मान लिया। वह रसों को अलंकारों के अन्तर्गत मानने के विपक्ष में था। और उसने कहा कि काव्य निर्माण का प्रधान लक्ष्य रस है।

## रुद्रभट्ट

रुद्रभट्ट भी रुद्रट के समान ही विचार रखता था। उसने अपने श्रृंगार तिलक में कहा कि उसने इस काव्य का निर्माण, "अपने पूर्ववर्ती लोगों के मत का खण्डन करने एवं रस का निरूपण दृश्य नाटकों के अलावा श्रव्य एवं पाठ्य काव्यों में किया जा सकता है" इसे साबित करने के लिये ही किया है। उसने नवों रसों का वर्णन अपने २ सभी विभावादि के सहयोग की परिभाषा के साथ सुन्दर पद्यों में किया है। इसका रस निरूपण रुद्रट एवं वामन के समकक्ष में विशेष विस्तृत है। अतः इस अनुमान को पुष्ट करता है कि कालान्तर में उन सभी समानान्तर सम्प्रदायों से जो कि उस समय के पूर्व साहित्यिक क्षेत्र में प्रचलित थे, रस सम्प्रदाय विशेष लोक प्रियता को प्राप्त कर चुका था।

## ध्वनिकार—

उस काल के अन्त में जिसमें कविता का स्वरूप अलंकार, गुण एवं रीति इन तीन प्रधान सिद्धान्तों के आधार पर निर्धारित किया जाता था और जब कि रस को भी पर्याप्त स्थान था। एक बहुत ही विवादास्पद सम्प्रदाय का आविर्भाव हुआ जिसे ध्वनि को कविता का मुख्य सिद्धान्त अर्थात् ध्वनि काव्य का आत्मा कहते हैं। इसके अनुसार रस, अलंकारादि के बीच एक विशिष्ट स्थान रखता है और कविता का सार है। इस सम्प्रदाय के अनुयायी ध्वनि सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हैं जिसके अनुसार अलंकार आदि सब रस की सुन्दरता बढ़ाते हैं। इसलिये कवि को अलंकार गुण, रीति आदि इस प्रकार के चुनने चाहिये जो रस के विकाश में सहायक होंगें। इस ध्वनि की व्याख्या करनेवाला प्रसिद्ध पण्डित जो इस काल में हुआ वह काश्मीर का आनन्द वर्द्धन है। यद्यपि उसने स्वयं स्वीकार किया है कि ध्वनि सिद्धान्त का प्रादुर्भाव उसके कई शताब्दियों पहले से था।

इस सम्प्रदाय का सिद्धान्त वैयाकरणों के स्फोट वाद से लिया गया है, जिनका मत है कि स्फोट अथवा ध्वनि ही शब्द का स्थायी स्वरुप है जिससे उसका अर्थ निकलता है स्फुटत्यर्थो यस्मात्, प्रतीत पदार्थको लोके ध्वनिः शब्दः यह भाष्य इसमें प्रमाण है। शब्द का एक व्यंजनात्मक व्यापार है जो कि अभिधा एवं लक्षणा से भिन्न है यह सम्प्रदाय ध्वनि के नाम से प्रसिद्ध है। उसके अनुसार वे शब्द एवं उनके अर्थ अपने व्यंजनात्मक व्यापार से कई प्रकार के भिन्न-भिन्न भावों का प्रकाश करते हैं ध्वनि कहलाते हैं। तथा वे निबन्ध भी जिनके शब्दों का अर्थ व्यंग्यात्मक निकलता है। ध्वनि कहलाते हैं। साहित्यिक क्षेत्र के इस सिद्धान्त के अनुसार

व्यञ्जक शब्द एवं अर्थ को और व्यंग्य अर्थ को तथा व्यञ्जना शक्ति को ध्वनि कहते हैं। आनन्दवर्धन का ध्वनि सिद्धान्त, भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में वर्णित मूल रस सिद्धान्त से दो स्थानों पर भिन्न है। पहले के अनुसार शब्दों या अर्थों से विभावादि के द्वारा व्यंजित होने पर ही रस का आस्वादन होता है और दूसरे के अनुसार, विभाव, अनुभाव आदि चाहे शब्दों से अर्थ रूप में वर्णित हो अथवा शब्दों से व्यंजित हो दोनों ही हालत में जनता के मन में आनन्द का उद्बोधन करेंगे।

विशेष कर आनन्द के अनुसार कविता का कार्य रसों को अलंकारों को और कथानक या वस्तुको व्यंजित करना है जो कि कविता एवं नाटकों में होता है। परन्तु भरत के अनुसार उत्तम कविता वही है जो कि विभाव अनुभाव आदि के प्रदर्शन से जनता में असीम आनन्द उत्पन्न कर दे। इन भिन्नताओं के साथ आनन्द ने रस को कविता का जीवन कहके प्रतिपादन किया है। और इसके जरिये ध्वनि सिद्धान्त को साबित किया है। ध्वनि कार के हाथ से शान्तरस का पर्याप्त विकास हुआ है जिसने यह दिखाया है कि शान्तरस ही प्रधान रस है जो कि रामायण एवं महाभारत में प्रकाशित किया गया है।

## ध्वनि ध्वंस सम्प्रदाय—

यह ध्वनि सम्प्रदाय यद्यपि ध्वनिकार द्वारा अच्छी तरह से स्थापित किया जा चुका था, और आनन्द के बाद के समालोचकों की विशेष रुचि का विषय हो गया था। तथापि उन्होंने इसका खण्डन अपनी प्रतिभा के बलपर बड़ी विद्वत्ता के साथ किया है। उनके नाम हैं प्रतिहारेन्दुराज, भट्टनायक एवं धनञ्जय।

## प्रतिहारेन्दुराज

प्रतिहार, भामह एवं उद्भट के अलंकार मतका प्रसिद्ध पोषक था। यह ध्वनिकार का खण्डन करते हुए कहता है कि ध्वनि अर्थात् शब्दों से व्यक्त तीन प्रकार के अर्थों को अलंकारों के अन्तर्गत ही माना जा सकता है जैसे पर्यायोक्त, श्लेष, रसवत् आदि को। एवमेतद् व्यञ्जकत्वं पर्यायोक्तादिष्वन्तर्भाव्यम्। उदाहरण के लिए उन्हीं पंक्तियों को उद्धृत करता है जिनको आनन्द ने की है तथा कविता के आत्मा के मत का खण्डन करता है। तथापि वह स्वीकार करता है कि रस कविता में श्रेष्ठ है। परन्तु रसवत् अलंकार है जिसका भामह ने समर्थन किया है।

## भट्टनायक...

ध्वनि मत का दूसरा विरोधी भट्टनायक है। यह नाट्यशास्त्र के रस मत का समर्थक था। भरत के रससूत्र के अनुसार ही उसने रस की अनुभूति को समझाया है किन्तु नवीनता से। इसके इस नये मत का आधार भरत द्वारा संपादित सूत्र का भिन्न अर्थ है। उसने अनुभव किया कि शब्द तीन व्यापारों से सम्पन्न रहते हैं। जैसे अभिधा, भावकत्व एवं भोजकत्व। जब कि शास्त्रों एवं वेदों के शब्द सिर्फ

एक ही व्यापार अभिधा से अर्थ का बोधन कराते हैं। काव्य इन तीन व्यापारों द्वारा पाठकों के हृदय में आनन्द का अनुभव कराता है। उसके अनुसार श्रोताओं को आकृष्ट करने के लिए केवल रस की ही कवियों को आवश्यकता रहती है और इसके लिये कविता में विभाव आदि को स्थान देते हैं। इसलिये केवल रस ही कविता की आत्मा है।

## धनंजय—

दशरूपक और अवलोक के लेखक धनंजय और धनिक भी रस मत के समर्थक किन्तु ध्वनि मत के विरोधी हैं। धनिक तो ध्वनि की सत्ता मानने को बिलकुल तैयार नहीं, उसके अनुसार तात्पर्य शक्ति ही इष्टार्थ को व्यक्त कर देती है। इस सम्बन्ध में वह भट्टनायक का समर्थन करता है और तात्पर्य शक्ति को ध्वनिका स्थान देता है। ध्वनिवादियों ने भट्टनायक की कड़ी आलोचनाएँ की है कि उसके भावकत्व और भोग, ध्वनन और व्यंजकत्व से भिन्न नहीं है और जब तक कि ध्वनि व्यापार स्वीकृत न किया जायगा, तब तक काव्य में भावकत्व सम्भव नहीं। इसका उत्तर धनिक तात्पर्य को ध्वनि का स्थान देकर देते हैं। तात्पर्य शक्ति को श्रोतागण न केवल वक्ता का मन्तव्य समझते हैं परन्तु उसका अनुसरण भी करते हैं। उसी तरह से कवि का तात्पर्य श्रोताओं और दर्शकों को न केवल कविता में विभाव आदि का बोध कराता है बल्कि उसके अनुसार आचरण करने को प्रेरित करता है। यह आचरणात्मक बुद्धि और कुछ नहीं अत्यधिक आनन्दानुभूति का लक्षण है। इस तरह से तात्पर्य शक्ति के द्वारा कविता रस का भोग करानेवाली बन जाती है और इसलिये ध्वनि या व्यंजनावृत्ति आदि कविता के प्रधान व्यापार की कोई आवश्यकता नहीं रहती। धनिक के अनुसार काव्य और रस का सम्बन्ध "भाव्यभावकभाव" है न कि 'व्यंग्यव्यंजकभाव' जैसा कि ध्वनि मतानुयायियों ने कहा हैं। धनिक के अनुसार इस तरह का सम्बन्ध 'जन्यजनकभाव' से भिन्न है जैसा कि नैयायिकों ने कहा है। क्योंकि रस, दर्शक के हृदय में स्थायी रूप से रहता है, और सांख्य के "सत्कार्यवाद' के अनुसार कविता इसका प्रकाश करती है। इस तरह के 'रस-भावना' के मत का समर्थन 'भरत ने कारिका में भाव शब्द का अर्थ करते हुए किया है।

भावाभिनयसंबद्धान् भावयन्ति रसानिमान्।
यस्मात्तस्मादमी भावा विज्ञेया नाट्ययोक्तृभिः ॥

यद्यपि ध्वनिकार ने शान्त रसको स्वीकार किया है परन्तु धनंजय पाठ्य काव्य में शान्त रस के स्थान को स्वीकार नहीं करता है।

## अभिनवगुप्त—

उस समय जब कि ध्वनिवाद की सब निन्दा करते थे और रसवाद की लोग इज्जत करते थे। उसी समय अभिनव गुप्त का प्रादुर्भाव हुआ जो कि ध्वनिमत का

पक्का अनुयायी और रस मत का समर्थक था। आनन्द वर्धन द्वारा संस्थापित ध्वनि मत जिसकी जड़ करीब-करीब हिल चुकी थी। उसको अभिनवगुप्त ने ऐसा जमाया कि उसके बादके आलंकारिकों ने उसकी बहुत इज्जत की। उसने ध्वनि विरोधियों की कड़ी आलोचना की और खासकर भट्टनायक और उसके रसानुभूति के तरीकों की अपने 'लोचन और अभिनव भारती' में कड़ी आलोचना की और उनको व्यर्थ साबित किया। उसके अनुसार रस-ध्वनि कविता के प्राण हैं अन्य कविता के अलंकार है।

अभिनव भारती में हमें इस मत के सब सामयिक लेखकों के उदाहरण मिलते और गायन कला, नाट्य कला एवं नाटक के सभी विषयों पर अच्छा प्रकाश मिलता है। 'भट्टलोल्लट' 'श्रीशंकुक' और 'भट्टनायक' आदि के रसानुभूति के सम्बन्ध में तीन प्रधान विचारों पर, जो भरत के रससूत्र के आधार पर हैं अच्छा प्रकाश डाला है। रसानुभूति के मनोविज्ञान के ऊपर उसने भट्टनायकके सिद्धान्तों को सुधार करके एक नया मत चलाया जिसको बाद के सब अलंकारिकों ने स्वीकार किया। उसने अपने विषय के ऊपर अद्भुत अधिकार एवं प्रतिभा के द्वारा यह स्थिर कर दिखाया कि ध्वनि कविता की आत्मा है और कविता के अन्य तत्वोंसे उनका सम्बन्ध दिखलाया। ध्वनि मत के समर्थकों ने भरत द्वारा परिचालित रस सिद्धान्त में सबसे बड़ा दोष यह देखा कि उसके अनुसार कविता में "भ्रम धम्मिअ" आदि पद्यों के समावेश के लिये कोई स्थान नहीं। रस भंगी के अनुसार सिर्फ वे ही पद्य या कविता अच्छी कविता समझी जा सकती हैं जो रसानुभूति को बढ़ाती है न कि वे जहाँ सिर्फ सुन्दर वस्तु एवं अलंकार दिखाया गया हो।

इस दोष को दूर करने के लिये उन्होंने ध्वनि मत का आरम्भ किया जिसमें कि रस को भी बहुत बड़ा स्थान दिया है। शान्त रस को अभिनव ने सिर्फ यही नहीं साबित किया कि यह कविता में पुष्ट एवं स्पष्ट हो सकता है बल्कि अन्य रसों में इसको प्रथम स्थान दिया। इस तरह से नाट्यशास्त्र में एक अंश शान्त रस पर है जिसकी मूर्धन्य टीका अभिनव की है।

## कुन्तक—

यद्यपि अभिनव ने ध्वनि एवं रस सिद्धान्तों को काफी पुष्ट कर दिया था, तथापि इनको दो विरोधी मतों का 'वक्रोक्ति' और 'अनुमान' का आक्रमण सहना पड़ा। जिसका समर्थन कुन्तक और महिम भट्ट करते थे, क्रमशः कुन्तक का कहना था कि वक्रोक्ति, या सुन्दर भावों को व्यक्त करने का विचित्र प्रकार से कहना जो कि साधारण तरीकों से भिन्न है कविता का सार है। यह एक कविता का विशेष आभूषण है जो कि शब्दों के समन्वय से बनता है। उसने रस और व्यंग्यार्थ को भी अलंकार के अन्तर्गत माना है इससे यह साफ है कि वह रस और ध्वनि का शत्रु नहीं था। भामह आदि के रसवत् का उसने विरोध किया किन्तु उसको अपने ढंग से वर्णन कर कविता में स्वीकार किया है।

## महिम—

महिम ने रसों को कविता का प्राण माना है और रसमत का अनुसरण किया। उसने रसानुभूति में ध्वनि की सत्ता का विरोध किया है, और उसके स्थान पर अनुमान को स्थान दिया है जिसको 'काव्यानुमिति' यह नाम दिया है। उसका प्रधान मन्तव्य 'व्यंजना' का खण्डन करना था जिसे कि ध्वनिकार ने स्वीकार किया था।

## भोज—

इसके बाद भोज का काल आया। जो इन दो विरोधियों का समकालीन या एवं जो राजा भोज नाम से प्रसिद्ध हुआ। शृंगार प्रकाश के विस्तृत कार्य में रस सम्बन्ध में उसने अपना नया मत स्थिर किया है और तत्कालीन लेखकों द्वारा समर्थित कई एक रसों को उसने स्वीकार नहीं किया, उसने बताया कि शृंगार ही केवल एक मात्र रस है जो कि महान् आत्मा या अहंकार है। सर्व प्रथम इसने ही कहा कि रति आदि भाव शृंगार से उत्पन्न होते हैं। क्योंकि आकृष्ट दर्शक जो कि शृंगार से सम्पन्न हैं केवल इन भावों को अनुभव करता है एवं भोगता है।

स्थायी भाव विशेष स्थलों पर रसमें परिवर्तित हो जाते हैं इस विचार का भोज खण्डन करता है और कहता है कि यदि स्थायी भाव रसों को उत्पन्न कर सकता है तो कोई बाधक नहीं हो सकता कि अन्य भाव भी अपने को रसों में परिवर्तित न कर सके, और इस लिए रसों को आठ या नौ मानना भी गलत हो जाता है। नाट्यशास्त्र में वर्णित भावों के; 'स्थायी' 'सात्विक' और 'व्यभिचारी' आदि तीन विभागों का एवं रससूत्र में वर्णित रस की उत्पत्तिका भोजने खण्डन किया है। उसके अनुसार सभी भावों को भाव कहना चाहिए विभाग एवं नामकरण हटा देना चाहिए और केवल रस ही से इन भावोंकी उत्पत्ति होती है। उसने भरत के इस मतका भी खण्डन किया है कि चार रसों का एक गिरोह दूसरे चार रसोंके उत्पत्ति का कारण है और उसने समझाया कि किस तरह एक अहंकार रस को रूप दे सकता है और फिर वही रसोंसे सम्बन्धित भावों को अनुभूत करा सकता है।

## क्षेमेन्द्रः—

भोज के बाद साहित्यिक आलोचना का एक दूसरा अध्याय प्रारम्भ होता है।

भोज के समय के बाद, एक दूसरी नयी साहित्यक आलोचना के प्रस्थान में कविता के जीवन के समान औचित्य आगे रखा गया जो कविता के तत्वों (गुण, अलंकार, रस) से बना है। यह प्रस्थान क्षेमेन्द्र के साथ प्रारम्भ हुआ जिसमें एक कार्य में अपने विचार प्रदर्शित किये। वह औचित्य को सकल कविता निर्माण में जीवन के समान सोचता है। क्योंकि गुण, अलंकार, रसों का यदि समुचित प्रयोग नहीं किया गया तो वे कविता को सुन्दर नहीं बना सकते। बल्कि वे अपनी स्वयं सुन्दरता नष्ट कर डालते हैं। तो भी औचित्य की आवश्यकता सर्व प्रथम आनन्द

वर्द्धन के द्वारा देखी गई और रस की उन्नति के लिये औचित्य को स्वीकार करना कवि के लिए आवश्यक किया गया था। परन्तु क्षेमेन्द्र ने उस विचार को बदल दिया और बतलाया कि रस की उपस्थिति औचित्य को सहायता करती है। और औचित्य पर जोर दिया न कि सिर्फ रसके विषय में बल्कि शब्द, वाक्य, क्रिया, विषय, लिंग, संख्या जो कविता में होते हैं। जैसे प्राण सारे शरीर को सुन्दर बनाता है और जीवन के अभाव में शरीर की सुन्दरता नष्ट हो जाती है इसी प्रकार केवल औचित्य की उपस्थिति कविता के दूसरे तत्वों को सुन्दर बनाती है। क्षेमेन्द्र ने शान्त को मिलाकर नौ रस स्वीकार किया। और इस तरह वह ध्वनिकार का अनुगामी था।

## प्रस्थानों का क्रम

साहित्यिक आलोचना के भिन्न-भिन्न आठ प्रस्थान हैं; इन आठों प्रस्थानों का क्रमशः परिचय देने के पहिले यह बतलाना भी जरूरी है कि ये प्रस्थान कोई नवीन रूप से इन आचार्यों के द्वारा आविर्भूत नहीं है किन्तु इनके प्राचीन रूपों का प्राञ्जलत्व एवं पल्लवन मात्र इन्होंने कर दिया है।

दण्डी एवं वामन ने रीतिको वैदर्भी गौडी एवं पाञ्चाली के रूप में कहा है। कुन्तक ने सुकुमार, विचित्र एवं मध्यम मार्ग नाम से लिखा है और काव्यप्रकाश कारने उद्भट के अनुसार उपनागरिका परुषा एवं कोमला वृत्ति के नाम से लिखा है। और भी एक बात है यह जो रीति या मार्ग या वृत्ति नाम करण है वह गुणों को ही एक शब्द से सुभीते के लिए कहना है और कुछ नहीं है।

१—रस प्रस्थान (प्राचीन से भी प्राचीन है किन्तु पल्लवन, स्वरूप निर्धारण एवं प्रांजलता कर्ता भरत)।

२—अलंकार प्रस्थान —(प्राचीन किन्तु विकाशक भामह वगैरह)।

३—रीति या मार्ग या वृत्ति प्रस्थान—(दण्डी, वामन, कुन्तक, उद्भट एवं उसके अनुयायी मम्मट,)।

४—ध्वनि प्रस्थान—( आनन्दवर्द्धन)।

५—ध्वनि ध्वंसक प्रस्थान—अर्थात् व्यङ्ग्य व्यञ्जक भाव के विरोध में भाव्य-भावकभाव का स्वीकार करने वाला प्रस्थान—(प्रतिहारेन्दुराज, भट्टनायक एवं धनञ्जय)।

६—ध्वनि का अनुमान में अन्तर्भावक प्रस्थान—(श्रीशंकुक एवं महिम आदि नैयायिक वर्ग)।

७—वक्रोक्ति प्रस्थान—(कुन्तक)।

८—औचित्य प्रस्थान—(आनन्दवर्द्धन एवं क्षेमेन्द्र)।

इसमें पाँच रस, रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति एवं औचित्य काव्य के आत्मा या प्राण या जीवन कहे जाते हैं और जो शब्द तथा अर्थ, लोक एवं शास्त्र में सभी जगह कहे सुने या समझे जाते हैं अथवा व्यवहृत होते हैं जिनमें "काव्य" यह नाम देने का या काव्य काव्य यह कहने का आधार एक मात्र अलंकार है। जैसा कि कहा है काव्यवृत्तेस्तदाश्रयात्।'

मम्मट ने इस मत को मानते हुए भी अनलंकृती शब्दार्थौं काव्यं कैसे लिखा उसका उत्तर आगे है।

आज तक की परम्परा में रस प्रस्थान का कोई भी विरोधी तो नहीं हुआ परन्तु प्राचीन काल में जो रसको प्रधानता दे रखी थी उसको न मान कर भामह वगैरह ने अलंकारों के अन्तर्गत उसको मान लिया। या दूसरों ने उसको अनुमेय कहकर स्वीकार किया। उसका अभाव किसी ने नहीं कहा। किन्तु ध्वनि को तो बढ़ाने की पूरी चेष्टा की। अलंकार भी रस की तरह अत्यन्त प्राचीन है। रीति प्रस्थान, वक्रोक्ति प्रस्थान एवं औचित्य प्रस्थान का न कोई विरोधी हुआ न कोई अनुरोधी हुआ अतः उसका विकास नहीं हुआ। अलंकार प्रस्थान के ऊपर ध्वनिकार एवं मम्मटने जरूर थोड़ा सा कटाक्ष डाला।

ध्वनिकार ने अलंकारोंके विन्यास को रसानुसारी करने की चेतावनी दी और विन्यास करने का मार्ग भी बतलाया। इसी लिए मम्मट ने अलंकार के बिना भी काव्य हो सकता है क्योंकि जब रस काव्य की आत्मा है मुख्य है अतः उसके अनुसार ही अन्य वर्ग का होना औचित्य प्राप्त है। अलंकार तो बाहरी है तब ऐसा कहना संगत ही है।

इन प्रस्थानों के सिद्धान्त भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र विद्वानों द्वारा निश्चित किये गये, बादमें रससिद्धान्त केवल धीरे-धीरे प्रसिद्ध हुआ। सर्वश्रेष्ठ आलोचक रस के बड़े वकील थे और बुद्धि और शक्तियुक्त तर्क द्वारा उस रस सिद्धान्त की रक्षा की और उसे शानदार सहयोग दिया।

साहित्यिक आलोचना के विज्ञान की उन्नति के साथ मौलिक कल्पना समाप्त हुई और कविता सम्बन्धी भाषा की विशेषताओं का अन्वेषण करना भी हमेशा के लिये बन्द हो गया। कविता पर बाद के जो कार्य मम्मट ने काव्य प्रकाश द्वारा प्रधान रूप से किये थे वह सब प्राचीन सिद्धान्तों का पद्धति रूप में संकलन था। जंगल जो था उसको सुहावने बगीचे का रूप दिया और पण्डितराज ने उसका परिष्कार करके ऐसा सजाया कि जो आज भी अपने रूप में सुस्थिर है। काव्यप्रकाश एक प्रसिद्ध योग्यता का कार्य है और इस कार्य ने एक आदर्श उपस्थित किया।

## नवीन प्रस्थान की सृष्टि

हमने अपने साहित्य मधुसूदन ग्रन्थ में एक नया प्रस्थान जो संख्या में नौवाँ होगा लिखा है। वह है उत्कर्ष। रस को आत्मा कहते हैं परन्तु जब यह आत्मा

है जब वह उत्कृष्ट है। वस्तुस्थिति तो यह है कि रस यह व्यवहार ही तब होगा जब वह औरों से उत्कृष्ट होगा अन्यथा रसवत् अलंकार कहलायेगा। रस नहीं कहलायेगा। यही हालत ध्वनि की भी है। जब अर्थ मुख्य होता है तभी ध्वनि होता है अन्यथा गुणीभूत व्यंग्य हो जाता है।

वक्रोक्तिः काव्यजीवितम्, कहनेवालों का भी यही हाल है। जितने भी कहने के तरीके प्रसिद्ध हैं उनसे उत्कृष्ट तरीका ही वक्रोक्ति है और कुछ नहीं है। "रीतिरात्मा काव्यस्य", माननेवालों की भी यही दशा है। साधारणतः लोक एवं दूसरे शास्त्रों में जो रचना शैली है उससे उत्कृष्ट शैली को ही वैदर्भी गौडी एवं पाञ्चाली रीति या वृत्ति या मार्ग कहते हैं।

रस या ध्वनि के रहते हुए यहाँ शब्दालंकार है यहाँ अर्थालंकार है यह कथन भी नही बनसकता। क्योंकि (प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति) व्यवहार का हेतु प्रधानता ही है और वह प्रधानता रस एवं ध्वनि में ही तो है। रस एवं ध्वनि नाम ही बतलाता है कि वह प्रधान है। तब भी यह शब्दालंकार है यह अर्थालंकार है ऐसा व्यवहार होता है। उसका क्या कारण है, कहना होगा "उत्कर्ष"। यहाँ शब्द या अर्थ के सौन्दर्य में ही उत्कर्ष है अतः ऐसा व्यवहार होता है।

और भी कारण है। (आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवति) भगवती श्रुति कहती है कि दुनियाँ में जो कोई भी वस्तु प्रिय है वह आत्मा के लिये होने से ही प्रिय है। परन्तु योद्धा लोग उस आत्मा का उत्सर्ग कर देते हैं। किस लिये? कहना होगा कि उत्कर्ष के लिए। विजय एवं उत्कर्ष दोनों पर्याय हैं।

औचित्य का विचार भी उत्कर्ष के ऊपर निर्भर है। अब प्रश्न होता है सब ठीक है किन्तु उत्कर्ष तो एक धर्म है रस एवं ध्वनि की तरह धर्मी नहीं है। उत्तर। गुण, रीति, अलंकार, वक्रोक्ति एवं औचित्य कौन धर्मी है ये भी तो धर्म ही है। उत्कर्ष ही वस्तुतः प्रस्थान है सम्प्रदाय है।

## रसों की संख्या के सम्बन्ध में विचार

शास्त्रों में भगवान् परमात्मा शिवजी का पशुपति नाम है। उसका निरूपण करते समय बतलाया गया है कि जीव नामधारी मात्र पशु हैं। भगवान् शिव उनके पति अर्थात् पालक हैं। जीव को पशु क्यों कहा। उत्तर में कहते हैं कि (पशु पाशाष्टवेष्टितः) जो आठ पाशों से वेष्टित अर्थात् बँधा रहता है वह पशु है। घृणा (करुणा) जुगुप्सा, भय, शोक, रति (इच्छा) द्वेष, उत्साह एवं विस्मय ये आठ जीव के पाश हैं। इनसे आत्मा के बँधने पर जीव नाम होता है। ये जीव की वृत्तियाँ हैं। (जीवो ब्रह्मैव नापरः ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः) जीव ब्रह्म ही है उससे भिन्न जीव नहीं है। संसार में जिसका नाम जीव है वह मेरा ही अंश है। वह सनातन है इसके अनुसार ब्रह्म रूप जीव, आनन्द रूप हैं—जैसे चीनी ही वस्तुतः मीठी है बेशन बगैरह कतई बिलकुल मीठे नहीं है तथापि चीनी के सम्पर्क से वे भी

मीठे हो जाते हैं इसी तरह आठों निरानन्द वृत्तियाँ भी निरावृत आनन्द रूप जीव से संयुक्त होने पर आनन्द रूप हो जाती हैं।

अतएव कहा जाता है (व्यक्ता रतिरेव रसः) अभिव्यक्त हुई रति ही रस है। किन्तु यह कभी नहीं हो सकता है। नितान्त असम्भव है। क्योंकि ( रसो वै सः) इस श्रुति के अनुसार रस तो वह ब्रह्म है। जब ब्रह्म ही रस है आस्वादनीय है। तभी वह आनन्द रूप है। तब रति कैसे रस आस्वाद्य हो सकती है। कैसे आनन्दात्मिका हो सकती है। अतः कहना चाहिए इन आठ उपाधियों से अवच्छिन्न जीव ही रस है। जीव रसिक है यह व्यवहार "राहु का शिर" जैसा भेद बुद्धि से समझना चाहिए। अथवा चीनी के ही मीठे होते हुए भी बेशन के लड्डू को भी मीठा जैसे कहते हैं। उसी तरह जीव के आनन्द रूप होते हुए भी जीव से प्रतिबिम्बित प्रकाशित रत्यादि भी रस आस्वाद्य कहलाते हैं।

इस तरह आठ ही रस हैं। इन आठों का स्रोत उद्गम स्थल शान्त है। क्यों ? सुनिये।

## रसों में क्रम

"शान्तं शाश्वतमप्रमेयमनघम्" भगवान् परमशिव शान्त है शाश्वत हैं नित्य हैं, प्रमाके बाहर है, अनघ निष्कलंक है। शान्ताकारं भुजगशयनम्" इत्यादि सभी जगहों में प्रभु परमात्मा को ही शान्त शब्द से कहा है और उसी को रस शब्द से भी कहा है और अपने ग्रन्थका रसगङ्गाधर नाम रखने का भी पण्डितराज का यही आशय है अतः शान्त रस का अर्थ है परम शिव।

"ममैवांशो जीवलोके" इस गीतोक्ति के अनुसार ( आठ पाशोंसे बँधा ) जीव परमात्माका अंश है। अब सिद्ध करते हैं कि शान्त ही सबका उद्गमस्थल है। भरत ने इसी भाव को मध्ये नजर रखकर लिखा है कि—

न यत्र दुःखं न सुखं न द्वेषो नापि मत्सरः।
समः सर्वेषु भावेषु स शान्तः कथितो रसः॥
भावाः विकारा रत्याद्याः शान्तस्तु प्रकृतिर्मतः।
विकारः प्रकृते र्जातः पुनस्तत्रैव लीयते॥
स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्त्तते।
पुनर्निमित्तापाये च शान्त एवोपलीयते।
एवं नवरसा दृष्टा नाट्यज्ञैर्लक्षणान्विताः।

अर्थात् जहाँ न दुःख है न सुख है, न द्वेष (दुश्मनों के अपकार करने की इच्छा—) है और न मत्सर है अर्थात् दूसरों की अच्छाई में बुराई निकालने की या देखने की भावना है। और जो सब भावों में समान है वह प्रसिद्ध शान्त रस है।

इसी कारिका को थोड़े शब्दान्तर से साहित्य दर्पण कार ने उद्धृत की है।

न यत्र दुःखं न सुखं न चिन्ता, न द्वेषरागौ न च काचिदिच्छा। रसः स शान्तः कथितो मुनीन्द्रैः सर्वेषु भावेषु समप्रमाणः।

यहाँ भी सब भावों में समान प्रमाण से रहने वाला ही लिखा है।

इत्यादि भाव विकार है। शान्त इनका प्रकृति है। विकार प्रकृति से पैदा होते हैं और फिर उसी में लीन हो जाते हैं। अपने-अपने कारण को प्राप्त करके शान्त से भाव पैदा होते हैं और कारण के विलीन होने पर स्वयं उसी में विलीन हो जाते हैं। इस तरह नो रस नाट्याचार्यों ने देखें हैं।

पहले पहल शान्त आनन्द से सृष्टि होती है। अतः जीव अपने कारण आनन्द में मिलना चाहता है। स्त्री से पुत्र से धन से सभी से प्रेम करना बतलाता है कि मूलतत्व आनन्द है। प्रेम का नाम रति है। जब दूसरा भी सम्मिलित होता है तब हास होता है। जब दूसरा नहीं सम्मिलित होता है तब वह क्रोध करता है। क्रोध जब अधिक मात्रा में होता है तब वह उसको मार देता है तब दूसरा शोक मग्न होता है। अगर वह प्रतिद्वन्द्विता करने लगे तो उसको पराभूत करने का उत्साह करता है। और उसको जीत लेता है।

मैंने अपने प्रतिद्वन्द्वी को को जीत लिया इस तरह उसको विस्मय होता है। विजय करने के लिए दूसरे को दबाना पड़ता है खून खबर भी होता है अतः खून खच्चर वगैरह बीभत्स हो जाता है। और दुर्बल पराजित व्यक्ति भयभीत हो जाता है उसको भय होता है।

इस तरह ये आठ भाव स्थायी होने की योग्यता रखते हैं अतः इन्हीं को लेकर आठ रस हैं। मूलभूत शान्त रस को लेकर नव रस है। अथर्ववेद से इनको लेने के भाव को हम भूमिका के पृष्ठ ११ में कह चुके हैं।

## रसों के भेद एवं उपभेदों का मूल

रसों के भेद शृंगारादि नो और उपभेद भाव, भावोदय, भावसन्धि, भावशबलता, भावाभास, एवं रसाभास रससंकर एवं रससंसृष्टि है।

रस संकर वहाँ होता है जहाँ रसों में अंगागिभाव होता है। रस संसृष्टि वहाँ होती है जहाँ उनमें अंगागि भाव नहीं होता है। यद्यपि ये भेद अलग से किसी ने नही लिखे हैं तथापि अलंकार संकर एवं अलंकार संसृष्टि लिखे हैं और "स्निग्धश्यामलकान्ति लिप्त वियतः" काव्य प्रकाश में चतुर्थोल्लास के अन्त में उद्धृत इस पद्य में रसध्वनि में संकर एवं संसृष्टि लिखी है। अतः रस के ऐसे दो भेद मानने में कोई आपत्ति नहीं है।

भोजराज ने अपनी प्रौढ़ि का प्रकाशन किया कि

शृंगारहास्य करुणाद्भुतरौद्रवीर
बीभत्सवत्सल भयानकशान्तसंज्ञान्
आम्नासिषु र्दश रसान् कवयो वयं तु
शृंगारमेव रसनाद्रसमामनामः। शृंगार प्रकाश।

कवियों ने शृंगारादि दश रसों को कहा है। किन्तु हम रसन के कारण शृंगार को ही रस मानते हैं। नारायण आचार्य ने प्रौढ़ि का प्रकाशन तो नहीं किया किन्तु अपनी विह्वलता का प्रकाशन अवश्य किया कि

रसे सारश्चमत्कारः सर्वत्राप्यनुभूयते।
तच्चमत्कारसारत्वे सर्वत्राप्यद्भुतो रसः। धर्मदत्त।

इन दोनों का उत्तर ऊपर दिया जा चुका है।

इसके सिवाय कोई आचार्य कहते हैं कि आर्द्रता स्थायिभावक स्नेह या वात्सल्य रस, अभिलाष स्थायभावक लौल्य रस, श्रद्धा स्थायिभावक भक्ति रस एवं स्पृहा स्थायिभावक कार्पण्य रस भी मानना चाहिए। इस तरह शृंगारादि नव एवं ४ चार ये रस हैं अतः १३ होते हैं।

इसका उत्तर है कि आर्द्रता, अभिलाष, श्रद्धा एवं स्पृहा ये चारों रति के ही भेद हैं। वह रति कान्त एवं कान्ता को छोड़कर समस्त रूपों में भाव है। अतः ये ४ पृथक् रस नहीं हैं।

इधर कुछ आचार्य गर्व को स्थायी मानकर उद्धत रस, स्नेह को स्थायी मानकर प्रेयान् रस एवं मति को स्थायी मानकर उदात्त कहते हैं। इस तरह शृंगारादि नौ और ३ तीन ये हैं अतः १२ रस हैं।

गर्व स्थायी भाव बन ही नहीं सकता है। क्योंकि गर्व आप्रबन्ध स्थायी किसी का भी नहीं रहा है और न रहेगा। स्नेह को रस मानने वाले, स्नेह को स्थायी बनाने वालों को उत्तर देवें। हमारा उत्तर है कि प्रेयान् अलंकार है। (रसवत् प्रेय उर्जस्वि समाहितमिति क्रमात्) यह कथन इसमें प्रमाण है। उदात्त भी अलंकार है। अतः नौ ही रस है।

भवभूति आचार्य ने करुण ही एक रस माना है। अन्य रसों के लिए कहते हैं कि निमित्त के भेद से वह करुण ही भिन्न-भिन्न रूप में प्रतीत है। उनका लेख है कि

एको रसः करुण एव निमित्त भेदाद्
भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्त्तान्। उत्तर रामचरित।

इस तरह से अन्य रसों को मानते हुए भी मूल में करुण को ही मानते हैं।

रूप गोस्वामी और जीव गोस्वामी प्रभृति ने मधुर रस का भी उल्लेख अपने-अपने ग्रन्थों में किया है।

इस तरह रसों की संख्या में ह्रास एवं वृद्धि ग्रन्थों में दिखाई पड़ती है, परन्तु सिद्धान्ततः वे रस नहीं हैं। रस की परिधि में आने की योग्यता उनमें नहीं है। वे सब भाव ही हैं।

यहाँ का भाव यह है कि चिद्विषयताविशिष्ट अर्थात् चिद्विषय स्थायी भाव रस है। या स्थाय्यवच्छिन्न चिन् रस है। [उपाधि ही अवच्छेदक होती है चैतन्य

उपधेय है, अतः अवच्छेदक नहीं होता है। इसलिए स्थायी से अवच्छिन्न चित् को कहा है। न कि चित् से अवच्छिन्न स्थायी। चित् का विषय विश्व है अतः स्थायी को चिद्विषय कहा] ये दो मत हैं। यहाँ (एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म) इस श्रुति के अनुसार चित् एक है। किन्तु उपाधि के नानात्व के अनुसार उसमें नानात्व होता है। अतः जितनी उपाधियाँ होंगी उतने ही रस मानना औचित्य प्राप्त है। वे उपाधियाँ हैं स्थायी भाव, यह तो स्पष्ट ही है। अब विचार यह करना है कि वे उपाधियाँ स्थायी भाव कितने हैं। उपाधि शब्द का अर्थ है जो उप माने समीपस्थ वस्तु में अपने धर्म का आरोप करे आधान करे। उस स्वधर्मारोप करने वाले को उपाधि कहते हैं। आचार्य भरत ने ४९ उनंचास भावों का उल्लेख किया है। उनमें आठ ८ रत्यादिकों को स्थायी भाव नाम से कहा है। इसकी व्याख्या में अभिनव गुप्त एवं महिम भट्ट ने लिखा है कि सभी ४९ भाव व्यभिचारी हैं। किन्तु जिनमें स्थायी होने की योग्यता है वे ही स्थायी होते हैं। अतः प्रतिनियतरूप की अपेक्षा से ही इनको स्थायी या व्यभिचारी एवं सात्विक कहा जाता है।

सारांश है कि खाया पिया हुआ पदार्थ आँख, कान, एवं नाक वगैरह अवयवों को पोषक या अपोषक तत्वों को प्रदान कर सम्पूर्ण शरीर को लाभ या हानि पहुँचाता है। यह सिद्धान्त है। किन्तु ज्वर नाशक औषध वगैरह खाया या पिया हुआ भी केवल ज्वर को ही शमन करता है और कुछ कार्य नहीं करता है अतः उन औषधों को प्रतिनियत कार्यकारी कहा है। उसी तरह इन भावों को भी प्रतिनियत रूप कहा है। जैसे चिन्ता, मन के प्रतिकूल पदार्थ ग्लानि प्रभृति से उत्पन्न हो जाती है और वही चिन्ता मन के अनुकूल पदार्थों से हट जाती है। अतः इनके रूप व्यभिचारिता में प्रतिनियत होने से व्यभिचारी कहलाते हैं। और रत्यादि भावों का रूप स्थिरता में प्रतिनियत है। अर्थात् ये ही भाव हैं जिनके कारण ब्रह्म जीव संज्ञा को प्राप्त करते हैं। मुक्त होने से पहले संसार में कोई भी जीव इन उपाधियों से रहित होकर नहीं रह सकता है। इसलिए इन रत्यादि भावों को स्थायी कहा गया है और जो इनको रसान्तर में व्यभिचारी भाव कहा गया है, वह शास्त्रीय नियमों का अनुसरण किया गया है कि पुष्ट नहीं होने पर केवल अनुद्बुद्धावस्था में ये भाव व्यभिचारी होते हैं। अतः इनकी दो स्थितियाँ हैं।

ये रस लौकिक एवं अलौकिक होते हैं।

रसतरंगिणीकार भानुमिश्र एवं तदनुयायी साहित्य सारकार अच्युतराय ने इन उपरि निर्दिष्ट रसों के विषय में लिखा है कि ये रस लौकिक एवं अलौकिक हैं।

पहिले से वासना रूप में विनिविष्ट रत्यादि भावों के संस्कार का उद्बोध लौकिक सन्निकर्ष से होने पर लौकिक रस और अलौकिक सन्निकर्ष से होने पर अलौकिक रस है यह व्यवहार होता है। लौकिक सन्निकर्ष विषयों के साथ ६ प्रकार का सम्बन्ध जैसा कि नैयायिकों के द्वारा बतलाया गया है उस सन्निकर्ष से जनित रस लौकिक है और अलौकिक सन्निकर्ष से पैदा होनेवाला रस अलौकिक है। वह अलौकिक रस तीन प्रकार का है। स्वाप्न, मानोरथ और औपनायिक।

इनके लिए अलौकिक ज्ञान सन्निकर्ष है। वह इस जन्म में अनुभूत तथा इस जन्म में साक्षात् अननुभूत किन्तु स्वप्न में दृश्यमान पदार्थों में भी प्राक्तन संस्कार द्वारा ज्ञान ही सन्निकर्ष है प्रत्यासत्ति है।

पाठ्य महाकाव्य रघुवंशादि में पदादि एवं अर्थ से, नाट्य में अभिनय से, श्रव्य गीत गोविन्दादि में गीत से और चित्रों में रेखाओं से चमत्कार होता है। इसी का नाम औपनायक है। क्योंकि यहाँ उपनायक उपस्थापक महाकाव्यों में बुद्धिस्थत्वेन उन पदार्थों की भावना करने से और उपनायक उपस्थापक नाट्य में रंगस्थलवर्ती नट में स्वाभिन्नत्वेन भावना करने से रस प्राप्त होता है। अतः इनको औपनायक कहते हैं। स्वप्न जगत् में अविद्योपनत पदार्थों से मिलने वाले सुख को रस कहा है। और मनोराज्य में विहरण करने से प्राप्त सुख को मानोरथ रस कहा है। इसका प्रधान स्थल चित्र है। फोटो है। इस तरह के तीन प्रकार मानने में उपपत्ति देते हैं कि शास्त्रों में सुख को वैषयिक, पारमार्थिक एवं शास्त्रीय पद पदार्थज्ञानजनित त्रिविध सुख कहा है। अतः सुख स्वरूप रस भी त्रिविध है।

रसों की संख्या नौ है। अधिक भी नहीं और कम भी नहीं है। इसका कारण बतलाया जा चुका है। इनमें भी पहिले शृंगार है पीछे हास वगैरह सात हैं। इसका भी कारण बतला दिया गया है।

इन सबका भी कारण शान्त है। जैसे सृष्टि प्रक्रिया में व्यवस्था है वैसे ही प्रकृत रस प्रक्रिया में भी व्यवस्था है इसका स्पष्टीकरण करते हैं।

सर्वज्ञं सर्वगं शान्तं सर्वेषां हृदये स्थितम्।
निष्कलं निर्गुणं शान्तं निर्विकारं निरामयम्।

यो० शि० उ० ३।२१

आकाशवत् सर्वगतं सुसूक्ष्मं निरञ्जनं निष्क्रियं सन्मात्रं चिदानन्दैकरसं शिवं प्रशान्तममृतं तत्परं च ब्रह्म। शा० उ० २।

सर्वलोकं च चिन्मात्रं त्वत्ता मत्ता च चिन्मयम्। रसो वै सः। रसं लब्ध्वानन्दी भवति। तै० उ०

इत्यादि निखिल श्रुतियों में परब्रह्म परमेश्वर परमात्मा को सत्, चित्, आनन्द, रस, शिव शान्त, अमृत, सर्वज्ञ सर्वगत और निस् उपसर्ग को लगाकर सब कुछ कहा है। और उसी से सबकी सृष्टि पैदाइश होती है। और उसी में सबका लय होता है। जैसा कि आगे श्रुतियों में कहा है—तस्माद्वा एतस्मात् आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी।

आनन्दाद् हि एव खलु इमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दमनुसंविशन्ति। तै० उ०

अक्षराद् द्विविधाः सौम्य! भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापि यन्ति। मुक्तिकोपनिषत् २।१।१०

प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः। माण्डूक्योपनिषत्।

उस परब्रह्म परमात्मा से आकाश पैदा हुआ। आकाश से वायु। वायु से अग्नि। अग्नि से जल। जल से पृथिवी। इति। आनन्द से ही ये भूत पैदा होते हैं, पैदा हुए ये आनन्द से जीते हैं और अन्त में आनन्द में प्रवेश करते हैं। इति ' हे सौम्य! अक्षर परब्रह्म से दो तरह के भाव पैदा होते हैं और उसी में लीन होते हैं। इति।

शान्त शिव अद्वैत जिसको चतुर्थ कहते हैं जिसमें प्रपञ्च का संसार का उपशम होता है वह आत्मा है उसको जानो।

इस तरह जिस शान्त,शिव,सत्,चित्, आनन्द एवं रस रूप परब्रह्म परमात्मा से सृष्टि और उसी में लय श्रुतियों में बतलाया गया है। उसी परमात्मा या ब्रह्म शान्त रस से श्रृंगारादि रसों की उत्पत्ति और उसी में लय नाट्यशास्त्र ने बतलाया है।

स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्त्तते।
पुनर्निमित्तापाये च शान्त एवोपलीयते।

जहाँ सुख दुःख द्वेष एवं मात्सर्य आदि कोई भी अनुरोधी या विरोधी पदार्थ नहीं रहता है और जो सभी भावों में समानरूप से रहता है वह शान्त रस है। रत्यादि भाव विकार हैं और शान्त प्रकृति है। विकार प्रकृति से पैदा होता है और उसी में लीन हो जाता है। अपने २ भिन्न हेतुओं के आश्रयण से उस शान्त से नाना भावों का उद्गम होता है। और कारण के विलयन होने पर उनका भी विलयन हो जाता है।

फलतः सृष्टि की तरह रसों के मूल में शान्त ही रस है। और जिस तरह यह शान्त रस ब्रह्म रूप है आनन्द रूप है उसी तरह ये श्रृंगार आदि आठ रस भी आनन्द रूप हैं। ब्रह्म रूप हैं।

सुवर्णाज्जायमानस्य सुवर्णत्वं यथा मतम्।
ब्रह्मणो जायमानस्य ब्रह्मत्वं शाश्वतं तथा।

जैसे सुवर्ण से पैदा होने वालों में सुवर्णत्व निश्चित है वैसे ही ब्रह्म से पैदा होने वालों का ब्रह्म होना भी शाश्वत सत्य है। इसीलिए कहा जाता है

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।
जीवो ब्रह्मैव नापरः। इत्यादि।

जीवलोक में जीव मेरा ही अंश है जो सनातन है। जीव ब्रह्म ही है। दूसरा नहीं है। फलतः सभी रस श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स विस्मय एवं शान्त आनन्द रूप है।

आचार्य अभिनव गुप्त ने यह भी विचार उठाया है कि श्रृंगार १ हास्य २ वीर ३ एवं विस्मय ४ दुःखानुविद्ध आनन्द रूप हैं और रौद्र १ भयानक २ वीभत्स ३

एवं करुण ४ सुखानुविद्ध अनानन्दन है। अर्थात् दुःख रूप हैं। और शान्त पूर्ण आनन्द रूप है। जैसा कि आचार्य अभिनव गुप्त ने नाट्यशास्त्र के अध्याय १ के ११९ वें श्लोक

योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदुःखसमन्वितः
सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतो नाट्यमित्यभिधीयते।

की अभिनव भारती में लिखा है कि यह जो सुखानुविद्ध दुःख और दुःखानुविद्ध सुख, न कि केवल सुख या केवल दुःख से समन्वित है और जो जनता की साधारणतया अपनी भावना का विषय है तथा आंगिक, वाचिक सात्विक एवं आहार्यिक अभिनयों से युक्त है वही अर्थ नाट्य है क्योंकि=[रतिहासोत्साहविस्मयानां सुखस्वभावत्वम्। तत्र चिरकालव्यापिसुखानुसन्धिरूपत्वेन, विषयोन्मुख्य प्राणतया, तद्विषयाशंसाबाहुल्येन अपायभीरुत्वात् दुःखांशानुवेधो रतेः। हासस्य विद्युत्सदृशतात्कालिकाल्पसुखानुगती सानुसन्धानदुःखांशानुवेधः। उत्साहस्य तात्कालिकदुःखायासनिमज्जनानुसन्धानरूपस्यापि भाविबहुजनोपकारिचिरतरकालव्यापिसुखसंचिकीर्षात्मनः सुखरूपता। विस्मयस्य निरनुसन्धानतडित्तुल्यसुखरूपता।

क्रोधभयशोकजुगुप्सानां तु दुःखरूपता। तत्र चिरकालव्यापिदुःखानुसन्धिरूपो विषयगतान्तिकाभावनया तन्नाशाकांक्षाप्राणः सुखांशानुवेधवान् क्रोधः। निरनुसन्धितात्कालिकदुःखप्राणतया तदपगमाकांक्षोत्प्रेक्षितसुखानुसम्भिन्नं भयम्। त्रैकालिकस्तु अभीष्टविषयनाशजः प्राक्तनसुखस्मरणानुविद्धः सर्वथैव दुःखरूपः शोकः। उत्पद्यमानदुःखानुसन्धानजीवितघृणितविषयाऽतः पलायनपरायणरूपा तन्निषेधशंकितसुखानुविद्धा जुगुप्सा। समस्तपूर्वदुःखसञ्चयस्मरणप्राणितः सम्भावितदुपरमबहुलःसुखमयो निर्वेदः]

रति, हास, उत्साह एवं विस्मय स्वभाव से सुख रूप हैं। उनमें रति चिरकाल व्याप्त सुख की अनुसन्धा माने स्थिति के रूप में है।

[यहाँ "सन्धा स्थितिप्रतिज्ञयोः" इस मेदिनी कोष के अनुसार सन्धा शब्द का स्थिति अर्थ है। वह अनुसन्धा स्थिति जिसमें हो इस विग्रह में "व्रीह्यादिभ्यश्च" इस सूत्र से अनुसन्धा शब्द से इन् प्रत्यय होने पर अनुसन्धी बना है]

अतः सुख के जनक विषयों की तरफ उन्मुखता उत्कण्ठा रति का प्राण है। इसका फल है कि उन सुख जनक विषयों की बहुल आकांक्षा होने से यह डर बना रहता है कि कहीं ये विषय हाथ से निकल न जाँय इसलिए रति में दुःखांश का अनुवेध माने लगाव बना रहता है

हास में बिजली की चमक की तरह तात्कालिक अल्प सुख की अनुगति माने अनुकूल दशा बनी रहती है किन्तु इसने हमारे साथ मजाक किया हमको इसने तुच्छ समझा ऐसा अनुसन्धान करने वाला व्यक्ति प्रतिशोध की भावना से उस मजाक करने वाले को दुःख पहुँचाता है अतः हास में दुखांश का अनुवेध रहता

है। द्रौपदी ने दुर्योधन के साथ हास ही तो किया था कि अन्धे का लड़का अन्धा ही है इसी पर महाभारत युद्ध हो गया था। राजस्थान में कहावत भी है कि रोग का घर खाँसी वैर की जड़ हाँसी।

उत्साह में यद्यपि तात्कालिक दुःख के जनक प्रयास में निमग्न होने का अनुसन्धान होता है तथापि भविष्य में बहुत से जनों को उपकृत करने वाले चिरस्थायी सुख को प्राप्त करने की इच्छा बनी रहती है अतः उत्साह सुख रूप है। विस्मय में अनुसन्धान रहित अर्थात् जिसका स्वप्न में भी विचार नहीं किया था ऐसा बिजली की चमक की तरह सुख मिल जाता है अतः सुखरूप विस्मय है।

क्रोध, भय, शोक एवं जुगुप्सा का तो स्वरूप ही दुःख बहुल है। उनमें क्रोध का स्वरूप चिरकाल व्यापी दुख की स्थिति वाला है। और दुःखजनक विषयों में अग्निका (ज्वाला) की भावना अर्थात् दुःखद विषय सभी ज्वाला रूप हैं ऐसी भावना से उन दुःखों के नाश की इच्छा होती है अतः क्रोध में सुखांश का अनुवेध हो जाता है। निरनुसन्धि माने अनुत्प्रेक्षित तात्कालिक दुःख स्वरूप किन्तु उस दुःख के अपगम माने हट जाने से सुरक्षित होने की आकांक्षा से उत्प्रेक्षित सुख से संमिश्र भय है।

त्रैकालिक दोनों कालों में होनेवाला, जीवितत्वज्ञान काल में अभीष्ट विषय के नाश माने अदर्शन से उत्पन्न और मृतत्व ज्ञान काल में अभीष्ट विषय के नाश माने ध्वंस से उत्पन्न एवं प्राक्तन अर्थात् अनुभूत सुखों के स्मरण से अनुविद्ध हर हालत में दुःखरूप शोक है।

(जिन घृणित वस्तुओं के देखने सुनने से) उत्पन्न होने वाले दुःख के अनुसन्धान (माने ज्ञान) से जीवित अर्थात् प्रत्यक्ष अनुभव में आने वाले दुर्गंधित मांस मदिरा शोणित विष्ठा आदि विषय जो भगा देने में परायण हैं उन दुर्गंधित विषयों के निषेध माने हटा देने से शंकित सम्भावित सुख से अनुविद्ध जुगुप्सा है।

पूर्व के पहिले के दुःख सञ्चय अर्थात् सम्पूर्ण दुःख सम् माने अच्छी प्रकार से अस्त माने नष्ट हो गये अब कोई भी दुःख नहीं है इस तरह के स्मरण तत्त्वज्ञान से जीनेवाला अर्थात् उत्पन्न और सम्भावित तदुपरमबहुल अर्थात् बाहुल्येन जिसमें उस दुःख संचय की उपरति सम्भावित है अतएव सर्वथा सुखमय निर्वेद है।

इस तरह रति प्रभृति ४ स्थायिभावों के सुख स्वभाव होने से रत्याद्यनुप्राणित शृंगारादि ४ रस भी सुखमय हैं और क्रोधादि ४ स्थायिभावों के दुःखस्वरूप होने से क्रोधाद्यनुसंहित रौद्रादि ४ रस भी दुःख रूप हैं। एवं तत्त्वज्ञानोत्थ-निर्वेद प्रधान शान्त रस सर्वथा सुख रूप है।

इन रसों में विचार होता है कि रति अवश्य मानी जाती है क्योंकि शृंगार में स्थायिभाव के रूप में रहेगी और करुण में व्यभिचारिभाव के रूप में अतः धर्मी की कल्पना के अपेक्षा धर्म की कल्पना लघु है इस न्याय के अनुसार करुण रस को अलग नहीं मानना चाहिए। इस पर कहते हैं जैसे कि घट रूप कार्य में परिणत होने वाली

मृत्तिका की अपनी कोई स्वतन्त्र सत्ता नही रहजा ती है घट ही की सत्ता स्वतन्त्र है उसी तरह शोक रूप कार्य को पैदा करने वाली रति की वहां स्वतन्त्र सत्ता नही है किन्तु शोक एक स्वतन्त्र पदार्थ है अतः शोक स्थायिक करुण रस भी स्वतन्त्र व्यवस्थित है।

फिर विचार होता है कि रति के विना हास्य संभव नही है। कृत्रिम प्रेम होने पर भी मजाक होती है। फलतः रति और हास्य असंकीर्ण विना मिले हुए शुद्ध नही मिलेंगे और रति अवश्य माननीय है तब हास्य को अलग रस मानने की क्या आवश्यकता है।

और उत्साह तथा क्रोध को भी अलग २ मानने की क्या आवश्यकता है एक ही रस वीर या रौद्र मान लिया जाय। इसके उत्तर में कहते हैं कारण गत असाधारणता ही इस भेद की नियामिका है।

प्रेमियों की परस्पर में सम्यक् परिपूर्ण असाधारण रति ही श्रृंगार होती है उस अवस्था में हास अपरिपूर्ण होने पर रस नही होता है; व्यभिचारिभाव ही होता है। यही स्थिति हास की भी है असाधारण पुष्ट ही हास हास्यरस बनाता है उस स्थल में अपुष्ट रति संचारी है। अन्यत्र भी सब जगह यही उत्तर समझना चाहिए।

पुनः विचार होता है कि चित्तवृत्ति दो प्रकार की होती है प्रवृत्ति रूप एवं निवृत्ति रूप। और जैसे निवृत्ति में शान्त रस होता है उसी तरह प्रवृत्ति में श्रृंगारादि रसों की तरह मायारस भी एक पृथक् रस मानना चाहिए। श्रृंगारादि में इसका अन्तर्भाव हो नही सकता है। अतः मिथ्याज्ञान जहां स्थायीभाव है। सांसारिक भोगों के आवर्जक धर्म एवं अधर्म जहां विभाव है। पुत्र, कलत्र, साम्राज्य, एवं विजय आदि जहाँ अनुभाव है। चिन्ता, हर्ष, स्मृति जहाँ संचारी भाव हैं। वह मायारस पृथक् है। इसका उत्तर देते हैं कि इस तरह रस माने जायेंगे तो सत्यज्ञान भी रस हो जाय नित्यानित्यवस्तु विवेक स्थायिभाव वहाँ रहेगा। तस्मात् यह सब अपदार्थ है।

इस रस समुदाय में श्रृंगार को छोड़कर सभी रस स्वनिष्ठ एवं परनिष्ठ होते हैं। क्योंकि श्रृंगार परनिष्ठ रसाभास है। रस नही है।

## रसों में उत्पाद्य उत्पादक भाव

रसों की उत्पत्ति के सूचक श्रृंगार, रौद्र, वीर एवं बीभत्स रस हैं।

जिनमें श्रृंगार से हास्य, रौद्र से करुण, वीर से अद्भुत और बीभत्स से भयानक की उत्पत्ति होती है।

क्योंकि श्रृंगार की अनुकृति हास्य है। रौद्र के कर्म को करुण रस जानना चाहिए। वीर के कर्म को अद्भुत कहते हैं तथा जो बीभत्स का देखना है उसी को भयानक जानना चाहिए। जैसा कि लिखा है

श्रृंगाराद्धि भवेद्धास्यो रौद्राच्च करुणो रसः
वीराच्चैवाद्भुतोत्पत्तिर्बीभत्साच्च भयानकः।
श्रृंगारानुकृतिर्यातु स हास्यः परिकीर्तितः
रौद्रस्यैव च यत्कर्म स ज्ञेयः करुणो रसः।
वीरस्यापि च यत्कर्म सोऽद्भुतः परिकीर्तितः
बीभत्सदर्शनं यच्च ज्ञेयः स तु भयानकः।

## "रसों के वर्ण एवं देवता"

रसों के वर्ण एवं देवता का निरूपण किया जा चुका है सभी ग्रन्थों में कुछ २ भेद के साथ लिखा है।

## "रसों में विविधता"

श्रृंगार रस तीन प्रकार का है वाक्, नेपथ्य एवं क्रियात्मक। हास्य एवं रौद्र भी अंग, नेपथ्य एवं वाक्य भेद से तीन प्रकार के हैं। धर्म के उपघात होने पर या अर्थ के क्षय से या शोक के कारण करुण तीन प्रकार का कहा है।

भरत ने दानवीर, धर्मवीर एवं युद्धवीर के रूप में वीर रस को तीन ही प्रकार का कहा है। और लोगों ने तो दयावीर, सत्यवीर, विद्यावीर, क्षमावीर, बलवीर, तपोवीर, योगवीर, सिद्धिवीर एवं ज्ञानवीर न जाने कितने भेद माने हैं।

व्याज (छल बहाना) अपराध एवं त्रास के कारण भयानक को तीन प्रकार का माना है।

बीभत्स दो प्रकार का है क्षोभज एवं उद्वेगी। जिनमें विष्ठा कृमि आदि से उद्वेगी और रुधिरादि से क्षोभज होता है।

दिव्य एवं आनन्दोत्थ दो प्रकार का अद्भुत होता है। दिव्य पदार्थ के दर्शन से दिव्य और हर्ष से आनन्दज होता है।

जैसा कि भरत का लेख है—

श्रृंगारं त्रिविधं विद्याद् वाङ्नेपथ्य क्रियात्मकम्
अंगनेपथ्यवाक्यैश्च हास्य रौद्रौ त्रिधा स्मृतौ।
धर्मोपघातजश्चैव तथार्थापचयोद्भवः
तथा शोककृतश्चैव करुणस्त्रिविधः स्मृतः।
दानवीरं धर्मवीरं युद्धवीरं तथैव च
रसं वीरमपि प्राह ब्रह्मा त्रिविधमेव हि।
व्याजाच्चैवापराधाच्च वित्रासितकमेव च
पुनर्भयानकं चैव विद्यात् त्रिविधमेव हि।
बीभत्सः क्षोभजः शुद्धः उद्वेगी स्यात् द्वितीयकः
विष्ठा कृमिभिरुद्वेगी क्षोभजो रुधिरादिजः।
दिव्यश्चानन्दजश्चैव द्विधाख्यातोऽद्भुतो रसः
दिव्यदर्शनजो दिव्यो हर्षादानन्दजः स्मृतः।

## "रसनिष्पत्ति"

यहां रस और निष्पत्ति दो पद मिलकर रसनिष्पत्ति शब्द बना है। इस में निष्पत्ति के गर्भ में निष्पादक १ निष्पद्यमान २ एवं निष्पत्तिकी प्रक्रिया शैली ये ३ विषय निहित है। इनमें निष्पत्ति की शैली में विद्वानों का महान् प्रयास है। कहना चाहिए कि "नखानां पाण्डित्यं प्रकटयतु कस्मिन् मृगपतिः" इस भावोद्रेक या गर्व के उल्लास के अनुसार पाण्डित्यवीरता के प्रकट करने का यह एक उत्तम अखाड़ा बन गयी है। यहां भरत के 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' इस सूत्र के संयोग पद की व्याख्या में "व्याख्या बुद्धिबलापेक्षा सा नोपेक्ष्या सुखोन्मुखैः" इस सूक्ति को पूर्ण चरितार्थता प्राप्त हुई है। विद्वानों को अपनी २ बुद्धि को व्यायाम कराने का अच्छा अवसर उपलब्ध हुआ है। जिसके फलस्वरूप रसकी निष्पत्ति की शैली में १४ मत मिलते हैं अस्तु।

अब हम क्रमशः रसों के निष्पादक १, रसरूप में निष्पद्यमान २ पदार्थ अर्थात् वह कौन सा तत्त्व है पदार्थ है जो निष्पन्न हुआ सिद्ध हुआ रस कहलाता है और निष्पत्ति ३ की चतुर्दश शैलियाँ इन तीनों को बतलाने का उपक्रम करते हैं।

## "रसों के निष्पादक"

रसों के निष्पादक विभाव, अनुभाव, सात्विक एवं व्यभिचारी भाव हैं। वस्तुतस्तु इनको स्थायी भावों के निष्पादक कहना चाहिए। क्योंकि ये पारिभाषिक शब्द जिनको लोक में कारण, कार्य एवं सहकारी कारण कहते हैं। उन्हीं के ये नाम रस के निरूपण के सामञ्जस्य हेतु रक्खे गये हैं। जैसे ओदन सिद्ध करना है तो उसके लिए कारणकलाप का प्रयोग या उपयोग चावलों के ऊपर किया जाता है। बटलोही में चावलों को ही भरा जाता है। अग्नि में पकाया उन्हीं को जाता है। पानी उन्हीं में छोड़ा जाता है। सिद्ध चावल का ही नाम ओदन है भात है। किन्तु कहा जाता है। (ओदनं पचति) ओदनको पकाता है। यह तो पनिया (पानीदार) भात है। सिद्ध के विषय में ही मुख्यता का व्यवहार होता है। अतः रसों की प्रतीतियाँ विभावों, अनुभावों, सात्विकों एवं व्यभिचारियों के द्वारा ही होती है यह कहा जाता है, लिखा जाता है। समझाया भी जाता है। अस्तु।

रसों की प्रतीति के साधन इन विभावादि के उपस्थापकों की कई शैलियाँ हैं। उनका उपस्थापन वाचिक अभिनय में शब्द एवं शुद्ध अर्थ रूप आङ्गिक सात्विक तथा आहार्यिक अभिनयों से नाट्य में १ सार्थक वर्णात्मक शब्द, निरर्थक अभिलापात्मक शब्द राग रागिनियों से गीतों में २ शब्द सहकृत वर्ण्यमान अर्थों से पाठ्य पद्यात्मक रघुवंशादिकों में ३ वाद्य गद्यात्मक कादम्बरी प्रभृति में ४ वाद्य गद्यपद्योभयात्मक चम्पू में ५ या फिर कलाकार की शब्द शून्य केवल भावमय विलक्षण रेखाओं से चित्रों में ६ या उत्कीर्णन ७ एवं टंकण ८ या गलाने ९ या ठप्पा करने १० से लकड़ी या पाषाण या लौहादि धातु या मिट्टी में किया जाता है। जिनमें प्रथम

५ पाँच प्रकार काव्य की परिधि में आ जाते हैं। बाकी के ५ प्रकार काव्यकी सीमा से बाहर हैं।

प्रथम नाट्य में शब्द प्रतिपाद्य अर्थ भी (अन्य अर्थ तो हैं ही) अभिनय के योग्य हैं अतः ये दृश्य काव्य कहलाते हैं। द्वितीय में रागात्मक शब्दों की प्रधानता होने सेअर्थ का कोई उपयोग नहीं है किन्तु निरर्थकता को दूर करना मात्र ध्येय है जैसे गो आदि शब्दों में प्रकृति और प्रत्ययों का साधुत्वाख्यानमात्र ही प्रयोजन है उनका अर्थ विवक्षित नहीं है। अतः वे सार्थक शब्द गीत गोविन्दादि गीतकाव्य हैं। उक्त तीसरे, चौथे एवं पांचवें में उसके रहने पर वह अर्थ प्राप्त होगा अन्यथा नहीं अतः शब्द सहकारी के रूप में अवश्य अपेक्षित है और अर्थ अपने स्पन्दन वर्णन से सहृदयों के हृदयों में आह्लाद का आविर्भावक है अतः वह भी वर्ण्यमान रूप से अवश्य अपेक्षित है। फलतः शब्दार्थोभय प्रधान पद्य, गद्य तथा पद्यगद्योभयात्मा महाकाव्य, काव्य, एवं खण्डकाव्य कहलाते हैं। षष्ठ में भित्ति दीवाल पर या अन्य किसी आधार पर विलक्षण रेखाओं के द्वारा चतुर चितेरे के विविधभावमय चित्रण से जैसे चित्रादि में मग्न या आनन्द में विभोर नायक या नायिका के आकर्षक चित्र तैयार किये जाते हैं। सप्तम में बढ़ई की निपुणता के द्वारा लकड़ी पर, कसेरे की प्रवीणता के द्वारा ताँबा, पीतल, काँस्य पर, सुनार की सोने चाँदी पर, लुहार की लौह पर उत्कीर्णन से विविध भावमयी मूर्ति का प्राकट्य हो जाता है। अष्टम में मिस्त्री की टाँकी से पाषाण या स्फटिक पर या अन्य किसी ठोस आश्रय पर। एवं नवमें कसेरा, सुनार या लुहार के द्वारा गलाकर १० में कुम्हार के द्वारा मिट्टी पर ठप्पा मारने से विविध भावमयी मूर्तियाँ प्रकट की जाती है। वे विविध भाव ही विभाव अनुभाव सात्विक एवं संचारी हैं।

## "रस रूप में निष्पद्यमान पदार्थ"

ललित एवं उचित सन्निवेश से चारु काव्य के द्वारा जिसका सहृदयजन-अनुभव करते हैं उस रस के विषय में जिज्ञासा होती है कि वह रस पदार्थ क्या है। किस वस्तु को किस पदार्थ को हम रस कहें। जैसे आटा या बेशन या मैदा या खोवा या छैना ही घी, चीनी, पानी, एवं विलक्षण ताप के संयोग से हलुआ या मोतीचूर के लड्डु या बालूशाही गुलाब जामुन, या पेड़ा या रसगुल्ला आदि के रूप में मिठाई बन जाता है। उस तरह वह कौन वस्तु पदार्थ है जो रस रूप में बन जाता है।

इस जिज्ञासा की शान्ति के लिए हम विश्व के सर्व प्रथम आचार्य वेदों की शरण में जाते हैं। वहाँ तैत्तिरीयो पनिषद् में एक दो वचन मिलते हैं ("रसो वै सः। रसं लब्ध्वा आनन्दी भवति") कि वह आत्मा रस है। रस को प्राप्तकर आनन्दी होता है। यहाँ भी स्पष्टीकरण नहीं हुआ। क्योंकि वह परब्रह्म रस है यही बात इसमें प्राप्त हुई। रस रूप में किसकी निष्पत्ति हुई यह रहस्य नहीं खुला और वह रस तो घट घट में है परमाणु परमाणु में व्याप्त है काव्य में ही क्यों। हमें तो जिज्ञासा है केवल उस रस के विषय में है, जिसका सहृदय जन काव्य के द्वारा अनुभव करते हैं।

पुनः इसके लिए रस के सर्वप्रथम प्रतिपादक आचार्य भरत के चरणों में जाते हैं। वहाँ हमें सूत्र रूप में उपदेश मिलता है कि (विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः) विभाव, अनुभाव, एवं व्यभिचारी के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। किन्तु यहाँ भी वह जिज्ञासा बनी ही रह गई। उत्तर नहीं मिला। क्योंकि आचार्य कहते हैं कि विभावादि के संयोग से रस बनता है। यहाँ संयोग एक सम्बन्ध विशेष है और वह सम्बन्धियों से भिन्न। एक है किन्तु सम्बंधियों में रहता है। उन सम्बन्धियों के स्वरूप की व्याख्या दार्शनिकों ने यह की है जिसमें या जिसके साथ सम्बन्ध होता है वह अनुयोगी कहाता है और जिसका सम्बन्ध होता है वह प्रतियोगी कहाता है। प्रकृत सूत्र में अनुयोगी कौन है एवं प्रतियोगी कौन है यह स्पष्ट नहीं हुआ। यदि विभाव के साथ अनुभाव एवं व्यभिचारी का संयोग होता है तब उससे रस बनता है कहें तो! उस नियम के अनुसार अनुयोगी विभाव ही रस हुआ। और यदि अनुभाव के साथ विभाव एवं व्यभिचारी के संयोग से रस बनता है कहें तो उक्त नियम के अनुसार अनुयोगी अनुभाव ही रस हुआ। और यदि व्यभिचारी के साथ विभाव एवं अनुभाव का संयोग होता है तब उससे रस बनता है कहें तो उक्त नियम के अनुसार अनुयोगी व्यभिचारी ही रस हुआ। हां जब संयोग का कोई विनिगमक नहीं है और अनुयोगी उपात्त नहीं है तब तीनों ही परस्पर संयोग को पाकर मिलकर रस बनते हैं अतः तीनों रस हुए यह भी कह सकते हैं। या फिर परस्पर संयुक्त तीनों में जिसमें हृदय की प्रवणता हो झुकाव हो वही रस हुआ। परन्तु सिद्धान्त निखरा नहीं। संदेह बना रहा। अतः रस का लक्षण स्पष्ट नहीं हुआ। प्रत्युत कहना चाहिए कि अलक्षण ही यह हुआ। इस पर कहते हैं कि नहीं २, अलक्षण है ऐसा नहीं कह सकते क्योंकि (सामान्यं विशेषश्च लक्षणस्य द्वयी गतिः) लक्षण की दो दिशाएँ या दो गति माने दशाएँ होती हैं। एक सामान्य दूसरी विशेष। जब सामान्य लक्षण से सन्देह दूर नहीं हुआ तब विशेष का आश्रयण करो। विशेष की जानकारी आचार्यों के व्याख्यान से होती है। (व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिर्नहि सन्देहादलक्षणम्) नकि सन्देह से उसको अलक्षण मान लेना चाहिए।

उसी आचार्य ने आगे लिखा है कि

श्रृंगार हास्य करुण रौद्र वीर भयानकाः
बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृता।
एते नव रसा दृष्टा द्रुहिणेन महात्मना
पुनश्च भावान् वक्ष्यामि स्थायिसंचारिसत्वजान्।
रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा
जुगुप्सा विस्मयश्चैव निर्वेदः स्थायिनो मताः।

श्रृंगार आदि नो रस होते हैं। और रति प्रभृति नो स्थायिभाव होते हैं। यद्यपि रसों एवं स्थायिभावों का निर्देश यहाँ किया है। किन्तु इनकी परस्पर में क्या

स्थिति है इनका क्या सम्बन्ध है यह स्पष्ट नहीं होता है। अतः फिर इसके बाद स्पष्ट लिखते हैं कि

यथा हि गुडादिभिर्द्रव्यैर्व्यंजनैरौषधिभिश्च षाडवाद्यो रसा निर्वर्त्यन्ते तथा नानाभावोपगता अपि स्थायिनो भावा रसत्वमाप्नुवन्ति। इति। स्थायिभावांश्च रसत्वमुपनेष्यामः। इत्यादि।

जैसे गुडादि अर्थात् गुड या चीनी या मिश्री या शहद आदि द्रव्य, व्यंजन अन्न का उपकरण (दाल, तर्कारी, मत्स्य मांस आदि) औषधि हरिद्रा मरिच, धनियाँ एवं जीरा आदि के संयोग से षाडवादि रस बनते हैं। उसी तरह नाना भावों के साथ सम्बन्ध को प्राप्त हुए स्थायिभाव रस बन जाते हैं। स्थायिभावों को रस रूप में प्राप्त करेंगे। इत्यादि।

इससे अब यह स्पष्ट हो गया कि विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारियों के संयोग से स्थायिभाव रस रूप में निष्पन्न होते हैं।

अब प्रश्न होता है कि संयोग पद का क्या अर्थ है। शंका का कारण है कि नैयायिकों ने २४ गुणों के अन्तर्गत संयोग को गुण माना है। और स्थायिभाव रत्यादि भी गुण हैं। क्यों कि रति का लक्षण है।

रतिर्मनोऽनुकूलेऽर्थे मनसः प्रवणायितम्।

मन के अनुकूल अर्थ में मन का झुकाव अर्थात् यह मेरी है मैं इसका हूँ (ऐसा पुरुष का) और यह मेरा है मैं इसकी हूँ (ऐसा स्त्री का) ज्ञान। या यह मेरी हो जाय मैं इसका हो जाऊँ (ऐसी पुरुष की)। यह मेरा हो जाय मैं इसकी हो जाऊँ (ऐसी स्त्री की) इच्छा का नाम रति है। इसी तरह अन्य आठ स्थायी भाव भी ज्ञान रूप हैं या इच्छा रूप हैं। हास भी मेरी चेष्टा आदि से यह प्रसन्न हो जाय या रहे ऐसी इच्छा या ज्ञान रूप है। शोक भी मैं इसकी ऐसी थी ऐसी हो जाती यह मेरा ऐसा था ऐसा हो जाता ऐसा ज्ञान या इच्छा रूप है। अतः रत्यादि गुणों में संयोग गुण नहीं रह सकता है। तब संयोग के अभाव में रस की निष्पत्ति कैसे होगी। उत्तर देते हैं कि संयोग पद का अर्थ है सम्बन्ध। फलतः उपर्युक्त व्याख्या के अनुसार प्रतियोगी विभावादि के साथ संयुज्यमान अनुयोगी स्थायी भाव रस बनता है। ऐसा मानने पर एक विरोध और एक शंका होती है।

## "विरोध और उसका परिहार"

इस व्याख्या के अनुसार स्थायी भाव को रस मानने पर श्रुति विरोध होता है। क्योंकि श्रुति कहती है कि (रसो वै सः) आनन्दमयी संवित् रस है। तब कैसे उक्त व्याख्यानुसार स्थायी रस है। उत्तर देते हैं कि कोई विरोध नहीं है। आपाततः विरोध मालूम पड़ता है। क्योंकि रस सत् चित् आनन्द ब्रह्म रूप है। यह सिद्धान्त है। क्योंकि जैसे आटा, बेसन वगैरह मिष्ट नहीं है मधुर नहीं है। मधुर मिष्ट तो गुड चीनी शहद आदि हैं। गुडादि के सम्बन्ध के बिना आटा आदि मधुर नहीं

है। सम्बन्ध होने पर ही मधुर होते हैं। इसी तरह विभावादि और रत्यादि भी अनानन्द हैं जड पदार्थ हैं। और रस को माना जाता है आनन्दमय चित्स्वरूप। तब विरोध कैसा। चिदानन्द के साथ सम्बन्ध हुए बिना रत्यादि आनन्द रूप नहीं हो सकते हैं। सम्बन्ध होने पर ही आनन्द रूप हैं। हाँ विशेष्य विशेषण भाव दोनों में है। चिद्विषयता विशिष्ट अर्थात् चिद्विषय स्थायी रस है। इसमें चिद् विशेषण है स्थायी विशेष्य है। कभी रत्यादिस्थाय्यवच्छिन्न चित् रस है। इसमें रत्यादि विशेषण हैं चित् विशेष्य है। विशेषण विशेष्य भाव में कामचार है। अतः दो प्रकार का व्याख्यान मालूम होता है वस्तुतः वह एक ही प्रक्रिया है।

### "शंका और उसका शमन"

शंका यह होती है संयोग पद के अनेक अर्थ हैं। उसमें एक अर्थ सम्बन्ध है सम्बन्ध बहुत होते हैं। सैकड़ों होते हैं (एकशतं षष्ठ्यर्थाः) यह प्रसिद्धि है। और दूसरा अर्थ है सं सम्यक् अच्छी प्रकार से योग समाधि एकतानवृत्ति जिससे हो जाय। यह तभी संभव है जब वह पदार्थ अद्भुत हो आकर्षक हो। ऐसा पदार्थ चमत्कार ही है। क्योंकि चमत्कारी वस्तु को देखकर या सुनकर सभी की स्थिति स्तब्ध सी हो जाती है सभी व्यापारों से चित्तवृत्ति हट जाती है। तत्क्षण के लिए एकतान हो जाती है। फलतः संयोग का अर्थ चमत्कार भी हो सकता है। इसके सिवाय संयोग का अर्थ समुदाय भी होता है। क्यों कि समुदित वस्तुओं का ही समुदाय होता है। यदि वे समुदित न हो एकत्रित नहीं हो तो संयोग नहीं हो सकता है। अब प्रश्न होता है कि प्रकृत में संयोग पदार्थ क्या है। कोई नियामक है नहीं कि यही अर्थ लिया जाय यह अर्थ नहीं लिया जाय। और न कोई विनिगमक ही है।

उत्तर में कहते हैं कि जब कोई नियामक या विनिगमक नहीं है तब अपनी अपनी रुचि के अनुसार कोई भी अर्थ ले सकते हैं। व्याख्या बुद्धिबल की अपेक्षा रखती है। रुचि होनी चाहिए। अत एव रुचि वैचित्र्य से रस सूत्र की विभिन्न व्याख्याएँ उपलब्ध होती हैं। यद्यपि व्याख्याकारों के स्वतन्त्र ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होते हैं तथापि नाट्यशास्त्र की अभिनव भारती में, ध्वन्यालोक के व्याख्यान लोचन में, मम्मट के काव्य प्रकाश में, तथा पण्डितराज जगन्नाथ के रसगंगाधर में रस सूत्र की विभिन्न व्याख्याएँ उपलब्ध होती है। उनका निष्कर्ष यह है।

आचार्य अभिनव गुप्तपाद के मत में संयोग पद का अर्थ है व्यंग्यव्यञ्जक भाव सम्बन्ध। इस सम्बन्ध में विभावादि व्यञ्जक हैं। चिद्विशिष्ट स्थायी भाव व्यंग्य है। वही चर्व्यमाण रस है। क्योंकि व्यक्त हुआ ही चर्वणीय होता है यह सिद्धांत है। व्यक्त हुए ही स्थायी भाव सामाजिकों के आनन्द से संवलित हुए उपादेय रस बनते हैं। अथवा विभावादि व्यंजक हैं आवरण को हटाने वाले हैं। और रत्याद्यवच्छिन्न भग्नावरण चित् व्यंग्य है। वही चर्व्यमाण हुआ रस है। चर्वण आस्वादन व्यंजन व्यापार है। इस मत में साधारणीकरण स्वरूप भावकत्व व्यापार पृथक् नहीं

है। किन्तु विभावन अनुभावन एवं विलक्षण रूप से रस के अभिमुख स्थायी के चरण से स्वभावतः विभावादि साधारण हो जाते हैं। और रस विभावादि जीवितावधि, पानक रसन्यायेन चर्व्यमाण तथा पुर इव परिस्फुरत् है अतः रस विभावादि-प्रतीतिसमकाल प्रतीयमान है तथा समूहालम्बन विधया प्रतीत नहीं होता है अर्थात् घट पटी इस समूहालम्बन प्रतीति में जैसे घट पट अलग अलग प्रतीत होते हैं वैसे चर्वणा के समय विभाव अनुभाव व्यभिचारी एवं स्थायी पृथक् पृथक् नहीं प्रतीत होते हैं। तथा यह प्रतीति प्रत्यक्ष है परोक्ष नहीं है और रस सिद्ध नहीं है किन्तु साध्य है। किन्तु रसत्व कार्यतावच्छेदक नहीं है।

क्योंकि आर्थसमाजग्रस्तधर्म कार्यतावच्छेदक नहीं होता है। जैसे नीलघटत्व कार्यतावच्छेदक नहीं होता है। नीलजनक सामग्री से नील पैदा हुआ। घट जनक सामग्री से घट पैदा हुआ है। अतः नीलविशिष्ट घट कार्य नहीं होता है। फलतः विशिष्टत्व कार्यतावच्छेदक नहीं है। तदनुसार स्व स्व सामग्री से विभावादि एवं स्थायी समुपस्थित हुए व्यक्त हुए और उसके बाद एक लोलीभाव को प्राप्त विभावादि प्रपाणक न्याय से चर्व्यमाण हुए रस कहलाते हैं अतः रस कार्य नहीं है।

यहाँ काव्यप्रकाशकार का यह कथन कि रस कार्य नहीं है उसका भाव यह है कि रस यदि कार्य होगा तो विभावादि का ही कार्य होगा। कारणान्तर के कार्य होने की संभावना नहीं है। उसमें विभावादि यदि निमित्तकारण होंगे तो ऐसी स्थिति में विभावादि के नाश होने पर भी रस की सत्ता माननी पड़ेगी। क्योंकि समवायी कारण के ही नाश होने पर कार्य का नाश होता है निमित्त कारण के नाश होने पर नहीं। इसके सिवाय यह असमंजस भी (युक्ति संगत भी नहीं) मालूम पड़ता है कि विभावादि निमित्त कारण होवें क्योंकि विभाव ललनोद्यानचन्द्रादि द्रव्य हैं अतः समवायी कारण है। अनुभाव क्रिया रूप होने से कर्म है। तथा व्यभिचारी चित्तवृत्ति रूप हैं अतः गुण हैं। अतः दोनों असमवायी कारण है। फलतः वे निमित्त कारण नहीं है। अतएव समवायी कारण होने से ही विभावादि जीवितावधि भी रस को कहना संगत होता है।

रस निर्विकल्पकसविकल्पकोभयात्मक नरसिंहाकार ज्ञान का विषय है। अतः ज्ञेय भी है। अतः एक निर्विकल्पक या सविकल्पक ज्ञान का विषय नहीं है।

रस पूर्व सिद्ध नहीं है अतः ज्ञाप्य नहीं है। पूर्व सिद्ध ही पदार्थ ज्ञाप्य होता है यह तो सभी के अनुभव की बात है। और भी एक बात है जो ज्ञाप्य होता है वह ज्ञान से भिन्न होता है। वह ज्ञान स्वरूप नहीं होता है। जैसे घट ज्ञाप्य है वह घट, प्रदीप (ज्ञापक) से जन्य ज्ञान से भिन्न है प्रदीपजन्य ज्ञान रूप नहीं है। किन्तु विभावादिजन्य ज्ञान का विषय रस विभावादिजन्य ज्ञान से भिन्न नहीं है क्योंकि रस ज्ञान स्वरूप है। सिद्धान्त है स्व (ज्ञान) भिन्न तज् (ज्ञापक) जन्यज्ञान को विषय हो वही ज्ञाप्य होता है। रस में इस सिद्धान्त का समन्वय नहीं होता है अतः ज्ञाप्य या ज्ञेय नहीं है।

(२) सांख्याचार्य भट्टनायक के मत में संयोग शब्द का अर्थ भोज्यभोजक भाव सम्बन्ध है। अतः भुज्यमान रत्यादि स्थायी भाव, या रत्यादिस्थायी भाव का भोग रस है। ये तीन व्यापार मानते हैं अभिधा, भावना और भोग। जैसा कि कहा है।

अभिधा भावना चान्या तद्भोगीकृतमेव च।
अभिधाधामतां याते शब्दार्थालंकृती ततः॥
भावनाभाव्य एषोऽपि विभावादिगणो हि यत्।
तद्भोगीकृतरूपरूपेण व्याप्यते सिद्धिमान्नरः॥

इसमें अभिधा के विषय होते हैं शब्द और अर्थ में रहने वाले दोष, गुण, अलंकार और जो भी वाच्यवर्ग हैं वे सब। भावना के विषय होते हैं विभाव, अनुभाव, व्यभिचारीभाव एवं स्थायी भाव। और भोगकृत्व या भोग का आश्रय हैं सिद्धिमान् सहृदय सामाजिक।

इसमें अभिनवभारतीकार ने लिखा है कि (नाट्ये चतुर्विधाभिनयरूपे निबिड-मोहसंकटवारिणा विभावादिसाधारणीकरणात्मना अभिधातोऽद्वितीयेनांशेन भाव-कत्वव्यापारेण भाव्यमानो रत्यादिः) चतुर्विध अभिनयरूप नाट्य में चित्त के निबिड मोह गाढ अज्ञान रूपी संकट को वारण करने वाले और विभावादिकों को साधारण बना देना अर्थात् सबके साथ बिना प्रतिबन्ध के समन्वित कर देना ही जिनका स्वरूप है ऐसे तथा अभिधा के समान शील किन्तु अद्वितीय अर्थात् शास्त्रान्तर संकथाओं में व्यवहृत नहीं होने से अपूर्व अंश भावकत्व नामक व्यापार से साधारणी क्रियमाण रत्यादि स्थायी भावों की भोग के द्वारा भुक्ति होती है।

यहाँ अभिधातो द्वितीयेन अंशेन इस वाक्यांश का "अभिधा की अपेक्षा द्वितीय दूसरा अंश" यही अर्थ प्रतीत होता है किन्तु यह अर्थ यहाँ विचारणीय है। क्यों आंगिक, सात्विक, वाचिक एवं आहार्यिक प्रधान अभिनय स्वरूप नाट्य अशब्द रूप है और अभिनयन अवगमन स्वरूप है अतः अभिधा से भिन्न है। वाचिक अभिनय में भी अभिधा का कोई उपयोग नहीं है अभिधा शब्दनिष्ठ व्यापार है। अतः अशब्दरूप अभिनय नाट्य में शब्द का व्यापार अभिधा नहीं रह सकता है।

जब अभिनय में अभिधा रह ही नहीं सकती तब उसमें प्रथमत्व भी कैसा अर्थात् नहीं है। हां अभिधा की अभिनय में स्थिति हो तब विचार हो सकता है कह भी सकते हैं कि वह व्यापार प्रथम है और भावना दूसरा है, क्योंकि प्रथमत्व के कारण ही द्वितीयत्व रह सकता है। फलतः अभिधातो द्वितीयेन का उक्त अर्थ विचारणीय ही है। अतः हमारा लिखा हुआ ही अर्थ शुद्ध है, संगत है। वाचिक भी अभिनय ही है। "अभिधातः" इस पद में जो अभिधा के बाद तसि लगा हुआ है उसका अर्थ है एकदिक् अर्थात् समानशील। क्योंकि पाणिनि महर्षि की अष्टाध्यायी के "तेनैकदिक्" सूत्र के अधिकार में पठित "तसिश्च" इस सूत्र से अभिधा के एकदिक् समान पन्था अर्थात् समानशील इस अर्थ में तसि

प्रत्यय होने पर अभिधातः पद बना है जो 'तसेश्च' इस स्वरादि पाठ के अनुसार अव्यय है। और अभिधातोऽद्वितीयेन इस प्रकार से अकार है जो कि एङः पदान्तादति के द्वारा सन्धि कार्य से श्लिष्ट हो गया है।

अभिधा और भावकत्व में एकदिक्त्व अर्थात् समानशीलत्व है तुल्य-व्यापृत्तिकर्तृत्व। अभिधा जैसे शब्दस्थल में अर्थों के उपस्थापन में व्यापृत होती है वैसे ही भावकत्व भी अर्थों के साधारणीकरण में व्यापृत होता है। भोजकत्व अर्थात् भोजक सहृदय सामाजिक में रहने वाले भोग का स्वरूप है सत्व के उद्रेक से याने रज एवं तम को अभिभूत करके उत्थित हुए सत्व से प्रकाश अर्थात् प्रकट हुई आनन्द मयी संवित् में ज्ञाने परिसमाप्यते के अनुसार विश्रान्ति। यह ब्रह्मास्वाद सहोदर संवित् है।

(३) नव्य अर्थात् अनिर्वचनीय ख्यातिवादी वेदान्तियों के मत में—आरंभ में काव्य या नाट्य से विभावादि की उपस्थिति होने पर व्यंजना के द्वारा सामाजिकों को यह प्रतीत हो जाता है कि दुष्यन्त की शकुन्तला में शकुन्तला की दुष्यन्त में रति है प्रेम है। उसके बाद भावना विशेषरूप दोष से अज्ञान अविद्या के आश्रय-शुक्तिकाशकलावच्छिन्न चैतन्य के अवच्छेदक शुक्ति का शकल में जैसे अनिर्वचनीय प्रातिभासिक रजत की उत्पत्ति होती है वैसे ही दुष्यन्तत्वावच्छादित सामाजिक के हृदय में अनिर्वचनीय साक्षिभास्य शकुन्तलादिविषयक रत्यादि की उत्पत्ति होती है। वे उत्पद्यमान रत्यादि ही रस हैं।

यहां दोष विशेष एवं रत्यादि में उत्पाद्योत्पादक भाव सम्बन्ध है। इस उत्पत्ति में विभावादि का साक्षात्सम्बन्ध नहीं है अपितु परम्परा सम्बन्ध है। अत एव दोष के नष्ट हो जाने पर, वह रति भी गायब हो जाती है। और रति के बाद होने वाले लोकोत्तर आह्लाद से रति का भेद नहीं रह जाता है अतः उस रति को सुख रूप मान लेते हैं। दोष विशेष से उत्पन्न अनिर्वचनीय रति का अपने से पूर्वकाल में व्यंजनया गृहीत रति से कोई भेद नहीं मालूम पड़ता है। अतएव दोनों रतियों को रतित्वेन एकरूप में समझते हैं। फलतः जब पूर्व काल में व्यंजनया गृहीत रति व्यंग्य एवं वर्णनीय है तब अनिर्वचनीय रति भी व्यंग्य एवं वर्णनीय स्वतः सिद्ध है।

रस्सी को सांप, सीपी को चांदी जो समझा जाता है उस में दोष ही हेतु है, अविवेक ही कारण है। इसी तरह व्यक्तिगत वस्तु को भी सर्व साधारण की समझना भी तो दोष ही है अविवेक ही है। फलतः सर्वविध काव्य में विभावादि का साधारणीकरण आवश्यक है और उसके लिए दोष विशेष की कल्पना भी आवश्यक है। अतः अपने को दुष्यन्त समझने में तथा शकुन्तला की रति को भी अपने में मानने में कोई रुकावट नहीं है। क्यों कि भ्रम या आहार्य ज्ञान का स्वरूप ही ऐसा है जहाँ कोई रुकावट नहीं होती है।

(४) परे तु के नाम से भी एकमत का उल्लेख है। उसका कहना है कि व्यंजना एवं अनिर्वचनीय ख्याति के मानने की कोई आवश्यकता नहीं है। सर्व-

विध काव्य में कवि एवं नट के कौशल से सहृदय सामाजिक को एक ऐसा भावावेश हो जाता है जो कि एक प्रकार का दोष ही है। उससे सहृदय अपने को दुष्यन्त मानकर शकुन्तला मुझ में प्रेम करती है ऐसा समझता है; या समझता है कि मैं शकुन्तला में प्रेम करने वाला दुष्यन्त हूँ; या समझता है कि मैं दुष्यन्त हूँ और शकुन्तला में प्रेम करता हूँ। अर्थात् केवल दुष्यन्त अपने को नहीं समझता है। वह समझता है मैं दुष्यन्त तो हूँ ही शकुन्तला का प्रेमी भी हूँ।

यह तीन ही न कि चौथे तरह से समझना रस है। चौथा तरीका है शकुन्तला का प्रेमी मैं दुष्यन्त हूँ। किन्तु पहले दुष्यन्त बने बिना यह संभव नहीं है। यह सब विभावादि के द्वारा होता है अतः विभावादि ज्ञापक हैं रस ज्ञाप्य है। और उनका सम्बन्ध ज्ञाप्य ज्ञापक भाव है।

इसमें प्रश्न होता है कि मैं दुःष्यन्त हूँ मुझ में शकुन्तला प्रेम करती है। मैं शकुन्तला में प्रेम करता हूँ यह भावना सहृदय अपने में कैसे कर सकता है जब तक उसको दुःष्यन्त एवं शकुन्तला का परस्पर के प्रति परस्पर का प्रेम किसी प्रकार से अवगत नहीं होगा। हां उसके जानने का एक प्रकार व्यञ्जना है उसको आप मानते नहीं। इसके उत्तर में कहते हैं कि लोक में जनता की परस्पर चेष्टाओं से यह अनुमान हो जाता है कि अमुक का अमुक के साथ प्रेम है या द्वेष है। अतः यहाँ भी अनुमान के द्वारा ऐसा समझा जाता है।

यहां अनुमान का स्वरूप यह है। यह दुःष्यन्त शकुन्तला के प्रति प्रेम करता है क्योंकि उसके तरफ कटाक्ष से देख रहा है और उसका आलिङ्गन कर रहा है। जो ऐसा नहीं होगा वह ऐसा नहीं करेगा। यह व्यतिरेकी अनुमान है।

ये दो मत यद्यपि अभिनवगुप्ताचार्य ने न ध्वन्यालोक के लोचन में दिखाये हैं और न नाट्यशास्त्र की अभिनव भारती में ही। तथापि पण्डितराजने रसगंगाधर में इनका उल्लेख किया है अतः यहां प्रकृत में संकेत करना आवश्यक था अतः कर दिया है।

(५) भट्टलोल्लट का मत है कि विभावादि के साथ स्थायी का संयोग होता है तब रस की निष्पत्ति होती है। विभाव उसे कहते हैं जो स्थायी रूप चित्तवृत्ति के उत्पत्ति में कारण हो। अनुभाव कार्य हैं किन्तु ये रस के कार्य नहीं है। रस के कार्य के रूप में इनकी गणना करना युक्ति युक्त नहीं है। ये अनुभाव स्थायी भावों के ही कार्य होते हैं। व्यभिचारी भी चित्त की वृत्तियाँ है और स्थायी भाव भी। अतः चित्तवृत्तिरूप होने से यद्यपि व्यभिचारी या स्थायी दोनों का सह भाव नहीं हो सकता है। क्यों कि प्रथम वृत्तियाँ उत्तरवर्त्ती वृत्ति से कट जाती हैं। जैसे हजार रुपये की चिन्ता किसी को हो रही है। रुपये मिल गए चिन्ता मिटी। उसके स्थान में हर्ष आ गया। कहा भी जाता है कि चाह गई चिन्ता मिटी मनवा वे परवाह। अतः पोष्य पोषक भाव नहीं बन सकता है तथापि वासनारूप से दोनों का सहभाव हो सकता है वही सहभाव यहां विवक्षित है।

अतः अनुभाव एवं व्यभिचारियों से पुष्ट हुआ ही स्थायी रस है। अनुपचित हुआ तो स्थायी, भाव ही है। वह स्थायी दोनों में है। अनुकार्य में तो है ही अनुकर्त्ता नट में भी अनुसन्धान बल से चिन्तन की सहायता से वह है।

यहां भट्टलोल्लट यह नाम मीमांसक कुमारिल या भट्टप्रभाकर के सदृश नाम है। अतः केवल मीमांसक नाम साम्य से मीमांसक मतानुसारी रस की व्याख्या है। ऐसा प्रवाद है। दूसरा कारण है मीमांसक के मत में कर्म से तात्कालिक पाप एवं पुण्य नामक अपूर्व उत्पन्न होकर कालान्तर में सुख दुःख रूप में अनुभूयमान होता है। तदनुसार विभाव से रति उत्पन्न होकर अनुभाव एवं व्यभिचारियों से पुष्ट हुई रस रूप में अनुभूयमान है। यह युक्ति भी भट्टलोल्लट की व्याख्या को मीमांसक मतानुसारी कहने में सहायक हो जाती है।

यहां के काव्यप्रकाश में "मुख्यया वृत्त्या रामादौ" यह पाठ मम्मटाचार्य ने बढ़ाया है। मूल अभिनव भारती में यह पाठ नहीं है।

(६) श्री शंकुक के मत में रस का स्वरूप यह है। इस सूत्र में स्थायी का निर्देश नहीं है अतः विभावादि के साथ स्थायी का योग नहीं हो सकता है। बिना संयोग हुए विभावादि में लिङ्गत्व नहीं बनेगा। फलतः अवगति (अनुमिति) नहीं होगी। यदि उन स्थायी भावों को किसी प्रकार से ज्ञात मान लेंगे तो इस प्रसंग से वे पहिले से स्थित हैं यह मानना पड़ेगा। ऐसी दशा में विभावादि से रस निष्पन्न होता है यह लक्षण व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि वह तो पहिले से ही सिद्ध है। सिद्ध की निष्पत्ति क्या। और इसके अलावा पूर्व सिद्ध भाव के अनुरक्त, द्विष्ट एवं मध्यस्थ की परिस्थिति के अनुसार मन्द मन्दतर एवं मन्दतम अनन्त भेद मानने पड़ेंगे। हास्य ६ ही प्रकार का क्यों होगा। काम की दश अवस्थाएँ भी आश्रय की परिस्थितियों से अनन्त हो जायेगी। तथा रूप बाहुल्य के योग से रति शृङ्गार हो गई यह कथन कथंचित् समीचीन हो भी सकता है क्योंकि युवकों में वह परिवर्द्धमान अवस्था में पुष्ट हो सकती है। वृद्धों में भी वह स्नेह सार हो सकती ही है। कालेनावरणात्ययात्परिणतं यत् स्नेहसारे स्थितम्। किन्तु

अधिरुह्य परो कोटिं शोकः कारुण्यमाश्रितः
अधिरुह्य परां कोटिं क्रोधः रौद्रात्मतां गतः।

इत्यादि कथन कथमपि समीचीन नहीं हो सकते हैं। क्योंकि आरम्भ में शोक, क्रोध, उत्साह प्रभृति तीव्र होते हैं किन्तु समय के अनुसार धीरे धीरे वे मन्द पड़ते पड़ते क्षीण हो जाते हैं अतः पुष्ट होने की स्थिति में आते ही नहीं हैं अतः रस की निष्पत्ति कैसे होगी। अर्थात् नहीं होगी।

इसलिए कारण विभाव, कार्य अनुभाव, सहकारी कारण व्यभिचारी जो कि काव्य से प्राप्त, आचार्य से अधिगत एवं निजानुभव रूप प्रयत्नों से अर्जित होने से कृत्रिम हैं किन्तु अभिनेता के कौशल से कृत्रिम नहीं माने गये और अभिनेता (अनुकर्त्ता) द्वारा उपस्थापित हैं अतः लिंग माने गये हैं। उन अकृत्रिमत्वेन प्रतीयमान विभावादि से

अनुमीयमान स्थायीभाव रस है। मुख्यतः रामादि में रहने वाला यह स्थायी नट में अनुकरण रूप है। अनुकरण रूप होने से ही रस इस भिन्न नाम से कहा गया है।

इनमें विभावों का अनुसंधान चिन्तन काव्य के सहारे किया जाता है। अनुभावों की प्राप्ति नाट्याचार्य की शिक्षा से होती है और व्यभिचारियों का अर्जन संचय अपने अनुभव के द्वारा होता है। किन्तु स्थायी का अनुसन्धान उक्त कारणों में से किसी से भी नहीं होता है।

वाचिक अभिनय में भी वाक्य के द्वारा अभिनय ही होता है अभिधान कथन नहीं होता है। क्योंकि अभिनयन का अर्थ है अवगमन अर्थात् प्रतिपत्ति अतः वह ज्ञान वाच्यवाचक भाव सम्बन्धरूप अभिधा से भिन्न ही है।

यह अभिनयन यह अवगमन अर्थात् प्रतिपत्ति नट सुखी है ऐसी भी नहीं है। वही राम है या राम ही यह है ऐसी भी नहीं है यह नट सुखी नहीं है ऐसी भी नहीं है। यह राम है कि नहीं है ऐसी भी नहीं है। राम के सदृश है यह भी प्रतीति नहीं है किन्तु जो सुखी राम है वह यह है ऐसी प्रतीति होती है।

यहाँ काव्यप्रकाशधृत "सम्यङ्मिथ्यासंशयसादृश्यप्रतीतिभ्यो विलक्षणा चित्रतुरगादि न्यायेन" यह पाठ इसी रूप में मूल अभिनव भारती में नहीं है। किन्तु मम्मटाचार्य ने अभिनव भारती के आधार पर एकीकरण करके लिखा है। ये छ मत हैं और

५ मत पहिले बतलाये जा चुके हैं। १ एक मत है कि स्थायी ही रस है। और विभावादि का संयोग उपकरण है। जैसे आटे का हलवा। दाल का हलुवा। बादाम का हलुवा कहता है। इनमें गेहूँ का आटा, मूंग की दाल, और बादाम ही हलुवा बनता है घी, चीनी, अग्नि एवं जल का संयोग उपकरण है

एक मत है अभिनयों के द्वारा अनुकर्त्ता नट में जो स्थायी का आभास होता है जैसे हरिताल वगैरह से दिवाल आदि आधार पर अश्वादि का आभास होता है वही लोकातीत आस्वाद से रस्यमान हुआ रस है। इस तरह नाट्य से रस मिलता है अतः नाट्यरस कहते हैं।

एक मत है ललितोचितसन्निवेश चारु काव्य से समर्प्यमाण और विभावनीय अनुभावनीय एवं व्यभिचारणीय स्थायीरूप चित्तवृत्ति से अनुरक्त विभाव अनुभाव एवं संचारी ही आनन्दात्मक चर्वणा के विषय हुए रस हैं इसलिए नाट्य ही रस है।

एक मत है विभावादि का संयोग ही रस है। जैसे पृथिवी, जल, तेज एवं वायु इन चारों का संयोग ही चैतन्यापादक है। चतुर्भ्यो हपि भूतेभ्यश्चैतन्यं मदशक्तिवत् यह बौद्धों का सिद्धान्त है। जैसे यव, गुड़, महुआ आदि का संयोग ही मदशक्ति मादकता को पैदा कर देता है।

एक मत है कि अनुकार्य ही रस है। उसी का वैलक्षण्य आनन्द है।

विचार की आवश्यकता है भट्टतौत एवं अभिनवगुप्त इन गुरु एवं शिष्य ने लिखा है कि

नायकस्य कवेः श्रोतुः समानोऽनुभवस्ततः ।

नायक, कवि और श्रोता, द्रष्टा, सामाजिक इन सब का अनुभव समान है। इसका भाव यह है कि नायक जिस अवस्था में है जैसा है, जो भी है उस अवस्था में वैसा, वही जब तक कवि नहीं बन जायगा तब तक उन भावों को कवि अपने ग्रन्थ में नहीं लिख सकता है। नैषधीय चरित में नल, हंस को संदेश देता है। दमयन्ती चन्द्र को उपालम्भ देती है। वहाँ कवि श्रीहर्ष नहीं, नल बोल रहा है। दमयन्ती बोल रही है। श्रोता, दर्शक, या पाठक भी उस समय वही बन जाता है तभी आनन्द विह्वल होता है। इस तरह मूल में नायक अनुकार्य ही रस मय है। वही अनुभव कवि का है वही अनुभव श्रोता आदि का है अतः कहना होगा कि अनुकार्य ही रस है।

एक मत है कि विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी, स्थायी एवं संयोग सभी रस हैं। जैसे-क्षिति जल पावक गगन समीरा। पंच तत्त्व यह रचा शरीरा का सिद्धांत है। वैसा ही सिद्धान्त इनका भी है।

इस तरस रस के विषय में नाना मत हैं। सबके मूल में आनन्दोद्रेक है। आनन्दानुभूति ही मुख्य है। वह अनुभूति जिस अंश में जिसको हुई उसने उसीको रस माना। किन्तु सूत्र का समन्वय उनकी व्याख्या के अनुसार बुद्धि के कौशल से प्रतीति हो जाता है। अत एव सर्वमान्य सिद्धान्त न होकर एक एक मत ही के रूप में दिखाये गये हैं।

## रस निष्पत्ति के आश्रय

रस निष्पत्ति के आश्रय अर्थात रस की अनुभूति कहां होती है किसको होती है। कौन रस आस्वादन करता है। इस विषय में तीन मत हैं। अति प्राचीन मत है कि

"नायकस्य कवेः श्रोतुः समानोऽनुभवस्ततः"

यह भट्टतौत का मत है। इनको भट्ट तोतारास कह करके भी हमने उल्लेख किया है। ये आचार्य प्रवर साहित्य शास्त्र के मूर्धन्य आचार्य अभिनव गुप्त के गुरु हैं। आपका कहना है कि नायक के अनुभव को ही कवि, नट एवं कलाकार अपनी अपनी कृतियों में दिखाते हैं। उसमें भी वे स्वयं उस रूप में या कहना चाहिए कि वही बन जाते हैं तभी वह कृति उत्कृष्ट हो सकती है। श्रोता, दर्शक एवं पाठक भी उस रूप में या वही बन जाते हैं तभी उनको रसास्वाद होता है। जब तक उस रूप में या वही नहीं बनेंगे तब तक कवि लिख नहीं सकता है। नट अभिनय नहीं कर सकता है। कलाकार की कला स्फुट नहीं होगी, विकसित नहीं होगी सहृदयों के हृदय में प्रविष्ट नहीं होगी। तथा कवि, नट एवं कलाकार भी

सहृदयों के हृदय में प्रवेश पाने की दशा में उन भावों को समर्पण नहीं कर पायेंगे। अतः नायक, कवि, नट एवं कलाकार का अनुभव समान है यह सिद्धान्त है। यही तथ्य मूल वस्तु है।

अभिनव गुप्त ने उद्भट के मत का उल्लेख किया है जो उक्त सिद्धान्त के विरुद्ध है वहां कहा गया है कि यदि नट में रस भाव आदि का सम्बन्ध माना जायगा अर्थात् रस की अनुभूति नट को होती है यह मानेंगे तो मरण आदि में उसका आवेश भी मानना पड़ेगा उसका परिणाम होगा कि अभिनय में लय आदि का भंग हो जायगा। इसका उत्तर भट्टलोल्लट ने दिया है कि वासना के कारण नट में भी रस भाव का होना संभव है। अर्थात् उनकी स्थिति है। जब स्थिति मान लेते हैं तब लयादि का भी अनुसरण हो सकता है।

हमारे मत में तो नाटकीय नियमों के अनुसार अभिनय में वध बन्धादि का प्रयोग विषया प्रदर्शन नहीं होता है। अतः तत्वावेश का प्रसंग ही नहीं उपस्थित हो सकता है। रामायण आदि महाकाव्यों में उनका वर्णन होता है अवश्य किन्तु वहां लयादि के अनुसरण का प्रसंग ही क्या। लयादि तो गाने में होते हैं जब प्रसंग ही नहीं है तब भंग की भी क्या चर्चा की जाय।

अपने गुरु भट्टतौत के अनुसार आचार्य अभिनव ने लिखा है कि

कविगत साधारणसंविन्मूलश्च काव्यपुरः सरो नट व्यापारः। सैव च संवित् परमार्थतो रसः। सामाजिकस्य तत्प्रतीत्या वशीकृतस्य पश्चादपोद्धारबुद्ध्या विभावादिप्रतीतिरिति। तदेवं मूलबीजस्थानीयः कविगतो रसः।

नट जो अभिनय करता है, वह काव्य के अनुसंधान के बल पर करता है। और काव्य का मूल है कारण है कविगत साधारण संवित्। परमर्थतः देखा जायतो वह संवित् ही रस है। फलतः इस संवित् के वशीभूत सामाजिक को पीछे व्यवहार दशा में अपोद्धार अर्थात् विश्लेषण की बुद्धि से विभावादि की प्रतीति होती है।

इसके आगे कवि के अनुभव के समान सामाजिक के अनुभव का उल्लेख करते हैं ?

कविर्हि सामाजिक तुल्य एव। ततः एवोक्तं

शृंगारी चेत् कविःकाव्ये जातं रसमयं जगत्।
स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत्।

इत्यादि आनन्दवर्द्धनाचार्येण। ततो वृक्षस्थानीयं काव्यम्। तत्र पुष्पादिस्थानीयोऽभिनयादिव्यापारः। तत्र फलस्थानीयः सामाजिकरसास्वादः। तेन रसमयमेव विश्वम्।

कवि सामाजिक तुल्य ही हैं। इसीलिए आनन्द वर्द्धनाचार्य ने कहा है कि कवि यदि शृंगारी है अर्थात् सरस है। [यहां शृङ्गार शब्द रस मात्र का उपलक्षण है। इसीलिए इसीके उत्तरार्द्ध में "जातं रसमयं जगत्" लिखा है। यदि यहां

शृङ्गार ही में तात्पर्य होता तो उत्तरार्द्ध को "शृङ्गाराद्व्यं जगत् भवेत्" शृङ्गारमय जगत् होता ऐसा लिखते] तब तो जगत् रसमय है। और जब वही नीरस है तो जगत् भी नीरस है। अतः काव्य वृक्ष है। अभिनय उसके पुष्प हैं [पुष्प ही फल रूप में परिणत होता है] तदनुसार सामाजिक का रसास्वाद फल है। इससे सिद्ध है कि विश्व रसमय है।

इस तरह नट में भी रसानुभव होता है ऐसा भट्ट लोल्लट मानते हैं। इसी लिए मुख्य रूप में रामादि में रस है। अमुख्य रूप में उसके अनुकरण करने वाले नट में भी रस है। ऐसा इनके मत का उल्लेख करते हुए मम्मटा चार्य ने लिखा है।

किन्तु भट्ट नायक इस सिद्धान्त को नहीं मानते वे कहते हैं कि न तो राम में अनुकार्य में रस है और न अनुकर्त्ता नट में रस है। फलतः आदि में एवं अन्त में रस नहीं है तब मध्यपाती कवि में रस कहां से आयेगा। क्यों कि रस का सिद्धान्त है। विभावादि से संयुज्यमान स्थायी रस है। और विभावादि का व्यवहार काव्यादि में ही होता है लोक में नहीं होता है। फलतः नायक, कवि एवं नट में रस नहीं है। एक बात और भी है मट्टी पीतल चाँदी या सोने के पात्र अपने में रखेहुए दूध का अनुभव नहीं कर सकते हैं उसका अनुभव तो पीने वाला ही कर सकता है। इसी बात को संगीत रत्नाकर ने लिखा है कि

तद्चोर्यं, यतः किंचिन्न रसं स्वदते नटः।
सामाजिकास्तु लिह्ते रसान् , पात्रं नटो मतः॥

साहित्य दर्पण कार ने भी इसकी पुष्टि की है।

शिक्षाभ्यासादिमात्रेण राघवादेः स्वरूपताम्
दर्शयन्नर्तको नैव रसस्यास्वादको भवेत्।

अर्थात् नट किसी रस का आस्वादन नहीं करता है क्यों कि वह पात्र है। सामाजिक ही रस का आस्वादन करते हैं।

शिक्षा एवं अभ्यास से राघवादि के सरूप को दिखाने वाला नर्तक नट रस का आस्वादक नहीं हो सकता है।

अगर वह काव्यार्थ की भावना करता है और उसके जरिये रस का आस्वादन करता है तो वह सभ्य ही है सामाजिक ही है नट नहीं है। अभिनेता पात्र अवश्य है। किन्तु दूध के प्याले का दृष्टान्त विषम है। क्योंकि वह जड़ है अतः उसमें आस्वादन की योग्यता ही नहीं है। नट तो चेतन है बिना भावाविष्ट हुए, वह अभिनय ही नहीं कर सकता है। अतः वह भी आस्वादयिता बन सकता है। किन्तु उस अवस्था में सभ्य कहलायेगा। नट नहीं।

और जो तो लौकिक अलौकिक द्विविध रस कहते हैं वह भी जड़वत है।

क्योंकि विभावादि से रस होता है और विभावादि का लोक में व्यवहार नहीं होता है तब लौकिक रस कैसा।

अतः सिद्धान्त है कि विभाव अनुभाव एवं संचारी से संयुक्तभाव रति रस है इस भरत सूत्र के अनुसार सामाजिक, पाठक, दर्शक एवं श्रोता में ही रस है। नायक, कवि एवं नट में रस नहीं है। हाँ उनमें उन २ रसों के प्रयोजक भावों का अनुभव एवं आवेश समान रूप में अवश्य रहता है। जैसा कि नायकस्य कवेः श्रोतुः समानोऽनुभवस्ततः कवि की परिस्थिति ही बतलाती है कि वह रस, भाव, गुण, अलंकार एवं रीति के चमत्कारी रूप में उपस्थापक शब्द और अर्थों के उचित एवं उचित सन्निवेश में व्यग्र रहता और इसी तरह नट अभिनय और कलाकार अपनी कला को दिखाने में जनता को प्रसन्न करने के ध्येय से व्यग्र रहता है अतः रस का आस्वादयिता नहीं है।

"भाव"

भाव पद का अर्थ क्या है। भाव किसे कहते हैं या किसे कहना चाहिए। उसका क्या कार्य है। रस के निरूपण प्रसंग में उसकी क्या आवश्यकता है अर्थात् उसके माने बिना क्या, कैसा, और कहां अवरोध होता है। इन तीन बातों का भाव पद का अर्थ १, उसका कार्य २ उसकी आवश्यकता ३ का, विवेचन यहां कर्तव्य है। इनके विषय में तीन मान्यताएँ है। अर्थात् तीन तरह से इनका विश्लेषण आचार्यों ने किया है उन तीनों को क्रमशः बतलाते हैं।

आचार्य अभिनय गुप्त के गुरु भट्टतौत के ग्रन्थ काव्य कौतुक में कारिकायें हैं जिनका उद्धरण आचार्य ने अभिनव भारती के रस प्रकरण में किया है। उनमें एक यह है।

वर्णनोत्कलिताभोगप्रौढोक्त्या सम्यगर्पिताः
उद्यानचन्द्रकान्ताद्या भावाः प्रत्यक्षवत्स्फुटाः।

वर्णन के विषय में अर्थात् वर्णन करने में जिनका आभोग विस्तार उत्कलित है उत्कर्ष को प्राप्त है उन प्रौढ उक्तियों से अर्थात् काव्यों से सम्यक् अच्छी प्रकार से अर्पित अवगत कराये गये उद्यान, चन्द्र एवं कान्तादि का नाम भाव है। यहां काव्य में वर्णनीय उद्यानादि एवं कान्तादिको भाव कहा है। और

एक है—शरीरेन्द्रियवर्गस्य विकाराणां विधायकाः।
भावा, विकाराश्चैषां ये चित्तवृत्तय ईरिताः।

द्रष्टा, पाठक, श्रोता एवं स्पष्टा के शरीर एवं इन्द्रियवर्ग के विकारों के उत्पादक अर्थात् जिनसे देखने, पढ़ने सुनने स्पर्श करने वाले के शरीर और इन्द्रियों में विकार उत्पन्न होते हैं। जैसे उद्यान चन्द्रादि एवं कान्तादि तथा कान्तादि की चेष्टाओं क्रियाओं से शरीर एवं मन में विकार उत्पन्न होते हैं अतः इन उद्यानचन्द्रादि एवं कान्तादि को तथा कान्तादि की चेष्टाओं क्रियाओं को भाव कहते हैं यह पहली मान्यता है।

रस प्रसंग में उद्यानचन्द्रादि की उद्दीपन विभाव, कान्तादिको आलम्बन विभाव और कान्तादि की चेष्टाओं को अनुभाव कहते हैं।

विकाराश्चैषां ये चित्तवृत्तय ईरिताः।

इन शरीर एवं इन्द्रिय वर्ग के विकार भाव हैं जिन भावों को चित्तवृत्तियाँ कहते हैं।

इन में शरीर एवं इन्द्रिय इन दोनों के सम्मिलित प्रभाव से उत्पन्न होने वाली विकारों को रस प्रसंग में सात्विक भाव कहते हैं और इन्द्रियों में केवल मन रूपी इन्द्रिय के विकारों की दो स्थितियाँ हैं। एक स्थिति तो यह है कि जो मन के विकार याने चित्त वृत्तियाँ स्थायी होने की योग्यता रखती हैं जो रसावस्था को पहुँच जाती हैं अतएव आप्रबन्ध स्थिर रहती हैं वे स्थायी भाव कहलाती हैं। जो तो रसावस्था को नहीं प्राप्त करती हैं केवल बिजली की चमक की तरह उद्बुद्ध होती हैं पुष्ट नही होती है किन्तु जो रस स्वरूप को प्राप्त हो रहे स्थायी को पुष्ट करते हैं वे मन के धर्म अर्थात् मन की वृत्तियाँ व्यभिचारी कहलाती हैं। इस तरह ये भाव विभाव अनुभाव सात्त्विक स्थायी एवं व्यभिचारी पांच है। इन्हीं के वर्णन का नाम काव्य है। इन्ही के संयोग से रस होता है यह दूसरी मान्यता है।

इनके सिवाय एक तीसरी मान्यता है वह यह है। प्रायः लोग कहते हैं कि अमुक व्यक्ति बड़ा भावुक है सहृदय है। अमुक व्यक्ति बड़ा रसिक है। पहले वाक्य से उसकी प्रतिष्ठा आदर झलकता है। दूसरे वाक्य से जरा दूसरी श्रेणी मालूम पड़ती है। अतः स्वभावतः यह प्रश्न उठजाता है कि रसों की प्रधानता है या भावों की प्रधानता है। भारतीय नाट्य शास्त्र के शब्दों में यो है। रसों से भावों की अभिनिर्वृति है या भावों से रसों की अभिनिर्वृति है प्रश्न। अगर कहें कि भावों से रसों की अभिनिर्वृति होती है तो ठीक नहीं है क्योंकि देखते हैं जब कि ये रसों के निष्पादक होते हैं तभी इनको भाव कहते है। अर्थात् रसों से भाव बनते हैं और ये रस तभी कहलायेंगे जब ये इन भावों से निष्पन्न होंगे। अर्थात् भावों से रस की निष्पत्ति होती है। इस तरह रसों से भावों की और भावों से रसों की परस्पर सिद्धि होती है। जैसे बहुत प्रकार से अनेक द्रव्यों का संयोग अन्न को स्वादु बना देता है। इसमें अन्न संयुज्यमान न हो तो स्वादु कौन बने। अनेक द्रव्यों का संयोग न हो तो स्वादु कैसे बने। फलतः एक के सहारे दूसरा है। यहां कालभेद एवं क्रिया भेद है अतः अन्योन्याश्रय दोष नहीं है। क्योंकि संयोजन किया पहले है और आस्वादन किया पीछे है।

फलतः बीजांकुरन्याय की तरह भाव हीन रस नहीं है रस रहित भाव नहीं है। यही सिद्धान्त है।

## नाट्य, नृत्य एवं नृत्त

इन तीन शब्दों के विषय में भी अवश्य वक्तव्य है। क्यों कि मूल नाट्यशास्त्र में तथा अभिनव भारती में विभिन्न अर्थों में नाट्य शब्द का प्रयोग किया है और

बाद के ग्रन्थकारों ने मुख्यतौर से दशरूपक एवं उसके अवलोक में धनंजय एवं धनिक ने तथा शार्ङ्गदेव विद्वान् ने संगीतरत्नाकर में और भी विश्लेषण किया है अतः उसका स्पष्टीकरण परम आवश्यक है।

नाट्यशास्त्र में कई अर्थों में नाट्य शब्द का प्रयोग किया है। जैसे

नैकान्ततोऽत्र भावानां देवानां चानुभावनम्
त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।

यहां पर नाट्य को अनुभावन एवं भावानुकीर्तन कहा है।

नाट्यं वृत्तान्त दर्शकम्। १ अध्याय १०७ श्लोक।

यहां नाट्य को वृत्तान्तदर्शक कहा है। १ अध्याय ११८ श्लोक।

योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदुःखसमन्वितः।
सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतो नाट्यमित्यभिधीयते।११९।

यहां प्रथम अध्याय में ऐसा पाठ दिया है। इसके बाद १९ वें अध्याय में १४४ श्लोक में दूसरा पाठ दिया है। जैसे

योऽयं स्वभावो लोकस्य नानावस्थान्तरात्मकः।
सोऽङ्गाद्यभिनयैर्युक्तो नाट्यमित्यभिधीयते।१४४।

यहाँ नाट्य को लोकस्वभाव कहा है। यह मूल ग्रन्थ हैं।

अभिनव भारती के आरम्भ में ही प्रथम अध्याय प्रथम श्लोक में (तत्र नाट्यं रस स्वभावं वस्तु) यहां नाट्य रस स्वभाव वस्तु है।

इसके बाद प्रथम अध्याय के ११९ श्लोक की व्याख्या में नाट्य को नर्तन कहा है और नटों के आम्नाय, शासन, धर्म, जीविका कहा है।

नृत्य एवं नृत्त की अलग व्याख्या नहीं की है। नृत्य शब्द का केवल एकबार प्रयोग चतुर्थाध्याय में १३ वें श्लोक में किया है। जैसे

अहो नाट्यमिदं सम्यक्त्वया सृष्टं महामते।४।१२

अहो महामते ! तुमने यह नाट्य बहुत अच्छा बताया। इसी प्रसंग में कहते हैं कि यह जो तुमने पूर्वरंग दिखाया है वह शुद्ध है। अतः मनोरंजन के लिए यहां नृत्य का भी उपयोग करना चाहिए।

मयापीदं स्मृतं नृत्यं सन्ध्याकालेषु नृत्यता
नानाकरण संयुक्तैरङ्गहारैर्विभूषितम्। ४।१३

मैंने भी सन्ध्याकाल में नृत्य करते हुए नाना प्रकार के करणों से संयुक्त और अंगहारों से विभूषित नृत्य का निर्माण किया है। इसके विमिश्रण से यह तुम्हारा पूर्वरंग चित्र अर्थात् आश्चर्यकारक हो जायगा। करण एवं रेचको सहित अङ्गहारों का इसके बाद तण्डु के द्वारा भरत को नृत्य के लिये उपदेश दिलवाया। इसी अध्याय में नृत्त शब्द का प्रयोग किया है इसके बारे में कहा है कि। रेचका अङ्ग-

हाराश्च पिण्डबन्धास्थैव च सृष्ट्वा भगवता दत्ता ताण्डवे मनये तदा। तेनापि तु ततः सम्यगानभण्ड समन्वितः। नृत्तप्रयोगः सृष्टीय स ताण्डव इति स्मृतः।

रेचक, अगंहारी एवं पिण्डीबन्धों की रचना करके भगवान् ने तण्डु मुनि को दिये। और तण्डु ने भी उसके बाद गान एवं भाण्डों के सहित नृत्तप्रयोग का सर्जन किया। अतः वह ताण्डव इस नामसे स्मरण किया गया है।

इसके बाद ऋषि पूछते हैं कि काव्यार्थ की प्राप्ति के लिए अभिनयों का प्रयोग किया किन्तु नृत्त का प्रयोग किस लिए किया।

न गीतकार्थसम्बद्धं नचाप्यर्थस्य भावनम्। ४ अ०। २१२ श्लो०

न यह गीतों के अर्थों से सम्बद्ध है। और न यह स्वरूप या तालादि का प्रापक है। किसलिए नृत्त को बनाया।

उत्तर देते हैं कि किसी अर्थ की अपेक्षा के लिए यह नृत्त नहीं बनाया है किन्तु शोभा के लिए, इससे नाट्य की शोभा बढ़ जाती है। क्यों कि नृत्त स्वभाव से ही जनता को प्रिय होता है।

किन्तु शोभां प्रजनयेदिति नृत्तं प्रवर्तितम्
प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः। २६४।

इस तरह के उल्लेख से यह सिद्ध होता है कि अर्थ सम्बन्ध से शून्य नृत्त प्रयोग है और नृत्य एवं नृत्त दो पदार्थ नहीं है

बाद के आचार्यों ने रसाश्रय वाक्यार्थभिनय नाट्य है। भावाश्रय पदार्थाभिनय नृत्य है। ताल लयाश्रय अर्थशून्य नृत्त है। यह विवेचन किया। और नट एवं नर्तक यह अलग २ नामकरण किया। भरत एवं अभिनव के मत में नट एवं नर्तक दोनों एक ही वस्तु हैं। इसीको प्रथमाध्याय की अभिनव भारती में नाट्याचार्य भी कहा है जैसे।

नर्त्तकोऽर्थपतिर्वापि। प्रथ० अ०।
नर्त्तकोऽभिनये स्मृतः। २७।६४।
न च नादरस्तु कर्त्तव्यो नटेन वागङ्गसत्वनेपथ्ये। २७।४८।

नृत्त अलग पदार्थ है और अभिनय अलग पदार्थ है। जैसा कि नाट्यशास्त्र में लिखा है।

नृत्तेऽभिनययोगे च पाणिभिर्वर्तनाश्रमैः
मुखभ्रूनेत्रयुक्तानि करणानि प्रयोजयेत्। ४।२१५।

नृत्त के प्रसंग में अभिनव भारतीकार ने लिखा है कि डोम्बिका १ भाण २ प्रस्थान ३ षिङ्गक ४ भाणिका ५ रामाक्रीड ६ हल्लीसक ७ रासक ८ ये आठ प्रबन्ध नृत्तात्मक है। नाट्यात्मक नहीं है। अतएव नाटकादि से विलक्षण हैं। इन्हीं रामाक्रीड भेद से रहित श्रीगदित एवं काव्य रूपनामान्तर सहितों को उपरूपक शब्द से दशरूपक कार ने लिखा है। श्रीकृष्ण भगवान् का रास भी रासक नामक नृत्त ही

है। और मालविकाग्निमित्र में संकेतित छलिक नृत्य भी रामाक्रीड का ही भेद है आधुनिक डान्स भी यही वस्तु है। इस छलिक को छालिक्य भी कहते हैं। स्वार्थ में ष्यञ् है।

अभिनय १ अभिनेता २ अभिनेय। ये तीन शब्द हैं। इनका अर्थ क्रमशः।

अभिपूर्वस्तु णीञ् धातुराभिमुख्यार्थं निर्णये।
यस्मात्प्रयोगं नयति तस्मादभिनयः स्मृतः॥

अभिपूर्वक णीञ् प्रापणे धातु है उसका अर्थ है अभिमुख में अर्थ को पहुंचाना। अतः अभिनेता जिससे सामाजिकों के सम्मुख प्रयोग को पहुँचाता है इसलिए यह अभिनय माना गया है। एक अर्थ है।

अभिनयति यस्माच्च नानार्थान् हि प्रयोगतः।
शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तस्तस्मादभिनयः स्मृतः॥

जिससे प्रयोग के द्वारा अनेक अर्थों को सामाजिकों के अभिमुख पहुंचाया जाता है इसलिए वह अभिनय है। जो शाखा माने शरीर के शाखास्थानीय ६ अंग एवं ६ उपांगों से संयुक्त है। शिर, हस्त, वक्षःस्थल, पार्श्वभाग कटी एवं पैर ये अंग है। मुख उपांग हैं। केवल मुख के ही ६ भाग ६ उपांग हैं। नेत्र १ भ्रुकुटी २ नासा ३ ओष्ठ ४ कपोल ५ एवं चिबुक ६ (ठुड्डी)।

फलतः अभिनेय काव्यार्थ को पहुंचाने का साधन अभिनय है। अभिनेता नट नर्त्तक उस अर्थ को पहुंचाने वाले हैं। पहुंचाने की वस्तु पहुंचाने के योग्य अर्थ अभिनेय है। नाट्य के रंगमञ्च के सभी पात्र अभिनेता हैं। इसीका एक मुख्य तत्त्व है नायक एवं नायिका। इन्ही का चरित जनता के अभिमुख पहुंचाया जाता है। जिनके चरित पहुंचाये जाने योग्य हैं। वे भी तो अंगविधया जनता के सम्मुख पहुंचाये जाते हैं अतः इनको नायक एवं नायिका शब्दों से कहा जाता है। यही आदर्श हैं इन्हीं के जरिये जनता को शिक्षा की जाती है कि रामादि की तरह आचरण करो न कि रावणादि की तरह।

हम ने अपने गुरु श्री बालकृष्ण जी की कृपा से साहित्य शास्त्र को अवगत किया मनिगाछी पोष्ट आफिस नवटोल गुरु जी का ग्राम है। मैं वहां प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में उनके साथ उनके यहां रहता था। वहां ही रस गंगाधरादि ग्रन्थों को पढ़ा और नाट्य शास्त्र की अभिनव भारती के १८ अध्याय भी आमूलचूड पढ़े अभिनव भारती के पाठ भेद, त्रुटित पाठ एवं संदिग्ध पाठों का निर्णय, पूरण एवं सन्देहाभाव का स्थिरीकरण किया एवं सुधार किया। पूज्यपाद गुरु जी की कृपा पीयूष का जैसा या जो भी मैंने आस्वादन किया उसी का आस्वादन मैंने अपने सहयोगी मित्रों को और जिज्ञासु छात्रों को कराने का प्रयत्न किया है। यदि किसी ने भी इसका मनोयोग पूर्वक आस्वादन किया तो गुरु जी का आशीर्वाद और मेरा प्रयत्न सफल हुआ।

त्रुटित पाठ की योजना में श्री गुरुजी ने श्रम करके जैसे मुझे पढ़ाया उसी तरह संदिग्ध पाठ के सन्देह को दूर करने में वही कार्य किया। पाठ भेद या उस को स्थिर करने के लिए तीन पुस्तकें गुरु जी के पास थी। एक पुस्तक तो उनकी अपनी थी। जिसको उन्होंने जंगम शैव सम्प्रदाय के आचार्य किन्तु गुरुजी के प्रधान शिष्य स्व० गौरीशंकर शास्त्री के माध्यम से प्राप्त की थी। दूसरी सरस्वती भवन लाइब्रेरी से प्राप्त की थी। तीसरी बाहर से कहीं से उन्होंने मंगवाई थी। मैं तो कहूंगा यह सब उपकरण अवश्य था किन्तु वस्तुतः जो कुछ है वह सब उनका बुद्धि वैभव या उनकी तत्त्वसाक्षात्कार करने की शक्ति ही है।

श्री गुरुजी का मुझे आदेश था कि 'वे मुझे आप कहते थे, अपनी टीकाओं में इस आम के पौधे की चर्चा अवश्य करेंगे। जिसकी छाया में बैठकर आपने हमसे पढ़ा। उन्हीं का आशीर्वाद है कि आम्र के गाछ की तरह मेरी टीकायें मधुसूदनी एवं बालक्रीडा विश्व में फलित होवें।

मैंने पूछा था कि गुरु जी टीका का क्या नाम करूं। उन्होंने कहा था कि मधुसूदनी नाम करण करो। तब मैंने आज्ञा ली कि हिन्दी टीका का नाम आपके नाम के आधार पर रखूंगा। उन्होंने स्वीकृति दी तदनुसार बाल क्रीडा नाम किया है। यह उन्हीं की क्रीडा है।

एक बात और भी लिख देना जरूरी है कि मुझे शत्रुओं से बड़ा लोहा लेना पड़ा है। जीवन संघर्षमय बीता है और बीत भी रहा है। लेखन कार्य में प्रवृत्ति का भी कारण निजी शत्रुओं का संघर्ष है। जिस संघर्ष को सुनकर की गई सुरैलिया वंशोत्पन्न प्रथम पत्नी श्री स्व० दुर्गा देवी की सत्प्रेरणा एवं कौशिकगोत्र लाटावशीय द्वितीय पत्नी रमा देवी की परिचर्या का सुन्दर फल ये टीकाएं हैं। भगवान् इनके मनोरथों को पूर्ण करें। ओम्। शान्तिः शान्तिः।

---

मधुसूदन शास्त्री
साहित्यविभागाध्यक्ष
सं० मं० वि० B. H. U.
वाराणसी

चैत्र नवरात्र
१९२५

श्रीरस्तु ।

श्रीश्यामदेवाय नमः

## भरतमुनिप्रणीतं

# नाट्यशास्त्रम् ।

## अभिनवभारती ( सहितम् )

यस्तन्मयाद् हृदयसंवदनक्रमेण
द्राक्चिवशक्तिगणभूमिविभागभागी ।

### मधुसूदनी

श्यामं शुभं स्वकुलदैवतमिद्धदीप्त्या ।
संभासयन्तमखिलान् समुपासकान् स्वान् ॥
सन्त्रास्य तं कलुषसंघमिहोपदेशैः ।
वन्दे जगन्नटनसूत्रधरं महेशम् ॥
श्रीमद्द्विजवल्लजरामजिलालान् पितॄनहं नौमि ॥१॥
येषां लालनपालनशिक्षाद्यैरेधितो वर्त्ते ॥२॥
स्निग्धपरिष्कृतवचसा झटिति दुरूहार्थबोधने दक्षान् ।
रत्नामणीन्निजान्तेवसतां तौस्तौमि बालकृष्णगुरून् ॥३॥
परिशीलितमद्वचना सततं परिचर्ययानुरक्षन्ती ।
अरुणसूर्यचन्द्रसुता जयतु रमेयं द्वितीयपत्नी मे ॥४॥
वकीलः सच्चिदानन्दो ज्येष्ठसूनुर्द्वितीयतः ।
शान्तिविजयसौभाग्यराज्यलक्ष्म्यस्तु कन्यकाः ॥५॥
यत्प्रार्थनेन विवृतिस्तन्यते मधुसूदनी ।
नाट्यशास्त्रेऽत्र भरते बालक्रीडापि भाषया ॥६॥

स्वग्रन्थप्रचयकामोऽभिनवगुप्ताचार्यवर्यः अभितो नवरूपेण भरतभारतीं स्वशिष्येषु भावयितुं स्वीयामभिनवां भारतीमाततनिषुः भगवन्तमिन्दुकलावतंसमभिवन्दते—यस्तन्मयादिति । यः स्वभक्तान् द्राक् झटिति इत्थं करोति तम्, इन्दु-

### बालक्रीड़ा

भरतमुनी अरु अभिन गुप्त के भाव विभोर हुआ मधुसूदन
बालक्रीड़ा विस्तृत भाषा बद्ध निबन्ध किया सब लेखन ।

शक्ति स्त्रीपात्र मिश्रकेशी सुकेशी मंजुकेशी प्रभृति एवं गण भृंगी, भृंगी रिटि, तुण्डि, नन्दि प्रभृति प्रमथ पुरुषपात्रों में चित्र विलक्षण और आश्चर्यजनक भूमि भूमिकाओं

### अभिनवभारती

हर्षोल्लसत्परविकारजुषः करोति
वन्देतमां वमहमिन्दुकलावतंसम् ॥१॥

### मधुसूदनी

कलावतंसं चन्द्रमौलिमहं वन्दतेमाम्। कचिद्विशेषणेनापि विशेष्यप्रतिपत्तिरिति नयात् स्वभक्तानिति विशेष्यमुन्नीयते। कीदृशो य इत्याह्=चित्रेति। चित्राणां विलक्षणानामाश्चर्यजनकानां भूमीनाम्। भूमिकानामित्यर्थः। याभिः सामाजिका रसाननुभवितुं सुखेन समर्था भवेयुस्तासां भूमिकानाम्। क्वचित्सु स्त्रीपात्रेषु मिश्रकेशी-सुकेशीप्रभृतिषु, गणेषु पुरुषपात्रेषु शृंगी भृंगी रिटिस्तुण्डी इत्यादिनामकेषु। विभागो विन्यासः।

तदुक्तम्—

सुकुमारप्रयोगो यो राज्ञामामोदसंभवः
शृंगाररसमासाद्य तन्नारीषु प्रयोजयेत् ।९।

युद्धोद्धवाविद्धकृताः संरंभारभटाश्च ये
न ते स्त्रीभिः प्रयोक्तव्या योक्तव्याः पुरुषेषु ते ।१०।

एवं कार्यं प्रयोगज्ञैर्भूमिकाविनिवेशनम्
स्त्रियो हि स्त्रीगतो भावः पौरुषः पुरुषस्य च ।१३।

इति ना. २६ अध्याये।

### बालक्रीडा

के विभाग अलग २ बांटने में भागी ऐश्वर्यशाली जो भगवान् अपने भक्तों को शब्द प्रधान गीतगोविन्दादि गीतकाव्य, अर्थ प्रधान शाकुन्तलादि अभिनेय काव्य दशरूपक एवं शब्दार्थोभय प्रधान रघुवंशादि, पद्यात्मक महाकाव्य, कादम्बरी प्रभृति गद्यकाव्य, एवं चम्पूप्रभृति गद्यपद्योभयात्मा काव्यों के द्वारा वर्णनीय के अनुशीलन अर्थात् राग श्रवण, अभिनय दर्शन एवं आलोचन में तन्मय होने से हृदय ही जिस में संवादक प्रमाण है ऐसे क्रम परिपाटी से हर्ष आदि व्यभिचारीभावों एवं उल्लसत् आविर्भूत होनेवाले परविकार रोमाञ्च अश्रुपातादि अनुभावों से व्यक्त जुष् माने प्रीति आनन्द रस युक्त कर देता है उस इन्दुकलावतंस को मैं भरतमुनि अतिशय प्रणाम करता हूं।

यहां नाट्य शास्त्र का आरम्भ कर रहे हैं अतः निर्विघ्न ग्रन्थ की समाप्ति के साथ २ विश्व में ग्रन्थ का विस्तार हो इस लिए आरम्भ में श्रीमान् आचार्य अभिनव गुप्त मंगला चरण करते हैं।

यहां मंगलाचरण के द्वारा ग्रन्थ में ग्रन्थनीय विषय नाट्य एवं उसके उपदेशक चन्द्र मौलि का संकेत करते हैं। यही आचार्यो की शैली है। इसीलिए भूमि, विभाग, भागी शक्ति, एवं गण, तन्मय, हृदय रूपी संवादक, आदि पदों का उपन्यास किया है।

### मधुसूदनी

तस्मिन् (ऐश्वर्यादीनां षण्णां भग इति संज्ञा तस्यायमिति अणि) भाग ऐश्वर्यमस्यास्तीति भागी।

छन्दतः पौरुषीं भूमिं स्त्री कुर्यादनुरूपतः। इति।
न स्वयं भूमिकाभ्यासो बुधैः कार्यस्तु नाटके।
स्त्रीषु योज्यः प्रयत्नेन प्रयोगः पुरुषाश्रयः। इति च तत्रैव।

इदमेव ऐश्वर्यं स्त्रीषु पुंभूमिकायाः पुंक्षु स्त्रीभूमिकायाः प्रयोगः। इह भूमिकायास्तिस्रो विधा वर्णिताः। प्रकृतिरस्या अपरा संज्ञा। तदुक्तम् तत्रैव २६ अध्याये ना. शा.।

अनुरूपा विरूपा च तथा रूपानुरूपिणी
त्रिप्रकारेण पात्राणां प्रकृतिश्च विभाविता।
नानावस्थाक्रियोपेता भूमिका प्रकृतिस्तथा। इति

तन्मयात् तत्स्वरूपात् वर्णनीयतदात्मतापत्तेरित्यर्थः। काव्यानां शब्दपाठार्थानुशीलनाभिनयनिरीक्षणरागरागिनीश्रवणाभ्यासवशाद्विशदीभूते सति मनोमुकुरे हृदयमेव संवदनं संवादकप्रमाणं तत्क्रमेण तस्य पौर्वापर्येण पूर्वं वर्णनीयवादात्म्यम् ततो हृदयस्य गलनमिव ततो हर्षादिर्व्यभिचारिभावः। उल्लसतः उद्गच्छतः परविकाराः

### बालक्रीड़ा

भूमिका जिसका पर्याय प्रकृति है वह तीन प्रकार की होती है और उसके लिए स्त्री एवं पुरुष पात्र होते हैं। उनमें कभी स्त्रियों के अभिनय को पुरुषों से पुरुषों के अभिनय को स्त्रियों से कराया जाता है। इसमें प्रेक्षाप्रवर्तक संचालकों का भाग ऐश्वर्य बुद्धिवैभव रहता है। ये सभी बातें आगे के अध्यायों में बतलाई जायेंगी।

जैसा—प्रयोजितं पुनरतं यथाभूमि विभागशः। इति

अनुरूपा विरूपा च तथा रूपानुरूपिणी
त्रिप्रकारेह पात्राणां प्रकृतिश्च विभाविता।
नानावस्थाक्रियोपेता भूमिका प्रकृतिस्तथा।
स्वाभाविकेन रूपेण प्रविशेद्रंगमण्डलम्
आत्मरूपमवच्छाद्य वर्णकैर्भूषणैरपि।
सुकुमारप्रयोगो यो राज्ञामामोदसंभवः
शृंगाररसमासाद्य तन्नारीषु प्रयोजयेत्।
युद्धोद्धताविद्धकृता संरंभारभटाश्च ये
न ते स्त्रीभिः प्रयोक्तव्या योक्तव्याः पुरुषेषु ते
एवं कार्यं प्रयोगज्ञैर्भूमिकाविनिवेशनम्।
स्त्रियो हि स्त्रीगतो भावः पौरुषः पुरुषस्य च।
पुरुषः स्त्रीगतं भावं स्वात्मप्रकुरुते तु यः।

## अभिनवभारती

षट्त्रिंशकात्मकजगद्गगनावभास-
संविन्मरीचिचयचुम्बितबिम्बशोभम् ।
षट्त्रिंशकं भरतसूत्रमिदं विवृण्वन्
वन्दे शिवं श्रुतितदर्थविवेकधाम ॥२॥

## मधुसूदनी

प्रकृष्टरोमाञ्चाश्रुप्रभृत्यनुभावास्तैः । जोषणं जुष् भावे क्विप् । जुष् प्रीतिर्येषां तान् स्वभक्तानिति पूरणीयः । अत्र तन्मयादिति पाठः समादृतः ।

षट्त्रिंशकेति । भरतेन सूत्रितं षट्त्रिंशाध्यायात्मकं नाट्यशास्त्रम् । तदनुसरताभिनवगुप्ताचार्येण प्रत्यभिज्ञादर्शनप्रसिद्धषट्त्रिंशत्तत्त्वात्मकः शिवः स्तूयते । षट्त्रिंशत्तत्त्वानि यथा—

भूमिः १ जलं २ वह्निः ३ वायुः ४ आकाशः ५ गन्धः ६ रसः ७ रूपम् ८ स्पर्शः ९ शब्दः १० उपस्थः ११ पायुः १२ पादः १३ पाणिः १४ वाक् १५ घ्राणः १६ जिह्वा १७ चक्षुः १८ त्वक् १९ श्रोत्रम् २० मनः २१ अहंकारः २२ बुद्धिः २३ प्रकृतिः २४ पुरुषः २५ नियतिः २६ कालः २७ रागः २८ विद्या २९ कला ३० माया ३१ शुद्धविद्या ३२ ईश्वरः ३३ सदाशिवः ३४ शक्तिः ३५ शिवः ३६ ।

एतत्तात्मकं जगदेव गगनम् । तदवभासयति या संवित् सा । अत्र भासिका पदे पुंवद्भावात् तादृशगगनावभाससंवित् । तादृशी चिच्छक्तिः । मरीचिचयेन किरणसमूहेन चुम्बितो बिम्बः (बिम्बोऽस्त्री मण्डलं त्रिषु इत्यमरः) शोभते यः पचाद्यच् तम् । चुम्बितबिम्बशोभमित्यत्र कर्मधारयः । तस्य भासा विश्वमिदं विभाति । तमेव भान्तमनुभाति सर्वम् । इत्यादिश्रुतिभिः जगद्गगनावभाससंविद्रूपः शिव एव नान्यः । तस्य शिवस्य मरीचिचयेन चुम्बितो यो बिम्बः । तद्वत् शोभा यस्य इति किरणशोभिबिम्बशोभः शिव इति का योजना स्यात्तस्तथोक्तम् ।

## बालक्रीडा

छन्दतः पौरुषीं भूमिं स्त्री कुर्यादनुरूपतः ।
यत्र स्त्रीणां पाठ्याद् गुणैर्नराणां च कण्ठमाधुर्यम्
प्रकृति विपर्यंजनितौ विज्ञेयौ तावलंकारौ । इति ।
भ. ना. शा० २६ अ. श्लो. ११९ ।

योऽर्थो हृदयसंवादी तस्य भावो रसोद्भवः
शरीरं व्याप्यते येन शुष्कं काष्ठमिवाग्निना । इति
भ. ना. ७ अ. श्लो. ७

द्वितीय मंगल श्लोक कहते हैं । षट् त्रिंशत् ३६ अध्यायात्मक इस (ग्रन्थरूपसे प्रत्यक्ष सन्निहित) भरतसूत्र (सूत्ररूप से निबद्ध) भरतमुनि प्रणीत नाट्यशास्त्र का विवरण करने के

## मधुसूदनी

श्रुतेर्धाम आश्रयस्तथा श्रुत्यर्थविषयक विवेकानां विचाराणाञ्च धाम आश्रयः। तं शिवमहं वन्दे। किं कुर्वन्, इदं पुस्तकरूपेण सन्निहितं षट्त्रिंशकं षट्त्रिंशदध्यायात्मकं भरतसूत्रं भरतप्रणीतं नाट्यशास्त्रं विवृण्वन् व्याख्यया उपबृंहयन्।

एवं शास्त्रारम्भीयं मङ्गलं श्लोकद्वयेन सम्पाद्य अध्यायारम्भविघ्नविघातमिच्छुरभिनवाचार्यः प्रत्यभिज्ञादर्शनानुरोधेन प्रथमधरणीतत्त्वात्मकं शिवं वन्दितुमाह—विश्वेति। विश्वमेव बीजं तस्याथवा विश्वेषां बीजानां प्ररोहार्थमंकुरणार्थं मूलाधारतया प्रधानभूताश्रयतया स्थितं धर्तृरूपा धारिका या शक्तिस्तन्मयं धरणीरूपं पृथ्वीरूपमीश्वरं शिवं वन्दे।

सद्विप्रेति। सन् समीचीनो विप्रः स्वाध्यायसम्पन्नः।

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते। वेदपाठी भवेद्विप्रः। इत्युक्तेः। एवं भूतो यस्तोतस्तोतारामः। नामैकदेशे नामग्रहणमित्युक्तेः। एतन्नामाचार्यः। तस्य वदनादुदितस्य नाट्यवेदस्य तत्त्वार्थं गंभीरार्थम्। विशदीकरोति अभिनवः।

## बालक्रीडा

लिए प्रस्तुत मैं अभिनवगुप्त श्रुति वेद एवं उसके अर्थ के विचारों के धाम स्थान शिवको प्रणाम करता हूँ। जो शिव षट् त्रिंशक ३६ तत्त्वात्मक जगद्रूपी गगन को अवभासित करने वाली संवित् चिच्छक्ति स्वरूप है और अपने ही मरीचि चय से चुम्बित बिम्ब है एवं शोभमान है।

इस द्वितीय श्लोक से ग्रन्थ का प्रमाण बतलाया गया है कि नाट्य शास्त्र के ३६ अध्याय है उसका समन्वय प्रत्यभिज्ञादर्शन के (जिसके अभिनवगुप्त प्रधान आचार्य थे) ३६ तत्त्वों से किया है। जगत् ३६ तत्त्व रूप हैं और वे तत्त्व शिव से भिन्न नहीं हैं। फलतः ३६ तत्त्वात्मक जगत् है और ३६ तत्त्वात्मा शिव है। उसी के अनुसार प्रत्येक अध्याय के आरम्भ में इन ३६ तत्त्वात्मा शिव की वन्दना की है। इन ३६ तत्त्वों का निरूपण शिव से आरम्भ करते हैं तब भूमि पर्यन्त निरूपण करते हैं और यदि भूमि से आरम्भ करते हैं तब शिव पर्यन्त निरूपण करते हैं। वे तत्त्व ये हैं।

भूमि १ जल २ तेज ३ वायु ४ आकाश ५ गंध ६ रस ७ रूप ८ स्पर्श ९ शब्द १० उपस्थ ११ पायु १२ पाद १३ पाणि १४ वाक् १५ घ्राण १६ जिह्वा १७ चक्षु १८ त्वक् १९ श्रोत्र २० मन २१ अहंकार २२ बुद्धि २३ प्रकृति २४ पुरुष २५ नियति २६ काल २७ राग २८ विद्या २९ कला ३० माया ३१ शुद्धविद्या ३२ ईश्वर ३३ सदाशिव ३४ शक्ति ३५ शिव ३६।

तस्य भासा विश्वमिदं विभाति। तमेवभान्तमनु भाति सर्वम्। उसी के प्रकाश से यह विश्व आलोक को प्राप्त कर रहा है। अतः गगनावभासक संवित् वही है। बिम्ब वही है जगत प्रतिबिम्ब है। यह शोभमान स्वप्रकाश है। स्वयं ज्योतिः पुरुषः। श्रुति एवं (सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति। वेदान्तकृत् वेद विदेव चाहम्) इन श्रुति स्मृतियों के अर्थ के विचार के धाम शिव ही है।

## अभिनवभारती

to grow the seed of the Universe — who stands as a basis, support

विश्वबीजप्ररोहार्थं मूलाधारतया स्थितम् ।

earth — wich is in the form

धर्तृ-शक्तिमयं वन्दे धरणीरूपमीश्वरम् ॥३॥

सद्विप्रतोत-वदनोदितनाट्यवेद-
तत्त्वार्थमर्थिजनवाञ्छितसिद्धिहेतोः ।
माहेश्वराभिनवगुप्तपदप्रतिष्ठः
संक्षिप्तवृत्तिविधिना विशदीकरोति ॥४॥

उपादेयस्य सम्पाठस्तदन्यस्य प्रतीकनम् ।
स्फुटव्याख्या, विरोधानां परिहारः, सुपूर्णता ॥५॥

## मधुसूदनी

कस्मादित्याह—अर्थीति । अर्थिजनानां नाट्यवेदार्थमधिजिगमिषूणां वाञ्छितस्य सिद्धिहेतोः । प्रकारेण केनेत्याह—संक्षिप्ता नातिविस्तृता या वृत्तिः विवृतिः तद्विधिना तत्प्रकारेण ।

क इति नामाह—माहेश्वरेति । माहेश्वरे महेश्वरसम्प्रदाये अभिनवगुप्तपदेन एतन्नाम्ना प्रतिष्ठा प्रकर्षो यस्य सः ।

विवृण्वन् व्याख्यया समुपबृंहयन्निरुक्तं तत्र
"पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना
आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम्"
इत्येवं व्याख्याया रूपं किमिति शङ्कामपनुदन्नाह—उपादेयस्येति । उपादेयस्य ग्राह्यस्य

## बालक्रीड़ा

इस तरह ग्रन्थारम्भीय मंगल करके अध्यायारम्भ का मंगल करते हैं। विश्वरूपी बीज के अंकुरण के लिए मूलाधार रूप से जो स्थित है उस धारणात्मिका शक्ति के प्रतीक धरणी रूप ईश्वर को प्रणाम करता हूँ।

अब अपने को सत्संप्रदायानुगत विद्वान् घोषित करते हुए अभिनवगुप्त नाट्यवेद के व्याख्यान करने की प्रवृत्ति करते हैं।

महेश्वर की भक्ति प्रधान शैव संप्रदाय के अन्यतम प्रवर्तक माहेश्वर एवं अभिनव गुप्त नाम से प्रख्यात अभिनव आचार्य, नाट्य के अर्थ को जानने के उत्सुक जनों की वाञ्छित सिद्धि के लिए उत्तम विप्र तोतारात आचार्य के वदन से उदित उदय को प्राप्त नाट्यवेद के तत्त्वार्थ को संक्षिप्त विवरण के प्रकार से विशद करता है।

पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना। आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम्। इस तरह के प्राचीन व्याख्यान क्रम का अनुसरण नहीं करके अभिनव प्रकार के व्याख्यान क्रम का अनुसरण करने का उल्लेख करते हैं—

प्रकृत विषय के उपबृंहणकारी उपादेय का सम्यक् पाठ करना। अनुपादेय का केवल प्रतीक के रूप में विन्यास करना। अस्फुटों की स्फुट व्याख्या करना। विरोधों का

अभिनवभारती

लक्ष्यानुसरणं, श्लिष्टवक्तव्यांशविवेचनम् ।
सङ्गतिः पौनरुक्त्यानां, समाधानसमाकुलम् ॥
सङ्ग्रहश्चेत्ययं व्याख्याप्रकारोऽत्र समाश्रितः ॥६॥

भरतमुनिरुचितदेवतानमस्कारपूर्वकमभिधेयगुणीभावेन प्रयोजनं मुख्यया वृत्त्या

मधुसूदनी

वस्तुनः सम्यक् पाठः व्यक्ततया पठनम् । अनुपादेयस्य तदन्यस्य प्रतीकनम् अवयवमात्र-निर्देशः । स्फुटं यथा स्यात् तथा व्याख्या विवृतिः । विरोधानां प्रकृतार्थसंगतिरहितानां परिहारः संगमनम् । सुपूर्णता अनुक्तार्थसंपूर्त्तये अध्याहारः अथवा विच्छिन्नस्य पाठस्य पूर्त्तिकरणम् । लक्ष्यभूतस्य प्रतिपाद्यस्य अनुसरणम् प्रमाणभूतवचसामुद्धरणम् । श्लिष्टस्य वक्तव्यांशस्य बोद्धमशक्यस्य एकदेशस्य कथनीयस्य विवेचनम् विचारः । पौनरुक्त्यानां पुनरुक्तिदोषमस्तानामर्थानां संगतिः । समाधानेन आक्षेपस्य समाहित्या समाकुलम् व्याप्तम् । संग्रहश्च तद्विषयपुष्टिकरणाय ग्रन्थान्तरोक्तपदार्थानामेकत्र विन्यासश्च इत्येवंरूपो व्याख्यायाः प्रकारः । अत्र अभिनवभारत्यां समाश्रितः आदर्शतया गृहीतः ।

भरतेति । डुभृञ् धारणपोषणयोरित्यस्माद् धातोः भरणं स्वांगेषु अभिनेयराजा-दिसदृशवेषभूषादीनां धारणम् । भावे घः । भरः, तमतति अन्तर्भावितण्यर्थत्वाद् विस्तारयति इति भरतः । शकन्ध्वादित्वात् परं रूपम् । तदुक्तम्—

"भावै रसान् तनुध्वं भो भरताख्यां भजिष्यथ"

अथवा "भृमृदृशि" इति ३।११०

उणादिसूत्रेण अतच् प्रत्यये निष्पन्नः । एतन्नाम्ना प्रसिद्धो नाट्यचार्यः । नाट्यविषयक पदार्थानां मननात् मुनिः ।

उचितेति । त्रिविधा देवता । उचिता यादृशो विषयस्तदनुरूपा । यथा शृंगारशतके "तस्मै नमो भगवते कुसुमायुधाय" इति शृंगाररसानुरूपा कुसुमायुध-देवता । इष्टा देवता = यथात्र

"श्यामं शुभं स्वकुलदेवतमिद्धदीप्त्या"

इति श्यामः कुलदेवतया इष्टः गृहीतः । उचितेष्टदेवता = यथा वागर्थावित्यत्र वागर्थात्मके महाकाव्ये रघुवंशे वागर्थप्रतिपत्तये वागर्थरूपौ पार्वतीपरमेश्वरौ औचित्या स्तुतौ । त एवेष्टे चेति ।

अभिधेयस्य नाट्यस्य गुणीभावेन गुणीकरणेन । प्रयोजनं सकलहित करण-

बालक्रीडा

परिहार करना । विच्छिन्न पाठ की अन्वाध्याहार या अर्थाध्याहार के द्वारा पूर्ति करना । लक्ष्य निरूपणीय अर्थ के विषय मे ध्यान रखना । क्लिष्ट कठिन किन्तु वक्तव्य अंश का विवेचन करना । पुनरुक्त अर्थों की संगति दिखलाना । समाधानों को व्यापक रूप से दिखलाना । और उपयोगी पदार्थों का प्रमाण रूप मे संग्रह करना । यह व्याख्या का प्रकार यहाँ समाश्रित है ।

भरतमुनि = नाट्यशास्त्र के निर्माता एवं प्रयोक्ता अत एव प्रकृत विषय के उचित देवता

प्रणम्य शिरसा देवौ पितामहमहेश्वरौ ।
नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतम् ॥१॥

### अभिनवभारती

प्रतिजानानो विशेषणद्वारेण गुरुपूर्वक्रममर्थाक्षिप्ततया चाभिधेयप्रयोजनतत्सम्बन्धान् दर्शयति-प्रणम्येत्यादिना—

'पितामहोऽत्र न पितुः पिता, महेश्वरश्च न राजादिरिति देवशब्दः । एतच्च नाशङ्कनीयं प्रसिद्धेः । एको विजिगीषुर्नाट्यप्रवर्तयितेति देवः । भगवांस्त्वानन्दनिर्भर-

### मधुसूदनी

प्रवृत्त इत्यादिना वदुचिवाङ्गिकवाचिकहार्यिकाभिनयप्रकटनपूर्वकमित्यन्तेन प्रघट्टकेन प्रदर्शितं प्रवक्ष्यामीति पदस्य व्यंग्यं मुख्यया वृत्त्या प्रधानेन व्यापारेण व्यञ्जनेन । प्रतिजानानः सन्ध्यादिषु यथासुकं कर्म करिष्ये इतिवत् नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामीति प्रतिज्ञां कुर्वाणः । प्रतिबोधयन्नित्यर्थः ।

गुर्विति । पूर्वक्रममिति पाठः । गुर्वोः पितामहमहेश्वरयोः पूर्वापरक्रमम् ।

### बालक्रीडा

पितामह और महेश्वर को नमस्कार करके अभिधेय को गुणीभाव याने अप्रधान प्रकार से किन्तु प्रयोजन को मुख्य रीति से दिखलाने की प्रतिज्ञा करते हुए विशेषणों के द्वारा गुरुओं की पूर्वता के क्रम को और अर्थाक्षिप्त याने अर्थात् ज्ञात अभिधेय, प्रयोजन एवं उनके सम्बन्धों को 'प्रणम्य' इत्यादि श्लोक से दिखाते हैं ।

नाट्य वेद के गुरु श्री भगवान् ब्रह्माजी एवं ताण्डव वगैरह के गुरु महेश्वर दोनों को शिर झुका कर मैं भरत मुनि प्रणाम करता हूँ । और ब्रह्माजी के पढ़ाए हुए नाट्यशास्त्र का प्रवचन करता हूँ ।

(लोचन) इस प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम नाट्य वेद है । प्रमाण-नाट्य वेदः कथं ब्रह्मन् १।४ नाट्य वेद कथां प्रति १।६ श्रुतां नाट्यवेदस्य १।७ नाट्यसंज्ञमिमं वेदम् १।१५ नाट्यवेदं ततश्चक्रे १।१६ नाट्यवेदो महात्मना १।१८ उत्पाद्य नाट्यवेदं तु १।९ नाट्यवेदं पितामहात् १।२५ यदिमं शृणुयात् प्रोक्तं नाट्यवेदं स्वयम्भुवा ३६।५४ नाट्यवेद में नाट्यविषयक शास्त्र अर्थात् शिक्षा है अतः नाट्यशास्त्र कहा लोकप्रसिद्धि भी हो गई ।

अभिनव भारती में भी देखिये (एवं नाट्यशास्त्र प्रवचनं प्रयोजनम्, अभिधेयश्च नाट्य-वेदः) इस तरह इस ग्रन्थ का प्रयोजन है नाट्य सम्बन्धी शिक्षा का प्रवचन करना, अभिधेय अर्थात् प्रतिपाद्य है नाट्यवेद ॥१॥

यहां पितामह शब्द से पिताके पिता का और महेश्वर शब्द से किसी राजादि का ग्रहण किया जा सकता है किन्तु ऐसा न किया जाय, इसलिए देव शब्द का प्रयोग किया है यह शंका नहीं करना । क्योंकि

## अभिनवभारती

तया क्रीडाशीलः सन्ध्यादौ नृत्यतीति नाट्ये तदुपस्कारिणि च नृत्ते तदुपज्ञं प्रवृत्तिरिति तावेवात्राधिदैवते गुरू चेति नमस्कार्यौ।

## मधुसूदनी

तदुपस्कारिणि। तस्य नाट्यस्य उपस्कारिणि शोभाधायके नृत्ते। तदुक्तं—

किन्तु शोभां प्रजनयेदिति नृत्तं प्रवर्त्तितम् ।२६४।
प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः।
मंगल्यमिति कृत्वा च नृत्तमेतत्प्रकीर्तितम् ।२६५।
विवाह-प्रसवावाह-प्रमोदाभ्युदयादिषु।
विनोदकरणं चेति नृत्तमेतत्प्रवर्तितम् ।२६६।

ना. शा. ४ अध्याय।

तदुपज्ञमिति। तस्मात् महेश्वरात् उपज्ञा प्रथमं ज्ञानम्। "उपज्ञोपक्रमं तदाद्याचिख्यासायाम्" इति सूत्रेण उपज्ञान्ततत्पुरुषस्य नपुंसकत्वम्।

"अधिदैवते गुरू चेति नमस्कार्यौ" इति पाठः।

## बालक्रीडा

यस्मात् पितामहो यज्ञे प्रभुरेकः प्रजापतिः।
ब्रह्मा सुरगुरुः स्थाणुर्मनुः कः परमेष्ठ्यथ॥ महा. १।१।३२

इत्यादिनामों से पितामह ब्रह्माजी ही प्रसिद्ध हैं एवं (महेश्वरस्त्र्यम्बक एव नापरः) इस कालिदास के कथन से और महेश्वर शब्द की जो व्युत्पत्ति दी गई है।

विदस्थानाञ्च सर्वेषां महतामीश्वरः स्वयम्
महेश्वरं च तेनेमं प्रवदन्ति मनीषिणः।

इससे भी महेश्वर शब्द त्र्यम्बक के अर्थ में प्रसिद्ध है।

एक, श्लोक में प्रथम उपात्त पितामह नाट्यवेद के प्रवर्तक हैं इसलिए देव हैं विजिगीषु हैं—काम क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य से अभिभूत भी प्राणी नाट्यों के अभिनयों को देख कर इनके अभिभव से उन्मुक्त हो जाता है अतः नाट्यवेद का निर्माण करके इनको जीत लिया है और दूसरे भगवान् महेश्वर तो आनन्द में निर्भर विह्वल होकर स्वभावतः क्रीडा में रत हुए सन्ध्या समय में नाचते हैं अतः नाट्य में और नाट्य की शोभा बढ़ाने वाले नृत्य में क्रमशः उन्हीं दोनों के द्वारा प्रथम प्रवृत्ति हुई है। फलतः ये ब्रह्मा और शिव दोनों इस नाट्यवेद में अधिष्ठाता देव एवं गुरु हैं। इसलिए नमस्कार के योग्य हैं।

यहां "देवौ" शब्द के मूल दिव, धातु के क्रीडा एवं विजिगीषा दो अर्थों के अनुसार व्याख्या की संगति दिखाई है। बाकी आठ अर्थों की यहां संगति नहीं है। कदाचित् दिव धातु के व्यवहार रूप अर्थ को लेकर संगति हो सकती थी किन्तु उसका भी निषेध दिखाते हैं।

## अभिनवभारती

लक्ष्मीपतिस्तु यद्यपि वृत्तीनां निर्माता तथापि स्वकर्तव्य-मात्रनिष्ठस्तथाचरन्नसौ पितामहादिवन्नात्र नाट्ये लोकवदुपजीवित इति गुरुत्वाभावान्न नमस्कृतः।' इत्येतदपि नमस्कारहेतुनिरूपणस्यानुचितत्वादसत्।

## मधुसूदनी

लक्ष्मीपतिरिति। यद्यपि लक्ष्मीपतिः तुरप्यर्थः। सोऽपि वृत्तीनां नाट्योपयोगिनीनां भारतीप्रभृतीनां निर्माता।

कार्यहेतोर्मया ब्रह्मन्? भारतीयं विनिर्मिता
वदतां वाक्य भूयिष्ठ भारतीयं भविष्यति।८।
सत्त्वाधिकैरसंभ्रान्तैः सात्त्वती तत्र निर्मिता।१२।
प्रबन्धं यच्छिखापाशं कैशिकी तत्र निर्मिता।१३।
नियुद्धकरणैश्चित्रैरुत्पन्नारभटी ततः।१४। इति
ना. शा. २० अध्याय अभिनवभारती।

तर्हि कथं न प्रणतिक्रियाकर्मीभूतः कृत स इत्याह=तथापीति। स्वकर्त्तव्यमात्रनिष्ठः स्वीये कर्त्तव्ये मधुकैटभयोर्दानवयोर्मारणे केवलमास्थितः। नटवदावेशरहितत्वं केवलत्वमिह विवक्षितम्। तथा नटवदावेशराहित्येन तयोर्मारणमाचरन् असौ लक्ष्मीपतिः। पितामहवन्नाट्यप्रवर्त्तकाचार्यवत्। अत्र नाट्ये न उपजीवितः समादृतः प्रणत इति यावत् लोकवत् लोके यथा वृद्धानां समवाये समुपस्थिताः सर्वेऽपि प्रणम्यन्ते तथा न प्रणतः इति भावः। गुरुत्वाभावात् विद्यागुरुत्वाभावान्न नमस्कृतः इत्यन्वयः।

एतद् व्याख्यानमपि असत्। असत्त्वे हेतुमाह=नमस्कारेति। नमस्कारे नमस्कारविधौ हेतोर्निरूपणस्य अनुचितत्वात्। अयमेतेन हेतुना प्रणम्यः। अयमेतेन हेतुना प्रणम्यो नेत्येवं निरूपणमनर्हम्। अन्योन्यं प्रणमन्ति विप्राः। इति सर्वभूतानि प्रणमेदनन्यः। इति चोक्तेः।

## बालक्रीड़ा

लक्ष्मीपति भी यद्यपि भारती प्रभृति वृत्तियों के निर्माता हैं तथापि वह केवल अपने कर्त्तव्य मधु और कैटभ असुरों के मारने के कार्य में लगे थे। अपने कार्य क्रिया में संलग्न होने वाले का लोक में जैसे उपजीवन नहीं होता है उसी तरह नाट्य में लक्ष्मीपति का पितामह के सदृश उपजीवन अनुरोध नही किया। अतः नाट्य विद्या के गुरु उपदेशक नही होने से लक्ष्मी पति नमस्कृत नहीं हुए।

यहां का भाव यह है कि मधु और कैटभ दानवों ने युद्ध की इच्छा से भगवान् मधुसूदन को युद्ध के लिए प्रेरित किया। फिर उनका परस्पर में वाकी वाक्य हुआ उसको सुनकर पितामह ने कहा कि क्या यह भारती वृत्ति है इसका व्यवहार वाणी से ही होता है।

## अभिनवभारती

तस्मात्प्रणमनं प्रह्वीभावः कायेन वाचा मनसा च। आद्यः शिरसेति दर्शितः। द्वितीयो देवाविव्यनेन। प्रणम्यस्य निरुपपदनामग्रहणानौचित्यात्। तेन प्रथमं देवा- वित्युक्तम्। अभिनेयप्राधान्यावाङ्गिकः शिरसेति। वाचिकश्च देवावित्यादिना वाक्याभिनयो दर्शितः। लोकसिद्धो ह्ययमभिनयो न च नाट्यधर्मिरूपः। चतुर इव भुजादावूर्ध्वादिभिन्न इत्यभिनेयोऽपि प्रदर्शनीय एव। मानसी तु प्रह्वता वाक्कायव्यापार- गम्येति नासौ पृथगुक्ता।

## बालक्रीडा

अथ वीर्यमदोन्मत्तावसुरौ मधुकैटभौ
तर्जयामासतुर्देवं तरसा युद्धकांक्षिणौ। इति
तयोर्नैक प्रकाराणि श्रुत्वा वाक्यानि गर्जतोः
किञ्चिदाकुञ्चितमना द्रुहिणो (ब्रह्मा) वाक्यमब्रवीत्
किमियं भारती वृत्तिर्वाग्भिरेव प्रवर्तते।
पितामहवचः श्रुत्वा प्रोवाच मधुसूदनः
बाढं कार्यक्रियाहेतोर्भारतीयं विनिर्मिता।
ततो देवेषु निक्षिप्ता, द्रुहिणेन महात्मना।
पुनर्नाट्य प्रयोगे च नानाभावरसान्विता
वृत्तिसंज्ञा कृता ह्येषा नानाभावरसाश्रया।

इस तरह युद्ध में प्रवृत्त मधुसूदन के वाग्व्यवहार एवं अंगहारों की नाट्य प्रयोग में पितामह ने वृत्ति संज्ञा दी लक्ष्मीपति ने नाट्य के उपयोग के लिए इन वृत्तियों का निर्माण नहीं किया अतः विद्या गुरुत्व उन में नहीं प्राप्त हुआ अत एव उनको नमस्कार भी नही किया गया।

यह भी नमस्कार के हेतु का निरूपण कि विद्या के गुरु हों तभी प्रणम्य हैं अन्यथा नहीं— अनुचित होने से असत् है असमीचीन है।

क्योंकि प्रणमन का अर्थ प्रह्वी भाव झुकना नम्रता है। और यह प्रह्वीभाव शरीर से, वाणी से, एवं मनसे होता है। उनमें पहला शिरसे दिखा दिया। द्वितीय "देवौ" इससे दिखा दिया। क्योंकि प्रणम्य का निरुपपद बिना किसी उपपद के लगाये सीधे-सीधे नाम नहीं बोलना चाहिए अतः उनके नामों के बोलने के पहले देवौ यह कहा।

अब प्रश्न होता है कि लोक में देखते हैं कि शिष्य जब गुरु को प्रणाम करता है तब भारद्वाजगोत्रः त्रिप्रवरः श्री सूर्योदय शर्माऽहं भो गुरो ? भवन्तमभिवादये॥ इस तरह पहिले गुरु को सम्बोधन करके तब शिरसे प्रणाम करता है यहां पहले ही शिरसे प्रणाम किया फिर उनका नाम ग्रहण किया। इस पर कहा कि अभिनेय दृश्य की प्रधानता है। क्योंकि यह दृश्य काव्य स्थली है। "दृश्यं तत्राभिनेयं स्यात्" दृश्य ही यहां अभिनेय शब्द से कहा जाता है इसमें दृश्य की प्रधानता है। अतः आंगिक अभिनय शिर से दिखाया उसके बाद देवौ

## अभिनवभारती

पितामहमहेश्वराविति क्रमः छेकानुप्रासः। सालङ्कारस्य च वाक्याभिनयत्वं दर्शयितुम्। पितामहसंस्कारस्य पूर्वं बुद्धौ निपतनाच्चरमं महेश्वरसंस्कारस्य पितामह-

## मधुसूदनी

पितामहसंस्कारस्य नाट्यप्रवर्त्तकेषु पितामहविषयकानुभव जन्यसंस्कारस्य पूर्वं प्रथमं बुद्धौ संस्कारजन्यस्मृतौ निपतनात्। नाट्योपयोगिनृत्यप्रवर्त्तकतया महेश्वर-विषयकसंस्कारस्य चरमं पश्चात्। क्रमः पूर्वापरीभावः। छेकानुप्रासो महमहेति अनेकयोर्द्वयोर्वर्णयोः सकृदेकवारं साम्येन जात इति शेषः।

वर्णसाम्यमनुप्रासश्छेकवृत्तिगतो द्विधा
सोऽनेकस्य सकृत्पूर्वं एकस्याप्यसकृत्परः। इत्युक्तेः।

## बालक्रीडा

इत्यादि से (आदि पद से पितामहमहेश्वरौ को समझना चाहिए) वाक्याभिनय दिखाया। लोक सिद्ध प्रचलित अभिनय, नाट्यधर्मी रूप नहीं है क्योंकि लोक प्रचलित का यहाँ कोई प्रसंग नहीं है।

ऊर्ध्वादिमें आदि पदसे नीचे एवं तिरछे (तिर्यक्) का ग्रहण है। अतः कभी ऊपर, कभी नीचे, कभी तिरछे करने से भिन्न २ चतुरस्र क्रिया के द्वारा अभ्यस्त भुजादि अंगों में जैसे दृश्यभाव रहता है उसी तरह यहाँ भी अभिनेय आंगिक नम्रता प्रदर्शनीय ही है। इसीलिए मानसी प्रह्वता नम्रता तो वाणी एवं शरीर के व्यापार अर्थात् अनुभावों से गम्य व्यंग्य होती है अतः उसको शब्द से अलग नहीं कहा।

ब्रह्मा जी शिव जी के अनेक नामों में से इन नामों का उल्लेख साभिप्राय है इन नामों से यहाँ महमह का क्रम बनजाता है। जो छेकानुप्रास है। वर्ण के साम्यका नाम अनुप्रासः (वर्णसाम्यमनुप्रासः) उसके दो भेद हैं। छेकानुप्रास और वृत्त्यनुप्रास। उनमें (सोऽनेकस्य सकृत्पूर्वः) छेकानुप्रास वह होता है जहाँ अनेक (म और ह) वर्णों का एकवार पुनः कथन हो प्रकृत में पितामह की आनुपूर्वी में जैसे मह आया है उसी तरह महेश्वर की आनुपूर्वी में मह एक बार पुनः कथित है अतः छेकानुप्रास है। यह दिखाने के लिए मह मह का क्रम आवश्यक है। वाक्याभिनय अलंकार का होता है। और यह भी दिखाना आवश्यक है कि सालंकार वाक्य देवताओं के परितोष का हेतु होता है। यहाँ पितामह महेश्वर इससे यह कहा कि ये देव, लोक के हितैषी हैं।

बुद्धि स्मृति में पहले पितामह के अनुभवसमानाकार संस्कार का निपतन उदय होता है और चरम माने बाद में महेश्वर के संस्कार का निपतन उदय होता है।

इस नियम के अनुसार पितामह महेश्वर इस क्रम से उच्चारण किया जिससे छेकानुप्रास पुष्ट हुआ। उस पोषण से यह दिखाया कि वाचिक अभिनय सालंकार का ही होता है। जैसा कि आगे कहेंगे।

## अभिनवभारती

महेश्वराविति क्रमः छेकानुप्रासपरिपोषः। यद्वक्ष्याति 'चेक्रीडितप्रभृतिभिर्विकृतैश्च शब्दैर्युक्ता न भान्ति ललिता भरतप्रयोगाः।' (१६-१२७) इति सालङ्कारस्य देवतापरितोषहेतुत्वं च दर्शितं भवति। पितामहमहेश्वरावित्यनेन देवयोर्लोकहितैषित्वं, तेन नाट्यप्रवर्तकत्वं कर्तव्यान्तरवैकल्येन पूर्णता च तत्तद्गतत्वमिति नाम्नोरभिप्रायः।

नाट्यशास्त्रमिति। नाट्यस्य नटवृत्तस्य शास्त्रं शासनोपायं ग्रन्थं प्रवक्ष्यामीति।

नैतदित्यन्ये। 'नाट्यवेदः नाट्यशास्त्रम्' इति हि पर्यायौ। तत्र नाट्यशास्त्रशब्देन चेदिह ग्रन्थः। तद्ग्रन्थस्येदानीं करणम्। न तु प्रवचनम्। तद्धि व्याख्यानरूपं करणाद्भिन्नं कठेन प्रोक्तमिति यथा। ग्रन्थस्य च नाट्यवेदत्वे उत्पत्त्यादिपञ्चकस्य तद्गतस्यान्यग्रन्थसाधारण्यात् प्रश्नासङ्गतिः। उत्तरग्रन्थस्य चानुपपत्तिः 'दृश्यं श्रव्यं च यद्भ-

## मधुसूदनी

"उत्पत्ति" इति।

नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः कस्य वा कृते।
कत्यंगः किं प्रमाणश्च प्रयोगश्चास्य कीदृशः।

इति पंचविषयस्येत्यर्थः। शब्देति। प्रवचनं शब्द-स्वरूपाद् भिन्नं नास्ति नाट्यस्य च दृश्यत्वेनेति शेषः।

## बालक्रीडा

चेक्रीडित प्रभृति विकृत यङ्लुगन्त शब्दों से युक्त भरत प्रयोग सुन्दर नहीं मालूम होता है। इससे सिद्ध होता है कि सालंकार अभिनव काव्य देवता के परितोष का कारण है।

प्रजाओं के प्रति हितैषी होने से तथ्य का प्रचार किया और अन्य कर्तव्यों से विकल होने से अर्थात् नाट्योपयोगी नृत्य से भिन्न कर्तव्यों के नहीं करने से महेश्वर में महान् सामर्थ्य शाली में उसकी पूर्णता है और ये दोनों बातें उन दोनों में है यह बतलाना इन नामों के प्रयोग का अभिप्राय है।

नाट्यशास्त्रम्। नाट्य नटवृत्त के शास्त्र शासन के उपायभूत ग्रन्थ का प्रवचन करूँगा। नाट्यशास्त्र पद का यह व्याख्यान नहीं है ऐसा अन्य लोग कहते हैं। क्योंकि नाट्यवेद एवं नाट्यशास्त्र ये दोनों पर्याय वाचक शब्द हैं। अगर यहाँ नाट्यशास्त्र शब्द से ग्रन्थ लेते हैं। तब तो कहना होगा कि उस ग्रन्थ का इस समय निर्माण प्रस्तुत है न कि प्रवचन। वह प्रवचन तो व्याख्यान रूप है अतः करण से भिन्न है। कठ से प्रोक्त की तरह अर्थात् कठ ने उस शाखा का निर्माण नहीं किया किन्तु गुरुपरम्परा प्राप्त का कथन किया। ग्रन्थ अर्थात् ग्रन्थन क्रिया का विषय नाट्यवेद है ऐसा मानें तब तो अन्य ग्रन्थों के समान यह भी ग्रन्थ हुआ।

फलतः उसमें उत्पत्ति आदि पांच बातों के विषय में प्रश्न करना असंगत ही हो जायगा। इसके सिवाय उत्तर ग्रन्थ की भी अनुपपत्ति होती है। क्योंकि व्याख्यान में तो यह "ऐसा खेल हम चाहते हैं जो दृश्य हो और श्रव्य भी हो १।११ ऋग्वेद से पाठ्य को लिया १।१७।

## अभिनवभारती

वेन' (१-११) 'जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्' (१-१७) इत्यादेर्ग्रन्थं प्रत्यसङ्गतत्वात् । तस्मा-च्छास्त्रं च तच्छास्त्रञ्च । व्युत्पत्तिप्रदत्वात् । प्रवक्ष्यामि व्याख्यास्ये । नाट्याख्यं वेदं लक्षणतो निरूपयिष्य इत्यर्थः ।

एतदप्यमनोहरम् । शब्दात्मताव्यतिरेकेण प्रवचनायोगात् । नाट्यस्य चाशब्दा-त्मकत्वात् । निरूपणमात्रे च प्रवचने ग्रन्थस्यापि प्रवचनोपपत्तेः । नाट्यस्य च प्रोच्य-मानतयैवालाक्षणिकबाह्यस्वरूपनिरासलाभे शास्त्रशब्दानर्थक्यप्रसङ्गात् । 'य इमं शृणु-यात्प्रोक्तं नाट्यवेदम्' इति शास्त्रान्ते वक्ष्यते तस्यासङ्गत्यापत्तेः । शब्दविषयतातिरेकेण शृणुयादित्यस्यावाचकत्वात् ।

तस्मादित्थमेतदिति मद्गुरवः । 'सकलहितकरणप्रवृत्त उत्साहसम्पदोपेतस्त्वदभि-

## मधुसूदनी

प्रोच्यमानतयैवेति । प्रकर्षेण उच्यमानत्वमेव शासनं शास्त्रमित्यभिप्रायेण शास्त्रशब्दस्य नाट्यशास्त्रमिति गतस्य आनर्थक्यप्रसंगोक्तिः ।

चेदिहेति । इह प्रस्तावे चेत् ग्रन्थः । तत् तर्हि । तद्धि प्रवचनं हि । कठेन प्रोक्तं यथा न नवीनं निर्मीयते किन्तु प्राक्तनं गुरुपरम्परया लब्धमेव कठेन एतन्नामकेन ऋषिणा प्रोच्यते तथा एतन्नाट्यशास्त्रमपि नेदानीं निर्मीयते इति स्यात् ।

ग्रन्थस्य च प्रवचनरूपस्य च नाट्यवेदत्वे । तद्ग्रस्य नाट्यवेदे वल्लिखितस्य उत्पत्यादिपंचकस्य प्रश्नस्यासंगतिः प्रवचनसमये मध्ये प्रश्नानामभावः । तस्माद्धेतोः नाट्याभिन्नं शासनं शास्त्रम् । शासनस्यैव शिष्याणां कृते व्युत्पत्तिप्रदत्वात् ।

अलक्षणीयेति । लक्षणैः शास्त्रीयैं संकेतैर्निष्पाद्यं नहि भवति यत्, तत् बाह्यं लोकैः भाण्डनाम्ना प्रसिद्धैरभिनेयं स्वरूपं तस्य निरासे ।

सकलानां सामाजिकानां हितकरणे प्रवृत्तः । उत्साहसम्पदा उपेतः ।

## बालक्रीड़ा

कहना बन सकता है । निर्माण में तो सभी नूतन सृष्टि की जाती है । अतः नाट्य शिक्षा है क्योंकि व्युत्पत्तिप्रद है । फलतः प्रवक्ष्यामि का अर्थ है व्याख्यान करूंगा । अर्थात् नाट्य-नामक वेद का लक्षणों से निरूपण करूंगा ।

यह भी मनोहर नहीं है । शब्द के अतिरिक्त प्रवचन हो नहीं सकता । अर्थात् प्रवचन शब्दरूप ही है और नाट्य दृश्यरूप है अतः शब्द रूप नहीं है । निरूपण मात्र को यदि प्रवचन कहेंगे तब तो ग्रन्थन भी प्रवचन कहलायेगा । और नाट्य के कहने से ही अशास्त्रीय लक्षणों से रहित बाह्यस्वरूप भाण्डों के सांग का निराकरण हो जाता है । तब नाट्य के साथ शास्त्र शब्द का प्रयोग निरर्थक होगा । जिसके फल स्वरूप शास्त्र के अन्त में जो कहेंगे कि "जो इस नाट्यवेद को सुनेगा" उस सुनने की असंगति होने लगेगी । क्योंकि सुनने का प्रयोग शब्द के सिवाय और जगह हो नहीं सकता है ।

इसलिए यह "नाट्यशास्त्र" शब्द का व्युत्पादन इस प्रकार है ऐसा मेरे गुरुजी का

## अभिनवभारती

वृद्धये तत्प्रत्यूहापसिसारयिषया स्वविज्ञानक्रमोपारूढगुरुरूप ब्रह्मसर्वाधिपतिपरमेश्वर-विषयां स्मृत्यौत्सुक्यधृतिमत्यादिलक्षणां व्यभिचारसरणिं बाह्यकरणीयविषयं च जडता-वहित्थप्रभृतिभावगणं पुरस्सरीकृत्य धर्मवीरानुप्रविष्टस्तदुचिताङ्गिकवाचिकसात्त्विकाहार्यिकाभिनय प्रकटनपूर्वं स्वप्रवृत्तिप्रयोजनमेव निरूपयति। प्रयोजनस्यैव प्रवर्त्तकत्वात्। यदाहुः-'यमर्थमधिकृत्य प्रवर्तते तत्प्रयोजनम्' (न्या. सू. १-१-२४) इति।

तत्र नाट्यं नाम लौकिकपदार्थव्यतिरिक्तं तदनुकारप्रतिबिम्बालेख्यसादृश्यारोपा-

## मधुसूदनी

उत्साहसम्पन्नमदीर्घसूत्रं, क्रियाविधिज्ञं, व्यसनेष्वसक्तम्।
शूरं, कृतज्ञं, दृढसौहृदं च लक्ष्मीः समायाति निवासहेतोः।

इत्युक्तदिशा लक्ष्मीनिवासभूमिः। तस्य नाट्यस्य अभिवृद्धये प्रसाराय। तस्य नाट्यस्य सम्बन्धिनां प्रत्यूहानां विघ्नानामपसारणेच्छया। स्वस्य भरतस्य। भरतसम्बन्धिनो विज्ञानस्य अध्ययनस्य क्रमेण उपारूढः प्राप्तो यो गुरुस्तद्रूपं ब्रह्म।

"गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः
गुरुः साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवेनमः।"

इत्युक्तेः। तदभिन्नः सर्वाधिपतिः परमेश्वरः। तद्विषयाम्। व्यभिचारसरणिं व्यभिचारिभावानामन्तःकरणधर्माणां परम्पराम्। बाह्यं यत्करणमिन्द्रियं तदीयविषयम् धर्मवीरे नाट्यविषयकशिक्षणरूप धर्मसम्बन्ध्युत्साहस्थायिभावे वीरे अलौकिकानुभूयमानानन्दस्वरूपे रसे प्रविष्टो निमग्नः।

तदुचितानां वीरोचितानाम्। आंगिक वाचिकसात्त्विकाहार्यिकानाम्। अभिनयानामनुभावानाम् प्रकटनं प्रकाशनं पूर्वो हेतुर्यस्य तत्। स्वस्य भरतस्य प्रवृत्तेः नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामीत्यात्मिकायाः प्रयोजनं फलम्।

लौकिकपदार्थेभ्यो व्यतिरिक्तं भिन्नं, ननु कुतो भिन्नमित्याह अनुकारेति।

## बालक्रीडा

कहना है। सकल जगत् के हित करने में प्रवृत्त अत एव उत्साह संपत्ति से युक्त उस नाट्यशास्त्र की अभिवृद्धि और उस के विघ्नों के अपसारण की इच्छा से अपने विज्ञान क्रम अपनी अध्ययन परिपाटी में उपारूढ प्राप्त गुरु रूप ब्रह्म सर्वाधिपति परमेश्वर के विषय की स्मृति, उत्सुकता, धृति, मति वगैरह व्यभिचारिभाव और बाह्य इन्द्रियों से सम्पाद्य जड़ता; अवहित्था (भाव-गोपन) प्रभृति भाव गण का अनुकरण करके धर्मवीररस में विलुल भरतमुनि वीररस के अनुकूल आंगिक एवं वाचिक अभिनयों (अनुभावों) का प्रकाशन करते हुए अपनी प्रवृत्ति के प्रयोजन का ही निरूपण करते हैं। क्योंकि प्रयोजन ही कार्यों में प्रवृत्ति का हेतु है जैसा कि कहते हैं जिस अर्थ को लक्ष्य करके प्राणी प्रवृत्त होता है वह प्रयोजन है। न्या. सू. १-१-२४।

जहां नाट्य लौकिक पदार्थों से अतिरिक्त एक रस स्वभाव वस्तु है जो अनुकरण, प्रतिबिम्ब, आलेख्य, सादृश्य, आरोप, अध्यवसाय, उत्प्रेक्षा, स्वप्न, माया, एवं इन्द्र जाल आदि

### अभिनवभारती

ध्यवसायोऽप्रेक्षास्वप्नमायेन्द्रजालादिविलक्षणं, तद्ग्राहकस्य सम्यग्ज्ञानभ्रान्तिसंशयानव धारणानध्यवसायविज्ञानभिन्नवृत्तान्तास्वादनरूपसंवेदनसंवेद्यं वस्तु रसस्वभावमिति वक्ष्यामः। तस्याः शास्त्रं शासनं बाह्यभाण्डनाट्यादिवैलक्षण्येन सम्यक्स्वरूपावगमोपायं प्रकर्षेणापरब्रह्मशिष्योदीरितानुपयोगिविकासावधानेन वक्ष्यामि। यद्वक्ष्यति—

य इमं शृणुयात्प्रोक्तं नाट्यवेदं स्वयम्भुवा।
कुर्यात्प्रयोगं यश्चैनं तथाऽधीयीत वा नरः॥

या गतिर्वेदविदुषां या गतिर्यज्ञवेदिनाम्।
या गतिर्दानशीलानां तां गतिं प्राप्नुयात्तु सः॥इति॥

(ना. शा. अ. ३६)

### मधुसूदनी

विलक्षणं तद्ग्राहकस्येति पाठः। तस्य। रसस्वभाववस्तुनो ग्राहकस्य रसिकस्येत्यर्थः। संवेद्यमिति कृत्यप्रत्ययान्तयोगे कृत्यानां कर्त्तरि वेति षष्ठी तद्ग्राहकेणेत्यर्थः। अनवधारणम् अवधारणाभावरूपम्। अनध्यवसायोऽध्यवसायाभावरूपः। एवमभावरूपयोस्तयोः सम्यग्ज्ञानादिषु समुल्लेखो नितरामनुचितः। अध्यवसायो बुद्धिः। अवधारणमेवकारसंयोगेन निश्चयः। किन्तु भिन्नवृत्तान्तपदोपन्यासेन तयोरौचित्यं नितरां शोभते। यतो भावाभावयो भिन्नता अपेक्ष्यते। अपरेति। अपरे ये ब्रह्मणः शिष्याः। तैरुदीरितो य अनुपयोगी विस्तारो विकासस्तत्र अवधानेन प्रणिधानेनेति प्रकर्षपदस्यार्थः।

### बालक्रीडा

विलक्षण से है, और अपने ग्राहक सामाजिक से सम्यक् ज्ञान, भ्रान्ति, आरम्भिक अनिश्चय संशय जिसमें अवधारण नहीं हो रहा है कि यह स्थाणु है अथवा पुरुष है। अनिश्चयमध्य संशय अनवधारण, जिसमें अयोगव्यवच्छेद नहीं हो सके। अनिश्चयान्त संशय अनध्यवसाय रूप विज्ञानों से भिन्न वृत्तान्त पृथक् वार्ता वाले आस्वादन रूप संवेदन स्वानुभूति से वेद्य है जाना जा सकता है ऐसा हम आगे कहेंगे। उस नाट्य का शास्त्र शासन शिक्षा, बाह्य शास्त्रीय लक्षणों से बहिर्भूत भाँडों के सांगों से विलक्षणता के रूप से अच्छे तरीके से उसके जानने के उपाय को उत्तम रूप से अर्थात् ब्रह्माजी के अन्य २ शिष्यों के द्वारा कहे गये अनुपयोगी विस्तार के विषय में सावधान होकर कहूँगा। जैसा कि कहेंगे—

जो स्वयम्भू ब्रह्माजी के द्वारा उत्तम तरीके से कहे हुए नाट्यवेद को सुनेगा, और जो उसके अभिनयों को करेगा, अथवा जो पढ़ेगा वह उस गति को प्राप्त करेगा जिस गति को विद्वान् अर्थात् ज्ञानी लोग और यज्ञवेदी कर्मानुष्ठाता तथा दानशील प्राप्त करते हैं। ना. शा. अ. ३६।

यहां तद्ग्राहकस्य पद से सामाजिक का ग्रहण है जैसे—

## मधुसूदनी

संगीतरत्नाकरेऽयमेवार्थः स्पष्टतया एवं प्रतिपादितः। यथाहि—

नाट्यशब्दो रसे मुख्यो रसाभिव्यक्तिकारणम्।
चतुर्धाभिनयोपेतं लक्षणावृत्तितो बुधैः।
नर्तनं नाट्यमित्युक्तं सत्त्वत्राभिनयो भवेत्।
काव्यबद्धं विभावादि व्यञ्जयन् यो नटे स्थितः।
सामाजिकानां जनयन्निर्विघ्नं रससंविदम्।

अस्यार्थः। नाट्यशब्दस्य मुख्यतया प्रतिपाद्योऽर्थः रसः। ननु मुख्यत्वं सापेक्षम्। यथा पूर्वो धावतीत्यत्र कस्मात्पूर्वं इति अपेक्षा जागर्ति। तथा प्रकृतेऽपि नाट्यशब्दः मुख्यरूपेण रसे प्रयुज्यते चेत्तर्हि अमुख्यरूपेण क्व प्रयुज्यते इत्याह-नर्तनं नाट्यमिति उक्तम्। तत्कुत्र इत्याह-लक्षणेति। लक्षणावृत्तितः लक्षणवृत्त्या बुधैः नाट्यज्ञैः चतुर्धा चतुष्प्रकारो योऽभिनयः सात्त्विकांगिकाहार्यिकवाचिकरूपस्तदुपेतम्। रसानां शृंगारादीनामभिव्यक्तेः प्रतीतेः कारणम्। नर्तनं नाट्यम्, इत्युक्तम। तु वस्तुवस्तु अभिनयः। स इति विधेयाभिप्रायेण पुमान्। अतः तत् कथितप्रकारं नर्तनमभिनयः चतुष्प्रकारो भवेत्। योऽभिनयः काव्यबद्धं काव्योपनिबद्धं विभावानुभावव्यभिचारिसात्विकभावसमुदायं व्यञ्जयन् प्रकाशयन्। अत एव सामाजिकानां निर्विघ्नं यथा स्यात्तथा रससंविदं जनयन् रसं प्रत्याययन् नटे अभिनेतरि स्थितः। अत एवं तद्ग्राहकेण सामाजिकेन तादृशसंविदनद्वारा संवेद्यमित्यन्वयः संवेद्यः।

## बालक्रीड़ा

इसी बात को संगीतरत्नाकरकार ने स्पष्ट शब्दों में सीधे लिख दिया है कि नाट्य शब्द का मुख्य अर्थ रस है। अब प्रश्न होता है कि मुख्यता सापेक्ष पदार्थ है। जैसे पहिला दौड़ रहा है यहां सामान्यतः लोगों की भावना होती है कि कोई दूसरा एवं तीसरा भी है। उसी तरह प्रकृत में भी यह जिज्ञासा होती है कि जब नाट्यशब्द मुख्यरूप से रस अर्थ में प्रयुक्त होता है तब अमुख्य अर्थ नाट्य शब्द का कौन है। उत्तर। वह अमुख्य अर्थ नाट्य शब्द का नर्त्तन है। क्यों कि विद्वान् लोगों ने लक्षणा वृत्ति के द्वारा चार प्रकार के अभिनयों से रस की अभिव्यक्ति के साधन नर्त्तन को भी नाट्य कहा है। वस्तुतस्तु वह नर्त्तन अभिनय है। जो नट में स्थित हुआ काव्योपनिबद्ध विभावादि को व्यक्त करके सामाजिकों को निर्विघ्न रस की प्रतीति करा देता है। अतः लक्षणा से नर्त्तन अभिनय नाट्य पद का अर्थ हो सकता है। क्योंकि अभिनय का रस के साथ व्यंग्य व्यंजक भाव सम्बन्ध है। जैसे उपनिषद् पद का मुख्य अर्थ है विद्या तथापि विद्या के प्रतिपादक मंत्र समूह ईशावास्यादिकों को भी लक्षणा से उपनिषद् कहते हैं।

इस व्याख्यान से—यह शंका कि मृगया, जुवा खेलना, दिन में सोना, निन्दा स्त्री,

## अभिनवभारती

एतेन "कामजो दशको गणः" (मनु. ७-४७) इति वर्जनीयत्वेन नाट्यस्यानुपादेयतेति यत्केचिदाशशङ्किरे तदयुक्तीकृतम्। याज्ञवल्क्यस्मृतिपुराणादौ चास्य प्रशंसाभूयस्त्वश्रवणात्। न चागमादृते धर्मोऽनुमानगम्य इति न्यायात्।

## बालक्रीड़ा

मद्यपान, नाचना, गाना, बजाना व्यर्थघूमना ये दस कामवासना से प्रकृत गण हैं, । ७।४७ । इनका सेवन नहीं करना चाहिए ।

कामजेषु प्रसक्तो हि व्यसनेषु महीपतिः । वियुज्यतेऽर्थकामाभ्याम् ।

इस तरह ७।४५ अध्याय में मनु महाराज के अनुसार तौर्यत्रिक (नाचना गाना बजाना) वर्जनीय है फलतः तौर्यत्रिक रूप नाट्य अनुपादेय है यह सब युक्ति से बाहर है। याज्ञवल्क्यस्मृति में और पुराणों में इस नाट्य की भूरि २ प्रशंसा सुनी है वह स्मृति कहती है कि जिसकी चित्तवृत्ति निराकार के आलम्बन स्वरूप समाधि में नहीं लगती है उसे शब्द ब्रह्म की उपासना करनी चाहिए क्योंकि—

शब्द ब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ।
यथाविधानेन पठन् सामगानमविच्युतम् ॥
सावधानस्तदभ्यासात्परं ब्रह्माधिगच्छति ॥

जिसका चित्त वैदिक गीतियों में नहीं लगता है उसको लौकिक गीतों में अनुस्यूत आत्मा की उपासना करनी चाहिए—

अपरान्तकमुल्लोप्यं मद्रकं प्रकरी तथा
औवेणकं सरोबिन्दुमुत्तरं गीतकानि च ।
ऋग्गाथा पाणिका दक्षविहिता ब्रह्मगीतिका
गेयमेतत्तदभ्यास करणान्मोक्षसंज्ञितम् ।
वीणावादनतत्त्वज्ञः श्रुतिजातिविशारदः ।
तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं नियच्छति ।
प्रायश्चित्ताध्याय यतिधर्म प्रकरण ११२ ११ ३. ११४।११५ श्लोक ।

विष्णु पुराण में लिखा है ।

काव्यालापाश्च ये केचिद् गीतकान्यखिलानि च
शब्दमूर्तिधरस्यैते विष्णोरंशा महात्मनः ।
धर्मार्थकाममोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च
करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्य निषेवणम् ।

अग्निपुराण में लिखा है—त्रिवर्ग साधनं नाट्यम् ।

आगम वेद के सिवाय अनुमान वगैरह से धर्म को नहीं जाना जा सकता है यह न्याय से सिद्ध है। नाट्य तो पाँचवाँ वेद ही है। अतः नाट्य को अवश्य जानना चाहिए।

अभिनवभारती

एवन्तु वृथैवास्थानभीरून्प्रति शङ्काशमनार्थमभिधीयते नाम। तथा हि—नटानां तावदेतत्स्वधर्माम्नायरूपतयाऽनुष्ठेयमेव। न चास्माकं तच्चेष्टितं विचार्यम्। सोमक्रयोपदेशिनो हि वाक्यस्य न तद्विक्रयिब्राह्मणान्तरगतकृत्याकृत्यविचारणोद्योगो

मधुसूदनी

अस्थानभीरून् प्रतीति। वेदादिशास्त्राभ्यासे प्रवृत्तेः कठिनत्वादरसत्वाच्च भीरुत्वं कथंचित्स्यात्। स्वरसतः मनोज्ञे नाट्ये भीरुत्वमस्थानभीरुत्वमयोग्यमित्यर्थः। ततः।

मृगयाऽक्षो, दिवा स्वप्नः, परिवादः, स्त्रियो, मदः।
तौर्यत्रिकं, वृथाटया च कामजो दशको गणः॥

इत्युक्तदिशा तौर्यत्रिकस्य अनुपादेयत्वमुक्तं तदयोग्यमेव। इति शंकाशमनम्।

"नचाप्यस्योपदिश्यते। तस्यापि तु......इत्युपदेशः" इत्यत्र सम्बन्ध सामान्ये चतुर्थ्यर्थे षष्ठी। उपदेश विषये चतुर्थी विभक्तिरेव शोभते।

नटानामिति न चास्माकमिति च। कृत्यानां कर्तरि वेति षष्ठी। अनुष्ठेयं विचार्यमिति कृत्यप्रत्यान्तं पदद्वयम्। एतान्नाट्यं स्वेषां नटानां धर्मस्य अवश्यकर्तव्यस्य बोधकः आम्नायो वेदः। तद्रूपतया नटैः अनुष्ठेयमेव। अथ च अस्माभिः तेषां चेष्टितं "कामजो दशको गणः" इत्यादिना मनुस्मृतौ वर्जनीयत्वेन अदरयमिति याज्ञवल्क्यस्मृतौ प्रशंसाभूयस्त्वश्रवणेन दृश्यमिति वा न विचार्यम् "स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः" इति दिशा स्वकर्म करणीयमेव।

ननु कुतो न विचार्यम्=इष्टमेव ग्राह्यमनिष्टं परिहरणीयमिति हानोपादानबुद्धेरनुग्राहकत्वादिति शंकामपनेतुमाह=सोमक्रयेति। सोमस्य क्रयणाय उपदेशि वाक्यं "अरुणया पिंगाक्ष्या एकहायन्या गवा सोमं क्रीणाति" इति। तस्य वाक्यस्य अनुष्ठानसमये सोमक्रेत्रा ब्राह्मणेन सोमविक्रयिणोऽन्यस्य ब्राह्मणस्य कृत्येऽकृत्ये च विषये

बालक्रीडा

फिर भी इतना तो अस्थान भीरु वे मौके डरने वालों के लिए उनकी शंका के शमन के वास्ते कहना आवश्यक है कि=नटों को तो अपने धर्म का वेद समझकर इस नाट्य का अनुष्ठान करना ही चाहिए।

प्रश्न—हां ठीक है स्वधर्मानुष्ठान सभी को करना चाहिए किन्तु उस नाट्य से स्त्री और आतोद्य में उनकी प्रसक्ति हो जायगी। उत्तर। हम लोगों को उनकी चेष्टाओं पर ध्यान नहीं देना चाहिए। जैसे=(अरुणया पिंगाक्ष्या एकहायन्या गवा सोमं क्रीणीत) "लाल रंग की पीली आँखों वाली एक वर्ष की बछिया से सोम को खरीदना चाहिए" इस सोम को खरीदने के लिए उपदेश देनेवाले वेद वाक्य का उसको बेचने वाले ब्राह्मण के कृत्य और अकृत्य के विषय में विचार करने का उद्योग युक्त नहीं है। क्योंकि हम उसको गाने एवं नाचने

## अभिनवभारती

युक्तः । न चाप्यस्योपदिश्यते 'गायेन्नृत्येत्' इति । किन्तु प्रथमनाट्यावसरक्रमप्रवृत्तविरिञ्चिवचनप्रवर्तकभरतमुनिशासनानुवर्तिशिष्यपरम्परापरिचयागताद्यतनकालावधिमहानटजनस्वकप्रवृत्तिविशेषोपदेशपरम् । अतएव तद्गतसिद्धसदुपायोपदेशनपरमिदं शास्त्रमिति ।

## मधुसूदनी

विचारणरूप उद्योगो न करणीयः । इदं रहस्यम् । यज्ञार्थं सोमक्रेतुर्धर्म एकत्र । अपरत्र सोमविक्रेतुरधर्मः । तत्र यदि सोमक्रेता विचिकित्सेत अयं सोमस्य विक्रयरूपमधर्ममाप्नोति । अतः सोमक्रयं न विदध्यात्तर्हि सोमयाग एव विलुप्येत । ततश्च वेदविधानमेव निष्फलं स्यात्तस्मादृशो विचारो न युक्तः । यतो हि तयोर्धर्माधर्मयोर्विषयभेदः । तथाहि—

ब्राह्मणो मदिरापानाद् ब्राह्मण्यादेव हीयते इति एकं वाक्यं मद्यपाननिषेधकम् । "सौत्रामण्यां सुरां पिबेत्" इत्यपरं वाक्यं मद्यपानानुग्राहकं, तत्र मीमांसकैर्व्यवस्थीयते । सौत्रामण्यतिरिक्त स्थले ब्राह्मणत्वच्युतिकरं मद्यपानं निषिद्धं तेन सुरां पिबेदिति वाक्यस्य ब्राह्मण्यादेव हीयते इति वाक्यस्य च विषय भेदान्न विरोधः । एवमेव विलासितायै तौर्यत्रिकसेवनमधर्मः । अशनवसनासनजीविकायै भगवत्प्रीतये च तत्सेवनं धर्म इति व्यवस्था ।

प्रथमेति । प्रथमं यत् स्यात्तथा नाट्यनिर्माणस्यावसरः । तत्र क्रमेण प्रवृत्तो यो विरिञ्चिर्ब्रह्मा । तस्य वचनानामुपदेशानां प्रवर्त्तको भरतमुनिः । तच्छासनानुवर्तिनां शिष्याणां परम्परायां परिचयेन आगता ये अद्यतन कालावधि महानटजनाः । तेषां स्वको यः प्रवृत्तिविशेषस्तदर्थमुपदेशे परमासक्तम् । "तत्परे प्रसितासक्तौ" इत्यमरः ।

अतएव विरिञ्चिवचनपालनानुप्रवृत्तत्वादेव । तद्गतस्य सिद्धस्य सदुपायस्य नटेभ्यः उपदेशने बोधने परं श्रेष्ठं शास्त्रं नाट्याख्यमिदम् ।

## बालक्रीडा

का उपदेश नहीं देते हैं कि तुम नाचो गावो । किन्तु सर्व प्रथम नाट्य के अवसर (पर शिष्यों की जिज्ञासाओं को निवृत्त करने के लिए अवश्य वक्तव्य अंश के) क्रम (पूर्वापरीभाव) से नियत विधान में प्रवृत्त संलग्न जो विरंचिवचन ब्रह्मा वाक्य हैं उसके प्रवर्त्तक (प्रचार करने वाले) भरत मुनि के शासन शिक्षा के अनुवर्तनकारी शिष्य परम्परा के परिचय से आगत प्राप्त जो आजतक के महानट जन उनकी स्वीय प्रवृत्ति विशेष के उपदेश में यह शास्त्र पर है। इसीलिए उसमें बतलाये हुए सिद्ध आचार्यों द्वारा प्रयुक्त समीचीन उपायों के उपदेश करने में यह शास्त्र पर है लगा है । यहाँ अवसर शब्द से—

सप्रसंगमुपोद्घातो हेतुतावसरस्तथा ।
निर्वाहकैककार्यत्वे षोढा संगतिरिष्यते ॥

## अभिनवभारती

नटस्य तावन्नानेन किञ्चिदुपदिश्यते तं प्रत्युपकाराद्दते। कवेरपि स्वहृदयायतनसततोदितप्रतिभाभिधानपरवाग्देवतानुग्रहोत्थितविचित्रापूर्वार्थनिर्माणशक्तिशालिनः प्रजापतेरिव कामजनितजगतः। परं प्रत्याशङ्का यदि; परमत्रावशिष्यते व्युत्पाद्योपकारः। तस्यापि तु नेह 'गायेन्नृत्येद्वादयेत्तन्निरतो वा भवेत्' इत्युपदेशः क्रियते।

## मधुसूदनी

नटस्येति शेषषष्ठी। नटायेत्यर्थः। अनेन शास्त्रेण नटाय "गायेन्नृत्येद्वादयेत्तन्निरतो वा भवेत्" इत्यादिकं न किञ्चिदुपदिश्यते। तेन तु स्वधर्मोऽयम् इति अशनवसनावासनजीविकार्थं लोकसंग्रहार्थं धर्मबुद्ध्या न तु विलासिना सता अनुष्ठेयमेवेति तं नटं प्रति उपकाराद्शनादेः साधनात्। कवेरपीति। प्रजापतेरिव कामजनितजगतः।

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः

यथेदं चेष्टते विश्वं तथेदं परिवर्त्तते। इति।

कवेरपि नोपदिश्यते। तं कविं प्रति उपकारात् यशोऽर्थव्यवहारज्ञानशिवेतरक्षतिपरनिर्वृतिप्राप्तिरूपात्। ऋते

स्वस्य कवेः हृदयरूपे आयतने स्थाने सततं नियतं निरन्तरं वा उदितो यः प्रतिभाभिधानः परवाग्देवताया अनुग्रहः। तेन उत्थिता प्रादुर्भूता या विचित्राणामपूर्वाणामर्थानां निर्माणे शक्तिः। अथवा प्रतिभाऽभिधाना परवाग्देवतानुग्रहोत्थित विचित्रापूर्वार्थनिर्माण विषयिणी शक्तिः। प्रतिभा शक्तिः पर्यायौ वा।

"परं प्रति" इति। नटाय, कवयेऽपि यदि उपदेशो न, तर्हि परः कः, यस्मै उपदिश्यते। इत्याह=परं प्रति परस्य विषये यदि आशंका। तर्हि अत्र नाट्यविषये व्युत्पाद्योपकारः (कृदभिहितो भावो द्रव्यवत्प्रकाशते इति न्यायात्) उपकरणीयो व्युत्पाद्यो विनेयः केवलं परमवशिष्यते। परमिति मान्तमव्ययं केवलार्थकम्। तस्यापि

## बालक्रीड़ा

इन छ प्रकार की संगतियों में से अवसर संगति विवक्षित है। उसका अर्थ है। शिष्यजिज्ञासा निवृत्त्यर्थं वक्तव्य अंश। और क्रम शब्दार्थ है नियत पूर्वापर विधान जैसा कि कहेंगे।

यह नाट्यशास्त्र नट को कोई उपदेश "गाने बजाने में नित्य निरत रहो" नहीं देता है। भोजन वस्त्र एवं घर के लिए आजीविका के रूप में तुम लोग नाट्य कर सकते हो। बस। इस उपकार के सिवाय और कुछ उपदेश नहीं करता है। कवि को भी जो हृदय रूपी आयतन (स्थान) में सतत निरन्तर उदित अपने प्रतिभा नामक वाग्देवता के अनुग्रह से उत्पन्न विचित्र एवं अपूर्व अर्थों के निर्माण करने की शक्ति से शाली है और जिसने प्रजापति की तरह अपनी इच्छा से विश्व को पैदा किया है उस कवि का भी नाट्यशास्त्र ने कुछ उपकार नहीं किया है। यदि नट एवं कवि के अतिरिक्त किसी के भी उपकार करने की आशंका नाट्यशास्त्र के द्वारा की जा सकती है तो वह व्युत्पाद्य विनेय सामाजिक अवशिष्ट है। किन्तु उस को भी "गाने बजाने में निरत रहो" ऐसा उपदेश नहीं किया जा सकता

## अभिनवभारती

अपि तु स्वरसत एव तावन्मनोज्ञविषयास्वादप्रवृत्तस्यात एव वेदशास्त्रपुराणादिभीरुहृदयस्य तन्मनोज्ञवस्तुमध्ये तादृगिदं वस्त्वनुप्रवेशितं, यद्बलादेव पुमर्थोपायावगतिं करोतीति वक्ष्यामः। उत्पत्त्यादिप्रश्नास्तु ये भविष्यन्ति ते नाट्याख्यवेदविषयाः। न तु नाट्यशास्त्रविषयाः। यतो "नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्" (ना. शा. १-४) इत्यत्र नाट्यमेव वेद इति व्याख्यास्यामः।

एतच्च नाट्यशास्त्रं ब्रह्मणोदाहृतं मयापुरुक्तम्। यद्वक्ष्यते—"आज्ञापितो विदित्वाऽहं नाट्यवेदं पितामहात्। पुत्रानध्यापयामास'(ना. शा. १-२५) इति। अत्र तु नाट्यस्य वेदः शास्त्रमिति समासः। अन्यथाऽध्यापनासम्भवात्। तेन ब्रह्मप्रोक्तमेव मया यथापरिपाटि निरूप्यत इति यावत्।

## मधुसूदनी

व्युत्पाद्यस्य विनेयस्यापि तु कृते इह नाट्यविषये गायेदित्याद्युपदेशो न क्रियते। स्वरसतः स्वभावतः। अतएव मनोज्ञविषयाणामास्वादे प्रवृत्तत्वादेव। वेदादीनामध्ययने भीरु हृदयं यस्य तस्य व्युत्पाद्यस्य कृते। तादृक् मनोज्ञमास्वादजनकमिदं नाट्याख्यं वस्तु अनुप्रवेशितं निक्षिप्तं यद्बलात् नाट्यवशात्। पुमर्थस्य धर्मादिरुपायस्यावगतिं ज्ञानम्।

अन्यथा नाट्यस्य शास्त्रत्वाभावे अस्माभिर्द्विजातीतरैर्ध्यापनस्य असंभवात्। स्वाध्यायोऽध्येतव्य इति श्रुतेः। वेदाध्यापने ब्राह्मणस्यैवाधिकारः।

"यथापरिपाटि" यथाऽसादृश्य इत्यनेन अव्ययीभावसमासः।

## बालक्रीडा

है। अपितु जो अपने अभिप्राय से ही मनोहर वस्तुओं से आनन्द के लेने में प्रवृत्त हैं इसीलिए जो वेदशास्त्र एवं पुराण आदि के अध्ययन से डरता है उसके पढ़ाने के लिए मनोज्ञ विषयों में ऐसे इस नाट्यशास्त्र रूपी विषय का अनुप्रवेश कर दिया जिसके द्वारा वह विनेय धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष रूपी पुरुषार्थों के उपाय को जान सके। और जो तो उत्पत्ति वगैरह के बारे में प्रश्न होंगे वे नाट्यवेद के विषय में होंगे। न कि नाट्यशास्त्र के बारे में होंगे। इसीलिए हे ब्रह्मन्? नाट्यवेद कैसे उत्पन्न हुआ ऐसा लिखा है वहां पर नाट्य ही वेद है ऐसी व्याख्या करेंगे। यही मेरे को कहा है कि नाट्यशास्त्र ब्रह्मा के द्वारा उदाहृत है। जैसा कि कहेंगे।

महेन्द्र प्रमुख देवताओं की आज्ञा से मैंने पितामह ब्रह्माजी से नाट्यवेद को जानकर पुत्रों को पढ़ाया। यहां नाट्यवेद पद में वेद शब्द का अर्थ है शास्त्र। अतः नाट्य का वेद अर्थात् शास्त्र यह षष्ठी समास है।

अन्यथा यदि नाट्य को शास्त्र नहीं मानेंगे तो द्विजाति से इतर हम भरतों को वेद का अध्यापन करना ही असंभव होगा। हां शिक्षा तो हम लोग भी दे सकते हैं। क्यों कि "स्वाध्यायोऽध्यातव्यः इस श्रुति के अनुसार वेद के पढ़ाने का अधिकार ब्राह्मणों को ही है।

इस लिए ब्रह्मा के कहे हुए शास्त्र का ही मैं परिपाटी के अनुसार निरूपण करूंगा।

## अभिनवभारती

नाट्यं ब्रह्मणोद्धृत्योद्धृत्य वेदाङ्गान्याहृतमिति तद्विषयं शास्त्रमप्युदाहृतमित्युक्तम्। यदि हि नाट्यस्य वेदनं ज्ञानं, सत्ता, लाभो, विचारश्च यत्र, तन्नाट्यवेदशब्देन नाट्याश्रयरूपं दशरूपकमित्युच्यते—यद्वक्ष्यति "इतिहासो मया दृष्टः" इति, (ना. शा. १-१९)। अत्र पक्षे ब्रह्मणोदाहृतं प्रदर्शितोदाहरणं कृतनिदर्शनमित्यर्थः।

अन्ये तु नटनीयमनुकरणं दशरूपकमेव नाट्यम्। तस्येदं शास्त्रम्। दशरूपकलक्षणमेव हीदम्। एवं दशरूपकं कविना कार्यम्। एवं च नटनीयमिति ग्रन्थतात्पर्यम्। रसादीनां पदार्थानां तत्रैव पर्यवसानात्। तच्च ब्रह्मणोदाहृतं कृतनिदर्शनम्।

## मधुसूदनी

"वेदांगान्याहृतमिति" यथा ब्रह्मणा वेदेभ्यो वेदांगानि शिक्षादीनि षट् आहृतानि तथा तद्विषयं नाट्यविषयं शास्त्रमपीत्यन्वयः। वेदांगानीवेति अन्तर्भुक्तार्थः।

नाट्यस्येति। विदधातोः चत्वारोऽर्था अत्र संगृहीता। वेदनं ज्ञानं, सत्ता अस्तित्वं, लाभः प्राप्तिः, विचारो निर्णयः। तदुक्तम्—

"सत्तायां विद्यते, ज्ञाने वेत्ति, विन्ते विचारणे
विन्दते विदन्ति प्राप्तौ श्यन् लुक् श्नम् शेष्विदं क्रमात्"

नाट्यमाश्रयः आधारो यस्य इति। रूपस्य स्वरूपस्य लक्षणस्येति यावत्। तन्नाट्याश्रयरूपं दशरूपकम्।

अनुकरणमिति। 'सर्वलोकानुकरणं,' 'सप्तद्वीपानुकरणं' नाटयमेतद्भविष्यतीति वक्ष्यमाणत्वात्। ब्रह्मणा वेदेन। "वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म" इति कोषात् ब्रह्मपर्यायो वेदः "ब्रह्मणा आयत्" इति पदच्छेदं कृत्वा व्याख्यानम्। पूर्वं "ब्रह्मणा यद्" इति पदच्छेदः।

## बालक्रीड़ा

अतः सिद्ध हुआ कि जैसे ब्रह्मा जी ने शिक्षा कल्प, व्याकरण, निरुक्त छन्द एवं ज्योतिष छ अंगों का उद्धार किया उसी तरह ब्रह्माजी ने वेदों से नाट्य सम्बन्धी शास्त्र शिक्षा का भी उद्धार किया। यहां "वेदार्थगानि आहृतं" में इव अन्तर्गत है।

अगर यहां "वेदनं वेदः" इस व्युत्पत्ति के अनुसार वेद शब्द की मूल विद धातु के चारों अर्थों ज्ञान, सत्ता, लाभ एवं विचार का ग्रहण करेंगे तब नाट्य के आश्रय दश रूपक अर्थ है ऐसा कहते हैं। जैसा कि कहेंगे—इतिहास को मैंने देखा है। इस पक्ष में ब्रह्माजी से उदाहृत माने ब्रह्मा ने जिस को उदाहरणों से दिखाया अर्थात् जिसका निदर्शन किया। ऐसा अर्थ होगा।

दूसरे तो नटनीय अनुकरण दशरूपक ही नाट्य है। उसका यह शास्त्र। अतः यह नाट्यशास्त्र दशरूपकों का लक्षण ही है। इस प्रकार कवि को दशरूपक का निर्माण करना चाहिए। क्योंकि "नटनीय है यह" इस में ग्रन्थ का तात्पर्य है। फलतः रसादि पदार्थों का उसी में पर्यवसान है। उसी का ब्रह्माजी ने निदर्शन किया।

## अभिनवभारती

अन्ये तु ब्रह्मणा वेदाख्येन भगवता शब्दराशिनोदाहृतं निरूपितं त्याज्यानुष्ठेयरूपमायदागच्छन् व्युत्पाद्यतया स्वीकुर्वन्नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामीति प्रयोजनमनेनैव स्वीकृतमित्याहुः।

भट्टनायकस्तु 'ब्रह्मणा परमात्मना यदुदाहृतमविद्याविरचितनिस्सारभेदग्रहे

## मधुसूदनी

ननु नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतमित्यत्र नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामीत्युक्तया वाक्यस्य समाप्तेरनन्तरं ब्रह्मणा यदुदाहृतमिति कथनं तु समाप्तपुनरात्तत्व दोषप्रसञ्जनायैवेति चेन्न। नेयं मम स्वकपोलकल्पना किन्तु सत्सम्प्रदायप्रवर्तितमेतच्छास्त्रमिति प्रदर्शयितुं पुनर्वाक्यमुपादीयते ब्रह्मणेति। अतएव

"समाप्तजप्यं व्रतिनम्," "भरतं नाट्यकोविदम्"
"पप्रच्छुस्ते महात्मानः" "नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्"
तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः।
प्रत्युवाच" 'श्रूयतां नाट्यवेदस्य संभवो ब्रह्मनिर्मितः॥

इत्यादिः संगच्छते इतिहासः। अन्यथा स्वयं नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि' इत्युक्त्वा स्वेनैव "समाप्तजप्यम्" इत्यादिकं स्वविषये कथनं विरुध्येत। गुरुपरम्परा प्राप्तमिदं, कथं प्राप्तं चेद्, उत्तरमिदमिति।

"भट्टनायकस्तु" इति। यद् उदाहृतम् इत्यस्य व्याख्यानम्—अविद्यया मायया विरचिता निर्मिता निःसाराः स्थिरतत्त्वरहिता नश्वराः पदार्थाः। तेषां भेदस्य प्रकारस्य ग्रहे ज्ञाने। यन्नाट्यमुदाहरणीकृतम् दृष्टान्तीकृतम्। अयं भावः। तथैव इदं जगत् यथा नाटकम्। भगवान् परमेश्वरः तत्सूत्रधारः। यथा नाटकमभिनयचमत्कारकं दृश्यं रम्यं, यवनिका पतनोत्तरं न किञ्चित्। वास्तवं किमपि नहि। केवलं क्रीडनीयकम्। सर्वथा नश्वरं तुच्छमित्यादिरूपेण जगतो निःसारताग्रहे दृष्टान्तत्वेन आश्रितम्।

## बालक्रीडा

दूसरे तो ब्रह्म शब्द का वेद अर्थ करते हैं। तदनुसार ब्रह्म अर्थात् शब्द समूहरूप वेद भगवान् से उदाहृत निरूपित विधि एवं निषेध प्रकार से (आयत अर्थात्) व्युत्पाद्यरूप में स्वीकृत नाट्यशास्त्र को कहूंगा इस तरह प्रयोजन को भी इस से स्वीकृत कर लिया ऐसा कहते हैं।

भट्टनायक तो कहते हैं कि ब्रह्म परमात्मा ने जिसको उदाहरण रूप में रक्खा है अर्थात् अविद्या माया से विरचित निःसार निस्तत्त्व भेदों के प्रकारों के समझने में जो दृष्टान्त है उस नाट्य को मैं कहूंगा। जैसा कि न कभी हुई और न कभी सुनी अद्भुत बातों से जो मालूम पड़ता है केवल कल्पना रूप है वास्तविक कुछ नहीं है। जिसका एक कोई रूप निश्चित नहीं है। अतएव क्षण भर में सैकड़ों हजारों कल्पनाएं जिस में हो सकती हैं। इस तरह

## अभिनवभारती

यदुदाहरणीकृतं तन्नाट्यं प्रवक्ष्यामि। यथा हि कल्पनामात्रसारं तत एवानवस्थितैककल्पं क्षणेन कल्पनाशतसहस्रसहं स्वप्नादिविलक्षणमपि सुष्ठुतरां हृदयग्रहनिदानमत्यक्तस्वालम्बनब्रह्मकल्पनटोपरचितं रामरावणादिचेष्टितमसत्यं कुतोऽप्यभूताद्भुतवृत्त्या भाति। तथा भासमानमपि च पुमर्थोपायतामेति। तथा तादृगेव विश्वमिदमसत्यनामरूपप्रपञ्चात्मकमथ च श्रवणमननादिवशेन परमपुमर्थप्रापकमिति लोकोत्तरपरमपुरुषार्थसूचनेन शान्तरसोपक्षेपोऽयं भविष्यति।

## मधुसूदनी

एतदेव स्पष्टयितुमाह—यथा हीति। केवलं कल्पनैव सारं यावत् कल्पना तावत्स्थिरम्। तत एव कल्पनासारत्वादेव यस्य एकं निश्चितं रूपमवस्थितं नास्ति। क्षणेन परिवर्त्तनीयम्। पूर्वमन्यत्, पश्चादन्यत्, तदुत्तरमन्यादृशमिति कल्पनानां शतं सहस्रं सहते। स्वप्नो नु माया नु मतिभ्रमो नु। इति वक्तुमशक्यं तेभ्योऽपि विलक्षणम्। किन्तु हृदयग्रहे तदाकर्षणे सुष्ठुतरामतीव सुन्दरं निदानं मुख्यं कारणम्।

स्वमेव आत्मानमेव नान्यम् आलम्बनमुपायं गृह्णन् अपरित्यजन्। अतएव ब्रह्मकल्पो नटः। तथेदमुच्यते। अज्ञातनटवद् ब्रह्म कारणं शंकरोऽब्रवीत्। जगन्निर्माणे ब्रह्मणो यथा वर्णतूलिकापटादिपरिग्रहो नावश्यकः स्वमेव अवलम्बते। तथैव नटोपि। तेन नटेनोपरचितम्। रामरावणादिवत् चेष्टितं रामस्य रावणादीनां चेष्टितमुभयमसत्। नटास्तु अभिनेतारः। नेमे रामरावणस्वरूपाः। तदानीं तेषामभावात्। तद्दर्शनाभावे तथा चेष्टां तद्वच्चेष्टां वा कर्तुं कथं शक्नुयुः। तस्मादसत्यं; तथापि भाति। ननु कुतो भाति—उत्तरति—कुतोऽपि अभूतया प्रागननुभूतया अद्भुतया अयम्, एवम्, इयान्, ईदृशः प्रकार इति वक्तुमशक्यया वृत्त्या। प्रागननुभूताद्भुतवृत्त्या तथा भासमानमपि वस्तु पुमर्थानां पुरुषैरर्थ्यमानानां धर्मार्थकाममोक्षाणामुपायतां हेतुतामेति। तथा अन्यच्च। तादृगेव अननुभूताद्भुतमेव।

## बालक्रीडा

स्वप्न, माया, इन्द्रजाल वगैरह से विलक्षण होने पर भी अत्यन्त हृदयग्राही है। जो ब्रह्मकल्प नट द्वारा केवल अपने ही सहारे से बनाया गया राम एवं रावण का अनुकरण है असत्य है किन्तु इस प्रकार मिथ्या मालूम पड़ता हुआ भी धर्म, अर्थ एवं काम के साधन के रूप में आता है। ठीक इसी तरह का यह असत्य नाम रूप प्रपञ्चात्मक विश्व है। जैसे असत्य भी नाट्य, रावण की तरह जो आचरण एवं व्यवहार करता है उस का परिणाम दुर्गति है और राम की तरह जो आचरण एवं व्यवहार करता है उसका परिणाम उन्नति है। इस तरह सामाजिकों के लिए उदाहरण बन जाता है। धर्म में प्रवृत्ति करना अच्छा है अर्थ का भी उपार्जन न्याय से करना चाहिए। धर्म से अविरुद्ध काम के सेवन करने में प्रशंसा है उन्नति है अन्यथा परिणाम बहुत खराब है। फलतः नाट्य की तरह यह नाम एवं रूप का प्रपञ्च यह विश्व जो मिथ्या भी है इस को त्याग कर श्रवण मनन एवं निदिध्यासन के द्वारा परम-

## अभिनवभारती

'स्वं स्वं निमित्तमादाय शान्ताद्भावः प्रवर्त्तते ।' इति ॥ (ना. शा. ६.) तद-नेन पारमार्थिकं प्रयोजनमुक्तम् ।' इति व्याख्यानं स हृदयदर्पणे पर्यग्रहीत् । यदाह-

'नमस्त्रैलोक्यनिर्माणकवये शम्भवे यतः ।
प्रतिक्षणं जगन्नाट्यप्रयोगरसिको जनः ॥' इति ॥

एवं नाट्यशास्त्रप्रवचनं प्रयोजनमुक्तम् । तत्प्रयोजनन्तु दर्शितमेव । अभि-धेयश्च नाट्यवेदः । व्युत्पाद्यव्युत्पादकभावलक्षणश्च सम्बन्धः ।

## मधुसूदनी

"अस्ति, भाति, प्रियं, रूपं, नाम चेत्यंशपञ्चकम्"
आद्यं त्रयं ब्रह्मरूपं ततोऽन्यज्जगदात्मकम्

इति दिशा माम्नयोर्नामरूपयोः प्रपञ्चात्मकं विश्वमिदमसत्यमिति । अथ च श्रवणमनननिदिध्यासनावलम्बनेन परमपुरुषार्थभूतमोक्षप्रापकमिति दिशा इदं नाट्यं शान्तरसस्य उपक्षेपपरं भविष्यति । अयमिति पुम्निर्देशः उपक्षेपपदानुरोधेनेति बोध्यम् ।

स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्त्तते इति । हृदयदर्पणाख्ये ग्रन्थे इति शेषः । त्रैलोक्यस्य निर्माणविषये कविः शम्भुः । तस्मै नमः । यतः यस्य प्रभावादेव जनोऽयं लोकः प्रतिक्षणं जगद्रूपस्य नाट्यस्य प्रयोगे रसिकोऽनुरागेण रसास्वादयिता ।

इति स्वग्रन्थगतव्याख्यानसंग्रहात्मकेन मंगलश्लोकेन आह इत्यन्वयः ।

ननु भवता अन्यत् प्रयोजनमुक्तमनेन तु भिन्नं तदुच्यते तत्किमिति, एतां

## बालक्रीडा

पुरुषार्थ मोक्ष को प्राप्त करना चाहिए। इस तरह लोकोत्तर परमपुरुषार्थ मोक्ष की सूचना करके शान्तरस का उपक्षेप उपस्थापन करने वाला यह नाट्य होगा। इसी का संकेत भरत ने "अपने अपने कारण के अनुसार शान्त से ही सब भाव प्रवृत्त होते हैं" इस कारिका के द्वारा पारमार्थिक प्रयोजन कह कर किया है।

इसी व्याख्या का परिग्रह भट्टनायक ने अपने निर्मित हृदय दर्पण ग्रन्थ में किया है। जैसा कि कहा है—

त्रैलोक्य के निर्माण कर्ता कवि शंभु को नमस्कार है। जिस के कारण यह संसार का प्राणी प्रतिक्षण जगत् रूपी नाट्य के प्रयोग अभिनय करने में रसिक है। रस का अनुभव करता है

इस प्रकार नाट्यशास्त्र का प्रवचन करना प्रयोजन बतलाया है। प्रवचन करने का प्रयोजन तो ऊपर अभी दिखाया गया है। अभिधेय नाट्यवेद है। व्युत्पाद्य व्युत्पादक भाव सम्बन्ध है।

## अभिनवभारती

यश्च शास्त्रं यो जिज्ञासते स तावत्तदवसरे तच्छास्त्रप्रणेतरि प्रसिद्धे सिद्धवदेव प्रामाण्यमभिमन्यत इति तद्वचनोक्ताय सम्बन्धाभिधेयप्रयोजनाय तदैव निर्विशङ्कः प्रवर्तते। परस्त्वधिगतसकलशास्त्रार्थो बहु मन्यते न वेति तदिदमन्यत्। प्रथमं तावत्प्रवृत्तमादिवाक्यं प्रयुक्तमेवेति स्वानुभवप्रसिद्धम्। तेन अर्थ-संशय-तर्क-कौतुक-

## मधुसूदन

शंकामपनेतुमाह—यश्च शास्त्रमिति।

तद्वचनोक्ताय तस्य प्रसिद्धस्य प्रकृतशास्त्रप्रणेतुर्वचनेन उक्ताय। अत्र क्रियार्थोपपदस्येति चतुर्थी। अतः तद्वचनोक्तानि सम्बन्धाभिधेयप्रयोजनानि स्वीकृत्य प्रमाणीकृत्य प्रवर्तते।

ननु भवताऽपि तदेवानुमोद्यतामिति चेन्नेत्याह=परस्तु। नानुमोदने हेतुमाह=अधिगतेति।

प्रवृत्तमिति। प्रवृत्तं प्रवृत्तिमत् इत्यर्थः। यथा "प्रवृत्त एव स्वयमुज्झितश्रमः" इति माघीये पद्ये।

एवं च प्रवर्तनशालि प्रवर्तयितृ आदिवाक्यं प्रथममेव आरम्भ एव प्रयुक्तं ग्रन्थकर्त्रा इति शेषः। स्वस्य ग्रन्थाध्येतुः श्रोतुर्वाध्यापयितुरनुभवेन सिद्धम्। तेन स्वानुभवप्रसिद्धत्वेन हेतुना। अर्थः प्रयोजनं प्रवर्तकम्। अथवा अर्थो वस्तुविशेषः सुवर्णादिः प्रवर्तकः। कुत्रचित् राजादिषु विश्वविद्यालयादिषु वा प्राप्योऽर्थ एव तेषु प्रदेशेषु गन्तुं प्रवर्तयति। कुत्रचित् गुर्वादीनां सविधे गन्तुं अध्येतव्यविषयकः उच्छेद्यः संशयः एव प्रवर्तयिता। कुत्रचित् तर्क ऊह एव प्रवर्तकः। अथवा तर्को ज्ञानम्।

"तं वै फलार्थिनं मन्ये भ्रातरं तर्कचक्षुषा"

ज्ञाननेत्रेण इत्यर्थः। महाभारते १।१६८।१८। कुत्रचित् कौतुकं कौतूहलं हर्षः अभिलाषो वा उत्सवो वा प्रवर्तकः। प्रेरकः जनः प्रवर्तकः। क्वचन आदिवाक्यं प्रवर्तकं यथा प्रकृते। अथवा कुत्रचित् जनादीनां वाक्यम्। आदिपदात् वेदवाक्यं

## बालक्रीड़ा

जो जिस शास्त्र को जिस अवसर में जानना चाहते हैं। वे उस अवसर में उस शास्त्र के निर्माता के रूप में जो व्यक्ति प्रसिद्ध होते हैं उन्हीं के वाक्य को सिद्ध की तरह प्रामाणिक मानते हैं और उनके कथन के अनुसार सम्बन्ध, अभिधेय एवं प्रयोजन को ग्रहण करने के लिए निःशंक होकर प्रवृत्त होते हैं। और जो तो सकलशास्त्र के तत्त्व के जानकार हैं वे माने या न माने यह बात अलग है।

यह बात सभी अध्येतृ वर्ग के अनुभव से सिद्ध है कि ग्रन्थ के आरम्भ में ही प्रवृत्ति के कारक आदिवाक्य को कह दिया है। इस लिए अर्थ प्रवर्तक है। संशय प्रवर्तक है। तर्क

समाप्तजप्यं व्रतिनं स्वसुतैः परिवारितम् ।
अनध्याये कदाचित्तु भरतं नाट्यकोविदम् ॥२॥
मुनयः पर्युपास्यैनमात्रेयप्रमुखाः पुरा ।
पप्रच्छुस्ते महात्मानो नियतेन्द्रियबुद्धयः ॥३॥

## अभिनवभारती

जना-दिवाक्यं प्रवर्तकमिति किमनेन । (१) ।

अथ मुनिरात्मानमेव परत्वेन कल्पयन् ब्रह्मणा यदुदाहृतमित्येतदेव पुराकल्पप्रदर्शनेन निश्चाययति—समाप्तजप्यमित्यादिना श्लोकद्वयेन । नाट्यस्यादुष्टता, विनोद-

## मधुसूदनी

प्रवर्तकं भवति । इतिः समाप्तिबोधकः । अनेन गवेषणेन किम् । "यमर्थमधिकृत्य प्रवर्त्तते प्राणी तत्प्रयोजनम्" इति न्यायसूत्रानुसारं केवलं फलमेव प्रयोजनमेव प्रवर्त्तकं, न अन्यदपि संशयादि प्रवर्त्तकमिति, कियद्न्वेष्यते इति भावः ॥२॥

नाट्यस्येति पदस्य अदुष्टता दोषराहित्यम् । (याज्ञवल्क्यस्मृतौ पुराणादौ च प्रशंसाभूयस्त्वश्रवणात्) विनोदहेतुता सुज्ञेयत्वञ्चेति त्रिषु सम्बन्धः ।

अनुरागित्वमिति । विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम । गोपाय मा, शेवधिस्तेऽहमस्मि । असूयकाय अनृजवे अयताय माऽदाः । वीर्यवती यथा स्याम् इत्युक्तेरनुसारं इन्द्रियाणि बुद्धिं च नियम्य पप्रच्छुरेतेन अयतत्वस्य निरासः । पर्युपास्य सेवां विधाय पप्रच्छुरेतेन असूयारहितत्वमृजुत्वं च तेषु विद्यते । एतेन शिष्येषु गुरोः स्वभावाद-

## बालक्रीड़ा

प्रवर्त्तक है । कौतुक प्रवर्त्तक है । कोई प्रेरक जन ही प्रवर्त्तक है । या आदिवाक्य प्रवर्त्तक है । इस तरह की गवेषणा करने का क्या फल है । १ ।

पहले कभी अनध्याय के दिन आत्रेय प्रमुख महात्मा मुनि लोग अपनी इन्द्रियों एवं मन को संयत करके नाट्यवेद के विद्वान् उस प्रसिद्ध भरत—जो व्रतनिष्ट थे एवं जप समाप्त करके पुत्रों के साथ बैठे हुए थे—के पास गए और इनको प्रणाम करके उन्होंने पूछा ।२।३।

इस तरह के आत्रेय प्रमुख मुनियों के प्रश्न करने के अनन्तर भरत मुनि अपने आप को अपने से भिन्न की कल्पना करके "ब्रह्माजी ने जो निरूपण किया" इस प्रकार की आख्यायिका दिखा कर निश्चय कराते हैं । जो "समाप्तजप्यं" स्वसुतैः परिवारितं "व्रतिनं" "नाट्यकोविदं" "एनं पर्युपास्य" "महात्मानः" नियतेन्द्रियबुद्धयः" विशेषण दिये हैं वे अपुनरुक्त हैं सार्थक हैं । इस से नाट्य (शास्त्र) की उपादेयतारूप योग्यता, आचार्य की योग्यता एवं शिष्यों की योग्यता तीनों क्रमशः दिखाई गई हैं ।

नाट्य की अदुष्टता स्मृतियों में पुराणों में नाट्य की प्रशंसा की गई है अतः नाट्य निर्दोष है । विनोदहेतुता मनोज्ञविषय का उपस्थापक नाट्य है अतः मनबहलाव का साधन

योऽयं भगवता सम्यग्ग्रथितो वेदसम्मितः ।
नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः कस्य वा कृते ॥४॥
कत्यङ्गः किंप्रमाणश्च प्रयोगश्चास्य कीदृशः ।
सर्वमेतद्यथातत्त्वं भगवन् वक्तुमर्हसि ॥५॥

## अभिनवभारती

हेतुता, सुज्ञेयत्वं नाट्ययोग्यता; प्रश्नावसरलाभयोगः, अनुरागित्वं, प्रसिद्धत्वं च आचार्य-योग्यता; शिष्टप्रामाणिकत्वं नियमपूर्वकशास्त्रग्रहणं प्रसिद्धादरणानुमेयोपादेयत्वप्रकटन मनिदम्प्रथमप्रवृत्तता ऊहापोहपाटवं ग्रहणं, शिष्याणां योग्यता चेति क्रमेण पदानां तात्पर्यमपुनरुक्तम् । (२-३) ।

कि पप्रच्छुरिति दर्शयति—योऽयमिति । भगवता तत्र भवता गुरुणेति भरत-मुनिरेवैवमुक्तः । तेन भरतमुनिना यो ग्रथितः सुन्दरतमवस्तुसमाहरणयोजनया

## मधुसूदनी

नाट्य वेदविषयकपाठने योग्यता । प्रश्नस्य आचार्यानभिगम्य नुरागित्वं ध्वंग्यम् । नाट्य वेदविषयकपाठने योग्यता । प्रसिद्धत्वं च सर्वत्र लोके जिज्ञासायाः कृते अवसरलाभस्य योगः सम्बन्धः । प्रसिद्धत्वं च सर्वत्र लोके पण्डितसमाजे च प्रख्यातत्वमाचार्यस्य योग्यता सिद्धेति शेषः । इदानीं शिष्याणां तां वृते=शिष्टेषु प्रामाणिकत्वं शिष्टाः प्रमाणमिति बुद्धिः । अतएव नियमपूर्वकं शास्त्रग्रहणं विद्याभ्यासः । प्रसिद्धानामादरणेन अनुमेयं प्रत्येयं यदुपादेयत्वं तस्य प्रकटनं प्रख्यापनम् । अनिदंप्रथमतया प्रवृत्तिः । "समित्पाणिर्गुरुमुपसीदेच्च् श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्" इत्यादिना एहि, अधीहि इति गुरोराज्ञया न तु प्रथममेव शिष्याणां गुरुसमीपगमनमित्युपदेशस्तदनुसारं प्रवृत्तिश्चेति; न इदं प्रथमतया प्रवृत्तिः ऊहेति । शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा

ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः । इति शिष्याणाम् ॥२।३॥

भगवतेति पदेन सम्मुखीकुर्वद्भिः । एवमुक्त आत्रेयप्रमुखैर्मुनिभिर्यः । सुन्दरतमस्य सुखित-दुःखित-क्रान्त-दरिद्र-धनाढ्य-तपस्वि-बाल-युवा-वृद्ध-स्त्री-पुरुषादि-

## बालक्रीडा

है । सुज्ञेय आकर्षक हृदयग्राही नाट्य है अतः सुख से समझने की वस्तुओं से ग्रथित है ।
इसी का फल है कि मुनियों को प्रश्न करने के लिए अवसर मिला ।

हे भगवन् ब्रह्मन् ? आपने जो यह वेदतुल्य प्रामाणिक नाट्यवेद बनाया वह कैसे और किसके लिए बना । कितने उसके अंग हैं, क्या उसका प्रमाण है और इसका प्रयोग किस शैली से होता है । यह सब तत्व ठीक-ठीक बतलाइए ।

(लोचन) यहाँ पाँच प्रश्न ऋषियों ने भरत से पूछे हैं । पाँचों का उत्तर कहेंगे । कैसे बना अर्थात् नाट्यवेद के बनाने की क्या आवश्यकता थी । प्रथम प्रश्न आवश्यकता के

## अभिनवभारती

गुम्फितः कोऽप्ययं वस्तुविशेषः स तावत्प्रयोगसमयेऽस्माभिर्दृष्ट इति प्रत्यक्षत्वेन अयमिति परामर्शः। अविदितान्तस्सारतया चास्माकं प्रत्यक्षोऽप्यप्रत्यक्षकल्प इति यच्छब्देनानिर्वाच्यविशेषत्वमुक्तम्। अतएव न तच्छब्दसङ्गतिरत्र मृग्यते यथा यत्किञ्चिद्वदतीति। स चायं परीक्षणीयतत्त्वो यतो वेदैः सम्मितः तुल्यः।

## मधुसूदनी

सर्वलोकहृदयावर्जकस्य वस्तुनः चतुर्विधाभिनय-वृत्ति-प्रवृत्ति-रस-भाव-करणाङ्गहार-चारीप्रभृतिपदार्थजातस्य समाहरणेन सङ्कलनेन या योजना रचना तया। गुम्फितः पुष्पमालावत् मुक्ताहारवदिति च।

अयमिति "इदमस्तु सन्निकृष्टे" इत्युक्तेः प्रत्यक्षत्वेन दृष्टः। यथा अंकुरितोऽपि अनुद्दीपितश्चेदनंकुरितप्रायस्तथा प्रयोगसमये प्रत्यक्षीकृतोऽपि अन्तःसारस्य आन्तरिकतत्त्वस्य अज्ञाततया अप्रत्यक्षकल्प एवेति एवंरूपमनिर्वाच्यविशेषत्वं यच्छब्देन उक्तम्। यतो विशेषो वैलक्षण्यं अनिर्वाच्यः निर्वचनानर्हः। अतएव अनर्हत्वादेव यत्किञ्चिद्वदतीत्यत्र यथा "यत्" पदेन तच्छब्दसंगतिर्न मृग्यते तथा प्रकृते सा संगतिर्नान्विष्यते।

अयं भावः। "यत्तदोर्नित्यमभिसम्बन्धः" इत्येकोऽनुगमः। स च तयोरनुवाद्यविधेयभावरूपत्वात् परस्परापेक्षाप्राणत्वेन व्यवस्थितः। ततश्च यस्मिन् स्थले यत्तदोर्मध्यादेकतरस्य यदस्तदो वा उपक्रमः तत्र उपक्रान्तसमालोचकेन किन्तु उप-

## बालक्रीड़ा

विषय में है। उत्तर—प्रेक्षणीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्। दूसरा प्रश्न है अधिकारी के विषय में कि कौन अधिकारी है। उत्तर चारों वर्ण। तीसरा प्रश्न अंगों के बारे में है। उत्तर—न तच्छिल्पं तच्छास्त्रं न सा विद्या न सा कला।

जायते यन्न नाट्याङ्गम्। सम्पूर्ण जगत् के पदार्थ उसके अंग हैं। चौथा प्रश्न है। क्या उसका प्रमाण है अर्थात् कितने श्लोक हैं कितने अध्याय हैं। उत्तर

दो तरह का प्रमाण भले ही कोई कहे परन्तु वर्तमान में उपलभ्यमान नाट्यवेद में ६ हजार श्लोक हैं। दश रूपक कार ने चतुर्थ प्रकाश में लिखा है (षट् सहस्री कृताप्युक्तम् —) ६ हजार श्लोकों के बनाने वाले ने कहा है और उसके बाद नाट्यशास्त्र ७ अध्याय के ६वें श्लोक की वृत्ति का उद्धरण दिया है "एभ्यश्च सामान्य गुण योगेन रसा निष्पद्यन्ते" अतः ६ हजार श्लोक ३७ अध्याय इसका प्रमाण है। पाँचवाँ प्रश्न है प्रयोग के बारे में। उत्तर। चतुर्विध आंगिक वाचिक सात्विक, एवं आहार्यिक अभिनयों से इसका प्रयोग होता है। ४।५।

नाट्य की यह योग्यता "समाप्तजप्य" एवं "व्रतिनं" विशेषणों से प्राप्त हुई है। क्योंकि जप, तप, एवं व्रत करने वाला भगवत्परायण व्यक्ति अनिन्दित एवं लोकोपकारी ही कार्य में प्रवृत्त होगा अन्य में नहीं। यह स्वतः सिद्ध है।

## मधुसूदनी

क्रान्तभिन्नेन उपसंहारः। तच्छब्देनोपक्रमे यच्छब्देनोपसंहारः) यच्छब्देन उपक्रमे तच्छब्देन स न्याय्यः। एवं हि प्रकृते योऽयमित्यत्रापि यच्छब्देन उपक्रमे तच्छब्देन उपसंहार उचितः। किन्तु स उपक्रमोपसंहारः कचिच्छाब्दः, कचिदार्थः। शाब्दे हि द्वयोरावश्यकता। आर्थे च सा नास्ति। तदेतदुच्यते=तच्छब्दसंगतिर्न मृग्यते।

इदमधिकमपि द्रष्टव्यम्। यदः सम्बन्धी आर्थ उपक्रमोपसंहारः प्रक्रान्तवस्तु-विषयेण, कल्पिततत्कर्मादिविषयेण तदा तस्याभिसम्बन्धात् द्विप्रकारः सम्भवति। तथात्र=पप्रच्छुरेनमात्रेयप्रमुखा इत्यादिना व्यक्तं वत्किमपि हृदये निधायैवेति कल्पिततत्कर्मादिविषयेण तदा प्रक्रान्तः। एवमार्थोऽत्र स न तच्छब्दं गवेषयते। इति।

## बालक्रीड़ा

प्रश्नावसरलाभयोग जपादि नियत कार्यों के समाप्त करने पर पूछने का अवसर मिलता है, अनुरागित्व शिष्यों पर अनुग्रह बुद्धि करना, प्रसिद्धत्व आत्रेयादि प्रमुख मुनियों का इकट्ठे होकर जाना और पूछना यह आचार्य की योग्यता "पर्युपास्यैनं" "नाट्यकोविद" आत्रेयप्रमुखाः पप्रच्छुः। विशेषणों से जानी गई है।

क्यों कि बिना किसी का किसी पर अनुराग हुए कोई किसी को पर्युपासन करके नहीं पूछेगा। यह सिद्धान्त है। उत्तम लोगों का आना जाना प्रसिद्धि का द्योतक है। अपने नियत कार्यों में व्यग्र से कोई कुछ पूछ नहीं सकता है। व्यग्रता रहित से ही पूछना हो सकता है। कृत कार्य से प्रश्न करने का अवसर मिलता है।

शिष्टप्रामाणिकत्वं शिष्टों को प्रमाण मानना, नियम पूर्वक शास्त्रों का अध्ययन करना, प्रसिद्धि के आदर करने से उपादेय का प्रकाशन अनुमित होना, अपने आप पहिले नहीं जाना किन्तु घण्टा लगने पर या गुरु के पढ़ने के लिए बुलाने पर जाना अनिदंप्राथम्यप्रवृत्तता। ऊहापोह विषयक पटुता से पदार्थ को समझना ये शिष्यों की योग्यता बतलाई है।

यह योग्यता "एनं पर्युपास्य", महात्मानः" और "नियतेन्द्रिय बुद्धयः" से प्राप्त होती है।

"क्या पूछा" इसको दिखाते हैं। जो यह। यहां "भगवता गुरुणा" ये आदर के पद भरत मुनि के प्रति मुनियों ने कहे। इससे सिद्ध है कि भरतमुनि ने जो सुन्दरतम वस्तुओं का संग्रह करके योजना से पुष्पमाला की तरह मुक्ताहार की तरह गुम्फन किया है उस विलक्षण वस्तु को अभिनय के समय हम लोगों ने प्रत्यक्ष देखा है। इस तथ्य का संकेत "अयं" इस सर्वनाम से किया है।

देखा है किन्तु तत्त्व के नहीं समझने से प्रत्यक्ष भी अप्रत्यक्ष ही के जैसा है। इस अनिर्वाच्यता रूप विशेष को यत् शब्द से कहा। इसीलिए यहाँ पर तत् शब्द की संगति की परवाह नहीं है। जैसे "जो कुछ कहता है" इस वाक्य में यत् शब्द के जवाब में तत् की गवेषणा नहीं होती है। वह यह प्राप्य है। जिस का तत्त्व परीक्षणीय है अतएव जो वेदों के तुल्य आदरणीय है।

## अभिनवभारती

तथा हि—धीरोदात्तधीरललितधीरोद्धतधीरप्रशान्तानां पूर्णोपायप्रवृत्तत्वेन नायकानामताहगुपायाश्रयेण प्रतिनायकानां च चरितं सफलत्वासफलत्वेन साक्षात्क्रियमाणं वीराद्भुताभ्यां, वीरश्रृङ्गारहास्यैः, वीररौद्रभयानककरुणैः, वीरबीभत्सशान्तैश्च नायक-

## मधुसूदनी

तथाहीत्यादिना नाट्यवेदस्य वेदसम्मितत्वं प्रत्यक्षमिति दर्शयति। पूर्णेन उपायेन फलोपधायकेन हेतुना प्रवृत्तः नायकानां सफलम्; अताहृशं अपूर्णस्य उपायस्य आश्रयणेन प्रतिनायकानामसफलं, साक्षात् क्रियमाणं चरितं (कर्तृपदम्) धर्मादिचतुष्कोपायेषु उपादेयधियं संग्राह्यबुद्धिं निर्विशंकं यथा स्यात्तथा विधत्ते। अथ च अधर्मानर्थधर्मविरुद्धकाममोक्षेभ्यो निवृत्तिं च निर्विशङ्कं विधत्ते। नायकप्रतिनायकगतरसान्तरसान्तरतयेति पाठः। अन्यो रसो रसान्तरम्। रसान्तरेण सान्तरः सदृशः। तत्त्व सतत्त्वगोत्रसगोत्रशब्दवत् अन्तरसान्तरशब्दयोरपि पर्यायत्वं; सदृशार्थोऽन्तरशब्दोऽत्र प्रयुक्तः। तदर्थकः स स्थानेऽन्तरतम इति पाणिनि सूत्रे व्यवहृतः। नायकगतरसापेक्षया प्रतिनायकगतो रसो भिन्नोऽपि सान्तरः सदृशः। यथा उत्तररामचरिते=लवे वीरः, चन्द्रकेतौ अद्भुतः। वेणीसंहारे=अर्जुने वीरः दुर्योधने शृङ्गारः, हास्यश्च। सुन्दरकाण्डे=हनुमति वीरः, राक्षसेषु रौद्रः, भयानकः, करुणश्च। भागवते=इन्द्रे

## बालक्रीडा

"तथाहि" इत्यादिसे नाट्यवेद की वेदतुल्यता प्रत्यक्ष है इस तथ्य को दिखाते हैं। पूर्ण फलोपधायक उपाय का आश्रयण करके उद्योग करने वाले धीरोदात्त, धीरललित, धीरोद्धत एवं धीरशान्त नायकों के साक्षात् देखे गये सफल चरित, अधीर अनुदात्त अललित, महोद्धत एवं अशान्त अतएव अधूरे उपायों को लेकरके प्रवृत्ति करने वाले प्रतिनायकों के प्रत्यक्ष दृष्ट असफल चरित, (कर्ता) नायक एवं प्रतिनायक में निबद्ध वर्णित रसों से भिन्न किन्तु उनके (सान्तर) सदृश अतएव अतिशय लौकिक चमत्कार को पैदा करने वालों के रूप में गोचरीकृत अनुभूत, वीर एवं अद्भुत, वीर, शृङ्गार एवं हास्य, वीर रौद्र भयानक, एवं करुण, तथा वीर, बीभत्स एवं शान्तरसों के द्वारा हृदय में अनुप्रवेश करते हुए धर्मादि चतुष्क के उपायों में उपादेय बुद्धि अर्थात् प्रवृत्ति और अधर्म, अनर्थ, धर्म विरुद्ध काम एवं बन्धनकारी कामों से निवृत्ति को करते हैं यह तो वेद के तत्त्व को जानने वाले हम लोगों को भी प्रत्यक्ष सिद्ध है। इसकी नाट्य वेद यह संज्ञा प्रसिद्ध है लोक विदित भी है अतएव उपदेश हेतु होने से यह नाट्य वेद है। फलतः इसके तत्त्व को जानने की इच्छा करनी चाहिए।

कवियों के द्वारा नायक एवं प्रतिनायकों में वर्ण्यमान भिन्न २ रसों के सदृश रसों के उदाहरण जैसे—उत्तर राम चरित में—लव में वीर और चन्द्रकेतु में अद्भुत, वेणी संहार में=अर्जुन में वीर और दुर्योधन में शृगार तथा हास्य, सुन्दरकाण्ड में=हनुमान जी में वीर और राक्षसों में रौद्र, करुण एवं भयानक, भागवत में=इन्द्र में वीर और वृत्रासुर में बीभत्स एवं शान्त रस है। भागवत में=इन्द्र और वृत्र में=जब युद्ध की प्रगति हो रही थी उसी समय

## अभिनवभारती

प्रतिनायकगतरसान्तरसान्वरलया सातिशयचमत्कारगोचरीभूतैर्हृदयानुप्रवेशं विदधद्धर्मादिचतुष्कोपायोपादेयधियमधर्मादिभ्यश्च निवृत्तिं निर्विशङ्कं विधत्त इत्यस्माकमधिगतश्रुतितत्त्वानामपि प्रत्यक्षसिद्धमेवैतत्। प्रसिद्धा चास्य नाट्यवेद संज्ञा विदिता। अत एवोपदेशहेतुत्त्वाद्वेदः। एवं च जिज्ञास्यतत्त्व एवायम्।

स कथमुत्पन्नः। केन प्रयोजनप्रकारेणोत्पन्नः। तत्प्रयोजनस्य वेदेभ्य एव सिद्धेः। उत्पन्न इति यदि पूर्वमेव वेदवद (वेद) पदार्थः स्यात्तकथं नामायं पर्यनुयुज्येत। श्रुतिचतुष्टयवद्वेत्यर्थः।

## मधुसूदनी

वीरः वृत्रासुरे वीरो बीभत्सः, शान्तश्च। युद्धप्रगतौ इन्द्रहस्ताद् आयुधस्य अधःपतनेऽपि वृत्रासुरः शान्तः सन् आयुधोत्तोलनार्थं महेन्द्रं प्रोत्साहयति इति त्रयम्। एवम्भूतै रसैः सातिशयचमत्कारः यथा स्यात् तथा गोचरीभूतैः। यद्यपि रसो निरतिशयचमत्कारप्राणः। तत्र सातिशयत्वमस्त्येव नहि, तथापि नायकप्रतिनायकयोर्वर्णने रतेः। सातिशयत्वमिति हृदयं, यतो रसः सामाजिके, न तु तयोः। तथाभूतैः रसैः नायकप्रतिनायकचरितं हृदयानुप्रवेशं विदधदित्यन्वयः।

अतएव प्रवृत्तिं निवृत्तिं च विधत्ते इति प्रत्यक्षेण सिद्धेरेव उपदेशहेतुत्वं, नाट्यवेदेति संज्ञायाः प्रसिद्धेरेव। वेदत्वं च अतएवोपदेशहेतुत्वं वेदत्वमिति पाठः। उक्तञ्चान्यत्र =

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता। इति।

वेदवद(वेद)पदार्थः स्यादिति। वदतीति वदः (पचाद्यच्) वक्ता। वेदस्य वदः वेदवदः। स चासौ (वेद) पदार्थः। यं पदार्थं वेदो वदति तमेव पदार्थं नाट्यवेदोऽपि; यदि नायं नवीनः। अथवा अयं नाट्यवेदरूपः पदार्थः वस्तु व्यक्तिविशेषो वा सर्वस्य

## बालक्रीड़ा

इन्द्र के हाथ से वज्र आयुध गिर जाता है। यद्यपि इस आयुधहीन अवस्था में वृत्रासुर इन्द्र का विध्वंस कर सकता था किन्तु शान्त भाव से व्यवस्थित हुआ वह इन्द्र को आयुध को उठाने के लिए प्रेरणा करता है और अवसर देता है। यह उसकी शान्त मनोवृत्ति का परिचय देता है।

यहाँ इतना और जानना चाहिए कि रस को साहित्य शास्त्र में निरतिशय प्राण कहा है वह सातिशय नहीं होता है किन्तु यहाँ नायक प्रतिनायक में निबद्ध लौकिक रति लिखी गयी है अतः सातिशय पद यहाँ दिया है क्योंकि वस्तुतः रस सामाजिक में रहता है जो कि निरतिशय है और यहाँ रसों का परस्पर में सादृश्य है वैसदृश्य नहीं है।

वह कैसे उत्पन्न हुआ? अर्थात् किस प्रयोजन को ध्यान में रख कर इसको उत्पन्न किया गया? क्योंकि जिस प्रयोजन को लक्ष्य आपने रक्खा है वह प्रयोजन वेद से ही सिद्ध हो

## अभिनवभारती

अथ यस्य वेदेभ्यो नोपदेशः सिद्धः, स कस्तादृगित्याह—कस्याधिकारिणः। कृते प्रयोजनकरणाय। किं वेदाधिकृत एवात्राधिकारी उत तदन्योऽपीत्यधिकारिविषयोऽयं प्रश्नः। पूर्वस्तु सिद्धसाध्यतया निष्प्रयोजनत्वेनाक्षेपाय प्रश्नः। कत्यङ्ग इति। यदस्य सुबहून्यङ्गानि तद्दुरवधारतयाऽशक्य निर्णयः। तथा परिदृश्यमानगीतातोद्याभिनयादिमध्ये कत्यस्याङ्गानि। किञ्च तदङ्गिरूपमुताङ्गसमुदायमात्रं नाट्यमिति तृतीयः प्रश्नः।

किंप्रमाणश्चेति। ननु प्रत्यक्षप्रमाणसिद्धत्वं तावन्नाट्यस्य। वक्ष्यति—'दृश्यं

## मधुसूदनी

समपदार्थरूपत्वात्। वेदस्य अर्थात् वेदपदार्थस्य यदो वक्ता, तर्हि पूर्वं सिद्ध एव न तु अपूर्वतया उत्पन्नः। एवं हि उत्पन्न इति कथं पर्यनुयुञ्ज्यैव पृच्छेत्। अतएव वक्ष्यते—पूर्वस्तु सिद्धसाध्यतया निष्प्रयोजनत्वेन आक्षेपाय प्रश्नः इति। अयं भावः। कस्य कृते इति प्रश्नः कोऽत्र अधिकारीति अधिकारिविषयकजिज्ञासारूपः। पूर्वः कथमुत्पन्न इति प्रश्नस्तु आक्षेपरूपः यत्प्रयोजनं वेदेभ्य एव सिद्धं तदेव अस्य नाट्यवेदस्यापि साध्यम्। तर्हि निष्प्रयोजनमेव निष्फलमेव नाट्यवेदोत्पादनमिति। वेदवदवेदपदार्थ इति पाठः साधीयान्। यदस्येति। यदि अस्य नाट्यस्य। तत्तर्हि।

प्रत्यक्षेति। दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेदित्युक्त्या चक्षुःश्रोत्राभ्यां प्रत्यक्षप्रमाणाभ्यां

## बालक्रीडा

सकता है। क्योंकि यह नाट्यवेद रूपी पदार्थ वेदवत् है अर्थात् वेद प्रतिपाद्य अर्थ को कहने वाला है तब उत्पत्ति के विषय में "कैसे" यह प्रश्न नहीं बनता। क्यों कि वेद पहिले से ही जिस पदार्थ को कह रहा है उसको यह नाट्यवेद भी कहे। तब नवीन उत्पत्ति कैसी। अतः चारों वेदों के सदृश पुराना ही अर्थ इसका है नवीन नहीं है।

और जिस किसी के लिए वेद उपदेश नहीं देते हैं। वे तो किसी अधिकारी विशेष को ही उपदेश देते हैं तदनुसार जिसको वेद उपदेश नहीं देते हैं वह अधिकारी कौन है इस आशय से प्रश्न है कि किस अधिकारी के प्रयोजन को पूर्ण करने के लिए यह नाट्य है। क्या जो वेद का अधिकारी है वही इसका भी अधिकारी है या अन्य कोई है ?

पहला "कैसे उत्पन्न हुआ" यह प्रश्न सिद्ध को ही साध्य बनाने वाला है अतः निष्प्रयोजन होने से आक्षेप रूप है। कितने इस नाट्य के अंग हैं। क्योंकि यदि इस नाट्य के बहुत अंग हैं तब तो संशय होने पर इसका निर्णय करना अशक्य है। और इन परिदृश्यमान गीत, आतोद्य एवं अभिनय आदि में से कितने इसके अंग है ? इसके सिवाय यह भी प्रश्न होता है कि यह नाट्य अंगी रूप है या अंगो का समुदाय है। यह तीसरा प्रश्न है।

"किंप्रमाणश्च" इस नाट्य के विषय में कौन अर्थात् प्रत्यक्ष, अनुमान आदि में कौन प्रमाण है। उत्तर। इस नाट्य के विषय में प्रत्यक्ष एवं स्वानुभव दो प्रमाण हैं।

## अभिनवभारती

श्रव्यं च यत्' (ना. शा. १-११) इति। श्रेयः प्राप्त्युपायज्ञापकत्वमपि मुनीनां स्वसंवेदनसिद्धम्। अन्यथा तु विचार्यत्वमेवास्य न स्यादित्युक्तम्। तत्कोऽयं प्रश्नः। सत्यम्। किन्तु यान्यङ्गानि कानिचित्तानि यदि विज्ञेयानि, केन प्रमाणेन किमङ्गत्वा ज्ञायते। तेन किंप्रमाणाङ्ग इति। तथा केन प्रमाणेनाङ्गाङ्गिभावनियमोऽत्र ज्ञेयः। प्रमाणमत्र निश्चयजनकम्।

अन्ये तु नाट्यगतानां रूपकादीनां पाठ्याभिनयरसगीतानां च किं प्रमाणं का सङ्ख्येति विभागविषयोऽयं प्रश्न इत्याचक्षते।

अस्येति नाट्यस्य। कीदृक्प्रयोगः। यदि युगपदङ्गानि प्रयुज्यन्ते तद्भिन्नाक्ष

## मधुसूदनी

सिद्धत्वम्। अन्यथा प्रमाणसिद्धत्वाभावे श्रेयःप्राप्तेरुपायानां ज्ञापकत्वाभावे तु विचारकोटौ प्रवेश एवास्य नाट्यवेदस्य न स्यादिति।

यानि कानिचिदंगानि तानि यदि विज्ञेयानि, तेषां निश्चयजनकं प्रमाणं किमिति प्रश्नः। किमङ्गत्वास्य ज्ञायते। अयं नाट्यवेदः कस्यापि अंगमिति ज्ञायते। तेन हेतुना। वस्तुतस्तु किं प्रमाणं का संख्येति प्रश्नः सम्यक्।

भिन्नैरक्षैरिन्द्रियैर्ग्राह्येषु अंगेषु विषये। एकं नाट्यमिति कथमंगसमूहस्य एकत्वं, दुर्लभमिति भावः। क्रमेणैव प्रयोगेऽपि एकत्वं नतरामवश्यमेव न। सामान्याभिनय-

## बालक्रीडा

इसी को लिखते हैं कि नाट्य चक्षु और श्रोत्र इन दो प्रत्यक्ष प्रमाणों से सिद्ध है। जैसाकि आगे कहेंगे। (दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्) जो आखों से देखने के और कानों से सुनने के योग्य होवे।

यह नाट्य श्रेयः प्राप्ति के उपायों का ज्ञापक है यह मुनियों के अपने अनुभव से सिद्ध है। यदि यह नाट्य प्रमाणों से और स्वानुभव से सिद्ध नहीं होता तो विचार कोटि में ही नहीं आ सकता था। यह कहा ही जा चुका है। तब "किं प्रमाणश्च" यह क्या प्रश्न है। कहते हैं कि सत्य है। किन्तु जो भी या जितने भी इस नाट्य के अंग हैं उनको यदि जानना चाहें तो किस प्रमाण से जानें कि कौन-कौन इसके अंग हैं और कितने हैं। इसलिए "किं प्रमाणाङ्गः" यह प्रश्न है। अर्थात् यहाँ नाट्य में पदार्थों के अंगांगिभाव के नियम को किस प्रमाण से समझें। इस प्रकरण में प्रमाण का अर्थ है निश्चयजनक।

और लोग तो—नाट्य के भेद नाटक, प्रकरण एवं भाण प्रहसनादि रूपकों की एवं उसके उपयुक्त सामग्री पाठ्य, अभिनय, रस एवं गीतों का प्रमाण क्या है? संख्या क्या है? इस तरह विभाग (भेद) आदि के विषय में प्रश्न है—ऐसा कहते हैं।

इस नाट्य का प्रयोग किस तरह होता है? यदि एक साथ अंगों का प्रयोग करते

## अभिनवभारती

ग्राह्येषु युगपत्संवेदनाभावात् कथमेकं नाट्यमिति प्रतिपत्तिः। क्रमप्रयोगेऽपि नितराम्। तस्मात्कथं प्रयोग इति। तथा किं नियतेनैवाङ्गाङ्गिभावेन प्रयोग उतानियतेनेति नाट्याङ्गप्रयोगद्वारेण सामान्याभिनयचित्राभिनयनाटकादिरूपकवैचित्र्यविषयः प्रश्नः पञ्चमः। एवं प्रश्नपञ्चकात् कविप्रयोक्त्रोरुपदेशपरं शास्त्रमिति लक्ष्यते। तेन यदिह 'तस्मात्कर्तुर्द्रष्टुः प्रयोक्तुरुपदेशपरमिदं शास्त्रम्' इति, तत्र द्रष्टुरित्यसत्। न ह्यनेन सामाजिको विनीयते। अयोग्यत्वात्। श्रुतिस्मृतीतिहासादिष्विवात्रापि न च तदुपदेशोऽत्र श्रूयते। द्रष्टा तु यदि प्रेक्षाप्रवर्तक उच्यते तदा तस्यापि न ग्रन्थेनोपदेशः।

## मधुसूदनी

चित्राभिनयद्वारा नाटकादिदशरूपकाणां वैचित्र्ये प्रश्नः। अवयवद्वारा अवयविनि प्रश्नः।

नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्। इत्युक्तम्।

"अनेन सामाजिको न विनीयते" इति तु असमञ्जसं प्रतिभाति। परम्परयापि स न विनीयते इत्यपि तथा; किन्तु सोऽपि विनीयते तदर्थमेवायमारम्भः। तदुक्तमत्रैवाध्याये ११३ त आरभ्य ११५ पर्यन्तम्।

## बालक्रीडा

हैं तब भिन्न-भिन्न इन्द्रियों से ग्राह्य इन अंगों का एक साथ ज्ञान नहीं हो सकता है। अतः एक नाट्य है यह प्रतिपत्ति नहीं होगी।

अगर कहें कि क्रमशः आंगों का प्रयोग होगा तब तो एकत्व की प्रतिपत्ति होना और भी कठिन है। क्योंकि क्रम से होने पर काल भेद होना नितरां स्वाभाविक है। फलतः यौगपद्य नहीं होगा एकत्व भी नहीं होगा। इसलिए प्रश्न होता है कि कैसे प्रयोग होगा।

और भी बात है कि इस नाट्य का अंगांगिभाव से प्रयोग किसी नियत अंग एवं अंगी के साथ है या अनियत के साथ है। जैसे अवयव के द्वारा अवयवी के विषय में प्रश्न होता है वैसे ही नाट्य के अंगों के प्रयोग के द्वारा सामान्य अभिनय एवं विशेष चित्र अभिनयों से युक्त अंगी नाटक, प्रकरण, भाण, व्यायोग आदि रूपकों की विलक्षणता के विषय में यह प्रश्न है जो कि पाँचवाँ है।

इन पाँचों प्रश्नों से यह लक्षित होता है कि कवि एवं अभिनय कर्त्ताओं के लिए उपदेश देने में तत्पर यह शास्त्र है। इसलिए यह जो किसी ने कहा है कि "अतः कर्त्ता काव्यनिर्माता कवि, द्रष्टा सामाजिक एवं प्रयोक्ता अभिनय करने वाले नटों तीनों को उपदेश देने में तत्पर यह शास्त्र है। उसमें "द्रष्टा" (सामाजिक) यह कहना असत् है समीचीन नहीं है। इसका कारण अयोग्यता है। श्रुति, स्मृति एवं इतिहास आदि में जैसे सामाजिक के लिए उपदेश नहीं सुनाई पड़ता है उसी तरह यहाँ भी उसके लिए उपदेश नहीं है। हाँ यदि द्रष्टा पद से आपका मतलब प्रेक्षाप्रवर्तक से हो। याने द्रष्टा पद का अर्थ नाट्य के प्रवर्तक नाट्यशालाओं के संचालक हैं तब भी उसके लिए ग्रन्थ से उपदेश नहीं है। किन्तु आचरण

## अभिनवभारती

अपि तु कश्चिदेव 'नर्तकोऽर्थपतिर्वा' इत्यादौ। एवं चोपदेश्यत्वे स्थपतिमालाकार-प्रभृति विश्वमपीहोपदेश्यं स्यादित्यलमनेन।

## मधुसूदनी

उत्तमाधममध्यानां नराणां कर्मसंश्रयम्
हितोपदेशजननं धृतिक्रीडासुखादिकृत् ।११३।
दुःखार्त्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम्
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतद्भविष्यति ।११४।
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्धनम्
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविष्यति ।११५।

भवतापि "तस्मात् सृजापरं वेदं पञ्चमं सार्ववर्णिकम्" इत्यत्रत्य सार्ववर्णिक पदव्याख्याने=अधिकृतानधिकृतानामपि सुकुमाराणां व्युत्पत्तिदायीत्यर्थः। सर्वे वर्णाः प्रयोजनं विनयत्वेन यस्येति विनेयानां सामाजिकानामुपदेशपरत्वं समाहितम्। ४१५।

## बालक्रीड़ा

से, व्यवहार से उन लोगों को उपदेश मिलेगा। वह भी कहीं पर हीं। नर्तक अथवा अर्थपति इत्यादि स्थलों में। अगर परम्परया उपदेश उनको भी दिया जाना माना जा सकता है तब तो बढ़ई, माली, कुम्हार एवं लुहार वगैरह को भी उपदेश देने वाला यह नाट्य है। अतः इस विचार को छोड़िये।

यहाँ आचार्य का आशय यह है कि वे श्रुति, स्मृति, इतिहास, गणित, व्याकरण प्रभृति वैदिक साहित्य एवं लौकिक साहित्य पठन-पाठन के लिए शास्त्र के रूप में स्वीकृत हैं फलतः विद्यालय, महाविद्यालय विश्वविद्यालयों में अध्येता अप्रबुद्ध छात्रवर्ग ही इससे उपदेश्य हैं। प्रबुद्ध (छात्रवर्ग से उर्वरित) सामाजिक उपदेश्य नहीं हैं। क्योंकि शिक्षाशालाओं से सम्बद्ध शास्त्रों के द्वारा उपदेश्य कोटि में वे सामाजिक नहीं आ सकते हैं।

किन्तु हमारा आशय इस विषय में ऐसा है कि "इससे सामाजिक विनेय नहीं हैं" यह असमञ्जस मालूम पड़ता है। और परम्परया भी वह विनेय नहीं माना जा सकता है यह तो और भी गड़बड़ है। क्योंकि विनयी का अर्थ है शिक्षित शिक्षा सम्पन्न। अतः विनय माने शिक्षा। और विनेय का अर्थ है शिक्षा के योग्य। उपदेश के चार अर्थ हैं प्रथम अर्थ है आचार्यों का आद्योच्चारण रूप शिक्षा १ जो पाठशाला, स्कूल या कालेज में दी जाती है। दीक्षा २ मंत्र आदि की। हितकथन रूप शिक्षा ३ जैसे यहाँ पर—

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये। अज्ञातज्ञापन रूप शिक्षा ४ जैसे यहाँ पर—

"उपदिशति कामिनीनां यौवनमद एव ललितानि"

जिनमें आचार्यों का उपदेश आद्योच्चारण स्वरूप शिक्षा सामाजिकों के उपयोग की नहीं है वह तो छात्रवर्ग अध्ययनार्थी बालक वर्ग के उपयोगी है किन्तु दीक्षा, हितकथन, एवं

अभिनवभारती

यथातत्त्वमिति। नात्र क्रमं प्रति भरोऽस्माकम्। नापीयत्तां प्रति। अज्ञा हि वयमत्र प्रष्टारः। अत एवोपेय परत्वेनैव मुख्यतया प्रश्नो यथा बालक आह—'दुःखं मे शमय' इति। तज्ज्ञस्तूपायं प्रश्नयति 'कुतोऽन्नं लभ्यते' इति। तेनोपेयमुखेन प्रवृत्तमिदं शास्त्रमुत्तरदानोपनतवस्त्वन्तरोपेयप्रश्नक्रमेण तदुपेयोपायादिप्रबन्धेन स्थितमिति मन्तव्यम्। तेन यादृशा क्रमेण रूपणयोग्यं तथाऽप्रश्नितमपि यदि किञ्चिदस्ति तदपि

बालक्रीड़ा

अज्ञात-ज्ञापनरूप शिक्षाएँ तो सामाजिक को दी ही जा सकती हैं। इन्हीं अर्थों को मध्येनजर रखकर ही भरत एवं अन्य (अभिनवगुप्ताचार्य) ने लिखा है एवं व्याख्या की है।

उत्तम मध्यम एवं अधम नरों के आश्रित कर्मों एवं हितों का उपदेश देने वाला एवं धैर्य क्रीडा तथा सुखादि को करने वाला यह नाट्य होगा। ११३ १ अ०

दुःख से आर्त्त, श्रम से थके हुए, शोक से आकुल एवं तपस्वियों को समय-समय पर विश्रान्ति देने वाला यह नाट्य होगा। ११४। १ अध्याय

संसार के प्राणियों के धर्म, यश एवं आयु को बढ़ाने वाला, हितकारी, बुद्धिप्रद एवं उपदेष्टा यह नाट्य होगा। १ अ० ११५ श्लो०

"तस्मात् सृजापरं वेदं पंचमं सार्ववर्णिकम्"

इसमें सार्ववर्णिक पद की अभिनवभारती व्याख्या में अधिकारी एवं अनधिकारी सभी सुकुमारों के लिए व्युत्पत्ति देने वाला। यह लिखा है। जैसे सब वर्ण हैं विनेयत्वेन प्रयोजन जिसके। सभी वर्णों को शिक्षा देना इसका प्रयोजन है।

इस तरह सामाजिक विनेय हैं यह आपने भी लिखा है।

यह सब आप तत्त्व के अनुसार करिए। क्योंकि इस विषय में हमारा क्रम के लिए कोई भर लड़ाई अर्थात् आग्रह नहीं है और न इयत्ता के लिए भर है। आप क्रम से बतलाइये और इतना ही बतलाइए कम या बेशी नहीं। ऐसा कोई आग्रह नहीं है। भर शब्द का अर्थ संग्राम लड़ाई भी होता है। "अनुक्रोशन्ति क्षितयो भरेषु" ऋग्वेद ४।३८।५। में मंत्र की व्याख्या में सायणाचार्य ने "भरेषु संग्रामेषु" लिखा है।

अज्ञ हम लोग पूछने वाले हैं। इसलिए बालकों की तरह उपेय प्राप्तव्य वस्तु के विषय में ही हमारा प्रश्न है। बालक जैसे="मेरा दुःख दूर करो कोई भी उपाय करो मेरा दुःख दूर होना चाहिए। इस तरह दुःख दूरीकरण उपेय के लिए ही प्रार्थना करता है। और जानकार तो प्रश्न करता है कि "अन्न कैसे मिले कहाँ से मिलेगा" अर्थात् अन्न मिलने का उपाय क्या है। इसलिए उपेय को लक्ष्य करके प्रवृत्त हुआ यह शास्त्र उत्तर देने में प्राप्त अन्य वस्तु रूप उपेय विषयक प्रश्न के क्रम से उस उपेय एवं उसके उपाय आदि के प्रबन्धक के रूप में स्थित है रचना करने के लिए बनाया गया है ऐसा समझना चाहिए। इसलिए जिस क्रम से निरूपण किया जाना चाहिए उस क्रम से, और अपनी अज्ञता वश हम लोग जिसको नहीं पूछ सके ऐसा भी जो हो उसको भी स्वयमेव कहा

तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः ।
प्रत्युवाच ततो वाक्यं नाट्यवेदकथां प्रति ॥६॥
भवद्भिः शुचिभिर्भूत्वा तथाऽवहितमानसैः ।
श्रूयतां नाट्यवेदस्य सम्भवो ब्रह्मनिर्मितः ॥७॥

अभिनवभारती

स्वयमेव निरूपयेति । तत्त्वानतिक्रमेण तत्त्वयोग्यं तत्त्वं च निरूपणीयम् । एतदिति । लक्षणपरीक्षापर्यन्तमेतत् । ।४।५।

यदि व एवं पप्रच्छुः भरतमुनिः किमकार्षीदित्याह– तेषामिति । तुरवधारणे । श्रुत्वैव न तु विलम्ब्येति । पौर्वकाल्यमात्रे क्त्वाल्यपोर्विधानात् । तत इति । यतः स तत्त्वविन्मुनिः ते च तदुपदेशयोग्याः तस्माद्धेतोः । कथाग्रहणं यथातत्त्वमित्येतस्यै-वार्थं स्फुटीकरोति ।

यत्तु प्रयोगप्रश्ने प्रत्यक्षेण प्रयोगप्रकटनमुत्तरं स्यादित्याशङ्कां परिहर्तुं कथाग्रहण-मिति तत्त्वसत् । वक्तुमर्हसीत्युक्ते तस्याः कोऽवसरः । एवं भरतमुनिः परवदात्मानं

बालक्रीडा

करके कहिए । शास्त्रीय तत्त्व का अतिक्रम किए बिना, जो तत्त्व के योग्य हो और जो तत्त्व हो उसका निरूपण होना चाहिए । एतत् अर्थात् वस्तु का लक्षण फिर उस लक्षण की परीक्षा अव्याप्ति, अतिव्याप्ति एवं असंभव रूप दोषत्रय शून्यता-विषयक गवेषणा वहाँ तक निरूपण करिए । ४।५।

उन मुनियों के वचन को सुनकर नाट्यवेद की उत्पत्ति की कथा के विषय में भरत मुनि बोले ।६।

आप लोग पवित्र एवं सावधान होकर ब्रह्मनिर्मित नाट्यवेद की उत्पत्ति को सुनें ।७।

उन लोगों ने जब ऐसा पूछा तब भरतमुनि ने क्या किया, इसको कहते हैं—उनके प्रश्न को सुनते ही न कि विलम्ब करके । यहाँ 'तु' का अर्थ निश्चय है । क्त्वा और उसके स्थान में होने वाले ल्यप् का अर्थ पूर्वकाल है । इसलिए कि वह मुनि तत्त्ववित् है और वे उस तत्त्व के विषयके उपदेश के योग्य हैं वह ततः का भाव है । "नाट्यवेद कथां प्रति" वाक्य में कथा पद का विन्यास ५म श्लोक के यथातत्त्व पद के अर्थ को ही स्फुट करता है ।

जो कहते हैं कि "प्रयोग के विषय में प्रश्न है अतः प्रत्यक्ष रूप से प्रयोग को दिखाना ही उत्तर होना चाहिए" इस आशंका का परिहार करने के लिए "कथा" पद का ग्रहण किया है । वह सब असत् है । क्यों कि "कहना चाहिए" जब ऐसा कहते हैं इसीसे "कथा" अर्थात् कहना प्राप्त हो जाता है तब ऐसी आशंका के लिए कौन अवसर है । इस तरह भरत मुनि ने अपने आप को दूसरा बनाकर अर्थात् कथोपकथन की कल्पना करके

## अभिनवभारती

प्रकल्प्येयन्तं ग्रन्थमभिहितवान्। अन्ये त्वियन्तं ग्रन्थं कश्चिच्छिष्यो व्यरीरचत्। तत्र ब्रह्मणेति भरतमुनिः प्रथमश्लोके निर्दिष्टः। कथं ब्रह्मन्नुत्पन्न इत्येतदेवमेकवाक्यत्वेन निर्वहति। तदनन्तरन्तु भवद्भिः शुचिभिरित्यादिर्भरतमुनिरचितो ग्रन्थः। मध्येऽत्र षट्त्रिंशदध्याय्यां यानि प्रश्नप्रतिवचनयोजनवचनानि तानि तच्छिष्यवचनान्येवेत्याहुः।

तच्चासत्। एकस्य ग्रन्थस्यानेकवक्तृवचनसन्दर्भमयत्वे प्रमाणाभावात्। स्वपरव्यवहारेण पूर्वपक्षोत्तरपक्षादीनां श्रुतिस्मृतिव्याकरणतर्कादिशास्त्रेष्वेकविरचितेष्वपि दर्शनात्।

एतेन सदाशिवब्रह्मभरतमतत्रयविवेचनेन ब्रह्ममतसारताप्रतिपादनाय मतत्रयीसारासारविवेचनं तद्ग्रन्थखण्डप्रक्षेपेण विहितमिदं शास्त्रम्। न तु मुनिविरचितमिति यदाहुर्नास्तिकधुर्यौपाध्यायास्तत्प्रत्युक्तम्। सर्वानपह्नवनीयाबाधितशब्दलोकप्रसिद्धिविरोधाच्च।

## बालक्रीड़ा

इतना "समाप्तजप्यं से आरम्भ करके "प्रत्युवाच ततो वाक्यं नाट्यवेद कथां प्रति" यहाँ तक का ग्रन्थ कहा।

और लोग तो कहते हैं कि इतना ग्रन्थ किसी शिष्य का बनाया हुआ है। क्योंकि प्रथम श्लोक में जो भरत मुनि "ब्रह्मणा" पद के वक्ता के रूप में निर्दिष्ट हैं। फिर वही मुनि "हे ब्रह्मन्' नाट्यवेद कैसे उत्पन्न हुआ" यहां ब्रह्मन् पद से सम्बोध्य कैसे हो सकता है अतः इन दोनों की एक वाक्यता का निर्वाह नहीं होता है। हां (भवद्भिः शुचिभिः) आप लोग पवित्र होकर इत्यादि ग्रन्थ भरतमुनि का बनाया हुआ है। अतः इन ३६ या, ३७ अध्यायों के बीच २ में जो भी कोई प्रश्न और प्रत्युत्तर की योजनावाहो वाक्य हैं वे उनके शिष्य के वाक्य हैं।

वह कथन समीचीन नहीं है। क्यों कि एक ग्रन्थ अनेक वक्ताओं के वचनों की रचना होने में कोई प्रमाण नहीं है। कोई निश्चायक नहीं है। एक ही आचार्य के निर्मित श्रुति, स्मृति, व्याकरण एवं तर्कादि शास्त्रों में स्व पर व्यवहार की कल्पना करके पूर्व पक्ष एवं उत्तर पक्षादि का निरूपण देखा गया है।

इससे सदाशिव, ब्रह्मा, एवं भरतमुनि इन तीनों के मतों का विवेचन करके ब्रह्मा के मत का प्रतिपादन करने के लिए मत त्रयी सारासार विवेचन रूप इतने ग्रन्थांश का बीच में प्रक्षेप करके इस शास्त्र को बनाया।

किन्तु यह मुनिका बनाया हुआ नहीं है ऐसा जो नास्तिकों के धुरन्धर उपाध्यायों ने कहा उस सब का प्रत्युत्तर हो गया। जो सबके द्वारा छिपायी नहीं जा सकती है और जिसके विषय में अबाधित नाट्यशास्त्र भरत का बनाया हुआ है। इस तरह बिना

## अभिनवभारती

अत्र केचिदाहुः—प्रश्नपञ्चकमत्रैवाध्याये वा निर्णीयते। उद्देशस्थित्या तद्विभागलक्षणपरीक्षापराणि चाध्यायान्तराणीति। अन्ये त्वाहुः पञ्चभिरध्यायैः पूर्वरङ्गविधानपर्यन्तैः प्रश्नद्वयं निर्णीतम्। सामान्याभिनयचित्राभिनयान्तैः शिष्टैस्तु प्रश्नत्रयमिति।

वयं तु ब्रूमः—नात्र क्रमः कश्चित्। अपि तु यथावसरं महावाक्यात्मना षट्सहस्रीरूपेण प्रधानतया प्रश्नपञ्चकनिरूपणपरेण शास्त्रेण तत्त्वं निर्णीयते। न तु क्रमः कश्चित्। एतच्च ग्रन्थव्याख्यानप्रसङ्ग एव स्फुटीकरिष्यामः ॥६॥

तत्र 'कथं कस्य वा' इत्यमुमर्थं निर्णिनीषुराह—भवद्भिरित्यादि। घटादीनामुत्पत्तिर्व्यवहारसिद्धैव कुलालादिभिरनुगम्यत इति घटः क्रियत इति युक्तम्। नत्वेवं नाट्यस्य। तस्य तूत्पत्तिरेव विरिञ्चोपज्ञतया स्थितेति सम्भवो ब्रह्मनिर्मित इत्युक्तम्। केचिदत्रानादित्वं वेदवन्नाट्यस्याचक्षाणाः उत्पत्त्यादिशब्दान् स्मरणाभिव्यञ्जनादावुपचरन्ति ॥७॥

## बालक्रीड़ा

रुकावट के लोक प्रसिद्धि है उसका विरोध भी होगा। यदि बीच में उतने ग्रन्थांश को किसी के द्वारा प्रक्षेप किया हुआ मानेंगे तो।

यहां पर कोई कहते हैं कि पांचों प्रश्नों का इसी प्रथम अध्याय में निर्णय करते हैं। और अन्य अध्यायों में उद्देश (वस्तुओं के केवल नाम संकीर्तन) के अनुसार उन वस्तुओं के विभाग, लक्षण एवं परीक्षा की गई है। दूसरे तो कहते हैं कि पञ्च अध्यायों से पूर्वरंग विधान पर्यन्त दो प्रश्नों का निर्णय किया है। सामान्य अभिनय एवं विशेष (चित्र) अभिनय निरूपणान्त अवशिष्ट अध्यायों से तीन प्रश्नों का निर्णय किया है।

हम तो कहते हैं कि यहाँ कोई क्रम नहीं है। अपि तु यथावसर प्रधान तौर से पाँचों प्रश्नों के निरूपण में तत्पर षट् सहस्रीरूप महावाक्य यह शास्त्र, तत्त्व का निर्णय करता है। किसी क्रम का निरूपण नहीं करता है। इस बात को ग्रन्थ की व्याख्या के प्रसंग में स्पष्ट करेंगे।६।

उन में "कैसे और किसके लिए" इस अर्थ के निर्णय करने की इच्छा से कहते हैं। "आप लोग" इत्यादि। घटादि की व्यवहार से प्रसिद्ध ही उत्पत्ति का अनुगमन कुम्हार लोग करते हैं जैसा पहले से होता आया है इस लिए घट को करते हैं यह कहना युक्त है। किन्तु नाट्य के विषय में ऐसी स्थिति नहीं है। नाट्य की तो उत्पत्ति ही पहिले पहिल विरिञ्चि ने की है। इस लिए कहा कि यह उत्पत्ति ब्रह्मकर्तृक है। ब्रह्मा जी ने वेदों का मन्थन करके नाट्य शास्त्र का निर्माण किया है। कोई लोग ऋगादि वेदों की तरह नाट्य वेद को भी अनादि कहते हैं और उत्पत्ति प्रभृति शब्दों का स्मरण अभिव्यञ्जन आदि में उपचार करते हैं गौणी लक्षणा से प्रयोग करते हैं।७।

पूर्वं कृतयुगे विप्रा ? वृत्ते स्वायम्भुवेऽन्तरे ।
त्रेतायुगेऽथ सम्प्राप्ते मनोर्वैवस्वतस्य तु ॥८॥
ग्राम्यधर्मे प्रवृत्ते तु कामलोभवशं गते ।
ईर्ष्याक्रोधादि संमूढे लोके सुखितदुःखिते ॥९॥

## अभिनवभारती

तत्र सम्भूतेः कारणमुखेनाभिधाने कर्तव्ये कालस्य सर्वत्र पूर्वकारणत्वादुचितकालपरिग्रहेण तद्विधाधिकारिविषयतां दर्शयितुमाह—पूर्वमित्यादिना श्लोकपञ्चकेन। अस्मिन्नवसरे पितामहाय देवैरिदमुक्तम् इति महावाक्यस्य सङ्गतिः—कस्मिन्नवसरे; पूर्वमिति। नास्मिन्नेव कल्पेऽपि तु पूर्वकल्पेष्वपीत्यर्थः। मन्वन्तराणि चतुर्दश तावत्कल्पो यत्तद्ब्राह्मं दिनम्। तत्र स्वायम्भुवं नाम यत्कल्पस्य प्रथमं मन्वन्तरम्। वैवस्वतमन्वन्तरन्तु सप्तमम्, यत्राद्य वर्तामहे। तत्र सर्वेष्वेव मन्वन्तरेषु त्रेतावसरे ब्रह्मणा नाट्यवेदः प्रवर्तितः। कृतयुगे तु नेति तात्पर्यम्। योजना तु स्वायम्भुवे

## बालक्रीड़ा

(मू०) हे ब्राह्मणो ? पहले स्वायम्भुव मन्वन्तर में कृतयुग के बीतने के बाद त्रेतायुग आने पर और आज सप्तम वैवस्वत मन्वन्तर में कृतयुग के बाद त्रेतायुग आने पर भी।

(लोचन) यहाँ पूर्ववत् (पहले) अथ (और) एवं तु (भी) शब्दों का स्वारस्य ऐसा है कि जिससे अर्थ की स्पष्टता हो जाती है।

आरम्भ के मनु और अन्त के मनु का नाम ग्रहण करने से बीच के सभी मनुओं का का संग्रह अर्थात् सिद्ध हो जाता है। कहने का सारांश कि प्रत्येक मन्वन्तर के त्रेतायुग में यह नाट्य वेद बना।

और यहाँ के विषय में जो कुछ कहना है वह सब प्रथम भूमिका में दे चुके हैं उसे पाठक देखें।८

(मू०) जब संसार, ग्राम्य धर्म में रत हो गया, और काम, क्रोध, लोभ एवं मोह के फन्दे में पड़कर ईर्ष्या असूया से विवेक रहित होने से सुख, दुःख, भय अवस्थाओं का अनुभव

किसी भी वस्तु की सम्भूति याने उत्पत्ति का कोई कारण होता है अतः मूल में आरम्भ में कारण को कहना आवश्यक है। और जितने भी कार्य हैं उन सब का जनक काल है (जन्यानां जनकः कालः) अतः सभी काल की परिधि में आ जाते हैं (सर्वं कालकृतं मन्ये) फलतः कालको सब जगह पूर्व कारण समझकर उत्पत्ति के उचित काल का निर्देश करके नाट्य के (विध) अनुकूल अधिकारी को दिखाने के लिए कहते हैं। "पूर्व" इत्यादि पाँच श्लोकों के द्वारा। "इस अवसर में देवताओं ने पितामह को यह कहा" इस महावाक्य की संगति "किस अवसर में" इस प्रश्न से होती है अतः कहते हैं कि इसी कल्प में नहीं किन्तु पूर्व कल्प में भी। चौदह मन्वन्तरों का जो एक कल्प होता है वह ब्रह्मा का एक दिन होता है। उनमें स्वायम्भुव कल्प का प्रथम मन्वन्तर है। वैवस्वत मन्वन्तर तो सातवाँ है।

## अभिनवभारती

आद्ये मन्वन्तरे यत्कृतयुगं तस्मिन् वृत्ते सति यत्त्रेतायुगं तस्मिन् सम्यक्सन्ध्यतिक्रमेण स्फुटतरं प्रवृत्ते। न केवलं तत्रैव मन्वन्तरे। तु शब्दो यावच्छब्दार्थे। यावद्वैवस्वतस्य मनोरन्तरे समये यत्त्रेतायुगं तस्मिन्प्रवृत्तेऽपि। तेनाद्यन्तनिरूपणेन सर्वेषां मध्यममन्वन्तराणां संग्रहः। तेन सर्वेषु त्रेतायुगेषु नाट्यप्रवृत्तिरित्युक्तं भवति।

अस्मिन्नवसरे किमसावुक्तः। आह—जम्बूद्वीपे कर्मभूमिस्थाने यो लोकः सुखितो दुःखितश्च तद्विषयं क्रीडनीयकं क्रीड्यते चित्तं विक्षिप्यते विह्रियते येन तदिच्छामः। करणे कृत्यो बाहुलकात्। चित्तं च इतोऽमुतश्च नीयमानं मार्गेऽपि नियोज्यते। यदि वा क्रीडनाय हितं क्रीडनीयकम्। उभयत्राज्ञातार्थे कः। इदमस्माकं गुडप्रच्छन्नकटुकौषधकल्पं चित्तविक्षेपमात्रफलमिति यन्न ज्ञायते। तच्च क्रीडनीयकं सुखितदुःखित एव भवति। न ह्येकान्तसुखिते काले देशे वा क्रीडया किञ्चित्। नाप्येकान्तदुःखिते। तेन कृतयुगे कलिप्रान्ते वा इलावृतादिनिवासिनि जने नारके वा न क्रीडोपपत्तिः। उत्तरपदार्थप्रधानस्तत्पुरुषः दुःखस्य बाहुल्यमाह।

## बालक्रीडा

जिसमें आज हमलोग हैं। उन सब मन्वन्तरों में त्रेतायुग में ब्रह्मा जी ने नाट्यवेद का प्रसार किया। इसका तो तात्पर्य हुआ कि कृत युग में नहीं हुआ।

अक्षर योजना यहाँ ऐसी है। पहिले स्वायम्भुव मन्वन्तर में जो कृतयुग था वह जब बीत गया तब जो त्रेतायुग आया। उसके भी सन्धियों के अच्छी तरह बीतजाने से स्पष्टतर होने पर। यह बात नहीं है कि केवल इसी मन्वन्तर में। यहाँ तु शब्द यावच्छब्द के अर्थ में प्रयुक्त है। जब तक वैवस्वत मनु के अन्तर समय में जो त्रेता युग है उसके भी प्रवृत्त होने पर। इस प्रकार आरम्भ के और अन्त के मन्वन्तरों के निरूपण करने से मध्यम काल के मन्वन्तरों का भी संग्रह हो गया। इसलिए सभी त्रेतायुगों में (यथापूर्वमकल्पयत्) नाट्यवेद की प्रवृत्ति हुई यह सिद्ध हुआ।

इस अवसर में उसको क्यों कहा। बतलाते हैं—जम्बूद्वीप कर्मभूमि स्थान में जो लोग सुखी एवं दुःखी हैं उनके लिए खेल करना चाहते हैं। जिससे क्रीडा हमारे चित्त का विक्षेप मनका बहलाव हो उसे हम चाहते हैं।

करण अर्थ में "कृत्यल्युटो बहुलम्" से क्रीड धातु से अनीयर कृत्य प्रत्यय हो गया। इधर उधर जानेवाले चित्त को क्रीडा के द्वारा मार्ग में नियोजन किया जा सकता है। अथवा क्रीडन के लिए हितकारी क्रीडनीय बना। इन दोनों तरह से बने हुए क्रीडनीय शब्द से अज्ञातार्थ में क प्रत्यय हो गया। यह हमारे लिए गुड से छिपी हुई अर्थात् मीठी बनी हुई कड़वी औषधि के समान केवल मन बहलाव रूप फल देने वाला खेल है। जिसको हम जान नहीं पाते हैं।

वह क्रीडनीयक, सुख दुःख मय समय में ही होता है। एकान्त सुखमय काल या देश में क्रीडा से कोई फल नहीं है। और न एकान्त दुःख मय काल में वह अच्छी मालूम पड़ती

देवदानवगन्धर्वयक्षरक्षोमहोरगैः ।
जम्बूद्वीपे समाक्रान्ते लोकपाल प्रतिष्ठिते ॥१०॥
महेन्द्रप्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः ।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत् ॥११॥

अभिनवभारती

कथं ज्ञायते सुखितदुःखितो लोक इति । यत ईर्ष्याक्रोधादिभिः संमूढोऽधिवासितहृदयः । आदिग्रहणादनुरागतृष्णादिभिः । तत्र क्रमेण कारणमाह कामवशगतत्वादीर्ष्यादयो, राज्यलोभादिना क्रोधादयः । किमित्यधिकौ कामलोभौ । यतः सुखितदुःखितत्वस्य कारणं कामादीनां हेतुः ग्राम्यधर्मप्रवृत्तत्वम् । ग्राम्योऽश्रुतशास्त्रार्थजनाकीर्णदेशोचितो धर्मः स्वधर्माननुपालनलक्षणः । तद्विषये यतोऽसौ लोकः प्रवृत्तः ॥८॥९॥

नन्वेवं सत्यधर्मबाहुल्यात् सुखमेषां कुत इत्याह—देवैः श्रीमद्विजयाविमुक्तादिरुद्रावतारैः तथा राजसतामसहृदय-जनकल्प्यमानसपर्यैर्दानवादिभिराक्रान्ते

बालक्रीडा

है। इस वास्ते कृतयुग में एकान्त सुख के समय में या कलियुग के अन्त में एकान्त दुःख के समय में या इलावृतादि देशों के निवासियों में या नरक में पड़े हुए जीवों में क्रीडा की उपपत्ति नहीं होती है।

(मू०) कर रहा था। था तथा जम्बूद्वीप; देव, दानव, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, एवं शेष तक्षक, वासुकि अनन्तादि महासर्पों से समाक्रान्त था, लोकपाल अपने-अपने पदों पर प्रतिष्ठित थे उस समय महेन्द्र प्रमुख देवों ने दादा ब्रह्मा जी से कहा कि हम लोग ऐसा खेल चाहते हैं जो दृश्य अर्थात् हृदयस्पर्शी और श्रव्य अर्थात् व्युत्पत्तिप्रद हो।९।१०।११

लोके सुखितदुःखिते इस पद में सुखितश्चासौ दुःखितश्च इस कर्मधारय तत्पुरुष में उत्तर (दुःखित) पद के अर्थ की प्रधानता है अतः दुःख का बाहुल्य मालूम होता है। कैसे आप जानते हैं कि लोक सुखित एवं दुःखित है। जैसे कि यह लोक ईर्ष्या एवं क्रोध से संमूढ़ है उनका हृदय ईर्ष्यादि से अधिवासित है। आदि पद से अनुराग एवं तृष्णादि का ग्रहण करना। उनमें क्रम से कारणों को कहते हैं।

काम के वश में होने से ईर्ष्यादि होते हैं। राज्यलोभादि से क्रोधादि होते हैं। ये काम और क्रोध इतने अधिक क्यों हैं। क्योंकि सुख और दुःख का कारण कामादि हैं उनका भी हेतु ग्राम्यधर्म में प्रवृत्ति है। शास्त्र के अर्थ को नहीं जानने वाले लोग जहाँ बसे हों उस देश के योग्य धर्म का नाम ग्राम्य धर्म है याने जहाँ अपने २ धर्म का अनुपालन नहीं करते हैं। उसी ग्राम्यधर्म में यह लोक प्रवृत्त है।९।

शंका होती है कि जब इस प्रकार लोगों में ग्राम्य धर्म में प्रवृत्ति के कारण अधर्म का बाहुल्य ही है तब इन लोगों को सुखित कैसे कहा। क्यों कि सुख इनको कहाँ से प्राप्त

## अभिनवभारती

जम्बूद्वीपे। देवादिभिराक्रान्ते स्ववशीक्रियमाणे। नन्वेवं सत्स्वपि विशुद्धव्यामिश्र-धर्मसाधनेषु कथं धर्मः। तेषां तत्राप्रवर्तमानत्वात्। सत्यम्। किन्तु लोकपालैः लोकपालांशसंविभागसमुत्पादितैः नरपतिभिः। प्रतिष्ठिते स्वधर्मसाधनं प्रति नियोजिते लोके। दृश्यं श्रव्यं चेति। द्रष्टुं श्रोतुं चार्हम्। न धर्मसाधनम्। शक्यं च। न तु दुर्भगं परुषप्रायम्। लोक इत्येकवचनेन सर्वसाधारणतयैव यद्योग्यं तत्र स्पृश्यादिरूपं न भवति। दृश्यश्रव्ययोस्तु बहुतरसाधारण्योपपत्तिः। असाधारणे चेर्ष्याक्रोधादय एव प्रवर्तन्ते।

एतदुक्तं भवति—कृतयुगे सत्वप्रधाने स्वधर्ममात्रनिष्ठो लोको न सुखदुःखे प्रति हेयोपादेयधिया प्रयस्यति। त्रेतायान्तु राजसत्वाद्दुःखं जिहासति। सुखं च प्रेप्सति।

## बालक्रीड़ा

होगा। इस पर उत्तर देते हैं कि श्रीमान् विजय अविमुक्त आदि रुद्र के अवतार देवों से तथा राजस तामस हृदयों वाले जनों से जिनकी सपर्या पूजा की जाती है उन दानवों से आक्रान्त घिरे हुए और देव, गन्धर्व, यक्षों से भी अपने अधीन किये गये जम्बूद्वीप में।

इस तरह भी विशुद्ध और व्यामिश्र संकीर्ण धर्म के साधनों में लगे हुये मनुष्यों में धर्म कैसे रहेगा। क्योंकि उनकी उसमें प्रवृत्ति ही नहीं हो सकती है। ठीक है सच है। किन्तु लोकपाल अर्थात् लोकपालों के संविभक्त अंशों से पैदा किये गये नरपतियों से—जो अपने २ धर्मों के पालन में लोगों को लगाये रहते हैं—प्रतिष्ठित जम्बूद्वीप में। देखने के योग्य और सुनने के योग्य ही नहीं किन्तु धर्म साधन होने के भी शक्य है। केवल धर्म साधन होने योग्य नहीं है और अमंगल एवं परुष प्रायः तो नहीं ही है।

लोक यह एक वचन यह बतलाता है कि सर्वसाधारण के योग्य जो वस्तु हो जाती है वह स्पृश्य (छूने लायक) चोष्य लेह्य नहीं हो सकती है। क्योंकि छूने २ पीने २ चाटने २ में ही वह नष्ट ही हो जायगी। हाँ दृश्य एवं श्रोतव्य तो बहुतर जन साधारण हो सकती है। असाधारण होने से किसी खास व्यक्ति की होने से किसी के छूने पर ईर्ष्या क्रोध आदि होने लग सकते हैं।

देखने और सुनने के योग्य है। धर्म का साधन नहीं है। देखने एवं सुनने की वस्तु लोकव्यावहार के उपयोगी होने से अलौकिकधर्म का साधन नहीं बन सकती है। और जो वस्तु दुर्भग अमंगल है वह दृश्य नहीं हो सकती है और जो शब्द परुष है कान के लिए उद्वेजक है वह श्रव्य नहीं हो सकता है। अतः दुर्भग एवं परुष प्राय (बहुल) दृश्य एवं श्रव्य नहीं होना चाहिए। अमंगल वस्तु को कोई भी देखना नहीं चाहेगा। परुषशब्द को कोई सुनना नहीं चाहेगा।

रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुकीभवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः।

इससे यह कहा गया है कि कृतयुग में सत्त्व गुण प्रधान है। उसमें लोग अपने-अपने धर्म में तत्पर निष्ठ रहते हैं अतः सुख को उपादेय समझकर प्राप्त करने का प्रयास नहीं

## अभिनवभारती

रजसश्चलत्वात्। तदाऽसौ शास्त्रीयेषु राजनियन्त्रणया प्रवर्तते। तत्र च तादृगुपायो निरूप्यो येन स्वयमेषां भवति प्रवृत्तिः। तच्च नाट्यमेवेति।

चकारेणेदमाह-तादृशा केनचिदुपायेन सम्बन्ध स्तु कृतः येन भिन्नेन्द्रियग्राह्ये अपि दृश्यश्रव्ये एकानुसन्धानविषयत्वं न विजहीत इति सामान्याभिनय कालप्राणत्वं प्रयोगस्य सूचितम्। दृश्यमिति हृद्यं श्रव्यमिति व्युत्पत्तिप्रदमिति प्रीतिव्युत्पत्तिदमित्यर्थ इति।

नन्विन्द्रादीनां क एतावता स्वार्थः आह। लोकपालप्रतिष्ठिते जम्बूद्वीपे गता ये लोकाः ते हि स्वधर्मावस्थिता इत्यादिना नाकमाप्याययन्ति। अत एवेच्छाम इति सर्वेषामैकमत्यमाह। अतोऽन्योन्योपकारवृत्त्या च दैवमानुषसर्गौ निरूपितौ विन्ध्यवासिप्रभृतिभिः।

## बालक्रीड़ा

करते हैं और न दुःख को हेय समझकर दूर करने का प्रयास करते हैं। त्रेतायुग में तो रजोगुण के प्रधान होने से दुःख को छोड़ने की इच्छा से प्रयास करते हैं। और सुख को प्राप्त करना चाहते हैं। क्योंकि रजोगुण चंचल है। उस युग में लोग राजा के डर से शास्त्रीय शास्त्र विहित कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। इसलिए ऐसा उपाय करना चाहिए जिससे इन लोगों की अपने आप वैदिक कर्मों में प्रवृत्ति होवे। वह उपाय नाट्य ही है।

दृश्यं श्रव्यं च में चकार से ग्रन्थकार यह कहते हैं कि ऐसा कोई उपाय इन दृश्य एवं श्रव्यों में लगाया जाय जिससे भिन्न इन्द्रियों से ग्राह्य होने पर भी इनकी एकानुसन्धान विषयता न हट जाय। चक्षु एवं श्रोत्र दो इन्द्रियों से ग्राह्य दो विषय होने पर भी एक ज्ञानजन्य एकाग्रता विच्छिन्न नहीं होवे। जनता अभिनेता की चेष्टाओं को देखती है और उनके शब्दों को उसी समय सुनती है रसास्वादन करती है। इससे यह सूचित होता है दृश्य एवं श्रव्य अभिनयों का काल एक है समान है (सामान्ययुक्त है) जो कि प्रयोग का प्राण है जीवन है। दृश्य का अभिप्राय हृद्य है और श्रव्य का आशय व्युत्पत्तिप्रद है अर्थात् प्रीति एवं व्युत्पत्ति को देने वाला है। इस नाट्य से इन्द्रादि का कौन स्वार्थ है। इस पर कहते हैं कि लोकपालों से सुव्यवस्थित जम्बूद्वीप में जो लोग रहते हैं वे यदि अपने धर्म में अवस्थित रहेंगे तो स्वर्ग को यज्ञ याग के द्वारा आप्यायित (पुष्ट) करेंगे। इसीलिए कहा कि हम चाहते हैं इससे उन सब का ऐकमत्य कहा है। इसलिए विन्ध्यवासी वगैरह ने देव एवं मानुष सर्ग (सृष्टि) का एक दूसरे के उपकार करने की वृत्ति से निरूपण किया। देव जगत्, मानुष लोक का और मानव जगत्, देव लोक का उपकारक है। गीता में भी इसको कहा है।

सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्ट कामधुक्।

यज्ञ एवं प्रजाओं की साथ-साथ सृष्टि करके प्रजापति ने कहा कि इन यज्ञों के अनु-

## अभिनवभारती

अन्ये तु स्वप्रयोजनमेव क्रीडा महेन्द्रादीनामित्याहुः। त्रेतायुगे प्रवृत्ते एवम्भूते च लोक इत्यनेनेदमुक्तं भवति—स्वर्गेऽपि हि तदा तदा मानुष गतराजसधर्माभिसम्बन्धचित्रितयागादियोगसरजसीकृतहृदयत्वाद्देवा अपि क्रीडनीयकमभिलेषुरिति। १०।११।

एवं शास्त्राधिकृतोऽपि जनः नाट्येन सुखं विनीयत इति प्रयोजनप्रयोजनमुक्त्वा प्रयोजनान्तरमप्याह—न वेदव्यवहार इत्यादिना। कृतयुगे सत्वोत्कर्षबलादेव सर्वः स्वधर्ममनुपालयति। अद्यत्वे तु राजसत्वात् शूद्रप्रकाराः करणाविजावीयाः सर्वेऽखर्वगर्वाक्रान्ता वर्णत्रयानुवृत्तिं न विदधते। शास्त्रं भवद्भ्य एवमादिशतीति च ते वचनमात्रेण नाद्रियन्ते। न च ते वेदशास्त्रोपदेशयोग्याः। अत एवमाह सम्यगिह स्थाने। श्रुत्वा भवतामेवदुपदिष्टमिति न श्राव्याः।

## बालक्रीड़ा

ध्यान से सन्तान आदि काम्य फलों को पैदा करो। क्योंकि यह यज्ञ आप लोगों के इष्ट को सिद्ध करने वाला है।

देवान् भावयतानेन ते देवा भावयन्तु वः
परस्परं भावयन्तः श्रेयः परमवाप्स्यथ।

इस यज्ञ से देवताओं की भावना आप करो। वे देवता आप लोगों की भावना करें। इस तरह परस्पर भावना करते हुए उत्तम श्रेय को प्राप्त करो। कालिदास ने इसको इस तरह से कहा है—

वार्षिकं संजहारेन्द्रो रघुर्जैत्रं धनुर्दधौ
प्रजार्थं साधने तौ हि पर्यायोद्यमविश्रमौ।

इन्द्र ने वार्षिक धनुष का संहार किया और रघु ने जय के लिए धनुष का धारण किया। इस तरह प्रजा के हित के साधन में दोनों पारी-पारी से उद्योग एवं विश्रम करते हैं। कहीं-कहीं पर पर्यायोद्यतकार्मुकौ पाठ है। तदनुसार पारी-पारी से धनुष को वे दोनों उठाते हैं। अर्थ है।

दूसरे लोग तो कहते हैं कि क्रीडा महेन्द्रादि का अपना ही प्रयोजन है। क्योंकि त्रेतायुग के शुरू होने पर मर्त्यलोक ऐसा हो गया इसका आशय यह है कि स्वर्ग में भी जब देवता मनुष्योचित रजोगुण के धर्मों के सम्बन्ध से किए गए चित्र योगों के योग से रजोगुणी हो जाते हैं तब वे भी क्रीडनीयक को चाहते हैं। १०।११।

"इस प्रकार शास्त्र के अधिकारी जन नाट्य के द्वारा शिक्षित किए जाते हैं" इस प्रयोजन के प्रयोजन को कह कर दूसरे प्रयोजनों को कहते हैं—"न वेद व्यवहार" इत्यादि से। कृतयुग में सत्त्वगुण के उत्कर्ष से सभी लोग अपने-अपने धर्म का अनुपालन करते हैं। आजकल त्रेतायुग में तो जनता के राजस होने से (शूद्रप्रकार) शूद्रों के भेद करण नामक ("शूद्राविशोस्तु करणः" अमर कोष। करणं साधने क्लीबे, पुंसि शूद्राविशोः सुते कायस्थे।) (विश्व एवं मेदिनी कोष। जो वैश्य से शूद्रा में दो वर्णों के सांकर्य से पैदा होते हैं उस)

न वेदव्यवहारोऽयं संश्राव्यः शूद्रजातिषु ।
तस्मात्सृजापरं वेदं पञ्चमं सार्ववर्णिकम् ॥१२॥

अभिनवभारती

सार्ववर्णिकमिति । अधिकृतानामनधिकृतानामपि सुकुमाराणां व्युत्पत्तिदायीत्यर्थः । सर्वे वर्णाः प्रयोजनं विनेयत्वेन यस्येत्यनेन पूर्वोक्तस्याधुनोक्तस्य च समस्तस्योपसंहारः ।

अन्ये तु पौनरुक्त्यं परिहर्तुमाहुः—'सर्वेषां वर्णानां सरससुकुमारेण नयेन स्वकर्तव्यनिरूपणं यत्र काव्ये तस्मिन् भवं तदाश्रितम् । येन सर्वो जनः सरससुकुमारानुरञ्ज्यदाशयः तदुपभोगनान्तरीयकतयैव कार्याकार्यज्ञानमप्युपयुङ्क्ते क्षीरमध्वावस्थितौषधोपयोगवत् । तेनाधिकृतानामनधिकृतानामपि सुकुमाराणां व्युत्पत्तिदायि नाट्यम् । अश्रुतशास्त्राणामपि संवादादविचलकार्याकार्यविवेकसिद्धिरिति । ॥१२॥

बालक्रीडा

वर्णसंकर कायस्थ जाति के सभी लोग अथवं गर्व पूर्ण अहंकार से आक्रान्त उन्मत्त हुए वर्णत्रय की अनुवृत्ति नहीं करते हैं। तीनों वर्णों की सेवा करना अपने कर्त्तव्य का अनुपालन नहीं करते हैं । धर्म शास्त्र आप लोगों के लिए ऐसा आदेश देता है इसको वे केवल कहने से नहीं आदर करते हैं । अतः उनको वेदशास्त्र का उपदेश देना उचित नहीं है । इसीलिए "संश्राव्यः" पद में सम् उपसर्ग कहा है । सम् माने सम्यक् । यह यहाँ उचित स्थान में प्रयुक्त हुआ है । श्रुति ने आप लोगों के लिए यह उपदेश दिया है ऐसा नहीं सुनाना चाहिए ।

(मू०) यद्यपि वेद भी मनोरम एवं व्युत्पत्तिप्रद है तथापि यह व्यवहार है शिष्टाचार है कि वेद शूद्र जाति के लिए पढ़ने लायक नहीं है अतः पाचवाँ ऐसा वेद बनाइये जो सभी वर्णों के उपयोग का हो ।१२

सार्ववर्णिक नाट्यशास्त्र है । अर्थात् अधिकारी काव्य कर्त्ता एवं नाट्यकर्त्ता भरत लोग एवं अनधिकारी अपने-अपने गार्हस्थ्य जीवन में लगे हुए प्रौढ़ लोग सभी सुकुमारों को व्युत्पत्ति देने वाला है । सभी वर्ण "विनये हों" यह प्रयोजन जिसका इस अर्थ में "प्रयोजनम्" इस सूत्र से ठञ् प्रत्यय हुआ है । इस से पूर्वोक्त प्रयोजन के प्रयोजन, एवं अधुनोक्त समस्त प्रयोजनान्तरों का उपसंहार ग्रहण हो गया ।

और लोग तो पुनरुक्ति के परिहार के लिए कहते हैं कि सभी सरस एवं सुकुमार तरीके से अपने कर्तव्य का निरूपण जिस काव्य में हो उसमें होने वाला याने उसके आश्रित । जिसके जरिये सभी मनुष्य जिनका आशय, सरस एवं सुकुमार अभिनय के देखने से एवं सरस और सुकुमार वस्तु के उपभोग से अनुरक्त है प्रसन्न है और जैसे क्षीर एवं मधु आदि स्वरसवाही अनुपान के साथ-साथ पान एवं लेहन आदि के द्वारा उसमें रक्खी हुई औषधि के उपयोग से आवश्यक सन्तोष एवं पोष को प्राप्त करते हैं उसी तरह अभिनय के दर्शन एवं वस्तु के उपभोग से नान्तरीयक अवश्य प्राप्त कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य के ज्ञान का उपयोग करते हैं ।

**एवमस्त्विति तानुक्त्वा देवराजं विसृज्य च ।**
**सस्मार चतुरो वेदान्योगमास्थाय तत्त्ववित् ॥१३॥**
**(नेमे वेदा यतः श्राव्याः स्त्रीशूद्राद्यासु जातिषु ।**
**वेदमन्यत्ततः स्रक्ष्ये सर्वश्राव्यं तु पञ्चमम् ॥)**

### अभिनवभारती

एवमस्त्विति तानिति। देवराजमिति। तानुक्त्वा तान्विसृज्य। देवराजं विसृज्येति प्राधान्यादुपादानम्। योगमिति। येन सर्ववेदानां युगपदवभासो भवति। तत्त्वविदिति समस्तलोकवेदज्ञ इत्यर्थः। ॥१३॥

ततः किं चकारेत्याह श्लोकत्रयेण धर्म्यमित्यादिना। एवमिति (१-१६) धर्म्यमित्यादियुगलोक्तमर्थं सङ्कल्प्य। चतुर्वेदस्मरणेन हेतुना तत इति। चतुर्भ्यो नाट्यवेदं चक्रे। हेतौ इना। धर्म्यमिति। धर्मे साधूपदेशाय। एवमर्थेऽपि। अन्ये तु धर्मार्थाभ्यामनपेतं यशः प्रयोजनमस्येति। अत्र व्याख्यानद्वयेऽपरपुरुषार्थासंग्रहः स्यात्। नाट्योत्पत्तिगर्भाधानकल्पे चास्मिन् सङ्कल्पे यत्त्यक्तं तत्त्यक्तमेव।

### बालक्रीडा

इसलिए अधिकारी या अनधिकारी सभी सुकुमार विनेयों को व्युत्पत्तिदायी यह नाट्य है। अश्रुतशास्त्री हैं जो पढ़े लिखे नहीं हैं किन्तु सुमेधा हैं उनको भी संवाद सादृश्य माने परस्पर में पदार्थों के सन्तुलन से कर्त्तव्य एवं अकर्तव्य के ज्ञान में अविचल निश्चित सिद्धि मिलती है। १२।

(मू०) ब्रह्मा जी ने बहुत अच्छा ऐसा ही होगा, इसके बाद देवराज इन्द्र की विदाई की और समाधि में स्थित होकर चारों वेदों को याद किया। १३।

उन देवताओं को "एवमस्तु" कहकर और देवराज इन्द्र को विदा करके तत्त्ववित् ब्रह्माजी ने समाधिस्थ होकर चारों वेदों का स्मरण किया। यहाँ उनको कहकर इसी से उनको विदा करना प्राप्त हो गया। इससे उनकी अप्रधानता बतलाई और देवराज को विदा करके कहने से इसकी प्रधानता को दिखाया। "योगम्" जिससे सम्पूर्ण वेदों का एक साथ अवभास होता है। तत्त्ववित् अर्थात् समस्त लोक एवं वेद का जानकार है।

देवता एवं इन्द्र के विदा करने के बाद ब्रह्माजी ने क्या किया इस बात को "धर्म्यम्" इत्यादि तीन श्लोकों से कहते हैं। एवं इससे "धर्म्यं" इत्यादि दो श्लोकों के अर्थ का संकल्प करके। चारों वेदों के स्मरण रूप हेतु का निर्देश करने के लिए ततः कहा। चारों वेदों से नाट्य वेद को बनाया। धर्म्य माने धर्म के विषय में उपदेश के लिए समीचीन "तत्र साधु" इस सूत्र से यत् होने पर बना है। अन्य लोग तो धर्म और अर्थ से अनपेत युक्त यश ही है प्रयोजन जिसका। "धर्मपथ्यर्थन्यायादनपेते" इस सूत्र से यत् होने पर बना है इन दोनों व्याख्यानों में अपर पुरुषार्थ काम एवं मोक्ष का संग्रहण नहीं होगा। नाट्य की उत्पत्ति के गर्भाधान के सदृश इस संकल्प में जो छूट गया वह छूट ही जायगा।

धर्म्यमर्थ्यं यशस्यं च सोपदेश्यं ससंग्रहम् ।
भविष्यतश्च लोकस्य सर्वकर्मानुदर्शकम् ॥१४॥
सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नं सर्वशिल्प प्रवर्तकम् ।
नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम् ॥१५॥

### अभिनवभारती

यशसश्च धर्मफलत्वात् पृथगुपादानं किमर्थम् । सोपदेशमित्यादेश्च पौनरुक्त्यम् । तस्मादय मत्रार्थः—धर्मशब्देन चत्वारोऽपि पुरुषार्थाः । तेषु साधु साधकम् । ननु किं साक्षात् । नेत्याह । सोपदेश्यं सहोपदिश्यमानैरुपायैर्यद्वर्तते चतुर्वर्गोपायप्रदर्शकमित्यर्थः । ननु वेदादयोऽप्येवम् । नैतत् । सम्यग्ग्रहणं संग्रहः । यतः परं निर्विशङ्कप्रतीत्यर्थं प्रमाणान्तरं नाभ्यर्थ्यते । तच्च साक्षात्काररूपमेव । यदाहुः—"सर्वां च

### बालक्रीड़ा

(मू०) और संकल्प किया कि मैं नाट्य नाम के पाँचवें वेद को इतिहास के सहित बनाता हूँ । जो नाट्य वेद धर्म, अर्थ, यश, उपदेश और ज्ञान देनेवाला होगा और भावी पीढ़ी को प्राचीन महापुरुषों के सम्पूर्ण उदात्त चरितों को अनुकूल रूप से दिखावेगा, तथा जो सभी शास्त्रों के तत्वों से सम्पन्न होगा एवं सभी शिल्पों को समझावेगा । १४ । । १५ ।

यश तो धर्म का फल है अतः पृथक् उपादान की कोई आवश्यकता नहीं है । धर्म सेवन के साथ उपदेश भी स्वतः प्राप्त हो गया अतः सोपदेश वगैरह की पुनरुक्ति है । इसलिए यहाँ यह अर्थ है । धर्म शब्द से चारों पुरुषार्थों का ग्रहण है । उनमें साधु अर्थात् साधक । क्या यह नाट्य इन चारों का साक्षात् साधक है । नहीं । उपदिश्यमान इसमें कहे गये उपदेशों के साथ यह नाट्य है अतः चतुर्वर्ग के उपदेश का प्रदर्शक है ।

प्रश्न—वेद वगैरह भी तो इसी तरह के प्रदर्शक हैं । उत्तर—नहीं । सम्यक् ग्रहण समीचीन ज्ञान संग्रह पद का अर्थ है । जिसके बाद निःशंक प्रतीति के लिए अन्य प्रमाणों की चाह नहीं रहती है । वह सम्यक् ग्रहण समीचीन ज्ञान साक्षात्कार रूप है । जैसा कि कहा है । सभी ज्ञानों में प्रत्यक्ष ज्ञान, पर है श्रेष्ठ है समीचीन है । जैसे कोई भी व्यक्ति किसी वस्तु (रेडियो आदि) को जानना चाहता है उसको जानने के लिए वह किसी आप्त के समीप गया, आप्त ने उसको उपदेश दिया कि तुम जो पूछते हो वह (रेडियो) ऐसा है । ध्वनिविस्तारक यंत्र है ।

इस तरह आप्तोपदेश से उस वस्तु (रेडियो) को जानकर भी अनुमान करता है कि ऐसे वह ध्वनि का प्रसारण करता होगा स्पष्ट उपलब्धि नहीं हुई । जब उसका प्रत्यक्ष कर लेता है तब जिज्ञासा की शान्ति होती है । और निःशंक होकर उसका व्यवहार करता है । उसके बारे में दूसरे को समझाता भी है । इसीलिए कहा कि सभी ज्ञानों में प्रत्यक्ष ज्ञान पर है समीचीन है । ज्ञाने परिसमाप्यते जो गीता में कहा गया है वह इसी प्रत्यक्षज्ञान के सम्बन्ध में कहा है कि प्रत्यक्ष ज्ञान में समाप्ति है ।

अभिनवभारती

प्रमा प्रत्यक्षपरा" इति। तेन सहेति ससंग्रहम्। एवमपि प्रत्यक्षेण सदाचार-यज्ञादिदर्शनात्कोऽस्य भेदः। आह–सर्वेषां कर्मणां क्रियमाणानामनु पश्चादचिरेणैव कालेन दर्शकं पञ्चषादिभिरेव दिवसैः शुभाशुभकर्मतत्फलसम्बन्धसाक्षात्कारो यत्रेत्यर्थः। कस्येत्याह—यो यः कश्चिदस्मात्क्षणादूर्ध्वं भविष्यति लोकस्तस्योपदेश्यस्येत्यर्थः।

अनुकार्याभिप्रायेणात्र भविष्यत इति व्याख्यातम्। च शब्देन भूतवर्तमान-ग्रहणमित्यधरोत्तरीभूतम्। वृत्तराजर्षिवंशकीर्तनादेर्हि प्रधानतया स्वकण्ठेनाभिधानं युक्तम्। न तु भविष्यत इत्यास्तामेतत्।

तस्मात् व्युत्पाद्याभिप्रायेणैव लोकस्येति व्याख्येयम्।

एवमपि तत्रैव केन लोकः प्रवर्त्यत इत्याह—अध्यम्। हृद्यतया सर्वजनाना-

बालक्रीड़ा

उसके साथ है इसलिए ससंग्रह कहा। इस पर फिर शंका करते हैं कि सदाचार एवं यज्ञ याग आदि का दर्शन भी तो प्रत्यक्षज्ञान है। तब सदाचार एवं यज्ञादि के प्रत्यक्ष दर्शन से इस नाट्य विषयक प्रत्यक्ष दर्शन का क्या भेद है। इसका उत्तर देते हैं कि किये जाने वाले सभी कर्मों के अन्त माने पीछे अचिरकाल अर्थात् पाँच छ आदि दिनों में ही दर्शक याने शुभ एवं अशुभ कर्म तथा उनके फलों के सम्बन्ध का साक्षात्कार (करा देता) है जिसमें।

प्रश्न—किसको उसका साक्षात्कार होता है। उत्तर—जो कोई भी इस क्षण के बाद होगा उस उपदेश्य लोग को साक्षात्कार होगा।

अनुकार्य के अभिप्राय से अर्थात् जो अनुकार्य दुष्यन्त शकुन्तला राम सीता आदि आगे होंगे उनको लक्ष्य करके भविष्यतः इस पद की व्याख्या की है। भविष्यतश्च के च शब्द से भूत और वर्तमान का ग्रहण किया है। यह व्याख्या ऊपर की नीचे और नीचे की ऊपर हो गई। अतः अधरोत्तरीभूत है। यहाँ का भाव यह है कि वर्तमान में जो व्युत्पाद्य हैं उनको उपदेश देना तो सम्भव है प्राप्त भी है। वर्तमान काल के व्युत्पाद्य व्यक्ति यदि व्युत्पन्न नहीं हो सके तो भविष्य के अनुकार्यों से भविष्य के व्यक्ति आज के नाम से व्युत्पन्न किये जायेंगे यह आशा तो असंभव ही है। क्योंकि नाट्य अभिनय काल प्राप्त है जब तक अभिनय है तब तक नाट्य है अतः जो राज वर्ग हो चुके हैं उनके वंशकीर्तनादि का प्रधानतया अपने कण्ठ से कहना युक्त है न कि भविष्य के राजाओं का। पहले ऐसे-ऐसे राजा हुए उन्होंने ऐसा किया उनको ऐसा फल मिला इस तरह वर्तमान काल के लोगों को उपदेश दिया जा सकता है। भविष्य में अनुकार्य ऐसा करेंगे उनको ऐसा फल मिलेगा यह कहना असंभव है भविष्य को किसने देखा है। इसलिए इस व्याख्या को छोड़कर व्युत्पाद्याभिप्राय से ही भविष्यतो लोकस्य इसकी व्याख्या करनी चाहिए।

इस तरह भी उस नाट्य में ही लोक को कौन प्रवृत्त करता है। इस पर कहते हैं कि अध्यं है। हृद्य होने के कारण सम्पूर्ण जनों का इसमें भिन्न-भिन्न प्रकार से अधिकार

## अभिनवभारती

मपि नानाधिकारत्वेनाभिलषणीयमित्यर्थः। ननु प्रथममज्ञातपरमार्थे कथमभिलषणम्। आह। यशस्यम्। सर्वत्र ख्यातया प्रथितम्।

न केवलं प्रधानपुरुषार्थोपायदर्शकं यावत्सर्वेषां शास्त्राणां कलाप्रधानानां येऽर्थो गीतनृत्तवाद्यादयस्तैः सम्पन्नं युक्तम्। तथा सर्वाणि शिल्पानि चित्रपुस्तादीनि प्रवर्तयति स्वोपयोगत्वेनाक्षिपतीत्येवमेकेन यत्नेन समस्तवस्तुसिद्धिर्यतो भवति तन्नाट्य-

## मधुसूदनी

चित्रपुस्तादीनि। इति। आलेख्याश्चर्ययोश्चित्रम् इति अमरः। आलेख्यः। पुस्तं लेप्यादिकर्म। आदि ग्रहणात्।

मृदा वा दारुणा वाथ वस्त्रेणाप्यथ च चर्मणा।

लोहै रत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते।

इति काष्ठपुत्तलिकादि। इति सुधाव्याख्यायाममरकोषे। प्रवर्त्तयति। शिक्षयति। प्रेरयति।

स्वोपयोगेति। उपयोगोऽस्मिन् कर्मणि अस्य वस्तुनो विनियोगः। स्वस्मै स स्वोपयोगः। तत्त्वेन यदाक्षपति प्रेरयति। क्षिप् प्रेरणे लटि। इत्येवमेकेन अभिनेयाख्येन प्रयत्नेन कर्मणा।

## बालक्रीडा

है अतः अभिलषणीय है। कोई धन चाहता है। कोई मैत्री चाहता है। कोई यश चाहता है। कोई उपकार करके धर्म ही चाहता है।

प्रश्न होता है कि जिस विषय का तात्त्विक ज्ञान पहले नहीं हुआ है ऐसे अज्ञात पदार्थ की अभिलाषा कैसे हो सकती है इस पर कहते हैं कि यशस्य है। सभी दिशा में सभी जनता में आकर्षक होने से प्रसिद्ध है।

यह नाट्य प्रधान पुरुषार्थ मोक्ष के उपाय का ही दर्शक केवल नहीं है अपितु कला प्रधान सभी शास्त्रों के जो अर्थ गीत नृत्य एवं वाद्य आदि हैं। उन सबसे सम्पन्न है युक्त है। सभी शिल्प चित्रादिकला या वास्तु विद्या, पुस्त लेप्यादिक्रिया और आदि पद से

मृदा वा दारुणा वाथ वस्त्रेणाप्यथ चर्मणा

लोहरत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते।

इस अमरकोष की सुधा व्याख्या में समुद्धृत वचन के अनुसार मट्टी या लकड़ी या वस्त्र या चमड़े एवं लौह एवं रत्नों से निर्मित मूर्ति को पुस्त कहते हैं। इन आकार विशेष रूप पुतलियों की जानकारी कराने में यह नाट्य प्रवृत्त करता है अर्थात् अपने उपयोग में आने वाले पदार्थों का उपस्थापक है इस प्रकार एक ही प्रयत्न से समस्त वस्तुओं की सिद्धि जिससे होती है वह है, नाट्य ऐसा इन दो विशेषणों से कहा गया है।

"सर्वशास्त्रार्थसम्पन्नं,१ सर्वशिल्पप्रवर्त्तकम्,२"

## अभिनवभारती

मित्युक्तं भवति। तच्च सेतिहासम्। इतिहासोपदेशकरूपं सप्रभेदम्। इतिरेवमर्थे प्रत्यक्षनिर्देशं द्योतयति। हः इह शब्द आगमः। असनमासः। एवंप्रकारः प्रत्यक्ष-

## मधुसूदनी

तच्च नाट्यम्। सेतिहासम् इतिहासेन सहितम्। ननु "इतिहासः पुरावृत्तम्" इत्यमरकोषानुसारं पुरातनानां राजर्षीणां, पुरातनस्य कालस्य, देशस्य वा वृत्तं चरित्रं वृत्तान्तो वा तत्प्रतिपादको ग्रन्थो वा इतिहासः। नाट्यमभिनयप्रधानम्। कथमनयोः संगतिरित्याह—इतिहासोपदेशकरूपमिति। इतिहासस्य व्यञ्जनया उपदेशकं ज्ञापकं रूपं स्वभावः यस्य तत्। सप्रभेदं भेदैः सहितम्। अथवा नाट्यं रूपं ज्ञापकमेकमेव वस्तु प्रवृत्तिनिमित्तभेदाद्भिन्नं भवति। तत्र रूपं दृश्यतयोच्यते इत्युक्तेः इतिहासस्योपदेशकं ज्ञापकं रूपं दृश्यमित्यर्थः।

इतिहासपदं व्याचष्टे इतिरिति। "एवम्" इत्यर्थे वर्त्तमानः इतिशब्दः प्रत्यक्षनिर्देशं द्योतयति। "एवं" पदं तत्रैव प्रयुज्यते यत्र प्रत्यक्षं किमपि निर्दिश्यते यथा एवं कृतम्। एवं कुरु। एवमभूत्। इत्यादि। ह इहेति अनुप्रासानुरोधेन। इह प्रकृते इतिहासपदे हः शब्दः आगमेऽर्थे वर्त्तते इति शेषः।

असनमासः। अस् दीप्तिगत्यादानेषु वर्त्तमानाद् धातोः घञि आस इति रूपं

## बालक्रीडा

यह नाट्य भी इतिहास के सहित। इतिहास का "दशरूपक" अर्थ है। क्योंकि अभी आगे की पंक्ति में ग्रन्थकार स्वयं इस "इतिहासोपदेशक" पद की व्याख्या में लिखेंगे कि (इतिहासस्य तल्लक्षणमित्थं विलासनं यत्र दशरूपकभेदानां भण्यते) इतिहास का लक्षण इस प्रकार कहते हैं कि जहाँ दशरूपक के भेदों का प्रकाश हो। और आगे भी इसकी व्याख्या में

इतिहासो मया दृष्टः स सुरेषु नियुज्यताम्"

टीकाकार लिखेंगे "इतिहासो दशरूपकम्"। अतः इतिहास पद का दशरूपक अर्थ है। अतः इतिहास दशरूपक का उपदेशक आदिज्ञान कराने वाला रूप स्वरूप नाट्य का है। और वह सप्रभेद है अर्थात् प्रभेदों (विशेषों) के सहित है।

यहाँ इति शब्द "एवम्" "इस प्रकार" अर्थ में है जो एवं शब्द प्रत्यक्ष निर्देश का द्योतन करता है। जैसे (एवमभूत्) इस प्रकार हुआ ऐसा हुआ। एवं कुरु इस प्रकार करो इत्यादि स्थलों में कार्य का या वस्तु का प्रत्यक्ष निर्देश होता है। वैसे इति शब्द "एवम्" अर्थ में है। वैसे ही ह शब्द यहाँ आगम अर्थ में है। यहाँ "आगमे" सप्तमी का रूप है। असन आस है। यह आस शब्द की व्युत्पत्ति दिखलाई है। अस् दीप्तिगत्यादानेषु धातु है उससे घञ् प्रत्यय होने पर आस बना है उसका अर्थ है प्रकाशन।

इस प्रकार प्रत्यक्ष में दिखलाई पड़ने वाले और कर्म एवं उनके फलों के सम्बन्ध को बतलाने का जिसका स्वभाव है ऐसे प्रकृष्ट आगमयुक्त अर्थों का जहाँ प्रकाश हो वह इतिहास

अभिनवभारती

परिदृश्यमाना आगमिकार्थाः कर्मफलसम्बन्धस्वभावा यत्रासते तेनेतिहासेन सहेति।

पाठे मत्वर्थीयोऽकारः, इति ज्ञानम्। तस्य ह्रासो हर्षपूर्वको विकासो यत्रास्तीति

मधुसूदनी

निष्पन्नम्। ततश्च इति ह आसः इति त्रिभ्यः पदेभ्यः प्राप्तमर्थं प्रदर्शयति एवमिति। एवं प्रकारा [इत्यस्यैव व्याख्या] प्रत्यक्षं दृश्यमानाः। आगमिकाः। आगमेन सम्पादिताः अर्थाः यत्र इति विग्रहे "संपादिनि" इति सूत्रेण ठञि। अथवा प्रकृष्ट आगमो येषां ते अर्था इत्यर्थ प्रकृष्टे ठञि सति निष्पन्नं रूपम्।

कर्म तत्फलम्। अनयोः सम्बन्धबोधने स्वभावो अस्ति येषां ते। मध्यमपदलोपगर्भो बहुव्रीहि। अर्थाः अभिधेयाः प्रतिपाद्याः। यत्रासते दीप्यन्ते स इतिहासः। तेन सह सेतिहासम्। इतिरर्थसमाप्ती।

पाठे पठ्ये अथवा पाठ्ये ग्रन्थे अर्थे मत्वर्थीयोऽकारः। तदेव दर्शयति–इतिर्ज्ञानम्। तस्य ज्ञानस्य ह्रासः हर्षपूर्वको विकास इतिहासः। स यत्र ग्रन्थेऽस्तीति अर्थे अर्श आदिभ्योऽच्। इति केचित्पदेन व्याख्यानान्तरं दर्शितम्।

बालक्रीडा

है। यहाँ आगमिक पद में "संपादिनि" इस सूत्र से (आगमेन सम्पादितोऽर्था आगमिकाः) आगम से सम्पन्न होने वाले इस अर्थ में ठञ् प्रत्यय हुआ है।

=रावण, कंस, जरासंध आदि ने ऐसे कर्म किए उनकी दुर्गति हुई। राम, कृष्ण, युधिष्ठिर आदि ने ऐसे कर्म किये उनका उत्कर्ष हुआ। इस तरह कर्म और उनके फल को नाट्य प्रत्यक्ष प्रकाशित करता है=इसी भाव को बतलाया गया है अभिनव भारती में

भवतां देवतानां च शुभाशुभविकल्पकः
कर्मभावान्वयापेक्षी नाट्यवेदो मया कृतः  १ अ० १० श्लो०

के शुभाशुभ पद की व्याख्या करते समय—"शुभकारिणः शुभं फलमशुभकारिणोऽशुभमित्येतावदस्माकं प्रतिसाक्षात्कार कल्पे नाट्ये प्रदर्शनीयम्। शुभमशुभं च धर्माधर्मरूपं सुखदुःखफलत्वेन विभेदेन कल्पयति अध्यवसाययति नाट्यवेदः।

"शुभ करने वाला शुभ फल को अशुभ आचरण करने वाला अशुभ फल को" बस इतना ही प्रत्यक्ष कल्प नाट्य में दिखाना है। नाट्यवेद सुख एवं दुःख रूपफल के भेद से धर्मरूप शुभ अधर्मरूप अशुभ की कल्पना अध्यवसाय करा देता है।"=

इस इतिहास के साथ जो हो वह सेतिहास है। इति शब्द समाप्ति का द्योतक है।

पाठे का अर्थ है पठ्य या पाठ्यग्रंथ। इतिहास शब्द का अर्थ इतिहास पुरावृत्त का प्रतिपादक ग्रन्थ महाभारतादि है। इस अर्थ में इतिहास शब्द से मत्वर्थीय अकार हुआ है इसके अनुसार कोई "इतिहास" शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार करते हैं—इति माने ज्ञान। उसका ह्रास माने हर्षपूर्वक विकास जहाँ होता है वह इतिहास है। तदस्यास्मिन्निति यह

## अभिनवभारती

केचित्। इतिहासश्च—तल्लक्षणमित्थं किलासनं यत्र रूपकभेदानां भण्यते। उपदेशक-शब्देन च दशरूपकं तदुपयोगवद्देश हस्तादिलक्षणनाट्यवेदशास्त्रम्। तत्सहितस्यैव

## मधुसूदनी

इतिहासस्य उपदेशकं रूपं नाट्यस्य कथमिति स्वयमभिनव भारतीकारो व्याख्याय संगमयति—इतिहासश्चेति। इत्थं तस्य इतिहासस्य लक्षणं भण्यते यत्र ग्रन्थे रूपकभेदानां नाट्यप्रकाराणामसनं प्रकाशनं स इतिहासः। उपदेशकशब्देन च दशरूपकाणां तदुपयोगवते देशाय नाट्यमण्डपाय प्रेक्षागृहायेत्यर्थः। अपेक्षितानां हस्तादीनाम् हस्तानाम्, आदि ग्रहणेन स्तम्भानां लक्षणानि, तेषां नाट्यवेदरूपं शास्त्रं गृह्यते इति शेषः। तदुक्तम्—

दृष्टादिर्नाट्ययोगस्य नाट्यमण्डप एव च।
तस्मात्तस्यैव तावत्त्वं लक्षणं वक्तुमर्हसि। इति
इह प्रेक्षागृहं दृष्ट्वा धीमता विश्वकर्मणा
त्रिविधः सन्निवेशश्च शास्त्रतः परिकल्पितः
प्रमाणमेषां निर्दिष्टं हस्तदण्डसमाश्रयम्।
शतं चाष्टौ, चतुःषष्टिर्हस्ता द्वात्रिंशदेव चेति।

अष्टोत्तरशतसंख्याविशिष्टहस्तपरिच्छिन्नदण्ड समाश्रयं ज्येष्ठं प्रेक्षागृहम्। चतुःषष्टिसंख्यायुत हस्तपरिच्छिन्नदण्डसमाश्रयं मध्यमं तत्। द्वात्रिंशत्संख्यावद्धस्त-परिमितिदण्डसमाश्रयं कनीयस्तदिति तस्यार्थः।

तत्सहितस्यैव लक्षणसहितस्यैव करणीयत्वेन तत्सहितं करणीयमिति ग्रन्थकर्त्तु-र्भरतस्य संकल्पः। अन्यथा करणं विनाग्रन्थ निर्माण मन्तरा बुद्ध्या मनसा कलितस्य

## बालक्रीडा

मत्यर्थ है। और इतिहास, जिसका लक्षण इस प्रकार कहते हैं कि जहाँ रूपक के भेदों का असन प्रकाशन है।

उपदेशक शब्द से नाट्य का वेद अर्थात् शास्त्र अर्थ लेते हैं जो शास्त्र दशरूपक एवं उसके उपयोगी प्रेक्षागृह के निर्माण में अपेक्षित प्रमाण का निर्देशक दण्ड के चतुर्हस्तादि का लक्षण है बोधक है। यहाँ लक्षण पद का लक्ष्यतेऽनेन इस व्युत्पत्ति के अनुसार लक्षण बोधक अर्थ है।

द्वितीय अध्याय के ९ म एवं १६ श श्लोक में लिखा है कि नाट्यवेश्म का प्रमाण, हस्तपरिमित दण्ड के आश्रय से लिया जाता है। जिसमें दण्ड का प्रमाण चतुर्हस्त कहा है—जैसे—

प्रमाणमेषां निर्दिष्टं हस्तदण्डसमाश्रयम्। ९।
चतुर्हस्तो भवेद्दण्डो निर्दिष्टस्तु प्रमाणतः। १६।

उन लक्षणों के सहित ही नाट्य को करने का संकल्प भरत ने किया है। इस तरह

**एवं सङ्कल्प्य भगवान् सर्ववेदान नुस्मरन् ।**
**नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसम्भवम् ॥१६॥**
**जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्सामभ्यो गीतमेव च ।**
**यजुर्वेदादभिनयान् रसा नाथर्वणादपि ॥१७॥**

अभिनवभारती

करणीयत्वेन सङ्कल्पः। अन्यथा बुद्धया कलितस्यापि नाट्यस्य कथमन्यत्र सङ्क्रमणम्। तेन च विना कथं प्रयोगः। पञ्चममिति। य एकोऽपि चतुरो वेदानतिशेत इत्यर्थः। अहमिति यस्य सर्वलोककृत्योद्वहनमेव परं कृत्यम्।

एवं सङ्कल्प्येति। सङ्कल्पव्यापार एवायं बुद्धया वेदाङ्गैकीकारलक्षणो ब्रह्मणो

मधुसूदनी

ज्ञातस्य अन्यत्र शिष्येषु कथं संक्रमणम् तत् ज्ञानविषयीकरणम्। तेन विना च शिष्याणां ज्ञानस्य विषयीकरणमन्तरा कथं तैः प्रयोगः करणीयः स्यात्।

पञ्चमपदस्य ध्वनितमाह=य इति। अह मित्यस्यापि वदाह—यस्येति। बुद्धया मनसा वेदसम्बन्धिनामङ्गानामेकीकारलक्षणः एकस्मिन् ग्रन्थे समुदायेन निरूपणस्वरूप एवायं संकल्पव्यापारः ब्रह्मणो ब्रह्मकर्तृकः। कृत्यानां कर्तरि वेति कर्तरि षष्ठी। नाट्याख्यवेदस्योत्पादनम्।

बालक्रीडा

करने के संकल्प के बिना केवल बुद्धि से ज्ञात नाट्य, शिष्यों में कैसे संक्रान्त किया जा सकता है। अर्थात् ग्रन्थरूप हुए बिना शिष्यों को ज्ञान राशिरूप नाट्य पढ़ाया नहीं जा सकता है। और बिना पढ़ाये और बिना जाने उसका प्रयोग कैसे किया जा सकता है। "पञ्चमम्" इसका भाव है कि जो एक होने पर भी चारों वेदों का अतिक्रमण करता है।

(मू०) ऐसा संकल्प करने बाद चारों वेदों से एक २ अंग लेकर भगवान् ब्रह्माजी ने नाट्य वेद बनाया। १६।

(मू०) किससे क्या अंग लिया यह बतलाते हैं। ऋग्वेद से पाठ्य अर्थात् भाषण शैली ली। सामवेद से गान, यजुर्वेद से अभिनय एवं अथर्ववेद से रसों को लिया।

(लोचन) इसकी विशेष व्याख्या भूमिका में कर चुके हैं। १७।

"अहम्" इसका भाव है कि सम्पूर्ण विश्व के कृत्यों का उद्वहन करना ही जिसका परम कृत्य है ऐसा मैं हूँ।

"इस प्रकार संकल्प करके" कहने का भाव है कि मन से सम्पूर्ण वेदों के अंगों का (एकीकरण रूप) एक ग्रन्थ के रूप में संगृहीत करने का संकल्प करना ही ब्रह्मा के द्वारा नाट्यवेद का उत्पादन है।

## अभिनवभारती

नाट्यवेदोत्पादनम्। ननु वेदस्मरणेन तत्र कथं हेतुता लब्धा। आह। चतुर्वेदाङ्गसम्भवमिति। चत्वारो वेदाः। अङ्गानां पाठ्यादीनां सम्भवो यस्य। सम्भवत्यस्मादिति सम्भवः। अत एव वेदचतुष्टयमपि यत्राङ्गानि प्रत्युपकरणीभूतमिति स तथोक्तः ॥१४।१६॥

कुत्राङ्गे कस्य वेदस्योपयोग इति दर्शयति—जग्राह पाठ्यमृग्वेदादिति। इह पठ व्यक्तायां वाचीत्युक्तं व्यक्तत्वं विवक्षाविशिष्टस्वार्थार्पणक्षमत्वम्। तच्च

## मधुसूदनी

नन्वित्यनेन "सर्ववेदान् अनुस्मरन् नाट्यवेदं चक्रे" इत्युक्तं स्मरणं तत्र नाट्यवेदकरणे कथं हेतुरिति संमयितुमाशंक्य समाधत्ते-आहेति। इह पठ धातौ उक्तं व्यक्तत्वम्। विशेषप्रकारेण वक्तुः कथनेच्छया प्रयुक्तस्य स्वस्य पाठ्यस्य अर्थार्पणे अर्थबोधने क्षमत्वं समर्थत्वम्।

काकध्याये स्वराः सप्त, अलंकाराः षट्। आदिग्रहणाद् द्विविधा काकुः। षडंगानि। तस्या योजनेन वाद्यक्षमत्वं भवतीति हेतोः तया सामग्र्या उपस्कृतं शोभितं पाठ्यं कथ्यते।

तच्च पाठ्यं च नाट्ये प्राधान्यात् चतुर्भ्यो वेदेभ्यो नाट्यवेदस्य निर्माणसमये प्रथममुपात्तम्।

चतुर्वेदांगसंभवमिति। चत्वारो वेदाः। अंगानां संभव उत्पत्ति स्थानं यस्य इति चतुर्वेदाङ्गसंभवः। तम्। १६।

## बालक्रीडा

चारों वेदों का अनुस्मरण करते हुए नाट्यवेद को बनाया इस व्यापार में वेदों का स्मरण नाट्य के निर्माण में हेतु है वह कैसे मिला। इसके उत्तर में कहते हैं चारों वेद, जिसके अंगों के सम्भव माने उत्पत्ति स्थान हैं। सम्यक् होता है जिससे वह उत्पत्ति स्थान संभव शब्द का अर्थ है। इसीलिए चारों वेद ही जिसके अंगों के प्रति उपकरणीभूत हैं। ऐसा वह नाट्यवेद कहा। १४।१५।१६।

किस अंग के निर्माण में किस वेद का उपयोग हुआ इसको दिखाते हैं, ऋग्वेद से पाठ्य को लिया। यहाँ "व्यक्तवाणी पठ् धातु का अर्थ है" इस तरह धात्वर्थ रूप में कहा गया पाठ्य का व्यक्तत्व (विशेष विवक्षा अर्थात्) किसी विशेष प्रकार से कहने की इच्छा से कहा हुआ पाठ्य अपने अर्थ को अर्पण करने में क्षमताशाली है समर्थ है। पाठ्य का यह क्षमत्व काकु अध्याय में आगे कहे जाने वाले स्वर एवं अलंकार आदि सामग्री की योजना करने से होता है अतः उस सामग्री से सजाया हुआ उच्चारण (वक्तव्य) पाठ्य कहलाता है। उस पाठ्य की प्रधानता है इसलिए उसका पहिले-पहल उपादान किया। "जग्राह पाठ्यं" इस श्लोक में प्रथम उपादान किया अर्थात् अंगों की निर्माण प्रक्रिया में पहले पाठ्य का उपादान किया। जैसा कि आगे कहेंगे।

## अभिनवभारती

काव्यध्यायवक्ष्यमाणस्वरालङ्कारादिसामग्रीयोजनेन भवतीति तयोपस्कृतं पाठ्यमुच्यते। तच्च प्राधान्यात्प्रथममुपात्तम्।

तथा हि वक्ष्यति—

'वाचि यत्नस्तु कर्तव्यो नाट्यस्यैषा तनुः स्मृता।
अङ्गनेपथ्यसत्त्वानि वाक्यार्थं व्यञ्जयन्ति हि ॥' इति (१४-२)

अत एवाभिनयान्तर्भूतत्वेऽपि पृथगुपात्तम्। तदृग्वेदाद् गृहीतम्। तस्य त्रैस्वर्यप्रधानस्य स्तोत्रशस्त्रद्वारेण यागोपकारित्वात्। पाठ्यमपि च सप्तस्वरोपेतम्।

## मधुसूदनी

वाचीति। वाचि पाठ्ये यत्नः प्रकृष्टो मानः करणीयः। एषा वाक् नाट्यस्य तनुः स्मृता। तनुशब्दः ह्रस्वोकारान्तस्तथा दीर्घोकारान्तोऽपि तनूनपाद्भिरित्यादिषु। अङ्गनेपथ्यसत्वानि। आंगिकः। आहार्यिको नेपथ्य वेषभूषादिजनितः। सात्विकः। अभिनया इमे वाक्यार्थं व्यञ्जयन्ति।

अतएव नाट्ये पाठ्यस्य तनूस्मरणादेव प्राधान्यात्। यत्नस्य तत्रावश्यं करणीयत्वादेव वाक्यार्थव्यंजनादेर्वा। वाचिकाभिनयान्तर्भूतत्वेऽपि पाठ्यं पृथगुपात्तम्। अमाह पाठ्यमृग्वेदादित्यनेन। तत्पाठ्यमृग्वेदात् तस्य ऋग्वेदस्य। त्रयाणामुदात्तानुदात्तस्वरितानां स्वराणां समूहस्त्रैस्वर्यम्। समूहार्थे ष्यञ्। ततो गृहीतं पाठ्यं तु सप्तस्वरोपेतम्। न तु त्रिस्वरोपेतम्।

यागोपकारित्वादिति। त्रिस्वरप्रधानो वेदः। स्तोत्रशस्त्रद्वारेण यागमुपकरोति। तदेतत् मीमांसादर्शने शाबर भाष्ये २ अध्याये १ पादे "स्तुतशस्त्रयोस्तु संस्कारो याज्यावद्देवताभिधानत्वात् इत्यादि "फलनिर्वृत्तिश्च" इत्यन्तसूत्रेषु विचारोऽयं प्रस्तुतः। प्रउगं शंसति, निष्केवल्यं शंसति, आज्यैः स्तुवते, पृष्ठैः स्तुवते इति गुणवचनं शंसनं स्तवनञ्च। इत्युक्त्वा स्तुतशस्त्रे संस्कारकर्मणी। कुतः देवताभिधानत्वात्।

## बालक्रीड़ा

किन्तु वाणी के विषय में यत्न करना चाहिए। क्योंकि यह नाट्य की तनू है। अंग, नेपथ्य और सत्त्व वाक्यार्थ को व्यक्त करते हैं। चतुर्दश अध्याय के दूसरे श्लोक में।

नाट्य में पाठ्य की प्रधानता है और उसमें यत्न करना आवश्यक है इसलिए चतुर्विध अभिनयों में वाचिक अभिनय के रूप में पाठ्य के अन्तर्गत होने पर भी पृथक् इस का उपादान किया। उस पाठ्य को ऋग्वेद से लिया है उस ऋग्वेद में उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित तीन स्वरों की प्रधानता है इसलिए यह ऋग्वेद स्तोत्र एवं शस्त्र के द्वारा याग का उपकारी है। और पाठ्य भी तो सात (न कि तीन) स्वरों से उपेत है युक्त है।

यहाँ इतना जानना जरूरी है कि नाट्य में पाठ्य के जो गुण बताये है उनमें सात षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत एवं निषाद स्वर गिनाये हैं। और उनके आश्रय रसों को भी बतलाया है—

### अभिनवभारती

ऐकस्वर्यैकत्वाभावाभ्यां स्वस्यादौ एकस्वभावाच्च स्वरादौ पाठ्ये गीतरूपापत्तेः। यतः स्वरा गीतस्वरूपा इति हि वक्ष्यामः। (ना. शा. १७)

### मधुसूदनी

तत्र प्रत्यक्षं देवताभिधानं गम्यते। देवताप्रकाशनेन च प्रत्यक्ष उपकारो यागसिद्धिः। इति प्रथम सूत्रे उक्तम्। अन्तिमसूत्रे, तस्मात् प्रधानकर्मणी स्तोत्रशस्त्रे इत्युक्तम्। तत्र द्रष्टव्यम्।

स्वस्यादाविति। स्वस्य आदौ प्रथमकोटौ स्वाभाविकस्थिता इत्यर्थः। बालयुववृद्धानां स्त्रीणां पुंसाञ्च व्यक्तोच्चारणरूपस्य पाठ्यस्य भेदात्। एकस्वरताया

### बालक्रीडा

हास्य शृंगारयोः कार्यौ स्वरौ मध्यमपंचमौ
षड्जर्षभौ तथा चैव वीररौद्राद्भुतेषु तु।
गान्धारश्च निषादश्च कर्तव्यौ करुणे रसे
धैवतश्चैव कर्तव्यो बीभत्से सभयानके।

हास्य एवं शृंगार रस में मध्यम एवं पंचम स्वरों को करना चाहिए। वीर, रौद्र एवं अद्भुत में षड्ज एवं ऋषभ को करना चाहिए। करुण रस में गान्धार और निषाद को करना चाहिए। भयानक और बीभत्स रस में धैवत स्वर को करना चाहिए।

एवमेतत्तु स्वरयुतं कलाताललयान्वितम्
दशरूपविधाने तु पाठ्यं योज्यं प्रयोक्तृभिः।

इस प्रकार कला, ताल एवं लय से अन्वित स्वर वाले पाठ्य की योजना प्रयोगकर्ता अभिनेताओं को दशरूपकों में करनी चाहिए।

किन्तु वेद में जिन उदात्तादि को स्वर रूप में निरूपण किया है। यहाँ नाट्य में उनको वर्ण माना है और वे वर्ण चार हैं। जैसा कि कहा है—

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितः कम्पितस्तथा।
वर्णाश्चत्वार एव स्युः पाठ्ययोगे तपोधनाः !।

तत्र हास्यशृंगारयोः स्वरितोदात्तैः, वीररौद्राद्भुतेषु उदात्तकम्पितैः, करुणबीभत्सभयानकेषु उदात्तस्वरितकम्पितैः वर्णैः पाठ्यमुपपादयेदिति।

हे तपोधनाः ! उदात्त, अनुदात्त, स्वरित एवं कम्पित चार ही वर्णों को पाठ्य में प्रयुक्त करना। उनमें शृंगार एवं हास्य रसों में स्वरित एवं उदात्त वर्णों, वीर रौद्र एवं अद्भुत में उदात्त तथा कम्पित वर्णों, करुण बीभत्स एवं भयानक रसों में उदात्त स्वरित एवं कम्पित वर्णों के द्वारा पाठ्य का उपपादन करना चाहिए।

पाठ्य व्यक्त उच्चारणस्वरूप है जो उच्चारण बाल, युवा, वृद्ध एवं स्त्रियों एवं पुरुषों का भिन्न-भिन्न है अतः उसमें एकस्वरता और एकरूपता नही हो सकती है। तथा शास्त्र के अनुसार उसमें सात स्वर माने जाते हैं यही स्थिति गीत की भी है फलतः पाठ्य एवं गीत एक स्वभाव है। इस तरह ऐकस्वर्य एवं एकत्व के नहीं होने और स्वरों में (समान) एक

## अभिनवभारती

पाठ्यगतस्वरप्रसङ्गात्। तदनन्तरं सामभ्यो गीतं जग्राहेत्युक्तम्। उपरञ्जकत्वेन हि पश्चात्तस्याभिधानं न्याय्यमिति केचित्।

'गीतं प्राणाः प्रयोगस्य' इति वक्ष्यमाणत्वात्। तदायत्तत्वाद्रसचर्वणायाः

## मधुसूदनी

एकरूपतायाश्च अभावात्, शास्त्रानुसारं स्वीकृतसप्तस्वरवशात्, ये सप्त स्वरा गीतेऽत्र एव पाठ्ये। तथा च एकस्वभावात् समानशीलत्वात् पाठ्यस्य गीतरूपताया आपत्तेः संभव इति शेषः।

ऋग्विद् होता भवति। स च मंत्रोच्चारणपूर्वकं जुहोति। उच्चारणं पाठ एवेति पाठ्यं जग्राह ऋग्वेदादिति सूक्तम्। स्वरा गीतरूपा इति हि वक्ष्यामः। नाट्यशास्त्रे सप्तदशाध्याये। अत्र=

ऐकत्व्यैकत्वाभावाभ्यां, स्वरयादौ एकस्वभावाच्च स्वरेषु पाठ्यस्य गीत-रूपतापत्तेः। स्वरा गीत रूपा इति वक्ष्याम इति पाठः।

पाठ्यगतानां स्वराणां प्रसंगात् सम्बन्धात्। तस्मात् पाठ्यादनन्तरं पश्चात्। उपरंजकत्वेन मनसः प्रसादकत्वेन। तस्य गीतस्य।

गीतं प्राणा इति।

गीते प्रयत्नः प्रथमं तु कार्यः
शय्या हि नाट्यस्य वदन्ति गीतम्।
गीतेऽपि वाद्येऽपि च संप्रयुक्ते
नाट्यप्रयोगो न विपत्तिमेति। ना० शा० ३२ अ० ४३६ श्लोके

तदायत्तत्वात् गीताधीनत्वात्। रसचर्वणाया रसास्वादस्य। अस्य गीतस्य।

## बालक्रीडा

स्वभाव होने से पाठ्य में गीतरूपता की आपत्ति लग जायगी। क्योंकि स्वरों को गीतरूप आगे कहेंगे।

गीत में स्वरों की प्रधानता है और यहां पाठ्य में स्वरों का निर्देश किया है। अतः पाठ्य गत स्वरों के प्रसंग से पाठ्य के बाद "सामवेद से गीत को ग्रहण किया" ऐसा कहा। कोई कहते हैं कि गीत पाठ्य का उपरंजक है अतः पाठ्य के बाद गीत का कथन न्याय प्राप्त है। क्योंकि आगे कहेंगे कि "प्रयोग अर्थात् अभिनय के गीत प्राण हैं"। और भी

गीते प्रयत्नः प्रथमं तु कार्यः शय्या हि नाटघस्य वदन्ति गीतम्।

गीतेऽपि वाद्येऽपि च सम्प्रयुक्ते नाटच प्रयोगो न विपत्तिमेति। ना० ३२अ० ४३६ श्लो०

प्रथम नाटच के आरम्भ में गीत के विषय में प्रयत्न करना चाहिए। क्यों कि गीत नाटच की अभिनय की शय्या है। यदि गाना एवं बजाना ठीक से हो गया तब नाटच प्रयोग सफल हुआ समझना चाहिए।

रस चर्वणा गीत के अधीन है अतः यहां ही पाठ्यगत स्वर प्रसंग में ही गीत का कथन

## अभिनवभारती

समुचितमस्यात्रैवाभिधानमित्यस्मदुपाध्यायाः। चकारेणैतत्तुल्यकक्ष्यतामाह। एवकारेण गीतमात्रं ततो गृहीतं 'गीतिषु सामाख्या' (जैमिनि. २-१-३६) इति न्यायात्।

## मधुसूदनी

अत्रैव पाठ्यगतस्वर प्रसंग एव। अभिधानं कथनं समुचितम् योग्यम्। उपाध्याया ऊचुरिति शेषः।

वस्तुतस्तु अत्रैव दशपंक्तेरुत्तरं वक्ष्यमाण विभावादिसामग्रीरूपरसचर्वणेति दिशा रसचर्वणा विभावादिजीवितावधिः। विभावादीनामुपस्थितिश्च

पाठ्यादथ ध्रुवागानाच्चित्रादभिनयादपि।

इत्युक्तेश्चतुर्भिर्हेतुर्भवति। न तु केवलाद्गीतात्। तस्मादपीति तु वरम् न तु तदायत्तत्वादिति। गीतमेव च इत्यत्रत्येन चकारेण एवकारेण च। तस्य गीतस्य आधारभूतयोः पंचसंख्यकध्रुवाया द्विविधस्य पदस्य च योजनं ग्रहणमृग्वेदादेव।

पाठ्यगीतयोः कक्षा श्रेणिः समा तुल्या। यतो द्वयमपि नाट्ये समनोपयोगितया आवश्यकम्। क्रीडनीयकमिच्छामि दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेदिति श्रव्यतायां तुल्यकक्ष्यता द्वयोरित्यर्थः।

गीतिः साम्न आख्या नामधेयम्। "गीतिषु सामाख्या" इति जैमिनीयं मीमांसादर्शने २।१।३६ सूत्रम्। ततः सामभ्यो गीतमात्रं, न पाठ्यमपि गृहीतम्। तत एव सामविद्गाता भवतीति प्रसिद्धम्।

## बालक्रीडा

समुचित है। ऐसा हमारे उपाध्यायजी का कहना है।

इस में अरुचि दिखाते हैं कि उपाध्यायजी कहते हैं वस्तुतस्तु विभावादिसामग्री रूप रस चर्वणा इत्यादि, इसी के आगे दस पंक्ति के बाद कहेंगें कि रस की चर्वणा रस की व्यक्ति विभावादि के अधीन है। और विभावादि की उपस्थिति पाठ्य से, राग रागिनी मय गीत से, अभिनय से एवं रेखामय चित्र से होती है। अतः गीत के आयत्त रस चर्वणा है वह कहना अधूरा है। क्योंकि विभावादि नियत रस चर्वणा विभावाद्युपस्थापक चारों के अधीन है न कि केवल गीतमात्र के है।

"गीतमेव च" में चकार और एवकार के उपन्यास का फल कहते हैं।

चकार से यह बतलाया है कि पाठ्य और गीत की श्रेणी बराबर है। दोनों उपयोगी हैं। दोनों की उपयोगिता समान है। क्योंकि क्रीडनीयक दृश्य होता हुआ श्रव्य भी है। श्रव्यता पाठ्य एवं गीत में समकक्षहै। अतः तुल्य कक्ष्यता कहा।

एवकार से संकेत किया कि केवल गीत ही सामवेद से लिया है। क्यों कि गीतियों की साम आख्या संज्ञा है। यह मीमांसादर्शन के २ अध्याय १ पद का ३६ वां सूत्र है।

## अभिनवभारती

तदाधारध्रुवापदयोजनमृग्वेदादेवेति दर्शयति। तत एव ध्रुवाध्याये वचनादत्रैव संगृहीतम्।

घनावनद्धरूपं ततसुषिरात्मकं चाप्यातोद्यं स्वरप्राधान्यात् सामगानप्राणभूतम्। क्रियामानभूतकालरूपतालत्वसाम्यात्मकलयसामान्यस्वीकृतमत्रैव प्रविष्टम्।

## मधुसूदनी

ततो ध्रुवाध्याये ३२ द्वात्रिंशे वचनात् वक्ष्यमाणत्वादित्यर्थः। अत्रैव गीत पाठ्ययोः प्रसंगे संगृहीतं संकेतेन दर्शितम्। एवोऽप्यर्थे।

किं संगृहीतमित्याह—घनेति। घनावनद्धरूपं ततसुषिरात्मकं चापि आतोद्यं स्वरप्राधान्यात् सामगानप्राणभूतम्। क्रियामानभूतकालरूपतालतत्साम्यात्मकलयसामान्यस्वीकृतं वस्तु अत्रैव प्रविष्टमिति पाठः।

तत्र ततं चैवावनद्धं च घनं सुषिरमेव च
चतुर्विधं तु विज्ञेयमातोद्यं लक्षणान्वितम्

ना० २८ अ० १ श्लोक

कालो लघ्वादिमितया क्रियया संमितो मितिम्
गीतादेर्विदधत्तालः स च द्वेधा बुधैः स्मृतः। इति

इत्युक्तदिशा गीतनृत्यवाद्येषु विषये क्रमशः एकमात्रक्रियानन्तरविश्रान्तिर्लयः। स त्रिविधो मतः द्विमात्रत्रिमात्रोच्चारणरूपया, हस्तयोरंगुलीनां पादयोर्मध्यस्य च आकुञ्चनरूपया, तिर्यगूर्ध्वाधः प्रसारणरूपया वलनरूपया च, इयत्या एवंभूतया वीणादिवादनाभिन्नया कोणरूपया लघुगुरुप्लुतद्रुतक्रियया गीतादेर्मितिम्, इयत्कालं लघु, इयत्कालं गुरु इत्येवंरूपं परिच्छेदं विदधन् कालस्तालः। तादृशकालस्य साम्यमर्थात् उक्तक्रियानन्तरविश्रान्तिर्लयः। क्रियया मानं प्रमाणं भूतं जातं यस्य स कालः। तादृशकालस्य साम्यम्। तदभिन्नौ यौ ताललयौ। तयोः सामान्येन तयोः साधारण्येन स्वीकृतं अत्रैव गीते प्रविष्टम्।

वाद्यं, वादित्रम्, आतोद्यम्, इति समानार्थकाः। अवनद्धम्, आनद्धमिति च

## बालक्रीडा

उस गीति के आधार ध्रुवा है पद है उनको ऋग्वेद से लिया है ऐसा दिखाते हैं। आगे कहे जाने वाले ध्रुवाध्याय के अनुसार यहां भी संग्रह कर देते हैं संकेत कर देते हैं। यहां अत्रैव में एवकार का अर्थ अपि है। और संगृहीत पद का अर्थ है संकेत रूप से ग्रहण।

"घनावनद्धरूपं ततसुषिरात्मकं चापि आतोद्यं स्वरप्राधान्यात् सामगानप्राणभूतम्। क्रियामानभूतकाल रूपतालतत्साम्यात्मकलयसामान्यस्वीकृतं वस्तु अत्रैव प्रविष्टम्॥ यह पाठ है।

## मधुसूदनी

एकमेव। तत्र ततं वीणादिकं वाद्यम् आदि पदेन सैरन्ध्री—रावणहस्त-किन्नरादि गृह्यते। (तनु विस्तारे इत्यस्मात् "तनिमृङ्भ्यां किच्चेति ३७५ उणादिसूत्रेण त प्रत्यये कित्त्वान्नलोपे ततं भवति।) अर्थ नहीं समझा

आनद्धमुरजादिकम्। आनह्यते अवनह्यते वा मुखे चर्मणा बध्यते। णह् बन्धने इत्यस्मात् कर्मणि क्तः आदिपदेन ढक्कायाः, आनकस्य च ग्रहणम्।

(घनं कांस्यतालादिकम्। कांस्यमयस्तालो घनम्। हन हिंसागत्योरित्यस्मात् "मूर्तौ घनः" इति अपि घनादेशे च। आदिना घण्टा घर्घरिका च।) अर्थ नहीं समझा

वंशादिकं शुषिरम्। वंशी वेणुः शुषिरम्। शुष धातुः। धातु पाठे तालव्यादिः। तस्मादौणादिकः किरच् प्रत्यये शुषिरम्। सुषिः सौत्री धातुः। तस्मात्, सुषिश्छिद्रमस्यास्तीति ऊषसुषिमुष्केति सूत्रेण र प्रत्यये सुषिरम्। अष्टाध्याय्यां महाभाष्ये च दन्त्यादिः सुषिरिति बोध्यम्। इत्येवं तालव्यादिः दन्त्यादिः पाठो व्यवस्थितः। एषां संग्रहः

## बालक्रीडा

कांस्य मय ताल का नाम घन है। हन हिंसागत्योः धातु से "मूर्तौ घनः" इस सूत्र के द्वारा अप् प्रत्यय एवं घन आदेश होने पर घन शब्द बना है। घण्टा घर्घरिका इसी के भेद हैं।

आनहन या अवनहन अर्थात् जिसका मुख चमड़े से बाँधा जाय उसकी संज्ञा अवनद्ध और आनद्ध है। ढक्का, आनक इसीके भेद हैं।

तत वीणादि वाद्यका नाम है। सैरन्ध्री, रावणहस्त, किन्नर आदि इसी के भेद हैं।

सुषिर या शुषिर वंशी का नाम है। यह शब्द तालव्यादि शुष धातु जो धातु-पाठ में पठित है उससे औणादिक किरच् प्रत्यय होने पर शुषिर बना है। और सुषि यह दन्त्यादि इकारान्त सूत्र पठित धातु है। इससे "ऊषसुषिमुष्कमधो रः" इस सूत्र के द्वारा रप्रत्यय होने पर बना है। अष्टाध्यायी एवं महाभाष्य में सुषि यह पाठ मिलता है। यहाँ सुषि का अर्थ है छिद्र। वंश पोला छिद्र वाला होता है। अत एव सुषिर का अर्थ वंशी, याने बांस का बना मुख वाद्य विशेष है।

ततं तन्त्रीकृतं वाद्यमवनद्धं तु पौष्करम्।
घनं तालस्तु विज्ञेयः सुषिरं वंश उच्यते।

यह ना० शा० २८ अ० २ श्लोक में कहा है और

यावन्ति चर्मनद्धानि ह्यातोद्यानि द्विजोत्तमाः।
तानि त्रिपुष्कराद्यानि ह्यवनद्धमिति स्मृतम्॥

यह ना० ३४ वें अ० के २३ श्लोक में कहा है।

ये चार प्रकार के वाद्य सामरूप गान के प्राण हैं क्योंकि इनमें स्वरों की प्रधानता है। इसलिए इनका गीत में प्रवेश याने समावेश किया है।

### मधुसूदनी

ततं तंत्रीकृतं ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम्।
घनं तालस्तु विज्ञेयः सुषिरं वंश उच्यते।

ना० शा० २८ अ० २ श्लोके।

चतुर्विधमिदं वाद्यं स्वराणां प्राधान्यात् गानस्य प्राणभूतं वर्त्तते। अत्रैव गीते एव प्रविष्टमित्यस्यायं भावः। यद्यपि आतोद्यं क्रियात्मकं शारीरव्यापारः न तु वाग्व्यापारस्तथापि स्वरप्राधान्याद्गानप्राणभूतम्।

### बालक्रीडा

इनका गीत में ही प्रवेश किया है इसका भाव यह है कि वाद्य क्रियात्मक है अतः वृद्ध हस्तस्तु तत्र स्यादंगुली तत्र योजयेदित्यादि से शरीर व्यापार रूप है और गाना वाणी का परिष्कृतरूप है। अतः वाद्य का गीत में परिगणन नही हो सकता है। किन्तु

"यं यं गाता स्वरं गच्छेत् तमातोद्यैः प्रयोजयेत्"

न० शा० ३४ अ० ३४ श्लो०

स्वरानुसारी ये आतोद्य वाद्य हैं अतः गीत प्रसंग में इनका प्रवेश करना उचित है। और भी है।

गीतं चतुर्विधाद्वाद्याज्जायते चोपरज्यते
प्रीयते च ततोऽस्माभिर्वाद्यमद्य निगद्यते।
ततं सुषिरं चावनद्धं घनमिति स्मृतम्।
चतुर्णा तत्र पूर्वाभ्यां श्रुत्यादिद्वारतो भवेत्
गीतं तत्त्ववनद्धेन रज्यते, मीयते घनात्।

संगीत रत्नाकर के षष्ठ वाद्याध्याय में लिखा है कि तत, सुषिर, अवनद्ध एवं घन इन चार प्रकार के वाद्यों में से तत एवं सुषिर वाद्यों से श्रुतिस्वरादि के द्वारा गीत पैदा होता है और अवनद्ध वाद्य से जनता का अनुरंजन होता है और घन से गीत का माप होता है। इस कारण वाद्यों का गीत में प्रवेश आवश्यक है।

(तल्यते प्रतिष्ठीयते गीतं नृत्तं वाद्यं च यत्र) जिसमें गीत, नृत्त एवं वाद्य प्रतिष्ठित हों वह ताल है। अतः गीतादि का लघुगुरुप्लुत एवं द्रुतादि क्रियाओं से मान करने वाला काल, ताल है। गीतादि सम्बन्धी क्रिया एवं काल के साम्य का नाम लय है। यह लय उक्त क्रियाओं के करने के बाद होने वाली विश्रान्ति है। फलतः क्रिया एवं उसका भेदक काल दोनों का साम्य हो जाता है। जैसा कि संगीत रत्नाकर में लिखा है।

तालस्तलप्रतिष्ठायामिति धातोर्घञि स्मृतः।
गीतं वाद्यं तथा नृत्तं यतस्ताले प्रतिष्ठितम्।
कालो लघ्वादिमितया क्रियया संमितो मितिम्।
गीतादेर्विदधत्तालः स च द्वेधा बुधैः स्मृतः। इति
क्रियानन्तरविश्रान्तिर्लयः स त्रिविधो मतः। इति।

इसतरह सामान्य रूप से स्वीकृत इन ताल और लय का भी इस गीत में प्रवेश किया गया है।

## अभिनवभारती

आध्वर्यवकर्मप्रधाने तु यजुर्वेदेऽङ्गकर्मणां प्रदक्षिणगमनादिक्रम एवं प्रथमं लोहितोष्णीषादेर्नेपथ्यस्य तेषु तेषु च कर्मसु विशिष्टप्रयत्नपुरुषसम्पाद्यमनोवष्टम्भात्मनः सत्त्वस्य सम्भवात् ततोऽभिनयानामामहणम्। वाचिकस्त्वभिनयः पूर्वमेवोक्तः पठिष्यति 'या ऋचः पाणिका' (३२-२) इत्यादि।

## मधुसूदन

आध्वर्यवकर्मधाने तु यजुर्वेदेऽङ्गकर्मणां (विधाने) प्रदक्षिणादिगमनादिक्रमः। एवं प्रथमं लोहितोष्ण्यादेर्नेपथ्यस्य, तेषु तेषु कर्मसु विशिष्ट- प्रयत्नपुरुषसम्पाद्यमनो-ऽष्टम्भात्मनः सत्त्वस्य च सम्भवात्। ततोऽभिनयानामामहणम्। वाचिकस्त्व-भिनयः पूर्वमेवोक्त इति पाठः।

अध्वर्युर्यजुर्वित्। तस्येदमिति अणि आध्वर्यवं कर्म। तदेव प्रधानं मुख्यं यत्र तस्मिन् यजुर्वेदे। अंगकर्मणामित्यत्र अंगमप्रधानमित्यर्थो न। तथासति प्रधानकर्मसु प्रदक्षिणादिगमनादीनां ग्रहणं न स्यात्। किन्तु अंगं शरीरम्। एवं च यज्ञशरीर-भूतानां कर्मणामनुष्ठाने कदाचित् प्रदक्षिणेन गमनं कदाचिदुत्तरेण स्थितिः। उत्थानं वा। पूर्वेण उपवेशः। पश्चिमेन निरीक्षणमिति द्वयोरादिपदयोरेवमर्थग्रहणेन तदर्थं क्रमः पादविक्षेपः।

एवं रीत्या गमनाद्यर्थेषु विविधव्यवस्थया "लोहितोष्णीषा ऋत्विजः प्रचरन्तीति" श्रुतिसमधिगतप्रचरणानुकूल गृहीत लोहितोष्णीषकल्पनेपथ्यस्य ऋत्विजः तेषु तेषु कर्मसु सत्त्वस्य सात्विकभावस्य संभवाद्धेतोः। तेषु तेषु विभिन्नेषु विस्तृता-विस्तृतेषु कर्मसु यज्ञयागादिषु विशिष्टेन प्रयत्नेन पुरुषैः ऋत्विग्भिः सम्पाद्यो यो

## बालक्रीड़ा

यजुर्वेद में अध्वर्यु के कर्मों की प्रधानता है। अतः यज्ञ के शरीरभूत कर्मों के विधान में कहीं पर प्रदक्षिण गमन होता है। कभी उत्तर में स्थिति करनी होती है। कभी उत्तर में गमन होता है। या कभी खड़ा होना पड़ता है। कभी पूर्व में उपवेशन तो कभी पश्चिम की तरफ निरीक्षण होता है। यहाँ प्रदक्षिणादि एवं गमनादि इन दोनों में आये हुये आदि पदों के अर्थों का निर्देश कर दिया है। तदनुसार क्रम का अर्थ है पाद विक्षेप। पैरों का विन्यास।

इस प्रकार गमनादि में विविध व्यवस्था के होने के कारण कभी रंगे हुए लाल उष्णीष (पगड़ी) को कभी बिना रंगे हुए को धारण करके ऋत्विक् लोग चलते हैं। और उन-उन कर्मों में विशिष्ट यत्न से मन को समाहित करना पड़ता है। क्योंकि समाहित मन से सत्व का सम्भव है अतः यजुर्वेद से अभिनयों का आग्रहण स्वीकार किया। आंगिक सात्विक एवं आहार्यिक अभिनयों का ग्रहण यजुर्वेद से किया गया है। पाठ्य एवं गीत का अभिनय वाचिक है। और पाठ्य एवं गीत को पहिले कह दिया है अतः वाचिक अभिनय पहिले कह दिया ऐसा कहा।

## अभिनवभारती

आथर्वणवेदे तु शान्तिकमारणादिकर्मसु नटस्येव तस्यर्त्विजः प्राष्टुदवैषुणाद्यनुभावानां प्रजाशत्रुप्रभृतिष्ववधानग्रहणादिना, प्रधानविभावानां, धृतिप्रमोदा-

## मधुसूदनी

मनसोऽवष्टम्भः समाहितीकरणं तदात्मनः तत्त्वरूपस्य। सत्त्वं मनः प्रभवं, तच्च समाहितमनस्त्वादुत्पद्यते। इत्युक्तेः

ततो यजुर्वेदात् यजनक्रियाप्रधानवेदात् अभिनयानां सात्त्विकादित्रिविधाना-मभिनयानामाग्रहणम् स्वीकारः। पूर्वं पाठ्यस्य व्यक्तोच्चारणरूपस्य गीतस्य च अभिनयः स प्रागुक्तः वाचिकः इति।

आथर्वणवेदे तु शान्तिकमारणादिषु कर्मसु नटस्येव तस्य ऋत्विजः प्राष्टुद वैषुणाद्यनुभावानां प्रजाशत्रुप्रभृतिषु अवधानग्रहणादिना प्रधानविभावानाम्, धृति प्रमोदा (हर्षा) दिव्यभिचारिणां परमार्थसतां समाहरणं प्रधानमिति विभावादि-सामग्रीरूप रसस्य चर्वणासंभव इति पाठः।

शान्तये हितं शान्तिकं कर्म। मारणं कर्म। आदिपदात् पौष्टिकं मोहनं कर्म। तस्य अथर्ववेदविहितकर्मकर्तुः ऋत्विजः। प्रजासु इति उपलक्षणं मित्रवर्गस्य। शत्रुषु इति उपलक्षणममित्रवर्गस्य। आदिपदेन उदासीनेषु। प्राष्टुचः प्रसादः। वैषण्यं विषादः। आदिपदात् औदासीन्यम्। विषण्णस्य भावः कर्म वा वैषण्यम्। प्र आङ् पूर्वकात् ष्टुच प्रसादे इत्यस्माद् धातोः, "इगुपधज्ञाप्रीकिरः कः," इति सूत्रेण कप्रत्यये। प्राष्टुचः। इति रूपम्। यद्यपि "धात्वा देः षः सः" इति षकारस्य सकारः परन्तु पृषोदरादित्वात् ष्टुत्वमपि। यथा दधनि तिष्ठति इति कपे तिष्ठतीति विग्रहे सुपिस्थः इति योगविभागात् कप्रत्यये दधित्थः कपित्थ भवति अत्र पृषोदरादित्वात्सकारस्य तकार इति वैयाकरणाः अनुदात्तादेश्चेति सूत्रे तत्त्वबोधिनीकाराः। एवमेव सर्वत्र।

प्रजासु अवधानेन शान्तिककर्मकरणात्प्रसादः प्राष्टुचः प्राष्टुदः। प्रकर्षेण

## बालक्रीड़ा

अथर्व वेद में शान्तिक, पौष्टिक, मारण एवं मोहन आदि कर्म होते हैं उनमें नट की तरह ऋत्विक् प्रजा की शान्ति के लिए उनके हित के लिए किये जाने वाले कर्मों में सावधानी करते हैं और प्राष्टुद या प्राष्टुच प्रसन्नता जाहिर करते हैं और शत्रुओं के संहार के लिये किए जाने वाले कर्मों में शत्रुओं को पकड़ते हैं जिससे शत्रु लोग विषण्ण होते हैं यहाँ वैषुण पाठ भी मिलता है। इस पाठ में विषु नाना अञ्चतीति विग्रह में "विष्वगित्युत्तर-पदलोपश्चा कृतसंधेः" इस वार्तिक से (षु+अ) यहाँ पर यण् संधि के नहीं करने पर ही अर्थात् संधिकार्य के पहिले ही अंचति का लोप कर दिया और न प्रत्यय हो गया। णत्व होने विषुण बना उससे स्वार्थ में अण् प्रत्यय होने पर वैषुण बन गया। नाना दिशाओं में गमन करने वाला अव्यवस्थित चित्त विषण्ण पुरुष है। ये प्रसाद एवं विषाद दोनों अनुभाव हैं। आलम्बन एवं आश्रय रूप प्रधान विभाव हैं। धृति धैर्य प्रमोद (हर्ष) आदि

## अभिनवभारती

दिव्यभिचारिणां च परमार्थसतां समाहरणं प्रधानमिति विभावादिसामग्रीरूपरसात्मकचर्वणासंभव इति ततस्तद्ग्रहणमुक्तमिति न तटस्था एवैते। अत एव रस्यन्ते। तत्रैव च रस्यन्त इति हि वक्ष्यामः।

## मधुसूदनी

आस् प्रास् प्रक्षेपणं तत्क्वस्तुदो व्यथनं सध्यमपदलोपिसमासेन प्रास्तुदः प्रसादः। विषु अंचतीति विग्रहे विष्वगित्युत्तरपदलोपश्चाकृतसन्धेरिति वार्तिकेन सन्धेः करणात्पूर्वमेव अञ्चतेर्लोपे न प्रत्यये विषुणः। स्वार्थेऽणि वैषुण इति रूपं निष्पन्नाः अव्यवस्थितचित्तो विषण्ण इत्यर्थः। शत्रुषु निग्रहेण ग्रहणेन मारणकरणाद्विषादः वैषण्यम्। प्रसादविषादावयोऽनुभावाः। तेषाम्। तथा आलम्बनाश्रयरूपतया प्रधानानां विभावानाम्। धृतिर्धैर्यम्। प्रमोदो हर्षः। आदिपदान्निर्वेद चिन्तादयः। तेषां व्यभिचारिणाम्। परमार्थसतां काव्यादौ तत्त्वार्थभूतानां समाहरणं संग्रहणम् प्रधानम् विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिरितिसूत्रनिर्देशात् आवश्यकमितिहेतोः विभावादिसामग्री एव रूपं स्वरूपं यस्य तस्य रसस्य चर्वणाया आस्वादस्य संभवः। इति तेषां विभावादीनां ग्रहणं समाहृणमुक्तम् कथितम्।

अतः तादृशचर्वणासम्भवाद्धेतोः। इत्यत एते विभावादयो न तटस्था नोदासीनाः प्रकृतविषयरसात्, प्रकृतविषयरससम्बद्धा एव इत्यर्थः। अत एव तत्सम्बन्धादेव रस्यन्ते आस्वाद्यन्ते अनुभूयन्ते रत्यादयः। तत्रैव विभावादिष्वेव च रस्यन्ते इति षष्ठाध्याये वक्ष्यामः।

## बालक्रीडा

व्यभिचारी भाव है। काव्यादि में वास्तव परमार्थ सत् इन विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारी भावों का समाहरण संग्रह आवश्यक है। क्योंकि विभावादि सामग्री स्वरूप रस की चर्वणा तभी संभव है। इस लिए विभावादि का ग्रहण किया गया है।

प्रश्न होता है कि (रसानाथर्वणादपि) अथर्व वेद से रसों को ग्रहण किया है अतः रसों को बतलाना चाहिए किन्तु आप उनको न बतलाकर विभाव अनुभाव व्यभिचारी का ग्रहण किया है लिखते हैं यह कैसे बन सकता है। उसपर कहते हैं कि ये तटस्थ नहीं हैं अर्थात् प्रकृत विषय रस से उदासीन नहीं है। प्रकृत विषय रस से सम्बद्ध ही हैं। इसीलिए आस्वादन किये जाते हैं आस्वादन के लिए साधन चाहिए। आलम्बन एवं आश्रय चाहिए। क्योंकि उसी में आस्वादन होता है।

"उपज्ञोपक्रमं तदाद्याचिख्यासायाम्"

यह पाणिनिसूत्र है। यहाँ (उपज्ञा ज्ञानमाद्यं स्यात्) इस कोष के अनुसार प्रथम ज्ञान का नाम उपज्ञा है। और (प्रथमारम्भ उपक्रमः) इस कोष के अनुसार प्रथम आरम्भ का नाम उपक्रम है। उपज्ञायमान वस्तु के बारे में प्राथम्य अर्थात् इसने या ऐसे इसकी पहिले पहल जाना यदि यह कहना हो तब उपज्ञान्त तत्पुरुष को नपुंसक करना चाहिए। और

## अभिनवभारती

तदेवं क्रीडनीयकोपक्रमं गीतातोद्यप्राणाभिनयवर्गपरिपुष्यद्रसचर्वणात्मकं परप्रीति-

## मधुसूदनी

क्रीडनीयकोपक्रममिति पाठः। सुखितदुःखिते ईर्ष्यादि वशगे लोके, यक्षरक्षः प्रभृतिभिः जम्बूद्वीपे समाक्रान्ते सति महेन्द्रप्रमुखैः पितामह उक्तः। क्रीडनीयक-मिच्छामः इति। अपरं वेदं सृज। इति। सस्मार चतुरो वेदान्। इति। नाट्याख्यं पंचमं वेदं सेतिहासं करोम्यहम्। इति। नाट्यवेदं ततश्चक्रे इति।

नाट्यमुपक्रम्यमाणं, तस्य आदिः प्राथम्यमाख्यातुमिष्यतेऽतः क्रीडनीयकोपक्रमं नाट्यमिति सिद्धान्तभूतः पाठः।

चतुर्विध आतोद्ये गीतं प्राणः। गीतातोद्ये प्राणौ अभिनये चतुर्विधे। ततो गीतातोद्यप्राणाभिनय वर्गेण परिपुष्यन् विभावादिसामग्रीरूपो रसः। तस्य चर्वणात्मक-मास्वादस्वरूपं तत एव परप्रीतिमयमुत्तमसुखप्रधानमेव नाट्यम्। ततो नाट्यात्। तद्व्युत्पत्तिः तेषां पाठ्यादीनां व्युत्पत्तिर्ज्ञानमिति हेतोर्नाट्यमेव वेदो निश्चित नाट्यत्वको वेद इति क्रमेण पूर्वापरविधानेन पूर्वं पाठ्यं, ततोऽनन्तरं गीतं, ततोऽभिनयः। ततो विभावादिजीवितरसः इत्येवं प्रदर्शितम्। तेन क्रमप्रदर्शनेन।

## बालक्रीडा

उपक्रम्यमाण वस्तु के विषय में प्राथम्य अर्थात् इसका पहिले पहिल आरम्भ इसने किया था इसलिए हुआ यह यदि कहना हो तब उपक्रमान्त तत्पुरुष को नपुंसक कहना चाहिए।

जैसे उपज्ञायमान ग्रन्थ अष्टाध्यायी है उसका प्रथम ज्ञान पाणिनि को हुआ था। अब यदि यह कहना हो कि इस ग्रन्थ को पहिले पाणिनि ने समझा तब पाणिन्युपज्ञं ग्रन्थः यह प्रयोग बनेगा। इसी तरह उपक्रम्यमाण माप तौल द्रोण है या खारी है। उसका जनता में प्रथम आरम्भ नन्द ने माप के लिए किया। अब यदि यह कहना हो कि इस तौल माप द्रोण का जनता में प्रथम आरम्भ नन्द ने किया तब नन्दोपक्रमं द्रोणः यह प्रयोग बनेगा।

तदनुसार उपक्रम्यमाण विषय नाट्य है। उसका प्रथम आरम्भ खेलने के लिए हुआ।

अब यदि यह कहना कि नाट्य का प्रथम आरम्भ खेलने के लिये हुआ तब क्रीडनीय-कोपक्रमं नाट्यम् प्रयोग बना। अतः प्रकृत में क्रीडनीयकोपक्रम यह पाठ शुद्ध है।

क्योंकि स्वर्ग संरक्षण और उसके लिए उपद्रावक वर्ग राक्षसों को युद्ध के द्वारा अन्त करने में परिश्रम से क्लान्त महेन्द्रादि देवों ने पितामह से प्रार्थना की कि हम लोग क्रीडनीयक चाहते हैं जो दृश्य हो एवं श्रव्य हो। उनकी प्रार्थना के अनुसार पितामह ने क्रीडनीयक के लिए नाट्य का प्रथम ज्ञान चारों वेदों से किया और प्रथम आरम्भ किया। अतः पितामहोपज्ञ यह नाट्य है और क्रीडनीयकोपक्रम नाट्य का अर्थ बतला ही दिया है।

जैसे कहा जाता है कि सौजन्यव्यवहार का आरम्भ पहले पहिल आपसे हुआ अतः

**वेदोपवेदैः सम्बद्धो नाट्यवेदो महात्मना।**
**एवं भगवता सृष्टो ब्रह्मणा सर्ववेदिना ॥१८॥**

अभिनवभारती

मयमेव नाट्यम्। ततस्तद्व्युत्पत्तिरिति नाट्यमेव वेद इति क्रमेण प्रदर्शितम्।

तेना आक्रम्ययोजनानियोगात्मकशासनप्राणशास्त्रवैलक्षण्येन स्वयमुपारूढज्ञानाभिधानविदः प्राणवेदरूपता नाट्यस्यैवेति सिद्धम्।

मधुसूदनी

आक्रम्येति-आक्रम्यं क्रमं विना भवं योजनम्। आक्रम्यो नियोगः। क्रमस्याभाव इति अक्रमम्। अव्ययं विभक्तीति अव्ययीभावसमासोऽभावार्थे। ततः अव्ययीभावाच्चेति ष्ये प्रत्यये। णित्वाद्वृद्धौ आक्रम्य इति पदं निष्पन्नम्। एवं नाट्ये क्रमः। शास्त्रे तादृश क्रमाभावः। योजनानियोगात्मकं शासनं शिक्षणम्। इति तादृशशासनप्राणात् शास्त्राद् वैलक्ष्येण उपलक्षितस्य नाट्यस्येत्यत्रान्वयः उपलक्षणे तृतीया। नाट्यस्यैव ज्ञानाभिधान वेदरूपता इति सिद्धम्। कीदृशस्य नाट्यस्येत्याह-स्वयमिति। स्वयं गुरुमुखोच्चारणमनु उच्चारणरूपाध्ययनमन्तरा अभिनयदर्शनेन स्वतः उपारूढं जातं ज्ञानाभिधानयोः विद् वेदनं, सत्ता, लाभो विचारश्च यस्य नाट्यस्य तस्य। वेदनादि चतुःसंख्यकार्थाद् विद् धातोर्भावे क्विप् प्रत्यये विदिति रूपं निष्पन्नम्। प्राणयति क्लेशनिमग्नान् आर्तान् जीवयति अतः प्राणो जीवनप्रदो वेदस्तद्रूपता।

बालक्रीडा

भवद्रूपकम योजन्यव्यवहार है। इसी तरह नाट्य का आरम्भ पहिले पहल क्रीडनीयक याने क्रीडा के लिए हुआ अतः क्रीडोपकम या क्रीडनीयकोपकम नाट्य है। वह नाट्य परप्रीतिमय है उत्तम सुख स्वरूप है अतः पाठ्य एवं पाठ्योपरञ्जक गीत तथा गीत साधन आतोद्य वाद्य उस नाट्य में प्राण है प्रधान है और अभिनय वर्ग चतुर्विध अभिनय से वह नाट्य परिपुष्ट होता है एवं रस की चर्वणा उसमें आत्मा है सार है। इसलिए उस नाट्य से पाठ्य आदि की व्युत्पत्ति का ज्ञान होता है अतः नाट्य ही वेद ज्ञान है। यह क्रम से दिखा दिया गया है। इसमें क्रम सहित पहिले पाठ्य उसके बाद गीत, फिर अभिनय और फिर विभावादि जीवित रस इस तरह ग्रहण किये हैं यह दिखाया है।

(मू०) इस प्रकार सभी वेदों को जानने वाले ब्रह्मा जी ने वेद एवं उपवेद के पदार्थों से युक्त ललित नाट्यवेद को बनाया। १८।

आक्रम्य याने क्रम रहित। (यहाँ क्रम का अभाव इस अर्थ में अव्ययीभाव समास हुआ। उसके बाद अक्रम शब्द से अव्ययीभावाच्च इस सूत्र से ष्य प्रत्यय होने पर आक्रम्य बना) योजना याने रचना तथा नियोग माने आज्ञा। शासन योजना प्राण शास्त्र से विलक्षण का ज्ञान एवं अभिधान यह नाट्य है। क्योंकि विद का अर्थ ज्ञान, सत्ता, लाभ एवं विचार है और जो योग स्वयं अध्ययन के बिना अभिनय के देखने से उपारूढ़ है उस नाट्य की वेदरूपता है यह स्वतः सिद्ध है।

## अभिनवभारती

एतदुपसंहरति वेदोपवेदैरित्यादि। वेदा व्याख्याताः। वेदार्थानामुपकारकोऽर्थो वेद्यते येन स उपवेदात्मा। तद्यथा ऋग्वेदस्य मन्त्रार्थवादादिव्याख्यानोपनयनप्रजारक्षणप्रदर्शक आयुर्वेदः। यतो महात्मा ततः सर्ववेदी। सर्ववित्वाच्च तथाविधसृष्टिशक्तः। एवमित्युपसंहरन् प्रश्नत्रयं कृतोत्तरमिति दर्शयति। प्रयोजनस्याधिकारिणामङ्गानामङ्गाङ्गिभावस्य च निर्णीतत्वात् ॥ १७।१८ ॥

एवं पितामहसदृशेन सर्वदा नाट्यवेदशरीररूपकनिर्माणे कविना भाव्यमिति

## मधुसूदनी

एतत् महेन्द्रादिप्रार्थनानुस्यूतनाट्यवेदनिर्माणेतिवृत्तमुपसंहरति समापयति। उपमितो वेदः उपवेदः वेदसदृशः प्रामाण्ये।

तद्यथेति ऋग्वेदस्य उपवेदं प्रदर्शयति। मंत्राणामर्थवादादीनां च व्याख्यानेन उपनयनं ज्ञानलक्षणसन्निकर्षजन्यं (सुरभि चन्दन मित्यत्रेव सौरभज्ञानसदृशं) ज्ञानं यस्य। तच्चेदं प्रजा रक्षणं च। कर्मधारयः। तस्य प्रदर्शको बोधक आयुर्वेद ऋग्वेदस्य उपवेदः। साम्नो गान्धारवेदः गान्धर्ववेदापरपर्यायः। यजुर्वेदस्य धनुर्वेदः। अथर्वणः स्थापत्यवेदः।

प्रश्नत्रयमिति। नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः। इत्येकः प्रश्नः। अस्योत्तरं महेन्द्रप्रमुखैरिन्द्रादिना दत्तम्। प्रयोजनं च कथितम्। कस्य वा कृते। इत्यनेन प्रसक्ताधिकारिणो ग्राम्यधर्माद्विग्वेपका निर्दिष्टाः। कत्यंगः इति पाठ्याद्यंगानि संहृतानि अंगांगिभावश्च संदर्शितः ॥१७॥१८॥

## बालक्रीडा

इस महेन्द्रादि की प्रार्थना से क्रीडोपयोगी विषयों को दिखाने के लिए नाट्यवेद का निर्माण किया गया है इस इतिवृत्त का उपसंहार करते हुए कहते हैं कि वेद उपवेद इत्यादि। वेदों की व्याख्या हो चुकी है। वेदार्थ का उपकारक अर्थ जिससे जाना जाय या मिले वह वेद के सदृश उपवेद है।

जैसे मंत्र एवं अर्थवाद आदि के व्याख्यान से जिसका ज्ञान हो और जो प्रजा की रक्षा के उपायों का बोधक है वह आयुर्वेद ऋग्वेद का उपवेद है। साम का उपवेद गांधार या गान्धर्व वेद, यजुर्वेद का धनुर्वेद तथा अथर्ववेद का स्थापत्य है। अतः महात्मा है अतः सर्ववेदी है। सर्ववित् होने से ही वह इस तरह की सृष्टि के निर्माण में शक्तिशाली है। इस उपसंहार में यह दिखा दिया कि तीन प्रश्नों का उत्तर हो गया। क्योंकि प्रयोजन, अधिकारी, अंग एवं अंगांगि भाव का निर्णय हो चुका है। १७।१८।

इस प्रकार कवि को सर्वदा नाट्यवेद के शरीरभूत रूपकों के निर्माण करने में ब्रह्मा के सदृश होना चाहिए यह दिखाकर उसमें जो विनययुक्त हो तथा नटजन जिसके विधेय हों आज्ञापालक हों ऐसा राजा प्रयोजक है, और भरतमुनि के सदृश सर्ववित् एवं सम्पन्न परिवार वाला

उत्पाद्य नाट्यवेदं तु ब्रह्मोवाच सुरेश्वरम् ।
इतिहासो मया सृष्टः स सुरेषु नियुज्यताम् ॥१९॥
कुशला ये विदग्धाश्च प्रगल्भाश्च जितश्रमाः ।
तेष्वयं नाट्यसंज्ञो हि वेदः संक्राम्यतां त्वया ॥२०॥

### अभिनवभारती

प्रवृत्तं तत्र विभवयुक्तो विधेयनटजनश्च राजा प्रयोजयिता । भरतमुनिसदृशश्च सम्पन्नपरिवारः सर्ववित्प्रयोक्ता । प्रयोजकमहोत्सवप्रायः प्रयोगकालः । क्रीडाप्रस्ताव-व्याजोपदेशकाः विगतरागद्वेषा मध्यस्थवृत्तयः निर्मलहृदयमुकुरे सति तन्मयीभवन-योग्यतोपेता आहितरसास्वादाः सामाजिका इत्येतत् पुराकल्पमुखेन दर्शयत्यध्यायान्त-ग्रन्थेन—उत्पाद्य नाट्य वेदं त्वित्यादिना । राजैव प्रयोजयितुं शक्त इति तु शब्दः । इतिहासो दशरूपकम् । कुशलाः ग्रहणधारणयोग्याः विदग्धाः

### मधुसूदनी

विधेया आज्ञापालका नटजना यस्यासौ । क्रीडायाः प्रस्तावः प्रकरणम् । तस्य व्याजेन मिषेण उपदेशकाः उपदेशार्हाः । क्रीडाप्रस्तावव्याजेन उपदेशः मुख्यो येषां ते सामाजिकाः क्रीडाप्रस्ताव व्याजोपदेशकाः । "स एषां ग्रामणी" सूत्रेण अत्र कन् प्रत्ययः ।

### बालक्रीडा

प्रयोक्ता नट होना चाहिए । प्रयोजक राजा के यहाँ होने वाला महोत्सव इस नाट्य का प्रयोग काल है । राजाओं के यहां महोत्सव समय में इसका प्रयोग होना चाहिए ।

(मू०) ब्रह्मा जी नाट्य वेद का निर्माण करके सुरेश्वर इन्द्र को बोले । हे सुरेश्वर ! मैंने सेतिहास नाट्यवेद को बनाया अब इसका प्रयोग अभिनय देवताओं से कराइये ।

(लोचन) यहां तथा पूर्वश्लोक १५ में भी इतिहास का अर्थ है इति माने ज्ञान का ह्रास अर्थात् विकास जिससे हो वह । १९ ।

(मू०) जो व्यक्ति कुशल अर्थात् ग्रहण धारण करने के योग्य हों, विदग्ध माने ऊहापोह करने में समर्थ हों । प्रगल्भ धृष्ट अर्थात् जो सभा में झिझके नहीं और जितश्रम अर्थात् दृढाङ्ग हो जो परिश्रम से थके नहीं । उनको यह नाट्वेद पढ़ाइये । २० ।

जो रागद्वेष से रहित हैं जिनकी वृत्ति मध्यमार्गावलम्बिनी है जो हृदयरूपी दर्पण के निर्मल हो जाने से तन्मयी भवन की योग्यता से उपेत हैं, इसके आस्वाद की वासना से युक्त हैं ऐसे क्रीडा के प्रस्ताव बहाने उपदेश के योग्य सामाजिक होने चाहिए इन विषयों को "उत्पाद्य नाट्यवेदं तु" इत्यादि से अध्याय की समाप्ति पर्यन्त ग्रन्थ से दिखाते हैं ।

राजा ही प्रयोग कराता है इस बात को तु शब्द से बतलाया है । इतिहास माने दशरूपक । कुशल वे हैं जो ग्रहण एवं धारण करने में योग्य हैं । विदग्ध माने ऊहापोह में समर्थ । सभा में निर्भय प्रगल्भ होते हैं । जितश्रम पद का अर्थ है अभिनय करने के योग्य पुष्ट देह वाले और न खिन्न होने वाले ।

तच्छ्रुत्वा वचनं शक्रो ब्रह्मणा यदुदाहृतम्।
प्राञ्जलिः प्रणतो भूत्वा प्रत्युवाच पितामहम् ॥२१॥
ग्रहणे धारणे ज्ञाने प्रयोगे चास्य सत्तम।
अशक्ता भगवन्! देवा अयोग्या नाट्यकर्मणि ॥२२॥

### अभिनवभारती

ऊहापोहसमर्था। प्रगल्भाः परिषदभीरवः। जितश्रमाः योग्याः समुचितदेहा अखिन्नकायाश्च। ग्रहण इति। पूर्वं गुरुमुखाद् ग्रहणम्। तस्याविस्मरणं धारणम्। ज्ञानमूहापोहविचारः। प्रयोगः पर्षदि प्रकटीकरणम्। चकारेण च तदुपयोगिगुणनिका व्यायामाभ्यासादिः। देवाः सुखभूयिष्ठत्वात्। स्वाम्यादेशात्कथमपि यदि प्रवर्तेरन् तत्पूर्णपर्यवसानत्वं दुर्लभमेतैरित्यर्थः। ॥१९।२२॥

तर्हि किं क्रियतामित्याह—य इम इति। वेदज्ञा इति ग्रहणधारणसामर्थ्यम्।

### मधुसूदनी

चकारेण ग्रहणे धारणे ज्ञाने प्रयोगे चेत्यत्रत्य चकारेण तेषां ग्रहणानामुपयोगिनी सहायिका गुणनिका परिचयस्थैर्यहेतुः। प्रयोगसमये आलस्याभावाय व्यायामस्य शारीरिकश्रमस्य अभ्यासः पुनः पुनरनुशीलनम् ॥१९।२२॥

उत्पादना कर्त्तरि ल्युः। स्थायिनः स्थायिभावा। आखण्डस्यैकस्य रसस्य शृंगारहास्यादि भेदानामुत्पादना प्रतिपादका यस्य रसनवकस्येति बहुव्रीहिः।

### बालक्रीडा

(मू०) इस प्रकार ब्रह्मा जी के कथन को सुनकर इन्द्र ने उनको दोनों हाथों से प्रणाम किया और कहा। २१।

(मू०) भगवन्! देवता लोग इस नाट्य के ग्रहण धारण एवं प्रयोग के करने में असमर्थ हैं। और नाट्य कर्म प्रयोग या अभिनय करने में भी अयोग्य हैं। २२।

ग्रहण माने पहिले गुरुमुख से उपादान करना पढ़ना। फिर उसको नहीं भूलना धारण कहलाता है। ज्ञान माने ऊहापोह करके विचार। सभा में प्रकट करना अभिनय करना प्रयोग कहलाता है। चकार से गुरु से अधीत गृहीत विषय की स्थिरता के लिए गुणनिका अर्थात् बार बार दुहराना तथा प्रयोग के समय थकान नहीं हो इसलिए व्यायाम का अभ्यास आदि का ग्रहण है। देवाः कहने का भाव है कि क्रीडामय इनका जीवन है क्योंकि सुख में पले हैं अतः सुख बहुल हैं और वे यदि कदाचित् स्वामी के आदेश से आज्ञा से किसी प्रकार अभिनय करने में प्रवृत्त भी हुए तो पूर्ण समाप्ति उनसे होना दुर्लभ ही है।

तब क्या करना चाहिए। इस पर कहते हैं कि ये जो वेदज्ञ हैं ग्रहण और धारण में समर्थ हैं।

य इमे वेदगुह्यज्ञा ऋषयः संशितव्रताः ।
एतेऽस्य ग्रहणे शक्ताः प्रयोगे धारणे तथा ॥२३॥

### अभिनवभारती

गुह्यज्ञत्वेनाध्यात्मोपनिषदर्थवेदनधारणकौशलेन रसाद्युपयोगिसात्त्विकसम्पादितसामर्थ्यम् । यद्वक्ष्यति —"सत्त्वं मनःप्रयत्ननिर्वर्त्यम्" इत्यादि । तेन—

न्यस्येत्प्राणं भ्रुवोर्मध्ये स्तम्भो बाष्पस्य चक्षुषः ।
स्वेदो हृदि, गुदे कम्पः, पुलको मूर्ध्नि, वक्त्रतः ॥
वैवर्ण्यं, स्वरितं कण्ठे, प्रलयो नासिकान्तरे ॥

इत्यादियोग्यत्वं तेषाम् । अत एवानुषङ्गतो नटस्यापि परमपुरुषार्थलाभो धारणादिवशात् । ऋषय इति । दर्शनार्हत्वादिति । ऊहापोहयोग्याः । संशितव्रता इति । अभ्यासे शक्ताः । तथेति । ग्रहणादीनामार्थक्रमः प्रदर्शनीय इत्यर्थः । इम इति प्रत्यक्षेणैव दृष्टमेषां वदिति दर्शयति । ॥२३॥

### बालक्रीडा

जो तो वे ऋषि, वेद के रहस्य के जानकार एवं संशित व्रत कठोर तपस्वी अतएव अभ्यास करने में समर्थ हैं वे ही लोग इसके ग्रहण धारण एवं प्रयोग करने में शक्त हैं । २३ ।

गुह्यज्ञत्व से मन में अर्थात् बुद्धि में उपनिषदर्थ रहस्यभूत अर्थ को समझकर धारण करने की कुशलता से रसादि के उपयोगी याने रसादि की अनुभूति कराने में सहायक सात्त्विकों के द्वारा सम्पादित किया हुआ सामर्थ्य गृहीत है । जैसा कि आगे कहेंगे कि मन के प्रयत्न से निर्वर्त्य सम्पाद्य का नाम सत्त्व है इत्यादि । इससे उन ऋषियों की

भ्रुकुटियों के मध्य में प्राणों को स्थिर करे जिससे चक्षु आंखों से बहने वाले बाष्प के स्तम्भन करने की, हृदय में स्वेद के प्रकट करने की, चूतड़ में कम्पन दिखलाने की, मस्तक में पुलक बालों को खड़ा करने की, मुख में विवर्णता को प्रकाशित करने की, कण्ठ में काकुस्वर शोक, भीति एवं हर्ष की ध्वनियों को व्यक्त करने की, नासिका से श्वासों का बाहर न निकलने देने से प्रलय नष्ट चेष्टता के अभिनय करने की योग्यता सिद्ध हो जाती है ।

इसीलिए अनुषङ्गतः परम्परया नट को भी परमपुरुषार्थ का लाभ हो जाता है । क्योंकि शान्तरस के अभिनय के प्रसंग (वश) से धारण, ध्यान एवं समाधि करने का अवसर आ जाता है ।

उपनिषदर्थ के दर्शन करने से ऋषि कहलाते हैं । ऊहापोह तर्क वितर्क करने की योग्यता उनमें है । संशित व्रत माने अभ्यास में पुनः पुनः अनुशीलन में शक्त हैं । तथेति से ग्रहण, धारण, ऊहापोह आदि पदार्थों का क्रम दिखलाना आवश्यक है यह अर्थ लेना चाहिए । इमे पद से दिखाते हैं कि यह पदार्थ इनका प्रत्यक्ष से ही देखा हुआ है । २३

श्रुत्वा तु शक्रवचनं मामाहाम्बुजसम्भवः ।
त्वं पुत्रशतसंयुक्तः प्रयोक्ताऽस्य भवानघः ॥२४॥
आज्ञापितो विदित्वाऽहं नाट्यवेदं पितामहात् ।
पुत्रानध्यापयामास प्रयोगं चापि तत्त्वतः ॥२५॥

### अभिनवभारती

श्रुत्वा त्विति । मामिति । तु शब्देन ऋषिभ्योऽप्यन्येभ्योऽस्य विशेषमाह । ब्रह्मैव मामाहेत्यादरातिशयः ।

पुत्रशतयोगादन्योन्यप्रवर्तितबहुतरपरिवारयोगः । अनघेत्यध्येषणया सोत्साहपरिषदा कृतसम्मानस्य सम्यक्प्रयोगनिष्पत्तिरिति सूचितम् । आज्ञापित इत्यनुल्लङ्घनीयवचनताऽस्योक्ता ।

पितामहादित्यनाचार्योपितत्वाशङ्कां व्युदस्यति । प्रयुज्यत इति प्रयोगो दशरूपकम् । प्रयुज्यते निर्वर्त्यतेऽनेनेति प्रयोगः । नाट्यलक्षणशास्त्रम् । तदहं पुत्रान् पाठयाञ्चकार ।

प्रयुक्तिश्च प्रयोगः । तमध्यवसायपर्यन्तमहं पुत्रानध्यापयामास । तथाऽहं चकार यथा प्रयुक्तिं ते पुत्राः सम्यक्प्राप्नुवन्त इत्यर्थः ।

### बालक्रीड़ा

इस प्रकार के इन्द्र के वचन को सुनकर ब्रह्मा जी ने मुझसे कहा । तुम ही अपने सौ पुत्रों सहित इसके अभिनेता बनो । २४ ।

ब्रह्मा जी की इस आज्ञा को पाकर मैंने उनसे नाट्यवेद को पढ़ा और पुत्रों को पढ़ाया तथा ठीक २ नाट्य का प्रयोग करना भी सिखाया । २५ ।

"श्रुत्वा तु मां" इनमें तु शब्द से ऋषियों से भी औरों से भी इसकी विलक्षणता कही है । ब्रह्मा ने ही मुझको कहा इससे आदरातिशय प्रतीत होता है ।

सौ पुत्र कहने का भाव है कि अन्योन्य के द्वारा अर्थात् पुत्र के पुत्र फिर उसके पुत्र इस तरह बहुत बड़ा परिवार है । अनघ सम्बोधन से व्यक्त अध्येषणा याने आदरातिशय के साथ की गई प्रेरणा से यह सूचित किया कि उत्साह सम्पन्न परिषद् अभिनेतृवर्ग का सम्मान किया गया है अतएव अच्छी तरह प्रयोग की निष्पत्ति होगी ।

आज्ञापितः इससे प्रतीत होता है कि भरतमुनि ब्रह्माजी की बात को टाल नहीं सकते हैं ।

पितामह से नाट्य वेद को जानकर । इसमें पितामह में पंचमी का भाव है कि आचार्य के चरणों में (उपित) बैठकर अध्ययन नहीं करने की शंका का निराकरण हो गया । जो प्रयुक्त किया जाय वह प्रयोग दशरूपक है । जिससे प्रयुक्त होता है सम्पन्न होता है वह प्रयोग माने नाट्य लक्षण शास्त्र है । उसको मैंने पुत्रों को पढ़ाया ।

प्रयुक्ति का नाम प्रयोग है । उसके निश्चय अध्यवसाय तक मैंने पुत्रों को पढ़ाया

शाण्डिल्यं चैव वात्स्यं च कोलहं दत्तिलं यथा ।
जटिलाम्बष्टको चैव तण्डुमग्निशिखं तथा ॥२६॥
सैन्धवं सपुलोमानं शाड्वलिं विपुलं तथा ।
कपिञ्जलिं बादिरं च यमधूम्रायणौ तथा ॥२७॥
जम्बुध्वजं काकजङ्घं स्वर्णकं तापसं तथा ।
कैदारिं शालिकर्णं च दीर्घगात्रं च शालिकम् ॥२८॥
कौत्सं ताण्डायनिं चैव पिङ्गलं चित्रकं तथा ।
बन्धुलं भल्लकं चैव मुष्टिकं सैन्धवायनम् ॥२९॥
तैतिलं भार्गवं चैव शुचिं बहुलमेव च ।
अबुधं बुधसेनं च पाण्डुकर्णं सुकेरलम् ॥३०॥

अभिनवभारती

चापिशब्दाभ्यां सूचिते द्वे द्वे आवृत्ती । मुनिसमुचितकर्तव्यान्तरव्यासङ्गोऽपि लिटा सूचितः । तत्त्वत इति नाट्याचार्यस्य सम्यगाप्तत्वं गम्यते । ॥२४।२५॥

पुत्रान्नामभिर्दर्शयति शाण्डिल्यमित्यादिना । अत्र प्रसिद्धत्वं नटानामादर-कारणमिति तावन्मुख्यं नामग्रहणे प्रयोजनम् । आनुषङ्गिकं त्वन्यदपि । तद्यथा

बालक्रीडा

इसका भाव है कि इस तरह मैंने उन पुत्रों को पढ़ाया जिस तरह वे मेरे पुत्र प्रयोग को अच्छी तरह पा गये ।

२६ से ३९ वें श्लोक तक १०० पुत्रों का नाम निर्देश किया है । एवं पुत्र शत संयुक्तः आरम्भ में २४वें श्लोक में और प्रयोजितं पुत्र शतं अन्त में ४०वें श्लोक में पुत्रों की १०० संख्या ही बतलाई है अतः कर्त्तारिं चोग्रमेव च में दो नाम न मानकर एक को विशेषण और एक को विशेष्य मानना चाहिए । तब संख्या ठीक हो जाती है ॥२६॥३९॥

च और अपि शब्दों से दो दो आवृत्तियां सूचित होती हैं । अर्थात् पढ़ने पढ़ाने में नाट्य शास्त्र ग्रन्थ की दो २ बार आवृत्तियां हुई हैं । अध्यापयामास में लिट् प्रत्यय से यह भी सूचित हुआ कि मुनि समुचित सन्ध्यावन्दन, हवन, पूजन एवं जप का भी मध्य २ में व्यासंग रहता था । तत्त्वतः इससे नाट्याचार्य की आप्तता समीचीन थी यह व्यक्त होता है ॥२४॥२५॥

शाण्डिल्य इत्यादि सौ पुत्रों के नाम कहते हैं । नाम ग्रहण का मुख्य प्रयोजन है कि ये पुत्र लोक में प्रसिद्ध हैं । और यह प्रसिद्धि ही उनके आदर का कारण है । आनुषङ्गिक तो और भी कुछ है ।

ऋजुकं मण्डकं चैव शम्बरं वञ्जुलं तथा ।
मागधं सरलं चैव कर्तारं चोग्रमेव च ॥३१॥
तुषारं पार्षदं चैव गौतमं बादरायणम् ।
विशालं शबलं चैव सुनाभं मेषमेव च ॥३२॥
कालियं भ्रमरं चैव तथा पीठमुखं मुनिम् ।
नखकुट्टाश्मकुट्टौ च षट्पदं सोत्तमं तथा ॥३३॥
पादुकोपानहौ चैव श्रुतिं चापस्वरं तथा ।
अग्निकुण्डाज्यकुण्डौ च वितण्डं ताण्ड्यमेव च ॥३४॥
कर्तराक्षं हिरण्याक्षं कुशलं दुस्सहं तथा ।
लाजं भयानकं चैव बीभत्सं सविलक्षणम् ॥३५॥
पुण्ड्राक्षं पुण्ड्रनासं चाप्यसितं सितमेव च ।
विद्युज्जिह्वं महाजिह्वं शालङ्कायनमेव च ॥३६॥

## अभिनवभारती

विदूषकतापसादिनाम्नां तथाकर्मिणां निर्वचनलब्धार्थयुक्त्या भूमिकाविशेषोपयोग इति ।

अन्यस्त्वाह—शतमेवेह पठितम् । कथञ्चनाभिनेयानां स्थाय्युत्पादनरस-नवकतद्गतव्यभिचारित्रयस्त्रिंशत्सात्त्विकाष्टकानुरूपाणां पञ्चाशतोऽर्थानां न्याय्यान्याय्य-भेदेन नायकप्रतिनायकविषयतया प्राधान्याभिप्रायेणेति ।

## बालक्रीडा

चिन्ता, विषाद, एवं व्याकुलता आदि विषम परिस्थितियों से ग्रस्त चिन्तित, विषण्ण, एवं व्याकुल नायक को प्रसन्न करके चिन्ता, विषाद एवं व्याकुलता को जो दूषित कर दे वह विदूषक होता है । (अध्ययनं परमं तपः) अध्ययन रूप परमतप में लीन तापस कहलाता है । इन नामों के अनुरूप भूमिका ग्रहण करके अभिनय करने में इसका उपयोग होता है ।

वह जैसे उस तरह के कर्म करने वाले विदूषक एवं तापसों का, उनके नामों के निर्वचन से लब्ध अर्थ की युक्ति से भूमि का विशेष के लिए उपयोग होता है ।

अन्य तो कहता है कि और भी इन परिगणित नामों के सिवाय बहुत से शिष्य थे किन्तु यहाँ सो पढ़े हैं । उसका अभिप्राय है कि कथञ्चन अभिनय के योग्य ५० अर्थ हैं । जिनमें रस अखण्ड एक आस्वाद रूप होने पर भी उत्पादन (कर्ता में ल्यु प्रत्यय है) श्रृंगारादि रूपता के उत्पादक स्थायिभावों के कारण नव रस हैं और तद्गत (तत्सम्बन्धी) ३३ व्यभिचारिभाव हैं तथा ८ सात्त्विक भाव हैं । उनमें प्रधानतया नायक विषयक ५० न्याय्य हैं और प्रतिनायक विषयक ५० न्याय बहिर्भूत हैं इस तरह १०० शत हैं ।

श्यामायनं माठरं च लोहिताङ्गं तथैव च ।
संवर्तकं पञ्चशिखं त्रिशिखं शिखमेव च ॥३७॥
शङ्खवर्णमुखं षण्डं शङ्कुकर्णमथापि च ।
शक्रनेमिं गभस्तिं चाप्यंशुमालिं शठं तथा ॥३८॥
विद्युतं शातजङ्घं च रौद्रं वीरमथापि च ।
पितामहाज्ञयाऽस्माभिर्लोकस्य च गुणेप्सया ॥३९॥
प्रयोजितं पुत्रशतं यथाभूमिविभागशः ।
यो यस्मिन्कर्मणि यथा योग्यस्तस्मिन् स योजितः ॥४०॥

## अभिनवभारती

तत्र तु 'कैशिक्यपि प्रयुक्ता स्यात्' इत्युत्तरग्रन्थावकाशाभाव इत्यलमभिरस-हृदयाभिनिवेशव्याख्याभिः । (२६-३९)

यस्मिन्निति । उत्तमप्रकृतिविचेष्टितादौ । यथेति । कश्चिन् तदीयहृदयहर्ष-प्रदर्शनप्रकारेण योग्योऽन्यस्तदीयशोकप्रकटीकरणेनेति । (४०)

अथ सकलप्रयोगप्राणभूतकैशिक्युपयुज्यमानोपकरणान्तरसंहरणायोपक्रमं दर्श-यति भारतीमित्यादि । वृत्तिमिति । धर्मादिपुरुषार्थचतुष्टये साध्ये वागङ्गसत्त्वचेष्टा-सामान्यम् । तच्च संक्षिप्तेनावान्तरभेदेन चतुर्धा । यथारकिल कर्मारभ्यते तत्र

## बालक्रीडा

पितामह की आज्ञा और संसार की हमारे गुणों की तरफ चाह के अनुसार हमने अपने १०० पुत्रों को, जिसको जिस कार्य के करने में योग्य समझा उसको व्यवस्था से अलग अलग भूमिका का विभाग करके नाट्य में लगा दिया । ४० ।

उसमें कैशिकी सात्वती आरभटी एवं भारती का भी तो प्रयोग होता है । यहाँ कौशिकी उपलक्षण है अन्य वृत्तियों का । अतः उक्त वृत्तियों का परिगणन नहीं होने से उत्तर ग्रन्थ को अवकाश नहीं मिलेगा । इसलिए सहृदयों भावुकों के अभिनिवेश से शून्य इन व्याख्याओं से दूर ही रहना चाहिए । ॥२६=३९॥

यस्मिन् । जिसमें अर्थात् उत्तम, मध्यम एवं अधम प्रकृतियों के चेष्टित आदि में । यथा । उनमें कोई अनुकार्यों के हृदयगत हर्ष के प्रदर्शन की शैली से । और उनके शोक के प्रकटीकरण के प्रकार से योग्य है । ४० ।

अब पुत्रों के सौ नामों का निर्देश करने के बाद सकल प्रयोगों की प्राण भूलभूत कैशिकी वृत्ति में प्रयुज्यमान भिन्न भिन्न उपकरणों के संहरण संग्रह के लिए उपक्रम करते हैं दिखाते हैं भारतीमित्यादि । भारती वृत्ति । धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों का नाट्य में प्रयोग करना है ।

इनमें वाणी, अंग एवं सत्त्व (मन) की चेष्टायें, क्रियायें सामान्य हैं । वे चेष्टायें

**भारतीं सात्त्वतीं चैव वृत्तिमारभटीं तथा।**
**समाश्रितः प्रयोगस्तु प्रयुक्तो वै मया द्विजाः ॥४१॥**

### अभिनवभारती

वाङ्मनःकायव्यापारस्तावदस्ति। तत्र कस्यचिल्लालित्यवैचित्र्यक्रमस्यानुप्रवेशः। यत्र उत्तमप्रकृतीनां सौष्ठवमय एव सर्वो व्यापारः। तदेव तद्वृत्तिचतुष्टयम्।

भारती वाग्वृत्तिः। मनोव्यापाररूपा सात्त्विकी सात्त्वती। सदिति प्रख्यारूपं संवेदनम्। तद्यत्रास्ति तत्सत्त्वं मनः। तस्येयमिति।

'इयर्ति' इत्यरा भटाः सोत्साहा अनलसाः। तेषामियमारभटी कायवृत्तिः। केशाः किञ्चिदप्यर्थक्रियाजातमकुर्वन्तो देहशोभोपयोगिनः। तद्वत्सौन्दर्योपयोगी व्यापारः कैशिकीवृत्तिरिति तावन्मुख्यः क्रमः।

अन्यस्य तु यस्तद्व्यपदेशः स तत्प्रधानत्वादनेकरसप्रधानं पानकरीत्या कैशिकी-त्यादि मधुरव्यपदेशवत्। एतच्च प्राग्वे वितनिष्यामः।

एवं यत्किञ्चिल्लालित्यं तत्सर्वं कैशिकीविजृम्भितम्। सा च तैः प्रयोक्तुमशक्येति तुशब्देनोक्तम्। तेन दशरूपं सर्वं वैचित्र्यशून्यं तान्प्रति योजितम्। अत एव तादृशे प्रयोगेऽवज्ञां वै शब्देन द्योतयति। प्रयुक्त इति। तेषामभ्यासभूमौ योजित इत्यर्थः। (४१)

### बालक्रीडा

संक्षिप्त अवान्तर भेद से चार प्रकार की है। क्योंकि कोई भी कुछ भी कर्म करेगा उसमें वाणी, मन एवं काय के व्यापार तो होंगे ही। उनमें किसी के लालित्य एवं वैचित्र्य क्रम का अनुप्रवेश होता है। जैसे कि उत्तम प्रकृति पुरुषों के सभी व्यापार सौष्ठवमय सुन्दरतामय ही होंगे। ये व्यापार ही वे चार वृत्तियाँ हैं।

भारती वाग्वृत्ति है। मनोव्यापाररूप सात्त्विकी सात्त्वती कहलाती है। सत् यह संवेदन ज्ञान का नाम है जो कि प्रख्यारूप है। वह प्रख्यारूप संवेदन जिसमें हो वह सत्त्व मन है। उस मन की यह वस्तु सात्त्वती।

जो चलते हैं गतिशील हैं क्रियाशील हैं वे आरभट हैं सोत्साह हैं आलस्य रहित अनलस हैं। उन उत्साह सम्पन्न व्यक्तियों के व्यापार का नाम आरभटी है। यह काय वृत्ति है। कुछ भी क्रिया को नहीं करने वाले केश जो केवल शरीरशोभैक फल हैं। उसी तरह सौन्दर्योपयोगी व्यापार का नाम कैशिकी वृत्ति है। यह मुख्य क्रम है।

अन्य का तो जो वह व्यपदेश है वह उसकी प्रधानता के कारण है। जिसमें प्रपानक की तरह अनेक रस प्रधान हैं। वह व्यपदेश व्यवहार कैशिकी इत्यादि मधुर व्यपदेश की तरह है। इन सबका आगे चलकर विस्तार करेंगे।

इस प्रकार कुछ जो ललित व्यापार है वह सब कैशिकी वृत्ति का ही विजृम्भण है, विस्तार है। इस कैशिकी का प्रयोग ऋषि लोग नहीं कर सकते हैं। इस बात को तु शब्द

परिगृह्य प्रणम्याथ ब्रह्मा विज्ञापितो मया ।
अथाह मां सुरगुरुः कैशिकीमपि योजय ॥४२॥
यच्च तस्याः क्षमं द्रव्यं तद् ब्रूहि द्विजसत्तम ! ।
एवं तेनास्म्यभिहितः प्रयुक्तश्च मया प्रभुः ॥४३॥ प्रत्युक्तः

अभिनवभारती

क्षममिति । प्रयोगसमर्थं सादरविचित्रं प्रयुङ्क्ते । अत एवाह द्रव्यम् । सुन्दरम् । यतः सौन्दर्यप्राणैव सा । एवमिति । बुद्धिकौशलं मदीयं ज्ञातुं तेनाहमेतत्पृष्टः । चकारेण प्रत्युत्पन्नप्रतिभानत्वं दर्शयति । अनेन झटिति कविहृदयग्रहणयोग्यत्वं नाट्याचार्यगुण इति सूचयति । (४२-४३)

न चात्यन्तापरिदृष्टे वस्तुनि उपकरणमुन्नेतुं शक्यम् । ब्रह्मणा तूपदेशसमये वचनमात्रेणोक्तमेतन्मध्ये हृदयहारि वैचित्र्यं योजनीयमिति । अनेनाभिप्रायेण कैशिकीसाक्षात्करणं वर्णयति नृत्ताङ्गहारैरित्यादिना युगलकेन । नर्तनं नृत्तम् । गात्राणामङ्गोपाङ्गानां विलासेन क्षेपः । न तु केनचित्कर्तव्यांशेन । लोकोऽप्येवंविधे विषये

बालक्रीडा

से कहा है । इस लिए जो भी पहिले देवताओं को दिखाये गये प्रयोग थे वे सब दशरूपक, वैचित्र्य शून्य थे, चमत्कार रहित थे । इसीलिए उस तरह के कैशिकी रहित प्रयोगों के विषय में अवज्ञा को वै शब्द से सूचित की । दिखलाई । प्रयुक्त अर्थात् अभ्यास भूमि में उनको प्रयोग करके दिखलाया । ४१ ।

भारती, सात्वती एवं आरभटी वृत्तियों से युक्त प्रयोग को मैंने किया और उसी को लेकर ब्रह्मा जी के पास गया और प्रणाम करके उनको प्रयोग के विषय में सूचना दी । ४१ । । ४२ ।

इसके बाद सुरगुरु ब्रह्मा जी ने मुझ से कहा कि कैशिकी का भी प्रयोग करो । और जो उस वृत्ति के योग्य द्रव्य अपेक्षित हो उसको मांगो । ४३ ।

क्षम माने प्रयोग में समर्थ है । आदर के साथ विचित्र प्रकार से प्रयोग करते हैं । इसीलिए इसको सुन्दर द्रव्य कहते हैं । क्योंकि वह वृत्ति सौन्दर्य प्राण है । इस प्रकार कहने का भाव है कि मेरे बुद्धिकौशल को जानने के लिए उसने मुझसे यह पूछा । प्रयुक्तश्च में चकार से भरत में प्रत्युत्पन्नप्रतिभानत्व दिखलाते हैं । इससे शीघ्र ही कवियों के हार्दभाव को समझ लेने की क्षमता नाट्याचार्यों का गुण है यह सूचित होता है । ४२ । ४३ ।

जिस प्रयोग को कभी पहिले देखा ही नहीं है उस प्रयोग के लिए किन २ उपकरणों की आवश्यकता है इसका उन्नयन करना ऊहापोह करना मुश्किल है । ब्रह्माजी ने तो उपदेश के समय पढ़ाने के समय में वचन मात्र से कह दिया । किन्तु प्रयोग के समय में उसमें मनोहारी चमत्कारों की योजना करना आवश्यक है । इसी अभिप्राय से कैशिकी के साक्षात्कार का वर्णन करते हैं नृत्ताङ्गहार इत्यादि दो श्लोकों से । नर्तन ही नृत्त है । अर्थात्

दीयतां भगवन्द्रव्यं कैशिक्याः सम्प्रयोजकम् ।
नृत्ताङ्गहारसम्पन्ना रसभावक्रियात्मिका ॥४४॥
दृष्टा मया भगवतो नीलकण्ठस्य नृत्यतः ।
कैशिकी श्लक्ष्णनेपथ्या शृङ्गाररससम्भवा ॥४५॥

## अभिनवभारती

एवमेवाह—'नृत्यतीव गच्छति' इत्यादि । तत्र येऽङ्गहारा अङ्गानां हरणानीति अत्रुटितरूपतया समुचितस्थानप्राप्तिः । तैः सम्पन्ना ।

शङ्करस्यैव भगवतः परिपूर्णानन्दनिर्भरीभूतदेहोच्चलदान्तरनिर्वाणसुन्दराकारस्य अत एव नृत्यतः इतिकर्तव्यान्तरवैकल्यादानन्दनृत्तमात्रस्थितस्य । प्रयोक्तृत्वेन मया दृष्टा ।

ननु सा नाट्योपयोगिनी कथम् । आह । सैव यदि श्लक्ष्णेन श्लिष्टतोचितेन नेपथ्येन सहिता भवति । यद्वक्ष्यति—"शृङ्गार उज्ज्वलवेषात्मक" (ना. शा. ६-५०)

## बालक्रीड़ा

गात्रों, अंगों एवं उपाङ्गों का विलास से संचालन करना । न कि किसी कर्तव्यांश के द्वारा अंगों का क्षेपण करना है । जनता भी इस प्रकार के विषय में ऐसे ही कहती है कि नाचता हुआ जाता है । इत्यादि । उनमें जो अंगों का हरण अर्थात् पूर्णरूप से समुचित स्थान में पहुँचाना । उन अंगहारों से सम्पन्ना कैशिकी वृत्ति है ।

इस प्रकार जब ब्रह्मा जी ने कहा तब मैंने कहा कि हे भगवन् ! कैशिकी वृत्ति के प्रयोग करने वाले द्रव्य को दीजिए । ४४ ।

क्योंकि स्त्रियों के सिवाय पुरुषों के लिए इसका प्रयोग करना असम्भव है । भगवान् नीलकण्ठ के नृत्य करते समय मैंने देखा है कि कैशिकी बड़े कोमल अंगों से प्रयोग की जाती है । रसमयी एवं भाव प्रधान यह वृत्ति है । वेष-भूषा भी इसमें चिकने होने चाहिए । शृङ्गार रस की तो यह उद्गमस्थल है । ४५ ।

परिपूर्ण आनन्द से निर्भरीभूत ओतप्रोत देह में उच्चलत परिवर्तनमान आन्तर निर्वाण निर्वृति अर्थात् सुख से सुन्दर आकार वाले अत एव नाँचते हुए मानो अन्य सब इति कर्तव्यों को छोड़कर केवल आनन्द में विभोर हुए भगवान् शंकर के ही द्वारा प्रयोग की जाने वाली कैशिकी को मैंने देखा ।

प्रश्न=भगवान् के नाचते समय देखी हुई वह कैशिकी नाट्य के उपयोगिनी कैसे हुई ? उत्तर । इस पर कहते हैं कि वही यदि श्लक्ष्ण श्लिष्ट चिक्कण अर्थात् आकर्षक नेपथ्य के सहित होती है, तब उपयोगिनी हो जाती है । जैसा कि आगे कहेंगे ।

उज्ज्वल वेषस्वरूप शृंगार होता है । इसलिए उस कैशिकी से ही नाट्य में कहा हुआ शृंगार रस सम्भूत होता है अन्यथा नहीं । कैशिकी के बिना शृंगार का संभव नहीं

## अभिनवभारती

इति तत्राव्योकश्रृङ्गाररसः सम्भवति। नान्यथा। नेपथ्यग्रहणं सुकुमारस्याङ्गिकादेरप्युपलक्षणम्। तेन श्रृङ्गाराभिव्यक्तिहेतौ सुकुमारे चतुर्विधेऽप्यभिनये योजिते मधुरमन्थरवलनावर्तनभ्रूक्षेपकटाक्षादिना विना श्रृङ्गाररसास्वादस्य नामापि न भवति।

किमत्रैव सोपयोगेत्याह रसभावक्रियात्मिकेति। रसानां भावो भावना कविनटकलाकारसामाजिकहृदयव्याप्तिः। तस्या या क्रिया इतिकर्तव्यता सैवात्मा स्वभावो यस्याः। एतदुक्तं भवति—रौद्रादिरसाभिव्यक्तावपि कर्तव्यायां योऽभिनय उपादीयते सोऽप्यनुप्रासवलनावर्तनाद्यात्मकसुन्दरवैचित्र्यस्यामिश्रणया दुःश्लिष्टोऽश्लिष्ट एव वा न रसाभिव्यक्तिहेतुर्भवतीति सर्वत्रैव कैशिकी प्राणाः।

यद्वक्ष्यति—"अस्य शाखा च नृत्तं च" "वस्तून्यभिनयस्य" (ना. शा. ८-१५) इति। श्रृङ्गाररसस्य तु नामग्रहणमपि न तया विना शक्यम्।

स्त्रीजनादृत इति। अयं भावः—यावन्निजहृदयरसविलसद्विकस्वरनिर्वारचमत्कारपवित्रता न जाता भगवत इव, तावच्छिक्षाशतैरपि वैचित्र्यमनाहार्यम्। मुनीनां च निसर्गविषयविमुखचित्तवृत्तीनां को निर्वृतिचमत्कारः।

## बालक्रीडा

है। नेपथ्य का ग्रहण सुन्दर वेषभूषा का धारण करना सुकुमार आंगिकादि चेष्टाओं का उपलक्षण है। अर्थात् उनसे उनको भी समझो।

इससे यह स्पष्ट हो गया कि श्रृंगार की अभिव्यक्ति के लिए चारों अभिनयों के सुकुमारता के साथ, कोमलता के साथ प्रयोग करने पर भी बिना मधुर एवं मन्थर, आवर्तन, भ्रूक्षेप एवं कटाक्षादि के, श्रृंगार रस के आस्वाद का नाम भी नहीं ले सकते हैं।

क्या यहीं श्रृंगार में ही उस कैशिकी का उपयोग है, अन्य रसों में नहीं, इस पर कहते हैं कि रस भाव क्रियात्मिका। रसों का भाव माने भावना अर्थात् कवि, नट, कलाकार एवं सामाजिकों के हृदयों में व्याप्त होना। उस भावना या व्याप्ति की जो क्रिया इति कर्तव्यता वही आत्मा स्वभाव उस कैशिकी का है। इससे यहाँ यह कहा गया कि रौद्रादि रसों की भी अभिव्यक्ति कर्तव्य है उसके लिए जिस अभिनय का उपादान करेंगे उसमें भी यदि अनुप्रास एवं वलन आवर्तनादि रूप वैचित्र्य का मिश्रण नहीं करेंगे तो वह प्रयोग अभिनय दुःश्लिष्ट अथवा अश्लिष्ट ही रहेगा अतः रसाभिव्यक्ति का हेतु वह नहीं बनेगा इसलिए सिद्ध है कि कैशिकी वृत्ति सभी रसों में, सभी प्रयोगों में प्राण है। जैसा कि आगे कहेंगे—

अस्य शाखा च नृत्तं च तथैवाङ्कुर एव च
वस्तून्यभिनयस्येह विज्ञेयानि प्रयोक्तृभिः।

प्रयोग कर्ताओं को इस अभिनय की तीन वस्तुओं शाखा, नृत्त एवं अंकुर को जानना चाहिए। इसलिए कैशिकी के बिना श्रृंगाररस का तो नाम भी नहीं ले सकते हैं।

स्त्रीजनों के बिना। यहाँ का भाव यह है कि जब तक भगवान् शिव की तरह सामाजिक के हृदय में रस से विलसत्, उद्वेलित एवं विकस्वर स्पष्ट प्रतीत निर्वार (निर्वृति)

**अशक्या पुरुषैः सा तु प्रयोक्तुं स्त्रीजनादृते ।**
**ततोऽसृजन्महातेजा मनसाऽप्सरसो विभुः ॥४६॥**

### अभिनवभारती

योऽपि वा ससमाधिजः सोऽपि देहपर्यन्ततां न भजति । प्रत्युत ततः पलायमानः । अतः स्त्रीणां तादृगस्ति वैचित्र्यम् । तत्सम्पर्कसम्भवदार्द्रभावास्तु कदाचिच्छक्नुयुरपि ।

ये त्वाहुः –'न भगवतः कैशिकीप्रयोगसामर्थ्यम् । तेन दृष्टोमयेति पाठे उमया सह भगवतो नृत्यतो भगवन्तमप्यनादृत्य भगवत्या प्रयुज्यमाना मया दृष्टा' इति–त उक्तनीत्या पराकृताः । तथा–

विचित्रैरङ्गहारैस्तु देवो लीलासमन्वितैः ।
बबन्ध यः शिखापाशं कैशिकी तत्र निर्मिता ॥ (ना. शा. २०-१२)

इति भगवतो विष्णोः कैशिकीनिर्माणमनुचितं स्यादित्यलं बहुना । जनशब्देन रागिताशङ्कां परिहरति । ततोऽसृजदिति । मनसेति । यथारुचि विनिर्मिता इत्यर्थः । (४४-४६) ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) इतना सुनने पर महातेजा विभु ने मन से (नाट्यलंकारों से शोभित) अप्सराओं को पैदा किया । ४६ ।

अर्थात् सुखमय या सुखाभिन्न चमत्कार की पवित्रता स्वच्छता नहीं हो जाती तब तक सैकड़ों प्रकार की शिक्षाओं से भी वैचित्र्य लाना शक्य नहीं है । और विषयों से जिनकी चित्तवृत्तियाँ विमुख रहती हैं उन मुनियों को वह निर्वृति चमत्कार कहाँ मिल सकता है ।

जो भी समाधि से निर्वृति या चमत्कार उत्पन्न होता है वह भी अन्तःकरण पर्यन्त रह जाता है देह पर्यन्त नहीं पहुँचता है प्रत्युत देह से भाग जाता है । सात्त्विक भावों का एवं सात्त्विक अभिनयों का प्रदर्शन करना मुनियों की शक्ति के बाहर है । हमारे गुरुजी श्रीबालकृष्णमिश्रजी का मत है कि जीवच्छरीर का नाम सत्त्व है जैसे त्वङ्मनोयोग ज्ञान का कारण है उसी तरह शरीरमनः सम्बन्ध से ही सात्त्विकाभिनय एवं सात्त्विक भावों का प्रदर्शन हो सकता है । इसलिए देह पर्यन्त निर्वृति चमत्कार आना चाहिए । अतः स्त्रियों में ऐसा कुछ वैचित्र्य है उनके सम्पर्क से होने वाले आर्द्रभाव याने रसिकता से मुनि लोग भी कैशिकी वृत्ति का अभिनय कदाचित् कर सकते हैं।

जो तो कहते हैं कि भगवान् कैशिकी के प्रयोग करने में समर्थ नहीं है । इसलिए "दृष्टा मया भगवतः" इस पद्य में "दृष्टोमया भगवतः" पाठ है । इस पाठ में उमा के साथ में नाचते हुए भगवान् । यहाँ षष्ठी अनादर अर्थ में है अतः भगवान् का आश्रय बिना लिए ही स्वतन्त्र रूप से भगवती के द्वारा प्रयुज्यमाना कैशिकी को मैंने (भरत ने) देखा । यह व्याख्या है ।

**नाट्यालङ्कारचतुराः प्रादान्मह्यं प्रयोगतः।**
**मञ्जुकेशीं सुकेशीं च मिश्रकेशीं सुलोचनाम् ॥४७॥**

अभिनवभारती

**नाट्यस्य योऽलङ्कारो वैचित्र्यहेतुः कैशिकी। तत्र चतुराः। अन्ये तु नाट्यालङ्काराः सामान्याभिनये (अ-२२) वक्ष्यमाणाः स्वभावजा 'लीला विलास' इत्याद्या दश, 'शोभा कान्तिः' इत्याद्याश्च सप्तायत्नजा इति। अनेन मुनिकन्यानामत्रायोग्यत्वं तावदुक्तम्। तासां नामग्रहणे पूर्ववत्प्रयोजनं निरूप्यम्। मे ददाविति।**

बालक्रीड़ा

(मूल) और प्रयोग करने के लिए मुझे दे दिया। ४७।

किन्तु यह व्याख्या उक्त नीति से पराकृत कर दी गई। उक्त नीति का स्वरूप "शंकरस्यैव भगवतः परिपूर्णानन्दनिर्भरीभूत देहोच्छलदान्तरनिर्वारसुन्दराकारस्य अत एव नृत्यत" इसकी व्याख्या में बालक्रीड़ा में दिखा दिया है। तथा जो विष्णु देव ने लीला समन्वित विचित्र अंगहारों का अभिनय करते हुए उक्त शिखा को बांधा उस शिखा के बांधने की शैली में ही कैशिकी वृत्ति का निर्माण हो गया। इस तरह कहा हुआ भगवान् के द्वारा कैशिकी का निर्माण ही अनुचित हो जायगा। अतः अधिक कहना व्यर्थ है। स्त्रीजनाहृते में जन शब्द से स्त्रियों के प्रति अनुरागी होने की आशंका का परिहार करते हैं पुरुषों से कैशिकी का प्रयोग अशक्य है अतः मन से जैसा चाहा वैसे अप्सराओं को निर्माण किया। ४४। ४५। ४६।

नाट्य का जो अलंकार वैचित्र्य (विलक्षणता) की हेतु कैशिकी (है) उसमें चतुर कुशल। दूसरे तो इस नाट्यालंकार पद का अर्थ करते हैं कि नाट्यालकार माने साधारणतः किये जाने वाले अभिनय में जो कहे जायेंगे स्वभावज "लीला विलास" इत्यादि दस और "शोभा कान्ति" इत्यादि सात अयत्नज।

इससे सिद्ध किया कि मुनियों की कन्याएँ नाट्य कर्म में अयोग्य हैं। उन मंजुकेशी वगैरह के नामों के ग्रहण करने का प्रयोजन पूर्ववत् समझिये। पहिले १०० सौ पुत्रों के नाम निर्देश के समय जो प्रयोजन कहा था कि प्रसिद्धि नटों के आदर का कारण है। आनुषंगिक तो और भी है। जैसे उस प्रकार के काम करने वाले विदूषक तापस आदि के नामों के निर्वचन से लब्ध अर्थों के योग के अनुसार भिन्न-भिन्न भूमिकाओं में उनका उपयोग किया जाता है। इसी तरह प्रकृत में पुष्पों की सजावट से आकर्षक केशों वाली मंजुकेशी, स्वाभाविक केश सौन्दर्य से सम्पन्न सुकेशी। कृत्रिमता एवं स्वाभाविताओं का जहाँ सम्मिश्रण हो ऐसे केशों वाली मिश्रकेशी। बिजली की चमक की तरह अपने लावण्य से जनता को मुग्ध करने वाली सौदामिनी इत्यादि निर्वचन से लब्ध अर्थों के अनुसार विविध भूमिकाओं में उपयोग जिनका किया जायगा उन अप्सराओं को मुझे दिया।

यहाँ ददौ कहने का भाव है कि दान पद का अर्थ है स्व सत्व निवृत्तिपूर्वक परस्वत्वोत्पादन। तदनुसार नाट्य में उपयुक्त होने वाले सभी उपकरण नाट्याचार्य के अधीन हैं।

**सौदामिनीं देवदत्तां देवसेनां मनोरमाम् ।**
**सुदतीं सुन्दरीं चैव विदग्धां विपुलां तथा ॥४८॥**

अभिनवभारती

नाट्याचार्यपरवशत्वमुपकरणसम्भारस्य दर्शयति—यदाचिति । ताश्च मया यथोचितं शिक्षादानेन प्रतिगृहीता इति सूचयन् कैशिकीमप्यहं योजितवानिति दर्शयति । एवं वृत्तिचतुष्टयसम्पूर्णं नाट्यं गुणनिकायामभ्यस्तमिति प्रदर्श्य गीतातोद्याभ्यामुपरञ्जकाभ्यां योगं दर्शयति—स्वातिरित्यादि । येन जलधरसमयनिपतत्सलिलधारावैचित्र्याभिहन्यमानपुष्करदलविलसितरचितविचित्रवर्णानुहरणयोजनया यथास्वं वृत्तिनियमेन पुष्करवाद्यनिर्माणं कृतमित्यर्थः । सह शिष्यैरिति । त्रिपुष्करस्य वाद्यस्यापूरकपणवमृदङ्गझल्लर्याद्युपयोगेन पक्षातोद्यपरिग्रह उक्तः । भाण्डस्यात्र पूर्वमुपादानं वृत्तिर्येन

बालक्रीडा

(मूल) मंजुकेशी वगैरह २१ अप्सराओं को पैदा किया । ४८ । ४९ । ५० ।

उनको मैंने यथोचित (अर्थात् जो जिस कर्म में कुशल हो उनका उसी कर्म में विनियोग किया जाना चाहिए के अनुसार) शिक्षा से दीक्षित करके नाट्य में ग्रहण किया इस बात की सूचना देते हुए कह रहे हैं कि कैशिकी का भी प्रयोग मैंने किया है ।

इस प्रकार चारों वृत्तियों से परिपूर्ण नाट्य का गुणनिका (हेतुः परिगणस्थैर्यं वस्तुर्गुणनिकेव सा, गुरु से पढ़े हुए पदार्थ का दृढ़ करने की हेतु आवृत्ति) में अभ्यास किया। इस बात को दिखाकर उपरञ्जक माने जनता जनार्दन को प्रसन्न करने वाले गायन एवं वादन का उपयोग दिखाते हैं ।

यहाँ स्वाति नामक कोई ऋषि है । "जिसने वर्षा ऋतु के समय गिरने वाली जलधाराओं के द्वारा विचित्रता से अभिहन्यमान पुष्कर (कमल) के दलों के विलास से रचित याने उद्भूत वर्णों की सी अनुहरणात्मक संज्ञाद्ययोजना सम्पन्न प्रत्येक वृत्तियों के नियमन से पुष्कर वाद्य का निर्माण किया" यह संकेत स्वाति को शिष्यों के साथ नियुक्त किया इस कथन से प्राप्त होता है ।

त्रिपुष्कर वाद्य पक्षातोद्य है । (जैसे पक्षद्वार का अर्थ अमुख्य द्वार होता है उसी तरह यहाँ भी पक्षातोद्य माने अमुख्य बाजा) जिसका उपयोग आपूरक, पणव, मृदंग एवं झल्लरी आदि के उपयोग की तरह कहा है ।

यहाँ संगीत के पूर्व ही भाण्ड का उपादान किया गया है जिससे परिक्रमण आदि में उसका भी उपयोग हो सके । कैशिकी का यहाँ बीच में नियोग किया गया है यह पहिले ही कह दिया था । इससे यह सिद्ध हुआ कि यह नाट्य भाण्डप्रधान ही है यह बात नहीं है । हाँ परिक्रमणादि के होने पर उसका उपयोग होगा नहीं तो नहीं । यह अर्थ "परिक्रमणादौ सति" इस सति सप्तमी का है । गाने के योग प्रसंग में इति । यहाँ गान शब्द से गान्धर्व का उपयोग कहा है और योग शब्द से तत एवं सुषिर वाद्य का संग्रह किया है ।

सुमालां सन्ततिं चैव सुनन्दां सुमुखीं तथा ।
मागधीमर्जुनीं चैव सरलां केरलां धृतिम् ॥४९॥
नन्दां सुपुष्कलां चैव कलमां चैव मे ददौ ।
स्वातिर्भाण्डनियुक्तस्तु सह शिष्यैः स्वयम्भुवा ॥५०॥
नारदाद्याश्च गन्धर्वा गानयोगे नियोजिताः ।
एवं नाट्यमिदं सम्यग्बुध्वा सर्वैः सुतैः सह ॥५१॥
स्वातिनारदसंयुक्तो वेदवेदांगकारणम् ।
उपस्थितोऽहं ब्रह्माणं प्रयोगार्थं कृताञ्जलिः ॥५२॥
नाट्यस्य ग्रहणं प्राप्तं ब्रूहि किं करवाण्यहम् ।
एतत्तु वचनं श्रुत्वा प्रत्युवाच पितामहः ॥५३॥

अभिनवभारती

तस्यैव परिक्रमणादौ सति उपयोगःस्यात् । कैशिकी चात्र मध्ये नियोजितेत्युक्तम् । न तेन तत्प्रधानमेतत् । गानयोग इति । गानशब्देन गान्धर्वस्यात्रोपयोगमाह, योगशब्देन ततसुषिरपरिग्रहः । नियुक्तो नियोजिता इत्यनेन च वादकगायकादीनां नाट्याचार्यायत्ततां दर्शयति । नृत्तगीतातोद्याभिनयानां साम्यसिद्ध्यर्थमेकीभावेन सम्मेलनं प्रकृत्य प्रयोगः कार्य इति दर्शयति श्लोकद्वयेन—एवं नाट्यमित्यादिना । एवं मेलनिकायां 'नाट्यमिदम्' इत्येकबुद्धिग्राह्यं सम्मिलितं सम्यक्सम्पन्नमिति बुद्ध्वा ज्ञात्वा । पुत्रैः स्वातिनारदाभ्यां च सह ब्रह्माणमुपस्थितः उपनिमन्त्रणार्थं ब्रह्मणोऽग्रे स्थित इत्यर्थः । (४७-५२)

उपनिमन्त्रणं दर्शयति—नाट्यस्येति । ग्रहणमिति । गृहीतं शिक्षितं तावन्ना-

बालक्रीडा

(मूल) ब्रह्माजी ने स्वाति नामक ऋषि को उसके शिष्यों के साथ भाण्डों के उपयोग के लिए नियुक्त किया और नारद एवं तुम्बुरु वगैरह को गान के उपयोग में नियुक्त किया । ५१ ।

(मूल) इस प्रकार अच्छी तरह नाट्य को समझ कर मैं (भरत) अपने पुत्रों के सहित स्वाति एवं नारद को साथ लेकर वेद और वेदाङ्गों के निर्माता लोकेश ब्रह्माजी के सम्मुख

नियुक्त इससे और नियोजिता इससे भी यह सिद्ध होता है कि बजाने वाले और गाने वाले नाट्याचार्य के अधीन हैं । नृत्त, गीत, आतोद्य एवं अभिनय की समान भाव से सिद्धि के लिए एक साथ से सम्मेलन करके प्रयोग करना चाहिए इस बात को एवं नाट्यम् इत्यादि दो श्लोकों से दिखाते हैं—

एवं ऐसी मेलनिका के हो जाने पर । उक्त चारों का सम्मेलन "यह नाट्य है" इस एक बुद्धि से ग्राह्य सम्मिलित सम्यक् सम्पन्न हो गया ऐसा समझकर । पुत्रों एवं स्वाति तथा नारद के साथ ब्रह्मा को निमन्त्रण देने के लिए ब्रह्मा के समक्ष खड़ा हुआ । ४७=५२ ।

उपनिमंत्रण को दिखाते हैं नाट्य के । ग्रहणं । माने नाट्य को सीख लिया ।

महानयं प्रयोगस्य समयः प्रत्युपस्थितः ।
अयं ध्वजमहः श्रीमान् महेन्द्रस्य प्रवर्तते ॥५४॥
अत्रेदानीमयं वेदो नाट्यसंज्ञः प्रयुज्यताम् ।
ततस्तस्मिन्ध्वजमहे निहतासुरदानवे ॥५५॥

### अभिनवभारती

स्थमित्यर्थः । महणं तदवलोकनं तत्प्राप्तं प्रेक्षणयोग्यं जातमित्यर्थः । एतत्त्विति । तुशब्द एवकारार्थे । श्रुत्वैव । अत एव प्रत्युपस्थितः अयत्नादेवाभिमुख्येनोपस्थितो दैवसङ्घटित इत्यर्थः । ध्वजस्येन्द्रार्थस्य महनं पूजनं यत्र स ध्वजमहः । ध्वजमहस्य विशेषणद्वारेण सम्भवं दर्शयति निहतासुरदानव इत्यादिना ।

तत्र प्रयोगे क्रमं दर्शयति—"पूर्वं कृता मया नान्दीति । नान्द्याख्यं मुख्यं मङ्गलं सकलपूर्वरङ्गाङ्गोपलक्षणमिति केचित् । पूर्वरङ्गाङ्गानां मध्यान्नान्दी केवलापि प्रयोक्तव्येत्येवंपरमेतदित्यन्ये । अस्मदुपाध्यायास्तु—यावद्दैत्यैस्तत्र विघ्नाद्याचरणं न कृतं तावत्पूर्वरङ्गस्य विधिपूर्वकस्य कोऽवकाशः । स हि विघ्नरक्षाकरणेन मण्डपभाग-निवेशितदेवतापरितोषहेतुः प्राधान्येन । नान्तरीयकतया च दैत्यपरितोषकारणम् । विघ्नास्तु यदा जातास्ततः प्रभृति पूर्वरङ्गः । तथा चतुर्थेऽध्याये वक्ष्यते—(ना. शा.

### बालक्रीड़ा

उपस्थित हुआ और मैंने करबद्ध प्रार्थना की कि नाट्य वेद की शिक्षा हमारी सम्पन्न हुई और इस नाट्य को प्रयोग करने के लायक हमने जान लिया है । अब आज्ञा दीजिए कि प्रयोग के विषय में हम क्या करें । ५२ । ५३ ।

(मूल) मेरे इस वाक्य को सुनकर ब्रह्मा जी ने उत्तर दिया कि प्रयोग के लिए यह बड़ा अच्छा समय उपस्थित हो गया है । ५४ ।

(मूल) महेन्द्र का यह सुन्दर ध्वजोत्तोलनोत्सव शुरू हो गया है । इस समय में इस नाट्य नामक वेद का प्रयोग करिये । ५५ ।

ग्रहण का यह भी अर्थ है कि उस नाट्य का अवलोकन करके उसको प्राप्त कर लिया । अर्थात् देखने के योग्य हो गया । एतत्तु में तु शब्द एवकार के अर्थ में है । सुन करके ही । अत एव प्रत्युपस्थित माने बिना ही प्रयत्न किये अनुकूल भाव से उपस्थित हो गया अर्थात् दैव ने संघटना कर दी । इन्द्र के लिए सजाए गये ध्वज का महन पूजन जिसमें हो वह ध्वजमह है । निहतासुरदानवा इत्यादि विशेषण से ध्वजमह का संभव माने उत्पत्ति का समय दिखाते हैं । प्रयोग में क्रम दिखलाते हैं । पहले मैंने नान्दी की । इसपर कोई कहते हैं कि नान्दी नामक मुख्य मंगल पूर्व रंग के सकल अंगों का उपलक्षण है । दूसरे लोग कहते हैं कि पूर्वरंग के अंगों में से केवल नान्दी का भी प्रयोग किया जा सकता है । हमारे उपाध्यायजी का तो कहना है कि जब तक दैत्यों ने विघ्न नहीं किये तब तक पूर्वरंग की विधि के लिए कौन अवसर है । उसका विधान तो प्रधानतया विघ्नों से रक्षा करने से

**प्रहृष्टामरसंकीर्णे महेन्द्रविजयोत्सवे।**
**पूर्वं कृता मया नान्दी ह्याशीर्वचनसंयुता ॥५६॥**

अभिनवभारती

४-१०) पूर्वरङ्गः कृतो मया भगवते शिवभट्टारकाय दर्शित इति—यथा तथा तु यः कुतपविन्यासादिः स न पूर्वरङ्गशब्दवाच्यः। तस्मादिह नान्दीमात्रस्य प्रयोगः।

किमर्थोऽसावित्याह—वेदनिर्मिता। 'सत्राशिषमाशास्ते' इति हि श्रुतिः सर्वकर्मस्वाशीःपूर्वकत्वमाह। यत्ततो नान्दीप्रयोगः न तु पूर्वरङ्गाङ्गत्वेन। (५३-५६)

अष्टौ यान्यङ्गभूतानि पदानि वाक्यं प्रति महावाक्यं वा। तानि सुप्तिङन्तान्यवान्तरवाक्यानि वेत्युभयथा। अत एव विचित्रेत्युक्तम्। तेन—

जितमुडुपतिना, नमः सुरेभ्यो, द्विजवृषभा निरुपद्रवा भवन्तु।

अवतु च पृथ्वीं समृद्धसस्यां प्रतिपच्चन्द्रवपुर्नरेन्द्रचन्द्रः॥ (रत्ना. १-४)

इत्येषाऽपि भारतीयत्वेन प्रसिद्धा कोहलप्रदर्शिता नान्युपपन्ना भवति। अत्र तु पक्षे—

बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद उस ध्वजोत्सव में जब कि सब राक्षस मार डाले गये थे। अतएव देवता लोग प्रसन्न होकर एकत्रित हुए महेन्द्र के विजय का उत्सव मना रहे थे। ५६।

मण्डप में प्रतिष्ठापित देवताओं की प्रसन्नता के लिए है। जबर्दस्ती, नहीं चाहने पर भी दैत्यों के परितोष का हेतु बन रहा है। विघ्न जब पैदा हुए तभी से पूर्वरंग का विधान शुरू हुआ।

जैसा कि ४ चतुर्थ अध्याय १० वें श्लो० में कहेंगे।

पूर्वरंगः कृतः पूर्वम्।

मैंने पहिले पूर्वरंग किया और शिवभट्टारक को दिखाया।

जैसे तैसे किये गये कुतप विन्यास वगैरह को पूर्वरंग शब्द से नहीं कहा जा सकता। इसलिए यहाँ नान्दी मात्र का प्रयोग किया गया है।

किस लिए यह नान्दी है इस पर कहते हैं कि यह वेद निर्मिता है। 'वहाँ वेद में आशीर्वाद की कामना करते हैं, यह श्रुति कहती है कि सभी कर्म आशीः पूर्वक करने चाहिए इसलिए नान्दी प्रयोग किया गया है। न कि पूर्वरंग के अंगतया नान्दी की गई है। ५३-५६

वाक्य या महावाक्य में जो अंगभूत अष्ट पद हैं वे सुबन्त तिङन्त रूप हैं या अवान्तर वाक्य रूप हैं। दोनो मार्ग हैं। इसीलिए विचित्रा यह कहा है।

इससे चन्द्रमा की जय हो, देवताओं के लिए नमस्कार है। ब्राह्मण निर्भय होवें। प्रतिपदा के चन्द्र की तरह नवोदित नरेन्द्रचन्द्र सस्यों से हरी-भरी पृथिवी की रक्षा करें। (रत्न० १-४)

यह भी भारती नाम से प्रसिद्ध, कोहल आचार्य के द्वारा प्रदर्शित, नान्दी उपपन्न हो जाती है।

**अष्टाङ्गपदसंयुक्ता विचित्रा वेदनिर्मिता ।**
**तदन्तेऽनुकृतिर्बद्धा यथा दैत्याः सुरैर्जिताः ॥५७॥**

### अभिनवभारती

नान्दीपदान्तरेष्वेषु ह्येवमस्त्विति नित्यशः ।
वन्देतां सम्यगुक्ताभिर्वाग्भिस्तौ पारिपार्श्विकौ ॥ (ना. शा. ५-११४)

इति श्लोकेऽन्तरशब्दोऽवान्तरवाक्यविच्छेदवाची द्रष्टव्यः ।

विवेचकारस्त्वाहुः अङ्गग्रहणादत्रावान्तरवाक्यान्येव तावदुपात्तानि । तत्र चाष्टद्वादशसङ्ख्या चतुरस्रत्र्यश्रकालानुसारिपूर्वरङ्गद्वयाभिप्रायेण । तत्र

नान्दीं पदैर्द्वादशभिरष्टभिर्वाप्यलंकृताम् ॥ (ना. शा. ५-१०९)

इत्यत्रापिशब्दाच्चतुष्पदत्वं षोडशपदत्वं चतुरश्रगतं लभ्यते । त्र्यश्रगतं च त्रिपदत्वं षट्पदत्वं चेत्येवमल्पेनापि तद्भेदेन विभक्तिको नान्द्यः । ततः परमपि भूयस्त्वात् । तेन जितमुडुपतिनेति चतुष्पदेयम् । षोडशपदा तु "जयति भुवनकारणम्" इत्यादि ।

तदन्त इति । नान्द्या अन्ते परिसमाप्तौ । अनुकृतिरिति नाट्यम् । तत्र च बद्धेति

### बालक्रीडा

(मूल) मैंने पहले आठ पदों वाली विचित्र नान्दी की । जिसमें सभी के लिए आशीर्वचन थे । और जो वेद से बनाई गई थी । उसके बाद नाट्य का प्रयोग किया । जैसे देवताओं ने राक्षसों के ऊपर विजय प्राप्त की । ५७ ।

नान्दी के अवान्तर पदों में "नित्य ही ऐसा होवे" इस प्रकार अच्छीरूप से कही हुई वाणी से वे मारिष और पारिपार्श्विक भगवान् की वन्दना करें ।

इस श्लोक में अन्तर शब्द अवान्तर वाक्य विच्छेद का वाचक है ऐसा समझना चाहिए ।

विवेचक लोग तो कहते हैं कि अंग ग्रहण से यहाँ अवान्तर वाक्य ही उपात्त हैं । उसमें आठ या बारह संख्या, चतुरस्र चौकोर त्र्यस्र तिकोने आकार के अनुसार बने हुए पूर्वरंग के दो स्थलों के अभिप्राय से है । उसमें –

आठ या बारह पदों से अलंकृत नान्दी को करें । (ना० शा० ५, १०४)

यहाँ पर आदि पद से चौकोर स्थल में चतुष्पदा या षोडश पदा नान्दी मिलती है । तिकोने स्थल में तीन पदों वाली या छ पदों वाली । थोड़े२ भेद से तीन२ नान्दी हैं अधिकतर उससे ऊपर ही नान्दी होती है । इससे "जितमुडुपतिना' यह चतुष्पदा नान्दी है । षोडश पदा तो "जयति भुवनकारणम्" इत्यादि स्थल में है ।

उसके अन्त में । नान्दी के अन्त समाप्ति में । अनुकृति शब्द का अर्थ है नाट्य । उसमें भी बद्धा पद का आशय है कि धृणनिका की योजना की है । न कि प्रयोग की । यह सब असत् है । क्योंकि उसके पहिले और उसके बाद के ग्रन्थ का विरोध होता है ।

**सम्फेटविद्रवकृता च्छेद्यभेद्याहवात्मिका ।**
**ततो ब्रह्मादयो देवाः प्रयोगपरितोषिताः ॥५८॥**

### अभिनवभारती

गुणनिका योजिता। न तु प्रयोग इत्येतच्चासत्। तत्पूर्वोत्तरव्याघातात्। पूर्वं ह्युक्तम् एवं नाट्यमिदमित्यादि नान्दी कृतेत्यन्तम्। वक्ष्यते च—ब्रह्मादयः प्रयोगपरितोषिता इति। तस्माद्दैवति प्रस्ताविता। न तु निष्पादिता। प्रस्तावना तावत्प्रयुक्तेत्यर्थः।

अन्ये त्वनुकृतिरिति नाट्यानुकाररूपा प्रस्तावनेत्याहुः। 'कृता तदन्तेऽनुकृतिः' इति च पठन्ति। एतदुपजीवनेनैव चिरन्तनाः कवयो "नान्द्यन्ते सूत्रधारः" इति पुस्तके लिखन्ति स्म। किं प्रस्तावितमित्याह—यथा दैत्या इति। डिमसमवकारेहामृगादीनामन्यतमः प्रयोगः प्रास्ताविरित्यर्थः।

यद्यपि भरतपुत्रैर्दशरूपकमभ्यस्तं तथापि न युगपत्सर्वैः प्रयोक्तुं पार्यंत इत्येवमुक्तम्। तेन यत्केचिदचूचुदन्—समवकारे कः कैशिकीयोजनावसर इति पूर्वग्रन्थोऽसङ्गत इति तन्निरवकाशमेव। समवकारादावपि च सौन्दर्यात्मकं वैचित्र्यं कैशिकीविजृम्भ एवेत्युक्तम्। (५७)

रोषग्रथितवाक्यस्तु सम्फेटः। शङ्काभयत्रासकृतो विद्रवः। छेदमर्हतीति च्छेद्यं शस्त्राहवः। भेदमर्हतीति भेद्यं मल्लयुद्धात्मकनियुद्धम्। तत इति। प्रभुपरितोषाय

### बालक्रीड़ा

पूर्व में "एवं नाट्यमिदम्" यहाँ से नान्दी कृता यहाँ तक कहा है और आगे भी कहेंगे कि ब्रह्मा वगैरह को प्रयोग से परितुष्ट कर दिया। इस लिए बद्धा अर्थात् प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रयोग किया।

दूसरे तो कहते हैं कि "अनुकृतिः" यह कहने का आशय है कि नाट्य में अनुकार रूपा प्रस्तावना है। और पढ़ते भी हैं कि उसके अन्त में अनुकृति की। इसी के सहारे चिरन्तन कवि लोग अपनी-अपनी पुस्तक में 'नान्द्यन्ते सूत्रधारः" नान्दी के अन्त में सूत्रधार। क्या प्रस्तुत किया इसको कहते हैं—जैसे दैत्यों ने डिम, समवकार एवं ईहामृग वगैरह में से किसी एक प्रयोग को प्रस्तुत किया

"यद्यपि भरत के पुत्रों ने दश रूपकों का अभ्यास किया है तथापि उन सब का एक साथ प्रयोग करना उनके लिए अशक्य है" इससे जो तो किसी ने कहा कि समवकार में कैशिकी के योजना का क्या अवसर है। इसमें पूर्वग्रन्थ की असंगति स्पष्ट है ऐसा कहना वह सब व्यर्थ है। समवकार से प्राप्त सुन्दरतात्मक वैचित्र्य को कैशिकी का विजृम्भ(ण) ही कहा है ॥५७॥

रोष ग्रथित वाक्य का नाम सम्फेट है। शंका, भय एवं त्रास युक्त वाक्य को विद्रव कहते हैं। छेद की योग्यता रखने वाला छेद्य शस्त्रों से युद्ध कहलाता है और भेद (न) के योग्य भेद्य मल्लयुद्ध नियुद्ध। तत इति। प्रभु के परितोष के लिए कभी-कभी नाट्य

प्रददुर्मत्सुतेभ्यस्तु सर्वोपकरणानि वै ।
प्रीतस्तु प्रथमं शक्रो दत्तवान्स्वं ध्वजं शुभम् ५९॥

### अभिनवभारती

प्रभुचरितं कदाचिन्नाट्ये वर्णनीयमिति यथा दैत्याः सुरैर्जिता इत्येतस्माल्लभ्यत इति केचिदाहुः । तदसत् । दशरूपकलक्षणयुक्तिविरोधात् ।

तत्र हि किञ्चित्प्रसिद्धचरितं किञ्चिदुत्पाद्यचरितमिति वक्ष्यते । न च वर्तमान-चरितानुकारो युक्तः । विनेयानां तत्र रागद्वेषमध्यस्थतादिना तन्मयीभावाभावे प्रीतेरभावेन व्युत्पत्तेरप्यभावात् । वर्तमानचरिते च धर्मादिकर्मफलसम्बन्धस्य प्रत्यक्षत्वे प्रयोगवैयर्थ्यम् । अप्रत्यक्षत्वे 'भविष्यति प्रमाणाभावात्' इति न्यायेन व्युत्पत्तेः सम्भावना का । एतच्च दशरूपकाध्याये वितनिष्याम इत्यास्तां तावत् ।

देवानां त्वद्य प्रसिद्धवर्णनीयासम्भवात्पूर्वकल्पमन्वन्तरादिगतदेवासुरचरित-कीर्तनम् । अनादित्वात्संसारस्य श्रुतिस्मृत्यनुमतदेवासुरकीर्तनवदिति । तत्र

### बालक्रीड़ा

जिसमें संफेट अर्थात् क्रोध व्यञ्जक वाक्य बोले गये । विद्रव, (शंका और भय से भगदड़ भी हुई) छेद्य अर्थात् शस्त्र युद्ध एवं भेद्य अर्थात् मल्लयुद्ध भी हुआ । ५८ । ५९ ।

में प्रभु के चरित का भी वर्णन करना चाहिए । यह आशय, देवताओं ने दैत्यों को जीत लिया इससे मिलता है ऐसा कोई कहते हैं । यह असत् है । क्योंकि यह दशरूपक के लक्षण एवं युक्ति के विरुद्ध है ।

उन में कुछ प्रसिद्ध चरित हैं, कुछ उत्पाद्य चरित हैं, यह आगे कहा जायगा । क्योंकि वर्तमान चरित का अनुकरण करना युक्ति संगत नहीं है । विनेय शिक्षणीय का उस में राग या द्वेष या मध्यस्थभाव होने से तन्मयीभाव नहीं होगा । उस के अभाव में प्रेम नहीं होगा फलतः व्युत्पत्ति भी नहीं होगी । और भी बात है, वर्तमान चरित में धर्म एवं अधर्मरूप कर्म के फलों का सम्बन्ध प्रत्यक्ष होने से प्रयोग व्यर्थ हो जायगा । अर्थात् जो आदर्श नायक के चरित को दिखाकर सामाजिकों के समक्ष उपस्थित करना है कि ऐसा करने से ऐसा हुआ या होता है । वह आदर्श उनको प्रत्यक्ष ही दिखाई पड़ता है अतः विनय शिक्षण वर्तमान चरित से नहीं हो सकता है ।

यदि उस वर्तमान राजा का चरित प्रत्यक्ष नहीं है और यह समझाया जाय कि इस ने ऐसा कर्म किया है अतः ऐसा फल उसको मिलेगा तो "भविष्य के विषय में कोई प्रमाण नहीं है" यह अनिश्चित होता है इस न्याय के अनुसार शंकास्पद होने से व्युत्पत्ति की सम्भावना ही क्या है । इन सब का दशरूपक लक्षण नामक १८ वें अध्याय में विस्तार करेंगे अतः रहने दिया जाय ।

देवताओं के सम्बन्ध में आज के प्रसिद्ध चरित का वर्णन असंभव है । अतः पूर्वकल्प के मन्वन्तरों के देव एवं असुरों के चरित का वर्णन किया । क्योंकि संसार अनादि है

ब्रह्मा कुटिलकं चैव भृङ्गारं वरुणः शुभम् ।
सूर्यश्छत्रं शिवस्सिद्धिं वायुर्व्यजनमेव च ॥६०॥

### अभिनवभारती

वर्तमानोपवर्णनं तज्जातीयानाम्। अथ चरित्रभ्रमविप्रलब्धास्त्वसुराश्चुक्षुभुरिति वक्ष्यामः। किञ्च स्वचरितवर्णनाद्देवानां परितोष इह। यत आह – प्रयोगपरितोषिता इति। ध्वजमिति। यस्य विघ्नशान्त्यै पूजार्थमुपयोगो भावी। (५८-५९)

कुटिलकमिति। वक्रदण्डो विदूषकोपयोगी आयुधात्मा ब्रह्मणा दत्तः। भयापह-कामत्वेन भीषणत्वस्य वारणयीत्वादपीत्यर्थः। भृङ्गारः पारिपार्श्विकोपयोगी। छत्रमत्र वितानः। जलदानां सूर्योद्भवत्वात् तत्प्रतिमः। यदाहुः ऋतौ प्रवर्षन्ति महान्तो मेघा इति।

भगवदायत्ता दैवी मानुषी च सिद्धिरिति मध्ये तदुपादानं सर्वव्यापकत्वं दैव्याः सिद्धेः प्रतिपादयितुम्। व्यजनं घर्मापनुत्तये। सिंहासनादि राजभूमिकायामुपयोगि। यक्षादयो ये तत्त्वज्ञा नाट्यस्य। भाषितमिति। तत्तद्भूमिकोपयोगिवाचिके शिक्षा। भावानिति। विभावादिषु। तथा हि रक्तमांसादीनि भयजुगुप्साविभावरूपाणि यक्ष-रक्षसां हर्षोत्साहविभावतां यान्तीति तदुपदेशादेव तज्ज्ञेयम्।

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार के हमारे प्रयोग से ब्रह्माजी वगैरह देवता प्रसन्न हुए। और प्रसन्न मन से उन्होंने हम लोगों को गहने कपड़े वगैरह सभी सामग्री दी। ६०।

इसलिए श्रुति एवं स्मृति सम्मत देव एवं असुरों के चरित के वर्णन की तरह वर्णन किया। यह वर्तमान कालिक देवासुर वर्णन उन देव एवं असुरों के समान जाति वालों का वर्णन था न कि वर्तमान कालिक देव या असुरों का या तब भी अपने चरित्रके भ्रम से विप्र-लब्ध हुए ये असुर लोग क्षुब्ध हो गये यह आगे कहेंगे। देवताओं को भी अपने चरित्र के वर्णन से परितोष यहां हुआ है जैसा कि कहा है प्रयोग परितोषिताः। इति। "ध्वजम्" इति। विघ्नों की शान्तिके लिए पूजामें जिसका उपयोग होगा ॥५८–५९॥

कुटिलक यह टेढ़ा दण्डा है सोटा है ब्रह्मा का दिया हुआ आयुध स्वरूप है विदूषक के उपयोगी है। क्योंकि भयके अपहनन की कामना होने से अर्थात् भीषणता के वारणीयत्व होने से भी दण्ड संग्राह्य है। भृंगार कमण्डलु पारिपार्श्विक के उपयोगी है। छत्र पदका अर्थ यहां वितान है चंदवा है। जलद मेघ सूर्य से उत्पन्न होनेके कारण सूर्य के तुल्य है। वर्षाके समय बड़े २ मेघ पानी बरसाते हैं।

दैवी एवं मानुषी सिद्धियाँ भगवान् के आयत्त हैं अतः मध्यमें उनका उपादान दैवी सिद्धि की सर्वव्यापकता बतलाने के लिए किया है। व्यजन पंखा घर्म पसीने को दूर करने के लिए। सिंहासन आदि राजा की भूमिका के लिए उपयोगी है। यक्षादि जो नाट्य के तत्त्व के जानकार हैं। "भाषितम्" इति। भिन्न २ भूमिका के उपयोगी वाचिक के

**विष्णुः सिंहासनं चैव कुबेरो मुकुटं तथा ।**
**श्रव्यत्वं प्रेक्षणीयस्य ददौ देवी सरस्वती ॥६१॥**
**शेषा ये देवगन्धर्वा यक्षराक्षसपन्नगाः ।**
**तस्मिन्सदस्यभिप्रेताञ्नानाजातिगुणाश्रयान् ॥६२॥**
**अंशांशैर्भाषितं, भावान्, रसान्, रूपं, बलं, क्रियाम् ।**
**दत्तवन्तः प्रहृष्टास्ते मत्सुतेभ्यो दिवौकसः ॥६३॥**

## अभिनवभारती

रसानिति । स्वोचितस्थायिभावसम्बध्यमानवत्द्रसोपयोगिनोऽनुभावव्यभिचारिवर्गस्य शिक्षा दर्शिता । रूपमिति मुखरागस्य । बलमित्याङ्गिकस्य । प्रतिभूमिकं परितुष्टेन अन्ततोऽत्र शिक्षापि काचिद्देया । क्रियामिति सामाजिकेभ्यश्च धनविज्ञानमित्याहरणीयातोद्याद्याजिहीर्षैवा परिषत्परितोषाय यतितव्यमित्येतदनेन दर्शितम् (६०-६२)

## बालक्रीडा

(मूल) सबसे पहले इन्द्र ने प्रसन्न होकर अपना माङ्गलिक ध्वज दिया । ब्रह्माजी ने कुटिलक अर्थात् टेढ़ा डंडा, वरुण ने भृङ्गार सोने का कमण्डलु, सूर्य ने छत्र, शिवजी ने सिद्धि, वायु ने पंखा, विष्णु ने सिंहासन, कुबेर ने मुकुट दिया और सरस्वती देवी ने नाट्य को सुनने के लायक बना दिया । क्योंकि यह प्रेक्षणीय था अर्थात् देखने लायक था । ६१ ।

(मूल) और जो द्युलोक निवासी देवता गन्धर्व, यक्ष, राक्षस एवं पन्नग थे, उन्होंने भी प्रसन्न होकर भिन्न-भिन्न सभी जाति के उपयोग में आने वाली और भिन्न-भिन्न गुण वाली बातचीत, भाव, रस, रूप, बलि एवं क्रिया आचरण को अंशांश रूप से मेरे पुत्रों को दिया । ६२ । ६३ ।

विषय में शिक्षा । 'भावान्' यह विभावादिके विषय में कहना है । जैसे रक्त एवं मांसादि पदार्थ भय एवं जुगुप्सा के विभाव हैं । वे ही यक्ष और राक्षसों के लिए हर्ष एवं उत्साहके भी विभाव बनजाते हैं । इसलिए उनके ही उपदेश से उन भावों को जानना चाहिए ।

"रसान्" इससे अपने अनुकूल स्थायिभावों के सम्बन्धी भिन्न २ रसों के उपयोगी अनुभाव एवं व्यभिचारिवर्ग की शिक्षा का संकेत किया । "रूपम्" इससे मुखरागका । "बलम्" इससे आंगिक भावोंका । प्रत्येक भूमिका से प्रसन्न होकर । अन्त में यहां कुछ शिक्षा भी देनी चाहिए । सामाजिकों से धन की जानकारी अर्थात् कितने धन का व्यय होगा । और कहां से, किसके यहां से, किस तरह से धन मिलेगा इसकी जानकारी सामाजिकोंसे मिलती है अतः आदरणीय आतोद्य संगीतोपयोगी वाद्य वगैरह की आजिहीर्षा प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले नटोंको परिषत् के परितोषके लिए यत्न करना चाहिए इस बात को "क्रियाम्" पद से दिखाया है । क्योंकि देवताओं ने सन्तुष्ट होकर क्रिया को दिया वह क्रिया यह यत्न ही है । ६०—६३ ।

एवं प्रयोगे प्रारब्धे दैत्यदानवनाशने ।
अभवन्क्षुभिताः सर्वे दैत्या ये तत्र सङ्गताः ॥६४॥
विरूपाक्षपुरोगांश्च विघ्नान्प्रोत्साह्य तेऽब्रुवन् ।
न क्षमिष्यामहे नाट्यमेतदागम्यतामिति ॥६५॥
ततस्तैरसुरैः सार्धं विघ्ना मायामुपाश्रिताः ।
वाचश्चेष्टां, स्मृतिं चैव स्तम्भयन्ति स्म नृत्यताम् ॥६६॥
तथा विध्वंसनं दृष्ट्वा सूत्रधारस्य देवराट् ।
कस्मात्प्रयोगवैषम्यमित्युक्त्वा ध्यानमाविशत् ॥६७॥

अभिनवभारती

अथ विघ्नोपशमनाय जर्जरपूजा कार्येति दर्शयितुमितिहासेनोपक्रमते-एवं प्रयोग इति । दैत्यानां विनाशनं यत्र प्रयोक्तव्यतया । आगम्यतामिति । अवधार्यतां यदि वा सम्भूयास्यताम् । मायामिति अदृश्यत्वमित्यर्थः । चेष्टेत्याङ्गिकी ।

यद्यपि स्मृतिस्तम्भनेन सर्वं स्तम्भितं भवति तथापि तत्तदभिनेयप्राधान्येन तदेव स्तम्भित- मित्युक्तम् । सूत्रधारस्येति । सपरिवारस्येति । प्रस्तावनाप्रयोगमध्य एवायं विघ्न इति यावत् । ध्यानमिति । यत्र माया न प्रभवति । (६४-६७)

बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार का प्रयोग—जिसमें दैत्य एवं दानवों का विनाश दिखाया गया है—का आरम्भ हुआ । उस समय जो विरूपाक्ष वगैरह दैत्य आये थे उन्होंने विघ्नों को प्रोत्साहित करके अपने साथियों को कहा । हम लोग इस तरह का नाट्य नहीं चाहते हैं । आइये आप लोग । ६४ । ६५ ।

(मूल) उसके बाद विघ्नों ने असुरों से मिलकर माया के द्वारा नृत्य करने वालों की वाणी, चेष्टा और स्मृति को स्तब्ध कर दिया । ६६ ।

(मूल) वहाँ उन नटों का इस प्रकार विध्वंस देखकर देवराज इन्द्र, क्यों ? प्रयोग में ऐसा उथल-पथल हुआ, यह कहकर ध्यान में आविष्ट हो गये । ६७ ।

अब विघ्नोंके उपशमन के लिए जर्जर की पूजा करना चाहिए । इस तथ्य को इतिहासके द्वारा दिखाने का उपक्रम करते हैं । एवं प्रयोग इति । इस तरह प्रयोग । दैत्यों का विनाश जहाँ प्रयोज्य है कर्तव्य है । आइये निश्चय करिये और इकट्ठे होकर बैठिये । माया माने अदृश्यत्व । चेष्टा पद से आङ्गिकी क्रिया कही ।

यद्यपि स्मृति के स्तम्भन से सभी कुछ स्तब्ध कर दिया गया तथापि नाट्य में उन-उन अभिनेयों की प्रधानता होती है अतः अभिनेय को ही स्तब्ध कर दिया रोक दिया । सूत्रधार का । सपरिवार का । प्रस्तावना की जा रही थी कि बीच में ही विघ्न आ गया । ध्यान जहाँ विघ्नों का प्रभाव नहीं हो सकता है । ६४।६७ ।

अथापश्यत्सदो विघ्नैः समन्तात्परिवारितम् ।
सहेतरैः सूत्रधारं नष्टसंज्ञं जडीकृतम् ॥६८॥
उत्थाय त्वरितं शक्रः गृहीत्वा ध्वजमुत्तमम् ।
सर्वरत्नोज्ज्वलतनुः किञ्चिदुद्वृत्तलोचनः ॥६९॥
रङ्गपीठगतान्विघ्नानसुरांश्चैव देवराट् ।
जर्जरीकृतदेहांस्तानकरोज्जर्जरेण सः ॥७०॥
निहतेषु च सर्वेषु विघ्नेषु सह दानवैः ।
सम्प्रहृष्य ततो वाक्यमाहुः सर्वे दिवौकसः ॥७१॥
अहो प्रहरणं दिव्यमिदमासादितं त्वया ।
जर्जरीकृतसर्वाङ्गा येनैते दानवाः कृताः ॥७२॥
यस्मादनेन ते विघ्नाः सासुरा जर्जरीकृताः ।
तस्माज्जर्जर एवेति नामतोऽयं भविष्यति ॥७३॥

अभिनवभारती

सद इति यत्र प्रयोगः क्रियते सीदन्त्यस्मिन्निति । जर्जरी कृतेति जीर्यत्यविशयेनेति यङ्लुकि पचाद्यचि च्विप्रत्यये रूपम् । अतिशयेन जीर्णीकृतो देहो येषान्ते तथा । जर्जरेणेति यङ्लुगन्तात् पचाद्यचि रूपम् । एवं राज्ञा सिद्धिविघातका दण्ड्या इति दर्शितम् ।

बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद वहाँ इन्द्र ने देखा कि विघ्नों ने चारों तरफ से सभा को घेर लिया है और सूत्रधार को भी अन्य साथियों के साथ संज्ञाहीन अतएव जड़ीभूत कर दिया है । ६८ ।

(मूल) उसके बाद शक्र शीघ्र ही क्रोध से उठे और आँखें फाड़ते हुए सभी प्रकार के रत्नों से चमकते हुए ध्वज को लिया । ६९ ।

(मूल) और रंगस्थल में मौजूद रहने वाले विघ्नों एवं असुरों के देहों को जर्जर से जीर्ण-शीर्ण कर दिया । ७० ।

(मूल) दानवों के सहित उन विघ्नों को जब मार भगाया तब द्युलोक वासी प्रसन्न होकर यह बोले । ७१ ।

(मूल) अहो आपने यह दिव्य आयुध प्राप्त कर लिया । जिसके द्वारा उन सब विघ्नों को जो कि नाट्य में विघ्न कर रहे थे मार भगाया । इस वास्ते इस आयुध का नाम जर्जर यह प्रसिद्ध हो जायेगा । ७२ । ७३ ।

सद इसका अर्थ है कि जहाँ प्रयोग किया जाता है । सीदति अस्मिन् चलते फिरते हैं इसमें । जर्जरी कृत अतिशय रूप से नष्ट किये गये हैं । जर्जरी कृत शब्द जु

शेषा ये चैव हिंसार्थमुपयास्यन्ति हिंसकाः ।
दृष्ट्वैव जर्जरं तेऽपि गमिष्यन्त्येवमेव तु ॥७४॥
एवमेवास्त्विति ततः शक्रः प्रोवाच तान्सुरान् ।
रक्षाभूतश्च सर्वेषां भविष्यत्येष जर्जरः ॥७५॥
प्रयोगे प्रस्तुते ह्येवं स्फीते शक्रमहे पुनः ।
त्रासं सञ्जनयन्ति स्म विघ्नाः शेषास्तु नृत्यताम् ॥७६॥
दृष्ट्वा तेषां व्यवसितं दैत्यानां विप्रकारजम् ।
उपस्थितोऽहं ब्रह्माणं सुतैः सर्वैः समन्वितः ॥७७॥
निश्चिता भगवन्विघ्ना नाट्यस्यास्य विनाशने ।
अस्य रक्षाविधिं सम्यगाज्ञापय सुरेश्वर ॥७८॥

## अभिनवभारती

यदि वा मूलत एव तत्परिरक्षार्थं मण्डपः कार्यः। ये च दण्डस्याविषया वातातपवर्षादयस्तत्कृतो हि सिद्धिविघातो मण्डपे सति न भवति। एतेनैवाभिप्रायेण पुराकल्पमाह—प्रयोग इत्यादि ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) और बाकी के जो हिंसक हिंसा करने के लिए आयेंगे वे भी जर्जर को देखकर इसी प्रकार भाग जायेंगे । ७४ ।

(मूल) उसके बाद शक्र ने उन देवताओं से कहा कि ऐसा ही होगा। यह ध्वज जिसका नाम आपने जर्जर रक्खा है वह सबका रक्षक होगा । ७५ ।

(मूल) दुबारा फिर शक्रमह (इन्द्र ध्वजोत्सव) प्रयोग (नाटक) स्फीत अर्थात् विशाल रूप से प्रस्तुत किया तब शेष (अर्थात् जिनका शरीर जर्जरीकरण ध्वंस से अवशिष्ट है ऐसे) विघ्न, नटों के लिए भय उत्पन्न करने लगे । ७६ ।

(मूल) मेरे विषय में प्रतिशोध की भावना से किये गये उनके व्यवसाय को देखकर मैं अपने पुत्रों को साथ लेकर सुरेश्वर ब्रह्मा जी के सम्मुख उपस्थित हुआ । ७७ ।

(मूल) हे भगवन् ! इस नाट्य के विनाश के लिए विघ्नों ने निश्चय कर लिया है । अतः हे सुरेश्वर ! इसका रक्षाविधान अच्छी प्रकार से करिये । ७८ ।

धातुसे यङ, उसका लुक्, और अच् प्रत्यय करने के बाद च्वि प्रत्यय का रूप है। जिन विघ्नों के देह अत्यन्त जीर्ण कर दिये गये हैं। इस प्रकार राजा के द्वारा सिद्धि के विघातक दण्डनीय है यह दिखा दिया ।

अथवा मूल से ही शुरु से ही विघ्नों से बचनें के लिए मण्डप बनाना चाहिए। मण्डप के बनादेनेसे जिन को दण्ड नहीं दिया जा सकता है ऐसे वात, आन्धी, आतप घाम, वर्षा आदि से

ततश्च विश्वकर्माणं ब्रह्मोवाच प्रयत्नतः ।
कुरु लक्षणसम्पन्नं नाट्यवेश्म महामते? ॥७९॥
ततोऽचिरेण कालेन विश्वकर्मा महच्छुभम् ।
सर्वलक्षणसम्पन्नं कृत्वा नाट्यगृहं तु सः ॥८०॥
प्रोक्तवान्द्रुहिणं गत्वा सभायान्तु कृताञ्जलिः ।
सज्जं नाट्यगृहं देव! तदवेक्षितुमर्हसि ॥८१॥
ततः सह महेन्द्रेण सुरैः सर्वैश्च सेतरैः ।
आगतस्त्वरितो द्रष्टुं द्रुहिणो नाट्यमण्डपम् ॥८२॥

### अभिनवभारती

शेषा इति । जर्जरीकृतशरीरशेषा अपीत्यर्थः । यद्वक्ष्यति 'निश्चिता भगवन्विघ्ना' इति । तथाऽस्मिन् जर्जरीकरणकाले एते चासन्निहिता अभूवन् । त्रासमिति । सर्वथा तु न शक्ता नाशयितुमिति 'गमिष्यन्त्येवमेव' इति य उक्तः स जर्जरप्रभावः । ततो विश्वकर्मेति । वास्तुविद्यातत्त्वविदो नाट्यमण्डपे स्थपतित्वं सूचयति । इतरे विद्याधरगन्धर्वाद्यैः । द्रुहिण इति ब्रह्मा । अंशैर्यानि भवनो-पान्यधिष्ठानानि तैः । मण्डपस्यांशेषु वः भवतां ये तृतीयचतुर्थादयो भागास्तैः । (६८-८२)

### बालक्रीड़ा

(मूल) उसके बाद ब्रह्मा जी ने विश्वकर्मा को कहा कि हे महामते ? प्रयत्न पूर्वक एक लक्षण सम्पन्न नाट्य-शाला बनाओ । ७९ ।

(मूल) कमल से उत्पन्न होने वाले ब्रह्मा जी की इस प्रकार की आज्ञा से विश्वकर्मा ने बहुत शीघ्र बड़ा सुन्दर और सभी लक्षणों से सम्पन्न एक नाट्यगृह बनाया ८० ।

(मूल) और सभा में जाकर हाथ जोड़ करके ब्रह्मा जी से कहा । हे देव ! नाट्यगृह तैयार है । आपको उसे देखना चाहिए । ८१ ।

(मूल) उसके बाद द्रुहिण ब्रह्मा जी शीघ्र ही उस नाट्य मण्डप को देखने के लिए सम्पूर्ण देवताओं और उत्तम लोगों तथा महेन्द्र के साथ आये । ८२ ।

(मूल) नाट्यगृह को देखकर ब्रह्मा जी सम्पूर्ण देवताओं को बोले । आप लोगों को अपने २ हिस्से के अनुसार नाट्य मण्डप की रक्षा करनी चाहिए ।८३।

सिद्धिका विघात नहीं होसकता है । इसी अभिप्राय से पुराकल्प को कहते हैं । प्रयोग इत्यादि । शेष माने जर्जर कर देने से बचे हुए शरीर वाले भी । जैसा कि कहेंगे भगवन् ! विघ्न निश्चित है । जो इस जर्जरी करण काल में जिनका शरीर जर्जरी करण से बच गया है क्योंकि वे असन्निहित थे ।

शेषा माने जो नष्ट करने में समर्थ नहीं है वे इसी तरह चले जायेंगे यह जो कहा वह जर्जर का प्रभाव है । उसके बाद विश्वकर्मा वस्तुविद्याके तत्त्व का वित् नाट्य

दृष्ट्वा नाट्यगृहं ब्रह्मा प्राह सर्वान्सुरांस्ततः ।
अंशभागैर्भवद्भिस्तु रक्ष्योऽयं नाट्यमण्डपः ॥८३॥
रक्षणे मण्डपस्याथ विनियुक्तस्तु चन्द्रमाः ।
लोकपालास्तथा दिक्षु, विदिक्ष्वपि च मारुताः ॥८४॥
नेपथ्यभूमौ मित्रस्तु निक्षिप्तो वरुणोऽम्बरे ।
वेदिकारक्षणे वह्निर्भाण्डे सर्वदिवौकसः ॥८५॥

## अभिनवभारती

अंशविभागमेवाह रक्षण इति । अनेन चैतत्तुल्या एव मण्डपभागरक्षा कापिन्नियोज्या इति दर्शयति । मण्डपस्य सर्वस्याधिष्ठाता हि सौम्यप्रकृतिः सोमः प्रधानो योज्य इति दर्शयति चन्द्रमा इति । अपि चेति । विदिक्ष्विति । न केवलं पश्चिमोत्तररूपे स्वकोणे यावदन्यास्वपि विदिक्षु । चकाराद्दिक्ष्वपि । ते हि घर्मदोषवारकत्वादत्यन्तोपकारिणः । अनेन गवाक्षकरणं सूच्यत इत्येके । आदित्ये मित्रशब्दः पुंलिङ्ग इति । तेन यद्वार्तिककारीयं 'तदुपलक्षितो नर्तकीभिः लज्जापरिहारहेतोः नपुंसको नेपथ्यगृहे' इति तदपरामृष्टाभिधानम् । मित्र इति तेजस्विता आहार्योपयोगिनी रत्नादेरुक्ता । वेदिका । रङ्गवेदिका । तत्र तीक्ष्णोऽधिष्ठातेत्यर्थः । भाण्ड इति ।

## बालक्रीडा

(मूल) उसमें चन्द्रमा को पूरे मण्डप की रक्षा के लिए नियुक्त किया । लोकपालों को चारों दिशाओं में, वायुओं को विदिशाओं में, सूर्य को नेपथ्य भूमि में, वरुण को अम्बर में रक्खा । ८४ । ८५ ।

मण्डप में स्थपति था यह सूचित करते हैं । और बाकी विद्याधर गन्धर्व आदि के साथ द्रुहिण माने ब्रह्मा । अंश माने विभाग के अनुसार भजनीय अधिष्ठान स्थान उनसे । मण्डप के हिस्सों में आप लोगों के जो द्वितीय या तृतीय हिस्से हैं उन से । ६८।८३ ।

अंश विभाग को कहते हैं—रक्षण में । इससे दिखाते हैं कि इसी तरह मण्डपके भागों की रक्षा कर्तव्य है । सम्पूर्ण मण्डप का अधिष्ठाता सौम्य प्रकृति सोम है उसको प्रधान बनाना चाहिए । इस तत्व को दिखाने के लिए कहते हैं चन्द्रमा । और भी । दिशाओं में केवल पश्चिमोत्तर कोनों मे ही नहीं अपितु अन्य-अन्य विदिशाओं में भी । चकार से दिशाओं में भी । मारुताः । घाम पसीने आदि दोषों के निवारक होने से पवन अत्यन्त उपकारी हैं । कोई कहते हैं कि इस मारुताः पद से गवाक्ष करना चाहिए यह सूचित होता है ।

आदित्य के अर्थ में मित्र शब्द पुंल्लिंग है । इससे जो वार्तिककार का कहना है कि नर्तकियां लज्जा संकोच के परिहार के लिए अपने नेपथ्य गृह में (जहां वेष का परिधान किया जाता है उस घर में तदुपलक्षित नपुंसकत्वोपलक्षित) नपुंसक को रक्खें । वह बिना विचारे कहना है । क्योंकि मित्र इससे रत्नादि की तेजस्विता बतलाई गई है । जो आहार्य पहिरने के योग्य भूषणों के उपयोगी है । वेदिका अर्थात् रंगवेदिका । उसमें कठोरता से नियमन

वर्णाश्चत्वार एवाथ स्तम्भेषु विनियोजिताः ।
आदित्याश्चैव रुद्राश्च स्थिताः स्तम्भान्तरेष्वथ ॥८६॥
धारणीष्वथ भूतानि, शालास्वप्सरसस्तथा ।
सर्ववेश्मसु यक्षिण्यो, महीपृष्ठे महोदधिः ॥८७॥
द्वारशालानियुक्तौ तु कृतान्तः काल एव च ।
स्थापितौ द्वारपत्रेषु नागमुख्यौ महाबलौ ॥८८॥

## अभिनवभारती

त्रिपुष्करे सोपकरणे । दिवौकसो मेघा मन्द्रगम्भीरशब्दसिद्धये । इत्येवं सर्वत्र दृष्टमपि सदृशोपलक्षणान्तं प्रयोजनमुत्प्रेक्ष्यम् । सर्वथा तदलाभे नियामाददृष्टमेव । वर्णा इति । तदधिष्ठातारो देवताविशेषाः । स्तम्भान्तरेष्विति । विनियोजितवर्णचतुष्केषु स्तम्भेषु न । अपितु अन्येषु स्तम्भेष्वित्यर्थः । (८४-८६)

धारिणीष्विति । स्तम्भद्वय विनिहितासमधारिकासु । शालास्विति । द्वितीय-भूमिसन्निवेशादिति । सर्ववेश्मस्विति । गवाक्षोपलक्षितनेपथ्याद्युपयोगिसर्वगृहेषु । नाग-मुख्याविति । अनन्तगुलिकौ । द्वारपत्रं कपाटात्मकम् । द्वारबहुत्वाच्च बहुवचनम् ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) अग्नि को वेदी की, सम्पूर्ण देवताओं को भाण्ड अर्थात् वाद्य की रक्षा के लिए नियुक्त किया और चारों वर्णों को चारों स्तम्भों पर नियुक्त किया । ८६ ।

(मूल) आदित्य एवं रुद्रों को इतर स्तम्भों में बैठाया । धरणी में भूतों को और शालाओं में अप्सराओं को बैठाया । ८७ ।

(मूल) अन्य सम्पूर्ण घरों में यक्षिणियों को, महीपृष्ठ पर समुद्र को और द्वारशाला में कृतान्त अथवा काल को नियुक्त किया । ८८ ।

करने वाला अभिनेता होना चाहिए । यह अर्थ है । भाण्ड अर्थात् उपकरणों के सहित त्रिपुष्कर वाद्यों की रक्षाके लिए । दिवौकस मेघों को धीर गम्भीर शब्दों की सिद्धि के लिए नियुक्त किया । इस प्रकार सभी जगहों में जाने हुए भी सदृश या उपलक्षण पर्यन्त सर्वथा दृष्ट प्रयोजन के अभाव में नियमतः प्राप्त अदृष्ट ही प्रयोजन है । वर्णा इससे वर्णों के अधिष्ठाता देवता विशेष लिए हैं । स्तम्भों में अर्थात् जिन स्तम्भों में चारों वर्णों का नियोग किया है उनमें नहीं किन्तु उनसे भिन्न स्तम्भों में । ८४॥८६॥

धारणियों में धरणों में जिनको गाटर भी कहते हैं । शालाओं में अर्थात् अट्टशालाओं में जहाँ द्वितीय भूमि का सन्निवेश है । सर्ववेश्म याने झरोखे वाले नेपथ्य गृह आदि सम्पूर्ण घरों में ।

नाग मुख्य । अनन्त, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, शंख, गुलिक, पद्म एवं महा पद्म ये आठ महानाग हैं । इनमें मुख्य दो सर्प अनन्त (शेषनाग) और गुलिक हैं । द्वारपत्र किवाड़ । बहुत

देहल्यां यमदण्डस्तु, शूलं तस्योपरि स्थितम् ।
द्वारपालौ स्थितौ चोभौ नियतिर्मृत्युरेव च ॥८९॥
पार्श्वे च रङ्गपीठस्य महेन्द्रः स्थितवान् स्वयम् ।
स्थापिता मत्तवारण्यां विद्युद् दैत्यनिषूदनी ॥९०॥
स्तम्भेषु मत्तवारण्याः स्थापिताः परिपालने ।
भूतयक्षपिशाचाश्च गुह्यकाश्च महाबलाः ॥९१॥

अभिनवभारती

देहल्यामिति । द्वाराधस्तनकाष्ठे । तस्येति । शूलमिति । एतेन प्रकान्तद्वारमेव परामृष्टम् । तेनोर्ध्वकाष्ठे उत्सङ्गशब्दवाच्ये त्रिशूलमित्यर्थः । पार्श्वे स्वयमिति । राजादेस्तत्स्थानमित्युक्तम् । चकारात्स्वदिक्षि अंशेनावस्थानमनुस्मृतम् । विद्युदिति । वज्रायुधरूपा । स्तम्भेष्वपि चतुर्षु यथाक्रमं तद्भूतादयः । ते च नाट्यतत्त्वविदः । अत एव विघ्नैः सह ते नयेन मिलिता इति द्रष्टव्यम् । एतेन सिद्धिविघातका भेदाख्येनाप्युपायेन दुर्बलीकर्तव्या इति सूचितम् । प्रतिष्ठित इति । सदैव सन्निहितो वास्तुमध्य इत्यर्थः । कवेश्च सन्निधानं सूचितम् ।

अधस्तादिति । येन सुरङ्गाखननादि विघ्नकरणं निवार्यत इत्यर्थः । प्रधान-

बालक्रीडा

(मूल) द्वार के अगल बगल के किवाड़ों पर महाबलवान् नागराजों को स्थापित किया । देहली में यमदण्ड को गाड़ दिया और उसके ऊपर शूल को रख दिया ।८९।

(मूल) नियति और मृत्यु दो को द्वारपाल बनाकर बैठाया और रंगपीठ के बगल में स्वयं महेन्द्र बैठ गये ।९०।

(मूल) मत्तवारणी अर्थात् बारहदरी में दैत्यों को निषूदन करने वाली विद्युत् की

से दरवाजे हैं इसलिए (द्वार पत्रेषु) बहुवचन लिखा है । देहली माने दरवाजे के नीचे वाले काष्ठ में । उसके ऊपर शूल । इससे प्रकान्त द्वार ही गृहीत है । इससे उत्संग शब्द से वाच्य ऊर्ध्वकाष्ठ में त्रिशूल की रखा । बगल में स्वयं इससे राजाओंका वह स्थान है यह कहा गया । चकार से अपनी २ दिशाओं में अंशरूप से अवस्थान माना है । बिजली इससे वज्र को आयुध रूपसे ग्रहण किया है । चारों स्तम्भों में क्रम से उन २ भूतों का निवास है । वे नाट्यतत्व को जानने वाले हैं । इसीलिए वे नीति के द्वारा विघ्नों से मिल गये । इससे सूचित होता है कि साम, दाम, दण्ड एवं भेद इन चारों में से भेद नामक उपाय से सिद्धिविघातक विघ्नों को दुर्बल कर दिया । प्रतिष्ठितः इससे बतलाया कि वास्तु के बीच में सर्वदा सन्निहित हैं । कवि का भी सान्निध्य बतलाया गया है ।

अधस्तात् नीचेके हिस्सों में भी । इससे सुरंग खोदना वगैरह विघ्नों की क्रिया का निवारण किया गया है । प्रधान पात्रों को पृथक् रखना चाहिए इसलिए कहाकि नायक । हास्य

जर्जरे तु विनिक्षिप्तं वज्रं दैत्यनिबर्हणम् ।
तत्पर्वसु विनिक्षिप्ताः सुरेन्द्रा ह्यमितौजसः ॥९२॥
शिरःपर्वस्थितो ब्रह्मा द्वितीये शङ्करस्तथा ।
तृतीये च स्थितो विष्णुश्चतुर्थे स्कन्द एव च ॥९३॥
पञ्चमे च महानागाः शेषवासुकितक्षकाः ।
एवं विघ्नविनाशाय स्थापिता जर्जरे सुराः ॥९४॥
रङ्गपीठस्य मध्ये तु स्वयं ब्रह्मा प्रतिष्ठितः ।
इष्ट्यर्थं रङ्गमध्ये तु क्रियते पुष्पमोक्षणम् ॥९५॥
पातालवासिनो ये च यक्षगुह्यकपन्नगाः ।
अधस्ताद्रङ्गपीठस्य रक्षणे ते नियोजिताः ॥९६॥
नायकं रक्षतीन्द्रस्तु नायिकां च सरस्वती ।
विदूषकमथोङ्कारः शेषास्तु प्रकृतीर्हरः ॥९७॥

### अभिनवभारती

पात्राणि पृथग्रक्षणीयानीत्याह—नायकमिति । हास्यशृङ्गाराङ्गत्वाद्विदूषकमित्युक्तम् । अत एव दशरूपकप्रयोगसूचनमेतत् । समवकारे विदूषकाभावात् । हर इति । बहुमूर्तिप्रमथत्वात् । देवता एव दैवतम् । (८७-९८)

### बालक्रीडा

स्थापना की । और मत्तवारणी के स्तम्भों में उनकी रक्षा के लिए भूत, यक्ष, पिशाच एवं महाबलवान् गुह्यकों को स्थापित किया । और जर्जर में दैत्य निषूदन वज्र को रख दिया ।९१।९२।

(मूल) उसके पर्वों में महाबलशाली सुरेन्द्रों को रक्खा सबसे पहले शिरः स्थानीय पर्व में ब्रह्मा जी को, दूसरे में शंकर जी को, तृतीय में भगवान् विष्णु को, ४ में स्कन्द को, ५ में शेष वासुकि एवं तक्षक महानागों को स्थापित किया ।९३।९४।

(मूल) इस तरह विघ्नों को नष्ट करने के लिए देवों को जर्जर के पर्वों में बैठाया ।९५।

(मूल) रंगपीठ के मध्य में स्वयं ब्रह्मा जी बैठे । रंगस्थली के मध्य में इष्टि के लिए पुष्पों की वर्षा की जाती है । जो तो पातालवासी यक्ष गुह्यक पन्नग थे उनको रंगपीठ के नीचे के हिस्से की रक्षा के लिए नियुक्त किया ।९६।९७।

एवं शृंगार के अंग होने से विदूषक कहा । इसीलिए यह दशरूपकों के प्रयोग की सूचना है । समवकार में विदूषक नहीं रहता है । हर इनके यहाँ बहुत मूर्ति वाले हैं । देवता ही दैवत है ॥८७-९८॥

यान्येतानि नियुक्तानि दैवतानीह रक्षणे ।
एतान्येवाधिदैवानि भविष्यन्तीत्युवाच सः ॥९८॥
एतस्मिन्नन्तरे देवैः सर्वैरुक्तः पितामहः ।
साम्ना तावदिमे विघ्नाः स्थाप्यन्तां वचसा त्वया ॥९९॥
पूर्वं साम प्रयोक्तव्यं, द्वितीयं दानमेव च ।
तयोरुपरि भेदस्तु, ततो दण्डः प्रयुज्यते ॥१००॥
देवानां वचनं श्रुत्वा ब्रह्मा विघ्नानुवाच ह ।
कस्माद्भवन्तो नाट्यस्य विनाशाय समुत्थिताः ॥१०१॥

### अभिनवभारती

अथ नाट्यतत्त्वजाते एवन्निरूपणार्थमुपक्रमते एतस्मिन्निति । नाशकस्य सामाङ्गीकरोति दुर्जन इति पूर्वं रक्षाकरणम् । सर्वैरनुविधेयवचनो भवतीति दर्शयति सर्वैरुक्त इति । सामादिप्रयोगे तावच्छब्दसूचितं क्रमं स्फुटयति— पूर्वं सामेत्यादि । तत इति । सर्वोपायप्रविहताविति यावत् । तत्र ज्ञाताभिप्रायः प्रतिसमाधातुं सुशक इत्यभिप्रायेणाह देवानामिति । सुरार्थमित्यस्यैव वाक्यांयोर्क

### मधुसूदनी

नाट्यतत्वजात इति । नाट्यगतं यत्तत्त्वं तस्य जाते जन्मविषये । जातं जात्योघजन्मसु इति हैमः । एतस्येतिहासस्य निरूपणार्थमुपक्रमते विघ्नान्निराकर्तुं नाट्यवेद निर्माणेतिहासं भवयां देवतानामिति "नाट्यवेदो मया कृतः त्रैलोक्येति

### बालक्रीडा

(मूल) इन्द्र नायक की, सरस्वती नायका की, ओंकार विदूषक की, हर अवशिष्ट प्रकृतियों की रक्षा करें । यहाँ रक्षा कार्य में जो देवता नियुक्त हैं वे ही उन स्थानों के अधिष्ठात्री देवता होंगे । इसी समय में सभी देवताओं ने पितामह से कहा ।९८।९९।

(मूल) आप इन विघ्नों को सान्त्वनापूर्ण वाक्यों से समझाइये । पहले साम का पीछे दान याने भूमि या पद या पैसे आदि का प्रयोग करियेगा ।१००।

(मूल) उसके बाद भेद और दण्ड का प्रयोग होता है । देवताओं की बात सुनकर ब्रह्मा जी ने विघ्नों को कहा ।१०१।

अथ नाट्य तत्त्व के (जात) जन्म बारे में इतिहास के निरूपण के लिए ब्रह्माजी उपक्रम करते हैं—इसमें रक्षा का विधान पहिले बतलाया क्योंकि दुर्जन की सान्त्वना को दुष्ट लोग नहीं मानते हैं ।

"साम्ना तावदिमें" इस पद्य में कहे हुए तावच्छब्द के द्वारा सूचित किये गये सामादि कों के प्रयोग के विषय में क्रम को स्फुट करते हैं कि पहिले साम । फिर सम्पूर्ण उपायों के

ब्रह्मणो वचनं श्रुत्वा विरूपाक्षोऽब्रवीद्वचः।
दैत्यैर्विघ्नगणैः सार्धं सामपूर्वमिदं ततः ॥१०२॥
योऽयं भगवता सृष्टो नाट्यवेदः सुरेच्छया।
प्रत्यादेशोऽयमस्माकं सुरार्थं भवता कृतः ॥१०३॥
तन्नैतदेवं कर्तव्यं त्वया लोपितामह ?।
यथा देवास्तथ दैत्यास्त्वत्तः सर्वे विनिर्गताः ॥१०४॥
विघ्नानां वचनं श्रुत्वा ब्रह्मा वचनमब्रवीत्।
अलं वो मन्युना दैत्या ! विषादं त्यजतानघाः ॥१०५॥

अभिनवभारती

सुरेच्छयेति। प्रत्यादेश इति खलीकार इत्यर्थः। भवतेति। यस्यानुचितमेतदित्यर्थः। अनौचित्यमेव लोकपितामहेत्यामन्त्रणेनाह। तदेव पितामहत्वं दर्शयति— यथेति। आ(सतां)बा देवा दैत्याश्चेत्याह—सर्व इति। (९९-१०४)

वचनमिति। सुपरिहरमेतत्। नात्र भूयान्प्रयास इत्येकवचनेन दर्शयति। अत एव सिद्धवदुपक्रमते—अलं व इति। मिथ्याज्ञानगृहीतसर्पत्रासवयो भ्रान्तिमात्रकृत

मधुसूदनी

नाट्यं भावानुकीर्त्तनमितिरीत्या इदानीमारभते। सर्वैरनुबीति। सर्वैरनुविधेयमनुकूलतया विधातुं शक्यं वचनं यस्येति भवतीति दर्शयति-सर्वैरुक्त इति।

बालक्रीडा

(मूल) आप लोग नाट्य के विनाश के लिए क्यों समुद्यत हुए हैं। ब्रह्मा जी के वाक्य को सुनकर विरूपाक्ष ने दैत्य और विघ्न गण के सहित सान्त्वना से यह कहा कि।१०२।

(मूल) आपने देवताओं की इच्छा के अनुसार जो यह नाट्यवेद बनाया है वह आपने देवताओं के लिए हम लोगों का प्रत्याख्यान किया है। यह आप को नहीं करना चाहिए क्योंकि आप संसार के दादा हैं।१०३।१०४।

प्रतिघात होने पर दण्ड। अनुक्रम से विघेयको कहने वाला कवि होता है यह दिखाया है। अभिप्राय जान लेने पर उसका समाधान किया जा सकता है। इस अभिप्राय से कहते हैं। देवताओं के सुरों के लिए नाट्य बनाया इस बात को दृढ करने के लिए सुरेच्छया सुरों के मन के माफिक कहा। प्रत्यादेश का अर्थ है खलीकार माने तिरस्कार। आपने अर्थात् जिसके लिए ऐसा बनाना अनुचित है। इस अनौचित्यको लोक पितामह इस सम्बोधन से कहते हैं। उक्त पितामहत्व को दिखाते हैं जैसे देवता वैसे दैत्य। सब को अपने पैदा किया इससे सर्वे कहा ॥९९-१०४॥

**भवतां देवतानां च शुभाशुभ विकल्पकः।**
**कर्मभावान्वयापेक्षी नाट्यवेदो मया कृतः ॥१०६॥**

### अभिनवभारती

इत्यर्थः। दैत्यानामशुभकारिता लोकप्रसिद्धा। कृतरङ्गविभागश्चैषां चेष्टितमस्तु। देवानां तद्विपर्यय इति नाट्यस्य न तात्पर्यं येन भवतां मन्युः। किं तर्हीत्याह शुभकारिणः शुभं फलमशुभकारिणोऽशुभं फलमित्येतावदेवास्माकं प्रत्यक्षसाक्षात्कारकल्पे नाट्ये प्रदर्शनीयम्। न तत्र देवेषु दैत्येषु वा कश्चिद्भरः। अत एव भवतामपि धर्मादी यः सदुपायः सोऽपि शुभविपाकत्वेनैव दर्शितः। अत एव शुभग्रहणमेकतरपक्षशैथिल्यदर्शनाय दैत्यसम्बन्धनार्थं प्रथमसुपात्तम्। शुभमशुभं च धर्माधर्मरूपं सुखदुःखफलत्वेन विभेदेन कल्पयत्यध्यवसाययति नाट्यवेदः। कीदृक्—कर्मभावान्वयापेक्षीति।

### बालक्रीडा

(मूल) जैसे देवता आपसे उत्पन्न हैं वैसे ही दैत्य भी। विघ्नों के इस वाक्य को सुनकर ब्रह्मा जी बोले।१०५।

(मूल) हे दैत्याः ? गुस्सा मत करो। विषाद छोडो। क्योंकि आपके और देवताओं के शुभ एवं अशुभ कर्मों के भेद को बतलाने वाले नाट्यवेद को मैंने बनाया है। शुभ एवं अशुभ क्रिया-कलाप, भाव अर्थात् आशय एवं अन्वय याने वंश इन सबकी इसके निर्माण में सहायता ली गई है।१०६।

वचन माने कहना। इसका परिहार किया जा सकता है। इसमें अधिक प्रयास नहीं है। यह एकवचन से दिखाते हैं। इसीलिए सिद्ध की तरह उपक्रम करते हैं अर्थात् साध्य तत्त्व कुछ नहीं हैं। अलं वः। आप लोगों को मन्यु नहीं करना चाहिए मिथ्या ज्ञान से समझे हुए सर्प से त्रास की तरह जो क्रोध भ्रम से कर लिया है। दैत्य अशुभ करते हैं और देवता इसके विपरीत अर्थात् शुभ करते हैं यह लोक प्रसिद्ध हो जाय इसमें नाट्यका तात्पर्य नहीं है। जिससे आप लोगों को क्रोध होवे। तब क्या है। शुभ करने वाले को शुभ फल मिलता हैं अशुभकर्म से अशुभ फल मिलता है। बस इतनी सी बात हमको प्रत्यक्ष साक्षात्कार कल्प नाट्य में दिखाना है। इसमें देवता या दैत्यों के ऊपर कोई बोझ नहीं हैं अर्थात् देवता या दैत्य नाम से फल का कोई विशेष ग्रहण नहीं है उत्तम कर्म का उत्तम फल है। इसीलिए आप लोगों के भी धर्मादि रूप जो उत्तम उपाय हैं उनको भी शुभ फल के रूप में दिखाया गया है।

इसलिए "भवतां देवतानां च शुभाशुभविकल्पकः" इसमें शुभपद का ग्रहण पहले किया गया है कि किसी एक पक्ष के दैत्यों या देवताओं के अनुकूल कार्य करने में दृढ़ता नहीं दिखाना है बल्कि एक पक्ष के लेने में शिथिलता दिखाना है। अत एव शुभ कर्मकारी दैत्यों का भी सम्बन्ध हो जाता है। धर्मरूप शुभकर्म का फल सुख है और अधर्मरूप अशुभ कर्म का फल दुःख है। इस तरह फल भेदके अनुसार नाट्य वेद शुभ एवं अशुभ की कल्पना करता है और उसका ज्ञान भी।

## अभिनवभारती

तद्यथा—धर्मो दानं स्नानमित्यादिः। अधर्मो हिंसा स्तेयमित्यादिः। भाव आशयः स्वप्रसङ्गोदितः स्वार्थतापरार्थताद्यभिसन्धिरित्यादिः। अन्वयोऽभिजनः आर्यावर्तादिर्ब्राह्मण्यञ्चेति। तानपेक्षते सहकारितया।

एतदुक्तं भवति—अस्मिन्देशेऽस्मिन्काले ईदृशेन कर्मणा यः शुभमशुभं चार्जयति स एवंविधफलभागी भवतीति न तावदिहोपदिश्यते। विकल्पक इति द्वौ णितौ। (१०५-१०६)

## बालक्रीडा

कैसी कल्पना और कैसा ज्ञान कराता है इसके उत्तर में कहते हैं कि यह नाट्यवेद कर्म, भाव और अन्वय अभिजन या कुल की अपेक्षा रखता है। वह जैसे—धर्म-दान, स्नान इत्यादि है। अधर्म-हिंसा, चोरी आदि है। भाव आशय, विषय जो प्रतिपाद्य है या वक्तव्य है उसके प्रसंग में कही गई स्वार्थाभिसंधि एवं परार्थाभिसंधि आदि। यहां अभिसंधि शब्द का अर्थ है उद्देश्य। जैसे—

अथ ते मुनयो दिव्याः प्रेक्ष्य हैमवतं पुरम्।
स्वर्गाभिसन्धिसुकृतं वञ्चनामिव मेनिरे॥

यहां स्वर्गाभिसंधि सुकृत माने स्वर्ग की प्राप्ति हो जाय इस अभिसंधि अर्थात् उद्देश्य से किये गये सुकृत धर्माचरणकी वंचना की तरह माना जब कि उन दिव्य मुनियों ने हिमवान् के शहर की विपुल समृद्धि को देखा। अभिसंधि शब्द का उद्देश्य अर्थ है। अन्वय अभिजन जन्मभूमि आर्यावर्त वगैरह। अन्वय वंश ब्राह्मण आदि। इनकी सहाकारी के रूप में अपेक्षा (नाटक में होती है) अतः कहते हैं।

यहां यह कहाकि इस देश में इसकाल में इस तरह के कर्म के द्वारा जो शुभ या अशुभ पाप या पुण्य का उपार्जन करता है वह इस तरह के फल का भागी होता है यह उपदेश नाट्य नहीं देता है वह तो धर्मशास्त्र का कार्य है।

यहां "शुभाशुभ विकल्पकः" इस पद्यांश के विकल्पक पद में णिच् और ण्वुल् दो प्रत्यय हैं। विकल्पयति इति इस विग्रह में णिच् करने के बाद ण्वुल् प्रत्यय से विकल्पकः हुआ है। इस तरह दो णित् हैं, णिच् के णकार की और ण्वुल् के णकार की इत्संज्ञा है।

अभिनवभारती कारने यहां लिखा है कि विकल्पकः यहां दो णिच् हैं। उसका तत्त्व यह है कि 'कृपेश्च' इससे अवकल्कन अर्थ में चौरादिक णिच् होता है। उसके बाद हेतुमति च' सूत्रसे प्रेरणार्थक णिच् किया है। क्योंकि चौरादिक णिच् (चुरादिभ्यस्तु स्वार्थे) चुरादिगण पठित धातुओं से स्वार्थ में होता है इस सिद्धान्त के अनुसार स्वार्थ में है। अतः एक णिच् स्वार्थिक है दूसरा णिच् प्रेरणार्थक है। अवकल्कन शब्द का अर्थ है चिन्तन एवं मिश्रीकरण प्रकृत में चिन्तन अर्थ गृहीत है। अतः विकल्पकः का अर्थ है चिन्तकः।१०५।१०६।

प्रश्न करते हैं कि इस तरह भी हमारे पीठ पर यह क्या लाद दिया। उत्तर में कहते हैं कि एकान्त रूप से नहीं। यहां का भाव यह है कि तुम्हारे पीठ पर किसी ने

नैकान्ततोऽत्र भवतां देवानां चानुभावनम् ।

अभिनवभारती

ननु चैवमप्यसत्पृष्ठे किमेतद्योजितमित्याह—नैकान्तत इति। अयं भावः—न युष्मत्पृष्ठे केनचिदेतद्योजितम्। देवासुरस्य बहिर्यथास्वस्थमवस्थानम्। अत्रेति नाट्यवेदे। न देवासुराणामेकान्तेनानुभावनम्। नैव तेऽनुभाव्यन्ते केनचित्प्रकारेण।

मधुसूदनी

नैकान्तत इति। अत्र नाट्यवेदे भवतां दैत्यानां देवानां वा। चकारोऽत्र-वाकारार्थः। एकान्ततो नियमेन अनुभावनं नास्ति निर्धारणं न जायते। न हि एकस्य कस्यचिद्वर्गविशेषस्य विशेषरूपेण अनुभवविषयसम्पादनमिति भावः। तमेवाह न युष्मदिति। युष्माकं भवतां दैत्यानां देवानां च पृष्ठे विषये केनचित् अस्मादृशा अन्येन वा न योजितं संलग्नं कृतम्।

ननु, तदन्तेऽनुकृतिर्बद्धा यथा दैत्याः सुरैर्जिताः।
सम्फेटविद्रवकृता छेद्यभेद्याहवात्मिका
ततो ब्रह्मादयो देवाः प्रयोगपरितोषिताः।

इत्येवंरूपेण दैत्यानां पराजयस्य देवानाञ्च परितोषस्योपवर्णनात्कथमुच्यते न हि युष्मत्पृष्ठे केनचित् योजितमित्याह-देवासुरस्येति। बहिः नाट्यात् पृथक् विश्रस्मिन् स्वस्थं स्वस्वरूपानुकूलं दैत्यानां विपरीतनिषिद्धाचरणात् पराजितरूपेण, देवानां सुपरीतविहिताचरणात् विजयोल्लसितरूपेण यथा अवस्थानं स्थितिः तथा अनुकृतिर्निबद्धा प्रस्तावितेति सूक्तं "न युष्मत्पृष्ठे" इति। देवाश्चासुराश्चेत्यनयोः समाहारो देवासुरं तस्य।

नेति। देवानामसुराणां वा एकान्तेन नियमेन अनुभावनं निर्द्धारणं न। ननु कुतो नानुभावनमिति वक्ति—नैवेति। ते देवासुराः केनचित् प्रकारेण भेदेन कयापि विधया केनापि सादृश्येन। प्रकारो भेदसादृश्ये इत्यमर-मेदिनीकारौ। न अनुभाव्यन्ते निश्चीयन्ते। यथा दशसु रूपकेषु कस्यापि व्यक्तिविशेषस्यासंगो नहि भवति। केषामपि भावानां वर्णनमिष्टावहं किन्तु अनाधारं वर्णनं भावानामसम्भवाद् रामादीनामुत्तमपात्राणामाश्रयणेन तेषु आदर्शः प्राप्स्यतेति विशेषाणां पात्राणामुल्लेखो न तु केनाप्याभिसन्धिना। अथ च व्यक्तिविशेषस्याभिसन्धौ समाजस्य को लाभः।

बालक्रीडा

इसकी लादा नहीं है। किन्तु यह बतलाना है कि नाट्य के बाहर जैसे देव एवं असुरों का अपने रूप में अवस्थान है वैसे ही नाट्य में भी दिखाया जाता है। अत्र माने इस नाट्य वेद में। देवता एवं असुरों का ही केवल अनुभावन निर्द्धारण नहीं है। क्योंकि किसी भी प्रकार से उनका अनुभावन नहीं किया जाता है।

अभिनवभारती

तथाहि - तेषु न तत्त्वेन धीः। न सादृश्येन यमलकवत्। न भ्रान्तत्वेन इदं रजतमिति रूप्यस्मृतिपूर्वकशुक्तिरूप्यवत्। नारोपेण सम्यग्ज्ञानबाधानन्तरमिथ्या-

मधुसूदनी

कथं वा आस्वादः प्रत्युत रागद्वेषावेव स्याताम्। तौ तु साधारण्ये सत्येव लभ्येयाताम्। इत्युच्यते नानुभाव्यन्ते इति।

इदानीं प्रकारवर्जनपुरःसरमनुभावनाभावं दर्शयितुमुपक्रमते-तथाहीति। अभिनयवेलायां तेषु अभिनयकर्तृषु तत्त्वेन विरोचनत्वेन इन्द्रत्वेनेति वास्तविकी अयं विरोचनः, अयमिन्द्रः इति धीर्नहि भवति कालभेदात् देशभेदात्। यमलकवत् समकालमुत्पन्नयोः सहोदरयोर्युग्मबालकयोरिव सादृश्येन इमौ परस्परं सदृशाविन्थेवं रूपेण बुद्धिर्न हि जायते। सादृश्यस्य भेदघटितत्वात् भिन्नयोर्द्वयोरभिनयसमयेऽनुपस्थितत्वात्। चाकचक्यबलात् रूप्यस्य हट्टस्थ रजतस्य स्मृतिः पूर्वः हेतुर्यत्र तादृशं यत् इदं रजतमिति शुक्तौ रूप्यज्ञानं तद्वत् भ्रान्तत्वेन भ्रान्त्या न धीः।

नारोपेणेति। आरोपस्त्रिविधः। शास्त्रप्रमाणजन्या अतस्मिन् तद्भिन्ने ईश्वराद् भिन्ने मृदि पाषाणे काष्ठे लौहादिधातुषु अर्थात् तन्निर्मित प्रतिमायामीश्वरबुद्धिः प्रथम आरोपः। चन्द्रभिन्ने मुखे मुखं न चन्द्र इति बाधेपि अभावज्ञानेऽपि अत्र चन्द्रत्वबुद्धिर्मे जायतामिति बाधकालिकमिच्छाजन्यं ज्ञानमित्यारोपो द्वितीयः। व्यवहारजगति सार्षपे स्नेहे, चमेलीबेलामलकादिसम्पृक्ते स्नेहे च तैलपदप्रयोग आरोपेण। तिलोद्भवस्नेहस्यैव तैलत्वात्। सिंहाग्निगवादिभिन्ने मानवमाणवके सिंहाग्निगवादिप्रयोगश्च

बालक्रीडा

क्यों अनुभावन नहीं किया जा सकता है इसको दिखाते हैं। अभिनय स्थल में अभिनय कर्त्ताओं में तत्त्वेन बुद्धि नहीं होती है। यह राम ही है सीता ही है या दुष्यन्त है शकुन्तला है इस तरह की तात्विक धी नहीं होती है। और न यमलक की तरह है राम सदृश ही उनको समझते हैं। माता के गर्भ से एक साथ एक समय में पैदा हुए दो बालकों यमलकों में जैसे सादृश्य होता है उस तरह से अभिनय कर्त्ताओं में राम-सीता या दुष्यन्त शकुन्तला का साम्य नहीं होता है।

धूप में घाम में चमकती हुई सिपी (शुक्ति) को देख कर यह चाँदी है इस तरह चांदी (रूप्य) की याद पड़ जाती है उसके कारण जैसे सिपी में (रूप्य) चांदी की प्रतीति होती है उस तरह भी नट में राम की प्रतीति नहीं होती है। इसी को सम्यग् ज्ञान के बाध होने पर मिथ्याज्ञान भ्रान्ति कहते हैं।

आरोप तीन प्रकार का होता है। अतद् में उससे भिन्न में तत् की बुद्धि करना उसको समझना वह ही आरोप है। यह आरोप शास्त्र प्रमाण जन्य भी होता है जैसे मट्टी, पत्थर एवं काष्ठ तथा धातु की मूर्ति में ईश्वर बुद्धि, यह प्रथम आरोप है। नायिका का मुख चन्द्र नहीं है ऐसे अभाव ज्ञान के रहते पर भी आरोप कर्त्ता की (मुख में चन्द्र

अभिनवभारती

ज्ञानरूपेण मुखं चन्द्र इतिवत्। नाप्यध्यवसायेन गौर्वाहीक इतिवत्। नोत्प्रेक्ष्यमाणत्वेन मुखं नूनं चन्द्र इतिवत्। न प्रतिकृतित्वेन चित्रपुस्तवत्। न तदनुकारेण गुरु-

मधुसूदनी

तथेति तृतीय आरोपः। तत्र आलंकारिकेषु द्वयोः प्रचारः। तत्र द्वितीयारोपस्य स्वरूपं हृदि निधाय व्याख्याति-सम्यगिति सम्यग् ज्ञानस्य मुखं न चन्द्रः इत्येवं वास्तविकज्ञानस्य बाधेऽपि अभावेऽपि अनन्तरं बाधात्पश्चात् मुखं चन्द्र इत्याकारकं मिथ्याज्ञानं तद्वत् आरोपेण विषयविषयिणोर्भेदेनोपन्यासेन अतस्मिन् तज् ज्ञानं न भवति। अभिनेतॄणां नटीनटानामभिनयप्रदर्शनकौशलवशात् बाधबुद्धेरभावेन विषयगतासाधारणधर्मप्रतीतिसहकृतोऽन्यस्मिन्नन्यप्रत्यय आरोप इत्यभिमानम्।

नाप्यध्यवसायेनेति। गौरयमितिवत् गौर्जल्पतीतिवत् अध्यवसायेनापि विषयगतासाधारणधर्मप्रतीत्यसहकृतेन अन्यस्मिन् अन्याभेदप्रत्ययेनापि न धीः।

नोत्प्रेक्ष्येति। नूनं मुखं चन्द्र इत्यादिवत् उत्प्रेक्ष्यमाणत्वेन उत्प्रेक्षया न धीः। नापि प्रतिकृतित्वेनेति। चित्रं चेतनानां राजराज्ञीप्रभृतीनां प्रतिच्छविस्तद्वत्, पुस्तं सम्यगुच्चारणीयवर्णात्मकशब्दस्वरूपस्मारिका लिपिस्तद्वत् प्रतिकृतिरूपेण प्रतिभा बुद्धिर्न। नानुकारेणेति। गुरुरध्यापयति गुरुः मुखाद् विषयप्रतिपादकशब्दानुच्चारयति शिष्योऽधीते तदनूच्चारयति। इत्येवं गुरुमुखोच्चारणमनूच्चा

बालक्रीडा

बुद्धि हो जाय ऐसी) इच्छा से जैसे मुख चन्द्र है इस तरह मुखादि को चन्द्रादि, बालक को अग्नि या सिंह, आदमी को बैल आदि समझना। इसी को बाधकालिक इच्छाजन्य ज्ञान कहते हैं यह द्वितीय आरोप है। लोक व्यवहार में स्वभावतः (शास्त्र-प्रमाण एवं इच्छा के बिना ही) सरसों के स्नेह में तथा गुलाब, बेला, चमेली और आंवला के सम्पर्क से सम्पन्न स्नेह में तैल पद का प्रयोग होता है, यह आरोप का तृतीय स्वरूप है। इन तीन प्रकारों में से द्वितीय एवं तृतीय प्रकार का आरोप अलंकार शास्त्र में प्रचलित है उसी को आचार्य अभिनव गुप्त ने लिखा है नारोपेण। और न आरोप से। जैसे माणवक में सिंह का या अग्नि का भेदेन ज्ञान होता है।

और न अध्यवसाय से जैसे वाहीक में गौ का अभेदेन ज्ञान होता है। और उत्प्रेक्ष्यमाणत्व अर्थात् उत्प्रेक्षा से जैसे (नूनं मुखं चन्द्रः) मानों यह मुख चन्द्र है यह संभावना होती है। और न प्रतिकृति प्रतिच्छबि से जैसे आकार चित्र में चेतन (राजा रानी पशु पक्षी मनुष्य) को समझते हैं चित्र के वर्ण्य चित्र, गतिचित्र एवं स्थानचित्र ये तीन प्रकार और भी हैं प्रकृत में आकार चित्र दिखाया है। तथा जैसे पुस्त लिपि में उच्चार्यमाण वर्णात्मक शब्द को समझते हैं।

और न अनुकार से जैसे गुरु और शिष्य (के स्वरूप) की व्याख्या में हेवाक होता है। यहां का भाव यह है कि गुरु और शिष्य के स्वरूप की व्याख्या में बतलाया जाता

## अभिनवभारती

शिष्यव्याख्याहेवाकवत्। न तात्कालिकनिर्माणेनेन्द्रजालवत्। न युक्तिविरचिततदाभासतया हस्तलाघवादिमायावत्। सर्वेष्वेतेषु पक्षेष्वसाधारणतया द्रष्टुरौदासीन्ये रसास्वादायोगात्। कवेश्च नियतवर्णनीयनिश्चितत्वे काव्यस्यैवासम्पत्तेरनौचित्या-

## मधुसूदनी

रणरूपो गुरुशिष्ययोर्व्याख्याहेवाकः अनुकारविषयकाहमहमिका तद्वत् अनुकारेण अनुकार्यरामादयो ह्येवमाचरन् इत्येवमनुकारेण न धीः।

इन्द्रजालेन मंत्रबलेनाविद्यमानवस्तुप्रकाशनमिन्द्रजालस्तेन हि यथा क्षणेन अग्नेः समुत्पादः क्षणेन वर्षायाः प्रवर्त्तनं तद्वत् तस्मिन्नेव काले निर्माणेन ज्ञानं न। हस्तस्य संचालने लाघवं क्षिप्रता इतिर्वा। तत्प्रभृति माया मन्त्रबलेनाविद्यमानवस्तुप्रकाशनं तद्वत्। युक्त्या विरचितो यस्तद्वस्तुनः प्रतिभासः। तस्य भावस्तत्ता तया च न धीः। एतेषु उपरिनिर्दिष्टेषु सर्वेषु पक्षेषु मान्यतासु, असाधारणता नियतताया व्यक्तेः परिग्रहो, यदि स्यात् तर्हि तया रंगस्थलागतसामाजिकस्य औदासीन्यं स्यात्। तस्मिन् सति रसास्वादस्य अयोगात् रसचर्वणा न स्यादित्यर्थः।

एवमसाधारणतया नियतस्य कस्यचित् व्यक्तिविशेषस्य वर्णनं निश्चितं स्यात्। सति च तस्मिन् नियतिकृतनियमसहितता आयाता। तत्र कवेः स्वतन्त्रताया अपहरणात् काव्यस्यैव असम्पत्ति निर्मितिर्न। कुत एतदित्याह—अनौचित्येति। अनौचित्यस्य अयोग्यतायाः यद्वर्जनं परिहारः तस्य अयोगात् अभावात्। लौकिकस्य

## बालक्रीडा

है कि गुरु के मुख से जैसा उच्चारण होता है उसी के अनुसार शिष्य भी उच्चारण करता है इसी का नाम अध्ययन है। इस क्रिया में अनुकरण होता है तद्वत् अनुकार से भी ज्ञान नहीं होता है।

और न तात्कालिक निर्माण से, जैसे इन्द्रजाल में तत्काल ऐसी रचना करके दिन में चन्द्र एवं ताराओं को दिखा देना। एवं रात में सूर्य का दर्शन करा देना आदि होता है।

और न युक्ति से चतुराई के द्वारा उस वस्तु की प्रतीति करा देने से जैसे हाथ की सफाई से मदारी लोग बड़े २ लोहों के गोले निगलते हुए मालूम पड़ते हैं। किसी फल के भीतर से अंगूठी को निकालते हुए दिखाते हैं।

इन सभी पक्षों में (सभी जगह पक्ष शब्द का अर्थ है माना हुआ वर्ग इसीलिए कहा जाता है कि अमुक पक्षपात करता है अमुक पक्ष पाती है। अर्थात् अपने माने हुए वर्ग में पतन अनुगमन करता है यह पतनकारी है। अतः हमने भी भावार्थ लिया है कि) मान्यताओं में असाधारणता हो जाती है कोई विशेष दृष्टिकोण बन जाता है अतः द्रष्टा सामाजिक तटस्थता का अनुभव करने लगता है जिससे उसको रसका आस्वाद (अनुभव) नहीं होता है और कवि भी अपने काव्य को सम्पन्न नहीं कर पाता है। क्यों कि किसी नियत पदार्थ के

त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम् ॥१०७॥

## अभिनवभारती

वर्जनायोगात्। लौकिकमिथुनदर्शीव सांसारिकहर्षक्रोधान्वयितापत्तेरुभयदर्शनाकुलतया मुख्यदृष्टौ प्रयोक्तृदृष्टौ तद्धीसंपत्त्यभावात्।

किं तर्ह्येवत्। आह—त्रैलोक्यस्येति। एतदुक्तं भवति—एतादृशं ते रामादयो

## मधुसूदनी

सांसारिकस्य मिथुनस्य दम्पतिरूपस्य दृशि दर्शने यथा सांसारिकाणां लौकिकानां हर्षशोकादीनामन्वयः सम्बन्धस्तथा नाट्यदर्शनसमयेऽपि अन्वयापत्तेः, मुख्यस्य अनुकार्यस्य रामादेः दृष्टौ दर्शने प्रयोक्तुर्नटस्य दृष्टौ दर्शने तदुभयदर्शनसंकुलतया तयोर्नटरामयोर्दर्शने द्रष्टुः सामाजिकस्य मतेः संकुलतया तयोरनुकार्यानुकर्त्रोर्विषये तद्धीसम्पत्तेरुक्तासु धीषु कस्या अपि धियः अभाव एव स्यात्।

## बालक्रीडा

वर्णन का निश्चय हो जाने पर जिसके फलस्वरूप नियत पदार्थ के अनौचित्य का परित्याग नहीं हो सकता है। जैसा कि नाट्य के नियम में साहित्यदर्पण में संकेतित है।

> यत्स्यादनुचितं वस्तु नायकस्य रसस्य वा
> विरुद्धं तत्परित्याज्यमन्यथा वा प्रकल्पयेत्।

जो वस्तु नायक या रस के विषय में अनुचित हो एवं विरुद्ध हो उसका परित्याग कर देना चाहिए या बदल देना चाहिए। जैसे उदात्तराघव में छिप करके बाली के वध को छोड़ दिया। वीरचरित में उस को बदल दिया।

कवि के लिए पूर्ण स्वातन्त्र्य है ध्वन्यालोककार ने लिखा है—

> अपारे काव्य संसारे कविरेकः प्रजापतिः
> यथास्मै रोचते, विश्वं तथेदं परिवर्तते।
> शृंगारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्
> स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत्।
> भावानचेतनानपि चेतनवच्चेतनानचेतनवत्।
> व्यवहारयति यथेष्टं सुकविः काव्ये स्वतन्त्रतया। इति।

फलतः अनौचित्यमय वर्णन से काव्य में सौष्ठव नहीं हो सकेगा। और सहृदय भावुक को भी आनन्द प्राप्त नहीं होगा।

लौकिक दम्पति को देखने पर जैसे सांसारिक हर्ष या क्रोध का होना अनिवार्य है वैसे ही नाट्य में भी हर्ष या क्रोध का होना रुक नहीं सकता है। वहाँ भी वे होने लगेंगे। तब मुख्य अनुकार्य रामादि और प्रयोक्ता नट दोनों के देखने पर उभयदर्शन में सामाजिकों के मन में आकुलता होने के कारण उक्त अनुभावन की सम्पत्ति नहीं होगी। अर्थात् नाट्य का यथार्थ अनुभव नहीं होगा।

### अभिनवभारती

न कदाचन प्रमाणपथमवतार्यन्ते यथाऽऽगमेन वर्ण्यन्ते । तदा तद्विशेषबुद्धिः यद्यपि रामायणप्रायादेकस्मान्महावाक्यादुल्लसति, तथापि वर्ण्यमानतयैव विशेषाणां सम्भाव्यमानार्थक्रियासामर्थ्यात्मकसालक्षण्यपर्यवसानम् । न च तेषां वर्ण्यमानते-

### मधुसूदनी

एवं तर्हि एतत् नाट्यं किमित्याह—त्रैलोक्यस्येति । फलितार्थं कथयति, एतदुक्तं भवतीत्यादिना । ते रामादयः कदाचन एतादृशमर्थान् एतादृशरूपेण प्रत्यक्ष प्रमाणपथं नावतार्यन्ते यथा आगमेन रामायणादिना वर्ण्यन्ते । तदा तस्मिन् वर्णनसमये यद्यपि रामायणप्रायात्, एकस्मान्महावाक्यात् तस्मिन् रामे विशेषबुद्धिर्भवति । साधारणीकरणं नहि जायते । तदन्तरा रसास्वादो न । तथापि विशेषणां रामादीनां वर्ण्यमानतया वर्तमानकालिकवर्णनविषयतया सालक्षण्ये साधारण्ये पर्यवसानम् । सालक्षण्यं च अर्थः प्रयोजनं राक्षसादीनां हननं तस्यै या क्रिया आयुधोत्तोलनमायुधप्रहरणं च । तस्यां क्रियायां सम्भाव्यमानमुत्प्रेक्ष्यमाणं यत्सामर्थ्यं शक्तिः । तदात्मकं सालक्षण्यं साधारण्यम् । अयं भावः यथा रामो रावणादीनां राक्षसानां हननाय आयुधोत्तोलनादीन् आयुधप्रहरणादींश्च समाचरत् तथा नटोऽपि समाचरितुं शक्नोति एवञ्च विशेषरूपाणां रामदुःष्यन्तादीनां पदार्थानां अर्थं प्रयोजनमुद्दिश्य

सम्भाव्यमानासु अर्थाय क्रियासु नटानामपि सामर्थ्यं भवितुं शक्नोति इत्यात्मके साधारण्ये पर्यवसानमधिकमवसानं तेषां पदार्थानां वर्तमान कालिकवर्णनीयविषयतयैव भवतीति ।

ननु विरुद्धमेवोच्यते यतो वर्त्तमानकालिकी वर्णनीया या व्यक्तिः सा तु विशेषरूपा एव न तु साधारणी । एवं तर्हि साधारण्ये पर्यवसानं कुत इत्याह—न चेति । तेषां रामादीनां वर्ण्यमानता वर्त्तमानकालिक वर्णनविषयतेति विशेषबुद्धिस्तेषु उपगता न तु साधारण्ये पर्यवसानमिति न वाच्यम् ।

### बालक्रीड़ा

प्रश्न होता है कि तब यह नाट्य क्या है—इस पर उत्तर देते हैं कि त्रैलोक्य का । यहाँ यह कहा गया है कि वे रामादि; ऐसे किसी भी प्रत्यक्षादि प्रमाण के पथ में अवतारित नहीं किये जाते हैं जैसे कि वे आगम में वर्णित हैं । यद्यपि आगम के अनुसार वर्णन के समय उनमें विशेष बुद्धि रामायण जैसे किसी एक महावाक्य से उल्लसित होती है तथापि आगम जैसे किसी महावाक्य से विशेष बुद्धि होने पर भी वर्ण्यमानता के कारण ही वर्तमान कालिक वर्णन के विषय होने से ही उन राम, सीता, दुःष्यन्त, शकुन्तला आदि विशेष पदार्थों का सालक्षण्य साधारण्य में ही पर्यवसान होता है याने वे साधारण रूप से जाने जाते हैं । समान लक्षण चिह्न हैं जिनका वे सलक्षण सधर्मा हैं । उनका भाव सालक्षण्य साधारण्य है सालक्षण्य के स्वरूप को कहते हैं—सम्भाव्यमान सम्भावना के विषय अर्थों प्रयोजनों के लिए की जाने वाली क्रियाओं में सामर्थ्य शक्ति का स्वरूप सालक्षण्य है । यहाँ का भाव यह है कि वर्तमान कालिक अभिनय के द्वारा वर्णन किये गये राम को दशरथ के पुत्र अयोध्यानिवासी

## अभिनवभारती

स्युपगता तावद्विशेषबुद्धिः। काव्येष्वपि हृदय एव तावत्साधारणीभावो विभावादीनां जातः। तत्रापि कथामात्रे साधारणीभावः सम्भवति यद्यपि, तथापि 'एवं ये कुर्वन्ति तेषामेतद्भवति' इति वाक्याद्रञ्जनातिशयाभावान्न चित्तवृत्तेर्निर्णयग(त)ता भवति।

## मधुसूदनी

यतः काव्येष्वपि अभिनेतव्येषु अभिनेतुमयोग्येष्वपि वा विभावादीनां साधरणीभावो भवति स हि साधरणीभावः हृदय एव। अयं भावः। सामाजिक हृदयमेव तादृशं भवति। न हि सामाजिकः रामस्य दुःष्यन्तस्य वा रतिमनुभवति। सर्वोऽपि भावुकः स्वीयानेव भावाननुभवन् रसाकुलो भवति। अतो यत्र तत्र काव्ये पाठ्ये, गेये, अभिनेये सर्वत्र विशेषस्वरूपं परिहरत् तत्तद्भावरूपं हृदयं सामाजिकस्य जायते। रामदुःष्यन्तादीनां साधारण्यं कथं स्यात्। ते तु विशेषरूपा एव पदार्थाः रत्याद्युद्बोधकाः सन्ति। इत्युक्तं हृदय एवेति।

ननु विभावादीनां साधारणीभावः हृदये एव यदि भवति। तर्हि काव्येष्वपीति समुल्लेखस्य क उपयोग इत्याह—कथेति। कथामात्र इति विषय सप्तमी। काव्यस्थले केवलायाः कथाया इतिवृत्तस्य विषये यद्यपि साधरणीभावः संभवति। सम्पूर्णस्य काव्यस्य साधरणीभावो न। तथापि ''एवं ये कुर्वन्ति तेषामेतद्भवति'' इति काव्यत्व-विनिर्मुक्तवाक्याद् यथा रंजनमेव नहि भवति रंजनातिशयस्तु दूरं, तथा साधारण्य-

## बालक्रीडा

रूप से विशेष राम समझने की कोई तुक नहीं है। इसी तरह रावण को भी। किन्तु उत्तम आचरण करने वालों का यह सामर्थ्य है अधम कार्य करने वालों को यह असामर्थ्य है। अतः अधम कार्य नहीं करने चाहिए उत्तम कार्य करने चाहिए। यह शिक्षा देना ही अर्थ है प्रयोजन है। उसके लिए क्रिया अभिनय है। अर्थ क्रिया सामर्थ्य माने अर्थों के सम्पादन की शक्ति। उस वर्तमान काल में अभिनेयत्वेन वर्णनीय राम में सम्भावित है अर्थात् वास्तविक शक्ति नहीं है किन्तु उत्प्रेक्षित है। जैसे राम ने किया था वैसे भावों को यह नटभूत राम भी कर सकता है। जिस आचरण को राम करता था उस आचरण को नटभूत राम नहीं कर सकता है इसीलिए कहा कि (नाट्यं भावानुकीर्तनम्) नाट्य भावों का अनुप्रदर्शन है साक्षात् आचरण नहीं है। वह भावानुकीर्तन भी एक किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है किन्तु त्रिलोकी का है। अतः विशेषों को प्रयोजन की उद्देश्य भूत क्रियाओं के सम्पादन सामर्थ्य रूप साधारण्य में समझा जाता है। वे प्रयोजन हैं जनता को शिक्षा देना कि शास्त्रविहित आचरण से उत्कर्ष होता है। और निषिद्ध आचरण से अपकर्ष होता है।

आगम द्वारा वर्णित रामायण द्वारा ज्ञात राम सीता में वर्तमान कालिक अभिनेय के रूप में वर्णन विषयता है अतः विशेष बुद्धि ही होती है विलक्षण ज्ञान ही होता है यह ठीक नहीं है क्योंकि काव्य में भी जो विभावादिका साधारणीभाव है वह हृदय में ही हुआ है बाह्य लौकिक जगत् में नहीं हुआ। उसमें भी वह साधारणीभाव केवल कथा मात्र

## अभिनवभारती

काव्ये तु गुणालङ्कारमनोहरशब्दार्थशरीरे लोकोत्तररसप्राणके हृदयसंवादवशात् निमग्नाकारिका तावद्भवति चित्तवृत्तिः। किन्तु सर्वस्य प्रत्यक्षसाक्षात्कारकल्पा तत्र न धीरुदेति।

## मधुसूदनी

रहितकाव्यादपि रंजनातिशयो न जायेत। तदभावात् चित्तवृत्तेर्निर्णयगतता नहि भवति। निर्णयं हृदयसम्वादमगच्छदिति निर्णयगता तस्या भावस्तत्ता। चित्तवृत्तेः निर्णयगमनकर्तृत्वं हृदयसंवादाभावात् साधारण्यं नहि भवतीति भावः।

ननु काव्ये को विशेषो साधारणवाक्यापेक्षयेति दर्शयति—काव्ये त्विति। गुणालंकाराभ्यां मनोहरौ शब्दार्थौ शरीरं यस्य तस्मिन्। लोकोत्तर रस एव लोकोत्तराह्लाद एव प्राणो जीवनाधायकः सारो यत्र तस्मिन् काव्ये तु हृदयसम्वादवशात् चित्तवृत्तिर्निमग्नाकारका एकाग्रतावती भवति। यथा यो हि जले निमग्नो भवति तस्य बाह्यविक्षेपो नहि भवति। तदभावात् चित्तैकाग्र्यं जायते। तथा काव्ये इति सारः। जले निमग्नस्य आकार इव आकारो यस्याः।

नन्वेवं काव्यपरिशीलयितुः सर्वस्यापि योगिवद् हृदयं स्यादित्याह—किन्तु सर्वस्येति। सर्वस्य सामाजिकस्य तत्र प्रत्यक्षसाक्षात्कारे कल्पा समर्था धीर्नोदेति।

अनभिनेयस्य काव्यस्य स्थितिं दर्शयित्वा अभिनेयस्य काव्यस्य विषये स्थितिं

## बालक्रीडा

में ही यद्यपि संभव है। अर्थात् साधारणतः वर्णनीय महापुरुष की तरह सुखमयी या दुःखमयी भावना सामाजिक की हो सकती है तथापि किन्तु शब्द प्रधान कथा स्थल में "ऐसा जो करते हैं उनका यह होता है" इस वाक्य से अतिशय रञ्जन अधिक आनन्द नहीं होने से हृदय की निमग्नता नहीं होती है। अतः चित्तवृत्ति निर्णय तक नहीं पहुंचती है।

यहाँ का भाव यह है कि काव्य में दो अंश है एक इतिवृत्त अंश दूसरा काव्यांश। उसमें केवल इतिवृत्त भाग केवल कथा भाग राम ने अच्छा व्यवहार किया अतः जगत् में आज भी उसका यश है, रावण ने बुरा बर्ताव रक्खा अतः लोक में उसका दुर्यश है। उसी से लोगों के हृदयों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। और न कोई आकर्षण ही उससे उनका हुआ अतः जनता निर्णय नहीं कर सकी कि यह केवल बच्चों के मन बहलाव की वस्तु है। या वस्तुतः इससे कुछ लाभ लेना चाहिए। इत्यादि।

हां काव्य में हृदय सम्वाद से हृदय के तन्मय हो जाने से चित्तवृत्ति निमग्न हो जाती है। क्योंकि शब्दार्थ स्वरूप काव्य गुण एवं अलंकारों से मनोहर हैं आकर्षक है। और रस से अनुप्राणित है। अतः गुण, अलंकार एवं रस के अनुभव के समय में चित्तवृत्ति तन्मय हो जाती है। यह बात दूसरी है कि उस अंश में सबको प्रत्यक्ष साक्षात्कार कल्प बुद्धि उत्पन्न नहीं होती है क्योंकि उसतरह की वासना सबको नहीं होती है। वासना प्राक्तनी एवं इदानींतनी दो होती है।

## अभिनवभारती

नाट्ये तु पारमार्थिकं किञ्चिदद्य मे कृत्यं भविष्यतीत्येवंभूताभिसन्धिसंस्कारा-भावात्सर्वपरिषत्साधारणप्रमोदसारापर्यन्तविरसनसमादरणीयलोकोत्तरदर्शनश्रवणयोगी भविष्यामीत्यभिसन्धिसंस्कारादुचितगीतातोद्यचर्वणाविस्मृतसांसारिकभावतया विमलमुकुरकल्पीभूतनिजहृदयः, सूच्याद्यभिनयावलोकनोद्भिन्नप्रमोदशोकादितन्मयीभावः, पाठ्याकर्णनपात्रान्तरप्रवेशवशात् समुत्पन्ने देशकालविशेषावेशानालिङ्गिते, सम्यङ्-

## मधुसूदनी

दर्शयति नाट्ये त्विति। अथेदानीं पारमार्थिकं मुख्यलक्ष्यानुकूलं कृत्यं किञ्चिन्मे भविष्यतीति एवंभूतस्याभिसन्धेरुद्देश्यस्य संस्कारो नास्ति। पारमार्थिकं देवपूजादिकं कृत्यं, लौकिकं वा कृत्यं यदि स्यात् तर्हि "संकटा ह्याहिताग्नीनां प्रत्यवायैर्गृहस्थता" इत्येवमौचित्यमनुसन्धाय सामाजिकोऽभिनयं द्रष्टुं प्रवृत्तो न भवेत्तन्नास्ति, इति भावः।

तर्हि कथमभिनये प्रवृत्त इत्याह-सर्वेति। सर्वस्याः परिषदः प्रमोदो हर्ष एव सारः। अर्थात् परिषद्गतानां सर्वेषां जनानां साधारणं प्रमोदस्थलं नाट्यमिति भावः। पर्यन्ते विरसनशून्यं व्यर्थमेव समयो यापित एतावानिति पश्चात्तापरहितं प्रत्युत समादरणीयं लोकोत्तरं दर्शनं श्रवणं च तयोर्योगी रुचिशाली भविष्यामि। 'प्रेक्षणीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्' इत्युक्तेः नाट्ये दर्शन श्रवणयोर्योगः सम्बन्धो मे स्यादित्यभिसन्धेः संस्कारात्। उचितस्य हृदयमावर्जयितुं समर्थस्य गीतस्य आतोद्यस्य च चर्वणायामास्वादनायां सत्यां सांसारिको भावो विस्मृतो भवति। अतो विस्मृतः सांसारिको भावो येन तस्य भावस्तत्ता तया। विमलेन मुकुरेण दर्पणेन सदृशीभूतं कल्पीभूतं निजं हृदयं यस्य सः। सूच्यः। आदिपदात् नियतश्राव्यः सर्वश्राव्यः अपवारितकः जनान्तिकः आकाशभाषितमगोऽभिनयः। तस्य अवलोकनेन उद्भिन्नः उद्बुद्धः प्रमोदः, शोकः, आदिपदात् हासः, विस्मयः, उत्साहः, क्रोधादिः। तन्मयीभाव तत्प्राचुर्यं यस्य तादृशः।

नाटकीयप्रसंगेन पाठ्यस्याकर्णनोत्तरं भिन्नानां पात्राणां प्रवेशः। तद्वशात्

## बालक्रीड़ा

नाट्य में तो "आज मेरा कोई पारमार्थिक देव पूजादि कार्य होगा" ऐसी अभिसन्धि उद्देश्य के संस्कार नहीं हैं अतः।

सभी (सामाजिकों) के लिए साधारणतया मुख्य प्रमोद एवं पर्यन्त में विरस नहीं प्रत्युत सरस होने से समादरणीय लोकोत्तर वस्तु के देखने तथा सुनने का योगी भावी होऊंगा इस उद्देश्य के संस्कार से, उचित नाट्यानुरूप गाने एवं बजाने के आनन्द में सांसारिक भावों के भूल जाने से दर्पण के सदृश विमल हृदय से युक्त, सूच्य आदि पद से दृश्य, श्राव्य, सर्वश्राव्य, नियत श्राव्य, अपवारित, जनान्तिक तथा आकाश भाषित वगैरह अभिनयों के देखने और सुनने से उद्भूत प्रमोद एवं शोकादि भावों में तन्मय, पाठ्य के आकर्णन एवं भिन्न २ पात्रों के प्रवेश से देश विशेष एवं काल विशेष के आवेश से अनालिंगित और सम्यक्, मिथ्या, संशय एवं संभावनादि को में अमुक ज्ञान के द्वारा ज्ञेय हूँ इस परामर्श के

## अभिनवभारती

मिथ्यासंशयसम्भावनादिज्ञानविशेषयत्वपरामर्शानास्पदे, रामरावणादिविषयाध्यव-साये, तत्संस्कारानुवृत्तिकारणभूततत्सहचरहृद्यवस्तुरूपगीतातोद्यप्रमदानुभवसंस्कार सूचितसमनुगततदुक्तरूपरामाध्यवसायसंस्कार एव भवन् पञ्चषैर्दिवसैः सचम-त्कारतदीयचरितमध्यप्रविष्टस्वात्मरूपमतिः स्वात्मद्वारेण विश्वं तथा पश्यन् प्रत्येकं सामाजिको देशकालविशेषणापरामर्शेन एवंकारिणामिदं स्यादिति लिङात्मकविधि-

## मधुसूदनी

समुत्पन्ने रामरावणादिविषयाणामध्यवसाये ज्ञाने इत्यन्वयः। देशकालयोर्विशेषस्य आवेशेन अनालिंगिते अध्यवसाये इत्यग्रान्वयः। सम्यग् ज्ञानं, मिथ्या ज्ञानं, संशय-ज्ञानं, सम्भावनाज्ञानम्। आदिपदात् सादृश्यज्ञानम्। तैर्ज्ञानैः। यद्विशेषत्वं ज्ञान-विषयत्वं तस्य यः परामर्श आलोचनम् एते रामरावणादयः उक्तेषु ज्ञानेषु अमुकस्य ज्ञानस्य विषया इति परामर्शस्य अनास्पदे अस्थाने। तेषां संस्काराणां सर्वपरिपत्सा-धारणप्रमोदसारलोकोत्तरदर्शनश्रवणयोर्भागी भविष्यामीतिरूपाणाम्। अनुवृत्तिरेव कारणीभूतं यत्र। तत्सहचाराणां हृद्यानां वस्तूनां गीतातोद्यप्रमदा(नर्तकी)नामनु-भवस्तज्जनितेन संस्कारेण सूचितः अतएव पूर्वकालात् समनुगतः अनुस्यूतो यस्तथोक्तो रामः। तस्य स्वस्मिन् सामाजिके अध्यवसायः रामोऽहमित्यभेदज्ञानं तत्संचिवः। भवन् सन्। पंचषैः दिवसैः क्षणैः। दीव्यन्ति मोदन्ते एषु ते दिवसाः क्षणाः। सचमत्कारं सरसं यत्तदीयं रामीयं चरितं तन्मध्ये प्रविष्टः स्वात्मा यस्य। एवंरूपा मतिर्यस्य। तथा स्वात्मद्वारेण विश्वं जगत् पश्यन्।

देशस्य कालस्य विशेषणानाञ्च अपरामर्शेन परामर्शं विना एवं कारिणामिदं स्यादिति लिङात्मकविधिप्रत्ययेन समर्पितं बोधितम्। संविद्विशेषस्य ज्ञानविशेषस्य स्मृतेरिति यावत् रञ्जको जनकः प्राणवल्लभाप्रतिमस्य रसास्वादस्य सहचरः [रसास्वाद स्तथा सुखदो यथा प्राणवल्लभा सुखदा, रसास्वादश्च मनस्येव संस्कारोऽपि मनसि एतदेव रसास्वादसंस्कारयोः साहचर्यमत्र समस्ति] यः रम्याणां गीतातोद्यानां संस्कारः। तद्वशेन हृदयाभ्यन्तरे निखातं स्थिरीभूतं तत एव ऊर्ध्वपुंखानां शरैः [पुंखः सूक्ष्मतां

## बालक्रीडा

अविषय (अर्थात् यह परामर्श नहीं कर सकते कि किस ज्ञान के विषय ये राम रावणादि हैं) राम एवं रावण विषयक अध्यवसाय (ज्ञान) के उत्पन्न होने पर उनके सर्वपरिषत्साधारण प्रमोदहेतु लोकोत्तर दर्शन श्रवण का भागी होऊँगा इत्यादि संस्कारों की अनुवृत्ति याने निरन्त-रता के कारण, उसके सहचर मनोहर वस्तु गाना, बजाना एवं नर्तकी के अनुभव से सूचित और पहिले से समनुगत उक्त रूप का अपने में अध्यवसाय करके चमत्कारी राम चरित के मध्य में मनन भावना से अपने आपको प्रविष्ट कर देने वाला। और विश्व को अपने द्वारा उस रूप में देखने में लगा हुआ और देश, काल, एवं विशेषणों के परामर्श के बिना "इस तरह करने वालों को यह फल मिलेगा" इस प्रकार लिङ् रूप विधि प्रत्यय से

### अभिनवभारती

समर्पितं संविज्जातीयमेव संविद्विशेषरञ्जकप्राणवल्लभाप्रतिमरसास्वादसहचररम्यगीतातोद्यादिसंस्काररसानुभववशेन हृदयाभ्यन्तरनिखातं तत एवोरुपुङ्खशतैरपि म्लानिमालम्ब्यभजमानं भजंस्तत्तच्छुभाशुभप्रेप्साजिहासासततस्यूतवृत्तित्वादेव शुभमाचरत्यशुभं समुज्झति । इदानीमुपायसंवेदनालाभात् तदिदमनुकीर्तनमनुव्यवसायविशेषो

### मधुसूदनी

नीतमत एव तीक्ष्णतां गतं लौहकीलकं योऽङ्कुश इति व्यवह्रियते] म्लानिमात्रमपि संकोचस्य लेशमपि अभजमानम् अप्राप्नुवन्तं संविज्जातीयमेव कञ्चन ज्ञानप्रकारं भजन् सेवमानः प्रत्येकं सामाजिकः। तस्य तस्य शुभस्य प्रेप्सा प्राप्तीच्छा। अशुभस्य जिहासा। ताभ्यां सततं निरन्तरं स्यूता अनुगता वृत्तिर्यस्य। तस्य भावस्तत्त्वं तस्मात् हेतोरेव शुभमाचरति करोति अशुभं समुज्झति।

किंतर्हि एतदिति स्मारयन् उपसंहरति-इदानीमिति। इदानी एतादृशस्थिति समये उपायस्य शुभाशुभप्रेप्साजिहासयोः कारणीभूतस्य संवेदनस्य ज्ञानस्य अलाभात्। कोऽनयोरुपाय इति उपलब्धेरभावात् तदिदं प्रत्यक्षमनुकीर्तनमनुव्यवसायविशेषः नाट्यस्य अपरः पर्यायः।

### बालक्रीड़ा

समर्पित, संविद् विशेष के उपस्थापक अर्थात् स्मृति के उपरंजक, प्राणवल्लभा के सदृश (प्रतिम) रसास्वाद के सहचर [रसका आस्वाद इतना सुखद है जितनी की प्राणवल्लभा यही सादृश्य यहां विवक्षित है और मन से ही रसास्वाद होता है तथा मन में ही संस्कार है इस तरह दोनों का रसास्वाद एवं संस्कार का सहचरत्व है] रम्य गीत आतोद्य के संस्कार के वश से अन्तःकरण में निखात अर्थात् गड गया। इसीलिए सैकड़ों उरुपुंखों [ऊपर की तरफ पुंख माने पतला किया हुआ तथा तीखा लोह दण्ड जिसको कुश कहते हैं] से भी लेश भर भी म्लान नहीं होने वाली कील की तरह सजातीय एवं विजातीय चित्तवृत्तियों से तिरोहित नहीं होने वाले संविज्जातीय ज्ञान विशेष [पहले कह चुके हैं कि सम्यक् मिथ्यादि ज्ञान के ज्ञेय नहीं हैं। तब फिर प्रश्न होता है कि किस ज्ञान के विषय हैं उस ज्ञान का नाम निर्देश नहीं कर सकते हैं और आगे कहेंगे भी कि उपायभूत संवेदन मिलता नहीं है अतः कहते हैं कि संविद जातीय है] का आश्रयण करने वाला सामाजिक, शुभों की प्रेप्सा और अशुभ की जिज्ञासा रूप वृत्तियों से निरन्तर व्याप्त होने से ही शुभ कर्म का आचरण करता है और अशुभ का परित्याग करता है।

इस समय उपायभूत ज्ञान के नहीं मिलने से वह यह अनुकीर्तन अनुव्यवसाय विशेष है जो कि नाट्य शब्द का दूसरा पर्याय वाचक है।

जैसे "यह घड़ा है" इस ज्ञान का जो "मैं घड़े को जानता हूँ" ऐसा ज्ञान है उसका नाम अनुव्यवसाय है। उसी तरह राम सीता दुष्यन्त शकुन्तला का इतिवृत्त में जो कीर्त्तन है कथन है उसका नट के रूप में जो अनुकथन है उसको अनुकीर्तन कहते हैं वह नाट्य का दूसरा पर्याय है तद् वाचक शब्द है।

## अभिनवभारती

नाट्यापरपर्यायः। नानुकार इति भ्रमितव्यम्। अनेन भाण्डेन राजपुत्रस्यान्यस्य वाऽनु कृतमित्यन्यादिबुद्धेरभावात्। तद्धि विकरणमिति प्रसिद्धं, हासमात्रफलं मध्यस्थानाम्। यदभिप्रायेण मुनिर्वक्ष्यति—

परचेष्टानुकरणाद्धासस्समुपजायते (अ. ७-१०) इति॥

## मधुसूदनी

ननु तदन्तेऽनुकृतिर्वेद्वेत्युक्त्वा अनुकृतिरेवेयमिति निषेधति नेति। अनुकारोऽयमिति न भ्रमितव्यं भ्रमो न कार्यः। कुतो न कार्य इत्याह—अनेनेति। अनेन भाण्डेन नटेन। हिन्दी भाषायां जनाः स्वांगं बिभ्रतो जनान् भाण्डशब्देन व्यवहरन्ति संस्कृत भाषायामपि तथैवासीति मन्ये संस्कृतत एव हिन्द्यां गतमिति। राजपुत्रस्य अन्यस्य राजादेर्वा अनुकृते। भावेक्तः। अनुकृतौ अनुकरणे अन्यादिबुद्धिः नटाति-रिक्तत्वेन ज्ञानं न हि भवति। न हीयं कस्यापि प्रतीतिर्जायते यदयं भाण्डः कमप्यनु करोति। यतस्तद्धि अनुकरणं विकृतीकरणमिति प्रसिद्धम्। अथ मध्यस्थानां दर्शकानां हासमात्रफलम्।

परेषां चेष्टाया अनुकरणात् विकरणात् हासः। इति तदेव परचेष्टानुकरणमेव यस्य हासः क्रियते तत्पक्षीयाणां तद्वर्गीयाणां द्वेषस्यासूयायाश्चानुवृत्तिः अनुस्यूतिरेव फलं यस्य तत्। स्यादिति शेषः। तस्य परेषां दैत्यानां चेष्टाया अनुकरणस्य बुद्धया एव दैत्यानां हृदये क्षोभः संचलनम् "एवम्भूताः एवमनुकृता वयं दैत्या उपहासस्य भाजनम् पात्रम्। वेदाः प्रमाणमितिवत् एकवचनान्तबहुवचनान्तयोरन्वयः। उपहास्यतायाः भीरवः वयमुपहास्या भवेम इति भयेन संयुतास्ततो नाट्यात् निवर्तन्ते तु किन्तु उपदेशेन "एवं कृते इदमनिष्टं स्यादि"त्युपदेशेन न परावर्तन्ते।

## बालक्रीडा

किन्तु यह अनुकरण है यह भ्रम नहीं करना चाहिए। क्योंकि अनुकरणस्थल में अन्यादि बुद्धि हो जाती है। देखा भी जाता है कि कोई किसी का अनुकरण करता है वहां और यह अमुक व्यक्ति है अमुक की नकल किया करता है इत्यादि। किन्तु इस भांड नट के द्वारा किये गये राज पुत्र या उससे अतिरिक्त किसी के भी अनुकरण में अन्यादिबुद्धि नहीं होती है अर्थात् अनुकार्य एवं अनुकर्त्ता में भेद नहीं मालूम पड़ता है। सामाजिकों की तन्मयता या अभिनेताओं का कौशल ही इसमें कारण है।

यदि वहां नाट्य में भेद मालूम होने लगे तो वह (नट) अनुकार्य के स्वरूप को बिगाड़ता है यह प्रसिद्धि है। और वहां मध्यस्थ द्रष्टा हंसते हैं यहां मध्यस्थ शब्द का अर्थ है तीसरा पुरुष द्रष्टा क्योंकि अनुकार्य की अवस्थाओं के अनुकरण करने वाले अनुकर्त्ता नट को देखने वाले सामाजिक या जो कोई भी हो वह मध्यस्थ ही है।

अनुकरण का फल हँसी ही होती है इसी अभिप्राय से आगे चलकर मुनि कहेंगे कि दूसरे की चेष्टा के अनुकरण से हँसी ही होती है। और दूसरे के पक्षवालों को जिसकी

## अभिनवभारती

तत्पक्षीयाणान्तु तदेव द्वेषासूयानुवृत्त्यादिफलम्। तद्बुद्धयैव हि दैत्यानां हृदयक्षोभः 'एवम्भूता वयमुपहासभाजनम्' इति। उपहास्यताभीरवश्च निवर्तन्ते ततः। न तूपदेशेन।

नन्वेवं तावता नियतानुकारो माभूत्। अनुकारेण तु किमपराद्धम्। न किञ्चिदसम्भवादृते। अनुकार इति हि सदृशकरणम्। तत्कस्य। न तावद्रामादेः।

## मधुसूदनी

एवं दैत्यानां हृदयक्षोभभवनेन तत्पक्षीयाणां द्वेषासूयानुवृत्तेश्च नियतस्य व्यक्तिविशेषस्य कस्यचिदनुकारः सादृश्यं मा भवतु नियतस्य तथाकरणे उपप्लवः। साधारणतः अनुकरणन्तु भवितुं शक्य एवातः प्रश्नितम् "अनुकारेण किमपराद्धम्" इति। उत्तरति। न किंचिदपराद्धम्। किन्तु तथा असम्भवः। तथाऽसम्भव एवापराध इति भावः। तदेतदुच्यते असम्भवादृते न किंचिदपराद्धमिति।

ननु कुतोऽपराद्धमिति कथयति अनुकार इति। अनुकार इत्यत्र अनुशब्दः सादृश्यार्थकस्तथोऽनुकार इति पदार्थः सदृशकरणम्।

पृच्छति तदनुकरणं कस्य। अस्य सदृशं तत्। तस्य सदृशः अयम्। अस्याः सदृशी सा। तस्य सादृशी इयमिति सामान्यतः सदृशकरणं किंफलकं स्यात्। अतः सदृशकरणं कस्यचिद् विशेषात्मन एव पदार्थस्य। विशेषभूतश्च रामः कृष्णः दुःष्यन्त इत्यादिरेवेत्यत आह–नेति। रामादेस्तावत्तत्सदृशकरणं न भवति। हेतुं ब्रूते तस्येति।

## बालक्रीडा

चेष्टाओं का अनुकरण किया जाता है उसके सहायक लोगों को वही अनुकरण द्वेष एवं असूयादि फल को पैदा करता है। उसी के कारण ही दैत्यों के हृदय में क्षोभ हुआ कि हम लोगों की इस तरह मजाक उड़ाई जाती है। मजाक से डर कर वे वहाँ से हट जाते हैं न कि उपदेश से अर्थात् किसी के समझाने बुझाने से हटते हैं।

फिर प्रश्न उपस्थित होता है कि इस तरह जो लोगों को मजाक मालूम पड़ती है और उसके पक्षवालों को ईर्ष्या द्वेष होता है वह तभी होता है जब किसी खास व्यक्ति का अनुकरण करते हैं इस लिए किसी खास व्यक्ति का अनुकरण नहीं करना चाहिए। क्योंकि किसी नियत व्यक्ति के अनुकरण करने से ही उपद्रव होते हैं किन्तु अनुकरण ने क्या अपराध किया जो लोग उससे हटते हैं:

उत्तर। असंभव के सिवाय कोई अपराध नहीं है। माने किसी का अनुकरण करना ही असंभव है। क्योंकि अनुकरण का अर्थ है सदृश करण। इसमें प्रश्न होता है कि वह सदृश करण किसका किया जाय। यदि कहो कि रामादि का किया जाय तो वह किया नहीं जा सकता है। क्योंकि राम अनुकार्य नहीं है। सदृश करणीय नहीं है अर्थात् देवदत्त की तुलना करनी है वह किससे की जाय जब यह प्रश्न होता है तब कह सकते हैं कि

## अभिनवभारती

तस्याननुकार्यत्वात्। एतेन प्रमदादिविभावानामनुकरणं पराकृतम्। न चित्तवृत्तीनां शोकक्रोधादिरूपाणाम्। न हि नटो रामसदृशं स्वात्मनः शोकं करोति। सर्वथैव

## मधुसूदनी

तस्य रामादेरननुकार्यत्वात्। रामादिपदार्थः अनुकरणीयो न हि भवति। अयं भावः। महाराजदशरथस्य पुत्रो रामोऽजनिष्ट, सम्राजोऽशोकस्य बिन्दुसारः। एवं महतः पुत्रत्वमुभयत्र। किन्तु अन्तरं महदन्तरम्। क्षत्रियकुलप्रसूतस्यापि रामस्य ब्रह्मर्षिभिरपि चरणोदकं पीयते। तत्कस्य हेतोः। न हि भौतिकस्य पिण्डस्य भौतिकेन पिण्डेन सह सदृशकरणे किञ्चिन्महत्तरत्वं प्रसिद्ध्यति। पिण्डेषु अनास्था खलु भौतिकेषु इत्युक्तेः। तदेतदुक्तं तस्याननुकार्यत्वादिति।

एतेन "नहि भौतिकस्य पिण्डस्य भौतिकेन पिण्डेन सह सदृशकरणे किञ्चिन्महत्तरत्वं प्रसिद्ध्यति" इति साधनेन प्रमदादीनां मलमूत्रमांसपिण्डानां स्त्रीणां विभावानामनुकरणं पराकृतं दूरीकृतं वेदितव्यमिति शेषः।

नन्वेवं मा भवतु भौतिकपिण्डसहराकरणं किन्तु "यद्रामेण कृतं तदेव कुरुते द्रोणात्मजः क्रोधनः" इति दिशा भावानुवेशप्रदर्शनं स्यात्। जामदग्नी रामः शोकाकुलो यथा प्रवृत्तः शोकानुस्यूतक्रोधावेशेन एकविंशतिवारं पृथिव्या निःक्षत्रीकरणाय तथा तस्या निष्पाण्डवीकरणाय सम्प्रति तथाविष्टो द्रोणात्मजः प्रवर्त्तते। एवं च शोकक्रोधादिरूपाणां चित्तवृत्तीनां सदृशकरणं तु स्यादेव। तत्राह नेति।

सर्वथैवेति। तत्र प्रयोगकरणे अभिनयकाले तस्मिन् नटे तस्य रामसम्बन्धिनः शोकस्य सर्वथैव नितान्तमभावात् अन्यनिष्ठशोकस्यान्यत्राननुवृत्तेः। स नटः स्वात्मनः शोकं रामशोकसदृशं कर्तुं न शक्नोति। सर्वथैवेत्यस्यायं भावः। नटे रामनिष्ठशोकस्य असम्भवः। हेतुश्चास्य-येन कारणेन रामे शोकस्तेनैव कारणेन नटे शोकाभावः।

## बालक्रीडा

हम इस तुलना प्रसंग में राम को उपस्थित करते हैं। याने देवेदत्त की तुलना राम से की जाय। इसके उत्तर में कहते हैं कि राम अनुकार्य नहीं है।

किसी भी सम्राट् पिता से जैसे राम पैदा हुए वैसे ही सम्राट् अशोक (पिता) से बिन्दुसार पैदा हुए किन्तु अन्तरं महदन्तरम्। इस लिए कहा कि राम अनुकार्य नहीं हैं। क्योंकि भौतिक पिण्ड का भौतिक पिण्ड में सदृश करण शून्य है चमत्कारी नहीं है। इसीलिए प्रमदादि विभाव (मलमूत्र मांस मय भौतिक पिण्ड का अनुकरण (पराकृत हैं) नहीं हो सकता है कह दिया गया है। अस्तु। भौतिक पिण्ड का भौतिक पिण्ड के साथ अनुकरण नहीं हो सकता है नहीं सही किन्तु शोक एवं क्रोधादि चित्तवृत्तियों का अनुकरण तो हो ही सकता है। तब कहते हैं कि नहीं। नट अपने शोक को राम के शोक के जैसा दिखाने का अभिनय करता है यह संगत नहीं है। क्योंकि उसका उसमें सर्वथा अभाव है। अर्थात् नट के शोक की राम में और राम के शोक की नट में बिलकुल सत्ता नहीं है। उसका

## अभिनवभारती

तस्य तत्राभावात्। भावे वानतुकारत्वात्। न चान्यद्वस्त्वस्ति यच्छोकेन सदृशं स्यात्। अनुभावांस्तु करोति। किन्तु सजातीयानेव, न तु तत्सदृशान्। साधा-

## मधुसूदनी

ननु यथा सीतायाः कृते सीताहेतुकशोकाकुलो रामः आसीत् तथा तद्द्रष्टा लक्ष्मणः, तच्छ्रोतारश्च सम्बन्धिनो मित्राणि च शोकाकुलानि आसन् भवन्ति चे दानीमपि। रामस्य शोकाकुलत्व एव ते तथा। अन्यनिष्ठस्य शोकस्यान्यत्रानुवृत्तेर- भावादिति कथितिरसमीचीना ततो रामस्य शोको नटेऽपि स्यात्। इति चेत्तदाह भावे वेति। यद्येवं रामस्य शोको नटेप्यस्ति अर्थात् नटे रामशोकस्य भावे सति सत्तायां स्वीकृतायामननुकारत्वात्, अनुकरणं कीदृक् तुलनायाः कः प्रसंगः। सा तु भेदे। भेदो वास्तविको वाऽवास्तविको वास्तु साधर्म्यमुपमा तुलना भेदे इत्युक्तेः। प्रकृते चात्र नटे भाव एव शोकस्य। ननु अस्तु तथा भावः। किन्तु शिक्षाभ्यासादिभ्यस्त- दानीन्तनरामादिस्वरूपतां दर्शयितरीदानीन्तने नटे परिच्छिन्नस्य लौकिकस्य शोकस्य सद्भावो नास्ति इति निश्चप्रचं तर्हि अन्यत्किमपि तादृशं स्यादिति मनुवामिति चेन्न। नान्यद्वस्तु किमप्यस्ति लोके नाट्ये वा यच्छोकेन सदृशं स्यात्।

ननु चित्तवृत्तीनां शोकक्रोधादिरूपाणामनुकरणं मास्तु तदेकनिष्ठत्वात् प्रतिनियतत्वाच्च। परं तत्कार्याणामनुभावानामनुकरणं तु स्यादित्यभ्युपगमेनाह— अनुभावाँस्तु करोतीति। अयं भावः। यद्यपि नान्यद्वस्तु समस्ति यच्छोकेन तुलितं स्यात्तथापि शोकानुभावानां परिदेवनाश्रुपातमुखशोषणवैवर्ण्यस्रस्तगात्रत्वनिःश्वास- स्मृतिलोपादींश्च प्रदर्शयति। ननु कार्यकारणयोरभेदात् शोककार्यानुभावान् करोति चेत् शोकं करोति। एवं च स्वात्मनः शोकं रामसदृशं करोतीत्यायातमित्य त्राह—किन्तु सजातीयानिति। सदृशांश्च करोति नटः किन्तु सजातीयान्। अयं

## बालक्रीड़ा

हेतु है कि जिसके कारण राम को शोक है उसी के कारण नट को शोक नहीं है। यदि कहें कि जैसे सीता के कारण सीता के लिए राम शोकाकुल थे वैसे ही लक्ष्मण भी थे और उस कथा को सुनने वाले सगे सम्बन्धी मित्र साथी भी वैसे शोकाकुल हुए थे और होते भी हैं तब राम का शोक नट में भी हो सकता है। इस तरह उस शोक का भाव उसकी सत्ता मान लें तब अनुकरण कैसा तुलना का क्या प्रसंग है क्यों कि तुलना भेद में होती है और यहाँ तो उसमें वह शोक है ही। इसके सिवाय दूसरी कोई वस्तु ऐसी है नहीं जो शोक के सदृश हो या मान ली जाय।

यदि कहो कि चित्तवृत्तियों का अनुकरण नहीं कर सकता है ठीक है किन्तु अनु- भावों का अनुकरण कार्यों का सदृश करण तो हो ही सकता है इस पर कहते हैं कि हाँ अनुभावों का अनुकरण हो सकता है प्रत्युत कहना चाहिए कि अनुभावों को करता है। यहाँ का भाव यह है कि शोक के जैसी कोई दूसरी वस्तु नहीं है ठीक है किन्तु शोक के कार्य-

## अभिनवभारती

रणारूपस्य कः केन सादृश्यार्थः। त्रैलोक्यवर्तिनः सदृशत्वन्तु न विशेषात्मना यौगपद्ये-

## मधुसूदनी

भावः। हा सीते! केन नीता मम हृदयगता, को भवान्, केन दृष्टेति रामो यत् परिदीव्यति तत्र परिदीव्यति नटः। यतस्तस्य वास्तविकं परिदेवनं नटस्य तु कृत्रिमम्। प्रख्यातं च स्वाभाविकात् कृत्रिममन्यदेवेति। तस्मात् सुष्ठूक्तं सजातीयानिति न तु तत्सदृशानिति च। यतो हि साधारणधर्मप्रयोज्यं हि सादृश्यं भवति। प्रयोजकाभावे प्रयोज्याभावः। साजात्यं तु स्यात्। यथा एकस्मिन् घटे या जातिः सैवान्येष्वपि। एवं यः शोकाकुलः सोऽश्रूणि पातयति परिदीव्यति च। रामसदृशं परिदीव्यति अश्रूणि पातयति इति न भवति। परं परिदेवनत्वेन अश्रुपातत्वेन साजात्यं स्यादेव।

तदेवोच्यते साधारणरूपस्य सजातीयस्य केन वस्तुना कः सादृश्यार्थः।

अन्यच्च त्रैलोक्यवर्तिनस्त्रिलोक्यां व्याप्तस्य पदार्थजातस्य आहारनिद्राभयमैथुन-शोकक्रोधप्रभृतेः सादृश्यन्तु विशेषात्मनि विशेषस्वरूपे अर्थात् यावद्व्यक्तिविशेषे

## बालक्रीडा

अनुभावों अश्रुपात (रोना) परिदेवन, मुख शोषण, वैवर्ण्य, स्रस्तगात्रता, निःश्वास एवं स्मृतिलोप वगैरह को तो नट करता है दिखाता है। और कार्य तथा कारण में अभेद माना गया है इसलिए शोक के कार्य अनुभावों को करता है इसका अर्थ है कि शोक को करता है। फलतः अपने शोक को राम के सदृश करता है इस पर कहते हैं कि अनुभावों को तो करता है जरूर किन्तु सजातीयों को करता है क्योंकि अनुभावत्व जाति दोनों में समान है अतः राम जो परिदेवन "हा सीते! केन नीता, मम हृदयगता, को भवान्, केन दृष्टा" इत्यादि रूप में करता है उनको नट नहीं कर सकता। क्यों कि वे उसके हृदय से उठे हुए वास्तविक भाव हैं और नट के कृत्रिम हैं। (स्वाभाविकात् कृत्रिममन्यदेव) वास्तविकता कुछ और है कृत्रिमता कुछ और है। अतएव राम के सदृश अनुभावों को नट करता है यह नहीं कह सकते हैं। क्यों कि सादृश्य, साधारण धर्म से प्रयोज्य है और प्रयोजक के अभाव में प्रयोज्य रहता नहीं है। हां समान जातीय अनुभावों को करता है, यह कह सकते हैं अर्थात् जैसे किसी एक घट में जो जाति है वही यावद् घटों में भी है क्यों कि जाति एक है। शोकाकुल कोई भी होगा सभी के अश्रुपात होंगे। सभी कोई परिदेवन करेगा। यह नहीं कहा जाता है कि राम के सदृश रोना या परिदेवन करना देवदत्त का है। हां एक जातीय है। अश्रुपातत्वेन परिदेवनत्वेन जात्या यावत् अश्रुपात या परिदेवन समान हैं। एक हैं।

साधारण रूप (जातिगत) समानत्व की सादृश्यार्थता को कौन कहेगा और (केन हेतुना) किस कारण से कहेगा। अर्थात् साधारण वस्तु है जाति गत एकता। वह सादृश्यार्थक नहीं है।

एक बात और भी है कि त्रिलोकी में व्याप्त साधारण पदार्थ अर्थात् आहार निद्रा, भय, मैथुन, शोक, क्रोध प्रभृति उनमें तुलना करेंगे तो वह तुलना किसी खास (विशेष)

## अभिनवभारती

नोपपद्यते। कदाचित्क्रमेण नियत एवानुकृतः स्यात्। सामान्यात्मकत्वे कोऽनुकारार्थः। तस्मादनियतानुकारो नाट्यमित्यपि न भ्रमितव्यम्। अस्मदुपाध्यायकृते काव्यकौतुकेऽप्ययमेवाभिप्रायो मन्तव्यः। न त्वनियतानुकारोऽपि।

तेनानुव्यवसायविशेषविषयीकार्यं नाट्यम्। तथा चाहार्यविशेषादिना निवृत्ते

## मधुसूदनी

यौगपद्येन एककालावच्छेदेन नोपपद्यते संगतं नहि भवति। कदाचित् संगतं भवति चेत्तदा क्रमेण। एवं हि नियत एव अनुकृतः स्यात्। न तु अनियतोऽपि। सामान्यात्मकत्वे कोऽनुकारशब्दस्यार्थः। अतः नियतानुकारो नाट्यं नास्ति इति सिद्धमेव अनियताकारो नाट्यमित्यपि भ्रमो न कार्यः।

ननु नाट्यस्य नियतानुकारानियतानुकारस्वरूपत्वाभावे किं स्वरूपत्वमित्यत्राह-तेनेति। तेन उक्तव्याख्याहेत्वाक्प्रदर्शितहेतुना अनुव्यवसायविशेषस्य ज्ञानस्य विषयीकार्यम् ज्ञेयीकरणीयं वस्तु नाट्यम्। तदेतद्वक्ष्यते—योऽनुव्यवसायो जन्यते तत्र यद्वभासते वस्तु तन्नाट्यमिति। कथमिति प्रश्ने आह—

तथा च तथा हीति प्रदर्श्यते इति शेषः। विशेषलेषस्य प्रधानवस्तुगतसूक्ष्मस्य अंशस्य ज्ञानार्थमुपक्रमेण आरम्भेण विना प्रत्यक्षज्ञानस्य अप्रवृत्तेरभावात्। मालवीयमहानुभावः श्रुतः। तत्कार्याणां हिन्दूविश्वविद्यालयनिर्माणादीनां च श्रुतिः। किन्तु यावत् तद्गामिनां सूक्ष्मांशानां ज्ञानायोपक्रमो न क्रियते तावत् तस्य महानुभावस्य प्रत्यक्षं कथं स्यादिति भावः।

## बालक्रीडा

व्यक्ति (आत्मा) में एक समय उपपन्न नहीं होगी। अगर कदाचित् हुई तो क्रम से ही एक साथ नहीं; वह भी नियत में ही, अनियत में अनुकृति सदृशाकृति नहीं होगी। सामान्यात्मकत्व में जातिगत समानत्व में अनुकार शब्द का कौन अर्थ है। इसलिए नियतानुकार नाट्य नहीं है यह तो ठीक है किन्तु अनियतानुकार नाट्य है यह भी भ्रम नहीं करियेगा। हमारे उपाध्याय भट्ट तोतारात के बनाये हुए काव्यकौतुक ग्रन्थ में भी यही अभिप्राय मनन करने को मिलेगा।

नियतानुकार भी नाट्य नहीं है और न अनियतानुकार ही नाट्य है तब नाट्य क्या पदार्थ है इसका स्पष्टीकरण करते हैं कि नाट्य भावानुकीर्तन है अर्थात् अनुव्यवसाय विशेष ज्ञानविशेष का विषयीकरणीय नाट्य है, प्रत्यक्षादि ज्ञानों की अपेक्षा विलक्षण ज्ञान अनुव्यवसाय से ग्राह्य नाट्य है। यह कैसे, उसको बतलाते हैं। तथा च। आहार्यविशेष विलक्षण वेषभूषा आदि से अर्थात् आहार्यिक, वाचिक, आंगिक एवं सात्त्विक इन चारों अभिनयों से उस देश विशेष उस काल विशेष, और चैत्र मैत्रादि रूप नट पात्र विशेष को प्रत्यक्ष देख रहा हूं। इस अभिमान की निवृत्ति हो जाती है। और नाट्य में दिखाये जाने वाले

## अभिनवभारती

तद्देशकालचैत्रमैत्रादिनटविशेषप्रत्यक्षाभिमाने, आदरणीयचरितवाचकस्य रामादिशब्दस्यात्रोपयोगात् प्रसिद्धतदर्थतयाऽसम्भवनामात्रनिराकरणेन; विशेषलेशोपक्रमेण च विना प्रत्यक्षाप्रवृत्तेः प्रत्यक्षकल्पस्याभिनयस्य नृत्यहृद्यगीताद्यनुस्यूततया चमत्कारस्थानत्वाद्धृदयानुप्रवेशयोग्यत्वे आयाते; अभिनयचतुष्टयेन स्वरूपप्रच्छादनं, प्रस्तावनादिना नाट्यज्ञानजसंस्कारसाचिव्यं, तेन रङ्गकसामग्रीमध्यानुप्रविष्टेन प्रच्छादितस्वस्वभावेन दृश्यमानेन प्रयोक्त्रा प्राक्प्रवृत्तलौकिकप्रत्यक्षानुमानादिजनितसंस्कारसहाये हृदय-

## मधुसूदनी

एतादृशस्य तं देशं, तं कालं, चैत्रमैत्रादिनायकं नटविशेषं च पश्यामीत्याकारकस्य प्रत्यक्षस्य च अभिमाने आहार्यविशेषेण आदिपदेन सात्त्विकांगिकवाचिकविशेषेण अभिनयेन निवृत्ते दूरीभूते, अणुरपि विशेषोऽध्यवसायकर इति नयानुसारं विशेषलेशस्य अल्पस्यापि विशेषस्य उपक्रमेण विना प्रत्यक्षज्ञानस्य अप्रवृत्तेरभावात् लोके प्रसिद्धो रामशब्दार्थः, अयोध्यानिवासी दशरथपुत्रो राम आदर्श उदात्तः सर्वलोकैः स्पृहणीय इत्येवं प्रख्यातो रामशब्दस्यार्थः। तस्य भावस्तत्ता तया। आदर्शचरितवाचकस्य रामशब्दस्य अत्र प्रयोगे उपयोगात् व्यवहारात्, असंभावनामात्रस्य एवंभूतादर्शचरितयुक्तनायकविषयकयावदसंभावनानां निराकरणेन प्रत्यक्षकल्पस्य अभिनयस्य नृत्येन साक्षात्कर्तुं योग्येन नृत्यविशेषेण हृद्यगीतेन आदिपदाद् वाद्येन च अनुस्यूततया सम्मिश्रणेन चमत्कारस्थानत्वाद्धेतोः हृदयानुप्रवेशस्य योग्यत्वे आयाते।

अभिनयानां चतुष्टयेन स्वरूपमच्छादनं देवदत्तयज्ञदत्तादिरूपेण लोक व्यवहरणीयस्वरूपस्य तिरोधानं यत्, प्रस्तावनादिना नाट्यविषयकेण ज्ञानेन अनुभवेन जनितस्य संस्कारस्य यत् साचिव्यं साम्निध्यं, तेन रङ्गिकायाः सामग्र्या मध्ये अभिनेतृरूपेण प्रविष्टेन, प्रच्छादितस्वस्वभावेन प्रच्छादितो निगूहितः स्वस्वभावो येन निजं लोके व्यवहरणीयं देवदत्तयज्ञदत्तादिस्वरूपं येन। दृश्यमानेन रंगमञ्चे साक्षात् क्रियमाणेन प्रयोक्त्रा अभिनयकर्त्रा नटेन। प्राक्प्रवृत्तं रंगस्थलात्पूर्वमेव प्रवृत्तिपथविषयीभूतं लौकिकं प्रत्यक्षानुमानादि (ज्ञानं) तेन जनितः संस्कारः सहायो यस्य तस्मिन्। हृदयसंवादेन यत्तन्मयीभवनं तत्सहकारिणि सहृदये। पूर्वं हृदय-

## बालक्रीड़ा

उदात्त आदर्श युक्त एवं आदरणीय चरित किसी भी व्यक्ति में मिलने असंभव है इस तरह की असंभावना मात्र माने केवल असंभावनाओं का निराकरण करने के लिये यहाँ समक्ष प्रयोग में प्रसिद्धि (दशरथ के पुत्र अयोध्या निवासी राम एक महान् उदात्त पुरुष है ऐसी ख्याति) के कारण आदर्श आदरणीय चरित के वाचक राम शब्द का विशेषतः उपयोग किया गया है। किन्तु विशेष लेश के उपक्रम (आरम्भ) के बिना प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं होता है अतः प्रत्यक्ष कल्प अभिनय को नृत्य, हृद्य गीत एवं वाद्य की अनुस्यूतता सम्मिश्रण से चमत्कार स्थान चमत्कारी होने से हृदय में अनुप्रवेश की योग्यता के प्राप्त होने पर; चारों अभिनयों के

## अभिनवभारती

संवादतन्मयीभावनासहकारिणि सहृदये योऽनुव्यवसायो जन्यते सुखदुःखाद्याकार-तत्तच्चित्तवृत्तिरूपरूषितनिजसंविदानन्दप्रकाशमयः अत एव विचित्रो रसनास्वादन-चमत्कारचर्वणनिर्वेशभोगाद्यपरपर्यायः तत्र यदवभासते वस्तु तन्नाट्यम्।

तच्च ज्ञानाकारमात्रम्, आरोपितस्वरूपं, सामान्यात्मकं, तत्कार्यनिर्मितिरूपं

## मधुसूदनी

सम्वादः हृदयेन सह हृदयस्य सम्मेलनं ततस्तन्मयीभवनं वर्णनीय तादात्म्यापत्ति-स्तत्सहकारिणि तद्युक्ते भावुके य सुख दुःखाद्याकारो यस्यास्तस्यास्तत्तच्चित्तवृत्तेः रूपेण आकारेण रूपिता सम्वलिता या निजा आत्मीया संवित् चित् तदात्मकस्य आनन्दस्य यः प्रकाशः प्रतीतिस्तन्मयः अत एव सुखादिचित्तवृत्तिसम्वलनादेव विचित्रः। न ब्रह्मस्वरूपः न च ब्रह्मातिरिक्तः ब्रह्मास्वादसविधवर्ती। रसनमास्वादनं, चमत्कारः, चर्वणं, भोगः आदिः अपरपर्यायो यस्य एवम्भूतो योऽनुव्यवसायः ज्ञानविषयकज्ञानं तत्रानुव्यवसाये यद्वस्तु अवभासते तन्नाट्यम्।

तच्च नाट्यम्। ज्ञानाकारमात्रम् विज्ञानवादि-योगाचारनामक-बौद्धमते बहि-र्जगति अवलोकमानं वस्तु वास्तविकं नास्ति केवलं लोकानां ज्ञानमेव तत्। स्वप्ने यथा नायिकाया अभावेऽपि तस्याः संभोगः एवं हि नाम नायिका तत्संभोगश्च ज्ञानस्वरूपमात्रं तथैवेदं नाट्यमपि ज्ञानाकारमात्रम्।

## बालक्रीड़ा

कौशल से स्वरूप प्रच्छादन तथा प्रस्तावना आदि के द्वारा शिक्षा एवं अभ्यास से प्राप्त नाट्य विषयक ज्ञान जनित संस्कार की सहायता, जिसके फलस्वरूप नृत्त, नृत्य, गीत एवं वाद्यादि रञ्जक हृदयाकर्षक सामग्री के मध्य में किसी भी पात्र के रूप में प्रविष्ट होकर अपने निजी देवदत्त यज्ञदत्त चैत्र मैत्र स्वरूप को छिपाये हुए प्रत्यक्ष दृश्यमान प्रयोक्ता अभिनेता ने पहिले से ही प्रवृत्तिवश प्राप्त लौकिक प्रत्यक्ष एवं अनुमान आदि से जनित संस्कारों से युक्त तथा हृदय के सम्वाद मन के सम्मिलन क्रम से तन्मयीभावना से सम्पन्न सहृदय के हृदय में जो सुख दुःखादि आकारों से आकारित भिन्न भिन्न चित्तवृत्तियों से रूषित (विशिष्ट संपृक्त) निज संविद आनन्द के प्रकाश अनुभव स्वरूप अतएव संविदानन्द के विभिन्न चित्त वृत्तियों से सम्वलित होने से विचित्र लोक से विलक्षण रसन आस्वादन, चमत्कार, चर्वण, निर्वेश एवं भोग नामक अपर पर्यायों से अभिहित जिस अनुव्यवसाय को पैदा किया है। उसमें जो वस्तु अवभासित होती है वह नाट्य है। जैसा कि ऊपर कहा है। अनुव्यवसाय विशेष विषयीकार्यं नाट्यम्।

वह भी ज्ञानाकार है। विज्ञानवादी योगाचार बौद्ध, घट पटादि पदार्थों को ज्ञानाकार ही मानता है बाहर जगत में उसका अस्तित्व नहीं मानता है। उसके मत के अनुसार नाट्य को ज्ञानाकार मात्र कहा है।

## मधुसूदनी

आरोपितस्वरूपम्, यथा नैयायिकानां मते "इदं रजतम्" इति प्रतीतिस्थले स्वचाकचक्यं दृष्ट्वा हृदस्थं रजतं स्मृत्वा प्रत्येति। तथा च आरोपितं संजातारोपं (तारकादिक्य इतच्) स्वरूपं यस्य तत् आरोपात्मकं ज्ञानमित्यर्थः।

सामान्यात्मकमीदृक् इयदिति विशेषभेदाग्रहस्वरूपम्। प्रभाकरमते इदं रजतमिति प्रतीतिस्थले इदमिति प्रत्यक्षात्मकं ज्ञानम्। रजतमिति प्रागनुभूतरजतस्मरणम्। परं इदं पश्यामि, रजतं स्मरामि इति विशेषस्य भेदाज्ञानात् सामान्यात्मकम्। यदि तादृशविशेषभेदस्य ग्रहो भवेत्तदा पुरुषो नैव प्रवर्तेत रजतं ग्रहीतुम्।

तत्कालनिर्मितरूपं च। वेदान्तिनां मते यथा इदं रजतमित्यत्र अविद्यया तात्कालिकं रजतमुत्पद्यते तथा तत्कालमेव अभिनयप्रदर्शनसमये एव रामदीनां निर्मितिः। अन्यद्वा किंचिदस्तु। यथा बाह्यमेयशून्यं ज्ञानाकारमात्रं प्रथमं निर्दिष्टं तदेव न, अपि तु सर्वं शून्यं ज्ञानकारमात्रमपि नास्तीति शून्यवादी माध्यमिको मनुते तथा अन्यद्वा शून्यं वा किंचिदस्तु न ज्ञायते इति शेषः। नाट्ये प्रयोगारम्भात्प्राक् काले रामादिरूपेण नटादीनां सत्ता आसीत् नान्ते च सा तथा भविष्यति ततः—

"आदावन्ते च यन्नास्ति मध्यकालेऽपि तत्तथा"

इति नयेन शून्यमेवेति अन्यद्वेत्यस्य हृदयम्।

## बालक्रीडा

आरोपित स्वरूप, नैयायिक लोग किसी प्रदेश में पड़ी हुई और सूर्य के किरणों से चमकती हुई सीपी को देखकर "यह चाँदी है" इस ज्ञान के अंश (इदं) "यह" शब्द के अर्थ पर जैसे हृदस्थ चाँदी का आरोप करते हैं (इसका नाम भ्रम है) उसी तरह राम की प्रतिच्छवि को धारण किये हुए नट में राम की आरोपेण प्रतीति करते हैं। उनके मतानुसार यहाँ नाट्य को आरोपित स्वरूप कहा है।

सामान्यात्मक, मीमांसक प्रभाकर तथोक्त प्रकार से दृष्ट सीपी में यह चाँदी है ऐसा जो ज्ञान होता है वह भ्रम नहीं है किन्तु इस ज्ञान में "यह" इतना अंश प्रत्यक्षात्मक है। और "चाँदी है" इतना अंश स्मृति स्वरूप है। अतः भिन्न २ दो ज्ञान हैं, भ्रम नाम का कोई ज्ञान नहीं है। किन्तु इन ज्ञानों में इसको मैं प्रत्यक्ष देख रहा हूँ और इसको देखकर चाँदी मुझे याद आ रही है ऐसा भेद याने विशेष रूप से भिन्नता का प्रत्यय नहीं है अतः सामान्याकारेण यह चाँदी है ऐसा ज्ञान होता है ऐसा कहता है। उसी के अनुसार नाट्य को सामान्यात्मक कहा है। तत्कालनिर्मितरूप—वेदान्ती लोग उपरि कथित प्रकार से दृष्ट सीपी में जो "यह चाँदी है" ज्ञान होता है इस ज्ञान में चाँदी तत्काल अविद्या से पैदा हो जाती है ऐसा मानते हैं उनके मतानुसार नाट्य को तत्कालनिर्मित रूप कहा है।

अथवा और कुछ हो—शून्यवादी माध्यमिक बौद्ध; योगाचार के अनुसार बाह्यमेय को नहीं मानता हुआ ज्ञानाकार भी नहीं मानता है वह कहता है। (सर्वं शून्यं सर्वं शून्यम्) सब कुछ शून्य तत्व है।

अभिनवभारती

चान्यद्वा किञ्चिद्वस्तु। नात्राप्रस्तुतलेखनेनात्मनो दर्शनान्तरकथापरिचयप्रकटनफलेन प्रकृतवस्तुनिरूपणविघ्नमाचरन्तः सहृदयान्खेदयामः।

तस्मादनुव्यवसायात्मकमनुकीर्तनं रूषितविकल्पसंवेदनं नाट्यम्। तद्वेदनवेद्य-

मधुसूदनी

नात्रेति। दर्शनान्तरस्य विज्ञानवादियोगाचारेण शून्यवादिमाध्यमिकेन, हृदयस्थरजतारोपवादिनैयायिकेन, विशेषभेदाग्रहरीत्या सामान्यात्मवादि प्रभाकरेण अविद्यया तात्कालिकरजतोत्पत्तिवादिवेदान्तिनाऽनुगृहीतानां भिन्नानां दर्शनानां मध्ये परिचयः प्रवेशो मम आत्मनोऽभिनवगुप्तस्यास्तीति प्रकटनमेव फलं यस्य तेन अप्रस्तुतस्य नाट्यशास्त्रानुस्यूतपदार्थाद् भिन्नस्य वस्तुनो लेखनेन। प्रकृतस्य वस्तुनो निरूपणे विघ्नं समाचारन्तो वयं नात्र व्याख्यायां सहृदयान् खेदयामः।

व्याख्यानं संक्षिपन्नाह—तस्मादिति। अनुव्यवसायात्मकमनुव्यवसायस्वरूपम्। रूषितं सुखदुःखादितत्तच्चित्तवृत्तिरूपैः सम्पृक्तं तत एव विकल्पं सविकल्पकं सम्वेदनमनुकीर्तनम्। विकल्पो भेदः सोऽस्मिन्नस्तीति विकल्पः अर्शआद्यच्। सवि-कल्पकः विकल्पेन सहितः। विकल्पः विकल्पकः सविकल्पक इत्येक एव। उभयत्रापि स्वार्थे कन्।

ननु पूर्वमूक्तम्—इदानीमुपायसंवेदेनालाभात् तदिदमनुकीर्त्तनमनुव्यवसाय-विशेषो नाट्यापरपर्यायः (नाट्यं नाट्यशब्दः अपर इतरः पर्यायो वाचको यस्य सः। नाट्याभिन्न इत्यर्थः) मध्येऽप्युक्तं योऽनुव्यवसायो जन्यते तत्र यदवभासते वस्तु तन्नाट्यमिति अधुना उपसंहारे पुनः तस्मादनुव्यवसायात्मकमनुकीर्तनं नाट्यमिति पूर्वापरासंलग्नमिव प्रतिभाति तत्राह—तद्वेदनेति। तेन सुखदुःखाद्याकारतत्तच्चित्त-

बालक्रीडा

आदावन्ते च यन्नास्ति मध्यकालेऽपि तत्तथा।

जो वस्तु आरम्भ में और अन्त में नहीं है वह मध्यकाल में कहाँ से आवेगी अतः सर्वथा नहीं है फलतः शून्य ही एक तत्त्व है। इसी के भाव को हृदय में रखकर लिखते हैं कि अथवा और कुछ हो।

अब यहां व्याख्या प्रसंग में योगाचार, नैयायिक, प्रभाकर, वेदान्ती एवं माध्यमिक के अनुगृहीत भिन्न दर्शनों की कथा में मेरा अभिनव गुप्त का प्रवेश है इसके प्रकाशन के फल-स्वरूप अप्रकृत नाट्यवेद के अतिरिक्त लेख से प्रकृत वस्तु के निरूपण में विघ्न करके सहृदयों को हम खिन्न नहीं करेंगे।

इसलिए अनुव्यवसाय स्वरूप रूषित विकल्प संवेदन अनुकीर्तन नाट्य है। विकल्प शब्द का अर्थ भेद है। अर्शआद्यच् करके बने हुए विकल्पक का अर्थ है भेदवाले सविकल्पक। अतः सुखदुःखाद्याकार भिन्न भिन्न वृत्तियों से रूषित संपृक्त संवेदन संवित् नाट्य है। अत-एव सविकल्पक है।

## अभिनवभारती

त्वात्, न त्वनुकरणरूपम्। यदि त्वेवं मुख्यलौकिककरणानुसारितयाऽनुकरणमित्युच्यते तत्र कश्चिद्दोषः। स्थिते वस्तुतो भेदे शब्दप्रवृत्तेरविवादास्पदत्वात्। एतच्च यथावसरं वितनिष्यत इत्यास्तां तावत्

## मधुसूदनी

वृत्तिरूपेण रूषितं सम्वलितं यद्वेदनं तेन वेद्यत्वात् अनुकरणरूपं तु न। अर्थात् कारणकार्ययोरभेदोपचारात्तथोक्तं किन्तु तद्रूपं नास्ति।

यदि तु कदाचित् अनुकार्यत्वेन मुख्यस्य लौकिकस्य रामादेः करणं क्रिया तदनुसारितया एवमनुकरणमित्युच्यते तर्हि न कश्चिद्दोषः। एवमनुकरणानुकीर्तनयोर्वस्तुतो भेदे निसर्गतो भेदे वस्तुकृते वा भेदे स्थितेऽपि शब्दानां लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतदिति, येनानुकरणं नाट्यमिति, सप्तद्वीपानुकरणं नाट्य मिति वाक्यानां प्रवृत्तिः प्रयोगो भवतीत्यत्र विवादस्य किमनुकरणशब्द प्रयोगो भवति, भेदस्तर्हि कथं भवति इति शंकाया आस्पदं स्थानं नास्तीति।

ननु भेद एवास्ति तर्हि तथा शब्दप्रयोगः कथं न शंकाया आस्पदमित्यत्राह—एतच्चेति। सप्तद्वीपगतानां लोकानां वृत्तस्यानुसारेण करणं प्रयोगरूपं नाट्यमिति यथावसरं तेषां पदानां व्याख्यानावसरे वितनिष्यायः। अत्र आस्ताम् विरम्यताम्।

यतो येभ्यो हेतुभ्य इदं नाट्यमनुकरणं न ततो हेतोः यत् कैश्चिद् व्याख्यातृभिः "नाट्यमनुकरणम्" इति चोदितं उक्तं तदनवकाशं युक्तिचिन्तनादिरहितम्। कथमेत

## बालक्रीडा

अब यहां प्रश्न होता है कि अनुव्यवसायात्मक विकल्प रूपित संवेदन को नाट्य कैसे कहा। क्योंकि पहले आप कहे हैं कि अनुव्यवसाय में जो वस्तु अवभासित है वह नाट्य है उत्तर में कहते हैं कि वह नाट्य रत्यादि भावों से रूपित स्वभाव वाले संवेदन से संवेद्य है ज्ञान का विषय है। अतः ठीक है कार्य कारण में अभेद मानकर ऐसा कहा है। किन्तु अनुकरण स्वरूप नहीं है।

यदि ऐसी स्थिति में मुख्य लौकिक क्रिया के अनुसार होने से नाट्य को अनुकरण भी कहते हैं तो कोई दोष नहीं है। लोक में भी हर्ष एवं क्रोधादि के उदय के समय ऐसे व्यवहार होते हैं और नाट्य में भी हर्ष एवं क्रोधादि के अभिनय में ऐसे व्यवहार दिखाये जाते हैं उनमें लौकिक व्यवहार ही अनुकरणीयतया मुख्य है अतः अनुकरण कहने में दोष नहीं है। शंका होती है कि यदि नाट्य अनुकरण नहीं है किन्तु अनुव्यवसाय है तब लोकवृत्तानुकरणं, सप्तद्वीपानुकरणं, येनानुकरणं नाट्यं ये शब्द कैसे कहे जाते हैं तब उत्तर देते हैं अनुकीर्तन और अनुकरण में वस्तुतः भेद या वस्तुकृत भेद होने पर भी शब्दों का प्रयोग होता है। इस तथ्य कथा में किसी विवाद को स्थान नहीं है। इसको आगे विस्तार से कहेंगे। यहाँ रहने दिया जाय।

## अभिनवभारती

यतश्चेदं नानुकरणं ततो यत्कैश्चिच्चोदितं नाट्यमनुकरणमिति तदनवकाशम्—'न च गीतवाद्ययुक्तः सर्वावस्थासु कश्चिदनुकार्यः' इति, न त्वनुकार्यत्वेन गीताद्य इति चोक्तम्। परिहारोऽपि य उक्तः 'आसनगमनस्नानस्वापप्रतिबोधभोजनाद्यासु गीतवाद्यं लोके चेष्टास्वतिप्रथितम्' इत्यादि, तदप्यनुपपन्नम्। न हि गमनादौ तद् ध्रुवातालादिरूपेण गीतादि लोकेऽस्ति मङ्गलमात्रत्वात्तत्र। गायनवादनादिष्वपि चानुकारबुद्ध्यापत्तेरित्यलम्। (१०७)

## मधुसूदनी

दित्याह—न चेति। नहि कश्चिदनुकार्यो रामदुष्यन्तादिः सर्वासु अवस्थासु गीतेन वाद्येन युक्तः। यथा दशसु रूपकेषु अभिनयवेलायां पात्राणां निर्गम प्रवेशावसरे नृत्यगीतवाद्ययुक्तत्वमनुदृश्यते इति। न च अनुकार्यो गीताद्यः। अनुकार्यास्तु रामादीनां भावाः इत्यपि उक्तम्। अनुकार्यस्य सर्वावस्थासु गीतवाद्य युक्तत्वाभावपरिहारोऽपि अनुकार्यस्य तद्युक्तत्वसाधनमपि आसनेत्यादि उक्तम्, तदपि अनुपपन्नमसंगतम्। एवं हि गायन वादन नृत्येष्वपि अनुकार बुद्धेरापत्तिः स्यादित्यलम्।

## बालक्रीड़ा

(मूल) इसके निर्माण में न आप लोगों की और न देवताओं की नियत भावना ली गई है। यह नाट्य तो इस सम्पूर्ण त्रिलोकी के भावों का अनुकीर्तन है, अर्थात् अनुदर्शन है।१०७।

(मूल) अगर त्रिलोकी के भावों का अनुकीर्तन ही नाट्य है तो यह अनुकीर्तन, किसी एक रूपक में, या उसके भी किसी एक अंक में दिखाया जा सकता है इस आशंका का निवारण करते हुए आचार्य भरत कहते हैं कि भाव बहुत हैं वे भी देश, काल, पात्र अवस्था एवं प्रवृत्ति (व्यवहार) भेद से अनन्त प्रकार के हैं। अतः इन सबको किसी एक रूपक में दिखाना कठिन है। वे नाना प्रकार के भाव कौन हैं। उनको बतलाते हैं।

इसलिए जिस कारण से यह अनुकरण नहीं है उसके अनुसार जो तो किसी ने कहा कि यह नाट्य अनुकरण है उस कथन को कोई अवकाश नहीं है। क्योंकि जिन रामादिका अनुकरण आप करेंगे वे अनुकार्य सभी अनुकरणीय अवस्थाओं में गीत एवं वाद्य के साथ नहीं रहेंगे। जैसा कि दशरूपकों के अभिनय के समय पात्रों में नृत्य और उनके साथ गीत एवं वाद्य रहते हैं। और गीतादि अनुकार्य भी नहीं हैं अनुकार्य तो रामादि के आचरण, व्यवहार एवं भाव हैं। यह कह दिया गया है। और परिहार भी जो उन लोगों ने कहा है कि लोक में आसन (बैठने) गमन, स्नान, स्वाप (शयन) प्रतिबोध (जागरण) एवं भोजनादि चेष्टाओं में उन चेष्टाओं के साथ २ गीत एवं वाद्य रहता है इत्यादि, वह भी अनुपपन्न है। लोक में उठने बैठने में आने जाने के समय ध्रुवं तालादि के रूप में गीतादि नहीं रहते हैं सिवाय मंगल

कचिद्धर्मः, कचित्क्रीडा, कचिदर्थः, कचिच्छमः ।
कचिद्धास्यं, कचियुद्धं, कचित्कामः, कचिद्वधः ॥१०८॥

अभिनवभारती

ननु त्रैलोक्यस्य ये भावास्तेषां यदनुकीर्तनं नाट्यं तदेकत्रैव रूपके एकत्रैव चाङ्कादौ सर्वमेव दृश्येतेत्याशङ्कानिराकरणपूर्वकं पूर्वप्रयोजनेन सप्रयोजनत्वमुपसंहरति- कचिद्धर्म इत्यादिना 'लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविष्यति' इत्यन्तेन श्लोकाष्टकेन । एतच्च कैश्चिद्भिन्नवाक्यतया प्रतिश्लोकं व्याख्यातम् । तच्च पौनरुक्त्याध्याहारपरम्परा- सङ्गत्यादिदोषोपहतं स्यादित्युपेक्ष्यमेव । तस्मादित्थमत्र योजना नानाप्रकारैर्भावैः स्थायिव्यभिचारिविभावादिभिरुपसम्पन्नं सर्वतो व्याप्तम् । तेषां च भावादीनां देश-

मधुसूदनी

पूर्वप्रयोजनेति । पूर्वं पूर्वोयं क्रीडनीयकमिच्छामः, धर्म्यमर्थ्यं यशस्यं च सोपदेश्यम्, सर्वशिल्पप्रवर्त्तकम् इत्यत्रत्यं यत् क्रीडा धर्मः अर्थः यशः उपदेशः इत्यादि तथा सर्वविधानां शिल्पानां प्रवर्तनं प्रयोजनं तेन । पौनरुक्त्यं पूर्वकथितस्य पुनः कथनम्, अध्याहारपरम्परा उक्तस्य संगत्यर्थं शब्दार्थाक्षेपपरिपाटी, असंगतिः आदिपदात् प्रमादः । देशः कालः, प्रवृत्तिः, पात्रं, तेषामवस्थान्तरम् । तैर्भावानां भिन्न- स्वभावत्वात् नानाप्रकारैरनेक भेदवद्भिः स्थायिव्यभिचारिविभावानुभावैरुपसम्पन्नं समृद्धं नाट्यं सर्वतो व्याप्तम् सर्वस्मिन् लोके प्रसृतम् । तदपि देशकालादिकमपि नानावस्थात्मकम् ।

बालक्रीड़ा

(मूल) कहीं धर्म, कहीं क्रीड़ा, कहीं अर्थ, कहीं शान्ति, कहीं हास्य, कहीं श्रम, कहीं काम, और कहीं वध । अर्थात् किसी रूपक में धर्म, किसी रूपक में क्रीड़ा दिखलाई जाय जो इत्यादि समझना ।१०८।

के । और भी एक बात है कि इस तरह अनुकरण करना माना जायगा तो गाने बजाने में भी अनुकरण समझा जायगा । इसलिए बस करो । १०७ ।

यदि नाट्य त्रिलोकी के जो भाव हैं उनका अनुकीर्तन है, तब तो एक ही रूपक में और एक ही अंक में सब कुछ देख सकते हैं इस आशंका का निराकरण करते हुए (क्वचिद्धर्मः) कहीं पर धर्म यहां से लेकर (लोकोपदेशजननं नाट्यमतेद्भविष्यति) यहां तक के आठ श्लोकों के द्वारा पहले कहे हुए (क्रीडनीयकमिच्छामः, धर्म्य मर्थ्यं यशस्यं च, सर्वशिल्प प्रवर्त- कम्) क्रीडा, धर्म, अर्थ, यश, उपदेश एवं सर्वविध शिल्पों का प्रचार रूप प्रयोजन ही इसके प्रयोजन हैं यह बतलाकर उपसंहार करते हैं ।

कोई तो इसी बात का व्याख्यान भिन्न २ व्याख्याओं के द्वारा प्रति श्लोक में करते हैं । किन्तु वह व्याख्यान उपेक्षणीय है क्योंकि यह पुनरुक्ति पूर्व कही हुई बात को दुबारा कहना,

## अभिनवभारती

कालप्रवृत्त्यवस्थान्तरभिन्नस्वभावत्वात्तदपि नानावस्थात्मकम्। अत एवाह उत्तमाधमेति। एवम्भूतमेतद्भविष्यति। काले विश्रान्तिजननं हितोपदेशजननं च भविष्यतीति सम्बन्धः।

के के नानाप्रकारा भावा इत्याह—कचिद्धर्म इत्यादि। यथायोगं धर्मादयः शब्दास्तदुचितस्थायिव्यभिचार्यादिसूचकाः। तेन धर्मोऽर्थ इत्युत्साहादिः। क्रीडेति विस्मयादिः। शम इति निर्वेदादिः। हास्यमिति हासादिः। युद्धमिति रौद्रादिः। काम इति रत्यादिः। वध इति क्रोधभयजुगुप्साशोकादिः। अमीभिश्च समुचितव्यभिचार्यनुभावाः स्वीकृताः। कचिदिति शब्देन दशरूपकान्यतममुच्यते। यथा

## मधुसूदनी

अत एव नानाप्रकारत्वादेव। तेन "कचिद्धर्म" इत्यस्मिन् श्लोके उक्तानां धर्मार्थादिपदानां स्वोचितस्थायिव्यभिचारिप्रभृति सूचकत्वेन हेतुना धर्मोऽर्थ इति पदाभ्यां स्थायी उत्साहः सूच्यते धर्मवीरः अर्थवीर इति प्रसिद्धेः। ननु केवलमुत्साह विस्मयादिस्थायिनः सूचनं न तु व्यभिचारिप्रभृतीनामित्याशंकायामाह—अमीभिश्च स्थायिभिरेव। नाटकं धर्मप्रधानं, वा क्रीडाप्रधानं, वा इत्यन्वयः। छलितरामे धर्मः प्रधानम्। स्वप्नवासवदत्तायां क्रीडा प्रधानमिति दर्शनात्। तथा प्रसिद्धानां दशत्वेन प्रसिद्धानां रूपकाणां मध्ये यथा भाणः क्रीडाप्रधानं रूपकमित्यन्वयः।

## बालक्रीड़ा

अध्याहारपरम्परा कही हुई बात की संगति के लिए अकथित अंश को लाने की परिपाटी एवं अनुपपत्ति आदि दोषों से उपहृत है। इसलिए इस प्रकार यहां योजना करना कि यह नाट्य नाना प्रकार के स्थायी, व्यभिचारी, विभाव एवं अनुभावों से सम्पन्न है और सब लोकों में व्याप्त है। वे भाव भी देश, काल, पात्र एवं उनकी भिन्न अवस्थाओं से भिन्न स्वभाव के हैं और वे वैशाखिक भी नाना अवस्था वाले हैं।

इसीलिए नानावस्थात्मक होने के कारण ही उत्तम अधम एवं मध्य श्रेणी के मनुष्यों के लिए कर्मों का संश्रय है ऐसा कहा।

उत्तमाधममध्यानां नराणां कर्मसंश्रयम्। ना शा १ न० ११३ श्लो०

इस तरह का यह होगा। अर्थात् समय पर विश्रान्ति करने वाला तथा समय पर हितकारी उपदेशों को देने वाला होगा। यह सम्बन्ध है।

वे नाना प्रकार के भाव कौन २ हैं इस पर कहते हैं कि कहीं पर धर्म है इत्यादि। प्रकृत में यहां क्वचिद् धर्मः इस पद में धर्मादि शब्द सम्बन्धानुसार उचित स्थायी एवं व्यभिचारियों के सूचक हैं। इस सूचना के अनुसार धर्म अर्थ इससे उत्साह आदि, क्रीडा इससे विस्मय आदि, शम इससे निर्वेद आदि, हास्य इससे हास आदि, युद्ध इससे रौद्र आदि, काम इससे रति आदि, वध इससे क्रोध, भय, जुगुप्सा एवं शोक आदि स्थायी भाव सूचित होते हैं। इन्हीं से समुचित व्यभिचारी भाव, अनुभाव एवं विभावों की स्वीकृति की गई।

धर्मो धर्मप्रवृत्तानां, कामः कामोपसेविनाम् ।
निग्रहो दुर्विनीतानां, विनीतानां दमक्रिया ॥१०९॥
क्लीबानां धार्ष्ट्यजननमुत्साहः शूरमानिनाम् ।
अबुधानां विबोधश्च, वैदुष्यं विदुषामपि ॥११०॥

## अभिनयभारती

नाटकाद्यनेकरूपकगतो विशेषस्तथैकनाटकादिगतो विशेषः । को विभागः । एतदुक्तं भवति—किञ्चिद्धर्मप्रधानं रूपकं यथा नाटकम् । क्रीडाप्रधानं तथा प्रसिद्धानां यथा भाणः प्रकरणं वा । अर्थप्रधानत्वं च प्रकरणादौ । एवं दशरूपकलक्षणानुसारेण सर्वमनुसरणीयम् । तथा कचिन्नाटके धर्मः प्रधानम्—यथा छलितरामे रामस्याश्वमेधयागः । क्वचित्क्रीडा—यथा स्वप्नवासवदत्तायाम् । एवमन्यत्राप्यनुसरणीयम् । तथैकत्रापि नाटके कचिदंशे धर्मो यथाऽभिज्ञानशाकुन्तले—"अपि नाम कुलपतेरियमसवर्णक्षेत्रसम्भवा स्यात्" (अङ्क-१) । एवं प्रतिनाटकमेकदेशेषु सुलक्षा एव क्रीडादय इति ग्रन्थविस्तरभीरुभिरस्माभिर्न परिवर्णिताः ।

## बालक्रीडा

(मूल) धार्मिक लोगों को धर्म, कामियों को काम, दुर्विनीत दुष्टों को निग्रह अर्थात् वध, विनीतों को इन्द्रिय दमन, क्लीबों को अर्थात् हाथ पर हाथ धरकर स्त्रियों की तरह रोकर ही अपनी शान्ति करने वाले नपुंसकों को धृष्टता कार्य क्षमता, शूर मानियों को उत्साह,

क्वचित् पद से दशरूपकों में से कोई एक कहा गया है । जैसे नाटक एवं प्रकरण वगैरह अनेक रूपकों में वैलक्षण्य है वैसे ही एक नाटक में वैलक्षण्य है । प्रश्न होता है कि यदि वही विलक्षणता एक में है जो अनेक रूपकों में है तब विभाग कैसा । उत्तर—यहाँ यह कहते हैं कि कुछ धर्म प्रधान रूपक है जैसे नाटक, तथा प्रसिद्ध रूपकों में क्रीडा प्रधान जैसे भाण । अर्थ प्रधान जैसे प्रकरण । यह सब दशरूपकों के लक्षणों के अनुसार अनुसरणीय है । और किस नाटक में धर्म प्रधान है यह बतलाते हैं जैसे छलित राम में राम का अश्वमेध याग है । किसमें क्रीडा है जैसे स्वप्नवासवदत्ता में । इसी तरह औरों में अनुसरण करना ।

एक नाटक में और उसके भी किसी अंक में धर्म है जैसे अभिज्ञानशाकुन्तल में । संभव है कि यह शकुन्तला कुलपति की असवर्ण क्षेत्र से उत्पन्न होने वाली सन्तान है । १ अंक । इस तरह प्रत्येक नाटक के एक देश में क्रीडा वगैरह सुलक्षित है । ग्रन्थ के विस्तार के भय से हमने इनका वर्णन नहीं किया ।

प्रश्न होता है कि इन दश रूपकों में देश, काल, अवस्था, प्रकृति (स्वभाव) विशेष के समुचित भावों का अनुकीर्तन करना चाहिए रामादि एवं रावणादि के आश्रयण की क्या आवश्यकता है । इस पर कहते हैं कि धर्म । यहाँ च हेतु में है । जब कि लोक वृत्त के अनुसार (करण) प्रयोगरूप नाट्य मैंने किया है इस कारण

ईश्वराणां विलासश्च, स्थैर्यं दुःखार्दितस्य च ।
अर्थोपजीविनामर्थो, धृतिरुद्विग्नचेतसाम् ॥१११॥
दुःखितानां प्रमत्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम् ।
हितोपदेशजननं नानावस्थान्तरात्मकम् ।
नानाशीलाः प्रकृतयः, शीलान्नाट्यं विनिर्मितम् ।
तस्माल्लोकप्रमाणं हि कर्तव्यं नाट्ययोक्तृभिः ।

## अभिनवभारती

नन्ववस्थादेशकालप्रकृतिविशेषसमुचितभावानुकीर्तनमात्रमेव कर्तव्यम् । किं रामादिरावणेत्यादिसमाश्रयेणेत्याशङ्क्याह—धर्म इति । चो हेतौ । यस्माल्लोकवृत्तानुसारेण करणं प्रयोगरूपं नाट्यं मया कृतमेतदित्येतस्मात्कारणाद्धर्मप्रवृत्तानां रामयुधिष्ठिरादीनां सम्बन्धित्वेन धर्म उक्तः । निग्रह इति वधः । विनीतानां जितेन्द्रियाणां सम्बन्धित्वेन दमस्य शमस्य च क्रिया योजना । विनयो हीन्द्रियजयः । एवं क्लीबानामुपहास्यानां धाष्टर्यजननमिति विभावेन हासोऽत्रोक्तः । धाष्टर्याज्जननं जन्म यस्य हास्यवस्तुनः । यद्वक्ष्यति—"विकृतपरवेषालङ्कारधाष्टर्यादिभिः" (अ-६.) इत्यादि । विबोध इति घञन्तस्य रूपम् । अबुद्धत्वेन प्रसिद्धानां सम्बन्धित्वेन बोधनमुपायोपदेशेन व्युत्पादनम् । विदुषां भीष्मादीनाम् । उपायव्युत्पादत्वेन

## बालक्रीड़ा

अबोध बालकों को विबोध (ज्ञान) विद्वानों को वैदुष्य, ईश्वरों को विलास क्रीड़ा, दुःख से पीड़ितों को स्थिरता, अर्थ उपार्जन करने वालों को अर्थ, घबड़ाये हुए प्राणियों को धैर्य का उपदेश देने वाला नाट्य मैंने किया है । यह नाट्य नाना भावों से सम्पन्न है, भिन्न-भिन्न

आदर के अनुसार करण प्रयोगरूप नाट्य को मैंने किया है इस कारण से धर्म में प्रवृत्त संलग्न राम एवं युधिष्ठिर आदि का सम्बन्ध दिखलाकर धर्म कहा । निग्रह इससे वध को समझना । विनीत याने जितेन्द्रियों के सम्बन्ध के अनुसार दम कर्मेन्द्रिय दमन एवं शम मनः शान्ति की क्रिया योजना की है । विनय का अर्थ है इन्द्रियजय । इस तरह क्लीब अर्थात् उपहसनीय के लिए धाष्टर्य जनन को विभाव के रूप में यहाँ कहा है । धाष्टर्य से धीठ पने से है जनन जन्म जिस हास्य वस्तु का । जैसा कि आगे ६ठे अध्याय में कहेंगे कि दूसरों के विकृत वेष, अलंकार एवं धृष्टता । आदि से इत्यादि का । विबोध यह घिञना से घञ् का रूप है । अबुद्ध हैं अभी इनको बोध नहीं हुआ है इस तरह जिनकी प्रसिद्धि है । उनके सम्बन्ध को ग्रहण करके बोधन किया गया है अर्थात् उपायों के द्वारा उनको व्युत्पन्न बनाया गया है ।

विद्वान् भीष्मादि । उपाय सम्बन्धी उपदेशों के द्वारा व्युत्पादत्व ही वैदुष्य है । इस वैदुष्य के कथन से स्मृति मति बुद्धि वगैरह का निरूपण कर दिया है । विलास पद का अर्थ है क्रीडा । स्थैर्य व्यवसायात्मक क्रिया उत्साह ही है । चशब्द का अर्थ एव है । जो "दुःखों से पीड़ित है" इस रूप से प्रसिद्ध है उसी के बहाने यह अर्थ है ।

देवतानामृषीणां च राज्ञामथ कुटुम्बिनाम् ।
कृतानुकरणं लोके नाट्यमित्यभिधीयते ।
महेच्छा ये विदग्धाश्च यौवनैश्वर्यशालिनः ।
तेषामयं नाट्यविधिः प्रयोज्यस्त्वर्थसिद्धये ।
प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः ।
मङ्गल्यमिति कृत्वा च नाट्यमेतत्प्रयोज्यते ।
प्रसवालापविवाहहर्षेष्वभ्युदयेषु च ।
प्रस्थानसमये राज्ञां नाट्यमेतत्प्रयोज्यते ।
नानाभावोपसम्पन्नं, नानावस्थान्तरात्मकम् ।
लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम् ॥११२॥

अभिनवभारती

वैतुष्यम् । अनेन स्मृतिमतिप्रभृतीनां निरूपणम् । विलास इति क्रीडा । स्थैर्यमिति व्यवसायात्मकमुत्साहरूपमेव । चशब्द एवकारार्थे । दुःखार्दितत्वेन यः प्रसिद्धस्तस्यैव सम्बन्धित्वेनेत्यर्थः । धृतिर्धैर्यम् । एतदुक्तं भवति—लोकवृत्तानुसारेण यत इयं नाट्यक्रिया । लोके च धर्मादयोऽनाश्रयाः न संवेदनयोग्याः, तेन धर्मादिविषये यो यथा प्रसिद्धो रामादिः, स शब्दमात्रोपयोगित्वेन मुख्यया प्रणालिकया गृहीतः ।

एवंभूतं यन्नाट्यं तत्प्रेक्षकाणां दुःखेन व्याध्यादिकृतेन, श्रमेणाध्वक्लेशादिजेन, शोकेन बन्धुमरणादिकृतेनार्तानां पीडितानां तथा तपस्विनामनवरतकृच्छ्र चान्द्रायणा-

मधुसूदनी

धर्मादय इति । लोके कुत्र धर्मः कुत्र अर्थः इति आश्रयं पुरुषविशेषं विना ज्ञातुं न शक्यम् । तेन आश्रयमन्तरा ज्ञानायोग्येन हेतुना ।

बालक्रीड़ा

अवस्थाओं का निर्देश करता है क्योंकि यह लोक याने जनता के वृत्त का अनुकरण अर्थात् अनुवर्तक है ।१०९।११०।१११।११२।

धृति धैर्य है । यहाँ यह बतलाया गया है कि लोक के वृत्त आचरण के अनुसार यह नाट्य की क्रिया योजना है । और लोक में धर्मादि बिना किसी के सहारे जाने नहीं जा सकते हैं इसलिए धर्मादि के विषय में जो जिस प्रकार से प्रसिद्ध रामादि हैं उन्हीं रामादि का शब्द मात्र के उपयोगी अर्थात् निरूपण के लिए साधन बनाकर मुख्य प्रणालिका से ग्रहण किया है ।

इस प्रकार का जो नाट्य है वह उन प्रेक्षकों के लिए विश्रान्ति का जनक है अर्थात् दुःखों के प्रसार को रोकने वाला है । जो व्याधि के द्वारा अध्वक्लेश से थकावट से, होनेवाले

**उत्तमाधममध्यानां नराणां कर्मसंश्रयम् ।**
**हितोपदेशजननं धृतिक्रीडासुखादिकृत् ॥११३॥**
**(एतद्रसेषु भावेषु सर्वकर्मक्रियास्वथ ।**
**सर्वोपदेशजननं नाट्यं लोके भविष्यति ॥११४॥)**

### अभिनवभारती

यथाचरणकलितदौर्बल्यातिशयपरिखिन्नहृदयानां विश्रान्तिजननं दुःखप्रसरणविघातकम् । प्रतिहतदुःखानां चाह्लादात्मकधृत्यादिकारणं यथायोगम् । तद्यथा—शोकार्तस्य धृतिर्व्याध्यार्तस्य क्रीडा । श्रमार्तस्य सुखम् । आदिग्रहणे तपस्विनो मतिविबोधाद्य इति मन्तव्यम् । नचैतावदेव, यावत्कालान्तरेऽपि परिपाकं सुखमुपदेशजं जनयतीत्येवं दुःखितानां तत्प्रशमसुखवितरणकालान्तरसुखलाभाः प्रयोजनम् । ये पुनरदुःखिताः सुखभूयिष्ठवृत्तय एव राजपुत्राद्यास्तेषां लोकवृत्ते धर्माद्युपायवर्गे उपदेशकारि एतन्नाट्यम् । लोकशब्देन लोकवृत्तम् ।

### मधुसूदनी

कालान्तरेऽपि परिपाकं परिपाकयुक्तम् अशोभनम् । सुखमित्यन्वयः । वर्त्तमानकाले सुखमुपदेशेन न जन्यते । उपदेशजं सुखं कालान्तरे परिपाकवद् भवतीत्याशयः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) छोटे, बड़े, एवं मध्य श्रेणि के लोगों को कर्मानुसार हितोपदेश देने वाला और धैर्य, क्रीड़ा एवं सुखादि को देने वाला यह नाट्य है ।११३।

(मूल) यह नाट्य, संसार में सभी रसों, सभी भावों एवं सभी क्रियाओं से सभी उपदेश जनता को देने वाला होगा ।११४।

दुःख से, बन्धुवियोग जनित शोक से आर्त हैं पीड़ित हैं तथा जो तपस्वी अनवरत कृच्छ्र चान्द्रायण आदि के आचरण से अतीव दुर्बल होकर बहुत ही खिन्न हृदय हो गये हैं। और जिनके दुःख नष्ट हो गये हैं उनके लिए योग्यतानुसार आह्लाद एवं धृति आदि देने वाला है।

जैसे शोकार्त को धृति, व्याध्यार्त को क्रीडा, एवं श्रमार्त को सुख देता है। धृत्यादि में आदि के ग्रहण से तपस्वियों को मतिएवं विबोध आदि प्रदान करता है। ऐसा समझना चाहिए। इतना ही नहीं कालान्तर में भी उपदेश के द्वारा सुख देता है। इस तरह दुःखितों के तात्कालिक दुःख का प्रशम एवं सुख वितरण करता हुआ कालान्तर में भी सुख एवं लाभ दायक है यही प्रयोजन है। जो तो दुःखी नहीं है पूर्ण सुखमय ही जिनका जीवन है ऐसे राजपुत्र प्रभृति, उनको लोकव्यवहार एवं धर्मादि के उपायों के विषय में उपदेश करने वाला यह नाट्य है।

विश्रान्तिजननं लोके नाट्यमेतद्भविष्यति ।

इस वाक्य में उपात्त लोक शब्द से लोकवृत्त को ग्रहण करना चाहिए।

**दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम् ।**
**विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतद्भविष्यति ॥११५॥**

## अभिनवभारती

ननु किं गुरुवदुपदेशं करोति नेत्याह । किन्तु बुद्धिं विवर्धयति । स्वप्रतिभामेव तादृशीं वितरतीत्यर्थः । न च सा दुष्टा प्रतिभेत्याह हितम्—हितप्रतिभाजनकत्वात् । अत्र हेतुमाह—यतो धर्मादनपेतम् । यशश्शब्देन लोकप्रसिद्धिहेतुभूतमद्भुतकारि वस्तूच्यते, यथा रामस्य सप्ततालव्यधनादि । तदुपदेशे साधु । आयुर्वृद्धिहेतव आचारा आयुः । तेषु साधु । एवं दुःखितानामदुःखितानां चेदमुपादेयमित्युक्तम् । दुःखं च शारीरं मानसं वा । शारीरमपि दैवकृतं स्वयंकृतमपि दृष्टफलोद्देशेनान्येन चेत्येतावानेव दुःखिवर्ग इति दुःखार्तानामित्यादिभेदोपादानस्य फलम् ।

केचित्तु धर्मो धर्मप्रवृत्तानामित्यादि सामाजिकविषयत्वेन व्याचक्षते हृदयसंवादयोग्यतातात्पर्येण । अन्ये त्वकारप्रश्लेषादिव्याख्याप्रकारेणाधर्मप्रवृत्तानामित्यादिवि-

## बालक्रीडा

(मूल) जो दुःख से पीड़ित हैं, श्रम से थके हैं, और जिनको शोक से ग्लानि है, अर्थात् हर्षक्षय है और जो तपस्वी हैं उन लोगों को समय समय पर विश्राम देने वाला यह नाट्य होगा ।११५।

प्रश्न—क्या यह नाट्य गुरु की तरह उपदेश देता है । उत्तर—नहीं । किन्तु बुद्धि को बढ़ाता है । अपनी प्रतिभा को ही वैसा कर देता है । और वह प्रतिभा दुष्ट नहीं होती है इसलिए कहते हैं कि हित है । कल्याणकारी प्रतिभा का जनक नाट्य है । इस विषय में कारण का उपन्यास करते हैं । क्योंकि धर्म से रहित नाट्य नहीं है । यशः शब्द से लोक में प्रसिद्धि का हेतु आश्चर्यकारी वस्तु का निर्देश करते हैं । जैसे राम का सात तालों का युगपत् वेधन । यशः कारी उपदेश देने में साधु । आयु की वृद्धि के जनक आचारों को आयु कहा है । उन आचारों के उपदेश देने में अच्छा है । इस तरह सुखियों के लिए एवं दुखियों के लिए सबके लिए उपादेय है यह यहाँ कहा है । दुःख भी शरीर सम्बन्धी और मनः सम्बन्धी दो तरह के होते हैं । शारीर भी दैवकृत या स्वयंकृत । स्वयंकृत भी दृष्टफल के उद्देश से किया हुआ है या फिर अन्य किसी उद्देश्य से । बस इतना ही दुःखित वर्ग है । यह "दुःखार्तानाम्" इत्यादि अलग २ पद के उपादान का फल है । कहने का सारांश है कि "आर्त्त" इस एक पद से सभी तरह के कारणों से पीड़ितों का ग्रहण हो सकता था फिर "दुःखार्त्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम्" ऐसा अलग २ क्यों कहा ।

कोई तो धर्मो धर्मप्रवृत्तानाम् इत्यादि की "हृदय गत भावों के संवाद की योग्यता सामाजिकों में ही है इस तात्पर्य को लक्ष्य बनाकर सामाजिकों के अनुसार व्याख्या करते हैं ।

अभिनवभारती

परीतत्वेन व्याचक्षते उपदेश्यत्वाभिप्रायेण। उभयमपि चैतद्धर्म्यं यशस्यमित्यादेः पुनरुक्तम्। (१०८-११५)।

न चानेन प्रधानमात्र एवोपदेशः कृतः पुरुषार्थोपायमात्रे वा। यावत्तदुपायोपेयादिष्वपीति दर्शयति—तदिति। अस्मिन्निति। सप्तद्वीपगतभावानुकीर्तनरूपे नाट्ये दृश्यमाने यन्न दृश्यते न हृदयगोचरमेति तादृग्ज्ञानादिकं नास्तीति शेषः। ज्ञानमित्युपादेयमात्मज्ञानादि।

यथा वेणीसंहारे—"आत्मारामा विहितरतयो निर्विकल्पे समाधौ" (१-२३) इत्यादि। शिल्पमिति। मालाचित्रपुस्तादियोजनम्।

मधुसूदनी

आत्मारामा विहित रतयो निर्विकल्पे समाधौ।
ज्ञानोद्रेकाद्विघटित तमोग्रन्थयः सत्वनिष्ठाः॥
यं वीक्षन्ते कमपि तमसां ज्योतिषां वा परस्तात्।
तं मोहान्धः कथमयममुं वेत्ति देवं पुराणम्॥
इति सम्पूर्ण पद्यं वेणीसंहारे १।२३।

बालक्रीड़ा

और लोग तो धर्मों धर्म पदों में अकार का प्रश्लेष या आक्षेप करने वाली व्याख्या के प्रकार से अधर्मप्रवृत्तों को धर्म का उपदेश के अभिप्राय से विपरीत ही व्याख्या करते हैं। ये दोनों ही व्याख्यायें धर्म्यं यशस्यं इत्यादि से पुनरुक्त हैं। १०८-११५।

इससे यह नहीं समझना कि यह उपदेश केवल किसी प्रधान उपेय वस्तु के विषय में है या धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष पुरुषार्थों के उपाय के विषय में है किन्तु जितने भी उपाय हैं एवं उपेय हैं उन सभी के विषय में हैं इसको दिखाते हैं। तद् इति। अस्मिन् इति सातों द्वीपों के भावों के अनुकीर्तन स्वरूप दृश्यमान नाट्य में जो न दिखाई पड़ता हो अर्थात् जो हृदय गोचर नहीं होता हो वैसी कोई वस्तु नहीं है। ज्ञान यह उपादेय आत्मज्ञानादिका ग्राहक है।

जैसे वेणी संहार में आत्मा रामाः। निर्विकल्पक असंप्रज्ञात समाधि में रमण करने वाले और ज्ञान के उद्रेक से जिनके तमोरूप अविद्या ग्रन्थि नष्ट हो गयी हैं अतएव केवल सत्वगुण निष्ठ आत्माराम मुनिलोग, तमसे तो परे रहते ही हैं ज्योतियों से भी परे रहने वाले सुख स्वरूप जिस कृष्ण का साक्षात्कार करते हैं [यह कमपि पद में जो अपि है उसका स्थान भिन्न है। उसकी योजना ज्योतिषामपि करना। क्योंकि यदि "कमपि" इस तरह कं शब्द के साथ योजना करते हैं तब उसका अर्थ होगा कमपि अनिर्वचनीयं विलक्षणं, किन्तु ब्रह्म तो निर्वचनीय है सच्चिदानन्द स्वरूप है विगत लक्षण नहीं है। सत् असत् से विलक्षण अनिर्वचनीय तो माया है] उस पुराण पुरातन देव श्री कृष्ण को मोह से अन्धा यह दुर्योधन कैसे जान सकता है।

धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्धनम् ।
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविष्यति ॥११६॥
न तज्ज्ञानं, न तच्छिल्पं, न सा विद्या, न सा कला ।
नासौ योगो, न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते ॥११७॥

## अभिनवभारती

यथा "वेष्टितग्रथितगुम्फसंहतैराततैश्च कुसुमैस्सपल्लवैः" इत्यादौ। विद्या दण्डनीत्यादि।

## मधुसूदनी

आत्मारामा इति। आत्मन्येव रमन्ते नान्यत्र तथाभूता मुनयः। निर्विकल्पे असंप्रज्ञाते समाधौ विहितरतयः संलग्नाः। ज्ञानस्योद्रेकात् विघटिता तमोरूपाविद्याग्रन्थिर्येषाम्। अथवा विघटितं तम, तद्ग्रन्थि तदनुस्यूतं रजश्च येषां ते। अतएव सत्त्वनिष्ठा सात्त्विकाः। तमसां ज्योतिषां वा परस्तादपि स्थितं कं सुखरूपं यं श्री कृष्णं वीक्षन्ते। अपिरिह भिन्नक्रमः। "कमपि" इत्येकं पदं चेत्तर्हि कमपि विलक्षणमनिर्वचनीयमित्यर्थं करणे महदनर्थं स्यात्। विगतलक्षणा अनिर्वचनीया तु मायैव। न तु ब्रह्म। तं मुनिवीक्षणीयं पुराणं देवं प्रत्यक्षभूतममुं श्रीकृष्णं मोहान्धोऽयं दुर्योधनः कथं वेत्ति न जानातीत्यर्थः।

वेष्टितेति। वेष्टितानि पर्णादिभिरावृतानि कुसुमानि। ग्रथितानि मालाकारेण गुम्फितानि। गुम्फसंहतानि गुम्फेन गुम्फनेन संहतानि गुच्छाकाराणि। आततानि वेष्टन ग्रथन गुच्छत्वरहितानि विशृंखलितानि कुसुमानि।

## बालक्रीडा

(मूल) यह नाट्य धर्मप्रद है, यशः प्रद है, आयुर्वर्द्धक है, हितकारी है और बुद्धि बढ़ाने वाला है। इसलिए लोक को उपदेश देने वाला होगा।११६।

(मूल) ऐसा कोई ज्ञान, या शिल्प (कारीगरी), विद्या, कला, योग एवं कर्म नहीं है जो इस नाट्य में नहीं दिखाई पड़ता हो।११७।

शिल्प :—माला बनाना। चित्र फोटो खींचना। पुस्त लिपि पुस्तक लिखना। जैसे—वेष्टित आवृत, ग्रथित गूंथे हुए, गुम्फ गुच्छ के रूप में संहत मिले हुए। और आतत खुले बिखरे हुए पुष्प एवं पल्लवों के सहित।

विद्या दण्डनीति आदि। जैसे—सम उपद्रवों की शान्ति एवं व्यायाम दुर्गसंचार [व्यायामः पौरुषे श्रमे। विषये दुर्गसंचारे इस मेदिनी के अनुसार व्यायामः शब्द का दुर्गसंचार अर्थ है] के द्वारा तंत्र इतिकर्तव्यता [तंत्रमितिकर्तव्यतायाम्' यह मेदिनी कोष है] का विधान करने वाले नृपति की प्रत्यावाप परराष्ट्रविषयकनीति [आवापः परचिन्तने मेदिनी] जल से सींचे हुए तरु की तरह उत्कृष्ट फल को देती है। राज प्रणिधि

अभिनवभारती

यथा "शमव्यायामाभ्यां प्रतिविहितत्नत्रस्य नृपतेः।" (बाल. रा. १-२४) इत्यादौ। कला गीतवाद्यादिका।

यथा "व्यक्तिर्व्यञ्जनधातुना" (नागानन्द १-१४) इत्यादौ।

मधुसूदनी

शमव्यायामाभ्यां प्रतिविहित तंत्रस्य नृपतेः
परं प्रत्यावापः फलति कृतसेकस्तरुरिव।
बहुच्छद्मं राज्यं न सुकरमराजप्रणिधिभि
र्दुराराधा लक्ष्मी रनवहितचित्तं छलयति।

इति पूर्णः श्लोको बालरामायणे १।२४

शमव्यायाभ्यामिति। शम उपद्रवशान्तिः। व्यायामो दुर्गसंचारः। व्यायामः पौरुषे श्रमे। विषये दुर्गसञ्चारे। इति मेदिनी। ताभ्याम्। प्रतिविहितं प्रतिविधानेन सम्पादितं तंत्रमितिकर्त्तव्यत्वं यस्य तस्य नृपतेः। तंत्रमितिकर्त्तव्यतायामिति मेदिनी। प्रत्यावापः। तंत्रं स्वराष्ट्रचिन्तायामावापः परचिन्तने इति वैजयन्ती। प्रत्येकं परराष्ट्रविषयकं चिन्तनं कृतसेकस्तरुरिव परं फलति। उत्कृष्टफलवद् भवति। अराजप्रणिधिभिः राजद्वारा नियुक्तान् प्रणिधीन् चरान् विना बहुच्छद्मं बहुच्छलं राज्यं न सुकरं संचालयितुं दुष्करम्। यतो दुराराधा लक्ष्मीः प्रमादिनमनवहितचित्तं छलयति। अत्र राजनीतिः।

व्यक्तिर्व्यञ्जन धातुना दशविधेनाप्यत्र लब्धामुना।
विस्पष्टो द्रुतमध्यलम्बितपरिच्छिन्नस्त्रिधाऽयं लयः॥
गोपुच्छप्रमुखाः क्रमेण यतयस्तिस्रोऽपि सम्पादिताः।
तत्त्वौघानुगताश्च वाद्यविधयः सम्यक्त्रयो दर्शिताः॥

इति पूर्णा चतुष्पदी नागानन्दे १।१४

बालक्रीडा

प्रामाणिक गुप्तचरों के बिना बहुच्छल यह राज्य सुकर नहीं है अर्थात् गुप्तचरों के द्वारा रहस्य के जाने बिना राज्य का संचालन करना कठिन है। क्योंकि जिसको प्रसन्न करना बड़ा कठिन है वह लक्ष्मी असावधान रहने वाले को ठग लेती है।

कला गाना बजाना नाचना तौर्यत्रिक। जैसे—व्यक्तिः। यह पद्य नागानन्द नाटक के प्रथम अंक में है। इसमें (नायिका) मलयवती मन्दिर में वीणा वाद्य से देवी की स्तुति कर रही है। उसी समय बाहर से कहीं से आये हुए (नायक) जीमूत वाहन को वह गाना सुनने में अतिप्रिय प्रतीत होता है और वे उस गाने की प्रशंसा में यह पद्य कहते हैं।

यहाँ व्यंजन धातु जो दश प्रकार का है व्यक्त है। द्रुत, मध्य एवं विलम्बित तीन प्रकार का लय भी स्पष्ट है। एवं गोपुच्छप्रमुख तीन यतियाँ भी क्रमशः सम्पन्न की गई

अभिनवभारती

योगो योजनं तेषामेव ज्ञानादीनां कलान्तानां स्वभेदैरन्योन्येन च। यथा—

मधुसूदनी

अत्र देवीमुपवीणयन्तीं मलयवतीं नायिकां श्रुत्वा नायकः प्रशंसति। व्यक्तिरिति अत्र उपवीणने अमुना श्रुतौ अनुभूयमानेन दशविधेन दशप्रकारकेण व्यञ्जनधातुना व्यक्तिः प्रकाशो लब्धः। वीणास्वराणां दशभिः प्रकारैः प्रकाशो भवतीति संकेतं व्यञ्जनधातुपदं श्रोतॄन् ग्राहयति। इति बोध्यम्, अत्र उपवीणनसमये दशविधाः स्वराणां प्रकाशाः सम्यगनुभूयन्ते श्रोतृभिरिति भावः। द्रुतमध्यविलम्बितैस्त्रिधा परिच्छिन्नस्त्रैविध्यमापन्नो लयः गीतवाद्यनृत्यानां क्रियाकालयोः साम्यं विस्पष्टम्। गोपुच्छः प्रमुखः प्रधानं यासु ता स्त्रिस्रो यतयोऽपि क्रमेण परिपाट्या सम्पादिताः। तत्त्वं च ओघश्च आदिपदात् घनं च। तैरनुगता अनुकूलतां प्राप्तास्त्रयो वाद्यविधयः वादनशैल्यः सम्यक् दर्शिताः।

इदन्तु बोध्यम्। विलम्बितं गीतं, वाद्यं, नृत्यं च तत्त्वम् तत्त्वनामतः ख्यातम्। द्रुतं गीतं वाद्यं नृत्यं च ओघः ओघनाम्ना प्रसिद्धम्। मध्यं गीतं वाद्यं नृत्यं च घनं घननामकं कथ्यते। लयस्तु

चत्वारिंशदिमे प्रोक्ता लया लयविशारदैः
लयेन वश्यो भगवान् लये लीनो जनार्दनः।

इति संगीतदामोदरोक्तमनुसारं चत्वारिंशत्प्रकारः। अथवा हृदि स्थितो लय एकः। कण्ठे स्थितो लयो द्वितीयः। कपाले स्थितो लयस्तृतीयः। इति त्रिविधो दर्शितः संगीतरत्नाकरे च। स एवानेन हृदि द्रुतः। कण्ठे मध्यः। कपाले विलम्बित इति दर्शितः स्यादिति। परं लयः कश्चिदन्योऽपि पदार्थः। यथा—भवत्यानन्द-सान्द्रो लयः। चित्तवृत्तेर्निमग्नावस्था। लयः संश्लेषः—यथा अस्मिन्नेव श्लोके "वीणायाः कलयन् लयेन गमकानुग्राहिणीं मूर्च्छनाम्" इत्यत्र।

योग इति। न तज् ज्ञानं न तच्छिल्पमित्यत्रोक्तानां ज्ञानादीनां कलान्तानां स्वभेदैरन्योन्येन च योजनम्।

बालक्रीडा

हैं। और आतोद्य वाद्यों के अनुकूल तीनों वादन विधियां अच्छी प्रकार से दिखाई गई हैं।

योग ज्ञानादि कलापर्यन्त पदार्थों का अपने भेदों के साथ तथा परस्पर में योजन जैसे—मेघ। यहाँ संगीत के प्रसंग में नगारा बज रहा है। मयूर नगारे की ध्वनि को मेघध्वनि समझकर नाचते हैं। यहाँ कवि उत्प्रेक्षा कर के कह रहा है कि मेघों की ध्वनि की शंका करने वाले मयूरों को यह मुरजध्वनि ताण्डवनृत्य की शिक्षा देने में आचार्यत्व कर रही है। इस तरह आचार्यत्व करने वाला यह निर्ह्लाद बंशी के स्वर से आपूरित आप्यायित होकर फैल रहा है। और यह निर्ह्लाद वीणा के लय के साथ गमक (ग्रामत्रय) को अनु-गृहीत करने वाली मूर्च्छना आरोह अवरोह प्राप्त करता हुआ काकलूटित कला से बहुत देर

## अभिनवभारती

''मेघाशङ्किशिखण्डिताण्डवविधावाचार्यकं कल्पय-
न्निर्ह्रादो मुरजस्य मूर्च्छतितरां वेणुस्वनापूरितः।
वीणायाः कलयन् लयेन गमकानुग्राहिणीं मूर्च्छनां
कर्षत्येष च कालकूटितकलारम्यश्रुतिं षाडवे ॥ (उज्वले-राधाविप्रम्भे)

इत्यादौ। तत्रेहातोद्यनिचयगीतयोजना कृता।

## मधुसूदनी

मेघेति। मेघं मेघध्वनिमाशंकन्ते ते। शिखण्डिनो मयूराः मुरजस्य निर्ह्रादं ध्वनिं श्रुत्वा मेघध्वनिमाशंक्य ताण्डवं कुर्वन्ति। तेषां ताण्डवविधौ। आचार्यकमाचार्यत्वं कल्पयन् समर्थयन्। वेणुस्वनेन वंशीध्वनिना आपूरितः सम्भृतः। मुरजस्य निर्ह्रादः। मूर्च्छतितराम् प्रसरतितराम्। अथ च एष निर्ह्रादः। वीणायाः स्वनामख्याततवाद्यविशेषस्य लक्षणया तत्स्वराणां लयेन संश्लेषेण सम्बन्धेनेत्यर्थः। गमकमनुगृहीतुं शीलमस्य तां मूर्च्छनां स्वराणामारोहमवरोहं च कलयन् स्वीकुर्वन्। अयं भावः। गमको बोधकः। कस्य सेत्याकांक्षायां स्वरसन्दोहात्मकस्य

यथा कुटुम्बिनः सर्वेऽप्येकीभूता भवन्ति हि।
तथा स्वराणां सन्दोहो ग्राम (एकीभावः) इत्यभिधीयते। इत्युक्तस्य।

ग्रामस्य गमकः। यतः मुरजस्य ध्वनिर्धैवतस्वरः। वेणुस्वनः पंचमः स्वरः। वीणाया ध्वनिर्मध्यमस्वरस्तस्य लयः संश्लेषः एवं स्वराणां समूहः। एवं च यः स्वरसन्दोहात्मकग्रामस्य गमकस्तस्य नादविशेषस्यानुग्राहिणीं कल्पिकां मूर्छनां स्वराणामारोहावरोहं कलयन्नित्यन्वयः।

क्रमात्स्वराणां सप्तानामारोहश्चावरोहणम्।
सा मूर्छेत्युच्यते ग्रामस्था एताः सप्त सप्त च। इति।
षड्ज ग्रामो भवेदादौ मध्यमग्राम एव च।
गान्धार ग्राम इत्येतद् ग्राम त्रयमुदाहृतम्।

इत्युक्ते ग्रामत्रयेऽपि प्रत्येकं सप्त सप्त मूर्च्छना एकविंशतिर्भवन्ति। उक्तं चान्यत्र मूर्च्छनास्त्वेकविंशतिरिति।

## बालक्रीड़ा

तक गाये जाने की विधा के द्वारा षाडव षड्जस्वर मय रमणीय ध्वनि का कर्षण कर रहा है। अर्थात् वंशी एवं वीणा के ध्वनियों के संमिश्रण एवं आरोह अवरोह के कारण यह नगारे की ध्वनि षड्ज स्वर का आनन्द दे रही है। यहाँ आतोद्य वाद्यसमूह और गीतों का योग है।

अन्योन्य ज्ञानादि कलान्त वस्तुओं का परस्पर में योग। जैसे—आविल। कुछ दिनों तक नायिका के अंग ऐसे ही गये जहाँ नेत्र इधर उधर के देखने की क्रिया से शून्य हैं। पयोधरों के अग्र भाग आविल काले पड़ गये हैं और कपोलों की कान्ति लवली दल सी पीली एवं शिथिल हो गई है।

## अभिनवभारती

अन्योन्येन यथा—

"आविलपयोधराग्रं लवलीदलपाण्डुकोमलच्छायम्" (विक्रमो ५-८) इत्यादौ। अत्र हि शृङ्गारस्य वैद्यकविद्यया योजना।

कर्मेति युद्धनियुद्धादिर्व्यापारः। यथा—

"आलीढस्थितटङ्कितस्य निमिषां दृष्टित्रयीं तन्वतः
पुङ्खाग्रक्रमसर्पणेन विशिखप्रान्ताद्धोच्चैस्समाम्।
चक्रीभूतशरासनस्य न मनाक् लक्ष्यादमी विच्युता-
श्चित्रं चित्रमुमाधवस्य युगपत्सर्वे सुरेन्द्रद्विषः॥" इति॥

## मधुसूदनी

सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामा मूर्छनास्त्वेकविंशतिः।
ताना एकोनपंचाशदेतद् गेयस्य लक्षणम्। इत्यत्र।

षाडवे षड्जे इति विषयसप्तमी। ततश्च षड्जविषयिणीम्। कालस्य कूटः समूहः सञ्जातो यत्र सा कालकूटिता कला क्षणसमूहान्वितं विज्ञानं तया रम्यश्रुतिं मधुरध्वनिं कर्षेति जनयतीति भावः। अत्र आतोद्यानां मुरजवेणुवीणानां निचयेन सह गीतस्य योजना योगः।

आविलेति। आविलपयोधराग्रं लवलीदलपाण्डु कोमलच्छायम्।
कतिचिदहानि वपुरभूत् केवलमलसेक्षणं तस्याः।
इति विक्रमोर्वश्यां पूर्णा आर्या ५।८।

कतिचिदहानि तस्या नायिकायाः वपुः केवलमेतादृक् (अभूत्) कीदृगित्याह— अलसेक्षणम्। अलसे ईक्षणे गर्भभरेण निष्क्रिये नेत्रे यस्मिन् तत्। आविलः कृष्णिम्ना सम्वलितः पयोधरयोरग्रः भागो यत्र तत्। लवलीदलवत् पाडुः कोमला च गण्डयोः छाया कान्तिर्यत्र तत्। अत्र शृंगारस्य विप्रलम्भस्य वैद्यकविद्यया (परिज्ञात गर्भावस्था चिन्हेन) योजना कृता।

न तत्कर्मेति कथितं कर्म, इति। व्यापारः क्रिया कर्मपदार्थः। आलीढेति। अमी युगपत्प्राप्ताः सर्वे सुरद्विषो राक्षसा दैत्या दानवाश्च उमाधवस्य त्र्यम्बकस्य। अत एव दृष्टित्रयं तन्वत इति विशेषणं सार्थकम्। लक्ष्यात् वेध्यत्वकोटेः सकाशात् मनागपि न विच्युताः न परिभ्रष्टाः। किं भूतस्य उमाधवस्य आलीढेन दक्षिणजंघा-प्रसार वामपाद संकोचरूपेण स्थिता टंका जंघा संजाता यस्य सः; तस्य।

## बालक्रीडा

यहाँ शृंगार और वैद्यकविद्या ज्ञात गर्भिणी की अवस्था को दिखाने की योजना है।

कर्मेति। यहाँ कर्म पद से युद्ध एवं नियुद्धादि व्यापार गृहीत हैं। आलीढ। आलीढ एक प्रकार की धनुर्धारियों की युद्ध के समय बैठने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में दाहिनी

सर्वशास्त्राणि शिल्पानि कर्माणि विविधानि च।
अस्मिन्नाट्ये समेतानि तस्मादेतन्मया कृतम् ॥११८॥
तन्नात्र मन्युः कर्तव्यो भवद्भिरमरान्प्रति।
सप्तद्वीपानुकरणं नाट्यमेतद्भविष्यति ॥११९॥

अभिनवभारती

एवं सप्रयोजनत्वमभिधाय प्रकृतमेव पुराकल्पमनुबध्नाति—तन्नात्रेति। तदिति। तस्मात्। अत्र नाट्येऽमरान्प्रति न मन्युः कार्यः। तेऽपि तत्र न केचित्।

मधुसूदनी

प्रसृता दक्षिणा जंघा संकोचो वाम पादगः।
असमः पूर्वकायः स्यादालीढस्य तु लक्षणम्।
इति लक्षणमिह समर चिन्तामणि धृतम्।
टंको नीलकपित्थे च खनित्रे टंकनेऽस्त्रियाम्।
जंघायां स्त्री, पुमान् कोपे कोषासिप्रावदारणे। इति मेदिनी।

दृष्टित्रयी नेत्रत्रयी। विशिखो बाणः तस्य प्रान्तप्रदेशात्। पुंखस्य अग्रे क्रमेण यत् सर्पणं गमनं तेन। उच्चैस्तमामूर्ध्वं निमितां प्रक्षिप्ताम्। डुमिञ् प्रक्षेपणे इत्यस्मात् न्युपसृष्टात् मिधातोः स्वादिगणीयात् भावे क्तः। तन्वतः कुर्वतः। चक्रीभूतं बाणमोचन समये कर्णान्ताकर्षणेन चक्राकारं वर्तुलं चापं शरासनं धनुर्यस्य तस्य।

नाट्यस्य सप्रयोजनत्वं प्रयोजनसहितत्वम्। अत्र नाट्ये रूपकप्रसंगे इति भावः। तेऽपि देवा अपि तत्र नाट्यप्रसंगे न केचित्। सर्वेषां ज्ञानादि कर्मान्तानां प्रदर्शनं

बालक्रीड़ा

(मूल) सम्पूर्ण शास्त्र, शिल्प, एवं विविध कर्म इस नाट्य में हैं अतः नाट्य का प्रचार मैंने किया। अतः आप लोगों को देवताओं के प्रति गुस्सा नहीं करना चाहिए। क्योंकि

जंघा को फैलाया जाता है और बांये पैर को संकुचित किया जाता है। टंकित पद में टंका शब्द जंघा का पर्याय है। पुंख शब्द का अर्थ है बाण का मूल प्रदेश। नि उपसृष्ट डुमिञ् प्रक्षेपणे मिधातु से क्त प्रत्यय करने पर बने हुए निमित शब्द का अर्थ है प्रक्षिप्त। प्रमाणों को इसके विषय के संस्कृत टीका मधुसूदनी में देखें।

जिसकी टंका माने जंघा। आलीढ माने धनुर्धारियों की युद्ध के समय बैठने की प्रक्रिया। उस प्रक्रिया से स्थित हैं। और जो अपनी तीनों दृष्टियों को, लक्ष्य को ठीक और देखने के लिए बाण के प्रान्त से सहारे से पुंख बाणमूल प्रदेश के आगे की तरफ बढ़ाकर ऊपर की ओर फैंक रहे हैं तथा जिसका धनुष, बाण छोड़ने के लिए कान तक खींचने से चक्र की तरह गोल हो गया है उस उमाधव भगवान् रुद्र के लक्ष्य से युगपत् एक साथ आये हुए ये देवताओं के सभी दुश्मन दैत्य दानव राक्षस थोड़ा भी च्युत नहीं हो सके, आश्चर्य है।

(येनानुकरणं नाट्यमेतत्तद्यन्मया कृतम् ॥)
देवानामसुराणां च राज्ञामथ कुटुम्बिनाम् ।
ब्रह्मर्षीणां च विज्ञेयं नाट्यं वृत्तान्तदर्शकम् ॥१२०॥

### अभिनवभारती

एतदेवाह—सप्तद्वीपानुकरणमयी हि नटक्रिया रङ्गे दृश्यते। न च सागरद्वीपादीनां कश्चित्तत्रासम्भव इति भावः ॥ ११६-११९ ॥

ननु किमर्थमेषां नामानि गृहीतानीत्याशङ्क्याह देवानामित्यादि । एतेषामेवाधिकारिपुरुषत्वान् निराधारस्य वृत्तस्य दर्शयितुमशक्यत्वात्। एतच्चोक्तं पूर्वम्। अत एव यत्र निर्व्याजसहजौदार्यधर्मादिविषये बलिप्रह्लादप्रभृतेः प्रसिद्धिस्तत्र सोऽप्युदीरित आश्रयत्वेन। तदाह—

असुराणामिति। न च भवद्वैरिण एवात्र वर्णिताः अपि तु ब्रह्मर्षयोऽपि। अनेन 'प्रत्यादेशोऽयमस्माकम्। सुरार्थम्।' इत्याशङ्काद्वयमपि परिहृतम् ॥१२०॥

### मधुसूदनी

मुख्यं, निराधाराणां तेषां तदशक्यमित्याश्रयरूपेण केषामपि ग्रहणं सम्भाव्यते इति। देवानां भवतां वा ग्रहणं कृतमिति भावः।

### बालक्रीड़ा

यह नाट्य सातों द्वीपों के भावों का अनुकरण होगा। अतः अनुकरण स्वरूप नाट्य मैंने किया है।११८।११९।

(मूल) इसमें वेद, विद्या तथा इतिहास के आख्यानों की कल्पना होगी। अतएव यह नाट्य लोगों के मन का बहलाव करने वाला होगा।१२०।

इस प्रकार नाट्य वेद के निर्माण के प्रयोजनों को कह कर प्रकृत इन्द्रध्वजोत्सव के समय किये गये रूपक को देखकर क्षुब्ध हुए विघ्नों के द्वारा उपद्रव कराने वाले राक्षसों की समझौतारूप पुराकल्प इतिहास का अनुबन्ध करते हैं। तत्रात्रेति तदिति। इसलिए आप लोगों को इस नाट्य प्रयोग में देवताओं के प्रति मन्यु नहीं करना चाहिए। वे इसमें कुछ नहीं हैं। क्योंकि ज्ञानादि, कर्मपर्यन्त पदार्थों का दिखाना मुख्य है। किन्तु बिना आधार के बिना आश्रय के उनका दिखाना अशक्य है। इसलिए आश्रय के रूप में किसी का भी ग्रहण हो सकता है, जो कि आवश्यक है; अतः आप लोगों का और देवताओं का पात्र के रूप में ग्रहण किया गया है अन्य कोई उद्देश्य नहीं है।

इसी का स्पष्टी करण करते हैं कि रंगस्थल में सातों द्वीपों के लोक की अनुकरणमयी ही नट क्रिया नट का व्यापार दिखाई देता है। सागर एवं द्वीप वगैरह की वहाँ कोई असंभूति नहीं है। ११६।११९।

जब सम्भव है तब क्यों इनके नामों का ग्रहण किया है देवाना मित्यादि। ये ही

**योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदुःखसमन्वितः ।**
**सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतो नाट्यमित्यभिधीयते ॥१२१॥**

### अभिनवभारती

एतत्तात्पर्येणोपसंहरति—योऽयमिति । अयमिति-प्रत्यक्षकल्पानुव्यवसाय-विषयः । लोकप्रसिद्धसत्यासत्यादिविलक्षणत्वात् यच्छब्दवाच्यः । लोकस्य सर्वस्य साधारणतया स्वत्वेन भाव्यमानश्चर्व्यमाणोऽर्थो नाट्यम् । स च सुखदुःखरूपेण विचित्रेण समनुगतः ।

न तु तदेकात्मा ।

तथा हि—रतिहासोत्साहविस्मयानां सुखस्वभावत्वम् । तत्र तु चिरकालव्यापि-सुखानुसन्धिरूपत्वेन विषयौन्मुख्यप्राणतया तद्विघ्नाशंसाबाहुल्येनापायभीरुत्वात् दुःखांशानुवेधता रतेः ।

### मधुसूदनी

न तु तदेकात्मा केवलः सुखरूपः दुःखरूपः स्वभावः । तथा हीति तदेकात्म-त्वाभावं प्रदर्शयति । रत्यादीनां सुखस्वभावत्वं किन्तु तत्र रत्यादिषु चतुर्षु स्थायिषु । चिरकालव्यापिनः सुखस्य अनुसन्धा स्थितिः । "सन्धा स्थितिप्रतिज्ञयोः" इति मेदिनी । ततो श्रीहादित्वादिनिः । अनुसंधि रूपं यस्यास्तस्या भावस्तत्त्वं तेन । विषयेषु सुखकरेषु पदार्थेषु औन्मुख्यमौत्कण्ठ्यं प्राणा यस्यास्तस्या भावस्तत्ता तया ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) इसमें श्रुति, स्मृति, सदाचार एवं परिशिष्ट अर्थों की कल्पना होगी जिससे लोगों के मन का बहलाव होगा ऐसा यह नाट्य होगा ।१२१।

अधिकारी पुरुष हैं नाट्य के फल के स्वामी हैं। निराधार वृत्त को दिखाना कठिन है। यह पहले कह दिया गया है । इसीलिए जहां निर्व्याज सहज औदार्य एवं धर्मादि के विषय में बलि एवं प्रह्लाद वगैरह की प्रसिद्धि है वहाँ वे भी आश्रय रूप से कहे गये हैं ।

उसी को कहते हैं असुराणाम् । आप लोगों के बैरी देवताओं का ही वर्णन नहीं किया गया है अपितु ब्रह्मर्षियों का भी वर्णन किया गया है । इससे हम असुरों का प्रत्याख्यान और सुरों के लिए नाट्य है ये दोनों शंकायें हट गई ॥१२०॥

इस भाव को मन में रखकर प्रकृत विषय का उपसंहार करते हैं योऽयम् । यह प्रत्यक्षक रूप अनुव्यवसाय का विषय । लोक में सत्य असत्य आदि से विलक्षण होने के कारण यत् शब्द से वाच्य है । साधारणतया सभी लोक के द्वारा अपना समझ कर भावना किया गया चर्वणा किया गया अर्थ नाट्य है । वह नाट्य रूप अर्थ विचित्र सुख एवं दुःख से अनुगत है अर्थात् केवल सुख रूप या केवल दुःख रूप नहीं है । अंशेन सुख रूप है और अंशेन दुःख रूप होने से विचित्र है ।

## अभिनवभारती

हासस्यापमर्षानुसन्धानाद् दुःखांशानुवेधता विद्युत्सदृशतात्कालिकाल्पसुखानुगतौ।

## मधुसूदनी

अतः तेषु विषयेषु आशंसाया आकांक्षाया बाहुल्येन आधिक्येन हेतुना अपायभीरुतावत्त्वात् अपायहेतुकभीरुतावत्त्वात्। सुख विषयक प्रबलाकांक्षायाः सद्भावेन कदाचिदिमानि सुखानि सुखजनका विषया वा अपगतानि न भवेयुरिति भयं रतौ वर्त्तते तेन दुःखांशस्य अनुवेधताऽनुसंगतता रतेः वर्त्तते।

विद्युत्सदृशस्य (विद्युद् यथा क्षणं विद्योतते तथैव हासेऽपि सुख क्षणं प्राप्यते एवं तत्सदृशस्य) तात्कालिकस्याल्पस्य सुखस्यानुगतौ अनुसन्धानेऽपि अमर्षानुसन्धानाद् दुःखांशानुवेधता हास्यस्य। हासे तात्कालिक सुख सद्भावेऽपि परिणामे दुःखानुगतिः। अयं मौस्तुच्छमनुभूय उपहसितवानिति सामर्षः सन् प्रतिशोधभावनया उपहास कारिणं दुःखयति। यथा महाभारते द्रौपद्या अन्धायाः पुत्रोऽन्ध इत्युपहसितो दुर्योधनः समस्तं भारतं दुःखोदधौ निमज्जयामास। राजस्थाने आभाणकमपि रोगस्य गृहं कासः वैरस्य मूलं हासः। इति।

हासस्यामर्षानुसन्धानाद् दुःखांशानुवेधता विद्युत्सदृशतात्कालिकाल्पसुखानुगतौ। इति पाठः।

## बालक्रीड़ा

एकांश में जो सुख रूप है और वही वस्तु एकांश में दुःख रूप कैसे है इसको दिखाने का उपक्रम करते हैं तथाहि। रति हास उत्साह एवं विस्मय ये चारों सुख स्वभाव हैं यह प्रसिद्ध है किन्तु उन चारों में दुःखांश का अनुवेध है।

जैसे रति इष्ट वस्तु में चिरकाल व्याप्त सुख की अनुसन्धा माने स्थिति वाली है।

[ यहाँ सन्धा स्थितिप्रतिज्ञयोः इस मेदनी कोष के अनुसार सन्धा शब्द का स्थिति अर्थ है अनु इसमें उपसर्ग है। यह अनुसन्धा स्थिति जिसमें हो इस विग्रह में "व्रीह्यादिभ्यश्च" इस सूत्र से अनुसन्धा शब्द से इन् प्रत्यय होने पर अनुसन्धी बना है ]

अतः सुख के जनक विषयों की तरफ उन्मुखता रति का प्राण है। इसका फल है कि उन सुख जनक विषयों की बहुल आकांक्षा होने से यह डर बना रहता है कि कहीं ये विषय हाथ से बाहर निकल न जाँय इसलिए रति में दुःखांश का अनुवेध माने लगाव बना रहता है। अतः रति दुःख समन्वित सुख रूप है।

हास में बिजली की क्षणिक चमक की तरह तात्कालिक अल्प सुख की अनुगति अनुकूल दशा रहती है किन्तु इसने हमारे साथ मजाक किया इसने हमको तुच्छ समझा ऐसा अनुसन्धान करने से अमर्षयुक्त व्यक्ति प्रतिशोध की भावना से उस मजाक करने वाले को दुःख पहुँचाता है और स्वयं भी दुःखी होता है। फलतः हास में दुःखांश का अनुवेध रहता है। द्रौपदी ने दुर्योधन के साथ हास ही तो किया था कि अन्धा का लड़का अन्धा ही है

### अभिनवभारती

उत्साहस्य तात्कालिकदुःखायासरूपनिमज्जनानुसन्धानाद् भाविबहुजनोपकारिचिरतरकालव्यापिसुखसञ्चिकीर्षात्मनः दुःखांशरूपता।

विस्मयस्य निरनुसन्धानतडित्तुल्यसुखरूपता।

क्रोधभयशोकजुगुप्सानां तु दुःखस्वरूपता। तत्र द्विष्टे चिरकालव्यापिदुःखानुसन्धिरूपत्वेन विषयगतान्तिकाभावनात्यन्तिकनाशा—

कांक्षाप्राणतयोत्प्रेक्षितसुखांशानुवेधवान् क्रोधः।

### मधुसूदनी

उत्साहस्य तात्कालिको दुःखकरो य आयासः अतियत्नः। आयासस्य दुःखजनकत्वेऽपि कार्यकारणयोरभेदात् दुःखायासेत्युक्तिः। तस्य रूपे आयासस्वरूपे निमज्जनस्यानुसन्धानात्। इति पंचम्यन्तः पाठः। भाविनि आगामिनि काले बहुजनानामुपकारिणी चिरकालव्यापिनः सुखस्य या संचिकीर्षा संचयं संग्रहं कर्तुमिच्छा सैव आत्मा स्वरूपं यस्योत्साहस्य तस्य दुःखांशरूपता।

विस्मयस्य निरनुसन्धानं शून्यं पूर्वं प्रतिज्ञातयोजनारहितं तत एवाकस्मिकं यत्तडित्तुल्यं सुखं तद्रूपता अतः विस्मये दुःखस्य अंशेनापि अनुवेधो नास्ति।

क्रोधादीनां दुःखस्वरूपत्वं, किन्तु तत्र क्रोधादिचतुर्षु स्थायिषु। द्विष्टे चिरकालव्यापिनो दुःखस्यानुसन्धा स्थितिर्यस्यास्तीति व्रीह्यादिभ्यश्चेति इनिः। अनुसन्धिरूपत्वेनेति पाठः। द्विष्ट विषयगताया अन्तिकाया इचुल्या भावना तया।

अन्तिकं निकटे वाच्यलिंगं, स्त्री शाल्मलीषधौ।
चुल्यां ज्येष्ठभगिन्यां नाट्योक्त्यां कथ्यतेऽन्तिका।

इति मेदिनी। विषयेषु दुःखजनकेषु चुल्लीभावनया दाहका इमे इत्यनुभवेन आत्यन्तिक नाशाय याकांक्षा। क्रुद्धः पापं न कुर्यात् कः क्रुद्धो हन्याद् गुरूनपि। इत्युक्तेः

### बालक्रीड़ा

इसी पर महाभारत युद्ध हुआ था। राजस्थान में कहावत है कि रोग का घर खांसी बैर की जड़ हांसी। अतः हास सुख समन्वित दुःख है।

उत्साह में यद्यपि तात्कालिक दुःख के जनक प्रयास में निमग्न होने का अनुसन्धान रहता है अतः अनुस्यूत दुःख रहता है। तथापि भविष्य में बहुत से जनों को उपकृत करने वाले चिरस्थायी सुख को संचित करने की सफल इच्छा बनी रहती है अतः दुःख समन्वित सुख रूप उत्साह है।

विस्मय में अनुसन्धान रहित अर्थात् जिसका स्वप्न में भी विचार नहीं किया था ऐसा बिजली की चमक की तरह आकस्मिक सुख मिल जाता है अतः सुख रूप विस्मय है।

क्रोध, भय, शोक एवं गुस्से का तो स्वरूप ही दुःख बहुल है। उनमें क्रोध का स्वरूप द्विष्ट में द्वेष्य में चिरकाल व्यापी दुःख की स्थिति वाला है। और दुःख जनक विषयों

## अभिनवभारती

निरनुसन्धितात्कालिकदुःखप्राणतया तदपगमाकांक्षोत्प्रेक्षितसुखानुसम्भिन्नं भयम् ।

द्वैकालिकाभीष्टविषयनाशजः प्राक्तनसुखस्मरणानुविद्धः सर्वथैव दुःखरूपः शोकः ।

घृणितवस्तुसन्दर्शनोत्पाद्यमानदुःखानुसन्धानजीवित घृणितविषयात्पलायन-परायणरूपा निषेधशंक्यमानसुखानुविद्धा जुगुप्सा ।

## मधुसूदनी

सैव प्राणा यस्मिन् तस्य भावस्तत्ता तयोत्प्रेक्षितसुखानुसन्धानात् सुखांशानुवेधवान् क्रोधः । तत्र चिरकालव्यापिदुःखानुसन्धिरूपत्वेन विषयगतान्तिकाभावनाऽऽत्यन्ति-कनाशांकाक्षाप्राणतयोत्प्रेक्षितसुखानुसन्धानात्सुखांशाधनुवेधवान् क्रोध इति शुद्धः पाठः ।

निरनुसन्धि निष्प्रतिज्ञं पूर्वप्रतिज्ञातयोजनारहितम् । सन्धा स्थितिप्रतिज्ञयोरिति मेदिनी । यत्तात्कालिकं दुखं तत्प्राणतया । तस्य दुःखस्य दुःखजनकपदार्थस्य च अपगमे या आकांक्षा तया उत्प्रेक्षितेन संभावितेन सुखेन अनुसम्भिन्नं मिश्रितं भयम् ।

द्वैकालिकाभीष्टनाशजः द्वयोः कालयोः भवो योऽभीष्टनाशस्तज्जः । जीवितत्व-ज्ञानकाले अभीष्टस्य वस्तुनो नाशोऽदर्शनं, मृतत्वज्ञानकाले तादृशवस्तुनो नाशो विना-शस्तज्जन्यः । प्राक्तनस्य सुखस्य स्मरणेनानुविद्धः अनुस्यूतः सर्वथैव स्मृतेरधिक-दुःखदायित्वात् । स्मृतस्य अतीत सुखस्य जनकानां हेतूनामिदानीमभावदर्शने, वर्तमानकाले च दुःखस्य अनुभूयमानत्वात्, भविष्यति काले च अनिश्चयात् सुख-प्राप्तेरिति सर्वथैवेत्युक्तम् ।

घृणितवस्तुसन्दर्शनोत्पद्यमानदुःखानुसन्धानजीविता घृणितविषयात्पलायन-परायणरूपा, निषेधशंक्यमानसुखानुविद्धा जुगुप्सा इति पाठः ।

## बालक्रीड़ा

में अन्तिका नुड्डी (कारण कार्य में अभेद होने से) अंगीठी से निकलने वाली ज्वाला की भावना अर्थात् दुःखद विषय सभी ज्वाला रूप हैं ऐसी भावना से उन दुःखों के नाश की आकांक्षा होती है और आकांक्षानुबन्ध से द्वेष्य की भर्त्सना में सुख का बीज निहित है। अतः क्रोध में सुखांशका अनुवेध हो जाता है।

निरनुसन्धि भाव पूर्व में अप्रतिज्ञात तात्कालिक दुःख स्वरूप भय है किन्तु दुःख के अपगम हो जाने से सुरक्षित हो जाने की आकांक्षा से उत्प्रेक्षित सुख का संमिश्रण है अतः भय दुःख समन्वित सुख स्वरूप है।

द्वैकालिक दोनों कालों में होने वाला अर्थात् जीवितत्व ज्ञान काल में अभीष्ट विषय के नाश अदर्शन से (प्रिय जीवित है इस समझ के बावजूद भी उसके साथ मेल मिलाप में बहुत

## अभिनवभारती

समस्तपूर्वदुःखसञ्चयसंस्मरणप्राणितः सम्भावितवदुपरमः बहुलसुखमयो निर्वेदः। एवं व्यभिचारिप्रभृतिष्वपि वाच्यम्। संवित्स्वभावाः सुखादय इति च दर्शने न तत्स्वभावत्वम्। तैस्त्वत्र तद्वेदनरूपत्वमेव तेषां मन्तव्यम्।

## मधुसूदनी

घृणितानां वस्तूनां सन्दर्शनं ज्ञानं श्रवणं स्मरणं वा तेन उत्पद्यमानस्य दुःखस्यानुसन्धानेन जीविता। घृणितविषयात् जातावेकवचनम्। विषयेभ्यः पलायध्वमिति बोधने परायणा, घृणितविषयाणां निषेधात् दूरीकरणात् शंक्यमानेन संभाव्यमानेन सुखेनानुविद्धा संभिन्ना जुगुप्सा।

समस्तपूर्व दुःख संचय-संस्मरण प्राणितः सम्भावितवदुपरमः बहुल सुखमयो निर्वेदः। सम् सम्यक् अस्तो निक्षिप्तो दुःखसंचयो यस्मात् एवम्भूतेन संस्मरणेन तत्त्वज्ञानेन प्राणित उज्जीवितः। सम्भावितानां सम्भावनया उद्गतानां तेषां दुःखानामुपरमो यत्रास्तीति। अतएव बहुलसुखस्वरूपो निर्वेदः।

एवं स्थायिष्विव व्यभिचारिषु त्रयस्त्रिंशति, विभावानुभावसात्विकेष्वपि सुख-दुःख समन्वितत्वं वाच्यं व्याख्येयम्।

## बालक्रीडा

व्यवधान होने से) उत्पन्न और मृतत्वज्ञान काल में अभीष्ट वस्तु के नाश माने ध्वंस से (मर गया है अतः अब उससे मेल मिलाप के असंभव होने से) उत्पन्न किन्तु प्राक्तन अर्थात् अनुभूत सुखों के स्मरण से अनुविद्ध स्मर्यमाण सुखों के अत्यधिक दुःखदायी होने से हर हालत में दुःख रूप शोक है।

जिन घृणित वस्तुओं के देखने, सुनने या स्पर्श से उत्पन्न होने वाले दुःख के अनुसन्धान से जीवित अर्थात् अनुभव में आने वाले दुर्गंधित मदिरा, माँस, शोणित, विष्ठा आदि से उत्पन्न और उन्हीं के बदौलत विषयों से भगादेने में परायण अर्थात् तत्काल वहाँ से भाग जाने की प्रेरणा देने वाली तथा उसके लिए और भी विवश करने वाली और उन दूषित विषयों के निरोध माने हटा देने या स्वयं उनसे हट जाने से शंक्यमान संभाव्यमान सुख से अनुविद्ध जुगुप्सा है।

पूर्व पहिले के दुःख संचय अर्थात् संचित यावद् दुःख सम् माने अच्छी प्रकार से अस्त नष्ट हो गये अब कोई भी दुःख नहीं है इस तरह के स्मरण अर्थात् तत्त्वज्ञान से जीवित वर्तमान और सम्भावित तदुपरम अर्थात् जहाँ भावी दुःखों का उपरम सम्भावित है अतः बहुल सुखमय निर्वेद है। तत्त्वज्ञानोत्थ ही निर्वेद स्थायी भाव है। इतर समुत्थ निर्वेद स्थायी नहीं है अतएव संस्मरण शब्द का प्रकृत में तत्त्वज्ञान ही अर्थ है इतर अर्थ नहीं है।

इस प्रकार स्थायी भावों की तरह तैंतीस व्यभिचारी और अनुभाव विभाव एवं सात्विकों को भी सुख समन्वितत्व कहना चाहिए। सुखादि सभी पदार्थ संवित्स्वभाव हैं ज्ञानाकार हैं। इस दर्शन में बौद्ध योगाचार के सिद्धान्त में सुख दुःख समन्वित भाव नहीं है। उनको उन्हें

## अभिनवभारती

एवं लौकिका ये सुखदुःखात्मानो भावाः तत्सदृक्षस्तत्संस्कारानुविद्धो नाट्यलक्षणोऽर्थः समुदायरूपस्तस्यैव भावानुसमयः।

एवं दयारत्यादिरूपानुसरणभूतो नाट्यलक्षणोऽर्थः कथं प्रतीतिगोचरीभवती-

## मधुसूदनी

सुखादयः संवित्स्वभावा ज्ञानस्वरूपा इति दर्शने बौद्धयोगाचारीये न व्यभिचारिणामपि तत्स्वभावत्वम् सुखदुःखसमन्वित त्वम्। तैर्दार्शनिकैर्योगाचारैस्तु अत्र तेषां व्यभिचारिप्रभृतीनां संवेदनरूपत्वं ज्ञानाकारत्वमेव मन्तव्यम्।

ये लौकिकाः सुखदुःखात्मनः सुखि दुःखि पुरुषस्य तदात्मकाः भावाः, तत्सदृक्षः लौकिक सुखदुःखैः भावैः सदृशः। तेषां लौकिक सुखदुःखात्मक भावानां संस्कारैरनुविद्धः अनुस्यूतः। समुदायरूपः आंगिकादि चतुर्विधाभिनय समूह रूपः। तस्यैव लोकस्यैव भावानुसमयः भाव अभिप्राय स्तस्य समयो निर्देशः संकेतो वा। समयः शपथाचारसिद्धान्तेषु तथा धिषि। क्रियाकारे च निर्देशे संकेते कालभाषयोः। इति मेदिनी। दयारत्यादीनां रूपस्य लौकिकस्य वस्तुनः अनुसरणभूतः संस्कारादनुस्यूतः।

एवं दयेति। दयावीरस्य रसस्य स्थायी दयोत्साहः सूचितः। एवममुना प्रकारेण दयारत्यादीनां सप्तद्वीपीयलोकवृत्तानामनुसरणभूतः अनुसरणाभिन्नप्रयोगरूपः नाट्यलक्षणोऽर्थः कथं प्रतीतिगोचरो भवतीत्यन्वयः।

कथं प्रतीतिगोचर इत्यस्य प्रश्नस्यार्थद्वयं यस्याः प्रतीतेर्गोचरो विषयः नाट्यलक्षणोऽर्थः, तस्याः प्रतीतेः साधनं किं लिंगं हेतुशब्दवाच्यम्, किं संकेतः संकेतसहायः

## बालक्रीडा

ज्ञानाकार ही मानना चाहिए। इस तरह जो लौकिक सुख दुःखमय भाव हैं उसके सदृश, उसके संस्कारों से अनुविद्ध सम्पृक्त समुदाय रूप नाट्य है। क्योंकि उसी के (लोक के) स्वभाव के अनुकूल समय निर्देश या संकेत है।

समयः शपथाचारसिद्धान्तेषु तथा धिषि।
क्रियाकारे च निर्देशे संकेते कालभाषयोः।

इस मेदिनी कोष के अनुसार समय शब्द के उक्त अर्थ लिये हैं।

इस प्रकार सप्तद्वीपीय लोकों के वृत्त दया रत्यादिकों के अनुसरणभूत अर्थात् उनके अनुसार प्रयोग रूप यह नाट्य लक्षण अर्थ कथं प्रतीति गोचर है।

यहाँ कथं प्रतीतिगोचरः इस प्रश्न के दो अर्थ किये हैं और उन्हीं के अनुसार व्याख्यान करते हैं। जिस प्रतीति का गोचर विषय नाट्य है उस प्रतीति का साधन, क्या लिंग है या संकेत अर्थात् संकेत सहाय शब्द है अथवा आदिपदग्राह्य उपमान वगैरह है। यह एक अर्थ है। जिस प्रतीति का विषय नाट्य है उस प्रतीति का स्वरूप, क्या अनुमिति है या शाब्दबोध है या उपमिति वगैरह है। यह द्वितीय अर्थ है। अब उत्तर में कहते हैं अंगादीति। ये जो

### अभिनवभारती

त्याह— अङ्गादीति। येऽभिनयाः आङ्गिकादयः न च ते लिङ्गसङ्केतादिरूपाः। अपि तु प्रत्यक्षसाक्षात्कारकल्पा प्रतीतिः।

अतो न लौकिकसम्यङ्मिथ्याज्ञानादिरूपा। तस्या एव भावाः शृङ्गारादयो

### मधुसूदनी

शब्द इत्यर्थः। आदिपदात् उपमानं संभावनादि वा। इत्येकः। यस्याः प्रतीतेर्गोचरः सोऽर्थः, सा प्रतीतिः किमात्मिका अनुमितिरूपा शाब्दी वेत्यादिः द्वितीयः अर्थः।

उत्तरमाह—अंगादीति। ये अंगवाक्सत्त्वाहार्यैर्निष्पन्ना आंगिकवाचिकसात्त्विकाहार्यिका अभिनयाः। यैर्नाट्यलक्षणोऽर्थः प्रतीतिगोचरो भवति ते अभिनयाः न लिंगरूपाः हेतुभूताः, अभिनयनाट्ययोर्व्याप्त्यनपेक्षणेन साध्यनिरूपितव्याप्त्याश्रयत्वाभावात्। न च संकेतरूपा लौकिकाः संकेतसहायशब्दरूपा वा येन हस्ताद्याकाररूपसंकेतेन मोदकस्य कन्दुकस्य वा बोधस्तेन स्तनस्यापि बोधनेन विसंष्ठुलतया व्यभिचारात् अभिनयव्याघाताच्च। आदिपदग्राह्या उपमानादयोऽपि न, असंभवात्।

अतो लिंगाद्यभावादेव प्रतीतिर्लौकिकसम्यङ् मिथ्याज्ञानाभिन्नानुमित्यादिरूपा न। सम्यङ् मिथ्यासंशयसंभावनादिज्ञानविज्ञेयत्वपरामर्शानास्पदे नाट्ये इति प्रागुक्तेः। अपितु प्रत्यक्षसाक्षात्कारकल्पा प्रतीतिः। तेनानुव्यवसायविषयीकार्यं नाट्यमित्यस्योपपादनावसरे अनुव्यवसायस्य प्रत्यक्षकल्पत्वे आयात इत्युक्तेः। अत्र च योऽयमिति प्रतीकमनुसृत्य प्रत्यक्षकल्पानुव्यवसायविषय इत्युक्तेश्च।

> भ्रान्तेः प्रत्यक्षरूपत्वमिव अनुमितिरूपत्वमपि। तद्यथा
> मणिप्रदीपप्रभयोर्मणिबुद्ध्याभिधावतोः
> मिथ्याज्ञानाविशेषेऽपि विशेषोऽर्थक्रियां प्रति।

### बालक्रीडा

अंग, वाणी, सत्त्व एवं आहार्य वेष भूषा से निष्पन्न आंगिक, वाचिक, सात्त्विक एवं आहार्यिक अभिनय हैं वे लिंग नहीं हैं, क्योंकि अभिनय एवं नाट्य में व्याप्ति की अपेक्षा नहीं है अतः साध्यनिरूपित व्याप्ति के आश्रय नहीं होने से लिंग नहीं है।

संकेत रूप भी अभिनय नहीं है। क्योंकि जिस हस्ताद्याकार रूप संकेत से मोदक या गेन्द का बोध होता है उसी आकार से मेहरी के कुचों की भी प्रतीति होती है। इस तरह व्यभिचार के कारण अभिनय में व्याघात हो जायगा। फलतः संकेत भी अभिनय नहीं है।

इसी तरह उपमान वगैरह भी अभिनय नहीं है। एक प्रश्न का उत्तर हुआ। अब दूसरे प्रश्न का उत्तर देते हैं कि जब लिंगादि रूप अभिनय नहीं हैं अतः प्रतीति भी सम्यक् मिथ्या ज्ञान, अनुमिति, शाब्दबोध वगैरह नहीं है। पहले भी कह आये हैं कि यह नाट्य सम्यक्, मिथ्या, संशय एवं संभावनादि ज्ञानों से ज्ञेय नहीं है।

तब प्रतीति क्या है उत्तर कहते हैं अपितु प्रत्यक्ष साक्षात्कार कल्प है। उसी प्रतीति के भाव अर्थात् विषय शृंगारादि हैं और विलक्षण आस्वादानपर्याय प्रतीति के उपयोगी

## अभिनवभारती

विलक्षणास्वादपर्यायोपप्रतीत्युपयोगिनरत्यादयः। अत एवाभिमुख्यनयनहेतुत्वादन्येन लोकशास्त्राप्रसिद्धेनाभिनयशब्देन व्यपदेश्याः। तथाऽङ्गानि शाखानृत्तगीतानि आदयः प्रधाना येषां तेऽङ्गादयः। तथाऽङ्गानि व्यभिचारिणो भावाः आदयो हेतुरूपा विभावाः। अभिनयाः अनुभावाः। त एते रसाभिमुख्यनयनहेतवः।

## मधुसूदनी

इत्यत्र। अयं भावः। द्वे प्रभे दृश्येते कुत्रचित्। तत्र एकः कथयति इयं दक्षिणस्था प्रभा मणेः। सा वामस्था प्रभा मणेर्न किन्तु प्रदीपस्य। तमन्यो निषेधति नहि नहि, इयं दक्षिणस्था प्रभा प्रदीपस्य वामस्था एव मणेः। प्रभया मणिमनुमाय गच्छतोर्मध्ये प्रदीपलाभे साऽनुमितिर्मिथ्या एव भ्रान्तिरेव। मणिलाभेतु सम्यगेव इति भावः।

तस्याः प्रतीतेरेव भावाः विषयाः।

अवश्यं भाविनो भावा (विषयाः) भवन्ति महतामपीत्यत्र भावा इति पदस्य विषया इति दर्शनात्।

शृंगारादयः। विलक्षण आस्वादः पर्यायो वाचकान्तरं यस्याः। तस्यां प्रतीतौ विषयतया उपयोगिनः साधकाः रत्यादयश्च। अत एव विलक्षणत्वादेव आभिमुख्यस्य आनुकूल्यस्य नयने प्रापणे हेतुत्वात् रसानुकूल दशायां वस्तूनां रत्यादिभावानां प्रापणे कारणत्वात्। अन्येन लोकशास्त्राभ्यां भिन्नेन। भदेधीजं लोक शास्त्रयोरप्रसिद्धिः। अन्यशब्दस्यैव व्याख्यानमेतत्। अतएव तयोरप्रसिद्धेनेत्युक्तिः। इयमंगाद्यभिनय पदस्यैका व्याख्या। तथा अंगानि शाखा च नृत्तं गीतं चेतीतरेतरयोग द्वन्द्वः द्वितीया व्याख्या।

अंगानि व्यभिचारिणो भावाः। आदयो हेतुरूपाः विभावाः। कार्यरूपा अनुभावाः। ते एते रसाभिमुख्यनयने हेतवोऽभिनयाः। त्रयाणां तत्र हेतुत्वं प्रमाणयितुमाह—यद्वक्ष्यते। इति

## बालक्रीड़ा

सहायक जनक रत्यादि होते हैं। अतएव आभिमुख्य आनुकूल्य की नयन प्राप्ति में हेतु होने से अर्थात् रसानुकूल दशा में रति प्रभृति को प्राप्त करने में साधन होने से लोक एवं शास्त्र में अप्रसिद्ध अभिनय शब्द से इनका निर्देश किया है। यह अभिनय शब्द की पहली व्याख्या है।

अथवा अंग माने शाखा, नृत्त एवं गीत हैं आदि माने प्रधान जिनके वे अंगादि हैं। यह दूसरी व्याख्या है।

अथवा अंग व्यभिचारी भाव, आदि पदग्राह्य हेतुरूप विभाव, एवं कार्यरूप अनुभाव। ये रस के आभिमुख्य अनुकूलता के नयन प्राप्ति में हेतु अभिनय हैं। जैसा कि कहेंगे 'विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारियों के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। यह तीसरी व्याख्या है।

वेदविद्येतिहासानामाख्यानपरिकल्पनम् ।
विनोदकरणं लोके नाट्यमेतद्भविष्यति ॥१२२॥
श्रुतिस्मृतिसदाचारपरिशेषार्थकल्पनम् ।
विनोदजननं लोके नाट्यमेतद्भविष्यति ॥१२३॥

## अभिनवभारती

यद्वक्ष्यते—"विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः" इति । (अ-६.) तैरुपेतः । उप समीपमितः संविद्दर्पणमभिसङ्क्रान्तः । एवंभूतोऽर्थो नाट्यं नटनीयं नर्तनीयं नर्तनम् । तथा गमनीयं यत्नेन स्वरूपतो हृदयेनानुप्रवेष्टव्यम् । तथा नटानां पारम्पर्यात्मकं वृत्तं नाट्यं धर्माम्नायरूपं च । तच्च सुखदुःखाभ्यां फलरूपाभ्यां सम्यगन्वितम् । तेषां पश्चाद्भावित्वात् । तेन हेयोपादेयव्युत्पत्तिः फलम् । एतच्च वितरयाग्रे भावस्वरूपे निरूपयिष्यामः ॥२१॥

## मधुसूदनी

नाट्यमित्यस्य व्याख्या नटनीयं नर्तनीयं नर्तनमिति एका । तथा गमनीयं यत्नेन यत्नद्वारा स्वरूपतः हृदयेषु अनुप्रवेष्टव्यम् अनुप्रवेशयोग्यम् । इति द्वितीया व्याख्या । नटानां परम्परया सम्प्रदायेन आगतं वृत्तं जीविका इति तृतीया व्याख्या । नटानां धर्मः आचारः आम्नायः शास्त्रम् ।

छन्दोगेति सूत्रेण नटशब्दात् ञ्ये प्रत्यये निष्पन्नं रूपम् । सुखदुःख समन्वित इति पदस्य एका व्याख्या पूर्वं निर्दिष्टा सुखदुःखरूपेण विचित्रेण समनुगत इति । अत्र द्वितीया सुखदुःखाभ्यां नाट्यफलरूपाभ्यां सम् सम्यक् अन्वितमिति व्याख्या । अत एव तयोः सुखदुःखयोः पश्चात् नाट्यसम्पादनात् अनन्तरं भावित्वादित्युक्तम् ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) देवता, असुर, राजा, कुटुम्बी, एवं ब्रह्मर्षियों के वृत्तान्त के दर्शक इस नाट्य को समझना चाहिए ।१२२।

(मूल) यह जो संसार के प्राणियों का सुख एवं दुःखमय स्वभाव है वही स्वभाव यदि आङ्गिक, वाचिक, सात्विक एवं आहार्यिक अभिनय से युक्त हो जाय तो नाट्य कहलाता है ।१२३।

इनसे उपेत । उप समीप में इत अर्थात् संविद्दर्पण में ज्ञान रूपी शीशे में अभिसंक्रान्त है । इस प्रकार का अर्थ नाट्य नटनीय नर्तनीय नर्तन है । तथा गमनीय यत्न के द्वारा स्वरूप से हृदय में प्रवेश के योग्य है । तथा नटों का परम्परा प्राप्त वृत्त जीविका है धर्म आचार है आम्नाय शास्त्र है । वह नाट्य फलभूत सुख दुःखों से अच्छी प्रकार से अन्वित है युक्त है । ये सुख दुःख फल नाट्य प्रयोग के देखने के अनु पीछे प्राप्त है इसलिए हेय एवं उपादेय के विषय में व्युत्पत्ति जानकारी हो जाना फल है । इस बात को आगे भावों के स्वरूप कथन में निरूपण करेंगे ।२१।

एतस्मिन्नन्तरे देवान् सर्वानाह पितामहः ।
क्रियतामद्य विधिवद्यजनं नाट्यमण्डपे ॥१२४॥ १२०
बलिप्रदानैर्होमैश्च मन्त्रौषधिसमन्वितैः ।
भोज्यैर्भक्ष्यैश्च पानैश्च बलिः समुपकल्प्यताम् ॥१२५॥ १२२

### अभिनवभारती

एवं सान्त्वेनापसारितेष्वपि विघ्नेषु दिव्यनिर्देशानाममोघत्वात्। पूर्वविनियुक्त देवतांशानां तत्र तत्र सन्निधानाद्यजनमवश्यं कार्यमिति प्रदर्शयितुमुक्तमेवेतिहासमनुसन्दधन्निरूपयति—एतस्मिन्निति। अन्तर इति समये। विधिवदिति व्याचष्टे—बलिप्रदानैरित्यादि।

बल्यन्ते आप्याय्यन्ते देवता अनेनेति बलिः। विचित्रवर्णतण्डुलादिरचनाविशेषः। तिलादयश्चाग्नौ हूयन्त इति होमाः। उभयत्र विशेषणं मन्त्रौषधीति। मन्त्रा वक्ष्यमाणाः। ओषधयो बचाबलाजमोदप्रभृतयः। प्रशस्तानि धान्यानि च। खरविशदं शष्कुलीमोदकादि भोज्यमुच्यते। भक्षणीयन्तु पायसकृसरादि भक्ष्यम्। पानानि क्षीरेक्षुद्राक्षारसादीनि। बलिः पूर्वोक्तो रचना विशेषः। एतैर्विच्छित्तियोजितैर्विविधतया कल्प्यताम्। शोभाप्रधानं हि नाट्ये सर्वम्।

### बालक्रीडा

(मूल) इसी समय में पितामह ने सब देवताओं को कहा कि आज इस नाट्य मण्डप में विधिपूर्वक यज्ञ करो।१२४।

इस प्रकार सान्त्वना के द्वारा विघ्नों को हटाने के बाद दिव्यों के निदेशन शासन अमोघ होते हैं और भिन्न २ स्थानों में रक्षा के लिए नियुक्त देवताओं का अपने २ अंश रूप से अवस्थान है अतः उनका यजन करना अतीव आवश्यक है इस बात को दिखाने के लिए पहले कहे हुए इतिहास का अनुसन्धान करते हुए कहते हैं कि इस समय में विधिपूर्वक बलि प्रदान करके। बलि का अर्थ है जिससे देवताओं को बल मिले उनकी पुष्टि आप्यायन होवे। नाना प्रकार के रंगों वाले चावलों की रचना विशेष बलि है। अग्नि में तिल, जौ, चावल एवं घी आदि के हवन का नाम होम है। बलि एवं होम दोनों ही कार्य मंत्र तथा औषधि के साथ होते हैं अतः मंत्र और औषधि पद दोनों में विशेषण हैं।

मंत्रों को आगे कहेंगे। औषधियाँ बचा बला (खरैटी) अजमोदा वगैरह हैं। प्रशस्त धान्य भी। खर पककर कुर कुरी हुई पूड़ियाँ, विशद देखने में स्वच्छ लड्डू वगैरह भोज्य भक्ष्य हैं। पायस खिचड़ी आदि भक्षणीय भक्ष्य हैं। दूध ईख का रस पेय हैं। दाडिम द्राक्षा आदि खाद्य हैं। बलि पहले कही हुई रचना विशेष। सुन्दरता से तैयार किये गये इन पदार्थों की विविध कल्पना करनी चाहिए। नाट्य में सभी वस्तु सुन्दर होती हैं। क्योंकि नाट्य शोभा प्रधान है।

मर्त्यलोकगताः सर्वे शुभां पूजामवाप्स्यथ ।
अपूजयित्वा रङ्गं तु नैव प्रेक्षां प्रवर्तयेत् ॥१२६॥ २२२

अपूजयित्वा रङ्गं तु यः प्रेक्षां कल्पयिष्यति ।
निष्फलं तस्य तज् ज्ञानं तिर्यग्योनिं च यास्यति ॥१२७॥ २२३

यज्ञेन संमितं ह्येतद्रङ्गदैवतपूजनम् ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन कर्तव्यं नाट्ययोक्तृभिः ॥१२८॥ २२४

## अभिनवभारती

ननु देवानां देवपूजाकरणे किं फलमित्याह— मर्त्यलोकगता इत्यादि। यद्यदाचरति श्रेष्ठ इति न्यायादिति भावः। प्रवर्तयेदिति। देवानुष्ठिताचारानुवर्तित्वात् लोक इति शेषः। ॥१२५-१२६॥

ननु यदि लोकः सदाचारं नानुवर्तेत ततः किमित्याह— अपूजयित्वेति। निष्फलमिति। तस्येति। नाट्याचार्यस्य। पारलौकिकमपि प्रत्यवायमाह— तिर्यग्योनिं चेति। ॥१२७॥

ननु यदपूजने प्रत्यवायस्तर्हि पूजने किं तन्निवृत्तिमात्रं फलम्। नेत्याह— यथाविधीति। यथा देवैर्विहिता। कथमेतज्ज्ञातव इत्याह— यथादृष्टमिति शास्त्रदृष्टोऽसौ

## बालक्रीडा

(मूल) बलिप्रदान करो और हवन करो। मंत्रों का जप करते हुए औषधि, भक्ष्य, एवं पेय द्रव्यों की बलिकल्पना करो। मर्त्यलोक में भी यह वेद शुभ पूजा को प्राप्त करेगा। रंग की पूजा किए बिना कभी अभिनय नहीं करना चाहिए।१२५।१२६।

(मूल) जो नट रंग की पूजा किए बिना अभिनय करेंगे। उनका वह ज्ञान निष्फल होगा और वह तिर्यगयोनि में जायंगे।१२७।

(मूल) यह रंग पूजन यज्ञ के सदृश है। अतः सभी तरह के प्रयत्नों के द्वारा अभिनेताओं को रंग का पूजन करना चाहिए।१२८।

देवताओं की पूजा करने में क्या फल होता है इसको कहते हैं मर्त्य लोक में। उत्तम लोग भी जो आचरण करते हैं उसका अनुसरण और लोग करते हैं इस न्याय के अनुसार आप लोग जब देवताओं की पूजा करते हैं मनुष्य भी आप के देखा देखी देवताओं की पूजा करेंगे। फलतः मर्त्यलोक में अभिनय के आरंभ करने के समय लोग आप की पूजा करेंगे। अतः भजन करें। क्योंकि साधारण लोक देवता के द्वारा किये हुए आचार के अनुवर्ती होते हैं।

यदि लोक सदाचार का अनुवर्तन नहीं करें तो क्या होगा इसपर कहते हैं कि बिना पूजन किये उस नाट्याचार्य का कर्म निष्फल है। पारलौकिक भी प्रत्यवाय होता है तिर्यग्योनि पशु पक्षी योनि में जन्म होता है।

नर्तकोऽर्थपतिर्वापि यः पूजां न करिष्यति ।
न कारयिष्यत्यन्यैर्वा प्राप्नोत्यपचयं तु सः ॥१२९॥१२५
यथाविधि यथादृष्टं यस्तु पूजां करिष्यति ।
स लप्स्यते शुभानर्थान् स्वर्गलोकं च यास्यति ॥१३०॥१२६

### अभिनवभारती

विधिरित्यर्थः । अर्थान् शुभानिति । ऐहलौकिकधनमानप्रसिद्धिलाभ उक्तः ॥१२८-१३०॥

एवं मर्त्यान्प्रत्यभिधाय प्रकृतमेव पुराकल्पमनुसन्धत्ते—एवमुक्त्वेति । नाट्याचार्यस्यैव देवयजनेऽधिकारः । तस्यैव फललाभः । कवेः प्रेक्षाप्रवर्तयितुश्च तत्प्रयोक्तृत्व-

### मधुसूदनी

वस्तुतस्तु रंगो नाट्यं, परं नाट्याधारत्वान्मण्डपोऽपि रंगः । अत्र नाट्यमण्डपयोराधाराधेयभावसम्बन्धः । नाट्याधिष्ठातृत्वात् नाट्यस्वामिकत्वात् देवता अपि रंगः । अत एव रंगपूजां कुरुष्वेत्यत्र नाट्याधिष्ठातृदेवतानां पूजेति रंगपूजापदस्यार्थः अत एव रंगदैवतपूजनमिति कथितिः ।

### बालक्रीडा

(मूल) नर्तक, और अर्थपति अर्थात् नाटक मण्डली या नाट्य मण्डप का संचालक जो स्वयं पूजा नहीं करेगा और औरों से नहीं करवायेगा । वह हानि पायेगा । जो शास्त्रानुसार ज्ञान पूर्वक रंग की पूजा करेगा वह उत्तम धन पायेगा और स्वर्ग लोक में जाएगा ।१२९।१३०।

अगर पूजन नहीं करने से प्रत्यवाय होता है तब क्या पूजन करने से प्रत्यवाय निवृत्ति होना ही फल है । तब कहते हैं कि नहीं । यथाविधि जैसे देवता ने की थी । कैसे आप जानते हैं इस पर कहते हैं कि वह विधि शास्त्र में देखी सुनी गई है । शुभ अर्थों को इससे इस लोक के धन, सम्मान एवं प्रसिद्धि का लाभ कह दिया ।१२४।१२५।

इस तरह मनुष्यों के अनुकूल फल को कह करके प्रकृत पुराकल्प इतिहास का अनुसन्धान करते हैं । देवयजन में नाट्याचार्य का ही अधिकार है । उसी को फल मिलता है । कवि एवं नाट्यशास्त्र के स्वामी का तो नाट्याचार्य के द्वारा प्रयोग कराना ही लक्ष्य है । जिससे रंजन हो आनन्द मिले वह रंग है इस तरह रंग का मुख्य अर्थ है नाट्य । उसके आधार होने के कारण मण्डप को भी रंग कहते हैं । उस नाट्य के अधिष्ठाता होने के नाते देवताओं को भी रंग कहते हैं । क्योंकि पूजा तो शक्ति की चेतन तत्त्व की ही होती है अतः रंग पूजा का अर्थ है अधिष्ठात्री देवता की पूजा । इस तरह द्वितीय मण्डपाध्याय के उपोद्घात को करते हैं ।

एवमुक्त्वा तु भगवान्द्रुहिणः सह दैवतैः ।
रङ्गपूजां कुरुष्वेति मामेवं समचोदयत् ॥१२१॥ १२७

इति भरतीये नाट्यशास्त्रे नाट्योत्पत्तिर्नाम प्रथमोऽध्यायः ॥

## अभिनवभारती

मित्यनेनोक्तम् । रज्यतेऽनेनेति रङ्गो नाट्यम् । तदाधारत्वान्मण्डपः । तदधिष्ठातृत्वाच्च देवता अपीति मण्डपाध्यायस्य द्वितीयस्योपोद्घातं करोतीति विशेषः ॥१२१॥

त्रिणेत्रपादाब्जसदास्तवोल्लस-
त्प्रसादभाक्स्फुटमिह नाट्यशासने ।

## मधुसूदनी

त्रिणेत्रेति । त्रिणेत्रः शिवः । तस्य पादाब्जयोश्चरणकमलयोः सदास्तवेन प्रतिदिनस्तुतिकरणेन उल्लसन् प्रादुर्भवन् यः प्रसादः कृपा । स्वच्छतारूपा प्रसन्नता गुणश्च । तं भजतीति भाक् । इह व्याख्यायमाने ग्रन्थे नाट्यशास्त्रे नाट्य शिक्षां प्रदातरि नाट्यवेदे स्फुटं प्रवर्तिता प्रसारिता इयं प्रत्यक्षानुभवविषया । पूर्वव्याख्यातृ समुद्घाटितदोषेभ्यः अभिनवं परितः स्तुत्यं यथा स्यात्तथा गुप्ता सुरक्षिता भरतस्य नाट्यवेदप्रणेतुरियं भारती वाणी यस्यां सा अभिनवगुप्तस्याचार्यस्य भारती संवित् महाधियां विविदुषां हृदये मनसि प्रकाशताम् । क्रिया हि वस्तूपहिता प्रसीदति फलतीति भावः । महाधियामित्युक्तिरल्पधियां हृदये प्रकाशमिदं नैष्यति इति व्यज्यते । यतः क्रिया (शिक्षा) द्रव्यं (पात्रं) विनयति विनीतं करोति नाद्रव्यम् न खलमिति कौटिल्यस्य चाणक्यस्योक्तेः ।

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार देवताओं को कहकर सम्पूर्ण देवताओं के साथ भगवान् ब्रह्मा जी ने मुझसे कहा कि रंग की पूजा करो ।१२१।

(लोचन) यहाँ शंका होती है कि यदि अनुकरण ही नाट्य है जैसा कि सप्तद्वीपानुकरणम्, इत्यादि कई श्लोकों में कहा है तब यह नाट्य उपदेशप्रद एवं सुखप्रद सामग्री नहीं हुआ । अतः जनता की प्रवृत्ति इसमें क्यों होगी । इस पर आपत्ति होती है कि अनुकरण होने से सुखप्रद क्यों नहीं । अनुकरण पदार्थ क्या है ।

अनु माने पश्चात्, करण, माने करना, अर्थात् किसी की नकल उतारना । यह ठीक नहीं । क्योंकि दूसरे की नकल करने में नाट्य से धर्म या उपदेश नहीं प्राप्त होगा । उल्टा लोग मजाक समझेंगे । जैसा कि कहा है—परचेष्टानुकरणात् हासः समुपजायते । फलतः विनेयोन्मुखीकरणरूप मुख्य उद्देश्य ही नष्ट हो जायगा । उत्तर यह बात नहीं है नाट्य के बारे में यह कोई भी नहीं कहता है कि इस नट ने फलाने राजपुत्र की या और किसी की वाणी, चेष्टा एवं वेष की नकल उतारी है ।

## अभिनवभारती

प्रवर्तितेयं हृदये महाधियां
प्रकाशतामभिनवगुप्तभारती ॥

इति श्रीमहामाहेश्वराभिनवगुप्ताचार्यविरचितायामभिनवभारत्यां भरतीय-
नाट्यशास्त्रविवृतौ नाट्योत्पत्तिः प्रथमोऽध्यायः ॥

## मधुसूदनी

अत्र पद्ये प्रथमतृतीय चरणयोर्वंशस्थवृत्तस्य, द्वितीयचतुर्थ चरणयो रुचिरा वृत्तस्य च लक्षणादुपजातिः। जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ। रुचिरा जभौ स्जौ ग् धनुर्नवकौ। क्रमश इमे १२।१३ अक्षरके छन्दसी। भरतीयि गहादित्वाच्छः।

प्रासूत रामो विदुषां वरेण्यो वक्तावरी श्रीमधुसूदनं यम्।
महात्मनस्तस्य कृतिर्व्यरंसीदध्याय आद्ये मधुसूदनीयम्।

इति मरुमण्डलधराधीशचक्रचर्चितपदपाथोजानां सर्वतन्त्रस्वतन्त्राणां पदवाक्य प्रमाणत्रिसरिदवगाहननिर्मलप्रज्ञानां पण्डितप्रकाण्डमहामहोपाध्यायश्रीरामजीलाल शास्त्रिणां तनुजनुषा साहित्यार्णवकर्णधारेण राजस्थानकेसरिणा साहित्याचार्येण श्रीमधुसूदनशास्त्रिणा विरचितायां भरतनाट्यशास्त्र विवृतौ मधुसूदन्यां प्रथमोऽध्यायः समाप्तः।

## बालक्रीडा

यह भी असम्भव है कि किसी खास व्यक्ति की नकल नट करता है। क्योंकि वे खास व्यक्ति राम, सीता या दुष्यन्त शकुन्तला वगैरह इस समय हैं कहाँ, जो उनकी नकल की जाय क्योंकि व्यक्ति को देखकर ही नकल की जाती है कि वे ऐसा करते हैं यह भाव जनता को दिखावें। यदि कहो कि अनु माने अनुकूल, करण माने करना। अर्थात् जैसे वे रोते थे हँसते थे। फलतः रोने में सभी ऐसा करते हैं हँसने में सभी प्रायः ऐसा करते हैं इस दृष्टि को सामने रखने से अनुकरण का अर्थ सदृशकरण हो सकता है। तब भी ठीक नहीं है क्योंकि नट यदि अभिनेय के अभिनय करने में तन्मय नहीं होगा और वह नकल उतारने की क्रिया में ही व्यग्र रहेगा तो जनता को रसास्वादन नहीं होगा। अतः अनुकरण यहाँ है ही नहीं। यहाँ तो अनुदर्शन है। जनता को रस मिल सके इस प्रकार से रसों के अनुकूल रत्यादि भावों एवं विभावों अनुभावों को चतुर्विध अभिनयों के द्वारा नट प्रदर्शित करता है उसी का नाम नाट्य कहा है। अतएव इन्हीं भावों को अभिनय के योग्य भाषा में ग्रन्थन करके दिखाने से इसका नाम दृश्य काव्य है।

सामान्यतः पदार्थ के दो रूप हो सकते हैं। एक अभिनेय दूसरा अनभिनेय। अभिनेय दृश्य काव्य नाट्य है। अनभिनेय तीन प्रकार का है। पहला चुभती हुई भाषा में पदार्थ का वर्णन करना पठ्य काव्य कहाता है।

दूसरा इसी पदार्थ को राग रागिनियों के रूप में गाना और तदुपयुक्त रचना करना श्रव्य काव्य कहाता है।

तीसरा प्रकार है चित्र जो ४ प्रकार का है। पहला प्रतिबिम्ब, फोटो, तस्वीर। यह आकार चित्र है। काव्य नहीं है। बाकी ३ चित्र, काव्य हैं। दूसरा बन्धचित्र, खड्गबन्ध मुरजबन्ध आदि। तीसरा गतिचित्र, कणिका वर्ण श्लिष्ट रहेगा और उसका गमनप्रत्यागमन होगा। चौथा वर्णचित्र, औष्ठ्य, निरौष्ठ्य, कंठ्य, निष्कण्ठ्य आदि।

इस नाट्यशास्त्र पर प्रवर्तित की गई यह स्पष्ट प्रसाद गुणयुक्त अभिनवगुप्त की भारती वाणी विद्वानों के हृदय में प्रकाशित हो। जिस वाणी में भारती भरतनाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत की संवित् प्राचीन व्याख्याताओं के दोषों से अभिनव अर्थात् अमित: स्तुत्य शैली से गुप्त अर्थात् सुरक्षित है। और जो भारती त्रिनेत्र भगवान् शिव के चरण कमल की नित्य स्तुति करने से समुल्लसित प्रसाद कृपा को प्राप्त कर रही है।

आचार्य मधुसूदनशास्त्री की बनाई हुई भरतीय नाट्यशास्त्र की अभिनव भारती के प्रथम अध्याय की बालक्रीड़ा हिन्दी टीका सम्पूर्ण हुई।

श्रीः ।

# अथ द्वितीयोऽध्यायः ।

भरतस्य वचः श्रुत्वा पप्रच्छुर्मुनयस्ततः ।
भगवन् श्रोतुमिच्छामो यजनं रङ्गसंश्रयम् ॥१॥

### अभिनवभारती

संसारनाट्यजननधात्रीबीजलताजुषीम् ।
जलमूर्तिं शिवां पत्युः सरसां पर्युपास्महे ॥१॥

वृत्तेऽध्याये यथातत्त्वमिति (१-५) वचनवशात् भरतमुनिर्यजनादेः पाठ्यादि-

### मधुसूदनी

नाट्यमण्डपलक्ष्मादि द्वितीयेऽत्र प्रकीर्तितम् ।
मार्यं मार्यं विवृणुते भावसाररहस्यतः ॥

अथ द्वितीयाध्यायं व्याख्यास्यन् अभिनवगुप्ताचार्यः षट् त्रिंशत्तत्त्वेषु द्वितीयं जलतत्त्वं शिवाभिन्नत्वेन पर्युपास्ते संसारेति। संसाररूपं यन्नाट्यम्। अत एव भगवान् जगन्नाटकसूत्रधार इति विद्वद्भिर्गीयते। तस्य जनने धात्री उत्पत्तौ आधार भूतं बीजं शक्तिरूपं मायाख्यं तस्य लताजुषीं विस्तारकारिणीम्। बीजं लतारूपतां गच्छति जलसेचनेन। नाट्यबीजमपि विस्तारमाप्नोति सरसशिवरूपनटप्रभावेण। सरसाम् आर्द्राम् सहृदयां रसेन सहितां-शिवां कल्याणरूपां शिवानायिकां पत्युः परमेश्वरस्य जलमूर्तिं वयं पर्युपास्यहे धीमहि।

वृत्ते गते प्रथमाध्याये अपूजयित्वा रंगं तु (१२२-१२३) यः पूजां न करिष्यति प्राप्नोत्यपचयं तु सः (११५) यस्तु पूजां करिष्यति स लप्स्यते शुभानर्थान् (१२६)

### बालक्रीडा

(मूल) भरत के वाक्य को सुनने के बाद मुनियों ने कहा कि भगवन्? रंग का यजन कैसे होता है हम लोग सुनना चाहते हैं।१।

नाट्य मण्डपलक्ष्म अरु रंगादिक बहु भांति।
शोध किये, उनको करूं भाषा विविध सुपाँति॥

संसार रूपी नाट्य की उत्पत्ति में आधार भूत बीज को लता रूप देने वाली भगवान् अम्बिका पति की जल मूर्ति की उपासना करते हैं। जो मूर्ति सरस है आर्द्र है तथा सहृदय है रसिक है तथा शिव है कल्याणदायी है।

प्रथम अध्याय के अन्त में अपूजयित्वा रंगं तु (१२२-१२३) यः पूजां न करिष्यति

## अभिनवभारती

यदन्तरङ्गतां पश्यन्परमार्थनिर्णये न कुर्यात्का कथा तु मण्डपलक्षणं स्यात्। अत एव मुनिः 'गानं रङ्गश्च संग्रहः' (६-१०) इति रङ्गं सर्वं पश्चाद्वक्ष्यति। तस्मात्कदाचिदे एतदित्याशङ्कमाना (नाना) 'मुनयः पप्रच्छुः' इति परमात्मानं परिकल्प्य मुनिराह— भरतस्य वच इति। ब्रह्मेव कविः, शक्र इव प्रयोजयिता, भरत इव नाट्याचार्यः, कोहलादय इव नटाः, अप्सरस इव सुकुमारोपकरणं, स्वातिरिवानद्धवित्, नारद इवगीतज्ञः, सुरक्षितो मण्डपः, इन्द्रोत्सव सदृशः प्रयोगकालः, प्रशान्तरागद्वेषादिकाः सामाजिकाः, देवतापूजनपूर्वकः प्रयोग इत्येवं सङ्ग्रहेण पूर्वाध्यायनिरूपितमर्थमव-धार्येत्यर्थः। यजनमिति रङ्गपूजां कुरुष्व' इति पूर्वेऽध्याये निरूपितमिति सङ्गतिः।

## मधुसूदनी

रंगपूजां कुरुष्वेति (१२७) इत्यादि स्तावक-निन्दकवचनैः यजनादेरन्तरंगतां पश्यन् अपि भरत मुनिः, यथातत्वमिति (१–५) वचनात् पाठ्याद्यंगवत् परमार्थनिर्णये नाट्य-तत्त्वविचारसमये यजनादेरन्तरंगतां न कुर्यात्। तर्हि यजनादेः का कथा स्यात्। तु किन्तु यजनादेः यजनादिसम्बन्धिनः यजनीयस्य नाट्यमण्डपस्य लक्षणं कथनीयं स्यात्। तदेतदुच्यते समनन्तरमेव

इहादिर्नाट्य योगस्य नाट्यमण्डप एव हि।
तस्मात्तस्यैव तावत्त्वं लक्षणं वक्तुमर्हसि ।२।२
"लक्षणं पूजनं चैव श्रूयतां नाट्य वेश्मनः" ।२।४। इति।

अत एव मुनिः ज्ञानं रंगश्च संग्रह (६-१०) इत्यत्र संग्रहे निर्देक्ष्यमाणं रंगं सर्वेभ्यः पश्चाद् वक्ष्यति। तस्मात् कदा कस्मिन् समये एतत् यजनं स्यादित्याशंकमाना मुनयः कं पप्रच्छुरिति परमात्मानं परिकल्प्य इत्यन्वयः।

## बालक्रीडा

प्राप्नोत्यपचयं तु सः (१२५) इत्यादि निन्दा वाक्यों तथा यस्तु पूजां करिष्यति स लप्स्यते शुभानर्थान् (१२६) इत्यादि स्तावक वाक्यों से रंगपूजां कुरुष्वेति यजन की अन्तरंगता को देखता हुआ भी मुनि "यथा तत्वम्" (१–५) इस वचन से नाट्य तत्त्व के निर्णय करने के समय पाठ्यादि अंगों की तरह यजन की अन्तरंगता को नहीं करेगा तब यजनादि की क्या कथा हो सकती है। किन्तु यजनसम्बन्धी अर्थात् यजनीय नाट्य मण्डप के लक्षण को कहा जा सकता है। इसी लिए मुनि "गानं रगश्च संग्रह" इस संग्रह में सबके पीछे रंग को कहेंगे। अतः कब इसको कहेंगे ऐसी शंका करने वाले मुनियों ने पूछा। इसलिए मुनि भरत परमेश्वर की कल्पना करके कहते हैं कि भरत के वचन को। इति। ब्रह्मा के सदृश कवि, इन्द्र की तरह अभिनय कराने वाला, भरत जैसा नाट्याचार्य प्रयोक्ता, कोहलादि के समान नट, अप्सराओं की भांति सुकुमार उपकरण, स्वाति की तरह वाद्य वेत्ता, नारद के जैसा गीतज्ञ, सुरक्षित मण्डप, इन्द्रोत्सव के सदृश प्रयोग का समय, राग, द्वेष ईर्ष्या एवं प्रमाद रहित सामाजिक और देवताओं की पूजन करके अभिनय सम्पादन इस प्रकार संग्रह रूप में पूर्व अध्याय में कहे हुए अर्थों का निश्चय करके पूछा कि रंग सम्बन्धी यजन को सुनना चाहते हैं। जिसको "रंग-

**अथ वा याः क्रियास्तत्र लक्षणं यच्च पूजनम् ।**
**भविष्यद्भिर्नरैः कार्यं कथं तन्नाट्यवेश्मनि ॥२॥**

## अभिनवभारती

यजनविषये मण्डपस्य क्रियां विना न निष्पत्तिरिति प्रथमं क्रियाप्रश्नस्तेषां विस्मृतोऽपि झटिति स्मृतिं गत इत्यभिप्रायेण दर्शयति—अथ वेति। पूर्वप्रश्नार्थोपमर्दनाय। अत एव पूजनमिति पुनर्वचनम्। क्रिया कर्तव्यता। लक्षणं सन्निवेशपरिमाणादि। अतीतोपदेशो व्यर्थ इति भविष्यद्भिरित्युक्तम्। देवानां मनसा सम्पत्तेः नरैरिति। ननु लक्षणं किं कार्यम्। लक्ष्यत इति लक्षणं सन्निवेश इत्यदोषः। अथ वा भाविभिर्यत्कार्यं नाट्यवेश्म तत्र यत्क्रियालक्षणं पूजनं तत्कथमिति सम्बन्धः। (१-२)

पूर्वंकृते प्रश्नपञ्चके निर्णयं कृत्वेदं प्रश्नान्तरं निर्णयेदित्याशङ्कमाना मुनयः

## मधुसूदनी

यजनविषये। मण्डपस्य क्रियां निर्माणं विना यजनादेर्निष्पत्तिर्नेत्यन्वयः १।२।

पूर्वं प्रथमाध्याये, कृते

नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः १ कस्य वा कृते २
कत्यंगः ३ किं प्रमाणश्च ४ प्रयोगश्चास्य कीदृशः ५

## बालक्रीडा

(मूल) अथवा आगे होने वाली संतति को वहाँ नाट्य मण्डप में जो-जो या जैसी-जैसी क्रियायें करनी चाहिए। जो पूजन करना चाहिए वह कैसे करना चाहिए।२।

पूजा को करो" इस शब्द से गत अध्याय में कहा है। यह अध्याय प्रारम्भ करने की संगति है।

यजन के विषय में यह सिद्ध है कि मण्डप के निर्माण के बिना यजन की निष्पत्ति नहीं हो सकती है। इसलिए पहले क्रिया के विषय में पूछा जिसको वे लोग भूल गये थे। किन्तु झटिति याद आ गया। इस अभिप्राय से दिखाते हैं कि अथवा। अथवा यह शब्द पहले प्रश्न को दबाने के लिए है अर्थात् इस अंश को बाद में भी कह सकते हैं। इसलिए पहले पूछे हुए पूजन को पुनः दुहराया है। पूजन की। क्रिया इतिकर्त्तव्यतायें। लक्षण, संनिवेश एवं परिमाण आदि। अतीत काल के लोगों को उपदेश देना व्यर्थ है अतः आगे होने वाले कहा। देवताओं की सम्पत्ति मन से ही हो जाती है अतः नरैः यह कहा। प्रश्न—यहाँ (कार्य) "करना चाहिए" लिखा है।

तब क्या ? लक्षण कार्य है। उत्तर। लखा जाय देखा जाय उसे लक्षण कहते हैं अतः लक्षण पदार्थ है सन्निवेश स्थान। भावी लोगों के द्वारा कार्य कर्तव्य जो नाट्यवेश्म है उसमें जो क्रिया माने पूजन है उसे कैसे किया जाय। यह अन्वय है।१-२।

पहले अध्याय में किए हुए पांच प्रश्नों नाट्यवेद कैसे उत्पन्न हुआ। १ इसके

इहादिर्नाट्ययोगस्य नाट्यमण्डप एव हि ।
तस्मात्तस्यैव तावत्त्वं लक्षणं वक्तुमर्हसि ॥३॥

तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतोऽब्रवीत् ।
लक्षणं पूजनं चैव श्रूयतां नाट्यवेश्मनः ॥४॥

अभिनवभारती

पुनराहुरिहादिरिति । नाट्यस्य योग उत्पत्तिः । तावदित्यनेन पूर्वप्रश्नितस्यात्याग उक्तः । इतिकर्तव्यतायाः तदङ्गत्वात् । यजनस्य च तन्निष्पत्त्यनन्तरत्वात् । एवकारो लक्षणशब्दानन्तरम् ॥३॥

तेषामिति । अन्यथा तु न ब्रूयादेवोक्तहेतोः । अनेन श्लोकेन लक्षणपूजनज्ञानं देवानामप्युपयोगि । सङ्कल्पितस्यापि निर्माणस्य ज्ञानापेक्षित्वादित्युक्तम् । अत एवात्र क्रियेति नोक्तम् । (४)

मधुसूदनी

इत्यात्मकप्रश्नानां पञ्चके । इति कर्त्तव्यतायाः क्रियायाः तदंगत्वात् नाट्यमण्डपांगत्वात् । तन्निष्पत्त्यनन्तरत्वात् नाट्यमण्डपनिर्माणोत्तरत्वात् । एवकारः तस्यैवेत्यत्रत्यः । लक्षणशब्दानन्तरम् कर्त्तव्यस्तेन लक्षणमेव स्वरूपमेव । ३–४ ।

बालक्रीडा

(मूल) यहां नाट्य प्रयोग की उत्पत्ति का आदि अर्थात् कारण नाट्य मण्डप ही है । अतः उसी का लक्षण अर्थात् सन्निवेश प्रकार कहिए ।३।

(मूल) मुनियों के वचन को सुनकर भरत बोले कि नाट्यवेश्म का लक्षण और पूजन सुनिये ।४।

अध्ययनाध्यापन का अधिकारी कौन २ इसके कितने अंग हैं ३ अंगों के विषय में प्रमाण क्या है ४ तथा नाट्यवेद का प्रमाण क्या है और इसका प्रयोग कैसे किया जाय ५ । का निर्णय करके इस प्रश्नान्तर अथवा जो क्रियायें हैं, उनके जो लक्षण हैं और पूजन हैं उनको कैसे करना चाहिए का निर्णय करियेगा क्या; इसकी आशंका करके मुनि लोग फिर कहते हैं कि यहां आदि । नाट्य का योग याने उत्पत्ति । तावत् इससे पूर्व प्रश्नित का परित्याग नहीं किया है यह कहा । तस्यैव पद का एवकार लक्षणशब्द के बाद योजनीय है । इति कर्त्तव्यता नाट्य मण्डप का अंग है । और यजन भी नाट्यमण्डप के निर्माण के बाद होगा ॥३॥

तेषामिति । उनके । अन्यथा होता तो उक्त हेतु से कहते ही नहीं । इस श्लोक से यह सूचित किया कि लक्षण एवं पूजन का ज्ञान देवताओं के लिए भी उपयोगी है । क्योंकि संकल्पित वस्तु का निर्माण भी ज्ञानसापेक्ष है । इसी लिए क्रिया को नहीं कहा लक्षण एवं पूजन को ही कहा ॥४॥

दिव्यानां मानसी सृष्टिर्गृहेषूपवनेषु च।
यत्नाभावाभिनिर्वर्त्याः सर्वे भावास्तु मानुषाः।
नराणां यत्नतः कार्या लक्षणाभिहिता क्रिया ॥५॥
श्रूयतां तद्यथा यत्र कर्तव्यो नाट्यमण्डपः।
तस्य वास्तु च पूजा च यथा योज्या प्रयत्नतः ॥६॥

अभिनवभारती

ननु किं क्रिया नैवोच्यत इत्याह—दिव्यानामिति। श्रूयतामित्यनुवर्तते। नराणां कार्या क्रिया इतिकर्तव्यता च श्रूयताम्। चकाराल्लक्षणपूजने। शास्त्रेणोक्ता। नराणामेव कस्मादित्याह—दिव्यानामिति। सृज्यमानत्वेन कर्मणोऽपि विषयत्वमेव यत्र जन्मक्रमनियतप्ररोहकुसुमफलबहुलविचित्रतरुलतास्थलीसरोवराक्रीडमयान्युपवनानि मानसानि, तत्र गृहे का सम्भावनेति ।(५)

श्रूयतामिति। तदिति। यतो नराणां यत्नतः कार्यताप्रकारः। यत्रेति देशकालौ। वास्त्विति गृहभूमिगतं परिमाणमिह मन्तव्यम्। पूजा लक्षणोक्तेत्युक्तम्। (६)

मधुसूदनी

कार्यताप्रकारः इतिकर्तव्यता शैली।५-६।

बालक्रीडा

(मूल) देवताओं के गृह या उपवन के निर्माण के विषय में कुछ नहीं कहना है। क्योंकि दैवी सृष्टि सब मानसी होती है। अतः मनुष्यों के गृह विषयक एवं उपवन विषयक लक्षण निर्माण के सम्बन्ध में कही हुई क्रियाएँ इति कर्तव्यताएँ उनके भावों के अनुसार करनी चाहिए। क्योंकि सभी भाव मानुष हैं।५।

(मूल) उन क्रियाओं को सुनिये। जहाँ जैसा नाट्य मण्डप बनाना चाहिए। उसकी वास्तु यानी निर्माण और पूजा प्रयत्न पूर्वक उचित करनी चाहिए।६।

प्रश्न—क्यों क्रिया को नहीं कहते हैं। इसके उत्तर में दिव्यपुरुषों के इति। सुनिये यह पद पहले से चला आ रहा है। मनुष्यों के लिए करणीय इतिकर्तव्यता को सुनिये। चकार से लक्षण और पूजन की। शास्त्र ने मनुष्यों के लिए ही क्रिया क्यों कही इसका उत्तर देते हैं कि दिव्यों की। सृज्यमान हैं निर्माण करना चाहिए इसलिए कर्म भी सृष्टि के विषय हैं। जिन देवताओं के क्रीडा के साधन उपवन भी मानस हैं। जहाँ जब क्रीडा की इच्छा हुई कि उद्यान बन गये। जिन उपवनों में पहले अंकुर, पीछे कुसुम, बाद में फल इस तरह नियम क्रम से पैदा होनेवाले अंकुर, कुसुम एवं फलों से बहुल परिपूर्ण, विचित्र तरु एवं लताओं से युक्त स्थली और सरोवर हैं। वहाँ गृह के विषय में निर्माण क्रिया की क्या सम्भावना है।५।

सुनिये ! उसको ! क्योंकि मानवों की कर्तव्यता की शैली प्रकार यत्न पूर्वक जानना

द्वितीयोऽध्यायः



इह प्रेक्षागृहं दृष्ट्वा धीमता विश्वकर्मणा ।
त्रिविधः सन्निवेशश्च शास्त्रतः परिकल्पितः ॥७॥
विकृष्टश्चतुरश्रश्च त्र्यश्रश्चैव तु मण्डपः ।
तेषां त्रीणि प्रमाणानि ज्येष्ठं मध्यं तथाऽवरम् ॥८॥

### अभिनवभारती

तत्र किं तल्लक्षणमित्याह-इह प्रेक्षागृहमिति । इह नाट्यमण्डपे । सन्निवेशः । चशब्दात्प्रमाणमेतत् । विश्वकर्मणा परिकल्पितः । किं स्वबुद्ध्या । न । अपि तु शास्त्रतः प्रेक्षागृहं विचार्य । शक्तश्चासौ विचार इत्याह—धीमतेति । ज्ञायते । (७)

विकृष्टश्चेति । विभागेन कृष्टो दीर्घो न तु चतसृषु दिक्षु साम्येन । तिस्रोऽश्रयो यस्य त्र्यश्रि तदस्मिन्नस्तीति मत्वर्थीयोऽच् । एतान्येव त्रीणि ज्येष्ठादीनीति केचित् । अन्ये तु प्रत्येकं त्रित्वमिति नवैतेऽत्र भेदा इत्याहुः । एतदेव युक्तम् । (८)

### बालक्रीडा

(मूल) धीमान् विश्वकर्मा ने शास्त्र को देखकर इस प्रकार नाट्य मण्डप के विषय में तीन प्रकार के सन्निवेश की कल्पना की ।

(लोचन) यहां शास्त्रतः पद सार्वविभक्तिकस्तसिः के अनुसार द्वितीयान्त है उसका अन्वय दृष्ट्वा से करना चाहिए । शास्त्रं दृष्ट्वा ऐसा अन्वय होना पाठक्रमादर्थक्रमो बलवान् के अनुसार उचित है ।७।

(मूल) विकृष्ट, चतुरस्र और त्र्यस्र ये तीन प्रकार के मण्डप होते हैं । इनके ज्येष्ठ मध्यम और अधम ये तीन प्रमाण हैं ।८।

चाहिए । यत्र पद से देश और काल का बोधन किया है । वास्तु पद से यहां प्रेक्षागृह की भूमि का परिमाण समझना चाहिए । पूजा पद से यहां लक्षण पूजनं चैव के अनुसार लक्षण के साथ कही हुई पूजा को कह दिया है ।६।

उसका लक्षण क्या है इस प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि "इह प्रेक्षागृहम्" इति । इस नाट्य मण्डप में । सन्निवेश । अवयवसन्निवेश उसमें सन्निवेश स्थापना ही है । च शब्द से यह प्रमाण । विश्वकर्मा के द्वारा परिकल्पित हैं । क्या विश्वकर्मा ने इनकी कल्पना अपनी बुद्धि से की है । नहीं । अपितु शास्त्र से प्रेक्षागृह का विचार करके । क्योंकि वह विचार करने में समर्थ है । कैसे जानते हैं इसपर कहते हैं कि धीमता इति । बुद्धिमान् हैं जानता है । शास्त्र से किया है वह भी अपरशास्त्र मूलक है इससे कहा कि शास्त्र कृत्रिम नहीं है अनित्य नहीं है प्रवाहानादित्व उसमें है ।७।

वह त्रिविध सन्निवेश कौन सा है इस पर कहते हैं विकृष्टश्च इति । विभाग के अनुसार कृष्ट है लम्बा है । यह नहीं है कि चारों दिशाओं में समान है इसलिए लम्बा है । तीन अश्रि जिसमें हों इस तरह मत्वर्थीय अच् यहां है । कोई कहता है यही ज्येष्ठादि

**प्रमाणमेषां निर्दिष्टं हस्तदण्डसमाश्रयम् ।**
**शतं चाष्टौ चतुःषष्टिर्हस्ता द्वात्रिंशदेव च ॥८॥**

### अभिनवभारती

तथा चाह—एषामिति । प्रमाणं हस्तदण्डाश्रयं ज्येष्ठादित्वम् । न तु सन्निवेशाश्रयमिति यावत् ।

'शतं चाष्टौ चतुःषष्टिर्द्वात्रिंशचेति निश्चयात् ।'

इति केचित्पठन्ति । एवं चापि हस्तदण्डसमाश्रयत्वं वाचकं भवति । एतच्च सर्वसम्भवमात्रेणोच्यते । नानुवादकतया । न त्वियन्तो भेदा उपयोगिनः । एवं चाष्टादश भेदास्तावच्छास्त्रे दृष्टाः । ते चाद्यत्वे यद्यप्यनुपयोगिनः तथापि च सम्प्रदायाविच्छेदार्थं निर्दिष्टाः । केषाञ्चित्कदाचिदुपयोगो भविष्यतीति । यथोक्तम्—'अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत्' इति । (९)

### मधुसूदनी

"अप्रयुक्ते दीर्घसत्रवत्" लोके वेदे च प्रयुक्तस्य शब्दराशेः साधुत्वाख्यानमाचार्येण पाणिनिना करणीयमुचितम् । किन्तु अप्रयुक्तशब्दराशिविषये साधुत्वाख्यानं निर्दिष्टं तत्किमर्थमिति । प्रश्ने दीर्घसत्रवदित्युत्तरम् । सहस्रवत्सरसाध्यो यज्ञविशेषो दीर्घसत्रशब्देनोच्यते । तस्यापि पद्धतिर्ब्राह्मणग्रन्थेषु निर्दिष्टा कदाचित्कश्चित्तं प्रयुंजीतेति बुद्धया । तथैवाप्रयुक्तशब्दराशेरपि, तथैवात्राष्टादशभेदानामपि संकेतो निर्दिष्टः । ७९ ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) इन मण्डपों का माप लम्बाई एवं चौड़ाई नियत हस्त एवं नियत दण्डों के आश्रय पर है । जैसे ज्येष्ठ जिसका नाम विकृष्ट है उसका प्रमाण १०८ हाथ या दण्ड

तीन हैं । दूसरे तो कहते हैं कि प्रत्येक तीन प्रकार का है अतः नो भेद यही हैं । यही युक्त है । ८ ।

जैसा कि कहते हैं एषामिति । हस्तदण्ड के अनुसार ज्येष्ठादित्व प्रमाण है । न कि सन्निवेश के अनुसार । कोई १०८, ६४ एवं ३२ इस तरह के निश्चय से ऐसा पाठ मानते हैं ।

ऐसा पाठ मानने वालों के लिए भी हस्तदण्डसमाश्रयत्व ही प्राप्त होता है । किन्तु यह सब सम्भावना करके कहा गया है नकि किसी का अनुवाद है । क्योंकि इतने भेद उपयोगी नहीं हैं । इस प्रकार अट्ठारह भेद शास्त्र में देखें गये हैं जो कि यद्यपि आज भी अनुपयोगी हैं, पहले भी अनुपयोगी थे । तथापि सम्प्रदाय न टूटने पाये इसलिए कह दिये गये हैं । कभी किसी का उपयोग हो सकता है । जैसा कि कहा है कि अप्रयुक्त शब्दों के साधुत्वाख्यान के विषय में दीर्घसत्रन्याय लगता है । प्रश्न होता है कि आचार्य ने लोक एवं वेद में जिन शब्दों का

**अष्टाधिकं शतं ज्येष्ठं, चतुःषष्टिस्तु मध्यमम् ।**
**कनीयस्तु तथा वेश्म हस्ता द्वात्रिंशदिष्यते ॥१०॥**
**देवानां तु भवेज्ज्येष्ठं नृपाणां मध्यमं भवेत् ।**
**शेषाणां प्रकृतीनां तु कनीयः संविधीयते ॥११॥**

अभिनवभारती

इदन्त्विहोपयोगीति दर्शयति—अष्टाधिकं शतमित्यादि । इष्यत इति । अन्यत्वेऽपीत्याशयः । (१०)

देवानामिति । यत्र देवासुरप्राया एव नायकप्रतिनायकास्तत्र डिमादावारभटीप्रधाने चिततरङ्गपीठोपयोगात्, भाण्डवाद्यप्रधानत्वात परिक्रमणादेरत्यतरदीर्घत्तरदीर्घताल्पपरिग्रहादियोगात व्यक्तभावस्यासम्भवादष्टोत्तरशतहस्तो मण्डप इत्यर्थः । यत्तु व्याचष्टे प्रेक्षका अत्र देवादयो विवक्षिता न तु प्रयोज्याः । तेषां नियतसंख्याकत्वादिति । तस्यास्मदभिप्रायो न स्मृतिपथमागतः सन्नपि दशरूपकादौ । स चानन्तरमेव दर्शयिष्यते । (११)

मधुसूदनी

अन्यत्वेऽपीति । मण्डपानां प्रमाणस्य भिन्नस्वरूपत्वेऽपि ज्येष्ठं, मध्यं तथावरं प्रमाणमिष्यते । इत्याशयः । कुत इष्यते इत्याह देवानामिति । आरभटी प्रधाने डिमादौ अष्टोत्तरशतहस्तो मण्डप इष्यते इत्यन्वयः । कुत इत्याकांक्षायां चिततादि चत्वारि विशेषणानि न्यस्तानि । व्यक्तभावस्य असंभावात । व्यक्तोऽत्यन्तं स्पष्टो यो

बालक्रीडा

है । मध्यम चतुरस्र ६४ हाथ या दण्ड प्रमाण है । अवर त्र्यस्र ३२ हाथ या दण्ड प्रमाण है ।९।१०।

(मूल) देवताओं के लिए ज्येष्ठ होना चाहिए । राजाओं के लिए मध्यम होना चाहिए । अवशिष्ट जनता के लिए अवर का विधान है ।११।

प्रयोग होता है ऐसे प्रयुक्त शब्दों का साधुत्वाख्यान किया वह तो उचित है । किन्तु जिनका न कभी प्रयोग हुआ और न अभी भी होता है ऐसे अप्रयुक्त शब्दों का साधुत्वाख्यान क्यों किया । उत्तर । सहस्र सम्वत्सार साध्य यज्ञ विशेष को दीर्घसत्र कहते हैं । ऐसे यज्ञ कभी हुगे नहीं तब भी ब्राह्मण ग्रन्थों में उनकी पद्धतियाँ बतलाई गई हैं । तदनुसार अप्रयुक्त शब्दों का साधुत्वाख्यान तथा अनुपयोगी नाट्यमण्डप के भेदों का संकेत कर दिया गया है कदाचित् कोई उनका प्रयोग करें । ९ ।

यह तो यहाँ उपयोगी है, अतः दिखाते हैं कि (अष्टाधिक शतमित्यादि) १०८ भेदों को आज भी चाहते हैं । १० ।

देवानामिति । जहाँ देव और असुर नायक और प्रतिनायक हैं वहाँ आरभटी प्रधान

(प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां प्रशस्तं मध्यमं स्मृतम् ।
तत्र पाठ्यं च गेयं च सुखश्राव्यतरं भवेत् ॥१२॥
प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां त्रिप्रकारो विधिः स्मृतः ।
विकृष्टश्चतुरस्रश्च त्र्यस्रश्चैव प्रयोक्तृभिः ॥१३॥
कनीयस्तु स्मृतं त्र्यस्रं, चतुरस्रं तु मध्यमम् ।
ज्येष्ठं विकृष्टं विज्ञेयं नाट्यवेदप्रयोक्तृभिः ॥१४॥)

अभिनवभारती

प्रमाणं लक्षणं यन्निर्दिष्टमिति जात्यैकवचनम् ।

कानि प्रमाणानीत्याह—अणू रजश्चेत्यादिना । तेषां लक्षणान्याह—अणवोऽष्टावित्यादि । यतः प्रभृति दृश्यता प्रवर्तते सोऽणुः । अणुः प्रसिद्धोऽणुपरिमाणः ।

मधुसूदनी

नानादृष्टिसमन्वितः आस्यगतो हृदयस्थोऽपि च भावः आशयः । तस्य असंभवात् । स्थलसंकोचे नाट्यपात्रैः स्वस्वाभिनेनीय भावस्य सावकाशं सोल्लासं प्रकाशनं दुःशकमिति रहस्यम् ।

बालक्रीडा

(मूल) सभी प्रेक्षागृहों में मध्यम प्रेक्षागृह प्रशस्त है । उसमें जो पढ़ा जायगा और जो गाया जायगा वह सभी से सुना जा सकेगा ।१२।

(मूल) सभी प्रेक्षागृहों की विकृष्ट, चतुरस्र एवं त्र्यस्र ये तीन विधियाँ नाट्याचार्यों ने याद की हैं ।१३।

(मूल) इन त्र्य छोटा, चतुरस्र मध्यम और विकृष्ट को ज्येष्ठ समझना चाहिये ।१४।

डिमादि रूपकों में १०८ हाथ वाला मण्डप अपेक्षित है । क्योंकि उसमें विस्तृत रंग पीठका उपयोग होता है । वहां भाण्डों और वाद्यों की प्रधानता है । और परिक्रमण घूमने में भी उच्चतर एवं लम्बे-लम्बे (हस्त) तालों का परिग्रहण किया जाता है अतः संकुचित स्थान होने से भावों का व्यक्तीकरण अर्थात् सामाजिकों को हृदयगामी रूप में स्पष्टीकरण नहीं किया जा सकता है । जो तो व्याख्या करते हैं कि यहां डिमादि में देवता लोग दर्शक ही हैं वे प्रयोज्य नहीं हैं अर्थात् अभिनय करने के लिए प्रेरणीय नहीं हैं । क्योंकि देवता अधिक हैं और अभिनय में नायक और प्रतिनायकों की संख्या नियत है । उनको हमारा अभिप्राय बुद्धिपथ में नहीं आया अर्थात् याद नहीं पड़ा । जो दशरूपक वगैरह ग्रन्थों में भी प्रचलित है । उसको अभी आगे दिखायेंगे । ११ ।

प्रमाण और लक्षण का जो निर्देश कर दिया है इस वाक्य में प्रमाण और लक्षण में जो एक वचन है वह जाति के अभिप्राय से है अतः एकवचन, द्विवचन, एवं बहुवचन को

द्वितीयोऽध्यायः



**प्रमाणं यच्च निर्दिष्टं लक्षणं विश्वकर्मणा।**
**प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां तच्चैव हि निबोधत ॥१५॥ २२**
**अणू रजश्च बालश्च लिक्षा यूका यवस्तथा।**
**अङ्गुलं च तथा हस्तो दण्डश्चैव प्रकीर्तितः ॥१६॥ २३**

## अभिनवभारती

द्व्यणुकत्रयारब्धा अणव एव वा महत्त्वयुक्ताः। परमाणुद्वयारब्धे तु द्व्यणुकेऽणुपरिमाणमस्तु। कोऽत्र विरोध इत्यलमवान्तरेण। अनेनैवेति। 'देवानान्तु भवेत्' इत्यनेन यदुक्तम्। मण्डपाः—तत्रथा ज्येष्ठप्रमाणं डिमप्राये। वक्ष्यति—

## मधुसूदनी

अयं भावः। अग्रे वक्ष्यते—

अत ऊर्ध्वं न कर्त्तव्यः कर्त्तृभिर्नाट्यमण्डपः
यस्मादव्यक्तभावं हि तत्र नाट्यं व्रजेदिति।

तत्र विस्तारे नाट्यमव्यक्तभावं व्रजेदिति हेतोः अतः ऊर्ध्वं न कर्त्तव्यो नाट्यमण्डपः।

## बालक्रीडा

(मूल) विश्वकर्मा ने सभी प्रेक्षागृहों का जो प्रमाण एवं लक्षण बतलाया है। उसको समझिये।१५।

(मूल) प्रमाणों का नाम गिनाते हैं। अणु, रज, बाल, लिक्षा, यूका, यव, अंगुल, हस्त, और दण्ड। माप के लिए सबसे पहला अणु और अन्तिम दण्ड है।१६।

आवश्यकतानुसार समझें। वे प्रमाण कौन है उनको कहते हैं। अणु रजश्च इत्यादि। उनके लक्षण कहते हैं आठ अणु इत्यादि। जहां से दृश्यता शुरू होती है अर्थात् दृश्य जगत् का प्रारम्भ जहां से होता है वह अणु है। अणु पद के अर्थ में शंका होती है कि अणु क्या है उसके उत्तर में कहते हैं कि अणु पदार्थ जो प्रसिद्ध अणुपरिमाण है वही है।

जालान्तरगते भानौ यत्सूक्ष्मं दृश्यते रजः
तस्य षष्टितमो भागः परमाणुः स उच्यते।

प्रासाद के झरोखों में पहुंची हुई सूर्य की किरणों में जो सूक्ष्म रजः कण दिखाई पड़ते हैं उनका ६० वां हिस्सा परमाणु कहाता है।

प्रश्न होता है कि महत्व शाली उद्भूत रूप ही नयन से दृश्य होता है। यह तो सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है। उत्तर देते हैं कि ठीक है द्व्यणुकत्रय से आरब्ध हुए ये अणु ही महत्व शाली हो जाते हैं। परमाणुद्वयारब्ध नहीं। परमाणुद्वयारब्ध द्व्यणुक में तो अणु परिमाण ही है। अतः कोई यहां विरोध नहीं है। इस बाह्य अवान्तर विषय को बस करो।

## अभिनवभारती

निर्घातोल्कापातैरुपरागेणेन्दुसूर्ययोर्युक्तः ।
युद्धनियुद्धाधर्षणसम्फेटकृतश्च विज्ञेयः ॥
देवभुजगेन्द्रराक्षसयक्षपिशाचावकीर्णश्च ।
षोडशनायकबहुलः सात्त्वत्यारभटिकावृत्तस्तु डिमः ॥ (ना.शा.१८.)

इति। तथा मध्यमप्रमाणं नृपतिप्रायप्रयोज्ये नाटकादौ। यद्वक्ष्यति—

नृपतीनां यच्चरितम्। (ना.शा.१८.) इत्यादि।

शेषप्रकृतिप्रयोज्ये भाणप्रहसनादौ। यत्र वक्ष्यति—

विविधाश्रयो हि भाणो विज्ञेयस्त्वेकहार्यस्तु। (ना.शा.१८.)

तथा "भगवत्तापसविप्रैरन्यैरपि च (ना.शा.१८.) इत्यादि।

एवंभूतप्रकृतिप्रधाने प्रयोगे कनीयःप्रमाणो मण्डप, इति। एषां मण्डपानां मध्ये यो विनिर्णयः स एव सर्वसाधारणः मध्यमे कनीयसि च मण्डपे नाटकभाणप्रयोगात्। डिमप्राये यो मण्डपः सं वक्ष्यामीति। अयमभिप्रायः—ज्येष्ठमाने नाटकादिप्रयोग-

## मधुसूदनी

यश्चाप्यास्यगतो भावो नानादृष्टिसमन्वितः
स वेश्मनः प्रकृष्टत्वाद्व्रजेदव्यक्ततां पराम् ॥ इति।

योऽपि अभिनेतॄणां पात्राणां मुखगतो विविधाभिर्दृष्टिभिः समन्वितो भावः। स नाट्यमण्डपस्य विशालत्वात् परामव्यक्ततां व्रजेत्। परं प्रकृते डिमादौ तु स नाट्यमण्डपः भावाभिव्यक्त्यर्थं विशाल एवापेक्षितः। तमन्तरा भावाभिव्यक्तेरसंभव एवेति।

## बालक्रीडा

अनेनैव ! ऐसे ही देवताओं का मण्डप निर्मित होता है इससे जो कहा है। बहुत से मण्डप हैं। वे जैसे डिमादि रूपकों में मण्डप का प्रमाण ज्येष्ठ है। जैसा कि कहेंगे।

बिजली का कड़कना, एवं गिरना, चन्द्र एवं सूर्य का ग्रहण, युद्ध, नियुद्ध दण्डा-दण्डी हस्ता-हस्ती, परस्पर में टकरान संघर्ष, सम्फेट उपद्रवों से युक्त, देव, भुजगेन्द्रशेष वासुकि तक्षक वगैरह, राक्षस, यक्ष एवं पिशाचों से संकीर्ण अधिक से अधिक सोलह नायक (वैसे डिममें १२ नायक भी होते हैं) और सात्वतीमिश्रित आरभटी वृत्ति वाला डिम होता है।

और मध्यम प्रमाण वाला मण्डप नृपतियों के द्वारा प्रयोज्य नाटकादि में जैसा कि नृपतियों का जो चरित इत्यादि नाट्यशास्त्र के १८ वें अध्याय में कहेंगे।

शेष बाकी प्रकृतियों के प्रयोज्य भाण एवं प्रहसन आदि में जैसा कहेंगे विविधता का आश्रय जहां लिया जाय और जो एक पात्र प्रयोज्य हो वह भाण है। तथा भगवान् नारायण, तपस्वी, ब्राह्मण या अन्य पात्रों के साथ हास्य मय वादों से युक्त प्रदर्शन होता है। इत्यादि। इस प्रकार के भगवत्तापस विप्र रूप प्रकृतियां जहां प्रधान रहेंगी उन भाणादि प्रयोगों में कनीयः प्रमाण वाला मण्डप होता है। इन मण्डपों के विषय में जो-मध्यम प्रमाणवाले मण्डप में नाटकादि का प्रयोग, कनीयः (अल्प) प्रमाण वाले मण्डप में भाणादि का प्रयोग होता

अणवोऽष्टौ रजः प्रोक्तं, तान्यष्टौ बाल उच्यते ।
बालास्त्वष्टौ भवेल्लिक्षा, यूका लिक्षाष्टकं भवेत् ॥१७॥

### अभिनवभारती

सौकर्याभावान्मध्यम एव युक्तः। स एव निर्णयः। विविधोऽपि दिव्यनृशेषप्रकृत्यादिस्वभावो निश्चयाभिमुख्यमभिनयप्रयोगद्वारेण नीयते यत्रेति। (११-१६)

तं दर्शयति—चतुष्षष्टि करानित्यादि। प्रयोक्तुः पुरस्तात्पृष्ठतश्च मण्डपेऽस्मिन् सति करणार्होऽन्यथा न भवतीत्यर्थः। तदेव दर्शयति—मण्डपमिति। दीर्घत्वम्। पार्श्वयो

### मधुसूदनी

तं निर्णयं दर्शयति। चतुःषष्टिं करानिति। मर्त्यानां यो मण्डपो भवेत्। तं मण्डपं चतुःषष्टिं करान् यावत् दीर्घत्वेन दीर्घत्वोपलक्षितं चतुषष्टिकरपरिमितं लम्बायमानं कुर्यात्। द्वात्रिंशतं करान् यावत् विस्तारान् विस्तारं कृत्वा अर्थात् द्वात्रिंशत्कर विस्तृतं कुर्यादित्यन्वयः। प्रयोक्तुरभिनेतुः पुरस्तात् समक्षं, पृष्ठतः पृष्ठभागे च। अस्मिन् दीर्घत्वे विस्तारे च सति मण्डपः करणार्हः प्रयोगकरणयोग्यो भवति अन्यथा तयोग्यो न भवतीत्यर्थः। तदेव करणार्हत्वं दर्शयति—मण्डपमिति। दीर्घं पुरः पृष्ठयोरिति। पार्श्वयोर्विस्तारं विस्तारयुक्तम्। अक्षरार्थोऽन्वयः। मर्त्यानामिति। न्यूनमण्डपकरणात् किम् अर्थात् किमपि फलं नास्ति। अकारणं हेतुं विनैव प्रयोगो न वेद्यते सामाजिकैरिति शेषः।

### बालक्रीड़ा

(मूल) आठ अणु का एक रज, आठ रज का एक बाल, आठ बाल का एक लिक्षा, आठ लिक्षा का एक यूका, आठ यूका का एक यव, आठ यव का एक अंगुल, २४ अंगुल का

है—विनिर्णय है, वही सर्व साधारण विनिर्णय है। हिमादि में जो मण्डप होगा उसको कहूँगा। अभिप्राय यह है कि ज्येष्ठ प्रमाण वाले मण्डप में नाटकादि के प्रयोग में सौन्दर्य नहीं हो सकता है अतः मण्डप मध्यम ही होना चाहिए यही निर्णय है।

जैसा कि आगे कहेंगे कि विशाल मण्डप में उच्चारित पाठ्य का स्वर बाहर नहीं निकलता है वहीं गूंजता है अतः मजा बड़ा ही किरकिरा हो जाता है।

मण्डपे विप्रकृष्टे तु पाठ्यमुच्चारितस्वरम्।
अनिःस्सरणधर्मत्वाद्विस्वरत्वं भृशं व्रजेत्। इति।

अब विनिर्णय का अर्थ कहते हैं विविध दिव्य, नृप एवं तापस प्रकृतियों के स्वभाव को अभिनय प्रयोग के द्वारा निश्चित रूप से जहाँ सम्मुख लाया जाय वह विनिर्णय है।१२।१६।

उस विनिर्णय को दिखाते हैं चतुःषष्टि चौसठ हाथ एवं बत्तीस हाथ कहने का यह आशय है कि प्रयोक्ता अभिनेताओं के आगे और पीछे के हिस्से में यह लम्बाई और विस्तार (फैलाव) रहेगा तभी मण्डप प्रयोग करने के योग्य होगा। अन्यथा छोटा एवं संकुचित होगा तो अभिनय करने के योग्य नहीं होगा। इसको दिखाते हैं मण्डपमिति। सामने और पीछे लम्बा

यूकास्त्वष्टौ यवो ज्ञेयो, यवास्त्वष्टौ तथाङ्गुलम् ।
अङ्गुलानि तथा हस्तश्चतुर्विंशतिरुच्यते ॥१८॥
चतुर्हस्तो भवेद्दण्डो निर्दिष्टस्तु प्रमाणतः ।
अनेनैव प्रमाणेन वक्ष्याम्येषां विनिर्णयम् ॥१६॥

## अभिनवभारती

विस्तारः । मर्त्यानामित्यनेन मण्डपकरणात् । किमित्यकारणं प्रयोगो नैव वेद्यत इत्याशयः । कर्तृभिरिति । किं तेषां वृथा प्रयासोत्पादनेनेति यावत् । तत्रेति । अतोऽधिकप्रमाणे अत्यन्तं न्यूनप्रमाणे चेत्यर्थः । नाट्यमिति । सकलावान्तरभेदप्रभेद दर्शयितुम् । नाट्यं यतोऽभिव्यक्तं भवतीति समुदायाभिप्रायेण मन्तव्यम् । एतदेवाह— अत ऊर्ध्वं नेति । अत इत्येवंविधो यतो मध्यमोऽस्ति ततो हेतोरित्यर्थः । ऊर्ध्वमिति । प्रमाणस्याधिक्यं न्यूनातिरेकाभ्यामिति मन्तव्यम् । न कर्तव्य इति । प्रकर्षः प्रकृष्टं तदतिक्रान्तो विप्रकृष्टः । किन्नियोगमानः तस्मिंश्च तत्र ज्येष्ठे । पाठ्यं यन्मुख्यं "नाट्य-

## बालक्रीड़ा

एक हाथ और चार हाथ का एक दण्ड होता है । इसी प्रमाण के आधार पर इनका निर्णय करूँगा ।१७।१८।१९।

और अगल बगल में विस्तृत मण्डप को करे । मर्त्यानां इससे दिखाते हैं कि न्यून मण्डप करने से क्या फल होगा । कुछ फल नहीं होगा । क्योंकि न्यून मण्डप के करने से बिना कारण के ही प्रयोग सामाजिकों के समझ में नहीं आयेगा । प्रयोग के नहीं समझ में आने के कई कारण हैं । अभिनेतृ वर्ग को नाट्य की पूर्ण शिक्षा नहीं दी गई हो । या उन्होंने उसका अभ्यास नहीं किया हो । या वह उनको हृदयंगम नहीं हुआ हो तथा उसकी रिहर्सल (आचरण) नहीं की हो । शिक्षादि के सद्भाव में प्रयोग का समझ में नहीं आना अकारण है । यह आशय है । तब उसे नहीं समझने के और क्या कारण हो सकते हैं उसको दिखाते हैं अत ऊर्ध्वमिति ।

जब वह मण्डप इस प्रकार के प्रमाण का अपेक्षित है इसलिए । ऊर्ध्वमिति न कर्तव्य इति । प्रमाण से बाहर कम एवं वेश नहीं करना चाहिए ऐसा समझे । कर्तृभिरिति । क्यों कि कम एवं वेशी प्रमाण का बनवाने में निर्माण कर्ताओं को वृथा प्रयास देने से क्या फायदा है । तत्रेति । इस निर्णीत से अधिक प्रमाण में और अत्यन्त न्यून प्रमाण में भी वृथा प्रयास होगा । "नाट्यम्" यह पद नाट्य के सकल अवान्तर भेद और प्रभेद को दिखाने के लिए है । नाट्य उसमें अव्यक्त रहेगा स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं होगा यह कथन नाट्य समुदाय भेद प्रभेदात्मक के अभिप्राय को ग्रहण करके किया है ।

प्रकर्ष माने प्रकृष्ट उसको अति क्रान्त करने वाला विप्रकृष्ट । उस अधिक प्रमाण वाले ज्येष्ठ मण्डप में तथा कनीयान् मान वाले (त्र्यश्र) मण्डप में भी । पाठ्य जो कि मुख्य है (जैसा कि आगे कहेंगे कि यह पाठ्य नाट्य की तनू है शरीर है) वह निकटवर्ती सामाजिकों

**चतुःषष्टिकरान्कुर्याद्दीर्घत्वेन तु मण्डपम् ।**
**द्वात्रिंशतं च विस्तारान्मर्त्यानां यो भवेदिह ॥२०॥**

### अभिनवभारती

स्यैषा तनुस्स्मृता" (ना. शा. १४-२) इति दर्शयिष्यते। तद्विस्वरत्वं विशेषेणोपतापकत्वं निकटवर्तिनः प्रति व्रजेत्। अत्र हेतुः उच्चं कृत्वा चारितोऽतिक्लेशेन सम्पादितः स्वरः काकादिविभागो यत्र। तथा दूरवर्तिनः व्रजेत्। अत्र हेतुः अनिस्सरणधर्मत्वात्। निरन्तरे देशे सरणं द्वितीयशब्दारम्भः। स यस्य धर्मो नास्ति शब्दान्तराभावादित्यर्थः। तथाऽतिकनीयसि मण्डपे पाठ्यमुच्चारितस्वरं सदनिस्सरणधर्मत्वादनुरणनात्मकमधुरशब्दान्तरानारम्भात् विनष्टः स्वरो मधुरो यस्य तादृशत्वं व्रजेत्। अनुरणनं हि स्वरस्य पाठ्यसिद्धिरूपमिति गेयाधिकारे वक्ष्यामः। अनेन समानयोगक्षेमत्वात् अधिकातोद्यविस्वरत्वमपि लक्षितं भवति। तथा चोपसंहरिष्यति गेयं चेति। विस्वरत्वमिति, ,स्वृ शब्दोपतापयोः' इत्यस्य रूपम्। (१७-१९)

प्रधानस्य पाठ्यस्य प्रधानानुरणनभूतस्य च गीतातोद्यादेर्विनाशं प्रतिपाद्य अभिनयवर्गस्यापि प्रतिपादयति—यश्चापीति। आस्यगतो मुखगतो भावः योऽनुभा-

### बालक्रीड़ा

(मूल) मनुष्यों का प्रेक्षागृह ६४ हाथ लम्बा और ३२ हाथ चौड़ा करना चाहिए।२०।

के प्रति विस्वर पाने उपतापक हो जायगा। इसमें हेतु देते हैं कि जिसमें ऊँचा करके बड़े क्लेश से स्वर में काक्वादि विभाग सम्पादित हैं चारित है। इसको और स्पष्ट करते हैं कि निकटवर्तियों को तो उपतापक है ही तथा दूरवर्ती सामाजिकों के लिए भी विस्वर अर्थात् शब्दों से शून्य अनाकर्णनीय हो जायगा। इसमें हेतु है अनिः सरणधर्मत्व। निरन्तर देश में सरण अर्थात् द्वितीय शब्द का आरम्भ नहीं होता। वह अनिःसरणधर्मत्व रूप धर्म जिसमें रहता है। अर्थात् शब्दान्तर के प्रसर का जहाँ अभाव है वह अनाकर्णनीय है। तथा कनीयान् मण्डप में पाठ्य उच्चारित स्वर हुआ भी अनिःसरणधर्मवान् होने पर अर्थात् अनुरणनात्मक मधुर स्वर का आरम्भक नहीं होने से मधुर स्वर जिसका विनष्ट हो गया ऐसे विस्वरत्व को प्राप्त हो जायगा। अनुरणन, स्वर के पाठ्य की सिद्धि का स्वरूप है इस बात को आगे गेयाधिकार में कहेंगे। इस व्याख्यान से यह भी प्रतीत हो गया कि समान योगक्षेम के होने के कारण जैसे शब्द का देश में निरन्तर सरण नहीं होने से विस्वरत्व होता है उसी तरह अधिक आतोद्य अर्थात् अधिक वाद्यों के द्वारा शब्दों के अधिक उत्पन्न होने से भी विस्वरत्व उपताप एवं अस्पष्टत्व भी हो जायगा। इसीलिए उपसंहार भी करेंगे गेयं चेति। प्रश्न=विस्वरत्व के उपताप और शब्दास्पष्टत्व अर्थ किस आधार से आपने किये। उत्तर। विस्वरत्वं यह स्वृ शब्दोपतापयोः धातु का रूप है।१७।१८।१९।

प्रधान पाठ्य एवं प्रधानानुरणन भूत गीत तथा आतोद्य के विनाश का प्रतिपादन करके अभिनय वर्ग के विनाश का भी प्रतिपादन करते हैं यश्चापीति। जो भी मुख में दिखाई पड़ने वाला अनुभाव लक्षण भाव देखने की शैलियाँ, आँसू, पसीना और वैवर्ण्य आदि तथा

अत ऊर्ध्वं न कर्तव्यः कर्तृभिर्नाट्यमण्डपः ।
यस्मादव्यक्तभावं हि तत्र नाट्यं व्रजेदिति ॥२१॥
मण्डपे विप्रकृष्टे तु पाठ्यमुच्चारितस्वरम् ।
अनिस्सरणधर्मत्वाद्विस्वरत्वं भृशं व्रजेत् ॥२२॥

## अभिनवभारती

तल्लक्षणो दृष्टिवाष्पस्वेदवैवर्ण्यादिः तथा मुकुटप्रतिशीर्षादिः । चकारादाङ्गिकः । स वेश्मनः प्रकृष्टत्वादतिविस्तीर्णत्वादव्यक्ततां गच्छेत् । तथा प्रगतं कृष्टं कर्षणं दैर्घ्यं यस्य तस्य भावः । ततः कनीयस्त्वाद्धेतोः परां द्वितीयामव्यक्ततां भजेत् । प्रथमं ह्यतिदूरत्वं कृत्वा सोक्ता । एवमुभयमण्डपाभिप्रायेणेदं व्याख्येयम् । अन्यथा तस्मान्मध्यममिष्यत इत्युपसंहारो न श्लिष्यति । तदाह—प्रेक्षागृहाणामित्यादि । मध्ये भवं मध्यमम् । तदिष्यते यतः सर्वेषां रूपाणां सम्बन्धि यत्पाठ्यं प्रधानं तनूरूपं, प्राणभूतोपरञ्जकरूपं च गीतं चकारादातोद्यं च श्रव्यतरं भवति । द्वितीयचकारादभिनयान्तरमपि दृश्यतरं भवतीत्यर्थः । तदुक्तं

प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां त्रिप्रकारो विधिः स्मृतः ।
विकृष्टश्चतुरस्रश्च त्र्यस्रश्चैव प्रयोक्तृभिः ॥
कनीयस्तु स्मृतं त्र्यस्रं, चतुरस्रं च मध्यमम् ।
ज्येष्ठं विकृष्टं विज्ञेयं नाट्यवेश्म प्रयोक्तृभिः ॥ (२०-२१)

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रमाण से अधिक नहीं करना चाहिए । क्योंकि अधिक करने से नाट्य ही अव्यक्त हो जायगा ।२१।

(मूल) विप्रकृष्ट मण्डप में, स्वरपूर्वक उच्चारण किया हुआ भी पाठ्य विस्वर हो जायगा क्योंकि बाहर निकलेगा नहीं उसी में गूँज उठेगा ।२२।

मुकुट एवं प्रतिशीर्षक (शिरोवेष्टन) और चकार से आङ्गिक चेष्टाएँ ये सब नाट्य मण्डप के विशाल होने से अव्यक्त हो जायंगे । और अतीव छोटा होने से अतिसामीप्य के कारण दूसरे प्रकार की अव्यक्तता हो जायगी । इसीलिए प्रगत कृष्ट कर्षण अर्थात् दैर्घ्य जिसका उसका भाव प्रकृष्टत्व है । पहले अतिदूर होने के कारण अव्यक्तता कही थी । अब अति सामीप्य के कारण कही है । इस प्रकार उभय दोनों मण्डपों के अभिप्राय से इसकी व्याख्या करनी चाहिए । अन्यथा यदि दोनों के अभिप्राय के अनुसार व्याख्यान नहीं किया जायगा तो "इसलिए मध्यम प्रमाण वाला मण्डप इष्ट है" यह उपसंहार संगत नहीं होगा ।

जैसा कि कहा है प्रेक्षागृहाणामित्यादि । दो के मध्य में होने वाला मध्यम है । उसको चाहते हैं । क्योंकि इसमें सभी दशरूपकों का जो पाठ्य नाट्य शरीर रूप होने से प्रधान है और गीत प्रायः प्रयोगत्व के अनुसार प्राणभूत उपरंजक गीत, चकार से आतोद्य भी श्रव्यतर होता है । पाठ्य च का एक चकार और गेय च का दूसरा चकार । इस दूसरे चकार से अभिनयान्तर भी दृश्य होता है ।२०।२१।

**यश्चाप्यास्यगतो भावो नानादृष्टिसमन्वितः ।**
**स वेश्मनः प्रकृष्टत्वाद् व्रजेदव्यक्ततां पराम् ॥२३॥** 220

अभिनवभारती

ननु यद्येवंभूतः प्रयोगक्रमस्तर्हि हस्तसमाश्रयेणैव विधिर्वक्तव्यः । सोऽपि यत्र परिपूर्णो नोपकारी तत्र दण्डसमाश्रयेणातोद्यमानेन । अथ कदाचिद्दिव्यप्रकृतिप्रेक्षकाभिप्रायेण तदुच्यते तत्रापि कः स्तोकान्तरत्वेनेति न्यायेन का इह सम्भावनेत्याशङ्कां पराकर्तुं श्लोको भावी । अत एव पूर्वश्लोकेन सह नात्र पौनरुक्त्यं शङ्कितव्यम् । तस्यान्यथोपक्षेपात् । तच्छ्लोकमाह—देवानामित्यादि । मनसस्तदीयस्य सत्त्वबहुलत्वात् तत्कृत इन्द्रियविसर्जनलक्षणे व्यापारोऽतिरूपव्यापी । उपवनेष्वपि विततवितितेषु । का कथा मण्डपविषये । अत एव गृहेष्विति बहुवचनमुपात्तम् । तेन तदपेक्षया ते मण्डपा उक्ता इत्यर्थः । न त्वेवं मानुषाणां राजसानां मनः । तदाह—देवकृतैरिति । यत एवं तस्मान्मानुषस्यैव गेहस्य लक्षणं सम्यक्प्रवक्ष्यामि । तुशब्द एवकारार्थे । (२२:२३)

बालक्रीडा

(मूल) और भी बात है कि मण्डप के छोटे होने से पात्रों का अतिसामीप्य हो जायगा और बड़े होने से उनका अतिदूरत्व हो जायगा दोनों ही अवस्था में उन पात्रों के मुख पर जो भाव हैं, और भावों के अनुसार जो भिन्न-भिन्न प्रकार की दृष्टियाँ हैं वे सब स्पष्ट नहीं प्रतीत होंगी ।२३।

प्रश्न=जब इस तरह का प्रयोग का क्रम है अर्थात् विप्रकृष्ट में विस्वरत्व हो जाता है तब मध्यम के आधार पर ही अभिनय विधि कहनी चाहिए । जब वह भी पाठ्य गीता-तोद्य से परिपूर्ण होने से उपकरणों के अधिक होने से उपकारी नहीं हो । तब आतोद्यादि का भी प्रमाण से आश्रयण करना चाहिए । और यदि कदाचित् दिव्य प्रकृति प्रेक्षक हैं इस अभिप्राय से वह विधि कही हो तब अल्प अन्तर कौन चीज है अर्थात् आतोद्यादिकी अल्पता कोई भेद नहीं है इस न्याय से कौन इस विधि के कहने की सम्भावना है इस आशंका को दूर करने के लिए आगे का श्लोक कहते हैं । इसीलिए पूर्व पाँचवें श्लोक के साथ यहाँ पुनरुक्ति की आशंका नहीं करनी चाहिए । उसका उपक्षेप (विन्यास) तो प्रकारान्तर से भी हो सकता है । उस भावी श्लोक को कहते हैं । "देवानाम्" इत्यादि । देवताओं के मन में सत्त्वगुण का बाहुल्य है । उसके कारण इन्द्रियों के विसर्जन करने में उनका व्यापार अतिव्यापक रूप में होता है । विशाल या विस्तृत बगीचों में जो बगीचे अविविक्त हैं जिनमें एकान्त मिलना असम्भव है ऐसे बगीचों की भी जब वे मानसी सृष्टि कर लेते हैं तब मण्डप के निर्माण के विषय में तो कहना ही क्या है । केवल मण्डप के ही विषय में नहीं, घरों के विषय में भी यही स्थिति है । इसीलिए गृहेषु में बहुवचन का उपादान किया है । इससे सिद्ध है कि मनुष्यों के अनुरोध से वे मण्डप कहे हैं । क्योंकि मनुष्यों का मन रजोगुण प्रधान है । इसको स्पष्ट

प्रेक्षागृहाणां सर्वेषां तस्मान्मध्यममिष्यते ।
यावत्पाठ्यं च गेयं च तत्र श्रव्यतरं भवेत् ॥२४॥
देवानां मानसी सृष्टिर्गृहेषूपवनेषु च ।
यत्नभावाभिनिष्पन्नाः सर्वे भावा हि मानुषाः ॥२५॥
तस्माद्देवकृतैर्भावैर्न विस्पर्धेत मानुषः ।
मानुषस्य तु गेहस्य सम्प्रवक्ष्यामि लक्षणम् ॥२६॥
भूमेर्विभागं पूर्वं तु परीक्षेत प्रयोजकः ।
ततो वास्तु प्रमाणेन प्रारभेत शुभेच्छया ॥२७॥

## अभिनवभारती

सम्यगिति यदुक्तं तदाह—भूमेरित्यादि । विभागो हेयोपादेयत्वेन । वास्त्विति । ग्रहणं प्रमाणं चेत्युपलक्ष्यमाणरूपेण प्रारभेत । कर्तुमिति शेषः ।

तं विभागमाह—समेत्यादि । समा स्वभावान्नातिनिम्नोन्नतेत्यर्थः । स्थिरा अचलनस्वभावा । कठिना अनूषरा । कृष्णा गौरी चेति चो वार्थे । अन्ये तु व्यामिश्रितत्वमाहुः । कर्तव्य इति करणार्हः । कथमित्याह—प्रथममित्यादि ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) इस वास्ते सभी प्रेक्षागृहों का प्रमाण मध्य ही होनी चाहिए । जिससे पाठ्य और गेय सभी वहाँ सुनाई पड़ें ।२४।

(मूल) मनुष्यों के भाव प्रयत्न से सम्पाद्य हैं अतः प्रत्यक्ष हैं । और देवताओं के भाव मानस हैं अतः परोक्ष हैं । अतः मनुष्यों को देवकृत भावों के साथ बराबरी नहीं करनी चाहिए । अब मैं मानवगेह के लक्षण कहूँगा ।२५।२६।

(मूल) प्रयोजक नटमण्डली के संचालक अर्थपति को पहिले भूखण्ड की परीक्षा करनी चाहिए । उसके बाद प्रमाण से इच्छानुसार वास्तु का आरम्भ करे ।२७।

करते हैं कि देव सम्बन्धी भावों के साथ मनुष्यों को स्पर्धा नहीं करनी चाहिए । जब ऐसी स्थिति है तब मनुष्यों के ही घर का लक्षण सम्यक् प्रकार से कहूँगा । यहाँ मानुषस्य तु में तु शब्द एवकार के अर्थ में है ।२२।२३।

सम्यक् कहूँगा जो कहा था उसे कहते हैं "भूमि के विभाग को" इत्यादि । विभाग शब्द के उपादान का यह आशय है कि भूमि के किस अंश को छोड़ना और किस अंश को ग्रहण करना है । वास्तु इति । यहाँ कर्तुं पद का विन्यास करना बाकी है । और वास्तु पद भूमि के ग्रहण और प्रमाण का उपलक्षण है । अतः भूमि के किस अंश की कितनी लम्बाई एवं चौड़ाई लेनी है । इसको समझकर वास्तु के निर्माण का प्रारम्भ करना चाहिए । पहले निर्दिष्ट किये हुए विभाग को बतलाते हैं समा इत्यादि । समा का आशय है कि स्वभाव से ही भूमि न नीची हो और न ऊँची हो । किन्तु बराबर हो जिससे अभिनेता क्षुब्ध न हों ।

समा स्थिरा तु कठिना कृष्णा गौरी च या भवेत् ।
भूमिस्तत्रैव कर्तव्यः कर्तृभिर्नाट्यमण्डपः ॥२८॥
प्रथमं शोधनं कृत्वा लाङ्गलेन समुत्कृषेत् ।
अस्थिकीलकपालानि तृणगुल्मांश्च शोधयेत् ॥२९॥
शोधयित्वा वसुमतीं प्रमाणं निर्दिशेत्ततः ।
(त्रीण्युत्तराणि सौम्यं च विशाखापि च रेवती ॥३०॥

## अभिनवभारती

शोधनमुपरिगताशुचिशर्करा‌द्यपसारणम् । ततो हलेनोद्धृतगुल्मपाषाणादिकां कुर्यात् एतदेवाह-अस्थीत्यादिना ।

एवं बाह्याभ्यन्तरतो भूमिशुद्धिं निरूप्यानन्तरकरणीयमाह—शोधयित्वेति । कथं प्रमाणनिर्देश इत्याह—पुष्येति । शुक्लसूत्रत्वं तावत्पिष्टरञ्जनादिना । चर्मकृतं मानसूत्रं न कार्यमिति च तात्पर्यम् । स्वामिनः प्रेक्षापतेः । प्रयोक्तुर्नाट्याचार्यस्य ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) जो भूमि बराबर हो ऊँची नीची नहीं हो, स्थिरा एवं कठिना हो अर्थात् आन्तरिक जलस्रोत के कारण खिसकने वाली नहीं हो। और कूड़ा वगैरह डालकर पाटी होने से आन्तरिक पोली नहीं हो। जिसमें मिट्टी काली एवं गौरी हो। उसी भूमि पर नाट्य मण्डप करना चाहिए।२८।

(मूल) पहले भूमि का शोधन करने के लिए हल चलवा देना चाहिए। जिससे हड्डी, कील एवं खोपड़ी तथा घास एवं उपटल वगैरह की शुद्धि हो जाय।२९।

(मूल) इस तरह पृथ्वी का शोधन करके प्रमाण का निर्देश करे। पुष्य नक्षत्र में सफेद सूत्र को फलावे।३०।

स्थिरा अचल स्वभाव वालीअर्थात् जहाँ कम्पन नहीं होता हो। कठिन, ऊपर याने बंजड नहीं हो। काली मट्टी वाली या गौरी मट्टी वाली भूमि हो। अन्य तो कहते हैं कि काली और गौरी दोनों मिली जुली हों। कर्तव्य याने मण्डप बनाने के योग्य हो। यह कैसे हो। बतलाते हैं प्रथम शोधन अर्थात् भूमि के ऊपर के हिस्से से गन्दी मट्टी को हटा देना। उसके बाद हल को जोत कर गुल्म पेड़ों के भग्नावशेष एवं पत्थर कंकड़ को उखाड़कर फेंक देना। इसी का स्पष्टीकरण करते हैं। हड्डी आदि को निकालना।

इसी तरह बाहर एवं भीतर से भूमि शुद्धि के निरूपण करने के बाद आगे क्या करना चाहिए उसको कहते हैं शोधयित्वा। इति। प्रमाण का निर्देश कैसे करे इसको कहते हैं। पुष्येति। सूत को पिसान की पालिस से श्वेत करना है। इसके कहने का तात्पर्य है कि चमड़े का मानसूत्र नहीं करना चाहिए। स्वामी का अर्थ है प्रेक्षागृह का अधिपति। प्रयोक्ता माने नाट्याचार्य। प्रयत्न से रस्सी को पकड़ना चाहिए का आशय है की रस्सी टूट नहीं

हस्ततिष्यानुराधाश्च प्रशस्ता नाट्यकर्मणि ।
पुष्यनक्षत्रयोगेन शुक्लं सूत्रं प्रसारयेत् ॥३१॥
कार्पासं बाल्वजं वापि मौञ्जं वाल्कलमेव च ।
सूत्रं बुधैस्तु कर्तव्यं यस्य च्छेदो न विद्यते ॥३२॥
अर्धच्छिन्ने भवेत्सूत्रे स्वामिनो मरणं ध्रुवम् ।
त्रिभागच्छिन्नया रज्ज्वा राष्ट्रकोपो विधीयते ॥३३॥

## अभिनवभारती

प्रयत्नेन रज्जुग्रहणमित्यच्छेद्यानुभरणीया । नाट्यश्री च सावधानतयाऽवष्टम्भवियोगाद्; उभयं यथा, तथा प्रयत्नतो योज्या । नित्यमिति । न केवलमत्र प्रथमपरिग्रहे यावदन्यभाविस्तम्भविनिवेशाय भूभागमानग्रहणादावित्यर्थः । प्रयत्नेन मानमित्यूनाधिकादिदोषवर्जनायायं यत्न इत्यपौनरुक्त्यम् । मुहूर्तो ब्राह्मादिः । तिथिर्नन्दादिः । करणं विष्ट्यादिरहितम् (२४-३२) ।

सूत्रप्रसारणेन यत्कृत्यं तदाह—चतुष्षष्टिरित्यादि । चतुष्षष्टिर्हस्तदैर्घ्यौद्विस्ताराच्च द्वात्रिंशत्करं क्षेत्रं गृहीत्वा मध्ये सूत्रं विस्तारेण दद्यात् । तत्र यत्प्रयोक्तुः पृष्ठं

## बालक्रीड़ा

(मूल) तीनों उत्तरा, सौम्य, विशाखा, रेवती, हस्त, पुष्य एवं अनुराधा नक्षत्र नाट्य मण्डप बनाने में शुभ हैं ।३१।

(मूल) विद्वानों का सूत्र ऐसा होना चाहिए जो टूटने न पावे । अतः रुई, बल्व, मूँज या वृक्षों के बल्कल से बना हुआ सूत्र होना चाहिए ।३२।

(मूल) सूत्र के बीच में से टूट जाने से स्वामी का मरण होता है और तीसरे हिस्से में टूटने से राष्ट्र में विप्लव होता है । चौथे हिस्से में टूटने से प्रयोक्ता नट का नाश होता है ।

सके ऐसी अच्छेद्य रस्सी को लेना चाहिए । ऐसी रस्सी तो सावधानी से ग्रहण एवं त्याग करने पर भी मानी जा सकती है । अतः उभय या सावधानी और असावधानी किसी भी प्रकार से रस्सी को ग्रहण किया जाय पर टूट न सके ऐसी रस्सी को प्रयत्न से ग्रहण करना चाहिए । नित्य कहने का आशय है कि केवल प्रथम परिग्रहण में ही नहीं यावत् सभी अन्य भावी स्तम्भों के विनिवेश के लिए भूभाग के माप को ग्रहण करने आदि में भी रस्सी अच्छेद्य लेनी चाहिए। प्रयत्न से मान को लेवे कहने का आशय है कि कमी और वेशी आदि दोषों के वर्जन के लिए यह प्रयत्न है । अतः पौनरुक्त्य नहीं समझना चाहिए । मुहूर्त ब्राह्म आदि, तिथि नन्दा आदि । विष्टि व्यतिपात आदि से रहित करण लेने चाहिए ।२४।३२।

सूत्र के फैलाने से जो कार्य किया उसको कहते हैं चतुः षष्टिः । इत्यादि, एक जमीन की लम्बाई एवं बगल बगल की चौड़ाई में ६४ हाथ की हो उसके मध्य में अर्थात् ३२ हाथ के भू भाग पर सूत्र को फैलावे । उस फैलाने में जो भाग नाट्याचार्य के पीछे की ओर पड़ेगा वही मण्डप का पृष्ठ हिस्सा कहलायेगा । उसके बीच में सूत्र को फैलावे ।

छिन्नायां तु चतुर्भागे प्रयोक्तुर्नाश उच्यते ।
हस्तात्प्रभ्रष्टया वापि कश्चित्त्वपचयो भवेत् ॥३४॥
तस्मान्नित्यं प्रयत्नेन रज्जुग्रहणमिष्यते ।
कार्यं चैव प्रयत्नेन मानं नाट्यगृहस्य तु ॥३५॥
मुहूर्त्तेनानुकूलेन तिथ्या सुकरणेन च ।
ब्राह्मणांस्तर्पयित्वा तु पुण्याहं वाचयेत्ततः ॥३६॥
शान्तितोयं ततो दत्वा ततः सूत्रं प्रसारयेत् ।
चतुष्षष्टिकरान्कृत्वा द्विधा कुर्यात्पुनश्च तान् ॥३७॥
पृष्ठतो यो भवेद्भागो द्विधाभूतस्य तस्य तु ।
सममर्धविभागेन रङ्गशीर्षं प्रकल्पयेत् ॥३८॥

## अभिनवभारती

भविष्यति तदेव पृष्ठम् । तस्य मध्ये विस्तारेण सूत्रं दद्यात् । ततः षोडशहस्तौ द्वौ भागौ भवतः । पृष्ठगतं भागमर्धेन विभज्याष्टहस्तं रङ्गशिरः । प्रविशतां पात्राणां चान्तःस्थानम् । नाट्यमण्डपस्य ह्युत्तानसुप्तवदवस्थितस्य रङ्गपीठं मुख्यम् । तदष्टहस्तं शिरः । तत्पृष्ठे तु दैर्घ्याद्धि षोडशहस्तं नेपथ्यगृहं भवति । विस्तारात्त द्वात्रिंशत्कर-

## बालक्रीड़ा

(मूल) और सूत्र के हाथ से गिर जाने से कोई हानि होती है । इस वास्ते बड़े प्रयत्न से सूत्र का ग्रहण होना चाहिए और नाट्यगृह का माप करना चाहिए ।३३।३४।३५।

(मूल) अनुकूल मुहूर्त, (ब्राह्म, अभिजित् विन्द वगैरह) तिथि एवं उत्तम करण के अनुसार पुण्याह वाचन करावे और ब्राह्मणों को भोजन करावे ।३६।

(मूल) शान्तिक जल से मार्जन करके सूत्र को फैलावे । चौसठ हाथों की भूमि के ३२ x ३२ x हाथ के दो विभाग करे ।३७।

(मूल) उस द्विधा विभक्त भूमि के पश्चिम हिस्से का भी बराबर-बराबर आधा भाग करे । एक आधे भाग में रंग शीर्ष बनावे नाट्यमञ्च का मुख्य भाग बनावे ।३८।

इसके भी सोलह २ हाथ के दो हिस्से हो जायेंगे । पृष्ठगत भाग का भी आधा हिस्सा करें उसमें आठ हाथ का रंग का मस्तक । जो भीतर प्रवेश करने वाले पात्रों का अन्तः स्थान कहलायेगा । उत्तान सीधे सोये हुए व्यक्ति की तरह अवस्थित नाट्यमण्डप का मुख्य स्थान रंगपीठ कहलाता है । उसमें आठ हाथ का शिरो भाग है । उसके पृष्ठ भाग में सोलह हाथ लम्बा नेपथ्य घर होता है । फैलाव में वह ३२ हाथ का है । उसी ३२ हाथ की जमीन में नेपथ्य गृह वगैरह को लेना है । उसे कहते हैं कि पश्चिम में तो नेपथ्य गृह बनाना है । कोई तो कहते हैं नाट्यमण्डप में रंगपीठ सोलह हाथ चौड़ा और आठ हाथ लम्बा होता है । दूसरे इसी का उलटा आठ हाथ चौड़े और सोलह हाथ लम्बे रंगपीठ को बतलाते हैं । कुछ

पश्चिमे च विभागेऽथ नेपथ्यगृहमादिशेत् ।
विभज्य भागान्विधिवद्यथावदनुपूर्वशः ॥३९॥
शुभे नक्षत्रयोगे च मण्डपस्य निवेशनम् ।
शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषैर्मृदङ्गपणवादिभिः ॥४०॥
सर्वातोद्यैः प्रणुदितैः स्थापनं कार्यमेव तु ।
उत्सार्याणि त्वनिष्टानि पाषण्ड्याश्रमिणस्तथा ॥४१॥
काषायवसनाश्चैव विकलाश्चैव ये नराः ।
निशायां च बलिः कार्यो नानाभोजनसंयुतः ॥४२॥

## अभिनवभारती

मेव तत् । नेपथ्यादिकं च तत्र गृह्यते । तदाह—पश्चिमे चेति । तत्र रङ्गपीठं विस्तरतः षोडश दैर्घ्यतस्त्वष्टहस्ता इति केचित् । अन्ये त्वेतदेव विपर्यासयन्ति । सर्वथा तावद्रङ्गपीठस्यापि विकृष्टत्वं विधेयमिति तात्पर्यम् । यद्वक्ष्यते—रङ्गो विकृष्टो भरतेन कार्यः (ना.शा. १२-२०) इत्यादि । (३७-३६)

एवं मानविधिमभिधायेष्टकास्थापनरूपे निवेशने विधिमाह शुभे नक्षत्रयोग इत्यादिना । दशसु तिर्यगूर्ध्वाधोरूपासु दिक्षु बलिः कार्य इत्युक्त्वा चतसृषु दिक्षु

## बालक्रीड़ा

(मूल) और आधे हिस्से में पश्चिम दिशा की तरफ पात्रों के लिए नेपथ्य-गृह जिसमें पात्र भिन्न-भिन्न वेषों को धारण करते हैं। को बनावे ।३९।

(मूल) शुभ नक्षत्र में शंख एवं नगाड़ों की ध्वनि के साथ मृदङ्ग पणव वगैरह सभी प्रकार के बाजों को बजाते हुए नाट्य मण्डप की स्थापना करनी चाहिये ॥४०॥

(मूल) लुच्चे लफंगे गुण्डे अन्धे लूले लंगड़ों तथा और भी अनिष्टकारी पदार्थों एवं पाखण्डी, सन्यासी, कषाय वस्त्रधारी, तथा हीनांग नरों को वहाँ से हटा देना चाहिये ॥४१॥

(मूल) अर्ध रात्रि में दशों दिशाओं में गंध पुष्प एवं फलों से युक्त नाना भोजन मिश्रित बलि करना चाहिये ॥४२॥

भी हो तात्पर्य यह है कि रंगपीठ को विकृष्ट बनाना चाहिए। जैसा कि आगे कहेंगे कि रंग पीठ को विकृष्ट करना भरत के लिए आवश्यक है। ना० शा० १२-१२० में इत्यादि कहा है।३७।३९।

इस प्रकार मान विधि को कहकर ईंटों के रखने में विधि को कहते हैं। शुभ नक्षत्रों में इत्यादि तिरछी, ऊँची एवं नीची दशों दिशाओं में बलि को देना चाहिए। ऐसा करके चारों दिशाओं में बलि देने का विधान कहा है वह अन्यथा नहीं है। इस अभिप्राय से व्यापक

गन्धपुष्पफलोपेतो दिशो दश समाश्रितः ।
पूर्वेण शुक्लान्नयुतो नीलान्नो दक्षिणेन च ॥४३॥
पश्चिमेन बलिः पीतो रक्तश्चैवोत्तरेण तु ।
यादृशं दिशि यस्यां तु दैवतं परिकल्पितम् ॥४४॥
तादृशस्तत्र दातव्यो बलिर्मन्त्रपुरस्कृतः ।
स्थापने ब्राह्मणेभ्यश्च दातव्यं घृतपायसम् ॥४५॥
मधुपर्कस्तथा राज्ञे कर्तृभ्यश्च गुडौदनम् ।
नक्षत्रेण तु कर्तव्यं मूलेन स्थापनं बुधैः ॥४६॥

अभिनवभारती

बलिविधिरुक्तो नान्यथेत्यभिप्रायेण व्यापकं विधिमाह—यादृशमित्यादिना । तेनाग्नेये रक्तवर्ण इत्याद्यूह्यम् । मन्त्रा वरणपूजाविधौ वक्ष्यमाणाः । ते च कर्मशंसोपयोगिनोऽनेन युक्त्या विधेयाः । 'मन्त्रेण स्मृतं कर्म करोति' इति हि स्मृतिः । अन्ये तु तद्देवताकैः श्रुतिमन्त्रैरेव बलिकर्मेत्याहुः । तल्लिङ्गैरित्यन्ये । चकारो भिन्नक्रमः । न केवलं मानोपक्रमे ब्राह्मणतर्पणं यावत्स्थापनेऽपीत्यर्थः । (४०-४४)

बालक्रीडा

(मूल) पूर्व दिशा में शुक्ल अन्न की, दक्षिण में नील अन्न की, पश्चिम में पीत अन्न की और उत्तर में रक्त अन्न की बलि देनी चाहिए ॥४३॥

(मूल) जिस दिशा में जैसा देवता माना गया है उस दिशा में वैसी ही बलि मन्त्रों द्वारा देनी चाहिये ॥४४॥

(मूल) मण्डप के स्थापन के समय में ब्राह्मणों को घृतान्न पायस खिलाना चाहिये । राजा को मधु पर्क एवं नटों को मीठा भात खिलाना चाहिये ॥४५॥

(मूल) मूल नक्षत्र और अनुकूल मुहूर्त एवं तिथि तथा शुभ करण में स्थापना करनी चाहिये ॥४६॥

रूप से बलि के विधान को कहते हैं । यादृशमित्यादि से । इससे अग्निकोण में रक्तवर्ण की बलि देनी है यह समझना चाहिए। मन्त्रों को आगे ब्राह्मण एवं देवपूजन के समय कहेंगे । उन मन्त्रों के इस ऊह से विधि का अनुगमन करना चाहिए । जिससे उन मन्त्रों के द्वारा उस कर्म के शंसन में कथन में उपयोग होवे । जैसा कि स्मृतिकार का निर्देश है कि मंत्र से स्मृत जाने हुए कर्म को करता है । दूसरे लोग तो कहते हैं कि उस देवता के श्रौत मन्त्रों से ही बलि-कर्म करना है ऐसा कहा है । और लोगों का कहना है कि देवताओं के लिंग जिन मन्त्रों में हो उन मन्त्रों से बलि देना चाहिए। ब्राह्मणेभ्यश्च में चकार का स्थान भिन्न है । अर्थात् स्थापने है ; अतः न केवल मापने के समय ही स्थापना के समय में भी ब्राह्मणों की तृप्ति करनी चाहिए ।४०-४४।

मुहूर्त्तेनानुकूलेन तिथ्या सुकरणेन च ।
एवं तु स्थापनं कृत्वा भित्तिकर्म प्रयोजयेत् ॥४७॥
भित्तिकर्मणि निर्वृत्ते स्तम्भानां स्थापनं ततः ।
तिथिनक्षत्रयोगेन शुभेन करणेन च ॥४८॥
स्तम्भानां स्थापनं कार्यं रोहिण्या श्रवणेन वा ।
आचार्येण सुयुक्तेन त्रिरात्रोपोषितेन च ॥४९॥
स्तम्भानां स्थापनं कार्यं प्राप्ते सूर्योदये शुभे ।
प्रथमे ब्राह्मणस्तम्भे सर्पिस्सर्षपसंस्कृतः ॥५०॥
सर्वशुक्लो विधिः कार्यो दद्यात्पायसमेव च ।
ततश्च क्षत्रियस्तम्भे वस्त्रमाल्यानुलेपनम् ॥५१॥

### अभिनवभारती

एवं मानविधिं स्थापनविधिं भित्तिकर्मविधिं च कृत्वा स्तम्भविधिः कार्य इति दर्शयति—भित्तिकर्मणीति । स्थापनमुच्छ्रायणम् । प्रथमं त्वाग्नेयः कोणः : तस्य विशेषणैः अनुवादलिङ्गविधिः कल्प्यः । शुक्लं सर्वत्र । पायसमिति द्विजेभ्य इति प्रकरणात् । सर्वस्य विध्यनुसारेणैव भोजनं शुक्लादिवर्णमिति मन्तव्यम् । ततश्चेति । तदन्त इत्यर्थः । (४८-५१)

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार स्थापना करके दिवाल बनाना आरम्भ करे । भित्ति कर्म के पूर्ण होने पर स्तम्भों का स्थापन करे ॥४७॥

(मूल) शुभ तिथि, रोहिणी या श्रवण नक्षत्र, शुभ योग शुभ करण में स्तम्भों को स्थापद करना चाहिए ॥४८॥

बुद्धिमान् आचार्य तीन रातों में उपवास करके प्रातः सूर्योदय के समय में स्तम्भों का स्थापन करे ॥४९॥

(मूल) प्रथम स्तम्भ ब्राह्मण स्तम्भ है । इसमें सब विधियाँ श्वेत होनी चाहिए । घी एवं श्वेत सरसों का संस्कार बलि में रहना चाहिये । और बलि में पायस रखना रखना चाहिये ॥५०॥

इस प्रकार रंगप्रमाण विधि, इष्टका की स्थापन विधि और भित्तिकर्म विधियों को करके स्तम्भोच्छ्राय विधि करनी चाहिए । अतः उसको कहते हैं कि भित्तिकर्म के सम्पन्न होने पर इत्यादि । स्थापना का अर्थ है खड़ा करना । इस क्रिया में पहले अग्निकोण लेना है । उसकी विधि को विशेषणों से सूचित लिंग के अनुसार करना है सभी जगह शुक्ल विधि करनी चाहिए । पायस ब्राह्मणों को खिलानी चाहिए । यहाँ द्विजेभ्यः इसको प्रकरण से समझना है । विधि के अनुसार शुक्लादि वर्णवाला भोजन सभी को देना है यह समझने की बात है । "ततश्च" इति । उसके अन्त में यह अर्थ है ।४८-५१।

सर्वं रक्तं प्रदातव्यं द्विजेभ्यश्च गुडौदनम् ।
वैश्यस्तम्भे विधिः कार्यो दिग्भागे पश्चिमोत्तरे ॥५२॥
सर्वं पीतं प्रदातव्यं द्विजेभ्यश्च घृतौदनम् ।
शूद्रस्तम्भे विधिः कार्यः सम्यक्पूर्वोत्तराश्रये ॥५३॥
नीलप्रायं प्रयत्नेन कृसरं च द्विजाशनम् ।
पूर्वोक्तब्राह्मणस्तम्भे शुक्लमाल्यानुलेपने ॥५४॥
निक्षिपेत्कनकं मूले कर्णाभरणसंश्रयम् ।
ताम्रं चाधः प्रदातव्यं स्तम्भे क्षत्रियसंज्ञके ॥५५॥
वैश्यस्तम्भस्य मूले तु रजतं सम्प्रदापयेत् ।
शूद्रस्तम्भस्य मूले तु दद्यादायसमेव च ॥५६॥
सर्वेष्वेव तु निक्षेप्यं स्तम्भमूलेषु काञ्चनम् ।
स्वस्तिपुण्याहघोषेण जयशब्देन चैव हि ॥५७॥
स्तम्भानां स्थापनं कार्यं पुष्पमालापुरस्कृतम् ।
रत्नदानैः सगोदानैर्वस्त्रदानैरनल्पकैः ॥५८॥

बालक्रीड़ा

(मूल) इसके बाद क्षत्रिय स्तम्भ में वस्त्र, माल्य, एवं चन्दन सभी सामग्री रक्त वर्ण की होनी चाहिये । और ब्राह्मणों को मीठा भात खिलाना चाहिये ॥५१॥

(मूल) वैश्य स्तम्भ में पश्चिम उत्तर के कोने में बलि देवे । इसमें सभी वस्तु पीत होनी चाहिए और ब्राह्मणों को घृत के साथ भात खिलाने चाहिए ॥५२॥

(मूल) शूद्र स्तम्भ में पूर्व उत्तर के कोन में विधि करनी चाहिये । इसमें सभी वस्तुएँ नीले रंग की होनी चाहिए । ब्राह्मणों को खिचड़ी खिलानी चाहिए ॥५३॥

(मूल) पूर्व दिशा के ब्राह्मण स्तम्भ में जिसमें श्वेत वस्त्र श्वेत चन्दन एवं मालाएँ हैं उसकी जड़ में इतना सोना छोड़े जो कर्णाभरण के संश्रय याने निर्माण के उपयुक्त होवे ॥५४॥

(मूल) क्षत्रिय स्तम्भ की जड़ में ताम्बा और वैश्य स्तम्भ की जड़ में चाँदी और शूद्र स्तम्भ की जड़ में लोहा छोड़े और अवशिष्ट स्तम्भों की जड़ों में सोना छोड़े ॥५५॥५६॥

(मूल) स्वस्ति पुण्याह वाचन एवं जयघोष के साथ स्तम्भों की स्थापना करे और उनको पुष्प मालाओं से सजावे ॥५७॥

(मूल) पर्याप्त मात्रा में रत्न, गौ एवं वस्त्र दानों से ब्राह्मणों को तृप्त करके स्तम्भों को खड़ा करे । करते समय स्तम्भ का अचल अर्थात् स्थिर होना अकम्प्य अर्थात् डोलायमान नहीं होना तथा अवलित अर्थात् इधर उधर घूमने वाला नहीं होना आवश्यक है । क्योंकि स्तम्भ के ठीक तौर से नहीं खड़ा करने में आगे कहे जाने वाले दोष हो जाते हैं ॥५८॥५९॥

ब्राह्मणांस्तर्पयित्वा तु स्तम्भानुत्थापयेत्ततः ।
अचलं चाप्यकम्प्यञ्च तथैवावलितं पुनः ॥५९॥
स्तम्भस्योत्थापने सम्यग्दोषा ह्येते प्रकीर्तिताः ।
अवृष्टिरुक्ता चलने, वलने मृत्युतो भयम् ॥६०॥
कम्पने परचक्रे तु भयं भवति दारुणम् ।
दोषैरेतैर्विहीनं तु स्तम्भमुत्थापयेच्छिवम् ॥६१॥
पवित्रे ब्राह्मणस्तम्भे दातव्या दक्षिणा च गौः ।
शेषाणां भोजनं कार्यं स्थापने कर्तृसंश्रयम् ॥६२॥

## अभिनवभारती

अचलमिति । स्थानान्तरानिवेशलक्षणमनेनोक्तम् । अविद्यमाना चलना यस्येति । अकम्प्यमिति । तत्रैव स्थानशिथिलता येन न भवति । अवलितमिति । वल्याकृत्यादिना परिवर्तनं यस्य करणीयं न भवति । दोषसूचकत्वाद्दोषकारित्वाच्च दोषाः । तान्दोषानाह—अवृष्टिरित्यादि । (५९-६१)

दातव्येति । द्विजायेति दातव्यबलाल्लभ्यते । अभिमन्त्र्येति सूचितो यः

## बालक्रीडा

(मूल) स्तम्भ के चल होने पर अवृत्ति होती है, वलन होने पर मृत्यु का भय होता है । और कम्पन होने पर दुश्मनों से भीषण भय होता है । अतः इन दोषों से रहित पवित्र कल्याणकारी स्तम्भ को खड़ा करे ॥६०॥६१॥


(मूल) ब्राह्मण स्तम्भ के खड़ा करते समय ब्राह्मणों को दक्षिणा गौ देनी चाहिए । अवशिष्ट अन्य स्तम्भों के स्थापन करने में नाट्य करने वालों को भोजन कराना चाहिए ॥६२॥

(मूल) बुद्धिमान् नाट्याचार्य को चाहिये कि मंत्रपूत भोजन का दान करे । और पुरोहित एवं राजा को मधु एवं पायस का भोजन करावे ॥६३॥

अचलमिति । यहाँ अचल कहने का अभिप्राय है कि स्तम्भ का लक्षण है स्थानान्तर में सन्निवेश नहीं करना । अतएव जिसका चलना अर्थात् चलन नहीं होता है । अकम्प्यमिति । वहीं पर उसकी स्थिति शिथिल जिससे नहीं होने पावे । अवलितमिति । वलन अर्थात् आकृति वगैरह से जिसका परिवर्तन नहीं किया जा सके । मन्दा कर देने विकृत कर देने वाले को तो दोष कहते ही हैं । उन दोषों को कहते हैं अवृष्टिरित्यादि ।५९।६१।


दातव्येति । दानीय ब्राह्मण होता है अतः दातव्यपद के बल से "द्विज के लिए" यह विशेषण मिल गया । अभिमन्त्र्येति "अभिमंत्रित करके" इससे सूचित जो मन्त्र है उसको कहते हैं यथेति । प्रणव ओंकार और नमस्कार के बीच में इस मन्त्र को पढ़ना चाहिए । यह वास्तुविद्या के जानकारों का मत है । अथवो भव यह अपूर्व विधि है । इसको अनुवाद

विकृष्ट-मण्डप ६४×३२ हाथ





चतुरस्र-मण्डप ३२×३२ हाथ



(२) आयताकार मत्तवारणी –



मन्त्रपूतं च तद्देयं नाट्याचार्येण धीमता ।
पुरोहितं नृपं चैव भोजयेन्मधुपायसैः ॥६३॥
कर्तृनपि तथा सर्वान्कृसरां लवणोत्तराम् ।
सर्वमेवं विधिं कृत्वा सर्वातोद्यैः प्रवादितैः ॥६४॥
अभिमन्त्र्य यथान्यायं स्तम्भानुत्थापयेच्छुचिः ।
यथाऽचलो गिरिर्मेरुर्हिमवांश्च महाबलः ॥६५॥
जयावहो नरेन्द्रस्य तथा त्वमचलो भव ।
स्तम्भद्वारं च भित्तिं च नेपथ्यगृहमेव च ॥६६॥
एवमुत्थापयेत्तज्ज्ञो विधिदृष्टेन कर्मणा ।
रङ्गपीठस्य पार्श्वे तु कर्तव्या मत्तवारणी ॥६७॥

अभिनवभारती

मन्त्रमाह—यथेति । प्रणवनमस्कारमध्यवर्ती चायं पठितव्य इति वास्तुविद्याविदः । अचलो भवेति अपूर्वविधिः । तेन तदनुवादेन जयावहो भवेत्यस्य न पौनरुक्त्यम् । एवमिति । तेन भित्तौ स्त्रीत्वेन गृहे नपुंसकत्वेनोहः कार्यः । पार्श्वे इति । विशेषानुपादानात्तयोस्तुल्यम् ( ना.शा. २-६५ ) इति च द्विवचनाल्लिङ्गाद्भाविनोर्द्वयोः पार्श्वयोरिति लभ्यते । ( ६५-६७ )

बालक्रीडा

(मूल) सभी कारीगरों को नमकीन खिचड़ी खिलावे । इस तरह सब विधियां सम्पन्न करके सभी तरह के बाजे बजवाने चाहिए ॥६४॥

(मूल) यथा विधि स्तम्भ को अभिमन्त्रित करके पवित्र करे ॥६५॥

(मूल) जैसे सुमेरु पर्वत अचल है एवं हिमवान् जैसे अचल है, स्थिर है वैसे तुम भी हे स्तम्भ ! अचल होवो और राज की विजय करो ॥६६॥

(मूल) इस प्रकार शिल्पशास्त्रवेत्ता शिल्प शास्त्र की विधि के अनुसार स्तम्भद्वार, भित्ति, एवं नेपथ्य गृह को बनावे ॥६७॥

(मूल) रङ्गपीठ के पार्श्व भाग में रङ्गपीठ प्रमाणानुसार चार स्तम्भों वाली

करके की गई "जयावहो भव" यह गुण विधि है अतः भव की पुनरुक्ति नहीं कही जायगी। एवं इसी प्रकार भित्ति में स्त्रीत्व और गृह में नपुंसकत्व के अनुसार क्रमशः अचला भव जयावहा भव तथा अचलं भव जयावहं भव यह ऊहकर लेना चाहिए । "पार्श्वे" इति । यहाँ मूल श्लोक में "पार्श्वे" इस एकवचन का उपन्यास किया है और दायें तथा बाँयें पार्श्व का विशेष रूप से उपादान भी नहीं किया है । किन्तु आगे ६५ वें श्लोक में "तयोस्तुल्यम्" में तयोः इस द्विवचन का उपन्यास किया है । इसलिए द्विवचन रूप लिंग के आधार पर "रंगपीठ के" भावी दोनों पार्श्वों में यह अर्थ स्वतः प्राप्त हो गया ।६५।६७।

चतुःस्तम्भसमायुक्ता रङ्गपीठप्रमाणतः ।
अध्यर्धहस्तोत्सेधेन कर्तव्या मत्तवारणी ॥६८॥
उत्सेधेन तयोस्तुल्यं कर्तव्यं रङ्गमण्डपम् ।
तस्यां माल्यं च धूपं च गन्धं वस्त्रं तथैव च ॥६९॥
नानावर्णानि देयानि तथा भूतप्रियो बलिः ।
पायसं तत्र दातव्यं स्तम्भानां कुशलैरधः ॥७०॥

अभिनवभारती

स्तम्भाश्चत्वारः बहिर्मण्डपान्निष्कासनं कृत्वा ध्रियन्ते मण्डपक्षेत्राद्बहिः । तेन भित्तिच्छेदावधौ स्तम्भद्वयम् । ततोऽपि बहिर्भित्तेरष्टहस्तान्तरस्तम्भापेक्षयाऽप्यष्टहस्तान्तरं स्तम्भद्वयमित्येतावदित्यष्टहस्तविस्तारा समचतुरश्रा मत्तवारणी भवति । आयामस्तु प्रमाणमिति ये वदन्ति तेषां मते दैर्घ्यादष्टहस्तं विस्तारात् षोडशहस्तमित्येवं विकृष्टता रङ्गपीठस्य भवति । अन्येषां हस्तमानोऽत्र यथा रङ्गपीठापेक्षया च सार्धहस्तपरिमाण उच्छ्रायः कार्यो मत्तवारण्याः । तयोरिति द्विवचनं ज्ञापकमेतच्चरितार्थमितीह नापेक्षित इति । तस्या एव यावानुत्सेधस्तावाद्रङ्गपीठस्य । तेन

बालक्रीड़ा


मत्तवारणी (बारहदरी) को बनावे और उस मत्तवारणी का उत्सेध याने ऊँचाई अध्यर्धहस्त अर्थात् जमीन से १२ अंगुल होनी चाहिए ॥६८॥

(मूल) रङ्गपीठ एवं मत्तवारणी दोनों की ऊंचाई के बराबर रङ्ग मण्डप बनाना चाहिए । उसको नाना रंग की सुगन्धित मालाओं एवं साधारण मालाओं तथा वस्त्रों से सजाये । और अदृश्य भूतों को प्रसन्न करने के लिए बलि देना चाहिए । इसमें खम्भों के अधः प्रदेश में बुद्धिमानों को पायस छोड़ना चाहिए ॥६९॥७०॥

मण्डप से बाहर अर्थात् जिस क्षेत्र में मण्डप बनाया है उस क्षेत्र के बाहर निकालकर मत्तवारणी के चारों खम्भों को रखना चाहिए । इसका अर्थ हुआ कि जहाँ भित्ति का छेद याने समाप्ति होती है वहाँ पर दो खम्भे बनाये जायें । उसके भी आगे भित्ति के बाहर आठ हाथ के अन्तर पर खड़े किये गये खम्भे की अपेक्षा आठ हाथ के अन्तर पर दो खम्भे और खड़े करने चाहिए । इस तरह आठ हाथ चौड़ी समान चतुरस्र मत्तवारणी बारहदरी होती है । जो तो कहते हैं कि विस्तार आयाम ही प्रमाण है उनके मत में लम्बाई में आठ हाथ की, और चौड़ाई में सोलह हाथ की विकृष्टता रंगपीठ की होती है । दूसरों के मत में हाथ का प्रमाण ऐसा है । जैसे रंगपीठ की अपेक्षा डेढ़ हाथ ऊँचा परिमाण मत्तवारणी का करना चाहिए । तयोः यह ज्ञापक चरितार्थ हो चुका है । इसका फल पार्श्व शब्द की व्याख्या में कह दिया गया है अतः यहाँ इसकी अपेक्षा नहीं है । जितनी ऊँचाई मत्तवारणी की होगी उतनी ऊँचाई रंगपीठ की भी । इससे मूल भूभाग की अपेक्षा डेढ़ हाथ ऊँचे प्रमाण वाला रंगपीठ होता है यह बात कही गई । इससे यह भी सूचित हो गया कि मत्तवारणी की ऊँचाई को देखने से रंगपीठ


# अभिनवगुप्तके अनुसार मत्तवारणी कीदो स्थितियां

(१) समचतुरस्त्र मत्तवारणी




'अष्ट हस्त विस्तीरा समचतुरस्त्रामत्तवारणी भवति'

(२) आयताकार मत्तवारणी –





आयामस्तु प्रमाणमिति येवदन्ति तेषांमते दैर्घ्यादष्ट-
हस्ता विस्ताराच्चोडशहस्ताइत्येवं विकृष्टतामत्तवारण्या
भवति

षड्दारुकका चित्र




SECTION ACROSS रंगपीठ OF विकृष्टं



भोजने कृसराश्चैव दातव्यं ब्राह्मणाशनम् ।
एवं विधिपुरस्कारैः कर्तव्या मत्तवारणी ॥७२॥
रङ्गपीठं ततः कार्यं विधिदृष्टेन कर्मणा ।
रङ्गशीर्षन्तु कर्तव्यं षड्दारुकसमन्वितम् ॥७३॥

## अभिनवभारती

ग्रङ्गभूभागापेक्षया सार्धहस्तप्रमाणोन्नतं रङ्गपीठमित्युक्तं भवति । तेन मत्तवारण्यालोकेन नात्यर्थं रङ्गपीठस्य दुष्प्रेक्षता । एतच्चोत्सेधेनेत्येकवचनेन सूचितम् । अन्यथोत्सेधाभ्यामित्युच्येत ।

माल्यधूपाद्यत्र निर्माणकाल एव देयम् । तदधिष्ठातॄणां भूतादीनामुग्रत्वेन यत्नोपचरणीयत्वात् । तदाह—विधिपुरस्कारैरिति । पुरस्कारशब्देन विधिर्वास्तुशास्त्रोक्तः । ( ६८-७२ ) ।

रङ्गपीठे कार्ये रङ्गशिरस्तावदाह-रङ्गशीर्षमिति । नेपथ्यगृहभित्तिलग्नौ स्तम्भावष्टहस्तान्तरावन्योन्यं निवेश्य तयोर्यन्मुखं तदपेक्षया चतुर्हस्तान्तरं स्तम्भद्वयम् । तेषामधस्तनं काष्ठमुपरितनं चेति षड् दारूणि । यत्र षड् दारूणि तत्षड्दारुकम् । संज्ञायां कन् । तत्तेन विचित्ररचनोपेतत्वं लभ्यते ।

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकरण में ब्राह्मणों को खिचड़ी खिलावे इस तरह की वास्तुविद्या में कथित विधि को पुरस्कृत करके मत्तवारणी बनानी चाहिए ॥७२॥

(मूल) इसके बाद शास्त्र की बतलाई हुई प्रक्रिया से रंगपीठ बनाना चाहिए । रंग शीर्ष को छ छ खम्भे का बनाना चाहिए ॥७३॥

दुःप्रेक्ष्य हो जायगा ऐसी स्थिति नहीं है रंगपीठ भी दिखाई पड़ेगा अत्यन्त दुःप्रेक्षता उसकी नहीं होगी । यह सूचना उत्सेधेन में दिये हुए एकवचन से मिली है । अन्यथा यदि ऐसी भावना नहीं होती तो उत्सेधाभ्याम् इस तरह द्विवचन का प्रयोग करते । माला एवं धूप वगैरह का प्रदान इसके निर्माण के समय में ही करना चाहिए । क्योंकि उनके अधिष्ठाता देवता भूतादि उग्र हैं अतः प्रयत्न के साथ उनका उपचार होना चाहिए । उसी को कहते हैं विधिपुरस्कारैरिति । यहां पुरस्कार शब्द के उपादान से वास्तु शास्त्र में कही हुई विधि का ग्रहण करना चाहिए ।६८।७२।

अब रंगपीठ को बनाना है अतः पहले रंग के शीर्ष भाग को बतलाते हैं—रंगशीर्षमिति । नेपथ्यघर की दिवाल से लगे हुए दो खम्भों को एक दूसरे से आठ हाथ के अन्तर में खड़े करके उनका जो मुख है अग्र भाग है उसकी अपेक्षा से चार हाथ के अन्तर में दो खम्भों को खड़ा करे । उनके नीचे के एवं उनके ऊपर के चार काष्ठ । जहाँ ६ काष्ठ हों उसे षड्दारुक कहते हैं । यहाँ संज्ञा में कन् हुआ है । इससे यह प्राप्त होता है कि रंगशीर्ष की

कार्यं द्वारद्वयं चात्र नेपथ्यगृहकस्य तु ।
पूरणे मृत्तिका चात्र कृष्णा देया प्रयत्नतः ॥७४॥
लाङ्गलेन समुत्कृष्य निर्लोष्टतृणशर्करम् ।
लाङ्गले शुद्धवर्णौ तु धुर्यौ योज्यौ प्रयत्नतः ॥७५॥

## अभिनवभारती

अन्ये तु—

पार्श्वद्वयोर्ध्वाधरदारुमण्डितं स्तम्भद्वयोपेतमिहाच्छयातृकम् ।

इति षड्दारुकमाहुः । अत्र ऊहः स्तम्भशिरसो दूरं निर्गतः काष्ठः । प्रत्यूहः ततो विनिर्गता तुला । आकाशे भित्याकारोच्छ्रितकाष्ठः संजवनोपेतः व्यूहः । स्तम्भाश्रिताः सिंहादयो व्यालानुबन्धाश्च निर्यूहाः । तुलान्तान्निस्सृताः फलकभित्तिमयाः निर्यूहाः । कुहराणि पर्वतपुरनिकुञ्जगह्वररूपाणि समूह इति षड्दारुकम् । अत्र नेपथ्यगृहस्य द्वारद्वयं कार्यम् । एकं दक्षिणतः । अपरमुत्तरतः । तच्च द्वारद्वयमापादितं कूर्पराभिनत्या भवति । तत्पात्राणां विश्रान्त्यै आगच्छतामभिनयार्थं गच्छतां च गुप्त्यै रङ्गस्य शोभायै रङ्गशिरः कार्यम् । सर्वत्र च पक्षे दक्षिणोत्तरगतं द्वारद्वयं पात्राणां प्रवृत्तिभेदकृतात्प्रदक्षिणाप्रदक्षिणप्रवेशत्वात् । शुद्धवर्णौ । शुक्लौ । धुर्यौ दान्तौ । (७३-७५)

## बालक्रीड़ा


(मूल) नेपथ्य गृह के दो द्वार बनावे । एक उत्तर में और एक दक्षिण में और उसमें निम्नोन्नत प्रदेश के पूरण में काली मिट्टी छोड़नी चाहिए ॥७४॥

(मूल) हल से भूमि का कर्षण करके लोष्ट तृण एवं शर्करा बालुका को हटा देना चाहिए । हल को चलाने के लिए उसमें श्वेत वर्ण के दो बैल जोतने चाहिए ॥७५॥


रचना विचित्र तरीके से हुई है । यहाँ नेपथ्य गृह में दो दरवाजे करने चाहिए । एक दक्षिण में और दूसरा उत्तर में । वे दोनों द्वार कोहनी की तरह अभिनत मुड़े हुए होने चाहिए । उनके घुमावदार बनाने का फल है कि जो पात्र अभिनय करके विश्राम करने के लिए भीतर आ रहे हैं और जो पात्र अभिनय करने के लिए बाहर रंगस्थल में आ रहे हैं उनको दर्शक लोग नहीं देख पायेंगे । अतः रंग की शोभा के लिए रंगशीर्ष को बनाना चाहिए ।

दूसरे तो षड्दारुक का ऐसा लक्षण कहते हैं कि जो दोनों पार्श्वों में ऊपर तथा नीचे के काष्ठों से सुशोभित हो और जिसमें दो-दो खम्भे खड़े किये गये हो । वह षड्दारुक है इसमें पात्रों का यातायात अच्छा हो सकता है । षड्दारुक की स्पष्ट व्याख्या करते हैं । यहाँ षड्दारुक में ऊह १ प्रत्यूह २ निर्यूह ३ व्यूह ४ संपूह ५ एवं समूह नामक ६ काष्ठ होते हैं । जिनमें ऊह उस काष्ठ को कहते हैं जो खम्भे के सिरे से दूर तक निकला हो ।१। और उस काष्ठ से विनिर्गत बनी हुई तुला प्रत्यूह कहलाती है । (कृपाणी दारु बन्धाय पीठिका सा तुला" विश्व, हेमचन्द्र एवं मेदिनी । घरों के निर्माण के लिए लकड़ियों का बन्धन याने रचना की पीठिका है जिस पर बैठकर एवं खड़े होकर मिस्त्री या कारीगर लोग भवन बनाते हैं उसको तुला


## (१) समचतुरस्र मत्तवारणी




रङ्गशीर्षमें षड्दारुककी प्रथम स्थिति



रङ्गशीर्षमें षड्दारुककी द्वितीय स्थिति



रङ्गशीर्षमें षड्दारुककी तृतीय स्थिति



कर्तारः पुरुषाश्चात्र येऽङ्गदोषविवर्जिताः ।
अहीनाङ्गैश्च वोढव्या मृत्तिका पिटकैर्नवैः ॥७६॥
एवंविधैः प्रकर्तव्यं रङ्गशीर्षं प्रयत्नतः ।
कूर्मपृष्ठं न कर्तव्यं मत्स्यपृष्ठं तथैव च ॥७७॥
शुद्धादर्शतलाकारं रङ्गशीर्षं प्रशस्यते ।
रत्नानि चात्र देयानि पूर्वे वज्रं विचक्षणैः ॥७८॥
वैडूर्यं दक्षिणे पार्श्वे स्फटिकं पश्चिमे तथा ।
प्रवालमुत्तरे चैव मध्ये तु कनकं भवेत् ॥७९॥

## अभिनवभारती

कूर्मपृष्ठमिति । समन्ततो निम्नं मध्ये च वर्तुलरूपं मन्नम् । तत्तादृगेव मध्ये दीर्घरूपं मत्स्यपृष्ठम् । तदुभयं नात्र कार्यम् । रत्नानि तद्यायुधवद्वर्णानुरूपत्वेन

## बालक्रीडा

(मूल) उसको संचालन करने वाले पुरुष, शरीर सम्बन्धि दोष से रहित होने चाहिए ॥७६॥

(मूल) इस प्रकार के प्रयत्नों से रंग शीर्ष बनावे । कूर्म के पीठ की आकार का तथा मछली के पीठ की आकार का रंग शीर्ष न बनावे किन्तु ठीक दर्पण के तल के आकार का रंग शीर्ष होना चाहिए । उसी की प्रशंसा की गई है । इसमें रत्नों की योजना इस प्रकार करे । पूर्व में हीरा, दक्षिण में वैडूर्य, पश्चिम में स्फटिक, उत्तर में प्रवाल एवं मध्य में सोना ॥७७॥७८॥७९॥

कहते है) तुलान्त में अन्त शब्द स्वरूप वाचक है । मेदिनी एवं त्रिकाण्ड शेष में अन्त शब्द का स्वरूप अर्थ लिखा है । तुला के स्वरूप को बनाने वाले तख्ते (फलक) निर्यूह कहाते है । आकाश में भित्ति के आकार में खड़े काष्ठ जिनके फलस्वरूप रंजवन चतुःशाला बन जाती है उनको व्यूह कहते है । स्तम्भों पर व्यालानुबन्ध हाथी के साथ सिंहों की मूर्तियां जहां खुदी रहें उसे संपूह कहते हैं । पर्वत, पुर, निकुञ्ज एवं गुफारूप में कुहर जहां रहे, वह समूह कहाता है । इस तरह षड्दारुक हुआ । इन सभी पक्षों में दक्षिण और उत्तर में दो दरवाजे रहेंगे । जिसमें पात्रों की प्रवृत्ति के अनुसार दायें एवं बायें से प्रवेश एवं निर्गम होता है । शुद्धवर्ण अर्थात् शुक्ल । धुर्य माने दान्त जो उद्दण्ड न हो ।७३।७५।

चारों तरफ झुका हुआ, मध्यभाग में वर्तुल गोलाकार छोटा रंगशीर्ष कूर्मपृष्ठ कहाता है । वैसा ही याने चारों तरफ झुका हुआ बीच में लम्बा रंगशीर्ष मत्स्य पृष्ठ कहाता है । ये दोनों प्रकार के रंगशीर्ष यहां नहीं बनाने चाहिए । किन्तु आदर्श-तल के आकार वाला सम बराबर तल वाला बनाना चाहिए । उनके आयुध और वर्णों के अनुरूप योग्यता के साथ

एवं रङ्गशिरः कृत्वा दारुकर्म प्रयोजयेत् ।
ऊहप्रत्यूहसंयुक्तं नानाशिल्पप्रयोजितम् ॥८०॥
नानासञ्जवनोपेतं बहुव्यालोपशोभितम् ।
ससालभञ्जिकाभिश्च समन्तात्समलङ्कृतम् ॥८१॥
निर्यूहकुहरोपेतं नानाग्रथितवेदिकम् ।
नानाविन्याससंयुक्तं चित्रजालगवाक्षकम् ॥८२॥
सुपीठधारिणीयुक्तं कपोतालीसमाकुलम् ।
नानाकुट्टिमविन्यस्तैः स्तम्भैश्चाप्युपशोभितम् ॥८३॥

## अभिनवभारती

यथायोगम् । कृत्वेति । पूर्वं विभज्य बुद्ध्येति यावत् । दारुकर्मोक्तं विभजति—ऊहप्रत्यूहसंयुक्तमित्यादिना स्तम्भैश्चाप्युपशोभितमित्यन्तेन । अनेकसालभञ्जिकाः काष्ठमय्यः कान्तप्रकृतयः । नानाकृतिभिर्ग्रथिता वेदिकाश्चतुरश्रिका यत्र । चित्राणि जालानि चतुरश्राष्टाश्रच्छिद्ररूपाणि गवाक्षाणि च वर्तुलच्छिद्रात्मकानि यत्र । पीठानि स्तम्भोपरि । तेषु धारिण्यस्तुलाः । कपोताली विटङ्कपाली । कुट्टिमस्य नानात्वं रङ्गशिरोरङ्गपीठमत्तवारणीद्वयभेदात् । सर्वत्र तथाविधदारुकम् । रक्तसितनीलपीतादिभेदाद्वा । अत्रोहप्रत्यूहावन्वयव्यतिरेकतर्कोपयोगिनौ केचिदाहुः । (७६-८३)

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार रंग शीर्ष को बनाकर दरवाजों में लकड़ी का काम अर्थात् उनमें कपाटों को बनवावे । पल्लों के बनवाने में नाना प्रकार की कारीगरी के लिए ऊहापोह करे । अनेक प्रकार की कारीगरी के लिए ऊहापोह करे । अनेक प्रकार के सञ्जवन अर्थात् चौशालाओं से युक्त, तथा किसी धातु के या पाषाण वगैरह के बहुत से हाथी एवं शेरों की मूर्तियों से सजावे और चारों तरफ से उसको पुतलियों से अलंकृत करे । निर्यूह याने लघु द्वार, कुहर याने मोखे, और नाना प्रकार की वेदियां, और भिन्न २ शैली के विन्यास वाले यन्त्र तथा जालों वाले झरोखे उसमें बनवावे । सुन्दर बैठने की जमीन बनावे कपोत पंक्तियों के बैठने को सुन्दर पीठिका बनवावे । सुन्दर फर्श की रचना करावे और खम्भों से सजावे इस प्रकार लकड़ीका काम समाप्त करके दिवाल के ऊपर रचना करे । जैसे खूटियाँ वगैरह की शैलियों से योजना ॥८०॥८१॥८२॥८३॥८४॥

रत्नों का उपन्यास करना चाहिए । जैसे वज्र इन्द्र का आयुध है । कृत्वेति । बुद्धि पूर्वक लकड़ियों को विभक्त करके दारुकर्म करना है जो कह दिया । ऊह प्रत्यूह संयुक्त इत्यादि से स्तम्भैश्चाप्युपशोभितम् पर्यन्त उसका विभाग करते हैं । अनेक प्रकार की काष्ठमयी सुन्दर पुतलियाँ बनी होनी चाहिए । चित्र जाल अर्थात् चतुरस्र एवं अष्टास्र छिद्र वाले गवाक्ष झरोखे जिनमें गोल-गोल बहुत से छिद्र रहते हैं । स्तम्भों के ऊपर पीठ बनी होनी चाहिए । धारिणी उन पर बनी हुई तुलाएँ । कपोताली कपोतों के बैठने

**एवं काष्ठविधिं कृत्वा भित्तिकर्म प्रयोजयेत् ।**
**स्तम्भं वा नागदन्तं वा वातायनमथापि वा ॥८४॥**
**कोणं वा सप्रतिद्वारं द्वारविद्धं न कारयेत् ।**
**कार्यः शैलगुहाकारो द्विभूमिर्नाट्यमण्डपः ॥८५॥**

### अभिनवभारती

सप्रतिद्वारम् द्वारेण विद्धं परस्परसंमुखीभूतमध्यं न कुर्यात् । नागदन्तं स्तम्भोर्ध्वनीचस्थं शंकुं पुत्तिकाधारणार्थं गजमुखमिति केचित् । द्वे भूमी रङ्गपीठस्याधस्तनोपरितनरूपेणेति केचित् । मण्डपभित्तेर्बहिर्निर्गतमत्तवारणीप्रमाणेन सर्वतो द्वितीयभित्तिनिवेशेन देवप्रासादाट्टालिका प्रदक्षिणसदृशी द्वितीया भूमिरित्यन्ये । उपरि मण्डपान्तरनिवेशनादित्यपरे । अद्विभूमिरित्येके । उपाध्यायास्तु वीप्सागर्भं व्याचक्षते । द्वे द्वे भूमी यत्र निम्नाते ततोऽप्युन्नता इति क्रमेण रङ्गपीठनिकटा अभृति द्वारपर्यन्तं यावद्रङ्गपीठोत्सेधतुल्योत्सेधा भवति । एवं हि परस्परानाच्छादनं

### बालक्रीड़ा

(मूल) तिकोना या सप्रतिद्वार अर्थात् अवान्तर द्वारवाला तथा द्वारविद्ध अर्थात् जिसका मध्यभाग परस्पराभिमुख हो ऐसा द्वार नहीं बनाना चाहिए और पर्वत की गुहा के आकार का द्विभूमि अर्थात् दो आंगन वाला नाट्य मण्डप बनावे ॥८५॥

की वेदिकाएँ । रंगशीर्ष, रंगपीठ एवं दोनों मत्तवारणियों के अनुसार नाना प्रकार के फर्श उनमें बने रहने चाहिए । उनमें वैसी ही लाल, सफेद, नील एवं पीत रंगवाली लकड़िया रहेंगी । यहाँ कोई कहते हैं कि ऊह और प्रत्यूह का अर्थ है अन्वय एवं व्यतिरेकी तर्क के उपयोगी पदार्थ ।७६।८३।

प्रत्येक द्वार के साथ एक-एक अवान्तर द्वार होना चाहिए । जो द्वार से विद्ध याने सप्रतिद्वार तथा जिसका मध्य भाग एक दूसरे के संमुख हो ऐसा नहीं बनावे । नागदन्त खम्भे के ऊपर या नीचे के हिस्से में लगा हुआ शंकु याने खूंटी । कोई कहते हैं कि पुतलियों के टांगने के लिए गजमुख को नागदन्त कहते हैं । नाट्यमण्डप को द्विभूमि बनाना चाहिए । जिसमें एक भूमि रंगपीठ के ऊपर, दूसरी रंगपीठ के नीचे । ऐसा कोई मानते हैं । मण्डप की दिवाल से बाहर निकली हुई मत्तवारणी के प्रमाण के अनुसार सभी तरफ दूसरी भित्तियों का सन्निवेश है । उस सन्निवेश के कारण देव प्रासाद की अट्टालिकाओं के प्रदक्षिण की जैसी जहाँ दूसरी भूमि रहे उसको द्विभूमि अन्य लोग कहते हैं । अपर लोग कहते हैं कि मण्डप के ऊपर दूसरा मण्डप बनाने से द्विभूमि दो मंजिला होता है । एक ऐसे हैं जो शैलाकारोऽद्विभूमि पद में अकार का प्रश्लेष करते हैं । अतः उनके अनुसार एक भूमि होता है । उपाध्याय जी तो द्विभूमि के भूमिगत द्वित्व को वीप्सार्थक मानकर व्याख्या करते हैं । कि जहाँ निम्नात अर्थात् निम्न नीची होने से अत सातत्येन जल्दी से गमन हो सकता है ऐसी दो-दो भूमियाँ रहें । उसके बाद ऊँची जो क्रम से रंगपीठ के समीप से लेकर दरवाजे

मन्दवातायनोपेतो निर्वातो धीरशब्दवान् ।
तस्मान्निवातः कर्तव्यः कर्तृभिर्नाट्यमण्डपः ॥८६॥
गम्भीरस्वरता येन कुतपस्य भविष्यति ।
भित्तिकर्मविधिं कृत्वा भित्तिलेपं प्रदापयेत् ॥८७॥
सुधाकर्म बहिस्तस्य विधातव्यं प्रयत्नतः ।
भित्तिष्वथ विलिप्तासु परिमृष्टासु सर्वतः ॥८८॥

## अभिनवभारती

सामाजिकानाम् । शैलगुहाकारत्वं स्थिरशब्दादित्वं भवति । मन्दत्वं वातायनानां जालकपाटयोगात्कार्यम् । कुतपः संफेटकगायकवादकसमूहः । कुर्नाट्यभूमिस्तां तपति उज्ज्वलयतीति कृत्वा । कुतं शब्दं पातीत्यन्ये । गम्भीरत्वं तत्रैव शब्दस्य भ्रमणादन्योन्यप्रतिश्रुतिकारसमारम्भसम्पूर्णत्वं । भित्तिलेपो भग्नशङ्खवालुकाशुक्तिका-

## बालक्रीड़ा

( मूल ) मन्द मन्द वायु के संचार वाला, या वात शून्य नाट्य मण्डप बनाना चाहिए। मन्द वात या निर्वात मण्डप होने से शब्द का श्रावणप्रत्यक्ष बड़ी धीरता से होता है अतः निवात अर्थात् वात रहित नाट्य मण्डप बनवाना चाहिए ॥८६॥

( मूल ) निर्वात बनाने से कुतप याने वाद्य के स्वर में गम्भीरता एवं सुस्वरता हो जाती है। भित्ति रचना का सम्पादन कराके भित्ति में लेप करवावे ॥८७॥

( मूल ) जिसमें पहले भित्ति पर प्रयत्न के साथ सुधा याने चूने का लेप करवावे यह भित्ति का बाह्य लेप है। भित्तियों का पूर्ण लेप करवा देने पर उनको सब तरह से परिमार्जित करवा दे ॥८८॥

तक जितनी रंगपीठ की ऊँचाई है उसी के तुल्य ऊँचाई वाली। इस तरह की भूमि के कारण दर्शक सामाजिकों में एक दूसरे के द्वारा एक दूसरे का आच्छादन आवरण नहीं होगा। शैल की गुहा के आकार वाला कहने का अभिप्राय है स्थिर शब्दत्व अर्थात् उसमें शब्द गूँजेगा नहीं। झरोखों की मन्दता को जालियों में किवाड़ लगाकर की जा सकती है। कुतप संफेटक (सम्फेटोऽन्योन्यभाषणम्) परस्पर में बातचीत करने वाला, गायन (गाने वाला कर्ता में स्फुट है) वादकों के समूह को कहते हैं। कुतप का ऐसा अर्थ करने में मूल योगार्थ को बतलाते है। कु माने नाट्य भूमि। उसको जो तपाता है उज्ज्वल करता है वह कुतप है। सम्फेटक, गायक एवं वादकों से नाट्य मण्डप की शोभा होती है। अन्यों का आशय है कि कुत शब्द की जो रक्षा करे वह कुतप है। स्वर की गम्भीरता, शब्द के उसी जगह में घूमने तथा एक दूसरे का एक दूसरे को प्रत्युत्तर देने में शब्द के समारम्भ समुच्चारण से पूर्णता होने से है। भग्नशंख की वालुका एवं शुक्ति के चूर्ण से भित्तियों पर लेप होना चाहिए। लताबन्ध माने द्रुम एवं लता आदि का रचनाविशेष से सन्निवेश। यहाँ द्रुमलतादि की जगह

समासु जातशोभासु चित्रकर्म प्रयोजयेत् ।
चित्रकर्मणि चालेख्याः पुरुषाः स्त्रीजनास्तथा ॥८९॥
लताबन्धाश्च कर्तव्याश्चरितं चात्मभोगजम् ।
एवं विकृष्टं कर्तव्यं नाट्यवेश्म प्रयोक्तृभिः ॥९०॥
पुनरेव हि वक्ष्यामि चतुरश्रस्य लक्षणम् ।

अभिनवभारती

क्षेपः । लताबन्धा द्रुमलतादिबन्धसन्निवेशा वा माल्त्यादिव्यागतातोद्यवेष्टनवैचित्र्यप्रकारा वा वक्ष्यमाणपिण्डीबन्धप्रकारविशेषाश्च । एतदुपसंहरति—एवं विकृष्टमिति । (८४-९०) ।

यद्यपि समचतुरश्रोऽत्र एव शक्य ऊहितुं तथापि विस्पष्टार्थं वक्ष्यामीत्याशयेन पुनःशब्देनोपक्रमते-पुनरेवेति । ननु विकृष्टे स्तम्भविभागरङ्गयोजनादि नोक्तं तत्कथं प्रतिपत्तव्यमित्याशङ्कायामावृत्त्याऽनेनैवोत्तरं—चतुरश्रसम्बन्धि यल्लक्षणं तत्पुनर्वक्ष्यामो यदस्य विकृष्टस्य सम्बन्धित्वेन सम्पूर्णं विकृष्टलक्षणम् । तथा यदस्य लक्षणमुक्तं तच्चतुरश्रेऽपि सञ्चारणीयमिति पुनश्शब्देन दर्शयति । तेनातिदेशमनाग-

बालक्रीड़ा

(मूल) भित्तियों का ऊँचा नीचापन सब दूर करने से जब समीकरण हो जाय और जब उनमें स्वच्छता से शोभा सुन्दरता मालूम होने लगे तब उन पर चित्र बनवावे । चित्रों में स्त्री एवं पुरुषों का उल्लेख करवावे ॥८९॥

(मूल) लताओं का तथा प्राणियों के अनुभूत चरित का चित्रण उस भित्ति पर रहना चाहिए । इस प्रकार अधिकारियों को विकृष्ट नामक नाट्य वेश्म की रचना करानी चाहिए ॥९०॥

(मूल) इसके बाद चतुरश्र नाट्य मण्डप का लक्षण कहूँगा । चारों तरफ से उसका माप ३२ हाथ होने चाहिए ॥९१॥

पाठान्तर है द्रमिडादि । उसका अर्थ द्रमिड या द्रविड़ जातियों में एक बन्ध विशेष होता है उसी के अनुसार सन्निवेश माने बैठना है । या मालती आदि लताओं से बाद्यों के वेष्टन की विचित्र शैलियाँ । या आगे कही जाने वाली पिण्डियों के रचना की शैलियाँ । अब इसका उपसंहार करते हैं कि इस प्रकार विकृष्ट को बनावे । एवं विकृष्टं कर्तव्यं नाट्यवेश्म प्रयोक्तृभिः । इस बतलाई हुई प्रक्रिया के द्वारा अभिनय कर्ताओं को विकृष्ट नाट्यमण्डप बनाना चाहिए ।८४।९०।

एक जगह जो बात बतला दी गई है उसी तरह अन्यत्र भी उसको समझना चाहिए । (एकत्र निर्णीतः शास्त्रार्थः अन्यत्र फलभाग् भवति) अतएव इस न्याय के अनुसार यद्यपि मध्यम एवं चतुरश्र को भी समझा जा सकता है । तथापि स्पष्ट जानकारी के लिए कहूँगा इस आशय से पुनः शब्द के द्वारा उपक्रम करते हैं । पुनरेवेति ।

समन्ततश्च कर्तव्या हस्ता द्वात्रिंशदेव तु ॥९१॥
शुभभूमिविभागस्थो नाट्यज्ञैर्नाट्यमण्डपः ।
यो विधिः पूर्वमुक्तस्तु लक्षणं मण्डलानि च ॥९२॥
विकृष्टे तान्यशेषाणि चतुरश्रेऽपि कारयेत् ।
चतुरश्रं समं कृत्वा सूत्रेण प्रविभज्य च ॥९३॥
बाह्यतः सर्वतः कार्या भित्तिः श्लिष्टेष्टका दृढा ।

## अभिनवभारती

तापेक्षणाख्यं तत्र योजयति । चतुरश्रमाह-समन्तत इति । सर्वेष्वन्तेषु चतसृष्वपि दिक्ष्वित्यर्थः । प्रविभज्य चेति । पूर्ववदेवेत्यर्थः । यदि बाह्यतो भित्तिरभ्यन्तरे किमित्याह-तत्राभ्यन्तरत इति । अष्टभिर्भागैः सर्वत क्षेत्रं विभजेत् । येन चतुरङ्ग-फलकवच्चतुष्षष्टिकोष्ठं भवति । तत्र मध्यमकोष्ठकचतुष्के रङ्गपीठं सर्वतोऽष्टहस्तम् । तस्य पश्चिमे भागे प्राक्पश्चिमं द्वादशहस्तं दक्षिणोत्तरतो द्वात्रिंशत्करं तत्क्षेत्रमवशिष्यते । यदवशिष्टं क्षेत्रं तन्मध्याद्रङ्गपीठनिकटगतं प्राक्पश्चिमतश्चतुर्हस्तं विस्तारेण द्वात्रिंशद्धस्तं

## बालक्रीडा

(मूल) नाट्य के जानकारों को चाहिए कि नाट्य मण्डप की स्थापना शुभ भूमि के विभाग में करवावे। विकृष्ट की जो विधि, लक्षण एवं मण्डप पहले कह चुके हैं उसी शैली से चतुरश्र नाट्य गृह बनवावे। पहले सूत्र से भाग करके चारों कोनों में सम करे उसके बाद उसका विभाग करे ॥९२॥९३॥

(मूल) सब दिशाओं में बाहर से भीतर से भित्ति को दृढ़ बनावे। भीतर में ईंटें एक दूसरे से श्लिष्ट अर्थात् चिपकी रहें ॥९४॥

प्रश्न—ज्येष्ठ विकृष्ट नाट्यमण्डप में स्तम्भविभाग एवं अंगयोजना आदि नहीं कहे हैं तब उनको कैसे समझा जा सकता है। इस आशंका का आनुत्पर्थक इन पुनः शब्द से उत्तर देते हैं। चतुरश्र नाट्यमण्डप सम्बन्ध का जो लक्षण है उसको जब ज्येष्ठ विकृष्ट नाट्य मण्डप के सम्बन्धी के रूप में कहेंगे तब विकृष्ट का लक्षण अधूरा नहीं है। अर्थात् जो इस विकृष्ट का लक्षण कहा है उसका वैसे ही चतुरश्र में भी सञ्चारण कर लेना चाहिए। इसको पुनः शब्द से दिखाते हैं। इससे अनागतापेक्षण जिसमें भविष्य के आदेशों की अपेक्षा रहे ऐसे अतिदेश की उसमें योजना करते हैं। चतुरश्र को कहते हैं समन्ततः। सभी अन्तों में याने चारों दिशाओं में। पहिले की तरह विभाग करके यह समझना चाहिए।

यदि बाहर की तरफ भित्ति है तब भीतर क्या करना चाहिए, इस पर कहते हैं कि आठ भागों में सम्पूर्ण क्षेत्र का विभाग करना चाहिए। जिससे चतुरङ्ग चौपड के पट्टे की तरह उसमें चौसठ कोष्ठ हो जाते हैं। वहाँ बीच के चतुष्क में रंगपीठ आठ हाथ का होता है। उसके पिछले हिस्से में पूर्व पश्चिम भाग में १२ हाथ और दक्षिणोत्तर भाग में ३२ हाथ का वह क्षेत्र बच जाता है। इस तरह जो अवशिष्ट क्षेत्र है उसमें रंगपीठ के निकट पूर्व पश्चिम

तत्राभ्यन्तरतः कार्या रङ्गपीठोपरि स्थिताः ॥९४॥
दश प्रयोक्तृभिः स्तम्भाः शक्ता मण्डपधारणे।
स्तम्भानां बाह्यतश्चापि सोपानाकृति पीठकम् ॥९५॥
इष्टकादारुभिः कार्यं प्रेक्षकाणां निवेशनम्।
हस्तप्रमाणैरुत्सेधैर्भूमिभागसमुत्थितैः ॥९६॥
रङ्गपीठावलोक्यं तु कुर्यादासनजं विधिम्।

अभिनवभारती

क्षेत्रांशाद्विभज्य तावत्प्रमाणमेव पश्चिमभागेऽपि षड्दारुकसंस्थानं रङ्गशिरः कुर्यात्। ततोऽपि पश्चिमे तावदेव नेपथ्यगृहम्। एवं स्थिते रङ्गपीठं लक्षयित्वा दश स्तम्भाः षड्दारुकस्तम्भव्यतिरिक्ता देयाः। तत्र कोणचतुष्टये तावच्चत्वारः। तत्राग्नेयस्तम्भाच्चतुर्हस्तान्तरो दक्षिणदिश्येकः स्तम्भः। तथैव नैर्ऋतस्तम्भाद् द्वितीयः। एवमुदीच्यामपि स्तम्भद्वयम्। पूर्वभागे ऐशानाग्निगतात्स्तम्भद्वयाच्चतुर्हस्तान्तरं स्तम्भद्वयमिति षट्। कोणगाश्चत्वार इति ये दश त एव। बहिः सामाजिकासनानि सर्वेभ्यो वा बहिः। अतिसामीप्ये दृष्टिविघातात्। अत एवाह रङ्गपीठावलोकने साधुभूतमिति। अनेन द्विभूमित्वमेवानुसंहितम्।

बालक्रीड़ा

(मूल) दस खम्भे जो मण्डप को धारण करने में समर्थ रहे ऐसे बनवावे। खम्भों के बाहरी तरफ सीढ़ी के रूप में चढ़ने के लिए पीठ बनावे ॥९५॥

(मूल) पृथ्वी से एक हाथ ऊंचा दर्शकों के लिए ईंटा और लकड़ी का पीठ बनाना चाहिए ॥९६॥

में ४ हाथ और चौड़ाई में ३२ हाथ के क्षेत्रांश का विभाग करके उतने ही लम्बे चौड़े प्रमाण वाले क्षेत्र की पश्चिम भाग में भी कल्पना करे। उसके भी पिछले भाग में उतना बड़ा एवं छोटा षड्दारुक संस्थान वाला रंग शिर बनावे। उसके भी पश्चिम भाग में उतना ही छोटा एवं बड़ा नेपथ्य गृह बनावे। ऐसी स्थिति में रंगपीठ को लक्ष्य करके षड्दारुक स्तम्भ से व्यतिरिक्त दश स्तम्भ बनावे। उनमें चारों कोनों में चार खम्भे। वहाँ पर आग्नेय स्तम्भ से चार हाथ की दूरी पर दक्षिण दिशा में प्रथम स्तम्भ। उसी प्रकार नैर्ऋत स्तम्भ से चार हाथ की दूरी पर पश्चिम में द्वितीय इसी प्रकार उत्तर में भी दो स्तम्भ। और पूर्व दिशा में ईशान तथा अग्निकोण के स्तम्भों से चार हाथ की दूरी पर दो स्तम्भ इस तरह षट् स्तम्भ हो गये। और कोणों में चार। इस प्रकार जो मिलकर १० होते हैं वे ही दश खम्भे होते हैं। इन दश खम्भों के या सभी खम्भों में जो खम्भे षड्दारुक कहे जाते हैं। या जो खम्भे आगे कहे जावेंगे। उनके भी बाहर सामाजिकों के लिए आसन की कल्पना करे। क्योंकि अतिसमीप में दृष्टि का विघात हो जाता है। अर्थात् देखने में सुविधा नहीं होती है। इसीलिए खम्भों के बाहर आसन बनाने से सामाजिकों को रंगपीठ के अवलोकन

षडन्यानन्तरे चैव पुनः स्तम्भान्यथादिशम् ॥९७॥
विधिना स्थापयेत्तज्ज्ञो दृढान्मण्डपधारणे ।
अष्टौ स्तम्भान्पुनश्चैव तेषामुपरि कल्पयेत् ॥९८॥
स्थाप्यं चैव ततः पीठमष्टहस्तप्रमाणतः ।
विद्धास्यमष्टहस्तं च पीठं तेषु ततो न्यसेत् ॥९९॥

### अभिनवभारती

अन्तरे स्तम्भविधिमाह—षडन्यानिति । रङ्गपीठस्य दक्षिणतो निवेशितस्तम्भद्वयाच्चतुर्हस्तान्तरौ अन्योन्यमष्टहस्तान्तरौ द्वौ । तत आग्नेयस्तम्भसम्मुखो योऽन्यस्तु पूर्वः स्तम्भः ततश्चतुर्हस्तान्तरं दक्षिणस्तम्भं कुर्यादिति पूर्वन्यस्तानां दक्षिणस्तम्भानां दक्षिणभित्तेश्चान्तराले स्तम्भत्रयम् । एवमुत्तरस्यामपि ।

उपरीति । अधिकानष्टौ दद्यात् । तत्र दक्षिणभित्तेरुदग्भागे चतुर्हस्तान्तरं पूर्वस्थापितस्तम्भाद्भित्तेश्चैकं स्तम्भं दद्यात्पूर्वम् । एवमुत्तरभित्तेर्दक्षिणदिग्भागे । ततः पूर्वभित्तेश्चतुर्हस्तान्तरौ रङ्गभागद्वयानुसारेण द्वौ द्वौ । ततोऽपि चतुर्हस्तान्तरौ द्वावित्यष्टौ ।

विद्धमास्यं मुखं यस्य तत् पद्मादिविरचितं मुखं स्तम्भेष्वष्टहस्तं पीठं निक्षिपेत् ।

### बालक्रीड़ा

( मूल ) रंग पीठ के प्रमाण को देखकर बैठने के लिए आसनों की कल्पना करे और ६ सुन्दर खम्भों को प्रत्येक दिशा में खड़ा करे ॥९७॥

( मूल ) उसके बाद उन छहों खम्भों के ऊपर विधि पूर्वक फिर आठ खम्भों को प्राज्ञ रक्खे जो मण्डप के धारण करने में दृढ़ होवे ॥९८॥

( मूल ) विद्वानों की मण्डप के करने के लिए आठ हाथ लम्बी पीठ छत की स्थापना करनी चाहिए । जिसके द्वारा द्वार विद्ध न होने पावे ऐसी आठ हाथ लम्बी छत को उन पर रखे ॥९९॥

करने में सुविधा होगी । इसी कारण से नाट्यमण्डप को द्विभूमि बनाने का अनुसन्धान किया है । बीच के खम्भों का विभाग कहते हैं । रंगपीठ के दक्षिण की तरफ खड़े किये गये दो खम्भों से चार हाथों की दूरी पर दो खम्भें बनावें । जिन खम्भों की दूरी परस्पर में एक दूसरे से आठ-आठ हाथ की हो । उसके बाद आग्नेय स्तम्भ के सम्मुख जो दूसरा पूर्व स्तम्भ है उससे चार हाथ की दूरी पर दक्षिण स्तम्भ को खड़ा करें । इस तरह पहले रक्खे गये दक्षिण स्तम्भ और दक्षिण भित्ति दोनों के बीच में तीन स्तम्भ बनावे । इसी प्रकार उत्तर में भी स्तम्भों को । उनके भी ऊपर की तरफ आठ खम्भे और अधिक बनाये जायें । उनमें दक्षिण भित्ति के उत्तर भाग में पूर्व स्थापित स्तम्भ और भित्ति के चार हाथ की दूरी पर पहले एक खम्भा बनावे । इसी प्रकार उत्तर भित्ति से चार-चार हाथ की दूरी वाले रंगपीठ के दो हिस्से करे । फिर उनके अनुसार दो-दो खम्भे खड़े करें । फिर उसके बाद चार हाथ की दूरी वाले दो खम्भे, इस तरह आठ खम्भे खड़े करें । जिसका आस्य मुख

अभिनवभारती

विद्धास्यस्योपरि हस्तप्रमाणधारिणीनां तुलानां धारकाः आश्रयाः स्तम्भा इति चतुरश्रे स्तम्भविधिः।

तमेव विकृष्टे त्रिकोणेषु स्वबुद्ध्या योजयेदिति श्रीशङ्कुकाद्याः। अन्ये तु—'अष्टौ स्तम्भान्पुनश्च' इति नेपथ्यगृहविषयानेतानाहुः।

वार्तिककृत्तु—

"अन्तर्नेपथ्यगृहं स्तम्भौ द्वौ पीठकाश्च चत्वारः।
दिक्ष्वन्ये चत्वारो दशैवमुक्ता भवन्त्येते॥
भित्तेः स्तम्भानां च स्यादन्तरमष्टहस्तमेवान्ते।" इति।
चत्वारः पीठगताः पश्चादग्रे च यावदिह द्वौ द्वौ॥
षट् सान्तराल्तथान्ये कार्या इति शास्त्रतात्पर्यम्।
तेषामष्टावन्येऽप्युपरि निवेश्या य उद्दिष्टाः।
तैरुत्क्षिप्तैरिह तले स्यादालोकः समस्तरङ्गस्य॥
सोपानाकृति पीठकमत्र विधेयं समन्ततो रङ्गे।
येनालोकन सुविधा येष्वुपरि गतेषु काष्ठेषु॥ इति॥

अन्येऽपि चैवंविधा बहवः प्रवादा ग्रन्थविस्तरभयान्न लिखिताः।

बालक्रीड़ा

विद्ध हो अर्थात् उसके अग्रभाग में पद्मादि की रचना की गई है ऐसे पीठ की स्तम्भों के ऊपर धरे। और विद्धास्य पीठ के ऊपर आठ हाथ के माप वाली तुलाओं की धारण करने वाले स्तम्भों का आश्रय करें। इस प्रकार चतुरश्र मण्डप के उपयोगी स्तम्भों के स्थापन की विधि समाप्त हुई। उसी विधि को विकृष्ट और त्रिकोण याने त्र्यश्र मण्डप में अपनी बुद्धि से योजना करे। यह श्री शंकुक आदि कहते हैं। दूसरे तो "पुनः आठ खम्भों को" इस वाक्य से नेपथ्य गृह के निर्माण के विषय में इन खम्भों को कहा है।

वार्तिक कार तो कहते हैं कि नेपथ्य गृह के भीतर दो खम्भे, पीठ के लिए चार तथा चारों ओर चार खम्भे इस तरह ये दश खम्भे होते हैं।

उत्तरे दक्षिणे स्तम्भान् दद्यादन्यान् षडन्तरे। उत्तर में तीन एवं दक्षिण में तीन इस तरह भीतर में और ६ खम्भों को देना चाहिए। इस क्रम में दिवाल और स्तम्भों का अन्तर अन्त में आठ हाथ का ही होगा। इन दोनों कारिकाओं का संकलितार्थ है कि चारों कोणों में चार और आगे २ पीछे २ तथा नेपथ्य में दो इस तरह १० तथा अन्तर में ६ और करने चाहिए यह शास्त्र का तात्पर्य है। उनके भी ऊपर आठ और रखने हैं। पहले उद्देश्य में कह दिये गये हैं। इस तरह स्तम्भों के उत्क्षेप याने विन्यास करने पर समस्त रंग दिखाई पड़ेगा। यहाँ समस्त रंग में निम्नात क्रम से सोपान सीढ़ी के आकार का पीठ बनाना है। जिससे दर्शकों को रंगपीठ में अवलोकन में सुविधा होवे। इस तरह के और भी बहुत से प्रवाद हैं। व्यर्थ ही ग्रन्थ विस्तृत हो जायगा इस भय से नहीं लिखे हैं। यहाँ अब तथाम्यन्तरतः इस ८९ के श्लोक से तेषामुपरि इस ९३ के श्लोक तक की उपाध्याय जी के मत के अनुसार व्याख्या करते हैं।

तत्र स्तम्भाः प्रदातव्यास्तज्ज्ञैर्मण्डपधारणे।
धारणीधारणास्ते च शालस्त्रीभिरलङ्कृताः ॥१००॥
नेपथ्यगृहकं चैव ततः कार्यं प्रयत्नतः।
द्वारं चैकं भवेत्तत्र रङ्गपीठप्रवेशनम् ॥१०१॥

अभिनवभारती

अयं चात्र सार इत्युपाध्यायाः। इह प्रेक्षामण्डपस्य त्रिधा कल्पना कृता। अधोभूमिः, रङ्गपीठं, रङ्ग इति। तेषु चायं स्तम्भविन्यासविधिर्विच्छिद्य उक्तः।

तथा हि—अधोभूमौ स्तम्भानाह—तत्राभ्यन्तरत इति। विस्तारे द्वादशहस्तायाममेवं च चतुर्हस्तान्तरा दातव्याः। द्वौ स्तम्भौ भित्तिद्वयापेक्षया द्वादशहस्तान्तरावन्योन्यापेक्षया चाष्टहस्तान्तरौ। अन्योन्यं तयोरन्तरं तथा कार्यं येन द्वारविद्धता न भवति। इत्येवं पञ्चतुलासु दश।

तत्र नियमादष्टस्तम्भा न्यस्यन्ते। ते तु दृढा न्यसनीया इति दर्शयति—तत्र स्तम्भा इति। अथावशिष्टेषु हस्तेषु विधिमाह—नेपथ्यगृहकमिति। रङ्गपीठ-

बालक्रीडा

(मूल) उन स्तम्भों की दृढ़ता के लिए खम्भों के बगल में धारणी लगादे और उन पर शालस्त्री अर्थात् पुत्तलिकाओं की रचना करावे जिससे उनकी शोभा हो जाय ॥१००॥

(मूल) नेपथ्य गृह को प्रयत्न से बनवावे। द्वार एक बनवावे। जिसके द्वारा रंग पीठ

उपाध्याय जी ने यहाँ का यह तत्व बतलाया है कि यहाँ प्रेक्षागृह की तीन प्रकार की कल्पना की है। मध्यभूमि, रंगपीठ और रंग अर्थात् रंगशिर। उनमें अलग २ स्तम्भों के विन्यास की यह विधि कही है। विच्छिद्य। अर्थात् अलग-अलग। तथाहि उस विधि को दिखाते हैं। यहाँ भीतर की तरफ अधोभूमि नीचे की भूमि में स्तम्भों को बतलाते हैं।

विशालता में बारह हाथ की भूमि में चार हाथ के अन्तर में इस प्रकार स्तम्भों को खड़ा कर देवे। दो खम्भे खड़े करें जो दिवाल से बारह हाथ के अन्तर पर होवें और परस्पर में आठ हाथ के अन्तर में होवें। उन दोनों का परस्पर में अन्तर ऐसा करे जिससे द्वार विद्धता न होने पावे। अर्थात् सामने में खम्भे की रुकावट पड़ जाने से द्वार की शोभा नष्ट नहीं होने पावे। इस प्रकार पाँचों तुलाओं में दश खम्भे खड़े करे। इन दश खम्भों से व्यतिरिक्त भूमि अर्थात् खम्भों से बाहर की तरफ दर्शकों के बैठने की प्रक्रिया को बतलाते हैं। इसकी व्याख्या पूर्ववत् है अर्थात् वह प्रक्रिया नयी नहीं बतलानी है। पहिले जो बतलाई गई है वह प्रक्रिया अब यहाँ भी करनी है। अब रंगपीठ में खम्भों के खड़े करने की विधि को कहते हैं खम्भे इत्यादि। तेषामुपरि से यह कहा कि रंगपीठ के मुख से उपलक्षित नेपथ्यगृह के वायव्य कोण में वारुण दिशा में। रंगपीठ का जो पृष्ठ रंगशिर है उसमें दूसरा स्तम्भ। यहाँ एक वचन कहने से एक ही स्तम्भ प्रतीत होता है। किन्तु मूल में कहा गया है (अष्टौ स्तम्भान् पुनश्चैव तेषामुपरि विन्यसेत्) आठ स्तम्भ। इस विरोध का परिहार करते हैं कि

जनप्रवेशनं चान्यदाभिमुख्येन कारयेत्।
रङ्गस्याभिमुखं कार्यं द्वितीयं द्वारमेव तु ॥१०२॥

अभिनवभारती

प्रवेशनमिति वचनेनेदमाह—कक्ष्याविभागेन तावत् द्वे द्वारे तेन द्वारमिति जात्येक-वचनम्। एकशब्दश्च राश्यभिप्रायेण। राशिकरणे च निमित्तं पात्रप्रवेशोपायनम्। तथा च कक्षाध्याये वक्ष्यति—

"ये नेपथ्यगृहद्वारे मया पूर्वं प्रकीर्तिते। तयोर्भाण्डस्य विन्यासः।" (ना. शा. १३-२) इति। जनप्रवेशनं च तृतीयद्वारेण नेपथ्यगृहस्य। येन भार्यामादाय नट-परिवारः प्रविशति। अन्यत्तु द्वारमाभिमुख्येन पूर्वस्यां दिशि कुर्यात्। द्वारशून्या सामाजिकजनप्रवेशार्थम्। ननु किमपेक्षमाभिमुख्यम्। कक्ष्यापेक्षयैव पूर्वादिदिगि-त्युक्तम्। यद् वक्ष्यति च—

'यतो मुखं भवेद्भाण्डद्वारं नेपथ्यकस्य तु।

सा मन्तव्या तु दिक् पूर्वा नाट्ययोगे विपश्चिता॥" (ना. शा. १३-११) इति। एवं चतुर्द्वारं नाट्यगृहम्।

एतत्स्तम्भद्वाकव्यतिरिक्तायां भूमावासनविधिरित्याह स्तम्भानां बाह्यतश्चा-पीत्यादि। पूर्ववद्व्याख्येयम्। अथ रङ्गपीठे स्तम्भन्यासमाह—स्तम्भानित्यादि। उपरि रङ्गपीठमुखोपलक्षितस्य नेपथ्यगृहस्य वारुणकोण इत्युक्तं भवति। रङ्गपीठस्य यत्पृष्ठं रङ्गशिरस्तत्र द्वितीयमिति राश्यपेक्षयैकवचनम्। तेन द्वारद्वयमेव रङ्गशिरसि नेपथ्यगतपात्रप्रवेशाय कर्तव्यम्। चकरादन्यप्रवेशार्थम्। जनप्रवेशनद्वारम्। त्रीणि वा कार्याणि मतान्तरे इति सङ्गृहीतं भवति। सर्वग्रहणादन्यूनाधिकत्वमत्र दर्शयन् विकृष्टे स्तम्भानामाधिक्यमभ्यनुजानीते।

बालक्रीडा

में जनता का प्रवेश हो सके। रंग पीठ में जनता का प्रवेश सामने के द्वार से करवावे। अतः रंग पीठ के सामने में दूसरा द्वार बनवावे। चौकोर समतल तथा वेदिकाओं से अलंकृत आठ

जैसे जात्यभिप्राय से एकवचन प्रयोग होता है वैसे ही स्तम्भराशि के अभिप्राय से एकवचन किया है।

इससे सिद्ध है कि रंगशिर में दो दरवाजे करने चाहिए। एक नेपथ्य में आने वाले पात्रों के प्रवेश के लिए और दूसरा नाटक के उपकरणों की व्यवस्था करने वाले जनों के प्रवेश के लिए। चकार से दूसरों के प्रवेश के लिए भी एक द्वार और करना चाहिए इससे "एक मत है कि तीन दरवाजे करने चाहिए" वह मत भी संगृहीत हो जाता है। वास्तवः सर्वतः कार्या इस ८९ पद्य के अंश में सर्वपद का ग्रहण किया है अतः न्यूनता एवं अधिकता को दिखाते हुए यहाँ विकृष्ट ज्येष्ठ प्रमाण वाले मण्डप में स्तम्भों को अधिक भी कर सकते हैं इसकी आज्ञा आचार्य देते हैं।

**अष्टहस्तं तु कर्तव्यं रङ्गपीठं परि स्तुतम् (पीठोपरि स्थितम्)।**
**चतुरस्रं समतलं वेदिकासमलङ्कृतम् ॥१०३॥**
**पूर्वप्रमाणनिर्दिष्टा कर्तव्या मत्तवारणी।**
**चतुःस्तम्भसमायुक्ता वेदिकायास्तु पार्श्वतः ॥१०४॥**

## अभिनवभारती

रंगपीठं परि। इति। रङ्गोऽत्र तच्छिरः। ततः पीठस्य पृष्ठतो रंगं यावत्परितोऽभितः। परिः कर्मप्रवचनीयो वर्जनद्योतकः। रङ्गपीठं वर्जयित्वा तदभ्यन्तरमण्डपस्य। तत्र द्वात्रिंशद्धस्ते रङ्गपीठे प्रतिकोणस्तम्भा इति चत्वारः। तदनन्तरं स्तम्भद्वयमिति षडप्येते चतुर्हस्तान्तरम्। ततो द्वादशहस्तायामं यदवशिष्यते तत्र चतुर्हस्तायामं द्वात्रिंशद्धस्तविस्तारं यद्रङ्गशिरस्तत्र द्वे तुले दातव्ये। प्रतितुलं चाष्टहस्तान्तरं

## बालक्रीड़ा

हाथ का लम्बा चौड़ा रंगपीठ बनवावे। वहाँ वेदिका के पार्श्व भाग में चार खम्भों से युक्त पूर्व निर्दिष्ट प्रमाण वाली मत्तवारणी बनवावे। इस तरह समुन्नत तथा सम रंग शीर्ष करवावे ॥१०१॥१०२॥१०३॥१०४॥

रंगपीठोपरि स्थिताः। रङ्गपीठं परिस्तृतम् इति। इस पद की व्याख्या तीन प्रकार से करते हैं उसके लिए पदच्छेद तीन प्रकार से करते हैं। जरा भी असंगत नहीं है आचार्य प्रमाण हैं। परम्पराप्राप्त शास्त्र है। अतः ठीक है रंग पद का यहाँ अर्थ है रंगशिर। उसके पीठ माने पृष्ठ के परितः अर्थात् अभितः रंग के चारोतरफ। एक अर्थ हुआ।

परि कर्मप्रवचनीय है जिसका अर्थ है वर्जन। अतः रंग पीठ को छोड़कर उस मण्डप के भीतर की तरफ। उस ३२ हाथ वाले रंगपीठ के प्रत्येक कोण में स्तम्भ हैं। अतः चार खम्भे होंगे। उसके बाद को और दो खम्भे। इस तरह छ खम्भे। ये चार हाथ के अन्तर में होंगे। जिसके फलस्वरूप छ चौके चौबीस रूपी गणना के अनुसार २४ हाथ की जमीन निकल गई और बची बारह हाथ। उसमें चार हाथ चौड़ा और ३२ हाथ लम्बा जो रंगशिर है उस में दो तुलायें देनी चाहिए। प्रतितुलम् माने उन तुलाओं के अनुसार आठ हाथ के अन्तर पर चार खम्भे नहीं करके आठ खम्भे करने चाहिए इसी लिए चार हाथ के अन्तराल में भी तिरछा अतएव विद्वास्य द्वार बनाना चाहिए। जिससे चित्र तुलित हो जायें। इसलिए ९२वें का श्लोक कहा कि अष्टौ स्तम्भान् पुनश्चैव तेषामुपरि कल्पयेत्। यह दूसरी व्याख्या हुई। ये दोनों व्याख्यायें आचार्य की बुद्धि से जानें।

अब तीसरी व्याख्या सुनिये। रंग पीठ के ऊपर का भाग अर्थात् शिर। अतः विकृष्ट मण्डप में रंगपीठ की अपेक्षा से रंगशिर को उन्नत बनाना चाहिए कहेंगे। यहाँ नियम से आठ खम्भों को रखते हैं।

समुन्नतं समं चैव रङ्गशीर्षं तु कारयेत्।
विकृष्टे तून्नतं कार्यं चतुरश्रे समं तथा ॥१०५॥
एवमेतेन विधिना चतुरश्रं गृहं भवेत्।
अतः परं प्रवक्ष्यामि त्र्यश्रगेहस्य लक्षणम् ॥१०६॥

## अभिनवभारती

स्तम्भचतुष्टयं वर्जयित्वेत्यष्टौ भवन्ति। अत एव हि विद्धास्यमष्टहस्तं चतुर्हस्तान्तरालेऽपि तिरश्चीनं देयम्। येन तुलितं चित्रं भवति। रंगपीठोपरीति। रङ्गपीठस्य यदुपरि शिरोरूपमित्यर्थः। तथा च विकृष्टमण्डपे रङ्गपीठापेक्षया रङ्गशिर उन्नतं वक्ष्यते।

## बालक्रीडा

( मूल ) विकृष्ट को भी उन्नत, चतुरश्र एवं सम बनवावे। इस विधि से चतुरश्र गृह होता है ॥१०५॥

( मूल ) अब त्र्यस्र अर्थात् तिकोने मण्डप का लक्षण कहता हूँ ॥१०६॥

वे खम्भे भी दृढ़ अर्थात् मोटे मोटे रखने चाहिए यह दिखाते हैं। वहाँ खम्भों को देना चाहिए। अब अवशिष्ट हाथोंवाली जमीन के विषय में विधि कहते हैं। नेपथ्य गृह और रंगपीठ में प्रवेश इन पदों से यह कहा कि कक्ष्याओं के अनुसार दो दरवाजे बनायें।

प्रश्न—आप कहते हैं दो द्वार बनाये यहाँ मूल में लिखा है कि द्वारं चैकम्। एक द्वार। तब कैसे संगति होगी। उत्तर। इससे अर्थात् नेपथ्यगृह और रंगपीठ में प्रवेश के लिए जब दो द्वार अपेक्षित हैं तब यहाँ द्वारं यह एक वचन जाति में है। अस्तु। परन्तु एक पद भी तो दिया है उसकी क्या गति होगी। इस पर कहते हैं कि यहां एक शब्द राशि अर्थात् समूह के अभिप्राय से दिया है। राशि करने का निमित्त है पात्रों के प्रवेश में उपाय बताना। जैसा कि कक्षाध्याय में कहेंगे :—

जो मैंने नेपथ्य घर के दो द्वार पहले बतलाये हैं। उन में भाण्डों को प्रवेश करना है (ना० शा० १३-२) जनता के प्रवेश के लिए नेपथ्य गृह का तीसरा द्वार होना चाहिए। जिस द्वार से नट का परिवार अपनी अपनी भार्याओं के साथ प्रवेश करता है। और भी एक द्वार सामने पर पूर्वदिशा में करना चाहिए। यह द्वारों की आवृत्ति जनता के प्रवेश के लिए है। प्रश्न—यह आभिमुख्य किस की अपेक्षा से लेना चाहिए। उत्तर। कक्ष्या की अपेक्षा से ही पूर्वादि दिशाएं कही हैं। जैसा आगे कहेंगे भी—

नेपथ्यघर का भाँडो के प्रवेश के लिए द्वार जिस मुख का होगा। अर्थात् जिस तरफ होगा। उसी को विद्वान् लोग नाट्य के निर्माण में पूर्व दिशा समझें। (ना० शा० १३-११)

इस तरह चार द्वारों वाला नाट्यगृह होना चाहिए।

त्र्यश्रं त्रिकोणं कर्तव्यं नाट्यवेश्म प्रयोक्तृभिः।
मध्ये त्रिकोणमेवास्य रङ्गपीठं तु कारयेत् ॥१०७॥ १०२

द्वारं तेनैव कोणेन कर्तव्यं तस्य वेश्मनः।
द्वितीयं चैव कर्तव्यं रङ्गपीठस्य पृष्ठतः ॥१०८॥ १०३

## अभिनवभारती

अन्ये तु आद्यद्वारद्वयमित्यादि येन हेतुनाऽन्य द्वारद्वयं पार्श्वस्थितं कुर्यादालोकसिद्ध्यर्थमिति षड्द्वारं नाट्यगृहमाचक्षते। अथ रङ्गपीठरङ्गशिरसोर्वक्तव्यशेषं निरूपयति—अष्टहस्तान्त्विति। वेदिके शोभायुक्ते कार्ये। पूर्वप्रमाणम्। अध्यर्धहस्तोत्सेधत्वम्। समुन्नतमिति। रङ्गपीठापेक्षया। एतच्चेह प्रसङ्गात्सूचयन् विकृष्टे तेनैव प्रकारेण स्तम्भत्रय्यधिका कर्तव्या। अन्तरमप्यत्रैव दर्शितम्। (९५-१०६)

अथ त्र्यश्रस्यातिदेशद्वारेण लक्षणं कर्तुमुपक्रममाह—त्र्यश्रमिति। त्रिकोणमिति लक्षणम्। उभयानुग्रहाच्च विकृष्टचतुरश्रमानद्वयमेव भवति। मध्ये च त्रिकोणमेव रङ्गपीठम्। तथैव रङ्गशिरः। नेपथ्यगृहं च। तेनैव कोणेनेति। वारुणीगतेन।

## बालक्रीडा

(मूल) इस नाट्य गृह में त्रिकोण रंगपीठ बनवावे। इसी तरह पात्रों के प्रवेश के लिए तिरछा दूसरा द्वार बनवावे जो रंग पीठ के पीछे की तरफ होगा। यह नाट्य गृह के

और लोग तो कहते हैं कि जो दो दूसरे द्वार जिस हेतु से बनाये हैं उसीतरह उसी आद्य हेतु के अनुसार और भी दो द्वार देखने की सुविधा के लिए बनावें। इस तरह छ द्वारवाला नाट्यगृह है। अब रंगपीठ और रंगशिर की विशेषताओं को बतलाते हैं कि आठ हाथवाला तो रंगपीठ होना चाहिए। और वेदियों को सुन्दर बनावे। पूर्व कहा हुआ प्रमाण है। १॥ हाथ ऊँचा। किन्तु रंगपीठ की अपेक्षा ऊँचा होना चाहिए। इस बात को प्रसंग से सूचित करते हुए कहते हैं कि उसी प्रकार विकृष्ट मण्डप में तीन खम्भे अधिक बनावे। और इन खम्भों का अन्तर भी यहीं दिखा दिया है। ९५।१०६।

अब अतिदेश के द्वारा त्र्यश्र मण्डप का लक्षण करने का उपक्रम करते हैं। अर्थात् जो विधियाँ ईंट, खम्भे, दिवाल तथा द्वारों के विषय में विकृष्ट एवं चतुरश्र की बतलाई गई हैं उन्हीं सब विधियों का अतिदेश त्र्यश्र में समझना होगा। त्रिकोण यह लक्षण है। दोनों का सम्बन्ध है अतः विकृष्ट एवं चतुरश्र दोनों का मान होगा। मध्य में त्रिकोण रंगपीठ होगा। उसीतरह रंगशिर एवं नेपथ्य। वारुणी पश्चिम दिशा के उसी कोने से जनता का प्रवेश द्वार होगा जिससे उसी कोने में दो द्वार बनावें। संगति दिखलाते हैं कि इस विधि से बहुत से नाट्यमण्डप बनाये जा सकते हैं यह नहीं है कि पहले जो अट्ठारह प्रकार के नाट्यमण्डप बतलाये जाते हैं उन्हीं के निर्माण के लिए यह विधि है। बुध माने ऊह एवं अपोह के जानकार। पुनः शब्द का अर्थ है कि यद्यपि पहले कहे हुए सभी शुभद हैं फिर भी इनकी पूजा को कहूँगा। वहाँ पूजा का विधान नहीं कहा है अतः कहते हैं कि

विधिर्यश्चतुरश्रस्य भित्तिस्तम्भसमाश्रयः ।
स तु सर्वः प्रयोक्तव्यस्त्र्यश्रस्यापि प्रयोक्तृभिः ॥१०९॥ २०४

एवमेतेन विधिना कार्या नाट्यगृहा बुधैः ।
पुनरेषां प्रवक्ष्यामि पूजामेवं यथाविधि ॥११०॥ १०५

इति भरतीये नाट्यशास्त्रे मण्डपविधानं नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥

## अभिनवभारती

द्वारं जनप्रवेशनम् । येन तस्मिन्नेव कोणे द्वारे कर्तव्ये । सङ्गतिं सूचयति—एवमेतेनेति । एतेन विधिना बहवो नाट्यमण्डपाः, न तु पूर्वोक्ताष्टादशभेदकलनयेत्यर्थः । बुधैरित्यूहापोहविद्भिः । पुनरिति । यद्यपि गदिताः सर्वे शुभदाः । पूजामिति । तथापि वक्ष्यामीति पुनश्शब्दार्थः । तत्र हि विधानं नोक्तम् । तदाह—यथाविधीति । एषामिति । मण्डपस्था देवताः । अनेनोपचारादुक्ताः । (१०७-११०)

इति श्रीमहामाहेश्वराभिनवगुप्ताचार्यविरचितायामभिनवभारत्यां भरतीयनाट्यशास्त्रविवृतौ मण्डपाध्यायो द्वितीयः ॥

## बालक्रीडा

बनाने की विधि मैंने कही । अब शास्त्रानुसार इस नाट्य गृह की पूजा का प्रकार कहूँगा १०७॥१०८॥१०९॥११०॥

इस प्रकार भरतके बनाए हुए नाट्यशास्त्रमें नाट्य मण्डप विधान नामक द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ ।

विधि के अनुसार इन मण्डपों का माने मण्डपस्थ देवताओं की पूजा कहूँगा । यह लक्षणा से अर्थ कहा है । १०७-११० ।

(लोचन) नाट्यगृह नाट्यमण्डप, नाट्यशाला, प्रेक्षागृह इत्यादि नामोंसे अभिनयोपयोगी स्थलका व्यवहार होता है ! इसका निर्माण तीन प्रकार से होता है । एक बहुत बड़ा विकृष्ट, दूसरा मध्यश्रेणी का चतुरश्र एवं तीसरा अतिछोटा त्र्यश्र । बहुत बड़े में पात्रों एवं दर्शकोंके बीचमें काफी दूरी होनेसे दृश्यका सौन्दर्य नहीं आता है । शब्द सुस्वरता से सुनाई नहीं पड़ता है । जो प्रेक्षा की प्रधान एवं आवश्यक वस्तु है । जिससे उद्देश्य की सिद्धि हो वह व्यापार प्रशस्त होता है । और जो विधि जो लक्षण और जो मण्डप विकृष्ट में होते हैं वे सब चतुरश्र में निहित रहते हैं । त्र्यश्र तिकोना होता है और छोटा भी होता है । अत्यन्त संकीर्ण होने से दृश्य की सुन्दरता का अनुभव नहीं होता है अतः वह भी त्याज्य है तस्मात् चतुरश्र प्रशस्त माना गया है ।

इसके लिए भूमि समतल, स्थिरा एवं कठिना होनी चाहिए । पोली जमीन नहीं होना चाहिए । अथच लचकने वाली नहीं होनी चाहिए ।

६४ हाथ लम्बाई चौड़ाई विहित है । इसमें १६-१६ हाथ के चार टुकड़े की कल्पना करे । जिसमें एक में रंग शीर्ष बनावे जहाँ परदे वगैरह खड़े किए जायेंगे । जहाँ पात्र आकर

बैठे या खड़े होवें। उसके बाद के हिस्से में रंग पीठ या रंग स्थली बनावे। जहाँ अभिनय का स्वरूप अभिलक्षित होवे।

जिसमें पात्रों को अभिनय करने का अवकाश रहेगा। एक हिस्से में नेपथ्य गृह बनाया जाय। जहाँ पात्रों का स्वरूप निर्माण होगा। और एक हिस्से में मत्तवारणी बनावे। जिसमें आठ खम्भों की व्यवस्था होनी चाहिए। खम्भों की परिधिका निर्माण ऐसा होना चाहिए जहाँ भिन्न २ जातियाँ ब्राह्मणादि तथा भिन्न २ श्रेणियाँ सुनार लुहार, सर्राफ, जौहरी एवं अन्य शिल्पजीवी, तथा सैनिक एवं उनके संचालक नेता तथा संकर जातियों के बैठनेकी सुव्यवस्था हो सके। इन खंभों में श्वेत, रक्त, पीत, नील वर्णों द्वारा उन जातियाँ तथा श्रेणियों की स्थिति का सूचन होना चाहिए। शुभमुहूर्त, अनुकूल तिथि, नक्षत्र एवं करण में इसके निर्माण का आरम्भ होना चाहिए। स्वस्तिक, पुण्याहवाचन, देव पूजन, ब्राह्मण भोजन एवं शिल्पकारों का सत्कार इसकी मुख्य विधियाँ हैं। और इन खम्भों की विधि में दिशाओं का विभाग आवश्यक है। पूर्व में ब्राह्मणों का, दक्षिण दिशा में शूद्र एवं संकर जातियों का, पश्चिम में वैश्यों का, तथा उत्तर में क्षत्रियों का स्थितिक्रम माना गया है।

इसमें वायुका संचार बहुत ही अल्प होना चाहिए। शैल गुहा के आकार का इसका द्वार होना चाहिए। पात्रों के आने का द्वार भिन्न और जाने का द्वार भिन्न होना चाहिए और दर्शकों के आवागमन के लिए भिन्न द्वार होना चाहिए। वे द्वार एक दूसरे के सामने नहीं होने चाहिए। परस्पर का संघर्ष तथा पात्रों की भूमिका की गुप्ति के लिए आवरण होना बहुत आवश्यक है।

प्रेक्षागृह के सजाने के लिए सुगन्धित मालाएँ, धूप एवं दीपकी प्रचुर व्यवस्था होनी चाहिए। तथा भिन्न २ स्थानों पर हाथी एवं सिंहों की पाषाण, मट्टी या अन्य धातुओं की बनी हुई मूर्तियाँ रखनी चाहिए। और खम्भों पर नाना प्रकारके स्वरूपों में आकर्षक स्त्रियों और पुत्तलियों का चित्र खुदवा देना चाहिए। और अच्छे २ देवताओं, ऋषियों, राजाओं, महान् पुरुषों तथा गन्धर्वादि के चित्र लटकाने चाहिए। दिवालों पर बहुत सुन्दर चित्रों का निर्माण करवाना चाहिए। चारों तरफ वन्दन मालाएँ बाँधनी चाहिए।

शिष्टाचार के प्रवर्तक एवं उद्बोधक वाक्यों का उल्लेख रहे। अशिष्टता एवं अभद्रता के प्रतिरोधक तथा उपदेशों के पूर्णनिर्देशक वाक्य रहे।

नाट्याचार्य के आदेश को ही मुख्य अनुशासन मानना चाहिए।

आचार्य मधुसूदन शास्त्री की बनाई हुई भरत के नाट्यशास्त्र की अभिनव भारती के द्वितीय अध्याय की बालक्रीडा हिन्दी टीका सम्पूर्ण हुई।

श्रीः ।

## अथ तृतीयोऽध्यायः ।

सर्वलक्षणसम्पन्ने कृते नाट्यगृहे शुभे ।
गावो वसेयुः सप्ताहं सह जप्यपरैर्द्विजैः ॥१॥
ततोऽधिवासयेद्वेश्म रङ्गपीठं तथैव च ।
मन्त्रपूतेन तोयेन प्रोक्षिताङ्गो निशागमे ॥२॥
यथास्थानान्तरगतो दीक्षितः प्रयतः शुचिः ।
त्रिरात्रोपोषितो भूत्वा नाट्याचार्योऽहताम्बरः ॥३॥

### अभिनवभारती

यदाप्यायपरा लोकाः स्वे स्वे कर्मणि संगताः ।
प्राप्नुवन्ति फलं वन्दे तत्तेजोवपुरीश्वरम् ॥

निष्पन्ने मण्डपे पूजाऽवश्यं कर्तव्येति सङ्गतिः । तत्र प्रयोगक्रमोऽयम्

### बालक्रीडा

(मूल) सम्पूर्ण लक्षणों से सम्पन्न शुभ नाट्यगृह के बनने के बाद । सात दिन तक ब्राह्मणों के द्वारा वास्तु शान्ति के लिए जप कराना चाहिये और गायों को वहां बसाना चाहिए ।१।

(मूल) नायक नाट्याचार्य मंत्रपूत जल से अपने अंगों को प्रोक्षित करके दीक्षित प्रयत तथा शुद्ध होवे और तीन रात उपवास करे । इसके बाद नवीन वस्त्र धारण करके रात में यथास्थान अर्थात् योग्य स्थान में बैठ कर नाट्यशाला एवं रङ्गपीठ में देवताओं का अधिवासन करावे ।२।३।

अब इस तृतीय अध्याय में क्रम प्राप्त तेजोरूप शिव को प्रणाम करते हैं ।

जिसके आप्यायन पोषण अर्थात् यस्योदयेनह जगत्प्रबुध्यते । प्रवर्तते चाखिलकर्म-हेतवे" के अनुसार उद्बोधक पर माने अधीन लोक जनता अपने अपने कर्म यागादि एवं कृष्यादि में प्रवृत्त होती है और फलों को प्राप्त करती है । उस तेजोमय ईश्वर के शरीर को मैं प्रणाम करता हूं ।

मण्डप के निर्माण के पूर्ण होने पर पूजा अवश्य करनी चाहिए । यह अध्याय संगति है । प्रश्न=किन्तु आप पूजा न करके गायों को मण्डप में बसाने के लिए कहते हैं । उत्तर= यह प्रयोग का क्रम है पद्धति की शैली है । यदि पद्धति क्रम नहीं मानेंगे तो अध्याय की समाप्ति

नमस्कृत्य महादेवं सर्वलोकोद्भवं भवम् ।
जगत्पितामहं चैव विष्णुमिन्द्रं गुहं तथा ॥४॥
सरस्वतीं च लक्ष्मीं च सिद्धिं मेधां धृतिं स्मृतिम् ।
सोमं सूर्यं च मरुतो लोकपालांस्तथाश्विनौ ॥५॥
मित्रमग्निं सुरान्वर्णान् रुद्रान्कालं कलिं तथा ।
मृत्युं च नियतिं चैव कालदण्डं तथैव च ॥६॥
विष्णुप्रहरणं चैव नागराजं च वासुकिम् ।
वज्रं विद्युत्समुद्रांश्च गन्धर्वाप्सरसो मुनीन् ॥७॥
भूतान् पिशाचान् यक्षांश्च गुह्यकांश्च महेश्वरान् ।
असुरान्नाट्यविघ्नांश्च तथाऽन्यान्दैत्यराक्षसान् ॥८॥

### अभिनवभारती

अतथात्वेऽध्यायानन्तरं पूर्वरङ्गाभिधानापत्तेः । तस्मान्मण्डपविधानशेष एव दर्शयिष्यते । अवश्यपूज्यत्वात् । जप्यपरैरिति ये रक्षोघ्ना मन्त्रास्तज्जापकैरित्यर्थः । सत इति । सप्ताहादनन्तरम् । अधिवासयेदिति । देवता मण्डपमधिवसन्त्यागच्छन्ति । नाट्याचार्यो धर्मतस्त्वदेवतोपनिमन्त्रणमधिवासनं वेश्मनः करोति । दीक्षितो गृहीतव्रतः । नायको नाट्याचार्यः । नमस्कृत्यावाह्य । वदेदिति सम्बन्धः । परमेश्वरस्मरणं च

### बालक्रीडा

(मूल) सम्पूर्ण जगत् के ईश्वर महान् देवता भव को तथा जगत् के पितामह ब्रह्माजी, विष्णु, इन्द्र, गुह, सरस्वती, लक्ष्मी, सिद्धि, मेधा, धृति, स्मृति, सोम, सूर्य, मरुत, लोकपाल, अश्विनी कुमार, मित्र, अग्नि, देवताओं, ब्राह्मणादि वर्णों, एकादश रुद्रों, काल, कलि, मृत्यु, नियति, कालदण्ड, विष्णुप्रहरण सुदर्शनचक्र, नागराज वासुकि, खगेश्वर गरुड़ वज्र विद्युत्, समुद्र गन्धर्व, अप्सराओं मुनियों, भूत, पिशाच, यक्ष, गुह्यक, महोरग, असुर एवं नाट्य में विघ्न करनेवाले और दैत्य, राक्षस, तथा नाट्यकुमारी, महाग्रामण्य गणपति, तथा अन्य राजर्षि, देवर्षि, ब्रह्मर्षियोंको प्रणाम करे और प्रार्थना के लिए अञ्जलि बांध कर यथा स्थान स्थित सब

के बाद पूर्वरंग के अभिधान का प्रसंग आजायगा इसलिए मण्डप विधि के शेष अंग को ही दिखायेंगे। क्योंकि मण्डप याने मण्डपाधिष्ठात्री देवता अवश्य पूजनीय हैं। यहाँ प्रयोग क्रम यह है कि जप्यपर माने जो रक्षोघ्न मंत्र हैं उनके जापकों जप करने वालों के साथ २ सप्ताह पर्यन्त गायों को मण्डप में बसाये। तब सप्ताह के बाद वेश्म का अधिवासन करे। जिससे देवता लोग मण्डप में अधिव सन करते हैं आते हैं। नाट्याचार्य धर्म माने धर्मशास्त्र के अनुसार अपने नाटकीय देवताओं का बसने लिए उपनिमंत्रण करता है यही नाट्यवेश्म का अधिवासन है। दीक्षित का अर्थ है गृहीत व्रत। नायक नाट्याचार्य। नमस्कार आवाहन करके कहे। यह

तथा नाट्यकुमारींश्च महाग्रामण्यमेव च ।
यक्षांश्च गुह्यकांश्चैव भूतसङ्घांस्तथैव च ॥९॥
एतांश्चान्यांश्च देवर्षीन्प्रणम्य रचिताञ्जलिः ।
यथास्थानान्तरगतान्समावाह्य ततो वदेत् ॥१०॥
भवद्भिर्नो निशायां तु कर्तव्यः सम्परिग्रहः ।
साहाय्यं चैव दातव्यमस्मिन्नाट्ये सहानुगैः ॥११॥
सम्पूज्य सर्वानेकत्र कुतपं सम्प्रयुज्य च ।
जर्जराय प्रयुञ्जीत पूजां नाट्यप्रसिद्धये ॥१२॥
त्वं महेन्द्रप्रहरणं सर्वदानवसूदनम् ।
निर्मितस्सर्वदेवैश्च सर्वविघ्ननिबर्हणः ॥१३॥
नृपस्य विजयं शंस रिपूणां च पराजयम् ।
गोब्राह्मणशिवं चैव नाट्यस्य च विवर्धनम् ॥१४॥

## अभिनवभारती

प्रथममुचितमिति महादेवमिति । महाग्रामणीर्गणपतिः । अन्यांश्चेति प्रथमाध्यायोक्तान् । (१-१०)

एकत्रेति । स्थण्डिलभूभागे । कुतपमिति । चतुर्विधातोद्यभाण्डानि । एकत्र निवेशनं जर्जरस्य पूजार्थमवस्थापनम् । उपास्यमिति भावे कृत्यः उपासनामित्यर्थः ।

## बालक्रीडा

देवताओं को निमन्त्रण करे और कहे कि आप लोग हम लोगों की पूजा को स्वीकार करें और इस नाट्य किया में सहायता दें ।४।५।६।७।८।९।१०।

(मूल) इस प्रकार सम्पूर्ण देवताओं का पूजन करे । और वाद्यों का सम्प्रयोग करें ।११।

(मूल) इसके बाद नाट्य की प्रसिद्धि के लिए जर्जर की पूजा करे । तुम महेन्द्र के आयुध हो । सम्पूर्ण दानवों को नष्ट करने वाले हो । सब देवताओं ने तुमको बनाया है । सब विघ्नों के निवारण करने वाले तुम हो । राजा का विजय करो । शत्रुओं को परास्त करो । तुम गौ और ब्राह्मणों के हितकारी हो । और नाट्य की वृद्धि करने वाले हो । इस प्रकार विधि पूर्वक रात्रि में नाट्य मण्डप में निवास करे ।१२।१३।१४।

सम्बन्ध है । परमेश्वर का स्मरण करना पहिले उचित है अतः महादेव शंकर जी, महाग्रामणी गणपति और अन्य प्रथम अध्याय में कहे हुए देवताओं का स्मरण करे । १-१०

कहीं एक जगह कुतप स्थण्डिलमयी भूमि पर चतुर्विध आतोद्य भाण्डों को जर्जर की पूजा के लिए रक्खे । उपास्य शब्द से भाव में कृत्य प्रत्यय है अतः इसका अर्थ है उपासना ।

एवं कृत्वा यथान्यायमुपास्यं नाट्यमण्डपे ।
निशायां तु प्रभातायां पूजनं प्रक्रमेदिह ॥१५॥
आर्द्रायां वा मघायां वा याम्ये पूर्वेषु वा त्रिषु ।
आश्लेषामूलयोर्वापि कर्तव्यं रङ्गपूजनम् ॥१६॥
आचार्येण तु युक्तेन शुचिना दीक्षितेन च ।
रङ्गस्योद्योतनं कार्यं देवतानां च पूजनम् ॥१७॥
दिनान्ते दारुणे घोरे मुहूर्ते यमदैवते ।
आचम्य तु यथान्यायं देवता वै निवेशयेत् ॥१८॥
रक्ताः प्रतिसरास्तत्र रक्तगन्धाश्च पूजिते ।
रक्ताः सुमनसश्चैव यच्च रक्तं फलं भवेत् ॥१९॥
यवैस्सिद्धार्थकैर्लाजैरक्षतैः शालितण्डुलैः ।
नागपुष्पस्य चूर्णेन वितुषाभिः प्रियङ्गुभिः ॥२०॥

अभिनवभारती

याम्यं भरणीनक्षत्रम् । पूर्वेष्वि'ति नक्षत्रापेक्षानिर्देशः । तानि पूर्वाफाल्गुनी पूर्वाषाढा पूर्वाभाद्रपदा च । उद्योतनमिति । ज्वलितदर्भोल्मुकेन प्रदर्शनं नीराराजनमिति प्रसिद्धम् । प्रतिसरा इति । सूत्रविनिर्मिता ग्रन्थिमन्तः कङ्कणविशेषाः । मण्डपस्य रङ्गपीठादेश्च समन्ततः उपर्युक्तं सर्वं निवेशयते । निवेशनमित्यावाहनकालेऽर्घ्यदान-

बालक्रीडा

(मूल) प्रातः काल में पूजन का आरम्भ करे । आर्द्रा, मघा, याम्य, (भरणी) तीनों पूर्वा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ, और पूर्वाभाद्रपद आश्लेषा, एवं मूल । इन नक्षत्रों में रंग का पूजन करे ।१५।

(मूल) सावधान, एवं शुचि होकर दीक्षा ग्रहण करके रंग का उत्सव करे । सायंकाल में भूत दैवत दारुण घोर मुहूर्त में योग्यता के अनुसार देवताओं का पूजन करे ।१६।१७।

(मूल) इस पूजन में सूत्र, मौली गंध, पुष्प, एवं फल सभी लाल रहने चाहिए । यव, सरसों, लावा तथा बिना टूटे हुए शालि तण्डुल, नागपुष्प के चूर्ण एवं तुषरहित प्रियङ्गु के साथ २ देवता का निवेशन स्थापन करे ।१८।१९।२०।

याम्य माने भरणी नक्षत्र । पूर्वेषु यह निर्देश नक्षत्रों की अपेक्षा से किया है वे नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढा और पूर्वा भाद्रपदा है । उद्योतन शब्द का अर्थ नीराजन प्रसिद्ध है जो जलाई हुई दर्भ के अंगारे से किया जाता है । प्रतिसर का अर्थ है सूत्र से बनाये गये गांठोवाला कंकण विशेष । मण्डप और रंग पीठ के चारों तरफ उपर्युक्त सब वस्तुओं को रक्खे । निवेशन अर्थात् देवताओं को आवाहन के समय अर्घ्य देना । दूसरे तो मानते हैं कि यहां

एतैर्द्रव्यैर्युतं कुर्याद्देवतानां निवेशनम् ।
आलिखेन्मण्डलं पूर्वं यथास्थानं यथाविधि ॥२१॥
समन्ततश्च कर्तव्यं हस्ताः षोडश मण्डलम् ।
द्वाराणि चात्र कुर्वीत विधानेन चतुर्दिशम् ॥२२॥
मध्ये चैवात्र कर्तव्ये द्वे रेखे तिर्यगूर्ध्वगे ।
तयोः कक्ष्याविभागेन दैवतानि निवेशयेत् ॥२३॥
पद्मोपविष्टं ब्रह्माणं तस्य मध्ये निवेशयेत् ।
आदौ निवेश्यो भगवान्सार्धं भूतगणैः शिवः ॥२४॥
नारायणो महेन्द्रश्च स्कन्दः सूर्योऽश्विनौ शशी ।
सरस्वती च लक्ष्मीश्च श्रद्धा मेधा च पूर्वतः ॥२५॥

अभिनवभारती

मित्यर्थः । अन्ये तु निवेशनमित्यधिकरणे ल्युट् । मण्डलविशेषणं चैतत् । मण्डलं च यवादिभिरित्यादि । नागपुष्पं नागदन्तः । (११-२१)

षोडशहस्तं यथा भवति तथा कार्यमिति । अतः चतुर्हस्तं रङ्गपीठपृष्ठ एव मण्डलमित्युक्तं भवति । तेन शङ्कुकादिभिः षोडशहस्तोऽवकाशाभावः आसनस्त-

बालक्रीड़ा

(मूल) पहले मुख्य स्थान में यथाविधि मण्डल का लेखन करके चारों तरफ कोणों में भी मण्डल करे । जिन मण्डलों को प्रमाण सोलह हाथ रखे ॥२१॥

(मूल) चारों दिशाओं में विधि के अनुसार दरवाजे बनाये । इन दरवाजों में तिरछी तथा ऊर्ध्वगामी दो रेखायें बनाये ॥२२॥

(मूल) उन दरवाजों में कक्षा के विभाग से देवों की स्थापना करे । रंग के बीच में पद्म के ऊपर बैठे हुए ब्रह्मा जी की स्थापना करे ॥२३॥

(मूल) यहाँ आदि का अर्थ है प्रथम । अतः प्रथम समय में भूतगणों के साथ भगवान् भवकी तथा नारायण, महेन्द्र, स्कन्द, अर्क, अश्विनी कुमार, शची, सरस्वती, लक्ष्मी, श्रद्धा, मेधा, की पूर्व दिशाओं में स्थापना करे ॥२४॥

(मूल) पूर्व दक्षिण कोण अर्थात् अग्निकोण में स्वाहा के साथ अग्नि की स्थापना करे । विश्वदेव गन्धर्व, रुद्र तथा ऋषियों की स्थापना करे ॥२५॥

अधिकरण में ल्युट् प्रत्यय है और वह मण्डप का विशेषण है । मण्डप यवचूर्ण से सजाया जाता है । नागपुष्प नागदन्त है । ११—२१

मण्डप को ऐसा बनाये जो नाप जोख में सोलह हाथ का होवे अतः रंग पीठ पर ही चार हाथ लम्बा एवं चौड़ा मण्डप होता है यह कहा गया । इस विषय में शंकुक वगैरह ने

पूर्वदक्षिणतो वह्निर्निवेश्यः स्वाहया सह ।
विश्वेदेवाः सगन्धर्वा रुद्राः सर्पगणास्तथा ॥२६॥
दक्षिणेन निवेश्यस्तु यमो मित्रश्च सानुगः ।
पितृन्पिशाचानुरगान् गुह्यकांश्च निवेशयेत् ॥२७॥
नैर्ऋत्यां राक्षसांश्चैव भूतानि च निवेशयेत् ।
पश्चिमायां समुद्रांश्च वरुणं यादसां पतिम् ॥२८॥
वायव्यायां दिशि तथा सप्त वायून्निवेशयेत् ।
तत्रैव विनिवेश्यस्तु गरुडः पक्षिभिः सह ॥२९॥

### अभिनवभारती

म्भादिवशात् । तस्मादकृत एव रङ्गपीठे इत्यादि वृथैव बहुतरमुपन्यस्तम् । द्वे रेखे इति । प्राक्तने । तिर्यग्गतैका दक्षिणोत्तरगता । ऊर्ध्वगा द्वितीया पूर्वपश्चिमगता । तयोः रेखयोः । कक्ष्या स्थानान्तराणि । तेषु विभागेन दैवितानि । तस्येति । मण्डलस्य । पद्मोपविष्टमिति । मध्ये पद्मं कार्यमित्यर्थः प्रतिदिशः सम्बन्धीति । तेन नवपद्ममण्डलमित्युक्तं भवति । आदावित्ति । तेन आदिदेशे ऐशानकोणे ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) दक्षिण में यम, सानुग मित्र, पितर, पिशाच, उरग एवं गुह्यकों की स्थापना करे ॥२६॥

(मूल) निर्ऋति कोण में राक्षसों तथा सब भूतों का निवेशन करे ॥२७॥

(मूल) पश्चिम में समुद्रों एवं वरुण का निवेशन करे। वायव्य कोण में सातों वायुओं की स्थापना करे ॥२८॥

(मूल) उसी वायव्य दिशा में गरुड का सब पक्षियों के साथ निवेशन करे। उत्तर दिशा में कुबेर को सर्वानुचर के साथ स्थापित करे ॥२९॥

जो बहुत कुछ लिख दिया है कि सोलह हाथ के मण्डप में आसन एवं खम्भों के कारण अवकाश का अभाव रहेगा। अतः इनसे बिना ही मण्डप बनाये इत्यादि यह सब व्यर्थ है। दो रेखायें प्राक्तन ही है। एक तिरछी दक्षिण एवं उत्तर में दूसरी ऊर्ध्वगामी पूर्व और पश्चिम में। (किन्तु हमारे समझ में आचार्य का यह लेख नहीं होगा। क्योंकि तिरछी न होकर सीधी रेखा होगी,) उन रेखाओं की कक्ष्या (स्थानान्तरों) में विभाग से देवताओं का स्थापन करें। उस मण्डप के मध्य में पद्म बनावे और उस पर ब्रह्माजी को बैठावे। आदि का अर्थ प्रथम देश ईशान कोण और प्रथम अवसर? । क्योंकि ऐसा ही आवाहन स्थापन का क्रम कहा है। पद्मोपविष्ट इसका प्रत्येक दि[illegible] से सम्बन्ध है। इससे नौ पद्मों का एक मण्डल बनता है यह कहा गया।

उत्तरस्यां दिशि तथा धनदं संनिवेशयेत् ।
नाट्यस्य मातृश्च तथा यक्षानथ सगुह्यकान् ॥३०॥
तथैवोत्तरपूर्वायां नन्द्याद्यांश्च गणेश्वरान् ।
ब्रह्मर्षिभूतसंघांश्च यथाभागं निवेशयेत् ॥३१॥
स्तम्भे सनत्कुमारं तु दक्षिणे दक्षमेव च ।
ग्रामण्यमुत्तरे स्तम्भे पूजार्थं संनिवेशयेत् ॥३२॥
अनेनैव विधानेन यथास्थानं यथाविधि ।
सुप्रसादानि सर्वाणि दैवतानि निवेशयेत् ॥३३॥
स्थाने स्थाने यथान्यायं विनिवेश्य तु देवताः ।
तासां प्रकुर्वीत ततः पूजनं तु यथार्हतः ॥३४॥

अभिनवभारती

प्रथमावसरे च तथैवावाहनस्योक्तत्वात्। दक्षिणपूर्वे आग्नेयस्तम्भ इति। उत्तरपूर्वे ऐशानस्तम्भ इत्यर्थः। सुप्रसादानीति; तथा ध्यानेन निवेशितानीत्यर्थः। यथार्हतः तत्तदागमेषु यस्यां देवतायां यो विधिर्दृश्यते तेन क्रमेण। (२२-३४।)

बालक्रीडा

(मूल) नाट्य माताओं, यक्षों तथा गुह्यकों को उत्तर में निवेशित करे। उत्तर पूर्व अर्थात् ईशान कोण में नन्दी एवं गणेश्वरों को स्थापित करे ॥३०॥

(मूल) महर्षि तथा अन्य भूत संघ को विभागानुसार निवेशित करे। दक्षिण स्तम्भ में सनत्कुमार तथा दक्ष की स्थापना करे ॥३१॥

(मूल) ग्रामण्य को उत्तर स्तम्भ में पूजा के लिए स्थापित करे। इस बतलाए हुए विधान वाले क्रम से उचित स्थान में यथाविधि ॥३२॥

(मूल) जिस देवता का जैसा वर्ण रंग है तथा रूप आकार है उसी के अनुसार स्थान स्थान पर योग्यता से देवताओं को स्थापित करे ॥३३॥

(मूल) इस प्रकार स्थापना करने के बाद उन देवताओं का योग्यता के अनुसार पूजन करे। देवताओं को श्वेत गंध एवं श्वेत मालाएँ अर्पण करे ॥३४॥

दक्षिण पूर्व माने आग्नेयकोण। उत्तरपूर्व माने ईशानकोण है। सुप्रसाद वाले देवताओं का अर्थात् हमारे नाट्यमण्डप के देवता खूब प्रसन्न हैं ऐसा ध्यान करके स्थापन करे। यथार्हतः अर्थात् भिन्न-भिन्न आगमों में जिस देवता की जो विधि कही है उसी क्रम से विन्यास करे। २४-३४।

देवताभ्यस्तु दातव्यं सितमाल्यानुलेपनम् ।
गन्धर्ववह्निसूर्येभ्यो रक्तमाल्यानुलेपनम् ॥३५॥
गन्धं माल्यं च धूपं च यथावदनुपूर्वशः ।
दत्त्वा ततः प्रकुर्वीत बलिं पूजां यथाविधि ॥३६॥
ब्रह्माणं मधुपर्केण पायसेन सरस्वतीम् ।
शिवविष्णुमहेन्द्राद्याः सम्पूज्या मोदकैरथ ॥३७॥
घृतौदनेन हुतभुक्सोमार्कौ तु गुडौदनैः ।
विश्वेदेवाः सगन्धर्वा मुनयो मधुपायसैः ॥३८॥
यममित्रौ च सम्पूज्यावपूपैर्मोदकैस्तथा ।
पितॄन्पिशाचानुरगान् सर्पिःक्षीरेण तर्पयेत् ॥३९॥
पक्वान्नेन तु मांसेन सुरासीधुफलासवैः ।
अर्चयेद् भूतसंघांश्च चणकैः पललाप्लुतैः ॥४०॥
अनेनैव विधानेन सपूज्या मत्तवारणी ।
पक्वान्नेन तु मांसेन सम्पूज्या रक्षसां गणाः ॥४१॥

अभिनवभारती

माल्यानुलेपनम् । ३५ ।

बालक्रीड़ा

(मूल) वह्नि, सूर्य एवं गन्धर्वों को रक्त माला एवं रक्त गंध अर्पण करे। इन गंध माला, धूप, दीप, नैवेद्य का क्रम से अर्पण करके ॥३५॥

(मूल) इसमें यथाविधि बलि प्रदान करे। ब्रह्मा जी की मधुपर्क से, और सरस्वती की पायस से बलि करे ॥३६॥

(मूल) शिव, विष्णु एवं महेन्द्र की मोदकों से बलि करे। घृत मिश्रित ओदन से वह्नि की, गुड़ के भातों से सोम एवं अर्क की बलि करे ॥३७॥

(मूल) विश्वदेव, गन्धर्व,मुनियों की बलि शहद से मिले हुए क्षीर से तथा यमराज एवं मित्र देव की मालपूए एवं मोदकों से बलि करे ॥३८॥

(मूल) पितर, पिशाच एवं उरगों को घृत मिश्रित क्षीर, पक्वान्न, मांस, सुरा (सामान्य मदिरा) सीधु (विशेष मदिरा) फल एवं आसव से तृप्ति करे ॥३९॥

(मूल) भूत संघों की पलल अर्थात् मांस से आप्लुत चनों से अर्चना करे। इसी विधान से मत्तवारणी की पूजन करे ॥४०॥

माल्य प्रदान एवं चन्दनानुलेपन । ३५ ।

सुरामांसप्रदानेन दानवान्प्रतिपूजयेत् ।
शेषान्देवगणांस्तज्ज्ञः सापूपोत्कारिकौदनैः ॥४२॥
मत्स्यैश्च पिष्टभक्ष्यैश्च सागरान्सरितस्तथा ।
सम्पूज्य वरुणं चापि दातव्यं घृतपायसम् ॥४३॥
नानामूलफलैश्चापि मुनीन्सम्प्रतिपूजयेत् ।
वायूंश्च पक्षिणश्चैव विचित्रैर्भक्ष्यभोजनैः ॥४४॥
मातॄर्नाट्यस्य सर्वास्ता धनदं च सहानुगैः ।
अपूपैर्लोपिकामिश्रैर्भक्ष्यभोज्यैश्च पूजयेत् ॥४५॥
एवमेषां बलिः कार्यो नानाभोजनसंश्रयः ।
पुनर्मन्त्रविधानेन बलिकर्म च वक्ष्यते ॥४६॥
देवदेव ? महाभाग ? सर्वलोकपितामह ?
मन्त्रपूतमिमं सर्वं प्रतिगृह्णीष्व मे बलिम् ॥४७॥

## अभिनवभारती

सर्वत्रापि सुरादिप्रधानो बलिरित्यर्थः ।४२।

## बालक्रीडा

(मूल) कच्चे एवं पके मांस से राक्षसों की तृप्ति करे। सुरा एवं मांस से दानवों की पूजन करे ॥४१॥

(मूल) अवशिष्ट देवगणों की अपूप (मालपूवा) उत्कारिका (खिचड़ी, दलिया) ओदन से तथा मत्स्य, एवं (उड़द वगैरह की) पीठीसे बने हुए भक्ष्यसे तृप्ति करे। सागर, नदी, एवं वरुण की पूजा करके उनको पायस की बलि प्रदान करे। अनेक मूल एवं फलों से मुनियों की पूजा करे ॥४२।४३॥

(मूल) वायुओं, पक्षियों, परिवार सहित धनद कुबेर, एवं नाट्य की माताओं को विविध भक्ष्य भोजन से तृप्त करे ॥४४॥

(मूल) अपूप, (माल पूआ) लेपिका (मालपूए का हो एक भेद है जो चीनी संयुक्त आटे के घोल को तवे के ऊपर लेप करके बूंद २ घृत डालकर अग्नि पर पकाया जाता है राजस्थान में इनका नाम चिल्ला है) और भी कई प्रकार के भक्ष्य भोजन से उपर्युक्त देवता वगैरह की बलि करे। अब इन सबकी बलि के लिए मंत्रों को बतलाते है ॥४५॥

(मूल) इन मन्त्रों के द्वारा नाना प्रकार के भोजनों की बलि देवताओं को समर्पित करनी चाहिए ४६।

(मूल) हे देवदेव ? हे महा भाग ? हे सर्वलोक के पितामह ? इस मन्त्रपूत सम्पूर्ण बलि को मुझ से आप ग्रहण करें ॥४७॥

सभी दानवों की मदिरा एवं मांस प्रधान बलि है। ४२।

देवदेव ? महादेव ? गणेश ? त्रिपुरान्तक ?
प्रगृह्यतां बलिर्देव ? मन्त्रपूतो मयोद्यतः ॥४८॥
नारायणामितगते ? पद्मनाभ ? सुरोत्तम ?
प्रगृह्यतां बलिर्देव ? मन्त्रपूतो मयार्पितः ॥४९॥
पुरन्दरामरपते ? वज्रपाणे ? शतक्रतो ?
प्रगृह्यतां बलिर्देव ? विधिमन्त्रपुरस्कृतः ॥५०॥
देवसेनापते ? स्कन्द ? भगवन् ? शङ्करप्रिय ?
बलिः प्रीतेन मनसा षण्मुख ? प्रतिगृह्यताम् ॥५१॥
(महादेव ? महायोगिन् ? देवदेव ? सुरोत्तम ?
संप्रगृह्य बलिं देव ? रक्ष विघ्नात्सदोत्थितात् ॥५२॥)
देविदेवि ? महाभागे ? सरस्वति ? हरिप्रिये ?
प्रगृह्यतां बलिर्मातः ? मया भक्त्या समर्पितः ॥५३॥
नानानिमित्तसम्भूताः पौलस्त्याः सर्व एव तु ।
राक्षसेन्द्रा ? महासत्त्वाः ? प्रतिगृह्णीत मे बलिम् ॥५४॥
लक्ष्मीसिद्धिमतिमेधाः ? सर्वलोकनमस्कृताः ?
मन्त्रपूतमिमं देव्यः ? प्रतिगृह्णन्तु मे बलिम् ॥५५॥

बालक्रीडा

(मूल) हे देवदेव ? महादेव ? हे गणेश ? हे त्रिपुरान्तक ; हे देव ? मेरे द्वारा सेवा में समर्पित इस मंत्र पूत बलि को आप ग्रहण करें ॥४८॥

(मूल) हे नारायण ? हे अमित गते ? पद्मनाभ ? हे सुरोत्तम ? हे देव ? मेरे द्वारा समर्पित इस मंत्रपूत बलि को आप ग्रहण करें ॥४९॥

(मूल) हे पुरन्दर ? हे अमरपते ? हे वज्रपाणे ? हे शतक्रतो ? देव ? विधिपूर्वक मंत्रों से पूत इस बलिको आप ग्रहण करें ॥५०॥

(मूल) हे देव सेनापते ? स्कन्द ? भगवान् शंकर के प्रिय हे षण्मुख ? प्रसन्न मन से समर्पित इस मंत्र पूतबलि को प्रसन्नमन से आप ग्रहण करें ॥५१॥

(मूल) हे महादेव ? हे महायोगिन् ? देवदेव ? सुरोत्तम ? हे देव ? बलि को ग्रहण करके इन उठे हुए विघ्नों से सदा हमारी रक्षा करें ॥५२॥

(मूल) हे देविदेवि ? हे महाभागे ? सरस्वति ? हरिप्रिये ? हे मातः ? मेरे द्वारा भक्ति से समर्पित इस बलि को आप ग्रहण करें ॥५३॥

(मूल) हे नाना कारणों से पैदा होने वाले पुलस्त्य की सन्तानों ? हे महाबलशाली सभी राक्षसों ? आपलोग इस बलि को ग्रहण करें। यह मंत्र पूत बलि मेरे द्वारा समर्पित है ॥५४॥

सर्वभूतानुभावज्ञ ? लोकजीवन ? मारुत ?
प्रगृह्यतां बलिर्देव ? मन्त्रपूतो मयोद्यतः ॥५६॥
देववक्त्र ? सुरश्रेष्ठ ? धूमकेतो ? हुताशन ?
भक्त्या समुद्यतो देव ? बलिः सम्प्रति गृह्यताम् ॥५७॥
सर्वग्रहाणां प्रवर ? तेजोराशे ? दिवाकर ?
भक्त्या मयोद्यतो देव ? बलिः सम्प्रति गृह्यताम् ॥५८॥
सर्वग्रहपते ? सोम ? द्विजराज ? जगत्प्रिय ?
प्रगृह्यतामेष बलिर्मन्त्रपूतो मयोद्यतः ॥५९॥
महागणेश्वराः ? सर्वे ? नन्दीश्वरपुरोगमाः ।
प्रगृह्यतामेष बलिर्मया भक्त्या निवेदितः ॥६०॥
नमः पितृभ्यः सर्वेभ्यः प्रतिगृह्णन्त्विमं बलिम् ।
( भूतेभ्यश्च नमो नित्यं येषामेव बलिः प्रियः । )
कामपाल ? नमो नित्यं यस्यायं ते विधिः कृतः ॥६१॥
नारदस्तुम्बुरुश्चैव विश्वावसुपुरोगमाः ।
परिगृह्णन्तु मे सर्वे गन्धर्वा समुद्यतम् ॥६२॥

बालक्रीड़ा

(मूल) हे सम्पूर्ण प्राणियों के अनुभव के जानकार; हे लोक जीवन ? हे मरुत ? हे देव ? मेरे द्वारा समर्पित इस मंत्रपूत बलि को आप ग्रहण करें ॥५५॥

(मूल) हे देवताओं के मुख ? सुरश्रेष्ठ ? हे धूमकेतो ? हे हुताशन ? मेरे द्वारा भक्ति से समर्पित बलि को इस समय स्वीकार करें ॥५७॥

(मूल) हे सर्व ग्रहों में प्रवर ? तेजोराशे ? दिवाकर ? हे देव ? मेरे द्वारा भक्ति से समर्पित बलि को सम्प्रति स्वीकार करें ॥५८॥

(मूल) हे लक्ष्मि ? हे सिद्धे ? हे मते ? हे मेधे ? हे सर्वलोक नमस्कृत देवियों ? मेरे द्वारा समर्पित इस मंत्रपूत बलि को आप स्वीकार करें।

(मूल) हे सर्वग्रहपते ? सोम ? द्विजराज ? जगत्प्रिय ? मेरे द्वारा समर्पित इस मंत्रपूत बलिको आप स्वीकार करें ॥५९॥

(मूल) नन्दीश्वर जिनके प्रधान हैं ऐसे हे सम्पूर्ण महागणेश्वरों ? मेरे द्वारा भक्ति से समर्पित बलिको आपलोग स्वीकार करिये ॥६०॥

(मूल) हे पितरों आपलोगों को नमस्कार है। आप लोग इस बलि को स्वीकार करें। भूतों के लिए नमस्कार है उनके वास्ते यह मधुर बलि है ॥६१॥

(मूल) हे काम पाल ? आपको नमस्कार है। आप के लिए यह बलि है ॥

यमो मित्रश्च भगवानीश्वरौ लोकपूजितौ ।
इमं मे प्रतिगृह्णीतां बलिं मन्त्रपुरस्कृतम् ॥६३॥
रसातलगतेभ्यश्च पन्नगेभ्यो नमोनमः ।
दिशन्तु सिद्धिं नाट्यस्य पूजिताः पापनाशनाः ॥६४॥
सर्वाम्भसां पतिर्देवो वरुणो हंसवाहनः ।
पूजितः प्रीतिमानस्तु ससमुद्रनदीनदः ॥६५॥
वैनतेय ? महासत्त्व ? सर्वपक्षिपते ? विभो ?
प्रगृह्यतां बलिर्देव ? मन्त्रपूतो मयोद्यतः ॥६६॥
धनाध्यक्षो यक्षपतिर्लोकपालो धनेश्वरः ।
सगुह्यकस्सयक्षश्च प्रतिगृह्णातु मे बलिम् ॥६७॥
नमोऽस्तु नाट्यमातृभ्यो ब्राह्म्यादिभ्यो नमोनमः ।
सुमुखीभिः प्रसन्नाभिर्बलिरद्य प्रगृह्यताम् ॥६८॥
रुद्रप्रहरणं सर्वं प्रतिगृह्णातु मे बलिम् ।
विष्णुप्रहरणं चैव विष्णुभक्त्या मयोद्यतम् ॥६९॥

बालक्रीडा

(मूल) हे नारद ? हे तुम्बरु विश्वावसु प्रभृति सम्पूर्ण गन्धर्वों ? आपलोग इस उत्तम बलिको स्वीकार करें ॥६२॥

(मूल) हे यमराज ? हे भगवन् मित्र ? हे लोक पूजित ईश्वरो ? आप लोग मेरे द्वारा निवेदित इस मंत्रपूत बलिको स्वीकार करें ॥६३॥

(मूल) हे रसातल में विचरण करने वाले पन्नगो ? आपलोगों के लिए बार बार नमस्कार है। हे पवनाशनों ? आप लोगों के लिए यह बलि है। आप लोग प्रसन्न होकर नाट्य को समृद्ध करें ॥६४॥

(मूल) समुद्र, नदी एवं नदों के सहित सम्पूर्ण जलाशयों के पति, हंस वाहन, देव वरुण आप प्रसन्न होवे यह बलि आप के लिए है ॥६५॥

(मूल) हे वैनतेय ? महासत्त्व ? हे सम्पूर्णपक्षियों के मालिक देव ? आप मेरे द्वारा समर्पित इस मंत्रपूत बलि को स्वीकार करें ॥६६॥

(मूल) धनका अध्यक्ष, यक्षों का पति लोकपाल कुबेर सभी गुह्यक एवं यक्षों के सहित इस बलि को ग्रहण करे ॥६७॥

(मूल) ब्राह्मी प्रभृति नाट्य की माताओं को बार बार नमस्कार है नमस्कार है। हे माताओं ? आप लोग प्रसन्न वदन होकर इस बलि को स्वीकार करें ॥६८॥

तथा कृतान्तः कालश्च सर्वप्राणिवशेश्वरौ ।
मृत्युश्च नियतिश्चैव प्रतिगृह्णातु मे बलिम् ॥७०॥
याश्चास्यां मत्तवारण्यां संश्रिता वास्तुदेवताः ।
मन्त्रपूतमिमं सम्यक्प्रतिगृह्णन्तु मे बलिम् ॥७१॥
अन्ये ये देवगन्धर्वा दिशो दश समाश्रिताः ।
दिव्यान्तरिक्षभौमाश्च तेभ्यश्चायं बलिः कृतः ॥७२॥
कुम्भं सलिलसम्पूर्णं पुष्पमालापुरस्कृतम् ।
स्थापयेद्रङ्गमध्ये तु सुवर्णं चात्र दापयेत् ॥७३॥
( आतोद्यानि तु सर्वाणि कृत्वा वस्त्रोत्तराणि तु ।
गन्धैर्माल्यैश्च धूपैश्च भक्ष्यैर्भोज्यैश्च पूजयेत् ॥ )
पूजयित्वा तु सर्वाणि दैवतानि यथाक्रमम् ।
जर्जरस्त्वभिसम्पूज्यः स्यात्ततो विघ्नजर्जरः ॥७४॥

## अभिनवभारती

अत्र पूजितस्थापितस्य कुम्भस्य विनियोगो भविष्यति । ७२ ।

## बालक्रीडा

(मूल) हे भगवान् रुद्र के प्रहरण ? इस बलि को ग्रहण करो । हे भगवान् विष्णु के आयुध ? भक्ति पूर्वक दी गई इस बलि को ग्रहण करो ॥६९॥

(मूल) कृतान्त, काली और सब को वश में करने में समर्थ मृत्यु और भाग्य इस बलि को स्वीकार करें ॥७०॥

(मूल) और जो भी इस मत्तवारणी में रहने वाले वास्तुदेवता हैं । वे सब इस मंत्र पूत बलि को स्वीकार करें ॥७१॥

(मूल) और जो दशों दिशाओं में, द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं भूमि में रहने वाले देवता और गन्धर्व हैं । उन सब के लिए यह बलि है ॥७२॥

(मूल) इन उपर्युक्त मंत्रों से सम्पूर्ण देवता वगैरह को बलि प्रदान करके रंगस्थली के मध्य में पुष्पमालाओं से सुसज्जित जल से परिपूर्ण घट की स्थापना करे । इस घट में सुवर्ण भी छोड़े ॥७३॥

(मूल) सभी वाद्यों को वस्त्रों से आच्छादित करे और गन्ध, माला, धूप, दीप नैवेद्य से उनकी पूजा करे ॥७४॥

यहाँ स्थापना करके पूजा किये हुए कुम्भ का विनियोग होगा । ७२ ।

श्वेतं शिरसि वस्त्रं स्यान्नीलं रौद्रे च पर्वणि ।
विष्णुपर्वणि वै पीतं रक्तं स्कन्दस्य पर्वणि ॥७५॥
मूलपर्वणि चित्रं तु देयं वस्त्रं हितार्थिना ।
सदृशं च प्रदातव्यं धूपमाल्यानुलेपनम् ॥७६॥
आतोद्यानि च सर्वाणि वासोभिरवगुण्ठयेत् ।
गन्धैर्माल्यैश्च धूपैश्च भक्ष्यभोज्यैश्च पूजयेत् ॥७७॥
सर्वमेवं विधिं कृत्वा गन्धमाल्यानुलेपनैः ।
विघ्नजर्जरणार्थं तु जर्जरं त्वभिमन्त्रयेत् ॥७८॥
अत्र विघ्नविनाशार्थं पितामहमुखैस्सुरैः ।
निर्मितस्त्वं महावीर्यो वज्रसारो महातनुः ॥७९॥
शिरस्ते रक्षतु ब्रह्मा सर्वैर्देवगणैः सह ।
द्वितीयं च हरः पर्व, तृतीयं च जनार्दनः ॥८०॥
चतुर्थं च कुमारस्ते, पञ्चमं पन्नगोत्तमः ।
नित्यं सर्वेऽपि पान्तु त्वां सुरार्थे च शिवो भव ॥८१॥
नक्षत्रेऽभिजिति त्वं हि प्रसूतोऽहितसूदन ।
जयं चाभ्युदयं चैव पार्थिवस्य समावह ॥८२॥

## बालक्रीड़ा

(मूल) क्रम से सम्पूर्ण देवताओं की पूजन करके जर्जर की पूजा करे। जिससे सभी विघ्न जर्जरित हो जायँगे॥७५॥

(लोचन) पाँच पोरी का बाँस लेवे। उसमें वज्र के अधिष्ठात्री देवता की स्थापना करे। इसी अभिमंत्रित पाँच पोरी के बाँस का नाम जर्जर है।

(मूल) सबसे ऊपर के शिरोभूत पर्व पर श्वेत वस्त्र, द्वितीय रौद्र पर्व में नील वस्त्र तृतीय विष्णु पर्व में पीत वस्त्र, चतुर्थ स्कन्द पर्व में रक्त वस्त्र, पञ्चम मूल पर्व में अनेक रंग का चित्र वस्त्र हितार्थी को देना चाहिए। और वस्त्रों के रंग के अनुसार रंगवाले गंध, माला तथा धूप देना चाहिए॥७७॥

(मूल) इस प्रकार सब विधियाँ सम्पन्न करके विघ्नों को जर्जर करने के लिए जर्जर का अभिमंत्रण करे॥७९॥

(मूल) ब्रह्म प्रमुख सभी देवताओं ने विघ्नों के नाश करने के लिए हे जर्जर? तुमको बनाया। तुम महावीर हो तुम्हारा महान् शरीर वज्र के सदृश स्थिर है॥८०॥

(मूल) तुम्हारे शिर याने प्रथम पर्व की सम्पूर्ण देवताओं के साथ ब्रह्मा जी रक्षा करें। द्वितीय की हर, तृतीय की जनार्दन, चतुर्थ की कुमार, पंचम की पन्नगोत्तम

जर्जरं पूजयित्वैव बलिं सर्वं निवेद्य च।
अग्नौ होमं ततः कुर्यान्मन्त्राहुतिपुरस्कृतम् ॥८३॥
समाप्त एवं दीप्ताभिरुल्काभिः परिमार्जनम्।
नृपतेर्नर्तकीनां च कुर्याद्दीप्त्यभिवर्धनम् ॥८४॥
अभिषोत्य सहातोद्यैर्नृपतिं नर्तकीस्तथा।
मन्त्रपूतेन तोयेन पुनरभ्युक्ष्य तान्वदेत् ॥८५॥
महाकुले प्रसूताः स्थ गुणौघैश्चाप्यलङ्कृताः।
यद्वो जन्मगुणोपेतं तद्वो भवतु नित्यशः ॥८६॥

### अभिनवभारती

आहुतिर्ह्वयः उच्चारणम्। आहुतिर्हवनं न, हुत्वा हवनं कृत्वा, तथा सत्याहुतिः द्रव्यं स्यात्। एवं विधाने समाप्ते सति दीप्ताभिरुल्काभिः परिमार्जनं नीराजनं कुर्यात् ॥८४॥

### बालक्रीडा

रक्षा करे। और सभी देवता नित्य तुम्हारी रक्षा करें तुम सबके लिए कल्याणकारी होवो ॥८१॥

(मूल) अभिजित् नक्षत्र में तुम पैदा हुए हो। हमारे नायक का जय एवं अभ्युदय करो ॥८२॥

(मूल) इस प्रकार जर्जर की पूजा करके उसको बलि का निवेदन करे। उसके बाद मंत्रों का उच्चारण करते हुए अग्नि में होम करे ॥८३॥

(मूल) वह हवन करने वाला ब्राह्मण इस प्रकार विधि को समाप्त करके नायक एवं नर्तकियों के तेज की वृद्धि के लिए जलते हुए अंगारों से परिमार्जन अर्थात् नीराजन करे ॥८४॥

(मूल) सभी वाद्यों के साथ नायक एवं नर्तकियों के नीराजन के बाद मंत्रपूत जल से उनको प्रोक्षित करके कहे ॥८५॥

"अग्नौ होमं ततः कुर्यात् मंत्राहुतिपुरस्कृतम्" में आहुति शब्द का हुती ह्वः इस अमर कोष के अनुसार उच्चारण अर्थ है। अतः मंत्राहुति पुरस्कृतं माने मंत्रोच्चारण पूर्वकम् इस अर्थ को समझना चाहिए। आहुतिर्हवनम् यह अर्थ नहीं है। क्योंकि हुत्वा माने हवन करके यह व्यवहार होता है। तथा सति माने ऐसी स्थिति में हवन किया है और आहुति हवनीय द्रव्य है। ८३। इस प्रकार विधि के समाप्त होने पर दीप्त उल्काओं से परिमार्जन नीराजन करे। ८४।

एवमुक्त्वा ततो वाक्यं नृपतेर्भूतये बुधः ।
नाट्ययोगप्रसिद्ध्यर्थमाशिषस्सम्प्रयोजयेत् ॥८७॥
सरस्वती धृतिर्मेधा ह्रीः श्रीर्लक्ष्मीस्स्मृतिर्मतिः ।
पान्तु वो मातरः सौम्याः सिद्धिदाश्च भवन्तु वः ॥८८॥
होमं कृत्वा यथान्यायं हविर्मन्त्रपुरस्कृतम् ।
भिन्द्यात्कुम्भं ततश्चैव नाट्याचार्यः प्रयत्नतः ॥८९॥
अभिन्ने तु भवेत्कुम्भे स्वामिनः शत्रुतो भयम् ।
भिन्ने चैव तु विज्ञेयः स्वामिनः शत्रुसंक्षयः ॥९०॥
भिन्ने कुम्भे ततश्चैव नाट्याचार्यः प्रयत्नतः ।
प्रगृह्य दीपिकां दीप्तां सर्वं रङ्गं प्रदीपयेत् ॥९१॥
क्ष्वेडितैः स्फोटितैश्चैव वल्गितैश्च प्रधावितैः ।
रङ्गमध्ये तु तां दीप्तां सशब्दां सम्प्रयोजयेत् ॥९२॥
शङ्खदुन्दुभिनिर्घोषैर्मृदङ्गपणवैस्तथा ।
सर्वातोद्यैः प्रणदिते रङ्गे युद्धानि कारयेत् ॥९३॥

### अभिनवभारती

कुम्भस्य विनियोगमाह—भिन्द्यादिति ॥८९॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) आप लोग महाकुल में पैदा हुए हो और उत्तम गुणों से अलंकृत हो । अतः जो आपके जन्म एवं गुण के अनुकूल हो वह आप लोगों का नित्य होवे ॥८६॥

(मूल) इस प्रकार नायक की विभूति के लिए वाक्यों का उच्चारण करके नाट्य प्रयोग की सिद्धि के लिए आशीर्वाद देवे ॥८७॥

(मूल) सरस्वती, धृति, मेधा, ह्री, लक्ष्मी, मति एवं स्मृति वगैरह सभी माताएं तुम्हारी रक्षा करें और सिद्धि प्रदान करें ॥८८॥

(मूल) नाट्याचार्य प्रयत्न से कुम्भ का भेदन करे। कुम्भ का यदि भेदन नहीं हो सकेगा तो राजा को शत्रु से भय उत्पन्न होता है। और यदि ठीक तरह से कुम्भ का भेदन हो जाय तब स्वामी के शत्रु का निराश होता है ॥८९।९०॥

(मूल) कुम्भ के भेदन होने पर नाट्याचार्य निर्भय होकर चमकती हुई दीपिकाओं के द्वारा सम्पूर्ण रंग को प्रकाशित करे ॥९१॥

(मूल) उस प्रकाशित रंगशाला को दौड़ लगाते हुए सिंहनाद, आस्फोटन एवं चिल्लाने के शब्दों से गूंजा दे ॥९२॥

कुम्भ का विनियोग बतलाते हैं कि भिन्द्यात् तोड़ दे ॥८९॥

तत्र च्छिन्नं च भिन्नं च दारितं च सशोणितम् ।
छिन्नं प्रदीप्तमायस्तं निमित्तं सिद्धिलक्षणं ॥९४॥
सम्यगिष्टस्तु रङ्गो वै स्वामिनः शुभमावहेत् ।
पुरस्याबालवृद्धस्य तथा जनपदस्य च ॥९५॥
दुरिष्टस्तु तथा रङ्गो दैवतैर्दुरधिष्ठितः ।
नाट्यविध्वंसनं कुर्यान्नृपस्य च तथाऽशुभम् ॥९६॥
य एवं विधिमुत्सृज्य यथेष्टं सम्प्रयोजयेत् ।
प्राप्नोत्यपचयं शीघ्रं तिर्यग्योनिं च गच्छति ॥९७॥
यज्ञेन सम्मितं ह्येतद्रङ्गदैवतपूजनम् ।
अपूजयित्वा रङ्गं तु नैव प्रेक्षां प्रयोजयेत् ॥९८॥
पूजिताः पूजयन्त्येते मानिता मानयन्ति च ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन कर्तव्यं रङ्गपूजनम् ॥९९॥
न तथा प्रदहत्यग्निः प्रभञ्जनसमीरितः ।
यथा ह्यपप्रयोगस्तु प्रयुक्तो दहति क्षणात् ॥१००॥

बालक्रीड़ा

(मूल) शंख, नगारा, मृदंग, भेरी वगैरह सभी वाद्यों को बजाकर रंग में युद्ध करावे ॥९३॥

(मूल) उस युद्ध में छिन्न याने कट जाय, भेदन हो जाय, टूट जाय या घाव लग जाय, उससे खून निकल जाय, अग्नि लग जाय या युद्ध में थकावट आ जाय तो समझना चाहिए कि ये सब लक्षण सिद्धि के हैं ॥९४॥

(मूल) इस प्रकार रंग का सम्यक् यजन करने से स्वामी का शुभ होता है। और नगर एवं जनपद में बालक, युवक एवं वृद्धों का शुभ होता है ॥९५॥

(मूल) यदि रंग का यजन अच्छी प्रकार नहीं किया गया तो देवताओं का शुभ सम्बन्ध नहीं होता है। जिससे नाट्य का विध्वंस एवं राजा का अशुभ होता है ॥९६॥

(मूल) अगर कोई उपरि निर्दिष्ट विधि को छोड़ कर मनमाना प्रयोग करता है तो वह शीघ्र हानि प्राप्त करता है। और पशु पक्षि आदि तिर्यग् योनि में जन्म ग्रहण करता है ॥९७॥

(मूल) यह रंग पूजन यज्ञ के समान है। अतः रंग की पूजन बिना किए अभिनय नहीं करना चाहिए ॥९८॥

(मूल) देवता पूजित होने पर मनुष्य को पूजित कराते हैं। और सम्मानित होने पर सम्मान प्रदान कराते हैं अतः सभी प्रयत्न से रंग पूजन करना आवश्यक है ॥९९॥

शास्त्रज्ञेन विनीतेन शुचिना दीक्षितेन च ।
नाट्याचार्येण शान्तेन कर्तव्यं रङ्गपूजनम् ॥१०१॥
स्थानभ्रष्टं तु यो दद्याद्बलिमुद्विग्नमानसः ।
मन्त्रहीनो यथा होता प्रायश्चित्ती भवेत्तु सः ॥१०२॥
इत्ययं यो विधिर्दृष्टो रङ्गदैवतपूजने ।
नवे नाट्यगृहे कार्यः प्रेक्षायां च प्रयोक्तृभिः ॥१०३॥

इति भरतीये नाट्यशास्त्रे रङ्गदैवतपूजनं नाम तृतीयोऽध्यायः समाप्तः ॥

## अभिनवभारती

उद्विग्नमानस इत्यनवधानरूपं लक्ष्यते ॥१०२॥ नवे नाट्यगृह इति मण्डपशेषत्वमेवोक्तम् । प्रेक्षायां चेति । नवायामिति केचित्संबन्धयन्ति । विध्यर्थः पूजा तेन पूजा कार्येति । अन्ये तु प्रेक्षारम्भे सर्वथा पूजा कार्येत्याहुरिति शिवम् ॥१०३॥

## बालक्रीडा

(मूल) वायु के झोंको से वेगवान् हुआ अग्नि इतना जल्दी नहीं जलाता है । जैसा कि दुष्ट रीति से किया हुआ नाट्य प्रयोग जला देता है ॥१००॥

(मूल) अतः शास्त्र की जानकारी शिक्षा एवं दीक्षा ग्रहण करके पवित्र हुए नाट्याचार्य को शान्त भाव से रंग का पूजन करना चाहिए ॥१०१॥

(मूल) जो तो नाट्याचार्य उद्विग्न मना होकर अनुचित स्थान में बिना मंत्र या अशुद्ध मंत्रों से बलि देता है वह प्रायश्चित्ती होता है ॥१०२॥

(मूल) इस प्रकार रंग देवताओं के पूजन में जो विधि दिखाई गई है । उस विधि को प्रयोक्ता लोग नूतन नाट्यशाला एवं नूतन अभिनय के समय करे ॥१०३॥

(लोचन) यह रंग पूजन नामक अध्याय है । इसमें ब्रह्मादि ६० देवता एवं वास्तु देवताओं का पूजन तथा बलि का विधान कहा है । उनके लिए मंत्र दिये हैं । उन मंत्रों का उच्चारण करके देवताओं को बलि प्रदान करे । रंग का प्रधान देवता जर्जर है । इसके स्थापन, पूजन एवं बलि का विधान बतलाया गया है । इसके बाद एक विशेष विधि है कुम्भस्थापन और उसका भेदन करना । उसके भेदन के प्रकार में कहा गया है कि बड़े प्रयत्न से उसका भेदन करना चाहिए । रंग, राजा, प्रजा तथा पुर एवं जिले का शुभाशुभ इससे प्रतीत होता है ।

अनुद्विग्नमानस कहने का तात्पर्य है । सावधान होकर बलिप्रदान प्रभृति कर्म करे ॥१०२॥ नूतन नाट्यगृह इससे मण्डप का अंग बतलाया । प्रेक्षा भी नूतन होनी चाहिए ऐसा सम्बन्ध कोई करते हैं । विधि शब्द का अर्थ पूजा है अतः पूजा करनी चाहिये । दूसरे तो कहते हैं कि प्रेक्षा के प्रारम्भ में यहाँ सर्वथा अवश्य सर्वदा पूजा करनी चाहिए । शिव कल्याण होवे ॥१०३॥

## अभिनवभारती

इत्थं तृतीयमध्यायं ग्रन्थिस्थानेषु योजयन्।
बुद्ध्याऽभिनवगुप्तोऽहं शिवतातत्त्वबृंहितः॥

इति श्रीमहामाहेश्वराभिनवगुप्तविरचितायां भरतीयनाट्यशास्त्रविवृतावभिनवभारत्यां
रङ्गदैवतपूजनं नाम तृतीयोऽध्यायः समाप्तः॥

## बालक्रीडा

इन विधियों के सम्पन्न होने के बाद नायक नायिकाओं के तथा नर्तक-नर्तकियों की कान्ति एवं तेजोवृद्धि के लिए नीराजन करना चाहिए। इतना कार्य इस अध्याय का विषय है।

जर्जर का स्वरूप इसी अध्याय के ७६ श्लोक के लोचन में बतला दिया गया है।

यह भरत के बनाये हुए नाट्शास्त्र के अनुवाद में रंग पूजन नामक
तृतीय अध्याय समाप्त हुआ।

इस प्रकार तृतीय अध्याय के ग्रंथिस्थानों कठिन स्थलों की बुद्धि पूर्वक योजना करता हुआ मैं अभिनवगुप्त शिवतातत्त्व से पुष्ट हो गया हूँ।

इस प्रकार मधुसूदन शास्त्री की रचित तृतीयाध्याय की अभिनव भारती की बालक्रीडा हिन्दी टीका समाप्त हुई।

श्रीः ।

## अथ चतुर्थोऽध्यायः ।

---

**एवं तु पूजनं कृत्वा मया प्रोक्तः पितामहः ।**
**आज्ञापय विभो ? क्षिप्रं कः प्रयोगः प्रयुज्यताम् ॥१॥**

### अभिनवभारती

स्वविलासैरिदं विश्वं यो दर्शयति सन्ततम् ।
वायुमूर्तिं शिवं वन्दे गिरिराजसुताप्रियम् ॥

एवन्त्विति । प्रथमाध्यायोक्ताभिप्रायेणेदमुच्यते । तथा हि—
"मर्त्यलोकगताः सर्वे शुभां पूजामवाप्स्यथ ।" (१-१२२)

### मधुसूदनी

स्वेति । स्वं वायु स्तत्सम्बन्धिनो विलासास्तैः । विश्वं सन्ततं सम्यक् ततं क्षितं विस्तृतमित्यर्थः । दर्शयति प्रकाशयति । वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता । इति श्रुतेः ; सहि क्षिप्रोति अंकुरादीन् ऊर्ध्वम् । तेन ते वृक्षरूपतामाप्नुवन्ति । सम्यक् ततं च विश्वं भवति इति भावः । एवं वायुमूर्तिं शिवं वन्दे । एवं क्षिप्नुवानऽपि विरोधस्वभावेऽपि गिरिराजस्य अचलेन्द्रस्य सुतायाः पार्वत्याः दाम्पत्यं सौहार्दं चेति भावः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) भरत जी कहते हैं इस प्रकार पूजन करने के बाद मैंने ब्रह्मा जी से प्रार्थना की कि आज्ञा दीजिए। कौन सा प्रयोग हम लोग करें। जो कि क्षिप्र शीघ्र अर्थात् अल्प समय में हो सके ॥१॥

अब चतुर्थ अध्याय का आरम्भ करते हैं। इस अध्याय में क्रम प्राप्त वायु स्वरूप शंभु को प्रणाम करते हैं। "वायुर्वै क्षेपिष्ठा देवता" इसश्रुति के अनुसार वायु की शक्ति वस्तु को फेंक देने की है। अतः वायु के विलास क्षेपण रूप हैं। जो अपने विलासों से इस विश्व को सन्तत सम्यक् विस्तृत अर्थात् समुन्नत करता है। उस गिरिराजसुताप्रिय वायुमूर्ति शिव की वन्दना करता हूँ।

"इस प्रकार पूजन करके" इस कथन का प्रथम अध्याय के १२२वें "आप लोग यदि पूजन की प्रक्रिया चलायेंगे तो आप लोग भी" इस श्लोक में कहे हुए "जिस आचरण को उत्तम जन करते हैं उसका इतरजन भी अनुसरण करते हैं" न्याय के अनुसार मर्त्यलोक में पूजा को पायेंगे यह अभिप्राय है। इसलिए अवश्य पूजा करनी चाहिए।

## अभिनवभारती

इत्येवमवश्यकार्या पूजा। तत्र च—

"रङ्गपूजां कुरुष्वेति मामेवं समचोदयन्।" (१-१२७)

इति वचनानुसारेण वा इदं प्रोक्तमित्येवमिति। द्रुहिणाज्ञप्तेन सतेत्यर्थः। मध्ये तु,

"अथवा याः क्रियास्तत्र लक्षणं यच्च पूजनम्।

भविष्यद्भिर्नरैः कार्यं कथं तन्नाट्यवेश्मनि॥" (२-२)

इति मुनिप्रश्नितपूजा कथं कृतेति प्रसङ्गादेवमङ्गस्य यथासंभवं पूरकम्। सर्वात्मना दिव्ये नाट्यगृहे भोजनदानलाङ्गलोत्कर्षणादिविधेः समस्तस्यासम्भवादिति। प्रथमाख्यायानन्तर्यमेवास्य तु कर्तव्यम्। क्षिप्रमिति। अनेन पूजानन्तरं प्रयोगेण न चिरायितव्यमित्युक्तं भवति। प्रयुज्यत इति प्रयोगो दशरूपकान्यतमम्। यद्यपि च सम्फेटविद्रवकृता प्रस्तावना यद्वेत्युक्तं (१-९८) तथापि प्रयोगो विघ्नैः स्तम्भित इति नाट्यमण्डपे विघ्नसान्त्वनदैवतपूजने च कृतेऽन्त्य एवायमुपक्रम इति युक्त एव प्रश्नः। कः प्रयोगः प्रयुज्यतामिति ॥१॥ अत्रोत्तरं श्लोकद्वयेनाह—ततोऽस्मीति।

## मधुसूदनी

असंभवादिति। निर्माणादिरूपाधिभौतिकस्य पूजनादिरूपाधिदैविकस्य कार्यस्य च सम्पादनोत्तरमभिनयस्यैव कर्तव्यतया भोजनादिविधेरसम्भव एवेति हृदये निधायोच्यते क्षिप्रमाज्ञापय कः प्रयोगोऽत्र नाट्यगृहे प्रयुज्यतामिति। पूजानन्तरं न चिरायितव्यं प्रयोगविषये इति च भावः। अनुसन्धानशिक्षयेति। तथा सम्यगध्याप्येति शेषः।

## बालक्रीड़ा

अथवा वहाँ के "रंग की पूजा करो ऐसी प्रेरणा द्रुहिण ने मुझे दी" इस तरह द्रुहिण से आज्ञप्त हुए मैंने इस वचन के अनुसार यह कहा एवन्तु।

बीच में तो "अथवा जो वहाँ नाट्यघर में क्रियायें करती है जो लक्षण समझना है और जो पूजन करना है उन सबको भावी मानव कैसे करेंगे" इस प्रकार मुनियों के द्वारा पूछी गई पूजा कैसे करी। इस अंग की प्रसंग से यथा सम्भव एवन्तु से पूर्ति की।

चाहे जैसे भी कहिए सभी प्रकार से यह असंभव है कि सुन्दर नाट्य घर के तैयार होने पर अभिनय करने के बजाय ब्राह्मणों को भोजन कराया जाय और दान दिया जाय तथा हल चलवाया जाय इत्यादि समस्त विधियों का अनुष्ठान करें।

क्षिप्र का भाव है कि पूजा करने के बाद प्रयोग के विषय में देरी नहीं करनी चाहिए। जो प्रयुक्त किया जाय वह प्रयोग है दशरूपकों में से कोई एक। यद्यपि संफेट एवं विद्रवों से युक्त प्रस्तावना कही है तथापि प्रयोग को विघ्नों ने स्तम्भित कर दिया अतः प्रयोग कालीन विघ्नों का शमन कर दिया जाय इसलिए नाट्य मण्डप से विघ्नों का अपसारण तथा उसमें देवताओं के पूजन करने के अनन्तर यह अन्तिम ही उपक्रम है इसलिए प्रश्न करना उचित ही है कि कौन प्रयोग किया जाय॥१॥

ततोऽस्म्युक्तो भगवता योजयामृतमन्थनम् ।
एतदुत्साहजननं सुरप्रीतिकरं तथा ॥२॥
योऽयं समवकारस्तु धर्मकामार्थसाधकः ।
मया प्राग्ग्रथितो विद्वन्स प्रयोगः प्रयुज्यताम् ॥३॥

अभिनवभारती

योऽयमिति । स्वपुत्रान्नटांस्तत्प्रयोगे पुनरनुसन्धानशिक्षयेत्यर्थः । यो धर्मकामार्थोपायोपदेशको मया प्राङ्नाट्यवेदनिर्माणनान्तरीयकदशरूपकनिर्माणविधौ प्रथितः । अयमिति च गुणनिकया त्वया सम्यक्साक्षात्कारकल्पत्वं नयनयोग्यत्वं कृतोऽमृतमन्थनं नाम समवकाराख्यः प्रयोगः, स विद्वन्ननुप्रयोज्यतामिति श्लोकद्वये सङ्गतिः ।

तुर्हेतौ । यस्मादेतदुत्साहजननं चतुर्विधनायकस्थायिभावोत्साहप्रभववीररसात्मकम् । तथेति । तेन प्रकारेण सुराणां सर्वेषां प्रीतिं रसनारूपां चर्वणालक्षणां करोति । उत्साहो जननो यस्येति समासः । तेन सुरप्रीतिप्रकारेणोत्साहस्य त्रिवर्गोपायविषयस्य जननम् । एतेन दृश्यं श्रव्यमित्यनुसंहितम् । सङ्गतं महावाक्यार्थाभिप्रायेणापि किञ्चिच्छब्दोन्मीलनाभिप्रायेणात्र कार्यं तेन समवकीर्यन्तेऽर्थौ यत्र स समवकारः सङ्गतिश्च—

"देवासुरबीजकृतः प्रख्यातोदात्तनायकश्चैव ॥" ( १८-६३ )

इत्यनेन दर्शिता । "अङ्केऽङ्केऽन्योऽन्योऽर्थः कर्तव्यः" ( १८-६९ ) इत्यनेन

मधुसूदनी

प्रथित इति । नाट्यवेदस्य निर्मितेः पूर्वं नाटकप्रकरणभाणव्यायोगसमवकारडिमेहामृगांकवीथीप्रहसनानां दशरूपकाणां निर्माणविधिः नान्तरीयकः नितरामावश्यक इति मन्थनरूपतां नीतः । अयमिमि प्रत्यक्षं दर्शयन् तमेवाह—गुणनिकया अभ्यासदार्ढ्येन कृतया उद्धरिण्या त्वया अभिनययोग्यत्वं कृत इति । धीरोदात्तधीरोद्धतधीरललितधीरशान्तेति चतुर्विधा नायकास्तेषु अन्यतमधीरोदात्त नायकस्य स्थायिभावो य

बालक्रीडा

(मूल) इसके बाद भगवान् ने कहा कि अमृत मन्थन नामक समवकार का अभिनय करो। यह जनता का उत्साह वर्द्धक है और देवता की प्रीति बढ़ाने वाला है ॥२॥

(मूल) और हे विद्वन् ? जो तो मैंने समवकार बनाया है उसका अभिनय करो। वह धर्म, अर्थ एवं कामनाओं को सिद्ध करने वाला है ॥३॥

इसके उत्तर को दो श्लोकों से कहते हैं। कि "ततोऽस्मि" "तथा योऽयमिति"। योजय का अर्थ है अनुसन्धान करने की शिक्षा देकर अपने पुत्र नटों को उस प्रयोग में लगा दो। धर्म, अर्थ एवं काम के उपायों के उपदेश को देने के लिए जिस ग्रन्थ को पहले, नाट्यवेद के निर्माण के लिए आवश्यक दशरूपकों की रचनाविधि के समय मैंने बनाया और गुणनिका के द्वारा तुमने सम्यक् साक्षात्कार कल्प अभिनयन के योग्य किया वह वह अमृतमन्थन नामक समवकार प्रयोग है। उसका हे विद्वन् ? अभिनय कराइये यह इन दोनों श्लोकों की संगति है।

## मधुसूदनी

उत्साहः। स एव प्रभव मूलं यस्य स वीररसः। कोपो रौद्रात्मतां गत इतिवत् उत्साहो वीरतां गतः। तद्रूपम्। उत्साह एव जननो प्रभवो यस्येति बहुव्रीहिः सूचितः। जनन इति कर्त्तरि ल्युट् बाहुलकात्। तेनेत्यस्यार्थं कथयति-सुरेति। सुराणां प्रीतेः करणप्रकारेण।

त्रिवर्गस्य धर्मार्थकामाख्यस्य उपायविषयो हेतुभूत उत्साहः। उत्साहेनैव धर्मार्थकामेषु पुमान् प्रवर्त्तते। ततश्च अमृतमन्थनं नाम समवकारः उत्साहस्य

## बालक्रीड़ा

योऽयं समवकारस्तु में उल्लिखित तु पद का अर्थ हेतु है। अतः जिससे उत्साह का जनन होता है वह वीर रसात्मक अमृतमन्थन नामक समवकार है। धीरोदात्त धीरोद्धत धीरशान्त एवं धीरललित इन चार प्रकार के नायकों में अन्यतम धीरोदात्त नायक के स्थायी भाव उत्साह से प्रभव वीररस है। जैसे "कोपो रौद्रात्मतां गतः" कहा जाता है वैसे ही उत्साह ही वीर रसरूप में परिणत हो जाता है। तथा माने अन्य सामाजिकों की सम्पूर्ण देवताओं की प्रीति रसनारूपा याने चर्वणलक्षणा को करता है। यहाँ उत्साह है जनक जिसका यह अन्यपदार्थ प्रधान बहुव्रीहि समास है। इस सुरों को प्रसन्न करने के प्रकार (शैली) से धर्म, अर्थ एवं काम के उपाय विषय हेतुभूत उत्साह का जनक यह समवकार है। इससे पहिले कहे हुए दृश्य एवं श्रव्य का अनुसन्धान हो गया। "प्रेक्षणीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्" हम ऐसा अभिनय चाहते हैं जो देखा भी जा सके और सुना भी जा सके यह चर्चा पहिले अध्याय में हो चुकी है इसका भी अनुसन्धान समन्वय हो गया ऐसा समझ लेवें। यह अनुसन्धान "महावाक्यार्थ रूप रस होता है" इस अभिप्राय से और कुछ नये शब्दों के उन्मीलन के अभिप्राय से यहाँ कर्तव्य है। यह संगत है इससे किंचिच्छब्दोन्मीलन पुरः सर महा वाक्यार्थ का जहाँ सम् माने अच्छी प्रकार से अवकीर्णन हो वह समवकार है। यह संगति भी देवता एवं असुरों का समाहार देवासुर होता है। उसका जो फल सम्पादन का उपाय उससे बनाया गया हो और जहाँ प्रख्यात इतिहास प्रसिद्ध बारह नायक रहें। जो १८ घंटे में खेला जाय वह समवकार होता है इससे दिखा दी। यहाँ लक्षण में प्रख्यात पद का उपन्यास कहीं २ बृहत्कथा आदि में अप्रख्यात भी देव और असुर नायक सुनाई पड़ते हैं अथवा कहीं २ कहानियों में भी स्वयं कल्पित रहते हैं" उन नायकों के निरास के लिए किया है।

प्रश्न = आगे नाट्यशास्त्र की २४वीं अध्याय के ४थे श्लोक में कहेंगे कि 'देवताओं को धीरोद्धत, राजाओं को धीरललित, सेनापति एवं अमात्य को धीरोदात्त और ब्राह्मण एवं वणियों को धीरप्रशान्त समझें।" तब ऐसी स्थिति में "देवासुरबीजकृत" इस ग्रन्थ की संगति कैसे होगी। उत्तर। यह ठीक नहीं है क्योंकि यद्यपि मनुष्यों की अपेक्षा देवता लोग उद्धत होते हैं तथापि गम्भीर स्वभाव के होने के कारण भगवान् त्रिपुरारि प्रभृति देवता उदात्त कहे जाते हैं। इसीलिए कहते हैं "राम नामक विष्णु का धीरोदात्त चरित सबसे उत्कृष्ट है।" यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो देवता लोग नाटकों के नायक नहीं बन पावेंगे।

## अभिनवभारती

चावकीर्णता। एष च प्रयोगः सम वकारः सुखभूयिष्ठेऽपि एकरसे वस्तुन्युद्वेगशीलाः एकानुसन्धानप्रयासभीरवश्च देवतुल्याः।

## मधुसूदनी

जनकः। एतेन त्रिवर्गोपायविषयत्वेन "प्रेक्षणीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेदिति प्रागुक्तमनुसंहितम् अनुस्मृतम्। महावाक्यार्थः समन्वितो भवतीत्यभिप्रायेण संगतम्। केषांचन शब्दानां प्रकृतोपयोगिनामुन्मीलनं कर्तव्यमित्यभिप्रायेणावकीर्य विक्षेपणीयम्। तेन समन्वयविक्षेपणाभिप्रायेण सं समम् अवकीर्यते विक्षिप्यतेऽर्थो यत्र स समवकारः। तत्र संगतिं दर्शयितुमाह्-संगतिश्चेति। दर्शितेति अन्वयः। तत्र अवकीर्णमाह—

देवेति। देवाश्च असुराश्च एषां समाहारो देवासुरं तस्य यद्वीजं बीजमिव निमित्तकारणं फलसम्पादनोपायस्तेन कृतो विरचितः। देवा असुराश्च अप्रख्याता अपि क्वचिद् बृहत्कथादौ श्रूयन्ते। स्वयं वा कहानीप्रभृतिषु कल्प्यन्तेऽतस्तन्निरासार्थं प्रख्यात पदोपन्यासः। उदात्तो नायकः।

ननु अग्रे वक्ष्यते चतुर्विंशत्यध्याये चतुर्थश्लोके—
देवा धीरोद्धता ज्ञेयाः स्युर्धीरललिता नृपाः।
सेनापतिरमात्यश्च धीरोदात्तौ प्रकीर्तितौ।
धीरप्रशान्ता विज्ञेया ब्राह्मणा वणिजस्तथा॥ इति

तर्हि कथं "देवासुरबीजकृतः" इति ग्रन्थसंगतिरिति चेन्न। देवा यद्यपि मनुष्याणामपेक्षयोद्धतास्तथापि गाम्भीर्यप्रधानतया उदात्ता उच्यन्ते भगवन्तस्त्रिपुरारिप्रभृतयः। अतएवोच्यते—

धीरोदात्तं जयति चरितं रामनाम्नश्च विष्णोः। इति।

अन्यथा देवादीनां नाटकनायकत्वमेव न स्यात्। धीरललित एव एको नाटक नायकः स्यात्। नहि रामादीनां क्वचिदपि धीरललितत्वेनोपन्यासः। अतः सूक्तं "प्रख्यातोदात्तनायकः"। इति

## बालक्रीडा

धीरललित ही एक नायक नाटकों में रहेगा। किन्तु कहीं भी नाटकों में रामादि को धीरललित नायक के रूप में उपन्यास नहीं किया है। इसलिए समवकार में प्रख्यात एवं उदात्त नायक होता है यह ठीक ही कहा है।

समवकार में तीन अंक होते हैं। अतः वहाँ हर एक अंक में भिन्न २ अर्थ का अभिनेय के रूप में उपस्थापन करना चाहिए ऐसा करने से ही अर्थ अवकीर्ण कहलायेगा। जैसा कि आगे १८हवीं अध्याय के ६३।६४।६५ के श्लोकों में कहेंगे। इसकी संस्कृत टीका मधुसूदनी में देखें। फिर आगे कहेंगे कि समवकार शब्द के संशब्द और अवशब्द के बल से भी यही प्रतीत होता है कि समवकार में अर्थ अवकीर्ण अर्थात् नियत सम्बन्धी नहीं चाहते हैं। इसी

**तस्मिन्समवकारे तु प्रयुक्ते देवदानवाः ।**
**हृष्टाः समभवन्सर्वे कर्मभावानुदर्शनात् ॥४॥**

### अभिनवभारती

अमृतमथनं समवकार इति भिन्नलिङ्गसामानाधिकरण्यसूचनद्वारेण एव तदिति साक्षात्कारकल्पनं व्यवधानविषयस्याह । तत एव विक्रमोर्वशीयं स्वप्नवासवदत्ता नाटकमिति कवयो व्यवहरन्ति । ॥१-४॥

### मधुसूदनी

अंक इति । अवकीर्णता च दर्शिता इत्यन्वयः । अंकेऽङ्केऽन्योऽन्योऽर्थः कर्तव्य इति । अयं भावः । समवकारे त्र्यंकाः भवन्ति । तत्र प्रत्यंकं अन्यः अन्यः अर्थः कर्तव्यः । तथा करणेनैवावकीर्णताऽर्थस्य स्यात् । तथा च वक्ष्यते—

त्र्यंकस्तथा त्रिकपटस्त्रिविद्रवः स्यात्त्रिशृंगारः ।
द्वादशनायकबहुलो ह्यष्टादशनाडिकाप्रमाणश्च ॥
अंकस्तु सप्रहसनः सविद्रवः सकपटः सवीथीकः ।
द्वादशनाडीविहितः प्रथमः कार्यः क्रियोपेतः ॥
कार्यस्तथा द्वितीयः समाश्रितो नाडिकाचतसृभिः ।
वस्तुसमापनविहितो द्विनाडिकः स्यात्तृतीयस्तु ॥

पुनरग्रे वक्ष्यते-संशब्दबलाद्वशब्दबलाच समावकारेऽर्थं हि अवकीर्णमप्रतिसम्बन्धमिच्छन्ति । इति ।

एष च एषोऽपि समवकारः इतरप्रयोगवदेकः प्रयोगः अपरमत्र अभिनेयार्थः अवकीर्णः नियतसम्बन्धरहितः । द्वादशनायकत्वात् । यतः सुखभूयिष्ठेऽपि एकरसे एक रूपे वस्तुनि एकस्यैव अर्थस्य पुनः पुनरनुभूयमानतया अनुसन्धानप्रयासे भीरवः अतएव देवतुल्या अपि उद्वेगशीला जना भवन्ति । अत्र चकारो भिन्नक्रमः अप्यर्थकश्च ।

अमृतमथनमिति क्लीबं समवकार इति पुमानिति लिंगभेदः । तथा च

### बालक्रीडा

(मूल) हम लोगों ने उस समवकार का अभिनय किया । जिसके प्रयोग एवं भावों को देख कर देवता एवं दानव लोग सभी प्रसन्न हुए ॥४॥

को स्पष्ट करने के लिए कहते हैं कि यह समवकार नामक प्रयोग है । यहाँ अभिनेय अर्थ अवकीर्ण याने नियत सम्बन्ध रहित होता है । क्योंकि इनमें विभिन्न स्वभाव वाले १२ नायक होते हैं । इसके सिवाय यह बात भी है कि अन्य प्रयोगों की तरह समवकार भी एक प्रयोग है । परन्तु देखा गया है कि उन प्रयोगों में सुख बहुल होने पर भी कोई वस्तु एक रूप है एक रस है तो एक रूपवाली वस्तु का पुनः पुनः अनुसन्धान करने के प्रयास से देवतुल्य जन भी डरते हैं और उससे उद्विग्न हो जाते हैं । अतः समवकार प्रयोग में वस्तु अवकीर्ण रहता है ।

अमृतमथनम्, यह नपुंसक और समवकार यह पुल्लिंग है । इससे भिन्न लिंगवालों का

**कस्यचित्त्वथ कालस्य मामाहाम्बुजसम्भवः ।**
**नाट्यं सन्दर्शयामोऽद्य त्रिनेत्राय महात्मने ॥५॥**

### अभिनवभारती

एवमितिहासस्य परिसमाप्तिं पश्यन्सकलप्रयोगप्राणभूतकैशिकीसर्वस्वभूतनृत्त-

### मधुसूदनी

भिन्नलिंगयोरपि अनयोः सामानाधिकरण्येन समानविभक्तिकतया नामनामिनोरभेदेन यत्सूचनं तद्वारेण तदेव एव इति दिशा साक्षात्कारकल्पनमभिनयनयोग्यत्वं व्यवहितविषयस्य परोक्षवस्तुनः आह । तत एव व्यवहितविषयस्य साक्षात्कारकल्पनादेव विक्रमोर्वशीयं स्वप्नवासवदत्ता नाटकमिति । कीदृशः, कः, कस्य विक्रमः तेन उर्वश्याः कः कियान् किमात्मकः सम्बन्धः । एवं स्वप्नः कस्य किंरूपः कीदृशः कुत्र, तस्य वासवदत्तया का लग्नता इत्येवं वस्तुनः परोक्षत्वेऽपि अभिनययोग्यत्वान्नाटकमेतदिति कवयो व्यवहरन्ति ॥१॥४॥

समाप्तिमिति । अमृतमथनाख्ये समवकारे अभिनीय प्रदर्शिते सति सर्वे देवाः दानवाश्च हृष्टा अभवन् । एवमत्र प्राक् नाट्यशास्त्रप्रणयनं ततः तन्निर्मितिनान्तरीयकतया दशरूपकाणां विधानं, विधानानुकूलं समवकारस्य अमृतमन्थनाख्यस्य ग्रन्थनम् । तदभिनेतुमाज्ञापनमभिनीय प्रदर्शनमेवं नाट्य शास्त्रविषयक इतिहासः समाप्तः । न किमपि अवशिष्टम् । एवमितिहासस्य समाप्तिं पश्यन् ग्रन्थकारः सकलानां प्रयोगाणां प्राणभूतायाः कैशिक्या वृत्तेः सर्वस्वभूतस्य नृत्तप्रयोगस्य प्रस्तावनां कर्तुमितिहासमनुसन्धानविषयं करोति कस्यचिदिति । यावान् कालो नाट्यशिक्षायै अपेक्षितः तावतः कालस्य यापनादनन्तरम् । इत्यर्थः । एतेन

### बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद किसी समय में ब्रह्माजी ने मुझसे कहा कि हम लोग त्रिनेत्र महादेव जी को नाट्य दिखलावें ॥५॥

सामानाधिकरण्य अर्थात् समान विभक्तियों के द्वारा नाम एवं नामी में अभेद सूचित होता है। इस सूचना के द्वारा वही यह है इस तरह व्यवहित विषय याने परोक्ष वस्तु का साक्षात्कार कल्पन अर्थात् अभिनयन योग्यता को कहा । इसी से याने परोक्षवस्तु की अभिनयनयोग्यता से ही विक्रमोर्वशीय और स्वप्न वासवदत्ता नाटक हैं। किसका, कैसा, क्या विक्रम है और उससे उर्वशी का कैसा, कितना क्या सम्बन्ध है इसी तरह किसको कैसा कहाँ पर स्वप्न आया और वासवदत्ता से उसकी क्या लगन है। इस प्रकार वस्तु के परोक्ष होने पर भी अभिनय की योग्यता के बल पर विक्रमोर्वशीय नाटक, स्वप्न वासवदत्ता नाटक है यह कवियों का व्यवहार चलता है। नटों ने अमृतमथन समवकार को अभिनय कर के दिखा दिया देवता लोग प्रसन्न हो गये तब नाट्यशास्त्र के प्रणयन का कार्य समाप्त हुआ। इस प्रकार नाट्यशास्त्रीय इतिहास को समाप्त होते हुए देखकर भरताचार्य सकल प्रयोगों के प्राण एवं कैशिकी

**ततः सार्धं सुरैर्गत्वा वृषभाङ्कनिवेशनम्।**
**समभ्यर्च्य शिवं पश्चादुवाचेदं पितामहः ॥६॥**

## अभिनवभारती

प्रयोगप्रस्तावनायेतिहासमनुसन्धत्ते—कस्यचित्त्विति। यावता कालेन गतेन शिक्षणं सम्पद्यते तावता कालेन गतेन हेतुनेत्यर्थः। एतेन नाट्यप्रयोगस्तद्विदे प्रथमं दर्शनीय इति दर्शयति। तेन यद्बलात्प्रयोगो ब्रह्मणे दर्शित इति व्याख्यातं तदसदेव। तेनोपयुक्तं वस्तु भगवते प्रदर्शयितुमुद्योजयेदिति चासङ्गतं स्यात्। सन्दर्शयाम इति चानेन कवेस्तन्मध्ये प्रवेशसूचनेनोत्प्रेक्षकत्वसूचनं स्यादित्यलमनेन ॥५।६॥

## मधुसूदनी

नाट्यशिक्षासम्पादनायापेक्षितकालयापनद्वारा नाट्यशिक्षासम्पादनेन। अतस्तद्विदे नाट्यविदुषे तत्प्रयोगः प्रथमं दर्शनीय इति दर्शयति। तेन तद्विदे दर्शनेन, बलात् आग्रहपूर्वकम्। इति केनापि व्याख्यातम्। तेन चासद्व्याख्यानेन उपयुक्तं वस्तु भगवते प्रदर्शयितुं नटान् उद्योजयेदिति शिक्षणमसंगतं स्यात्। अत एव सन्दर्शयाम इति कथनं च तथा स्यात्।

अनेन कवेर्नाट्यनिर्मातुः तन्मध्ये नाट्यप्रदर्शनाय उद्योजयितॄणां मध्ये। उत्प्रेक्षकत्वसूचनं कविरपि नटानामुत्प्रेरक इति सूचनं निर्देशः स्यात् ॥५।६॥

## बालक्रीडा

(मूल) तदनुसार देवताओं के साथ वृषभांक के निवास में गए और उनका पूजन किया। उसके पश्चात् पितामह जी ने यह कहा ॥६॥

के सर्वस्व नृत्त प्रयोग की प्रस्तावना के लिए पुनः इतिहास का अनुसन्धान करते हैं कुछ काल के बीतने पर। यहाँ का भाव यह है कि पहले नाट्यशास्त्र का प्रणयन, प्रणयन के लिए आवश्यक दशरूपकों का विधान, विधान के अनुकूल अमृतमथन नामक समवकार का निर्माण फिर उसके अभिनय के लिए आज्ञा प्रदान और अभिनय कर के दिखाना बस नाट्यशास्त्र का इतिहास सम्पूर्ण हुआ कुछ नहीं बचा। इस प्रकार इतिहास समाप्त न हो जाय इसलिए नृत्त प्रयोग के निर्माण की प्रस्तावना ग्रन्थकार करते हैं।

जितना समय नाट्यशिक्षा के लिए अपेक्षित है। जितने काल से नाट्यशिक्षण सम्पन्न हो सकता है उतने काल के बीतने पर। नाट्यशिक्षा के सम्पन्न होने से नाट्य के जानकारों को पहिले नाट्य प्रयोग दिखाना चाहिए अतः दिखाते हैं। इससे जो अन्य लोगों का व्याख्यान कि "जबरन् यह प्रयोग ब्रह्मा को दिखाया गया" यह सब असत् है। क्योंकि इस तरह के व्याख्या से तो उपयुक्त वस्तु को भगवान् को दिखाने के लिए उद्योग करना चाहिए यह सिद्धान्त ही असंगत हो जायगा। और हम दिखाते हैं इस कथन से कवि का भी इस प्रक्रिया में प्रवेश है ऐसा सूचित होता है। जिससे उसका ऐसा आशय सूचित हो सकता है वह भी चाहता है कि मेरा बनाया नाटक लोगों को दिखाया जाय। अब बस करिये ॥५।६॥

मया समवकारस्तु योऽयं सृष्टः सुरोत्तम ?।
श्रवणे दर्शने चास्य प्रसादं कर्तुमर्हसि ॥७॥
पश्याम इति देवेशो द्रुहिणं वाक्यमब्रवीत् ।
ततो मामाह भगवान् सज्जो भव महामते ॥८॥

अभिनवभारती

महात्मशब्देन तस्यैवात्र प्रेक्षणे सम्यगौचित्यमित्याह् । श्रवणे दर्शने चेत्यनुसन्धत्ते । तथा पूर्वं परीक्षकः कविना श्रावयितव्य इति श्रवण इत्यनेनोक्तम् । सामाजिकास्तु श्रावयितव्या इति नातीव समञ्जसम् । तावत्तेषां प्रवृत्त्ययोगात् । श्रवणादेव चोपदेशसिद्धौ प्रयोगवैफल्यात् । परमेश्वरस्य परीक्षकत्वात् परितोष्यत्वाच्च ज्ञानातिशयेन रसचर्वणात्मकमहाभोगसमर्पणेन च । ७।८।९।

मधुसूदनी

महात्मने त्रिनेत्रायेत्यत्रत्य महात्मशब्देन तस्यैव त्रिनेत्रस्यैव । श्रवणे दर्शने चेति उभयपदविन्यासमनुसन्धत्ते समालोचयति । श्रवणपदस्य साफल्यं कथयति पूर्वं परीक्षक इति । ननु सामाजिकाः पूर्वं श्रावणीया इति तु समञ्जसं संगतं न । तावति श्रवणमात्र एव तेषां सामाजिकानां नाट्यविषये प्रवृत्तेरयोगात् । तत्प्रवृत्त्यभावे हेतुमाह-श्रवणेति । श्रवणं तु गुरुमुखादपि स्यात् । अभिनयार्थमेतावतः सन्नाहस्य क उपयोगः । तदुक्तं-प्रयोगवैफल्यादिति । विनेयेभ्यो गुरोरुपदेशेनैव विनीतत्वं स्यात्तर्हि प्रयोगोऽभिनयो विफलः । परमेश्वरः परीक्षक इति तस्मै श्रावणीयम् । अर्जितज्ञानविषयेऽतिशयो ज्ञापनीयः रसचर्वणाख्यो महाभोगश्च नैवेद्यरूपः समर्पणीयः तस्य परितोषार्थम् । तदाह-परितोष्यत्वाच्चेति ।७।८।९।

बालक्रीडा

(मूल) कि हे सुरोत्तम ? मैंने जो यह समवकार बनाया है । उसके सुनने एवं देखने की कृपा करें ॥७॥

(मूल) इतना सुनकर देवेश महादेव जी ने ब्रह्मा जी से कहा कि हम अवश्य देखेंगे । ब्रह्मा जी ने मुझसे कहा कि हे महामते ? अभिनय प्रदर्शन के लिए तैयार हो जाओ ॥८॥

भगवान् त्रिनेत्र की ही इसके देखने में सम्यक् योग्यता है इसको महात्मा शब्द से बतलाया । सुनने में और देखने में इसका अनुसन्धान करते हैं । जैसे कवि का कर्तव्य है कि पहिले अपनी कृति को किसी जानकार व्यक्ति को सुनावे यह सिद्धान्त श्रवणे इससे कहा । सामाजिकों को सुनाया ही जायगा फिर परीक्षक को सुनाने की क्या आवश्यकता है यह समन्वित नहीं होता है । क्योंकि जानकार व्यक्तियों के समर्थन के बिना पहिले तो उन लोगों की सुनने के लिए प्रवृत्ति ही नहीं होगी । और यदि सुनने से ही उपदेश मिल जायगा तब सुनाया तो किसी भी तरह से जा सकता है सुनाने की बहुत बहुत सी शैलियाँ हैं । नाटक

ततो हिमवतः पृष्ठे नानानगसमाकुले।
बहुभूतगणाकीर्णे रम्यकन्दरनिर्झरे ॥९॥
पूर्वरङ्गः कृतः पूर्वं तत्रायं द्विजसत्तमाः।
तथा त्रिपुरदाहश्च डिमसंज्ञः प्रयोजितः ॥१०॥
ततो भूतगणा हृष्टाः कर्मभावानुकीर्तनात्।
महादेवश्च सुप्रीतः पितामहमथाब्रवीत् ॥११॥
अहो नाट्यमिदं सम्यक् त्वया सृष्टं महामते।
यशस्यं च शुभार्थं च पुण्यं बुद्धिविवर्धनम् ॥१२॥

## अभिनवभारती

तत्र पूर्वरङ्गपूर्वकत्वं प्रयोगक्रमस्य दर्शयति—पूर्वरङ्ग इत्यादिना। अयमिति समवकारः। परमेश्वरचरितप्राधान्येन च त्रिपुरदाहसंज्ञको डिम प्रयोजित इत्यनेन परीक्षकपरितोषनिमित्तं प्रयोक्तृभिः किञ्चित्प्रयोज्यमित्याह अहो नाट्यमिति ॥१०।११।१२॥

## मधुसूदनी

पूर्वरंगः पूर्वं पुरःसरणीयतायां हेतुर्यस्य प्रयोगक्रमस्य। पूर्वरंगः प्रसंगाय नाटकीयस्य वस्तुनः। इत्युक्तः ।१०।११।१२।

## बालक्रीडा

(मूल) इसके अनन्तर हिमालय पर्वत के पृष्ठ अर्थात् समभूमि जो नाना प्रकार के वृक्षों से घिरी हुई थी और बहुत प्रकार के भूतगणों से आकीर्ण थी तथा सुन्दर गुफा एवं झरनों से सुशोभित थी। उसमें पहले पूर्व रंग करने के बाद तथा माने जैसे समवकार का अभिनय किया उसी प्रकार त्रिपुरदाह नामक डिम का अभिनय किया ॥९।१०॥

(मूल) उस अभिनय में क्रिया एवं भावों के अनुकीर्तन तथा अनुदर्शन से भूतगण तथा महादेव जी बड़े प्रसन्न हुए। और पितामह को बोले ॥११॥

(मूल) अहो आपने इस बहुत सुन्दर नाट्य का निर्माण किया। यह नाट्य आप के यश, पुण्य एवं बुद्धि को बढ़ायेगा। तथा इससे लोक का कल्याण होगा ॥१२॥

निर्माण का प्रयत्न क्यों किया। तब तो अभिनय कर के दिखाना ही विफल हो गया। परमेश्वर परीक्षक हैं वे उसके तथ्य के जानकार हैं अतः निर्माता को अपने ज्ञान के विषय में अतिशय दिखाना चाहिए और प्रभु हैं अतः रसानन्दानुभव रूप महाभोग नैवेद्य का भी उनको समर्पण करना चाहिए। क्योंकि वे ही परितोष्य हैं। ७।८।९।

अब पूर्वरंग इत्यादि से पूर्वरंग पुरः सर प्रयोग का क्रम दिखाते हैं। जैसा कि कहा है—नाटकीय वस्तु के आरम्भ के पहिले पूर्व रंग आवश्यक है। उसका पूर्व रंग यह अन्वर्थ नाम ही क्रम को स्पष्ट कर देता है। अब माने यह समवकार। परमेश्वर के चरित की

**मयाऽपीदं स्मृतं नृत्तं सन्ध्याकालेषु नृत्यता ।**
**नानाकरणसंयुक्तैरङ्गहारैर्विभूषितम् ॥१३॥**

## अभिनवभारती

परितोषं फलतः प्रकटयति—मयापीदमिति । अनेनेदमाह—भरतमुनिना तावद्भगवन्नृत्ते कैशिकीदर्शनात्तत्प्रयोगार्थमनुस्मृत्य किञ्चिन्नियोजितम् । तत्तु सम्यगुपदेशाभावान्नातीव सुश्लिष्टमिति । अत एव वक्ष्यति—सम्यगिति । स्मृतमित्यनादित्वमस्य दर्शयति । बहुवचनेनादरविषयतामिति । अङ्गहार एव नृत्तं प्रयोगफलं प्रसूते । तदङ्गानि तु करणादीनि । द्वात्रिंशन्नृत्तकर्मणि प्रधानानी-त्याशयेन विशेषणयोगमाह—नानेति ॥१३॥

## मधुसूदनी

तस्याः कैशिक्या प्रयोगानुकूलमर्थं नृत्तमनुस्मृत्य ।
गात्रविक्षेपमात्रं तु सर्वाभिनयवर्जितम् ।
आंगिकोक्तप्रकारेण नृत्तं नृत्तविदो विदुः ।

तत्तु नियोजितं तु । सुश्लिष्टं सुसम्बद्धं सुसंगतमित्यर्थः । सम्यक् प्रयुज्य-तामित्यत्र सम्यगेवाभिनेष्यसीत्यत्र च सुश्लिष्टत्वं वक्ष्यति । नानाकरणसंयुक्तै-रंगहारैरित्यत्र बहुवचनेन अंगहाराणामादरविषयतामवश्यकर्त्तव्यतां बोधयतीति शेषः । अंगहारः प्रयोग एव फलं यस्य तत् नृत्तं प्रसूते ।

करणैरंगहारैश्च साधितं नृत्तमुच्यते इति सं० १-२९ न० अध्याये ।

तस्यांगहारस्यांगानि करणानि अष्टोत्तरशतानि । तत्र द्वात्रिंशत् अंगहाराः नृत्तकर्मणि प्रधानानि । क्लीबे प्रधानमित्यमरकोषानुसारं प्रधानशब्दस्याजहल्लिं-गत्वात् । १३।

## बालक्रीडा

(मूल) मैंने भी सन्ध्या काल में नृत्य करते हुए नाना करण अर्थात् क्रियाएँ एवं अंगहारों से विभूषित नृत्त का आविष्कार किया है । (अंगहार आंगिक अभिनय का पर्याय है) ॥१३॥

प्रधानता होने के कारण त्रिपुरदाह नामक डिम को प्रयोग कर के दिखलाया । प्रयोजित इससे यह कहा कि परीक्षक की प्रसन्नता के लिए नट लोग कोई अभिनय दिखावें यह आवश्यक है । १०।११।१२ ।

परितोष को फल से प्रकट करते हैं । मैंने भी इसे । इससे यह कहा कि भरतमुनि ने पहिले भगवान् के नृत्त में कैशिकी वृत्ति का प्रयोग देखा था । उसके बाद यह भावना हुई कि मुझे भी इसका प्रयोग करना चाहिए । फलतः उसके प्रयोग के लिए अनुस्मरण किया । अनुस्मरण के अनन्तर कुछ नियोग किया किन्तु वह नियोग अनुष्ठान गुरु के उपदेश के बिना पूर्ण रूप से

**पूर्वरङ्गविधावस्मिंस्त्वया सम्यक्प्रयोज्यताम्।**
**वर्धमानकयोगेषु गीतेष्वासारितेषु च ॥१४॥**

## अभिनवभारती

विनियोगमस्य निरूपयति—पूर्वरङ्गविधाविति। भरतिस्थाने पूर्वरङ्गो नाट्यप्रयोगे यः पूर्वो भागस्त्वया शुद्धो वैचित्र्यरहितः प्रयुक्तः स एतेन नृत्तेन मिश्रित-

## मधुसूदनी

भरतिस्थान इति। यत्र स्थाने नरा रामसीतादिस्वरूपेण स्वांगं भरन्ति तत्र रंगे। पूर्वो भागः प्रयोगारम्भकालिको भागः शुद्धो नृत्तरहितः अत एव वैचित्र्यशून्यः। प्रासिद्ध्यात्प्रसिद्धेः। नटाः ? स्वांगानि भरत इत्येष पूर्वरंगो भविष्यति। प्रत्याहाराद्यंगसमूहः पूर्वरंग इत्यभिप्रायेण। प्रत्याहारः, अवतरणम्, आरम्भः, आश्रावणा, वक्त्रपाणिः, परिघट्टना, संघोटना, मार्गासारितम्, आसारितम्, तथा गीतम्। एतानि दश पूर्वरंगस्यांगानि यथावत् क्रमेण करणीयानि। अथ च अन्तर्यवनिकागतानि बहिर्यवनिकागतानि च भवन्ति इमानि। यद्वक्ष्यति पञ्चमे—

अस्यांगानि तु कार्याणि यथावदनुपूर्वशः।
एतानि च बहिर्गीतान्यन्तर्यवनिकागतैः॥
प्रयोक्तृभिः प्रयोज्यानि। विघट्य वै यवनिकाम्।
एतान्यंगानि कार्याणि पूर्व रंगविधौ द्विजाः ?॥ इति

## बालक्रीड़ा

(मूल) इसका पूर्वरंग के अनुष्ठान करते समय सुन्दरता से प्रयोग करो। वर्धमानक योग अर्थात् वृद्धिशील अवसरों पर आयोजित गानों में सांस्कृतिक सम्मेलनों के अवसर पर भी इसका प्रयोग करो ॥१४॥

संगत नहीं हुआ। इसीलिए आगे कहेंगे कि सम्यक् प्रयोग करिये। अभ्यास कर लेने से सम्यक् अभिनय कर सकोगे। स्मृतं इससे नृत्त अनादि है प्रवाह परम्परा प्राप्त है। यह दिखा दिया। नानाकरणसंयुक्तैरंगहारः इस बहुवचन के द्वारा अंगहारों को आदरणीय बतलाया। क्योंकि अंगहार ही प्रयोग को सफल करने वाले नृत्त को जन्म देते हैं। करण तो उन अंगहारों के अंग हैं। बत्तीस अंगहार ही नृत्त कर्म में मुख्य हैं इस आशय से दो विशेषणों को कहते हैं—नाना इति। १३

अब इसके विनियोग का निरूपण करते हैं—पूर्व रंग विधि में। जहाँ नट लोग राम एवं सीता आदि के स्वरूप से अपने अंगों को भरते हैं उस भरति स्थान में पूर्व रंग जो नाट्य प्रयोग का पहिला आरम्भ कालिक भाग है। उसका तुमने शुद्ध यानें विलक्षण शैलियों से रहित ही प्रयोग किया है उसमें इस नृत्त का मिश्रण कर दो। तब मिश्रित हुआ यह पूर्वरंग चित्र नाम से प्रसिद्धि के बदौलत नट लोग अपने अंगों का भरण करें इस रूप में भरत हो

**महागीतेषु चैवार्थान्सम्यगेवाभिनेष्यसि ।**
**यश्चायं पूर्वरङ्गस्तु त्वया शुद्धः प्रयोजितः ॥१५॥**

### अभिनवभारती

शिवो नामेति प्रसिद्ध्यात् भरत इत्येष भविष्यति। भरतमुनिना प्रत्याहारादि अन्तर्यवनिकागतमङ्गनवकं गीतकविरचनान्तमङ्गदशकं यत्प्रयोगे नृत्तविरहितमेव प्रयुक्तं कर्तव्यमात्रेण, न तु कृतम्। अङ्गदशकं यत्प्रयुक्तं तद् दृष्टादृष्टोभयप्रयोजनमपि यथा न तत्र रञ्जकत्वं किञ्चित्। अनेन तु विमिश्रं विचित्रं दृष्टादृष्टात्मकफलं सम्यग्वितरतीत्यभिप्रायो महावाक्यस्य। अस्मिन्निति। त्वत्प्रयुयुक्षितप्रयोगोचितो-द्धतपूर्वरङ्गविधौ। तत्प्रयुक्ता इमे करणाङ्गहाराः। सुकुमारपूर्वरङ्गे तु देव्या कृता अनुद्धता अङ्गहारा इत्यभिप्रायात् ॥१४॥

### मधुसूदनी

तत्र भरतमुनिना यत् प्रयोगे कर्त्तव्यमेवेति बुद्ध्या नृत्तविरहितमेव अन्तर्यवनिकागतं प्रत्याहारादि अंगनवकं तथा गीतकविध्यन्तकमंगदशकं प्रयुक्तम्। अंगदशकं यत्प्रयुक्तं तद् दृष्टादृष्टोभयप्रयोजनमपि किंचिद् रंजकत्वं तत्र न कृतम्। किन्तु अनेन प्रकारेण विमिश्रमर्थात् विचित्रं न तु शुद्धं नाट्यम्। द्विविधं नाट्यं शुद्धं चित्रम् यथापि चेति वक्ष्यमाणत्वात् पंचमे। दृष्टादृष्टात्मकं फलं सम्यक् वितरति इति महावाक्यस्याभिप्रायः।

अस्मिन्निति। अस्मिन् पूर्वरंगविधौ इत्यस्यार्थमाह्-त्वया प्रयोक्तुं इच्छा-विषयः कृतः। तथाभूते प्रयोगे अभिनये उचितश्च यः उद्धतः पूर्वरंगाख्यो विधिः तस्मिन्। तत्र इमे निरूप्यमाणाः करणानि अंगहाराश्च प्रयुक्ताः। सुकुमारे पूर्वरंगे तु देव्या कृता अनुद्धताः कोमला अंगहाराः करणानि चेति शेषः ॥१४॥

### बालक्रीडा

(मूल) महागीतों में भी इन नृत्त की विधियों का सुन्दरता से अभिनय करो। और जो तो तुमने नृत्त रहित शुद्ध पूर्वरंग का प्रयोग किया। १५।

जायगा। भरत मुनि ने यवनिका के भीतर प्रत्याहारादि नौ अंगों का और गीतक विरचन पर्यन्त दश अंगों का जो अभिनय में नृत्त के बिना ही प्रयोग किया वह केवल करना चाहिए इस कर्त्तव्य बुद्धि से किया। और जो दश अंगों का प्रयोग किया वह दृष्ट एवं अदृष्ट प्रयोजन विशिष्ट होने पर भी उसमें कुछ भी रंजकत्व नहीं किया अर्थात् आनन्द उससे कुछ भी नहीं हुआ। किन्तु इस कथन से ये दश अंग विमिश्र विचित्र दृष्ट एवं अदृष्ट फल को सम्यक् वितरण करते हैं ऐसा महावाक्य का अभिप्राय है।

इसमें जिसका प्रयोग तुम करना चाहो उस उचित एवं उद्धत पूर्व रंग विधि में: ये करण एवं अंगहार किये जाते हैं। सुकुमार पूर्वरंग में तो देवी के द्वारा रचित अनुद्धत कोमल अंगहारों का प्रयोग होता है इस अभिप्राय को समझना चाहिए ॥१४॥

**एभिर्विमिश्रितश्चायं चित्रो नाम भविष्यति ।**
**श्रुत्वा महेश्वरवचः प्रत्युक्तस्तु स्वयम्भुवा ॥१६॥**
**प्रयोगमङ्गहाराणामाचक्ष्व सुरसत्तम ?**
**ततस्तण्डुं समाहूय प्रोक्तवान् भुवनेश्वरः ॥१७॥**

## अभिनवभारती

महागीतं च यद्गीतकवर्धमानकमनादिरूपं तत्र सम्यग्वर्धमानादिक्रमेण, तथा वाक्यार्थाभिनये यथायोगं योज्यमानाङ्गहाररेचकपिण्डीबन्धक्रमेण येनाभिनेतुं शक्ष्यसि ॥१५॥१६।१७॥

आचक्ष्व भरतायेति—अनेन मुनिः परमेश्वरप्रसादपात्रमात्मानं बहुमन्यमानो मामेव प्रति देवेनैवेदं निरूपितं प्रयोजितस्त्वया, अभिनेतुं त्वं शक्ष्यसीति कथयता ।

## मधुसूदनी

वर्धमानकेति । यद् गीतकं वर्धमानकं च अनादिरूपं महागीतम् । तत्र महागीते सम्यग् वर्द्धमानादिक्रमेण प्रयोज्यताम् । यद्वक्ष्यति—ये गीतकादौ प्रयुज्यन्ते सम्यङ् नृत्तविभागकाः । इति । वर्धमानकं नाम गीतम् । तल्लक्षणं वक्ष्यति ।

वर्धमानकमासाद्य संप्रवक्ष्यामि लक्षणम् ।
कलानां वृद्धिमासाद्य ह्यक्षराणां च वर्द्धनात् ॥
लयस्य वर्द्धनाचापि वर्धमानकमुच्यते । इति ।

तथा वाक्यार्थस्य रसादेरभिनये । तथा चोक्तं संगीतरत्नाकरे—

नाटकस्थितवाक्यार्थपदार्थाभिनयात्मकम् ।
तदाद्यभरतेनोक्तं रसभावसमन्वितम् । ३५ ।

वाक्यार्थाभिनयो रसाभिनयः । पदार्थाभिनयो भावाभिनयः इति तट्टीका नर्तनाध्यायगता । यथायोगं संगत्यनुसारं योज्यमाना अंगहारा स्थिरहस्ताद्यो द्वात्रिंशत्, रेचकाश्चत्वारः, पिण्डीबन्धा ईश्वरो पट्टसीप्रभृतयः सप्तदश । तेषां क्रमेण । येन केन क्रमेण अभिनेयान् कर्तुं शक्ष्यसि । १५।१६।१७

## बालक्रीडा

(मूल) इन नृत्त का सम्मिश्रण इसमें कर दोगे तो यह पूर्वरंग चित्र हो जायगा। इस प्रकार महेश्वर के वचन को सुनकर ब्रह्माजी ने प्रत्युत्तर दिया कि हे सुरसत्तम ? सुरश्रेष्ठ ? अंगहारों के प्रयोग को आप बतलाइये । ॥१६॥

(मूल) उसके बाद भुवनेश्वर भगवान् महेश्वर जी ने तण्डु को बुलाकर कहा कि तुम भरत को अंगहारों का प्रयोग सिखलाओ ॥१७॥

महागीत जो गीतक वर्धमानक प्रवाह परम्परा से अनादि है उसमें ठीक तौर से वर्द्धमान क्रम तथा वाक्यार्थाभिनय रसाभिनय में संगति के अनुसार योज्यमान अंगहार रेचक एवं पिण्डीबन्धों के क्रम से जिस किसी क्रम से हो जिससे तुम अभिनय कर सकते हो । १५।१६।१७।

प्रयोगमङ्गहाराणामाचक्ष्व भरताय वै ।
ततो ये तण्डुना प्रोक्तास्त्वङ्गहारा महात्मना ॥१८॥
तान्वः करणसंयुक्तान्व्याख्यास्यामि सरेचकान् ।
स्थिरहस्तोऽङ्गहारस्तु तथा पर्यस्तकः स्मृतः ॥१६॥

### अभिनवभारती

प्रधानसन्निधौ तु नैव प्रतिवक्तव्यमित्याशयेन "श्रुत्वा महेश्वरवचः प्रत्युक्तस्तु स्वयम्भुवा" इत्युक्तमिति दर्शयति । तण्डुं समाहूयेति । सर्वत्र पाठे तण्डुशब्द एव युक्तः, ताण्डवशब्दव्युत्पत्तिवशात् । तण्डुमुनिशब्दौ नन्दिभरतयोरपरनामनी । य इति ॥१८॥

आत्रेयप्रभृतीन्प्रति मुनिरेवमाह सकरणान्सरेचकानिति । विशेषणत्वादङ्गहाराणामेव प्राधान्यम् । तत एव तेषामेव पूर्वमुद्देशः । उपायत्वाच्च करणानां पूर्वं लक्षणं, तत्सङ्घयात्मकत्वात् तेषाम् ।

### मधुसूदनी

विशेषणत्वादिति । अयं भावः- करणरेचकानामंगहारांगतयैव प्रयोगो न तु पार्थक्येनेति द्योतयितुमंगहारविशेषणत्वोक्तिः । तत एव प्राधान्यादेव तेषामंगहाराणामेव पूर्वं करणरेचकाभ्यां प्राक् उद्देशः, तान् वः करणसंयुक्तान् व्याख्यास्यामि सरेचकानिति दिशा कथनम् । उपेयप्रतिपत्त्यर्थमुपायाः परिकीर्तिता इत्युक्तेः तत्र अंगहारेषु करणानां साधनत्वात् उपायत्वात् न पूर्वं प्रागंगहारेभ्यो लक्षणं निर्दिष्टम् । तेषां करणानां वागङ्गसत्त्वाहार्यसमुच्चयात् संचयात्मकत्वात् । अंगहारनिष्पादकोपायत्वं तु समनन्तरमेव वक्ष्यति —

### बालक्रीडा

(मूल) इसलिए महात्मा तण्डु ने जिन अंगहारों को मुझे बतलाया । उन अंगहारों की करण एवं रेचकों के सहित व्याख्या आप लोगों से करूँगा । १८ ।

भरत के लिए कहो । इससे मुनि अपने आप को बहुत ही परमेश्वर की प्रसन्नता का पात्र मानता है । मेरे ही वास्ते स्वयं देव ने इनका निरूपण किया और तुम अभिनय करने में समर्थ हो यह कहते हुए प्रेरित भी किया । मुख्य पुरुष की सन्निधि में तो ऐसा नहीं कहना चाहिए इस आशय से "महेश्वर के वचन को सुनकर स्वयंभू ब्रह्माजी ने उत्तर दिया । ऐसा कहा इसको दिखाते हैं । तण्डु को बुलाकर । तण्डु से प्राप्त शास्त्र ताण्डव कहलाता है इस तरह की ताण्डव शब्द की व्युत्पत्ति के आधार पर ग्रंथ के सभी पाठों में तण्डु शब्द का ही प्रयोग किया है । तण्डु और मुनि शब्द नन्दी और भरत के अपर पर्याय हैं । जो ऐसा ॥१८॥

आत्रेय प्रभृति मुनियों के प्रति मुनि ने कहा कि सकरण एवं सरेचक इति । करण एवं रेचकों का प्रयोग अंगहारों के अंग के ही रूप में हो सकता है न कि पृथक् रूप में, इसको

सूचीविद्धस्तथा चैव ह्यपविद्धस्तथैव च ।
आक्षिप्तकोऽथ विज्ञेयस्तथा चोद्घट्टितः स्मृतः ॥२०॥
विष्कम्भश्चैव सम्प्रोक्तस्तथा चैवापराजितः ।
विष्कम्भापसृतश्चैव मत्ताक्रीडस्तथैव च ॥२१॥
स्वस्तिको रेचितश्चैव पार्श्वस्वस्तिक एव च ।
वृश्चिकापसृतः प्रोक्तो भ्रमरश्च तथापरः ॥२२॥
मत्तस्खलितकश्चैव मदाद्विलसितस्तथा ।
गतिमण्डलको ज्ञेयः परिच्छिन्नस्तथैव च ॥२३॥

अभिनवभारती

तत्राङ्गहारोद्देशमाह—स्थिरहस्त इत्यादिना द्वात्रिंशदेत इत्यन्तेन। अयं भावः—अष्टोत्तरे करणशते उद्दिष्टेऽपि करचरणादियोजनया अत्रुटितरसांगगतिस्थितिप्रयोगतया यद्यप्यानन्त्यं करणानां तथापि प्राधान्याद् दृष्टफलं प्रत्यधिकोपधितया द्वात्रिंशदेतेंगहारा नामतो निर्दिष्टा। न तु परिगणनमेतत्। अङ्गानां देशान्तरे

मधुसूदनी

सर्वेषामंगहाराणां निष्पत्तिः करणैर्यतः। इति ४।२९ ना० शा० ।

अष्टोत्तरे करणशते इति। "अष्टोत्तरशतं ह्येतत्करणानां मयोदितम्" ४।५५। इत्येवमुद्दिष्टेऽपि नामतः परिसंख्यातेऽपि। करपदेन करशिरोभ्रूवक्षःपार्श्वादीनां ग्रहणम्। चरणपदेन कटिजंघोरुजानुप्रभृतीनां संग्रहः। योजना क्रिया। तया क्रियया। अत्रुटितोऽछिन्नो रसः प्रेक्षकाणां प्रीतिर्येषु ते अंगभूतानां गतीनां चारीणां, स्थितीनां स्थानकानां प्रयोगा अभिनयाः। तेषां भावस्तत्ता तया करणानामानन्त्यम्। तेन यद्यपि अंगहाराणामपि कारणप्रयुक्तकार्याणामानन्त्यस्य स्वतः प्राप्तत्वादानन्त्यं तथापि उपेयत्वेनांगहाराणां प्राधन्यात्, दृष्टादृष्टोभयफलेषु दृष्टफलं प्रति अधिकोपाधितया नित्यं सन्निकृष्टतया द्वात्रिंशदेतेंगहारा नामतो निर्दिष्टाः संप्रोक्ताः।

बालक्रीड़ा

स्पष्ट करने के लिए करण एवं रेचकों को विशेषण बनाकर कहा—सकरणन् सरेचकान्। इनको विशेषण के रूप में कहने का फल हुआ कि अंगहारों की ही प्रधानता है। इस प्रधानता के ही बदौलत उनका प्रथम कथन किया। उपाय होने के कारण करणों के लक्षण पहिले नहीं कहे। एक बात और भी है कि वे करण संचयात्मक हैं। अर्थात् इनमें वाचिक आंगिक, सात्विक एवं आहार्यिक अभिनयों का समुच्चय है। अंगहारों के निष्पादक उपाय के बारे में आगे कहेंगे—

सभी अंगहारों की निष्पत्ति करणों से होती है। ४।२९।

अब स्थिरहस्त इत्यादि अंगहारों का उद्देश नामसंकीर्तन करते हैं ये द्वात्रिंशत् हैं

परिवृत्तचितोऽथ स्यात्तथा वैशाखरेचितः ।
परावृत्तोऽथ विज्ञेयस्तथा चैवाप्यलातकः ॥२४॥
पार्श्वच्छेदोऽथ सम्प्रोक्तो विद्युद्भ्रान्तस्तथैव च ।
ऊरूद्वृत्तस्तथा चैव स्यादालीढस्तथैव च ॥२५॥
रेचितश्चापि विज्ञेयस्तथैवाच्छुरितः स्मृतः ।
आक्षिप्तरेचितश्चैव सम्भ्रान्तश्च तथापरः ॥२६॥
अपसर्पस्तु विज्ञेयस्तथा चार्धनिकुट्टकः ।
द्वात्रिंशदेते सम्प्रोक्ता अङ्गहारास्तु नामतः ॥२७॥

### अभिनवभारती

प्रापणप्रकारोऽङ्गहारः । हरस्य चायं हारः प्रयोगः अङ्गनिर्वर्त्यो हारोऽङ्गहारः । यद्वक्ष्यति—"महेश्वरस्य चरितं य इदम्" इति । (ना. शा. ४-३१९) ॥१६-२७॥

### मधुसूदनी

तदुक्तं—द्वात्रिंशदेते संप्रोक्ता अंगहारास्तु नामतः । इति । अंगहारोऽङ्गविक्षेपः इत्यमरः । अंगानां स्थानात् स्थानान्तरनयनं स इति तट्टीका सुधा च । हरस्य च अयमित्यस्मिन्नर्थे तस्येदमित्यणि हारः हरप्रयोजितः प्रयोगः । अंगैः करचरणादिभिः निर्वर्त्यः सम्पाद्यः हराविर्भावितप्रयोगः अंगहारः । महेश्वरस्य चरितमित्यर्थः ।१९।२७।

### बालक्रीड़ा

(मूल) स्थिरहस्त १ पर्यस्तक २ सूचीविद्ध ३ अपविद्ध ४ आक्षिप्तक ५ उद्घट्टित ६ विष्कम्भ ७ अपराजित ८ विष्कम्भापसृत ९ मत्ताक्रीड १० स्वस्तिकरेचित ११ पार्श्वस्वस्तिक १२ वृश्चिकापसृत १३ भ्रमर १४ मत्तस्खलित १५ मदविलसित १६ गतिमण्डलक १७ परिच्छिन्न १८ परिवृत्तचित १९ वैशाखरेचित २० परावृत्त २१ अलातक २२ पार्श्वच्छेद २३ विद्युद्भ्रान्त २४ ऊरूद्वृत्त २५ आलीढ २६ रेचित २७ आच्छुरित २८ आक्षिप्तरेचित २९ सम्भ्रान्त ३० अपसर्प ३१ अर्धनिकुट्टक ३२ ये अंगहारों के नाम मैंने कहे हैं । १९-२७ ।

यहाँ तक । यहाँ का भाव यह है । नाम मात्र से कारणों को कह देने पर भी हाथ एवं पैरों की क्रिया और अविकल रूप में अनुभूय मान रस के अंगभूत गति चार्यादि, स्थिति स्थानक आदि के प्रयोग से यद्यपि करण अनन्त हैं । तदनुसार कारण की अनन्तता से कार्य की भी अनन्तता स्वतः प्राप्त है अतः अंगहार भी अनन्त हैं तथापि उपेय होने से अंगहार प्रधान हैं । और दृष्ट फल सामाजिकों की रुचि के उत्पन्न करने में अधिक सन्निहित होने से ३२ अंगहारों का नाम मात्र से संकीर्तन किया । किन्तु यह परिगणन नहीं है इतने ही हैं यह संख्या बतलाने में कोई आग्रह नहीं है । अंगों का इस देश से उस देश में पहुँचाने के प्रकार का नाम अंगहार है । हर महेश्वर का सम्बन्धी जो हो यह हार है अर्थात् हर के द्वारा प्रादुर्भावित किया गया प्रयोग । हाथ एवं पैर वगैरह अंगों से जिसका अभिनय किया जाय

एतेषां तु प्रवक्ष्यामि प्रयोगं करणाश्रयम् ।
हस्तपादप्रचारश्च यथा योज्यः प्रयोक्तृभिः ॥२८॥
अङ्गहारेषु वक्ष्यामि करणेषु च वै द्विजाः ।
सर्वेषामङ्गहाराणां निष्पत्तिः करणैर्यतः ॥२९॥

अभिनवभारती

तत्र निर्दिष्टानामेषां लक्षणं वाच्यमित्याशङ्क्याह—एतेषामित्यादि । करणेषूक्तेष्वेव ते लक्षयितुं शक्यन्ते । ननु किं करणक्रमपाठ एव तेषां लक्षणं भविष्यति । नेत्याह्—हस्तपादप्रचारश्चेति । अङ्गहारप्रयोगेषु कर्तव्येषु यानि करणानि तद्विषये करणात्करणान्तरसञ्चारे हस्तपादादेरङ्गस्य यः संहिताकार्यकल्पप्रयोगः तमपि वक्ष्यामि । चशब्दात्क्वचित्र वक्ष्यामि । ऊहप्रदर्शनार्थम् । वैशब्दः आगमप्रयोगद्योतकः । अङ्गहारविषये वक्तव्ये पूर्वं किं निरूपणार्हमित्याह—सर्वेषामिति । तत्र करणानामङ्गहाराणां च सामान्यलक्षणं कर्तुमाह—हस्तपादेत्यादिना । क्रिया करणम् । कस्य क्रिया । नृत्तस्य । गात्राणां विलासक्षेपस्य । हेयोपादेयविषयक्रियादिभ्यो

बालक्रीडा

(मूल) अब इन अंगहारों का प्रयोग जो कि करणों के आश्रित है कहूँगा ॥२८॥

(मूल) इन अंगहारों में और अंगहारों के निष्पादक करणों में जैसे जिस प्रकार हाथ एवं पैरों का संचालन अभिनेताओं को करना चाहिए उस क्रिया को हे ब्राह्मणों ? मैं आप लोगों को कहूँगा । २९ ।

वह हार अंगहार है अर्थात् महेश्वर का चरित जैसा कि आगे इसी चौथी अध्याय के अन्तिम श्लोक ३१९ में कहेंगे । जो कोई इस महेश्वर के चरित को ॥१९॥२७॥

अब नाम मात्र से कहे हुए इन अंगहारों का लक्षण कहना चाहिए ऐसी आशंका कर के कहा कि इनके तो इत्यादि । करणों के कहने के बाद ही उनके लक्षण कहे जा सकते हैं । ऐसी क्या बात है । क्या करणों का क्रम से पाठ कर देने से ही उनका लक्षण हो जायगा । तब कहते हैं कि नहीं । अंगहारों का प्रयोग किया जायगा । उनमें जो करण हैं उनके विषय में एक करण के बाद दूसरे करण के संचार के समय हस्त एवं पाद आदि अंगों की संहिता से कर्तव्य जो कल्प प्रयोग है उसको भी कहूँगा । हस्तपाद प्रचारश्च में कहे हुए चकार से कहीं पर नहीं भी कहूँगा । क्यों नहीं कहेंगे । उत्तर । ऊह के प्रदर्शन के लिए । अर्थात् कहीं पर अपनी बुद्धि से भी उन विषयों को समझना चाहिए । इसलिए नहीं कहूँगा । "करणेषु च वै द्विजाः" इस वाक्य में कहा हुआ वै शब्द आगम प्रयोग का द्योतक है । अर्थात् कुछ सांप्रदायिक प्रयोग होते हैं जो गुरु परम्परा से प्राप्य हैं । इस बात का द्योतक वै शब्द है ।

अब अंगहारों को कहना है तब पहिले निरूपण के योग्य क्या है । इसको कहते हैं—सबको । उनमें करण एवं अंगहारों का सामान्य लक्षण करने के लिए कहा—हस्तपाद इत्यादि से । क्रिया ही करण है । किसकी क्रिया । नृत्त की याने अंगों के विलास के साथ

तान्यतः सम्प्रवक्ष्यामि नामतः कर्मतस्तथा ।
हस्तपादसमायोगो नृत्तस्य करणं भवेत् ॥३०॥
द्वे नृत्तकरणे चैव भवतो नृत्तमातृका ।
द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिर्वाप्यङ्गहारस्तु मातृभिः ॥३१॥

### अभिनवभारती

व्यतिरिक्ता या तत्क्रिया करणमित्यर्थः । नृत्यस्येति व्यपदेशिवद्भावेन षष्ठी । तस्याः क्रियायाः स्वरूपमाह—हस्तपादसमायोगः । हस्तोपलक्षितस्य पूर्वकायवर्तिशाखाङ्गोपाङ्गादेः पादोपलक्षितस्य चापरकायगतकट्यूरुजङ्घाचरणादेः सञ्जलतयाऽत्रुटितत्वेन-वृत्तियोजने । पूर्वक्षेत्रसंयोगत्यागेन समुचितक्षेत्रान्तरप्राप्तिपर्यन्ता एका क्रिया तत्करणमित्यर्थः । उत्तरसंयोगान्तं हि सर्वत्र कर्म । स चाप्यभिलषितोत्तरसंयोग एव क्रियावधित्वेन लोके प्रसिद्ध इति नापूर्वमेतत् । एतावदेवेहाधिकं यत् सौन्दर्यानुप्रवेशेन सविलासत्वं नाम । अत एव नृत्तशब्देन विशेषणं नृत्तकरणमिति । एकदेशाभिप्रायेण तु करणशब्दस्य प्रयोगो भीमसेने भीम इतिवत् ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) क्योंकि सभी अंगहारों की निष्पत्ति करणों से ही होती है अतः नाम निर्देश के साथ २ इनकी क्रियाओं को भी आप लोगों से कहूँगा । हाथ वगैरह कमर से ऊपर के अंगों का और पैर वगैरह कमर से नीचे के अंगों का प्रयोग नृत्त की क्रिया है ।३० ।

(मूल) यद्यपि दो नृत्त क्रियाएँ नृत्त मातृका होती हैं । किन्तु दो तीन एवं चार से भी अंगहार होते हैं । ३१ ।

इतस्ततः संचार की । कुछ क्रियायें हेय हैं त्याज्य हैं कुछ उपादेय हैं उनसे अतिरिक्त जो क्रिया उसका नाम करण है । नृत्तस्य यह षष्ठी व्यपदेशिवद्भाव से की गई है । एक न्याय है "व्यपदेशिवदेकस्मिन्" एक ही वस्तु में मुख्य शब्द से व्यवहार । जैसे नृत्त का अर्थ है नाचना । वह नाचना क्रिया है और करण का अर्थ भी क्रिया जो पहिले कहा ही जा चुका है । अतः एक ही क्रिया को दो शब्दों से कहा । उस क्रिया का स्वरूप कहते हैं हस्त एवं पाद का समायोग । हस्त यह पूर्व काय का शरीर के पूर्व हिस्से का उपलक्षण है अतः हस्त से उपलक्षित शरीर के पूर्व भाग शिरः प्रभृति कमर से ऊपर के अंग एवं उपांगों के संगति के साथ अविकल रूप से संचालन की योजना । पाद यह शब्द अपर काय शरीर के दूसरे भाग का उपलक्षण है अतः पाद से उपलक्षित शरीर के अपर भाग कमर ऊरु जंघा एवं चरण आदि के संगति के साथ अविकल रूप से संचालन की योजना । पूर्व देश के संयोग के त्याग से याने उसके सम्बन्ध को छोड़कर समुचित अन्य देश की प्राप्ति पर्यन्त जो एक क्रिया है वह करण है यह अर्थ हस्तपाद समायोग एवं उसकी व्याख्या का है । सभी जगह उत्तर देश संयोग (प्राप्ति) पर्यन्त ही कर्म होता है । यन्य अभिलषित उत्तर देश का संयोग (प्राप्ति) ही क्रिया की अवधि (समाप्ति) के रूप में लोक में प्रसिद्ध है । इसलिए

**त्रिभिः कलापकं चैव चतुर्भिः षण्डकं भवेत् ।**
**पञ्चैव करणानि स्युः सङ्घातक इति स्मृतः ॥३२॥**

## अभिनवभारती

एवं तावत्करणस्य सामान्यलक्षणम् । तत्राङ्गहारस्य विशेषलक्षणं विरचयितुं पीठबन्धमाह—द्वे नृत्तकरणे इति । नृत्तमातृकेति । नृत्तस्याङ्गहारात्मनो मातृका उत्पत्तिकारणम् । नृत्तशब्देन विशेषणात् "यानि स्थानानि" इत्यादिना (ना. शा. ४-५६) याः करणमातृका वक्ष्यन्ते ततो विशेषं दर्शयति । करणद्वयप्रयोगेण च विनिर्वृत्तनृत्ताभिमानो नास्ति । ततः परं तु नृत्यतीत्यभिमानात्करणद्वयं नृत्तमातृकेत्युक्तम् । चैवग्रहणादूनाधिकसङ्ग्रहः । नृत्तमातृकालक्षणेनाङ्गहारसामान्यलक्षणेन च करण-

## बालक्रीडा

(मूल) तीन से सम्पन्न कलापक, चारों से षण्डक कहलाता है । पाँच करण ही संघातक माना गया है ।३२ ।

यह कोई अपूर्व कथा नहीं है । इतना ही यह अधिक है कि जो सौन्दर्य के सम्बन्ध से यह क्रिया सविलास अर्थात् विलास क्रीडा से युक्त है । इसीलिए नृत्त शब्द विशेषण है फलतः यह क्रिया नृत्त करण है । यहाँ "नृत्त शब्देन" में अभेदार्थक तृतीया धान्येन धनवान् की तरह है । प्रश्न—यही बात थी तब "नृत्तकरण" यही प्रयोग क्यों नहीं किया । उत्तर । जैसे भीमसेन की जगह भीम शब्द का प्रयोग व्यपदेश करते हैं उसी तरह एक देश के अभिप्राय के अनुसार करण शब्द का प्रयोग किया है । जहाँ प्रसिद्धि है वहाँ संज्ञा के नाम के एक देश से भी व्यपदेश होता है ।

इस प्रकार पहिले करण का सामान्य लक्षण कहा अब वहाँ अंगहारों के विशेष लक्षणों के निर्माण करने के लिए पीठबन्ध करते हैं भूमिका रचते हैं । दो नृत्त करण नृत्तमातृका हैं । अंगहार रूप नृत्त की मातृका याने उत्पत्ति कारण । करण को नृत्त शब्द से विशिष्ट कर देने से जो स्थान हैं इत्यादि आगे इसी अध्याय के ५९वें श्लोक में जिन मातृकाओं को कहेंगे उनसे इनकी विलक्षणता दिखाते हैं । नृत्त के समय दो करणों के प्रयोग करने पर भी नृत्त का अभिमान निवृत्त नहीं होता है परन्तु उसके बाद भी तीन, चार, पाँच, छ, सात एवं आठ इस प्रकार कई करणों के प्रयोग से नाचता है यह अभिमान बना रहता है । अतः दो करणों की जोड़ी के योग को नृत्त मातृका कहा । क्योंकि जोड़ी दो ही में भी होती है । इस अभिप्राय से करणद्वय को नृत्त मातृका कहा । "द्वे नृत्त करणे चैव" वाक्य में चकार तथा एवकार के ग्रहण से ऊन (कम) और अधिक (ज्यादा) का संग्रह हो गया । संगीत रत्नाकर में भी यही निर्देश है जैसे

करणन्यूनताधिक्यं तेषां मेने मुनिः स्वयम् । ७।६ सं० र०

अंगहारों की निष्पत्ति के लिए कभी करण न्यून होते हैं कभी अधिक । नृत्तमातृका के लक्षण और अंगहारों के सामान्य लक्षण के द्वारा पिण्डीबन्ध की निष्पत्ति के उपयोगी

षड्भिर्वा सप्तभिर्वापि अष्टभिर्नवभिस्तथा ।
करणैरिह संयुक्ता अङ्गहाराः प्रकीर्तिताः ।।३३।।

एतेषामेव वक्ष्यामि हस्तपादविकल्पनम् ।
तलपुष्पपुटं पूर्वं वर्तितं वलितोरु च ।।३४।।

अपविद्धं समनखं लीनं स्वस्तिकरेचितम् ।
मण्डलस्वस्तिकं चैव निकुट्टकमथापि च ।।३५।।

अभिनवभारती

द्वयमूह्यिवाङ्गहारान्तरं च पिण्डीबन्धोपयोगि प्रयोक्त्रानुजानीते—एतेषामिति । अङ्गहाराणामेव संबन्धित्वेन हस्तपादविकल्पनं करणं वक्ष्यामि । जातावेकवचनम् ।

ननु स्थानकचार्यादीनां प्राक् लक्षणं वाच्यम् । नैवम् । तेषां नाट्यज्ञानादेव मुनिं प्रति विदितत्वात् । नृत्तहस्ता अपि वर्तनाश्रयाश्चतुरश्रादयोऽस्य विदिता एव । यत उक्तम् 'इदं नृत्तम्' इति । तत एवाङ्गिके (ना. शा. १०) तेषामभिधास्यमानता । करणान्येव त्विह वाच्यानि (२८-३३)

तत्र नामतः कर्मतश्चेत्युक्तम् । नामतस्तावदाह—तलपुष्पपुटमित्यादि ।

बालक्रीड़ा

(मूल) छ, सात आठ अथवा नौ करणों से भी (संयुक्त) सम्पन्न होने वाले अंगहार कहे गये हैं ।३३।

इन्हीं करणों के विषय में हस्त और पावों के संचालन की कल्पना भेदों से कहूँगा ।

उपाय करणद्वय तथा ऊहित कल्पित अन्य अंगहारों के प्रयोग करने की अनुज्ञा देते हैं—इनका । अंगहारों के ही सम्बन्धी के रूप में हस्तपाद विकल्पन करण को कहूँगा । प्रश्न—करण तो १०८ हैं तब विकल्पनानि करणानि बहुवचन का प्रयोग करना चाहिए था । उत्तर । हस्तपाद विकल्पनम् यह जाति के अभिप्राय से एक वचन हैं वस्तुतः बहुवचन ही होना चाहिए ।

प्रश्न=अंगहारों के सम्बन्धी करणों के लक्षण कहने के पहिले स्थानक एवं चारी आदि के लक्षण कहने चाहिए थे । उत्तर । ऐसा नहीं कह सकते हैं । स्थानक चारी आदि का ज्ञान नाट्य ज्ञान से ही मुनि को विदित हैं । अभिनयोपयोगी वर्धमानादि नृत्त हस्त भी इनके विदित ही हैं । इसीलिए कहा है कि "यह नृत्त हैं ।" इसीलिए अंगों का निरूपण जिससे किया जायगा उनको उस आंगिक १०वें अध्याय में कहेंगे । केवल करणों को यहाँ कहना हैं । २८।३३

उनको नाम एवं कर्म से कह दिया । अब पहले उनके नामों को कहते हैं तलपुष्प पुटम् इत्यादि ।

तथैवार्धनिकुट्टं च कटिच्छिन्नं तथैव च ।
अर्धरेचितकं चैव वक्षःस्वस्तिकमेव च ॥३६॥
उन्मत्तं स्वस्तिकं चैव पृष्ठस्वस्तिकमेव च ।
दिक्स्वस्तिकमलातं च तथैव च कटीसमम् ॥३७॥
आक्षिप्तरेचितं चैव विक्षिप्ताक्षिप्तकं तथा ।
अर्धस्वस्तिकमुद्दिष्टमञ्चितं च तथापरम् ॥३८॥
भुजङ्गत्रासितं प्रोक्तमूर्ध्वजानु तथैव च ।
निकुञ्चितं च मत्तल्लि त्वर्धमत्तल्लि चैव हि ॥३९॥
स्याद्रेचकनिकुट्टं च तथा पादापविद्धकम् ।
वलितं घूर्णितं चैव ललितं च तथापरम् ॥४०॥
दण्डपक्षं तथा चैव भुजङ्गत्रस्तरेचितम् ।
नूपुरं चैव सम्प्रोक्तं तथा वैशाखरेचितम् ॥४१॥
भ्रमरं चतुरं चैव भुजङ्गाञ्चितमेव च ।
दण्डरेचितकं चैव तथा वृश्चिककुट्टितम् ॥४२॥
कटिभ्रान्तं तथा चैव लतावृश्चिकमेव च ।
छिन्नं च करणं प्रोक्तं तथा वृश्चिकरेचितम् ॥४३॥
वृश्चिकं व्यंसितं चैव तथा पार्श्वनिकुट्टकम् ।
ललाटतिलकं क्रान्तं कुञ्चितं चक्रमण्डलम् ॥४४॥
उरोमण्डलमाक्षिप्तं तथा तलविलासितम् ।
अर्गलं चाथ विक्षिप्तमावृत्तं दोलपादकम् ॥४५॥
विवृत्तं विनिवृत्तं च पार्श्वक्रान्तं निशुम्भितम् ।
विद्युद्भ्रान्तमतिक्रान्तं विवर्तितकमेव च ॥४६॥

बालक्रीडा

(मूल) तलपुष्पपुट, वर्तित, वलितोरुक, अपविद्ध, समनख, लीन, स्वस्तिकरेचित, मण्डल स्वस्तिक, निकुट्टक, अर्धनिकुट्टक, कटिच्छिन्न, अर्धरेचितक, वक्षस्वस्तिक, उन्मत्तक, स्वस्तिक, पृष्ठस्वस्तिक, दिक्स्वस्तिक, अलातक, कटीसम, आक्षिप्तरेचित, विक्षिप्ताक्षिप्तक, अर्धस्वस्तिक, अञ्चित, भुजंगत्रासित, ऊर्ध्वजानु, निकुञ्चित, मत्तल्लि, अर्धमत्तल्लि, रेचकनिकुट्टक, पादापविद्ध, वलित, घूर्णित, ललित, दण्डपक्ष, भुजंगत्रस्तरेचित, नूपुर, वैशाखरेचित, भ्रमरक, चतुर, भुजंगाञ्चित, दण्डरेचितक, वृश्चिक कुट्टित, कटिभ्रान्त, लतावृश्चिक, छिन्न, वृश्चिकरेचित, वृश्चिक, व्यंसित, पार्श्वनिकुट्टक, ललाटतिलक, क्रान्त, कुञ्चित, चक्रमण्डल, उरो-

गजक्रीडितकं चैव तलसंस्फोटितं तथा ।
गरुडप्लुतकं चैव गण्डसूचि तथापरम् ॥४७॥
परिवृत्तं समुद्दिष्टं पार्श्वजानु तथैव च ।
गृध्रावलीनकं चैव सन्नतं सूच्यथापि च ॥४८॥
अर्धसूचीति करणं सूचीविद्धं तथैव च ।
अपक्रान्तं च सम्प्रोक्तं मयूरललितं तथा ॥४९॥
सर्पितं दण्डपादं च हरिणप्लुतमेव च ।
प्रेङ्खोलितं नितम्बं च स्खलितं करिहस्तकम् ॥५०॥
प्रसर्पितकमुद्दिष्टं सिंहविक्रीडितं तथा ।
सिंहाकर्षितमुद्वृत्तं तथोपसृतमेव च ॥५१॥
तलसङ्घट्टितं चैव जनितं चावहित्थकम् ।
निवेशमेलकाक्रीडमूरूद्वृत्तं तथैव च ॥५२॥
मदस्खलितकं चैव विष्णुक्रान्तमथापि च ।
सम्भ्रान्तमथ विष्कम्भमुद्घट्टितमथापि च ॥५३॥
वृषभक्रीडितं चैव लोलितं च तथापरम् ।
नागापसर्पितं चैव शकटास्यं तथैव च ॥५४॥
गङ्गावतरणं चैवेत्युक्तमष्टाधिकं शतम् ।
अष्टोत्तरशतं ह्येतत्करणानां मयोदितम् ॥५५॥

अभिनवभारती

अष्टाधिकं शतमुक्तं यदङ्गहारोपयोगित्वे नियतसमप्रत्यस्तमयमिति किमनेन संख्यानिरूपणेनेत्याशङ्क्याह—अष्टोत्तरशतमित्यादिना । अभिनये वस्तुत्वेन

बालक्रीडा

मण्डल, आक्षिप्त, तलविलासित, अर्गल, विक्षिप्त, आवर्त्त, डोलपादक, विवृत्त, विनिवृत्त, पार्श्वक्रान्त, निशुम्भित, विद्युद्भ्रान्त, अतिक्रान्त, विवर्तितक, गजक्रीडितक, तलसंस्फोटित, गरुडप्लुतक, गण्डसूची, परिवृत्त, पार्श्वजानु, गृध्रावलीनक, सन्नत, सूची, अर्धसूची, सूचीविद्ध, अपक्रान्त, मयूरललित, सर्पित, दण्डपाद, हरिणप्लुत, प्रेंखोलित, नितम्ब, स्खलित, करिहस्तक, प्रसर्पितक, सिंहविक्रीडित, सिंहाकर्षित, ऊरूद्वृत्त, उपसृत, तलसंघट्टित, जनित, अवहित्थक, निवेश, एलकाक्रीडित, ऊरूद्वृत्त, मदस्खलित, विष्णुक्रान्त, संभ्रान्त, विष्कम्भ, उद्घट्टित, वृषभक्रीडित, लोलित, नागापसर्पित, शकटास्य, गंगावतरण, इस तरह १०८ करणों को कहा । ३४-५५ ।

ये मैंने १०८ करण बतलाये हैं । इसमें जो अंगहारों के लिए इनकी उपयोगिता आवश्यकता कहीं पर नियत है कहीं पर सम है और कहीं पर प्रत्यस्त माने कम है अर्थात्

नृत्ते युद्धे नियुद्धे च तथा गतिपरिक्रमे ।
गतिप्रचारे वक्ष्यामि युद्धचारीविकल्पनम् ॥५६॥
यत्र तत्रापि संयोज्यमाचार्यैर्नाट्ययुक्तितः ।
प्रायेण करणे कार्यो वामो वक्षःस्थितः करः ॥५७॥
चरणस्यानुगश्चापि दक्षिणस्तु भवेत्करः ।
हस्तपादप्रचारन्तु कटिपार्श्वोरुसंयुतम् ॥५८॥

अभिनवभारती

यन्नृत्तं वक्ष्यतेऽभिनयान्तरालवर्तिच्छिद्रप्रच्छादनायैतत्प्रयुज्यते । शस्त्रादियुद्धे बाहुयुद्धे चाङ्गप्रयोगसौष्ठवार्थमपि प्रयुज्यते । पृथक्तया गत्यध्याय—(ना. शा. १३) वक्ष्यमाणासु च गतिषु ये परिक्रमाः परिक्रमणानि प्रचाराश्च तत्र पृथक् पृथक् प्रयोगदर्शनादष्टोत्तरशतत्वं न नोपयोगि । एष च यथा विनियोगो भविष्यति तथा समनन्तरमेव वक्ष्यामः । अत्र 'अष्टोत्तरशतम्' इत्यादि श्लोकं केचिन्न पठन्ति । अन्ये ततोऽप्यधिकं—

हस्तपादप्रचारन्तु कटिपार्श्वोरुसंयुतम्" ॥

इति श्लोकं पठन्ति ॥ ३४-५८ ॥

बालक्रीड़ा

(मूल) अब इसके बाद नृत्त, युद्ध (शस्त्रयुद्ध) नियुद्ध (बाहुयुद्ध) गतियों के परिक्रमण, एवं गतियों के प्रचार में स्थान एवं चारियों के भेदों को कहूँगा ।५६।

(मूल) जिन चारियों के विकल्पनों को नाट्य योजना के अनुसार जहाँ-जहाँ प्रयोग करना चाहिए उनको कहूँगा ।५७।

(मूल) इन करणों के प्रयोग के समय बाएँ हाथ को प्रायः छाती पर रखना चाहिए । किन्तु दाहिने हाथ को पैर के साथ मिलाये रखना चाहिए ।५८।

एक रूप नहीं है तब इस संख्या के निरूपण से क्या लाभ है ऐसी आशंका कर के कहते हैं "अष्टोत्तर शतम्" इत्यादि से । अभिनय के उपयोगी वस्तुतः जिस नृत्त को कहेंगे उसका प्रयोग अभिनय में जहाँ जहाँ कमियाँ त्रुटियाँ हो जाती हैं या रह जाती हैं उनको छिपाने के लिए किया जाता है । शस्त्र युद्ध में और बाहु युद्ध में अंग प्रयोग की सुन्दरता के लिए भी नृत्त किया जाता है । नाट्यशास्त्र की १३वीं गत्यध्याय में गतियों का निरूपण किया जायगा उनमें जोपरिक्रमण और चलन होगा वहाँ भी इनका पृथक्-पृथक् प्रयोग होता है उन प्रयोगों के देखने से मालूम पड़ता है कि १०८ करणों का उपयोग नहीं है । इनका विनियोग जैसा होगा उसको आगे बहुत नजदीक में ही कहेंगे । यहाँ कोई लोग "अष्टोत्तर शतम्" इत्यादि श्लोक का पठन नहीं करते हैं । दूसरे लोग इसका भी पाठ करते हैं और इससे भी अधिक—

"कमर, पार्श्वभाग एवं ऊरु प्रभृति अंगों के साथ २ हाथ एवं पैरों के संचालन को भी ।" इस श्लोक का पठन करते हैं । ३४।५८

**उरःपृष्ठोदरोपेतं वक्ष्यमाणं निबोधत ।**
**यानि स्थानानि याश्चार्यो नृत्तहस्तास्तथैव च ॥५९॥**

### अभिनवभारती

तत्र महासामान्यरूपं करणमाह–यानि स्थानानि इति। इहावस्थानं गतिश्चेति द्वयनिर्वर्त्यं करणम्। तत्रावस्थाने करणोपयोगि स्थानकम्। गतौ तु चार्यः। पूर्वकाये तु गतौ नृत्तहस्ता दृष्टयश्च। स्थितौ पताकाद्या। एतच्चकारेण संगृहीतम्। तेन गति स्थिति सम्मिलितं करणमिति। आनन्त्यं यद्यपि करणानां तथाप्यंगहारोपयोगित्वादेतावदुक्तमिति श्लोकस्य तात्पर्यम्।

### मधुसूदनी

महासामान्येति। अयं भावः। नृत्तस्य तलपुष्पपुट प्रभृति अष्टोत्तर शतं करणं तस्य महासामान्यं रूपं, व्यापारवद्साधारणं कारणं करणमिति दिशा अंगहार रूपव्यापारवद्साधारणं कारणं तलपुष्पपुटप्रभृति करणम्। अंगहाराणां व्यापारत्वं च तज्जन्यत्वे सति तज्जन्य जनकत्वमिति दिशा तलपुष्पपुटप्रभृतिभिर्जन्यत्वे सति तलपुष्पपुटप्रभृतिजन्यनृत्तस्य जनकत्वं सुस्पष्टम्। इति।

इह नृत्ये नाट्ये च। द्वयेन निर्वर्त्यमिति तत्पुरुषः। तद् द्वयं स्थितिः अवस्थानं स्थानकमित्यर्थः। गतिश्चारी। तदुक्तम्।

स्थानं स्थितिर्गतिश्चारी, स्थानमाद्यन्तयोर्गतेः। गतेराद्यन्तयोः स्थानमित्यन्वयः स्थित्वा गच्छति गत्वा च तिष्ठतीति स्थानेन अविनाकृताश्चार्यः। अवस्थाभ्यो ऽनन्तरं स्थानमुच्यते। इति तत्र स्थानं नाम अंगे निश्चलः चलनरहितः सन्निवेशविशेषः बुद्धिपूर्वं कृतो विशेष इति अवगन्तव्यम्। तानि च वैष्णवादीनि षट् पुंसाम्। आयतेत्यादि चत्वारि स्त्रीणाम। चार्यो भौम्यः आकाशिक्यश्चानेकविधाः। नृत्तहस्ताः चतुरश्रादयः। दृष्टयः अष्टमाध्यायनिरूपिताः। पताकाद्या नवमाध्याय निरूपिता असंयुता हस्ताः

### बालक्रीडा

(मूल) कमर, पार्श्वभाग, ऊरु, जंघा, वक्षःस्थल, एवं उदर के साथ २ हाथ एवं पैरों के प्रचार को मैं कहूँगा। उसको आप लोग समझें।५९।

उनमें महासामान्य करण को कहते हैं—"जो स्थान।" इति। यहाँ अवस्थान (स्थिति) और गति इन दोनों से सम्पादनीय करण हैं। उन अवस्थानों में जो अवस्थान करणों के उपयोगी होगा वह स्थानक है। किन्तु गतियों में तदुपयोगी चारियाँ हैं। गतियों के करने में पूर्वशरीर याने कमर के ऊपर के हिस्से में नृत्तहस्त और दृष्टियों का जिनके लक्षण, भेद एवं विनियोग को ८ वें अध्याय में कहेंगे। स्थिति में पताका–जिसके नाम, लक्षण एवं विनियोग ९ वें अध्याय में कहेंगे उपयोग होता है। यह तथ्य चकार से जाना गया है। अतः गति और स्थितियों के सम्मेलन से करण होते हैं। इस प्रकार करण यद्यपि अनन्त हैं तथापि

## अभिनवभारती

### (१) तलपुष्पपुटम् ।

तत्रोद्देशक्रमेण लक्षणान्याह—कर इत्यादिना ।

"कटी कर्णसमा यत्र कूर्परांसशिरस्तथा
समुन्नतमुरश्चैव सौष्ठवं नाम तद्भवेत्" १०।९२

## मधुसूदनी

### (१) तलपुष्पपुटम् ।

यस्तु सर्पशिरा इति । तद्यथा-हस्तौ तु सर्पशिरसौ । सर्पशीर्षौ यद। हस्तौ इत्येवं निरूपितौ तयोः प्रथमो यथा—

"अंगुल्यः संहताः सर्वाः सहाङ्गुष्ठेन यस्य च ।
तथा निम्नतलश्चैव स तु सर्पशिराः करः ।" इति । ना० शा० ९।८४ ।

द्वितीयस्तु यस्थित्यादिनोच्यते । नतादिपंचविधपार्श्वकर्मसु प्रथमं नतमाह-कटी भवेदिति । पादस्य उद्घट्टितादिपंचप्रकारेषु तृतीयमग्रतलसंचरं कथयति-उत्क्षिप्तेति । तत्र योजनायां सर्वत्र नृत्ते नृत्तारम्भे प्राचुर्येण प्रायशः समपादः लताकार हस्तद्वयं चतुरश्रं करणं भवतीति शेषः । तदुक्तं मुनिना—

## बालक्रीडा

अंगहारों के उपयोग में आने वाले करणों का निर्देश करना आवश्यक है अतः इतने ही करणों को कहा यही श्लोक का तात्पर्य है ।

### (१) "तलपुष्पपुट"

अब जिस क्रम से करणों के नामों का संकीर्तन किया है उसी क्रम से करणों के लक्षण कहते हैं । कर इत्यादि से । तलपुष्पपुट नामक करण के लक्षण के कहने के पहिले इसी की संगति के लिए आवश्यक अंश को कहते हैं कि सभी नाटय एवं नृत्त की प्रतिष्ठा सौष्ठव में ही है । यह निश्चय है कि नाटय एवं नृत्त की शोभा सौष्ठव के अधीन है । क्योंकि सौष्ठव हीन नाटय एवं नृत्त की शोभा नहीं होती है । अतः नट एवं नर्तकों को सौष्ठव के विषय में प्रयत्न करना चाहिए के फल स्वरूप सौष्ठव का लक्षण लिखते है—कटी । कर्ण माने नौका के कूपदण्ड के समान कटी । जैसे नौका में कूपदण्ड की मध्य भाग में स्थिति है और उसी में पाल को बाँध दिया जाता है तदनुसार नौ संचालक अपनी गति विधि करते हैं । उसी के समान नाटय एवं नृत्त में अंगहार एवं उसके निष्पादक करणों का केन्द्र बिन्दु आधार कटी है । जैसा कि कहा है चारं चारं यथा चार्या चरणः श्रयते महीम् । कारं कारं करस्तद्वद्विभ्राम्यति कटीतटे । जैसे गति में चलते चलते पैर पृथ्वी का आश्रयण करता है वैसे ही हाथ हिलता २ कटी में विश्रान्ति लेता है । नट एवं नर्तक लोग उसी को केन्द्र मानकर शिर अंस (कन्धा) कूर्पर (कोंहुनी) की समता एवं उरः स्थल की समुन्नति, करते हैं । वही सौष्ठव पदार्थ है । संगीतरत्नाकर में—सौष्ठव के लक्षण

कटी जानुसमा यत्र कूर्परांस शिरः समम् ।
उरः समुन्नतं गात्रं सत्रं तत्सौष्ठवं भवेत् ॥

### अभिनवभारती

"यस्तु सर्पशिरा प्रोक्तस्तस्यांगुलिनिरन्तरः
द्वितीयः पार्श्वसंश्लिष्टः स तु पुष्टपुटः करः।" (ना. शा. ९।१५)
"उत्क्षिप्ता तु भवेत्पार्ष्णिः प्रसृतोऽङ्गुष्ठकस्तथा।
अङ्गुल्यश्चाञ्चिताः सर्वाः पादेऽग्रतलसंचरे" ९।२७२
"कटी भवेच्च त्वाभुग्ना पार्श्वमाभुग्नमेव च
तथैवापसृतांसं च किञ्चित्, पार्श्वं नतं स्मृतम्।" ९।१२५

एषां योजनोच्यते। तत्र नृत्ते समः पादः, लताहस्तद्वयं चतुरश्रं करणं प्राचुर्येण सर्वत्र। ततश्च—

### मधुसूदनी

प्रायशो नर्त्तनारम्भे समपादौ लताकरौ।
चतुरश्रं भवेदंगं विशेषस्त्वयमुच्यते।
स्वभावरचितो भूमौ समस्थानश्च यो भवेत्।
समपादः स विज्ञेय स्वभावाभिनयाश्रयः।
तिर्यक् प्रसारितौ चैव पार्श्वसंस्थौ तथैव च
लताख्यौ च करौ ज्ञेयौ वृत्ताभिनयनं प्रति। इति

### बालक्रीडा

में कर्ण की जगह जानु पाठ किया है। अब सौष्ठव के लक्षण के कहने के बाद "हस्तौ तु सर्वशिरसौ" सर्वशीर्षौ यदा हस्तौ" इस तरह सर्वशीर्ष नाम के दो हस्त बतलाये हैं। उनमें प्रथम कर वह है जिसमें अंगूठे के साथ अंगुलियां मिली रहें और तल गहरा हो। उसीका द्वितीय कर वह है जिसकी अंगुलिया एक दूसरी अंगुली के साथ मिली हुई रहे और जो पार्श्व भाग से संश्लिष्ट रहे इस कर का नाम पुष्पपुट है यह लक्षण नाट्यशास्त्र के नवम अध्याय १५० श्लोक में बतलाया है। पार्श्व के नत १ समुन्नत २ प्रसारित ३ विवर्तित ४ एवं अपसृत ५ पाँच प्रकार के कर्मों में से नत नामक पार्श्व को कहते हैं कि जहाँ कटी जरा टेढ़ी रहे और कटी के टेढ़ी होने से स्वभावतः पार्श्वभाग भी कुछ झुका रहे तथा अंस कन्धा फैला रहे वह नत नामक पार्श्व है। इसके अनन्तर पाद के उद्घट्टित १ सम २ अग्रतलसंचर ३ अञ्चित एवं कुञ्चित ५ पांच प्रकारों में से अग्रतल संचर को कहते हैं कि अग्रतल संचर नामक पाद में पार्ष्णि (एड़ी) उठी हुई तथा अंगुष्ठ फैला हुआ। और अंगुलियाँ सभी अंचित सुन्दर होनी चाहिए। सौष्ठव के लिए इन्हीं उक्त प्रकार के हाथ, पार्श्व एवं पैरों की योजना होती है। अब इनकी योजना को कहते हैं। सभी जगह नृत्त में अधिकतर समपाद और लता की तरह कर होते हैं। अतः चतुरश्र करण होता है जैसा कि कहा है प्रायः नृत्त के आरम्भ में समपाद और लता के तरह कर होते हैं इसमें चतुरश्र करण होता है। समपाद का लक्षण यों है जब पैर समतल भूमि में स्वभाव से रखें जायें तब स्वभाविक अभिनय का आश्रय समपाद कहाता है। लता कर का लक्षण यों है वृत्ताभिनय के विषय में अगल बगल में

## अभिनवभारती

"सव्यस्य पृष्ठतो वामश्चरणस्तु यदा भवेत्
तस्यापसर्पणं चैव सा ज्ञेयाध्यर्धिका बुधैः" (ना. शा. १०।१७)

इत्यध्यर्धिकया चार्या दक्षिणपादनिष्क्रमणेन समकालं व्यावर्त्तितेन करयुगलेन दक्षिणपार्श्वे समानीतेन परिवर्तितकरणवशादानीतेन वामपार्श्वे, सौष्ठवेन वामदक्षिणस्तन क्षेत्रे पुष्पपुटबन्ध इति। अग्रतलसंचरपाद पुष्पपुटकरयोगादेकदेशसूचनं नामेदं तलपुष्पपुटमिति। एवमन्यत्रापि नामवासना ऊह्या।

## मधुसूदनी

तत्र अध्यर्धिकया चार्या तल्लक्षणं यथा सव्यस्येति। सव्यस्य दक्षिणस्य चरणस्य पृष्ठतः पार्ष्णिदेशे यदा वामश्चरणो भवेत् यदा च तस्य अपसर्पणं भवेत्तदा बुधैरध्यर्धिका चारी ज्ञेया। एतल्लक्षणया चार्या दक्षिणस्य पादस्य अग्रे निष्क्रमणं क्रियते तेन हेतुना दक्षिणस्य करस्य तन्निष्क्रमणकाले एव दक्षिणपार्श्वे व्यावर्त्तनं, तेन दक्षिणपार्श्वव्यावर्त्तनेन समं परिवर्त्तितनामककरणवशात् वामकरस्य वामपार्श्वे आनयनम्। एवं दक्षिणस्य दक्षिणे वामस्य वामे व्यावर्त्तनानयनाभ्यां नृत्ते सौष्ठवं सौन्दर्यं भवति। तेन हि वामदक्षिणस्तनप्रदेशे पुष्पपुटो नाम हस्तबन्धो जायते तथा चोक्तम्

चार्याध्यर्धिकया पादे विनिष्क्रामति दक्षिणे।
व्यावर्तनात्करयुगे दक्षिणं पार्श्व मागते॥
परिवर्त्तनतो वामपार्श्वं सततमाश्रिते
स्तकुचक्षेत्रसंविष्टो यस्य पुष्पपुटः करः।
तलं पुष्पपुटं तत्स्यात् पादेऽग्रतलसंचरे। इति।

## बालक्रीड़ा

तिरछे फैलाए हुए हाथों को लता कर समझना चाहिए। अध्यर्धिक का लक्षण यों है।

जब दाहिने पैर के पीछे एड़ी पर बायें पैर को रखे। और उसी स्थिति में अपसर्पण करे तब उस अपसर्पण को विद्वान् लोग अध्यर्धिका कहते हैं। इस लक्षण वाली चारी के प्रयोग से दाहिने पैर के निष्क्रमण के सम समय में ही दोनों हाथों का व्यावर्त्तन (घुमाना) याने दक्षिण हाथ का दक्षिण पार्श्व में नयन और परिवर्तित नामक करण के अनुरोध से वाम हस्त का वाम में आनयन दोनों एक समय में ही किये गये हों। फलतः इस नयन एवं आनयन की सुन्दरता से वाम एवं दक्षिण स्तन के क्षेत्र पार्श्व में पुष्पपुट नामक हस्तबन्ध की रचना योजना की गई है। इसमें अग्रतल संचर पाद एवं पुष्पपुट कर के योग से उन्हीं के एक देश की सूचना देने वाला यह नाम तलपुष्पपुट है। अग्रतल पाद का एकदेश तल और पुष्पपुट कर का एक देश पुष्पपुट यहाँ है। इसी तरह से अन्य नामों की वासना संस्कार को भी अन्यत्र समझें।

### अभिनवभारती

यत्र क्वचिद्वाक्यार्थाभिनय एव प्राधान्येन दृश्यते तत्र करणानामेव प्राधान्यम्। यत्रापि पदार्थाभिनयाः क्रियन्ते तत्राप्येकवाक्यानुप्रवेशप्राधान्यप्रख्यापनायामवश्यमादौ मध्येऽन्ते वा यथावसरं करणमित्युपनिषत्। अत एव वक्ष्यति—

"अस्य शाखा च नृत्तं च तथैवाङ्कुर एव च।
वस्तून्यभिनयस्येह।" इति (ना० शा० ८।१४)

वर्त्तनानुप्रवेशो हि शाखयैव गतार्थः स्यात्। तत्रैव चान्ते शाखादिभेदं वक्ष्यति।

### मधुसूदनी

वाक्यार्थाभिनय एव रसाभिनय एव नाट्यमित्यर्थः। पदार्थाभिनयाः भावाभिनयाः नृत्यमित्यर्थः।

वर्त्तनानुप्रवेश इति। ननु

सर्वेषामेव हस्तानां नाट्यहस्तनिर्देशिभिः
विज्ञातव्यं प्रयत्नेन करणं तु चतुर्विधम्। इति
तत्र— नृत्तेऽभिनय योगे च पाणिभिर्वर्त्तनाश्रयैः
मुखभ्रूनेत्रयुक्तानि करणानि प्रयोजयेत्। इति

एवं हि वर्त्तनापि एका अभिनयस्य वस्तु। तस्यापि निवेशः करणीयः। तत्राह वर्त्तनाया अपि अभिनयवस्तुषु अनुप्रवेशो यद्यपि भवतु तथापि स शाखयैव स्वीकृतः अयं भावः। वर्त्तना हस्ताश्रिता। हस्तौ चांगमेव। शाखा च अंगैः सम्पाद्य। एवं भवति। च शाखाया अनुप्रवेशेन वर्त्तनानुप्रवेशोऽपि गतार्थं इति।

तत्रैव चान्ते अस्य शाखा चेति पद्यस्यान्ते एव। "अभिजअई" इति। मतेन भ्रमप्रमादालस्यरागद्वेषादिरूपेण दोषेण विमुक्तः कमलासनेन उदितः प्रोक्तः स वेदः अभिजयति सर्वोत्कर्षेण वर्त्तते। इति संस्कृतम्। पादाग्रस्थितयेति रत्नावली

### बालक्रीडा

जहाँ कहीं पर वाक्यार्थाभिनय रसाभिनय ही प्रधानतया दिखाई पड़ता है वहाँ करणों की ही प्रधानता है। और जहाँ पदार्थाभिनय भावाभिनय ही किया जाता है वहाँ भी एक वाक्यानुप्रवेश की प्रधानता को दिखलाने के लिए अवश्य ही आरम्भ में मध्य में तथा अन्त में अवसर के अनुसार करणों का प्रयोग करना चाहिए। यह करणों के प्रयोग के विषय में रहस्य है। इसीलिए कहेंगे कि यहाँ नाट्य के प्रसंग में इस अभिनय के उपयोगी वस्तु शाखा, नृत्त एवं अंकुर है। प्रश्न=वर्तनानुप्रवेश भी तो अभिनय के उपयोगी एक वस्तु है उसका निरूपण भी तो करना चाहिए। उत्तर। उसका निरूपण शाखा के निरूपण से ही गतार्थ हो गया। यहाँ का भाव यह है कि नाट्यहस्तों के निर्देश करने वालों को सभी हस्तों के सम्बन्ध में आवेष्टित, उद्वेष्टित, व्यावर्तित एवं परिवर्तित चार करणों को प्रयत्न पूर्वक जानना चाहिए। फिर तदनुसार इन वर्तनाश्रय हस्तों के द्वारा मुख, भ्रू एवं नेत्र युक्त करणों का नृत्त और नाट्य में प्रयोग करना चाहिए। इस संस्तुति के आधार पर वर्तना भी अभिनय की एक वस्तु है

**सा मातृकेति विज्ञेया तद्योगात्करणं भवेत् ॥६०॥**

### अभिनवभारती

"आङ्गिकश्च भवेच्छाखा ह्यंकुरः सूचना भवेत् ।
अंगहारविनिष्पन्नं नृत्तं तु करणाश्रयम् ॥" इति (ना० ८।१६)

एतत्स्फुटं तत्रैव व्याख्यास्यते इत्यास्तां तावत् । अत्रोदाहरणं दिक्प्रदर्शनाय "अभिजअइ मलविमुक्कवअकमलासण उदितस्स" इत्यादौ वाक्यार्थाभिनये, नाट्येऽपि "पादाग्रस्थितया" (रत्ना० १।१) इत्यादावुपक्रमवाक्यार्थाभिनये इदमेव युक्तं करणम् । यन्नृत्तेन पादाग्रस्थितत्वेन कुसुमाञ्जलिक्षेपः । स चानेनैव सम्पन्नेन चतुरश्रीभूतत्वं प्रासादङ्गादनन्तरं यदा प्रयुज्यते तदा हस्तयोः स्वे स्वे पार्श्वे आवेष्टित करणं ( ना० शा० ९।१२५ ) कृत्वा ततः उद्वेष्टितकरणेन ( ना० शा० ९।११६ ) पुष्पपुटप्रयोगः ।

### मधुसूदनी

नाटिकाया प्रथमेऽङ्के प्रथमं पद्यम् । अत्र सोऽनुभूतिमुपागतः अभिजयतीति कराभिनये वदन्तीः तथा पादयोरग्रभागे स्थिता सती पार्वती कुसुमाञ्जलिप्रक्षेपं करोति इति । पादाग्रस्थितत्वरूपे नृत्ते इदमेव तलपुष्पपुटाख्यं करणं युक्तम् । कथमत्र इदमेव करणं युक्तमिति व्याख्याय दर्शयति-स चानेनैवेति ।

### बालक्रीडा

(मूल) जो स्थान, जो चारियाँ और जो नृत्तहस्त हैं उनको नृत्तमातृकायें समझें । उन्हीं के सम्बन्ध से करणों का सम्पादन होता है ।६०।

उसका भी निर्देश आवश्यक है । इस पर अभिनव भारतीकार कहते हैं कि वर्तना का अनुप्रवेश शाखा से ही गतार्थ हो गया । क्योंकि वर्तना के आश्रय हस्त हैं । और हस्त एक अंग है । अतः आंगिक अभिनय रूप शाखा के निरूपण से उस वर्तना का निरूपण हो गया । जैसाकि "अस्य शाखा च" इसी के बाद शाखा आदि का स्वरूप कहेंगे । आंगिक अभिनय याने कर वर्तना शाखा है । अभिनय की सूचना अंकुर है । और करणमूलक अंग हारों से सम्पाद्य किया नृत्त है । ऐसा कहा है । इनकी स्फुट व्याख्या उसी स्थान पर करेंगे । अतः रहने दिया जाय । इस विषय में कुछ उदाहरण दिखाने के लिए

"अभिजयति मलविमुक्तकमलासनोदितस्येति" इत्यादि वाक्यार्थाभिनय में, और नाट्य में

पादाग्रस्थितया मुहुः स्तनभरेणानीतया नम्रतां
शम्भोः सस्पृहलोचनत्रयपथं यान्त्या तदाराधने ।
ह्रीमत्या शिरसीहितः सपुलकस्वेदोद्गमोत्कम्पया
विश्लिष्यन् कुसुमाञ्जलिर्गिरिजया क्षिप्तोन्तरः पातु वः ।

(रत्नावलीनाटिका १-१)

**करः पुष्पपुटो यत्र पादोऽग्रतलसंचरः ।**
**तथा च सन्नतं पार्श्वं तलपुष्पपुटं भवेत् ॥६१॥**

अभिनवभारती

यदा तु करणान्तरसन्निवेशादनन्तरमिदं करणं प्रयुज्यते तदा त्यक्तव्यतदीयहस्तपादापेक्षया आदातव्यैतत्करणगतहस्तपादापेक्षया च यथा वर्तनाक्रमेण स्वयमेव त्यागोपादाने अत्रुटिततया वा सम्पद्यते तथा कर्त्तव्यमित्यलं नृत्ताचार्योपयोगिनाऽनेन ( लेखनेन )। एतच्च यथावसरं दर्शयित्वा सर्वं निरूपयिष्यामः ॥५९॥६१॥

मधुसूदनी

"यदा तु" इति। अन्यस्य करणस्य सन्निवेशादनंतरमिदं तलपुष्पपुटं करणमभिनीयते तस्मिन्। त्यक्तव्याः ये तदीयाः करणान्तरीया हस्ताः पादाश्च तेषामपेक्षया तथा आदातव्या ये एतस्य करणस्य हस्तपादादयः तेषामपेक्षया च। यथा वर्तनायाः क्रमः। तेन स्वयमेव हानं वा उपादानं वा अविच्छिन्नतया सम्पद्यते जायते तथा हानमुपादानं कर्त्तव्यमिति हेतोः नृत्ताचार्याणामुपयोगिनानेन संकेतेन अलम्। संकेतो न करणीय इत्यर्थः। एतच्च उपयोगित्वं च दर्शयित्वा अभिनीय। निरूपयिष्यामः ॥५९॥६१॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पुष्पपुट नामक कर, अग्रतलसंचर पाद एवं सन्नत नाम वाला पार्श्व रहे वह तलपुष्पपुट संज्ञक करण है ॥६१॥

इत्यादि उपक्रमीभूत वाक्यार्थ के अभिनय में यह करण युक्त है। यहां पादाग्रस्थितत्व रूप नृत्य के अभिनय से कुसुमाञ्जलिका प्रक्षेप है।

अंजलि में भरे हुए पुष्पों को जब सलज्जा पार्वती शिवजी के ऊपर फेंकना चाहती है तब फेंकने के समय ऊँचा होना स्वाभाविक है अतः एड़ी को ऊँचा करके पैरों के अग्रभाग से खड़ी होती है। यह पादाग्रस्थिति नृत्य का अभिनय है। इस प्रकार पादाग्रस्थिति से सम्पादन किया गया वह अंजलिस्थ पुष्पों का क्षेपण है। उसे चतुरस्र कहते हैं। इस तरह अंग के चतुरस्रीभवन के अनन्तर जब पुष्पों को फेंकते हैं दोनों हाथों का अपने अपने बगल में बायें का बायें बगल में दायें का दायें बगल में आवेष्टित करण याने भीतर की तरफ हाथों का ले आना और उसके बाद फिर उद्वेष्टित करण याने बाहर की तरफ ले जाना यह पुष्पपुट नामक प्रयोग है।

किन्तु जब एक करण के करने के समय में करणान्तर का सन्निवेश करके पुष्पपुट का प्रयोग करेंगे तब जिन करों के प्रयोग को छोड़ना है उसके अनुसार तथा जिन करों के प्रयोग को करना है उसके अनुसार जिस वर्तनाक्रम से जहाँ ग्रहण या त्याग आवश्यक हो या जहां ग्रहण एवं त्याग बिना किये भी एक रूप ही आवश्यक हो वहां वैसे ही करें इसलिए नृत्ताचार्य के उपयोगी बस इतना ही संकेत पर्याप्त है। अतः अधिक रूप में जिस समय जिसकी जरूरत होगी उसको उसी अवसर पर प्रत्यक्ष दिखाकर सभी अभिनयों का निरूपण करेंगे ॥५९॥६१॥

**कुञ्चितौ मणिबन्धान्ते व्यावृत्तपरिवर्तितौ।** ६२
**हस्तौ निपतितौ चोर्वोर्वर्तितं करणं तु तत् ॥६२॥**

अभिनवभारती

( २ ) वर्तितम्

"आवर्त्यन्ते कनिष्ठाद्या अंगुल्योऽभ्यन्तरेण तु
यथा क्रमेण करणं तद् व्यावर्त्तितमुच्यते ॥ (ना० शा० ९।२१७)
"उद्वर्त्यन्ते कनिष्ठाद्या बाह्यतः क्रमशो यदा।
अंगुल्यः करणं विप्रास्तदुक्तं परिवर्तितम्" ॥ (ना० शा० ९।२१८)

मधुसूदनी

(२) वर्तितम्

यदा तु ऋजुत्वेन स्थिताः कनिष्ठाद्या अंगुल्यः यथाक्रमेण पूर्वं कनिष्ठिका पश्चात् अनामिका तदनु मध्यमा ततः परं तर्जनी इत्येवं अभ्यन्तरेण आवर्त्यन्ते संकुचिताः क्रियन्ते मुष्टिस्वरूपतां प्राप्यन्ते तदा व्यावर्तितं नाम करणमुच्यते।

यदा व्यावर्त्तितकरणरीत्या मुष्टिरूपतां प्राप्ताः कनिष्ठाद्या अंगुल्यः क्रमशः प्राक् कनिष्ठिका, पश्चात् अनामिका, तदनु मध्यमा, ततः परं तर्जनी इत्येवं बाह्यतः बहिर्भागे उद्वर्त्यन्ते विकासिताः क्रियन्ते मुष्टिस्वरूपं परित्याज्य सरलाः क्रियन्ते तदा हे विप्राः! परिवर्तितं नाम करणमुक्तं भवति एवं कनिष्ठिकादीनामावर्त्तनो-द्वर्तनवत् तर्जन्यादीनामावेष्टनोद्वेष्टने क्रियेते तदा अविष्टितोद्वेष्टिते करणे भवतः। यथा च वक्ष्येते।

आवेष्ट्यन्ते यदाङ्गुल्यस्तर्जन्याद्या यथाक्रमम्।
अभ्यन्तरेण करणं तदावेष्टितमुच्यते ॥
उद्वेष्ट्यन्ते यदाङ्गुल्यस्तर्जन्याद्याः बहिर्मुखम्।
क्रमशः करणं विप्रास्तदुद्वेष्टितमुच्यते ॥ इति।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ मणिबन्धान्त याने कंकण बाँधने की जगह के समीप में कुञ्चित (वक्र) किये हुए हाथों को व्यावृत्त और परिवर्तित करके ऊरुओं के ऊपर गिरा दिया जाय वह वर्तित नामक करण है ॥६२॥

(२) "वर्तित"

सरल सीधी कनिष्ठादि अंगुलियों का क्रमशः पहले कनिष्ठिका पीछे अनामिका उसके बाद मध्यमा और सबसे अन्त में तर्जनी का भीतर की तरफ आवर्तन संकोच करते हैं मुठ्ठी बना लेते हैं। उसे व्यावृत्त या व्यावर्तित करण कहते हैं। जब मुष्टिका के रूप में स्थित

## अभिनवभारती

इति व्यावर्तितपरिवर्तिते। एवं तर्जन्यादितः आवेष्टितोद्वेष्टिते।

कुञ्चितावित्यादि। वक्षःक्षेत्रे उन्मुखं स्वस्तिकवदश्लिष्टमेव मणिबन्धनगतं करयुगलं कृत्वा तत्रैव हस्तौ समकालं व्यावृत्तपरिवर्तौ विधायोत्तानावेव यथास्वमूर्वोः पातनीयौ। असूयावाक्यार्थाभिनये चोत्तानौ पताकौ। यथा "तुम्ह कए सरिवं ररामर उणा मरापरागुण अआविद्धत्तनआ"। तावेव पताकावधोमुखपतितैर्वैर्यदा

## मधुसूदनी

कुञ्चिताविति। कुञ्चितौ स्वस्तिकाकृति प्राप्तौ इति। हस्तौ इत्यस्य विशेषणम्। वक्ष्यति।

हस्तौ तु मणिबन्धान्ते कुञ्चिताविति।२०५।
तावेव मणिबन्धान्ते स्वस्तिकाकृतिसंस्थितौ॥ १८७
मणिबन्धनविन्यस्तावरालौ स्त्री प्रयोजितौ।
उत्तानौ वामपार्श्वस्थौ स्वस्तिकः परिकीर्तितः। इति।

वक्षःक्षेत्रे कुचयोः प्रदेशे उन्मुखमुत्तानम्।

यथास्वं दक्षिणे ऊरौ दक्षिणः, वामे वामः करः पातनीयः। सक्थि क्लीबे पुमानूरुरित्यमरः। असूयासूचकवाक्यार्थस्याभिनये। तुम्ह तव कए कृते। इत्यादि संस्कृतम्। उत्तानौ पताकौ इत्यनेन पताकाख्यौ हस्तौ निर्दिष्टः। अस्य विनियोगश्च

## बालक्रीडा

उन्हीं कनिष्ठादि अंगुलियों की तरह तर्जनी आदि अंगुलियो का भी क्रमशः आवेष्टित एवं परिवेष्टित होते हैं जैसा कि कहा है :

सरलरूप से स्थित तर्जनी आदि मध्यमा अनामिका एवं कनिष्ठिका अंगुलियों को क्रमशः पहिले तर्जनी फिर मध्यमा उसके बाद अनामिका और उसके बाद कनिष्ठिका को मोड़ दिया जाय मुट्ठी बाँध दी जाय और उसी अंगुलियों के मोड़ने के समय में ही हाथ को भी बगल से सामने छाती तक लाया जाय तब वह आवेष्टित नामक करण कहता है।

जब तो मुट्ठी के रूप में बँधी हुई तर्जनी आदि अंगुलियों को क्रमशः पहले तर्जनी पीछे मध्यमा फिर अनामिका सबके बाद में कनिष्ठिका को खोले उन्हीं अंगुलियों के खोलने के समय हाथ को भी छाती से हटा दे तब उसको परिवेष्टित कहते हैं। इसीका दूसरा नाम उद्वेष्टित भी है।

र्वातत करण का स्वरूप कहते हैं इसमें मणिबन्धनगत दोनों हाथों को स्वस्तिक की तरह अश्लिष्ट बाने: वक्षः स्थल से उनका लगाव न रहे ऐसी हालत में वक्षः स्थल में उन्मुख करके एक साथ ही व्यावर्तित एवं परिवर्तित करे और उत्तान किये हुए दाहिने हाथ को दाहिनी जंघा पर और बायें हाथ को बाईं जंघा पर गिरा दे। असूया सूचक वाक्यार्थ के

## अभिनवभारती

तदा रोषवाक्यार्थाभिनयो यथा—" सव.........इओ गु पहिलो नु " इत्यादौ। एवं खटकामुखशुकतुण्डादयोऽपि यथायथमत्र योजयितव्याः। तत एवात्र मुनिना हस्तावशेषो न निरूपितः। अपतलसञ्चर एवात्र पाद इति केचित्। तद्धस्तौचित्यानुसारी पादयोग इति नृत्ताचार्याः ॥६२॥

## ( ३ ) वलितोरुकम्।

**शुकतुण्डावित्यादि।**

## मधुसूदनी

"एष प्रहारपाते प्रतापने नोदने हर्षे चेत्यादि समये ऊर्ध्वपार्श्वगाधोमुखसंमुखपराङ्मुखोत्तानत्वादिप्रकारेण करणीयः। अत एव अधोमुखघृष्टपातैः यदा तावेव उत्तानावेव पताकौ हस्तौ स्यातां तदा रोषसूचकवाक्यार्थस्याभिनयः। तत एव अन्येषां खटकामुखादीनां योजनादेव। हस्तावशेषः अवशिष्टाः हस्ता न निरूपिता इत्यर्थः। संगीत रत्नाकरे यथोक्तम्।

अश्लिष्टौ मणिबन्धस्थस्वस्तिकाभिमुखौ करौ
कृत्वा वक्षस्येककालं व्यावृत्तपरिवर्तितौ
उत्तानौ पातयेद्दूर्घोयत्र तद्वलितं मतम्।
असूयायां प्रयोगः स्यात् पताकौ यदि पातयेत्
अधोमुखनिघृष्टौ तौ क्रोधं सूचयतः करौ
शुकतण्डादयोऽप्यन्ये विनियोगवशादिह।

## (३) वलितोरुकम्।

आद्येति। अराले वक्रे करे आद्या तर्जनी अंगुली। धनुर्वत् नता वक्रा कार्या। शेषाः मध्यमादि कनिष्ठान्ताः अंगुल्यः भिन्नाः सत्यः ऊर्ध्वं वलिताः संभृताः कार्याः अगुष्ठः कुञ्चितः वक्रः कार्यः।

## बालक्रीडा

अभिनय में हाथ उत्तान ही होते हैं। इनको पताका कहते हैं। जैसे तुम्हारे लिए इत्यादि में। वे ही उत्तान पताक हस्त जब अधोमुख एवं निघृष्ट मुख रूप में गिरा दिये जाँय तब रोष सूचक वाक्यार्थ का अभिनय किया जाता है उनसे। जैसे सव इत्यादि में। इस प्रकार खटकामुख एवं शुकतुण्डादि हाथों की भी युक्ति के अनुसार योजना करनी चाहिए। इसी लिए मुनि ने अन्य अवशिष्ट हाथों का निरूपण नहीं किया। कोई कहते हैं कि अपतल संचर पाद भी यहाँ उपयुक्त है। इस पर नृत्ताचार्यों का कहना है कि हाथों के औचित्य के अनुसार पाद का योग करना चाहिए ॥६२॥

(३) वलितोरुक

शुकतुण्ड नामक हाथों का यहाँ अभिनय होता है। उसका लक्षण लिखते हैं।

शुकतुण्डौ यदा हस्तौ व्यावृत्तपरिवर्तिनौ ।
ऊरू च वलितौ यस्मिन्वलितोरुकमुच्यते ॥६३॥

### अभिनवभारती

" आद्या धनुर्नता कार्या कुञ्चितोऽङ्गुष्ठकस्तथा ।
शेषा भिन्नोर्ध्ववलिता ह्यराले ऽङ्गुल्यः करे ॥ " ( ना. शा. ९-४६ )
" अरालस्य यदा वक्रानामिका त्वङ्गुलिर्भवेत् ।
शुकतुण्डः स तु करः " ( ना. शा. ९-४२ )
" भवेदभ्यन्तरं जानु यत्ताहुर्वलितं तु तत् । " ( ना. शा. ९-२४२ )

योजना तु—वक्षःक्षेत्रात्समकालं हस्तौ व्यावर्तितौ कृत्वा आक्षिप्तया पादचार्या सह पततः । परिवर्तनानुनीय वक्षःप्रदेशे शुकतुण्डावधोमुखौ स्थापयेत् । बद्धया च चार्या स्थितिः ।

एतन्मुग्धाविषयं च । यथा—" दुल्लीति तुहिगुहविलुलिअ अह्न हुदी सुणाहि दिढात्तसहि " ।

### मधुसूदनी

उक्तविधस्यारालस्य करस्य यदा अनामिका अंगुलिर्वक्रा भवेत् । स करः शुकतुण्डः स्यात् । अराले तर्जनी वक्रासीदत्रानामिकेति विशेषः ।

योजना तु स्पष्टार्था संगीत रत्नाकरे यथा—
वक्षः क्षेत्रे समौ हस्तौ व्यावृत्त परिवर्तितौ
विधायाक्षिप्तया चार्या संहतौ परिवर्त्तनात् ।
तत्रानीय निधीयेते शुकतुण्डावधोमुखौ । इति ।

### बालक्रीडा

(मूल) जब व्यावृत्त एवं परिवर्तित करों को करके शुक तुण्ड नामक कर को करे तथा दोनों ऊरुओं को वलित संवृत करे (वल संवरणे धातु से वलित बना है) तब वलितोरुक करण कहाता है ॥६३॥

आद्या अंगुली तर्जनी को धनुष की तरह् नत करे । अंगूठे को कुञ्चित और बाकी अंगुलियों को अलग २ ऊपर की तरफ वलित करे तब अराल नामक कर होता है । इस अराल की अंगुलियों में से तर्जनी के बजाय अनामिका अंगुली जब वक्र हो जाय तब वह शुकतुण्ड नामक कर होता है । जहां जानु भीतर की तरफ रहे वहां वलित नामक कर होता है ।

वहाँ योजना ऐसी है—वक्षः क्षेत्र कुच प्रदेश से एक साथ हटाये गये हाथ को आक्षिप्ता पादचारी के समय नीचे की ओर गिरावे । किन्तु फिर परिवर्तन करके उनको वक्षःस्थल पर लावे और शुकतुण्ड की तरह् अधोमुख ही उनको वहीं पर रखे ।

इसमें आक्षिप्ता पादचारी गति होती है और बद्धा पादचारी से स्थिति होती है । यह मुग्धा नायिका के विषय में है—जैसे दुल्लो बुल्लो इत्यादि ।

### अभिनवभारती

'त्रिपताका तर्जनी वक्रतया शुकतुण्डः' इत्यन्यतान्त्रिकैर्लिखितमुपेक्ष्यमेव।
"अन्योन्यजङ्घासंवेधात् कृत्वा तु स्वस्तिकं ततः।
ऊरुभ्यां वलनं यत्स्यात् सा बद्धा चार्युदाहृता॥" (ना. शा. १०) ॥६३॥

## (४) अपविद्धम्।

"वक्षसोऽष्टाङ्गुलस्थौ तु प्राङ्मुखौ खटकामुखौ।" (ना. शा. ९)
इति चातुरस्र्येण स्थित्वा ततो हस्तमावर्तितेन निष्क्रमय्य ततः समकालमाक्षिप्तिकां चारीं कृत्वा तमेव हस्तं शुकतुण्डीकृतं तस्योरोः पृष्ठे निपातयेत्। वामहस्तश्च खटकामुखः। स तु वक्षस्थेवेति दक्षिणस्य करपादस्यापर्यवसानात्तदुपलक्षितवेगनिस्सरणादपविद्धमिति नाम्नैव वर्तनायाश्चातुरस्र्यं सूचितम्। असूयाकोपवाक्यार्थाभिनये चेदम्।

### मधुसूदनी

अन्योन्येति। जंघयोर्जानुतोऽधोभागयोरन्योन्यं संवेधात् संश्लेषात् संश्लेषमाश्रित्येत्यर्थः ल्यब्लोपे पंचमी।

स्वस्तिकं करं कृत्वा ऊरुभ्यां वलनं वेष्टनं यत् स्यात् सा बद्धा चारी उक्ता संगीतरत्नाकरे। स्थितिस्तु कर्त्तव्येत्युपदेशः।

यथोक्तम्–बद्धा याति स्थितिर्यत्र वलितोरुकमुच्यते।
गुम्फारुली श्रीडिते चास्य प्रयोगः शार्ङ्गिणोदितः। इति ॥६३॥

## (४) अपविद्धम्।

वक्षस इति। वक्षसः सकाशात् दूरं अष्टांगुलं देशमतिक्रम्य संस्थितौ प्राङ्मुखौ यत्संमुखः प्रयोक्ता तत्सम्मुखौ न तु प्रयोक्तृसंमुखौ। करौ खटकामुखौ। अत्र परस्परं त्वष्टाङ्गुलान्तरत्वात् प्रत्युत चातुरस्र्यं भवति इत्युत्प्रेक्ष्यमेव इत्याह—चातुरस्र्येणेति।

### बालक्रीडा

त्रिपताक हस्त की तर्जनी को टेढी करने पर शुकतुण्ड कर होता है ऐसा किसी अतान्त्रिक का लेख तो उपेक्षणीय ही है। उक्त बद्धा चारी का लक्षण यह है।

जहां जंघाओं के परस्पर के मेल से स्वस्तिक कर किया जाय और उसके बाद ऊरुओं से उसका वलन वेष्टन किया जाय तब बद्धा चारी होती है।

(४) अपविद्ध

छाती से आठ अंगुल की दूरी पर पूर्व की तरफ मुँह वाले हाथ खटकामुख कहलाते हैं।

इस प्रकार चतुरस्र विधि से खड़ा होवे और घुमाकर हाथ को निकाले और उसी समय आक्षिप्त पादचारी याने उछल कर चले और उसी शुकतुण्डीकृत हाथ को वहीं जंघाओं पर

**आवर्त्य शुकतुण्डाख्यमूरुपृष्ठे निपातयेत् ।**
**वामहस्तश्च वक्षःस्थोऽप्यपविद्धं तु तद्भवेत् ॥६४॥**

### अभिनवभारती

यथा—

" विमालकालतुम्ब " इत्यादौ ।

मुनिविषयत्वस्यैव कैश्चित्प्रयोगो लिखितः तत्पाठान्तरपरिवर्तनदोषाल्लक्षणम-लक्ष्यत्वाच्चेत्युपेक्ष्यम् ।

" कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य व्याक्षिप्तं त्वञ्चितं न्यसेत् ।
जङ्घा स्वस्तिकसंयुक्ता चाक्षिप्ता नाम सा स्मृता ॥ " ( ना. शा. १० ) ॥६४॥

### मधुसूदनी

चतुरश्रकरः स्थित्वा हस्तं व्यावर्त्य दक्षिणम् ।
निष्क्रामयन् भजेचारीमाक्षिप्तामथ दक्षिणम् ।
शुकतुण्डं करं तत्रैवोरौ तु परिपातयेत् ।
यत्रापविद्धं तद्वामे वक्षःस्थे खटकामुखे ।
तत्कोपासूययोर्योज्यमुक्तं सोढलसूनुना । इति । ॥६४॥

कुञ्चितमिति । कुञ्चितं तिर्यक् कृतं पादमुत्क्षिप्य किंतु व्याक्षिप्तमञ्चितं कृत्वा भुवि न्यसेत् । तत्र न्यासे जंघा स्वस्तिकसंयुक्ता करणीया । एवं सा आक्षिप्ता नाम चारी स्मृता ॥६४॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ शुक तुण्ड नामक कर को घुमाकर ऊरु पर गिरावे और वामहस्त को वक्षःस्थल पर रखे वह अपविद्ध नामक करण होता है ॥६४॥

गिरावे रखे । ऐसी स्थिति में बायाँ हाथ खटकामुख कहलायेगा जो छाती पर ही रहेगा । और दायें हाथ एवं पैर में कोई गति नहीं रहने से उनका वेग निकल जायगा अर्थात् वेग नहीं रहेगा अतः वे अपविद्ध कहलायेंगे । इनका असूया एवं क्रोध के सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में उपयोग होता है । जैसे विमाल काल इत्यादि में ।

किसी ने इसके प्रयोग को मुनि के विषय में करने के लिए लिखा है । वह लेख पाठान्तर के बदलने से दुष्ट है और स्वयं मुनि ने उसका लक्षण भी नहीं लिखा है । अतः उपेक्ष्य है ।

पहली प्रक्रिया में पैर को कुञ्चित टेढ़ा करके ऊपर को उठावे । बाद में उठाये हुए उस पैर को सुन्दरता से भूमि पर रखे । और पिण्डलियों को स्वस्तिक कर से संयुक्त कर दे तब वह आक्षिप्ताचारी मानी जाती है ॥६४॥

**श्लिष्टौ समनखौ पादौ करौ चापि प्रलम्बितौ ।**
**देहः स्वाभाविको यत्र भवेत्समनखं तु तत् ॥६५॥**
**पताकाञ्जलि वक्षःस्थं प्रसारितशिरोधरम् ।**

अभिनवभारती

( ५ ) समनखम् ।

प्रलम्बितौ कराविति लताहस्तौ मन्तव्यौ । न तु दोलाहस्तौ । तयोरेकविषययोरत्र वर्तनायाश्चातुरश्र्यभङ्गहेतुत्वात् ।

" तिर्यक्प्रसारितौ चैव पार्श्वसंस्थौ लताकरौ । " ( ना. शा. ९ )

एतच्च प्रथमप्रवेशे नृत्ते दृश्यते । जप्य( य )मङ्गलविषये तु नास्य प्रयोगो युक्तः यथा कैश्चिदिष्टः । ॥६५॥

मधुसूदनी

(५) समनखम्

तयोः लताहस्तडोलाहस्तयोः । एकविषययोः समानदेशयोः सत्वे अर्थात् एकत्र करणे चातुरश्र्यभंगो नाम दोषः । तिर्यगिति व्याख्यातं प्राक् । सं० रत्ना०

देहः स्वाभाविको यत्र पादौ समनखौ युतौ
लताहस्तौ समनखं स्यात्प्रवेशे तदादिमे । इति ॥६५॥

बालक्रीड़ा

(मूल) पैरों की अंगुलियों के नख समान भाग में रहें वह समनख पाद कहलाता है। अतः जहाँ उक्त प्रकार के दोनों समनख पाद श्लिष्ट रहें याने मिले हुए रहें और कर प्रलम्बित अर्थात् लता की तरह फैले हुए हों तथा देह की स्थिति स्वाभाविक हो वह समनख करण है ॥६५॥

(मूल) जहाँ पताक संज्ञक हाथों की अञ्जलि वक्षःस्थल पर रहे और शिरोधरा ग्रीवा पसारित, माने अपसारित भग्न (यहाँ अप के अकार का लोप हो गया है) रहे तथा अंस कन्धा और कूट याने ककुद निहञ्चित रहे वह लीन नामक करण है।

(५) समनख

प्रलम्बित कर कहने का मतलब है लता के आकार वाला होना । न कि दोलाकार हाथ । क्योंकि लताहस्त और दोलाहस्त य दोनों एक जगह में किये जायेंगे तो वर्तना के चातुरश्र्य के भंग के कारण हो जायेंगे। जिन हाथों को बगल में रखकर तिरछे फैलाया जाय तब लताकार हाथ होते हैं। यह नृत्त के प्रथम प्रवेश में दिखाई देता है।

जय एवं मंगल के समय में इसका प्रयोग करना चाहिए ऐसी जो किसी ने इच्छा की वह ठीक नहीं है। उस समय में समनख का प्रयोग युक्त नहीं है ॥६५॥

**निहञ्चितांसकूटं च तल्लीनं करणं स्मृतम् ॥६६॥**
**स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ विश्लिष्टौ कटिसंश्रितौ ।** ६७

### अभिनवभारती

(६) लीनम् ।

"पताकाभ्यां तु हस्ताभ्यां संश्लेषादञ्जलिः स्मृतः ।" (ना. शा. ९)
प्रसारितसमाः सर्वा यस्याङ्गुल्यो भवन्ति हि ।
कुञ्चितश्च तथाङ्गुष्ठः स पताक इति स्मृतः ॥ (ना. शा. ९)

रेचितग्रीवा ।

"रेचिता विधुतभ्रान्ता भावे मथननृत्तयोः ।" (ना. शा. ८)

इति केचित् । तदसत् । औचित्यायोगात् । तेन प्रणामापसारितां गमिता नता स्याद् ग्रीवा ।

### मधुसूदनी

(६) लीनम्,

तदुक्तम्—

ऊर्ध्वमण्डलिनौ हस्तौ कृत्वा वक्षः स्थितोऽञ्जलिः ।
निहञ्चितं चांसकूटं यत्र ग्रीवा नता कृता ।
लीनं तत्करणं योज्यं यज्ञाभ्यर्थने बुधैः । सं० र० ७ ।

### बालक्रीडा

(मूल) निहञ्चित का अर्थ है उठा हुआ रहे लीन न रहे, क्योंकि ग्रीवा मग्न रहेगी उस अवस्था में ककुद का उठा रहना स्वाभाविक है। इस करण का लीन यह नाम भी तभी सार्थक होगा। जब ग्रीवा उठी हुई नहीं रहे। संगीत रत्ना कर में निहञ्चित का लक्षण यों लिखा है।

(६) लीन

सभी अंगुलियां समान रूप से जहाँ फैली रहें और अंगूठा वक्र रहे उस हाथ को पताक माना गया है। ऐसे ही पताक नामक हाथों के संश्लेष से अञ्जलि होती है। कन्धा बाहुशिखर जहाँ उत्क्षिप्त ऊपर को उठा रहे और शिरोधरा ग्रीवा निकुञ्चित नत रहे वह शिर निहञ्चित कहलाता है। ऐसे निहञ्चित शिर के योग से अंस एवं ककुद को निहञ्चित कहा जाता है।

यहाँ की योजना ऐसी है—ऊपर की तरफ याने ललाट से भी ऊपर हाथों को फैलाने का नाम ऊर्ध्वमण्डली है। इन ऊर्ध्व मण्डली नामक नृत्तहस्तों का पहले प्रयोग करे उसके बाद ऊर्ध्वमण्डली वर्तना के क्रम से वक्षः स्थल में अंजलि रखे। यहां अंजलि के मूल में पताका ग्रहण का यही प्रयोजन है कि नलिनीपद्मकोश नामक वर्तना की विधि से पताका बनाई जाय।

अभिनवभारती

२ "उत्क्षिप्तबाहुशिखरं निकुञ्चितशिरोधरम् ।

निहञ्चितं शिरः ।" (ना. शा. ८)

तद्योगादंसकूटयोर्निहञ्चितत्वम् ।

योजना तूर्ध्वमण्डलिनौ ( ना. शा. ९ ) नृत्तहस्तौ प्राक्प्रयुज्य तद्वर्तना क्रमेण वक्षोदेशेऽञ्जलिं रचयेत् । एतदेव पताकाग्रहणस्य प्रयोजनम् । अञ्जलेर्नलिनीपद्म-कोशवर्तनया सम्पादनं माभूत् । अपि तूर्ध्वमण्डलिवर्तनया । तथा पताकयोः स्फुटा प्रयोगोत्पत्तिः । तथाऽप्यव्यभिचारात् पताकाग्रहणं सफलमेव । लौकिकाञ्जलिशङ्का-शमनं तु सति तान्त्रिके तुच्छफलम् ।

एतच्च प्रियाप्रार्थनावाक्यार्थाभिनये । यथा—"पुरिपडाळपळदुःळहामं लिवि-ह्नइ दुंदु" । न तु देवताप्रणामे वक्षःस्थोऽप्यञ्जलिरत्र । देवताप्रणामे तु शिरःस्थ इति वक्ष्यामः ॥६६॥

मधुसूदनी

अन्योन्यसम्मुखौ सन्तौ संश्लिष्ट मणिबन्धकौ ।
पद्मकोशौ पृथक् प्राप्तौ व्यावृत्तपरिवर्त्तने ।
नलिनीपद्मकोशौ स्तः ॥६६॥

बालक्रीडा

(मूल) उत्क्षिप्त बाहु शिखरं मग्नग्रीवं निहञ्चितम् । जिसमें भुजाओं का शिखर अग्रभाग कंधा ऊंचा उठा हुआ रहे और ग्रीवा मग्न रहे वह शिर निहञ्चित होता है ॥६६॥

प्रयोग के अभिनय के द्वारा पताक की उत्पत्ति स्पष्ट है तथापि अव्यभिचार से अर्थात् नियत रूप से पताक हस्तों का इसमें उपयोग होता ही है अतः पताक हस्त का अंजलि के स्वरूप में ग्रहण करना निष्फल है । अगर कहें कि यहां नाटकीय अंजलि ग्रहण अपेक्षित है किन्तु केवल अंजलि कहने से लौकिक अंजलि का भी ग्रहण हो सकता है अतः लौकिक अंजलि के ग्रहण की शंका के शमन के लिए पताक ग्रहण सफल है । इस पर कहते हैं कि तांत्रिक प्रसंग उपस्थित होने पर लौकिकाञ्जलि की शंका का शमन रूप फल तुच्छ है । इस तीन करण का उपयोग प्रिय की प्रार्थना के सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में होता है । जैसे पुरिपडाल इत्यादि में । देवता के प्रणाम में वक्षःस्थ अंजलि नहीं होती है । वहाँ तो शिरःस्थ अंजलि होती है इसको आगे कहेंगे ।

यहाँ रेचित हस्त की अपेक्षा ग्रीवा का रेचित होना अपेक्षित है ऐसा कोई तो कहते हैं । "विस्तृता एवं भ्रान्ता (घुमाई हुई) ग्रीवा रेचित होती है जिसका उपयोग दधिमथन नृत्त में होता है । वह गलत है । क्योंकि प्रकृत प्रसंग में रेचित ग्रीवा का औचित्य नहीं है । इससे प्रणाम के लिए झुकाई हुई ग्रीवा अपसारिता हो सकती है ॥६६॥

**यत्र तत्करणं ज्ञेयं बुधैः स्वस्तिकरेचितम् ॥६७॥**
**स्वस्तिकौ तु करौ कृत्वा प्राङ्मुखोर्ध्वतलौ समौ ।** ६८

### अभिनवभारती

(७) स्वस्तिकरेचितम् ।

पूर्वं रेचितौ तत आविद्धौ वक्रौ ततो देहक्षेत्रमागतौ स्वस्तिकौ । ततोऽपि विश्लिष्टौ विप्रकीर्णौ । ततः कटिसंस्थौ पक्षप्रद्योतपक्षवञ्चितकाख्यौ । एवं नृत्तहस्त-षट्कात्मकमेतत्करणम् । तत्र—

"रेचितावपि विज्ञेयौ हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ ।" (ना. शा. ९)
"समाः प्रसारितास्तिस्रः तथा चोर्ध्वा कनीयसी ।
अङ्गुष्ठः कुञ्चितश्चैव हंसपक्ष इति स्मृतः ॥" (ना. शा. ९)
"भुजांसकूर्पराग्रैस्तु कुटिलावर्तितौ करौ ।
पराङ्मुखतलाविद्धौ ज्ञेयावाविद्धवक्रकौ" ॥ (ना. शा. ९)
"तावेव मणिबन्धान्ते स्वस्तिकाकृतिसंस्थितौ ।
स्वस्तिकाविति विज्ञेयौ विच्युतौ विप्रकीर्णकौ" ॥ (ना. शा. ९)

### मधुसूदनी

(७) स्वस्तिकरेचितम्,

तदुक्तम्—

चतुरस्रं स्थितः कृत्वा हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ ।
व्यावृत्तिपरिवृत्तिभ्यामधश्चोर्ध्वं शिरःस्थलात् ॥
आनीयाविद्धवक्रौ चेद्वक्षसि स्वस्तिकौ कृतौ ।
विप्रकीर्णौ ततः कार्यौ पक्षवञ्चितकौ करौ ॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ स्वस्तिक (१) रेचित (२) आविद्ध वक्र (३) विश्लिष्ट विप्रकीर्ण वाले पृथक्-पृथक् (४) एवं कटि संस्थित पक्ष द्योत (५) तथा पक्ष वञ्चितक (६) ये ६ करण रहें उसको विद्वान् लोग स्वस्तिक रेचित समझें ॥६७॥

(७) 'स्वस्तिक रेचित'

पहिले रेचित फिर आविद्ध वक्र उसके बाद देह क्षेत्र में आने पर स्वस्तिक । पुनः विश्लिष्ट विकीर्ण अर्थात् पृथक् पृथक् । उसके बाद कटि भाग में पक्ष प्रद्योत एवं पक्ष वञ्चित हस्त होते हैं । इस तरह यह करण, रेचितादि छः हाथों वाला होता है । उनमें शीघ्र घूम जाने वाले हंस पक्ष हस्तों को ही रेचित हाथ कहा जाता है । जिसमें तर्जनी मध्यमा एवं अनामिका ये तीनों अंगुलियाँ सीधी फैलाई हुई रहें और कनीयसी ऊपर को रहे । किन्तु अंगूठा कुञ्चित वक्र रहे वह हंस पक्ष माना गया है । क्रमशः जहां भुज, अंस एवं

## अभिनवभारती

"कटिशीर्षनिविष्टाग्रौ त्रिपताकौ यदा करौ ।
पक्षवञ्चितकौ ।" (ना. शा. ९)
"तावेव तु पराङ्मुखौ पक्षप्रद्योतकौ स्मृतौ ।" (ना. शा. ९)

योजना तु—चातुरश्रधान्तरे रेचितवर्तनया पक्षौ विधाय व्यावर्तितकरणेन शिरःक्षेत्रादधोगमनोपरिगमने च या आविद्धवक्रवर्तना तया वक्षःक्षेत्रस्वस्तिकौ विधाय तावेव विप्रकीर्णौ कृत्वा पुनः पक्षवञ्चितौ पुनः पक्षप्रद्योतावितिं तद्योगात्स्वस्तिक-रेचितम् ।

अत्र च तत्र तत्र नृत्तहस्ते प्रयोगवशादलातचार्या अत चाक्षिप्तावन्तेऽवहित्थकाद् बहिर्मण्डलसंस्थानकृतेन समनखौ पादावनुवर्तेते इत्यसत् । एतच्च यत्र नृत्तमेव प्राधान्येनाभिनेयं तावत्कालं प्रहर्षादियोगे तत्र तत्र प्रयुज्यते ।

यथा "धण्णिइ धण्णिइ धणहिए अणुराहिणञ्चहरासु । महुरकण्णे जितिसअउद्दाणवकुलिणिणोसु ।" ॥६७॥

## मधुसूदनी

पक्षप्रद्योतकौ पश्चाचारी तदङ्गगा भवेत् ।
अन्तेऽवहित्थकं स्थानं तदा स्वस्तिकरेचितम् ॥
नृत्ताभिनयने तच्च प्रहर्षादौ नियुज्यते ॥ सं० र० ७ ॥६७॥

## बालक्रीड़ा

कोहनी के अग्रभाग दिखाई पड़ते हों ऐसे कुटिल पताक हस्तों की पराङ्मुख तल याने अधोमुख व्यावर्तित जब कर दिया तब आविद्ध वक्र यह नाम उनका होता है। वे ही तल मुख हाथ सहसा च्युत होकर पृथक हो जायें किन्तु मणिबन्ध के समीप में स्वस्तिक के आकार में रहें तब स्वस्तिक यह नाम उनका है। जिसके अग्रभाग का विन्यास कटि के शीर्ष में किया जाय ऐसे त्रिपताक करों को पक्ष वञ्चित कहा जाता है। उन्हीं का पार्श्व की तरफ परावर्त्तन कर दिया जाय तब वे पक्ष प्रद्योत माने जाते हैं।

अब उन हाथों की योजना को कहते हैं। २ (चातुरश्र्यमूलं नृत्तेऽङ्गस्य जीवितमिति) नृत्त में आंगिक अभिनय का जीवित चातुरश्र्य मूल है ऐसा अभिनव भारती कार का नाट्य-शास्त्र में नृत्त हस्तों के निरूपण के प्रारम्भ में ९ अध्याय में सिद्धान्त वचन है। इन चतुरश्रादि बाहुओं की करणों के साथ समस्त या व्यस्त रूप में योजना संगति कर देने से द्रुत, मध्य एवं विलम्बित लयों में वैचित्र्य होता है। जिसके फल स्वरूप हजार हों वर्तनाएँ हो जाती हैं जिनसे नृत्त की शोभा होती है।

तदनुसार चातुरश्र्य के अवसर पर रेचित वर्तना के द्वारा पक्षवञ्चित एवं पक्ष प्रद्योत हस्तों का विधान करे फिर शिरः प्रदेश में कभी नीचे की तरफ कभी ऊपर की तरफ व्यावर्तित करण के अनुसार हाथों को जो आविद्ध वक्रवर्तना उससे वक्षः स्थल में स्वस्तिक बनावे। और बाद में उसको विप्रकीर्ण करदे इस तरह बार २ पक्ष वञ्चित और पक्ष प्रद्योत करे जिससे स्वस्तिक रेचित करण की निष्पत्ति होती है।

**तथा च मण्डलं स्थानं मण्डलस्वस्तिकं तु तत् ॥६८॥**
**निकुट्टितौ यदा हस्तौ स्वबाहुशिरसोऽन्तरे ।**

अभिनवभारती

(८) मण्डलस्वस्तिकम् ।

स्वस्तिकावुक्तलक्षणौ करौ। प्राङ्मुखौ चतुरश्रौ ऊर्ध्वतलौ। ऊर्ध्वमण्डलिनौ ।

"वक्षसोऽष्टाङ्गुलस्थौ तु प्राङ्मुखौ खटकामुखौ ।
समानकूर्परांसौ च चतुरश्रौ प्रकीर्तितौ ॥" (ना. शा. ९)
"ऐन्द्रे तु मण्डले पादौ चतुस्तालान्तरस्थितौ ।
त्र्यश्रौ वक्षः स्थितौ चैव कटी जानुसमा तथा ॥" (ना. शा. १०)

मधुसूदनी

(८) मण्डलस्वस्तिकम् ,

तदुक्तम्—

चतुरश्रौ करौ कृत्वा विदध्याद्विच्युतौ ततः ।
उद्वेष्टिता क्रिया पूर्वमूर्ध्वमण्डलिनौ करौ ॥
विधाय स्वस्तिकौ कुर्यादत्र स्थानं च मण्डलम् ।
मण्डलस्वस्तिकं; तत्स्यात् प्रसिद्धार्थावलोकने ॥ सं० र० ७ ॥६८॥

बालक्रीडा

यहाँ भिन्न २ नृत्त हस्तों में प्रयोग के अनुसार अलात चारी के द्वारा सैकड़ों प्रकार की चालियायों की तरह

(नृत्तमंगल शास्त्रे तु शतं सन्त्येव चालकाः ।
नारदेनापि मुनिना तथा सप्तशतं मुने ?

इस प्रकार संगीतरत्नाकर में तण्डु की बतलाई हुई सैकड़ों चालियाओं का निर्देश एवं लक्षण किया है। उन्हीं की तरफ यहाँ संकेत है।) अन्त में अवहित्थ स्थान से बाहर में मण्डल संस्थान के कर देने से समनख पादों का यहाँ अनुवर्तन किया है ऐसा किसी का कहना असत् है। क्योंकि इस स्वस्तिकरेचित करण का प्रयोग किसी हर्ष के समय महोत्सव में उतने समय तक ही होता है जहाँ नृत्त ही का प्रधानतया अभिनय हो। अन्य समय में नहीं। जैसे बाण्नई।

(८) मण्डल स्वस्तिक

स्वस्तिक जिनके लक्षण पहिले कह दिये हैं। ऐसे कर। प्राङ्मुख का अभिप्राय है चतुरश्र कर और ऊर्ध्वतल का ऊर्ध्वमण्डली कर के विषय में संकेत है। इसकी व्याख्या पहिले की जा चुकी है।

पादौ निकुट्टितौ चैव ज्ञेयं तत्तु निकुट्टकम् ॥६९॥
अञ्चितो बाहुशिरसि हस्तस्त्वभिमुखाङ्गुलिः । ७०

तौ

अभिनवभारती

योजना तु—चतुरश्रहस्ताभ्यां स्थित्वा ततो विच्यवाप्रयोगसमकालमुद्वेष्टितवर्तनया गत्वा तत ऊर्ध्वमण्डलिवर्तनिकया स्वस्तिकौ कुर्यात् । मण्डलस्थानकं च बध्नीयादिति मण्डलस्वस्तिकम् ।

"विच्यवात्समपादाया विच्यवां सम्प्रयोजयेत् ।
निकुट्टयंस्तलाग्रेण पादस्य धरणीतलम् ॥" (ना. शा. १०)

तलाग्रोऽग्रतलसञ्चरः । निकारवाक्यार्थाभिनये । यथा—"उव्वेला चि अगत्थि अवळआ बाहिअर्णादिसि । जळधरिउ ससकसुण्णिमंमदउ" । इत्यादौ । ॥६८॥

(६) निकुट्टकम् ।

"उन्नमनं विनमनं स्यादङ्गस्य निकुट्टनम् ।"

इति कोहलः ।

मधुसूदनी

(९) निकुट्टकम्,

तदुक्तम्—

मण्डलस्थानके कृत्वा चतुरस्रतया स्थितः ।
उद्वेष्ट्य दक्षिणं हस्तं नीत्वा स्कन्धशिरस्यमुम् ॥

बालक्रीडा

(मूल) पूर्वाभिमुख चतुरश्र कर एवं ऊर्ध्व उत्तान तलवाले ऊर्ध्व मण्डली के समान स्वस्तिक करों को करके मण्डल संस्थान जहाँ हो वह मण्डल स्वस्तिक करण कहलाता है ॥६८॥

"ऐन्द्रे तु मण्डले" पद्य का उपयोग प्रकृत स्थल में मण्डल का संकेत करता है । इसकी व्याख्या स्पष्ट है ।

योजना बतलाते हैं । योजना तो—पहिले चतुरश्रहस्तों को करके खड़ा हो जाय बाद में विच्यवा चारी के प्रयोग के साथ २ उद्वेष्टित वर्त्तना से चले । फिर ऊर्ध्व मण्डली वर्तनिका से स्वस्तिक हस्तों को करे और मण्डलस्थानक आसन को बांध ले इसी को मण्डल स्वस्तिक कहते हैं ।

समपादा चारी को तोड़कर विच्यवा चारी का प्रयोग करे । उसका स्वरूप है कि जहाँ अग्रतल संचर नामक पाद से धरणीतल का नितरां कुट्टन होता है वह विच्यवा चारी है । । वहाँ तलाग्र का अर्थ है अग्रतल संचर नामक पाद । इसका प्रयोग निकृष्ट याने तिरस्कार सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में होता है जैसे—उव्वेला इत्यादि में ॥६८॥

## अभिनवभारती

तेन हस्तस्याऴपल्लवस्य कनिष्ठाङ्गुलिपतनोत्पतनप्रकारो निकुट्टनम्। इहापि वक्ष्यते। पादाविति पादस्याप्युद्घट्टितरूपता।

"स्थित्वा पादतलाग्रेण पार्ष्णिं भूमौ निपातयेत्।
यस्य पादस्य करणे भवेदुद्घट्टितस्तु सः॥" (ना. शा. ९)

चकारेण मण्डलस्थानकमुच्यते। स्वबाहुशिरस इत्येकवचनाद्धस्ताविति द्विवचनाच्च पर्यायेणाङ्गद्वयेन प्रयोगः। एवकाराद्दक्षिणेन प्रयोगे दक्षिण एव पादः वामेन वामः। तेन मण्डलस्थानके स्थित्वा चातुरश्र्यादनन्तरमुद्वेष्टितकरणेन हस्तं नीत्वा स्कन्धे बाहुशिरसि निकुट्टयेत्। तमेव पादमुद्घट्टितं कुर्यात्। वामं तु हस्तं यथावस्थितं पुनराविद्धवक्रवर्तनया तं हस्तं चतुरश्रीकुर्यात्। तत्समकालं चोक्तविधिना द्वितीयमङ्गं निकुट्टयेदिति योजना।

## मधुसूदनी

पतनोत्पतनाविष्टकनिष्ठाद्यङ्गुलीद्वयम्।
अलपद्माकृतिं कृत्वोद्घट्टितेऽङ्घ्रौ च दक्षिणे॥
आविद्धवक्रतां नीत्वा करेऽत्र चतुरश्रिते।
तथैव वाम पाण्यङ्घ्रि यत्र स्यात्तन्निकुट्टकम्॥
आत्मसंभावनाख्यानपरे वाक्ये नियुज्यते॥ सं० र० ७॥६९॥

## बालक्रीडा

(मूल) दाहिने हाथ को अपने दाहिने कन्धे पर ले जाकर अपने बांये कन्धे पर ले जावे बायें हाथ का यह निकुट्टन याने उसकी कनिष्ठिका अंगुली को उठावें एवं गिरावे। इसी तरह दायें या बायें पैर को भी जब निकुट्टित करे अर्थात् दायें पैर से खड़ा होकर दायें पैर की एड़ी को गिरावे और बाँयें पैर से खड़ा होकर बाँयें पैर की एड़ी को गिरावे तब उसको निकुट्ट समझना चाहिए॥६९॥

### (९) निकुट्टक

अंगों का ऊँचा एवं नीचा करना जहाँ रहे उसे निकुट्टन कहते हैं। यह कोहल आचार्य का मत है। इसके फलस्वरूप अलपल्लव नामक हस्त की कनिष्ठिका अंगुली को ऊपर उठाने एवं नीचे गिराने के प्रकार को निकुट्टन कहते हैं। यहाँ नाट्यशास्त्र में भी इसको कहेंगें।

"पादौ" कहने का भाव है कि पैरो की भी उद्घट्टितरूपता यहाँ है। दायें या बायें जिस पाद के अग्र भाग से खड़ा होकर दायें या बायें पैर की एड़ी को गिरावे तब वह दायाँ या बायाँ पाद उद्घट्टित होता है। स्वबाहु शिरसि इसमें एक वचन और हस्तौ इसमें द्विवचन से यह आशय निकलता है कि पारी २ से दायें बायें दोनों अंगों से प्रयोग किया जाता है। पादौ निकुट्टितौ यँह में चकार से कहते हैं कि यहाँ मण्डल स्थानक की

निकुञ्चितार्धयोगेन भवेदर्धनिकुट्टकम् ॥७०॥
पर्यायशः कटिश्छिन्ना बाह्वोः शिरसि पल्लवौ । ७१

अभिनवभारती

अस्य च पुनः पुनरात्मसम्भावनाप्रधाने वाक्यार्थेऽभिनेतव्ये प्रयोगः । यथा—"भीउणजाणमिहरसू भवउकजो" ॥६९॥

(१०) अर्धनिकुट्टकम् ।

चरममेवार्धं लक्षणम् । आद्येन तु निकुट्टितस्य हस्तस्य युक्त्या लक्षणं कृतम् । अल्पपल्लव इति वक्तव्ये कुञ्चितग्रहणं क्रियाविशिष्टत्वप्रदर्शनार्थम् ।

"आवर्तिन्यः करतले यस्याङ्गुल्यो भवन्ति हि ।
पार्श्वगाल्ता विकीर्णाश्च स हस्तस्त्वल्पपल्लवः ॥" (ना. शा. ९)

शङ्कुकादिभिस्त्वञ्चनं देहाभिमुख्येन पृष्ठभागेन, मनागनञ्चनमिति व्याख्यायि(?)तं नाम्ना न सङ्गतमित्यास्ताम् ।

मधुसूदनी

(१०) अर्धनिकुट्टकम्,

तदुक्तम्—

तदेवार्धनिकुट्टं स्यादेकेनाङ्गेन चेत्कृतम् ।
अप्ररूढवचः प्रोक्ते तत्रैवार्थे नियुज्यते ॥ सं० र० ७ ॥७०॥

बालक्रीडा

(मूल) ऐसे निकुट्टित हस्त के अर्धभाग के योग से जहां अभिनय किया जाय वह अर्धनिकुट्टक कहलाता है । जिसमें कन्धा अञ्चित ऊपर को उठा हुवा रहे और हस्त की अंगुलियां अभिमुख हो ॥७०॥

अपेक्षा है । और एवकार से कहते हैं कि दक्षिण पैर से जब अभिनय करें तब दक्षिण पैर ही उद्घट्टित है और बाम पैर से जब अभिनय करें तब बाम पैर ही उद्घट्टित है । अतः मण्डलस्थानक में चतुरश्र हाथों का अभिनय करता हुआ खड़ा होके बाद में उद्वेष्टित करण से दक्षिण हाथ को दक्षिण कन्धे पर ले जाकर निकुट्टन करे (निकुट्टन का स्वरूप अभी ऊपर कह दिया गया है) उसीके अनुसार दक्षिण पाद को उद्घट्टित करे । उसके बाद यथावस्थित बाम हाथ को आविद्ध वक्र वर्त्तना के द्वारा चतुरश्र करे और उसी समय उक्त विधि से बायें कन्धे पर ले जाकर निकुट्टन करे । यह योजना है । इसका अभिनय आत्म संभावना परक वाक्यार्थ जब अभिनेतव्य हो तब करे । जैसे—भीरण इति ॥६९॥

(१०) अर्धनिकुट्टक

उत्तरार्ध ही लक्षण है । पूर्वार्ध में तो निकुट्टित हस्त का लक्षण युक्ति के द्वारा कर दिया है । अल्पपल्लव हस्त का विनियोग यहाँ होता है ऐसा कहना चाहिये था तब निकुट्टित

पुनः पुनश्च करणं कटिच्छिन्नं तु तद्भवेत् ॥७१॥
अपविद्धकरः सूच्या पादश्चैव निकुट्टितः । ७२

अभिनवभारती

अस्य च प्रयोगः, स्वोत्सम्भावनाविषय एवाप्ररूढे वाक्यार्थे । यथा—"हुउ-परपरिवध उद्घटइव" ॥७०॥

(११) कटिच्छिन्नम् ।

"कटिमध्यस्य वलनाच्छिन्ना ।" (ना. शा. ९)
पर्यायश इत्युभयशेषः ।

"मणिबन्धनमुक्तौ तु पताकौ पल्लवौ स्मृतौ ।" (ना. शा. ९)
योजना तु—भ्रमरिका (ना. शा. १०) चार्या पर्यायेण पार्श्वद्वयभ्रमणं कृत्वा मण्डलस्थानके (ना. शा. १०) स्थित्वा बाहुशिरसि च पल्लवं, अत्र पताकालपल्ल-बन्धछायाद्वितीयत्वं पर्यायेण विधिद्विधेयः । पुनरपरेणाङ्गेनैवमिति । त्रिश्चतुर्वैपेक क्रिया ।

मधुसूदनी

(११) कटिच्छिन्नम् ,

तदुक्तम्—

पार्श्वेन भ्रमरीं कृत्वा मण्डलस्थानके स्थितः ।
कृत्वा छिन्नां कटीमेकां बाह्वोः शिरसि पल्लवम् ॥
करमङ्गान्तरेणैवं यत्र त्रिचतुराः कृताः ।
आवृत्तयः कटीछिन्नं तद् विस्मयनिरूपणे ॥ सं० र० ७ ॥७१॥

बालक्रीड़ा

(मूल) पर्याय अर्थात् पारी पारी से एक बार छिन्ना कटि का फिर एक बार कन्धे पर पल्लव का अभिनय जहाँ पुनः पुनः अर्थात् तीन चार बार किया जाय वह कटिच्छिन्न होता है ॥७१॥

का ग्रहण किसी विशिष्ट क्रिया का प्रदर्शक है। जिसके करतल में अंगुलियों का आवर्तन होता है। बाद में वे ही अंगुलियाँ पार्श्व में विप्रकीर्ण हो जाँय वह हस्त अलपल्लव है। इसका अलपद्म भी एक नाम है। शंकुक वगैरह ने-सम्मुख भाग से देहका अञ्चन हो परन्तु पृष्ठ भाग से मनाक् थोड़ासा भी अञ्चन नहीं हो ऐसी अर्धनिकुट्टित की व्याख्या की है किन्तु नाम के हिसाब से यह व्याख्या संगत नहीं है। इस लिए रहने दिय ज.प। इसका प्रयोग अपनी सम्भावना के विषय में ही होता है। जहाँ वाक्यार्थ प्ररूढ नहीं हो। जैसे हुउपर इत्यादि में ॥७०॥

(११) कटिच्छिन्न

जिसमें मध्यभाग का वलन टेढ़ापन हो वह छिन्ना कटि कहलाती है। पर्यायशः

**सन्नतं यत्र पार्श्वं च तद्भवेदर्धरेचितम् ॥७२॥**
**स्वस्तिकौ चरणौ यत्र करौ वक्षसि रेचितौ ।**

### अभिनवभारती

"अविक्रान्तक्रमं कृत्वा त्रिकं तु परिवर्तयेत् ।
द्वितीयपादभ्रमणात्तलेन भ्रमरी स्मृता ॥" ( ना. शा. १० )
"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य पुरतः सम्प्रसारयेत् ।
उत्क्षिप्य पातयेच्चैनमतिक्रान्ता तु सा स्मृता " ( ना. शा. १० )

विस्मयप्रधानवाक्यार्थाभिनये चास्य प्रयोगः । यथा—"एभि ऊ० वि० खु गिळत्थ गिलित्थ ऊ० बोक० वदाणहुणं भूकुल्लवणइ" । विस्मयप्राधान्यस्थापनार्थैवात्र पल्लवस्यादौ प्रयोगः "अद्धक्खि आ" इत्यादौ ॥७१॥

### (१२) अर्धरेचितम् ।

"हस्तौ तु सर्पशिरसौ मध्यमाङ्गुष्ठकौ यदा ।
तिर्यक्प्रसारितास्यौ च तदा सूचीमुखौ स्मृतौ ॥" (ना. शा. ९)

### मधुसूदनी

### (१२) अर्धरेचितम् ,

तदुक्तम्—

मण्डले स्थानके स्थित्वा वक्षःस्थः खटकामुखः ।
सूचीमुखश्चापसार्य यदा तस्यालिके कृतः ।
अंघ्रिरुद्घट्टितः पार्श्वं सन्नतं चापसारणे ॥
तदर्धरेचितं प्रोक्तमसमञ्जसचेष्टने ॥ सं.र.७ अ ॥७२॥

### बालक्रीडा

(मूल) सूचीमुख हस्त की प्रक्रिया से कर को अपविद्ध याने अपने निकट में वक्षःस्थल में नियुक्त करे और पार्श्व को सम्यक् सुन्दरता से झुकाता हुआ पैर को निकुट्टित करे तब अर्धरेचित करण बनता है ॥७२॥

इसका अन्वय दोनों तरफ होता है । मणि बन्ध स्थल में तो शिथिल हुए पताक हस्त ही पल्लव माने गये हैं ।

योजना तो—भ्रमरी नामक चारी के द्वारा चारी २ से दोनों पार्श्वों में भ्रमण एवं मण्डल स्थानक में स्थिति करके कन्धे पर पल्लव हस्त का अभिनय करे । यहाँ पताक और अलपल्लव की छाया से अद्वितीयत्व को धारण करने वाला पल्लव चारी २ से विधेय है । पुनः इसी प्रक्रिया को दूसरे अंग से इसी प्रकार करे तीन चार बार यहाँ क्रिया होनी चाहिए । विस्मय सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में इसका प्रयोग होता है । जैसे राभिव्र । यहाँ विस्मय की प्रधानता की स्थापना करने के लिए ही आरम्भ में पल्लव का प्रयोग कहा है । जैसे "अद्धक् खिअ " इत्यादि में ॥७१॥

निकुञ्चितं तथा वक्षो वक्षस्स्वस्तिकमेव तत् ॥७३॥
अञ्चितेन तु पादेन रेचितौ तु करौ यदा ।

अभिनवभारती

योजना तु-मण्डल एव स्थानके स्थित्वा करो वक्षसि खटकामुखः सूचीमुखेन हस्तेनाप गमपूर्वकं विद्धो निकटयोजितः तदपसारणे च पार्श्वं सम्यक्सौष्ठवेन नतं, पादश्च निकुट्टितस्तदा कायार्धस्य पर्यायेण रेचनाद्बहिर्गमनादर्धरेचितम् । एतच्चासमञ्जसचेष्टाप्रधानवाक्यार्थाभिनये । यथा—"गिरिगिइइल०र्मुं चोलक्कजनुकारण" इत्यादौ ॥७२॥

(१३) वक्षःस्वस्तिकम् ।

वक्षसि तौ हस्तौ चतुरस्रौ स्थितौ तौ रेचितौ कृत्वा व्यावृत्तकरणेनानीय निकुञ्चिते आभुग्ने वक्षसि स्वस्तिकौ कार्यौं । हस्तस्वस्तिकानुसारेण च पादावन्योन्यं जङ्घानुगुल्फवलनेन स्वस्तिकौ कार्यौं ।

मधुसूदनी

(१३) वक्षः स्वस्तिकम्,

यथोक्तम्,

चतुरस्रौ करौ वक्षः स्थितौ कृत्वाऽथ रेचितौ ।
व्यावर्त्तितेन चानीयाभुग्ने वक्षसि यत्र तौ ॥

बालक्रीडा

(१२) अर्धरेचितक

अतिकान्त चारी में कहे हुए कुञ्चित पाद का उत्क्षेपण करके भुजंग त्रासित की तरह त्र्यश्र ऊरु का विवर्तन करे फिर दूसरे पैर के भ्रमण से त्रिक रीढ को घुमा दे तब भ्रमरी चारी होती है। पहिले पैर को टेढ़ा करके उठावे फिर सामने में फैला दे। फिर उठावे और गिरा देवें तब अतिक्रान्ता चारी मानी गई है।

जब चतुरश्र स्थानगत अधोशिरा हस्त का अंगुष्ठ मध्यमा अंगुली में निविष्ट कर दिया जाय और मुख याने तर्जनी के अग्रभाग को पार्श्व की तरफ तिरछा फैला दिया जाय तब सूची हस्त होता है। अब योजना बतलाते हैं। योजना तो—अभिनेता मण्डल नामक स्थान में अवस्थित होकर अपने वक्षः स्थल पर खटकामुखाकार हाथ को सूचीमुख की प्रक्रिया से हटाता हुआ अपने निकट ले आवे। पुनः उसके अपसारण के समय बड़ी सुन्दरता से पार्श्व भाग को झुकावे। और पैर को निकुट्टित करे। तब शरीर के आधे हिस्से को पारी २ से बाहर की तरफ गतिशील करे इस तरह यह अर्धरेचित करण निष्पन्न होता है। इसका प्रयोग असमञ्जस चेष्टा (के सूचक) प्रधान वाक्यार्थ के अभिनव के समय में होता है। जैसे गिरि इत्यादि में ॥७२॥

**उन्मत्तं करणं तत्तु विज्ञेयं नृत्तकोविदैः ॥७४॥**
**हस्ताभ्यामथ पादाभ्यां भवतः स्वस्तिकौ यदा ।** ७५

## अभिनवभारती

"निम्नमुन्नतपृष्ठं च व्याभुग्नांसं श्लथं क्वचित् ।
आभुग्नं तदुरः ।" (ना. शा. ९)

अत्र च नृत्तयोगात्सौष्ठवप्राधान्यमिति । भुग्नांसमिति । अंसौ हस्तापेक्षया । लज्जितजातानुतापप्रधाने वाक्यार्थे एवास्य प्रयोजनम् । यथा—"भुंजइ सदेसदेसं धाइंति बहिः णि अमित एव बंसतिण्णवत्तसिः अनु अन्नअविरंहीम ।" ॥७३॥

### (१४) उन्मत्तकम् ।

"पार्ष्णिर्यत्र स्थिता भूमावूर्ध्वमग्रतलं तथा ।
अङ्गुल्यश्चाञ्चिताः सर्वाः स पादोऽञ्चित उच्यते ॥" (ना. शा. ९)

आविद्धचार्यां चास्य प्रयोगः ।

## मधुसूदनी

स्वस्तिकौ स्वस्तिकौ पादौ तद्वक्षः स्वस्तिकं मतम् ।
अनाभुग्नांसमेतत्र योज्यं लज्जानुतापयोः ॥ सं.र. ७ ॥७३॥

### उन्मत्तकम् , (१४)

यथोक्तम् ,

चार्याविद्धाञ्चितपदे पर्यायाद्रेचितः करः ।
यत्रोन्मत्तं तु तद्वैवे सौभाग्यादिसमुद्भवे ॥ सं.र. ७ ॥७४॥

## बालक्रीडा

(मूल) जहाँ स्वस्तिक हाथ और स्वस्तिक पैर रहे और वक्षःस्थल निकुञ्चित टेढ़ा रहे तथा वक्षःस्थल से हाथों को रेचित किया जाय हटाया जाय वह वक्षःस्वस्तिक करण है ॥७३॥

### (१३) वक्षः स्वस्तिक

पहिले वक्षः स्थल में चतुरस्र नामक हाथों को रखे पुनः उनको हटा दे बाद में व्यावृत्त करके निकुञ्चित वक्षःस्थल पर स्वस्तिकाकार में रख दे । इस स्वस्तिक हस्त के अनुसार पैरों को भी परस्पर में जंघा के अनुकूल गुल्फ में सम्वलन से स्वस्तिक करना चाहिए ।

पृष्ठ भाग कभी निम्न और कभी उन्नत रहे और कन्धा शिथिल तथा हाथों की अपेक्षा से नीचे की तरफ गिरता हुआ जैसा जहाँ होवे वह उरः स्थल आभुग्न कहलाता है । यहाँ नृत्त के सम्बन्ध से सुन्दरता की प्रधानता है । "भुग्नांसम्" यह हाथों की अपेक्षा से रहेगा । इसका प्रयोग तब होता है जब लज्जित हुआ व्यक्ति अनुतप्त रहे अतः लज्जा एवं अनुताप सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में ही इसका प्रयोग करना चाहिए । जैसा 'भुंजइ सदेसदे' इत्यादि में ही ॥७३॥

**तत्स्वस्तिकमिति प्रोक्तं करणं करणार्थिभिः ॥७५॥**
**विक्षिप्ताक्षिप्तबाहुभ्यां स्वस्तिकौ चरणौ यदा ।** ७६

अभिनवभारती

"स्वस्तिकस्याग्रतः पादः कुञ्चितस्तु प्रसारितः ।
निपतेदञ्चिताविद्धमाविद्धा नाम सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०)
एकवचनद्विवचनाभ्यामङ्गपर्यायः सूच्यते । एतस्यातिसौभाग्यादिजनितगर्वविषयः प्रयोगः । यथा —"इंतिइएण इद्दहि कद विमालरित्तवखिइ ।" ॥७४॥

(१५) स्वस्तिकम् ।

उद्वेष्टितवर्तनया वामहस्तौ निष्क्रमण्य निष्कास्य व्यावर्तितस्य करणसमकाल-मुत्प्लुत्य युगपदेव हस्तपादस्य स्वस्तिकं रचयेत् । करणार्थिभिरिति । वाक्यार्थाभिनय-

मधुसूदनी

(१५) स्वस्तिकम् ,

यथोक्तम् ,

उद्वेष्टितेन निष्कास्य पाण्योर्व्यावर्त्तमानयोः ।
उत्प्लुत्य युगपत्तत्र कराङ्घ्रिःस्वस्तिकः ततः ।
तत्स्वस्तिकं प्रयोक्तव्यं बुधैः पूर्वोक्तवस्तुनोः ॥ सं.र. ७ ॥७५॥

बालक्रीडा

(मूल) आविद्ध जब अञ्चित किये गये पाद के साथ २ रेचित करों को प्रयुक्त करे तब उन्मत्तक करण होता है ॥७४॥

(मूल) जहाँ हस्त स्वस्तिक एवं पाद स्वस्तिक किये जाते हैं उसको करणार्थियों ने स्वस्तिक कहा है ॥७५॥

(१४) उन्मत्तक

जहाँ भूमि में एड़ी टिकी रहे रखी रहे तथा पैर का अग्रतल ऊपर को उठा हुआ रहे और उसकी सभी अंगुलियाँ अञ्चित रहे वह अञ्चित पाद कहलाता है । इसका प्रयोग आविद्धा चारी से किया जाता है । स्वस्तिक पाद के आगे टेढ़ा एवं फैलाया हुआ पैर जो आविद्ध (वक्र) एवं अञ्चित होकर गिरे वहाँ आविद्धा चारी को पाद करना चाहिए । यहाँ अञ्चितेन पादेन में एक वचन और स्वस्तिकौ करौ में द्विवचन के द्वारा यह सूचित किया कि पारी पारी से पैर एवं हाथों का विनियोग होता है । इसका अभिनय सौभाग्यादि जनित गर्व के विषय में होता है जैसा "इति इएण" इत्यादि में है ॥७४॥

(१५) स्वस्तिक

उद्वेष्टित वर्तना से बायें हाथ को बाहर निकाले फिर व्यावर्तित करन के समय में उछल कर एक साथ स्वस्तिक हस्त और स्वस्तिक पाद करे । करणार्थिभिः इसमें वाक्या-

अपक्रान्तार्धसूचिभ्यां तत्पृष्ठस्वस्तिकं भवेत् ॥७६॥
पार्श्वयोरग्रतश्चैव यत्र श्लिष्टः करो भवेत् ।

### अभिनवभारती

लक्षणा नृत्ताङ्गहाररूपा गतिपरिक्रमादिस्वभावाश्च क्रियास्ताश्च एव येऽर्थयन्त इति सर्वेषां करणानां ऽयोजनं सूचितम्। तत्र युक्त्यान्वेषणनिषेधरहस्ये च वाक्यार्थेऽभिनेतव्येऽस्य प्रयोगः। यथा "मणिचारि ते मत्थिअरुअर्ण गब्जांवणयेणवंति ह्निअंभुलणाए कि स कंमणएण" ॥७५॥

### (१६) पृष्ठस्वस्तिकम् ।

"ऊरुभ्यां वलनं कृत्वा कुञ्चितं पादमुद्धरेत् ।
पार्श्वे विनिक्षिपेच्चैनमपक्रान्ता तु सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०)
"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानूर्ध्वं सम्प्रसारयेत् ।
पातयेच्चाग्रयोगेन सा सूची परिकीर्तिता ॥" (ना. शा. १०)

### मधुसूदनी

### (१६) पृष्ठस्वस्तिकम्,

यथोक्तम्,

उद्वेष्टितक्रिया पूर्वं बाह्वोर्विक्षिप्यमाणयोः ।
कृत्वा चारीमपक्रान्तां क्रियमाणेऽपवेष्टने ॥
रेचयित्वाऽन्यचरणं सूचीस्वस्तिकमाचरेत् ।
यत्रार्ङ्घ्रिभ्यां कराभ्यां च तत्पृष्ठस्वस्तिकं भवेत् ॥
एतन्निषेधराभस्यपरान्वेषण भावयो ।
प्रयुक्तं नाट्यतत्त्वज्ञैरन्यैर्युद्धपरिक्रमे ॥ सं.र. ७ ॥७६॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) इधर उधर दोनों हाथों के विक्षेपण के साथ २ अपक्रान्ता चारी के विनियोग के द्वारा द्वितीय पैर से सूची का विधान करके पादस्वस्तिक जब करे तब पृष्ठ स्वस्तिक होता है ॥७६॥

अभिनवलक्षणा नृत्ताङ्गहाररूपा गतिपरिक्रमादिस्वभावा क्रिया करण पद से विवक्षित है। उसके लिए जो अर्थवान् है अर्थात् जो उसको करना चाहते हैं। मध्य में इस प्रकार कहने की शैली से यह सूचित किया कि सभी करणों का प्रयोजन यही है। जहाँ खोज एवं निषेध सूचक वाक्यार्थ अभिनेतव्य हो वहाँ युक्ति के साथ इसका प्रयोग होता है। जैसा—"मणिचारी" में ॥७५॥

### (१६) पृष्ठ स्वस्तिक

ऊरुओं से वलन करके अर्थात् ऊरुओं को साथ मिलाकर एक पैर को कुञ्चित करके उठावे फिर बगल में उसको गिरावे तब अपक्रान्ता चारी मानी गई है। कुञ्चित किए हुए

**स्वस्तिकौ हस्तपादाभ्यां तद्दिक्स्वस्तिकमुच्यते ॥७७॥**
**अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेद्दक्षिणं करम् ।** ७८

### अभिनवभारती

अर्धशब्देन द्वितीयस्मिन्पादे सूची कार्या। न तु तस्मिन्नेव पर्यायेणेत्याह। तेनेत्थं योजना उद्वेष्टितक्रियया बाहुद्वयविक्षेपसमकालमपकान्ता चारी। तथा अपवेष्टितकरणसमकालं द्वितीयेन पादेन सूचीं विधाय स्वस्तिकं पादाभ्यां तथा हस्ताभ्यां कुर्यादिति। पृष्ठे पाश्चात्ये समे यत्स्वस्तिकं तथा दक्षिणपृष्ठे वामपादेन स्वस्तिकं त्रिकवलनया च पराङ्मुखीभूय स्वस्तिकमिति पृष्ठस्वस्तिकम्। प्रयोगोऽस्योक्तविषय एव। अन्ये तु पृष्ठविषये हस्ताभ्यां स्वस्तिकमिच्छन्तो युद्धविषये परिक्रमेऽस्य प्रयोगमाहुः ॥७६॥

(१७) दिक्स्वस्तिकम्।

हस्ताभ्यामथेत्यादिना यत्पश्चात्स्वस्तिकाख्यं करणमुक्तं तदेव यदा पार्श्वयोरग्रे चकारात्पृष्ठे चतुर्दिङ्मुखेष्ववर्तितेनाङ्गेन क्रियतेऽत्र एवाङ्गश्लिष्ट इति। तदा

### मधुसूदनी

(१७) दिक्स्वस्तिकम्,

यथोक्तम्,

पार्श्वयोरग्रतः पृष्ठे स्वस्तिकोऽत्र दिशं गतः।
कराङ्घ्री रेचितौ यत्र तद्दिक्स्वस्तिकमुच्यते ॥
तद्गीतपरिवर्त्तेषु विनियुक्तं पुरातनैः।
स्वस्तिकप्रक्रियेषा स्यात् स्वस्तिकोत्तयन्तरेष्वपि ॥ सं.र. ७ ॥७७॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ बगल में और अग्रभाग में हाथ से हाथ श्लिष्ट रहे। और पादों एवं हस्तों से स्वस्तिक किया जाय वह दिक्स्वस्तिक कहलाता है ॥७७॥

पैर को ऊपर उठाकर दूसरे पैर को जानु पर फैलादे। फिर अग्रभाग से उसको गिरा दे वह सूची चारी कही जाती है। अर्ध शब्द ने यह सूचित किया कि द्वितीय पैर में सूची करनी चाहिए। न कि उसी पैर में पारी पारी से। इसलिए इस प्रकार यहाँ योजना है। उद्वेष्टित क्रिया से दोनों हाथों के विक्षेपण के समय में ही अपकान्ता चारी होती है। उसके अनुसरण से अपवेष्टित करने के समय में द्वितीय पैर से सूची बनाकर दोनो पावों में स्वस्तिक तथा दोनों हाथों से स्वस्तिक करे। सम बाम पृष्ठ में जो दक्षिण पाद से स्वस्तिक तथा दक्षिण पृष्ठ में जो वाम पाद से स्वस्तिक है। वह कि हड्डी को घुमाकर पीछे की तरफ स्वस्तिक किया जाता है अतः यह पृष्ठ स्वस्तिक है। इसका प्रयोग स्वस्तिक में कहे हुए विषय में ही होता है। अन्य लोग तो पीछे की तरफ हस्तों से स्वस्तिक करना चाहते हैं वे लोग युद्ध विषयक परिक्रमण में इसका प्रयोग बतलाते हैं ॥७६॥

**ऊर्ध्वजानुक्रमं कुर्यादलातकमिति स्मृतम् ॥७८॥**
**स्वस्तिकापसृतः पार्श्वः करौ नाभिकटिस्थितौ ।** ७८

पाद॰

### अभिनवभारती

दिक्स्वस्तिकमिति । अनेन मध्ये निरूपितेन सर्वेषां करणानामित्थं प्रयोगमनुजानीते । प्रयोगश्चास्य गीतपरिवर्तेषु । यद्वक्ष्यति "यदा गीतिवशादङ्गं भूयो भूयो निवर्तते" (ना. शा. ४) । इत्यादि ॥७७॥

(१८) अलातकम् ।

"पृष्ठे प्रसारितः पादो वलितेनान्तरीकृतः ।
पार्ष्णिप्रपतिता चैवमलाता सा प्रकीर्तिता ॥" (ना. शा. १०)

अंसादिनिष्क्रमणं व्यंसयेदिति । तं च नृत्तहस्तं (नितम्बहस्तं) दक्षिणेन रचयति । यत्—

### मधुसूदनी

(१८) अलातकम्,

यथोक्तम्,

चार्यलाता नितम्बश्च करोऽथ चतुरश्रकः ।
एतद्दक्षिणतो वाम ऊर्ध्वजानुस्तथैव चेत् ।
अंगान्तरं तदालातं नृत्ते सललिते मतम् ॥ सं.र. . ॥७८॥

### बालक्रीडा

(मूल) अलात चरण का विधान करके दाहिने हाथको व्यंसित अर्थात् अंस (कन्धे) से ऊपर निकाल दे । और द्वितीय पैर का ऊपर की तरफ विक्षेप करे तब अलातक करण होता है ॥७८॥

(१७) दिक् स्वस्तिक

हस्ताभ्यामथ इत्यादि से जो पहिले स्वस्तिक नामक करण को कहा है । वही करण जब अगल एवं बगल तथा आगे और पीछे चारों तरफ अविच्छिन्न हाथ से किया जाता है अतएव यह अंगश्लिष्ट होता है तब इसको दिक्स्वस्तिक कहते हैं । करणों के मध्य में निरूपण किये गये इस दिक्स्वस्तिक से सभी करणों का इसी प्रकार प्रयोग करना चाहिए इसकी अनुज्ञा आचार्य देते हैं । इसका प्रयोग गाने के समय में जो अंगों का संचालन गवैये लोग करते हैं उसमें होता है । जैसा कि कहेंगे—जब गीति के अनुसार अंगों का बार बार परिवर्तन होता है ॥७७॥

(१८) अलातक

जहाँ पीछे की तरफ फैलाया हुआ पैर टेढा करके भीतर की तरफ कर लिया जाय । और पार्ष्णि एड़ी जमीन में टिकी रहे वह अलाता नामक आकाश चारी है । अंस से कर के

**पार्श्वमुद्वाहितं चैव करणं तत्कटीसमम् ॥७८॥**
**हस्तौ हृदि भवेद्वामः सव्यश्चाक्षिप्तरेचितः ।** ८०

### अभिनवभारती

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानुस्तनसमं न्यसेत् ।
द्वितीयं च क्रमं तूर्ध्वमूर्ध्वजानुः प्रकीर्तितः ॥" (ना. शा. १०)

तत्चारीनिवेशाच्च पादस्याप्यलातादिसंज्ञा । एवं सर्वत्र ।

बाहुशीर्षाद्विनिष्क्रान्तौ नितम्बाविति कीर्तितौ ॥" (ना. शा. ९)

योजना तु—दक्षिणपादेनालातां चारीं प्रयुञ्जानो दक्षिणहस्तेन नितम्बं कृत्वा चतुरश्रमेव कुर्यात् । वामेन पादेनोर्ध्वजानुं ततो वामेनाप्यङ्गेन । एवमिहाऽप्यलातचार्या द्विः प्रयोगात्तन्नामधेयमेवेदं करणम् । प्रयोगश्चास्य ललितनृत्तविषये । यथा—"देवं हं उणवशर्मि" इत्यादौ ॥७८॥

## (१९) कटीसमम् ।

स्वस्तिकादनन्तरमपसृत इत्यनेन आक्षिप्तायाश्चार्या अनन्तरमपक्रान्तायाश्चार्याः प्रयोगमाह । चकारेण पार्श्वं नतमवधृतम् । तत एको नाभिस्थः खटकः । एवमपरः कट्यामर्धचन्द्रः । तदेव पार्श्वं नतमपरमुद्वाहितं द्वितीयेनाङ्गेन ।

### मधुसूदनी

(१९) कटीसमम्,

यदुक्तम्,

आक्षिप्तामप्यपक्रान्तां चारीं कृत्वा करद्वयम् ।
स्वस्तिकीकृत्य नाभिस्थो दक्षिणः खटकामुखः ॥
कट्यामन्योऽर्धचन्द्रश्च कुर्वः पार्श्वञ्च सन्नतम् ।
अन्यदुद्वाहितं यत्र वृत्तिरंगान्तरैस्तथा ॥
तत्कटीसममादिष्टं वैष्णवस्थानकान्वितम् ।
प्रयोज्यं सूत्रधारेण जर्जरस्याभिमन्त्रणे ॥ सं.र. ॥७९॥

### बालक्रीडा

विनिष्क्रमण को कहते हैं व्यंसयेत् इति । उस व्यंसित हस्त को दाहिनी तरफ से घुमाकर नितम्बहस्त करे । एक पैर को सिकोड़ कर जानु और स्तन के बराबर रखे । दूसरे पैर को ऊपर की तरफ उठावे वह ऊर्ध्व जानु नामक आकाश चारी है । इन्हीं चारियों से पैर के निवेश करने से पैर की अलातादि संज्ञा है । इसी तरह सभी जगह समझो । बाहुशीर्ष माने कन्धों से हाथों के निष्क्रमण को नितम्बहस्त कहते हैं । योजना तो—दाहिने पैर से अलाता चारी का प्रयोग करता हुआ दाहिने हाथ से नितम्ब को कर के चतुरश्र करे । बायें पैर को उठाकर जानु पर रखे । या बाँये पैर से उपलक्षित ऊर्ध्व जानु करे । फिर बाँये

## अभिनवभारती

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य आक्षिप्य स्वस्तिकं न्यसेत् ।
जङ्घास्वस्तिकसंयुक्तमाक्षिप्ता नाम सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०)
"उत्क्षिप्तवक्रा तु यदाऽनामिका सकनीयसी ।
अस्यैव तु कपित्थस्य तदासौ खटकामुखः ॥" (ना. शा. ९)
"यस्याङ्गुल्यस्तु विनताः सहाङ्गुष्ठेन चापवत् ।
सोऽर्धचन्द्रः" (ना. शा. ९)
"उद्वाहितं तूर्ध्वंगतमुरो ज्ञेयम्" इति । (ना. शा. ९)

तत्पार्श्वमप्युद्वाहितम् । वैष्णवं चात्र स्थानकं कटिसमं तत्संबन्धाद्धभ्यते ।

"द्वौ तालावर्धतालश्च पादयोरन्तरं भवेत् ।
तयोः समस्थितस्त्वेकः त्र्यश्रः पक्षस्थितोऽपरः ॥
किञ्चिदञ्चितजङ्घं च सौष्ठवाङ्गपुरस्कृतम् ।
वैष्णवं स्थानमेतद्धि विष्णुरत्राधिदैवतम् ॥" (ना.शा. १०)

जर्जराभिमन्त्रणावसरे सूत्रधारेणायं प्रयोक्तव्यः ॥७९॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ स्वस्तिक कर के बाद अपसृत पार्श्व किया जाय और नाभि एवं कमर पर हाथों को रखा जाय तथा उद्वाहित उभरी छाती की जाय वह करण कटीसम कहलाता है ॥७९॥

अंगों से भी । इस प्रकार यहाँ पर अलाता चारी का दो बार प्रयोग किया है अतः उसी के नाम वाला यह अलात करण है । इसका अभिनय ललित नृत्त में होता है । जैसा कि "देवं हे" इत्यादि में ।

### १९ "कटीसम"

"स्वतिक कर के बाद अपसृत पार्श्व है इससे आक्षिप्ता चारी के बाद अपक्रान्ता चारी का प्रयोग करे ऐसा कहा । चारियों के बाद नाभि के ऊपर एक खटकामुख हस्त इसी प्रकार कमर पर दूसरा अर्धचन्द्र । उसी के ऊपर पार्श्व नत को दूसरे द्वितीय अंग से उद्वाहित उभरी हुई छाती को करे । उद्वाहितं च के चकार से पार्श्व नत का भी उपयोग होता है । यह सूचित किया । एक पैर को सिकोड़ कर दूसरे को फैलाकर सीधा रखे । और जंघा एवं स्वतिक कर का संयोग रहे वह आक्षिप्ता चारी मानी गई है । जब इसी कपित्थ नामक हाथ की कनिष्ठिका रहित अनामिका अंगुली को खड़ी कर के वक्र करे तब वह खटकामुख हो जाता है ।

जिस हाथ की अंगुलियाँ अंगूठे के साथ २ धनुष की तरह झुकी रहे वह हस्त अर्धचन्द्र है । ऊर्ध्व गत उरः स्थल अर्थात् ऊभरी हुई छाती को उद्वाहित समझना चाहिए । उस उद्वाहित उरः स्थल के पार्श्व में भी उद्वाहित समझो । यहाँ इस करण में वैष्णव नामक स्थानक है । उसी के सम्बन्ध से यह करण कटिसम संज्ञा को प्राप्त करता है । दो पैरों के

रेचितश्चापविद्धश्च तत्स्यादाक्षिप्तरेचितम् ॥८०॥
विक्षिप्तं हस्तपादं च तस्यैवाक्षेपणं पुनः ।

अभिनवभारती

( २० ) आक्षिप्तरेचितम् ।

हृदयक्षेत्रे वामः सव्यश्च यो हस्तः स आसमन्तादित्यूर्ध्वे पार्श्वद्वये च व्यावर्तितकरणेन क्षिप्तः स रेचितो हंसपक्षद्रुतभ्रमात्मा । (ना.शा. ९-१९३) । तत्र एक आक्षिप्तः स्ववक्षोदेशमधोमुख आनीतोऽपरश्च रेचितः सन्नपविद्धः । गात्रक्षेत्रान्निष्कामित इत्याक्षिप्तरेचितं करणम् । पादावत्र प्रयोगानुसारेण अञ्चितसूचीरूपेण । त्यागोपादानपरम्परात्मनि च वाक्यार्थेऽभिनेतव्येऽस्य प्रयोगः । यथा "हण्डे चिसुणह एइं वइइं वण" इत्यादौ ॥८०॥

मधुसूदनी

(२०) आक्षिप्तरेचितम्,

यदुक्तम्,

हस्तौ हृत्क्षेत्रगौ यत्र व्यावृत्योर्ध्वे च पार्श्वयोः ।
क्षिप्तैकं हंसपक्षञ्च द्रुतभ्रममधोमुखम् ॥
वक्षः प्राप्यापरं तादृग्भूतं निष्कामयेत्ततः ।
पादावञ्चितसूच्यौ च तत्स्यादाक्षिप्तरेचितम् ॥
अनेनाभिनये त्यागपरिग्रहपरम्पराम् । सं० र० ॥८०॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ दाँया और बाँया हाथ हृदय के ऊपर आक्षिप्त हुआ रेचित होता है और फिर रेचित हुआ अपविद्ध होता है वह आक्षिप्त रेचित करण है ॥८०॥

बीच में एक ताल या दो ताल का अन्तर अवकाश होना चाहिए । उनमें एक पैर समान-रूप से स्थित रहे और दूसरा पैर त्र्यस्र एवं पक्ष स्थित रहे अर्थात् द्वितीय पैर की अंगुलियां आगे की तरफ नहीं होकर पार्श्वाभिमुख रहे । अचंचल अकुब्ज स्वस्थानविश्रान्त गात्र एवं नात्युन्नत घुटनों को झुका देने से जंघा जिस में कुछ टेढ़ी हो जाय वह वैष्णव स्थानक होता है ।

जर्जर के अभिमंत्रण के अवसर पर सूत्रधार इसका प्रयोग करता है ॥७९॥

२० "आक्षिप्तरेचित"

वक्षःस्थल पर रखा हुआ जो दाँया एवं बाँया हाथ है उसको (आक्षिप्त में जो आशब्द है उसका अर्थ है समन्तात्) चारों तरफ याने ऊपर तथा अगल बगल में व्यावर्तित कर के फेंके जिसके फलस्वरूप वह प्रत्येक हस्त हंस के पक्ष की तरह शीघ्र घूमने वाला रेचित बन जाता है । इसलिए एक हाथ आक्षिप्त अर्थात् अपने वक्षःस्थल से नीचे की तरफ लाया गया और दूसरा रेचित हुआ अपविद्ध होता है । गात्र क्षेत्र से निकाला गया है अतःआक्षिप्तरेचित

**यत्र तत्करणं ज्ञेयं विक्षिप्ताक्षिप्तकं द्विजाः ॥८१॥**
**स्वस्तिकौ चरणौ कृत्वा करिहस्तं च दक्षिणम् ।** ८२

### अभिनवभारती

### ( २१ ) विक्षिप्ताक्षिप्तकम् ।

एकस्य हस्तस्य व्यावर्तनकरणकाले पादस्य बहिर्निष्क्रमणलक्षणे विक्षेपः। द्वितीयहस्तस्तु चतुरस्र एव । पुनः परिवर्तितकरणेन तस्य हस्तपादस्याक्षेपो द्वितीयस्य विक्षेपः । गमनागमनप्रधाने वाक्यार्थे चास्य प्रयोगः ।

यथा—" आवर्तउजंतउ पुणं रगइदम् " इत्यदाविति केचित् ।

उपाध्यायास्त्वाहुः—अभिनयहस्ता ये वक्ष्यन्ते तत्प्रधानस्य करणस्य वाक्यार्थाभिनये प्रयोगः । न तु केवलवर्तनाप्रधानस्य केवलनृत्तहस्तप्रधानस्य वा ।

### मधुसूदनी

### (२१) विक्षिप्ताक्षिप्तकम्,

यदुक्तम्,

हस्ते व्यावर्त्यमाने तु सोऽङ्घ्रिर्विक्षिप्यते बहिः ।
चतुरस्रः परः पाणिः पूर्वोऽथ परिवर्त्यते ॥
पाणिराक्षिप्यते चाङ्घ्रिर्यत्रागं चान्यदीदृशम् ।
विक्षिप्ताक्षिप्तकं तत्स्याद्गतागतनिरूपणे ॥
इमे तु नाट्यतत्त्वज्ञा विनियोगं न मन्वते ।
वाक्यार्थाभिनयस्तत्र यत्राभिनयहस्तकाः ॥

### बालक्रीडा

(मूल) जिस हाथ एवं पैर का एक बार विक्षेपण किया है उसी का पुनः आक्षेपण जहाँ किया जाय उसे हे ब्राह्मणों ? । विक्षिप्ताक्षिप्तक समझो ॥८१॥

नाम वाला वह करण है । प्रयोग के अभिनय के अनुसार यहाँ पर पद अंचितसूची के आकार में रहेंगे । त्याग एवं उपादान की परम्परा जिसमें रहेगी उस वाक्यार्थ के अभिनय में इसका प्रयोग करना चाहिए । जैसा "हण्डे चिलुणइ" इत्यादि में ॥८०॥

२१ "विक्षिप्ताक्षिप्तक"

पहले हाथ के व्यावर्त्तन करने के समय में पाद का अपनी सीमा से बाहर निकलना विक्षेप है । किन्तु दूसरा हाथ चतुरस्र ही है । फिर परिवर्तित करने से उस पहिले हाथ एवं पैर का आक्षेप और द्वितीय हाथ एवं पैर का विक्षेप होता है । इसका प्रयोग गमनागमन प्रधान वाक्यार्थ में होता है । जैसे कि कोई कहते हैं "आवर्तउजंतउ" इत्यादि में ।

उपाध्याय जी तो कहते हैं कि जिन अभिनय हस्तों (संयुतहस्त, असंयुतहस्त एवं नृत्त हस्त) कों आगे कहेंगे । उन ३ अभिनयों से ही युक्त करण के सूचक वाक्यार्थ के अभिनय

**वक्षःस्थाने तथा वाममर्धस्वस्तिकमादिशेत् ॥८२॥**

**व्यावृत्तपरिवृत्तस्तु स एव तु करो यदा । ८३**

अभिनवभारती

तस्य तु नृत्ते प्रयोगः प्राधान्येन । अन्ये तु कदाचिदङ्गस्य मोदरक्षणार्थे यथायोगमभिनयान्तराले गतिपरिक्रमे तालान्तरसन्धाने युद्धनियुद्धचारीस्थानके सञ्चारे वा प्रयोग इति । एतच्च सर्वत्रानुसरणीयम् ॥८१॥

( २२ ) अर्धस्वस्तिकम् ।

"समुन्नतो लताहस्तः पार्श्वात्पार्श्वं तु दोलितः ।
त्रिपताकोऽपरः कर्णे करिहस्तः प्रकीर्तितः ॥"
"तिर्यक्प्रसारितौ चैव पार्श्वसंस्थौ लताभिधौ ।" (ना.शा. ९)

मधुसूदनी

प्राधान्येन विधीयन्ते नृत्तमात्रपरं त्विदम् ।
अतोऽन्तरालसन्धाने गतीनाञ्च परिक्रमे ॥
तथा युद्धनियुद्धस्थचारीस्थानकसंक्रमे ।
कार्ये तालानुसन्धाने योज्यं करणमीदृशम् ॥ सं० र० ॥८१॥

(२२) अर्धस्वतिकम् ,

यदुक्तम् ,

दक्षिणः करिहस्तः स्याद्वामस्तु खटकामुखः ।
वक्षः स्थः, स्वस्तिकौ पादौ यत्रार्धस्वस्तिकन्तु तत् ॥
अन्ये करिकरस्थाने पत्त्रवञ्चितकं परम् ।
पक्षप्रद्योतकं चार्धचन्द्रं कटिगतं विदुः ॥ सं० र० ॥८२॥

बालक्रीडा

में इसका प्रयोग होता है । न कि केवल वर्त्तना वाले या नृत्त हस्तों वाले करण के । केवल वर्त्तना प्रधान या केवल नृत्त प्रधान करण की तो नृत्त में ही प्रधानता है । दूसरे तो जब कभी नाट्य के अंग की रक्षा के लिए जरूरत के अनुसार अभिनय के बीच गतियों के के प्रचार में या भिन्न २ तालों के अनुसन्धान के अवसर पर या युद्ध एवं नियुद्धचारी स्थानक रूप संचार में इसका प्रयोग होता है ऐसा कहते हैं । इस बात का अनुसरण सभी जगह में करना चाहिए ॥८१॥

(२२) अर्धस्वस्तिक

हाथी की सूंड को करिहस्त कहते हैं । नाटकों में उसके अभिनय के स्वरूप को कहते हैं कि लता के आकार में हाथ को लम्बायमान करके कभी ऊँचा करें कभी इस बगल कभी उस बगल विलोलित करे हिलावें उसके बाद कभी कान के समीप में त्रिपताक रूप में ऊँचा करे

अञ्चितो नासिकाग्रे तु तदञ्चितमुदाहृतम् ॥८३॥

### अभिनवभारती

"कटिहस्तम्" इति केचित्पठन्ति। तत्र व्याख्या कट्यां यो हस्तः पक्षप्रद्योतकः पक्षवञ्चितकश्च। वाममिति खटकास्यम् (ना.शा. ९) पादाभ्यामेव स्वस्तिकयोगादर्धस्वस्तिकम्। एतत्करणमभिनये स्वस्तिकहस्तरहितमेव ॥८२॥

### (२३) अञ्चितम्।

स एवेति योऽर्धस्वस्तिककरणे करिहस्त उक्तः स एव व्यावर्तितकरणेन यदा नासाक्षेत्रे अलपल्लवाकृतित्वादञ्चितसारणानुकारि तदञ्चितम्। एतस्य संमुखीनात्मविषये स्वातिशयकौतुकप्रधाने वाक्यार्थे प्रयोगः। यथा—एवउवेम्मकुहेऊको इति ॥८३॥

### मधुसूदनी

### (२३) अञ्चितम्,

यथा चोक्तम्,

व्यावर्तपरिवर्ताभ्यां नासादेशं गतो यदा।
करिहस्तोऽल्पपल्लवं धत्ते स्यादञ्चितं तदा॥
सम्मुखप्रेक्षणे तत्र योज्यं स्वस्यातिकौतुकात्॥ सं० र० ॥८३॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ चरणों का स्वस्तिक के रूप में करके दाहिने हस्त को करिहस्त के रूप में अभिनय करे और बाँयें हस्त को वक्षःस्थल पर रखे उसे अर्धस्वस्तिक कहना चाहिए ॥८२॥

(मूल) अर्धस्वस्तिक में जिस दाहिने हाथ का करिहस्त के रूप में अभिनय किया था उसी हाथ को व्यावृत्त करण से परिवर्तित करके जब नासिका के अग्रभाग में अञ्चित के रूप में अभिनय करे वह अञ्चित कहा गया है ॥८३॥

वह करिहस्त कहाता है। अगल-बगल में तिरछे फैलाये हुए हाथों का नाम लता है। कोई यहां करिहस्तम् के स्थान पर कटिहस्तम् पढ़ते हैं। और उसकी व्याख्या करते हैं कि कटि में जो पक्ष प्रद्योतक एवं पक्षवंचितक हस्त हैं वे ही कटिहस्त हैं। वामम् इससे खटकामुख हस्त का ग्रहण है। केवल पैरों में ही स्वस्तिक का अनुसरण यहाँ किया गया है हाथों में नहीं अतः यह अर्धस्वस्तिक कहलाता है। और यह करण अभिनय में स्वस्तिक हस्तरहित ही है ॥८२॥

### (२३) अञ्चित

वही। अर्थात् जो अर्धस्वस्तिक नामक करण में करिहस्त कहा गया है वही व्यावर्तितकरण के द्वारा जब नासाक्षेत्र नासाप्रदेश में अलपल्लव के आकार के बदौलत अञ्चित एवं उदञ्चित की सारणा याने प्रक्रिया की जाय तब वह अञ्चित है। इसका प्रयोग अपने सम्मुखीन विषय में अतीव कौतुक होने पर किया जाता है। जैसे—"एव उवे" में

कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य त्र्यस्रमूरुं विवर्तयेत् ।
कटिजानुविवर्ताच्च भुजङ्गत्रासितं भवेत् ॥८४॥
कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानुस्तनसमं न्यसेत् ।

अभिनवभारती

(२४) भुजंगत्रासितम् ।

नृत्तस्यानादिसिद्धत्वादुक्तरूपमिदं करणं निकटतो दृष्टसर्पस्येवाशङ्कितस्य त्रासाविष्टस्य गतिसंवर्ते करणीयमिति भुजङ्गत्रासितं नाम हस्तौ तु पादवशाद्व्यावर्तिपरिवर्तितौ भवतः । क्रमेणैको दोलाहस्तः (ना. शा. ९-१४८) परः खटकास्य इति । एतत्सादृश्यात्तु भुजङ्गत्रासिता चारी (ना. शा. १०-४२) वक्ष्यते । एवं करणतुल्यं नाम सर्वचारीषु वाच्यम् ॥८४॥

(२५) ऊर्ध्वजानु ।

"उत्क्षिप्ता यस्य पार्ष्णिः स्यादङ्गुल्यः कुञ्चितास्तथा ।
तथा कुञ्चितमध्यश्च स पादः परिकुञ्चितः ॥" (ना. शा. ९-२७७)

मधुसूदनी

(२४) भुजंगत्रासितम्,

यथा चोक्तम्,

भुजंगत्रासितां चारीं कृत्वोत्क्षिप्य च कुञ्चितम् ।
अङ्घ्रिमूरुकटीजानु त्र्यस्रं यत्र विवर्त्तयेत् ॥
व्यावृत्तिपरिवृत्तिभ्यामेको दोलाकरोऽपरः ।
खटकास्यस्तदन्वर्थं भुजंगत्रासितं मतम् ॥ सं० ९० ॥८४॥

बालक्रीड़ा

(मूल) जहां कुञ्चित सिकोड़े हुए पैर को उठाकर तिकोना करके ऊरु के ऊपर उसका विवर्त्तन करे इसके बाद कमर से जानु और जानु से कमर की तरफ विवर्त्तन करने से भुजंगत्रासित होता है ॥८४॥

(२४) भुजंगत्रासित

नृत्त अनादि काल से सिद्ध है अतः प्रायः उक्तरूप इस करण का अभिनय, अभिनेता को निकट में सर्प को देखने वाले व्यक्ति की तरह आशंकित अतएव त्रासाविष्ट अर्थात् भयभीत की गति के संवर्त्त माने अवरोध के समय करना चाहिए। इसीलिए इसका नाम भुजंगत्रासित है। इसमें पैरों के अनुसार व्यावर्तित एवं परिवर्तित हस्त होते हैं। उनमें क्रमशः एक दोलाहस्त तथा दूसरा खटकास्य हस्त होता है। इसी नाम के सादृश्य के बदौलत इसमें भुजंगत्रासिता चारी का अभिनय होता है। इस प्रकार करणों के नाम की तरह सभी चारियों के नाम कहने चाहिए ॥८४॥

**प्रयोगवशगौ हस्तावूर्ध्वजानु प्रकीर्तितम् ॥८५॥**

**वृश्चिकं चरणं कृत्वा करं पार्श्वे निकुञ्चयेत् ।**

### अभिनवभारती

ऊर्ध्वजानु एवं भविष्यति—कुञ्चितसमकालमेव एको हस्तः कुञ्चितस्तनसमजानूपरि चोर्ध्वमुखोऽरालो वा । तत्रापरस्तु वक्षःस्थः खटकामुखः ॥८५॥

### (२६) निकुञ्चितम् ।

वृश्चिकाख्ये करणे यः पादो वक्ष्यते "पादः पृष्ठाञ्चितस्तथा" इति (ना. शा. ४-१०८) स वृश्चिकशब्देनेहोच्यते । तेन पश्चात्प्रसारितं चरणं कृत्वा तदेकं च हस्तं शिरःपार्श्वक्षेत्रेऽरालं द्वितीयं च नासाग्रक्षेत्रानुसारि वक्षस्यरालमेव कुर्यात् ।

### मधुसूदनी

### (२५) ऊर्ध्वजानु

यथा चोक्तम्,

कुञ्चिते चरणे चार्यों चोर्ध्वजानौ यदा करः ।
तस्मिन्नधोऽलपद्मो वाऽरालश्चोर्ध्वमुखो भवेत् ॥
पक्षवञ्चितकौ चोर्ध्वे स्तनसाम्यस्थजानुनः ।
खटकास्योऽपरो वक्षस्यूर्ध्वं जानु तदोच्यते ॥ सं० र० ॥८५॥

### (२६) निकुञ्चितम्,

यथोक्तम्,

वृश्चिकं चरणं कृत्वा यत्राराल शिरः स्थले ।
तदिकं करमाधाय नासा क्षेत्रार्जवेन तु ॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) कुञ्चित यानें सिकुड़े हुए पैर को ऊपर में करके स्तन की समानकक्षा में जानु पर रखे । और हाथों का विन्यास प्रयोग के अनुसार करे वह ऊर्ध्व जानु कहाता है ॥८५॥

(मूल) जहाँ ४७वीं संख्यावाले वृश्चिक करण के अभिनय में जो चरण बतलाया

### (२५) ऊर्ध्वजानु

जिसकी एड़ी उठी हुई रहेगी और अंगुलियाँ टेढ़ी तथा मध्य भाग में कुञ्चित रहेंगी वह पैर परिकुञ्चित कहाता है । ना० शा० ९ । ऊर्ध्वजानु ऐसे होगा—पैर के कुञ्चित करने के समय में ही एक हाथ को स्तन की समान कक्षा में जानु के ऊपर अलपल्लव या अराल रूप में रक्खे । उसी समय दूसरा हाथ खटकामुख के रूप में ऊपर की तरफ करे ॥८५॥

नासाग्रे दक्षिणं चैव ज्ञेयं तत्तु निकुञ्चितम् ॥८६॥
वामदक्षिणपादाभ्यां घूर्णमानोपसर्पणे ।

अभिनवभारती

अन्ये त्वाहुः—नासाग्रे एक पताकः अन्यश्च सूच्यास्य इति । यथा एतच्चाकाशगमनोन्मुखवितर्कप्रणिधानादिप्रधानवाक्यार्थाभिनये । यथा हनूमतः 'एषोऽस्मि व्योममार्गे प्रसभमभिचरन्किं विलम्बैः' । इत्यादौ ॥८६॥

(२७) मत्तल्लि ।

चार्यप्येवंरूपैव (ना. शा. १०-२८) भविष्यति । घूर्णमानस्य ततो यान्युपसर्पणानि पादस्य तैरुपलक्षिताभ्यां पादाभ्याम् । घूर्णनं च पादस्य द्वितीयपादगुल्फस्व-

मधुसूदनी

कृतो वक्षस्यरालोऽन्यस्तद्वदन्ति निकुञ्चितम् ॥
एवद्युत्पवनौत्सुक्यवितर्कादौ प्रयुज्यते ।
अन्ये पताकसूच्यास्यावस्मिन्नासाग्रगौ विदुः ॥ सं० र० ॥८६॥

(२७) मत्तल्लि

यथा प्रोक्तम्,

गुल्फयोः स्वस्तिकं कृत्वा पादयोरपसर्पणे ।

बालक्रीडा

जायगा उसको कर के बायें हाथ को बगल में निकुञ्चित वक्र करे और दायें हाथ को नासिका के अग्र भाग में करे वह निकुञ्चित करण है ॥८६॥

(मूल) बायें एवं दायें पैरों से घूर्णमान (घूर्णन अर्थात् एक पैर का दूसरे पैर के गुल्फों

(२६) निकुञ्चित

वृश्चिक नामक करण में "पृष्ठ भाग में अञ्चित पाद" के रूप में जिस पाद को कहेंगे वह पाद यहाँ वृश्चिक शब्द से कहा गया है । इसलिए पैर की पीछे की तरफ फैलाकर एक हाथ को शिर के पार्श्व प्रदेश में अराल करे । दूसरे हाथ को भी नासाग्र प्रदेश के अनुसारी वक्षः स्थल पर अराल ही के रूप में रक्खे । दूसरे तो कहते हैं कि एक हाथ नासा के अग्र भाग में पताक नामक रहेगा और दूसरा सूचीमुख नामक रहेगा । इसका प्रयोग आकाश गमन के समय के, उन्मुख होकर किसी प्रकार के वितर्क करते समय के, एवं प्रणिधान आदि के समय के वाक्यार्थ के अभिनय में करना चाहिए : जैसा कि हनुमान की उक्ति में "यह मैं आकाश में प्रबल तेज से चल रहा हूँ अब विलम्ब की क्या आवश्यकता है । इत्यादि में ॥८६॥

(२७) मत्तल्लि

इस मत्तल्लि करण में चारी भी मत्तल्लि नामक ही होगी । जैसा कि ना० शा०

उद्वेष्टितापवेष्टितैर्हस्तैर्मत्तल्लयुदाहृतम् ॥८७॥
स्खलितापसृतौ पादौ वामहस्तश्च रेचितः । ८८
सव्यहस्तः कटिस्थः स्यादर्धमत्तल्लि तत्स्मृतम् ॥८८॥

अभिनवभारती

स्तिकीकरणं तत्र उपसर्पणम्। तत्समकालं च हस्तौ नितम्बाख्यावुद्वेष्टितौ तदोपसर्पणकालेऽपविद्धापवेष्टने(द्धापवेष्टितौ)। एवं द्वितीयेनाङ्गेन। बहुवचनं पुनः पुनरित्थं क्रियेति सूचयति। मदनं मत्तं लीनातीति मत्तल्लि अथवा मत्तस्य मदोत्कलस्य योगेन लीनकरणेन। तन्मत्तल्लित्वे विक्षेपः। मत्तशेखरकादिविषयेऽस्याः प्रयोगः ॥८७॥

(२८) अर्धमत्तल्लि।

वामो रेचितो हंसपक्षो द्रुतभ्रमः। स्खलितः अपसृतश्च पादः। कट्यां हस्तः। पादनिकटं प्राप्तः। तरुणमदविषयः प्रयोगः ॥८८॥

मधुसूदनी

युगपत्करयोर्यत्रोद्वेष्टनं चापवेष्टनम् ॥
कुर्यान्मुहुर्मुहुस्तत्तु मत्तल्लि मदवेदकम् ॥ सं० र० ॥८७॥

(२८) अर्धमत्तल्लि

यथाह—

उपेत्याप्रसृतौ पादौ वामश्चेद्रेचितः करः।
कट्यामन्यस्तदा त्वर्धं मत्तल्लि तरुणे मदे ॥ सं० र० ॥८८॥

बालक्रीडा

में स्वस्तिकी करण करने वाले) के द्वारा उपसर्पण के समय में उद्वेष्टित रूप एवं आवेष्टित रूप हाथों का अभिनय जिसमें हो वह मत्तल्लि है ॥८७॥

के १० वें अध्याय में कहेंगे। इसलिए घूर्णन करने वाले व्यक्ति के पैरों के जो उपसर्पण होंगे उन उपसर्पणों से उपलक्षित पादों से इसका अभिनय होगा। घूर्णन उसको कहते हैं जो एक पैर का दूसरे पैर के गुल्फ में स्वस्तिकी करण और उसके बाद उपसर्पण है। जब स्वस्तिकी करण के समय में नितम्बाख्य उद्वेष्टित हाथ होंगे। तब उपसर्पण के समय में आवेष्टित हाथ होंगे। इस प्रकार एक दफे करके द्वितीय बार फिर ऐसे ही करे। "यानि उपसर्पणानि पादस्य" में कहा गया "उपसर्पणानि" यह बहुवचनान्त पद इस बात की सूचना देता है कि इस क्रिया को बार २ करना चाहिए। मत्तल्लि का अर्थ है जो मत्त याने मदन को लीनाति द्रुत करता है जगाता है। अथवा मत्त याने मदसे उत्कल उत्कण्ठित को लीन द्रुत करण के योग से भी मत्तल्लि पद बना है। या मत्तल्लि यह अव्युत्पन्न है। इस तरह मत्तल्लित्व में इस पद का विक्षेप है व्यपदेश है। इसका प्रयोग मत्तपुरुष के द्वारा शिरोभूषण शेखरकादि के विषय में होता है ॥८७॥

रेचितो दक्षिणो हस्तः पादः सव्यो निकुट्टितः ।
दोला चैव भवेद्वामस्तद्रेचितनिकुट्टितम् ॥८९॥

अभिनवभारती

(२९) रेचकनिकुट्टितम् ।

सव्य इति दक्षिण एव । निकुट्टित इत्युद्धट्टितक्रियया ।
"स्थित्वा पार्ष्णिर्भूमौ निपात्यते ।" (ना. शा. ९-२५८) स उद्घट्टितः ।
"अंसौ प्रशिथिलौ मुक्तौ पताकौ तु प्रलम्बितौ ।
यदा भवेतां करणे स दोल इति संज्ञितः ॥" (ना. शा. ९-१३५) स्त्रीलिङ्ग-योगेन दोला भवति तादृशस्य हस्तस्य प्रेङ्खोलितं वर्तनया गमनागमने सूचयति ॥८९॥

मधुसूदनी

(२९) रेचकनिकुट्टितम्,

यथाह—

रेचितो दक्षिणो हस्तः सोऽङ्घ्रिरुद्घट्टितो भवेत् ।
यत्र दोलाकरो वामस्तद्रेचकनिकुट्टितम् ॥ सं० ४० ॥८९॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पाद स्खलित एवं अपसृत रहे और बायाँ हाथ रेचित रहे तथा दायाँ हाथ कटि पर रहे वह अर्धमत्तल्लि है ॥८८॥

(मूल) यहाँ पर यह लिख देना आवश्यक है कि अन्य सभी जगहों में सव्य शब्द का अर्थ वाम है । किन्तु-यहाँ नाट्य शास्त्र में इस प्रकरण में सव्य का अर्थ है दक्षिण । इसके सिवाय अनर्घ राघव नाटक में भी सव्य का अर्थ दक्षिण लिखा है ।

यथा—एकेन सव्यपाणिना विधिवमुत्क्षाय किमाह रावणः । साधु रे मनुष्य डिम्भ ? साधु । अनर्घराघवे ६।७० । सव्यपाणिना दक्षिण हस्तेन इति तट्टीका ।

(मूल) जहाँ दक्षिण हस्त को रेचित, सव्य याने दक्षिण पाद को निकुट्टित एवं वाम हस्त को दोलाकार में किया जाय वह रेचित निकुट्टित करण कहलाता है ॥८९॥

(२८) अर्धमत्तल्लि

जहाँ वाम हस्त रेचित याने हंसपक्ष द्रुतभ्रम होता है और पाद स्खलित एवं अपसृत होता है । दूसरा दाहिना हाथ कटि पर पहुँच कर पैर के समीप में पहुँच जाय । जब मद गहरी मात्रा में चढ़ जाय तब इसका प्रयोग करना चाहिए ॥८८॥

(२९) रेचक निकुट्टित

यहाँ सव्य पद से दक्षिण ही लेना है । उद्घट्टित क्रिया से युक्त निकुट्टित कहाता है । पैर के तलके अग्र से खड़ा होकर जब एड़ी को भूमि पर गिराता है उसे उद्घट्टित कहते हैं :

**कार्यौ नाभितटे हस्तौ प्राङ्मुखौ खटकामुखौ ।**
**सूचीविद्धावपक्रान्तौ पादौ पादापविद्धकम् ॥९०॥**

अभिनवभारती

(३०) पादपविद्धकम् ।

नाभिक्षेत्रे पराङ्मुखौ । सूच्याख्येन पादेन द्वितीयं पादं विद्धं विधाय स एव सूचीपादोऽपक्रान्तचारीयुक्तः कार्यः । एवं द्वितीयोऽपि ।

"उत्क्षिप्ता तु भवेत्पार्ष्णिरङ्गुष्ठाग्रेण संस्थितः ।"

सूचीपादः । (ना. शा. ९-२७९)

"ऊरुभ्यां वलनं कृत्वा" इत्यपक्रान्ता (ना. शा. १०-१३) पादात् पादान्तरमपविद्धमपसारितं यत्र तदिदं करणम् ॥९०॥

मधुसूदनी

(३०) पादापविद्धकम्,

यदाह—

पराङ्मुखौ नाभितटे हस्तौ चेत्खटकामुखौ ।
सूचिपादोऽङ्घ्रिणाऽन्येन युक्त्वापक्रान्तयान्वितः ॥
अंघ्रिरन्यस्तथैव स्यात्तदा पादापविद्धकम् ॥ सं० ९० ॥९०॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ खटका मुख हाथों को पूर्वाभिमुख कर के कमर पर रक्खा जाय और पैर सूची विद्ध एवं अपक्रान्त किये जायं वह पादापविद्धक नामक करण है ॥९०॥

जब किसी करण के अभिनय में अंग कन्धे शिथिल हों और मुक्त याने रेचित तथा प्रलम्बित पताक हस्त हों उसकी दोल यह संज्ञा है । इसी में स्त्री लिंग का योग होता है तब दोला कहाता है । उस दोलाहस्त का जो प्रेंखोलित हिलाना है वह उसका वर्तनाचारी के द्वारा गमन एवं आगमन को सूचित करता है ॥८९॥

(३०) पादापविद्धक

यहाँ मूल में "नाभितटे प्राङ्मुखौ" लिखा है । अभिनव भारती कार नाभिक्षेत्रे पराङमुखौ लिखते हैं । और अभिनव भारती के व्याख्याकार संगीतरत्नाकर कार ने भी "पराङमुखौ नाभितटे" लिखा है । अतः यह पूर्व एवं पश्चिम का भेद विचारणीय है । नाभिक्षेत्र में हाथों को पराङ्मुख करे । द्वितीय पाद को सूची पाद से विद्ध कर देना चाहिये फिर उसके बाद सूचीपाद को भी अपक्रांत चारी से युक्त कर देना चाहिए । इसी प्रकार द्वितीय को भी करना चाहिए । यहाँ भी विचारणीय है कि द्वितीयपाद को सूचीपाद से विद्ध कर देना चाहिए जब लिख चुके हैं तब फिर द्वितीय पाद और कौन सा बचा जिसके लिए लिखा कि इसी प्रकार द्वितीय को भी । जहाँ अभिनेता एडी को उठी हुई रखकर और पैर के अंगूठे के अग्रभाग से खड़ा रहे वह सूचीपाद कहलाता है । ऊरुओं से वलन कर देने से अपक्रान्ता चारी होती है । एक पाद से द्वितीय पाद अपविद्ध याने अपसारित जहाँ रहे वह यह करण है ॥९०॥

अपविद्धो भवेद्धस्तः सूचीपादस्तथैव च । ८२१
तथा त्रिकं विवृत्तं च वलितं नाम तद्भवेत् ॥९१॥
वर्तिताघूर्णितः सव्यो हस्तो वामश्च दोलितः । ८२२
स्वस्तिकापसृतः पादः करणं घूर्णितं तु तत् ॥९२॥

अभिनवभारती

(३१) वलितम् ।

"हस्तौ तु सर्पशिरसौ" (ना. शा. ९-१९१) इति सूचीमुखो हस्तः । स देहक्षेत्रादपसृतः कार्यः । तत्समकालं सूचीपादोऽप्यपसृतः । ततो भ्रमरिकां चारी कृत्वा—

"अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा त्रिकं तु परिवर्तयेत् ।
द्वितीयपादभ्रमणात्तलेन भ्रमरी स्मृता ॥" (१०-४५)

तदिदं त्रिकवलनाद्वलितम् ॥९१॥

(३२) घूर्णितम् ।

पार्श्वक्षेत्रादूर्ध्वंव्यावर्तितेनाधोमुखपरिवर्तितेन यदा दोलाहस्तत्वाद्घूर्णितम् ॥९२॥

मधुसूदनी

(३१) वलितम्,

यदाह—
देहक्षेत्रात्करे सूचीमुखसंज्ञेऽपसर्पति ।
सूचीपादोऽप्यपसृतश्चारी स्याद्भ्रमरी ततः ॥
क्रमादंगद्वयेऽप्येवं ललिते वलितं भवेत् ॥ सं० र० ॥९१॥

(३२) घूर्णितम्,

यदाह—
ऊर्ध्वं व्यावर्तनेनाधः परिवर्तनतः करे ।
पार्श्वक्षेत्राद्भ्राम्यमाणे जंघास्वस्तिकमाचरेत् ॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ अपविद्ध नामक हाथ का, सूची नामक पाद का अभिनय किया जाय और त्रिक का विवर्तन रहे वह वलित नामक करण होता है ॥९१॥

(३१) वलित

"सर्पशिरा हाथ" इसके अनुसार सूचीमुख हस्त है। उसी सूचीमुख हाथ को देह के क्षेत्र से अपसृत करना चाहिए। उसके बाद भ्रमरिका चारी को करे। अपक्रान्ताचारी को करके त्रिक का परिवर्तन करे और पैर का तल पृथ्वी से स्पृष्ट ही रहे और द्वितीयपाद को घुमावे। इस तरह भ्रमरी चारी मानी गई है। अतः त्रिक के वलन से यह वलित करण होता है ॥९१॥

**करिहस्तो भवेद्वामो दक्षिणश्च विवर्तितः ।**
**बहुशः कुट्टितः पादो ज्ञेयं तल्ललितं बुधैः ॥९३॥**

अभिनवभारती

(३३) ललितम् ।

"समुन्नतो लताहस्तः पार्श्वात्पार्श्वं विलोलितः ।
इत्ययं वामः । (ना. शा. ९-१९९)

दक्षिणं विविधं कृत्वा बहुशो वर्तितः ।

"बाहुशीर्षाद्विनिष्क्रान्तौ नितम्बौ ।" (ना. शा. ९-१९६)
"केशदेशाद्विनिष्क्रान्तौ परिपार्श्वोत्थितौ तथा ।
विज्ञेयौ केशबन्धौ ॥" (ना. शा. ९-१९७)

इत्येवंप्रकारनृत्तहस्तयोजनया वर्तितः । चकाराद्वर्तनान्ते "त्रिपताकोऽपरः कर्णे" (ना. शा. ९-१९९) इति करिहस्तः । पादश्च हस्तानुसारेण निकुट्टितः पुनः पुनरन्येनाङ्गेन । तदिति सविलासनृत्तविषयमेतत् । अत एव ललितं नाम करणम् ॥९३॥

मधुसूदनी

ततोऽपक्रान्तचारीकस्तदिकश्चरणो यदा ।
वामो दोलाकरः प्रोक्तं करणं घूर्णितं तदा ॥ सं० र० ॥९२॥

(३३) ललितम्,

यथाह—नितम्बकेशबन्धादिवर्त्तनो दक्षिणः करः ।
बहुशः करिहस्तोऽन्यः पादश्चोद्घट्टितस्तथा ।
अंगान्तरश्चेल्ललितं यदा नृत्ते विलासिनि । सं. र. ॥९३॥

बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ सव्य यानी दाहिना हाथ वर्तित एवं घूर्णित, बायाँ हाथ दोलित तथा पैर स्वस्तिक एवं अपसृत रहें वह घूर्णित नामक करण है ॥९२॥

(मूल) जहाँ बायें हाथ का करिहस्त के रूप में और दायें का विवर्तित के रूप में अभिनय करे तथा पैर को बहुशः कुट्टित करे उसको विद्वान् लोग ललित करण समझें ॥९३॥

(३२) घूर्णित

हाथ को पार्श्वभाग से एकबार ऊपर की तरफ और दूसरी बार नीचे की तरफ घुमा देने से जब दोला हस्त बना दिया जाय तब घूर्णित करण होता है। ॥ ९२ ॥

(३३) ललित

समुन्नत किये हुए लताहस्त को एक पार्श्व से दूसरे पार्श्व में विलोलित करना चाहिए। यह वाम हस्त के विषय में किया है। दक्षिण हस्त को कभी केशबन्ध के रूप में करे। इस प्रकार विविध क्रिया से बहुत बार वर्तना इसमें करनी चाहिए। जब बाहुशीर्ष

**ऊर्ध्वजानुं विधायाथ तस्योपरि लतां न्यसेत् ।**
**दण्डपक्षं तु तत्प्रोक्तं करणं नृत्तवेदिभिः ॥९४॥**

## अभिनवभारती

### (३४) दण्डपक्षम् ।

'कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानुस्तनसमम्' इति (ना. शा. १०-३३) ऊर्ध्वजानुचारीं कुर्वन् "तिर्यक्प्रसारितौ" (ना. शा. ९-१९८) इति लताहस्तौ विधायैकं लताहस्तं तस्य जानुन उपरि क्षिपेत्। पुनर्द्वितीयेनाङ्गेनैवमित्येकत्र पार्श्वे दण्डवद्बाहुसमवस्थानाद्दण्डपक्षं करणम् ॥९४॥

## मधुसूदनी

### (३४) दण्डपक्षम्,

यथाह—यत्रोर्ध्वजानुश्चारी स्याल्लताहस्तौ करौ कृतौ ।
तयोरेकं ततो न्यस्येदुपर्यूर्ध्वस्थजानुनः ।
पुनरङ्गान्तरेणैव दण्डपक्षं तदुच्यते । सं. र. ॥९४॥

## बालक्रीडा

(मूल) जहाँ ऊर्ध्व जानु नामक चारी करके उसके ऊपर लता हस्तों को रक्खे उसको नृत्त के जानकारों ने दण्डपक्ष नामक करण कहा है ॥९४॥

कन्धे से बाहर हाथों को निकाल दिया जाय तब वे नितम्ब हस्त कहलाते हैं और उनको केशों के प्रदेश से बाहर निकाल कर पार्श्व भाग में उत्तान कर दिया जाँय तब वे केशबन्ध हस्त कहलाते हैं। इस प्रकार नृत्तहस्त की योजना से वर्त्तना होती है। मूल "दक्षिणश्च विवर्तितः" में कहे हुए चकार से वर्तना के अन्त में "कान के समीप में अपर हस्त त्रिपताक" संज्ञक करना करिहस्त करना चाहिए। और पाद को हस्त के अनुसार बारंबार अन्य अंग से निकुट्टित चाहिए।

इस तरह यह विधान सविलास नृत्त के विषय में होता है। इसलिए यह ललित करण है ॥ ९३ ॥

### (३४) दण्डपक्ष

"जानु और स्तन की सम कक्षा में कुञ्चित किये हुए पैर को ऊपर की तरफ उठावे" इस कथित ऊर्ध्वजानु चारी को करता हुआ "तिर्यक् प्रसारित" से लक्षित लताहस्तों को करे उसके बाद उनमें से एक लताहस्त की ऊर्ध्व जानु के ऊपर की तरफ करे। इसी प्रकार फिर द्वितीय अंग से करे इस तरह एक पार्श्व में दण्ड के समान बाहु को रख देने से दण्डपक्ष करण होता है ॥ ९४ ॥

भुजङ्गत्रासितं कृत्वा यत्रोभावपि रेचितौ ।
वामपार्श्वस्थितौ हस्तौ भुजङ्गत्रस्तरेचितम् ॥९५॥
त्रिकं सुवलितं कृत्वा लतारेचितकौ करौ ।
नूपुरश्च तथा पादः करणं नूपुरं भवेत् ॥९६॥

अभिनवभारती

(३५) भुजङ्गत्रस्तरेचितम् ।

तदित्यध्याहारः ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य त्र्यश्रमूरुं विवर्तयेत् ।" (ना. शा. १०-४२)

इति विधाय द्वावपि द्रुतभ्रमौ (ना. शा. ९-१९२) वामदेशगौ हस्तौ नेयौ ॥९५॥

(३६) नूपुरम् ।

पृष्ठतोऽभ्यञ्चितं कृत्वा पादमग्रतलेन तु ।
द्रुतं निपातयेद् भूमौ चारी नूपुरपादिका ॥" (ना. शा. १०-३५)

तेन भ्रमरिकया चार्या (ना. शा. १०४५) त्रिकवलनं कृत्वा ततो नूपुरपादिकां चारीं येन पादेन करोति तद्दिक्केनैव हस्तेन रेचितम् । द्वितीयो लताहस्तः ॥९६॥

मधुसूदनी

(३५) भुजङ्गत्रस्तरेचितम् ,

यथाह—भुजङ्गत्रासिता चारी ततो यत्र च रेचितौ ।
हस्तौ स्तो वामपार्श्वे तद्भुजंगत्रस्तरेचितम् । सं. र. ॥९५॥

(३६) नूपुरम् ,

यथाह—विधाय भ्रमरीं चारीं ततो नूपुरपादिकाम् ।
पादेनैकेन तद्दिक्कं हस्तं रेचितमाचरेत् ।
द्वितीयं तु लताहस्तं यत्र तन्नूपुरं विदुः । सं. र. ॥९६॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ भुजंग त्रासित चारी के अनुसार दोनों हाथों को रेचित करे फिर उन दोनों हाथों को पार्श्व में कटि के ऊपर रक्खे वह भुजंगत्रस्त करण होता है ॥९५॥

(मूल) जहाँ त्रिक माने रीढ़ को सुन्दर रूप में वलित करके करों को लता एवं रेचित रूप में करे तथा पैर को नूपुर चारी के रूप में अभिनीत करे वह नूपुर करण होता है ॥९६॥

(३५) भुजंगत्रस्तरेचित

तद् पद का अध्याहार करना चाहिए। "कुञ्चित किये हुए पैर को ऊपर की तरफ उठाकर उसको त्र्यश्र घुमावे" इसके अनुसार विधि को करके हंसपक्ष द्रुतभ्रम नामक हाथों को वामप्रदेश में ले जाना चाहिए ॥ ९५ ॥

रेचितौ हस्तपादौ च कटी ग्रीवा च रेचिता ।
वैशाखस्थानकेनैतद्भवेद्वैशाखरेचितम् ॥९७॥

अभिनवभारती

(३७) वैशाखरेचितम् ।

रेचितौ नृत्तहस्तौ हंसपक्षौ द्रुतभ्रमाविति । तदनुकारेण पादग्रीवाकटिगतं रेचितं ज्ञेयम् । यथोक्तं राहुलकेन—

"ग्रीवायां करयोः कट्यां पादयोश्च पृथक्पृथक् ।
भ्रमणं रेचितं विद्यात् ॥" इति ।
"तालास्त्रयोऽर्धतालश्च पादयोरन्तरं भवेत् ।
तालांस्त्रीनर्धतालं च निषण्णोरुं प्रकल्पयेत् ॥
त्र्यश्रौ पक्षस्थितौ पादौ ॥" (ना. शा. १०-६१-६२)

वैशाखं स्थानम् । एतत्करणमभिवादने ॥९७॥

मधुसूदनी

(३७) वैशाखरेचितम् ,

यथाह—हस्तपादकटीग्रीवं रेचितं स्थानकं पुनः ।
वैशाखं यत्र तज्ज्ञेयं विज्ञैर्वैशाखरेचितम् । सं. र. ॥९७॥

बालक्रीडा


(मूल) जहाँ हाथों एवं पैरों का रेचित के रूप में अभिनय हो और वैशाख नामक स्थानक में खड़े होने से कटी, एवं ग्रीवा भी रेचित रहे वह वैशाख रेचित करण है ॥९७॥

(३६) नूपुर


पाद को अग्रतल संचार के विधान से पृष्ठ की तरफ अञ्चित करके शीघ्र ही भूमि पर गिरावे तब नूपुर पादिका चारी होती है । इससे भ्रमरिका चारी के द्वारा त्रिक का वलन करे और नूपुर पादिका चारी को जिस पैर से करे उसी तरफ एक हाथ को रेचित करके द्वितीय हस्त को करिहस्त करे ॥९६॥

(३७) वैशाखरेचित

अथवा रेचितौ प्रोक्तौ हंस पक्षौ द्रुत भ्रमौ के अनुसार हंस पक्ष द्रुत भ्रम ही रेचित संज्ञक नृत्त हस्त है । अतः इसके अनुकरण से पाद, ग्रीवा एवं कटि में भी रेचित समझना चाहिए । जैसा कि राहुलक ने कहा है । ग्रीवा, हस्त' कमर एवं पैरों में पृथक् २ भ्रमण को रेचित समझो । पैरों के बीच का अवकाश साढ़े तीन ताल का होना चाहिए । इसके अनुसार साढ़े तीन ताल की निषण्ण संज्ञक ऊरु की कल्पना होती है । और दोनों पैर दोनों पक्षों में स्थित किये जाँय तब उनको त्र्यश्र कहते हैं । इसमें वैशाख स्थानक होता है । अभिवादन में इस करण का उपयोग होता है ॥९७॥




३७ वैशाखरेचितम्



३८ भ्रमरकम्




३९ चतुरम्



४० भुजङ्गाञ्चितम्



४१ दण्डकरेचितकम्



४२ वृश्चिककुट्टितम्



४३ कटिभ्रान्तम्



४४ लतावृश्चिकम्



४५ छिन्नम्



४६ वृश्चिकरेचितम्



४७ वृश्चिकम्



४८ व्यंसितम्

**आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः करौ चोद्वेष्टितौ तथा ।**
**त्रिकस्य वलनाच्चैव ज्ञेयं भ्रमरकं तु तत् ॥९८॥**

अभिनवभारती

(३८) भ्रमरकम् ।

अनेन पादेनाक्षिप्ता चारी सूचिता ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य व्याक्षिप्य त्वञ्चितं न्यसेत् ।
जङ्घा स्वस्तिकसंयुक्ता याक्षिप्ता नाम सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०-३७)

तेनैव योजना—स्वस्तिकानन्तरं पादमाक्षिप्य तत्समकालमुद्वेष्ट्य "वर्जन्याद्या बहिर्मुखम्" (ना. शा. ९-२१६) इत्युद्वेष्टितमेकं हस्तं कृत्वा पुनर्द्वितीयेनाङ्गेन तथैव । चकारात्तद्वलनानन्तरं स्वस्तिक एव पादः । एकवचनाभ्यां पर्यायेण प्रयोगोऽत्र सूचितः । यदि चोद्वेष्टितशब्देनोल्वणौ नृत्तहस्तावुपलक्षितौ ।

"करावुद्वेष्टिताग्रौ तु प्रविधायालपल्लवौ ।
ऊर्ध्वं प्रसारिताविद्धौ कर्तव्यावुल्वणौ ॥" इति (ना. शा. ९-२०८)

तदा युगपदेव प्रयोगं कृत्वा । पादस्वस्तिकभ्रमणादेतस्य सा संज्ञा कृता । संज्ञायां कन् । एतदुद्धतपरिभ्रमणविषये प्रयोक्तव्यम् ॥९८॥

मधुसूदनी

(३८) भ्रमरकम्,

यथाह—पादमाक्षिप्तचारीकं तदैवोद्वेष्टितं करम् ।
त्रिकं च वलितं कृत्वा पादस्वस्तिकमाचरेत् ।
ततस्तद्वत् द्वितीयाङ्गं युगपच्चोल्वणौ करौ ।
यत्र तद्भ्रमरं योज्यं तच्चोद्धतपरिक्रमे । सं. र. ॥९८॥

बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ पाद, स्वस्तिक के रूप में आक्षिप्त रहे, दोनों कर, उद्वेष्टित रहें और त्रिक का वलन घुमाव रहे तो वह भ्रमरक करण है ॥९८॥

(३८) भ्रमरक

"आक्षिप्तः स्वस्तिकः पाद" इस आक्षिप्त स्वस्तिक पाद से आक्षिप्त चारी की सूचना मिली। इसका लक्षण कहते हैं कि कुञ्चित किये हुए पैर को ऊपर की ओर उठाकर नीचे की तरफ विक्षेप करे फिर भूमि पर रख देवे। और जंघा को स्वस्तिक से संयुक्त करे तब आक्षिप्ता चारी बन जाती है। इसलिए यहाँ इस प्रकार योजना है—स्वस्तिक करने के बाद पैर का आक्षेप करके उसी समय उद्वेष्टित करे। तर्जनी आदि संकुचित अंगुलियों को बहिर्मुख सीधा करे। इस लक्षण के अनुसार एक हाथ को उद्वेष्टित करके त्रिक का वलन करे। इसी तरह द्वितीय अंग से भी करे। "त्रिकस्य वलनाच्च" में कहे हुए चकार

**अञ्चितः स्यात्करो वामः सव्यश्चतुर एव तु ।**
**दक्षिणः कुट्टितः पादश्चतुरं तत्प्रकीर्तितम् ॥९९॥**

### अभिनवभारती

(३९) चतुरम् ।

अञ्चित इत्यलपल्लवः (ना. शा. ९-९१)

"तिस्रः प्रसारिता यत्र तथा चोर्ध्वा कनीयसी ।
तासां मध्ये तथाङ्गुष्ठः स करश्चतुरः स्मृतः ॥" (ना. शा. ९-९३)

एवकारेण वक्षःक्षेत्राद् द्वयोरप्यलम् । तु शब्देन सन्निवेशाधिक्यं केवलमिति सूच्यते । कुट्टित इति ।

"स्थित्वा पादतलाग्रेण पार्ष्णिर्भूमौ निपात्यते ।" (ना. शा. ९-१६६) इत्युद्दिष्टितारूपः । एतद्विदूषकस्य सविस्मयसूच्याभिनवादी । यथा "साधु रे खण्डदासयर्ये(ति) मीमांसा ॥९९॥

### मधुसूदनी

(३९) चतुरम्

यथाह—वक्षः क्षेत्रस्थयोः पाण्योर्वामश्चेदलपल्लवः ।
दक्षिणश्चतुरोऽञ्चितस्तु दुघट्टितश्चतुरं तदा ।
एतद्विस्मयसूचायां वैदूषिक्यां नियुज्यते । सं. र. ॥९९॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ बायाँ हाथ अञ्चित और दायाँ चतुर ही रहे तथा दायाँ पैर निकुट्टित रहे वह चतुर नामक करण कहा जाता है ॥९९॥

से त्रिक के वलित करने के बाद पैर को स्वस्तिक करे। स्वस्तिकः पादः में एक वचन और करौ चोद्वेष्टितौ में द्विवचन से यह सूचना मिलती है कि पारी २ से इनका प्रयोग करना चाहिए। अथवा उद्वेष्टित शब्द से उल्बण नृत्त हाथों का उपलक्षण किया गया है।

जैसा कि नाट्य शास्त्र के ९ अध्याय में कहेंगे कि हाथों के अग्रभाग को उद्वेष्टित कर के अलपल्लव करे। और ऊपर की ओर फैला कर आविद्ध करे तब उल्बण हस्त होते हैं।

अतः एक साथ ही दोनों प्रयोगों को कर के पैर को स्वस्तिक के रूप में घुमावे। इसलिए इसकी भ्रमरक संज्ञा है। यहाँ संज्ञा में कन् प्रत्यय है। इसका प्रयोग उद्धत परिभ्रमण में करना चाहिए ॥९८॥

(३९) चतुरक

अञ्चित से अलपल्लव को समझना चाहिए। जहाँ तीन अंगुलियाँ फैलाई हुई रहें तथा कनीयसी अंगुली ऊपर की तरफ उठी रहे इन के मध्य में अंगुष्ठ रहे वह चतुर माना गया है। चतुर एव के एवकार से वक्षः प्रदेश से दोनों हाथों का पर्याप्त मात्रा में चतुरीकरण रहे। और एव तु के तु शब्द से केवल सन्निवेश में आधिक्य रहे ऐसा सूचित होता है।

भुजङ्गत्रासितः पादो दक्षिणो रेचितः करः ।
लताख्यश्च करो वामो भुजङ्गाञ्चितकं भवेत् ॥१००॥
विक्षिप्तं हस्तपादं तु समन्ताद्यत्र दण्डवत् ।
रेच्यते तद्धि करणं ज्ञेयं दण्डकरेचितम् ॥१०१॥

### अभिनवभारती

#### (४०) भुजङ्गाञ्चितकम् ।

("कुञ्चितं पादम् ॥" (ना. शा. १०-४२) इत्यादि भुजङ्गत्रासितचार्यां पादः । "हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ ।" (९-९३) इति दक्षिणो रेचितः । "तिर्यक्प्रसारितौ" इति (ना. शा. ९-११८) वामो लताख्यो नृत्तहस्तः ॥१००॥

#### (४१) दण्डकरेचितम् ।

दण्डवद्धस्तविक्षेपेण रेचनेन च दण्डपक्षौ सूच्येते । पादविक्षेपेण तु दण्डपादा चारी ।

### मधुसूदनी

#### (४०) भुजंगाञ्चितकम् ,

यदाह—चारी चेद्दक्षिणाङ्घ्रेः स्यात्पूर्वोक्ता, दक्षिणः करः ।
रेचितोऽन्यो लताहस्तो भुजंगाञ्चितकं तदा । सं. र. ॥१००॥

#### (४१) दण्डरेचितम् ,

यदाह—चारी चेद्दण्डपादा स्याद्दण्डपक्षौ च हस्तकौ ।

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पैर का भुजंगत्रासित चारी के रूप में अभिनय कर के दाहिने हाथ को रेचित एवं बायें हाथ को लता के रूप में करे वह भुजङ्गाञ्चित करण है ॥१००॥

(मूल) जहाँ हाथ एवं पैर को दण्ड की तरह चारों तरफ विक्षिप्त कर के रेचित करे उसे दण्डरेचित करण समझना चाहिए ॥१०१॥

कुट्टित ढंग से पैर के तलाग्र से खड़ा होकर एड़ी को भूमि पर गिरावे इससे उद्घट्टितांश की सूचना मिलती है । इसका प्रयोग विदूषक की आश्चर्यमय सूचना के अभिनय में करना चाहिए । जैसे "साधु रे" इत्यादि में ॥९९॥

#### (४०) भुजंगाञ्चितक

"कुञ्चित पाद" इत्यादि भुजंगत्रासित नामक चारी में पाद का अभिनय । "हंस पक्षौ द्रुत भ्रमौ" इत्यादि से दक्षिणहस्त रेचित तथा "तिर्यक् प्रसारितौ" से वामहस्त लता संज्ञक होना चाहिए ॥१००॥

वृश्चिकं चरणं कृत्वा द्वावप्यथ निकुट्टितौ ।
विधातव्यौ करौ तत्तु ज्ञेयं वृश्चिककुट्टितम् ॥१०२॥

अभिनवभारती

"हंसपक्षकृतौ हस्तौ व्यावृत्तपरिवर्तितौ ।
यथा प्रसारितभुजौ दण्डपक्षाविति स्मृतौ ॥" (ना. शा. ९-२०२)
"नूपुरं चरणं कृत्वा पुरतः सम्प्रसारयेत् ।
क्षिप्रमाविद्धकरणं दण्डपादा तु सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०-४४)

तत्प्रमोदविषयं करणम् । उद्धतविषये चास्य प्रयोगः इत्यन्ये ॥१०१॥

(४२) वृश्चिककुट्टितम् ।

पृष्ठभागे रेचितजङ्घमुत्तानतलं वृश्चिकोपलक्षितं चरणं कृत्वा द्वावपि हस्तौ स्वबाहुशिरस्थलपल्लवौ निकुट्टितौ पर्यायेण विदध्यादिति । एतच्च विस्मयाकाशगमनेच्छादिप्रधाने वाक्यार्थविषये प्रयुज्यते । यथा, "पडिविधारिअं उवक्वंहिआ" इत्यादौ ॥१०२॥

मधुसूदनी

प्रमोदनृत्तविषयं तदा स्याद्दण्डरेचितम् ।
प्रयोगमपरे त्वाहुरस्योद्धतपरिक्रमे । सं. र. १०१॥

(४२) वृश्चिककुट्टितम्,

यदाह—वृश्चिकं चरणं कृत्वा बाहुशीर्षे यदा क्रमात् ।
अलपद्मौ निकुट्येते तदा वृश्चिक कुट्टितम् ।
सविस्मये व्योमयान वाञ्छादौ विनियुज्यते । सं. र. ॥१०२॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ वृश्चिक चरण कर के दोनों हाथों को निकुट्टित करे उसको वृश्चिक निकुट्टित करण समझना चाहिए ॥१०२॥

(४१) दण्डरेचितक

दण्ड की तरह हस्त के विक्षेप एवं रेचन से दण्डपक्ष हस्तों की सूचना मिलती है। किन्तु पाद विक्षेप से दण्ड पादा चारी की। हंस पक्ष के रूप में स्थित हस्तों का व्यावर्त्तन एवं प्रसारण जब रहे तब दण्ड पक्ष हस्त माने गये हैं। नूपुर नामक चरण का विधान कर के सामने की तरफ उसको फैला दे और शीघ्र ही आविद्ध कर दे तब वह दण्ड पादा चारी मानी गई है। इसका प्रयोग प्रमोद के समय में किया जाता है। दूसरे लोग कहते हैं कि उद्धत विषय में इसका प्रयोग होता है ॥१०१॥

(४२) वृश्चिक कुट्टित

पृष्ठभाग में जंघाओं को रेचित और वृश्चिक नामक चरण को उत्तानतल करके दोनों

**सूचीं कृत्वापविद्धं च दक्षिणं चरणं न्यसेत् ।**
**रेचिता च कटिर्यत्र कटिभ्रान्तं तदुच्यते ॥१०३॥**

अभिनवभारती

(४३) कटिभ्रान्तम्

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानूर्ध्वं सम्प्रसारयेत् ।
पातयेदग्रयोगेन सा सूची परिकीर्तिता ॥" (ना. शा. १०-३४)

बामं द्रुतमपसारितं कृत्वा पार्श्वे दक्षिणं पादं न्यसेत् । समकालं पृष्ठपरावर्तनक्रमेण कटिं रेचयेत् । भ्रमरिकया वा चार्या (ना. शा. १०-४५) करयोश्च प्रयोगवशगत्वेन कटिभ्रमणकाले तयोरपि व्यावर्तनपरिवर्तनकरणं योजनान्ते चतुरश्रावस्थानम् । गतिपरिक्रमे तालान्तरालादियतिपरिपूरणविषये चास्य प्रयोगः ॥१०३॥

मधुसूदनी

(४३) कटिभ्रान्तम्,

यदाह—द्रुतापसारितं बामं सूचीपादं विधाय चेत्
तत्पार्श्वे दक्षिणं न्यस्येत्तत्काले रेचयेत्कटिम् ।
कुर्वन्वा भ्रमरीं हस्तौ व्यावृत्तपरिवर्तितौ ।
कृत्वान्ते चतुरश्रः स्यात्कटिभ्रान्तं तदा भवेत् ।
अस्य तालान्तरालेषु यतीनां परिपूरणे ।
प्रयोगमाह निःशंकस्तथा गतिपरिक्रमे । सं. र. ॥१०३॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ सूची चारी के विधान से दाहिने पैर को अपविद्ध और कटि को रेचित करे उसको कटिभ्रान्त करण कहते हैं ॥१०३॥

हाथों को अपने कन्धे पर पारी २ से कभी अलपल्लव कभी निकुट्टित करे । इसका प्रयोग विस्मय प्रधान या आकाश गमन विषयक इच्छा के सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में करना चाहिए ॥१०२॥

(४३) कटिभ्रान्त (४४) लतावृश्चिक

कुञ्चित किये हुए पैर को ऊपर की तरफ उठाकर जानु को ऊपर में फैलावे और फिर उस पैर को अग्रभाग के योग से नीचे गिराये यह सूची कहलाती है । बाम पैर को शीघ्र ही फैलाकर दक्षिण पाद का पार्श्व भाग में विन्यास करे । इसके करने के समय में पृष्ठ के परावर्तन क्रम से कटि को रेचित करे । अथवा भ्रमरिका चारी के प्रयोग के अनुसार करों का भी कटि के भ्रमण के समय में व्यावर्तन एवं परिवर्तन कर के अन्त में चतुरश्र रूप में अवस्थान करे यह योजना है । इसका प्रयोग यति परिक्रमा में और ताल एवं अन्तरा के समय यति के पूरा करने में होता है ॥१०३॥

अञ्चितः पृष्ठतः पादः कुञ्चितोर्ध्वतलाङ्गुलिः ।
लताख्यश्च करो वामस्तल्लतावृश्चिकं भवेत् ॥१०४॥
अलपद्मः कटीदेशे छिन्ना पर्यायशः कटी ।
वैशाखस्थानकेनेह तच्छिन्नं करणं भवेत् ॥१०५॥

## अभिनवभारती

### (४४) लतावृश्चिकम् ।

प्रथमार्धेन वृश्चिकं । वामं चरणं भूमौ । आकाशादवपतनेऽस्य प्रयोगः ॥१०४॥

### (४५) च्छिन्नम् ।

क्रमेण पार्ष्ण्योर्निमनोन्नमनाभ्यां (ना. शा. ९-२५१, २३५) यदा कटिच्छेदः । पार्ष्ण्योर्निमनोन्नमने पर्यायेण । तथैव च कटिपार्श्वक्षेत्र एव ।
"आवर्तिन्यः करतले यस्याङ्गुल्यः । (ना. शा. ९-९१)
इत्येवंभूतोऽलपल्लवः । ईषद्रतागतपर्यायेण द्वाभ्यां हस्ताभ्यां प्रयुज्यते । वैशाखस्थानकेन "तालास्त्रयोऽर्धतालश्च" (ना. शा. १०-६१) इति "निष्क्रान्तौ" इति च लक्षणेन तदा कटिच्छेदयोगि छिन्नं नाम । अङ्गप्रतिसारणतालभञ्जनादिविषये चास्य प्रयोगः ॥१०५॥

## मधुसूदनी

### (४४) लतावृश्चिकम् ,

यदाह—वृश्चिकश्चरणो यत्र वामहस्तो लताभिधः ।
तल्लतावृश्चिकं योज्यं गगनात्पातने बुधैः । सं. र. ॥१०४॥

### (४५) छिन्नम् ,

यदाह—अलपद्मौ कटीपार्श्वक्षेत्रे यत्र क्रमात्करौ
कटी छिन्ना च वैशाखं स्थानं तच्छिन्नमुच्यते ।
स्याच्चावभञ्जने तच्च तथाङ्गप्रतिसारणे । सं. र. ॥१०५॥

## बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पैर पृष्ठभाग से अञ्चित और अंगुलियाँ ऊपर की तरफ कुञ्चित तथा लता के रूप में बायाँ हाथ रहे वह लतावृश्चिक करण होता है ॥१०४॥

(मूल) जहाँ कटि प्रदेश में अलपद्म अलपल्लव हाथ को करे और वैशाखनामक स्थानक के जरिये खड़े होने से कटि पर्यायशः पारी पारी से छिन्न होती रहे वह छिन्न करण होता है ॥१०५॥

पूर्व भाग से वृश्चिक का निर्देश किया है, और वाम पाद को भूमि पर रखने का । आकाश से गिरने के समय में इसका प्रयोग होता है ॥१०४॥

(४५) छिन्न (४६) वृश्चिकरेचित

जब क्रम से एड़ी के उठाने एवं गिराने से कटिच्छेद होता है तब कटिच्छेद के योग

**वृश्चिकं चरणं कृत्वा स्वस्तिकौ च करावुभौ ।**
**रेचितौ विप्रकीर्णौ च करौ वृश्चिकरेचितम् ॥१०६॥**
**बाहुशीर्षाञ्चितौ हस्तौ पादः पृष्ठाञ्चितस्तथा ।**
**दूरसन्नतपृष्ठं च वृश्चिकं तत्प्रकीर्तितम् ॥१०७॥**

अभिनवभारती

(४६) वृश्चिकरेचितम् ।

"तावेव मणिबन्धान्ते ।" इति (ना. शा. ९-१८७) स्वस्तिकौ । तदच्युतौ विप्रकीर्णकौ रेचितौ हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ । एतदाकाशयानके प्रयोज्यम् ॥१०६॥

(४७) वृश्चिकम् ।

द्विवचनैकवचने अङ्गस्यापरिहारं सूचयतः । हस्तस्य बाहुशिरस्यञ्चनेन करिहस्तप्रयोगः सूच्यते ।

मधुसूदनी

(४६) वृश्चिकरेचितम्,

यदाह—यत्रांघ्री वृश्चिकीभूतौ स्वस्तिकौ रेचितौ करौ ।
विच्युतौ चेत्तदाकाशयाने वृश्चिकरेचितम् । सं. र. ॥१०६॥

(४७) वृश्चिकम्,

यदाह—करिहस्तौ करौ पादः पृष्ठे वृश्चिकपुच्छवत् ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ वृश्चिक चरण के साथ २ कभी दोनों हाथ स्वस्तिक या कभी रेचित एवं विप्रकीर्ण किये जाय वह वृश्चिक रेचित करण है ॥१०६॥

(मूल) हाथों को सिर की तरफ अञ्चित करने से करिहस्त कहलाता है। अतः जहाँ हाथों का अभिनय करिहस्त के रूप में किया जाय और पैर को वृश्चिक के पुच्छ की

से छिन्न नामक यह करण है। इसमें पारी २ से एड़ी का नमन एवं उन्नमन करे। उसी कटि के पार्श्व भाग में भी उन्नमन एवं नमन होता है। "जिस हाथ की अंगुलियां करतल में आवर्तित याने संकुञ्चित होती हों" यह इस प्रकार का अलपल्लव है। इसका प्रयोग दोनों हाथों के थोड़े २ या धीरे २ हिलाने एवं डुलाने से और "साढ़े तीन ताल" और "निष्क्रान्त" इस लक्षण वाले वैष्णव स्थानक से होता है ॥१०५॥ वे ही मणिबन्ध के अन्त में स्वस्तिक, स्वस्तिक से च्युत विप्रकीर्ण, तथा हंस पक्ष द्रुत भ्रम रेचित हस्त होते हैं। आकाश यान में इनका प्रयोग करना चाहिए ॥१०६॥

(४७) वृश्चिक

मूल में हस्तौ यह द्विवचन और पादः यह एक वचन अंग के अपरिहार अपरित्याग

आलीढं स्थानकं यत्र करौ वक्षसि रेचितौ । ४०८
ऊर्ध्वाधोविप्रकीर्णौ च व्यंसितं करणं तु तत् ॥१०८॥

अभिनवभारती

"समुन्नतो लताहस्तः पार्श्वात्पार्श्वं विलोलितः ।
त्रिपताकोऽपरः कर्णे करिहस्तः ॥" (ना. शा. ९-१९९)

दूरसन्नतपृष्ठत्वं नान्तरीयकं सर्वेषु वृश्चिकप्रयोगेषु मन्तव्यम् । वृश्चिकपुच्छोपलक्षितपादो वृश्चिकः । तत्स्थानीयचरणं वृश्चिकमेतत्करणम् । अस्याकाशगतौ ऐरावणादिविषये प्रयोगः । यथा—"श्वेताभ्रभ्रान्तिकारी समवतरति खादभ्रमूवल्लभोऽयम्" इति ॥१०७॥

(४८) व्यंसितम् ।

"मण्डले दक्षिणं पादं पञ्च तालान्प्रसार्य तु ।
आलीढं स्थानकं कुर्यात् ॥" (ना. शा. १०-६७)

मधुसूदनी

दूरसन्नतपृष्ठश्च यत्र तद् वृश्चिकं विदुः ।
एतदैरावणादीनां व्योमयाने नियुज्यते । सं. र. ॥१०७॥

(४८) व्यंसितम् ,

यदाह—एक उद्वेष्टितेनाधो विप्रकीर्णः करोऽपरः ।

बालक्रीडा

तरह पृष्ठ भाग में अञ्चित करे तथा पार्श्वभाग अत्यन्त झुका हुआ रहे वह वृश्चिक करण कहा गया है ॥१०७॥

(मूल) जहाँ आलीढ नामक स्थानक का प्रयोग करें । और हाथों को वक्षःस्थल में रेचित कर के ऊपर की तरफ और नीचे की तरफ फैला दिया जाय तो वह व्यंसित करण होता है ॥१०८॥

की सूचना करते हैं । हस्त का बाहुशिर कन्धे पर अञ्चन करने से करिहस्त के प्रयोग की सूचना मिलती है । उसका लक्षण है कि एक पार्श्व से दूसरे पार्श्व में विलोलित लता हस्त समुन्नत अवस्था में रहे और दूसरा त्रिपताक हस्त कर्ण पर समुन्नत रहे वह करिहस्त कहलाता है ।

सभी वृश्चिक प्रयोगों में पृष्ठ भाग के अत्यन्त सन्नतत्व को नान्तरीयक आवश्यक मानना चाहिए । वृश्चिक के पुच्छ से उपलक्षित पाद को वृश्चिक यहाँ कहा है अतः वृश्चिक पुच्छ के स्थान पर जहाँ चरण को माना जाय वह यह करण वृश्चिक है । इसका प्रयोग ऐरावणादि हाथियों के आकाशगमन के विषय में होता है । जैसे—सफेद बादल की भ्रान्ति के कारक यह अभ्रमूवल्लभ ऐरावत हाथी बड़े वेग से आकाश में उतर रहा है ॥१०७॥

(४८) व्यंसित

मण्डल स्थानक के समय दाहिने पैर को पाँच ताल तक फैला कर आलीढ नामक




४९ पार्श्वनिकुट्टकम्




५० ललाटतिलकम्



५१ क्रान्तकम्



५२ कुञ्चितम्



५३ चक्रमण्डलम्



५४ उरोमण्डलिकम्



५५ आक्षिप्तम्



५६ तलविलासितम्



५७ अर्गलम्



५८ विक्षिप्तम्



५९ आवर्तम्



६० डोलापादम्

हस्तौ तु स्वस्तिकौ पार्श्वे तथा पादो निकुट्टितः ।
यत्र तत्करणं ज्ञेयं बुधैः पार्श्वनिकुट्टिनम् ॥१०६॥

अभिनवभारती

एकस्य तर्जन्याद्युद्वेष्टितेन (ना. शा. ९-२१६) करणेनाधो विप्रकीर्णता। द्वितीयस्त-र्जन्यादिपरावर्तितकरणेनोर्ध्वगतः, क्षेत्रपर्यायेणैक उत्तानो हंसपक्षो द्रुतभ्रमलक्षणो रेचकम्। अपरोऽधोमुख ऊर्ध्वाध इत्येकीकरणम्। तच्च करणमुभयत्र सम्बध्यते। एतच्च विभ्रमादिहनुमदादिषु परिक्रमविषयम् ॥१०८॥

(४६) पार्श्वनिकुट्टकम्।

"तावेव मणिबन्धान्ते" इति (ना. शा. ९-२८७) स्वस्तिकौ। तथाशब्देन पार्श्वे तयोर्निकुट्टितत्वं पर्यायेणोच्यते। तस्य तल एव च पादस्य निकुट्टितत्वम्। पुनर्द्वितीये-नाङ्गेनेति। पार्श्वगतहस्तनिकुट्टितयोगात् पार्श्वनिकुट्टितम्। प्रकाशनसंवरणसम-भिहारप्रधाने वाक्यार्थे चास्य प्रयोगः। यथा "पुण्णाव वडेहरासुई कुदुएहमं ...... पेताहं (सहंखिपित") इत्यादौ ॥१०९॥

मधुसूदनी

ऊर्ध्वं तादृक् परावृत्त्या चक्रः क्षेत्रगतस्ततः।
उत्तानो रेचितश्चैकोऽपरोऽधोमुखरेचितः।
आलीढं स्थानकं यत्र तद् ध्वंसितमुदाहृतम्।
प्रयोज्यमाञ्जनेयादिमहाकपि पराक्रमे। सं. र. ॥१०८॥

(४९) पार्श्वनिकुट्टकम्,

यदाह—पार्ष्ण्योः स्वस्तिकयोरूर्ध्वमुखः पार्श्वे निकुट्टितः।
एकोऽन्योऽधोमुखो यत्र तद्वत्पादो निकुट्टितः।
तत्प्रकाशनसञ्चाराभ्यासे पार्श्वनिकुट्टकम्। सं. र. ॥१०९॥

बालक्रीडा

(मूल) पार्श्व में हाथ तो जहाँ स्वस्तिक रहें तथा पैर निकुट्टित किये जाँय उस करण को विद्वान् लोग पार्श्वनिकुट्टित समझें ॥१०९॥

स्थानक को करे। इस प्रकरण में एक पैर की तर्जनी आदि के उद्वेष्टित करने से विप्रकीर्णता होती है। और द्वितीय पैर तर्जनी आदि के परावर्तित कर देने से ऊर्ध्वगत होता है। इस प्रकार देश भेद से क्रम से उत्तान ऊर्ध्वमुख हंस पक्ष द्रुत भ्रम लक्षण वाला रेचक होता है और दूसरा अधोमुख। इस तरह ऊर्ध्व एवं अधोभाग दोनों को मिलाना एकी करण होता है। वह ऊर्ध्वाधोभूत करण दोनों में सम्बद्ध है। इसका प्रयोग हनुमान जी वगैरह के परिक्रमण के समय में होता है ॥१०८॥

(४९) पार्श्वनिकुट्टक

"वेही मणिबन्धान्त में" इस से स्वस्तिक का संकेत किया है। "तथा पादो" में

वृश्चिकं चरणं कृत्वा पादस्याङ्गुष्ठकेन तु ।
ललाटे तिलकं कुर्याल्ललाटतिलकं तु तत् ॥११०॥
पृष्ठतः कुञ्चितं कृत्वा व्यतिक्रान्तकमं ततः ।
आक्षिप्तौ च करौ कार्यौ क्रान्तके करणे द्विजाः ? ॥१११॥

### अभिनवभारती

#### (५०) ललाटतिलकम् ।

पादस्य वृश्चिकादितरस्याङ्गुष्ठेन तिलकं तिलकक्रियाहेतुभूतत्वेन लक्षितं संश्लेषं कुर्यादित्यादिकमेतत्करणं विद्याधरगतिविषये प्रयुज्यते ॥११०॥

#### (५१) क्रान्तकम् ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य पुरतः सम्प्रसारयेत् ।
उत्क्षिप्य पातयेच्चैनमतिक्रान्ता ॥" इति (ना. शा. १०-२०)

### मधुसूदनी

#### (५०) ललाटतिलकम् ,

यदाह—अंगुष्ठो वृश्चिकाङ्घ्रेश्चेल्ललाटे तिलकं लिखेत् ।
तदा ललाटतिलकं विद्याधरगतौ मतम् । सं. र. ॥११०॥

#### (५१) क्रान्तकम् ,

यदाह—चार्यातिक्रान्तया पादं पात्यमानन्तु कुञ्चयेत् ,

### बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ वृश्चिक नामक चरण का अभिनय कर के उसी पैर के अंगुष्ठ से ललाट में तिलक करे उसे ललाट तिलक कहते हैं ॥११०॥

(मूल) हे द्विजाः ? पैर को पीठ की तरफ कुञ्चित कर के तत्काल हाथ को व्यतिक्रान्त करे । और करों को आक्षिप्त करे तब वह क्रान्त करण होता है ॥१११॥

के तथा शब्द से कहा कि पार्श्व भाग में उन हाथों का निकुट्टितत्व पर्याय से क्रम से करना चाहिए । पाद के निकुट्टितत्व का अर्थ है उस पाद के तल में ही निकुट्टितत्व है । ऐसी क्रिया फिर द्वितीय अंग से करनी चाहिए । इस तरह पार्श्व में हाथों के निकुट्टित होने से पार्श्वनिकुट्टित यह करण है । इसका प्रयोग प्रकाशन एवं संवरण के समभिहार याने पौनः पुन्य के सूचक वाक्यार्थ के अभिनय में होता है । जैसे पुष्णाव इत्यादि में ॥१०९॥

#### (५०) ललाट तिलक

वृश्चिक पाद से इतर दूसरे पैर के अँगूठे से तिलक करे । अर्थात् तिलक करने के लिए अँगूठे का संश्लेष-जो तिलक क्रिया के हेतु के रूप में लक्षित है जाना गया है । इस करण का प्रयोग विद्याधरों की गति के विषय में किया जाता है ॥११०॥

आद्यः पादो नतः कार्यः सव्यहस्तश्च कुञ्चितः ।
उत्तानो वामपार्श्वस्थस्तत्कुञ्चितमुदाहृतम् ॥११२॥ ११२

अभिनवभारती

चारीं तां कृत्वा पात्यमानं चरणं कुञ्चितं स्थापयेत्। पृष्ठतः कुञ्चितं च समादाय क्रियान्तरे परिक्रमेण प्रसारयेत्। हस्तौ विचाल्य तयोरेको व्यावर्तितकरणेन देहक्षेत्रा- न्निष्क्रान्तः पुनः परिवर्तितकरणेनाक्षिप्तः स वक्षसि खटकामुखः। पुनरपरेणाङ्गेन प्रयोगः। उद्धतपरिक्रमेऽस्य प्रयोगः ॥१११॥

(५२) कुञ्चितम् ।

आद्यो नत इति जानुगमनेन भूतलसञ्चारो लक्ष्यते। दक्षिणहस्तश्च कुञ्चितः उत्तानाल्पपल्लवरूपो वामपार्श्वे विधेयः। तदेतन्निर्भरानन्दपूर्णदेवस्याभिनयविषये प्रयोक्तव्यम् । यथा "देहसुभाइअं मकरकलिअगुकापालविद्दिइचलणं थिआइ" इत्यादौ ॥११२॥

मधुसूदनी

व्यावर्तितेन तत्कालं करं निष्क्रामयेत्ततः ।
आक्षिप्य परिवर्तेन तं कुर्यात् खटकामुखम् ।
वक्षस्येवं द्वितीयाङ्गं यत्र तत्कान्तमिष्यते ।
प्रयोगमाहुराचार्यास्तस्योद्धतपरिक्रमे । सं. र. ॥१११॥

(५१) कुञ्चितम् ,

यदुक्तम्—उत्तानो वामपार्श्वस्थोऽल्पपद्मो दक्षिणः करः ।
यत्र तत्कुञ्चितं पादे समेऽप्यतलसंचरे।
तेन देवानभिनयेदानन्दभरनिर्भरम् । सं. र. ॥११२॥

बालक्रीडा

(मल) जहाँ आद्य पाद अर्थात् दक्षिण चरण को नत करे। और बायें हाथ को उत्तान माने सीधा सरल रूप में वामभाग में करे तथा सव्य यानी दाहिने हाथ को कुञ्चित करे उसको कुंचित करण कहते हैं ॥११२॥

(५१) क्रान्तक

कुञ्चित मित्यादि से बतलाई हुई अतिक्रान्ता चारी को करके पात्यमान चरण को कुञ्चित स्थापित करे। और बाद में पीछे से कुञ्चित पैर को दूसरी क्रिया में घुमाकर फैला दे। उसके बाद हाथों का संचालन करे। उनमें से एक को व्यावर्तित करके देह की परिधि से अलग करे फिर परिवर्तित करके आक्षिप्त किये हुए को वक्षःस्थल में खटका मुख के रूप में रक्खे। फिर दूसरे हाथ से ऐसा प्रयोग करे। इसका प्रयोग उद्धत परिक्रम में होता है ॥१११॥

**प्रलम्बिताभ्यां बाहुभ्यां यद्गात्रेणानतेन च।**
**अभ्यन्तरापविद्धः स्यात्तज्ज्ञेयं चक्रमण्डलम् ॥११३॥**
**स्वस्तिकापसृतौ पादावपविद्धक्रमौ यदा।**

अभिनवभारती

(५३) चक्रमण्डलम्।

अड्डिता चाद्यादौ चारी।

"अग्रतः पृष्ठतो वाऽपि पादोऽग्रतलसञ्चरः।
द्वितीयपादनिर्घृष्टो यस्यां स्यादड्डिता तु सा॥" (ना. शा. १०-२३)

उद्धतपरिक्रमादिविषये चैतत् ॥११३॥

(५४) उरोमण्डलम्।

"भूमिघृष्टेन पादेन कृत्वाभ्यन्तरमण्डलम्।
पुनरुत्सारयेदन्यं स्थितावर्ता तु सा स्मृता॥" (ना. शा. १०-१५)

मधुसूदनी

(५३) चक्रमण्डलम्,

यदुक्तम्—यत्र कृत्वाड्डितां चारीं दोलाभ्यां चक्रवद्भ्रमेत्।
अन्तर्नतेन गात्रेण तदूचुश्चक्रमण्डलम्।
सुराणां वरिवस्यायां तदुद्धतपरिक्रमे। सं. र. ॥११३॥

(५४) उरोमण्डलम्,

यदुक्तम्—चार्यौ बद्धास्थितावर्ते उरोमण्डलिनी करौ

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ दोनों बाहु प्रलम्बित रहें और शरीर झुका हुआ रहे। तथा पर को अभ्यन्तर में अपविद्ध करे उसे चक्रमण्डल समझना चाहिए ॥११३॥

(५२) कुञ्चित

आद्य भाग नत झुका हुआ है इस से मालूम पड़ता है कि जानु पर्यन्त पहुँच जाने से भूतल पर संचार है। कुञ्चित अत एव उत्तान अलपल्लव रूप दक्षिण हस्त को वाम पार्श्व में करना चाहिए। इसका प्रयोग निर्भर आनन्द से पूर्ण देवता के अभिनय में करना चाहिए। जैसे देह सुआइउं इत्यादि में ॥११२॥

(५३) चक्रमण्डल

यहाँ आरम्भ में पहले अड्डिता चारी का प्रयोग करना चाहिये। अड्डिता चारी का लक्षण है कि अग्रतल सञ्चर नामक पहले पैर को कभी आगे और कभी पीछे यहाँ करे।

उरोमण्डलकौ हस्तावुरोमण्डलिकन्तु तत् ॥११४॥
आक्षिप्तं हस्तपादं च क्रियते यत्र वेगतः। ११५
आक्षिप्तं नाम करणं विज्ञेयं तत् द्विजोत्तमाः ? ॥११५॥

अभिनवभारती

इत्यनया चार्याऽपसारणं स्वस्तिकस्य कार्यम्। बद्धया चार्या त्वादाववस्थानमित्युक्तं भवति।

"अन्योन्यजङ्घासंवेधात्कृत्वा तु स्वस्तिकं ततः।
ऊरुभ्यां वलनम्" इति (ना. शा. १०-२१)

तस्या रूपं स्वस्तिकसंस्थानमाक्षिप्तम्।

"उद्वेष्टितो भवेदेको द्वितीयश्चापवेष्टितः।
भ्रमितावुरसः स्थाने ह्युरोमण्डलिनौ स्मृतौ॥" (ना. शा. ९-२०३) ॥११४॥

(५५) आक्षिप्तम्।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्याक्षिप्तम्"। इति (ना. शा. १०-३७)

आक्षिप्तया पादचार्या पार्श्वतः किञ्चिन्नमनेन हस्तस्य चतुरश्रस्य खटकामुखस्य क्षेपः इति। इदं विदूषकगतिविषयमाक्षिप्तं करणम् ॥११५॥

मधुसूदनी

यत्रोरोमण्डलं तत्तु शिववल्लभभाषितम्। सं. र. ॥११४॥

(५५) आक्षिप्तम्,

यदुक्तम्—आक्षिप्ता यत्र चारी स्यादाक्षिप्तः खटकामुखः।
चतुरो वा तदाक्षिप्तं विदूषकगतौ मतम्। सं. र. ॥११५॥

बालक्रीडा

(मूल) स्वस्तिक और अपसृत रूप में किये गये पैरों को जब अपविद्ध क्रम में करे तथा हाथों को उरोमण्डलक रूप में बनावे तब उरोमण्डलिक करण होता है ॥११४॥

और द्वितीय पाद का (जमीन पर) घर्षण जिसमें किया जाय वह अड्डिता चारी है। इसका प्रयोग उद्धत परिक्रमादि में करना चाहिए ॥११३॥

(५४) उरोमण्डल

भूमि पर एक पैर को घिस कर अभ्यन्तर मण्डल करे और दूसरे पैर का उत्सारण जहाँ करे वह स्थितावर्ता चारी कहलाती है। इस स्थितावर्ता चारी के प्रयोग के द्वारा स्वस्तिक पैर का अपसरण करना चाहिए यह कहा गया। जंघाओं के परस्पर में योग से पहिले स्वस्तिक करे और उसके बाद ऊरुओं का वलन जहाँ रहे वह बद्धाचारी है। इससे स्वस्तिक संस्थान उसको प्राप्त हो गया। जहाँ एक हस्त उद्वेष्टित हो और दूसरा हस्त अपवेष्टित। फिर उनको उरः स्थल में घुमाया जाय वे हाथ उरोमण्डली कहाते हैं ॥११४॥

ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादः पार्श्वेनोर्ध्वं प्रसारितः । २२६
प्रकुर्यादञ्चिततलौ हस्तौ तलविलासिते ॥११६॥

अभिनवभारती

(५६) तलविलासितम् ।

तेनैवोर्ध्वंगतेन पादेन सहाञ्चिततलो हस्तः कर्तव्यः । द्विवचनात्पर्यायेण द्वितीयेनाङ्गेन प्रयोगोऽभ्यासेन वा । पताकौ हस्तौ परस्परोपसंश्लिष्टाविति पादतलस्य हस्ततलस्य च विकृष्टे देशे आकाशे लासितं श्लेषणं यत्र तत्तलविलासितम् । पादोद्धारसंज्ञया सूत्रधारादिविषये नाट्याचार्या योजयन्ति ॥११६॥

मधुसूदनी

(५६) तलविलासितम्,

तदुक्तम्—ऊर्ध्वमूर्ध्वाङ्गलितलः पादः पार्श्वे प्रसारितः ।
तदग्रयुक् पताकोङ्गं यत्रेत्थमपरं क्रमात् ।
सूत्रधारादिविषये तत्स्यात्तलविलासितम् । सं. र. ॥११६॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ वेग के साथ हाथ एवं पैरों को फैंके तब हे द्विजोत्तमाः ? उसको आक्षिप्त करण समझें ॥११५॥

(मूल) जहाँ पैर के अंगुल सहित तल को उत्तान कर के बगल में ऊपर की ओर फैला दे। और हाथ के तल को अञ्चित सीधा कर दे उसको तलविलासित करण कहते हैं ॥११६॥

(५५) आक्षिप्त

कुञ्चित पाद का उत्क्षेपण करके जहाँ अञ्चित किया जाय। इस आक्षिप्त नामक पाद चारी के द्वारा पार्श्व के कुछ नमन से चतुरस्र खटकामुख नामक हस्त का आक्षेप किया जाता है। इस आक्षिप्त नामक करण का प्रयोग विदूषक की गति के विषय में किया जाता है ॥११५॥

(५६) तल विलासित

ऊर्ध्वगत पाद के साथ २ अञ्चित तल हस्त को भी करना चाहिए। हस्तौ में द्विवचन का आशय है कि चारी २ से एक बार एक हस्त से और दूसरी बार द्वितीय हस्त से अथवा अभ्यास से प्रयोग को करना चाहिए। पताक हस्त परस्पर में संश्लिष्ट होते हैं अतः पादतल एवं हस्ततल का विकृष्ट देश आकाश में लासित याने श्लेषण जहाँ रहे वह तल विलासित करण है। नाट्याचार्य लोग इसकी योजना सूत्रधारादि के विषय में पादोद्धार नाम से करते हैं ॥११६॥

पृष्ठतः प्रसृतः पादो द्वौ तालावर्धमेव च । ११७
तस्यैव चानुगो हस्तः पुरतस्त्वर्गलं तु तत् ॥११७॥
विक्षिप्तं हस्तपादं च पृष्ठतः पार्श्वतोऽपि वा । ११८
एकमार्गगतं यत्र तद्विक्षिप्तमुदाहृतम् ॥११८॥

अभिनवभारती

(५७) अर्गलम् ।

द्वितीय चरणकनिष्ठाभागे सार्धतालाह्वजङ्घः सन् पादः प्रसृतो भवति । एत-त्समकालं च स्तब्धबाहुर्द्वितीयपार्श्वक्षेत्रं किञ्चिदग्रप्रसृतोऽलपल्लवाकारः वामः करः । देहस्य तदा नियन्त्रणात् अर्गलम । परिक्रमे चैतदङ्गदप्रभृतीनां भवति ॥११७॥

(५८) विक्षिप्तम् ।

वाग्रहणं चार्थे । तेन विद्युद्भ्रान्तादण्डपादाभ्यां (ना. शा. १०-४०-४४) चारी-भ्यामुद्वेष्टितापवेष्टितरेचकवर्तनया पार्श्वयोः पृष्ठेऽग्रे च हस्तपादविक्षेपः । विक्षिप्तं करणम् । इदमुद्धतगतिपरिक्रमसूचनादिविषयम् ॥११८॥

मधुसूदनी

(५७) अर्गलम् ,

तदुक्तम्—कनिष्ठाङ्गुलिभागे चेद्वामाङ्घ्रिर्दक्षिणः स्थितः ।
स्तब्धजंघः सार्धतालद्वितयं तत्प्रसारितः ।
तदैव स्तब्धबाहुः सन् वामपार्श्वेऽलपल्लवः ।
वामेतरः करः किञ्चित् प्रसृताग्रोऽर्गलं तदा ।
परिक्रमेंगदादीनां शार्ङ्गदेवेन कीर्तितम् । सं. र. ॥११७॥

(५८) विक्षिप्तम् ,

तदुक्तम्—विद्युद्भ्रान्तादण्डपादे क्रमाच्चार्यौ विधाय चेत् ।

बालक्रीडा

(मूल) एक बित्ते के विस्तार को एक ताल कहते हैं। ऐसे दो ताल पर्यन्त पैर जहाँ पीछे की तरफ फैला रहे और उसी के अनुकूल हाथ आगे की तरफ फैला रहे तब वह अर्गल करण कहलाता है ॥११७॥

(५७) अर्गल

द्वितीय वाले वाम चरण की कनिष्ठिका अँगुली को भंग अर्थात् आमर्दित करके सार्धतालनामक जंघा वाले दाहिने चरण को फैला देवे और इसी समय जिसमें बाहु कोहनी के ऊपर का भाग स्तब्ध वाले स्थिर रहे ऐसा अलपल्लवाकार वाम को कर द्वितीय पार्श्व वाम पार्श्व में कुछ आगे की तरफ फैला देवे इस तरह देह के नियंत्रण कर देने से अर्गल करण होता है। इसका प्रयोग अंगद प्रभृति वानरों के परिक्रमण के समय में होता है ॥११७॥

**प्रसार्य कुञ्चितं पादं पुनरावर्तयेत् द्रुतम्।**
**प्रयोगवशगौ हस्तौ तदावर्तमुदाहृतम् ॥११६॥**

अभिनवभारती

(५९) आवर्तम्।

"पादः प्रसारितः सव्यः पुनश्चैवापसर्पितः।
वामः सव्योपसर्पी च चाषगत्याम्। इति॥" (ना. शा. १०-१८)

चाषगत्या चार्या प्रयोगः। हस्तौ च किञ्चिदुद्वेष्टितापवेष्टितरूपौ दोलाख्येवेति। आ ईषत् वर्तनं हस्तपादस्य यत्र तदिदमामावर्तं करणम्। एतद्वयोरसर्पणे सारिकापाशबन्धावसरे प्रयोज्यम् ॥११९॥

मधुसूदनी

उद्वेष्टितापवेष्टिभ्यामेकमार्गगतौ करौ।
रेचयन्नग्रतः पृष्ठे पार्श्वयोर्विक्षिपेत्तदा।
विक्षिप्तमभिनेतव्यं तेनोद्धतपरिक्रमे। सं. र. ॥११८॥

(५९) आवर्त्तम्,

तदुक्तम्—उद्वेष्टनोपवेष्टेन यत्र दोलाभिधौ करौ।
चारी चाषगतिस्तत्स्यादावर्त्तं भयसर्पणे। सं. र. ॥११९॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक मार्ग में पीछे की तरफ या आगे की तरफ या पार्श्वों में हाथ एवं पैरों का विक्षेपण रहे उसको विक्षिप्त कहते हैं ॥११८॥

(मूल) जहाँ पैर को कुञ्चित टेढ़ा फैलाकर झटपट सीधा कर दे। और इसी तरह प्रयोग के अनुसार हाथों को भी टेढ़ा कर के सीधा कर दे वह आवर्त्त करण कहलाता है ॥११९॥

(५८) विक्षिप्त

पार्श्वतोऽपि वा में का वाग्रहण चकार के अर्थ में है। इस से विद्युद्भ्रान्त एवं दण्डपाद चारी के प्रसंग में उद्वेष्टित एवं अपवेष्टित की विधि से रेचक हस्त की वर्त्तना से अगल-बगल आगे-पीछे हस्त एवं पादों का विक्षेप करे। तब यह विक्षिप्त करण होता है। इसका प्रयोग उद्धत गति से चलने की सूचना के विषय में होता है ॥११८॥

(५९) आवर्त्त

चाषगति नामक चारी में दाहिना पैर पहिले प्रसृत फिर अपसर्पित याने संकुचित और बायाँ पैर दाहिने पैर के अनुकूल फैलाया हुआ होना चाहिए।


चाषगति चारी का प्रयोग इसमें होता है। अतः कुछ २ उद्वेष्टित एवं अपवेष्टित रूप हाथ दोलासंज्ञक ही होते हैं। आवर्त्त पद की व्युत्पत्ति करते हैं कि जहाँ हाथ एवं पैर का थोड़ा वर्तन संचालन रहे वह आवर्त्त करण है। इसका प्रयोग उस समय होता है जब सारिका वगैरह को फांसे में बान्धने के लिए डरते २ पैरों से चलना होता है ॥११९॥



६१ विवृत्तम्



६२ विनिवृत्तम्



६३ पार्श्वक्रान्तम्



६४ निस्तम्भितम्



६५ विद्युद्भ्रान्तम्




६६ अतिक्रान्तम्



६७ विवर्तितकम्



६८ गजक्रीडितकम्



६९ तलसंस्फोटितम्



७० गरुडप्लुतम्



७१ गण्डसूची



७२ परिवृत्तम्

कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य पार्श्वात्पार्श्वं तु डोलयेत् । १२० 
प्रयोगवशगौ हस्तौ डोलापादं तदुच्यते ॥१२०॥
आक्षिप्तं हस्तपादं च त्रिकं चैव विवर्तयेत् । १२१
रेचितौ च तथा हस्तौ विवृत्ते करणे द्विजाः ? ॥१२१॥

अभिनवभारती

(६०) डोलापादम् ।

पूर्वमूर्ध्वजानुचारी । (ना. शा. १०-२३) ततो दोलापादा ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य पार्श्वात्पार्श्वं विलोलयेत् ।
पातयेदुञ्चितं चैव दोलापादा ॥") (ना. शा. १०-३६)

डोलाहस्तावेव (ना. शा. ९-१४८) प्रयोगवशगौ इति डोलापादं करणम् ॥१२०॥

(६१) विवृत्तम् ।

आक्षिप्तया चार्या वामपादमाक्षिप्य स्वदेहक्षेत्रादपसारितवृत्त्याऽऽवर्त्य हस्तं च व्यावर्तितपरिवर्तिताभ्यां तथैवाक्षिप्य त्रिकं भ्रमरिकया (ना. शा. १०-४५) वलयेत् ।

मधुसूदनी

(६०) डोलापादम्,

तदुक्तम्—ऊर्ध्वजानोः परं चारी दोलापादा यदा भवेत् ।
दोलौ हस्तौ तदा प्रोक्तं दोलापादं विदां वरैः । सं. र. ॥१२०॥

(६१) विवृत्तम्,

तदुक्तम्—पादमाक्षिप्तया चार्याऽऽक्षिप्याक्षिप्य करावपि ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पहले पैर को एक बगल से टेढ़ा ऊपर की तरफ फैला दे फिर दूसरे को दूसरे बगल में आन्दोलित करे और इसी तरह प्रयोग के अनुसार हाथों को दोलित करे यह दोला पाद कहलाता है ॥१२०॥

(मूल) हे द्विजाः ? विवृत्त नामक करण में हाथों का क्षेपण कर के पैरों का क्षेपण करे उसके बाद त्रिक यानी मध्य का विवर्त्तन करे तथा रेचित के रूप में हाथों का प्रयोग करे ॥१२१॥

(६०) डोलापाद

यहाँ पहले ऊर्ध्वजानु फिर दोलापादा चारी का प्रयोग होता है । दोलापादा चारी का लक्षण है कि जहाँ पहिले पैर को कुञ्चित के रूप में ऊपर की तरफ उठाकर एक बगल से दूसरे बगल में संचालित करे और फिर उसको अञ्चित याने सीधा कर के भूमिपर रखे । यह दोलापादा चारी है । इसमें प्रयोग के अनुसार दोला हाथ रहते हैं अतः इसका नाम डोलापाद करण है ॥१२०॥

**सूचीविद्धं विधायाथ त्रिकं तु विनिवर्तयेत् ।**
**करौ च रेचितौ कार्यौ विनिवृत्ते द्विजोत्तमाः ? ॥१२२॥**

अभिनवभारती

तद्रेचितौ च हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ हस्ताविति त्रिकविवर्तनयोगात् विवृत्तम् । अस्योद्धतगतिपरिक्रमे प्रयोगः ॥१२१॥

## (६२) विनिवृत्तम् ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानूर्ध्वं सम्प्रसारयेत् ।
पातयेच्चाग्रयोगेन सा सूची ॥" इति (ना. शा. १०-२४)

चार्या द्वितीयं पादं पार्ष्णिभागे स्वस्तिकयोजनया बद्धचार्या त्रिकस्यैकपार्श्वे विवर्तन प्रत्यावर्तनक्रमेण निवृत्तिं कुर्यात् । "अन्योन्यजङ्घावेधेन बद्धया" (ना. शा. १०-११) बद्धया चार्योरुवलनं कुर्यात् । हस्तौ च रेचितौ हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ । उक्त एवास्य प्रयोगः विवृत्तवत् ॥१२२॥

मधुसूदनी

व्यावृत्तपरिवृत्ताभ्यां कृत्वा भ्रमरिकां करौ ।
रेचितौ चेद्विवृत्तं स्यात्तच्चोद्धतपरिक्रमे । सं. र. ॥१२१॥

(६२) विनिवृत्तम् ,

तदुक्तम्—सूच्यङ्घ्रिणा द्वितीयाङ्घ्रेः पार्ष्णितः स्वस्तिकं भवेत् ।
व्यावृत्तिपरिवृत्तिभ्यां वलयित्वैकपार्श्वतः ।
त्रिकं बद्धाभिधां चारीं कुर्याद्धस्तौ च रेचितौ ।
यत्र तद्विनिवृत्तं स्यात्पूर्वोक्त विनियोग भाक् । सं. र. ॥१२२॥

बालक्रीडा

(मूल) हे द्विजोत्तमाः ? विनिवृत्त नामक करण में सूची एवं विद्धा चारी का प्रयोग कर के त्रिक का विनिवर्तन करे । और करों को रेचित करे ॥१२२॥

(६१) विवृत्त

पहिले आक्षिप्ता चारी के विधान से अपनी देह की सीमा से बाहर की तरफ वाम पैर को आक्षिप्त करके फिर अपसारित रीति से आवर्तन करे और हाथ को व्यावर्तित एवं परिवर्तित की प्रक्रिया से उसी प्रकार आक्षिप्त कर के भ्रमरिका चारी के विधान से त्रिक का संचालन करे । इस तरह हंस पक्ष द्रुतभ्रम लक्षण वाले रेचित हस्त होते हैं और त्रिक के विवर्तन कर देने से यह विवृत्त नामक करण होता है । इसका प्रयोग उद्धत गति से चलने के समय होता है ॥१२१॥

(६२) विनिवृत्त

कुञ्चित पैर को उठाकर जानु के ऊपर फैलावे और फिर अग्रभाग से उसको नीचे

**पार्श्वक्रान्तक्रमं कृत्वा पुरस्तादथ पातयेत् । १२३**
**प्रयोगवशगौ हस्तौ पार्श्वक्रान्तं तदुच्यते ॥१२३॥**
**पृष्ठतः कुञ्चितः पादो वक्षश्चैव समुन्नतम् । १२४**

अभिनवभारती

(६३) पार्श्वक्रान्तम् ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य पार्श्वस्थाने स्थितं न्यसेत् ।" (ना. शा. १०-३२)

इति पार्श्वक्रान्ता चारी । तयाऽग्रे चरणं पातयेत् । हस्तयोश्च पादप्रयोगानुसारेण पर्यायेण पुरः प्रसारणम् । यदि वा प्रयुज्यत इति प्रयोगः गतिप्रचारयुद्धादिः । तत्र पादावुचितौ हस्तावित्येवं सर्वत्र । एतच्च रौद्रप्रधाने भीमसेनादेः परिक्रमे ॥१२३॥

(६४) निस्तम्भितम् । निशुम्भितम्

द्वितीयपाद पृष्ठे पार्ष्णिभागे कुञ्चितः । समुन्नतमिति । निर्भुग्नं स्वच्छं च

मधुसूदनी

(६३) पार्श्वक्रान्तम् ,

तदुक्तम्—पार्श्वक्रान्ता भवेच्चारी करौ पादानुगौ यदा ।
पार्श्वक्रान्तं तदा यद्वाभिनेयवशगौ करौ ।
तयोर्व्यं भीमसेनादे रौद्रप्राये परिक्रमे । सं. र. ॥१२३॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पार्श्वक्रान्ता चारी का प्रयोग कर के पैरों को आगे की तरफ रक्खे और प्रयोग के अनुसार हाथों का अभिनय करे । वह पार्श्वक्रान्त करण कहलाता है ॥१२३॥

जहाँ रखदे । वह सूची नामक चारी होती है । इस चारी के द्वारा द्वितीय पाद के पार्ष्णि भाग में स्वस्तिक की योजना करे । और त्रिक की, बद्धा चारी से एक पार्श्व में विवर्तन एवं प्रत्यावर्त्तन क्रम से निवृत्ति करे । अथवा जंघाओं के परस्पर में वेध से होने वाली बद्धा चारी से ऊरुका वलन और हंसपक्ष द्रुतभ्रम संज्ञक रेचित हाथों को करे । तब वह विनिवृत्त करण होता है । इसका प्रयोग विवृत्त की तरह होता है जो कि कह ही दिया है ॥१२२॥

(६३) पार्श्वक्रान्त

पैर को कुञ्चित करके ऊपर में उठावे फिर पार्श्व में स्थिरता से उसका विन्यास करे । इसको पार्श्वक्रान्ता कहते हैं । इस चारी के द्वारा आगे की तरफ पैर को गिरावे पटके । पैरों के प्रयोग के अनुसार हाथों को भी पारी २ से आगे की तरफ फैलावे । अथवा जो प्रयोग किया जावे वही प्रयोग है । गति, प्रचार एवं युद्ध आदि । उन में औचित्य के अनुसार हाथों एवं पैरों का उपयोग करे । इसका अभिनय रौद्ररस प्रधान भीमसेन आदि के परिक्रमण में होता है ॥१२३॥

**तिलके च करः स्थाप्यस्तन्निस्तम्भितमुच्यते ॥१२४॥**
**पृष्ठतो वलितं पादं शिरोघृष्टं प्रसारयेत् ।** 222

अभिनवभारती

निम्नपृष्ठं चेति । खटकामुखः कर इति तदेकदेशो मध्यमाङ्गुलिरूपो ललाटे तिलकवदिति । पादेन भुव आघातान्निस्तम्भितं महेश्वराभिनयविषयम् । वृश्चिकोऽत्र पाद इत्येके ॥१२४॥

(६५) विद्युद्भ्रान्तम् ।

पृष्ठत ऊरुमूलदेशात्प्रभृति वलितं चक्रवद्भ्रामितं तत एव प्रयोक्तुः शिरःप्रदेशेन श्लिष्टं सर्वतो मण्डलगत्या आख्यया आविद्धं चतुरस्रं कृत्वा प्रसारयेत् । प्रकर्षेण

मधुसूदनी

(६४) निशुम्भितम् , अथवा निस्तम्भितम् ,

यथाह— पृष्ठदेशे द्वितीयाङ्घ्रिः कुञ्चितश्चरणो भवेत् ।
समुन्नतमुरः पाणेः खटकाख्यस्य मध्यमा ।
यत्राङ्गुलिस्तिलकयेल्ललाटं तन्निशुम्भितम् ।
यद्वा वृश्चिकहस्तः स्यादभिनेयो महेश्वरः । सं. र. ॥१२४॥

(६५) विद्युद् भ्रान्तम् ,

यथाह—पृष्ठतो भ्रमितं पादं सर्वतो मण्डलप्लुतः ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ पृष्ठ भाग यानी एड़ी के हिस्से में पैर को कुञ्चित करे और वक्षः स्थल को समुन्नत करे तथा तिलक के स्थान ललाट में कर को रक्खे वह निस्तम्भित करण कहलाता है ॥१२४॥

(मूल) जहाँ प्रयोक्ता पीछे की तरफ घुमाये हुए पाद को अपने सिर से श्लिष्ट कर के सर्वतो मण्डलगति से फैलाये वह विद्युद् भ्रान्त करण होता है ॥१२५॥

(६४) निस्तम्भित या निशुम्भित

द्वितीय बायें पैर को पीछे की तरफ एड़ी में कुञ्चित करे। उरः स्थल को समुन्नत निर्भुग्न माने सरल एवं स्तब्ध स्थिर तथा निम्नपृष्ठ करे। खटकामुख कर इससे यह बतलाया कि मध्यमाङ्गुलि रूप खटकामुख कर का एक देश ललाट में तिलक की तरह रहे अर्थात् उससे तिलक बना दे। पैर से पृथ्वी का आघात करने से निस्तम्भित होता है। महेश्वर के अभिनय में इसका प्रयोग होता है। कोई कहते हैं कि यहाँ वृश्चिक पाद करना चाहिए ॥१२४॥

(६५) विद्युद्भ्रान्त

पीछे की तरफ ऊरुमूल प्रदेश से वलित माने चक्र की तरह घुमा दे। इसीलिए प्रयोक्ता के शिरः प्रदेश से श्लिष्ट हुए पैर को सर्वतो मण्डल गति नामक चारी से आविद्ध

सर्वतो मण्डलाविद्धं विद्युद्भ्रान्तं तदुच्यते ॥१२५॥
अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा पुरस्तात्संप्रसारयेत् ।
प्रयोगवशगौ हस्तावतिक्रान्ते प्रकीर्तितौ ॥१२६॥
आक्षिप्तं हस्तपादं च त्रिकं चैव विवर्तितम् ।
द्वितीयो रेचितो हस्तो विवर्तितकमेव तत् ॥१२७॥

अभिनवभारती

स सर्वदिक्षु पर्यायेण सारयेत् तत्पदस्य विद्युत उद्भ्रमणाद्विद्युद्भ्रान्तमुद्धतगतिपरिक्रमादिविषयम् ॥१२५॥

(६६) अतिक्रान्तम् ।

अतिक्रान्ता चारी (ना० शा० १०-२०) व्याख्याता । पुरस्तादिति स्वदेहस्याग्रेण । एतदपि गतिपरिक्रमादिविषयमेव । एवमन्यस्यापि यस्याभिनयविषये नोपयोगस्तस्य विषयो मन्तव्यः ॥१२६॥

(६७) विवर्तितकम् ।

आक्षिप्तहस्तापेक्षया द्वितीयो हस्तः । तं हंसपक्षद्रुतभ्रमकर्मं कुर्यात् ॥१२७॥

मधुसूदनी

भ्रामयेच्चेच्छिरः क्षेत्रे विद्युद्भ्रान्तं तदोच्यते ।
प्रयोगमस्य च प्राहुरुद्धतानां परिक्रमे । सं० र० ॥१२५॥

(६६) अतिक्रान्तम्,

यथाह—कृत्वा चारीमतिक्रान्तामङ्घ्रिमग्रे प्रसारयेत् ।
यत्र हस्तौ प्रयोगार्हावतिक्रान्तमदो विदुः । सं० र० ॥१२६॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ अतिक्रान्ता चारी के अनुसार पैर को आगे की तरफ फैलावे और प्रयोग के अनुसार हाथों का अभिनय करे वह अतिक्रान्त करण कहलाता है ॥१२६॥

अतएव चतुरस्र कर के फैला दे । सभी दिशाओं में पर्याय यानी क्रम करके तेजी से सारण कर दें । इस तरह विद्युत् के आकार में चक्र की तरह घुमा देने से यह विद्युद्भ्रान्त होता है । इसका अभिनय उद्धतगति से परिक्रमण करने के विषय में होता है ॥१२५॥

(६६) अतिक्रान्त

अतिक्रान्त चारी की व्याख्या कर दी गई है । पुरस्तात् का आशय है अपने देह के आगे । इसका भी गति परिक्रमादि के विषय में अभिनय होता है । इस प्रकार अन्य जिस किसी करण के अभिनय के विषय में उपयोग नहीं बतलाया है उनके विषय में भी यही सिद्धान्त समझना चाहिए ॥१२६॥

कर्णेऽञ्चितः करो वामो लताहस्तश्च दक्षिणः ।
दोलापादस्तथा चैव गजक्रीडितकं भवेत् ॥१२८॥

अभिनवभारती

(६८) गजक्रीडितकम् ।

"समुन्नतो लताहस्तः पार्श्वात्पार्श्वं विलोलितः ।" (ना. शा. ९-१९९)
इति यः करिहस्तो लक्ष्यते वृत्तमध्ये तस्यैव यदा त्रिपताकोऽसावञ्चितक्रियाविष्टो, डोलापादचारी च तदा गजक्रीडितकम्। क्रियाविष्टत्वावाङ्गपर्यायोऽत्र लभ्यते। प्रयोगश्चास्य नामोचित एव विषये। यथा "अरुवद्रणा" इत्यादौ ॥१२८॥

मधुसूदनी

(६७) विवर्तितकम् ,

यथाह—करं चरणमाक्षिप्य यत्र त्रिकविवर्तनम् ।
करोऽपरो रेचितश्च तद्वदन्ति विवर्तितम् । सं. र. ॥१२७॥

(६८) गजक्रीडितकम्

यथाह—दोलापादा यदा चारी करिहस्तोऽस्य कर्णगः ।
क्रियाविष्टः करोऽन्वर्थं गजक्रीडितकं भवेत् । सं. र. ॥१२८॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ हाथ एवं पैरों का प्रयोग के अनुसार आक्षेप और त्रिक का विवर्तित किया जावे एवं अनाक्षिप्त द्वितीय हस्त रेचित रहे वह विवर्तित करण होता है ॥१२७॥

(मूल) जहाँ वाम हस्त कर्ण की तरफ ऊपर को अञ्चित रहे और दाहिना हाथ लता की तरह नीचे की तरफ फैला रहे तथा पैर का दोला चारी के अनुसार अभिनय किया जाय वह गजक्रीडित करण होता है ॥१२८॥

(६७) विवर्तितक

आक्षिप्त हस्त की अपेक्षा द्वितीय हस्त यहाँ समझा जायगा और उसको हंसपक्ष द्रुतभ्रम के क्रम में करना चाहिए ॥१२७॥

(६८) गजक्रीडितक

समुन्नत लताहस्त जो इस पार्श्व से उस पार्श्व तक विलोलित किया जाता है। इस प्रकार के लक्षण से जिस करिहस्त को बतलाया है उसी को जब अपने घेरे के भीतर अञ्चित क्रिया से आविष्ट त्रिपताक कर दिया तथा दोलापाद चारी का प्रयोग किया जाय तब गजक्रीडितक होता है। क्रियाविष्ट कहने से यहाँ पर चारी २ से अंगों की क्रिया की उपलब्धि होती है। इसका प्रयोग नामोचित याने नाम के अनुसारी विषय में होता है जैसा "अरुवद्रणा"। इत्यादि में ॥१२८॥

द्रुतमुत्क्षिप्य चरणं पुरस्तादथ पातयेत् ।
तलसंस्फोटितौ हस्तौ तलसंस्फोटिते मतौ ॥१२९॥
पृष्ठप्रसारितः पादः लतारेचितकौ करौ ।
समुन्नतं शिरश्चैव गरुडप्लुतकं भवेत् ॥१३०॥

### अभिनवभारती

#### ( ६९ ) तलसंस्फोटितम् ।

अतिक्रान्तया ( ना॰ शा॰ १०-२० ) चार्या दण्डपादया ( ना॰ शा॰ १०-४४ ) वा चरणमुत्क्षिप्याक्षिप्तं कृत्वा तथैवाग्रे निपातयेत् । तत्समकालं च पताकौ हस्तौ संश्लेषित शब्दादभिहितौ इति तलसंस्फोटितम् । तस्यैतद्विषय एव प्रयोगो, यथा "तालदेवी सुसुखसुभसइ जगु" इत्यादौ ॥१२९॥

#### ( ७० ) गरुडप्लुतकम् ।

वृश्चिकवच्चरणम् । एको लताहस्तः । द्वितीयो रेचितः । प्रयोगोऽस्य नामोचित एव विषये ॥१३०॥

### मधुसूदनी

#### (६९) तलसंस्फोटितम् ,

यथाह—दण्डपादाख्यया चार्या यद्वातिक्रान्तया द्रुतम् ।
उत्क्षिप्य पात्यमानेऽङ्घ्रावग्रे चेत्तालिकां करौ ।
सशब्दां कुरुतोऽन्वर्थं तलसंस्फोटितं तदा । सं॰ र॰ ॥१२९॥

#### (७०) गरुडप्लुतकम् ,

यथाह—लतारेचितकौ हस्तौ वृश्चिकाङ्घ्रिः, समुन्नतम् ।
उरो यत्र, तदन्वर्थाभिधानं गरुडप्लुतम् । सं॰ र॰ ॥१३०॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ अतिक्रान्ता या दण्डपादा चारी के अनुसार पैर को आगे की तरफ गिरावे और हाथों की तालियाँ बजावे वह तल संस्फोटित करण कहलाता है ॥१२९॥

(मूल) जहाँ पैर पीछे की तरफ फैलाये हुए रहें, लता एवं रेचित करों का अभिनय किया जाय और शिर समुन्नत रहे वह गरुडप्लुतक करण होता है ॥१३०॥

#### (६९) तल संस्फोटित

अतिक्रान्ता चारी या दण्डपादा चारी के द्वारा चरण को ऊपर में उठावे और फिर आक्षिप्त कर के उसी प्रकार—जैसे उठाया और आक्षेप किया था—पुनः आगे की तरफ गिरा देवे । उसी समय संश्लेषित शब्द से अभिहित पताक हाथों का अभिनय करे । वह तलसंस्फोटित करण है । इसका प्रयोग तालियों के बजाने के विषय में होता है जैसे "ताला देवी" में ॥१२९॥

सूचीपादो नतं पार्श्वमेको वक्षःस्थितः करः ।
द्वितीयश्चाञ्चितो गण्डे गण्डसूची तदुच्यते ॥१३१॥

अभिनवभारती

( ७१ ) गण्डसूची ।

"उत्क्षिप्ता तु भवेत्पार्ष्णिरङ्गुष्ठाग्रेण संस्थितः ।
वामश्चैव स्वभावस्थः ॥" (ना॰ शा॰ ९-२८०)

इति सूचीपादः । अञ्चितोऽलपल्लवो गण्डक्षेत्रे । अन्ये तु सूचीपादं गण्डक्षेत्रप्राप्तमिच्छन्ति । अन्ये तु सूचीमुखं नृत्तहस्तं गण्डाञ्चितं पुनः क्रियाविष्टमाहुः ।

"हस्तौ तु सर्पशिरसौ मध्यमाङ्गुष्ठकौ यदा ।
तिर्यक्प्रसारितास्यौ" (ना॰ शा॰ ९-१९१) इति ।

अन्ये तु सूच्यास्यमभिनयहस्तमाहुः !

"खटकाख्ये यदा हस्ते तर्जनी सम्प्रसारिता ।
हस्तः सूचीमुखो नाम ॥" इति (ना॰ शा॰ ९-६५)

अत्र पक्षे गण्डसंश्रयप्रधानभूषणाभिनयविषयोऽस्य प्रयोगः । यथा "गंडप्पलीलावण्णजल एसो फळके अइदाम" इत्यादौ ॥१३१॥

मधुसूदनी

(७१) गण्डसूची,

यदाह—सूचीपादो नतं पार्श्वं वक्षःस्थः खटकामुखः ।
वामोऽलपल्लवो गण्डक्षेत्रे चेद्गण्डसूचितम् ।
क्षेत्रेऽथ केचिदिच्छन्ति सूचीपादं परे पुनः ।
सूची मुखं नृत्तहस्तमन्येऽभिनयहस्तकम् ।
करणेनाभिनेतव्या कपोलालंकृतिस्तदा । सं. र. ॥१३१॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ सूची संज्ञक पाद एवं नत संज्ञक पार्श्व का अभिनय किया जाय और एक हाथ वक्षःस्थल पर रहे तथा द्वितीय हस्त कपोल पर अञ्चित रहे वह गण्डसूची करण कहलाता है ॥१३१॥

(७०) मकरप्लुतक

वृश्चिक की तरह चरण होता है। एक लताहस्त दूसरा रेचित हस्त होता है। नाम के योग्य अभिनय में इसका प्रयोग है ॥१३०॥

(७१) गण्डसूची

जहाँ एड़ी उठी हुई रहे और अंगुष्ठ के अग्रभाग से संस्थिति हो तथा वाम पैर अपने स्वभाव के अनुसार रहे। वह सूचीपाद कहलाता है। गण्ड क्षेत्र कपोल प्रदेश में अलपल्लव




७३ पार्श्वजानु




७४ गृध्रावलीनकम्




७५ सन्नतम्




७६ सूची




७७ अर्धसूची




७८ सूचीविद्धम्



७९ अपक्रान्तम्



८० मयूरललितम्



८१ सर्पितम्



८२ दण्डपादम्



८३ हरिणप्लुतम्



८४ प्रेङ्खोलितम्

ऊर्ध्वापवेष्टितौ हस्तौ सूचीपादो विवर्तितः ।
परिवृत्तत्रिकं चैव परिवृत्तं तदुच्यते ॥१३२॥
एकः समस्थितः पाद ऊरुपृष्ठे स्थितोऽपरः ।

### अभिनवभारती

( ७२ ) परिवृत्तम् ।

"ऊर्ध्वमण्डलिनौ हस्तावूर्ध्वदेशविवर्तनात् ।" (ना. शा. ९-२०३) सूचीलक्षणश्च (ना. शा. १०-३४) पादो बद्धाचारी (ना. शा. १०-२१) माश्रित्य विचित्ररूपतया द्वितीयपादे (ना. शा. १०-४५) वर्तितः अन्योन्यजङ्घासंवेधादिति । ततोऽपि भ्रमरिकया त्रिकं परिवर्तितमाहुः ॥१३२॥

( ७३ ) पार्श्वजानु ।

समपादस्योरोः पृष्ठे स्थितो द्वितीयपादः हस्तः । कटयामर्धचन्द्र इति पार्श्वजानु ।

### मधुसूदनी

(७२) परिवृत्तम्,

यदाह—ऊर्ध्वमण्डलिनौ हस्तौ सूच्यङ्घ्रिर्यत्र बद्धया ।
विवृत्तोऽथ भ्रमरिका परिवृत्तं तदुच्यते । सं. र. ॥१३२॥

(७३) पार्श्वजानु,

यदाह—समपादस्तु पृष्ठे चेन्निहितश्चरणोऽपरः ।

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ ऊर्ध्वापवेष्टित अर्थात् ऊर्ध्व मण्डली हाथों का अभिनय और सूची संज्ञक पाद का विवर्तन एवं त्रिक का परिवर्तन किया जाय वह परिवृत्त करण कहलाता है ॥१३२॥

को अन्वित किया जाय । दूसरे तो सूची पाद को ही गण्डक्षेत्र में पहुँचा हुआ मानते हैं । इनसे दूसरे लोग तो फिर सूची मुख नृत्तहस्त को गण्ड प्रदेश में अन्वित रूप में क्रियाविष्ट कहते हैं । सर्प शीर्ष नामक हस्त की मध्यमा एवं अंगुष्ठ को तिरछे मुँह फैलाये हुए करे । सूचीमुख अभिनय विशिष्ट हस्त के विषय में अन्य लोग कहते हैं कि जब कटकामुख हस्त की तर्जनी को फैला दिया तब सूची मुख नामक हस्त होता है । इस पक्ष में प्रधान रूप से कपोल में भूषणों के पहिरने के समय में इसका प्रयोग होता है । जैसे—गंडपाली इत्यादि में ॥१३१॥

(७२) परिवृत्त

हाथों का ऊपर की तरफ विवर्तन संचालन कर देने से ऊर्ध्वमण्डली कर होते हैं । सूची लक्षण वाले पैर को बद्धाचारी के आश्रयण से विचित्र तरीके से परस्पर में जंघाओं के संवेध संश्लेष से द्वितीय यानी वाम पाद में वर्तित कर दे । उसके बाद भी भ्रमरिका गति से त्रिक को परिवर्त्तित करने के लिए कहते हैं ॥१३२॥

**मुष्टिहस्तश्च वक्षःस्थः पार्श्वजानु तदुच्यते ॥१३३॥**
**पृष्ठप्रसारितः पादः किञ्चिदञ्चित जानुकः । १३४**
**यत्र प्रसारितौ बाहू तत्स्यात् गृध्रावलीनकम् ॥१३४॥**
**उत्प्लुत्य चरणौ कार्यावग्रतः स्वस्तिकस्थितौ । १३५**

अभिनवभारती

ऊरुपृष्ठस्थि तस्य पादस्य संबन्धि जानु यत्रेति । युद्धनियुद्धविषयमेतत् ॥१३३॥

(७४) गृध्रावलीनकम् ।

पृष्ठप्रसारितः पादोऽङ्गुष्ठभूमिसंश्लेषादञ्चितजानुकः । लताहस्तौ च पार्श्वगौ । तत्पक्षिनिरूपणादौ गृध्रावलीनकम् ॥१३४॥

( ७५ ) सन्नतम् ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य समुत्प्लुत्य निपातयेत् ।
जङ्घाञ्चितोपरि क्षिप्ता सा ज्ञेया हरिणप्लुता ॥" (ना. शा. १०-४३)

मधुसूदनी

मुष्टिहस्तः स्थितो वक्षस्यर्धचन्द्रः कटीतटे ।
पार्श्वजानु तदा ज्ञेयं योग्यं युद्धनियुद्धयोः । सं. र ॥१३३॥

(७४) गृध्रावलीनकम्,

तदुक्तम्, पृष्ठेऽङ्घ्रिः प्रसृतो भूमिश्लिष्टाङ्गुष्ठो लताकरौ ।
यदा तदा महापक्षियुद्धे गृध्रावलीनकम् । सं. र. ॥१३४॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक पाद समरूप में स्थित रहे और दूसरा पाद ऊरु के ऊपर रक्खा जाय तथा मुष्टि बद्ध हस्त वक्षःस्थल पर रहे वह करण पार्श्वजानु कहलाता है ॥१३३॥

(मूल) जहाँ एक पैर को पीछे की ओर फैला दिया जाय और जानु को कुछ अञ्चित किया जाय तथा दोनों हाथ फैलाये हुए रहे वह गृध्रावलीनक करण होता है ॥१३४॥

(७३) पार्श्वजानु

सम भाव में स्थित पैर के ऊरुपृष्ठ पर द्वितीय पैर को रखे और हाथ को कटी के ऊपर अर्द्धचन्द्र के रूप में रखे तब पार्श्व जानु कहाता है। ऊरुपृष्ठस्थित पाद का सम्बन्धी जानु जिसमें हो वह पार्श्वजानु है। इसका प्रयोग युद्ध एवं नियुद्ध (दण्डादण्डि हस्ताहस्ति) में होता है ॥१३३॥

(७४) गृध्रावलीनक

जहाँ पृष्ठ भाग में पैर प्रसारित रहें और भूमि में अगुष्ठ के संश्लेष से जानु कुछ अञ्चित रहे। तथा लताहस्त पार्श्व में रहे। वह गृध्रावलीनक होता है। इसका प्रयोग पक्षियों के निरूपण में किया जाना चाहिए ॥१३४॥

सन्नतौ च तथा हस्तौ सन्नतं तदुदाहृतम् ॥१३५॥
कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य कुर्यादग्रस्थितं भुवि ।
प्रयोगवशगौ हस्तौ सा सूची परिकीर्तिता ॥१३६॥

अभिनवभारती

इत्यनया चार्योत्प्लुत्याग्रदेशे पादं स्वस्तिकं कुर्यात् । सन्नतौ च दोलाहस्तौ ।
"अंसौ प्रशिथिलौ हस्तौ पताकौ तु प्रलम्बितौ" (ना. शा. ९-१४८)
एतद्धमापसर्पणादिविषये ॥१३५॥

( ७६ ) सूची ।

अग्रतः स्थितमिति ॥१३६॥

मधुसूदनी

(७५) सन्नतम्

तदुक्तम्, कृत्वा मृगप्लुतं यत्र कुर्योऽङ्घ्रिः स्वस्तिकोऽग्रतः ।
दोलौ हस्तौ सन्नतं तदधमापसृतौ भवेत् । सं. र. ॥१२५॥

(७६) सूची,

तदुक्तम्, उत्क्षिप्य कुञ्चितः पादः स्थाप्यते भूमिमग्रतः ।
खटकास्यश्च तद्धिको हस्तो वक्षस्यथापरः ।
अलपद्मः शिरोदेशे तथैवाक्रान्तरं क्रमात् ।
यत्र तच्चाङ्गरेचेन गदिता सूची विस्मये । सं. र. ॥१२६॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ उछल कर पैर को आगे की तरफ स्वस्तिक रूप में करे और हाथों को सन्नत यानी झुका दें वह सन्नत करण कहा जाता है ॥१३५॥

(मूल) जहा पैर को कुञ्चित रूप में ऊपर की तरफ उठाकर आगे की तरफ भूमि पर रक्खे और हाथों का प्रयोग के अनुसार अभिनय करे वह सूची कही जाती है ॥१३६॥

(७५) सन्नत

जहाँ कुञ्चित पैर को उठा कर और सम्यक् उत्प्लवन करके नीचे की तरफ गिरावे। तथा परिक्षिप्त जंघा को अञ्चित करे वह हरिणप्लुता चारी कहलाती है। इस चारी से पैरों का उत्प्लवन कर के स्वस्तिक कर देवे। तथा सन्नत दोला हस्तों को करे। अंस कन्धे शिथिल और प्रलम्बायमान पताक हस्त इसमें होते हैं। इसका प्रयोग अधम व्यक्ति के अपसर्पण के विषय में होता है ॥१३५॥

(७६) सूची

आगे की तरफ रखे ॥१३६॥

अलपद्मः शिरोहस्तः सूचीपादश्च दक्षिणः ।
यत्र तत्करणं ज्ञेयमर्धसूचीति नामतः ॥१३७॥
पादसूच्या यदा पादो द्वितीयस्तु प्रविध्यते ।
कटिवक्षःस्थितौ हस्तौ सूचीविद्धं तदुच्यते ॥१३८॥

अभिनवभारती

( ७७ ) अर्धसूची ।

शिरःक्षेत्रे हस्तः शिरोहस्तः । सूचीचार्या एव पादः । इत्येकेनाङ्गेनेत्यर्धसूचीकरणम् ॥१३७॥

( ७८ ) सूचीविद्धम् ।

प्रविध्यत इति । सूचीपादेन द्वितीयः पादः पार्ष्णिस्थः क्रियत इत्यर्थः । एकः कटिस्थितः पक्षवञ्चितकोऽर्धचन्द्रो वा द्वितीयः खटकामुख एव वक्षसि । चिन्ताविषयेऽस्य प्रयोगः । यथा—"कालीकरमिकस्सकद्दम्" इत्यादौ ॥१३८॥

मधुसूदनी

(७७) अर्धसूची

तदुक्तम्, सूच्येवैकाङ्गरचिता ह्यर्धसूची प्रचक्ष्यते । सं. र. ॥१३७॥

(७८) सूचीविद्धम्,

यदुक्तम्, पक्षवञ्चितको वार्धचन्द्रो हस्तः कटीगतः ।
खटकाख्योऽपरो वक्षस्यन्यपार्ष्णिस्थितोऽपरः ।
सूच्यङ्घ्रिश्चेत्तदा सूचीविद्धं चिन्तादिगोचरम् । सं० र० ॥१३८॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ शिरो भाग में अलपद्म हस्त की योजना करें । और दक्षिणपादका सूची के रूप में विनियोग रहे वह अर्धसूची नामक करण है ॥१३७॥

(मूल) जब पहिले सूची संज्ञक पाद का अभिनय करे और बाद में उसी सूची से द्वितीय पाद का प्रवेश करे याने द्वितीय पाद को उससे आश्लिष्ट करे तथा हाथों को कटि और वक्षःस्थल पर रक्खें उसको सूचीविद्ध कहते हैं ॥१३८॥

(७७) अर्धसूची

शिरः प्रदेश में स्थित हस्त शिरो हस्त है । सूची चारी के अनुसार ही पाद है । यह सब एक अंग से किया जाता है अतः अर्ध सूची करण है ॥१३७॥

(७८) सूचीविद्ध (७९) अपक्रान्त

प्रविद्ध करते हैं अर्थात् सूची पाद की विधि से द्वितीय पाद को पार्ष्णिस्थ करते हैं । एक पक्षवञ्चितक अथवा अर्द्ध चन्द्र हस्त कटि पर स्थित रहे । द्वितीय खटका मुख हस्त

कृत्वोरुवलितं पादमपक्रान्तक्रमं न्यसेत् ।
प्रयोगवशगौ हस्तावपक्रान्तं तदुच्यते ॥१३९॥
वृश्चिकं चरणं कृत्वा रेचितौ च तथा करौ ।
तथा त्रिकं विवृत्तं च मयूरललितं भवेत् ॥१४०॥

## अभिनवभारती

[ ७९ ] अपक्रान्तम् ।

ऊरुभ्यां वलनं कृत्वा कुञ्चितं पादमुद्धरेत् ।
पार्श्वे विनिक्षिपेच्चैतदपक्रान्ता ॥" (ना. शा. १०-३१)

इत्यपक्रान्तक्रमं कृत्वोरुवलितबद्धां चारीमन्योन्यजङ्घासंवेगात्कृत्वा तु स्वस्तिकमूरुभ्यां वलनमित्येवंभूतां कुर्यात् ॥१३९॥

( ८० ) मयूरललितम् ।

वृश्चिकं पादं विधाय रेचितौ हंसपक्षौ द्रुतभ्रमौ करौ कृत्वा पादं तमेवोरुदेशे निकुञ्च्य भ्रमरिकां चारीं कुर्यादिति मयूरनृत्तानुकारि मयूरललितम् ।

"अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा त्रिकं तु परिवर्तयेत् ।
द्वितीयपादभ्रमणात्तलेन भ्रमरी भवेत् ॥" (ना. शा. १०-४५) ॥१४०॥

## मधुसूदनी

(७९) अपक्रान्तम् ,

तदुक्तम् , बद्धापक्रान्तयोश्चार्योः कृतयोर्हस्तयोः पुनः ।
तत् तत्प्रयोगानुगयोरप क्रान्तमुदाहृतम् । सं० र० ॥१३९॥

(८०) मयूरललितम् ,

तदुक्तम् , हस्तौ चेद्रेचितावूरू वृश्चिकांघ्रि निकुञ्च्य च ।
भ्रमरी क्रियतेऽन्वर्थं मयूरललितं तदा । सं० र० ॥१४०॥

## बालक्रीडा

(मूल) जहाँ अपक्रान्ता चारी के अनुसार किये हुए पैर को टेढ़ा ऊरु पर विन्यास्त करे और प्रयोग के अनुकूल हाथों का अभिनय किया जाय तब वह अपक्रान्त कहाता है ॥१३९॥

(मूल) जहाँ चरण का वृश्चिक के रूप में अभिनय करके हाथों को रेचित करे और त्रिक का विवर्त्तन किया जाय तब मयूर ललित करण होता है ॥१४०॥

वक्षः स्थल पर रहे । चिन्ता के विषय में इसका प्रयोग करना चाहिए । जैसे "कालोकार" इत्यादि में ॥१३८॥

ऊरुभ्यां की व्याख्या पहिले की जा चुकी है । इस अपक्रान्ता चारी को करके जंघाओं के परस्पर में सम्बन्ध से स्वस्तिक और ऊरुओं में वलन करे तब एवम्भूता इस प्रकार की ऊरुवलित बद्धा चारी को करे ॥१३९॥

अञ्चितापसृतौ पादौ शिरश्च परिवाहितम्।
रेचितौ च तथा हस्तौ तत्सर्पितमुदाहृतम् ॥१४१॥

अभिनवभारती

(८१) सर्पितम्।

"पार्ष्णी यस्य स्थिते भूमावूर्ध्वमग्रतलं भवेत्।
अङ्गुल्यश्चाञ्चिताः सर्वाः स पादोऽञ्चित उच्यते ॥" (ना॰ शा॰ ९-२७५)
अञ्चितः सन्नपसृतो द्वितीयपादनिकटात्पलायितो यः तत् समकालमेव तत्पार्श्वगं शिरः। तथेति तत्पार्श्वग एव हस्तो रेचितः। तत्पार्श्वगतमेव च शिरः। अत एव च परिवाहितम्। यद्वक्ष्यति—
"पर्यायशः पार्श्वगतं शिरः स्यात्परिवाहितम्।" (ना॰ शा॰ ८-२७)
एतच्च मदोपसर्पणविषयमिति सर्पितनामबलाद्गम्यते ॥१४१॥

मधुसूदनी

(८१) सर्पितम्,

तदुक्तम्, अञ्चितेऽपसरत्यङ्घ्रावन्याङ्घ्रेर्नामितं शिरः।
तस्मिन् पार्श्वे करोऽप्येष रेचितोऽङ्घ्र्यन्तरं तथा।
यत्र तत्सर्पितं मत्तस्योप सर्पापसर्पणे। सं॰ र॰ ॥१४१॥

बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ एक पैर को अञ्चित दूसरे को अपसृत और शिर को परिवाहित तथा हाथों को रेचित करें वह सर्पित करण कहलाता है ॥१४१॥

(८०) मयूरललित (८१) सर्पित

वृश्चिक पाद को करके रेचित हंसपक्ष द्रुतभ्रम करों को करें। इसके बाद उसी वृश्चिक पाद को ऊरुप्रदेश पर निकुञ्चित कर के भ्रमरी चारी को करे। इस तरह मयूर के नृत्त का अनुकरण करने से मयूर ललित यह करण है। अतिक्रान्ता चारी को करके त्रिक का परिवर्तन करे। और पैर के तल के हिस्से में द्वितीय वाम पाद को घुमावे तब भ्रमरी चारी होती है ॥१४०॥

वह पाद अञ्चित कहलाता है जिसकी दोनों एड़ियाँ (पार्ष्णि) भूमि पर रखी रहे और अग्रतल ऊपर को उठा रहे। तथा सम्पूर्ण अंगुलियाँ अञ्चित रहे। अञ्चित होकर अपसृत अर्थात् द्वितीय वाम पाद के समीप से जो पलायित हो। उसी समय पार्श्वगत शिर हो। तथापद से सूचित होता है उसी के बगल में रेचित हस्त भी होवे। फिर यही विधि एक पाद एवं कर के बाद द्वितीय पाद एवं कर में होनी चाहिए। और उसी के बगल में शिर भी रहे। अतएव शिर को परिवाहित कहा। जैसा कि आगे कहेंगे— पारी २ से शिर जहाँ पार्श्वगत रहे वह परिवाहित होता है। इस करण का प्रयोग मद के कारण होने वाले उपसर्पण में होता है यह इसके सर्पित नाम से व्यक्त होता है ॥१४१॥

**नूपुरं चरणं कृत्वा दण्डपादं प्रसारयेत् ।**
**क्षिप्राविद्धकरं चैव दण्डपादं तदुच्यते ॥१४२॥**
**अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा समुत्प्लुत्य निपातयेत् ।**
**जङ्घाञ्चितोपरि क्षिप्ता तद्विद्याद्धरिणप्लुतम् ॥१४३॥**

अभिनवभारती

(८१) दण्डपादम् ।

"पृष्ठतोऽभ्यञ्चितं कृत्वा पादमग्रतलेन तु ।
द्रुतं निपातयेद्भूमौ चारी नूपुरपादिका ॥" (ना. शा. १०-२५)

इत्येतदनन्तरमेव दण्डपादां कृत्वा दण्डपादं प्रसारयेत् ।

"क्षिप्रापविद्धकरणं दण्डपादा तु सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०-४४)

इत्येतत्सहितमेव दण्डत्वरितहस्तं न्यसेदिति साटोपपरिक्रमादिविषयमेतम् ॥१४२॥

[८३] हरिणप्लुतम् ।

ईदृशस्यैव हरिणप्लुता चारी (ना. शा. १०-४२) भविष्यति । तस्यास्तु करणप्रवेशः प्रागेवोक्तः संभ्रान्तकरणव्याख्यावसरे ॥१४३॥

मधुसूदनी

(८२) दण्डपादम्,

तदुक्तम्, चारी नूपुरपादोऽथ दण्डपादाद् द्रुतं करः ।
दण्डवन्न्यस्यते तत्र दण्डपादं तदुच्यते ।
सूरयो विनियुञ्जन्ति तत्साटोपपरिक्रमे । सं० र० ॥१४२॥

(८३) हरिणप्लुतम्,

तदुक्तम्, हरिणप्लुतया चार्यां दोलाखटकहस्तकम् ।
हरिणप्लुतमाख्यातं नामोक्तविनियोगकम् । सं० र० ॥१४३॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ नूपर नामक चारी के अनुसार चरण को करके दण्ड पाद को फैला दे और शीघ्रता के साथ आविद्ध नामक कर को करे वह दण्डपाद नामक करण कहलाता है ॥१४२॥

(मूल) जहाँ अतिक्रान्ता चारी से चलने के बाद उछल कर पैर को जमीन पर पटके और फिर जंघा को सीधा करके ऊपर की तरफ करे उसको हरिणप्लुत नामक करण समझो ॥१४३॥

(८२) दण्डपाद (८३) हरिणप्लुत

जहाँ पैर को पीछे से अभ्यञ्चित करके शीघ्रही अग्रतल से भूमि पर गिरावे वह नूपुर पादिका चारी होती है। इस चारी के करने के बाद ही दण्ड पादा चारी को करे और दण्डपाद संज्ञक पैर को फैला दे। जहाँ शीघ्रता से आविद्ध करण होवे वह दण्डपादा

डोलापादक्रमं कृत्वा समुत्प्लुत्य निपातयेत् ।
परिवृत्तत्रिकं चैव तत्प्रेङ्खोलितमुच्यते ॥१४४॥
भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ हस्तौ चाभि मुखाङ्गुली ।

अभिनवभारती

[८४] प्रेङ्खोलितकम् ।

कुञ्चितं पादं पार्श्वात्पार्श्वं दोला (ना. शा. १०-२६) । तमेवं कृत्वा द्वितीयेनोत्प्लुत्य भ्रमरिकां (ना. शा. १०-४५) कुर्यात् ॥१४४॥

[८५] नितम्बम् ।

अभिमुखाङ्गुली । अधोर्ध्वाङ्गुली पताकौ व्यावर्तितकरणेन शिरोदेशं नीत्वा ततः परिवर्तितकरणेनोर्ध्वक्षेपेण निष्क्रान्तौ बाहू कृत्वा यथासमं प्रदेशेऽन्योन्यं वीक्ष्यमाणौ

मधुसूदनी

(८४) प्रेङ्खोलितकम्,

तदुक्तम्, दोलापादाख्यचारीकादंघ्रेरन्यांघ्रिणा यदा ।
उत्प्लुत्य भ्रमरीं कुर्यात्प्रेङ्खोलितं तदा । सं० र० ॥१४४॥

(८५) नितम्बम्,

तदाह—अधोमुखाङ्गुली हस्तौ पताकौ चेच्छिरः स्थलम् ।
आनीय परिवृत्तेन निष्क्राम्योर्ध्वांसयोस्तयोः ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ डोलापाद नामक चारी से चलने के बाद उछल कर पैर को जमीन पर पटके और त्रिक में परिवृत्त याने भ्रमरिका चारी करे वह प्रेंखोलित करण कहलाता है ॥१४४॥

(मूल) जब नितम्ब करण का अभिनय किया जाता है । तब उसमें बद्धा चारी का

चारी मानी है । इस दण्ड पादा चारी के साथ ही त्वरित शीघ्रता से दण्ड हस्त का विन्यास करे । साटोप परिक्रमादि के विषय में इसका प्रयोग होता है । ऐसी ही हरिणप्लुता चारी आगे कही जायगी । इसको संभ्रान्त करण की व्याख्या के अवसर में पहिले ही कह दिया है ॥१४२॥१४३॥

(८४) प्रेंखोलित (८५) नितम्ब (८६) स्खलित

कुञ्चित पाद को इस बगल से उस बगल में ले जाना दोला पाद होता है । उसको कर के द्वितीय वाम पाद से उत्प्लवन करे । उसके बाद भ्रमरिका को करे ॥१४४॥

ऊर्ध्वाङ्गुली वाले पताक हस्तों को व्यावर्तित करण से शिरः प्रदेश में ले जावे उसके बाद परिवर्तित करण से उन हाथों को ऊर्ध्वभाग से निकाल कर कन्धे पर आमने सामने रखे । फिर उन्हीं के अनुकूल देहाभिमुख अंगुलिवाले रेचित एवं घूर्णित हाथों को—जोकि



८५ नितम्बम्



८६ स्खलितम्




८७ करिहस्तम्



८८ प्रसर्पितकम्




८९ सिंहविक्रीडितकम्




९० सिंहाकर्षितम्



९१ उद्वृत्तम्



९२ उपसृतकम्



९३ तलसङ्घट्टितम्



९४ जनितम्



९५ अवहित्थकम



९६ निवेशम्

**बद्धा चारी तथा चैव नितम्बे करणे भवेत् ॥१४५॥**
**दोलापादक्रमं कृत्वा हस्तौ तदनुगावुभौ । २४६**
**रेचितौ घूर्णितौ चापि स्खलितं करणं भवेत् ॥१४६॥**
**एको वक्षःस्थितो हस्तः प्रोद्वेष्टिततलोऽपरः । २४७**

अभिनवभारती

पताकौ स्थापयेत् । ततो देहाभिमुखाङ्गुलिकौ हस्तौ तदनुगावुभौ रेचितघूर्णितौ चापि नितम्बनृत्तहस्तलक्षणौ कुर्यात् । एतदभिमुखाङ्गुलित्वं निपातद्वयेन द्योतितम् ॥१४५॥

## [८६] स्खलितम् ।

दोलापादगमनागमनसमकालं हंसपक्षोपलक्षितौ बाहू गमनागमनयुक्तौ पुनरपरेणाङ्गेनेति ॥१४६॥

## [८७] करिहस्तकम् ।

प्रोद्वेष्टनक्रियया करः कर्णस्थः त्रिपताकस्तद्दिक एव च पादस्तत्प्रोद्वेष्टनसमकालमञ्चितः सम्प्रयोज्यो निष्क्रमणीयः । करिहस्तेन नृत्तहस्तेन सदृशमेवदंश इत्येवचभामा ।

मधुसूदनी

मिथोमुखाववस्थाप्य स्वदेहाभिमुखाङ्गुली ।
नितम्बाख्यौ विधीयेते नितम्बं करणं तदा । सं० र० ॥१४५॥

(८६) स्खलितम्,

तदाह—दोलापादाङ्घ्रिगमनागमने हँसपक्षकः ।
अभ्येत्यथेत्यमन्याङ्गं यत्र तत्स्खलितं मतम् । सं० र० ॥१४६ ॥

(८७) करिहस्तकम्,

तदाह—वामश्चेत्खटको वक्षस्युद्वेष्टितया परः ।

बालक्रीड़ा

प्रयोग होता है । यहाँ भुजाओं की ऊपर की तरफ निष्क्रान्ति तथा जिसकी अंगुलियाँ अधोमुख रहें ऐसे हाथों का उपयोग होता है ॥१४५॥

(मूल) जहाँ दोलापाद चारी से चलने के बाद दोनों हाथों को तदनुकूल रेचित एवं घूर्णित करे वह स्खलित नामक करण होता है ॥१४६॥

नितम्ब नामक नृत्त सम्बन्धी हाथों के लक्षणों से युक्त है—करे । इन हाथों की अंगुलियां आमने सामने रहे यह च और अभि इन दो निपातों से प्रकाशित होता है । "हाथों को कन्धे से ऊपर निकाले" इसके सम्बन्ध से करण का अन्वय इसमें है ॥१४५॥

दोलापाद के आने जाने के समय में ही हंसपक्ष से उपलक्षित हाथों का भी आना-जाना युक्त है । यही क्रिया फिर दूसरे अंग से भी करनी चाहिए ॥१४६॥

अञ्चितश्चरणश्चैव प्रयोज्यः करिहस्तके ॥१४७॥
एकस्तु रेचितो हस्तो लताख्यस्तु तथा परः ।
प्रसर्पिततलौ पादौ प्रसर्पितकमेव तत् ॥१४८॥

अभिनवभारती

"समुन्नतो लताहस्तः पार्श्वात्पार्श्वं विलोलितः ।
त्रिपताकोऽपरः कर्णे करिहस्तः" (ना॰ शा॰ ९-१९९) ॥१४७॥

[८८] प्रसर्पितकम् ।

हंसपक्षो द्रुतभ्रम इति रेचितः । अपरो लताख्यो (ना॰ शा॰ ९-१९८) नृत्तहस्तः । रेचितकरस्थदिक्पादः पादान्तरान्मन्दं भूमिघर्षणाच्चलेत् । एतत्य खेचर-संचारविषये प्रयोगः ॥१४८॥

मधुसूदनी

त्रिपताकः करः कर्णे वक्षिश्चरणोऽञ्चितः ।
निष्काम्यते यदा प्रोक्तं करिहस्तं तदा बुधैः । सं॰ र॰ ॥१४७॥

(८८) प्रसर्पितकम्,

तदाह—हस्तो यो रेचितस्तद्दिक्पादश्चेद्भूमिघर्षणात् ।
चलेत्पादान्तरान्मन्दं मन्दमन्यो लताकरः ।
तदा खेचरसञ्चारगोचरं स्यात्प्रसर्पितम् । सं॰ र॰ ॥१४८॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक हाथ को वक्षः स्थल पर रखकर दूसरे हाथ की हथेली को प्रोद्वेष्टित यानी उत्तान करे तथा अंचित चरण का प्रयोग किया जाय वह करिहस्त करण होता है ॥१४७॥

(मूल) जहाँ एक हाथ रेचित हो दूसरा लताख्य हो और दोनों पैर प्रसर्पित तलवाले अर्थात् पैरों के तलुवे घिसते हुए रहें वह प्रसर्पितक करण है ॥१४८॥

(८७) करिहस्त (८८) प्रसर्पितक (८९) सिंहविक्रीडित

हाथी अपनी सूँड़ को जो उत्तान करता है ऊपर को उठाता है उसी उठाने का नाम प्रोद्वेष्टन है । इस प्रोद्वेष्टन प्रक्रिया से त्रिपताक कर की कान पर स्थिति रहती है और उसी ओर प्रोद्वेष्टन के समय में ही पैर को अञ्चित रूप में करके बाहर की तरफ निकाला जाता है । करिहस्त नामक नृत्तहस्त के सदृश इसका एक अंग है और समुन्नत लताहस्त एक बगल से दूसरे बगल में विलोलित झूलता हुआ रहता है अतः इसका यह नाम है । करिहस्त यह कहलाता है ॥१४७॥

हंस पक्ष द्रुत भ्रम यह रेचित का स्वरूप है । यहाँ एक हाथ रेचित के रूप में रहेगा और दूसरा हाथ लताख्य नृत्तहस्त के रूप में । रेचित कर की तरफ का पाद दूसरे पाद की अपेक्षा भूमि पर सर्पण घर्षण करता हुआ चलेगा । अतः इस करण को प्रसर्पितक कहते हैं । इसका प्रयोग आकाशचारी व्योम विहारी लोगों के विषय में होता है ॥१४८॥

अलातं च पुरःकृत्वा द्वितीयं च द्रुतक्रमम् ।
हस्तौ पादानुगौ चापि सिंहविक्रीडिते स्मृतौ ॥१४६॥
पृष्ठप्रसर्पितः पादस्तथा हस्तौ निकुञ्चितौ ।

अभिनवभारती

(८९) सिंहविक्रीडितम् ।

अलातां चारीमग्रगतां द्रुतं निक्षिप्य तदनुसारेणैव च हस्तं (ना. शा. १०-४१) द्वितीयमपि चक्रमेवंभूतं कुर्यादिति सिंहकरघातसाम्यात्सिंहविक्रीडितं रौद्रगतिविषयम् ॥१४७॥

(९०) सिंहाकर्षितम् ।

वृश्चिक एकः पादः । निकुञ्चितौ स्वस्तिकेन पद्मकोशोर्णनाभौ (ना. शा. ९-८२-१२०) दक्षिणवामहस्तौ । पुनर्द्वितीयेन पादेन यदा वृश्चिकस्तदा तौ क्रिया-

मधुसूदनी

(८९) सिंहविक्रीडितम् ,

तदाह—कृत्वालातां पुरोऽङ्घ्रिं चेद् द्रुतं न्यस्य चपेटवत् ।
कृतो हस्तस्तथान्यांगं सिंहविक्रीडितं तदा ।
एतद्रौद्रगतौ योज्यं मते श्रीकरणाग्रणीः । सं. र. ॥१४७॥

(९०) सिंहाकर्षितम् ,

यदाह—वृश्चिकोऽङ्घ्रिः पद्मकोशौ चोर्णनाभौ यदा करौ ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक पैर में अलातचारी दूसरे में हंस पक्ष द्रुतभ्रम चारी का प्रयोग रहे और हाथों का प्रयोग उक्त पैरों के अनुकूल ही वह सिंहविक्रीडित करण होता है ॥१४९॥

(मूल) जहाँ पैर पीछे की तरफ प्रसर्पित रहें और दोनों हाथों को एकबार निकुञ्चित करने के बाद पुनः निकुञ्चित करे वह सिंहाकर्षितक करण होता है ॥१५०॥

अलाता चारी में द्रुत गति से पैर को जिधर निक्षिप्त करे उसी के अनुसार हाथ को भी निक्षिप्त करे । इस तरह एक चक्र के बाद द्वितीय चक्र को भी ऐसे ही करे । इस करण में सिंह के द्वारा हाथ से किये गये आघात का साम्य है अतः इसका नाम सिंहविक्रीडित है । इसका प्रयोग रौद्री गति गुस्से की हालत म किया जाता है ॥१४९॥

(९०) सिंहाकर्षित (९१) उद्वृत्त (९२) उपसृतक

इसमें एक पाद वृश्चिक होता है और स्वस्तिक प्रक्रिया से पद्म कोश एवं ऊर्णनाभ रूप में दक्षिण एवं वाम हस्त निकुञ्चित होते हैं अर्थात् सिकोड़ कर वक्र किये जाते हैं ।

पुनस्तथैव कर्तव्यौ सिंहाकर्षितके द्विजाः ॥१५०॥
आक्षिप्तहस्तमाक्षिप्तदेहमाक्षिप्तपादकम् ।
उद्वृत्तगात्रमित्येतदुद्वृत्तं करणं स्मृतम् ॥१५१॥

### अभिनवभारती

वर्तनावशादपसार्य पुनरपि तादृशावेव हस्ताविति सिंहाद्यभिनयविषयं सिंहाकर्षितकम् ॥१५०॥

(९१) उद्वृत्तम् ।

आक्षिप्तमासारितानीतं हस्तपादं यत्र । कथं सर्वदेहाक्षेपः । आह-उद्वृत्ताचारीयुक्तं कृत्वा—

"पादमाविद्धमावेष्ट्य समुल्लुत्य निपातयेत् ।
परिवृत्त्य द्वितीयं तु सोद्वृत्ता ॥" (ना. शा. १०-२९) इति ।

अत एवोद्वृत्तं करणम् ॥१५१॥

### मधुसूदनी

अन्याकर्षौ वृश्चिके प्राग्वौ भक्त्वा तौ तादृशौ पुनः ।
कृतौ सिंहाभिनयने सिंहाकर्षितकं तदा । सं. र. ॥१५०॥

(९१) उद्वृत्तम्

यदाह—यत्रापसारितानीतं हस्तपादं विधीयते ।
गात्रमुद्वृत्तचारीकं तदुद्वृत्तं विदुर्बुधाः । सं. र. ॥१५१॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ उद्वृत्ता चारी के अभिनय के, फलस्वरूप हाथ पैर एवं शरीर का संचालन किया जाय जिससे सम्पूर्ण गात्र उद्वृत्त हो वह उद्वृत्त नामक करण है ॥१५१॥

फिर जब द्वितीय पाद भी वृश्चिक रूप में होता है तब वे दोनों हाथ भी क्रिया की आवृत्ति के अनुसार वैसे ही आकर्षित अपसृत होते हैं। इस लिए जब कभी सिंह वगैरह का अभिनय किया जाय तब यह सिंहाकर्षित करण किया जाता है ॥१५०॥

जहाँ हाथ पैर को इधर उधर फेंक कर फैलाकर उसका इस प्रक्रिया से प्रत्यानयन किया जाय कि जिसके फलस्वरूप सम्पूर्ण गात्र ही उद्वृत आक्षिप्त हो जाय। प्रश्न—हाथ पैर के फैलाने से सम्पूर्ण गात्र का देह का आक्षेप कैसे हो सकता है। उत्तर—इसमें उद्वृत्ता चारी याने गति का अभिनय किया जाता है। उसका स्वरूप है—प्रथम दक्षिण पैर को आविद्धा चारी के अभिनय से आवेष्टित चक्र की तरह घुमाकर उल्लवन की प्रक्रिया से नीचे गिरा दे किन्तु द्वितीय वाम पर को परिवर्तन कर के गिरा दे वह उद्वृत्ता चारी है। इसी चारी के कारण इस करण का नाम उद्वृत्त है ॥१५१॥

**आक्षिप्तश्चरणश्चैको हस्तौ तस्यैव चानुगौ ।**
**आनतं च तथा गात्रं तथोपसृतकं भवेत् ॥१५२॥**
**दोलापादक्रमं कृत्वा तलसङ्घट्टितौ करौ ।**

अभिनवभारती

(९२) उपसृतकम् ।

कुर्यात् । कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्येत्याक्षिप्तां चारीं (ना. शा. १०-२७) वामतो व्यावृत्य करपरिवर्तनेन गात्रमानम्य दक्षिणमरालतां नयेत् । एतद्विनयोपसर्पणे यथा "महादेवी विण्णवेदि" इति ॥१५२॥

(९३) तलसङ्घट्टितम् ।

कुञ्चितं पार्श्वात्पार्श्वमिति (ना. शा. १०-२६) दोलापादां चारीं कुर्वंस्तत्समकालं पताकौ सम्यग्घट्टितमन्योन्यतलं ययोस्तादृशौ करौ कृत्वा ʻष्णवे स्थानके "द्वौ तालौ"

मधुसूदनी

(९२) उपसृतकम् ,

यदाह—आक्षिप्तां वामतश्चारीं व्यावृत्य परि वर्तितम्
करं कृत्वा वाम पार्श्वे दक्षिणेऽरालता नयेत्
यत्र तत्स्यादुपसृतं विनयेनोपसर्पणे । सं.र. ॥१५२॥

(९३) तलसंघट्टितम्

यदाह—दोलापादां भजंश्चारीं संघट्टिततलौ करौ ।
पताकौ रेचयित्वा चेद्वैष्णवे स्थानके स्थितः ।

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक पैर आक्षिप्त हो और दोनों हाथों का उसी के अनुकूल प्रयोग किया जाय तथा गात्र आनत रहे वह उपसृतक करण होता है ॥१५२॥

(मूल) जहाँ दोला पाद चारी का अभिनय करते हुए तल संघट्टित करों का प्रयोग करे और फिर एक कर को रेचित करे वह तलसंघट्टित करण होता है ॥१५३॥

जहाँ कुञ्चित पैर को ऊपर की तरफ फेंक कर आक्षिप्ता चारी का प्रयोग करे और कर के परिवर्तन संचालन से गात्र को बाईं तरफ घुमाता हुआ झुका कर दाहिनी ओर अराल वक्र कर दे । उपसृतक इसको कहते हैं इसका अभिनय विनय से उपसर्पण में होता है । जैसे—महादेवी विज्ञापन करती है इत्यादि में ॥१५२॥

(९३) तलसंघट्टित (९४) जनित

जहाँ "एक पार्श्व दूसरे पार्श्व को कुञ्चित करे" इस लक्षण वाली दोला पाद चारी को

रेचयेच्च करं वामं तलसङ्घट्टिते सदा ॥१५३॥
एको वक्षःस्थितो हस्तो द्वितीयश्च प्रलम्बितः। २४८
तलाग्रसंस्थितः पादो जनिते करणे भवेत् ॥१५४॥

### अभिनवभारती

(ना. शा. १०-४२) इत्यत्र स्थित्वा दक्षिणं हस्तं कट्यां द्वितीयं च, हंसपक्षद्रुतभ्रमात्मकं रेचकं कुर्यात्। अनुकम्पाप्रधाने वाक्यार्थेऽस्य प्रयोगः। 'धाणवगळछिफ......अ० धिअचणारि' इत्यादि ॥१५३॥

### (६४) जनितम्।

वक्षसि मुष्टिहस्तः। प्रलम्बितो लताख्यः। अन्यासां क्रियाणामारम्भकाल एव तत्सन्निवेशजननयोगाद्यथोचितजनिताचारीवशानीतम्। जनिताचारी (ना० शा० १०-२५) ॥१५४॥

### मधुसूदनी

कटिस्थं दक्षिणं हस्तं वामं रेचितमाचरेत्।
अनुकम्पाविधाने स्याचलसंघट्टितं तदा। सं. र. ॥१५३॥

(९४) जनितम्

यदाह—चारी चेज्जनिता मुष्टिर्वक्षस्यन्यो लताकरः।
यदा तदा क्रियारम्भाभिनये जनितं भवेत्। सं० र० ॥१५४॥

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ एक हाथ वक्षः स्थल पर रहे और दूसरा प्रलम्बित रहे तथा अग्रतल संचर नामक पैर का अभिनय किया जाय वह जनित नामक करण है ॥१५४॥

करता हुआ उसी समय "जिनमें एक हाथ की हथेली दूसरे हाथ की हथेली से परस्पर में अच्छी प्रकार से घट्टित शिलष्ट रहे" ऐसे पताक हाथों का अभिनय करे और "द्वौ तालौ" इस लक्षण वाले वैष्णव स्थानक की रीति से खड़ा होकर दाहिने हाथ को कटी पर रखे और द्वितीय बायें हाथ को हंस पक्ष द्रुत भ्रम स्वरूप रेचक को करे इसको तल संघट्टित करण कहते है। अनुकम्पा प्रधान वाक्यार्थ में इसका प्रयोग होता है। जैसे—धाणव इत्यादि ॥१५३॥

जहाँ एक हस्त वक्षः स्थल में मुष्टिहस्त के रूप में और दूसरा लम्बायमान लता संज्ञक हस्त के रूप में होता है। भिन्न २ क्रियाओं के आरम्भ करने के समय में ही मुष्टि हस्त एवं प्रलम्बित लता हस्त का सन्निवेश किया जाता है। अतः इस सन्निवेश के जनन के योग से यथोचित जनिता चारी के अनुसार वह जनित करण बना है। जनिता चारी का स्वरूप १० अध्याय में कहेंगे ॥१५४॥

जनितं करणं कृत्वा हस्तौ चाभिमुखाङ्गुली । २५५
शनैर्निपतितौ चैव ज्ञेयं तदवहित्थकम् ॥१५५॥

अभिनवभारती

(६५) अवहित्थकम् ।

"मुष्टिहस्तश्च वक्षस्थः करोऽन्यश्च प्रलम्बते ।
तलसञ्चरपादश्च जनिता ॥" (ना. शा. १०-२५) इति ।

चारीपादं कृत्वा । हस्तौ चाभिमुखाङ्गुली इत्यरालालपल्लवतया ललाटवक्षःक्षेत्रगौ हस्तौ विधाय शनैरिति यथाक्रममुद्वेष्टितकरणेऽधरोर्ध्वभागेन पार्श्वगौ कृत्वा पुनरपवेष्टित-परिवर्तितक्रिययारालालपल्लवावन्योन्यं सम्मुखं वक्षोदेशे कुर्यात् इत्यवहित्थकम् । गोपनप्रधाने वाक्यार्थेऽस्य प्रयोगः । तथथा—"पेथगअं गइकरि थविफासहम्भ०क्षे इयं वइसं परिहि" ॥ अन्ये तु अवहित्थहस्तेन

"शुकतुण्डौ करौ कृत्वा वक्षस्यभिमुखाञ्चितौ ।
शनैरधोऽसावहित्थः ॥" (ना. शा. ९-१२६) ॥

इत्येतच्चिन्तादौर्बल्यविषयमाहुः ॥१५५॥

मधुसूदनी

(९५) अवहित्थकम्,

यदाह—विधाय जनितां चारीं यदरालालपल्लवौ ।
ललाटवक्षः क्षेत्रस्थौ हस्तावभिमुखाङ्गुली ।
क्रमात् कृत्वोद्वेष्टितेन व्यावृत्या पार्श्वगौ ततः ।
वक्षोदेशेऽपवेष्टितेन परिवृत्या च तादृशौ ।
मिथोमुखौ निधीयेते तदा स्यादवहित्थकम् ॥
गोपनप्राय वाक्यार्थाभिनये तन्नियुज्यते ।
अन्येऽवहित्थ हस्तेन युक्तत्वादवहित्थकम् ।
वदन्ति चिन्ता दौर्बल्य प्रभृत्यभिनयक्षमम् । सं० र० ॥१५५॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ जनित करण को करके अभिमुख अंगुलिवाले दोनों हाथों को धीरे २ नीचे की तरफ गिराये उसे अवहित्थक करण समझो ॥१५५॥

(९५) अवहित्थक

जहाँ एक मुष्टि हस्त वक्षः स्थल पर दूसरा प्रलम्बित लंबा हस्त ललाट पर रहे । तथा अग्रतल संचर पाद रहे वह जनिता चारी कहलाता है । इस जनिता चारी को करे और जिनकी अंगुलियां अभिमुख याने संमुख हैं ऐसे हाथों का ललाट एवं वक्षःस्थल में अराल एवं अलपल्लव के रूप में विन्यास करे । फिर शनैः कहने का आशय है कि यथा कम याने बारी २ से

**करौ वक्षःस्थितौ कार्यावुरो निर्भुग्नमेव च ।** २४९
**मण्डलस्थानकं चैव निवेशं करणं तु तत् ॥१५६॥**
**तलसञ्चरपादाभ्यामुत्प्लुत्य पतनं भवेत् ।** २५०

**अभिनवभारती**

**(९६) निवेशम् ।**

"स्तब्धं च निम्नपृष्ठं च निर्भुग्नांसं समुन्नतम् ।
उरो निर्भुग्नम् ।" (ना. शा. ९-२२६)

ऐन्द्रे मण्डले पादौ चतुस्तालान्तरस्थितौ । गजवाहनादिविषयेऽनेन निवेशयेत् । गात्रस्याविश्रमणान्निवेशाख्यम् ॥१५६॥

**(९७) एलकाक्रीडितम् ।**

पतनकाले गात्रस्य नमनं ततो वलनम् । एवंनामैकरूपा चारी (ना. शा. १०-२०) भविष्यति । अधमप्रकृतिगतिविषयमेतत् ॥१५७॥

**मधुसूदनी**

**(९६) निवेशम्**

यदाह्—यत्र वक्षसि निर्भुग्ने निहितौ खटकामुखौ ।
मण्डलं स्थानकं तत् तु निवेशं गजवाहने ॥ सं० २० ॥१५६॥


**बालक्रीडा**

(मूल) जहाँ दोनों हाथों को वक्षः स्थल पर रख कर उरः स्थल को निर्भुग्न सरल किया जाय तथा मण्डल स्थानक नामक स्थिति में खड़ा रहे वह निवेश करण होता है ॥१५६॥

उद्वेष्टित क्रिया में उपयंथो भाव से बगल में उन हाथों को करे। उसके बाद इन उक्त अराल एवं अलपल्लव हाथों को अपवेष्टित एवं परिवर्तित क्रिया के द्वारा सामने छाती पर विन्यस्त करे यह अवहित्थक है। गोपन प्रधान जहाँ कुछ छिपाना मुख्य हो उस वाक्यार्थ के अभिनय में इसका प्रयोग होता है। जैसे—"ऐषगजं" इत्यादि। अन्य लोग तो कहते हैं कि जहाँ शुक तुण्ड करों को वक्षः स्थल पर अभिमुख अंचित करे फिर धीरे २ अधोमुख आविद्ध करे वह अवहित्थ होता है। इसका चिन्ता के कारण होने वाली दुर्बलता के विषय में प्रयोग होता है ॥१५५॥

(९६) निवेश (९७) एलकाक्रीडित (९८) ऊरूद्वृत्त


जहाँ पृष्ठ स्तब्ध एवं निम्न, अंस निर्भुग्न (सरल) एवं समुन्नत और उरःस्थल निर्भुग्न हो कुटिल नहीं हो। यह निवेश की प्रक्रिया है। ऐन्द्र मण्डल में चार तालों की दूरी पर पाद रखे जाते हैं। हाथी पर चढ़ने के समय इस निवेश का प्रयोग होता है। इस में गात्र को विश्राम नहीं मिलता है अतः इसका नाम निवेश है ॥१५६॥




९७ उल्काक्रीडितम्



९८ ऊरूद्वृत्तम्



९९ मदस्खलितकम्




१०० विष्णुक्रान्तम्




१०१ सम्भ्रान्तम्



१०२ विष्कम्भम्



१०३ उद्घट्टितम्



१०४ वृषभक्रीडितम्




१०५ लोलितम्



१०६ नागापसर्पितम्



१०७ शकटासनम्



१०८ गङ्गावतरणम्

संन्नतं वलितं गात्रमेलकाक्रीडितं तु तत् ॥१५७॥
करमावृत्तकरणमूरुपृष्ठेऽञ्चितं न्यसेत् । २५८
जङ्घाञ्चिता तथोद्वृत्ता ह्यूरूद्वृत्तं तु तद्भवेत् ॥१५८॥

अभिनवभारती

(९८) ऊरूद्वृत्तम् ।

"तलसञ्चरपादस्य [१]पार्ष्णिर्बाह्योन्मुखी यदा ।
जङ्घाञ्चिता तथोद्वृत्ता ।" इति (ना. शा. १०:२२)
अनया चार्या सह व्यावर्तितकरणेनारालं खटकं चोरुदेशे पृष्ठे च क्षिपेत् । प्रणयकोपेर्ष्याप्रार्थनादिविषयमेतत्करणम् ॥१५८॥ ([१]पार्ष्णिः स्त्रीपुंसयोरिति रन्तिदेवानुसारम्)

मधुसूदनी

(९७) एलकाक्रीडितम्

यदाह—एलकाक्रीडिता चारी चेदोल्लखटकौ करौ ।
सन्नतं वलितं गात्रमेलकाक्रीडितं तदा ।
अधमप्रकृति प्राणिगतिगोचरमिष्यते ॥ सं० र० ॥१५७॥

(९८) ऊरूद्वृत्तम्

यदाह—सहोरूद्वृत्तया चार्या यत्र व्यावर्तनान्वितौ ।
अरालखटकौ हस्तौ निदध्यादूरुपृष्ठयोः ।
ऊरूद्वृत्तं तदीर्ष्यायां प्रार्थना प्रेमकोपयोः ॥ सं० र० ॥१५८॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ अपतलसंचर पैरों को उछल कर नीचे की तरफ गिरा दिया जाय और सन्नत गात्र का वलन किया जाय वह एलकाक्रीडित करण होता है ॥१५७॥

(मूल) जहाँ कर को आवृत्त याने घुमाकर ऊरुके ऊपर रक्खे और जंघा को उद्वृत्त एवं अंचित करे वह ऊरुद्वृत्त करण होता है ॥१५८॥

जहाँ गिरने के समय शरीर झुका रहता है फिर वलन टेढ़ा होता है। इसी नाम की एक रूप वाली चारी आगे कही जायगी। अधम पुरुषों की गति में इसका प्रयोग होता है ॥१५७॥

जब अग्रतल संचर नामक पाद की पार्ष्णि (एड़ी) बाहर की तरफ उन्मुखी हो और जंघा अञ्चिता तथा उद्वृत्ता हो वह ऊरुद्वृत्ता चारी होती है। इस चारी के साथ व्यावर्तित करने से अराल हस्त को ऊरु प्रदेश पर और खटकामुख हस्त को पीठपर फेंके तब ऊरुद् वृत्त करण होता है। प्रणय कोप जनित ईर्ष्या की निवृत्ति के लिए प्रार्थना करने में इसका प्रयोग होता है ॥१५८॥

करौ प्रलम्बिनौ कार्यौ शिरश्च परिवाहितम् । २८५
पादौ च वलिताविद्धौ मदस्खलितके द्विजाः ॥१५९॥
पुरः प्रसारितः पादः कुञ्चितो गगनोन्मुखः । २८०
करौ च रेचितौ यत्र विष्णुक्रान्तं तदुच्यते ॥१६०॥

अभिनवभारती

(९९) मदस्खलितकम् ।

करौ दोलौ । पर्यायशः पार्श्वगतं शिरः । वलिताविद्धौ अवनतावनन्तरं स्वस्तिकापसृतौ पादौ पर्यायेणेति । मद्यमदविषयमेतत् ॥१५९॥

(१००) विष्णुक्रान्तम् ।

विष्णोरित्थं क्रमणमत्र । तद्विषय एवास्य प्रयोगः ॥१६०॥

मधुसूदनी

(९९) मदस्खलितम्

यदाह—स्वस्तिकापसृतौ पादौ क्रमेण परिवाहितम् ।
शिरो दोलौ यदा हस्तौ मदस्खलितकं तदा ।
एतन्मध्यपदे योज्यं भाषते भयवल्लभः ॥ सं० र० ॥१५९॥

(१००) विष्णुक्रान्तम्

यदाह—कुञ्चितः प्रसरत्यंघ्रिरग्रे यत्रोद्गमोन्मुखः ।
करौ च रेचितौ विष्णुकान्तं तत्क्रमणे हरेः ॥ सं० र० ॥१६०॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ कर प्रलम्बित, शिर परिवाहित और पैर वलित एवं आविद्ध किये जाँय वह हे द्विजाः मदस्खलितक करण होता है ॥१५९॥

(मूल) जहाँ पैर कुञ्चित करके आगे फैलाया हुआ अतएव गगन के लिए उन्मुख हो और रेचित कर हो वह विष्णुक्रान्त करण कहलाता है ॥१६०॥

(९९) मदस्खलितक (१००) विष्णुक्रान्त

इसमें दोला नामक कर । पर्याय से पार्श्वगत शिर । क्रमशः पहले वलित एवं आविद्ध याने अवनत बाद में स्वस्तिक एवं अपसृत पाद होते हैं । अतः इसका नाम मदस्खलितक है । मद्य जनित मद में इसका प्रयोग होता है ॥१५९॥

यहाँ विष्णु भगवान् का त्रिलोकी क्रमण इस करण के अनुसार अभिनीत होता है । अतः उसी के नाम से वह करण है और उसी के विषय में इसका प्रयोग होता है ॥१६०॥

**करमावर्तितं कृत्वा ह्यूरुपृष्ठे निकुञ्चयेत् ।** १६१
**ऊरुश्चैव तथाविद्धः सम्भ्रान्तं करणं तु तत् ॥१६१॥**
**अपविद्धः करः सूच्या पादश्चैव निकुट्टितः ।** १६२

## अभिनवभारती

### (१०१) सम्भ्रान्तम् ।

आविद्धायां चार्यां सत्यामूरुस्तथा ।

"स्वस्तिकस्यामतः पादः कुञ्चितश्च प्रसारितः ।
निपतेदञ्चिवाविद्ध आविद्धा नाम सा स्मृता ॥" (ना. शा. १०-३८)

तचारीप्रयोगकाले च व्यावर्तितकरणेनाल्पपल्लवमूरुपृष्ठे न्यसेत् । सम्भ्रमपरिक्रमविषयमेतत् ॥१६१॥

### (१०२) विष्कम्भम् ।

वामः करो दक्षिणेन हस्तेन सूचीमुख (ना. शा. ९-१९१) नृत्तहस्तात्मनापगमपूर्वकं विद्धः । स एव पादो निकुट्टितः । चकारात् द्वितीयेनैवाङ्गेन । एवकारेणेदमाह

## मधुसूदनी

### (१०१) सम्भ्रान्तम्

यदाह आविद्धां विदधचारीं व्यावृत्तपरिवर्तितम् ।
अलपद्मकरं न्यस्येदूरुपृष्ठे यदा तदा ।
सम्भ्रान्तं तत्प्रयोक्तव्यं ससंभ्रमपरिक्रमे ॥ सं० १० ॥१६१॥

## बालक्रीडा

(मूल) जहाँ कर को आवर्तित कर के ऊरुपर निकुञ्चित करे। और ऊरु का आविद्ध के रूप में अभिनय हो वह संभ्रान्त करण होता है ॥१६१॥

### (१०१) सम्भ्रान्त (१०२) विष्कम्भ (१०३) उद्घट्टित

आविद्ध चारी का प्रयोग होने में ऊरु स्वतः आविद्ध होता है। आविद्धा चारी वही मानी गई है जहाँ पैर को पहिले स्वस्तिक फिर कुञ्चित एवं प्रसारित किया जाय और उसके बाद अन्त में अञ्चित होकर आविद्ध रूप में उसे गिरा दिया जाय।

इस आविद्धा चारी के प्रयोग के समय व्यावर्तित एवं परिवर्तित क्रिया से ऊरु पृष्ठ कूल्हे पर अल्पपल्लव पाद को गिरावे। अतः वह संभ्रान्त करण है। इसका अभिनय घबराहट के साथ चलने के विषय में होता है ॥१६१॥

इसमें वाम हस्त सूचीमुख संज्ञक नृत्तहस्त के अभिनय में दक्षिण हस्त से अलग होकर विद्ध होता है। तथा वाम ही पाद निकुट्टित होता है। पादश्चैव के चकार से यह सूचित किया कि पहली बार प्रथम अंग दक्षिण हाथ एवं पैर से वाम हाथ एवं पाद में जैसी क्रिया हुई

**वक्षःस्थश्च करो वामो विष्कम्भे करणे भवेत् ॥१६२॥**
**पादावुद्घट्टितौ कार्यौ तलसङ्घट्टितौ करौ । २६३**
**नतश्च पार्श्वं कर्तव्यं बुधैरुद्‌घट्टिते सदा ॥१६३॥**

अभिनवभारती

पुनः सूच्या (ना. शा. १०-३४) चार्योपलक्षितः पादः परश्च निकुट्टितोऽलपल्लवोऽन्यस्तु वामः । एवं पुनःपुनःकरणे सति क्रियाया विष्कम्भनाद्विष्कम्भाख्यं करणम् ॥१६२॥

(१०३) उद्घट्टितम् ।

"स्थित्वा पादतलाग्रेण पार्ष्णी भूमौ ।" इति (ना. शा. ९-२६६) अन्योन्यमनेन तालिकादानोद्यतौ करौ । पूर्वमेकः पादः पुनर्द्वितीयपाद उद्घट्टितः पर्यायेण च तथैव पार्श्वयोर्नमनमिति । प्रमोदविषयमेतत् ॥१६३॥

मधुसूदनी

(१०२) विष्कम्भम्

यदाह—अपेत्योपत्रजेद्वामं दक्षिणो नृत्तहस्तकः ।
सूचीमुखो निकुट्टयेत सांघ्रिर्वामकरो यदि ।
सद्वङ्गान्तरं कृत्वा सूचीपादश्च दक्षिणः ।
हस्तोऽसावलपद्मः स्याद्वामहस्तस्तु पूर्ववत् ।
एवं पुनः पुनर्यत्र विष्कम्भं तद् बभाषिरे ॥ सं० र० ॥१६२॥

(१०३) उद् घट्टितम्

यदाह—उद्‌घट्टितोंघ्रिः पार्श्वे तलस्नतं तालिकोद्यतौ ।
हस्तौ यत्रोद्‌घट्टितं तदावृत्ताङ्गं प्रमोदकम् ॥ सं० र० ॥१६३॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ आविद्ध कर का अभिनव हो और सूची नामक चारी के अनुसार पैर निकुट्टित हो तथा वाम कर वक्षःस्थल पर रखा हुआ हो वह विष्कम्भ करण होता है ॥१६२॥

(मूल) विद्वानों की उद्‌घट्टित करण में पैरों का सदा उद्‌घट्टित, करों को तल संघटित तथा पार्श्व को नत करना चाहिए ॥१६३॥

वैसी क्रिया द्वितीय अंग वाम हाथ एवं पैर से दक्षिण हाथ एवं पैर में करनी चाहिए । और एवंकार से भी यही कहा गया कि द्वितीय क्रिया में भी सूची चारी से उपलक्षित द्वितीय पाद हस्त को अलपल्लव करना चाहिए । इस प्रकार पुनः पुनः करने पर क्रिया के विष्कम्भन यानी विस्तारण से विष्कम्भ नामक करण होता है ॥१६२॥

पैरों के तलुओं के अग्रभाग पंजों के सहारे खड़ा होकर एड़ियों को भूमि पर गिरावे । इस क्रिया से पहिले एक पैर को फिर दुबारा द्वितीय पैर को पारी २ से उद्‌घट्टित करे ।

**प्रयुज्यालातकं पूर्वं हस्तौ चापि हि रेचयेत् ।**
**कुञ्चितावञ्चितौ चैव वृषभक्रीडिते सदा ॥१६४॥**
**रेचितावञ्चितौ हस्तौ लोलितं वर्तितं शिरः ।**

अभिनवभारती

(१०४) वृषभक्रीडितम् ।

अलातचारीं (ना. शा. १०-४१) कुर्वन्हस्तौ रेचितौ कुर्यात् । ततः कुञ्चितौ व्यावर्तितकरणेन कृत्वा ततो बाहुशिरस्यलपल्लवाकृती अञ्चितौ विधेयाविति वृषभ इवाङ्गद्वयद्वारा प्रयोगात् वृषभक्रीडितम् ॥१६४॥

(१०५) लोलितम् ।

वैष्णवे स्थाने आदौ रेचितं हंसपक्षद्रुतभ्रमरूपं हस्तं द्वितीयं चाञ्चितं

मधुसूदनी

(१०४) वृषभक्रीडितम्

यदाह—अलातां विदधचारीं हस्तौ कुर्वीत रेचितौ ।
व्यावृत्या कुञ्चितौ कृत्वाऽलपद्मौ बाहुशीर्षयोः ।
न्यस्येते यत्र तद् धीरा वृषभक्रीडितं जगुः ॥ सं० ८० ॥१६४॥

(१०५) लोलितम्

यदाह—रेचितः पाणिरेकः स्याद् वक्षस्यन्योऽलपल्लवः ।

बालक्रीड़ा

(मूल) वृषभ क्रीडित करण में विद्वानों को सदा अलात नामक चारी का प्रयोग करके हाथों को पहले रेचित पीछे कुञ्चित टेढ़े एवं अञ्चित सीधे करने चाहिए ॥१६४॥

इसी पर्याय से परस्पर में तालिका दान अर्थात् एक दूसरे की तरफ एक दूसरा तालियां बजाते हुए हाथों का अभिनय करे। इन क्रियाओं के करने में कभी बायें बगल कभी दायें बगल झुकना आवश्यक है। यह करण प्रमोद के समय करने लायक है ॥१६३॥

(१०४) वृषभक्रीडित (१०५) लोलित (१०६) नागापसर्पित

इसमें अलातचारी को करता हुआ हाथों को रेचित करे। फिर व्यावर्तित क्रिया से कुञ्चित करे। बैल जैसे शृंग से मट्टी वगैरह को उछालता है और पैर से कुरेदता है यानी दो अंगों से क्रिया करता है वैसे ही यहाँ भी अभिनेता पैरों से अलातचारी करता है और हाथों से रेचित और फिर पैरों को कुंचित करता है और हाथों में अलपल्लवा कृति करता है। इस प्रकार बैल की तरह दो अंगों से इसमें प्रयोग होता है अतः यह वृषभक्रीडित करण है ॥१६४॥

उभयोः पार्श्वयोर्यत्र तल्लोलितमुदाहृतम् ॥१६५॥
स्वस्तिकापसृतौ पादौ शिरश्च परिवाहितम् ।
रेचितौ च तथा हस्तौ स्यातां नागापसर्पिते ॥१६६॥
निषण्णाङ्गस्तु चरणं प्रसार्य तलसञ्चरम् ।

अभिनवभारती

वक्षस्थलपल्लवाकारं कुर्यात् । शिरश्च लोलितमपि चोभयोः पार्श्वयोर्वर्तितं विश्रमितम् ॥१६५॥

(१०६) नागापसर्पितम् ।

परिवाहितं पर्यायशः पार्श्वगतं शिरः । कुटिलगतियोगान्नागापसर्पितम् । इदं तरुणमदविषयम् ॥१६६॥

(१०७) शकटास्यम् ।

निषण्णं निस्समीकृतमङ्गं येन तेन तज्जानुसमस्थिते पदेऽपुरो गुल्फदेशे कुञ्चितो

मधुसूदनी

लोलितं शीर्षमुभयोर्विश्रान्तं पार्श्वयोरपि ।
वैष्णवं स्थानकं यत्र तदाहुर्लोलितं बुधाः ॥ सं० र० ॥१६५॥

(१०६) नागापसर्पितम्

यदाह—हस्तौ चेद्रेचितौ स्यातां शिरस्तु परिवाहितम् ।
स्वस्तिकापसृतौ पादौ तदा नागापसर्पितम् ।
प्राहुः प्रयोगमेतस्य सूरयस्तरुणे मदे ॥ सं० र० ॥१६६॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ हाथों को रेचित एवं अञ्चित और शिर को लोलित कर के दोनों पार्श्व भागों में विवर्तित किया जाय वह लोलित करण कहाता है ॥१६५॥

(मूल) नागापसर्पित करण में पैर स्वस्तिक एवं अपसृत, शिर परिवाहित और हाथ रेचित होते हैं ॥१६६॥

आरम्भ में वैष्णव स्थानक स्थिति में खड़ा होकर दोनों हाथों को हंस पक्ष की तरह हूल घूमने वाले रेचित करे फिर अंचित कर के अलपल्लव की आकृति में वक्षः स्थल पर उसको विन्यस्त करे और शिर लोलित यानी हिलावे । इस तरह हिलाये गये शिर को दोनों पार्श्वों में विश्रान्त करे ॥१६५॥

इसमें शिर को पार्श्व में पर्याय से परिवाहित किया जाता है । और कुटिल गति के योग से इसका नाम नागापसर्पित है। ताजे मद की हालत में इसका प्रयोग होता है ॥१६६॥

**उद्वाहितमुरः कृत्वा शकटास्यं प्रयोजयेत् ॥१६७॥**
**ऊर्ध्वाङ्गुलितलौ पादौ त्रिपताकावधोमुखौ ।**

### अभिनवभारती

न तु जानुरेव पादः। स एवाध्यर्धतालान्तरसञ्चारः प्रसार्यः। तत्सहितोऽपि हस्तो द्वितीयो वक्षसि खटकः। ईदृश्येवेयं चारी (ना. शा. १०-१६) भविष्यति। अनेन सन्निवेशेन शकटस्यासनं क्षेप इति। तथाविधबालक्रीडादिविषये भाणिकादिविषयेऽस्य प्रयोगः ॥१६७॥

### (१०८) गङ्गावतरणम् ।

अत्र केचिदूर्ध्वाङ्गुलितल इत्यनेन समपादाश्रितावस्थानमुक्तमित्याहुः। एतच्चानुक्रमशब्दार्थत्वात्। तस्मादश्चितो न पादः। अन्ये त्वाहुः—अनेन क्रमेणाग्रतलसञ्चारो वृश्चिकपाद इति। अपरे तु—चकारेण भिन्नक्रमेण च पादस्य वृश्चिकता त्रिपता-

### मधुसूदनी

#### (१०७) शकटास्यम्

यदाह—शकटास्या भवेच्चारी प्रसार्यैताङ्घ्रिणा सह।
एको हस्तो द्वितीयस्तु वक्षस्थः खटकामुखः।
यत्र तच्छकटास्यं स्यात्तादृशे बालखेलिते ॥ सं० ८० ॥१६७॥

#### (१०८) गंगावतरणम्

यदाह—अंघ्रेरुत्क्षेपनिक्षेपावनु प्रोन्नतिसोन्नती।

### बालक्रीडा

(मूल) अभिनेता लोग अपने अंगो को निषण्ण यानी निःसमीकृत करके अग्रतल संचर चरण को फैलावें फिर वक्षःस्थल को उद्वाहित करें इस तरह शकटास्य का प्रयोग करें ॥१६७॥

#### (१०७) शकटास्य

जिसने अपने अंगों को निषण्ण यानी नितरां सम बराबर कर दिया है ऐसे अभिनेता के लिए जानुकी समस्थिति वाले पद माने व्यवसाय अनुष्ठान (पद व्यवसितत्राण-स्थान लक्ष्माङ्घ्रिवस्तुषु) में गुल्फ देश में कुञ्चित वक्र पाद ही को न कि जानु को आगे की तरफ पसारना फैलाना उचित है। क्योंकि वह पाद ही अध्यर्धतालान्तर सञ्चर है जिसका डेढ़ ताल के अन्तर में सञ्चर होता है। उस पाद के साथ २ खटकामुख वाम हस्त को वक्षःस्थल पर रक्खे। ऐसी ही शकटास्या चारी भी होगी। इस सन्निवेश से शकट का असन क्षेपण होता है। इस तरह की गाड़ी को उलटने वाली बालकों की क्रीड़ा में या भाणिका वगैरह में इसका प्रयोग होता है ॥१६७॥

**हस्तौ शिरस्सन्नतं च गङ्गावतरणं त्विति ॥१६८॥**

## अभिनवभारती

कता हस्तयोश्शिरसश्च सन्नतत्वादूर्ध्वांगुळितल इत्यनेन प्रथमं पादोद्धारं स्थित्वा पादमूर्ध्वं विधाय तदुपरि च पताकाहस्तौ तं क्रमेणाग्रतलसञ्चारं वृश्चिकपादं सन्नमयेत् अवरोधयेत्। इति अपरे तु चकारेण भिन्नक्रमेण च तदास्य त्रिपताकता हस्तयोः। शिरसश्च सन्नतत्वात्तेन प्रथमः पादोद्धारः। स्थित्वा पादमूर्ध्वं विधाय तदुपरि च त्रिपताकहस्तौ तं पादं क्रमेण सन्नमयेत् अवरोधयेत् तदनुसारेण च त्रिपताकां हस्तं संनमयेत्। तथैव क्रमेण शिरः। एवमेव त्रिविक्रमपादप्रसरणपूर्वकं गङ्गादेव्या अवतरणमिति नाम्नैवास्य करणस्य विषयो दर्शितः। इतिशब्दः समाप्तौ ॥१६८॥

[ इत्यष्टोत्तरशतकरणनिरूपणं समाप्तम् ]

## मधुसूदनी

भजेतां त्रिपताकौ चेदेवमेव शिरस्तदा।
गंगावतरणं गंगावतारे शार्ङ्गिणोदितम् ॥ सं० र० ॥१६८॥

## बालक्रीडा

(मूल) जिस में अंगुलियों का तल ऊपर की तरफ हो ऐसे पैरों का, नीचे की तरफ जिनका मुख रहे ऐसे त्रिपताक हाथों का एवं झुके हुए शिर का अभिनय हो वह गंगावतरण करण होता है ॥१६८॥

### (१०८) गंगावतरण

यहाँ कोई जो कहते हैं कि ऊर्ध्वांगुलितल (जिसकी अंगुलियां एवं तलुआ ऊपर को हो) इस से समपाद का अंचित रूप में अवस्थान कहा गया है। वह ठीक नहीं है कि क्यों कि ऐसा किसी शब्द का अर्थ नहीं है। इसलिए अञ्चित पाद नहीं है। अन्य तो कहते हैं कि इस क्रम से अग्रतल संचर पाद से यहाँ वृश्चिक पाद का संकेत है। अपर कहते हैं कि सन्नतं च में जो चकार है वह क्रम भेद की ओर संकेत करता है। अतः इस करण में पाद वृश्चिक, हस्त त्रिपताक और शिर सन्नत होता है। अतः ऊर्ध्वांगुलितल इस कथन से पहिले पैर को ऊपर की तरफ करे और पैर को उठाये हुए खड़ा रहे। उस ऊपर को उठाय हुवे पैर के ऊपर त्रिपताक के आकार में हाथों का विधान करे। इसके बाद उस पैर को अग्रतल सञ्चर नामक वृश्चिक पाद को सन्नमन माने झुका दे। इसी के अनुसार त्रिपताक हस्त को भी झुका दे इस तरह क्रमशः शिरको झुका दे। इसी तरह विष्णु के तीन विक्षेप वाले पैर के फैलाने की तरह गंगा देवी का अवतरण होता है। और गंगावतरण इस नाम से ही इसके प्रयोग का विषय भी दिखा दिया। गंगावतरणं तु इति में इति शब्द १०८ करणों की समाप्ति की सूचना देता है। इस तरह १०८ करणों का निरूपण समाप्त हुआ।

यानि स्थानानि याश्चार्यो व्यायामे कथितानि तु । २६८
पादप्रचारस्त्वेषां तु करणानामयं भवेत् ॥१६९॥
ये चापि नृत्तहस्तास्तु गदिना नृत्तकर्मणि । २७०
तेषां समासतो योगः करणेषु विभाव्यते ॥१७०॥
प्रायेण करणे कार्यो वामो वक्षःस्थितः करः । २७१
चरणश्चानुगश्चापि दक्षिणस्तु भवेत्करः ॥१७१॥
चार्यश्चैव तु याः प्रोक्ता नृत्तहस्तास्तथैव च । २७२
सा मातृकेति विज्ञेया तद्भेदात्करणानि तु ॥१७२॥

अभिनवभारती

अङ्गहारलक्षणम् ।

तलपुष्पपुटस्य पूर्वं निर्देशात्सर्वत्र वर्तनाप्राधान्येनोपक्रम इति सूचितं परं प्रयोगमाह । उक्तमुपसंहरन् क्रमप्राप्तानङ्गहारान्यथोद्देशं लक्षणीयत्वेन प्रविजानीते—अष्टोत्तरशतमित्यादिना । हि यस्मात्करणानामष्टोत्तरशतमुदितं ततो हेतोः परं तद्विशि-

बालक्रीडा

(मूल) जिन स्थानों एवं जिन चारियों में नृत्तानुकूल अंग संचालन रूप व्यायाम कह दिया गया है उन करणों के सम्बन्ध में पादका प्रचार तो यह कथित प्रकार का ही हो सकता है ॥१६९॥

(मूल) और भी जो नृत्तहस्त नृत्तकर्म के समय में कह दिये हैं उनका योग संक्षेप से करणों में समझना चाहिए ॥१७०॥

(मूल) प्रायः इन करणों में वाम हस्त को वक्षःस्थल पर रखना चाहिए और दक्षिण हस्त को चरणों के अनुकूल करना चाहिए ॥१७१॥

(मूल) जो चारियाँ कही गई हैं और उसी प्रकार जो नृत्तहस्त भी कहे गए हैं वे सब करणों की माताएँ हैं उन्हीं के अनुसार करणों के इतने भेद होते हैं ॥१७२॥

अंगहारों के लक्षणों को कहते हैं ।

यहाँ करणों के निरूपण में तल पुष्पपुट का निर्देश सर्वप्रथम किया है । अतः सर्वत्र करणों में वर्तना का प्रधानतया उपक्रम होता है । अतः किसी से सूचित प्रयोग को बाद में कहेंगे । अपने कथन का उपसंहार करते हुए अब क्रम प्राप्त अंगहारों के नाम संकीर्तन के अनुसार लक्षण करने की प्रतिज्ञा करते हैं । "अष्टोत्तरशतम्" इत्यादि से । क्योंकि १०८ करणों को कहा है अतः इसके बाद इन से विशिष्ट युक्त अंगहारों का विकल्प याने परस्पर में भेद बतलाया जायगा जिस से उन अंगहारों में ही उन भेदों के विशेष लक्षण कहेंगा । अंगहारो विकल्प्यते में प्रश्न होता है कि विकल्प का अर्थ आपने भेद किया है जो अनेकों में होता है

अष्टोत्तरशतं ह्येतत्करणानां मयोदितम् ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि ह्यङ्गहारविकल्पनम् ॥१७३॥
प्रसार्योत्क्षिप्य च करौ समपादं प्रयोजयेत् ।
व्यंसितापसृतं सव्यं हस्तमूर्ध्वं प्रसारयेत् ॥१७४॥

### अभिनवभारती

योऽङ्गहारोविकल्प्यते परस्परतो भेद्यते येन तदङ्गहारेष्वेव विशेषलक्षणं वक्ष्यामीति सम्बन्धः । जातावेकवचनम् ॥१७३॥

### (१) स्थिरहस्तः ।

तत्रोद्देशक्रमेण स्थिरहस्तं लक्षयति—प्रसार्येत्यादिना हरप्रिय इत्यन्तेन । तत्र प्रसार्योत्क्षिप्य च कराविति पताकाञ्जलि वक्षःस्थमितिलक्षितस्य लीनाख्यस्य करणस्य (ना. शा. ९-६६) प्रथमेतिकर्तव्यतानिरूपणेनोपलक्षितम् । एतच्च तल्लक्षण एवोक्त-मस्माभिः पताकशब्दस्य प्रयोजनं वदद्भिः । इदमिदं करणमिति योगतोऽन्योन्यं योजनया अंघ्रि जंघोरु कटि हस्तपादाद्यौचित्ययुक्तवर्तनाचारी यदि भवति तत एव चाविच्छिन्ना शुभा च सा । प्रबन्धादलातचक्रवदेकबुद्ध्यनुसंहार्यं तदलम् । स्थिरहस्तो नामाङ्गहार इति सम्बन्धः । एवं सर्वत्र योगत इति सर्वाङ्गहारेषु सम्बध्यते ।

### मधुसूदनी

### (१) स्थिरहस्तः

लीनं समनखं कृत्वा व्यंसितं चात्र विच्युतौ
करौ कृत्वोत्क्षिप्तालीढः प्रत्यालीढं व्रजेत्ततः ।

### बालक्रीडा

(मूल) ये १०८ एक सौ आठ करण मैंने आप लोगों को बतलाये हैं । अब इनके बाद अंग हारों का विकल्प कहूँगा । यहाँ विकल्प पद के दो अर्थ हैं एक भेद दूसरा विशेष लक्षण । अतः अंग हारों के भेद एवं उनके विशेष लक्षणों को कहूँगा ॥१७३॥

एक में भेद नहीं होते तब यह अंगहारः इसकी विकल्प्यते के साथ कैसी संगति । उत्तर । यहाँ अंगहारः में एकवचन का निर्देश जाति के अभिप्राय से है । अतः कोई असंगति नहीं है ॥१७३॥

### (१) स्थिर हस्त

यहाँ उद्देश क्रम अर्थात् जिस क्रम से नामों का निर्देश किया है उसी क्रम से स्थिरहस्त का पहले लक्षण लिखते हैं । प्रसार्य इत्यादि से हरप्रिय यहाँ तक । इसमें हाथों को फैलाकर ऊपर की तरफ (प्रसार्योत्क्षिप्य च करौ) यह अंश, "विपताकाञ्जलिवक्षःस्थम्" इस लक्षण से लक्षित लता नामक करण को इस स्थिरहस्त अंगहार में सर्वप्रथम करना चाहिए इस बात की ओर संकेत करता है । पताक शब्द के उपन्यास का प्रयोजन कहते

प्रत्यालीढं ततः कुर्यात् तथैव च निकुट्टकम् । २७५
ऊरूद्वृत्तं ततः कुर्यादाक्षिप्तं स्वस्तिकं ततः ॥१७०॥

अभिनवभारती

अन्ये तु योगात्समाधेरप्ययं भगवतः प्रीतय इति व्याचक्षते ।
समपादमिति समनखं करणम् । "श्लिष्टौ समनखौ पादौ" इति (ना.शा.४-६५) ।
व्यंसिते—
"आलीढं स्थानकं यत्र करौ वक्षसि रेचितौ ।
ऊर्ध्वाधोविप्रकीर्णौ च व्यंसितं करणं तु तत् ॥" (ना. शा. ४-१०८) इति लक्षिते करणेऽपसृतौ यो हस्तौ तौ द्वावप्यूर्ध्वाधःस्थानस्थितौ विप्रकीर्णौ कृत्वा आलीढस्य परिवर्तनेन (ना. शा. २०-७०) प्रत्यालीढं स्थानकं कुर्यात् । ततो निकुट्टकं "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" (ना. शा. ४-६९) इति नवमं करणम् । ततोऽपि "करमावृत्तकरणमूरुपृष्ठ" (ना. शा. ४-१५९) इत्यष्टनवतितमम् । ततः स्वस्तिकं हस्ताभ्यामथ पादाभ्यामिति (ना. शा. ४-७५) पञ्चदशम् । तत "आक्षिप्तं हस्तपादं चेति" (ना. शा. ४-११५) पञ्चपञ्चाशत् ।

बालक्रीड़ा

(मूल) दोनों करों को पहिले नीचे फैलावे फिर ऊपर की तरफ उनको फेंके । और पैरों का समपाद के रूप में प्रयोग करे । फिर सव्य दाहिने हाथ को व्यंसित एवं

हुए हमने तीन करण के लक्षण में ही इसको बतला चुके हैं । इसके बाद इस करण के योग यानी, अन्योन्य की योजना तो हाथ, पैर, जांघ, ऊरु एवं कमर के ऊपर रखे गये या संश्लिष्ट किये गये हाथों एवं पैरों की औचित्य युक्त वर्तना का बारी यदि होती है वह योजना अविच्छिन्न एवं शुभ होती है । प्रबन्ध की रचना के अनुसार अलात चक्र की तरह एक बुद्धि से इसका अनुसंहार या अनुसन्धान करना चाहिए बस वह पर्याप्त होगा । स्थिरहस्त नामक अंगहार है ऐसा सम्बन्ध अन्वय है । इस प्रकार सर्वत्र अंगहारों में योगतः इसका सम्बन्ध है ।

अन्य लोग तो योग का अर्थ समाधि मानते हैं तदनुसार भगवान् की प्रीति के लिए समाधि अवस्था में भी स्थिरहस्तादि अंगहारों का उपयोग हो सकता है ऐसी व्याख्या करते रहते हैं । समपादम्, का मतलब है समनख करण है । एक पाद दूसरे पाद से जहाँ मिल रहे वह समनख पाद कहलाता है । व्यंसित जिसका लक्षण जहाँ आलीढ़ नामक स्थानक रहे और वक्षःस्थल पर रखे हुए रेचित हस्तों को ऊपर एवं नीचे विप्रकीर्ण करे तब व्यंसित करण है । इसमें अपसृत जो हाथ हैं उन दोनों हाथों को ऊर्ध्व और अधः स्थान स्थित रूप विप्रकीर्ण करके आलीढ़ स्थान के परिवर्तना से प्रत्यालीढ़ स्थिति को करना चाहिए ।

फिर "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" इस लक्षण वाले निकुट्टक नवम, पुनः 'करमावृत करण मूरुपृष्ठम्' इस ऊरुद्वृत्त ८९ वें "हस्ताभ्यामथ पादाभ्याम्" इस लक्षण वाले स्वस्तिक १५ वें,

**नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं च योगतः ।**
**स्थिरहस्तो भवेदेष त्वङ्गहारो हरप्रियः ॥१७६॥**

### अभिनवभारती

"भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ हस्तौ चाभिमुखाङ्गुली" (ना. शा. ४-१४६) इति नितम्बं पञ्चाशीतितम् । ततः—

"वामो वक्षःस्थितो हस्तः प्रोद्वेष्टितवलोपरि" (ना. शा. ४-१४८) इति करिहस्तं सप्ताशीतितमम् । ततः "पर्यायशः कटिश्छिन्ना बाहू शिरसि" (ना. शा. ४-७२) इत्येकादशं कटिच्छिन्नम् ।

इत्येवं करणग्रामः सम्यग्योजनया कृतः स्थिरहस्तमङ्गहारं निर्वर्तयति । अतः सर्वेष्वङ्गहारे करणद्वयवर्जं सर्वं करणजातं चतुर्दिङ्मुखेषु प्रयोज्यमिति नाट्याचार्या मन्यन्ते । अनागतातीतवेदी मुनिस्तद्युक्तं मन्यमान एकान्नविंशतितमे हि परिवृत्तक-रेचितेऽङ्गहारे (ना. शा. ४-११९) वक्ष्यति 'पराङ्मुखविधिर्भूय एवमेव भवेत्' इत्यङ्गहारविधावित्यर्थयोगात् । तदाङ्गिकेष्वेव वक्ष्यामः । अंगानां प्रयोगे च ऊनाधिक-भावः तत्तद्वाक्यार्थानां विप्रकर्षानुसारेण । एतच्च पूर्वरङ्गे (अ-५) यथोपदेशं वक्ष्यामः । 'युद्धे नियुद्धे च' इत्यादौ (ना. शा. ४-५६) विशेषेणैतेषां कदाचित्प्रयोगः । एवं स्थिरहस्त एव नानिर्वर्तने लक्ष्यत इति न वृथा तन्निर्देशेनायासः ॥१७६॥

### मधुसूदनी

निकुट्टकोरुद्वृत्ताख्यस्वस्तिकाक्षिप्तकान्यथ
नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नमिति क्रमात् ।
करणैः स्थिरहस्तः स्याद्दशभिः शिववल्लभः
अंगहारेषु सर्वेषु प्रत्यालीढान्तमादितः
प्रयोक्तव्यमिति प्राहुः केचिन्नाट्यविशारदाः ॥
सं. र. ॥१७४॥१७५॥१७६॥

### बालक्रीडा

अपसृत करके ऊपर को फैला दे । इसके बाद प्रत्यालीढ पादों में खड़े होकर निकुट्टक ऊरूद्वृत्त, आक्षिप्त, स्वस्तिक, नितम्ब एवं कटिच्छिन्न नामक करणों के योग से भगवान् हर के प्रिय स्थिरहस्त अंगहार का अभिनय होता है ॥१७४॥१७५॥१७६॥

फिर आक्षिप्तं हस्तपादं चेति लक्षण वाले ५५ वें आक्षिप्त, भुजावूर्ध्वं निष्क्रान्तौ इस लक्षण वाले ८५ वें नितम्ब, फिर "वामो वक्षः स्थितः" इस लक्षण वाले ८७ वें करिहस्त इन करणों के समूह की सम्यक् योजना से किया गया गया अंगहार स्थिरहस्त बनता है । अतः सभी अंगहारों में दो अन्तिम करणों को छोड़कर सम्पूर्ण करणों का चारों तरफ में प्रयोग करना चाहिए ऐसा नाट्याचार्य मानते हैं । भूत एवं भविष्य के जानकार मुनि भी उसको

**तलपुष्पापविद्धे द्वे वर्तितं सनिकुट्टकम् ।**
**ऊरूद्वृत्तं तथाक्षिप्तमुरोमण्डलमेव च ॥१७७॥**

**अभिनवभारती**

**(२) पर्यस्तकः ।**

**तलपुष्पटेत्यादि । केचित्प्रसार्येत्यादिना प्रत्यालीढं ततः कुर्यादित्यन्तं सर्वेष्वङ्गहारेषु प्रथममितिकर्तव्यतां योजयन्ति प्रथमाङ्गसङ्गतिकरणयोगः कथमित्यभिप्रायेण । अन्ये तु प्रत्यङ्गहारसमुचिताः साधारणाः स्वयमूह्या इत्याहुः । श्रुतहानौ को गुण इत्यपरे ।**

**मधुसूदनी**

**(२) पर्यस्तकः**

**तलपुष्पपुटं पूर्वमपविद्धं च वर्तितम्**
**निकुट्टकोरूद्वृत्ताख्याक्षिप्तोरोमण्डलान्यथ**

**बालक्रीडा**

(मूल) इसमें सबसे पहिले तलपुष्पपुट एवं अपविद्ध इन दो करणों का प्रयोग होता है। इसके बाद वर्तित, निकुट्टक, ऊरूद्वृत्त, आक्षिप्त एवं उरोमण्डल का अभिनय, तब

उपयुक्त मानते हैं। अतः १९ वें परिवृत्त रेचित अंगहार के निरूपण में कहेंगे कि पुनः अधिकतर इसी प्रकार पराङ्मुख विधि होनी चाहिए। इस से 'अंगहारों की विधि में" 'यह अर्थ मिलता है। उस विधि को आङ्गिक अभिनयों में ही कहेंगे। अंगों के प्रयोग अर्थात् विनियोग में ऊनाधिक भाव होता है उसका कारण है भिन्न २ वाक्यार्थों का विप्रकर्ष। यहाँ का भाव यह है कि यह अंगहारों का प्रकरण है। अंगहारों में करणों का अभिनय होता है जो कि नृत्त है क्योंकि ताल एवं लय का आश्रय ही नृत्त पद का अर्थ है। ग्रन्थ रूप में रचित दृश्य काव्यों के वाक्यार्थ जो पदार्थों का संसर्ग रूप है—का विप्रकर्ष निष्पत्ति में विलम्ब अंगों के न्यूनाधिक भाव में हेतु है। इस तथ्य को पूर्व रंग के निरूपण के समय उपदेश के अनुसार पाँचवें अध्याय में कहेंगे। और नृत्त में जहाँ शस्त्र युद्ध का अभिनय और नियुद्ध याने बाहुयुद्ध का अभिनय होगा उस समय में इसका विशेष रूप से योग होता है। इस प्रकार स्थिर हस्त ही यह अंगहार है। इसमें स्थिरता के कारण अनिवर्तन अर्थात् निवर्तन नहीं मालूम पड़ता है अतः इसका निर्देश करके सामाजिकों को व्यर्थ ही आयास में नहीं डालते हैं। इसमें दस करणों का उपयोग होता है ॥१७६॥

(२) पर्यस्तक

तल पुष्प पुट इत्यादि। कोई लोग प्रथम अंग की संगति में करणों का योग कैसे होना चाहिए इस अभिप्राय से प्रसार्य इत्यादि से "प्रत्यालीढं ततः कुर्यात्" यहाँ तक का

नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं तथैव च ।
एष पर्यस्तको नाम अङ्गहारो हरोद्भवः ॥१७८॥

अभिनवभारती

तत्र "वामे पुष्पपुट" (ना. शा. ४-६९) इति प्रथमम् । "आवर्त्य शुकतुण्डाख्यमूरुपृष्ठे" "वामहस्तश्च वक्षःस्थ" (ना. शा. ४-६४) इत्यपविद्धं चतुर्थम् । "कुञ्चितौ मणिबन्धे तु" इति (ना. शा. ४-६२) वलितं द्वितीयम् । "निकुट्टिताविति" (ना. शा. ४-६९) निकुट्टकं नवमम् । "करमावृत्तकरणम्" इति (ना. शा. ४-१९९) ऊरूद्वृत्तमष्टनवतितमम् । तत "आक्षिप्तं हस्तपादम्" (४-११६) इत्याक्षिप्तं पंचपंचाशत्तमम् । "स्वस्तिकापसृता" विति (४-११५) उरोमण्डलं चतुःपंचाशत्तमम् । ततो "भुजावूर्ध्वविनिष्क्रान्ता" विति (४-१४६) नितम्बं पंचाशीतितमम् । अनन्तरं "वामो वक्षःस्थित" इति (४-१४८) करिहस्तं सप्ताशीतितमम् । ततः "पर्यायश" इति (४-७२) कटिच्छिन्नमेकादशम् । एतेन करणदशकेन पर्यस्तकः ॥१७८॥

मधुसूदनी

नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नमिति क्रमात् ।
दशभिः करणैरेभिः प्रोक्तः पर्यस्तको बुधैः ॥

सं. र. ॥१७७॥१७८॥

बालक्रीडा

नितम्ब, करिहस्त तथा कटिच्छिन्न का अभिनय होता है। इस तरह करने से हर के द्वारा आविर्भूत पर्यस्तक अंगहार का प्रयोग होता है ॥१७७॥१७८॥

अंग सभी अंगहारों में प्रथम है ऐसी इतिकर्तव्यता की योजना करते हैं। अन्य लोग तो कहते हैं कि प्रत्येक अंगहार के समुचित इतिकर्तव्यताओं को साधारण रूप से स्वयं समझें अर्थात् जैसा उस समय न्याय्य हो प्रसंगसंगत हो उसे करना चाहिए। अपर लोग का आशय है कि श्रुत की हानि और अश्रुत की कल्पना में कौन गुण है फायदा है। अर्थात् मुनि ने जो प्रतिपद पाठ से कहा है उसका त्याग करने में तथा अपने मन से कल्पना करने में कोई भी तथ्य नहीं मालूम होता है अतः जो है वही ठीक है।

उनमें "वामें" यह प्रथम तल पुष्पपुट करण है। "आवर्त्य" यह अपविद्ध चतुर्थ, "कुञ्चितौ" वलित द्वितीय, निकुट्टितो यह निकुट्टक नवम, "करमावृत्त करणं" यह ऊरूद्वृत्त ९८ अष्ट नवतितम्, "आक्षिप्तं" यह आक्षिप्त पंचपंचाशत्तम, "स्वस्तिक" यह उरो मण्डल चतुः पञ्चाशत्तम, "भुजौ" यह नितम्ब पंचाशीतितम, "वामो" यह करिहस्त सप्ताशीतितम, इसके बाद "पर्यायशः" यह कटिच्छिन्न एकादश करण है। इन दश करणों से पर्यस्तक अंगहार सम्पन्न होता है ॥१७८॥

अलपल्लवं सूचीं च कृत्वा विक्षिप्तमेव च ।
आवर्तितं ततः कुर्यात्तथैव च निकुट्टकम् ॥१७९॥
ऊरूद्वृत्तं तथाक्षिप्तमुरोमण्डलमेव च ।
करिहस्तं कटिच्छिन्नं सूचीविद्धो भवेदयम् ॥१८०॥

अभिनवभारती

(३) सूचीविद्धः ।

अलपल्लव सूचीं चेति । "अलपद्मः शिरोदेशे हस्तः सूचीपादश्च" इति (ना. शा. ४-१६८) अलपल्लवोपलक्षितमर्धसूच्याख्यं सप्तसप्ततितमं करणम्—

"विक्षिप्तं हस्तपादं च पृष्ठतः पार्श्वतोऽपि वा ।
एकमार्गम्" इति (ना. शा. ४-११९) विक्षिप्तमष्टपंचाशत्तमम् ।

एकोनषष्टितमं यदावृत्ताख्यं करणं—

"प्रसार्य कुञ्चितं पादं पुनरावर्तयेद्द्रुतम् ।
प्रयोगवशगौ" इति (ना. शा. ४-१२०)

तदेवावर्तितशब्देनोक्तम् । ततो निकुट्टकादीनि षट् करणान्युक्ताङ्गहारवदेव ॥१८०॥

मधुसूदनी

(३) सूचीविद्धः

अर्धसूच्यथ विक्षिप्तमावृत्तं च निकुट्टकम् ।
ऊरूद्वृत्तमथाऽऽक्षिप्तमुरोमण्डलकं तथा ।
करिहस्तं कटीच्छिन्नं नवभिः करणैरिति
सूचीविद्धाभिधः प्रोक्तोऽङ्गहारो भरतादिभिः सं. र. ॥१७९॥१८०॥

बालक्रीडा

(मूल) शिरः प्रदेश गत अल पल्लव–जिसको अलपद्म भी कहते है–और अर्ध सूची के करने के बाद विक्षिप्त एवं आवर्तित करण को करना चाहिए । इन्हीं करणों की तरह निकुट्टक, ऊरूद्वृत्त, आक्षिप्त, उरोमण्डल, करिहस्त, कटिच्छिन्न करणों का अभिनय करे तब सूची विद्ध अंगहार निष्पन्न होता है ॥१७९॥१८०॥

(३) सूचीविद्ध

अलपल्लव और सूची को । शिरः प्रदेश गत हस्त अलपल्लव अलपद्म सूची पाद इस से अलपल्लव से संकेतित अर्धसूची नामक ७७ वाँ करण, "विक्षिप्त" यह ५८ वाँ विक्षिप्त, ५९वाँ जो आवृत्त नामक करण "प्रसार्य" इत्यादि से जो आवर्तित शब्द से कहा गया है । इसके बाद निकुट्टकादि छ करणों का प्रयोग उक्त स्थिरहस्त नामक अंगहार की तरह करना चाहिए ॥१८०॥

**अपविद्धं तु करणं सूचीविद्धं तथैव च ।**
**उद्वेष्टितेन हस्तेन त्रिकं तु परिवर्तयेत् ॥१८१॥**

अभिनवभारती

(४) अपविद्धः ।

अपविद्धन्त्वित्यादि ।

"आवर्त्य शुकतुण्डाख्यमूरुपृष्ठे निपातयेत् ,
वामहस्तश्च वक्षस्थोऽप्यपविद्धम् ॥ (ना. शा. ४-६४)
"पादसूच्या यदा पादो द्वितीयश्च प्रविध्यते ।
कटिवक्षःस्थितौ हस्तौ सूचीविद्धं तत् ॥" (ना. शा. ४-१२९)

एवं करणद्वयं कृत्वोद्वेष्टितेन करणेन (ना. शा. ९-२१६) बद्धया चार्या त्रिकं वलितं कृत्वोरोमण्डलहस्तोपलक्षितं

स्वस्तिकापसृतौ पादावपविद्धक्रमौ यदा ।
उरोमण्डलकौ हस्तावुरोमण्डलकं तु तत् । (ना. शा. ४-११५)

इत्युरोमण्डलकं ततोऽपि कटिच्छिन्नं करणं विदध्यात् ।

मधुसूदनी

(४) अपविद्धः

अपविद्धं प्रथमतः सूचीविद्धमथो करौ
उद्वेष्टिते समं चार्या बद्धया वलयेत्त्रिकम् ।

बालक्रीडा

(मूल) अपविद्ध अंगहार में सूचीविद्ध करण का प्रयोग होता है किन्तु पहले अपविद्ध को करे फिर उसी प्रकार सूचीविद्ध को करे। इसके बाद उद्वेष्टित हाथ के आधार पर त्रिक

(४) अपविद्ध

अपविद्ध तो इत्यादि । "आवर्त्य" इस लक्षण से लक्षित अपविद्ध और "पादसूच्या" इस लक्षण वाले सूचीविद्ध इन दोनों करणों को करके उद्वेष्टित प्रक्रिया वाले हाथ एवं बद्धा चारी के द्वारा त्रिक को वलित करे। फिर उरोमण्डल नामक हस्त से उपलक्षित "स्वस्तिकापसृतौ" इस लक्षण वाले उरोमण्डल करण को करके कटिच्छिन्न को करे। प्रयोक्तृभिः माने जो प्रयोग में कुशल हैं उन्हें। इससे यह कहा कि अङ्ग की गति को विद्वान् लोग स्वयं अपने आप गुरूपदेश के बिना अच्छी तरह जान नहीं सकते हैं अतः प्रयोग कुशल के द्वारा जानें। इन करणों में जब जो गम्यवर्तन, शिर, भ्रू एवं नेत्रादि के कर्म के सहित जो योजना है इसको तथा उसके अंश को स्वयं स्वरूप तत्त्व जानकर अङ्गीकार करे। अन्य करण के सम्बन्ध में बतलाई हुई भी योजना का प्रयोग करना कठिन है और निरूपण करना भी मुश्किल है। गाना, बजाना, लय, यति (विश्राम) के प्रतिपादक वाक्यों के अर्थों के

उरोमण्डलकौ हस्तौ कटिच्छिन्नं तथैव च ।
अपविद्धोऽङ्गहारश्च विज्ञेयोऽयं प्रयोक्तृभिः ॥१८२॥
करणं नूपुरं कृत्वा विक्षिप्तालातके पुनः ।
पुनराक्षिप्तकं कुर्यादुरोमण्डलकं तथा ॥१८३॥

### अभिनवभारती

प्रयोक्तृभिरिति ये प्रयोगकुशलास्तैः । स्वयमङ्गस्य गतिः सम्यग्विद्वद्भिर्ज्ञातुं न शक्याइत्यनेनेदमाह । एतेषु करणेषु यदा मध्यवर्तनशिरोधूननादिकर्मसहितापि या योजना च सा अंशश्च स्वरूपतत्त्वविदा स्वयमङ्गीकर्तुं शक्यः । अन्यस्य तूक्तापि प्रयोक्तुमशक्या न चापि निरूपयितुं शक्या । गीतवाद्यलययति वाक्यार्थभेदेन च तस्या एव योजना । योजने चानन्त्यम् । नहि सुशिक्षितोऽपि लक्षणकारो वाक्यानां प्रतिपदं लक्षणं कर्तुं शक्नोति । अस्मात् पश्चादिदं प्रयोज्यमिति योजनयापि । तेन किञ्चिदात्मना च योजना संहिता कार्या । नियमनमग्रे वक्ष्याम इत्युक्तम् । तेन मण्डलादिस्थाननिरूपणमिह कैश्चित्कृतं निरुपयोगमेवेत्यास्ताम् ॥१८२॥

(५) आक्षिप्तकः ।

करणं नूपुरमित्यादि ।

त्रिकं सुवलितं कृत्वा लतारेचितकौ करौ नूपुरश्च तथा पादःकरणे नूपुरे (ना. शा. ४-९६) नूपुरं "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इति (ना. शा. ४-११९) विक्षिप्तम् ।

### मधुसूदनी

ऊरूद्वृत्तं च करणमुरोमण्डलकं ततः ।
कटीछिन्नं पञ्चमं चेदपविद्धस्तदाभवेत् ॥ सं. र. ॥१८१॥१८२

(५) आक्षिप्तकः
कृत्वा नूपुरविक्षिप्तालातान्याक्षिप्तकं ततः
उरोमण्डलकं चैव नितम्बं करिहस्तकम् ।

### बालक्रीड़ा

का परिवर्तन करे फिर विशिष्ट हाथों वाले उरोमण्डलक एवं कटिच्छिन्न को करे । इस तरह अभिनेताओं को इस अपविद्ध नामक अंगहार को जानना चाहिए ॥१८१॥१८२॥

भेद से उसकी योजना होती है । अतएव योजना के अनन्त प्रकार हैं । अत्यन्त सुशिक्षित भी लक्षण निर्माता वाक्यों के प्रतिपद का लक्षण नहीं कर सकता है । इसके बाद इसका प्रयोग करना चाहिए ऐसी योजना के बाद । अतः कुछ-कुछ अपनी स्वयं अनुभूत योजना का अनुसंधान करना चाहिए । किन्तु मनमानी योजनाओं को नहीं करना चाहिए । ऐसा नियमन नियंत्रण आगे बतलायेंगे । इसलिए किसी ने इस प्रसंग में मण्डलादि स्थानों का निरूपण किया है वह निरुपयोग है । बस करो ॥१८२॥

नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं तथैव च । ९८४
आक्षिप्तकः स विज्ञेयो ह्यङ्गहारः प्रयोक्तृभिः ॥१८४॥
उद्वेष्टितापविद्धस्तु करः पादो निकुट्टितः । ९८५
पुनस्तेनैव योगेन वामपार्श्वे भवेदथ ॥१८५॥
उरोमण्डलकौ हस्तौ नितम्बं करिहस्तकम् । ९८६
कर्तव्यं सकटिच्छिन्नं नृत्ते तूद्घट्टिते सदा ॥१८६॥

अभिनवभारती

अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेद्दक्षिणं करम् ।
ऊर्ध्वजानुक्रमं कुर्यादलातकमिति स्मृतम् ॥" (ना. शा. ४-७८)

यत्र यत्र पुनर्ग्रहणं तत्र तत्र केचित् द्विप्रयोगमाहुः । द्वितीयाङ्गहारोक्तमाक्षिप्तादिकरणपञ्चकम् ॥१८४॥

(६) उद्घट्टितः ।

उद्वेष्टितापविद्धस्त्विति । अनेन प्रथमश्लोकेन पर्यायशोऽङ्गद्वयप्रयोगं निकुट्टकं करणमाह—"निकुट्टितौ यदा हस्तौ" (ना. शा. ४-६१) इति । उरोमण्डलकादिकरणचतुष्कं द्वितीयाङ्गहारवदेव ॥१८६॥

मधुसूदनी

कटीछिन्नं च करणैरेभिराक्षिप्तकोऽष्टभिः
विक्षिप्तालातकाक्षिप्तप्रयोगं द्विः परे जगुः ॥ सं. र. ॥१८३॥१८४॥

(६) उद्घट्टितः

उद्घट्टिते निकुट्टाख्यमुरोमण्डलकं ततः
नितम्बं करिहस्तं स्यात्कटीछिन्नं च पञ्चमम् । सं. र. ॥१८४॥१८६॥

बालक्रीडा

(मूल) नूपुर करण के करने के बाद विक्षिप्त एवं अलातक करण को करे फिर इसके बाद क्रमशः आक्षिप्तक, उरोमण्डलक, नितम्ब, करिहस्त एवं कटिछिन्न को करे। इस तरह की प्रक्रिया से प्रयोक्ताओं को अपविद्ध अंगहार को जानना चाहिए ॥१८३॥१८४॥

(५) आक्षिप्तक

करणं नूपुरम् । इत्यादि । "त्रिकं सुवलित" लक्षण वाले नूपुर, "विक्षिप्तं हस्तपादं च" लक्षण वाले विक्षिप्त, "अलातं चरणं" लक्षण वाले अलातक करणों को करे। इस प्रसंग में जहाँ जहाँ उच्चारण है वहाँ वहाँ दो बार प्रयोग करने को कोई कहते हैं। इसके बाद पर्यस्तक नाम वाले द्वितीय अंगहार में जिन आक्षिप्तादि पाँच करणों का निर्देश किया है उनको करना चाहिए ॥१८४॥

पर्यायोद्वेष्टितौ हस्तौ पादौ चैव निकुट्टितौ । २२८
कुञ्चिताञ्चितौ चैव ह्यूरूद्वृत्तं तथैव च ॥१८७॥

अभिनवभारती

(७) विष्कम्भः ।

पर्यायोद्वेष्टिताविति । अनेनार्धेनानन्तराङ्गहारवदेव प्रथममण्डलद्वयेन निकुट्टितं करणमित्याह । कुञ्चिताविति । हस्तौ पादौ चेति सम्बन्धः । तेन कुञ्चितस्य करणस्याञ्चितस्य चाङ्गद्वयपर्यायेण प्रयोज्यत्वमुक्तम् ।

"वृश्चिकं चरणं कृत्वा करं पार्श्वे निकुञ्चयेत् ।
नासाग्रे दक्षिणं चैव ज्ञेयं तत्तु निकुञ्चितम् ॥" (ना. शा. ४-८६)
"स्वस्तिकौ चरणौ कृत्वा करिहस्तं च दक्षिणम् ।
वक्षःस्थाने तथा वाममर्धस्वस्तिकमादिशेत्" ॥ (ना. शा. ४-८९)

मधुसूदनी

(७) विष्कम्भः

निकुट्टकाख्यं करणं स्यान्निकुञ्चितमञ्चितम् ।
ऊरूद्वृत्तं ततोऽप्यर्धनिकुट्टकरणं ततः ॥

बालक्रीडा

(मूल) उद्घट्टित अंगहार में उद्वेष्टित एवं अपविद्ध संज्ञक दाहिने हाथ का अभिनय होता है और दक्षिण पाद निकुट्टित के रूप में रहता है। इसी प्रक्रिया से वाम पार्श्व में बायें हाथ का एवं बायें पैर का उपयोग होता है। इसके बाद उरोमण्डल, नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करण किये जाते हैं ॥१८५॥१८६॥

(मूल) विष्कम्भ अंगहार में पारी २ से हाथों को उद्वेष्टित और पैरों को निकुट्टित किया जाता है इसके बाद हाथों को कुञ्चित करण की विधिसे और पैरों को अञ्चित करण की विधि से करना चाहिए। पुनः उसी प्रकार ऊरूद्वृत्त करण के प्रयोग में हाथ को

(६) उद्घट्टित

उद्वेष्टित एवं अपविद्ध हो। दो श्लोकों में से इस प्रथम श्लोक से बतलाया कि यहां पारी पारी से दो अंगों का प्रयोग और निकुट्टिती लक्षण वाला निकुट्टक करण होता है। इसके बाद द्वितीय पर्यस्तक अंगहार की तरह उरोमण्डक प्रभृति चार करणों का अभिनय करना चाहिए ॥१८६॥

(७) विष्कम्भ

पर्याय से पारी-पारी से उद्वेष्टित होता है। इस आधे श्लोक से अनन्तर कथित उद्घट्टित अंगहार की तरह प्रथम मण्डल द्वय के अनुसार निकुट्टित करण को कहा। कुञ्चिताञ्चित हाथ पैर होने चाहिए यह सम्बन्ध है अन्वय है। इससे कुञ्चित ५२ वें

**चतुरस्रं करं कृत्वा पादेन च निकुट्टकम् ।**
**भुजङ्गत्रासितं चैव करं चोद्वेष्टितं पुनः ॥१८८॥**
**परिच्छिन्नं च कर्तव्यं त्रिकं भ्रमरकेण तु ।**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नं विष्कम्भे परिकीर्तितम् ॥१८९॥**

## अभिनवभारती

इत्यनन्तरं

"व्यावृत्तपरिवृत्तस्तु स एव तु करो यदा ।
अञ्चितो नासिकाग्रे तु तदञ्चितम् ॥" (ना. शा. ४-८३)

चतुरस्रमिति । अनेनार्धेनार्धनिकुट्टकं दशमं करणमाह—

"अञ्चितो बाहुशिरसि हस्तस्त्वभिमुखाङ्गुलिः ।
निकुञ्चितार्धयोगेन" (ना. शा. ४-७०) इति ।

द्वितीयो हि तत्र प्राङ्मुखं खटकरूपं चतुरस्रो हस्तः ।

"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य व्यश्रमूरुं विवर्तयेत् ।
कटिजानुविवर्तश्च भुजङ्गत्रासितं भवेत् ॥"(ना. शा. ४-८४)

भुजङ्गत्रासितं चतुर्विंशतितमम् । अत्रैवकारेण हस्तप्रयोगमनुक्तं निरूपयति—करं चोद्वेष्टितमिति । तत्समकालं च भ्रमरकेणाष्टत्रिंशेन (ना. शा. ४-९९) करणेन परित इत्युभयाङ्गप्रयोगेण छिन्नत्रिकं कुर्यात् । कट्या मध्यस्य वलनाच्छिन्ना यतः

"आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः करौ चोद्वेष्टितौ तथा ।
त्रिकस्य वलनाच्च ।"

इति भ्रमरकम् । ततः करिहस्तः कटिच्छिन्नश्च पूर्वाङ्गहारवदेव ॥१८७।

## मधुसूदनी

भुजंगत्रासितं हस्तोद्वेष्टिते भ्रमरं ततः
करिहस्तं कटिच्छिन्नं विष्कम्भे नवमं भवेत् ॥ सं. र. ॥१८७॥१८८॥१८९

## बालक्रीडा

चतुरस्र करके पैर का निकुट्टित विधि से उपन्यास करे । तथा भुजंग त्रासित करण के अभिनय में हाथ को उद्वेष्टित के रूप में रखे । किन्तु भ्रमरक करण की प्रक्रिया से त्रिक को परितः छिन्न करे । इसके अनन्तर करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का प्रकीर्तन किया गया है ॥१८७॥१८८॥१८९॥

करण और अञ्चित २३ वें करण का प्रयोग पारी-पारी से दो अंगों से करने के लिए कहा है । "वृश्चिकं चरणं" स्वस्तिकौ चरणौ इसके बाद 'व्यावृत्तपरिवृत्तस्य" इसकी व्याख्या अपने-स्थान पर की जा चुकी है ।

"चतुरस्रम्" इस आधे श्लोक से अर्ध निकुट्टक दसवें करण को कहा । "अञ्चितौ बाहुशिरसि" इसकी व्याख्या की जा चुकी है । दूसरा हाथ भी प्राङ्मुख खटक रूप चतुरस्र

दण्डपादं करं चैव विक्षिप्याक्षिप्य चैव हि । २८०
व्यंसितं वामहस्तं च सह पादेन सर्पयेत् ॥१९०॥

अभिनवभारती

(८) अपराजितः ।

दण्डपादमित्यादि ।

"नूपुरं चरणं कृत्वा दण्डपादं प्रसारयेत् ।
क्षिप्राविद्धकरं चेति दण्डपादम् ॥" (ना. शा. ४-१४२)

यदत्र करणे निरूपितं तदेवेह भङ्क्त्वा प्रदर्शितं विक्षिप्येत्यादिना । "आलीढस्थानकं यत्र" (ना. शा. ४-१०९) इति व्यंसितं प्रथमाङ्गहारोक्तम् । वामहस्तेत्यादिना प्रसर्पितमष्टाशीतितमं करणमाह ।

"प्रसर्पितकम् ।" इति (ना. शा. ४-१४९)

निकुट्टकद्वयमिति । निकुट्टकमर्धनिकुट्टं च (ना. शा. ४-६९-७०) "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" इति । "अञ्चितो बाहुशिरसि हस्तस्तु" इति । मण्डलोरसीत्युरोमण्डले करणे

मधुसूदनी

(८) अपराजितः

दण्डपादं व्यंसितं च प्रसर्पितक संज्ञितम् ।
निकुट्टार्धनिकुट्टे चाक्षिप्तोरोमण्डले ततः ॥

बालक्रीडा

(मूल) दण्डपाद करण का प्रयोग करके दाहिने हाथ में विक्षेपण, प्रसारण, आक्षेपण एवं संकोचन क्रियाओं को करे। यानी विक्षिप्त एवं आक्षिप्त करणों का प्रयोग करे। उसके बाद व्यंसित करण का प्रयोग और बायें पैर के साथ २ बायें हाथ का सर्पण यानी

होना चाहिए। कुञ्चितं की व्याख्या हो चुकी है। भुजंगत्रासित २४ वां करण है। यहाँ चैव में एवकार से यह संकेत मिलता है कि हाथ जिस के प्रयोग को नहीं कहा गया है उसका भी निरूपण करते हैं "करं प्रोद्वेष्टितम्" इति। उसी समय ३८ वें भ्रमरक करण से चरित अर्थात् दोनों अंगों का प्रयोग करके त्रिक मध्य को छिन्न यानी झुका दे। क्योंकि त्रिक मध्य के वलन से कमर स्वभाव से ही झुक जाती है। 'आक्षिप्तः' भ्रमरक का लक्षण है। इसकी व्याख्या की जा चुकी है। उसके बाद करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को पहिले कहे हुए उद्घट्टित अंगहार की तरह प्रयुक्त करे ॥१८७॥१८८॥१८९॥

(८) अपराजित

"दण्डपादम्" इससे दण्डपाद करण को कहा। "नूपुरं चरणम्" की व्याख्या कर चुके हैं। इस करण में जिसका निरूपण किया है उसी को यहाँ तोड़कर विक्षिप्य इत्यादि से दिखाया गया है। "आलीढ" इससे प्रथम अंगहार में बतलाये हुए व्यंसित को कहा। "वाम हस्त"

निकुट्टकद्वयं कार्यमाक्षिप्तं मण्डलोरसि ।
करिहस्तं कटिच्छिन्नं कर्तव्यमपराजिते ॥१९१॥
कुट्टितं करणं कृत्वा भुजङ्गत्रासितं तथा ।
रेचितेन तु हस्तेन पताकं हस्तमादिशेत् ॥१९२॥

अभिनवभारती

(ना. शा. ४-११५) सतीत्यर्थः । आक्षिप्तादीनि कटिच्छिन्नान्तानि त्रीणि द्वितीयाङ्ग-
हारवदेव ॥१९०॥१९१॥

(९) विष्कम्भापसृतः ।

कुट्टितमित्यादि । निकुट्टकमर्धनिकुट्टकं चेति द्वे कुट्टितशब्देन साधरण्यात्स-
ङ्गृहीते । "कुञ्चितं पादम्" (ना. शा. ४-८४) इत्यादि भुजङ्गत्रासितं चतुर्विंश-
तितमम् । रेचितेनेत्यादिनार्धेन पञ्चत्रिंशकं ।
"भुजङ्गत्रासितं कृत्वा यत्रोभावपि रेचितौ ॥
वामपार्श्वे स्थितौ हस्तौ भुजङ्गत्रस्तरेचितम् ॥" (ना. शा. ४-९६)

मधुसूदनी

करिहस्तं कटीछिन्नमिति लक्ष्मापराजिते ।
नवभिः करणैर्युक्तमुक्तं निःशङ्कसूरिणा ॥ सं. र. ॥१९०॥१९१॥

(९) विष्कम्भापसृतः

निकुट्टकाख्यकरणं विधायार्धनिकुट्टकम्
भुजंगत्रासिवादूर्ध्वं भुजंगत्रस्तरेचितम्

बालक्रीडा

सणित करण का प्रयोग करे। इतनी प्रक्रियाओं का अभिनय प्रथम आवश्यक है। पुन-
निकुट्टक, अर्धनिकुट्टक, आक्षिप्त, उरोमण्डल, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को करना
चाहिए। इस तरह अपराजित अंगहार का अभिनय सम्पन्न होता है ॥१९०॥१९१॥

इत्यादि से ८८ वें प्रसणित करण का निर्देश किया। निकुट्टक द्वय का अर्थ है निकुट्टक
"निकुट्टितौ" इत्यादि, और अर्धनिकुट्टक "अञ्चितो बाहुशिरसि" इत्यादि। मण्डलोरसि
का अर्थ है उरोमण्डल करण और इसमें सति सप्तमी है अतः उरोमण्डल करण की प्रयुक्ति
होने पर आक्षिप्त से लेकर कटिच्छिन्न पर्यन्त तीन करणों को द्वितीय अंगहार पर्यस्तक
में की हुई विधि के अनुसार करना चाहिए ॥१९०॥१९१॥

(९) विष्कम्भापसृत

"कुट्टितम्" इत्यादि। यहां कुट्टित शब्द से साधारण तौर पर निकुट्टक और अर्ध
निकुट्टक दो करणों का संग्रह किया गया है। "कुञ्चितं पादम्" इत्यादि २४ वें भुजंग-

आक्षिप्तकं प्रयुञ्जीत त्वुरोमण्डलकं तथा । २८३
लताख्यं सकटिच्छिन्नं विष्कम्भापसृते भवेत् ॥१९३॥
त्रिकं सुवलितं कृत्वा नूपुरं करणं तथा । २८४
भुजङ्गत्रासितं सव्यं तथा वैशाखरेचितम् ॥१९४॥

अभिनवभारती

अस्य चाङ्गपर्यायेण प्रयोग इति पताकाग्रहणेनाह् । आक्षिप्तकादित्रयं पूर्वाङ्गहारवदेव । केवलमत्र कटिच्छिन्ने करणे (ना. शा. ४-७१) पर्यायेणैको लताहस्तः ।

(१०) मत्ताक्रीडः ।

त्रिकमिति । भ्रमरकम् "आक्षिप्तः । स्वस्तिकः पादः "इति (ना. शा. ४-९९) तथा ततः नूपुरं करणम् "त्रिकं सुवलितं कृत्वा लतारेचितकौ" इति (ना. शा. ४-९७) । भुजंगत्रासितं "कुञ्चितं पादम्" इति (ना. शा. ४-८४) । तथा सव्यमिति दक्षिणांग सम्पाद्यं वैशाखरेचितं "रेचितौ हस्तपादौ च कटी ग्रीवा च रेचिता" इति

मधुसूदनी

आक्षिप्तोरोमण्डले च क्रमात्कृत्वा लताकरम् ।
कटीछिन्नं सप्तमं तु विष्कम्भापसृते भवेत् । सं. र. ॥१९२॥१९३॥

(१०) मत्ताक्रीडः

भ्रमरं नूपुराख्यं च भुजंगत्रासिताभिधम्
दक्षिणाङ्गेनैव कृत्वा कुर्याद्वैशाखरेचितम्

बालक्रीड़ा

(मूल) पहले कुट्टित माने निकुट्टक और अर्धनिकुट्टक करणों को करके भुजंगत्रासित करण को करे। पुनः रेचित हस्त के साथ पताक हस्त का अभिनय करना चाहिए। इसके अनन्तर आक्षिप्तक, उरोमण्डल, कटिच्छिन्न एवं ललाहस्त करण का प्रयोग करे ॥१९२॥१९३॥

(मूल) त्रिकं सुवलितं से संकेतित त्रिक मध्य को सुन्दर प्रक्रिया से वलित करने के बाद हाथ एवं पैर का जिसमें उपयोग होता है उस नूपुर करण को करके मुजंग त्रासित

त्रासित करण का निर्देश है। रेचितेन इत्यादि श्लोक के आधे हिस्से से ३५ व भुजंगत्रस्त-रेचित करण को दिखाते हैं "भुजंगत्रासितम्" इसकी व्याख्या पहले कर दी गई है। इस करण का प्रयोग अंगों के पर्याय यानी क्रम से करना चाहिए, यह बात, पताका के ग्रहण से कही है। आक्षिप्तक वगैरह तीनों करणों को पहले की अंगहारों की विधि के अनुसार करना चाहिए। केवल कटिच्छिन्न करण में यहाँ एक लताहस्त को पारी-पारी से करना है ॥१९२॥१९३॥

(१०) मत्ताक्रीड

त्रिक मध्य का सुन्दर रीति से वलन करके कहने का भाव है कि यहाँ भ्रमरक करण का प्रयोग करना है जिसका लक्षण है "आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः" इत्यादि । "नूपुरं करणं

आक्षिप्तकं ततः कृत्वा परिच्छिन्नं तथैव च ।
व्यंसभ्रमरकं कुर्यादुरोमण्डलमेव च ॥१९५॥
नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं तथैव च ।
मत्ताक्रीडो भवे देष ह्यङ्गहारो हरप्रियः ॥१९६॥

### अभिनवभारती

(ना० शा० ४-९८)। ततः आक्षिप्तकं कृत्वेति "आक्षिप्तं हस्तपादं" इति (ना० शा० ४-११६)। तथैव परिच्छिन्नमिति छिन्नं करणम् "अलपद्मः कटी देशे छिन्ना पर्यायशः कटी" इति (ना० शा० ४-१२६)। व्यंसं भ्रमरकं कुर्यादिति व्यंसितम् "आलीढं स्थानकं यत्र" इति (ना० शा० ४-१०९)। भ्रमरकम् "आक्षिप्तः स्वस्तिकः" इति (ना० शा० ४-९९)। उरोमण्डलमेव चेति "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" इति (ना० शा० ४-११५)। नितम्बं "भुजावूर्ध्वं निनिष्क्रान्तौ" इति (ना० शा० ४-१४६)। करिहस्तं "वामो वक्षः स्थितो हस्तः" इति (ना० शा० ४-१४८)। कटिच्छिन्नं "पर्यायशः कटी छिन्ना" इति (ना० शा० ४-१७१)। ॥१९५॥१९६॥

### मधुसूदनी

आक्षिप्तच्छिन्नकरणे भ्रमरव्यंसिते ततः ।
उरोमण्डलसंज्ञं च नितम्बं करिहस्तकम्
कटीछिन्नं च करणैरेभिर्द्वादशभिः क्रमात्
एकादशभिरभ्यासात्तनना भ्रमरस्य तु ।
मत्ताक्रीडाभिधानः स्यादंगहारो हरस्य तु ।
सं. र. ॥१९४॥१९५॥१९६॥

### बालक्रीडा

तथा सव्य अर्थात् दक्षिण अंग से वैशाखरेचित करण का प्रयोग करे। फिर आक्षिप्तक और इसके ऊपर छिन्न करण का इसी तरह वाम अंग से भ्रमरक करण का अभिनय करे। इन सबके बाद उरोमण्डल, नितम्ब, करिहस्त और कटिच्छिन्न करणों का क्रमशः अभिनय करे। इस प्रकार यह मत्ताक्रीड नामक अंगहार होता है जो कि भगवान् शंकर को प्रिय है ॥१९४॥१९५॥१९६॥

ततः" उसके बाद नूपुर करण का अभिनय करना चाहिए। इसमें भी त्रिक का सुन्दर वलन किया जाता है। जैसा कि लक्षण है—त्रिकं सुवलितं कृत्वा इत्यादि। फिर भुजंगत्रासित करण किया जाना चाहिए। जिसमें पाद कुञ्चित होता है। सव्यं वैशाखस्थानकं से सूचित किया कि यद्यपि इस करण में दोनों हाथों, पैरों, कटि तथा ग्रीवा में रेचित किया जाता है किन्तु प्रकृत मत्ताक्रीड अंगहार में दक्षिण हाथ, पैर, कमर में ही रेचित करना है। बायें में नहीं। पुनः आक्षिप्त करण—जिसका लक्षण आक्षिप्तं हस्तपादम् है—को करना चाहिए। परिच्छिन्नं तथैव च से "अलपद्मः" लक्षण वाले छिन्न करण को उसी तरह करे। उसके बाद

रेचितं हस्तपादं च कृत्वा वृश्चिकमेव च।
पुनस्तेनैव योगेन वृश्चिकं सम्प्रयोजयेत् ॥१६७॥
निकुट्टकं तथा चैव सव्यासव्यकृतं, क्रमात्।
लताख्यः सकटिच्छेदो भवेत्स्वस्तिकरेचिते ॥१६८॥

### अभिनवभारती

#### (११) स्वस्तिकरेचितः।

रेचितं हस्तपादं च कृत्वेति वैशाखरेचितम् "रेचितौ हस्तपादौ च कटी ग्रीवा च रेचिता" इति (ना० शा० ४-९८)। वृश्चिकमेव चेति वृश्चिकं "बाहु-शीर्षाञ्चितौ" इति (ना० शा० ४-१०८)। पुनस्तस्यैव योगेन वृश्चिकं सम्प्रयोजये-दिति वैशाखरेचितवृश्चिके पुनः प्रयोज्ये। सव्यासव्यकृतमिति वामदक्षिणहस्त-सम्पादितं निकुट्टकं "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" इति (ना० शा० ४-६९) क्रमाल्लताख्यो हस्तः (ना० शा० ९-१९२)। सकटिच्छेद इति कटिच्छिन्नं "पर्यायशः कटिच्छिन्ना" इति (ना० शा० ४-१७१) ॥१९७॥१९८॥

### मधुसूदनी

#### (११) स्वस्तिक रेचितः

वैशाखरेचितादूर्ध्वं वृश्चिकं द्विरिदं द्वयम्
निकुट्टकाभिधादूर्ध्वं क्रमावाप्तलताकरम्।
कटीछिन्नं चतुर्थं चेत्तदा स्वस्तिकरेचितम्
ज्ञेयमाद्यद्वयाभ्यासादधिकं करणद्वयम् ॥ सं. र. ॥१९७॥१९८॥

### बालक्रीडा

(मूल) रेचितं हस्तपादं च से संलक्षित वैशाखरेचित करण को करके वृश्चिक करण को करे। पुनः दुबारा उसी वैशाखरेचित करण के साथ वृश्चिक करण का प्रयोग करें। तथा जिसमें क्रमशः सव्य और असव्य माने वाम और दक्षिण हस्त को कृत माने किया

"ध्वसं भ्रमरकम्" से सूचित व्यंसित एवं भ्रमरक करणों का अभिनय करे। यहाँ ध्वंसं पद व्यंसित का समार्थक है। जिनके क्रमशः लक्षण हैं "आलीढ स्थानक यत्र" इति (व्यंसितम्) आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः इति (भ्रमरक)। "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" लक्षण वाले उरो-मण्डल, भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ से लक्षित नितम्ब, "वामो वक्षः स्थितो हस्तः" से संकेतित करिहस्त और "पर्यायशः कटीछिन्ना" से बतलाये गये कटिच्छिन्न करण को करना चाहिए। इन उपर्युक्त बारह करणों का प्रयोग मत्ताक्रीड अंगहार में होता है ॥१९४॥१९५॥१९६॥

#### (११) स्वस्तिकरेचित

"रेचितं" से रेचितं हस्तपाद से लक्षित वैशाखरेचित का, 'बाहुशीर्षाञ्चितौ" से सूचित वृश्चिक का प्रयोग इसमें करना चाहिए। पुनः उसी के साथ वृश्चिक प्रयोग

पार्श्वे तु स्वस्तिकं बध्वा कार्यं त्वर्धनिकुट्टकम् ।
द्वितीयस्य च पार्श्वस्य विधिः स्यादयमेव हि ॥१९९॥
ततश्च करमावर्त्य ह्यूरुपृष्ठे निपातयेत् ।
ऊरूद्वृत्तं ततः कुर्यादाक्षिप्तं पुनरेव हि ॥२००॥

अभिनवभारती

(१२) पार्श्वस्वस्तिकः ।

पार्श्वे तु स्वस्तिकं बद्ध्वेति एकपार्श्वे दिक्स्वस्तिकं "पार्श्वयोरग्रतश्चैव" इति (ना० शा० ४-७७)। कार्यं त्वर्धनिकुट्टकमिति अर्धनिकुट्टकम् "अञ्चितो बाहु शिरसि" इति (ना० शा० ४-७०)। द्वितीयस्य च पार्श्वस्य विधिः स्यादयमेव हीति पुनर्द्वितीय पार्श्वे दिक्स्वस्तिकं बद्ध्वा अर्धनिकुट्टकं कुर्यात्। ततश्च करमावर्त्य ह्यूरुपृष्ठे निपातयेदिति अपविद्धम् "आवर्त्य शुकतुण्डाख्यम्"। इति (ना०

मधुसूदनी

(१२) पार्श्वस्वस्तिकः

दिक्स्वस्तिकं ततश्चाङ्गेनैकेनार्धनिकुट्टकम् ।
पुनर्दिक्स्वस्तिकमथान्याङ्गेनार्धनिकुट्टकम् ।

बालक्रीडा

होती हो उस निकुट्टक करण और कटिच्छिन्न करण के प्रयोग के साथ लताहस्त करण का अभिनय करे। इस प्रक्रिया से स्वस्तिक रेचित अंगहार निष्पन्न होता है ॥१९७॥१९८॥

(मूल) पार्श्वयोः स्वस्तिक से संकेतित दिक्स्वस्तिक करण को करके अर्धनिकुट्टक करण को करे। यह विधि एक अंग से करने की बतलाई है। फिर यही विधि द्वितीय पार्श्व से भी करनी चाहिए। अर्थात् इस प्रकिया को दुहरादे। अतः द्वितीय अंग से अभिनय

करना चाहिए से बतलाये गये वैशाखरेचित एवं वृश्चिक हस्त तथा पादों से किये गये निकुट्टक करण, और कटिच्छेद करण के सहित क्रम प्राप्त लताख्य हस्त को करे। यहाँ कटिच्छेद का अर्थ है कटिच्छिन्न जिसका लक्षण है "पर्यायशः कटीच्छिन्ना" इति (ना० शा० ४-७१) ॥१९७॥१९८॥

(१२) पार्श्वस्वस्तिक

"पार्श्वयोः स्वस्तिकं" इससे "पार्श्वयोरग्रतश्चैव" लक्षण वाले दिक्स्वस्तिक करण, "अञ्चितौ बाहुशिरसि" लक्षण वाले अर्धनिकुट्टक करण को करना चाहिए। द्वितीय पार्श्व की भी यही विधि होनी चाहिए से दिक्स्वस्तिक एवं अर्धनिकुट्टक का प्रयोग द्वितीय पार्श्व से दुबारा करना चाहिए। उसके बाद "आवर्त्य शुकतुण्डाख्यमूरुपृष्ठे निपातयेत्" लक्षण वाले अपविद्ध करण, "करमाविद्ध करणम्" से लक्षित ऊरूद्वृत्त करण एवं "आक्षिप्तं हस्त पादं" से

नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं तथैव च ।
पार्श्वस्वस्तिक इत्येष ह्यङ्गहारः प्रकीर्तितः ॥२०१॥
वृश्चिकं करणं कृत्वा लताख्यं हस्तमेव च ।
तमेव च करं भूयो नासाग्रे सन्निकुञ्चयेत् ॥२०२॥

### अभिनवभारती

शा० ४-६४ । ऊरूद्वृत्तम् "करमाविद्धकरणम्" इति (ना० शा० ४-१४९) । ततः कुर्यादाक्षिप्तं पुनरेव हीति आक्षिप्तम् "आक्षिप्तं हस्तपादम्" इति (ना० शा० ४-११६) । तथैव मत्ताक्रीडवदेव नितम्बादित्रयं कुर्यात् ॥१९९॥२००॥२०१॥

### ( १३ ) वृश्चिकापसृतः ।

वृश्चिकं चरणं कृत्वा लताख्यं हस्तमेव चेति लतावृश्चिकम् "अञ्चितः पृष्ठतः पादः" इति (ना० शा० ४-१०५) । तमेव च करं लताख्यं हस्तमेव नासाग्रे संनिकुञ्चयेदिति निकुञ्चितम् "वृश्चिकं चरणं कृत्वा करं पार्श्वे निकुञ्चयेत्" इति

### मधुसूदनी

अपविद्धोरूद्वृत्ताख्ये तथाक्षिप्तं नितम्बकम् ।
करिहस्तं कटीछिन्नमष्टभिः करणैरिति ।
स्यात्पार्श्वस्वस्तिकोऽभ्यासात्स्वाद्ययोर्दशभिर्भवेत् ॥
सं. र. ॥१९९॥२००॥२०१॥

### (१३) वृश्चिकापसृतः

लतावृश्चिकमादौ स्यान्निकुञ्चितमतः परम् ।
मत्तल्लि च नितम्बाख्यं करणं करिहस्तकम् ।

### बालक्रीडा

करने में भी दिक्स्वस्तिक करण को करके अर्धनिकुट्टक करण को करना चाहिए। उसके बाद वृक्तुण्ड कर को घुमाकर ऊरुपृष्ठ पर गिराने से लक्षित अपविद्ध करण, उसके बाद ऊरुद्-वृत्त और आक्षिप्त फिर नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न का प्रयोग करे। इस तरह यह पार्श्वस्वस्तिक अंगहार कहा गया है ॥१९९॥२००॥२०१॥

(मूल) वाश्चिक करण को करके लताहस्त को करे। फिर उसी लताहस्त को

लक्षित आक्षिप्त करण करण को करना चाहिए। उसी प्रकार फिर नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को करना चाहिए ॥१९९॥२००॥२०१॥

### (१३) वृश्चिकापसृत

"वृश्चिक चरण" और लताख्य हस्त के निर्देश के अनुसार वृश्चिक चरण और लता-हस्तों के विनियोग से "अञ्चितः पृष्ठतः पादः" इस लक्षण वाले लतावृश्चिक करण को

तमेवोद्वेष्टितं कृत्वा नितम्बं परिवर्तयेत् ।
करिहस्तं कटिच्छिन्नं वृश्चिकापसृते भवेत् ॥२०३॥
कृत्वा नूपुरपादं तु तथाक्षिप्तकमेव च ।

### अभिनवभारती

(ना० शा० ३-८७) । तमेव निकुञ्चितं हस्तमेव उद्वेष्टितं कृत्वेति मत्तल्लि "वाम दक्षिणपादाभ्याम्" इति (ना० शा० ४-८८) । नितम्बं परिवर्तयेदिति नितम्बं "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इति ना० शा० ४-१४५) । करिहस्तं कटिच्छिन्नं च पूर्ववत् । अन्ये तु नितम्ब स्थाने भ्रमरकं प्राहुः ॥२०२॥२०३॥

(१४) भ्रमरः ।

कृत्वा तु नूपुरपादमिति नूपुरं करणम् "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" इति (ना. शा. ४-९७) । आक्षिप्तकं "आक्षिप्तहस्तपादम्" इति (ना. शा. ४-११६) । परिच्छिन्नं च कर्त्तव्यमिति छिन्नम् ,

### मधुसूदनी

कटीछिन्नं स्मृतं पश्चं वृश्चिकापसृते बुधैः
अत्र स्थाने नितम्बस्य भ्रमरं केचिदूचिरे । सं. र. ॥२०२॥२०३॥

(१४) भ्रमरः

नूपुराक्षिप्तकच्छिन्नसूचीन्यथ नितम्बकम् ।
करिहस्तं च करणमुरोमण्डलकं ततः ।

### बालक्रीडा

नासिका के अग्र भाग में निकुञ्चित करे । उसके बाद उसी हस्त को उद्वेष्टित करके नितम्ब करण के रूप में परिवर्तित करे । इस प्रक्रिया के बाद वृश्चिकापसृत अंगहार में करिहस्त और कटिच्छिन्न करण होने चाहिये ॥२०२॥२०३॥

(मूल) "नूपुर पाद को करके" इस कहने से संकेतित नूपुर करण तथा आक्षिप्तक करण को करना चाहिए । उसी तरह सूचीपाद से संकेतित सूची विद्ध करण को तथा

"नासाग्र में निकुञ्चित करे" इससे संकेतित "वृश्चिकं चरणं कृत्वा" लक्षण वाले निकुञ्चित करण को, "उसी को उद्वेष्टित करके" से उल्लिखित "वामदक्षिणपादाभ्याम्" लक्षण वाले मत्तल्लि करण को "नितम्ब का परिवर्तन करना चाहिए" से सूचित "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" लक्षण वाले नितम्ब करण को तथा करिहस्त और कटिच्छिन्न करणों को वृश्चिकापसृत अंगहार में करना चाहिए ॥२०२॥२०३॥

(१४) भ्रमर

"नूपुर पाद को करके" कहने से "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" लक्षण सम्पन्न नूपुर करण, तथा आक्षिप्तक को भी से निर्दिष्ट "आक्षिप्तहस्तपादं" लक्षण वाले आक्षिप्तक करण,

परिच्छिन्नं च कर्तव्यं सूचीपादं तथैव च ॥२०४॥
नितम्बं करिहस्तं चाप्युरोमण्डलकं तथा । २०५
कटिच्छिन्नं ततश्चैव भ्रमरः स तु संज्ञितः ॥२०५॥
मत्तल्लिकरणं कृत्वा करमावर्त्य दक्षिणम् । २०६

अभिनवभारती

"अलपद्मः शिरोदेशे च्छिन्ना पर्यायशः कटी"

इति (ना. शा. ४-१०६)। तथैव सूचीपादम्—'पादसूच्या यदा' इति (ना. शा. ४-१३९)। नितम्बं "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इति (ना. शा. ४-१४६)। करिहस्तं "वामो वक्षःस्थितो हस्तः" इति (ना. शा. ४-१४८)। उरोमण्डलं "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" इति (ना. शा. ४-११५)। कटिच्छिन्नं "पर्यायशः कटी च्छिन्ना" इति (ना. शा. ४-७२) ॥२०४॥२०५॥

(१५) मत्तस्खलितकः ।

मत्तल्लीति। "वामदक्षिणपादाभ्याम्" इति मत्तल्लि (ना. शा. ४-८८)। कपोलस्येति गण्डसूची "सूचीपादोन्नतं पार्श्वम्" इति (ना. शा. ४-१३२): सम्यङ्निकुञ्चितमिति लीनं नाम करणम्—

मधुसूदनी

कटीछिन्नमतः प्रोक्तः करणैर्भ्रमरोऽष्टभिः । सं. र. ॥२०४॥२०५॥

(१५) मत्तस्खलितकः

मत्तल्लिगण्डसूच्याख्ये लीनं मत्तापविद्धकम् ।
वद्धत्वेन कर्तव्यं तलसंस्फोटितं ततः

बालक्रीडा

नितम्ब, करिहस्त, उरोमण्डल, एवं कटिच्छिन्न करणों को करना चाहिए। इस तरह की प्रक्रिया से जो अंगहार होता है उसकी भ्रमर संज्ञा है ॥२०४॥२०५॥

(मूल) मत्तल्लि करण के करने के बाद "कपोल के प्रकृष्ट स्थान पर दक्षिण कर का

"अलपद्म:" से लक्षित छिन्न, "पादसूच्या यदा" से लक्षित सूचीपाद करण, "भुजाओं को ऊपर की तरफ निकाल दें" लक्षण वाले नितम्ब करण, "वामहस्त को वक्षस्थल पर रखें" से से बतलाये गये करिहस्त करण, "स्वस्तिक एवं अपसृत पादों को" से लक्षित उरोमण्डल करण, "बारी-बारी से जहां कटिछिन्न रहे" लक्षण वाले करण का अभिनय भ्रमर नामक अङ्गहार में करना अपेक्षित है ॥२०४॥२०५॥

(१५) मदस्खलित

"मत्तल्लि करण को करके" इससे उल्लिखित "वामदक्षिण पादाभ्याम्" लक्षण वाले मत्तल्लि करण, "कपोल के प्रदेश में" इससे निर्दिष्ट "सूचीपादोन्नतं पार्श्वम्" लक्षण वाले

**कपोलस्य प्रदेशे तु कार्यं सम्यङ्निकुञ्चितम् ॥२०६॥**
**अपविद्धं द्रुतं चैव तलसंस्फोटसंयुतम् ।**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नं मत्तस्खलितके भवेत् ॥२०७॥**
**दोलैः करैः प्रचलितैः स्वस्तिकापसृतैः पदैः ।**

### अभिनवभारती

"पताकाञ्जलिवक्षःस्थं प्रसारितशिरोधरम् ।
निकुञ्चितांसकूटं च तल्लीनम् ।" (ना. शा. ४-६६)

अपविद्धम् "आवर्त्य शुकतुण्डाख्यम्" इति (ना. शा. ४-६४), द्रुतमिति तलसंस्फोटितं "द्रुतं विक्षिप्य चरणम्" इति (ना. शा. ४-१६०), करिहस्तादिद्वयं प्राग्वत् ॥२०६॥२०७॥

(१६) मदविलसितः ।

"दोलैः करैः प्रचलितै"रिति मदस्खलितं "करौ प्रलम्बितौ कार्यौ" (ना० शा० ४-१५६) । स्वस्तिकापसृतैः पादैरिति मत्तल्लि "वामदक्षिणपादाभ्याम्" (ना० शा० ४-

### मधुसूदनी

करिहस्तं कटीछिन्नं करणानि क्रमादिति
सप्ताङ्गहारे प्रोक्तानि मत्तस्खलितसंज्ञके । सं. र. ॥२०६॥२०७॥

(१६) मदविलसितः

मदस्खलितमत्तल्लितलसंस्फोटितानि च
बहुशाञ्चितगुल्फानि निकुट्टकमतः परम् ।

### बालक्रीडा

आवर्तन करके" इस कथन से सूचित गण्डसूची करण और सम्यङ्निकुञ्चितं से लीन करण का अभिनय करे । इसके अनन्तर शीघ्र ही तलसंस्फोटित करण से संयुत अपविद्ध, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करण मत्तस्खलित में होने चाहिए ॥२०६॥२०७॥

(मूल) दोला नृत्त हस्तों के प्रचलन से उपलक्षित मद स्खलित करण, स्वस्तिक एवं अपसृत पदों से सूचित मत्तल्लि करण, अंचित एवं वलित हस्तों से संकेतित वलित करण और

गण्डसूचीकरण, "अच्छी प्रकार निकुञ्चित करना चाहिए" इससे संकेतित "पताकाञ्जलिवक्षःस्थम्" लक्षण वाले लीन करण, "आवर्त्य शुकमुण्डाख्यम्" से लक्षित अपविद्ध करण, "द्रुतं विक्षिप्य चरणम्" लक्षण वाले तलसंस्फोटित करण तथा करिहस्त और कटिच्छिन्न करणों का अभिनय मंदस्खलित में होना चाहिए ॥२०६॥२०७॥

(१६) मदविलसित

हिलते हुए दोल नामक करों से सूचित मदस्खलित करण, स्वस्तिक हस्त एवं अपसृत पैरों से निर्दिष्ट मत्तल्लि करण, तथा अञ्चित एवं वलित हस्तों से संकेतित तलसंघट्टित या

अञ्चितैर्वलितैर्हस्तैस्तलसङ्घट्टितैस्तथा ॥२०८॥
निकुट्टितं च कर्तव्यमूरूद्वृत्तं तथैव च ।
करिहस्तं कटिच्छिन्नं मदाद्विलसिते भवेत् ॥२०६॥
मण्डलं स्थानकं कृत्वा तथा हस्तौ च रेचितौ ।

## अभिनवभारती

८७) । अञ्चितैर्वलितैर्हस्तैस्तलसंघट्टितैस्तथेति तलसंघट्टितम् "दोलापादक्रमं कृत्वा तलसंघट्टितौ करौ" इति (ना० शा० १५३) । अत्र संगीत रत्नाकरे तलसंस्फोटितं करणं परिगणितं परं तस्य लक्षणं "द्रुतमुत्क्षिप्य चरणं पुरस्तादथ पातयेत् । तल संस्फोटितौ हस्तौ तल संस्फोटिते मतौ" एतादृशं संगच्छते चेत्तथास्तु सहृदयाः प्रमिण्वन्तु । मत्ताक्रीडमारभ्य परिवृत्तरेचितांगहारपर्यन्तस्याभिनवभारती नोपलब्धा। संगतिरत्नाकरमनुसृत्यैव व्याख्यायते । तत्रात्र मदस्खलितानि त्रीणि करणानि बहुशश्चित्रगुम्फानि स्वीकृतानि । अतः "पूर्वेण त्रयाणां तु त्रिरभ्यासात्त्रयोदश करणानि । तथा अभ्यासांस्त्रिषु वाञ्छन्ति चतुष्पंचादिकेष्वपि । एवमेकविंशतिः करणानां स्युता ॥२०८॥२०९॥

## (१७) गतिमण्डलः ।

मण्डलमिति मण्डलस्वस्तिकं "स्वस्तिकौ करौ" इति (ना० शा० ४-६८) । स्थानकमिति निवेशो करणं "करौ वक्षः स्थितौ" इति (ना० शा० ४-१५६) । तथा

## मधुसूदनी

ऊरूद्वृत्तं च करणं करिहस्त समाह्वयम्
कटीछिन्नं च सप्तेति मदाद्विलसिते जगुः ।
करणानि त्रयाणां तु त्रिरभ्यासात्त्रयोदश
अभ्यासांस्त्रिषु वाञ्छन्ति चतुर्पंचादिकेष्वपि ।
सं. र. ॥२०८॥२०९॥

## बालक्रीडा

तल माने पादायतल के संघटित अर्थात् संघर्षण से उल्लिखित तलसंस्फोटित करण, एवं निकुट्टित से कथित निकुट्टक करण, तथा ऊरूद्वृत्त करण, करिहस्त करण एवं कटिच्छिन्न करण । इस प्रकार सात करण मदविलसित में होने चाहिए ॥२०८॥२०९॥

तलसंस्फोटित करण, तथा निकुट्टित, ऊरूद्वृत्त, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का प्रयोग मदविलसित अंगहार में होना चाहिए । कोई कहते हैं कि यहाँ दोलादि तीन करणों को तीन बार अभिनय करना अपेक्षित है । अतः प्रकृत में १३ करणों का उपयोग होता है । और लोग तो कहते हैं कि इन सातों ही करणों की तीन बार आवृत्ति होती है अतः २१ करणों का अभिनय मदविलसित अंगहार में होना चाहिए ॥२०८॥२०९॥

ऊद्घट्टितेन पादेन मत्तल्लिकरणं भवेत् ॥२१०॥
आक्षिप्तं करणं चैव ह्युरोमण्डलमेव च ।
कटिच्छिन्नं तथा चैव भवेत्तु गतिमण्डले ॥२११॥
समपादं प्रयुज्याथ परिच्छिन्नं त्वनन्तरम् ।

### अभिनवभारती

हस्तौ च रेचिताविति उन्मत्तं करणम् "अञ्चितेन तु पादेन" इति (ना० शा० ४-७४)। उद्घट्टितेन पादेनेति उद्घट्टितं करणं "पादावुद्घट्टितौ" इति (ना० शा० ४-१६३) ततः परं मत्तल्लिप्रभृतीनि चत्वारि करणानि भावनीयानि ॥२१०।२११॥

### ( १८ ) परिच्छिन्नः ।

समपादमिति समनखं "श्लिष्टौ समनखौ पादौ" इति (ना० शा० ४-६४)। प्रयुज्य अनन्तरं तु परिच्छिन्नमिति छिन्नम् "अलपद्मः कटीदेशे" इति (ना० शा० ४-१०५)। आविद्धेन तु पादेनेति संभ्रान्तं "करमावर्तितं कृत्वा" इति (ना०शा० ४-१६१)।

### मधुसूदनी

(१७) गतिमण्डलः

मण्डलस्वस्तिकादूर्ध्वं निवेशोन्मत्तसंज्ञके
उद्घट्टिताख्यं मत्तल्लि स्यादाक्षिप्तमतः परम्
उरोमण्डलकं छिन्नं कट्यादि गतिमण्डले
इत्यष्टौ करणानि स्युरिति निःशंकभाषितम् । सं. र. ॥२१०॥२११॥

### बालक्रीडा

(मूल) "मण्डल स्थानक" के करने से मण्डलस्वस्तिक और निवेश इन दो करणों का उद्देश किया गया है। रेचितौ हस्तौ से उन्मत्त करण का संकेत है। उद्घट्टित पाद से उद्घट्टित करण का निर्देश मिलता है। अतः मण्डलस्वस्तिक निवेश, उन्मत्त, उद्घट्टित, मत्तल्लि, आक्षिप्त, उरोमण्डल एवं कटिच्छिन्न करण गतिमण्डल में होने चाहिए ॥२१०॥२११॥

(१७) गतिमण्डल

यहाँ "मण्डलं" इससे "स्वस्तिकौ करौ" इस लक्षण वाले मण्डल स्वस्तिक करण का निर्देश किया है। और "स्थानकं" से "करौ वक्षः स्थितौ" इस लक्षण से युक्त निवेश करण को करना बतलाया है। तथा "हस्तौ च रेचितौ" से "अंचितेन तु पादेन" लक्षण वाले उन्मत्त करण के अभिनय का संकेत है। "उद्घट्टितेन पादेन" इससे "पादावुद्घट्टितौ" इस लक्षण से सम्पन्न उद्घट्टित करण का प्रयोग सूचित किया है। इसके बाद मत्तल्लि, आक्षिप्त, उरोमण्डल एवं कटिच्छिन्न इन चारों करणों का अभिनय करना है ॥२१०॥२११॥

**आविद्धेन तु पादेन बाह्यभ्रमरकं तथा ॥२१२॥**
**वामसूच्या त्वतिक्रान्तं भुजङ्गत्रासितं तथा ।**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नं परिच्छिन्ने विधीयते ॥२१३॥**
**शिरसस्तूपरि स्वस्थौ स्वस्तिकौ विच्युतौ करौ ।**

### अभिनवभारती

तथा बाह्यभ्रमरकमिति भ्रमरकम् "आक्षिप्तः स्वस्तिकः" इति (ना० शा० ४-९८)। वामसूच्येति अर्धसूची "अलपद्मः शिरोहस्तः" इति (ना० शा० ४-१३७) अतिक्रान्तानि चत्वारि करणानि परिच्छिन्ने विधीयन्ते ॥२१२॥२१३॥

(१६) परिवृत्तरेचितः ।

शिरसस्तूपरीति नितम्बं "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ हस्तौ चाभिमुखाङ्गुली" इति (ना० शा० ४-११६)। स्वस्तिकौ विच्युतौ कराविति स्वस्तिकरेचितम् "स्वस्तिकौ

### मधुसूदनी

(१८) परिच्छिन्नः

कृत्वा समनखं छिन्नं संभ्रान्तमथ वामतः ।
भ्रमरं वामपार्श्वार्धसूच्यतिक्रान्त संज्ञकम् ।
भुजंगत्रासितादूर्ध्वं करिहस्तं विधीयते ।
कटीछिन्नं परिच्छिन्नो नवभिः करणैरिति । सं र. ॥२१२॥२१३॥

### बालक्रीडा

(मूल) समपादम्, से सूचित समनख करण के प्रयोग करने के अनन्तर छिन्न करण को करना चाहिए । आविद्ध पाद से उपलक्षित संभ्रान्तकरण तथा वाम अंश से भ्रमरक करण, वाम सूची अर्थात् वामपाद से ज्ञात अर्ध सूची करण, तथा भुजंगत्रासित करिहस्त, एवं कटिच्छिन्न करणों का परिच्छिन्न अंगहार में विधान है ॥२१२॥२१३॥

(१८) परिच्छिन्न

यहाँ समपादं इससे "श्लिष्टौ समनखौ पादौ" लक्षण वाला समनख अभिनेतव्य है । इसके अनन्तर तो परिच्छिन्नं से "अलपद्मः कटीदेशे" लक्षण से सम्पन्न छिन्न करण का प्रयोग करना चाहिए । "आविद्धेन तु पादेन" इससे "करमावर्तितं कृत्वा" लक्षण वाले संभ्रान्त करण के लिए अभिनय बतलाया है । तथा "बाह्यभ्रमरकम्" से "आक्षिप्तः स्वस्तिकः" इस लक्षण वाले भ्रमरक का अभिनय किया जाना अपेक्षित है । "वामसूच्या" इस कहने से "अलपद्मः शिरोहस्तः" इस लक्षण से बनने वाली अर्धसूची का अभिनय कहा है । इसके बाद अतिक्रान्त, भुजंगत्रासित, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न इन चार करणों का विधान परिच्छिन्न अंगहार में माना गया है ॥२१२॥२१३॥

ततः सव्यं करं चापि गात्रमानम्य रेचयेत् ॥२१४॥
पुनरुत्थापयेत्तत्र गात्रमुन्नम्य रेचितम् । २२५
लताख्यौ च करौ कृत्वा वृश्चिकं सम्प्रयोजयेत् ॥२१५॥

अभिनवभारती

रेचिताविद्धौ" इति (ना० शा० ४-६७)। ततः सव्यं करं कृत्वा गात्रमानम्य रेचयेदिति विक्षिप्ताक्षिप्तकं "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इति (ना० शा० ४-८१)। लताख्यौ च करौ कृत्वा वृश्चिकं संप्रयोजयेदिति लतावृश्चिकं "अञ्चितः पृष्ठतः पादः कुञ्चितोर्ध्वतलाङ्गुलीः। लताख्यश्च करो वामस्तल्लतावृश्चिकं मतम्" (ना० शा० ४-१०४)

रेचितमित्युन्मत्तकरणम्। "अञ्चितेन तु पादेन रेचितो" इति (ना. शा. ४-७४)। 'एको वक्षःस्थितो हस्तः" इति करिहस्तकम्। "कुञ्चितं पादम्" इति (ना.

मधुसूदनी

(१९) परिवृत्तकरेचितः

निकुट्टं करणं कृत्वा कुर्यात् स्वस्तिकरेचितम्।
विक्षिप्ताक्षिप्तकमथो लतावृश्चिकसंज्ञितम्।
उन्मत्तं करिहस्तं च भुजंगत्रासितं ततः।
आक्षिप्तं च नितम्बं च नितम्बान्तान्यमून्यथ।
नव भ्रमरकाख्येण परिवृत्तं समाचरेत्॥

बालक्रीडा

(मूल) पहिले स्वस्तिक आकार में शिर के ऊपर किये हुए करों को विच्युत विप्रकीर्ण रूप में शिर के ऊपर रखे। यहाँ विच्युत का अर्थ विप्रकीर्ण है। जैसा कि संगीत रत्नाकर में कहा है "विप्रकीर्णौ तु विज्ञेयौ सहसा विच्युतौ करौ" उन करों को विप्रकीर्ण समझो जो स्वस्तिक कर विच्युत हो जाते हैं या किये जाते हैं। इस क्रिया से नितम्बकरण की और ततः उसके बाद गात्र शरीर को झुका कर दाहिने हाथ को रेचित करे। इससे स्वस्तिक रेचित करण को करने की सूचना देते हैं। तथा गात्र के आनमन से विक्षिप्ताक्षिप्त

(१९) परिवृत्तरेचितक

यहाँ 'शिरसस्तूपरि' इससे "भुजावूर्ध्व विनिष्क्रान्तौ हस्तौ चाभिमुखाङ्गुली" लक्षण से लक्षित नितम्ब करण का विनियोग बतलाया। "स्वस्तिकौ विच्युतौ करौ" से "स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ" इस लक्षण से सम्पन्न स्वस्तिकरेचित करण का अभिनय सूचित किया। ततः सव्यं करं कृत्वा गात्रमानम्य रेचयेत् से "विक्षिप्तं हस्तपादं च" लक्षण से विनिर्मित विक्षिप्ताक्षिप्तक का उपयोग करने का आदेश है। फिर इसके बाद लताख्यौ च करौ कृत्वा वृश्चिकं सम्प्रयोजयेत् से "अञ्चितः पृष्ठतः पादः" लक्षण वाले लतावृश्चिक का प्रयोग करना कहा है। "रेचित" से "अञ्चितेन तु पादेन रेचितौ" इस लक्षण वाले उन्मत्त करण के अभिनय के विषय में संकेत किया है। "एको वक्षः स्थितो हस्तः" इस लक्षण से

रेचितं करिहस्तं च भुजङ्गत्रासितं तथा ।
आक्षिप्तकं प्रयुञ्जीत स्वस्तिकं पादमेव च ॥२१६॥
पराङ्मुखविधिर्भूय एवमेव भवेदिह ।
'करिहस्तं कटिच्छिन्नं परिवृत्तकरेचिते ॥२१७॥

### अभिनवभारती

शा. ४-८४) भुजङ्गत्रासितम् । "आक्षिप्तं हस्तपादम् ।" इत्याक्षिप्तकम् (ना. शा. ४-११६) । स्वस्तिकं पादमित्यस्यैव पादस्वस्तिकपर्यन्ततया ऊर्ध्वां चारीं सूचयन्नितम्बं करणमाह—"भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इति (ना. शा. ४-१४७) । पराङ्मुखेति । अङ्गहारेषु मध्ये परिभाषमाणो मुनिरेतदाह—सर्वेष्वेव चाङ्गहारेषु पाश्चात्यं करणद्वयं वर्जयित्वा वर्तनीयानि करणानि करणीयानि । तानि चतुर्दिङ्मुखेषु प्रयुज्य संभ्रममन्त्ये करणद्वयेन पूरयेदिति ॥२१४॥२१५॥२१६॥२१७॥

### मधुसूदनी

दिगन्तरमुखे कृत्वा व्यावृत्य परयोर्दिशोः
करिहस्तकटीछिन्ने कुर्यादाद्यदिशि स्थितः
यत्र तं प्राहुराचार्याः परिवृत्तकरेचितम्
परिवृत्तकविधिश्चायं त्यक्त्वान्त्यं करणद्वयम्
सर्वेषामंगहाराणां शार्ङ्गदेवेन सूरिणा
भट्टाभिनवगुप्तादि मतज्ञेन निगद्यते

सं. र. ॥२१४॥२१५॥२१६॥२१७॥

### बालक्रीड़ा

करण को करने का संकेत है । फिर देह उन्नत कर के रेचित कर को ऊपर में उठावे । इसका आशय है कि लतावृश्चिक करण को करे । इसी को स्पष्ट करते हैं कि लता नामक करों का प्रयोग दिखाकर वृश्चिक का संप्रयोग करे । रेचित से ज्ञात उन्मत्त करण को करे । फिर करिहस्त, भुजंगत्रासित एवं आक्षिप्त करणों को करे । इसके बाद पाद का स्वस्तिक आकार में उपयोग करे । इस प्रकार फिर मुँह को फेर कर पुनः इन विधियों को करना चाहिए । पर्यन्त में करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को करे । इस प्रकार परिवृत्तक रेचित अंगहार निष्पन्न होता है ॥२१४।१५।१६।१७॥

सम्प्रत्र करिहस्त करण, "कुञ्चितं पादम्" से भुजंगत्रासित करण और "आक्षिप्तं हस्तपादं" लक्षण से घटित आक्षिप्तक करण के अभिनय का निर्देश किया है । 'स्वस्तिकं पादं" को ही पादस्वस्तिक पर्यन्त मानकर ऊर्ध्वा चारी की सूचना देते हुए नितम्ब करण को कहा । जिसका लक्षण है "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इत्यादि । पराङ्मुख इससे अंगहारों के विषय में परिभाषाओं को करते हुए मुनि ने यह कहा कि सभी अंगहारों में पीछे वाले दो करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को छोड़कर बाकी के सभी करणों को करना चाहिए । इसमें शंका

रेचितौ सह गात्रेण त्वपविद्धौ करौ तथा।
पुनस्तेनैव देशेन गात्रमुन्नम्य रेचयेत् ॥२१८॥
कुर्यान्नूपुरपादं च भुजङ्गत्रासितं तथा।
रेचितं मण्डलं चैव बाहुशीर्षे निकुञ्चयेत् ॥२१९॥

अभिनवभारती

(२०) वैशाखरेचितः।

रेचिताविति। अनेन श्लोकेन क्रमेण वैशाखरेचितं करणमङ्गद्वयेन प्रयोज्य-मित्याह। "रेचितं हस्तपादं च" इत्यादि (ना. शा. ४-९८) वैशाखरेचितं करणम्।

"त्रिकं सुवलितं कृत्वा लतारेचितकौ करौ।
नूपुरं च तथा पादम्।" (ना. शा. ४-९४)

इति नूपुरम्। कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्येति (ना. शा. ४-८४) भुजङ्गत्रासितम्। रेचित-मित्युन्मत्तं करणम् "अञ्चितेन तु पादेन रेचितौ" इति (ना. शा. ४-७४। मण्डल-मिति मण्डलस्वस्तिकम्—

मधुसूदनी

(२०) वैशाखरेचितः

वैशाखरेचितं द्वाभ्यामंगाभ्यामथ नूपुरम्।
भुजंगत्रासितोन्मत्तमण्डलस्वस्तिकान्यथ।

बालक्रीडा

(मूल) शरीर के साथ करों को रेचित करके अपविद्ध रूप में अभिनय करे। फिर शरीर को उन्नमन करके उसी प्रदेश वाले पार्श्व से अपविद्ध किये हुए करों को रेचित करे। इस प्रक्रिया से संकेत किया कि वैशाखरेचित करण को करे। नूपुर पाद से उल्लिखित नूपुर करण तथा भुजंगत्रासित करण को करे। रेचित से ज्ञात उन्मत्त करण, मण्डल से प्रतीत

होती है कि जब अन्तिम दो करणों को छोड़ देना है तब उनका निर्देश अंगहारों के निरूपण में क्यों किया। इस पर उत्तर देते हैं कि उन अवशिष्ट करणों को पहिले चारों तरफ सम्मुख में कर लेने के बाद अन्त में पूर्ति इन दोनों से करनी चाहिए। यह परिवृत्त-रेचितक अंगहार का लक्षण है ॥२१४॥२१५॥२१६॥२१७॥

(२०) वैशाखरेचित

"रेचितौ" इति। इस श्लोक के द्वारा वैशाखरेचित करण को क्रम से पारी-पारी से दो अंगों से करना चाहिए ऐसा कहा। "रेचितं हस्तपादं च" इत्यादि लक्षण वैशाख रेचित करण का है। "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" इससे लक्षित नूपुर करण, "कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य" इससे लक्षित भुजंगत्रासित करण, "रेचितम्" इससे उन्मत्त करण—जिसका लक्षण है अंचितेन तु पादेन रेचितौ" इत्यादि "मण्डलम्" इससे मण्डल स्वस्तिक करण—जिसका

**ऊरूद्वृत्तं तथाक्षिप्तमुरोमण्डलमेव च। 220**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नं कुर्याद्वैशाखरेचिते ॥२२०॥**
**आद्यं तु जनितं कृत्वा पादमेकं प्रसारयेत्। 221**

अभिनवभारती

"स्वस्तिकौ तु करौ कृत्वा प्राङ्मुखोर्ध्वतलौ समौ।
मण्डलस्थानकेन।" इति (ना. शा. ४-६८)

बाहुशीर्षे इत्यनेन निकुट्टितं करणमाह "निकुञ्चितौ यदा हस्तौ" इति (ना. शा. ४-६९)। ऊरूद्वृत्तादिकरणजातं क्रमेणोक्ताङ्गहारवत् ॥२१८॥२१९॥२२०॥

(२१) परावृत्तः।

आद्यमित्वति।
"एको वक्षःस्थितो हस्तो द्वितीयश्च प्रलम्बितः।

मधुसूदनी

निकुट्टकोरूद्वृत्ताख्याक्षिप्तोरोमण्डलानि च।
करिहस्तं कटिछिन्नमित्येकादशभिः क्रमात्।
करणैरंगहारः स्यान्नाम्ना वैशाखरेचितम्।
सं. र. ॥२१८॥२१९॥२२०॥

(२१) परावृत्तः

दक्षिणाङ्गेन जनितं शकटास्यमलातकम्
भ्रमरं चाथ गण्डस्थनिकुट्टितकरान्वितम्।

बालक्रीडा

मण्डलस्वस्तिक करण और बाहुशीर्ष माने कन्धे पर निकुञ्चन से सूचित निकुट्टित करण को करना चाहिए। इसके अनन्तर ऊरूद्वृत्त, आक्षिप्त, उरोमण्डल, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का क्रमशः अभिनय वैशाखरेचित अंगहार में होता है ॥२१८॥२१९॥२२०॥

(मूल) यहाँ आद्यशब्द से दक्षिण अंग लिया जाता है अतः दक्षिण अंग से जनित-करण का अभिनय करके एक पैर को फैलावे यानी शकटास्य करण का प्रयोग करे। उसी

लक्षण है "स्वस्तिकौ तु करौ" इत्यादि का अभिनय करना चाहिए। इसके बाद में क्रमशः ऊरूद्वृत्त, आक्षिप्त, उरोमण्डल, करिहस्त, एवं कटिच्छिन्न करण समूह का अभिनय उक्त अंगहारों की तरह करना चाहिए ॥२१८॥२१९॥२२०॥

(२१) परावृत्त

"आद्यन्तु" के आद्य शब्द से "एको वक्षः स्थितः" इस लक्षण वाले जनितकरण के विषय में संकेत है कि सर्वप्रथम दाहिने अंग से जनित का प्रयोग करना चाहिए। "पादमेकं

**तथैवालातकं कुर्यात् त्रिकं तु परिवर्तयेत् ॥२२१॥**
**अञ्चितं वामहस्तं च गण्डदेशे निकुट्टयेत् ।**
**कटिच्छिन्नं तथा चैव परावृत्ते प्रयोजयेत् ॥२२२॥**

### अभिनवभारती

तलाग्रसंस्थितः पादो जनितम् ।" (ना. शा. ४-१५४) इति । आद्यशब्दो दक्षिणाङ्गप्रयोज्यत्वमस्याह । पादमेकं प्रसारयेदिति शकटास्यं करणमाह—

"निषण्णाङ्गस्तु चरणं प्रसार्य तलसञ्चरम् ।
उद्वाहितमुरः कृत्वा शकटास्यम् ।" (ना. शा. ४-१६८)
"अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेद्दक्षिणं करम् ।
ऊर्ध्वजानुक्रमं कुर्यादलातकम्" (ना. शा. ४-७८)

इत्यलातम् । "त्रिकं तु परिवर्तये"दिति भ्रमरकम्।

आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः करौ चोद्वेष्टितौ तथा ।
त्रिकस्य वलनाच्च" इति (ना. शा. ४-९९)

अञ्चितं वामहस्तं चेत्यनेनार्धेन करिहस्तं करणं गण्डदेशे निकुट्टयेदिति विशेषयुक्तमाह ।

"वामो वक्षःस्थितो हस्तः प्रोद्वेष्टिततलोऽपरः ।
अञ्चितं चरणं चैव प्रयोज्यः करिहस्तकः ॥ इति (ना. शा. ४-१४८)

'पर्यायशः' इति कटिच्छिन्नम् (ना. शा. ४-७१) ॥२२१॥२२२॥

### मधुसूदनी

करिहस्तं कटीछिन्नं करणानि क्रमादिति ।
परावृत्ते षडुक्तानि श्रीमत्सोडलसूनुना ।
नमनोन्नमनं तच्चोरङ्गस्योक्तं निकुट्टकम् । सं. र. ॥२२१॥२२२॥

### बालक्रीडा

प्रकार अलातक करण का प्रयोग करने के अनन्तर त्रिक मध्य को परिवर्तित करे यान भ्रमरक करण को करे। और अंचित वामहस्त को गण्डस्थल पर निकुट्टित करे। अर्थात् करिहस्त करण का प्रयोग करे। तथा कटिच्छिन्न करण का प्रयोग करे। इस तरह परिवृत्त अंगहार का अभिनय करना चाहिए ॥२२१॥२२२॥

प्रसारयेत्" इससे शकटास्य करण के अभिनय के लिए कहा। जिसका लक्षण है "निषण्णाङ्गस्तु" इत्यादि। "अलात चरणं कृत्वा" यह अलात है। "त्रिकं तु परिवर्तयेत्" से "आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः" इस लक्षण वाले भ्रमरक करण के अभिनय के लिए संकेत है। "अंचितं वामहस्तं च" इस अर्ध श्लोक मे करिहस्त करण को गण्डदेश में निकुट्टित करना चाहिए ऐसी विशेष योजना बतलायी। करिहस्त करण का लक्षण है "वामो वक्षःस्थितो हस्तः" इत्यादि। "पर्यायशः" यह कटिच्छिन्न है ॥२२१॥२२२॥

**स्वस्तिकं करणं कृत्वा व्यंसितौ च करौ पुनः ।** 222
**अलातकं प्रयुञ्जीत ऊर्ध्वजानु निकुञ्चितम् ॥२२३॥**

अभिनवभारती

(२२) अलातकः ।

स्वस्तिकमित्यादि । स्वस्तिकाविति (ना. शा. ४-६८) स्वस्तिकम् । व्यंसितौ चेति द्विवचनेन पुनश्शब्देन च स्वस्तिकव्यवधानेन व्यंसितस्य द्विप्रयोगमाह ।

"आलीढस्थानकं यत्र करौ वक्षसि रेचितौ ।
ऊर्ध्वाधोविप्रकीर्णौ च व्यंसितम्" (ना. शा. ४-१०९)
'अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेद्दक्षिणं करम् ।
ऊर्ध्वजानुकमं कुर्यात्' इत्यलातकम् । (ना. शा. ४-७८)
"कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानुस्तनसमं न्यसेत् ।
प्रयोगवशगौ हस्तावूर्ध्वजानु" (ना. शा. ४-८६)
"वृश्चिकं चरणं कृत्वा करं पार्श्वे निकुञ्चयेत् ।
नासाग्रे दक्षिणं च" इति निकुञ्चितम् । (ना. शा. ४-८७)
"अलपद्मः शिरोदेशे सूचीपादश्च दक्षिणः" । (ना. शा. ४-१३८)

इत्यर्धसूची ।

"विक्षिप्तं हस्तपादं च पार्श्वतः पृष्ठतोऽपि वा ।
एकमार्गगतं यत्र तद्विक्षिप्तम् ।" (ना. शा. ४।११९)

आक्षिप्तहस्तमाक्षिप्तपादमुरूद्वृत्तं करणम् । (ना. शा. ४:१४२)

मधुसूदनी

(२२) अलातकः

स्वस्तिकं व्यंसितं तु द्विरलाताख्योर्ध्वजानुनी ।
निकुञ्चितार्धसूच्याख्यविक्षिप्तोद्वृत्तकान्यथ ।

बालक्रीडा

(मूल) स्वस्तिक करण को करके दो बार व्यंसित करण को करे । इसके बाद

(२२) अलात

"स्वस्तिकम्" इत्यादि में । "स्वस्तिकौ" इस लक्षण वाला स्वस्तिक करण है । व्यंसितौ में द्विवचन और पुनः शब्द ने कहा कि स्वस्तिक के व्यवधान से व्यंसित का दो बार प्रयोग करना चाहिए । अर्थात् एक बार व्यंसित का अभिनय किया फिर बीच में स्वस्तिक का पुनः दुबारा व्यंसित का प्रयोग होना चाहिए । "आलीढस्थानकम्" यह व्यंसित है । "अलातं चरणं कृत्वा" यह अलात है । 'कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य" यह ऊर्ध्वजानु है । "वृश्चिकं चरणं कृत्वा" यह निकुञ्चित है । "अलपद्मः शिरोदेशे" यह अर्धसूची है ।

अर्धसूचि च विक्षिप्तमुद्वृत्ताक्षिप्तके तथा ।
करिहस्तं कटिच्छिन्नमङ्गहारे ह्यलातके ॥२२४॥
निकुट्य वक्षसि करावूर्ध्वजानु प्रयोजयेत् ।
आक्षिप्तस्वस्तिकं कृत्वा त्रिकं तु परिवर्तयेत् ॥२२५॥

अभिनवभारती

"आक्षिप्तं हस्तपादं च क्रियते यत्र वेगतः" (ना. शा. ४-११६)

इत्याक्षिप्तम् ।

"वामो वक्षःस्थितो हस्तः प्रोद्वेष्टिततलोऽपरः ।
अञ्चितश्चरणश्चैव" (ना. शा. ४-१४८)

इति करिहस्तम् । "पर्यायशः कटिच्छिन्ने" ति (ना. शा. ४-७२) कटिच्छिन्नम् ॥२२३॥२२४॥

(२३) पार्श्वच्छेदः ।

निकुट्येत्यादि । अनेन वृश्चिककुट्टितं द्विचत्वारिंशत्तमकरणमाह ।

"वृश्चिकं चरणं कृत्वा द्वावप्यथ निकुट्टितौ ।
विधातव्यौ करौ ।" (ना. शा. ४-१०२)

मधुसूदनी

आक्षिप्तं करिहस्तं स्यात्कटिच्छिन्नमलातके ।
एकादश स्युः करणान्येकं द्विर्व्यषितेऽधिकम् । सं. र. ॥२२३॥२२४॥

(२३) पार्श्वच्छेदः

वृश्चिकाख्यं कुट्टितं स्यादूर्ध्वजानु ततः परम्
आक्षिप्तस्वस्तिकं कृत्वा त्रिकस्य परिवर्त्तनम्

बालक्रीडा

अलातक, ऊर्ध्वजानु निकुञ्चित, अर्धसूची, विक्षिप्त, उद्वृत्त, आक्षिप्त, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न का अलातक अंगहार में अभिनय करे ॥२२३॥२२४॥

(मूल) वक्षः स्थल पर करों का निकुट्टन यानी वृश्चिक निकुट्टित करण का अभिनय करके ऊर्ध्वजानु करण का प्रयोग करना चाहिए। और आक्षिप्त एवं स्वस्तिक करणों को

आक्षिप्त हस्त, पाद एवं उद्वृत्त मात्र वाला उद्वृत्त करण है। आक्षिप्तम्" यह आक्षिप्त है "वामो वक्ष. स्थितः" यह करिहस्त है। पर्यायशः" यह कटीछिन्न है ॥२२३॥२२४॥

(२३) पार्श्वच्छेद

निकुट्य इत्यादि से २४ वें वृश्चिक कुट्टित करण को कहा है। जिसका लक्षण है—"वृश्चिकं चरणं कृत्वा" इत्यादि। "कुञ्चितं पादम्" यह ऊर्ध्वजानु है। "आक्षिप्तं

उरोमण्डलकौ हस्तौ नितम्बं करिहस्तकम् ।
कटिच्छिन्नं तथा चैव पार्श्वच्छेदे विधियते ॥२२६॥
सूचीवामपदं दद्याद्विद्युद्भ्रान्तं च दक्षिणम् ।

### अभिनवभारती

कुञ्चितं पादमित्यूर्ध्वजानु (ना. शा. ४-८६)। "आक्षिप्तं हस्तपादं च" इत्याक्षिप्तकम् (ना. शा. ४-११६)। "हस्ताभ्यामथ पादाभ्याम्" (ना. शा. ४-७५) इति स्वस्तिकम् । हस्तद्वारेणोरोमण्डलकरणम्—

"स्वस्तिकापसृतौ पादावाविद्धकरणं यदा ।
उरोमण्डलकौ हस्तौ ।" (ना. शा. ४-११५)

नितम्बादित्रयं पूर्ववत् ॥२२५॥२२६॥

(२४) विद्युद्भ्रान्तः ।

सूचीत्यादि वामाङ्गप्रयोज्यमर्धसूचीकरणमाह—"अलपद्मः शिरोदेशे" इति (ना. शा. ४-१३८), दक्षिणेन विद्युद्भ्रान्तं करणम्—

### मधुसूदनी

उरोमण्डलसंज्ञं च नितम्बं करिहस्तकम् ।
कटीछिन्नं च करणं पार्श्वच्छेदेऽष्टमं मतम् । सं. र. ॥२२५॥२२६॥

(२४) विद्युद्भ्रान्तः

वामाङ्गेनार्धसूची स्याद्विद्युद्भ्रान्तं तु दक्षिणे ।
पुनरङ्गविपर्यासाद् द्वयं छिन्नमतः परम् ।

### बालक्रीडा

प्रयुक्त करके त्रिक मध्य का परिवर्तन करे। उरोमण्डल हाथों के आधार पर उरोमण्डल करण तथा नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का प्रयोग करना चाहिए। इस तरह करने से पार्श्वच्छेद अंगहार का विधान होता है ॥२२५॥२२६॥

(मूल) वाम अंग से अर्धसूची और दक्षिण अंग से विद्युद्भ्रान्त पुनः दक्षिण अंग से अर्धसूची तथा वाम अंग से विद्युद्भ्रान्त करणों तथा परिच्छिन्न करण, बामांग सम्पाद्य अति-

हस्तपादं च" यह आक्षिप्तक है। "हस्ताभ्यामथ पादाभ्याम्" यह स्वस्तिक है। उरोमण्डलकौ हस्तौ से हस्त के द्वारा उरोमण्डल करण को कहा। जिसका लक्षण है "स्वस्तिकापसृतौ" इत्यादि। नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न ये तीन करण पहिले की तरह यहां भी अभिनीत होते हैं ॥२२५॥२२६॥

(२४) विद्युद्भ्रान्त

"सूची" इत्यादि ने वायें अंग से प्रयोग करने योग्य अर्धसूची करण को कहा। जिसका लक्षण है—"अलपद्मः शिरोदेशे" इत्यादि। दाहिने अंग से प्रयोज्य विद्युद्भ्रान्त करण को

दक्षिणेन पुनः सूची विद्युद्भ्रान्तं च वामतः ॥२२७॥
परिच्छिन्नं तथा चैव ह्यतिक्रान्तं च वामकम् । २२८
लताख्यं सकटिच्छिन्नं विद्युद्भ्रान्तश्च स स्मृतः ॥२२८॥

अभिनवभारती

"पृष्ठतो वलितं पादं शिरोघूर्णं प्रसारयेत् ।
सर्वतो मण्डलाविद्धं विद्युद्भ्रान्तम् ।" (ना. शा. ४-१२६)

पुनरेतदेव द्व्यमङ्गविपर्ययेण । तदाह दक्षिणेन पुनरिति । परिच्छिन्नमिति छिन्नं करणम् ।

"पल्लवौ तु कटीदेशे छिन्ना पर्यायशः कटी ।
वैशाखस्थानकेन" इति (ना. शा. ४-१०६)
"अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा पुरस्तात्संप्रसारयेत् ।
प्रयोगवशगौ हस्तावतिक्रान्तम् ।।" (ना. सा. ४-१२७)

पदक्रमेनाङ्गेन लताख्यमिति लतावृश्चिकम् ।
"अञ्चितः पृष्ठतः पादः कुञ्चितोर्ध्वतलाङ्गुलिः ।
लताख्यश्च करो वामः" । (ना. शा. ४-१०५) इति

कटिच्छिन्नं प्राग्वत् ।।२२७॥२२८॥

मधुसूदनी

अतिक्रान्तं वामतोऽथ लतावृश्चिकमाचरेत् ।
कटीछिन्नं च पदिति द्वयोरभ्यासतः पुनः
करणान्यष्टसंख्यानि विद्युद्भ्रान्तेऽभ्युधुर्बुधाः ।।२२७॥२२८॥

बालक्रीडा

कान्त करण तब कटिच्छिन्न सहित लताख्य माने लतावृश्चिक करणों को करने पर विद्युद्भ्रान्त अंगहार माना गया है ॥२२७॥२२८॥

कहा । जिसका लक्षण है "पृष्ठतो वलितं" इत्यादि । फिर इन्हीं दोनो का अंग के विपर्यय से प्रयोग करना चाहिए इसीलिए कहा कि "दक्षिणेन पुनः" इत्यादि । यहाँ का आशय यह है कि पहिली बार पहिले बायें अंग से अर्धसूची करण का और पीछे दाहिने अंग से विद्युद्-भ्रान्त करण का प्रयोग करना आवश्यक है किन्तु दूसरी बार पहिले दाहिने अंग से अर्धसूची करण का और पीछे बायें अंग से विद्युद्भ्रान्त का प्रयोग अपेक्षित है । परिच्छिन्नम्" यह छिन्न करण है । जिसका लक्षण है "पल्लवौ तु" इत्यादि । अतिक्रान्तक्रमं कृत्वा" यह अतिक्रान्त करण का लक्षण है इसका प्रयोग बायें अंग से करना चाहिए । "लताख्यम्" यह लता-वृश्चिक के लिए संकेत है । जिसका लक्षण है "अंचितः पृष्ठतः पादः" इत्यादि । कटि-च्छिन्न पहिले की तरह है ॥२२७॥२२८॥

**कृत्वा नूपुरपादं तु सव्यवामौ प्रलम्बिनौ ।**
**करौ पार्श्वे ततस्ताभ्यां विक्षिप्तं सम्प्रयोजयेत् ॥२२६॥**

### अभिनवभारती

#### ( २५ ) उद्वृत्तकः ।

कृत्वा नूपुरपादमिति ।

"त्रिकं सुवलितं कृत्वा लतारेचितकौ करौ ।
नूपुरं च तथा पादं करणे नूपुरे न्यसेत् ॥" (ना. शा. ४-९७)

सव्यवामग्रहणेन पर्यायक्रः कराविति च द्विवचनेन यौगपद्यं सूचयन् ( भुजङ्गाञ्चितं चत्वारिंशत्तमम् ) गृध्रावलीनकं चतुस्सप्ततितमं करणं दर्शयति ।

"भुजङ्गत्रासितः पादो रेचितो दक्षिणः करः ।
लताख्यश्च करो वामः ।" इति (ना. शा. ४-१०१)

"पृष्ठप्रसारितः पादः किञ्चिदञ्चितजानुकः ।
यत्र प्रसारितौ बाहू तत्स्याद् गृध्रावलीनकम् ॥" (ना. शा. ४-१३४)

### मधुसूदनी

#### (२५) उद्वृत्तकः

नूपुरात्करणादूर्ध्वं भुजंगांचितमाचरेत् ।
गृध्रावलीनकं द्वे च विक्षिप्ते पृथगङ्गजे ।

### बालक्रीडा

(मूल) नूपुर पाद करे किन्तु उसके करने के बाद सव्य (दक्षिण) एवं वाम करों को दक्षिण या वाम पार्श्व में लम्बायमान करे । इसका आशय है कि नूपुर, भुजंगांचित एवं गृध्रावलीनक करणों का प्रयोग करे । फिर उन्हीं प्रलम्बित सव्य एवं वाम करों से विक्षिप्त करण का प्रयोग अच्छी तरह करे । तथा उन्हीं हाथों से सूची करण का अभिनय करे किन्तु

#### (२५) उद्वृत्तकः

यहाँ नूपुर पाद को करके ऐसा कहने का आशय है कि नूपुर करण का अभिनय यहाँ अपेक्षित है । जिसका लक्षण है "त्रिकं सुवलितम्" । सव्यवाम के ग्रहण से पारी-पारी से करने की और करौ इस द्विवचन से युगपत् एक समय में करने की सूचना देते हुए ४० वें भुजंगाञ्चित करण और ७४ वें गृध्रावलीनक करण को दिखाते हैं । जिनके लक्षण हैं क्रमशः —"भुजंगत्रासितः" एवं "पृष्ठःप्रसारितः पादः" । अतएव "ताभ्यां" पद से करण द्वय का उपसंहार करते हैं । ततः उसके अनन्तर "विक्षिप्तं हस्तपादम्" लक्षण वाले विक्षिप्त करण के प्रयोग का निर्देश है । उस विक्षिप्त अंग को भी इच्छा से पर्याय अर्थात् पारी-पारी से दो बार करना है इस रूप में उपसंहार करते हुए कहते हैं कि उन दो विक्षिप्तों के करने के अनन्तर सूची करण का अभिनय करे । इस अंग के पर्याय से योग के आक्षेप की उपलब्धि

ताभ्यां सूची तथा चैव त्रिकं तु परिवर्तयेत् ।
लताख्यं सकटिच्छिन्नं कुर्यादुद्वृत्तके सदा ॥२३०॥
आलीढव्यंसितौ हस्तौ बाहुशीर्षे निकुट्टयेत् ।

### अभिनवभारती

अतएव करणद्वयमेवोपसंहरति ताभ्यामनन्तरं विक्षिप्तमिति "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इति (ना. शा. ४-११९) तदपीच्छया अंगं पर्यायेणेत्युपसंहारेणाह—ताभ्यामनन्तरं सूचीति । तेनाङ्गपर्यायेण योगस्याक्षेपोपलब्धे स्तदनुसन्धानायोद्वृत्तं करणम् । [त्रिक-परिवर्तनेन ब्रह्मचार्या नितम्बं करणम् । ततो "अञ्चित पृष्ठतः पाद" इत्यादिना लतावृश्चिकं चतुश्चत्वारिंशत्तमम् । ततः कटिच्छिन्नम् ॥२२९॥२३०॥

( २६ ) आलीढः ।

आलीढेति ।
"आलीढं स्थानकं यत्र करौ वक्षसि रेचितौ
ऊर्ध्वाधो विप्रकीर्णौ च व्यंसितम् ॥" (ना. शा. ४-१०९)

### मधुसूदनी

उद्वृत्तमध्ये सूच्याख्यं नितम्बमथ वृश्चिकम्
लतापूर्वं कटीछिन्नं नवभिः करणैरिति
उद्वृत्तको द्विविक्षिप्तोद्वृत्ताख्यमधिकं द्वयम् ॥२२९॥२३०॥

(२६) आलीढः

व्यंसितं सनिकुट्टं स्यान्नूपुरं वामतोऽञ्चितः ।
अन्यतोऽलातकाक्षिप्ते उरोमण्डलकं ततः ।

### बालक्रीडा

त्रिक मध्य का परिवर्तन करना आवश्यक है अर्थात् ब्रह्मचारी के द्वारा नितम्ब करण का प्रयोग करना चाहिए । इसके अनन्तर उद्वृत्त अंगहार में कटिच्छिन्न के साथ-साथ लता-वृश्चिक करण का अभिनय करे ॥२२९॥२३०॥

(मूल) आलीढ अंगहार में आलीढ स्थानक में स्थित होकर व्यंसित करण का अभिनय करता हुआ बाहुशीर्ष कन्धे पर हाथों को निकुट्टित करे यानी निकुट्टक करण का प्रयोग करे

होती है अतः उसके अनुसंधान के लिए उद्वृत्त करण होता है । त्रिक के परिवर्तन से ब्रह्मचारी के द्वारा नितम्ब करण का अभिनय होता है उसके बाद "अंचितः पृष्ठतः पादः" लक्षण वाले ४४ वें लतावृश्चिक एवं कटिच्छिन्न करणों का अभिनय होता है ॥२२९॥२३०॥

(२६) आलीढ

आलीढ, व्यंसित से "आलीढं स्थानकं यत्र" इस लक्षण वाले व्यंसित करण का निर्देश किया है । "बाहुशीर्षे निकुट्टयेत्" से "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" लक्षण वाला १वाँ निकुट्टक

**नूपुरं चरणं वामं तथालातं च दक्षिणम् ॥२३१॥**
**तेनैवाक्षिप्तकं कुर्यादुरोमण्डलकौ करौ । 232**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नमालीढे सम्प्रयोजयेत् ॥२३२॥**
**हस्तं तु रेचितं कृत्वा पार्श्वमानम्य रेचयेत् । 233**

### अभिनवभारती

इति व्यंसितं दर्शयति । बाहुशीर्षे इति निकुट्टकं नवमं करणम् "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" इति ( ना. शा. ४-६९ ) नूपुरं चरणं वाममिति । षट्त्रिंशत्तमं दक्षिणमिति अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेत्" दित्यलातकम् (ना. शा ४-७८)। तेनैवेति दक्षिणेन । "आक्षिप्तं हस्तपादं च" त्याक्षिप्तम् ( ना. शा. ४-११६ )। उरोमण्डलकादिकरणत्रयं पूर्ववत् ॥२३१॥२३२॥

### ( २७ ) रेचितः ।

हस्तं तु रेचितमिति । अनेन श्लोकेन सर्वाणि हस्तरेचनवन्ति करणानि सङ्गृह्यन्ते । तथा चोपसंहरिष्यति रेचितं करणमिति । जातावेकवचनेन हि किञ्चि-

### मधुसूदनी

करिहस्तं कटीछिन्नमित्येभिः करणैः क्रमात् ।
भवेदष्टभिरालीढोऽङ्गहारो मुनिसम्मतः ॥२३१॥२३२॥

(२७) रेचितः

स्वस्तिकाद्यं रेचितं, स्यादर्धरेचितकं ततः ।
वक्षः स्वस्तिकमुन्मत्तसंज्ञमाक्षिप्तरेचितम् ।

### बालक्रीडा

वाम चरण की विशेषता से युक्त नूपुर को और दक्षिण चरण की युक्ति से सम्पन्न अलात करण को और उसी वाम एवं दक्षिण की प्रक्रिया से आक्षिप्त करण को करें। पुनः वाम एवं दक्षिण करों की युक्ति से उरोमण्डल करण, कटिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का अच्छी तरह से प्रयोग करे ॥२३१॥२३२॥

करण यहाँ अपेक्षित है। बायें चरण से ३६ वें नूपुर करण का अभिनय करने का संकेत किया है। इसके बाद दक्षिण चरण से "अलातं चरणं कृत्वा व्यंसयेत्" लक्षण वाले अलात करण का अभिनय करना बतलाया है। उसी दक्षिण चरण से "आक्षिप्तं हस्तपादं च" लक्षण वाले आक्षिप्त करण का संकेत है। इसके बाद पहिले की तरह उरोमण्डलक वगैरह तीन करणों का अभिनय करना चाहिए ॥२३१॥२३२॥

(२७) रेचितः

"हस्तं तु रेचितं" इत्यादि पूरे श्लोक से हस्त का रेचन जिनमें है ऐसे सभी करणों का संग्रह किया गया है। जैसा कि उपसंहार करेंगें कि "रेचितं करणम्"।

**पुनस्तेनैव योगेन गात्रमानम्य रेचयेत् ॥२२३॥**

### अभिनवभारती

व्रतिपद्येत । रेचितं नाम करणमस्ति यदनेनोच्यते । कार्यमित्यनेन तावतां श्लिष्टाङ्ग तया स्वबुध्या स्वकार्यवद्धि चित्रमेव योजनं कार्यमिति सूचयति । अत एवायं विचित्रभेदसङ्कीर्णोऽङ्गहारः । तथा चान्यत्र श्रूयते ।

"पञ्चविंशतिविचित्र( मातृका )प्रक्रमेण विविधं व्यरीरिचत् ।
रेचिताङ्गहरणं महेश्वरो गेयमार्गमिव सप्तभिः स्वरैः ॥" इति ।
'स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ' ( ना. शा. ४-६७ ) इति स्वस्तिकरेचितम् ।
'अपविद्धः करः सूच्या' ( ना. शा. ४-७२ ) इत्यर्धरेचितम् ।

वक्षः स्वस्तिकमुन्मत्तश्चेति द्वादशादीनि त्रीणि, "हस्तौ हृदि भवेद्वामः" इति ( ना. शा. ४-८० ) आक्षिप्तरेचितम् । "स्खलितापसृतः पादः" इत्यर्धमत्तल्लि ( ना. शा. ४-८९ ) । रेचकनिकुट्टकं च ( ना. शा. ४-९० )

### मधुसूदनी

अर्धमत्तल्लिकरणं स्याद्रेचकनिकुट्टकम् ।
भुजंगत्रस्तपूर्वं च रेचितं नूपुरं ततः ।
वैशाखरेचितं कृत्वा भुजंगांचितमाचरेत् ।
दण्डरेचितकं तत्र रेचितं वृश्चिकादिमम् ।
व्यंसितात् करणादूर्ध्वं विवृत्तविनिवृत्तके ।
विवर्तितं च गरुडप्लुतकं ललितं भवेत् ।

### बालक्रीडा

(मूल) हस्त को रेचित कर के पार्श्व को आनत करे झुका दे और पार्श्व को आनत करके हस्त को रेचित करे। फिर पूरे शरीर को झुका कर हस्त को रेचित करे।

यहाँ "रेचितम्" यह जाति में एक वचन है। इस एकवचन से कुछ जानने के लिए इशारा है। "कार्यम्" इससे यह सूचना आचार्य से मिलती है कि जैसे कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत कार्य में अपनी बुद्धि से सभी साधनों की आश्चर्यमयी योजना उस कार्य के अंग के रूप में ऐसी श्लिष्ट माने फिट करते हैं वैसे ही उतने ही करणों की आश्चर्यकारी योजना अपनी बुद्धि से नाट्य के अभिनेता लोगों को करनी चाहिए। इसीलिए यह अंगहार विलक्षण भेदों से संकीर्ण है। जैसा कि अन्यत्र भी सुनाई पड़ता है। जैसे संगीत के विशेषज्ञ आचार्यों ने सात ही स्वरों से गेय के स्वरूप को अनन्त प्रकार वाला बनाया है वैसे ही महेश्वर ने इस रेचित अंगहार को २५ शैलियों वाली विचित्र मातृकाओं की प्रक्रिया से विविध प्रकार का बनाया है। इत्यादि। जैसे—"स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ" से स्वस्तिक रेचित करण "अपविद्धाकरः सूच्या" से अर्धरेचित करण, "वक्षः स्वस्तिकमुन्मत्तश्च" से १२ वें करण से लेकर १३ वें एवं चौदहवें तीन करणों, "हस्तौ हृदि भवेद् वामः" से आक्षिप्त रेचित करण,

## अभिनवभारती

"भुजङ्गासितं कृत्वा यथोभावापि रेचितौ"

इत्यादित्रयं भुजङ्गस्त्रस्तरेचितं ( ना. शा. ४-९६ ) नूपुरं ( ना. शा. ४-९७ ), वैशाखरेचितं च। ( ना. शा. ४-९८ )

"भुजङ्गत्रासितः पादो रेचितो दक्षिणः करः" ( ना. शा. ४-१०१ ) इत्यादिकरणद्वयं भुजङ्गाञ्चितकं च ( ना. शा. ४-१०२ ) "वृश्चिकं चरणं कृत्वा स्वस्तिकौ च" इत्यादि ( ना. शा. ४-१०७ ) वृश्चिकरेचितम्। "आलीढस्थानकं यत्र" इत्यादि ( ना. शा. ४-१०७ ) वृश्चिकरेचितम्। "आक्षिप्तं हस्तपादे" इत्यादिद्वयम्। (ना. शा. ४-१२१-१२२) विवृत्तं विनिवृत्तं च।

"आक्षिप्तं हस्तपादं च त्रिकं चैव विवर्तितम्" ( ना. शा. ४-१२७ ) इति विवर्तितकम्। "पृष्ठप्रसारितः पाद" इति ( ना. शा. ४-१३१ ) गरुडप्लुतकम्।

"वृश्चिकं चरणं कृत्वा रेचितौ च तथा करौ ( ना. शा. ४-१४१ ) इति मयूरललितम्। सर्पितकं च, ( ना. शा. ४-१४२ )। "दोलापादक्रमः कार्यः" ( ना. शा. ४-१४७ ) इत्यादि स्खलितम्। "एकस्तु रेचित" इति ( ना. शा. ४-१४९ ) प्रसर्पितकम्। दोलापादकममिति ( ना. शा. ४-१५४ ) तलसङ्घट्टितम्। "प्रयुज्यालातक" मित्यादिद्वयं ( ना. शा. ४-१६६ )। एवं करणपञ्चविंशतिर्वैचित्र्येण प्रयोज्या। चतुष्कादिक्रमेण पुनरुक्ततया चतुर्दिङ्मुखेषु यावत्समाप्ता भवति। यत उक्तम्—

## मधुसूदनी

मयूराद्यं सर्पितं च स्खलिताख्यं प्रसर्पितम्।
तलसंघट्टितमथो वृषभक्रीडितं ततः।
लोलितं पंचविंशतिः करणानामितीरिता।
तां कृत्वा विषमैर्भागैश्चतुर्धा दिक्चतुष्टये।

## बालक्रीडा

"स्खलितापसृतः पादः" से अर्धनतलिक एवं रेचकनिकुट्टक दो करणों, "भुजंगत्रासितं कृत्वा" से भुजंगत्रस्तरेचित, नूपुर एवं वैशाखरेचित तीन करणों का, "भुजंगत्रासितः पादः" से भुजंगांचितक एवं दण्डरेचितक करणों, "वृश्चिकं चरणं कृत्वा" से वृश्चिक रेचित करण, "आलीढ स्थानकं यत्र" से व्यंसित करण, "आक्षिप्तं हस्तपादं च" से विवृत्त एवं विनिवृत्त दो करणों, "आक्षिप्तं हस्तपादं च" से विवर्तिक करण, (विवृत्त एवं विवर्तक करणों के लक्षणों में आरम्भ समान है बाकी सब भिन्न-भिन्न है) "पृष्ठप्रसारितः पादः" से गरुडप्लुतक करण, "वृश्चिकं चरणं कृत्वा" से मयूर ललित एवं सर्पितक दो करणों, "दोलापादक्रमः कार्यः" से संवलित करण, "एकस्तु रेचितः" से प्रसर्पितक करण, "दोलापादक्रमम्" से तलसंघट्टित करण, "प्रयुज्यालातकम्" से वृषभक्रीडित एवं लोलित दो करणों का संकेत है। इस प्रकार २५ करणों का प्रयोग बड़ी विचित्र शैली से इस रेचित अंगहार में करना चाहिए। ४–६–७ इत्यादि क्रम से उसी को बार-बार करने से यद्यपि पुनरुक्ति मालूम पड़ती है तथापि

रेचितं करणं कार्यमुरोमण्डलमेव च । 228
कटिच्छिन्नं तु कर्तव्यमङ्गहारे तु रेचिते ॥२३४॥
नूपुरं चरणं कृत्वा त्रिकं तु परिवर्तयेत् । 229

अभिनवभारती

"द्वाभ्यां त्रिचतुराभिर्वाप्यङ्गहारस्तु मातृभिः" इति ( ना. शा. ४-३१ ) "पुनस्तेनैव योगेन गात्रमानम्य" त्यनेन मध्ये वैचित्र्याच्चक्रमण्डलेन ( ना. शा. ४-११४ ) व्यवहितेयं करणपरम्परा प्रयोज्येत्याह ।

"प्रलम्बिताभ्यां बाहुभ्यां यद्गात्रेण नतेन च ।
अभ्यन्तरापविद्धं स्यात्तज्ज्ञेयं चक्रमण्डलम् ॥" ( ना. शा. ४-११४ )

आनम्येत्यादिरन्तर्भावितण्यर्थः । प्रयोग एवं प्रयोज्यः । प्राग्वदुरोमण्डलं कटिच्छिन्नं च ॥२३३॥२३४॥

( २८ ) आच्छुरितः ।

नूपुरमित्यादि । त्रिकन्तु परिमितं नूपुरं परिवर्तयेदित्यनेन भ्रमरकम्—

"आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः ... त्रिकस्य वलनं चैव ।" ( ना. शा. ४-९९ ) इति । व्यंसितेन त्विति व्यंसितम्—"आलीढं स्थानकं यत्र" ति ( ना. शा. ४-१०९ ) ।

मधुसूदनी

परिवृत्तप्रकारेण प्रयुज्यान्ते समाचरेत् ।
उरोमण्डलकं यत्र कटीछिन्नं स रेचितः । सं. र. ॥२३३॥२३४॥

(२८) आच्छुरितः
नूपुरं भ्रमरं चाथ व्यंसितालातके ततः ।

बालक्रीडा

इसके बाद रेचित उरोमण्डल एवं कटिच्छिन्न करणों को करना चाहिए । इस तरह रेचित अंगहार में हाथों की रेचित करण विधि से समाप्तता होती है ॥२३३॥२३४॥

चारों दिशाओं में चतुर्मुखी प्रवृत्ति से अंगहार की समाप्ति होती है अतः पुनरुक्ति नहीं होती है । इसीलिए कहा है कि—दो, तीन, चार अथवा पाँच मातृकाओं से यह अंगहार संपाद्य है । "फिर उसीके योग से शरीर को झुकाकर रेचित करे" इससे बतलाया कि बीच-बीच में विचित्र शैली से चक्रमण्डल करण के प्रयोग से उक्त करणों में व्यवधान करना आवश्यक है । चक्र मण्डल का लक्षण है 'प्रलम्बिताभ्याम्'! इसकी व्याख्या पहिले ४—११४ वें में कर दी गई है । "आनम्य" इसमें णिच् प्रत्यय का अर्थ अन्तर्भूत है अतः उसका (आनमयित्वा) शरीर को "झुका कर अर्थ है । इस अंगहार में प्रयोगों की योजना ही ऐसी है । उरोमण्डल एवं कटिच्छिन्न का प्रयोग पहिले की तरह करना चाहिए ॥२३३॥२३४॥

व्यंसितेन तु हस्तेन त्रिकमेव विवर्तयेत् ॥२३५॥
वामं चालातकं कृत्वा सूचीमत्रैव योजयेत् । २३६
करिहस्तं कटिच्छिन्नं कुर्यादाच्छुरिते सदा ॥२३६॥
रेचितौ स्वस्तिकौ पादौ रेचितौ स्वस्तिकौ करौ । २३७

अभिनवभारती

ततोऽलातकम्—"अलातं चरणं कृत्वा" इति ( ना. शा. ४-७८ )। त्रिकमेवेत्येवकारेण नितम्बं "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इति (ना. शा. ४-१४६) सूचितम् । ततः करणद्वयं पूर्ववत् ॥२३५॥२३६॥

( २६ ) आक्षिप्तरेचितः ।

रेचितौ स्वस्तिकावित्यादि । यत्र यत्र करणे करयोः पादयोर्वा रेचितस्वस्तिक-

मधुसूदनी

नितम्बं सूचीसंज्ञं च करिहस्तमतः परम् ।
कटीछिन्नं च करणान्यष्टेत्याच्छुरिते विदुः । सं. र. ॥२३५॥२३६॥

बालक्रीड़ा

(मूल) नूपुर चरण को कर को त्रिक मध्य का परिवर्त्तन करे। इस से नूपुर करण एवं भ्रमरक करणों का विधान बतलाया। किन्तु व्यंसित यानी उद्वेष्टित हस्त करता हुआ अभिनेता त्रिक मध्य का विवर्त्तन अर्थात् वलन करे। इस से व्यंसित एवं नितम्ब करण को करना कहा। वाम चरण के विधान से अलात करण को करके सूची, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न कारणों का प्रयोग आच्छुरित अंगहार में सदा करना चाहिए ॥२३५॥२३६॥

(२८) आच्छुरित

"नूपुरम्" इत्यादि से आच्छुरित अंगहार का लक्षण कहते हैं। इसमें नूपुरं चरणं के करने के निर्देश से नूपुर करण को करना बतलाया। इसके विषय में परिमित क्रिया करने की ओर भी संकेत है। त्रिकन्तु परिवर्त्तयेत् (त्रिक मध्य को घुमा देवे) न की क्रिया से भ्रमरक करण को करने का निर्देश है। इसका लक्षण है "आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः" इत्यादि। (व्यंसितेन तु हस्तेन) हाथ को व्यंसित कर देने से व्यंसित करण की ओर संकेत है कि वक्षःस्थल से हाथ को रेचित करके चक्राकार में संचालित करे। और त्रिक का विवर्त्तन यानी परिचालन अवश्य करें। "आलीढं स्थानकं यत्र" यह व्यंसित का लक्षण है। फिर बायें पैर के आधार पर अलातक करण को करके सूची करण की योजना करनी चाहिए। "अलातकं चरणं कृत्वा" यह अलातक का लक्षण है। कुञ्चितं पादमाक्षिप्य" यह सूची का स्वरूप है। "त्रिकमेव" में जो एव कार का निर्देश है उससे नितम्ब करण की सूचना मिलती है। जिसका स्वरूप है "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" इत्यादि। उसके बाद पहले की तरह करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का अभिनय करे ॥२३५॥२३६॥

**कृत्वा विश्लेषमेवं तु तेनैव विधिना पुनः ॥२३७॥**
**पुनरुत्क्षेपणं चैव रेचितैरेव कारयेत् ।** २३८

अभिनवभारती

साहित्यं वचनद्विधाऽभ्यनुजानाति पृथगभिधानेन । रेचितं स्वस्तिकं चेतेनैव छेनानि करणानि । स्वस्तिकरेचितं "स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ" इति ( ना. शा. ४-६७ ) पृष्ठस्वस्तिकं दिक्स्वस्तिकं च "विक्षिप्तबाहुभ्याम्" इत्यादि ( ना. शा. ४-७६-७७ ) । कटीसमं "स्वस्तिकापसृतः पाद" इत्यादि ( ना. शा. ४-७९ ) । घूर्णितम्—

"वर्तितावूर्णितः सव्यो हस्तो वामश्च दोलितः ।
स्वस्तिकापसृतः ।" ( ना. शा. ४-९३ ) इति

भ्रमरकम् "आक्षिप्तः स्वस्तिकः पाद" इति ( ना. शा. ४-९९ ) । वृश्चिकरेचितम् । "वृश्चिकं चरणं कृत्वा स्वस्तिकं च" इति ( ना. शा. ४-१०७ ) । पार्श्वनिकुट्टकम् "हस्तौ तु स्वस्तिकौ पार्श्वे" इति ( ना. शा. ४-११० ) । उरोमण्डलकम् "स्वस्तिकापसृतौ" इति ( ना. शा. ४-११५ ) । सन्नतम् "उत्प्लुत्य चरणौ कार्यावग्रतः स्वस्तिकौ स्थितौ" ( ना. शा. ४-१३६ ) इति । सिंहाकर्षितकम् । "पृष्ठप्रसारित" इति ( ना. शा. ४-१५१ ) । नागापसर्पितम् "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" इति ( ना. शा. ४-१६७ ) । वक्षःस्वस्तिकादौ तु रेचनं नास्तीति न सङ्गृहीतम् । परे त्वङ्गपरिवर्तनक्रमेण तत्रापि रेचितमिच्छन्तस्तदपि सङ्गृह्णते ।

मधुसूदनी

(२९) आक्षिप्तरेचितः

स्वस्तिकाद्यं रेचितं स्यात्पृष्ठस्वस्तिकसंज्ञकम् ।
दिक्स्वस्तिकं कटीछिन्नं समं घूर्णितनामकम् ।
भ्रमरं वृश्चिकाद्यं च रेचितं पार्श्वपूर्वकम् ।
निकुट्टकमुरः पूर्वं मण्डलं सन्नतं परम् ।
सिंहाकर्षितकं नागापसर्पितसमाह्वयम् ।

बालक्रीडा

(मूल) रेचित एवं स्वस्तिक पैरों का और रेचित एवं स्वस्तिक हाथों का विश्लेष से यानी पृथक् २ प्रयोग करे किन्तु फिर इसी विधि से श्लेष यानी मिलाकर प्रयोग करे।

(२९) आक्षिप्तरेचित

"रेचितौ स्वस्तिकौ" इत्यादि से आक्षिप्तरेचित अंगहार की व्याख्या करते हैं। जहाँ-जहाँ जिस जिस करण में हाथों एवं पैरों में रेचित और स्वस्तिक का साहित्य कहा है वहीं पर यह भी अनुज्ञा दी है कि इनका पृथक् २ भी प्रयोग करना चाहिए। यह अभिधान माने शब्द से प्राप्त है अतः रेचित और स्वस्तिक शब्दों से इन करणों का संकेत किया है। जिसके फलस्वरूप "स्वस्तिकौ रेचिताविद्धौ" लक्षणवाले स्वस्तिकरेचित, "विक्षिप्ताक्षिप्तबाहुभ्याम्"

**उद्वृत्ताक्षिप्तके चैव ह्युरोमण्डलमेव च ॥२३८॥**
**नितम्बं करिहस्तं च कटिच्छिन्नं तथैव च ॥**

### अभिनवभारती

एवं हस्तपादस्वस्तिकश्च तद्रेचितश्च वैचित्र्येण विधाय तेनैव विधिनेत्यत्रुटितेनाङ्गेनोत्क्षेपणं हस्तपादस्य कार्यम्। अनेन यत्र यत्रैतदस्ति तत्तत्करणं सूचयति। तद्यथा दण्डपक्षम् "ऊर्ध्वजानु विधायाथ तस्योपरि लतां न्यसेत्" इति (ना. शा. ४-९५), ललाटतिलकं "वृश्चिकं चरणं कृत्वा" इति (ना. शा. ४-१११), तलविलासितम् "ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादः" इति ( ना. शा. ४-११७ ), निशुम्भितं—

"पृष्ठतः कुञ्चितः पादो वक्षश्चैव समुन्नतम्।
तिलके च करः स्थाप्यः।" इति ( ना. शा. ४-१२५ )

### मधुसूदनी

अथ वक्षःस्वस्तिकं तु केचिदिच्छन्ति सूरयः।
दण्डपक्षं च करणं ललाटतिलकाह्वयम्।
विलासितं तलाद्यं च भवेदथ निशुम्भितम्।
विद्युद्भ्रान्ताभिधादूर्ध्वं गजक्रीडितकं ततः।
नितम्बविष्णुकान्ताख्योरुद्वृत्ताक्षिप्तकानि च।

### बालक्रीडा

इससे स्वस्तिक, स्वस्तिकरेचित, पृष्ठस्वस्तिक, दिक्स्वस्तिक इत्यादि स्वस्तिक पद घटित करणों का प्रयोग करे। इसके बाद रेचित हस्त एवं पादों की प्रक्रिया से उत्क्षेपण को

से लक्षित पृष्ठस्वस्तिक, "पार्श्वयोरग्रतश्चैव" स्वरूप वाले दिक्स्वस्तिक, "स्वस्तिकापसृतःपादः" लक्षण वाले कटीसम, "वलिताघूर्णितः सव्यः" से लक्षित घूर्णित "आक्षिप्तः स्वस्तिकः पादः" स्वरूप वाले भ्रमरक, 'वृश्चिकं चरणं कृत्वा" लक्षणवाले वृश्चिकरेचित, 'हस्तौ तु स्वस्तिकौ पार्श्वे" से निर्दिष्ट पार्श्व निकुट्टक," स्वस्तिकापसृतौ" से सूचित उरोमण्डलक, "उत्प्लुत्य चरणौ कार्यौ" से संकेतित सन्नत, 'पृष्ठप्रसारित" से लक्षित सिंहाकर्षित, "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" लक्षणवाले नागापसर्पित करणों का अभिनय करना अपेक्षित है। किन्तु वक्षः स्वस्तिक आदि में रेचन नहीं है अतः इनका संग्रह नहीं किया है। दूसरे लोग तो अंग के संचालन की प्रक्रिया के कारण वक्षः स्वस्तिक में भी रेचित चाहते हैं अतः उसका भी संग्रह करते हैं।

इस प्रकार हाथ एवं पैरों में स्वस्तिक और रेचित क्रिया को विचित्रता से करके फिर उसी विधि से अत्रुटित माने पूर्ण अंग से हाथ पैरों का उत्क्षेपण करना चाहिए। इस कथन से यह सूचित होता है कि जहाँ २ स्वस्तिक और रेचित जिस २ करण में हैं उस उस करण का अभिनय यहाँ आक्षिप्तरेचितक में करना अपेक्षित है। वह जैसे—'ऊर्ध्वजानु विधायाथ" से लक्षित दण्डपाद, 'वृश्चिकं चरणं कृत्वा" से निर्दिष्ट ललाटतिलक, 'ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादः" से सूचित तलविलसित, 'पृष्ठतः कुञ्चितः पादः" से अपेक्षित निशुम्भित,

**आक्षिप्तरेचितो ह्येष करणानां विधिः स्मृतः ॥२३६॥**
**विक्षिप्तं करणं कृत्वा हस्तपादं मुखानुगम् ॥** 240

अभिनवभारती

विद्युद्भ्रान्तं "पृष्ठतो वलितं पादम्।" इति ( ना. शा. ४-१२६ ), गजक्रीडितं "कर्णेऽञ्चितः करो वामः" इति (ना. शा. ४-१२९), नितम्बं "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" विति ( ना. शा. ४-१४६ ), विष्णुक्रान्तम् "ऊर्ध्वं प्रसारितः पादः" इति (ना. शा. ४-१६१)।

ऊरूद्वृत्तम् "जंघाञ्चिता तथोद्वृत्ता" इति। (ना. शा. ४-१५९); अत्र समाक्षिप्तकरणमध्ये तस्य दृष्टत्वात्। "आक्षिप्तं हस्तपादं च" इत्याक्षिप्तम् ( ना. शा. ४-११६ )। "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" इत्युरोमण्डलम् ( ना. शा. ४-११५ ) नितम्बादित्रयं प्राग्वत् ॥२३७॥२३८॥२३९॥

( ३० ) सम्भ्रान्तः ।

विक्षिप्तमित्यादि। "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इति (ना. शा. ४-११९) विक्षिप्तम्। "हस्तपादं मुखानुगम्" इत्यञ्चितं गण्डसूची गङ्गावतरणं चेति दर्शयति।

मधुसूदनी

उरोमण्डलसंज्ञं च नितम्बं करिहस्तकम्।
वैकल्पिकं कटीछिन्नमिच्छन्त्याक्षिप्तरेचिते।
पंचविंशतिसंख्यानि करणानि पुरातनाः।
नितम्बोरोमण्डलयोरावृत्या सप्तविंशतिः।
ये वक्षः स्वस्तिकं नात्र कटीछिन्नं च मन्वते।
पंचविंशतिरेव स्यादावृत्तावपि तन्मते।
सं. र. ॥२३७॥२३८॥२३९॥

बालक्रीडा

करे। और उद्वृत्त, उरोमण्डल, नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को करना चाहिए। इस तरह यह करणों की विधि आक्षिप्त रेचित अंगहार में मानी गई है ॥२३७।८।९।

"पृष्ठतो वलितं पादम्" से कहा गया विद्युद्भ्रान्त, "कर्णेऽञ्चितः करो वामः" से बतलाया गया गजक्रीडित, "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" लक्षण वाले नितम्ब, "ऊर्ध्वं प्रसारितः पादः" लक्षण वाले विष्णुक्रान्त, "जंघाञ्चिता तथोद्वृत्ता" इससे लक्षित ऊरूद्वृत्त करणों का अभिनय इस आच्छुरित अंगहार में किया जाना चाहिए। यहाँ समाक्षिप्त करणों के मध्य में ऊरूद्वृत्त को भी देखा गया है अतः इसका भी संग्रह कर लिया है। इसके बाद "आक्षिप्तं हस्तपादं च" से लक्षित आक्षिप्त, एवं "स्वस्तिकापसृतौ पादौ" लक्षण वाले उरोमण्डल का अभिनय आवश्यक है। पुनः नितम्ब, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का भी पहिले की तरह प्रयोग करना चाहिए ॥२३७॥२३८॥२३९॥

**वामसूचीसहकृतं विक्षिपेद्वामकं करम् ॥२४०॥**
**वक्षःस्थाने भवेत्सव्यो वलितं त्रिकमेव च ॥**
**नूपुराक्षिप्तके चैव ह्यर्धस्वस्तिकमेव च ॥२४१॥**

### अभिनवभारती

"व्यावृत्तपरिवृत्तस्तु स एव तु करो यदा ।
अञ्चितो नासिकाग्रे ।" इति ( ना॰ शा॰ ४-८३ )

"सूचीपादोन्नतं पार्श्वम्" इति ( ना॰ शा॰ ४-१३२ ) गण्डसूची ।

"ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादस्त्रिपताकावधोमुखौ ।
हस्तौ च सन्नतौ" ( ना॰ शा॰ ४-१६९ ) इति गङ्गावतरणम् ।

वामसूचीसहकृतमित्यनेनार्धसूची दण्डपादं च दर्शयति । "अलपद्मः शिरोदेशे" ( ना॰ शा॰ ४-१३८ ) इत्यर्धसूची ।

"नूपुरं चरणं कृत्वा दण्डपादं प्रसारयेत् ।
क्षिप्राविद्धकरम्" ( ना॰ शा॰ ४-१४३ ) इति दण्डपादम् ।

### मधुसूदनी

(३०) सम्भ्रान्तः

विक्षिप्तमञ्चितं गण्डसूची सर्वान्तिमं ततः ।
अर्धसूची ततो दण्डपादं वामाङ्गसाधितम् ।
चतुरं भ्रमरं चाथ नूपुराक्षिप्तनामके ।
अर्धस्वस्तिकसंज्ञं च नितम्बं करिहस्तकम् ।

### बालक्रीडा

(मूल) विक्षिप्त करण का अभिनय करके मुखानुग हस्तपाद को करे अर्थात् अंचित, गण्डसूची एवं गंगावतरण करणों को करे । वामसूची सह कृत वाम कर का विक्षेप, दक्षिण कर की वक्षः स्थल पर स्थिति एवं त्रिक मध्य का वलन होना चाहिए । इस से अर्ध सूची,

(३०) सम्भ्रान्त

"विक्षिप्तम्" इत्यादि से सम्भ्रान्त अंगहार की व्याख्या करते हैं । इसमें "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इससे विक्षिप्त करण का निर्देश है । (हस्तपादं मुखानुगम्) से जहाँ हाथ और पैर मुख के अनुकूल या मुख से अनुस्यूत रहें उन अञ्चित, गण्ड सूची एवं गङ्गावतरण करणों को दिखाते हैं । इनके क्रमशः लक्षण हैं "व्यावृत्त परिवृत्तस्तु" अंचित, "सूची पादोन्नतं कार्यम्" गण्ड सूची, "ऊर्ध्वाङ्गुलितलः पादः" गंगावतरण । "वाम सूची सह कृतम्" इससे अर्धसूची और दण्डपाद करणों की सूचना देते हैं । उनमें "अलपद्मः शिरोदेशे" यह अर्धसूची है और "नूपुरं चरणं कृत्वा" यह दण्डपाद का लक्षण है । इनका अभिनय वाम अंग से किया जाना चाहिए । सव्य इससे दक्षिण अंग की सूचना है क्योंकि

नितम्बं करिहस्तं च ह्युरोमण्डलकं तथा। 282
कटिच्छिन्नं च कर्तव्यं सम्भ्रान्ते नृत्तयोक्तृभिः ॥२४२॥
अपक्रान्तकमं कृत्वा व्यंसितं हस्तमेव च। 283

अभिनवभारती

एतच्च वामेनाङ्गेन। सव्य इति दक्षिणे वक्षसि। वामस्योपयोगित्वात्। चतुरं करणं सूचयति—

"अञ्चितः स्यात्करो वामः सव्यश्चतुर एव च।
दक्षिणः कुट्टितः पादश्चतुरं तत्प्रकीर्तितम् ॥" इति (ना. शा. ४-१००)।

वलितं त्रिकमिति भ्रमरकम्—"आक्षिप्तः स्वस्तिक" इति (ना. शा. ४-९९), "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" इति (ना. शा. ४-९७) नूपुरम्। आक्षिप्तं हस्तपादं च।" इत्याक्षिप्तम्। (ना. शा. ४-११६)।

"स्वस्तिकं चरणं कृत्वा कटिहस्तं च दक्षिणम्।
वक्षःस्थाने तथा वाममर्धस्वस्तिकम् ॥" (ना. शा. ४-८२)

इत्यर्धस्वस्तिकम्। नितम्बादिचतुष्कं पूर्ववत् ॥२४०॥२४१॥२४२॥

( ३१ ) अपसर्पितः।

अपक्रान्तमित्यादि। अपक्रान्तं—

"कृत्वोरुवलितं पादमपक्रान्तकमं न्यसेत्।
प्रयोगवशगौ हस्तावपक्रान्तम् ॥" (ना. शा. ४-१४०) इति।

मधुसूदनी

उरोमण्डलसंज्ञं च कटीछिन्नमिति क्रमात्।
करणैः पञ्चदशभिः सभ्रान्तमभणन् बुधाः।
सं. र. ॥२४०॥२४१॥२४२॥

बालक्रीडा

दण्डपाद, चतुर एवं भ्रमरक करणों की ओर संकेत किया है। इसके बाद नूपुर, आक्षिप्तक अर्धस्वस्तिक, नितम्ब, करिहस्त, उरोमण्डलक एवं कटिच्छिन्न करणों को संभ्रान्त अंगहार में नाट्याचार्यों को करना चाहिए ॥२४०॥२४१॥२४२॥

वाम अंग का उपयोग हो चुका है। इससे चतुर करण की सूचना देते हैं। "अंचितः स्यात्करो वामः" यह चतुर का स्वरूप है। "त्रिक को घुमावे" (वलितं त्रिकमेव च) से भ्रमरक का निर्देश किया है जिसका लक्षण है "आक्षिप्तः स्वस्तिकः" इत्यादि। "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" लक्षण वाले नूपुर, "आक्षिप्तं हस्तपादं च" लक्षण वाले आक्षिप्त, "स्वस्तिकं चरणं कृत्वा" स्वरूप वाले अर्धस्वस्तिक करणों के प्रयोग की अपेक्षा दिखलाई। इसके बाद कहते हैं कि नाट्य प्रयोक्ताओं को सम्भ्रान्त अंगहार में नितम्ब, करिहस्त, उरोमण्डल तथा कटि च्छिन्न इन चार करणों को पूर्व की तरह करना चाहिए ॥२४०॥२४१॥२४२॥

**कुर्यादुद्वेष्टितं चैव ह्यर्धसूचीं तथैव च ॥२४३॥**
**विक्षिप्तं सकटिच्छिन्नमुद्वृत्ताक्षिप्तके तथा ।**
**करिहस्तं कटिच्छिन्नं कर्तव्यमपसर्पिते ॥२४४॥**

## अभिनवभारती

व्यंसितमिति "आलीढं स्थानकं यत्र करौ वक्षसि" (ना. शा. ४-१०९)। अतो व्यंसितात्करणात्करक्रियामेव गृह्णीयादित्येवकारेणाह्। एकवचनं जातौ। उद्वेष्टितमिति करिहस्तकरणं निर्दिशति—

"वामो वक्षःस्थितो हस्तः प्रोद्वेष्टिततलोऽपरः॥" इति (ना. शा. ४-१४८)। "अलपद्मः शिरोदेशे सूचीपादः" (ना. शा. ४-१२८) इत्यर्धसूची। "विक्षिप्तं हस्तपादं च" इति (ना. शा. ४-११९) विक्षिप्तम्। "पर्यायशः कटीछिन्ना" इति (ना. शा. ४-७१) कटिच्छिन्नम्। उद्घट्टितमिहोद्वृत्तशब्देनोक्तम्। करमावृत्तकरणम्" (ना. शा. ४-१५९)। प्राग्वदन्ते त्रीणि करणानि ॥२४३॥२४४॥

## मधुसूदनी

### (३१) अपसर्पितः

अपक्रान्तं व्यंसितस्य केवलं करयोः क्रिया।
करिहस्तं चार्धसूची विक्षिप्ताख्यं कटीयुतम्।
छिन्नमूरुद्वृत्तसंज्ञमाक्षिप्तं करिहस्तकम्।
कटीच्छिन्नं च सप्तेति करणान्यपसर्पिते।
सार्धानि द्विः कटिच्छिन्नकरिहस्तकृतेनंव। सं. र. ॥२४३॥२४४॥

## बालक्रीडा

(मूल) अपक्रान्त एवं व्यंसित करणों को करके उद्वेष्टित यानी करिहस्त, तथा अर्धसूची, विक्षिप्त, कटिच्छिन्न, उद्वृत्त, आक्षिप्त, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों को अपसर्पित में करना चाहिए। इसमें करिहस्त एवं कटिच्छिन्न का दो बार प्रयोग करना होता है ॥२४३॥२४४॥

### (३१) अपसर्पित

"अपक्रान्तम्" इत्यादि से अपसर्पित अंगहार का निरूपण करते हैं। इसमें "कुर्यो-द्व्यंसितम्" से लक्षित अपक्रान्त करण और "आलीढं स्थानकं यत्र" से लक्षित व्यंसित करण का अभिनय होना चाहिए। अतः व्यंसित करण से कर सम्बन्धी क्रिया का ही ग्रहण यहाँ अपेक्षित है यह तथ्य एवकार से कहा। प्रश्न—यदि कर सम्बन्धी क्रिया को लेना यहाँ अपेक्षित है तब कर तो दो होते हैं किन्तु यहाँ आचार्य ने "हस्तमेव च" में एक वचन लिखा है। उत्तर, यहाँ एक वचन जाति में है। "उद्वेष्टितम्" से करिहस्तकरण का निर्देश करते हैं जिसका लक्षण है "वामो वक्षः स्थितः" इत्यादि। "अलपद्मः शिरोदेशे" यह अर्ध सूची,

कृत्वा नूपुरपादं च द्रुतमाक्षिप्य च क्रमम् । 285
पादस्य चानुगौ हस्तौ त्रिकं च परिवर्तयेत् ॥२४५॥
निकुट्य करपादं चाप्युरोमण्डलकं पुनः । 286

अभिनवभारती

( ३२ ) अर्धनिकुट्टकः ।

कृत्वा नूपुरपादमित्यादि । "त्रिकं सुवलितं कृत्वा" इति ( ना. शा. ४-९७ ) नूपुरम् । द्रुतमाक्षिप्येत्यादिना विवृत्तं करणमाह—

"आक्षिप्तं हस्तपादं च त्रिकं चैव विवर्तितम् ।
रेचितौ च तथा हस्तौ विवृत्ते करणे द्विजाः ॥" इति ( ना. शा. ४-१२२ )

मधुसूदनी

(३२) अर्धनिकुट्टकः

नूपुराख्यं विवृत्तं च निकुट्टार्धनिकुट्टके
अर्धरेचितकादूर्ध्वं स्याद्रेचकनिकुट्टकम् ।
ललिताख्यं च वैशाखरेचितं चतुरं ततः ।
दण्डरेचितकादूर्ध्वं भवेद् वृश्चिककुट्टितम् ।

बालक्रीडा

(मूल) फिर क्रम से उसका आक्षेप करे। इससे नूपुर एवं विवृत्त करणों के अभिनय का संकेत किया। फिर पैर की अनुकूल दिशा में हाथों को करके त्रिक का परिवर्तन और हाथ एवं पैर का निकुट्टन करे। इस विधि से निकुट्टित एवं अर्ध अर्धनिकुट्टक का उल्लेख किया। इसके बाद उरोमण्डलक, करिहस्त और कटिच्छिन्न करणों की अर्ध निकुट्टक अंगहार में करना चाहिए ॥२४५॥२४६॥

"विक्षिप्तं हस्तपादं च" यह विक्षिप्त, "पर्यायशः कटीछिन्ना" यह कटिच्छिन्न का लक्षण है इनका अभिनय यहाँ अपेक्षित है। और उद्वृत्त शब्द से ऊरूद्वृत्त को कहा जिसका लक्षण है—

"करमावृत्तकरणमूरुपृष्ठेऽञ्चितं न्यसेत्
जंघाञ्चिता तथोद्वृत्ता ह्यरूद्वृत्तं तु तद्भवेत्"

अन्तमें पहिले की तरह आक्षिप्त, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न करणों का अभिनय करना चाहिए ॥२४३॥२४४॥

(३२) अर्धनिकुट्टक

"कृत्वा नूपुरपादम्" इत्यादि। अब अर्धनिकुट्टक अंगहार के निरूपण के लिए कहते हैं। "त्रिक सुवलितं कृत्वा" इससे लक्षित नूपुर करण को यहाँ करना है। "द्रुतमाक्षिप्य" इत्यादि से विवृत्त करण के अभिनय को कहा। जिसका लक्षण है "आक्षिप्तं हस्तपादं च"

करिहस्तं कटिच्छिन्नं कार्यमर्धनिकुट्टके ॥२४६॥
द्वात्रिंशदेते सम्प्रोक्ता ह्यङ्गहारा द्विजोत्तमाः । २४७

## अभिनवभारती

निकुट्यत्यनेन करपादनिकुट्टितं यत्र तानि करणान्याह निकुट्टितार्धनिकुट्टकादीनि । उरोमण्डलकादित्रयं पूर्वाङ्गहारवत् ॥२४५॥२४६॥

ये येऽङ्गहारास्तेषां प्रतिकरणं लघुगुरुपरिमाणं कलानिवर्तनकालस्तावता सम्यक्करणं वर्तनाक्रमेण शक्यम् । तत्र ये षट् द्वादशचतुर्विंशत्यादिकरणात्मका एकेन द्वाभ्यां वाऽभ्यसितेन युक्तास्ते त्र्यश्रमानेन बोद्धव्याः । एकस्य द्वयोर्वा मध्ये तु प्रवेशयितुं तालकलाद्यभिसन्धानेन शक्यत्वात् । ते च षोडशात्र सन्ति । पूर्ववदेवचतुरष्टषोडशादिकरणात्मका एकेन द्वाभ्यां वाऽभ्यसितेन किंचिदधिका वा ते चतुरश्रतालविषया द्रष्टव्याः । तेऽपि षोडशैव । एकस्य कचिदूनत्वेऽपि कस्यचित्पुनः क्रियया तालादरणं शक्यमिति मन्तव्यम् ।

## मधुसूदनी

निकुट्टकं पार्श्वपूर्वं संभ्रान्तोद्घट्टिते ततः ।
उरोमण्डलकादूर्ध्वं करिहस्तसमाह्वयम् ।
कटीछिन्नं सप्तदश भवेदर्धनिकुट्टके । सं. र. ॥२४५॥२४६॥

एते द्वात्रिंशदंगहारा यथायथं करणैरुपेता अभिनवगुप्ताचार्यानुसारं संगीतरत्नाकरकारैर्व्याख्याताश्चदनु मया मधुसूदन्यां यथाक्रमुल्लिखिताः । इदन्तु बोध्यम् । यदेषु षोडश अंगहाराश्चतुरश्रमानेन संयुताः । तथाऽन्ये षोडश त्र्यश्रमानेनेति । केचिदेतान् सवाद्यान् प्रयोज्यानाहुः पूर्वरंगीयाङ्गेषु । तत्र वाद्यनिर्देशो यथा—

## बालक्रीडा

"निकुट्य कर पादं च" इससे जहाँ जहाँ कर एवं पाद का निकुट्टित होता है उन निकुट्टक और अर्ध निकुट्टक आदि करणों को कहा । यहाँ आदि पद से रेचक निकुट्टक, वृश्चिक कुट्टित एवं पार्श्वनिकुट्टक को लेना चाहिए । अन्त में पूर्व अंगहारों की तरह उरोमण्डलक, करिहस्त एवं कटिच्छिन्न इन तीन करणों का अभिनय करना चाहिए ॥२४५॥२४६॥

यहाँ जो जो अंगहार बतलाए गये हैं उनमें प्रत्येक करण का जितना छोटा या बड़ा परिमाण है और जितनी कलाओं से या तालों से उनके निवर्तन अर्थात् सम्पादन के लिए अपेक्षित काल है उतने परिमाण एवं काल से वर्त्तना की परिपाटी के द्वारा अच्छी तरह किये जा सकते है । उनमें जो छ, बारह, चौबीस करणों वाले हैं तथा जिनमें एक या दो करणों का अभ्यास यानी पुनरावृत्ति की गई है उन अभ्यसित करणों वाले अंगहारों को त्र्यश्र ताल यानी मान से अभिनय के योग्य समझना चाहिए । किन्तु जिनमें ताल एवं कला आदि के अभिसन्धान से एक या दो करणों का प्रवेश किया जा सकता है वे ऐसे अंगहार यहां गणना

## चतुरो रेचकांश्चापि गदतो मे निबोधत ॥२४७॥

### अभिनवभारती

तत्रापविद्ध उद्घट्टितो विष्कम्भस्तदपसृतः स्वस्तिकरेचितो वृश्चिकापसृतो मत्तस्खलितो मत्तमण्डलः परिवृत्तकोऽलातक उद्वृत्तको रेचित आक्षिप्तरेचितः सम्भ्रान्तोऽर्धनिकुट्टकश्चेति त्र्यश्रतालकाः षोडश। एवं चतुरश्राश्रयास्तावन्तः। तत्र द्विभेदभिन्नेष्ववान्तरभेदेन युक्तेषु षोडशसु पूर्वरङ्गाङ्गेषूत्थापनादिप्ररोचनान्तेषु बहिर्यवनिकागतेषु प्रयोगात् द्वात्रिंशद्रूपतेत्येके केचित्।

एके त्वाहुः—चतसृणां नर्तकीनां प्रतिप्रयोगं चत्वार इति (षोडश) पुनः पिण्डीरेचकयोर्न्यासापन्यासाभ्यां। द्विधेति द्वात्रिंशत्। एतच्च पूर्वरङ्ग (ना० शा० ५)- व्याख्याने स्पष्टयिष्याम इत्यलम्।

### मधुसूदनी

मृदङ्गैर्गोमुखैर्झम्भाभेरी पटहडिण्डिमैः।
पणवैर्दर्दुरायैश्च वाद्यैस्तालल्यानुगैः॥
वर्धमानासारितेषु पाणिकागीतिकादिषु
पूर्वरंगस्य चांगेषु (अंगहारा निदर्शिताः) इति।

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार हे ब्राह्मणों ! ये मैंने ३२ अंगहार आप लोगों को बतलाये अब चार रेचकों को भी बतलाता हूँ उनको मुझसे समझो ॥२४७॥

में सोलह होते हैं। इसी तरह पहिले के अनुसार ४, ८ एवं १६ करणों वाले हैं तथा जिनमें एक या दो करणों का अभ्यास किया गया है अतः कुछ अधिक परिमाण वाले हैं उनका अभिनय चतुरस्र ताल यानी मान से करना चाहिए। ऐसा ही देखा गया है। वे अंगहार भी सोलह हैं। यहाँ किसी एक करण की कमी होने पर भी उस कमी को पूरा करने के लिए पुनः दुबारा तदनुरूप क्रिया से ताल एवं कलाओं का आहरण सम्पादन किया जा सकता है ऐसा समझना चाहिए।

उनमें अपविद्ध उद्घट्टित २ विष्कम्भ ३ विष्कम्भापसृत ४ स्वस्तिकरेचित ५ वृश्चिकापसृत ६ मत्तस्खलित ७ मत्तमण्डल ८ परिवृत्तरेचित ९ परिवृत्तक १० अलातक ११ उद्वृत्तक १२ रेचित १३ आक्षिप्त रेचित १४ सम्भ्रान्त १५ अर्धनिकुट्टक १६ ये त्र्यश्र ताल वाले अंगहार हैं। उसी तरह स्थिर हस्त १ पर्यस्तक २ सूचीविद्ध ३ अपराजित ४ वैशाखरेचित ५ पार्श्वस्वस्तिक ६ भ्रमर ७ आक्षिप्तक ८ परिच्छिन्न ९ मदविलासित १० आलीढ ११ आस्फुरित १२ पार्श्वच्छेद १३ अपसर्पित १४ मत्ताक्रीड १५ विद्युद्भ्रान्त १६ ये चतुरस्र ताल वाले अंगहार हैं। बहिर्यवनिका में अर्थात् यवनिका पर्दे को हटाकर किये जाने वाले उत्थापनादि प्ररोचनान्त पूर्वरंग के अंगों में प्रयोग होने से त्र्यश्र मान एवं चतुरस्रमान रूप दो भेदों से भिन्न ये अवान्तर भेदवाले सोलह अंगहार बत्तीस रूपों को प्राप्त कर

### अभिनवभारती

अन्ये तु गीतकानामङ्गनिबन्धानां वस्तुनिबन्धानां च वस्तु त्रिविधम् वर्धमानं द्विविधम्। चत्वारि आसारितानि। पाणिकैकप्रकारा। इत्येवंभूतं च यतो ब्रह्मगीतिवैचित्र्यं द्वात्रिंशद्भासितं तस्मात्तत्प्रयोगात्मकेऽङ्गहारेऽपि तावदेवेत्याहुः। अन्ये तु परमेश्वरभाषितत्वादि यथा सकलसम्पत्तिहेतुत्वमित्याहुः। एतन्मनसि कृत्वोपसंहरति—द्वात्रिंशदेत इति ॥२४७॥

### मधुसूदनी

वर्धमानमिति। "अतालं च सतालं च वर्धमानं द्विधा मतम्" इत्येवं द्विविधम्। एतदेव वर्धमानकं, संज्ञायां कनि निष्पन्नम्। आसारितानां संयोगो वर्धमानकमुच्यते। आसारितानि तु "मुखं प्रतिमुखं चैव देहं संसरणं तथा" "इत्येवं चतुरंगानि ज्ञेयान्यासारितानि तु" चत्वारि। "ऋचो वै ब्रह्मगीताश्च ब्रह्मणाभिहिताः किल। दक्षेण पाणिकाश्चापि" इत्यत्र पाणिकानां बहुत्वमपि ॥२४७॥

### बालक्रीडा

कोई हैं ऐसा कोई कहते हैं। एक तो कहते हैं चार नर्तकियां इन अंगहारों का प्रयोग करती हैं। और उनके प्रत्येक प्रयोग में चार २ अंगहारों का विनियोग होता है। इस तरह चार चौके सोलह अंगहार हुए। उनमें फिर पिण्डी एवं रेचकों का न्यास या अपन्यास किया जाता है अतः सोलह के दूने ३२ भेद अंगहारों के होते हैं। इन सबका स्पष्टीकरण पूर्वरंग का व्याख्यान करते समय करेंगे। अतः बस किया जाय।

अन्य लोग तो कहते हैं कि अंगों में निबन्धनीय एवं कथा वस्तुओं में निबन्धनीय कर्तव्य गीत गाने तीन प्रकार के होते हैं। वर्धमानकादि। आसारितादि ४। और एक प्रकार की पाणिका। ये तीन गीति के भेद हैं। इस प्रकार से जब वस्तुतः गीति में वैचित्र्य है तब ३२ भेद होने उचित हैं। इसलिए बहिर्गीत एवं अन्तर्गीत के प्रयोगात्मा अंगहारों में भी ३२ बत्तीस भेद होंगे ही। अन्य तो कहते हैं कि सफलसम्पत्ति का हेतु जैसा परमेश्वर ब्रह्मा जी एवं शंकर जी का भाषण कथन है कि अंगहार ३२ होते हैं वही ठीक है। अतः ३२ अंगहारों का मान होना चाहिए। इन्हीं सब बातों को मन में रखकर उपसंहार करते हैं कि "द्वात्रिंशदेते" इति ॥२४७॥

अब रेचकों को कहते हैं पादरेचक इति।

और लोगों ने तो कहा कि अंगनिबन्धन एवं वस्तुनिबन्धन जो गीत हैं उनमें वस्तु तीन प्रकार का है। दो भेद वाला वर्धमानक, चार प्रकार का आसारित एवं एक प्रकार की पाणिका। जैसा कि कहा है—

"अतालं च सतालं च वर्धमानं द्विधा स्मृतम्"।
"मुखं प्रतिमुखं चैव देहं संसरणं तथा"
"इत्येवं चतुरंगानि ज्ञेयान्यासारितानि तु"

किन्तु—"अथासारितानि ज्येष्ठमध्यकनिष्ठानि तालप्रमाणनिर्दिष्टानि" इस प्रकार ३१ वें अध्याय में चार अंगलों वाला आसारित कहेंगे और २९ वें अध्याय में तीन प्रकार का

पादरेचक एकः स्यात् द्वितीयः कटिरेचकः ।
कररेचकस्तृतीयस्तु चतुर्थः कण्ठरेचकः ॥२४८॥
रेचिताख्यः पृथग्भावो वलने चाभिधीयते ।
उद्वाहनात्पृथग्भावाद्वलनाच्चापि रेचकः ॥२४९॥

## अभिनवभारती

अथ रेचकानाह-पादरेचक इति । पादयोरेव चलनं न च पार्ष्ण्योरन्तर्बहिश्च सन्ततं नमनोन्नमनं व्यंसितं, नमनमङ्गुष्ठाग्रस्य च । हस्तयोरेव चलनं हंसपक्षयोः पर्यायेण द्रुतभ्रमणम् । ग्रीवायास्तु रेचितत्वं विधुतभ्रान्तता सर्वतो भ्रमणाच्चापि विज्ञेया चतुरो रेचकाश्चेति सङ्ख्योपादानात्पृथगेते वैशाखमण्डलादिस्थानकस्थेन प्रयोज्या इति दर्शयन् वैशाखरेचितेन करणेन सङ्गृहीतत्वमेषां दर्शयति । पृथग्दृष्टार्थ-

## बालक्रीडा

(मूल) पहला पाद रेचक, दूसरा कटि रेचक, तीसरा कर रेचक एवं चौथा कण्ठ रेचक है ॥२४८॥

(मूल) रेचित पद की निरुक्ति करते हैं कि रेचित नाम का यह एक पृथग्भाव है यानी करण जैसे एक क्रिया विशेष है उसी तरह रेचित भी उन करणों से पृथग् अलग एक भाव है क्रिया है । भाव उस क्रिया को कहते हैं । जो वलन अंग संचालन के अर्थ में कही जाती है । इसका पुनः स्पष्टीकरण करते हैं कि सहृदयों के हृदयों में उत्तम रूप से भावों का वाहन प्रापण कर देने और पृथक् २ अलग २ क्रिया से अंगों के वलन से रेचक होता है ॥२४९॥

आसारित कहेंगे । और यह भी कहेंगे कि वर्धमान और आसारित में कार्यकारण भाव है ।

जैसे—"चतुरासारितैर्बद्धं विज्ञेयं वर्धमानकम्"

वर्धमान शरीरस्य भवेदासारितस्य च
कार्यकारण भावेन परस्पर विकल्पनम् ।
"यथा वृक्षो भवेद्बीजाद् वृक्षाद्बीजसमुद्भवः"
अन्योन्यहेतु संयोगात् प्रत्येतव्यस्तथेह तु ।

इस प्रकार ब्रह्मगीति में वैचित्र्य है जो कि ३२ प्रकार का है अतः ब्रह्मगीति प्रयोगात्मक अंगहार में भी ३२ प्रकार होते हैं ।

ऋचो वै ब्रह्मगीताश्च । ऋग्गाथा ब्रह्मगीताश्चेति ।

दूसरे लोग तो परमेश्वरभाषितत्व वगैरह अनुकूल सफल सम्पत्ति का कारण है—ऐसा कहते हैं । इन सब बातों को मन में रखकर उपसंहार करते हैं कि ये बत्तीस अंगहार हैं । इति ॥२४७॥

अब रेचकों को कहते हैं "पाद रेचक" इति । पैरों में ही चलन क्रिया होती है न कि एड़ियों में भी । भीतर एवं बाहर सन्तत नमन और उन्नमन रूप व्यंसित होता है और अंगुष्ठ के अग्र भाग का नमन । हंसपक्ष संज्ञक हाथों का पारी २ से द्रुतभ्रमण रूप चलन होता

पार्श्वात्पार्श्वे तु गमनं स्खलितैश्चलितैः पदैः ।
विविधैश्चैव पादस्य पादरेचक उच्यते ॥२५०॥
त्रिकस्योद्वर्तनं चैव कटीवलनमेव च ।
तथाऽपसर्पणं चैव कटिरेचक उच्यते ॥२५१॥
उद्वर्तनं परिक्षेपो विक्षेपः परिवर्तनम् ।
विसर्पणं च हस्तस्य हस्तरेचक उच्यते ॥२५२॥

प्रक्षिप्त

अभिनवभारती

वाध्यापनार्थं चैषां करणाङ्गहारान्तर्भूतानामप्युपादानम् । सुकुमारगीतवाद्यप्रधाने च प्रयोग एषां प्रयोगः ।

तुम्बुरुणेदमुक्तम्—

"अङ्गहाराभिधानात्तु करणे रेचकान्विदुः ।" इति । इहाप्येतन्मुनेर्मतमिति लक्ष्यते । यत्सहशब्देन स तत्र तत्र निर्दिशति "व्याख्यास्यामि सरेचकान्" (ना. शा.

मधुसूदनी

न च पाष्ण्योः पादस्यगुल्फाधोभागयोः नमनोन्नमनं, अगुष्ठाग्रस्य च चकारोऽप्यर्थः । न च अंगुष्ठाग्रस्यापि व्यंसितं नमनम् ऊर्ध्वाधोभावेन स्थानमित्यर्थः । ग्रीवायाः कण्ठस्य । पूर्वं विधुता कम्पिता पश्चाद् भ्रान्ता इति । विधुतभ्रान्ता तस्या भावस्तत्ता । सर्वतो भ्रमणादपि ग्रीवाया रेचितत्वं विज्ञेयम् । इत्यन्वयः । एषां

बालक्रीडा

(मूल) विविध माने नाना प्रकार के डगमगाने एवं हिलने रूप पद अर्थात् व्यवसायों से एक पार्श्व से दूसरे पार्श्व में पाद का जो गमन है वह पाद रेचक कहलाता है । यहाँ पद का अर्थ (पदं व्यवसितत्राणस्थानलक्ष्मांघ्रिवस्तुषु) इस अमरकोष के अनुसार व्यवसाय है ॥२५०॥

(मूल) जहाँ त्रिक माने मध्य का उद्वर्तन उन्नमन तथा अपसर्पण अधोनमन हो और कमर का वलन यानी वक्राकार वलन हो वह कटीरेचक कहलाता है ॥२५१॥

(मूल) जहाँ हाथों का उद्वर्तन ऊपर को उठाना एवं परिवर्तन बदलना यानी नीचे को झुकाना परिक्षेप इधर उधर फेंकना एवं इधर उधर फेंकने का विक्षेप यानी नहीं फेंकना और विसर्पण यानी विविध प्रकार से सर्पण का विधान रहे वह हस्तरेचक कहाता है ॥२५२॥

है किन्तु ग्रीवा में रेचन और इधर उधर घुमाने से विधुत भ्रान्तता समझनी चाहिए । "चार रेचकों को" इस तरह चार संख्याओं का उपादान करने से दिखाते हैं कि वैशाखमण्डलक स्थान में खड़ा होकर इनका प्रयोग करना चाहिए । इस तरह वैशाखरेचित करण से इनका संग्रह किया गया है । रेचकों का प्रत्यक्ष फल है ऐसा बतलाने के लिए करण एवं करण

उद्वाहनं सन्नमनं तथा पार्श्वस्य सन्नतिः ।
भ्रमणं चापि विज्ञेयो ग्रीवाया रेचको बुधैः ॥२५३॥
मृदङ्गभेरीपटहैर्भाण्डडिण्डिमगोमुखैः ।
पणवैर्दर्दरैश्चैव सर्वातोद्यैः प्रवादितैः ॥२५४॥

## अभिनवभारती

४-१९) इति । नन्वेवं करणाङ्गहाररेचकाः किं पूर्वरङ्ग एव वैचित्र्यकारित्वमात्रेणैवोपयुज्यन्ते । नेति प्रस्तुमः ॥२४८-२५३॥

कथं तर्हि । देवतापरितोषकत्वेनापि । तदपि च वैचित्र्यमात्रात् । यावत्तत्तद्देवताध्वजप्रतिकृतिभूतपिण्डीबन्धनिष्पत्तिद्वारेणेत्यभिप्रायेण पिण्डीबन्धावतरणाय भरतमुनिः पुराकल्पमाह श्लोकचतुष्टयेन-मृदंगभेरीत्यादिना । इह श्रयश्चकाराः ।

## मधुसूदनी

रेचकानां करणेषु अथवा अंगहारेषु अन्तर्भूतानामपि पृथगुपादानं इष्टार्थतायाः ख्यापनार्थमित्यन्वयः । सरेचकानित्यत्र सहशब्दस्थाने सादेशः । इति हृदि निधाय सहशब्देनेत्युक्तम् ॥२५२।२५३॥

तासां तासां देवतानां ध्वजः । अत्र ध्वजपदं तत्तद्देवताचिह्नस्योपलक्षणम् । एवं च आधारभूतानामंगादीनां संघातः पिण्डी-यथा शिवलिंगाकृतिः । तथा बध्यते बुद्धौ प्रवेश्यते तत्तद्देवतास्वरूपमनेनेति पिण्डीबन्ध आकृतिविशेषः । नामैकदेशे

## बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ ग्रीवा का उद्वर्तन एवं सन्नमन, भ्रमण हो तथा पार्श्व की सन्नति हो वह ग्रीवा रेचक होता है ॥२५३॥

(मूल) उन दोनों के नृत्य के समय मृदंग (पखावज या तबला) भेरी, पटह (नगारा) भाण्ड, डिण्डिम, गोमुख, पणव (ढोल) एवं दर्दर आदि तत १ आनद्ध २ घन ३ एवं सुषिर ४ वाद्य बजाये जाने लगे ॥२५४॥

सम्पाद्य अंगहारों के अन्तर्गत होने पर भी इनका अलग उपादान किया। सुकुमार गीत एवं वाद्य प्रधान नृत्त में इनका प्रयोग होता है।

तुम्बरु ने यह कहा है कि करणों से सम्पाद्य अंगहारों के अभिधान से ही रेचकों को समझना चाहिए। यहाँ पर भी यह मुनि का मत मालूम पड़ता है कि जो वह मुनि स्थान २ पर "व्याख्यास्यामि सरेचकान्" इस रूप में सह शब्द से इनका निर्देश करते हैं। इस विषय में प्रश्न होता है कि पूर्व रंग में विलक्षणता का सम्पादन करने के कारण ही इन करण, अंगहार एवं रेचकों का प्रयोग होता है क्या ? । उत्तर प्रस्तुत करते हैं कि नहीं ॥२४८।२५३॥

पुन: प्रश्न होता है कि तब देवताओं को परितुष्ट करने के लिए भी जो इनका प्रयोग होता है वह भी तो भिन्न २ देवताओं की ध्वजा या प्रतिकृतियों से पिण्डीबन्धों की निष्पत्ति

दक्षयज्ञे विनिहते सन्ध्याकाले महेश्वरः ।
नानाङ्गहारैः प्रानृत्यल्लयतालवशा(स्वरा)नुगैः ॥२५५॥

### अभिनवभारती

तत्रैकः समुच्चये । द्वौ हेतौ । तत्रैवमभिसम्बन्धः । यस्मात्प्रहर्षपरवशप्रमथाभिहतैर्मृदङ्गा-दिभिरुपलक्षिते दक्षयज्ञे निहते प्रहर्षवशान्नर्तिनि । धातुसम्बन्धे प्रत्यया इत्यनेन प्रयोगः । अन्यथा नृत्तवन्तमित्यादि स्यात् । सन्ध्याकाले दिनात्यय इति प्रमोद-विकाससमये । तत्र एव पुण्यात्मके । सततमतिशयेन भृशं च नृत्यति तद्धेतोः । रेचकैरङ्गहारैश्चैव न तु सुकुमारं प्रनृत्यन्तं शङ्करं वीक्ष्य, सुकुमारप्रयोगमेव कृत्वा तु अर्थतत्त्वेन नृत्यन्ती भगवती च वीक्ष्य । ततः तद्धेतुकान्पिण्डीबन्धान्दृष्ट्वा नन्दी तथा भद्रमुखवीरभद्रप्रभृतयो नन्दिभद्रदेवतागणास्तत्प्रमुखाः पिण्डीबन्धनाम चक्रुः । आकारसादृश्येन च पिण्डीबन्धं प्रयोगं चक्रुः । तल्लक्षणं लक्षणपर्यन्तम् । अन्तव-

### मधुसूदनी

नामग्रहणमिति दिशा तस्यैकदेशाभिधानं पिण्डी इति । अथवा भगवतां देवानां व्यक्तं रूपमाबध्यतेऽनेनेति पिण्डीबन्ध अंगहारादिः । एवं च तत्तद्देवताचिह्नानां प्रतिकृतिभूतः पिण्डीबन्ध इति संगतिः । रेचकैरंगहारैश्चेति एकश्चकारः । नृत्यन्ति स्म चैवेति द्वितीयश्चकारः । पणवैर्दर्दुरैश्चैवेति तृतीय इति त्रयः । शंकरो नृत्यति अतः पार्वती नृत्यति । पार्वती नृत्यति अतो महेश्वरः नानाङ्गहारैः प्रानृत्यदिति द्वौ चकारौ हेतौ । मृदंगादीनां समुच्चयबोधनार्थं तृतीयश्चकारः । यस्मात् ददर्शेतितत् नृत्यन्तं वीक्षयन्ती पार्वती, नृत्यन्ती वीक्षयन् महेश्वरः प्रानृत्यत् । इति धातुसम्बन्धे प्रत्यय इति अनेन ज्ञानेन प्रयोगः कृतः । अन्यथा धातुसम्बन्धे प्रत्यय इति ज्ञानाभावे । पिण्डीबन्धेति करणाङ्गहाररेचकानां नाम नन्दिभद्रमुखगणाश्चक्रुः । इति संगमनम् । तत्तद्देवता-काराणां सादृश्येनेति । द्वयोः पार्वतीमहेश्वरयोः । लयेति । कलाकालान्तरकृतः

### बालक्रीडा

(मूल) और दक्ष के यज्ञ का विध्वंस कर दिया गया तब उसके बाद किसी दिन सन्ध्या समय भगवान् महेश्वर शिव जी लय, ताल एवं स्वर के अनुकूल अनुगत अनेक प्रकार के अंगहारों से नाचने लगे ॥२५५॥

के द्वारा होने वाली इनकी विचित्रता के बदौलत ही होती है । इस अभिप्राय से पिण्डीबन्धों के अवतरण के लिए "मृदंगभेरी" इत्यादि २५४।५।६।५७ चार श्लोकों से भरत मुनि पुरा-कल्प इतिहास कहते हैं । इन चार श्लोकों में "रैश्चैव" "श्चाहारैश्च" "न्ति स्म च" ये तीन चकार हैं । उनमें प्रथम चकार मृदंगादि दर्दुरान्त वाद्यों के समुच्चय के लिए है । बाकी दो चकार हेतु अर्थ वाले हैं । उनमें इस प्रकार सम्बन्ध है । क्यों कि आनन्द में निमग्न गणों के द्वारा बजाये गये मृदंगादि वाद्यों से जब यह प्रतीत हो गया कि दक्ष का यज्ञ गणों के द्वारा विध्वंस कर दिया गया है । तब आनन्द में विभोर भगवान् महेश्वर नाचने

रेचकैरङ्गहारैश्च नृत्यन्तं वीक्ष्य शङ्करम् ।
सुकुमारप्रयोगेण नृत्यति स्म च पार्वती ॥२५६॥

अभिनवभारती

चनेऽव्ययीभावः । अङ्गहारप्रयोगनान्तरीयकतया आकारविशेषसम्पत्तिं दृष्ट्वा सम्यक्प्रयुज्य लक्षणं विदधिर इति यावत् । द्वयोः प्रयोक्तृतया सुकुमारासुकुमारनृत्तयोः समकालप्रयोगेण पिण्डीबन्धनिष्पत्तिं सूचयति -नन्दिभद्रमुखा गणा इति । अनेन चतुष्प्रभृतिप्रयोक्तृतामप्याह-नन्दिभद्रनामैव गण इति । नन्दिकेश्वरनियतध्यानं मृदङ्गः मुरजः । भेरी कांस्यशकला अन्तश्छिद्रा वायुपूर्णा । प्रहृष्टकाभङ्गमर्दलः । डिण्डिमः करटिका । गोमुखो भृंगिभाण्डम् । अन्तरीयुक्तस्तन्त्रीयुक्तः । पटहः पणवो दर्दुरो महाघटिकाधार इति सर्वे एते चर्मावनद्धभेदाः । लयो द्रुतमध्यविलम्बितात्मा । तस्य यस्तालः प्रतिष्ठा । अपि च तत्त्वं विशिष्टवर्धमानगीतकादिनियतवैणवस्वरविशेषा-

मधुसूदनी

स लयो नाम संज्ञितः । त्रयो लयास्तु विज्ञेया द्रुतमध्यविलम्बिता इति च । तस्य लयस्य तालः प्रतिष्ठा । यथाह च-यस्तु तालं न जानाति न स गाता न वादक इत्यभिमानः । तत्त्वं तालत्वम् । विशिष्टं कलानामक्षराणां लयस्य च वृद्धेः संयुक्तं यद् वर्धमानं गीतकं तदादिः प्रथमं यत्र तत्र नियतो यो वैणो वीणायाः सम्बन्धी स्वरविशेषः । तदात्मकं धातुवाद्यं तच्छेषभूतोऽङ्गभूतो यः शुष्कप्रयोगः । तत्प्रकृतिकं यच्चर्मावनद्धं वाद्यं तस्मिन् या गीतिस्तत्र नियतं प्रतिष्ठितो यो लयस्तदात्मकत्वं तालत्वमिति । प्रयोज्या

बालक्रीड़ा

(मूल) रेचक एवं अंगहारों के विधान से भगवान् शंकर को नाचते हुए देखकर पार्वती जी भी सुकुमार प्रयोग लास्य विधान से नाँचने लगी ॥२५६॥

लगे । "धातुसम्बन्धे प्रत्ययाः" इस सूत्र के अनुसन्धान के अनुसार यह प्रयोग है कि "महेश्वरः प्रहृष्यन् ननर्त" वर्त्तमानकालिक हर्षण कर्त्तृ कर्त्तृक नर्त्तन है । अन्यथा यह प्रयोग नहीं होगा । सन्ध्या के समय दिन के बीतने के बाद जब कि आनन्द विकास प्रचुरमात्रा में था । यहाँ मयट् प्रत्यय प्राचुर्य अर्थ में विहित है । प्रचुर प्रमोद का विकास था इसी लिए पुण्यात्मक समय था । सतत निरन्तर अधिकता के साथ बार २ शंकर नाचते हैं इसलिए रेचक एवं अंगहारों की प्रक्रिया से न कि सुकुमार प्रक्रिया से नाचते हुए शंकर को देख कर और अर्थतत्वेन अर्थात् वस्तुतः सुकुमार प्रयोग की प्रक्रिया से नाचती हुई भगवती पार्वती को भी देखकर तथा नृत्य ही जिन में हेतु है ऐसे पिण्डी बन्धों को समझकर (यहाँ दृश धातु ज्ञानार्थक है) नन्दी तथा भद्र मुख वीर भद्र प्रभृति प्रमुख देवता गणों ने सलक्षण "पिण्डी बन्ध" नाम करण किया । आकार के सदृश पिण्डी बन्ध प्रयोग को किया । सलक्षण कहने का अभिप्राय है लक्षण पर्यन्त । अन्त वचन में अव्ययीभाव समास है । मतलब यह हुआ कि अंगहार प्रयोगों में नान्तरीयक आवश्यक आकार विशेष को देख कर अच्छी तरह

**पिण्डीबन्धांस्ततो दृष्ट्वा नन्दिभद्रमुखा गणाः ।**
**चक्रुस्ते नाम पिण्डीनां बन्धमासां सलक्षणम् ॥२५७॥**

अभिनवभारती

त्मकधातुवाद्यशेषभूतशुष्कप्रयोगप्रकृतिकावनद्धवाद्यगीतिनियतप्रतिष्ठितलयात्मकत्वम् । नाट्ये च प्रयोज्यचित्तवृत्तिपरिवृत्तानुसारेणान्यथान्यथाभावः । तस्य यो वशः सामर्थ्यं तस्यानुषङ्गं कृत्वा तदनुसारित्वेनानुगम्यमानाः अनुसृतं कृत्वेत्युभयथा तन्त्रेण द्रष्टव्यम् । लयतालवशस्याऽनुगाः । लयतालवशानुगा (अंगहारा) यत्रेति ॥२५४-२५५॥

मधुसूदनी

प्रयोगेण दर्शनीया याः चित्तवृत्तयः अन्तःकरणधर्मविशेषा भावाः तेषां परिवृत्तिः परिवर्त्तनं तदनुसारेण योऽन्यथान्यथाभावः । तस्य तथाभूतस्य लयस्य तालस्येर्थः वशः । तस्य सामर्थ्यस्य अनुसृतं कृत्वा अनुसरणं कृत्वा । अत्र लयतालवशानुगैरिति अनुशब्दस्य अनुषंगं कृत्वा अनुसरणं कृत्वेत्युभयथा व्याख्यानं तंत्रेण अनुगपदस्यावृत्या द्रष्टव्यम् ज्ञातव्यम । अनुसृतमिति भावे क्तः । अनुगम्यमाना अंगहाराः । लयताल्योर्वशस्य सामर्थ्यस्य अनुगा अनुपक्ता अनुसृताश्च अंगहारा यत्र नृत्ते तथा प्रा नृत्यदिति तात्पर्यम् ॥२५४।२५५॥

बालक्रीडा

(मूल) तब उसी समय नन्दी तथा भद्र जिनमें प्रमुख हैं उन गणों ने पिण्डी बन्धों यानी पिण्डियों की रचनाओं को देखा । प्रकृत में पिण्डी शब्द का अर्थ है नृत्त में सम्मिलित होने वाले देवताओं के आधार, आयुध, वर्ण एवं ध्वजा वगैरह कोई चिह्न । उसके बाद उन गणों ने इन पिण्डी बन्धों के सलक्षण नाम किये ।

यहाँ सलक्षण नाम कहने का आशय है कि उनका नाम करण ही ऐसा किया कि उस नाम के अन्तर्गत उनका लक्षण हो गया । यानी नाम और लक्षण भिन्न २ नहीं है एक ही हैं ॥२५७॥

समझ कर लक्षण को बनाया । शिव एवं पार्वती दो प्रयोक्ता हैं । अतः उन दोनों के के द्वारा सुकुमार लास्य एवं असुकुमार उद्धत ताण्डव नृत्तों का समकाल में प्रयोग करने से पिण्डीबन्धों की निष्पत्ति हुई है इस बात को सूचित करते हैं : नन्दिभद्र मुखा गणा इति । यहाँ बहुवचन से यह कहा कि इन की निष्पत्ति में प्रयोज्यता चार गणों में भी है । नन्दी एवं भद्र ये गणों के नाम ही हैं । नन्दिकेश्वर के लिए नियत वाद्य मृदंग है । जिसका दूसरा नाम मुरज है । भेरी वह होती है जो कांस्य के वकल खण्ड से बनती है और अन्तश्छिद्रा एवं वायु से पूरणीया होती है । प्रहर्षक प्रहर्षणकारी एवं आभंग (भंजो आमर्द ने) ईषत् मर्दन योग्य मर्दल वाद्य होता है । डिम् डिम् शब्दकारी डिण्डिम जिसका अपर नाम करटिका है । गोमुख के आकार का गोमुख वाद्य भृंगी नामक गण का भाण्ड वाद्य है । अन्तरी युक्त माने तंत्री यक्त । पटह नगरा । पणव एवं दर्दुर जिनके आधार महाघटि का होती

**ईश्वरस्येश्वरी पिण्डी नन्दिनश्चापि पट्टसी ।**
**चण्डिकाया भवेत्पिण्डी तथा वै सिंहवाहिनी ॥२५८॥**

### अभिनवभारती

ननु च नाट्य एवाङ्गानुसारित्वेन लयादिः । न तु नृत्त एव । आङ्गिके नाट्यस्य भेदः । उच्यते—इह दृष्टविशेषसम्पत्तिहेतुत्वं वर्धमानादिप्रयोगस्य च । तत्र गुणप्रधानभावं प्रति कामचारः । यदा गीतकादेः प्राधान्यं तदा तदनुसारि नृत्तमङ्गं भवति । तदभिप्रायेणैव वक्ष्यति–

"गत्या वाद्यानुसारिण्या तस्याश्चारीं प्रयोजयेत्" । इति (ना. शा. ४-२७८) । यदा तु नृत्तस्यादृष्टसम्पादकत्वेन प्राधान्यं क्रियते तदा तदनुसारेण गीतकादेराश्रयणम् । तदाश्रयेण वक्ष्यति—

### मधुसूदनी

लयादिर्दृश्यते । नृत्ते एव अपि । एवोऽप्यर्थे । आङ्गिके अंगसंचलनात्मके नृत्ते । भेदो वैधर्म्यं प्रकारो वा दृश्यते इति शेषः । उच्यते उत्तर्यते । वर्धमानस्य गीतस्य

### बालक्रीड़ा

(मूल) ईश्वर की पिण्डी ऐश्वरी, नन्दी की पिण्डी पट्टसी, चण्डिका की पिण्डी सिंह वाहिनी ॥२५८॥

है । ये सब चर्मावनद्ध बाजे के भेद हैं । लय जिसका द्रुत, मध्य एवं विलम्बित ये तीन आत्मा स्वरूप है । उस को जो ताल यानी प्रतिष्ठा । "तल प्रतिष्ठायाम्" धातु से निष्पन्न यह शब्द है । और भी तत्त्व है कि विशिष्ट वर्धमान नामक गीतों में नियत वीणा सम्बन्धी स्वरविशेष जिसका स्वरूप है और धातुओं से बने हुए वाद्यों के शेषभूत अंगभूत एवं शुष्क यानी अक्षरार्थ रहित प्रयोग ही जिनकी प्रकृति स्वरूप है ऐसे अवनद्ध वाद्य तथा गीतियाँ जिनमें नियमेन लय प्रतिष्ठित है तदात्मकत्व ही तात्पर्य है । नाट्ये यानी नाटकों में प्रयोज्य अभिनेतव्य जो चित्तवृत्तियाँ हृदय के भाव उनका जो परिवर्तन के अनुसार अन्यथा २ होना उसके वश अर्थात् सामर्थ्य के अनुसार चलने वाले । यहाँ अनुषंग सम्बन्ध कर के और अनुसरण करके ये दोनों अर्थ अनु शब्द से दोनों प्रकारों से तंत्र के द्वारा और आवृत्ति के द्वारा समझने चाहिए । लय और उस के ताल यानी प्रतिष्ठा के वश के अनुग अनुकूल चलने वाले ये अंगहार जिस नृत्त में हैं २५४।२५७

यहाँ प्रश्न होता है कि लयतालवशानुगत अंगहारों से महेश्वर ने नृत्त किया है । किन्तु लय और ताल का तो अर्थों के अनुसार नाट्य में ही प्रयोग होता है नृत्त में नहीं । क्योंकि नृत्त तो आंगिक, सात्त्विक आहार्यिक एवं वाचिक चतुर्विध अभिनय रूप नाट्य का आंगिक भेद प्रकार है । उत्तर कहते हैं कि वर्धमान आदि गानें और वाद्यरूपी उपकरणों के सहित नृत्त ये दोनों यहाँ नाट्य में दृष्ट विशेष प्रत्यक्ष फल विशेष के जनक हैं । इनके गुणप्रधान

ताक्ष्यैपिण्डी भवेद्विष्णोः पद्मपिण्डी स्वयम्भुवः ।
शक्रस्यैरावती पिण्डी झषपिण्डी तु मान्मथी ॥२५६॥

### अभिनवभारती

"गीतानां मद्रकादीनां योज्यमेकं तु गीतकम् ।
वर्धमानमथापीह ताण्डवं यत्र युज्यते ॥" (ना. शा. ५-१२) इति ।

अनेन हि चतुर्थेन पादेन ताण्डवस्य प्राधान्यं तदुपयोगित्वं च गीतकादेरुक्तम् । न च नाट्याचु भेदः । नाट्ये ह्यङ्गं गीतकं नृत्तं चेत्युभयमपि प्रतिष्ठितम् । तथा च करचरण-चारीमण्डलादि यत्तवाङ्गोपयोगि तत्स्वरूपेण लयादिव्यवस्थया वा नियतमेव यथारसं प्रयुज्यमानत्वेन विपर्ययात् । एवं ध्रुवागानादावपि द्रष्टव्यम् । सैव हि ध्रुवा कदाचित् द्रुता प्रयुज्यते, काचिद्विलम्बिता, द्वयमपि कुत्रचित् । तत्रापि गीतं च प्रयोज्य-चित्तवृत्ति परिवर्तनतन्त्रम् । इह तु नृत्तं गीतमङ्गं द्वयमपि स्वप्रतिष्ठितम् । तथा हि यस्य यादृशं लययतिस्वरूपादिकं निरूपितं तत्र विपर्येति मन्त्रादिवत् वेदवत् । इह तु योग्यतयाऽङ्गाङ्गिभावः । तथा हि—"अपविद्धं द्रुतं चैव" (ना. शा. ४-२०७) इत्यङ्गहारे गीतकादावपि मध्ये स्रोतोगतलयादिकं नान्यथा क्रियते । तेन "प्रधानमनु बध्यन्ते गुणाः" इत्येतदिह सङ्कोचयति । किन्तु स्वप्रतिष्ठितेऽपि द्वये; येन यत्सम्मेलन-योग्यं तत्तत्र प्रयुज्यत इत्येतावानङ्गाङ्गिभावः । एवं शत्रुज्वलनप्रवृत्तामर्षोत्साभि-माननरपतिद्वितयवत् । अत एव प्रयुज्यत इत्युक्तम् । तेनैव वधाकरणं सूच्यते ।

### मधुसूदनी

आदिपदात् कनिष्ठमध्यज्येष्ठस्य आसारितस्य । गायनवादनयोरुपकरणसहितस्य नृत्तप्रयोगस्य च अदृष्टविशेषजनितफलसम्पत्तिहेतुत्वं वर्तते इति शेषः । "ताण्डवं यत्र युज्यते" अनेन चतुर्थेन श्लोकपादेन ।

तत्स्वरूपेण अंगोपयोगिस्वरूपेणेत्यर्थः । स्वरूपादिकमित्यत्र आदिपदात् वर्ण तालमन्ववायादिर्गृह्यते । शत्रुरूपेण ज्वलनेन प्रवृत्तोऽमर्षः असहिष्णुत्वं तदायत्तं तदधीनं यत् साभिमानयोर्नृपत्योर्द्वितयं तद्वत्

### बालक्रीड़ा

(मूल) विष्णु की तार्क्ष्यी पिण्डी, स्वयम्भू ब्रह्मा की पद्मा पिण्डी, इन्द्र की ऐरावती पिण्डी, मन्मथ की झषा पिण्डी ॥२५९॥

भाव के विषय में काम चार है । जब वर्धमान आदि गीतों की प्रधानता होगी तब गीतों के अनुसार होने वाला नृत्त अंग होगा । जैसा कि आगे कहेंगे—

वाद्यानुसारी गीतियों में उस नर्तकी के द्वारा चारी का प्रयोग करना चाहिए ।

किन्तु जब अदृष्ट विशेष के सम्पादक के रूप में नृत्त की प्रधानता होगी तब नृत्त के अनुसार गीतकों का आश्रयण करना चाहिए । जैसा कि आगे कहेंगे—

**शिखिपिण्डी कुमारस्य रूपपिण्डी भवेच्छ्रियः ।**
**धारा पिण्डी च जाह्नव्याः पाशपिण्डी यमस्य च ॥२६०॥**

## अभिनवभारती

तत्र दक्षयज्ञे निवृत्ते मृदङ्गादिवाद्यं प्रमथैः प्रवर्तितमिति तदनुगं नृत्तम् । सन्ध्या-
कालेषु हृदयोद्भूतानन्दोल्लासात्मकेषु भगवन्नृत्तेषु प्राधान्येन स्थिता वाद्यादिप्रवृत्तिः ।
एतदर्थमेवेत्थंभूतलक्षणतृतीयया साधारण्येनार्थोऽभिहितः । अवसरद्वयाभिधानं चैत-
दर्थमेव लक्षणमर्थवत् तथैव दृश्यते । तथा हि—गीतमेव यदाऽन्यार्थं तदान्यगत्वेन
नृत्तादि यथा डोम्बिकादौ । तत्र हि परिक्रमणाद्यपि सुकुमारेणैवाङ्गेन । तत्रापि
वर्ण्याङ्गप्राधान्यं क्वचित् । यथा प्रस्थानादौ । क्वचिद्गीयमानरूपकाभिधेयप्राधान्यं यथा
त्रिपुरदाहडिमादौ [शिल्पकादौ ?] क्वचिद्वाद्यप्राधान्यं भाणकादिषु । तत्रहि भाण्डता-
डपरिक्रमणादिः । क्वचिन्नृत्तप्राधान्यं यथा डोम्बिकादिप्रयोगानन्तरं हुडुक्कावाद्यावसरे ।
अत एव तत्र लोकभाषया चिल्लिमार्ग इति प्रसिद्धिः । चारीमार्गो ह्यसावङ्गप्राधान्यात् ।
तत्रापि वैचित्र्येण मध्ये मध्ये गीतवाद्यादेरपि प्राधान्यम् । वाद्यस्यापि ततघनसुषिरा-
वनद्धभेन प्राधान्यं यथायोगं विवेचनीयमित्यलं बहुना ।

## मधुसूदनी

हृदये तद्भूतो य आनन्दस्तदुल्लासस्वरूपेषु भगवन्नृत्तेषु वाद्यादीनां प्रवृत्तिः
स्थिता संचारोऽनुरूपः । तदर्थमेव वाद्यानां प्राधान्येन स्थितिबोधनायैव पटहैः गो
मुखैः पणवैः दर्दुरैरिति इत्थंभूतलक्षणया तृतीयया मृदंगादिवाद्यजाप्यनृत्तप्रवृत्ति-
विशिष्टो महेश्वरः पार्वती च ।

## बालक्रीडा

(मूल) कुमार की शिखिनी पिण्डी, श्रीमहालक्ष्मी की रूपा पिण्डी, जाह्नवी की
धारा पिण्डी, यम की पाशा पिण्डी ॥२६०॥

जब ताण्डव का प्रयोग करना यहाँ अपेक्षित होता है तब मद्रकादि गीतों में से किसी
एक गीत का प्रयोग करना चाहिए। वह वर्धमान गीत भी हो सकता है ।

"ताण्डवं यत्र युज्यते" इस चतुर्थ पाद से ताण्डव की प्रधानता और गीतों को उस
ताण्डव के उपयोगी अंग ही बतलाया है। नाट्य से नृत्त का भेद नहीं है। क्योंकि नाट्य
में गीत और नृत्त दोनों अंग अपने २ रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए यहाँ नाट्य में जो कर
चरण सम्पाद्य चारी या मण्डल आदि उपयोगी अंग हो उनका स्वरूप या लयादि की व्यवस्था
के अनुसार निश्चय ही विपर्यय कर देना चाहिए। क्योंकि रसों के अनुसार ही इनका
प्रयोग होता है। यही प्रक्रिया ध्रुवागान आदि में भी समझनी चाहिए। वही ध्रुवा कभी
द्रुता कभी विलम्बिता और कभी दोनों यानी मध्यमा भी प्रयुक्त होती है : उसमें भी
प्रयोज्य अभिनेय चित्तवृत्तियों हृद्गतभावों के परिवर्तन के अनुसार गीत का गायन होता है।
इसलिए यहाँ नाट्य में नृत्त और गीत दोनों अंग अपने २ में प्रतिष्ठित हैं। जैसा कि

## अभिनवभारती

तत्रैते पिण्डीबन्धा आधाराङ्गप्रयोगसाधकतमभेदाद्बहुप्रकारं भिद्यन्ते । तत्र देशः काल इति आधारद्वयभेदात्सप्त लोकाः त्रयः काला इत्याधारभेदाः दश । हस्तौ पादौ अक्षिणी शिर इत्यङ्गभेदा अपि सप्तेति सप्तदश। एकोऽनेको वा प्रयोक्ता। सोऽपि समप्रयोगो विषमप्रयोगो वेति चतुर्धाकरणेन सम्पाद्यते अङ्गहारेण वेति पूर्वं चतुर्भिः पश्चात् सप्तदशेन च गुणनादष्टाधिक चतुः शत्यधिकं द्विसहस्रं पारमेश्वराः पिण्डीबन्धाः ।

## मधुसूदनी

अवसरद्वयस्य भगवतीकृतस्य लास्यनृत्तस्य कृते एकोऽवसरः । भगवता कृतस्य ताण्डवस्य कृते द्वितीयोऽवसरः । वैपञ्चिको वैणिकश्च वंशावादस्तथैव च मार्दङ्गिकः पाणविकस्तथा दार्दुरिकोऽपरः । इत्येवं वाद्यविधातारः ।

आधारः, अंगानि, प्रयोगः, तत्साधकतमम् । तेषां भेदात् ।

## बालक्रीडा

बतलाते हैं कि जिस नृत्त एवं गीत या वाद्य के जैसे लय ताल यति स्वर तान एवं स्थान बतलाये गये हैं उनका विपर्यय नहीं होता है जैसे मंत्र में एवं मंत्रात्मक वेद में विपर्यय नहीं होता है । किन्तु यहाँ नाट्य में योग्यता के अनुसार अंगांगिभाव होता है । जैसा कि "अपविद्धं वृत्तं चैव" इस मतस्वलित अंगहार में गीतादि के मध्य में प्रवाह प्राप्त लयादि को अन्यथा नहीं करते हैं । इस सिद्धान्त के अनुसार "प्रधान के अनुबन्धी गुण होते हैं" इस व्याप्ति का यहाँ संकोच करते हैं । किन्तु अपने रूप में प्रतिष्ठित दोनों में जिसका जिसके साथ सम्मेलन हो सकता है उसका उसमें प्रयोग किया जाता है। बस इतना ही उसमें अंगांगि-भाव है । शत्रु को देखकर शत्रु के हृदय में उत्पन्न हुए ज्वलन (यानी रोषाग्नि) से प्रवृत्त फैले हुए अमर्ष के कारण अभिमान में भरे हुए दो राजाओं की तरह इनमें प्रयोज्य प्रयोजक भाव है । इसीलिए प्रयुज्यते इस पद को कहा । इसी से ऐसा करना सूचित होता है । दक्ष के यज्ञ के विध्वस्त कर दिये जाने के बाद गणों ने मृदंगादि वाद्यों को बजाना शुरू कर दिया तब उन वाद्यों के अनुसार नृत्त भी शुरू हो गया या कर दिया । सान्ध्य वेला में हृदय में उद्भूत आनन्द के उल्लास स्वरूप भगवन्नृत्त ताण्डव में वाद्यादि की प्रवृत्ति प्रधान है । इसलिए आतोद्यगत इत्थंभूत लक्षण तृतीया के द्वारा साधारण रूप से यह अर्थ कहा गया । इसीलिए दो अवसरों का कथन और लक्षण उसी प्रकार सार्थक दिखाई पड़ता है । जैसे बतलाते हैं कि जब गीत ही अन्य किसी प्रयोजन के लिए है तब नृत्तादि भी अन्य के अनुकूल होंगे जैसे डोम्बिका वगैरह में होता है । वहाँ परिक्रमण वगैरह सुकुमार अंग के द्वारा ही किया जाता है । उसमें भी कहीं पर वर्ण्य अंगों की प्रधानता होती है । जैसे प्रस्थान एवं रासक वगैरह में । कहीं पर गीयमान रूपक के अर्थ की प्रधानता होती है जैसे त्रिपुरदाह नामक डिम में । कहीं पर बाजे की प्रधानता होती है । जैसे भाण एवं भाणिका में । वहाँ भाण्ड का ताल देते हुए परिक्रमण होता है । कहीं पर नृत्त की प्रधानता होती है जैसे डोम्बिकादि के प्रयोग के बाद हुडुक्का वाद्य के अवसर पर । इसीलिए लोकभाषा में चारी मार्ग की चिल्ली नाम से प्रसिद्धि है । अर्थात् नाम के व्यवहारों की सूझ है ।

वारुणी च नदी पिण्डी याक्षी स्याद्धनदस्य तु।
हलपिण्डी बलस्यापि सर्पपिण्डी तु भोगिनाम् ॥२६१॥

अभिनवभारती

"कल्पापायनिशान्तसान्ध्यसमये सद्व्योमरङ्गाङ्गणं
सम्प्राप्य प्रतताङ्गहारवलनावैचित्र्यचित्रस्थितिः।
आधारे स्ववपुष्यके च विविधां सृष्टिं समासूत्रयन्
त्रैलोक्यस्थपतिस्त्वमेव भगवन्विश्वाकृतिर्जृम्भसि ॥" इति।

अनया च दिशा पिण्डीबन्धानां तत्तद्देवताप्रकृतिमद्भागादिसूचनद्वारेण केवलमपि करणं प्रयुज्यमानमेव हृद्यदायि भवति। एवं तत्र प्रधानदेवतोद्देशेन तावत्पिण्डीबन्धान्दर्शयति श्लोकपञ्चकेनेश्वरस्येत्यादिना। भगवत एव प्राधान्यात् परितोषणी-

मधुसूदनी

कल्पापायेति। हे भगवन्? प्रततानां विस्ततानामंगहाराणां वलनया सम्पादनेन वैचित्र्यं यत्र तादृशी चित्रा आश्चर्यमयी स्थितिर्यस्य सः। अष्टमूर्तिः शिव इत्युक्तः स्ववपुषि स्वशरीरभूते आधारे अके दुःखरूपतया उपलक्षितायां पृथिव्यां च विविधां सृष्टिं समासूत्रयन् त्रैलोक्यस्थपतिस्त्वमेव विश्वाकृतिः सन् कल्पापाये कल्पसमाप्तौ

बालक्रीड़ा

(मूल) वरुण की नदी पिण्डी, धनद की याक्षी या यक्षा, बलदेव की हला पिण्डी, सापों की सर्पा पिण्डी ॥१६१॥

वह चारी मार्ग भी अंग की प्रधानता से प्रसिद्ध है। वहाँ भी बीच २ में विलक्षणता के वास्ते गाने बजाने की प्रधानता है। वाद्यों में भी कभी तत, कहीं पर घन, किसी समय सुषिर एवं अवनद्ध की प्रधानता को युक्ति के अनुसार समझें। बस बहुत हो गया।

पहले कहे हुए ये पिण्डीबन्ध आधारभेद, अंगभेद, प्रयोग एवं प्रयोगसाधक के भेद से बहुत प्रकार का है। उनमें देश और कालरूप आधार द्वय के भेद से सात लोक एवं तीन काल होते हैं जिससे ये आधारभेद गणना में दश हैं। दो हाथ दो पैर, दो आंखें एवं एक शिर इस तरह अंगभेद भी सात हैं। प्रयोक्ता यानी प्रयोगसाधक एक है या अनेक है और प्रयोग भी समप्रयोग है अथवा विषम प्रयोग है। इस तरह ये चार प्रकार होते हैं। ३२ प्रकार के अंगहारों से इनका सम्पादन किया जाता है। इस प्रकार योजना करने से ये पारमेश्वर पिण्डीबन्ध बहुत प्रकार के हो जाते हैं। यहाँ पारमेश्वर शब्द का अर्थ है भिन्न २ देवताओं के भिन्न २ चिह्न कहीं पर ध्वजा, कहीं पर उनकी प्रतिकृति, कहीं पर उनका आयुध और कहीं उनका वाहन पिण्डीबन्धों के नाम करण में कारण है।

श्वेतवाराह आदि तीस कल्प होते हैं। उन कल्पों के अपाय प्रलय की निशाका जो अन्त यानी प्रातःकाल उसकी सान्ध्यवेला में नाचने के लिए आकाशरूपी उत्तम आंगन पाकर विस्तृत अंगहारों के द्वारा नाचने के वैचित्र्य से आश्चर्यमयी जिसकी स्थिति है ऐसे और

गाणेश्वरी महा पिण्डी दक्षयज्ञविमर्दिनी ।
त्रिशूलाकृतिसंस्थाना रौद्री स्यादन्धकद्विषः ॥२६२॥

## अभिनवभारती

यतेति तस्य व्यक्तं यदीश्वरशब्दवाच्यं निर्विशेषं रूपं तस्य तादृश एव शिवलिङ्गाकृतिः पिण्डीबन्धः। पिण्डी आधाराङ्गादिसङ्घातः। तया बध्यते बुद्धौ प्रवेश्यते तनुभावेन सकलया वा व्योमादिरूपयेति पिण्डीबन्ध आकृतिविशेषः। तस्यैकदेशाभिधानं पिण्डीति। यदि वा पिण्डीविशिष्टान्येव तान्याहेति। आकारो बध्यते सम्पाद्यते पुनरनेनेति पिण्डीबन्धः करणाङ्गहारादिः। आरम्भे च भगवत एवाव्यक्तरूपस्य पिण्डीबन्धो भविष्यति।

## मधुसूदनी

यः निशान्तसान्ध्यसमयः प्रातःकालीनवेला तत्र सद्व्योमैव रंगागणं सम्प्राप्य विजृम्भसि विपुलो भवसि। इति।

आधारः देशकालौ। अंगानि हस्तपादादीनि। आदिपदात् प्रयोक्ता, प्रयोगः तत्साधनानि च तेषां संघातः समूहः। तया पिण्डया तनुभावेन सूक्ष्म

## बालक्रीडा

(मूल) गणेश जी की महा पिण्डी, अन्धकासुर वध करने वाले रुद्र की रौद्री पिण्डी, इसका आकार त्रिशूल के सदृश है। इसी के द्वारा वीरभद्रादि गणों ने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस किया था ॥२६२॥

नाना प्रकार की सृष्टि का निर्माण करने के लिए धरणी रूप आधार पर सूत्र को फैलाने वाले हे भगवन् ? तीनों लोकों के बड़ाई आप ही विश्व के आकार में प्रकट हो रहे हैं।

इस शैली से यह सूचना मिलती है कि भिन्न२ देवताओं की प्रकृति से युक्त भाग ही ये पिण्डीबन्ध हैं अतः यदि करणों का भी केवल प्रयोग किया जायगा तो हर्षदायी होगा। अब यहां "ईश्वरस्य" इत्यादि २५८ से २६२ तक के पांच श्लोकों से प्रधान देवताओं का उद्देश यानी नाम संकीर्तन करके पिण्डीबन्धों को दिखाते हैं। भगवान् को ही प्रधानतया परितुष्ट करना है अतः इसलिए जो उसका ईश्वर शब्द वाच्य अव्यक्त निर्विशेष रूप है वैसा ही उसका शिवलिंगाकृति पिण्डीबन्ध है। पिण्डी शब्द का अर्थ है आधारभूत कर चरणादि अंगों का संघात। उस पिण्डी से जो बांधा जाय यानी तनुभाव सूक्ष्म रूप से अथवा व्योमादि रूप सम्पूर्ण कलाओं से जो बुद्धि में प्रवेश करे वह आकृति विशेष पिण्डीबन्ध है। उसके एक देश का नाम पिण्डी है। अथवा पिण्डी विशिष्ट ही उन नामों को कहते हैं। आकार का बांधना यानी सम्पादन जिससे होता है वे पिण्डीबन्ध करण एवं अंगहार हैं। आरंभ में व्यक्त रूप भगवान् का ही पिण्डीबन्ध होगा। और परेश्वर के बाद प्रधानभूत जिसने पिण्डीबन्धों के लक्षण बनाये हैं उस नन्दी का पिण्डीबन्ध होगा। पट्टिस एक त्रिशूल की आकृति का आयुधविशेष है जिसमें दोनों तरफ शूल रहते हैं। उसके बाद भगवती का

**एवमन्यास्वपि तथा देवतासु यथाक्रमम् ।**
**ध्वजभूताः प्रयोक्तव्याः पिण्डीबन्धाः सुचिन्हिताः ॥२६३**

### अभिनवभारती

परमेश्वरानन्तरं च प्रधानभूतस्य पिण्डीबन्धलक्षणविधायिनो नन्दिनः । पट्टसः उभयत्र त्रिशूलाकृतिरायुधविशेषः । तदनन्तरं भगवत्याः । सिंहश्चासौ वाहनश्च तस्या एवं लिंगमिति । आक्रान्ततया भूमिर्वा लिङ्गस्य सिंहः । तदाकृतिकत्वं दर्शयति । तदनन्तरं विष्णोर्ब्रह्मणश्च । ऐरावतीति गजाकारा । रूपपिण्डी स्वाकारा । धारापिण्डी पुनः पुनः प्रयुज्यमाना नदी पिण्डी भवति । याक्षी वैश्रवणायुधमुद्गराकारा ॥२५८।२६२॥

एवं प्रतिपाद्यानभिधायान्यत्रापि दर्शयत्येवमित्यादिना । अन्यास्विति । तृतीयाध्याये पूज्यत्वेन निरूपितासु । तदभिप्रायेणैव यथाक्रममित्युक्तम् । ध्वजभूता ध्वजपूजाहुत्यायुधवाहनविशेषरूपाः । सचिह्नका इत्यनेनापि केनचित्कर्मादिसूचकेन रूपेणोपलक्षिताः ।

### मधुसूदनी

रूपेण सकलया सम्पूर्णया व्योमादिरूपया मूर्त्या वा बुद्धौ प्रवेश्यते इति । उभयत्र रुद्रे नन्दिनि च । पट्टसः त्रिशूलाकृतिरायुधः । त्रिशूलाकृतिसंस्थाना रौद्री इत्युक्तेश्च ॥२५८।२६२॥

ध्वजभूता इति मूलं तस्य व्याख्यानं ध्वजपूजेति करोति । ध्वजेत्युपलक्षणं

### बालक्रीड़ा

(मूल) इसी तरह अन्य देवताओं की पिण्डियों की रचना करना और उनका प्रयोग दिखलाना चाहिए । इन पिण्डियों के नाम या तो उन २ देवताओं के चिन्ह से युक्त हों या फिर उनके ध्वज के रूप वाले हों ॥२६३॥

पिण्डीबन्ध होगा । सिंहरूपी जो वाहन है वह उसका ऐसा लिंग है चिह्न है । अथवा भगवती से सिंह आक्रान्त है अतः वह भूमि आधार है लिंग है । यहाँ आक्रान्ततया पाठ और आकारतया पाठ है क्योंकि आगे अभी "तदाकृतिकत्वम्" लिखने जा रहे हैं ग्रन्थकार। अतः वाहन भूत सिंह का आकार होने के कारण वह पिण्डी लिंग की भूमि है । वह पिण्डी उसकी आकृति है ऐसा दिखाते हैं । उनके बाद विष्णु एवं ब्रह्मा की पिण्डियों को दिखाते हैं । ऐरावती यानी गज के आकार की । रूपपिण्डी अपने आकार वाली अर्थात् सौन्दर्यमयी । पुनः पुनः प्रयोग में आने वाली धारा के समान धारा नदियों की पिण्डी होती है । कुबेर के आयुध मुद्गर के आकार वाली याक्षी पिण्डी है ॥२५८।२६२॥

इस तरह प्रतिपाद्य पदार्थों को कह कर और देवताओं में भी उसको दिखाते हैं— एवमित्यादि से । अन्यों में । तृतीयाध्याय में जिनका पूज्यत्वेन निरूपण किया गया है । उन्हीं के अभिप्राय से यथाक्रमं क्रम के अनुसार ऐसा कहा । ध्वजभूता माने ध्वज, पूजा-

## अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति—या काचिद्देवतेत्युच्यते तस्याः पश्चान्नृत्तेन परितोषणं कार्यम्। तन्मध्ये च तदीयायुधवाहनकर्मभावाद्यनुकारी अङ्गप्रयोगो विधेयः। अत एव "पादाग्रस्थितया" (रत्ना १-१) इत्यत्र तलपुष्पपुटकरणेन कर्मविशेषसूचकेन भगवत्याः परितोषणं सम्पाद्यते। "तिलके च करः स्थाप्यः" (६४ करणम्) इत्यभिनयेन भगवतः परितोषः। "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" (९ करणम्) इत्यनेन त्रिशूलाकृतिर्या कायसम्पत्तिः। गरुडप्लुतकेन तार्क्ष्याकारगतिसूचनम्। गङ्गावतरणेन धारापिण्डी। नागापसर्पितेन भोगिपिण्डी। "प्रसार्योत्क्षिप्य च करौ" इत्यङ्गहारेण (ना. शा. ४-१७४) आकारीयभस्मत्रिशूलशिवलिङ्गादिपिण्डीनिष्पत्तिः। रेचितेनाक्षिप्तरेचितेन च समस्तानामुक्तानामनुक्तानां चाधाराद्यनन्तभेदानां निष्पत्तिः। तथा च नन्दिमत उक्तम्—

"रेचिताख्योऽङ्गहारो यो द्विधा तेन ह्यशेषतः।
तुष्यन्ति देवतास्तेन ताण्डवे तं नियोजयेत्॥" इति॥

एवमन्यदप्यूह्यमित्यनुपयोगात्समस्तं न लिखितम्। आगमभ्रंशरक्षणाय तु दिङ्निरूपिता॥२६३॥

## मधुसूदनी

कश्चित् अन्यः संकेतः। कुत्रचिदन्य इति। आकारीय आकारे भवः भस्मत्रिशूलशिवलिंगादिः। आगमस्य नाट्यविषयस्य शास्त्रस्य भ्रंशात् रक्षणाय॥२६३॥

## बालक्रीडा

द्रव्य, आहुति, आयुध एवं वाहन विशेष रूप हैं। कुचिह्निताः इस पद से भी उन २ देवताओं के कार्यों के सूचक किसी रूप से प्रतीत होने वाले चिन्ह।

इससे यह कहा कि—जिस किसी देवता को कहेंगे उस देवता को बाद में परितुष्ट करना आवश्यक है। किन्तु मध्य में उस देवता के आयुध, वाहन, कार्य एवं भावों के अनुकारी अंगप्रयोग को करना है। अतएव "पादाग्रस्थितया" इस पद्य में कर्म विशेष के सूचक तलपुष्पपुट करण के द्वारा भगवती का परितोष किया जाता है। "तिलके च करः स्थाप्यः" इस ६४ वें निशुम्भित करण के अभिनय से भगवान् का परितोष किया गया है। "निकुट्टितौ यदा हस्तौ" इस नवें निकुट्टक करण से त्रिशूल के आकार की शरीर सम्पत्ति सूचित की है। गरुडप्लुतक करण से तार्क्ष्य की गति के सदृश गति की सूचना है। गंगावतरण करण से धारा पिण्डी और नागापसर्पित से भोगी सर्पों की पिण्डी की सूचना है। "प्रसार्योत्क्षिप्य च करौ" इस स्खिरहस्त नामक अंगहार से शिव जी के आकार गत भस्म (का त्रिपुण्ड्) त्रिशूल एवं लिंग से पिण्डी के निष्पत्ति की सूचना है। रेचित एवं आक्षिप्तरेचित से समस्त जो कहे गये हैं या नहीं कहे गये हैं उन आधार या आधार आदि अनन्त भेदों की निष्पत्ति बतलाई गई है। जैसा कि नन्दिमत में कहा है—जो वो दो प्रकार का रेचिताख्य अंगहार बतलाया गया है उससे देवता लोग पूर्ण रूप से सन्तुष्ट होते हैं अतः उसका प्रयोग या नियोग ताण्डव में करना चाहिए।

**रेचका अङ्गहाराश्च पिण्डीबन्धास्तथैव च ।**
**सृष्ट्वा भगवता दत्तास्तण्डवे मुनये तदा ॥२६४॥**

अभिनवभारती

एतदुपसंहरति—रेचका इति । पिण्डीबन्धग्रहणेन शिखिपिण्डिप्रभृत्युपायमयूरललितादिकरणसङ्ग्रहः । अत एवानया रीत्या केवलस्यापि करणस्य देवतापरितोषणेनादृष्टार्थं प्रयोगः । यथा विष्णुक्रान्तस्य चक्रमण्डलस्य च वैष्णवक्रीडासूचकस्य सः । एवकारेणाङ्गहारप्रयोगनान्तरीयकपिण्डीबन्धसम्बन्धः । अङ्गहारा एव पिण्डीबन्धाः तथान्येऽपि पिण्डीबन्धा इति केवलकरणसंग्रहः । चकारात्पिण्डीबन्धनिष्पत्त्युपायत्वं करणद्वयस्यापि यदा विद्यते अन्यस्य करणसमूहात्मनः कल्पितस्याङ्गहारस्य वा । तस्यापि प्रयोगे प्रत्यनुज्ञानमाह । एतदर्थमेव नृत्तमातृकाया लक्षणमङ्गहाराणां च सामान्यलक्षणं प्रणीतम् ।

मधुसूदनी

शिखिपिण्डीप्रभृतीनामुपायानां मयूरललितादि करणानां संग्रहः अनया रीत्या । परितोषणेन हेतुना केवलस्यापि करणस्य अदृष्टार्थं प्रयोगः । वैष्णवी विष्णुकर्तृका क्रीडा तस्याः सूचकः । विष्णुकान्तं विष्णुकर्तृकः त्रिधा पादविक्षेपः । चक्रस्य सुदर्शनस्य । मण्डलं मण्डलाकारेण भ्रामणम् । तथैव इत्यत्रत्येन एव कारेण

बालक्रीडा

(मूल) भगवान् महेश्वर ने रेचक, अंगहार एवं पिण्डी बन्धों का निर्माण करके उनका उपदेश तण्डु मुनि को दिया ॥२६४॥

इसी तरह अन्य बातों को समझना चाहिए। उपयोगी नहीं होने से समस्त बातें नहीं
लिखी हैं। यह इतनी भी जो लिखी हैं वह सब लेख आगम शास्त्र का नाश नहीं हो जाय
अतः उसकी रक्षण के लिए लिख दिया है। मार्ग का संकेत कर दिया है ॥२६३॥

इसका उपसंहार करते हैं—रेचका इति। पिण्डीबन्धास्तथैव च में जो पिण्डीबन्ध
शब्द का ग्रहण है उससे शिखिपिण्डी के उपाय मयूरललितादि करणों का संग्रह हो गया है।
अतएव इस रीति से देवताओं के परितोषण से उत्पन्न अदृष्ट पुण्य के लिए केवल करण का
भी प्रयोग हो सकता है। जैसा कि विष्णुकान्त १०० वें और चक्रमण्डल ५३ वें करण का
प्रयोग होता है। इन करणों से विष्णु सम्बन्धी क्रीडा की सूचना मिलती है। 'तथैव च' के
एवकार से अंगहारों के प्रयोग में नान्तरीयक आवश्यक पिण्डीबन्धों का सम्बन्ध बतलाया है।
यद्यपि अंगहार पिण्डीबन्ध ही हैं तथापि अन्य भी पिण्डीबन्ध होते हैं इसलिए केवल करणों का
संग्रह किया है। और इसी श्लोक में कहे गये चकार से यह कहा कि जब दो करण पिण्डी-
बन्ध की निष्पत्ति के उपाय हैं। तब करण समूह रूप कल्पित अंगहार भी इसकी निष्पत्ति
के उपाय हैं। अतः उन अंगहारों के भी प्रयोग के लिए अनुज्ञा कह दी है। इसीलिए
नृत्तमातृका का लक्षण और अंगहारों का सामान्य लक्षण बनाया।

## अभिनवभारती

सृष्ट्वेति। ननु स्मृतं नृत्तं ४।१२ सन्ध्याकालेष्वित्यनेनैव विरुद्धयते। न। स्थानकचारीपादहस्तभ्रूताराकर्मादीनां वर्णानामिव प्रवाहानादित्वेऽपि विशिष्टपरमात्मना शोभाविशेषेण भगवता नृत्तस्य पुनः निर्माणं वेदानामिवेत्यविरोधः। वेदरचनापि हि वर्णानां नित्यत्वेऽपि प्रतिप्राणिस्थानकरणयोर्मारुताभिघातसम्पत्त्याभिव्यक्तपौर्वापर्यनिबन्धना कृतका। सा परं पूर्वपूर्वरचनासजातीयत्वप्रवाहेण नित्या। तथा नृत्तमपीति न कश्चिद्विरोधः।

तया इति। या दानक्रिया। तया स्वातन्त्र्यमनुजानानो निजबुद्धिकृतं यत्तेन तत्र वैचित्र्यमनुप्रवेशितं न तद् दृष्टप्रतिघातीति दर्शयति। तेन शोभाप्राधान्यमेवात्र

## मधुसूदनी

अंगहारप्रयोगैः सह पिण्डीबन्धानां नान्तरीयकः अव्यभिचरितः सम्बन्धः। ननु सन्ध्या कालेषु नृत्तं स्मृतमित्यनेन वाक्येन सह सृष्ट्वेत्येतत् विरुणद्धि। यतो हि स्मृतं नाम पूर्वसिद्धं वस्तु, सृष्ट्वेति सम्प्रतिप्रसूतमित्याह नेति। न विरोधः। वर्णानामिव स्थानकादीनाम्। प्रवाहानादित्वे प्रवाहरूपानादिभावे। विशिष्टेन रजोगुणयुक्तेन भगवता ब्रह्मणा वेदानां शोभाविशेषेण शोभाविशेषरूपफलेन पुनः निर्माणम्। शोभाविशेषमाह-वेदेति। स्थानं ताल्वादि। करणं साधकम्। करणं साधकतमं क्षेत्रगात्रेन्द्रियेष्वपीत्यमरः। तत्र यो वायोरभिघातः संघर्षः। तत्सम्पत्त्या यद् अभिव्यक्तं पौर्वापर्यं तन्निबन्धना वेदरचना कृतकाऽपि। अपिर्भिन्नक्रमः। पूर्वपूर्वेति यथापूर्वमकल्पयदित्युक्तेः।

तया दानक्रियया। स्वातन्त्र्यमनुजानान इति दर्शयति। इतीति किमित्याह-यद् वैचित्र्यं तत्र रेचकादिषु तेन तण्डुना अनुप्रवेशितं, तत् अनुप्रवेशनं दृष्टस्य प्रत्यक्ष-

## बालक्रीडा

निर्माण करके दिये। यहाँ प्रश्न होता है कि नृत्त परम्परा पुरानी है। इसीलिए कहा जाता है कि नृत्त का भगवान् ने स्मरण किया। किन्तु यह स्मरण करने की बात, दक्ष के यज्ञ के विध्वस्त होने पर गणों ने मृदंगादि वाद्यों को बजाया इसलिए सन्ध्या काल में उसी के अनुगत नृत्त की सृष्टि करी और उसी को समझकर रेचकादि का निर्माण किया" इस कथन से विरुद्ध पड़ जाती है। उत्तर। नहीं—जैसे वर्णों में प्रवाह रूप से अनादिता होने पर भी रजोगुण विशिष्ट परमात्मा ब्रह्मा जी के द्वारा वेदों के पुनर्निर्माण में विरोध नहीं है वैसे ही स्थानक, चारी, पादकर्म, हस्तकर्म, भ्रूकर्म एवं ताराकर्म आदि में भी प्रवाह रूप से अनादित्व रहने पर भी विशिष्ट परमात्मा महेश्वर एवं महेश्वरी के द्वारा शोभा विशेष रूप हेतु से नृत्त का पुनः निर्माण किया। जैसे वर्णों के नित्य होने पर भी प्रतिप्राणी के मुखगत तालु आदि स्थान रूप करण साधनों में वायु के अभिघात सम्पत्ति से पूर्वापरीभाव से अभिव्यक्त होने वाले वर्णों के पौर्वापर्य के कारण वेदों की रचना नूतन कही जा सकती है। किन्तु वह रचना पूर्व पूर्व रचना के सजातीय रचना रूप प्रवाह के कारण नित्य है। उसी प्रकार नृत्त भी नित्य है कोई विरोध नहीं है।

तण्डुनापि ततः सम्यग्गानभाण्डसमन्वितः । 
नृत्तप्रयोगः सृष्टो यः स ताण्डव इति स्मृतः ॥२६६॥

### अभिनवभारती

व्याय इत्यनद्यतन इति यावल्लक्ष्यं न विरूपमिति मन्तव्यम् । मुनये इत्यूहापोहाविकुशलाय ॥२६४॥

हि यस्मात् अर्था यतो दत्ताः अतो नृत्तात्मकः प्रयोगः सम्यग्वैचित्र्येण सृष्टः । सम्यगिति सम् तालसाम्यमञ्चन्ति गच्छन्तीति सम्यग्भूतं यद्गानं गीतम् । भाण्डं भणति शब्दं करोतीति भणितव्यापन इत्यनया वा पुष्कराध्यायोदितया व्युत्पत्त्या वाद्यं तदिति । इह तद्गीतं वाद्यं च ताभ्यां समन्वितं तदनुसारि । तत्प्रधानतया नृत्तप्रयोगः । गीतेन वाद्येन च समन्वितः । अत एव तण्डोरयं ताण्डव इति वैयाकरणैः स्मृतम् ।

### मधुसूदनी

मनुभूतस्य न प्रतिघाती । तेन स्वातन्त्र्येण हेतुना अत्र रेचकादिषु अनद्यतने भूते ऽर्थे दत्ता इत्यत्र क्तप्रत्ययः । यावल्लक्ष्यं सर्वेषु लक्ष्येषु न विरूपम् विरुद्धम् ॥२६४॥

सम्यगिति । आत्मा यथा शरीरेन्द्रियप्राणादिषु उपकरोति तथा गीतवाद्येषु ताल इति तत्साम्येन तालो नाम आत्मा । साम्यं लयः । अतः सम् तालल्लययतिभूतयः अञ्चन्ति गच्छन्ति इति सम्यक् । भणितं शब्दं व्याप्तं करोति इति भणितव्यापनः कर्तरि ल्युट् । इह तदिति तत्पदार्थमाह—गीतमिति । ताभ्यां गीतनृत्ताभ्याम् । अभिनयादीनामनभिज्ञानादविदुषां मुनीनां विषये "अभिनयः कृतः" इत्यादि वचनानामुप पत्तिः कथं स्यात् । न स्यादित्यर्थः ।

### बालक्रीडा

दत्ता इसमें जो दान किया है उससे स्वतन्त्रता की अनुज्ञा देते हुए दिखाते हैं कि जो भी कुछ अपनी बुद्धि से किये हुए वैचित्र्य को उसने उसमें निविष्ट किया वह निवेश दृष्ट फल का प्रतिघाती नहीं है । इससे यह मानना चाहिए कि इस नृत्त में शोभा की ही प्रधानता उत्तम है । अतः आज भी सभी लक्ष्य बिगड़े नहीं हैं । मुनि का अर्थ है ऊहापोह में कुशल ॥२६४॥

इसलिए क्योंकि अर्थों को उसने दिया अर्थात् उसको उन वस्तुओं का ज्ञान नहीं था और इन प्रथमतया नवीन रूप से उसने पाये हैं अतः नृत्त रूप प्रयोग का सुन्दर रीति से विचित्रता के साथ निर्माण किया । "सम्यक्" का अर्थ दिखलाते हैं । इसमें दो अंश हैं सम् और अंच । इसमें सम् का अर्थ है ताल का साम्य । उसका जो अंचन करता है प्राप्त करता है वह सम्यक् है । अतः सम्यग्भूत जो गान है वह गीत है । कहा भी है—

यस्तु तालं न जानाति न स गाता न वादकः ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन कुर्यात्तालावधारणम् ॥

## अभिनवभारती

अत्र भरतमुनिरेव परकीयामाशङ्कामुपनिबध्नाति अनभिज्ञानाच्च मुनीना मभिनयादीनामप्यविदुषां कथम् 'अभिनयः कृत' इति "गीतकार्थेति" "गीतेष्वासारिते"ष्विति च वचनोपपत्तिस्यात्। तस्मान्मुनिरेवेदं स्वयमाशङ्कते। पूर्वपक्षत्वेन वा शङ्कयमिति प्रकटयितुं सुकुमारमिति मध्ये 'ऋषय ऊचुः' इति प्रक्षिप्तम्।

तत्रेत्थमाशङ्का। नृत्तं नाट्याद्भिन्नमभिन्नं वा। भिन्नत्वेऽपि सप्रयोजनमप्रयोजनं वा। न तावद्भिन्नम्। अङ्गविक्षेपनृत्तगीतवत्त्वेनावैलक्षण्यात्। अभिनयप्रयोगस्य गीयमानपदार्थसंसर्गात्मकवाक्यार्थभूतनाट्यविषयस्य नृत्तविकल्पस्य न दर्शनमस्ति तावत्। अवान्तरवैलक्षण्यं च दशरूपके विद्यते। एकपात्रहार्ये त्वसन्निहितेऽपि च प्रियतमसखीप्रभृतौ तद्विषयोक्तिप्रत्युक्त्यादिप्रयोगो नाट्येपि आकाशभाषितादौ भाणे रूपके विद्यते। यथाह राहुलः—

## मधुसूदनी

नृती गात्रविक्षेपे इति "नृत्" धातोर्निष्पन्ननृत्तपदस्यार्थं दर्शयन् नाट्यात् नृत्तस्य भिन्नत्वं निराकर्तुमाह—अंगेति। अंगविक्षेपरूपनृत्तवत्त्वेन गीतवत्त्वेन च नाट्यस्य नृत्तापेक्षया अवैलक्षण्यात् भेदाभावात्। भेदमभ्युपेत्याह—अभिनयेति। तावदादौ। गीयमानेत्युपलक्षणमभिनीयमानस्य। किं कुर्मः स्थितस्य गतिश्चिन्तनीया। तथा च अभिनीयमानानां पदार्थानां संसर्गात्मको वाक्यार्थः। तद्भूतो तद्रूपो यो नाट्यविषयोऽभिनयः प्रयोगः। तस्य नृत्तविकल्पस्य न दर्शनमस्ति। दशसु रूपकेषु अवान्तरवैलक्षण्यं न विद्यते। यतः एकेन पात्रेण हार्ये अभिनेतव्ये अत एव प्रियतमसखीप्रभृतिभूते पात्रे असन्निहितेऽपि तेषां प्रियतमसखीप्रभृतिपात्रविषयाणामुक्तिप्रत्युक्तिविलासादीनां प्रयोगो नाट्येऽपि भाणे रूपके आकाशभाषितादिषु विद्यते।

## बालक्रीड़ा

जो तो ताल को नहीं जानता है वह न तो गायक है और न वह वादक है। अतः सभी प्रयत्नों से ताल का निश्चय करना चाहिए।

"भाण्डम्" का अर्थ करते हैं। जो भणन करता है शब्द करता है। अथवा भणिति से व्याप्त है। इस ३४वें पुष्कराध्याय में कही जाने वाली व्युत्पत्ति के अनुसार जो वाद्य है वह भाण्ड है। यहाँ गीत और वाद्य दोनों समन्वित होकर नृत्त का अनुसरण करते हैं। इसलिए प्रधान रूप से नृत्त प्रयोग गीत, एवं वाद्य से समन्वित है। अतएव वैयाकरणों ने तण्डु का यह कार्य ताण्डव है ऐसा सिद्ध किया है।

यह भरत मुनि ही स्वयं दूसरे की आशंका का उपनिबन्धन करते हैं कि मुनि लोग अभिनय वगैरह के जानकार नहीं हैं अतः बिना जाने "अभिनय किया" "गीतकार्था" और "गीतेष्वासारितेषु" इन वचनों की उपपत्ति कैसे होगी। इसलिए मुनि स्वयं यह आशंका करते हैं। अथवा पूर्व पक्ष के रूप से यह आशंका है इसको प्रकट करने के लिए सुकुमारता सुन्दरता हो या इसलिए दो श्लोकों के बीच में "ऋषय ऊचुः" इसका निवेश प्रक्षेप कर दिया।

अभिनवभारती

"परोक्षेऽपि हि वक्तव्यो नार्या प्रत्यक्षवत्प्रियः ।
सखी च, नाट्यधर्मोऽयं, भरतेनोदितं द्वयम् ॥" इति ॥

तथा

भाणश्चैकाकी वा यो योज्योऽनेकाङ्गहारिणि । मुनिना हि वक्ष्यते "भाणकश्चैकहार्यं स्यात्" इति । वार्तिककृताऽप्युक्तम्—

"वाच्यानुगतेऽभिनये प्रतिपाद्येऽर्थेऽपि गात्रविक्षेपैः ।
उभयोरपि हि समाने को भेदो नृत्तनाट्यगतः ॥"

मधुसूदनी

प्रत्यक्षवदिति । प्रत्यक्षे इव परोक्षेऽपि । तत्र तस्येवेति सप्तम्यन्ताद् वतिः । सखी च वक्तव्येति ।

भाण इति । अनेकाङ्गहारिणि कथानके सत्यपि भाण एकाकी एकपात्रहार्यो वा योज्यः अभिनेयः ।

वाच्येति । वाच्यैरर्थैरनुगतेऽभिनये । च पुनः गात्रविक्षेपैरर्थेऽपि प्रतिपाद्ये नर्त्तनविधया दर्शनीये । उभयोः नृत्त नाट्ययोः समाने सति को भेदो नृत्तनाट्यगतः । यदि साक्षाद्बुद्धेर्विषयाभावात् ।

बालक्रीडा

मुनि ने जो स्वयं आशंका की वह आशंका यह है कि नृत्त नाट्य से भिन्न है या अभिन्न है। यदि भिन्न है तो किसी मतलब से है या बिना मतलब से है। उसमें पहला पक्ष कि नृत्त नाट्य से भिन्न है। वह पक्ष ठीक नहीं है। क्योंकि नृत्त नाट्य से भिन्न नहीं है। अंगविशेष रूप नृत्त अंग विक्षेप विशिष्ट नाट्य से विलक्षण नहीं है। अभिनीयमान पदार्थों का संसर्ग रूप वाक्यार्थभूत नाट्य का अभिनय प्रयोग नृत्त से विकल नहीं दिखाई देता है। अवान्तर वैलक्षण्य तो दश रूपकों में भी है।

जहाँ एक ही पात्र के द्वारा अभिनय किया जाता है ऐसे नाट्य में अवस्था के अनुकरण रूप व्यक्ति विशेष के रूप के आरोप की प्रधानता वाले रूपक भाण में भी प्रियतम एवं सखी के असन्निधान में उनकी उक्ति एवं प्रत्युक्तियों का प्रयोग रूप वैलक्षण्य रहता ही है जैसा कि राहुल ने कहा है—

नारी के लिए यह उचित है कि वह परोक्ष में भी प्रत्यक्ष की तरह प्रिय को प्रिय ही कहे और सखी को सखी। यही नाट्य धर्म है। क्योंकि इन दोनों को ही भरत ने कहा है।

और भी बात है। अनेक अंगों से मनोहारी इतिवृत्त वाले एकपात्रहार्य भाण का प्रयोग करना चाहिए। मुनि भी कहेंगे कि भाण की तरह एकपात्रहार्य रूपक होता है वार्तिक कार ने भी कहा है कि

नाट्य में वाच्यानुगत अभिनय अर्थात् वाच्यार्थ संसर्गात्मक वाक्यार्थ का अभिनय होता है और नृत्त में गात्रविक्षेपों से प्रतिपाद्य ही वस्तु दिखाई जाती है। इस तरह दोनों ही जब समान हैं तब नृत्त एवं नाट्य में क्या भेद है।

## अभिनवभारती

अथोच्यते । साक्षाद्बुद्ध्यभावान्न नाट्यमिति तदसत् : इयं प्रियतमगुणकीर्तनपरा नृत्यति । खण्डिता नृत्यति । कलहान्तरिता नृत्यति—इति बुद्धेः सम्भवात् । यदाह—

"या चैवंविधगुणकीर्तनवचनेषु प्रियतमस्य संरक्ता ।
सख्याः समक्षमुखैः प्रमदा सैवानुकार्योऽत्र ॥"

एतेनोत्साहगातव्यानामर्थोऽनुकार्यत्वं दर्शितम् ।

अथ गीयमानरूपकाभिनयदर्शनात् नाट्यतो वैलक्षण्यं, न तत्तावत् । वैलक्षण्यमात्रप्रयोजकावान्तरभेदस्य सर्वत्र सम्भवादिति ह्युक्तम् । न चेदं वैलक्षण्यम् । नाट्येऽपि तस्य भावात् । वक्ष्यते चाङ्गोपाङ्गशरीराभिनयलक्षणविधौ

## मधुसूदनी

नाट्यं नृत्तं न । तद् भेदकथनमसत् ।

या प्रमदा सख्याः समक्षं प्रियतमस्य एवंविधगुणकीर्त्तनेषु उच्चैः संरक्ता सा एव प्रमदा अत्र नाटकेषु अनुकार्या अभिनीय प्रदर्शनीया ।

गातव्यानां गीतानाम् । नाट्यतो नृत्तस्य वैलक्षण्यमुच्यते । तत्तावन्नेत्यन्वयः । वैलक्षण्यमात्रस्य यत्किञ्चिद्वैलक्षण्यस्य प्रयोजकः अवान्तरभेदः सर्वत्र सम्भवतीति । उक्तपूर्वमिति । शेषः । तस्य अभिनयानुष्ठानं च ।

तत्र नाटके उपरंजकमपि गीतं सामाजिकप्रसत्तये रंगप्रसाधनाय वा कृतं गानं नाट्यायितं तद्रूपकमेव । वाद्याभिनययोश्च समये गीतस्य प्रयोगः सर्वत्र दृश्यत इति किं वक्तव्यम् । तदसंगृहीतस्यापि दशरूपकलक्षणेनासंगृहीतस्यापि । समानत्वादिति । भेदवक्तुः भेदनिषेद्धुश्च कृते तुल्यः परिहारः "कोहलस्तु ब्रवीति" इत्यात्मकः ।

## बालक्रीडा

अगर कहें कि नृत्त में वस्तु की साक्षाद् बुद्धि प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं होता है । अतः नृत्त नाट्य नहीं है । यह असत् है यह कहना ठीक नहीं है । क्योंकि प्रियतम के गुणों के कीर्तन में तत्पर हुई यह नाँच रही है । यह खण्डिता नृत्य कर रही है । यह कलहान्तरिता का नाँच हो रहा है इस तरह साक्षात् बुद्धि भी सम्भव है । जैसा कहते है कि जो प्रमदा सखी के समक्ष प्रियतम के इस तरह के गुणों के कीर्तनकारी वचनों में संरक्त है वही प्रमदा अनुकरणीय है । इससे यह दिखाया कि उत्साहमय गानों का अर्थ अनुकार्य है ।

अगर कहें कि गीयमान अर्थ वाले रूपक के अभिनय का दर्शन चाक्षुष प्रत्यक्ष जिसमें होता है उस नाट्य से नृत्त में वैलक्षण्य है । वह भी ठीक नहीं है । क्योंकि केवल विलक्षणता का प्रयोजक अवान्तर भेद सभी जगहों में सम्भव है यह तथ्य पहले कहा जा चुका है । किन्तु यह वैलक्षण्य नहीं है । क्योंकि वह दसों रूपकों में भी होता है । यह सब अंग एवं उपांग रूप शरीर सम्बन्धी अभिनयों के लक्षण विधान के समय कहेंगे ।

### अभिनवभारती

"स्थाने ध्रुवास्वभिनयो यत् क्रियते हर्षशोकरोषाद्यैः ।
भावरससंप्रयुक्तं ज्ञेयं नाट्यायितं तत्र ॥" इति ॥ (ना. शा. २२-४७)

उपरञ्जकमपि तत्र गीतं नाट्यायितं रूपकमिति तत्प्रयोगश्च वाद्याभिनययो र्व्यक्तः सर्वत्र । डोम्बिकाप्रस्थानशिद्गकभाणभाणिकारागकाव्यादेर्दशरूपकलक्षणेनासङ्ग्रहान्नाट्याद्भेद इति चेत् । तदनैकान्तिकम् । त्रोटकप्रकरणिकारासकप्रभृतेस्तदसंगृहीतस्यापि नाट्यरूपत्वात् । "कोहलस्तु ब्रवीति" इति च परिहारस्य समानत्वात् । वाचिकोऽप्यभिनय आसीनपाठ्यादौ क्वचिदस्त्येव । "अहो गाणगाणवह्निभाग" इत्यादौ । आहार्यिकस्तु प्राधान्येनैकः कुतः भाणादावपि न क्षणे क्षणे परिवर्तते ।

### मधुसूदनी

अत्रायं भावः । नृत्तं नृत्यं नाट्यमिति त्रीणि पदानि । तत्र नट नृत्तौ इत्यस्मान्नटधातोर्निष्पन्नान्नाट्यात् नृतीगात्रविक्षेपे इत्यतो निष्पन्नयोर्नृत्तनृत्ययोर्नार्थान्तरत्वमापातः । यतो हि नट नृत्तौ इत्यत्रत्यनृत्तौ इति पदस्य गात्रविक्षेपार्थकनृत्धातोः क्तिनि प्रातिपदिकसद्भावे ङी च सति निष्पन्नत्वेन त्रयाणां पदानां समानत्वात् । परन्तु विवेकतः अर्थभेदात् शब्दभेदः । तथाहि

अत्रायं विवेकः । नाट्यं रसाश्रयं रसविषयमिति भरतो नाट्याचार्यो जगाद । रसस्य च पदार्थीभूतविभावादिसंसर्गात्मकवाक्यार्थहेतुकत्वात् वाक्यार्थाभिनयात्मकत्वम् । अतो रसाश्रयं वाक्यार्थाभिनयात्मकं नाट्यं यत्र वाचिकाङ्गिकसात्त्विकाहार्यिकचतुर्विधोऽभिनयः प्रधानम् । यत्कारिषु नटव्यपदेशः । पदार्थाभिनयात्मकं भावाश्रयं नृत्यम् । पदार्थवाक्यार्थाभिनयशून्यं रसभावोपोद्बलकं तालल्याश्रयं नृत्तं यदुभयकारिषु नर्त्तकव्यपदेशः । उभयोर्गात्रविक्षेपार्थकत्वेन आंगिकाभिनय बाहुल्यस्य, यत्कारिषु नर्त्तकव्यपदेशस्य, प्रेक्षणीयकमिति लौकिकव्यवहारस्य समानेऽपि यदा भावाश्रयमिति तालल्याश्रयमिति विषययोर्भेदात् परस्परं नृत्यमन्यत् नृत्तं चान्यत् । एवं तर्हि नाट्यन्तु बहुविधभेदात् ताभ्यां भिन्नमेवेति सर्वं समञ्जसम् ।

### बालक्रीडा

यह उचित ही है कि जो ध्रुवाओं में हर्ष, शोक एवं रोषादि से उपलक्षित अभिनय किया जाता है । भाव एवं रसों से संप्रयुक्त होने पर उनको नाट्य ही समझना चाहिए ।

उन ध्रुवाओं मे मनोरञ्जक गीत नाट्य सदृश हैं । और वाद्य एवं अभिनयों से व्यक्त उसका प्रयोग भी रूपक है । यह कथा सभी जगह है । डोम्बिका, प्रस्थान, शिद्गक भाण, भाणिका राग काव्य वगैरह का दशरूपक के लक्षण के अनुसार संग्रह नहीं होता है अतः उनका नाट्य से भेद है । यह कहना अनैकान्तिक है व्यभिचारी है । एक साध्य ही है अन्त नियामक अर्थात् व्याप्त्यात्मक नियम का निरूपक जिसका वह साध्यनिरूपितव्याप्तिमान् है । ऐसा जो नहीं हो वह अनैकान्तिक यानी व्यभिचारी है । तोटक, त्रोटक, प्रकरणिका, रासक प्रभृति जो लक्षण से संगृहीत नहीं है वे नाट्य रूप ही है । कोहलाचार्य कहते हैं यह भी

**ऋषय ऊचुः—यदा प्राप्त्यर्थमर्थानां तज्ज्ञैरभिनयः कृतः ।** २६१

अभिनवभारती

सात्त्विकोऽप्यङ्गीकृत एव कोहलाद्यैः "सात्त्विकोऽतिरिक्तोऽभिनयः" इत्यादिवचनमालिखद्भिः । आङ्गिकस्तु स्फुट एव । अन्यस्त्रीप्रधानानां डोम्बिकाषिद्गकानामन्योन्यानन्वितत्वं वाक्यानामिव । समवकारेपि अङ्गानामस्त्रीप्रधानेऽर्थे तथान्वय इति चेदिहापि समानम् । देवतास्तुतेः स्त्रीपुंभावाश्रयस्य च शृङ्गारस्य सर्वत्रानुगमात्तथैव च प्राधान्याद्वक्ष्यति—"देवस्तुत्याश्रयकृतं स्त्रीपुंभावसमाश्रयम् ।" इति । अत एव च चूडामणिडोम्बिकायां प्रतिज्ञातं "विदुगुणं वमि सहि इहोदिवचो अमिदुणधं । मद्दसारस्कः मेते डं (?) ।" (इति ।) अत एव सहृदयाः स्मरन्ति "वसमचूडामणिआ" तस्मान्नृत्तं नाटयादभिन्नं तल्लक्षणोपेतत्वात् ॥२६५॥

एतदाह—यदा प्राप्त्यर्थमिति । यतो हेतोरर्थानां काव्यार्थानां प्राप्त्यर्थं साक्षात्कारबुद्धया स्वीकारार्थं तज्ज्ञैः प्रयोक्तृभिराङ्गिकाद्यभिनयः कृतः । तत्र कस्मादेतन्नृत्तं कृतम् । नृत्तशब्देन व्यपदिष्टम् । न तु नाटयशब्देनैवेत्यर्थः । भवतु वा भिन्नं तथापि कं स्वभावं लक्षणं च स्वात्मन्यङ्गीकरोति । लौकिकत्वं लोकोत्तरत्वं वा । लौकिकत्वे

मधुसूदनी

डोम्बी श्रीगदितं भाणो भाणी प्रस्थानरासकाः काव्यं च सप्त नृत्यस्य भेदाः स्युस्तेऽपि भाणवत् । नाटयाद्भिन्नाः । डोम्बी डोम्बिका एकैव । भाणी भाणिका न । इमे नृत्यस्य भेदाः । क्वचिदेतानि उपरूपकाणि इति संगृहीतानि । किन्तु तेषां दशरूपकलक्षणस्याभावान्मुख्यरूपकेषु असंग्रहेऽपि उपरूपकत्वं कथंचिदिति तन्मतम् ।

"अस्त्री प्रधाने" इति समवकारे वीरो रसो मुख्यः अतः स्त्रीणां प्रधानत्वं नास्ति । किन्तु धर्मार्थकाममयशृंगारस्य सद्भावात् स्त्रियोऽप्यत्र सन्त्येव ॥२६५॥

बालक्रीडा

परिहार आपके और हमारे यहाँ समान है । वाचिक अभिनय भी आसीन पाठ्य वगैरह में कहीं पर है ही । अहो गाओ गाओ इत्यादि में । आहार्यिक अभिनय तो प्रधानरूप से एक ही है । भाण वगैरह में आहार्य वेष-भूषा का क्षण-क्षण में परिवर्तन नहीं होता है । सात्विक अभिनय को भी "सात्विक अभिनय अतिरिक्त है" इत्यादि वचन को लिखने वाले कोहलादि ने स्वीकार किया है । आंगिक अभिनय तो स्पष्ट ही है । परकीया नायिका जिनमें प्रधान है ऐसे डोम्बिका षिद्गक वगैरह परस्पर में वाक्यों की तरह अनन्वित हैं । स्त्री प्रधान अर्थ जहाँ नहीं है ऐसे समवकार में भी अंगों का अन्वय होता है अगर, तो यहाँ भी वह है अतः दोनों बराबर हैं । देवताओं की स्तुति और शृङ्गार में दोनों स्त्री प्रभाव के आश्रित हैं यह अनुगम सर्वत्र है । अतः उसी की प्रधानता से कहेंगे कि देवस्तुत्याश्रयकृतं स्त्रीप्रभावसमाश्रयम्" इसीलिए चूडामणि डोम्बिका में प्रतिज्ञा की है कि "विदुगुण" इति । अतएव सहृदय लोग स्मरण करते हैं कि "समचूडामणिम्" इति । इसीलिए नृत्त नाट्य से अभिन्न है यह लक्षण से उपेत है प्राप्त है ॥२६५॥

## कस्मान्नृत्तं कृतं ह्येतत्कं स्वभावमपेक्षते ॥२६६॥

### अभिनवभारती

घटादिवस्तुतुल्यत्वं तदनुकारत्वं प्रतिबिम्बादिरूपता वा। तत्रापि नाटयच्छायात्म-कतैव। नाटयस्यैव ह्यमी भागनिष्यन्दाश्चित्रपुत्रिकापुस्तप्रभृतयो ग्रन्थकारकल्पिताः साक्षात्कारकल्पप्रत्ययसम्पदा कथापर्यन्तम्। तथा लोकोत्तरत्वे न तु नाटयस्यैवा-वान्तरभेदमात्रं तत्।

तथाविधमपि च तन्न निष्प्रयोजनम्। तद्भावायुपलक्षणीयं स्यात्। असिद्ध मेतत्।—चतुर्वर्गोपदेशस्य राघवविजयादिकरागकाव्येषु दृष्टत्वात्। डोम्बिकादौ तु कामस्यैव प्रच्छन्नरागपरमरहस्योपदेशात्। "यद्वामाभिनिवेशित्वम्" (ना. शा. २२-१९९)इत्यनेन सामान्याभिनये प्रच्छन्नरागात्यातीव देव(मन्मथ)सारसर्वस्वत्वेनाभिधा-नात्। सिंहसूकरभल्लूककासारादिवर्णनेनापि भाणप्रस्थानभाणिकादावप्रस्तुतप्रशं-सार्थान्तरन्यासदृष्टान्तादिना पुरुषार्थस्यैवोपदेशदर्शनादिति प्रयोजनभेदादपि भेदः। यदा यतोऽर्थानां प्रयोजनादीनां प्राप्त्यर्थं तज्ज्ञैर्नृत्तानुरागिभिः कविभिरभिनय इत्य-भिनीयमानो रागकाव्यादिः कृतः। तस्मात्कस्माद्धेतोरेतन्नृत्तं न नाटयम्। नाटयं च कस्मान्न नृत्तम्। गात्रविक्षेपात्मकं हि तदपि। तुल्ये च तथाऽर्थे कं भेदकं स्वभावमपेक्षते। नास्त्यसौ भिन्नस्वभाव इति यावत्। यद्वार्तिकम्—

"एवमवान्तरवाक्यैरुपदेशो रागदर्शनीयेषु।
सिंहादिवर्णनैर्वा क्वचिदप्यर्थान्तरन्यासात्॥" इति॥

तस्मात्स्वभावस्य प्रयोजनस्य चाभेदान्नृत्तं नाटयादभिन्नमिति।

### बालक्रीड़ा

(मूल) जब सुकुमार विनेय वर्ग को विनीत करने के लिए दोषों से निवृत्ति रूप प्राप्ति एवं अभिधेय के अनुसार उपदेश में प्रवृत्ति रूप प्राप्ति के वास्ते उसके जानकार नाट्याचार्यों ने अभिनय किया वह तो उचित ही है। किन्तु नृत्त का आविष्कार क्यों किया। यह नृत्त किस स्वभाव की अपेक्षा करता है अर्थात् अभिनय के समय नृत्त की क्या आवश्यकता है और उसका अपना तथ्य या तत्त्व क्या है ॥२६६॥

इस बात को कहते हैं कि यदा अर्थों की प्राप्ति के लिए। इति। जिस कारण से अर्थ यानी काव्यार्थ की प्राप्ति के लिए साक्षात्कार बुद्धि के द्वारा स्वीकार करने के लिए विशेषज्ञ प्रयोक्ताओं ने आंगिकादि अभिनय किये। तब इसको नृत्त क्यों किया यानी इसको नृत्त शब्द से क्यों कहा। नाट्य शब्द से क्यों नहीं कहा।

अच्छा मान लेते हैं कि नृत्त नाट्य से भिन्न है। तब भी यह प्रश्न होता है कि किस स्वभाव धर्म को एवं लक्षण यानी स्वरूप को वह अपने में अंगीकार करता है। यानी नृत्त का स्वभाव एवं लक्षण लौकिक है या लोकोत्तर है। सारांश यह है कि नाट्य अभिनय स्वभाव है। और अभिनय चार प्रकार के होते हैं। उनमें एक आंगिक अभिनय भी है। नृत्त भी अंगों का विक्षेप इधर-उधर संचालन है तब ऐसी स्थिति में इसको नाट्य न कह कर नृत्त

## अभिनवभारती

अथोच्यते राघवविजयादि रागकाव्यादिप्रयोगो नाट्यमेव। अभिनययोगात्। यत्त्वभिनयादिशून्यं केवलं वलनावर्तनभ्रूक्षेपताराचलनचरणधारणकम्पस्फुरितकटिच्छेदरेचकादि तदस्माकं नृत्तं भविष्यति। यत्र नाट्यशङ्कापि नास्ति। ननु किं तेन प्रेक्षितेन प्रयोजनम्। ननूक्तं नाट्योपयोगित्वं—

"तस्य शाखा च नृत्तं च तथैवाङ्कुर एव च।
वस्तून्यभिनयस्य" इति (ना. शा. ८-१४)।

## बालक्रीडा

क्यों कहा। और इसका स्वभाव यानी धर्म तथा लक्षण क्या है। लौकिक है या लोकोत्तर। लौकिक भी यदि वह घटादि वस्तुओं के तुल्य है या उनका अनुकरण है या उनका प्रतिबिम्ब है तब वह नाट्य की छाया ही है। अर्थात् कहना चाहिए कि साक्षात्कार के कल्प सदृश प्रत्ययसम्पत्ति ज्ञानसम्पदा के आधार पर ग्रन्थकारों के द्वारा कल्पना किये गये चित्र या पुतलियां या पुस्त रूपी स्वभाव से लेकर कथा पर्यन्त स्वरूप ये सब नाट्य के ही भाग हैं खण्ड है और निष्यन्द है सार है।

इस प्रकार का भी उसको मान लेने पर वह निष्प्रयोजन नहीं है। प्रयोजन के भाव सत्ता आदिक उपलक्षणीय होंगे। और भी तथ्य है कि यह प्रयोजन शून्य है यह असिद्ध है। राघव विजयादि रागरागिणी प्रधान काव्यों में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष रूप चतुर्वर्ग का उपदेश प्रत्यक्ष है। जैसे डोम्बिका वगैरह में तो काम के ही परम रहस्य प्रच्छन्नराग का उपदेश है। क्योंकि "पद्मामाभिनिवेशित्वम्" इसके द्वारा सामान्य अभिनय में प्रच्छन्नराग को काम का प्रधान सर्वस्व कहा गया है। भाण, प्रस्थान एवं भाषिका वगैरह में सिंह, शूकर, भल्लूक एवं कासार (महिष) आदि के वर्णन से भी अप्रस्तुतप्रशंसा, अर्थान्तरन्यास और दृष्टान्त आदि के द्वारा पुरुषार्थ का ही उपदेश दिया जाना देखा गया है। अतः भिन्न-भिन्न प्रयोजनों के रहने पर भी भेद नहीं है। क्योंकि जब प्रयोजन वगैरह अर्थों को प्राप्त करने के लिए नृत्त के प्रेमी विशेषज्ञ कवियों ने अभिनय की बुद्धि से राघवविजयादि रागकाव्यों का निर्माण किया। तब क्यों नहीं यह नृत्त नाट्य नहीं है। अथवा यह नाट्य ही नृत्त क्यों नहीं है। क्योंकि नाट्य भी तो गात्र विक्षेपात्मक ही है। जब दोनों में अर्थ तुल्य है। तब नृत्त किस भेदक स्वभाव की अपेक्षा करता है। अर्थात् नृत्त नाट्य से भिन्न है इसका भेदक स्वभाव या लक्षण कौन है। यानी कोई नहीं है अतः सिद्ध है यह भिन्न स्वभाव वाला नहीं है। जैसा कि वार्तिक है—

राघव विजयादि प्रेक्षणीय दर्शनीय रागकाव्यों में अवान्तर वाक्यों से या कहीं पर सिंहादि के वर्णनों के द्वारा अर्थान्तरन्यास, अप्रस्तुतप्रशंसा, दृष्टान्तादि से उपदेश दिया है। इसलिये स्वभाव एवं प्रयोजन के भेद नहीं होने से नृत्त नाट्य से भिन्न नहीं है अभिन्न ही है।

अगर कहें कि राघवविजयादि रागकाव्यों का प्रयोग नाट्य ही है। क्योंकि उनमें अभिनय का योग है। जो तो अभिनय शून्य केवल वलन, आवर्तन भ्रूक्षेप, तारा कनीनिका का चालन, या उसका स्वतः चलन, चरण का धारण चरण का विन्यास, कम्प, स्फुरित,

## अभिनवभारती

एतद्दूषयति-यदा प्राप्त्यर्थमिति। इह "योऽयं स्वभावो लोकस्य" इति (ना. शा. १-११९)लक्षणेन नाट्यं लक्षितम्। तत्राभिनयानामुपयोग उक्तार्थाभिमुख्यप्राप्तिः। नृत्तस्य तुल्यरूपस्य न किञ्चित्प्रयोजनम्। उपरञ्जकतया गीतवाद्यादिवदुपयोग इति चेत्-गीतस्य तावत्—

"यत्तु काव्येन नोक्तं स्यात्तद्गीतेन प्रसाधयेत्॥" इति

"यानि वाक्यैस्तु न ब्रूयात्" इति "न तैरेव तु वाक्यार्थैः" इति न्यायेन प्रकृतिचित्तवृत्तिकथावस्थादि सूचयतोऽस्त्युपयोगः। वाद्यस्यापि गीतसाम्याक्षिप्तवालोद्दीपकत्वेन। एतन्मध्यात्तु नृत्तं कतूं कं स्वभावमपेक्षते। न युद्धनियुद्धगतिपरिक्रमादावस्योपयोग इत्युक्तम्। तत्रापि कं स्वभावं लौकिकमलौकिकं वाऽपेक्षते। लौकिकत्वे प्रयोज्यत्वेन लोकधर्म्या सङ्ग्रहोऽस्य। चारीमण्डलादिक्रमेण च तदयाङ्ग एव निरूपणं भविष्यति। अथाप्यलौकिकस्तथापि सिद्धम्। 'ऊर्ध्वेन तु कुर्यात्' इत्यदिचतुरहस्ताभिनेतव्यविषयविभागन्यायेनाभ्यधिकं सुन्दरोपरञ्जकभागानुप्रवेशेन पुनरपि नाट्याद्भ्यधिकता न।

## बालक्रीडा

कटिच्छेद या रेचकादि हैं वह सब तो हमारे मत में नृत्त ही होगा। जहाँ नाट्य की शंका भी नहीं है। अरे भाई? इस तरह की उत्प्रेक्षा करने का क्या प्रयोजन है। हम तो पहिले ही कह चुके हैं कि यह नृत्त, नाट्य का उपयोगी है क्योंकि उसकी शाखा और नृत्त तथा अंकुर ये सब अभिनय की वस्तु हैं।

इस कथन में दोष दिखाते हैं कि "जब अर्थों की प्राप्ति के लिए" इति। यहाँ 'योऽयं स्वभावो लोकस्य' इससे नाट्य का लक्षण किया है। वहाँ अभिनयों के उपयोग में पहिले कहे हुए प्रयोजनों की आभिमुख्य अनुकूल रूप से प्राप्ति होती है। किन्तु उक्त स्वरूप वाले नृत्त का तो कोई प्रयोजन नहीं है। यदि कहें कि गाने बजाने की तरह मनोरञ्जन के रूप में उसका उपयोग है। तब सुनिये। गीत का तो उपयोग है। क्योंकि जिस तथ्य को काव्य से नहीं कह सकते हैं उसको गीत से सिद्ध करना चाहिए। "जिस अंश को वाणी से नहीं कह सकते हैं" "उन्हीं वाक्यार्थों से तो जिसका कथन नहीं कर सकते हैं" इस न्याय यानी पद्धति से प्रकृति जनता की चित्तवृत्ति, कथा एवं अवस्था आदि की गीत सूचना देता है। गीत के साम्य के लिए अपेक्षित ताल के उद्दीपक के रूप में वाद्य का भी उपयोग है। किन्तु इन सबमें नृत्त किस स्वभाव की अपेक्षा करता है। युद्ध, नियुद्ध (बाहुयुद्ध) गति परिक्रम आदि में इस नृत्त का कोई उपयोग नहीं है यह सब कहा जा चुका है। और यदि लौकिक के रूप में इसे प्रयोज्य मानियेगा तो लोकधर्मी से इसका संग्रह हो जायगा। अथवा चारी एवं मण्डल आदि के क्रम से इसका अंगों में निरूपण हो जायगा अगर कहें कि यह अलौकिक है। तब भी सिद्ध ही है। इसका अभिनय चतुर संज्ञक हस्त से करना चाहिए इस तरह विषय विभाग की दृष्टि से "ऊर्ध्वेन तु कुर्याद्" इत्यादि रूप से अधिक है फिर भी सुन्दर उपरञ्जक भाव में या नाट्यधर्मों में अनुप्रवेश कर देने से नाट्य से अधिकता इसमें नहीं है।

**न गीतकार्थसम्बद्धं न चाप्यर्थस्य भावकम् ।**
**कस्मान्नृत्तं कृतं ह्येतद्गीतेष्वासारितेषु च ॥२६७॥**

## अभिनवभारती

अथोच्यते—पूर्वरङ्गप्रयोगस्य वैचित्र्यसिद्ध्यै तदेतदिति । तत्रापि पूर्वरङ्गप्रयोज्यया ब्रह्मगीत्या साकम् । अथास्याङ्गाङ्गिभावेन वा । तत्राद्ये पक्षे स्यादसामञ्जस्यम् । अन्त्ये तु पक्षे कथमाहिताङ्गिकहस्तचार्याद्यभावः ।

तदुक्तम्—

"महागीतेषु चैवार्थान् सम्यगेवाभिनेष्यसि ।" इति ( ना. शा. ४-१५ ) ।

अत्राह—यद्वा प्राप्त्यर्थमिति । अर्थानां गीतकपदाभिधेयानां प्राप्त्यर्थमभिमुखं नयनार्थम् । यद्ययं नृत्ताभिमतोऽभिनयो विहितस्तत्कस्मादभिनयत्वे तुल्ये नृत्तमेतन्न नाट्यम् । तथाहि—गीतकार्थाभिनये कर्तव्ये कमन्यमाङ्गिकहस्तचार्यादिभिनयव्यतिरिक्तं स्वभावमपेक्षते । न कञ्चिदन्यमित्यर्थः ॥२६६॥

अथोच्यते—न गीतकादिपदार्थाभिनयतयाऽस्योपयोग इति । किन्तर्ह्यन्यथा गीतकादावस्योपयोग इति । तत्राह—न गीतकार्थसम्बद्धं न चाप्यर्थस्य भावकमिति । इह गीतकार्थास्तदारम्भकाः वस्त्वङ्गप्रभृतयः । तेषु न संबद्धं तन्मध्ये न परिगणितमित्यर्थः । यदि वस्त्वङ्गवस्त्वादिवत्तन्मध्यपरिगणनमस्य भवेत्, न तत्; भवेदप्यन्यवदुपयोगस्तदारम्भकत्वात् । नचैतदुपगतम् । न च युक्तम् । नृत्तस्य गीतद्वितीयजातीयत्वात् ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) क्योंकि यह नृत्त न तो गीत के अर्थों से सम्बन्ध रखता है और न यह सम्बन्ध नहीं होने के कारण अभिनय से अभिव्यंजनीय अर्थ का भावक यानी प्रकाशक ही है । तब आसारित गीतों के गायन में और चकार से वाद्यों के वादन में कोई उपयोग नहीं होने से नृत्त का प्रयोग क्यों किया गया ॥२६७॥

अगर कहें कि पूर्वरंग के प्रयोग की विचित्रता की सिद्धि के लिए यह नृत्त है । इसमें भी पूछना है कि पूर्वरंग में प्रयोज्य ब्रह्मगीति के साथ इसका प्रयोग होगा या अंगांगिभाव से । इनमें आद्य पक्ष मानने पर असामञ्जस्य होगा । किन्तु अन्तिम पक्ष मानने पर आहित पूर्व विहित आंगिक हस्त चालनादि का अभाव कैसे हो सकता है । इसीलिए कहा कि "महागीतों में भी इन अर्थों का सम्यक् अभिनय करोगे" । इस पर कहते हैं कि "जब अर्थों की प्राप्ति के लिए" । गीतक पदों के अभिधेय वाच्य अर्थों की प्राप्ति के लिए यानी अभिमुख नयन के लिए यदि यह नृत्त नाम से अभिमत अभिनय विहित है तब अभिनयन के समान होने पर क्यों नहीं नृत्त को नाट्य मान लिया जाय । क्योंकि जब गीतकार्थों का अभिनय अवश्य कर्तव्य है तब आंगिक हस्तपादादि के अभिनय के सिवाय किस अन्य स्वभाव की अपेक्षा हो सकती है अर्थात् किसी अन्य स्वभाव की अपेक्षा नहीं हो सकती है ॥२६६॥

## अभिनवभारती

ननु यथा ततसुषिरादिवाद्यं तदङ्गसम्बद्धमपि तत्रोपयोगि तथेदं भविष्यतीत्याशङ्क्याह—न चाप्यर्थस्येति। अर्थ्यते प्रधानतया गीतकादौ निरूप्यत इत्यर्थः स्वरपदतालादिः। तस्याप्येतद्भावकं प्रापकं न भवति।

एतदुक्तं भवति—स्वरात्मकगीतिभागस्य प्रतिबिम्बरूपतया, लग्नस्वरत्वेन स्थान-(तान) प्रदायितया, स्वरपरमार्थप्रापकतया स्वरात्मकगीतिभागे स्तुतः ततसुषिरोपयोगः। अवनद्धस्यापि तत्साम्योपायतालांशप्रापकत्वेनाभिधेयमुपयोगित्वं पदपाताद्यभिनयरूपतया नाट्यादभेद एव स्यादिति।

## मधुसूदनी

स्वरात्मकेति। सुषिरं वाद्यं स्वरात्मको यो गीति भागस्तस्य प्रतिबिम्बम्। नभसि यथा शब्दस्य प्रतिश्रुतिः। तत्र प्रतिश्रुत्यात्मनः प्रतिबिम्बभूतस्य शब्दस्य संक्रमणं तथा शारीरस्वरस्यैव प्रतिबिम्बमर्पयति वाद्यमिति हृदयम्। लग्नस्वरत्वेन स्वरसम्बद्धत्वेन सुषिरादि वाद्यं स्थानस्य तानस्य च प्रदायि।

"स्वरा ग्रामौ मूर्च्छनाश्च तानं स्थानानि वृत्तयः" इत्यादिगान्धर्वसंग्रहे तदुक्तेः। स्वरस्य परमोऽर्थः सामाजिकोपरंजनम्। तस्य प्रापकम्। अतः ततसुषिरोपयोगः स्वरात्मकगीतिभागे स्तुतः। अवनद्धस्यापि स्वरात्मकगीतिभागे उपयोगित्वमभिधेयम्। तस्य

## बालक्रीडा

अगर कहें कि गीतकादि पदार्थों के अभिनव के रूप म इसका उपयोग है। अन्यथा गीतकादि के समय में इसका उपयोग क्यों किया जाता है। उस पर कहते हैं कि नहीं। यहां गीतक पदार्थ हैं उसके आरम्भक वस्तु एवं अंग प्रभृति है। किन्तु उनसे इसका कोई सम्बन्ध नहीं हैं अर्थात् उनमें इसकी गणना नहीं है। यदि यह अंग या वस्तु स्वरूप होता तो उनमें इसका परिगणन होता, किन्तु (न तत्) यह बात नहीं है। अगर ऐसा होता तो तदारम्भक होने से कुछ और ही उसका उपयोग होता। किन्तु यह उपगत स्वीकृत नहीं है। गीत की अपेक्षा नृत्त विजातीय है।

प्रश्न। जैसे सुषिरादि वाद्यों का गीत के अंगों के साथ सम्बन्ध है अतः उस समय उनका उपयोग होता है उसी तरह इसका भी उपयोग होगा। इस तरह की आशंका करके कहते हैं अर्थ का भी नहीं। अर्थ का यहां मतलब है कि जिनका गीतकादि में प्रधान रूप से निरूपण किया जाता है वे स्वर, ताल एवं पद। जैसा कि (३८-११) में कहेंगे कि गान्धर्वं त्रिविधं ज्ञेयं स्वर ताल पदात्मकम्। उनका भी यह नृत्त भावक प्रापक नहीं है।

यह कहा जाता है कि स्वरात्मक गीति भाग के प्रतिबिम्ब रूप होने से, या ताल एवं स्थान के दाता के रूप में स्वर के साथ लग्न होने से या स्वर के परम अर्थ का प्रापक होने से स्वरात्मक गीति भाग में तत एवं सुषिर का उपयोग स्तुत है प्रशस्त है। अवनद्ध की भी उपयोगिता गीतसाम्य के उपाय तालरूप अंश के प्रापक होने से अभिधेय है। और पदपाताद्यभिनय रूप होने से नृत्त का अभेद ही हो सकता है।

**[भरतः]-अत्रोच्यते न खल्वर्थं कंचिन्नृत्तमपेक्षते ।** २६८
**किं तु शोभां प्रजनयेदिति नृत्तं प्रवर्तितम् ॥२६८॥**

### अभिनवभारती

अथोच्यते रेचकाङ्गहारनिबन्धात्मकं यन्नृत्तं न तेन कश्चिदर्थोऽभिनीयते। अपि तु यथा विशिष्टैर्मन्त्रैः भावनाविशेषैश्चाभ्युदयसिद्धिः विशिष्टदेवतासूचकैस्तथा तद्गीते चाभ्यधायि। तदारम्भकगीताङ्गवस्तुषु सप्तविंशतिसङ्ख्येषु, आसारितेषु चतुर्षु वर्धमानकयोर्द्वयोः चकारात्पाणिकायामेकप्रकारायां सम्बद्धमेतदङ्गहारात्मकं द्वात्रिंशत्प्रकारं नृत्तमिति तत्संबन्धश्चेदानीं न किञ्चित्। एवं पृथङ्निवृत्ते रागकाव्यादौ नाट्यरूपतैव। नाट्योपयोगित्वेनापि नृत्ततालगीतकाद्युपयोगोऽपि दुर्घट इति त्रिधा पूर्वपक्षसंक्षेपः ॥२६७॥

एतत्परिहर्तुमाह-अत्रोच्यत इत्यादिश्लोकत्रयेण। अस्मिन्पूर्वपक्षे तूच्यते प्रत्युत्तरमिति शेषः। तत्र यदुक्तमङ्गविक्षेप सहकृतगीतमयत्वान्नाट्यादभेदो नृत्तस्येति

### मधुसूदनी

स्वरस्य साम्यं "साम्यं लयः" इत्यमरोक्तेः लयः। तस्य उपायो यस्मात्तत्वापकत्वेन। पदपातात् गात्रविक्षेपात् अभिनयरूपतया नृत्तस्य नाट्याद्भेद एव स्यादित्युक्तं भवति। विशिष्टदेवतासूचकैस्त एव विशिष्टैर्मन्त्रैर्भावनाविशेषसम्वलितैरर्थैरहितैरपि अभ्युदयसिद्धिः तथा तेषु गीतेषु च। अभ्युदयसिद्धिरभ्यधायि संगीतज्ञैः। एवं पृथगिति। एवमेव नृत्तवदेव पृथक् शब्देन पृथगर्थेन निवृत्ते सम्पन्ने राग काव्यादौ नाट्योपयोगित्वेनापि नृत्तस्य तालस्य गीतकस्य आदिपदाज्ञयस्य उपयोगोऽपि दुर्घटः ॥२६७॥

नाट्यसकाशात् भेदो भिन्नत्वं न नृत्तस्येति। पूर्वं तावद्भिन्नत्वं नाट्यान्नृत्तस्येति पूर्वपक्षस्यारब्धत्वात्। अस्य अंगविक्षेपसहकृतगीतमयत्वस्य हेतोरनैकान्तिकत्वं

### बालक्रीड़ा

(मूल) इस पर भरत कहते हैं कि सुनिये। सत्य है कि यह नृत्त किसी अर्थ (दोष निवृत्ति एवं अभिधेय उपदेश में प्रवृत्ति रूप) की अपेक्षा नहीं रखता है किन्तु नृत्त शोभा का

अगर कहें कि रेचक एवं अंगहारों का निबन्धरूप जो नृत्त है उससे किसी अर्थ का अभिनय नहीं होता है अपितु जैसे अर्थ रहित विशिष्ट मंत्रों से विशिष्ट देवताओं के सूचक भावना विशेष के द्वारा अभ्युदय की सिद्धि होती है : वैसे ही सिद्धि उस देवता के गीत में भी कही गई है कि शिव एवं ब्रह्मा के गीत के आरम्भक २७ प्रकार के अंग एवं वस्तु, चार प्रकार के आसारित, दो प्रकार के वर्धमानक और एक प्रकार की पाणिका में सम्बद्ध यह ३२ प्रकार का अंगहारात्मक नृत्त है। किन्तु उनका सम्बन्ध इस समय कुछ नहीं है। इस प्रकार पृथक् निवृत्त सम्पन्न होने वाले रागकाव्यादि में नाट्य रूपता ही है। नाट्य के उपयोगी के रूप में नृत्त ताल एवं गीतकादि का उपयोग भी दुर्घट है। यह तीन प्रकार से पूर्वपक्ष का संक्षेप है ॥२६७॥

## अभिनवभारती

तदनैकान्तिकम् , अस्य हेतोः लौकिकनृत्तेऽपि स्फुटत्वात् । नाट्यादिलक्षणसहगोपने तु लौकिके गात्रविक्षेपणे पठ्यमानमभिधीयमानो वा यावत्पदजातमर्थो वा नाभिनीयते इति किं नानुसन्धीयते । किं वा न साक्षात्क्रियायोग्यतां नीयते । एतेन प्राक्कल्पोऽसिद्धः । लोकेऽपि अङ्गोपाङ्गपरिक्षेपानुयातस्य वाक्यादीरितस्य च सामंजस्याभावो दृष्टः । गीयतां (गायतां)पदार्थसंवादकृततन्मयीभावदशायां स्फुटमेव सात्त्विकभावावलोकनम् ।

अथापरः पक्षस्तु नृत्तेऽपि समानः । तथाहि—नृत्तकाव्ये डोम्बिकादौ वर्णच्युतादौ वर्णप्रयोगस्यैव तावदभिनयकथैव नास्तीति किं तत्र विचार्यते । यत्

## मधुसूदनी

सव्यभिचारित्वम् । नाट्यादिलक्षणेन सह गोपनं रक्षणं यस्य तस्मिन् । गात्रविक्षेपणे नृत्ते पठ्यमानं पदजातमभिधीयमानोऽर्थो वा नाभिनीयते । इति किं कुतो न भवता अनुसन्धीयते अनुसन्धानविषयीक्रियते । अथवा किमेतन्नृत्तं साक्षात्क्रियायोग्यतां साक्षात्कारविषयत्वं न नीयते अपितु साक्षात् क्रियत एव । एतेन प्राक् कल्पो नृत्तं नाट्याद्भिन्नमिति पक्षो नासिद्धः अर्थात् नृत्तं नाट्याद् भिन्नमेव । सामंजस्याभावः समन्वयाभावो दृष्टः ।

अथ अपरः पक्षः नृत्तं नाट्यादभिन्नमिति द्वितीयः पक्षः नृत्तेऽपि समानः । पूर्वं यद् नृत्तं नाट्याद्भिन्नमिति उक्तः पक्षो नृत्तेऽपि नृत्त विषयेऽपि समानः । यथोच्यते नृत्तं नाट्यादभिन्नं तथा नाट्यं नृत्तादभिन्नं नापूर्वं किंचित् । तथाहि—यथा वर्णच्युतके काव्ये वर्णप्रयोगस्य कथा नास्ति तथा ताललयाश्रये नृत्तेऽभिनयकथा एव नास्ति ।

## बालक्रीड़ा

जनक है अतः नृत्त का आविष्कार किया । यहाँ का रहस्य यह है कि अभिनय की खामियों कमियों को छिपाने के लिए गीत का प्रयोग किया जाता है और गाने की त्रुटियों के प्रच्छादन के लिए वाद्य बजाये जाते हैं तथा अभिनय, गायन एवं वादन की न्यूनताओं को पूरा करने के लिए नृत्त का आविष्कार किया है ॥२६८॥

इसका परिहार करने के लिए अत्रोच्यते इत्यादि तीन श्लोकों से कहते हैं । इस पूर्व पक्ष में कहते हैं । "प्रत्युत्तर" यह पद अवशिष्ट है जो श्लोक में नहीं कहा गया है । इस प्रसंग में यह जो कहा कि अंगविक्षेप सहकृत गीत स्वरूप होने से नृत्त का नाट्य से अभेद है । वह अनैकान्तिक है । क्योंकि यह हेतु लौकिक नृत्त में भी स्फुट है । यदि इस हेतु का नाट्यादि के लक्षण के साथ गोपन करेंगे यानी नाट्य के लक्षण के साथ इसका मिलान करेंगे तो लौकिक गात्र विक्षेपण के समय में पठ्यमान यावत् पद समूह का और अभिधीयमान अर्थ का अभिनय नहीं किया जाता है इसका क्या अनुसंधान आप नहीं करते हैं । अथवा इस तथ्य का क्या प्रत्यक्ष आप नहीं करते हैं कि साक्षात्कार की योग्यता को नहीं प्राप्त करता है । इससे प्रथम कल्प "नृत्त नाट्य से भिन्न नहीं है" असिद्ध हो गया । लोक में भी अंगों एवं उपांगों के परिक्षेप से अनुयात प्राप्त और वाक्य से उदीरित कथित का सामंजस्य नहीं होता है यह देखा

अभिनवभारती

केवलं नृत्तत्वभावमात्रमपि तत्केवलं भावितकाव्यार्थगतार्थतत्त्वसौकुमार्यकृतमङ्गस्य तथात्वमिति निर्णेष्यत इत्यास्तां तावदेतत् ।

तदनन्तरं तु धारापरिक्रमपूर्वकलयप्रयोगावसरे "पाआलअलोससाहिणिहुजय-जयलच्छिअमयनलिआ" इत्यादि यद्गीयते तत्कस्योक्तिरूपम् । यदि तावन्नर्तितुमागताया लौकिक्या डोम्बिकाप्रवृत्तनर्तक्याः, तदा सैवेदानीमेवंभूतं वस्तुरूपं लौकिकं वचनम-भिधत्ते गायनादिस्वक्रमिकस्ववाक्यानि तदेकवाक्यतः साक्षात्कारकल्पार्थः । साक्षा-त्कारकल्पानुव्यवसायगोचरकार्थत्वं च नाट्यस्य लक्षणमित्यवोचाम ।

तेन यथा कश्चित्कंचिदन्यापदेशगानादिक्रमेण वस्तूद्बोधनकरणद्वारेण वा छन्दानु प्रवेशितया वा कस्यचिन्मनस्यावर्जनातिशयं विधत्ते नृत्यन्नपि गायन्नपि वादयन्नपि तद्वदेव डोम्बिकादौ द्रष्टव्यम् । विडम्बिनी डोम्बीत्यादावपि वचसि सैव डोम्बिका ।

मधुसूदनी

तर्हि तत् तद्भिन्नमिति किं विचार्यते । भावितः भावनाविषयीकृतो यः काव्यार्थः । तद्गतं यद् वास्तविकं सौकुमार्यं तेन कृतमंगस्यापि तथात्वं नृत्तगीतवाद्यस्यापि सौकुमार्यम् ।

धारायाः परिक्रमः परिपाटी तत्पूर्वको यो लयप्रयोगो लयानुसारणं तदवसरे । गायनादिषु स्वतः क्रमिकाणि स्वानि वाक्यानि तेनसहतेषां सम्बन्धि यदेकं वाक्यं तस्य साक्षात्कारकल्पः प्रत्यक्षभूतोऽर्थः । साक्षात्कारेति । अनुव्यवसायो ज्ञानविषयकं ज्ञानं तद्गोचरकस्तद्विषयको योऽर्थः । तत्त्वं नाट्यस्य लक्षणम् ।

यथा कश्चिदिति । नृत्यन्नपि गायन्नपि वादयन्नपि कश्चित् अन्यापदेशेन अन्यव्याजेन यः गानादिक्रमस्तेन अथवा वस्तुनः संस्काररूपेण स्थितस्य पदार्थस्य

बालक्रीडा

गया है । गाने वालों में भी पदार्थ सम्वाद से की गई तन्मयीभावदशा में सात्विक भावों को स्फुट रूप से देखा है । दूसरा पक्ष तो नृत्त में भी समान है । जैसे समान है उसे दिखाते हैं । नृत्यकाव्य डोम्बिकादि में वर्णच्युतक काव्य में जैसे वर्ण का प्रयोग नहीं होता है उसी तरह यहां अभिनय की कथा ही नहीं है तब भेदाभेद का क्या विचार करना है । और जो केवल उन पदार्थों में नृत्त का स्वभाव है वह भी केवल भावना के द्वारा भावित किये गये काव्यार्थ में रहने वाले अर्थ तत्त्व के सौकुमार्य से किए गए गीत के अंग का स्वाभाविक धर्म है । इसका निर्णय आगे करेंगें । बस रहने दिया जाय । जो तो नृत्त के अनन्तर नदी की धारा की परिपाटी के अनुसार लय का प्रयोग होता है उस अवसर पर "पातालतल" इत्यादि जो गाया जाता है वह किसकी उक्ति है । यदि नाँचने के लिए आई हुई डोम्बिका में प्रवृत्त लौकिकी नर्त्तकी की यह उक्ति है तब वही इस समय इस तरह के वस्तु रूप लौकिक वचन कहती है । गायनादि में जो गाने का अपना क्रम है उस क्रम के अनुरूप जो गायक का अपना वाक्य उसके साथ एकता करने वाले वाक्य से प्राप्त साक्षात्कार कल्प यहाँ अर्थ है । यह हम पहिले ही कह चुके हैं कि नाट्य का

## अभिनवभारती

यथा नरपतिपरितोषकार्थाभिधायिवचननिष्ठेन गीतेन, नृत्तेन, वाद्येन च राज्ञा स्वमनुरञ्जयितुं पूर्वं गृहीता, मध्ये मन्त्रित्वेन स्थिता काचिदादर्शी चौर्यकामुककेलीवासनामासाद्य कापि पुनरेवंविधा चौर्यकामुकी कश्चिदेवम्भूतश्चौर्यकामुकः कोऽप्येवम्भूतस्तत्र विटः काचिदेवम्भूता प्रौढदूतीत्येवमादि राजपुत्रहृदयानुप्रवेशयोग्यं तत्प्रसादेन धनार्जनोपायमपि विदधती तमेव राजपुत्रं पतित्वेन मन्वाना तथैव वा धनमुद्दिश्यान्यदपि चेष्टितमभिविधत्ते। इत्यादौ डोम्बिकाकृत्यमेवोपसंहरति गुणमालायां "जामि दगधातुं णिअपुण्णं चिसमि" इत्यादौ। तत्र सा नृत्यंती डोम्बिका च बहुतरोपरञ्जकगीतादिपटुचेटकपरिवृता त्वां प्रत्येवमहमुपश्लोकितवती ति तन्मध्यवर्तिगायनमुखसंक्रमितनिजवचना लौकिकेनैव रूपेण तद्गीयमानरूपकगतलयतालसाम्येन तावन्नृत्यति। तद्गीयमानपदार्थस्य च सातिशयमावर्जनीये राजादौ हृदयानुप्रवेशितां दर्शयितुं लौकिकव्यवहारगतहस्तभ्रूकर्मरोमाञ्चाक्षिविकारतुल्ययोगक्षेमतयैवाङ्गविकारादिसंभवमप्याक्षिपति।

## मधुसूदनी

यदुद्बोधनकरणं तद् द्वारेण अथवा छन्दानुप्रवेशितया अभिप्रायानुरोधेन कस्यचित् पुरुषस्य मनसि कंचन आवर्जनातिशयमानुकूल्यविशेषं विधत्ते। तद्वदेव अन्यापि देशादिवदेव आवर्जनातिशयविधानं द्रष्टव्यम् ज्ञातव्यम्।

अभिधायिनि कथके वचने निष्ठेन समाप्तेन गीतेन। तदनुसृतेन नृत्तेन वाद्येन च राज्ञा पूर्वं स्वम्। चौर्येण अप्रकटभावेन या कामुकैः सह केलीवासना तामासाद्य। तन्मध्यवर्तिगायनस्य बहुतरोपरंजकगीतादिषु पटवोये चेकास्तन्मध्यवर्तिनो गायकस्य। गायनेति कर्त्तरिल्युट्। मुखे संक्रामितं निजं वचनं यया सा।

## बालक्रीड़ा

लक्षण साक्षात्कार कल्प अनुव्यवसाय का विषयी भूत अर्थ है। इसलिए जैसे कोई किसी प्रकार अन्य के बहाने गानादि क्रम से गाता हुआ या किसी वस्तु के उद्बोधन करने के द्वारा अथवा उसके छन्द यानी अभिप्राय के अनुसार नाचता हुआ किसी के मन का अतिशय आवर्जन आकर्षण कर रहा है। वही स्थिति डोम्बिका वगैरह में समझिये। विडम्बना करने का साधन वाक्य ही डोम्बिका है अर्थात् किसी की नकल करने में जो कुछ कहा जाय उस वाक्य में जो लौकिक वस्तु है वही डोम्बिका है। इस तथ्य को दृष्टान्त से समझाते हैं जैसे कहते हैं कि जिन बातों से जिन कहावतों से नरपति परितुष्ट होता है उन अर्थों के प्रतिपादक वचन मय गाने एवं नाचने बजाने के कारण राजा ने पहिले जिसको अपने अनुरंजन के लिए स्वीकार किया। और मध्य में मन्त्रणा के आधार पर जो मंत्री के रूप में रही। फिर किसी इसी प्रकार की चौर्यकामुक यानी प्रच्छन्नरागी कामी की केली वासना को प्राप्त करने वाली कोई ऐसी कामिनी और कोई ऐसा प्रच्छन्नरागी छिपे २ प्रेम करने वाला चौर्य कामुक तथा इन दोनों का मिलान कराने वाला इस प्रकार का कोई विट और इसी प्रकार की प्रौढ़ दूती होकर जिसने ऐसे २ कार्य किये इत्यादि राज पुत्र के हृदय को स्पर्श करने वाली कहावतों से उसको प्रसन्न

## अभिनवभारती

एवं गीतेन रञ्जनं प्राधान्येन विधाय तदुपयोगिनं चाङ्गिनं चाङ्गव्यापारं प्रदर्श्य नृत्तेन पुनस्तच्चित्तग्रहणं कुर्वती नृत्तं प्रधानभावं, गीतं च तदुपसर्जनभावं नयन्ती तत एव तदभिनयमनाद्रियमाणा तद्गीयमानाद्गानादाक्षिप्ततदुचितभावमेवाङ्गविक्षेपं करोति लयपरिष्वक्तकरणादी। तत्रैयत्यंशे लौकिकमात्रस्वभावरामनटादिव्यवहारवत् क प्रयोज्यप्रयोजकभावाशङ्का। कस्य वा सामाजिकस्य व्युत्पादनमभिसंहितम्। तद-नन्तरं च यथैव सा गीतनृत्तादि प्रायुंक्त तथैव तत्सदृशमेव नर्तकी प्रयुंक्ते न तु डोम्बिका, सा तु साक्षात्कारकल्पेन दर्शयति। तदीयाहार्यादिना स्वात्मरूपप्रच्छादना-द्यभावात्। अपि तु तथैव नृत्तं साभिनयं केवलं च प्रदर्शयति तेन नाट्याङ्गतायां यत् दृष्टं पताकादि तद्दर्शनमात्रतया। अतो नाट्यं संस्कारकं नृत्तस्येत्यङ्गादिव्यपदेश इत्युपचारादुच्यते।

## मधुसूदनी

एवं रीत्या प्रधानतया गीतेन रंजनं विधाय। तदुपयोगिनं रंजनोपकारकम्। अंगिनं मुख्यम्। अंगव्यापारं नृत्तेन प्रदर्श्य। लौकिकस्वभावमुपगतो यो रामः तत्स्वरूपमात्राभिनेतुर्नटादेर्व्यवहारवत्।

## बालक्रीडा

कर के धन के अर्जन का उपाय करती हुई उसी राजपुत्र को पति मान लेती है और उसी प्रकार धन के उद्देश्य से अन्य चेष्टाओं को वहाँ करती है तथा कुछ कहती भी है। वह डोम्बिका होती है। "पानि हर ? अर्पप्तुम्" इत्यादि के द्वारा गुणमाला में डोम्बिका के कृत्य का उपसंहार करते हैं। वहाँ पर बहुतर उपरंजक गीतादि के गान में पटु चेटकों से परिवृत घिरी हुई नाचने वाली वह डोम्बिका भी "मैंने तुम्हारी ऐसी २ स्तुति की" इत्यादि कहती हुई उसी बीच में गाने के बहाने अपनी बातों को भी सुनाती है जिससे लौकिक रूप में वहाँ गीयमान रूपक के लय एवं ताल के अनुसार नाचती है। और अत्यन्त आवर्जनीय प्रसादनीय राजा आदि के हृदय पर गाने का असर प्रभाव हो चुका है इस अंश को दिखाने के लिए लौकिक व्यवहार में अनुस्यूत हस्त संचालन, भ्रुकुटी संचालन, रोमाञ्च एवं अक्षि विकार के तुल्ययोग क्षेम वाले अंगविकारों को संभव करती है।

इस तरह गीत के द्वारा प्रधान रूप से मनोरंजन कर के गीत के उपयोगी प्रधान अंग व्यापारों को नृत्त में दिखाती है। फिर सामाजिकों के चित्त को आकृष्ट करती हुई नृत्त की प्रधानता और गीत को उसका अंग साबित कर देती है। इसलिए अभिनय की परवाह नहीं करती है। अतः गाने की मधुरिमा से उत्क्षिप्त भावों में विभोर हुई डोम्बिका लय से अनुस्यूत तलपुष्पपुटादि करणों के प्रयोग में स्वतः नाचती है। तब इतने अंश में केवल लौकिक स्वभाव में बद्ध राम नटादि के व्यवहार की तरह कहाँ प्रयोज्य प्रयोजक भाव की आशंका है। और किस सामाजिक के व्युत्पादन की अभिसंधि है। उसके अनन्तर जैसे उसमें नृत्तगीतादि का प्रयोग किया था उसी तरह वैसा ही प्रयोग नर्त्तकी करती है डोम्बिका नहीं करती है वह तो प्रत्यक्ष दिखाती है। क्योंकि उसने आहार्य बनावटी वेशभूषाओं से अपने

## अभिनवभारती

नाट्यस्य प्रस्तावनाप्राणस्य प्रतिबिम्बकल्पं नृत्तमित्ययमपि व्यवहारस्तत एव। नाट्यस्यात्र नामाप्यस्ति किं पदमूर्ध्वमित्यादौ। चातुरश्रयभङ्गाभावे तु तद्वा-द्ययोगात्। नाट्यरूपत्वे हि तस्य साक्षात्कारकल्पानुव्यवसायसम्पत्त्युपयोगिनः पात्रं प्रति भाषानियमस्य, छन्दोऽलङ्कारादिनियमस्य, रूपोयोगयोगिन आहार्यविशेषस्य, जात्यंशकादेरतिपरिक्रमादेश्च किं नात्रैवोपयोगो भवेत्। मूलभूतस्य च पाठ्यस्य सम्भावनानुपक्रमाकाशभाषितमपि न स्यात्। पादताडितकादिभाणरूपक इव। नात्रैवमस्ति। इह तु मूलत एव न केनचित्किञ्चिदुच्यते "अहा गाणे"त्यादि गायनं। यत्रोक्तं "प्रमदा सैवानुकार्यात्र" इति तदप्यनेन प्रतिसमाहितं नर्तक्याः स्वरूपानाच्छाद-नात्। कलहान्तरितेयं खण्डितेयं नृत्यतीति व्यवहार औपचारिकः। तदर्थगीयमान-रूपकगतगीतवाद्यानुसारित्वात्तन्नृत्तस्य। न तु मुख्यः। लम्बालकत्ववेणीधरणमङ्गल-वलयादिपरिग्रहतदुचितवेषादिपरिग्रहवैफल्यात्। यत्र नाट्यायितत्वमाशङ्कितं तदस्थाने भ्रान्त्यम्। सहृदयैर्नाट्यायितमिति हि तावन्नं गीयमानमभिनीयते इत्यसङ्गत्यापत्तेः। अपि तु यादृशा लयतालादिना यादृगर्थसूचनयोग्याभिनयः सात्त्विकादिप्रधानरसानु-सारितया प्रयोगयोग्यस्तदुचितार्थपरिपूरणं ध्रुवागीतेन क्रियते। सूच्या ह्यमी पल्लव-प्रकारा अङ्कुरादयो निवृत्तिपर्यन्ता यैर्नाट्यायितम्। एतच्च स्वक्षेत्र एव वितनिष्यामः।

## मधुसूदनी

एतादृशो नटे यथा प्रयोज्यप्रयोजकभावस्याशंका नास्ति तथा गायकभावानु-सृतमंगविक्षेपं कुर्वत्यां नर्त्तक्यां क प्रयोज्याशंकेति। यथैव सा प्रौढदूती प्रायुङ्क्त प्रयोजितवती। तदीयाहार्यादिना प्रौढदूतीयवेशभूषादिना स्वात्मनो रूपस्य यत्प्रच्छा-दनम्। तदाद्यभावात्।

## बालक्रीडा

स्वभाव का प्रच्छादन नहीं किया है। अतः उसी प्रकार केवल साभिनय नृत्त को दिखाती है जिससे नाट्य के अंग के रूप में जो पताकादि देते हैं उनका केवल दर्शन ही है इसीलिए नाट्य नृत्त का संस्कारक है इस वास्ते नृत्त नाट्य के अंगादि का व्यपदेश है यह औपचारिक कथन है।

नाट्य की प्रस्तावना का प्राण अर्थात् प्रस्तावना को सुशोभित करने वाला नृत्त नाट्य का प्रतिबिम्ब कल्प है यह व्यवहार भी वहीं से आया है उपचार से ही हुआ है। "पद का ऊपर में विक्षेप करो" "भुजावूर्ध्वं विनिष्क्रान्तौ" "पदमूर्ध्वं विनिक्षिप्य इत्यादि में नाट्य का नाम भी है। चातुरश्र्य का भंग न होने पर तो ऊर्ध्वीभवन आदि होगा ही नहीं।

नृत्त को यदि नाट्यरूप मान लेंवे तो क्यों यहाँ नृत्त में साक्षात्कार कल्प अनुव्यवसाय सम्पत्ति के उपयोगी पात्र के प्रति भाषा का नियम, छन्द और अलंकार का नियम, राम सीता सुग्रीव हनुमान् आदि के रूप के उद्योग निर्माण के उपयोगी आहार्यविशेष, जाति, अंश, कक्षा आदि एवं परिक्रमादि का उपयोग ही नहीं हो सकता है। और मूलभूत "पाठ्यं प्राणा

## अभिनवभारती

एवं नाट्यायितशङ्काऽप्यत्र न काचित्। मूलभूतस्याभिनयस्यैवाभावात्। तद्भावे यथा—"मुंचइ वळवि अंसुअ इरोअनुहंसणळिण अम्मि चिकअ" इत्यादौ मूर्च्छादिसाक्षात्कारः "होशं दयपक हमहुमाइपक" इत्यादौ शय्यायामङ्गनिपतनादिबाहुल्यं नृत्तकाव्येऽपि स्यात् नचैवमस्तीत्युक्तमसकृत्। एतेन प्रयोजनभेदोऽपि प्रत्युक्तः। नहि सामाजिकाः प्रीयन्तां व्युत्पद्यन्तां वेत्यभिसन्धिना नृत्तप्रयोगः। तत्संपत्तिस्तु नान्तरीयकत्वाद्भवतु। ज्योतिष्टोमादिप्रयोगवद्दृष्टविशेषोद्देशेनैव हि सङ्गीतमनोविनोदादौ तस्य प्रयोगः। डोम्बिकादेर्दृष्टोद्देशेन राजपुत्रादिप्रीतये। यद्यपि प्रवृत्तिर्लौकिकी सा। अद्यत्वे तु न द्वयम्। नर्तक्याः प्रवृत्तिः प्रवर्तना वा देवतापरितोषणफलैव। यथोक्तं तत्र—

## मधुसूदनी

नाट्यं नृत्तस्य संस्कारकं संघातकरं समुपस्थापकम्। नाट्यस्य वा प्रस्तावना तस्याः प्राणं प्राणभूतमित्यर्थः। अत एव नाट्यस्य प्रतिबिम्बकल्पम्। तत्तस्य एव औपचारिक एव।

## बालक्रीडा

नाट्यस्य" के अनुसार प्राणभूत पाठ्य की सम्भावना से अनुपयत सम्बद्ध आकाश भाषित भी पादताडितकादि भाण रूपक की तरह नहीं होता। यहाँ ऐसा है कि नृत्त में तो मूल से ही कोई कुछ नहीं कहता है।" अहोगाणे" इत्यादि गायन की तो बात ही क्या।

और जो यह कहा कि वही प्रमदा यहाँ अनुकार्य है। उसका भी समाधान "नर्तकी ने अपने रूप का आच्छादन नहीं किया है" इससे हो गया। क्योंकि वह तो केवल अपना नृत्त करती है। फिर भी यदि कोई कहे कि यह कलहान्तरिता नायिका नाँचती है। यह खण्डिता नाँचती है तो यह व्यवहार औपचारिक है लाक्षणिक है। मुख्य नहीं है। मुख्य तो नाट्य है या नाट्य के लिए गाये जाने वाले गीत और बजाये जाने वाले वाद्य हैं। नृत्त तो उनके अनुसार गाने बजाने के अनुकूल होता है। अन्यथा जुलफी न बनाकर लम्बे २ अलक केशों के रूप में वेणी का धारण करना वेणी का बनाना, मंगल वलयादि का पहिरना, तदुचित वेषभूषा का परिग्रह करना सब विफल हो जायगा। जो तो नृत्त में नाट्य की आशंका की है वह तो असमय में भ्रान्ति है। सहृदय लोग नाट्य का अन्वीक्षण कर रहे हैं इसलिए उसने गाने का अभिनय करते हैं यह कहना असंगत हो जायगा। अपितु इस प्रसंग में यह कहना चाहिए कि जिस तरह के लय एवं ताल के द्वारा जिस तरह की अर्थ सूचना के योग्य अभिनय है और सात्विक भाव जहाँ प्रधान है ऐसे रस के अनुसार प्रयोग का करना योग्य है। वहाँ उसके उचित योग्य अर्थ का पूरण ध्रुवागीति से करते हैं। अतः सूचन के योग्य ये अंकुर से लेकर निवृत्ति पर्यन्त पल्लव प्रकार सब नाट्यायित हैं। इस विषय को अपनी जगह में जब इसका मौका आयेगा तब विस्तार से कहेंगे। इस प्रकार यहाँ नृत्त में कुछ भी नाट्यायित की शंका नहीं करनी है। क्योंकि नाट्य भूत अभिनय का यहाँ अभाव है। यदि नृत्त में भी नाट्य का सद्भाव मानेंगे तो "मुंचई वळवि" इत्यादि में मूर्च्छा का साक्षात्कार,

## अभिनवभारती

"यत्किञ्चिल्लास्यमेतेन देवी तुष्यति नित्यशः।
यत्किञ्चित्ताण्डवं तेन सोमः सानुचरः शिवः ॥" इति ॥

मूले च सूदादेरिव वस्तुभूतमध्यपातिविषयविशेषयोजनया रूपरसादेरिव नृत्त्याः प्रीतिः साध्या। डोम्बिकावर्णनगतस्यैवालौकिकरूपान्तरप्रादुर्भावस्येति व्युत्पत्त्यभिसन्धानं चानुभवतीति कैयं सम्भावना गेयेऽपि। नाट्ये तु तदेव प्रधानं भरतमुनिप्रभृतीनां तथैव मूलतः प्रवृत्तेः। नृत्तं तु जीविकापर्यवसितत्वमिति पुरुषसुमतिपुरुषदीरात्म्यमेतद्धर्मादिचतुष्टयोपदेशि पुराकल्पोपदेशनमिव पुस्तकवाचकानां मूलेन प्रवर्तनात्तत्र व्युत्पत्त्यभिसन्धेरेवेति फलभेदः।

## मधुसूदनी

न तु मुख्यो व्यवहारः। व्यवहारस्य मुख्यत्वे लम्बालकत्वादिपरिग्रहो वेषादिपरिग्रहो विफलः स्यादिति भावः।

तद्भावे अभिनयसद्भावे।

सूदः सूपकारः पाचकः। तदादेः साध्या। वस्तु पचनीयं द्रव्यं तस्य भूतं स्वरूपं तन्मध्ये विषय विशेषस्य वेशवारादेर्योजनया रूपरसादेरिव भोजकजनप्रीतिः। मूले आरम्भे। पर्यवसाने तु धनप्राप्तेः प्राधान्यात्। गेये इयं सम्भावनाऽपि का। तदेव रूपान्तरं रसान्तरं च प्रधानम्। मूलत एव आरम्भादेव।

## बालक्रीड़ा

और "होर्त्तं दणपक" इत्यादि में शय्या में अंग निपातनादि का बाहुल्य नृत्त में मानना पड़ेगा। किन्तु ऐसा नहीं है इस अंश को कई बार कह दिया है। इससे नृत्त में और नाट्य में प्रयोजन का भेद है यह भी प्रतिष्ठा से प्राप्त हो गया। क्योंकि यह बात नहीं है कि सामाजिक प्रसन्न हो जाँय या व्युत्पन्न किये जाँय इस अभिसन्धि से नृत्त का प्रयोग किया जाता है। इसका सम्पादन तो नान्तरीयकतया हो जायगा। ज्योतिष्टोमादि यज्ञों के प्रयोग की तरह अदृष्ट विशेष को लक्ष्य कर के ही संगीत के द्वारा मनोविनोद में इसका प्रयोग होता है। क्योंकि डोम्बिका आदि का प्रयोग राजपुत्र या राजपुत्री की प्रीति के लिए दृष्ट फल की प्राप्ति के लिए किया जाता है। यद्यपि यह प्रवृत्ति लौकिकी है। आजकल तो दृष्ट एवं अदृष्ट दोनों नहीं है। तथापि नर्त्तकी की प्रवृत्ति प्रवर्त्तना देवता परितोष फलक ही है। जैसा कि कहा है—जो कुछ भी हाव कोमल नृत्त लास्य इन तितलियों नायिकाओं द्वारा किया जाता है इससे देवी अवश्य प्रसन्न होती है और जो कुछ ताण्डव इन पुरुषों के द्वारा किया जाता है इससे उमा एवं अनुचरों सहित शिव प्रसन्न होते हैं।

"प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः" प्रायः सभी जनता को नृत्त स्वभावतः इष्ट है प्रिय है इस मूल नाट्यशास्त्र के वाक्य में नृति नृत्त के द्वारा प्रीति साध्य है (यहाँ नृत्त शब्द की तरह नृत्ति शब्द भी साधु है। नट नृत्तौ यह सप्तम्यन्त रूप इस पाणिनि के धातु पाठ में प्रयुक्त है। प्रकृत में यहाँ नृत्याः पञ्चम्यन्त पाठ है) जैसे सूद रसोइया। (सूपकारस्तु

## अभिनवभारती

अन्योऽपि लक्षणभेदो नाट्यरूपताशङ्कापराकरणहेतुग्रन्थव्याख्यानावसरे वक्ष्यते। तन्नाट्यं नृत्तादभिन्नं लक्षणप्रयोजनाभेदादित्यसिद्धो हेतुः। तदाह—नृत्तं 'कर्तृ' कंचिदर्थमर्थ्यमानं साक्षात्कारं प्राप्यमाणं प्रति नाट्यवेदमपेक्षते येन लक्षणभेदः कथं स्यात्। तथा न कश्चिदर्थः सामाजिकान्प्रति व्युत्पादनीयधर्माद्युपायान्यतमं व्यपेक्षते येन प्रयोजनभेदोऽपि स्यादित्यतो हेतोरेतन्नृत्तं प्रवर्तितं नृत्तवाचोयुक्त्यैव व्यवहृतम्। न तु नाट्यमिति।

किञ्चिदपि शुद्धं नाट्याङ्गं पूर्वरङ्गादिकं येति पाठो वा "यद्या प्राप्त्यर्थ"मित्यादि प्रतिसमाहितम्। ननु भवत्वेवंभूतं नृत्तं, नाट्ये तु कथमस्योपयोग इत्युक्तं गीतकस्यापि कथमुपयोगः।

## बालक्रीडा

वल्लवाः। आरालिका आन्धसिकाः सूदा औदनिका गुणा इत्यमरकोषः) यहां आदि शब्द से चित्रकार गृहीत है। रसोइया एवं चित्रकार वगैरह जैसे किसी भी उपयुक्त वस्तु के स्वरूप में विषय विशेष की योजना के द्वारा रूप रस आदि को सिद्ध करते हैं फिर क्रमशः उन रस एवं रूप से प्रीति साध्य है। वैसे ही नर्तकी एवं नर्तक भी भूमिका विशेष का परिग्रह कर के नृत्त के द्वारा सामाजिकों की परितुष्टि करते हैं। अतः नृत्त से प्रीति साध्य है। डोम्बिका के वर्णन में ही रूपान्तर के प्रादुर्भाव से प्रीति साध्य है इस व्युत्पत्ति के अभिसन्धान का जो अनुभव होता है उसकी पाये जाने में क्या सम्भावना है। नाट्य में तो उसी की प्रधानता है। विनेय को शिक्षित करने के लिए व्युत्पत्ति अपेक्षित है। भरतमुनि प्रभृति की आरम्भ से ही वैसी प्रवृत्ति है। नृत्त में तो प्रवृत्ति जीविका के लिए है। अतः यह सब नाटकीय पुरुष की सुमति सौमत्य या दौरात्म्य दौर्मत्य पुराकल्प इतिहास के उपदेश की तरह धर्मादि चतुष्टय का उपदेश कारक है। और पुस्तक का वाचन करने वाले की तो मूल से ही शुरू से ही प्रवृत्ति, व्युत्पत्ति की अभिसन्धि से ही होती है। अतः नाट्य में एवं नृत्त में फलभेद है।

लक्षण के द्वारा होने वाले अन्यभेद को भी नृत्त में नाट्य रूपता की शंका के पराकरण के लिए निर्मित ग्रन्थ के व्याख्यान के अवसर में कहेंगे। वह नाट्य नृत्त से अभिन्न है। क्योंकि नाट्य के लक्षण एवं प्रयोजन के साथ उसका अभेद है यह हेतु असिद्ध है। जैसा कि कहते हैं—नृत्त (कर्तृ) जनता के द्वारा चाहने योग्य साक्षात्कार रूपी किसी भी अर्थ को प्राप्त करादेने वाले नाट्यवेद की अपेक्षा करता है जिसकी नाट्य भी करता है। अतः लक्षण भेद कैसे हो सकता है। तथा नृत्त में ऐसा कोई अर्थ नहीं है जो सामाजिकों के लिए व्युत्पादनीय धर्मादि में से अन्यतम उपाय की अपेक्षा करता हो जिससे प्रयोजन भेद भी हो सकता है। इसलिए लोक में चलाया गया यह नृत्त ही न कि नाट्य नृत्त शब्द से एवं यक्ति से अथवा नृत्त शब्द की युक्ति से व्यवहार में प्रसिद्ध हुआ है। और जो कुछ शुद्ध नाट्य का अंग पूर्वरंग भूत "यह नृत्त है यह पाठ भी यथा प्राप्त्यर्थमर्थानाम्" से प्रतिसमाहित हो गया है। अथवा इस प्रकार का नृत्त होता है तो होवे किन्तु नाट्य में इसका उपयोग कैसे। इसलिए कहा कि गीत का भी कैसे उपयोग होगा। कहा है कि "जिनकी वाक्यों से नहीं कह सकेंगे" जो

## अभिनवभारती

उक्तं—"यानि वाक्यैस्तु न ब्रूयात्" इति "यत्तु काव्येन नोक्तं स्यात्" इति। ध्रुवायास्तु सम्पाठमात्रमेवास्तु। अलं वर्णालङ्कारयोजनात्मकगानक्रियादिप्रसारायासेन।

ननु रामरावणादिगताग्राम्यत्याज्यचरितरूपार्थाडम्बरस्य हृदयानुप्रवेशद्वारभूतं हृद्यत्वं सूचीकल्पं; स्वयं हृदयानुप्रवेशित्वादित्युक्तं प्राक्। तत एव तर्हि नृत्तस्यांगवलनावर्तनादेर्नाट्य उपयोगः। विशेषतो हि तद्विनाऽलातचक्रप्रतिमत्वे तैर्बुद्धिग्राह्यमेव नाट्यं न स्यात्। तत एव विमलाभिनयमाणिक्यगुम्फविधायिसूत्रस्थानीयं वलनादिरूपनृत्तसजातीयत्वान्निकटत्वादन्तरङ्गगीतादिव्यापि नाट्यम्।

तदेतदाह—किन्तु शोभां प्रजनयेदिति। नृत्तं प्रवर्तितं प्रकृष्टमत्रुटितं वर्णनाविलासवलनादिदक्षिणं यद्वर्तितं कायावयवानां, कायस्य च विलासचेष्टावस्थानात्मकं

## मधुसूदनी

ननु रामेति। रामगतमग्राम्यं नागरिकं चरितं रावणगतं त्याज्यं चरितं तद्रूपमर्थाडम्बरं कथेतिवृत्तायोजनं तस्य हृदयेऽनुप्रवेशस्य द्वारभूतं हृद्यत्वं (पक्षः) सूचीकल्पं सूच्याः सदृशं (साध्यं) स्वयं हृदयानुप्रवेशित्वात् (हेतुः)। इति प्रागुक्तम्। तत एव हृदयानुप्रवेशित्वादेव अंगवलनावर्त्तनादेर्नृत्यस्य नाट्ये उपयोगः। तद्विना नृत्तं विना नाट्यस्य अलातचक्रप्रतिमत्वे ज्वलदंगार समूह तुल्यत्वे सति। तैः सामाजिकैः। विशेषत आधिक्यात्। नाट्यं बुद्धिग्राह्यमेव न स्यात्। तत एव बुद्धिग्राह्यत्वादेव। विमलं स्वच्छम्। अभिनयरूपं माणिक्यम्। तस्य गुम्फो रचना। तस्य विधायि आधारतया सम्पादकं सूत्रम्। तत्स्थानीयं नाट्यम्। वलनादिरूपनृत्तस्य निकटसजातीयम्। अन्ते अतिमनोहरे। अन्तरत्वतिमनोहरे इति विग्रहः। रंगे रंगस्थल्यां

## बालक्रीडा

तो काव्य से नहीं कहा जा सकेगा" ध्रुवा का तो केवल सम्पाठ ही होता है। वर्ण और अलंकारों की योजना रूप गान क्रिया के प्रसार का आयास मत करो।

प्रश्न—राम के अग्राम्य चरित रूपी अर्थाडम्बर में और रावण के त्याज्य चरित रूपी अर्थाडम्बर में जो हृदय में अनुप्रवेश का द्वार भूत हृद्यत्व है वह सुई के सदृश है। क्योंकि सुई की तरह स्वयं हृदय में अनुप्रवेश करने के योग्य है। ऐसा पहिले कह आये हैं। इसीलिए तो अंगवलन एवं आवर्तनादि रूप नृत्त का नाट्य में उपयोग होता है। और विशेष बात यह भी है कि नृत्त के बिना अंगारों के चक्र के प्रतिम यह नाट्य सहृदयों की बुद्धि से ग्राह्य नहीं होगा। इसीलिए विमल अभिनयरूपी माणिक्य के गुम्फन ग्रथन का विधायी सूत्र स्थानीय नाट्य है और वलनादिरूप नृत्त के सजातीय एवं निकट होने से अन्तरंग गीतादि से व्याप्त नाट्य है।

उत्तर है कि यही कहने जा रहे हैं। किन्तु शोभा का प्रजनन उत्पादन करेगा। इसलिए नृत्त को प्रवर्तित किया। उसमें प्रकृष्ट यानी अत्रुटित जो वर्णन, विलास एवं वलनादि

**प्रायेण सर्वलोकस्य नृत्तमिष्टं स्वभावतः ।**
**मङ्गल्यमिति कृत्वा च नृत्तमेतत्प्रकीर्तितम् ॥२६९॥**

अभिनवभारती

वर्तितं तदात्मकं यन्नृत्तं तच्छोभां रञ्जनयोग्यत्वं शोभानान्तरीयकचमत्कारं च प्रकर्षेण गानादिना वैलक्षण्येन जनयेदिति नृत्तं प्रवर्तितमित्यन्तेनाभिसम्बन्धः । हेतौ लिङ् ॥२६८॥

ननु रञ्जकत्वं भोजनादीनामप्यस्ति । तत्तदनुप्रवेशनियमोऽत्रेत्याशङ्कां मध्ये-ऽपाकरोति—प्रायेणेति । विवाहप्रसवावाहादिषु सर्वस्य लोकस्य स्वभावतः स्वभा-वेष्वात्माभिमतेषु स्वदेहेनात्मना नर्तनमिष्टं वल्लभम् । सर्वोऽपि जनो योऽपि विवाहादौ नृत्यति वादयन्नृत्यति । तेनापि दुर्दुरूढेनापि मङ्गल्यमिति । विवाहो वध्वा

मधुसूदनी

पूर्वरंगे वा गीतादौ गीते आदिपदार्थे वाद्ये व्याप्नोति इति व्यापि । प्रवर्तितमित्य-स्यार्थमाह—प्रकृष्टम् । किंनाम प्रकृष्टमत आह अत्रुटितम् । तदपि किमित्याह—वर्णनायां नायिकानायकयोः, विलासे वलनादिषु च दक्षिणं सरलं यत् कायावयवानामुपांगानां वर्तितमवस्थानम् कायस्य च विलासमय्या शृंगारप्रधानया चेष्टया अवस्थानात्मकं वर्तितं व्याहरणम् । प्रजनयेदित्यस्यार्थमाह—प्रकर्षेण गानरूपेण आदिपदार्थेन वाद्यरूपेण वैलक्षण्येन जनयेत् । हेत्वर्थे लिङ् ॥२६८॥

तत्तत्स्वात्तदनुप्रवेशस्य तत्तद्हृदयादिकायावयवेषु अनुगमनस्य नियमः अत्र भोजनादिषु अपि अस्ति रंजकत्वात् । आवाहः स्वागतम् । गीतकनामादौ गीता-नामारम्भकरणसमये सम्यक् । नृत्तविभागकाः कृदभिहितो भावो द्रव्यवत् प्रकाशते इतिन्यायेन ज्ञानपूर्वकं विभक्तनृत्तानि प्रयुज्यन्ते प्रयोगतः प्रदर्श्यन्ते । उपोहनानि

बालक्रीडा

(मूल) प्रायः देखा गया है कि ताण्डव नृत्त जनता को स्वभावतः प्रिय है और मांगलिक भी है इसलिए नृत्त भी यहाँ नाट्य के प्रसंग में कहा ॥२६९॥

के अनुकूल काय के अवयवों का वर्तित और काय का भी विलासमयी चेष्टा के साथ अवस्थानात्मक वर्तित है तद्रूप जो नृत्त है वह प्रकर्ष यानी गानादि के वैलक्षण्य से शोभा यानी सहृदय जनता को खुश करने की योग्यता को और शोभा से होने वाले नान्तरीयक चमत्कार को पैदा करता है इसलिए नृत्त को प्रवर्तित किया है यहां तक पूर्ववाक्य का सम्बन्ध है । यहां "जनयेत्" यह हेतु में लिङ् है ॥२६८॥

जबकि जनता को खुश करने की योग्यता भोजन वगैरह में भी है और वे भोजन वगैरह भी नियम से हृदयानुप्रवेशी हैं । तब उनको भी नाट्य के अंग मान लिया जाय ।

**विवाहप्रसवावाहप्रमोदाभ्युदयादिषु ।**
**विनोदकारणं चेति नृत्तमेतत्प्रवर्तितम् ॥२७०॥**

## अभिनवभारती

आनयनम् । तत्पूर्वकः सर्व उत्सवः । पुत्रजन्म प्रसवः । ततो जामातुः सवधूकस्य सर्वत्र श्वशुरादिभवने गमनमावाहः । प्रमोदा राज्ञामर्थकरणादयः । अभ्युदयो मनोरथप्राप्तिरभिलषितस्योदय इति । आदिग्रहणेनानाकाङ्क्षितशुभप्राप्त्यादि । एतेन विनोदकरणमिति लोकत्रयस्य सम्बन्धः । एतच्च "कैशिकीमपि योजय" (ना. शा. १-४२) इत्यत्र दर्शितम् ॥२६९।२७०॥

## मधुसूदनी

क्षेपाः । सर्वाणि भाण्डानि वाद्यानि सन्ति अस्मिन्नवतरणे तत्सार्वभाण्डिकम् । अत्र इनिठनाविति ठनि वृद्धौ च । तद्गतश्च इत्यस्यार्थः गीतकांगमध्ये तु इति । अस्य नृत्तस्य अभिनये अभिनयकरणसमये प्रथमत्वेऽपि । यद्यपि नृत्तं प्रथमं तथापि तत्र नृत्ते अभिनयपदस्य मुख्यो हि अर्थः अभिनयो नाट्यमिति प्रसिद्धेः इति प्राक् नृत्यं नाट्यादभिन्नं नेति व्याख्यावसरे उक्तम् । ननु यर्हि नृत्तमन्यत् नाट्यमन्यत् तर्हि तयोर्मध्ये भिन्नत्वा भिन्नत्वचर्चा कीदृशी इत्याशंकायामाह—किञ्चेति ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) और विवाह, प्रसव, आवाह (स्वागत) आनन्द एवं अभ्युदय प्रभृति सांस्कृतिक सम्मेलनों के अवसर पर मनोविनोद का साधन नृत्त होता है इसलिए नृत्त को प्रवृत्त किया ॥२७०॥

क्यों नहीं माना जाता है । इस आशंका को बीच में दूर करने के लिए उत्तर देते हैं कि प्रायेण । विवाह, प्रसव एवं आवाह आदि में सभी लोगों की स्वभाव से यानी अपने-अपने अभिमत भावों के अनुसार अपने आप ही नर्त्तन इष्ट है वल्लभ है । सभी जनता विवाहादि में नाचती है । बाजों को बजाता हुआ नाचता है । जो दुर्दुरूट है वह दुर्दुरूट भी मंगल्य मान कर नाचता है । तत्त्व बोधिनी कार ने दुर्दुरूट का अर्थ लिखा है कि जो युक्ति के बिना गुरु के वाक्य को नहीं मानता है । युक्ति बिना गुरुवाक्यममन्यमानो दुर्दुरूटः । मंगल्यमिति प्रतीक है । विवाह वधू को अपने घर में ले आना है । वधू के आनयन को हेतु मानकर सभी के यहाँ उत्सव होता है । पुत्र जन्म प्रसव है । वहाँ से वधू सहित जामता का सर्वत्र श्वसुर वगैरह के घर में आवाह स्वागत है । अर्थ करण यानी किसी प्रयोजन विशेष की सम्पत्ति राजाओं का प्रमोद है । मनोरथ की प्राप्ति अभिलषित अर्थ का उदय अभ्युदय है । आदि ग्रहण से मन चाहे मांगलिक अर्थ की प्राप्ति । इससे "विनोदकारणम्" २६८।२६९।२७० इन तीन श्लोकों का सम्बन्ध है । इस अंश को "कैशिकीमपि योजय" इस प्रथमाध्याय के श्लोक में दिखा दिया है ॥२६९।२७०॥

**अतश्चैव प्रतिक्षेपाद्भूतसङ्घैः प्रवर्तिताः ।**
**ये गीतकादौ युज्यन्ते सम्यङ्नृत्तविभागकाः ॥२७१॥**

अभिनवभारती

कं स्वभावमपेक्षत इति प्रतिसमाधातुमाह—अतश्चैवेति । अतश्च कारणा-नृत्तं प्रवर्तितम् । प्रारम्भे पूर्वरङ्गे लक्षणं वर्तितं योजितमिति सम्बन्धः । एवकारो हेतौ यस्मात्प्रतिक्षेपात् । झण्टुमाद्याः शुष्काक्षराः देवैः प्रतिक्षिप्तत्वात् भूतसङ्घैश्च दैत्यादिभिः प्रवर्तिताः ।

"निर्गीतं तु सवादित्रमिदं गृह्णीमहे वयम् ।" (ना. शा. ५-२५)
इति वक्ष्यते ।

अत एवम्भूता गीतानां मद्रकादीनामादौ सम्यङ् नृत्तस्याभिनेयपदार्थाभावेना-भिनयशून्यतया नाट्य(तयाश)ङ्किता नाट्याङ्गस्य शुद्धस्य विभागका विभागप्रमापकाः प्रयुज्यन्ते । एतदुक्तं भवति—गीतकानां यान्युपोहनानि तत्र तावन्नृत्तं शुद्धमेवं कर्तव्यम् । यद्वक्ष्यति—

"तत्रावतरणं कार्यं नर्तक्याः सर्वभाण्डिकम् ।
क्षेपप्रतिक्षेपकृतम् ।" इति (ना० शा० ४-२९८)

मधुसूदनी

ततोऽभिनयमाचरेदित्युक्त्या नृत्तगीतवाद्यानामनन्तरमभिनयं प्रदर्शयेदित्यभि-प्रायेण अभिनयाङ्गतया नाट्याङ्गतया अभिनेयत्वेन हेतुना नाट्याङ्गत्वदशायामवलोक-नात् तथा अभिन्नत्वरूपा वाचोयुक्तिः । लौकिककथासु यथा अंग भूतपदार्थानां व्यव-

बालक्रीड़ा

(मूल) अतश्च एव माने इस नृत्त से भी अमंगल एवं हृदय की अशान्तियों का प्रतिक्षेप यानी दूरीकरण होता है इसलिए प्राणियों ने सम्यक् नृत्त यानी अश्लीलता रहित नृत्त के विभागों अंगों की प्रवर्तना योजना गायन एवं वादन के समय में की है ॥२७१॥

"अब नृत्त किस स्वभाव की अपेक्षा करता है" इसका समाधान करने के लिए कहते हैं—अतश्चैव । इस कारण से नृत्त को प्रवृत्त किया । प्रारम्भ में पूर्वरंग में लक्षण को वर्तित यानी योजित कर दिया यह सम्बन्ध है अन्वय है । यहां एव का अर्थ हेतु है । जिस प्रतिक्षेप रूप हेतु से यानी देवताओं ने "झण्टुम्" आदि शुष्क अर्थ रहित अक्षरों का प्रतिक्षेप किया है इस हेतु से भूत संघ दैत्य आदि ने उनको प्रवर्तित किया चलाया है । जैसा कि कहेंगे कि गायन रहित किन्तु वाद्यों के सहित इस नृत्त को हम लोग ग्रहण करते हैं ॥इति॥

अतः मद्रकादि गीतों के आरम्भ में इस प्रकार के नृत्त के विभागों का सम्यक् प्रयोग करते हैं जो नृत्य नाट्य का अंग है किन्तु अभिनेय पदार्थ के नहीं रहने से जो अभिनय शून्य होने से नाट्यरूप में आशंकित है उस शुद्ध नृत्त के विभाग को करने वालों का प्रयोग करते हैं । अर्थात् विभक्त नृत्तों का प्रयोग करते हैं ।

अभिनवभारती

तदङ्गत्वञ्च गीतकाङ्गमध्ये तु प्रवेशाभावस्सिद्धः। विचारणीयस्य चावापनिष्क्रामादेरगीतकाङ्गत्वमस्त्येव। यद्यपि "महागीतेषु चैवार्थान्" (ना० शा० ४-१५) इत्युक्तं वक्ष्यते च "ततोऽभिनयमाचरेत्" (ना० शा० ४-२८०) इति प्रथमत्वमभिनयनेऽस्यापि तथापि तत्र न मुख्यो नाट्यप्रसिद्धोऽभिनयार्थ इत्युक्तम्।

किञ्चाभिनेयत्वेन नाट्याङ्गत्वदशायामवलोकनात् तथा वाचोयुक्तिः। लौकिककथास्विवाङ्गव्यवहारादावभिमुखीभावमात्रनयनआपि स्वार्थो यथावाच्यमभिधां नीतः। नहि तत्र साक्षात्कारकल्पतापादनमभिनयार्थः। किन्तु तल्लयाद्याहारित्वमात्रम्। एवमत्रापि तदर्थानुसारित्वमात्रं परप्रतिपत्तिमात्रं स्यात्।

प्रचुरस्तुतिपदस्थेनैवाङ्गभूतत्वेप्यनुगीयमानकालात्पृथग्भूत एवादौ प्रयुज्यमानो लोकप्रसिद्धप्रथमगीयमानाक्षिप्तडोम्बिकाप्रायः प्रचुरस्तुतिपदयुक्तो गीतिविशेषप्रतिक्षेप इत्याह। इदं भरतमुनिना न कचिल्लक्षितम्।

मधुसूदनी

हारकाले स्वार्थोऽभिनयपदस्यार्थः अभिमुखीभावनयनमात्रञ्च यथावाच्यं वाच्यार्थानुगतोऽभिधां कथनभूमिकां नीतः। तल्लयेति अभिनयानुस्यूतलयतालतानैराहारित्वं

बालक्रीडा

इससे कहा गया कि गीतों के जो उपोहन हैं अर्थात् श्रुति, मूर्छना, क्रम, तान, लय, अलंकार, एवं जाति, से विशिष्ट स्वरों के ज्ञान हैं उनमें इस प्रकार शुद्ध नृत्त करना चाहिए। जैसा कि आगे कहेंगे—वहाँ रंगमंच पर क्षेप और प्रतिक्षेप से सम्पन्न नर्त्तकी का अवतरण सम्पूर्ण वाद्यों के साथ करना चाहिए। इससे गीत के अंगों के मध्य में नृत्त का प्रवेश नहीं है यह सिद्ध हो गया। और विचारणीय आवाप और निष्क्रमण आदि गीत के अंग नहीं हैं यह भी सिद्ध हो गया। यद्यपि "महागीतेषु चैवार्थान्" यह कहा है और "ततोऽभिनयमाचरेत्" इससे अभिनय में नृत्त के प्रथमत्व को कहेंगे तथापि नाट्य प्रसिद्ध मुख्य अभिनय वस्तु वहाँ नृत्त में नहीं है यही कहा। "नृत्त नाट्य का अंग है" इस दशा में अभिनय के रूप में नृत्त को देखने से नृत्त भी एक प्रकार का अभिनय है ऐसी वाचोयुक्ति है। लौकिक कहानियों की तरह अंगों के व्यवहार विक्षेपण आदि में जनता का केवल अभिमुखी भाव रूपी नयन है ऐसा अभिनय पद का अर्थ भी अन्य अर्थों के अनुसार अभिधा से प्राप्त हुआ है। किन्तु उनमें साक्षात्कार कल्पता का आपादन अभिनय का अर्थ नहीं है। किन्तु अभिनय सम्बन्धी लयादि की आहार्यता केवल है। इसी तरह यहाँ नृत्त में भी अभिनय पद के अर्थ का अनुसरण केवल हो सकता है यह केवल परप्रतिपत्ति उत्कृष्ट ज्ञान हो सकता है। प्रचुर स्तुति पदों में रहने के कारण अंगभूत होने पर भी अनुगीयमान काल से अलग ही है। अतएव आरम्भ में प्रयुज्यमान लोक प्रसिद्ध प्रथम गीयमान वस्तु से आक्षिप्त डोम्बिका बहुल प्रचुरस्तुतिपदों से युक्त गीति विशेष ही प्रतिक्षेपक है ऐसा कहते हैं। भरत मुनि ने इसको लक्षित नहीं किया है। अर्थात् इस अंश को मुनि ने नहीं कहा है।

**देवेन चापि सम्प्रोक्तस्तण्डुः सन्तोषपूर्वकम् ।**
**गीतप्रयोगमाश्रित्य नृत्तमेतत्प्रवर्त्यताम् ॥२७२॥**

### अभिनवभारती

अन्ये तु गीतान्ते प्रयोज्याश्छन्दकादय एवंविध नृत्तवैचित्र्याश्रया यथारुचि प्रतिक्षिप्यमाणाङ्गकाः प्रतिक्षेपाः । आदिशब्दश्च व्यवस्थायामासारितादिसङ्ग्रहार्थः प्रयुक्तः । सतीति चाध्याहार इति । मुनिमतं चात्र तयोरनुग्राहकम् ॥२७१॥

एवं नाट्याङ्गानां नृत्तानां गीताङ्गादेश्चोपयोग समर्थितः । अधुना नृत्तप्रधान-रागकाव्यादिर्विषयः काव्यं च नाट्याङ्गमिति दर्शयन्पुराकल्पच्छायया प्रकारान्तरमपि नृत्तस्य समर्थयितुमाह—देवेनेत्यादि । चकार एवकारार्थे । देवेनैव महेश्वरेणैव । तण्डुः सन्तोषपूर्वकं प्रकर्षेणादरेणोक्तः । किमित्याह—गीयत इति गीतं काव्यम् । तस्य यः प्रकर्षेण योगस्तदर्थानुप्रवेशलक्षणस्तमाश्रित्य न छायाम् । आसमन्ताच्छ्रित्वा । अङ्गविक्षेपिताङ्गत्वं (सामरस्यलयतालादिना नृत्तं तच्छन्दस्वभावमपि ?) यदभूत्ता-

### मधुसूदनी

सम्पाद्यत्वमभिनयस्येत्यर्थः । एवममना प्रकारेण तदर्थानुसारित्वमात्रमभिनयार्थानुगामित्वं केवलं परस्य प्रतिपत्तये स्यात् ॥२७१॥

नृत्तं प्रधानं यत्र एवम्भूतो यो रागः सविषयो यस्य तत् काव्यमपि । देवेन चापि इत्यत्रत्यः चकारः । पुराकल्प इतिहासः । तच्छायया तद्रीत्या । नृत्तस्य प्रकारान्तरमपि । विक्षेपितेत्यत्र भावे क्तः । अतः अंगानां विक्षेपणमंगं साधनं यस्य तस्य भावस्तत्त्वम् । यत् ताण्डवप्रभृति नृत्तमभूदित्यन्वयः ।

### बालक्रीडा

(मूल) देव महेश्वर ने तण्डु को कहा कि सन्तोष पूर्वक उल्लास के साथ गीत के आधार पर इस नृत्त को प्रवृत्त करो ॥२७२॥

दूसरे लोग तो कहते हैं कि गीतों के अन्त में प्रयोज्य छन्दकादि जिसमें अंगों का इस तरह के नृत्त सम्बन्धी विलक्षणता के अनुसार यथारुचि प्रतिक्षेप होता है । गीतकादी का आदि शब्द व्यवस्था में है जो आसारितादि के संग्रह के लिए प्रयुक्त है । इसमें "सति" का अध्याहार है । मुनि का मत इन दोनों का अनुग्राहक है ॥२७१॥

इस प्रकार नाट्य के अंग नृत्त एवं गीतादि के उपयोग का समर्थन कर दिया । अब नृत्त प्रधान रागकाव्यादि विषय और काव्य नाट्य के अंग हैं यह दिखाते हुए इतिहास की छाया के अनुसार नृत्त के प्रकारान्तर का भी समर्थन करने के लिए कहते हैं । 'देवेन' इत्यादि । यहाँ चकार एवकार के अर्थ में है । देव ने ही महेश्वर ने ही । तण्डु को सन्तोषपूर्वक बड़े आदर से कहा । क्या कहा उसे बतलाते हैं । जो गाया जाय वह गीत काव्य है । उसका जो बड़े आदर के साथ योग है अर्थात् उसके अर्थ का हृदय में जो

**प्रायेण ताण्डवविधिर्देवस्तुत्याश्रयो भवेत् ।**
**सुकुमारप्रयोगश्च शृङ्गाररससम्भवः ॥२७३॥**

### अभिनवभारती

ण्डवप्रभृति नृत्तं तद्गीयमानरूपकगतवर्णालङ्कारलयपदार्थवाक्यार्थसम्मिलितं यत्तत्प्र-वर्त्यताम् । तदुक्तं कोहलेन—

"सन्ध्यायां नृत्यतः शम्भोर्भक्त्याऽऽर्द्रो नारदः पुरा ।
गीतवांस्त्रिपुरोन्माथं तच्चित्तस्त्वथ गीतके ॥
चकाराभिनयं प्रीतस्तत्वस्तण्डुं च सोऽब्रवीत् ।
नाट्योक्त्याभिनयेनेदं वत्स ? योजय ताण्डवम् ॥" इति ॥

अथशब्दान्न केवलमिदं शुद्धमेव गानं, नापि गानक्रियायां भाण्डवाद्यमात्रसम्बन्धमेव, यावद्गीत्याधारपदानुसार्यपि । तदर्थानुसरणाच्च तदभिनयनमिति ॥२७२॥

ननु किं तत्ताण्डवप्रवृत्तिनिमित्तमित्याशंक्याह—प्रायेणेति । ताण्डवमिति सर्वं नृत्तमुच्यते । तेन लास्यशब्दस्तत्सन्निधौ गोबलीवर्दन्यायेन प्रवर्तते । तत्र विधीयते-

### मधुसूदनी

तच्चित्त इति । तस्मिन् नृत्यति शंभौ चित्तं यस्य स नारदः । अथ गीतके इत्यत्रत्याद् अथशब्दात् । गीतके गानसमये सति तण्डुरभिनयं चकार । च पुनरनन्तरं स तण्डुमब्रवीत् । "पदानुसार्यपि" इति । अपि शब्दात् अर्थानुसारि अपि तत् ।

ताण्डवपदेन सर्वं नृत्तं ताण्डवमुद्धतं नृत्तं कोमलं नृत्तं लास्यमपि । तेन तत्सन्निधौ ताण्डवसन्निधौ । गोबलीवर्दन्यायः । यद्यपि गोपदेनैव पुंसः, स्त्रिया

### बालक्रीडा

(मूल) क्योंकि प्रायः देखा गया है कि ताण्डव नृत्त की विधि (गाई जाने वाली) देवताओं की स्तुति के आधार पर ही होती है और शृंगार रस के समुत्पादक सुकुमार प्रयोग यानी लास्य नृत्त की भी उक्त विधि, स्तुति के आधाधार पर होती है ॥ २७३॥

अनुप्रवेश है उसका आश्रयण करके न कि छाया का चारों तरफ से भ्रमण करके । जो ताण्डव और लास्य नृत्त है जिसमें गीयमान रूपक के वर्ण, अलंकार, लय, पदार्थ एवं वाक्यार्थ का सम्मेलन है उसको प्रवृत्त करो । इसको कोहल न कहा है कि सायं वेला में नृत्त करने वाले शंभु के प्रति भक्ति से आर्द्र हुए नारद ने गान किया और गीत में विभोर होकर त्रिपुरोन्मथन रूपक का अभिनय किया । उससे प्रसन्न होकर देव ने तण्डु को कहा कि हे वत्स ? तण्डो ? नाट्योक्तिमय अभिनय के द्वारा इस ताण्डव की योजना करो । इति ।

अथ शब्द जो "तच्चित्तस्त्वथ गीतके" में प्रयुक्त है । उससे प्राप्त होता है कि यह केवल शुद्ध गान ही नहीं है और न इस गान क्रिया में वाद्यादि का सम्बन्ध ही है । इसमें तो गीति के आधार भूत पदों का भी अनुसरण है और उन पदों के अर्थ के अनुसार उनका अभिनय भी है ॥२७२॥

## अभिनवभारती

ऽस्मिन्नृत्तमिति विधिः विधीयमानं काव्यं सदैव स्तुतिं वर्णनीयत्वेन चाश्रयति। तेन धर्मवीररसप्रधानं तत्र काव्यम्। इत्युद्धतरूपतासूचनेनान्यरसपरिग्रहः ? प्रयुज्यत इति प्रयोगः काव्यं सुकुमारो मसृणोऽनुसृतो यस्य तं दर्शयति। शृङ्गाररसस्य सम्भवो विद्यमानत्वमस्मिन्। शृङ्गाररसाच्च परिपूर्णात्सम्भवो यस्य। कामावस्था मनसोऽस्मिन्नस्तीति। शृङ्गारेण पूर्णपूर्णरूपेण मसृणप्रयोगोपलक्षणम्। यद्यपि च नाट्यान्नान्यत्र रस इति वक्ष्यते तथापि काव्यान्नाट्यं निष्पद्यत एवेत्यस्ति काव्ये रसानुप्रवेशः। अनेन च रसाङ्गत्वान्नृत्तस्य नाट्यत्वं ज्ञेयम्। प्रायेणेति वचनान्नरपतिचाटुकाद्यपि सङ्गृहीतम्। चकारान्मसृणमप्युद्धतमिश्रमुद्धतं च मसृणमिश्रमित्यादिकमपि सङ्गृहीतं भविष्यतीति सर्वं लक्ष्यमनेन सूचितम्। तथाहि—डोम्बिकासु नरपतिचाटुकप्राधान्येन प्रवृत्तासु सुकुमारमेव शुद्धं रूपम्। भाणकेषु नृसिंहादिचरितवर्णन-

## मधुसूदनी

अपि गवोर्द्वयोर्ग्रहणं स्यात्तथापि बलीवर्दपद साहचर्यात् गोपदेन केवलायाः स्त्रिया गोरेव ग्रहणं तथा प्रकृते ताण्डवपदेन बोध्यम् सर्वं नृत्तम्।

अनेन काव्यान्नाट्यस्य निष्पन्नत्वेन। रसाङ्गात् रसाश्रयात् हेतोः नाट्यं नृत्तस्य सम्बन्धि। तथा प्रवचनं वर्णनां जल्पयेत्। अल्पाविद्धं अल्पवैचित्र्यानुस्यूतम्। अल्पौद्धत्यानुगतं सुमसृणं बहुकोमलम्।

## बालक्रीड़ा

प्रश्न—ताण्डव शब्द की प्रवृत्ति का निमित्त क्या है। इस आशंका के उत्तर में कहते हैं कि प्रायेण। इति। यहाँ ताण्डव पद से सब प्रकार के नृत्त को कहते हैं। अतः ताण्डव के सन्निधान में गोबलीवर्द न्याय से लास्य शब्द का प्रयोग किया जाता है। जिसमें विधान किया जाता है वह विधि अर्थात् विधीयमान काव्य जहाँ सदा ही वर्णनीय रूप में देवस्तुति का आश्रयण रहता है। इससे यहाँ धर्मवीर रस प्रधान काव्य है। इस तरह उद्धतरूपता की सूचना से इसमें अन्य रसों का भी परिग्रह है। जो प्रयुक्त किया जाय वह प्रयोग काव्य है। जो काव्य सुकुमार मसृण अर्थ का अनुसरण करता है उसको दिखाते हैं कि जिसमें शृंगाररस का संभव हो विद्यमानत्व हो। अथवा परिपूर्ण शृंगार रस से जिसका सम्भव हो। अर्थात् जिसमें मन की कामावस्था हो। पूर्णपूर्ण रूप यानी अतीव पूर्ण शृंगार से यहाँ मसृण प्रयोग का उपलक्षण है। यद्यपि नाट्य के सिवाय और जगहों में रस नहीं है ऐसा आगे कहेंगे तथापि काव्य से ही नाट्य की निष्पत्ति होती है अतः काव्य में भी रस का अनुप्रवेश है। इससे यह समझना चाहिए कि नृत्त रस का अंग होने से नाट्य है।

"प्रायेण" इस कथन से नरपति की चापलूसी जहाँ हो उसका भी संग्रह हो गया। चकार से मसृण भी उद्धतता से मिश्रित है और उद्धत भी मसृणता से मिश्रित है। इत्यादि का भी संग्रह हो जायगा। इत्यादि सभी लक्ष्यों की सूचना इसमें हो गई।

जैसे—डोम्बिकाओं में जिसकी रचना प्रधान रूप से नरपति की चापलूसी के सहारे ही हुई है—शुद्ध सुकुमार ही रूप है। भाणों में नृसिंहादि के चरित का वर्णन उद्धत ही है।

## अभिनवभारती

मुद्धतमेव। यत्पुनर्मसृणेऽप्युद्धतं प्रविशति तत्तदुचितमेव। ततोऽप्यल्पत्वबहुत्वकृतो भेदः पूर्वः प्रस्थानप्रबन्धः। इतरः पिद्रक इति द्विभेदः। उद्धते तु मसृणानुप्रवेशा-द्भाणिकाभेदः। अन्यदपि प्रेरणरामाक्रीडकरासकह्लीसकादिकमल्पत्वबहुत्ववैचित्र्य-कृतमिहैव प्रविष्टं वेदितव्यम्।

तदुक्तं चिरन्तनैः—

"छन्नानुरागगर्भाभिरुक्तिभिर्यत्र भूपतेः।
आवर्ज्यते मनः सा तु मसृणा डोम्बिका मता॥
नृसिंहसूकरादीनां वर्णनां जल्पयेद्यतः।
नर्तकी तेन भाणः स्यादुद्धताङ्गप्रवर्तितः॥
गजादीनां गतिं तुल्यां कृत्वा प्रवचनं तथा।
अल्पाविद्धं सुमसृणं तत्प्रस्थानं प्रचक्षते॥
सख्याः समक्षं भर्तुर्यदुद्धतं वृत्तमुच्यते।
मसृणं च क्वचिद्धृत्तचरितं पिद्रकस्तु सः॥
बालक्रीडानियुद्धादि तथा सूकरसिंहजा।
ध्वजादिना कृता क्रीडा यत्र सा भाणिका मता॥
हास्यप्रायं प्रेरणं तु स्यात्प्रहेलिकयाऽन्वितम्।
ऋतुवर्णनसंयुक्तं रामाक्रीडं तु भाष्यते॥

## बालक्रीडा

इसलिए मसृण में जो उद्धत प्रवेश करता है वह उचित ही है। मसृण में उद्धत कम है और मसृण ज्यादह है और उद्धत में मसृण कम है उद्धत ज्यादह है। यह भेद तो रहेगा ही। इनमें पहिला प्रस्थान नामक प्रबन्ध है। और दूसरा पिद्रक ये दो भेद हैं। किन्तु उद्धत में मसृण के अनुप्रवेश से भाणिका नामक भेद बनता है। और भी प्रेरण, रामाक्रीडक, रासक हल्लीसक वगैरह को भी मसृण की अल्पता या बहुता और उद्धत की अल्पता या बहुता के वैचित्र्य के कारण विभिन्न स्वरूप वाले इन्हीं में प्रविष्ट समझना चाहिए अर्थात् ये भी इन्हीं अल्पत्व एवं बहुत्व की विलक्षणता से अलग भेद हैं। इसको चिरन्तन आचार्यों ने कहा है—

जहाँ छन्नानुराग गर्भ उक्तियों से कहानियों से भूपति के मन का आवर्जन प्रहर्षण किया जावे वह कोमल प्रबन्ध डोम्बिका मानी गई है।

जहाँ नर्तकी नृसिंह एवं सूअर आदि का वर्णन करती है वह भाण है। जो उद्धत अंगों से प्रवृत्त किया गया है।

जहाँ गज की गति के तुल्य नायिका की गति का वर्णन हो वह अल्प रूप में उद्धत किन्तु अतिशय मसृण प्रस्थान कहलाता है।

जहाँ सिंह एवं सूअर की बालक्रीड़ा या परस्पर बाहु युद्ध का वर्णन हो और जहाँ उन लोगों की ध्वजा आदि के साथ की गई क्रीड़ा की कहानी हो वह भाणिका है।

### अभिनवभारती

मण्डलेन तु यन्नृत्तं हल्लीसकमिति स्मृतम् ।
एकस्तत्र तु नेता स्याद्गोपस्त्रीणां यथा हरिः ॥
अनेकनर्तकीयोज्यं चित्रताललयान्वितम् ।
आचतुष्षष्टियुगलाद्रासकं मसृणोद्धतम् ॥" इत्यादि

एते प्रबन्धा नृत्तात्मकाः न नाट्यात्मकनाटकादिविलक्षणाः । राघवविजय-मारीचवधादिकं रागकाव्यम् । एतच्च ग्रन्थविस्तारभीत्या बहुतरं यथासम्भवं न लिखितमनुपयोगाच्च । यत्तूपयोगि तद्यथावसरं वर्णयिष्यामः ।

एष तावत्पदगतः चोद्यकप्रकारः । तत्र तु परस्परमसङ्गतिदोषोऽयं कैश्चिदु-द्भाव्यते । स पूर्वं पूर्वादिनैव प्रतिसमाहितः । एष एव तु प्रकारः कलाविधिना निबध्यमानो राघवविजयमारीचवधादिकरागकाव्यभेदमुद्भावयतीति । यथोक्तं (कोहलेन)—

### मधुसूदनी

एष उच्यमानः चोदनप्रकारः पदगतः गीत्याधारपदानुसारी । तत्र प्रकारे । नृत्तं ताललयाश्रयमुच्यतेऽधुना पदानुसारि अर्थानुसारि चोद्यते इति अयं परस्परम-संगतिदोषः । स दोषः पूर्वमेव पूर्ववादिनैव ।

### बालक्रीडा

जहाँ पहेलियाँ बुझौवल हो और जो हास्य बहुल हो वह प्रेरण है ।

जहाँ ऋतुओं का वर्णन किया गया हो उसे रामाक्रीड कहते हैं ।

जहाँ मण्डल बना कर स्त्रियाँ नाँचती हों वह हल्लीसक है ।

जहाँ एक नेता हो जैसे गोपस्त्रियों में एक हरि और अनेक नर्तकियाँ हों तथा चित्र तालों एवं लयों का अन्वयन किया गया हो ऐसा मसृण एवं उद्धत रासक कहलाता है । इसमें नाचने वालों की जोड़ी में ६४ व्यक्तियाँ होती हैं । इत्यादि ।

ये सब प्रबन्ध नृत्तात्मक हैं । न कि नाटकादि भेदों से विलक्षण नाट्यात्मक हैं । किन्तु राघव विजय एवं मारीच वध वगैरह रागकाव्य हैं न नृत्तात्मक हैं और न नाट्यात्मक हैं । ग्रन्थ के बढ़ जाने के भय से तथा प्रकृत में इनके उपयोग नहीं होने से इनके बारे में बहुत नहीं लिखा है । यदि उपयोगी होगा तो इनके बारे में अवसर पर वर्णन करेंगे ।

यहाँ पदगत अर्थात् पद के विषय में यह चोद्यक प्रश्न का प्रकार है कि कोई लोग इनमें परस्पर की संगति नहीं होने रूप दोष का उद्भावन करते हैं । उसका प्रतिसमाधान (पूर्वः प्रस्तानं प्रबन्धः उत्तरः सिद्धान्त इति द्विभेदः) पूर्व एवं उत्तर से कर दिया है । किन्तु यही एक प्रकार है जो कला की विधि से निबन्धन किये जाने पर रागकाव्य के राघवविजय एवं मारीचवध आदि भेदों का उद्भावन करता है । जैसा कि कोहल ने कहा है—

## अभिनवभारती

"लयान्तरप्रयोगेण रागैश्चापि विवेचितम्।
नानारसं सुनिर्वाह्यकथं काव्यमिति स्मृतम् ॥

लयतश्चास्य गीत्याधारत्वेनाप्राधान्ये गीतेरेव प्राधान्यमिति न काव्यार्थविपर्यासवशेन रागभाषादिविपर्यासो नाट्य इव।

तथा हि राघवविजयस्य हि ठक्करागेणैव विचित्रवर्णनीयत्वेऽपि निर्वाहः। रागो मारीचवधस्य ककुभग्रामरागेणैव। अतएव रागकाव्यानीत्युच्यन्त एतानि। रागो गीत्यात्मकत्वात्स्वरप्रधानः तदाधारभूतं काव्यमिति। एवमिदं च नृत्तं सप्तकृतिप्रकारैर्भगवत एव प्रसृतम्। तथाहि—शुद्धमेव नृत्तं रेचकाङ्गहारात्मकम्। ततो गीतकाद्यभिनयोन्मुखम्। ततोऽपि गानक्रियामात्रानुसारि वाद्यतालानुसारि च। बाहु-

## मधुसूदनी

लयेति। भिन्नभिन्नलयानां प्रयोगेण। विवेचितं पृथक् पृथक् रागैः समेधितम्। नानाविधरससमन्वितम्। कथायाः सुखेन सुन्दररीत्या वा निर्वाहो यत्र भवेत्तादृशं काव्यं गीतकाव्यम्। रागकाव्यम् वेति। लयतः लयात् हेतोः गीत्याधारत्वेन अस्य काव्यस्याप्राधान्ये अर्थात् काव्यं काव्यमिति व्यपदेशाभावे गीतेरेव प्राधान्यं प्राधान्येन व्यपदेशः। इत्थतः नाट्ये काव्यार्थविपर्यासवशेन रागभाषादि विपर्यासो भवति तथाऽत्र नहि भवति।

सप्तेति। डोम्बिका, भाणो, भाणिका वा, प्रस्थानं, षिङ्गकः, रामाक्रीडं, हल्लीसकं, रासकमित्यादयः सप्तविधाः कृतयः निर्माणाय प्रकारा भेदास्तैः भगवतः सकाशादेव प्रसृतम् प्रचलितम्। ततोपि तदपि प्रथमार्थे तसिः। शुद्धेति। शुद्धं मसृणं

## बालक्रीडा

जहाँ भिन्न २ लयों का प्रयोग होता है और राग एवं रागिनियों की विवेचना अर्थात् पृथक् २ प्रयोग होता है तथा सुन्दरता से कथा का निर्वाह रहता है ऐसा नानरसों से सम्पन्न गीत काव्य माना गया है।

इसमें गीति के आधार पर लयों का प्रयोग होता है अतः लयों की अप्रधानता है और गीति की ही प्रधानता है अतः काव्यार्थ के विपर्यास के अनुसार नाट्य में जैसे राग एवं भाषादि का विपर्यास होता है वैसे यहाँ उनका विपर्यास नहीं होता है।

जैसे वर्णनीय वस्तु के विचित्र होने पर भी ठक्क राग से ही राघवविजय का निर्वाह है। और ककुभग्रामराग से ही मारीचवध का। अतएव इनको रागकाव्य कहते हैं। राग गीति स्वरूप है अतः यह स्वर प्रधान है। फलतः स्वर का आधार भूत यह काव्य है। इस तरह यह नृत्त सात कृतियों प्रयत्नों के प्रकार से भगवान् से ही फैला है। तथाहि से सातों कृतियों को बतलाते हैं। रेचकात्मक १ एवं अंगहारात्मक २ नृत्त शुद्ध है। उसके बाद वह नृत्त गीतकाद्युन्मुख ३ एवं अभिनयोन्मुख ४ है। उसके बाद फिर केवल गान क्रियानुसारी अर्थात् गान प्रधान ५ एवं वाद्यसम्बन्धी ताल के अनुसारी अर्थात् वाद्य प्रधान ६ उसके बाद केवल अंगवलन अर्थात् गात्रविक्षेपण प्रधान ७ है। अंगवलन के रूप हैं बाहु में

### अभिनवभारती

प्रेङ्खणोरःकम्पपार्श्वनमनोन्नमनचरणसरणनेत्रस्फुरितकम्पितभ्रूतारापरिस्पन्दकटिच्छेदाञ्चलनमात्ररूपम्। यथोक्तं—

"तण्डुनापि ततः सम्यग्गानभाण्डसमन्वितः।

नृत्तप्रयोगः।" इत्यादि। (ना. शा. ४-२६४)

गीतिर्गानमिति ह्यत्र व्युत्पत्तिरुक्ता। ततोऽप्युद्धतसुकुमारमिश्रात्मकभेदचतुष्टयभिन्नकाव्यार्थानुसारितया चतुर्विधम्। तत्र प्रथमो भेदो लौकिके स्वतन्त्रनृत्ते देवतातोषणादौ वा। द्वितीयः पूर्वरङ्गविधौ परिशिष्टनृत्तलक्ष्ये सवाद्यताण्डवादिविधौ व्याप्तमितीह पूर्वमुक्तम्—

"प्रयोगमङ्गहाराणामाचक्ष्व भरताय वै।" इति (ना. शा. ४-१८)

भगवता तत्र तण्डुनाऽङ्गहाराः सप्रयोगाः प्रोक्ताः। तत्रैवंभूतास्तावदङ्गहारा मह्यं प्रोक्ता इति रेचकैः पिण्डीबन्धैश्च सहितं मुनिना निरूपिताः। करणान्यपि तदुपयोगित्वेनाशङ्कितचोद्यनिराकरणप्रसक्तानुप्रसक्तं नृत्तस्वरूपं दर्शितम् ॥२७३॥

### मधुसूदनी

तयोर्मिश्रात्मकमिति भेदत्रयभिन्नमेव काव्यं त्रिविधमेव न चतुष्टयं किन्तु मसृणमपि उद्धतमिश्रम्, (एकम्) उद्धतमपि मसृणमिश्रं (द्वितीयम) इति मिश्रात्मकं द्विविधं मत्वा भेद चतुष्टयभिन्नं चतुर्विधम्। विश्वे संसारे। सर्वार्थवाचको विश्वशब्दः सर्वादिगणीयस्तत्र विश्वस्मिन् स्यात्, संसारवाचके तत्र विश्वे इत्येव ॥२७३॥

### बालक्रीडा

प्रेंखण १ उरःकम्प २ पार्श्वनमनोन्नमन ३ चरण सरण ४ नेत्र का स्फुरित ५ एवं कम्पित ६ भ्रू ७ एवं ताराओं ८ का परिस्पन्द ९ एवं कटि का च्छेद लचक १० जैसा कि कहा है—

भगवान् के द्वारा उपदेश पाने के बाद तण्डु ने भी गायन एवं वादन के साथ नृत्त का प्रयोग किया है। इत्यादि।

गीति गान है यही यहाँ व्युत्पत्ति कही है। वह भी उद्धत, सुकुमार एवं मिश्र रूप ४ भेदों से भिन्न काव्यार्थ के अनुसार चार प्रकार का है। यहाँ मिश्र के भेद से दो भेद विवक्षित हैं। इसमें एक भेद उद्धत एवं सुकुमार समान कोटिक है। दूसरा भेद है जहाँ उद्धत अधिक सुकुमार कम या सुकुमार अधिक उद्धत कम है। उनमें प्रथम भेद लौकिक स्वतन्त्र नृत्तमें या देवतोषणादि की वेला में व्याप्त है। दूसरा भेद पूर्वरंग की विधि में परिशिष्ट अनुशासन से गृहीत, लक्ष्य नृत्त सवाद्य ताण्डव एवं लास्य की विधि में व्याप्त है। यह अंश पहिले ही यहाँ कह दिया गया है कि भरत के लिए अंगहारों के प्रयोग का उपदेश करिये। भगवान् तण्डु ने प्रयोगों के सहित अंगहारों का उपदेश दिया है इसी प्रकार के अंगहारों को मुझे बतलाया है इस रीति से मुनि ने रेचक एवं पिण्डीबन्धों के सहित अंगहारों का निरूपण किया है। और अंगहारों के उपयोगी करणों का निरूपण किया है। उसके बाद आशंकित चोद्यों के प्रश्नों के निराकरण के प्रसंग में अनुस्यूत नृत्तस्वरूप को भी दिखा दिया ॥२७३॥

**तस्य तण्डुप्रयुक्तस्य ताण्डवस्य विधिक्रियाम्।**
**वर्धमानकमासाद्य संप्रवक्ष्यामि लक्षणम् ॥२७४॥**

### अभिनवभारती

अधुना तु प्रयोगः कीदृशोऽङ्गहाराणां प्रोक्त इति प्रकृतमेवानुसन्धातुमाह—तस्य तण्डुप्रयुक्तस्येति। तत्र पूर्वरङ्गौचित्यायाङ्गहारप्रयोग इत्युक्तम्। तत्र च "ताण्डवं यत्र युज्यते।" (ना. शा. ५-१३) इति वर्धमानताल एव ताण्डवयोगयोग्य इति पूर्वं वर्धमानं गृह्णाति। तदनन्तरं तु गीतकादिविषयो विधिर्वक्ष्यते। तस्येति व्यवहितानुसन्धानार्थः परामर्शः। तण्डुप्रयुक्तग्रहणं समनन्तरोक्तरागकाव्यादिविषयताण्डवशङ्कां निरस्यति। विधीयतेऽनेनेति विधिः गात्रम्। तत् दृष्ट्वा येयं क्रिया प्रयोगः सैव लक्षणम्। अन्यतो व्यवच्छेदकत्वात्। तत्र क्रियात्मकं लक्षणं वक्ष्यामीति सम्बन्धः।

ननु सा क्रियोक्ता करणाङ्गहारविषया। सत्यम्। गीततालसंमिश्रा तु नोक्ता। इह तु वर्धमानाख्यं तालमासाद्य साम्यापादनाबोपायतां नीत्वा तत्प्रमितगीत्याधारत्वाय वर्धमानशब्दवाच्यं "देवं देवैः संस्तुतमीशम्।" (ना. शा. ३१-९८) इत्यादिवाक्य-

### मधुसूदनी

वर्धमानकाख्य गानस्य यत्तालः स एव ताण्डवनृत्तस्य योगे योग्यः। समनन्तरोक्तेति। समनन्तरमेव अव्यवहितपूर्वकाले एव प्रायेण ताण्डवविधिरित्यत्र व्याख्यायां विधीयतेऽस्मिन्नृत्तमिति विधिः विधीयमानं (नृत्त) काव्यं तद् विषयं

### बालक्रीडा

(मूल) इसलिए वर्धमानक आदि गीत प्रयोग के आधार पर तण्डु के द्वारा उपदिष्ट ताण्डव के विधान एवं लक्षण को कहूँगा ॥२७४॥

अब कैसा उन अंगहारों का प्रयोग तण्डु ने कहा इस प्रकृत तथ्य का अनुसन्धान करने के लिए कहते हैं तस्य तण्डु प्रयुक्तस्य इति। पूर्वरंग के औचित्य के लिए अंगहारों का प्रयोग होता है ऐसा कहा। उस में भी "ताण्डवं यत्र युज्यते" इसके आधार पर वर्धमानाख्यताल ही ताण्डव के प्रयोग के योग्य है अतः पहिले वर्धमान का ग्रहण करते हैं। उसके बाद गीतकादि के बारे में विधि को कहेंगे। "तस्य" इस तच्छब्द का व्यवहित दूर में कहे हुए अंश के अनुसन्धान के लिए परामर्श है। "तण्डुप्रयुक्त" पद का ग्रहण समनन्तर अभी अभी जिनको बतलाया है उन राग काव्यादि के विषय में उत्पन्न हुई ताण्डव की शंका का निरास करता है। जिससे विधान किया जाय वह विधि गात्र है। उसको देखकर अर्थात् समझकर जो क्रिया प्रयोग वही लक्षण है असाधारण धर्म है। क्योंकि वह अन्य से व्यवच्छेद करता है। उसका क्रियात्मक लक्षण कहूँगा यह सम्बन्ध है अन्वय है।

प्रश्न = करण एवं अंगहारों के विषयों में जो क्रिया उपयुक्त है वह तो कह दी गई। अब कौन सी क्रिया अवशिष्ट है जिसको कहेंगे। उत्तर = सत्य है। किन्तु गीत एवं तालों

कलानां वृद्धिमासाद्य ह्यक्षराणां च वर्धनात् ।
लयस्य वर्धनाच्चापि वर्धमानकमुच्यते ॥२७५॥

### अभिनवभारती

समूहमासाद्याभिनेयत्वयाश्रित्य तदाक्षिप्तञ्च गीतविशेषमासाद्याङ्गस्य वलनावर्तनादिगतद्रुतत्वादिनियमकारित्वेनावलम्ब्य वक्ष्यामीति सम्बन्धः वर्धमानकगीततालाभिनयसम्बन्धितयोदितं ताण्डवं वक्ष्यामीति यावत् ॥२७४॥

तत्र वर्धमानस्य भविष्य (ना. शा. अ-३१) लक्षणानुवादेन ताण्डवयोगाभिधानायाद्यरूपमाह्—कलानामित्यादि । नवकलः कनिष्ठासारितकः । स एव सप्तदशलयान्तरः । त्रयस्त्रिंशत्कलो मध्यमः । पञ्चषष्टिकलो ज्येष्ठः । तेन कलानां लयद्वारेण सङ्ख्याद्वारेण च वृद्धिः तद्वृद्ध्यै च हीयमानपदवृत्ति (द्धि) राक्षिप्ता । यद्वक्ष्यते—

### मधुसूदनी

ताण्डवमत्रास्ति किमिति शंकां विधीयतेऽनेनेति विधिर्गानमिति व्युत्पत्त्या निरस्यति । स एव प्रयोग एव लक्षणम् । अन्यत इति प्रयोगातिरिक्तं लक्षणमेवकारो व्यवच्छिनत्ति तत्प्रमितीति । वर्धमानकाख्य गानतालप्रमाणा गीतिः ॥२७४॥

हीयमानेति । हीयमानपदानां वृद्धिः । आवृत्तिः ॥२७५॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) अब प्रसंग से वर्धमानक गीत का लक्षण कहते हैं । कलाओं की अंशों की (कला स्यादंशशिल्पयोः इति हेमः) अथवा कलाओं की कालों की (कला शिल्पे कालभेदे इत्यमरः) वृद्धि । अथवा गीतों में गाने की शैली, वाद्यों में वादन की शैली, नाचने में नाँचने की शैली को कला कहते हैं । और गाने की शैली को बढ़ाने से, अक्षरों के बढ़ाने से तथा लय गायन वादन एवं नर्तन के काल एवं क्रियाओं में साम्य ("लयः साम्यम्" इत्यमरः) अथवा केवल गाने में समय एवं क्रियाओं की समान गति (लय गतौ) के बढ़ाने से गीत का नाम वर्धमानक कहाता है ॥२७५॥

से सम्मिश्र क्रिया को नहीं कहा है । यहाँ वर्धमान नामक ताल का आसादन किया अर्थात् साम्य को करने के लिए उसको उपाय बनाया और उससे प्रमित सिद्ध गीति का आधार होने से वर्धमान शब्द से वाच्य "देवं देवैः संस्तुतमीशम्" इत्यादि वाक्य समूह का आसादन अर्थात् अभिनेयत्वेन आश्रयण करने से उससे आक्षिप्त गीति विशेष का ग्रहण करके और अंग के वलन एवं वर्तन आदि में बहने वाले द्रुतत्वादि के नियमकारी के रूप में ग्रहण करके कहूँगा । अर्थात् वर्धमानक गीत और उनके ताल एवं लय के अभिसम्बन्धी के रूप में कहे हुए ताण्डव को कहूँगा ॥२७४॥

वर्धमान का जो लक्षण आगे ३१ वें अध्याय में कहेंगे उसके अनुवाद के द्वारा ताण्डव के साथ सम्बन्ध करने के लिए कहते हैं कलानामित्यादि । कनिष्ठ आसारितक नव कलाओं का होता है । वही सप्तदश लयान्तर बन जाता है । मध्यम आसारित ३३

## अभिनवभारती

चत्वारस्तु गणा युग्मे ओजे" इत्यादि (ना॰ शा॰ ३१-१०) इह त्वक्षराणि तेषां वृद्धिः कलानुसारेणैव नर्तकीनां च वृद्धिः। एका हि प्रथमासारिते नृत्तप्रयोक्त्री। द्वितीये द्वे इत्यादिक्रमेण। अतो वृद्धियोगाद्वर्धमानकम्। ततः संज्ञायां कन्।

कण्डिकानां च दशपरिवर्तक्रमो भविष्यति प्रयोगे यदा यथाक्षरमनिवृत्ताक्षरपदमित्यपि यो भेदो भविष्यपि तेनापि क्रमेण कलादीनां वृद्धिः। अतोऽत्राङ्गहारप्रयोगस्य परिपूर्णस्य च पिण्डीबन्धैः सम्यङ्निष्पत्तिर्भवतीति तात्पर्यम् ॥२७४॥

## बालक्रीडा

बत्तीस कलाओं का होता है। पैंसठ ६५ कलाओं का ज्येष्ठ आसारित होता है। इस तरह लय एवं संख्याओं के द्वारा कलाओं की वृद्धि होती है। इस वृद्धि के लिए हीयमान पदों की वृद्धि का आक्षेप किया है। जैसा कि कहेंगे "चत्वारस्तु गणा युग्मे, ओजेषट् परिकीर्तिताः" समपाद में चार गण और विषमपाद में षट् गण कहे हैं। इत्यादि। यहां छन्दों में अक्षर होते हैं अतः उनकी वृद्धि होती है जैसे—अष्टौ द्वादश षोडश विंशतिरपि चाक्षराणि स्युः। और कलाओं के अनुसार नर्तकियों की वृद्धि होती है। प्रथम कनिष्ठ आसारित में एक नर्तकी। द्वितीय मध्यम आसारित में दो नर्तकियां। तृतीय ज्येष्ठ आसारित में तीन नर्तकियां होती हैं। अतः वृद्धियोग से वर्धमानक होता है। यहां संज्ञा में कन् प्रत्यय है।

कण्डिकानामेव सम्बन्धी ताल उक्त इति दश परिवर्ताः। ऐसा ३१ वें अध्याय में आगे कहेंगे। अतः कण्डिकाओं का दश संख्या में परिवर्तन का क्रम होगा। यहां का भाव यह है। आगे ३१ वें अध्याय में बतलायेंगे कि—

ध्रुवकेण कलाभिश्च कण्डिका देवनिर्मिताः

ध्रुवक एवं कलाओं के सहारे देवताओं ने कण्डिकाओं का निर्माण किया है। यहां कण्डिका का अर्थ है गाने के विषय में नियत विभाग। उस विभाग के लिए मार्ग की योजना की गई है। जैसा कि आगे कहेंगे कि वर्धमान शरीरे तु क्रियते मार्ग योजना। इसी योजना के अनुसार कण्डिकाओं में परिवर्तन किया है जैसा कहेंगे। आद्या नवकला तु स्यादष्टाभिस्तथापरा स्मृता। दश षट् च तथा चैव तृतीया कण्डिकेष्यते। चतुर्थी कण्डिका चैव द्वात्रिंशत्तु कलाः स्मृताः। कलाभिरेवं निर्दिष्टा कण्डिका वर्धमानके। केवलं मार्ग सम्भूताः। चतस्त्रः कण्डिका इति। और आगे ३१ अध्याय में लिखेंगे कि—

बालं नवकलं ज्ञेयं सप्तदशकलान्तरम्। मध्यमं तु त्रयस्त्रिंशत् पंचषष्टिस्तथोत्तरम्।

प्रथमां कण्डिकां कृत्वा बालताल प्रयोजिताम्।
अन्तिमार्धकला हीनं कुर्यादिवं कनिष्ठकम्।
द्वितीयां कण्डिकां कृत्वा प्रथमा सकला यदि।
योज्यते पूर्वतालेन तदा तत् स्यात्कलान्तरम्।

इत्यादि। और लिखेंगे कि—

तृतीया च द्वितीया च प्रथमा चैव तत्कला।
द्विकलं योगमाश्रित्य मध्यमासारितं तु तत्।

**कृत्वा कुतपविन्यासं यथावद्‌द्विजसत्तमाः ! ।**
**आसारितप्रयोगस्तु ततः कार्यः प्रयोक्तृभिः॥२७६॥**

अभिनवभारती

एवं लक्षणानुवादेन ताण्डवोपयोगमभिधाय विधिदृष्टां क्रियां प्रतिज्ञानपूर्वं माह—कृत्वेत्यादि। पूर्वरङ्गविधौ वक्ष्यते—

"कलापातविभागार्थं भवेदासारितक्रिया।
कीर्तनाद्देवतानां च ज्ञेयो गीतविधिस्तथा॥" इति (ना. शा. ५-२१)।

मधुसूदनी

कलापातविभागार्थं मति। कश्चिदेव एककलः, द्विकलः, पंचकलः, अष्टकलः, द्वादशकलः इत्येवं कलानां पातो योजना। तस्य विभज्य सम्पादनार्थम्। शुष्का-

बालक्रीडा

चतुर्थो मार्गितः कृत्वा मतलः कनिष्ठका यदा।
चतुष्कले नियोज्यन्ते ज्येष्ठमासारितं तु तत्। इत्यादि।

अनिवृत्ताक्षर पद अर्थात् जिसमें अक्षर एवं पदों की निवृत्ति नहीं होती है वह यथाक्षर नामक जो भेद होगा उस क्रम से भी कला वर्ग ताल लय आदि की वृद्धि होती है। जैसा कि लिखेंगे—

आसारितानां सर्वेषां त्रयो भेदाः प्रकीर्तिताः।
यथाक्षरं द्विसंख्यातं त्रिसंख्यात मथापि च। यह और
अनिवृत्ताक्षरपदं यथाक्षरमिति स्मृतम्। यह।

अतः अंगहारों के परिपूर्ण प्रयोग की सम्यक् निष्पत्ति पिण्डीबन्धों से होती है यह तात्पर्य है। जैसा कि कहेंगे—

प्रयोगस्तु यदा तेषां पिण्डीबन्धैर्विकल्पते।
प्रत्येकं ह्यंगविन्यासास्तदा तेषां पृथक् पृथक्। इति॥२७५॥

इस प्रकार लक्षण के अनुवाद के द्वारा ताण्डव के योग का अभिधान करके प्रतिज्ञा पूर्वक विधि के अनुसार क्रिया को कहते हैं कृत्वा इत्यादि। पूर्वरंग विधि में कहेंगे कि आवापादि कलाओं और शम्यादि पातों के विभाग करने के लिए आसारित क्रिया होनी चाहिए। तथा देवताओं के कीर्तन करने से गीत विधि को जानना चाहिए।

उसमें पूर्वार्ध के द्वारा शुष्काक्षरों से आसारित प्रयोग को कहते हैं। जैसा कि कहेंगे। ये ज्येष्ठ मध्य एवं कनिष्ठ आसारित बहिर्गीत हैं। अन्तर्यवनिका गत प्रयोक्ताओं के द्वारा प्रयोज्य हैं। यहाँ द्वितीयार्द्धोपात्त बहिर्गीत शब्द से सार्थक पदों से युक्त आसारित प्रयोग को कहते हैं।

वहाँ ही फिर कहेंगे कि—उसके बाद यहाँ यवनिका पर्दे को हटा कर सभी कुतपों के साथ नृत्त पाठ्य एवं कृत वाली कार्यों का मिलान कर दो। और मद्रकादि गीतों में किसी

## अभिनवभारती

तत्र प्रथमार्धेन शुष्काक्षरैरासारितप्रयोगमाह। तथा च वक्ष्यति—

"एतानि तु बहिर्गीतान्यन्तर्यवनिकागतैः॥" इति (ना. शा. ५-११)।

बहिर्गीतशब्देन द्वितीयार्धेन सार्थकपदयुक्तमासारितप्रयोगमाह। तत्रैव च वोच्यते—

"ततः सर्वैस्तु कुतपैः संयुक्तानीह कारयेत्।
विघाट्य वै यवनिकां नृत्तपाठ्यकृतानि तु॥"
गीतानां मद्रकादीनाम् (ना. शा. ५-१३) इत्यादि।

तस्मिन्नवसरेऽयं नृत्तप्रयोग इति तमेवावसरं दर्शयति—कृत्वेत्यर्धेन। कुतं शब्दं पातीति चतुर्विधमातोद्यं कुतपं तत्प्रयोक्तृजातरूच। तस्य विशेषेण व्यवस्थापनम्।

## मधुसूदनी

क्षरैर्निरर्थकैरक्षरैः। बहिर्गीतानि अंगानि। चतुर्विधमातोद्यम्=ततं चैवावनद्धं च घनं सुषिरमेव च। चतुर्विधं तु विज्ञेयमातोद्यम् (ना. शा. २८–१)। शुष्काक्षराणां निरर्थकानां गीतानां प्रयोगः प्राणो यत्र प्रस्तावनात्मके अंगप्रयोगे। भविष्यन् आतो-

## बालक्रीडा

(मूल) हे द्विजवरो ! संगीत (नृत गीत च वाद्यं च त्रिकं संगीतमुच्यते) तौर्यत्रिक की पद्धति के अनुकूल कुतप यानी वाद्यन्त्रों का विन्यास करके आसारित के नृत्य का प्रयोग अभिनेता लोगों को करना चाहिए॥२७६॥

एक गीत का प्रयोग करो। इत्यादि। उसी अवसर में वह नृत्त प्रयोग होता है अतः उस अवसर को दिखाते हैं। कृत्वा इस अर्ध भाग से।

कुत (शब्द) की रक्षा करता है या कु शब्द को तपाता है उज्ज्वल करता है अतः कुतप चतुर्विध आतोद्य एवं उन आतोद्यों के प्रयोग कर्त्ताओं का समुदायकी संज्ञा है। २८ वें अध्याय में कहेंगे—

एवं (ततः) कुतपविन्यासो गायनः (कः) सपरिग्रहः
वैपञ्चिको वैणिकश्च वंशवादस्तथैव च
मार्दंगिकः पाणविकस्तथा दार्दरिकोऽपरः
अवनद्धविधानेन कुतपः समुदाहृतः।
उत्तमाधममध्याभिस्तथा प्रकृतिभिर्वृतः
कुतपो नाट्ययोगे तु नानादेशसमुद्भवः। इति।

यहाँ परिग्रह शब्द से कांस्यताल को समझना चाहिए। कुतप का विशेष रूप से व्यवस्थापन विन्यास है। वहाँ विशेष रूप से न्यास यानी युक्ति के अनुसार स्वर, ताल, लय एवं कला आदि का निवेशन। वही विन्यास प्रत्याहार आदि नामों से कहा जाता है जब कि वह आसारित की क्रिया से अन्तः परिपूर्ण होता है। क्योंकि आसारित क्रिया से अभिहत आतोद्य एवं आतोद्य के प्रयोक्ता से प्रयोक्तव्य आसारित की कला एवं पात्रों का प्रस्ताव इस तरह करना है ऐसा कहा है उस क्रिया से अन्तः परिपूर्ण उस विन्यास को "यथावत्"

**तत्र तूपोहनं कृत्वा तन्त्रीगानसमन्वितम् ।**
**कार्यः प्रवेशो नर्तक्या भाण्डवाद्यसमन्वितः ॥२७७॥**

## अभिनवभारती

तत्र विशेषेण न्यासो यथायोगं स्वरताललयकलादिनिवेशनम् स एव प्रत्याहारादिग- सारितक्रिययान्तःपरिपूर्णो विन्यासः। आसारितक्रिययाभिधावातोद्ये तत्प्रयोक्तरि च प्रयोक्ष्यमाणासारितगतकलापातप्रस्ताव एवं क्रियत इत्युक्तम्। स च परिपूर्णो विन्यासो यथावच्छब्देन दर्शितः। अनुपूर्वश इति पाठे प्रत्याहारावतरणाद्यङ्गजातं सूचयति। तेन एतदुक्तं भवति—अन्तर्यवनिकागते शुष्काक्षरप्रयोगप्राणभविष्य- दातोद्यप्रयोगप्रस्तावनात्मके दृष्टफले दैत्यारिपरितोषणया तद्विघ्नशमनशास्त्रीयफले च पात्र प्रयुक्तेऽङ्गकलापेऽयं प्रयोगविधिः। आसारितप्रयोग इति सार्थकपदं यत्रे- त्यर्थः प्रयोक्तृभिरित्यातोद्यान्तरसाहित्यं बहुवचनेनाह ॥२७६॥

प्रयोगक्रमं दर्शयति—तत्र त्वित्यादिना। उपोहनं, शुष्काक्षरं, कनिष्ठासारिते पञ्चपाणेस्तालः। उपोहने समासव्यासतः पदकालताललयसहिताः स्वरा यस्मिन्नङ्गे तत्तथोक्तम्। गानं ततसुषिरातोद्यैर्गीयते यत् स्वरतालपदात्मकं तद्गीतम्। तेन घनावनद्धातोद्यद्वयस्यात्र निरासः। उपोहनसमाप्तौ नर्तक्याः प्रवेशः। तत्र भाण्डवाद्य

## मधुसूदनी

द्यानां चतुर्विधानां प्रयोगो यत्रेति बहुव्रीहिपूर्वकः कर्मधारयः। दैत्यारेः दैत्याःबाणासुर रावणादयः। तद्विघ्नेति। तस्या प्रस्तावनायाः सम्बन्धिनां विघ्नानां शमनम् ॥२७६॥

उपोहनं श्रुतिमूर्छनाक्रमतानलयालंकारजातिगीतिविशिष्टस्वराणां ज्ञानम्। शुष्काक्षरं निरर्थकम्। तत्र नित्यं करणस्य क्रियाया योगेन विशुद्धा जातिः। यथा

## बालक्रीडा

(मूल) तंत्री वीणा, सितार या सारंगी के ऊपर गाने के साथ उपोहन करे। उपोहन का अर्थ है कलाओं में स्वर का ताल, काल एवं क्रियाओं में संक्षेप तथा विस्तार से ऊहन। इसके बाद बजैयों एवं गवैयों के साथ नर्त्तकी का रंगमंच पर प्रवेश कराना चाहिए ॥२७७॥

शब्द से दिखाया है। यथावद् द्विजसत्तमाः के स्थान पर यथावदनुपूर्वशः पाठ में प्रत्याहार एवं अवतरण आदि अंगों की सूचना करते हैं। अन्तर्यवनिका अर्थात् पर्दे के भीतर शुष्काक्षर अर्थरहित प्रयोग ही प्राण है जिसका ऐसे आतोद्य का प्रयोग जिसमें किया जायगा ऐसे प्रस्तावनात्मक दृष्ट फल वाले तथा दैत्यारि अमरों के परितोष से नाट्य विघ्नों के शमन रूप शास्त्रीय फल वाले नाटकीय पात्रों से प्रयुक्त अंगों में यह प्रयोग विधि है जिसमें आसारित प्रयोग इस सार्थक पद का व्यवहार है। प्रयोक्तृभिः इस बहुवचन से यह कहा कि अन्य आतोद्यों का भी साहित्य यहाँ है ॥२७६॥

अब प्रयोग के क्रम को दिखाते हैं—तत्र तु इत्यादि से। उपोहन। यह शुष्काक्षर होता है। जैसा कि कहेंगे—

पुष्करकरणायां तु जात्यां वाद्यं प्रयोजयेत् ।
गत्या वाद्यानुसारिण्या तस्याश्चारीं प्रयोजयेत् ॥२७८॥

अभिनवभारती

पुष्करवाद्यम् तत्र जातिः शुद्धा । सा च मध्यस्त्रीणां लक्ष्यते । तत एवात्रानुकार-साक्षात्कारशङ्कानिराकरणम् ।

तथा हि—सति परमेश्वरस्य रामादिवत्प्रयोज्यत्वे जातिप्रसङ्गः ।

तत्र—

"एकाक्षरकृतं वाद्यं यद्भवेत् सर्वमार्गिकम् । नित्यं करणयोगेन सा शुद्धा"
"द्धं द्धं द्रं द्रं कला खो खो णा णेति विहितवाक्ता ।
सा शुद्धा विज्ञेया मध्यस्त्रीणां सदा जातिः ॥" इति ।

(ना शा ३४-१५०-१५१

मधुसूदनी

भावरसोपरंजनं जायते सा जातिः । सा च जातिः स्त्रीणां मध्ये सदा लक्ष्यते । अथवा विशुद्धकरणजातौ विशुद्धम् करणम् क्रिया यस्यां सा जातिः आर्षभी धैवती निषादिनी षाड्जी प्रभृतिः । तस्यां जातौ । तथाविधवाद्यानुसारिणी विशुद्धकरण-जातिविशिष्टवाद्यानुगामिनी । गतिः नर्तकीनर्तनम् । तदुपलक्षणा गत्युपलक्षणा ।

बालक्रीड़ा

(मूल) यहां जाति शब्द से "स्वरसाधारणगतास्तिस्रो ज्ञेयास्तु जातयः" के अनुसार दो स्वरों का एक स्थान में सद्भाव विवक्षित है और करण का अर्थ है विपञ्ची प्रभृति वीणा वाद्यों के उपयोगी साधन । वे स्वर जातियाँ शुद्ध एवं विकृत दो प्रकार की हैं अतः उक्त प्रकार के करणों वाली विशुद्ध स्वर जाति में वाद्य का प्रयोग करे फिर उस वाद्य के अनुसार की गई गति के द्वारा इस की चारी का प्रयोग करे ॥२७८॥

तस्मादुपोहनं ज्ञेयं शुष्काक्षरसमन्वितम् । (ना. शा. ३१।१३८) और, यहाँ आसारित मुख संज्ञित उपवहन विधिनिर्दिष्टः । ना. शा. ३१। १०५ । आसारित होता है अतः कनिष्ठासारित में पंचपाणि का ताल होता है जैसा करेंगे—

शम्या, ताल पुनश्चैव शम्यातालमथापि च
आद्येऽक्षरे सन्निपातं पंचपाणेश्च योजयेत् (ना. शा. २९।५७)
कनिष्ठासारिते तालो यो मया परिकीर्तितः । (ना. शा. ३१।१४९)

अब उपोहन शब्द की व्युत्पत्ति लिखते हैं कि जिस अंग में पद काल ताल एवं लय सहित स्वरों का संक्षेप एवं विस्तार से उपोहन करते हैं जैसा कि कहेंगे । "उपोह्यन्ते स्वरा येन" ना. शा. ३१।१३८ । इससे गान की प्रवृत्ति होती है अतः गान को लिखते हैं गानम् ।

उपोह्यन्ते स्वरा येन तेन गीतं प्रवर्त्तते इति ।

**वैशाखस्थानकेनेह सर्वरेचकचारिणी ।**
**पुष्पाञ्जलिधरा भूत्वा प्रविशेद्रङ्गमण्डपम् ॥२७६॥**

### अभिनवभारती

एकाक्षरस्य आवृत्तौ अयमेव वर्णस्तत्तन् "कन्दहि" "कन्दहि" इत्यादि । तथाविधवाद्यानुसारिणी या गतिः तदुपलक्षणचारीति संबन्धः । करणाङ्गहारान्प्रयुञ्जीत' इति भाण्डवाद्यस्यानुप्रयोज्यता प्राधान्येनोक्ता । यथोक्तं भवति भट्टतोतेन "पर्यायशस्तस्यास्य प्रयोगः" इति । तदनन्तरं प्रयोगमाह—वैशाखस्थानकेनेत्यादि । वैशाखरेचितकरणमनेन लक्षयति—

"रेचितं हस्तपादं च कटिग्रीवं च रेचितम् ।" इति (ना. शा. ४-९७) पुष्पाञ्जलिधरेति । तत्पुष्पपुटकरणमनेन लक्ष्यते—विसृज्येति । पुष्पाक्षेपमङ्गप्रक्रमेण निर्देश्यैत्यर्थः ।

### मधुसूदनी

अनुकूला प्रयोज्यता कर्तव्यता । "रंगपीठं परीत्य च देवताभ्यः प्रणम्य च" इति मूलं व्याख्याति—रंगेति । एककालत्वं रंगपीठपरिगमनदेवताप्रणमनयोः । चद्वयेन उक्तम् । क्त्वाप्रत्ययार्थं पौर्वकाल्यम् । ततः परिगमनप्रणमनयोरनन्तरम् । अभिनयमाचरेदिति संगतं, द्वयं चाचरेदिति अन्वयकरणमुपेक्ष्यमित्यर्थः । अभिनयप्रयोजनं

### बालक्रीडा

(मूल) उस के अनन्तर वैशाख-स्थानक नामक स्थिति में खड़ी होकर सभी रेचकों (ग्रीवा रेचक कर रेचक, एवं कटि रेचकों) का अभिनय करती हुई नर्तकी पुष्पों को अंजलि में लेकर रंग मण्डप में प्रवेश करे ॥२७६॥

जो तत एवं सुषिर आतोद्यों से स्वर ताल एवं पदात्मक गीत गाया जाता है वह गान है । यहां तत एवं सुषिर आतोद्यों के कथन से घन एवं अवनद्ध आतोद्यों का निरास होगया । पूर्वोक्त उपोहन की समाप्ति में रंग मंच पर नर्तकी का प्रवेश होता है । वहाँ भाण्डवाद्य माने पुष्कर वाद्य है । उस वाद्य में शुद्धा जाति । वह जाति मध्यश्रेणी की स्त्रियों में दिखाई पड़ती है । इसी लिए अनुकार के साक्षात्कार की शंका का निराकरण होगया । अनुकार के साक्षात्कार की शंका का निराकरण कैसे हुआ उसको बतलाते हैं । 'तथाहि परमेश्वर' राजा शासक जो स्वयं विनीत होगा तभी वह प्रजा को भी विनीत करेगा अतः वह रामादि की तरह आचरण करने के लिए प्रयोज्य है विनय के लिए प्रेरणीय है अतः रस एवं भावों के अनुकूल प्रकृति आदि की विशेष प्रतिपत्ति के लिए जनन कारण है अतः वाद्यों की जाति का प्रसंग उपस्थित हुआ है । वह जाति अट्ठारह प्रकार की है । "शुद्धा पुष्करकरणा विषमा विष्कम्भितकरूपा च" इत्यादि । उनमें—शुद्धा जाति का लक्षण लिखते हैं—एक अक्षर की आवृत्ति जहां रहे और रस एवं भावों के औचित्य से सभी मार्गों में अनुसरण शील वाद्य जहाँ रहे वह शुद्धा नामक जाति है । जो सदा करणों के समन्वय से अन्वित होती है । जैसे—

पुष्पाञ्जलिं विसृज्याथ रङ्गपीठं परीत्य च ।
प्रणम्य देवताभ्यश्च ततोऽभिनयमाचरेत् ॥२८०॥

अभिनवभारती

अन्ये तु सद्य एव पुष्पाञ्जलि सन्मोक्षं चाहुः । रङ्गपीठे यः परिगतः समन्ततः परिष्वङ्गकरणं मध्य एव देवतानां पूर्वपूजितानां प्रणामाभिनय इत्येककालत्वं चशब्देनोक्तत्वात् द्वयं चाचरेदित्येतदुपेदयम् । पौर्वकाल्यमाश्रित्य ततोऽभिनयमिति । भक्त्यतिशयेन तदर्थभावनया विशिष्टतां प्रदर्शयितुम् । आसारितगीतस्य पदार्थवाक्यार्थविषयोऽभिनयः स्वात्मन्याभिमुख्यनयनम् । न तु सामाजिकान्प्रति ॥२७७-२८०॥

मधुसूदनी

द्विधा आह—तदर्थस्य आसारितगीतावयवार्थस्य भावनया आसारितवाक्यस्य विशिष्टतां प्रदर्शयितुम् । पदार्थविषयः वाक्यार्थविषयश्च योऽभिनयः स्वात्मनि न तु सामाजिकान् प्रति आभिमुख्यं नयनं सम्पादनम् ॥२७७-२८०॥

बालक्रीडा

(मूल) प्रवेश करने के बाद नर्तकी रंग पर चारों ओर घूम २ कर उन अञ्जलिस्थ पुष्पों को बिखेरदे फिर देवताओं को प्रणाम करके अभिनय का आरम्भ करे ॥२८०॥

ढं ढं ढं ग्रं क्ला गो घो णा णा से बने हुए वाक्यों वाली और स्त्रियों के मध्य में सदा रहती है वह शुद्धा जाति है । एक अक्षर की आवृत्ति में वही वर्ण बार २ आयेगा जैसे रुन्दहि रुन्दहि में वही रुकार नकार दकार एवं हिकार है । इस तरह के वाद्य का अनुसरण करने वाली गति और उस गति के उपलक्षण से प्रतीत होने वाली चारी का प्रयोग करे यह सम्बन्ध है अन्वय है । करणों के द्वारा अंगहारों का प्रयोग करे या पृथक् पृथक् करण एवं अंगहारों का प्रयोग करे इससे प्रधानतया भाण्ड वाद्यों के प्रयोग की अनुज्ञा है । जैसा कि भट्टतौतने कहा है कि पारी पारी से कभी इसका और कभी उसका प्रयोग करना चाहिए । अब इसके बाद प्रयोग बतलाते हैं कि वैशाख स्थानक इत्यादि से । वैशाखस्थानक से वैशाखरेचित करण का उपलक्षण है । जहाँ हाथ और पैर रेचित होवें तथा कमर और गल रेचित होवें । अंजलि में पुष्पों को लिए हुए इससे तलपुष्पपुट करण की प्रतीति होती है । विसृज्य अर्थात् अंगो के संचालन क्रम से पुष्पों के फेंकने को दिखाकर । दूसरे तो उसी समय अंजलि में पुष्पों को लेना और उनको फेंक देना कहते हैं ।

रंगपीठ में जो परिणाम अर्थात् चारों तरफ परिष्वंग करण नमन करना और मध्य में पूर्व पूजित देवताओं को प्रणाम करना दोनों को एक ही समय चशब्द ने कहा है अतः दोनों को करना चाहिए यह अंश उपेक्षणीय है । प्रणम्य में क्त्वा प्रत्यय के अर्थ पौर्वकाल्य के अनुसार कहते हैं कि उसके बाद अभिनय करे । भक्ति के उद्रेक से उस आसारित गीत के अर्थ की भावना से विशिष्टता को दिखाने के लिए । आसारित गीत सम्बन्धी पदार्थ एवं वाक्यार्थों का अभिनय अर्थात् अपने आप में आभिमुख्य नयन । न कि सामाजिकों के प्रति ॥२७७॥२८०॥

यत्राभिनेयं गीतं स्यात्तत्र वाद्यं न योजयेत् ।
अङ्गहारप्रयोगे तु भाण्डवाद्यं विधीयते ॥२८१॥

### अभिनवभारती

यत्रेति निपातो यतो हेतोरित्यर्थे। तेन यतो गीतमिति गीयमानं वाक्यमभिनेयं स्वाभिमुख्यं नेयम्। तच्च गानं स्वरवर्णालङ्कारलक्षणमाभिमुख्यमङ्गसाम्यं नेयम्। ततो हेतोस्तस्यैव प्राधान्यात्तस्मिन्कालेऽपनद्धवाद्यं तदाच्छादनकारि भवतीति स्वातन्त्र्येण न योजयेदतिशयेन योजने नयनं न स्यात्। यत्रेति परिभाषां सार्वत्रिकीमाह

अनुवादमुखेन परिशिष्टं प्रयोगमाह—अङ्गहारप्रयोगे त्विति। तुशब्द एवकारार्थे। अङ्गहारस्य शुद्धस्यैवाभिनयशून्यस्य प्रयोगे नृत्तप्राधान्ये तदनुसारि वाद्यं विधीयते विशेषणानन्तरयोगविशेष्यानन्तरयोगापेक्षया सनिमेयं विधेयोऽवधार्यते। अत एव च

### मधुसूदनी

आभिमुख्यमित्यस्यार्थमाह—अंगसाम्यम्। तदाच्छादनकारि गेयगोपनकारि। तस्मिन् काले गेयकाले। स्वातन्त्र्येण अतिशयेन वाद्यं न योजयेत्। अतिशयेन योजने नयनं न स्यात् स्वाभिमुख्यसम्पादनं न स्यादित्यर्थः। अन्तरयोगः भेदेन स्वरस्य योगः। अनन्तरः अभिन्नः स्वरयोगः। तदपेक्षया सनिमेयं नितरां भेयेन वस्तुना सहावधार्यते।

### बालक्रीडा

(मूल) जहाँ गीत गेय का ही केवल अभिनय करते हैं वहाँ वाद्यों का उपयोग नहीं करना चाहिए। किन्तु जहाँ स्थिरहस्त प्रभृति ३२ अंगहारों में से किसी अंगहार का प्रयोग होता है वहाँ भाण्ड वाद्य का विधान होता है ॥२८१॥

यत्र यह निपात यतो हेतोः इस अर्थ में है। अतः जिस हेतु से गीत माने गीयमान वाक्य को अपने अभिमुख लेना है। अतः स्वर, वर्ण, अलंकार सम्पन्न लक्षण वाले गान का आभिमुख्य अर्थात् अंगसाम्य करना अभिमत है। इसलिए गीत की ही प्रधानता है। यदि गान के समय में अनवद्ध वाद्य बजाया गया तो वह गीत के स्वरूप का आच्छादन करने वाला हो सकता है अतः स्वतन्त्ररूप से वाद्य का उपयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि वाद्य का अतिशय उपयोग करने पर गान का अभिमुख नयन नहीं हो सकेगा।

अनुवाद मुख से परिशिष्ट प्रयोग को कहते हैं—अंगहारों के प्रयोग में तो। यह तु शब्द एवकार के अर्थ में है। अयोग, अन्ययोग एवं अत्यन्तायोग ये तीन एवकार के अर्थ हैं। विशेषण के अनन्तर योग वाला एवकार अयोग अर्थ में आता है। विशेष्य के अनन्तर योग वाला एवकार अन्ययोग अर्थ में आता है। और क्रियान्वित एवकार अत्यन्तायोग अर्थ में आता है। तदनुसार प्रकृत में विशेषणानन्तर योग एवं विशेष्यानन्तर योग वाले एवकार की

समं रक्तं विभक्तं च स्फुटं शुद्धप्रहारकम् ।
नृत्ताङ्गग्राही वाद्यज्ञैर्वाद्यं योज्यं तु ताण्डवे ॥२८२॥

### अभिनवभारती

पूर्वेणैव विधानेन प्रविशेच्चापि नर्तकी
गीतकार्थं त्वभिनयेद् द्वितीयासारितस्य तु

"तदेव हि पुनर्वस्तु नृत्तेनापि प्रदर्शयेत् ( ना॰ शा॰ ) ४.२८८ । इति वक्ष्यमाणे समाकर्षणे पुनरासारितगाने न शुद्धनृत्तमिति वाद्यस्य गीयमानसहितस्य, गानस्य नृत्तस्य च क्रमेण प्राधान्येन प्रयोगो दर्शितः भाण्डवाद्यं विधीयत इत्युक्तम् ॥२८१॥

तदीदृशमिति दर्शयति—सममिति । देशकालाभ्यामक्षराङ्गताललययतिपाणिग्रहन्यासाष्टविधसमतात्मकं साम्यं पुष्कराध्याये च वक्ष्यते । तत्र षोढा तालकृतम् । द्विधा स्वरोच्चारणस्थानयत्नकृतम् । तद्योगात् रक्तभावः शब्दस्य हृद्यस्वरूपता ।

### मधुसूदनी

पुनरित्यस्य द्वितीयत्वमर्थः । द्वितीयासारितगाने नर्तक्या नर्तकी द्वारा समाकर्षणसम्पादने सति शुद्धं नृत्तं भवतीति हेतोः वाद्यस्य तदादेः गीयमानार्थसहितस्य गानस्य नृत्तस्य च वक्ष्यमाणस्य इत्यन्वयः ।

पुष्कराध्याये चतुस्त्रिंशे वक्ष्यते । तथाहि—सर्वस्यापि वाद्यस्य अष्टौ साम्यानि भवन्ति तद्यथा—अक्षरसममंगसमंताललययतिसमं ग्रहसमं च । न्यासापन्याससमं

### बालक्रीड़ा

(मूल) ताण्डव नृत्त में सम, रक्त विभक्त तथा शुद्ध प्रहारों से स्फुट वाद्य-जो नृत्त के अंगों का ग्राही यानी अंगों से सम्बन्ध रखता है उस वाद्य की विधि को जानने वाले लोगों को योजना करनी चाहिए ॥२८२॥

अपेक्षा से अन्य क्रियान्वित एवकार का प्रयोग है अतः अगहारों के अभिनय में ही इस वाद्य का अवधारण निमेव सुगेय के सहित किया जाता है । इसीलिए

पूर्व विधान के अनुसार नर्तकी रंगमंच पर प्रवेश करे किन्तु वह द्वितीय आसारित सम्बन्धी गीत के अर्थ का अभिनय ही करे । और फिर बाद में वह उसी अर्थ को नृत्त से दिखावे भी ।

इस तरह वक्ष्यमाण नर्तकी के समाकर्षण यानी प्रवेश और फिर आसारित गान इनमें शुद्ध नृत्त नहीं है अतः गीयमान अर्थ के सहित वाद्य का, और गान का तथा नृत्त का क्रमशः प्राधान्य करते हुए प्रयोग दिखाया है । फलतः भाण्डवाद्य का विधान करते हैं ऐसा कहा ॥२८१॥

वह वाद्य का प्रकार ऐसा होना चाहिए उसे दिखाते हैं । समान इति । आगे ३४ वें पुष्कराध्याय में वाद्य के प्रकार चित्र १ सम २ विभक्त ३ छिन्न ४ छिन्नविद्ध ५ विद्ध ६

अभिनवभारती

सा च मायूर्यादिविविधमार्जनायोगात्। तेन सम्यङ्मार्जनायोगात् रक्तम्। विभक्तम् आहत्यानन्तरं च पीडितयोगेन विच्छेदप्रतिभाससमानाक्षरम्। स्फुटमिति कादिवर्णानामनुहारो यत्र स्पष्टो भवति। प्रहारा वर्णान्ते (शुद्धविशुद्धका (क) रणान्ते स्थिता यदि वा ?) आलिप्तकायतम एव मार्गे स्थिताः। यत्र नृत्तमङ्ग-

मधुसूदनी

पाणिसमं चेति विज्ञेयम्। तत्र अक्षराणि षोडश कखगघ टठडढ तथदध म र ल ह इति। अंगानि बन्धस्फुटादीनि चत्वारि। तालाः चच्चत्पुटचाचपुटप्रभृतयः षष्ठिः। तालो नाम अयं स्वर इयत्कालं गातव्य ईदृशे हस्तपादैः आकुञ्चनप्रसारणादिभिर्नर्तितव्य इति कालक्रिययोर्मानं तालः। द्रुतमध्यविलम्बितेति त्रिविधो लयः। समा, स्रोतोगता, गोपुच्छा चेति त्रिविधा यतिः। समपाणिरर्धपाणिरुपरिपाणिश्चेति त्रयः पाणयः। ततावनद्धवंशानामेकश्रुतिकृतं गानं ग्रहः। स्वराणामुपन्यासो न्यासः। मायूरी अर्धमायूरी कार्मारवी इति त्रिविधा मार्जना। तद्योगात् ताल काल देश सम्बन्धात् रक्तभावः। विभक्तं नाम वाद्येषु हस्ताघातानन्तरं मर्दनं पीडितयोगेन विच्छेदं

बालक्रीड़ा

वाद्य संश्रय ७ अनुसृत ८ प्रतिविद्युत ९ दुर्ग १० अवकीर्ण ११ अर्धावकीर्ण १२ परिक्षिप्त १३ एकरूप १४ नियमान्वित १५ साचीकृत १६ समलेख १७ चित्रलेख १८ सर्वसमवायकृत १९ और दृढ २० ये बीस प्रकार बतलाये हैं।

इनमें रक्त नामक कोई प्रकार नहीं है। किन्तु यहाँ ४वें अध्याय में एवं आगे ३४वें अध्याय में भी यही "समं रक्तं विभक्तं च" १८६ पद्य ज्यों का त्यों उल्लिखित हैं। फिर इसी अध्याय के ९९वें श्लोक में

"न हि चित्रं कर्तव्यं गतिप्रचारेषु वादनं तज्ज्ञैः।"

चित्र नामक ही वाद्य का उल्लेख है। किन्तु इसी अध्याय के अन्तिम

स्फुटप्रहारं विशदं विभक्तं रक्तं विकृष्टं करलेपनं च
त्रिमार्जनापूरितरागरम्यं मृदंगवाद्यं गुणतो वदन्ति।

इस ३०३वें श्लोक में रक्त वाद्य का उल्लेख है। और ३३वें अध्याय के

"रक्तं समं श्लक्ष्णमलंकृतं च सुखं प्रशस्तं मधुरं च गानम्"

इस अन्तिम ४३५वें श्लोक में गान का विशेषण या स्वरूप रक्त नाम से उल्लिखित मिलता है। इसके सिवाय सम आदि का जो लक्षण ३४वें अध्याय के

दर्दर पणवमृदंगैर्नानाकरणैः समनुयातः।
तालांशवेणुयुक्तः स तु विज्ञेयः समो नाम।

इस १९३ श्लोक में जो लिखा है और यहाँ प्रकृत ४ अध्याय में जो लिखा है वह भिन्न है। किन्तु इसी ३४वें अध्याय के

नात्यायतस्तथा स्यादिह् सास्थानस्थितो विभक्तश्च
अक्षर पाणिलयेषु विभक्तकरणो विभक्तस्तु। १९४ श्लोक में

### अभिनवभारती

द्वारात्मकं तत्राङ्गानीव करणानि। यदि वा गीताङ्गानि मुखादीनि गृह्णाति सम तया स्वीकुरुते एतच्च सममिति गतार्थम्। तेनायमर्थः—नृत्तकर्मभूतमङ्गकदम्बं यथा स्याद्वाद्यं ग्राहयति। नृत्तस्य तन्नृत्यतेति यदङ्गानि प्रयुङ्क्त इव वैचित्र्यप्रयोगात्स-

### मधुसूदनी

यथा स्यात्तथा अर्थात् पृथक् प्रतिभासमानानि अक्षराणि यत्र। अनुहारः स्पष्टो यत्र उच्चारणं विशदं यत्र वाद्ये। प्रहारास्त्रयः निगृहीतोऽर्धनिगृहीतो मुक्तश्चेति प्रहारा वर्णा इति।

अञ्चितकक्ष्ये पणवे रेफः सोर्धे तु हस्योर्ध्वे मद्दे। कार्या मयूरककरा सूक्ष्मौघास्तथा प्रहारा विधातव्याः।

अञ्चितशिथिले पणवे कठणानि किणिकिण्णिकृताः। प्रहारास्तु वै भ्रान्तककरणेन तथा स्वञ्चितकक्ष्ये च शिथिले च। इत्यादि रीत्या बहवः प्रहाराः समासतो लिखिताः। इमे संकीर्णाः शुद्धाश्च। तदुक्तम् एवं त्वसंकरकृता प्रहारशुद्धिरिह कीर्ति-

### बालक्रीडा

सर्वस्यापि हि वाद्यस्य अष्टौ साम्यानि भवन्ति।
तद्यथा अक्षरसममङ्गसमं तालकलययतिसमं ग्रहसमं च॥
न्यासापन्याससमं पाणिसमं चेति विज्ञेयम्।

१३९ वें श्लोक से इस प्रकृत में कथित केवल सम के लक्षण का अन्य का नहीं मेल होता है। देश और काल के सम्बन्ध से अक्षर १ अंग २ ताल ३ लय ४ यति ५ पाणि ६ ग्रह ७ न्यासापन्यास ८ इस आठ प्रकार की समतारूप साम्य को पुष्कराध्य में कहेंगे। उनमें तालकृत साम्य ६ प्रकार का है। और स्वरों के उच्चारण में स्थान एवं यत्नकृत साम्य दो प्रकार का है। इन ताल एवं स्वरों के योग से होने वाला रक्तभाव शब्द का हृद्यस्वरूप है। वह शब्द की हृद्यता मायूरी १ अर्धमायूरी २ और कार्मारवी ३ इन तीन प्रकार की मार्जनाओं के योग से होती है। इस तरह सम्यक् मार्जना के सम्बन्ध से वाद्य रक्त हो जाता है। वाद्य में जहाँ हस्त से आघात करने के बाद पीड़ित करने से अलग अलग अक्षर प्रतिभासित होते हैं वह विभक्त है। "स्फुटम्" इति। जहाँ कादि वर्णों का प्रहार स्पष्ट मालूम पड़ता है। जिन वर्णों का अंचितकक्ष्य पणव, शिथिलकक्ष्य पणव और अंचित शिथिल कक्ष्य पणव वाद्य में विधान किया जाना चाहिए वे वर्ण प्रहार कहलाते हैं। जैसा—३४ वें अध्याय में लिखा है।

अंचितकक्ष्ये पणवे करव रटण कृता मताः प्रहाराः स्यु।
थिन्ने इति प्रहाराः पणवे तु सदा शिथिलकक्ष्ये ॥८०॥
अंचितशिथिले पणवे कठणानिकिनिकिणिकृताः।
प्रहारास्तु वैभ्रान्तककरणेन तथा स्वञ्चितकक्ष्ये च शिथिले च ॥७९॥
स्थिते शुद्धप्रहारस्तु मध्येऽक्षरसमं तथा।
कार्यं तु गीतके वाद्यं द्रुते चोपरिपाणिकम् ॥१८५॥

## अभिनवभारती

विलासमिव दृश्यमानमेवतद्, यद्बलादङ्गानि स्वयं नृत्यंतीति तत्तथोक्तम्। तद्यथा कर्तृ ककतकणकखुन्दन्तरकरद्वचतततर्हीकटिच्छिदशवद्दीत इति चञ्चत्पुटे। यदेवंविधं वाद्यं पुष्कराध्याये वक्ष्यते तत्ताण्डवे इहावसरे योज्यम्। पुष्कराध्याये स्वीदृश एव श्लोको भविष्यति (ना. शा. ३४-१८६)। तत्र विध्यनुवादाविह द्वौ विपर्यसनीयौ। ताण्डवमुक्तं प्राक्। तत्रैवंविधं वाद्यं कार्यमिति ॥२८२॥

## मधुसूदनी

ता तज्ज्ञैः। तत्र व्यक्तीभावं वाद्ये गच्छन्ति मिश्रिताः केचित्। दर्दरपणवमृदंगैर्मिश्रितवाद्यं प्रवक्ष्यामि। इति। तथा च द्रुतमध्यविलम्बितेषु लयेषु इदं वाद्यं प्रयोक्तव्यं किन्तु तत्र विलम्बिते यस्यापरं नाम स्थितमपि शुद्धप्रहारं वाद्यम्। यथा वक्ष्यते

स्थिते शुद्धप्रहारं तु।

अथ पक्षान्तरमाह—यदि वेति। आलिप्तकादीनां मध्ये अन्यतममार्गे एव स्थिताः। अयं भावः। आलिप्तः, अङ्कितः, वितस्ता गोमुखी इत्याख्याश्चत्वारो मार्गा वाद्येषु सन्ति। इमे प्रहाराणां करणानामाश्रयाः। यथा वक्ष्यते

अङ्कितालिप्तमार्गौ तु वितस्तागोमुखी मार्गाश्चत्वार एवैते प्रहारकरणाश्रयाः।

इति। "नृत्ताङ्गग्राहि" इति मूलं व्याख्याति तथा—द्वात्रिंशदंगहारात्मकं नृत्तं तत्र तलपुष्पपुटादीनि अष्टोत्तरशतानि करणानि तत्र नृत्ते अंगानीव अंगानि। नृत्ताङ्गेति

## बालक्रीड़ा

यदि वा अथवा आलिप्त आदि ४ मार्गों में से किसी १ मार्ग में स्थित वर्णों को होना चाहिए। उनमें

आंकिक मृदंग प्रहारयुक्तोऽङ्कितमार्गः १ वामोर्ध्वकप्रहारयुक्त आलिप्त मार्गः २, ऊर्ध्वकांकिके दक्षिणमुखे आलिप्तहस्तो वितस्तमार्गः ३ आलिगककरणबहुलः सर्वपुष्करहस्तो गोमुखी मार्गः ४। मार्गाश्चत्वार एवैते प्रहारकरणाश्रयाः ॥४८॥

जहाँ स्थिरहस्तादि ३२ अंगहारों का नृत्त होता है वहाँ तलपुष्पपुटादि १०८ करण अंग होते हैं। यदि वा अथवा प्रयोक्ता जहाँ मुखादि गीतों के अंगों को ग्रहण करता है समय सिद्धान्त या आचार के रूप में स्वीकार करता है। समयः शपथाचार काल सिद्धान्त कोविदाः इत्यमर। यह सब "समम्" इसके उल्लेख से बतायं हो गया। पृथक् निर्देश करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रतिवाद का यह अर्थ है। नृत्त की वह नृत्तता है जहाँ नृत्त कर्म हो जाता है और अंग कर्ता हो जाते हैं ऐसे वाद्य को आचार्य ग्रहण करते हैं। अर्थात् जब बाजा बजने लगता है तब अंगों में ऐसा आवेश आता है कि अंग स्वयं नाचने लगते हैं। उसी को लिखते हैं कि विचित्र प्रयोग के विलास के साथ अंग स्वयं चलने लगते हैं इसीलिए नृत्ताङ्गग्राही वाद्य को कहा। चञ्चत्पुट ताल में यथाकर्तृक अर्थात् वादक के अनुसार कत कण इत्यादि वर्ण उच्चार्यमाण होते हैं जिस प्रकार के वाद्य को ३४वें पुष्कराध्याय में कहेंगे उस वाद्य का प्रयोग यहाँ प्रकृत ताण्डव के अवसर पर करना चाहिए।

**प्रयुज्य गीतवाद्ये तु निष्क्रामेन्नर्तकी ततः ।**
**अनेनैव विधानेन प्रविशन्त्यपराः पृथक् ॥२८३॥**

### अभिनवभारती

एवं प्रथमासारितस्य प्रयोगमुपसंहरत्यर्धेन—प्रयुज्येत्यनेन। एवं च प्रयोगे प्रथमं परिभाषां करोति श्लोकत्रयेण—अनेनैवेत्यादिना करणान्वितमित्यन्तेन। गानमिति गीयते च गीतम्। गीतवाद्ये प्रधानतयावस्थिते नर्तकी नृत्तेन प्रयुज्य यथा स्वरागतो नृत्तप्राधान्यं तदौचित्याय गीतवाद्ये प्रयुज्य स्वानुसारिणीकृत्य। सा निष्कामेद् नर्तकी न तु नाट्ये इव साक्षाद्रामादिरूपताप्रच्छन्नात्मिका नटी।

### मधुसूदनी

स्थाने गीताङ्गेति पदं नियुज्य पक्षान्तरमुपस्थापयति—यदि वेति। गीतस्यांगानि मुखादीनि। समयतया आचारतया सिद्धान्ततया वा गृह्णाति स्वीकुरुते।

समयः शपथाचारकालसिद्धान्तसंविदः इत्यमरः। यद् वाद्यमिति। अयं भावः। वाद्ये आतोद्यादिके वादति सति अंगानि नृत्तं कुर्वन्ति। तत्र वाद्यं प्रयोजकं कर्तृ अंगानि प्रयोज्यं कर्तृ नृत्तं कर्मभूतम्। इति। तत् नृत्तस्य नृत्तता नृत्तत्वं यदंगानि प्रयुंक्ते इव, वैचित्र्ययोगात् स्वयमात्मना न तु परप्रेरणया दृश्यमानमेव नृत्तं सविलास मिव सचमत्कारि यद्वलादंगानि यस्मान्नृत्यंतीति तस्मात् तथा नृत्तमिति उक्तम्। पुष्कराध्याये तु इति। अत्र तुरप्यर्थः। पुष्कराध्यायेऽपि ईदृश एव समं एकं विभक्तं चेत्येवादृश एव श्लोको भविष्यति वक्ष्यते इति तात्पर्यम्।

विपर्यसनीयौ इति। इह चतुर्थाध्याये यौ विधिश्च अनुवादश्च उच्येते तौ द्वौ तत्र पुष्कराध्याये विपर्यसनीयौ विपर्यस्तौ विधेयौ। तद्यथा—यदेवंविधं वाद्यं पुष्कराध्याये चतुस्त्रिंशे वक्ष्यते (उद्देश्यम्) तत्ताण्डवे इह अवसरे क्रियमाणे योज्यम्

### बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद गीत एवं वाद्य का प्रयोग करके प्रथम नर्तकी वहाँ से निकल जाय। और इसी विधान से और नर्तकियाँ अलग-अलग रंगमंच में प्रवेश करें ॥२८३॥

पुष्कराध्याय में भी ऐसा ही श्लोक होगा। वहाँ कहे हुए विध्यनुवाद भाव को वहाँ बदल देना चाहिए। जैसे—जिस ताण्डव को पहिले बतलाया है उसमें ऐसा वाद्य होना चाहिए ॥२८२॥

इस प्रकार प्रथमासारित के प्रयोग का "प्रयुज्य" इस श्लोक के अर्धभाग से उपसंहार करते हैं। सर्वप्रथम अनेनैव इत्यादि करणान्वित इत्यन्त तीन श्लोकों से इनके प्रयोग के विषय में परिभाषा अनियम में नियम करते हैं। गान माने गीत जो गाया जाय। नर्तकी प्रधान रूप से व्यवस्थित गीत एवं वाद्य का नृत्त के द्वारा प्रयोग करके। इसका आशय है कि जिस प्रकार स्वरसतः नृत्त की प्रधानता होवे उसी प्रकार औचित्य के लिए गीत एवं वाद्य का अपने अनुकूल प्रयोग करके नर्तकी वहाँ से चली जाय। "नर्तकी" पद लिखने का

**अन्याश्चानुक्रमेणाथ पिण्डीं बध्नन्ति याः स्त्रियः ।**
**तावत्पर्यस्तकः कार्यो यावत्पिण्डी न बध्यते ॥२८४॥**

अभिनवभारती

पसरेत् । न तु सर्वथैव निर्गच्छेत् । द्वे द्वितीयमिति ( ना. शा. ४-२९१ ) वक्ष्यमाणत्वात् । अपराः किं युगपत्प्रविशन्ति नेत्याह् । पृथक् एकैकक्रमेण प्रविशेदित्यर्थः ॥२८३॥

ननु कियत्यस्ता अपरा या अनेनैव विधिना प्रविशन्तीत्याशङ्क्याह-अन्याश्चेति । अनुक्रमेण कनिष्ठादिषु चतुर्ष्वासारितेषु यथासङ्ख्यं वक्ष्यमाणाश्चतुरः पिण्डीबन्धप्रकारान् या अन्याः बध्नन्ति ताः आपराः । तेन चतस्र एवेत्युक्तं भवति । पिण्डीमिति जातावेकवचनम् ।

एवं प्रवेशपृथक्त्वं परिभाष्य परिभाषान्तरमाह् तावत्पर्यस्तक इति । तावयावदिति भिन्नक्रमः । यावत्पर्यस्तकः केवलमन्तरा आसारिताभिहितलक्षणः प्रयोगः कार्यः तावन्न पिण्डी बध्यते । तावत्पिण्डीबन्धो न कार्यः । तदनन्तरं तु कर्तव्य

मधुसूदनी

(विधेयम्) एवमत्र विध्यनुवादभावः । तत्र तु यत्ताण्डवे योज्यं (उद्देश्यं) तत् सर्वं रक्तं विभक्तमित्यादि वाद्यम् (विधेयम्) नर्तकी नृत्तेन सह प्रधानतया गीतवाद्ये प्रयुज्य यथा इत्येकोऽर्थः । तथा स्वरागतः स्वरसतो नृत्तस्य प्राधान्यं यत्र स्यात् तत्र तदौचित्याय नृत्तसफलतायै गीतवाद्यं प्रयुज्य स्वानुसारिणीकृत्य नृत्तानुसारं सम्पाद्येत्यर्थः ॥२८३॥

बालक्रीड़ा

(मूल) अन्य नर्तकियाँ जो अनुक्रम से पिण्डियों की रचना करती हैं जबतक पिण्डियों का बन्धन नहीं होता है उन्हें तबतक पर्यस्तक नाम वाले अंगहार का प्रयोग करना चाहिए ॥२८४॥

अभिप्राय है कि जिसने अपने स्वरूप को रामलीला की भूमिका को धारण करके छिपा लिया है वह नटी नहीं है । निष्कामेत् का अर्थ है अपसरण करे न कि सर्वथा चली जाय । क्योंकि अभी समनन्तर में लिखेंगे कि (द्वे द्वितीयम्) द्वितीय बार में दो, तीसरी बार में तीन नर्तकियों का प्रवेश होता है । प्रश्न—क्या और नर्तकियां एक साथ रंगमंच पर प्रवेश करेंगी । उत्तर नहीं । पृथक् पृथक् एक एक के क्रम से प्रवेश करेंगी ॥२८३॥

प्रश्न—'और नर्तकियां जो इस विधि से प्रवेश करेंगी वे कितनी नर्तकियां होंगी" ऐसी आशंका करके उत्तर देते हैं कि "अन्याश्च" इति । अनुक्रम से । यद्यपि आसारित कनिष्ठ मध्यम एवं ज्येष्ठ भेद से तीन ही होते हैं किन्तु

मुखं प्रतिमुखं चैव देहं संहरणं तथा
अंगान्येतानि चत्वारि सर्वेष्वासारितेषु च (३१।८८ ।
"इत्येवं चतुरंगानि ज्ञेयान्यासारितानि तु" (३१।९० ।

## अभिनवभारती

इत्यर्थः। पूर्वप्रविष्टया नर्तक्या परा परिवर्ज्यते। महापात्रवाक्यानुसारादेकघन एकवाणिन्यङ्गविक्षेपो यत्र प्रयोगे स प्रयोगो नृत्ताचार्यभाषया पर्यस्तक इति प्रसिद्धः। अभिनयशून्य आङ्गिकविधिः पर्यस्तकः। स च पिण्डीबन्धे न कार्यः। तदनन्तरं तु कर्तव्य इत्यर्थः। पूर्वप्रविष्टाया नर्तक्याः शिक्षार्थमित्याद्यसङ्गतमेव कैश्चिदुक्तं तदुपेक्ष्यमेव। यावच्च पिण्डीबन्धोपयोगि नृत्तं न प्रवर्तते तावत्प्रविष्टनर्तकीनिवर्तनमेकाकिन्यैव पर्यस्तकः प्रयोक्तव्य इति परिभाष्यते ॥२८४॥

## मधुसूदनी

महापात्रवाक्यस्य नाट्याचार्योक्तस्यानुसारात्। एकवचने एव सम्भूयाङ्गहारस्तथा। यथा एकघने एकवाद्ये वा मध्यमनृत्ते वा वाणिन्याः नर्तक्या अंगविशेपः नृत्तं यत्र ॥२८४॥

## बालक्रीड़ा

इन मुखादि चार अंगों के कारण चार आसारित कहे हैं। अतः कनिष्ठादि चार आसारितों में संख्या के अनुसार आगे कहे जाने वाले चार पिण्डी बन्धों को जो अन्यस्त्रियाँ बनायेंगी वे अपर नर्तकियाँ होंगी। अतः चार ही नर्तकियाँ प्रवेश करेंगी यह कथन सिद्ध है। पिण्डी यह जाति में एक वचन है। अन्यथा चार पिण्डियों के विषय में एक वचनान्त पिण्डीम् पद का प्रयोग अनुचित हो सकता है।

इस प्रकार पृथक् पृथक् प्रवेश की परिभाषाओं को कहकर दूसरी परिभाषाओं को कहते हैं "तावत्पर्यस्तकः" इति।

यावत् और तावत् का क्रम भिन्न है। स्थान भिन्न है। केवल पर्यस्तक प्रयोग—जिसका प्रयोग आसारित गीत के अनुसरण करते हुए अनन्तर में अभी २ कहा है। जब तक करते हैं तब तक पिण्डी का बन्धन पिण्डी की रचना नहीं करनी चाहिए अर्थात् उस समय पिण्डीबन्ध का प्रयोग नहीं करना चाहिए। किन्तु पर्यस्तक के बाद पिण्डीबन्ध को करना चाहिए। पूर्व प्रविष्ट नर्तकी अपर नर्तकी के प्रवेश को वर्ज देती है रोक देती है। क्योंकि नृत्ताचार्यों की भाषा में वह प्रयोग "पर्यस्तक" इस नाम से प्रसिद्ध है। जिस प्रयोग में महापात्र सूत्रधार के वाक्य के अनुसार एकघन अर्थात् एक मध्यमनृत्त में एक वाणिनी यानी एक नर्तकी का। घनं स्यात् कांस्यतालादिवाद्य, मध्यमनृत्तयोः। वाणिनी नर्तकी, मत्ता, विदग्धवनितासु च। इति मेदिनी। अंग विक्षेप नृत्त होता है। इस तरह अभिनय शून्य आंगिक विधि पर्यस्तक है। उसको पिण्डीबन्ध के अवसर पर नहीं करना चाहिए। जो तो किसी ने कहा कि यह परिभाषा पूर्व प्रविष्ट नर्तकी की शिक्षा के लिए है वह सब असंगत है अतः उपेक्ष्य ही है। इसलिए जब तक पिण्डीबन्ध के उपयोगी नृत्त को नहीं प्रवृत्त किया जाता है तब तक एकाकी पूर्व प्रविष्ट नर्तकी के निवर्तन तक पर्यस्तक का प्रयोग करे ऐसी परिभाषा बतलाई गई है ॥२८४॥

पिण्डीं बध्वा ततः सर्वा निष्क्रामेयुः स्त्रियस्तु ताः।
पिण्डीबन्धेषु वाद्यं तु कर्तव्यमिह वादकैः ॥२८५॥
पर्यस्तकप्रमाणेन चित्रौघकरणान्वितम्।
तत्रोपवहनं भूयः कार्यं पूर्ववदेव हि ॥२८६॥

## अभिनवभारती

परिभाषान्तरमाह—पिण्डीं बध्वेति। ततः पिण्डीबन्धोपयोगि नृत्तप्रयोगं कृत्वा सर्वास्ता निष्क्रामेयुरपसरेयुः। अत एवैतत्स्थानोपजीविभिरेव श्रीराणकादिकविभिर्डोम्बिकादौ चतुरपसारकः प्रयोगो विहितः।

परिभाषान्तरमाह—पिण्डीबन्धेष्विति। यावदेव पर्यस्तकप्रयोगो, वाद्यं तावदेव तदन्तरकाले पिण्डीबन्धोपयोगिन्यङ्गहारप्रयोगे। किन्तु चित्राणि विचित्राणि नानाप्रकारैः प्रयोजितान्योघे च वाद्यविधौ (ना.शा. अ-२४) वक्ष्यमाणानि यानि करणानि क्रिया स्ताभिरन्वितम्। द्विमात्रा यत्र कला स चित्रमार्ग ओघशब्दादेव लब्धः। तत्रैव ह्योघो लक्ष्यते।

## बालक्रीडा

(मूल) इससे सिद्ध होता है कि पिण्डी बन्ध एवं पर्यस्तक का प्रयोग दोनों आगे पीछे होते हैं समसामयिक नहीं है। अस्तु। अब आगे की प्रक्रिया बतलाते हैं कि पिण्डियों की रचना करने के बाद सब नर्तकियाँ रंगमंच से निकल जाँय यानी उस को खाली करदें। किन्तु पिण्डियों की रचना के समय सामाजिकों के मनोरंजन के लिए जितना समय पर्यस्तक अंगहार के प्रयोग में लगता है उतने समय के प्रमाण से चित्रा वीणा एवं करण से युक्त ओघ वाद्य को वादक लोग बजायें। और फिर पहिले की तरह अभिनेता लोग उपवहन को करें। यहाँ चित्रा नामक वीणा का स्वरूप एवं विधान यह है कि (सप्त तंत्री भवेच्चित्रा। चित्रा चाङ्गुलिवादना) सात तारों से चित्रा बनती है और उसका वादन कोण से नहीं अंगुलियों से ही किया जाता है। इस प्रसंग में विपञ्चीप्रभृति वीणा वाद्यों के उपयोगी साधनों को कथन करते हैं ॥२८५॥२८६॥

अन्य परिभाषा को कहते हैं—पिण्डी को बाँधकर। उसके बाद यानी पिण्डीबन्धोपयोगी नृत्त प्रयोग को करके वे सभी नर्तकियाँ वहाँ से निकल जाय अपसरण करें। इसीलिए इस नाट्यशाला सम्बन्धी स्थान के सहारे जीविका का निर्वाह करने वाले श्रीराणकादि कविगण डोम्बिका आदि में चतुरपसारक प्रयोग को करें। अन्य परिभाषा को कहते हैं। पिण्डी बन्धों में। जब तक पर्यस्तक का प्रयोग होता है तब तक पिण्डीबन्धोपयोगी पर्यस्तक अंगहार के प्रयोग में वाद्य को बजावे। वाद्य के विशेषण चित्रौघकरणान्वितं का अर्थ करते हैं कि ओघ नामक वाद्य के बजाने के समय चित्र विचित्र अर्थात् नाना प्रकार से प्रयोग किये जाने वाले जो वक्ष्यमाण करण क्रियाएँ हैं उनसे अन्वित वाद्य को बजावे। जहाँ दो मात्रा वाली कलायें होती हैं वह चित्रमार्ग है, यह भाव, ओघ शब्द से ही मिला है। क्योंकि चित्र नानाप्रकार के करणों के मार्ग में ही ओघ दिखाई पड़ता है।

ततश्चासारितं भूयो गायनं तु प्रयोजयेत् ।
पूर्वेणैव विधानेन प्रविशेच्चापि नर्तकी ॥२८७॥
गीतकार्थं त्वभिनयेद् द्वितीयासारितस्य तु ।
तदेव च पुनर्वस्तु नृत्तेनापि प्रदर्शयेत् ॥२८८॥
आसारिते समाप्ते तु निष्क्रामेन्नर्तकी ततः ।
पूर्ववत्प्रविशन्त्यन्याः प्रयोगः स्यात्स एव हि ॥२८९॥

### अभिनवभारती

एवं पृथक्प्रवेश, एकाकिन्या अभिनयप्रयोगः, सम्भूयाङ्गहारप्रयोगः, तदनन्तर-मपसारस्तावत्कालता नृत्तस्य, वाद्यस्य वैचित्र्यमिति परिभाषाषट्कं कृत्वा द्वितीयस्य लयान्तरस्यासारितस्य प्रयोगमाह—ततोपवहनमिति। तत्रैवं परिभाषयति तावत्। यत्रेति पूर्वं कनिष्ठासारितं प्रयुक्तम्। भूय इति बहुतरं पट्कलमित्यर्थः। भूय इति लयाधिकत्वात्कथं न तस्याधिक्यमित्यर्थः। पूर्वेणैवेति। तत्र तूपोहनमित्यादिना। अपिशब्दात् "गत्वा वाद्यानुसारिण्या" इत्यादि "प्रणम्य देवताभ्यश्च" इत्यनन्तर-मुद्दिष्टम्। ततः सा द्वितीया नर्तक्यासारितस्य तालविशेषसंबन्धि यद्गीतकं गीयमानं च वाक्यं तस्यार्थमभिनयेत्। पुनस्तदेव लयान्तरासारितलक्षणं वस्तु। चकारात्पूर्वं प्रविष्टा सा द्वितीया नृत्तेन च केवलाङ्गहारात्मनाऽभिनयस्तत्साम्येन प्रदर्शयेत्। आसारितप्रयोगानन्तरं तया सह साऽप्यपसरेत्।

अथ तृतीयचतुर्थयोरासारितयोरतिदेशेन प्रयोगमाह—पूर्ववदिति। पृथक्त्वेने-त्यर्थः। स एवेति। तत्र तूपोहनं कृत्वेति य उक्तो यश्च परिभाषाषट्केनोक इत्यर्थः ॥२८६॥२८९॥

### मधुसूदनी

आसारितेति। आसारितस्य गानस्य अभिनय प्रयोगकालस्तत्कालिके वाद्ये यावदेव पर्यस्तकः। तावदेव तदनन्तरपातिनि पर्यस्तकोत्तरभाविनि ॥२८८॥२८९॥

### बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद फिर आसारित गायन का प्रयोग करे। पहिले के विधान के अनुसार द्वितीय नर्तकी प्रवेश करे और आसारित सम्बन्धी गीत प्रधान वाक्यार्थ का अभिनय करे। तथा उसी वस्तु को फिर नृत्त के द्वारा भी दिखावे ॥२८७॥२८८॥

(मूल) आसारित के समाप्त होने पर वह द्वितीय नर्तकी वहाँ से निकल जाय और पहिले की तरह अन्य नर्तकियाँ रंग मंच में प्रवेश करें और उसी प्रयोग को करें ॥२८९॥

इस प्रकार नर्तकियों का पृथक् २ प्रवेश, एकाकिनी नर्तकी के द्वारा पर्यस्तक का प्रयोग, नर्तकियों के द्वारा मिलकर अंगहार का प्रयोग, प्रयोग करने के बाद रंगमंच से नर्तकियों का अपसरण, जब तक पिण्डीबन्ध नहीं हो जाय तावत् काल पर्यन्त पर्यस्तक में

**एवं पदे पदे कार्यो विधिरासारितस्य तु ।**
**भाण्डवाद्यकृते चैव तथा गानकृतेऽपि च ॥२९०॥**

### अभिनवभारती

अथ यदैकमेवापसारितं प्रयुज्यते तदायं प्रयोगवैचित्र्यक्रम इत्यतिदेशेन दर्शयति—एवमित्यादिना। एकवचनमतन्त्रम्। एकमप्यासारितं यदा प्रयुज्यते तदास्य यानि पदानि छेदाश्चत्वारो मुखप्रतिमुखशरीरसंहरण( ना. शा. ३१-८८ )लक्षणास्तदा-

### मधुसूदनी

विशालेति। वर्धमाने तु विज्ञेयाश्चतस्रः कण्डिका बुधैः। विशाला संगता चैव सुनन्दा सुमुखी तथा इति। क्रमेण तत्र पंच षट् सप्त अष्ट कलाः। यद् वक्ष्यते।

### बालक्रीडा

नृत्त एवं वाद्य का प्रयोग और नृत्त एवं वाद्य का वैचित्र्य इन छ परिभाषाओं को करके भिन्न लयवाले द्वितीय आसारित के प्रयोग को कहते हैं। वहाँ उपवहन इति। पहिले यहाँ इस प्रकार की परिभाषा को करते हैं जहाँ कहीं पर पहिले कनिष्ठ आसारित का प्रयोग किया हो। भूयः का अर्थ है बहुतर अर्थात् षट् कलाओं वाला। द्वितीय पाद के भूयः पद की व्याख्या करते हैं कि लय के अधिक होने से गायन का आधिक्य होता है। अंगों में जब अधिकता है तब गायन में अधिकता क्यों नहीं होगी। "तत्र तूपोहनम्" इत्यादि पहिले से ही। अपि शब्द से "वाद्यानुसारिणी गति से" इत्यादि और "प्रणम्य देवताभ्यश्च" इत्यादि जो अभी कहा था। उसके बाद वह दूसरी नर्तकी द्वितीय आसारित के तालविशेष से सम्बन्ध रखने वाला जो गीत और गीयमान वाक्य है उसके अर्थ का अभिनय करे। फिर वही लयान्तर से विशिष्ट आसारित लक्षण वस्तु। चकार से पूर्वप्रविष्ट वह द्वितीया नर्तकी। केवल अंगहारस्वरूप नृत्त से जो अभिनय है उसके साथ साम्य करते हुए दिखावे। और आसारित प्रयोग की समाप्ति के बाद उसके साथ वह द्वितीया नर्तकी भी चली जाय। अब इसके बाद अतिदेश विधि से तृतीय एवं चतुर्थ आसारितों के प्रयोग को कहते हैं पहिले की तरह। अलग अलग। यही अर्थात् "तत्र तूपोहनं कृत्वा" इत्यादि से जिसको कहा था तथा जिसकी छ परिभाषाओं से कही थी ॥२८६।२८७।२८८।२८९॥

"जब कभी किसी एक भी आसारित का प्रयोग करेंगे तभी ऐसा प्रयोग के वैचित्र्य का क्रम होगा" इस अंश को अतिदेश के द्वारा दिखाते हैं—एवमित्यादि। "विधिः कार्यः" इसमें एक वचन अतंत्र है अविवक्षित है। एक भी किसी आसारित का प्रयोग जब किया जाय तब इसके जो पद हैं यानी मुख, प्रतिमुख, शरीर एवं संहरण लक्षण भेद हैं उनके सहारे वर्धमान की तरह भाण्डवाद्य क्रिया और गीतिक्रिया में इस चतुरपसारक चतुरासारितक प्रयोग को करना चाहिए। जैसा कि कहेंगे—"इस प्रकार ये चार अंग हैं"। इसी को स्पष्ट करते हैं एकस्तु इत्यादि से। वस्तु पद का अर्थ है अंग। "योज्या" इसमें 'नर्तकेन' पद अवशिष्ट है। कोई लोग यहाँ त्रिमात्रादिक वस्तु का जो दो बार प्रयोग करते वह ठीक नहीं।

एका तु प्रथमं योज्या द्वे द्वितीयं तथैव च ।
तिस्रो वस्तु तृतीयं तु चतस्रस्तु चतुर्थकम् ॥२९१॥

अभिनवभारती

अनेनायं वर्धमानचतुरपसारप्रयोगो भाण्डवाद्यक्रियायां गीतिक्रियायां च कार्यः। यद्वक्ष्यति "इत्येवं चतुरङ्गानि" इति ( ना शा ३१-९० )। एतदेव स्पष्टयत्येका त्वित्यादिना वस्त्वित्यन्तम्। योज्या इति नृत्तेनेति शेषः। विभागादिकं यदव वस्तु केचित् द्विः कुर्वते तदसदेव। अन्ये त्वेवं पदे पद इत्यादि सार्धश्लोकमुपसंहारवाक्यं वर्धमानप्रयोगस्येति वर्णयाञ्चक्रुः। अपरे पुनराहुः—आसारितस्य पदमभिव्यक्तिस्थानं कण्डिकानां दशपरिवर्तितेन प्रयोगः। तथा हि – विशाला सङ्गता सुनन्दा सुमुखीति चतस्रः कण्डिका वक्ष्यन्ते ( ना. शा.–अ.३१-१३१) तासां क्रमेण पंच षट् सप्त अष्ट कलाः। नवाष्टौ षोडश द्वात्रिंशत्कलाः। तथा विशाला वदतु सङ्गता विशाला, सुनन्दा

मधुसूदनी

उपोहनं विशालायाः कलाः पंच भवेदिह। षट् संगताया विज्ञेया सुनन्दायास्तु सप्त वै सुमुख्याश्चोपवहनं नित्यमष्टकलं भवेत्। परमत्र आचार्याणां योजना एवं बोध्या- ध्रुवकेण कलाभिश्च कण्डिका देवनिर्मिता। वर्धमान शरीरे तु क्रियते मार्गयोजना।

आद्या नवकला तु स्यादष्टाभिस्तत्परा स्मृता।
दश षट् च तथा चैव तृतीया कण्डिकेष्यते।

बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार बार २ बजाने एवं गाने के विषय में आसारित की विधि को करना चाहिए। प्रथम वस्तु के विषय में एक नर्तकी का, द्वितीय में दो नर्तकियों का, तृतीय में तीन नर्तकियों का चतुर्थ में चार नर्तकियों का सहयोग लेना चाहिए ॥२९०॥२९१

दूसरे लोग तो "एवं पदे पदे" इत्यादि सार्ध श्लोक को वर्धमान प्रयोग का उपसंहार वाक्य है ऐसा वर्णन करते हैं। अपर लोग फिर ऐसा कहते हैं कि आसारित का जो पद अर्थात् अभिव्यक्ति स्थान है उसकी कण्डिकाओं के दश विभागों में परिवर्त्तित करके प्रयोग करे। जैसे विशाला, संगता, सुनन्दा एवं सुमुखी चार कण्डिकाओं को कहेंगे। इन कण्डिकाओं की क्रम से पाँच, छै, सात, एवं आठ कलायें हैं। जैसा कि कहेंगे— ज्येष्ठस्य कला ह्यष्टौ मध्यमस्य सप्तकलम्।

षड्भिर्लयान्तरे स्यात् पंचैव कलाः कनिष्ठस्य ३१।१०२।
उपोहने विशालयाः कलाः पंच भवेदिह
षट् संगताया विज्ञेयाः सुनन्दायास्तु सप्तकम्।
सुमुख्याश्चोपवहनं नित्यमष्टकलं भवेदिह ।३१।१३२।१३३।

यह एक क्रम है। दूसरा क्रम है नौ, आठ, सोलह एवं ३२ कलायें हैं।

वर्धमान शरीरे तु क्रियते मार्ग योजना।

अभिनवभारती

तदनु सङ्गता विशाला सुमुखी सुनन्दा तदनु सङ्गता विशालेति दश परिवर्ताः। विशालायाः चतुष्प्रयोगः। तत्र सङ्गतापरिवर्तस्य काकाक्षिवदुभयत्र संबन्ध इति। विशालादित्रयपरिवर्ते सप्तदशकलस्य लयान्तरस्य कनिष्ठासारितस्य स्थानं भवति। ततः सुनन्दादित्रयपरिवर्ते त्रयस्त्रिंशत्कलस्य मध्यमासारितस्य स्थानं भवति। ततः सुमुख्यादिचतुष्टयपरिवर्त्ते पञ्चषष्टिकलस्य ज्येष्ठासारितस्य। एवमासारितस्य पदेषु स्थानेषु कण्डिकानां दशपरिवर्तेषु चतुरपसारको नर्तकीप्रयोगः। तदाह-एका स्थिति। चत्वासारितस्थानमित्येवं कण्डिकानां वर्धमानस्यायं प्रयोगोऽभिदेश इति तृतीयव्याख्यानतात्पर्यम्। द्वितीये तु व्याख्याने न किञ्चिदधिकमुक्तमिति तदुपेक्ष्यमेव ॥२९०॥२९१॥

मधुसूदनी

चतुर्थी कण्डिका चैव द्वात्रिंशत्तु कलाः स्मृताः।
कलाभिरेवं निर्दिष्टा कण्डिका वर्धमानके।
इदन्तु बोध्यम्। अयं द्विधा भूतः पाठः।
मदीयः पाठो एकत्रिंशाध्यायीयः समञ्जसः।

आचार्याणां स एकत्रिंशाध्यायीयः मार्गयोजनया ध्रुवपातयोगेन शम्यादि ताल कला विशेषयोगेन वा नेयः ॥२९०॥२९१॥

बालक्रीडा

बाला नवकला तु स्यादष्टाभिस्तत्परा स्मृताः
दश षट् च तथा चैव तृतीया कण्डिकेष्यते।
चतुर्थी कण्डिका चैव द्वात्रिंशत् कलाः स्मृताः
कलाभिरेवं निर्दिष्टा कण्डिका वर्धमानके।
केवलं मार्गसम्भूतास्तालयोगाङ्गवर्जिताः। ना० शा० ३१।७७–७९।

विशाला, तदन् संगता, विशाला, सुनन्दा, तदनु संगता, विशाला, सुमुखी सुनन्दा, तदनु संगता, विशाला ये दश परिवर्त हैं। उनमें संगता परिवर्त्त का कौए की आँख की तरह दोनों में सम्बन्ध है। विशाला संगता एवं विशाला इन तीन परिवर्त्तों में सप्तदश कला वाले लयान्तर का कनिष्ठासारितसम्बन्धी स्थान होता है। सुनन्दा संगता एवं विशाला इन तीन परिवर्त्तों में तैंतीस कला वाले लयान्तर का मध्यमासारितसम्बन्धी स्थान होता है। सुमुखी सुनन्दा संगता एवं विशाला इन चार परिवर्तों में ६५ पैंसठ कला वाले लयान्तर का ज्येष्ठासारित सम्बन्धी स्थान होता है। जैसा कि कहेंगे—

बाले नवकले ज्ञेयं सप्तदश लयान्तरम्।
मध्यमे तु त्रयस्त्रिंशत्, पंचषष्टिस्तथोत्तमे।३१।१५५।
पूर्वं विशाला कर्त्तव्या संगता तदनन्तरम्।
संगतायां ग्रहं कृत्वा विशाला पुनरिष्यते। कनिष्ठासारिते।१४८।
सुनन्दा संगता चैव विशाला च यथोदिता। मध्यमासारिते।१५०।

पिण्डीनां विधयश्चैव चत्वारः सम्प्रकीर्तिताः ।
पिण्डी शृङ्खलिका चैव लताबन्धोऽथ भेद्यकः ॥२९२॥
पिण्डीबन्धस्तु पिण्डत्वाद् गुल्मः शृङ्खलिका भवेत् ।
जालोपनद्धा च लता सनृत्तो भेद्यकः स्मृतः ॥२९३॥

अभिनवभारती

पिण्डीबन्धप्रकारा अनुक्रमेणासारितेषु प्रयोज्या इत्याह—पिण्डीनामित्यादि । विधयः प्रकाराः । तत्र विशेषान्तररहितं द्वयमेकप्रयोज्यं पिण्डीबन्धरूपमित्येकः प्रकारो विशेषनामधेयविरहात्सामान्यशब्देनोक्तः । तदाह—पिण्डीबन्धः पिण्डत्वादिति नर्तकीद्वयोर्योः परस्परसंबन्ध एव पिण्डीबन्धद्वयप्रकारः सजातीयो वा एकनालावबद्धकमलयुगलवत् विजातीयो वा हंसवदनपरिगृहीतनालनलिनवत् गुल्मः

मधुसूदनी

तत्र विशेषेति । अन्यो विशेषो विशेषान्तरं तद्रहितं किन्तु द्वयम् । सामान्यशब्देन पिण्डीशब्देन । हंसेन वदने परिगृहीतं नालं यस्य एवम्भूतं यन्नलिनं कमलं तद्वत् । तयोऽपि पिण्डीबन्धद्वयप्रकारतोऽपि । पूर्ववत् एकनालावबद्धकमलयुगलवत् सजातीयः । हंसवदनपरिगृहीतनालनलिनवद् विजातीयः । ततः पिण्डी

बालक्रीडा

(मूल) पिण्डी, शृंखला, लताबन्ध एवं भेद्यक ये चार पिण्डियों की विधियाँ कही गई हैं ॥२९२॥

(मूल) पिण्ड रूप होने अर्थात् कोई खास अन्तर नहीं होने से यह एक नर्तकी के द्वारा प्रयोज्य पिण्डीबन्ध पहिला भेद है । गुल्मरूप होने के कारण शृंखलिका द्वितीय भेद है । जाल की तरह विचित्र रूप से उपनिबद्ध होने से लता तृतीय भेद है । नृत्त के साथ होने से अन्य तीनों को अपने से भिन्न करने वाला भेद्यक चतुर्थ भेद है ॥२९३॥

सुमुखी च सुनन्दा च संगता प्रथमा तथा । (प्रथमा विशाला है ।)
ज्येष्ठासारितके ।१५३ ।

दस प्रकार आसारितादि पद यानी स्थानों में कण्डिकाओं के दश परिवर्तों में चतुरश्रारक नर्तकी प्रयोग होता है । जैसा कि कहते हैं "एका तु" । वस्तु आसारित स्थान है इस प्रकार वर्तमान सम्बन्धी कण्डिकाओं के प्रयोग का अतिदेश किया ऐसा तृतीय व्याख्यान का तात्पर्य है । द्वितीय व्याख्यान में तो कुछ अधिक नहीं कहा है अतः उपेक्ष्य है ।२९०।२९१ ।

पिण्डीबन्धों के प्रकारों का अनुक्रम से आसारितों में प्रयोग करना चाहिए ऐसा कहा । विधियाँ यानी प्रकार । उनमें विशेष वे प्रकार कौन से हैं उनको बतलाते हैं पिण्डियों के । विशेष अन्तर से रहित द्वय एवं एक नर्तकी प्रयोज्य पिण्डीबन्ध रूप है यह एक प्रकार है जिसको विशेष नाम के नहीं होने से सामान्य शब्द से कहा है । उसको बतलाते हैं पिण्ड होने से

पिण्डीबन्धः कनिष्ठे तु शृङ्खला तु लयान्तरे ।
मध्यमे च लताबन्धो ज्येष्ठे चैवाथ भेद्यकः ॥२९४॥

### अभिनवभारती

शृंखलिकाशब्दवाच्यः । नर्तकीत्रयप्रयोज्यस्तु ततोऽपि वैचित्र्यसहिष्णुत्वाज्जालवद्विचित्रतां गच्छत्पूर्ववत्सजातीयविजातीयात्मा लताबन्धः । नर्तकीचतुष्टयप्रयोज्यस्तु ततो रूपत्रयोत्तीर्णे महावाक्ये तावद्भिः प्रकारैर्भेदनीय इति तेभ्य एकसत्त्वयोजनाख्याज्ञातो भेद्यकः । महावाक्यार्थ इति वैकस्यां योजनायां प्रविष्ट इत्यर्थः । स तूक्तविधैस्त्रिभिः नृत्तैः सह वर्तते ॥२९२॥२९३॥

एकादिप्रयोज्यत्वं स्पष्टयति—पिण्डीबन्धः कनिष्ठे त्वित्यादिना । ननु कथमेते पिण्डीबन्धा निष्पद्यन्त इत्याशंक्याधारादिभेदकृतां निष्पत्तिं दर्शयति—पिण्डीनां विविधा योनिरित्यादिना । तत्र यत्र पुष्पकादीनां यथा पृथग्भूताङ्गानामनुसन्धिस्तथैव

### मधुसूदनी

शृंखलिकालतापेक्षया रूपत्रयविशिष्टं महावाक्यम् । मध्यमपदलोपी समासः । तस्मिन् । तावद्भिः त्रिभिः । भिन्नत्वेन ग्राह्यो भेदनीयः । तेभ्यः तावतः प्रकारान् अनुगृह्य ल्यबलोपे पंचमी । एकस्मिन् सत्त्वे एकस्यां स्थितौ योजनात् उक्तैस्त्रिभिर्नृत्तैः सह परस्परं सम्बन्धात् । अज्ञातः पूर्वेषु पिण्डी शृंखलिका लतारूपेषु प्रकारेषु अप्रतीतस्वरूपो भेद्यकश्चतुर्थः प्रकारः ॥२९२॥२९३॥

पिण्डीबन्धाः निष्पद्यन्ते । बहुवचनमादेरर्थे । तेन पिण्डीबन्धादयः । चत्वारः कथं निष्पद्यन्ते इति प्रश्नः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) कनिष्ठ आसारित में पिण्डीबन्ध, भिन्न २ लयों में शृंखला, मध्यम में लताबन्ध एवं ज्येष्ठ में भेद्यक विधिका उपयोग होता है ॥२९४॥

पिण्डीबन्ध है । दो नर्तकियाँ मिलकर जिसका प्रयोग करें क्योंकि परस्पर सम्बन्ध होने पर ही यह दो पिण्डयों के बन्ध का एक प्रकार है जो एक नाल में जुड़े हुए दो कमलपुष्पों की तरह सजातीय और हंस के द्वारा मुख में पकड़े हुए नाल वाले नलिन की तरह विजातीय गुल्म है जिसको शृंखलिका शब्द से कहा जाता है । जो तीन नर्तकियों के द्वारा प्रयोज्य है और उसकी अपेक्षा विचित्रता को सहन करने के कारण जाल की तरह विचित्रता को प्राप्त होता है वह पहले की तरह सजातीय एवं विजातीय स्वरूप वाला लता बन्ध है । जो तो चार नर्तकियों से प्रयोज्य है अतएव रूप त्रयोत्तीर्ण महावाक्य में उन तीन प्रकारों से भेदनीय अर्थात् अलग करने के योग्य कहा गया है अतएव (तेभ्यः यह तदाश्रित्य इस ल्यप् के लोप में पंचमी है) उन सब की एक सत्ता में एक रूप में योजना करने से ज्ञात भेद्यक है । अथवा महावाक्यार्थ है अर्थात् सभी पदार्थो का परस्पर अन्वय रूप है अतः एक योजना में प्रविष्ट है । वह उक्त प्रकार वाले तीन नृत्तों के सहयोग से निष्पन्न होता है ॥२९२॥२९३॥

**पिण्डीनां विविधा योनिर्यन्त्रं भद्रासनं तथा ।**
**शिक्षायोगस्तथा चैव प्रयोक्तव्यः प्रयोक्तृभिः ॥२६५॥**

### अभिनवभारती

भूमिदेहाकाशाद्याधारखण्डलकाद्यनुसन्धानं यन्त्रम् । तस्य भूयसा सम्भवात्पूर्वमभिधानम् । अनेन मिश्रा भेदाः सङ्गृहीताः । भद्रमासनं स्थानं भूम्यादौ अस्यस्येति स्फुटमेव दर्शनादित्येकभेदसङ्ग्रहः । अनेनाधाराङ्गभेदो दर्शितः । प्रयोक्तृप्रयोगभेदस्तु पूर्वमेव दर्शितः इहापि चोक्तः । शिक्षायोग इति । करणाङ्गहारविशेषेष्वङ्गविक्षेपवैचित्र्याभ्यास इति साधकतमभेदो दर्शितः । इत एवोपजीव्यास्माभिर्वितत्योक्तं "रेचकैरङ्गहारैश्च" ( ना. शा. ४-२४६ ) इत्यादिव्याख्यानावसरे । विविधग्रहणेन तदन्योन्यामिश्रणया भेदानन्त्यं सूचयति । तचास्माभिः पूर्वमेव दर्शितम् ।

### मधुसूदनी

पुत्रकादीनां पुत्तलीतिपदाभिधेयनृत्ते उपयोज्यानां पृथक् भूतानामंगानामेकत्र समये नृत्ते प्रयोगे वा अनुसन्धि योजनम् । भूम्याद्याधारभूतखण्डलकादेः । तस्य यन्त्रस्य भूयसा बाहुल्येन लोके नाट्ये वा सम्भवात् प्रयोगरूपेण सत्त्वात् । अनेन व्युत्पत्तिविशेषेण भूमिरूपाधारस्तस्य भेदः । प्रयोक्तृणां नर्त्तकीनामेकद्वित्रीत्यादिना भेदः । प्रयोगस्य च पिण्डीशृंखलिकादेः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) पिण्डियों की योनि अर्थात् कारण अनेक होते हैं । इन में अभिनेताओं को यन्त्र, भद्रासन तथा शिक्षायोग का प्रयोग करना चाहिए ॥२९५॥

कौन एक नर्तकी प्रयोज्य है और कौन दो नर्तकियाँ, तीन नर्तकियाँ एवं चार नर्तकियों से प्रयोज्य है इसका स्पष्टीकरण करते हैं—पिण्डीबन्धः कनिष्ठेन इत्यादि से । आशंका—ये पिण्डीबन्ध कैसे निष्पन्न होते हैं । उत्तर । आधार ध्वजा एवं वाहन आदि के भेद से इनकी निष्पत्ति होती है । इसको दिखाते हैं—इन पिण्डियों की विविध योनियाँ हैं कारण है इत्यादि से । यहाँ वहाँ सभी जगह जैसे पृथक् पृथक् अंगों वाली पुतलियों का अनुसन्धान होता है उसी प्रकार भूमि, देह, आकाश आदि आधार एवं खण्डलकादि वस्तुओं का एकत्र अनुसंधान संयोजन यन्त्र है पिण्डियों के कारणों में सबसे पहले यंत्र को कहने का आशय है इसका होना अधिक सम्भव है । इसके फल स्वरूप निम्न भेदों का संग्रह हो गया । भद्र उत्तम आसन स्थान भूमि आदि में जिसका है । स्पष्ट देखने के कारण एक भेद का संग्रह हो गया । इससे आधार अंग का भेद दिखाया । प्रयोक्ता (नर्तकियों) का एवं प्रयोगों गुल्म लता आदि पिण्डियों का भेद पहले ही दिखा दिया है और यहाँ भी कह दिया है । शिक्षा योग इति । करण विशेष एवं अंग विशेष में अंग विक्षेप नृत्त का विचित्र रूप में अभ्यास शिक्षा है इस तरह साधकतम का भेद दिखला दिया । इसी का उपजीवन करके हमने "रेचकैरङ्गहारैश्च" इत्यादि के व्याख्यान के अवसर में विस्तार से कहा था । विविध पद के ग्रहण से इन प्रकारों

## अभिनवभारती

ननु सर्वोऽयं पिण्डीबन्धप्रकार इहोपयोगी वा न वेत्याशङ्क्याह—तथा चैव प्रयोक्तव्य इति। तैः सर्वैरेव प्रकारैः पिण्डीशृङ्खलिकालताबन्धो योज्यत इति यावत्। यत्र च्छेद्यकर्मचर्म यन्त्रं, काष्ठमयी प्रकृतिर्भद्रासनमिति केचिदत्र व्याख्यां कुर्वन्ति। युक्तायुक्ततां तु सहृदया एव विदुः।

एवं गीतकाङ्गवाद्यनर्तकीपिण्डीबन्धादिदर्शनादपि नाट्यान्नृत्यमभिन्नमित्यपि सूचितम्। न चायं पिण्डीबन्धप्रकारो लक्ष्ये विच्छिन्नः। केवलमृत्तृणकक्षयोः पतित-महौषधिवदनवस्थितैरभ्युद्धर्तुं न शक्यते सावधानतया तु शक्यत एवेति नात्रालस्यं श्रयितव्यम्। अन्यथा कथं प्रयोगमाहुः। तथा हि—एका तु प्रथममित्यत्र प्रथमासारितमभिनयति। ततो द्वितीया द्वितीयासारितम्। तत्समकालं तु प्रथमा केवलमङ्गहारं करोतीति। एवं तृतीया तृतीयासारितार्थमभिनयति। तदा द्वेऽङ्गहारं प्रयुञ्जाते।

## मधुसूदनी

इत इति द्वितीयार्थे सार्वविभक्तिकस्तसिः। इममेव साधकतमभेदमाश्रित्य। छेद्येति। छेदनभेदनक्रियया सम्वलितं चर्मणा अवनद्धं यत्, तद् यन्त्रम्। काष्ठ निर्मिता प्रकृतिराकृतिर्भद्रासनम्। अयं प्रकारो लक्ष्ये विच्छिन्नः प्रयोगस्तु न दृश्यते अभिनयेषु नाभिनीयते इति न च वाच्यम्। यथा मृदि पतिता अथवा तृणकक्षे पतिता महौषधिरनवस्थितैरसावधानैरभ्युद्धर्त्तुं मृदः सकाशात् तृणकक्षतो वा निःसार-

## बालक्रीडा

के मिश्रण से अनन्त भेदों की सूचना देते हैं। उस आनन्त्य को हमने पहिले ही दिखा दिया है। आशंका—ये सब जो पिण्डीबन्धों के प्रकार कहे हैं उनका कोई उपयोग है अथवा नहीं। उत्तर कहते हैं कि उसी तरह प्रयोग करना चाहिए। उन बतलाये हुए सभी प्रकारों से कारणों से पिण्डी, शृंखलिका एवं लताबन्ध का प्रयोग होता है या किया जाता है। कोई तो इसकी ऐसी व्याख्या करते हैं कि जहाँ छेदन कर्म किया जा सकता है वह चर्म यंत्र है। और काष्ठमयी प्रकृति अर्थात् लकड़ियों से बना हुआ स्वरूप भद्रासन है। यह व्याख्या युक्त है या अयुक्त है इसको सहृदय लोग ही जानते हैं।

इस प्रकार गीतक, उनके अंग, ध्रुवा, वाद्य, नर्तकी एवं पिण्डीबन्ध आदि को दिखा कर भी यही सूचित किया कि नाट्य से अभिन्न ही नृत्त है। यह नहीं कह सकते कि ये पिण्डीबन्धों के प्रकार भेद लक्ष्य में विच्छिन्न हैं अर्थात् प्रयोग में उपयोग के योग्य नहीं हैं। क्योंकि जैसे मट्टी में या तृणकक्ष यानी तिनकों के झुण्ड में गिरी हुई महौषधि रस या भस्म आदि को अनवस्थित असावधान पुरुष नहीं प्राप्त कर सकता है किन्तु सावधान पुरुष उसको निकाल सकता है उसी तरह इसकी भी योजना करके प्रयोग किया जा सकता है अतः इस विषय में आलस्य नहीं करना चाहिए। अन्यथा यदि प्रयोग नहीं किया जा सकता होता तो प्रयोग क्यों कहते। जैसे "एका तु प्रथमम्" इसमें प्रथम आसारित का अभिनय एक नर्तकी करती है। उसके बाद द्वितीया नर्तकी द्वितीय आसारित का। उस समय पहिली केवल

एवं प्रयोगः कर्तव्यो वर्धमाने तपोधनाः ? 282
गीतानां छन्दकानां च भूयो वक्ष्याम्यहं विधिम् ॥२९६॥

अभिनवभारती

चतुर्थी चतुर्थासारिताभिनयं तदा करोति तिस्रोऽङ्गहारं रञ्जयन्ति। अन्ये त्वभिनय-प्रयोगेऽपि सहितत्वमाहुः। लताशृङ्खलिकागुल्मपिण्डीबन्धजातं चान्योन्यं बहुबन्धवैचित्र्यरचितमिच्छन्ति ॥२९४॥२९५॥

अथ वर्धमानकमासाद्येति प्रतिज्ञातमुपसंहरति—एवमित्यादिना। एवं प्राधान्याद्वर्धमानप्रयोगमभिधाय "गीतानां मद्रकादीनाम्" (ना. शा. ४-१३) इति यद्वक्ष्यते तन्निर्णयाय प्रतिजानीते—गीतानामित्यादि। चकारः सर्वशेषतां द्योतयति अन्वाचयं च। आसारितादिपाणिकापर्यन्तप्रयोज्यानां छन्दकादीनां तच्छेषतयैव लक्षणं वक्ष्यते। तथाहि तालाध्याये (ना. शा. अ-३१) वर्धमानासारितकगीतकान्ते छन्दकप्रयोग-श्चतुष्पदाप्रयोगश्चाभिधास्यते।

मधुसूदनी

चितुम्। तत्समकालं द्वितीयया द्वितीयासारिताभिनयनसमये। द्वे नर्त्तक्यौ। सहिततां साहित्यमभिनयांगहारयोः। बहुषु बन्धेषु वैचित्र्येण रचितम् ॥२९४॥२९५॥

गीतानां छन्दकानां चेत्यत्रत्यश्चकारः। सर्वेषु प्रयोगेषु गीतानां छन्दकानां शेषतामंगताम्। अन्वाचयं च द्योतयति। अन्वाचयः स यत्र एकस्य प्राधान्येन अपरस्य गौणतया आख्यानम्। यथा भिक्षामट गां चानय। अत्र भिक्षायै अटनं प्रधानम्। भिक्षां याचमानो यदि मध्येमार्गे गां पश्यसि तदा तामप्यानय। इति। एवं प्रकृतेऽपि गीतं प्रधानम् गीतानि गायमानो यदि छन्दांसि प्रयुंक्षे तदि प्रयुङ्क्ष्व।

बालक्रीडा

(मूल) हे तपोधनाः ? इस आसारित की तरह वर्धमानक में इन्हीं विधियों का प्रयोग करना चाहिए। अब इसके बाद गीत एवं छन्दों की विधि को कहूँगा ॥२९६॥

अंगहार को करती हैं। इस प्रकार तृतीया नर्तकी जब तृतीय आसारित का अभिनय करती हैं उस समय दो नर्तकियाँ अंगहारों का प्रयोग करती हैं। चतुर्थी चतुर्थ आसारित का अभिनय जब करती हैं तब तीन नर्तकियाँ अंगहारों के द्वारा उपस्थित सामाजिकों का उपरंजन करती हैं। और लोग तो अभिनय के समय में भी उन अन्य नर्तकियों का साहित्य सहयोग करना बतलाते हैं। और लता, शृंखलिका, गुल्म एवं पिण्डीबन्ध समुदाय को बहुत से बन्धों के वैचित्र्य से रचित बनाया हुवा चाहते हैं ॥२९४॥२९५॥

अब "एवमित्यादि से" वर्धमानक को प्राप्त करके इस प्रतिज्ञात अंश का उपसंहार करते हैं। इस तरह प्रधानरूप से। वर्धमानमिदं दृष्टं पिण्डीबन्धविभूषितम्। वर्धमान के प्रयोग को कह कर जिनको आगे कहेंगे उन (गीतानां मद्रकादीनाम्) मद्रकादि गीतों के निर्णय

**यानि वस्तुनिबद्धानि यानि चाङ्गकृतानि तु। २८२**
**गीतानि तेषां वक्ष्यामि प्रयोगं नृत्तवाद्ययोः ॥२९७॥**

### अभिनवभारती

"सर्वेषामेव गीतानामन्ते छन्दक इष्यते।
चतुरङ्गस्ततः त्र्यङ्गो नवाङ्गो युग्म एव च ॥ ( ना. शा. २१-२२६ )

चतुष्पदा तथैकाङ्गा" इत्यादौ। तेन प्रधानतया तावद्गीतकादिविशेषाणां विधिस्तत्प्रयोगे न तु स्वतन्त्राणाम्। गीतकगतवस्त्वङ्गादि यत्र स्वेच्छया समाश्रित्यैकद्वित्र्याद्यनियमेन प्रयुज्यते च्छन्दकानि। यान्यद्यत्वे डोम्बिकानर्तकीनृत्ततालल्यचरणादिरूपेण प्रसिद्धानि। भूय इति। उक्तो हि वर्धमानकविधिस्तत्राप्यधिकं वस्तु वक्ष्यते ॥२९६॥

तत्र गीतकलयताला श्रितनृत्तविधानं तावद्दर्शयितुमुपक्रमते—यानीति। भूयांसि खण्डलकादिवस्तूनि। स्वल्पानि त्वङ्गानि। तत्र वस्तुनिबन्धनानि त्रीणि गीतकानि—

### मधुसूदनी

सर्वेषामिति। गीतानां वर्धमानकासारितादीनामन्ते छन्दको नर्कुटकतोटक नाराचकच्छककादिः। चतुरंगः चतुरस्रः। त्र्यंगः त्र्यस्रः। नवांगः। युग्मः प्रयोक्तव्यः छन्दत इच्छातः प्रवर्तितत्वात् छन्दकः छन्दकश्चेति पुंक्लीबयोः। "चतुष्पदी तथैकाङ्गा त्र्यंगा वा परिकीर्तिता।" (ना. शा. २१।२२७) ॥२९६॥

### बालक्रीडा

(मूल) कोई गीत ऐसे हैं जिन में वस्तुओं का निबन्धन है। तथा कोई गीत ऐसे हैं जो अंगभूत पात्रों से गेय हैं। उन गीतों के प्रयोग में वाद्य एवं नृत्तों के उपयोग के विषय में कहूँगा ॥२९७॥

के लिए प्रतिज्ञा करते हैं। गीतानामित्यादि। चकार सर्वशेषता सर्वांगता एवं अन्वाचय का द्योतन करता है। आसारितादि पाणिकापर्यन्त में प्रयोज्य छन्दकादिकों के आसारितादि के अंग के रूप में लक्षण कहेंगे। जैसा कि तालाध्याय नामक २१वें अध्याय में वर्धमान एवं आसारित गीतकों के अन्त में छन्दक प्रयोग एवं चतुष्पदा प्रयोग कहेंगे। जैसा कि वहाँ का पाठ है—सभी गीतों के अन्त में छन्दक प्रयोग इष्ट है वह छन्दक चतुरंग, त्र्यंग, नवांग एवं युग्म होता है। और चतुष्पदा एकांग होती है।

इसलिए प्रधान रूप से गीतविशेषों की विधि को उनके प्रयोग के अवसर पर कहेंगे न कि स्वतन्त्र। जहाँ अपनी इच्छा से गीत के वस्तु एवं अंग आदि में किसी का आश्रयण करके अनियम से एक या दो या तीन वगैरह का प्रयोग करते हैं वे छन्दक हैं। जो आजकल डोम्बिका नर्त्तकी के नृत्त में ताल एवं लय तथा पद के रूप से प्रसिद्ध हैं। भूयः कहने का अभिप्राय है कि वर्धमानविधि सामान्यतः कह दी है किन्तु उस विषय में अधिक वस्तु को आगे कहेंगे ॥२९६॥

**तत्रावतरणं कार्यं नर्तक्याः सार्वभाण्डिकम् ।**
**क्षेपप्रतिक्षेपकृतं तन्त्रीगानसमन्वितम् ॥२९८॥**

२०३

## अभिनवभारती

मद्रकम्, अपरान्तकं, प्रकरी च । अन्यानि चत्वार्यङ्गान्युल्लोप्यकं रोविन्दकमोवेण-कमुत्तरं च । तेषां प्रयोगमाह—तेषामिति । तेषामपि नृत्ते वाद्ये च यो विधिस्तं वक्ष्यामि । तत्र गीतकेषु ये क्षेपाः प्रथमवस्त्वाद्यावुपोहनानि ये च प्रतिक्षेपाः द्वितीयव-स्त्वादिषु प्रत्युपोहनानि मतान्तरे त्वनन्तर्भूतपृथक्कालात्मकगीतक्षेपरूपाणि तानि तन्त्री-गतानि गानयुक्तानि प्रयुज्य नर्तक्या अवतरणं भाण्डवाद्यसहितं पुष्कराध्यायभाविना प्रविरलचलिताङ्गुलि—( ना. शा. ९-२० ) हस्ताभिहन्यमानाङ्गिकप्राधान्येन कार्यम् ।

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रसंग में तन्त्री वीणा के गान के साथ सम्पूर्ण वाद्यों के उपयोग से युक्त नर्तकी का अवतरण कराना चाहिए । जिस अवतरण में क्षेप उपोहन एवं प्रतिक्षेप प्रत्युपोहन की समाप्ति होती है ॥२९८॥

उसमें गीतक लय और ताल के आश्रित नृत्त विधान को दिखाने के लिए उपक्रम करते हैं "यानि" इति । छक्कलकादि वस्तु अधिक है । अंग स्वल्प है । उनमें वस्तुनिरूपण मद्रक, अपरान्तक एवं प्रकरी ये तीन गीत हैं । और उल्लोप्यक रोविन्दक ओवेणक एवं उत्तर ये चार अंग हैं । किन्तु ना. शा. ३१ अध्याय में तो आगे (गीतानि सप्त)

मद्रकोल्लोप्यके चैव तथा चैवापरान्तकम् ।
प्रकर्योवेणकं चैव रोविन्दकमथोत्तरम् ।
द्विविधं मद्रकं ज्ञेयं चतुर्वस्तु त्रिवस्तु च
शीर्षकेण समायुक्तं तत्तु ज्ञेयं त्रिवस्तुकम्,
पंच षट् सप्त तानि स्युः शीर्षकं चापरान्तिके ।
प्रकर्यामथ चत्वारि त्रीणि चाप्यधिकानि वा
प्रकर्यास्तु प्रकीर्णत्वात्ताद्रूप्यमिति वर्णितम् ।
रोविन्दकं तु सप्तांगं षोडशांगं परं स्मृतम् ।
पादौ द्वौ समवर्णौ तु एककावत्र कीर्तितौ ।
वृत्तं च विवधस्यापि तौ तदादौ प्रयोजयेत् ।
सर्वेषामेव गीतानां वस्तुष्ववयवेष्वपि ।
त्रिविधैकवृत्तानि शीर्षकाणि भवन्ति हि ।
त्रिविधैककयोः प्रायो मद्रके तु प्रयोजनम् ।
प्रकर्याश्चापि वस्त्वर्धे पादे रोविन्दकस्य च ।
रोविन्दकोत्तराभ्यां तु वृत्तमुल्लोप्यके तथा ।

इत्यादि कुछ अधिक और विभिन्न कहेंगे ।

प्रथमं त्वभिनेयं स्याद् गीतके सर्ववस्तुकम् ।
तदेव च पुनर्वस्तु नृत्तेनापि प्रदर्शयेत् ॥२९९॥
यो विधिः पूर्वमुक्तस्तु नृत्ताभिनयवादिते ।
आसारितविधौ स स्याद् गीतानां वस्तुकेष्वपि ॥३००॥

## अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति--प्रथमे वस्तुन्याक्षिप्तिकामुपोहनं प्रयुज्य नर्तकीप्रवेशः । द्वितीयादौ प्रतिक्षेपं प्रत्युपोहनम् । पदयोजना तु तन्त्रीगानान्वितं कृत्वा क्षेपप्रतिक्षेपयोः कृतं परिसमाप्तता यत्र । तादृगवतरणं कार्यं सर्वभाण्डवाद्याद्याविर्भावम् । प्रथममित्यादावित्यर्थः । वस्त्वेव वस्तुकम् । तत्सर्वमादावभिनेयं पुनर्नृत्तेन योज्यम् ।।२९७-२९९॥

कथमित्याह—यो विधिरिति । आसारितविधौ यः प्रकारः स एवात्र प्रकारः । यथाऽऽसारितेषु सङ्ख्यानियमो नर्तकीवृद्धया नृत्तप्रयोगः । पूर्वं चैकाकिन्याऽभिनयः । नृत्ते च भाण्डवाद्यादिप्रयोगः । तथात्रापि । तेन वस्तुसङ्ख्यानर्तक्य इहेति मन्तव्यम् ॥३००॥

## बालक्रीडा

(मूल) पहिले तो अभिनेय अर्थात् अभिनय के योग्य सभी वस्तुएं गाने में सुनायी जाँय फिर उन्हीं वस्तुओं को नृत्त से दिखा देवे ॥२९९॥

(मूल) आसारित के सन्दर्भ में, नृत्त के अभिनय में, वाद्यों के विषय में जिस विधि को पहिले कह आये हैं उस को गीत सम्बन्धी वस्तुओं में भी समझें ॥३००॥

उनके प्रयोग को कहते हैं। नृत्त एवं वाद्य में जो उनकी विधि है उसको कहूँगा। उनमें गीतों में क्षेप अर्थात् प्रथम वस्तु आदि में उपोहन और जो प्रतिक्षेप यानी द्वितीय वस्तु आदि में प्रत्युपोहन है। अन्य मतों में तो वे अन्तर्भूत नहीं होने वाले अतएव पृथक् कलात्मक गीत शेष रूप हैं। उनको तंत्रीगत गानों से युक्त करके ३४वें पुष्कराध्याय में जिसको आगे कहेंगे अविरल चलती हुई अंगुलियों के तल से अभिहन्य मान बजाये गये भाण्डवाद्यों के साथ आंगिक अभिनय की प्रधानता में नर्तकी का अवतरण कराना चाहिए।

यहाँ यह कहा गया कि प्रथम वस्तु में आक्षिप्त का क्षेप यानी उपोहन का प्रयोग करके नर्तकी का प्रवेश कराना चाहिए। द्वितीय वस्तु में प्रतिक्षेप यानी प्रत्युपोहन का प्रयोग करके नर्तकी का प्रवेश कराना चाहिए। मूल कारिका के पदों की योजना तो इस प्रकार है। जहाँ तंत्री के गानों से युक्त अन्वित करके क्षेप एवं प्रतिक्षेप का कृत यानी परिसमाप्ति हो ऐसा संपूर्ण भाण्डवाद्यों के आविर्भाव वाला अवतरण कराना चाहिए। प्रथमं माने पहिले। वस्तु ही वस्तुक है स्वार्थ में कन् प्रत्यय है। उस सब का आदि में अभिनय करे पुनः फिर वहाँ नृत्त का प्रयोग करे ॥२९७॥२९८॥२९९॥

कैसे किस विधि से अभिनय एवं नृत्त करे इस पर कहते हैं कि यो विधि। जो प्रकार आसारित के अनुष्ठान में बतलाया गया है वही प्रकार यहाँ भी करना चाहिए। जैसे—

एवं वस्तुनिबन्धानां गीतकानां विधिः स्मृतः ।
शृणुताङ्गनिबद्धानां गीतानामपि लक्षणम् ॥३०१॥
य एव वस्तुकविधिर्नृत्ताभिनयवादिते ।
तमेवाङ्गनिबद्धेषु च्छन्दकेष्वपि योजयेत् ॥३०२॥
वाद्यं गुर्वक्षरकृतं तथाल्पाक्षरमेव च ।
मुखे सोपोहने कुर्याद्वर्णानां विप्रकर्षतः ॥३०३॥

### अभिनवभारती

एतदुपसंहरन्नन्यदुपक्रमते—एवं वस्तुनिबन्धानामित्यादि । वादिते च पुष्कर-करणायामित्यादि योजयेत् । तदेवाङ्गनिबन्धेषु योजयेत् । तथा सर्वशेषभूतेषु स्वतन्त्रेषु छन्दकेष्वपि ॥३०१॥३०२॥

विशेषं तु दर्शयति—वाद्यमिति । घिघि डम् खन् इत्यादीनि रूपाणि गुरूण्यपि कदाचिदप्रयत्नशीघ्रतया ताले प्रयुक्तानि बहूनि भवन्ति । यथोत्साहच्छटादौ त्थीत्थी-त्थीत्थन् धुत् दत्थकुदद्दि—एषैका कला । अत आह—अल्पाक्षरमेव च । भवत्यर्थादौ वाद्ययोजनात्कला, अर्धादेश्च शून्यत्वादर्धकला । चच्चत्पुटे प्रथमकलानां द्विविटत्वि एव । तत्परिहारार्थमाह—वर्णानां गुरूणां (विशेषेणागुपर्यन्तं) त्रिचतुर्मात्रतया प्रकृष्टं वाद्यं

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार जिनमें वस्तुओं का निबन्धन किया गया है ऐसे गीतों की विधि कह दी गई है । अब जिनमें अंगों का निबन्धन किया गया है उन गीतों के भी लक्षण सुनो ॥३०१॥

(मूल) नृत्त के अभिनय में, वाद्यों के प्रसंग में एवं वस्तुओं के विषय में जो विधि कही है उसी विधि की अंगों के सन्दर्भ में उपनिबद्ध छन्दों में भी योजना करनी चाहिए ॥३०२॥

(मूल) जिन गुरु यानी दीर्घ मात्रा वाले अक्षर वर्णों तथा अल्प यानी ह्रस्व मात्रा वाले अक्षर वर्णों के विषय में वाद्य है वादन करना है उन वर्णों का उपोहन संज्ञक मुख रूपी अंग में विशेष रूप से प्रकृष्ट वाद्य करना चाहिए ॥२०३॥

आसारितों में संख्या का नियम है कि नर्तकियों की वृद्धि करके नृत्त का प्रयोग करे । पहिले एक नर्तकी का अभिनय नृत्त और उसमें भाण्डवाद्य आदि का प्रयोग होना चाहिए । उसी के अनुसार यहाँ भी वही वस्तु, वैसे ही संख्या वृद्धि, वैसी ही नर्तकियाँ तथा वैसे ही नृत्त को मानना चाहिए ॥३००॥

इसका उपसंहार करते हुए और कुछ उपक्रम करते हैं—इस प्रकार वस्तु निबन्ध गीतों की । वादित यानी वाद्य के विषय में पुष्कर करणा जाति में इत्यादि जिस योजना को करनी चाहिए । उसी योजना को अंगनिबन्ध गीतों में तथा सर्वशेष भूत या स्वतन्त्र छन्दकों में भी करना चाहिए ॥३०१॥३०२॥

**यदा गीतिवशादङ्गं भूयो भूयो निवर्तते ।**
**तत्राद्यमभिनेयं स्याच्छेषं नृत्तेन योजयेत् ॥३०४॥**

### अभिनवभारती

कथम् । मुखनाम्न्युपोहनसंज्ञके वाऽङ्गे वस्तुनिबन्धेपूपोहनेऽङ्गेऽयं वाद्यविधिः । अल्पाक्षरत्वात्तु तत्र नाङ्गनिबन्धव्यपदेशः ॥३०३॥

अथ वक्तव्यं सर्वशेषत्वेनाह—यदा गीतिवशादङ्गमित्यादि । मुख्याङ्गानि यदा पुनः पुनरावर्तन्ते । कथम् । गीतेश्चतुर्विधाया मागध्यादिकाया वशात्सामर्थ्यात् । वक्ष्यते हि ध्रुवाध्यायान्ते—

### मधुसूदनी

गीतानि सप्त । मद्रकोल्लोप्यके चैव तथाचैवापरान्तकम् । प्रकर्योविणकं चैव रोविन्दकमथोत्तरम् । चञ्चत्पुटे पातस्य अक्षराणि धिधिट धिस धिधिगुधिङ् । मध्यलयेन गुरुद्वयम् । द्रुतलयेन लघु रट्धिङ्धिट । विलम्बितलयेन सुतम् । इति स्थितिः । तत्रात्र प्रथमकलायां चञ्चत्पुटे हिविटइति लघु अक्षरम् ॥३०३॥

गीतिवशादिति ।

### बालक्रीडा

(मूल) जब गीति के अनुसार बार बार अंगों का निवर्तन करते हैं वहाँ पहले अभिनेतव्य वस्तु की योजना करना चाहिए बाकी को नृत्त से दिखाना चाहिए ॥३०४॥

अन्य विशेष उपक्रम को दिखाते हैं । वाद्य को । इति । कदाचित् प्रयत्न की शीघ्रता से ताल में धि धि टन् तन् इत्यादि बहुत से गुरु अक्षरों का प्रयोग होता है । जैसे उत्साह की छटा में त्थी त्थी त्थी त्थन् थृत् दत्थ कुद हि का प्रयोग । यह एक कला है । इसलिए कहते हैं कि अल्पाक्षरमेव च । यहाँ का भाव यह है कि वस्तुनिबद्ध गीत एवं अंगनिबद्धगीत दो तरह के गीत हैं । इनमें जो विधि वस्तुनिबद्धगीत की है वही अंगनिबद्ध की है । उन गानों में वर्णप्रकर्ष से कला या अर्धकला होती है । गीयमान अर्थ वगैरह में वाद्य की योजना से कला होती है किन्तु गीयमान वस्तु के अर्धभाग के शून्य होने से उसमें अर्धकला होती है । उपोहनं च वक्ष्यते ३१।२५१ । चञ्चत्पुट ताल में प्रथम कला में हि चि ट ति ये अल्प अक्षर ही हैं । इसका परिहार करने के लिए कहते हैं कि गुरु वर्णों के विशेष से अणुपर्यन्त सूक्ष्म पर्यन्त के ग्रहण करने से मात्राओं में त्रिमात्रा एवं चतुर्मात्रा रूप में उनके वास्ते वाद्य प्रकृष्ट करना चाहिए । तत्रोपवहनं कार्यं प्रयोगे तु गुरुत्रये ।३१।२३० । यह वाद्य विधि मुख नामक उपोहन अंग में होती है । किन्तु अल्प अक्षर होने से इसमें अंगनिबन्ध का व्यपदेश नहीं होता है ॥३०३॥

अब सर्वशेषत्वेन वक्तव्य को कहते हैं—जब गीति के वश से सामर्थ्य से अंग को । जब मुख्य अंगों की पुनः पुनः आवृत्ति करते हैं । प्रश्न—कैसे यह आवृत्ति होगी । उत्तर । मागधी, अर्धमागधी, संभाविता एवं पृथुला इन चार प्रकार की गीतियों के सामर्थ्य से आवृत्ति होगी । जैसा कि ध्रुवा अध्याय के अन्त में कहेंगे—

यदा गीतिवशादङ्गं भूयो भूयो निवर्तते ।
त्रिपाणिलयसंयुक्तं तत्र वाद्यं प्रयोजयेत् ॥३०५॥

## अभिनवभारती

"त्रिनिवृत्त्या पदानां तु मागधी समुदाहृता ॥" ( ना. शा. ३२-४२२ ) । इत्यादि । गीतवशादित्यपि पाठ एवमर्थः । गीतिं वा गीयमानं वा । तालाध्याये वक्ष्यते—

"यथाक्षरं द्विसंख्यातत्रिसंख्यातमथापि च ।" ( ना. शा. ३१-११४ ) इति । तत्रेति । निवर्तने । आद्यमिति । आद्य आवर्तः । शेषमित्यादि । आवर्तान्तराणि शुद्धनृत्तप्रयोज्यानि । तेन न केवलं वस्त्वङ्गादिसमाप्तौ नृत्तम् । यावन्मध्येऽपि कदाचित्परिवर्तेषु भवतीति दर्शनम् । यत्तु राहुलकेनोक्तमपौनरुक्त्येनाभिनयनं तदेवंविधमेव मन्तव्यम् ।

यत्तु अहं "जलणिहिल्लुइ माइमा" इत्यत्र, जलनिधिचुलुके मानितेन चोन्मीयत इत्यादि कैश्चिदुत्प्रेक्षितं तन्न सर्वत्र निर्वहतीत्यास्तां तावत् ॥३०४

## मधुसूदनी

मागधी प्रथमा गीतिस्तथा चैवार्धमागधी । सम्भाविता तृतीया स्यात् पृथुला च तथा परा । इत्येवं चतुर्विधा गीतिः ॥३०४॥

## बालक्रीडा

मागधी प्रथमा गीतिस्तथा चैवार्धमागधी
सम्भाविता तृतीया स्यात् पृथुला च तथा परा
त्रिनिवृत्त्या पदानां तु मागधी समुदाहृता ।

पदों की तीन आवृत्ति करने से मागधी गीति कही जाती है । यहाँ मूल में निवर्तते और निवृत्त्या पद है । उनका अर्थ है आवृत्ति । जब गीतिवशात् में गीति पाठ मानते हैं तब उपरि उक्त अर्थ हुआ किन्तु जब गीति के स्थान में गीत पाठ मानेंगे तब क्या अर्थ होगा उस पर कहते हैं कि इस पाठ में भी यही अर्थ होगा । गीति या गीयमान अर्थ । ताल ध्याय में कहेंगे कि

यथाक्षर, द्विसंख्यात एवं त्रिसंख्यात ये तीन आक्षरिक गीत के भेद हैं । उस निवर्तन में आद्य आवर्त्त । शेषम् माने शुद्ध नृत्त में प्रयोज्य अन्य २ आवर्त्त । इससे सिद्ध हुआ कि केवल वस्तु एवं अंग की समाप्ति में ही नृत्त होता है यह बात नहीं है किन्तु इनके मध्य में भी कदाचित् दश परिवर्त्तों म भी होता है । यह दर्शन है यह नृत्त सिद्धान्त है । जो तो राहुलक ने कहा है कि पुनरुक्ति बिना किये अभिनय होता है उसको इसी प्रकार का ही मानना चाहिए । जो तो "जलणि हि चुलुई मा इमा" इसमें "जलनिधि को चुल्लू में भरकर माप लिया" इससे उन्मान करते है कि समुद्र की गहराई कितनी है इत्यादि रूप में उत्प्रेक्षा की है किन्तु वैसी उत्प्रेक्षा का निर्वाह सब जगह नहीं होता है । अतः बस करिये ॥३०४॥

## अभिनवभारती

तत्र वाद्यविधिमाह। आवर्तमानगीतवशादङ्गं शाखाचारीप्रयोगात्मकं यदाऽऽवर्तते तदा वाद्यप्राधान्येन नृत्तस्येव वाद्यस्य यथासम्भवं वैचित्र्यं प्रदर्शनीयम्। पूर्वं हि तद्वैचित्र्यं काव्यार्थेन नियन्त्रितम्। अधुना तु सङ्कोचोऽस्य नास्ति। तथा च लक्ष्ये प्रावेशिक्यां पात्रकृतसङ्कोचाद्यभावं मन्यमाना गीताचार्याः त्रितयप्रयोगमाहुः। एतच्च विचारयिष्यत इत्यास्तां तावत्।

समपाणिरुपरिपाणिरवपाणिश्चेति ( ना. शा. ३१-३७३ ) त्रिधा पाणिः लयस्य तदभिव्यञ्जकत्वात्। संगीते केवलेन गीतेन गीतनृत्ताभ्यां सह वा पूर्वं वेति त्रिधा छन्दोक्षरपदानां साम्यं लयः। कलाकालान्तरकृतो द्रुतादिभेदस्त्रिविधः (ना. शा. ३१ ३७०।३७१)। एतच्च वैविध्यं यतिमार्गादिभेदस्याप्युपलक्षणम् ॥२०५॥

## बालक्रीडा

(मूल) जब गीति के अनुसार बार २ अंगों का निवर्तन करते हैं वहाँ समपाणि एवं अवपाणि एवं उपरिपाणि इन तीन पाणि वाले लयों से संयुक्त वाद्य का प्रयोग करना चाहिए ॥२०५॥

अब वाद्य की विधि को कहते हैं। आवर्तमान गीत के अनुसार जब शाखा एवं चारी के प्रयोग रूप अंग की आवृत्ति होती है तब जैसे वाद्य की प्रधानता से नृत्त का वैचित्र्य दिखाई देता है वैसे ही नृत्त की प्रधानता से वाद्य का भी वैचित्र्य दिखाई देना चाहिए। पहिले तो उसका वैचित्र्य काव्यार्थ के द्वारा नियन्त्रित था। किन्तु अब इसका नियन्त्रण नहीं है अतः संकोच भी नहीं है। जिसके फलस्वरूप लक्ष्य प्रावेशिकी प्रवेशकालिक ध्रुवा में

> नानार्थरससंयुक्ता नृणां या गीयते प्रवेशे तु।
> प्रावेशिकी तु नाम्ना विज्ञेया सा ध्रुवा तज्ज्ञैः।
> प्रवेशाक्षेप निष्क्राम प्रासादिक मथान्तरम्।
> गानं पंचविधं विद्यात् ध्रुवायोगसमन्वितम्।

प्रवेश, आक्षेप, निष्काम, प्रासादिक और आन्तर नामक ध्रुवाओं के योग से पांच प्रकार का गान है। जिनमें नानाप्रकार के रस व्यञ्जक अर्थों से युक्त जो गाना पुरुष पात्रों के प्रवेश के समय में गाया जाता है उसको विद्वान् लोग प्रावेशिकी ध्रुवा कहते हैं। पात्रों के कारण होने वाले संकोच आदि के अभाव को मानने वाले नृत्ताचार्य लोग तीन तरह का प्रयोग कहते हैं। इसका विचार आगे करेंगे अतः रहने दिया जाय।

समपाणि, उपरिपाणि एवं अवपाणि ये तीन प्रकार के पाणि हैं। इनसे लय अभिव्यंग्य है। लय संगीत यानी नृत्त, गीत एवं वाद्य इन तीनों में केवल गीत के साथ या गीत एवं नृत्त के साथ या इनके पहिले इस तरह तीन प्रकार का है। छन्द, अक्षर एवं पदों का साम्य लय है। कलाओं के काल के भेद के सम्पादक जो होते हैं वे लय हैं। अतएव द्रुत, मध्य एवं विलम्बित रूप तीन प्रकार का लय है। यह वैविध्य यति एवं मार्ग आदि के भेद का उपलक्षण है ॥२०५॥

यथा लयस्तथा वाद्यं कर्तव्यमिह वादकैः ।
ततं चानुगतं चापि ओघं च करणान्वितम् ॥२०६॥
स्थिरे ततं प्रयोक्तव्यं मध्ये चानुगतं भवेत् ।
द्रुते चौघः प्रयोक्तव्यस्त्वेष वाद्यगतो विधिः ॥२०७॥
छन्दोगीतकमासाद्य त्वङ्गानि परिवर्तयेत् ।
एष कार्यो विधिर्नित्यं नृत्ताभिनयवादिते ॥२०८॥
यानि वस्तुनिबद्धानि तेषामन्ते ग्रहो भवेत् ।
अङ्गानां तु परावृत्तावादावेव ग्रहो मतः ॥२०९॥

## अभिनवभारती

ननु प्रथम आवर्ते कीदृशं वाद्यमित्याशंक्याह—यथा लय इति। प्रथमे ह्यावर्ते काव्यार्थाभिनयवशादङ्गस्य य उचितो लयो द्रुतादिस्तदनुसार्येव वाद्यं कार्यम्। अन्ये तु यथातथाशब्दावविचार्यास्य पूर्वशेषत्वेनैव श्लोकार्थं गमयन्ति—यथा वाद्यं त्रिपाणिलयवैचित्र्ययुक्तं तथाङ्गस्य च लय इति ॥२०६॥२०९॥

## बालक्रीड़ा

(मूल) जैसा लय है वैसे ही वादक को वाद्य बजाना चाहिए। तत, अनुगत तथा ओघ ये तीन प्रकार के वाद्य हैं। जो करणों से अन्वित होते हैं। विलम्ब यानी स्थिर दशा में तत वाद्य का, मध्यावस्था में अनुगत का और द्रुत दशा में ओघ का प्रयोग करना चाहिए यही वाद्यों की विधि है ॥२०६।७॥

(मूल) किन्तु छन्दो बद्ध गीत का आसादन करके आलम्बन करके अंगों का परिवर्त्तन करे। और नृत्त सम्बन्धी अभिनय के प्रसंग में वादन में यही विधि अवश्य करनी चाहिए ॥२०८॥

(मूल) जो तो वस्तु यानी कथाओं की रचना से अनुस्यूत गीत है वहाँ गीतों के अन्त में बाद में ग्रह यानी उपोहन होता है। किन्तु जहाँ अंगों की परावृत्ति होती है वहाँ गीतों के आरम्भ में ही ग्रह होता है ॥२०९॥

प्रश्न—प्रथम आवर्त्त में कैसा वाद्य है। इस आशंका का उत्तर करते हैं कि जैसा लय हो। प्रथम आवर्त्त में काव्यार्थ के अभिनय के वश से अंग के उचित जो द्रुत, मध्य एवं विलम्बित लय हो उसी के अनुसार वाद्य करना चाहिए। अन्य लोग तो यथा और तथा शब्दों का बिना विचार किये ही इसके पूर्वशेष के रूप में श्लोक के अर्थ का संगमन करते हैं कि जैसे वाद्य तीन पाणि वाले लय की विचित्रता से युक्त है उसी प्रकार गीति के अंग एवं गीत के लय को करना चाहिए ॥२०६॥२०७॥२०८॥२०९॥

**एवमेव विधिः कार्यो गीतेष्वासारितेष्वपि ।**
**देवस्तुत्याश्रयं ह्येतत्सुकुमारं निबोधत ॥३१०॥**

### अभिनवभारती

नचैवं तद् व्यतिक्रमणीयमिति सहेतुकं दर्शयति पादोनेन श्लोकेन–एवमेव इति । हि यस्माद्देवस्य भगवतो महादेवस्य स्तुतिनिमित्तं परितोषणप्रयोजनमेतन्नृत्तमतो हेतोर्नियमादृष्टसम्पत्त्यै । एष एव गीतकासारितेषु तच्छेषेषु च छन्दकेषु विधिः । पाणिका तु परिमितशरीरत्वात्स्वयं ताण्डवभाजनं न भवति । सा हि सुकुमारे पूर्वरङ्गे लास्यप्रधाने तस्यचा (?)दिग्ध्यायोक्तात्लास्यस्वरूपादेव निश्चीयते । अन्यथा पूर्वरङ्गोपयोगे प्रक्रान्ते तत्राध्याये लास्यस्य कोऽवसरः । बाह्याङ्गमात्रे तदनुपयोगीति तत्र दशाङ्गस्य चेत्प्रयोज्यता तदातिप्रसङ्गः । स च निषेत्स्यते । तत्प्रयोगे कृतानि गेयपदानीति न भिन्नः । तालाध्याये चैतद्भविष्यति । गीतकादिशेषत्वे तु छन्दकसङ्गृहीतैवेति नाप्युक्ता । गीतकं च स्वतन्त्रेऽप्यासारिते भवति । ताण्डवप्रयोगस्तु यदा ह्येष पिण्डीबन्धैर्विकल्प्यते प्रत्येकमङ्गविन्यासस्तदा तेषां पृथक्पृथगतिदेशेनासारितेष्वप्येवमेवांगान्यूह्यानि । अङ्गचतुष्टय विभागेन नर्तकीक्रमप्रवेशादिप्रयोगः । एतदर्थमेव वर्धमानेऽप्युक्ते पुनरासारितसङ्कीर्तनम् । पूर्वरङ्गे चापिशब्दात्तत्सङ्ग्रहो व्याख्येयः ।

### मधुसूदनी

गीतकादिशेषत्वे तु छन्दकसंगृहीतैव पाणिका इति नात्र प्रसंगे उक्ता । इत्यन्वयः । किन्तु यदा हि एष ताण्डव प्रयोगः पिण्डीबन्धैर्विकल्प्यते तदा तेषां पिण्डीबन्धानां मध्ये पृथक् पृथगतिदेशेन प्रत्येकमंगविन्यासो भवति । एवमेव आसारितेष्वपि गीतेषु अंगानि ऊह्यानि । अंगचतुष्टयस्य विभागेन पृथक्त्वेन नर्त्तकीनां क्रमेण प्रवेशादिरूपः प्रयोगः । एतदर्थमेव नर्त्तकीनां क्रमेण प्रवेशार्थमेव उक्तेऽपि वर्धमाने गीतके पुनरासारितगीतस्य संकीर्त्तनम् ।

### बालक्रीडा

(मूल) आसारित गीतों में भी यही इसी प्रकार की विधि को करना चाहिए । और यह भी समझना चाहिए कि देवताओं की स्तुति के आधार पर जितने भी गीत हैं वे सब सुकुमार हैं ॥४१०॥

किन्तु इस तरह उसका व्यतिक्रमण नहीं करना चाहिए इस बात को पादोन चतुर्थ पाद रहित तीन पादों वाले श्लोक से हेतु के सहित दिखाते हैं—इस प्रकार यह । जब कि स्तुतियों से देवाधिदेव महादेव को परितुष्ट करने के लिए ही यह नृत्त है तब इस हेतु से नियम जनित अदृष्ट की सम्पत्ति के लिए आसारित गीत और उनके अंग छन्द की भी यही विधि करनी चाहिए । पाणिका तो एक ही प्रकार की है अतः परिमित शरीर होने से स्वयं ही ताण्डव के योग्य नहीं है । क्योंकि उसकी योग्यता का निश्चय लास्य प्रधान अतएव सुकुमार पूर्वरंग में पाणिका की सत्ता स्थिति की विचित्रता विदग्धता के लिए कहे गये लास्य के स्वरूप

## अभिनवभारती

"सर्वेषामेव गीतानामन्ते छन्दकमिष्यते इत्युपक्रम्य" (३१-३२६)
"चतुष्पदा तथैकाङ्गा……युग्मौजा वा प्रमाणतः।" (३१-३२७)
"तथा शृङ्गारभूयिष्ठा ज्ञेया मध्यलया तथा" (ना. शा. ३१-३२९)।

इति निरूप्य दशाङ्गं लास्यं तालाध्याये (ना॰ शा॰ ३१) निरूपयिष्यते। मुनेश्चतुष्पदा-न्तर्भूतं लास्यगानमित्यादि भूयोऽभिधाष्यत्येव। विशाखिलादिप्रणीतं लास्यगानं नान्तरं, मुनिनाऽभिहितचतुष्पद एव सङ्गृहीतत्वात्। सा चतुष्पदा गीतकानामन्ते पाणिकान्ते वा प्रयोज्येति दर्शितम्। तदभिप्रायेणोपक्रममाह -सुकुमारं निबोधतेति। अत्र तु शब्द उत्तरतोऽपेक्षणीयः-सुकुमारं त्विति। एवमुक्तरङ्गक्रमविधिं निजयोहापोह-धिया कल्पयति। तत्रापि शङ्कृढया नर्तकीवृद्धिरित्यादि सर्वमुन्नेयमित्यर्थः ॥२१०॥

## मधुसूदनी

उत्तरतः एतच्छ्लोकादुत्तरस्मिन् श्लोके "स्त्रीपुंसयोस्तु संलापो यस्तु" इत्यत्र तु द्वयं वर्तते। तत एकस्तुशब्द अपेक्षणीयः अवश्यं संग्राह्यः। तेन सुकुमारं तु इति योजना ॥२१०॥

## बालक्रीड़ा

से ही हो जायगा। अन्यथा यानी उक्त व्यवस्था को नहीं मानियेगा तो पूर्वरंग को बतलाने के लिए प्रक्रान्त आरम्भ किये गये उस अध्याय में लय के प्रतिपादन का कौन अवसर है। अगर कहें कि केवल वाद्य अंग में वह लय अनुपयोगी है वहाँ तो लास्य के दशों अंग प्रयोज्य हैं तब अतिव्याप्ति हो जायगी अतः उसका निषेध करेंगे। क्योंकि लय के प्रयोग के अभाव में गाये गये गेय पदों को हम नहीं मानते हैं। तालाध्याय में इसके विषय में सब कहेंगे। गीतक आदि के अंग के रूप में छन्दकों का संग्रह हो ही जायगा। इसलिए यहाँ संग्रह को नहीं कहा। और स्वतन्त्र आसारित में भी गीतक होता है। किन्तु जब इसका पिण्डीबन्धों के द्वारा विकल्प भेद करते हैं प्रत्येक अंग का विन्यास करते हैं तब पृथक् २ अतिदेश के द्वारा आसारितों में भी इसी प्रकार उनके अंगों का ऊहन करो। और चार अंगों के विभाग से नर्तकियों का क्रम से प्रवेश आदि प्रयोग होता है। इसलिए वर्धमान के कह देने पर भी फिर आसारित का संकीर्तन किया। अतः पूर्वरंग में अपिशब्द से उसका संग्रह व्याख्येय है।

सभी गीतों के अन्त में छन्दकों का प्रयोग चाहते हैं इसका उपक्रम कर के चतुष्पदा तथा एकांगा अथवा प्रमाण के अनुसार जो युग्म है। तथा जिसमें शृंगार का भूयस्त्व है उसे मध्य लय वाली समझना चाहिए। ऐसा निरूपण कर के दश अंगों वाले लास्य का निरूपण तालाध्याय में करेंगे। मुनि के द्वारा अभिहित चतुष्पदा के अन्तर्भूत लास्य है एवं गान है इत्यादि भूयः बहुत बार कहेंगे ही। विशाखिल आदि के प्रणीत लास्य एवं गान बाहर नहीं हैं उसका संग्रह मुनि के अभिहित चतुष्पदा में ही आता है। उस चतुष्पदा का प्रयोग गीतों के अन्त में अथवा पाणिका के अन्त में करना चाहिए यह दिखा दिया है। इस अभि-प्राय से उपक्रम करते हैं कि सुकुमार को समझें। यहाँ सुकुमार के बाद तुशब्द अपेक्षणीय है

**स्त्रीपुंसयोस्तु संलापो यस्तु कामसमुद्भवः ।**
**तज्ज्ञेयं सुकुमारं हि शृङ्गाररससम्भवम् ॥३११॥**

## अभिनवभारती

ननु किं तत्सुकुमारमित्याह—स्त्रीपुंसयोस्त्विति । एकस्तुशब्दः पूर्वत्र नीतः सुकुमारकं विशेषयति । द्वितीय एतम् । तदेव हि सुकुमारं न तु करुणहास्यादिमयम् । किं तदित्याह । स्त्रीपुंसयोर्यः कामः । स्त्रियाः पुरुषस्य कामना । पुंसो वा स्त्रियाः । तस्मात्कविहृदयस्थिताद्विवक्षाक्रमेण समुद्भवो यस्य संलापस्य काव्यवाक्यस्य तत्सुकुमारम् । तत एव परस्परहेतुकत्वं भवति । अत एवाह—शृङ्गाररसस्य परस्परहेतुकत्वे संभव एव । एवोऽयोगव्यवच्छेदकोऽत्र । तेन तदवस्थामात्रोपनिबन्धोऽपि डोम्बिकादिकविरुद्धेष्टिवादौ चावगन्तव्योत्साहादौ शृङ्गाररसस्याव्यापत्तियन्धः । परमेश्वरे हि तपस्यति भगवती तदेकहृदया बभूवेति तावति परस्परास्थाबन्धात्मकरत्यभावे कामावस्थामात्रं प्राक् । परतस्तदर्धशरीराक्रमणादौ शृङ्गार इत्येवं परमेश्वरचरिते सुकुमारस्य त्रिशाखत्वेनाप्रसरात्तस्यैवात्रापि पक्षे स्थितिः । करुणादिर्भगवति न सम्भवति । नापि स तत्र समुचित इति न स सुकुमारः ।

## मधुसूदनी

द्वितीयस्तुशब्दः । कविहृदयेति । वर्णनीयतया कविहृदयस्थितात् तस्मात् कामात् । विवक्षाक्रमेण कथनपरिपाट्या । तत एव संलापस्य सुकुमारत्वादेव । सम्भवमात्रमयोगव्यवच्छेदनं यत्रेत्यत्र सम्भव एव सम्भवमात्रमिति । एवकारः अयोगव्यवच्छेदार्थकः । तेन शृंगाररसस्य संभवेन तदवस्थानां नायकनायिकादशानामुपनिबन्ध-

## बालक्रीडा

(मूल) किन्तु जो तो कामवासनाओं से होने वाले स्त्री एवं पुरुषों के संलाप हैं उन की भी शृंगार रस प्रसूत होने से सुकुमार समझना चाहिए ॥३११॥

उत्तर श्लोक से जो बना है । उपरंजन करने के विधान का अपनी ऊहापोहमयी बुद्धि से कल्पना करते हैं । उसमें भी अंगों की वृद्धि और उसके अनुसार नर्तकियों की वृद्धि होती है । इत्यादि सब अंगों का उन्नयन करना चाहिए । यह कल्पना का अर्थ है ॥३१०॥

अच्छा कहिये कि सुकुमार क्या है । स्त्री और पुरुष का तो । यहाँ दो तुशब्द हैं । स्त्रीपुंसयोस्तु और यस्तु में । उनमें एक तुशब्द पूर्व में ले लिया है जो सुकुमार की विशेषता को दिखलाता है । दूसरा इसकी । वही सुकुमार है न कि करुण एवं हास्य आदि रूप सुकुमार हैं । वही क्या ? उत्तर । जो स्त्री का और पुरुष का काम है । स्त्री की पुरुष के विषय में कामना रति और पुरुष की स्त्री के विषय में कामना रति । कवि के हृदय में स्थित उस काम से विवक्षा के क्रम से पारी २ से जिससे तद रूप काव्यवाक्य का समुद्भव है उत्पत्ति है वह काव्य सुकुमार है । यही कारण है कि वह काम परस्पर के संलाप का हेतु है । अतएव कहते हैं कि शृंगार रस परस्पर के संलाप में हेतु हो ही सकता है । यहाँ एव अयोग-

**यस्यां यस्यामवस्थायां नृत्तं योज्यं प्रयोक्तृभिः ।**
**तत्सर्वं सम्प्रवक्ष्यामि तच्च मे शृणुत द्विजाः ? ॥३१२॥**

अभिनवभारती

यत्तु राघवविजयादौ भीतामूर्च्छादिव्याघूर्णनान्तं ताण्डवम् । न च तत्र तादृशि तत्सुकुमाराङ्गहारात्मकनृत्तयोजना । अपि तु गीतकार्थभावनान्यायेन 'रौद्रस्य चैव यत्कर्म स करुणः' इति प्रसक्त्या तत्र तथाविधाभिनययोग इत्यलं बहुना ॥३११॥

वक्तव्यशेषमाह—यस्यां यस्यामित्यादि । सुकुमारं यत्काव्यं तदाश्रितं गानमपि तथा । अन्तर्लग्नं नृत्तमपि । तत्र यदुक्तं—

'तदेव हि पुनर्वस्तु' ( ना. शा. ४-२९५ ) इति तथा "यदा गीतिवशादङ्गम्" (ना. शा. ४-२९९) इति नृत्तयोजनं तु तदनुवादपूर्वकं नियम इति ॥३१२॥

मधुसूदनी

कोऽपि डोम्बिकादिकविः । उद्घोष्टितादौ उद्घोष्टितप्रभृतिकरणेषु तथा काव्यतोऽवगन्तव्योत्साहप्रभृत्यवस्थासु च शृंगाररसस्य अव्याप्त्या अनिर्वाधेन बन्धको रचयिता स्यात् । इत्यर्थः । व्यासंगतिः कार्यान्तरसन्निपातात् ॥३११॥

बालक्रीडा

(मूल) जिस जिस अवस्था में अभिनेताओं को नृत्त करना चाहिए उन सब अवस्थाओं को मैं कहूँगा । हे द्विजः ? आपलोग उसे सुने ॥३१२॥

व्यवच्छेदक है । जो शृंगार में परस्पर हेतुत्व के संभव को दूर करता है । जिससे नायक एवं नायिका की केवल अवस्था का उपनिबन्ध करने वाला डोम्बिकादि कवि उत्साह जिसमें अवगन्तव्य है ऐसे उद्घोष्टितादि में शृंगार रस की अव्याप्ति से बिना रोक टोक के रचना करता है । परमेश्वर जब समाधिस्थ होकर तपस्या कर रहे थे उस समय उसके समाराधन में तत्परा भगवती वह भगवान् ही एकमात्र जिसके हृदय में हैं दूसरी कोई भी वस्तु नहीं ऐसी तन्मय हो गई । परस्पर की आस्था अपेक्षा के (आस्था त्वालम्बनस्थानयत्नापेक्षासु योषिति) बन्धस्वरूप उत्कृष्ट रति के अभाव में पहले केवल काम इच्छा ही अवस्थित है । बाद में भगवान् महेश्वर के अर्ध शरीर को प्राप्त कर लेन पर तो वह कामना शृंगार हो गई इस तरह परमेश्वर के चरित में सुकुमार अंश का निरुद्ध शाखाओं में प्रसर नहीं हुआ । फलतः आज भी उसकी अपने पक्ष में स्थिति है । भगवान् में करुणादि की संभावना नहीं है । और न वहाँ वह समुचित ही है अतः वह सुकुमार नहीं है ।

जो तो राघवविजय काव्य में सीता भीता डर गई अतएव उसको मूर्च्छा आ गई यहाँ से व्याघूर्णन पर्यन्त जो ताण्डव है । वहाँ वैसे ताण्डव में उस सुकुमार अंगहार मय नृत्त की योजना नहीं है । अपितु गीत के अर्थ की भावना कर के वैसा ही नाच करना चाहिए इस न्याय के अनुसार "रौद्र का क्रोध का जो कार्य है वह करुण है" इसकी प्रसक्ति हो जाने से वहाँ वैसे ही अभिनय का योग है । बस बहुत हो गया ॥३११॥

**अङ्गवस्तुनिवृत्तौ तु तथा वर्णनिवृत्तिषु ।**
**तथा चाभ्युदयस्थाने नृत्तं तज्ज्ञैः प्रयोजयेत् ॥३१३॥**

## अभिनवभारती

अङ्गवस्तुनिवृत्तौ त्विति । तुर्भिन्नक्रमोऽवधारणे । वर्णानां स्थाय्यादीनां गीतक्रियाविस्ताररूपाणां निवृत्तिर्यथा अपरान्तकादौ । प्रतिशाखायां वक्ष्यते—"प्रतिशाखायपि च" इति तेनाङ्गवस्तुवर्णनिवृत्तिरपरान्तकादौ तथा अभ्युदयस्थानेषु च यत्तथाभूतेनैव वाद्यादिवैचित्र्यप्रकारेण नृत्तमुक्तं तदभ्युदयस्थानभेदभावज्ञो नृत्ताचार्यः प्रयोजयेत् ॥३१३॥

## बालक्रीड़ा

(मूल) रंगमंच पर अभिनय के समय प्रासंगिक अंग, एवं वस्तु की और आधिकारिक इतिवृत्त की समाप्ति पर तथा वर्ण यानी किसी पात्र की भूमिका के अदा करने पर निवृत्ति पर अथवा वर्ण माने आरोही अवरोही आदि गानों की समाप्ति पर तथा अभ्युदय के सन्दर्भ में नाट्याचार्यों को नृत्त का प्रयोग करना चाहिए ॥३१३॥

अवशिष्ट वक्तव्य को कहते हैं कि जिस जिस में इत्यादि । सुकुमार जो काव्य है तदाश्रित गान भी और उसमें अनुकूल नृत्त भी वैसा ही होना चाहिए । अतः उसमें जो कहा कि "फिर वही वस्तु" तथा "अब गीति के अनुसार अंग को" यह नृत्त की योजना है वह तो उसका अनुवाद पुरः सर नियम है ॥३१२॥

अंग और वस्तु की आवृत्ति में तो । इति । यहाँ तु का स्थान भिन्न है । अवधारण उसका अर्थ है । गीत क्रिया के विस्तार रूप वर्ण होते हैं । वे वर्ण चार होते हैं । जैसा कि ३१ वें अध्याय में कहेंगे ।

> आरोही चावरोही च स्थायिसंचारिणौ तथा
> वर्णाश्चत्वार एवैते ह्यलंकार समाश्रयाः ।१४।
> स्थिराः स्वराः समा यत्र स्थायी वर्णः स उच्यते ।१६।

अलंकारों के अधीन अवरोही, आरोही, स्थायी एवं संचारी ये चार वर्ण होते हैं उनमें वह वर्ण स्थायी कहाता है जहाँ स्वर स्थिर एव सम होवें । तुल्य जातीय स्वरों का ही गाने में उपयोग होता है । क्योंकि मन्द्र, तार एवं मध्य रूप से उसी स्वर का प्रयोग होता है किन्तु गाने में स्वर सम यानी तुल्य होना चाहिए । उस समय वर्ण स्थायी ही रहता है अर्थात् घण्टा के टनन स्वरूप स्वर लहरी की तरह अविच्छिन्न अत्यन्तदीर्घ स्वर नहीं होना चाहिए अपितु विच्छेद कर के फिर विच्छेद कर के उसी स्वर का प्रयोग करना चाहिए । इसी तथ्य को दिखाने के लिए यहाँ स्वराः यह बहुवचन का प्रयोग किया है ।

अतः गीतक्रिया गाने के विस्तार फैलाव रूप स्थायी आदि वर्णों की निवृत्ति यानी समाप्ति होती है । जैसे अपरान्तक आदि में । मद्रक उल्लोप्यक अपरान्तक आदि सात प्रकार के गीतों में अपरान्तक एक गीत का भेद है । वर्णों की निवृत्ति के विषय में आगे ३१ अध्याय में लिखेंगे कि

**यत्तु संदृश्यते किञ्चिद्दम्पत्योर्मदनाश्रयम् ।**
**नृत्तं तत्र प्रयोक्तव्यं प्रहर्षार्थगुणोद्भवम् ॥३१४॥**

२०६

### अभिनवभारती

तदुदाहरति-यत्तु संदृश्यत इति। यत्काव्यखण्डं दम्पत्योः स्त्रीपुंसयोः कामकृतवाच्यत्वेन श्रूयते, अन्यश्च प्रहर्षप्रयोजनो यो गुणः आस्थाबन्धो वचनं दूतीवचनाकर्णनादिरंशस्तदुद्भवं तदारम्भं तत्र नृत्तं योज्यमिति कामावस्थासु मन्तव्यम्। शृङ्गारेऽप्यनेन वासकसज्जाभिसारिकाविषयं नृत्तमुक्तम् ॥३१४॥

### बालक्रीडा

(मूल) और भी जो पति पत्नी की काम वासना सम्बन्धी आनन्द के सम्पादक दूती आदि के वचन के सुनने पर हर्ष है उनके प्रसंग में नृत्त करना चाहिए ॥३१४॥

वस्त्वादौ वस्तुमध्ये वा वस्त्वन्ते वा निवृत्तयः ।
प्रयोक्तव्या बुधैर्नित्यं चित्राद्यांगबलाबलम् ।१२७
निवृत्तौ तु कला न्यूना यदा वस्तुवशाद् भवेत् ।
अकलापातनात्तस्या वर्णः कार्यो निवृत्तिमान् ।१२८।

अपरान्तक आदि में आदि पद से उत्तर का ग्रहण है । अतएव—

उल्लोप्यके तथा शाखा सोत्तरे सापरान्तके
प्रतिशाखा तथा चैव ।३१।२३६।

इसी के अनुसार कहते हैं कि प्रतिशाखा में जो कहेंगे कि

व्यस्रतालसमुद्भूतं पादैः षड्भिर्विभूषितम्
चतुः शाखाख्यमित्येतदुदितं चापरान्तिके ।३१।२४६।
यथा शाखा तथैवास्य प्रतिशाखा विधीयते
पश्चिमार्धसमा सा तु तथैवान्यपदा स्मृता ।२४७।
शाखायां प्रतिशाखायां विशेषः पश्चिमे ध्रुवम् ।२४९
ततः शम्या ततस्तालः सन्निपातस्ततः पुनः
शाखेयं प्रतिशाखा तु नित्यमन्यपदा स्मृता ।२५७
शाखावत् प्रतिशाखा तु भवेदन्यपदा तु सा ।३११

इसी तरह का पाठ मिलता है । किन्तु प्रतिशाखायपि च यह पाठ नहीं मिलता है ।

इससे अंग, वस्तु, वर्ण, निवृत्ति एवं अपरान्तकादि में तथा अभ्युदय स्थानों में जो उस तरह वाद्यों के वैचित्र्य के प्रकार से नृत्त को कहा है उसका प्रयोग अंग, वस्तु वर्णनिवृत्ति अपरान्तक एवं अभ्युदयस्थान के भेद भाव को जानने वाला नृत्ताचार्य करे ॥३१३॥

उसका उदाहरण देते हैं । जो तो दिखाई देता है । इति । दम्पती स्त्रीपुरुष के विषय में काम के सम्बन्ध से किये गये अर्थ के अनुसार जो काव्य का खण्ड अंश सुनाई पड़ता है और भी जो प्रहर्ष ही आनन्द ही प्रयोजन जिसका ऐसा गुण आस्था बन्ध । आस्था

यत्र सन्निहिते कान्ते ऋतुकालादिदर्शनम् ।
गीतकार्थाभिसंबद्धं नृत्तं तत्रापि चेष्यते ॥३१५॥
खण्डिता विप्रलब्धा वा कलहान्तरितापि वा ।
यस्मिन्नङ्गे तु युवतीर्न नृत्तं तत्र योजयेत् ॥३१६॥

अभिनवभारती

स्वाधीनभर्तृकाविषयमाह—यत्र सन्निहित इति । यस्मिन्नङ्गे गीतकस्य गीयमानस्य काव्यस्यार्थत्वेन वाच्यत्वेनाभिसंबन्धः । कान्तसन्निधाने ऋतोर्वसन्तादेः कालस्य चन्द्रोदयादेरवलोको भवति तत्र नृत्तम् ॥३१४॥

निमयफलं दर्शयितुमाह—खण्डितेत्यादि ।

"व्यासङ्गादुचिते यस्या वासके नागतः प्रियः ।
सा खण्डिता" ( ना. शा. २२-२०९ )
"यस्या दूती प्रियः प्रेष्य दत्त्वा सङ्केतमेव च ।
नागतः कारणेनेह विप्रलब्धा तु सा ।" ( ना. शा. २२-२१० )

बालक्रीड़ा

(मूल) जहाँ प्रिय सन्निहित हो वसन्त ऋतु का विकास हो चन्द्र की चान्दनी चारों ओर दिखाई पड़ रही हो उस समय वहाँ पर गीयमान काव्य के अर्थ से सम्बन्धी नृत्त प्रिय लगता है ॥३१५॥

(मूल) जहाँ तो प्रासंगिक इतिवृत्त के अभिनय के प्रसंग में खण्डिता, विप्रलब्धा या या कलहान्तरिता नायिका हो वहाँ नृत्त नहीं करना चाहिए ॥३१६॥

स्वालम्बनस्थानयत्नापेक्षासु योषिति इति मेदिनी) अपेक्षा बन्ध । अथवा आस्था श्रद्धा आदर प्रतिष्ठा । उसका बन्ध रचना । उसका प्रयोग जैसे—

दैवात् स्वर्गाविवध्यत्वं मर्त्यैस्त्वास्थापराङ्मुखः । रघु० १०।४३
विनश्वरे विहायास्थां यशः पालय मे सखे ? । हितोपदेश

वचन सन्देश वाक् एवं दूती के वचन का आकर्णन सुनना वगैरह अंग है । उसके उद्भव यानी आरम्भ में नृत्त की योजना करनी चाहिए । इस सबको काम की अवस्थाओं में समझना चाहिए । इससे शृंगार में भी वासकसज्जा अभिसारिका के विषय में नृत्त कहा है ॥३१४॥

अब स्वाधीनभर्तृका के विषय में नृत्त को कहते हैं—जहाँ काम सन्निहित रहे—इति । जिस अंग का गीतक अर्थात् गीयमान काव्य के अर्थ वाच्य के साथ सम्बन्ध है और कान्त के सन्निधान में ऋतु वसन्तादि वेला, चन्द्रोदय का अवलोक चाँदनी की छटा होती है वहाँ नृत्त इष्ट है ॥३१५॥

ऊपर बतलाये हुए नियमों के फल को दिखलाने के लिए कहते हैं—खण्डिता इत्यादि ।

**सखीप्रवृत्ते संलापे तथाऽसन्निहिते प्रिये ।**
**नहि नृत्तं प्रयोक्तव्यं यस्या वा प्रोषितः प्रियः ॥३१७॥**
**दूत्याश्रयं यदा तु स्यादृतुकालादि दर्शनम् ।**
**औत्सुक्यचिन्तासंबद्धं न नृत्तं तत्र योजयेत् ॥३१८॥**

अभिनवभारती

"ईर्ष्याकलहनिष्क्रान्तो यस्या नागच्छति प्रियः ।
साऽनुतापवशप्राप्ता कलहान्तरिता ।" ( ना. शा. २२-२०८ )

अङ्क इति । तदाधारभूते काव्यखण्डे ॥३१६॥

किमियत्येव न नृत्तमित्याशङ्क्याह—सखीप्रवृत्त इति । तथा असन्निहिते प्रिये यद्विषयकसंलापस्तत्समागमोपायपर्यालोचनादिरूपवृत्तान्तस्तत्रापि न नृत्तं योज्यम् । अनेन विरहोत्कण्ठिता लक्षिता । वासकसज्जा प्रियानागमने तथोक्ता । खण्डिता ज्ञाततदीयव्यलीकेति विशेषः । यस्या वा प्रोषितः प्रिय इति । प्रोषितभर्तृकावस्थास्वपि यदा प्रियोऽसन् दुर्लभः खिन्नो वेति हृदये निहितो वेति तदा न नृत्तम् । तत्र हि

मधुसूदनी

यदा समये खिलः प्रहृतः निरुद्ध इति यावत् ॥३१७।३१८॥

बालक्रीडा

(मूल) जहाँ सखियाँ आपस में वार्तालाप करती हों और प्रिय सन्निहित नहीं हो अथवा जिसका पति परदेश में गया हो वहाँ नृत्त नहीं करना चाहिए ॥३१७॥

(मूल) जहाँ दूती के द्वारा संदेश सुनाते समय ऋतु एवं कालादि के दर्शन से उत्सुकता, चिन्ता, आवेग एवं मोह आदि का सम्बन्ध हो वहाँ नृत्त नहीं करना चाहिए ॥३१८॥

कार्यान्तर में व्यासंग के कारण उचित वासक स्थान में जिस नायिका का प्रिय नहीं आया हो वह खण्डिता है ।

जिस नायिका का प्रिय दूती को भेज कर और संकेत को देकर भी किसी कारण से उसके यहाँ नहीं आवे वह विप्रलब्धा है ।

ईर्ष्या जनित कलह से निकल गया हुआ जिसका पति नहीं आता है वह अनुताप में पड़ी हुई नायिका कलहान्तरिता कहलाती है ।

अंक में माने उन खण्डिता आदि नायिकाओं को आधार बना कर रचे हुए काव्य खण्डों में ॥३१६॥

क्या इतनी ही जगहों में जहाँ खण्डिता या विप्रलब्धा या कलहान्तरिता का वर्णन हो वहाँ नृत्त का प्रयोग नहीं होना चाहिए । ऐसी आशंका में कहते हैं कि और भी जगह हैं जैसे इति । तथा प्रिय जहाँ असन्निहित है उस समय में जो सखी के द्वारा प्रवृत्त किया गया ।

**यस्मिन्नङ्गे प्रसादं तु गृह्णीयान्नायिका क्रमात्।**
**ततःप्रभृति नृत्तं तु शेषेष्वङ्गेषु योजयेत्॥३१९॥** 320

अभिनवभारती

कारणानन्तरमेव परिसमाप्तिः। तथा च यद् विधेयं तदेवाश्रयणीयम्। न तु यथाक्षरं द्विसङ्ख्यातं त्रिसङ्ख्यातं वेत्युक्तं भवति। व्यतिरेकलब्धेऽप्युदाहरणे प्रदर्शितोऽप्यर्थो नृत्तस्येह प्राधान्येनाभीष्टत्वान्न स्वेन कण्ठेनोच्यते॥३१७॥३१८॥

यस्मिन्नङ्ग इति। प्रसादमिति। प्रसन्नहृदयत्वं येन प्रकारेण युवतिर्लभेतेति। तेन (न) खण्डिताविषयमेवैतदपि तु सर्वविषयं मन्तव्यम्। ततः प्रभृति शेषेष्वङ्गेष्वित्यस्यायं भावः। लब्धास्थावन्धा यदा सा भवति, तद्वान् प्रियश्च सन्निहितो भवति तदा नृत्तं योज्यमेव। एतस्मिन्प्रकरणे नाट्यगतानि नाटकोदाहरणानि कैश्चिद्दत्तानि तान्ययुक्तानीति मन्तव्यम्।

खण्डितादयो नायिका यत्र साक्षात्क्रियन्ते तत्र वल्गनावर्तनादिरूपं नृत्तं न योज्यमिति यदुच्यते तदनवकाशमेव। तथाहि—

बालक्रीड़ा

(मूल) जिस अभिनय के अंग में खंडिता, विप्रलब्धा एवं कलहान्तरिता नायिका क्रमशः प्रसन्न हो जाय उसी समय से बाकी के अंगों के अभिनय में नृत्त की योजना करनी चाहिए॥३१९॥

संल्लाप यानी उसके समागम के लिए उपायों का पर्यालोचन आदि रूप बातचीत हो रही है वहाँ भी नृत्त नहीं करना चाहिए। इससे विरहोत्कण्ठिता लक्षित होती है। वासकसज्जा प्रिय के नहीं आने पर विरहिणी कही जाती है। खण्डिता वह है जिसने पति के व्यलीक को जान लिया है। इतना वैलक्षण्य है। अथवा जिसका प्रिय प्रोषित है। इति। प्रोषित भर्तृका अवस्था में भी जब प्रिय असन् दुर्लभ अथवा खिल अप्रतिहत स्वभाव वाला है अथवा हृदय में निहित हो तब नृत्त नहीं करना है। उस अवस्था में कारण के बाद ही परिसमाप्ति यानी कार्य की पूर्ति होती है। इसलिए जो विधेय हो कर्त्तव्य हो उसी का आश्रयण करना चाहिए। न कि यथाक्षर, द्विसंख्यात एवं त्रिसंख्यात को करना चाहिए यह कहा गया है। व्यतिरेक से लब्ध उदाहरण में दिखाया हुआ भी अर्थ वस्तु अपने कण्ठ से नहीं कहा जा सकता। क्योंकि यहाँ नृत्त प्रधानतया अभीष्ट है॥३१७॥३१८॥

जिस अंग में काव्य में इति। प्रसादम्। इति। जिस प्रकार युवती हृदय की प्रसन्नता को प्राप्त करे। इससे यह नृत्त का निषेध खण्डिता विषयक ही नहीं अपितु सभी विप्रलब्धा कलहान्तरिता वासकसज्जा प्रोषितभर्तृका विरहोत्कण्ठिता एवं अभिसारिका के विषय में समझना चाहिए। केवल स्वाधीन पतिका को छोड़ कर। ततः प्रभृति शेष अंगों में कहने का भाव है कि जब वह नायिका आस्थाबन्ध का प्रसन्नता का लाभ कर लेवे और तद्वान् प्रसन्न प्रिय सन्निहित रहे तब नृत्त को करना ही चाहिए। इस प्रकरण में नाट्य सम्बन्धी नाटकों के उदाहरण कई लोगों ने दिये हैं उनको अयुक्त ही मानना चाहिए।

अभिनवभारती

"चिन्तानिःश्वासखेदेन हृद्दाहाभिनयेन च ।
सखीभिः सह संलापैरात्मावस्थावलोकनैः ॥
ग्लानिर्दैन्याश्रुपातैश्च रोषस्याभिनयेन च ।
निर्भूषणामृजात्वेन दुःखेन रुदितेन च ॥
खण्डिता विप्रलब्धा च कलहान्तरितापि च ।
तथा प्रोषितनाथा च भावानेतान्प्रयोजयेत् ॥" ( ना. शा. २२-२१४-२१६)

इति सामान्याभिनये वक्ष्यते ।

"विषण्णे मूर्च्छिते भीते जुगुप्साशोकपीडिते ।
ग्लाने सुप्ते विहस्ते च निश्चेष्टे तन्द्रिते तथा ॥
मत्ते प्रमत्ते चोन्मत्ते चिन्तायां तपसि स्थिते ।
आधिग्रस्ते ज्वरार्ते च शीतार्ते गीतविप्लुते ॥
न हस्ताभिनयः कार्यः, कार्यः सत्त्वसमाश्रयः" (ना. शा. ९-१७६-१७८)

इत्याङ्गिकाभिनये वक्ष्यति ।

तदेवं स्थिते हस्ताभिनयस्यैवात्रावकाशो नास्तीति कस्तत्र तत्संमेलनात्मनो वलनावर्तनादेराशङ्कावकाशो यन्निषेधोऽत्र वचनीयः स्यात् । न चेह नाट्यं प्रकृतमित्यास्ताम् । एवं गीतकादेरन्ते च्छन्दकं, पाणिकायान्तु लास्यगानस्वीकारिणी चतुष्पदा प्रयोज्या । इयता गीतकादि पूर्णं प्रयुक्तम् । एतदर्थमेव "वीक्ष्य शङ्करम् । सुकुमारप्रयोगेण नृत्यति स्म च पार्वती ।" ( ना. शा. ४-२४९ ) इत्युपक्रमात्प्रभृति द्विशाखत्वेनैव नृत्तस्वरूपमुपदर्शितम् ॥२१९॥

बालक्रीडा

जहाँ खण्डिता वगैरह् नायिकाओं का साक्षात्कार करते हैं उस समय अंगों का वलन आवर्तन रूप नृत्त का प्रयोग नहीं करना चाहिए जो कहते हैं वह अनवकाश है। क्योंकि खण्डिता, विप्रलब्धा, कलहान्तरिता, प्रोषितनाथा, विरहोत्कण्ठिता एवं वासकसज्जा नायिकाओं की चिन्ता, निःश्वास, खेद एवं हृदय दाह के अभिनय के द्वारा सखियों के साथ बात चीत करती हुई अपनी अवस्था को दिखा कर, ग्लानि, दीनता, अश्रुपात एवं रोष को प्रकट करके भूषणों को नहीं पहनने, स्नानादि की शुद्धि नहीं करने एवं दुःख के साथ रोने से इन भावों का अभिनय करना चाहिए। इत्यादि सामन्य अभिनय के विषय में कहेंगे।

विषण्ण, मूर्छित, भीत, तथा जुगुप्सा एवं शोक से पीड़ित, ग्लान, सुप्त, विहस्त यानी व्याकुल (विहस्तो व्याकुलः समः इत्यमरः) निश्चेष्ट, तन्द्रित, मत्त, प्रमत्त, उन्मत्त, चिन्तित, तपःस्थित मानसी व्यथा से ग्रस्त, ज्वर से आर्त, शीत से विकल, एवं गीत गाने में विप्लुत विभोर होने वाला व्यक्ति हस्ताभिनय नहीं करे किन्तु सत्व का समाश्रयण करे। मन को समाहित करे। ऐसा आङ्गिकाभिनय में कहेंगे।

तब ऐसी स्थिति में जहाँ हस्ताभिनय को ही अवकाश नहीं हैं वहाँ हस्त सम्मेलन रूप वलन आवर्तन आदि की आशंका को अवकाश कैसा जिसका निषेध यहाँ वचनीय हो। और

देवस्तुत्याश्रयकृतं यदङ्गं तु भवेदथ।
माहेश्वरैरङ्गहारैरु द्धतैस्तत्प्रयोजयेत् ॥३२०॥
यत्तु शृङ्गारसम्बद्धं गानं स्त्रीपुरुषाश्रयम्।
देवीकृतैरङ्गहारैर्ललितैस्तत्प्रयोजयेत् ॥३२१॥
चतुष्पदा नर्कुटके खञ्जके परिगीतिका।
विधानं सप्रवक्ष्यामि भाण्डवाद्यविधिं प्रति ॥३२२॥

अभिनवभारती

तदत्र द्विविधे नृत्ते विभागमाह श्लोकत्रयेण! देवस्तुत्याश्रयमिति। यदङ्गमिति। छन्दकसम्बन्धि। उद्धतैरिति। विद्युद्भ्रान्तगरुडप्लुतकादिप्रधानैः। अत्र हेतुर्यतस्ते महेश्वरप्रयुक्ताः। यत् द्वितीयं चतुष्पदासंबन्धि। ललितैरिति। तलपुष्पपुटलीननितम्बाद्यारब्धैः। अत्र हेतुः यतस्ते देवीकृताः ॥३२०॥३२१॥

एवं नृत्तविधिश्चतुष्पदायां सलास्यगानस्वीकारिण्यामुक्तः। अधुना भाण्डविधिर्वक्तव्यः। तत्र चतुर्भिः पादैर्ध्रुवा क्रियते। ते च पादाः शुष्काक्षरैश्च ग्दुमादिभिः दिग्ल इत्यादिभिश्च। यत्र वक्ष्यते—

बालक्रीडा

(मूल) अभिनव का जो अंग देवताओं की स्तुति से सम्बन्ध रखता है उसका प्रयोग महेश्वर के उद्धत अंगहारों से करना चाहिए ॥३२०॥

(मूल) जो जो स्त्री एवं पुरुष के आश्रय से होने वाले शृंगार का सम्बन्धी गान हो उसमें देवी कृत ललित अंगहारों के साथ साथ नृत्त को करना चाहिए ॥३२१॥

(मूल) चतुष्पदा अर्थात् चतुर्वस्तु गीत और परिगीतिका अर्थात् द्विवस्तु गीत। ये दोनों नर्कुटक एवं खञ्जक वृत्तों से निष्पन्न होते हैं। यह विषय नाट्यशास्त्र के अध्याय

यहाँ नाट्य प्रकृत भी नहीं है। इसलिए रहने दो। इस प्रकार गीतों के अन्त में छन्दक का प्रयोग और गाणिका के अन्त में लास्य नृत्त एवं गान का अनुसरण करने वाली चतुष्पदा का प्रयोग करना चाहिए। इतना करने से गीत का पूर्ण प्रयोग हो जायगा। इसीलिए भगवान् शंकर को नाचते हुए देखकर पार्वती सुकुमार प्रयोग से नाचने लगी। ऐसा उपक्रम करके विभिन्न शाखाओं के रूप में नृत्त के स्वरूप को दिखाया ॥३१९॥

यहाँ दो प्रकार के नृत्त का विभाग कहते हैं तीन श्लोकों से। देवताओं की स्तुति का आश्रयण कर के जो छन्दक सम्बन्धी अंग है। उद्धतैः का मतलब है विद्युद्भ्रान्त और गरुड प्लुतक जिनमें मुख्य हैं प्रधान हैं। उसमें हेतु है कि वे अंगहार महेश्वर से प्रयुक्त हैं। जो दूसरा चतुष्पदा सम्बन्धी अंग है। ललितैः माने तलपुष्पपुट, लीन एवं नितम्ब आदि करणों से जिनका आरम्भ किया है। इसमें हेतु है कि वे अंगहार देवी के द्वारा सम्पादित हैं ॥३२०॥३२१॥

**खञ्जनर्कुटसंयुक्ता भवेद्यातु चतुष्पदा।**
**पादान्ते सन्निपाते तु तस्या भाण्डग्रहो भवेत् ॥३२३॥** ३२४

## अभिनवभारती

"आसनेसूपविष्टैर्यत्तन्त्रीवाद्यसमन्वितम् ।
गायनैर्गीयते शुष्कं तद् गेयपदमुच्यते ॥" (का. मा. ना. शा. १८-१८५)

इति। सार्थकपदैर्वा तत्रापि वर्णवृत्तकृता वा। समा, अर्धसमा, विषमा वा। ते च प्राधान्येन खञ्जनर्कुटकवृत्तैर्योक्ष्यन्ते। यद्वक्ष्यते ध्रुवाध्याये

"अष्टौ नर्कुटकानां तु। तिस्रः खञ्जकजातयः।" (ना. शा. ३२-२९३) इत्युपक्रम्य
"आभ्यो विनिस्सृतास्त्वन्या युग्मौजा विषमास्तथा।" इति (ना. शा. ३२-३०१)

एतद्विषयं भाण्डवाद्योपक्रमं करोति। चतुष्पदा नर्कुटक इति। चतुष्पदापि सन्निधानाच्चतुष्पदायां परिगीतमपि ध्रुवाध्याये त्रिवृत्तकं यदि वा शुष्कगीतं तत्रैव। तदेतेषु त्रिषु प्रकारेषु भाण्डवाद्यस्य विधिं वक्ष्यामि।

खञ्जकजात्या नर्कुटकजात्या वा या चतुष्पदा ध्रुवा क्रियतेऽस्यां प्रथमपादस्य यावदुपान्त्यकला तावच्च श्रोवंशान्वितं गानम्। अन्या तु या सन्निपाताख्या हस्तद्वय-

## बालक्रीड़ा

३२ वें में लिखा है। अतः नर्कुटक और खञ्जक वृत्तों से सम्पन्न चतुष्पदा समपादा और इन्हीं वृत्तों से बनी गीतिका के सम्बन्ध में भाण्ड विधि के विधान को कहूँगा ॥३२२॥

(मूल) उसी का स्पष्टी करण करते हुए कहते हैं कि खञ्जक एवं नर्कुटक से संयुक्ता जो चतुष्पदा हो उसके अन्तिम पादों के सन्निपात में भाण्डों का वाद्यों का ग्रहण होना चाहिए ॥३२३॥

यह नृत्तविधि लास्य के सहित गान का अनुसरण करने वाली चतुष्पदा में बतलायी है। अब भाण्डविधि को कहते हैं। वहाँ चार पादों से ध्रुवा की जाती है। वे पाद हैं शुष्काक्षर यानी निरर्थक शब्द् दिग्ले आदि।

आसनों पर बैठे बैठे गायक लोग तंत्री वाद्य के साथ जो शुष्क गान करते हैं उसको गेय पद कहते हैं। इति।

सार्थक पादों से भी यह ध्रुवा की जाती है। उनमें पाद कहीं पर वार्णिक छन्दों से बनते हैं कहीं पर मात्रिक छन्दों से। वे भी सम, विषम और अर्धसम होते हैं। वे भी प्रधानतया खञ्जक एवं नर्कुटक छन्दों से युक्त होते हैं। जैसा कि ध्रुवाध्याय में कहेंगे कि आठ नर्कुटकों की जातियां हैं और तीन खंजकों की। ऐसा उपक्रम करके। अन्य भी युग्म पाद एवं ओजः पाद वाले विषम वृत्त भी इन्हीं से निकले हैं।

अब इनके विषय में भाण्डवाद्यों का उपक्रम करते हैं। चतुष्पदा नर्कुटक इति। चतुष्पदा भी रहेगी और चतुष्पदा में भी त्रिवृत्तक परिगीत जो ध्रुवाध्याय में कहे जायेंगे

**या ध्रुवा छन्दसा युक्ता समपादा समाक्षरा।**
**तस्याः पादावसाने तु प्रदेशिन्या ग्रहो भवेत् ॥३२४॥** ३२५

### अभिनवभारती

समायोगशब्दपरिच्छेद्या कला तद्गानसमये भाण्डवाद्यमारम्भणीयम्। एषोऽर्धसमविषमवृत्तात्मको नर्कुटकखञ्जकजात्यारब्धायां विधिः ॥३२२॥३२३॥

वर्णवृत्तसमवृत्तात्मकतज्जात्यारब्धायां तु विधिमाह—या ध्रुवेति। समपादा चतुष्पादा। तदयमर्थः—या चतुष्पदा। छन्दसा युक्तेति। युक्ता जातिगतवर्णवृत्तयोजिता। समाक्षरेति। तज्जातिकसमवृत्तमयी। तस्याः प्रथमे पादे परिसमाप्ते द्वितीयपादे या प्रदेशिनी तर्जनी तदुपलक्षितं यथात्र विकलप्रभृति भाण्डवाद्यं तद्योज्यम्। तत्र युग्मेन मानेन यदा चतुष्पदा भवति—वक्ष्यते "युग्मौजा वा प्रमाणतः।" ( ना शा ३१-३२७ ) इति विकलश्च मार्गस्तदा द्वितीयपादे सप्तमी। या निष्कामकला सा तर्जनीप्रयोज्यत्वात्तर्जनी। चतुष्कलमाने तु त्रयोदशी। भाषापकले

### मधुसूदनी

निर्भूषणामृजात्वेनेति। निर्भूषणत्वेन भूषणरहितत्त्वेन अमृजात्वेन। मृजा-शुद्धिः। तद्रहितत्वेन। अत्र सर्वैस्तृतीयान्तपदवाच्यैः हेतुभिर्भावान् मनोगतान् प्रयोजयेत् नृत्तेन प्रदर्शयेदित्यर्थः। विहस्ते व्याकुले। विहस्तव्याकुलौ समावित्यमरः। गीतेषु विप्लुते गीते गायनेऽनवधानता यदा भवति तदा वस्तूनामभिनयो न कर्त्तव्यः। सत्त्वस्य असोः प्राणस्येत्यर्थः। अथवा स्वभावस्य आश्रयः कार्यः।

### बालक्रीडा

(मूल) नर्कुटक एवं खञ्जक छन्दों से युक्ता सम अक्षरों वाली समपदा यानी चतुष्पदा जो गीति है। उसके पाद का चतुर्थ चरण का जब अवसान हो उसमें प्रदेशिनी तर्जनी का ग्रहण होना चाहिए अर्थात् उस समय वाद्यों के विषय में तर्जनी का उपयोग करना चाहिए। यहाँ देशिनी एवं प्रदेशिनी तर्जनी के पर्याय हैं ॥३२४॥

अथवा शुष्कगीत रहेगा यह भी वहीं कहा जायगा। अब इन तीनों प्रकारों में भाण्डवाद्य पुष्कर- वाद्य की विधि को कहूँगा।

खञ्जक जाति अथवा नर्कुटक जाति की जो ध्रुवा करते हैं वहाँ प्रथम पाद में जितनी उपान्त्य कला होगी उतने ही श्रीवंशान्वित गाने होंगे। दूसरी जो सन्निपात नाम वाली हस्तद्वय समायोग शब्द से परिच्छिन्न की जाती है उसके गाने के समय भाण्डवाद्य का आरम्भ करना चाहिए। यह अर्धसम एवं विषमवृत्त वाली विधि नर्कुटक और खञ्जक जातियों में आरम्भ की गई चतुष्पदा में है ॥३२२॥३२३॥

वर्णवृत्तों के वार्णिक छन्दों के भेद। समवृत्तों से आरब्ध जाति की विधि को कहते हैं। या ध्रुवा। इति। समपादों वाली चतुष्पदा। उसका यह अर्थ है कि जो चतुष्पदा छन्द से उक्त है। यानी उक्ता अत्युक्ता आदि एकाक्षरादि जातियों के वर्णों से

## अभिनवभारती

तर्जनी। यदा तु त्र्यश्रेण मानेन तदा द्विकले पञ्चमी कनिष्ठा निष्कामकला। चतुष्कले तु नवमी। आवापकला तर्जनी।

एतच्च तालाध्याये वक्ष्यते—"कनिष्ठाङ्गुलिनिष्कामः" इत्याद्युपक्रम्य "निष्कामश्चैव तर्जन्याः" (ना. शा. ३१-४१,४७ इत्यादिना। दत्तिलाचार्येण तु संक्षिप्योक्तमेतत्—

"आद्यद्वितीयमध्यान्तात्पादभागाद्विदुः क्रमात्।
कनिष्ठानामिकायुक्तो मध्यमादेशिनीकृतात्॥
अयुग्ममध्ये हीनः स्यात्" इति।

## बालक्रीडा

बने हुए वृत्तों से बनी हुई। समाक्षरा इति। समान अक्षरों की जाति के समवृत्तों वाली। उस समाक्षरा के प्रथम पाद के समाप्त होने पर द्वितीय पाद में जो प्रदेशिनी तर्जनी उससे उपलक्षित अर्थात् तर्जनी से प्रधानतया बजने के योग्य जो त्रिकलप्रभृति तीन एवं चार आदि कलाओं वाला भाण्डवाद्य पुष्कर वाद्य है उसको बजाना चाहिए। इसमें जब युग्म मान से चतुष्पदा होगी जैसा कि कहेंगे—युग्मौजा वा प्रमाणतः। इति। और जब त्रिकल मार्ग होगा तब द्वितीय पाद में सप्तमी कला होगी उसमें जो निष्काम कला है वह तर्जनी प्रयोज्य है अतः तर्जनी उसका नाम है। चतुष्कलमान में तो त्रयोदशी कला होगी। आवापकला तर्जनी। जब तो त्र्यश्रमान से कलापात विकल्प होगी तब द्विकल पाद भाग में पंचमी। कनिष्ठा अंगुली होगी। जैसाकि कहेंगे कि

एष त्र्यश्रे कलापातविकल्पोऽङ्गुलिभिः कृतः।
कनिष्ठाङ्गुलि निष्कामः। इति ना. शा. ३१।४२।

जब चतुष्कल होगी तब नवमी आवापकला तर्जनी। इस विषय को ना. शा. के ३१वें तालाध्याय में कहेंगे। "कनिष्ठाङ्गुलिनिष्काम:" इत्यादि का उपक्रम करके "निष्कामश्चैव तर्जन्या" इत्यादि से। दत्तिल आचार्य ने तो संक्षेप से इसको कहा है कि

विद्वान् जिसे आद्य, द्वितीय, मध्य एवं अन्तपाद भाग के क्रम से समझते हैं वह मध्यमा एवं देशिनी तर्जनी के उपयोग के कारण कनिष्ठा और अनामिका से संयुक्त हुआ युग्म रहित मध्य से हीन हो सकता है।

इस प्रकार जो वह द्वितीयपाद में तर्जनी प्रयोज्य कलापात है उसमें भाण्डवाद्य का ग्रहण उपयोग होता है और तदुपलक्षित नर्तकी का प्रवेश होता है यह तथ्य इससे कहा गया। दूसरे लोग जो आकाश ग्रहों में निःशब्दकला से ग्रह मानते हैं वे सन्निपात के प्रकरण में सशब्द पात से ही यहाँ ग्रह को कहते हुए प्रदेशिनी शब्द से सशब्द ही प्रदेशिनी समुपलक्षित पाद भाग गमन को पाद ग्रहावत्रिक कहते हैं।

३१वें पुष्कराध्याय तालाध्याय में

तालादिकस्तथा प्रोक्तो विद्वद्भिः पाणिकादिषु
द्विः प्रकारः पुनश्चायं निः शब्दः शब्दवांस्तथा
अनयोर्मिश्रभावात्तु मिश्रस्तालः प्रकीर्तितः।

### अभिनवभारती

एवं तर्जनीप्रयोज्यो योऽसौ द्वितीयपादे कलापातस्तत्र भाण्डग्रहस्तदुपलक्षितश्च नर्त्तकीप्रवेश इत्युक्तं भवति। अन्ये त्वाकाशग्रहासु निःशब्दकलातो ग्रहं मन्यमानाः सन्निपातप्रकरणात्सशब्दात्पातादेव ग्रह इहेति वदन्तः प्रदेशिनीशब्देन तदुपलक्षितपादभागगमनं सशब्दमेव पादग्रहाधिकेनाचक्षते। पञ्चपाणिपाता ये पुष्कराध्याये वक्ष्यन्ते तन्मध्यात्प्रदेशिनीपातेन भाण्डग्रह इति व्याख्यानं "सन्निपातोऽनुग्रहः" इति प्रकरणेन तथा ध्रुवाध्याये वक्ष्यमाणेन "चतुर्ग्रहा ध्रुवा" इत्युपक्रम्य,

"सन्निपातग्रहाः काश्चित्काश्चिद्वितर्जनी ग्रहाः।
तथाऽऽकाश ग्रहाः काश्चिद् ध्रुवा गाने भवन्ति हि॥" (ना· शा. ३२-४१६)
"ध्रुवास्तु पंच विज्ञेयाः" इत्युपक्रम्य
कनीयसी ग्रहा काचित् सन्निपात ग्रहाऽपरा
तथाकाशग्रहा काचित् त्रिविधातु ध्रुवा स्मृता ॥३२।२६॥

इति विधिना विरुद्धमित्युपेक्षितं लक्ष्यवेदिभिः ॥३२४॥

### मधुसूदनी

सत्त्वं गुणे पिशाचादौ बले द्रव्यस्वभावयोः
आत्मत्वव्यवसायासुवित्तेष्वस्त्री तु जन्तुषु। इति मेदनी ॥३२४॥

### बालक्रीडा

शम्यातालप्रवेशेन व्यथोऽन्योऽपि विधीयते।
षट् पितापुत्रककृतः पञ्चपाणिरुदाहृतः।
आद्यं प्लुतं द्वितीयं च लघु यत्राक्षरं भवेत्
तृतीयं च चतुर्थं च गुरुणी पंचमं लघु।
प्लुतान्तः षट्पितापुत्रो गुरुलाघवसंवृतः
पंचपाणिः स विज्ञेयः षट्पातस्तु षडक्षरः।
सन्निपातस्ततस्तालः शम्यातालस्तथैव च
शम्या चैव हि तालश्च षट् पातास्तस्य कीर्तिताः।
अथार्धेऽन्ते च मात्राणां पंचानां पात उच्यते। २९६।२१ अथवा

इस रूप में ताल के विषय में पंचपाणि एवं पात संज्ञाओं को कहेंगे उनमें से प्रदेशिनी तर्जनी के पात से भाण्डवाद्यों का ग्रह होता है ऐसा किसी का जो व्याख्यान है वह "सन्निपातोऽनुग्रहः" इस प्रकरण से तथा ३२ ध्रुवाध्याय में जिस विधि को चतुर्ग्रहा ध्रुवा ऐसा उपक्रम अथवा ध्रुवास्तु पंच विज्ञेया ऐसा उपक्रम करके—

कोई ध्रुवा सन्निपातग्रहा नाम की है कोई ध्रुवा तर्जनी ग्रहा होती है और कोई आकाशग्रह होती है इस तरह गान में ध्रुवायें होती हैं।

कोई कनीयसी ध्रुवा है अपरा सन्निपातग्रहा है तथा कोई आकाशग्रहा ध्रुवा है इस तरह तीन प्रकार की ध्रुवा है। इस रूप में कहेंगे, उस से विरुद्ध है अतः लक्ष्य के प्रयोग के जानकारों ने उस व्याख्यान की उपेक्षा की है ॥३२४॥

कृत्वैकं परिवर्त्तं तु गानस्याभिनयस्य च ।
पुनः पादनिवृत्तिं तु भाण्डवाद्येन योजयेत् ॥३२५॥
अंगवस्तुनिवृत्तौ तु वर्णान्तरनिवृत्तिषु ।
तथोपस्थापने चैव भाण्डवाद्यं प्रयोजयेत् ॥३२६॥

## अभिनवभारती

नन्वेवं नर्तकी प्रविष्टा ततः प्रभृत्यभिनयं तावत्करोति । यस्त्ववसानाद्यः पादस्तोऽधिकोऽपि वा भागस्तत्र नर्तकी नैव प्रविष्टेति का तत्र वार्तेत्याशङ्क्याह—कृत्वैकमिति । योऽसौ शुद्धविभागः पूर्वं गीतः स परावर्तनीयो भाण्डवाद्येन सहाभिनेतव्य इति पश्चादसौ प्रयोज्य इत्युक्तं भवति । पादग्रहणमुपलक्षणम् । तेन यावान्भागो भाण्डवाद्येन प्राक् नियोजितोऽत एव नाभिनीतस्तावतो निवृत्तिः परावर्तनं कार्यमित्युक्तं भवति ॥३२५॥

## मधुसूदनी

जातिगतेति । उक्तात्युक्तेतिछन्दोजातिगतवर्णानुसारीणि वृत्तानि तैर्योजिता । 'प्रदेशिन्या' इति तृतीया उपलक्षणे । अत उच्यते तदुपलक्षितं वर्जन्युपलक्षितम् । ग्रहो नाम भाण्डवाद्यस्वीकारः ॥३२५॥

## बालक्रीडा

(मूल) इस तरह गाने की और अभिनय की समाप्ति यानी परिवर्त्तन कर के फिर वाद्यों के द्वारा पाद की निवृत्ति यानी समाप्ति करनी चाहिए ॥३२५॥

(मूल) किसी एक अंग की या एक वस्तु की निवृत्ति या वर्णान्तर अर्थात् आरोही एवं अवरोही गीतों की निवृत्ति तथा इनके उपस्थापन के समय में वाद्यों का प्रयोग करना चाहिए ॥३२६॥

प्रश्न—जब से नर्तकी ने प्रवेश किया तभी से वह नाँच कर रही है । उसमें जो गीत का आद्य पाद है उससे भी अधिक विभाग वहाँ गाया जा रहा है तब नर्तकी का वहाँ प्रवेश ही नहीं हुआ यह कैसी वार्ता है । ऐसी आशंका करके कहते है कि "कृत्वा एकम्" इति । इसका भाव यह है कि नर्तकी का नाँच गीत के पाद के अनुसार हो रहा है जब उसने गीत के एक पाद के अनुसार नाँच कर लिया है और गीत के जिस शुद्ध विभाग का गान पहले भी कर लिया गया है तब उसका परावर्त्तन अवश्य करना है अतः उस परावर्त्तनीय अंश का भाण्डवाद्य के साथ अभिनय करना चाहिए । इससे सिद्ध हुआ कि इस अंश का प्रयोग पश्चात् करना है । यहाँ "पादावसाने" में जो पाद ग्रहण है वह उपलक्षण है । अतः इसका निष्कर्ष है कि जितने भाग का भाण्डवाद्य के साथ पहिले नियोग कर दिया गया है या हो चुका है इसीलिए गीत के अनुसार नृत्त के कर देने से ही जिसका अभिनय नहीं हुआ है उतने भाग की निवृत्ति परावर्तन अवश्य करना चाहिए ॥३२५॥

**येऽपि चान्तरमार्गाः स्युस्तन्त्रीवाकरणैः कृताः ।**
**तेषु सूची प्रयोक्तव्या भाण्डेन सह ताण्डवे ॥३२७॥**

## अभिनवभारती

अथात्र चतुष्पदायां भाण्डवाद्यविशेषाभिधानव्याजेन नृत्तस्थानं दर्शयति—अङ्गवस्तुनिवृत्तौ त्विति । तुर्भिन्नक्रमोऽवधारणे । अङ्गस्यैकस्य वा वस्तुनो वा सर्वस्य ध्रुवाशरीरस्य, वर्णस्य स्थाय्यादिविशेषस्य वा प्रतिशाखान्यायेन तत्परावर्तनं, यथोपस्थापनम्, तेषु प्रकर्षेण भाण्डवाद्यं वैचित्र्ययुक्तं योजयेत् । तद्वशाच्च तत्र नृत्ताङ्गहारयोजनां कुर्यादित्यर्थः ॥३२६॥

अथ शुष्काक्षरायाश्चतुष्पदाया विधिर्वक्तव्यः । सा च पूर्वमेव प्रयुज्यते "आसनेषूपविष्टेषु" इत्युक्तत्वात् । अत एव गेये गातव्ये काव्ये पदमवगमयन्त इति तत्पीठबन्धरूपत्वं तस्याः । तथा चागत्वे चित्रकेषु गातव्यात्पूर्वं भवतीति नान्यावसरे अत एव गेये ध्रुवागीते गेयं गातव्यमिति श्लोकोऽर्थः । तं विधिमाह-येऽपि चान्तर-

## मधुसूदनी

अंगवस्तुनिवृत्ताविति । एकैकस्य व्याख्या । अंगस्यैव एकस्य वा । वस्तुन एव वा सर्वस्य चतुष्पदध्रुवाशरीरस्य । वर्णस्य स्थाय्यादिविशेषस्य गीतक्रियाविस्ताररूपस्य । यत् परावर्त्तनं निवृत्तिः । यथोपस्थापनमभ्युदयस्थानम् । तेषु अंगवस्तुवर्णाभ्युदयस्थानेषु ॥३२६॥

शुष्काक्षराया अर्थरहितायाः । चतुष्पदाया गीतेः । सा च चतुष्पदा च । पूर्वमेवारम्भ एव । चित्रकेषु नृत्तात्मकप्रबन्धेषु । हल्लीसकरासकभाणादिसमकक्षः

## बालक्रीडा

(मूल) और भी जो तंत्री किया यानी वाद्य क्रिया और वाक् करण यानी वाक्किया के द्वारा परस्पर विलक्षणताओं के अन्वेषक उपाय हैं उनमें भी ताण्डव नृत्त के समय वाद्यों के साथ सूची का प्रयोग करना चाहिए ॥३२७॥

अब इस प्रसंग में यहाँ पर विशेष रूप से भाण्डवाद्य के कहने के बहाने चतुष्पदा में नृत्त के स्थान को दिखाते हैं कि अंग एवं वस्तु की निवृत्ति होने पर तो । इति । यहाँ तु का अर्थ अवधारण निश्चय है और उसका स्थान भिन्न है । किसी एक अंग का अथवा समस्त वस्तु का अथवा ध्रुवा के शरीर भूत स्थायी एवं संचारी वर्ण का प्रतिशाखा के न्याय से जो परावर्तन है और जो उपस्थापन है उनमें प्रकर्ष के आधार पर विचित्रता के साथ भाण्डवाद्य की योजना करनी चाहिए और उसके अनुसार उस समय पर नृत्त के उपयोगी अंगहारों का प्रयोग करना चाहिए ॥३२६॥

अब जिस शुष्काक्षरा चतुष्पदा की विधि कहनी है उसका प्रयोग—"आसनों पर बैठने के बाद" ऐसा कहने कारण पहिले ही किया जाता है । अतः गेय यानी गातव्य काव्य में पद का अवगमन करते हैं यह कथन उसकी पीठबन्धरूपता का द्योतन करता है । इसलिए

### अभिनवभारती

मार्गा इति। अन्तरं परस्परवैलक्षण्यं मार्ग्यते येनोपायेन सोऽन्तरमार्गः। उपलक्षणार्थप्राधान्याभावाच्च तेनैव व्यपदेश अत एवाह संवादिन्या तन्त्रीक्रियया अनुवादिन्या वाक्क्रियया निरर्थकलया योजितास्तेषु समग्रहत्वेनैव भाण्डप्रयोगः। नर्तक्या रचनाद्धि लास्याङ्गगतकाव्यार्थानुसारिहस्ताभिनयशून्यः सात्त्विकाङ्गचलनादिमात्रेण सूच्याभिनयः। यद्वक्ष्यति—

"वाक्यार्थो वाक्यवस्त्वङ्गैर्योज्यते यदा पूर्वम्।" इति पश्चाद्वाचाऽभिनय इत्ययं त्वङ्ग इहोपलक्ष्यः। एतच्च गातव्यप्रयोगे त्रिप्रकारकृतं तावन्मात्रतालगानसूच्याऽभिनयनमद्यापि दृश्यते।

एवं वर्धमानकप्रयोगो गीतकप्रयोगो वा छन्दकप्रयोगेन चतुष्पदाप्रयोगेन च सहेतुकः परिपूर्णो भवति। अत एव तालाध्याय एतदुपक्रमानुसारेणैव वर्धमानासारितकगीतकच्छन्दक-चतुष्पदा-तदन्तर्भूतलास्यगानस्य विधेः क्रमेण निरूपणं भविष्यतीतीयता "गीतानां मद्रकादीनाम्" (ना. शा. ५-१२) इति पूर्वरङ्गाध्याये श्लोको भविष्यति। तस्यार्थः। पुरस्तादेव निर्णीतः। तेन तदनुसारेणैतदप्यालोच्योदीरितोऽयमर्थोऽनुष्ठेयः ॥३२७॥

### मधुसूदनी

प्रबन्धः चिन्नकः। तथा च सा चतुष्पदा अद्यत्वे साम्प्रतं चिन्नकेषु प्रबन्धेषु गातव्यान् पूर्वं भवति इति नाकरे न शास्त्रे।

### बालक्रीडा

आजकल उसका प्रयोग चिन्नकों में गातव्य काव्य के पूर्व में ही होता है अन्य अवसर में नहीं। अतएव ध्रुवागीत में गान करना चाहिए यह एक अर्थ है। उसकी विधि को कहते हैं कि और जो भी अन्तरमार्ग है। इति। जिस उपाय से अन्तर यानी परस्पर का वैलक्षण्य खोजा जाय वह अन्तर मार्ग है। वह स्वर है। क्योंकि वह उपलक्षण है और उसमें अर्थ की प्रधानता नहीं है अतः उसी से उसका व्यपदेश किया है नाम करण किया है। अतएव कहते हैं कि संवादिनी तंत्री क्रिया एवं अनुवादिनी वाक् क्रिया के द्वारा निरर्थक यानी शुष्काक्षर गानों की की योजना की गई है उसमें समग्रह के रूप में भाण्ड का प्रयोग होता है। उस समय नर्तकी का सूचीचारी से अभिनय होगा जो कि रचना के बल पर लास्य के अंग बनाये गये काव्य के अर्थ के अनुसारी हाथों के अभिनय से शून्य है अतएव सात्त्विक भावों के आधार पर केवल अंगों का चलन स्वरूप है। जिसको आगे कहेंगे कि जब पहिले वाक्य प्रतिपाद्य वस्तु एवं अंगों के साथ वाक्यार्थ का योग करते हैं। तब पीछे वाणी से अभिनय होता है इसका तो आशय है कि अंग यहाँ उपलक्ष्य है। यह गाने के प्रयोग में तीन प्रकारों से किया गया उतना ही केवल ताल के साथ गान को सूची से प्रयोज्य अभिनय आज भी दिखाई पड़ता है।

इस प्रकार विशेषतः वर्धमानकादि प्रयोग अथवा सामान्यतः सभी गीत प्रयोग, छन्दकों के प्रयोग और चतुष्पदा के प्रयोग से सहेतुक परिपूर्ण होते हैं। अतएव ३१ वें तालाध्याय

**महेश्वरस्य चरितं य इदं सम्प्रयोजयेत् ।**
**सर्वपाप विशुद्धात्मा शिवलोकं स गच्छति ॥३२८॥**

### अभिनवभारती

नन्वत्र पूर्वरङ्गगतप्रधानफलेनैव किं फलवत्ता उत फलान्तरमप्यस्तीत्याशङ्क्य पृथक्फलवत्त्वं च दर्शयन् स्वातन्त्र्येण प्रयोज्यमिदमिति दर्शयति—महेश्वरस्येति। चरितमिति चेष्टितम्। प्रयोजयेदिति स्वार्थे हेतुमति च तन्त्रेण णिचि। तेन प्रयोक्तुः प्रेक्षाप्रवर्तयितुश्चार्थपतेः सामाजिकवर्गस्य च पापविशुद्धिः शिवलोकगतमनन्तफलं नृत्तस्येति नाट्यदृष्टैकप्रयोजनाद्भिन्नप्रयोजनत्वमुक्तम्। स्वातन्त्र्येण प्रयोगे च छन्दकानां चतुष्पदायाश्च केवलत्वेनापि प्रयोगो ह्यनुज्ञातो भवति। तदङ्गानां च पुनः "पुष्पाञ्जलिधरा भूत्वा" इत्याद्यनुसारेण वर्णानां लोके प्रयोगः। "तस्याः पादावसाने तु" धारापरिक्रमादेः "यदा गीतवशात्" (ना. शा. ४-३००) इत्यनुसारेण द्विगुणाद्यर्धगुणावयवचारणकनुञ्छिकादेश्चतुरपसारकादिविधा च डोम्बिकादिषु क्रमेण नर्तकीबुद्धिराचार्यैराधेया। तालानुसारेण च 'त्रिपाणिलयसंयुक्तम्' इत्याद्यनुसारेण धारापरिक्रमादेः त्रिपाणिपरिष्वङ्गितलयतालादेः ॥३२८॥

### मधुसूदनी

स्वरसम्वादिनी तंत्रीक्रिया स्वरानुवादिनी वाक् क्रिया। तया उपलक्षणात्। अर्थप्राधान्याभावाच्च निरर्थकतया योजिता कृता अन्तरमार्गास्तेषु अन्तरमार्गेषु। इदं

### बालक्रीडा

(मूल) जो इस महेश्वर के चरित का प्रयोग करेगा वह सम्पूर्ण पापों से विशुद्ध होकर शिव लोक में जायगा ॥३२८॥

में इसका उपक्रम करते हुए वर्धमानक आसारितक मद्रक गीतक, छन्दक एवं चतुष्पदा तथा उनके अन्तर्भूत लास्य, ताण्डव एवं गान की विधियों का क्रम से निरूपण करेंगे। और इतने से ५वें पूर्वरंगाध्याय में "गीतानां मद्रकादीनाम्" यह श्लोक होगा। इसका अर्थ पहले से ही निर्णीत है। इसलिए तदनुसार इसका भी आलोचन कर के कहे हुए अर्थ का अनुष्ठान करना चाहिए ॥३२७॥

प्रश्न—पूर्वरंग में बतलाये गये प्रधान फल से ही क्या इसकी फलवत्ता है या और भी कोई इसका फल है। ऐसी आशंका करके पृथक् फल दिखलाते हुए स्वतन्त्रता से इसका प्रयोग करना चाहिए इस अंश को दिखाते हैं—महेश्वर का चरित है चेष्टित है। चरितम् यह चेष्टित का संकेत करता है। "प्रयोजयेत्" यहाँ पर स्वार्थ में और हेतुमान् अर्थ में तंत्र से णिच् प्रत्यय है। इसके फलस्वरूप प्रयोग करने वाले नट नर्तक, प्रेक्षागृह के संचालक अर्थपति पूंजीपति औरसामाजिक वर्ग की पापों से विशुद्धि और नृत्त से शिवलोक गत अनन्त फल कह दिया है। और यह भी कह दिया कि नाट्य में देखे गये एक प्रयोजन की अपेक्षा भिन्न प्रयोजन इसका है। स्वतन्त्र रूप से किये जाने वाले प्रयोग में केवल छन्दों का या केवल

एवमेष विधिर्दृष्टस्ताण्डवस्य प्रयोगतः ।
भूयः किं कथ्यतां विप्राः ? नाट्ययोगविधिं प्रति ॥३२९॥

इति भरतीये नाट्यशास्त्रे ताण्डवलक्षणं नाम चतुर्थोऽध्यायः ।

## अभिनवभारती

तदेतत्सर्वमीश्वरपरितोषकार्यमेवेति तथैतदुपसंहारपूर्वकमध्यायान्तरावकाशं करोति—एवमेष इत्यादिना । एवं पूर्वोक्तेन प्रकारेण । प्रयोगत इति । प्रयोगं नाट्यात्मकमपेक्ष्य ततोऽन्यस्तद्विलक्षणो विधो प्रकारो दृष्टः । तथा नाटकादौ सामाजिकवर्गयोक्तृतन्मयीभाववशेन नाट्यसंस्कारमपेक्ष्याभिनयादिविधिर्दृष्टो न तु साक्षात्कारकल्पनात्स्वरूपताऽवास्ति । चतुर्विधाभिनयप्रयोगाभावाद्रसभावप्राधान्याद्गीतवाद्यनृत्तानां यथेष्टं प्राधान्यं नर्तकीवृन्दैः । काव्ये वस्त्वपेक्षत्वान्नाट्ये प्रस्तावनाप्रायो प्रतिबिम्बात्मकत्वादि विविधत्वान्मदमूर्च्छादौ तत्त्वापास्त्यप्रयोगाद्गीतकादेश्च नियमादृष्टफलप्रयुक्तत्वाद् वाद्यस्य गीतादिप्राधान्येनैव प्रयोगात्कुल्कादिच्छेदात्मनः काव्यस्य गीत्याधारतानान्तरीयकत्वमात्रेण गमनात्पिण्डीबन्धप्रकारे वैचित्र्यस्य नृत्तमात्रविश्रान्तेः प्रयोक्तृप्रवर्तयितृमात्रदृष्टफलप्राधान्याच्च तद्विलक्षणं नाट्यं तद्वर्त्मविभिन्नत इति एवं शब्दस्यार्थ इत्युपाध्यायमतम् ।

## मधुसूदनी

मार्गयोजनं वर्धमानगीते दृश्यते । वक्ष्यते एकत्रिंशेऽध्याये "वृत्तिदक्षिणचित्रेषु मार्गेषु विनियोजितम् । द्विविधं वर्धमानं स्यादिति । वर्धमानशरीरे तु क्रियते मार्ग

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार प्रयोगों के द्वारा यह ताण्डव की विधि देखी गई है । जो मैंने आप लोगों को बतला दी है । अब आपलोग कहें कि नाट्य वेद सम्बन्धी किस अन्य विधि को मैं कहूँ बतलाऊँ ॥३२९॥

इस प्रकार भरत के नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय के मूल का मधुसूदन शास्त्री कृत हिन्दी अनुवाद समाप्त हुआ ।

चतुष्पदा का प्रयोग भी अनुज्ञात हो जाता है । उसके अंगों का और "पुष्पांजलिधरा भूत्वा" के अनुसार वर्णों का लोक में प्रयोग "तस्याः पादावसाने तु" के अनुसार धारा से परिक्रमण अर्थात् मण्डलाकार से भ्रमण, "वाद्य गीतवशादंगम्" के अनुसार द्विगुण या त्रिगुण आदि के रूप में अर्थगुणों के अवयव का धारण करने वाली गुम्बिका आदि का विधान, चतुरश्र सारिकादि की शैली और डोम्बिका वगैरह में नर्तकी की वृद्धि आचार्यों को करनी चाहिए । ताल के अनुसार और त्रिपाणिलय संयुक्त के अनुसार धारापरिक्रमादि और त्रिपाणि परिच्छिन्न लय एवं ताल आदि के प्रयोग की अनुज्ञा प्राप्त हो जाती है ॥३२८॥

यह सब ईश्वर को परितुष्ट करने वाली सामग्री है इस रूप में उपसंहार समाप्ति करते हुए आगे के अध्याय को आरम्भ करने के लिए अवकाश करते हैं । एवमेष इत्यादि

## अभिनवभारती

"रसभावदृष्टिहस्तशिर आद्यं यत्राङ्गं पूर्णं वाऽपूर्णं वा तु क्रियते तर्हि कुत एव नाट्यनृत्तयोर्भेदस्तुल्यानुकारत्वे" इति हर्षवार्तिकम् ! "शिक्षाहर्षस्वेच्छाभिनीतकतिपयनाट्याङ्गकृतं नृत्तमभ्यासफलम् ।" इति भट्टयन्त्रः । "समयमात्रमित्यादिमङ्गलवद्विवाहादौ" इति भट्टलोल्लटः । दशरूपकभेदवल्लास्यताण्डवप्रयोगो नाट्यभेद एव । तत्र पूर्णानुकाररूपत्वात् ।

तथाहि—प्रवेशेऽश्वत्थाम्नः सूचीविद्धोर्ध्वजान्वादि । पुरूरवसोऽलपल्लवसूची । गरुडस्य गरुडप्लुतकम् । रावणस्य पुष्करो वैशाखरेचितकः । वत्सराजस्यातिक्रान्ताः । जटायुषो गृध्रावलीनकमेलकाक्रीडितं चेति "चित्राभिनयेन चान्येन करणप्रयोग एव । अभिनेयपदादीनां च नाट्येऽपि सक्तते"ति नाट्यमेवेदमिति कीर्तिधराचार्यः ।

एतच्च स्वमतानुसारेण एव शब्दार्थमाहुः । युक्तायुक्तत्वं तत्र परीक्षका एव विदुरित्यलं बहुना ।

## बालक्रीड़ा

के द्वारा । एवं माने पहिले कही शैली से । प्रयोगतः माने नाट्यात्मक प्रयोग की अपेक्षा उससे अन्य उससे विलक्षण विधि प्रकार देखा गया है । तथा नाटक वगैरह् में सामाजिक की तरह् प्रयोग कर्त्ता का तन्मयीभाव और तदधीन नाट्य के संस्कार की अपेक्षा करके अभिनय विधि ही देखी गई है किन्तु इसमें साक्षात्कार कल्प नाट्यरूपता नहीं है । चार प्रकार के अभिनयों का अभाव और रस एवं भावों का अप्राधान्य होने से और नर्तकियों की वृद्धि होने से गीत, वाद्य एवं नृत्त का यथेष्ट प्राधान्य है । काव्य में वस्तु की अपेक्षा है । प्रस्तावनाप्राण अनुकरणात्मक नाट्य में प्रतिबिम्बात्मकता, आलेख्याकारात्मकता या तुल्यदेहिस्वरूपता तीन विधायें होती हैं । मद जनित मूर्च्छा आदि में तत्व की आपत्ति ज्ञान नहीं होता है । "सद्यः फलति गान्धारी" के अनुसार गीत का नियम से दृष्ट फल के लिए प्रयोग होता है । रागकाव्य का गमन अर्थात् समन्वय गीति के आधार तानों की नान्तरीयकता से ही होता है । पिण्डीबन्धों के प्रकार में भेदों में वैचित्र्य की विश्रान्ति केवल नृत्त के स्वरूप में ही होती है और प्रयोक्ता नट प्रभृति एवं प्रवर्त्तयिता पूँजीपतियों को प्राप्त होने वाले दृष्ट फल की ही प्रधानता है अतः इन सबसे विलक्षण एवं उन सबमें व्याप्त नाट्य एक भिन्न ही वस्तु है यह एव शब्द का अर्थ है ऐसा हमारे उपाध्याय जी का मत है ।

यदि नाट्य तथा नृत्त में रस एवं भावों की व्यंजिका दृष्टि, हस्त और शिर आदि पूर्ण अथवा अपूर्ण अंगों का अनुकरण किया जाता है तब तुल्य अनुकरण होने से नृत्त एवं नाट्य में भेद कैसे हो सकता है । यह हर्षवार्तिक का मत है ।

शिक्षा को प्राप्त करने के लिए या हर्ष से या अपनी इच्छा से अभिनीत जो कतिपय नाट्य के अंग, उनसे कृत सम्पादित अभ्यास का फल नृत्त है ऐसा भट्ट यन्त्र कहते हैं। विवाह आदि में कर्त्तव्य मंगल की तरह् नृत्त केवल समय है आचार है यह भट्टलोल्लट का अभिप्राय है । दश रूपक के भेदों की तरह् लास्य प्रयोग एवं ताण्डव प्रयोग नाट्य का ही एक भेद है । क्योंकि वहाँ भी पूर्ण अनुकरण होता है । जैसे—अश्वत्थामा के प्रवेश के समय सूचीविद्ध

अभिनवभारती

प्रसङ्गागतया नृत्तवार्तयाप्रसक्तानुप्रसक्तत्वेन नृत्तगतमेवान्यत्किञ्चिदप्रसिद्धं प्रकृतं नाट्यगतं मा विच्छेदीत्यभिप्रायेणाह—नाट्येति। नाट्यमेव वेदस्तस्य यो विधिः प्रयोगस्तं प्रतीति शिवम् ॥३२५॥

रविशशिहुतभुक्कल्पितनयनत्रयकिरणदलिततिमिरततिः।
अभिनवगुप्तस्ताण्डवविधिमेनं व्यवृणुत स्पष्टम् ॥

इति माहेश्वराचार्याभिनवगुप्तविरचितायामभिनवभारत्यां नाट्यशास्त्रविवृतौ ताण्डवविधानाध्यायश्चतुर्थः ॥

मधुसूदनी

योजनेति च। वादी संवादी विवादी अनुवादी स्वरः। तथोक्तमष्टाविंशेऽध्याये द्रष्टव्यम् ॥३२७।३२८।३२९॥

इति श्रीमधुसूदन शास्त्रिविरचितायां मधुसूदन्यामभिनवभारती विवृतौ चतुर्थोऽध्यायः समाप्त् ।

प्रासूत रामो विदुषां वरेण्यो यवतावरी श्रीमधुसूदनं यम् ।
महात्मनस्तस्य कृतिर्व्यरंसीदध्यायतुर्ये मधुसूदनीयम् ।

बालक्रीडा

एवं ऊर्ध्वजानु आदि; पुरूरवा के समय में अलपल्लव एवं सूची, गरुड़ के अभिनय में गरुड-प्लुतक करण, रावण के अवसर में पुष्कर एवं वैशाखरेचितक, वत्सराज के अग्नि संभ्रम में अतिक्रान्त और जटायु के युद्ध में गृध्रावलीनक एवं एलकाक्रीडित करणों का ही प्रयोग होता है। वह चाहे चित्र अभिनय के जरिये या अन्य किसी प्रकार से हो। अभिनेय, प्रेक्षणीय, दृश्य आदि पदों का प्रयोग नाट्य की तरह नृत्त में भी होता है अतः यह नृत्त भी नाट्य ही है यह कीर्तिधराचार्य का कहना है। यह अपने मत के अनुसार एव शब्द का अर्थ कहा है। कौन युक्त है कौन अयुक्त है इसको परीक्षक लोग जानते हैं। बहुत हो गया बस करिये।

प्रसंग से आई हुई नृत्त की वार्त्ता से सम्बद्ध अनुसम्बद्ध रूप में नृत्त के विषय में ही अन्य कुछ प्रसिद्ध हो गया किन्तु नाट्य के विषय का प्रकृत अर्थ विच्छिन्न नहीं हो जाय इस अभिप्राय से कहते हैं कि नाट्य रूप जो वेद उसकी विधि उसके प्रति उसके विषय में अधिक क्या कहूं। इति शिवम्।

रवि, शशी एवं हुतभुक् (अग्नि) रूप तीन नयनों के किरणों से जिसका अज्ञान रूपी तिमिरतति अन्धकार समूह दलित हो गया है उस अभिनव गुप्त ने इस ताण्डव विधि का स्पष्ट विवरण किया है।

इस प्रकार नाट्यशास्त्र के चतुर्थ अध्याय में आचार्य मधुसूदन शास्त्री की कृति बाल क्रीडा हिन्दी टीका सम्पूर्ण हो गई।

---

श्री

# अथ पञ्चमोऽध्यायः ।

भरतस्य वचः श्रुत्वा नाट्यसन्तानकारणम् ।
पुनरेवाब्रुवन्वाक्यमृषयो हृष्टमानसाः ॥१॥

## अभिनवभारती

संसारनाट्यनिर्माणे याऽवकाशविधानतः ।
पूर्वरङ्गायते व्योममूर्तिं तां शाङ्करीं नुमः ॥

अध्यायसङ्गतिं कर्तुं पुराकल्पेनोपक्रमते—भरतस्येति । नाट्यसन्तानम् । नाट्यस्य सन्तानं नृत्तकथया विच्छेदाशङ्कानिरासेनाविच्छेदः । नाट्ये पुष्टे दैववशात् महाफलं नृत्तमिति यद्विवेकेन ज्ञातम् । तज्ज्ञानाच्च यद्विविक्तं नाट्यमपि सुष्ठु ज्ञातम् । तदनुरक्तं च नाट्यं हृदयावर्जकमिति हृष्टमानसत्वम् । स्वगततत्त्वग्रहणधारणाविसामर्थ्यात्मकशिष्यसम्प्रदर्शनायां गुरुप्रोत्साहनमित्यभिप्रायेणाहुः ॥१॥

## मधुसूदनी

नाट्यशास्त्रस्य तुर्ये तु नाट्यनृत्यविभेदिनो
भारतीं सम्यगालोच्य तनिता मधुसूदनी ।
ततोऽभिनवभारत्यां पूर्वं रंगविधिं प्रति
मुनिप्रश्नः पंचमेऽत्र तन्यते मधुसूदनी ॥

नाट्यस्येति । नाट्यवेदनिरूपणप्रसक्तानुप्रसक्तया चतुर्थाध्याय निरूपितया नृत्तकथया प्रकृतस्य नाट्यस्य विच्छेदो जात इत्याशंकाया निरासेन नाट्यस्य दशरूपकस्य

## बालक्रीड़ा

(मूल) इस प्रकार चतुर्थ अध्याय में कहे हुए नृत्त के उपयोगी करण, अंगहार एवं पिण्डीबन्धों के लक्षण एवं स्वरूप तथा प्रासंगिक रूप से प्राप्त वर्धमानक एवं आसारितक गीतों की परिभाषाएँ जो नाट्य दश रूपकों के सन्तान माने अविच्छेद के हेतु हैं । उनके प्रतिपादक भरत के वाक्य को सुनकर प्रसन्न हुए ऋषियों ने फिर पूछा ॥१॥

जो संसार रूप नाट्य के निर्माण के अवसर पर अवकाश विपुल स्थान के विधान से पूर्वरंग के सदृश आचरण करती है उस व्योम रूपा शंकर की मूर्ति को प्रणाम करता हूँ । भगवान् साम्ब शिव जगन्नाटक सूत्रधार हैं । अतएव भिन्न २ भूमिकाओं को धारण करने के लिए भिन्न २ मूर्तियों को वे धारण करते हैं । अतः अष्टमूर्तियों में उनका व्योम एक नाम है ।

४ अध्याय के साथ ५ अध्याय की संगति करने के लिए पुराकल्प इतिहास से इस अध्याय का उपक्रम करते हैं । भरत के । ४ अध्याय में नृत्त की कथा यानी १०८ करण

**यथा नाट्यस्य जन्मेदं जर्जरस्य च सम्भवः ।**
**विघ्नानां शमनं चैव दैवतानां च पूजनम् ॥२॥**
**तदस्माभिः श्रुतं सर्वं गृहीत्वा चावधारितम् ।**
**निखिलेन यथातत्त्वमिच्छामो वेदितुं पुनः ॥३॥**

### अभिनवभारती

यथेति । पूजामध्य एव नृत्तं प्रविष्टमित्यध्यायचतुष्टयतात्पर्यं प्रत्यनुभाषितम् ॥२॥

ऊहापोहविज्ञानादिकमपि दर्शयन्ति—गृहीत्वेति । चकारात् धारयित्वाऽवधारितं निश्चितम् । निखिलेन साकल्येनेति । यथातत्त्वमिति तत्त्वाभिनिवेशम् । किमत्रत्वमित्याह—पूर्वंरुक्तं वेदितुमिच्छाम इति जिज्ञासा दर्शिता ॥३॥

### मधुसूदनी

सन्तानमविच्छेदः । नाट्ये नाट्यविषये प्रश्नः । तदनुषक्तं महाफलवत् नृत्तमपि निरूपितम् । एवं च ततो नृत्तात् पृथक्तया विवेकेन नाट्यस्य ज्ञानं सम्पन्नम् ।

स्वगतेति । स्वं शिष्यस्तद्गुणाः शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा । ऊहापोहोर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः इति । गृहीत्वेति प्राग्गृहीतं तत्कृत्वा च ।

### बालक्रीडा

(मूल) हे महातेजःशालिन् आचार्यप्रवर ? जैसे नाट्य दश रूपकों का जन्म प्रकाश हुआ, जैसे जर्जर की उत्पत्ति हुई, जैसे विघ्नों की शान्ति की गई और जैसे देवताओं का पूजन होना चाहिए वह सब सुना और ग्रहण किया तथा समझ करके निश्चित किया । अब हम

३२ अंगहार ४ रेचक ४ पिण्डीबन्धों के नाम एवं लक्षण तदुपयोगी आसारित वर्धमान गीतों का प्रयोग एवं पृथक् २ नर्तकियों का प्रवेश निर्गम आदि के निरूपण करने के प्रसंग से नाट्य के विच्छेद की आशंका उत्पन्न हुई । उस आशंका का निरास कर के जो अविच्छेद दिखाया है वह नाट्य का सन्तान ही किया है । क्योंकि नाट्य के बारे में ऋषियों ने प्रश्न किया था उसी सन्दर्भ में महाफल वाले नृत्त को भी बतला दिया । जिसके फलस्वरूप विवेक से पृथक्-पृथक् नृत्त एवं नाट्य को ऋषि लोग जान गये । उस विवेक ज्ञान के फलस्वरूप नृत्त से विविक्त नाट्य है इस बात को भी वे लोग अच्छी तरह जान गये । उस नृत्त से अनुषक्त सम्बद्ध या अनुरक्त रंगा हुआ नाट्य, हृदय का आवर्जक होता है आकर्षक होता है इसलिए वे हृष्ट मानस हैं ।

शिष्य लोग ग्रहण धारण आदि अपनी सामर्थ्य सपत्ति को दिखाते हैं तो गुरु को प्रोत्साहन पढ़ाने के लिए मिलता है इस अभिप्राय से कहते हैं कि हम लोगों का मन आप के अध्यापन से प्रसन्न है ॥१॥

यथा जैसे । पूजा के निरूपण के प्रसंग में ही नृत्त की कथा का प्रवेश हो गया है इस तरह चार अध्यायों के तात्पर्य को पुनः कह दिया ॥२॥

पूर्वरङ्गं महातेजः! सर्वलक्षणसंयुतम् ।
यथा "बुद्ध्यामहे ब्रह्मंस्तथा" व्याख्यातुमर्हसि ॥४॥

### अभिनवभारती

यथा सर्वलक्षणसंयुक्तं बुध्यामहे तथा व्याचक्ष्वेति व्याख्याप्रकारविषयेऽध्याचार्यान्वेषणम् । महत्तेजो ज्ञानात्मकमस्य तदित्यामन्त्रणं गुरुप्रोत्साहनार्थम् ।

"पूर्वरङ्गे कृते पूर्वं तत्रायं द्विजसत्तमाः ॥" (ना॰ शा॰ ४-१०)

इति जिज्ञासादर्शनात्पूर्वं पूर्वरंगस्य प्रयोज्यतया तथैव जाता ।

### मधुसूदनी

तत्त्वग्रहणधारणादिविषयकं सामर्थ्यम् । तदात्मिका शिष्यसम्पत् । तस्या दर्शनायां जातायां गुरुः प्रोत्सहते यदयं शिष्यो बोधे समर्थस्ततः पाठनीय इति ।

जिज्ञासेति । शास्त्रप्रवृत्यंगसंदेहप्रयोजनसूचनी जिज्ञासा ज्ञानेच्छारूपा एवात्र ग्राह्या न तु विचाररूपा । यतोहि श्रोतुः शिष्यस्य क्रिया ज्ञानेच्छा एवात्र विवक्षिता । अन्या तु वक्तृक्रिया । सा नेति । यद्धि इच्छायाः कर्म तदेव तस्याः फलम् । यथा कश्चिद् धनमिच्छति तत्र धनेच्छा इत्युक्ते धनस्य फलत्वं लभ्यते । तद्वदत्र पूर्वरंगज्ञानं सन् वाञ्छायाः इच्छायाः कर्म । फलविषयत्वादिच्छायाः । जिज्ञासादर्शनात्पूर्वं चतुर्थोऽध्याये पूर्वरंगस्य प्रयोज्यतया निरूप्यतया । तथैव पूर्वरंगत्वप्रकारा एव जिज्ञासा इदानीं जाता । ॥१।२।३।४॥

### बालक्रीडा

पुनः जिस प्रकार हो सके उस प्रकार पूर्णरूप से उसके तत्त्व को जानना चाहते हैं । अतः सम्पूर्ण लक्षणों से समन्वित पूर्व रंग की व्याख्या जिस प्रकार हम समझ जाँय उस प्रकार करिये ॥३।४॥

ऊह, शंका अपोह् समाधान एवं अर्थविज्ञान और आदि पद से तत्त्वज्ञान को भी दिखाते हैं । ग्रहण कर के । चकार से धारण कर के अवधारित निश्चित किया । यहाँ श्रवण एवं कीर्तन गुरुमुखोच्चारणानूच्चारण के बतलाने की आवश्यकता नहीं है । ग्रहण, धारण, ऊह, अपोह, अर्थविज्ञान एवं तत्त्वज्ञान रूप धीगुणों को बतलाया है । निखिल माने सकल । यथातत्त्वं माने तत्त्व में अभिनिवेश अर्थात् नाट्य तत्त्व की प्राप्ति के लिए अनुराग पुरः सर आग्रह । क्या उन ऋषियों ने कहा इस पर कहते हैं कि पूर्वरंग के जानने की इच्छा हमारी है । इससे जिज्ञासा ऋषियों ने अपनी दिखलाई ॥३॥

जिस प्रकार सम्पूर्ण लक्षणों से संयुक्त पूर्वरंग को हमलोग समझ जाँय उस प्रकार व्याख्या करिये इससे बतलाया कि व्याख्या करने की शैली के विषय में आचार्य की गवेषणा की जाती है कि कौन आचार्य अच्छा पढ़ाते हैं । जिसका ज्ञानात्मक तेज महान् होता है वह महातेजस्वी होता है । आप महातेजा हैं यह गुरु का आमन्त्रण गुरु के प्रोत्साहन के लिये है ।

**तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः ।**
**प्रत्युवाच पुनर्वाक्यं पूर्वरङ्गविधिं प्रति ॥५॥**

### अभिनवभारती

पूर्वरङ्गविधावस्मिंस्त्वया सम्यक्प्रयुज्यताम् ॥" (ना. शा. ४-१४) इति ।

यत्रायं पूर्वरङ्गस्तु त्वया शुद्धः ।" (४-१५) इति परमेश्वरादरवचनेन सुष्ठुतरां दृढीकृता । तथैव तावद्यत्नेनोपासनीयेति तात्पर्यम् ॥४-५॥

### मधुसूदनी

गदत इति । ल्यब्लोपे पंचमी । पाठक्रमादर्थक्रमो बलवानिति नीत्या दुर्बलं निगदनक्रमं बलवता अर्थक्रमेण स्वबुद्ध्या प्रबाध्य अर्थं बुध्यध्वं जानीत । तदेतदुच्यते–गदनक्रमानादरणं गदितरि संक्रमय्योक्तमिति । यस्येति । यस्यार्थस्य येनार्थेन सह अर्थतः वस्तुतः सम्बन्धः अर्थोऽभिधेयरैवस्तुप्रयोजननिवृत्तिषु । इत्यमरः ।

तानि चेति । तानि बहिर्गीतानि यवनिकाङ्गानि च । गीतकानि वस्था पन्यादीनि पञ्च ध्रुवारूपाणि । तथा च वक्ष्यन्ते आश्रावणेत्यारभ्य आसारितानि चैत्यन्तानि ।

यथा योज्या ध्रुवाः पंच तथा वक्ष्यामि तत्त्वतः ।
आदावुत्थापनी कार्या परिवर्तस्तथा भवेत् ।
अवकृष्टाऽड्डिता चैव विक्षिप्ता चैव पंचमी ।

एवं पंच ध्रुवा ज्ञेयाः । इति ना. शा. ३।१७५।१७६।
एतानि तु बहिर्गीतान्याहुर्वाद्यविदो जनाः । इति २९।८०।८२।
एतानि तु बहिर्गीतान्यन्तर्यवनिकागतैः । ५।११।

तदिति अव्ययम् । द्विकलेति । चच्चत्पुटचाचपुट नामानौ द्वौ तालौ । तत्र लघुगुरुप्लुतानि अक्षराणि भवन्ति । तौ हि अक्षरानुसारं एककलौ द्विकलौ च ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) इस प्रकार के उन मुनियों के वचन को सुन कर मुनि भरत ने पूर्व रंग के विधान के विषय में उत्तर कहना शुरू किया ॥५॥

हे श्रेष्ठ द्विजो ? जहाँ नाटक में पहले पूर्वरंग के कर लेने पर यह प्रयुक्त होता है । इस तरह नाटक में पूर्व में पूर्वरंग का प्रयोग करना आवश्यक है अतः उसी तरह जिज्ञासा उत्पन्न हुई । जो इस पूर्व रंग की विधि में तुमको अच्छी तरह प्रयोग करना चाहिए । जो तो तुमने शुद्ध पूर्व रंग का विधान कहा है । इत्यादि परमेश्वर के कथन से अत्यन्त सुदृढ़ कर दी गई है । इसलिए पहिले अवश्य उपासनीया अर्थात् गुरु से इस विषय की जिज्ञासा अवश्य करनी चाहिए ॥४।५॥

पूर्वरङ्गं महाभागाः गदतो मे निबोधत ।
पादभागाः कलाश्चैव परिवर्तास्तथैव च ॥६॥

अभिनवभारती

गदत इति शब्दमात्रेण तावन्निरूपयत इत्यर्थः । आश्रावणादिस्वरूपं हि गेयाधिकारे (ना. शा. २९) सम्यक् निर्णेष्यते । अनादरे षष्ठी । निगदन्तमनादृत्य स्वबुद्धया बुद्धयध्वम् । यद्यपि मयाऽत्र क्रमेण नैतदुक्तं; गेयाधिकारस्यापि सुदूरत्वम् । तथापि यस्य येनार्थसम्बन्ध इत्यर्थक्रम आदर्तव्यो न शाब्द इति गदनक्रमानादरणं गदितरि सङ्क्रमय्योक्तम् ।

तत्र पूर्वरङ्गशब्दं निरुक्त्या तावद् व्याचष्टे—पादभागा इत्यादिना । इह बहिर्गीतानि यवनिकाङ्गान्येव पूर्वरङ्गः । तानि च गीतकोल्थापनादीनि ध्रुवारूपाणि । तत् द्विकलचच्चत्पुटचाचपुटतालेन विशिष्टगीतगतेनेति तदेव पूर्वरङ्ग इति तावत्तात्पर्यम् । तत्र मात्रायाः यः षोडशो भागः तत्पारभ्या मात्रा । तत्पारभ्यं वस्तु । एवं वस्तुनिबन्धं

मधुसूदनी

तत्रापि त्र्यश्रः चाचपुटः । चतुरश्रः चंचत्पुटः इत्येतत्सर्वं तालाध्याये ३१ एक त्रिंशे वक्ष्यते । ततो बोध्यम् । गीतकालस्य मात्रापरिच्छेदकं प्रमाणं पंच निमेषाः, क ख ग घ ङ इति ह्रस्वव्यंजनाक्षरपंचकम् । एतेषामक्षराणां कालस्य पृथगवभास इत्यभिमानः । तथा च वक्ष्यते सामान्यतो विशेषतश्च मात्रास्वरूपम् ।

निमेषाः पंच मात्रा स्यात् मात्रायोगात् कला स्मृता ।
विधिश्चतुष्कलो ज्ञेयः प्रागुक्ताङ्गुलिभिः कृतः ।
द्विकलश्चतुष्कलश्च पादभागः प्रकीर्तितः ।
चत्वारः पादभागास्तु मात्रेति परिचोद्यते । 'इति' च ।

बालक्रीडा

(मूल) हे महाभाग मुनियों ? मैं आप लोगों को पूर्व रंग बतला रहा हूँ । अतः मुझ से आप लोग उसे समझें कि पाद भाग, कला तथा परिवर्त्त उसमें होते हैं ॥६॥

गदतः का अर्थ है शब्दमात्र से निरूपण करते हुए (मुझसे) । आश्रावणा वगैरह के स्वरूप का सम्यक् निर्णय गेयाधिकार में तत आतोद्य वाद्य का विधान करते समय करेंगे । यहाँ गदतः पद में षष्ठी अनादर अर्थ में है । कहते हुए का अनादर कर के अपनी बुद्धि से समझो । यद्यपि मैंने यहाँ क्रम से इसको नहीं कहा है और जहाँ गेयाधिकार में इनका निरूपण करेंगे वह २९वाँ अध्याय इस पाँचवें अध्याय से बहुत दूर है तथापि जिस अर्थ का जिस अर्थ के साथ वस्तुतः सम्बन्ध है उसका उसके साथ अन्वय करना चाहिए इस न्याय के अनुसार पाठ क्रम से अर्थ क्रम बलवान् होता है इसलिए अर्थ क्रम का आदर करना चाहिए न कि शाब्द क्रम का । फलतः कहने के क्रम में अनादर कहना चाहिए था किन्तु प्रकृत में उस अनादर को वक्ता में संक्रान्त कर के आरोप कर के कहा है ।

## अभिनवभारती

गीयमानं तावत्स्वीकृतम्। भागश्च द्विकलचतुष्कलयोर्मार्गस्य चच्चत्पुटादीनां सङ्गाद्भवति। यथाऽक्षरेषु तु चच्चत्पुटादिषु कलाविभागलमा इति यथाऽक्षरमार्गः कलाग्रहणेन सङ्गृहीतः। यथाक्षरेषु द्विकलचतुष्कलतया सर्वमेव गीतकवर्धमानादि गानं गीयमानं गेयं रूपं सङ्गृहीतम्। कलाशब्देन च सप्तविधा तालकला निष्कामादिरुच्यते। तया समस्तो मानात्मकस्तालमार्गो गृहीतः। भिन्नार्थानामपि च सरूपाणामेकशेषः इति नियमात्। एवं पारवर्तन्त इति परिवर्ताः। द्विसङ्ख्यातत्रिसङ्ख्यातादिषु परिवर्तः सकलेतिकर्तव्यता परिगृहीता। चकारात्केवलं तन्त्र्यादि। एवकारेण केवलप्रयोगः। तथाशब्देनाङ्गाङ्गिभावप्रयोगो यथायोगं दर्शितः। द्वितीयेनैवकारेण नाट्याङ्गता

## मधुसूदनी

भागश्चेति। मात्राया भागश्च द्विकलचतुष्कलतालयोः ध्रुवाभिधानमूलाक्षरमार्गस्य चच्चत्पुटचाचपुटयोः संगाद्भवति।

> यथाक्षरेषु द्विकलस्तथा चैव चतुष्कलः।
> एवमेक कलो ज्ञेयः शुद्धश्चच्चत्पुटो बुधैरित्युक्तेः।

सप्तेति। द्विकलः, त्रिकलः, चतुष्कलः, षट्कलः, द्वादशकलः, अष्टचत्वारिंशत्कलः, षण्णवतिकल इत्येवं सप्तविधा तालकला।

## बालक्रीडा

अब यहाँ पूर्वरंग शब्द की निरुक्ति कहते हुए व्याख्या करते हैं पादभाग इत्यादि से। यहाँ यवनिका के अंग बहिर्गीत ही पूर्वरंग हैं। ये फिर गीतकोत्थापनादि ध्रुवारूप हैं। वे द्विकल चच्चत्पुटताल एवं चाचपुटताल हैं जो विशिष्ट गीतों में रहते हैं वही पूर्वरंग है। उनमें गीत काल का जो सोलहवाँ भाग है उससे मात्रा बनती है और मात्रा से वस्तु बनती है। इस प्रकार वस्तुओं से गीयमान बनता है ऐसा माना गया है। द्विकल एवं चतुष्कल तालों के मार्ग में स्थित चच्चत्पुट प्रभृतियों के संग से मात्रा का भाग बनता है।

मूल श्लोक में जो "पादभागाः कलाश्चैव" इस रूप में कला का उपादान किया है उस कला ग्रहण से यथाक्षर मार्ग का संग्रह हो जाता है। क्योंकि चच्चत्पुट और चाचपुट इनमें लघु, गुरु एवं प्लुत अक्षरों में जैसे कलादि के भागों का लगन है वैसे यह है।

अक्षरों के अनुसार द्विकल एवं चतुष्कल के रूप से सभी गीत वर्धमानक आदि जो गाये जा चुके हैं या जो वर्तमान में गीयमान हैं वे सब गेय से संगृहीत हो गये हैं। कला शब्द से द्विकल, त्रिकल, चतुष्कल, षट्कल, द्वादशकल, अष्टचत्वारिंशत्कल एवं षण्णवतिकल ये निष्कामादि सप्तविध ताल कलाएँ कही जाती हैं। इस सप्तविध तालकला से मानात्मक समस्त ताल का ग्रहण हो गया है। एक कला शब्द से सातों के ग्रहण करने का नियम है (सरूपाणामेकशेषः। यः शिष्यते स लुप्यमानार्थाभिधायी) समान रूप वालों का अर्थ भेद होने पर भी एक शेष हो जाता है। और जो बच जाता है वह लुप्यमानों के अर्थ का अभिधायक होता है। प्रकृत में दो तीन चार आदि संख्याओं के कारण संख्येयों का भेद हो जाता है

**यस्माद्रङ्गे प्रयोगोऽयं पूर्वमेव प्रयुज्यते ।**
**तस्मादयं पूर्वरङ्गो विज्ञेयो द्विजसत्तमाः ? ॥७॥**

**अभिनवभारती**

सूचिता। द्वितीयेन चकारेण च पाठ्यादि नृत्तं च। तेन गीततालवाद्यनृत्तपाठ्यं व्यस्तसमस्ततया प्रयुज्यमानं यन्नाट्याङ्गभूतं स पूर्वरङ्ग इत्युक्तं भवति। यत् स्याद्रङ्गे मण्डप आधारे पूर्वं नाट्यस्याङ्गे (बुद्धिस्थे भविष्यति) युज्यत एव च पूर्वमत्र। प्रत्याहारादिकेन ह्यङ्गेन विना गायनादिसामग्र्यसम्पत्तेः कथं नाट्यप्रयोगः। न ह्यहो किल तन्तुतुरीवेमादेः विना शक्यः पटः कर्तुम्। केवलं प्राङ्मुखान्नभोजनवन्नियमप्रयोजनत्वमपीति वक्ष्यते। तेन पूर्वो रङ्गे पूर्वरङ्गः। सुप्सुपेति समासः राजदन्तादित्वाद्वा परनिपातः।

श्रीहर्षस्तु रङ्गशब्देन तौर्यत्रिकं ब्रुवन् नाट्याङ्गप्रयोगस्य तस्यैव पूर्वरङ्गतां मन्यमानः पूर्वश्चासौ रङ्ग इति समासममंस्त। यदाह—

**मधुसूदनी**

तत्रावापोऽथ निष्कामो विक्षेपोऽथ प्रवेशनम्।
चतुर्विकल्प इत्येवं निःशब्दः परिकीर्तितः।

इत्यत्र निष्कामादिरुच्यते। अयं निःशब्दे ताले। सशब्दे तु

शम्या तालो ध्रुवश्चैव सन्निपातस्तथा परः।
इति शब्देन संयुक्तो विज्ञेयोऽपि चतुर्विधः। इति।

यथाक्षरः, द्विसंख्यातः, त्रिसंख्यातः इति त्रयो मार्गाः। तेषु दश परिवर्ताः। प्रत्याहारादिकमत्रैव नवमे श्लोके कथ्यमानम्। प्राङ्मुखेति।

**बालक्रीडा**

(मूल) क्योंकि रंगमंच नृत्य स्थान पर नाट्य वस्तु के अभिनय के आरम्भ करने के पूर्व ही इसका प्रयोग होता है इस लिए हे ब्राह्मणों ? इसको पूर्व रंग समझना चाहिए ॥७॥

अतः यद्यपि वे सब कलायें अर्थ भेद से भिन्न २ हैं तथापि एक रूप वाली हैं। जिसके फलस्वरूप एक दोष के नियन से सातों का ग्रहण हो जाता है।

इस प्रकार जो परिवर्तित होते हैं वे परिवर्त हैं। आक्षरित के भेद द्विसंख्यात त्रिसंख्यात एवं आदि पद से गृहीत यथाक्षर में परिवर्तों से सकल इतिकर्तव्यताओं का परिग्रहण हो गया। तथैव च के चकार से तंत्री आदि वाद्य समझ लिए गये। एवकार से केवल प्रयोग समस्त किया गया। तथा शब्द से इन उक्त सब पदार्थों का युक्ति के अनुसार अंगांगिभाव मे प्रयोग दिखला दिया है। द्वितीय एवकार से ये सब नाट्य के अंग हैं यह सूचित कर दिया है। द्वितीय चकार से यह सूचित किया कि पाठ्य वगैरह और नृत्त ये भी नाट्य के अंग हैं। जिसके फलस्वरूप यह सिद्ध हुआ कि गीत, ताल, वाद्य, नृत्त, एवं

## अभिनवभारती

"दृष्टा येऽवस्थार्थे ( वस्त्वर्थे ) नाट्ये रङ्गाय पादभागाः स्युः ।
पूर्वं त एव तु यस्मिन् शुद्धाः स्युः पूर्वरङ्गोऽसौ ॥" इत्यादि ।

रङ्गस्य पूर्वो भाग इति त्वसत् । न ह्ययं मण्डपस्यैकदेशः । नापि नाट्यस्य । नह्ययं भावानुकीर्तनात्मकव्याख्यानानुकारस्वभावः । अपि तु शिक्षादिवत्पारमार्थिक एव प्रयोगसम्पत्त्युपकरणभूतो भोजनादितुल्यः प्रत्याहारादिरर्थः । नृत्तमप्यत्र वैचित्र्यकारित्वेन प्रविशत् "नाट्यरूपगतं नृत्तम्" इत्यङ्कुरशाखानुगन्यायेनानुकारधुरारोहि अपि । किंतु देवतापरितोषणफलं धूपविलेपनादिदानवत् सत्यमेवेति पूर्वो रङ्ग इत्येष एव समासः ॥५-७॥

## मधुसूदनी

आयुष्मान् प्राङ्मुखो भुंक्ते यशोऽर्थी दक्षिणामुखः । इत्युक्तेः । अंकुरेति ।
तस्य शाखा च नृत्तं च तथैवाङ्कुर एव च ।
वस्तून्यभिनयस्येह । ना० शा०

इत्येवं नाट्यशास्त्रसूचितेन न्यायेन यथा अनुकारधुरायामारोहि अभिनयविधिना रामादितादात्म्यापत्तिरूपधीरोदात्तायवस्थानुकरणश्रेण्यां स्थितं नृत्तमिति भावः ॥५।६।७॥

## बालक्रीडा

पाठ्य का व्यस्त प्रयोग अर्थात् अलग २ एक २ का जो प्रयोग है अथवा समस्त प्रयोग अर्थात् इन सबका एक साथ जो प्रयोग है वह सब नाट्यांग होने पर पूर्वरंग होता है । रंग में यानी मण्डप में आधार मूल जो पहले होनें वाला नाट्य का अंग है वह पूर्वरंग है । बुद्धि में भी वह तत्व आता है । और इसका पूर्व में होना युक्त भी है । क्योंकि प्रत्याहारादि अंगों के विना गायन, वादन एवं नर्तन की सामग्री सम्पूर्ण नहीं होगी और उनके अभाव में नाट्य प्रयोग कैसे कहलायेगा । तन्तु तुरी एवं वेम (वयन दण्ड) आदि के विना पट के निर्माण में कोई भी समर्थ नहीं हो सकता है । अतः रंग जो पहिले किया जाय वह पूर्वरंग है । यहाँ "सुप्सुपा" से समास और राजदन्तादिषु परम् से रंग का परनिपात हुआ है ।

श्रीहर्ष ने तो रंगशब्द से तौर्यत्रिक को कहा और उसी को नाट्य के अंगभूत प्रयोग के रूप में पूर्वरंग मानकर पहिले भी किया जाय और जो रंग भी हो ऐसा कर्मधारय समास माना है । जो कहा है—

नाट्य में रंग के लिए अवस्था विशेष के अर्थ में समझे गये जो पादभाग हैं वे ही जब पूर्व में स्पष्ट कर दिये हों तब पूर्वरंग होता है । इत्यादि । "जो रंग का पूर्व भाग हो वह पूर्वरंग है" ऐसा किसी का कहना ठीक नहीं है । क्योंकि न यह मण्डप का एक देश है । न नाट्य का । और न यह भावों का अनुकीर्तनात्मक व्याख्यान का अनुकरण स्वभाव है । अपि तु शिक्षादि की तरह पारमार्थिक ही है जो प्रयोग की सम्पत्ति के लिए उपकरण है वह भोजन की तरह परमोपयोगी प्रत्याहार आदि अर्थ है । यानी नाट्य की वस्तु है । नृत्त का भी यहाँ पूर्वरंग में विचित्रता को सम्पादन करने वाले के रूप में प्रवेश है उपयोग है ।

**अस्याङ्गानि तु कार्याणि यथावदनुपूर्वशः ।**
**तन्त्रीभाण्डसमायोगैः पाठ्ययोगकृतैस्तथा ॥८॥**

### अभिनवभारती

ननु प्रत्याहाराद्यङ्गसमूहः पूर्वरङ्गः । तत्कथमुक्तं गीतादिः पूर्वरङ्ग इत्याशङ्क्याह—अस्याङ्गानि त्वित्यादि पूर्वरङ्गे भवन्ति हीत्यन्तेन श्लोकसप्तकेन सार्धेन महावाक्यम् । तुर्हेतौ । लक्षिष्यमाणानि प्रत्याहारादीन्यासारितान्तानि अन्तर्यवनिकाप्रयोज्यानि नव गीतानि, यानि च यवनिकाया बहिर् गीतकप्रयोगादीनि प्ररोचनान्तानि दश तानि सर्वाण्यपि पादभागाद्युपलक्षितादिरूपस्योक्तस्य सम्बन्धित्वेन यस्मात्कार्याणि तस्मात् पादभागादिरेव पूर्वरङ्ग इति पूर्वेण सम्बन्धः । अङ्गानां न्यूनाधिकभावे हि भूयांसः पर्वरङ्गभेदा । ते च गेयाधिकारे( अ-२९ )दर्शयिष्यन्ते ।

### मधुसूदनी

अन्तयवेति । अन्तर्यवनिका आवारकपटमध्ये । तद्वर्तैः प्रयोक्तृभिः: प्रयोज्यानि प्रत्याहारोऽवतरणं तथा ह्यारम्भ एव चेत्यादीनि नव अंगानि । यवनिकाया बहिः यवनिकां विघाट्य क्रियमाणानि मद्रकादिगीतकप्रयोगमारभ्य प्ररोचनापर्यन्तानि दश अंगानि । बाह्यानि यवनिकां विघाट्य क्रियमाणानि अंगानि, तत्र आरंभादिषट्कं चेदिह भवेयुस्तदा रंगस्य भेदः प्रकारः । तंत्रेति । तंत्रं शास्त्रपर्यायः । तेन तंत्रस्य नाट्यशास्त्रस्य ये भावाः पदार्थास्तेषामनभिज्ञा अज्ञातारः । तेषां कृते उद्देश्यमाना भूयांसः पूर्वरंगभेदा असंप्रमोह फलाः तद्विषयकाज्ञानध्वंसात् प्रकृष्ट मोहाभावरूप-फलस्य जनका इत्यर्थः ।

### बालक्रीडा

(मूल) इस पूर्व रंग के प्रत्याहार एवं अवतरण आदि अंगों को विधि पूर्वक क्रमशः तंत्री वीणा और भाण्ड चर्मावनद्ध वाद्यों के समायोग तथा पठनीय अंश के योग से करना चाहिए ।।८।।

इसीलिए कहा जाता है कि नाट्य के स्वरूप को आदर करने वाला नृत्त है । इसलिए "अंकुर शाखा एवं नृत्त ये अभिनय की वस्तु हैं" इस न्याय से नृत्त; अनुकार की नाट्य की धुरा में अधिरोहण करने वाला है । और भी जो कहा जाता है कि धूप दीप नैवेद्यादि के समर्पण के फल की तरह इस नृत्त का भी फल देवताओं का परितोष है वह भी सत्य ही है अतः रंग में जो पूर्व किया जाय इस अर्थ का बोधक "रंगे पूर्वः" यही समास ठीक है ।६।७।

जब प्रत्याहार आदि अंगसमूह पूर्वरंग है तब आपने कैसे कहा कि गीत आदि पूर्वरंग है । ऐसी आशंका करके "इसके अंग तो" "यहाँ से आरम्भ कर" पूर्वरंग में होते हैं "यहाँ तक के साढ़े सात श्लोक से महावाक्य को कहते हैं । अँगानि तु में तुशब्द हेतु के अर्थ में है । जिनके लक्षण आगे अभी कहेंगे प्रत्याहारादि आसारितान्त नौ अंग । और जिनका प्रयोग यवनिका पर्दे के भीतर ही नट लोग करेंगे । और जिनका यवनिका के बाहर

प्रत्याहारोऽवतरणं तथा ह्यारम्भ एव च ।
आश्रावणा वक्त्रपाणिस्तथा च परिघट्टना ॥९॥
सङ्घोटना ततः कार्या मार्गासारितमेव च ।
ज्येष्ठमध्यकनिष्ठानि तथैवासारितानि च ॥१०॥

### अभिनवभारती

इह तु तूद्दिश्यमानास्तन्त्रभावानभिज्ञानामसम्प्रमोहफला एव ।

उक्तं च वार्तिके—"बाह्यारम्भषट्कं चेदिह रङ्गभेद । ननु प्रत्याहारावतरणे आद्ये रङ्गद्वारादीनि पाश्चात्यानि न पादभागाद्यारब्धानि" इति । सत्यम् । किन्तु समुदितत्वे नात्र रङ्गता रमणीयभावः सम्बन्धः । अपि तु सद्भावमात्रम् । तच्च सर्वत्रैव विद्यत इति वक्ष्यते । तदाह—यस्मादेतानि पूर्वरङ्गे संभवन्ति तस्मादस्य संबन्धित्वेन कार्याणि ॥८।१०॥

### मधुसूदनी

आद्ये इति । अवतरणस्य क्लीवत्वात्तदनुरोधेन आद्ये अंगे द्वे रंगभेदभूते । रंगद्वारादीनि । रंगद्वारं चारी महाचारीति त्रीणि पाश्चात्यानि अंगानि । पादभागादिभिः गीततालवाद्यनृत्तपाठ्यैरारब्धानि कृतारम्भाणि न भवन्ति । इति शेषः । समुदितत्वे समुदाये । तत्र सद्भावमात्रं च अस्य पूर्वरंगस्य ॥८।९।१०॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) प्रत्याहार १ अवतरण २ आरम्भ १ आश्रवणा ४ वक्त्रपाणि ५ परिघट्टना ६ संघोटना ७ मार्गासारित ८ तथा ज्येष्ठ मध्य एवं कनिष्ठ आसारित इन ११ अंगों का पर्व के

पर्दे को हटा कर नट लोग प्रयोग करेंगे मद्रकादि गीतक प्रयोगादि प्ररोचनान्त दश अंग; ये सब पदभाग, कला, एवं परिवर्त्त आदि से उपलक्षित पूर्व रंग के सम्बन्धी के रूप में जब कि किये जायेंगे या कर्त्तव्य है इसलिए पादभाग आदि ही पूर्वरंग हैं इस प्रकार पहले से इनका सम्बन्ध है । अंगों के न्यूनाधिक भाव में पूर्वरंग के बहुत से भेद हो सकते हैं । उनको भेदाधिकार में २९ वीं अध्याय में कहेंगे । यहाँ तो उनका नाम निर्देश किया जायगा । जिसके फलस्वरूप तंत्र को नहीं जानने वालों को अज्ञानिता प्रयुक्त सम्प्रमोह नहीं होगा । सारांश यह है कि केवल नाम को जान लेने से भी तंत्र के विषय में गलत फहमी नहीं होगी । वार्तिक में कहा भी है । बाह्यो में अर्थात् प्रत्याहारादि आसारितान्त अन्तर्यवनिका प्रयोज्य बहिर्गीतों में आरम्भादि षट्क को ही यदि आप यहाँ रंग के भेद मानेंगे । आद्य वाले प्रत्याहार एवं अवतरण को नहीं मानेंगे न पीछे वाले रंगद्वार वगैरह और न पादभागादि से बने हुए अन्य भेदों को । तो ठीक है । किन्तु इस समुदाय में रंगता माने रमणीय सम्बन्ध नहीं रहेगा अपितु केवल सद्भाव रहेगा । वह सद्भाव तो सभी जगह है ही ऐसा आगे आप कहेंगे । अब भी उसको कहते हैं जब कि पूर्वरंग में आरम्भादि होते हैं इसलिए इसको पूर्वरंग के सम्बन्धी के रूप में करना चाहिए ।८।१०॥

एतानि तु बहिर्गीतान्यन्तर्यवनिकागतैः ।
प्रयोक्तृभिः प्रयोज्यानि तन्त्रीभाण्डकृतानि च ॥११॥
ततः सर्वैस्तु कुतपैः संयुक्तानीह कारयेत् ।
विघाट्य वै यवनिकां नृत्तपाठ्यकृतानि तु ॥१२॥
गीतानां मद्रकादीनां योज्यमेकं तु गीतकम् ।
वर्धमानमथापीह ताण्डवं यत्र युज्यते ॥१३॥

### अभिनवभारती

तत्र यवनिका रङ्गपीठतच्छिरसोर्मध्ये। तस्या अन्तरागतैः प्रयोक्तृभिर्नटैः प्राधान्यात्। यदि वा वैणिकादिभिरेव प्रयोक्तृभिः प्रयोज्यानि प्रत्याहारादीनि। यवनिकायामपसारितायां गीतानामित्यादिना श्लोकेन गीतकवर्धमानान्यतरप्रयोग उक्तः। अन्ये तु अथापि स्थाने (ना. शा. ५-१३) अतोऽपीति पठन्त उभयप्रधान-मनुजानते। तच्च अंग पदार्थेन विरुद्धम्। निर्देशविधौ चैकमेवाङ्गं भविष्यति। न तु द्वे।

"कीर्तनाद्देवतानां च ज्ञेयो गीतविधिस्तथा।" (ना. शा. ५-२१) इति।

### मधुसूदनी

वर्द्धमानमथापीहेत्यत्र "अथापि" इत्यस्य स्थाने "अतोऽपि" इति पठन्तः। उभे गीतकवर्धमाने प्रधाने यत्र तं प्रयोगमनुजानते तस्यानुज्ञां कुर्वते। तच्च तादृश-मनुज्ञानं च अंगपदार्थेन विरुद्धम्। अंगमपि उच्यते प्रधानमपि च। निर्देश

### बालक्रीडा

भीतर बिना गीतों के तंत्री वीणा और और भाण्ड चर्मावनद्ध वाद्यों को बजाते हुए प्रयोक्ता लोग प्रयोग करें ॥९।१०।११॥

(मूल) उसके बाद पर्दे को हटा कर सभी कुतप यानी वीणा एवं घन तथा अवनद्ध वाद्यों के साथ नृत्त एवं पाठ्य को करें ॥१२॥

(मूल) इसी प्रसंग में मद्रकादि गीतों में से किसी एक गीत का प्रयोग करें और जहां ताण्डव का प्रयोग किया जाता है वहां वर्धमान का भी गान करें ॥१३॥

रंगपीठ एवं उसके शिर वाले भाग के मध्य में यवनिका पर्दे की योजना करनी चाहिए। क्योंकि उसके भीतर नट अथवा वीणा वादक लोग प्रधान रूप से प्रत्याहारादि अंगों का प्रयोग करेंगे। और पर्दे को हटाकर जो मद्रक या वर्धमान गीत इनमें से किसी एक के प्रयोग को करने के लिए "गीतानाम्" इत्यादि श्लोक ने कहा है। और लोग तो वर्धमानमथापीह के अथापि के स्थान में अतोऽपि का पाठ करते हैं और मद्रक गीत एवं वर्धमानगीत दोनों के प्रधानता की अनुज्ञा देते हैं। किन्तु यह अनुज्ञा "एतानि अंगानि कार्याणि" इस अंग पदार्थ के निरूपण से विरुद्ध है। क्योंकि निर्देश विधि किसी एक ही

ततश्चोत्थापनं कार्यं परिवर्तनमेव च ।
नान्दी शुष्कावकृष्टा च रङ्गद्वारं तथैव च ॥१४॥
चारी चैव ततः कार्या महाचारी तथैव च ।
त्रिकं प्ररोचना चापि पूर्वरङ्गे भवन्ति हि ॥१५॥
एतान्यङ्गानि कार्याणि पूर्वरङ्गविधौ द्विजाः ? ।
एतेषां लक्षणमहं व्याख्यास्याम्यनुपूर्वशः ॥१६॥

### अभिनवभारती

उभयात्मकं तावदेवैकमङ्गमस्तीति केचित् । अपिशब्दाद्यानि कानि । उद्देशावसर एव 'ताण्डवं यत्र' इत्यभिधानमस्याङ्गस्य नृत्ते विनियोगं दर्शयति । तेन नाट्याद्यङ्गानि नृत्तशून्यान्यपि भवन्तीति दर्शयतीति तदैव च शुद्धत्वव्यवहारः । वक्ष्यति—"शुद्धं चित्रमथापि च ।" इति ॥११।१५॥

एवं पूर्वरङ्गसामान्यलक्षणसमानार्थानीहाचित्यानि अङ्गानि विभावितानि तेषामयमेवोद्देशो भवतीति दर्शयति—एतानीति । क्रमकथनेनैतत्सकल्यान्येव चेत्यर्थः ।

यथोद्देशं लक्षणं कर्तुमुपक्रमते—एतेषामिति ॥१६॥

### मधुसूदनी

उपदेश्यत्वेन कथनं कर्तव्यत्वेन सम्पादनं च । उभयात्मकं गीतकवर्धमानोभयात्मकम् । नाट्याद्यंगानि इत्यत्र नाट्यस्यांगानि इत्येव पाठः ॥११।१५॥

सामान्येति । पूर्वरंगस्य यत्सामान्यं लक्षणं तत्समानोऽर्थः तत्संगतोऽभिधेयो येषां तानि अंगानि इह आचित्य एकरूपेण संगृह्य दर्शयति एतानीति पदेन ॥१६॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) उसके बाद उत्थापन और परिवर्तन करना चाहिए । तथा नान्दी, शुष्कावकृष्टा रंगद्वार, चारी एवं महाचारी को करना चाहिए । इसके बाद प्ररोचना और त्रिक भी पूर्वरंग में होते हैं ॥१४।१५॥

(मूल) हे ब्राह्मणो ? पूर्वरंग की प्रक्रिया में इन अंगों को करना चाहिए । इनके लक्षणों की क्रमशः व्याख्या करूँगा ॥१६॥

अंग की होगी दो की नहीं । इसीलिए "देवताओं के कीर्तन से गीत विधि को जानना चाहिए" यहाँ गीत विधिस्तथा में एकवचन का प्रयोग किया है । कोई लोग तो कहते हैं कि दोनों एक ही अंग है । अथापीह के अपि शब्द से जो कोई अंग लिया जा सकता है । पदार्थों के उद्देश कथन के अवसर में ही यहाँ ताण्डव का प्रयोग किया जाय ऐसा कहना दिखलाता है कि नृत्त के समय में इस अंग का विनियोग होना चाहिए । इससे यह भी दिखाया है कि नाट्य के अंग नृत्त शून्य भी होते हैं । तभी इनमें शुद्धत्व का व्यवहार होता है । जैसा कि कहेंगे कि शुद्ध और चित्र भेद होते हैं ।११।१५।

**कुतपस्य तु विन्यासः प्रत्याहार इति स्मृतः ।**
**तथावतरणं प्रोक्तं गायिकानां निवेशनम् ॥१७॥**

## अभिनवभारती

तत्क्रममाह—कुतपस्य त्विति। नेपथ्यगृहद्वारयोर्मध्ये पूर्वाभिमुखो मार्दङ्गिकः। तस्य वामतः पाणविकौ। रङ्गपीठस्य दक्षिणतः उत्तराभिमुखो गायनः। अस्याग्रे उत्तरतो दक्षिणाभिमुखस्थिता गायिकाः। अस्य वामे वैणिकः। अन्यत्र वंशवादकाविल्येवं कुलं पाति कुं तपतीति शब्दविशेषपालकस्य नाट्यभूमिकोज्ज्वलताधायिनश्च वर्गस्य यो विचित्रो न्यासः स विप्रकीर्णानामेकत्र ढौकनात्मा प्रत्याहारः।

यद्यपि कुतपस्य विन्यासमध्य एव च गायकस्याभिमुख्यो रङ्गपीठस्योत्तरतो गायिन्य इति गायिकानां विन्यासः तथापि त्ववतरणं नाम पृथगुक्तमङ्गनागीतस्यावश्यंभावित्वं रञ्जकवर्गे ख्यापयितुम्। यद्वक्ष्यते—

"यद्यपि पुरुषो गायति गीतविधानं तु लक्षणोपेतम्।

## मधुसूदनी

पाणविकौ पणववादकौ। तस्य मार्दङ्गिकस्य मौरजिकस्य। वैणिकः वीणावादकः। अन्यत्र मार्दंगिकादि वैणिकान्तानां वादकानां गायकगायिकानां च स्थानाद् भिन्ने स्थाने दक्षिणतो वंशवादकौ वैणविकौ सुषिरवाद्यप्रयोगकर्त्तारौ। भूमिरेव भूमिका। तस्या उज्ज्वलताया उत्कर्षस्य। आधायिनः सम्पादकस्य। विप्रकीर्णानामितस्ततः प्रसिद्ध्या वर्त्तमानानाम्। ढौकनात्मा एकत्र समवायस्वरूपः। वक्ष्यते च-कुतपो नाट्ययोगे तु नानादेशसमुद्भवः इति। शारीरवैणवंशानामेकीभावः

## बालक्रीडा

(मूल) कुतप का जो विन्यास है वह प्रत्याहार माना गया है। तथा गायिका स्त्रियों के निवेश यानी प्रवेश को अवतरण कहा है ॥१७॥

इस प्रकार पूर्वरंग के सामान्य लक्षण के समान अर्थ वाले अंगों का चयन करके उनका यही उद्देश है नामग्राह कथन है ऐसा दिखाते हैं "एतानि" इति। क्रम पूर्वक कहने का अभिप्राय है कि इन अंगों की इतनी ही संख्या है। अब उद्देश के अनुसार लक्षण करने का उपक्रम करते हैं। एतेषाम्। इति।१६॥

उस क्रम को कहते हैं। कुतप का तो। नेपथ्य घर के दरवाजों के बीच में पूर्वाभिमुख मृदङ्गवादक को, उसके बायें तरफ पणव वादकों को, रंगपीठ की दक्षिण दिशा में उत्तराभिमुख गाने वाले को, गाने वाले के आगे उत्तर की तरफ दक्षिणाभिमुख गाने वाली औरतों को, गाने वाले के वामभाग में वीणा बजाने वाले को, और वीणावादक के दाहिनी तरफ वंशी बजाने वाले को बैठाना चाहिए इस प्रकार कुत की रक्षा करने वाले शब्द विशेष के पालक या कु को तपाने वाले नाट्य भूमि को उज्ज्वल करने वाले वर्ग का जो विचित्र न्यास वह इधर उधर बिखरे हुओं का एक स्थान में सम्मेलन रूप प्रत्याहार है। यद्यपि

## अभिनवभारती

स्त्रीविरहितः प्रयोगस्तथापि न सुखावहो भवति ॥" (ना. शा. ३३.५-७) इति। यत्त्वाह—"नारदाद्यैस्तु गन्धर्वैः" (ना. शा. ५.३२) इति भाविश्लोके केवलपुरुषाणां गातृत्वं वक्ष्यमाणमिहाशङ्क्येतेति पृथगवतरणमुक्तमिति। तस्यैतदनवकाशम्। गन्धर्व्यश्च गन्धर्वाश्चेत्येकशेषेण स्त्रीगीतस्याप्यत्र संभावनात्। एवमवतरणान्तं वस्तुत एकमेवाङ्गम्। अत एव प्रयोग एक उभयत्र कृतो भवति। यद्वक्ष्यति पुष्कराध्याये (ना. शा. ३४.१९८) "आसनोपविष्टेषु मार्दङ्गिकादिषु" इत्युपक्रम्य प्रथमं त्रिसामकर्तव्यम्

"त्रिमकारं त्रिगुणितं तथैवावाद्धिताश्रयम्।
त्रिकलं षट्कलं चैव त्रिसाम परिकीर्तितम्। (ना. शा. ३४.२२०)

त्रिसामान्वितः।

त्रिसामाक्षरपिण्डस्तु गुरुलघ्वक्षरान्वितः।
यकारश्च मकारश्च त्रिकैस्त्रिगुणितो भवेत्॥ (ना. शा. ३४.२२१)

## मधुसूदनी

प्रशस्यते। इति च। शारीरी दारवी चेति तत्रात्र शारीरी वीणोक्ता। तथा च वक्ष्यते चतुस्त्रिंशोऽध्याये तत्रोपविष्टे प्राङ् मुखे रंगे कुतपविन्यास एवं कर्तव्यः। तत्र पूर्वोक्तयोर्नेपथ्यगृहद्वारयोर्मध्ये कुतपविन्यासः कार्यः। तत्र रंगाभिमुखो मौरजिकस्तस्य पाणविकदर्दुरिकौ वामतः। एष प्रथममवनद्धकेन तस्य ततः कुतपविन्यास उक्तः।

## बालक्रीडा

कुतप विन्यास के मध्य में ही गाने वालों के अभिमुख रंगपीठ की उत्तर दिशा में गायिकायें रहती हैं इस तरह गायिकाओं का विन्यास बतला दिया है। तथापि अवतरण नामक अंग को पृथक् कहा। रंजकवर्ग में मनोरंजन सामग्रियों में अंगनाओं का गाना अवश्य होना चाहिए। इस बात को प्रसिद्ध करने के लिए। जैसा कि कहेंगे—यद्यपि पुरुष, लक्षणों से सम्पन्न गीत विधान का गान करता है तथापि स्त्री रहित प्रयोग सुखावह मनोरंजक नहीं होता है। जो तो कहा कि "नारदादि गायकाः" इस भावी श्लोक में केवल पुरुषों को ही गायक कहेंगे ऐसी आशंका की जा सकती है इसलिए अवतरण को पृथक् अंग कहा है। इसका यहां कोई अवकाश नहीं है। क्योंकि "गान्धर्वैः" शब्द में (सरूपाणामेकशेषः) समान रूप वालों में से एक का शेष होता है इस सूत्र के अनुसार गन्धर्वी और गन्धर्व इस तरह समास में एक शेष द्वारा स्त्रियों के गीत की भी यहां सम्भावना है। इस प्रकार अवतरण पर्यन्त वस्तुत एक ही अंग है। अतएव प्रयोग एक है और उसका प्रयोग दो जगहों में किया जाता है। जैसा कि पुष्कराध्याय में कहेंगे कि "वादक प्रभृतियों का आसनों पर बैठने के बाद ऐसा उपक्रम कर के पहले त्रिसाम का प्रयोग करना चाहिए। जिसका लक्षण है—

अद्धिता मार्ग के ऊपर निर्भर रहने वाला लघु गुरु एवं प्लुत तीन प्रकारों से युक्त द्रुतमध्यविलम्बित त्रिगुणित, एवं तीन कलाओं और छ कलाओं वाला जो होता है वह त्रिसाम कहलाता है।

परिगीतक्रियारम्भ आरम्भ इति कीर्तितः ।
आतोद्यरञ्जनार्थं तु भवेदाश्रावणाविधिः ॥१८॥

अभिनवभारती

यत्त्रिसाम स प्रत्याहारो यावदवतरणकोटि । अवतरणकोटौ छन्दोऽक्षरसमन्वितबहिर्गीतानुवर्ति वाद्यं स्त्रीबालमूर्खादिकुतूहलादिजननं प्रयोज्यम् ।

अन्ये मन्यन्ते निवेशनं स्थानस्वरादौ । न तूपवेशनमत्र । तथा च सप्तस्वरपरिग्रहोऽवतरणमिति जात्यादिरूपाङ्गसप्तकेन शुद्धसप्तकगीतिप्रप्रयोज्यमिति । एतद्घनतालविधौ (ना. शा. ३१) वितत्य विचारयिष्यते ॥१७॥

ननु च यावत् परिगीतक्रियायारम्भो न कृतस्तावत् त्रिसामप्रयोगोऽपि कथम् । सत्यम् । किमर्थमयं प्रयोगक्रम इत्यवधार्यताम् । इह दृष्टार्थान्येव तावदेता-

मधुसूदनी

तत्रोत्तराभिमुखो गायकः । गायकस्य तु वामपार्श्वे वैणिकः । वैणिकस्य दक्षिणेन वंशवादकौ । गातुरभिमुखं गायिका । इति कुतपविन्यासः । ना. शा. ३४।२१५ ।

स्त्रीविरहित इति ।

प्रायेण तु स्वभावात् स्त्रीणां गानं नृणां पाठ्यम् ।
यस्मात् स्वभावमधुरः कण्ठः स्त्रीणां, नृणां बलित्वं च । इति ।

बालक्रीडा

(मूल) परिष्कृत गीत क्रिया के आरम्भ करने को आरम्भ कहा है । और आतोद्य वाद्यों के द्वारा सामाजिकों को खुश करने के लिए आश्रावण का विधान किया जाता है ॥१८॥

त्रिसाम के अक्षरों का पिण्ड जो तो गुरु एवं लघु अक्षरों से अन्वित है । ऐसा यकार का त्रिक एवं मकार का त्रिक त्रिगुणित होता है ।

ऐसा जो त्रिसाम है वह अवतरण कोटि पर्यन्त प्रत्याहार संज्ञक है । अवतरण कोटि में छन्दोक्षर समन्वित गीत के अनुवर्ती वाद्य का प्रयोग करना चाहिए जिससे स्त्री, बालक एवं मूर्ख आदि को कुतूहल पैदा हो जाय ।

"गायिकाओं के निवेशन को अवतरण कहा है" यहाँ पर निवेशन शब्द का अर्थ गायक वादकों का उपवेशन जो पहिले बतलाया है । उसके बारे में अन्य लोगों के मत का उपन्यास करते हैं कि यहाँ उक्त उपवेशन रूप अर्थ विवक्षित नहीं है किन्तु स्थान एवं स्वरादि के विषय में निवेशन को अन्य लोग मानते हैं ।

सप्त षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम; धैवत एवं निषाद रूप स्वरों का परिग्रह अवतरण है इसलिए जाति साधारण स्वर, ग्राम, अलंकार, वर्ण एवं स्थान इन सात अंगों वाले शुद्ध सप्तक से शुद्ध सप्तक गीतियों को जानने वालों के द्वारा प्रयोज्य यह है । इसका विस्तार के साथ विवेचन घन एवं ताल की विधि में करेंगे ॥१७॥

### अभिनवभारती

न्यङ्गानि। तथा हि—पूर्वं रञ्जकवर्गढौकनं तत एव तद्गीतस्योपरञ्जकस्य प्राधान्यम्। तस्य च बिम्बभूतः शारीरः स्वरः शारीरस्वराणां मूलत्वात्। तदनुसंन्धानायालापाख्य आरम्भः। ततोऽपि मानरूपतालप्रधानं सर्वातोद्यगर्भमनुसन्धानमासमन्ताच्छ्राव-यतीत्याश्रावणा। ततोऽपि प्रतिबिम्बभूतवैणस्वरस्वरूपानुसन्धानाय दक्षिणादिवृत्ति-विभागानुसन्धानात्मा वक्त्रपाणिः। वक्त्रे प्रारम्भे हस्ताङ्गुलिव्यापारः। ततस्तु

### मधुसूदनी

रंजकेति। रंजकवर्गस्य इतस्ततो विप्रकीर्णस्य एकत्र ढौकनम्। तत एव एकत्र ढौकनादेव। तद्गीतस्य रंजकवर्गद्वारागीतस्य गानस्य। तस्य गीतस्य शारीरः स्वरः शारीरी वीणायाः स्वरः। तदनुसन्धानाय शारीरवीणास्वरानुसन्धानाय। ततोऽपि आरम्भोत्तरमपि कालस्य। मानरूपो यस्तालः। स एव प्रधानं यत्रेति। तस्मादनन्तरं

### बालक्रीडा

प्रश्न – जब तक परिगीतक्रिया का आरम्भ नहीं किया है तब तक त्रिसाम का प्रयोग भी कैसे होगा। उत्तर। सत्य है किन्तु यह तो विचार करिये कि यह प्रयोगक्रम किस लिए है। यहां ये सब अंग दृष्ट प्रयोजन के लिए ही है। जैसे—पहले वहां मनोरंजक सामग्री का उपस्थान होता है इसीलिए मनोरंजक गीत की प्रधानता है। उस गीत का बिम्ब शारीर स्वर है। क्योंकि शारीर स्वर मूल है। उस स्वर के अनुसन्धान के लिए जो आलाप है वह आरम्भ है। उसके बाद मान रूप ताल जिसमें प्रधान है ऐसा सभी आतोद्यों से युक्त अनुसन्धान को जहां मनुष्य गाता है वह आश्रावण है। उसके अनन्तर प्रतिबिम्ब भूत दारवी वीणा सम्बन्धी स्वरों के स्वरूप के अनुसन्धान के लिए दक्षिणादि वृत्तियों के विभागों का अनुसन्धानात्मा वक्त्रपाणि है। वक्त्रपाणि का अर्थ है वक्त्र याने प्रारंभ में हाथ की अंगुलियों का व्यापार संचालन। उसके अनन्तर तीन वृत्तियों के विभाग से प्राप्त होने वाले शुष्कप्रयोग के अनुसन्धान के लिए तंत्री वीणा में ओजः करण अर्थात् वीणा के तारों का चालन परिघट्टना है। क्योंकि पाणिनि के धातुपाठ में घट्ट चलने ऐसा पाठ है। उसके पश्चात् उक्त सात स्वरों का उपजीवक वीणा वाद्य है अतः संवादी, विवादी, अनुवादी एवं वादी स्वरों के साथ व्यस्त या समस्त पांचों अंगुलियों के पांच प्रहारों के योग से अवनद्ध वाद्य का अनुसंधान करना संघोटना है। क्योंकि परिवर्तन करना घुट धातु का अर्थ है। इसीलिए पुष्कराध्याय में आगे कहेंगे—

स्वर पहिले शारीरी वीणा से उत्पन्न होते हैं उसके बाद दारवी वीणा में जाते हैं और उसके अनन्तर वे पुष्कर से उत्पन्न होने वाली ध्वनि का अनुगमन करते हैं। उसके पश्चात् प्रकृति वाले शारीरी वीणा से उत्पन्न होकर दारवी में जाने वाले स्वरों के साम्य लय के अनुहार्य एवं अनुहर्तृत्व जो वैण एवं पौष्कर शब्द हैं उनका परस्पर में सम्मेलन करना मार्गासारित है। इसीलिए आगे के अध्याय के ३१वें श्लोक की व्याख्या में कहेंगे कि वीणा के स्वरों में जैसी पूर्ण रंजकता है वैसी पुष्करों में नहीं है। उनमें तो केवल साम्य का अनुहार है।

**वाद्यवृत्तिविभागार्थं वक्त्रपाणिर्विधीयते ।**
**तन्त्र्योजःकरणार्थं तु भवेच्च परिघट्टना ॥१९॥**

### अभिनवभारती

वृत्तिविभागगतशुष्कप्रयोगानुसन्धानाय तंत्र्योजः करणं परिघट्टना । घट्ट चलन इति पाठात् । पश्चाद्वीणागतोपजीवकत्वादवनद्धस्यानुसन्धानं वाद्यदिना प्रहारपञ्चक-योगेन क्रियत इति सङ्घोटना । घुट परिवर्तने । यतः पुष्कराध्यायेऽभिधास्यते—

'पूर्वं शरीरादुद्भूतास्ततो गच्छन्ति दारवीम् ।
ततः पुष्करजं चैवमनुयान्ति ध्वनिं स्वराः ।'

(ना. शा. २४.३१) इति ॥१८-१९॥

### मधुसूदनी

प्रतिबिम्बभूतो यो दारवी वीणासमुद्भूतः स्वरः । तत्स्वरूपाणामनुसन्धानाय । दक्षिणा-चित्रावृत्तिसंज्ञानां गीतवृत्तीनां विभागेन अनुसन्धानात्मा कुत्र कदा कस्या उपयोग इति विचारस्वरूपः । वक्रे प्रारम्भे । वृत्तीनां तिसृणां विभागतां गतः प्राप्तो यः शुष्काशुष्काक्षराणां निरर्थकसार्थकाद्यक्षराणां प्रयोगः । तदनुसन्धानाय तंत्र्या ओजःकरणम् । चतुर्विधेन संवादिविसंवादिवाद्यनुवादिसंज्ञेन स्वरेण । पंचांगु-लिभिर्व्यस्ताभिः समस्ताभिः तंत्रीषु प्रहाराणां कृतत्वात् प्रहारपंचकयोगेन च ॥१८।१९॥

### बालक्रीडा

(मूल) वाद्यों की वृत्तियों का विभाग करने के लिए वक्त्रपाणि की विधि की जाती है । किन्तु तंत्री वीणा के तारों में ओज करने के लिए ध्वनि की सुस्वरता के लिए धारणा करने के लिए परिघट्टना होती है ॥१९॥

अब मार्गसारित शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हैं—

प्रकृत्यादि लक्षण के विषय मार्ग में विकार रूप पुष्कर वाद्य का आसमन्तात् सारण गमन जहाँ हो वह मार्गसारित है । उसके पश्चात् मेय एवं मान के स्वरूप के अनुसन्धान कर लेन पर गेय वस्तु में निहित ताल के स्वरूप का उपयोग और आवापादि कलाओं एवं शम्यादि पातों का अनुसन्धान यह आसारित विधि है । इस तरह अन्तर्यवनिका सम्बन्धी अंगों का दृष्ट फल के लिए ही प्रयोग होता है । उनके बिना प्रयोग सम्पन्न नहीं होगा । जैसा कि भेज्जल नामक कवि ने अपने पद्य में कहा है—

जिस प्रकार पुष्कर वाद्यों की ध्वनि को सुन कर मेघध्वनि की आशंका से शिखण्डी मयूरों का ताण्डव (विधि) नाँच होता है । उसी प्रकार अन्तर्यवनिका के अंगों का विचार कर के ही गीत का प्रयोग होता है ।

इस प्रकार पहिले दृष्टार्थ प्रयोग कर लेने पर पीछे दृष्टार्थ अंगों के अनुसार ही बहिर्गीत विधि और उसी के अनुसार उनके निषेध, गीत एवं वाद्यों की विधि होती है । उस समय पर प्रत्याहार एवं अवतरण में विश्राम के द्वारा प्रयोग होता है क्योंकि वहाँ रंगपीठ की चारों दिशाओं में कुतप का विन्यास हो चुका है ।

**तथा पणिविभागार्थं भवेत्संघोटनाविधिः ।**
**तन्त्रीभाण्डसमायोगान्मार्गासारितमिष्यते ॥२०॥**

### अभिनवभारती

ततोऽपि प्रकृतितो । दार्वीमेव यत्साम्यानुहार्यानुहर्तृरूपस्य वैणपौष्करशब्दस्य परस्पर-संमेलनं कार्यमिति मार्गासारितम् । मार्गे प्रकृत्यादिलक्षणादिगोचरे विकाररूपस्य पुष्करवाद्यस्यासमन्तात्सारणं गमनं यत्रेति । पश्चान्मेयमानस्वरूपे तु संहिते गेयवस्तु-सारितनिहितवालस्वरूपोपक्षेपः । कलानामावापाद्यानां पातानां शम्यादीनां चानु-सन्धितेत्यासारितविधिः । एवं तावदन्तर्ध्वनिकाङ्गानां दृष्टार्थ एव प्रयोगः । तान्यन्तरेण प्रयोगस्यैवासम्पत्तेः । तथा च भेज्जलनाम्ना कविना निजपद्ये उक्तम्—

"मेघाशङ्किशिखण्डिताण्डवविधौ" इत्यादि ॥२०॥

### मधुसूदनी

ततोऽपीति । ततस्तदनन्तरमपि प्रकृतिमेव "पूर्वं शारीराद्दुद्भूताः" इति "तेभ्यो विनिः सृताश्चैव" इति चोक्तेः शारीरी वीणा प्रकृतिः । ततः प्रकृतितो दारवीमेव यत् प्राप्नुवन् साम्यस्य लयस्यानुहार्यानुहर्तृरूपत्वम् । तद्वक्ष्यते वीणास्वरेषु यादृशी रक्तिः (रंजकत्वम्) पूर्णा तादृशी न पुष्करेषु । तत्र केवलं साम्यानुहारमात्रमिति (ना. शा. ३४।३१) मार्गासारितस्य व्युत्पत्तिं दर्शयन्नाह—मार्गे इति । प्रकृतिः शारीरी वीणा । तदादेस्तत्प्रभृतेर्यल्लक्षणादि तद्गोचरे तद्विषयभूते मार्गे । विकाररूपस्य पुष्कराख्यमेघ-ध्वनिमनुसृत्य निर्मितत्त्वात् पुष्करवाद्यस्य । पश्चात् मेयं गेयस्य वस्तु । मान मावापनिष्क्रामादिचतुर्विधक्रियाकृतस्य कालपरिच्छेदनम् । तयोः । स्वरूपे संहिते निश्चिते सति गेये वस्तुनि निहितस्य तालस्वरूपस्य उपक्षेपः उपन्यासः । अनुसन्धिता अनुसन्धानम् । तानि अंगानि । अन्तरेण विना । यथा मेघानां ध्वनिमाशंक्यैव शिख-ण्डिनस्ताण्डवविधिः तथा अन्तर्ध्वनिकांगानि विचार्यैव गीतप्रयोगो भवतीति ॥२०॥

### बालक्रीडा

(मूल) समपाणि अवपाणि एवं उपरिपाणि के रूप में पाणियों के विभाग के लिए संघोटना की विधि होती है। और तन्त्री एवं भाण्डों के समायोग से मार्गासारित इष्ट है ॥२०॥

आरम्भ में त्रिकल ताल, एक कला शम्या और द्विकल ताल फिर द्विकल शम्या एवं द्विकल ताल करना चाहिए। उसके बाद फिर द्विकल षट्पितापुत्रक सन्निपात तथा पंचपुट ताल का योग होना चाहिए।

उपरिपाणि में तीन बार शम्या का और दो तालों का एक एक कर के प्रयोग होता है। पुनः इसी तरह समपाणि में दो शम्या एवं दो तालों का और अवपाणि में शम्या, तालों तथा षट्कल पंचपाणि एवं चच्चत्पुट ताल का प्रयोग करने से आश्रावणा की निष्पत्ति होती है।

**कलापातविभगार्थं भवेदासारितक्रिया ।**
**कीर्तनाद्देवतानां च ज्ञेयो गीतविधिस्तथा ।।२१।।**

### अभिनवभारती

एवं दृष्टार्थे प्रयोगे पूर्वं कृते पश्चात् दृष्टार्थाङ्गानुसारेणैव बहिर्गीतविधिः। तदनुसारेण च तानि विशेषधातुवाद्ये( तन्निवेशगीतवाद्य )विधिः। तत्र प्रत्याहारावतरणयोस्त्रिसाम्ना प्रयोगः। रङ्गपीठस्य चतसृषु दिक्षु कुतपविन्यासात्।

तालस्त्रिकलस्त्वादौ शम्यैककला कलाद्वये तालः।
द्विकला च पुनः शम्या तालो द्विकलस्तु कर्तव्यः ।। (ना. शा. २९.९१)
द्विकलश्च सन्निपातः पुनः पितापुत्रकश्च षट्पूर्वः।
चञ्चत्पुटस्तथा चेदारम्भे तालयोगस्तु ।। (ना. शा. २९.९२)
त्रिशम्योपरिपाणौ तालावित्येकमेककवान्।
समपाणौ द्वे शम्ये तालावप्येवमेवाथ ।। (ना. शा. २९.८७)
भूयश्शम्यातालाववपाणावुत्तरस्तथा चैव।
चञ्चत्पुटस्तथा स्यादेवं ह्याश्रावणातालः ।। (ना. शा. २९.८८)

### मधुसूदनी

पिता पुत्रकश्च षट्पूर्वः इत्यत्र। षट्पितापुत्रक इति संज्ञा सन्निपातस्य अस्याः परिघट्टनायास्तालः संपिष्टकवत् बोध्य इति शेषः। अत्र सम्पिष्टक शब्दे तु वत् करणं हि एवं बोधयति यत् तुल्यता करणे द्वौ पाठौ भवतः। एकस्मिन् पाठे एकमात्रासमन्वित सम्पिष्टकसदृशस्तालः परिघट्टनाया भवति। पक्षान्तरे मात्राद्वयान्वितस्तथा। शीर्षकवदिति वति "शीर्षकवत्" इति यथा प्रकरणात् द्वादशकं सकलं भवति इति ज्ञायते।

### बालक्रीडा

(मूल) कला एवं पातों के विभाग के लिए ज्येष्ठ, मध्य एवं कनिष्ठ आसारितों की क्रिया की जाती है। तथा देवताओं के कीर्तन के उद्देश्य से यानी उनकी स्तुति करने के लिए गीत की विधि को जानना चाहिए ।।२१।।

शंकुक तो "उत्तरस्तथा चैव" के स्थान में "उत्तरस्तथा द्विकलः" तथा एककवान् की जगह् निर्दिष्टः पाठ को करते हैं।

कोई तो २९ एकोनत्रिंश अध्याय में पहिले आश्रावणा का निरूपण करेंगे यहाँ तो पहिले आरम्भ का निरूपण करने के लिए पाठ किया है। वह पाठ करना ज्ञापन करता है कि वे विकल्प चाहते हैं। अतः सम्पूर्ण आतोद्यों के स्वरूप की अनुसन्धि निर्गीत आलाप किया और निर्गीत ताल की प्रक्रिया को भी यहाँ करना चाहिए।

जो तो द्विकल मद्रक में शम्या एवं ताल का पातन अर्थात् जिससे कलाओं के काल का परिच्छेद होता है उसको वक्त्रपाणि में अष्ट कलान्वित करना चाहिए। उसके बाद फिर

अभिनवभारती

शङ्कुकस्तु पठति "उत्तरस्तथा चैव" इति स्थाने "उत्तरस्तथा द्विकलः" इति, "एकंकवान्" इत्यत्र च स्थाने "निर्दिष्ट" इति ।

केचिदेकोनत्रिंशेऽध्याये (२९-८६) आश्रवणायाः पूर्वमभिधानादिह चारम्भस्य पूर्वपाठाद् ज्ञापकाद्विकल्पमिच्छन्ति । अतः सर्वातोद्यस्वरूपानुसन्धिनिर्गीतालापक्रिया चेति निर्गीतताल्प्रक्रिया चेति ।

"द्विकले मद्रके यत्तु शम्यातालादियोजनम् ।
तत्सर्वं वक्त्रपाणौ तु कार्यमष्टकलान्वितम् ।। (ना. शा. २९.९८)
तस्याधस्तात्पुनः कार्यं पञ्चपाणिचतुष्टयम् ।
वक्त्रपाणेरयं तालो मुखप्रतिमुखाश्रयः ।।" (ना. शा. २८.९९)

केचित्तु वक्त्रपाण्यर्धगतमिच्छन्ति । तैर्वस्तुक्रमो वृत्तिशब्दश्च न चर्चितः । संपिष्टकवचास्यास्ताल (ना. शा. २९.१०८) इति परिघट्टनातालः ।

मधुसूदनी

तालादिरिति । अस्य व्याख्या आचार्यचरैरेव यथा भेदान्तरं व्यश्रस्याह—तालादिरिति । सम्पक्वेष्टक इति । संज्ञामात्रमेतत्, इत्याह—संज्ञित इति । सम्पका इष्टका यत्रेति । सम्पक्वेष्टक इत्यत्र अक्षराणि (आदौ त्रीणि गुरूणि चरमे ह्रस्वद्वयम्) अन्ये पाकश्चात्र मिश्रित इति । तथाहि । पञ्चपाणौ लब्धात्मनामश्लिष्टात्मत्वं यद्भूत् ततस्तदभिहितं ययोर्गुरुषु पंचस्वक्षरेषु आद्यन्तयोः प्रथमपञ्चमस्थानयोः प्लुतकारिण्या

बालक्रीडा

चार पंचपाणि को करना चाहिए । इस तरह यह वक्त्रपाणि का ताल मुख एवं प्रतिमुख के आश्रय पर किया जाता है ।

कोई तो वक्त्रपाणि के अर्धभाग में उक्त ताल को चाहते हैं । उन्होंने वस्तुओं के क्रम का और वृत्ति शब्द का अध्ययन नहीं किया है । संपिष्टक की तरह इस परिघट्टना का ताल होता है इससे परिघट्टना ताल को बतलाया है ।

वहाँ पर सप्तांग में द्वादश कलाओं वाले ताल का किन्तु द्वादशाङ्ग में दश कलाओं वाले ताल का प्रयोग करना चाहिए । और आरम्भ में निष्काम को कर के बाद में तीन शम्याओं का प्रयोग करे ।

उसके अनन्तर तीन तालों फिर शम्या तालों दुबारा फिर शम्या तालों और अन्त में सन्निपात का प्रयोग करना चाहिए ।

किन्तु सप्तांग ओवेणक गीत में वह सम्पिष्टक माना है । और दो बार शम्याताल के योग से द्वादशांग में दश कलाएँ होती हैं ।

शंकुक तो सम्पक्वेष्टक की तरह इसका ताल होता है ऐसा पाठ मानते हैं । तदनुसार—

प्लुत मात्रा से अन्वित पाँच गुरु अक्षर जिसके अन्त में हों और ताल जिसके आदि में हों ऐसा एक अन्य त्र्यश्र का भेद मानते हैं । उसकी संज्ञा सम्पक्वेष्टक है ।

### अभिनवभारती

तत्र—"सप्ताङ्गे द्वादशकलं द्वादशाङ्गे दशैव तु।

निष्काममावितः कृत्वा शम्यास्तिस्रः प्रयोजयेत् ॥ (ना· शा· ३१.२०८)

तालत्रयं तत्रैव शम्यातालौ ततः परम्।

शम्यातालौ ततः कार्यौ सन्निपातोऽन्त्य एव च ॥ (ना· शा. ३१.२०९)

ओवेणके तु सप्ताङ्गे सम्पिष्टकमिदं मतम्।

त्रिशम्यातालयोगेन द्वादशाङ्गे कला दश ॥" (ना· शा· ३१.२१०)

शङ्कुकस्तु "सम्पकेष्टकवदस्यास्ताल" (ना· शा· ३१-१०८) इति पठति।

"तालादिकयत्रभेदोऽन्यःसम्पकेष्टकसंज्ञितः

गुरुपञ्चाक्षरायन्तप्लुतमात्रासमन्वितः ॥" (ना· शा· ३१-२९) इति,

अन्ये तु पठन्ति—

"गुरुपञ्चाक्षरेऽन्ते च प्लुतामात्राद्वयान्वितः।" इति ॥

तथा द्वौ सम्पिष्टकशब्दे तु वत्करणं वाचकं शीर्षकवत्। न हि तस्य च तदानीमङ्गता। केवलप्रयोगात्प्रकरणं चात्र साक्षी। शीर्षकवद्वालासारितवदिति चानयोर्मध्ये पठित-मेतत्।

### मधुसूदनी

मात्रया समन्वितः। गुरुपंचग्रहणात् पंचपाणिपदं सन्निपातभेदेन इति तावता मात्राभिधाने असन्निपातनियमो लब्धः। तेन तासं तासं ता इति तालस्यैव भेदः।

पुनराचार्याणामभिनवगुप्तपादानामक्षराणि = सम्पकेष्टकवचास्यास्ताल इति। एकोनत्रिंशेऽध्याये १०८ अष्टोत्तर शततमे पद्ये व्याख्यायामेव द्रष्टव्यानि।

### बालक्रीडा

दो प्लुत मात्राओं से अन्वित पांच गुरु अक्षर अन्त में हों ऐसा पाठ मानते हैं।

इस तरह दो पाठ हैं। जिसमें एक पाठ के अनुसार एक प्लुत मात्रा से अन्वित और दूसरे पाठ के अनुसार दो प्लुत मात्राओं से समन्वित सम्पिष्टक ताल के सदृश परिघट्टना का ताल होता है।

सम्पिष्टक शब्द में वत् करण शीर्षकवत् की तरह वाचक है। जैसे प्रकरण से बारहवीं कलाओं के सहित होता है। ऐसी स्थिति में उसकी अंगता नहीं होती है। केवल प्रयोग को देख कर यह प्रकरण यहाँ साक्षी है। शीर्षकवत् और वालासारितवत् इन दोनों के मध्य में सम्पिष्टकवत् का पाठ है। जैसे

"तालोऽस्या गदितस्तज्ज्ञैः शीर्षवत् पंचपाणिना"

यहाँ शीर्षवत् यह पाठ पहिले है

सम्पिष्टकवच्चास्यास्तालः यह पाठ मध्य में है उसके बाद अन्त में

बालासारितवच्चैव तालोऽस्याः परिकीर्तितः। यह पाठ है।

सम्पकवेष्टके गुर्वन्तालैरन्ते च प्लुतमात्राद्वयान्वितः। यह अर्थ सगत नहीं होता है।

## अभिनवभारती

सम्पकेष्टके गुरुपंचाक्षरेऽन्तेच प्लुतमात्राद्वयान्वितः इत्यर्थेन संगतः ।

सङ्घोटनायां तालस्तु शीर्षवत्पञ्चपाणिना । (ना. शा. २९-१४५)

अनयोरप्यङ्गयोः पूर्ववत्केचित्क्रमविकल्पमिच्छन्ति ।

"वालासारितवच्चैव तालोऽस्य परिकीर्तितः ।" (ना. शा. २९-११०)

इति मार्गासारितस्य तालः । अभिसृतान्यत्र मार्गासारितमध्य एव तत्स्थाने वा विकल्पेन प्रयोक्तव्यानि । लीलाकृतानि इति (ना. शा. १९-१११) वक्ष्यते तदिह सङ्गृहीतम् । आसारितानां च त्रयाणां स्वरूपस्तालाध्याये (ना. शा. १२-१४६-१७३) वितत्य वक्ष्यत इत्येवं प्रयोगक्रमः । अत एव पूर्वरङ्गे सद्भावमात्रेण प्रत्याहारादावपि सामान्यलक्षणमनुगतमेव । अत्र च शुष्काक्षरधातुवाद्यविधिरष्टाविंशेऽध्याये ततातोद्यविधौ भविष्यति 'त्रिसाम्नि' पुष्कराध्याये ३४(ना. शा.) तत एवावधार्यमिति। विस्तरभयात्तु न लिखितम् ।

## मधुसूदनी

"तालोऽस्या गदितस्तज्ज्ञैः शीर्षवत् पंचपाणिना । ना. शा. २९।१०४ । इत्यत्र "शीर्षकवत्" इति पाठः पूर्वम् । ततः

"सम्पिष्टकवचास्यास्तालः" इति मध्ये १०८ ॥ पाठः । ततः

## बालक्रीड़ा

संघोटना में शीर्ष की तरह पंचपाणि के विधान से ताल होता है ।

यहाँ दोनों में पहिले की तरह कोई लोग क्रम में विकल्प मानते हैं । बालासारित की तरह इसके ताल को कहते हैं । यहाँ मार्गासारित के ताल को बतलाया है । अभिसृत एवं परिसृत का भी यहाँ मार्गासारित के मध्य में या उसके स्थान पर विकल्प से प्रयोग करना चाहिए । जैसा कि २९।१११ में कहेंगे ।

श्रवणमधुराणि लीलाकृतान्यभिसृतपरिसृतान्यरकृतानि
तान्यप्यर्थवशादिह कर्त्तव्यानि प्रयोगविधौ ।

उसी का संग्रह यहाँ किया है । तीनों आसारितों के स्वरूप को आगे तालाध्याय में विस्तार कर के कहेंगे । अतः इस तरह यह प्रयोग का क्रम है ।

अत एव पूर्वरंग में आसारित गीतों के सद्भावमात्र से प्रत्याहारादि में भी सामान्य लक्षण का अनुगमन हो ही गया । और भी जो यहाँ शुष्काक्षर और धातुवाद्यों का निर्देश किया है उनकी विधि उनका विधान अट्ठाइसवें अध्याय में तत नामक आतोद्य के निरूपण के अवसर पर होगा और पुष्कराध्याय में त्रिसाम्नि इस रूप से कहा जायगा । उन सबका वहीं निर्णय करेंगे । विस्तार के भय से हमने नहीं लिखा है ।

कोई लोग तो यहाँ पर वैचित्र्य के लिए केवल समुचित है इत्यादि प्रवृत्ति को और भावी रूपक के अनुरूप पढ़ने लायक काव्य को चाहते हैं । अर्थात् सुन्दरता के लिए समुचित समझ कर गायन वादन एवं नर्तन में प्रवृत्ति एवं काव्य का पाठ करना चाहते हैं । ऐसा

अभिनवभारती

अत्र च वैचित्र्यार्थं समुचितमात्रमित्यादिप्रवृत्तिमपि भाविरूपकोचितं काव्यमपि पठ्यमानं केचिदिच्छन्ति। तथा हि सति "पाठ्ययोगकृतैस्तथा" (ना. शा. ५-८) इति न सङ्कोचितं भविष्यति। युक्तं चैतत्। यथा हि रमणीयतोपकरणभूतशयनविरचनादौ प्रतिपादुक स्तम्भभूतवस्त्रादिष्वपि तदुचितनायकयुगलादिप्रायविचित्राकृतियोगो युद्धोचितसन्नाहकङ्कटादौ च कातरजनभयभावननृसिंहगरुडादिरचनाकृतियोगस्तथैव ह्यतिरमणीये नाट्ये भविष्यन्ति तदुपरञ्जकवर्गढौकनादयः। एतदपि सुकुमारतदुक्तगीतपाठ्याभिनययोगेनैव कार्यम्। तथापसारितायामेव यवनिकायामुत्थापनाङ्गमध्ये ह्यन्यैककलः पाठ्यसहितः प्रयोगः। तथा हि वक्ष्यति "यस्मादुत्थापयन्ति" इत्यादि। रङ्गे यः पूर्वं प्रयोगः कृतः प्रत्याहारादिस्तं यस्मादुत्थापयन्ति फलस्वरूपनिरूपकपाठ्यतदभिनयादिना स्फुटीकुर्वन्ति तस्मादित्यर्थः। पाठ्यावकाशदानार्थमेव चात्रेदं देवतास्तुतिगीतिफलविशेषाभिधानम्। अन्यथा देवतापरितोषार्थंतत्प्रयोज्यमिति सामान्येन वक्तव्यं स्यात्। विशेषोपदेशस्य प्रयोगे विफलत्वात्।

मधुसूदनी

बालसारितवचैव तालोऽस्य परिकीर्तितः। ११० ॥ इत्यन्ते पाठः। इत्येवमनयोः चत्करणयोर्मध्ये एतत् बत्करणं पठितमित्यन्वयः।

श्रवणमधुराणि लीलाकृतान्यभिसृतपरिसृतान्तरकृतानि।
तान्यप्यर्थवशादिह कर्त्तव्यानि प्रयोगविधौ। १११।

बालक्रीडा

करने से "पाठ्ययोगकृतैस्तथा" इस नियम का संकोचन नहीं होगा। ठीक भी है यह। जैसे रमणीयता के लिए उपकरण भूत शयन विरचन वगैरह में नाट्यशाला के प्रतिपादुक माने चरण भूत स्तम्भ में वेष्टित वस्त्र प्रभृति में उस अवसर के योग्य नायक नायिकाओं की सुन्दर आकृति का निर्माण, और युद्ध के समुचित सन्नाह (तैयारी उद्योग) में कङ्कट कवच (सर्वायुधैः कङ्कटभेदिभिश्च इसमें रघुवंश के श्लोक में कंकट का कवच के अर्थ में प्रयोग किया है) के धारणादि में कातर जनों के भय के जनक नरसिंह एवं गरुड प्रभृति की आकृति का योग वैसे ही अतिरमणीय नाट्य में उसके आकर्षक वर्ग का ढौकन उपस्थापन होगा। इसको भी नाटकीय पात्रों के सुकुमार कथन गान पठन एवं अभिनयों के योग से करना चाहिए। यह पर्दे के हटाने के बाद ही उत्थापना नामक अंग के मध्य में एक घण्टा का पाठ्यादि प्रयोग है। इसीलिए कहेंगे "यस्मादुत्थापयन्ति इत्यादि।" रंग में जो पहिले प्रत्याहारादि प्रयोग किये हैं। क्योंकि उनका उत्थापन करते हैं अर्थात् उनका फल के स्वरूप के निरूपक पाठ्य एवं उसके अभिनय के द्वारा स्फुट करते हैं इसलिए। पाठ्य को अवकाश प्रदान करने के लिए ही यहाँ पर देवताओं की स्तुति का गान तथा उसके फलविशेष का अभिधान किया है। अन्यथा देवताओं के परितोष के लिए इसका प्रयोग करना चाहिए इस तरह सामान्य रूप से कहना चाहिए था। प्रयोग काल में विशेषोपदेश विफल है उपदेश का कोई फल नहीं है।

**अतःपरं प्रवक्ष्यामि ह्युत्थापनविधिक्रियाम् ।**
**यस्मादुत्थापयन्त्यत्र प्रयोगं नान्दिपाठकाः ।**
**पूर्वमेव तु रङ्गेऽस्मिंस्तस्मादुत्थापनं स्मृतम् ॥२२॥**

### अभिनवभारती

अन्ये तु प्रत्यङ्गं पश्चात्तत्प्रयोगमाहुः । तैस्तु प्रयोक्ता कस्तदेति निरूप्यम् । अत्र त्विदमित्यर्थः । कृतमित्युक्तिभङ्ग्या पाठ्यं तद्गीतप्रयोगः पदयुक्तोऽपि केवलमन्तर्यवनिकागतप्रत्याहारादिविषयत्वात्पाठ्ययोगादीनामप्यन्तर्यवनिकार्थमुच्यते । एवं नवाङ्गान्युक्तानि ।

अथ "विघाट्य वै यवनिकाम्" (ना. शा. ५-१२) इत्यादिना यद्गीतकविध्याद्यङ्गदशकं दर्शितं तत्क्रमेण लक्षयति—कीर्तनादित्यादि । कीर्तनं स्तुतिः । तस्माद्धेतोः । ततः परं शुष्काक्षरनिर्वृत्तशब्देन निर्गीतकानामन्यतमं वर्धमानं वा । तत्र च तालस्तालाध्याये । एकत्रिंशे वक्ष्यते ॥२१॥

यस्मादिति तत्र प्रत्याहारादीनि चेत् अत्र प्रयोज्यानि तत्पूर्वरङ्ग इत्यनुवादोऽयं स्यात् । क्रमस्य सिद्धत्वात् । नान्दिपाठका इति । तदुपलक्षितपूर्वरंगक्रमद्वारेणैव पुराणकवयो लिखन्ति स्म "नान्द्यन्ते सूत्रधारः" इति ॥२२॥

### मधुसूदनी

ईदृशः पाठ उपलभ्यते । "लीलाकृतं नाम यत्तदातोद्यविधौ" ईदृशस्तु ना । २१।२२।२३ । "नान्दी" "नान्दि" इति च ह्रस्वदीर्घेकारघटिते द्वे पदे भिन्ने समार्थके स्तः । अतएव नान्दिपाठका इत्यत्र ह्रस्वेकारः ॥२१॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) इसके बाद उत्थापन वगैरह के विधान की प्रक्रिया को कहूंगा । जब कि नान्दी पाठ करने वाले अभिनेता गण यहाँ रंगभूमि में प्रयोग का उत्थापन करते हैं इसलिए रंगभूमि में पहिले उत्थापन माना गया है ॥२२॥

और लोग तो प्रत्यंग के निरूपण के पश्चात् उनके प्रयोग के करने को कहते हैं । उनके मत में प्रयोक्ता कौन होगा यह खोजना होगा । कर दिया (कृतम्) इस कहने की भंगी शैली से पाठ्य और उसका गाने में प्रयोग दोनों पद यानी स्थान की दृष्टि से युक्त हैं तथापि वे केवल अन्तर्यवनिका में कर्तव्य प्रत्याहारादि विषयक हैं अतः पाठ्ययोगादि का भी कथन अन्तर्यवनिका के लिए किया है । इस प्रकार नौ अंग कह दिये ।

अब इसके बाद (विघाट्य वै यवनिकाम्) पर्दे को हटा कर इत्यादि से जो गीतकविधि प्रभृति दश अंगों को दिखाया है क्रम से उनके लक्षण करते हैं—"कीर्तनाद्देवतानाम्" इत्यादि । कीर्तन का अर्थ स्तुति है । कीर्तन में उपात्त पंचमी विभक्ति का अर्थ है हेतु । उसके बाद शुष्कावकृष्टा शब्द से निर्गीतकों में से किसी एक का अथवा वर्धमानगीत का प्रयोग करना चाहिए । उनमें उपयोगी ताल का निरूपण ३१वें तालाध्याय में करेंगे ॥२१॥

यस्माच्च लोकपालानां परिवृत्य चतुर्दिशम् ।
वन्दनानि प्रकुर्वन्ति तस्माच्च परिवर्तनम् ॥२३॥
आशीर्वचनसंयुक्ता नित्यं यस्मात्प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥२४॥

## अभिनवभारती

अहरहश्चैषा प्रयोगे प्रयोज्या । एवं च नित्यमेवंरूपमेव । अन्यपाठ्यानामुत्थापनादीनां प्रयोगवशादन्यथात्वोपपत्तिर्दृश्यते । न तु नान्दीपाठस्येति नित्यशब्दस्याभिप्रायः । आदिग्रहणात्प्रेक्षापतिप्रभृतयः । एषैव च नान्दी भारत्यङ्गनिरूपणे प्ररोचनेति निर्देक्ष्यते—"जयाभ्युदयिनी चैव मङ्गल्या" (ना. शा. २०.२७) इत्यादिना । इह तु एषा, तत्र प्ररोचना सा भविष्यति । अत्र नान्दीपदानामन्तरेषु चित्रे पूर्वरङ्गे वर्धमानं यत्प्रयोज्यं तत्पञ्चममङ्गं गणयति ।

## मधुसूदनी

पुराणकवय इति । तदुपलक्षितः नान्द्युपलक्षितः पूर्वरंगस्तस्य क्रमः । अयं भावः । नान्दी पूर्वरंगश्च इति कर्त्तव्यद्वयमस्ति । तत्र रंगद्वारमारभ्य नान्दीं नटः कुर्यात् । क्रमः पूर्वपश्चाद्भावाख्यः । रंगद्वारात्पूर्वं नटः नान्दीं करोति । अथवा तत्पश्चात्

## बालक्रीडा

(मूल) जब कि चारों दिशाओं में परिवर्त्तन भ्रमण करते हुए अभिनेता गण लोकपालों की वन्दना करते हैं इस लिए यह परिवर्त्तन है ॥२३॥

(मूल) आशीर्वाद से हितप्रार्थनामयमंगलकारी वचनों से संयुक्त देव द्विज नृप एवं गुरु वगैरह की स्तुति का जब कि नित्य प्रयोग किया जाता है अतः इसकी नान्दी संज्ञा है नाम है ॥२४॥

यस्मादिति । जिससे इस अवसर पर यदि प्रत्याहारादि का प्रयोग कर्त्तव्य है तब उसको पूर्वरंग के समय पर करना चाहिए यह अनुवाद हो जायगा । क्योंकि क्रम तो सिद्ध ही है । नान्दिपाठका इति । यहाँ नान्दी पद से नान्द्युपलक्षित पूर्वरंग का ग्रहण किया है । उस पूर्वरंग के क्रम के द्वारा ही पुराने कवि लोग लिखते हैं कि नान्दी के प्रयोग मंगलगान के करने के बाद में सूत्रधार ने पूर्वरंग किया ॥२२॥

अहरहः प्रतिदिन जब २ प्रयोग का आरम्भ होगा तब २ नान्दी करनी चाहिए । इसलिए वह नित्य है और इसी रूप में है । अन्य पाठ्य उत्थापनादि की प्रयोग के अनुसार अन्यथा भी उपपत्ति दिखाई पड़ती है । किन्तु नान्दीपाठ की उपपत्ति अन्यथा नहीं है । ऐसा नित्य शब्द का अभिप्राय है । देवद्विजनृपादीनां में उपात्त आदि से प्रेक्षापति वगैरह का ग्रहण है । इसी नान्दी का भारती के अंगों के निरूपण के समय में प्ररोचना नाम से जया अभ्युदयिनी मंगल्या यह है इत्यादि के द्वारा करेंगे । यहाँ तो वह नान्दी है और वहाँ पर वह प्ररोचना

अत्र शुष्काक्षरैरेव ह्यवकृष्टा ध्रुवा यतः ।
तस्माच्छुष्कावकृष्टेयं जर्जरश्लोकदर्शिका ॥२५॥

### अभिनवभारती

नन्वेवं वर्धमान गीतकविधेः प्रथमाङ्गानन्तरमन्याङ्गमध्येऽपि च पूर्वरंगे चित्रेऽपि भावात्सङ्ख्याया अनवस्थानं न पदेऽपतदिति न पुनर्गणनार्हमिति न दोषः इति केचिदाहुः ॥ २४ ॥

शुष्कावकृष्टैवादिष्टा । असावेव च लक्षिता । अवकृष्टायास्त्वनुवादद्वारेण लक्षणं मन्तव्यम् । अन्यथा वक्ष्यमाणं

"शुष्कायामवकृष्टायां प्रीता नागा भवन्ति हि ।
तथा शुष्कावकृष्टायां प्रीतः पितृगणो भवेत् ॥" (ना. शा. ५.५०)

इति. तथावकृष्टाया लक्षणं—

"मुखप्रतिमुखोपेता ह्यवकृष्टा विधीयते ॥" (ना शा. ३२.१२) इति तालविधिः
अन्यभावेषु कृष्टाच कृष्टहेतुषु गीयते ।
यस्मात्कारुण्यसंयुक्ता ह्यवकृष्टा भवेत्ततः ।" (ना. शा. ३२.१२)

### मधुसूदनी

रंगद्वारं करोति । उभयथा विधानं वर्तते । किन्तु तत्र पुराणाः प्राक्तनाः कवयः नान्द्यन्ते सूत्रधारः इति लिखन्ति । नान्द्याः अन्ते समीपे सूत्रधारः प्रयोक्ष्यति । नान्द्या अन्ते पश्चात् सूत्रधार इदं प्रयोजितवान् । इतः प्रभृति कविः प्रयोजयति ॥२४॥

मुखेति । शीर्षकादिषट्प्रकारा ध्रुवा ३२।३२९ पद्ये वक्ष्यते । तत्रैका अवकृष्टा । सा च । मुखं प्रतिमुखं चेति आसारितस्य भेदद्वयम् । ताभ्यामुपेता भवति । मिताक्षराणि एतस्यां प्रधानं तदनुगामि सूचनीयं स्यात् । इति ।

### बालक्रीडा

(मूल) जब कि यहां रंगस्थली में शुष्क अर्थ रहित अक्षरों से अवकृष्ट ध्रुवा की जाती है अतः यह शुष्कावकृष्टा है जो कि जर्जर श्लोकों की दर्शिका है अथवा जर्जर नाट्य-विघ्नों के शामक देवता के यश की बोधिका है ज्ञापिका है ।।२५।।

होगी । यहां नान्दी पदों के अन्दर यानी अवधि में क्रियमाण चित्र पूर्वरंग में प्रयोज्य वर्धमान है वह पंचम अंग गिना जाता है ।

कोई तो इस विषय में ऐसा प्रश्नोत्तर करते हैं कि इस प्रकार वर्धमान गीतक विधि का प्रयोग प्रत्याहार रूप प्रथम अंग के अनन्तर अन्य अंगों के मध्य में भी या चित्र पूर्वरंग में भी होता है अतः अंगों की संख्या के अनवस्थान का पद में पतन नहीं हुआ अर्थात् क्रम ठीक सम्पन्न नहीं हुआ अतः पुनः गणना के योग्य नहीं होने से दोष नहीं है ।।२४।।

शुष्कावकृष्टा का ही आदेश दिया है और उसी का लक्षण भी किया है । अवकृष्टा का तो अनुवाद के द्वारा लक्षण माना गया है । अन्यथा आगे जो कहेंगे कि—अवकृष्टा के

## अभिनवभारती

इति। तन्निर्विषं स्यात्। वाक्यार्थगानेतिकर्तव्यताविधिवृत्तस्वरूपं शम्यादेर्योजनं चाग्रेऽस्या वक्ष्यते। एकैव तत्रावकृष्टात्वसामान्यात्। एवं पृथगवगते क्रमप्राप्ते द्वे। शुष्कावकृष्टेयमिति। असाववकृष्टा ध्रुवा। तस्माच्छुष्कावकृष्टा। आह हि यस्मात्। अत्रेति अस्याङ्गतायाम्। यत ईदृश्येव अवकृष्टा या समस्तवल्लक्षणो-पेता केवलं शुष्कैरक्षरैरनर्थकैः झण्टुमाद्यैः प्रयोज्या। इयं जर्जरश्लोकदर्शिका। तदेतस्यां प्रयुक्तायां तदनन्तरं नाट्यम्।

अन्ये त्वेकस्यामेव ध्रुवायां शुष्कत्वावकृष्टत्वधर्मद्वयविषयोऽयं "युक्तायामप-कृष्टायाम्" इति श्लोको भविष्यतीति मन्यन्ते। उपाध्यायास्तु शुष्कायामवकृष्टा-यामेवान्तर्भूतं फलं वक्ष्यते। अत्र तु शुष्कैव लक्ष्यते। अनेन च लक्षणेनावकृष्टापि सूचिताऽत्रेति इयमिति च पदाभ्याम् ॥ २५॥

## मधुसूदनी

अन्येति। यस्माद्धेतोः कष्टहेतुषु। शृंगारादिभ्यः अन्येषु भावेषु चित्तवृत्तिषु अवसादरूपेषु, मान्थर्यकारणेषु विप्रलम्भभयानकादिषु व्यभिचारिभूतेषु निर्वेद-ग्लानिशमचिन्ताप्रभृतिषु कृष्टा अवकृष्टा भवति। किं कारणमत आह— यस्माद् हेतोः कारुण्ये सम्यग्युक्ता उचिता अवकृष्टा भवेत्। पृथगिति। अवकृष्टेति शुष्कावकृष्टेति रूपेण क्रमशः प्राप्ते क्रमप्राप्ते पृथगवगते द्वे। तत्रोभयत्रावकृष्टात्वरूपात्सामान्यात् साधारणधर्मात् एकैव। यतः ईदृश्येव अवकृष्टा ध्रुवा शुष्काक्षरैरनर्थकैः झण्टुमाद्यैः प्रयोज्या तस्मात् समस्तवल्लक्षणोपेता समस्तैः शुष्कावकृष्टाया लक्षणैरुपेता शुष्कावकृष्टा एव। इयं जर्जरसम्बन्धिनः श्लोकस्य यशसो दर्शिका। तस्मादेतस्यां प्रयुक्तायां सत्याम् ॥२४॥

## बालक्रीडा

प्रयोग करने पर नाग प्रसन्न होते हैं। तथा शुष्कावकृष्टा के प्रयोग में पितर लोग प्रसन्न होते हैं। और अवकृष्टा का लक्षण—मुख एवं प्रतिमुख से युक्ता अवकृष्टा होती है। क्योंकि शृंगारादि सुखमय भावों से अन्य अवसाद रूप भाव चित्तवृत्तियों में, मान्थर्य के कारण विप्रलम्भ एवं भयानकादि में एवं निर्वेद, ग्लानि, शंका तथा चिन्ता प्रभृति व्यभिचारी भावों में कृष्टा अवकृष्टा का प्रयोग होता है। इसका कारण है कि कारुण्य यानी दुःखद घटनाओं में अवकृष्टा ही युक्त उचित होती है। यह सब कथन निर्विषय हो जायगा।

इस प्रकार क्रमशः प्राप्त अवकृष्टा एवं शुष्कावकृष्टा रूप से पृथक् दो अवकृष्टायें अवगत हुई। उन दोनों में अवकृष्टत्व रूप साधारण धर्म के रहने के बदौलत वे दोनों एक ही हैं। जब ऐसी ही अवकृष्टा ध्रुवा शुष्क अनर्थक अक्षर झण्टुमादि से प्रयोज्य हैं अतः शुष्कावकृष्टा के समस्त लक्षणों से ओतप्रोत होने से शुष्कावकृष्टा यह है। यह जर्जर विघ्न-नाशक देवता के यश की दर्शिका है। इस कारण से इसका प्रयोग करने के बाद नाट्य का अभिनय ही करना चाहिए। इसके उपयोगी वाक्यार्थ का गान, इतिकर्तव्यता की विधि, वृत्तों का स्वरूप एवं शम्यादि की योजना आगे कहेंगे।

**यस्मादभिनयस्त्वत्र प्रथमं ह्यवतार्यते ।**
**रङ्गद्वारमतो ज्ञेयं वागङ्गाभिनयात्मकम् ॥२६॥**
**शृङ्गारस्य प्रचरणाच्चारी सम्परिकीर्तिता ।**
**रौद्रप्रचरणाच्चापि महाचारीति कीर्तिता ॥२७॥**

### अभिनवभारती

अभिनीयत इत्यभिनयो रूपकविशेषः । सोऽवतार्यते संक्षेपेण तस्यार्थप्रयोजनादिनिरूपणं पाठ्यद्वारेण तथैव चाभिनयः क्रियते यत्र तद्रङ्गस्य भाविनो रूपकस्य द्वारमिव रङ्गद्वारमुत्थापनाङ्गे सामान्येन नाट्यमुत्थापितम् । इह तु रूपकविशेषेणेति भेदः ॥ २६ ॥

शृङ्गारस्येति । शृङ्गारप्रधानं भगवतो महादेव्या सह यत्र चरितं वर्ण्यते काव्ये च तत्स्तुतिरूपेण तदेव यत्राङ्गहारचार्यादिना प्रदर्श्यते सा चारी । भगवतस्त्रिपुरमर्दनादीव गीतं रौद्ररसभूयिष्ठं यत्र काव्ये वर्ण्यते स्तुतिरूपेण, तत्र तदुचितैरेवोद्धतैर्मण्डलाङ्गहारैः प्रयुज्यते सा महाचारी ॥ २७ ॥

### बालक्रीडा

(मूल) क्योंकि यहां सूत्रधार के द्वारा किये जाने वाले मंगल में प्राधान्य से अर्थात् मंगल के द्वारा अभिनय का अवतरण आरंभ किया जाता है अतः इसको वाचिक एवं आंगिक अभिनयों की आत्मा रंगद्वार समझना चाहिए । अर्थात् रंगभूमि में क्रियमाण अभिनय का आरम्भ समझना चाहिए ॥२६॥

(मूल) शृंगार का प्रचार कर देने से चारी कहाती है । रौद्र का प्रचार कर देने से महाचारी कही जाती है ॥२७॥

अन्य लोग तो मानते हैं कि इस एक ही ध्रुवा में शुष्कत्व और अवकृष्टत्व दो धर्मों का प्रतिपादक यह "युक्तावामापकृष्टायाम्" श्लोक होगा । उपाध्याय जी तो मानते हैं कि शुष्का अवकृष्टा में ही इसका भी फल अन्तर्भूत है ऐसा कहेंगे । किन्तु यहाँ पर शुष्का का ही लक्षण कहते हैं । इसी लक्षण से युक्त अवकृष्टा की भी सूचना अत्र और इयम् पदों से कर दी गई है ॥२५॥

जिसका अभिनय किया जाय वह अभिनय रूपक विशेष है । उसका अवतरण करते हैं अर्थात् संक्षेप से उसके अर्थ प्रयोजन वगैरह का निरूपण करते हैं और उसी प्रकार पाठ्य के द्वारा अभिनय जहाँ करते हैं । वह रंग मानो भावी रूपक के द्वार की तरह द्वार होने से रंग द्वार है । उत्थापनाख्य अंग में सामान्य तौर से नाट्य का उत्थापन होता है । और यहाँ रूपक विशेष से । बस यही इन दोनों में भेद है ॥२६॥

शृंगारस्येति । जिस स्तुतिप्रधान काव्य में महादेवी पार्वती के चरित के साथ भगवान् शिव के शृंगार प्रधान चरित का स्तुति के रूप में वर्णन किया जाता है उसी चरित को जहाँ अंगहार चारी आदि के द्वारा दिखाते हैं वह चारी कहलाती है । और जिस काव्य

विदूषकः सूत्रधारस्तथा वै पारिपार्श्वकः ।
यत्र कुर्वन्ति सञ्जल्पं तथापि त्रिगतं मतम् ॥२८॥
उपक्षेपेण काव्यस्य हेतुयुक्तिसमाश्रया ।
सिद्धेनामन्त्रणा या तु विज्ञेया सा प्ररोचना ॥२९॥

अभिनवभारती

विदूषक इति । पारिपार्श्विकयोरन्यतरो विदूषकवेषभाषाचारो विदूषकः । सञ्जल्पो भविष्यन्नाटकादिविशेषो यद्यप्युक्तः तथापि तद्विशेषो नागानन्दादिभिः विवक्षित इत्यपौनरुक्त्यम् । स एव काव्योपक्षेपस्त्रिषु समायत्तत्वात्त्रिगतशब्देनोक्तः ॥ २८ ॥

तेन काव्योपक्षेपेण हेतुभूतेन तद्विषये सामाजिकानां या आमन्त्रणा निमन्त्रणं सिद्धेन सिद्ध्योपलक्षितमित्यर्थः । यस्मात्खल्वतः प्रीत्युत्पत्तिर्भविष्यति तस्मादव-

बालक्रीडा

(मूल) सूत्रधार पारिपार्श्वक एवं विदूषक तीनों मिलकर जहाँ वार्तालाप करते हैं वह त्रिगत माना गया है ॥२८॥

(मूल) काव्य यानी कविनिबद्ध अभिनेय वस्तु के उपक्षेप उपस्थापन के द्वारा हेतु की योजना करके जो सिद्धि से उपलक्षित सामाजिकों का निमन्त्रण है उसे प्ररोचना समझना चाहिए ॥२९॥

में भगवान् के रौद्ररस भूयिष्ठ गीत की तरह भगवान् के द्वारा किये गए त्रिपुरमर्दनादि का स्तुति के रूप में वर्णन करते हैं। उसी त्रिपुरमर्दनादि के त्रिपुरमर्दन के उचित उद्धत मण्डल अंगहारों से प्रयोग किये जाने पर महाचारी कहलाती है ॥२७॥

विदूषक इति । दो पारिपार्श्विकों में से कोई एक पारिपार्श्विक विदूषक के अनुसार वेष पहिनता है उसकी तरह भाषण करता है और उसी के जैसा आचरण करता है तब वह विदूषक कहलाता है । भविष्य में जो नाटक खेला जायगा उस नाटक विशेष को बतलाना संजल्प है जो कि पहिले यद्यपि "नाटकस्य कवेश्चैव नाम संकीर्त्तयेत्ततः" इत्यादि रूप से कह दिया गया है तथापि वह विशेष, नागों को फन्द से छुड़ाकर आनन्द के देने का रूपण जहाँ किया गया हो वह नागानन्द नाटक है । अभिज्ञान चिन्ह (अंगुलीयक) से याद कर के शकुन्तला का ग्रहण करने का रूपण जहाँ किया गया हो वह अभिज्ञान शाकुन्तल नाटक है । इस रूप से विवक्षित है अतः पुनरुक्ति नहीं है । इस तरह का वह संजल्प ही काव्य का उपक्षेप है अर्थात् नाटक के निर्माता कवि के नाम का निर्देश एवं नाटक के मूल भूत अंश की चर्चा करना है । यह सूत्रधार पारिपार्श्विक एवं विदूषक या नटी इन तीनों के समायत्त अधीन है अतः इसको त्रिगत शब्द से कहा है ॥२८॥

उस हेतु भूत अर्थात् नाटक को देखने के लिए सामाजिकों की प्रवृत्ति के कारण भूत काव्य के उपक्षेप से नाटक के विषय में देखने के लिए सिद्धि से उपलक्षित सामाजिकों का

## अभिनवभारती

लोक्यतामेतदिति सा प्ररोचना प्रकृष्टरुचिहेतुभूतत्वात्। न च तद्वचनात्प्रवृत्तिर्भवतीत्यह—हेतुयुक्तीति। हेतोर्या युक्तिर्योजना संक्षेपेणाभिधानं तन्निमित्तमस्या इति।

एवमेतानि बहिर्यवनिकाङ्गान्यपि दश दृष्टफलान्येव। तथा हि गीतकवर्धमानान्युपजीव्य ध्रुवागानं नाट्यमिति प्रकृतेरुपजीव्यत्वादवश्यं प्रथमं बुद्धौ कर्तव्यम्। ततोऽपि यदारभ्यते तदा बुद्धौ निवेश्यं तावत्सामान्येन। ततः सदाचारपालनाय देवतावन्दनम्। ततः परमाशीर्वादनमभिमुखीकरणार्थम्। ततोऽपि शङ्क्यमानविघ्नशान्त्युपकरणीभूतस्योत्तेजनम्। ततोऽपि विशेषेण प्रयोक्तव्यानुसन्धानम्। ततोऽपि शृङ्गारवीरयोः सर्वत्र रञ्जकपरमपुमर्थताप्रकर्षादुपक्षेपः। तदपि नाट्यविनेयसुकुमारजने स्वच्छन्दतः सर्वरञ्जकहास्यप्राधान्येन काव्यविशेषे भवदभिधेयानुसन्धानम्। तस्यापि प्रयोजननिरूपणम्।

एवं यथा शास्त्रं (प्रमाय) कुर्वतामादिवाक्यपरिग्रहो लौकिकस्य वा कर्तव्यविषयमनुसन्धानं तथैव नाट्यारम्भे गीतकपिण्ड्यादिप्ररोचनान्तं (कर्म) लौकिकानुसार्येव।

## बालक्रीडा

आमन्त्रण है निमन्त्रण है। क्योंकि उस वस्तु से आप लोगों को प्रसन्नता होगी इसलिए आप लोग इसको देखिये इस तरह की वह प्ररोचना है जो सामाजिकों की प्रकृष्ट रुचि का कारण है। कवि एवं नाटक के नामादि के कथन से ही सामाजिकों की प्रवृत्ति हो जायगी ऐसा नहीं कह सकते हैं इसमें हेतु देते हैं—हेतुयुक्तीति। हेतु की जो युक्ति योजना संक्षेप से कथन वही सामाजिकों की प्रकृष्ट रुचि का निमित्त है।

इस प्रकार ये दस बहिर्यवनिका के अंग भी दृष्ट फल वाले ही हैं। उसको स्पष्ट करते हैं तथाहि—वर्धमान गीतक का उपजीवन करके नाट्य सम्बन्धी ध्रुवा का गान किया जाता है अतः प्रकृति नाट्य में यह उपजीव्य है आधार है। इसलिए अवश्य उसको प्रथम ही बुद्धि पूर्वक करना है। इसलिए जब नाटक के आरम्भ करने का अवसर हो उस समय उसको सामान्य तौर से बुद्धि में रख लेना चाहिए यानी बुद्धि से निश्चय कर लेना चाहिए कि इसको ऐसा करना है। जैसे सदाचार का पालन करने के लिए देवताओं का वन्दन। उसके बाद अभिमुखीकरण के लिए परमाशीः का कथन, उसके पश्चात् आशंकित विघ्नों के शमन के लिए उपकरणों का उत्तेजन यानी सावधान हो जाना। उसमें भी विशेष रूप से प्रयोक्तव्य कथानक का अनुसन्धान। उसमें भी शृंगार और वीर रसों का उपक्षेप, क्योंकि ये रस सभी जगह सभी के उपरंजक हैं अतः परमपुरुषार्थ में उनका प्रकर्ष है। वह भी नाट्य से विनेय सुकुमार जनों के लिए और स्वच्छन्दता से सब जनों को खुश करने के लिए मजाक की प्रधानता से बनाये गये काव्य विशेष में कथानक का अनुसन्धान तथा उसके भी प्रयोजन का निरूपण। इत्यादि।

इस प्रकार शास्त्र को प्रमाण मान कर शास्त्र के अनुसार कार्य करने वालों के आदि वाक्य का परिग्रह अथवा लोक को समझ कर उसके अनुसार कार्य करने वाले के कर्तव्य विषय का अनुसन्धान जैसे होता है उसी प्रकार नाट्य के आरम्भ में गीतक एवं पिण्डी का

अतः परं प्रवक्ष्यामि ह्याश्रावणविधिक्रियाम् ।
बहिर्गीतविधौ सम्यगुत्पत्तिं कारणं तथा ॥३०॥
चित्रदक्षिणवृत्तौ तु सप्तरूपे प्रवर्तिते ।
सोपोहने सनिर्गीते देवस्तुत्यभिनन्दिते ॥३१॥

## अभिनवभारती

नात्र कस्यचिदङ्गस्य शास्त्रीयसामर्थ्यलक्ष्यत्वादि चोदनीयम् । सुकुमारजनविषयत्वादस्य प्रयोगस्य । तस्मान्नालौकिकं किञ्चिदेतत् । केवलं नाट्यस्य रचनाप्राधान्याद्वैचित्र्येण योजनीयमदृष्टसम्पत्तये चेति मन्तव्यमित्यलं बहुना । २९ ॥

ननु भवत्येवम् । किन्त्वारम्भाश्रावणादौ बहिर्गीतशब्दस्वरूपम् । कोऽत्र पदार्थः । तदयमर्थः—तेषामाश्रावणादीनां विधौ क्रियां प्रयोगरक्षात्मिकां बहिर्गीतशब्दस्य च वाचकत्वेन विधाने उत्पत्तिं बहिर्गीतस्य च विधौ प्रयोगे प्रयोजनरूपं कारणं वक्ष्यामि ॥३०॥

एतत्पुराकल्पद्वारेणाह—चित्रेत्यादिना "बहिर्गीतमिति स्मृतम् ।" इत्यन्तेन श्लोकदशकेन (५-४१)। गीतवाद्योभयप्रधानाः क्रमेण चित्रादयो गीतिमार्गाः ।

## बालक्रीडा

(मूल) अब इसके बाद आश्रावण की विधि के विषय में क्रिया की पद्धति के बारे में रक्षात्मक अनुष्ठान को तथा बहिर्गीत की विधि के विषय में अर्थात् बहिर्गीत शब्द किस अर्थ का वाचक है इस तरह बहिर्गीत शब्द की उत्पत्ति को तथा बहिर्गीत के कारण अर्थात् किस मतलब से बहिर्गीत का प्रयोग किया जाता है इस तरह उसके प्रयोग के उद्देश्य को कहूंगा ॥३०॥

आरम्भ कर के प्ररोचना पर्यन्त सभी कर्म लौकिक एवं शास्त्रीय रीति के अनुसार ही हैं। यहाँ यह नहीं कहना है कि यह कर्म किसी अंग के सामर्थ्य से लक्ष्य है एवं व्यंग्य है। क्योंकि यह प्रयोग सुकुमार मति वाले विनेय जनों के लिए किया जाता है उनकी लक्ष्य एवं व्यंग्य तक पहुँचने की सामर्थ्य कहाँ है। अतः इसमें कुछ भी अलौकिक नहीं है। इतनी बात अवश्य है कि नाट्य में रचना की प्रधानता है अतः उसका प्रयोग विचित्रता के साथ करना चाहिए और अदृष्ट फल देवता परितोष की सम्पत्ति के लिए यह प्रयोग है ऐसा मानना चाहिए। बस अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है ॥२९॥

अच्छा। यह ऐसा ही होता है मान लेते हैं। किन्तु आरम्भ एवं आश्रावणा वगैरह में जो बहिर्गीत है वह शब्द स्वरूप है, उस गीत का अर्थ क्या है। नाटकीय कथानक से क्या सम्बन्ध है। इसलिए यहाँ यह अर्थ करना चाहिए कि उन आश्रावणा प्रभृति के विधान में प्रयोग और उसकी रक्षा रूप क्रिया तथा बहिर्गीत शब्द किसी अर्थ विशेष के वाचक के रूप से विधान में उत्पत्ति एवं बहिर्गीत के विधान प्रयोग में प्रयोजन रूप कारण को कहूँगा ॥३०॥

**नारदाद्यैस्तु गन्धर्वैः सभायां देवदानवाः ।**
**निर्गीतं श्राविताः सम्यग्लयतालसमन्वितम् ॥३२॥**

अभिनवभारती

चित्रदक्षिणसहिता वृत्तिरिति मध्यमपदलोपी समासः। तद्विषयं, यत्सप्तरूपं सहोपोहन-प्रत्युपोहनैः, निर्गीतेन च "आश्रावणा तथारम्भः" इत्यादिना (ना. शा. २९.८०) एकोनत्रिंशेऽध्याये वक्ष्यमाणेन सहितं, देवस्तुत्या च वाच्यभूतयाऽभितो नन्दितं समृद्धं तस्मिन्प्रवर्तिते प्रयुक्ते सति तद्गानं गीयमानं सुखजनकमपि श्रुत्वा दैत्याः क्षुभिताः। कुतः इत्याह—देवैरहो रम्यं साधु साध्वित्यादिभिः स्तुतिभिरभिनन्द्यमानं यतः। तुरप्यर्थः ॥३१॥

केन वा प्रवर्तितं तदित्याह नारदाद्यैरिति तदधिष्ठितैरित्यर्थः। तदिति सप्तरूपम् (ना. शा. ३१.२५)। लयो द्रुतादिः। तालः शम्यादिविशिष्टः त्र्यश्रश्चतुरश्रो

बालक्रीडा

(मूल) सप्तरूप की ध्रुवा संज्ञा है। गाने और बजाने में जो गुण एवं प्रधान भाव का व्यवहार है उसे वृत्ति कहते हैं। कभी गाना प्रधान है तो बजाना गुण है। कभी बजाना प्रधान है तो गाना गुण है। यह व्यवहार गीत में तीन प्रकार का है। जैसे—चित्र, दक्षिण एवं वृत्ति। उपोहन उसे कहते हैं जिससे स्वरों का ऊह किया जाता है क्योंकि स्वरों के ऊहन करने से ही गीत का प्रवर्तन आरम्भ होता है। निर्गीत और बहिर्गीत ये दोनों समानार्थक हैं। इनमें प्रचुर गायन होता है। ये सब पारिभाषिक शब्द हैं।

सोपोहन अर्थात् स्वरों के ऊहापोह के साथ किये गये तथा देवताओं की स्तुति से सब तरफ से नन्दित समृद्ध गाने के चित्र दक्षिण एवं वृत्तिरूप व्यवहारों में ध्रुवा के आरम्भ कर देने पर सभा में नारदादि गायकों ने उचित लय एवं ताल से समन्वित प्रचुर गाने देवता एवं दानवों को सुनाये ॥३१॥३२॥

इसी तथ्य को इतिहास के द्वारा चित्रेत्यादि बहिर्गीतं पर्यन्त दश श्लोक से कहते हैं।

दक्षिणावृत्तिचित्राख्य वृत्तयस्तास्त्रयं विधिः।
प्रधानं गीतमुभयं वाद्यं चेति यथाक्रमम्।

यह दत्तिल आचार्य का कथन है। इसके अनुसार कभी गीत, कभी वाद्य एवं कभी दोनों प्रधान जहाँ रहें ऐसे क्रमशः चित्र दक्षिण और वृत्ति नामक गीति के मार्ग हैं। चित्र एवं दक्षिण के सहित वृत्ति ऐसा सहितरूपमध्यमपद लोपी समास है। तद्विषय अर्थात् उन मार्गों के अनुसार उपोहन और प्रत्युपोहन के तथा वक्ष्याम्यहमतः परं निर्गीत विधानसमवायम् आश्रावणा तथारम्भ इत्यादि २९वें अध्याय में वक्ष्यमाण निर्गीत के सहित और वाच्यभूत देव स्तुति से अभितः नन्दित समृद्ध जो सप्तरूप ध्रुवा। उसके प्रवर्तित प्रयुक्त होने पर सुख के जनक भी गान को सुनकर दैत्य लोग क्षुब्ध हो गये। क्यों वे क्षुब्ध हो गये इस पर कहते हैं कि देवताओं के द्वारा अहो रमणीय है अच्छा है अच्छा है इत्यादि स्तुतियों से वह अभिनन्दित

तच्छ्रुत्वा तु सुखं गानं देवस्तुत्यभिनन्दितम् ।
अभवन्क्षुभिताः सर्वे मात्सर्याद्दैत्यराक्षसाः ॥३३॥
सम्प्रधार्य च तेऽन्योन्यमित्यवोचन्नवस्थिताः ।
निर्गीतं तु सवादित्रमिदं गृह्णीमहे वयम् ॥३४॥
सप्तरूपेण सन्तुष्टा देवाः कर्मानुकीर्तनात् ।
वयं गृह्णीम निर्गीतं तुष्यामोऽत्रैव सर्वदा ॥३५॥

### अभिनवभारती

मिश्रञ्च ( ३२।३३ )। सम्प्रधार्येत्यनेन परितोष्टव्यमन्यैस्त्वत्रेति। स्थितिं कृत्वावस्थिताः। इति शब्दसूचितमुच्यमानं निर्दिशति—निर्गीतमिति। वादित्रं तद्गतं शुष्काक्षरं वीणावाद्यम् ॥ ३४ ॥

ननु किं तस्य ग्रहणे निमित्तमित्याह—तुष्याम इति। स्तुतिकीर्तनाभावेऽप्याभिमानिकेन परितोषेणेत्यर्थः। दृष्टो ह्यभिमानकृतः प्रीतौ विशेषो यथा राजाकर्णनेऽपि ॥ ३५ ॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) देवताओं की स्तुति से अभितः नन्दित समृद्ध अत एव सुनकर उस ध्रुवायुक्त गान को सुनकर मात्सर्य से देवताओं के उत्कर्ष के बारे में द्वेष से उपद्रुत हुए सभी दैत्य एवं राक्षस लोग क्षुब्ध हो गये ॥३३॥

(मूल) उन दैत्य एवं राक्षसों ने प्रतीकार की बुद्धि से विचार करके और दृढ़ता की स्थिति बनाकर परस्पर में इस प्रकार कहा कि वाद्यों के सहित इस गान को हमलोग ले लेते हैं ॥३४॥

(मूल) देवता लोग अपने कर्मों के अनुकीर्तनोद्दिष्टक सप्तरूप ध्रुवा से सन्तुष्ट हो गये। अतः हम लोग इस गान का ग्रहण करते हैं और इसी में सर्वदा सन्तुष्ट रहेंगे ॥३५॥

नन्द्यमान हैं इस मात्सर्य से वे क्षुब्ध हो गये। "तच्छ्रुत्वा तु" में उक्त तु का अर्थ अपि है। किसने इसको प्रवर्तित किया उसे कहते हैं नारदादि ने किया। ये उस गान के अधिकारी हैं। तच्छ्रुत्वा के तत् पद का अर्थ है सप्त रूप ध्रुवा। लय द्रुत मध्य एवं विलम्बित। ताल शम्यात्व, सन्निपातत्व एवं शम्यातालत्व से विशिष्ट चच्चत्पुट ताल। ये दो प्रकार के हैं। त्र्यस्र एवं चतुरस्र। मिश्र भेद अभिनवाचार्य के सम्मत है।

त्र्यस्रश्च चतुरस्रश्च स तालो द्विविधः स्मृतः।
द्विविधस्यापि तालस्य ह्येका प्रकृतिरिष्यते। ना. शा. ३१।७।३३।

संप्रधार्य इससे कहा कि औरों को इस विषय में सन्तोष करना चाहिए। स्थिति कर के अवस्थित हैं। इति शब्द से सूचित कथनीय का निर्देश करते हैं "निर्गीतम्" इति। वादित्र अर्थात् तद्गत शुष्काख्य वीणा वाद्य है ॥३४॥

ते तत्र तुष्टा दैत्यास्तु साधयन्ति पुनः पुनः ।
रुष्टाश्चापि ततो देवाः प्रत्यभाषन्त नारदम् ॥३६॥
एते तुष्यन्ति निर्गीते दानवाः सह राक्षसैः।
प्रणश्यतु प्रयोगोऽयं कथं वा मन्यते भवान् ॥३७॥
देवानां वचनं श्रुत्वा नारदो वाक्यमब्रवीत् ।
धातुवाद्याश्रयकृतं निर्गीतं मा प्रणश्यतु ॥३८॥
किन्तूपोहनसंयुक्तं धातुवाद्यविभूषितम् ।
भविष्यतीदं निर्गीतं सप्तरूपविधानतः ॥३९॥

## अभिनवभारती

तत्रेति निर्गीते । साधयन्ति । साधनं सिद्धं कुर्वते । ३६।३७ ।

धातुवाद्याश्रयकृतमिति धातवस्तन्त्रीविशेषाङ्गुलिविशेषसंयोगजा वैणस्वराः । दृष्टस्य रञ्जनस्य अदृष्टविशेषस्य च क्रमेण चतुष्टयपृथक्कृता विस्तारव्यञ्जनाविद्धकरण-संज्ञाः । धातुवाद्यं सप्तमेवलक्षणम् । तस्य यदाश्रयणं कृतमिति तेन हेतुना चित्रम् । तत्तादृशेन दृष्टादृष्टेन को गुणो न, तु अदृष्टेषु स्तुतिनिरूपणेषु यद्विधानं तेन हि पूर्व-मध्यान्तेषु प्रयुज्यमानेन वीणावाद्यं वैचित्र्यावकाशदायि । ३८।३९ ।

## बालक्रीडा

(मूल) वे दैत्य एवं दानव उस गाने को लेकर बड़े प्रसन्न हुए और बार २ कहने लगे कि अब हमारा कार्य सिद्ध हो गया या सिद्ध हो रहा है। इस प्रक्रिया से रुष्ट होकर देवगण नारद के प्रति बोले ॥३६॥

(मूल) ये राक्षसों के सहित दानव लोग गीत के विषय में यानी गीत को पाकर प्रसन्न हो रहे हैं। अतः इस गीत का प्रचार बन्द कर दिया जाय जिससे यह नष्ट हो जाय। इस पर आपको कोई आपत्ति नहीं है न। इसको आप कैसा मानते हैं ॥३७॥

(मूल) देवताओं के वचन को सुनकर नारद जी ने एक बढ़िया बात कही कि धातुओं के प्रकाशक वाद्यों के आश्रय से गाया जाने वाला यह गाना नष्ट नहीं होने पावे इस लिए प्रचार को बन्द मत करो किन्तु उपोहन से संयुक्त एवं धातुवाद्यों से विभूषित यह गाना सप्त रूप ध्रुवा के विधान से प्रचलित किया जाय ॥३८।३९॥

अन्यथा उस निर्गीत वादित्र के ग्रहण में निमित्त क्या है इस पर कहते हैं कि उस ग्रहण से हमें सन्तोष होता है। स्तुति कीर्तन के नहीं होने पर भी आभिमानिक परितोष होता है। अभिमान से यानी किसी तथ्य को मान लेने से भी प्रीति में वैलक्षण्य का होना देखा भी गया है। जैसे राजा को देखा या समझा नहीं है तब भी उसके सुनने से प्रीति होती है। तत्र माने निर्गीत में। साधयन्ति माने सिद्ध करते हैं ॥३६।३७॥

धातु वाद्य के आश्रय से किये हुए। इति। धातु का अर्थ है तंत्री विशेष पर अंगुली विशेष के संयोग प्रहार से उत्पन्न होने वाले वीणा के स्वर। जो जनरंजन रूप दृष्ट

निर्गीतिनावबद्धाश्च दैत्यदानवराक्षसाः ।
न क्षोभं न विघातं च करिष्यन्तीह तोषिताः ॥४०॥
एवं निर्गीतमेतत्तु दैत्यानां स्पर्धया द्विजाः ? ।
देवानां बहुमानेन बहिर्गीतमिति स्मृतम् ॥४१॥

अभिनवभारती

हृद्यतागतिकादिकन्यायादिगुणान्तरमप्याह—निर्गीतिनेति । अपद्मावखेलने अयत्नेन बालहेवाकपोषणन्यायेन बद्धाः स्वीकृता इत्यर्थः ॥ ४० ॥

एवमविनाशकारणं प्रतिपाद्य संज्ञानिर्वचनं रूपयति—एवमिति । निर्गीतमिति तावदाद्यं नाम । निरर्थकं गीतमिति । तत्तु गन्धर्वैर्बहिर्गीतमिति स्मृतम् । कुतो दैत्यानां स्पर्धयेति । तत्कृतोऽयं स्वीकारः । ततो हेतोः । ननु यदि स्वीकृतं ततः किमित्येषा संज्ञा कृता । अत आह—देवानामिति । देवकर्मकं बहुहुतयोत्कृष्टतया मननं तेन प्रयोजनभूतेन । वयं देवान्दानवेभ्यो बहुत्वेन मन्यामहे । तथा चेदं नाभ्यन्तरं, बाह्यं गीतमस्माभिर्गीयत इति तैरेव वेदितव्यमित्यर्थः ॥४१॥

बालक्रीड़ा

(मूल) सप्तरूप विधान से प्रचलित इस गाने में अबतक संलग्न होने से प्रसन्न हुए ये दैत्य, दानव एवं राक्षस न तो क्षोभ करेंगे अर्थात् कुपित होंगे और न कोई विघात मारपीट करेंगे या हानि करेंगे ॥४०॥

(मूल) इस प्रकार हे ब्राह्मणो ? निर्गीत निरर्थक अर्थात् किसी व्यक्ति विशेष के उद्देश्य के अभाव में अर्थ रहित यह गाना दैत्यों की स्पर्धा से एवं देवताओं के सम्मान में प्रचलित बहिर्गीत माना गया है ॥४१॥

विशेष और देव परितोषण रूप अदृष्ट विशेष के क्रम के अनुसार विस्तार, व्यंजन, आविद्ध एवं करण संज्ञा वाले हैं और जिनकी संख्या चार है। तथा जो पृथक् पृथक् हैं। सप्त भेद लक्षण अर्थात् सप्तरूप ध्रुवा लक्षण धातु वाद्य है। उसका आश्रय किया है अतः उस आश्रय रूप हेतु से आश्चर्यजनक है। इस तरह से दृष्टादृष्ट फल वाले इस धातु वाद्य से कौन गुण नहीं है कौन लाभ नहीं है अर्थात् सभी लाभ है। क्योंकि अदृष्ट के जनक देवता स्तुति के निरूपणों में जो विधान है उससे पूर्व मध्य एवं अंत में प्रयुज्यमान अतएव विचित्रता को अवकाश देने वाला यह वीणा वाद्य धातुवाद्य है ॥३८।३९॥

देव परितोष के सिवाय हृद्यता की आपाततः प्राप्ति स्वतः हो जाती है इस न्याय के अनुरूप अन्य गुण अन्य लाभ को भी कहते हैं—"निर्गीतिन" इति । अपद यानी वे मौके भी खेलने में बिना ही प्रयत्न के बालकों का हेवाक से पोषण होता है इस न्याय से बद्ध हैं अर्थात् स्वीकृत हैं ॥४०॥

इस प्रकार प्रयोग के अविनाश के हेतु को बतला कर अब संज्ञा का निर्वचन करते हैं एवमिति । निर्गीतम् यह पहला नाम है। इसका आशय है निरर्थक गीत। किन्तु उसको

**धातुभिश्चित्रवीणायां गुरुलघ्वक्षरान्वितम् ।**
**वर्णालङ्कारसंयुक्तं प्रयोक्तव्यं बुधैरथ ॥४२॥**

### अभिनवभारती

ननु सप्तरूप एव किमिदं प्रयोज्यम् । नेत्याह—धातुभिरिति । चित्रा नाट्योपरञ्जनार्था या वीणा तस्यामप्येवद्धातुभिरुक्तस्वरूपैः उपलक्षितं प्रयोज्यम् । कथम् । भाण्डवाद्ये गत्यर्थं यानि गुरूणि 'धृत् धृक' इत्यादिकानि । लघूनि "मट कट" इत्यादिकानि । तत्रान्वितं कृत्वा । अनेन भाण्डवाद्योपरञ्जकत्वमुक्तम् । तथा ध्रुवागाने ये स्थाय्यादयो वर्णा ये च प्रसन्नादिप्रभृतयोऽलङ्कारास्तत्र सम्यग्युक्तं संबद्धं कृत्वा । अनेन गानोपरञ्जकत्वं दर्शितम् । अथ शब्दोऽप्यर्थे । योजितः बुधैरिति योजनाकुशलैः ॥ ४२ ॥

### मधुसूदनी

चित्रवीणायामिति ।

सप्ततंत्री भवेच्चित्रा विपञ्ची तु भवेन्नव
कोणवाद्या विपञ्ची स्याच्चित्रा चाङ्गुलिवादना ।२९।११८ ॥४२॥

### बालक्रीडा

(मूल) धातुओं से चित्र अर्थात् बहुत सुन्दर ढंग से बनी हुई वीणा पर विद्वान् लोग गुरु एवं लघु अक्षरों वाले इस गाने को स्थायी एवं संचारी वर्णगत प्रसन्नादि अलंकारों से सजाकर गावेंगे ॥४२॥

गन्धर्वों ने बहिर्गीत शब्द से स्मरण किया है । क्यों ऐसा किया तो कहते हैं कि दैत्यों के साथ स्पर्धा होने के कारण ऐसा किया है । उन्हीं का स्वीकार किया हुआ है इसी कारण से अर्थात् ऐसा करने में ये हेतु हैं ।

अस्तु । जब उन्होंने इसको स्वीकार कर लिया तब "बहिर्गीत" यह नाम इसका क्यों किया इस पर कहते हैं कि "देवानाम्" इति । देवकर्मक जो बहुत उत्कृष्ट मनन है इस मतलब से । अर्थात् हम लोग देवताओं को दानवों की अपेक्षा बहुत उत्कृष्ट मानते हैं । तब इस आभ्यन्तर गीत का नहीं किन्तु बाह्य गीत का हम लोग गान करते हैं ऐसा उनको जानना चाहिए ॥४१॥

अच्छा यह तो बतलाइये कि क्या इसका प्रयोग सप्तरूप में यानी ध्रुवाओं में करना है । इस पर कहते हैं कि नहीं । धातुओं से प्रयोग करना है । चित्रा नाम की जो नाट्य के उपरंजन करने के लिए लाई गई वीणा है उसमें पहिले बतलाई गई विशेष प्रकार की तंत्री पर तारों पर विशेष प्रकार से अंगुलियों के प्रहार से जन्य वीणा के स्वर रूप धातुओं से उपलक्षित इसका प्रयोग करना चाहिए । कैसे प्रयोग करना चाहिए उसकी शैली क्या हैं । तब कहते हैं कि भाण्ड वाद्य में गति के लिए जो धृत् धृक इत्यादि गुरु अक्षर हैं और कट मट इत्यादि लघु अक्षर हैं उनको अन्वित कर के । इससे कहा कि भाण्ड वाद्य उपरंजक हैं ।

**निर्गीतं गीयते यस्मादपदं वर्णयोजनात् ।**
**असूयया च देवानां बहिर्गीतमिदं स्मृतम् ॥४३॥**

### अभिनवभारती

ननु निर्गीतसंज्ञाऽस्य या पुराणी तत्र किन्निमित्तमित्याशङ्क्याह—निर्गीतमिति । पदमित्यर्थप्रत्यायकमित्यर्थः । वर्णा झंटुमादयः स्थाय्यादयश्च । ननु लक्षणाभ्यन्तर एव तदिति कथं बाह्यमित्याशङ्क्याह—असूयया चेति । तैर्यतोऽसूयितं बलाद्देवाविष्कृतबहुमानैः अतस्तदीयहृदयग्रहणायैवं व्याहृतम् । न च सर्वथा निर्निबन्धनमेवेदमिति दर्शयितुं चकारेणान्वर्थताप्यस्तीति सूचयति । गीयमानेभ्यः पदेभ्यः सार्थकेभ्यः पदेभ्यो बहिर्गीतमिति ॥ ४३ ॥

### मधुसूदनी

स्थाय्यादय इति ।

आरोही चावरोही च स्थायिसञ्चारिणौ तथा
वर्णाश्चत्वार एवैते ह्यलंकारास्तदाश्रयाः ।
स्थिराः स्वराः समा यत्र स्थायी वर्णः स उच्यते
सञ्चरन्ति स्वरा यत्र स सञ्चारीति कीर्तितः ।
प्रसन्नादिः प्रसन्नमध्यः प्रसन्नान्तः इत्यलंकाराः ।
सप्तैते स्थायिवर्णगाः । सचारिणश्चतुर्दश ।
आरोहे त्रयोदश । अवरोहिणः पंच । (२९।१४-२५) ॥४३॥

### बालक्रीडा

(मूल) दैत्यों के द्वारा देवताओं के साथ असूया करने के कारण वर्ण की योजना रहने पर भी अपद अर्थात् अर्थप्रत्यायक पद रहित अतएव निर्गीत अर्थरहित गीत का गायक लोग गान करते हैं। इस लिए यह गाना बहिर्गीत कहलाता है ॥४३॥

तथा ध्रुवा के गान में स्थायी एवं संचारी वर्ण हैं। और प्रसन्नादि प्रसन्नमध्य एवं प्रसन्नान्त अलंकार हैं उनको उनमें सम्यक् अच्छी प्रकार से युक्त सम्बद्ध कर के प्रयोग करना चाहिए। इससे यह दिखाया कि गाना जनता का उपरंजक है। अथ शब्द यहाँ अपि के अर्थ में प्रयुक्त है। बुधों ने, योजना करने में कुशलों ने इसका प्रयोग किया है ॥४२॥

प्रश्न—अच्छा। इसकी जो पुरानी निर्गीत संज्ञा थी उसका निमित्त क्या था। ऐसी आशंका कर के कहते हैं कि निर्गीतम्। पद माने अर्थप्रत्यायक। वर्ण माने झण्टु दिल्ले आदि और स्थायी एवं संचारी। प्रश्न—यह सब तो लक्षण के भीतर ही है बाह्य इनको कैसे कहते हैं ऐसी आशंका कर के कहते हैं कि असूया से भी। क्योंकि उन्होंने जबरन् मिथ्या अभिमान को प्रगट कर के असूया की गुणों को भी दोष माना अतः उनके हृदय को ग्रहण करने के लिए ऐसी संज्ञा कही ऐसा व्यवहार किया। किन्तु सर्वथा यह निर्निबन्धन निष्कारण नहीं है इसको दिखाने के लिए चकार से अन्वर्थता भी इसकी है यह सूचित कर दी कि गीयमान सार्थक पदों से बाह्य यह गीत है ॥४३॥

निर्गीतं यन्मया प्रोक्तं सप्तरूपसमन्वितम् ।
उत्थापनादिकं यच्च तस्य कारणमुच्यते ॥४४॥
आश्रावणायां युक्तायां दैत्यास्तुष्यन्ति नित्यशः ।
वक्त्रपाणौ कृते चैव नित्यं तुष्यन्ति दानवाः ॥४५॥
परिघट्टनया तुष्टा युक्तायां रक्षसां गणः ।
सङ्घोटनाक्रियायां च तुष्यन्त्यपि च गुह्यकाः ॥४६॥

### अभिनवभारती

एवमविनाशकारणं संज्ञानियोजननिमित्तं च तेनैव क्रमेणाभिधाय प्रतिजानीते—निर्गीतमित्यादिना। आश्रावणादि निर्गीतं सप्तरूपसमन्वितम् । इति गीतकविधिः । उत्थापनादिकमित्यवशिष्टं बहिर्यवनिकाङ्गम् । तस्य कारणं प्रयोजनम् ॥ ४४ ॥

तद्दर्शयति—आश्रावणायामित्यादिना भूतगणो भवेदित्यन्तेन श्लोकाष्टकेन प्रत्याहारादाश्रावणायामेवान्तर्भूतम् । अवधित्वादस्याः । कस्मिंश्चित्पुस्तके—

"प्रत्याहारे यातुधानाः प्रीयन्ते सह पन्नगैः ।
तुष्यन्त्यप्सरसस्तत्र कृतेऽवतरणे द्विजाः ॥
तुष्यन्त्यपि च गन्धर्वा आरम्भे सम्प्रयोजिते ।"

### मधुसूदनी

सप्तरूपेति । सप्तरूपग्रहणं सकलगान्धर्वोपलक्षणम् । गान्धर्वस्य सप्तस्वरैर्गीयमानस्यानन्त्यभेदैरुपलक्षितत्वात् ।४४।

### बालक्रीडा

(मूल) सप्तरूप यानी ध्रुवाओं से समन्वित इस गान को जो मैंने निर्गीत कहा और जो मैंने इसमें उत्थापनादिक कहे हैं उसका कारण कहता हूं ॥४४॥

(मूल) इस गाने में आश्रावणा का योग करने से दैत्य लोग अवश्य ही खुश होते हैं और वक्त्रपाणि के कर देने से दानव लोग सर्वदा तुष्ट होते हैं ॥४५॥

(मूल) परिघट्टना से युक्त ध्रुवा के कर देने से राक्षसगण प्रसन्न होते हैं और संघोटन की क्रिया से गुह्यक प्रसन्न होते हैं ॥४६॥

इस प्रकार प्रयोग के अविनाश के कारण और संज्ञा नियोजन के निमित्त को कह कर अब प्रतिज्ञा करते हैं कि निर्गीतम् इत्यादि से—यह यह आश्रावणादि निर्गीत हैं जो सप्तरूप ध्रुवा से समन्वित हैं। यह गीतक विधि है। बहिर्यवनिका के अंग उत्थापनादिक अवशिष्ट हैं। उसके कारण प्रयोजन को कहते हैं ॥४४॥

इसको आश्रावणायाम् यहाँ से भूतगणो भवेत् यहाँ तक के आठ श्लोकों से दिखाते हैं। प्रत्याहारादि आश्रावणा में अन्तर्भूत हैं। क्योंकि यह आश्रावणा अवधि है। यहाँ पर किसी पुस्तक में

मार्गासारितमासाद्य तुष्टा यक्षा भवन्ति हि ।
गीतकेषु प्रयुक्तेषु देवास्तुष्यन्ति नित्यशः ॥४७॥
वर्धमाने प्रयुक्ते तु रुद्रस्तुष्यति सानुगः ।
तथा चोत्थापने युक्ते ब्रह्मा तुष्टो भवेदिह ॥४८॥
तुष्यन्ति लोकपालाश्च प्रयुक्ते परिवर्तने ।
नान्दीप्रयोगेऽथ कृते प्रीतो भवति चन्द्रमाः ॥४९॥

अभिनवभारती

इति सार्धश्लोको दृश्यते याद‍ृच्छिकसम्प्रधारितपरिगृहबहुमानकृतः परितोषो विशिष्टविषयो मन्तव्यः ॥ ४५।४६ ॥

मार्गासारितशब्देनैकदेशेन सर्वमङ्गं लक्षितम् । आसारितशब्देनासारितविधिरिति समाहारद्वन्द्वेन द्वयोरङ्गयोः फलमेतन्निरूपितम् । देवाः इति ॥ ४७ ॥

रुद्र इति । तदीयकर्मस्तुतिः । एतच्च गीतकवर्धमानयोरन्यतरप्रयोगे वैकल्पिकं फलद्वयम् । ब्रह्मेति । प्रथमसृष्टिव्यापारः तत्र नाट्यं विषयः । स चात्र पुष्पाञ्जलिना पूज्यते (सूच्यते) ४८ । चन्द्रमा इति । "जितं सोमेन" इति (ना-

बालक्रीडा

(मूल) मार्गासारित को प्राप्त कर यक्ष आनन्दित होते हैं । गीतों के गाने में देवगण नित्य मस्त होते हैं ॥४७॥

(मूल) वर्धमानक गीत के प्रयोग में रुद्र को सन्तोष मिलता है । तथा उत्थापन के प्रसंग में ब्रह्माजी की प्रसन्नता होती है ॥४८॥

(मूल) परिवर्त्तन के प्रयोग से लोकपाल प्रसन्न होते हैं । नान्दी के प्रयोग करने पर चन्द्रमा प्रीति करते हैं ॥४९॥

प्रत्याहार नामक अंग के प्रयोग करने पर पन्नगों के सहित यातुधान प्रसन्न होते हैं । और हे द्विजो ! अवतरण के करने पर अप्सरायें तुष्ट होती हैं । आरम्भ के प्रयोग करने पर गन्धर्व लोग तुष्ट होते हैं । यह डेढ़ श्लोक अधिक दिखाई पड़ता है । अपनी इच्छा से निश्चय कर के परिगृहीत बहुमान को विशिष्ट विषयक मानना चाहिए । मार्गासारित इस एक देश वाची शब्द से सम्पूर्ण अंग का लक्षण हो गया । आसारित शब्द से आसारित की विधि प्राप्त हो जाती है इस तरह समाहार द्वन्द्व से इन दोनों ही अंगों के फल का निरूपण हो गया । देव एवं रुद्र यह इनकी कर्म से स्तुति है । यह मद्रक गीत एवं वर्धमानक गीत इनमें से किसी एक के प्रयोग में वैकल्पिक दो फल कह दिये । ब्रह्मेति । इससे प्रथम सृष्टि का व्यापार कहा है । उस व्यापार में नाट्य विषय है । उसकी सूचना पुष्पाञ्जलि से होती है । चन्द्रमा इति । सोम ने विजय किया । ऐसा नान्दी में पाठ है । नाथा इससे अवकृष्ट गति सूचित होती है । "जर्जरक" इति । शुष्कावकृष्टा रूप अंग का शेषभूत

युक्तायामवकृष्टायां प्रीता नागा भवन्ति हि।
तथा शुष्कावकृष्टायां प्रीतः पितृगणो भवेत् ॥५०॥
रङ्गद्वारे प्रयुक्ते तु विष्णुः प्रीतो भवेदिह।
जर्जरस्य प्रयोगे तु तुष्टा विघ्नविनायकाः ॥५१॥
तथा चार्यां प्रयुक्तायामुमा तुष्टा भवेदिह।
महाचार्यां प्रयुक्तायां तुष्टो भूतगणो भवेत् ॥५२॥
आश्रावणादिचार्यन्तमेतद्दैवतपूजनम्।
पूर्वरङ्गे मया ख्यातं तथा चाङ्गविकल्पनम् ॥५३॥

### अभिनवभारती

शा. ५-११०) नान्यां पाठात्। ४९। नागा इत्यवकृष्टगतिः। ५०। जर्जरस्येति। शुष्कावकृष्टालक्षणस्यैवाङ्गस्य शेषभूतो जर्जरस्तुतिप्रदर्शकः श्लोको वक्ष्यते "ततः श्लोकं पठेदेकम्" (ना. शा. ५-११८) इति। तस्येदं प्रयोजनं—विघ्नानां यो विनायको निवारयिता स तुष्टो भवति। तन्निवारणोपकरणसमुत्तेजनाद्विघ्नविनायका विरूपाक्षादयः ते विघातं न कुर्वन्तीति। सैव फलसाम्या तुष्टिरेषामिति। ५१। उमेति। तस्या एव स्वरूपकीर्तनात्। ॥५२॥

### मधुसूदनी

आश्रावणायामित्यादि पंचचत्वारिंशश्लोकादारभ्य भूतगणो भवेदिति द्विपञ्चाशत्तमपर्यन्तेन ।४५।५२।

### बालक्रीडा

(मूल) अवकृष्टा का योग नागाओं को प्रिय होता है। शुष्कावकृष्टा पितृगणों को प्रीतिकर होती है ।।५०॥

(मूल) रंगद्वार का प्रयोग करने में विष्णु प्रेम मानते हैं या करते हैं। जर्जर के प्रयोग में तो विघ्नों के निवारक नेतागण तुष्ट होते हैं ॥५१॥

(मूल) यहां चारी के प्रयोग पर उमा संतुष्ट होती हैं। महाचारी के प्रयुक्त होने पर भूत प्रेत एवं पिशाचगण तुष्ट होते हैं ॥६२॥

जर्जर की स्तुति के प्रदर्शक श्लोक को आगे कहते हैं—(ततः श्लोकं पठेदेकम्) उसके बाद एक श्लोक को पढ़े। इसका प्रयोजन यह है कि विघ्नों का जो विनायक है वह इनका निवारक है वह इस श्लोक के पढ़ने से तुष्ट होता है। विघ्नों के निवारण करने वाले उपकरण के समुत्तेजन से जो विघ्नों के विनायक विरूपाक्ष वगैरह हैं वे विघात नहीं करेंगे। किसी तरह की हानि नहीं करना ही इनकी तुष्टि है। क्योंकि उभयथा फलों में साम्य है। ऐसा कोई कहते हैं। उमा यह उसके स्वरूप का कीर्तन है स्तुति है ॥४६–५२ ॥

देवस्तुष्यति यो येन यस्य यन्मनसः प्रियम् ।
तत्तथा पूर्वरङ्गे तु मया प्रोक्तं द्विजोत्तमाः ! ॥५४॥
सर्वदैवतपूजार्हं सर्वदैवतपूजनम् ।
धन्यं यशस्यमायुष्यं पूर्वरङ्गप्रवर्तनम् ॥५५॥

## अभिनवभारती

एतत्सर्वमुपसंहर्तुमाह—आश्रावणादीत्यादि कृतानि त्वित्यन्तं श्लोकचतुष्टयम् । प्रत्याहारादीनामाश्रावणायामन्तर्भावः । चारीशब्देनेह महाचारी । त्रिगतप्ररोचनयोर्दृष्टैकं प्रयोजनमिति तात्पर्यम् । पूर्वरङ्ग इति । तदुपश्लिष्टमित्यर्थः । ख्यातमित्युद्देशेन । अङ्गानां चैषां विकल्पनं लक्षणमित्यर्थः । ५३ । देवस्तुष्यतीत्यादिना प्रयोजनोपसंहारः । मनसः प्रियमित्यभिमानपरिग्रहबलादित्यर्थः । ५४ ।

प्रशंसामस्य दर्शयति—सर्वदैवतैः पूजार्हं प्रशंसनीयम् । अत्र हेतुः यतो दैवतान्यनेन पूज्यन्ते । अत एव प्रेक्षापतिप्रयोक्तृप्रभृतीनामेव तत् । अनेषु यशस्यायुषि तत्साधु । तत्कारित्वात् । नह्यत्र कस्यचिदपि विरक्तिरिति ॥ ५५ ॥

## मधुसूदनी

आश्रेति त्रिपंचाशत्तमादि कृतानि त्विति षट्पंचाशत्तमान्तम् ।५३।५६।

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार पूर्वरंग के प्रसंग से यह आश्रावणादि से लेकर चारी पर्यन्त देवताओं का पूजन तथा अंगों के विकल्प भेद या अंगों की योजना मैंने कही ॥५३॥

(मूल) जो देवता जिससे तुष्ट होता है और जो देवता के मनको प्रिय है उस सबकों मैंने हे द्विजोत्तम ? पूर्वरंग के प्रसंग में आप लोगों को कहा ॥५४॥

(मूल) यह पूर्वरंग के प्रवर्तन आरम्भ की वेला सम्पूर्ण देवता की पूजा के उपयुक्त है अतः सब देवताओं का पूजन करना चाहिए । यह पूजन धन को देने वाला यश को करने वाला एवं आयु को बढ़ाने वाला है ॥५५॥

इस सब का उपसंहार करने के लिए कहते हैं —आश्रावणादि यहाँ से कृतानि तु यहाँ तक के चार श्लोकों को । प्रत्याहारादिका आश्रावणा में अन्तर्भाव है । चारी शब्द से यहाँ महाचारी का निर्देश है । त्रिगत एवं प्ररोचना का दृष्ट एक प्रयोजन है । इसमें तात्पर्य है । पूर्वरंग अर्थात् उससे सम्बद्ध । "ख्यातम्" यह उद्देश के अनुसार है । इन अंगों का विकल्प यानी लक्षण है ॥५३॥

देवता तुष्ट होते हैं यह प्रयोजन का उपसंहार है । मन का प्रिय अर्थात् जिसको प्रिय मान कर परिग्रह कर लिया है उसके बल पर कहा है ॥५४॥

इसकी प्रशंसा को दिखाते हैं—सम्पूर्ण देवताओं के पूजा के योग्य है प्रशंसनीय है । इसमें हेतु है कि इससे देवताओं की पूजा होती है । पूजा की जाती है । अतएव प्रेक्षापति

दैत्यदानवतुष्ट्यर्थं सर्वेषां च दिवौकसाम् ।
निर्गीतानि सगीतानि पूर्वरङ्गकृतानि तु ॥५६॥
[या विद्या यानि शिल्पानि या गतिर्यच्च चेष्टितम् ।
लोकालोकस्य जगतस्तदस्मिन्नाटकाश्रये ॥५७॥]

### अभिनवभारती

दैत्येति—निर्गीतं दैत्यादिकस्य तुष्टिकृत् । संगीतं च देवादीनाम् ॥५६॥

नन्वस्य लक्षणं कुतो ज्ञेयम् । यत इह तावन्नोक्तम् । न चाङ्गप्रसङ्गतः लक्षणमस्य पश्यामो वयम् । इत्याशङ्क्य प्रसङ्गादन्यत्र लक्षणं वक्ष्यामीति प्रसङ्गावकाशं दर्शयितुमाह—या विद्येति निर्गीतानामिति च । तेषां लक्षणं "तथा रुन्दे" ति (यथा ग्रंदुम् इति) लक्ष्यमुदाहरणं वक्ष्यामि । ध्रुवाध्याये ध्रुवाणां विधाने (ना. शा. ३२-४७) कर्तव्ये सतीत्यर्थः ।

एतदुक्तं भवति—ध्रुवागानस्येहोपरञ्जकज्येष्ठतया तस्य वक्तव्यप्रकृतिभूतं गान्धर्वं ज्ञातुं यत्तल्लक्षणं वक्ष्यते तत्रैवचततोद्यविधाने तालाध्याये च वक्ष्यामि

### बालक्रीडा

(मूल) दैत्य, दानव एवं राक्षसों की और सभी स्वर्ग में बसने वालों की तुष्टि के लिए पूर्वरंग को निर्गीत एवं सगीत किया है । अर्थ सहित गान वाला किया है ॥५६॥

(मूल) लोकालोक अचल पर्यन्त इस जगत् की जो परा एवं अपरा विद्या, जो शिल्प कारीगरी, जो गति चाल चलन, जो चेष्टा व्यवहार है वह सब इस नाटक में है ॥५७॥

नाट्यशाला के अधिकारी एवं प्रयोक्ता नर नारी सूत्रधार स्थापक वगैरह का ही वह कर्तव्य है । धन, आयु एवं यश के विषय में वह पूजन साधुत्व का सम्पादक है । क्योंकि वह उनको करने वाला है । आयु, धन एवं यश के विषय में किसी की भी विरक्ति नहीं है ॥५५॥

दैत्येति । निर्गीत दैत्य एवं दानव वगैरह के लिए तुष्टि कारक है । संगीत देवता प्रभृति की तुष्टि करने वाला है ॥५६॥

अच्छा बतलाइये कि इसके लक्षण को कैसे समझा जाय । क्योंकि यहाँ उसको कहा नहीं है । और न अंगों के प्रसंग से इसके लक्षण को हम लोग देखते हैं इस आशंका को उठा कर किसी प्रसंग से और जगह में इसके लक्षण को कहूँगा इस तरह प्रसंग के अवकाश को दिखाने के लिए कहते हैं या विद्येति । निर्गीतानामिति च । उनके लक्षण, तथा "रुन्दे" इत्यादि लक्ष्य उदाहरण को कहूँगा । ३२ वें ध्रुवाध्याय में ४७ वें श्लोक में ध्रुवाओं के विधान के कर्तव्य होने पर यह अर्थ है ।

इससे यह कहा कि जितने उपरंजक हैं उनमें ध्रुवागान सबसे ज्येष्ठ है अतः वह वक्तव्य है इसलिए उसके प्रकृतिभूत गान्धर्व को जानने के लिए जो उसका लक्षण कहेंगे उस समय तत आतोद्य के विधान एवं तालाध्याय में इसको कहूँगा । क्योंकि इसको बिना जाने

निर्गीतानां सगीतानां वर्धमानस्य चैव हि ।
ध्रुवाविधाने वक्ष्यामि लक्षणं कर्म चैव हि ॥५८॥
प्रयुज्य गीतकविधिं वर्धमानमथापि च ।
गीतकान्ते ततश्चापि कार्या ह्युत्थापनी ध्रुवा ॥५९॥

अभिनवभारती

एतदविदित्वा यद् ध्रुवाशब्दोऽत्र छन्दोनिबद्धनिमित्तो निर्गीतत्वे वर्तत इत्याहुः । तदसत् । अनुक्तसमत्वादस्य । तद्विधाने तल्लक्षणं वक्ष्यामीति न किञ्चित् । अनार्षोऽयं श्लोक इति तु महत्साहसम् । ५७।५८ ॥

अथोत्थापनादीनां लक्षणशेषः पूरयितव्यः । तत्रोत्थापनस्यानुवादपूर्वकं ध्रुवालक्षणं तत्प्रयोगद्वारेण पूर्णं कर्तुमाह—प्रयुज्येत्यादि योजयेदित्यन्तं श्लोकचतुष्टयम् । तत्र प्रथमः श्लोकोऽनुवादकः । गीतकवर्धमानयोरन्यतरत्प्रयुज्यते । गीतकान्ते । ततो वा वर्धमानादनन्तरम् । उत्थापनी ध्रुवा कार्येत्यनुवादः । चो भिन्नक्रमो वार्थे । अन्ये तु समुच्चये । निपातसमुदायं युगपद्गीतकवर्धमानप्रयोगाशयेनाहुः ॥५९॥

मधुसूदनी

प्रयुज्येति एकोनषष्टितमादि द्विषष्टितमान्तम् ॥५९।६२॥

बालक्रीडा

(मूल) निर्गीत, सगीत एवं वर्धमान सम्बन्धी ध्रुवा के विधान में लक्षण एवं कर्म को कहूँगा ॥५८॥

(मूल) गीतों की विधि एवं वर्धमानक का प्रयोग करे फिर उसके बाद गीतों के अन्त में उत्थापनी ध्रुवा को करना चाहिए ॥५९॥

जो यहाँ ध्रुवा शब्द का प्रयोग है वह निर्गीत का छन्दों में निबद्ध होने के कारण है। ऐसा कहना असत् है समीचीन नहीं है। इसका कारण है कि इसमें समता का निर्देश नहीं किया है। आगे ८ प्रकार की समता कहेंगे—यतिसमता तालसमता ग्रहसमता आदि। उनमें इसकी समता अनुक्त है। उसका विधान जब प्राप्त होगा तब उसके लक्षण को कहूँगा। यह तो कुछ अर्थ नहीं रखता है। अगर कहें कि यह श्लोक अनार्ष है नाट्याचार्य का नहीं है यह तो महान् साहस ही नहीं दुःसाहस होगा ॥५७।५८॥

अब उत्थापनादि के अवशिष्ट लक्षणों को पूरा करना है। उनमें उत्थापन का अनुवाद करते हुए ध्रुवा के लक्षण को उसके प्रयोग के द्वारा पूर्ण करने के लिए कहते हैं प्रयुज्य से लेकर योजयेत् पर्यन्त चार श्लोकों को। उसमें प्रथम श्लोक अनुवादक है। मद्रक गीतक एवं वर्धमानों में से अन्यतर का प्रयोग करते हैं। गीतक के अन्त में अथवा उसके बाद यानी वर्धमान के अनन्तर। उत्थापनी ध्रुवा करनी चाहिए। ततश्च के चकार का

आदौ द्वे च चतुर्थं चाप्यष्टमैकादशे तथा ।
गुर्वक्षराणि जानीयात्पादे ह्येकादशाक्षरे ॥६०॥
चतुष्पदा भवेत्सा तु चतुरश्रा तथैव च ।
चतुर्भिस्सन्निपातैश्च त्रिलया त्रियतिस्तथा ॥६१॥
परिवर्ताश्च चत्वारः पाणयस्त्रय एव च ।
जात्या चैव हि विद्लोका तां च तालेन योजयेत् ॥६२॥

अभिनवभारती

ध्रुवाया लक्षणम्—आदौ द्वे चेति । शेषाणि तु लघूनि । एवम्भूताश्चत्वारोऽस्याः पादाः । तालश्चास्याश्चच्चत्पुटः द्विकलः । भाविविधिना तल्लाभेऽपि चतुरश्रग्रहणाद् द्विकलचच्चत्पुटपादभागविषयो वक्ष्यमाणाङ्गुलिनियमोपजीवनार्थः । सर्वपादान्ते यतोऽस्याः सन्निपातस्तेन चतुस्सन्निपाता । द्रुतादयो लयाः । स्रोतोगतादयो यतयः । परिवर्ताः गानक्रियाभ्यावृत्तयः । ते चत्वारः । समपाणिरवपाणिरुपरिपाणिश्चेति त्रयः पाणयोऽस्यां कार्या इति शेषः । किमियं ध्रुवा वृत्तजातिमध्ये न गणितेत्याशङ्क्याह—विद्लोकाऽऽख्यवृत्तजातिरियम्—

"आद्यं चतुर्थमपि चाष्टमकं सैकादशं यदि भवेच्च गुरु ।
सा त्रैष्टुभे भवति पादविधौ विद्लोकजातिरवकृष्टकृता ॥"
(ना. शा. ३२-१४९) ॥६०।६१।६२॥

बालक्रीड़ा

(मूल) ग्यारह अक्षर वाले छन्द के पाद में पहिले के दो अक्षरों को तथा चौथे आठवें एवं ग्यारहवें अक्षर को गुरु जानना चाहिए ॥६०॥

(मूल) वह चतुष्पदा, चतुरश्रा, चतुःसन्निपाता, त्रिलया, त्रियतियुक्ता, चतुः परिवर्ता एवं त्रिपाणिका जो होती है वह विद्लोकावृत्त की जाति है । उसकी ताल से योजना करनी चाहिए ॥६१॥

स्थान भिन्न है वा के अर्थ में वह प्रयुक्त है । दूसरे लोग तो चकार को समुच्चय के अर्थ में मानते हैं । तथा च और अपि इस निपात समुदाय का आशय है कि मद्रक गीतक और वर्धमान का युगपत् एक साथ प्रयोग कर सकते हैं ॥५९॥

ध्रुवा का लक्षण है कि "आदौ द्वे च" इति । जहाँ पहिले के दो अक्षर गुरु और शेष अक्षर लघु रहें वह ध्रुवा है । इस प्रकार के चार पाद इसके होते हैं । इसका ताल दो कलाओं वाला चच्चत्पुट है । भावी विधान आगे कर्तव्य विधान के द्वारा उस लय के मिल जाने पर भी चतुरश्र को ग्रहण करता है कि यह द्विकल चच्चत्पुट के पाद के भाग के बारे में वक्ष्यमाण अंगुलियों के नियम का उपजीवन करने के लिए है । सब पादों के अन्त में इसका सन्निपात है अतः इसमें चार सन्निपातों, द्रुतादि तीन लयों, स्रोतोगतादि तीन

**शम्या तु द्विकला कार्या तालो द्विकल एव च।**
**पुनश्चैककला शम्या सन्निपातः कलात्रयम् ॥६३॥**

अभिनवभारती

चतुरश्रेति तालेन योजयेदिति च यदुक्तं तत्स्पष्टयति—शम्या त्वित्यादि। द्विकलचञ्चत्पुटस्य शम्यादेः स्वरूपमनेन दर्शितम्। सापि सशब्दपातवामहस्तनिवर्त्यैव। शब्दात् द्विकलेति दर्शयति—द्विकलेत्यादिना। तेन निष्क्रामशम्ये दक्षिणेन। पुनः निष्क्रामतालौ वामेन। ततो दक्षिणेन शम्या। ततो द्वाभ्यां प्रवेशनिष्क्रामसन्निपाताः। तत्र—

'आवापसंज्ञकं ज्ञेयमुत्तानाङ्गुलिकुञ्चनम्।
अधस्तलेन हस्तेन निष्क्रामोऽत्र प्रसारणम्॥
तस्य दक्षिणतः रूपो विक्षेप इति संज्ञितः
भूयश्चाकुञ्चनं ज्ञेयं प्रवेशाख्यमधस्तलम्। (ना॰ शा॰ ३१-३२-३३-३४)।
शम्या दक्षिणपातस्तु तालो वामेन कीर्तितः।
उभयोः सन्निपातः स सन्निपात इति स्मृतः॥६३॥

बालक्रीडा

(मूल) पहिले शम्या एवं ताल में दो कलाओं का योग करना चाहिए। पुनः शम्या में एक कला का और सन्निपात में तीन कलाओं का योग करना चाहिए॥६३॥

यतियों, गान क्रिया की अभ्यावृत्ति रूप परिवर्तों जो कि चार हैं और समपाणि अवपाणि एवं उपरिपाणि इन तीन पाणियों को करना चाहिए। इस ध्रुवा की गणना वृत्त की जातियों के मध्य में क्यों नहीं करी ऐसी आशंका कर के कहते हैं कि यह ध्रुवा विश्लोकाख्या वृत्त की जाति है जहाँ एकादश अक्षर के पाद वाले त्रिष्टुप् में पहले के दो, अक्षर फिर चौथा आठवां एवं ग्यारहवां अक्षर यदि गुरु हों तो वह अवकृष्ट से की गई विश्लोक जाति है॥६०।६१।६२॥

यह चतुरश्रा है और इसको चञ्चत्पुट ताल से युक्त करना चाहिए ऐसा जो कहा है उसको स्पष्ट करते हैं—शम्या तो इत्यादि। इससे द्विकल चञ्चत्पुट ताल और शम्या का स्वरूप दिखा दिया। वह शम्या भी शब्द के साथ गिरने वाले वाम हाथ से निर्वर्त्या है और द्विकला है इसको तु शब्द से दिखाते हैं। इससे निष्काम और शम्या दक्षिण हस्त, फिर निष्काम और ताल वाम हस्त, फिर शम्या दक्षिण हस्त, उसके पश्चात् प्रवेश निष्काम एवं सन्निपात दोनों हाथों से निर्वर्त्य हैं सम्पाद्य हैं।

उत्तान ऊर्ध्वमुख हाथ की अंगुलियों का कुञ्चन सिकोड़ना आवाप संज्ञक है। अधोमुख यानी अधस्तल वाले हाथ की अंगुलियों का प्रसारण निष्काम कहलाता है। पहिले में हथेलियां ऊपर को रहेंगी। दूसरे में हथेलियां अधोमुख रहेंगी। अधस्तलवाले हाथ की अंगुलियों का पुनः पुनः आकुञ्चन सिकोड़ना प्रवेश कहलाता है। दक्षिण हाथ का पात शम्या, वाम हाथ का पात ताल एवं दोनों हाथों का पात सन्निपात कहलाता है॥६३॥

**एवमष्टकलः कार्यः सन्निपातो विचक्षणैः ।**
**चत्वारः सन्निपाताश्च परिवर्तः स उच्यते ॥६४॥**
**पूर्वं स्थितलयः कार्यः परिवर्तो विचक्षणैः ।**
**तृतीये सन्निपाते तु तस्य भाण्डग्रहो भवेत् ॥६५॥**
**एकस्मिन्परिवर्ते तु गते प्राप्ते द्वितीयके ।**
**कार्यं मध्यलये तज्ज्ञैः सूत्रधारप्रवेशनम् ॥६६॥**

## अभिनवभारती

चत्वारः सन्निपाता इति पादचतुष्टयस्यापि परिवर्तनमाह । स्थितलयो विलम्बितलय उक्तः । तृतीय इत्यन्त्यकलावर्जितपादत्रयं तन्त्रीगानसमन्वितं प्रयुज्य तृतीयपादान्त्यकला । ततः प्रभृति पुष्करवाद्यप्रयोगो यावच्चतुर्थपादसमाप्ति । पुनर्मध्यलयेन गानम् । तत्समये सूत्रधारप्रवेशः । तस्येति—प्रथमपरिवर्तस्य । प्रथममपि च गानमन्यद्द्वितीयादिसाहचर्यात्परिवर्तशब्देनोच्यते । अन्यत् द्विः पचतीति त्रयः पाकाः स्युः । सकृत्पचतीति द्वौ स्याताम् । सूत्रधारशब्देन तत्साहचर्यात्पारिपार्श्विकावपि । ॥६४।६५।६६॥

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार विचक्षण लोग सन्निपात को आठ कलाओं वाला करें । इस तरह के चार सन्निपातों का एक परिवर्त्त होता है । अर्थात् ३२ कलाओं से युक्त परिवर्त्त होता है ॥६४॥

(मूल) विद्वान् लोग उस परिवर्त्त को पहिले आरम्भ में स्थित लय यानी विलम्बित लय से युक्त करें । फिर जब तृतीय सन्निपात का अवसर आवे उस समय में भाण्ड वाद्यों का ग्रह उपयोग होना चाहिए ॥६५॥

(मूल) एक परिवर्त्त के समाप्त होने और द्वितीय परिवर्त्त के प्रवेश के समय मध्य लय करना चाहिए तथा उसी समय सूत्रधार का प्रवेश विद्वानों को कराना चाहिए ॥६६॥

चार सन्निपात होते हैं कहने का अर्थ है चारों पादों का परिवर्त्तन कहना ॥६४॥

स्थितलय का अर्थ है विलम्बित लय । तृतीय कहने का आशय है अन्त्य कला से रहित तीन पादों का तंत्री गान से समन्वित प्रयोग कर के तृतीय पाद की अन्तिम कला । उस अन्तिम कला से आरम्भ कर के चौथे पाद की समाप्ति पर्यन्त पुष्कर वाद्य का प्रयोग करना चाहिए बाजे को बजाना चाहिए । फिर मध्य लय से गाना चाहिए । उस समय में सूत्रधार का प्रवेश होना चाहिए । तस्य उस प्रथम परिवर्त्त का । पहला गाना भी अन्य द्वितीय एवं तृतीय के साहचर्य से परिवर्त्त शब्द से कहा जाता है । जैसे दो बार पकाता है ऐसा कहने से तीन पाक समझे गये । एक बार पकाता है इससे दो पाक हो जावेंगे । सूत्रधार के प्रवेशन में उपात्त सूत्रधार शब्द से सूत्रधार के साहचर्य से दोनों पारिपार्श्विकों का भी ग्रहण हो गया अतः सूत्रधार के प्रवेश के समय उनका भी रंग मंच पर प्रवेश होना चाहिए ॥६५।६६॥

पुष्पाञ्जलिं समादाय रक्षामङ्गलसंस्कृताः ।
शुद्धवस्त्राः सुमनसस्तथा चाद्भुतदृष्टयः ॥६७॥

स्थानन्तु वैष्णवं कृत्वा सौष्ठवाङ्गपुरस्कृतम् ।
दीक्षिताः शुचयश्चैव प्रविशेयुः समं त्रयः ॥६८॥

## अभिनवभारती

तेषां प्रवेशे इतिकर्तव्यतामाह—पुष्पाञ्जलिमित्यादिना । पूर्वं पुष्पाञ्जलिः सूत्रधारस्यैव । इतरयोर्भृङ्गारजर्जरधरत्वेन वक्ष्यमाणत्वात् । शुद्धं शुक्लं वस्त्रं, शोभनं मनः सविस्मया दृष्टिर्येषाम् । विस्मयश्च ये श्रुत्यादिभिः दुर्विनेयास्तेऽस्माभिः सुखेन विनीयन्त इति ।

"या चाकुञ्चितपक्ष्माग्रा साश्चर्योद्वृत्ततारका ।
सौम्या विकसितान्ता च साद्भुता दृष्टिरुच्यते ॥" (ना. ना. ८-५१) ॥६७॥

सौष्ठवेत्यादिना लक्षणैकदेशेन वैष्णवमेव स्फुटयति । अन्यथा विष्णुत्वादावपि कस्यचित्सम्भावना भवेदन्वर्थतया ।

## बालक्रीडा

(मूल) करण के सौष्ठव नामक अंग से पुरस्कृत वैष्णव स्थान की स्थिति में खड़े होकर पुष्पों को अञ्जलि में भरे हुए शुद्ध वस्त्रधारी, अद्भुता दृष्टि से युक्त, प्रसन्नमना, दीक्षा से सम्पन्न एवं पवित्र तीन व्यक्ति एक साथ रंग भूमि में प्रवेश करें ॥६७॥६८॥

सूत्रधार एवं दोनों पारिपार्श्विकों के प्रवेश में इति कर्तव्यता को कहते हैं । पुष्पांजलिम् इत्यादि । पहली पुष्पांजलि सूत्रधार की ही होगी । औरों के विषय में आगे कहा जायगा कि उन दोनों में से एक भृंगार (जल के पात्र) को धारण करेगा और दूसरा जर्जर को सम्हालेगा । शुद्ध शुक्ल है वस्त्र जिनका, शोभन है मन जिनका वे सुमना हैं । एवं अद्भुता सविस्मया है दृष्टि जिनकी वे अद्भुतदृष्टि कहलाते हैं । विस्मय तो इस बात का है कि जिनको शास्त्र से भी विनेय शिक्षित करना मुश्किल है उनको भी हम लोग सुख से बिना परिश्रम के विनीत शिक्षित कर लेते हैं ।

पक्ष्म माने बरुनी या बरौनी है । जिस दृष्टि में पक्ष्म बरौनी के अग्रभाग आकुञ्चित रहें । आँखों के तारे पुतलियाँ आश्चर्य से उद्वृत्त विस्फारित होंगी । सौम्य एवं विकसित प्रांत वाली माने कटाक्ष वाली जो दृष्टि है वह अद्भुता दृष्टि अद्भुत कार्यों में प्रयुक्त होती है ॥६७॥

"सौष्ठव" इत्यादि वैष्णवस्थान के लक्षण का एक देश नामैकदेशे नामग्रहणम् न्याय से वैष्णव स्थान को ही स्पष्ट करता है । अन्यथा यदि नाम के एकदेश के उच्चारण करने पर नाम का ग्रहण नहीं किया जाय तो विष्णुत्वादि में अन्वर्थरूप से किसकी सम्भावना हो सकती है ।

भृङ्गारजर्जरधरौ भवेतां पारिपार्श्विकौ ।
मध्ये तु सूत्रभृत्ताभ्यां वृत्तः पञ्चपदीं व्रजेत् ॥६९॥
पदानि पञ्च गच्छेयुर्ब्रह्मणो यजनेच्छया ।
पदानाञ्चापि विक्षेपं व्याख्यास्याम्यनुपूर्वशः ॥७०॥

## अभिनवभारती

"द्वौ तालावर्धतालश्च पादयोरन्तरं भवेत् ।
तयोः समुत्थितश्चैकः त्र्यश्रः पक्षगतोऽपरः ॥ (ना. शा. १०-४२)
किञ्चिदञ्चितजङ्घं च सौष्ठवाङ्गपुरस्कृतम् ।
वैष्णवं स्थानमेतद्धि विष्णुरत्राधिदैवतम् ॥" (ना. शा. १०-५१)

दीक्षिता इति कृतोपवासाः ॥६८॥

भृङ्गारः शौचाय । जर्जरो विघ्नशान्त्यै । परिपार्श्वे भवौ पारिपार्श्विकौ । अत एव सूत्रधारो मध्ये द्वाभ्यां वृत्तस्सन्निति त्रयोऽपि पञ्चपदीं व्रजेयुरित्यर्थः ॥६९॥

तत्संयोजनमाह—पदानीति । त्रयस्ताला अन्तरं मानं यस्य तादृशो विष्कम्भः ऊर्ध्वगमने परिमाणं यस्य चरणस्य तं पार्श्वोत्थानेन न तु स्पष्टतरोर्ध्वतयोत्थितं चरणं

## मधुसूदनी

द्वाभ्यां पारिपार्श्विकाभ्यां मध्ये वृत्तः गतः सन् ।६९।

## बालक्रीडा

(मूल) उनमें दो पारिपार्श्विक जिनमें एक भृंगार सोने के बने हुए जलपात्र झारी को (भृङ्गारः कनकालुका इत्यमरः) और दूसरा जर्जर विघ्नों के शमन करने के लिए निर्मित बाँस को लिए हुए होने चाहिए। उन दोनों के बीच में उनसे घिरा हुआ सूत्रधार पांच पैर आगे चले ॥६९॥

(मूल) ब्रह्माजी के पूजन करने की इच्छा से पाँच पैर चलना चाहिए। अब क्रमशः पैरों के विक्षेप की रखने की व्याख्या करूंगा ॥७०॥

दो ताल एवं आधे ताल यानी २॥ ताल का अंतर पैरों में होना चाहिए। उनमें एक पैर ऊपर को उठा हुआ होना चाहिए दूसरा पक्षगत यानी पार्श्व में त्र्यश्र तिरछा होना चाहिए।

जानु के झुक जाने से जंघा कुछ अंचित कुटिल जिसमें रहे और सौष्ठव में जिस अंग को कहेंगे वह अंग पुरस्कृत रहे ऐसा यह विष्णु के अधिष्ठाता देवता होने से वैष्णव स्थान है। दीक्षित अर्थात् जिन्होंने उपवास किया है ॥६८॥

भृंगार जिसमें शुद्धि के लिए जल भरा हो वह जल पात्र है। "भृंगारः कनकालुका" इसके अनुसार सोने की झारी। जर्जर विघ्नों की शान्ति के लिए देवताओं के द्वारा निर्मित, स्थापित एवं पूजित बांस है। दोनों पार्श्वों में रहने वाले पारिपार्श्विक कहलाते हैं। अतएव दोनों के बीच में रह कर सूत्रधार। इस तरह ये तीनों पाँच पैर आगे चलें ॥६९॥

**त्रितालान्तरविष्कम्भमुत्क्षिपेच्चरणं शनैः ।**
**पार्श्वोत्थानोत्थितं चैव तन्मध्ये पातयेत्पुनः ॥७१॥**
**एवं पञ्चपदीं गत्वा, सूत्रधारः सहेतरः ।**
**सूचीं वामपदे दद्याद्विक्षेपं दक्षिणेन च ॥७२॥**

## अभिनवभारती

मध्ये द्वयोः पातयेत् । गमनस्य प्रक्रान्तत्वात् । किञ्चित्पुरत इत्थमेवान्यानि चत्वारि पदानि ॥७०।७१॥

अथ यदर्थं पञ्चपदविक्षेपः कृतस्तं पुष्पाञ्जलिविमोक्षं सेतिकर्तव्यताकमाह—सूचीमित्यादि ।

कुञ्चितं पादमुत्क्षिप्य जानूर्ध्वं सम्प्रसारयेत् ।
पातयेत्प्रयोगेन सा सूची परिकीर्तिता ॥" (ना. शा. १०-३४)

पृष्ठदेश इति शेषः । तस्य पादस्य बहिः क्षेपः ॥७२॥

## मधुसूदनी

तालो वितस्तिः विस्तृतसकनिष्ठांगुष्ठः द्वादशांगुलः प्रदेशः ॥७१॥

## बालक्रीडा

(मूल) पैरों के रखने में विष्कम्भ विचरण के लिए तीन तालों का अन्तर अवकाश जिस प्रकार रहे इस प्रकार से धीरे२ चरण को उठावे । फिर बगल से उठाये हुए उसको उनके मध्य में गिरा दे ॥७१॥

(मूल) इस तरह सूत्रधार उन दोनों के साथ पांच पैर चल कर वाम पाद को बहिः बह्मा के मण्डल में रखे ॥७२॥

पदानीति । तीन ताल जिसका अन्तर प्रमाण हो ऐसा विष्कम्भ अवकाश । तथा ऊर्ध्वगमन में परिणाम जिस चरण का हो उसी चरण को पार्श्वोत्थान से न कि पृष्ठ भाग से ऊपर की तरफ उठे हुए को दोनों के मध्य में गिरावे । क्योंकि गमन प्रकान्त है । अतः एक चरण के बाद दूसरा चरण कुछ आगे रखा जाता है । इस प्रकार अन्य चारों चरणों को रखना चाहिए ॥७०।७१॥

अब जिस कार्य के लिए पाँच पैरों का विक्षेप किया था उस पुष्पांजलि के विमोक्ष को इतिकर्तव्यता के साथ कहते हैं सूचीमित्यादि । पैर को टेढ़ा किये हुए ऊपर को उठा कर जानु की ऊपर में फैलादे । फिर कुछ आगे की तरफ कर के उसको पृष्ठ देश में गिरावे वह सूची कहलाती है । यहाँ श्लोक में पृष्ठदेशे यह पद शेष है छूट गया है । उस पैर का बाहर की तरफ क्षेप होता है ॥७२॥

पुष्पाञ्जल्यपवर्गश्च कार्यो ब्राह्मेऽथ मण्डले ।
रङ्गपीठस्य मध्ये तु स्वयं ब्रह्मा प्रतिष्ठितः ॥७३॥
ततः सललितैर्हस्तैरभिवन्द्य पितामहम् ।
अभिवादानि कार्याणि त्रीणि हस्तेन भूतले ॥७४॥
कालप्रकर्षहेतोश्च पादानां प्रविभागतः ।
सूत्रधारप्रवेशाद्यो वन्दनाभिनयान्तकः ॥७५॥

### अभिनवभारती

मण्डले स्थानम् । किम्वत् । ब्राह्ममित्याह । रङ्गपीठस्येति ॥७३॥

त्रीणीति अभिवादनानीत्यर्थः ॥७४॥

प्रत्येकं कथं वन्दनं कार्यमित्याह । कालस्य यः प्रकर्षो बहुतरत्वं तत्र । चो हेतौ । नृत्तहस्तकरणप्रयोगात्मकमवलम्ब्य । ननु कियानसौ कालप्रकर्षः । आह—पादानामिति । तदुपलक्षितानां कलानां यः प्रविभागः कालपरिमाणान्तरं तदाश्रित्य । ननु तासामपि को विधिरित्याशङ्क्याह—सूत्रधारप्रवेशाद्य इति ।

### मधुसूदनी

तस्य वामस्य । बहिः क्षेपो विक्षेपः । तन्मण्डलं किं कस्येत्यर्थः ॥७३॥

### बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद रंग पीठ के मध्य में जहां ब्रह्मा जी स्वयं प्रतिष्ठित हैं उस मण्डल में पुष्पाञ्जलि का अपवर्ग विक्षेप करे । अंजलि में भरे हुए पुष्पों को वहां गिरादे ॥७३॥

(मूल) उसके बाद सुन्दर मुद्रा की प्रक्रिया में विन्यस्त हाथों से पितामह ब्रह्मा जी का अभिवादन करके भूतल में हाथ से स्पर्श करता हुआ तीन अभिवादन करे ॥७४॥

(मूल) काल के प्रकर्ष के हेतु यानी पैरों के उठाने एवं रखने के अभिनय में कुछ विलम्ब हो जाय इसलिए पैरों का विशेष प्रक्रिया से विभक्त करके विन्यास करते हुए सूत्र-

मण्डल स्थान है । किसका वह स्थान है इस पर कहते हैं कि ब्रह्मा का स्थान है । रंगपीठ के मध्य में ॥७३॥

तीन अभिवादन हैं ।७४। प्रत्येक अभिवादन को कैसे करना चाहिए इसलिए कहते हैं—जिसमें काल का प्रकर्ष हो बाहुल्य हो ऐसा । च हेतु के अर्थ में है । नृत्तहस्त करण रूप प्रयोग का अवलम्ब कर के । प्रश्न—कितने काल का प्रकर्ष यहाँ अपेक्षित है । उत्तर-कहते हैं कि पादों का । अर्थात् पादोपलक्षित कलाओं का जो प्रविभाग है उससे प्राप्त काल प्रकर्ष होना चाहिए । इसलिए कलाओं के परिमाणान्तर का आश्रयण करके पादों का विक्षेप करना चाहिए । अच्छा, उन कलाओं की भी क्या विधि है । ऐसी आशंका कर के कहते हैं सूत्रधार के प्रवेश से आरम्भ कर के वन्दना के अभिनय पर्यन्त ।

द्वितीयः परिवर्तस्तु कार्यो मध्यलयाश्रितः ।
ततः परं तृतीये तु मण्डलस्य प्रदक्षिणम् ॥७६॥
भवेदाचमनं चैव जर्जरग्रहणं तथा ।
उत्थाय मण्डलात्तूर्णं दक्षिणं पादमुद्धरेत् ॥७७॥

अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति षट्त्रिंशत्कलानां मध्ये प्रवेशः पञ्चपदीगमनं पुष्पत्यागोऽभिवादनत्रयं चेति निर्वर्तनीयम् । तत्र यावतीषु कलासु पञ्चपदीगमनान्तं कर्म सम्पन्नं ततो या अवशिष्यन्ते कलास्तदभिवादनयोग्यं व्यावर्तितपरिवर्तितादिकरणमुद्वृत्तनलिनीपद्मकोशादिनृत्तहस्तजातं वाऽवलम्ब्य सलिलमभिवादनत्रयं कार्यम् ॥७५॥

एवं द्वितीये परिवर्ते कर्मत्रयं प्रदर्श्य तृतीयपरिवर्ते द्रुतलये कर्मकलापमुपदिशति ततः परमिति । मण्डलस्येति । ब्रह्मस्थानस्य ॥७६॥

तत्कर्मत्रयं क्रमेण लक्षयन्प्रथमस्य लक्षणमाह—उत्थायेति । अभिवादनं हि जानुशिरोविनमितं भूश्लेषपर्यन्तं कृतम् । उद्धरेदिति । "कुञ्चितं पादम्" ( ना॰ शा॰ १०-२४ ) इत्यादिसूची सूचयति ॥७७॥

मधुसूदनी

तदुपलक्षितानां पादोपलक्षितानाम् । त्रितालान्तरं चरणं प्राक् निर्दिष्टम् । तत्र ताल एको द्वादशांगुलः ते त्रयः षट्त्रिंशत् । पादानामित्यत्र पादोपलक्षिताः कला गृहीता अत उच्यते षट्त्रिंशत्कलानामिति ॥७५॥

बालक्रीडा

धार के प्रवेश से आरम्भ करके वन्दन के अभिनय पर्यन्त द्वितीय परिवर्त्त को मध्य लय के आश्रय से करे। उसके बाद तृतीय परिवर्त्त में मण्डल की प्रदक्षिणा करे ॥७५॥७६॥

(मूल) इसी प्रक्रिया को करते हुए पात्र लोग भृंगार में लिए जल से आचमन करके पवित्र होकर विघ्नों के शमन के लिए निर्मित बाँस जर्जर को ग्रहण करें और शीघ्र ही मण्डल से उठकर दक्षिण पाद को उठावे ॥७७॥

यहाँ यह कहा कि ३६ कलाओं के मध्य का जो काल है उसमें सूत्रधार का प्रवेश, पाँच पैर चलना, पुष्पांजलि का त्याग और तीन अभिवादन इतना कार्य करना है। उसमें जितनी कलाओं में पंचपदी गमनान्त कर्म सम्पन्न हो सकता है उससे अवशिष्ट जो कलायें हैं उनमें अभिवादन के व्यावर्तित एवं परिवर्तित आदि करण का अथवा उद्वृत्त नलिनी पद्मकोष आदि नृत्त हाथों का अवलम्बन करके तीन अभिवादनों को करना चाहिए ॥७५॥

इस प्रकार द्वितीय परिवर्त्त में तीन कर्मों को दिखा कर द्रुत लय से किये जाने वाले तृतीय परिवर्त्त के सम्बन्धी कर्म कलाप का उपदेश करते हैं। उसके बाद। मण्डल ब्रह्मा का स्थान ॥७६॥

वेधं तेनैव कुर्वीत विक्षेपं वामकेन च ।
पुनश्च दक्षिणं पादं पार्श्वसंस्थं समुद्धरेत् ॥७८॥
ततश्च वामवेधस्तु विक्षेपो दक्षिणस्य च ।
इत्यनेन विधानेन सम्यक्कृत्वा प्रदक्षिणाम् ॥७९॥
भृङ्गारभृतमाहूय शौचं चापि समाचरेत् ।
यथान्यायं तु कर्तव्या तेन ह्याचमनक्रिया ॥८०॥

### अभिनवभारती

वेधमिति द्वितीयपादपार्ष्णिपृष्ठे पातनम् । पार्श्वसंस्थमिति पार्श्वक्रान्तां (ना. शा. १०-३२) चारीमाह ॥७८॥

एतत्कर्मोपसंहरन्द्वितीयं शौचाख्यं लक्षयति—इत्यनेनेति ॥७९॥

आहूयेति वचनाद्भृङ्गारधारिणः प्रदक्षिणभ्रमणे तूष्णींभावेन स्थितिरिति लक्ष्यते । शौचप्रयोजनं वक्ष्यते । यतोऽभिवादने श्लिष्टं शिर इत्यादिन्यायस्मृत्यादितः प्राङ्मुख उपविश्यावहिर्जानुरित्यादिक्रमः ॥८०॥

### बालक्रीडा

(मूल) फिर उसी दक्षिण पैर से वेध करें यानी बायें पैर की पार्ष्णि पर उसको रख दे । फिर इस विद्ध बायें पैर का विक्षेप करे इसके बाद दाहिने पैर को वाम पैर के पार्श्व में रख कर ऊपर की तरफ उठावे ॥७८॥

(मूल) फिर वाम के वेध एवं दक्षिण के विक्षेप की प्रक्रिया के विधान से अच्छी तरह प्रदक्षिण करे ॥७९॥

(मूल) इसके अनन्तर सूत्रधार भृंगारधारी पारिपार्श्वक को बुलावे और उससे जल ग्रहण करके शौच यानी हस्त एवं पाद का प्रक्षालन करे । तथा शास्त्र विधान से आचमन करे।

क्रमशः तीन कर्मों को लक्षित करते हुए प्रथम का लक्षण कहते हैं कि उठकर। अभिवादन में भूमि के स्पर्श करने तक जानुओं का एवं शिर का विनमन करना होता है । "उद्धरेत्" इससे 'कुञ्चितं पादम्" इत्यादि सूची की सूचना देते हैं ॥७७॥

वेध अर्थात् दूसरे पैर की पार्ष्णि के पीछे पैर का गिराना । "पार्श्वसंस्थम्" इससे पार्श्वाक्रान्ता चारी को कहते हैं ॥७८॥

इन कर्मों का उपसंहार करते हुए शौच का लक्षण कहते हैं "इत्यनेन" इति ॥७९॥ "आहूय" इस कथन से भृंगार को धारण करने वाले पुरुष की स्थिति प्रदक्षिण भ्रमण करते समय मौन भाव से लक्षित की गई है । शौच के प्रयोजन को आगे कहेंगे । क्योंकि अभिवादन में शिर भूमि से श्लिष्ट होता है इत्यादि न्याय एवं स्मृति आदि से यह क्रम प्रतीत है कि प्राङ्मुख बैठना चाहिए और जानु से बाहर किये हुए हाथ से कोई क्रिया नहीं करनी चाहिए ॥८०॥

आत्मप्रोक्षणमेवाद्भिः कर्तव्यं तु यथाक्रमम् ।
प्रयत्नकृतशौचेन सूत्रधारेण यत्नतः ॥८१॥
सन्निपातसमं ग्राह्यो जर्जरो विघ्नजर्जरः ।
प्रदक्षिणाद्यो विज्ञेयो जर्जरग्रहणान्तकः ॥८२॥
तृतीयः परिवर्तस्तु विज्ञेयो वै द्रुते लये ।
गृहीत्वा जर्जरं त्वष्टौ कला जप्यं प्रयोजयेत् ॥८३॥
वामवेधः ततः कुर्याद्विक्षेपं दक्षिणस्य च ।
ततः पञ्चपदीं चैव गच्छेत्तु कुतपोन्मुखः ॥८४॥

अभिनवभारती

तृतीयं कर्म दर्शयति—प्रयत्नेति ॥८१॥

कस्मिन् सन्निपाते तद्ग्रहणमित्याशङ्कामपाकर्तुमाह—प्रदक्षिणाद्य इति । तेन तुर्यपदा( परिवर्ता ? )न्त्यसन्निपातकाले तद्ग्रहणमित्युक्तं भवति ।।८२॥

अथ द्रुतलय एवं चतुर्थे परिवर्ते कर्मद्वयं दर्शयति—गृहीत्वेति । ग्रहणं धारणम् । इहाष्टौ कला इति । प्रथमपादगतिपर्यन्तमित्यर्थः । जप्यं जपनीयं तृतीयाध्यायोक्तम् । "अत्र विघ्नविनाशार्थम् ( ना. शा. ३-७८ ) इत्यादिश्लोकचतुष्टयं प्रतिकलमर्धश्लोक इत्यनेनावसानप्रकर्षेण योजयेदुच्चारयेदिति यावत् ॥८३॥

बालक्रीडा

फिर क्रमशः जल से अपना प्रोक्षण करे । इस तरह प्रयत्न पूर्वक शुद्ध हुआ सूत्रधार बड़ी सावधानी से पाद के सन्निपात के साथ विघ्नों को जर्जर करने वाले जर्जर को ग्रहण करे । यह विधि प्रदक्षिणा से आरम्भ करके जर्जर ग्रहणपर्यन्त होती है ऐसा समझना चाहिए ॥८२॥

(मूल) किन्तु तृतीय परिवर्त्त को द्रुत लय के आश्रय में समझना चाहिए । जर्जर के ग्रहण करने के बाद सूत्रधार आठ कला तक जप करे । फिर दक्षिण चरण से वाम चरण

अब तीसरे कर्म को दिखाते हैं प्रयत्नेति ।८१। किस सन्निपात में जर्जर का ग्रहण होता है इस आशंका को दूर करने के लिए कहते हैं प्रदक्षिणाद्य इति । चौथे पैर के परिवर्त्त के अन्तिम सन्निपात के काल में जर्जर का ग्रहण होता है । यह कथन इससे हो गया ॥८२॥

अब द्रुतलय से ही कर्तव्य चतुर्थ परिवर्त्त में दो कर्मों को दिखाते हैं ग्रहण कर के । ग्रहण का अर्थ है धारण । यहाँ आठ कलायें । यानी प्रथम पैर की गति पर्यन्त । जप्य तृतीय अध्याय में कहा हुआ जपनीय । यहाँ विघ्नों के विनाश के लिए इत्यादि चार श्लोकों की योजना अर्थात् प्रतिकला में आधे श्लोक की समाप्ति हो जाय इस तरह के काल प्रकर्ष से उच्चारण करना चाहिए ॥८३॥

वामवेधस्तु तत्रापि विक्षेपो दक्षिणस्य तु ।
जर्जरग्रहणाद्योऽयं कुतपाभिमुखान्तकः ॥८५॥
चतुर्थः परिवर्तस्तु कार्यो द्रुतलये पुनः ।
करपादनिपातास्तु भवन्त्यत्र तु षोडश ॥८६॥
त्र्यश्रे द्वादश पातास्तु भवन्ति करपादयोः ।
वन्दनान्यथ कार्याणि त्रीणि हस्तेन भूतले ॥८७॥
आत्मप्रोक्षणमद्भिश्च त्र्यश्रे नैव विधीयते ।
एवमुत्थापनं कार्यं ततस्तु परिवर्तनम् ॥८८॥

## अभिनवभारती

ननु पञ्चपद्यां कियान् कालविक्षेप इत्याशंक्याह—जर्जरग्रहणाद्य इति । इहापि ग्रहणं धारणम् । तेन चतुर्विंशत्या कलानां कुतपगमनं कुर्यादिति तात्पर्यम् । षोडशेति । कलाद्वयेनैकं पतनमिति यावत् ॥८४।८६॥

त्र्यश्र इति । प्रसङ्गादेतदुक्तम् । न चैतावत्प्रयोगात्मकमेवदङ्गमिति दर्शयितु माह ॥८७॥

एवमित्यादि । एवम्भूतायामिहेतिकर्तव्यतायां कृतायां
"यस्मादुत्थापयन्त्यत्र प्रयोगं नान्दिपाठकाः । पूर्वमेव तु रङ्गेऽस्मिन्" इति ( ना. शा. ५-२२) श्लोकलक्षितं प्रत्याहारादीनां गीतकविध्यन्तानां प्रयोगस्य च नाट्यस्योत्थापनं व्याख्यातरूपं कार्यम् । तुशब्दश्चशब्दस्यार्थे । ततश्च परिवर्तनम् । न तु प्रवा-प्रयोगानन्तरमेव ।

## बालक्रीड़ा

का वेध, दक्षिण चरण का विक्षेप कुतप के उन्मुख पंचपदी गमन, और पुनः वाम चरण का वेध और दक्षिण चरण विन्यास इस तरह जर्जर ग्रहणादि कुतप के अभिमुख गमन पर्यन्त विधि से चतुर्थ परिवर्त को द्रुत लय में करना चाहिए । इस विधि में कर एवं पाद का निपात सोलहबार होता है ॥८६॥

(मूल) यह इतना विधान चतुरश्र में बतलाया है । त्र्यश्र में तो कर एवं पादों का पात बारह दफे होता है । और भूतल को हाथ से स्पर्श करके तीन बार अभिवादन करना चाहिए ।

अच्छा यह कहिए कि पंचपदी में कितने काल का विक्षेप होता है । ऐसी आशंका को कर के कहते हैं कि जर्जर के ग्रहण का आरम्भ कर के । यहाँ ग्रहण का अर्थ धारण है । इससे यह तात्पर्य निकला कि चौबीस कलाओं के मध्य में कुतप पर्यन्त गमन करना चाहिए । सोलह कला यानी दो कलाओं के समय के हिसाब से एक पतन होना चाहिए ॥८४।८५॥

त्र्यश्र इति । प्रसंग से इसको कह दिया इसकी कोई आवश्यकता यहाँ नहीं है कि इतने प्रयोग का यह अंग है । इस तथ्य को दिखाने के लिए कहते हैं ॥८७॥

## अभिनवभारती

ये तूपसंहारग्रन्थत्वेनैतद्व्याचक्षते "यस्मादुत्थापयन्ति" इति न तैः किञ्चिदनुस्मृ( सृ )तं स्यात्। न हि ब्रह्माभिवादनजर्जराभिमन्त्रणमात्रेण किञ्चदप्युत्थापितं भवति। विघ्नशमनोपयोगित्वेनोत्थापकत्वं परिवर्तनादावपि स्यात्। उत्थापनीत्यन्वर्थत्वात्। नाट्यायितेन च प्रमोदोत्थापनान्तस्य च ध्रुवाभिनयरूपतयोचितार्थाक्षेपात्।

"यत्तु काव्येन नोक्तं स्यात्तद्गीतेन" इति।
तथा "गीतं प्राणाः प्रयोगस्य" इति,
"परिक्रमेण रङ्गस्य तथैवार्थवशेन च।
परिवर्तास्तु"

इति वचनेन गान्धर्व इव ध्रुवागाने परिवर्तानामदृष्टार्थेतिकर्तव्यतारूपत्वाभावात्। स्फुटश्चैषामुपाये निर्दिष्टेनोचितेनार्थचतुष्टयेन युक्तेयं सुकविना ध्रुवा कार्येति वृद्धाः ॥८८॥

## बालक्रीड़ा

किन्तु ध्रुवा में बल से आत्मप्रोक्षण नहीं होता है। इस प्रकार पहिले उत्थापन करके फिर परिवर्तन करना चाहिए ॥८७॥८८॥

एवमित्यादि। इस प्रकार की इति कर्तव्यता के करने के बाद। "नान्दीपाठ करने वाले नट लोग यहाँ प्रयोग को उठाते हैं प्रयोग का आरम्भ करते हैं इसलिए 'इस रंग में पहिले" इस श्लोक से लक्षित प्रत्याहारादि गीतकविधिपर्यन्त प्रयोगात्मक नाट्य का उत्थापन रूप व्याख्यान करना चाहिए। च शब्द के अर्थ में तु शब्द है इसलिए ततश्च परिवर्तनम्। ऐसा समझना चाहिए। उसका अर्थ है—और उत्थापन के बाद परिवर्तन को करना चाहिए। न कि ध्रुवा के प्रयोग के अनन्तर बाद में ॥८८॥

जो तो "यस्मादुत्थापयन्ति" इसकी उपसंहार भूत ग्रन्थ के रूप में व्याख्या करते हैं उन्होंने किसी सिद्धान्त का अनुसरण नहीं किया। या इस व्याख्या से कुछ भी अनुस्मृत नहीं हो सकता है। क्योंकि ब्रह्मा के अभिवादन और जर्जर के निमन्त्रणमात्र से कुछ उत्थापित नहीं होता है। विघ्नों के शमन के उपयोगी के रूप में प्रयोग का उत्थापन परिवर्तन आदि में भी हो सकता है। क्योंकि उत्थापनी यह अन्वर्थ संज्ञा है। और नाट्य के अभिनय से प्रयोग के उत्थापन की समाप्ति का ध्रुवाभिनयरूपतया उचित अर्थ से आक्षेप होता है।

जो तो काव्य से नहीं कहा गया है उसको गीत से सिद्ध करे। क्योंकि गीत प्रयोग के प्राण होते हैं। रंग के परिक्रमण तथा अर्थ के सामर्थ्य से परिवर्त होते हैं।

इस वाक्य से गान्धर्व की तरह ध्रुवा गान में परिवर्तों की अदृष्ट फल के लिए इति कर्तव्यरूपता नहीं है। और यह भी स्फुट है कि उपाय में निर्दिष्ट उचित चार अर्थों से युक्त इस ध्रुवा का उपयोग कवि को करना चाहिए ऐसी वृद्धों की मति है ॥८८॥

चतुरश्रं लये मध्ये सन्निपातैरथाष्टभिः ।
यस्या लघूनि सर्वाणि केवलं नैधनं गुरु ॥८९॥
भवेदतिजगत्यान्तु सा ध्रुवा परिवर्तनी ।
वार्तिकेन तु मार्गेण वाद्येनानुगतेन च ॥९०॥
ललितैः पादविन्यासैर्वन्द्या देवा यथादिशम् ।
द्विकलं पादपतनं पादचार्यां गतं भवेत् ॥९१॥

## अभिनवभारती

चतुरश्र मिति । चतुरश्रतालयुक्तध्रुवायोगात्परिवर्तनं चतुरश्रम् । पादैर्गीयत इति सन्निपाताश्च पादचतुष्टययोगात् । सन्निपाताष्टकमत्र लक्षयति—यस्या इति ॥८९॥

अतिजगती त्रयोदशाक्षरा । तेन परिवर्तनचतुष्टयम् । गुरुः वार्तिकमार्गो यत्र चतुर्मात्रा कला । गीतं यदनुगच्छत्यनुगतमेतद्धवेद्वाद्यम् ॥९०॥

पादचर्यां भौम्यामाकाशिक्यां वा कर्तव्यायां पादपतनं द्वे कले व्याप्नोति । एकस्यामुत्क्षेपोऽन्यस्यां पतनमिति यावत् । अन्ये तु शोभार्थं कलायां द्वौ पादपातौ वार्तिकमार्गे वर्णयन्त इत्थं व्याचक्षते—द्वित्वं वर्तयत्येको योऽ(न्यो)भिवर्तते । न

## बालक्रीडा

(मूल) चतुरश्र ताल मध्य लय में अष्ट सन्निपातों से होता है। जिस अतिजगती १३ अक्षर छन्द के सभी अक्षर लघु होते हैं अन्तिम अक्षर केवल गुरु होता है। परिवर्तनी ध्रुवा उस अति जगती में होनी चाहिए। वार्तिक मार्ग से बाजे बजाते हुए गीत गाते हुए लालित्य सुन्दरता के साथ पाद विन्यास करते हुए प्रत्येक दिशा के देवताओं का वन्दन करना चाहिए। इसमें पाद का पतन दो दो कलाओं के अनुपात से और गमन पादचारी पद्धति में होता है। इस विधान में नृत्त प्रयोक्ता नर्तकों का कर्तव्य है कि वाम पाद से दक्षिणपाद

"चतुरश्रम्" इति। चतुरश्र ताल के उपयुक्त ध्रुवा के योग से परिवर्तन चतुरश्र होता है। पादों से गाया जाता है। इस सन्निपात से और चार पादों के योग से यह चतुरश्र है। आठ सन्निपातों का लक्षण करते हैं—जिसके ॥८९॥

अतिजगती तेरह अक्षर की होती है। इससे चार परिवर्तन होते हैं। गुरु वार्तिक-मार्ग जहाँ चार मात्राओं की कला होती है। गीत का जो अनुगमन करता है वह अनुगत वाद्य होता है। पादचारी भौमी अथवा आकाशी जब कर्तव्य होती है तब पाद पतन दो कलाओं को व्याप्त करता है यानी दो कलाओं पर्यन्त पाद पतन होता है। अर्थात् एक कला में पाद का उत्क्षेप और दूसरी में पतन होता है। दूसरे लोग तो शोभा के लिए एक कला में दो पातों को वार्तिक मार्ग में वर्णन करते हुए इस प्रकार की व्याख्या करते हैं जो

वामपादेन वेधस्तु कर्तव्यो नृत्तयोक्तृभिः ।
द्वितालान्तरविष्कम्भो विक्षेपो दक्षिणस्य च ॥९२॥
ततः पञ्चपदीं गच्छेदतिक्रान्तैः पदैरथ ।
ततोऽभिवादनं कुर्याद्देवतानां यथादिशम् ॥९३॥
वन्देत प्रथमं पूर्वां दिशं शक्राधिदैवताम् ।
द्वितीयां दक्षिणामाशां वन्देत यमदैवताम् ॥९४॥
वन्देत पश्चिमामाशां ततो वरुणदैवताम् ।
चतुर्थीमुत्तरामाशां वन्देत धनदाश्रयाम् ॥९५॥
दिशां तु वन्दनं कृत्वा वामवेधं प्रयोजयेत् ।
दक्षिणेन च कर्तव्यं विक्षेपपरिवर्तनम् ॥९६॥

अभिनवभारती

द्वे विद्येते कले यस्य पादपतनस्य तद् द्विकलमिति । एवं च वदन्तः पूर्वोक्तपूर्वोत्तरविरुद्धतानभिज्ञाः ॥९१॥९३॥

शक्रोऽधिष्ठात्री देवता अस्या इति तां पूर्वां वन्देतेति । विशेष्येण विशेषणेनेयं संबध्नातीति सविशेषं वन्द्यमानत्वं शक्रस्य गम्यते ॥९४॥९५॥

बालक्रीडा

का वेध करें और दो ताल के अन्तर के दूरी के विस्तार में दक्षिण पाद का विन्यास करें ॥९२॥

(मूल) उसके बाद अतिक्रान्त पद अर्थात् पहिली बार वेध दूसरी बार विक्षेप पुनः वेध एवं विक्षेप इस तरह किया के अतिक्रमण युक्त पदों से पाँच कदम चलना चाहिए। फिर दिशाओं के अनुसार देवताओं का अभिवादन करना चाहिए ॥९३॥

(मूल) इनमें पहिले इन्द्र जिसके देवता हैं उस पूर्व दिशा की वन्दना करे। दूसरी बार यम जिसके देवता हैं उस दक्षिण दिशा की वन्दना करे। उसके बाद वरुण देवता वाली पश्चिम दिशा की, तथा धनद कुबेर से अधिष्ठित उत्तर दिशा की वन्दना करे ॥९५॥

एक द्विक का वर्तन करता है दूसरा अभिवर्तन करता है। अर्थात् एक कला में दो पदों का पात होता है। द्विकल वह पाद पतन है जिसके लिए दो कलाएँ नहीं होती हैं। इस तरह कहते हुए वे पूर्व कथन में पूर्वोत्तर विरुद्धता के अनभिज्ञ हैं ॥९१।९२।९३॥

शक्र इन्द्र जिसका अधिष्ठाता देव है उस पूर्व दिशा की प्रथम वन्दना करे। यह दिशा शक्राधिदैवताम् इस विशेषण के द्वारा विशेष्य शक्र के साथ सम्बन्ध अन्वय करती है इसलिए विशेष रूप से शक्र का वन्द्यत्व व्यंग्य होता है ॥९४।९५॥

प्राङ्मुखस्तु ततः कुर्यात्पुरुषस्त्रीनपुंसकैः ।
त्रिपद्या सूत्रभृद्रुद्रब्रह्मोपेन्द्राभिवादनम् ॥९७॥
दक्षिणं तु पदं पुंसो वामं स्त्रीणां प्रकीर्तितम् ।
पुनर्दक्षिणमेव स्यान्नात्युत्क्षिप्तं नपुंसकम् ॥९८॥
वन्देत पौरुषेणेशं स्त्रीपदेन जनार्दनम् ।
नपुंसकपदेनापि तथैवाम्बुजसम्भवम् ॥९९॥
परिवर्तनमेवं स्यात्तस्यान्ते प्रविशेत्ततः ।
चतुर्थकारः पुष्पाणि प्रगृह्य विधिपूर्वकम् ॥१००॥

## अभिनवभारती

विक्षेपपूर्वकं परिवर्तनम्। येनोत्तराभिमुखं स्थितः परिक्रम्य पूर्वाभिमुखो भवति ॥९६॥

तत्र किं कुर्यादित्याह—प्राङ्मुखस्त्विति ॥९७॥

त्रिपदीं दर्शयति—दक्षिणन्त्विति ॥९८॥

एतया त्रिपद्या अभिवादनं दर्शयति—वन्देतेति ॥९९॥

एवं दिग्देवतावन्दनं परिवर्तिन्या ध्रुवया विशुद्गीयमानपदया कार्यम्। तस्यान्त इत्यादि तस्येति। तस्येति परिवर्तस्य। सूत्रधारस्य पारिपार्श्विकयोश्च

## बालक्रीड़ा

(मूल) इस तरह दिशाओं का वन्दन कर के दक्षिण चरण से वाम चरण का वेध करे फिर दक्षिण का विक्षेप पूर्वक परिवर्त करे ॥९६॥

(मूल) उसके बाद सूत्रधार पूर्वाभिमुख होकर पुरुष स्त्री एवं नपुंसक संज्ञक तीन पादों से रुद्र ब्रह्मा एवं उपेन्द्र विष्णु का अभिवादन करे ॥९७॥

(मूल) पुरुष का दक्षिण पद, स्त्रियों का वाम पद फिर नपुंसक का अधिक नहीं उठा हुआ दक्षिणपद होता है ॥९८॥

(मूल) पुरुष संज्ञक पैर से खड़ा होकर महेश्वर को, स्त्रीपद से जनार्दन विष्णु को तथा नपुंसक पैर से अम्बुज संभव ब्रह्माजी का वन्दन करे ॥९९॥

(मूल) इस प्रकार परिवर्त्तन होना चाहिए। इसके बाद अन्त में चौथे परिवर्त्तन कर्म को करने वाला अभिनेता विधिपूर्वक पुष्पों का ग्रहण कर के रंगभूमि में रंगमंच पर प्रवेश करे ॥१००॥

विक्षेप पूर्वक परिवर्त्तन होता है जिससे उत्तराभिमुख बैठा हुआ व्यक्ति घूमकर पूर्वाभिमुख हो जाता है ॥९६॥ वहाँ क्या करे इसलिए कहते हैं कि प्राङ्मुख होकर ॥९७॥ त्रिपदी को दिखाते हैं—दक्षिण चरण को ॥९८॥ इस त्रिपदी से अभिवादन को दिखाते

**यथावत्तेन कर्तव्यं पूजनं जर्जरस्य तु ।**
**कुतपस्य च सर्वस्य सूत्रधारस्य चैव हि ॥१०१॥**
**तस्य भाण्डसमः कार्यस्तज्ज्ञैर्गतिपरिक्रमः ।**
**न तत्र गानं कर्तव्यं तत्र स्तोभक्रिया भवेत् ॥१०२॥**

### अभिनवभारती

तिस्रः क्रियाः । तद्व्यतिरिक्तश्चतुर्थं कर्म करोतीति चतुर्थकारः । विधिः "स्थानन्तु वैष्णवम्" इत्यादि (ना. शा. ५-६७) सूत्रधारोक्तः ॥१००॥

पुष्पाणां प्रयोजनमाह—यथावदिति । तृतीयेऽध्याये पुष्कराध्याये (३४) च निरूपितदेवतापूजाक्रमेण ॥१०१॥

भाण्डेनैव सम इति । पुष्करवाद्यमेवास्य गत्यर्थे परितः क्रमेण कार्यम् । गीतय इति गानमर्थवद्वाक्यम् । स्तोभानां शुष्काक्षराणाम् । क्रिया गानमित्यर्थः ॥१०२॥

### बालक्रीडा

(मूल) फिर विधि विधान के अनुसार उसे जर्जर, कुतप एवं सूत्रधार का पूजन करना चाहिए ॥१०१॥

(मूल) जहाँ नर्तकी नाँच करती है एवं गायिका गान करती है वहाँ वादक लोग वाद्यों को अपनी कमर में अपने सम्मुख में बाँध लेते हैं । और रंग मंच पर उसके साथ २ घूमते हैं चलते हैं । इस आशय से यहाँ लिखते हैं कि जानकार लोगों को चाहिए कि उस चतुर्थकार की गतियों का परिक्रम भाण्डवाद्यों के साथ कराया जावे । वहाँ राग या रागिनी का गान नहीं करना चाहिए केवल स्तोभ किया यानी अन्तरालाप गुनगुनाना होना चाहिए ॥१०२॥

है—वन्दन करे ॥९९॥ इस तरह विद्युत् के सदृश रुक २ कर गीयमान पदों वाली परिवर्तनी ध्रुवा से दिशाओं के अधिष्ठाता देवों का वन्दन करना चाहिए । उस परिवर्त्त के अन्त में बाद में । सूत्रधार एवं दो पारिपार्श्विकों की तीन क्रियाएं हैं । इनसे अलग व्यतिरिक्त चतुर्थ को जो करता है वह चतुर्थ कार है । विधि वही है जो "स्थानन्तु वैष्णवम्" इत्यादि सूत्रधार के लिए कही गई है ॥१००॥

पुष्पों के प्रयोजन को कहते हैं—यथावत् अर्थात् तृतीय अध्याय में बतलाये गये और ३४ वें पुष्कराध्याय में बतलाये जाने वाले देवताओं की पूजा के क्रम से ॥१०१॥

भाण्डेनैव समः । भाण्ड के साथ ही । अर्थात् इस चतुर्थकार की गति के अर्थ में परितः चारों तरफ क्रम से पुष्कर वाद्य को ही कर देना चाहिए । गाथा आव वह गान है अर्थवान् वाक्य है । स्तोभ शुष्क अक्षर अर्थ रहित आलाप । नन्द ला आ आ आ आ ला । इत्यादि । क्रिया का अर्थ यहाँ गान है ॥१०२॥

चतुर्थकारः पूजां तु स कृत्वान्तर्हितो भवेत् ।
ततो गेयावकृष्टा तु चतुरश्रा स्थिता ध्रुवा ॥१०३॥
गुरुप्राया तु सा कार्या तथा चैवावपाणिका ।
स्थायिवर्णाश्रयोपेता कलाष्टकविनिर्मिता ॥१०४॥
चतुर्थं पञ्चमं चैव सप्तमं चाष्टमं तथा ।
लघूनि पादे पङ्क्त्यान्तु सावकृष्टा ध्रुवा स्मृता ॥१०५॥

अभिनवभारती

स्थितेति । विलम्बितलया ॥१०३॥

गुरुप्रायेति । "नव गुर्वक्षराण्यादौ" इति (ना. शा. ५-१११) यच्छुष्काव-कृष्टाया लक्षणं भविष्यति तदेवास्यामिति यावत् । "स्थिताः स्वराः समा यत्र स्थायी वर्णः सः" (ना. शा. २९-१९) समाश्रिता येऽलङ्कारा वक्ष्यन्ते तैरुपेताः । कलाष्टकं द्विकलचच्चत्पुट उक्तपूर्वः (५-६२) ॥१०४॥

एवं पूर्वामितिकर्तव्यतामभिधाय नान्दीमाह—सूत्रधार इति । तत्रेत्यव-कृष्टायां गीतायामित्यर्थः । तद्ध्रुवागानगतेन मध्यमस्वरेण पाठ इत्यतस्तस्या ध्रुवाया मध्यमांशको जात्यंशको गृहीत इत्युक्तं भवति । एतदुपजीवनेनोक्तं कश्यपाचार्येण "पूर्वरङ्गे तु पाठ्यः" इति । चाग्रहणादपिशब्दाच्चतुष्पोडशपदत्वं चतुरश्रे पूर्वरङ्गे ।

बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार वह चतुर्थकार पूजा कर के वहाँ से अन्तर्हित हो जाय । उसके बाद गायक या गायिका चतुरश्र ताल वाले विलम्बित लय के अनुसार अवकृष्टा ध्रुवा का गान करे ॥१०३॥

(मूल) उसमें प्रायः गुरु अक्षरों वाली अवपाणिका होनी चाहिए । जो स्थायी वर्णों का समाश्रय कर के आठ कलाओं से विनिर्मित है ॥१०४॥

(मूल) वह अवकृष्टा ध्रुवा होती है । जहाँ पंक्ति छन्द में प्रत्येक पाद में चतुर्थ, पंचम, सप्तम एवं अष्टम अक्षर लघु होवे ॥१०५॥

स्थिता माने विलम्बितलया है ॥१०३॥

गुरुप्राया इति । "नौ गुरु अक्षर आदि में" ऐसा जो शुष्कावकृष्टा का लक्षण कहेंगे वही लक्षण इसका भी होगा । जहाँ स्वर स्थित एवं सम रहे वह वर्ण स्थायी है । उस वर्ण के आश्रित अलंकार जिनको आग कहेंगे उनसे उपेत युक्त । कलाष्टक पद से पहिले कहा हुआ द्विकल चच्चत्पुट को समझना चाहिए ॥१०४॥

इस तरह पहिले इतिकर्तव्यता को कह कर अब नान्दी को कहते हैं । सूत्रधार इति । तत्र माने अवकृष्टा का गान होने पर । उस ध्रुवा के गान में मध्यम स्वर से पाठ होता है इसलिए उस ध्रुवा का मध्यमांश लिया गया है यह इससे प्राप्त होता है । इसका

सूत्रधारः पठेत्तत्र मध्यमं स्वरमाश्रितः ।
नान्दीं पदैर्द्वादशभिरष्टभिर्वाऽप्यलङ्कृताम् ॥१०६॥ २०४
नमोऽस्तु सर्वदेवेभ्यो द्विजातिभ्यः शुभं तथा ।
जितं सोमेन वै राज्ञा शिवं गोब्राह्मणाय च ॥१०७॥ २०५
ब्रह्मोत्तरं तथैवास्तु हता ब्रह्मद्विषस्तथा ।
प्रशास्त्विमां महाराजः पृथिवीं चससागराम् ॥१०८॥ २०६
राष्ट्रं प्रवर्धतां चैव रङ्गस्याशा समृद्ध्यतु ।
प्रेक्षाकर्तुर्महान्धर्मो भवतु ब्रह्मभाषितः ॥१०९॥ २०७
काव्यकर्तुर्यशश्चास्तु धर्मश्चापि प्रवर्धताम् ।
इज्यया चानया नित्यं प्रीयन्तां देवता इति ॥११०॥ २०८

### अभिनवभारती

त्र्यश्रे तु त्रिपद्षट्पदत्वमपि लभ्यते । एतच्च प्रथमाध्याय एवास्माभिरुक्तम् (पृ. २५-२६) ॥१०५।१०६॥

नान्दी पठति—नमोऽस्त्वित्यादि, देवता इत्यन्तम् । रङ्गस्येति । नटकुशीलववर्गस्य । धर्म इति । "य इमं पूर्वरङ्गम्" इति (ना. शा. ५-१५०) वक्ष्यमाणः ॥१०७।११०॥

### बालक्रीडा

(मूल) वहाँ रंग मंच पर सूत्रधार मध्यम स्वर से आठ पदों या बारह पदों से सुशोभित नान्दी का पाठ करे ॥१०६॥

(मूल) सब देवताओं के लिए नमस्कार है । द्विजाति ब्राह्मण क्षत्रिय एवं वैश्य का शुभ होवे । राजा सोम की जय हो । गौ एवं ब्राह्मणों का कल्याण होवे ॥१०७॥

(मूल) ब्राह्मणों का उत्कर्ष हो और ब्रह्मद्वेष्टा ब्राह्मणद्रोही नष्ट हो जायें । महाराज इस सागरों सहित पृथिवी का प्रशासन करें ॥१०८॥

(मूल) राष्ट्र समृद्ध हो । रंग की आकांक्षा सम्पन्न हो । सत्याशिषः सम्प्रति भूमिदेवाः के अनुसार ब्राह्मणों के द्वारा कहा हुआ महान् धर्म प्रेक्षाकर्त्ता नाट्याचार्य को मिले ॥१०९॥

(मूल) काव्य निर्माता के यश एवं धर्म की वृद्धि हो और इस यज्ञ से देवता लोग प्रसन्न होवें ॥११०॥

उपजीवन कर के कश्यपाचार्य ने कहा है कि पूर्वरंग में षाडव स्वर को करना चाहिए । और अपिशब्द के ग्रहण से चतुरश्र पूर्वरंग में चतुष्पदा या षोडशपदा नान्दी का ग्रहण है और त्र्यश्र पूर्वरंग में त्रिपदा और षट्पदा नान्दी मिल जाती है ॥१०५।१०६॥

नान्दी को पढ़ते हैं । नमोऽस्तु इत्यादि से आरम्भ कर के देवता यहाँ तक । रंग का यानी नट कुशीलव वर्ग का । धर्म "य इमं" से वक्ष्यमाण है ॥१०७।११०॥

नान्दीपदान्तरेष्वेषु ह्येवमार्येति नित्यशः ।
वदेतां सम्यगुक्ताभिर्वाग्भिस्तौ पारिपार्श्विकौ ॥१११॥
एवं नान्दी विधातव्या यथावल्लक्षणान्विता ।
ततश्शुष्कावकृष्टा स्याज्जर्जरश्लोकदर्शिका ॥११२॥
नवगुर्वक्षराण्यादौ षड्लघूनि गुरुत्रयम् ।
शुष्कावकृष्टा तु भवेत्कला ह्यष्टौ प्रमाणतः ॥११३॥

## अभिनवभारती

पदमत्रावान्तरवाक्यम् । तदन्तरेष्वेवमार्येति । अन्तरशब्दो विशेषे । नान्दीपदविशेष उक्त इत्यर्थः । मध्यवाचिन्यन्तरशब्देऽन्त्यं पदं न स्वीकृतम् ॥१११॥

एवं नान्दीं लक्षणतः पूरयित्वा शुष्कावकृष्टाख्यमङ्गं पूरयति—ततश्शुष्कावकृष्टेत्यादिना । ततः एतत्प्रयोगानन्तरम् । जर्जरस्तुतिश्लोको यतः सूत्रधारेण पठ्यतेऽतो जयतेर्दर्शिका तत्पुरस्सरीत्यर्थः ॥११२॥

शुष्कावकृष्टामात्राः नव गुर्वक्षराणीति ॥११३॥

## बालक्रीडा

(मूल) इन नान्दी पदों के उच्चारण के समय बीच २ में वे भृंगार एवं जर्जर को धारण करने वाले वे दोनों पारिपार्श्विक शुद्ध वाणी से "हे आर्य ऐसा ही होवे" इस प्रकार बार २ कहें ॥१११॥

(मूल) इस तरह शास्त्रोक्त लक्षणों से समन्वित नान्दी को करना चाहिए । उसके बाद जर्जर के यश का गान जिसमें हो ऐसी शुष्कावकृष्टा ध्रुवा का प्रयोग करना चाहिए ।११२।

(मूल) शुष्कावकृष्टा वह होती है जिसमें आरम्भ में नौ गुरु अक्षर मध्य में छ लघु अक्षर और अन्त में तीन गुरु हों तथा अष्टकला जिसका प्रमाण हो ॥११३॥

पद शब्द से यहाँ पर अवान्तर वाक्य लेना चाहिए । अन्तर शब्द का अर्थ है विशेष । अतः इन पदान्तरों में इस प्रकार आर्या होनी चाहिए । अर्थात् नान्दी पद विशेष कहा । मध्यवाची अन्तर शब्द से अन्त्य पद को स्वीकार नहीं किया है ॥१११॥

एवं अर्थात् चतुर्थकार के प्रवेश में इतिकर्त्तव्या यह है । इस प्रकार नान्दी को लक्षण से पूरण कर के शुष्कावकृष्टाख्य अंग की पूर्ति करते हैं ततः शुष्कावकृष्टा इत्यादि से । ततः माने इसके प्रयोग के बाद । जब कि जर्जर की स्तुति के श्लोक को सूत्रधार पढ़ते हैं अतः जयति की दर्शिका अर्थात् जयति पद के उच्चारण पूर्वक नान्दी को पढ़ना अपेक्षित है ॥११२॥

शुष्कावकृष्टा की मात्रा का प्रमाण "नौ गुरु अक्षर" ॥११३॥

यथा—

डिग्ले डिग्ले डिग्ले डिग्ले जम्बुकपलितकते तेचाम् ।
कृत्वा शुष्कावकृष्टां तु यथावद्‌द्विजसत्तमाः ! ॥११४॥
ततः श्लोकं पठेदेकं गम्भीरस्वरसंयुतम् ।
देवस्तोत्रं पुरस्कृत्य यस्य पूजा प्रवर्तते ॥११५॥
राज्ञो वा यत्र भक्तिः स्यादथवा ब्रह्मणस्तवम् ।
गदित्वा जर्जरश्लोकं रङ्गद्वारे च यत्स्मृतम् ॥११६॥

### अभिनवभारती

उदाहरणं पठतीदं डिग्ले इत्यादि यथावदित्यनेन तदनन्तरं जर्जरश्लोकपाठं सूचयति । तद्दर्शनेन तस्या उक्तत्वात् ॥११४॥

ततः श्लोकमित्यनेन रङ्गद्वारमङ्गं निरूपयति । देवस्य विष्णोः स्तोत्रं पूर्वं कृत्वा यां देवतामुद्दिश्योत्सवादौ नाट्यं कृतं सा तत्र स्तोतव्या ॥११५॥

अथवा येन नाट्यं प्रवर्तितं तत्प्रेक्षापतेराराध्यदेवता । स चेदुदासीनस्तर्हि ब्रह्मणः स्तवम् । रङ्गद्वारमुपसंहरंश्चार्याख्यमङ्गं पूरयितुं तत्र पूर्वेतिकर्तव्यतामाह—गदित्वेति । जर्जरश्लोकं गदित्वा यो रङ्गद्वारे श्लोकस्तं च गदित्वा जर्जरोऽपि नाम्यते । वक्ष्यमाणस्तुलाधृतरूपता येन श्लोकेन संपाद्यते तादृशमन्यं श्लोकं पठेत् ।

### बालक्रीडा

(मूल) जैसे—डिग्ले इत्यादि नो गुरु आरम्भ में हैं जम्बुकपलितक ये छ लघु मध्य में हैं तथा अन्त में ते ते चां ये तीन गुरु हैं । इस प्रकार हे श्रेष्ठ द्विजो ? शास्त्र के अनुसार शुष्कावकृष्टा ध्रुवा का गान कर के जिसकी पूजा प्रस्तुत हो उसी देवता की स्तुति को लक्ष्य कर के एक श्लोक को पढ़े ॥११४।११५॥

(मूल) जिसमें राजा के प्रति भक्ति हो अथवा ब्राह्मणों की स्तुति हो ऐसे जर्जर श्लोक का उच्चारण करे । जिस श्लोक का रंग द्वार में स्मरण किया गया था ॥११६॥

डिग्ले डिग्ले इत्यादि इस उदाहरण को पढ़ते हैं । यथावत् इससे शुष्कावकृष्टा के अनन्तर जर्जर श्लोक के पाठ की सूचना देते हैं । क्योंकि जर्जर श्लोक को देख कर नान्दी को कहा है ॥११४॥ ततः श्लोकम् इससे रंगद्वार नामक अंग का निरूपण करते हैं । देव विष्णु के स्तोत्र का पाठ पहिले कर के फिर जिस देवता के उद्देश्य से उत्सवादि के अवसर पर नाट्य का प्रयोग किया है उस देवता की स्तुति करनी चाहिए ॥११५॥

अथवा जिसने नाट्य का अभिनय कराया उस नाट्यशाला के अधिकारी की जो आराध्य देवता है उसकी स्तुति करनी चाहिए । यदि वह प्रेक्षापति उदासीन है । तब ब्रह्माजी का स्तव करना चाहिए । इस तरह रंगद्वार का उपसंहार करते हुए चारी नामक अंग की पूर्ति करने के लिए उसमें पहिली इतिकर्तव्या को कहते हैं (गदित्वा) कहकर । जर्जर सम्बन्धी श्लोक को

**पठेदन्यं पुनः श्लोकं जर्जरस्य विनामनम् ।**
**जर्जरं नमयित्वा तु ततश्चारीं प्रयोजयेत् ॥११७॥**
**पारिपार्श्विकयोश्च स्यात्पश्चिमेनापसर्पणम् ।**
**अङ्कुिता चात्र कर्तव्या ध्रुवा मध्यलयान्विता ॥११८॥**

### अभिनवभारती

"अत्र विघ्नविनाशार्थम्" (ना. शा. ३-७८) इत्युक्तश्लोकव्यतिरिक्तं जर्जरस्य नाम्नोऽर्थाभिधायिनं श्लोकं चार्यङ्गभूतं पठेदिति यावत् ।

अन्ये तु शुष्कावकृष्टानन्तरं देवतास्तोत्रमिति श्लोकः । ततो जर्जरश्लोकः । ततो विष्णुस्तुतिकृद्रङ्गद्वारश्लोकः । ततो जर्जरश्लोक इत्याहुः ॥११६।११७॥

पश्चिमेनेति । प्राङ्मुखावेव पृष्ठनिवृत्तिभिः पदैः पारिपार्श्विकावपसर्पेतामित्यनेन केवलसूत्रधारप्रयोज्यमानाश्चारीमहाचार्यः सूचिताः । ध्रुवामाह-अङ्कुिता चात्रेति । रङ्गद्वारे चार्यां चेति केचित् । अन्ये तु सन्निधानाद्रङ्गद्वारेऽवकृष्टैवेत्याहुः । अध्रुवमेव रङ्गद्वारमित्येके ॥११८॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) फिर दूसरे श्लोक का पाठ करे जिसमें जर्जर का विनामन हो अर्थात् उसको प्रणाम किया हो । इस प्रकार जर्जर को प्रणाम करने के बाद चारी का प्रयोग करे ॥११७॥

(मूल) उसी समय पीछे के रास्ते से उन दोनों पारिपार्श्विकों को चला जाना चाहिए । और वहाँ मध्य लय का आश्रयण कर के अड्डिता ध्रुवा का गान करना चाहिए ॥११८॥

और रंगद्वार के विषय में जो श्लोक है उसको भी कह कर जर्जर झुकाया जाता है अर्थात् "नाभि प्रदेशे विन्यस्य जर्जरं च तुलाधृतम्" इस वक्ष्यमाण सन्तुलित प्रकार से धारण किये हुए जर्जर का नाभि प्रदेश पर विन्यास जिस श्लोक से करें उसी तरह के किसी अन्य श्लोक को पढ़ना चाहिए । "अत्र विघ्नविनाशार्थम्" इस श्लोक से व्यतिरिक्त भिन्न जर्जर के विनामन अर्थ को कहने वाली चारी के अंगभूत श्लोक को पढ़े यहाँ तक तात्पर्य है । दूसरे लोग तो शुष्कावकृष्टा के अनन्तर "देवतास्तोत्रम्" इसी श्लोक, उसके बाद जर्जर श्लोक, उसके पश्चात् विष्णु की स्तुति करने वाले रंग द्वार के श्लोक और फिर जर्जर श्लोक को पढ़ना चाहिए कहते हैं ॥११६।११७॥

प्राङ् मुख पूर्व की तरफ मुँह किये हुए दोनों पारिपार्श्विक पीछे की तरफ लौटने वाले उलटे पैरों से अपसर्पण करें । इससे केवल सूत्रधार के द्वारा प्रयोज्य चारी एवं महाचारी सूचित की गई । ध्रुवा को कहते हैं (अड्डिता चात्र) इति । यहाँ अड्डिता ध्रुवा को करे । कोई तो कहते हैं कि रंग द्वार और चारी में अड्डिता ध्रुवा को करे । दूसरे तो कहते हैं समीप में अवकृष्टा का निरूपण हुआ है अतः रंगद्वार में अवकृष्टा का ही प्रयोग करना चाहिए । एक लोग ऐसे भी हैं जो कहते हैं कि बिना ध्रुवा के ही रंग द्वार होना चाहिए ॥११८॥

चतुर्भिः सन्निपातैश्च चतुरश्रा प्रमाणतः ।
आद्यमन्त्यं चतुर्थं च पञ्चमं च तथा गुरु ॥११९॥
यस्यां ह्रस्वानि शेषाणि सा ज्ञेया त्वड्डिता बुधैः ।
अस्याः प्रयोगं वक्ष्यामि यथा पूर्वं महेश्वरः ॥१२०॥
सहोमया क्रीडितवान्नानाभावविचेष्टितैः ।
कृत्वाऽवहित्थं स्थानं तु वामं चाधोमुखं भुजम् ॥१२१॥

अभिनवभारती

चतुरश्रा इति । प्रस्ताराञ्चित एव चञ्चत्पुटे स्यात् (ना. शा. ३१) इह छन्दोविशेषाभिधानेऽपि नियमो वक्ष्यते 'उष्णिगनुष्टुब्बृहती पङ्क्तिश्चेतीह जातयः (ना. शा. ३२-३६) ॥११९॥ अड्डिता जातिरिति

अन्ये तु पठन्ति—

"आद्यं चतुर्थं दशममष्टमैकादशे तथा ।
गुरूणि दोधके या स्यादड्डिता नाम सा स्मृता ॥" इति ।
"आद्यमन्त्यं चतुर्थं च पञ्चमं च तथा गुरु ।" इत्येके ॥

अस्या इति । चार्याः ॥१२०॥

सहोमयेति । 'शृङ्गारस्य प्रचरणात् ।' (ना. शा. ५-२७) 'उमा तुष्टा' (ना. शा. ५-४२) इति चोक्तत्वादिति भावः । क्रीडितवानिति । स्त्रीचेष्टितेनेति भावः । कृत्वावहित्थं स्थानमित्यति । अवहित्थं स्त्रीणां स्थानकम्—

बालक्रीड़ा

(मूल) जो चार सन्निपातों से उपलक्षित "प्रमाण में चतुरश्र" तथा जिसमें पहिला चौथा पाचवाँ तथा अन्तिम अक्षर गुरु हों तथा बाकी अक्षर ह्रस्व हों उसे बुधों को अड्डिता समझनी चाहिए। इसका प्रयोग मैं आप लोगों को बतलाऊँगा। जैसा कि महेश्वर ने पहिले उमा के साथ नाना भाव मयी चेष्टाओं से क्रीड़ा की थी अनेक प्रकार की चित्तवृत्तियों का व्यंजक अभिनय किया था ॥१२१॥

चतुरश्रा इति । प्रस्तार से अञ्चित चञ्चत्पुट में चतुरश्रा ध्रुवा होनी चाहिए। यहाँ छन्दो विशेष के अभिधान में भी नियम को कहेंगे कि उष्णिक् सात अक्षरों वाली, अनुष्टुप् आठ अक्षरों वाली, बृहती नौ अक्षरों वाली, पंक्ति दस अक्षरों वाली जातियाँ हैं ॥११९॥

अड्डिता एक जाति है। आद्यमन्त्यं चतुर्थं च के स्थान पर अन्य लोग ऐसा पढ़ते हैं कि दोधक छन्द में पहला चौथा दसवाँ आठवाँ एवं ग्यारवाँ अक्षर जब गुरु होवें तब अड्डिता मानी गई है। एक ऐसा पढ़ते हैं कि पहला, अन्त का एवं चौथा पाँचवाँ अक्षर जहाँ गुरु रहे। अस्याः का अर्थ है इस चारी के ॥१२०॥

उमा के साथ। क्योंकि पहले इसी पाँचवें अध्याय में "शृंगार के प्रचरण से" "उमा

चतुरस्रमुरः कार्यमञ्चितश्चापि मस्तकः ।
नाभिप्रदेशे विन्यस्य जर्जरं च तुलाधृतम् ॥१२२॥
वामपल्लवहस्तेन पादैस्तालान्तरोत्थितैः ।
गच्छेत्पञ्चपदीं चैव सविलासाङ्गचेष्टितैः ॥१२३॥

### अभिनवभारती

"पूर्वो विरचितस्थ्यश्रस्तदन्योऽपसृतः समः ।
पादस्तालान्तरन्यस्तस्त्रिकमीषत्समुन्नतम्" ॥ (ना. शा. १२-१६८)
पाणिर्लताख्यो यत्रैकस्तदन्यस्तु नितम्बगः ।
अवहित्थं समाख्यातम्" (ना. शा. १२-१६९) ॥१२१॥

नाभि प्रदेशे इति । खटकामुखमध्ये स्त्रीगतौ हि वक्ष्यते—
"नाभिप्रदेशे विन्यस्य सव्यं च खटकामुखम् ।" इति (ना. शा. १२-१७९) ।१२२।
वामपल्लवः—"मणिबन्धनमुक्तौ तु पताकौ पल्लवौ" इति (ना. शा. ९-१९६) ।
पञ्चपदीं पूर्वोक्तमेव स्मारयति ॥१२३॥

### बालक्रीडा

(मूल) आकार का गोपन जिसमें हो सके उस अवहित्थ नामक स्थान में खड़ा होकर वाम भुजा को अधोमुख, उर को चतुरस्र एवं मस्तक को अञ्चित करना चाहिए ॥१२२॥

(मूल) दाहिने हाथ से जर्जर को नाभिप्रदेश पर तुलाधृत अर्थात् ठीक २ सन्तुलित रूप में विन्यस्त कर के वाम हस्त से अलपल्लव करण का अभिनय करते हुए एक २ ताल के अन्तर से पैर को ऊपर की तरफ उठा कर अंगों से शृंगारमयी चेष्टाओं को दिखाता हुआ पाँच कदम आगे चले ॥१२३॥

तुष्ट हो जायें" ऐसा कहा है। क्रीड़ा मयी स्त्रियों की चेष्टाओं के सदृश चेष्टाओं से अवहित्थ स्थान को कर के। अवहित्थ स्त्रियों का स्थान है—

जहाँ दो तालों के बीच में रखा हुआ प्रथम पाद त्र्यस्र है उससे अन्य अपसृत किया हुआ पाद सम और त्रिक रीढ़ कुछ समुन्नत रहे। तथा जहाँ एक हस्त लताहस्त दूसरा हस्त नितम्ब गत रहे तब वह अवहित्थ कहाता है ॥१२१॥

"नाभिप्रदेशे" इस पाठ को स्त्रियों की गति के निरूपण के अवसर पर खटकामुख के मध्य में कहेंगे।

कृत्वावहित्थं स्थानं तु वामं चाधोमुखं भुजम्
नाभिप्रदेशे विन्यस्य सव्यं च खटकामुखम् ॥

अवहित्थ स्थान की स्थिति में खड़ा होकर वाम भुज को अधोमुख और दाहिनी भुजा को खटकामुख के रूप में नाभिप्रदेश पर रखे ॥१२२॥

वामवेधस्तु कर्तव्यो विक्षेपो दक्षिणस्य च ।
शृङ्गाररससंयुक्तां पठेदार्यां विचक्षणः ॥१२४॥
चारीश्लोकं गदित्वा तु कृत्वा च परिवर्तनम् ।
तैरेव च पदैः कार्यं पश्चिमेनापसर्पणम् ॥१२५॥
पारिपार्श्विकहस्ते तु न्यस्य जर्जरमुत्तमम् ।
महाचारीं ततश्चैव प्रयुञ्जीत यथाविधि ॥१२६॥
चतुरश्रा ध्रुवा तत्र तथा द्रुतलयान्विता ।
चतुर्भिस्सन्निपातैश्च कला ह्यष्टौ प्रमाणतः ॥१२७॥

### अभिनवभारती

वामवेधस्त्विति । आर्यामिति । यत्र देव्या सह भगवतः पार्वतीप्रियस्य प्रणयकोपादि श्लोक्यते वर्ण्यतेऽनेनेति श्लोक आर्यैवात्र ॥१२४॥

अथ महाचारीप्रयोगमवतारयति पारिपार्श्विकहस्ते त्विति ॥१२५।१२६॥

तत्र ध्रुवामाह—चतुरश्रेति । द्विकलेनोक्तेन चच्चत्पुटेन ॥१२७॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) बुद्धिमान् अभिनेता वाम चरण का वेध यानी सूची चारी का प्रयोग एवं दक्षिण चरण का विक्षेप कर के शृंगार रस से युक्त आर्या का पाठ करे ॥१२४॥

(मूल) इस तरह चारी के प्रयोग के बाद श्लोक का आर्या का (यहाँ श्लोक एवं आर्या समार्थक हैं) का उच्चारण एवं अंगों का परिवर्तन कर के उन्हीं पैरों से पीछे की तरफ अपसर्पण करे ॥१२५॥

(मूल) इसके बाद पारिपार्श्विक हस्त में उत्तम जर्जर को रख कर विधिपूर्वक महाचारी का प्रयोग करे ॥१२६॥

(मूल) तथा उसमें द्रुतलय से अन्वित एवं चार सन्निपातों से उपलक्षित चतुरश्रा ध्रुवा का प्रयोग करे । जो ध्रुवा प्रमाणतः आठ कलाओं वाली होनी चाहिए ॥१२७॥

पल्लवसंज्ञक नामहस्त जैसे—मणिबन्ध से मुक्त पताक हस्त पल्लव कहाता है । पञ्चपदी जिसको पहिले कह चुके हैं उसकी याद दिलाते हैं ॥१२३॥

वामवेधः इति । वस्याम् । इति । यहाँ देवी के साथ भगवान् पार्वतीप्रिय के प्रणय एवं कोप आदि को कहा जाय वर्णित किया जाय इससे वह श्लोक आर्या ही यहाँ पर है ॥१२४॥

महाचारी के प्रयोग का अवतरण करते हैं—पारिपार्श्विक के हस्त में तो ॥१२५।१२६॥

उसमें ध्रुवा को कहते हैं—चतुरश्रा ध्रुवा । जो द्विकल चच्चत्पुट से कही गई है ॥१२७॥

आद्यं चतुर्थम् यह ध्रुवा के योग में नैष्क्रम चरण का लक्षण है ॥१२८॥

आद्यं चतुर्थमन्त्यं च सप्तमं दशमं गुरु ।
लघु शेषं ध्रुवा योगे त्रैष्टुभं चरणं भवेत् ॥१२८॥

यथा—

पादतलाहतिपातित शैलं
क्षोभितभूतसमग्रसमुद्रम् ।
ताण्डवनृत्तमिदं प्रलयान्ते
पातु जगत्सुखदायि हरस्य ॥१२९॥
भाण्डोन्मुखेन कर्तव्यं पादविक्षेपणं ततः ।
सूचीं कृत्वा पुनः कुर्याद्विक्षेपपरिवर्तनम् ॥१३०॥
अतिक्रान्तैः सललितैः पादैर्द्रुतलयान्वितैः ।
त्रितालान्तरमुत्क्षेपैर्गच्छेत्पञ्चपदीं ततः ॥१३१॥

अभिनवभारती

आद्यं चतुर्थमिति ध्रुवालक्षणम् ॥१२८॥

अस्याः प्रयोगमाह—भाण्डोन्मुखेनेति । पश्चिमाभिमुखेन । महेश्वरत्वं यस्य न्यस्यात्मनि तस्यात्मनीच्छया ऊनचतुस्तालता तचेष्टितानुसरणाच मध्यत्वेऽपि तद्द्वि-

बालक्रीड़ा

(मूल) इस ध्रुवा के प्रयोग में श्लोक का आर्या का चरण त्रैष्टुभ यानी ११ अक्षर वाली त्रिष्टुप् जाति का होना चाहिए। जिसमें पहिला, चौथा, सातवाँ, दसवाँ और ग्यारहवाँ अक्षर गुरु होता है और बाकी अक्षर लघु होते हैं। जैसे १ पा (ऽ) ४ ला (ऽ) ७ पा (ऽ) १० शै (ऽ) ११ लं (ऽ) ये पाँच अक्षर गुरु हैं बाकी दत, हति, तित ये छ अक्षर लघु हैं। १२८

(मूल) प्रलय के समय में किया गया यह जगत् को सुख देने वाला भगवान् शिव का ताण्डव नृत्य-जिसमें पैरों के आघात से पहाड़ टूट २ कर गिर गये हैं और समुद्र एवं समुद्र के समग्र भूत प्राणि वर्ग क्षुब्ध हो गये हैं—हम सब की रक्षा करे ॥१२९॥

(मूल) इस तरह ध्रुवा का गान कर के भाण्ड वाद्यों के उन्मुख होकर पाद का विक्षेप करना चाहिए। फिर वाम पैर से सूची चारी को कर के दक्षिण पाद का विक्षेप एवं अंग परिवर्तन करे ॥१३०॥

(मूल) उसके बाद तीनों तालों के अन्तर से पैरों को उठा कर पाँच कदम आगे चले। जिसमें द्रुत लय के साथ सुन्दरता से पादों का विक्षेप रहे ॥१३१॥

इसके प्रयोग को कहते हैं—भाण्ड की तरफ उन्मुख होकर अर्थात् पश्चिम में रखे हुए भाण्ड की तरफ मुख होने से पश्चिममुख हो जाता है। जिसकी आत्मा में महेश्वरत्व का न्यास

तत्रापि वामवेधस्तु विक्षेपो दक्षिणस्य च ।
तैरेव च पदैः कार्यं प्राङ्मुखेनापसर्पणम् ॥१३२॥ १३०
पुनः पदानि त्रीण्येव गच्छेत्प्राङ्मुख एव तु ।
ततश्च वामवेधः स्याद्विक्षेपो दक्षिणस्य च ॥१३३॥ १३१
ततो रौद्ररसं श्लोकं पादसंहरणं पठेत् ।
तस्यान्ते तु त्रिपद्या व्याहरतां पारिपार्श्विकौ ॥१३४॥ १३२
तयोरागमने कार्यं गानं नर्कुटकं बुधैः ।
तथा च भारतीभेदे त्रिगतं सम्प्रयोजयेत् ॥१३५॥ १३३

अभिनवभारती

तालतैल्यौचित्यात् त्रितालान्तरत्वमुक्तम् ॥१२९।१३३॥

अथ महाचारी सूचयति—ततो रौद्ररसमिति । रुद्रस्यायं रौद्रप्रायः स रसो यत्र । पादानां च संहरणं समासयोजनयैक्यं यत्रेत्योजःप्रधानत्वं दर्शितम् । तस्येति । पाठस्यान्ते । त्रिपद्येति । पारिपार्श्विकावामुखरूपया व्याहरताम् । अत्र च ध्रुवाया अनुक्तत्वात्पूर्वोक्तैवाक्षिप्ता संश्रयणीया ॥१३४॥

बालक्रीडा

(मूल) उसमें वाम चरण में वेध, दक्षिण चरण चरण का विक्षेप और फिर उन्हीं पैरों से पूर्वाभिमुख अपसर्पण करना चाहिए ॥१३२॥

(मूल) फिर तीन ही पैर पूर्वाभिमुख ही चले। उसके अनन्तर वाम पैर में वेध यानी सूची चारी का प्रयोग और दक्षिण चरण का विक्षेप करना आवश्यक है ॥१३३॥

(मूल) उसके बाद पादों का संहरण यानी उनका नजदीक २ विन्यास करते हुए रौद्र रसमय श्लोक का पाठ करे। उसके अन्त में त्रिपदी तीन पद जिसमें रहे ऐसी जाति से दोनों पारिपार्श्विकों को पुकारे। पारिपार्श्विकौ आगच्छतम् ॥१३४॥

(मूल) उनके आगमन के समय अभिनेता लोग नर्कुटक छन्द वाली ध्रुवा का गान करें तथा भारती वृत्ति की शैली में त्रिगत का प्रयोग करें ॥१३५॥

किया है उसकी आत्मा में चार से ऊन कम ताल होने चाहिए उसके बाद उसके चेष्टित के अनुसरण से मध्य में दो ताल होंगे अतः औचित्य से तीन तालों का अन्तर कहा ॥१२९।१३३॥

अब महाचारी की सूचना करते हैं। उसके बाद रौद्ररस वाले। रुद्र का जो हो वह रौद्र रस जहाँ रहे। पादों का संहरण यानी समास कर देने से एकता जहाँ रहे इससे ओज गुण की प्रधानता दिखला दी। तस्य अर्थात् उस पाठ के अन्त में त्रिपदी से। पारिपार्श्विक व्याहरण करें कहने का अभिप्राय है आमुख रूप त्रिपदी का व्याहरण करें। यहाँ किसी ध्रुवा का कथन नहीं किया है अतः पूर्व में कही हुई आक्षिप्ता ध्रुवा का ही संश्रय करना चाहिए ॥१३४॥

विदूषकस्त्वेकपदां सूत्रधारस्मितावहाम् ।
असम्बद्धकथाप्रायां कुर्यात्कथनिकां ततः ॥१३६॥
वितण्डां गण्डसंयुक्तां नालिकाश्च प्रयोजयेत् ।
कस्तिष्ठति जितं केनेत्यादिकाव्यप्ररूपिणीम् ॥१३७॥
पारिपार्श्विकसञ्जल्पो विदूषकविरूपितः ।
स्थापितः सूत्रधारेण त्रिगतं सम्प्रयुज्यते ॥१३८॥
प्ररोचना च कर्तव्या सिद्धेनोपनिमन्त्रणम् ।
रङ्गसिद्धौ पुनः कार्यं काव्यवस्तुनिरूपणम् ॥१३९॥

### अभिनवभारती

अथ त्रिगतमङ्गं दर्शयति—तयोरित्यादिना । तयोः पारिपार्श्विकयोः । नर्कुटकध्रुवा वक्ष्यते ।

"अष्टौ नर्कुटकानां तु विज्ञेया मूलजातयः । ३२।२७३ ।
रथोद्धता बुद्बुदकमुद्गतं वंशपत्रकम् । इत्यादि (ना० शा० ३२ २७४)

तदन्यतमध्रुवोपलक्षितं गानं नर्कुटकम् ।

भारतीभेद इति १३५॥ भारतीवृत्त्यङ्गमुपसंहरत्येवमेव इति । चतुरश्रस्त्र्यश्रश्शुद्धश्चित्र इति चतुर्धा पूर्वरङ्गः । यद्वक्ष्यति—

"त्र्यश्रं वा चतुरश्रं वा शुद्धं चित्रमथापि वा ।" इति चित्र एव विशेषान्वितो भवति । १३६ ।

### बालक्रीडा

(मूल) उसके बाद विदूषक असंबद्ध कथा अर्थात् बे मेल परस्पर असंगत बातचीतों से सूत्रधार को हँसाने वाली एकपदा माने प्रसंग से अन्य २ वस्तुओं वाली कहानी कहे ॥१३६॥

(मूल) हमारे सन्मुख कौन ठहरता है किसकी हिम्मत है । किसने विजय किया इत्यादि काव्यों का निरूपण करने वाली वितण्डा जो गण्ड संयुक्ता है अर्थात् गाल्वजोवल जिसमें खूब है ऐसी वितण्डा और तालिका का प्रयोग करना चाहिए ॥१३७॥

(मूल) पारिपार्श्विकों का संजल्प कथोपकथन जिसमें विदूषक की खिहाड़ी की गई है और जिसका सूत्रधार ने आरम्भ किया है ऐसा त्रिगत का संप्रयोग होता है ॥१३८॥

(मूल) सिद्ध अर्थात् प्रशस्त वाक्य से उपनिमन्त्रण यानी श्रोताओं का प्रवृत्ति में

अब तयोरित्यादि से त्रिगत को दिखाते हैं । तयोः माने पारिपार्श्विकों के । नर्कुटक छन्दोमयी ध्रुवा को कहेंगे । नर्कुटकों की आठ मूल जातियों को समझना चाहिए । वे हैं रथोद्धता, बुद्बुदक, उद्गत एवं वंशपत्रक वगैरह । इनमें से किसी ध्रुवा से उपलक्षित गान नर्कुटक है । भारती के भेद का ॥१३५॥

सर्वमेव विधिं कृत्वा सूचीवेधकृतैरथ ।
पादैरनाविद्धगतैर्निष्क्रामेयुः समं त्रयः ॥१४०॥
एवमेष प्रयोक्तव्यः पूर्वरङ्गो यथाविधि ।
चतुरश्रो द्विजश्रेष्ठाः ? त्र्यश्रं चापि निबोधत ॥१४१॥
अयमेव प्रयोगः स्यादङ्गान्येतानि चैव हि ।
तालप्रमाणं सङ्क्षिप्तं केवलं तु विशेषकृत् ॥१४२॥
शम्या तु द्विकला कार्या तालो ह्येककलस्तथा ।
पुनश्चैककला शम्या सन्निपातः कलाद्वयम् ॥१४३॥
अनेन हि प्रमाणेन कलातालल्यान्वितः ।
कर्तव्यः पूर्वरङ्गस्तु त्र्यश्रोऽप्युत्थापनादिकः ॥१४४॥
आद्यं चतुर्थं दशममष्टमं नैधनं गुरु ।
यस्यास्तु जागते पादे सा त्र्यश्रोत्थापिनी ध्रुवा ॥१४५॥

## बालक्रीडा

उन्मुखीकरण रूप प्ररोचना करनी चाहिए । इस तरह जब रंग की सिद्धि हो जाय तब फिर काव्यवस्तु का निरूपण करना चाहिए ॥१३९॥

(मूल) इस प्रकार सूची चारी के प्रयोगमय वाम चरण के वेध करण के साथ २ सभी विधियों को कर के आविद्ध चारी मय गति की शैली से रहित पार्दों की गति से अर्थात् आविद्ध चारी से अतिरिक्त चारी की गति से तीनों को साथ ही रंग से निकल जाना चाहिए ॥१४०॥

(मूल) हे श्रेष्ठ द्विज लोगों ? इस प्रकार विधि के अनुसार चतुरस्र पूर्वरंग का प्रयोग करना चाहिए । अब आप लोग त्र्यश्र पूर्वरंग को मुझसे समझें ॥१४१॥

(मूल) जिसमें यही प्रयोग रहेगा और ये ही अंग होंगे । किन्तु इसमें ताल एवं कला आदि का प्रमाण संक्षिप्त रूप में रहेगा । यही केवल विशेषता रहेगी । चतुरश्र में कला ह्यष्टौ प्रमाणतः के अनुसार आठ कलाय होती हैं । चतुर्भिः सन्निपातैश्च के अनुसार चार सन्निपात होते हैं ॥१४२॥

(मूल) किन्तु इसमें छ कलायें एवं एक सन्निपात होता है । जैसे दो कलाओं वाली शम्या तथा एक कला वाला ताल फिर एक कला वाली शम्या और दो कलाओं वाला सन्नि-पात होता है १४३॥

(मूल) इस उक्त प्रमाण के अनुसार कला एवं ताल से अन्वित त्र्यश्र पूर्वरंग को उत्थापनादि युक्त करना चाहिए ॥१४४॥

वाद्यं गतिप्रचारश्च ध्रुवातालस्तथैव च ।
संक्षिप्तान्येव कार्याणि त्र्यश्रे नृत्तप्रवेदिभिः ॥१४६॥
वाद्यगीतप्रमाणेन कुर्यादङ्गविचेष्टितम् ।
विस्तीर्णमथ सङ्क्षिप्तं द्विप्रमाणविनिर्मितम् ॥१४७॥
हस्तपादप्रचारस्तु द्विकलः परिकीर्तितः ।
चतुरश्रे परिक्रान्ते पाताः स्युः षोडशैव तु ॥१४८॥
त्र्यश्रे द्वादश पातास्तु भवन्ति करपादयोः ।
एतत्प्रमाणं विज्ञेयमुभयोः पूर्वरङ्गयोः ॥१४९॥
केवलं परिवर्ते तु गमने त्रिपदी भवेत् ।
दिग्वन्दने पञ्चपदी चतुरश्रे विधीयते ॥१५०॥
आचार्यबुद्ध्या कर्तव्यस्त्र्यश्रे तालः प्रमाणतः ।
तस्मान्न लक्षणं प्रोक्तं पुनरुक्तं भवेद्यतः ॥१५१॥
एवमेष प्रयोक्तव्यः पूर्वरङ्गो द्विजोत्तमाः ? ।
त्र्यश्रश्च चतुरश्रश्च शुद्धो भारत्युपाश्रयः ॥१५२॥

बालक्रीड़ा

(मूल) नृत्त के जानकार आचार्यों को त्र्यश्र पूर्वरंग में वाद्य गति प्रचार यानी चारियों ध्रुवाओं एवं तालों को संक्षेप में ही करना चाहिए ॥१४६॥

(मूल) और वाद्य एवं गीतों के प्रमाण से ही अंगों की चेष्टाएँ भी करनी चाहिए। क्योंकि विस्तीर्ण एवं संक्षिप्त दो ही प्रमाणों से विनिर्मित ये होते हैं ॥१४७॥

(मूल) इस चतुरश्र रंगमंच पर हाथ एवं पैरों का प्रचार एवं संचालन दो कलाओं का होता है। किन्तु परिक्रान्त में परिवर्त्त में सोलह ही पात होते हैं न कम और न बेश ॥१४८॥

(मूल) त्र्यश्र पूर्वरंग में तो कर एवं पादों के बारह ही पात होते हैं। यह प्रमाण दोनों पूर्वरंगों का समझना चाहिए ॥१४९॥

(मूल) केवल त्र्यश्र परिवर्तन यानी दिग्वन्दन में त्रिपदी होनी चाहिए। और चतुरश्र परिवर्त्त यानी दिग्वन्दन में पंचपदी होनी चाहिए ॥१५०॥

(मूल) आचार्य गण अपनी बुद्धि से त्र्यश्र में तालों के प्रमाण को निश्चित कर लेवें। इसलिए मैंने त्र्यश्र का लक्षण अलग नहीं कहा। क्योंकि पुनरुक्ति हो जाती है ॥१५१॥

(मूल) हे उत्तम ब्राह्मणो ! भारती वृत्ति का आश्रयण कर के इसी प्रकार इस शुद्ध त्र्यश्र एवं चतुरश्र पूर्वरंग का प्रयोग करना चाहिए ॥१५२॥

एवं तावदयं शुद्धः पूर्वरङ्गो मयोदितः ।
चित्रत्वमस्य वक्ष्यामि यथाकार्यं प्रयोक्तृभिः ॥१५३॥

वृत्ते ह्युत्थापने विप्राः कृते च परिवर्तने ।
चतुर्थकारदत्ताभिः सुमनोभिरलङ्कृते ॥१५४॥
उदात्तगानैर्गन्धर्वैः परिगीते प्रमाणतः ।
देवदुन्दुभयश्चैव निनदेयुर्भृशं तदा ॥१५५॥
सिद्धाः कुसुममालाभिर्विकिरेयुः समन्ततः ।
अङ्गहारैश्च देव्यस्ता उपनृत्येयुरग्रतः ॥१५६॥
यस्ताण्डवविधिः प्रोक्तो नृत्ते पिण्डीसमन्वितः ।
रेचकैरङ्गहारैश्च न्यासापन्याससंयुतः ॥१५७॥

## अभिनवभारती

तदा गमनकाले।१५५। ततोऽनन्तरम्। निष्क्रान्तासु नर्तकीषु ततः परं शुष्कावकृष्टादि यदङ्गजातं प्ररोचनान्तं तैरेव सूत्रधारादिभिस्ततः परं कृत्वा ततः शुद्धादुत्कृष्टं चित्रं कृत्वाऽङ्गहारव्यामिश्रेण प्रयोक्तव्यम्।

## बालक्रीड़ा

(मूल) इस प्रकार मैंने इस शुद्ध पूर्वरंग को बतलाया। अब म इसमें जैसे चित्रता करनी है उसको कहूँगा ॥१५३॥

(मूल) हे विप्रगणो ! उत्थापन के समाप्त होने एवं परिवर्त्तन के कर देने, चतुर्थकार के द्वारा दिये गये पुष्पों से रंगमंच के सजा दिये जाने और गन्धर्वों के द्वारा प्रमाण के अनुसार उदात्त गायन करने के बाद देव दुंदुभियों को बजाना चाहिए ॥१५४।१५५॥

(मूल) सिद्ध लोग चारों तरफ पुष्पमालाओं का विकिरण करें और वे देवांगनाएं वहां सामाजिकों के संमुख अंगहारों की विधि से नाँच करें ॥१५६॥

(मूल) नृत्त के विषय में रेचक, अंगहार, न्यास, अपन्यास एवं पिण्डियों से समन्वित जो ताण्डव विधि मैंने कही है उससे नाँच करें ॥१५७॥

भारती वृत्ति के अंगों का उपसंहार करते हैं। इस प्रकार यह त्र्यस्र चतुरस्र शुद्ध एवं चित्र भेद से चार प्रकार का पूर्वरंग है। जैसा कि कहेंगे। त्र्यस्रं वा इत्यादि। विलक्षणता युक्त चित्र ही होता है ॥१३६।१५४॥

तदा गमन काल में।१५५। उसके अनन्तर। सब नर्तकियों के निकल जाने के बाद शुष्कावकृष्टादि प्ररोचनान्त जो अंग समुदाय है उनको उन्हीं सूत्रधारों के द्वारा करा कर फिर शुद्ध की अपेक्षा चित्र उत्कृष्ट होता है इसलिए अंगहारों से मिश्रित चित्र का प्रयोग करना चाहिए।

नान्दीपदानां मध्ये तु एकैकस्मिन्पृथक्पृथक् ।
प्रयोक्तव्यो बुधैः सम्यक्चित्रभावमभीप्सुभिः ॥१५८॥ २४४
एवं कृत्वा यथान्यायं शुद्धं चित्रं प्रयत्नतः ।
ततःपरं प्रयुञ्जीत नाटकं लक्षणान्वितम् ॥१५९॥ २४५
ततस्त्वन्तर्हिताः सर्वा भवेयुर्दिव्ययोषितः ।
निष्क्रान्तासु च सर्वासु नर्तकीषु ततः परम् ॥१६०॥ २४६
पूर्वरङ्गे प्रयोक्तव्यमङ्गजातमतः परम् ।
एवं शुद्धो भवेच्चित्रः पूर्वरङ्गो विधानतः ॥१६१॥ २४७
कार्यो नातिप्रसङ्गोऽत्र नृत्तगीतविधिं प्रति ।
गीते वाद्ये च नृत्ते च प्रवृत्तेऽतिप्रसङ्गतः ॥१६२॥ २४८

## अभिनवभारती

अन्ये च "नास्ति पुरुषस्य नृत्तम्" इत्याशयेन सर्वास्वित्यत्र नान्दीपदवैचित्र्याय याः प्रविष्टास्तासामेव निष्क्रामणमत्र पूर्वासां चतसृणाम् । तेन तत्कृतमेव गानं तेषु चित्रत्वमिति मन्यन्ते ॥ १५६।१६१ ॥

नातिप्रसङ्ग इति । तत्रैकाङ्गहारप्रयोग एव कार्यं इत्यर्थः । अत एवाङ्गान्तरगणनया षोडशैवाङ्गहाराः । तथा चोत्थापनं परिवर्तनमवकृष्टगानं नान्दीपाठः

## बालक्रीडा

(मूल) प्रत्येक नान्दीपद में विचित्रता को चाहने वाले बुद्धिमान् नाट्याचार्य उसका पृथक् प्रयोग करें ॥१५८॥

(मूल) इस प्रकार नाट्य सिद्धान्त के अनुसार शुद्ध एवं चित्र पूर्वरंग के करने बाद बड़े प्रयत्न से लक्षणों से समन्वित नाटक का प्रयोग करना चाहिए ॥१५९॥

(मूल) इस तरह नाटक के प्रारम्भ होने के बाद सभी दिव्यांगनाओं को उत्साहित हो जाना चाहिए । और सभी नर्तकियों का भी निकल जाना आवश्यक है ॥१६०॥

(मूल) अतः परं पूर्वरंग में अंगों का प्रयोग करना चाहिए । इस तरह विधान के अनुसार शुद्ध एवं चित्र पूर्वरंग होता है ॥१६१॥

(मूल) यह अतीव आवश्यक है कि पूर्वरंग में वाद्य गीत एवं नृत्त की प्रवृत्ति में अति आसक्ति नहीं करनी चाहिए । क्योंकि उनमें अत्यासक्ति से प्रयोग करने वाले पात्रों को

और लोग तो पुरुष का नृत्त नहीं होता है इस आशय से नान्दी के वैचित्र्य के लिए जो प्रविष्ट हुई थी उन्हीं पहले की प्रविष्ट चारों नर्तकियों का निष्क्रमण यहाँ पर अपेक्षित है । इससे उनका किया हुआ गाना यहाँ पर चित्र है । ऐसा मानते हैं ॥१५६।१६१॥

खेदो भवेत्प्रयोक्तॄणां प्रेक्षकाणां तथैव च ।
खिन्नानां रसभावेषु स्पष्टता नोपजायते ॥१६३॥
ततः शेषप्रयोगस्तु न रागजनको भवेत् ।
लक्षणेन विना बाह्यलक्षणाद्विस्तृतं भवेत् ॥१६४॥

## अभिनवभारती

शुष्कावकृष्टजर्जरश्लोकाः ध्रुवा रङ्गद्वारमड्डिता आर्यापाठो ध्रुवा रौद्रश्लोकपाठो नर्कुटकं त्रिगतं प्ररोचना चेत्येते । अङ्गहारषोडशकमेव त्र्यश्रेऽपीति । नान्दीपादान्तरेषु बहुतरं नृत्तम् ।

अन्ये तु तत्रैव नृत्तमिच्छन्ति नाङ्गान्तरेषु । तच्चासङ्गतम् । एवं च सति 'वृत्ते ह्युत्थापन' इत्यादि तथा 'निष्क्रान्तासु च सर्वासु' इत्यादि चानुपात्तसममेव स्यात् । न चैकाङ्ग विचित्रत्वाद्विमिश्रचित्रव्यपदेशे दृष्टान्तो ह्येकस्य तन्तोर्वर्णस्य वैचित्र्ये पटेऽपि वा तथा व्यपदेशः । 'एतद्विमिश्र' इति चोक्तं प्राक् । (ना० शा० ४-१६) तदलमनेन ॥१६२॥

प्रेक्षकाणामित्यनेन सामाजिकानां पूर्वरङ्गे स्फुटैव नटे वृत्तिर्भवतीति दर्शयति । तत्संस्कारसंस्कृतत्वात्तु तत्त्वधीः । भ्रान्त्यादिबुद्धिश्च नाट्यधीर्भवतीति सूचयति । यदि हि

## बालक्रीड़ा

खेद हो जाता है और उसी तरह दर्शकों को भी । जिसके फलस्वरूप रस एवं भावों में स्पष्टता नहीं हो पाती है ॥१६२।१६३॥

(मूल) और अवशिष्ट प्रयोग भी आकर्षक एवं रागजनक नहीं हो पायेंगे । मुख्य लक्षण का अनुसरण किये बिना बाह्य लक्षण से प्रयोग अनावश्यक विस्तृत हो जाता है । इसलिए लोक एवं शास्त्र के अनुसार नाट्य का प्रवर्तन करना चाहिए ॥१६४॥

अतिप्रसंग अत्यन्त आसक्ति नहीं करनी चाहिए । अतः वहीं पर एक ही अंगहार का प्रयोग करना चाहिए । इसीलिए अन्य अंगों की गणना से सोलह ही अंगहार हैं । वे अंग ये हैं उत्थापन १ परिवर्तन २ अवकृष्टा गान ३ नान्दीपाठ ४ शुष्कावकृष्ट ५ जर्जर ६ जर्जरश्लोक ७ ध्रुवा ८ रंगद्वार ९ अड्डिता १० आर्यापाठ ११ ध्रुवा १२ रौद्ररसमयश्लोक-पाठ १३ नर्कुटक १४ त्रिगत १५ प्ररोचना १६ । ये सब चतुरश्र में हैं । इसी तरह त्र्यश्र पूर्वरंग में भी सोलह अंगहार हैं । नान्दी के भिन्न २ पादों में बहुतर नृत्त हैं ।

अन्य लोग तो पूर्वरंग में ही नृत्त चाहते हैं अन्य अंगों में नहीं । वह सब असत् है । इस प्रकार मानने पर "नृत्त में उत्थापन" इत्यादि तथा "सभी नर्तकियों के निकल जाने पर" इत्यादि सब अनुपात्त के समान ही होगा । एक अंग में भी विचित्रता नहीं होने से मिश्रित चित्र के व्यपदेश में कोई दृष्टान्त नहीं है । क्योंकि एक तन्तु के वर्ण में वैचित्र्य होने पर ही पट में भी वैचित्र्य का व्यपदेश होता है । "यह विमिश्र है" ऐसा पहिले कहा जा चुका है । अतः बस करिये इस विचार से ।

लोकशास्त्रानुसारेण तस्मान्नाट्यं प्रवर्तते ॥।
त्र्यस्रं वा चतुरस्रं वा शुद्धं चित्रमथापि वा ॥१६५॥
प्रयुज्य रङ्गान्निष्कामेत्सूत्रधारः सहानुगः ।
देवपार्थिवरङ्गानामाशीर्वचनसंयुताम् ॥१६६॥

## अभिनवभारती

तेपु नटबुद्धिरेवोत्पादनीया स्यादमुतस्तर्हि प्रयत्नेन नटबुद्धिसम्पादकं पूर्वरङ्गप्रस्तावनादि तान्प्रति गोपनीयं स्यात् । दर्शितं चैतदस्माभिः प्रथमाध्याये (पु० १६) प्रयोक्तारः करणादेः प्रयोगे यत्र खिन्नाः प्रेक्षकाश्चादौ ततः शेषः प्रयोगः प्रीतिं न कुर्यात् । तत्प्रधानं चेदं नाट्यं व्युत्पत्तिप्रदमित्युक्तम्

शुद्धमिति । यत्र गीतकवर्धमानविधावेव नृत्तं न तु इतरत्रेति सर्वथा शुद्धमधुना प्रयोगार्हम् ॥ १६३।६५ ॥

एवं प्ररोचनान्तमङ्गजातमुक्त्वा यत्पूर्वमुक्तं—

## बालक्रीडा

(मूल) शुद्ध या चित्र त्र्यस्र पूर्वरंग एवं शुद्ध या चित्र चतुरस्र पूर्वरंग का प्रयोग कर के सूत्रधार को अपने अनुगामियों के सहित रंगस्थल से निकल जाना चाहिए ॥१६५॥

"प्रेक्षकाणाम्" इस पद से यह दिखाते हैं कि पूर्वरंग के समय में सामाजिकों की नट में रामाकारा वृत्ति होती है यह स्फुट ही है किन्तु नाट्यविषयक संस्कारों से संस्कृत होने से तत्त्वधी अर्थात् "यह राम नहीं है किन्तु यह नट है" यह वास्तविक बुद्धि भी होती है। नाट्यविषयकधी भ्रान्ति आदि ज्ञान है। यहाँ का भाव यह है कि राम ही यह है यानी यह राम नहीं है अन्य कोई है ऐसी बात नहीं है किन्तु राम ही है यह ज्ञान। या यही राम है यानी अन्य कोई राम नहीं है यही राम है यह ज्ञान सम्यक् ज्ञान है। जहाँ पहिले राम है यह ज्ञान हुआ किन्तु जब वह ज्ञान यह राम नहीं है इस ज्ञान से उत्तर काल में कट गया तब यह भ्रान्ति ज्ञान हुआ मिथ्या ज्ञान हुआ। यह राम है कि या और कोई है यह ज्ञान संशय स्वरूप है। राम के जैसा यह है यह सादृश्यात्मक ज्ञान है। यह सूचित करता है। यदि उन नाट्य के पात्रों में वस्तुतः नट विषयक बुद्धि ही उत्पन्न करनी है और रामादि बुद्धि नहीं करनी है तब प्रयत्न के साथ नट बुद्धि सम्पादक पूर्वरंग प्रस्तावना आदि को सामाजिकों से छिपाना चाहिए। कहने का सारांश यह है कि यदि पूर्वरंग प्रस्तावना वगैरह के लिए पात्रों को राम आदि का सांग भराया जाना स्पष्ट कर दिया जाय तो यह अमुक लड़का है यही राम बना है अमुक लड़का सीता बना है इस प्रकार समझने से नाटक का आनन्द नाटक का मजा किरकिरा हो जायगा। अतः पात्रों के द्वारा किये जाने वाले भूमिका ग्रहण को छिपाना चाहिए।

इस नाट्यधी के विषय में हमने प्रथमाध्याय में १६ वें पेज में दिखला दिया है। "तत्र नाट्यं नाम" इत्यादि रूप से। जहाँ प्रयोग करने वाले नट लोग तलपुष्पपुट आदि करणों

कवेर्नामगुणोपेतां वस्तूपक्षेपरूपिकाम् ।
लघुवर्णपदोपेतां वृत्तैश्चित्रैरलङ्कृताम् ॥१६७॥
अन्तर्यवनिकासंस्थः कुर्यादाश्रावणां ततः ।
आश्रावणावसाने च नान्दीं कृत्वा स सूत्रधृत् ॥१६८॥
पुनः प्रविश्य रङ्गं तु कुर्यात्प्रस्तावनां ततः ।
प्रयुज्य विधिनैवं तु पूर्वरङ्गं प्रयोगतः ॥१६९॥
स्थापकः प्रविशेत्तत्र सूत्रधारगुणाकृतिः ।
स्थानं तु वैष्णवं कृत्वा सौष्ठवाङ्गपुरस्कृतम् ॥१७०॥

अभिनवभारती

"रङ्गसिद्धौ पुनः कार्यं काव्यवस्तु निरूपणम् ।" इति (ना० शा० ५-१२५) तद्वितत्य निरूपयति—प्रयुज्येति । प्रयोगेण प्रयोगतः । १६६।१६९ । स्थापयति समस्तं रूपकवृत्तमिति स्थापकः । सूत्रधारस्य गुणः सौमनस्यविस्मययोगाद्भुतदृष्टित्वरक्षादिराकृतिश्च वैष्णवादिरित्येतत्स्थापकभूमिकां गतस्यापि भवति । तदेव स्पष्टयति—स्थानमित्यादिना । सूत्रधार एव स्थापक इति सूत्रधारः पूर्वरङ्गं प्रयुज्य

बालक्रीडा

(मूल) देव, पार्थिव राजा एवं रंग के विषय की आशीर्वादों से संयुत, कवि के नाम और गुणों से सम्पन्न, वस्तु का उपक्षेप करने वाली एवं अनेक प्रकार के वृत्तों से अलंकृत आश्रावणा को पर्दे के भीतर ही रह कर सूत्रधार करे। आश्रावणा के अन्त में सूत्रधार नान्दी को कर के रंग में प्रवेश करे और प्रस्तावना करे ॥१६६।१६७।१६८॥

(मूल) इस प्रकार विधिपूर्वक पूर्वरंग का प्रयोग कर के सूत्रधार के गुण एवं आकार में सदृश स्थापक वहाँ प्रयोग में प्रवेश करे। सौष्ठव अंग से पुरस्कृत वैष्णव स्थान में खड़ा होकर रंगस्थली में प्रवेश करे। और सूत्रधार की गति का अनुसरण करे ॥१६९॥

के प्रयोग को करते २ खिन्न हो जाँय थक जाँय और प्रेक्षक सामाजिक लोग भी देखते २ खिन्न हो जाँय तब बाकी का प्रयोग प्रीति कारक नहीं हो सकता है। जो कि उन्हीं के लिए प्रेक्षणीय यह है क्योंकि प्रधान रूप से यह नाट्य उन्हीं के लिए व्युत्पत्तिप्रद है। यह सब कहा जा चुका है। 'शुद्धम्" इति। जहाँ गीतक वर्धमानविधि में ही न कि और जगह नृत्त नहीं है वहाँ सर्वथा शुद्ध पूर्वरंग ही का प्रयोग होना चाहिए ॥१६३।१६६॥

इस प्रकार प्ररोचना पर्यन्त अंगजात को कह कर जो पहले कहा था कि रंग की सिद्धि करने पर पुनः काव्यवस्तु का निरूपण करना चाहिए उसका विस्तार पूर्वक निरूपण करते हैं—प्रयुज्य प्रयोग कर के इति। प्रयोग से ॥१६६।१६९॥

रूपक के समस्त इतिवृत्त का स्थापन करता है अतः स्थापक है। सौमनस्य, विस्मय, योगसिद्धि के द्वारा प्राप्त अद्भुत दृष्टि, त्वरा (दीर्घसूत्रता का अभाव) एवं रक्षा वगैरह और

प्रविश्य रङ्गं नैरेव सूत्रधारपदैर्व्रजेत् ।
स्थापकस्य प्रवेशे तु कर्तव्याऽर्थानुगा ध्रुवा ॥१७१॥
त्र्यश्रा वा चतुरश्रा वा नज्झैर्मध्यलयान्विता ।
कुर्यादनन्तरं चारीं देवब्राह्मणशंसिनीम् ॥१७२॥

## अभिनवभारती

स्थापकः सन् प्रविशेदिति न भिन्नकर्तृकता ।१७०। अर्थानुगेति । सारसचक्राह्वाद्युपमानक्रमेण तत्र प्रावेशिकी । तदर्थमप्येवमुत्थापन्यादिवत्कार्या ।१७१। मध्यलयान्विता इत्यद्यतनानामिष्टत्वात् । शोकाद्याविष्टे हि विलम्बितलया । रोषाद्याविष्टे च द्रुतचक्रलया प्रावेशिकी । ततः प्रभृति हि सामाजिकानां हृदयं समुचितास्वादनयोग्यम् । यैः संस्कर्तव्यमिति त्रिभिर्लयैर्न्याय्यम् । अन्यत्वे सर्वप्रावेशिकीगानं स्वातन्त्र्याभिप्रायेण इति । तदविचारिवाणप्रसिद्धिमात्रमिति मन्तव्यम् । कुर्यादनन्तरं चारीमिति । महाचारीगतौ श्लोकौ वक्ष्येते । तेन शृङ्गाररसप्रधानं वीरादिरसप्रधानं वा देवद्विजस्तोत्रोद्देश्येन श्लोकं पठेदित्यर्थः ।१७२।

## बालक्रीड़ा

(मूल) स्थापक के प्रवेश के समय अर्थ के अनुकूल ध्रुवा का गान करना जानकार के लिए आवश्यक है ॥१७१॥

(मूल) वह ध्रुवा त्र्यस्र या चतुरस्र कैसी भी हो वह मध्य लय से अन्वित होनी चाहिए । उसके बाद देव एवं ब्राह्मणों की प्रशंसा से पूर्ण चारी को करे ॥१७२॥

वैष्णवादि आकृति ये सब स्थापक की भूमिका को भी प्राप्त करने वाले सूत्रधार के गुण हैं । स्थान को तो इत्यादि से । उन्हीं को स्पष्ट करते हैं । सूत्रधार ही स्थापक होता है अतः पूर्वरंग का प्रयोग कर के वह स्थापक बन कर प्रवेश करे इस सिद्धान्त के अनुसार भिन्नकर्तृकता नहीं है ॥१७०॥

अर्थ के अनुकूल प्रावेशिकी ध्रुवा को सारस एवं चक्राह्वादि रूप उपमान क्रम से और इसी तरह उत्थापन्यादि के प्रकार से उसके अर्थ को करना चाहिए ॥१७१॥

मध्यलय से अन्वित प्रावेशिकी ध्रुवा को करना चाहिए यह आधुनिकों को इष्ट है । शोकाकुल के विषय में विलम्बित लया और रोषाविष्ट के विषय में द्रुतलया प्रावेशिकी ध्रुवा को करना चाहिए । उसी से अर्थात् द्रुत या विलम्बित लया के करने से सामाजिकों का हृदय समुचित आस्वादन के योग्य होता है । जिनको तीनों लयों का संस्कार करना है समुदाय करना है । यहाँ संस्कर्तव्यम् पाठ है उसका अर्थ है समवेतव्यम् । अतः समवाये च सूत्र से समुदाय में वृद् है । उन्हें तो तीनों के द्वारा हृदय को आस्वादन के योग्य करना न्याय्य है उचित है । अन्य दशा में अर्थात् जब समुदाय नहीं करना है उस हालत में सभी प्रावेशिकी ध्रुवाओं का गाना स्वतन्त्र रूप से अभिप्रेत है । यह बिना विचारे वाण माने कहने की प्रसिद्धि केवल है । ऐसा मानना चाहिए । वाण का अर्थ है कथन । अण रण वण भण शब्दार्थाः इस धातु पाठ

सुवाक्यमधुरैः श्लोकैर्नानाभावरसान्वितैः ।
प्रसाद्य रङ्गं विधिवत्कवेर्नाम च कीर्तयेत् ॥१७३॥
प्रस्तावनां ततः कुर्यात्काव्यप्रख्यापनाश्रयाम् ।
उद्घात्यकादि कर्तव्यं काव्योपक्षेपणाश्रयम् ॥१७४॥

### अभिनवभारती

अन्तरचारीमित्यन्ये पठन्ति । व्याचक्षते—स्वस्थानादन्यचारी, अनन्तरप्रतिहारासनिकादिवत्। तत्र पुनः प्ररोचनया जयाशीर्वादादिक्रमेण रङ्गस्थसामाजिकवर्गप्रसादनं देवद्विजस्तोत्रोद्देश्येन श्लोकं पठेत् इति । हृदयनिर्मलीकरणं रसास्वादोचितसंस्काराद् ग्रहणयोग्यताधानार्थं कुर्यात् । ततः कविनाम कीर्तयेत् । चशब्दात्तद्गुणादिकम् । येन प्रसिद्धादरणीयत्वं भवति ।१७३।

ततो रूपकविशेषप्रख्यापनमाश्रित्येति तत्प्रख्यापनव्याजेन भाविरूपकार्थस्य प्रस्तावनामुपक्रमोपक्षेपपर्यायां कुर्यात् । येन प्रथमत एतत्प्रभृति सामाजिकाः संक्षेपेण संस्कारवन्तो भवन्ति । साधारणलोकवृत्ताभिमानसंस्कारवन्तश्च । तथा

### बालक्रीडा

(मूल) सुन्दर वाक्यों के प्रयोग से मधुर एवं नाना भाव तथा रसों से सम्पन्न श्लोकों से रंगमंच पर आसीन सामाजिकों को विधिवत् प्रसन्न कर के कवि के नाम का निर्देश करे ॥१७३॥

(मूल) काव्य की प्रख्यापना प्रसिद्धि के आश्रित प्रस्तावना को कर के काव्य की कथा या इतिवृत्त का उपक्षेप संकेत करने वाले उद्घात्यक आदि को करे ॥१७४॥

के अनुसार । उसके बाद चारी को करना चाहिए । महाचारी के विषय के श्लोकों को कहेंगे । उसके अनुसार शृंगार रस जिसमें प्रधान हो या वीररस जिसमें प्रधान हो ऐसे देवता एवं ब्राह्मण सम्बन्धी स्तोत्र के उद्देश्य से श्लोक को पढ़ना चाहिए ॥१७२॥

अन्य लोग अन्तर चारी पाठ मानते हैं और व्याख्या करते हैं कि अपने स्थान से चारी होनी चाहिए । जैसे अनन्तर प्रतिहारासनिका होती है । वहाँ फिर प्ररोचना के द्वारा जय एवं आशीर्वाद के क्रम से रंगस्थ सामाजिक वर्ग की प्रसन्नता को करने वाले श्लोक को देवता एवं द्विजों के उद्देश्य से पढ़े । उसके अनन्तर कवि के नाम का कीर्तन कथन करना चाहिए । च शब्द से उनके गुणों को भी कहना चाहिए । जिससे कवियों की प्रसिद्धि एवं आदरणीयता होती है ॥१७३॥

उसके बाद रूपक विशेष का प्रख्यापन कर के । इस रूपक प्रख्यापन के बहाने भविष्य में खेलने के लिए प्रस्तुत किये जाने वाले रूपक के अर्थ की (उपक्रम एवं उपक्षेप की) पर्याय प्रस्तावना को करना चाहिए । जिसके फलस्वरूप आरम्भ से लेकर यहाँ तक के विषय में सामाजिक लोग संक्षेप से संस्कार वाले हो जाते हैं और साधारण जनता के वृत्त के जानकार

दिव्ये दिव्याश्रयो भूत्वा मानुषे मानुषाश्रयः ।
दिव्यमानुषसंयोगे दिव्यो वा मानुषोऽपि वा ।।१७५।।
मुखबीजानुसदृशं नानामार्गसमाश्रयम् ।
नानाविधैरुपक्षेपैः काव्योपक्षेपणं भवेत् ।।१७६।।

### अभिनवभारती

हि दिव्ये काव्यार्थे डिमादौ तत्सदृशावस्तूपक्षेपः । दिव्यमानुषो रामादिः । वाग्रहणं समुच्चये ।।१७४।१७५।।

ननूपक्षेपात्मा प्रस्तावना मुखसन्ध्यङ्गादुपक्षेपाद्बीजलक्षणाया अर्थप्रकृतेश्च कथं भिद्यत इत्याशङ्क्याह—मुखबीजानुसदृशमिति । मुखाङ्गे ह्युपक्षेपे तदेवोपक्षिप्यते । बीजं च तदेव स्वल्पमात्रम् । इह तु तत्समम् । तथा हि—नटीविदूषकपारिपार्श्विकैः समन्तादिति विचित्रभेदेन स्वकार्यनिरूपणव्याजेन ये नानाविधा उपक्षेपाः उपांशु छन्नत्वेन रूपकार्थबीजस्य सामाजिकहृदयभूमौ क्षेपास्तैः काव्यं प्रस्ताव्य प्रस्तावकस्थापकौ निष्क्रामेताम् ।

नन्विह पूर्वरङ्गशेषभूता चेत्प्रस्तावना तर्हि भारत्यङ्गभूतत्वेन पुनः किमित्यामुखं प्ररोचना चाभिधास्यते (ना० शा० २०-२७)। उच्यते। विविधा प्रस्तावना भवति—पूर्वरङ्गस्याङ्गभूताऽन्यस्य वा। तत्र पूर्वरङ्गाङ्गेऽस्याः कविरुदासीनः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) दिव्य सम्बन्धी कथा या इतिवृत्त का संकेत दिव्य पात्र बनकर करे । मानुष के आश्रित का मानुष बनकर, दिव्य मानुष की संयुक्त कथा का संकेत दिव्य अथवा मानुष करे ।।१७५।।

(मूल) मुख एवं बीज के अनुकूल एवं सदृश नाना मार्गों का आश्रयण करते हुए अनेक विध उपक्षेपों के द्वारा काव्य के नाम का संकेत होना चाहिए ।।१७६।।

एवं संस्कारवान् हो जाते हैं । जैसे दिव्य डिमादि काव्य में दिव्य के जैसी वस्तुओं का उपक्षेप होता है । दिव्य एवं मनुष्य दोनों स्वरूपों वाले राम एवं कृष्ण हैं । वा का ग्रहण समुच्चय के लिए है ।।१७४।१७५।।

उपक्षेप स्वरूपा प्रस्तावना मुखसन्धि के अंग उपक्षेप से और बीज लक्षण अर्थ प्रकृति से भिन्न कैसे हो सकती है ऐसी आशंका कर के कहते हैं कि मुख और बीज के अनुकूल जैसे हो । मुख सन्धि के अंग उपक्षेप में उसी का उपक्षेप किया जाता है । और बीज में वही स्वल्पमात्रा में रहता है । यहाँ प्रस्तावना में तो वह समान भाव में रहता है । जैसे नटी, विदूषक एवं पारिपार्श्विक चारों तरफ इस विचित्र तरीके से अपने कार्य के निरूपण के बहाने जो नानाविध उपक्षेप हैं यानी उपांशु प्रच्छन्न रूप से रूपक के अर्थ भूत बीज का सामाजिक की हृदयरूपी भूमी में क्षेप हैं उनसे काव्य की प्रस्तावना कर के प्रस्तावक एवं स्थापक निकल जाँय ।

प्रस्ताव्यैवं तु निष्क्रामेत्काव्यप्रस्तावकल्पनः ।
एवमेष प्रयोक्तव्यः पूर्वरङ्गो यथाविधि ॥१७७॥ २६८
य इमं पूर्वरङ्गं तु विधिनैव प्रयोजयेत् ।
नाशुभं प्राप्नुयात्किञ्चित्स्वर्गलोकं च गच्छति ॥१७८॥ २७०

अभिनवभारती

स्थापक एव स्वतन्त्रो निर्माता अन्यो वा कश्चिद् वागानादावपि । यदाह श्रीहर्षः—अतएव भासो वा हासो वा नाम कविः कस्मिंश्चिन्नाटके । "दिवं यातश्चित्तज्वरेणोत्कलित एवाभिवर्तते । अशक्यमस्य पुरतोऽवस्थातुम्" इत्यादि । या द्वितीया सा वृत्तिभेदमध्ये पठिता । एवं प्ररोचनादावपि मन्तव्यम् । यदाह—"यत्र कश्चित्काव्याभिमुखं नीयते पूर्वरङ्गविधिः तदभिमुखं वा काव्यारम्भस्तद्भवति सा द्विविधा" इत्यादि । एतच्च वृत्त्यध्याये व्याख्यास्यते "नटी विदूषको वापि" (ना० शा० २०-३०) इत्यादौ । शास्त्रत्यागे मनागपि न वर्तितव्यमिति दर्शयितुमेवमेष इति । ।१७६।१७७।

यथाविधि प्रयोगेऽभ्युदयः स्यादित्याह —य इममिति ॥ नाशुभमित्यादिना । शुभमिति दृष्टेऽभ्युदयः ॥१७८॥

स्वर्गमिति । अदृष्टे । अन्यथापि प्रयोगे प्रत्यवायमाह—यश्चापीति ।

बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार काव्य का प्रस्तावक काव्य के विषय में प्रस्तावना कर के निकल जाय । इसी तरह पूर्वरंग का यथाविधि प्रयोग करना चाहिए ॥१७७॥

प्रश्न=जब यहाँ पूर्वरंग की अंगभूता प्रस्तावना को अमर करते हैं तब भारती के अंगों के रूप में पुनः आमुख एवं प्ररोचना को क्यों कहेंगे । उत्तर । कहते हैं कि प्रस्तावना दो प्रकार की होती है । पूर्वरंग की अंगभूता एक प्रस्तावना । और दूसरी प्रस्तावना दूसरे की अंगभूता होती है । यहाँ पूर्वरंग की अंगभूत प्रस्तावना का कवि उदासीन है । स्थापक ही स्वतन्त्र निर्माता है अथवा अन्य कोई कवि प्रुवा गानादि के विषय का निर्माता है ।

जैसा कि श्रीहर्ष कहते हैं कि अत एव भास या हास नामा कवि किसी नाटक में "चित्तज्वर से काम वासना से उत्पीडित होकर स्वर्ग में गया हुआ भी उत्कलित उत्कण्ठित हुआ पुनः इधर ही आ रहा है । इसके सामने खड़ा होना मुश्किल है । इत्यादि । जो दूसरी प्रस्तावना है उसका पाठ वृत्तियों के भेदों में किया है । यही कथा प्ररोचना आदि म समझनी चाहिए । जैसा कि कहते हैं कि जहाँ कोई एक प्रस्तावना होती है जहाँ पूर्वरंग की विधि को काव्य के अभिमुख ले जाते हैं और वहाँ दूसरी प्रस्तावना होती है जहाँ पूर्वरंग की विधि के अभिमुख काव्य का आरम्भ होता है । इस तरह वह दो प्रकार की है । इत्यादि । इसकी व्याख्या वृत्यध्याय में "नटी विदूषको वापि" इत्यादि स्थल पर करेंगे । शास्त्र का त्याग करने के लिए थोड़ा सा भी आचरण नहीं करना चाहिए ऐसा दिखाने के लिए "एवमेष" यह कहते हैं ॥१७६।१७७॥

यश्चापि विधिमुत्सृज्य यथेष्टं संप्रयोजयेत् ।
प्राप्नोत्यपचयं घोरं तिर्यग्योनिं च गच्छति ॥१७९॥ २८१
न तथाऽग्निः प्रदहति प्रभञ्जनसमीरितः ।
यथा ह्यपप्रयोगस्तु प्रयुक्तो दहति क्षणात् ॥१८०॥ २८२
इत्येवावन्तिपाञ्चालदाक्षिणात्यौड्रमागधैः ।
कर्तव्यः पूर्वरङ्गस्तु द्विप्रमाणविनिर्मितः ॥१८१॥ २८३

### अभिनवभारती

अपचयमिति । दृष्टे प्रत्यवाय इति । तिर्यग्योनिं चेत्यदृष्टे ॥१७९॥

दृष्टप्रत्यवायभीरुबाहुल्येन लोक इति । तमेवाधिकमवश्यंभावित्वेन दर्शयति—न तथाग्निरिति ॥१८०॥

ननु पाठ्यादियोजना च वेषाचारयोजना चात्र पूर्वरङ्गे नोक्तेत्याशङ्क्य तामनुवादद्वारेणाभिधातुं शुद्धश्चान्यत्वेन प्रयोज्य इत्याख्यातुं समुचितमुपसंहारं करोति-इत्येवावन्तिपाञ्चालेत्यादि । यादृक्प्रवृत्तिविशेषे नियतो रूपकनायको भविष्यति ता-

### बालक्रीडा

(मूल) जो अभिनेता इस पूर्वरंग का विधि के साथ प्रयोग करेगा वह कुछ भी अशुभ को प्राप्त नहीं करेगा । और स्वर्ग को जायगा ॥१७८॥

(मूल) जो तो विधि का त्याग कर के मनमाना प्रयोग करेगा । वह घोर अपचय को प्राप्त करेगा पशु पक्षी की योनि में जन्म लेगा ॥१७९॥

(मूल) वायु से प्रज्वलित किया हुआ अग्नि ऐसा दहन नहीं करता है जैसा कि विधि के विरुद्ध किया गया प्रयोग क्षण भर में दहन कर देता है ॥१८०॥

(मूल) इस तरह त्र्यस्र एवं चतुरस्र दो प्रमाणों से सम्पादित पूर्वरंग का प्रयोग आवन्ति, उज्जयिनी, पाञ्चाल दाक्षिणात्य औड्र एवं मागध जनता को करना चाहिए ॥१८१॥

शास्त्र की विधि के अनुसार प्रयोग करने पर अभ्युदय होता है इसको कहते हैं जो इसको । अशुभ को नहीं पाता अर्थात् शुभ को ही पाता है यहाँ शुभ का आशय है प्रत्यक्ष में दृष्ट में अभ्युदय । स्वर्ग से आशय है अप्रत्यक्ष अदृष्ट फल । अन्यथा प्रयोग करने पर प्रत्यवाय होता है इसको कहते हैं जो तो । अपचय यह दृष्ट प्रत्यक्ष प्रत्यवाय है । तिर्यग्योनि यह अदृष्ट परोक्ष प्रत्यवाय है ॥१७९॥

प्रत्यक्ष दोष पाप से डरने वाले लोग जगत् में अधिक होते हैं । इसलिए उसी आधिक्य को अवश्यं भावी रूप से दिखाते हैं कि अग्नि वैसा नहीं जलाता है ॥१८०॥

इस पूर्वरंग के विषय में पाठ्य आदि की योजना और वेषभूषा तथा आचरण की योजना को नहीं कहा ऐसी आशंका कर के उस योजना को अनुवाद के द्वारा कहने के लिये और शुद्ध पूर्वरंग की योजना अन्य प्रकार करनी चाहिए को कहने के लिए समुचित उपसंहार

एष वः कथितो विप्राः ? पूर्वरङ्गाश्रितो विधिः ।
भूयः किं कथ्यतां सम्यङ्नाट्यवेदविधिं प्रति ॥१८२॥
पुनश्चित्रे तथा मिश्रे शुद्धे च पूर्वरंगतः ।
यथा योज्या ध्रुवाः पञ्च तथा वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥१८३॥

## अभिनवभारती

कप्रवृत्तिसमुचितवेषभाषाचाराभिनयादिकमनुवर्तमानैः सूत्रधारादिभिः स्थापकान्तैः । पूर्वरङ्गो द्विविधस्त्र्यश्रश्चतुरश्रश्च ॥१८१॥

एष इत्यनन्तरोक्तस्वभाव एव कर्तव्यो न शुद्धः । अन्ये मन्यन्ते आवन्ती सात्त्विकीकैशिकीमिश्रेति । सा सूत्रधारस्य पाञ्चालदक्षिणयोर्मध्यमा भूमिः ॥१८२॥

इति महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तविरचितायां नाट्यवेदविवृतौ
पूर्वरङ्गविधानं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥

## मधुसूदनी

पूर्वरंगत इति । सार्वविभक्तिकस्तसिः पूर्वरंगे इत्यर्थः । ध्रुवा उत्थापन्यादयः समनन्तरं वक्ष्यमाणाः पंच ॥१८३॥

## बालक्रीड़ा

(मूल) हे ब्राह्मणों ! पूर्वरंग सम्बन्धी यह विधि मैंने आप लोगों को बतलायी है । अब ठीक २ कहिये कि नाट्यवेद की विधि के विषय में फिर क्या कहना है ॥१८२॥

(मूल) क्योंकि इनके लक्षण वगैरह और उसके बाद चित्र, मिश्र तथा शुद्ध पूर्व रंगों में जैसे पाँच ध्रुवाओं की योजना करनी चाहिए वैसे सबको मैं तात्त्विक दृष्टि से कहूँगा ॥१८३॥

करते हैं इत्येतावन्ति पाञ्चालेत्यादि । जिस प्रकार के प्रवृत्तिविशेष में नियत रूपकनायक होगा उसी प्रकार की प्रवृत्ति के समुचित वेष, भूषा, भाषा, आचार एवं अभिनय का अनुवर्तन करने वाले सूत्रधारादि स्थापकान्त पात्रों को त्र्यश्र और चतुरश्र इन दो प्रकार वाले पूर्वरंग को करना चाहिए ॥१८१॥

एष कहने का अभिप्राय है कि अभी २ समनन्तर में कहे हुए स्वभाव वाले ही पूर्वरंग को करना चाहिए न कि शुद्ध पूर्वरंग को । अन्य लोग मानते हैं कि आवन्ती उज्जयिनी प्रवृत्ति को सात्वती एवं कौशिकी से मिश्रित करना चाहिए क्योंकि वह आवन्ती सूत्रधार की पंजाब और दक्षिण के बीच में पड़ने वाली भूमि है ॥१८२॥

आचार्य मधुसूदन शास्त्री की बनाई हुई भरतीय नाट्यशास्त्र की अभिनव भारती के पंचम अध्याय की बालक्रीड़ा हिन्दी टीका सम्पूर्ण हुई ।

आदावुत्थापनी कार्या परिवर्तस्तथा भवेत् ।
अवकृष्टाड्डिता चैव विक्षिप्ता चैव पञ्चमी ॥१८४॥
एवं पञ्च ध्रुवा ज्ञेया उपोहनसमन्विताः ।
कर्तव्यास्तु प्रयत्नेन पूर्वरङ्गे प्रयोक्तृभिः ॥१८५॥
अतः परं प्रवक्ष्यामि ह्युपोहनविधिक्रियाम् ।
उत्थापनस्याष्टकलं परिवर्तस्य षट्कलम् ॥१८६॥
अवकृष्टे पुनः कार्यं कलाभिः पञ्चभिर्युतम् ।
ध्रुवायामड्डितायां च चतुष्कलमथापि च ॥१८७॥
क्षिप्तायां चैव विज्ञेयं कलात्रयसमन्वितम् ।
एवं ह्युपोहनानां तु प्रमाणं समुदाहृतम् ॥१८८॥
गुरुलाघवसंयुक्तं कलातालसमन्वितम् ।
पूर्वरङ्गे सदा ज्ञेयं चित्रमार्गे ह्युपोहनम् ॥१८९॥

### मधुसूदनी

उपोहनं श्रुतिमूर्च्छनाक्रमतानयतिलयालंकारगीतिजातिविशिष्टस्वराणां ज्ञानम् । शुष्काण्येव अक्षराणि न तु तेषां कश्चिदर्थः ॥१८५॥

अष्टकलं षट्कलं प्रमाणसमुदाहृतमित्यन्वयः ।
अवकृष्टस्य पंचकलं प्रमाणं क्षिप्तायां त्रिकलमित्यार्थोऽन्वयः ॥१८६।१८८॥
शशिना रहितेव निशा, विजलेव नदी, लता विपुष्पेव ।
अविभूषितेव च स्त्री, गीतिरलंकारहीना स्यात् (ना. शा. ४५)
प्रथमा मागधी ज्ञेया द्वितीया चार्धमागधी
सम्भाविता तृतीया तु चतुर्थी पृथुला स्मृता (ना. शा. ४६)

### बालक्रीडा

(मूल) पहिले उत्थापनी ध्रुवा, बाद में क्रमशः परिवर्त, अवकृष्टा, अड्डिता एवं पांचवीं विक्षिप्ता को करना चाहिए ॥१८४॥

(मूल) इस प्रकार पाँच ध्रुवाओं को समझना चाहिए । अभिनेताओं को चाहिए कि पूर्वरंग में बड़े प्रयत्न के साथ इनका प्रयोग उपोहन के सहित करें ॥१८५॥

(मूल) इसके बाद उपोहन विधि की क्रिया को कहूँगा । वह क्रिया यह है कि उत्थापन में उपोहन का प्रमाण आठ कला है इसी तरह क्रमशः परिवर्त में उसका छ, अवकृष्ट में इसका पाँच, ध्रुवा में उसका चार कला, क्षिप्ता में उसका तीन कला प्रमाण है अतः उनका क्रमशः प्रयोग करना चाहिए ॥१८६।७।८॥

(मूल) चित्रमार्गीय पूर्वरंग में सर्वदा गुरु एवं लघु अक्षरों से संयुक्त तथा कला एवं ताल से समन्वित उपोहन होता है ॥१८९॥

चित्रे चैत्राः कला ज्ञेया मिश्रे वार्तिकमाश्रिताः ।
शुद्धे दक्षिणमार्गेण प्रयोक्तव्याः प्रयोक्तृभिः ॥१९०॥
चतस्रो गीतयः कार्या मागधी ह्यर्धमागधी ।
संभाविता तथा चैव पृथुला च प्रकीर्तिता ॥१९१॥
मागधी त्वथ कर्तव्या त्वथवा त्वर्धमागधी ।
पूर्वरङ्गे भवेच्चित्रे चित्रमार्गसमाश्रिता ॥१९२॥
यथा मिश्रस्तु योक्तव्यः पूर्वरङ्गे भवेदिह ।
मिश्रे सम्भाविता कार्या तदा वार्तिकमाश्रिता ॥१९३॥
शुद्धे च पृथुला कार्या दक्षिणं मार्गमाश्रिता ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि गुरुलाघवतः क्रियाम् ॥१९४॥
उपोहनक्रियायां तु यथायोज्यं प्रयोक्तृभिः ।
द्विग्ले द्विग्ले पुनः कार्यमन्ते झण्टुं सदा बुधैः ॥१९५॥
मध्ये लघ्वक्षराणि स्युः षोडशैव तु नित्यशः ।
एवं ह्युपोहनं कृत्वा तथा वस्तु समाचरेत् ॥१९६॥

### मधुसूदनी

तिस्रो गीतवृत्तयो वक्ष्यन्ते-चित्रा दक्षिणा वृत्तिश्चेति । अत्र ता एव मार्गपदेन व्यवहृताः । वार्तिकपदेन वृत्तिरेव ग्राह्या ॥१८९॥

### बालक्रीडा

(मूल) चित्र पूर्वरंग में चित्र मार्ग, मिश्र में वृत्ति मार्ग एवं शुद्ध में दक्षिण मार्ग के अनुसार कलाओं का प्रयोग प्रयोक्ता लोग करें ॥१९०॥

(मूल) इनमें चार प्रकार की गीतियों का प्रयोग करना चाहिए जिनके नाम मागधी, अर्धमागधी, संभाविता एवं पृथुला कहे जाते हैं ॥१९१॥

(मूल) चित्र पूर्वरंग में चित्र मार्ग का आश्रयण कर के मागधी अथवा अर्धमागधी का प्रयोग करना चाहिए ॥१९२॥

(मूल) यहाँ नाटक में मिश्र पूर्वरंग का जैसा प्रयोग होना चाहिए वह यह है कि मिश्र में सदा वार्तिक मार्ग का आश्रयण कर के सम्भाविता को करना चाहिए ॥१९३॥

(मूल) शुद्ध पूर्वरंग में दक्षिण मार्ग का आश्रयण कर के पृथुला गीति को करना चाहिए । इसके बाद गुरु एवं लघु की उस क्रिया को कहूँगा जिस प्रकार प्रयोक्ता गण उनका प्रयोग उपोहन में करेंगे । एक बार द्विग्ले यानी दो गुरुओं का प्रयोग कर के पुनः द्विग्ले दो गुरुओं का और अन्त में झण्टु अर्थात् दो गुरुओं का प्रयोग करना चाहिए । तथा बीच २

उत्थापन्यां प्रयोगेऽस्मिन्कलाकालसमन्वितम् ।
अक्षराणां कलायास्तु गुरुलाघवमेव च ॥१९७॥
पूर्वं तु कथितं यस्मात्तस्मान्नाभिहितं भवेत् ॥१९८॥

यथा—

देवं विभुं त्रिभुवनाधिपतिं कैलासपर्वतगुहाभिरतम् ।
शैलेन्द्रराजतनयादयितं मूर्ध्ना नतोऽस्मि पुरनाशकरम् ॥
एवमुत्थापनी कार्या पूर्वरङ्गप्रयोक्तृभिः ।
अतोऽन्यत्परिवर्तायाः लक्षणं संविधीयते ॥२००॥
अस्यास्तूपोहनं कार्यं षट्कलं परिसङ्ख्यया ।
आदौ दिग्ले द्विरुक्तस्तु अन्ते झण्टुं सदा भवेत् ॥२०१॥
मध्येलघ्वक्षराण्येव द्वादशैव प्रयोजयेत् ।
वस्तुनोऽत्र प्रवक्ष्यामि गुरुलघ्वक्षरक्रमम् ॥२०२॥
द्वे चादौ च चतुर्थं च अष्टमं दशमं तथा ।
चतुर्दशं पञ्चदशं पादे गुर्वक्षराणि तु ॥२०३॥

बालक्रीडा

में लघु अक्षरों का। इस तरह सोलह अक्षर का नियम से प्रयोग इसमें करना आवश्यक है। इस प्रकार उपोहन कर के उत्थापनी के प्रयोग में कला और ताल से समन्वित वस्तु ध्रुवाओं का समाचरण करे। इस प्रसंग के कला ताल एवं अक्षरों (गुरु एवं लघु) को पूर्व में कथन कर दिया है अतः पुनः वे यहाँ नहीं कहे जाते हैं ॥१९४।५।६।७।८॥

(मूल) कैलास पर्वत की गुहा में प्रेम से निवास करने वाले शैलेन्द्रराज हिमालय की तनया कन्या के दयित, त्रिपुरासुरसंहारक त्रिभुवन के अधिपति विभु व्यापक देव शम्भु को सिर नवाँ कर प्रणाम करता हूँ ॥१९९॥

(मूल) इस प्रकार पूर्वरंग के प्रयोक्ताओं को उत्थापनी ध्रुवा का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद अब दूसरे परिवर्तों के लक्षण का संविधान करते हैं ॥२००॥

(मूल) इस ध्रुवा का उपोहन परिसंख्या के अनुसार छ कलाओं वाला करना चाहिए। यहाँ पहले दिग्ले यानी दो गुरुओं को दो बार करना और फिर अन्त में झण्टु यानी दो गुरुओं का सदा विन्यास करना अपेक्षित है ॥२०१॥

(मूल) मध्य में बारह लघु अक्षरों का प्रयोग करना चाहिए। अब इसमें वस्तु सम्बन्धी गुरु एवं लघु अक्षरों के क्रम को कहूँगा ॥२०२॥

(मूल) यहाँ प्रत्येक पाद में प्रथम के दो अक्षर फिर चौथा, आठवाँ, दसवाँ, चौदहवाँ एवं पन्द्रहवाँ अक्षर गुरु होना चाहिए ॥२०३॥

सा ध्रुवा परिवर्ताख्या त्रिलया त्रियतिस्तथा ।
परिवर्तास्तु चत्वारः पाणयस्त्रय एव च ॥२०४॥
चतुर्भिस्सन्निपातैस्तु द्वात्रिंशत्कलिकान्विता ।
पूर्वरङ्गे प्रयोक्तव्यः परिवर्तः प्रयोक्तृभिः ॥२०५॥

यथा—

चन्द्रार्धभूषणजटं वरं वृषभकेतुं
कैलासपर्वतनिवासिनं सुरवरिष्ठम् ।
शैलाधिराजतनयाप्रियं प्रमथनाथं
मूर्ध्ना नतोऽस्मि त्रिपुरान्तकं परमयोगिनम ॥

अवकृष्टामिदानीं तु कथ्यमानां निबोधत ।
अस्यास्तूपोहनं कार्यं कलाभिः पञ्चभिर्युतम् ॥२०७॥
दिग्ले दिग्ले पुनश्चान्ते झयटुमस्य प्रयोजयेत् ।
अष्टावेव तु कार्याणि मध्ये लघ्वक्षराणि तु ॥२०८॥

## मधुसूदनी

चित्रे चैत्रा इति ।

चित्रे कला बुधैर्ज्ञेया वृत्तौ तु द्विगुणा स्मृता
वृत्तौ या वर्णमात्राभिश्चतुर्मात्रा प्रकीर्तिता ।
द्विगुणा दक्षिणे सा तु कला ज्ञेया प्रयोक्तृभिः (ना. शा. ३१)

त्रियतिरिति । समा १ स्रोतोगता २ गोपुच्छेति तिस्रो यतयः ॥२०४॥

## बालक्रीडा

(मूल) वह परिवर्ता नाम की ध्रुवा है जिसमें तीन लय, तीन यति, चार परिवर्त एवं तीन पाणि होते हैं ॥२०४॥

(मूल) चार सन्निपातों से उपलक्षित ३२ कलाओं से सम्पन्न परिवर्ता का प्रयोग पूर्व रंग में प्रयोक्ता गण करें ॥२०५॥

(मूल) उदाहरण जैसे—जिसकी जटाओं में समुद्रमन्थन से निकला हुआ प्रत्येक पक्ष की अष्टमी की तरह् अर्धाकार चन्द्र भूषण है। जिसके केतु ध्वज में चिह्न स्वरूप उत्तम वृषभ है। कैलाश पर्वत की कन्दरा के निवासी, सुरों में वरिष्ठ, पार्वती पति, प्रमथनाथ परमयोगी त्रिपुरारि को मस्तक झुका कर प्रणाम करता हूँ ॥२०६॥

(मूल) अब मैं अवकृष्टा ध्रुवा को कहता हूँ आप लोग उसे समझें। इसके उपोहन को पाँच कलाओं से युत करना चाहिए ॥२०७॥

(मूल) इसके आरम्भ म दो बार दिग्ले यानी चार गुरुओं और फिर अन्त में अष्ट

तृतीयं चैव षष्ठं तु नवमैकादशे तथा ।
पादे पञ्चदशं चैव षोडशं च भवेद्गुरु ॥२०९॥

अष्टषष्टिगणैः पादैरवकृष्टविधिर्बुधाः ।
चतुर्भिः सन्निपातैश्च पाणिभिस्त्रिभिरेव च ॥२१०॥

यथा—

वरदं सगणं त्रिपुरान्तकं वृषभकेतुम् ।
गजचर्मपटं विषमेक्षणं भुवनाथम् ।
भुजगाभरणं जगतां हितं भुवनयोनिम् ।
प्रणतोऽस्मि भवन्तमुमापतिं त्वसितकण्ठम् ॥

तृतीयं चैव षष्ठं च गुरुपादे त्रयोदशम् ।
चतुर्गुणसमायुक्ता सा कार्या त्वङ्किता ध्रुवा ॥२१२॥

मधुसूदनी

गजचर्मेति । सद्यः कृत्तद्विरदस्य आर्द्रं चर्म पटं भूतेशस्य । असितकण्ठं नीलकण्ठम् ॥२११॥

बालक्रीडा

दो गुरुओं का प्रयोग करना चाहिए । तथा मध्य में केवल आठ लघु अक्षरों का विन्यास करना चाहिए ॥२०८॥

(मूल) इसके प्रत्येक पाद में क्रमशः तीसरा, छठा, नवाँ, ग्यारहवाँ, पन्द्रहवाँ एवं सोलहवाँ अक्षर गुरु होना चाहिए ॥२०९॥

(मूल) हे विद्वानों ? ६८ अक्षरों वाले पादों से अवकृष्ट की विधि होती है । इसमें चार सन्निपात और तीन पाणियां होती हैं ॥२१०॥

(मूल) उदाहरण जैसे—अभीष्ट वरों को देने वाले हे उमापते ? मैं आप को प्रणाम करता हूँ । हे त्रिपुरान्तक ? आप प्रमथों के नाथ हैं अतएव सर्वदा अपने गणों के साथ रहते हैं । आप की ध्वजा में वृषभ का चिह्न है । गज का आर्द्र चर्म ही आप के ओढ़ने का वस्त्र है । आप के विषम सूर्य चन्द्र एवं अग्नि रूप तीन नयन हैं । चतुर्दश भुवन के आप पाता हैं । भुजंगों को आप ने भूषणों के रूप में धारण कर रक्खा है । आप जगत के हितकारी हैं । अखिल भुवन की योनि हैं । आप का नीलकण्ठ यह नाम विश्व की रक्षा के हेतु समुद्र-मन्थनोत्थ महाविष के पान करने से प्रसिद्ध है ॥२११॥

(मूल) जिसके प्रत्येक पाद में तीसरा छठा एवं आठवाँ अक्षर गुरु हो तथा जो चार गुणों से सम्यक् प्रकार से युक्त है । वह अङ्किता ध्रुवा करणीय है । ॥२१२॥

तत्राप्युपोहनं कार्यं चतुष्कलसमन्वितम् ।
अड्डितायाः प्रयोगज्ञैरन्ते झण्टुविभूषितम् ॥२१३॥
दिग्ले दिग्ले ततश्चैव कार्यमानं सदा बुधैः ।
चत्वार्येव हि कार्याणि मध्ये लघ्वक्षराणि तु ॥२१४॥

यथा—

प्रवरं वरदं प्रणमत सततम् ।
गजचर्मपटं मुनिजनसहितम् ।
उमया सहितं भुजगवलयिनम् ।
प्रणतोऽस्मि शिवं त्रिभुवननमितम् ॥२१५॥

प्रयोज्या त्वड्डिता ह्येवं पूर्वरङ्गे यथार्थतः ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि विक्षिप्तायास्तु लक्षणम् ॥२१६॥
तृतीयं चैव षष्ठं च नवमं दशमं तथा ।
गुर्वक्षराणि पादे तु यस्यां विक्षिप्तका तु सा ॥२१७॥
दिग्ले त्रिभिर्गुणैर्युक्ताः पातास्तस्य भवन्ति हि ।
त्रिकलं चापि निर्दिष्टमुपोहनमतः परम् ॥२१८॥

### मधुसूदनी

उमया सहितम् उमयानुगतम् शिवम् ॥२१५॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) इसमें चार कलाओं से समन्वित उपोहन को करना है। अड्डिता के प्रयोग के जानकार विद्वान् लोगों को पहिले दिग्ले ततः फिर दिग्ले यानी चार गुरुओं अन्त में फिर झण्टु यानी दो गुरुओं का मान प्रमाण करना चाहिए। किन्तु मध्य में चार ही लघु अक्षरों को विन्यास करना चाहिए ॥२१३।२१४॥

(मूल) हे विद्वानों ? आपलोग सर्वश्रेष्ठ, कामनापूरक, गज की चर्म को ओढने वाले मुनिजनों से सेवित, उमा सहित भुजगवलयी त्रिभुवन वन्दनीय शिव को प्रणाम करें। मैं भी उनको प्रणाम करता हूँ ॥२१५॥

(मूल) इस प्रकार पूर्वरंग में यथार्थ विधान से अड्डिता का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद विक्षिप्ता के लक्षण को प्रकृष्ट रूप में कहूँगा ॥२१६॥

(मूल) जिसके प्रत्येक पाद में तीसरा, छठा, नवाँ तथा दसवाँ अक्षर गुरु हो वह विक्षिप्ता होती है ॥२१७॥

(मूल) इसमें तीन गुणों से युक्त पात होते हैं तथा तीन कलाओं का इसमें निर्देश होता है। इसके बाद उपोहन होता है ॥२१८॥

दिग्ले दिग्ले पुनः कार्यमन्ते झण्टुं प्रयोक्तृभिः ।
लघ्वक्षरैर्विहीनं तु विक्षिप्तोपोहनं भवेत् ॥२१९॥

यथा—त्रिपुरान्तकरं बहुलीलमुमया सहितं बहुरूपम् ।
भुजगाभरणं प्रमथाढ्यं प्रणमामि सदा परमीशम् ॥२२०॥

एवं सर्वा ध्रुवाः कार्या युग्मौजः कृतगीतकाः ।
आचार्यबुद्ध्या कर्त्तव्याः पूर्वरंगे यथाविधि ॥२२१॥

एवं वः कथितः सम्यक् पूर्वरंगक्रिया मया ।
किमन्यत्संप्रवक्ष्यामि भूयोऽभीष्टं द्विजोत्तमाः ? ॥२२२॥

इति भरतीये नाट्यशास्त्रे पूर्वरङ्गविधानं नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥

## मधुसूदनी

प्रासूत रामो विदुषां वरेण्यो वक्तावरी श्रीमधुसूदनं यम्
सतां गतेस्तस्य गताऽत्र पंचमे वृत्तिः समाप्तिं मधुसूदनीयम् ।

इति श्रीमधुसूदन शास्त्रिणः कृतिः मधुसूदनी नाट्यशास्त्रे पञ्चमाध्याये
समाप्तिमगमत् । शिवमस्तु सर्वजगतः । इति ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) प्रयोक्ता गण पहिले दिग्ले पुनः दिग्ले और अन्त में झण्टु का प्रयोग करें। किन्तु जो लघु अक्षरों से युक्त नहीं होने पावे। वह विक्षिप्ता का उपोहन होता है ॥२१९॥

(मूल) त्रिपुरासुर के अन्त कारक उमा के सहित बहुत रूपों में बहुत लीला करने वाले भुजगाभरणधारी प्रमथनाथ परमेश्वर को सदा प्रणाम करता हूँ ॥२२०॥

(मूल) इस प्रकार पूर्वरंग में आचार्य की बुद्धि से कर्त्तव्य सम एवं विषम पादों में निबद्ध गीतों वाली सभी ध्रुवाओं को करना चाहिए ॥२२१॥

(मूल) हे उत्तम विद्वान् ब्राह्मणो ? इस तरह तीन भेदों वाले पूर्वरंग को भलीभाँति मैंने आप लोगों से कहा। अब फिर किस अन्य अभीष्ट को कहूँ ॥२२२॥

आचार्य मधुसूदनशास्त्री की कृति यह मूल नाट्यशास्त्र के पाँचवें अध्याय की बालक्रीड़ा हिन्दी टीका समाप्त हुई।

---

श्री :

## अथ षष्ठोऽध्याय: ।

**पूर्वरङ्गविधिं श्रुत्वा पुनराहुर्महत्तमाः ।**

### अभिनवभारती

आह्लादयन्तं सुव्यक्तेर्नासया हृदि संविदा
अभिवन्दे शिवं पुण्यं गन्धतन्मात्र रूपिणम् ।

### मधुसूदनी

एषां रसानां सुव्यक्तिः कथं काव्येऽनुभाव्यताम्
इति तत्त्वं समाख्यातुं कृताभिनवभारती ।
तत्र बालसुबोधार्थं तन्यते मधुसूदनी
मिश्रं श्रीबालकृष्णाख्यं स्मारं स्मारं गुरुं गुरुम् ।

### बालक्रीड़ा

सहृदयों को स्वप्रकाशरूप से नासिका के द्वारा सुव्यक्त होकर आह्लादित करने वाले पुण्यगन्धतन्मात्रात्मक भगवान् शिव को मैं प्रणाम करता हूँ। यहाँ "पुण्यो गन्धः पृथिव्यान्तु" के अनुसार गन्ध में पुण्यत्व विशेषण दिया है। जो शिवजी के अष्टमूर्ति होने से सार्थक है।

विशेष वक्तव्य आचार्य अभिनव गुप्त परममाहेश्वर हैं। अतः उन्होंने अपने ग्रन्थ अभिनव भारती के प्रत्येक अध्याय के आरम्भ में महेश्वर भगवान् शिवजी की स्तुति या वन्दना की है। अभिनव गुप्त प्रत्यभिज्ञा दर्शन के प्रवर्त्तक प्रसारक आचार्य हैं। प्रत्यभिज्ञा दर्शन में भगवान् शिव का ही महत्व प्रगट किया गया है। उसमें ३६ तत्व माने गये हैं। इधर नाट्यशास्त्र में भी ३६ अध्याय हैं। ३७ वां अध्याय उपसंहाराध्याय है। नाट्य का विषय सब ३६ अध्यायों में समाप्त हो गया है। अस्तु ! इन तत्वों के नाम हमने आरम्भ में ४ थे पेज में दे दिये हैं। ये भूमि प्रभृति ३६ मूर्तियाँ भगवान् शिव की हैं। तदनुसार प्रथम अध्याय में धरणी, द्वितीय अध्याय में जल, तृतीय में तेज, चतुर्थ में वायु, पंचम में व्योम नामक भगवान् की मूर्तियों की वन्दना की गई है। इसी वन्दना क्रम में पृथिवी आदि के गन्धादि गुणों के अनुसार तन्मात्राओं को भी भगवत्स्वरूप मानकर छठे अध्याय से १० वें अध्याय तक में वन्दनीय बनाया है अतः छठे में गन्धतन्मात्रा, ७ वें रसतन्मात्रा, ८ वें में रूपतन्मात्रा, ९ वें में स्पर्शतन्मात्रा १० वें में शब्दतन्मात्रा की वन्दना है। किन्तु दैव संयोग से छठे अध्याय के आरम्भ का पाठ विच्छिन्न हो गया है अतः हमने गुरु श्रीबालकृष्ण जी मिश्र मैथिल जी की कृपा से मंगलाचरण के श्लोक का नव निर्माण किया है। इसी तरह मंगलाचरण के बाद की टीका के भी आरम्भ का कुछ अंश त्रुटित है। उसकी भी योजना यथाप्राप्त मूलग्रन्थ "तथापि" और "वचनमात्रात्" इस अभिनव भारती के

भरतं मुनयः सर्वे प्रश्नान्पञ्चाधिधत्स्व नः ॥१॥

### अभिनवभारती

पूर्वरङ्गविधिं श्रुत्वेति। यद्यपि प्रथमाध्याये प्रश्नपंचकं पृष्टं तदर्थं विषये किञ्चिदुक्तञ्च तथापि नाट्यतत्त्वे सम्यक् निर्ज्ञाते निर्णीतं भवति। न वचनमात्रात्। अनेनैवाभिप्रायेण दशरूपकनिरूपणे प्रथमप्रश्नार्थो निगमयिष्यते—

"भविष्यति युगे प्रायो भविष्यन्त्यबुधा नराः।"

ये चापि हि भविष्यन्ति ते यत्नश्रुतबुद्धयः। (ना. शा. १९-१५०) इत्यादि।

### मधुसूदनी

आल्हादयन्तमिति। अत्रेदं हृद्यं, परममाहेश्वरोऽभिनवगुप्ताचार्यः प्रत्यभिज्ञादर्शनप्रवर्त्तको महान् पुरुषः। तद्दर्शने च शिव एव सर्वस्वम्। तेन षट्त्रिंशदध्यायात्मकनाट्यशास्त्रे तद्दर्शनानुमतषट्त्रिंशतत्त्वरूपः शिवः प्रत्यध्यायं स्तुतो वन्दितश्च। तत्र प्रथमे धरणी, द्वितीये जलं, तृतीये तेजः, चतुर्थे वायुः पंचमे व्योम वन्दितम्।

### बालक्रीडा

(मूल) पूर्वरंग—जिसका वर्णन पूर्व पंचम अध्याय में भरत मुनि कर चुके हैं—की विधि को सुनकर बड़ों के भी बड़े सभी आत्रय प्रमुख मुनियों ने पुनः भरतमुनि से कहा कि आप हमारे पाँच प्रश्नों का अभिधान समाधान करिये ॥१॥

आधार पर हमने की है। वह पाठ है। पूर्वरंगविधिं श्रुत्वेति। यद्यपि प्रथमाध्याये प्रश्न पंचकं पृष्टं तद्विषये किञ्चिदुक्तं च। विच्छिन्न पाठ की यह पूर्ति हमने की है। "पूर्वरंग विधि- श्रुत्वा" यह अध्याय के आरम्भ के श्लोक की प्रतीक है। यद्यपि प्रथम अध्याय में पांच प्रश्न—

नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः १ कस्य वा कृते २।

कत्यङ्गः ३ किंप्रमाणश्च ४ प्रयोगश्चास्य कीदृशः ५।

१ नाट्यवेद कैसे उत्पन्न हुआ। अर्थात् नाट्यवेद के बनाने की क्या आवश्यकता हुई। यह प्रथम प्रश्न नाट्यवेद के निर्माण की आवश्यकता के विषय में है। (२) किसके लिए इस नाट्य वेद को बनाया। यह दूसरा प्रश्न इस नाट्यवेद के अधिकारी के विषय में है कि कौन इसके पढ़ने का अधिकारी है। (३) इस नाट्यशास्त्र के कितने अंग हैं। यह तीसरा प्रश्न अंगों के बारे में है। (४) इस नाट्यशास्त्र का प्रमाण क्या है। यह चौथा प्रश्न है कि कितने श्लोक एवं कितने अध्याय इसमें हैं। (५) इस के प्रयोग की शैली क्या है कैसी है? यह पाँचवा प्रश्न प्रयोग की शैली पद्धति के विषय में है। इनमें प्रथम तीन के ही विषय में उत्तर भी क्रमशः कह दिये हैं। इसी लिए लिखा कि "किंचिदुक्तञ्च तद्विषये" प्रश्नों का समाधान कुछ किया है। जैसे—

पूर्वं कृतयुगे विप्राः ? वृत्ते स्वायम्भुवेऽन्तरे।

त्रेतायुगेऽथ सम्प्राप्ते मनोर्वैवस्वतस्य तु। १।८।

## अभिनवभारती

तथा—

"बुद्धयः कर्मशिल्पानि वैचक्षण्यं कलासु च ॥"

सर्वाण्येतानि नश्यन्ति तदा लोकः प्रणश्यति (ना. शा. १९-१५१) इत्यादि।

## मधुसूदनी

तत एतेषां गन्धादिगुणानुसारं षष्ठे गन्धतन्मात्रा, सप्तमे रसतन्मात्रा अष्टमे यद्यपि अभिनवभारती विच्छिन्ना तथापि रूपतन्मात्रा स्यात्, नवमे स्पर्शतन्मात्रा, दशमे शब्द-तन्मात्रा वन्द्या। एवमत्र षष्ठे गन्धतन्मात्रा वन्द्यते। अन्यत्रात्र षष्ठाध्यायारम्भ-भारतीपाठो मंगलं च दैवात् त्रुटितमेवमतो मंगलाचरण पर्व पाठश्च गुरूणामा-शीर्वादेन निर्मायांकिते। तथाहि—हृदि सहृदयहृदये। जात्यभिप्रायेणैकवचनम्।

## बालक्रीडा

ग्राम्यधर्मप्रवृत्ते तु कामलोभवशं गते।
ईर्ष्याक्रोधादिसमूढे लोके सुखित दुःखिते। १। ९।
देवदानव गन्धर्वयक्षरक्षोमहोरगैः।
जम्बूद्वीपे समाक्रान्ते लोकपालप्रतिष्ठिते। १। १०
महेन्द्रप्रमुखै देवैरुक्तः किल पितामहः।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्। १। ११।
न वेदव्यवहारोऽयं संश्राव्यः शूद्रजातिषु।
तस्मात्सृजापरं वेदं पंचमं सार्ववर्णिकम्। १। १२।

अर्थात् विश्व नाना प्रकार के दुःखों से आकुल हो गया है अतः दुखों से उन्मुक्त करने के लिए चारों वेदों से अतिरिक्त पांचवां वेद बनाइये जो कि सभी वर्णों के व्यवहार में आ सके। यह नाट्यवेद बनाने की क्या आवश्यकता हुई। इस प्रथम प्रश्न का उत्तर है।

क्वचिद्धर्मः क्वचित्क्रीडा क्वचिदर्थः क्वचिच्छमः।
क्वचिद् हास्यं क्वचिद् युद्धं क्वचित्कामः क्वचिद्वधः। १। १०८
धर्मोऽधर्मप्रवृत्तानां कामः कामोपभोगिनाम्।
निग्रहो दुर्विनीतानां मत्तानां दमनक्रिया। १। १०९
क्लीबानां धार्ष्ट्यजननमुत्साहः शूरमानिनाम्।
अबुधानां विबोधश्च वैदुष्यं विदुषामपि। १। ११०
ईश्वराणां विलासश्च स्थैर्यं दुःखार्दितस्य च।
अर्थोपजीविनामर्थो धृतिरुद्विग्नचेतसाम्। १। १११।
उत्तमाधममध्यानां नराणां कर्मसंश्रयम्।
हितोपदेशजननं धृतिक्रीडासुखादिकृत्। १। ११२।
एतद्रसेषु भावेषु सर्वकर्मक्रियास्वपि।
सर्वोपदेशजननं नाट्यं लोके भविष्यति। १। ११३।

### अभिनवभारती

सिद्धघ्यध्याये च द्वितीयप्रश्नार्थविषयो निर्णेष्यते । "तुष्यन्ति तरुणाः कामे" (ना. शा. २७-५८) इत्यादिना । एवमन्यत्रापि तत्र तत्रेति । एतच्च तद्व्याख्यानप्रसङ्ग एव दर्शयिष्यामः । तेन पूर्वप्रभितवस्तुतत्त्वनिर्णय एव क्रियतामिति तात्पर्यम् । प्रश्नान् पञ्चेति ।१।

### मधुसूदनी

नासा नासिकाद्वारा संविद्रा स्वप्रकाशरूपेण सुव्यक्तेर्हेतोः आल्हायन्तं पुण्यगन्धतन्मात्ररूपिणं शिवमभिवन्दे इत्यन्वयः । अष्टमूर्त्तेः शिवस्य धरणीरूपतया प्रथमेऽध्याये निरूपितत्त्वात् 'पुण्यो गन्धः पृथिव्यान्तु" इत्युक्तेश्च गन्धे पुण्यत्वविशेषणमुचितमेव ।

### बालक्रीड़ा

दुःखार्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम् ।
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतद्भविष्यति । १ । ११४ ।
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्धनम् ।
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद्भविष्यति । १ । ११५ ।

इस रूप में विश्व को उपदेश देने वाला यह नाट्यवेद होगा । अतः सभी वर्गों के प्राणियों के लिए इस नाट्य वेद को बनाया है । यह द्वितीय प्रश्न "किसके लिए यह नाट्यवेद बनाया गया है" का उत्तर है ।

जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्सामभ्यो गीतिमेव च ।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि । १ । १७ ।

नाट्यवेद अंगी है और पाठ्य, गीति, अभिनय एवं रस ये चार इस वेद के अंग हैं । इन चारों का चारों वेदों से पृथक् २ ग्रहण किया है । जिनमें ऋग्वेद से पाठ्य, सामवेद से गीतियां, यजुर्वेद से अभिनयों, एवं अथर्ववेद से रसों को लिया है । यह तीसरे प्रश्न (कत्यंगो नाट्यवेदः) का उत्तर है । इस प्रकार यहाँ तीन प्रश्नों का उत्तर कहा किन्तु चतुर्थ एवं पंचम प्रश्न का उत्तर नहीं कहा वह यों है—

एको द्वादश साहस्रैः श्लोकैरेकस्तदर्धतः
षड्भिः श्लोकसहस्रैर्यो नाट्यवेदस्य संग्रहः ।

नाट्यवेद के प्रमाण के विषय में यह एक प्राचीन पद्य मिलता है कि नाट्यवेद का एक संग्रह १२ हजार श्लोकों का है । और दूसरा संग्रह ६ हजार श्लोकों का है । ऐसा दो प्रकार से नाट्यवेद के प्रमाण के विषय में उल्लेख है । किन्तु वर्तमान में उपलभ्यमान नाट्यशास्त्र में ६ हजार श्लोक हैं । दशरूपक के चतुर्थ प्रकाश के २१ वें श्लोक के अवलोक में धनिक ने नाट्यवेद के ७ वें अध्याय के ६ ठे श्लोक की वृत्ति (एभ्यश्च सामान्यगुणयोगेन रसा निष्पद्यन्ते) का उद्धरण करते समय (षट् सहस्रीकृतापि उक्तम्) नाट्यवेद के कर्ता को ६ हजार श्लोकों के निर्माता के रूप में लिखा है । जैसे—रसाभिव्यक्तिके हेतु इन उनञ्चास भावों से सामान्य रूप में गुणकारी योग अर्थात् चर्वणा होने पर रसों की

## मधुसूदनी

इदं मंगलाचरणम्। "यद्यपि प्रथमाध्याये प्रश्नपंचकं पृष्टं तदर्थविषये किंचिदुक्तं चेति" पाठश्च। तदर्थे विषये प्रश्नप्रतिपाद्यार्थविषये। किञ्चिदुक्तं चेति। अत्र विषये किम्नुक्तं तत् हिन्दीटीकायां बालक्रीडायां विस्तरेण द्रष्टव्यम्। इयं नवीन पाठयोजना "यथापि" इति पदं "न वचनमात्रा"दिति पदं च दृष्ट्वा बुद्ध्वा च कृतेति मन्तव्यं सहृदयैः ॥१॥

## बालक्रीडा

निष्पत्ति होती है। ऐसा षट्सहस्रीकार ने कहा है अतः ६ हजार श्लोकों का संग्रह इसका प्रमाण है यह चौथे प्रश्न (किंप्रमाणश्च) का उत्तर है।

आंगिक, वाचिक, सात्विक एवं आहार्यिक चार प्रकार के अभिनयों से इसका प्रयोग होता है। यह पञ्चम प्रश्न (प्रयोगश्चास्य कीदृशः) का उत्तर है। तथापि नाट्य के प्रयोग के रूप में वस्तु का ज्ञान भली भाँति होता है और तभी उसका निर्णय भी होता है केवल वचन मात्र से अर्थात् बिना प्रयोग से केवल कह देने से निर्णयात्मक सम्यक् ज्ञान नहीं होता है। इसी अभिप्राय से १९ अध्याय में दशरूपकों के निरूपण के प्रथम प्रश्न के अर्थ का निगमन करेंगे।

आगे आने वाले युग में मनुष्य प्रायः अबुध होंगे यानी जनता भावावबोध कलुषा होगी। यथा जो कोई बुद्धिमान् भी होंगे वे बड़े प्रयत्न से शास्त्र को पढ़ेंगे तब कहीं उनको बुद्धि प्राप्त होगी। क्योंकि जब बुद्धि, कर्म, शिल्प एवं कलाओं में दक्षता नष्ट हो जाती है तब लोक नष्ट हो जाते हैं।

यहाँ का भाव यह है कि नाट्यवेद का निर्माण इसलिए हुआ है कि भविष्य में जनता बुद्धि, कर्म शिल्प एवं कलाओं से शून्य होगी अतः उनकी बुद्धि को जागरित करने के लिए ऐसा सरल उपाय होना चाहिए जिससे बिना आयास के उनको शास्त्र का ज्ञान हो जाय तथा विद्या की सुरक्षा रहे वह उपाय है नाट्य; फलतः नाट्यवेद उसके प्रचार प्रसार के लिए बनाया है।

द्वितीय प्रश्न "किस के लिए यह नाट्यवेद बनाया गया है इस नाट्यवेद के पढ़ने का अधिकारी कौन है" के अर्थ का निर्णय २७ वें सिद्धि नामक अध्याय में करेंगे। वहाँ लिखा है कि युवा लोग काम शृंगार को देखकर प्रसन्न होवें।

यहाँ का सार यह है कि होनहार बालकों को विद्या पढ़ाना एवं सुबुद्ध बनाना आवश्यक है इसलिए जिस उपाय से वे विद्या के अध्ययन में प्रवृत्त होवें वही उपाय करना चाहिए। उस अबोध जनता को विद्या के अध्ययन में प्रवृत्त करा देने वाला उपाय नाट्य है फलतः नाट्यवेद के अधिकारी उपदेश्य जनता है।

एवं इस प्रकार भिन्न-भिन्न स्थलों में भी यही विषय है। इसे हम उन-उन स्थलों के व्याख्यान के प्रसंग में दिखलायेंगे।

**ये रसा इति पठ्यन्ते नाट्ये नाट्यविचक्षणैः।**
**रसत्वं केन वै तेषामेतदाख्यातुमर्हसि ॥२॥**

### अभिनवभारती

ये रसा इत्यादि तु यत्प्रश्नत्रयं तत्रायं भावः—इहाङ्गगणनायां "जग्राह पाठ्यम् (ना. शा. १-१७) इत्यादौ पाठ्यगीतयोस्तावत्सुप्रसिद्धं रूपम्। अभिनयानामपि

"महागीतेषु चैवार्थान्सम्यगेवाभिनेष्यसि" इति (ना. शा. ४-१५)

"यदा प्राप्त्यर्थमर्थानां तदङ्गैरभिनयः" (ना. शा. ४-२६१)

इत्यादिवचनबलाच्च रूपं तावन्नातीव हृदयङ्गमम्।

### मधुसूदनी

वै इति शब्द इति। प्रश्नः—रसत्वं केन वै इति द्वितीयपद्ये "वै" इतिशब्दः कमभिप्रायमुद्दिश्य उदटंकि। यतो हि प्रमाणभूतो नाट्याचार्यः दर्भपवित्रपाणिः शुचावकाशे प्राङ्मुख उपविश्य महता प्रयत्नेन श्लोकान् आर्याश्च प्रणिनाय। तत्राशक्यं

### बालक्रीड़ा

(मूल) नाट्यशास्त्र का विशेषरूप से व्याख्यान करने में निपुण विद्वान् लोग नाट्य म जिनको "रसाः" ऐसा पढ़ते हैं उनमें रसत्व कैसे अर्थात् उनको रस क्यों कहते हैं।

अब शंका होती है कि यह कौन व्याख्या का प्रकार है। क्योंकि यह आम्रान् पृष्टः कोविदारान् आचष्टे वाली कथा हुई। किसी ने प्रश्न किया आम कैसे है? कितने हैं या कहाँ है? उत्तर देते हैं कोंदों ऐसे हैं इतने हैं आदि। वैसे ही यहाँ का भाव है कि पाँच प्रश्न मुनियों ने किये। उनके बारे में कुछ न लिखकर प्रथम अध्याय के पाँच प्रश्नों के विषय में लिखना शुरूकर दिया यह कौन तरीका है। इसके उत्तर में कहते हैं कि पहले उस वस्तु के तत्त्व का निर्णय करना चाहिए जिसके विषय में पहले प्रश्न किया गया हो। यही हमारा तात्पर्य है और वही हम कर भी रहे हैं। जनता की रुचि भिन्न-भिन्न है। उसकी रुचि प्रधान है। जो पदार्थ उनको रुचिकर होता है उसी को वह ग्रहण करती है। उनकी रुचि के विषय हैं शृंगार आदि रस। फलतः जनता के रुचिकर रसों का निरूपण पूर्व प्रथमाध्याय में पूछे हुए नाट्यवेद का निर्माण क्यों हुआ इत्यादि प्रश्नों का ही समाधान है। क्योंकि चारों वेदों से पृथक् पृथक् अंशों को लेकर नाट्यवेद को बनाया है उनमें एक अंश अथर्ववेद से लिया हुआ रस है और इसी का निरूपण यहाँ प्रकृत में करते हैं इस तरह पूर्व प्रश्नित वस्तु के तत्त्व का निर्णय ही यहाँ हो रहा है। इसीलिए प्रतीक दिया कि पाँच प्रश्नों को इति। अर्थात् पूर्व में पूछे हुए पाँच प्रश्नों का समाधान करने के लिए वस्तु के तत्त्व का निर्णय ही करिये। यही यहाँ का तात्पर्य है।१।

ये रसा इत्यादि। जो रस हैं इत्यादि रूप से तीन प्रश्न किये हैं। नाट्य में जिन का रस इस नामसे पठन किया है। उनमें रसत्व कैसे? यह प्रथम प्रश्न है। भाव क्यों कहे यह दूसरा प्रश्न है। वे किसकी भावना कराते हैं। यह तीसरा प्रश्न है। यहाँ

## अभिनवभारती

ये तु "रसानाथर्वणात्" (ना. शा. १-१७) इति रसा उक्तास्ते तावत्प्रसिद्धाः षाडवादयः। न प्रकृतौ न विकृतौ युक्ताः। ये त्वन्ये शृङ्गारादयः केचन रसशब्देन सह प्रयुक्ताः "शृङ्गाररससम्भवः" (ना. शा. ४-२६९) इति "ततो रौद्ररसं श्लोकम्" (ना. शा. ५-१३२) इति तत्रापि शृङ्गारादिषु कथं रसशब्दवाच्यत्वम्। वैशब्दोऽक्षरक्षमायाम्। रसनेन्द्रियग्राह्ये हि रसशब्दः प्रसिद्धः। न चायमनादरस्थानभूतोऽर्थो येनाविचारित एवोपेक्ष्येत। "स्निग्धानां रसभावेषु" (ना. शा. ४-२५९) इत्यादावादरातिशयप्रतीतेः। अत एव शब्दप्रादुर्भाव इतिशब्दो रसा इति पठ्यन्त इति। तेन प्राधान्यादङ्गविषयप्रश्नान्तर्भूतत्वमप्येतत्पुनः प्रश्नितमित्यर्थः। पुनः प्रश्नाभिप्रायेणै-वाख्यातुमर्हसीत्युपपन्नम्। पूर्वाख्यानेषु तु पुनरुक्तमभिधत्स्वेत्युक्तत्वात्।।२।।

## मधुसूदनी

वर्णेन एकेनाऽपि अनर्थकेन भवितुम्। इति। उत्तरम्। वैशब्दः अक्षरक्षमायाम्। क्षमा तु पृथिवी क्षान्त्योरित्यमरः। अक्षरस्य पृथिव्याम्। श्लोकपादस्य पूरणे एकमक्षरं न्यून-मभवत्। तत्र न्यूनीभूतस्याक्षरस्य क्षमायां भूमौ स्थाने वैशब्दोऽस्ति। फलतः पाद-पूरणे वैशब्दः प्रयुक्तः। इति। रसशब्द इति। रसनेन्द्रियग्राह्यत्वे सति गुणत्वं रसत्वमिति न्यायशास्त्रे प्रसिद्धिः। शब्दस्य प्रादुर्भावः तस्मिन्। अयं भावः : अयमेक उत्तमः पदार्थः। यस्य कृते रस इत्यस्य शब्दस्य प्रादुर्भावः। अर्थात् रसः प्रधानभूतः पदार्थः। तेन तादृशशब्दप्रादुर्भावेण। प्रश्नितं प्रश्नः सञ्जातोऽस्येत्यर्थे इतच् प्रत्ययः।।२।।

## बालक्रीडा

मुनियों के पूछने का यह भाव है कि यहाँ इस नाट्यशास्त्र में अंगों की परिभाषा करते समय जो "जग्राह पाठ्यम्" इत्यादि में पाठ्य, गीत, अभिनय एवं रसों का निर्देश किया है उनमें पाठ्य एवं गीत का रूप सुप्रसिद्ध है। अभिनयों का भी रूप, "यहां गीतों में अर्थों का अभिनय तुम सम्यक् करोगे" "जब अर्थ की प्राप्ति के लिए अभिनय के ज्ञाताओं ने अभिनय किया" इत्यादि वचनों से अतीव हृदयंगम नहीं हुआ (यहाँ काकु है) अर्थात् कुछ २ हुआ।

जो तो "रसानाथर्वणादपि" रसों को अथर्ववेद से लिया" इसमें जिन रसों को कहा है वे यदि षाडवादि (षाडवो गानरसयोः मेदिनीकोष से) रस प्रसिद्ध कर लिये जाय खास तौर से मान लिये जाय तो इनका प्रकृति नाट्य अर्थात् प्रधान भेद नाटक वगैरह में कोई उपयोग नहीं है और न विकृति यानी उपभेदों उपरूपकों डोम्बी आदि में ही कोई उपयोग है। और भी जो दूसरे आलंकारिकलोग रस (शब्द) के साथ शृंगार आदि शब्दों का प्रयोग करते हैं। "शृंगाररससम्भवः" "ततो रौद्ररसं श्लोकम्" इत्यादि स्थलों में। वहां भी शृंगारादि में रस शब्द की वाच्यता कैसी। अर्थात् वे शृंगार आदि रस शब्द से कैसे कहे जा सकते हैं। यहाँ 'वै' यह शब्द श्लोक के पूर्ण होने में एक अक्षर की कमी पड़ती थी उसकी क्षमा भूमि यानी जगह में है। अर्थात् पादपूरण के लिए है। रस शब्द के अर्थ शृंगार आदि नहीं हो सकते हैं। इसमें हेतु देते हैं कि यह बात बाल वृद्ध वनिता

**भावाश्चैव कथं प्रोक्ताः किं वा ते भावयन्त्यपि ।**
**संग्रहं कारिकां चैव निरुक्तं चैव तत्त्वतः ॥३॥**

### अभिनवभारती

भावाश्चेति चशब्दस्तुशब्दार्थे । भावास्त्वपठिता अपि कथं प्रोक्ताः । अथ पाठ्यादय एव भावाः । तत्किमेषां रूपम् । तेनादरविषयत्वाद्रसे प्रश्नान्तरम् (र) भूतावृत्त्या विस्मयस्थानत्वाद्भावेषु प्रश्नचतुष्कम् । तथा हि रससद्भावेन भावाः केचन प्रोक्ताः "विभावानाम्" इत्यत्र । ते च केन प्रकारेणोक्ताः । "जग्राह" इत्यादौ हि तेषां नामापि न श्रुतम् । अथैतेष्वेव भावशब्दः प्रवर्तितः । तत्रापि भवन्तीति भावयन्तीति व्युत्पत्तिः । किमेतत् । किमुत्पादयन्ति । अथ व्यापनुवन्ति । द्वयोः कर्म किं स्यादिति वाशब्देन चशब्देनापिशब्देन च चत्वारो भावेषु प्रश्नाः । एवं प्राधान्यात्प्रश्नपञ्चकान्तरम् । वस्तुतः पुनः पञ्चप्रश्नो पूर्वोक्तैवेयं विस्फार्यते । सङ्ग्रहादि चाभिधत्स्व । ननु तैरिह किं प्रयोजनम् । आह—तत्त्वत इति ।

### मधुसूदनी

ते च भावाश्च । तेषां भावानाम् । द्वयोरुत्पादनव्यापनयोः । तैः संग्रहकारिका निरुक्तैश्च । तत्त्वत इति । तृतीयश्लोकान्तर्गतं तत्त्वत इति पदं तत् तु अतः इत्येवं खण्डं कृत्वा व्याख्याति ॥३॥

### बालक्रीडा

(मूल) भावों को क्यों कहा वे किसकी भावना कराते हैं । और संग्रह, कारिका एवं निरुक्त इनका आख्यान आपको करना चाहिए । क्योंकि वह रसादि का विश्लेषण इन संग्रह कारिका एवं निरुक्त से ही होगा ।।२।३।।

पर्यन्त प्रसिद्ध है कि जो गुण रसना जिह्वा इन्द्रिय के द्वारा ग्राह्य है वह रस है ।, किन्तु शृंगारादि रसनेन्द्रिय ग्राह्य नहीं है अतः शृंगारादि में रस शब्द का प्रयोग कैसे किया जा सकता है । इसके सिवाय रस अनादर की भी वस्तु नहीं है कि जो बिना विचार किये ही उसकी उपेक्षा करदी जाय । प्रत्युत "विभावेषु रसभावानाम्" इत्यादि स्थलों में बड़े आदर की प्रतीति की है । इसीलिए "रसा इति पठ्यन्ते" में इति शब्द का प्रयोग किया है । जिसका अर्थ है शब्द प्रादुर्भाव । तब तात्पर्य हुआ कि यह एक उत्तम पदार्थ है जिसके लिए रस इस शब्द का प्रादुर्भाव हुआ । फलतः रस प्रधान पदार्थ है । इस वास्ते अंग विषयक प्रश्न के अन्तर्गत होने पर भी इसके बारे में पुनः प्रश्न किया है । पुनः प्रश्न करने के अभिप्राय से ही इसके विषय में आपको व्याख्यान करना उचित है यह युक्ति संगत है किन्तु पूर्व में कहे हुए के विषय में ।।२।।

"भावाश्च" इति । यहां च शब्द तु शब्द के अर्थ में प्रयुक्त है । तु शब्द के प्रयोग का फल बतलाते हैं कि भावों का पहले कहीं पाठ नहीं किया है अतः अपठितों को भी कैसे कहा । अगर कहें कि पाठ्यादि ही भाव हैं अर्थात् पाठ्य, गीत, अभिनय एवं रस ही भाव

**तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः ।**
**प्रत्युवाच पुनर्वाक्यं रसभावविकल्पनम् ॥४॥**

### अभिनवभारती

तुशब्दो हेतौ । तदित्याख्यानं परामृष्टम् । अत इति संग्रहादिबोधकम् । यत-स्तदाख्यानमत एभ्यः संग्रहादिभ्य त्रिप्रकाररूपेभ्यः सदुपायेभ्यः । तस्मादाख्यातु-मर्हसि ।३।

पुनः शब्दो भिन्नक्रमः । भरतमुनिः पुनः रसभावा विकल्प्यन्ते निश्चीयन्ते येन तादृग्वाक्यमुवाच । तदीयं वचनमुत्तरदानेन समादृतमिति पुनः शब्दार्थः । मुनेश्चायं भावो यद्भवद्भिर्युक्तमेतदुक्तम् ४।

### मधुसूदनी

प्रतिपदमिति । अयं सारः । नाट्यस्य प्रतिपत्तौ प्रतिपदनिरूपणमनभ्युपायः । एवं हि श्रूयते महेश्वरस्ताण्डवं तण्डवे दिव्यं वर्षसहस्रं प्रोवाच नान्तं जगाम । महे-

### बालक्रीड़ा

(मूल) उन मुनियों के वचन सुनकर भरत मुनि ने फिर रस एवं भावों के विकल्पन निश्चय कारी वाक्य को कहा ॥४॥

है पदार्थ है । तब इनका रूप क्या है । पाठ्यादिरूप ही भाव है । इस से जैसे आदर के विषय होने से रस के विषय में अलग प्रश्न की आवृत्ति की है वैसे ही विस्मय के कारण भावों के विषय में चार प्रश्न है । तथाहि कहने का मतलब है कि उनको दिखाते है । "खिन्नाना रसभावेषु" इस पद्य में रस के साथ कुछ भावों को कहा है । उनको किस प्रकार कहा । "जग्राह" इत्यादि अंशों में उनका नाम भी नहीं सुना । अगर कहें कि इन पाठ्यादि अर्थों में ही भाव शब्द की प्रवृत्ति है । तब इनकी व्युत्पत्ति माने साधनिका क्या है । वे होते है इसलिए भाव है या भावना करा देते है इसलिए भाव है । यह क्या है । क्या वे उत्पादन करते है इसलिए भाव है अथवा व्याप्त होते है इसलिए भाव है । तब प्रश्न होता है जब भावयन्ति के अर्थ उत्पादन एवं व्यापन करते है तब इन दोनों में कर्म क्या है अर्थात् किसके उत्पादक है और किसमें व्याप्त होते है । यह हमारी कपोल कल्पना नहीं है । किन्तु यहाँ इस कारिका में वाशब्द, चशब्द और अपि शब्द के प्रयोग के स्वारस्य से भावों के विषय में ये चार प्रश्न होते है । भाव क्या है । भाव शब्द का प्रसिद्ध अर्थ क्या है । अथवा व्युत्पत्ति लभ्य अर्थों में से कौन अर्थ यहाँ ग्राह्य है । इस तरह प्रधान रूप से किये गये ये पांच प्रश्न अलग है । संग्रहादि को कहिए । यहाँ आदि पद के अर्थ कारिका एवं निरुक्त । पुनः प्रश्न होता है कि इन संग्रह वगैरह से यहाँ क्या प्रयोजन है । उत्तर । कहते है तत्त्वतः । यहाँ आचार्य ने तत्त्वतः इस पद के तत्, तु और अतः ये तीन खण्ड किये है । जिनमें तु शब्द का अर्थ हेतु है । तत् शब्द से आख्यातुमर्हसि के आख्यान का परामर्श किया है । अतः यह संग्रहादि का बोधक है । इस तरह तत्त्वतः का

**अहं वः कथयिष्यामि निखिलेन तपोधनाः ?।**
**संग्रहं कारिकां चैव निरुक्तं च यथाक्रमम् ।।५।।**

### अभिनवभारती

तत्राह–निखिलेनेति। उद्देशलक्षणपरीक्षासु प्राधान्यात्तदुपक्रममेव सङ्ग्राह्य लक्षणीयनिर्वचनीयात्मनोपलक्षितं सर्वमभिधेयम्। संग्रहमित्यादि। संग्रहादिषु समुच्चयार्थश्चः। तदभिधानेऽन्यन्न किञ्चिदवशिष्यत इत्येवशब्दः। संग्रहादित्रयमेव वक्ष्यामीति। यथाक्रममिति। पूर्वं संग्रहः। उद्देशप्रकारत्वात्। ततः कारिका निरुक्तं चेति क्रमेण। बुद्धिविषयं सबहु मानं गृह्णद्भ्यो युष्मभ्यमित्यभिप्रायेण वः।५।

### मधुसूदनी

ईश्वरः प्रवक्ता तण्डुश्चाध्येता दिव्यं वर्षसहस्त्रमध्ययनकालो नान्तं जगाम। किं पुनरद्यत्वे यः सर्वथा चिरं जीवति स वर्षशतं जीवति। चतुर्भिश्च प्रकारैर्विद्योपयुक्ता भवति। आगमकालेन स्वाध्यायकालेन प्रवचनकालेन व्यवहारकालेनेति। आगम-

### बालक्रीड़ा

(मूल) हे तपस्वियों ? मैं आप लोगों के लिए क्रमशः संग्रह, कारिका और निरुक्त को पूर्ण रूप से कहूँगा ।।५।।

अर्थ यह हुआ कि जब वह आख्यान इन संग्रहादि रूपवाले तीन समीचीन उपायों से होता है तब उनका आख्यान करना चाहिए।३।

पुनः शब्द का क्रम स्थान भिन्न है। जिस जगह पर वह पढ़ा गया है उससे दूसरे स्थान भरत में उसका समन्वय है। रस और भावों का विकल्पन निश्चय जिस वाक्य से होता है वैसा वाक्य भरत मुनि फिर बोले। प्रश्नकर्ता मुनियों के वाक्य का उत्तर देकर समादर किया। यह पुनः शब्द का अर्थ है। यहाँ मुनि का भाव यह है कि मनन करके मैंने जान लिया है कि आप लोगों ने यह युक्त ही कहा।४।

उस विषय में कहते हैं। निखिलेन। उद्देश लक्षण एवं परीक्षा की प्रधानता है अतः उन्हीं से संग्राह्य लक्षणीय एवं निर्वचनीय रूप से उपलक्षित सभी पदार्थों को कहना है। "संग्रहम्" इत्यादि। संग्रह आदि के समुच्चय के लिए चकार है। अतः उनके कहदेने पर और कुछ अवशिष्ट नहीं रहता है यह एव शब्द का अर्थ है। इसलिए संग्रह कारिका और निरुक्त तीनों ही को कहूंगा। यथाक्रमम्। इति। पहले संग्रह को कहूंगा क्योंकि वह उद्देश का प्रकार है। उसके सदृश है। (प्रकारो भेद सादृश्ये। इस कोष के अनुसार प्रकार सादृश्यार्थक है, उसके बाद कारिका एवं निरुक्त को कहूँगा। बुद्धि गम्य पदार्थ को बड़े आदर के साथ ग्रहण करने वाले आपलोगों के लिए कहूँगा इस अभिप्राय से वः शब्द कहा है।५।

**न शक्यमस्य नाट्यस्य गन्तुमन्तं कथञ्चन।**
**कस्माद्बहुत्वाज्ज्ञानानां शिल्पानां वाप्यनन्ततः ॥६॥**

## अभिनवभारती

तन्निदर्शयन्मुनिराह—न शक्यमस्येति। शक्यमिति सामान्योपक्रमात् माध्यस्थ्यविवक्षा। गन्तुमिति प्राप्तुम्। अन्तो निश्चयः। कथञ्चनेति। अमुं सङ्ग्रहादिप्रकारं वर्जयित्वाऽन्येन प्रतिपदनिरूपणादिनेत्यर्थः। यत्किल प्रतिपदं निरूपयितुं न शक्यं तल्लक्षणद्वारेणोच्यते। लक्षणस्यैवाङ्गमुद्देशपरीक्षे। विषयप्रदर्शने परिशुद्धौ च तयोर्व्यापारात्। न चात्र तस्य प्रतिपदं निरूपणं युक्तमिति।

अत्र हेतुमाह—बहुत्वादिति। ज्ञानाख्यानि व्याकरणादीनि शास्त्राणि। शिल्पानि चित्रपुस्तादिकर्माणि। तेषामनन्ततोऽन्ताभावात्।६।

## मधुसूदनी

कालेनैव आयुः कृत्स्नं पर्युपयुक्तं स्यात्। नाट्यं तु अभिनयात्मकतया व्यवहारप्रधानं ततो नात्र ग्रन्थे तस्य नाट्यस्य प्रतिपदनिरूपणं कर्तुं युक्तं शक्यमिति ॥६॥

## बालक्रीडा

(मूल) इस नाट्य का अन्त निश्चय इत्थमित्थं तत्त्व पाना किसी भी प्रकार से शक्य नहीं है। क्योंकि ज्ञान बहुत है और शिल्पों का भी अन्त नहीं है ॥६॥

उनका निदर्शन करते हुए मुनि कहते हैं कि इसका निर्णय करना शक्य नहीं है। "शक्यम्"। न शक्यमस्य इस श्लोक में "शक्यम्" पद का सामान्य रूप से उपक्रम कथन किया है अतः माध्यस्थ्यविवक्षा है अर्थात् कथन में उदासीनता का भाव है। गन्तुं का अर्थ है प्राप्त करने के लिए। अन्त निश्चय। कथंचन यानी इस संग्रह आदि प्रकार पद्धति के अतिरिक्त प्रतिपद निरूपण हरएक पदार्थ का पृथक् पृथक् प्रतिपादन शक्य नहीं है। अतः जिसका प्रतिपद निरूपण करना संभव नहीं है उसका लक्षण के द्वारा निरूपण किया जाता है। लक्षण के ही अंग साधन उद्देश एवं परीक्षा हैं। क्योंकि लक्षण के विषय लक्ष्य के क्रमशः संकीर्तन करने में उद्देश का और लक्षण की परिशुद्धि करने में परीक्षा का उपयोग होता है। इस तरह लक्षण के बारे में उद्देश और परीक्षा दोनों का व्यापार है। फलतः रस एवं भाव आदि का प्रतिपद निरूपण करना युक्त नहीं है। युक्ति संगत नहीं है इसमें हेतु को कहते हैं कि ज्ञानों में बहुत्व है। ज्ञान पद से व्याकरण आदि शास्त्रों की आख्या है कथन है। चित्र एवं पुस्तादि कर्म शिल्प हैं। पुस्त शब्द का अर्थ है लिपि एवं लेप्य मकान का पलस्तर और भिन्न २ वस्तुओं पर पालिश। ये ज्ञान बहुत हैं और शिल्प अनन्त हैं अर्थात् उनका अन्त नहीं है।

इस ज्ञान की अनन्तता का उपोद्बलन करते हैं कि नाट्य के अंगभूत किसी एक भी ज्ञान का अन्त पार पाना कठिन है। यह शेष है मूल श्लोक में नाट्यांगभूतस्य कस्यचित् इतने अंशका कहना शेष है अवशिष्ट है। अर्थ अभिधेय के तत्त्वतः तनन विस्तार के कारण

**एकस्यापि न वै शक्यस्त्वन्तो ज्ञानार्णवस्य हि ।**
**गन्तुं किं पुनरन्येषां ज्ञानानामर्थतन्वतः ॥७॥**

अभिनवभारती

एतदेवोपोद्बलयत्येकस्येति । नाट्याङ्गभूतस्य कस्यचिदिति शेषः । अर्थस्याभिधेयस्य तन्वतः । तननं विस्तारः । तेन । अन्येषामिति । अङ्गभूतानामपि यान्यङ्गत्वेनायान्तीत्यर्थः ।७।

मधुसूदनी

रसभावादि इति । अयं भावः । रसभावौ प्रधानभूतौ पदार्थौ । अतस्तौ आदि कृत्वा । अर्थात् प्राधान्यात् तयोरुपक्रमं कृत्वा आरम्भं विधाय । तेन उपक्रमेण किं स्यादित्याह—अनुमानमिति । केवलव्यतिरेकिहेतुरूपमनुमान लक्षणम् । केवल व्यतिरेकिहेतुर्लक्षणं च समानकार्यकरम् । तथाहि—व्यावृत्तिर्व्यवहारो वा लक्षणस्य प्रयोजनम् । व्यावृत्तिश्च इतरभेदः । यथा गन्धवत्वं पृथिव्या लक्षणम् । तेन इतरभेदः सिध्यति । पृथिवी (पक्षः) जलादष्टभ्यो भिन्ना (साध्यं) गन्धवत्वात् (हेतुः) यन्नैवं तन्नैवम् । एवं यल्लक्षणं गन्धवत्वं, पृथिवी जलाद्यष्टभ्य इतरेभ्यो भेदयति तदेव गन्धवत्वं पृथिव्यां पक्षे जलाद्यष्टरूपेतरभेदसाध्यकानुमितौ हेतुः ।

बालक्रीडा

(मूल) जब एक भी ज्ञानरूपी समुद्र का अन्त निश्चय पाना शक्य नहीं है । तब अर्थ के विस्तार के कारण अन्य अंगभूत ज्ञानों का अन्त पाना शक्य होगा यह कहना तो बहुत ही कठिन है ॥७॥

अन्य अंगों का भी जो प्रकृत में अंगता को प्राप्त करते हैं अंग बन जाते हैं उनका भी पार पाना मुश्किल है । यह अर्थ है वस्तु स्थिति है । यहाँ तन्वतः इस पद के मूल में तनु विस्तारे धातु का स्पर्श है । और तृतीया के अर्थ में तसि प्रत्यय है । इसीलिए आचार्य ने तन्वतः का व्याख्यान तननं विस्तारः और तेन इससे तसिका अर्थ किया है ।

संग्रह आदि यहाँ प्रकृत में समीचीन उपाय है इसको दिखाते हैं—किन्तु इति । नाट्य का या नाट्यविषयक अर्थ का संग्रह अर्थात् जिससे विस्तृत नाट्य या उसके अर्थ का संक्षेप से ग्रहण करते हैं उस उद्देश को कहूँगा । प्रश्न—कैसे कहोगे । उत्तर । नाट्य में रस और भाव आदि विषय प्रधान हैं अतः उनका उपक्रम आरम्भ करके कहूँगा । यह भाव है । इस संग्रह से क्या होगा । इस पर कहते हैं कि प्रकृत में अनुमान केवल व्यतिरेकी हेतु रूप है । केवलव्यतिरेकी हेतु और लक्षण दोनों का एकही अर्थ है । दोनों समान कार्यकारी हैं ।

यहाँ का भाव यह है कि (व्यावृत्तिर्व्यवहारो वा लक्षणस्य प्रयोजनम्) व्यावृत्ति अथवा व्यवहार लक्षण का प्रयोजन है । व्यावृत्ति पद का अर्थ है इतरभेद । जैसे लक्षण इतरभेद करता है वैसे ही केवलव्यतिरेकी हेतु भी इतरभेद करता है । जैसे जो गन्धवत्त्व लक्षण पृथिवी

**किन्त्वल्पसूत्र ग्रन्थार्थमनुमानप्रसाधकम् ।**
**नाट्यस्यास्य प्रवक्ष्यामि रसभावादिसङ्ग्रहम् ॥८॥**

### अभिनवभारती

संग्रहाद्यस्त्वत्र सदुपाया इति दर्शयति—किन्त्विति । नाट्यस्य नाट्यविषयस्यार्थस्य संग्रहं संक्षिप्य गृह्यतेऽनेनेति तमुद्देशं प्रवक्ष्यामीति । कथम् । रसभावावादि कृत्वा, प्राधान्यात्तदुपक्रममित्यर्थः । किं तेनेत्याहानुमानं लक्षणं तद्धि केवलव्यतिरेकिहेतुरूपम् । तस्य चोद्देशधर्मिणं प्रकल्पयतः प्रकृष्टः साधकः । आश्रयासिद्धत्वशङ्काशमनेन पक्षधर्मत्वमूलाङ्गपोषकत्वात् । तस्य संग्रहस्य स्वरूपमाह—सूत्रग्रन्थयोर्लक्षणपरीक्षयोर्योऽर्थो लक्ष्यपरीक्षितव्यलक्षणः सोऽल्पः सङ्कुचितो नाममात्रेणोद्देश्यतया यत्र ।८।

### मधुसूदनी

तस्य चोद्देशधर्मिणं प्रकल्पयत इति । अयमन्वयः । नाममात्रेणवस्तुसंकीर्तनमुद्देशः । उद्देशः संग्रहश्च पर्यायौ । उद्देशे येन क्रमेण वस्तूनां संकीर्तनं भवति तेनैव क्रमेण तेषां वस्तूनां लक्षणं ग्रन्थेषु दृश्यते । एवमुद्देशगतधर्मिणं पदार्थं वस्तु प्रकल्पयतः निश्चाययतस्तस्य लक्षणस्य प्रकृष्टः साधकः संग्रहः । कथं स साधक इत्याह—आश्रयेति । आश्रयासिद्धत्वं नाम आश्रयासिद्धिरूपो दोष । तस्य या शंका तस्याः शमनेन । तां शंकां निरस्य । पक्षधर्मता मूलं यस्य तदंगमनुमितिजनकः परामर्शः । तस्य पोषकत्वात् । अधिकं बालक्रीडायाम् । अल्पः नाममात्रेण संकीर्तिततया संकुचितो लक्षणपरीक्षयोरर्थो यत्रेत्यन्वयः ।

### बालक्रीडा

(मूल) किन्तु तथापि इस नाटय के संग्रह को कहूँगा । जिसमें रस एवं भाव प्रधान होने से आदि हैं उपक्रम में प्रथम हैं । जहाँ सूत्र एवं भाष्य का अर्थ अल्प है नाममात्र से संकीर्तित होने से संक्षिप्त है और जो संग्रह अनुमान का प्रतिपाद्य विषय के लक्षण का प्रकृष्ट साधक है अर्थात् लक्षण का क्रमशः निर्देश करने में सुविधा का जनक है । सहायक है । इन अक्षरों का यह भी अर्थ बहुत ही सरल है जिसमें अल्पसूत्र यानी अल्प आकार वाले सूत्रण सूचन के प्रकार से अर्थ का ग्रन्थ निबन्धन जिसमें किया हुआ है और अनुमान जिसका प्रसाधक है यानी हेतुओं से जो सिद्ध किया हुआ है उस नाटय के लक्षण को कहूँगा ॥८॥

इतर जलादि आठों से भिन्न बतलाता है । वही गन्धवत्त्व, पृथिवीपक्ष में इतरभेद रूप साध्य की अनुमिति में हेतु है । "प्रमितिकरणं प्रमाणम्" में जो प्रमिति करणत्व प्रमाण का लक्षण है वही प्रमितिकरणत्व, प्रत्यक्षादि पक्षमें प्रमाणमिति व्यवहर्त्तव्यत्वरूप साध्यकी अनुमिति में हेतु है । "प्राणादिमत् सात्मकम्" में जो प्राणादिमत्त्व सात्मक वस्तु का लक्षण है वहीं प्राणादिमत्त्व जीवच्छरीर पक्ष में सात्मकत्वरूप साध्य की अनुमिति में हेतु है । शब्दगुणकमाकाशम्" में जो शब्दगुणकत्व आकाश का लक्षण है वही शब्दगुणकत्व, विवादा-

**विस्तरेणोपदिष्टानामर्थानां सूत्रभाष्ययोः ।**
**निबन्धो यः समासेन सङ्ग्रहं तं विदुर्बुधाः ॥९॥**

### अभिनवभारती

अन्येऽप्येवमेव मन्यन्त इति दर्शयति—विस्तरेणेति । सूत्रं लक्षणम् । भाष्यं तद्व्यक्तीकरणरूपा परीक्षा । अल्पो सूत्रग्रन्थी यत्रार्थे सोऽर्थो यत्रेति तु व्याख्यानमनेन श्लोकेन न संवदते ।९।

### मधुसूदनी

इति तु व्याख्यानमिति । अयमाशयः । किन्त्वल्पसूत्रग्रन्थार्थमित्यत्र कृतं व्याख्यानं अल्पो सूत्रग्रन्थी यत्रार्थे सोऽर्थो यत्रेति रूपम् । अनेन विस्तरेणोपदिष्टाना-मिति रूपेण श्लोकेन न संवदते । संवादो ह्यन्यसादृश्यम् । सदृशो नहि भवति ॥९॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) सूत्र और भाष्य के रूप से आकार में विस्तार से उपदिष्ट सूचित एवं व्याख्यात अर्थों का जो समास से नाममात्र से निबन्ध है संकीर्तन है उसको विद्वान् संग्रह शब्द से जानते हैं ॥९॥

स्पद पक्षक आकाशसाध्यक अनुमिति में हेतु है । इस तरह लक्षण एवं केवल व्यतिरेकी हेतु समानकार्यकारी है ।

नाममात्र से वस्तुओं का संकीर्तन जिसमें होता है वह संग्रह है । उद्देश और संग्रह दोनों पर्याय हैं । उद्देश में जिस क्रम से वस्तुओं का संकीर्त्तन किया हुआ रहता है उसी क्रम से उन वस्तुओं का लक्षण भी किया जाता है । इससे ग्रन्थ के शास्त्र के निर्माण में सुविधा होती है । अतः उद्देश में संकीर्तित धर्मियों का निश्चय करादेने वाले लक्षण का प्रकृष्ट साधक संग्रह है । जो आश्रयासिद्धत्व माने आश्रयासिद्धिरूप दोष की शंका का शमन करके पक्षधर्मता मूल है कारण है जिसका ऐसे अंग अनुमितिजनक परामर्श का पोषक है । व्याप्यस्य पक्षवृत्तित्वधीः परामर्श उच्यते । पक्षवृत्तिता एवं पक्षधर्मता दोनों पर्याय शब्द हैं । साध्य-निरूपित व्याप्ति के आश्रय हेतु का पक्ष में रहने के ज्ञान को परामर्श कहते हैं । यहाँ जैसे अयं घट इत्याकारक ज्ञानका विषय घट उक्त ज्ञान का हेतु है । क्योंकि घट रहेगा तभी उक्त ज्ञान होता है । वैसे ही साध्य निरूपितव्याप्त्याश्रयहेतुगतपक्षधर्मता रहेगी तभी उक्त पक्षधर्मता के विषय का ज्ञान होगा । यही ज्ञान परामर्श है, इसीलिए कहा कि पक्षधर्मता है मूल जिसका इत्यादि । और वह परामर्शात्मक ज्ञान तभी पैदा होता है जब उसका कोई प्रतिबन्धक नहीं रहता है । उसका प्रतिबन्धक है हेतु में दोष का ज्ञान । वे दोष हैं व्यभिचार (१) विरोध (२) सत्प्रतिपक्ष (३) असिद्ध एवं बाध (५) ये पाँच । इन दोषों का हेतु में ज्ञान होने से अनुमिति या अनुमितिजनक परामर्श नहीं हो सकता है । इनमें व्यभिचार, विरोध एवं असिद्धि ये तीन दोष परामर्श के प्रतिबन्धक हैं । और सत्प्रतिपक्ष एवं बाध ये दो दोष अनुमिति के प्रतिबन्धक हैं । अतः आश्रयासिद्धत्व यह पद

**रसा भावा ह्यभिनया: धर्मी वृत्तिप्रवृत्तयः ।**
**सिद्धिः स्वरास्तथातोद्यं गानं रङ्गश्च सग्रहः ॥१०॥**

### अभिनवभारती

संग्रहं दर्शयति—रसा भावा इत्यादिना । चशब्द इतिशब्दार्थे । अभिनयत्रयं गीतातोद्ये चेति पञ्चाङ्गं नाट्यम् । अनेन तु श्लोकेन कोहल(स्य)मतेनैकादशाङ्गत्वमुच्यते । न तु भरते(तस्य) । तत्संगृहीतस्यापि पुनरत्रोद्देशः । अन्तर्भूतस्यापि प्रयोजनवशेन पुनरुद्देशदर्शनात् । क्रमस्य चाविवक्षितत्वादिति । निर्देशे चैतत्क्रमव्यत्यासनादित्यौद्भटाः । नटस्य हि रसभावयोगे मरणादौ तत्त्वावेशो लयादिभङ्गश्च स्यात् । दृष्टस्तु तत्प्रत्ययो नटेः भ्रमः । नैतदिति भट्टलोल्लटः । रसभावानामपि वासनावेशवशेन नटे सम्भवादनुसन्धिचलाच्च लयाद्यनुसरणम् । वयन्त्वत्रत्यं तत्त्वमग्रे वितनिष्याम इत्यास्तां तावत् ।१०।

### बालक्रीड़ा

(मूल) अत: रस भाव, अभिनय, धर्मी, वृत्ति, प्रवृत्ति, सिद्धि, स्वर, आतोद्य, गान और रंग यह संग्रह हैं ॥१०॥

व्यभिचार विरोध एवं असिद्धि इन तीनों का उपलक्षण है । इसलिए आश्रयासिद्धत्व यह पद अपने आप स्वरूपासिद्धि और व्याप्यत्वासिद्धि का भी उपलक्षण हो गया ।

उस संग्रह के स्वरूप को कहते हैं सूत्र एवं ग्रन्थ यानी लक्षण एवं परीक्षा में जो लक्ष्य एवं परीक्षितव्य अर्थ हैं वह जहाँ अल्प अर्थात् नाममात्र से उद्देश्य संकीर्तनीय होने से संकुचित है ॥८॥

दूसरे लोग भी ऐसा ही मानते हैं इसको दिखाते हैं—विस्तार से । सूत्र का अर्थ लक्षण है । भाष्य माने लक्षण की व्यक्तीकरणरूपा परीक्षा । "जिस अर्थ के विषय में सूत्र और ग्रन्थ अल्प हैं वह अर्थ जहाँ रहे वह संग्रह है 'ऐसा किसी का जो अल्पसूत्रग्रन्थार्थम्" का व्याख्यान है वह "विस्तरेणोपदिष्टानामर्थानां सूत्रभाष्ययोः ।" इस श्लोक से संवाद नहीं करता है ॥९॥

संग्रह को दिखाते हैं—रसा भावा इत्यादि से । यहाँ रंगवच में चशब्द इति शब्द के अर्थ में है । अभिनयादि तीन एवं गीत तथा आतोद्य यह पाँचों अंग नाट्य हैं । उनमें वाचिक (१) आंगिक (२) सात्त्विक (३) एवं आहार्य (४) ये चार अभिनय हैं । धर्मी लोकधर्मी एवं नाट्यधर्मी ये दो धर्मियां इतिकर्तव्यताएँ हैं । जैसा कि कहा है संगीत रत्नाकर—और उसकी टीका में ।

इतिकर्तव्यता तस्य द्विविधा परिकीर्तिता ।
लोकधर्मीनाट्यधर्मीत्येते च द्विविधे पुनः ॥ सं. र.

तस्य अभिनयस्य इतिकर्तव्यता प्रकारनियमः । एते लोकधर्मीनाट्यधर्म्यौ । इति तट्टीका ।

**अल्पाभिधानेनार्थो यः समासेनोच्यते बुधैः।**
**सूत्रतः साऽनुपठिता कारिकार्थप्रदर्शिनी ॥११॥**

### अभिनवभारती

अथ कारिकां लक्षयति अल्पाभिधानेनेति। अनेनार्थस्य कारिकात्वं लक्षणरूपस्य दर्शयति। सद्वाचकस्य सूत्रस्य तत्संक्षिप्तार्थविवरणात्मकस्य च श्लोकस्य।

### बालक्रीड़ा

(मूल) जिसे विद्वान् लोग समासवाले यानी बहुतर लक्ष्यों के संग्रह करने वाले अल्प शब्दों से अर्थ को कहते हैं वह अर्थ कारिका है। या जो सूत्र के अनुसार सूचना के आधार पर अर्थ को दिखाने वाले श्लोक हैं तद्रूप वह कारिका है। इस तरह क्रिया भेद से कारिका के दो लक्षण हुए ॥११॥

और वृत्ति भारती (१) सात्वती (२) कौशिकी (३) एवं आरभटी (४) ये चार वृत्तियाँ हैं। तथा गीत मद्रक (१) उल्लोप्यक (२) अपरान्तक (३) प्रकरी (४) ओवेणक (५) रोविन्दक (६) और उत्तर (७) ये सात गीत हैं और तत (१) अवनद्ध (२) घन (३) सुषिर (४) ये चार आतोद्य वाद्य हैं। उक्त पाँचों अंगों का नाम नाट्य है। जैसा कि कहेंगे तत तंत्रीकृत ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम्।

घनं तालस्तु विज्ञेयः सुषिरो वंश उच्यते।

प्रयोगस्त्रिविधो ह्येषां विज्ञेयो नाटकाश्रयः ॥ इति ॥

रस और भाव नाट्य के साध्य हैं अंग साधन नहीं हैं। क्योंकि यदि नट का रस एवं भावों के साथ योग सम्बन्ध मानेंगे अर्थात् नट को नाट्यरस का अनुभव कर्ता और भावों से आविष्ट मानेंगे तो काम की मरणादि दश दशाओं में तात्त्विक अभिनिवेश होने पर लय आदि यानी लय, ताल, पदक्रम एवं यति का भंग उसके द्वारा होने लगेगा। अगर कहीं उनका प्रत्यय नट में दिखाई भी पड़ता है तो वह भ्रम है।

यह श्लोक कोहल के मत के अनुसार नाट्य को एकादश अंगों वाला कहता है। किन्तु भरत के मत के अनुसार यह नहीं है। अथवा कोहल के द्वारा संगृहीत अंगों का यहाँ पुनः संकीर्त्तन है। हाँ निर्देश करने में क्रम का व्यत्यास हो गया है यह उद्भटानुयायियों का मत है। ये दोनों कथन ठीक नहीं हैं यह भट्टलोल्लट का मत है। यही सिद्धान्त है। क्योंकि १०८ शिष्य पुत्रों में कोहल एक है। इसके सिवाय भरत ने स्वयं स्वीकार किया है कि "शेषमुत्तरतंत्रेण कोहलः पूरयिष्यति" तथा कोहल जो कहेंगे वह अपने निर्मित ग्रन्थ में कहेंगे। अतः भरत निर्मित ग्रन्थमें कोहल अपने मत को कैसे कहेंगे।

प्राक्तन एवं इदानींतन वासनाओं के वश से रस एवं भावों का आवेश नट में भी संभव है। और पूर्वापर के अनुसन्धान के बल पर लय आदि का अनुसरण भी किया जा सकता है। किसी के कहे हुए में अन्तर्भाव होने पर भी प्रयोजन के वश से पुनः कथन करना देखा गया है। क्रम की विवक्षा होती भी है और नहीं भी होती है। हम तो इसके विषय के तत्त्व को आगे विस्तार से कहेंगे अतः रहने दिया जाय ॥१०॥

**नानानामाश्रयोत्पन्नं निघण्टुनिगमान्वितम् ।**
**धात्वर्थहेतुसंयुक्तं नानासिद्धान्तसाधितम् ॥१२॥**

### अभिनवभारती

अनेन लक्षणवाक्यं द्विधेति तात्पर्यम्। योऽर्थोऽल्पैः शब्दैः समासेन बहुतरलक्ष्यसङ्ग्रहेण सूत्रं वाचकमाश्रित्योच्यते सोऽर्थः कारिका । ज्ञप्तिसाधकत्वात्तदर्थिनी कारिका। सूत्रतः सूत्रणेन। एतेन सूत्रमपि कारिका। तत्सूत्रमपेक्ष्य या अनु पश्चात्पठिता श्लोकरूपा सापि कारिका। तथा हि—सूचनात्मकत्वात्सूत्राह्लब्धो योऽर्थो लक्षणात्मकः स एव सम्यगतिश्रव्यतया वर्णनात्मनेति वृत्तबन्धेनोच्यमानोऽल्पैश्च शब्दैर्निरूप्यमाणोऽर्थस्य लक्षणीयस्य प्रकर्षं धर्म्यन्तराद् व्यवच्छेदं दर्शयन् धर्मः कारिका। क्रियतेऽनेन ज्ञप्तिरिति कारिका। लक्षणमिति यावत्। तदर्थप्रकाशकत्वात् श्लोकोऽप्युपचारात्कारिका।

एतदुक्तं भवति—उद्दिष्टस्य धर्म्यन्तरव्यवच्छेदकं लक्षणं वक्तव्यम्। तच्च पूर्वं सूत्रेण। ततोऽप्यकृताक्षेपोत्तरप्रपञ्चेन तद्विवरणमात्ररूपेण सुखग्राह्येण श्लोकेन। उभयोरपि हि लक्षणमेव प्रतिपाद्यम्। तदेव कारिकोच्यते। सूत्रश्लोकावुपचारादिति ॥११॥

### बालक्रीडा

(मूल) समास से संक्षेप से जिस शंका एवं समाधान रूप वस्तु के रहने पर व्यक्ति भेद से भिन्न लक्षणीय अर्थ का सूचन करने वाला लक्षणभूत अर्थ स्थापित होता है वह निरुक्त

अब कारिका का लक्षण कहते हैं—अल्प अभिधान से। इससे लक्षण रूप अर्थ कारिका है इसको दिखाते हैं। लक्षण रूप अर्थ के वाचक सूत्र एवं उस सूत्र में संक्षेप से कहे अर्थ का विवरणात्मक श्लोक कारिका है इसको दिखाते हैं। इस कथन का तात्पर्य है कि लक्षण वाक्य दो प्रकार का है। जो अर्थ अल्प शब्दों के द्वारा बहुतर लक्ष्यों के संग्रह करने वाले समास के रूप में कहा जाता है वह अर्थ कारिका है। ज्ञान का साधन होने से उस अर्थ को बतलानेवाली कारिका है। सूत्रतः अर्थात् सूत्रण करने से। इससे सूत्र भी कारिका है ऐसा प्रतीत होता है। उस सूत्र की अपेक्षा करके जो अनु पीछे पढ़ा हुआ श्लोक है वह श्लोक रूप भी कारिका है। जैसे सूचनात्मक सूत्र से लब्ध जो लक्षणरूप अर्थ है वही अच्छी प्रकार अत्यन्त श्रव्य होने से वर्णनात्मा वृत्त छन्दमयी रचना से उच्यमान अल्प शब्दों से निरूप्यमाण लक्षणीय अर्थ के प्रकर्ष धर्म्यन्तर से व्यवच्छेद पार्थक्य को दिखाने वाला धर्म कारिका है। इससे ज्ञान किया जाता है अतः यह कारिका है। यानी लक्षण है। कारिका के अर्थ का प्रकाशक होने से श्लोक को भी प्रकाश्यप्रकाशक में अभेद का उपचार करके कारिका कह दिया है। इसका आशय यह हुआ कि उद्दिष्ट-संगृहीत पदार्थ का अन्य धर्मियों से व्यवच्छेद व्यावृत्ति करने वाले को लक्षण कहना चाहिए। जो पहले सूत्र से, फिर आक्षेप एवं उत्तर यानी शंका एवं समाधान से रहित केवल सूत्र के विवरणरूप अनायास से समझने लायक श्लोक से या फिर दोनों से प्रतिपाद्य है। वह लक्षण ही है वही कारिका है। वह उपचार से सूत्र एवं श्लोक है ॥११॥

## अभिनवभारती

अथ परीक्षात्मकं निरुक्तं लक्षयति श्लोकद्वयेन—नानानामेति स्थापित इति च। संक्षेपेणानेकव्यक्तिभेदभिन्नस्यार्थस्य लक्षणीयस्य यः सूचकोऽर्थो लक्षणात्मकः स यत्राक्षेपप्रतिसमाधानलक्षणे वस्तुनि सति स्थापितो भवति। नन्वेवं परिभाषा। किन्त्वर्थमेवं निर्भज्याक्षेपप्रतिसमाधानाभ्यां लक्षणस्य वचनमिति। एतदाह—किन्त्वर्थं वचनमिति।

कथं तल्लक्षणं स्थाप्यत इत्याशङ्क्य क्रियाविशेषणाभिधानद्वारेणाक्षेपप्रतिसमाधानप्रकारं दर्शयति—नानेत्यादिना। नानाप्रकाराणि यानि नामानि लक्षणवाक्येऽर्थप्रतिपादकाः सुबन्ताः शब्दास्तानाश्रित्योत्पन्नः उत्पाद आक्षेपप्रतिसमाधानयोर्यत्र। ननु नामपदेषु कथमाक्षेपप्रतिसमाधाने। आह—निघण्टुनाऽभिधानकोशेन रूढिषु। अन्येषु प्रकृतिप्रत्ययविभागनिगमनया। अन्वितमन्वयो यत्रोत्पादे। यानि च लक्ष-

## बालक्रीडा

(मूल) है। प्रश्न—क्या यह इस प्रकार निरुक्त की परिभाषा है। उत्तर। नहीं। किन्तु शंका एवं समाधान द्वारा विभाग करके अर्थ (लक्षण) के स्थापन का वचन है कथन है। प्रश्न—जिस शंका एवं समाधान के द्वारा स्थापन का कथन है उस शंका एवं समाधान का प्रकार क्या है। उत्तर। नाना नाम प्रातिपदिक के आश्रय से उस शंका एवं समाधान की उत्पत्ति होती है। पुनः प्रश्न—नाम से शंका एवं समाधान का उत्पाद कैसे। उत्तर।

अब नानानामेत्यादि दो श्लोकों से परीक्षारूप निरुक्त का लक्षण कहते हैं। समास संक्षेप से अनेक व्यक्तियों के भेद से भिन्न लक्षणीय अर्थ का सूचक जो लक्षणात्मक अर्थ है वही अर्थ जहाँ शंका एवं समाधान लक्षण वस्तुओं के द्वारा स्थापित किया जाता है तब परीक्षारूप निरुक्त है। इसको अर्थ की परिभाषा नहीं समझना। किन्तु इस प्रकार अर्थ का शंका एवं समाधान के द्वारा निर्वचन करके लक्षण कथन यह है। इसी को कहते हैं—किन्तु अर्थवचनमिति

कैसे उस लक्षण की स्थापना की जाती है ऐसी आशंका करके क्रियाविशेषणों के अभिधान के द्वारा शंका एवं समाधान के प्रकार को दिखाते हैं "नाना" इत्यादि लक्षण वाक्य में नाना प्रकार के जो नाम अर्थप्रतिपादक सुबन्तपद हैं उनके आश्रय से जहाँ आक्षेप एवं समाधान का उत्पाद रहता है। प्रश्न होता है कि नाम पदों में आक्षेप और समाधान कैसे रहता है। इस पर उत्तर देते हैं कि रूढिस्थल में निघण्टु अभिधान कोश के द्वारा और योग स्थल में प्रकृति एवं प्रत्ययों के विभाग का निगमन करके जहाँ उत्पाद में अन्वय होता है। अस्तु। सुबन्त पदों में यह प्रकार है किन्तु तिङन्त पदों में कैसे प्रकार होगा इस पर कहते हैं लक्षण वाक्य में जो तिङन्त पद हैं उनमें प्रकार को बतलाते हैं—धातु के अर्थ क्रिया और उनके हेतु क्रिया निमित्त कारकों का संयोजन विचार जिस स्थापन में रहता है। इससे यह सिद्ध किया कि लक्षण वाक्य में पहिले शब्द परीक्षा दिखलाई अर्थात् यह शब्द इस अर्थ में कैसे प्रवृत्त है ऐसा आक्षेप और इस प्रकार प्रवृत्त है ऐसा समाधान दिखाया। यह सब लक्षण वाक्य में प्रदर्शित वस्तु से ही प्राप्त हुआ है।

## अभिनवभारती

यवाक्ये तिङन्तानि पदानि तेषु प्रकारमाह—धात्वर्थस्य क्रियाया, हेतूनां च क्रियानिमित्तानां कारकाणां संयोजनं विचारो यत्र स्थापने। इयता लक्षणवाक्ये पूर्वं शब्दपरीक्षा दर्शिता। अयं शब्दः कथमत्रार्थे वर्तत इत्याक्षेपः। इत्थमिति च प्रतिसमाधानम्। एतत् प्रदर्शितवस्तुप्रणीतमेव।

अर्थपरीक्षामपि दर्शयति—नानाप्रकारैः सर्वतन्त्रप्रतितन्त्रादिभिः सिद्धान्तैः। प्रमाणमूलैरर्थैः साधितमाक्षेपोत्तरयोः साधना यत्र स्थापने। एवं परीक्षाऽनेन

## बालक्रीड़ा

अब शब्द परीक्षा के बाद अर्थपरीक्षा को दिखाते हैं। नाना प्रकार के सर्वतन्त्र सिद्धान्त प्रतितंत्र सिद्धान्त, अधिकरणतंत्रसिद्धान्त और अभ्युपगमतंत्र सिद्धान्त यानी प्रमाणभूत शास्त्र मूलक अर्थ उनसे साधित अर्थात् जिसमें आक्षेप एवं उत्तर की साधना हो वह स्थापन है। इस प्रकार इन प्रतिपादनों से परीक्षा दिखा दी यानी परीक्षा का निरूपण कर दिया। तंत्रादिन्याय शास्त्रों के न्याय 'हेतु' उस परीक्षा के अंग हैं साधन हैं।

यहाँ बारहवीं कारिका में उत्पन्न का उत्पाद यानी उत्पत्ति, अन्वित का अन्वय, संयुक्त का संयोजन और साधित साधन अर्थ आचार्य ने किया है अतः भाव में क्त प्रत्यय इन चारों पदों में है। परवर्ती आचार्य मम्मट ने भी अर्थकृते, व्यवहारविदे, उपदेशयुजे के कृत् विद् युज् में भाव में क्विप् करके ऐसे प्रयोग किये हैं। सिद्धान्त पद की नैयायिकमतानुसार व्याख्या की है। वहाँ न्याय के सूत्र ये हैं तंत्राधिकरणाभ्युपगमसंस्थितिः सिद्धान्तः। प्रमाण से अभ्युपगत शास्त्र को तंत्र कहते हैं। आधार और अधिकरण 'आधारोऽधिकरणम्' के अनुसार समानार्थक हैं। अभ्युपगम स्वीकार है। संस्थिति का अर्थ है सम्यक् प्रकार से निश्चय रूप से स्थिति जिसमें होवे। इस तरह सूत्र का अर्थ हुआ कि प्रमाणभूत शास्त्र के आधार पर स्वीकार किया अर्थ सिद्धान्त है। वे सिद्धान्त चार हैं। क्योंकि "सर्व तंत्र प्रतितंत्र अधिकरण तंत्र एवं अभ्युपगमतंत्र की संस्थितियों के अर्थों में परस्पर भेद है। जैसा कि सूत्र है सर्वतंत्रप्रतितंत्राधिकरणाभ्युपगमसंस्थित्यर्थान्तरभावात्। इसका भाव है कि सभी तंत्रों की संस्थिति एक प्रकार की नहीं होती है। यदि एक ही प्रकार की वह होवे तो वाद एवं प्रतिवाद ही नहीं बन सकता है। फलतः संस्थितियाँ चार होती हैं तदनुसार सिद्धान्त भी उक्त प्रकार से चार हैं। उनमें पहला वह है जो अपने तंत्र में बतलाया गया है उसका किसी तंत्र से विरोध नहीं होता है वह सर्वतंत्र सिद्धान्त है। सर्वतंत्राविरुद्धस्तंत्रेऽधिकृतोऽर्थः सर्वतंत्रसिद्धान्तः। जैसे गुरुजनों के वाक्य में श्रद्धा करनी चाहिए। जगत् सकारण है। प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्राणादिमज्जीवच्छरीर सात्मक है। गन्धवती पृथिवी है। गुरुजनों की गोष्ठी श्रेयस्करी है इत्यादि सभी को समान रूप से मान्य हैं। अपने तंत्र और अपने समान तंत्र में मान्य होने पर भी पर अपने से प्रतिकूल तंत्र में जो अमान्य हो वह प्रतितंत्र सिद्धान्त है। समानतंत्रसिद्धः परतन्त्रासिद्धः प्रतितंत्रसिद्धान्तः। जैसे न्याय में मन को इन्द्रिय माना है। वेदान्ती उसको इन्द्रिय नहीं मानता है। ज्ञान का साधन मन है ऐसा एकमत है। सांख्य कहता है बुद्धीन्द्रिय एवं कर्मेन्द्रिय रूप में उभयात्मक मन है। न्याय मत में

स्थापिनोऽर्थो भवेद्यत्र समासेनार्थसूचकः ।
किन्त्वर्थवचनश्चैवं निरुक्तं तत्प्रचक्षते ॥१३॥

अभिनवभारती

दर्शिता । तन्त्रादिन्यायास्तु तदङ्गम् । निरुक्तमपि । तच्चतुर्धा—नाम्ना वा—उली ऊर्ध्वं खमस्येत्युलूखलं लाति आदत्ते उलूखलः । धातुना वा—रस्यत इति रसः । द्वाभ्यां वा—पिशितमाचामति अश्नातीति पिशाचः । समयेन च—सोऽपि त्रिधा—लौकिको यथा भू सत्तायाम् । वैदिको यथा—दीधीङ् दीप्तिदेवनयोः, वेवीङ् वेतिना तुल्ये । प्रतिशाख्यपार्षदो यथा—गान्धर्ववेदे गीतकविशेषे ओवेणकादिशब्दः । तदेतदुक्तं नानेत्यादिना । निरुक्तस्य तु प्रयोजनं संक्षेपेणार्थावधारणम् ।१२-१३।

मधुसूदनी

सर्वतंत्रेति । तंत्रं शास्त्रम् । सिद्धान्तश्च सिद्धोऽन्तो निर्णयो यत्रार्थात्—इदम्, इत्थभूतं च इत्यभ्यनुज्ञायमानोऽर्थः । ते च सर्वतंत्रसिद्धान्तः १ प्रतितंत्रसिद्धान्तः २ अधिकरणसिद्धान्तः ३ अभ्युपगमसिद्धान्तश्चेति चत्वारः । तथा च सूत्रं न्याये—सर्वतंत्रेति । तदर्थश्च बालक्रीडायां द्रष्टव्यः ॥१२॥१३॥

बालक्रीडा

(मूल) रूढ़ नाम स्थल में निघण्टु शब्दकोश से अन्वय होता है । और अन्य यौगिक नामों में प्रकृति एवं प्रत्यय के विभाग रूप निगम से अन्वय होता है । लक्षणवाक्यस्थ तिङन्त पदों की स्थिति का स्पष्टीकरण करते हैं कि धात्वर्थ यानी क्रिया और क्रिया जिनमें हेतु हैं वे कारक उन दोनों का जहाँ संयोग होता है । और नाना अनेक सर्वतंत्रसिद्धान्त, प्रतितंत्रसिद्धान्त अधिकरणसिद्धान्त एवं अभ्युपगमसिद्धान्तों से जहाँ साधना होती है वह निरुक्त है ॥१२।१३॥

वागादि पांच कर्मेन्द्रियाँ नहीं हैं अतः एकादश इन्द्रियाँ नहीं होती हैं । लिङ्गशरीर सूक्ष्मशरीर जो सप्तदश अवयवों से युक्त है ऐसा मानने वाले वागादि पंच कर्मेन्द्रियों को भी मानते हैं । इत्यादि प्रतितंत्र सिद्धान्त भिन्न २ हैं । ईश्वर को व्यापक मानते हुए भी भक्त लोग निराकार नहीं मानते हैं । अन्य लोग कहते हैं कि ईश्वर को व्यापक मानने पर निराकार मानना ही पड़ेगा । यत्सिद्धावन्यप्रकरणसिद्धिः सोऽधिकरणसिद्धान्तः । जहाँ एक कोई अर्थ प्रमाण-से सिद्ध हो जाता है वहाँ उसके सम्बन्धी अर्थ उसके साथ स्वतः सिद्ध हो जाते हैं वह प्रमाण सिद्ध अर्थ अधिकरण सिद्धान्त कहाता है । जैसे ईश्वर जगत् का कर्ता है यह प्रमाणों से सिद्ध हो जाता है इस अवस्था में उसकी सर्वज्ञता स्वतः सिद्ध हो जाती है । क्योंकि बिना सर्वज्ञ हुए प्राणियों के कर्म के फल भोग के लिए सर्वविध सृष्टि का निर्माता नहीं हो सकता है । अपरीक्षिताभ्युपगमात्तद्विशेषपरीक्षणमभ्युपगमसिद्धान्तः । जो अपरीक्षित ही अर्थ किसी धर्म विशेष की परीक्षा के लिए केवल परीक्षा के समय तक ही प्रामाणिक रूप से माना जाए वह अभ्युपगम सिद्धान्त है । जैसे । मान लेते हैं कि जीव पैदा होता है किन्तु यह बतलाइये कि वह किसी कारण से पैदा होता है या बिना कारण के । ब्रह्म जगत की सृष्टि करता है

**संग्रहो यो मया प्रोक्तः समासेन द्विजोत्तमाः ? ।**
**विस्तरं तस्य वक्ष्यामि सनिरुक्तं सकारिकम् ॥१४॥**

### अभिनवभारती

अथोद्दिष्टानां विभागं सूचयति—संग्रहो यो मयेति। तस्येति सङ्ग्रहस्य। सङ्ग्रह एव विस्तारितो विभाग इत्यर्थः। किं तदुक्तावेव सर्वं सम्पन्नम्। नेत्याह। सनिरुक्तं परीक्षापर्यन्तमित्यर्थः। अन्तवचनेऽव्ययीभावः। न चालक्षितस्य परीक्षेत्याह—सकारिकं कारिकासम्पदोपेतम्। सम्पत्तौ समासः।१४।

### मधुसूदनी

सनिरुक्तमिति। अत्र निरुक्तेन सहेति अन्तवचनेऽव्ययीभावः समासः। अतः परीक्षापर्यन्तमित्यर्थः ॥१४॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) हे उत्तम द्विजो ? जिस संग्रह को मैंने संक्षेप से कहा है निरुक्त एवं कारिका के सहित उसको विस्तार से कहूँगा ॥१४॥

मान लेते हैं किन्तु वह किसी की सहायता लेता है या विना सहायता के सृष्टि करता है। अच्छा वह ब्रह्म अविद्या की सहायता से सृष्टि करता है मान लेते हैं किन्तु वह अविद्या ब्रह्म से अलग है या अलग नहीं है यह सब अभ्युगमसिद्धान्त है।

निरुक्त भी शास्त्र है जो निर निश्चय से अर्थ को कहता है। वह चार प्रकार का है। कहीं केवल नाम प्रातिपदिक से अर्थ का निर्वचन-जैसे उलूखल। यह धान्यकण्डन का साधन पात्र है। मुसलको ऊपर आकाश में ले जाकर फिर जिसमें गिराते हैं वह उलूखल बनता है। उलू माने ऊपर ख माने आकाश में लेजाकर नीचे लाते हैं जिसमें वह पात्र उलूखल है। केवल धातु से जैसे रस आस्वादे धातु है उससे रस बना उसका अर्थ है। जिसका रसन आस्वादन किया जाय वह रस है। नाम एवं धातु दोनों से—जैसा पिशाच। पिशं पिशितम् आचामति अश्नाति मांस को खाता है वह पिशाच है। समय संकेत से जैसे। वह संकेत भी तीन प्रकार का है। लौकिक भू धातु सत्ता अर्थ में है। वैदिक दीधीङ् दीप्ति और देवन अर्थ में है। वेवीङ् वेति के तुल्य अर्थ में है। प्रतिशास्त्रपार्षद जैसे—गान्धर्व वेद में एक गीत का औवेणक नाम है। इसी लिए कहा कि नाना इत्यादि। निरुक्त का प्रयोजन है संक्षेप से अर्थ का अवधारण ॥१२।१३॥

अब उद्दिष्ट पदार्थों के विभाग को सूचित करते हैं कि जिस संग्रह को मैंने कहा उस संग्रह के विस्तार को कहूँगा। प्रश्न—आपने प्रतिज्ञा की थी कि विभाग को सूचित करते हैं किन्तु आचार्य कहते हैं कि विस्तार को कहूँगा। इस पर उत्तर देते हैं कि संग्रह ही विस्तारित हुआ विभाग होता है अर्थात् एक जगह संगृहीत वस्तु को यदि फैलादिया जाय विस्तृत कर दिया तो उसको विभाग कहते हैं। प्रश्न—तब क्या संग्रह के कह देने पर सब सम्पन्न हो गया अर्थात् सब पदार्थों का कथन हो गया। उत्तर कहते हैं कि नहीं।

**शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः ।**
**बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृताः ॥१५॥**

### अभिनवभारती

तत्र विभागं तावदाह—शृङ्गारहास्येत्यादिना नाट्यसंग्रह (६-३१) इत्यन्तेन । तत्र नाट्यं नाम नटगताभिनयप्रभावसाक्षात्कारायमाणैकघनमानसनिश्चलाध्यवसेयः समस्तनाटकाद्यन्यतमकाव्यविशेषाच्च द्योतनीयोऽर्थः । स च यद्यप्यनन्तविभावाद्यात्मा तथापि सर्वेषां जडानां संविदि, तस्याश्च भोक्तृवर्गे, भोक्तृवर्गस्य च प्रधाने भोक्तरि पर्यवसानान्नायकाभिधानभोक्तृविशेषस्थायिचित्तवृत्तिस्वभावः ।

### मधुसूदनी

नाट्यमिति । नटगतः नटप्रयुक्तो योऽभिनयः । तस्य प्रभावेण साक्षात्कारायमाणा प्रत्यक्षवत् प्रतीताः ये पदार्थाः । तेषु एकघनमेकतानमत एव निश्चलं यन्मानसं तेन अध्यवसेयः । समस्तेषु नाटकादिषु अन्यतमात् काव्यविशेषाच्च द्योतनीयः प्रकाशनीयः । नायकाभिधानस्य भोक्तुः प्रधानस्य स्थायिन्याः चित्तवृत्तेः स्वभावः ।

एकचित्तवृत्तिरिति । सा एकस्य कस्यचित् नायकाभिधानस्य भोक्तृविशेषस्य एका चित्तवृत्तिः । स्वकीया परकीया च मितिः प्रमितिः । तस्या मानात् परिमाणात् प्रच्याविता दूरीकृता । अतएव साधारणीभूता । तत्तया च सामाजिकानपि स्वात्म-

### बालक्रीडा

(मूल) शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स अद्भुत एवं शान्त ये नव रस नाट्य दश रूपकों में स्मरण किये हैं ॥१५॥

सनिरुक्त अर्थात् परीक्षापर्यन्त संग्रह को कहूँगा । यहाँ निरुक्त पद का परीक्षा अर्थ है । और सह शब्द अन्त वचन के अर्थ में है । अतः अन्त वचन में अव्ययीभाव समास है । यह भी बात है कि बिना लक्षण किये हुए तो परीक्षा भी नहीं होती है अतः कहा कि सकारिकम् । यहाँ सकारिकम् में सह शब्द का सम्पत्ति के अर्थ में अव्ययीभाव समास है ॥१४॥

विभाग को कहते हैं शृंगारहास्य इत्यादि नाट्य संग्रह पर्यन्त श्लोकों से । नाट्य उस अर्थ को कहते हैं जो नट के द्वारा प्रयुक्त अभिनय के प्रभाव से साक्षात्कारायमाण प्रत्यक्ष की तरह प्रतीत पदार्थों में एकघन एकतान हुए अतएव निश्चल मन से अध्यवसेय जानने के योग्य और समस्त नाटकादि दश रूपकों में किसी एक काव्यविशेष से द्योतनीय है। यद्यपि वह अर्थ आलम्बन एवं उद्दीपन रूप अनन्त विभाव एवं क्रिया रूप अनन्त अनुभाव तथा ३३ व्यभिचारी भाव स्वरूप है तथापि ज्ञाने परिसमाप्यते के अनुसार सम्पूर्ण जड़पदार्थों का संवित् ज्ञान में पर्यवसान है। और निराश्रय ज्ञान नहीं होसकता है अतः ज्ञान का भोक्ताओं में भोक्तृवर्ग का भी "प्रधानमनुवर्तन्ते" "सर्वे भावाः पराश्रिता" के अनुसार किसी एक प्रधान भोक्ता में पर्यवसान होता है अतः नायक नामक भोक्तृविशेष की स्थायी चित्तवृत्तिरूप वह अर्थ है ।

## अभिनवभारती

सा चैकचित्तवृत्तिः स्वपरकीयमिति-मानादनन्तचित्तवृत्त्यन्तरगतविशेषिताऽलौकिक-गीतगेयपदादिलास्याङ्गदशकोपजीवनस्वीकृतलक्षणगुणाऽलङ्कारनृत्तातोद्यादिसम्यक्सुन्दरीभूत (दृश्य) काव्यमहिमप्रयोगमालाऽभ्यासविशेषाश्रयत्वात् प्रच्यावित्ता अत एव साधारणीभूततया सामाजिकानपि स्वात्मसद्भावेन समावेशयन्ती तादात्म्यादेव चानुमानागमयोगिप्रत्यक्षादिकरणकतटस्थप्रमातृप्रमेयपरकीयलौकिकचित्तवृत्तिविलक्षणतया निर्भासमाना परिमितस्वात्मान्याश्रयतानिर्भासनविरहाच्च लौकिक-

## मधुसूदनी

सद्भावेन तादात्म्येन समावेशयन्ती आत्मस्वरूपतां नयन्ती इत्यन्वयः। अनन्तानां चित्तवृत्तीनामन्तर्मध्ये अगता अनिविष्टा अतएव विशेषिता विशेषभूता। ततश्च लौकिकग्रामीणगीतेभ्यो भिन्ना अलौकिका गीतगेयपदादयः। लास्यस्य अंगदशकस्य उपजीवनेन स्वीकृतलक्षणा लक्षणसम्पन्नाः। गुणालंकारनृत्तातोद्यदयः तै -सम्यक् सुन्दरीभूतं यद् दृश्यं काव्यम्। तस्य महिम्ना नटद्वारा कृता या प्रयोगमाला तस्या अभ्यासविशेषस्य आश्रयत्वात् आश्रयणात् हेतोः स्वपरेति मानात् प्रच्यावितेति समन्वयः।

## बालक्रीडा

वह एक किसी भोक्तृविशेष की एक ही चित्तवृत्ति है किन्तु विश्व के प्राणियों के अनन्त चित्तवृत्तियों के अन्तः मध्य में गत नहीं होने से कोई विशेषता विशेषभूता है अत एव लौकिक ग्रामीण गीतों से भिन्न अलौकिक यानी चमत्कारपूर्ण जो गीत उनके गेयपदादि जो लास्य के दश अंग, उन के उपजीवन से स्वीकृत लक्षण अर्थात् लक्षण सम्पन्न तथा गुण, अलंकार, नृत्त आतोद्य और आदि पद ग्राह्य स्वर ताल लय एवं यति से सम्यक् सुन्दरीभूत दृश्य काव्य की महिमा से नट के द्वारा किये गये बहुत से प्रयोगों के अभ्यास की विलक्षणता के कारण अपने एवं दूसरे की मिति प्रतीति रूप मान परिमाण से प्रच्यावित दूर कर कर दी गयी। और दूरीकरण के बदौलत ही साधारणीभूततया सर्वसाधारण के सम्बन्धी के रूप में समझने से सामाजिकों को भी जो अपनी सीमा में समाविष्ट करलेती है जिसके फलस्वरूप तादात्म्य अर्थात् नायक एवं सामाजिक की चित्तवृत्तियों में अभेद हो जाने से अनुमान आगम (शब्द) योग (यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार ध्यान धारणा समाधिरूप अष्टांगयोग) और प्रत्यक्ष अर्थात् षड्विध इन्द्रिय रूप प्रत्यक्ष प्रमाण, तथा आदि पद ग्राह्य उपमान अर्थापत्ति ऐतिह्य करण सहायक है जिसके ऐसा तटस्थ रंगस्थलीबाह्य

(यहां रंगस्थलीस्थ प्रमाता सामाजिक की चर्चा ऊपर कर दी गई है और इसको चक्षुरिन्द्रिय श्रोत्रेन्द्रिय एवं मन के अतिरिक्त अनुमानादि करणों की अपेक्षा भी नहीं है अतः उदासीन प्रमाता की प्रमेय के विषय में जो लौकिक चित्तवृत्तियां हैं उनसे विलक्षणरूप में मालूम पड़नेवाली तथा परिमित परिच्छिन्न अपने (आत्मा) अन्तःकरण और अन्य अन्तःकरण रूप आश्रय के रूप में आभास नहीं होने से लौकिक प्रमदा वगैरह से जनित लौकिक रति एवं शोकादि की तरह षड्भावविकारों से जन्य हान उपादान तथा असम्भवरूप भिन्न २

## अभिनवभारती

प्रमदादिजनितनिजरतिशोकादिवत् पञ्जहानादिचित्तवृत्त्यन्तरजननाक्षमा तत एव निर्विघ्नस्वसंवेदनात्मक विश्रान्तिलक्षणेन रसनापरपर्यायेण व्यापारेण गृह्यमाणत्वाद्रस-शब्देनाभिधीयते ।

## मधुसूदनी

तादात्म्यादेव स्वात्मसद्भावादेव अनुमानादि करणं साधनं यत्र तैस्तटस्थैः प्रमातृभिः प्रमेयाः ज्ञेयाः परकीया लौकिकचित्तवृत्तयः । तेभ्यो विलक्षणतया निर्भास मानाः । स्वस्य अन्यस्य च आत्मा अन्तः करणं तद्रूपो य आश्रय आधारः । तस्य भावस्तत्ता तस्या निर्भासना प्रतीतिः । तस्या विरहात् ।

## बालक्रीडा

चित्तवृत्तियों के जनन करने में सक्षम अतएव निर्विघ्न सर्वविध प्रतिबन्धक रहित स्वसंवेद-नात्मक विश्रान्ति नामा "रसन आस्वादन है अपर पर्याय संज्ञा जिसकी ऐसे" व्यापार से ग्राह्य चर्वणीय होने से वह एक चित्तवृत्ति रस शब्द से कही जाती है ।

इससे सिद्ध हुआ कि रस ही नाट्य है । जिसकी व्युत्पत्ति को फल कहते हैं । इसीलिए "रसादृते" के रसात् पद में एक वचन की उपपत्ति हो गई । क्योंकि फल एक ही होता है समुदित कारण का परिणाम एक ही निष्पन्न होता है । इस वास्ते मुख्यभूत महा-रस की अपेक्षा तत्समुदाय रूप अन्य रसों का निरूपण भागों के अभिनिवेश की दृष्टि से किया जाता है । अभिनिवेश पद का अर्थ है यह कार्य अवश्य कर्तव्य है ऐसी मन की स्थिति यानी आग्रह । प्रकृत में भी इसका आशय यह है कि जब महारस मुख्यभूत है तब अमुख्यभूत अल्परस अन्य तत्समुदायरूप भी अवश्य होंगे इस तरह आग्रह है । स्फोट मानने वालों के मत में जैसे स्फोटान्तर, अन्विताभिधानवादी के मत में जैसे असत्य उपा-यान्तर और अभिहितान्वय वादी के मत में जैसे सत्य उपायान्तर का भागाभिनिवेश की दृष्टि से निरूपण किया जाता है ।

यहाँ का भाव यह है कि

"वाक्यस्फोटोऽतिनिष्कर्षे तिष्ठतीति मतस्थितिः ।

महाभाष्यकारादि वैयाकरणों के मत की स्थिति है कि वाक्यस्फोट पारमार्थिक है क्यों कि अन्य वर्णस्फोट १ पदस्फोट २ अखण्डपदस्फोट ३ अखण्डवाक्यस्फोट ४ वर्णगत जातिस्फोट ५ पदगतजातिस्फोट ६ वाक्यगतजातिस्फोट ७ से आकांक्षादि की निवृत्ति नहीं हो पाती है अतः ये स्फोट अवास्तव हैं । किन्तु शास्त्रीय प्रक्रिया के निर्वाह के लिए सिद्धांत में इन को स्वीकार कर लिया है । अन्विताभिधान वादी प्रभाकर का मत है

प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा श्रुतौ लोके व्यवस्थितिः

वाक्येनैव यतः सत्यं तथाशक्तिपरिग्रहात् ।

वेद एवं लोक में प्रवृत्ति एवं निवृत्ति रूप व्यवस्था व्यवहार वाक्य से ही होता है । क्योंकि यह सत्य है कि शक्तिग्रह उस वाक्य से हुआ है । अतः उपायान्तर (पद एवं

## अभिनवभारती

तेन रस एव नाट्यम्। यस्य व्युत्पत्तिः फलमित्युच्यते। तथा च रसादत (ना. शा. ६-३१) इत्यत्रैकवचनोपपत्तिः। ततश्च मुख्यभूतात् महारसात्, स्फोटदृशीव स्फोटान्तराणि वा असत्यानि वा, अन्विताभिधानदृशीव उपायान्तराणि, सत्यानि

## मधुसूदनी

लौकिकप्रमदादिभिर्जनिता ये निजा रतिशोकादयः। तद्वत्। षड्भ्यो भावविकारेभ्यो जन्यानि यानि हानोपादानादि चित्तवृत्त्यन्तराणि। तेषां जनने अक्षमा। तत एव निर्विघ्ना संवेदनात्मिका विश्रान्तिः। तल्लक्षणेन। रसनासंज्ञकोऽपरः पर्यायो यस्य तेन व्यापारेण गृह्यमाणत्वात् चर्व्यमाणत्वात्। सा एका चित्तवृत्तिः रसशब्देन अभिधीयते इत्यन्वयः।

## बालक्रीड़ा

उसके अवयवों (प्रकृति प्रत्ययों) में शक्तिग्रह असत्य है किन्तु उनका निरूपण भागाभिनिवेश की दृष्टि से किया जाता है। अभिहितान्वयवादी का मत है कि शक्ति की सहायता से पदों के द्वारा उपस्थापित अर्थों का अन्वय संसर्गरूप वाक्यार्थ आकांक्षा योग्यता एवं सन्निधि के वश से होता है। अतः वाक्यार्थ मुख्य है। उसके उपायान्तर पद एवं उसके अवयव प्रकृति प्रत्यय सत्य है अतः भागों में स्पष्टता करने के अभिनिवेश की दृष्टि से उनका निरूपण किया जाता है। इसलिए कहेंगे कि "काव्यार्थान् भावयन्ति।" अतः संग्रह में प्रथम "रसाः" ऐसा कहा है। वे रस नो है। शान्त का अपलाप करने वाले तो आठ है ऐसा वहाँ पढ़ते हैं।

काम कामना सकल जातियों सम्पूर्णप्राणियों में सुलभ होने से अत्यन्त परिचित है अत एव सबके लिए स्पृहणीय है। कामना एवं रति एक ही वस्तु है। रति का ही परिणाम शृंगार है। अत एव सबसे पहले शृंगार का निर्देश किया। शृंगार का अनुगामी हास्य है। यह हास्य काम प्रधान है। उसके बाद निरपेक्षभाव होने से शृंगार एवं हास्य के विपरीत करुण का निर्देश किया है। यहाँ का आशय यह है कि आलम्बनीय एवं आलम्बनकर्त्ता इन दोनों को एक दूसरे के भावों की अपेक्षा बनी रहती है। किन्तु करुण में आलम्बनीय या अलिम्बनकर्त्ता का अभाव रहता है अतः एक दूसरे को एक दूसरे के भावों की अपेक्षा बनी रहनी असंभव है। जिसके कारण करुण को निरपेक्षभाव कहते है। करुण के बाद करुण के निमित्तकारण रौद्र का निर्देश किया। यह अर्थ प्रधान है। शृंगार कामस्वरूप है। हास्य काम प्रधान है। और रौद्र अर्थ प्रधान है। इन काम और अर्थ का मूल धर्म है अतः इनके बाद धर्मप्रधान वीर का निर्देश किया। और वीर का वीरत्व भयभीतों को अभय प्रदान करना है इसलिए वीर के बाद भयानक का निर्देश किया। बीभत्स और भयानक के विभावों में साधारण्य समानता की संभावना है अतः भयानक के बाद बीभत्स का निरूपण किया। जो वीर के आक्षेप आक्रम का फल है। और सभी कार्यों से आश्चर्य होना स्वाभाविक है अतः बीभत्स के अनन्तर अद्भुत

**एते नव रसाः प्रोक्ता द्रुहिणेन महात्मना ।**
**पुनश्च भावान्वक्ष्यामि स्थायिसञ्चारिसत्त्वजान् ॥१६॥**

## अभिनवभारती

वा अभिहितान्वयदर्शीव. तत्समुदायरूपाणि रसान्तराणि भागाभिनिवेशदृश्या निरू-
प्यन्ते । तद्वक्ष्यन्ते "काव्यार्थान् भावयन्ति" इति । तेन प्रथमं रसाः । ते च नव ।
शान्तापलापिनस्त्वष्टाविति तत्र पठन्ति ।१५।१६।

## मधुसूदनी

तेन एकस्याः चित्तवृत्तेः रसशब्देनाभिधीयमानत्वेन हेतुना । यस्य नाट्यस्य व्युत्पत्तिः विशिष्टं जननं फलमिति कथ्यते । फलं च एकं ततो "रसादृते" इत्यत्रत्यमेक वचनमुपपन्नं भवति । स्फोटवादिमते स्फोटान्तराणि इव । अभिन्नाभिधानवादिमते असत्यानि उपायान्तराणि इव । अभिहितान्वयवादिमते सत्यानि उपायान्तराणि इव मुख्यभूतान्महारसात् रसान्तराणि भागानामभिनिवेशस्य दृष्ट्या निरूप्यन्ते ॥१५।१६॥

## बालक्रीडा

(मूल) महात्मा ब्रह्माजी ने इन नव रसों को कहा है । इसके बाद स्थायी संचारी एवं सात्विक भावों को कहूँगा ॥१६॥

का उपादान किया है । जैसा कि कहेंगे "ज्ञानकार लोगों को अवश्य ही अन्त में अद्भुत रस का उपादान करना चाहिए" अतः इसके बाद धर्म अर्थ काम इस त्रिवर्गरूप प्रवृत्तिप्रधान धर्म के विपरीत निवृत्तिप्रधानधर्मस्वरूप मोक्षफलक शान्त का उपन्यास किया है । इन सबमें अपने आत्मा आनन्दरूप के प्रवेश से रसचर्वणा होती है । क्योंकि अन्तः करण के धर्म विभावादि के सम्बन्ध से अन्तःकरण धर्म साभिभास्य रति की चर्वणा के समय आनन्दांश में आवरण के भंग होने पर चेतन आनन्दस्वरूप आत्मा का भी चर्वणा में निवेश है ॥१५॥

वह रस चर्वणा भी विभावादि के बल से होती अतः विभावों को कहना चाहिए । क्योंकि जब तक कवि या नट लौकिक रत्यादि चित्तवृत्तियों को नहीं समझेगा तब तक किसी रस के विषय में विशिष्ट विभावादिकों का आहरण निरूपण यानी वर्णन नहीं कर सकता है । क्योंकि शुद्ध विभाव का निदर्शन असंभव है अतः वैशिष्ट्य का उपपादन करने के लिए स्थायिभावों को कहा । वहाँ शांत का स्थायी शम है ऐसा कोई पढ़ते हैं । अन्य लोग कहते हैं कि शान्त का स्थायी उत्साह ही है । कोई जुगुप्सा को स्थायी कहते हैं । एक ऐसे भी है जो कहते हैं कि विस्मय शम, एवं उत्साह ये सब शान्त के स्थायी हैं । निर्वेद दो प्रकार का होता है । एक तत्त्वज्ञान से उत्पन्न । दूसरा सांसारिक विषयों से ऊब जाने से उत्पन्न । उनमें पहला तत्त्वज्ञानज निर्वेद इस शान्त रस का स्थायी है । इसीलिए उभयधर्म के उपजीवी होने के कारण अर्थात् स्थायित्व एवं व्यभिचारित्व दोनों धर्मों की स्थिति निर्वेद में होने से अमंगलप्रदत्व को भी व्यभि-

**रतिर्हासश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा।**
**जुगुप्सा विस्मयश्चेति स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः ॥१७॥**
**निर्वेदग्लानिशङ्काख्यास्तथासूया मदः श्रमः।**
**आलस्यं चैव दैन्यं च चिन्ता मोहः स्मृतिर्धृतिः ॥१८॥**

### अभिनवभारती

तत्र कामस्य सकलजातिसुलभतयाऽत्यन्तपरिचितत्वेन सर्वान्प्रति हृद्यतेति पूर्वं शृङ्गारः। तदनुगामी च हास्यः। इमौ कामप्रधानौ। निरपेक्षभावत्वात् तद्विपरीतस्ततः करुणः। ततस्तन्निमित्तं रौद्रः। स चायमर्थप्रधानः। ततः कामार्थयोर्धर्ममूलत्वाद्वीरः। स हि धर्मप्रधानः। तस्य च भीताभयप्रदानसारत्वात्। तदनन्तरं भयानकः। तद्विभावसाधारण्यसंभावनात्। ततो बीभत्सः इति यद्वीरेणाक्षिप्तम् फलम्। पर्यन्तेऽद्भुतः इति तदनन्तरं तदुपादानम्। तथा च वक्ष्यते "पर्यन्ते कर्तव्यो नित्यं हि रसोऽद्भुतः।" (ना. शा. १८-४३) इति। ततस्त्रिवर्गात्मकप्रवृत्त(त्ति)धर्मविपरीतनिवृत्त(त्ति)धर्मात्मको मोक्षफलः शान्तः। तत्र स्वात्मावेशेन रसचर्वणेत्युक्तम्।१७।

सा च विभावादिबलादिति भावा वक्तव्याः। तत्र नाज्ञातलौकिकरत्यादिचित्तवृत्तेः कवेर्नटस्य वा तद्विषयविशिष्टविभावाद्याहरणं शक्यमिति स्थायिन उद्दिष्टाः। तत्र शान्तस्य स्थायी 'विस्मयशमा" इति शमः कैश्चित्पठितः। उत्साह एवास्य स्थायी-

### मधुसूदनी

इमौ शृंगारहास्यौ कामप्रधानौ कामरूपपुरुषार्थप्रधानकौ। निरपेक्षो भावः यः प्राणी मृतः। तस्यापेक्षया रहितः। तस्याभावेऽपि तमनुरुध्य परिदेवितादयः क्रियन्ते अतः करुणः शृंगारहास्याभ्यां विपरीतः निरपेक्ष भाव इत्युच्यते। धर्मार्थकामानां त्रयाणां वर्गः समूहः तदात्मको यो प्रवृत्तिप्रधानो धर्मः। तद्विपरीतो यो निवृत्तिप्रधानो धर्मः। तदात्मकः मोक्षफलकः शान्तः। तत्र शान्ते आनन्दरूपस्य स्वात्मनः आवेशेन रसविषयिणी चर्वणा ॥१७॥

### बालक्रीडा

(मूल) रति हास शोक क्रोध उत्साह भय जुगुप्सा विस्मय ये स्थायी भाव कहे हैं। इनमें संख्या का निर्देश नहीं है ॥१७॥

चारियों में प्रथम स्थान दिया। स्थायियों के अन्त में व्यभिचारियों के आरम्भ में रहने से अर्थात् दोनों के मध्य में रहने से मध्यमणिन्याय से दोनों ओर उसका सम्बन्ध हो गया है। स्थायियों की संख्या निश्चित नहीं है। इसीलिए अपने लोग कहते हैं कि स्थायियों की संख्या नहीं बतलाई है। इतना ही कहा कि ये स्थायी भाव हैं। किन्तु वे अपुष्ट होने पर व्यभिचारी भी हो जाते हैं। इसको आगे विस्तार से कहेंगे ॥१६।१७॥

व्रीडा चपलता हर्ष आवेगो जडता तथा ।
गर्वो विषाद औत्सुक्यं निद्रापस्मार एव च ॥१६॥
सुप्तं विबोधोऽमर्षश्चाप्यवहित्थमथोग्रता ।
मतिर्व्याधिस्तथोन्मादस्तथा मरणमेव च ॥२०॥
त्रासश्चैव वितर्कश्च विज्ञेया व्यभिचारिणः ।
त्रयस्त्रिंशदमी भावाः समाख्यातास्तु नामतः ॥२१॥

अभिनवभारती

त्यन्ये । जुगुप्सेति केचित् । सर्व इत्येके । तत्त्वज्ञानजो निर्वेदोऽस्य स्थायी । एतदर्थमेवोभयधर्मोपजीवित्वख्यापनायामङ्गलभूतोऽप्यसौ पूर्वं निर्दिष्टो व्यभिचारिषु । स्थायिषु च सङ्ख्या नोक्तेत्यपरे । अत एव तु स्थायिन एते व्यभिचारिणोऽपि भवन्ति । एतच्चाग्रे वितनिष्यामः । व्यभिचारिण एत इत्युभयतो नियमार्थं सङ्ख्योपादानम् ॥१८।१९।२०।२१॥

मधुसूदनी

सा च रसचर्वणा च विभावादीनां बलात् सामर्थ्यात् । इत्यतो विभावाद्यो वक्तव्याः । तत्र रसविषये अज्ञाताः लौकिकस्य रत्यादयश्चित्तवृत्तयो येन तस्य कवेर्नटस्य वा । तैः रत्यादिचित्तवृत्तिभिः विशिष्टानां विभावादीनामाहरणं न शक्यमित्यतः स्थायिनो रत्यादयः उद्दिष्टाः संकीर्तिताः । एतदर्थमेवेत्यस्य व्याख्या उभयोधर्मयोः स्थायित्वव्यभिचारित्वरूपयोरुपजीवी अयं निर्वेदः । तस्य भावस्तत्त्वं तस्या ख्यापनाय ॥१८॥१९॥२०॥२१॥२२॥

बालक्रीडा

(मूल) निर्वेद यह जब तत्त्वज्ञान "ब्रह्म सत्य है जगत् मिथ्या है" ऐसे ज्ञान से उत्पन्न होता है तब शान्त रस का स्थायी होता है । और अन्य कारणों से जब यह उत्पन्न होता है तब यह व्यभिचारी भाव है । इसी वास्तविकता को बतलाने के लिए ही इस अमंगल भूत निर्वेद का व्यभिचारियों के आरम्भ में कथन किया है । अतः निर्वेद के दो रूप हैं एक शान्तरस का स्थायी है । दूसरा व्यभिचारी । इस तरह निर्वेद, ग्लानि, शंका, असूया, मद, श्रम, आलस्य, दैन्य, चिन्ता मोह, स्मृति, धृति, व्रीडा, चपलता, हर्ष, आवेग, जडता, गर्व, विषाद, औत्सुक्य, निद्रा, अपस्मार, सुप्त, विबोध, अमर्ष, अवहित्था, उग्रता, मति, व्याधि, उन्माद, मरण, त्रास एवं वितर्क इनको व्यभिचारी समझना चाहिए । इन तैंतीस भावों का नाम से कथन कर दिया है ॥१८।१९।२०।२१॥

इनको व्यभिचारी समझो और तैंतीस ये भाव हैं । व्यभिचारिणो विज्ञेयाः त्रयस्त्रिंशदमी भावाः । इस प्रकार दोनों तरफ से नियम करने के लिए संख्या का उपादान किया है ॥१८।२१॥

स्तम्भः स्वेदोऽथ रोमाञ्चः स्वरभङ्गोऽथ वेपथुः ।
वैवर्ण्यमश्रु प्रलय इत्यष्टौ सात्त्विकाः स्मृताः ॥२२॥
आङ्गिको वाचिकश्चैव ह्याहार्यः सात्त्विकस्तथा ।
चत्वारोऽभिनया ह्येते विज्ञेया नाट्यसंश्रयाः ॥२३॥
लोकधर्मी नाट्यधर्मी धर्मीति द्विविधः स्मृतः ।
भारती सात्वती चैव कैशिक्यारभटी तथा ॥२४॥

## अभिनवभारती

सात्त्विका व्यभिचारिवृत्तमभिनयवृत्तं चोपजीवन्तीति पृथगभिनयेभ्यो व्यभिचारिभ्यश्च गणिताः । ॥२२॥

चत्वार इति । आहार्यस्यापि धनुःप्रतिशीर्षकमुकुटादेः प्रत्यक्षबुद्धावुपयोगेऽन्तरङ्गत्वं सूचयति । नाट्यसंश्रया इति । लोके तु कदाचिन्न भवन्त्यपि गृहीतत्वात् । नाट्ये तु त एव जीवितम् । अत एव रसभावानन्तरमभिनया उद्दिष्टाः ॥२३॥

अभिनयाश्च लौकिकं धर्मं तन्मूलमेव तदुपजीविनं सामयिकं नाट्यीयं धर्मं चानुवर्तन्त इत्यतस्तदनन्तरं धर्मी । न चाभिनयोऽभिनेतव्यमन्तरेणास्तीति दशरूपकयोगद्वारेण तदुपकारिण्यो वृत्तयः ॥२४॥

## मधुसूदनी

आहार्यस्य धारयितुं योग्यस्य धनुषः प्रतिशीर्षकस्य शिरोवेष्टनस्य । साक्षात्कारज्ञाने ॥२३॥

## बालक्रीडा

(मूल) स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, स्वरभंग, वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु एवं प्रलय ये आठ सात्विक भाव हैं ॥२२॥

(मूल) आंगिक, वाचिक, आहार्यिक एवं सात्विक इन चारों को नाट्य में अभिनय समझना चाहिए ॥२३॥

(मूल) लोकधर्मी एवं नाट्यधर्मी ये दो धर्मियाँ नाट्य में स्मरण की गई हैं। ये अभिनय की इतिकर्तव्यताएँ हैं अर्थात् अभिनय के प्रकारों के विषय में ये नियम हैं ।

सात्विकभाव अभिनय के स्वभाव का और व्यभिचारियों के स्वभाव का उपजीवन करते हैं अतः व्यभिचारी भावों के अनन्तर अभिनयों से और व्यभिचारियों से पृथक् इन सात्विकों की गणना की है ॥२२॥

ये चार हैं। आहार्य धनुष एवं प्रतिशीर्ष मुकुट आदि का भी प्रत्यक्ष ज्ञान में उपयोग है अतः इनकी अन्तरंगता को सूचित करते हैं। नाट्य संश्रय कहने का भाव है कि लोक में इनका कदाचित् उपयोग नहीं है किन्तु नाट्य में तो ये जीवित हैं प्राण हैं अतः इनका ग्रहण कर लिया है। इसलिए रस और भावों के अनन्तर अभिनयों को कहा ॥२३॥

चतस्रो वृत्तयो ह्येता यासु नाट्यं प्रतिष्ठितम् ।
आवन्ती दाक्षिणात्या च तथा चैवोड्रमागधी ॥२५॥
पाञ्चालमध्यमा चेति विज्ञेयास्तु प्रवृत्तयः ।
दैविकी मानुषी चैव सिद्धिः स्याद् द्विविधैव तु ॥२६॥
शारीराश्चैव वैणाश्च सप्त षड्जादयः स्वराः ।
निषादर्षभगान्धारमध्यपञ्चमधैवताः ।
ततं चैवावनद्धं च घनं सुषिरमेव च ॥२७॥

अभिनवभारती

द्वे तिस्रः पञ्चेति निराकरणाय चतस्र इत्युक्तम् । ता अपि देशवशाद्भूयसा भवन्तीति तदनन्तरं प्रवृत्तयः ॥२५॥

सर्वमेतत्सिद्धिपर्यवसानमिति ततो द्विविधा सिद्धिः ॥२६॥

स्वराः पाठ्यगानसंगृहीता अपि पृथगुपात्ताः । केवलानामपि प्रयोगोपरञ्जकत्वं यल्लक्ष्ये दृश्यते यथान्तरालाप इति प्रसिद्धिस्तदभ्युपगमार्थम् ॥२७॥

बालक्रीडा

(मूल) भारती सात्वती कैशिकी तथा आरभटी ये चार वृत्तियाँ हैं। जिनमें नाट्य प्रतिष्ठित है। आवन्ती, दाक्षिणात्या ओण्ड्रमागधी तथा पाञ्चालमध्यमा इनको प्रवृत्तियाँ समझना चाहिए। और दैवी तथा मानुषी दो प्रकार की सिद्धियाँ हैं ॥२४।२५।२६॥

(मूल) षड्ज आदि सात स्वर शारीर एवं वैण हैं। षड्ज, निषाद, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम और धैवत ये सात स्वरों के नाम हैं ॥२७॥

अभिनय भी लौकिक धर्म और तन्मूलक तथा तदुपजीवी सांकेतिक नाट्यीय धर्म का उपजीवन करते हैं। इसलिए अभिनयों के बाद धर्मों को कहा। अभिनेतव्य के बिना अभिनय नहीं किया जा सकता है अतः दश रूपकों के योग सम्बन्ध के जरिये तदुपकारिणी वृत्तियों को कहा।

वे वृत्तियाँ दो हैं तीन हैं या पाँच हैं छ हैं इनके निराकरण करने के लिए चार कहा ॥२४॥

वे भी देश के वश से बहुत हो जाती हैं अतः वृत्तियों के अनन्तर प्रवृत्तियों को कहा ॥२५॥

इन सबका पर्यवसान सिद्धि में होता है इसलिए उसके बाद दो प्रकार की सिद्धियों को कहा ॥२६॥

स्वर एवं पाठ्य का यद्यपि गान में संग्रह हो गया है तथापि पृथक् उनका उपादान किया। क्योंकि लक्ष्य में प्रयोग में इनमें से एक के भी अनुष्ठान करने से आकर्षण दिखाई पड़ता है।

**चतुर्विधं च विज्ञेयमातोद्यं लक्षणान्वितम् ।**
**ततं तन्त्रीगतं ज्ञेयमवनद्धं तु पौष्करम् ॥२८॥**
**घनस्तु तालो विज्ञेयः सुषिरो वंश एव च ।**
**प्रवेशाक्षेपनिष्क्रामप्रासादिकमथान्तरम् ॥२९॥**

### अभिनवभारती

लक्षणान्वितमिति । अन्यत्तु मल्लकपटफलकज्वालामुखपक्षवाद्यादि लौकिकं, नैतत्सङ्गृहीतं बाध्यत्वादित्यर्थः । एतच्चान्ते लक्ष्यते । यदपि चतुर्विधं न सर्वमिदं बहुलचर्मकारादिवाद्यमपि च वक्ष्यमाणलक्षणान्वितम् । आतुद्यतेऽभिहन्यत इत्यर्थः । पुष्करशब्दश्रवणादागतं 'पुष्करावर्त्तदैवताधिष्ठितं; पद्मपत्राकारं चर्मपुटं भाण्डं चेति पौष्करम् । हन्यते कलासाम्यार्थमिति घनः । अत एव तालैकप्रमाणत्वात्स्वरवर्ण-सम्भवात्ताल इत्युक्तः कांस्यतालादिः । एवकारः कोहलादिव्युदासाय ॥२८॥

पात्रस्य प्रवेशे भावप्रकृत्यवस्थानादिसूचकं यद्गीयते तत्प्रवेशगानम् । प्रविष्ट-स्यान्तर्गतां चित्तवृत्तिं सामाजिकान्प्रति प्रसादयितुं प्रसादगानम् । रसान्तरोपक्षेपार्थ-माक्षेपगानम् । आन्तरमिति गतिपरिक्रमणनिरूपणादिरवसरः । तत्र यद्गीयते तदान्तरं गानम् । पात्रस्य निष्क्रमणे तु निष्क्रामगानम् । प्रवेशाद्य उपचाराद्गाने । प्रसादोऽस्य प्रयोजनं प्रासादिकम् । अन्ये तु समासान्मत्वर्थीयं ठनं कृत्वा प्रसादिक-

### बालक्रीडा

(मूल) तत, अवनद्ध घन एवं सुषिर इन चार प्रकारों को लक्षण सम्पन्न आतोद्य समझना चाहिए । आतोद्य पद का अर्थ है अभिहनन के योग्य सतत बजाये जाने लायक

है । जहाँ अन्तरालाप होता है (यह गाने का प्रकार है) वहाँ स्वर प्रधान गाना होता है ऐसी प्रसिद्धि है । अतः इस प्रसिद्धि के अभ्युपगम के लिए इनका पृथक् उपादान किया ॥२७॥

लक्षणों से अन्वित इति । और भी बहुत से मल्लक पट फलक, ज्वालामुख, पक्षवाद्य आदि लौकिक वाद्य हैं उनका संग्रह इनमें नहीं किया है । क्योंकि वाद्यत्वेन यावद् वाद्यों का संग्रह करने में प्रत्येक की पृथक्-पृथक् विलक्षणता बाधक है । इसका निरूपण अन्त में करेंगे । क्योंकि ये चार प्रकार के वाद्य ही सब वाद्य नहीं हैं । बहुत से चर्मकार आदि के वाद्य हैं जो कि वाद्य के लक्षणों से समन्वित हैं ।

आतोदन किया जाता है अर्थात् आहनन किया जाता है जिस पर । पुष्कर मेघ के शब्द सुनने के बाद निर्माण किया में आया, पुष्करावर्त्तक देवताओं से अधिष्ठित, कमल के पत्ते के आकार वाला और चमड़े के द्वारा मंढ़ देने से भाण्ड (शब्द) कारक जो वाद्य है वह पौष्कर चर्मावनद्धवाद्य है । कलाओं में साम्य करने के लिए जो बजाया जाय वह घन वाद्य है । अतएव ताल ही के मुख्य प्रमाण होने से वह ताल होता है किन्तु जिसमें स्वर एवं वर्णों का होना संभव है ऐसे कांस्यताल आदि ताल कहे जाते हैं । एवकार कोहलादिकों व्युदास के लिए है ॥२८॥

[1] जातं यदो भुवनविदिते पुष्करावर्त्तकानामित्युक्तेः।

**गानं पञ्चविधं ज्ञेयं ध्रुवायोगसमन्वितम् ।**
**चतुरश्रो विकृष्टश्च रङ्गस्त्र्यश्रश्च कीर्तितः ॥३०॥**

### अभिनवभारती

मिति । ध्रुवा गीत्याधारो नियतः पदसमूहः । तत्र योगेन युज्यमानतया समन्वितं तदर्थप्राधान्येन नियतरूपत्वादिति गानस्य गान्धर्वाद्भेदः सूचितः ॥२९॥

कक्ष्याविभागेन गत्युपकारेण सर्वाभिनयानुभावोपकारी गानातोद्योपकारी च मण्डपः । यथोक्तम् "यश्चाप्यास्यगतो भाव" (ना. शा. २-२०) इति, तथा "गम्भीरस्वरता येन कुतपस्य" इत्यादि (ना. शा. २-८२) । रङ्गेणैव च कक्ष्याविभागः सङ्गृहीत इति नानुद्दिष्टं कक्ष्यायाः ॥३०॥

### मधुसूदनी

धर्मी इतिकर्तव्यता । वृत्तयो भारत्याद्याः ॥२४···३०॥३१॥

### बालक्रीडा

(मूल) वाद्य । उनमें तंत्रीगत अर्थात् ताम्रादि धातुओं से विनिर्मित तारों के आधार पर स्वरों के व्यंजक वाद्य, तत्रवीणा आदि हैं । पौष्कर चर्म आदि से अवनद्ध हैं । घन ताल हैं । सुषिर वंश है । ध्रुवाओं के योग से समन्वित प्रवेश, आक्षेप, निष्काम, प्रासादिक और आन्तर नामों वाले पाँच प्रकार के गानों को समझना चाहिए । चतुरश्र चौकोर, विकृष्ट दूर तक फैला हुआ विस्तृत एवं त्र्यश्र यानी तिकोना इस तरह तीन प्रकार का रंग कहा गया है ॥२८।२९।३०॥

पात्र के प्रवेश के अवसर पर उसके भाव, प्रकृति एवं अवस्था आदि का सूचक जो गान गाया जाता है वह प्रवेश गान कहा कहलाता है । प्रविष्ट पात्र की अन्तर्गत चित्तवृत्ति को सामाजिकों के प्रति प्रसन्नता प्रकट करने के लिए जो गाना गाया जाता है उसे प्रसाद गान कहते हैं । रसान्तर के अर्थात् प्रकृत रस से भिन्न रस के उपक्षेप के लिए जो गान किया जाता है उसे आक्षेप गान कहते हैं । अन्तर शब्द का अर्थ है गति या परिक्रमण आदि के निरूपण का अवसर । उस अवसर पर जो गान होता है उसे आन्तर गान कहते हैं । पात्र के निष्क्रमण के समय का गान निष्काम गान कहलाता है । इस प्रकरण में प्रवेश आदि शब्द लक्षणया गान में प्रयुक्त हैं । प्रसन्नता ही जिसका प्रयोजन है वह गान प्रासादिक है । दूसरे व्याख्याता तो प्रवेशाक्षेपनिष्कामप्रसाद इन पदों के समास से मत्वर्थीय ठन् करके प्रासादिक शब्द बनाते हैं । ध्रुवा उसे कहते हैं जो गाने का आधारभूत नियत पदसमूह है । उसमें योग युज्यमानता से समन्वित अर्थात् उसके अर्थ की प्रधानता के कारण नियत रूप है । इससे गान का गान्धर्व से भेद सूचित कर दिया गया है ॥२९॥

कक्ष्या के विभाग से रूप एवं गति के उपयोग उपकार से सभी प्रकार के अभिनयों के अनुभव में और गाने तथा बजाने में सहायता करने वाला मण्डप है । जैसा कि कहा है—जो तो अभिनेता के मुख का भाव है वह लम्बे चौड़े मण्डप में थोड़ा स्पष्ट होता है तथा जिससे कुतप के स्वर की गम्भीरता हो जाती है इत्यादि । प्रश्न—कक्ष्या विभाग

**एवमेषोऽल्पसूत्रार्थो निर्दिष्टो नाट्यसंग्रहः ।**
**अतः परं प्रवक्ष्यामि सूत्रग्रन्थविकल्पनम् ॥३१॥**

## अभिनवभारती

एतदुपसंहरत्येवमित्यादिना ।

एवमुद्देशविभागभेदेन द्विधा सङ्ग्रहमभिधाय लक्षणपरीक्षे वक्तुं प्रतिजानीते—अतः परमिति । सूत्रग्रन्थविकल्पनमिति । सूत्रं सूचकं लक्षणं वक्ष्यामि । तेनैव च कारिका सङ्गृहीता । ग्रन्थो भाष्यम् । तत्कृतं च विकल्पनमाक्षेपप्रतिसमाधानात्मकमिति परीक्षा निरुक्तशब्दवाच्या प्रतिज्ञाता । सूत्रविवरणस्वभावा तु कारिका सूत्रमपि प्रकाशयन्ती बहुतराक्षेपसमाधानव्याकुलशिष्यजनं स्थिरपक्षनिरूपणेनोपकरोतीति भाष्यस्य पश्चादस्याः पाठः ।

एवं सूत्रं भाष्यं परीक्षां च प्रवक्ष्यामीति प्रतिज्ञाय रसविषयमेव सूत्रप्रभृति प्रथमं वक्तव्यमित्यत्र परिकरबन्धं घटयितुमाह—तत्रेति । तेषां रसादीनां मध्ये । एवकारोऽवधारणे । तावदिति क्रमे । अभितः आदितः सूत्रग्रन्थपरीक्षाक्रमेण विभज्याख्यास्यामः ।

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार अल्पाकार वाले सूत्रों से प्रतिपाद्य यह नाट्य संग्रह कह दिया गया है । इसके बाद सूत्र और ग्रंथ का विकल्पन कहूँगा ॥३१॥

का संग्रह में उद्देश नहीं किया गया है तब उसके निरूपण का यहाँ क्या प्रसंग है । उत्तर । रंग के उद्देश से ही कक्ष्याविभाग का संग्रह हो गया है अतः पृथक् कक्ष्या का उद्देश नहीं किया गया है ॥३०॥

"एवम्" इत्यादि से इसका उपसंहार करते हैं । इस प्रकार उद्देश एवं विभाग का भेद करके दो प्रकार से संग्रह को कहकर लक्षण और परीक्षा को कहने के लिए उपक्रम करते हैं प्रतिज्ञा करते हैं । उसके बाद सूत्र और ग्रन्थ के विकल्प को कहूँगा । सूत्र अर्थात् सूचन करने वाले लक्षण को कहूँगा । इसी से कारिका का भी संग्रह हो गया । ग्रन्थ माने भाष्य । उसके द्वारा किया गया आक्षेपप्रतिसमाधानात्मक विकल्पन । इससे निरुक्त शब्द के वाच्य परीक्षा की प्रतिज्ञा करी । सूत्र का विवरण करने के स्वभाव वाली कारिका तो सूत्र का भी प्रकाश करती हुई बहुत प्रकार के शंका एवं समाधानों से व्याकुल शिष्यजन का स्थिर पक्ष के निरूपण करने से उपकार करती है अतः भाष्य के पश्चात् इसका पाठ किया है ।

इस तरह सूत्र, भाष्य एवं परीक्षा को कहूँगा ऐसी प्रतिज्ञा करके रस के बारे में सूत्र एवं भाष्य को पहिले कहना है अतः इस विषय में परिकरबन्ध को करने के लिए कहते है—उन रस और भाव आदि के बारे में निश्चय ही क्रमपूर्वक आरम्भ से सूत्र ग्रन्थ एवं परीक्षा पर्यन्त विभाग करके आख्यान करेंगे ।

**तत्र रसानेव तावदादावभिव्याख्यास्यामः ।**
**न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते ।**
**तत्र विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः ।**

### अभिनवभारती

उद्देशक्रमस्यैव पर्यनुयोज्यतामाशङ्क्यापरं क्रमहेतुमाह—न हीति । हि यस्मात् रसं विना विभावादिरर्थो बुद्धौ व्याख्येयतया न प्रवर्तते । यतश्च तं विनाऽर्थः प्रयोजनं प्रीतिपुरस्सरं व्युत्पत्तिमयं न प्रवर्तते । यतश्च रसं प्रत्यादृते रसनात्मकप्रतीत्यैकघन-विश्रान्ते सामाजिकलोकेऽन्यो भावादिरर्थः प्रविभागेन बुद्धौ न वर्तते । सर्वस्य जडस्य चित्तवृत्त्यन्तरोपकृतप्रधानस्थायिनामधेयचित्तवृत्तिमग्नत्वेन विभावानुभावादिवर्गस्याव-भासात् । अतो व्याख्यातृनटसामाजिकाभिप्रायेण तस्यैव प्राधान्यमिति रस एव तावत्पूर्वमुद्दिष्ट इति तस्यैव लक्षणादि कर्तव्यमिति तात्पर्यम् ।

### मधुसूदनी

उद्देशे यः क्रम आदृतः तस्यैव पर्यनुयोज्यतां प्रश्नविषयतामाशंक्य उद्देश क्रमानुसारमेव ग्रन्थेषु लक्षणाभिधानं दृश्यते, भवता तत्परित्यज्यते तत्कोऽत्र हेतुरिति आशंकां कृत्वा रसनिरूपणक्रमे अपरं हेतुमाह नहीति । व्युत्पत्तिमयं व्युत्पत्ति स्वरूपम् । स्वरूपार्थे मयट् । प्रयोजनस्य विशेषणमेतत् । सर्वस्य जडस्य विभा-वानुभाववर्गस्य भिन्नाभिन्नचित्तवृत्तिभिरुपकृतायां प्रधानभूतायां स्थायिनामधेयायां चित्तवृत्तौ मग्नत्वेन अवभासात् प्रतीतेः । तस्यैव रसस्यैव । तस्यैव रसस्यैव । पूर्वत्र "रसा इति पठ्यन्ते" इत्यत्र रसाः "तत्र रसानेव तावदादौ अभिव्याख्यास्याम" इत्यत्र

### बालक्रीडा

(मूल) अब पहिले रसों की अभितः पूर्ण रूप से व्याख्या करेंगे । क्योंकि रस के बिना कोई अर्थ प्रवृत्त नहीं होता है । विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है ।

उद्देश में किये हुए क्रम के सम्बन्ध में पर्यनुयोग प्रश्न की आशंका करके अर्थात् संग्रह में सबसे पहिले रस को ही क्यों रक्खा ऐसी जिज्ञासा के शमन के लिए क्रम के विषय में अपर हेतु को कहते हैं—न हि इति । रस के बिना विभावादि पदार्थ व्याख्यान करने के लिए बुद्धि में नहीं आते हैं । क्योंकि रस के बिना आनन्द के साथ व्युत्पत्ति होना जो काव्य का फल है वह सिद्ध नहीं होता है । और रस के विषय में आदर करने वाले एवं आनन्दा-त्मक एकमात्र प्रतीति में विश्राम करने वाले सामाजिक लोक में विभावादि अन्य अर्थ अलग-अलग स्पष्ट रूप से बुद्धि में नहीं आते हैं । विभावानुभावादि सम्पूर्ण जड़मय वर्ग भिन्न-भिन्न चित्तवृत्तियों से उपकृत अतएव प्रधान स्थायिनामधेय चित्तवृत्ति में मग्न होकर अवभासित होता है । इस लिए व्याख्याता, नट एवं सामाजिकों के अभिप्राय से उसी

## अभिनवभारती

पूर्वत्र बहुवचनमत्र चैकवचनं प्रयुञ्जानस्यायमाशयः—एक एव तावत्परमार्थतो रसः सूत्रस्थानीयत्वेन रूपके प्रतिभाति। तस्यैव पुनर्भागदृशा विभागः। सोऽपि च न तदेकमुख्यप्रेक्षितामतिवर्तते। एतच्चोद्देश एवास्माभिरभिहितचरम्। अभिधास्यते चाग्रे।

एवं क्रमहेतुमभिधाय रसविषयं लक्षणसूत्रमाह—विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः। अत्र भट्टलोल्लटप्रभृतयस्तावदेवं व्याचख्युः—विभावादिभिः संयोगोऽर्थात् स्थायिनस्ततो रसनिष्पत्तिः। तत्र विभावश्चित्तवृत्तेः स्थाय्यात्मिकाया उत्पत्तौ कारणम्। अनुभावाश्च न रसजन्या अत्र विवक्षिताः। तेषां रसकारणत्वेन

## मधुसूदनी

च रसानिति च बहुवचनम्। अत्र रसादृते इति एकवचनम्। अभिहितचरमिति। मुख्यभूतान्महारसात् रसान्तराणि भागाभिनिवेशदृष्ट्या निरूप्यन्ते इति षोडशकारिकाव्याख्याने पूर्वमभिहितम्।

ततः संयोगात्। तत्र रसनिष्पत्तौ। अनुभावा इति। प्रश्नः—अनुपश्चाद् भवन्ति वा भावयन्ति वा। ननु कस्य पश्चात्। किं रसनिष्पत्तेः पश्चात्। तर्हि इमे रसजन्याः। उत्तरम्। नेति। रसजन्या इमे न विवक्षिताः। यतो विभावादीनां संयोगाद्रस निष्पत्तिः। अतः इमे रसकारणानि न तु रसकार्याणि। एवं रसकारणत्वेन गणनीयानां तेषामनुभावानां रसकार्यत्वेन गणनाया अनर्हत्वात्। तर्हि

## बालक्रीड़ा

की प्रधानता के कारण रस ही का सर्वप्रथम उद्देश किया अतः उसी के लक्षणादि कर्तव्य हैं यह तात्पर्य है।

पहले रसा भावा इस श्लोक में रसाः यह बहुवचन कहा गया है यहाँ रसादृते में रसात् यह एकवचन कहा इसमें आचार्य का यह आशय है कि किसी भी रूपक में परमार्थतः सूत्रस्थानीय एक ही रस प्रतिभात होता है। उसी का खण्ड-खण्ड करने की दृष्टि से विभाग होता है। वह विभाग भी उसी प्रधान रस की मुख्यप्रेक्षिता-का अतिवर्त्तन नहीं करता है। इस बात को हमने उद्देश में कह दिया था और आगे भी कहेंगे।

इस प्रकार क्रम के हेतु को कहकर रस के विषय में लक्षणात्मक सूत्र को कहते हैं—विभाव अनुभाव एवं संचारी के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। इसके विषय में भट्टलोल्लट प्रभृतियों की इस प्रकार की व्याख्या है। विभावादि के साथ संयोग अर्थात् स्थायि का जो सम्बन्ध है उस से रस की निष्पत्ति होती है। उसमें विभाव वह है जो स्थायी रूप चित्तवृत्ति की उत्पत्ति में कारण है।

प्रश्न—अनुभाव क्या है। अनु पश्चात् जो उत्पन्न होते हैं वे कार्य अनुभाव हैं। क्या यहाँ प्रकृत में रसनिष्पत्ति में रस के पीछे उत्पन्न होते हैं। तब तो ये रस से जन्य अर्थात् रस के कार्य हुए। उत्तर। नहीं, ये रसजन्य अनुभाव यहाँ विवक्षित नहीं हैं। क्योंकि विभावादि

## अभिनवभारती

तथा गगनानर्हत्वात्। अपि तु भावानामेव। विभावा अनुभावाश्च चित्तवृत्त्यना-त्मकत्वात् यद्यपि न सहभाविनः स्थायिना तथापि वासनात्मकतेह तेषां विवक्षिता। दृष्टान्तेऽपि व्यञ्जनादिमध्ये कस्यचिद्वासनात्मकता स्थायिवत्। अन्यस्योद्भूतता

## मधुसूदनी

केषां जन्याः। अपि तु भावानां स्थायिनां जन्याः। कर्तृकर्मणोः कृतीति कर्त्तरि षष्ठी।

ननु विभावादिभी रसनिष्पत्तिः। कार्यकारणयोश्च दैशिकः कालिकः सहभावोऽपेक्षितः। तत्र स्थायिनां व्यभिचारिणां तु चित्तवृत्तिरूपतया समानस्वरूपतया सहभावो भवितुमर्हः। किन्तु विभावानामनुभावानां चित्तवृत्त्यनात्मकतया नहि सद्भावः। अत आह—वासनात्मकतेति। तयोरपि वासनात्मकता अत्र विवक्षिता। अयं सारः। नहि बाह्या जागतिकाः दुष्यन्तादयो शकुन्तलादयो वा विभावाः। न च बाह्य जागतिक दुष्यन्त शकुन्तलादीनां कटाक्षवीक्षणभुजक्षेपप्रभृतयः क्रिया अनुभावाः। अपि तु अभिनय-काव्यशब्द-गीतशब्द-चित्ररेखाभिः प्रतीताः बौद्धा मनोमयास्ते विवक्षिताः। तदुक्तम् भर्तृहरिणा—

शब्दोपहितरूपांस्तान् बुद्धेर्विषयतांगतान्।
प्रत्यक्षानिव कंसादीन् साधनत्वेन मन्यते। इति।

विभावादीनामपि स्वप्नतुरगादीनामिव रंगरजतादीनामिव (अन्तः करणधर्मतया) साक्षिभास्यत्वमविरुद्धम्। इति रसगंगाधरे। अधिकं तु रसगांधरमधुसूदन्यां बालक्रीडायां च।

## बालक्रीडा

के संयोग से रस की निष्पत्ति है अतः ये अनुभाव रस के कारण हैं। इस तरह जो रस के कारण के रूप में गणनीय हैं उनकी रस के कार्य के रूप में गणना करना अनर्ह है। प्रश्न—तब ये किसके कार्य हैं। क्योंकि जो अनु कारण के पश्चात् पैदा होते हैं वे कार्य अनुभाव हैं इस व्युत्पत्ति से यह प्रसिद्ध है कि ये किसी के कार्य हैं। उत्तर। वे स्थायी भावों के कार्य हैं। प्रश्न—विभावादि के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। यहाँ निष्पत्ति का स्वरूपेण प्रकाशन, उत्पत्ति, अनुमिति, भुक्ति, अभिव्यक्ति या आरोप कुछ भी अर्थ मानें। सभी अवस्थाओं में विभावादि, स्थायी एवं रसों का दैशिक और कालिक सहभाव अवश्य अपेक्षित है। उनमें स्थायी एवं व्यभिचारी भावों का चित्तवृत्तिस्वरूप होने से सहभाव हो सकता है किन्तु विभावों दुष्यन्तादि और शकुन्तलादि तथा अनुभावों कटाक्ष वीक्षण भुजक्षेप प्रभृति कार्यों का चित्तवृत्तिस्वरूप नहीं होने से स्थायी एवं व्यभिचारियों के साथ सहभाव कैसे हो सकेगा। उत्तर। विभाव और अनुभावों की भी वासनात्मकता यहाँ विवक्षित है। यहाँ का भाव यह है कि बाह्य जागतिक दुष्यन्त शकुन्तलादि यहाँ विभाव नहीं हैं और न बाह्य जागतिक दुष्यन्त शकुन्तलादि की कटाक्ष निक्षेप भुजक्षेप प्रभृति क्रियायें अनुभाव हैं। किन्तु

## अभिनवभारती

व्यभिचारिवत् । तेन स्थाय्येव विभावानुभावादिभिरुपचित रसः । स्थायी भवत्वनुपचितः । स चोभयोरपि । [मुख्यया वृत्त्या रामादौ] अनुकार्ये; अनुकर्तर्यपि चानुसन्धानबलात्—इति ।

चिरन्तनानां चायमेव पक्षः । तथा हि दण्डिना स्वालङ्कारलक्षणेऽभ्यधायि ।

"रतिः शृङ्गारतां गता रूपबाहुल्ययोगेन" इति ( काव्यादर्शे २।२८१ )

"अधिरुह्य परां कोटिं कोपो रौद्रात्मतां गतः ।" ( २-२८३ ) इत्यादि च ।

## मधुसूदनी

स्थाय्येवेति अत्र एवकारो भिन्नक्रमः । उपचित एव न तु अनुपचितः स्थायी रसः । ननु यदि तथाविध एव स रसः तर्हि अनुपचितस्य अस्य का गतिरित्यत आह—अनुपचितः स्थायी भवतु भावो भवतु । तदुक्तम् ।

रसावस्थः परं भावः स्थायितां प्रतिपद्यते ।
उद्बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते । इति च ।

स च स्थायी च उभयोरपि आलम्बनीयालम्बनकर्त्रोरपि अथवा अनुकार्यानुकर्त्रोरपि । तत्र अनुकार्ये मुख्यया वृत्त्या । अनुकर्तरि रामादिरूपताया अनुसन्धानबलादिति भेदः ।

"व्यभिचारिणश्च चित्तवृत्त्यात्मकत्वात् यद्यपि न सहभाविनः स्थायिना" इति पाठश्चेत्तत्रेयं समन्वितिः । योग्यविभुविशेषगुणानां स्वोत्तरवर्त्तिगुणनाश्यत्व नियमः । उत्तरस्मिन् गुणे समुत्पन्ने सति पूर्वस्य गुणस्य तेन नाश इति नियमः । एवं हि स्थायिव्यभिचारिणोरान्तरधर्मयोः कथं सहभावोऽर्थात् सहभावो नहि भविष्यति । उत्तरं तु उभयत्र समानमिति ।

## बालक्रीडा

अभिनय, काव्यशब्द, गीतशब्द एवं चित्र रेखाओं से प्रतीत बौद्ध मनोमय विभाव एवं अनुभाव हैं अतः चित्तवृत्ति रूप वासनामय होने से सहभाव हो जाता है। दृष्टान्त में भी देखते हैं कि व्यंजनों में कोई स्थायी की तरह वासनात्मक है या कोई व्यभिचारियों की तरह उद्भूत है। इससे विभावादिकों से उपचित ही हुआ स्थायी रस है। अनुपचित हुआ तो स्थायी ही है अर्थात् भाव ही होता है। वह स्थायी दोनों में आलम्बनीय एवं आलम्बनकर्ता में रहता है। अथवा अनुकार्य एवं अनुकर्त्ता दोनों में रहता है। अनुकार्य रामादि में मुख्यवृत्ति से साक्षात् रहता है। और अनुकर्त्ता में रामरूपता का अनुसन्धान करने से उपचार से रहता है क्योंकि देखने सुनने वालों को यह नट राम ही मालूम पड़ता है। चिरन्तन आचार्यों का भी यही पक्ष है। जैसा कि दण्डी ने अपने अलंकारलक्षण काव्यादर्श में कहा है कि रूप बाहुल्य के योग से विभावादि के सम्बन्ध से रति शृंगार रस बन गई। पराकोटि उत्कर्ष को प्राप्त हुआ कोप रौद्रस्वरूप हो गया। इत्यादि ।

## अभिनवभारती

एतन्नेति श्रीशङ्कुकः। विभावाद्ययोगे स्थायिनो लिङ्गाभावेनावगत्यनुपपत्तेः भावानां पृथक् पूर्वमभिधेयताप्रसङ्गात्। स्थितदशायां लक्षणान्तरवैयर्थ्यात्। मन्दतरतममाध्यस्थ्याद्यानन्त्यापत्तेः। हास्यरसे षोढात्वाभावप्राप्तेः। कामावस्थासु दशस्वसङ्ख्यरसभावादिप्रसङ्गात्। शोकस्य प्रथमं तीव्रत्वं कालात्तनुमान्द्यदर्शनं क्रोधोत्साहरतीनाममर्षस्थैर्यसेवाविपर्यये ह्रासदर्शनमिति विपर्ययस्य दृश्यमानत्वाच्च।

## मधुसूदनी

विभावादिभिः सह स्थायिनः संयोगाभावे स्थायिनो लिंगानि विभावादीनि न स्युः। लिंगाभावे च तैस्तस्यावगतिर्भवतीत्यस्यानुपपत्तिः स्यात्।

यदि विना विभावादियोगं प्रतीतिः स्वीकार्या तदि विभावादिभ्यः पूर्वं भावानां स्थायिनाम्। अभिधेयतायाः कथनीयतायाः प्रसंगः स्यात्। ननु ते पूर्वं कथिता अतः स्थिताः पूर्वमिति चेत्तर्हि पूर्वस्थितिदशायां लक्षणान्तरस्य विभावादिरूपलिंगान्तरस्य वैयर्थ्यं स्यात्। ननु पूर्वं ते सूक्ष्मरूपेण अवस्थिता आसन् पश्चात् विभावादिभिः सह संयोगात् ते स्पष्टाः प्राञ्जलाः अभूवन्। अथ च साधारणीकरणादुदासीनाश्चेत्ति चेत्तर्हि मन्दमन्दतरमन्दतमोदासीनस्पष्टस्पष्टतरस्पष्टतमतया आनन्त्यं तेषां स्यात्। ननु भवतु तेषामानन्त्यं तथाह—हास्ये षोढात्वाभावस्य प्राप्तिः। दशसु कामावस्थासु असंख्यानां रसभावानां प्रसंगः स्यात्। अन्यच्च उपचितः पुष्टः स्थायी रस इत्यपि कथनमसंगतं स्यात् यतः शोकस्य प्रथमं तीव्रत्वमुपचितत्वं पश्चात्तनुत्वम्। ननु नात्रैव तत्, क्रोधादिष्वपि विपर्ययस्य दृश्यमानत्वात्।

## बालक्रीडा

श्रीशंकुक कहते हैं कि यह प्रतिपादन ठीक नहीं है। क्योंकि स्थायी का विभावादि के साथ सम्बन्ध नहीं मानेंगे तो लिंग हेतु के अभाव में उसकी अवगति अनुमिति रूप की उपपत्ति नहीं होगी। यदि बिना विभावादि के योग के ही प्रतीति हो सकती है मानेंगे तो स्थायी भावों को पहले कहना पड़ेगा। यदि कहें कि स्थायी भाव पहिले से ही मौजूद हैं तब लक्षणान्तर करना व्यर्थ है अर्थात् विभावादि का प्रतिपादन करना ही व्यर्थ है। यदि कहें कि पहले सूक्ष्म रूप में था बाद में विभावादि के साथ सम्बन्ध होने पर स्पष्ट प्राञ्जल हो गया और यदि कहें कि साधारणीकरण हो जाने से स्थायी भाव उदासीन है तो इस प्रकार स्थायीभाव का स्वरूप अनन्त मानना पड़ेगा। जैसे—मन्द, मन्दतर, मन्दतम, उदासीन, स्पष्ट, स्पष्टतर स्पष्टतम इत्यादि। इस पर यदि कोई कहे कि स्थायी के अनन्तरूप हो जाने में क्या हानि है। इसके उत्तर में कहते हैं कि हास्य रस को छः प्रकार का आचार्य के द्वारा मानना असंगत हो जायगा। क्योंकि उक्त रीति से वह छः प्रकार का न रह कर अनन्त रूपों वाला हो जायगा। और काम की दश अवस्थाओं में अनन्त स्थायी भावों का सम्बन्ध हो जाने से शृंगारादि रस एवं भाव असंख्य हो जायेंगे। और भी बात है कि विभावादि से उपचित हुआ ही स्थायी रस है यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि शोक पहली अवस्था में ही तीव्र होता है उपचित होता है फिर तो धीरे २ समय पाकर वह सूक्ष्म एवं मन्द होता हुआ दिखाई पड़ता है।

## अभिनवभारती

तस्माद्धेतुभिर्विभावाख्यैः कार्यैश्चानुभावात्मभिः सहचारिरूपैश्च व्यभिचारिभिः प्रयत्नार्जिततया कृत्रिमैरपि तथानभिमन्यमानैरनुकर्तृस्थत्वेन लिङ्गबलतः प्रतीयमानः स्थायी भावो मुख्यरामादिगतस्थाय्यनुकरणरूपः। अनुकरणरूपत्वादेव च नामान्तरेण व्यपदिष्टो रसः।

विभावा हि काव्यबलादनुसन्धेयाः। अनुभावाः शिक्षातः। व्यभिचारिणः—कृत्रिमनिजानुभावार्जनबलात्। स्थायी तु काव्यबलादपि नानुसन्धेयः। 'रतिः शोक' इत्यादयो हि शब्दा रत्यादिकमभिधेयीकुर्वन्त्यभिधानत्वेन। न तु वाचिकाभिनयरूपतयाऽवगमयन्ति। न हि वागेव वाचिकः। अपि तु तया निर्वृत्तः। अङ्गैरिवाङ्गिकः। तेन—

"विवृद्धात्माऽप्यगाधोऽपि दुरन्तोऽपि महानपि।
वाडवेनेव जलधिः शोकः क्रोधेन पीयते॥" इति।

## मधुसूदनी

विभावादीनां प्राक् प्रयत्नार्जितत्वमुक्तं तत् स्पष्टयितुमाह—विभावा हीति।

"शोकः क्रोधने पीयते" इति। शोको नाम दुःखजन्मा वैक्लव्याख्यश्चित्तवृत्ति विशेषः। परमापराधजन्मा प्रज्वलनाख्यश्चित्तवृत्तिविशेषः क्रोधः। तत्र पूर्वस्या वृत्तेः स्वोत्तरवर्तिवृत्तिनाश्यत्वनियमात् तेन स पीयते नाश्यते इति भावः।

## बालक्रीडा

शोक ही की यह हालत नहीं है किन्तु क्रोध, उत्साह एवं रति के मूल कारण अमर्ष, स्थिरता एवं सेवा (प्रवणता) में विपर्यय हो जाने पर ह्रास देखा जाता है अतः उपचित स्थायी रस होता है यह कथन असंगत हो गया। इसलिए विभाव यानी हेतुओं अनुभाव-कार्यों और सहचारी रूप व्यभिचारियों—जो कि प्रयत्न से अर्जित होने के कारण कृत्रिम होने पर भी कृत्रिम नहीं माने जाते हैं तथा जो अनुमिति के लिंग हैं हेतु हैं—से मुख्य रामादिगत स्थायी के अनुकरण रूप स्थायी भाव की प्रतीति अनुमिति होती है। लिंग से लिंगी की प्रतीति अनुमिति ही है। यही प्रतीयमान स्थायी अनुकरण रूप होने के कारण रस रूप नामान्तर से व्यपदिष्ट किया गया है।

अब विभावादिक किस प्रयत्न से अर्जित किये जाते हैं उसको बतलाते हैं—विभावों का अनुसन्धान काव्य के द्वारा होता है। अनुभावों का नाट्याचार्य की शिक्षा से और व्यभिचारियों का कृत्रिम निज अनुभव के अर्जन के बल से। स्थायी की प्रतीति केवल अनुमान से होती है काव्यादि किसी भी प्रकार से नहीं होती है। रति, शोक एवं उत्साह आदि शब्द से रत्यादिकों का अभिधान है अतः संज्ञा रूप से वे रत्यादिकों को अभिधेय करते हैं कहते हैं। वाचिक अभिनय के रूप से रत्यादिका अवगमन नहीं कराते हैं। यह वाचिक अभिनय नहीं है क्योंकि वाणी ही वाचिक अभिनय नहीं है। अपितु वाणी से सम्पन्न हुआ अभिनय वाचिक है। जैसे अंगों से सम्पन्न हुआ अभिनय आंगिक कहलाता है।

इससे अत्यन्त विस्तृत अगाध एवं जिसका अन्त छोर नहीं दिखाई देता है ऐसे महान् जलधि को जैसे वाडवाग्नि सुखा देती है उसी तरह शोक क्रोध को पी जाता है।

## अभिनवभारती

तथा—

"शोकेन कृतः स्तम्भः तथा स्थितो योऽनवस्थिताक्रन्दैः ।
हृदयस्फुटनभयार्त्तैरर्दितुमभ्यर्थ्यते सचिवैः ॥"

इत्येवमादौ न शोकोऽभिनेयः । अपि त्वभिधेयः ।

"भाति पतितो लिखन्त्याः तस्या बाष्पाम्बुशीकरकणौघः ।
स्वेदोद्गम इव करतलसंस्पर्शादेष मे वपुषि ॥" ( रत्ना २-११ )

इत्यनेन तु वाक्येन स्वार्थमभिदधता उदयनगतः सुखात्मा रतिः स्थायीभावोऽभिनीयते न तूच्यते । अवगमनशक्तिर्ह्यभिनयनं वाचकत्वादन्या । अत एव स्थायिपदं सूत्रे

## मधुसूदनी

शोकेनेति । शोकेन यस्य स्तम्भः स्तब्धीभावः संजातः । तथा अवस्थारहितान् आक्रन्दान् कुर्वन् यः स्थितः स उदयनः । हृदयस्य स्फुटनाच्चाद्भयं तेनार्त्तैः दुःखितैः सचिवैः । अर्दितुं लावणकान् प्रचलितुं । अभ्यर्थ्यते याच्यते । अत्र अर्द गतौ याचने च इति धातोस्तुमन् प्रत्यये सति "अर्दितुम्" इति प्रयोगः ।

भातीति । वियोगदशायां मनोविनोदार्थं चित्रं लिखन्त्याः किन्तु वियोगासहिष्णुतया दुःखाद्रुदन्त्यास्तस्याः नायिकायाः । चित्रोपरि पतितः बाष्पाम्बुशीकरकणौघः तथा भाति यथा लेखनसमये छविरूपशरीरेण सह तस्याः करतलस्पर्शात् मे वपुषि उद्गत एष स्वेदो भाति ।

अनेनेति । अनेन वाक्येन अभिनीयते इति वाचिकोऽभिनयः सूच्यते । न तु उच्यते रतिशब्देन रतिरभिधानतया न कथ्यते । ननु कुतो न कथ्यते इत्याह— अवगमेति । अत एव अन्यत्वादेव अभिनयनशक्तेः प्राधान्यादेव ।

## बालक्रीड़ा

तथा शोक से जो स्तब्ध हो गया है और अनवस्थित चरमसीमारहित आक्रन्दनों से जो जड़ हो गया है । उस उदयन की हृदय के स्फुटित हार्ट के फेल हो जाने के भय से आर्त्त दुःखी मंत्री लोग लावाणक से चलने के लिए प्रार्थना करते हैं । यहाँ अर्द गतौ याचने च इस धातु से तुमुन् प्रत्यय करने पर अर्दितुं बना है । अतः अर्दितुं का अर्थ चलने के लिए है ।

इस तरह के पद्यों में शोक अभिनेय नहीं है । किन्तु अभिधेय है ।

विरह से व्याकुल उस नायिका के आंसुओं की बूंदें चित्र लिखते समय चित्र पर गिर कर ऐसी सुशोभित हो रही हैं कि मानों उसके कर के स्पर्श से मेरे शरीर में सात्विक भाव स्वेद का उद्गम हो गया है ।

स्वार्थ को कहने वाले इस वाक्य से उदयनगत सुख स्वरूप रति का अभिनय होता है न कि कथन होता है । अवगमन शक्ति अभिनयन वाचकत्व से अभिधा से भिन्न है । अर्थात् अभिनयन और अभिधा में अन्तर है । क्योंकि अभिनयन व्यंजना स्वरूप है । इसीलिए

## अभिनवभारती

भिन्नविभक्तिकमपि नोक्तम् । तेन रतिरनुक्रियमाणा शृङ्गार इति तदात्मकत्वं तत्प्रभवत्वं च युक्तम् । अर्थक्रियापि मिथ्याज्ञानाद् दृष्टा—

"मणिप्रदीपप्रभयोर्मणिबुद्ध्याभिधावतोः ।
मिथ्याज्ञानाविशेषेऽपि विशेषोऽर्थक्रियां प्रति ॥" इति ।

न चात्र नर्तक एव सुखीति प्रतिपत्तिः । न चाप्ययं न सुखीति । नाप्ययमेव राम इति । नापि रामः स्याद्वा न वायमिति । न चापि तत्सदृश इति । किन्तु सम्यङ्मिथ्या-संशयसादृश्यप्रतीतिभ्यो विलक्षणा चित्रतुरगादिन्यायेन यः सुखी रामः असावयमिति प्रतीतिरस्तीति । तदाह—

## मधुसूदनी

तदात्मकत्वं तत्प्रभवत्वमित्यत्र तत्पदार्थः अनुक्रियमाणा रतिः । तथात्वं शृंगारस्य युक्तम् । ननु तथात्वं शृंगारस्य युक्तमित्युक्तिर्न युक्ता । स्वाभाविकात् कृत्रिममन्यदेवेति हेतोः तादृशी रतिर्न वास्तविकी किन्तु कृत्रिमत्वेन मिथ्याभूतैव । तथाभूताया ज्ञानं कथं सुखजनकमित्यत आह—अर्थेति-मिथ्याज्ञानादपि भ्रान्तेरपि अर्थक्रिया प्रमाणीकृतिर्दृष्टा । अर्थक्रियापीति अपिशब्दो भिन्नक्रमः । तेन ।

मणीति । क्व दृष्टा प्रमाणीकृतिरिति दर्शयितुमाह—मणिप्रदीपेति । एकत्र मणिप्रभा दीप्यते अपरत्र प्रदीपप्रभा दीप्यते । वस्तुत इयं मणिप्रभैवेति एकस्तयोः मणिप्रभां मणिं बुद्ध्वा अभिधावति । अन्यः प्रदीपप्रभां मणिं मत्वा धावति ।

## बालक्रीडा

आचार्य ने इस सूत्र में भिन्न विभक्ति वाले भी स्थायी पद को नहीं कहा । अत एव अनुकरण की गई रति ही शृंगार है । इसका अर्थ हुआ कि रतिरूप या रतिजन्य शृंगार है यह युक्त है । अर्थक्रिया मिथ्याज्ञान से भी होती है ऐसा देखा गया गया है ।

एक व्यक्ति वस्तुतः यह मणिप्रभा ही है ऐसा नहीं समझ रहा है किन्तु चाकचक्य से मणि समझ कर प्रवृत्ति करता है । दूसरा व्यक्ति प्रदीपप्रभा को मणि समझ कर दौड़ रहा है प्रवृत्ति कर रहा है । दोनों प्रभाओं में मिथ्या ज्ञान भ्रान्ति समान है किन्तु अर्थक्रिया के प्रति विशेष है भेद है । एक को मणि की प्राप्ति होती है । दूसरी तरफ केवल दौड़ना भर है ।

प्रयत्न से सम्पादित होने के कारण कृत्रिम होने पर भी विभावादिकों से स्थायीभाव का अनुमान होता है । यहाँ पर विभावादिकों को मिथ्या बतलाया गया है । इन मिथ्या विभावादिकों से आनन्दानुभूति कैसे होती है इस पर श्री शंकुक कहते हैं कि मिथ्या या सत्य दोनों से काम एक ही प्रकार का होता है जैसे मणिप्रभा एवं प्रदीपप्रभा से । यह मणि प्रदीपप्रभा न्याय है ।

विभावादिकों से दर्शक लोग अभिनेता में रति का अनुमान करते हैं कि यह रतिमान् है । इस तरह जब उसमें रति है तब उसे सुखी होना चाहिए किन्तु यह नर्तक ही है और वह

## अभिनवभारती

"प्रतिभाति न सन्देहो न तत्त्वं न विपर्ययः ।
धीरसावयमित्यस्ति नासावेवायमित्यपि ॥
विरुद्धबुद्धिसम्भेदादविवेचितसंप्लवः ।
युक्त्या पर्यनुयुज्येत स्फुरन्ननुभवः कया ॥" इति ।

तदिदमन्तस्तत्त्वशून्यं न विमर्दक्षममित्युपाध्यायाः । तथाहि—अनुकरणरूपो

## मधुसूदनी

उभयोरपि मिथ्याज्ञाने विशेषो भेदो नास्ति । किन्तु अर्थक्रियां प्रति फलप्राप्तिं प्रति एकत्र मणिलाभः । अपरत्र केवलमभिधावनम् । इति । विशेषो भेदः । परं तयोः प्रवृत्तिः मिथ्याज्ञानं च समानमेव ।

प्रतिभातीति । किंचिद् वस्तु प्रतिभाति । किन्तु तत्र न सन्देहस्तर्हि मास्तु सन्देहः, तत्त्वमस्तु, तत्राह—न तत्त्वम् । ननु सन्देहो नास्ति इत्यस्तु असंदेहः । तत्त्वं नास्ति अतत्त्वमस्तु । इत्याह—न विपर्ययः तत्त्वसंदेहयोरभावो विपर्ययोऽपि नास्ति । अथ च अयं प्रत्यक्षेऽनुभूयमानः असौ स इति अपि धीर्नास्ति । अयम् असौ एव इत्यपि धीर्नास्ति । एवमस्तिनास्त्योर्विरुद्धयोर्बुद्ध्योः संभेदात् सम्मिश्रणात् । अविवेचित सम्प्लवः विरोधविवेचनां विना स्फुरन् जायमानः । अनुभवः कया युक्त्या केन हेतुना पर्यनुयुज्येत प्रश्नविषयी क्रियेत ।

तदिदमपि श्रीशंकुकमतमन्तस्तत्वशून्यं क्षोदक्षमरहितमित्युपाध्याया भट्टतोताः ।

## बालक्रीड़ा

सुखी हूँ ऐसी प्रतिपत्ति नहीं होती है । और न यही प्रतिपत्ति है कि यह सुखी नहीं है । और न यह प्रतीति है कि यही राम है । और न यह प्रतीति होती है कि यह राम है कि नहीं है । तथा यह भी नहीं कह सकते हैं कि यह राम के सदृश है । किन्तु सम्यक्, मिथ्या, संशय एवं सादृश्य प्रतीतियों से विलक्षण चित्र के घोड़े की तरह जो सुखी राम है वह यही है ऐसी विकल्पात्मिका प्रतीति होती है । जैसा कि कहते हैं कि शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः ।

प्रतिभान होता है प्रतीति होती है किन्तु वह सन्देहात्मिका है ऐसा नहीं कह सकते हैं या वह तत्त्वज्ञान है ऐसा भी नहीं कह सकते हैं और न वह विपर्यय है मिथ्याज्ञान है ऐसा कह सकते है । यह वह है ऐसी बुद्धि होती है और यह वह है ऐसी बुद्धि नहीं भी होती है इस तरह बुद्धियों के परस्पर संमिश्रण से विरोध की विवेचना के बिना स्फुरित होने वाले अनुभव को किस युक्ति से प्रश्न का विषय बनाया जा सकता है कि क्या यह अनुभव ठीक है क्या यह अनुभव ठीक नहीं है । इत्यादि । श्री शंकुक का मत है ।

यह मत भी अन्तस्तत्व शून्य है । विमर्द क्षम नहीं है । विचार विमर्श में ठहर नहीं सकता है । ऐसा उपाध्याय जी का कथन है । रस अनुकरण रूप है ऐसा जो कहा जाता

## अभिनवभारती

रस इति यदुच्यते तत्किं सामाजिकप्रतीत्यभिप्रायेण, किं वा वस्तुवृत्तविवेचकव्याख्यातृबुद्धिसमवलम्बनेन यथाहुः—"व्याख्यातारः खल्वेवं विवेचयन्ति" इति।

अत्र भरतमुनिवचनानुसारेणाद्यः पक्षोऽसङ्गतः। किञ्चिद्धि प्रमाणेनोपलब्धं तदनुकरणमिति शक्यं वक्तुम्। यथा, 'एवमसौ सुरां पिबति' इति सुरापानानुकरणत्वेन पयःपानं प्रत्यक्षावलोकितं प्रतिभाति। इह च नटगतं किं तदुपलब्धं यदनुकरणतया भातीति चिन्त्यम्। तच्छरीरं, तन्निष्ठं प्रतिशीर्षकादि, रोमाञ्चगद्गदिकादि, भुजाक्षेपादि, अंगवलनप्रभृति, भ्रूक्षेपादि, कटाक्षादिकं, च न रतेश्चित्तवृत्तिरूपतयानुकारत्वेन

## मधुसूदनी

सामाजिकेति। किं सामाजिकाः प्रतियन्ति यदयं नटो रामरतिमनुकरोतीति सामाजिकस्य प्रतीतेः। तत्र नटोऽभिनयति। अभिनयः कस्यापि वस्तुनः साक्षादिव करणम्। न तु वस्तुतः करणम्।

आद्यः पक्षः "अनुकरणरूपो रसः" इति। प्रमाणेन उपलब्धं प्रत्यक्षीकृतम्। इह अभिनये नटगतं किं तत् उपलब्धम्, यत् अनुकरणतया भाति प्रतीतं भवति। तच्छरीरं तन्निष्ठप्रतिशीर्षकादि क्रियाश्च सर्वं जडम्। चक्षुषा श्रोत्रेण वा ग्राह्यम्। काश्चित् रोमांचक्रिया अंगे। गद्गदिका कण्ठे। भुजाक्षेपः भुजयोः। एवं भेदः। रतिः प्रेम। सा ज्ञानेच्छादिभ्यो भिन्ना। शकुन्तलारतिमति दुःष्यन्त एव शाकुन्तलं सुखं नान्यस्मिन् दुःष्यन्तभिन्ने राजनि। ज्ञानन्तु शकुन्तलायां द्वेषं कुर्वत्यपि। तेन शकुन्तलाज्ञानिनि तत्सुखं नास्ति इति। प्रेम सिद्धासिद्धयोर्द्वयोरपि। इच्छा तु असिद्धस्यैव वस्तुनः। तत्र शकुन्तला तु सिद्धैव प्राप्तैव। तस्मान्न रतिरिच्छारूपेति।

## बालक्रीडा

है। वह क्या दर्शक सामाजिक की प्रतीति के अभिप्राय से या अभिनेता नट के अभिप्राय से अथवा वस्तुतत्त्व के विवेचक व्याख्याता की बुद्धि का अवलम्बन करके कहा जाता है जैसा कि कहते हैं कि व्याख्याता लोग ऐसी विवेचना करते हैं।

इनमें पहला पक्ष भरत के वचन के अनुसार असंगत है। जो कुछ प्रमाण से उपलब्ध रहता है पहले से ज्ञात रहता है (बुद्धिरुपलब्धिर्ज्ञानम् यह न्यायसूत्र है) उसका अनुकरण होता है। यह कहा जा सकता है। "जैसे वह दूध को पीता है उसी प्रकार यह सुरा को पीता है" यहाँ प्रत्यक्ष देखा हुआ पयःपान सुरापान के अनुकरण के रूप में मालूम पड़ता है। यहाँ नट में किस अंश को आप ने समझा या पाया जो अनुकरण मालूम पड़ता है। स्पष्ट है कि नट में कोई ऐसा तथ्य नहीं है जिससे रस को अनुकरण माना जाय। अतः दर्शक की दृष्टि से माना गया अनुकरण पक्ष चिन्त्य है।

रति आदिक भाव अन्तःकरण की वस्तु है और अनुकरण बाह्य क्रिया है—उसका शरीर, उसकी पगड़ी आदि, रोमाञ्च आदि, गद्गदिका आवाज का भर्रा जाना कण्ठ रुक जाना आदि, भुजा का आक्षेप आदि, अंग का वलन आदि, भ्रू का संचालन आदि, कटाक्ष

## अभिनवभारती

कस्यचित्प्रतिभाति। जडत्वेन भिन्नेन्द्रियग्राह्यत्वेन भिन्नाधिकरणत्वेन च ततोऽतिवैलक्षण्यात्। मुख्यामुख्यावलोकने च तदनुकरणप्रतिभासः। न च रामगतां रतिमुपलब्धपूर्विणः केचित्। एतेन रामानुकारो नट इत्यपि निरस्तः प्रवादः।

अथ नटगता चित्तवृत्तिरेव प्रतिपन्ना सती रत्यनुकारः शृङ्गार इत्युच्यते, तत्रापि किमात्मकत्वेन सा प्रतीयत इति चिन्त्यम्। ननु प्रमदादिभिः कारणैः कटाक्षादिभिः कार्यैः धृत्यादिभिश्च सहचारिभिर्लिङ्गभूतैर्या लौकिकी कार्यरूपा कारणरूपा सहचारि-

## मधुसूदनी

मनसाभिन्नेन इन्द्रियेण ग्राह्या। अनुकार्यान्तःकरणे एकस्मिन्नधिकरणे तस्याः स्थितिश्च। तच्छरीरादिकं रतेरनुकरणत्वेन कस्यचिदपि न प्रतिभाति। तच्छरीर-निष्ठप्रतिशीर्षकादेरधिकरणं नटः। ततो रामात् नटेऽतिवैलक्षण्यम्।

मुख्यस्य अनुकार्यस्य रामादेः। अमुख्यस्य अनुकर्तुर्नटस्य अवलोकने सति तस्या रतेरनुकरणस्य सामाजिकान् प्रति भासः। उपलब्धपूर्विणः पूर्वंत उपलम्भन-कारकाः। नटे नटगता प्रेमाख्या चित्तवृत्तिः रतिः। रतेश्चित्तवृत्तिरूपत्वात्।

## बालक्रीडा

निक्षेपण आदि कोई भी क्रिया चित्तवृत्तिरूप रति के अनुकरण के रूप में किसी को भी नहीं मालूम पड़ती है। उसका कारण है कि ये सब जड़ हैं भिन्न २ इन्द्रियों से ग्राह्य हैं और आश्रयण अधिकरण भी इनका भिन्न २ है।

रति आदि जड़ चित्तवृत्ति रूप हैं, ये एक मन इन्द्रिय से ग्राह्य हैं और इसका एक अन्तःकरण अधिकरण है जिससे उनसे इनमें अत्यन्त वैलक्षण्य है। अतः नट की दृष्टि से माना गया अनुकरण पक्ष भी चिन्त्य है। मुख्य एवं अमुख्य अनुकार्य एवं अनुकरण दोनों को देखने वाला ही व्यक्ति बतला सकता है कि यह अनुकरण है अथवा नहीं। क्योंकि दोनों के देखने पर ही अनुकरण का प्रतिभास हो सकता है अन्यथा नहीं। किन्तु राम की रति को पहिले से जानने वाले कोई भी व्यक्ति नहीं हैं। क्योंकि त्रेताकालीन राम की रति आज कल कलियुग में देखने को उपलब्ध नहीं है। तब कोई कैसे कह सकते हैं यह अमुक का अनुकरण है। अतः राम के भावों का कार्यों का अनुकारी नट है या राम का अनुकरण नट में है यह प्रवाद भी निरस्त हो गया अर्थात् राम का अनुकरण नट करता है यह कहना असंगत है।

नट की चित्तवृत्ति ही को दर्शक रति का अनुकरण शृंगार समझता है। क्योंकि जब तक चित्त में रति भाव नहीं होगा तब तक अनुकरण नहीं हो सकता है। इस पर प्रश्न होता है कि नट की चित्तवृत्ति को अनुकरण समझने के लिये आधार क्या है। अर्थात् नट में वह रति किस रूप में प्रतीत होती है। अतः यह पक्ष चिन्त्य है। तीसरी अवस्था यह है कि प्रमदादि कारण, कटाक्षादि कार्य, धृत्यादि सहकारी लिंग प्रमाणों से (हेतुरपदेशो लिंगं प्रमाणं करणमित्यनर्थान्तरम् ९।२।४ इस वैशेषिक दर्शन के सूत्र के अनुसार लिंग पद का अर्थ प्रमाण है) जो लौकिक कार्यरूपा, कारणरूपा एवं सहकारी रूपा चित्तवृत्ति प्रतीति के

## अभिनवभारती

रूपा च चित्तवृत्तिः प्रतीतियोग्या तदात्मकत्वेन सा नटे चित्तवृत्तिः प्रतिभाति। हन्त तर्हि रत्याकारेणैव सा प्रतिपन्नेति दूरे रत्यनुकरणतावाचोयुक्तिः।

ननु ते विभावादयोऽनुकार्ये पारमार्थिकाः। इह त्वनुकर्तरि न तथेति विशेषः। अस्त्वेवम्। किन्तु ते हि विभावादयोऽतत्कारणातत्कार्यातत्सहचाररूपा अपि काव्य-

## मधुसूदनी

रतेरनुकरणतायाः वाचो युक्तिर्दूरे। इदं रहस्यम्। नटस्य स्वकीयं चित्तम्। कारणविशेषाच्च तस्य तत्तद्रत्याकारा वृत्तयश्च। स नटो रामस्य चित्तवृत्तीर्न जानाति। देशकालपात्रावस्थादिभिरन्तरायात्। ज्ञानं विना अनुकरणासंभवः। अतो रामस्य चित्तवृत्तीनामनुकरणं नटः करोतीति दूरे गतम्। इति।

न तथा न पारमार्थिकाः सत्याः अर्थात् अवास्तवाः। इति विशेषो वैलक्षण्यम्। अणुरपि विशेषोऽध्यवसायकारः। इति।

अतत्कारणेति—यद्यपि ते विभावादयस्तस्या रामनिष्ठरत्यादेः कारणादिरूपा न तथापि क्रमशः काव्यस्य शिक्षाया निजानुभावार्जनयस्य च बलादुपकल्पिता उप-स्थिता। अथवा सामाजिकैः कृत्रिमत्वेन न गृह्यन्ते। यदि कृत्रिमत्वेन गृह्यन्ते तदि तैः कृत्रिमत्वेन गृहीतैस्तैर्विभावादिभिः।

## बालक्रीडा

योग्य होती है उसी स्वरूप से वह चित्तवृत्ति नट में मालूम पड़ती है। तब तो कहना चाहिए कि नट की ही रति को आप ने समझा अतः रति को अनुकरण कहने की युक्तियाँ दूर हो गई। क्योंकि नट की स्वयं की जो रति चित्तवृत्ति है उसका स्वरूप क्या होगा। आखिर उसको भी तो अन्तःकरण है। इसलिए नट की रति को अनुकरण समझना ठीक नहीं है।

यहाँ का सार यह है कि नट के पास उसका अपना चित्त है और कारण विशेष से उसकी तत्तदाकारा वृत्तियाँ भी होती हैं। किन्तु राम की चित्तवृत्तियों को वह जानता नहीं है इसलिए राम की चित्तवृत्तियों का अनुकरण वह कर ही नहीं सकता है और बिना जाने अनुकरण करना असंभव है। क्योंकि देश काल एवं अवस्था का नितान्त भेद है।

इस पर कहें कि अनुकार्य राम में विभावादिक पारमार्थिक हैं किन्तु यहाँ इन अनु-कर्ताओं में वे पारमार्थिक नहीं हैं यह विशेष है विलक्षणता है। सिद्धान्त है कि (अणुरपि विशेषोऽध्यवसायकरः) थोड़ा भी वैलक्षण्य अधिक में पर्यवसान कर देता है स्थिति को बदल देता है। तब उत्तर देते हैं कि अस्तु यही सही। किन्तु वे विभावादि उस रति के कारण कार्य एवं सहकारी नहीं हैं। तब भी काव्यानुसन्धान एवं शिक्षा के बल से नट कल्पना करके उन विभावादि को रंगमंच पर कारणादि के रूप में दिखाता है। अब प्रश्न उठता है कि नट के द्वारा कल्पना करके दिखाये गये ये विभावादि कृत्रिम अवश्य हैं। ऐसी अवस्था में सामाजिक दर्शक लोग उनको कृत्रिम समझते हैं अथवा नहीं अर्थात् स्वाभाविक

## अभिनवभारती

शिक्षादिबलोपकल्पिता: कृत्रिमा: सन्त: किं कृत्रिमत्वेन सामाजिकैः गृह्यन्ते न वा। यदि गृह्यन्ते तदा तैः कथं रतेरवगतिः।

नन्वत एव तत्प्रतीयमानं रत्यनुकरणबुद्धेः कारणम्। कारणान्तरप्रभवेषु हि कार्येषु सुशिक्षितेन तथाज्ञाने वस्त्वन्तरस्यानुमानं तावद्युक्तम्। असुशिक्षितेन तु तस्यैव प्रसिद्धस्य कारणस्य। यथा वृश्चिकविशेषाद्गोमयस्यैवानुमानम्। वृश्चिकस्यैव तत्परं मिथ्याज्ञानम्। यत्रापि लिङ्गज्ञानं मिथ्या तत्रापि न तदाभासानुमानमयुक्तम्। न हि

## मधुसूदनी

अत एव कृत्रिमत्वेन गृह्यमाणत्वादेव प्रतीयमानं तद्विभावादिकं कारणादि। तथाज्ञाने कारणान्तरप्रभवत्वज्ञाने। यथा वृश्चिकेति। वृश्चिकस्योत्पत्तिः वृश्चिकात् स्वयोनितः। गोमयात्। जलप्लुतविकृतस्थानाच्च। किन्तु प्रसिद्धः गोमयोत्पादः। एवं च यथा वृश्चिकविशेषाद् वृश्चिकविशेषं दृष्ट्वा गोमयस्यैवानुमानम्। परं किन्तु तत् अनुमाने मिथ्याज्ञानम्। धूमत्वेन ज्ञातात् अनुकारप्रतिभाससमानादपि धूमसदृश-

## बालक्रीडा

समझते हैं। यदि उनको कृत्रिम समझते हैं तो उनसे रति की अवगति कैसे हो सकती है। अर्थात् अवगति नहीं हो सकती है।

इस पर पुनः शंकुक कहते हैं कि इसलिए (कृत्रिम होने से ही) तो हम उसको अनुकरण कहते हैं। अर्थात् सच या झूठ किसी भी तरह प्रतीयमान हुए ये विभावादि रतिको अनुकरण समझने में कारण हैं। जिससे रति की अनुमिति सामाजिक दर्शक लोग करते हैं वही अनुमिति रस है। ठीक भी है कारणान्तर से उत्पन्न होने वाले कार्यों में सुशिक्षित लोगों को वैसा ज्ञान होने पर वस्त्वन्तर का अनुमान करना युक्त नहीं है क्या अर्थात् युक्त ही है। जैसे धूम से वह्नि का अनुमान होता है। यहाँ कार्य से कारण का अनुमान होता है। इस प्रसिद्धि से लकड़ी की अग्नि से उत्पन्न धूम को देखकर कोयले की अग्नि का भी अनुमान होता ही है। वैसे किसी को लक्ष्य करके किये गये कटाक्ष, भुजाक्षेप एवं मुस्कुराहट से उस लक्ष्य के विषय में उस कटाक्षादि करने वाले की रति को लोग समझ जाते हैं। इसीलिए राम बने हुए नट को लक्ष्य करके किये गये कृत्रिम कटाक्षादि से भी उसके प्रति कटाक्षादि करने वाली नटी की रति प्रतीत होगी ही, क्यों नहीं होगी, वस्तु स्थिति ही ऐसी है। किन्तु जो सुशिक्षित नहीं है उस असुशिक्षित को उसी प्रसिद्ध कारण का ही अनुमान होना उचित है। जैसे बिच्छू कई कारणों से उत्पन्न होता है। बिच्छू से भी बिच्छू पैदा होता है, गोमय से तथा सीड़ वाली गन्दी जगह से भी बिच्छू पैदा होता है। किन्तु गोमय से बिच्छू का पैदा होना प्रसिद्ध है और विशेष का जो जानकार नहीं है वह किसी खास बिच्छू को देखकर गोमय का ही अनुमान करता है। फिर भी जब बिच्छू का ज्ञान मिथ्या है तब गोमय का अनुमान युक्त कैसे होगा। अतः जहाँ लिंग का ज्ञान मिथ्या है वहाँ उस मिथ्या लिंग से अनुमानाभास का होना अयुक्त नहीं है युक्त ही है।

## अभिनवभारती

बाष्पाद् धूमत्वेन ज्ञातादनुकारप्रतिभासमानादपि लिङ्गाद्वह्न्यनुकारानुमानमयुक्तम्। धूमानुकारत्वेन हि ज्ञायमानान्नीहाराद्वाऽग्न्यनुकारजपापुष्पप्रतीतिर्दृष्टा।

नन्वक्रुद्धोऽपि नटः क्रुद्ध इव भाति। सत्यम्। क्रुद्धेन सदृशः। सादृश्यं च भ्रुकुट्यादिभिः। गौरिव गवयो मुखादिभिरिति। नैतावताऽनुकारः कश्चित्। न चापि

## मधुसूदनी

प्रतीयमानादपि बाष्पात् लिंगात् वह्निसदृशस्यानुमानं युक्तं न अयुक्तमेवेति भावः। हि यतः धूमानुकारत्वेन धूमसदृशत्वेन ज्ञायमानात् नीहाराद् अवश्यायात्। अवश्यायस्तु नीहारस्तुषारस्तुहिनं हिममित्यमरः। अग्न्यनुकारा जपापुष्पप्रतीतिर्नहि दृश्यते तथा नटगतैरपारमार्थिकैर्विभावादिभी रतेरनुकरणात्मिका प्रतीतिर्नहि भविष्यति। फलतः अप्रतीता रती रस इति संगतं नेति।

अक्रुद्धोऽपीति। अयं भावः। अपारमार्थिकैर्विभावादिभी रतिर्न प्रतीयते इति मान्यतायाः क आधारः। दृश्यते तु वस्तुतः सर्पाभावेऽपि सर्पत्वेनावलोकिता-द्रज्जुप्रभृतेर्भयकम्पादयो जायन्ते इति। तथैव नाट्यस्य रंगभूमौ क्रोधकारणाभावेन अक्रुद्धोऽपि नटः क्रुद्ध इव प्रतिभाति। इति सत्यम्। किन्तु क्रुद्धो न अपितु भ्रुकुट्या-दिभिः सादृश्यात् क्रुद्धेन सदृशः। इति।

नैतावतेति। एतवता क्रुद्धसदृशप्रतिभासेन। न कश्चिदनुकारः। यतोऽनुकारस्य बीजं सादृश्यमतिः। सा च सादृश्यमतिः सामाजिकानां तत्काले नास्ति। यदि सामाजिकाः प्रतीयुः, अयं नटो रामादीननुकरोति। तत्सदृशान् वेशभूषादीन् परिधत्ते इति। तर्हि कस्यापि दर्शकस्य नाट्यं द्रष्टुं प्रवृत्तिरेव नोदीयात्। न च

## बालक्रीडा

धूम रूप से समझे गये बाष्प के धूम सदृश प्रतीत होने पर भी उससे कभी भी अग्न्य-नुकार तत्सदृश वह्नि का अनुमान युक्त नहीं है। धूम के सदृश प्रतिभासमान नीहार ओस से अग्नि के सदृश जपापुष्प की प्रतीति नहीं होती है। अतः अनुकर्त्ता नट में रहने वाले अपारमार्थिक विभावादि से रत्यादि की प्रतीति नहीं हो सकती है। फलतः अनुक्रियमाणरति को रस मानना संगत नहीं है।

प्रश्न—आपके; अवास्तविक विभावादि से रत्यादि की प्रतीति नहीं हो सकती है इस कहने का आधार क्या है। देखा तो यह है कि वस्तुतः सर्प नहीं है किन्तु सर्परूप से समझी गई रस्सी से भय एवं कम्पा होती है। उसी तरह नाट्य की रंगमंच की भूमि में नट क्रुद्ध नहीं है तब भी क्रुद्ध मालूम पड़ता है। उत्तर। सत्य है। उसे क्रुद्ध नहीं कह सकते किन्तु क्रुद्ध के सदृश वह भासित होता है। वहां सादृश्य है भौहों की कुटिलता आदि का। जैसे मुख की आकृति आदि से गवय को गौ के सदृश मानते हैं। किन्तु सदृश मानने से ही केवल अनुकरण इस को वहां कोई नहीं कहता है। और न सामाजिकों को सादृश्य की प्रतीति होती है। यदि सामाजिकों को यह प्रतीति होने लगे कि यह नट राम का अनुकरण

## अभिनवभारती

सामाजिकानां साहृदयमविरस्ति । सामाजिकानां च न भावशून्या नर्तके प्रतिपत्तिरि-त्युच्यते । अथ च तदनुकारप्रतिभास इति रिक्ता वाचोयुक्तिः ।

यथोक्तं रामोऽयमित्यस्ति प्रतिपत्तिः । तदपि तदात्वे वा संततं वा यदि तदात्वे इति निश्चितं तदुत्तरकालभाविबाधकवैधुर्याभावे कथं न तत्त्वज्ञानं स्यात् । बाधकसद्भावे वा कथं न मिथ्याज्ञानम् । वास्तवेऽत्र च वृत्ते बाधकानुदयेऽपि मिथ्याज्ञानमेव स्यात् । तेन विरुद्धबुद्धिसंभेदादित्यसत् । नर्तकान्तरेऽपि च रामोऽयमिति प्रतिपत्तिरस्ति । ततश्च रामत्वं सामान्यरूपमित्यायातम् ।

## मधुसूदनी

तस्य हृदये भाव एव जागृयात् । न चानन्दमनु भूयात् । किन्तु नास्ति सामा-जिकानां दर्शकानां नटे भावशून्या प्रतिपत्तिः । अतस्तदनुकारप्रतिभास इति रिक्ता वाचोयुक्तिरिति ।

तदात्वे तत्काले । तदुत्तरकाले रामोऽयमिति प्रतीत्युत्तरकाले भावी यो बाधकः प्रतिबन्धकः । तस्य वैधुर्यं बाधकाभावः तस्य सद्भावे । बाधकस्यानुदयेऽपि वास्तविके वृत्ते कथानके । आकर्षकोऽभिनयो भवतु इत्येतदर्थं परिवर्तनापचयोपचयैर्मिथ्याज्ञानं स्यादेव । तेन मिथ्याज्ञानेन हेतुना । ननु एकस्मिन् कस्मिन् नर्तके विरुद्धबुद्धीनां

## बालक्रीडा

करता है और इसने राम के जैसा वेश भूषण पहन लिया है । तब तो किसी भी दर्शक की नाटक के देखने में प्रवृत्ति नहीं होगी । क्योंकि उसको देखने के लिए हृदय में भाव ही नहीं जागरित होगा । आनन्द नहीं आयेगा । किन्तु यह कोई नहीं कहता है कि नर्तक में सामाजिकों की भावशून्य प्रतिपत्ति होती है ।

इस लिए नट रामका अनुकरण करता है ऐसा सामाजिकों को दर्शकों को प्रतिभास होता है ऐसा कहना रिक्त है अर्थात् युक्ति शून्य है असंगत है ।

यह जो आपने कहा कि सामाजिकों को चित्र तुरग न्याय से नट में राम की प्रतीति होती है । उस में प्रश्न होता है कि यह प्रतीति क्या तात्कालिक होती है अथवा बराबर बनी रहती है । उसमें यह तो नहीं ही कह सकते कि यह प्रतीति बराबर बनी रहती है । यदि कहें कि यह तात्कालिक है और यह निश्चित भी है । क्योंकि उस प्रतीति के उत्तर काल में होने बाधक के वैधुर्य का सद् भाव है अर्थात् उस प्रतीति का बाधक कोई नहीं है । तब फिर प्रश्न होता है कि यह राम है ऐसा तत्त्वज्ञान वास्तविक ज्ञान क्यों नहीं होता । अगर कहें कि बाधक है तो वह मिथ्याज्ञान क्यों नहीं । और भी बात है कि बाधक के उदय नहीं होने पर भी वस्तुतः नाटकीय वृत्त कथानक में मिथ्याज्ञान ही होगा । इसलिए "धीरसावयमित्यस्ति नासावेवायमित्यपि" इन परस्पर में विरुद्ध बुद्धियों के सम्मिश्रण से ऐसा होता है यह कहना असत् है । अर्थात् तात्कालिक है ऐसा कहें तो अमुक राम नहीं है ऐसा एकबार ज्ञान हो जाने पर दूसरे अभिनेता में यह राम है जो प्रतीति होती है वह नहीं होनी

## अभिनवभारती

यत्त्वोच्यते विभावाः काव्यादनुसन्धीयन्ते इति तदपि न विद्मः। न हि "ममेयं सीता काचित्" इति स्वात्मीयत्वेन प्रतिपत्तिर्नटस्य। अथ सामाजिकस्य तथा प्रतीतियोग्याः क्रियन्त इत्येतदेवानुसन्धानमुच्यते, तर्हि स्थायिनि सुतरामनुसन्धानं स्यात्। तस्यैव हि मुख्यत्वेन 'स्वस्मिन्नयम्' इति सामाजिकानां प्रतिपत्तिः।

## नीरक्षीर

सम्भिन्नमिति वक्तुं शक्येतापि किन्तु भिन्ने २ नर्त्तकेऽपि रामोऽयमिति प्रतिपत्तिर्भवति। तस्य एतादृशप्रतिपत्तिहेतोश्च। सर्वेष नर्त्तकेषु रामत्वं सामान्यरूपं सर्वेषु घटेषु सम्भूतघटत्वजातिवत् आयातम्।

तदपि काव्यबलादनुसन्धानं ज्ञानमपि। ननु कुतो न भवन्तो विदन्ति इत्यत आह—नहीति। ममेयं सीता काचिदिति प्रतिपत्तिः स्वात्मीयत्वेनानुसन्धानं नटस्य नहि भवति। अथेति पक्षान्तरे। ननु मा भवतु नटस्य तथानुसन्धानं किन्तु सामाजिकस्य तथा प्रतीतियोग्याः "ममेयं सीता काचित्" इति स्वात्मीयत्वेन प्रतिपत्तुमर्हाः क्रियन्ते इति एतदेवानुसन्धानमस्माभिरुच्यते यदि। तर्हि ममेयं रतिरिति स्थायिविषये अनुसन्धानं सुतरां स्यात्। तस्यैव स्थायिन एव "स्वस्मिन् दुष्यन्तत्त्वाच्छादिते आत्मनि अयं स्थायी" इति मुख्यरूपेण सामाजिकानां प्रतिपत्तिः स्यात्। परं तथा प्रतिपत्तिर्नहि भवति। व्रीडाजुगुप्सादयः खलु तथाप्रतिपत्तौ।

## बालक्रीड़ा

चाहिए किन्तु होती है। इसलिए 'है' "नहीं" वे बुद्धियां विरुद्ध हैं इनका यहां सम्भेद है यह कहना असमीचीन है। काल भेद से एवं क्रिया भेद से सब होता ही है कोई विरोध नहीं है। अतः दूसरे अभिनेता में भी "यह राम है" ऐसी प्रतिपत्ति हो सकती है तब रामत्व सामान्य रूप है यही सिद्ध हुआ अर्थात् इस प्रकार राम अनेक हैं यह प्रतीति हो जाय किन्तु रामत्व एक ही है। हां उसके कार्य कलाप और उसके भाव भले अनंत हो जांय। इसलिए नट में किसी विशेष रामकी प्रतीति आप नहीं कर सकते हैं।

अर्थात् विरुद्ध बुद्धियों के सम्भेद के कारण जिसका संप्लव प्रसरण विवेचना रहित है उस स्फुरित होने वाले अनुभव की किस युक्ति से पर्यनुयोग प्रश्न का विषय बनाया जाय यह राम है क्या? अथवा राम नहीं है क्या? इत्यादि। किन्तु तब भी दूसरे अभिनेता नर्तक में भी यह राम है ऐसी प्रतिपत्ति होती है। इससे यह आया कि रामत्व एक सामान्य रूप है जैसे घटत्व एक प्रतिघट निष्ठ धर्म है और सामान्य लक्षण प्रत्यासत्ति से घटत्वेन यावद् घटों का बोध करा देता है उसी तरह रामत्व भी जितने राम हैं चाहे वे आरोप के विषय हों अथवा वस्तुतः राम हों उन सब का सामान्य धर्म है। जिसके फल स्वरूप सभी नर्तकों में रामत्व की प्रतीति अबाधरूप से होती है।

यदि आप कहें कि विभावादिक का अनुसन्धान काव्य से एवं शिक्षा से करते हैं यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि मेरी यह सीता है ऐसी प्रतीति आलोचना नट को कभी हो ही

## अभिनवभारती

यत्तु 'वागेव वाचिकः' इत्यादिना भेदाभिधानसंरम्भगर्भमहीयानभिनयरूपताविवेकः कृतः स उत्तरत्र स्वावसरे( ना. शा. अ-१४ )चर्चयिष्यते । तस्मात्सामाजिकप्रतीत्यनुसारेण स्थाय्यनुकरणं रस इत्यसत् ।

न चापि नटस्येत्थं प्रतिपत्तिः 'रामं तच्चित्तवृत्तिं वाऽनुकरोमि' इति । सदृशाकरणं हि तावदनुकरणमनुपलब्धप्रकृतिना न शक्यं कर्तुम् । अथ पश्चात्करणमनुकरणं

## मधुसूदनी

यत्त्विति । नहि वागेव वाचिकः, अपितु यथा अंगेन निर्वृत्तः सम्पन्नः आंगिकः भवति तथा वाचा निर्वृत्तः सम्पन्नः वाचिकोऽभिनयः । एवं यः भेदेन अभिधाने कथने संरंभ उद्योगः स गर्भे यस्य तादृशो यो महीयान् अभिनयरूपताया विवेकः कृतः । स्वावसरेऽभिनयानां स्वरूपलक्षणनिरूपणसमये ।

अनुपलब्धप्रकृतिना पूर्वं कथञ्चिदपि देशकालपात्रसान्तरायतया अज्ञातस्वभावेन नटेन सदृशकरणरूपमनुकरणं कर्तुं न शक्यम् । अथेति पक्षान्तरे । सदृशकरणमनुकरणं मास्तु पश्चात्करणरूपमनुकरणं स्यात् । यदि तथा स्यात् तर्हि लोकेऽपि लोकवृत्तेऽपि न केवलं नाट्ये । तथात्वे तु अतिव्याप्तिः स्यात् अनुकरणलक्ष्यं नाट्यं विहाय अलक्ष्ये लोके अनुकरणात्मतया अतिप्रसक्तिः स्यादिति भावः । अथेति अपि चेत्यर्थे । अपि च यदि नियतस्य कस्यचिद् व्यक्तिविशेषस्य अनुकारो नहि भवति ।

## बालक्रीडा

नहीं सकती है । यदि यह कहा जाय कि नट अपनी चतुराई से ऐसा अभिनय करता है कि सामाजिकों को ऐसा समझने के लिए विवश कर देता है अर्थात् सामाजिक ऐसा समझने के लिये विवश हो जाते हैं । और इसी विवश होकर समझने को अनुसन्धान कहते हैं । तो कहना होगा कि यह अनुसन्धान यह प्रतीति विभावादि के विषय में नहीं हो सकती है किन्तु स्थायी के विषय में हो सकती है । क्योंकि विभावादि तो सामने उपस्थित ही रहते हैं अनुसन्धान गवेषणा दृष्टिपथातीत पदार्थ की होती है । इसलिए स्थायी के विषय में अनुसन्धान हो सकता है वही मुख्य है । इसी मुख्यता के बदौलत मुझ अमुक में यह अमुक भाव है यह सामाजिकों की प्रतिपत्ति होनी चाहिये किन्तु वैसा होने पर दोषादि होने लगेंगे । वाक् ही वाचिक नहीं है किन्तु वाक् से निर्वृत सम्पन्न वाचिक है ऐसे भेद के कहने के लिए जो संरंभ उद्योग है वह है गर्भ में जिसके ऐसा जो बड़ा भारी अभिनय की रूपता का स्वरूपनिष्ठा का विवेक किया है उसकी चर्चा अभिनयों के निरूपण के अवसर में करेंगे । इसलिए सामाजिक की प्रतीति के अनुसार स्थायी का अनुकरण रस है यह सब असत् है ठीक नहीं है ।

और भी सिद्धान्त है कि सदृशकरण का नाम अनुकरण है । इसलिए भी रस अनुकरण रूप नहीं है । नट को ऐसी बुद्धि नहीं होती है कि मैं अमुक व्यक्ति का राम का अथवा राम की चित्तवृत्तियों का अनुकरण करता हूं । क्योंकि अनुकरण शब्द का अर्थ जो सदृश करण है वह सदृशकरण राम की अनुकार्य की प्रकृति स्वभाव की उपलब्धि ज्ञान के

## अभिनवभारती

तच्छोकेऽप्यनुकरणात्मतातिप्रसक्ता। अथ न नियतस्य कस्यचिदनुकारः अपि तूत्तमप्रकृतेः शोकमनुकरोति, तर्हि केनेति चिन्त्यम्। न तावच्छोकेन, तस्य तदभावात्। न चाश्रुपातादिना शोकस्यानुकारः, तद्वैलक्षण्यादित्युक्तम्। इयत्तु स्यात्- उत्तमप्रकृतेर्ये शोकानुभावाःताननुकरोमीति। तत्रापि कस्योत्तमप्रकृतेः। यस्य कस्यचिदिति चेत्सोऽपि विशिष्टतां विना कथं बुद्धावारोपयितुं शक्यः। य एवं रोदितीति चेत्स्वात्मापि मध्ये नटस्यानुप्रविष्ट इति गलितोऽनुकार्यानुकर्तृभावः।

किञ्च नटः शिक्षावशात्स्वविभावस्मरणाच्चित्तवृत्तिसाधारणीभावेन हृदयसंवादात्केवलमनुभावान्प्रदर्शयन् काव्यमुपपठितकाकुप्रभृत्युपस्कारेण पठंश्चेष्टत इत्ये-

## मधुसूदनी

अपितु उत्तमप्रकृतेः। केन साधनेन शोकमनुकरोति। तस्य शोकस्य तदभावात् उत्तमप्रकृतेः शोकस्य नटेऽभावात्। अश्रुपातादिना साधनेन शोकस्यानुकारो नहि भवति। कुत एतदित्याह—तद्वैलक्षण्यात् अनुकार्यस्य शोकः अनुकर्तृशोकाद् विलक्षणः। इति प्रागुक्तम्।

नटेभ्यस्तादृशी शिक्षा प्रदीयते यया अभिनयवेलायां मध्ये स्वकीयनायिकारूपविभावः स्मर्यते तेन। काकुप्रभृतेरुपस्कारः सहयोगः। तेन पठन् चेष्टते अभिनयं करोति। तथा पठतश्चेष्टमानस्य नटस्य प्रतीतिरनुकारं न वेदयते प्रत्याययति।

## बालक्रीडा

(बुद्धिरुपलब्धिर्ज्ञानमित्यनर्थान्तरम् न्याय सूत्र. १।५) बिना नही हो सकता है। यदि अनुकरण का अर्थ करें कि जो पीछे किया जाय तो संसार मात्र अनुकरण रूप हो गया। इसके सिवाय अनुकरण किसी अनियत व्यक्ति का नही होता है किन्तु उत्तम प्रकृति वाले किसी प्रधान व्यक्ति के कार्य का अनुकरण होता है जैसे उसके शोक का अनुकरण कोई करता है तब विचार होता है चिन्ता होती है कि वह शोक का अनुकरण कैसे करेगा। अगर कहें कि शोक का अनुकरण शोक से करता है। तो ठीक नही है। क्योंकि शोक का शोक से अनुकरण नही हो सकता है। यदि कहें कि शोक का अनुकरण अश्रुपात वगैरह से करेंगे, वह तो जब अपने में ही अपनी वस्तुओं का भेद वैलक्षण्य होता है तब दूसरों की वस्तुओं में भेद होना स्वाभाविक ही है। वह कहा जा चुका है। शायद इतना हो सकता है कि उत्तम प्रकृति के शोक के जो अनुभाव हैं कार्य हैं उनका अनुकरण मैं करता हूँ। तो किस उत्तम पुरुष का जिस किसी का यह कह नही सकते हैं। क्योंकि जब तक किसी विशिष्ट नियत व्यक्ति का निर्देश नही करेंगे तबतक विशिष्टता के बिना वह कार्य बुद्धि में आरूढ नही होगा। यदि किसी विशिष्ट व्यक्ति का नाम लेगें कि जो ऐसे रोदन करता है तो नट भी एक विशिष्ट व्यक्ति है वह भी रो सकता है रोता है। इस प्रकार जब नट अपनी ही वस्तु का प्रदर्शन कर रहा है तब वहां अपने में एक में अनुकार्य एवं अनुकर्ता का भाव नही हो सकता है। तब कहना चाहिए कि अनुकार्यानुकर्तृभाव गलित हो गया।

## अभिनवभारती

तावन्मात्रेऽस्य प्रतीतिर्नत्वनुकारं वेदयते। कान्तवेषानुकारवद्धि न रामचेष्टितस्यानुकारः। एतच्च प्रथमाध्यायेऽपि दर्शितमस्माभिः। नापि वस्तुवृत्तानुसारेण तदनुकारत्वम्। अनुसंवेद्यमानस्य वस्तुवृत्तत्वानपपत्तेः। यच्च वस्तुवृत्तं तद्दर्शयिष्यामः। न च मुनिवचनमेवंविधमस्ति क्वचित् "स्थाय्यनुकरणं रसा" इति। नापि लिङ्गमत्रार्थे मुनेरुपलभ्यते। प्रत्युत ध्रुवागानतालवैचित्र्यलास्याङ्गोपजीवननिरूपणादि विपर्यये

## मधुसूदनी

रामस्य यथा कान्तो वेशः कान्ता भूषा तथा नटः परिधत्ते। एवं रामसम्बन्धिकान्तवेषपरिधानानुकारवत् रामचेष्टाया अनुकारो कर्त्तुं न शक्यः। एतच्च अनुकरणाशक्यत्वं च।

अनुसंवेद्यमानस्य वस्तुवृत्तानुसारेण संवेद्यमानस्य ज्ञायमानस्य इतिवृत्तस्य वस्तुतो वृत्तत्वस्यानुपपत्तेः। शकुन्तलादेर्यद् वृत्तं महाभारतादिषु वर्त्तते तत्तु न नाट्ये। तादृशं तु स्यात्। तच्च कीदृशं वृत्तमित्यत आह—यच्च वस्तुतो वृत्तं तत् दर्शयिष्यामः स्वावसरे निरूपयिष्यामः।

## बालक्रीडा

और भी बात है कि शिक्षा के बल से अभिनय करने के समय में अपनी ही नायिका रूप विभाव का स्मरण करके हृदय के संवाद से साधारणीभूत चित्त वृत्तियों से सम्पन्न नट केवल अपने अनुभावों का प्रदर्शन करता है और उपचित अर्थात् अभ्यास से परिपुष्ट तात्कालिकाभिनय के समुचित काकुप्रभृति स्वर से काव्य को पढ़ता हुआ रंग मंच पर चेष्टा करता है अभिनय करता है तो केवल इतनी चेष्टायें उसके अनुकार का बोध नहीं कराती हैं अर्थात् अनुकरण समझने की प्रेरणा नहीं देती है। राम के कान्त मनोहर वेष का अनुकार जैसे वह नट कर लेता है वैसे राम की चेष्टा का अनुकार नहीं कर सकता है। इस तथ्य को हम प्रथम अध्याय में भी दिखला चुके हैं। इसके सिवाय वस्तु वृत्त के अनुसार भी अर्थात् जैसा कथानक रामायण वगैरह में वर्णित है उसी वास्तविक कथानक का अनुकरण कवि एवं नट करते हैं इस तरह से भी राम की चेष्टा का अनुकार नहीं है। क्योंकि अनुगत संवाद का जो विषय है वह वास्तविक वृत्त उपपत्तियुक्त नहीं हो सकता है। यहाँ का भाव यह है कि संवाद वह पदार्थ है जहाँ अन्य वस्तु के साथ सादृश्य हो वह सादृश्य जैसे बिम्ब का सादृश्य प्रतिबिम्ब में होता है।

वह प्रतिबिम्बवत् संवाद तात्विक शरीर से शून्य है अतः युक्ति संगत वस्तुवृत्त कथानक नहीं है। प्रश्न—ऐसी स्थिति में तो सभी काव्यों श्रव्य दृश्य एवं पठ्य में वृत्त युक्तिसंगत नहीं होगा। क्योंकि सभी में संवाद है। उत्तर—जो वस्तु वृत्त है उसको आगे दिखायेंगे। अनुगत संवेदनीय या अनुगत संवादनीय कथानक एक ही है। स्थायी का अनुकरण रस होता है ऐसा कहीं पर कोई मुनिवाक्य भी तो नहीं है। और न कोई इस विषय में मुनि का दिया हुआ या किया हुआ लिंग हेतु ही मिलता है। प्रत्युत इसके विपरीत ध्रुवा,

## अभिनवभारती

लिङ्गमिति सन्ध्यङ्गाध्यायान्ते वितनिष्यामः। 'सप्तद्वीपानुकरणम्' (ना॰ शा॰ १-११७) इत्यादि त्वन्यथापि शक्यगमनिकमिति। तदनुकारेऽपि च क नामान्तरं कान्तवेषगत्यनुकरणादौ।

यथोच्यते वर्णकैर्हरितालादिभिः संयुज्यमान एव गौरित्यादि। तत्र यद्यभिव्यज्यमान इत्यर्थोऽभिप्रेतः। तदसत्। न हि सिन्दूरादिभिः पारमार्थिको गौरभिव्यज्यते प्रदीपादिभिरिव। किन्तु तत्सदृशः समूहविशेषो निर्वर्त्यते। अत एव हि सिन्दूरादयो गवावयवसन्निवेशसदृशेन सन्निवेशविशेषेणावस्थिता गोसदृगिति प्रतिभासस्य विषयः। नैवं विभावादिसमूहो रतिसदृश इति प्रतिपत्तिग्राह्यः। तस्माद्भावानुकरणं रसा इत्यसत्।

## मधुसूदनी

तत्र हरितालादिवर्णकानां संयोगे गौरभिव्यज्यमानो भवति इति अर्थो यदि अभिप्रेतः। तदभिप्रयणमसत्। अंगसमूहविशेषः।

## बालक्रीडा

गान एवं ताल का वैचित्र्य तथा लास्य के दश अंगों के उपजीवन का निरूपण स्थायी के अनुकरण को रस मानने के विपर्यय में विरोध में लिंग है प्रमाण है। इसको हम नाटकादि की संधियों के अंगों का निरूपण करनवाले अध्याय के अन्त में विस्तृतरूप से कहेंगे। अगर कहें कि सप्तद्वीपानुकरणम्'' इत्यादि मुनि का वाक्य मिलता है कि यह नाट्य सप्तद्वीप का अनुकरण स्वरूप है। तब उत्तर देते हैं इसकी गमनिका योजना संगति तो अनुव्यवसाय या अनुकीर्तन रूप अन्य प्रकार से भी हो सकती है। और यह भी बात है कि इस तरह नाट्य को सप्तद्वीप का अनुकरण मान लें तो फिर यह राम के कान्त वेष एवं भूषण का अनुकरण है यह राम की गति का अनुकरण है ऐसे-ऐसे भिन्न-भिन्न नामों को संकेतों को दिखाने का कहाँ अवसर है और यदि भिन्न-भिन्न दो पदार्थ हों तो एक का नाम अनुकरणीय दूसरे का नाम अनुकरण कर्ता हो सकता है। इसके अनुसार स्वतः अनुकरण पदार्थ मिल जाता किन्तु ऐसे नाम का अवसर नहीं है जब कि सम्पूर्ण वस्तुमात्र अनुकरण स्वरूप है।

यदि कथंचित् शुद्ध अनुकरण ही अर्थ मान लिया जाय तब भी राम का या राम की चित्तवृत्तियों का अनुकरण तो कथमपि संभव नहीं है।

जो तो हरिताल आदि वर्णों से संजोय दिया गया संयुक्त कर दिया हुआ ही गौ है इत्यादि कहते हैं। यहाँ पर यदि अभिव्यज्यमान यानी हरिताल वगैरह से गौ अभिव्यक्त होती है यह अर्थ अभिप्रेत हो तो वह असत् है। क्योंकि अन्धकार के कारण अनभिव्यक्त परमार्थिक गौ प्रदीपादि से जैसे अभिव्यक्त हो जाती है उस तरह सिन्दूरादि वर्णों से परमार्थिक गौ अभिव्यक्त नहीं होती है। किन्तु उन पदार्थों से उसके जैसे अवयवों का समूह विशेष निर्वर्तित हो जाता है बन जाता है अतएव सिन्दूर एवं हरिताल वगैरह ही गौ के अवयवों के सन्निवेश के जैसे सन्निवेश रचना विशेष में अवस्थित हुए गौ के जैसे मालूम पड़ते हैं।

## अभिनवभारती

येन त्वभ्यधायि—सुखदुःखजननशक्तियुक्ता विषयसामग्री बाह्यैव। साङ्ख्यदृशा सुखदुःखस्वभावो रसः। तस्यां च सामग्र्यां दलस्थानीया विभावाः। संस्कारकाः अनुभावव्यभिचारिणः। स्थायिनस्तु तत्सामग्रीजन्या आन्तराः सुखदुःखस्वभावा इति। तेन 'स्थायिभावान् रसत्वम्' इत्यादावुपचारमङ्गीकुर्वता ग्रन्थविरोधं स्वयमेव बुध्यमानेन दूषणाविष्करणमौर्ख्यात् प्रामाणिको जनः परिरक्षित इति किमस्योच्यते। यत्त्वत्यन्तं नः प्रतीतिवैषम्यप्रसङ्गादि, तत्कियदत्रोच्यताम्।

## मधुसूदनी

सांख्यदृशा सर्वे पदार्थाः सुख दुःख स्वभावा इति रसोऽपि तत्स्वभाव इति। तस्यां विषयसामग्र्याम्। दलपदेनात्र दालेति ख्यातं द्रव्यं ग्राह्यम्।

उपचारमिति। रसस्तु रसनेन्द्रियग्राह्यो गुणः। स्थायी रत्यादिश्चित्तवृत्तिविशेषः। तर्हि स्थायिभावान् रसत्वमुपनेष्याम इति कथनमौपचारिकमित्येवमुपचारं स्वीकुर्वतः। दूषणानामाविष्करणेन मूर्खता प्रतीता स्यात्। तस्य तादृशमौर्ख्यप्रत्यायकः कश्चिद् विद्वानेव स्यात्। यदा तेन स्वयमेव स्वकीयो दोषो बुद्धस्तदा अन्येन किमर्थं तस्य दोष आविष्करणीयः। इति प्रामाणिको जनः तादृशमौर्ख्यात् परिरक्षित इति भावः।

## बालक्रीडा

उस प्रकार विभावादि समूह रति के जैसा नहीं मालूम पड़ता है। इसलिए भावों का अनुकरण रस है यह कहना असत्। यहां का तत्त्व यह है कि जैसे गौ आदि भाव हैं पदार्थ हैं हरिताल आदि लाल पीले पदार्थ हैं उसी तरह विभाव आदि भी पदार्थ हैं भाव हैं रति आदि भी भाव हैं पदार्थ हैं। और जैसे हरिताल आदि भावों से गौ आदि भाव बन जाते हैं उसी तरह विभाव आदि भावों से रति आदि भाव बन जाते हैं अतः भावों का सदृशकरण ही रस है यह प्राप्त हुआ किन्तु यह आभासि भाव है वस्तु स्थिति नहीं है।

सांख्य की दृष्टि से जो किसी ने कहा कि रस सुख एवं दुःख स्वभाव वाला है। और सुख एवं दुःख की जननशक्ति से युक्त विषयसामग्री बाह्य ही है।

आधेय संस्कार भूत पदार्थ हैं दाल में हींग एवं जीरे का छौंक और उसके बाद संस्कृत दाल से अनुभूयमान आनन्द है। उस सामग्री में दाल के स्थान में पदार्थ विभावादि हैं। संस्कारक हैं अनुभाव एवं व्यभिचारी। स्थायी भाव विभावादि सामग्रीजन्य आन्तरिक सुख दुःख स्वभाव वाले हैं। इससे स्थायी भावों को रस बनायेंगे इत्यादि में उपचार लक्षणा का स्वीकार करने वाले ने स्वयं ग्रन्थ विरोध को समझकर जिसने दूषणों के आविष्करण की मूर्खता से प्रामाणिकजन की परिरक्षा करली या करदी है उस के विषय में क्या कहा जाय। जो तो हम लोगों की प्रतीतियों में अत्यन्त वैषम्य का प्रसंग उपस्थित होता है उसको यहां क्या कहें।

## अभिनवभारती

भट्टनायकस्त्वाह—रसो न प्रतीयते। नोत्पद्यते। नाभिव्यज्यते। स्वगतत्वेन हि प्रतीतौ करुणे दुःखित्वं स्यात्। न च सा प्रतीतिर्युक्ता। सीतादेरविभावत्वात् स्वकान्तास्मृत्यसंवेदनात्। देवतादौ साधारणीकरणायोग्यत्वात्। समुद्रलङ्घनादेर-

## मधुसूदनी

देवतादौ साधारणीकरणायोग्यतायां हेतुमाह—समुद्रेति। असाधारण्यात् साधारणभावोन्नयनस्यासंभवात्। तद्वतः समुद्रलंघनादिमतः। अनुपलब्धत्वात् स्मृतेः संस्कारजन्यत्वात्। संस्कारस्य अनुभवाधीनत्वात्। अनुभवस्य प्रागभावात् अनुपलब्धिरेवेति भावः। शब्दात् काव्यातिरिक्तशब्दात् स समुद्रं लंघयमासेति रूपात्, अथवा अनुमानात् आदिशब्दग्राह्यसम्भावनादिभ्यश्च। तत्प्रतीतौ

## बालक्रीडा

भट्टनायक तो कहते हैं कि रस न तो प्रतीत होता है अर्थात् न वह अनुमिति का विषय अनुमित होता है। न उत्पन्न होता है और न अभिव्यक्त होता है। यहाँ का रहस्य यह है कि आँख, कान, नाक, जिह्वा एवं त्वचा इन पाँचों इन्द्रियों के साथ विषय का सम्बन्ध नहीं होता है तब भी तो विषय की प्रतीति होती है जैसे वह्नि के साथ किसी इन्द्रिय का सम्बन्ध नहीं होता है तब भी उसकी प्रतीति होती है।

इस प्रतीति को यदि अनुमिति कहते हैं। तब सब व्यर्थ है। क्योंकि जैसे वह्नि की अनुमिति हो गई कि वह्नि है ऐसा जान गये किन्तु इस वह्नि से रोटी नहीं पका सकते हैं, न शीतबाधा से बचने के लिए ताप मिल सकता है। उसी तरह रति की अनुमिति करने पर भी अनुमाता को क्या लाभ हो सकता है। और यदि इस प्रतीति को अनुभव मानते हैं तब भी ठीक नहीं है, क्योंकि अनुभव तो व्यक्तिगत होता है। और अपना अनुभव मानने पर रस आनन्द रूप है यह सिद्धान्त ही कट जायगा। क्योंकि करुण में (दुःखित्व दुःखी का धर्म) दुःख होगा, बीभत्स में घृणा होगी, भयानक में भय होगा। अतः स्वानुभव रूपा प्रतीति को मानना युक्त नहीं है। क्योंकि स्वभावो दुरतिक्रमः। किसी पदार्थ के स्वधर्म को नहीं बदला जा सकता है। दुःखजनक पदार्थ से दुःख ही, भयजनक से भय ही मिलेगा। यदि रस उत्पन्न होता है जैसे आटा घी चीनी के मेल से बनी हुई मिठाई से मजा आता है उसी तरह शब्दों की योजना से बने हुए काव्य से या स्टेज पर खिलाड़ियों को जुटा कर किये गये खेल से आनन्द मिलता है तो वह भी ठीक नहीं। क्योंकि शब्द से उपस्थित या स्टेज पर जुटाये गये खिलाड़ी राम सीता के रूप में आये हुए व्यक्ति विभाव नहीं हो सकते हैं। अर्थात् प्रत्येक दर्शक सामाजिक के लिए आलम्बन एवं उद्दीपन विभाव नहीं बन सकते हैं। यदि कहें कि उस समय में सबको अपनी-अपनी कान्ता की स्मृति हो आती है। और आनन्द आने लगता है। तो यह भी ठीक नहीं क्योंकि स्मृति के लिए प्रथम अनुभव की आवश्यकता है किन्तु ऐसा संवेदन अनुभव पहले कभी हुआ नहीं है। और न ऐसा हो सकता है। यदि कहते हैं कि जैसे अध्यापक कक्षा में पढ़ाता है और कक्षा के सभी छात्रों के लिए समान रूप से वह अध्यापन सब के लिए कार्यकारी होता है या

## अभिनवभारती

साधारण्यात्। न च तद्वतो रामस्य स्मृतिः। अनुपलब्धत्वात्। न च शब्दानुमानादिभ्यः तत्प्रतीतौ लोकस्य सरसताऽपि युक्ता, प्रत्यक्षादिव नायकयुगलकावभासे हि प्रत्युत लज्जाजुगुप्सास्पृहादिस्वोचितचित्तवृत्त्यन्तरोदयव्यग्रतयाकाशरसत्वमथापि

## मधुसूदनी

समुद्रलंघनादिमतो रामस्य प्रतीतौ लोकस्य सरसता न युक्ता। प्रत्यक्षाद्वा साक्षाद्वा नायकयुगलकस्य दम्पत्योरवभासे प्रतीतौ लज्जारूपस्य व्यभिचारिणः स्वोचितस्य महापुरुषानुकूलस्य वृत्त्यन्तरस्य उदयव्यग्रतया भावध्वनिः। जुगुप्सारूपस्थायिभावस्य स्वोचितस्य संन्यासियोग्यस्य उदयव्यग्रतया बीभत्सरसः। स्पृहारूपस्य संचारिणः स्वोचितस्य कुत्सितपुरुषयोग्यस्य वृत्त्यन्तरस्य उदय व्यग्रतया भावः। इत्येवं निश्चयाभावादाकाशरसत्वं शून्यत्वमथापि स्यात्। तत्तस्मात्। शब्दानुमानसंभावनाप्रत्यक्षादिभ्यस्तादृशी रसस्य प्रतीतिर्नानुभवस्मृतिशाब्दरूपा युक्ता। प्रतीतिपक्षवत् उत्पत्तिपक्षेऽपि एतद् दूषणं तुल्यम्। शक्तिरूपत्वेनेति। मीमांसकमतानुसारं कार्यजननानु-

## बालक्रीड़ा

कोई भाषण देता है वह सबके लिए साधारण होता है। उसमें प्रति व्यक्ति के साथ उन शब्दों से उपस्थापित अर्थों का सम्बन्ध साधारण रूप से हो जाता है। इसका उत्तर देते हैं कि रति के प्रसंग में देवताओं के विषय में यह साधारणीकरण योग्य नहीं है। क्योंकि वहाँ मातृपितृभाव पूज्यभाव इसका बाधक हो जाता है। यदि कहें कि "जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन देखी तैसी" जिससे मल्लानामशनिर्नृणां नरवरः, स्त्रीणां स्मरो मूर्तिमान्। यह महाभागवत व्यास जी का कथन भी संगत होता है। अतः साधारणीकरण होने में क्या बाधा है। तब कहते हैं साधारण जनता के लिए समुद्र लंघनादि भाव साधारण नहीं हो सकते हैं। यदि कहें कि समुद्र लंघन करते हुए हनुमान् जी की या सीता के प्रेम में विभोर राम की या राम के प्रेम में विभोर सीता की स्मृति उस समय साधारण रूप से हो जायगी तब भी ठीक नहीं। क्योंकि इसका उत्तर पहले ही दे दिया गया है कि स्मृति के लिए प्रथम अनुभव उस वस्तु का होना चाहिए जिसकी स्मृति होती है प्रकृत में समुद्र लंघन करते हुए हनुमान् जी का या उस अवस्था वाले राम सीता का पहले कभी अनुभव नहीं हुआ है।

यदि कहें कि काव्यव्यतिरिक्त शब्द से या अनुमान से ऐसी प्रतीति हो जाती है तब भी ठीक नहीं है क्यों कि प्रत्यक्ष आखों से देखने पर जैसा आनन्द आता है वैसी सरसता जनता को शब्द या अनुमान से नहीं आती है। बल्कि इसके विपरीत कि नायक एवं नायिका का मिलन स्टेज पर हो रहा है ऐसा अवभास होने पर भले मनुष्य को लज्जा होगी, यति को जुगुप्सा होगी, कामुक को कामुकी की स्पृहा होगी। अर्थात् पात्रोचित चित्तवृत्तियाँ भिन्न-भिन्न पैदा होगी और उनमें व्यग्र होने पर सामाजिक को रस की प्रतीति आकाशरूप हो जायगी शून्य हो जायगी। अर्थात् गायब हो जायगी। इसलिए अनुभव या स्मृतिरूप रस की प्रतीति को मानना युक्त नहीं है। रस की उत्पत्ति मानने में भी ये दोष समान ही है। यदि रस की अभिव्यक्ति

अभिनवभारती

स्यात्। तत्र प्रतीतिरनुभवस्मृत्यादिरूपा रसस्य युक्ता। उत्पत्तावपि तुल्यमेवद्दूषणम्। शक्तिरूपत्वेन पूर्वं स्थितस्य पश्चादभिव्यक्तौ विषयार्जनतारतम्यापत्तिः। स्वगतत्व-परगतत्वादि च पूर्ववद्विकल्प्यम्।

तस्मात्काव्ये दोषाभावगुणालङ्कारमयत्वलक्षणेन, नाट्ये चतुर्विधाभिनयरूपेण निबिडनिजमोहसङ्कटकारिणा विभावादिसाधारणीकरणात्मनाऽभिधातो ऽद्वितीये-

मधुसूदनी

कृता शक्तिः कारणे वर्त्तते। अवस्तिलेभ्य एव तैलं न तु बालुकातः। सा च शक्तिः कार्योत्पादात् प्रागेवास्ति। एवं शक्तिवत् नटे तादृशचित्तवृत्तय प्रागेव स्थिताः। पश्चात्ताः स्वानुकूलोद्बोधककारणवशादभिव्यज्यन्ते। इति स्वीकारे विषयाणां कारणानामर्जने तारतम्यवत् रसाभिव्यक्तावपि तरतमभावस्यापत्तिः स्यात्।

स्वगतत्वेन सामाजिकगतत्वेन, परगतत्वेन अनुकार्यगतत्वेन अनुकर्तृगतत्वेन वा प्रतीतौ पूर्ववत् सामाजिकप्रतीत्यभिप्रायेण उत नटाभिप्रायेण किं वा वस्तुवृत्त-विवेचकव्याख्यातृबुद्धिसमवलम्बनेनेतिवद् विकल्प्यम् भेदनीयम्।

इदं कथं तत्कथं यथेदं तथा तत्कथं नेति रूपः। अनुकार्यसम्बन्धित्वेन कथमनुमीयतां तदानीं रामादीनामभावेन तद्रत्यादेरप्यभावात्। असतः सत्वेन अनुमानप्रमाणाविषयत्वात्। वस्तुतो रामगतया नटगतत्वेनानुमितयाऽपि रत्या सामाजिकेषुचमत्कारजननासंभवाच्च। कथं वा उत्पद्यतां विभावादीनामवास्तवत्वात्। पूर्वसिद्धस्यैव घटस्य प्रदीपादिना अभिव्यक्तेर्दृश्यमानत्वात् कथं वाभिव्यज्यतां रसः; न हि पूर्वसिद्धो रसः। वर्त्तमानकालिकचर्वणाप्राणत्वात्।

निबिडेति। निबिडो यो मोहः स एव संकटः दुःखं तत्कारिणा हिंसकेन। कृञ् हिंसायामित्यतः कारीति पदं निष्पन्नम्। अभिधातोऽद्वितीयेनेति। ननु भावकत्व

बालक्रीडा

या उत्पत्ति मानेंगे यानी आलंकारिक के मत में कवित्व के बीज रूप से, मीमांसक के मत में शक्ति रूप से, नैयायिक के मत में संस्कार रूप से, सांख्य दृष्टि में वासना रूप से, वेदान्तियों के मत में प्रतिभा रूप से सूक्ष्मावस्था में जो पदार्थ पहले से ही अन्तःकरण में स्थित सिद्ध रहता है और जो पीछे किसी कारण से उद्बोधन मिलने पर अभिव्यक्त हो जाता है ऐसा मानेंगे तो विषय माने रस के अभिव्यंजक पदार्थों के अर्जन में तरतम भाव की कमी बेशी की आपत्ति लग जायगी। अर्थात् कितने की अभिव्यक्ति हुई और कितने की नहीं ऐसा झगड़ा लग जायगा। जिससे वेदान्त प्रसिद्ध ब्रह्मतत्त्व की तरह रस अखण्ड एवं स्वप्रकाश है यह सिद्धान्त गड़बड़ा जायगा और फिर वह अभिव्यक्ति भी स्वगत होगी या परगत होगी इत्यादि विकल्प भी उठ खड़े हो जायगे।

काव्य में रस दोषाभाव, गुण एवं अलंकारमयत्व लक्षण, नाट्य में चतुर्विध अभिनय स्वरूप तथा अभिधा के समान दिखावाला, अद्वितीय वाक्यान्तर में नहीं होने से अपूर्व।

## मधुसूदनी

व्यापारः काव्ये दोषाभावगुणालंकारमयत्वलक्षणः नाट्ये चतुर्विधाभिनयरूपः। तत्र काव्यशब्दात् दोषो वाच्यो न तु दोषाभावः। अपेक्षितो दोषाभावस्तु दोषरहितं काव्यं निर्माणीयं दोषो न ग्राह्य इति सिद्धान्तानुरोधेन स्वतः स्वीकार्यः। एवमेव गुणा अपि। तेऽपि न शब्दवाच्याः। "वर्णाः समासो रचना तेषां व्यञ्जकतामिताः" इत्युक्तेः। अभिनयोऽपि चतुर्विधो न शब्दवाच्यः। वागेव न वाचिकः अपि तु वाचा निर्वृत्तः स इत्यभिनवाचार्योक्तेः वाचिकोऽपि अभिनय एव न शब्दरूपः। तथा च एषां शब्दवाच्यत्वाभावात् शब्दरूपवाचकनिष्ठोऽभिधाव्यापारोऽनावश्यक इति तस्यानस्तित्वं तर्हि प्रथमत्वमेव कथं दुर्लभमित्यर्थः। ततश्च उक्तस्वरूपस्य भावकत्वव्यापारस्य अभिधातो द्वितीयत्वं नायातं तर्हि कथं तथोक्तिः समीचीनेति चेच्छृणु। अत्र "तेनैक दिक्" इत्यधिकारस्थेन "तसिश्च" इति सूत्रेण अभिधया एकदिक् समानः पन्था इति विग्रहे तसि प्रत्यये अभिधात इति रूपं निष्पन्नम्। तच्च तसेश्च स्वरादिपाठदव्ययतया अव्ययपदम्। अभिधातोऽद्वितीयेनेत्यत्र अकारप्रश्लेषः।

एवं हि अद्वितीयेन शास्त्रान्तरेषु तदभावात् अपूर्वेण अभिधातः अभिधासमानपर्यिकेन अभिधैकदिशा भावकत्वव्यापारेण। अभिधैकदिक्त्वं च समानव्याप्तिकर्तृत्वम्। अभिधा यथा शब्दादर्थोपस्थापने व्याप्नोति तथायं व्यापारोऽपि अभिनेयानभिनेयार्थानामर्थानां साधारणीकरणे व्याप्नोति। इति सर्वं समञ्जसम्। अंशः काव्यस्यैकदेशः। न तु भागः। तथात्वे तु एकत्वादिकमपेक्षितं स्यात् "अंशो विभाजने प्रोक्त एकदेशेऽपि वस्तुनः" इति हेमचन्द्रः।

## बालक्रीड़ा

सामाजिकों के निविड गहरे निज अपने मोह—(प्रश्न) वह कैसे हुआ, जैसे यह है वैसे वह कैसे नहीं है। अनुकार्य की रति का अनुमान क्यों नहीं कर लेते। (उत्तर)—अभिनय के समय में रामादि के नहीं होने से राम की रति का अनुमान कैसे हो सकता है। असत् सत् के रूप में अनुमान का विषय नहीं होता है। इसके सिवाय वस्तुतः राम गत रति का नट में अनुमान कर भी लेवें तो सामाजिक को अपने में रति के नहीं रहने से कैसे आनन्द का अनुभव होगा। अर्थात् असंभव है। नट में रति की उत्पत्ति हो जाती है मान लें तब भी ठीक नहीं है क्योंकि रति के कारण विभावादि सब कल्पित हैं। अथवा सामाजिक में रस की अभिव्यक्ति होती है कहें तब भी ठीक नहीं है क्योंकि प्रदीपादि से जैसे पूर्वसिद्ध घट की अभिव्यक्ति देखी गई है वैसे रस पूर्वसिद्ध नहीं है वह तो वर्तमान कालिक चर्वणा का विषय होता है—इत्यादि प्रश्नोत्तररूपी संकट का कारी विक्षेपक या हिंसक [ कृ विक्षेपे या कृञ् हिंसायाम् या कृञ् हिंसायाम् से ताच्छील्य (कर्तृ विक्षेप्तुं शीलमस्य) अर्थ में णिनि प्रत्यय में कारी बनता है ] विभावादिसाधारणीकरणरूप भावकत्व व्यापार से भाव्यमान हुआ रस माने स्थायी भोग से केवल भोगा जाता है। यह भोग अनुभव एवं स्मृति आदि से विलक्षण है। रज एवं तम के अनुवेध से द्रवने से होनेवाले वैचित्र्य के बल से द्रुत विस्तृत

## अभिनवभारती

नांशेन भावकत्वव्यापारेण भाव्यमानो रसोऽनुभवस्मृत्यादिविलक्षणेन रजस्तमोऽनुवेधवैचित्र्यबलाद् द्रुतिविस्तारविकासलक्षणेन सत्त्वोद्रेकप्रकाशानन्दमयनिजसंविद्विश्रान्तिलक्षणेन परब्रह्मास्वादसविधेन भोगेन परं भुज्यत इति।

तत्र पूर्वपक्षोऽयं भट्टलोल्लटपक्षानभ्युपगमादेव नाभ्युपगत इति तद्दूषणमनुत्थानोपहतमेव। प्रतीत्यादिव्यतिरिक्तश्च संसारे को भोग इति न विद्मः। रसनेति

## मधुसूदनी

य रस्यते आस्वाद्यते इति रसः स्थायीत्यर्थः। भोगेन परं भुज्यते। कीदृशो भोग इत्याह—अनुभवादिविलक्षणः सामान्यानुभवादिस्वरूपो न। रजस्तमसोऽनुवेधेन तिरस्कारेण यद् वैचित्र्यं तद्बलात्। द्रुतिश्चेतसो विगलनम्। विस्तारो दीप्तिः। विकाशः स्वच्छता। सत्वस्य उद्रेको रजस्तमसी अभिभूयाविर्भावः। तस्मात् प्रकाशते य आनन्दस्तन्मयी निजा आत्मरूपा सकलविघ्ननिर्मुक्ता संविन् तदेव विश्रान्तिः। संवित्तिरेव विश्रान्तिरिति अग्रे द्वित्रिपृष्ठादन्तरं स्वयमाचार्याभिनवगुप्तपादैर्वक्ष्यते; तथाहि-लोके सकलविघ्नविनिर्मुक्ता संवित्तिरेव चमत्कारनिर्वेशरसनास्वादनभोगसमापत्तिलयविश्रान्त्यादिशब्दैरभिधीयते। इति। परब्रह्मण आस्वादः साक्षात्कारः। तत्समाना विधा विभावादिभिः स्थायिना च सम्वलनात् तत्सदृशः प्रकारो यस्य तेन भोगेन।

पूर्वपक्षोऽयमिति। अयं भट्टनायकस्य विशेषरूपेण आख्यानरूपो विचारः पूर्वपक्षः न तु सिद्धान्तः। तद्दूषणं विचारेऽस्मिन् दुष्टत्वं पक्षस्यानुत्थानेन स्थित्यभावेन उपहतमेव। उपायवैलक्षण्यात् लोके शास्त्रे च उपेयस्य स्वमतसिद्धस्य पदार्थस्य प्रतिपत्त्यर्थं ये उपायाः प्रदर्शितास्तेभ्यो विलक्षणा उपायाः उपेयस्य रसस्य

## बालक्रीडा

एवं विकसित सत्व के उद्रेक से प्रकाशित होने वाली आनन्दमयी संवित् से अभिन्न विश्रान्ति स्वरूप और परब्रह्म के आस्वाद साक्षात्कार के सविध समानविधावाली अर्थात् परब्रह्मास्वाद रूपा नहीं है किन्तु विभाव अनुभाव व्यभिचारी भाव एवं स्थायीभाव के संवलन से उसके जैसे प्रकार वाली है।

संवित् ही विश्रान्ति है इस बात को आगे दो तीन पृष्ठ के बाद स्वयं आचार्य अभिनव गुप्त कहेंगे कि—लोक में सकल विघ्नों से विनिर्मुक्त संवित्ति को ही चमत्कार निर्वेश रसन आस्वादन भोग समापत्ति प्रतिपत्ति लय एवं विश्रान्ति शब्दों से कहते हैं।

इस पर अभिनव गुप्त कहते हैं कि यह पूर्वपक्ष है सिद्धान्त नहीं है। जो भट्टलोल्लट के पक्ष के अनभ्युपगम से अस्वीकार कर देने से अनभ्युपगत अस्वीकृत हो चुका है अतः इस पक्ष के अनुत्थान से ही इसके सभी दूषण उपहत हो गये। प्रश्न होता है कि प्रतीति आदि से व्यतिरिक्त भोग नाम का संसार में कौन पदार्थ है हम नहीं जानते हैं। अगर कहें कि रसना है तब तो वह प्रतिपत्ति ही है अलग नहीं हुई। केवल उपायों के वैलक्षण्य से

## अभिनवभारती

चेत्। सापि प्रतिपत्तिरेव। केवलमुपायवैलक्षण्यान्नामान्तरं प्रतिपद्यतां दर्शनानुमितिश्रुत्युपमितिप्रतिभानादिनामान्तरवत्। निष्पादनाभिव्यक्तिद्वयानभ्युपगमे च नित्यो वा(सद्वा) असद्वा रस इति न तृतीया गतिः स्यात्। न चाप्रतीतं वस्त्वस्ति व्यवहारे योग्यम्।

अथोच्यते—तस्य प्रतीतिरिति भोगीकरणम्। तच्च रसनाख्यं द्रुत्यादिस्वरूपम्। तदस्तु। तथाहि न तावन्मात्रम्। यावन्तो हि रसास्तावन्त एव रसनात्मानः प्रतीतयो भोगीकरणस्वभावाः। सत्त्वादिगुणानां चाङ्गाङ्गिवैचित्र्यमनन्तं कल्प्यमिति कर्तृत्वे, नेयत्ता।

## मधुसूदनी

प्रतिपत्त्यर्थं स्वीकृता इति हेतोः। निष्पादनस्य उत्पत्तेः अनभ्युपगमे नित्यः सन् रसः। अभिव्यक्तेरनभ्युपगमे असन् रसः। तृतीया सदसद्भ्यां भिन्ना अनिर्वचनीया गति ईदृशा अस्यां प्रतीतौ नास्ति। अयं भावः। तादृशी अनिर्वचनीया मिथ्याभूता माया एव। ब्रह्म तु निर्वचनीयं सत्यज्ञानानन्दनामभिर्निर्देष्टुं शक्यत्वात्। अनिर्वचनीयं निर्देष्टुमशक्यमेवेति तदेतदुच्यते—न चाप्रतीतं वस्तु व्यवहारे योग्यम्। शास्त्रे तु विक्षेपावरणशक्त्यात्मिका माया मिथ्याऽपि स्वीकृता।

अथेति पक्षान्तरम्। तस्य स्थायिनः प्रतीतिर्भोगीकरणमित्युच्यते। तच्च भोगीकरणञ्च। रसनाख्यं द्रुत्यादिस्वरूपम्। अस्तु। तदेव भवतु। परं न पर्याप्तम्, हि यतः यावन्तो रसा इति। अंगांगिभावस्य वैचित्र्यमयं भोगीकरणमनन्तं कल्पनीयं स्यात् तर्हि कर्तृत्वे भोगकर्तृनिष्ठायां कृतौ व्यापारे इयत्ता न स्यात्।

## बालक्रीडा

दर्शन, अनुमिति, श्रुति, उपमिति तथा प्रतिभान आदि अन्य नामों की तरह भोग भी एक नाम है। इसके सिवाय निष्पत्ति एवं अभिव्यक्ति इन दोनों पक्षों के अनभ्युगम करने पर रस नित्य होगा इसके सिवाय तीसरी गति तो इसमें नहीं होगी। अर्थात् यदि रस की निष्पत्ति मानेंगे तो रस नित्य नहीं होगा जन्य होगा और यदि अभिव्यक्ति मानेंगे तो वह दूध से दही की, प्रकाश से घटादि वस्तु की एवं धूमादि से वह्नि वगैरह की तरह सत् होगी अथवा अर्कालोक से इन्द्रधनुष की तरह असत् होगी। इसके सिवाय यह भी बात है कि सत् एवं असत् से विलक्षण अनिर्वचनीय माया की तरह मिथ्या अर्थात् कुछ भी वस्तु नहीं होगी। अतः अप्रतीत होगी क्यों कि जो वस्तु निष्पत्ति एवं अभिव्यक्ति से बाहर होगी वह वस्तु अप्रतीत ही होगी किन्तु अप्रतीत वस्तु व्यवहार के योग्य नहीं है।

अगर कहें कि यहाँ भोगी करण का अर्थ है उसकी प्रतीति। अर्थात् किसी पदार्थ की प्रतीति ही उसका भोगीकरण है। वह रसना नामधारी द्रुत्यादिस्वरूप है। उस पर कहते हैं अच्छा यही सही। तथापि उतना ही पर्याप्त नहीं है। किन्तु जितने रस होंगे उतनी ही भोगीकरण स्वभाव वाली रसना नाम धारिणी प्रतीतियाँ होंगी और सत्त्वादि गुणों में भी

## अभिनवभारती

"अभिधा भावना चान्या तद्भोगीकृतिरेव च ।
अभिधाधामतां यातः शब्दार्थालङ्कृती, ततः ॥
भावनाभाव्य एषोऽपि शृङ्गारादिगणोऽभवत् ।
तद्भोगीकृतिरूपेण व्याप्यते सिद्धिमान्नरः ॥" ) इति ।

यत् "काव्येन भाव्यन्ते रसाः" इत्युच्यते तत्र विभावादिजनितचर्वणात्मकास्वादरूपप्रत्ययगोचरतापादनमेव यदि भावनं तदभ्युपगम्यत एव ।

यत्तूक्तम्—

"संवेदनाख्यया व्यङ्ग्यः परसंवित्तिगोचरः ।
आस्वादनात्माऽनुभवो रसः काव्यार्थ उच्यते ॥" इति ।

## मधुसूदनी

अभिधेति । भावनेति । भावनया भावकत्वव्यापारेण भाव्यः साधारणीकरणीयः । ननु को भाव्य इत्याह-गणः । शृंगारादिरसः, तदुपकरणभूतो विभावादिः स्थायी प्रमाता च । एषां समूहः । सिद्धिः काव्यभावनया परिपक्वा बुद्धिः । तद्वान् नरो भावुकः भोगीकृतिरूपेण भोगकर्तृत्वरूपेण व्यापारेण व्याप्यते व्याप्तः क्रियते अर्थात् तस्य व्यापारस्य आश्रयो भवति ।

चर्वणात्मको ज्ञानात्मक आस्वादः । चर्व गतौ इत्यस्माद् भावे ल्युप्रत्यये स्त्रियां टापि चर्वणा ज्ञानम् । गत्यर्थानां ज्ञानार्थकत्वमिति सिद्धान्तात् ।

## बालक्रीडा

अंगांगी के सम्बन्ध से अनन्त वैचित्र्य की कल्पना करनी पड़ेगी । उसके अनुसार भोगीकरण भी अनन्त मानने पड़ेंगे तब कर्तृत्व कर्ता में रहने वाले धर्म कृति यानी प्रयत्न में इयत्ता पर्याप्ति नहीं होगी ।

अभिधा व्यापार है प्रयत्न है । भावना भावकत्व प्रयत्न है और अन्य प्रयत्न तद्भोगीकृति है । उनमें शब्द के अलंकार और अर्थ के अलंकार अभिधा के धाम विषय होते हैं । यह शृंगार आदि रस तथा रसों के उपकारक विभावादि एवं रति तथा प्रमाता रूप गण समूह भावना यानी भावकत्व व्यापार से भाव्य साधारणीय होता है । इसके बाद सहृदय सिद्धिमान् सामाजिक भोगीकृति अर्थात् भोग से व्याप्त किया जाता है आश्रय बनाया जाता है । इसी को ध्वन्यालोक के लोचन में इन्हीं आचार्य अभिनव गुप्त ने लिखा है कि (अभिधायकत्वं वाच्यविषयं, भावकत्वं रसविषयं, भोगकृत्वं सहृदयविषयमिति त्रयोंऽशभूता व्यापाराः) वाच्य के विषय में अभिधायकत्व, रसों के विषय में भावकत्व एवं सहृदयों के विषय में भोगकृत्व है इस तरह तीन अंश भूत व्यापार हैं ।

जो "काव्य से रसों की भावना की जाती है" ऐसा कहते हैं वह भी यदि विभावादि से जन्य चर्वणात्मक आस्वादरूप प्रत्यय की गोचरता का आपादन ही भावना है तो उसको हम स्वीकार करते ही हैं ।

## मधुसूदनी

संवेदनेति। अत्र त्रिविधः पाठः समुपलभ्यते। नाट्यशास्त्रस्य बडोदातो मुद्रापिते गायकवाड ओरियण्टल सीरिजीयस्य प्रथम संस्करणे प्रथमः पाठः "संवेद्नाख्यव्यंग्यस्वपरसंवित्तिगोचरः" इति। अस्यैव द्वितीयसंस्करणे वर्त्तमानकाले द्वितीयः पाठः। "संवेद्नाख्यया व्यंग्यपरसंवित्तिगोचरः" इति। "भावसंयोजना व्यंग्यपरसंवित्तिगोचरः" इति व्यक्तिविवेके तृतीयः पाठः। त्रयाणां पाठानां मूलं किमिति त एव जानन्तु।

तत्र मया व्यक्तिविवेकस्य टीकायां स्वनिर्मितायां मधुसूदन्यां। 'संवेद्नाख्यव्यंग्यस्वपरसंवित्तिगोचरः" इत्येतादृशः पाठः श्रीशंकुकस्य हृदयदर्पणे वर्त्तते इति नाट्यशास्त्रीयटीकायामभिनवगुप्तोक्तेः प्रतीयते इत्येवं श्रीशंकुकस्य हृदय दर्पणे इत्यादि यल्लिखितं तदनवधानवशात्, अतः प्रार्थये खलान्, क्षमध्वम्। सौम्यास्तु क्षमिष्यन्ति एव इति विश्वासः। गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः। हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः। इत्युक्तेः। ज्ञात्वा मया नहि लिखितं यतो हि ग्रन्थान्ते "व्यक्तिविवेकस्य प्रमापकाः" इति शीर्षकाधो मयैव ग्रन्थानां नामसु "हृदय दर्पणः" इति तदग्रे तद्ग्रन्थकर्तृ नामसु "भट्टनायकः" व्यलेखि। द्रष्टव्यम्।

संवेदनाख्यया व्यंजनया व्यंग्यः। परस्या लौकिकीप्रमायाः, युञ्जानयोगिविज्ञानात् युक्तयोगिसंवेदनाच्च भिन्नाया संवित्तेः निर्विकल्पाभिन्नसविकल्पकज्ञानस्य नृसिंहाकारस्य गोचरो विषयः। आस्वादनस्वरूपोऽनुभवो यत्र प्रमाणं स रसः काव्यार्थ इत्युच्यते।

## बालक्रीडा

जो तो कहा कि संवेदना नाम वाले ज्ञान से व्यक्त होने वाला व्यंग्य जो परा विलक्षणा संवित्ति ज्ञान का गोचर विषय बनता है तथा आस्वादनात्मा चर्वणास्वरूप अनुभव जिसमें होता है अर्थात् जो आस्वादन रूप अनुभव का विषय है वह काव्यप्रतिपादित अर्थ रस कहलाता है।

यहाँ जो संवेदना संवित्ति आस्वादनात्मा और अनुभव कहे हैं वे सब समानार्थक हैं। यह श्लोक व्यक्तिविवेक के प्रथम विमर्श में भी उद्धृत है। वहाँ का पाठ कुछ भिन्न है। "भावसंयोजनाव्यंग्य पर" ऐसा है। और अभिनवभारती के प्रथम संस्करण में मुद्रित पाठ था 'संवेदनाख्यव्यंग्यस्वपर" और अब द्वितीय संस्करण में "संवेदनाख्यया व्यंग्य पर" यह तृतीय पाठ है। इस पाठ भेद का मूल अपनी २ संवित् ही है। व्यक्ति विवेक की मधुसूदनी में हमने (आस्वादनात्मना चर्वणास्वरूपेण अनुभवो यस्य) इस तरह आस्वादनात्मा चर्वणास्वरूप से अनुभव जिस रस का ऐसा अर्थ किया और यहां नाट्यशास्त्र की बालक्रीडा में आस्वादनात्मा चर्वणास्वरूप अनुभव है जिस रस में। दोनों कहने के तरीके हैं बात एक ही है कि रस को अनुभव (ज्ञान) का विषय कहा है। मैंने व्यक्तिविवेक की स्वनिर्मित टीका मधुसूदनी में "संवेदनाख्यव्यंग्यस्वपर" ऐसा पाठ श्रीशंकुक के हृदय दर्पण में है ऐसा नाट्यशास्त्र की टीका में अभिनवगुप्त के कथन से प्रतीत होता है। उसमें श्रीशंकुक के हृदयदर्पण में है इत्यादि जो लिख दिया है उसको मेरी असावधानी से लिखा गया समझें। जान

### अभिनवभारती

तत्र व्यज्यमानतया व्यङ्ग्यो लक्ष्यते। अनुभवेन च तद्विषय इति मन्तव्यम्।

नन्वेवं कथं रसतत्त्वमास्ताम्। किं कुर्मः।

आम्नायसिद्धे किमपूर्वमेत-

त्संविद्विकासेऽधिगतागमित्वम्।

### मधुसूदनी

तत्र व्यज्यमानतया व्यज्यमानार्थनिष्ठया व्यंजनया व्यंग्यो लक्ष्यते प्रतीयते। तद्विषयः अनुभवविषयः।

ननु एवंविधैः भट्टलोल्लटश्रीशंकुकभट्टनायकानां व्याख्यानैः रसतत्त्वं कथमास्ताम् उपविशतु स्थिरीभवतु इत्यर्थः। अत्र आस्तामिति आस उपवेशने इत्यस्मात् संभावनायां लोट्। उत्तरति—किं कुर्मः।

एतत् पृथक् पृथक् व्याख्यानमपूर्वं नवीनं किम्। नास्ति नवीनमिति भावः। यतः आम्नायः सर्वेषु श्रेष्ठं प्रमाणं वेदस्तेन सिद्धे। संविदा परप्रकाशानपेक्षस्वप्रकाशरूपज्ञानेन विकासे विकाशं प्राप्ते। अर्थे आद्यचिरूपम्। पदार्थे लोकस्य

### बालक्रीड़ा

कारी में नहीं। क्योंकि ग्रन्थ के अन्त में मैंने व्यक्तिविवेक में प्रमाण रूप से ग्रन्थ एवं ग्रन्थकर्त्ताओं के नामों की श्रेणी में हृदयदर्पण एवं भट्टनायक का उपन्यास निर्देश किया है। यदि जानबूझकर लिखा होता तो "व्यक्तिविवेके प्रमापकाः" इस शीर्षक के नीचे भी श्रीशंकुक का नाम ही लिखता भटनायक का नाम नहीं। असावधानी से गलति से हो जाती है। अतः अतः प्रार्थना है कि खल लोग क्षमा करें। सज्जन विद्वान् तो क्षमा करते ही हैं और क्षमा करेंगे भी। ऐसा विश्वास है।

उसमें व्यंग्य व्यज्यमानता अर्थात् व्यज्यमान निष्ठा व्यंजना से लक्ष्य प्रतीय है। अर्थात् लक्षित प्रतीत होता है। अनुभव शब्द से यह मानना चाहिए कि अनुभव का विषय रस है।

प्रश्न—ऐसी इस प्रकार की व्याख्या में रस तत्व कैसे स्थिर होगा। क्योंकि अनुसन्धान गवेषणा से अनुकर्त्ता में रस मालूम पड़ता है वस्तुतः अनुकर्त्ता में नहीं है वस्तुतः तो वह रस अनुकार्य में है। भट्टलोल्लट। अनुकर्त्ता नट में जो रति की अनुमिति होती है वह अनुमीयमान रति ही रस है। श्रीशंकुक।

रस न अनुकार्य में है न अनुकर्त्ता नट में है और न अपने में है। किन्तु उसका भोगीकरण से भोग होता है। वह अपने में होता है या दूसरे में होता है यह नहीं कहा जा सकता है। उसको सीमा में नहीं बाँध सकते हैं किन्तु भोग उसका होता है। भट्टनायक। इस पर कहते हैं कि इस तरह की व्याख्या से रसतत्व सहृदयों के हृदय में कैसे बैठेगा। यहां आस् उपवेशने से आस्ताम् बना है। उपवेशन का अर्थ है बैठना। उत्तर। क्या करें।

यह क्या ? कोई अपूर्व वृत्त है अर्थात् नई कथा नहीं है। जब कि आम्नाय सभी प्रमाणों में श्रेष्ठ प्रमाण वेद से जो सिद्ध है और जिसका संविद् से यानी पर प्रकाशानपेक्ष

## अभिनवभारती

इत्थं स्वयंग्राह्यमहार्हहेतु-
द्वन्द्वेन किं दूषयिता न लोकः ॥
ऊर्ध्वोर्ध्वमारुह्य यदर्थतत्त्वं
धीः पश्यति श्रान्तिमवेदयन्ती ।
फलं तदाद्यैः परिकल्पितानां
विवेकसोपानपरम्पराणाम् ॥

## मधुसूदनी

अधिगतागमित्वम् अधिगतेस्य ज्ञातेस्म अर्थे अगमित्व मज्ञानित्वम् । अगन्तुमज्ञातुं शीलमस्येति अगमी अज्ञानस्वभावः । तस्य भावस्तत्त्वम् । अर्थो ज्ञातः तथापि अगमित्वं न जानीमो वयमिति स्वभावः । इत्यममुना प्रकारेण स्वयंग्राह्यं स्वतः प्रकाश्यं वस्तु ज्ञानम् । महार्हो महायोग्यो वेदः हेतुः प्रमाणमत्रेति क्रिया । तयोः ज्ञानक्रिययोः अथवा स्वेतः प्रमाणं परप्रमाणमित्यनयो र्द्वयोर्द्वन्द्वः परस्परविरोधः । तेन तद्द्वारा इत्यर्थः । किमेष लोको नते ज्ञानक्रिये दूषयति । दूषयत्येवेत्यर्थः ।

ऊर्ध्वेति । ऊर्ध्वमूर्ध्वमारुह्याऽपि उत्तरोत्तरभूमिकायां गच्छन्ती अपि श्रान्ति वेदनामवेदयन्ती अजानती धीर्मेधा । धीर्धारणावती मेधा इति कोषः । यद् यदिति क्रियाविशेषणम् । अर्थ स्य तत्त्वं वा अर्थरूपं तत्त्वं वा पश्यति स्वविषयं करोति । तद् दर्शनम् । आद्यैः या चीनैराचार्यैः परिकल्पितानां कल्पनया आविष्कृतानाम् । विवेकरूपस्य सोपानस्य निः श्रेण्याः परम्परणां फलम् साध्यम् । केचिद् द्वैतिन (ब्रह्म अथो जगद्मिथ्येति वादिनः) एके शांकर वेदान्तिनः अद्वैतिनः (एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म) इविवादिनः । अपरे रामानुजीयाः विशिष्टाद्वैतिनः । परे माध्वाः शुद्धाद्वैतिनः । वल्लभाः द्वैताद्वैतिनः । इत्येवं भिन्नाः ।

## बालक्रीडा

स्वप्रकाशत्व ज्ञान से विकास है संवाद है उसके विषय में भी लोक का अधिगतागमित्व है जानकर भी अनजानापन है । इस प्रकार स्वयंग्राह्य स्वतः प्रकाश्य वस्तु ज्ञान एवं महार्ह सर्वश्रेष्ठ वेद हेतु है जिसमें ऐसी आम्नायसिद्ध वस्तु क्रिया । इन दोनों ज्ञान एवं क्रिया में जो द्वन्द है परस्पर विरोध है तब उसके द्वारा क्या यह लोक उनको दूषित नही कर देता है ।

उत्तरोत्तर ऊपर चढ़कर भी अर्थात् ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या । ब्रह्म सत्य है जगत् मिथ्या है इस तरह एक सत्य दूसरा मिथ्या इस रूप से द्वैत है । वेदान्ती कहता है कि एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म) ब्रह्म एक ही है दूसरा कोई नही है । इस तरह अद्वैत है । रामानुजीय कहते है कि विशिष्टाद्वैत है । माध्व कहते है कि शुद्धाद्वैत है । वल्लभ कहते है कि द्वैताद्वैत है । इस प्रकार के भिन्न २ मार्गों में जा कर भी श्रान्ति थकावट को नही समझती हुई परवाह नही करती हुई बुद्धि अर्थ तत्त्व को देखती है वह आद्य प्राचीन आचार्यों के द्वारा परिकल्पित विवेकरूपी सोपान की परम्पराओं का फल है ।

## अभिनवभारती

चित्रं निरालम्बनमेव मन्ये
प्रमेयसिद्धौ प्रथमावतारम् ।
सन्मार्गलाभे सति सेतुबन्ध-
पुरप्रतिष्ठादि न विस्मयाय ॥
तस्मात्सतामत्र न दूषितानि
मतानि तान्येव तु शोधितानि ।
पूर्वप्रतिष्ठापितयोजनासु
मूलप्रतिष्ठाफलमामनन्ति ॥

## मधुसूदनी

चित्रमिति । चित्रमाश्चर्यं, प्रमेयस्य वस्तुनः सिद्धौ प्रथमावतारं सर्वप्रथमं सोपानं निरालम्बकमेव मन्ये । मूले मूलाभावादमूलं मूलम् । आश्चर्यम् अग्रिमस्य अग्रिमस्य आधारः प्रथमः प्रथमः । किन्तु सर्वप्रथमस्य क आधारः; नास्ति तस्याधारः । तं तु निरालम्बनमेव मन्ये । मूलतत्त्वस्य मूलाभावेऽपि क्वचिद् विश्रामः करणीयः । इति कृत्वा पुनरपि सन्मार्गस्य लाभे सति सेतोः पुलस्य बन्धः निर्माणम् , पुरादेः प्रतिष्ठादि न विस्मयाय नाश्चर्यजनकम् ।

तस्मादिति । तस्मात् विस्मयाभावाद्धेतोः अत्र ग्रन्थे सतां मतानि न दूषितानि किन्तु तानि शोधितानि । यतः पूर्वैः प्रतिष्ठापितासु योजनासु ऊहापोहादिभिर्दूषणं मूलस्य प्रतिष्ठैव फलं लाभमामनन्ति कथयन्ति ।

## बालक्रीड़ा

यद्यपि विवेक रूपी सीढ़ियों का क्रम होने से ऊपर चढ़ने में सुविधा है किन्तु श्रम अवश्य मालूम पड़ता है । तदपि प्रमेय की सिद्धि करने में अर्थ तत्त्व को समझने में जो प्रथम अवतार है आधार है सीढ़ी है वह तो आलम्बन रहित है । मूले मूलाभावादमूलं मूलम् । अहो आश्चर्य है कि आगे आगे वाले आधार के लिए तो पहिले २ वाला आधार है किन्तु सर्व प्रथम जो आधार है उसका तो आलम्बन कोई नहीं है क्योंकि मूलतत्त्व का कोई मूल नहीं होता है के अनुसार मूलतत्त्व में मूल का अभाव है । अतः (क्वचित् विश्रामो वाच्यः) कहीं पर विश्राम कहना चाहिए से फिर भी सन्मार्ग के लाभ हो जाने पर कृत्य के लिए समीचीन पद्धति के मिल जाने पर पुल का निर्माण एवं नगरों की स्थापना करने में कोई आश्चर्य नहीं है ।

इसलिए यहां पर प्राचीनों के मतों को दूषित नहीं किया है अपि तु शुद्ध किया है । क्योंकि प्राचीन आचार्यों के द्वारा स्थापित किये गये सिद्धान्तों पर नई योजनाओं अर्थात् शंका एवं समाधानों के कर देने पर मूल की प्रतिष्ठा कर देने रूप फल को कहते हैं ।

### अभिनवभारती

तर्हि उच्यतां परिशुद्धतत्त्वम्। उक्तमेव मुनिना न त्वपूर्वं किञ्चित्। तथाह्याह— "काव्यार्थान् भावयन्ति" इति ( ना. शा. अ-७ ) तत्काव्यार्थो रसः।

यथा हि 'रात्रमासत' 'तामग्नी प्रादात्' इत्यादावर्थिवादिलक्षितस्याधिकारिणः प्रतिपत्तिमात्रादतितीव्रप्ररोचितात्प्रथमं प्रवृत्तादनन्तरमधिकैर्वोपात्तकालतिरस्कारेणैव- भासते प्रददानि इत्यादिरूपा संक्रमाणादिस्वभावा यथादर्शनं प्रतिभाभावनाविधि- उद्योगादिभाषाभिर्व्यवहृता प्रतिपत्तिस्तथैव काव्यात्मकादपि शब्दादधिकारिणोऽधिका- ऽस्ति प्रतिपत्तिः !

### मधुसूदनी

तर्हि इति। अपूर्वं नवीनम् कथनीयमितिशेषः। ततस्मात्।

"रात्रमासते"[1] इति। अयं कृष्णयजुर्वेदीयत्तैत्तिरीयसंहितायाः सप्ताष्टकस्य तृतीयप्रपाठकस्य दशमानुवाकस्य पंचममन्त्रस्य भागः। तत्रास्मिन् मंत्रे एकविंशति- रात्रनामकयज्ञस्य कथनम्। यथा—असावादित्यो न व्यरोचत, स प्रजापतिमुपाधावत्, तस्मा एकविंश तिरात्रं प्रायच्छत्। तमाहरत्, तेनायजत, ततो वै सोऽरोचत्। य एवं विद्वांस एकविंशतिरात्रमासते रोचन्त एव। इति। अथ द्वितीयमर्थवादवाक्यम्। स प्रजापतिरात्मनो वपामुदक्खिदत्। तामग्नौ प्रादात्। इति। इत्यादौ वाक्ये अर्थिता- दिना लक्षितस्य 'अर्थी समर्थो विद्वान् शास्त्रेणापर्युदस्तोऽधिकारी" इतिलक्षणेन निरूपितस्य अधिकारिणः प्रतिपत्तिमात्राद् केवलज्ञानात्। अतितीव्रप्ररोचितात्। प्ररोचना प्रशंसा। अत्यन्तप्रशंसायाः। प्रथमं शीघ्रं प्रवृत्तात् विधायकवाक्यजन्य ज्ञानात्। वाक्यश्रुतेरनन्तरम्। तद्वाक्योपात्तस्य कालस्य वर्त्तमानादेस्तिरस्कारेण

### बालक्रीडा

अस्तु। तब फिर आप ही कहिये कि परिशुद्ध तत्त्व क्या है। इस पर कहते हैं कि मुनि ने स्वयं उस परिशुद्ध तत्त्व को कह ही दिया है कुछ अपूर्व नही कहना है। जैसा कि कहते हैं कि काव्यार्थ की भावना कराते हैं। अतः काव्यार्थ ही रस है। क्योंकि भावना भाव्य अर्थ आत्मा रस ही है दूसरा नही। श्रुति कहती है कि आत्मा वारे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः। रसो वै सः।

"रात्रमासते" यह कृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तिरीयसंहिता के सप्तम अष्टक तृतीय प्रपाठक दशम अनुवादक के पाँचवे मंत्र का प्रतीक है। इसमें एकविंशतिरात्रनामक यज्ञ का कथन किया है कि "असावादित्यो न व्यरोचत, प्रजापतिमुपाधावत्, तस्मा एकविंशतिरात्रं प्रायच्छत्, तमाहरत् तेनायजत, ततो वै सोऽरोचत, य एवं विद्वांस एकविंशतिरात्रमासते, रोचन्त एव" पहले कभी आदित्य स्वर्भानु नामक अन्धकार से अनुविद्ध होने पर अथवा मेघ एवं हिम से आवृत होने पर प्रकाश हीन हो गये तब वे प्रजापति के पास गये और अपनी दशा का वर्णन किया तब प्रजापति ने उनको एकविंशतिरात्र नामक यज्ञ करने के लिए कहा। उन्होंने उसकी सामग्री जुटाकर यज्ञ किया वे प्रकाश से देदीप्यमान हो गये। इस तरह

## अभिनवभारती

अधिकारी चात्र विमलप्रतिभानशालिहृदयः। तस्य च "ग्रीवाभङ्गाभिरामम्।" इति (शाकु-अ.१) "उमापि नीलालक" इति (कुमा-३.६२) 'हरस्तु किञ्चित्' (कुमा-३.६७) इत्यादिवाक्येभ्यो वाक्यार्थप्रतिपत्तेरनन्तरं मानसी साक्षात्कारात्मिकाऽपहसिततत्तद्वाक्योपात्तकालादिविभागा तावत्प्रतीतिरुपजायते। तस्यां च यो मृगपोतकादिर्भाति तस्य विशेषरूपत्वाभावाद्भीत इति त्रासकस्यापारमार्थिकत्वाद्भयमेव परं देशकालाद्यनालिङ्गितम। तत एव 'भीतोऽहं भीतोऽयं शत्रुर्वयस्यो मध्य-

## मधुसूदनी

परिणमनेन। आसते इति लटः प्रथमापुरुषबहुवचनान्तस्य प्रादादिति लङः प्रथमपुरुषैकवचनान्तस्य च लोटि उत्तमपुरुषैकवचनान्तरूपा संक्रमणस्वभावा विपरिणमनशीला। यथादर्शनम् न्यायादिषड्दर्शनानुसारं प्रतिभा वेदान्तिनां, भावना वैयाकरणानां, विधिः मीमांसकानां, उत्कृष्टो योगः पातञ्जलानाम्, आदिपदात् संस्कारः सांख्यानां, भावाभिर्व्यवहारं गता यथाधिकैव प्रतिपत्तिर्ज्ञानं तथैव काव्यात्मकात् शब्दादपि अधिकारिणः प्रवर्त्तकस्य पुरुषस्य अधिका प्रतिपत्तिरास्ति।

अपहासितो विपरिवर्तितः। तस्यां च "ग्रीवाभंगाभिरामम्" एतच्छाकुन्तलपद्याज्जायमानायां प्रतीतौ। तस्य मृगशिशोः। हानादीति। हातव्यं उपादातव्य-

## बालक्रीडा

अन्य लोग भी जो एकविंशतिरात्र यज्ञ को करते हैं वे अवश्य ही देदीप्यमान होते हैं। इसी तरह दूसरा अर्थवाद वाक्य है कि (प्रजापतिरात्मनो वपामुदखिदत् तामग्नौ प्रादात्) प्रजापति ने अपनी वपा को उखेड़ कर निकाला और अग्नि में उसका प्रदान कर दिया। इत्यादि वाक्यों में (अर्थी समर्थो विद्वान् शास्त्रेणापर्युदस्तोऽधिकारी) यज्ञ के फल को चाहने वाला, उसके करने में समर्थ, उसकी पद्धति का जानकार एवं शास्त्रोक्त कर्म से अबहिष्कृत जो हो वह अधिकारी होता है इस लक्षण से ज्ञात अधिकारी की अत्यन्त प्रशंसा से शीघ्र ही प्रवृत्ति विधायक विधि वाक्य के ज्ञान के अनन्तर उक्त वाक्यों में उपात्त काल का तिरस्कार यानी विपरिवर्तन करके आस्से प्रददानि इत्यादिरूप में संक्रमण स्वभाव यानी परिवर्तित होने वाली अपने २ दर्शनों के अनुसार प्रतिभा, भाव, विधि, उद्योग, कृति यानी आन्तर प्रयत्न अथवा उत्कृष्ट योग समाधि शब्दों से व्यवहृत अधिक प्रतिपत्ति जैसे होती है उसी तरह काव्यात्मकशब्द से भी अधिकारी को अधिक ही ज्ञान होता है।

तदनुसार यहां प्रकृत में विमल प्रतिभाशाली हृदय वाला व्यक्ति अधिकारी है। उसकी "ग्रीवाभंगाभिरामम्" इस शाकुन्तलोक्त "उमापि नीलालक" "हरस्तु किञ्चित्" इस कुमार संभवोक्त वाक्य से होने वाली वाक्यार्थ की प्रतिपत्ति के बाद मानस साक्षात्कार प्रतीति होती है। जिससे प्रतीति में उक्त श्लोको में उपात्त संख्या कालादि विभागों का अपहास किया गया है यानी परिवर्तन कर दिया है। उस शाकुन्तल वाक्य से होने वाली प्रतीति में जो मृगशिशु का भान होता है उसका कोई विशेष रूप वहां नही है अतः वह भीत है ऐसा ज्ञान

### अभिनवभारती

स्यो वा' इत्यादिप्रत्ययेभ्यो दुःखसुखादिकृतहानादिबुद्ध्यन्तरोदयनियमवत् तया विघ्नबहुलेभ्यो विलक्षणं निर्विघ्नप्रतीतिग्राह्यं साक्षादिव हृदये निविशमानं चक्षुषोरिव विपरिवर्तमानं भयं भयानको रसः। तथाविधे हि भये नात्माऽत्यन्तं तिरस्कृतो न विशेषत उल्लिखितः। एवं परोऽपि।

तत एव न परिमितमेव साधारण्यम्। अपि तु विततम्। व्याप्तिग्रह इव धूमाग्न्योः। भयकम्पयोरेव वा। तदत्र साक्षात्कारायमाणत्वे परिपोषिका नटादिसामग्री। यस्यां वस्तुसतां काव्यार्पितानां च देशकालप्रमात्रादीनां नियमहेतूनामन्योन्यप्रतिबन्धबलादत्यन्तमपसरणे स एव साधारणीभावः सुतरां पुष्यति।

### मधुसूदनी

मुदासितव्यमित्यादिबुद्धिभेदस्य उदयः। परोऽपि न। तत एव अत्यन्ततिरस्कारा-भावात् विशेषत उल्लेखाभावादेव।

रामायण महाभारतादिषु स देशः स कालः स प्रमाता आसीत्। इदानीमयं देशः अयं कालः अयं प्रमाता अस्ति। अनयोर्भूतवर्तमानयोः कथं संगतिः। नास्ति संगतिरिति प्रतिबन्धाद् हेतोर्नियामकानामत्यन्तमपसारणं क्रियते। धूमाग्न्योः व्याप्तिग्रह इव नियतसाहचर्यज्ञानमिव नियतसाहचर्यवतां समेषां पदार्थानां व्याप्तिज्ञानं भवति। तस्मादत्र नाट्ये काव्ये च भयकम्पयोः साक्षात्कारायमाणतायां नटादि सामग्री पोषिका सहायिका।

### बालक्रीडा

हुआ। उसके बाद वास्तविक त्रासक के अभाव में देश एवं काल से अनालिंगित भय का ही केवल ज्ञान होता है। इसीलिए "मैं भीत हूँ" "यह भीत है" यह शत्रु है, यह मित्र है, यह मध्यस्थ है इन प्रत्ययों से नियम पूर्वक होने वाली दुःख के त्याग सुख के उपादान की बुद्धि के उदय होने के कारण विघ्नबहुल विलक्षण किन्तु निर्विघ्न प्रतीतियों से ग्राह्य साक्षात् हृदय में घुस रहा सा आँखों के सामने घूम रहा सा भय स्थायी भाव ही भयानक रस है। इस प्रकार के भय में न तो आत्मा अत्यन्त तिरस्कृत होता है और न विशेष रूप से उल्लिखित होता है। इस प्रकार आत्मा ही नहीं पर भी शत्रु भी। और अपि शब्द से संगृहीत उदासीन भी न तो अत्यन्त तिरस्कृत होता है और न विशेषरूप से उल्लिखित होता है।

इसीलिए परिमित देश काल अवस्था एवं पात्र से परिच्छिन्न साधारण्य नहीं होता है अपितु विस्तृत साधारणीभाव होता है। जैसे धूम एवं अग्नि में अथवा भय एवं कम्प में व्याप्ति ग्रह देश काल आदि से आलिंगित नहीं होता है। जिसके फल स्वरूप यहाँ प्रत्यक्ष देखे जाने वाले नाटकों में नट वगैरह उपकरण परिपोषक ही होते हैं। जिस सामग्री में वस्तुतः विद्यमान और काव्य से समर्पित देश काल प्रमाता एवं अवस्था विशेष रूप नियम के हेतुओं का परस्पर के प्रतिबन्ध के कारण अपसरण हो जाता है तभी वह उपर्युक्त साधारणी भाव सुतरां पुष्ट हो जाता है। अतएव सभी सामाजिकों की एक रूप से होने वाली

## अभिनवभारती

अत एव सर्वसामाजिकानामेकघनतयैव प्रतिपत्तिः सुतरां रसपरिपोषाय। सर्वेषामनादिवासनाचित्रीकृतचेतसां वासनासंवादात्। सा चाविघ्ना संवित् चमत्कार स्तज्जोऽपि कम्पपुलकोल्लुकसनादिर्विकार चमत्कारः। यथा—

"अज्ज वि हरी चमक्कइ कह्विण मंदरेण दलिआइं।
चंदकलादलसच्छीआइं लच्छीए अंगाइं॥"

तथा हि—स चातृप्तिव्यतिरेकेणाविच्छिन्नो भोगावेश इत्युच्यते। भुञ्जानस्याद्भुतभोगस्पन्दाविष्टस्य च मनःकरणं चमत्कार इति। स च साक्षात्कारस्वभावो मानसोऽध्यवसायो वा सङ्कल्पो वा स्मृतिर्वा तथात्वेन स्फुरन्नस्तु। यदाह—

## मधुसूदनी

एकघनतया समानरूपतया। तज्जः अविघ्नसंविदा जायमानो विकारोऽपि। अर्थाभिन्नक्रमः। उल्लुकसनमुत्फालनम्।

अज्जेति। अद्यापि हरेश्चमत्कृतिः कथमपि न मन्दरेण दलितानि।

चन्द्रकलादलसश्रीकाणि लक्ष्म्या अंगानि।

समुद्रमन्थनसमये मकराचलेन लक्ष्म्या अंगानि कथमपि न दलितानि। यतः तानि चन्द्रकलाया दलवत् सश्रीकाणि सच्छायावन्ति सन्ति। इत्येवमद्यापि हरेश्चमत्कृतिरस्ति।

अत्र व्यतिरेकोऽभावः। तृप्तेरभावस्याभावः तृप्तिरेव। तथा अविच्छिन्नः विच्छेदमप्राप्तः। तृप्तेर्न परमं किञ्चिदित्यनुसारं तृप्तस्य प्राणिनः जन्तवो विरतिः। परं यत्र तृप्तेर्भवनेऽपि। तत्तद्वस्तुनः सकाशाद् विरतिर्नहि भवति स चमत्कारः भोगावेशः। इति उच्यते कथ्यते।

## बालक्रीडा

प्रतिपत्ति अवश्य ही रस के परिपोष की हेतु हो जाती है। क्योंकि अनादि वासनाओं से चित्रीकृत चित्तवाले अर्थात् जिनके हृदयों में अनादिकाल से वासनाएँ अंकित हो गयी हैं ऐसे सभी सहृदयों की वासनाओं के संवाद से वह अविघ्ना संवित् होती है चमत्कार होता है। उस चमत्कार से पैदा होने वाले कम्प पुलक (रोमाञ्च) एवं उल्लुकसन उत्फालन आदि विकार भी चमत्कार हैं। जैसे—

अद्यापि हरेश्चमत्कृतिः कथमपि न मन्दरेण दलितानि।
चन्द्रकलादलसश्रीकाणि लक्ष्म्या अंगानि।

हरि को चमत्कार हो रहा है कि समुद्र मन्थन के समय मंदराचल के द्वारा लक्ष्मी के अंग किसी भी प्रकार से किसी भी अंश में दलित नहीं हुए। क्योंकि वे अंग आज भी चन्द्रकला के खण्ड की तरह सश्रीक हैं शोभा सम्पन्न हैं।

प्रकृत में व्यतिरेक शब्द का अभाव अर्थ है। तृप्ति के अभाव के अभाव से जो चमत्कार विच्छिन्न नहीं हो जाता है किन्तु बराबर अनुस्यूत रहता है। तृप्ति हो जाने से जब

## अभिनवभारती

"रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्
पर्युत्सुको भवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः ।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं
भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि ॥" (शाकु ५—) इत्यादि ।

अत्र हि स्मरतीति या स्मृतिरुपदर्शिता सा न तार्किकप्रसिद्धा । पूर्वमेतस्यार्थस्यानुभूतत्वात् । अपि तु प्रतिभानापरपर्यायसाक्षात्कारस्वभावेयमिति । सर्वथा

## मधुसूदनी

भुञ्जानस्य भोगे संलग्नस्य अथवा अद्भुत भोगे ईषदाविष्टस्य मानसी क्रिया चमत्कारः ।

अत्र करणशब्दस्य क्रिया अर्थः । अतः मनसः क्रिया इत्यर्थः ।

रम्याणीति । यत्पर्युत्सुको भवति तत्तस्मात् पर्युत्सुकीभवनात् । भावतः भावनारूपेण स्थिराणि अन्तःकरणे स्थितानि जननान्तरे अनुभूतानि सौहृदानि । अबोधपूर्वमज्ञातपूर्वं यथा स्यात्तथा चेतसा स्मरति । इत्यन्वयः ।

तार्किक प्रसिद्धा स्मृतिः तान्यक्षराणि हृदये किमपि ध्वनन्ति इत्येवमप्रमुष्टतत्ताका भवति । अत्र तु प्रमुष्टतत्ताका सा इत्येतदुच्यते—पूर्वं स्मरणात्मक एतस्यार्थस्य अनुभूतत्वाभावात् । यस्यां प्रतीतौ । इयं स्मृतिः ।

## बालक्रीड़ा

मानव उस अंश से विरत हो जाता है वह चमत्कार भोगावेश कहलाता है । भोग करने वाले या अद्भुत भोग में ईषत् आविष्ट होने वाले व्यक्ति की मानसिक क्रिया (यहाँ मनः करण में करण शब्द का क्रिया अर्थ है) चमत्कार है । वह चमत्कार साक्षात्त्व भाव है या मानस अध्यवसाय है या संकल्प है जिसका उस २ रूप में स्फुरण होता है । अच्छा । जो हो । जैसा कि कहा है—

रमणीय वस्तु को देखकर और मधुर शब्दों को सुनकर सुख में विभोर भी प्राणी जो उत्कण्ठा से आकुल हो जाता है वह उत्कण्ठित होना बतलाता है कि जन्मान्तर में अर्जित सौहार्द जो भावनारूप से अन्तः करण में स्थिर है स्थित है उनको अनजान में अर्थात् पहले कभी अनुभूत नहीं है इस तरह याद करता है ।

यहाँ स्मरति पद से जिस स्मृति का उल्लेख किया है वह तार्किकों की स्मृति नहीं है । क्योंकि पूर्व में अनुभूत विषय कोई नहीं है । अपितु वह प्रतिभान जिसका अपर पर्याय है ऐसी साक्षात्कारस्वभाव वाली है । वह थी या वह था ऐसी अप्रमुष्टतत्ताका स्मृति तार्किक प्रसिद्ध होती है । यह स्मृति प्रमुष्टतत्ताका है अतः यह प्रतिभान साक्षात्कार है ।

सर्वथा यह वह आस्वादात्मा प्रतीति है जिसमें रति का ही केवल भान होता है । इसीलिए विशेषान्तर अन्य विलक्षणताओं से उपहित आच्छन्न नहीं होने से अर्थात् उनसे विलग

## अभिनवभारती

तावदेवास्ति प्रतीतिरास्वादात्मा यस्यां रतिरेव भाति। तत एव विशेषान्तरानुपहितत्वात्सा रसनीया सती न लौकिकी न मिथ्या नानिर्वाच्या न लौकिकतुल्या न तदारोपादिरूपा। तथैव चोपचयावस्थासु देशाद्यनियन्त्रणादनुकारोऽप्यस्तु। भावानुगामितया करणात् विषयसामग्र्यपि भवतु विज्ञानवादावलम्बनात्। सर्वथा रसनात्मकवीतविघ्नप्रतीतिग्राह्यो भाव एव रसः।

## मधुसूदनी

विशेषान्तरैरन्यविलक्षणताभिः। अनुपहितत्वात् अनाच्छन्नत्वात्।

उपचयावस्थासु भावस्य भावानां वा पूर्णतामासिदशासु देशकालपात्राद्विभिरनियन्त्रणात् सम्बन्धविशेषस्वीकारपरिहारनियमाभावात् रतेरनुकारोऽप्यस्तु। अयं भावः। विभिन्नदेशकालोत्पन्ना व्यक्तिः तथोत्पन्नाया व्यक्तेरनुकरणं कर्तुमशक्तः। यतो हि अनुकरणं नाम पश्चात्करणं वा सदृशकरणं वा। अतोऽनुकरणीयं वस्तु यावत्सोऽनुकर्त्ता स्वयं न पश्यति तावत्तथा करणं तेन दुःशकमिति। देशकालादेर्भेदात् अनुकार्यकर्मकमनुकर्त्तृकर्मकं स्वयं दर्शनमसंभवप्रस्तम्। परं यदि तन्नियन्त्रणं परिह्नियेत तदि तदेकनिष्ठव्यवहारोऽपि सुपरिचित इति कृत्वा परेण व्यवह्रियमाणः अनुकारः स्यात्। अथवा अनुपदार्थः अनुगामिता। कस्यानुगामितेति विचारे भावानामनुगामिता। करणं नाम क्रिया। ततश्च भावानामनुगामितया क्रियायाः सद्भावात् भावरूपविषयसामग्री अपि अनुकारो भवतु। कथमेतदित्याह विज्ञानवादावलम्बनात्। विज्ञानवादे यथा वस्तुनि तज्ज्ञाने च भेदो नास्ति। विज्ञानवादिनो धर्मकीर्तेर्मते नीलवर्णे नीलवर्णज्ञाने भेदो नास्ति द्वयोः पृथक् पृथक् अस्तित्वं नास्ति। इत्यर्थः। तथैव भावानुगामिन्यां क्रियायां भावे च भेदो नास्ति। अर्थात् अनुगम्यमानक्रियायामनुगमनीयभावेषु च पृथक् पृथक् भेदो नास्ति। एवं च सर्वथा अनुकारोऽस्तु मास्तु वा सर्वप्रकारेण रसनात्मिकया वीतविघ्नया प्रतीत्या ग्राह्यो भाव एव रसः।

## बालक्रीडा

होकर रसनीया हुई वह रति न तो लौकिकी है न वह मिथ्या है न वह अनिर्वाच्या सत् एवं असत् से विलक्षण है न वह लौकिकी के जैसी है और न वह अन्यारोपरूपा है।

उसी तरह व्यभिचारियों से उपचित स्थायी रस बनता है अतः स्थायी की उपचय अवस्थाओं में देश एवं काल आदि के नियन्त्रण नहीं होने से अनुकार भी वह रति हो सकती है। यहाँ का भाव यह है कि भिन्न देश काल में उत्पन्न होने वाला व्यक्ति भिन्न देश काल में पैदा होने वाले व्यक्ति का अनुकरण नहीं कर सकता है। क्योंकि अनुकरण उस वस्तु को स्वयं देखें बिना नहीं हो सकता है। देश काल के भेद होने पर अनुकार्य का अनुकर्त्ता के द्वारा स्वयं देखना संभव नहीं है। अतः हाँ यदि देश काल का नियन्त्रण हटा दिया जाय तो सुपरिचित एवं तदेकनिष्ठ व्यवहार को दूसरे के द्वारा किए जाने पर अनुकरण ही कहेंगे।

इस अनुकरण में दो शब्द हैं अनु और करण। उसमें प्रश्न होता है कि किसके अनु। तब कहा कि भावों की अनुगामिता। करण माने क्रिया। वह क्रिया भावों के सम्बन्ध से होती

## अभिनवभारती

तत्र विघ्नापसारका विभावप्रभृतयः। तथा हि—लोके सकलविघ्नविनिर्मुक्ता संवित्तिरेव चमत्कारनिर्वेशरसनास्वादनभोगसमापत्तिलयविश्रान्त्यादिशब्दैरभिधीयते। विघ्नाश्चास्यां प्रतिपत्तावयोग्यताः, संभावनाविरहो नाम, स्वगतत्वपरगतत्वनियमेन देशकालविशेषावेशो, निजसुखादिविवशीभावः, प्रतीत्युपायवैकल्यं, स्फुटत्वाभावो, अप्रधानता, संशययोगश्च।

तथाहि—संवेद्यमसंभावयमानः संवेद्ये संविदं विनिवेशयितुमेव यो न शक्नोति का तत्र विश्रान्तिरिति प्रथमो विघ्नः। तदपसारणे हृदयसंवादो लोक-

## मधुसूदनी

वीतविघ्नेति स्मारितानां विघ्नानां वीतिरपसारणं कैर्भवति तथा तेऽपि के इति दर्शयितुमाह—विघ्नानामपसारणं विभावादिभिः। वस्तुतस्तु विभावनादिव्यापारबलोद्भूतसाधारणीकरणेन तदपसारणं भवति। विघ्नाश्च अस्यां प्रतीतौ रसनात्मिकायां अयोग्यताः। ताश्च सप्त। संभावनाविरहेत्यादयः।

## बालक्रीडा

है अतः अनुगमनीय भावरूपी विषय सामग्री में भी वह अनुकरण रह सकता है। विज्ञानवाद में ज्ञान का विषय ज्ञान से पृथक् नहीं होता है। अतः विज्ञान वाद के आलम्बन के फल स्वरूप रसनात्मकवीत विघ्न प्रतीति से बाह्य मानी प्रतीतिका विषय भाव ही सर्वथा रस है।

उस रसनात्मक प्रतीति में होने वाले विघ्नों का अपसारण विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी भाव करते हैं। लोक में सकल विघ्नों से विनिर्मुक्त संवित्ति को ही चमत्कार साधारण निर्वेश [ निर्वेशो भृतिभोगयोरिति विश्वः ] रसन, आस्वादन (साहित्यिक दृष्टि में) भोग (सांख्य दृष्टि में) समापत्ति (विशिष्टाद्वैती के मत में) लय ( संगीतज्ञों के मत में ) विश्रान्ति ( अद्वैती के मत में) शब्दों से कहते हैं। इस प्रतीति की अयोग्यताएं इसमें विघ्न हैं। जिनमें प्रथम अयोग्यता संभावना का विरह अभाव, द्वितीय स्वगतत्व या परगतत्व के नियमन से देश विशेष एवं काल विशेष का आवेश, तृतीय निजसुखादि के विवश हो जाना, चतुर्थ प्रतीति के उपाय कारणों में विकलता असम्पूर्णता, पंचम स्फुट प्रतीति नहीं होना, षष्ठ प्रतीति में अप्रधानता एवं सप्तम उसमें संशय का होना।

अब उनको तथाहि से दिखाते हैं—। ज्ञान इच्छा कृति एवं द्वेष ये ४ सविषय पदार्थ हैं। जब कोई विषय ज्ञेयादि रूप में रहेगा तभी ज्ञानादि का उद्भव होगा अन्यथा नहीं अतः ज्ञानादि को विषय मुख प्रेक्षी कहा जाता है। इसीलिए आचार्य लिखते हैं कि संवेद्य विषय की असंभावना हो अर्थात् उसमें संभावना का विरह हो ऐसी दशा में जब विषय में संवित् ज्ञान का विनिवेश करने के लिए कोई भी समर्थ नहीं हो सकता है। तब उसमें विश्रान्ति हो जाने की 'ज्ञाने परिसमाप्यते" ज्ञान में सबकी परिसमाप्ति हो जाती है इस सिद्धान्त की संगति होने की कौन आशा है। अतः यह रसनात्मक प्रतिपत्ति में वह प्रथम विघ्न है।

उस विघ्न को हटाने के लिए कहते हैं कि उसके अपसरण के लिए सर्व लोक साधारण वस्तुओं के विषय में जनता के हृदय का संवाद उपाय है। और अलोक सामान्य

## अभिनवभारती

सामान्यवस्तुविषयः। अलोकसामान्येषु तु चेष्टितेष्वखण्डितप्रसिद्धिजनितगाढारूढ-प्रत्ययप्रसरकारी प्रख्यातरामादिनामधेयपरिग्रहः। अत एव निस्सामान्योत्कर्षोपदेश-व्युत्पत्तिप्रयोजने नाटकादौ प्रख्यातवस्तुविषयत्वादि नियमेन निरूपयिष्यते। न तु प्रहसनादाविव। तच्च स्वावसर एव वक्ष्याम इत्यास्तां तावत्।

स्वैकगतानां च सुखदुःखसंविदामास्वादे यथासंभवं तदपगमभीरुतया वा तत्परिरक्षाव्यग्रतया वा तत्सदृशार्जिजीषया वा तज्जिहासया वा तत्प्रचिख्यापयिषया वा तद्गोपनेच्छया वा प्रकारान्तरेण वा संवेदनान्तरसमुद्गम एव परमो विघ्नः।

परगतत्वनियमभाजामपि सुखदुःखानां संवेदने नियमेन स्वात्मनि सुखदुःख-मोहमाध्यस्थ्यादिसंविदन्तरोद्गमनसंभावनादवश्यंभावी विघ्नः। तदपाकरणे 'कार्यो

## मधुसूदनी

अखण्डितेति। अखण्डिता निर्बाधा या प्रसिद्धिः। तया जनितो यो गाढं दृढं यथास्यात्तथारूढो निबद्धः प्रत्ययस्तस्य प्रसारकारी। निःसामान्योत्कर्षस्य उपदेशः। नानाविधा व्युत्पत्तिश्च प्रयोजनं यत्र तत्र नाटकादौ।

तदपेति। तदपगमभीरुता, तत्परिरक्षाव्यग्रता, तस्य सदृशस्य च आर्जिजीषा इत्यत्र तत्पदार्थः सुखं, तज्जिहासा, तत्प्रचिख्यापयिषा, तद्गोपनेच्छा इत्यत्र तत्पदार्थो दुःखम्।

नियमेन परगतसुखदुःखानां मोहमाध्यस्थ्यादीनां संवेदने यथासंख्यं नियमने

## बालक्रीडा

सर्व लोक के लिए अशक्य अतएव असाधारण चेष्टाओं समुद्र लंघनादि के विषय में अखण्डित प्रसिद्धि अविच्छिन्न प्रख्याति से जनित एवं गाढ आरूढ दृढ़ बद्धमूल प्रत्यय (प्रत्ययोऽधीनशपथ-ज्ञानविश्वासहेतुषु इस कोष के अनुसार) विश्वास के प्रसर को करने वाले अर्थात् नाम लेते ही झटिति हृदय को मनवा देने वाले सर्व लोक विख्यात राम सीतादि हनुमान् सुग्रीवादि नामों का परिग्रहण उपाय है। अतएव प्रख्यात रामादि के नाम का ग्रहण उपाय है इसलिए निःसामान्य उत्कर्ष साधारण जनता के बाह्यस्तर की उन्नति के बारे में उपदेश "ऐसे ऐसे आचरणों से ही मनुष्य का उत्कर्ष होता है इत्यादि" मुख्य शिक्षा एवं व्युत्पत्ति अर्थात् उपदेश से उत्पन्न विशिष्ट ज्ञान करा देना ही प्रयोजन है जिसका ऐसे नाटकादि में नियम से प्रख्यात वस्तु प्रसिद्ध इतिवृत्त एवं विषय नायक नायिका आदि का निरूपण करेंगे। प्रहसन एवं प्रकरण आदि में नहीं। इसको अपने अवसर में ही कहेंगे। इसलिए बस रहने दिया जाय।

अपने में ही रहने वाली सुखमयी एवं दुःखमयी संवित् के आस्वाद में यथासंभव उसके अपगम अपाय के भय से, या उसकी परिरक्षा में व्यग्र होने से या उसके जैसी दूसरी वस्तु के अर्जन करने की इच्छा से या उसके छोड़ देने की इच्छा से या उसको प्रख्यात कर देने की इच्छा से या उसको छिपा देने की भावना से अथवा अन्य प्रकार से भिन्न भिन्न संवेदनाओं का उद्गम होना ही परम विघ्न है।

### अभिनवभारती

नातिप्रसङ्गोऽत्र पूर्वरङ्गविधिं प्रति (ना. शा. ५-१६२) इत्यादिना पूर्वरङ्गानिगूहनेन "नटो विदूषको वापि" इति लक्षितप्रस्तावनावलोकनेन च यो नटरूपताधिगमस्तत्पुरस्सरः प्रतिशीर्षकादिना तत्प्रच्छादनप्रकारोऽभ्युपायः अलौकिकभाषादिभेदलास्याङ्गरङ्गपीठमण्डपगतकक्ष्यादिपरिग्रहनाट्यधर्मिसहितः। तस्मिन् हि 'तस्यैव तैवैतस्यैव च सुखं वा दुःखं वा इति भवति न वा भवति। प्रतीतिस्वरूपस्य निह्नवात्। रूपान्तरस्य चारोपितस्य प्रतिभासंविद्विश्रान्तिवैकल्येन स्वरूपे विश्रान्त्यभावात्। सत्ये तदीयरूपनिह्नवमात्र एव पर्यवसानात्। ततः स एव स्वपरनियतताविघ्नापसरणप्रकारो व्याख्यातः।

निजसुखादिविवशीभूतश्च कथं वस्त्वन्तरे संविदं विश्रामयेदिति तत्प्रत्यूहव्यपोहनाय प्रतिपदार्थनिष्ठैः साधारण्यमहिम्ना सकलभोग्यत्वसहिष्णुभिः शब्दादिविषय-

### मधुसूदनी

स्वात्मनि तादृशसंविदन्तरोद्गमनसंभावनात्। तदपसारणे विघ्नदूरीकरणे। पूर्वरंगानिगूहनप्रस्तावनावलोकनाभ्यो यो नटरूपताधिगमः। तस्मिन् नटरूपताप्रच्छादनप्रकाराभ्युपाये सति। तस्यैव रामस्यैव। अत्रैव प्रसंगे। एतस्यैव नटस्यैव। भवति न वा भवति। कुतः इत्याह प्रतीति। स्वेति। रामरूपायाः प्रतीतेः स्वरूपस्य निह्नवात् आच्छादनात् आरोपितस्य रूपान्तरस्य सद्भावे प्रतिभासंविद्विश्रान्तीनां वैकल्येन स्वरूपे विश्रान्तेरभावात्। सुखे वा दुःखे वा सत्ये सति गतिशीर्षकादिना रामीयरूपस्य केवले निह्नवे पर्यवसानं वर्त्तते। ततः एवंविधव्याख्यानात्। सुखादीनां नियमेन स्वगतत्वपरगतत्वरूपविघ्नानामपसारणे प्रकारो व्याख्यातः।

### बालक्रीड़ा

दूसरों के सुख एवं दुःखों के संवेदन के समय नियम से अपने में सुख दुःख मोह एवं माध्यस्थादि भिन्न ज्ञानों के उद्गमन की संभावना से अवश्य ही विघ्न होगा। उसके अपाकरण के लिए "यहाँ पूर्वरंग में नृत्य गीत आदि का अतिशय प्रसंग नहीं करना चाहिए" इत्यादि से लक्षित पूर्वरंग के अनिगूहन प्रकटन एवं नटी अथवा विदूषक" इस तरह प्रस्तुत प्रस्तावना के अवलोकन से जो अलौकिक (लोक में जिनका प्रयोग नहीं होता है ऐसी) भिन्न भिन्न भाषायें, लास्य के दशविध अंग, रंगपीठ, रंगमण्डप, की कक्ष्याओं का परिग्रह एव नाट्य धर्मियों के सहित नट रूपता का अधिगम और उसके साथ साथ प्रतिशीर्षक मुकुटादि के द्वारा उसके छिपाने का प्रकार उपाय है। उस उपाय के उपयोग करने पर प्रतीति के स्वरूप का निह्नव हो जाने के कारण उसी का या इसी का, उसी में या इसी में सुख है अथवा दुःख है ऐसी परिस्थिति नहीं रहती है। और आरोपित रूपान्तर की प्रतिभा, संवित् की विश्रान्ति के वैकल्य से स्वरूप में विश्रान्ति के नहीं होने से। सचमुच केवल उसके स्वरूप के छिपाने म पर्यवसान समाप्ति होने से। इस प्रकार ये सब मुनि ने स्वनियत एवं परनियतरूपी विघ्नों के अपसारण करने के प्रकार की व्याख्या की है।

## अभिनवभारती

मयैरातोद्यगानविचित्रमण्डपपदविदग्धगणिकादिभिरुपरञ्जनं समाश्रितम्। येनाहृदयोऽपि हृदयवैमल्यप्राप्त्या सहृदयीक्रियते। उक्तं हि "दृश्यं श्रव्यं च" (ना. शा १-११) इति। अन्यत्र—आसीनसंपाठ्य-पुष्पशकटिका-पुष्पगान्धिकादि लोके श्रुतं दृष्टम्। न च तत्र किञ्चित्। कथञ्चित्संभाव्यत्वात् इति। स एष सर्वो मुनिना साधारणीभावसिद्ध्या रसचर्वणोपयोगित्वेन परिकरबन्धः समाश्रित इति तत्रैव स्फुटीभविष्यतीति तदिह तावन्नोद्यमनीयम्।

## मधुसूदनी

शब्दादीत्यादिना शब्दरूपश्रव्यपठ्यातिरिक्तरूपमू दृश्यचित्रयोः संग्रहः। विषयपदस्यार्थः सामग्री सा च शब्दरूपा रूपरूपा। मयट् प्रत्ययार्थः प्राचुर्यम्।

आसीनसंपाठ्यं नाम। सभास्थले संधीभूय आसीनेषु सत्सु वादक्रीडार्थे पूर्वनिर्धारितग्रन्थभागं कश्चिदेकोऽग्रसरः सन् पठति तदनुसारमन्योऽपि पठति। इति। पुष्पशकटिका नाम जनताया आमोदप्रमोदार्थं पुष्पाणि निमित्तीकृत्य शकटिकाया निर्माणम्। पण्यगान्धिकमपि गन्धप्रधानद्रव्याणां विक्रयार्थं तादृशद्रव्याणि प्रस्तुतानि क्रियन्ते यत्र सा त्रिकर्णिका भाषायां दुकानेति ख्याता पण्यानां गान्धिकं पण्यमिति आभाणकात्।

## बालक्रीडा

जो अपने निजी व्यक्तिगत सुख एवं दुःख के वशीभूत है वह वस्त्वन्तर दूसरी तरफ म संविद अपनी मनोवृत्ति को कैसे विश्रान्त कर सकता है लगा सकता है। अपनी मनोवृत्ति को स्वन्तर में विश्रान्त नहीं कर सकना एक प्रत्यूह है। नाटकादि दृश्य के देखने में, पठ्य काव्य के पढ़ने में एवं श्रव्य काव्य के सुनने में मन के योग के अभाव में उनसे होने वाले रस का आस्वादन होना असम्भव है अतः इस प्रत्यूह विघ्न के व्यपोहन अपसार के लिए शब्द श्रव्य पठ्य एवं रूप दृश्य के विषयों की सामग्री का प्राचुर्य (जहाँ मयट् प्रत्यय प्राचुर्य अर्थ में है) जहाँ है ऐसे आतोद्य बाजे एवं गाने, तथा विचित्र अनेक शैली से बने हुए मण्डपपद रंगमण्डपस्थान, और उनमें विदग्ध चतुर नट् तथा गणिकादि; जो प्रत्येक पद एवं अर्थ में रहने वाले साधारण्य की महिमा से सकल जनता की भोग्यता को सहन कर सकते हैं। ऐसे उपरंजन मनोरंजन का आश्रय लिया। जिससे हृदय शून्य भी व्यक्ति हृदय की विमलता को प्राप्त कर सहृदय बना दिया जाता है। इसीलिए कहा कि हम लोग ऐसे प्रेक्षणीय को चाहते हैं जो दृश्य एवं श्रव्य हो। और भी आसीन सभास्थल में एकत्रित होकर बालक्रीड़ा के लिए पूर्व निर्धारित ग्रन्थ को एक व्यक्ति के अग्रसर होकर पढ़ने पर दूसरा व्यक्ति भी उसके साथ उसी को पढ़ता है। ऐसे आसीन संपाठ्य को सुना जाता है और पुष्पशकटिका पुष्पों को निमित्त बनाकर शकटिका का जनता के आमोद प्रमोद के लिए निर्माण को एवं पण्य गान्धिक गन्ध प्रधान द्रव्य जहाँ बेचने के प्रस्तुत किये गये हों ऐसी त्रिकर्णिका दुकानों को देखा जाता है। ये आसीन संपाठ्यादि कुछ नहीं हैं कुछ तत्त्व वे नहीं रखते हैं प्रयोजन शून्य हैं ऐसी बात नहीं है। उनमें भी किसी प्रकार

## अभिनवभारती

किञ्च प्रतीत्युपायानामभावे कथं प्रतीतिः। अस्फुटप्रतीतिकारिशब्दलिङ्गसम्भवेऽपि न प्रतीतिर्विश्राम्यति। स्फुटप्रतीतिरूपप्रत्यक्षोचितप्रत्ययसाकाङ्क्षत्वात्।

यथाऽऽहुः 'सर्वा चेयं प्रमितिः प्रत्यक्षपरा' (न्याय सू. भा. १-३) इति।

## मधुसूदनी

अस्फुटेति। शाब्दबोधे शब्दात् अर्थस्य, अनुमाने लिंगात् लिंगिनः (यथा धूमाद् वह्नेः) परोक्षज्ञानं भवति स्फुटा प्रत्यक्षा प्रतीतिर्न। प्रत्यये हेतौ साकांक्षत्वात्। "प्रत्ययोऽधीनशपथज्ञानविश्वासहेतुषु" इत्यमरः।

सर्वा सर्वविधा प्रमितिः अनुमितिः उपमितिः शाब्दी मितिश्च प्रत्यक्षपरा प्रत्यक्षाधीना। धूमवह्न्योः महानसचत्वारगोष्ठेषु नियतसाहचर्यस्य प्रत्यक्षज्ञानोत्तरमेव धूमाद् वह्नेरनुमितिः। अतोऽनुमितिः प्रत्यक्षपरा। उपमानमपि संज्ञासंज्ञिसम्बन्धज्ञानमपि प्रसिद्धस्य पूर्वं प्रत्यक्षीकृतस्य गवादेः साधर्म्यात् सादृश्याद भवति अस्य पुरोऽवस्थितस्य पिण्डस्य गवयशब्दः संज्ञेति प्रतीतिर्जायतेऽत उपमितिः प्रत्यक्षपरा। शाब्दी प्रमितिः प्रत्यक्षानुमानमूला। शब्दस्य दृष्टादृष्टार्थभेदात् द्विविधत्वस्वीकृतेः। दृष्टार्थे प्रत्यक्षं मूलम्, अदृष्टार्थेऽनुमानं वदेत्। अनुमानस्य प्रत्यक्षमूलत्वमुक्तमेवेति सर्वा प्रमितिः प्रत्यक्षपरा।

## बालक्रीड़ा

का प्रयोजन है। इनसे कैसा प्रयोजन सिद्ध होता है उसे बताते हैं कि इन सबों को अर्थात् दृश्य पुस्तककटिका पञ्चवार्षिक एवं श्रव्य आसीनसंपाठ्य, नाटकादि दशरूपक एवं श्रव्य काव्य पठ्य काव्य को मुनि ने साधारणीभाव की सिद्धि के द्वारा रस की चर्वणा के उपयोगी के रूप में परिकरबन्ध बनाया है सहायक बनाकर समाश्रयण किया है। इत्यादि सबका स्फुटीकरण आगे किया जायगा अतः यहाँ पर उनके विषय में कुछ प्रयत्न नहीं करना है।

यदि प्रतीतियों के लिए उपाय नहीं होंगे तो कोई भी प्रतीति कैसे होगी। अस्फुट प्रतीति के जनक शब्द एवं लिंग अनुमापक हेतु के रहने पर भी प्रतीति की विश्रान्ति नहीं होती है। क्योंकि स्पष्ट प्रतिपत्तिरूप प्रत्यक्ष साक्षात्कार के अनुकूल प्रत्यय हेतुओं की आकांक्षा बनी रहती है। (प्रत्ययोऽधीनशपथज्ञानविश्वासहेतुषु) यह अमर कोष है।

जैसा कि कहते हैं ये सभी प्रकार की प्रमितियाँ अनुमिति उपमिति एवं शब्द ज्ञान प्रत्यक्ष परक हैं यानी साक्षात्कार के अधीन हैं। क्योंकि धूम एवं वह्नि के रसोई चौराहे एवं गौशाला में नियत साहचर्य के प्रत्यक्ष ज्ञान होने पर ही धूम से वह्नि का अनुमान होता है। अतः अनुमिति प्रत्यक्ष के अधीन है। उपमान भी अनुमान सजातीय ही है अतः उपमिति अनुमिति की तरह प्रत्यक्षपरा है। और शब्द की प्रवृत्ति में तो प्रत्यक्ष तथा अनुमान दोनों मूल में हैं अतः सर्वा प्रमितिः प्रत्यक्षपरा है यही सिद्धान्त है। अपने द्वारा साक्षात्कार किये हुए पदार्थ के विषय में सैकड़ों आगम (शब्द) सैकड़ों और अनुमान अन्यथा भाव नहीं कर सकते हैं यह सभी के स्वानुभव से सिद्ध है [अलात अंगारे को कहते हैं।

## अभिनवभारती

स्वसाक्षात्कृते आगमानुमानशतैरप्यनन्यथाभावस्य स्वसंवेदनात् । अलातचक्रादौ साक्षात्कारान्तरेणैव बलवता तदवधारणादिति लौकिकस्तावदयं क्रमः । तस्मात्तदुभयविघ्नविघातेऽभिनया लोकधर्मिवृत्तिप्रवृत्त्युपस्कृताः समभिषिच्यन्ते । अभिनयनं हि शब्दलिङ्गव्यापारविसदृशमेव प्रत्यक्षव्यापारकल्पमिति निर्णेष्यामः ।

अप्रधाने च वस्तुनि कस्य संविद्विश्राम्यति । तस्यैव प्रत्ययस्य प्रधानान्तरं प्रत्यनुधावतः स्वात्मन्यविश्रान्तत्वात् । अतोऽप्रधानत्वं जडे विभावानुभाववर्गे व्यभिचारिनिचये च संविदात्मकेऽपि नियमेनान्यमुखसंप्रेक्षिणि संभवतीति तदतिरिक्तः स्थाय्येव तथा चर्वणापात्रम् ।

तत्र पुरुषार्थनिष्ठाः केचित्स्थायिन इति त एव प्रधानम् । तथथा रतिः कामः तदनुषङ्गिधर्मार्थनिष्ठा । क्रोधस्तत्प्रधानेष्वर्थनिष्ठः । अर्थकामपर्यवसितोऽप्युत्साहः

## मधुसूदनी

अलातं ज्वलदंगारकम् । "निर्वाणालातलाघवम्" हिरण्यकशिपोर्मस्तके प्रहृतं वज्रं निर्वाणालातलाघवं प्रपेदे । इति कालिदासोक्तेः । एवं च चक्राकारं ज्वलदंगारकं नाम अलातचक्रम् ।

उभयविधविघ्नयोः प्रतीत्युपायवैकल्यस्फुटत्वाभावरूपयोर्विघाते नाशक्रियायै । इत्यर्थः । संविदात्मकेऽपि व्यभिचारिवर्गे इति व्यभिचारिणां चित्तवृत्तिस्वरूपत्वात् । वृत्तौ च ज्ञानत्वोपचारात् व्यभिचारिवर्गस्य संविदात्मकत्वमुक्तम् । रतिः कामः कामानुषङ्गिनोर्धर्मार्थयोर्निष्ठा ।

## बालक्रीड़ा

कालिदास का प्रयोग है निर्वाणालातलाघवम् हिरण्य कशिपु के मस्तक में इन्द्र के द्वारा प्रहृत वज्र बुते हुए अंगारों की तरह शुद्र हो गया] जलते हुए अंगारों के चक्रादि आकार में विषय में किये पानी देखे गये रूप बलवान् स्वसाक्षात्कार से अन्यथा भाव के नहीं होने का ही निश्चय किया है यह लौकिक क्रम है । इसलिए प्रतीत्युपायवैकल्य एवं स्फुटत्वाभाव इन दोनों विघ्नों के हट जाने पर लोकधर्मी माने इतिवृत्त और वृत्ति तथा प्रवृत्तियों से उपस्कृत सत्कृत अभिनयों का अभिषेक किया जाता है । यह अभिनय, शब्द एवं लिंग रूप व्यापारों से विसदृश विलक्षण प्रत्यक्ष व्यापार के सदृश है । इसका निश्चय आगे करेंगे ।

(प्रधाने च कृतो यत्नः फलवान् भवति) प्रधान में ही अप्रधान में नहीं किया हुआ प्रयत्न सफल होता है इस न्याय के अनुसार किसकी प्रतीति अप्रधान में विश्रान्त होती है अर्थात् किसी की भी नहीं । क्योंकि प्रधानान्तर के पीछे दौड़ने वाली उसी प्रतीति की अपने स्वरूप में विश्रान्ति नहीं होती हुई देखी गई है । अतः नियमतः अन्य स्थायी के मुख की तरफ ताकने वाले जड़ विभाव एवं अनुभाव वर्ग में और वृत्तिरूप होने से संवित्स्वरूप व्यभिचारी वर्ग में भी अप्रधानत्व ही संभव है । इसलिए उनसे भिन्न स्थायी ही प्रधान रूप से चर्वणा का पात्र है ।

## अभिनवभारती

समस्तः धर्मादिपर्यवसितः। तत्त्वज्ञानजनितनिर्वेदः पुष्टो विभावादिभिः मोक्षोपाय इति तावदेषां प्राधान्यम्। यद्यपि चैषामप्यन्योन्यं गुणभावोऽस्ति तथापि तत्तत्प्रधाने रूपके तत्तत्प्रधानं भवतीति रूपकभेदपर्यायेण सर्वेषां प्राधान्यमेषां वक्ष्यते। आदूरभागाभिनिविष्टदृशस्त्वेकस्मिन्नपि रूपके पृथक्प्राधान्यम्।

तत्र सर्वेऽमी सुखप्रधानाः। स्वसंविच्चर्वणरूपस्यैकघनस्य प्रकाशस्यानन्दसारत्वात्। तथा हि—एकघनशोकसंविच्चर्वणेऽपि लोके स्त्रीलोकस्य हृदयविश्रान्तिरन्तरायशून्यविश्रान्तिशरीरत्वात् सुखस्य। अविश्रान्तिरूपतैव दुःखम्। तत एव कापिलैर्दुःखस्य चाञ्चल्यमेव प्राणत्वेनोक्तं रजोवृत्तितां वदद्भिरित्यानन्दरूपता सर्वरसानाम्।

## मधुसूदनी

आदूरेति। आदूरभागं दूरभागं यावत् निविष्टा दृक् येषां ते तथोक्ताः। एकघनेति। स्वातिरिक्तं पदार्थं स्वस्वरूपनिविष्टं कृत्वा एकशरीरं भावयति यः स एकघनः। इत्युच्यते। एकघनस्य शोकस्य संविदात्मकचर्वणे।

रजसः परिणामभूतं दुःखमिति वदद्भिः कापिलैः सांख्यदर्शनाचार्यैः दुःखस्य चाञ्चल्यमेव अविश्रान्तिरूपत्वमेव प्राणत्वेन उक्तम्। एवं दुःखस्यास्थिरतया सुखस्य च विश्रान्तिधामतया सर्वरसनामानन्दरूपतायाता।

## बालक्रीडा

उन में कुछ स्थायी, पुरुषों के द्वारा अर्थनीय चाहने योग्य धर्म अर्थ काम एवं मोक्ष में स्थित हैं। अतः वे स्थायी प्रधान हैं। जैसे रति; काम एवं कामानुषंगी धर्म और अर्थ में रहती है। कुछ व्यक्तियों में रहने वाला क्रोध अर्थ निष्ठ है। अर्थ एवं काम में पर्यवसित होने वाला भी समस्त उत्साह धर्म में पर्यवसित होता है। विभावादि से पुष्ट हुआ तत्त्वज्ञान जनित निर्वेद मोक्ष का उपाय है। इसलिए इन स्थायियों की प्रधानता है। यद्यपि इनमें भी परस्पर में गुण प्रधान भाव है तथपि उस स्थायी को मुख्य मान कर बनाये हुए रूपक में वे स्थायी प्रधान होते हैं इस प्रकार रूपक के भेदों के पर्याय के अनुसार इन सब स्थायियों की प्रधानता लक्षित होगी। चारों तरफ से दूर तक दृष्टि को फैलाने वाले दूरदर्शी लोग तो एक ही रूपक में अलग अलग प्रधानता को समझते हैं।

ये सभी स्थायी भाव सुखधाम हैं। अपनी संविदात्मक चर्वणस्वरूप एकघन प्रकाश का सार निर्यास आनन्द ही है। स्वातिरिक्त पदार्थ को अपने में मिलाकर एक शरीर करने वाले को एक घन कहते हैं। तदनुसार एकघन एकशरीर शोक के संविदात्मक चर्वण के अवसर पर भी स्त्रियों के हृदय की विश्रान्ति होती है ऐसा लोक में देखा गया है। क्योंकि सुख का शरीर सुख का स्वरूप अन्तराय शून्य विश्रान्ति ही है। और दुःख अविश्रान्तिरूप है इसीलिए दुःख को रज का परिणाम मानने वाले कपिलमतानुयायी सांख्यशास्त्रियों ने चंचलता को ही उसका प्राण कहा है। अतः सभी रस आनन्दरूप हैं।

## अभिनवभारती

किन्तूपरञ्जकविषयवशात्तेषामपि कटुतास्पर्शो किं नास्ति वीरस्येव। स हि क्लेशसहिष्णुताद्विप्राण एव। एवं रत्यादीनां प्राधान्यम्। हासादीनां तु सातिशयं सकललोकसुलभविभावतयोपरञ्जकत्वमिति (न) प्राधान्यम्। अत एवानुत्तमप्रकृतिषु बाहुल्येन हासादयो भवन्ति। पामरप्रायः सर्वोऽपि हसति शोचति बिभेति परनिन्दामाद्रियते। अल्पसुखभावितत्वेन च सर्वत्र विस्मयते। रत्याद्यङ्गतया तु पुमर्थोपयोगित्वमपि स्यादेषाम्। एतद्गुणप्रधानभावकृत एव च दशरूपकादिभेद इति वक्ष्यामः।

स्थायित्वं चैतावतामेव। जात एव हि जन्तुरियतीभिः संविद्भिः परीतो भवति। तथा हि—"दुःखसंश्लेषविद्वेषी सुखास्वादनसादरः।"
इति न्यायेन सर्वो रिरंसया व्याप्तः, स्वात्मन्युत्कर्षमानितया परमुपहसन्, अभीष्टवियोगसंतप्तस्तद्धेतुषु कोपपरवशोऽशक्तौ च ततो भीरुः, किञ्चिदार्जिजीषुरप्यनुचितवस्तुविषयवैमुख्यात्मकतयाक्रान्तः किञ्चिदनभीष्टतयाऽभिमन्यमानस्तत्तत्कर्तव्यदर्शनसमुदितविस्मयः किञ्चिच जिहासुरेव जायते। न ह्येतच्चित्तवृत्तिवासनाशून्यः प्राणी भवति। केवलं कस्यचित्काचिदधिका चित्तवृत्तिः काचिदूना। कस्यचिदुचितविषयनियन्त्रिता कस्यचिदन्यथा। तत्काचिदेव पुमर्थोपयोगिनीत्युपदेश्या। तद्विभाव(ग)कृतश्चोत्तमप्रकृत्यादिव्यवहारः।

## बालक्रीड़ा

किन्तु क्या उपरंजक यानी अपने रंग में रंग देनेवाले विषय के वश से उनमें कटुता का स्पर्श नहीं हो जाता है जैसे वीर में। क्लेश का सहना ही वीर का प्राण है। इस प्रकार रत्यादि की प्रधानता है। सकल लोक सुलभ विभाव एवं अनुभाव के होने के कारण हासादि में सातिशय उपरंजकत्व है अतः उनकी प्रधानता नहीं है। अतएव ओछे स्वभाव वाले व्यक्तियों में अधिकतर मजाक वगैरह होती है। पामर प्रायः सभी मानव हँसता है डरता है दूसरे की निन्दा में रत रहता है। थोड़ा सा सुख पाकर एवं भाषण करके जगह-जगह में आश्चर्य प्रकट करता है। इन्हीं हासादि को यदि रति वगैरह का अंग बना दिया जाय तो इनमें पुमर्थोपयोगिता भी हो सकती है। इसी गुण प्रधानभाव के कारण ही दशरूपकों में भेद होता है इस बात को आगे चलकर कहेंगे।

इतने ही भावों में स्थायित्व हो सकता है। जन्तु पैदा होते ही इतनी संविदों से व्याप्त होता है। दुःखों के संसर्ग में विद्वेष करता है और सुखों के आस्वादन में आदर करता है। इस न्याय से हरएक प्राणी रिरंसा से व्याप्त होता है। (१) अपने को उत्कृष्ट मानकर दूसरों की मजाक करता है। (२) अभीष्ट के वियोग में सन्तप्त होता है। (३) अभीष्ट वियोग के हेतुओं पर कोप के परवश होता है। (४) अशक्ति के अनुभव होने पर उससे भीत होता है। (५) कुछ अर्जन करना चाहता है। (६) अनुचित वस्तुओं के विषय में विमुखता से आक्रान्त हुआ उनको अनभीष्ट मानता है। (७) उन लोकोत्तर कर्तव्यों को देख सुनकर जानकर विस्मित होता है। (८) कुछ को तो छोड़ना

## अभिनवभारती

ये पुनरमी ग्लानिशङ्काप्रभृतयश्चित्तवृत्तिविशेषास्ते समुचितविभावाभावाज्जन्ममध्येऽपि न भवन्त्येव। तथा हि—रसायनमुपयुक्तवतो मुनेर्ग्लान्यालस्यश्रमप्रभृतयो नोत्तिष्ठन्ति। यस्यापि भवन्ति विभावबलात्तस्यापि हेतुप्रक्षये क्षीयमाणाः संस्कारशेषतां तावन् नावश्यमनुबध्नन्ति। उत्साहादयस्तु संपादितस्वकर्तव्यतया प्रलीनकल्पा अपि संस्कारशेषतां नातिवर्तन्ते। कर्तव्यान्तरविषयस्योत्साहादेरखण्डनात्।

यथाह पतञ्जलिः—"न हि चैत्र एकस्यां स्त्रियां रक्त इत्यन्यासु विरक्तः।" (पातञ्जल. व्यास. भा. २.४) इत्यादि।

तस्मात्स्थायिरूपचित्तवृत्तिसूत्रस्यूता एवामी व्यभिचारिणः स्वात्मानमुदयास्तमयवैचित्र्यशतसहस्रधर्माणं प्रतिलभमाना रक्तनीलादिसूत्रस्यूतविरलभावोपलम्भनसम्भावितभङ्गीसहस्रगर्भस्फटिककाचाभ्रकपद्मरागम रकतमहानीलादिमयगोलकवत्तस्मिन् सूत्रे स्वसंस्कारवैचित्र्यमनिवेशयन्तोऽपि तत्सूत्रकृतमुपकारसन्दर्भं बिभ्रतः स्वयं च विचित्रार्थस्थायिसूत्रं च विचित्रयन्तोऽन्तरा शुद्धमपि स्थायिसूत्रं प्रतिभासावकाशमुपनयन्तोऽपि पूर्वापरव्यभिचारिरत्नच्छायाशबलिमानमवश्यमानयन्तः प्रतिभासन्त इति व्यभिचारिण उच्यन्ते।

## बालक्रीडा

ही चाहता है। (१) इन उक्त रतिप्रभृति चित्तवृत्तियों की वासनाओं से शून्य कोई भी प्राणी नहीं होता है। किन्तु केवल इतना ही होता है कि किसी को कोई चित्तवृत्ति अधिक होती है और किसी को कम। किसी की चित्तवृत्ति उचित विषय में नियन्त्रित होती है किसी की नहीं। इसीलिए कोई-कोई चित्तवृत्ति पुमर्थोपयोगिनी होने से उपदेश्य होती है। इन्हीं चित्तवृत्तियों के विभावों के आलम्बनीय तत्त्वों के आधार पर उत्तम मध्यम एवं अधम प्रकृतियों का व्यवहार होता है।

ये जो ग्लानि एवं शंका प्रभृति चित्तवृत्ति विशेष हैं वे समुचित विभावों के नहीं मिलने पर जन्मभर भी जीवन पर्यन्त भी नहीं होती हैं जैसे रसायन का उपयोग करने वाले मुनि को ग्लानि आलस्य एवं श्रम प्रभृति भाव कभी नहीं उठते हैं। विभावों के बल से यदि किसी को कभी हो जाते हैं तो उसके भी वे भाव हेतु के प्रक्षय होने पर कारण के न रहने पर धीरे-धीरे क्षीण हो जाते हैं। यह कोई आवश्यक नहीं है कि उन भावों के संस्कार कुछ शेष रह ही जायें। उत्साहादि भाव अपने-अपने कर्तव्यों को सम्पादन करके प्रलीनकल्प विलीन जैसे हुए भी संस्कार शेषता का अतिवर्तन नहीं करते हैं अर्थात् उनके संस्कार मिटते नहीं वे उद्रिक्त रूप में नहीं रहकर सूक्ष्मरूप से रहते ही हैं। क्योंकि अन्य-अन्य कर्तव्यों के विषय में अखण्ड उत्साह आदि रहते ही हैं। जैसा कि पतंजलि ने कहा है कि यह आवश्यक नहीं है चैत्र किसी एक स्त्री में अनुरक्त है तो अन्य स्त्रियों से विरक्त है।

इसलिए स्थायिरूप चित्तवृत्ति के सूत्र में स्यूत पिरोये हुए ये व्यभिचारी भाव अपने स्वरूप में उदय एवं अस्तरूप सैकड़ों एवं हजार हों विचित्रताओं से धर्मों को प्राप्त करते हैं किन्तु जो लाल काले नीले एवं पीले सूत्रों में पिरोई हुई हैं और जिनके गर्भ में अर्थात् जिनमें

## अभिनवभारती

तथा हि—ग्लानोऽयमित्युक्ते कुत इति हेतुप्रश्नेनास्थायिता स्य सूच्यते। न तु राम उत्साहशक्तिमानित्यत्र हेतुप्रश्नमाहुः। अत एव विभावास्तत्रोद्बोधकाः सन्तः स्वरूपोपरञ्जकत्वं विदधाना रत्युत्साहादेरुचितानुचितत्वमात्रमावहन्ति। न तु तदभावे सर्वथैव ते निरुपाख्याः। वासनात्मना सर्वजन्तूनां तन्मयत्वेनोक्तत्वात्। व्यभिचारिणां तु स्वविभावाभावे नामापि नास्तीति। वितनिष्यते चैतद्यथायोगं व्याख्यावसरे। एवमप्रधानत्वनिरासः स्थायिनिरूपणायां "स्थायिभावान् रसत्वम्" (ना. शा. अ-६) इत्यनया सामान्यलक्षणशेषभूतया विशेषलक्षणनिष्ठया च कृतः।

तत्रानुभावानां विभावानां व्यभिचारिणां च पृथक्स्थायिनि नियमो नास्ति। बाष्पादेरानन्दाक्षिरोगादिजत्वदर्शनात्। व्याघ्रादेश्च कोपभयादिहेतुत्वात्। श्रमचिन्तादेरुत्साहभयाद्यनेकसहचरत्वावलोकनात्। इत्येवं संशयोदये शङ्कात्मकविघ्नशमनाय

## मधुसूदनी

तदभावे स्वविभावाभावे ते रत्यादयः स्थायिनो निरुपाख्यप्रख्याः। उपाख्याया नाम्नो राहित्येन प्रख्याः कथनीयाः। तन्मयत्वेन रत्यादिप्रचुरत्वेन।

## बालक्रीडा

विरलभाव के उपलम्भन से सहस्रों भंगियां शैलियां सम्भावित हैं ऐसे स्फटिक, कांच, अभ्रक, पद्मराग, मरकतमणि महानीलमणियाँ जिस सूत्र में पिरोई गई हैं उस सूत्र में डोरे में वैसे अपने संस्कार के सम्बन्ध के वैचित्र्य का निवेश नहीं करते हुए भी उस सूत्र के द्वारा किये गये उपकारों को धारण करते हैं वैसे स्थायिरूपी सूत्र में अपने संस्कार जनित वैचित्र्यों का निवेश नहीं करते हुए भी स्थायी के द्वारा किये गये उपकारों को धारण करते हैं और स्वयं भी विचित्र अर्थभूत स्थायीसूत्र को विचित्र करते हुए बीच-बीच में शुद्ध स्थायी सूत्र को प्रतिभास के लिए अवकाश देते हैं तथा रत्नों के रूप में आगे पीछे पिरोये हुए होने से अपनी कान्ति की धवलिमा को लाते हैं और चमकते हैं इसलिए इनको व्यभिचारी कहते हैं।

जैसे किसी ने कहा कि यह म्लान है तो प्रश्न होता है कि क्यों म्लान है। इस तरह के हेतु विषयक प्रश्न से उसके अस्थायी होने की सूचना मिलती है। किन्तु राम बड़ा उत्साही है, उत्साह शक्तिशाली है इसमें हेतु के बारे में क्यों उत्साही है ऐसा प्रश्न नहीं पूछते हैं। अपितु यही कहा जाता है कि राम का स्वभाव ही ऐसा है। अतएव रत्यादि के उद्बोधक के रूप में उपस्थित हुए विभाव उनके स्वरूप में उपरञ्जन करते हैं और केवल उनमें औचित्य एवं अनौचित्य का आवहन करते हैं। किन्तु यह तथ्य भी नहीं है कि विभावादि के अभाव में वे रत्यादि सर्वथा ही निरुपाख्य हैं ऐसी बात नहीं है। क्योंकि वासनावाले होने के कारण सभी जन्तुओं को उत्साहादि मय कहा गया है। व्यभिचारियों का तो उनके अपने विभावों एवं अनुभावों के अभाव में नाम भी नहीं है। इस अंश को हम आगे युक्तिपूर्वक विस्तृत रूप में कहेंगे। जब इनकी व्याख्या का अवसर आयेगा। इस प्रकार स्थायियों के निरूपण के अवसर में "स्थायी भावों को रस के रूप में प्राप्त करेंगे" इस सामान्यलक्षण की अंगभूत विशेष लक्षण की निष्ठा स्थिति ने स्थायियों के अप्रधानत्व का निरास कर दिया।

## अभिनवभारती

संयोग उपात्तः। संयोगस्तु न व्यभिचारी। तथा हि—बन्धुविनाशो यत्र विभावः परिदेविताश्रुपातादिस्त्वनुभावः चिन्तादैन्यादिर्व्यभिचारी सोऽवश्यं शोक एव।

तत्र लोकव्यवहारे कार्यकारणसहचारात्मकलिङ्गदर्शने स्थाय्यात्मपरचित्तवृत्त्यनुमानाभ्यासपाटवादधुना तैरेवोद्यानकटाक्षवीक्षादिभिर्लौकिकीं कारणत्वादिभुवमतिक्रान्तैर्विभावनानुभावनासमुपरञ्जकत्वमात्रप्राणैः, अतएव प्राच्यकारणादिरूपसंस्कारोपजीवनख्यापनाय अलौकिकविभावादिनामधेयव्यपदेश्यैर्भावाध्यायेऽपि वक्ष्यमाणस्वरूपभेदैर्गुणप्रधानतापर्यायेण सामाजिकधियि सम्यग्योगं सम्बन्धमैकाग्र्यं वाऽऽसादितवद्भिरलौकिकनिर्विघ्नसंवेदनात्मकचर्वणागोचरतां नीतोऽर्थश्चर्व्यमाणतैकसारो न तु सिद्धस्वभावः, तात्कालिक एव न तु चर्वणातिरिक्तकालावलम्बी स्थायिविलक्षण एव रसः। न तु यथा शङ्कुकादिभिरभ्यधीयत, "स्थाय्येव विभावादिप्रत्याय्यो रस्यमानत्वाद्रस उच्यते।" इति। एवं हि लौकिकोऽपि किं न रसः। असतोऽपि हि यत्र रसनीयता स्यात्तत्र वस्तुसतः कथं न भविष्यति। तेन स्थायिप्रतीतिरनुमितिरूपा प्राच्या(च्या)। न रसः। अतएव सूत्रे स्थायिग्रहणं न कृतम्।

## बालक्रीडा

विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारियों के स्थायी में अलग २ रहने पर अर्थात् एक २ के रहने पर नियमन नहीं होता है कि इस विभाव की, इस अनुभाव की एवं इस व्यभिचारी की स्थिति में अमुक रस रहेगा। क्योंकि आसुओं का उद्गम आनन्द से, दुख से, अक्षिरोग से एवं धुएँ से भी होता है। व्याघ्र आदि क्रोध, भय, उत्साह एवं विस्मय के भी हेतु होते हैं। श्रम एवं चिन्ता आदि का उत्साह एवं भय आदि में अनेकबार साहचर्य देखा गया है। इस तरह किसी एक के साथ इनका नियत्य हो नहीं सकता है अतः संशय में निमग्न मन रहेगा। ऐसी स्थिति में संशय के उदय होने पर शंका रूप विघ्न के शमन के लिए सूत्र में संयोग पद का उपादान किया। इन विभावादिका संयोग तो रस निष्पत्ति में व्यभिचारी नहीं होता है अर्थात् संयोग से नियमन होता ही है। जैसे बन्धु विनाश विभाव, परिदेवित एवं अश्रुपातादि अनुभाव, चिन्तादैन्य आदि व्यभिचारी जहाँ रहें वह अवश्य ही शोक है।

लोक में व्यवहार में कार्य कारण एवं सहचारी रूप लिंग के अनुमापक हेतु के देखने पर स्थायी रूप अन्य की चित्तवृत्ति के अनुमान करने में अभ्यास से जो पाटव हो गया है उससे। इस समय जिन्होंने लौकिक कारणता रूपी भूमि का अतिक्रमण कर दिया है, जिनमें विभावन अनुभावन एवं व्यभिचारण रूप समुपरंजन व्यापार ही केवल प्राण है अतएव प्राचीन कारणादि रूप संस्कारों का उपजीवन (आश्रयण इनमें किया गया है इस तथ्य) के स्थापन करने के लिए अलौकिक लोक में अप्रचलित विभाव आदि नामों से व्यपदेश के योग्य, भावाध्याय में जिनके स्वरूप एवं भेद कहे जावेंगे और जो कभी गुण और कभी प्रधानक रूप में पारी पारी से सामाजिक की बुद्धि में सम्यक् योग सम्बन्ध अथवा एकाग्रता का आसादन करते हैं। उन्हीं उद्यान एवं कटाक्ष वीक्षा आदि से अलौकिक निर्विघ्न संवेदनात्मक चर्वणा की विषयता को प्राप्त कर चुका है जिसमें चर्व्यमाणता ही एक मात्र सार है अतएव जो

## अभिनवभारती

तत्प्रत्युत शल्यभूतं स्यात्। केवलमौचित्यादेवमुच्यते स्थायी रसीभूत इति। औचित्यं तु तत्स्थायिगतत्वेन कारणादितया प्रसिद्धानामधुना चर्वणोपयोगितया विभावादित्वावलम्बनात्।

तदाहि लौकिकचित्तवृत्त्यनुमाने का रसता। तेनालौकिकचमत्कारात्मा रसास्वादः स्मृत्यनुमानलौकिकसंवेदनविलक्षण एव।

तथाहि—लौकिकेनानुमानेन संस्कृतः प्रमदादिनान ताटस्थ्येन प्रतिपद्यते। अपि तु हृदयसंवादात्मकसहृदयत्वबलात्पूर्णीभविष्यद्रसास्वादाङ्कुरीभावेनानुमानस्मृत्यादिसोपानम(ना)रुह्यैव तन्मयीभावोचितचर्वणाप्राणतया। न च सा चर्वणा

## मधुसूदनी

लौकिकेन प्रमदादिना प्रमदादिद्वारा क्रियमाणेन अनुमानेन संस्कृतः लोकव्यवहारे कार्यकारणसहचारात्मकलिंगदर्शने स्थाय्यात्मकपरचित्तवृत्त्यनुमानेन अभ्यासात् पाटवयान्।

## बालक्रीड़ा

सिद्ध स्वभाव नहीं है किन्तु जो तात्कालिक ही है अर्थात् चर्वणा के काल से अतिरिक्त काल का अवलम्बन करने वाला नहीं है ऐसा स्थायीविलक्षण पदार्थ रस है। न कि जैसा श्रीशंकुकादि ने कहा है कि विभावादि से अनुमेय स्थायी ही रस है। तब तो लौकिक प्रमेय रति ही रस क्यों नहीं है। जहाँ असत् रत्यादि भी रसनीयता के कारण रस है तो वहाँ वस्तुः सन् रत्यादि रसनीय क्यों नहीं होगें। इसलिए इस तरह लोक में होने वाली स्थायी की प्रतीति को अनुमिति रूप ही कहना चाहिए। रस नहीं कहना चाहिए। अतएव सूत्र में स्थायी का ग्रहण नहीं किया है। यदि करते तो सुखद न होकर प्रत्युत वह शल्यभूत होता। केवल औचित्य से ऐसा कहते हैं कि स्थायी रस है। प्रकृत में स्थायी को रस कहने में यह औचित्य कि उस उस स्थायी के गमक होने से कारणादि के रूप से प्रसिद्ध नायक वगैरह अधुना चर्वणा के उपयोगी होने से विभावादि रूप से आलम्बनादि बन गये हैं। ऐसी स्थिति में लौकिक चित्तवृत्ति के अनुमान में रसना कैसी। इससे सिद्ध है कि लौकिक कारणों से जिसकी उपस्थिति नहीं हो सकती है ऐसा अलौकिक चमत्कारात्मा रसास्वाद है जो स्मृति अनुमान आदि लौकिक संवेदनों से विलक्षण है।

लौकिक प्रमदादि के द्वारा अनुमान करने से संस्कृत मति वाला अर्थात् लोक व्यवहार में कार्य कारण सहचारात्मक लिंग को देख कर स्थायी रूप परचित्त के अनुमान करने में पटु व्यक्ति तटस्थ रूप से अर्थात् अनुकार्य एवं अनुकर्त्ता में रति की प्रतिपत्ति नहीं करता है। (एक हृदय ने जैसा जो समझा वैसा वही दूसरे हृदय ने भी समझा इसको हृदय संवाद कहते हैं) अपितु हृदय सम्वादात्मक सहृदयता के बल से पूर्ण होने वाले रसास्वाद सम्बन्धी एवं स्मृति आदि सोपान परम्परा पर अनारोहण करके ही तन्मयी भाव के योग्य चर्वणा के अंकुरों के रूप से, अनुमान प्राण के रूप से उसकी प्रतिपत्ति करता है। वह चर्वणा पूर्व में किसी प्रमाण से उत्पन्न नहीं हुई है जिससे आज उसे स्मृति कहा जाय। और न उसके विषय में लौकिक प्रत्यक्षादि प्रमाणों

## अभिनवभारती

प्राक्मानान्तरात् येनाधुना स्मृतिः स्यात्। न चात्र लौकिकप्रत्यक्षादिप्रमाणव्यापारः। किन्त्वलौकिकविभावादिसंयोगबलोपनतैवेयं चर्वणा। सा च प्रत्यक्षानुमानागमोपमानादिलौकिकप्रमाणजनितरत्याद्यवबोधतः तथा योगिप्रत्यक्षजनिततटस्थपरसंवित्तिज्ञानात्सकलवैषयिकोपरागशून्यशुद्धपरयोगिगतस्वात्मानन्दैकघनानुभावाच्च विशिष्यते। एतेषां यथायोगमर्जनादिविघ्नान्तरोदयात्ताटस्थ्यास्फुटत्व-विषयावेशवैवश्यकृतसौन्दर्यविरहात्। अत्र तु स्वात्मैकगतत्वनियमासंभवात् न विषयावेशवैवश्यम् स्वानुप्रवेशात्परगतत्वनियमाभावात् न ताटस्थ्यास्फुटत्वे, तद्विभावादिसाधारण्यवशसंप्रबुद्धोचितनिजरत्यादिवासनावेशवशाच्च न विघ्नान्तरादीनां सम्भव इत्यवोचाम बहुशः।

## मधुसूदनी

एतेषां लौकिकप्रमाणजनितज्ञान-युंजानयोगिज्ञान-युक्तयोगिज्ञानानां यथायोगं संगतेः युक्तेरुपायस्यानुसारमर्जनादिरूपा हानोपादानोपेक्षणात्मका विघ्नाः। तेषामुदयात्। उपेक्षणजनितं ताटस्थ्यम्, हानजनितमस्फुटत्वम्, उपादानजनितो विषयावेशः। तेभ्यो यद्वैवश्यं तत्कृतात्सौन्दर्यविरहात्।

## बालक्रीडा

का कोई व्यापार है। किन्तु यह चर्वणा अलौकिक विभावादि के संयोग के बल से उपनत हुई है। इसलिए यह चर्वणा प्रत्यक्ष अनुमान उपमान आगम और आदिपदबोध्य अर्थापत्ति, संभव, ऐतिह्य एवं अनुपलब्धि रूप लौकिक प्रमाण से उत्पन्न रत्यादि ज्ञान से, तथा युंजान योगी के प्रत्यक्ष से जनित किन्तु तटस्थ अर्थात् लौकिक प्रमाणों से अजनित अतएव जो पर संवित्ति है तद् रूप ज्ञान से, एवं सकल वैषयिक पदार्थों के उपराग सम्बन्ध से शून्य अतएव शुद्ध परयोगी युक्तयोगी के स्वात्मानन्दैकघन अनुभव से विलक्षण है। इन ज्ञानों में संगति युक्ति या उपायों के अनुसार अर्जन उपादान हान एवं उपेक्षण रूप विघ्नों के उदय होने से उपेक्षणा जनित ताटस्थ्य, हानसंभूत अस्फुटत्व एवं उपादानप्राप्य विषयों में आवेश की विवशता के कारण सौन्दर्य का विरह हो जायगा। यहाँ तो अपने में ही यह चर्वणा है इस नियम के अभाव से विषयावेश विवशता नहीं है। अपने का भी उसमें अनुप्रवेश है इसलिए परगतत्व नियम के के अभाव से ताटस्थ्य एवं अस्फुटता नहीं है। उन विभावादिकों की साधारणता के वश से संप्रबुद्ध उचित स्वकीय रत्यादिकों की वासना के आवेश से विघ्नों का उत्पन्न होना संभव नहीं है इस बात को बहुत बार कह चुके हैं। इसीलिए विभावादि रस की निष्पत्ति के हेतु नहीं हैं। यदि विभावादि को रस की निष्पत्ति में (समवायी करण एवं असमवायी करण की असंभव दशा में) निमित्त कारण मानेंगे तो विभावादि के बोध के अपगत होने पर रस की स्थिति संभव हो जायगी जैसे दण्ड के नाश होने पर भी घट की स्थिति रहती है। विभावादि के ज्ञान से रस की निष्पत्ति होती है और "समवायिकारणत्वं तु द्रव्यस्यैवेति विज्ञेयम्" के अनुसार समवायी कारण द्रव्य ही होता है अन्य गुण क्रिया नहीं। ज्ञान गुण है अतः विभावादि समवायी कारण नहीं है यह विभावादि ज्ञान शुद्ध ज्ञान नहीं है इस विभावादि ज्ञान में अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते के अनुसार विशेषण विधया शब्द भी प्रविष्ट है। और मीमां-

## अभिनवभारती

अत एव विभावादयो न निष्पत्तिहेतवो रसस्य। तद्बोधापगमेऽपि रससंभवप्रसङ्गात्। नापि ज्ञप्तिहेतवः येन प्रमाणमध्ये पतेयुः। सिद्धस्य कस्यचित्प्रमेयभूतस्य रसस्याभावात्। किं तर्ह्येतद्धि विभावादय इति। अलौकिक एवायं चर्वणोपयोगी विभावादिव्यवहारः। क्वान्यत्रेत्थं दृष्टमिति नेद्भूषणमेतदस्माकमलौकिकत्वसिद्धौ। पानकरसास्वादोऽपि किं गुडमरीचादिषु दृष्ट इति समानमेवत्।

नन्वेवं रसोऽप्रमेयः स्यात् एवं। युक्तं भवितुमर्हति। रसस्यैकप्राणो ह्यसौ न प्रमेयादिस्वभावः। तर्हि सूत्रे निष्पत्तिरिति कथम्। नेयं रसस्य। अपि तु तद्विषयरसनायाः। तन्निष्पत्त्या तु यदि तदेकायत्तजीवितस्य रसस्य निष्पत्तिरुच्यते न कश्चिदत्र दोषः। सा च रसना न प्रमाणव्यापारो न कारकव्यापारः। स्वयं तु नाप्रामाणिकः। स्वसंवेदनसिद्धत्वात्। रसना च बोधरूपैव। किन्तु बोधान्तरेभ्यो लौकिकेभ्यो विलक्षणैव। उपायानां विभावादीनां लौकिकवैलक्षण्यात्। तेन विभावादिसंयोगाद्रसना यतो निष्पद्यतेऽतस्तथाविधरसनागोचरो लोकोत्तरोऽर्थो रस इति तात्पर्यं सूत्रस्य।

## बालक्रीडा

सक एवं वैयाकरण के मत में शब्द द्रव्य है। गुणकर्ममात्रवृत्ति ज्ञेयमथाप्यसमवायिहेतुत्वम् के अनुसार गुण और कर्म ही केवल असमवायी कारण होते हैं अन्य द्रव्य नहीं। अतः विभावादि असमवायी कारण नहीं हो सकते हैं। अन्ततो गत्वा विभावादि यदि कारण हो सकते हैं तो निमित्त कारण हो सकते हैं निमित्त कारण मानने में उक्त दोष है। यह तो कारक हेतु के विषय में कहा। अब ज्ञापक हेतु के विषय में कहते हैं कि विभावादि ज्ञप्ति हेतु अर्थात् ज्ञापक हेतु भी नहीं हैं। यदि ज्ञापक हेतु होते तो प्रमाणों के मध्य में उनकी गणना होती क्योंकि पहले से सिद्ध प्रमेयभूत रस कोई पदार्थ नहीं है। इस तरह जब वे कारक हेतु भी नहीं हैं और ज्ञापक हेतु भी नहीं हैं तब वे विभावादि क्या हैं। उत्तर यह चर्वणा का उपयोगी विभावादि व्यवहार अलौकिक ही है। चर्वणा के उपयोग में आने वाला यह विभावादि व्यवहार यदि लोक में प्रसिद्ध नहीं है। तब अन्यत्र लोक से बाहर कहाँ देखा है। इस पर कहते हैं कि इस तरह इस व्यवहार के अलौकिक सिद्ध होने में कोई दूषण नहीं है यह तो हमारे यहाँ भूषण माना गया है। अच्छा आप ही बतलाइये कि गुड़ मरिच आदि सबके सम्मेलन से बने हुए पानक में जो रस की चर्वणा आस्वाद का अनुभव होता है उसका क्या गुड़ मरीच आदि प्रत्येक में अनुभव किया जाता है। अगर कहें कि नहीं, अनुभव नहीं किया है तब आपके एवं हमारे मत में यह समान ही व्यवहार है।

इस तरह से यदि कारक एवं ज्ञापक हेतुओं से कार्य एवं ज्ञाप्य नहीं होगा तो यह रस अप्रमेय हो जायगा। उचित भी है ऐसा ही होना चाहिए। क्योंकि इसका रस्यमानता ही प्राण है अतः यह प्रमेय अभिधेय एवं ज्ञेय स्वभाव नहीं है। यदि ऐसी बात है तब सूत्र में निष्पत्ति शब्द का उपादान क्यों किया। इस पर कहते हैं कि यह निष्पत्ति रस की नहीं है। अपितु यह रस के उपयोगी उपजीवी रसना की है चर्वणा की है। हाँ यदि उपयोज्य उपयोजक

## अभिनवभारती

८ अयमत्र संक्षेपः । मुकुटप्रतिशीर्षकादिना तावन्नटबुद्धिराच्छाद्यते । गाढप्राक्तनसंवित्संस्काराच्च काव्यबलानीयमानापि न तत्र रामधीर्विश्राम्यति । अत एवोभयदेशकालत्यागः । रोमाञ्चादयश्च लौकिका अपि भूयसा रतिप्रतीतिकारितया दृष्टास्तेन ते देशकालानियमेन तत्र रतिं गमयन्ति । यस्यां स्वात्मापि तद्वासनावत्त्वादनुप्रविष्टः अत एव न तटस्थतया रत्यवगमः । न च नियतकारणतया, येनार्जनाभिषङ्गादिसम्भावना । न च नियतपरात्मैकगततया, येन दुःखद्वेषाद्युदयः । तेन साधारणीभूता सन्तानवृत्तेरेकस्या एव वा संविदो गोचरभूता रतिः शृङ्गारः । साधारणीभावश्च विभावादिभिरिति ] तत्र विभावप्राधान्येन साधारणीभावो यथा—

## मधुसूदनी

अयमत्र संक्षेप इति । उभयो रामनटयोर्देशस्य कालस्य च त्यागः आयोध्यिकस्तदानीन्तनश्च संवृत्त इति उत्तररामचरिते सूत्रधारोक्तेः । यस्यां संविदि ।

अर्जनाभिषङ्गादीति । नियतेभ्यः कारणेभ्यो रतेरवगमे व्याप्तिज्ञानवत् महानसचत्वरगोष्ठादिषु धूमवह्न्योर्नियतसाहचर्यदर्शनार्जनस्य अभिषङ्गस्याग्रहस्य संभावना स्यात् । सन्तानवृत्तेः धारावाहिकवृत्तेः संविदो बुद्धेः । अयं भावः । धाराबुद्धेः अनधिगतविषयकज्ञानाभावे पूर्वाधिगतस्यैव विषयस्य ज्ञानरूपतया प्रमात्वविरहापत्तिर्जागर्ति । तेन तदुद्धरणाय तस्या बुद्धेः पूर्वपूर्वज्ञानाविषयतत्तत्क्षणविशेषविषयकत्वं

## बालक्रीड़ा

में उपजीव्य उपजीवी में अभेद मानकर चर्वणा की रसना की निष्पत्ति से तो चर्वणाधीन जीवित रस की भी निष्पत्ति कह सकते हैं कोई दोष नहीं है । इसके सिवाय यह रसना प्रमाण व्यापार नहीं है । इस तरह तो यह रसना अप्रामाणिक है ऐसा कहना चाहिए । तब कहते हैं कि नहीं, यह स्वयं सिद्ध है अतः अप्रामाणिक नहीं है । इसमें हेतु है स्वसंवेदन सिद्धत्व । यह रसना परप्रकाशानपेक्ष स्वप्रकाश है । यानी स्वतः सिद्ध है । क्योंकि बोधरूपा है । किन्तु अन्य लौकिक ज्ञानों से विलक्षण ही है । इसका हेतु है कि विभावादि उपाय जो लौकिक उपायों से विलक्षण हैं । इससे सूत्र का यह तात्पर्य हुआ कि जब विभावादिकों के संयोग से रसना निष्पन्न होती है तब तथाविध निष्पन्न रसना का विषय लोकोत्तर अर्थ रस है ।

इस विषय में यह संक्षेप है । नायक के मुकुट एवं पगड़ी या साफा आदि के द्वारा सामाजिकों की नट के विषय में बुद्धि आच्छादित हो जाती है अर्थात् "न रामोऽयम्" ऐसी बुद्धि न होकर "रामोऽयम्" यह बुद्धि होती है । प्राचीन गहरे संवित् संस्कार के कारण काव्यबल से आई हुई "रामोऽयम्" यह बुद्धि विश्रान्त नहीं होती है अर्थात् रामोऽयम् यह बुद्धि बनी रहती है । अतएव राम एवं नट दोनों में देश एवं काल दोनों का त्याग हो जाता है । लोक में रोमाञ्चादिकों को भी अधिकतर रति की प्रतीति के जनक के रूप में देखा है । अतः वे नाट्य में भी देश और काल के नियम के बिना रति के गमक होते हैं । जिसमें अपना आत्मा भी अन्तः करण भी वैसी वासना वाला होने के कारण अनुप्रविष्ट है ।

## अभिनवभारती

"केलीकन्दलितस्य विभ्रममधोर्धुर्यं वपुस्ते दृशो-
भंङ्गी भङ्गुरकामकार्मुकमिदं भ्रूनर्मकर्मक्रमः ।
आघ्रातोऽपि विकारकारणमहो वक्त्राम्बुजात्ताऽऽसवः
सत्यं सुन्दरि ? वेधसस्त्रिजगतीसारः त्वमेका कृतिः ॥"

अत्र च विभावकृतं साधारण्यं प्राधान्येन भाति । तदनुगतत्वेन केलीविभ्रमभङ्गुर-नर्मवचोमहिम्ना चानुभाववर्गो भङ्गीक्रमविकारादिशब्दबलाच्च व्यभिचारिवर्गः प्रतिभातीत्यत एव नास्फुटत्वाशङ्काऽत्र रत्यास्वादमये शृङ्गारे विधेया ।

अनुभावप्राधान्यं यथा शुद्धसारस्वतप्रवाहपवित्रसकलवाङ्मयमहार्णवपूर्णभाव-संपादनात् द्विराजस्येन्दुराजस्य—

## मधुसूदनी

स्वीक्रियते । अतस्तत्र ज्ञानभेदः । इत्येकं मतम् । सिद्धान्ते धारावाहिकबुद्धिस्थले न ज्ञानभेदः । किन्तु यावद् घटस्फुरणं तावद् घटाकारान्तःकरणवृत्तिरेकैव न तु नाना । वृत्तेः स्वविरोधिवृत्त्युत्पत्तिपर्यन्तं स्थायित्वाभ्युपगमात् । अत उक्तमेकस्या इति ।

सारस्वतेति । सरस्वती नदी देवी च । तस्या अयं प्रवाहः ओघः प्रयोग परम्परा च । तेन पवित्रो यः सकलवाङ्मयरूपो महार्णवस्तस्य पूर्णभावस्य सम्पादनात् द्विजानां ब्राह्मणानां राज्ञश्चन्द्रस्य च । इन्दुराजस्य एतन्नामकस्य कवेः ।

## बालक्रीड़ा

इसीलिए तटस्थेन रति का अवगम नहीं होता है और न नियत किसी कारण से होता है । जिससे अर्जन सम्बन्धी अभिषङ्ग अपमान की संभावना हो सके । और यह भी नहीं कि किसी नियत अन्य व्यक्ति में या अपने में रति की प्रतीति होती है जिससे दुःख या द्वेषादि की उत्पत्ति होवे । अतः साधारणीभूत सन्तानवृत्ति अर्थात् धारावाहिक चित्तवृत्ति तो अपने कारण विभावादि के बल पर होती है ।

विभावादि की प्रधानता से साधारणीभाव जैसे—हे सुन्दरि ? तुम्हारा शरीर सुरत के लिए क्रियमाण केलि क्रीड़ा से अंकुरित शृंगार चेष्टा रूपी मधु की धुरा को वहन करने वाला है । नर्म परिहास की क्रियाओं का क्रम है जिसमें ऐसी तुम्हारी भौंहे और दृष्टियों की भंगी शैली ये दोनों काम के सचार धनुष है । अहो तुम्हारे वक्त्राम्बुज मुख कमल से आप्त प्राप्त आसव सूंघने पर ही जब इतने या ऐसे विकारों का कारण है तब पीने पर वह क्या करेगा नहीं कहा जा सकता है । इससे सिद्ध है कि सचमुच तुम ब्रह्मा जी की वह एक कृति हो जो तीनों लोकों का सार है ।

यहाँ नायिका रूप विभाव का साधारण्य प्रधानतया मालूम पड़ता है । उस विभाव के अनुगत केली विभ्रम भंगुर एवं नर्म शब्दों की महिमा से अनुभाव वर्ग तथा भंगी क्रम एवं विकारादि शब्दों के बल से व्यभिचारी वर्ग मालूम पड़ता है । इसीलिए यहाँ रत्यास्वादमय शृंगार में अस्फुटत्व की शंका नहीं करनी चाहिए ।

## अभिनवभारती

"यद्विश्रम्य विलोकितेषु बहुशो निस्थेमनी लोचने
यद्गात्राणि दरिद्रति प्रतिदिनं लूनाब्जिनीनालवत्।
दूर्वाकाण्डविडम्बकश्च निबिडो यत्पाण्डिमा गण्डयोः
कृष्णे यूनि सयौवनासु वनितास्वेषैव वेषस्थितिः॥"। इति।

अत्र विश्रम्येति बहुश इति प्रतिदिनमिति च पदसमर्पितो व्यभिचारिगणः कृष्ण इत्यादिपदार्पितश्च विभावो गुणत्वेन प्रतिभासते। विश्रान्तिलक्षणस्तम्भविलोकनवैचित्र्यगात्रतानवतारतम्यपुलकवैवर्ण्यप्रभृतिस्त्वनुभावसञ्चयः प्रधानतया।

व्यभिचारिणां तु प्राधान्यं तद्विभावानुभावप्राधान्यकृतम्। तत्राद्यम्। यथा महाकवेः कालिदासस्य (कलशकस्य)—

"आत्तमात्तमयिकान्तमुक्षितुं कातरा शफरशङ्किनी जहौ।
अञ्जलौ जलमधीरलोचना लोचनप्रतिशरीरलाञ्छितम्॥"

## मधुसूदनी

आत्तमिति। अधीरलोचना नायिका। लोचनयोरधीरत्वादेव जलप्रतिबिम्बितयोस्तयोः शफरशंकाकरत्वम्। कान्तमुक्षितुं जलेन सेक्तुमञ्जलौ आत्तमात्तं पुनः पुनर्गृहीतम्। लोचनप्रतिबिम्बेन युक्तं जलं कातरा सती शफरशंकिनी जहौ तत्याज।

## बालक्रीड़ा

सरस्वती नदी एवं वाग्देवता के शुद्ध निर्मल प्रवाह रूपी प्रयोगपरम्परा से पवित्र सकल-वाङ्मय रूपी महार्णव के उद्वेलन रूपी पूर्णभाव के सम्पादन से द्विजों के राजा इन्दुराज के काव्य में अनुभाव का प्राधान्य जैसे—जो ठहर २ कर बार २ ताकने में नेत्रों की जो चंचलता है। काटी गई कमलिनी के नाल की तरह प्रतिदिन जो गात्रों का सूखना है। और कपोलों पर जो दूर्वा के काण्डों का अनुकरण करने वाली निबिड पाण्डिमा है यह सब कृष्ण के युवा एवं गोपांगनाओं के युवती होने पर वेष की स्थिति है।

यहां विश्रम्य बहुशः एवं प्रतिदिन इन पदों से समर्पित व्यभिचारी गण एवं कृष्ण एवं वनिता पदों से अर्पित विभाव गुणरूप से मालूम पड रहे हैं। तथा विश्रान्ति लक्षण स्तम्भ विलोकन का वैचित्र्य, शरीर की दुर्बलता में तरतमभाव, पुलक रोमाञ्च एवं वैवर्ण्य प्रभृति अनुभाव संचय प्रधानरूप से प्रतीत हो रहा है।

व्यभिचारियों का प्राधान्य उनके व्यंजक विभाव एवं अनुभावों के प्राधान्य के कारण होता है। उनमें आद्य अर्थात् विभाव के द्वारा ही व्यज्यमानता कृत व्यभिचारिप्राधान्य जैसे महाकवि कालिदास (या कलशक) के काव्य में—

कान्त को जल से भिगोदेने के लिए चंचल लोचना नायिका बार २ अंजलि में जल को लेती है किन्तु उस में अपने नेत्रों के प्रतिबिम्ब को देखकर मछलियों की शंका से डरी हुई फेंक देती है।

## अभिनवभारती

इत्यत्र सुकुमारप्रमदाजनभूषणभूतस्य व्यभिचारिवर्गस्य वितर्कत्रासशङ्कादेः प्राधान्यं तद्विभावानां प्राधान्यात् सौन्दर्यातिशयकृतम्। आत्तमित्याद्यर्पितानुभाववर्गस्तु तदनुयायी।

एवं द्वयप्राधान्ये चोदाहार्यम्। किन्तु समप्राधान्य एव रसास्वादस्योत्कर्षः। तच्च प्रबन्ध एव भवति। वस्तुतस्तु दशरूपक एव। यदाह वामनः—"सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः। तद्धि चित्रं चित्रपटवद्विशेषसाकल्यात्।" (काव्यालं. १.३.३०-३१) इति तद्रूपे समर्पणया तु प्रबन्धे भाषावेषप्रवृत्त्यौचित्यादिकल्पनात्। तदुपजीवनेन मुक्तके। तथा च तत्र सहृदयाः पूर्वापरमुचितं परिकल्प्य ईदृगत्र वक्ताऽस्मिन्नवसरे इत्यादि बहुतरं पीठबन्धरूपं विदधते।

## मधुसूदनी

एवमिति। एकस्य विभावस्य प्राधान्ये व्यभिचारिप्राधान्यमिव विभावानुभावद्वयस्य प्राधान्येऽपि उदाहार्यम्। चकारोऽप्यर्थः। द्वयस्य प्राधान्ये सम एव। तच्च समप्राधान्यम्। तद्धि दशरूपकं हि चित्रं विचित्रमाश्चर्यकरं च। यतो हि चित्रपटे यथा सकला विशेषा भवन्ति तथा ते तत्र। इत्यतः। तद्रूपे चित्रभूते प्रबन्धे भाषादेः कल्पनाद्रसास्वादस्योत्कर्षः इत्यन्वयः। तदुपजीवनेन दशरूपकविध्याश्रयणेन मुक्तके खण्डकाव्येऽपि तस्योत्कर्षः।

## बालक्रीडा

यहां सुकुमार प्रमदाजन के भूषणभूत वितर्क त्रास एवं शंकादि व्यभिचारी वर्ग का प्राधान्य है जो उन के विभावों की प्रधानता से प्राप्त सौन्दर्यातिशय के कारण हुआ है आत्तम् इत्यादि से अर्पित अनुभाववर्ग उन विभावों का अनुयायी है। इसी प्रकार विभाव और अनुभाव दोनों की प्रधानता में भी उदाहरण हो सकता है जहां विभाव एवं अनुभाव दोनों व्यंजक रहें ऐसा भी उदाहरण हो सकता है किन्तु व्यंजकत्व में दोनों समप्रधान रहेंगे तभी रसास्वाद का उत्कर्ष होगा। वह समप्राधान्य प्रबन्ध में ही हो सकता है। वस्तुतस्तु वह प्रबन्ध दशरूपक ही है। जैसा कि वामन ने कहा है कि प्रबन्धों में दशरूपक ही श्रेष्ठ है अधिक प्रशंसनीय है। क्योंकि उसमें चित्र पट की तरह सम्पूर्ण विशेषताएँ होती हैं अतः वह चित्र है। उस चित्रभूत प्रबन्ध में तो भाषा वेश एवं प्रवृति और आदि पद से वृत्ति गुण एवं अलंकारों की कल्पना करने से रस के आस्वाद का उत्कर्ष होता है। और उसके उपजीवन करने वाले मुक्तक खण्ड काव्यों में भी व्यंजकों की सम प्रधानता से रसास्वाद का उत्कर्ष होता है। अतएव उसमें सहृदय लोग पूर्वापर की उचित परिकल्पना करके "यहां इस तरह का वक्ता है। इस अवसर में यह ऐसा कह रहा है। इत्यादि-बहुतर पीठबन्ध के रूप का विधान करते हैं। जिसके फलस्वरूप काव्य के अभ्यास एवं प्राक्तनपुण्य रूप हेतुओं के बल से जो सहृदय कोटि में पहुंच गये हैं उनको परिमित परिच्छिन्न विभावादि के उन्मीलन होने पर भी अत्यन्त स्पष्ट ही साक्षात्कार रूप काव्यार्थ का स्फुरण होता है। अत

## अभिनवभारती

तेन ये काव्याभ्यासप्राक्तनपुण्यादिहेतुबलादिभिः सहृदयास्तेषां परिमितविभावाद्युन्मीलनेऽपि परिस्फुट एव साक्षात्कारकल्पः काव्यार्थः स्फुरति। अत एव तेषां काव्यमेव प्रीतिव्युत्पत्तिकृदनपेक्षितनाट्यमपि। तेषामपि तु नाट्यं "निपतिताः स्फुरिताः शशिरश्मयः" इति न्यायेन सुतरां निर्मलीकरणम्। असहृदयानां च तदेव नैर्मल्याधायि। यत्र पतिता गीतवाद्यगणिकाद्यो न व्यसनितायै पर्यवस्यन्ति नित्योपकरणात्। तत्र च नटो ध्यायिनामिवेदं ध्यानपदम्।

न हि तत्रायमेव सिन्दूरादिमयो वासुदेवः स्मरणीय इति प्रतिपत्तिः। अपि तु तदुपायद्वारेणातिस्फुटीभूतसङ्कल्पगोचरो देवताविशेषो ध्यायिनां फलकृत्। तद्वन्नटप्रक्रियाद्वारोदितातिस्फुटाध्यवसायविषयीकृतो नियतदेशकालाद्यस्पृष्टो 'अत इदं फलम्' इति विधिस्थानीयोऽर्थो व्युत्पत्तिं वितरति। यतो दृश्येऽभिनयादौ अदृश्ये तच्चित्तवृत्त्यादौ वा न बाधकोदयः सम्यग्ज्ञानभूतं चैवेदं पूर्णम्। तेन राम इत्येव प्रतीतिर्न स्वयं न, रामोऽन्योऽयमिति। स्फुटीकरिष्यते चैतदग्रतः।

## मधुसूदनी

यत्र नाट्ये निपतिता गताः। नित्योपकरणात् नित्यं प्रतिग्रहणात्। ध्यानपदमिति यथा ध्यायिनां ध्यानपदम् ध्यानस्य स्थानमिदं ध्येयं भवति तथा तत्र नाट्ये नटः रामकृष्णदुःष्यन्तादेः ध्यानपदम्।

## बालक्रीड़ा

एव काव्य ही उनके लिए प्रीति एवं व्युत्पत्ति को करने वाला है। इसमें नाट्य की अपेक्षा नहीं भी रहती है। जिनको नाट्यकी अपेक्षा नहीं रहती है उनके लिए भी तो नाट्य "कहीं पर भी गिरी हुई चन्द्रमा की किरणें चमकती हैं दर्पण वगैरह में गिरने पर तो अवश्य ही चमकती हैं। जैसे धूलधूसरित जल का कतकरजसे निर्मली करण है उसी तरह विप्रकीर्ण काव्यार्थ का निर्मली करण नाट्य है। जो सहृदय नहीं हैं उनके लिए भी वह नाट्य ही काव्यार्थ की निर्मलता का आधान करने वाला है। जहां नाट्य में प्रतीत गीत वाद्य एवं गणिका आदि नित्य के उपकरण होने से व्यसन नहीं हो जाते हैं। वहां नाट्य में नटः ध्यान करने वालों के लिए ध्येय जैसे ध्यान का स्थान है उसी तरह ध्यान का स्थान है। वहां यह प्रतिपत्ति नहीं होती है कि यही सिन्दूरादिमय वासुदेव स्मरण करने के योग्य है। अपितु उन सिन्दूरादि उपायों के द्वारा अत्यन्त स्पष्ट होकर संकल्प का विषय बना हुआ देवता विशेष ध्यान करने वाले को वाञ्छित फल देता है उसी प्रकार नट की अभिनयात्मक प्रक्रिया के द्वारा अत्यन्त स्फुट रूप में अध्यवसाय का विषय अर्थात् सुस्पष्ट एवं सुनिश्चित और नियत देश, काल, अवस्था, एवं स्थान से अस्पृष्ट "इससे यह फल मिलता है इसको करो ऐसी विधिस्थानीय यानी वेद विहित विधान की तरह अवश्य अनुपालनीय नाट्य गत अर्थ की व्युत्पत्ति को करता है। क्योंकि दृश्य अभिनयादि में अथवा तज्जन्य चित्तवृत्त्यादि में कोई बाधक उपस्थित नहीं होता है अतः यह व्युत्पत्ति सम्यक् ज्ञान है यथार्थ प्रमा है और

**को दृष्टान्तः । अत्राह—यथा हि नानाव्यञ्जनौषधिद्रव्य-संयोगाद्रसनिष्पत्तिः तथा नानाभावोपगमाद्रसनिष्पत्तिः ।**

## अभिनवभारती

तत्रालौकिकोऽयमर्थो न दृष्टान्तमन्तरेण हृदयङ्गमो भवेदित्याशयेनाह—को दृष्टान्त इति । बहूनां संयोगादपूर्वो रस उत्पद्यमानः क दृष्ट इत्यन्तो निर्णयः करणीयः इत्यर्थः ।

अत्र प्रश्ने भाष्येण प्रतिवचनमाह–यथेत्यादिना आप्नुवन्तीत्यन्तेन । व्यञ्जन-मुपसेचनद्रव्यम् । तच्च नानातिक्तमधुरचुक्रादिभेदाद् दधिकाञ्जिकादि । ओषधयश्चिञ्चा-

## बालक्रीडा

( मूल ) इस पर कहते हैं कि कौन दृष्टान्त है । जहाँ बहुतों के संयोग से अपू रस उत्पन्न होता है ऐसा स्थल कहाँ देखा है इसका अन्त निर्णय करना चाहिए । उत्तर । जैसे नाना व्यञ्जन, औषधि एवं द्रव्यों के संयोग से पेय रस की निष्पत्ति होती वैसे ही नाना भावों के उपगम से दृश्यकाव्य में दृश्य रस की, चित्र में चित्रणीय रस की, श्रव्यकाव्य में श्रव्यरस की एवं पठ्य काव्य में पठ्य रस की निष्पत्ति होती है ।

जैसे—देवानां यज्ञैः प्रीती रसनेन्द्रियगोचरा ।
नाट्यरूपं रसैरेतैः प्रीतिर्भवति चाक्षुषी ॥
देवानामिदमामनन्ति मुनयः कान्तं क्रतुं चाक्षुषम् ।

देवताओं की यज्ञों से रसनेन्द्रिय विषयिणी प्रीति होती है वैसे ही दर्शकों की नाट्यरूप इन रसों से चाक्षुषी प्रीति होती है । मुनिलोग इस नाट्य को देवताओं का मनोहर चाक्षुष यज्ञ कहते हैं ।

देवानामिदमामनन्ति मुनयः कान्तं क्रतुं श्रावणम् ।
रागकाव्यं रसैरेतैः प्रीतिर्भवति श्रावणी ।

मुनिलोग इस रागकाव्य को देवताओं का मनोहर श्रावण यज्ञ कहते हैं ।
रागकाव्य से प्राप्त इन रसों से श्रोताओं की श्रावणी प्रीति होती है ।

पूर्ण है अथवा है जिसके फल स्वरूप यह राम है यही प्रतीति होती है न कि यह राम नहीं है किन्तु इससे अन्य राम है ऐसी प्रतीति । इस विषय को और भी स्फुट आगे करेंगे ।

यह अलौकिक अर्थ दृष्टान्त के बिना हृदयंगम नहीं हो सकता है इस आशय से कहते हैं—इस तथ्य में कौन दृष्टान्त है अर्थात् बहुतों के संयोग से अपूर्व रस उत्पन्न होता है यह कहाँ देखा है इसका अन्त निर्णय करिये । इस प्रश्न का प्रत्युत्तर भाष्य के द्वारा कहते हैं—यथेत्यादि से आप्नुवन्ति पर्यन्त । व्यञ्जन उपकरण द्रव्य को कहते हैं । वह उपसेचन द्रव्य तीखा मीठा एवं खट्टा आदि रूप से दही काञ्जी आदि नाना है । ओषधियां चिञ्चा (इमली) गोधूम, दाल एवं हरिद्रादि हैं । द्रव्य गुड आदि । इनके संयोग से अर्थात् कुशल पाचक के द्वारा पाक के क्रम से सम्पाद्य सम्यक् योजना से है ।

**यथा हि—गुडादिभिर्द्रव्यैर्व्यञ्जनैरोषधिभिश्च षाडवादयो रसा निर्वर्त्यन्ते तथा नानाभावोपगता अपि स्थायिनो भावा (शृङ्गारादि) रसत्वमाप्नुवन्तीति। अत्राह—रस इति कः पदार्थः। उच्यते—आस्वाद्यत्वात्। कथमास्वाद्यते रसः। यथा हि नानाव्यञ्जनसंस्कृतमन्नं भुञ्जाना रसानास्वादयन्ति सुमनसः**

### अभिनवभारती

गोधूमदलहरिद्रादयः। द्रव्यं गुडादि। एषां पाकक्रमेण सम्यग्योजनारूपात्कुशलसम्पाद्यात्संयोगात्। षाडवादय इति लोकप्रसिद्धेभ्यः परस्परविविक्तेभ्यो मधुरतिक्ताम्ललवणकटुकषायेभ्यो मिश्रेभ्यश्च विलक्षणा षाडवशब्दवाच्याः। तत्प्रधाना बहुतरा रसनयोग्याः क्रियन्ते। तथैव नानाभूतैर्विभावादिभिरुप समीपं प्रत्यक्षकल्पतां गता लोकापेक्षया ये स्थायिनो भावास्ते रस्यमानतैकजीवितं रसत्वं तत्र प्रतिपद्यन्ते।

### मधुसूदनी

षाडवशब्दवाच्या इति। सहृदया षड् रसान् अवन्ते कथयन्ति यत्र स रसः षाडवः। अत्र षड् पूर्वकात् "उङ् शब्दे" इत्यस्माद् धातो "पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण" इति घप्रत्यये 'ओर्गुण' इति गुणे षडवः इति निष्पद्यते। तदनन्तरं प्रज्ञादित्वात् स्वार्थेऽणि षाडव इति पदं निष्पन्नं भवति।

### बालक्रीड़ा

(मूल) जैसे गुड़ादि द्रव्यों, व्यंजन उपसेचन द्रव्यों खट्टे मीठे तीते दही कांजी एवं औषधि हल्दी धनियाँ जीरा हींग आदि के संयोग से षाडवादि पेय रसों की निर्वृत्ति होती है वैसे ही नाना भावों से मिले हुए स्थायीभाव भी शृंगारादि रस रूप को प्राप्त करते हैं। इस पर प्रश्न होता है कि रस यह कौन पदार्थ है अर्थात् रस पद की प्रवृत्ति का निमित्त क्या है कोई जाति है या कोई गुण है या कोई क्रिया है या कोई द्रव्य है। उत्तर। कहते हैं कि आस्वाद्य पदार्थ में रहने

लोक में प्रसिद्ध मधुर, अम्ल लवण, कटु, कषाय एवं तिक्त रसों के किसी द्रव्य में परस्पर मेल से या अलग २ एक २ से षाडव आदि शब्दों से प्रतिपाद्य विलक्षण षाडवादि नाम वाले रस बनते हैं। इस रस को पीने वाले सहृदय लोग (सहृदयाः षड्रसान् अवन्ते कथयन्ति यत्र स रसः षाडवः) छहों रसों के स्वाद को जहां कहते हैं वह रस षाडव है षड् पूर्वक उङ् शब्दे धातु से पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण के द्वारा घ प्रत्यय होने पर (ओर्गुणः) से गुण होने पर षडव बना उसके बाद। प्रज्ञादित्वात् स्वार्थ में अण् होने से षडव ही षाडव बना। इसमें छहों रस प्रधान हैं। क्योंकि देखा गया है एक २ की भी प्रधानता जिसमें है या छहों की प्रधानता है ऐसे बहुत से पदार्थ रसन के योग्य बनाये जाते हैं। उसी तरह नाना प्रकार के विभावादि भावों से उप प्रत्यक्षकल्प सामीप्य को प्राप्त हुए जो लोक के अन्य भावों की अपेक्षा से स्थायीभाव हैं वे रस्यमानता ही एक जीवित प्राण है जिसमें ऐसे रसत्व को काव्य में प्राप्त करते हैं।

## अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति—पाकरूपया सम्यग्योजनया तावल्लौकिको रसो जायते। तत्र च प्रधानत्वेन जलस्य रसाभिव्यञ्जकत्वमिति व्यञ्जनं विभावस्थानीयम्। चिञ्चाहरिद्राद्यनुभावप्रायम्। द्रव्याणि तु गुडादीनि तत्र चिञ्चाहरिद्राधान्यादियोगाच्चुक्रमधुरादि विलक्षणरसो व्यभिचारिकल्पः। स्वात्मनि तदुपजीवनेन, परत्र च स्वरससङ्क्रमणया वैचित्र्याधायकत्वात्। अत्र तु स्थायिकल्पस्तन्मिश्रणासमयभावी रसविशेषो विभावकल्पव्यञ्जनजनितो मन्तव्यः स हि लौकिकः। अयन्तु कुशलैकनिर्वर्त्यस्त्विदं रसनीयो भवति। तेनादनीयस्येत्यध्याहारो न युक्तः। यथा हि दार्ष्टान्तिकसूत्रे स्थायिग्रहणं शल्यमिति त्रयमेवोपात्तं तथा दृष्टान्तेऽपि त्रयस्यैवोपादानं युक्तम्।

एवं सूत्रं व्याख्याय लक्षणपदं परीक्षितुमाक्षिपति—रस इति क इत्यादिना। मधुरादौ पारदे विषये सारे जलसंस्कारेऽभिनिवेशे काथे देहधातौ निर्यासे चाऽयं प्रसिद्धो न त्वन्यत्र। तेन रस इति पदस्य शृङ्गारादिषु प्रवर्तितस्य कोऽर्थः किं प्रवृत्तिनिमित्तं कथ्यते, स्वाभिधेयनियमाय शब्देन यदि वा तत्प्रयोक्तृप्रतिपत्तृभिरिति। अर्थः प्रवृत्तिनिमित्तम्। अत्रोत्तरम्। आस्वाद्यत्वात्। प्रवृत्तिहेतोर्यतः प्रश्नस्तेनोत्तरं हेतुविभक्त्या दत्तम्। तेन क्रिया प्रवृत्तिनिमित्तमस्येत्युक्तं भवति।

## बालक्रीडा

यहाँ यह कहा कि रस सूत्र में उपात्त संयोग पद का अर्थ है सम्यक् योजना। लोक व्यवहार में सम्यक् योजना पाक है। तदनुसार पाकरूप सम्यक् योजना से लोक में भोज्यादि पदार्थों में रस पैदा होता है। यहाँ पर प्रधान रूप से जल रस का अभिव्यञ्जक है। अतः व्यञ्जन उपसेचन द्रव्य विभाव के स्थान पर है। चिञ्चा हरिद्रादि औषधियाँ अनुभाव हैं। द्रव्य गुडादि उसमें कभी चिञ्चा के योग से चुक्रादि विलक्षणरस, कभी हरिद्रा या धनिया या गोधूम या दाल के योग से चुक मधुरादि विलक्षण रस व्यभिचारी तुल्य है। स्वात्मभूत द्रव्य में और दूसरे-दूसरे द्रव्यों में क्रमशः उन औषधियों के आश्रयण से और काढा करके या अहोरात्र भिगोकर निकाले गये स्वरस की भावना से वैचित्र्य का आधान होता है। किन्तु इसमें स्थायिकल्प रस विशेष जो उन सबके मिश्रण से समय (समयः शपथा चार कालसिद्धान्त कोविदाः) इस अमर कोष के अनुसार यानी शपथ अवश्य होने वाला है उसे विभावकल्प व्यंजनों से उत्पन्न हुआ समझना चाहिए। वह पाकरूप योजना से पैदा हुआ रस लौकिक है। यह तो कुशल सहृदयों से निर्वर्त्य सम्पाद्य है और काव्य के अनुभवी पुरुषों का रसनीय है। अतः यहाँ पर रसनीय होने से अदनीय पद का अध्याहार युक्त नहीं है। जैसे कि दार्ष्टान्तिक रस सूत्र में स्थायी का ग्रहण शल्यकल्प है अतः तीन का ही उपादान किया उसी तरह दृष्टान्त में भी तीन ही का उपादान युक्त है।

इस तरह सूत्र की व्याख्या करके रस के लक्षण में उपात्त पदों की परीक्षा के लिए आक्षेप करते हैं कि "रस" इस पद का अर्थ क्या है। अर्थात् विभावादि के संयोग से निष्पन्न अर्थ को रस क्यों कहते हैं।

**पुरुषा हर्षादींश्चाधिगच्छन्ति तथा नानाभावाभिनयव्यञ्जितान् वागङ्गसत्त्वोपेतान् स्थायिभावानास्वादयन्ति सुमनसः प्रेक्षकाः हर्षादींश्चाधिगच्छन्ति। तस्मान्नाट्यरसा इत्यभिव्याख्याताः। अत्रानुवंश्यौ श्लोकौ भवतः—**

### अभिनवभारती

यस्तु भङ्क्त्वा व्याचष्टे रस इति कोऽयं शब्दः। तत्रोत्तरम्। पदार्थः उच्यत इति। तस्य अनेनेत्यध्याहारं विना प्रकृतपदार्थवाचकोऽयं शब्द इति च तात्पर्यकल्पनं विना नातीव सङ्गतमुत्तरम्। प्रश्नमन्तरेण चास्वाद्यत्वादित्यल्पपद-प्रायमित्यास्तामेतत्।

### बालक्रीड़ा

(मूल) यानी आस्वादन किया है। प्रश्न—रस का आस्वादन कैसे होता है। उत्तर। जैसे नाना व्यञ्जनों से संस्कार किये हुए अन्न को खानेवाले लोग रसों का आस्वादन करते हैं और सुन्दर मन से हर्ष को प्राप्त करते हैं। उसी प्रकार नाना प्रकार के अभिनयों से व्यक्त किये गये वाणी अंग सत्त्व एवं आहार्यों से उपेत स्थायी भावों का दर्शक सामाजिक आस्वादन करते हैं और सुन्दर मन से हर्ष का अनुभव करते हैं इसलिए यह नाट्यरसों की पूर्ण व्याख्या हुई। इस विषय में अनुवंश्य यानी गुरु शिष्य की परम्परा में प्रसिद्ध श्लोक हैं।

क्यों कि यह रस शब्द मधुर, अम्ल, लवण, कटु, कषाय, तिक्त इन न्याय में प्रसिद्ध छहों रसों और पारद विषय, सार, जलसंस्कार, अभिनिवेश, काढ़ा, देह धातु, निर्यास अर्थों में ही प्रसिद्ध है इनके सिवाय अन्य किसी अर्थ में यह प्रसिद्ध नहीं है। इसलिए शृंगारादि में प्रवर्तित व्यवहृत इस रस शब्द का क्या अर्थ है प्रवृत्ति निवृत्ति क्या है। क्या शब्द अपने अभिधेय के नियम के लिए प्रवृत्ति निमित्त को कहता है या उस शब्द को प्रयोग करने वाले या उसके जानकार लोग कहते हैं। अर्थ माने प्रवृत्त निमित्त। अर्थात् वृत्तियों में प्रकृष्टावृत्ति अभिधा के उपयोग के लिए जो निमित्त कारण होता है वह। इस विषय में उत्तर है कि आस्वादनीय है आस्वाद करने योग्य है। क्योंकि प्रवृत्ति के हेतु के सम्बन्ध में प्रश्न है इसलिए उसका उत्तर भी आस्वाद्यत्वात् पद में प्रयुक्त हेतु बोधक पंचमी विभक्ति से ही दिया गया है। इससे आस्वादन किया इस रस शब्द की प्रवृत्ति में निमित्त है यह कहा गया है।

रस इति, कः। पदार्थः उच्यते इन पदों को अलग अलग करके व्याख्या करते हैं कि "रस" यह क्या है। अर्थात् यह कौन शब्द है। इस पर उत्तर है कि रस यह एक पदार्थ है। ऐसा कहते हैं। अनेन उच्यते इस प्रकार उच्यते के कर्ता के रूप में अनेन इस पद के अध्याहार के बिना और प्रकृत के उपयोगी पदार्थ का वाचक यह रस है इस प्रकार के तात्पर्य की कल्पना के किये बिना "रस इति कः पदार्थ उच्यते" इस वाक्य का अतीव संगत उत्तर नहीं होगा। और प्रश्न के बिना "आस्वाद्यत्वात्" यह पद अल्प है अर्थ के पूरे करने में अधूरा है। इसलिए इसको रहने दिया जाय।

**यथा बहुद्रव्ययुतैर्व्यञ्जनैर्बहुभिर्युतम् ।**
**आस्वादयन्ति भुञ्जाना भक्तं भक्तविदो जनाः ॥३२॥**

### अभिनवभारती

अथ प्रवृत्तिनिमित्तं व्याक्षिपति—कथमास्वाद्यत इति। आस्वादनं हि रसनेन्द्रियजज्ञानं प्रसिद्धमिति भावः। अत्रोपचरितक्रियाश्रयेणोत्तरमाह यथा नानेत्यादिना। यथातशब्दाभ्यां सादृश्यमत्रोपचारे निमित्तमिति दर्शयति। तत्र भोग्यस्य भोक्तुः फलस्य च साम्यं दर्शयति। यथा हि व्यञ्जनसंस्कृतेऽन्ने आस्वाद्यता। एकाग्रमनसि च भोक्तर्यास्वादयितृता। अन्यचित्तस्य भुञ्जानस्याप्यास्वदाभिमानाभावात्। प्रहर्षाप्याय जीवनपुष्टिबलारोग्याणां चास्वादफलता। तथाभिनयव्यञ्जितेऽपि चिन्त्या। स्थायिशब्दव्यपदेश्ये रसे आस्वाद्यता। एकाग्रे च सामाजिके तन्मयीभूत आस्वादयितृता। हर्षप्रधानानां धर्मादिव्युत्पत्तिवैदग्ध्यादीनामास्वादफलत्वमिति कर्मकर्तृफलसादृश्याद्विभावादिजः प्रतीतिविशेषो रसना क्रियेति व्यपदिष्ट इति तात्पर्यम्। यदन्नं भुञ्जाना रसानास्वादयन्ति सुमनसो हर्षादींश्च यान्ति इत्यनेन शब्देन।

अभितः सर्वत्र। विशेषेण अन्यभोक्तृविलक्षणतया। आ समन्तात्। ख्याताः प्रसिद्धाः। यथा चैते तथा प्रेक्षका अपि। तेन तेऽपि स्थायिनः आस्वादयन्तीति

### बालक्रीडा

(मूल) जैसे—भात के स्वाद माधुर्य को जानने वाले पुरुष बहुत से द्रव्यों से एवं बहुत से व्यंजनों से युत भात को खाते हुए आस्वाद लेते हैं ॥३२॥

अब प्रवृत्ति निमित्त के विषय में आक्षेप करते हैं कि कैसे आस्वादन किया जाता है। क्योंकि आस्वादन रसनेन्द्रिय से जन्य ज्ञान रूप अर्थ में प्रसिद्ध है। किन्तु शृंगारादि रसों का आस्वादनात्मक ज्ञान रसनेन्द्रिय से होता नहीं है तब आस्वाद्यत्वात् की संगति कैसे होगी यह यहाँ का भाव है। अब इसका उपचरित क्रिया के द्वारा उत्तर करते हैं— यथा नाना इत्यादि से। यथा एवं तथा शब्दों से उपस्थित सादृश्य इस अर्थ के बारे में लक्षणा करने के लिए निमित्त हैं। इसको दिखाते हैं। उसमें भोग्य भोग के योग्य द्रव्य, उस द्रव्य के उपभोक्ता, एवं भोग के फल का साम्य दिखलाते हैं। जैसे कि व्यंजन से संस्कृत अन्न में आस्वाद्यता है और एकाग्रमन वाले भोक्ता में आस्वादयितृत्व है। क्योंकि बिना एकाग्रचित्त हुए अन्य मनस्क होने पर खाने वाले को आस्वाद का अभिमान कि मैं खाता हूँ ऐसा नहीं होगा। प्रहर्ष आनन्द, आप्यायन, तृप्ति, जीवन, पुष्टि, बल एवं आरोग्य वगैरह आस्वाद के फल हैं। वैसे ही अभिनयों से व्यञ्जित तत्व में भी चिन्तन करना चाहिए। स्थायी शब्द से व्यपदेश्य रस में आस्वाद्यता है। एकाग्रचित्त तन्मयीभूत सामाजिक में आस्वादयितृत्व है। आनन्द जिनमें मुख्य हैं ऐसे धर्म, अर्थ, काम मोक्ष एवं उनके विषय की व्युत्पत्ति एवं वैदग्धी आदि में आस्वाद फलत्व है। इस तरह कर्म कर्ता एवं फल में रहने वाले सादृश्य से विभावादि जन्य प्रतीति विशेष को रसना क्रिया इस नाम से कहा गया है। यह यहाँ का तात्पर्य खाने वाले लोग रस का आस्वादन करते हैं और प्रसन्नचित्त हुए हर्ष का अनुभव करते हैं इस शब्द से प्राप्त होता है।

## अभिनवभारती

आभिमुख्येन सादृश्ये व्याख्याता अस्माभिर्व्यवहृताः। अत्रोपसंहारः। तस्मा-न्नाट्यरसाः :

अन्ये त्वादिशब्देन शोकादीनामत्र सङ्ग्रहः। स च न युक्तः। सामाजिकानां हि हर्षैकफलं नाट्यं न शोकादिफलम्। तथात्वे निमित्ताभावात्तत्परिहारप्रसङ्गाच्चेति मन्यमाना हर्षांश्चाधिगच्छन्तीति पठन्ति।

एवं ग्रन्थयोजनायां स्पष्टायां यत् कैश्चिदत्र चोदितं, दृष्टान्ते आत्मा रसना मनश्चेति त्रयम्। प्रकृते तु रसनैवेति। परिहृतं चात्मन एवात्र स्थानान्तरसङ्क्रान्तस्य मनःस्थानीयता। मनसश्च रसनास्थानीयतेति। तत्सर्वं वृथा नाट्यमात्रम्। उप-चारबीजस्य सादृश्यस्यात्र प्राधान्येन प्रतिपिपादयिषितत्वादित्यास्ताम्।

एवं रसत्वं केन वै तेषामिति यत्प्रश्नितं तत्प्रतिसमाहितम्। अत्रेति भाष्ये। अनुवंशे भवौ शिष्याचार्यपरम्परासु वर्तमानौ श्लोकाख्यौ वृत्तविशेषौ सूत्रार्थसंक्षेप-प्रकटीकरणेन कारिकाशब्दवाच्यौ भवतः। तौ पठति यथेत्यादि। मधुरादिभेदा-द्बहूनि द्रव्याणि गुडादीनि। बहुभिरिति दधिकाञ्जिकादिभिः। अनेन विभावभेदं रसभेदे हेतुत्वेन सूचयति। भुञ्जाना आस्वादयन्तीति। रसनाव्यापाराद्भोजनादधिको यो मानसो व्यापारः स एवास्वादनमिति दर्शयति।

## बालक्रीड़ा

अभितः माने सभी तरफ। विशेष करके, अर्थात् अन्य भोक्ताओं की अपेक्षा विलक्षण रूप से। आसमन्तात् चारों तरफ ख्यात प्रसिद्ध हैं। जैसे ये खाने वाले सुमना है उसी तरह प्रेक्षक भी आस्वादयिता हैं। इससे ये भी स्थायी का आस्वादन करते हैं इस प्रकार अनुकूलतया सादृश्य के विषय में व्याख्यान से प्राप्त हुए हैं। हमने उनका इस रूप में व्यवहार किया है। अब उपसंहार करते हैं कि इस लिए ये नाट्यरस हैं। और लोग तो यहाँ हर्षादींश्च के आदि शब्द से शोकादि का संग्रह करते हैं। वह ठीक नहीं है। क्योंकि सामाजिकों के लिए नाट्य का एक मात्र हर्ष ही फल है शोक वगैरह कोई फल नहीं है। अगर शोक वगैरह फल को भी मानेंगे तो बिना कारण के परिहार करने का प्रसंग उपस्थित हो जायगा इस सिद्धान्त को मान कर हर्षादीन् पद में से आदि पद को निकाल देते हैं और हर्षांश्च इसको पढ़ते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट ग्रन्थ की योजना हो जाने पर भी किसी ने यहाँ पहिले चोद्य किया कि दृष्टान्त लौकिक रस में आत्मा, मन, एवं रसना ये तीन हैं। प्रकृत दार्ष्टान्तिक अलौकिक रस में केवल रसना ही है। फिर परिहार भी उसका किया कि यहाँ आत्मा ही स्थानान्तर हृदय में संक्रान्त होकर मन का स्थान ग्रहण करता है। और मन रसना के स्थान को। यह सब व्यर्थ है केवल नाट्य है। उपचार का बीज सादृश्य ही यहाँ प्रधान रूप से प्रतिपादन के लिए अभीष्ट है। इसलिए रहने दिया जाय।

इस प्रकार "उनको रसत्व कैसे प्राप्त होता है" ऐसा जो प्रश्न किया था उसका प्रति-समाधान कर दिया। अत्र माने भाष्य में। अनुवंश में होने वाले यानी शिष्य एवं आचार्य की

**भावाभिनयसंबद्धान्स्थायिभावांस्तथा बुधाः ।**
**आस्वादयन्ति मनसा तस्मान्नाट्यरसाः स्मृताः ॥३३॥**

अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति—न रसनाव्यापार आस्वादनम् । अपि तु मानस एव । स चात्राविकलोऽस्ति । केवलं लोके रसनाव्यापारानन्तरभावी स प्रसिद्ध इत्युपचार इह दर्शित इति ॥३२॥

शुद्धतत्त्वरूपज्ञानस्वभावा अत्र भावा विभावव्यभिचारिणः । अभिनया अनुभावा एव । इदं पृथग्वचनं प्राधान्यात् । तै यैः सम्यग्बद्धा हृदयसंवादक्रमेण तन्मयीभावापन्नप्रमातृभूम्यभेदमुपसम्प्राप्ता अचिन्त्याः स्थायिनः आ समन्तात्साधारणीभावेन निर्विघ्नप्रतिपत्तिवशात् । मनसा इन्द्रियान्तरविघ्नसंभावनाशून्येन स्वादयन्ति स्वपरविवेकशून्यस्वादचमत्कारपरवशतया लौकिकात्प्रत्ययादुपार्जनादिविघ्नबहुलाद्योगिप्रत्ययाच्च विषयास्वादशून्यतापरूपाद्विलक्षणाकारसुखदुःखादिविचित्रवासनानुवेधोपनतहृद्यतातिशयसंविच्चर्वणात्मना भुञ्जते । बुधा इति पूर्णोपयोगो लौकिकानां प्रत्यक्षादीनामत्र दर्शितः ।

बालक्रीड़ा

(मूल) उसी तरह नाना अभिनयों से सम्यक् बद्ध हृदयंगत स्थायीभावों का बुध लोग मन से आस्वादन करते हैं इसलिए ये नाट्य रस स्मरण किये गये हैं ॥३३॥

परम्परा में वर्तमान श्लोक कहलाते हैं । जो सूत्र के अर्थ को संक्षेप से प्रकट करने के कारण कारिका शब्द वाच्य होते हैं । उनको पढ़ते हैं "यथा" इत्यादि । मधुरादि भेद से गुड़ादि बहुत से द्रव्य हैं । बहुभिः माने दही एवं काञ्जी वगैरह । इससे सूचित करते हैं कि विभावों का भेद रस के भेद का हेतु है । खाते हुए आस्वाद लेते हैं इससे दिखाते हैं कि भोजनरूप रसना व्यापार से अधिक मानस व्यापार है वही वहाँ प्रधान है ।

इसका निष्कर्ष यह है कि रसनाव्यापार आस्वादन नहीं है अपितु मानस व्यापार ही आस्वादन है । वह व्यापार यहाँ प्रकृत में अविकल है । केवल लोक में रसना व्यापार के अनन्तर वह व्यापार होता है ऐसी प्रसिद्धि है इसलिए यह उपचार यहाँ दिखा दिया ॥३२॥

अब भावाश्चैव कर्व प्रोक्ता में जो भाव शब्द है उसके अर्थ को कहते हैं कि यहाँ भाव माने विभाव एवं व्यभिचारी हैं । जो शुद्ध चित्तवृत्तिस्वरूप ज्ञान के स्वभाव वाले हैं । अभिनय अनुभाव हैं । अनुभावों का यह भावों से पृथक् कथन प्रधानता को द्योतित करता है कि विभाव एवं व्यभिचारियों की तरह अनुभावों का भी यद्यपि भाव शब्द से ग्रहण हो सकता था तथापि दृश्य काव्य में अभिनयात्मा अनुभाव प्रधान हैं इस बात को बतलाने के लिए उनको उनसे अलग कहा ।

उनसे जो सम्यक् बद्ध हैं अर्थात् हृदयों के संवाद क्रम से [एक ने जिस बात को जैसे जाना समझा दूसरे ने भी उसको वैसे अनुभव किया इसको हृदयों का संवाद क्रम कहते हैं]

## अभिनवभारती

एतदुपसंहरति—तस्मादिति । नाट्यात्समुदायरूपाद्रसाः । यदि वा नाट्यमेव रसाः । रससमुदायो हि नाट्यम् । न नाट्य एव च रसा । काव्येऽपि नाट्यायमाने एव रसः । काव्यार्थविषये हि प्रत्यक्षकल्पसंवेदनोदये रसोदय इत्युपाध्यायाः ।

यदाहुः काव्यकौतुके—

"प्रयोगत्वमनापन्ने काव्ये नास्वादसम्भवः ।" इति ।
"वर्णनोत्कलिकाभोगप्रौढोक्त्या सम्यगर्पिताः ।
उद्यानकान्ताचन्द्राद्या भावाः प्रत्यक्षवत्स्फुटाः ॥" इति ।

अन्ये तु काव्येऽपि गुणालङ्कारसौन्दर्यातिशयकृतं रसचर्वणमाहुः । वयं तु ब्रूमः—काव्यं तावन्मुख्यतो दशरूपकात्मकमेव । तत्र ह्युचितैर्भाषावृत्तिकाकुनेपथ्यप्रभृतिभिः पूर्यते रसवत्ता । सर्गबन्धादौ हि नायिकाया अपि संस्कृतैवोक्तिरित्यादि बहुतरमनुचितं केवलं शक्तिरहितत्वादथावर्ण्यते । तावति इव हृद्यमिति न्यायेनानौचित्यं न प्रति-

## बालक्रीड़ा

तन्मयीभाव को प्राप्त प्रमाता की भूमि से स्वभाव से अभिन्न अचिन्त्य स्थायी भाव का हर तरह से साधारणीभाव के द्वारा निर्विघ्न प्रतिपत्ति के बल पर इन्द्रियान्तर के विघ्नों की संभावना से शून्य स्वाद से अनित चमत्कार के परवश होने के कारण उपार्जनादि बहुत से विघ्नों वाले लौकिक प्रत्यय एवं विषयों के आस्वाद से शून्य योगी के प्रत्यय से विलक्षण आकार वाला सुख दुःखादि विचित्र वासनाओं के अनुवेध से हृद्यतातिशय विशिष्ट संविच्च-र्वणा से भोग करते हैं । यथा इससे लौकिक प्रत्यक्षादि प्रमाणों का यहाँ पर पूर्ण उपयोग दिखा दिया है ।

अब इसका उपसंहार करते हैं कि तस्मादिति इस हेतु से नाट्य अर्थात् नाना अभि-नयों के समुदाय से रस अभिव्यक्त होते हैं अथवा नाट्य ही रस हैं । रस समुदाय ही नाट्य है । नाट्य ही में केवल रस नहीं है अपितु नाट्यायमान काव्य में भी रस है । प्रत्यक्ष कल्प से वेदना का उदय जिसमें होता है ऐसे काव्यार्थ के विषय में रस का उदय होता है यह हमारे उपाध्याय जी का मत है । जैसा कि उन्होंने अपने काव्य कौतुक ग्रन्थ में कहा है ।

प्रयोग रूप को प्राप्त नहीं होने वाले काव्य में आस्वाद का संभव नहीं है । वर्णन के रूप में आभोग के विस्तार का उत्कलन करने वाली या वर्णन की उत्कलिका उत्कण्ठा से आभोगयुक्त अर्थात् विस्तृत वर्णन कविप्रौढोक्ति या कविनिबद्ध वक्तृप्रौढोक्ति के द्वारा सुन्दरता से अर्पित किये गये उद्यान चन्द्रादि उद्दीपन एवं कान्तादि आलम्बन विभावरूप भाव प्रत्यक्ष की तरह स्फुट हैं ।

और लोग तो काव्य में भी गुणालंकारों के दृढ सौन्दर्यातिशय के बदौलत रस चर्वणा को कहते हैं । किन्तु हमारा कथन है कि काव्य तो मुख्य रूप से दशरूपक ही है । क्यों कि उसी में उचित भाषा वृत्ति प्रवृत्ति काकु नेपथ्य प्रभृति के द्वारा रसवत्ता पूर्ण होती है

## अभिनवभारती

हार्यम्। तत एवोच्यते 'सन्दर्भेषु दशरूपकम् (वामन. का.) इति। तेन तदंश (दङ्ग) सन्ध्यादिसङ्घटनमुद्दृत्य सर्गबन्धादि यावन्मुक्तकम्। यत्तु दशरूपकं तस्य योऽर्थस्तदेव नाट्यम्। यद्वक्ष्यते 'नाट्यस्यैषा तनुः' (ना. शा. १४.२) इति। तस्य हृदयसंवादतारतम्यापेक्षया श्रोतृप्रतिपत्तृस्फुरणं स्फुटास्फुटत्वेनातिविचित्रम्।

तत्र ये स्वभावतो निर्मलमुकुरहृदयास्त एव संसारोचितक्रोधमोहाभिलाषपरवशमनसो न भवन्ति। तेषां तथाविधदशरूपकाकलनसमये साधारणरसनात्मकचर्वणग्राह्यो रससञ्चयो नाट्यलक्षणः स्फुट एव। ये त्वतथाभूतास्तेषां प्रत्यक्षोचिततथाविधचर्वणालाभाय नटादिप्रक्रिया। स्वगतक्रोधशोकादिसङ्कटहृदयग्रन्थिभञ्जनाय गीतादिप्रक्रिया च मुनिना विरचिता। सर्वानुग्राहकं हि शास्त्रमिति न्यायात्। तेन नाट्य एव रसा न लोक इत्यर्थः। काव्यञ्च नाट्यमेव।

## बालक्रीड़ा

या पूरी की जाती है। सर्गबन्ध आदि काव्यों में नायिका की संस्कृत में ही उक्ति होती है नायिका की भी बोल चाल की भाषा संस्कृत ही होती है इत्यादि बहुत से अनुचित कार्य हैं जिनके बारे में कहा जाता है कि इसमें कवियों की विवशता है सर्ग की एक रूपता के विभंजन करने में कवि शक्ति रहित हैं विधान के सम्मुख विवश हैं। तावति इव उतने पर भी वह हृद्य है आकर्षक है इस न्याय का अनुसरण करने से अनौचित्य का प्रतिहरण नहीं होता है। इसी लिए कहते हैं कि सन्दर्भों में प्रबन्धों में दशरूपक ही अतिशय श्रेष्ठ है। इससे दशरूपकों के अंश संध्यादि के काव्य में संघटन का निर्माण का उत्कृष्ट रूप से धारण पोषण सर्गबन्ध महाकाव्य से लेकर मुक्तक खण्ड काव्य तक काव्य है। यहाँ "सर्गबन्धो महाकाव्यम्" के अनुसार तथा अंगानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटक सन्धयः" के अनुसार सर्गबन्ध पद का अर्थ महाकाव्य है और उसमें नाटक की सभी सन्धियाँ होती हैं। अतः उद्धृत्य पद का उत्तम रूप से संधियों का पोषण अर्थ है। जो तो दशरूपक है और उसका जो अर्थ है वही नाट्य है। जैसा कि कहेंगे कि नाट्य की यह तनु है। ऐसा स्मरण है। उसमें हृदयसम्वाद के तारतम्य की अपेक्षा से वक्ता एवं समझदार श्रोता का स्फुरण प्रत्यय स्फुट एवं अस्फुट होने के कारण अत्यन्त विचित्र है।

जिनका तो स्वभाव से ही मुकुर की तरह निर्मल हृदय है उनका मन संसार के उचित क्रोध मोह एवं अभिलाष के परवश नहीं होता है। उनके लिए उस तरह के दशरूपकों के आकलन करते समय साधारणीकरण से रसनात्मक चर्वणा से संग्राह्य नाट्य लक्षण रससंचय स्फुट ही है। जो तो वैसे नहीं हैं जिनका हृदय दर्पण निर्मल नहीं है उनके लिए प्रत्यक्ष के योग्य उस तरह की सामग्री से चर्वणा को प्राप्त करने के लिए नटादि प्रक्रिया की जाती है। सामाजिक के अपने क्रोध एवं शोकादि से संकट ग्रस्त हृदय की ग्रंथियों के भंजन करने के लिए मुनिने गीतादि प्रक्रिया की रचना की है। यह न्यायानुसरण औचित्य प्राप्त है कि शास्त्र सबका अनुग्राहक होता है। इससे सिद्ध है कि नाट्य में ही रस है लोक में नहीं। और काव्य नाट्य ही है।

## अभिनवभारती

अत एव च नटे न रसः। कुत्र तर्हि। विस्मृतिशीलो न बोध्यते। उक्तं हि देशकालप्रमातृभेदानियन्त्रितो रस इति केयमाशङ्का। नटे तर्हि किम्, आस्वादनोपायः। अत ए च पात्रमित्युच्यते। न हि पात्रे मद्यास्वादः। अपि तु तदुपायकः। तेन प्रमुखमात्रे नटोपयोग इत्यलम्।

चित्रपुस्तादपि च नाट्यस्यैवार्थभागाभिष्यन्दो यथा सर्गबन्धादि शब्दभागाभिष्यन्दः। एतच्च 'योऽर्थो हृदयसंवादी।' (ना. शा. ७.१०) इत्यत्र वितत्य वक्ष्यामः।

अन्ये त्वभिनयादिसामग्रीमयं बहिर्दृश्यमानं नाट्यं नटधर्मः कर्म रूपमित्याशयेन नाट्याद्रसा इत्याहुः। स्मृता इति सम्प्रदायाविच्छेदं दर्शयति। ये तु रत्याद्यनुकरणरूपं रसमाहुः। अथ चोदयन्ति शोकः कथं सुखहेतुरिति। परिहरन्ति च अस्ति कोऽपि नाट्यगतानां विशेष इति। तत्र चोद्यं तावदसत्। शोको हि प्रतीयमानः किं स्वात्मनि प्रत्येतुर्दुःखं वितनोतीति नियमः। शत्रुदुःखे प्रहर्षात्। अन्यत्र च मध्यस्थत्वात्। उत्तरं तु भावानां वस्तुस्वभावमात्रतेति न किञ्चिदत्र तत्त्वम्।

## बालक्रीड़ा

इसीलिए नट में रस नहीं है। तब कहाँ रस है। बार २ आपको बतलाया गया है आप भूल जाते हैं। अब हम भूलने वाले को नहीं बतलायेंगे। कितनी बार कह चुके हैं कि देश, काल, अवस्था एवं प्रमाता पात्र के भेदों से जकड़ा हुआ नियन्त्रित रस नहीं है। तब यह आपकी कैसी आशंका कि रस क्या है। अच्छा फिर आपही बतलाइये कि नट में तब क्या है। उत्तर नट आस्वादन का उपाय है। इसीलिए पात्र कहा जाता है। और पात्र मद्यका आस्वादन नहीं कर सकता है। अपितु आस्वादन का उपाय है। प्रमुख ही के रूप में नट का उपयोग होता है। पयोमात्र भुंक्ते की तरह (दूध ही केवल पीता है) मात्र शब्द का अवधारण अर्थ में प्रयोग है।

चित्र एवं पुस्त आदि भी नाट्य के ही अर्थ भाग का अभिष्यन्द है। जैसे कि सर्गबन्धादि शब्दभाग के अभिष्यन्द हुआ करते हैं। इसका विस्तृत कथन ''योऽर्थो हृदयसंवादी'' इस कारिका की व्याख्या करते समय कहेंगे।

दूसरे लोग तो कहते हैं कि अभिनयादि सामग्री ही बाहर दिखाई पड़ने वाली नाट्य है नट का धर्म, कर्म एवं रूप है। स्मृताः इससे सम्प्रदाय का अविच्छेद दिखलाते हैं। जो तो कहते हैं कि रत्यादि का अनुकरण ही रस है और चोद्य भी करते हैं कि शोक कैसे सुख का हेतु है। इसका परिहार भी करते हैं; हाँ है कोई नाट्यगत पदार्थों में वैलक्षण्य। उनमें चोद्य तो असत्। शोक प्रतीयमान हुआ क्या प्रतीतिकर्त्ता के अपनी आत्मा में दुःख को फैलाता है ऐसा कोई नियम है। शत्रु के दुःखी होने पर तो अपनी आत्मा में हर्ष ही होता है। अन्य स्थानों में तो मध्यस्थ होने के कारण न दुःख है और न सुख है। अच्छा। शोक सुख का जनक कैसे हुआ इसका क्या उत्तर है। इस पर कहते हैं कि इसका उत्तर तो शोकादि भावों के सम्बन्ध में वस्तु का स्वभाव ही है अतः इसमें कोई तत्त्व नहीं है।

**अत्राह—किं रसेभ्यो भावानामभिनिर्वृत्तिरुताहो भावेभ्यो रसानामिति। केषाञ्चिन्मतं परस्परसम्बन्धादेषामभिनिर्वृत्तिरिति। तन्न। कस्मात्। दृश्यते हि भावेभ्यो रसानामभिनिर्वृत्तिर्न तु रसेभ्यो भावानामभिनिर्वृत्तिरिति। भवन्ति चात्र श्लोकाः—**

### अभिनवभारती

अस्मन्मते संवेदनमेवानन्दघनमास्वाद्यते। तत्र का दुःखाशङ्का। केवलं तस्यैव चित्रताकरणे रतिशोकादिवासनाव्यापारः। तदुद्बोधने चाभिनयादिव्यापारः॥३३॥

यदेतदुक्तं रसतत्त्वं तदेवोपशोधयितुमुपक्रमते—अत्राहेत्यादिना चोद्यमुखेन। नर्तकगतेभ्यो रसेभ्यो भावाः सामाजिके। यथा करुणाच्छोकः। ततो विभावाद्युपचितशोकः सामाजिके करुण इति रसाद्भावो, भावाद्रस इति सन्देहः। अत एव परस्परमपि जन्म कालभेदेनेति तृतीय पक्षः। यदि वा नट एव राम एव चापूर्वं भावः। तत उपचये रसः। ततोऽप्यपचये भाव इत्येवं पक्षत्रयोत्थानम्। इदं चासत्। एवम्भूतस्य रसस्वरूपस्य निराकृतत्वात्।

### बालक्रीड़ा

(मूल) इसपर प्रश्न करते हैं कि क्या रसों से भावों की अभिनिर्वृत्ति सम्पन्नता होती है अथवा भावों से रसों की निष्पत्ति होती है। इस विषय में किन्हीं आचार्यों का मत है कि परस्पर के सम्बन्ध से इनकी निष्पत्ति होती है यानी रसों से भावों की एवं भावों से रसों की निष्पत्ति होती है। इसका खण्डन करते हैं कि यह ठीक नहीं। प्रश्न—क्यों ठीक नहीं है। उत्तर। देखते हैं कि भावों से ही रसों की निष्पत्ति होती है। न कि रसों से भावों की। इस विषय के समर्थक श्लोक हैं।

हमारे मत में तो आनन्द घन संवेदन का आस्वादन किया जाता है अतः इसमें दुःख की आशंका ही नहीं है। केवल उस आनन्द घन संवेदन में चित्रता नानाप्रकारता करने के लिए रति शोक आदि वासनाओं का व्यापार होता है। और उन रत्यादि के उद्बोधन में अभिनयादि का व्यापार होता है॥३३॥

इस तरह जिस रस तत्त्व को कहा उसी के उपशोध के लिए अत्राह इत्यादि द्वारा चोद्य मुख से उपक्रम करते हैं। नर्तक में रहने वाले रसों से सामाजिक में भाव उत्पन्न होते हैं। जैसे करुण से शोक। नट करुण रस का अभिनय करता है उसको देखने से सामाजिक शोकाकुल होते हैं। फिर विभावादि से उपचित हुआ शोक सामाजिक में करुण बन जाता है। इस लिये सन्देह होता है कि रस से भाव उत्पन्न होते हैं या भावों से रस उत्पन्न होते हैं। अतएव काल भेद के द्वारा परस्पर से परस्पर का जन्म होता है यह तृतीय पक्ष है। यदि कहें कि नट ही में अपूर्व भाव है अथवा राम ही में अपूर्व भाव है। इस तरह अनुकर्ता में एकदम नवीन भाव पैदा होते हैं या अनुकार्य में नितान्त नूतन भाव होता है।

**नानाभिनयसम्बद्धान्भावयन्ति रसानिमान् ।**
**यस्मात्तस्मादमी भावा विज्ञेया नाट्ययोक्तृभिः ॥३४॥**

## अभिनवभारती

श्रीशङ्कुकस्त्वाह—अनुकर्तरि रसानास्वादयतोऽनुकार्ये भावप्रतीतिः प्रयोगे । लोके प्रकृती रसं निष्पादयतीति द्वितीयपक्षो नाट्याचार्याभिप्रेतशिक्षानुसारेण । अत एव च तृतीयोऽपि संभवति । एतदप्यसत् । न हि सामाजिकोऽनुकार्यानुकर्तृविभागमवैति । दूषितश्चानुकरणवादः ।

तस्मादित्थमेतत् कि रसेभ्यो भावा, उत विपर्ययः, आहो अन्योन्यजनकतेति त्रयः प्रश्नाः । आहोशब्दो भिन्नक्रमः । विभावादिभ्यस्तावद्रसनिष्पत्तिरुक्ता । स एव द्वितीयः पक्षोऽभ्युपगतः पूर्वम् । एतच्च कथम् । न हि लोके विभावानुभावादयः केचन भवन्ति । हेतुकार्यावस्थामात्रत्वाल्लोके तेषाम् । अथ त एव रसनोपयोगित्वे विभावादिरूपतां प्रतिपद्यन्ते । तर्हि रसप्रसादाद्भावा विभावादयः । अथोच्यते विभावादिप्रसादाद्रसो यथोक्तं प्राक् । रसप्रसादाच्च विभावादिरूपत्वम् । तर्हि परम्पराश्रयत्वम् । इतरेतराश्रयाणि च न प्रकल्पन्त इत्याक्षेपः ।

## बालक्रीड़ा

(मूल) क्योंकि नाना प्रकार के अभिनयों से सम्बद्ध इन रसों को ये भावित करते हैं अतः नाट्य के प्रयोक्ता लोग इन को भाव समझें ॥ ३४ ॥

उनकी उपचयावस्था में रस होता है । उनकी अपचयावस्था में भाव होता है इस प्रकार तीन पक्षों का उत्थान होता है । वह असत् है । क्योंकि एवम्भूत रस के स्वरूप का निराकरण कर दिया है ।

श्रीशंकुक तो कहते हैं कि प्रयोग में अनुकर्ता में रस का आस्वादन करने वाले सामाजिक को अनुकार्य में रत्यादि भावों की प्रतीति होती है । दर्शक लोग में सामाजिक जनता में वह प्रतीति रस को निष्पन्न करती है । यह द्वितीय पक्ष नाट्याचार्य की अभिमत शिक्षा के अनुसार है । इसीलिए तृतीय पक्ष भी संभव है कि अनुकर्त्ता में भाव की प्रतीति को करने वाले सामाजिक को अनुकार्य में रस की प्रतीति होती है । वह भी असत् है । रस की प्रतीति में विभोर सामाजिक अनुकार्य एवं अनुकर्त्ता के विभाग को समझता ही नहीं है । इसके सिवाय अनुकरणवाद को दूषित कर दिया है ।

इसलिए वह सिद्धान्त इस प्रकार है कि क्या रसों से भावों की उत्पत्ति है या विपर्यय है यानी भावों से रसों की उत्पत्ति है अथवा परस्पर जन्यजनक भाव है । ये तीन प्रश्न हैं । आहो शब्द का स्थान भिन्न है ।

विभावादि से रस की निष्पत्ति कही है । यही द्वितीय पक्ष कि भावों से रस की निष्पत्ति होती है पहले से अभ्युपगत है । अब प्रश्न होता है कि वह कैसे । क्योंकि लोक में विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी नाम के कोई पदार्थ नहीं है । लोक में केवल उनकी हेतु

**नानाद्रव्यैर्बहुविधैर्व्यञ्जनं भाव्यते यथा ।**
**एवं भावा भावयन्ति रसानभिनयैः सह ॥३५॥**
**न रसो भावहीनोऽस्ति न भावो रसवर्जितः ।**
**परस्परकृता सिद्धिस्तयोरभिनये भवेत् ॥३६॥**

### अभिनवभारती

अत्र सिद्धान्तमाह्—दृश्यते हीति । प्रमदादयः प्रतीताः सन्तो रसास्वादं विदधते यथोक्तं प्राक् । अतो न रसेभ्यो भावाः । भावशब्दार्थपर्यालोचनया चैतदेवोपपन्नमिति श्लोकेनाह—नानाभिनयैः सम्यग्बद्धान् हृदयं गतान् भावयन्ति सम्पादयन्ति रसांस्तस्माद्भावाः ॥३४॥

नन्वेतद्भावशब्दप्रवृत्तिनिमित्तम् । न तत्प्रकृतं किञ्चिदुक्तमित्याशङ्क्य प्रकृते योजयितुमाह—नानाद्रव्यैरिति । व्यज्यत इति व्यञ्जनञ्चानुपानादिरसोऽत्राभिप्रेतः । बहुविधैरिति व्यञ्जनस्योपलक्षणम् । अभिनयैरित्यस्य वा विशेषणम् ॥३५॥

### बालक्रीडा

(मूल) जैसे नाना प्रकार के बहुविध द्रव्यों से व्यंजन की भावना की जाती है उसी प्रकार भाव अभिनयों के साथ होकर रसों की भावना कराते हैं ॥३५॥

(मूल) भाव से हीन रस नहीं है और न रस से हीन भाव है । अतः अभिनय में उनकी परस्पर के कारण सिद्धि होती है ॥३६॥

कार्य एवं सहकारी रूप अवस्थायें बतलाई हैं । और वे ही रसना के उपयोगी होने से विभावादिरूपता को प्राप्त करते हैं । तो इसका आशय हुआ कि रस के प्रसाद से रस की कृपा से भाव होते हैं । जिनका नाम विभाव अनुभाव एवं संचारी होता है । अगर कहें जैसा कि पहले कह चुके हैं कि विभावादि के प्रसाद से रस निष्पन्न होते हैं । और रस प्रसाद से विभावादि निष्पन्न होते हैं । तब तो परस्पराश्रयत्व प्राप्त होता है । किन्तु परस्पराश्रय कार्यों की (शास्त्र में) कल्पना ठीक नहीं है । यह आक्षेप होता है ।

अब सिद्धान्त कहते हैं कि—देखते हैं इति । प्रमदादि प्रतीत हुए रसास्वाद के जनक होते हैं जैसा कि पहले कहा गया है । अतः रसों से भावों की उत्पत्ति नहीं होती है । क्योंकि भाव शब्द के अर्थ की पर्यालोचना से भी यही तथ्य उपपन्न होता है तर्क संगत मालूम पड़ता है । इस अंश को श्लोक के द्वारा कहते हैं कि नाना प्रकार के अभिनयों से सम्यक् प्रकार से बद्ध अर्थात् हृदयगत रसों को भावित करते हैं सम्पादित करते हैं इसलिए भाव हैं ॥३४॥

प्रश्न—यह तो भावशब्द की प्रवृत्ति के निमित्त को कहा इसमें प्रकृत के संगत कुछ नहीं कहा है । ऐसी आशंका करके प्रकृत के साथ संगति करने के लिए कहते हैं—नाना-द्रव्यों से व्यक्त होता है । इस कथन का अभिप्राय है कि व्यंजन शब्द यहाँ अनुपानादि रस का उपस्थापक है । बहुविध बहुत प्रकार यह व्यंजन का उपलक्षण है । अथवा अभिनयैः पद का विशेषण है । ३५ ।

व्यञ्जनौषधिसंयोगो यथाऽन्नं स्वादुतां नयेत् ।
एवं भावा रसाश्चैव भावयन्ति परस्परम् ॥३७॥

अभिनवभारती

एवं स्थितपक्षमुपसंहरति—न रसो भावहीनोऽस्ति इति। अत्र चोद्यवादी स्वाशयमुन्मीलयति—न भावो रसवर्जित इति। लोके हि न कश्चिद्विभावादिव्यवहार इति भावः। अथोत्तरमाह—परस्परकृता सिद्धिस्तयोरभिनये भवेत्। अभिनये साक्षात्कारे संपन्ने तदुपयोगितया विभावादिव्यपदेश इत्यतो या परस्परकृता सिद्धिः सा भद्रं भवेदिति संभाव्यते। एवम्भूतमितरेतराश्रयजं न दूषणमित्यर्थः ॥३६॥

अत्रैव दृष्टान्तमाह—व्यञ्जनौषधिसंयोग इति। व्यञ्जनौषधिसंयोगोऽन्नं च कर्तृ यथा परस्परमन्योन्यं कर्मभूतं स्वादुतां नयेत् तथा भावा रसाश्चान्योन्यं भावयन्ति। भावा रसान्भावयन्ति निष्पादयन्ति। रसास्तु भावान् भावयन्ति। भावान्कुर्वन्ति। भावादिव्यपदेश्यान्कुर्वन्तीत्यर्थः।

एतदुक्तं भवति—एकत्रैकदा क्रियायामन्योन्याश्रयत्वं दोषो न तु क्रियाभेदे। यथा व्यञ्जनादिसंयोगेनान्नस्याह्लादिरसवत्ता क्रियते। अन्नेन चाश्रयरूपेण सता

बालक्रीडा

(मूल) जैसे व्यंजन एवं औषधि का संयोग अन्न को स्वादु बना देता है। इसी तरह रस और भाव परस्पर में परस्पर से भावित हैं ॥३७॥

इस प्रकार स्थित (सिद्धान्त) पक्ष का उपसंहार करते हैं कि भावहीन यानी भाव के बिना रस नहीं है। इस पर चोद्य करने वाला अपने आशय का उन्मीलन करता है कि रस वर्जित अर्थात् रस के बिना भाव नहीं है। इस का भाव यह है कि लोक में विभावादि रूप से कोई व्यवहार नहीं है। अब इस पर उत्तर कहते हैं कि अभिनय के प्रसंग में इन रसों एवं भावों में परस्पर के आश्रय से सिद्धि होती है। अभिनय के समय में विषयों के साक्षात्कार सम्पादन में उपयोगी होने से विभावादि का व्यवहार होता है इससे जो परस्पर कृत सिद्धि है एक दूसरे से एक दूसरे की निष्पत्ति होती है वह ठीक हो सकती है ऐसी संभावना करते हैं। अतः परस्पराश्रय के कारण होने वाला दोष प्रकृत में नहीं है। ३६।

इसी प्रसंग में दृष्टान्त कहते हैं कि व्यंजन के साथ औषधियों का संयोग होता है। यह व्यंजनौषधिसंयोग और अन्न ये दोनों कर्त्ता, परस्पर में स्वादुता कर्म को प्राप्त कराते हैं। तथा भाव और रस परस्पर की भावना कराते हैं और रस भावों को भावित करते हैं भावों को करते हैं अर्थात् रस अपने कारणादि को भावादि पद से कहने के योग्य कर देते हैं।

यहाँ का आशय यह है कि एक ही पदार्थ में एक ही समय में एक ही क्रिया होने पर अन्योन्याश्रय दोष होता है। क्रिया भेद एवं काल भेद में यह दोष नहीं है। जैसे व्यंजनौषधिसंयोग से अन्न को आल्हादी रसवान् किया जाता है। और अन्न जब आश्रय रूप में रहेगा तभी व्यंजन में सुखजनकता की योग्यता होगी। इस तरह भावों से

यथा बीजाद्भवेद् वृक्षो वृक्षात्पुष्पं फलं यथा ।
तथा मूलं रसाः सर्वे तेभ्यो भावा व्यवस्थिताः ॥३८॥

## अभिनवभारती

व्यञ्जनसुखयोग्यता क्रियते । एवं भावै रस्यमानता । रसैश्च विभावादिव्यपदेश्यता कारणादीनाम् । यथा पटापेक्षया तन्तवः पटकारणमिति व्यपदेश्याः । तन्त्वपेक्षया पटः कार्यः । न चेतरेतराश्रयत्वं तथा प्रकृतेऽपीति ॥३७॥

ननु यदि भावेभ्यो रसास्तर्हि कथमुक्तं 'न हि रसादृते कश्चिदप्यर्थः प्रवर्तते । तेन पूर्वं त एवोद्देश्याः' इत्याशंक्याह—यथेत्यादिना । बीजं यथा वृक्षमूलत्वेन स्थितं तथा रसाः । तन्मूला हि प्रीतिपूर्विका प्रयोजने नाट्ये काव्ये सामाजिकधियि च । व्युत्पत्तिरिति त एव च व्याख्यानार्हाः । कविगतसाधारणीभूतसंविन्मूलश्च काव्यपुरस्सरो नटव्यापारः । सैव च संवित्परमार्थतो रसः । सामाजिकस्य च तत्प्रतीत्या वशीकृतस्य पश्चादपोद्धारबुद्ध्या विभावादिप्रतीतिरिति । तदेवं मूलं बीजस्थानीयः कविगतो रसः । कविर्हि सामाजिकतुल्य एव । तत एवोक्तं "शृङ्गारी चेत्कवि ।" (ध्वन्यालो ३ ४२) इत्यानन्दवर्धनाचार्येण । ततो वृक्षस्थानीयं काव्यम् । तत्र पुष्पादिस्थानीयोऽभिनयादिनटव्यापारः । तत्र फलस्थानीयः सामाजिकरसास्वादः । तेन रसमयमेव विश्वम् ।

## बालक्रीडा

(मूल) जैसे बीज से वृक्ष होता है और वृक्ष से जैसे पुष्प एवं, फल होते हैं। वैसे रस मूल हैं उनसे सभी भाव व्यवस्थित हैं । उन रसों से भावों की व्यवस्था है। अर्थात् रसों को भावित करते हैं इसलिए वे भाव कहलाते हैं वरना उनको भाव कहना ही असंभव था । अतः रसों की निष्पत्ति भावों से होती है" ॥३८॥

रस्यमानता होती है और रसों से कारणादि में विभावादि पदों के व्यपदेश करने की योग्यता प्राप्त होती है । रसों के बदौलत कारणकार्य सहकारी को विभाव अनुभव एवं व्यभिचारी कहते हैं ।

जैसे पट की अपेक्षा से तन्तु कारण हैं ऐसा व्यपदेश होता है और तन्तुओं की अपेक्षा से पट कार्य है । यहाँ इतरेतराश्रय दोष नहीं होता है उसी प्रकार प्रकृत में भी समझें ।३७।

प्रश्न—यदि भावों से रस निष्पन्न होते हैं तब आपने कैसे कहाकि रस के बिना कोई भी अर्थ प्रवृत्त नहीं होता है । अतः सबसे पहिले उन्हीं को नामग्राह कहना चाहिए । ऐसा आशंका करके यथेत्यादि से उत्तर देते हैं कि जैसे बीज-वृक्ष के कारण के रूप में स्थित है वैसे ही रस भी है। कहने का आशय है कि कवि रसिक है अतः तद्गत रस ही काव्य रूपी वृक्ष का मूल है । आनन्द रूप प्रयोजन की प्राप्ति के लिए नाट्य एवं काव्य के विषय की सामाजिक के हृदय में प्रेरणा रस मूलक ही होती है । इसलिए रस ही व्याख्यान के योग्य हैं । कवि-बुद्धि कवि के हृदय में साधारण रूप से पदार्थों को उपस्थित करती, है उस पदार्थोपस्थापक

तदेषां रसानामुत्पत्तिवर्णदैवतनिदर्शनान्यभिव्याख्यास्यामः ।

अभिनवभारती

अत्र च विज्ञानवादो, द्विधाभिधानं, स्फोटतत्त्वं, सत्कार्यवाद, एकत्वदर्शनमित्यादि च द्रष्टव्यम्। वयं तु प्रकृतानुपयोगिश्रुतलवसन्दर्शनमिथ्याप्रयाससंश्रयमशिक्षितपूर्विण इत्यास्ताम्।

अन्ये तु बीजादि भावाद्रसवृक्षस्ततोऽप्यभिनयकुसुमसुन्दरात्फलमिव भावः प्रतीत्या भुज्यत इति व्याचक्षते। तैः प्रकृतविरुद्धं सर्वं व्याख्यातम्। एवं हि भावस्यैवोपक्रमपर्यवसानवर्तित्वमुक्तं स्यादित्यास्तां चैतत्। एवं त्रयोऽपि पक्षाः कथञ्चिदुपगता अभिप्रायवैचित्र्येणेति तात्पर्यम् ।।३८।।

एवमुद्दिष्टानां विभक्तानां च रसानां सामान्यलक्षणं परीक्षापरिशुद्धमभिधाय तदनुवादपूर्वकं विशेषलक्षणं वक्तुं पीठबन्धं दर्शयति—तदेषामित्यादिना। यतः

बालक्रीडा

संवित् के मूल में होने से ही काव्य के आधार पर नट का अभिनयरूप व्यापार होता है। वह कविसंवित् ही परमार्थतः रस है। उस रसमयी प्रतीति के वशीभूत सामाजिक को रसानुभूति के पश्चात् अपोद्धार बुद्धि से विभावादि का ज्ञान होता है। अतः यह कविगत रस ही काव्य एवं नाट्य का मूल है बीजस्थानीय है। कवि भी सामाजिक के सदृश है। इसीलिए ध्वन्यालोक में आनन्दवर्धनाचार्य ने कहाकि कवि अगर शृंगारी हुआ तो समझिये जगत् रसमय हो जायगा कि होही गया। अतः काव्य वृक्षस्थानीय है। उसमें पुष्पस्थानीय अभिनयादि नट के व्यापार हैं। और उसमें सामाजिक का रसास्वाद फलस्थानीय है। इससे रसमय ही विश्व है।

इस सन्दर्भ में बौद्धों का विज्ञानवाद, माध्वों का द्विधाभिधान द्वैतवाद, वैयाकरणों का स्फोट तत्त्व, सांख्यों का सत्कार्यवाद, शांकर वेदान्तियों का एकत्व दर्शन अद्वैतवाद, और आदि पद से रामानुजियों का विशिष्टाद्वैतवाद, निम्बार्कों का द्वैताद्वैतवाद, को देखना चाहिए। हमने तो यह पहले कभी सीखा नहीं है कि प्रकृत विषय में अनुपयोगी शास्त्रों के लेश के दिखाने में मिथ्या प्रयास का संश्रय करना चाहिए।

दूसरे लोग तो बीज और भाव का रस और वृक्ष का, सुन्दर अभिनय और सुन्दर कुसुम का, एवं फल और भाव का सादृश्य कहते हैं। अतः जैसे बीज से वृक्ष, वृक्ष से कुसुम और उससे फल होता है उसी तरह भाव से रस, रस से अभिनय, और अभिनय से भाव की प्रतीति होती है और प्रतीति से भोग होता है ऐसी व्याख्या करते हैं। उन्होंने सब प्रकृत के विरुद्ध ही व्याख्यान किया। इस प्रकार तो भाव से उपक्रम होता है और भाव में ही पर्यवसान होता है यही कहा जा सकता है। अतः रहने दिया जाय। इस प्रकार ये तीनों ही पक्ष भिन्न-भिन्न अभिप्रायों से स्वीकृत हैं यही तात्पर्य है। ३८।

**तेषामुत्पत्तिहेतवश्चत्वारो रसाः। तद्यथा—शृङ्गारो रौद्रो वीरो बीभत्स इति। अत्र—**

### अभिनवभारती

सामान्यलक्षणमेतेषां कृतं तस्माद्विशेषलक्षणांशपूरकाण्युत्पत्त्यादीनि व्याख्यास्यामः। तत्रोत्पत्तिरुत्पादकानामुत्पाद्यानां च विशेषलक्षणम्। अन्योन्यतो व्यवच्छेदात्। उत्पादकानामप्येतदुत्पादकत्वमुत्पादकान्तराद्वैलक्षण्यमुत्पाद्यकत्वम्। एवमुत्पाद्यानामुत्पादककृत्वमिति परस्परलक्षणत्वम्। वर्णः श्वेतादि स्तु सुस्पष्टं विलक्षणत्वादि। दैवतानि तु प्रसिद्धानि। निदर्शनन्तु शृंगारो नामेत्यादिना विभावादिविशेषसंयोगः। उत्पत्तिलक्षणा ह्यन्योन्याश्रयशंका। वर्णदैवतयोस्त्वागमानुविद्धत्वमिति स्फुटं निश्चयदर्शनोपायत्वमुत्पत्त्यादीनां न संभवति। विभावादिविशेषसंयोगस्तु तद्वैलक्षण्यान्निदर्शनमित्युक्तम्।

### बालक्रीड़ा

(मूल) अब इन रसों की उत्पत्ति, वर्ण, दैवत एवं निदर्शनों की व्याख्या करेंगे। रसों की उत्पत्ति के हेतु चार रस हैं। वे रस जैसे शृंगार १ रौद्र २ वीर ३ एवं बीभत्स ४ हैं। इस विषय में श्लोक है—

इस प्रकार नामग्राह कहे हुए और अलग २ विभाग करके दिखाये हुए रसों के परीक्षा से परिशुद्ध सामान्य लक्षण को कहकर अब उसका अनुवाद करते हुए विशेष लक्षण को कहने के लिए पाठक्रम भूमिका को दिखाते हैं। तदेषामित्यादि से। अब कि इन रसों का सामान्य लक्षण कर दिया है अतः विशेष लक्षण रूप अंश के पूरक उत्पत्ति आदि की व्याख्या करेंगे। वहां उत्पत्ति उत्पादक एवं उत्पाद्यों का विशेष लक्षण है जो परस्पर के व्यवच्छेद से होती है। उत्पादकों में यह उत्पादकत्वभी उत्पादकान्तर से विलक्षण है। इस प्रकार उत्पाद्यों का भी वैलक्षण्य उत्पादक के कारण होता है इस तरह एक दूसरे का लक्षण एक दूसरे से विलक्षण है। वर्ण श्वेतादि विलक्षण हैं और विशेषत्व रूप के आधायक हैं यह सुस्पष्ट है।

देवता तो आगम वेद से अनुविद्ध हैं अर्थात् देवताओं का ज्ञान आगम से किया जायगा। निदर्शन तो शृंगारो नाम इत्यादि है। शृंगारादि नौ रसों की आरम्भभूत पंक्ति में जो शृंगारो नाम, हास्यो नाम, करुणो नाम इत्यादि से जो विभावादि विशेष का संयोग उल्लिखित है वह निदर्शन है। इस प्रकार स्फुट है कि उत्पत्ति आदि निश्चय ही जानने के उपाय हो सकते हैं। प्रश्न—सूत्र में लिखा है कि विभावादि से रस की निष्पत्ति होती है यहां कहते हैं कि उत्पत्ति आदि निश्चय रूप से उपाय हैं। उत्तर। विभावादि विशेष के संयोग का जो निदर्शन कहा है वह उनकी विलक्षणता के बदौलत है। रसों की भावों से अभिनिर्वृत्ति है या रसों से भावों की अभिनिर्वृत्ति है यह अभिनिर्वृत्ति का स्वरूप अन्योन्याश्रय की शंका से आकुल है।

## अभिनवभारती

तत्रोत्पत्तिं तावदाह—तेषामित्यादिना। तेषां रसानामुत्पत्तौ हेतवः सूचकाश्चत्वारः। रसानामुत्पाद्योत्पादकप्रकारो यावान् सम्भवति स चतुर्भिरेव सूचित इति यावत्। तथा हि—तदाभासत्वेन तदनुकाररूपतया हेतुत्वं शृङ्गारेण सूचितम्। यतो विभावाभासादनुभावाभासाद्व्यभिचार्याभासाद्रत्याभासे प्रतीते चर्वणाभाससारः शृङ्गाराभासः। कामनाभिलाषमात्ररूपा हि रतिरत्र व्यभिचारिभावः। न स्थायी। तस्य स तु स्थायिकल्पत्वेनाभाति तद्वशाद्विभावाद्याभासता। अतश्च स्थाय्याभासत्वं रतेः। यतो रावणस्य सीता द्विष्टा मय्युपेक्षिका वेति हृदयं नैव स्पृशतीति। तत्स्पर्शे ह्यभिमानोऽस्यापि लीयत एव। 'मयीयमनुरक्ता' इति तु निश्चयो ह्यनुपयोगी। कामजमोहसारत्वात्। शुक्तौ रूप्याभासवत्। यद्यपि—

> "दूराकर्षणमोहमन्त्र इव मे तन्नाम्नि याते श्रुतिं
> चेतः कालकलामपि प्रसहते नावस्थितिं तां विना।
> एतैराकुलितस्य विक्षतरतेरङ्गैरनङ्गातुरैः
> सम्पद्येत कथं तदाप्तिसुखमित्येतन्न वेद्मि स्फुटम्॥"

इत्यादौ रावणवाक्ये तावति रत्याभासतैव। न तु हासः स्फुरति। तथापि सीताविभावलक्षणं रावणवयःप्रकृतिविरुद्धश्च चिन्तादैन्यमोहादिकव्यभिचारिग

## बालक्रीडा

उनमें पहिले तेषामित्यादि से उत्पत्ति को कहते हैं कि उन रसों की उत्पत्ति में हेतु सूचक चार हैं। इसका निर्गलितार्थ यह है कि रसों में जितना या जो उत्पाद्य एवं उत्पादक का प्रकार हो सकता है वह इन चारों से ही हो सकता है। जैसे शृंगार का आभास हास्य है या शृंगार का अनुकरण हास्य रस है इस तरह उसके आभास रूप से या अनुकार रूप से प्रतीत हास्य में हेतुत्व शृंगार से सूचित हुआ। क्योंकि विभावाभास अनुभावाभास और व्यभिचार्याभास से रत्याभास के प्रतीत होने पर चर्वणाभास रूप सार वाला शृंगाराभास होता है। क्योंकि रत्याभास कामना रूप है या अभिलाष रूप होता है अतः तद्रूप रति यहाँ व्यभिचारी भाव है। स्थायी भाव नहीं है। क्योंकि सीता द्विष्टा [ यहाँ द्विष् धातु से कर्ता में क्त प्रत्यय हुआ है अतः ] द्वेष करती है अथवा मेरे विषय में उपेक्षा करती है यह तथ्य रावण के हृदय को स्पर्श नहीं करता है। यदि यह तथ्य उसके हृदय को छू दे तो इस रावण का अभिमान ही विलीन हो जाय। यानी सीता का परित्याग ही कर दे। किन्तु ऐसी बात नहीं है। इसके सिवाय यह निश्चय भी व्यर्थ है कि सीता मेरे में अनुराग करती है। क्योंकि यह अनुराग चाँदी की प्राप्ति की कामना से सीपी में चाँदी के आभास के सदृश कामवासनाजनित मोह का निर्यास है। यद्यपि

दूर से आकर्षण करने वाले मोहन मंत्र के सदृश उसके नाम के मेरे कान में पहुँचते ही चित्त उसके बिना क्षण भर भी स्थिर नहीं हो रहा है। अनंग से आतुर पीड़ित इन अंगों से आकुलित बेचैन एवं विक्षतरति मुझ को उसके मिलने से होने वाला सुख कैसे सम्पन्न होगा। इसको मैं नहीं जानता हूँ। यह स्फुट है।

अभिनवभारती

णोऽश्रुपातपरिदेवितादि व्यानुभावजातमनौचित्यात्तदाभासरूपं सद्धास्यविभावरूपम्। तदुच्यते—विकृतपरवेषालङ्कारेत्यादि। एवं तदाभासतायाः प्रकारः शृङ्गारेण सूचितः। तेन करुणाद्याभासेष्वपि हास्यत्वं सर्वेषु मन्तव्यम्। अनौचित्यप्रवृत्तिकृतमेव हि हास्यविभावत्वम्। तच्चानौचित्यं सर्वरसानां विभावानुभावादौ सम्भाव्यते। तेन व्यभिचारिणामप्येवैव वार्ता। अत एव संवित्सतत्त्वनिपुणैश्चिरन्तनै रसभावतदाभासव्यवहारस्तत्र तत्र क्रियते। अमोक्षहेतावपि तदाभासतायां शान्ताभासो हास्य एव प्रहसनरूपरूपः। स्वानौचित्यत्यागः सर्वपुरुषार्थेषु व्युत्पाद्यः। एतच्च लक्षणे वक्ष्यते। तत्र हास्याभासो यथाऽस्मत्पितृव्यस्य वामनगुप्तस्य।

"लोकोत्तराणि चरितानि न लोक एष
सम्मन्यते यदि किमङ्ग वदाम नाम।
यस्त्वत्र हासमुखरत्वममुष्य तेन
पार्श्वोपपीडमिह को न विजाहसीति॥"

एवं यो यस्य न बन्धुस्तल्लोके करुणोऽपि हास्य एवेति सर्वत्र योज्यम्। एतदेवोदाहरणम् (?)। एवमन्यत्त नानुमेयमिति मुनिना यथायदर्णं कृतम्।

बालक्रीडा

इत्यादि रावण के वाक्य में रति की आभासता ही स्फुरित होती है। किन्तु हास नहीं है। तथापि सीता रूपी विभाव को लक्षित करने वाली रावण की अवस्था स्फुरित हो रही है। उद्दण्ड रावण की प्रकृति के विरुद्ध चिन्ता दीनता एवं मोहादिक व्यभिचारी गण, अश्रुपात एवं परिदेवितादि अनुभाव गत अनौचित्य के कारण व्यभिचार्याभास एवं अनुभावाभास रूप हुए हास्य के विभाव हो गये हैं। जैसा कि कहेंगे—दूसरे के विकृत वेष पहिनावे एवं अलंकार इत्यादि। इस तरह उनकी आभासता के प्रकार को शृंगार ने सूचित किया। इससे सभी करुणादि के आभासों में भी हास्य को ही मानना चाहिए। अनौचित्य से की गई प्रवृत्ति के कारण ही हास्य के विभाव बनते हैं। वह अनौचित्य सम्पूर्ण रसों के विभाव एवं अनुभावादि में सम्भावित है। यहाँ आदि पदार्थ है सात्विक भाव एवं अभिनय। व्यभिचारियों में भी यही वार्ता है। अत एव संवित्तत्व में निपुण (तरह सतत्त्व, गौत्र सबोध, इस तरह शब्द पर्याय है) चिरन्तन आचार्यों ने रस, भाव, रसाभास एवं भावाभास का व्यवहार जगह २ पर किया है। मोक्ष के अहेतुओं में भी हेत्वाभासता के होने पर शान्ताभास प्रहसन स्वरूप हास्य ही है। सभी धर्म अर्थ काम एवं मोक्ष रूप पुरुषार्थों में अपने २ अनौचित्य का भाग समझने के योग्य है। इस बात को लक्षण के प्रकरण में कहेंगे। उनमें हास्याभास जैसे हमारे चाचा वामन गुप्त का है।

अग हे दोस्त? यदि यह लोक इस महाप्रशस्य के लोकोत्तर चरितों का सम्मान नहीं करता है तो हम क्या कहें। किन्तु उसकी जो हासमुखरता है उससे कौन ऐसा है जो हंसते २ आँतों में क्लेश दोनों से बगल को दबा २ कर नहीं हँसता है अर्थात् उसके परिहास की विलक्षण शैली से सभी अत्यधिक प्रभावित है। इसी तरह जो जिसका बन्धु नहीं है

**शृङ्गाराद्धि भवेद्धास्यो रौद्राच्च करुणो रसः ।**
**वीराच्चैवाद्भुतोत्पत्तिर्बीभत्साच्च भयानकः ॥३९॥**

अभिनवभारती

यदीयफलानन्तरं द्वितीयरसोऽवश्यंभावी तस्योदाहरणं (२) रौद्रः । रौद्रस्य हि फलं वधबन्धादि । तद्विभावकेनावश्यं करुणेन भाव्यम् । यथा वेणीसंहारे—

"अद्यैवावां रणमुपगतौ तातमम्बां च दृष्ट्वा
घ्रातस्ताभ्यां शिरसि विनतोऽहं च दुश्शासनश्च ।
तस्मिन्बाले प्रसभमरिणा प्रापिते तामवस्थां
पित्रोः पार्श्वं व्यपगतघृणः किं नु वक्ष्यामि गत्वा ॥"

एवं रौद्रानन्तरं नियमेन भयानकः । शृङ्गारानन्तरं नियमेन करुणः । व्याप्रियते त्वसौ तज्जन्मनि यथा तापसवत्सराजे वासवदत्तादाहाद्वत्सराजस्य । ननु तत्र रतेरविच्छेदाद्बन्धुताकृतः शोकः । नैतत् । करुणोत्पत्तिकालेऽपि हि क्रोधस्य विच्छेद एव ।

यदाह 'निर्वाणवैरदहनाः प्रशमादरीणां नन्दन्तु पाण्डुतनयाः' । (वेणी अ-१-७) इति । न च बन्धुतामात्रं हेतुः । एवं हि सति—

बालक्रीड़ा

(मूल) शृंगार से हास्य, रौद्र से करुण, वीर से अद्भुत एवं बीभत्स से भयानक रस की उत्पत्ति होती है ॥३९॥

उसके बारे में किया जाने वाले शोक म करुण भी हास्य ही है। इस बात की योजना सभी जगहों में करनी चाहिए। यही उदाहरण है। और इसी तरीके के अनुसार अन्य विषयों में भी अनुमान करना चाहिए इसका संकेत मुनि ने यथा शब्द का ग्रहण करके कर दिया। जिसके फल के बाद द्वितीय रस अवश्यंभावी है उसका उदाहरण रौद्र है। वध एवं बन्धन आदि रौद्र का ही फल है। करुण को अवश्य ही रौद्र का विभाव होना चाहिए। जैसे वेणीसंहार में

माता एवं पिता के दर्शन करके आज ही हम दोनों युद्ध में पहुँचे थे। उन दोनों ने विनत मुझको एवं दुःशासन को शिर में सूंघा था। दुश्मन भीम ने बलात् उस बालक दुःशासन को उस अवस्था में पहुँचा दिया है। अब निर्लज्ज मैं माता एवं पिता के पास जाकर क्या कहूँगा। यहां दुर्योधन का विलाप भीम के क्रोध का फल है

इस प्रकार रौद्र के बाद नियमेन भयानक रस होता है। और शृंगार के बाद होने वाला यह करुण नियम से जन्म भर अपना व्यापार करता है। जैसे तापस वत्सराज में वासवदत्ता के दाह से वत्सराज की करुण। प्रश्न—वहां तापसवत्सराज में पर्यन्त में वासवदत्ता के मिलजाने से रति का विच्छेद नहीं हुआ है। अतः केवल बन्धुता के कारण शोक है। उत्तर। यह बात नहीं है। करुण की उत्पत्ति के समय क्रोध का विच्छेद हो ही

## अभिनवभारती

उत्कम्पिनी भयपरिस्खलितांशुकान्ता
ते लोचने प्रतिदिशं विधुरे क्षिपन्ती।
क्रूरेण दारुणतया सहसैव दग्धा
धूमान्धितेन दहनेन न वीक्षिताऽसि ॥' (तापसवत्सराजे २-१६)

इत्यादौ ते इति प्राणभूतं पदं निरुपयोगतां गमितं स्यात्।

रतिप्रलापेषु च शृङ्गार एव करुणस्य जीवितम्—

'हृदये वससीति मत्प्रियं यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।
उपचारपदं न चेदिदं त्वमनङ्गः कथमक्षता रतिः॥' (कुमार. ४-९)

इत्याद्युक्तिषु।

एवं वीराद्भयानकोत्पत्तिः। यथा 'कर्णस्यात्मजमग्रतः शमयतो भीतं जगत् फाल्गुनात्' (वेणी. ५.५)

### बालक्रीड़ा

जाता है। जैसा कि वेणीसंहार में कहा है कि शत्रुओं के विनाश से वैररूपी अग्नि के शान्त हो जाने पर पाण्डु के लड़के माधव के साथ आनन्द करें।

यहाँ पर क्रोध का विच्छेद हो गया है। और भी बात है कि केवल बन्धुता ही करुण की उत्पत्तियों हेतु नहीं है। उस व्यक्ति की विशेषताएँ भी उसमें हेतु होती हैं। यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो—

चारों तरफ जलती हुई आग को देखकर काँपने वाली, भय से जिसका अंशुकान्त वस्त्र-प्रान्त गिर गया है ऐसी, जिनकी विलक्षणताओं बांकी अदाओं को बहुत बार पहिले अनुभव किया है ऐसे वे उसके लोचन आज आग में जलने के समय में विधुर हो गये हैं। जिन लोचनों को शरण की खोज में वह प्रतिदिशा में फेंक रही है ऐसी दयिता को क्रूर दहन ने दारुणता से अकस्मात् जला दिया। मालूम पड़ता है धुएँ से अन्धे हो जाने के कारण दहन ने तुमको देखा नहीं। अगर वह देखलेता तो सौन्दर्य से आश्चर्य में चकित हुआ स्तब्ध रह जाता नहीं जला पाता।

इत्यादि स्थलों में प्राणभूत ते पद निरुपयोगिता को प्राप्त हो जाता। रति के प्रलापों में शृंगार ही करुण का जीवित है।

हे दयित! आपने मुझको खुश करने के लिए जो कहा कि हे प्रिये! तुम मेरे हृदय में बसती हो उसको मैं आपका कैतव छल समझती हूँ। क्योंकि अगर यह सच होता तो तुम्हारा अंग जलकर राख हो गया और तुम्हारे अंग में निवास करने वाली रति अक्षत है उसका बाल भी बाँका नहीं हुआ। यह कैसे होता।

इत्यादि उक्तियों में स्पष्ट है। इसी तरह वीर से भयानक की उत्पत्ति होती है। जैसे वेणीसंहार में कर्ण के पुत्र वृषसेन को कर्ण के सम्मुख मारते हुए अर्जुन से जगत् डर गया। यहाँ अर्जुन की वीरता से जगत् में भय उत्पन्न हो गया।

अभिनवभारती

यत्त्वत्र श्रीशङ्कुकेनोक्तम्—नात्रोत्साहस्य व्यापार इति। तदसत्। एवं हि निर्विषय एवोत्साहः स्यात्। कर्तव्याननुसन्धानात्। युद्धवीरे च परपराजयजनितः प्रतापापरपर्यायः शत्रुहृदयदाहदायी तद्वनितादिषु भयानक एव जीवितम्। यथा—

'स पातु वो यस्य हतावशेषास्तत्तुल्यवर्णाञ्जनरञ्जितेषु।

लावण्ययुक्तेष्वपि वित्रसन्ति दैत्याः स्वकान्तानयनोत्पलेषु॥'

नियमेन तु भवतीति वक्तव्यम्। नियमप्रकारेणोक्तो रौद्रादित्यानन्तर्यसूचकपञ्चम्यनन्तरं प्रयुक्तेन।

यस्तु रसो रसान्तरं फलत्वेनाभिसन्धाय प्रवर्तते तस्योदाहरणं (२) वीरः। महापुरुषोत्साहो हि जगद्विस्मयफलाभिसन्धानेनैव।

यथा—'दोर्दण्डाञ्चितचन्द्रशेखरधनुर्दण्डावभङ्गोद्यत' (महावीर २-५४) इत्यादि। रौद्रस्तु परविनाशनं फलत्वेनाभिसन्धाय प्रवर्तते न करुणमिति विशेषः। विदूषकहासस्तु नायिकाहासं फलत्वेनाभिसन्धत्त इति मन्तव्यम्।

बालक्रीडा

जो तो श्रीशंकुक ने कहा कि यहाँ पर उत्साह का कोई व्यापार नहीं है। वह असत् है। यदि ऐसी बात होगी तो उत्साह निर्विषय हो जायगा। क्योंकि यह कर्तव्य का अननुसन्धान होगा कि यदि वीर अपने शत्रु के ऊपर उसको परास्त करने के लिए उत्साह नहीं दिखाये। युद्ध वीर में तो दुश्मन के पराजय से उत्पन्न होने वाला, जिसका दूसरा नाम प्रताप है, जो शत्रुओं के हृदय को जलाने वाला है जो उन शत्रुओं की वनिताओं में स्थित है वह भयानक ही जीवित है।

जिसके हनन करने से अवशिष्ट दैत्य, जिसके वर्ण के समान वर्ण वाले अंजन के द्वारा रंजन करने से लावण्य युक्त हुए भी अपनी कान्ताओं के नयन कमलों से डरते हैं वह भगवान् विष्णु हमारी तुम्हारी सबकी रक्षा करे।

यहाँ विष्णु की वीरता से दैत्य त्रस्त हो गये हैं क्योंकि विष्णु के रंग के समान रंग को भी देखकर विष्णु की याद करके डर जाते हैं। वीर से नियमेन भय उत्पन्न होता है। ऐसा कहना चाहिए। आनन्तर्य की सूचना करने वाली "रौद्रात्" इस पंचमी विभक्ति के बाद प्रयुक्त चकार ने नियम को कहा है। जो तो एक रस दूसरे रस का फलरूप से अभिसन्धान करके प्रवृत्त होता है उसका उदाहरण वीर है। महापुरुषों का उत्साह जगत् को विस्मयान्वित कर देने रूप फल का अभिसन्धान करके प्रवृत्त होता है। जैसे—"दोर्दण्डाञ्चित" इत्यादि उदाहरण है। रौद्र तो दूसरे के विनाश को न कि करुण को फलरूप से अभिसन्धान करके प्रवृत्त होता है। यह वैलक्षण्य है। विदूषक का हास तो नायिका के हास का फलरूप से अभिसन्धान करता है। क्योंकि रूठी हुई नायिका को खुश करने के लिए विदूषक विकृत वेष-भूषा एवं बातचीत से हँसाता है। ऐसा सिद्धान्त मानना चाहिए।

**शृङ्गारानुकृतिर्या तु स हास्यस्तु प्रकीर्तितः ।**
**रौद्रस्यैव च यत्कर्म स ज्ञेयः करुणो रसः ॥४०॥**

## अभिनवभारती

यस्तु रसस्तुल्यविभावत्वान्नियमेन रसान्तरं हि परमाक्षिपति तस्योदाहरणं (४) बीभत्सः । तस्य हि ये विभावा रुधिरप्रभृतयस्तेऽवश्यं भयहेतवः । तथा तद्व्यभिचारिणो मरणमोहापस्माराद्याः । तदनुभावास्तु मुखविकूणनादयः ।

यथा वेणीसंहारे—

'संस्तभ्यन्तां निहतदुःशासनपीतशेषशोणितस्नपितबीभत्सवृकोदरदर्शनवैक्लव्यस्खलितप्रहरणानि रणाद्विद्रवन्ति बलानि' इति ( वेणी. ४. ) ॥२९॥

एवं तदाभासद्वारेण रसान्तराक्षेपकत्वे शृङ्गार उदाहरणम् (५)। तेन शृङ्गारानुकृतिरित्यत्र तुशब्दो वीप्सायाम्। द्वितीयो हेतौ। तेनैवं योजना—या अनुकृतिः स हास्यो यतः प्रकीर्तितः एवंविभावको हास्य इति शेषः। तद्यथा शृङ्गार आद्यः। शृङ्गारवदनुकृतिरित्यर्थः।

यस्त्वत्र शृङ्गाराद्भुतोत्पत्तेराशङ्का 'दृशः प्रथुतरीकृता' ( रत्ना २-१५ ) इत्यादौ तन् निर्मूलमेव। उदयने हि शृङ्गारः। ब्रह्मणि विस्मयसम्भावना। सा च न तात्कालिकत्वेन नोत्तरकालिकत्वेन। किन्तु पूर्वतरमेवेति न किञ्चिदेतत्।

## बालक्रीड़ा

(मूल) शृंगार की जो अनुकृति है वह हास्य कहलाता है। रौद्र का जो कर्म है वह करुण रस है ॥४०॥

जो तो रस, समान विभाव होने के कारण नियम से रसान्तर का अवश्य ही आक्षेप करता है उसका उदाहरण बीभत्स है। उस बीभत्स के जो विभाव रुधिर वगैरह हैं वे अवश्य भय के हेतु हैं। उसके व्यभिचारी भाव मरण मोह एवं अपस्मार आदि हैं। और उसके अनुभाव मुख का विकूणन नाक भौंह का सिकोड़ना आदि हैं। जैसे वेणीसंहार में

मारने के लिए उठाकर गिराये हुए (क्योंकि मरने के बाद खून पानी हो जाता है) दुःशासन की छाती से निकाल कर पीने से बचे हुए खून से स्नान करने के कारण बीभत्स भीम को देखकर उत्पन्न हुई विकलवता से (बेचैनी से) जिसके आयुध स्वतः गिर गये हैं ऐसी रण से पराङ्मुख होकर भागती हुई सेना को रोको। जाने न पावे ॥२९॥

इस प्रकार आभास के द्वारा रसान्तर का आक्षेप करने में उदाहरण शृंगार है। इससे शृंगारानुकृतिर्या तु में तु शब्द का अर्थ वीप्सा है। और "हास्यस्तु" वाला द्वितीय तु शब्द का हेतु अर्थ है। इसलिए यहाँ ऐसा अन्वय करना चाहिए। जो अनुकृति है उसको जब हास्य कहा है तब इस प्रकार के विभाव वाला हास्य है यह अर्थात् प्राप्त हो गया। यह अंश मूल में नहीं कहा है अतः शेष है। जैसे शृंगार आद्य मूलभूत रस है। शृंगारवान् की अनुकृति हास्य है। जो तो यहाँ "दृशः पृथुतरीकृताः" इत्यादि में शृंगार से अद्भुत के उत्पत्ति

वीरस्यापि च यत्कर्म सोऽद्भुतः परिकीर्तितः ।
बीभत्सदर्शनं यच्च ज्ञेयः स तु भयानकः ॥४१॥

### अभिनवभारती

परम्पराफलत्वेन रसान्तराक्षेपे रौद्र उदाहरणम् (६)। रौद्रस्य यत्कर्म फलात्मकं वधादि, चकारात्तस्य यत्कर्म फलरूपं स एव करुणः। एवकारेणात्यन्तव्यवहितां परम्परां पराकरोति ॥४०॥

समनन्तरफलत्वेन रसान्तराक्षेपे उदाहरणं (७) वीरः। वीरस्यापीति—वीरस्य सम्यक्निकटं यत्फलं कर्म सोऽद्भुतः परितः समन्ताद्या कीर्तिः यशःप्रतापरूपा तदो हेतोः। अपिशब्दाच्छृङ्गारोपि वीरस्यानन्तरं फलं द्रौपदीस्वयंवरादौ। सहभावेन रसान्तराक्षेपे बीभत्स उदाहरणम्। (८)

यदेव बीभत्सस्य दर्शनं विभावादिरूपं स एव भयानकः तद्विभावत्वात्। उपचारस्य सहभावप्रतीतिः फलम्। तमेव चशब्दो द्योतयति। तुः पूर्वतो विशेषमाह। अयमेव चाक्षेपः प्रकारत्वात्संभाव्यते न त्वधिक इति। (सा त्वस्यापि सत्र नोक्तः ?) ये चात्रोत्पत्तिहेतव उक्तास्ते यथा स्वयं पुरुषार्थचतुष्कव्याप्ताः। तेहि तत्सौन्दर्यातिशयजननरूपाः। रसकाभासादयस्तदनुगामित्वेन रूपकेषु निबन्धनीयाः।

### बालक्रीड़ा

(मूल) वीर का जो कर्म है वह अद्भुत कहलाता है। और जो बीभत्स का दर्शन है उसे भयानक समझना चाहिए ॥४१॥

की आशंका होती है वह निर्मूल है। उदयन में शृंगार है। और ब्रह्मा में विस्मय की संभावना है। जो न तो तात्कालिक है और न उत्तरकालिक है किन्तु पूर्व में ही हो चुकी है अतः यह सब कुछ नहीं है।

परम्परा को फल के रूप में मानकर रसान्तर के आक्षेप में उदाहरण रौद्र है। रौद्र का जो फलात्मक कर्म वधादि, चकार से उस वध का जो कर्म फल विलाप रूप है वही करुण है। यहाँ एव कार से अत्यन्त व्यवहित परम्परा का पराकरण कर दिया है ॥४०॥

समनन्तर सम्यक् अनन्तर निकट फल के रूप में रसान्तर के आक्षेप में उदाहरण वीर है। वीर का जो अतीव निकट वाला है वह अद्भुत है। जो परितः चारों तरफ यश प्रताप रूप कीर्ति है अद्भुत उसका कारण है। वीरस्यापीति के अपि शब्द से वीर के निकट फल शृंगार भी है जैसे द्रौपदी स्वयम्वर आदि। सहभाव से रसान्तर के आक्षेप में बीभत्स उदाहरण है। जो बीभत्स के विभावादि रूपों का देखना है वही भयानक है। भयानक के विभाव हो सकते हैं। देखना ही भयानक है इस अभेदोपचार का फल है सहभाव से प्रतीति। इसी तथ्य को चशब्द द्योतित करता है। स तु मे उपात्त तु शब्द पूर्व की अपेक्षा से विशेष बात को कहता है। यही आक्षेप प्रकार के रूप में संभाव्य है इससे अधिक नहीं। जिनकी उत्पत्ति का हेतु बतलाया है वे जैसे स्वयं चारों पुरुषार्थों से व्याप्त है वैसे ही उत्पन्न होने वाले भी

अथ वर्णाः—

श्यामो भवति शृङ्गारः सितो हास्यः प्रकीर्तितः ।
कपोतः करुणश्चैव रक्तो रौद्रः प्रकीर्तितः ॥४२॥
गौरो वीरस्तु विज्ञेयः कृष्णश्चैव भयानकः ।
नीलवर्णस्तु बीभत्सः स्वच्छपीतौ शमाद्भुतौ ॥४३॥

अथ दैवतानि

शृङ्गारो विष्णुदेवत्यो हास्यः प्रमथदैवतः ।
रौद्रो रुद्राधिदैवत्यः करुणो यमदैवतः ॥४४॥

### अभिनवभारती

एतावन्त एव च रसा इत्युक्तं पूर्वम् । तेनानन्त्येऽपि पार्षदप्रसिद्ध्यैतावतां प्रयोज्यत्वमिति यद्भट्टलोल्लटेन निरूपितं तदवलेपेनापरामृश्येत्यलम् ॥४१॥

वर्णाभिधानं पूजादौ ध्यान उपयोगि । मुखरागेऽपीत्यन्ये । स्वच्छपीतौ शमाद्भुताविति शान्तवादिनां पाठः । तत्तद्रससिद्धौ सा सा देवता पूज्येति देवतानिरूपणम् । विष्णुः विष्णुपुत्रः कामदेवः । प्रमथा भगवतो गणाः क्रीडापराः ।

### बालक्रीड़ा

(मूल) अब इन रसों के वर्णों को कहते हैं—शृंगार का श्याम रंग है । हास्य का सित रंग कहा है । करुणका कपोत के सदृश वर्ण है और लालरंग रौद्र रस का कहा है ॥४२॥

(मूल) वीर को गौर समझना चाहिए । भयानक को कृष्ण । बीभत्स का नील वर्ण और शान्त और अद्भुत स्वच्छ एवं पीत वर्ण वाले हैं ॥४३॥

(मूल) अब इन रसों के देवताओं को कहते हैं शृंगार का देवता विष्णु है । हास्यका देवता प्रमथ है । रुद्र के गण हैं । रौद्र का अधिदेवता रुद्र है । करुणका देवता यम है ॥४४॥

चारों पुरुषार्थों के अन्तर्गत हैं उनसे उत्पादकों के सौन्दर्यातिशय का जनन होता है । रञ्जकाभासादि अर्थात् रसाभास एवं भावाभास आदि को उत्पादक रसों के अनुगामी के रूप से रूपकों में निबद्ध करना चाहिए ।

इतने ही रस होते हैं यह बात पहले कही जा चुकी है । इसलिए रसों में आनन्त्य होने पर भी पार्षद प्रसिद्धि से कवि समय के अनुसार इतने ही प्रयोग के योग्य हैं । ऐसा जो भट्टलोल्लट ने निरूपण किया है वह गर्व से बिना विचार किये हुए कहा है । अब बस करो ॥४१॥

रसों के वर्णों का अभिधान पूजादि के समय ध्यान में उपयोगी है । अन्य तो कहते हैं कि अभिनय के समय मुख के रंगने में भी उपयोग है । शम स्वच्छ है अद्भुत पीत है अतः "स्वच्छपीतौ शमाद्भुतौ" ऐसा शान्त को रस कहने वालों का पाठ है । उस २ रस

बीभत्सस्य महाकालः कालदेवो भयानकः ।
वीरो महेन्द्रदेवः स्याद् बुद्धः शान्तेऽब्जजोऽद्भुते ॥४५॥

एवमेतेषां रसानामुत्पत्तिवर्णदैवतान्यभिव्याख्यातानि । इदानीमनुभावविभावव्यभिचारिसंयुक्तानां लक्षणनिदर्शनान्यभिव्याख्यास्यामः । स्थायिभावांश्च रसत्वमुपनेष्यामः ।

अभिनवभारती

रुद्रस्त्रैलोक्यसंहारकर्ता अत एव रोदयतीति । यमयतीति यमेन वधादिके सम्पादिते करुणः । महाकालोऽधिदैवतमिति शेषः । स हि तद्विभावं कङ्कालं श्मशानादि सेवते । महेन्द्रस्त्रैलोक्यराजः । ब्रह्मा अचिन्त्याद्भुतस्रष्टा ॥४५॥

'बुद्धः शान्तेऽब्जजोऽद्भुते' इति शान्तवादिनः पठन्ति । बुद्धो जिनः परोपकारैकपरः प्रबुद्धो वा । तत्रोत्पत्तिलक्षणमन्योन्याश्रयत्वान्न निश्चयकारि । वर्णदैवतात्मकमप्यागमसिद्धत्वादित्येकप्रघट्टकेनोपसंहरत्येवमित्यादिना । एतेषामिति सर्वेषामित्यर्थः ।

बालक्रीडा

(मूल) बीभत्स का महाकाल है । भयानक का देवता साक्षात् काल है । वीर का देवता महेन्द्र है और शान्त का बुद्ध तथा अद्भुत का ब्रह्मा है ॥४५॥

(मूल) इस प्रकार इन रसों की उत्पत्ति, वर्ण एवं देवताओं का व्याख्यान कर दिया है । अब अनुभाव एवं व्यभिचारियों के लक्षण एवं निदर्शनों की व्याख्या करेंगे । और स्थायी भावों को रस के रूप में प्राप्त करेंगे ।

की सिद्धि में वह वह देवता पूज्य है इसलिए देवताओं का निरूपण किया है । विष्णु पद से प्रकृत में विष्णु के पुत्र कामदेव हैं । प्रमथ माने क्रीडा में तत्पर रहने वाले भगवान् के गण हैं । रुद्र त्रैलोक्य का संहार कर्ता । अतएव रुलाता है । नियमन करता है वह यम है । उस यम के द्वारा वध एवं बन्ध आदि के सम्पादन करने पर करुण पैदा होता है । महाकाल अधिदेवता है इतना अंश कहने से शेष है बच गया है अर्थात् उसको भी कहना चाहिए । वह महाकाल बीभत्सरस के विभाव रुधिर प्रभृति का सेवन करता है । महेन्द्र माने त्रिलोकी का राजा इन्द्र । ब्रह्मा अचिन्त्य एवं अद्भुत सृष्टि के कर्ता ।४५।

"अद्भुतो ब्रह्मदैवतः" ऐसा पाठ आठ रसों को मानने वालों के मत में है । और "बुद्धः शान्तेऽब्जजोऽद्भुते" यह पाठ शान्त को रस मानने वालों का है । अद्भुत रस का अधिष्ठाता दैवत ब्रह्मा जी हैं । और शान्त रस का बुद्ध है । बुद्ध शब्द का अर्थ है जिन, हिंसा रहित अतएव दूसरे के उपकार में लगा रहने वाला अथवा प्रबुद्ध प्रकृष्ट ज्ञानवान् । उन उत्पत्ति वर्ण और दैवत वगैरह में उत्पत्ति का लक्षण स्वरूप में अन्योन्याश्रय दोष है अतः निश्चय कारी नहीं है वर्ण और देवता भी आगम वेद से सिद्ध है और वेद परोक्ष है अतः

## अभिनवभारती

अथ विशेषलक्षणानि वक्तुमासूत्रयतीदानीमित्यादिना। विशेषलक्षणं सजातीयावच्छेदकम्। न विजातीयाव्यवच्छेदं विना सजातीयत्वम्। न चासौ सामान्यलक्षणं विनेति तत्पृष्ठे विशेषलक्षणमिति दर्शयितुं सामान्यलक्षणमनुवदत्यनुभावेत्यादिना। लक्षणानि च तानि निदर्शनानि च विशेषात्मकानि। तेन प्रत्येकं लक्षणविशेषा उच्यन्त इत्यर्थः। विशेषलक्षणानि वा सामान्यलक्षणस्य निदर्शनानि। येषु सामान्यलक्षणं निर्दिश्यते योज्यते उदाह्रियते च। तद्विना तस्योदाहर्तुमशक्यत्वात्। चकारो लोकोत्तरतयाऽऽदरं सूचयति। ये स्थायिनो भावा लोके चित्तवृत्त्यात्मानो बहुप्रकारपरिश्रमप्रसवनिबन्धनकर्तव्यताप्रबन्धाभिधायिनस्तानपि नाम रसत्वं विश्रान्त्येकायतनत्वेनोपदेशदिशा नेष्यामः। विभावान् यथायोगमुपहरद्भिः कविनटैर्हि ते रसतां नीयन्ते। यदाह—

"या व्यापारवती रसान्रसयितुं काचित्कवीनां नवा
दृष्टिर्या परिनिष्ठितार्थविषयोन्मेषा च वैपश्चिती।

## बालक्रीडा

प्रत्यक्ष कारी नहीं है। इसलिए एवमित्यादि से एक ही प्रघट्टक से एक ही साथ एक पंक्ति से उपसंहार करते हैं। एतेषां का अर्थ है इन सबका।

अब इनके विशेष लक्षणों को कहने के लिए इदानीमित्यादि से आमुख करते हैं सूत्र का निर्माण करते हैं। सजातीयों से व्यावर्तन करने वाला विशेष लक्षण होता है। विजातीयों से व्यवच्छेद किये बिना सजातीयता नहीं होती है अतः सजातीय के व्यावर्तन के अन्तर्गत विजातीय व्यावर्तन है। और व्यावर्तन भी सामान्य लक्षण के बिना नहीं होता है। अतः निर्विशेषं न सामान्यम् के अनुसार सामान्य लक्षण की पृष्ठ भूमिका में विशेष लक्षण अन्तर्भूत है इस तथ्य को दिखाने के लिए अनुभावेत्यादि से सामान्य लक्षण का अनुवाद करते हैं। जो सामान्यात्मक लक्षण हैं वे ही विशेषात्मक निदर्शन हैं। इस लिए प्रत्येक के विशेष लक्षणों को कहते हैं यह इसका अर्थ है। अथवा विशेष लक्षण सामान्य लक्षण के निदर्शन हैं। जिनमें सामान्य लक्षण का निर्देशन योजन एवं उदाहरण देते हैं। क्योंकि विशेष के बिना सामान्य का उदाहरण नहीं दिया जा सकता है। स्थायिभावांश्च में उपात्त चकार स्थायी भावों में लोकोत्तरता के कारण आदर की सूचना देता है। लोक में चित्तवृत्ति रूप और बहुत प्रकार के परिश्रम के प्रसव जनन में जो निबन्धन कारण हैं। उनकी कर्तव्य निष्ठा के विषय में प्रबन्ध का अभिधान करने वाले जो स्थायी भाव हैं उनकी विश्रान्ति के चर्वणा के एकमात्र आयतन हैं ऐसे उपदेश के मार्ग से उन स्थायी भावों को रस रूप में जो प्राप्त करेंगे यानी स्थायी भाव रस होते हैं अपनी २ युक्ति के अनुसार विभावों का उपहरण करने वाले कवि और नट लोग उन स्थायी भावों को रस रूप में प्राप्त करा देते हैं। जैसा कि कहा है—

रसों का आस्वाद कराने के लिए व्यापार करने वाली जो कवियों की नवीन दृष्टि है और जो परिनिष्ठित अर्थों का विकास करने वाला वैदुष्य है। उन दोनों का भी अव-

**तत्र शृङ्गारो नाम रतिस्थायिभावप्रभवः। उज्ज्वलवेषात्मकः। यत्किञ्चिल्लोके शुचि मेध्यमुज्ज्वलं दर्शनीयं वा**

अभिनवभारती

ते द्वे अप्यवलम्ब्य विश्वमनिशं निर्वर्णयन्तो वयं
श्रान्ता नैव च लब्धमब्धिशयन ? त्वद्भक्तितुल्यं सुखम् ॥" इति।
(ध्वन्या ३,४३)

नटानां तु तदुपजीवितत्वान्न नवा दृक्पश्यति न रसयत्यतो नवेति। तस्माद्रसनोपयोगिविभावाद्यौचित्यमस्माभिरुपदिशद्भिः स्थायिनो रसत्वं नीता भवन्तीत्यनेन लक्षणरूपस्य फलं दर्शितम्।

अथ शृङ्गाररसप्रकरणम्।

तत्र कामस्य फलत्वादशेषहृदयसंवादित्वाच्च तत्प्रधानं शृङ्गारं लक्षयति—तत्रेत्यादिनोज्ज्वलवेषात्मक इत्यन्तेन सूत्रेण। तत्रेति क्रमनिर्धारणे एवं सतीत्यर्थे वा

बालक्रीडा

(मूल) उन में रति नामक स्थायी भाव से जिस का प्रभव है उत्पत्ति है और जिसका वेष एवं भूषा उज्वल है वह शृंगार है। लोक में जो कुछ शुचि स्वच्छ मेध्य पवित्र उज्वल चमकीला एवं तड़क भड़क वाला देखने में भव्य मालूम पड़ता है उसकी शृंगार से उपमा दी जाती है और उज्वल वेषधारी है तड़क भड़क के साथ बनठन कर सजा हुआ रहता है

लम्बन कर के अहर्निश विश्व का निर्वर्णन करते हुए देखते हुए सुनते हुए समझते हुए हम थक गये किन्तु हे क्षीरसागरशायिन् ? आप की भक्ति के तुल्य सुख को नहीं पा सके।

यहाँ प्रकृत में केवल इस पद्य के प्रथम चरण से तात्पर्य है कि कवि अपने नवीन दृष्टि से युक्ति के अनुसार सहृदय भावुकों को स्थायी सम्वलित विभावादिकों का समर्पण करते हैं। जिससे वे भावुक स्थायी का रस रूप से आस्वादन करते हैं। इसी प्रकार नट भी काव्यज्ञ की शिक्षा एवं अपने अभ्यास के बल पर अभिनयों के द्वारा दर्शक सामाजिकों के सम्मुख स्थायि सम्वलित विभावादिकों का उपहार करता है जिनसे वे स्थायी का रस रूप में आस्वादन करते हैं।

नट लोग कवि एवं उनके काव्यों से उपजीवित हैं अर्थात् उनके सहारे जीते हैं अतः उनकी कोई नवीन दृष्टि नहीं है। अतः देखने का प्रश्न नहीं है। और न वे नट रसका आस्वादन करते हैं। इसी लिए कहा कि कवियों की नवा" दृष्टि है। यह नटों से कवियों का वैलक्षण्य दिखाया। तस्मात् रसनोपयोगी विभावादि के औचित्य का उपदेश देते हुए हमने स्थायी को रसरूप में भावुकों को प्राप्त करा दिया जाता है इस कथन से लक्षण के निरूपण करने का फल दिखा दिया।

अब यहां से शृंगार रसके प्रकरण का आरंभ करते हैं। चार पुरुषार्थों में काम एक पुरुषार्थभूत फल है पुरुषों के चाहने योग्य फल है और अशेष प्राणियों के हृदय का संवादी है।

## अभिनवभारती

एतत्सूत्रभाष्येण व्यक्तम्। यल्लक्ष्यपदं नामेति। व्याचष्टे यत्किञ्चिदित्यादिना। हारादिमण्डितः शृङ्गारवान्। तेन शुचिमेध्याद्युपमीयते। तेनोज्ज्वलवेषात्मके शृङ्गारशब्दः। न चातिप्रसङ्गः। आप्तोपदेशस्य नियामकत्वादिति चिरन्तनाः। तदनुपपन्नम्। उपमानोपमेययोर्विशेषविषयविभागानवभासात्तथा।

तस्मादयमत्रार्थः। रतिरेवास्वाद्यमानो मुख्यः शृङ्गारः। रतिमास्वादयद्भिः तद्बहुमानपरः शृङ्गारीत्युच्यते। यस्तु तज्जनकादिपर एव तद्व्यसनिता सा रसना-

## बालक्रीडा

इसलिए तत्र इत्यादि से लेकर उज्ज्वलवेषात्मक यहां तक के सूत्र से काम प्रधान शृंगार का लक्षण करते हैं। तत्र यह क्रम के निर्धारण अर्थ में है अथवा एवं सति इस अर्थ में है। यह सूत्र के भाष्य से व्यक्त होगा। जो लक्ष्य पद है उसका संकेत यह नाम है। यत् किंचित् इत्यादि से उज्ज्वलवेषात्मक की व्याख्या करते हैं। हार वगैरह से सुशोभित शृंगारवान् होता है। उसके साथ शुचि एवं मेध्य पदार्थों की उपमा दी जाती है। इसलिये उज्ज्वलवेष में शृंगार शब्द का प्रयोग किया जाता है। प्रश्न—शृंगार शब्द प्रकृत में शृंगार रस का प्रतिपादक है किन्तु आप कहते हैं कि उज्ज्वलवेष स्वरूप में शृंगार शब्द का प्रयोग है यह तो लक्ष्य को छोड़कर अलक्ष्य में प्रयोग होने से अतिव्याप्ति हो गई। उत्तर। नहीं। अतिप्रसंग नहीं हुआ क्योंकि आप्तोपदेश नियामक है। ऐसा चिरन्तन आचार्यों का मत है। किन्तु वह अनुपपन्न है। क्योंकि उपमान एवं उपमेय में विषय के विभाग का कोई विशेष अवभास नहीं हो रहा है। अतः वैसा प्रयोग किया है। यहाँ का भाव यह है कि लोक व्यवहार में उज्ज्वल भव्य सुन्दर वस्त्र वेश भूषण पहिरने वालों में उनके चमकीले भड़कीले कपड़े वगैरह को देखकर लोग कहते हैं कि बड़ा रसिक है शृंगारी है। ऐसी अवस्था में भव्य उज्ज्वल वेष एवं भूषण शृंगार कहलाया। जैसे उज्ज्वल वेष भूषण पहिरने वाला शृंगारवान् है वैसे उज्ज्वल वेष भूषा शृंगार है। जिसके फल स्वरूप पहिरने वाला शृंगारवान् उपमान कोटि में आयगा और उज्ज्वल वेष भूषा शृंगार उपमेय कोटि में। किन्तु प्रकृत में शृंगार शब्द रस अर्थ में प्रयुक्त है जो कि आस्वाद्य है वेष भूषा तो आस्वाद्य नहीं है। अतः अतिप्रसंग की स्थिति आ जाती है। इस पर प्राचीनों का उत्तर है कि अतिप्रसंग वाली बात तो ठीक है किन्तु आप्तवाक्य है अतः क्षम्य है। अभिनवाचार्य का कथन है कि केवल बाबा वाक्यं प्रमाणं वाली स्थिति यहां नहीं है युक्तियुक्त यह कथन है। जैसे घी से आयु बढ़ती है यहाँ आयु जन्य है घी उसका जनक है इस तरह इन दोनों में भेद स्पष्ट है तब भी लोग कह देते हैं अरे घी ही आयु है। अतः यह जैसे अभेदोपचार से बल्यादृत प्रयोग होता है। वैसे ही प्रकृत में भी तादृशवेषभूषाधारी को शृंगारी कहने से अर्थात् वेषभूषा को शृंगार शब्द से कहना प्राप्त हो गया। अतः विशेष रूप से उपमान एवं उपमेय के विषय की पृथक् प्रतीति नहीं हुई अतः वैसा प्रयोग किया है।

इसलिए यहाँ पर शृंगारी नाम रतिस्थायिप्रभव उज्ज्वलवेषात्मकः इसका यह अर्थ है कि आस्वाद्यमान रति ही मुख्य रूप से शृंगार शब्द की वाच्य है और रति का

तच्छृङ्गारेणोपमीयते। यस्तावदुज्ज्वलवेषः स शृङ्गारवानित्युच्यते। यथा च गोत्रकुलाचारोत्पन्नान्याप्तोपदेशसिद्धानि पुसां नामानि भवन्ति तथैवैषां रसानां भावानां च नाट्याश्रितानां चार्थानामाचारोत्पन्नान्याप्तोपदेशसिद्धानि नामानि। एवमेष आचारसिद्धो हृद्योज्ज्वलवेषात्मकत्वाच्छृङ्गारो रसः। स च स्त्रीपुरुषहेतुक उत्तमयुवप्रकृतिः।

## अभिनवभारती

स्वाददशा लोके भवन्त्यपि न चिरमवतिष्ठते। तदास्वादे चोपयोगि यथास्वविभावादि तथा शास्त्रानिषिद्धमजुगुप्सितं संस्फुटं मनोहरं च यत् तदुपचाराच्छृङ्गारशब्दवाच्यम्। तदाह – उपमीयते। तदुपयोगितया तथा मीयते लक्ष्यत इति यावत्।

क तथेति दर्शयति-यस्तावदिति। तावद्ग्रहणेनावधारणवाचिना शृङ्गारवाच्यो मुख्योऽर्थस्तत्र नास्तीति दर्शयति—स शृङ्गारवानिति। तदुज्ज्वलवेषे शृङ्गारशब्द उपचरित इत्याह। ननु मुख्यतया रत्यास्वादे शृङ्गारशब्दस्य प्रवृत्तौ किं निबन्धनमित्याशङ्क्याह-यथा चेत्यादि। गोत्रं पितृसन्तानादि। कुलं मातृसन्तानं सूचयति।

## बालक्रीड़ा

(मूल) वह शृंगारवान् कहलाता है। जैसे पुरुषों के नाम; गोत्र पितृवंश, कुल मातृवंश, आचार शिष्ट परम्परा से उत्पन्न तथा आप्त के उपदेश से सिद्ध होते हैं वैसे ही इन रसों भावों तथा नाट्य के आश्रित अर्थों के नाम भी नाट्याचार्यों के आचार व्यवहार एवं आप्तोपदेश से सिद्ध हैं। इसप्रकार यह हृद्य आकर्षक एवं उज्ज्वल भव्य वेष स्वरूप होने से आचार से सिद्ध शृंगार रस है। वह शृंगार रस उत्तम प्रकृति वाले युवक एवं युवतियों में दाम्पत्य भाव मूलक होता है।

आस्वादन करने वाले लोग रति का अतीव आदर करने में तत्पर व्यक्ति को शृंगारी कहते हैं। जो तो उस रति के कारण प्रमदादि, कार्य कटाक्षविक्षेपादि, सहकारि चिन्तादि में आसक्त हैं उसमें वह उसकी व्यसनिता व्यसन रूप रसन आस्वादन दशा लोक में अनुभव में आती हुई दिखाई पड़ती हुई भी चिरकाल तक नहीं ठहरती है। और उसे रति के आस्वाद में जैसे अपने विभावादि उपयोगी हैं वैसे जो शास्त्र से अनिषिद्ध लोक से अजुगुप्सित स्फुट और मनोहर वस्तु उपयोगी हैं वे सब उपचार से शृंगार शब्द से वाच्य हैं। इसी लिए कहते हैं कि उपमीयते अर्थात् उस रति के उपयोगी के रूप में उस तरह वे जाने जाते हैं।

कहां वे उस प्रकार जाने जाते हैं उसको दिखाते हैं कि जो तो। तावत् शब्द अवधारणार्थक है। अतः उस निश्चयार्थक तावत् शब्द के ग्रहण से यह दिखाते हैं कि शृंगार शब्द का वाच्य मुख्य अर्थ उस उज्ज्वल वेष में नहीं है। किन्तु वह उज्ज्वलवेषधारी शृंगारवान् है अर्थात् उसके उज्ज्वल वेष में शृंगार शब्द उपचरित है। ऐसा कहते हैं।

## अभिनवभारती

आचारो व्यवहारः। तत उत्पन्नानि लोके प्ररूढानि। मूले तु न। आप्तोपदेशेन नामकरणलक्षणेन समयेन सिद्धानि। पुंसामिति मनुष्यजातेर्नराणां नारीणां च। नराणां हि पितृसन्तानानुसारि नाम विष्णुशर्मेत्यादि। स्त्रीणां तु मातृवंशानुसारि कनकप्रभा चन्द्रप्रभेति। एवं रसादीनां तच्छास्त्रवेदिवृद्धव्यवहारतो निरूढानि प्राक्तनब्रह्माद्याप्तप्रणीतानि नामानि।

तदेवोपसंहरति—एवं शृङ्गारो रसः। स आचाराद् व्यवहाराल्लोकेऽपि सिद्धः। कुतो हेतोः। हृद्यादिवेषात्मकत्वात्। एतदुक्तं भवति—प्रतिशास्त्रसमयानुसारिणोऽपि शब्दास्तद्वृद्धव्यवहारपरम्परया लोके प्रसिद्धा उपचारतोऽन्यत्रापि व्यवह्रियन्ते। यथा—'साङ्ख्यपुरुषोऽयं न किञ्चित्करोति। पूर्वरङ्गोऽत्र तेन मे विरचितः। अत्र महत् अन्योन्यमस्य' इति। तद्वदमी शृङ्गारादिशब्दा इहैव विषये मुख्याः। लोके तु साङ्ख्यपुरुषादिशब्दवत् उपचरिताः।

## बालक्रीड़ा

प्रश्न—जब उपचरित है तब मुख्यरूप से रति के आस्वाद में शृंगार शब्द की प्रवृत्ति में क्या कारण है। ऐसी आशंका करके कहते हैं कि जैसे रुणादि। गोत्र पिता की सन्तानादि को कुल माता की सन्तानादि को सूचित करता है। आचार शब्द का अर्थ है व्यवहार। उससे उत्पन्न यानी लोक में प्ररूढ है किन्तु मूल में ऐसी बात नहीं है। आद्य आप्त के उपदेश नामकरणरूप संकेत से सिद्ध हैं। पुंसा का अर्थ है मनुष्य जाति के नर और नारी। नरों के पितृपरम्परा के अनुसारी विष्णु शर्मा आदि नाम होते हैं। और स्त्रियों के तो मातृवंश के अनुसार कनकप्रभा चन्द्रप्रभा इत्यादि नाम होते हैं। इसी प्रकार रस भाव आदि के नाट्यशास्त्र के नाम रस शास्त्र के जानकार वृद्धों के व्यवहार से निरूढ हैं और प्राक्तन ब्रह्माजी आदि आप्तों के द्वारा प्रणीत हैं।

उसी का उपसंहार करते हैं—कि इस प्रकार शृंगार रस है। वह आचार एवं व्यवहार से लोक में भी सिद्ध है। प्रश्न—इस सिद्धि का कारण क्या है। उत्तर। शृंगार का हृद्य स्फुट एवं शास्त्रानिषिद्धादि वेष स्वरूप होना इसका कारण है। इसका आशय यह है कि प्रत्येक शास्त्र के संकेत के अनुसारी शब्द होते हैं जो उस शास्त्र के जानकार वृद्धों की व्यवहार परम्परा से लोक में प्रसिद्ध हैं। उन शब्दों का उपचार से अन्य अर्थों में भी व्यवहार होता है। जैसे—अजी ये तो सांख्य पुरुष हैं कुछ करते कराते नहीं। इसने यहाँ पर मेरे लिए पूर्वरंग यानी भूमिका बना दी। यहाँ पर परस्पर में इन दोनों में इसका महत् है। यहाँ का अभिप्राय यह है कि सांख्य शास्त्र में पुरुष को कर्ता नहीं माना है प्रत्युत उसको पुष्कर पलाश की तरह निर्लेप माना है और कर्त्री एवं भोक्त्री प्रकृति है। तदनुसार लोक में भी जिसकी स्त्री ही सब कुछ करती है उस पुरुष को मजाक में लक्षणया सांख्य पुरुष कहते हैं। (पूर्वरंगः प्रसंगाय नाटकीयस्य वस्तुनः) नाट्योपयोगी अभिनय के लिए अवसर प्रदान करने के लिए पूर्वरंग किया जाता है। पूर्वरंग का अर्थ है पहली भूमिका तदनुसार लोक में भी किसी को कार्य करने के लिए सहूलियत देने के विषय में इस शब्द का प्रयोग औपचारिक

अभिनवभारती

यस्तु श्रृङ्गारशब्दस्य मत्वर्थीयेन व्युत्पत्तिमाह तस्य रूपमपि विस्मृतम् । आरकन् हि प्रत्ययोऽत आरब्धः । ('श्रृङ्गवृन्दाभ्यामारकन्') (वार्तिक ५.२-१२१) वृन्दारक इति यथा । अत एवोणादिषु निपातितोऽयं शब्दः । (श्रृङ्गारभृङ्गारौ । उ. सू.) ।

यस्तु पृथग्भावेन तत्तद्दीक्षितानि गोत्रादिनामानि व्याचष्टे व्यावर्त्याभावात् । तत् प्रकृते न किञ्चिदप्युपयुज्यते । न च गोत्राचारोत्पन्ने नामनि नियामक आप्तोपदेशो लोके इत्यास्तामेतत् ।

अथ रतिस्थायीति सूत्रभागं भाष्येण स्पष्टयति—स चेत्यादिना । स्त्रीपुरुषशब्देन परस्पराभिलाषसंभोगलक्षणाया लौकिक्या 'अस्येयं स्त्री' इति "अस्या अयं पुरुष" इति रतेः, स्वथाभिलाषमात्रसारायाः कामावस्थानुवर्तिन्या व्यभिचारिरूपानीताया

बालक्रीडा

होता है । न्यायवैशेषिक उभय सम्मिलित दर्शन में अणु महत् ह्रस्व और दीर्घ ये शब्द परिमाण अर्थ में संकेतित है । किन्तु लोक में "महतां सकलं महत्" यह प्रयोग स्त्री पुंव्यंजन उपस्थ वृषण एवं कुच अर्थ में भी उपचार से प्रयुक्त होता है । उसी प्रकार ये शृंगारादि शब्द भी इन रसादि अर्थों में मुख्य है। लोक में तो सांख्यपुरुषादि शब्दों की तरह उपचरित हैं ।

जिसने तो शृंगार शब्द की मत्वर्थीय आरकन् प्रत्यय से व्युत्पत्ति कही है उसने शृंगारक रूप को भी भुला दिया । क्योंकि यहाँ शृंग शब्द से (शृंगवृन्दाभ्यामारकन्) वार्तिक से आरकन् प्रत्यय का आरम्भ किया है । अतः जैसे वृन्दशब्द से आरकन् प्रत्यय होने पर वृन्दारक बनता है उसी तरह शृंग शब्द से शृंगारक बनता है न कि शृंगार । शृंगार शब्द का तो "शृंगार भृंगारौ" इस उणादि सूत्र से निपातन हुआ है ।

जो तो अलग २ भिन्न २ दीक्षा के अनुसार गोत्र नाम भारद्वाज आदि; कुलनाम पुरुषों के अरुणोदय सूर्योदय चन्द्रोदय भाग्योदय आदि । कन्याओं के विजय लक्ष्मी सौभाग्य लक्ष्मी एवं राज्य लक्ष्मी आदि है । आचार नाम अरुणोदय प्रपन्न (रामानुजसंप्रदाय में प्रपत्ति की दीक्षा दी जाती है अतः उसके नाम के आगे प्रपन्न जोड़ा जाता है) को कहता है उस कथन का प्रकृत में कोई उपयोग नहीं है क्योंकि उन नामों से कोई अन्य व्यावर्त्य नहीं है जब कि एक ही व्यक्ति उन नामों से बोध्य है । यदि कहें कि ठीक है अन्य कोई व्यावर्त्य नहीं है तथापि आप्त व्यवहार यह नहीं है । इस पर कहते हैं लोक व्यवहार में गोत्र कुल एवं आचार विहित नाम के विषय में आप्तोपदेश नियामक नहीं है । अतः बस इसे रहने दिया जाय ।

अब रतिस्थायिप्रभवः इस सूत्र भाग का स चेत्यादि भाष्य के द्वारा स्पष्टीकरण करते हैं कि यहाँ "स च स्त्रीपुरुष हेतुकः" इस भाष्य में प्रयुक्त स्त्रीपुरुष शब्द से इस शृंगार की हेतु रति कही गई है । जो रति परस्पर अभिलाषात्मक (विप्रलम्भरूप) एवं सम्भोगरूप यह इसकी स्त्री है यह इसका पुरुष है इस लौकिक रति से विलक्षण है । तथा केवल अभिलाष ही जिसमें सार है ऐसी और दश कामावस्थाओं का अनुवर्तन करने वाली यानी अपुष्ट अत एव (उद्बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते जो स्थायी केवल उद्बुद्ध ही हुआ है किन्तु

## अभिनवभारती

रतेश्च विलक्षणैव इयं स्थायिरूपा प्रारम्भादिफलप्राप्तिपर्यन्ता व्यापिनी परिपूर्णसुखैकफला रतिरुक्ता भवति हेतुरस्य ।

कविर्हि लौकिकरतिवासनानुविद्धस्तथा विभावादीनाहरति नाट्ये नटश्चानुभावान्, यथा रत्यास्वादः शृङ्गारो भवतीति । आस्वादयितुरपि प्राक्कक्ष्यायां रत्यवगम उपयोगीत्युक्तं प्राक् ।

एतदुक्तं भवति—रतिः क्रीडा सार्धं च परमार्थतः कामिनोरेव । तत्रैव सुखस्य धाराविश्रान्तेः ।

अपरस्य तु माल्यादिविषयसौन्दर्यस्य तद्विना कृतस्य संकल्पत्वात्संवेदनद्वितयान्योन्यनिमज्जनात्मकमीलनाख्यो हि परमो भोगः । संविद एव प्रधानत्वात् । अन्यत्र तु जडस्य भोग्यत्वात् ।

अत एवाह—'श्वासायासविडम्बनैव वपुषि प्राणाः पुनर्जानकी' इति ।

अत एव यत्कैश्चिद्चोद्यत—रतेराधारभेदेन भेदात्कथमेको रस इति । तदनभिज्ञतया । एकैव ह्यसौ तावती रतिः । यत्रान्योन्यसंविदा एकवियोगो न भवति ।

## बालक्रीडा

पुष्ट नहीं है वह व्यभिचारी भाव होता है इस न्याय के अनुसार) व्यभिचारी रूप को प्राप्त होने वाली रति से विलक्षण है । इस प्रकार विलक्षण यह रति स्थायी रूप है अर्थात् प्रारम्भ से लेकर फलपर्यन्त व्याप्त रहने वाली है अत एव एकमात्र परिपूर्ण सुखरूप फल से सम्पन्न है ।

इन त्रिविध रतियों में से लौकिक रति की वासना से अनुविद्ध कवि काव्य में विभावादि को और नाट्य में नट अभिनयों को उस तरह उपस्थित करते हैं जिस प्रकार विलक्षण रति का आस्वाद शृंगार रस हो जाता है । आस्वाद करने वाले को भी प्रथम कक्ष्या में रति का अवगम उपयोगी होता है यह तथ्य पहिले कहा जा चुका है । इसका आशय यह है कि परमार्थतः वस्तुतः कामी की कामिनी के (सार्ध) साथ और कामिनी की कामी के साथ क्रीडा ही रति है । उसी में सुख के धारा की विश्रान्ति है । अतः रति के बिना किये गये अपर शृंगार जिसमें माला के पहिरने आदि विषयों उद्यान चन्द्रोदय एवं वसन्त प्रभृति ऋतुओं से सौन्दर्य प्राप्त होता है वह शृंगार संकल्प है मानस कर्म है । अतः संवेदन द्वितय कामी एवं कामिनी दोनों की रतियों का अर्थात् संवेदनशाली कामी एवं कामिनी का परस्पर में निमज्जन एक दूसरे का एक दूसरे में विभोर हो जाना परमभोग है । इस निमज्जन की आख्या मिलन है परस्पर में अन्तर्हित हो जाना है । क्योंकि संविद् ही प्रधान है ज्ञाने परिसमाप्यते के अनुसार ज्ञान में ही सब का पर्यवसान है ज्ञान से अतिरिक्त स्थल में जड़ पदार्थ भोग्य है । इसी लिए कहते हैं कि शरीर में श्वास प्रश्वास को प्राण कहना विडम्बना है वस्तुतः प्राण जानकी है । अतः किसी ने जो यह कुचोद्य किया कि आधार भेद से रति अनन्त है तब भी रस एक है और रति ही रस बनता है । यह कैसे । ऐसा कुचोद्य

## अभिनवभारती

अत एवोत्तमयुवप्रकृतिः। उत्तमश्चोत्तमा चोत्तमौ। एवं युवानौ। तत्रोत्तमयुवशब्देन तत्संविदुच्यते। न तु कायः। चैतन्यस्यैव हि परमार्थत उत्तमयुवत्वं विशेषः। स(सा) चावस्थावान् यत्र तत्र व्यवहारस्य भूतत्वात् तत्प्रकृतिः। सा संविदास्वादयोग्यत्वात् शृङ्गाररसीभवतीति। अनुत्तमत्वे तु न दार्ढ्यमयुवत्वे चेति न सा रतिः संवित्। वियोगस्य संभावनात्। अवियुक्तसंवित्प्राणस्तु शृङ्गारः। यथा—

"वारिसिणि॰चरिहिभदि हिल॰गणाहुकंहविपक।
हुहिमुळअळमरणिमअळहुवीविहयिप॰सि ॥" इति।

व्याख्याता परस्परं जीवितसर्वस्वाभिमानरूपा। वेपयति व्यापयति चित्तवृत्तिमन्यत्र ज्ञापनया संक्रमयतीति वेषो विभावानुभावात्मा। वेपयन्ति व्याप्नुवन्ति स्थायिनमिति व्यभिचारिणः। ते चोज्ज्वला उत्कृष्टा यस्मिंस्तथाभूत आत्मा यस्येति।

## बालक्रीडा

नासमझी से है। क्योंकि जितनी भी रतियाँ हैं उतनी वह स्थायी रूपा रति एक ही है। जहाँ परस्पर की संविद के द्वारा एक दूसरे का वियोग नहीं होता है। इसी लिए रस को उत्तम युवप्रकृति कहा। यहाँ उत्तम शब्द में उत्तम और उत्तमा के द्वन्द्वसमास में सरूपाणामेकशेष इसके अनुसार एक शेष हो गया। और शेष रहता है वह लुप्यमान के अर्थ को कहता है। तदनुसार उत्तम शब्द का अर्थ है दो उत्तम। ऐसे जो युवा अर्थात् उत्तम युवा और उत्तम युवती। यहाँ उत्तम युवा और उत्तम युवती शब्द से उनकी संविद कही गई है। न कि उनका शरीर। क्योंकि परमार्थतः उत्तम युवत्व ही चैतन्य का विशेष रूप है। वह चैतन्य विशेष ही भिन्न २ अवस्थाओं को धारण करके यहाँ वहाँ सर्वत्र व्यवहार का कारण होता है अतः उत्तम युवक एवं युवती उसकी प्रकृति हैं। वह संवित् आस्वाद के योग्य होती है अतः वह शृंगार रस हो जाती है। उत्तम नहीं होने पर और युवत्व नहीं होने पर वह दृढ़ यानी स्थायी नहीं होती है अत एव वह संवित् रति नहीं है। क्योंकि वहाँ वियोग की संभावना है। फलतः अवियुक्त संवित् रूप रति शृंगार का प्राण है। जैसे—

वारिसिणि। यह गाथा बीच २ में खण्डित है अतएव अस्फुट है। इसमें परस्पर की जीवित सर्वस्व रति की व्याख्या की है। ऐसा आचार्य का लेख है। विष्लृ व्याप्तौ से घञ् प्रत्यय करके निष्पन्न वेष शब्द को अन्तर्भावितणिजर्थ मानकर व्युत्पत्ति करते हैं—वेषयति जो व्याप्त करता है अर्थात् जो चित्तवृत्ति को दूसरे में बोध के द्वारा संक्रान्त कर देता है वह विभावात्मा और अनुभावात्मा वेष है। इसीतरह जो स्थायी को व्याप्त करते हैं वे व्यभिचारी वेष हैं। वे विभावादि जिसमें उज्ज्वल हों उत्कृष्ट हों वह उज्ज्वल वेष कहलाता है। और वैसा जिसका आत्मा हो स्वरूप हो वह उज्ज्वल वेषात्मक कहलाता है।

**तस्य द्वे अधिष्ठाने सम्भोगो विप्रलम्भश्च। तत्र सम्भोगस्तावत् ऋतुमाल्यानुलेपनालंकारेष्टजनविषयवरभवनोपभोगोपवनगमनानुभवनश्रवणदर्शनक्रीडालीलादिभिर्विभावैरुत्पद्यते ।**

### अभिनवभारती

सूत्रे संक्षिप्य यद्विभावादि निरूपितं तद्विभागेन व्याख्येयमित्याशयेन शृङ्गारस्यावस्थाभेदमाह—तस्य द्वे इत्यादिना। अधिष्ठाने अवस्थे इत्यर्थः। अधिष्ठीयतेऽवस्थात्र शृङ्गाररूपेण। ते न शृङ्गारस्येमौ भेदौ। गोत्वस्येव शाबलेयत्वबाहुलेयत्वे। अपि तु तद्दशाद्वयेऽप्यनुयायिनी या रतिरास्वादनात्मिका तस्याश्चास्वाद्यमानं रूपं शृङ्गारः। यदाहुः—

"एतस्मान्मां कुशलिनमभिज्ञानदानाद्विदित्वा
मा कौलीनादसितनयने ? मय्यविश्वासिनी भूः।
स्नेहानाहुः किमपि विरहे ह्रासिनस्ते त्वभोगा-
दिष्टे वस्तुन्युपचितरसाः प्रेमराशीभवन्ति ॥ इति ॥ (मेघ. २.५५)

### बालक्रीड़ा

(मूल) उसके दो अधिष्ठान यानी अवस्थाएँ होती हैं सम्भोग एवं विप्रलम्भ। उनमें सम्भोग-वसन्तादि ऋतुएँ, अपनी २ ऋतुओं में पैदा होने वाले पुष्पों की मालाएँ, अगर तगर कस्तूरी केशर कपूर एवं चन्दन को घिस कर बनाया हुआ अनुलेप, पराग पाउडर, अलंकार, इष्टजन, स्पृहणीय विषय उत्तम भवन आदि का उपभोग सेवन, उपवन विहार, मधुर गीतों का श्रवण आकर्षक वस्तुओं का दर्शन, जलक्रीडा और रासलीला आदि के अनुभवन रूप विभावों से उत्पन्न होता है।

सूत्र में संक्षिप्त रूप से जो विभावादिका निरूपण किया है उसकी व्याख्या अलग २ करनी चाहिए इस आशय से शृंगार की विभिन्न अवस्थाओं को कहते हैं उसके दो अधिष्ठान है दो अवस्थाएं हैं। यहां विप्रलम्भ एवं संभोग शृंगार रूप से दो अवस्था रहती है अतः अधिष्ठान का अर्थ अवस्था है। यहाँ अधिकरण में ल्युट् प्रत्यय है। ये अवस्थायें शृंगार के दो भेद नहीं है। जैसे गोत्व के शाबलेयत्व एवं बाहुलेयत्व भेद नहीं है। गोत्व तो यावद् गौओं में रहने वाला धर्म है और शाबलेयत्व केवल शबला गौ के अपत्य में, बाहुलेयत्व केवल बहुला के अपत्य में रहने वाला धर्म है अतः वे गोत्वका भेदक धर्म नहीं है। यही स्थिति यहाँ भी है। फलतः उन दोनों सम्भोग विप्रलम्भात्मक अवस्थाओं में अनुगत रहने वाली जो आस्वादनात्मिका रति है उसी का आस्वाद्यमान रूप शृंगार है। जैसा कि कहते हैं।

सन्देश वाहक मेघ के द्वारा दिये हुए इस अभिज्ञान से मुझे कुशली समझ कर मेरे विषय में हे असितनयने ! अविश्वासिनी मत होना कि वह मुझे भूल गया होगा या अन्य किसी में अनुरक्त हो गया होगा अब उसको मुझसे क्या मतलब है। इत्यादि अविश्वास मत करना। क्योंकि लोग कुछ ऐसी ही बात कहा करते हैं कि विरह दशा में स्नेह

## अभिनवभारती

अत एव सम्भोगे विप्रलम्भसम्भावनाभीरुत्वं विप्रलम्भेऽपि सम्भोगमनोराज्या(रथा)नुवेध इति इयच्छृङ्गारस्य वपुः। अभिलाषेर्ष्याप्रवासादिदशास्त्वत्रैवान्तर्भूताः। सत्यामाशाबन्धात्मिकायां रतौ तेन सम्भोगश्रृङ्गार इत्यादिव्यपदेशोऽभोगेऽप्युपचारात्। अत एव एतद्दशाद्वयमेलने सत्यतः सातिशयचमत्कारः। यथा—

"एकस्मिन् शयने पराङ्मुखतया वीतोत्तरं ताम्यतो-
रन्योन्यं हृदयस्थितेऽप्यनुनये संरक्षतोर्गौरवम्।
दम्पत्योः शनकैरपाङ्गवलनान्मिश्रीभवच्चक्षुषो-
र्भग्नो मानकलिः सहासरभसव्यासक्तकण्ठग्रहम्॥" (अमरुक-२३.)

तत्र हीर्ष्याविप्रलम्भसम्भोगमेलनात्मिकैवैकप्राणीभूतोभयगतविभावानुभावव्यभिचारिकृता सातिशया रसानुभूतिः। तेन यदोदितं श्रीशङ्कुकेन पुरूरवस उन्मादे, वत्सराजस्य तापसत्वे चानुज्ज्वलवेषत्वं विप्रलम्भश्रृङ्गारेऽपि (इति) तदनवकाशमेव। भोगस्य रसत्वाभावात् स्नानाद्यवस्थानमिव। यत्त्वत्रोत्तरं तावद्दत्तं स्थैर्यादुज्ज्वलवेषाभावेऽपि रतिमुत्तमां न विजहातीति तदयुक्तभाषितम्॥ प्रकृतत्रोषापरिहारात्।

## बालक्रीडा

ध्वंसन स्वभाव वाले होते हैं। नष्ट प्रायः हो जाते हैं। किन्तु जैसे किसी वस्तु के उपभोग नहीं करने से वह वस्तु क्षीण नहीं होती है प्रत्युत उसमें कुछ डालते रहने से बढ़ती है। उसी तरह प्रेम के उपभोग नहीं होने से प्रत्युत विरह में प्रेमी की तन्मयता के कारण उपचित होने से वे प्रेम राशि के रूप में समुदाय के रूप में इकट्ठे हो जाते हैं।

इसीलिए संभोग में यह डर बना रहता है कि कहीं वियोग नहीं हो जाय। विप्रलम्भ में भी मानसिक सम्भोग का अनुवेध बना रहता ही है। बस इतना श्रृंगार का शरीर है। अभिलाष ईर्ष्या एवं प्रवासादि दशायें तो इसी में अन्तर्भूत हैं। क्योंकि आशाबन्ध ही एक ऐसा तत्व है जो कुसुम के सदृश सद्यः पाती अंगनाओं के प्रणयी हृदय को वियोगावस्था में रोके रहता है (आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यंगनानां सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि) अतः पुनर्मिलन की आशा से विप्रलम्भ की दशायें भी इस सम्भोग में आ जाती हैं। क्योंकि आशाबन्धात्मिक रति होने पर यही स्थिति है। इसलिए भोग नहीं होने पर भी लक्षणा से संभोग श्रृंगार इत्यादि व्यपदेश होता है। अत एव ऐसी दो दशाओं के मिलने में सचमुच अतिशय चमत्कार होता है। जैसे—एक ही शयन में पराङ्मुख होकर मुंह फेरकर लेटे हुए किन्तु बातचीत के बन्द हो जाने से दुःखी एक दूसरे को मनाने की इच्छा मन में रहते हुए भी अपने अहंभाव की रक्षा कर रहे दम्पती-धीरे से अपांग के वलन से आँखों के मिलजाने पर जब आँखें चार होती हैं तब मुहब्बत आही जाती है के अनुसार—हँस पड़े। जिसके फलस्वरूप उनका मान कलह भग्न हो गया और वे बड़े वेग से एक दूसरे के गले में लिपट गये।

यहाँ ईर्ष्या विप्रलम्भ एवं संभोग के मिलन स्वरूप एक प्राण होकर उभय में रहने वाले विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी भाव के कारण सातिशयी रस की अनुभूति हो रही है।

## अभिनवभारती

न नु चोदितमनुज्ज्वलवेषे कथं शृङ्गार इति। तदेवास्तु चोद्यमिति चेत्— न वचनस्यातिभारोऽस्ति। न तु मुनिनैवमुक्तं सत्युज्ज्वलवेषे शृङ्गार इति। अपि तु विपर्यय इत्यास्तामेतत्।

तत्रेति। द्वयोरवस्थयोर्मध्ये सम्भोगावस्था तावदुच्यते। तत्रेह वस्तुतः स्त्रीपुंसौ परस्परं विभावौ। तयोरुत्तमत्वे चोपयोगीनि ऋत्वादीनि। उत्तमस्यानवसरे रत्यभावात्। यदाह—

'असमाप्तजिगीषस्य स्त्रीचिन्ता का मनस्विनः।
अनाक्रम्य जगत्कृत्स्नं किं ? सन्ध्यां भजते रविः॥' इति॥

(राज. तर. ४.४४२.)

ऋतुर्वसन्तादिः। माल्यं कुसुमादिः। अनुलेपनं समालम्भनं यद्यत्कामस्योद्दीपकम्। अलङ्कारः कटकादिः। इष्टजनः विदूषकादिः। एतदुभयमुत्तमत्वसूचकम्। विषया गीतादयः। तदन्तर्भूतमपि माल्यादि प्राधान्यात्पृथगुक्तम्। वरभवनं हर्म्यादि।

## बालक्रीडा

इससे जो श्रीशंकुक ने कहा कि पुरूरवा का उन्माद के समय, वत्सराज का तपस्वी हो जाने के समय विप्रलम्भ शृंगार में भी वेष अनुज्वल रहा। उसकी कोई अवकाश नहीं है क्योंकि उपभोग रस नहीं है। स्नानादि की अवस्था के तरह वेष भूषा का उपभोग रस नहीं है। और जो तो यहाँ उत्तर दिया कि उज्वल वेष के अभाव में भी उदयन एवं वत्सराज अपनी स्थिरता से उत्तमा रति को नहीं छोड़ते हैं। यह तो वक्षभाषित हुआ। अर्थात् इस पेड़ में भूत बोलता है। जैसा हुआ। प्रकृत कुचोद्य का शंका का परिहार नहीं हुआ। इसके सिवाय और भी बात है कि आपने यह शंका भी नहीं की है कि अनुज्वल वेष में शृंगार कैसे होता है। शृंगार तो उज्वल वेष में होता है। यदि कहें कि यही शंका रहे तो भी ठीक नहीं। क्योंकि कहने में तो कोई बोझ नहीं है कि दश हाथ लम्बी हर्रे होती है। मुखमस्यास्ति वक्तव्यं दशहस्ता हरीतकी। किन्तु मुनि ने ऐसा नहीं कहा है कि उज्वल वेष होने पर शृंगार होता है। अपि तु विपर्यय है। अर्थात् उज्वलवेषात्मक शृंगार है। अतः रहने दिया जाय।

तत्रेति—उनमें दो अवस्थाओं में से पहले सम्भोगावस्था को कहते हैं। वहाँ वस्तुतः स्त्री और पुरुष परस्पर में विभाव हैं। उनकी उत्तमता में ऋतु माल्य अलंकार आदि उपयोगी होते हैं। उत्तम पुरुष को अनवसर में रति नहीं होती है।

जैसा कि कहा है। जगत् के विजय की इच्छा रखने वाले मनस्वी को उस इच्छा के समाप्त किये बिना स्त्री की चिन्ता नहीं होती है। क्योंकि देखा गया है कि सम्पूर्ण जगत् को आक्रान्त किये बिना रवि सन्ध्या का सेवन नहीं करता है।

ऋतु वसन्तादि ६ हैं। माल्य कुसुम आदि है। अनुलेपन समालम्भन है। इस तरह जो जो काम के उद्दीपक है। अलंकार कटकादि। इष्टजन विदूषक वगैरह। ये सब दोनों में उत्तमता के सूचक है।

## अभिनवभारती

एतद्देशविशेषोपलक्षणम् । एषामुपभोगः । उपवनस्योद्यानस्यानुभवनं, श्रवणं वरभवनस्थस्यापि । एतत्सङ्कल्पादेरप्युपलक्षणम् । क्रीडा जलावगाहनादिका । लीला जनस्यानुकृतिः । आदि ग्रहणादन्यदपि द्वयं हंसयुगलकचित्रपुस्तकदर्शनादि । एतच्च समस्तमेव शृङ्गारविभावत्वेन मन्तव्यम् । यावान्कश्चिदयं विषयसम्भारो हृद्यतमस्तत्पूर्णतायां सत्यामुत्तमस्य रत्युदयः । अत एव रत्नावल्यां हर्म्यवर्णनमुद्यानगमनं कामदेवपूजा वसन्त इत्यादि सर्वमेवात्र संगृहीतं 'राज्यं निर्जितशत्रु योग्यसचिवे न्यस्तम्' इत्यादिना । एवञ्च सर्व एव समुदितो विभाव इति काल्पनिकमालम्बनविभाव उद्दीपनविभाव इति । अत एव मुनिना नायं कश्चिद्विभाग उक्तः सूचितो वा । युक्तञ्चैतत् । यथैकत्रैव रूपके उद्यानर्तुमाल्यादीनां सर्वेषां दर्शनादेको रसः स्यात् । विभावाभेदात् ।

ननु प्रथमं प्रमदामात्रदर्शने नोद्यानभवनादिसम्भवः । क एवमाह । ऐश्वर्यपूर्णस्य हि तावदात्मीयसमृद्धिसम्भारसंस्कारावगमात् पूर्णैव विभाववर्गस्य । तत्प्रधानं हि रूपकं तत्र तत्रोदाहरणम् । तेन पृथक्पृथगुदाहरणदानमनुपपन्नम् ।

## बालक्रीडा

विषय गीतादि है । यद्यपि माल्यादि भी विषयों के अन्तर्गत है तथापि प्रधानता के कारण उनको अलग कहा है । उत्तम भवन हर्म्यादि है । यह देशविशेष का उपलक्षण है । इनका उपभोग । उपवन उद्यान का अनुभव यानी उसमें विहार करना और उत्तम भवन में स्थित का श्रवण करना । यह सब संकल्प का उपलक्षण है । क्रीडा जल में अवगाहन वगैरह । लीला किसी जन की अनुकृति । आदि ग्रहण से और भी आकर्षक हंस एवं हंसी को जोड़े एवं चित्र का देखना पुस्तक का पढ़ना । इन सबको शृंगार के विभाव समझना चाहिए । जितनी भी कुछ अतीव आकर्षक विषय सामग्री है उसके पूर्ण होने पर उत्तम पुरुष को रति का उदय होता है । अतएव रत्नावली में हर्म्य का वर्णन, उद्यान में गमन, कामदेव की पूजा, वसन्त का वर्णन इत्यादि सभी का, शत्रुओं से रहित राज्य के भार का योग्य सचिव में विन्यास करना इत्यादि के द्वारा संग्रह हो गया है । इस प्रकार से सभी समुदित हुए विभाव हैं । इसलिए अमुक आलम्बन विभाव है और अमुक उद्दीपन विभाव है । यह कल्पना है । इसी लिए मुनि ने ऐसे किसी विभाग को कहीं पर कहा भी नहीं है और न सूचित ही किया है । ठीक भी है यह । जैसे एक ही रूपक में विभावों के भेद के नहीं होने से उद्यान ऋतु एवं माल्य आदि सभी वस्तुओं के समुदाय के देखने से एक ही रस होना चाहिए ।

अब प्रश्न होता है कि—पहिले केवल प्रमदारूप आलम्बन विभाव के देखने के समय उद्यान एवं वरभवन आदि के उपभोग की संभावना नहीं है । तब समुदित विभाव रस का कारण होता है यह कहना नहीं बना । उत्तर । किसने ऐसा कहा कि केवल आलम्बन विभाव का ही वहां ज्ञान हुआ अन्य का नहीं । सुनिये जैसे किसी ने "राजा जा रहा है" कहा । तब इसका यह मतलब नहीं है कि छड़ी उठायी चल दिया अपि तु यान एवं भृत्य

## अभिनवभारती

या तु मुक्तकादौ पृथक्तया भावेऽपि रससंवित् तत्रोत्तमे च तावतोऽनुसन्धाना-च्चमत्कार इति। इयांस्त्वनुत्तमादिविषयेऽपरिपूर्णोद्दीपनत्वेन चमत्कारो दृश्यते—

यथा हि 'वर्धते लुनाहि पणीलुद्दिसिगमिहा असहंह सुवं हचदुवरीवुल्लए लंधा' इति, यथा 'कमसूपे रङ्ग' इत्यादि। तत्रैकाङ्गस्य सौभाग्यस्य प्राधान्याच्चमत्कारोदय इति तात्पर्यम्। न तु तदभावकृता चमत्कृतिः।

एतैः कविनोपनिबद्धैर्नटेन च साक्षात्कारकल्पतामानीतैः सम्यगित्यविघ्नं योगा-त्सम्भोगादिको रस उत्पद्यते झटित्येव। न हि गमनक्रियावत् पर्यन्ते रसना क्रिया निष्पद्यते। अपि तु प्रथम एवावसरे। स च विभावसाक्षात्कारात्मक एव। तस्य तु प्रथमकक्ष्यायामेव रसनागोचरत्वाभिमतस्य नयनचातुर्यादिभिरनुभावनं तथा तैः

## बालक्रीडा

आदि अन्य सभी उपकरणों से पूर्ण हुआ राजा आ रहा है ऐसी जनता की प्रतीति जैसे राजभाव के संस्कार से स्वतः हो जाती है उसी तरह ऐश्वर्य पूर्ण विभाववर्ग की भी अपनी समृद्धि के संभार सम्बन्धी संस्कारों के ज्ञान से पूर्णता स्वतः उपस्थित हो जाती है तभी रस की प्रतीति होती है अपूर्णता में नहीं। अतः तत्प्रधान अर्थात् ऐश्वर्यपूर्ण विभाव वर्ग की पूर्णता जिसमें प्रधान है ऐसा रूपक स्थल २ पर उदाहरण है। इसलिए यह रूपक आलम्बन विभाव प्रधान है और यह रूपक उद्दीपन विभाव प्रधान है इस तरह पृथक् २ उदाहरण देना उपपत्ति युक्त नहीं है।

जो तो मुक्तक आदि में अलग २ अर्थात् किसी एक विभाव के उपस्थित होने से अपूर्णता में भी रस की संवित् होती है वहाँ उत्तम स्थल में उतने विभाववर्ग के अनुसंधान से चमत्कार हो जाता है। और जो तो अनुत्तम स्थल रूपक में कहीं पर उद्दीपन विभाव के परिपूर्ण नहीं होने पर भी चमत्कार दिखाई पड़ता है: वहाँ एक अंग के सौभाग्य की प्रधानता से चमत्कार का उदय होता है यह तात्पर्य है न कि उद्दीपन विभाव के अभाव में भी चमत्कार होता है यह तात्पर्य है। कवि के द्वारा काव्य में उपनिबद्ध और नट के द्वारा साक्षात्कार करा दिये इन विभाव आदि के सम्यक् अर्थात् निष्प्रत्यूह योग से झटिति सम्भोग शृंगारादि रस उत्पन्न होते हैं। झटिति कहने का आशय है कि जैसे यान प्रभृति सहायक उपकरणों के जुटाने के बाद पर्यन्त में यात्रा होती है वैसे शब्द के द्वारा समुपस्थाप्य अर्थ विभावादि एवं उनके द्वारा व्यक्त व्यभिचारी भावों के ज्ञान के बाद पर्यन्त में रसना क्रिया निष्पन्न होती है। यह बात नहीं है। अपितु प्रथम ही अवसर में निष्पन्न होती है। और वह प्रथम अवसर है विभावों का साक्षात्कार। इस तरह रसना के विषयरूप में अभिमत उन विभावों के साक्षात्कार की प्रथम कक्ष्या में ही नयनचातुर्य कटाक्षवीक्षण आदि से यह रसना के अभिमुख ले आया जाता है। इसीलिए वे अभिनय और अनुभाव हैं। रसना आदि के अभिमुख नयन और अनुभावन उस रस के आस्वाद में समर्थ आवरणरूप उद्दीपन है। अतएव उसके अभाव में विभावादि का वर्णन जिसमें प्रधान है ऐसे काव्य में चमत्कार नहीं है। क्योंकि वहां रसना क्रिया का अभाव है।

## अभिनवभारती

रसनाद्यभिमुख्यं नीयते। एवमाभिमुख्यनयनमनुभावनं च। अत एव तेऽभिनया अनुभावाश्च। तद्रसास्वादे समर्थाचरणमुद्दीपनम्। अत एव तदभावे विभावादिवर्णन-प्रधानेऽपि काव्ये न चमत्कारः। रसनायास्तत्राभावात्। यथा विन्दोर्भट्टेन्दुराजस्य—

"उपपरिसरं गोदावर्याः परित्यजताध्वगाः!
सरणिमपरो मार्गस्तावद्भवद्भिरवेक्ष्यताम्।
इह हि विहितो रक्ताशोकः कयापि हताशया
चरणनलिनन्यासोदञ्चन्नवाङ्कुरकञ्चुकः॥" इति।

एवमन्यत्राप्युपपद्यत इति तस्याभिनयादियोजनीयम्।

ननु विभावानां साधारण्यं कथम्। नियमेनैवं हि न नाट्ये। इयांश्चात्र कविप्रयत्नसमर्प्यमाणः। तेन तद्भावात्प्रयोजकधर्मोद्रेकप्रकाशविशिष्टसमबलात्प्रमुख एव विशेषविश्रान्ततां याति। यथा 'हा प्रिये'! जनकराजपुत्रि! इत्ययं श्रुत एव न रतिव्यतिरेकेण भावान्तरविभावता शङ्क्या। 'एतेन कुमपः कामिनी' इत्यादि-सम्भावनं प्रत्युक्तम्।

## बालक्रीडा

जैसे विन्दु विद्वान् भट्ट इन्दुराजका। यह विन्दु शब्द विद् ज्ञाने धातु से "विन्दुरिच्छुः" इस सूत्र के द्वारा उप्रत्यय और नुम् के आगम होने पर बना है। अमर कोष में भी "ज्ञाता तु विदुरो विन्दुः" इस तरह जानकार के अर्थ में उल्लेख किया है।

हे अध्वगाः हे मुसाफिरो ? गोदावरी नदी की पर्यन्तभूमि के पास की सरणि को आप लोग छोड़ दें। अब आप लोग दूसरे मार्ग को देखलें। क्योंकि यहाँ गोदावरी के नजदीक की सरणि पर किसी हताशा ने रक्ताशोक में चरण कमल के न्यास से नूतन अंकुर रूपी कञ्चुक को उदञ्चित कर दिया है। यहाँ रक्ताशोक का वर्णन है। इसी तरह अन्यस्थलों में भी उपपत्ति होती है। उसके उपयुक्त अभिनय आदि की योजना कर लेनी चाहिए।

प्रश्न—इस तरह के वर्णन प्रधान काव्य में अर्थात् किसी व्यक्ति विशेष के इतिहास स्वरूप काव्य में विभावों की साधारणता कैसे होगी। नाट्य में तो नियम से नहीं होगी। यथास्थित की व्याख्या। अथवा विभावों का साधारण्य क्यों, किस प्रकार होगा। क्योंकि अभिनय तो रसों के लिए नियत ही हैं। अमुक रस में अमुक वेषभूषा (आहार्यिक) अमुक प्रकार की भाषा (वाचिक) अमुक अंगहार (आंगिक) अमुक भाव (सात्विक) रहेंगे तब उसका अभिनय सांगोपांग होगा। अतः विभावों की साधारणता में अर्थात् नियत विभावों के अभाव में नाट्य में अभिनयादि की योजना कैसे होगी। नियम के अनुसार ऐसा नहीं होगा। उत्तर। इतना अंश या स्वरूप कवि के रचनात्मक प्रयत्न से समर्प्यमाण है जिससे उसकी सत्ता के प्रयोजक कारण धर्मों के उद्रेक से जिसका प्रकाश है ऐसे विशिष्ट एवं सम अर्थात् सन्तुलित इसके बल से प्रमुख में ही आरम्भ में ही विशेष में विश्रान्ति मिलजाती है।

**तस्य नयनचातुर्यभ्रूक्षेपकटाक्षसञ्चारललितमधुराङ्गहार वाक्यादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः।**

अभिनवभारती

तत्र नयनचातुर्यादिना "कान्ता" दृष्टिर्लक्ष्यते। यत्तु भ्रुवोर्मूलसमुत्क्षेपश्चतुरमिति (ना. शा. ८.४७) 'विवर्तनं कटाक्ष'(ना. शा. ८-१००) इति च ताराकर्म वक्ष्यते। तदत्र सभ्रूक्षेपेण कटाक्षेण चोक्तम्। एवं च योजना—नयनानां चातुर्येण सभ्रूक्षेपेण कटाक्षेपेण च यत्सञ्चारणं ललितं मन्थरं मधुरं नयनाभिरामं कृत्वा यान्यङ्गानां हरणानि स्वकर्तव्यकाले ललितानि सुकुमाराभिधेयानि मधुराणि च श्रवणसुखकराणि यानि वाक्यानि इत्युपाङ्गाभिनय आङ्गिको वाचिकश्च लक्षितः।

अत एव सामान्याभिनयाध्याय ( ना. शा. अ-२२ ) वक्ष्यमाणाशेषचेष्टालङ्कारलाभ इति ललितमधुरशब्दौ तदर्थावित्यसत्। आदिग्रहणात्सात्त्विको मुखरागपुलकादिर्गृह्यते। अनुभावकत्वेन ताटस्थ्यपरिहारः। आभिमुख्यनयनेन स्वात्मैकविश्रान्तिशङ्कानिरासः। एवमुत्तरत्रापि।

बालक्रीडा

(मूल) उस संभोग शृंगार का नयनचातुरी, भ्रुवों का क्षेप, कटाक्षसंचार, ललित अंगहार एवं मधुर वाक्य आदि अनुभावों से अभिनय करना चाहिए।

जैसे—हा हा प्रिये ? जनक राजपुत्रि ! इतना सुनते ही रति के सिवाय अन्य भाव के विभाव की शंका ही नहीं हो सकती है। इससे मृत प्रमदा में कुणप (शव) या कामिनी इत्यादि की सम्भावना का प्रत्याख्यान हो गया।

तत्र। वहाँ नयन चातुर्य से "कान्ता" दृष्टि लक्षित होती है। जो तो 'भ्रुवोर्मूल समुत्क्षेपः चतुरम्' भ्रुवों का मूल में समुत्क्षेप चतुर है इत्यादि कहेंगे इसको यहाँ समुत्क्षेप से कहा है। विवर्तन कटाक्ष है इससे तारा कर्म को कहेंगे। इस प्रकार यहाँ योजना है—नयनों के चातुर्य से, भ्रूक्षेप एवं कटाक्ष का जो जो संचारण है और ललित शिथिल तथा मधुर यानी नयनों को देखने में अभिराम सुन्दर मालूम पड़े ऐसा करके जो अंगों का हरण है तथा अपने कर्त्तव्य काल में ललित रस यानी सुकुमारार्थक एवं मधुर अर्थात् श्रवण सुखकर जो वाक्य है। इससे उपांगों का अभिनय जिसमें है ऐसे आंगिक अभिनय और वाचिक अभिनय को लक्षित किया। इससे सामान्य अभिनयों के प्रतिपादक अध्याय में जिन चेष्टाओं एवं अलंकारों को कहेंगे उनका लाभ हो गया। अतः ललित एवं मधुर शब्द उस अर्थ वाले हैं। यह कहना असत् है। वाक्यादिभिः में जो आदि ग्रहण किया है उससे सात्त्विक भाव मुख राग एवं पुलक रोमाञ्च आदि का ग्रहण होता है। अनुभावक होने से तटस्थता का परिहार हो गया। आभिमुख्य नयन से केवल अपने आप में होने वाली विश्रान्ति का निरास हो गया। इसी तरह आगे भी समझना चाहिए।

व्यभिचारिणश्चास्यालस्यौग्र्यजुगुप्सावर्ज्याः विप्रलम्भकृतस्तु निर्वेदग्लानिशङ्कासूयाश्रमचिन्तौत्सुक्यनिद्रा स्वप्नविबोधव्याध्युन्मादापस्मारजाड्यमरणादयः ।

अभिनवभारती

एवं विभावसमय एव रसनीयस्यानुभावावसरेऽवस्थावेशवैरस्यास्पदस्य पश्चाद्व्यभिचारिणः ( स्थितः ) यतः स्वामेव रसनीयतां चित्रयन्तः सातिशयं पुष्यन्तीति पश्चात्ते निरूप्यन्ते—व्यभिचारिणश्चास्येति । आलस्यौग्र्यजुगुप्सा वर्ज्यमाना येऽन्यस्ते सर्वे व्यभिचारिणः । अस्येति दशाद्वयमयस्येत्यर्थः । जुगुप्सा स्थायिन्यपीह निषिद्धा न्यायसिद्धं स्थायिनामपि व्यभिचारित्वमनुज्ञापयति । आलस्यादि च स्वविभावप्रमदादिविषयमेव निषिद्धम् । तेन 'वपुरलसलसद्बाहु लक्ष्म्याः' (वेणी-१-२) इति तथा 'कतिचिदहानि वपुरभूत् केवलमलसेक्षणं तस्याः' ( विक. ४-८ ) इत्यादिनापि रूपके मन्तव्यम् । एवं प्रयोगे काव्ये च विभावादीनां क्रम एव समाश्रयणीयः । पूर्वमुद्गतस्य पश्चात् लब्धप्रतिष्ठता । तथाभूतस्य परिवारसंघटनमिति हि प्रतीतिक्रमः ।

बालक्रीडा

(मूल) संभोग शृंगार के आलस्य उग्रता एवं जुगुप्सा को छोड़कर व्यभिचारी भाव होते हैं । विप्रलम्भशृंगार के तो निर्वेद, ग्लानि, शंका, असूया, श्रम, चिन्ता, औत्सुक्य, निद्रा, स्वप्न, विबोध, व्याधि, उन्माद, अपस्मार, जाड्य एवं मरणोन्मुखता आदि व्यभिचारी भाव होते हैं ।

इस प्रकार विभाव की प्रतीति के समय रसनीय किन्तु अनुभावों की प्रतीति के अवसर पर अवस्था के आवेश से विरस व्यभिचारियों की स्थिति सबसे पीछे हैं । क्योंकि वे अपनी रसनीयता का चित्रण यानी विलक्षण तरीके से प्रकट करते हुए स्थायी भाव को अतिशय पुष्ट करते हैं अतः उनका निरूपण सबके पश्चात् करते हैं । व्यभिचारिणश्चास्य । आलस्य औग्र्य एवं जुगुप्सा को छोड़कर सभी भाव यहाँ व्यभिचारी हैं । अस्य का आशय है दशाद्वयमय । अर्थात् संभोग एवं विप्रलम्भ रूप दो दशाओं वाला शृंगार । जुगुप्सा यद्यपि बीभत्स रस का स्थायी भाव है अतः इस का यहाँ शृंगार के व्यभिचारियों में उल्लेख निषिद्ध है । तथापि यह स्थायियों के न्यायसिद्ध व्यभिचारित्व की अनुज्ञा देता है । आलस्य एवं औग्र्य का जो निषेध किया है वह निषेध अपने रस शृंगार के विभाव प्रमदादि के विषय में ही है । इससे "लक्ष्मी का शरीर जिसमें बाहु आलस्य से सुशोभित हैं । तथा कुछ दिनों तक उसका शरीर केवल अलस ईक्षणों वाला था । इत्यादि के द्वारा रूपक में आलस्यादि व्यभिचारी भावों को मानना चाहिए । इस प्रकार प्रयोग में और काव्य में विभावादि का क्रम ही समाश्रयणीय है । जो पहिले उगता है उसी को प्रतिष्ठा (स्थिति) मिलती है । और प्रतिष्ठित हुए का परिवार में संघटन (गणना) होती है यह प्रतीतियों का क्रम है ।

## अभिनवभारती

ननु निर्वेदादयः सम्भोगे न व्यभिचारिणः इत्याशङ्क्याह—विप्रलम्भकृतस्त्विति। तुशब्दो विशेषं द्योतयति।

यद् वाक्यैकवाक्यतया दुःखप्रायनिर्वेदादिं मुक्त्वा आलस्यादिव्यतिरिक्ताश्च सुखमया एव धृत्यादयोऽत्र व्यभिचारित्वेन सम्भोग उपन्यस्ता इति प्रकटयति। परस्परांशोपजीवनं चात्र जीवितमिति दर्शयितुमस्येत्यनुद्भिन्नमेवोक्तम्। तत एव च भगवदनुग्रहपवित्रवाचा कालिदासेन रघुवंशे सम्भोगविप्रलम्भात्मकव्यामिश्ररसनासम्पत्तये प्रत्यनीकोद्देशेन रामभद्रस्य स्वकर्म पूर्वावस्थावर्णनेनादृतम्।

निद्रान्तर्भूतोऽपि स्वप्नः प्राधान्यादुपात्तः। 'क्व नीलकण्ठ व्रजसि' इति (कुमा-५-५४)। सिविणवए विहुदीसुजपउसुमराविअतरुदसंलुआसिपुअगळनाळविउवि।' तथा 'आहूतोऽपि सहायैः' इत्यादौ हि स एव प्राणः। सम्भोगदशायां तु विभावसान्निध्ये निद्राद्यभावाद्विबोधोऽपि व्यभिचारी। सम्भोगेऽपि रतिश्रमकृतनिद्रादि यद्यप्यस्ति तथाऽपि न रतौ तद्विचित्रतामावहते। विप्रलम्भे तु तद्रसिभावनपरम्परात एव निद्रादिबाहुल्यापेक्षं चेत्थमभिधानम्।

## बालक्रीडा

प्रश्न—निर्वेद आदि भाव संभोग शृंगार में व्यभिचारी नहीं होते हैं किन्तु आपने लिखा है कि आलस्य उग्रता एवं जुगुप्सा को छोड़कर सभी भाव संभोग शृंगार में व्यभिचारी हैं यह कैसे। ऐसी आशंका करके उत्तर देते हैं कि— विप्रलम्भशृंगार का तो। तु शब्द विप्रलम्भ की संभोग के अपेक्षा विलक्षणता को द्योतित करता है।

व्यभिचारिणो वर्ज्याः इस वाक्य की विप्रलम्भ कृतस्तु इस वाक्य के साथ एकता है अतः दुःखबहुल निर्वेदादि को छोड़कर आलस्यादि से व्यतिरिक्त धृति आदि सुखमय ही भावों का इस संभोग में व्यभिचारी के रूप में उपन्यास किया है इस विशेष को तुशब्द प्रकट करता है। संभोग एवं विप्रलम्भ शृंगार एक दूसरे के अंश का उपजीवन यहाँ प्राण है इस बात को दिखाने के लिए व्यभिचारिणश्चास्य में "अस्य" इसको उद्भिन्न अर्थात् स्फुट नहीं कहा। क्योंकि संभोग और विप्रलम्भ दोनों प्रस्तुत हैं अतः अस्य यह पद दोनों का बोधक हो सकता है। इसीलिए भगवती सरस्वती के अनुग्रह से पवित्र वाणी वाले कालिदास ने रघुवंश में संभोग एवं विप्रलम्भ दोनों से मिश्रित रसना की सम्पत्ति के लिए प्रत्यनीकविषया विपर्ययदिशा से उद्देश वाली अवस्थाओं का कीर्तन करके पूर्वावस्था का वर्णन करते हुए रामभद्र के निजी कर्मों का आदर किया। स्वप्न यद्यपि निद्रा के अन्तर्भूत है क्योंकि सोने के समय ही स्वप्न होते हैं तथापि प्रधानता के कारण "निद्रा स्वप्न" इस तरह निद्रा से पृथक् स्वप्न का उपादान किया है। "नीलकण्ठ कहाँ जा रहे हो" "सिविणवए स्वप्नमये" "साथियों से बुलाया हुआ भी" इत्यादि उदाहरणों में वह स्वप्न ही प्राण है। संभोगदशा में तो विभाव के सान्निध्य में निद्रा के अभाव में विबोध भी व्यभिचारी है। संभोग में भी रति के बाद थकावट से यद्यपि निद्रा होती है तथापि रति में उससे कुछ विचित्रता का आधान नहीं होता है अतः निद्रा को सम्भोग में व्यभिचारी नहीं माना है। किन्तु विप्रलम्भ में

## अभिनवभारती

उन्मादापस्मारव्याधीनां या नात्यन्तं कुत्सिता दशा सा काव्ये प्रयोगे च दर्शनीया। कुत्सिता तु सम्भवेऽपि नेति-वृद्धाः। वयं तु ब्रूमः। तादृश्यां दशायां स्वजीवितनिन्दात्मिकायां तद्देहोपभोगसाररत्यात्मकावस्थाबन्धोऽपि विच्छिन्न एवेति असम्भव एव। मरणमचिरकालप्रत्यापत्तिमयमत्र मन्तव्यम्। येन शोकोऽवस्थानमेव न लभते। यथा—

"तीर्थे तोयव्यतिकरभवे जह्नुकन्यासरय्वो-
देहत्यागादमरगणनालेख्यमासाद्य सद्यः।
पूर्वावस्थाधिकचतुरया सङ्गतः कान्तयाऽसौ
लीलागारेष्वरमत पुनर्नन्दनाभ्यन्तरेषु॥ (रघु. ८-९५)

अत एव सुकविना वाक्यभेदेनापि मरणं नाख्यातम्। प्रतीतिविश्रान्तिस्थानत्वपरिहाराय तृतीयपादेन विभावानुसन्धानकं दर्शनम्। पुनर्ग्रहणेन स एवार्थः सुतरां द्योतितः।

अन्ये त्वाहुः मरणमिति न जीवितवियोग उच्यते अपि तु चैतन्यावस्थैव प्रागत्यागकर्तृत्वात्मिका। या सम्बन्धावसरगता मन्तव्या व्यभिचारिभावेनेति सुलभोदाहरणमेतदिति। आदिशब्देन दैन्यमोहादयः। एते व्यभिचारिणोऽपि स्वानुभावैरनुभाविता विप्रलम्भमनुभावयन्ति। तस्मादनुभावैरित्यूह्यम्।

### बालक्रीड़ा

नायिका की रति की भावनाओं की परम्परा स्वप्न में हो सकती है अतः निद्रा की खास तौर से अपेक्षा है इसलिए ऐसा कहा कि विप्रलम्भ में निद्रा व्यभिचारी भाव है।

उन्माद अपस्मार एवं व्याधियों की जो अत्यन्त गन्दी दशा नहीं है उसको काव्य में एवं प्रयोग में दिखाया जा सकता है। कुत्सित दशा को तो नहीं ही दिखाना चाहिए। चाहे वह सम्भव भी हो। ऐसी वृद्धों की सम्मति है। हमारा तो कहना है कि अपने जीवित की निन्दामयी उस कुत्सित दशा में उपभोग के साधन देह के उपभोगों में सार भूत रतिरूप अवस्था का संबन्ध ही विच्छिन्न हो जाता है अतः काव्य में या प्रयोग में उस दशा का दिखाना असंभव ही है। अचिर काल में ही प्रत्यापत्ति यानी शीघ्र ही पुनर्मिलन जहाँ हो जायगा ऐसा मरण यहाँ मरण शब्द से बोध्य है। इसका फल होगा कि शोक इस पुनर्मिलन के कारण अवस्थान यानी अपने स्वरूप को नहीं प्राप्त कर सकेगा। जैसे गंगा एवं सरयू के जलों के संगम से बनने वाले तीर्थ में देह के त्याग देने से तत्काल देवताओं की गणना में अपने को लिखा हुआ पाकर वह देह त्यागी पुरुष अज प्रथम शरीर की अपेक्षा से अधिक चतुर कान्ता इन्दुमती से संगत हो गया जिसके फल स्वरूप नन्दनोद्यान स्थित लीला-गृहों में क्रीडा करने लगा।

यहाँ इस पद्य में तत्काल होने वाली प्रत्यापत्ति के कारण मरण जन्य शोक को किसी प्रकार अवस्थान नहीं मिला। अतएव सुकवि कालिदास ने वाक्य भेद करके भी मरण को नहीं कहा। अपितु बीच में प्रतीति की विश्रान्ति के स्थानत्व के अर्थात् विच्छेद के परिहार के लिए तृतीय पाद में कान्ता रूप आलम्बन विभाव का संगम दिखला दिया। और पुनः

अभिनवभारती

अन्ये त्वादिशब्दं करुणवाचिनमाश्रित्य तदीयानुभावान्प्राधान्येन दर्शयन्ति। एकशेषेण द्वयमप्यन्ये। विप्रलम्भो विडम्बनं वञ्चनं प्रसिद्धम्। इह तूपचारात्तदीयं फलं विरहात्मकं गृह्यते। न हि परस्परं रतिमतोर्विडम्बनमस्ति। तेन विरहेण कृतः सुष्ठुतमां पोषित इति दर्शयन्मुनिरनेन विना शृङ्गारो न प्रयोगे हृद्यतामवलम्बत इति दर्शयति।

तथा हि—सम्भोगेऽप्येकघनशर्करास्वादस्थानीयतापरिहाराय वैषम्यं गोत्रस्खलितं स्पर्धामन्यद्वा कलहविप्रलम्भहेतुभूतं कवयो निबध्नन्ति। वामो हि कामः' (काम. शा. २-७-१) इति वात्स्यायनादिभिरभिहितम्। मुनिनापि वक्ष्यते 'यद्वामामिनिवेशित्वम्' इति (ना. शा. २२-२०७)। एते च व्यभिचारिणो विद्युदुन्मेषनिमेषयुक्त्यैव स्थायिसूत्रमध्ये स्वात्मानं प्रकटयन्तस्तिरोदधतश्च तद्वैचित्र्यमावहन्ति न तु स्थिराः।

बालक्रीडा

शब्द के उपादान से उस नायिका संगम रूप अर्थ को बड़े सुन्दर ढंग से प्रकाशित कर दिया। अन्य लोग तो कहते हैं कि मरण यह पद जीवित वियोग को नहीं कहता है अपितु प्राणत्याग कर्तृतात्मक चैतन्यावस्था को ही कहता है। जो मरणरूप व्यभिचारी भाव से सम्बन्धादि अवसर में ज्ञात हुई समझनी चाहिए। अतः ऐसे उदाहरण सुलभ हैं। मूल नाट्यशास्त्र में मरणादिभिः में उपात्त आदि शब्द से दीनता एवं मोह आदि व्यभिचारियों को समझना। ये व्यभिचारी भाव अपने अनुभावों से अनुभव में आते हुए विप्रलम्भ का अनुभव कराते हैं। इसलिए "अनुभावैः" यह कहा। दूसरे लोग तो उक्त आदि शब्द को करुण अर्थ का वाची मानकर करुण के अनुभावों को प्रधानरूप से दिखाते हैं। और लोग तो मरणरूप अर्थ के वाचक मरण शब्द और मरणानुसन्धी शोक रूप अर्थ के बोधक मरण शब्द का एक शेष करके दोनों अर्थों का ग्रहण करते हैं। विप्रलम्भ शब्द का अर्थ वञ्चना ठग लेना अर्थ प्रसिद्ध है अत एव अष्टविध नायिकाओं में विप्रलब्धा नायिका एक स्वतन्त्र मानी गई है। संकेत अर्थात् समय और स्थान की सूचना दे करके भी जिसका प्रिय नहीं आता है वह वंचिता विप्रलब्धा नायिका होती है। इस वञ्चना में नायिका को नायक का विरह होता है। इसलिए कार्यकारण में अभेदोपचार मानकर विप्रलम्भ से जन्य विरह को विप्रलम्भ कह देते हैं। इसी को आचार्य लिखते हैं कि यहाँ प्रकृत में अभेदोपचार से उस विप्रलम्भ के फल कार्य को विरह स्वरूप मानते हैं। क्योंकि परस्पर में परस्पर की जब रति है प्रेम है तब प्रेम में वञ्चना नहीं होती है। प्रेम में तो आत्म समर्पण होता है। उस विरह के कारण तन्मयता अवस्था से प्रेम अत्यन्त पुष्ट होता है इस तथ्य को दिखाते हुए मुनि ने इस विप्रलम्भ के बिना न नाट्य में और न काव्य में शृंगार आकर्षक हो सकता है यह दिखादिया है।

जैसे—संभोग एकघन शर्करा यानी मिठास अत्यन्त आस्वाद का स्थान है ऐसी संभोगस्थानीयता के परिहार के लिए कवि लोग वैषम्य गोत्रस्खलित किसी स्त्री को बुलाने के लिए उसकी द्वेष्य स्त्री के नाम को लेना, या स्पर्धा होड़ करना या कलह अथवा और कुछ जो विप्रलम्भ का हेतु हो सकता है उसको काव्य में लिखते हैं। काम उलटा होता है यह

## अभिनवभारती

यद्यपि स्थाय्यपि न स्थिरः तथाऽपि संस्काररूपतया धारावाहिसजातीयप्रवाहरूपतया च स्थिर एव। व्यभिचारिणस्तु नैवं क्षणमपि भवन्ति। संस्कारमपि स्वकं स्थायिसंस्कार एव प्रौढयन्ति। तथैव स्मरणात्।

तेन व्यभिचारिषु पृथक्पृथग्यैःकैश्चिदुदाहृतं तत्र तन्त्रन्यायानुपाति' तथा हि—धृतौ यदुदाहृतं 'असम्भाव्यं दैवात्' इत्यादि तत्रापि हर्षविस्मयगर्वमतिप्रभृतीनां च तातेति मामिति वल्गित इत्यादिसूचितानां सम्भार एव। किमपरं त्रैलोक्यम्' इत्यादौ चावान्तरवाक्यारम्भे स्मृतिप्रभृतिभिः सर्वत्र भाव्यम्। अन्यथा हि धृत्येकवचनत्वे सर्वत्र श्लोकार्थे दृष्टिरेकैव चित्रन्यस्तेव भवेत्। 'अस्यास्सर्गविधौ' (विक्रमोर्व १-१०) इत्यत्राप्यवान्तरवाक्यसामाप्तौ धृतिहर्षविस्मयादयो भवन्त्येव। अत एव विच्छद्य विच्छद्य वितर्कान्तरं समुदेति। न तु व्यभिचारी क्षणमप्यवतिष्ठते। चलं हि गुणवृत्तमिति हि तत्र भवन्तः। अतएव प्रयोगवैचित्र्यम्। अन्यथाऽवैचित्र्यात्स एव प्रयोगः स्यात्। मध्ये चान्ते चाश्रयाः स्फुटाः। ते च विस्मयधृतिप्रभृतीनित्यास्तामेतत्।

### बालक्रीड़ा

वात्स्यायन ने कामसूत्र में कहा है। मुनि भी आगे चलकर कहेंगे कि जो उल्टा करने में अभिनिवेश आग्रह है वह वह काम है। ये व्यभिचारी भाव बिजली के उन्मेष चमक एवं निमेष दमक की युक्ति से ही अपने आपको कभी प्रकट और तिरोहित करते हुए स्थायी रूप सूत्र में प्रकटन एवं तिरोधान रूप वैचित्र्य का आधान करते हैं अत एव वे स्थिर नहीं हैं। यद्यपि रत्यादि भाव भी नाम धरने के लिए स्थायी हैं वस्तुतः वे भी स्थिर नहीं हैं तथापि संस्कार रूप से अथवा धारावाहिक सजातीय प्रवाह रूप से स्थिर ही हैं। व्यभिचारियों की तो ऐसी स्थिति क्षणभर भी नहीं होती है। वे तो अपने संस्कार से स्थायी के संस्कारों को प्रौढ़ करते हैं। वैसे ही रूप में उनका स्मरण होता है।

इस लिए जो तो किसी ने व्यभिचारियों के अलग २ उदाहरण दिये हैं वे साहित्य तंत्रसिद्ध न्याय के अनुगुण नहीं हैं। जैसे धृति का जो उदाहरण है "असंभाव्यं दैवात्" इत्यादि उसमें भी हर्ष, विस्मय, गर्व एवं मति प्रभृति 'तातेति मामिति, वल्गित" इत्यादि से सूचित किये गये हैं उनका समूह है। क्या यह अपर त्रिलोकी है इत्यादि अवान्तर वाक्यों के आरम्भ में सभी जगहों में स्मृति प्रभृति होंगी। यदि ऐसा नहीं मानेंगे और धृति को एक वचनान्त मानेंगे तो सभी श्लोकार्थों में चित्रन्यस्त दृष्टि की तरह एक ही दृष्टि माननी पड़ेगी। इसके सिवाय "अस्याः सर्गविधौ" यहाँ पर भी अवान्तर वाक्य की समाप्ति में धृति हर्ष एवं विस्मय आदि भाव होते ही हैं। इसीलिए विच्छिन्न हो २ कर और २ वितर्क उत्पन्न होते हैं। व्यभिचारी तो क्षणभर भी नहीं ठहरता है। गुणों का वृत्त (नियमरूप चरित्र) चल है स्थिर नहीं है ऐसा आचार्य लोग कहते हैं। योग्यविभु विशेषगुणानां स्वोत्तरवर्तिगुणनाश्यत्व नियमः। विभु के योग्य विशेष गुण अपने उत्तरवर्ती गुणों से नाश्य हैं। ऐसा नैयायिकों का सिद्धान्त है। अतएव गुणों के चल होने से ही प्रयोगों में वैचित्र्य

**अत्राह—यद्ययं रतिप्रभवः शृङ्गारः कथमस्य करुणाश्रयिणो भावा भवन्ति। अत्रोच्यते—पूर्वमेवाभिहितं सम्भोगविप्रलम्भकृतः शृङ्गार इति। वैशिकशास्त्रकारैश्च दशावस्थोऽभिहितः। ताश्च सामान्याभिनये वक्ष्यामः।**

## अभिनवभारती

वाक्यैकवाक्यत्वेनावस्थाद्वयस्यूतस्य शृङ्गारस्य यत्स्वरूपमुक्तमेतदेव परिशोधयितुं पूर्वपक्षयति अत्राहेति। करुणविषये आश्रयणं विद्यते येषां भूम्ना। अत एव कर्मधारयमत्वर्थीयाभ्यामितीह नाश्रितम्। भूम्ना विद्यते यत्रेति मत्वर्थीयः पूर्वपक्षस्य प्राणितम्।

ननु त्वयोक्तमसद्वेवाखिलत्याशङ्कयाह—वैशिकेत्यादि। वेशो वेश्या वर्गः। प्रयोजनं च कारणं सम्भोगात्मकम्। तत्प्रयोजनमस्येति शास्त्रं कामसूत्रं ये कृत-

## बालक्रीड़ा

(मूल) इस प्रसंग में प्रश्न करते हैं कि अगर यह शृंगार रति से उत्पन्न होता है तब इसके करुणाश्रयी भाव कैसे होते हैं। उत्तर। पहले ही कहा गया है शृंगार की दो अवस्थाएं होती हैं एक संभोग दूसरी विप्रलम्भ। यद्यपि वैशिक शास्त्रकारों ने कामसूत्र में इस शृंगार की दश अवस्थायें बतलाई हैं। उनको हम सामान्य अभिनयों के निरूपण के प्रसंग में कहेंगे। करुण तो इष्टजन का शाप के कारण प्राप्त हुए क्लेश में पड़े जाने और विभव नाश, या वध

है। अन्यथा यदि वैचित्र्य नहीं होगा तो बार २ वही प्रयोग होगा। किन्तु स्पष्ट है कि प्रारम्भ में मध्य में एवं अन्त में व्यभिचारी भावों के वे आश्रय हैं और विस्मय धृति एवं गर्व आदि को प्रकाशित करते हैं। बस रहने दिया जाय।

व्यभिचारिणश्चास्य आलस्यौग्र्यजुगुप्सा वर्ज्याः इस वाक्य की विप्रलम्भकृतस्तु इत्यादि वाक्य के साथ एक वाक्यता होने से दो अवस्थाओं से अनुस्यूत शृंगार का जो स्वरूप कहा है उसकी परिशुद्धि करने के लिए पूर्वपक्ष उठाते हैं कि इस विषय में यह कहते हैं कि करुण के विषय में आधिक्येन आश्रयण जिनका हो वे करुणाश्रयी हैं। अतएव यहां पर कर्मधारय और मत्वर्थीय ने आश्रय नहीं लिया। यहां का आशय यह है कि उपर्युक्त विग्रह कर देने से (न कर्मधारयात् मत्वर्थीयः बहुव्रीहिश्चेत्तदर्थप्रतिपत्तिकरः। कर्मधारय तत्पुरुष समास के बाद मत्वर्थीय प्रत्यय नहीं करना चाहिए यदि जिस अर्थ की प्रतिपत्ति कर्मधारयोत्तर-मत्वर्थीय प्रत्यय कर देने से होती है उसी अर्थ की प्रतिपत्ति को कर देने वाला बहुव्रीहि हो तो) इन कर्मधारय और मत्वर्थीय का झगड़ा नहीं उपस्थित हुआ। हमने कर्मधारय समास नहीं किया। किन्तु करुणविषये आश्रयणं करुणाश्रयणम् इस प्रकार पहले मध्यम पद "विषय" लोपी समास किया फिर भूमनिन्दा प्रशंसासु नित्ययोगेऽतिशायने। संसर्गेऽस्ति-विवक्षायां भवन्ति मतुबादयः के अनुसार भूमा माने आधिक्य अर्थ में मतुप् प्रत्यय किया है। यह भूम्ना विद्यते अत्र इस अर्थ में विहित मत्वर्थीय प्रत्यय इस पूर्वपक्ष का प्राण है।

## अभिनवभारती

वन्तस्तैः। शृङ्गारो दशभिरभिलषितादिभिर्मरणान्ताभिरवस्थाभिर्युक्तो दर्शितः। अवस्थाग्रहणेन च तावन्तो बहवो विप्रलम्भा इत्याशङ्कां निराकरोति। तेन चिन्तादयोऽपि व्यभिचारित्वेन रतेस्तैरनुज्ञाता इति तात्पर्यम्। चकारेणेदमाह परस्परास्थायन्वात्मकत्वे रतिरूपे स्थिते सति तदङ्गभूता दशावस्था विप्रलम्भाङ्गम्। यथोदयनस्य चित्रफलकावलोकनतः प्रभृति।

ननु तत्रापि रतिः क। तस्य विषयस्यानवगमात्। न हि चित्रमात्रम्। नलिनीसंस्तरादेः साक्षिणो विद्यमानत्वात्। आकृत्या च काम्यमानतौचित्यस्य लाभात्। यदि परं नाम न ज्ञातं तत्कुत्रोपयोगीति। यदा तु विप्रलम्भाङ्गता न भवति तदा स्वातन्त्र्यं—यथा रावणस्यापि। तदुक्तमस्मदुपाध्यायभट्टतौतेन—

'स्वातन्त्र्येण प्रवृत्तौ तु सर्वप्राणिषु सम्भवः।' इति।

## बालक्रीड़ा

प्रश्न—तुमने जो विप्रलम्भ एवं सम्भोग दो भेदों वाला शृंगार है ऐसा कहा वह असत् ही है। ऐसी आशंका करके कहते हैं कि हमने तो दो ही भेदों वाला कहा है वैशिक शास्त्रकारों ने उसको दश अवस्थाओं वाला कहा है। यहाँ वैशिक शब्द में वेश शब्द का अर्थ है वेश्या वर्ग और ठञ् शब्द का अर्थ है प्रयोजन। "प्रयोजनम्" सूत्र के द्वारा ठञ् प्रत्यय होता है। इस सूत्र में प्रयोजन शब्द का अर्थ है कारण और फल। प्रकृत में कारण अर्थ ग्रहण किया है। उसी के अनुसार आचार्य व्याख्या करते हैं। वेश्या वर्ग है प्रयोजन संभोगात्मक कारण जिसका उस शास्त्र कामसूत्र को जिन्होंने बनाया है। उन्होंने शृंगार को अभिलषितादि मरणान्त दश अवस्थाओं से युक्त दिखाया है। अवस्था शब्द के उपादान से उतने बहुत से विप्रलम्भ हो सकते हैं इस आशंका का निराकरण किया। अर्थात् अवस्थी एक है उसकी अवस्थायें अनेक हो सकती हैं अतः उसमें स्वरूपतः एकत्व ही है। इससे चिन्ता आदि की रति के व्यभिचारी के रूप में अनुज्ञा दे दी है। वैशिक शास्त्र कारेश्च में उल्लिखित चकार से यह कहा कि रति परस्पराशा बन्धात्मक है। अतः उस रति के रहने पर उसकी अंगभूत दश अवस्थाएं विप्रलम्भ की अंग हैं। जैसे—उदयन की चित्र फलक के अवलोकन से लेकर दश दशायें हैं।

प्रश्न—उदयन में रति कहाँ है। क्योंकि चित्र के अवलोकन मात्र से विषय का अवगम नहीं होता है। उत्तर। केवल चित्र ही साक्षी नही है। कमलिनी के दलों का बिछौना भी साक्षी है। काम्यमानता अर्थात् कामयमानावस्था का औचित्य उसकी आकृति से भी मिलता है। इस पर भी यदि उसका ज्ञान नहीं होता है तब चित्र नलिनीसंस्तर, कामयमानावस्था एवं आकृति का उपयोग कहां किसलिए क्यों होगा। अगर वे विप्रलम्भ के अंग नहीं हैं स्वतन्त्र हैं जैसे रावण की दश दशाय। जैसा कि हमारे उपाध्यायजी भट्टतौत ने कहा है कि स्वतन्त्र रूप से प्रवृत्ति होने पर तो उन दशाओं का सभी प्राणियों में सम्भव है।

**करुणस्तु शापक्लेशविनिपतितेष्टजनविभवनाशवधबन्धसमुत्थो निरपेक्षभावः। औत्सुक्यचिन्तासमुत्थः सापेक्षभावो विप्रलम्भकृतः।**

### अभिनवभारती

नन्वेवं व्यभिचार्यभेदात्करुणः कथं विप्रलम्भाद्भिद्यत इत्याशङ्क्याह—करुणस्त्विति। अधमप्रकृतेस्तावन्न विप्रलम्भः। स्थाय्यभावात्। तदभावो विभावसामग्रीवैकल्यादिति। तत्र तावत्करुणः पृथक् लब्धप्रतिष्ठः। एवमुत्तमप्रकृतावपि। रतिविपरीतः शोकः करुणे स्थायी। अत एवाह निरपेक्षः। बन्धुजनादिविषये ह्यपेक्षा रताविवालम्बनम्।

यथोक्तम्—"आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यंगनानाम्।" इति (मेघ १-१०)। ततो निष्क्रान्तो भावः शोकाख्यो यस्मिन्। शापक्लेशे विनिपतितस्येष्टजनस्य यो विभवनाशो वधबन्धो वा ततः समुत्थानं यस्य। शापग्रहणेनाप्रति-

### बालक्रीडा

(मूल) या बन्ध आदि कारणों से उत्पन्न होता है। जो रतिरूप भाव की अपेक्षा आवश्यकता से शून्य है। विप्रलम्भ शृंगार तो औत्सुक्य, चिन्ता, शंका एवं ग्लानि आदि भावों से उत्पन्न

प्रश्न---इस प्रकार यदि करुण और विप्रलम्भ के व्यभिचारियों में अभेद है एकता है तब करुण का विप्रलम्भ से भेद कैसे होगा। ऐसी आशंका करके कहते हैं कि करुण तो। अधम प्रकृति में विप्रलम्भ नहीं होता है। क्योंकि यह रस बड़ा कोमल होता है और अधम स्वभाव वाला व्यक्ति इतना क्रूर होता है कि नायिका के कोमल स्वभाव के साथ उसका निर्वाह नहीं हो सकता है अतः नायिकादि रूप विभाव सामग्री की विकलता से विप्रलम्भरस के स्थायी का वहाँ अधम प्रकृति में अभाव है। विप्रलम्भ से पृथक् प्रतिष्ठा को प्राप्त करने वाला करुण रस उस अधम प्रकृति में होता है। उत्तम प्रकृति में भी करुण रस होता है। उस करुण में रति के विपरीत शोक स्थायी भाव है। इसलिए कहा कि करुण निरपेक्ष भाव है। रति में जैसे आलम्बन की अपेक्षा रहती है अर्थात् आलम्बन विभाव की आवश्यकता बनी रहती आलम्बन के बिना रति का उद्गम एवं सत्ता नहीं है। उसी तरह बन्धुजनादि के विषय में जो अपेक्षा आवश्यकता है वह करुण में नहीं है। बन्धुजन आदि रहेंगे तब शोक क्यों होगा वह तो उनके न रहने पर होगा और शोक के अभाव में करुण कैसे होगा। अतः कहा कि बन्धुजनादि से निरपेक्ष भाव करुण है। और विप्रलम्भ सापेक्ष भाव है। जैसा कि मेघदूत में कालिदास ने कहा है कि कुसुम के सदृश कोमल एवं प्रणयी अंगनाओं का हृदय सद्यः पतनशील होता है थोड़े से विकार से टूटने वाला होता है किन्तु यह आशारूपी बन्धन इतना जबर्दस्त होता है कि साधारण दशा में टूटने नहीं देने की बात कौन कहे विप्रलम्भ में भी नहीं टूटने देता है। इस उद्धरण का यह आशय है कि विप्रलम्भ में आशा पुनर्मिलन की भावना बनी रहती है अतः उसमें आलम्बन की अपेक्षा बनी रहती है। करुण में

**एवमन्यः करुणोऽन्यश्च विप्रलम्भ इति। एवमेष सर्वभाव-संयुक्तः श्रृङ्गारो भवति।**

अभिनवभारती

कार्यत्वे सत्युत्तमप्रकृतेः शोकोदयस्थानमेतदिति दर्शयति। अन्यथोत्साहक्रोधादिविभावत्वं स्यात्। शोकत्वमेव च पराकर्तुं कविकुलचक्रवर्तिना पुरूरवस ऊर्वशीशापप्राप्तिरनुरूपलक्षितत्वेन निबद्धा। एवं विभावस्थायिविभेदो दर्शितः। येऽपि चैते निर्वेदाद्यास्तेऽपि वस्तुतो रत्यननुगृहीता निरपेक्षाच्छोकाद्भवन्तोऽन्य एव। ततोऽप्याह निरपेक्षभाव इति।

एवं प्रसङ्गात्करुणस्य स्वरूपमभिधाय प्रकृते योजयति—औत्सुक्यचिन्तेति। चिन्ताशब्दोऽशेषनिर्वेदाद्युपलक्षणम्। औत्सुक्यप्रधाना ये चिन्तादयस्तेभ्यः सम्यगुत्थानं विजृम्भो यस्य। अत एव सापेक्षो यत्र रत्याख्यो भावः। ते च सापेक्षाद्रत्याख्याद्भवन्ति। न हि विप्रलम्भे विभावः स्थायी च सम्भोगाद्भिद्यते। एक एवासाविति हि बहुश उक्तम्।

बालक्रीडा

(मूल) होता है। और इसमें रति के रूप की अपेक्षा बनी रहती है। इस तरह करुण अन्य है और विप्रलम्भ अन्य है। इस प्रकार के सभी भावों से संयुक्त शृंगार होता है।

वह आशा नहीं रहती है और करुण के मूल में जो शोक है वह तभी होगा जब बन्धुजन वगैरह नहीं रहेंगे अतः यह निरपेक्ष भाव है। उक्त अपेक्षा से निष्क्रान्त निकला हुआ बहिर्भूत हुआ भाव शोकाख्य जिस करुण में रहे वह वह करुण निरपेक्ष भाव है। शापजनित क्लेश में गिरे हुए इष्टजन का जो विभवनाश अथवा वध या बन्धन है उससे जिसका समुत्थान है उद्गम है वह करुण है। शाप पद के ग्रहण करने का भाव है कि शाप का प्रतिकार नहीं है। इसके अप्रतिकार्य होने से उत्तम प्रकृति में भी शोक के उदय होने का यह स्थान है आधार है यह दिखा दिया है। अन्यथा अर्थात् यह शाप प्रतिकार्य होता तो ये विभवनाश वध एवं बन्ध स्थिर प्रकृति के लिए उत्साह के और अस्थिर प्रकृति के लिए क्रोध के विभाव होते। शोक के ही निराकरण करने के लिए कवि कुल चक्रवर्ती कालिदास ने पुरुरवा को उर्वशी के द्वारा शाप दिलवाया और विक्रमोर्वशी नाटक में उसका निबन्धन उपलक्षण के तरीके से किया। अर्थात् इन्द्र के सभा की अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा से वियोग निश्चित ही था क्योंकि वह उर्वशी उसकी वस्तु ही नहीं थी। अतः शाप तो केवल वियोग का उपलक्षण था। इस प्रकार विप्रलम्भ एवं करुण के विभाव और स्थायियों के भेद को दिखाया। और जो भी ये निर्वेदादि व्यभिचारी भाव करुण में हैं वे भी वस्तुतः रति से असंबद्ध होकर निरपेक्ष शोक से उत्पन्न होते हैं अतः विप्रलम्भ से अन्य ही हैं। इसलिए भी कहा कि करुण निरपेक्ष भाव है।

इस प्रकार प्रसंग से करुण के स्वरूप को कहकर उसकी प्रकृत में योजना करते हैं औत्सुक्य एवं चिन्ता इति। चिन्ताशब्द सभी प्रकार के निर्वेदादि का उपलक्षण है। औत्सुक्य जिनमें प्रधान है ऐसे जो चिन्ता आदि भाव हैं उनसे जिसका सम्यक् उत्थान है विजृंभण है।

अपि च

सुखप्रायेषु सम्पन्नः ऋतुमाल्यादिसेवकः ।
पुरुषः प्रमदायुक्तः शृङ्गार इति संज्ञितः ॥४६॥

अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति । औत्सुक्यं विषयौन्मुख्यम् । तच्च नष्टे विषये न सम्भवति । एवं परीक्ष्य परीक्षाफलमुपसंहरति—एवमेष इति । शृङ्गार इत्येकवचनेनैक एव शृङ्गार इत्युपसंहृतम् ।

एवं सूत्रार्थे परीक्ष्य स्थापिते तदर्थस्य सुखग्रहणार्थं सूत्रार्थविवरणरूपत्वात्सूत्र-समीपेऽभ्युपचितपाठात्कारिकामधुना पठति—अपि चेति । न केवलं सूत्रं परीक्षाऽपि यावदियं कारिकेति समुच्चयार्थः । एवं सर्वत्र मन्तव्यम् ।

तामेव कारिकां पठति सुखेति । पुरुष इति भोक्ता संवेदनात्मकोऽभिप्रेतः । भोक्तैव च स्थायिसंविद्रूपः । व्यभिचारिणस्तु भोग्यस्वभावाः । तेन रतिरेव पुरुषः । तथा चोक्तम्—'श्रद्धामयोऽयं पुरुष' इति । एवं प्रमदाऽपि । तत्र भोक्तृत्वे पुरुषस्य

बालक्रीडा

(मूल) और भी सुख बहुल साधनों से सम्पन्न, ऋतु विहार एवं भिन्न २ ऋतुओं के पुष्पों की मालाओं को धारण करने वाला पुरुष, प्रमदा से संयुक्त होने पर शृंगार इस संज्ञा वाला होता है ।४६।

अतएव यहां रत्याख्य भाव सापेक्ष है । और ये औत्सुक्य चिन्तादि, सापेक्ष रति भाव से उद्भूत होते हैं । एक बात और भी है जिसको बहुत दफे हम कह चुके हैं कि विप्रलम्भ में जो विभाव है एवं स्थायी है वह सम्भोग से भिन्न नहीं है । एक ही वह विभाव है और स्थायी है ।

इसका आशय यह है कि औत्सुक्य किसी विषय का होता है जो विषय के नष्ट होन पर नहीं हो सकता है । इस तरह परीक्षा करके अब परीक्षा के फल का उपसंहार करते हैं कि इस प्रकार यह । शृंगार इस एक वचन से वह उपसंहार किया कि उभयविध अवस्थाओं से सम्पन्न शृंगार एक ही है । इस तरह परीक्षा करके सूत्र के अर्थ की स्थापना की । अब उस अर्थ के सुखपूर्वक ग्रहण करने के लिए सूत्र के अर्थ की विवरण रूप होने से सूत्र के समीप में उसका पाठ करना उचित है अतः कारिका का पाठ अब करते हैं कि अपि च । यह कारिका केवल सूत्र के अर्थ का विस्तार ही नहीं करती है अपितु यह परीक्षा भी है । इस प्रकार की व्याख्या सभी जगहों में समझिएगा जहाँ २ ऐसी कारिका आयेगी ।

अब उसी कारिका को पढ़ते हैं "सुख" इति । पुरुष पद से यहाँ संवेदनात्मक भोक्ता इष्ट है । क्योंकि भोक्ता ही स्थायी संविद्रूप है । व्यभिचारी तो भोग्यस्वभाव हैं अतः रति ही पुरुष है । जैसा कि कहा है यह पुरुष श्रद्धामय है श्रद्धा स्वरूप है । इसी तरह प्रमदा भी रति रूप है । उन दोनों प्रमदा और पुरुष में पुरुष भोक्ता है प्रमदा भोग्य है ।

## अभिनवभारती

प्राधान्यम्। प्रमदायास्तु भोग्यत्वम्। प्राधान्यादेव च तस्य भोग्येनापरतन्त्रीकरणमिति नायिकान्तरयोगेऽपि न शृङ्गारहा भोग्यस्य तु पारतन्त्र्यादेवान्यसंम्मीलने शृंगारभंग इति दर्शितम्। अत एव न स्थायिभेदः शंकनीयः। सुखप्रायेषु सम्पन्न इत्यादिपुरुषविशेषणत्वेन समुदितस्य विभावत्वं दर्शयति। विभावादयो निः। रसोदयं विनाऽऽस्वादैश्च भोक्तरीति निमग्नत्वे भोक्तृप्रधानत्वं च दर्शयन्ति। विषयसम्भारपूर्णताभिमानजैव रतिरुचिता।

एतदर्थमेव 'जंस अहं तादेण दिण्णेति' 'ईरिसस्स कण्णपूरदंसणस्से' इति च च। एतत्सर्वसम्पन्नत्वमेव नायिकायाः प्रदर्शितम्। अन्यथा नोत्तमत्वं स्यात्। निजजातिकुलानुरूपसम्पदभावे तु रतिः पुरुषार्थरूपत्वाभावादनुपदेश्या। अत एव तत्र सर्वस्य प्रतीतिवैरस्यस्यानन्तरसंभावनमिति श्लोकस्य तात्पर्यार्थः।

विषयसामग्रीसम्पूर्णो रस इति ये मन्यन्ते तेषामभ्रान्तिकारणमयं श्लोकः। स चेत्थं व्याख्यातो न भ्रान्तिजनकः। संज्ञित इत्यनेनान्वर्थतां पराकरोति। तथा हि—उणादिषु शृङ्गारशब्दो निपातित इति।

## बालक्रीड़ा

अतः भोक्ता होने के कारण पुरुष प्रधान है। इस प्रधानता के ही बदौलत वह पुरुष भोग्य के परतन्त्र नहीं है। अतः दूसरी नायिका के साथ संयोग करने पर भी शृंगार की हानि नहीं होती है। भोग्य का तो परतन्त्र होने के कारण अन्य से मेल करने पर शृंगार भग्न हो जाता है। अतएव स्थायी के भेद की शंका नहीं करनी चाहिए। सुख बहुल पदार्थों से सम्पन्न इत्यादि पुरुष के विशेषण से यह दिखाया कि समुदित विभाव होता है। रस के उदय के बिना और आस्वाद के बिना विभावादि भोक्ता में हैं अर्थात् जब तक रस का उदय नहीं होता है और रस का आस्वाद नहीं होता है तब तब तक यह विभाव है यह उसका भोक्ता है ऐसी स्थिति है। किन्तु रस के उदय एवं आस्वाद के समय में तो वे उसमें निमग्न हो जाते हैं एकाकार हो जाते हैं इससे यह दिखाते हैं कि भोक्ता प्रधान है। क्योंकि विषय संवाद की पूर्णता के अभिमान से जन्य ही रति उचित है। इसीलिए रत्नावली नाटिका में सागरिक ने कहा कि ये ही वे उदयनराजा हैं जिनके लिए पिता जी ने मुझे दिया। इस तरह के कर्णपूर के दर्शन से हृदय आकृष्ट हो रहा है। इस वाक्य से नायिका की सर्वसम्पन्नता प्रदर्शित करी। अन्यथा सर्व सम्पन्नता के बिना नायिका उत्तम नहीं कहलायेगी। अपनी २ जाति एवं कुल के अनुरूप सम्पत्ति के अभाव में रति पुरुषार्थ रूप नहीं होने से उपदेश्य ही नहीं होगी। अतएव उस अनुपदेश्य रति के बारे में सब की प्रतीति में नैरस्य की संभावना बाद में हो सकती है यह श्लोक का तात्पर्य मूल अर्थ है। जो तो मानते हैं कि विषय सामग्री से संपूर्ण रस होता है उनको निर्भ्रान्त कर देने वाला यह श्लोक है। इसकी व्याख्या इस प्रकार करेंगे तब यह भ्रान्ति का जनक नहीं होगा। शृंगार यह संज्ञा संभोग एवं विप्रलम्भ रस की हो गई है। इससे संज्ञा की अन्वर्थता का परा करण हो जाता है। क्योंकि संज्ञा शब्द प्रायः अन्वर्थ नहीं ही होते हैं। शायद कदाचित् कोई हो। यह शृंगार शब्द उणादि में निपातन से सिद्ध किया है।

अपि चात्र सूत्रार्थानुविद्धे आर्ये भवतः ।
ऋतुमाल्याङ्करैः प्रियजनगान्धर्वकाव्यसेवाभिः ।
उपवनगमनविहारैः श्रृङ्गाररसः समुद्भवति ॥४७॥
नयनवदनप्रसादैः स्मितमधुरवचोधृतिप्रमोदैश्च ।
मधुरैश्चाङ्गविहारैस्तस्याभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥४८॥

### अभिनवभारती

न केवलं श्लोकवृत्तमिदं सूत्रार्थानुविद्धे यावदार्ये अपीत्यपि चेत्यस्य भिन्नक्रमस्यार्थः। प्रियो जनो विदूषकादिः। गान्धर्वशब्दो गीतादिद्वयविषयोपलक्षणम्। काव्यसेवाशब्देन विषयसङ्कल्पं विभावत्वेन लक्षयति ॥४७॥

यत्त्वाह काव्यार्थीभूतादृसात्काव्यार्थविदो भावान्तरं प्रादुर्भवति। अतः सुखजनकत्वात्काव्यार्थो रस इति। स प्रत्युक्तः। न हि विषयसामग्री रस इति पूर्वं दर्शितम्। धृतिप्रमोदशब्देन व्यभिचारिणो लक्षयति। एक एव च परमार्थतः श्रृङ्गार इत्यभिप्रायेणादावदस्थोपलक्षणद्वारेण सर्व एवोपसंहृतो मन्तव्यः ॥४८॥

इति श्रृङ्गाररसप्रकरणम् ॥

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रसंग में सूत्र के अर्थ से अनुविद्ध आर्या भी हैं।

ऋतुओं के विहार और माल्य एवं अलंकारों के धारण, प्रिय जन का सम्पर्क तथा उसी सम्पर्क में गाना बजाना एवं नाचना करने से तथा काव्य दृश्य श्रव्य एवं पठ्य की सेवा माने प्रेक्षण, श्रवण एवं भावन करने से और उपवन में गमन तथा विहार से शृंगार रस पैदा होता है।४७।

(मूल) नयन विकास, मुख प्रसाद, स्मित, मधुर वचन, धैर्य, आनन्द की सामग्रियों एवं मधुर अंगविहारों से उसका अभिनय करना चाहिए।४८।

इस विषय को स्पष्ट करने वाला केवल यह श्लोक ही नहीं है किन्तु सूत्र के अर्थ से अनुविद्ध सम्बद्ध दो आर्या भी हैं यह अर्थ भिन्न स्थान वाले इस अपि च का है। यहाँ प्रिय जन विदूषक आदि हैं। गान्धर्व शब्द गीतादि द्वय विषयों का उपलक्षण है। काव्य सेवा शब्द से विषय के संकल्प को विभाव रूप से लक्षित करते हैं ॥४७॥ जो तो कहते हैं कि काव्यार्थीभूत रससे काव्य के जानकारों के हृदय में दूसरे-दूसरे भावों का प्रादुर्भाव होता है। अतः सुख का जनक काव्यार्थ रस है। वह परास्त हो गया। विषय सामग्री रस नहीं है यह पहिले दिखाया जा चुका है। धृति एवं प्रमोद शब्द यहाँ व्यभिचारियों को लक्षित करते हैं। परमार्थतः शृंगार एक ही है इस अभिप्राय से आरम्भ में अवस्थाओं का बहाना करके सभी का उपसंहार कर दिया समझना चाहिए ॥४८॥

यह शृंगार रस का प्रकरण समाप्त हुआ।

**अथ हास्यो नाम हासस्थायिभावात्मकः। स च विकृतपरवेषालङ्कारधाष्टर्यलौल्यकुहकासत्प्रलापव्यङ्गदर्शनदोषोदाहरणा-**

अभिनवभारती

अथ हास्यरसप्रकरणम् ॥

अथ हास्यं लक्षयितुमाह—अथेति। आत्मशब्देनेदमाह—रतिरास्वादनाख्यां प्रतीतिं विदधाना न तां रतिरूपामेव विधत्ते। प्रमुखे विभावादावसाधारण्यात्। हासे तु य आस्वादः सोऽपि विकृतवेषादीनां सामाजिकान्प्रति लोकवृत्तेन हासहेतुतेति विभावसाधारण्यद्वारेण तदेकस्वभाव एवेति हासात्मकरसनाख्यचर्वणीयत्वाचास्य। रतिशोकावेव परमतज्जातीयसंविदास्वादौ धारारूढसुखदुःखरूपत्वेन निस्साधारणात्मीयत्वनियमग्रहगृहीतहेतुबलादेवोत्पद्येते यतः अतोऽनयोर्मुनिना प्रभवग्रहणं कृतम्। अन्येषु तु विभावे साधारण्यसम्भावनात्तदात्मकग्रहणम्। नयविनयादेरन्यायकारिणः समानं कालादेरपूर्ववस्तुनश्च सर्वान्प्रत्युत्साहक्रोधभयजुगुप्साविस्मयहेतुत्वेन साधारण्यविभावत्वादित्यलं बहुना।

बालक्रीड़ा

(मूल) अब हास नामक स्थायीभाव स्वरूप वाले हास्य रस का निरूपण करते हैं। वह हास्य रस दूसरे के विकृत वेष एवं अलंकार तथा धाष्टर्य निर्लज्जता, लौल्य लालच, कुहक बालकों को आश्चर्य में डालने के लिए उनके कक्ष एवं गर्दन आदि को छूने, असत् प्रलाप, विकल

अब हास्य रस का प्रकरण शुरू होता है। अब हास्य रस के लक्षण का निर्माण करने के लिए कहते हैं—"अथ" इति। हासस्थायिभावात्मकपद में उपात्त आत्म शब्द ने यह कहा कि आस्वादनाख्य प्रतीति को करने वाली रति रतिस्वरूपप्रतीति का विधान नहीं करती है। क्योंकि रति की आस्वादनाख्यप्रतीति में प्रमुख विभावादि असाधारण रहते हैं। हास में तो जो आस्वाद है वह भी लोक काव्य एवं नाट्य में एक स्वभाव वाला ही है क्योंकि लोक में वृत्त सिद्ध विकृत वेषभूषा आचारादि ही काव्य एवं नाट्य के अनुभावक एवं दर्शक सामाजिकों के प्रति हास के हेतु हैं। अतः लोक काव्य एवं नाट्य गत विभावों में साधारण्य है समानता है। इसके सिवाय यह रस हासात्मक रसना नामक चर्वणा से चर्वणीय होने से भी लोक काव्य एवं नाट्य में समान स्वभाव ही है। परन्तु धारा में आरूढ़ पार्यन्तिक बोध में प्राप्त सुख एवं दुःख रूप होने से विजातीय संविदास्वाद स्वभाव वाले रति एवं शोक ही असाधारण आत्मीयता के नियम ग्रह से ग्रहण किये गये हेतुओं के बल से उत्पन्न होते हैं अतः मुनियों ने शृंगार और करुण रस के लक्षणों में प्रभवपद का उपादान किया और बाकी हास्य आदि सात रसों के विभावों में साधारण्य की संभावना है अतः स्थायिभावात्मक पद का उपादान किया है। नय एवं विनय या अनय एवं अविनय रूप आचरण देश एवं कालरूप अधिकरण पात्र एवं पुरुष रूप अपूर्व वस्तु पदार्थ अन्यायकारी के समान सबके लिए उत्साह, क्रोध, भय जुगुप्सा एवं विस्मय के हेतु होने से विभावों में साधारण्य होता है। इसलिए बहुत कहने से बस किया जाय।

दिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तस्योष्ठनासाकपोलस्पन्दनदृष्टिव्याकोशाकुञ्चनस्वेदास्यरागपार्श्वग्रहणादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। व्यभिचारिणश्चास्यावहित्थालस्यतन्द्रानिद्रास्वप्नप्रबोधासूयादयः। द्विविधश्चायमात्मस्थः परस्थश्च। यदा स्वयं हसति तदाऽऽत्मस्थः। यदा तु परं हासयति तदा परस्थः। अत्रानुवंश्ये आर्ये भवतः।

## अभिनवभारती

तत्र वेषः केशादिरचना। अलङ्कारः कटकादिः। स चोभयोऽपि विकृतो देशकालप्रकृतिवयोऽवस्थाविपरीतो हास्यस्य विभावः। एतेन सर्वे रसा हास्येऽन्तर्भूता इति दर्शितम्। अथ विदूषकोऽपि तद्वेषं विदधद्धास्याभासं प्रथयतीत्येतच्च प्रागेवोक्तम्। परस्य सम्बन्धी परः। एवंभूतो देवदत्तस्य वेषोऽयमलङ्कारो वा इत्युद्घट्टक (ना. शा. ४-१८७) भाण्डनृत्तादौ दृश्यमानौ। हासं करोति। वेषालङ्कारौ गतागतिकादेरप्युपलक्षणम्। धाष्ट्र्यं निर्लज्जता। लौल्यं विषयेष्वनियतता। कुहकं कक्षग्रीवादिस्पर्शनं विस्मापनविधिप्रसिद्धं बालानाम्। अङ्गविगमो पिशुनादि व्यङ्गम्। एषां दर्शनमिति समासः। दोषा अतत्प्रकृतेरपि भयादयः अकार्यकरणादयश्च विकृतवेषादय एव वा तेषामुदाहरणं वर्णनम्। आदिग्रहणात्सङ्कल्पस्मृत्यादि।

## बालक्रीडा

(मूल) अंगों को दिखाने एवं दोषों के उदाहरण देने आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उस हास्य का ओष्ठ नासिका के हिलाने सिकोड़ने एवं कपोल के बजाने, आंखों के खोलने एवं मींचने, पसीने को दिखाने, मुँह के रंग को बदलने, बगल बगल के दबाने आदि अनुभावों से अभिनय करना चाहिए। इस हास्य के व्यभिचारी भाव अवहित्था आकारगोपन आलस्य, तन्द्रा, स्वप्न, प्रबोध एवं असूया आदि हैं। यह हास्य रस दो प्रकार का है। एक आत्मस्थ अपने में रहने वाला। दूसरा परस्थ अन्य में रहने वाला। जब वह व्यक्ति विकृत वेषालंकार आदि से स्वयं हंसता है तब आत्मस्थ है। किन्तु जब वह दूसरे को हँसाता है तब वह परस्थ है।

उस हास्य में वेश केशादि की रचना है। अलंकार कटक आदि है। ये दोनों ही विकृत अर्थात् देश काल प्रकृति (स्वभाव) वय (उमर) अवस्था के विपरीत हुए हास्य के विभाव हैं। इससे यह दिखाया कि सभी रस हास्य के अन्तर्भूत हैं। विदूषक भी विकृत वेष को धारण करके हास्याभास को प्रसिद्ध करता है यह बात पहिले ही कही जाचुकी है। पर स्वयं पर होता ही पर का सम्बन्धी भी पर होता है। ऐसा यह देवदत्त का वेष है अथवा अलंकार है यह उद्घट्टक अंगहार एवं भाण्डों के नृत्त में दिखाये जाने चाहिए। मजाक करता है। वेष एवं अलंकार गतागति चाल चलन आदि के भी उपलक्षण हैं धाष्ट्र्य निर्लज्जता है। लौल्य विषयों में नियत नहीं होना है। कुहक बालकों को आश्चर्यान्वित कर देने वाली क्रिया में प्रसिद्ध कक्ष एवं ग्रीवा आदि का स्पर्श करना है। व्यंग्य माने

विपरीतालङ्कारैर्विकृताचाराभिधानवेषैश्च ।
विकृतैरर्थविशेषैर्हसतीति रसः स्मृतो हास्यः ॥४९॥
विकृताचारैर्वाक्यैरङ्गविकारैश्च विकृतवेषैश्च ।
हासयति जनं यस्मात्तस्माज्ज्ञेयो रसो हास्यः ॥५०॥

## अभिनवभारती

ओष्ठादेः स्पन्दनशब्देन संबन्धः । व्याकोशनं विकासो निमीलनं च । आकुञ्चनं त्वीषत् । एतद्दृष्ट्या योज्यम् । आस्यरागो मुखरागः । पार्श्वयोर्ग्रहणं पीडनम् । तन्द्राशब्देन मोहः । एते च विभावा अनुभावा व्यभिचारिणश्च प्रकृतित्रय-भेदेन ये स्मितादिभेदा वक्ष्यन्ते तेषु यथायोगं योजनीयाः ।

द्विविधश्चायमिति । आत्मस्थैर्विभावैर्विकृतवेषादिभिर्विदूषकः स्वयं हसति स तस्यात्मस्थः । देवीं च हासयतीति तस्याः परस्थः । तदिदमसत् । एवं हि विभावाना-मात्मस्थत्वविभागः स्यात् । न हासस्य । किञ्च स्वामिनः शोकोऽनुजीविषु शोकं करोतीति परस्थता सर्वत्र स्यात् । स्वयंभूर्हि परत्र देव्यादौ व्यक्तः परस्थ इति चेद्गम्भी-रस्य प्रभोरनुजीविगतोऽनुभावव्यक्तक्रोधोऽपि परस्थो भवेत् । तद्विभाव आत्मस्थोऽन्यो (न्य)विभावकत्वन्यस्य इत्यप्यसत् । परहासोऽपि तद्धासे विभावः स्यात् । एवञ्च

## बालक्रीडा

इस विषय में गुरुशिष्य परम्परा में प्रसिद्ध दो अर्थाएं हैं—

(मूल) उलटे पुलटे अलंकारों के पहिरने, विकृत आचरण, अभिधान नाम या कथन एवं वेष तथा विकृत अर्थ विशेषों से जो हंसता है वह हास्य रस है ॥४९॥

(मूल) विकृत आचरण, वाक्य, अंगों की विकलता एवं वेष से जब कि दूसरों को हँसाता है इसलिए इसको हास्य रस जानना चाहिए ॥५०॥

अंग विगम अंग हीनता जैसे विकृत आदि । इन सब का वर्णन इस तरह मूल पाठ में षष्ठी तत्पुरुष समास है । दोष के माने हैं अपनी प्रकृति के विरुद्ध भय को दिखाना भीत आदि आदि अकार्य को करना आदि । विकृत वेष भूषा का धारण करना । उनका उदाहरण यानी वर्णन । आदि के उपादान से संकल्प एवं स्मृति को समझना चाहिए ।

ओष्ठ आदि का स्पन्दन शब्द से सम्बन्ध है । व्याकोशन का अर्थ है विकाश एवं निमीलन । आकुञ्चन का तो अर्थ ईषत् निमीलन है । इन तीनों अर्थों का दृष्टि के साथ सम्बन्ध है । आस्यराग माने मुखराग है मुख में पाउडर लगाना है । अगल बगल का पकड़ना माने उनका पीडन करना है । तन्द्रा शब्द से मोह को समझना । इन विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारियों की योजना उत्तम मध्यम एवं अधम रूप तीन प्रकृतियों के भेद से जो स्मित हसित आदि भेद बतलाये जायेंगे उनमें युक्ति के अनुसार करनी चाहिए ।

यह हास्य दो प्रकार का है । अपने में रहने वाले विकृत वेष भूषादि विभावों से विदूषक स्वयं हँसता है वह उसका आत्मस्थ हास है । देवी को हँसाता है वह देवी का हास

**स्त्रीनीचप्रकृतावेष भूयिष्ठं दृश्यते रसः ।**
**षड्भेदाश्चास्य विज्ञेयास्तांश्च वक्ष्याम्यहं पुनः ॥५१॥**
**स्मितमथ हसितं विहसितमुपहसितं चापहसितमतिसितम् ।**
**द्वौ द्वौ भेदौ स्यातामुत्तममध्याधमप्रकृतौ ॥५२॥**

### अभिनवभारती

रत्यादिषु सर्वेष्वप्यस्ति । तस्मादयमत्रार्थः—परं हसन्तं दृष्ट्वा स्वयं विभावानपश्यन्नपि हसन् लोके दृष्टः । तथा विभावादिदर्शनेऽपि गाम्भीर्यादनुदितहासोऽपि । परकीयहासावलोकेन तत्क्षणं हासविशेषः सम्पद्यत एवेति स्वभावः । यथाऽम्लदाडिमादिरसास्वादः सङ्क्रमणस्वभावोऽन्यत्रापि दन्तोदकविकारानुरूपसङ्क्रमदर्शनादेव सङ्क्रामति एवं हासः स्वभावतः सङ्क्रमणशील इति भूयिष्ठता काष्ठा ॥४९।५०।५१॥

### बालक्रीड़ा

(मूल) यह रस स्त्री एवं अधम प्रकृतिक मनुष्यों में अधिकतर दिखाई पड़ता है । इसके छ भेदों को जानना चाहिए । जिनको मैं आप लोगों से कहूँगा ॥५१॥

(मूल) स्मित, हसित, विहसित, उपहसित, अपहसित एवं अतिहसित ये छ भेद हैं । जिनमें दो दो भेद उत्तम मध्यम एवं अधम प्रकृतियों में होते हैं ॥५२॥

उसकी अपेक्षा पर में रहने वाला हास है । यह सब असत् असमीचीन है । क्योंकि यह तो विभावों की आत्मस्थिति एवं परस्थिति का विभाग हुआ हासका विभाग नहीं हुआ । एक बात और भी है कि स्वामी का शोक अनुजीवियों को शोकाकुल करता है । इस तरह शोक सर्वदा परस्थ ही होगा । स्वयंभू स्वयं उत्पन्न होने वाला हास पर देवी आदि में व्यक्त होता है अतः परस्थ है यदि ऐसी बात है तो गंभीर प्रभु का अनुजीवियों पर अनुभावों से व्यक्त हुआ क्रोध भी सदा परस्थ ही होगा । इसलिए वही विभाव जब बन जायगा तब वह हास आत्मस्थ कहलायेगा । जब इससे अन्य विभाव हो जायगा तब वह परस्थ वह कहलायेगा यह भी असत् है । ऐसी स्थिति में दूसरे का हास भी उसके हास में विभाव हो जायगा । यह स्थिति तो रत्यादि सभी स्थायीभावों में है । इसलिए यहाँ पर यह अर्थ है कि दूसरे को हँसते हुए देखकर हास्य रस के विभावों को नहीं देखता हुआ भी स्वयं हँसता है ऐसा लोक में देखा गया है । इसके सिवाय विभावादि को स्वयं देखकर भी गंभीरता के कारण उत्तम व्यक्ति नहीं भी हँसता है । परकीय हास के अवलोकन से उस क्षण में हासविशेष पैदा हो ही जाता है यह स्वभाव है । जैसे अम्ल नीबू के रस या दाडिम के रस का आस्वाद दूसरे में संक्रान्त हो जाने वाला है अतः संक्रमण स्वभाव वह मुख में पानी के भर जाने रूप संक्रमण को देखकर दूसरे में भी अनुरूप विकारों से संक्रान्त हो जाता है इसप्रकार हास भी स्वभावतः संक्रमण शील है । यह भूयिष्ठता है काष्ठा सीमा । या काष्ठा का उत्कर्ष का बाहुल्य है । सा काष्ठा सा परा गतिः इत्यादि स्थलों में काष्ठा का अर्थ सीमा या उत्कर्ष है ॥४९।५०।५१॥ नाना भेद इसके हैं इसको कहते कि छ भेद हैं । क्रमशः दो-दो भेद होते हैं इसका कारण है विभावों का तारतम्य न्यूनाधिक भाव । ऐसा जो

तत्र स्मितहसिते ज्येष्ठानां मध्यानां विहसितोपहसिते च ।
अधमानामपहसितं ह्यतिहसितं चापि विज्ञेयम् ॥५३॥

अत्र श्लोकाः—

ईषद्विकसितैर्गण्डैः कटाक्षैः सौष्ठवान्वितैः ।
अलक्षितद्विजं धीरमुत्तमानां स्मितं भवेत् ॥५४॥

### अभिनवभारती

नानाभेदा इत्याद्—षड्भेदाश्चेति । द्वौ द्वाविति । यथाक्रमं विभावतारतम्यमित्यादीति केचित् । तत्त्वसत् । भेदान्तराणामपि प्रसङ्गात् । तस्मात्सङ्क्रमणाभिप्रायेणैतत् । स्मितं हि यदुत्तमप्रकृतौ तत्सङ्क्रान्तं हसितं सम्पद्यते । अत एव त्र्यवस्थो हास इति वक्ष्यते । षडवस्थो ह्यन्यथा स्यात् ॥५२॥

स्मितमीषद्धासाम् । हसितं, ततो विशेषेण हसितं विहसितं । ततोऽपि परस्य समीपगतमन्यत् । अपहसितमतिशयेन चेत्युपसर्गभेदादर्थभेदः ॥५३॥

सौष्ठवमनुल्बणता । द्विजा दन्ताः । धीरमिति मन्थरं कृत्वा ईषत्त्वनिर्वाहः ।५४। विकसितैरथेति । स्मितानन्तरं संक्रमणकाल इत्यर्थः । तदिति । स्मितमेव संक्रान्तं सदेवंरूपमामेतीत्यर्थः ॥५५॥

### बालक्रीडा

(मूल) स्मित और हसित ये भेद उत्तम पुरुषों में, विहसित एवं उपहसित मध्यम प्रकृतियों में अपहसित और अतिहसित अधम प्रकृतियों में होते हैं ॥५३॥

(मूल) इस विषय में श्लोक हैं– जिसमें कपोल ईषत् विकसित हों, आकर्षण को करने वाले कटाक्ष हों और दांत दिखाई नहीं पड़ते हो वह धीर स्मित हास्य उत्तमों का होता है ।५४।

कोई कहते हैं वह असत् है । इस तरह मानने पर तो और भेदों का भी प्रसंग हो जायगा । इसलिए उत्तम मध्यम एवं अधम प्रकृतियों में क्रमशः दो-दो भेदों का होना संक्रमण के अभिप्राय से समझना चाहिए । जैसे उत्तम पुरुष में जो स्मित है वह संक्रान्त हुआ हसित हो जाता है । इसीलिए हास की तीन अवस्थाएं कही जायेंगी अन्यथा उत्तमादि प्रकृतियों की व्यवस्था को नहीं मानेंगे तो हास की अनेक अवस्था माननी पड़ेगी । हास का ईषद्भाव स्मित है । उसका विशेषरूप हसित है । उसकी अपेक्षा विशेष रूप हसित विहसित है । उससे भी विशेष परके समीप में गया हुआ हास उपहसित अलग है । अतिशय तरीके से जो हास है वह अपहसित है । इस तरह उपसर्गों के भेद से अर्थ का भेद है ॥५३॥

सौष्ठव अनुल्बणता अर्थात् तड़क-भड़क नहीं होना । द्विज दांत है । धीर माने मन्थर शिथिल करके ईषत्त्व का निर्वाह ।५४। विकसितैरथ में अथ शब्द का अर्थ है स्मित के अनन्तर संक्रमण काल में । 'तत्' इति । वह स्मित ही संक्रान्त हुआ इस रूप को प्राप्त करता है ।५५। जिह्म माने वक्र नाम से आने अष्टम अध्याय में कही आने वाली दृष्टि से निरीक्षण जिस काल में उचित हो । इस कथन से प्राप्त हुआ कि संस्थान आदि में यह हास उचित है ॥५६।५७॥

उत्फुल्लाननेत्रं तु गण्डैर्विकसितैरथ ।
किञ्चिल्लक्षितदन्तं च हसितं तद्विधीयते ॥५५॥

अथ मध्यमानाम् :—

आकुञ्चिताक्षिगण्डं यत्सस्वनं मधुरं तथा ।
कालागतं सास्यरागं तद्वै विहसितं भवेत् ॥५६॥
उत्फुल्लनासिकं यत्तु जिह्मदृष्टिनिरीक्षितम् ।
निकुञ्चिताङ्गकशिरस्तच्चोपहसितं भवेत् ॥५७॥

अथाधमानाम् :—

अस्थानहसितं यत्तु साश्रुनेत्रं तथैव च ।
उत्कम्पितांसकशिरस्तच्चापहसितं भवेत् ॥५८॥

अभिनवभारती

काल उचितं तेन संस्थानादौ। जिह्माख्यया भाविन्या दृष्ट्या निरीक्षणं यत्र ॥५६।५७॥

अस्थान इत्यकाले शोकाद्यवसरे ॥५८॥ विकृष्टं श्रवणकटु ॥५९॥ नाटक इति। नाटकशब्दो रूपकमात्रवृत्तिः ।६०। स्वसमुत्थ इत्यसंक्रान्तस्मितविहसितापहसितलक्षणः। परसमुत्थः संक्रान्तोपहसितातिहसितरूपः। हसितादिरूपसंक्रमणमेवोत्कृष्टप्रकृतौ स्मितादिरूपम्। रतिक्रोधशोकादेस्तु न संक्रमणं भवतीत्युक्तमेव। तत्र हि युगपदेव

बालक्रीडा

(मूल) जिसमें आनन और नेत्र खिले हुए हों कपोल विकसित हों और दांत दिखाई पड़ते हों वह हसित कहलाता है ॥५५॥

(मूल) जिसमें आँखे और कपोल आकुंचित हों वक्र हों, थोड़ा २ शब्द हो, मुख लाल हो, और जो सभा सोसाइटी में उचित समय पर किया गया हो वह मधुर हास्य विहसित मध्यमों का होता है ॥५६॥

(मूल) जिसमें नासिकायें फूल जाती हो, जिह्म दृष्टि से निरीक्षण किया जाता हो और अंग एवं सिर निकुञ्चित हो जाते हों झुक जाते हों वह हास्य उपहसित कहलाता है ॥५७॥

(मूल) जिसमें बेमोके हँसा जाय आखें आसुओं से भर जाय और कन्धे एवं सिर उत्कम्पित हो जाँय वह अपहसित अधमों का कहलाता है ॥५८॥

अस्थान माने बेठाइम शोकादि के अवसर पर हँसना ।५८। विकृष्ट माने श्रवणकटु ॥५९॥ "नाटके" यह नाटकशब्द रूपक मात्र में वृत्ति है ।६०। स्वसमुत्थ अपने आप उठने वाला अर्थात् संक्रान्त नहीं होने वाले स्मित विहसित एवं अपहसित रूप हास है। परसमुत्थ दूसरे को देखकर उठने वाले संक्रमण शील हसित उपहसित एवं अतिहसित रूप हास हैं। हासितादिरूप में संक्रमण ही उत्तम प्रकृति में स्मितरूप हास है। रति क्रोध एवं शोक आदि का संक्रमण

संरब्धं साश्रुनेत्रं च विकृष्टस्वरमुद्धतम् ।
करोपगूढपार्श्वं च तच्चातिहसितं भवेत् ॥५९॥
हास्यस्थानानि यानि स्युः कार्योत्पन्नानि नाटके ।
उत्तमाधममध्यानामेव तानि प्रयोजयेत् ॥६०॥
इत्येष स्वसमुत्थस्तथा परसमुत्थश्च विज्ञेयः ।
द्विविधस्त्रिप्रकृतिगतस्त्र्यवस्थभावो रसो हास्यः ॥६१॥

अभिनवभारती

स एव विभावस्तच्चित्तवृत्तिमान्वा पुरुषो विभावतामेति । न तु त एव विभावास्तस्य चित्तवृत्तिं प्रस्तूय संक्रमयन्त्यन्यप्रस्तुवतः हासमिव सर्वेषामात्मस्थपरस्थभेदोपलक्षणमेतदित्यन्ये । एतच्चासत् । अनुभवसिद्धमेव हीदं हासः संक्रामतीति ।

अन्यस्त्वाह—तिसृषु प्रकृतिषु त्र्यवस्थो विभावतारतम्यात् द्विरूपः । पुनरात्मपरस्थत्वेन द्विधेति द्वादशभेदोऽयमिति कारिकातात्पर्यमिति । अत्र च पृथग्विभावनमपि भवति । तच्चातिप्रसङ्गावहं तन्मतमिति नोदाहृतम् ॥६१॥

इति हास्यरसप्रकरणम् ॥

बालक्रीडा

(मूल) जो संरंभ आरोप से युक्त हो जिसमें नेत्र अश्रुओं से संयुक्त हो विकर्षण के साथ स्वर का उद्गम हो, करों से पार्श्व का उपगूहन किया जाय वह अतिहसित होता है ॥५९॥

(मूल) किसी मतलब से उत्पन्न किये गये जो उत्तम मध्यम एवं अधमों के लिए हास्य के अवसर हैं उनको इस प्रकार ऊपर बतलाये हुए तरीकों से नाटक में प्रयुक्त करे ॥६०॥

(मूल) इस स्वसमुत्थ एवं परसमुत्थ हास्य रस को दो प्रकारों, तीन प्रकृतियों में रहने से तीन अवस्थाओं वाला समझना चाहिए ॥६१॥

नहीं होता है यह पहिले ही कह दिया है । उनमें वही विभाव एक साथ रहता है अथवा उस चित्तवृत्ति वाला पुरुष ही विभाव बन जाता है । न कि वे ही विभाव उसकी चित्तवृत्ति को प्रस्तुत करके दूसरे में संक्रान्त कर देते हैं । जैसे विकृत वेषादि को प्रस्तुत करने वाले पुरुष का हास अन्य में संक्रान्त हो जाता है । आत्मस्थ एवं परस्थ रूप हास के ये भेद सभी रसों के विषय में उपलक्षण हैं । ऐसा अन्य कहते हैं । किन्तु यह असत् है । क्योंकि अनुभवसिद्ध यही है कि हास ही संक्रान्त होता है । अन्य लोग तो कहते हैं कि तीन प्रकृतियों में तीन अवस्था वाला यह हास विभाव की न्यूनाधिकता से दो रूप वाला है । फिर यह हास आत्मा अपने में रहने और दूसरे में रहने के कारण दो प्रकार का हुआ बारह प्रकार का है । ऐसा कारिका का तात्पर्य है । इसमें विभावन व्यापार भी अलग-अलग होता है । इसका उदाहरण हमने नहीं लिखा क्योंकि ग्रन्थ का बहुत विस्तार करने वाला अतिप्रसंगावह यह विषय है । इस प्रकार हास्यरस का प्रकरण समाप्त हुआ ॥६१॥

**अथ करुणो नाम शोकस्थायिभावप्रभवः। स च शापक्लेश-**

अभिनवभारती

## अथ करुणरसप्रकरणम् ॥

इदानीमवसरायातं करुणं लक्षयति—अथ करुणो नामेति। अथेति क्रमे। तत्र चायं क्रमः—सम्भोगेन हास्योऽङ्गत्वेनापेक्षितः। विप्रलम्भेन च समानव्यभिचारिकत्वात्करुण इति टीकाकारः।

एतच्च पूर्वापरविरुद्धम्। अस्माभिस्तूद्देशविभाग एव क्रमो दर्शितः। तस्याभिनयः प्रयोक्त्यो यस्यास्वाद्यमानस्य करुण इति व्यपदेशः। सदयहृदयता हि करुणा लोके प्रसिद्धा। सा च लिङ्गैरनुकर्तरि शोकं प्रतियतां सामाजिकानामिति करुणव्यपदेश इति श्रीशङ्कुकः।

एतच्च पूर्वापरविस्मरणविजृम्भितमस्य। यतः शोकप्रतिकृतिस्ततः करुणा। दया च नाम परित्राणेच्छा। सा कथं शोकानुकरणम्। किं प्रति च तेषां दयेति न विद्मः।

तस्मात् करुण इति शोकस्य सर्वसाधारणत्वेन प्राग्युक्त्या आस्वाद्यमानस्य संज्ञा। तदर्थमेव नामशब्दः। तत्प्रभवत्वं शृङ्गारवद् व्याख्येयम्। अशक्यप्रतीकारहेतूपलक्षणं शापग्रहणम्। शापक्लेशे पतितस्येष्टजनस्य ये विप्रयोगादयः। तत्र

बालक्रीडा

(मूल) अब शोक रूप स्थायी से पैदा होने वाले करुण रस के लक्षण का निरूपण करते हैं। वह करुण शापजनित क्लेश में गिरे हुए प्रियजन के विप्रयोग, विभवनाश, वध

अब करुण रस का प्रकरण शुरू होता है। अब अवसर प्राप्त करुण का लक्षण कहते हैं। अथ करुणो नाम यह मूल की प्रतीक है। यहाँ अथ इसका अर्थ है क्रम। वह क्रम यह है कि हास्य रस संभोग शृंगार के लिए अपेक्षित है और करुण रस समान व्यभिचारी होने के कारण विप्रलम्भ के लिए अपेक्षित है ऐसा एक टीकाकार का मत है। किन्तु यह कथन पूर्वापर विरुद्ध है। हमने तो उद्देश के अनुसार विभाग करने के समय में ही क्रम दिखा दिया था। उसका अभिनय कर्तव्य है जिसका आस्वादन किये जाने पर करुण यह व्यपदेश होता है। सदय यानी दयावान के हृदय में करुणा होती है यह लोक में प्रसिद्ध है और वह दया लिंगों के द्वारा अनुकर्ता में शोक को समझने वाले सामाजिकों की होती है अतः दया का ही करुण यह व्यपदेश होता है। ऐसा श्रीशंकुक कहते हैं।

यह सब पूर्वापर के संदर्भ को भूल जाने का विजृम्भण है। क्योंकि शोक के प्रति जो उसकी कृति है। अर्थात् शोक के विषय में जो उसकी क्रिया है वह करुणा है। और परित्राण करने की इच्छा का नाम दया है। अतः वह कैसे शोक का अनुकरण हो सकती है। किसके प्रति उनकी दया है इसको हम समझ नहीं पाते हैं। इसलिए पूर्व युक्ति के अनुसार आस्वाद्यमान शोक की सर्वसाधारण रूप में करुण यह संज्ञा है इसी के वास्ते "करुणो-नाम" इसमें नाम शब्द का उपन्यास किया है। शोकस्थायी से करुण की उत्पत्ति प्रभवत्व

विनिपतितेष्टजनविप्रयोगविभवनाशवधबन्धविद्रवोपघातव्यसन-संयोगादिभिर्विभावैः समुपजायते। तस्याश्रुपातपरिदेवनतालुमुखशोषणवैवर्ण्यस्रस्तगात्रतानिःश्वासस्मृतिलोपस्तम्भवेपथुस्वरभेदादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। व्यभिचारिण-

## अभिनवभारती

विप्रयोगोऽसङ्गमः। विभवनाशादि प्रसिद्धम्। विद्रवो देशादुच्चाटनम्। तच्च विप्रयोगेऽपीति विवेकः। उपघातोऽग्न्यादिमरणम्। अग्न्यादिकृतो विद्रवः चोरादिकृत उपघात इति त्वसत्। विभवनाशेन गतत्वात्। व्यसनेन मृगयाद्यादिनाऽनर्थजनकेन संयोगः। विभवनाशाद्योऽपि स्वात्मगता नोत्तमप्रकृतेः शोकं कुर्युः। मध्यमाधमप्रकृतीनां तु कुर्युरेवेत्यादिग्रहणम्। परिदेवनमात्मनो दैवस्यान्यस्य चोपालम्भः। निश्वासशब्देन तदनन्तरभावी उच्छ्वासोऽप्यूर्ध्वश्वसनरूपो लक्ष्यते। स्मृतिलोपेन प्रलयो लक्ष्यते। वैवर्ण्याश्रुस्वरभेदा अत्र बहिरुद्भिन्नस्वभावाश्चित्तवृत्त्यात्मानो गृह्यन्ते। तथा हि वक्तारो भवन्ति 'अश्रुणा पूर्णोऽस्य कण्ठो न च

## बालक्रीड़ा

(मूल) एवं वध तथा लोक विद्रव भगदड़, उपघात चोट लगने एवं दुर्व्यसनों में फँसने आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उस करुण का अभिनय अश्रुपात, रोदन, तालुओं के सूखने, मुख के वैवर्ण्य, गात्र की स्रस्तता शिथिलता, निःश्वास, स्मृतिलोप प्रलय, स्तब्धता वेपथु एवं स्वर भेद आदि अनुभावों से अभिनय करना चाहिए।,

का व्याख्यान शृंगार के सदृश करना चाहिए। जैसे रति ही आस्वाद्यमान हुई शृंगार है वैसे ही शोक ही आस्वाद्यमान हुआ करुण है। "स च शापक्लेश" इस मूल में शाप पद का उपादान उस हेतु का उपलक्षण है जिसका प्रतीकार किया नहीं जा सकता है। शाप से जनित क्लेश में पतित इष्ट जन के जो विप्रयोगादि हैं।" विप्रयोग का अर्थ है संगम नहीं हो सकना। विभवनाश आदि प्रसिद्ध है। विद्रव माने देशसे उच्चाटन अपने स्थान से उखड़ कर भागना। वह विप्रयोग में भी होता है यह विलक्षणता है। उपघात का अर्थ है अग्नि एवं जल आदि से मरण अग्नि एवं जल आदि से विद्रव होता है चोर आदि से उपघात होता है यह तो ठीक नहीं है। क्योंकि वह अंश विभवनाश से गतार्थ है। व्यसन का अर्थ है अनर्थ के जनक मृगया शिकार खेलना तथा जुआ खेलना आदि। उससे संयोग अर्थात् उन में आसक्त होना। विभवनाश वगैरह उत्तम प्रकृति वाले व्यक्ति में अपने में होने पर उसको शोकाकुल नहीं करते हैं। मध्यम एवं अधम प्रकृति वालों को तो वे शोकाकुल करते ही हैं। परिदेवन का अर्थ है अपने आपको दैव को या अन्य किसी को उपालम्भ देना। निःश्वास शब्द से निःश्वास के बाद होने वाला ऊर्ध्व श्वसनरूप उच्छ्वास भी लक्षित होता है। स्मृति के लोप से प्रलय लक्षित होता है। वैवर्ण्य अश्रु एवं स्वर भेदों को यहाँ पर अन्तःकरण से बाहर शरीरपर उद्भिन्न प्रकट होनेवाली चित्तवृत्तियों को समझना चाहिए। ऐसे भी वक्ता होते हैं कि आँसुओं से गला भर गया आवाज गद्‌गद हो गई है किन्तु आँखों में आँसुओं

श्चास्य निर्वेदग्लानिचिन्तौत्सुक्यावेगभ्रममोहश्रमभयविषाददैन्यव्याधिजडतोन्मादापस्मारत्रासालस्यमरणादयः।

अत्रार्ये भवतः—

इष्टवधदर्शनाद्वा विप्रियवचनस्य संश्रवाद्वापि।
एभिर्भावविशेषैः करुणरसो नाम संभवति ॥६२॥
सस्वनरुदितैर्मोहागमैश्च परिदेवितैर्विलपितैश्च।
अभिनेयः करुणरसो देहायासाभिघातैश्च ॥६३॥

अभिनवभारती

नयनजलं दृष्टम्' इति। एते ह्यश्रुप्रभृतयो व्यभिचारित्वाभिनेयत्वोपजीवनायैव मध्ये निर्दिष्टा इत्यवोचाम वक्ष्यामश्च। तेन न पौनरुक्त्यम्। एवमन्यत्रापि। व्याधेरुन्मादापस्मारौ भेदेन वक्ष्यामः।

वधशब्दो बन्धादेरप्युपलक्षणम्। विप्रियमिष्टजनवधादि येन वाक्येनोच्यते तस्य श्रवणात्। तेन चेष्टजनस्य विभवनाशादि दृश्यमानं श्रूयमाणं वा कविभिः करुणविभावत्वेनोपनिबन्धनीयमिति तात्पर्यम्। एभिरित्येवंप्रकारैः। भावशब्दोऽत्रार्यायां विभाववाची ॥६२॥

अनुभावांस्तद्द्वारेण च व्यभिचारिणोऽप्युपलक्षयितुमार्यान्तरं सस्वनेत्यादि। बहुवचनं प्रकृतिदेशकालदशाहेत्वादिभेदेनानेकप्रकारत्वज्ञापनार्थम्। मोहो जडता।

बालक्रीडा

(मूल) इस के व्यभिचारी निर्वेद, ग्लानि, चिन्ता, औत्सुक्य, आवेग, भ्रम, मोह, श्रम, भय, विषाद, दैन्य, व्याधि, जडता, उन्माद, अपस्मार, त्रास, आलस्य, मरण आदि हैं। इस प्रसंग की दो आर्या हैं।

(मूल) इष्ट के वध के देखने से विप्रिय वचनों के सुनने से और ऊपर बतलाये हुए भाव विशेषों से करुण रस का संभव होता है ॥६२॥

(मूल) चिल्लाकर रोने, मूर्छा के आजाने, परिदेवित याने अपने या दैव को उपालम्भ देते हुए विलाप करने देह के तोड़ने एवं छाती के पीटने से करुणरस का अभिनय करना चाहिए ॥६३॥

की बूंद नहीं दिखाई देती है। इन अश्रु प्रभृतियों का "व्यभिचारी के रूप में ये अभिनेय हैं" इस तथ्य का उपजीवन करने के लिए ही मध्य में निर्देश किया है इस बात को कह भी चुके है और आगे भी कहेंगे। इसलिए पुनरुक्ति नहीं है। यही स्थिति अन्य विषयों में भी समझनी चाहिए। उन्माद और अपस्मार को व्याधिसे भेद करके कहेंगे। अर्थात् ये इससे भिन्न हैं। वध शब्द बन्ध आदि का उपलक्षण है। इष्ट जन के वध आदि विप्रिय श्रवणकटु जिस वाक्य से कहे जाँय उस वाक्य के श्रवण से। करुण रस का संभव उत्पादन होता है। इसका यह तात्पर्य है कि इष्ट जन के दिखाई पड़ने वाले और सुनाई पड़ने वाले

**अथ रौद्रो नाम क्रोधस्थायिभावात्मको रक्षोदानवोद्धतमनुष्यप्रकृतिः संग्रामहेतुकः। स च क्रोधाधर्षणाधिक्षेपानृतवचनो-**

अभिनवभारती

तेनान्ये व्यभिचारिण उपलक्ष्यन्ते। देहस्यायासनं पातनवेष्टनादि। अभिघात उरस्ताडनादिः। एते चानुभावाः प्रकृतिभेदेन यथायोगं विभजनीयाः। करुणो रौद्रादित्युक्तम्। स कीदृग्रौद्र इति क्रमं केचिदाहुः ॥६३॥

इति करुणरसप्रकरणम् ॥

## अथ रौद्ररसप्रकरणम् ॥

अधुना रौद्ररसं लक्षयति—अथ रौद्रो नामेति। आत्मग्रहणमन्यायमाशयः। अन्यायकारिता प्राधान्येन क्रोधस्य विषयः। तादृशि च जने सर्वेऽपि मनोरथैरपि रुधिरपानमपि नामाद्रियन्ते। तथा चाह लोकः—तादृशो यदि लभ्यते तत्तदीयं रुधिरमपि पीत्वा न तृप्यते। महाकविना भासेनापि स्वप्रबन्ध उक्तः—

बालक्रीडा

(मूल) अब क्रोध नामक स्थायीभाव के स्वरूप वाले रौद्र रस के लक्षण का निरूपण करते हैं। यह रस राक्षस दानव एवं उद्धत स्वभाव वाले मनुष्यों में रहता है और संग्राम इस का हेतु है। वह वध, आधर्षण (बहिन बेटी एवं औरत को बेइज्जत करना), अधिक्षेप (जाति कुल

विभवनाश आदि का करुण के विभाव के रूप में कवियों को उपनिबन्धन करना चाहिए। एभिः का अर्थ है इस प्रकार वाले। इस आर्या में भावशब्द विभाव का वाचक है ॥६२॥

अनुभावों और उसके द्वारा व्यभिचारियों को भी उपलक्षित करने के लिए दूसरी आर्या अस्वनेत्यादि को कहते हैं। यहाँ आर्या के सभी तृतीयान्त पदों में बहुवचन का निर्देश इस बात के ज्ञापन के लिए है कि प्रकृति, देश, काल दशा एवं हेतु आदि के भेद से अनुभावादि अनेक प्रकार के हैं। मोह जड़ता है। इससे अन्य व्यभिचारी उपलक्षित होते हैं। देह को आयास देना यानी गिराना एवं कपड़े में लपेटना आदि। अभिघात छाती पीटना आदि। इन अनुभावों का प्रकृति के भेद से योग्यता के अनुसार विभाग करना चाहिए। रौद्र से करुण पैदा होता है यह कहा जा चुका है। इस पर जिज्ञासा होती है कि वह रौद्र रस कैसा है इस से करुण के बाद रौद्र के निरूपण का क्रम है ऐसा कोई कहते हैं ॥६३॥

यह करुण रस का प्रकरण समाप्त हुआ।

अब रौद्र रस के प्रकरण को कहते हैं संप्रति रौद्र रस का लक्षण कहते हैं—अथ रौद्रो नाम इति। आत्मपद के उपादान का यह आशय है कि क्रोध तभी आता है जब कोई अन्याय करता है अतः अन्याय करना प्रधान रूप से क्रोध का विषय है। अन्याय करने वाले उस मनुष्य के खून के प्यासे सभी लोग हो जाते हैं अतः प्रत्यक्ष पान में असफल उसके खून के पीने का मनोरथ भी करते हैं। जैसा कि जनता कहा करती है कि यदि अन्यायकारी को

पघातवाक्पारुष्याभिद्रोहमात्सर्यादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तस्य च ताडनपाटनपीडनच्छेदनभेदनप्रहरणाहरणशस्त्रसम्पातसम्प्रहार-रुधिराकर्षणाद्यानि कर्माणि। पुनश्च रक्तनयनभ्रुकुटीकरणदन्तोष्ठ-

### अभिनवभारती

'त्रेतायुगं तद्धि न मैथिली सा
रामस्य रागपदवी मृदु चास्य चेतः।
लब्धा जनस्तु यदि रावणमस्य कायं
प्रोत्कृत्य तन्न तिलशो न वितृप्तिगामी ॥' इति।

तेन हास्यवत्साधारणविभावत्वाच्चर्वणापि क्रोधमय्येवेति तद्रसनाचरणे रौद्रः क्रोधात्मक एव। उद्रिक्तं हन्तृत्वं येषां त उद्धताः। तद्वेषधारिणो ये नटास्ते। प्रकृतिश्चर्वणोदयहेतुरस्य। अत्र व्याचक्षते—युद्धहेतुक उद्धतमनुष्येषु भीमसेनादिषु रुधिरपानादिलक्षणः। रक्षोदानवास्तु स्वभावरौद्रा इति। तदसत्। भीमस्य रुधिरपानं न युद्धहेतुकम्। अपि तु विपर्ययेण। उद्धतस्वभावत्वादेष ह्यसौ क्रोधपरवशः सन्ननुचितमपि प्रतिज्ञातवान्। तन्निर्वाहायैव च राक्षसाधिष्ठानमस्य कविना वेणीसंहारे

### बालक्रीडा

(मूल) की निन्दा करना), मिथ्या भाषण, उपघात, वाक्पारुष्य गाली गलौज करना, अभिद्रोह मारने की इच्छा करना, एवं मात्सर्य आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसके ताडन पीटना। पाटन चीर देना। पीडन मर्दन। छेदन काटना। भेदन विदारण करना। प्रहरणों का आयुधों का उठाना। शस्त्रों को गिराना। संप्रहार शस्त्र से मारदेना। रुधिर का खींच लेना एवं पी लेना आदि कर्म हैं। लालनेत्रों, भौंहों के टेढ़ी करने, दांतों से ओष्ठ के

हम पाजाँय तो उसके खून को पीकर भी तृप्त नहीं होंगे। महाकवि भास ने भी अपने प्रबन्ध में कहा है कि—

न वह त्रेतायुग है, न राम के अनुराग की पदवी वह मैथिली है और न इसका चित्त मृदु है। यदि लोग किसी प्रकार रावण को पाजाँय तो इसके काय को तिल २ भर काट कर भी तृप्ति को नहीं पायेंगे।

अतः हास्य की तरह साधारण विभाव होने से रौद्र की चर्वणा भी क्रोधमयी ही है। अतः क्रोधमयी रसना अर्थात् चर्वणा के आचरण होने पर रौद्र क्रोधात्मक ही है। जिनका हन्तृत्व यानी जिनकी हनन कारिणी मनोवृत्ति उद्रिक्त होती है वे उद्धत होते हैं। उस उद्धत पुरुष के वेष को धारण करने वाले जो नट हैं वे भी उद्धत होने चाहिए। इस नट की प्रकृति (स्वभाव) क्रोधमयी चर्वणा के उदय की हेतु है। इस पर कोई लोग व्याख्यान करते हैं कि भीमसेन वगैरह उद्धत मनुष्यों में जो दुःशासन के रुधिर का पान है वह युद्ध के कारण है। और राक्षस एवं दानव तो स्वभाव से रौद्र हैं। इस पर कहते हैं कि यह असत् है। क्योंकि भीम का रुधिरपान युद्ध हेतुक नहीं है। अपि तु विपर्यय के कारण है अर्थात् द्रौपदी

पीडनगण्डस्फुरणहस्ताग्रनिष्पेषस्वेदवेपथुरोमाञ्चगद्गदिकादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

भावाश्चास्यासम्मोहोत्साहावेगामर्षचपलतौग्र्यगर्वादयः

### अभिनवभारती

वर्णितम् । तस्मात्सर्व एवैते स्वभावात् क्रोधनाः । तदनुसारिणि नटे रौद्र आस्वाद्यत इति मनुष्यप्रकृतिः । सङ्ग्रामहेतुक इति चायमर्थः युद्धस्य कविनटप्रदर्श्यमानस्य हेतुकः कुत्सितहेतुधीरोहितः । तस्योचितो हेतुर्न क्रोधः । तथा च प्राधान्येन युद्धेन वीर एव व्यपदेक्ष्यते ।

नन्वेते स्वभावक्रोधना अपि किमुद्दीपनमपेक्षन्ते । ओमित्याह—स चेति । क्रोधादि परकर्तृकम् । आधर्षणं दारादिखलीकरणम् । अधिक्षेपो देशजात्यभिजनविद्याकर्मनिन्दा । अनृतस्य कस्याप्यपसत्यस्य वचनम् । उपघातो गृहभृत्याद्युपमर्दनम् । वाक्पारुष्यं वधाद्युपन्यासेन तर्जनम् । अभिद्रोहो जिघांसा । मात्सर्यं

### बालक्रीडा

(मूल) दबाने, कपोल के थपथपाने एवं करतल के विशेष स्वेद, वेपथु रोमांच एवं गद्गदिका आदि अनुभावों से इसका अभिनय करना चाहिए । इस में व्यभिचारी भाव सम्मोह (बेवकूफी,) उत्साह, आवेग, अमर्ष, चपलता, उग्रता एवं गर्व आदि हैं ।

की लज्जावस्त्र के अपहरण से उत्पन्न क्रोध से है । क्योंकि भीमसेन उद्धत स्वभाव का व्यक्ति है अतः क्रोध के परवश होकर ऐसी अनुचित प्रतिज्ञा कर बैठा । तब उसके निर्वाह करने के लिए ही कवि ने वेणीसंहार नाटक में इस भीमसेन की राक्षसी अवस्था (अधिष्ठान) का वर्णन किया । इसलिए ये सभी स्वभाव से क्रोधी हैं और उसका अनुसरण करने वाले नट में रौद्र का आस्वादन करते हैं यह मनुष्यों की प्रकृति है ।

संग्रामहेतुकः इसका यह अर्थ है कि कवि के द्वारा वर्ण्यमान एवं नट के द्वारा प्रदर्श्यमान युद्ध का हेतुक । यहाँ हेतु शब्द से कुत्सित अर्थ में क प्रत्यय हुआ है । अतः इसका अर्थ है कुत्सित हेतु विषयक बुद्धि से रोहित उत्पन्न । अर्थात् क्रोध उस युद्ध का उचित हेतु नहीं है । युद्ध में तो वीर की विजयेच्छा हेतु है यही कारण है कि युद्ध से वीर ही का प्रधान रूप से व्यपदेश होता है ।

प्रश्न - क्या ये स्वभावतः क्रोधी भी उद्दीपन हेतुओं की अपेक्षा रखते हैं । उत्तर । हाँ ऐसा कहते हैं वह भी । क्रोध को करने वाला व्यक्ति पर है अन्य होता है । आधर्षण का अर्थ है दारा का अपमान करना । अधिक्षेप माने है देश, जाति, अभिजन, विद्या एवं कर्म की निन्दा । अनृत अर्थात् कोई भी अपसत्य । उसका वचन माने कहना । उपघात माने गृह का या भृत्य आदि का उपमर्दन । करुण रस के प्रसंग में उपघात पद का व्याख्यान अग्नि आदि से मरण किया है । वाक्पारुष्य का अर्थ है वध आदि का उपन्यास करके डाँटना । अभिद्रोह माने जिघांसा गुणों में असूया का नाम मात्सर्य है । आदि ग्रहण से राज्य

## अभिनवभारती

गुणेष्वसूया। आदिग्रहणाद्राज्यापहरणादि। एतैरुत्पद्यते कविना विभावत्वेन वर्ण्यमानैः।

अस्य ताडनादीनि कर्माणि रक्तनयनादयोऽनुभावा इति पृथङ्निरूपणं तुल्येऽप्यनुभावत्वे विशेषख्यापनार्थम्। विशेषस्तु पूर्वेषां वचनमात्रेण व्यावर्णनम्। रङ्गे प्रत्यक्षतोऽप्रदर्शनीयत्वात्। यद्वक्ष्यते—

'युद्धं राज्यभ्रंशो मरणं नगरोपरोधनं चैव।
अप्रत्यक्षकृतानि प्रवेशकैः संविधेयानि॥' इति॥ (ना. शा १८-३८)

रक्तनयनादि रङ्गे प्रत्यक्षेण कृतम्।

प्रहरणाहरणं तु पूर्वत्र प्रमादपठितमिति केचित्। इदं तु पृथगभिधाने तुच्छं प्रयोजनम्। अयं चात्राशयः—रक्षोदानवोद्धतमनुष्या उद्दीपनहेतुभिर्विनाऽपि चेष्टितमात्रं यदपि कुर्वते नर्मगोष्ठ्याद्यपि च तत्र ताडनादि प्रधानम्। तद्वक्ष्यति—'यत् किञ्चिदारभन्ते' इति। उद्दीपनसम्भवे ताडनादिप्रसक्त एव रक्तनयनाद्यधिकीभवति। अत एव पुनश्शब्दः। तत्र ताडनं तलाद्यभिघातः। पाटनं द्विधाकरणम्। पीडनं मर्दनम्। छेदनं कर्तनम्। भेदनं परस्परमित्रादिवियोजनम्। भावे ल्युडन्ताः। प्रहरणानामासमन्ताद्धरणम्।

## बालक्रीड़ा

का अपहरण लेना चाहिए। कवि के द्वारा विभावरूप से वर्ण्यमान इन पदार्थों से रौद्र उत्पन्न होता है। इस रौद्र के कर्म ताडन आदि का और रक्तनयन आदि का अनुभाव के रूप में तुल्य होने पर पृथक् निरूपण किसी विशेष के ख्यापन के लिए किया है। वह विशेष तो यह है कि पहिले ताडन आदि कर्मों का केवल शब्द से नाटक में उपयोग है क्योंकि रंगमंच पर उनका प्रत्यक्ष प्रदर्शन करना नहीं चाहिए। जैसा कि कहेंगे—

युद्ध, राज्यभ्रंश, मरण, एवं नगर का उपरोध इनका विष्कम्भक एवं प्रवेशकों के द्वारा अप्रत्यक्षरूप से स्टेज पर अभिनय करना चाहिए।

हाँ रक्तनयन वगैरह अनुभावों का तो प्रत्यक्ष अभिनय किया जाता है। प्रहरण आयुधों के आहरण आनयन का जो पूर्व में पाठ है वह प्रमाद से किया है ऐसा कोई कहते हैं। पृथक् कथन के लिए इस प्रयोजन का उपन्यास करना तुच्छ है। यहाँ का आशय यह है कि राक्षस, दानव एवं उद्धत मनुष्य उद्दीपन हेतुओं के बिना भी जो चेष्टाएँ और नर्मगोष्ठी करते हैं उनमें ताडन वगैरह प्रधान है। जैसा कि कहेंगे कि जो कुछ करते हैं। इत्यादि। उद्दीपन विभावों की संभवदशा ताडनादि कर्म में व्यस्त पुरुष में रक्तनयनादि का आधिक्य कर देती है। इसीलिए पुनः शब्द का उपादान किया। यहाँ ताडन पदार्थ है करतल से अभिघात अर्थात् थप्पड़ मारना। दो टुकड़े करना पाटन पद का अर्थ है। पीडन माने मर्दन। छेदन माने कर्त्तन कैंची से कतरना। भेदन मित्रों का परस्पर में वियोग करा देना। ये सब शब्द भाव में ल्युट् प्रत्यय करने पर निष्पन्न हुए हैं अतः ल्युडन्त हैं। प्रहरण आयुधों का आसमन्तात् चारों तरफ से हरण करना लाना है।

**अत्राह-यदभिहितं रक्षोदानवादीनां रौद्रो रसः। किमन्येषां नास्ति। उच्यते—अस्त्यन्येषामपि रौद्रो रसः। किन्त्वधिकारोऽत्र**

### अभिनवभारती

शस्त्रस्य सम्पातनमविदारयतोऽपि। सम्प्रहरणं विदारयतः पातनम्। तेन रुधिरस्याकर्षणम्। रक्षःप्रभृतयो हि नर्मणाऽपि प्रहरन्ति। किन्तु रुधिरागमनमात्रफलं न त्वधिकम्। रक्ते च ते नयने। भ्रुवोर्मूलसमुत्क्षेपो भ्रुकुटी। दन्तोष्ठस्य यथायोगं पीडनम्। हस्ताग्रयोरन्योन्यनिष्पेषः सङ्घर्षणम्।

भावा इति व्यभिचारिणः। असंमोहः सम्मोहविपरीतः। विरोधे नञ् तत्रावृत्तिसङ्गृहीतः सम्यग्बोधः। उत्साहोऽत्र व्यभिचारी। क्रोधस्य प्राधान्येन रसनीयत्वात्। स्वेदादयो बाह्याः। आभ्यन्तराः सात्त्विकाभावेऽपि विषस्पर्शज्वरादिना भवन्ति। ततोऽनैकान्तिकाः। आन्तरा अनुद्रिक्ता व्यजनग्रहादिभिरुद्रिक्ताः। बाह्यैः स्वेदादिभिर्व्यक्ता व्यभिचारिरूपाः पठिताः।

एष्वेव रौद्ररस इत्यभिप्रायं गृहीत्वा चोदक आह—यदभिहितमिति। सिद्धान्ती त्वेषु रौद्रो भवत्येवेत्यभिप्रायेणाह—अस्त्यन्येषामिति। अन्येषां कविनटाभ्यां प्रयुज्य-

### बालक्रीड़ा

(मूल) इस प्रसंग में प्रश्न करते हैं कि आपने जो कहा कि राक्षस दानव एवं उद्धत स्वभाव वाले मनुष्यों में रौद्र रस रहता है तो क्या वह औरों में नही रहता है। उत्तर। कहते हैं

शस्त्र का सम्पात वह कर्म है जिससे अंगों का विदारण नहीं होने पावे उस तरीके से शस्त्र का गिराना अतः अंगो का विदारण नहीं करने वाले शस्त्र का पातन शस्त्रसम्पात कहलाता है। और अंगों का विदारण करने वाले शस्त्रों का पातन सम्प्रहरण कहलाता है। इस संप्रहरण से रुधिर का आकर्षण आगमन संचारण होता है। राक्षस वगैरह तो मजाक में भी प्रहार करते हैं। किन्तु उस प्रहार का फल केवल रुधिर का आ जाना ही है अधिक पीड़ा नहीं पहुँचाना है। रक्त यह नयनों का विशेषण है अतः वे नेत्र लाल है ऐसा अर्थ हुआ। भ्रुकुटी का अर्थ है भौहों के मूल में समुत्क्षेपण। दाँतों से ओठ का दबाना पीडन कहलाता है। हाथों के अग्रभाग करतलों का परस्पर में निष्पेषण संघर्षण कहलाता है।

भाव। इसका अर्थ है व्यभिचारी। असंमोह माने सम्मोह के विपरीत। यहाँ विरोध अर्थ में नञ् है। उस सम्मोह में अवृत्ति यानी नहीं रहने वाला अतएव उससे संगृहीत असम्मोह सम्यग्बोध है यथार्थ ज्ञान है। यहाँ रौद्र रस में उत्साह व्यभिचारी है। क्योंकि रौद्र में क्रोध ही प्रधानरूप से रसनीय है। पसीना आदि बाह्य हैं। जो आभ्यन्तर सात्त्विक भाव के अभाव में भी विषस्पर्श एवं ज्वर आदि से होते हैं। अतः अनैकान्तिक हैं व्यभिचारी हैं। आन्तर उद्रेक जिनका नहीं हुआ है। व्यजनग्रहण से उद्रिक्त है। बाह्य शरीर में व्याप्त स्वेद आदि से व्यक्त भावों का व्यभिचारी रूप में पाठ किया है।

इन उद्धत मनुष्यों में राक्षसों एवं दानवों में रौद्र रस रहता है। इस अभिप्राय को ग्रहण करके प्राश्निक कहता है कि जो आपने कहा। सिद्धान्ती तो इनमें रौद्र होता ही है।

**गृह्यते । ते हि स्वभावत एव रौद्राः । कस्मात् । बहुबाहवो बहुमुखाः**

अभिनवभारती

मानानां सम्बन्धिजन्यत्वेन । अधिकारोऽनुवृत्तिः । अत्रेति—राक्षसादिषु । एतदेव व्यनक्ति–ते हीति । स्वभावतः शब्दानन्तरमेवकारेण अयोगव्यवच्छेद एव सूचितः । स्वयं तेषां भवनं तत इत्यर्थः । तेनाङ्गरौद्रोपन्यासोऽप्यविरुद्धः । अन्यथा स्वभावरौद्र एव रक्ताक्षादिभिरभिनेयः स्यात् । न तु बहुबाहुमुखादिभिः । तत्र राक्षसादयोऽपि न परिजने सदा क्रुद्धा इति प्रतीयन्त इत्याशयेनाह–कस्मादिति ।

अत्रोत्तरं बहुबाहव इति । लोकप्रसिद्धाकारविपरीतो तेषामाकारः । तत्र च परविनाशनाभिसन्धिजनितं तपश्चर्यादिकं दृष्टं वा कर्म तेषां व्याप्रियते । अतस्तादृशेषु दृष्टेषु स एव क्रोधात्मकोऽभिसन्धिर्गम्यत इति सामाजिकानां दृश्यते रौद्रास्वादः । तेन च रागादिव यत्क्रोधकाले दृष्टं तत्सदैव तेषामुद्वृत्तं तारकयोः

बालक्रीड़ा

(मूल) कि यह रौद्र रस औरों में भी रहता है । किन्तु यहाँ अधिकार का ग्रहण है । क्योंकि वे राक्षस वगैरह स्वभाव से ही रौद्र हैं । प्रश्न–क्यों रौद्र हैं । उत्तर । उनके बहुत मुख हैं, बहुत बाहु हैं, सिर के बाल हिलते रहते हैं और बिखरे हुए एवं पीले हैं, नेत्र लाल एवं उभर

इस अभिप्राय से कहता है कि औरों में भी यह रस है । अन्य यानी कवि एवं नट के द्वारा प्रयुज्यमान अन्य पात्रों के सम्बन्ध वालों से जन्य होने से । अधिकार पद का अर्थ है । अनुवृत्ति । अत्र यहाँ राक्षस आदि में । इसी को व्यक्त करते हैं कि वे ही । स्वभावतः के बाद प्रयुज्यमान एवकार से अयोगव्यवच्छेद अर्थ सूचित होता है । स्वयं ही उन उद्धत चेष्टाओं का उनसे होना सिद्ध है । (भवत्येव की तरह क्रिया पदों के अन्त में लगे हुए एवकार का अर्थ अत्यन्तायोगव्यवच्छेद होता है । न कि अयोग व्यवच्छेद । दूसरी बात है कि यहाँ 'स्वभावत एव रौद्राः" यही पाठ है भवन्ति पद नहीं है । अस्तु)

स्वभाव से ही उद्धतों में रौद्र चेष्टायें होती हैं । इससे अंगों में उन उद्धतों के अवयवों में रौद्र का उपन्यास विरुद्ध नहीं है । अन्यथा अंगों से रौद्र के अभिनेय को नहीं मानेंगे तो रक्ताक्ष आदि पदों से स्वभाव रौद्र ही अभिनेय होगा । बहुबाहु एवं बहुमुखादि नहीं ।

राक्षस वगैरह भी परिजनों पर सदा क्रुद्ध नहीं रहते हैं यह प्रतीत होता है इस आशय से कहते हैं कि कस्मात् । ऐसा किस कारण से होता है । इस पर उत्तर देते हैं कि उनके बहुत बाहु हैं यानी लोकप्रसिद्ध आकार के विपरीत उनका आकार है । और उस आकार में दूसरों के विनाश की अभिसन्धि से किये गये उनके तपश्चर्यादिक अथवा दृष्ट कर्म व्याप्त दिखाई पड़ते हैं । अतः उस तरह के दृष्ट कर्मों में उनकी वह अभिसन्धि व्यक्त होती है । इसलिए सामाजिकों को रौद्र रस का आस्वाद होता है । इसमें राग के सदृश जो क्रोध के समय में देखा था वह स्वरूप उनका सदा ही दिखाई पड़ता है । जैसे तारक आँख की पुतलियाँ बहुत उभरी हुई हैं और विलोचन लाल २ हैं । अत एव सदा ही जिनका रूप भयंकर

**प्रोद्‌धूतविकीर्णपिङ्गलशिरोजाः रक्तोद्‌वृत्तविलोचना भीमासितरूपिणश्चैव। यच्च किञ्चित्समारभन्ते स्वभावचेष्टितं वागङ्गादिकं तत्सर्वं रौद्रमेवैषाम्। शृङ्गारश्च तैः प्रायशः प्रसभं सेव्यते।**

अभिनवभारती

रक्तं विलोचनम्। अत एव भीममसितं कृष्णं सदैव रूपं येषाम्। नित्ययोग इनिः। अत एव बहुवचनबहुव्रीहिरत्र न कृतः।

न केवलं कायस्तदीय इत्थं यावच्चेष्टितमपि तदीयं दृश्यमानं रौद्रास्वादजनकमेवेति दर्शयति—यच्चेति। स्वभावजेति। चित्तस्याविकारेऽपि यच्चेष्टितं वाचिकं कायिकं वा तदेषां ताडनादिप्रधानमिति काव्ये प्रयोगे च दृश्यमानं रौद्रास्वादहेतुः। वागङ्गे आदिनी कारणे यस्य। मानसं तु चेष्टितमप्रत्यक्षत्वान्नोक्तम्।

सर्वमिति यदुक्तं तत्स्फुटयति—शृङ्गारश्चेति। शृङ्गारशब्देनात्र तद्विभावः प्रमदोद्यानादिः। सोऽपि तैः प्रसभमिति क्रूराकारतया सेव्यते। यत्रैतस्य वर्जनमुक्तं किं पुनरन्यदिति चशब्दस्यार्थः। तथा 'आः सीते पतिगर्वविभ्रमभरभ्राम्यद्भ्रु' इत्यादि रौद्ररसत्वेन उदाहरणम्। तथा नाना त्वादेव 'गाढाश्लेषं मलयमरुतः शृङ्खलादाम दत्त' (बाल. रामा. ४-४१) इति कदाचिदनुनयेनापीति दर्शयति प्रायश इति।

बालक्रीडा

(मूल) हुए हैं और उनका रंग भयंकर काला है। वे जो कुछ भी वाणी एवं अंगादि की चेष्टाएँ करते हैं वे सब उनके स्वभाव से ही रौद्र होती हैं। शृंगार का भी वे लोग प्रायः जबर्दस्ती

और काला दिखाई पड़ता है। रूपिणः में नित्य योग अर्थ में इनि प्रत्यय है। अतएव येषां ते, येषां इत्यादि बहुवचनों वाला बहुव्रीहि समास नहीं किया है। उनका शरीर ही केवल इस तरह के रौद्र स्वाद का जनक नहीं है अपितु दृश्यमान उनकी चेष्टायें भी रौद्रास्वाद की ही जनक हैं इस बात को दिखाते हैं जो भी स्वभाव से जन्य। चित्त में किसी तरह के विकारों के नहीं होने पर भी उनकी जो कायिक एवं वाचिक चेष्टाएँ हैं वे सब ताडनादि प्रधान हैं अतः काव्य में वर्ण्यमान और प्रयोग में दृश्यमान वे रौद्र के आस्वाद की हेतु हैं। वाणी और अंग आदि हैं कारण हैं जिसकी। यहाँ आदि पद कारण का वाचक है। मानस चेष्टायें अप्रत्यक्ष होती हैं अतः उनको नहीं कहा। "तत्सर्वं रौद्रम्" में जो सर्व शब्द को कहा उसको स्फुट करते हैं—"शृंगारश्च" इति। यहाँ शृंगार शब्द से शृंगार के विभाव प्रमदा एवं उद्यान आदि हैं। उनका सेवन भी वे प्रसभ जबरन करते हैं क्योंकि उनका व्यवहार क्रूर है। जहाँ उद्यता का वर्जन किया है वहाँ फिर औरों का भी वर्जन किया है इसको क्या कहना है। यह च शब्द का अर्थ है। जैसे "आः सीते" पति के गर्व में होने वाले विभ्रम भर से जिसकी भौंहें घूम रही हैं ऐसी आः सीते इत्यादि रौद्ररस के रूप में उदाहरण है नानत्व होने से।

"मलयानिल के गाढ आश्लेषन के साथ शृंखलारूप माला दे दी" इत्यादि। कभी अनुनय से भी शृंगार का सेवन वे करते हैं इस बात को दिखाते हैं कि प्रायशः।

**तेषां चानुकारिणो ये पुरुषास्तेषामपि सङ्ग्रामसम्प्रहारकृतो रौद्रो रसोऽनुमन्तव्यः ।**

**अत्रानुवंश्ये आर्ये भवतः—**

अभिनवभारती

ननूद्धतमनुष्येषु तर्हि कथं रौद्रादिविकारः । न हि ते बहुबाहुत्वादियुक्ता इत्याशङ्क्याह—तेषां चेति । राक्षसादीनाम् । अनुकारिण इति । तामसप्रकृतितया तत्सदृशा अनुगामित्वेन मन्तव्या इत्यर्थः । कथमित्याह—सङ्ग्रामसम्प्रहारग्रहणेन पूर्वोक्तं ताडनपाटनादि गृह्यते । तेन बहुबाहुत्वाद्यभावेऽप्युद्धतमनुष्या वागङ्गचेष्टितेन क्रोधोचितेन रौद्रप्रकृतय इति लक्ष्यन्ते । एवं रक्षोदानवेत्यादावयोगव्यवच्छेदो निश्चितः । अन्येऽपि तु वीरप्रधाना अश्वत्थामजामदग्न्यादयः । तेषु कारणमहिम्ना भवत्येव क्रोधो रौद्रास्वादयोग्यः । राक्षसादीनामपि च हासशोकादिः स्वकारणोदितोऽभिभूतक्रोधः । हास्यकरुणादेश्चेह योगो भवत्येव । तेनैषां न रौद्र एव रसः । ननु सामाजिकानां तथाभूतराक्षसादिदर्शने कथं क्रोधात्मक आस्वादः; उच्यते—हृदयसंवाद आस्वादः । क्रोधे च हृदयसंवादस्तामसप्रकृतीनामेव सामाजिकानामिति दानवादिसदृक्षास्तन्मयीभूता एवान्यायकारिविषयं क्रोधमास्वादयन्तीति न किञ्चिदवद्यम् ।

बालक्रीड़ा

(मूल) ते सेवन करते हैं । और उनका जो अनुकरण करने वाले पुरुष हैं उनके लिए भी युद्ध एवं संप्रहार के कारण रौद्र रस की ही अनुमति है ।

(मूल) इस विषय में गुरुशिष्यसम्प्रदाय में प्रसिद्ध दो आर्याएँ हैं ।

प्रश्न—उद्धत मनुष्य में रौद्रादि विकार कैसे होते हैं । क्योंकि वे तो बहुबाहुत्व बहुमुखत्वादि से युक्त नहीं होते हैं । इस आशंका पर कहते हैं कि वे उन राक्षसों के अनुकारी हैं अतः एव अनुगामी हैं ऐसा समझना चाहिए । इस पर कहते हैं कि संग्राम एवं सम्प्रहरण शब्दों के उपादान से पूर्वोक्त ताडन एवं पाटन आदि का ग्रहण होता है । जिससे बहुबाहुत्वादि के अभाव में भी उद्धत मनुष्य क्रोध के योग्य वाणी एवं अंगों की चेष्टाओं से रौद्र स्वभाव के मालूम पड़ते हैं । इस प्रकार राक्षस एवं दानवों में अयोगव्यवच्छेद निश्चित है । और भी वीरों में प्रधान पुरुष अश्वत्थामा एवं जामदग्न्य आदि हैं । उनमें कारण की महिमा से रौद्र रस के आस्वाद के योग्य क्रोध होता ही है । राक्षस वगैरह में भी अपने कारणों से क्रोध को दबाकर हास एवं शोक वगैरह उदित होते हैं । इन राक्षसों में हास एवं करुण आदि का योग होता ही है । इसलिए उनका रौद्र ही रस है यह कोई बात निश्चित नहीं है । प्रश्न—उस प्रकार के राक्षस वगैरह के देखने पर सामाजिकों को क्रोधात्मक आस्वाद क्यों होता है । उत्तर । कहते हैं कि क्रोध में हृदय के साथ संवाद होने पर रौद्र रस का आस्वाद होता है । क्रोध में हृदय का संवाद भी तामस प्रकृति सामाजिकों को ही होता है इसलिए वे दानवों के सदृश हैं अतएव तन्मयीभूत होकर अन्याय

युद्धप्रहारघातनविकृतच्छेदनविदारणैश्चैव ।
सङ्ग्रामसम्भ्रमाद्यैरेभिः सञ्जायते रौद्रः ॥६४॥
नानाप्रहरणमोक्षैः शिरःकबन्धभुजकर्तनैश्चैव ।
एभिश्चार्थविशेषैरस्याभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥६५॥
इति रौद्ररसो दृष्टो रौद्रवागङ्गचेष्टितः ।
शस्त्रप्रहारभूयिष्ठ उग्रकर्मक्रियात्मकः ॥६६॥

अभिनवभारती

विकृतं यच्छेदनं व्यङ्गादिकरणं युद्धेति परेण क्रियमाणौचित्यम्। तेन युद्धाद्यनुमितस्य परक्रोधादेर्विभावत्वमुक्तम्। सङ्ग्रामाय सम्भ्रमः शस्त्रादरणे त्वरा।

अनुभावानाह—नानेति मारणप्राधान्यं नानाप्रहरणेन दर्शयति। शिरःकर्तना-विहृतशरीरस्यापि क्रोधातिशयं सूचयन्वीराद्भेदमाह। युद्धवीरेऽपि हि तन्नास्ति। इह तु वक्ष्यते—उग्रकर्मेति। उग्राण्यौद्धत्यप्रधानानि यानि शिरःकर्तनादीनि तेषां या क्रिया अभिनीतिः सा आत्मा प्रधानं यस्येति। भरतमुनिस्त्वेकेन श्लोकेनोपसंहरति—इति रौद्ररस इति॥।६६।

इति रौद्ररसप्रकरणं समाप्तम्।

बालक्रीडा

(मूल) युद्ध में किये गये प्रहारों के द्वारा घातन, बुरीतरह छेदन, विदारण एवं संग्राम कालिक घबराहट या युद्ध करने के लिए जल्दबाजी से रौद्र रस पैदा होता है ॥६४॥

(मूल) नाना प्रकार के प्रहारों यानी शस्त्रों के द्वारा छेदने, शिर कबन्ध एवं भुजाओं के काट देने एवं उपरि कथित अर्थ विशेषों से रौद्र रस का अभिनय करना चाहिए ॥६५॥

(मूल) जिस में वाणी एवं अंगादिकी रौद्र चेष्टायें हैं, अधिकतर शस्त्रों का प्रहार है और उग्रकर्मों का अभिनय हो वह रौद्र रस है ऐसा देखा गया है ॥६६॥

करने वाले के ऊपर क्रोध का आस्वादन करते हैं इसलिए कोई दोष नहीं है। विकृत छेदन एवं विदारण जिससे मनुष्य अंग विकल हो जाते हैं उसमें करण साधकतम कारण युद्ध आदि हैं। इसलिए दूसरों के द्वारा किये जाने वाले विकृत छेदनादि में औचित्य है।

इससे युद्ध के द्वारा अनुमान किए गए परक्रोध को विभाव कहा। संग्राम के लिए सम्भ्रम अर्थात् शस्त्रों के आदान में त्वरा।

अनुभावों को कहते हैं—नाना इति। नाना प्रहरणों से किये गये, इससे मारण की प्रधानता को दिखाते हैं। हृतशरीर यानी मृतक के शिरः कर्तनादि से क्रोधातिशय को सूचित करते हुए वीर रस से क्रोध का भेद बतलाते हैं। युद्ध वीर में मृतक के शिरः कर्तनादिकी क्रियायें नहीं होती हैं। यहां तो कहेंगे कि वह उग्र कर्म करने वाला होता है। उग्र माने उग्रता प्रधान जो शिरः कर्तनादि कार्य उनकी जो क्रिया अभिनय वह है आत्मा प्रधान जिसका ऐसा। भरत मुनि तो एक श्लोक से रौद्ररस के प्रकरण का उपसंहार करते हैं कि इस प्रकार रौद्र रस है।६६।

अथ वीरो नामोत्तमप्रकृतिरुत्साहात्मकः । स चासंमोहा-

## अथ वीररसप्रकरणम् ।

### अभिनवभारती

क्रमप्राप्तं वीरं लक्षयति—अथ वीर इति आनन्तर्यमथशब्देनाह । युद्धवीरे हि संग्रामसम्प्रहारयोगो रौद्रेऽपीति किन्तु वीरे न जिघांसेति । उत्तमानां प्रकृतिः स्वभावो यत्र उत्साहोऽतो वीररसोऽपि तथा । यदि वा काव्ये नाट्ये च प्रयुज्यमान उत्तमः प्रकृतिर्हेतुर्यस्य । उत्तमवर्णानां हि सर्वत्रोत्साह आस्वाद्यो भवति । अत एव चतुर्ष्वपि नायकेषु धीरत्वमनुयायित्वेन वक्ष्यते धीरोदात्त इत्यादि । तत्र सर्वो जन उत्साहवानेव । किन्त्वविषय इत्यनुपदेश्यचरितता । यदीयं तु चरितमुपदेशार्हं तेषामुचित एवावसरे उत्साहाभिव्यक्तिः । उचितत्वं चावसरस्यासंमोहादिसम्पत्तिरिति सैव विभावत्वेनोपदिष्टा । असंमोहेनाध्यवसायो हि वस्तुतत्त्वनिश्चय इति मन्त्रशक्तिर्दर्शिता । असद्वस्त्वभिनिवेशोऽसंमोहो रावणादिगत उत्साहकारीत्यसत् । अशब्दार्थत्वात् । तत्रापि च पराक्रमनयादिरेव विभावः । सन्ध्यादिगुणानां सम्यक्

### बालक्रीडा

(मूल) अब वीर रस का लक्षण लिखते हैं । वीररस उत्साहात्मा है और उत्तम स्वभाव वाले पुरुषों में रहता है । वह असम्मोहाध्यवसाय, विनय, बल, पराक्रम, शक्ति, प्रताप

इस प्रकार रौद्र रस का प्रकरण समाप्त हुआ । अब वीररस का प्रकरण शुरु होता है क्रम प्राप्त वीर का लक्षण करते हैं—अथ वीर इति । अथ शब्द से आनन्तर्य को कहते हैं। अतः रौद्र के अनन्तर वीर को कहते हैं । (संग्राम सम्प्रहार इतो रौद्रो रसोऽनुमन्तव्यः) संग्राम एवं संप्रहारों से रौद्र रस का अनुमान करना चाहिए । इस तरह जो रौद्ररस में संग्राम एवं संप्रहार का सम्बन्ध बतलाया है वह युद्ध वीर में भी होता है । किन्तु वीर में मारने की इच्छा से नहीं । क्यों कि मारने की प्रधानता रौद्र रस में होती है जैसा कि अभिनव गुप्ताचार्य का उल्लेख है । "अनुभावानाह-नानेति । मारणप्राधान्यं नानाप्रहरणेन दर्शयति इति ।" वीर में विजय की इच्छा प्रधान है क्यों कि उत्तम पुरुषों की प्रकृति स्वभाव उत्साह स्वरूप है अतः वीररस भी वैसे ही उत्तम प्रकृति वाले पुरुषों में होता है । अथवा काव्य और नाट्य में प्रयुज्यमान अभिनीयमान उत्तम पुरुष प्रकृति हेतु है जिसका वह वीर है । उत्तम वर्णों का उत्तम पुरुषों का उत्साह सर्वत्र आस्वाद्य होता है । इसी लिए चारो नायकों में धीरत्व को अनुयायी अनुगत रूप से कहेंगे जैसे धीरोदात्त, धीरोद्धत, धीरललित एवं धीरप्रशान्त । विषय यह है कि सभी मनुष्य उत्साहवान् है किन्तु अविषय में अनवसर में वह उत्साहवान् है इसलिए उसका चरित्र उपदेश्य नहीं है । जिनका तो चरित्र उपदेश्य है उपदेशार्ह है उनकी उत्साहाभिव्यक्ति उचित अवसर में ही होती है । अवसर सम्बन्धी उचितत्व, असंमोह यथार्थ ज्ञान आदि की सम्पत्ति पूर्णता है अतः इसी असम्मोहसम्पत्ति का विभाव रूप से उपदेश किया । असम्मोह से अध्यवसाय ही वस्तुतत्व का निश्चय है इससे मंत्रणा शक्ति वीर की दिखला दी । रावण वगैरह में असद्वस्तुविषयक अभिनिवेशरूप असमोह उत्साह का करने

**व्यवसायनयविनयबलपराक्रमशक्तिप्रतापप्रभावादिभिर्विभावैरु - त्पद्यते। तस्य स्थैर्यधैर्यत्यागवैशारद्यरोमाञ्चादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः । भावाश्चास्य धृतिमतिगर्वावेगौग्र्यामर्षस्मृतिचि- न्तादयः।**

**अत्रार्ये रसविचारमुखे—**

अभिनवभारती

प्रयोगो नयः। इन्द्रियजयो विनयः। बलं हस्त्यश्वरथपादातम्। पराक्रमः परकीयमण्डलाद्याक्रमेणावस्कन्दः। युद्धादिके सामर्थ्यं शक्तिः। प्रतापः शत्रुविषये सन्तापकारिणी प्रसिद्धिः। प्रभावोऽभिजनधनमन्त्रिसम्पत्। आदिग्रहणेन यशःप्रभृति। एते च सम्पूर्णस्वभावा एव विभावा भवति। उत्तमस्य कदाचित्कश्चिदधिक इति पृथक्पृथगुदाहरणम्। वस्तुतो ह्यत्रोदाहरणं सर्वमेव रामादिचरितम्। सचिवायत्तसिद्धौ च वत्सराजप्राये नायके यथायोगं सचिवगता अप्येते मन्तव्याः। प्रतिनायकगता अपि च ते उत्साहव्यञ्जका इति यथायोगं व्यस्तसमस्तभेदकल्पनं कविना कार्यम्।

स्थैर्यमचलनम्। गाम्भीर्यकृतं संवरणं धैर्यम्। शौर्यं युद्धादिक्रिया। त्यागो दानम्। वैशारद्यं सामाद्युपायचतुष्कस्यैकद्वित्रिचतुरादिभेदैर्यथाविषयं नियोजनम्।

बालक्रीडा

(मूल) एवं प्रभाव आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसका अभिनय स्थैर्य, धैर्य, शौर्य, त्याग, वैशारद्य एवं रोमांच आदि अनुभावों के द्वारा करना चाहिए। इसके व्यभिचारी भाव धृति मीति गर्व आवेग औग्र्य अमर्ष स्मृति एवं चिन्ता आदि हैं।

इस प्रसंग में रस के विचार के विषय में दो आर्या हैं।

वाला था यह कथन ठीक नहीं। क्योंकि ऐसा असंमोह शब्द का अर्थ नहीं है। पराक्रम एवं नय आदि ही असम्मोहाध्यवसाय स्थल में भी विभाव हैं। सन्धि एवं विग्रह आदि गुणों का सम्यक् यथास्थान प्रयोग नय है। इन्द्रियों को जीतना विनय है। हाथी घोड़े रथ एवं पैदल सेना बल है। दूसरे के मण्डल घेरे को आक्रमण से अवस्कन्दन कर लेना दबा लेना पराक्रम कहलाता है। युद्धादि के सामर्थ्य को शक्ति कहते हैं। शत्रुओं के मण्डल में सन्तापकारिणी प्रसिद्धि प्रताप है। अभिजन खानदानियत, धन एवं मंत्रिमण्डल की पूर्णता प्रभाव है। आदि शब्द के ग्रहण से यशः प्रभृति को लेना चाहिए। ये सब पूर्ण स्वभाव वाले ही विभाव होते हैं। उत्तम पुरुष में कभी कोई अधिक होता है इसलिए अलग २ उदाहरण है। वस्तुतः इसविषय में सम्पूर्ण रामचरित ही उदाहरण है। सचिव के अधीन जिसकी सिद्धि है ऐसे वत्सराज नायक के सचिव यौगन्धरायण में भी योग्यता के अनुसार नयादि को मानना चाहिए। प्रतिनायक में भी वे पराक्रम नयादि उत्साह के व्यंजक होते हैं अतः युक्ति के अनुसार व्यस्त अथवा समस्त भेदों की कल्पना कवि को करनी चाहिए।

स्थैर्य पद का अर्थ अचलन है। गम्भीरता से किया गया संवरण आकार गोपन धैर्य है। युद्धादि क्रिया शौर्य है। त्याग दान है। सामादि चार उपायों में से किसी एक,

असम्मोहाध्यवसायादविषादित्वादविस्मयामोहात् ।
विविधादर्थविशेषाद्वीररसो नाम सम्भवति ॥६७॥
स्थितिधैर्यवीर्यगर्वैरुत्साहपराक्रमप्रभावैश्च ।
वाक्यैश्चाक्षेपकृतैर्वीररसः सम्यगभिनेयः ॥६८॥

**अभिनवभारती**

विविधधर्मादिलक्षणमर्थनीयं विशेषमभिसन्धाय अविषादित्वादविस्मयादमोहाच्च योऽध्यवसायो निश्चयः स चोत्साहयतीत्युत्साहः ।

एतदुक्तं भवति—आपदङ्गकनिमग्नतां, स्वल्पे सन्तोषं, मिथ्याज्ञानं चापास्य वस्तुतत्त्वनिश्चयः स एवोत्साहहेतुः प्रधानतया । रौद्रे तु तमःप्राधान्यादशास्त्रीयानुचितवन्धाद्यपीति मोहविस्मयप्राधान्यम् ॥६७॥

स्थितिः स्थैर्यम् । वीर्यं शौर्यम् । गर्वपदेन तदनुभावो लक्ष्यते । उत्साहनमुत्साहोऽवलस्य विपण्णप्रायस्योत्तेजनं यथा सेतुबन्धकाव्ये । पराक्रमः पराक्रमणा । इत्थमत्र भवद्भिरासितव्यं योद्धव्यमिति बलस्य व्यापारणादितिकर्तव्यानां भृत्यानां प्रभावना प्रभावसम्पादनम् । आक्षेपो वस्त्वन्तरस्य सूचनं तेन कृतानि तत्प्रधानानि यानि वाक्यानीति गम्भीरदुरवगाहार्थत्वं वाक्यानामित्युक्तम् । । ६८ ।

इति वीररसप्रकरणं समाप्तम् ।

**बालक्रीड़ा**

(मूल) असंमोहाध्यवसाय, अविषाद, अविस्मय, अमोह एवं प्रागुक्त विविध अर्थ विशेष से वीर रस पैदा होता है ।६७।

(मूल) स्थिति, धैर्य, वीर्य, गर्व, तथा उत्साहन पराक्रमण, प्रभावन एवं आक्षेप प्रधान वाक्यों से वीर रस का अभिनय करना चाहिए ॥६८॥

दो, तीन या चारों का विषय के अनुसार नियोजन करना वैशारद्य है । विविध धर्मादि रूप अर्थनीय विशेष का अभिसन्धान करके अविषाद अविस्मय एवं अमोह से जो अध्यवसाय निश्चय है वह व्यक्ति को उत्साहित कर देता है अतः उत्साह है । इसका यह अभिप्राय है कि आपत्ति एवं उसके अंग कारणों में निमग्नता यानी उनसे बचाव, थोड़े में सन्तोष एवं मिथ्याज्ञान इनको छोड़कर जो तत्त्व निश्चय है वही प्रधान रूप से उत्साह का हेतु है अतः वहाँ वीर रस है । किन्तु रौद्ररस में तमोगुण की प्रधानता से अशास्त्रीय अनुचित वध एवं बन्ध आदि भी होते हैं अतः मोह विस्मय एवं विषाद प्रधान हैं । स्थिति का अविचलन स्थैर्य है । युद्धादि क्रिया रूप शौर्य वीर्य है । गर्वपद से वीर्य का अनुभाव लक्षित होता है । उत्साहित कर देने वाला उत्साह अबल एवं विषण्ण प्राय का उत्तेजक होता है जैसे सेतु बन्धकाव्य में । पराक्रम शत्रुओं के मण्डल पर पराक्रमण । इस तरह आप लोगों को यहाँ रहना चाहिए और युद्ध करना चाहिए इस प्रकार से सेना को प्रेरणा देकर इतिकर्तव्य के सम्बन्ध में भृत्यों को प्रभावित करना प्रभाव सम्पत्ति है । आक्षेप का अर्थ है वस्त्वन्तर की सूचना । इससे आक्षेपकृत यानी आक्षेप प्रधान जो वाक्य । इससे यह कहा कि आक्षेप प्रधान वाक्यों का अर्थ गम्भीर एवं दुरवगाह है ॥६८॥

———

अथ भयानको नाम भयस्थायिभावात्मकः। स च विकृतरवश्रवसत्त्वदर्शनशिवोलुकत्रासोद्वेगशून्यागारारण्यगमनस्वजन-वधबन्धदर्शनश्रुतिकथादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तस्य प्रवेपितकरचरणनयनचपलपुलकमुखवैवर्ण्यस्वरभेदस्तम्भस्वेदगद्गदिकादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः।

## अथ भयानकरसप्रकरणम्।

### अभिनवभारती

वीरस्य भीताभय प्रदान प्रधानत्वाद्भयानकं लक्षयति—अथेति। विकृतो रवोऽट्टहासादिस्तस्य श्रवः श्रुतिः। सत्त्वानां पिशाचानां दर्शनम्। त्रासोद्वेगौ परगतौ। शून्यागारस्यारण्यस्य च गमनं प्राप्तिः। स्वजनस्य यौ वधबन्धौ तयोर्दर्शनं प्रत्यक्षेण। श्रवणमागमेन। कथादि अतिक्रान्तानामपि पुनरनुसन्धानेन स्मरणम्।

वेपितुं प्रवृत्तं यत्करचरणं आदि कर्मैव भयव्यञ्जकं व्याध्यादिवैलक्षण्यसूचनात्। पुलको रोमकूपोद्भवः। स्वरस्य भेदः स्वभावविपर्ययः।

### बालक्रीडा

(मूल) अब भयानक का लक्षण लिखते हैं। भय स्थायी वाला भयानक होता है। वह भयंकर शब्द के सुनने, भयंकर प्राणी के देखने, गीदड़ और उल्लू के त्रास, उद्वेग, शून्यागार अरण्यगमन, स्वजन के वध एवं बन्ध के सुनने, देखने एवं कहने रूप विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय हाथ पैर के काँपने, नयनों की चपलता, पुलक, मुखवैवर्ण्य, स्वर भेद,

इस तरह वीररस का प्रकरण समाप्त हुआ। अब भयानक रस का प्रकरण शुरू किया जाता है।

भय से आकुल व्यक्तियों को अभय प्रदान करना वीर का प्रधान कर्तव्य है अतः वीर के बाद भयानक रस के लक्षण को लिखते हैं। 'अथ' इति। विकृत रव अट्टहास आदि को सुनना। सत्व माने पिशाच उनको देखना। त्रास एवं उद्वेग भय के जनक हैं अतः ये दूसरे में रहने वाले माने गये हैं। शून्य जंगल में गमन अकस्मात् पहुँच जाना स्वतः गमन नहीं करना। अपने प्रियजन के वध एवं बन्ध को प्रत्यक्ष देखना। या आगम शब्द से सुनना। कथा आदि अर्थात् श्रवण एवं दर्शन से अतिक्रान्त पुरुषों का पुनः अनुसन्धान करके स्मरण करना।

हाथ पैर का काँपना आदि कर्म क्रिया भय की व्यंजक है। क्योंकि उससे व्याध्यादि के भयंकरता की सूचना मिलती है। पुलक माने रोमाञ्च का उद्गम। स्वर का भेद याने स्वभाव का विपर्यय होना।

भावाश्चास्य शंकामोहदैन्यावेगचापलजडतात्रासापस्मारमरणादयः ।

अत्रार्याः—

विकृतरवसत्त्वदर्शनग्रामारण्यशून्यगृहगमनात् ।
गुरुनृपयोरपराधात्कृतकश्च भयानको ज्ञेयः ॥६९॥

अभिनवभारती

गुरुनृपयोरिति । अयमाशयः—भयं तावत् स्त्रीनीचबालादिषु वक्ष्यते । नोत्तममध्यमप्रकृतिषु । तेऽपि तु गुरुभ्यो राज्ञश्च भयं दर्शयेयुः । तदभावेऽप्येवं सुतरामुत्तमत्वं भवति । अप्रभुत्वं चामात्यानाम् । यथाह–'स्वेच्छाचारी भीत एवास्मि भर्तुः' इति । (रत्ना. १.७)। अनुभावाश्च तथा श्लिष्टास्तत्र क्रियन्ते लोके येन सत्यत एव भीतोऽयमिति गुर्वादीनां प्रतीतिर्भवति । अस्वाभाविकत्वाच्च कृतकम् । बहुतरकालानुवर्तनेनास्वाद्यत्वाच्च रसत्वम् । न च व्यभिचारित्वम् । तद्धि तदा स्याद्यदि स्वभावत एव न किञ्चित्काललवमुत्पाद्यते ॥ ६९ ॥

बालक्रीड़ा

(मूल) स्तम्भ, स्वेद एवं गद्गदिका आदि से करना चाहिए। इसके व्यभिचारी भाव शंका, मोह, दीनता, आवेग, चपलता, जड़ता, त्रास, अपस्मार एवं मरण आदि हैं।

(मूल) इस विषय में भयंकर शब्द को सुनने एवं भयंकर प्राणी के देखने, संग्राम, अरण्यगमन, शून्यगृह गमन, से भयानक रस को समझना चाहिए किन्तु उत्तम पुरुषों में गुरु एवं राजा के अपराध से कृतक भयानक रस को समझना चाहिए ॥६९॥

गुरु एवं नृप का भी। यहाँ का यह आशय है कि स्त्रियों, नीच पुरुषों एवं बच्चों में भय स्वभावतः होता है उत्तम एवं मध्यम जनों में नहीं होता है इस बात को आगे कहेंगे। वे उत्तम और मध्यम पुरुष भी गुरुओं एवं राजा से कृतक भय का प्रदर्शन करें। क्योंकि भय के अभाव में भय का प्रदर्शन करना अत्यन्त उत्तमत्व का द्योतक होता है। अमात्यों का अप्रभुत्व उत्तम है। जैसा कि यौगन्धरायण का वाक्य है अपनी मनमानी करने में भर्ता से मैं भीत ही हूँ। अनुभावों को ऐसा सुश्लिष्ट सुसंगत करना चाहिए जिससे लोक में गुरु वगैरह को मालूम पड़े कि यह अमुक व्यक्ति सत्य ही डरता है। मूल के कृतकश्च भयानको ज्ञेयः के कृतक शब्द की व्याख्या करते हैं कि अस्वाभाविक बनावटी होने से कृतक है। इस पर प्रश्न होता है फिर यदि ये विभाव कृतक हैं तब इनसे भय स्थायी भाव कैसे उत्पन्न होगा। और भय के अभाव में भयस्थायिभावात्मक भयानक रस भी कैसे होगा। उत्तर। बहुत काल तक भय के अनुवर्तन करने से वह स्वाभाविक मालूम पड़ने लगता है जिसके फलस्वरूप उसमें आस्वाद आने लगता है अतः वह भय रस होता है न कि व्यभिचारी। व्यभिचारी वह तब ही सकता है जब वह स्वाभाविक नहीं हो अर्थात् कृत्रिम हो। कृत्रिम होने में कारण है वह कुछ काल तक निरन्तर नहीं रहता है।

गात्रमुखदृष्टिभेदैरूरुस्तम्भाभिवीक्षणोद्वेगैः ।
सन्नमुखशोषहृदयस्पन्दनरोमोद्गमैश्च भयम् ॥७०॥
एतत्स्वभावजं स्यात्सत्त्वसमुत्थं तथैव कर्तव्यम् ।
पुनरेभिरेव भावैः कृतकं मृदुचेष्टितैः कार्यम् ॥७१॥

### अभिनवभारती

गात्रादीनां भेदो वर्णकर्मसंस्थानादिविपर्ययः । वीक्ष्यमतिक्रम्य अभिवीक्षणं कान्दिशीकत्वेन निर्लक्षचक्षुःकृतम् । उद्वेगः चलनम् । सादो गात्राणां स्रस्तता । मुखस्य तालुनि शोषः । हृदयस्पन्दनमतिवेगेन । इह भयमित्यभिनेयमिति भयानको नित्यमभिनेय इत्यार्थांशः सम्बध्यते ।

ता एता आर्या एकप्रघट्टकतया पूर्वाचार्यैर्लक्षणत्वेन पठिताः । मुनिना तु सुखसङ्ग्रहाय यथास्थानं निवेशिताः ।

सत्त्वसमुत्थमिति । सत्त्वं मनस्समाधानं तज्जन्मकमिति । नटस्येयं शिक्षा ।

सा च सर्वविषयेति टीकाकारः । तदिदमसत् । कविनटशिक्षार्थमेव सर्वमिदं प्रकरणम् । लोके विभावानुभावाभिनयादिव्यवहाराभावात् । तस्मादयमत्रार्थः—

### बालक्रीड़ा

(मूल) गात्र के टूटने, मुख की सन्नता एवं दृष्टि के भेद से ऊरुओं के स्तम्भ, चारों तरफ देखने, उद्वेग, मुख की सन्नता विवर्णता, तालु के शोष, हृदय के स्पन्दन रोमों के उद्गम से भय का अभिनय करना चाहिए ॥७०॥

(मूल) यह जिस प्रकार स्वाभाविक भय का अभिनय कर्तव्य है तथैव सत्वसमुत्थ भय का अभिनय कर्तव्य होगा । इस तरह फिर इन्हीं भावों एवं मृदु चेष्टाओं से उत्तम पुरुष निष्ठ कृतक भय का अभिनय करना चाहिए ॥७१॥

गात्र का भेद अवयवसंस्थान का विपर्यय है । मुख का भेद वर्ण का विपर्यय है । दृष्टि का भेद आँखों की क्रियाओं में विपर्यय है । अभिवीक्षण माने वीक्षणीय वस्तु को अतिक्रमण करके कान्दिशीक होना अर्थात् भय से पागल होकर उद्देश्य हीन इधर-उधर देखना । उद्वेग का अर्थ है भय से चलन । साद का अर्थ है गात्रों का गिरने जैसा । मुख के तालु में सूखना । अतिवेग से हृदय का स्पन्दन । यहाँ "स्पन्दन रोमोद्गमैश्च भयम्" इस कारिकामें उपात्त भय पद का भयानको नित्यमभिनेयः इस अगली कारिका के अभिनेयः पद से लिङ्ग विपर्यय करके सम्बन्ध है । अतः भयमभिनेयम् इस रूप से अन्वय विवक्षित है उसका अर्थ है कि उक्त कार्यों से भय का अभिनय करना चाहिए । एक प्रघट्टक के रूप में निर्दिष्ट ये वे आर्या हैं जिनको पूर्व आचार्यों ने लक्षण के रूप में पाठ किया था । मुनि ने तो शिष्यों को सुखपूर्वक संग्रह करने के लिए इनका उचित स्थान में निवेश कर दिया । सत्त्व समुत्थ में सत्व का अर्थ मनस्समाधान है । समुत्थ का अर्थ है उस मनः समाधान से जिसका जन्म हो इस प्रकार यह नट की शिक्षा है । यह शिक्षा भय के विषय में ही सीमित नहीं है किन्तु सभी

करचरणवेपथुस्तम्भगात्रहृदयप्रकम्पेन ।
शुष्कोष्ठतालुकण्ठैर्भयानको नित्यमभिनेयः ॥७२॥

अभिनवभारती

एतत्तावद्भयं स्वभावजं रजस्तमःप्रकृतीनां नीचानामित्यर्थः। येऽपि च सत्त्वप्रधानास्तेषां सत्त्वसमुत्थं प्रयत्नकृतमेभिरेवानुभावैः कार्यम्। किन्तु मृदुचेष्टितैः यतस्तत्कृतकम्। पुनः शब्दो विशेषद्योतकः। ननु च किमिति राजादिर्गुर्वादिभ्यो भयं कृतकं दर्शयति। दर्शयित्वा किमिति मृदून् गात्रकम्पनादीन्प्रदर्शयति। किमिति च भयानक एव कृतकत्वमुक्तम्। सर्वस्य हि कृतकत्वमुक्तं भवति। यथा वेश्या धनार्थिनीति कृतकां रतिमादर्शयति—इत्याशङ्क्य साधारणमुत्तरमाह—तथैव कार्यमिति। भये हि प्रदर्शिते गुरुर्विनीतं जानाति। मृदुचेष्टिततया नाधमप्रकृतिमेनं गणयति। कृतकशृङ्गाराद् वेश्योपदिष्टानां न काचित्पुरुषार्थसिद्धिः। तेनैव युक्तेन प्रकारेण कार्यः पुरुषार्थविशेषो लभ्यते। यत्र तु राजा कृतकं परानुग्रहाय क्रोधविस्मयादीन्दर्शयति तत्र व्यभिचारितैव तेषां न स्थायितेत्येतदर्थसूचिकामेव गुरुवंशान्तर प्रसिद्धामार्यां पठति—करचरणेति। नित्यमिति। कृतकत्वेऽकृतकत्वे च ॥ ७२॥

इति भयानकरसप्रकरणम् ॥

बालक्रीडा

(मूल) हाथ एवं पैर के कम्पन, स्तब्धता, गात्र के टूटने, हृदय के प्रकम्पन, ओठ तालु एवं कण्ठों के सूखने से भयानक का नित्य अभिनय करना चाहिए ॥७२॥

विषयों के लिए है। ऐसा किसी टीकाकार का मत है। उसके लिए आचार्य कहते हैं कि यह सब प्रकरण कवि और नट की शिक्षा के लिए है। लोक में विभाव अनुभाव एवं अभिनय प्रभृति शब्दों का व्यवहार नहीं है। इसलिए यहाँ यह अर्थ है कि वह भय स्वभाव से रजोगुणी एवं तमोगुणी नीच प्रकृतियों में पैदा होता है। और जो सत्वगुण प्रधान हैं उनमें यह सत्व समुत्थ है यानी समाहित मन के द्वारा प्रयत्न से सम्पन्न किया जाता है अतः इन अनुभावों से इसका अभिनय करना चाहिए। किन्तु मृदु चेष्टाओं से। क्योंकि यह कृतक है। पुनःशब्द विशेष का द्योतक है।

प्रश्न—राजा गुरु आदि से बनावटी भय की (रंग मंचपर) क्यों दिखाया जाता है कृत्रिम भय का प्रदर्शन करके फिर मृदु चेष्टाओं गात्र कम्पन आदि को क्यों प्रदर्शित करता है। और भयानक को ही कृत्रिम क्यों कहते हैं शृंगार आदि सभी रस कृत्रिम हो सकते हैं। जैसे वेश्या धन को चाहती है अतः कृत्रिम रति का प्रदर्शन करती है। ऐसी आशंका करके साधारण उत्तर कहते हैं कि वैसे ही करना चाहिए। भय के दिखाने पर गुरु विनीत समझता है। मृदु चेष्टाओं के कारण गुरु इसकी अधम प्रकृतियों में गणना नहीं करता है। कृत्रिम शृंगार करने वाली वेश्या को उपदिष्ट पुरुषार्थों में से किसी पुरुषार्थ की सिद्धि नहीं होती है। इसलिए जो प्रकार बतला दिया है उसी शैली से पुरुषार्थ विशेष को करना चाहिए। यह शिक्षा मिलती है। जहाँ तो राजा दूसरों को विनय सिखाने के लिए (यथदा-

अथ बीभत्सो नाम जुगुप्सास्थायिभावात्मकः। स चाहृद्याप्रियाचोष्यानिष्टश्रवणदर्शनकीर्तनादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तस्य सर्वाङ्गसंहारमुखविकूणनोल्लेखननिष्ठीवनोद्वेजनादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। भावाश्चास्यापस्मारोद्वेगावेगमोहव्याधिमरणादयः। अत्रानुवंश्ये आर्ये भवतः—

## अभिनवभारती

### अथ बीभत्सरसप्रकरणम् ॥

अवसरप्राप्तं बीभत्सरसं लक्षयति—अथेति। हृदयस्यापि किञ्चित्कस्यचिन्निसर्गतोऽप्रयतं लशुनमिव द्विजानाम्। यथा श्लेष्मोपहतस्य क्षीरम्। अप्रियं पित्तादिदोषात्। अचोष्यं स्वरूपेणादुष्टमपि तु मलाद्युपहतम्। अनिष्टं यत्रानिशमुपभुक्तत्वेनेच्छा निवृत्ता। संहारः पिण्डीकरणम्। मुखस्येति तदङ्गानां सङ्कोचनम्।

## बालक्रीडा

(मूल) अब बीभत्स रस का लक्षण लिखते हैं। बीभत्स रस जुगुप्सा स्थायी भाव स्वरूप है। वह अहृद्य, अप्रिय, अचोष्य (अकथनीय) और अवाञ्छित वस्तु के सुनने देखने एवं कीर्त्तन आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसका अभिनय सर्वांग के संहार सिकुड़न, मुख एवं नासिका के विकूणन, उल्लेखन, अंगों की जीर्णता, थूकना एवं उद्वेजन आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसके व्यभिचारी भाव अपस्मार, आवेग, मोह, व्याधि, एवं मरण आदि हैं।

यहाँ अनुवंश्य आर्या हैं—

चरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः के अनुसार) क्रोध एवं विस्मय आदि को (कृतकं यथा स्यात्तथा) कृत्रिमरूप में दिखाता है वहाँ वे क्रोध आदि व्यभिचारी ही हैं स्थायी नहीं हैं। इस बात की सूचना देनेवाली गुरु कुल के अन्तर मध्य में यानी गुरु कुल में (यहाँ अन्तरशब्द मध्य अर्थ का वाचक है जैसा कि कोष में मिलता है—अन्तरमवकाशावधिपरिधानान्तर्द्धि भेदतादर्थ्ये। अवसरमध्यान्तरात्मनि छिद्रात्मीयविना बहिः सदृशे) प्रसिद्ध आर्या को पढ़ते हैं। करचरणेति। नित्यम् इससे कृतकत्व एवं अकृतकत्व दोनों अवस्थायें ग्राह्य हैं ॥७२॥

इस तरह भयानक रस का प्रकरण समाप्त हुआ। अथ बीभत्स रस के प्रकरण का आरम्भ करते हैं।

अब अवसर प्राप्त बीभत्स रस का लक्षण कहते हैं। "अथ" इति। कुछ वस्तुएँ ऐसी हैं जो सभी के हृदय को स्वभाव से ही अप्रयत प्रयत्न से वर्जनीय होते हैं जैसे ब्राह्मणों के लिए लहसुन। कफ से पीड़ित को दूध कफवर्द्धक होने से अग्राह्य है। पित्तादि दोष से कुछ वस्तु अप्रिय होती है पित्त से बिगड़ी हुई जिह्वा के लिए मिश्री कड़वी मालूम देती है। अचोष्य का अर्थ है जो स्वरूप से दुष्ट नहीं है अपितु मल अमेध्य पदार्थ से दूषित होने से चूसने के योग्य नहीं है। अनिष्ट वह वस्तु है जिसका बराबर उपभोग करते रहने से जिस पर से

अनभिमतदर्शनेन च गन्धरसस्पर्शशब्ददोषैश्च ।
उद्वेजनैश्च बहुभिर्बीभत्सरसः समुद्भवति ॥७३॥
मुखनेत्रविकूणनया नासाप्रच्छादनावनमितास्यैः ।
अव्यक्तपादपतनैर्बीभत्सः सम्यगभिनेयः ॥७४॥

अथाद्भुतो नाम विस्मयस्थायिभावात्मकः । स च दिव्य-
जनदर्शनेप्सितमनोरथावाप्त्युपवनदेवकुलादिगमनसभाविमान -

अभिनवभारती

उल्लेखनं शीर्णत्वम् । निष्ठीवनं कफनिरासनम् । उद्वेजनं गात्रोद्धूननम् । नासा-
प्रच्छादनं दुर्गन्धप्राये दृष्टम् । प्रतिघातादव्यक्तानि पादयोः पतनानि । यदि
वाऽस्थिकङ्कालाद्याकुले पितृवने सञ्चरतोऽस्फुटितानि पादपतनानि क्वचिद्दीर्घाणि
अन्यत्र ह्रस्वानि इति ॥७४॥

इति बीभत्सरसप्रकरणम् ॥

अथाद्भुतरसप्रकरणम् ।

पर्यन्तेऽद्भुत इत्युक्तमतः सर्वान्तेऽद्भुतं लक्षयितुमाह—अथेति । दिव्या गन्ध-
र्वादयः । ईप्सितः शक्यप्राप्तिरर्थः । अन्यो मनोरथः । तयोः प्राप्तिरुपचयनम् ।

बालक्रीडा

(मूल) अनभिमत पदार्थ के देखने, दुष्ट गन्ध, दुष्ट रस, दुष्ट स्पर्श, दुष्ट शब्द एवं बहुत प्रकार के उद्वेजक पदार्थों से बीभत्स रस पैदा होता है ॥७३॥

(मूल) मुख एवं नेत्रों के विकूणन टेढ़े करते हुए सिकोड़ने, नासिका के ढक लेने, शिर को झुकाने और ऊबड़ खाबड़ ऊँचे नीचे पैरों के गिरने से बीभत्स रस का सम्यक् अभिनय करना चाहिए ॥७४॥

(मूल) अब अद्‌भुत रस का लक्षण लिखते हैं। विस्मयस्थायीभाव स्वरूप अद्‌भुत रस होता है। वह अद्‌भुत दिव्यजनों के दर्शन, ईप्सित (जिसको प्राप्त करना असंभव नहीं

इच्छा ही हट गई है निवृत्त हो गई है। मुख का विकूणन मुँह आँख नाक भौंह वगैरह अंगों के सिकोड़ने का उपलक्षण है। उल्लेखन मानी घाव। सर्वांग संहार माने अंगों का पिण्डीकरण। निष्ठीवन कफ को थूकना। उद्वेजनं गात्र को कँपाना। नासिका का ढँक लेना जो कि दुर्गंधित वस्तु के अनुभव में आने पर प्रायः देखा गया है या जाता है। आघात प्रतिघात होने पर ठोकर लगने पर पैरों का अव्यक्त पतन। अथवा हड्डी एवं कंकाल से व्याप्त श्मशान में घूमने वाले का अस्फुरित पादपतन अर्थात् कहीं पर डाक-डाक कर लम्बे-लम्बे पैरों को रखना।१७४। इस प्रकार बीभत्सरस का प्रकरण समाप्त हुआ।

अथ अद्‌भुत रस का प्रकरण शुरु किया जाता है। पर्यन्तेऽद्‌भुतः इस प्रकार कहा था अतः सर्व के अन्त में अद्‌भुत का लक्षण करने के लिए कहते हैं। 'अथ' इति। दिव्य पद से

मायेन्द्रजालसम्भावनादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तस्य नयनविस्तारानिमिषप्रेक्षणरोमाञ्चाश्रुस्वेदहर्षसाधुवाददानप्रबन्धहाहाकारबाहुवदनचेलाङ्गुलिभ्रमणादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। भावाश्चास्य आवेगसम्भ्रमजडताचलनादयः। अत्रानुवंश्ये आर्ये भवतः—

यत्त्वतिशयार्थयुक्तं वाक्यं शिल्पं च कर्मरूपं वा।
तत्सर्वमद्भुतरसे विभावरूपं हि विज्ञेयम् ॥७५॥

## अभिनवभारती

देवकुले च गमनम्। तस्याद्भुतविभावो येन तत्रत्यं सरसनिवेशादि न क्वचित् दृष्टम्। सभा गृहविशेषः। विमानादीनि दिव्यरथाः। माया रूपपरिवर्तनादिका। इन्द्रजालं मन्त्रद्रव्यवस्तुयुक्त्यादिना असम्भववस्तुप्रदर्शनम्। तस्येत्यद्भुतस्य। हर्षशब्देनात्र तदनुभावाः। साध्विति वदनं साधुवादः। दानं धनादेः प्रबन्धं सततं कृत्वा। हाहाशब्दस्य करणम् चेलस्याङ्गुलेश्च भ्रमणम्।

अतिशेत इत्यतिशयः। अन्यापेक्षया योऽर्थ उत्कृष्टः। तेन वाच्यभूतेन युक्तं यद्वाक्यं यच्च शिल्पं कर्मरूपं कर्मात्मकं, 'प्रशंसायां रूपप्'। सर्वमित्येवंप्रकारमिति

## बालक्रीडा

(मूल) है) एवं मनोरथ (ईप्सित से भिन्न इष्ट वस्तु) की प्राप्ति, उपवन एवं देवकुल में गमन, सभा, विमान, माया इन्द्रजाल एवं सम्भावना आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसका अभिनय नयनों के फाड़ने बिना पलक झपकाये देखने। रोमोद्गम, स्तम्भ, गद्गदिका, प्रलय अश्रु, स्वेद, हर्ष, साधुवाद, दान के प्रबन्ध करने, हाहाकरके हँसने, बाहु वदन चेल (वस्त्र) एवं अंगुलियों के भ्रमण आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसमें व्यभिचारी भाव आवेग, संभ्रम, जड़ता एवं चपलता आदि हैं। इस प्रसंग में अनुवंश्य आर्या है—

(मूल) अतिशय से युक्त जो भी वाक्य, शिल्प एवं प्रशंसित कर्म हैं (कर्मरूपं पद में प्रशंसा में रूपप् प्रत्यय है) उन सबको अद्भुत रस में विभाव समझना चाहिए ॥७५॥

गन्धर्व आदि का ग्रहण है। ईप्सित वह अर्थ है जिसको प्राप्त करने की इच्छा की जा सकती है। ईप्सित से अन्य इच्छा का नाम मनोरथ है। ईप्सित और मनोरथ की प्राप्ति का नाम उपचयन है। देवकुल में जाना। जिसने देवकुल का आकर्षक निवेश नहीं देखा है उसके लिए देवकुल में जाना अद्भुत रस का विभाव है। सभा एक गृह विशेष है। विमानादि दिव्यरथ हैं। माया का अर्थ है रूप का परिवर्तन आदि। इन्द्रजाल उसे कहते हैं जिसके द्वारा मन्त्र द्रव्य वस्तु एवं युक्ति आदि से असंभव वस्तु को दिखा देना। तस्य का अर्थ है अद्भुत का। हर्ष शब्द से यहाँ हर्ष के अनुभावों का ग्रहण है। साधु-साधु ऐसा कहना साधुवाद है। धन आदि का दान एवं उसका सन्तत प्रबन्ध करना। वदन बाहु चेल (वस्त्र) एवं अंगुली का घुमाना आदि। हाहाशब्द करना अर्थात् ठहाका मारकर हँसना। अतिक्रम

स्पर्शग्रहोल्लुकसनैर्हाहाकारैश्च साधुवादैश्च ।
वेपथुगद्गदवचनैः स्वेदाद्यैरभिनयस्तस्य ॥७६॥

शृङ्गारं त्रिविधं विद्याद्वाङ्नेपथ्यक्रियात्मकम् ।
अङ्गनेपथ्यवाक्यैश्च हास्यरौद्रौ त्रिधा स्मृतौ ॥७७॥

अभिनवभारती

यावत् । स्पर्शग्रहशब्देन वह्निभावादयः । अभिनयो वक्ष्यमाणो लक्ष्यते ।

'किञ्चिदाकुञ्चिते नेत्रे कृत्वा भ्रूक्षेपमेव च ।
तथांसगण्डयोः स्पर्शात्स्पर्शमेवं विनिक्षिपेत् ॥'

(ना. शा. २२-७७) इति ।

गात्रस्योर्ध्वं साह्लादं धूननमुल्लुकसनम् । बहुवचनं प्रकृतिभेदेन प्रकारवैचित्र्यं सूचयति ॥७६॥

इत्यद्भुतरसप्रकरणं समाप्तम् ।

## अथ रसेषु भेदप्रदर्शनम्

अथ प्रधानभूतविभावानुगुणभावप्रतिपादनं भेदप्रदर्शनव्याजेन करोति—शृङ्गारमित्यादिना । वाक्यरौद्रो हि तत्र स्वभावरौद्र इति व्यवहरिष्यते । स्वभावानुसारित्वाद्वाक्यस्य । धर्मोपघातज उत्तमानामपि शोचनहेतुत्वात् । शोकशब्देन

बालक्रीडा

(मूल) स्पर्शग्रह मानी अद्भुतरस के विभावों, उल्लुकसन बड़े आनन्द के साथ गात्र का ऊपर की तरफ कँपाने, हाहा करके हँसने, साधु-साधु कहने, वेपथु, गद्गद वचनों एवं स्वेद आदि से अद्भुत रस का अभिनय करना चाहिए ॥७६॥

(मूल) वाणी, नेपथ्य एवं क्रिया रूप तीन प्रकार से युक्त शृंगार हास्य एवं रौद्र को समझना चाहिए ॥७७॥

कर जाना अतिशय है। अन्य की अपेक्षा जो अर्थ उत्कृष्ट है। उस वाच्यभूत अर्थ से युक्त जो वाक्य जो शिल्प एवं प्रशंसनीय कर्म अर्थात् इस तरह का जो कुछ भी है वह सब स्पर्श ग्रह शब्द से उसके विभावादि को लेना। अभिनय जिसको आगे कहेंगे।

नेत्रों को कुछ आकुंचित एवं भ्रूका क्षेप करके अंस कन्धे और कपोल के स्पर्श से स्पर्श का अभिनय करे।

गात्रको बड़े आनन्द के साथ कँपाना उल्लुकसन कहलाता है। स्पर्शग्रह इत्यादि श्लोक के पांच पदों में उपात्त बहुवचन प्रकृति भेद से प्रकार वैचित्र्य को सूचित करता है। इस प्रकार अद्भुत रसका प्रकरण समाप्त हुआ।

अब रसों में भेदों का प्रदर्शन करते हैं। अब प्रधानभूत विभावों के अनुगुण भावों का प्रतिपादन उनके भेदों के प्रदर्शन के बहाने करते हैं। शृंगारमित्यादि से। वाक्यरौद्र को

धर्मोपघातजश्चैव तथार्थापचयोद्भवः ।
तथायोगकृतश्चैव करुणस्त्रिविधःस्मृतः ॥७८॥
दानवीरं धर्मवीरं युद्धवीरं तथैव च ।
रसं वीरमपि प्राह ब्रह्मा त्रिविधमेव हि ॥७९॥

### अभिनवभारती

स्वजनादिनाशश्च । एते त्रयो विभावाः । धर्मशब्देनाग्निष्टोमादिक्रिया । अत एतच्च जनादि नियमानुभावात्मकम् । प्रतिनायकगतं तु विभावरूपमपि । व्याजादिति । कृतक इत्यर्थः । अनेनानुभावमार्दवं दर्शितम् । अपराध्यन्तीत्यपराधाश्चौरादयः । यत्र स्वभावतस्तद्धृदयानां स्त्रीबालादीनां तृणेऽपि कम्पमाने भयं तद्वित्रासितकम् । विशेषेण त्रास्यत इति वित्रासितो बालादिः । तत्प्रकृतित्वाद्भयानकं तथोक्तम् । ततः संज्ञायां कन् ।

गुर्वाद्यपराधात्परमार्थतोऽप्युत्तमानां भयावेग इति त्वसत् । भयं हि विनाशशङ्कात्मकं नोत्तमेषु संभवति । यथा च भयं नाम स्त्रीनीचप्रकृतिकमिति सामान्येन लक्ष्यते ।

### बालक्रीडा

(मूल) धर्म के उपघात, अर्थ के विनाश तथा प्रयोग के कारण करुण तीन प्रकार का है ॥७८॥

(मूल) ब्रह्मा जी ने वीर रस को दानवीर धर्म वीर एवं युद्धवीर भेद से तीन प्रकार का कहा है ॥७९॥

यहाँ स्वभावरौद्र कहेंगे । क्योंकि वाक्य का प्रयोग व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार करता है । धर्म के उपघात से करुण उत्पन्न होता है । जो कि वह उत्तमपुरुषों के शोक का कारण होता है । शोक शब्द से स्वजनादि का नाश कहा है । ये तीन विभाव हैं । धर्म शब्द से अग्निष्टोमादि क्रियाओं का ग्रहण है । इन का गजन नियम से अनुभाव स्वरूप है । प्रतिनायक निष्ठ विभाव भी अनुभाव है । व्याज से कहने का आशय है कि भय कृतक है । इससे कृतक भय के अनुभावों में चेष्टाओं में मृदुता दिखलाई । जो अपराध करते हैं वे चोर यहाँ अपराध शब्द से गृहीत हैं । स्वभाव से ही जिनका हृदय डरपोक है ऐसी स्त्री बालक एवं नीच प्रकृति पुरुष उनको जो तिनके के हिलने पर भय होता है उसे वित्रासितक कहते हैं । विशेष रूप से डराये जाते हैं इसलिए वित्रासित बाल आदि हैं । उनकी प्रकृति ही वैसी है इसलिए भयानक को वैसा कहा । यहाँ भी धातु से संज्ञा में अनेक प्रत्यय होते हैं । और भी के ईकार को गुण एवं अयादेश होता है । अथवा वित्रासित शब्द से संज्ञा में कन् प्रत्यय करने पर वित्रासितक बना है ।

गुरु एवं राजा आदि के साथ अपराध करने पर उत्तम पुरुषों को भी परमार्थतः भय का आवेग होता है । यह कहना असत् है । क्योंकि भयका अर्थ है विनाश की शंका ।

व्याजाच्चैवापराधाच्च वित्रासितकमेव च ।
पुनर्भयानकश्चैव विद्यात् त्रिविधमेव हि ॥८०॥
बीभत्सः क्षोभजः शुद्ध उद्वेगी स्यात् द्वितीयकः ।
विष्ठाकृमिभिरुद्वेगी क्षोभजो रुधिरादिजः ॥८१॥
दिव्यश्चानन्दजश्चैव द्विधा ख्यातोऽद्भुतो रसः ।
दिव्यदर्शनजो दिव्यो हर्षादानन्दजः स्मृतः ॥८२॥

### अभिनवभारती

रुधिरान्त्रादिदर्शनाद्यो बीभत्सः क्षोभणत्वाच्छुद्धः। यस्तु विष्ठादिभ्यः स उद्वेगी हृदयं चलयति सोऽशुद्धः। अशुद्धविभावकत्वात्। उपाध्यायस्त्वाह—बीभत्सस्तावद्विभावविशेषात्। यत्र तु संसारनाट्यनायकरागप्रतिपक्षतया मोक्षसाधनत्वाच्छुद्धः। यदाहुः—'शौचात्स्वाङ्गजुगुप्सा' इति। तथा 'वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम्।' (योगसू. २.४०,३३) इति। तेन सोऽपि परमार्थतस्त्रिविध एव। द्वितीयक इत्यनेन तस्य दुर्लभत्वेनाप्राचुर्यं सूचयति।

दिव्य इति। यत्र स्वभावविमानादयोऽनुभावाः। आनन्दयतीत्यानन्दो मनोरथावाप्त्यादिः। स एव हर्षयतीति हर्षः।

### बालक्रीड़ा

(मूल) व्याज यानी किसी बहाने से (कृत्रिम) अपराध एवं डरादेने वाली वस्तुओं से त्रिविध भयानक को जानना चाहिए ॥८०॥

(मूल) बीभत्स दो प्रकार का है एक क्षोभज जो कि शुद्ध है द्वितीय उद्वेगी। उनमें विष्ठा एवं उसके कृमियों से उत्पन्न होने वाला उद्वेगी है और रुधिर आदि को देखकर होने वाला क्षोभज है ॥८१॥

(मूल) अद्भुत रस दो प्रकार का है। एक दिव्य दूसरा आनन्द जन्य। दिव्य के दर्शन से दिव्य और हर्षोद्रेक से आनन्दज होता है ॥८२॥

यह शंका उत्तम पुरुषों को नहीं होती है। जैसा कि भय वह पदार्थ है जो स्त्री, बाल एवं नीचों में स्वभावतः रहता है ऐसा सामान्यरूप से लक्षण किया है। रुधिर एवं अन्त्र आदि के दर्शन से जो बीभत्स होता है वह क्षोभकारी है वह शुद्ध है। और जो तो विष्ठा आदि के द्वारा होता है वह उद्वेगी है। जो हृदय को चंचल कर देता है वह अशुद्ध है। क्योंकि वह अशुद्ध विभावों से पैदा हुआ है। उसपर उपाध्याय जी तो कहते हैं कि जो बीभत्स विभाव विशेष के कारण संसार रूपी नाटक के नायक में रहने वाले राग के प्रतिपक्ष विरोधी रूप होने से मोक्ष का साधन है वह शुद्ध है। जैसा कि कहा है शौच से अपने अंगों में जुगुप्सा होने लगती है। वितर्कों के द्वारा बाधा उपस्थित होने पर उन वितर्कों में प्रतिपक्ष की भावना करनी चाहिए। इसलिए वस्तुतः वह बीभत्स भी तीन प्रकार का ही है

**अथ शान्तो नाम शमस्थायिभावात्मको मोक्षप्रवर्तकः। स तु तत्त्वज्ञानवैराग्याशयशुद्ध्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्य यमनियमाध्यात्मध्यानधारणोपासनसर्वभूतदयालिङ्गग्रहणस्तम्भरोमाञ्चादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। व्यभिचारिणश्चास्य**

अभिनवभारती

एषु च 'शृङ्गारम्' इत्यादिषु श्लोकेषु चकारा विभावानुभावान्तरनिरासशङ्कां पराकर्तुम्। एवकाराः इयन्त एव तेषां मुख्यत्वेन सङ्गता इति दर्शनार्थाः। तथाशब्दा अनुक्तविभावाद्यूहनार्था इति यथायोगं योज्यम्। (८२)

इति रसानां भेदप्रदर्शनम्

अथ शान्तरसप्रकरणम्

ये पुनर्नव रसा इति पठन्ति तन्मते शान्तस्वरूपमभिधीयते। तत्र केचिदाहुः—शान्तः शमस्थायिभावात्मकस्तपस्यायोगसम्पर्कादिभिः विभावैरुत्पद्यते। तस्य कामक्रोधाद्यभावरूपैरनुभावैरभिनयः। व्यभिचारी धृतिमतिप्रभृतिः। इति।

एतदपरे न सहन्ते। शमशान्तयोः पर्यायत्वात्। एकान्नपञ्चाशद्भावा इति सङ्ख्यात्यागात्। किञ्च विभावा ऋतुमाल्यादयस्तत्समनन्तरभाविनि शृङ्गारादावनुसन्धीयन्ते इति युक्तम्। तपोऽध्ययनादयस्तु न शान्तस्य, शमस्य [ये] हेतवः।

बालक्रीडा

(मूल) अब शान्त रस का लक्षण लिखते हैं। मोक्ष में प्रवृत्त करने वाला निर्वेद स्थायी स्वरूप शान्त रस है। वह तत्त्वज्ञान वैराग्य एवं आशय (चित्त) की शुद्धि आदि विभावों से उत्पन्न होता है।

(मूल) इसका अभिनय यम, नियम एवं आत्मविषयक ध्यान धारण और उपासन तथा सब भूतों पर दया, लिंगों माने व्रत या संन्यास आदि के चिह्नों का ग्रहण कर स्तब्धता एवं रोमाञ्च आदि अनुभवों से करना चाहिए।

इसके व्यभिचारी भाव हैं श्रम, स्मृति धृति एवं सर्वाश्रम सम्बन्धी शौच आदि हैं।

द्वितीयक कहने का आशय है कि वह कथा दुर्लभ होने से उसकी अप्रचुरता को सूचित करता है। दिव्य वह हैं जहाँ देव सभा एवं देव विमान आदि विभाव हैं। जो आनन्दित करते हैं वे मनोरथावाप्ति आदि आनन्द हैं। वही हृष्ट कर देता है अतः हर्ष है। इन शृंगारम् आदि ६ श्लोकों में चकारों का उपन्यास उक्त विभाव एवं अनुभावों से अतिरिक्त विभाव एवं अनुभावों के निरास करने की शंका को हटाने के लिए किया है। एवकार से यह दिखलाते हैं कि उतने ही उनमें मुख्य रूप से संगत हैं। और तथा शब्द अनुक्त विभावों की ऊहा करने के लिए कहे हैं ऐसी युक्ति के अनुसार व्यवस्था करनी चाहिए।

अब शान्तरस के प्रकरण का आरम्भ करते हैं। जो तो नौ रस मानते हैं उनके मत में शान्त के स्वरूप को कहते हैं। उसके विषय में कोई कहते हैं शान्त का स्थायी भाव

निर्वेदस्मृतिधृतिसर्वाश्रमशौचादयः । अत्रार्याः श्लोकाश्च भवन्ति—

अभिनवभारती

तत्त्वज्ञानस्यानन्तरहेतव इति चेत्पूर्वोदितत्तत्त्वज्ञानेऽपि तर्हि एवां प्रयोज्यतेति तपोऽध्ययनादीनां विभावता त्यक्ता स्यात्। कामाद्यभावोऽपि नानुभावः। अशान्त्वाद्विपक्षादव्यावृत्तेः। अगमकत्वात्प्रयोगासमवायित्वाच्च। न हि चेष्टाव्युपरमः प्रयोगयोग्यः। सुप्तमोहादयोऽपि हि निःश्वासोच्छ्वासपतनभूपिततादिभिश्चेष्टाभिरेवानुभाव्यन्ते। धृतिप्रभृतिरपि प्राप्तविषयोपभोगः कथं शान्ते स्यात्। न चाकिञ्चित्करत्वमात्रेण तत्त्वज्ञानोपाये व्युत्पाद्यन्ते विनेयाः ; परदुःखदुःखितमनसो दृश्यन्ते सम्यग्दर्शनसमावस्थां प्राप्ताः। अपि तु संसारे। तन्न शान्तो रस इति।

अत्रोच्यते—इह तावद्धर्मादित्रितयमिव मोक्षोऽपि पुरुषार्थः। शास्त्रेषु स्मृतीतिहासादिषु च प्राधान्येनोपायतो व्युत्पाद्यत इति सुप्रसिद्धम्। यथा च कामा-

बालक्रीड़ा

शम है उसकी उत्पत्ति तपस्या एवं योगिसम्पर्क आदि से होती है। और उसका अभिनय काम क्रोध एवं भय आदि के अभाव रूप अनुभावों एवं धृति मति व्यभिचारियों से किया जाता है। इति। इसका अपर लोग सहन नहीं करते हैं। वे कहते हैं कि शम और शान्त पर्याय हैं। इसके सिवाय यह बात भी है कि यदि शम को स्थायी भाव मानोगे तो ४९ भाव होते हैं ऐसी मुनि के द्वारा गणना की गई भावों की संख्या का त्याग करना पड़ेगा। किंच ऋतु एवं माला आदि उद्दीपन विभावों का उनके समनन्तरभावी शृंगार आदि में अनुसन्धान किया जाता है यह युक्त है। तप एवं अध्ययन आदि जो अंतःकरण के शम के हेतु हैं वे शान्त के हेतु नहीं है।

अगर कहे कि ये तप और अध्ययन आदि तत्वज्ञान के अन्तर अवकाश से रहित अर्थात् साक्षात् हेतु है तो पहिले बतलाये हुए तत्त्वज्ञान में भी इनका प्रयोग होना चाहिए। इसतरह तो तप एवं अध्ययन आदि शम के विभाव नहीं बन पायेंगे। और विपक्ष अशान्त से व्यावृत्ति नहीं होने के कारण और शान्त के गमक नहीं होने तथा प्रयोग में समवायी नहीं होने से काम क्रोध एवं भय आदि का अभाव अनुभाव नहीं बनेगा। क्योंकि चेष्टाओं के उपराम का प्रयोग अभिनय तत्वज्ञान की अवस्था में नहीं हो सकता है। जिन में चेष्टा का विराम है उन सुप्तत्व मोह आदि का भी निःश्वास उच्छ्वास एवं भूमि में पतन और उषितत्व निवास (भूपितनिःशेष परिजन देव की तरह उषित शब्द यहाँ है) आदि से अनुभव किया जाता है। विषयों का उपभोग जिस में प्राप्त हो चुका है ऐसे धृतिप्रभृति भी शान्त में व्यभिचारी कैसे हो सकेंगे। यदि कहें कि केवल अकिंचित्करता से तत्त्वज्ञान के उपाय के विषय में इन विनेयों को व्युत्पन्न नहीं किया जाता है। अपितु संसार में ये विनेय दूसरों के दुःख से दुखित मन वाले अतएव सम्यक् ज्ञान से सम अवस्था को प्राप्त हुए दिखाई देते है। अतः शान्त रस नहीं है।

## अभिनवभारती

षु समुचिताश्चित्तवृत्तयो रत्यादिशब्दवाच्याः कविनटव्यापारेणास्वादयोग्यताप्रापणद्वारेण तथाविधहृदयसंवादयतः सामाजिकान्प्रति रसत्वं शृङ्गारादितया नीयन्ते तथा मोक्षाभिधानपरमपुरुषार्थोचिता चित्तवृत्तिः किमिति रसत्वं नानीयत इति वक्तव्यम्। या चासौ तथाभूता चित्तवृत्तिः सैवात्र स्थायिभावः। एतत्तु चिन्त्यम्। किं नामासौ—तत्त्वज्ञानोत्थितो निर्वेद इति केचित्। तथा हि—दारिद्र्यादिप्रभवो यो निर्वेदः स ततोऽन्य एव। हेतोस्तत्त्वज्ञानस्य वैलक्षण्यात्। स्थायिसञ्चारिमध्ये चैतदर्थमेवायं पठितः। अन्यथा माङ्गलिको मुनिस्तथा न पठेत्। जुगुप्सां च व्यभिचारित्वेन शृङ्गारे निषेधन्मुनिर्भावानां सर्वेषामेव स्थायित्वसञ्चारित्वचिन्तनात्तावन्ति अनुभावत्वानि योग्यतोपनिपातितानि शब्दार्थबलाकृष्टान्यनुजानाति।

तत्त्वज्ञानजश्च निर्वेदः स्थाय्यन्तरोपमर्दकः। भाववैचित्र्यसहिष्णुभ्यो हि रत्यादिभ्यो यः परमः स्थायिशीलः स एव हि स्थाय्यन्तराणामुपमर्दकः। इदमपि पर्यनुयुज्यते—तत्त्वज्ञानजो निर्वेदोऽस्य च स्थायीति वदता तत्त्वज्ञानमेवात्र विभावत्वेनोक्तं स्यात्। वैराग्यबीजादीषु कथं विभावत्वम्। तदुपायत्वादिति चेत्कारणकारणेऽयं विभावताव्यवहारः। स चातिप्रसङ्गावहः।

## बालक्रीडा

इस पर उत्तर देते हैं कि यहाँ धर्म आदि अर्थात् धर्म (अर्थ एवं काम) तीन पुरुषार्थों की तरह मोक्ष भी चतुर्थ पुरुषार्थ है। स्मृति एवं इतिहासादि में तथा और शास्त्रों में धर्मादि की प्रधानता के साथ उपाय के रूप में सिखाया जाता है। यह सुप्रसिद्ध है। और जैसे कामादि पुरुषार्थों के समुचित और रत्यादि शब्दों से वाच्य चित्तवृत्तियाँ कवि और नट के व्यापार से आस्वाद की योग्यता को पहुँचादेने पर उस तरह के हृदय के संवाद वाले सामाजिकों के प्रति शृंगार आदि रूप से रस बनजाती हैं वैसे ही मोक्ष नामक परम पुरुषार्थ के उचित चित्तवृत्ति भी क्यों नहीं रस बनजायगी। इसका उत्तर दीजिए। इस लिए जो इस तरह की चित्तवृत्ति है वही यहाँ पर स्थायी भाव है। यह तो विचारणीय है कि इस का नाम क्या है। उत्तर। तत्त्व ज्ञान से उत्पन्न निर्वेद है। ऐसा कोई कहते हैं। जैसे कि दारिद्र्य से उत्पन्न होने वाला निर्वेद इस तत्त्वज्ञानोत्थ निर्वेद से अन्य ही है। क्योंकि इन के हेतु तत्त्वज्ञान एवं दारिद्र्य में वैलक्षण्य है। इसी विलक्षणता के बदौलत ही इस निर्वेद का स्थायी एवं संचारी भावों के मध्य में पाठ किया है। अन्यथा यदि विलक्षणता नहीं होती तो मांगलिक मुनि वैसे नहीं पढ़ते। और जुगुप्सा का व्यभिचारी के रूप से शृंगार में निषेध करने वाले मुनि ने सभी भावों में स्थायित्व और संचारित्व का चिन्तन किया है अतः योग्यता से प्राप्त और शब्द और अर्थ के बल से आकृष्ट उतने ही अनुभावों की अनुज्ञा करी है।

तत्त्वज्ञान से जन्य निर्वेद अन्य स्थायी भावो का उपमर्दक है। अन्य स्थायी भावों का उपमर्दक वही भाव हो सकता है जो भावों के वैचित्र्य को सहने वाले रत्यादि की अपेक्षा से परम स्थायी स्वभाव वाला है। यह भी प्रश्न होता है कि तत्त्वज्ञान जनित निर्वेद शांत का स्थायी होता है। ऐसी स्थिति में मुनि को कहना पड़ेगा कि तत्त्वज्ञान ही

## अभिनवभारती

किञ्च निर्वेदो नाम सर्वत्रानुपादेयताप्रत्ययः। वैराग्यलक्षणः। स च तत्त्वज्ञानस्य प्रत्युतोपयोगी। विरक्तो हि तथा प्रयतते यथाऽस्य तत्त्वज्ञानमुत्पद्यते। तत्त्वज्ञानाद्धि मोक्षः। न तु तत्त्वं ज्ञात्वा निर्विद्यते निर्वेदाच्च मोक्ष इति। 'वैराग्यात्प्रकृतिलयः।' इति हि तत्र भवन्तः (ई. कृ. सांख्यकारिका. ४५)।

ननु तत्त्वज्ञानिनः सर्वत्र दृढतरं वैराग्यं दृष्टम्। तत्र भवद्भिरप्युक्तं—तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम्' इति (योगसूत्र-१-१६)। भवत्वेवम्। तादृशं तु 'वैराग्यं ज्ञानस्यैव परा काष्ठा।' इति (व्यासभाष्य-१-१६) भुजङ्गविभुनैव भगवताऽभ्यधायि। तदिदं तत्त्वज्ञानमेवेदं वैराग्यमाख्यं परिपोष्यमाणमिति न निर्वेदः स्थायी। किन्तु तत्त्वज्ञानमेव स्थायीति भवेत्। यत्तु व्यभिचारिव्याख्यानावसरे वक्ष्यते तच्चिरकालविभ्रमविप्रलब्धस्योपादेयत्वनिवृत्तये। यत्सम्यग्ज्ञानम्—

यथा—

'वृथा दुग्धोऽनड्वांस्तनभरनता गौरिति परं
परिष्वक्तः षण्ढो युवतिरिति लावण्यरहितः।

## बालक्रीड़ा

शान्त में विभाव होता है। तब पुनः प्रश्न होता है कि वैराग्य के बीज तत्त्वज्ञान में विभावत्व कैसा। क्योंकि वहतो उसका उपाय है। यदि कारण के कारण में विभावत्व का व्यवहार होगा तो अतिप्रसंग हो जायगा।

सभी विषयों में अनुपादेयता का प्रत्यय निर्वेद पद का अर्थ है। जो वैराग्य स्वरूप है। वह अनुपयोगी न होकर प्रत्युत तत्त्वज्ञान का उपयोगी है। विरक्त पुरुष ऐसा प्रयत्न करता है जैसे इसको तत्त्वज्ञान उत्पन्न हो जाय। और तत्त्वज्ञान से मोक्ष होता है। न कि तत्त्व को समझने से पुरुष को निर्वेद होता है फिर निर्वेद से मोक्ष होता है। जैसा कि ईश्वर कृष्णजी महामुनि ने कहा है कि वैराग्य से प्रकृति का लय होता है। यह सांख्यकारिका की ४५वीं कारिका है।

प्रश्न—तत्त्व ज्ञानी को सभी वस्तुओं पर दृढ़तर वैराग्य देखा गया है। महामुनि पतञ्जलि ने भी योगसूत्र में कहा है कि पुरुष की ख्याति यानी आत्मा का ज्ञान हो जाने और गुणों के विषय में वैतृष्ण्य इच्छा का अभाव होना पर वैराग्य है। ठीक है। ऐसा ही सही। किन्तु उस तरह का वैराग्य ज्ञान की परा काष्ठा है उत्तम दशा है स्थिति है ऐसा भी तो भुजंगविभु शेषावतार भगवान् ने ही कहा। प्रकृति में लीन होने तक पुष्ट होने वाला यह वैराग्य तत्त्वज्ञान ही है अतः निर्वेद स्थायी भाव नहीं है। किन्तु तत्त्वज्ञान ही स्थायी हो सकता है। जो तो व्यभिचारी की व्याख्या करने के अवसर में कहेंगे वह बहुकालीन भ्रान्ति से ठगे हुए व्यक्ति की सांसारिक वस्तुओं में उपादेयत्व बुद्धि थी उसको निवृत्त करने के लिए। जो सम्यक् ज्ञान कहा है—जैसे

गुणों को नहीं समझने वाले कृपण तुझको अपनी मूर्खता वश प्रणाम करने वाले मैंने स्तन के भार से झुकी हुई धेनु समझकर वृथा बैल का दोहन किया। युवती समझकर

## अभिनवभारती

कृता वैडूर्याशा विकचकिरणे काचशकले
मया मूढेन त्वां कृपणमगुणज्ञं प्रणमता ॥' इति

तन्निर्वेदस्य खेदरूपस्य भावत्वेन। एतच्च तत्रैव वक्ष्यामः।

ननु मिथ्याज्ञानमूलो विषयगन्धस्तत्त्वज्ञानात्प्रशाम्यतीति दुःखजन्मसूत्रेणा-क्षपादैर्वदद्भिर्मिथ्याज्ञानापचयकारणं तत्त्वज्ञानं वैराग्यस्य दोषापायलक्षणस्य कारणमुक्तम्। ननु ततः किम्। ननु वैराग्यं निर्वेदः। क एवमाह। निर्वेदो हि शोकप्रवाहप्रसररूपश्चित्तवृत्ति विशेषः। वैराग्यं तु रागादीनां प्रध्वंसः।

भवतु वा वैराग्यमेव निर्वेदः। तथापि तस्य स्वकारणवशान्मध्यभाविनोऽपि न मोक्षसाध्ये सूत्र स्थानीयताक्षपादैरचारीव। किञ्च तत्त्वज्ञानोत्थितो निर्वेद

## बालक्रीडा

लावण्यरहित नपुंसक का वृथा आलिंगन किया। और किरणें जिसमें फैल जाती है ऐसे काँच के टुकड़े में व्यर्थ वैडूर्य मणि की आशा की।

वह खेदरूप निर्वेद का भावरूप से ज्ञान है। यह कैसे है इस बात को उसी समय कहेंगे। प्रश्न—मिथ्याज्ञान मूलक विषयों का गन्ध सम्बन्ध तत्त्वज्ञान से शान्त हो जाता है हट जाता है इस तथ्य को कहते हुए अक्षपाद गौतम आचार्य ने न्याय शास्त्र के द्वितीय सूत्र में मिथ्याज्ञान के अपाय के हेतु तत्त्वज्ञान को दोष के अपाय स्वरूप वैराग्य का कारण कहा है। उत्तर। उससे क्या हुआ पुनः। समझो कि वैराग्य ही तो निर्वेद है। पुनः प्रश्न—किसने ऐसा कहा कि वैराग्य ही निर्वेद है। क्योंकि निर्वेद तो शोक के प्रवाह का प्रसर रूप चित्तवृत्ति विशेष है और वैराग्य राग आदि का प्रध्वंस रूप है। अथवा यही सही कि वैराग्य ही निर्वेद है। तब भी जिस "दुःखजन्मप्रवृत्तिदोष मिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः" सूत्र में मोक्ष अपवर्ग साध्य है और अपवर्ग की सिद्धि के कारणों का निरूपण किया है उस सूत्र में अपने (वैराग्य के) कारण मिथ्या-ज्ञानापाय के अधीन मध्यभावी तत्त्वज्ञान के कारणों के मध्य में रहने वाले वैराग्य की स्थानीयता प्रसंगीयता अर्थात् प्राप्यता को अक्षपाद ने ज्ञापित नहीं किया। यहाँ का भाव यह है कि नैयायिकों के यहाँ त्रिविध दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति अपवर्ग है। अपवर्ग, निश्रेयस, मोक्ष, त्रिविध दुःखात्यन्तनिवृत्ति, ये सब पर्याय शब्द हैं। अपवर्ग की प्राप्ति तत्त्वज्ञान से कैसे होती है इसके लिए मुनि ने दूसरे सूत्र "दुःखजन्म" को लिखा। इसका अर्थ है कि तत्त्व ज्ञान से मिथ्याज्ञान (अशुचि में शुचिज्ञान, दुःख में सुखज्ञान अनात्मभूत वस्तुओं शरीरादि में आत्मज्ञान) का अपाय नाश होता है। मिथ्याज्ञान के नाश से दोष (राग एवं द्वेष) का नाश होता है। दोष के नाश से प्रवृत्ति नहीं होगी। प्रवृत्ति के नहीं होने से जन्म नहीं होगा। जन्म के अभाव में किसी भी प्रकार के दुःख नहीं होंगे। इन दुःखों का अभाव ही मोक्ष है। अतः वैराग्य को शान्त के स्थायीभाव मानने में कोई बाधक नहीं है प्रत्युत साधक ही है। यहाँ स्थानीयता के स्थान पद का अर्थ है प्रसंग। षष्ठी स्थान योगा। स्थानेऽ

## अभिनवभारती

इति शमस्यैवेदं निर्वेदनाम कृतं स्यात्। शमशान्तयोः पर्यायत्वं तु हासहास्याभ्यां व्याख्यातम्। सिद्धसाध्यते यदलौकिकालौकिकत्वेन साधारणासाधारणतया च वैलक्षण्यं शमशान्तयोरपि सुलभमेव। तस्मान्न निर्वेदः स्थायीति।

अन्ये मन्यन्ते रत्याद्य एवाष्टौ चित्तवृत्तिविशेषा उक्ताः। त एव लोकदृष्ट श्रुतानुमितकथितविभावविविक्ता लौकिकविभावविशेषसंश्रया विचित्रा एव तावत्। ततश्च तन्मध्यादेवान्यतमोऽत्र स्थायी। तत्रानाहतनादव्यक्ताद्वयानन्दमय स्वात्म-विषया रतिरेव मोक्षसाधनमिति सैव शान्ते स्थायिनीति। यथोक्तम्—

'यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः।
आत्मन्येव च सन्तुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते ॥' इति ॥ (गीता ३-१७)।

## बालक्रीड़ा

न्तरतमः। इन सूत्रों में स्थान का अर्थ प्रसंग किया है। स्थानं च प्रसंगः। प्रसंगे सति सदृशतम आदेशः स्यात्। प्रसंग माने प्राप्ति होने पर सदृशतम आदेश होना चाहिए। जैसे यण् की प्राप्ति होने पर इक् के सदृशतम यण् रूप आदेश किया जाता है। इस तरह यहाँ की व्याख्या साफ हो गई।

और भी बात है कि तत्त्वज्ञान से उत्पन्न होने वाला निर्वेद है ऐसा कहने का आशय है कि शम का ही यह निर्वेद नाम किया है। अगर कहें कि शम और शान्त तो पर्याय हैं तब तो उसकी व्याख्या हास एवं हास्य से कर दी गई है। जैसे हास स्थायी है हास्य रस है वैसे शम स्थायी है शान्त रस है।

बीच में समझौता करते हैं कि इस तरह की व्याख्या से आप सिद्ध ही का साधन करते हैं क्योंकि रत्यादि स्थायी भाव लौकिक होता है और साधारण होता है अर्थात् सर्वलोक को साधारण रूप से रत्यादि की जानकारी प्रसिद्ध है रस अलौकिक एवं असाधारण होता है क्योंकि सिद्धान्त है कि ( पुण्यवन्तः प्रमिण्वन्ति योगिवद् रससन्ततिम् ) जैसे आत्मा का साक्षात्कार कोई योगी ही कर सकता है उसी तरह कोई भाग्यशाली पुण्यवान् प्रमाता ही रस धारा का आस्वादन कर सकता है इस तरह लौकिक एवं अलौकिक, साधारण एवं असाधारण रूप से होने वाला वैलक्षण्य शम एवं शान्त में भी सुलभ है। इसलिए शम ही शान्त का स्थायी है, निर्वेद नहीं है। और लोग मानते हैं कि रत्यादि आठ ही चित्तवृत्तियों को कहा है। वे चित्तवृत्तियां ही लोक में श्रुत, दृष्ट, अनुमित एवं कथित नायक एवं नायिका रूप विभावों से विविक्त पृथक् अतएव अलौकिक मनोमय विभावविशेष का संश्रयण करने वाली विचित्र ही हैं। फलतः उन्हीं के बीच में से कोई एक यहाँ शान्त में स्थायी है। उन आठों में अनाहत नाद "ओम्" स्वरूप अद्वय आनन्दमय स्वात्मा में होने वाली रति ही मोक्ष का साधन है अतः वही शान्त में स्थायी है। जैसा कि कहा है—

जो तो आत्मा में ही रति प्रम करता है। आत्मा में तृप्त है। और आत्मा में ही सन्तुष्ट है उसको कुछ भी कर्त्तव्य नहीं है। यहाँ रति तृप्ति एवं सन्तुष्टि में मोद प्रमोद

## अभिनवभारती

एवं समस्तविषयं वैकृतं पश्यतो विश्वं च शोच्यं विलोकयतः सांसारिकं च वृत्तान्तमपकारित्वेन पश्यतः सातिशयमसम्मोहप्रधानं वीर्यमाश्रितवतः सर्वस्माद्विषयसार्थाद्बिभ्यतः सर्वलोकस्पृहणीयादपि प्रमदादेर्जुगुप्समानस्यपूर्वस्वात्मातिशयलाभाद्विस्मयमानस्य मोक्षसिद्धिरिति।

हासादीनां विस्मयान्तानामन्यतमस्य स्थायित्वं निरूपणीयम्। न चैतन्मुनेर्न सम्मतम्। यावदेव हि 'विशिष्टान्विभावान्परिगणयति आदिशब्देन च तत्प्रकारानेवान्यान्संगृह्णीते तावदेव तद्व्यतिरिक्तालौकिकहेतूपनतानां रत्यादीनामनुज्ञानात्येवापवर्गविषयत्वम्। एवंवादिनान्तु परस्परमेव विचारयतामेकस्य स्थायित्वं विशीर्यत एव। तदुपायभेदात्तस्य तस्य स्थायित्वमित्यप्युच्यमानमगुणमेव प्रत्युक्तमेव। स्थायिभेदेन प्रतिपुरुषं रसस्याप्यानन्त्यापत्तेः। मोक्षैकफलत्वादेको रस इति चेत्, क्षमैकफलत्वे

## बालक्रीडा

एवं आनन्द की तरह् अवान्तर भेद है। या कहिए रति विषयों में आसक्ति है। तृप्ति विषय विशेष के सम्पर्क से होने वाला सुख विशेष है सन्तुष्टि केवल तात्कालिक विषय के लाभ से होने वाला सामान्य सुख है।

इस प्रकार समस्त विषयों को विकृत देखने वाले के लिए हास से, विश्व को शोचनीय समझने वाले के लिए शोक से, सांसारिक व्यवहार को अपकार मानने वाले के लिए क्रोध से, असम्मोहप्रधान ज्ञानप्रमुख वीर्य का आश्रयण करने वाले के लिए उत्साह से, अखिल विषय समूह् से डरने वाले के लिए भय से, सर्वलोक की भी स्पृहणीय प्रमदा आदि से जुगुप्सा करने वाले के लिए जुगुप्सा से, अपूर्व सातिशय विषयों के लाभ से विस्मित होने वाले के लिए विस्मय से मोक्ष की सिद्धि होती है अतः क्रमशः हास, या शोक, या क्रोध, या उत्साह या भय या जुगुप्सा या विस्मय शान्त रस का स्थायी भाव है। ऐसा निरूपण करना चाहिए। यह मुनि को सम्मत नहीं है यह बात नहीं है। क्योंकि वे जितने विशिष्ट विभावों की परिगणना करते हैं। और क्रीडा लीलादिभिर्विभावैः, दोषोदाहरणादिभिर्विभावैः इस प्रकार शृंगारादि अद्भुतपर्यन्त रसों के विभावों की गणना करते समय आदि पद के उपन्यास से विभावों के अन्य प्रकारों का भी संग्रह् करते हैं उतने ही परिगणितों से व्यतिरिक्त अलौकिक हेतु विभावों से उपनत अर्थात् उपनयन से प्राप्त रत्यादि की अनुज्ञा अपवर्ग के अनुकूल विषय के रूप में करते हैं। यहाँ तक अन्यों के मत का उपन्यास किया अब उसका खण्डन करते हैं कि ऐसा कहने वाले जब परस्पर में विचार करते हैं तब किसी एक का स्थायित्व समाप्त हो जाता है। अगर कहें कि उपाय के भेद से उपेय का भेद होता है अतः तदनुसार रति भी स्थायी है, हास भी स्थायी है, ऐसा कहना भी अगुण ही है निष्फल ही है। क्योंकि ऐसी स्थिति में प्रतिपुरुष निष्ठ स्थायी के भेद से रस भी अनन्त हो जायेंगे। यदि कहें कि उपेय मोक्ष रूप एक फल के कारण शान्त रूप एक ही रस होगा।

तब तो क्षमा भूमि रूप (क्षितिक्षान्त्योः क्षमा, युक्ते क्षमे शक्ते हिते त्रिष्वित्यमरः) एक फल की प्राप्ति के साधन वीर एवं रौद्र इन दोनों की भी एकता हो जायगी।

## अभिनवभारती

वीररौद्रयोरप्येकत्वं स्यात्। अन्ये तु पानकरसवदविभागं प्राप्ताः सर्व एव रत्यादयोऽत्र स्थायिन इत्याहुः। चित्तवृत्तीनामयुगपद्भावादन्योन्यं च विरोधादेतदपि न मनोज्ञम्।

कस्तर्ह्यत्र स्थायी। उच्यते—इह तत्त्वज्ञानमेव तावन्मोक्षसाधनमिति तस्यैव मोक्षे स्थायिता युक्ता। तत्त्वज्ञानं च नामात्मज्ञानमेव। आत्मनश्च व्यतिरिक्तमनिंद्रियं ज्ञानम्। परो ह्येवमात्माऽनात्मैव स्यात्। विपश्चितं चैतदस्मद्गुरुभिः। अस्माभिश्चान्यत्र वितन्यत इतीह नातिनिर्बन्धः कृतः।

तेनात्मैव ज्ञानानन्दादिविशुद्धधर्मयोगी परिकल्पितविषयोपरागरहितोऽत्र स्थायी। न चास्य स्थायितयाऽन्येषां स्थायित्वं वचनीयम्। रत्यादयो हि तत्तत्कारणान्तरोदयप्रलयोत्पद्यमाननिरुध्यमानवृत्तयः कञ्चित्कालमापेक्षिकतया स्थायिरूपात्मभित्तिसंश्रयाः सन्तः स्थायिन इत्युच्यन्ते। तत्त्वज्ञानं तु सकलभावान्तरभित्तिस्थानीयं सर्वस्थायिभ्यः स्थायितमं सर्वाः रत्यादिका स्थायिचित्तवृत्तीर्व्यभिचारीभाववत् निसर्गत एव सिद्धस्थायिभावमिति तन्नवचनं, न। अत एव पृथगस्य गणना न युक्ता। न हि खण्डमुण्डयोर्मध्ये तृतीयं गोत्वमिति गण्यते। तेनैकान्नपञ्चाशद्भावा इत्यव्याहतमेव।

## बालक्रीड़ा

अन्य तो कहते हैं कि पानक रस की तरह अविभक्त होकर एक रूप में मालूम पड़ने वाले रत्यादि सभी यहाँ शान्त में स्थायी हैं। इस पर कहते हैं कि यह मत भी मनोज्ञ नहीं है। क्योंकि सभी चित्त वृत्तियों का एक साथ भान नहीं हो सकता है क्योंकि मन अणु है तथा विभु के योग्य विशेष गुणों का स्वोत्तरवर्ती गुण से नाश होने का नियम भी है। इसके सिवाय भान होने वाली चित्तवृत्तियों का परस्पर में विरोध भी है।

अब प्रश्न होता है कि तब फिर यहाँ कौन स्थायी है। उत्तर। कहते हैं कि तत्त्वज्ञान ही मोक्ष का साधन है। अतः उसीको मोक्ष का स्थायी मानना उचित है क्योंकि तत्त्वज्ञान माने आत्मज्ञान ही है : और आत्मा का ज्ञान इन्द्रियादि के ज्ञान से व्यतिरिक्त ही है अनिन्द्रिय है और रत्यादि-का ज्ञान इन्द्रियों का ज्ञान है यदि आत्म ज्ञान को भी इन्द्रिय जन्य मानेंगे तो परमात्मा भी अनात्मा होगा। अतः इन्द्रिय से जन्य आत्मज्ञान नहीं है। (ज्ञानान्मुक्तिः) ज्ञान से मुक्ति है इस सिद्धान्त के अनुसार तत्त्वज्ञान ही शान्त में स्थायी है फलतः व्यस्त या समस्त रत्यादि स्थायी नहीं है।

इस विषय को हमारे गुरु जी ने विपञ्चित किया है। हम भी अन्यत्र भगवद्गीता की व्याख्या में वितनन करते हैं। इसलिए यहाँ अभिनव भारती में लिखने का अति निर्बन्ध नहीं किया है। इसलिए परिकल्पना प्रसूत सांसारिक विषयों के उपराग सम्बन्ध से रहित ज्ञान एवं आनन्द आदि विशुद्ध धर्मों से युक्त आत्मा ही स्थायी है। उत्तर। यह नहीं कह सकते है। प्रश्न—इस आत्मा को स्थायी मान लेंगे तो अन्य रत्यादिकों का स्थायित्व वचनीय यानी निन्दनीय हो जायगा। अर्थात् वे रत्यादि स्थायी नहीं होंगे। क्योंकि

## अभिनवभारती

अस्यापि कथं पृथगगणनेति चेत्-पृथगास्वाद्‌योगादिति ब्रूमहे। न हि रत्याद्य इवेतरासम्पृक्तेन वपुषा तथाविधमात्मरूपं लौकिकप्रतीतिगोचरम्। स्वगतमप्यविकल्परूपं व्युत्थानावसरेऽनुसन्धीयमानं चित्तवृत्त्यन्तरकलुषमेवावभाति।

भासतां वा लोके तथा। तथापि न सम्भवन्मात्रं स्थायिनां गणनम्। रसेषूक्तेष्वनुपयोगात्। अपि तु व्यभिचारित्वाल्लक्षणीयत्वं विज्ञायते नेतरथा। तथाह्येकाननपञ्चाशता भावैरित्येतत्प्रघट्टकोपपत्तिः। शम आत्मस्वभावः न चास्यात्मस्वभावस्य व्यभिचारित्वमसम्भवाद्वैचित्र्याभावत्वादनौचित्याच्च स शमशब्दो न मुनिव्यपदिष्टः। यदि तु स एव शमशब्देन व्यपदिश्यते निर्वेदशब्देन वा तत्र कश्चिद्बाधः। केवलं शमश्चित्तवृत्त्यन्तरम्। निर्वेदोऽपि दारिद्र्यादिविभावान्तरोत्थितनिर्वेदतुल्यजातीयो न भवति तज्जातीय एव। हेतुभेदेऽपि तद्व्यपदेश्यो रतिभयादिभिरिव।

## बालक्रीडा

भिन्न भिन्न कारणों के उदय एवं प्रलय से उत्पद्यमान एवं निरुध्यमान स्थिति वाले रत्यादि, नित्य स्थायी आत्मरूप भित्ति के संश्रय से अपेक्षित रूप से यानी अपेक्षा कृत कुछ काल तक स्थायी हैं इसलिए स्थायी कहलाते हैं। तत्त्व ज्ञान तो सकल अन्य भावों का भित्ति स्थानीय, सब स्थायियों की अपेक्षा अतिशय स्थायी और रत्यादिक स्थायियों को व्यभिचारी बनाता हुआ नित्यं सिद्ध स्थायी भाव है अतः (तंत्र), नाट्य शास्त्र में इसका वचन कथन नहीं किया और ४९ भावों से अलग इसकी गणना करना उचित नहीं समझा। क्या भला दो मुंडकाट्टों के बीच में तीसरे गोत्व की कोई गणना करता है। आत्मा शुद्ध बुद्ध नित्य अद्वय आनन्द चिद्घन की अनात्माओं जड़ों अशुद्धों अनित्यों अनानन्दनों में गणना करना उचित होगा। इस लिए ४९ भाव हैं यह तथ्य अव्याहत ही है।

प्रश्न—इस शान्त की पृथक् गणना क्यों की। उत्तर। इसका औरों से पृथक् आस्वाद प्राप्त होता है। जैसे रत्यादि औरों से असंपृक्त होकर अलग मालूम पड़ते हैं उस तरह उस प्रकार का आत्मरूप सांसारिक वस्तुओं से असम्पृक्त शरीर वाला लौकिक प्रतीति का गोचर विषय नही होता है। उसका अपना भी अविकल्प अखण्ड रूप समाधि से उठने की अवस्था में अनुसन्धान करने पर अन्य चित्तवृत्तियों से कलुष ही सम्पृक्त ही मालूम पड़ता है। असम्पृक्त नही मालूम पड़ता है। अथवा असम्पृक्त मालूम पड़ता है तो मालूम पड़े। तब भी केवल संभव है इसलिए स्थायियों की गणना नही की जाती है। क्योंकि परिगणित रसों में उसका उपयोग नही है। अपि तु व्यभिचारी के रूप से लक्षणीय मालूम पड़ते हैं। और कोई प्रकार नही है। इसी तरह गणना करने से ४९ भावों वाले प्रघट्टक की उपपत्ति हो जाती है। एक बात और भी है कि शम आत्मस्वभाव है अतः आत्मा के स्वरूप वाले इस शम को व्यभिचारी कहना असंभव है, कोई विचित्रता नही है और अनुचित भी है। इसके सिवाय यह बात भी है कि मुनि ने शम शब्द को कहा भी तो नही है। यदि शम शब्द से या निर्वेद शब्द से मुनि कहते तो कोई बाधा नही होती। केवल यही होता कि

## अभिनवभारती

तदिदमात्मस्वरूपमेव तत्त्वज्ञानं शमः। तथा च यत्कालुष्योपरागविशेषात्मान एव रत्यादयः। तदनुगमेऽपि विशुद्धमस्य रूपमव्यवधानसमाधिबलादधिगम्य व्युत्थानेऽपि प्रशा(न्तता) भवति। यथोक्तं—'तस्य प्रशान्तवाहिता संस्कारात्' (योगसू. ३-१०) इति। तत्त्वज्ञानलक्षणस्य च स्थायिनः समस्तोऽयं लौकिकालौकिकचित्तवृत्तिकलापो व्यभिचारितामभ्येति। अतः तदनुभावा एव च यमनियमाद्युपकृता अनुभावाः। आङ्गिकाध्यायत्रये (९।१०।११) च ये स्वभावाभिनया वक्ष्यन्ते एते तद्विषया एव। अयमेव हि स्वभावः। विभावा अपि कथम्। ईश्वरानुग्रहप्रभृतयः। प्रत्ययाश्च रत्यादयोऽत्रास्वाद्याः। यथा विप्रलम्भे औत्सुक्यं संभोगेऽपि वा 'प्रेमासमाप्तोत्सवम्' केवलम् (तापसवत्सराज. १-१७) इति। यथा रौद्रे औग्र्यं यथा च करुणवीरभयानकाद्भुतेषु निर्वेदधृतित्रासहर्षा व्यभिचारिणोऽपि प्राधान्येनावभासन्ते तथा न जुगुप्सायाम्। सर्वथैव रागप्रतिपक्षत्वात्।

## बालक्रीडा

शम एक चित्तवृत्ति है निर्वेद भी दारिद्र्य आदि अन्य विभावों से उत्पन्न निर्वेद के तुल्य जातीय नही है अथवा तुल्य जातीय ही है। तत्वज्ञान एवं दारिद्र्य रूप हेतुओं के भेद होने पर भी उन्ही से वह व्यपदेश्य होता है जैसे भिन्न २ हेतुओं से होने वाले रति एवं भय आदि कोई रति अमुक स्त्री से उत्पन्न है कोई रति इस स्त्री से। कोई भय सांप से कोई व्याघ्र से या सिंह से इत्यादि। इसलिए यह आत्मस्वरूप ही तत्वज्ञान शम है। और उस आत्मस्वरूप में जो कालुष्य का उपरागविशेष सम्बन्धविशेष है तदात्मा तत्स्वरूप ही रत्यादि चित्तवृत्तियाँ है। इसी बात को पहिले भी कह आये हैं कि स्वगतमपि अविकलरूपं···चित्तवृत्त्यन्तरकलुषमेवावभाति। उसकालुष्य के अनुगम सम्बन्ध होने पर भी समाधि के बल से इसको (अव्यवधान) व्यवधान कालुष्य रहित अत एव विशुद्ध रूप को जानकर व्युत्थान काल में भी प्रशान्त स्वरूप का अनुभव होता है। जैसा कि योगदर्शन कार ने कहा है कि संस्कारों के अनुस्यूत रहने से उस चित की प्रशान्तवाहिता रहती है तत्वज्ञान रूप स्थायी की अपेक्षा यह समस्त लौकिक एवं अलौकिक चित्तवृत्ति कलाप व्यभिचारी के रूप को प्राप्त होते है। अतः यम एवं नियम आदि से उपकृत संस्कृत उसके अनुभव ही अनुभाव हैं। और आंगिक अभिनय के प्रतिपादक तीन अध्यायों में जिस स्वभाव के अभिनयों को कहेंगे वे तद्विषयक ही हैं। यह शान्त रस ही स्वभाव है प्रकृति है। अन्य सब रस विकार हैं। प्रश्न—जब शान्तरस स्वभाव है प्रकृति अर्थात् अजन्य है तब उसके विभाव कैसे। क्योंकि स्थायी विभावों से उत्पन्न होते हैं अत एव सभी रसों के प्रकरणों में लिखा है कि स च विभावैरुत्पद्यते। उत्तर। शान्त अन्य रसों का प्रकृति है अर्थात् अन्य रसों से अजन्य है। किन्तु ईश्वरानुग्रह प्रभृति विभाव हैं। अतएव रत्यादि जो अन्यत्र आस्वाद्य हैं वे यहाँ प्रत्यय हैं व्यभिचारी हैं। जैसे विप्रलम्भ में केवल औत्सुक्य, सम्भोग में जिसका उत्सव समाप्त नहीं हुआ है अर्थात् अतुष्ट है यह केवल प्रेम, जैसे रौद्र में केवल उग्रता और जैसे करुण में निर्वेद वीर में धृति, भयानक में त्रास, एवं अद्भुत में हर्ष व्यभिचारी भी प्रधान रूप से मालूम पड़ते हैं। वैसे जुगुप्सा में नहीं। क्योंकि जुगुप्सा सर्वथा राग का प्रतिपक्षी है।

## अभिनवभारती

यथा हि—महाव्रते नरकपालादिधारणम् सुराभार्यादिसम्मदादिविस्तार-संक्षेपादिकर्मीकृतिर्हि धर्मे जुगुप्साहेतुत्वेनैव। निजाङ्गाभ्यञ्जनेन च देवरात्पुत्र-जन्माद्युपदिष्टम्।

स्वात्मनि च कृतकृत्यस्य परार्थघटनायामेवोद्यम इत्युत्साहोऽस्य परोपकारविष-येच्छाप्रयत्नरूपो दयापारपर्यायोऽभ्यधिकोऽन्तरङ्गः। अत एव तत्केचिद्दयावीरत्वेन व्यपदिशन्ति। अन्ये धर्मवीरत्वेन।

ननूत्साहोऽहङ्कारप्राणः। शान्तस्त्वहङ्कारशैथिल्यात् तद्विरुद्धात्मकः। व्यभि-चारित्वं हि विरुद्धस्यापि न नोचितं रताविव निर्वेदादेः।

'शय्या शाद्वलमासनं शुचि शिला सद्म द्रुमाणामधः
शीतं निर्झरवारि पानमशनं कन्दाः सहाया मृगाः।
इत्यप्रार्थितसर्वलभ्यविभवे दोषोऽयमेको वने
दुष्प्रापार्थिनि यत्परार्थघटनावन्ध्यैर्वृथा स्थीयते॥ (नागानन्द ४-२)

इत्यादौ हि परोपकारकरणे उत्साहस्यैव प्रकर्षो लक्ष्यते। न तूत्साहशून्या काचिदप्य-वस्था। इच्छाप्रयत्नव्यतिरेकेण पाषाणतापत्तेः। यत एव परिदृष्टपरापरत्वेन स्वात्मो-

## बालक्रीड़ा

जैसे अघोर पन्थियों के महाव्रत में नर के जो कपाल अस्थि एवं अंश आदि का धारण, एवं सुरा मदिरा तथा भार्या आदि सम्मद जनक पदार्थों का विस्तार या संक्षेप से (कर्मीकृति) उपयोग है वह श्रौत एवं स्मार्त धर्म में जुगुप्सा के हेतु ही हैं। विधवा स्त्री के लिए निज अपने को घृत से अभ्यक्त करके देवर से पुत्रोत्पादन का उपदेश भी घृणा का हेतु है।

जो अपने कृत्य कर्तव्यों को (कृत) करचुका है उस महापुरुष का पदार्थ की घटना सम्पादन में ही उद्यम होता है इस लिए इस परोपकारी का दूसरों के हित में इच्छा से प्रयत्न करना जो दया का अपर पर्याय है अधिक अन्तरंग है। अतएव उस शान्त का कोई दयावीर नाम करते हैं तो कोई धर्मवीर के नाम से उसका उपदेश करते हैं। प्रश्न—उत्साह में अहंकार प्राण है प्रधान है और शान्त में अहंकार शिथिल है। अतः अहंकार प्राण वीर से विरुद्ध स्वभाव शान्त है। किन्तु वीरता शान्त में व्यभिचारी हो सकती है। विरुद्ध का भी व्यभिचारी होना उचित है जैसे रति में निर्वेद आदि हैं।

शाद्वल घास शय्या है। शुद्ध पाषाण शिला आसन है। पेड़ों का वृक्षतल गृह है। ठंढा झरने का जल पेय है। कन्दमूल फल भोजन है। मृग साथी हैं। इस प्रकार वन में सभी विभव विना मांगे ही सुलभ हैं अतः गुण बहुत है किन्तु एक दोष है कि अर्थियों का मिलना दुर्लभ है अतः परोपकार के सम्पादन के विना वन्ध्य निष्फल होकर व्यर्थ पड़े रहते हैं।

इत्यादि उदाहरणों में परोपकार करने के लिए उत्साह का ही प्रकर्ष दिखलाई पड़ता है। किन्तु उत्साह शून्य कोई भी अवस्था नहीं दिखलाई पड़ती है। क्योंकि इच्छापूर्वक

## अभिनवभारती

द्देशेन कर्तव्यान्तरं नावशिष्यते अत एव शान्तहृदयानां परोपकाराय शरीरसर्वस्वादिदानं न शान्तविरोधि। 'आत्मानं गोपायेत्' (गौतमधर्मसूत्र ९-३५) इत्यादिना त्वकृतकृत्यविषयं शरीररक्षणमुपदिश्यते। सन्न्यासिनां तद्रक्षादितात्पर्याभावात्। तथा हि—

'धर्मार्थकाममोक्षाणां प्राणाः संस्थितिहेतवः।
तान्निघ्नता किन्न हतं रक्षता किं न रक्षितम्॥' (हितोपदेश-१.८३) इति

सुप्रसिद्धचतुर्वर्गसाधकत्वमेव देहरक्षायाः निदानं दर्शितम्। कृतकृत्यस्य 'जलेऽग्नौ श्वभ्रे वा पतेत्' इति सन्न्यासित्वे श्रवणात्। तद्यथाकथञ्चित्त्याज्यं शरीरं यदि परार्थे त्यज्यते तत्किमिव न सम्पादितं भवति। ननु जीमूतवाहनादीनां न यतित्वमिति चेत् किं तेन नः। तत्त्वज्ञानित्वं तावदवश्यमस्ति। अन्यथा देहात्ममानिनां देह एव सर्वस्वभूतः। धर्माद्यनुद्देशेन परार्थे त्यागस्यासम्भवात्। युद्धेऽपि हि न शरीरस्य त्यागायोद्यमः। परापजयोद्देशेनैव प्रवृत्तेः। भृगुपतनादावपि शुभतरदेहान्तरसम्पिपादयिषैवाधिकं विजृम्भते। तत्स्वार्थानुद्देशेन परार्थसम्पत्त्यै यच्चेष्टितं देहत्यागपर्यन्तमुपदेशदानादि तत्तदलब्धात्मतत्त्वज्ञानानामसम्भाव्यमेवेति तेऽपि तत्त्वज्ञानिनः। ज्ञानिनां सर्वेष्वाश्रमेषु मुक्तिः' इति स्मार्तेषु श्रुतौ च। यथोक्तम्—

## बालक्रीड़ा

किये गये प्रयत्न के अतिरिक्त अवस्था पाषाण स्वरूपता ही है। इसी लिए जिस ने पर एवं अपर के स्वरूप को समझ लिया है उस को अपने लिए कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है। फलतः शान्तहृदय व्यक्ति का दूसरे के हित के लिए शरीर एवं अन्य सर्वस्व आदि का दान शान्तरस का विरोधी नहीं है। अपनी रक्षा करनी चाहिए इत्यादि जो धर्म सूत्रों में शरीर की रक्षा का उपदेश है वह उस व्यक्ति के लिए है जिसने अपने कर्मों कर्तव्यों का सम्पादन नहीं किया है। संन्यासियों का उसकी रक्षा में तात्पर्य नहीं है। जैसा कि एक पद्य है

धर्म अर्थ काम एवं मोक्ष की संस्थिति के हेतु प्राण है। अतः जिसने उन प्राणों का हनन कर दिया है उसने किसका हनन नहीं किया और जिसने उसकी रक्षा की है उसने क्या नहीं सुरक्षित किया।

इस तरह सुप्रसिद्ध चतुर्वर्ग के साधन को ही देह रक्षा का कारण दिखाया। कृत कृत्य के लिए तो सन्यासी के रूप में जल, अग्नि अथवा गर्त्त में पतन ही सुनाई पड़ता है। इस लिए जब शरीर अवश्य ही जिस किसी प्रकार से त्याज्य है तब उस शरीर को यदि दूसरों के उपकार के लिए छोड़ते हैं तो क्या नहीं किया अर्थात् जीवन का फल मिल गया।

प्रश्न—संन्यासी कृतकृत्य के लिए देह त्याग का उपदेश है। जीमूतवाहन तो संन्यासी नहीं है। तब क्यों उसे परोपकार के लिए देह त्याग करना चाहिए। उत्तर। इससे हमारा क्या बिगड़ता है। हमारे लिए तो तत्त्व ज्ञानी होना आवश्यक है। अन्यथा तत्त्व ज्ञानी हुए बिना देहाभिमानी का देह ही सर्वस्व है अतः धर्मादि को उद्देश्य लक्ष्य बनाये बिना दूसरे के लिए देह का त्याग असम्भव ही है। युद्ध में भी शरीर के त्याग के लिए उद्यम

## अभिनवभारती

'देवार्चनरतस्तत्त्वज्ञाननिष्ठोऽतिथिप्रियः ।
श्राद्धं कृत्वा ददद् द्रव्यं गृहस्थोऽपि हि मुच्यते ॥' इति

केवलं परार्थाभिसन्धिजाद्धर्मात्परोपकारात्मकफलत्वेनैवाभिसंहितात् पुनरपि देहस्य तदुचितस्यैव प्रादुर्भावो बोधिसत्त्वादीनाम्। तत्त्वज्ञानिनामपि विश्रान्तिलाभस्वभावौचित्यात्। यथा रामस्य वीरोऽङ्गं पितुराज्ञां पालयितुः। एवं शृङ्गाराद्यङ्गेष्वपि मन्तव्यम्। अत एव शान्तस्य स्थायित्वेऽप्यप्राधान्यम्।

जीमूतवाहने त्रिवर्गसम्पत्तेरेव परोपकृतिप्रधानायाः फलत्वात्। अनेनैवाशयेन नाटकलक्षणे वक्ष्यते 'ऋद्धिविलासादिभिर्गुणैः' (ना शा. १८-११) इति। अनेन हि ऋद्धिविलासप्रधानमर्थकामोत्तरं सर्वं चरितं सकललोकहृदयसंवादसुन्दरप्रयोजनं नाटके निवेशयितव्यमित्युक्तम्। एतच्च तत्रैव वर्णयिष्यामः।

अनेनैव चाशयेन न शान्ते कश्चन (क्वचन) मुनिना ऋद्ध्यङ्को विनियोक्ष्यते। तेन ऋद्ध्यङ्कविनियोगाभावात्तदसत्त्वमिति प्रत्युक्तम्।

## बालक्रीड़ा

नहीं है। किन्तु दुश्मन को परास्त करने के लिए ही प्रवृत्ति है। भृगुपतन यानी मनुष्य निर्मित तटादि का सहारा लिए बिना अतट प्रपात आदि में भी अतीव शुभ अन्य देह के प्राप्त करने की इच्छा ही उत्कृष्ट होकर विजृम्भित हो रही है। इस लिए अपने प्रयोजन को लक्ष्य में नहीं रख कर परार्थ के सम्पादन के लिए जो जो देह त्याग पर्यन्त उपदेश दानादि चेष्टाएं हैं वे सब तत्त्वज्ञान को प्राप्त किए बिना असम्भव ही हैं अतः उन चेष्टाओं को करने वाले भी तत्त्वज्ञानी ही हैं। ज्ञानियों की सभी आश्रमों में मुक्ति होती है यह तथ्य स्मृति एवं श्रुति में भी प्रसिद्ध है।

देवताओं की पूजा में निरत रहता है। तत्त्व ज्ञान में निष्ठ है। अतिथि जिसको प्रिय है अर्थात् उनका सत्कार करता है और जो श्राद्ध करता है तथा दान देता है वह घर में रहता हुआ भी मुक्त है।

दूसरे के हित करने की जो अभिसन्धि बदले की भावना उससे जन्य धर्म अर्थात् परोपकारात्मक फल के रूप में अभिसंहित बदले में संकेतित धर्म के कारण उस धर्म के योग्य देह का फिर भी प्रादुर्भाव बोधि सत्वों को होता है। अमुक फल मुझे मिल जाय इस कामना की पूर्ति के लिए किये गये परोपकार रूप धर्म के फल का भोग करने के लिए पुनः शरीरान्तर की प्राप्ति महात्मा संन्यासियों को होती है। और तत्त्वज्ञानियों को भी विश्रान्ति का लाभ होता है यह स्वभाव के उचित है। जैसे पिता की आज्ञा का पालन करने वाले राम का वीर अंग है। पिता की आज्ञा का पालन करना राम का मुख्य कार्य है। उसका पालन करते समय रावणादि राक्षसों के ऊपर विजय प्राप्त करना प्रसंग प्राप्त कार्य हो गया। यही प्रकार शृंगारादि अंगों में भी मानना चाहिए। अत एव जीमूतवाहन में स्थिरता होने पर भी शान्त का प्राधान्य नहीं है क्योंकि परोपकार जिसमें प्रधान है ऐसे धर्म, अर्थ काम रूप त्रिवर्ग

## अभिनवभारती

अन्ये तु जीमूतवाहनः 'कस्ते पुत्र ! त्राता भविष्यति' ( नागानन्द ४-९ ) इति शरणार्थिनीं वृद्धामेव त्रातवान्। शक्तिश्चास्य न काचित्। परहिंसा च न काचिदित्येवमाहुः। तथानुमतमेव। न हि बोधिसत्त्वानां पुनरप्युत्थानात्मकजीवितमभिसन्धानानुप्रविष्टं शक्तिश्चेति। न च काकतालीयवृत्त्या शास्त्रमुपदिशति। तत्सिद्धं दयालक्षणो ह्युत्साहोऽत्र प्रधानम्।

अन्ये तु व्यभिचारिणो यथायोगं भवन्ति। यथोक्तं 'तच्छिद्रेषु प्रत्ययान्तराणि संस्कारेभ्यः।' (योगसूत्र ४-२७) इति। अत एव निश्चेष्टत्वादनुभावाभाव इति प्रत्युक्तम्। यदा तु पर्यन्तभूमिकालाभहेतुभावाभाव स्तदास्याप्रयोज्यत्वम्। रतिशोकादावपि पर्यन्तदशायामप्रयोगस्यैव युक्तत्वात्। हृदयसंवादोऽपि तथाविधतत्त्वज्ञानबीजसंस्कारभावितानां भवत्येव। यद्वक्ष्यति 'मोक्षे चापि विरागिणः' (ना. शा. २७-५८) इति। 'सर्वस्य' (ना. शा. १-१०७) इत्यत्र हृदयसंवादे भयानके वीरप्रकृतेरभावात्।

## बालक्रीडा

का सम्पादन ही फल है। इसी आशय से नाटक के लक्षण करते समय "ऋद्धि विलासादि गुणों से युक्त नायक को होना चाहिए" कहेंगे। इससे यह सिद्ध हुआ कि ऋद्धि एवं विलास जिसमें प्रधान हों अर्थ और काम जिसके उत्तर फल हों ऐसे सकल लोक के हृदयों के संवाद से सुन्दर प्रयोजन वाले सम्पूर्ण चरित का निवेश नाटक में करना चाहिए। इन सब का वर्णन वहीं पर आगे कहेंगे। किसी ने इस पर कहा कि ऋद्धिविलासादि गुणप्रधान अर्थकामोत्तर चरित का नाटक में निवेश करना चाहिए इसी आशय से मुनि शान्त में किसी ऋद्धि विलासादि अंगों का विनियोग नहीं करेंगे। और ऋद्धि विलासादि अंगों के विनियोग के अभाव में नाटक के लक्षण के पूर्ण नहीं होने से नाटक में शान्त की सत्ता नहीं है इसका प्रत्याख्यान हो गया।

अन्य लोगों ने कहा कि "हे पुत्र ? कौन तुम्हारा रक्षक होगा" इस प्रकार वृद्धा के पुकारने पर जीमूतवाहन ने उस शरणार्थिनी वृद्धा की रक्षा की। इसमें न उसकी कोई शक्ति है और न कोई किसी दूसरे की हिंसा है। यह अनुमत ही है। ठीक ही है क्योंकि बोधिसत्त्वों का उत्थानात्मक पुनर्जीवन न अभिसन्धि में प्रविष्ट है न कोई शक्ति उनकी है। और न काकतालीय न्याय से शास्त्र उपदेश देता है। इसलिए सिद्ध है कि यहाँ पर दया लक्षण उत्साह प्रधान है।

अन्य तो योग्यता के अनुसार व्यभिचारी भाव होते हैं। जैसा कहा कि—उसके छिद्रों में अर्थात् समाधि की व्युत्थान दशा में प्राक्तन संस्कारों के अनुसार ज्ञानान्तर होते हैं। अतएव निश्चेष्ट होने से निर्व्यापार होने से शान्त में अनुभावों का अभाव है ऐसा जो कहते हैं वह प्रत्युक्त हो गया। क्योंकि व्यभिचारी व्यंग्य ही होते हैं वाच्य नहीं होते हैं और व्यंग्य होते हैं वे अनुभावों से। यदि निश्चेष्ट होने से अनुभाव नहीं होंगे तो अनुभावव्यंग्य व्यभिचारी कैसे होंगे। जब तो पर्यन्त भूमिका के मिलने के हेतुओं के अभाव में शान्त अप्रयोज्य

## अभिनवभारती

ननु तादृशि प्रयोगे वीरस्य क आस्वादः। उच्यते—यत्र यायं निबध्यते तत्रावश्यं पुरुषार्थोपयोगिशृङ्गारवीराद्यन्यतममस्त्येव। तन्निष्ठस्तेषामास्वादः। यत्रापि प्रहसनादौ हास्यादेः प्रधानता तत्राप्यनुनिष्यादिरसान्तरनिष्ठ एवास्वादो भिन्नभिन्नाधिकारिणः। एतदुद्देश एव रूपक भेदचिन्तननिमित्तमिति केचित्।

तस्मादस्ति शान्तो रसः। तथा च चिरन्तनपुस्तकेषु 'स्थायिभावान् रसत्वमुपनेष्यामः' (ना. शा. पृ. २९९) इत्यनन्तरं 'शान्तो नाम शमस्थायिभावात्मकः' (ना. शा. पृ. ३३२) इत्यादिशान्तलक्षणं पठ्यते। तत्र सर्वरसानां शान्तप्राय एवास्वादो विषयेभ्यो विपरिवृत्त्या तन्मुख्यतालाभात्केवलं वासनान्तरोपहित इत्यस्य सर्वप्रकृतित्वाभिधानाय पूर्वमभिधानम्। लोके च पृथक्पृथक्सामान्यस्य न गणनमिति स्थाय्यस्य पृथङ्नोक्तः। सामान्यमपि तु विवेचकेन पृथगेव गणनीयमिति विवेचकाभिमतसामाजिकास्वादलक्षणप्रतीतिविषयतया स पृथग्भूत एव। इतिहासपुराणाभिधानकोशादौ च नवरसाः श्रूयन्ते श्रीमत्सिद्धान्तशास्त्रेष्वपि। तथा चोक्तम्—

## बालक्रीडा

हो जायगा। अर्थात् जब कोई ऐसे हेतु नहीं रहेंगे जिनसे नाटक की पर्यन्त भूमिका का निर्वाह नहीं हो सकता है तब शान्त रस का प्रयोग नहीं करना चाहिए। किन्तु यह स्थिति शान्त में ही केवल नहीं है रति एवं शोक आदि का भी पर्यन्त दशा के लाभ के हेतुओं के अभाव में प्रयोग नहीं करना युक्त ही है। उस प्रकार तत्त्वज्ञान के बीजभूत संस्कारों से भावित व्यक्तियों का हृदय संवाद भी होता है। जैसा कि कहेंगे मोक्ष में भी विराग करने वाले (विलासी लोग) होते हैं। यह नाट्य सम्पूर्ण त्रिलोकी के भावों का अनुकीर्तन है इस कथित हृदय संवाद के विषय में कहते हैं कि तथाविध संस्कारों के अभाव में भयानक में वीरप्रकृति का अभाव है।

प्रश्न—उस तरह के प्रयोग में वीर रस का क्या आस्वाद है। उत्तर। जहाँ ऐसी शान्त रस की भूमिका का निबन्धन रहेगा वहाँ अवश्य ही शृंगार एवं वीर आदि में से कोई एक रस रहेगा। और उस तरह की प्रकृति वालों में उनका आस्वाद होगा। यह बात वहाँ ही नहीं है अन्यत्र भी जहाँ कहीं प्रहसन आदि में हास्यादि की प्रधानता है वहां भी अनुनिष्यादी अनुप्राणन करने वाले अन्य रसों का भी यानी भिन्न-भिन्न अधिकारी के लिए भिन्न-भिन्न रसों का आस्वाद होता ही है। यह उद्देश ही रूपक के भेदों के चिन्तन का निमित्त है। ऐसा कोई कहते हैं।

इसलिए शान्त रस है। यही कारण है कि चिरन्तन पुस्तकों में "स्थायिभावान् रसत्वमुपनेष्यामः" इस पंक्ति के बाद "शान्तो नाम शम स्थायिभावात्मकः" ऐसे शान्त के लक्षण का पाठ करते हैं। अतः सभी रसों में शान्त का ही प्रायः आस्वाद होता है। क्योंकि पर्यन्त दशा में उन रसों में भी सब व्यापारों का उपराम हो जाता है। भेद केवल इतना ही है कि विषयों के अधिष्ठान के विपरिवर्तन से उन रसों की मुख्यता का लाभ होता है

अध्यात्मध्यानसमुत्थस्तत्त्वज्ञानार्थहेतुसंयुक्तः।
नैःश्रेयसोपदिष्टः शान्तरसो नाम सम्भवति ॥८३॥

अभिनवभारती

'अष्टानामिह देवानां श्रृङ्गारादीन् प्रदर्शयेत्।
मध्ये च देवदेवस्य शान्तं रूपं प्रकल्पयेत्॥' इति।

तस्य च वैराग्यसंसारभीरुत्वादयो विभावाः। स हि तैरुपनिबद्धैर्विज्ञायते। मोक्षशास्त्रचिन्तादयोऽनुभावाः। निर्वेदमतिस्मृतिधृत्यादयो व्यभिचारिणः। अत एवेश्वरप्रणिधानविषये भक्तिश्रद्धे स्मृतिमतिधृत्युत्साहाद्यनुप्रविष्टे अङ्गमिति न तयोः पृथग्रसत्वेन गणनम्। अत्र सङ्ग्रहकारिका—

बालक्रीडा

(मूल) अध्यात्म शब्द का अर्थ है (आत्मनि इति अध्यात्मम्) आत्मा के विषय में। अतः आत्मा के विषय में किये गये ध्यान आदि से उत्पन्न, तत्त्वज्ञान के विषयीभूत अर्थों के हेतुओं से संयुक्त और मोक्ष के विषय में प्रवृत करने के लिए उपदिष्ट शान्त रस होता है। निःश्रेयस ही नैःश्रेयस है स्वार्थ में अण् हुआ है। निःश्रेयस शब्द का अर्थ है अपवर्ग मोक्ष कैवल्य अतः मोक्षाध्यात्मसमुत्थः में मोक्ष पद के उपन्यास एवं नैःश्रेयसोपदिष्टः में नैःश्रेयस पद के उपन्यास करने से पुनरुक्ति हो जाती है जिससे मोक्षाध्यात्म यह अशुद्ध है। अतः अध्यात्मध्यानसमुत्थः पाठ शुद्ध है।

अतः अन्य वासनाओं का उपधान रहता है यही कारण है कि वह शान्त सब रसों की प्रकृति है। और इसी को बतलाने के लिए सब रसों के पहले उसका कथन किया है। लोक में भी देखा गया है सामान्य पदार्थ का पृथक् पृथक् परिगणन नहीं होता है। यही बात है कि इसके स्थायी का पृथक् अभिधान नहीं किया किन्तु विवेचकों के लिए यह आवश्यक है कि सामान्य की भी पृथक् गणना उनको करनी चाहिए। इसलिए विवेचकों की अभिमत सामाजिकगत आस्वाद लक्षण प्रतीति के विषय होने से वह शान्त अलग ही है। इतिहास, पुराण एवं नाम कोश आदि में जो रस सुनाई पड़ते हैं। श्रीमत्सिद्धान्त शास्त्र उत्पलाचार्य के प्रत्यभिज्ञादर्शन में भी। जैसा कि कहा है।

यहाँ आठों देवताओं के श्रृंगारादि का प्रदर्शन करे किन्तु बीच बीच में देवाधिदेव महादेव के शान्त रूप का भी प्रदर्शन करे।

उस शान्त के वैराग्य एवं संसार भीरुता आदि विभाव हैं। उनके उपनिबन्धन से उसका ज्ञान होता है। मोक्ष सम्बन्धी शास्त्रों की चिन्ता आदि उसके अनुभाव हैं। निर्वेद मति स्मृति एवं धृति आदि व्यभिचारी हैं। अतएव ईश्वरप्रणिधान विषयिणी स्मृति मति धृति एवं उत्साह आदि के अनुप्रवेश वाली भक्ति एवं श्रद्धा भी इसी शान्त के अंग हैं। यही कारण है कि उन दोनों का पृथक् रस रूप से परिगणन नहीं किया है। इस विषय में यह संग्रह कारिका है।

बुद्धीन्द्रियकर्मेन्द्रियसंरोधाध्यात्मसंस्थितोपेतः ।
सर्वप्राणिसुखहितः शान्तरसो नाम विज्ञेयः ॥८४॥
न यत्र दुःखं न सुखं न द्वेषो नापि मत्सरः ।
समः सर्वेषु भूतेषु स शान्तः प्रथितो रसः ॥८५॥
भावा विकारा रत्याद्याः शान्तस्तु प्रकृतिर्मतः ।
विकारः प्रकृतेर्जातः पुनस्तत्रैव लीयते ॥८६॥
स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्तते ।
पुनर्निमित्तापाये च शान्त एवोपलीयते ॥८७॥

### अभिनवभारती

अध्यात्मध्याननिमित्तस्तत्त्वज्ञानार्थहेतुसंयुक्तः ।
निःश्रेयसधर्मयुतः शान्तरसो नाम विज्ञेयः ॥
अनुभावविभावस्थायियोगः क्रमाद्विशेषणत्रयेण दर्शितः ।

### बालक्रीडा

(मूल) बुद्धीन्द्रियों (ज्ञानेन्द्रियों) एवं कर्मेन्द्रियों के व्यापारों के संरोध से आत्मविषयक स्थिति से उपेत करने वाला और सर्वप्राणियों के सुख के हित वाली जनक शान्त रस को समझना चाहिए ॥८४॥

(मूल) न जहाँ दुःख है, न सुख है, न द्वेष है, न मात्सर्य है, अपितु सभी भावों में एक रूप है वह प्रसिद्ध शान्त रस है। भूत पद का अर्थ यहाँ भाव है। क्योंकि भू धातु से भाव में घञ् होने पर भाव बनता है और क्त होने पर भूत बनता है। सुख दुःख द्वेष मात्सर्य एवं चिन्ता ग्लानि आदि सभी भावों का ही ऊपर में पूर्वार्द्ध में निर्देश है अतः भूत पद का भाव अर्थ है ॥८५॥

(मूल) रत्यादि भाव विकार हैं। और शान्त सबका प्रकृति है। विकार प्रकृति से पैदा होते हैं फिर उसी में लीन हो जाते हैं ॥८६॥

(मूल) इसलिए अपने २ निमित्तों कारणों को पाकर शान्त से सभी भाव पैदा होते हैं और निमित्त के अपाय से पुनः शान्त में लीन हो जाते हैं ॥८७॥

अध्यात्म विषयक ध्यान आदि जिसमें अभिनय के निमित्त हैं कारणीभूत अनुभाव है। जैसाकि मूल लेख है···अध्यात्मध्यान···आदिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः इति। तत्त्वज्ञान के विषयी भूत अर्थ रूप हेतु विभाव से संयुक्त है। निःश्रेय मोक्ष के प्रवर्तक धर्म शम से युत शान्त रस को जानना चाहिए।

यहाँ अध्यात्मध्यान अनुभाव तत्त्वज्ञान विभाव है। जैसाकि कहा है (तत्त्वज्ञान वैराग्याशयशुद्ध्यादिभिर्विभावैरुत्पद्यते)। निःश्रेयस मोक्ष के प्रवर्तक धर्म शमयुत स्थायी है।

## अभिनवभारती

स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भावः प्रवर्तते ।
पुनर्निमित्तापाये तु शान्त एव प्रलीयते ॥
इत्यादिना रसान्तरप्रकृतित्वमुपसंहृतम् ।

यत्तु डिमे हास्यश्रृङ्गारपरिहारेण षड्रसत्वं च वक्ष्यते तत्रायं भावः । 'दीप्तरस-काव्ययोनिः' ( ना. शा. १८-८९ ) इति भाविना लक्षणेन रौद्रप्रधाने तावड्डिमे तद्विरुद्धस्य शान्तस्य सम्भावनैव न । किं निषेधेन । शान्तासम्भवे तु दीप्तरसकाव्ययोनिरित्येतेन किं व्यवच्छेद्यम् । 'श्रृङ्गारहास्यवर्जं षड्रसयुक्तः' ( ना. शा. १८-८४ ) इति शुष्के कस्तत्र प्रसङ्गः ।

ननु करुणबीभत्सभयानकप्राधान्यमनेन पादेन व्यवच्छेद्यते । नैतत् । 'सात्वत्यारभटीवृत्तिसम्पन्नः' (१८-८८) इत्यनेनैव तन्निरासात् । शान्ते तु सात्वत्येव वृत्तिरिति तद्व्यवच्छेदकमेवैतत् । तेन डिमलक्षणं प्रत्युत शान्तरसस्य सद्भावे लिङ्गम् । श्रृङ्गारस्तु प्रसभं सेव्यमानः सम्भाव्य एव । तदङ्गं च हास्य इति तयोरेव प्रतिषेधः कृतः ग्राम्यत्वात्सर्वसाम्याच्च । विशेषतो वर्णदेवताभिधानमनुचितमप्यस्य तत्कल्पितमिति ज्ञेयम् । उत्पत्तिस्तु शान्तस्यापि दर्शितैव । तस्याभावो हि हास्यः । सहविभावत्वेन चास्य वीरबीभत्सौ । अत एवास्य रसस्य यमनियमेश्वरप्रणिधानाद्युपदेशः उपयोगितया, महाफलत्वं सर्वप्राधान्यमितिवृत्तव्यापकत्वं चोपपन्नमित्यलमतिप्रसङ्गेन ।

## बालक्रीड़ा

इस क्रम से तीन विशेषणों के द्वारा अनुभाव विभाव एवं स्थायी का बोध दिखला दिया है ।

सभी भाव अपने २ निमित्त को प्राप्तकर शान्त से प्रवृत्त होते हैं । और फिर निमित्त के अपाय होने पर शान्त में ही वे भाव प्रलीन हो जाते हैं ।

इत्यादि से शान्त अन्य सब रसों का प्रकृति है यह उपसंहार कर दिया है ।

जो तो डिम में शृंगार एवं हास्य को छोड़ छ रसों को कहेंगे । वहाँ का भाव यह है । दीप्त रस वाला काव्य डिम का योनि है । इस भावी लक्षण से रौद्ररस प्रधान डिम में डिम के विरुद्ध शान्तरस की संभावना ही है प्राप्ति होना तो और भी दूर है । अतः जब प्राप्ति नहीं है तब निषेध किसका होगा । क्योंकि (प्राप्तौ सत्यां निषेधः) प्राप्त होने पर निषेध होता है । अतः निषेध करने से क्या लाभ है । जब शान्त रस का होना डिम में असंभव है तब "दीप्तरस काव्ययोनिः" इस असाधारणधर्म रूप लक्षण से व्यवच्छेद्य शान्तरस कैसे हो सकता है । अतः शृंगार हास्य रहित छ रसों से युक्त डिम होता है ऐसा कहने पर शान्त का वहाँ कौन प्रसंग है ।

प्रश्न—यदि कहेंकि उक्त पाद से करुण बीभत्स एवं भयानक का प्राधान्य व्यवच्छेद्य है उत्तर । तब भी यह ठीक नहीं है । क्योंकि सात्वती एवं आरभट्टी वृत्तियों से सम्पन्न यह डिम है इसी से उनके प्राधान्य का निरास हो गया । शान्त में तो सात्वती ही वृत्ति

**एवं नव रसा दृष्टा नाट्यज्ञैर्लक्षणान्विताः ।**

**एवमेते रसा ज्ञेयानव लक्षणलक्षिताः ।**

**अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि भावानामपि लक्षणम् ॥८८॥**

अभिनवभारती

तत्त्वास्वादोऽस्य कीदृशः । उच्यते उपरागदायिभिरुत्साहरत्यादिभिरुपरक्तं यदात्मस्वरूपं तदेव विरलोम्भितरत्नान्तरालनिर्भासमानसितवरसूत्रवदाभातस्वरूपं सकलेषु रत्यादिषूपरञ्जकेषु तथाभावेनापि सकृद्विभावोऽयमात्मेति न्यायेन भासमानं परोन्मुखतात्मसकलदुःखजालहीनपरमानन्दलाभसंविदेकत्वेन काव्यप्रयोगप्रबन्धाभ्यां साधारणतया निर्भासमानमन्तर्मुखावस्थाभेदेन लोकोत्तरानन्दानयनं तथाविधहृदयं विधत्त इति ।

बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार नाट्य के जानकारों ने लक्षणों से समन्वित नव रसों को देखा है अतः लक्षणों से लक्षित इन नौ रसों को जानना चाहिए । अब इसके बाद भावों के भी लक्षणों को कहूँगा ।

होती है अतः करुणादि की प्रधानता का व्यवच्छेदक ही यह विशेषण है या पद है । बल्कि इस कथन से तो यह सिद्ध होता है कि डिम का लक्षण शान्तरस के सद्भाव में लिंग है । बलात्कार से सेव्यमान शृंगार तो कथंचित् सम्भाव्य भी है । उसका अंग हास्य है । अतः प्राप्त होने से (एवं सब रूपकों में समान रूप से अभिनेय होने से) उन दोनों का ही प्रतिषेध किया है । शान्त रस के विषय में वर्ण एवं देवता का अभिधान यद्यपि अनुचित है तथापि (अन्य रसों की तुलना करने के लिए) विशेष रूप से कल्पना कर के कहा गया है ऐसा समझना चाहिए । उत्पत्ति तो शान्त की भी दिखा ही दी है । उस का अभाव हास्य है वीर एवं बीभत्स दोनों इसके समान विभाव वाले हैं । इसीलिए इस शान्त रस में उपयोगी होने से यम नियम एवं ईश्वर प्रणिधान आदि का उपदेश महाफलशालिता, सर्व प्राधान्य एवं इतिवृत्त व्यापकत्व की उपपत्ति हो गयी अतः अतिप्रसंग करना ठीक नहीं है ।

प्रश्न—इस शान्तरस का आस्वाद कैसा है । उत्तर । कहते हैं कि अपने स्वरूप से उपरक्त कर देने वाले उत्साह एवं रति आदि से उपरक्त और थोड़ी २ जगह छोड़कर जड़े हुए रत्नों के बीच में चमकते हुए सूत्र की तरह चमकीले स्वरूप वाला जो आत्मस्वरूप है वही रत्यादि सकल उपरंजकों में उक्त सूत्र की भावभंगी से भी एक बार प्रकाशित हुआ यह आत्मा सकल विश्व को अन्धकाररहित कर के आनन्द विभोर कर देता है के न्याय से पराङ्मुखता लक्षण सकल दुःखों से हीन तथा परमानन्द का लाभ करा देने से चिदेक रूप से काव्य प्रयत्न एवं प्रयोग प्रबन्ध के द्वारा साधारणतया भास मान आत्मा, अन्तर्मुखी अवस्था को उत्पन्न कर के लोकोत्तर आनन्द को प्राप्त कराने वाले अत एव सकल दुःखों से हीन हृदय को कर देता है ।

## अभिनवभारती

एवं ते नवैव रसाः। पुमर्थोपयोगित्वेन रञ्जनाधिक्येन वा इयतामेवोपदेश्यत्वात्। तेन रसान्तरसंभवेऽपि चार्षप्रसिद्धया सङ्ख्यानियम इति यदन्यैरुक्तं तत्प्रत्युक्तम्। भावाध्यायेऽपि चैतद्वक्ष्यते। आर्द्रतास्थायिकः स्नेहो रस इति त्वसत्। स्नेहो ह्यभिषङ्गः। स च सर्वो रत्युत्साहादावेव पर्यवस्यति। तथा हि—बालस्य मातापित्रादौ स्नेहो भये विश्रान्तः। यूने मित्रजने रतौ। लक्ष्मणादौ भ्रातरि स्नेहो धर्ममय एव। एवं वृद्धस्य पुत्रादावपीति द्रष्टव्यम्। एषैव गन्धस्थायिकस्य लौल्यरसस्य प्रत्याख्याने सरणिर्मन्तव्या। हासे वा रतौ वान्यत्र पर्यवसानात्। एवं भक्तावपि वाच्यमिति।

अध्यायार्थमुपसंहरन् भाविनोऽवकाशं ददत्सङ्गतिं प्रकटीकर्तुमाह—एवमेते रसा ज्ञेया नवेति। रसवद्गीतमित्यादिव्यपदेशान् स्तूयते। समूला एवोपचारा इति दर्शयति—लक्षणलक्षिता इति। भावानामपि लक्षणं रसलक्षणमेव पूरयति।

## मधुसूदनी

एवं भक्तावपीति। यथा या सरणिः गन्धस्थायिकस्य लौल्यरसस्य प्रत्याख्याने तथा सा सरणिः भक्तावपि मन्तव्या। अत्र गन्ध गति हिंसायाचनेषु इति धातोर्निष्पन्नः गन्धशब्दः याचनार्थकः। एवं याचनास्थायी भावो यस्य स। लोलस्य चपलस्य भावो लौल्यं चापलम्। स एव इतस्ततो याचते यो लोलो भवतीति। भक्तेः गुरुराजदेवता विषयकरतौ पर्यवसानं मन्तव्यम्। अधिकन्तु अत्र विषये भावाध्याये सप्तमे वक्ष्यते।

## बालक्रीडा

इस प्रकार के ये नौ ही रस हैं। पुरुष प्रार्थनीय अर्थों में उपयोगी होने से तथा रंजन की अधिकता से इतने ही उपदेश्य हैं। इससे अन्य रसों के होने पर भी जो यह रसों की नौ संख्या का नियम है वह आर्ष प्रसिद्धि के अनुसार है ऐसा अन्यों का कहना प्रत्युक्त हो गया दत्तोत्तर हो गया। भावाध्याय में इस तथ्य को कहेंगे। आर्द्रता नामक स्थायी वाला स्नेह रस है ऐसा किसी का कहना असत् है। स्नेह का अर्थ अभिषंग है। अभितः संग चारो तरफ से आसक्ति है वह रति एवं उत्साह आदि में समाप्त हो जाता है। जैसे बालक का माता एवं पिता आदि में स्नेह भय में विश्रान्त है। युवकों का अपने प्रेमी एवं प्रेयसी की रति में। भाई का भाई में स्नेह धर्ममय ही होता है अतः उसकी धर्म में विश्रान्ति है। यही दशा बृद्धों का पुत्र आदि के ऊपर होने वाले प्रेम की भी समझनी चाहिए। यही सरणि गन्ध "गन्ध गतिहिंसायाचनेषु" इस धातु के अनुसार याचन रूप स्थायी भाव वाले लौल्य रस के प्रत्याख्यान करने में माननी चाहिए। क्योंकि उसका अन्तर्भाव हास्य या रति या अन्य किसी में हो जाता है। यही स्थिति भक्ति के विषय में भी कहनी चाहिए।

अब छठे अध्याय के अर्थ का उपसंहार करते हुए भावी अध्याय के अर्थ को अवकाश देते हुए संगति प्रकट करने के लिए कहते हैं कि इस तरह इन नौ रसों को जानना चाहिए। उपचार लक्षणा समूल होती है यानी लक्षणा करने का कोई आधार होता है इसको दिखाते हैं

## अभिनवभारती

विभावव्यभिचार्यनुभावलक्षणेन रसलक्षणमेव पूर्यते। रतिस्थायिभावप्रभवः ऋतुमाल्यादिविभावको नयनचातुर्याद्यनुभावक इत्युक्तमपि साकाङ्क्षमेव। कीदृशी हि रतिः कश्च विभावः कश्चानुभावः। तेन यद्यप्यापाततो भावानां लक्षणमिदं प्रतिभाति साहचर्यात् तथापि वाक्यैकवाक्यतया रसलक्षणमेवेदमित्यपिशब्दस्यार्थ इति शिवम्।

रत्यादिशक्त्यष्टकमध्यवृत्तिर्यस्य स्वहृन्मण्डलसम्प्रयोक्त्या (क्तः)।
स्थायी शिवश्चेतसि तेन वृत्तिः कृता रसाध्याय इह क्रमेण॥

इति श्रीमहामाहेश्वराभिनवगुप्तविरचितायां नाट्यवेदविवृतावभिनवभारत्यां
रसाध्यायः षष्ठः समाप्तः

## मधुसूदनी

इति नाट्यशास्त्रे श्रीमधुसूदन शास्त्रिणः कृतौ मधुसूदन्यां षष्ठोऽध्यायः

प्रासूत रामो विदुषां वरेण्यो वत्सावरी श्रीमधुसूदनं यम्
महात्मनस्तस्य कृतिर्व्यरंसीन्नाट्येऽत्र षष्ठे मधुसूदनीयम्

## बालक्रीडा

इति श्रीमधुसूदन शास्त्री की रचित मूलनाट्यशास्त्र की हिन्दी टीका बालक्रीडा समाप्त हुई।

कि लक्षणों से लक्षित है। भावों के भी लक्षण रसों के लक्षणों को पूर्ण करते है। विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी के लक्षण से रस का लक्षण ही पूर्ण होता है। रति नामक स्थायी भाव से जिसका प्रभव है उत्पत्ति है। ऋतु एवं तदुद्भूत पुष्पों की माला आदि जिसम विभाव है। नयन चातुर्यादि जिसमें अनुभाव है ऐसा कहना भी साकांक्ष ही है। कैसी रति। कौन विभाव। कौन अनुभाव। इससे यद्यपि आपातत: यह भावों का लक्षण साहचर्य वश मालूम पड़ता है तथपि पूर्व वाक्यों की उत्तर वाक्यों के साथ एकता होने का नियम है अत: रसों का ही यह लक्षण है यह अपि शब्द का अर्थ है। इति शिवम्।

रत्यादि आठ शक्तियों के मध्य में रहने वाला, और अपने हृदय मण्डल स्थान में प्रयोक्ता प्रेरक शिव जिसके चित्त में स्थायी है उस अभिनव ने यहाँ रसाध्याय में क्रम से वृत्ति की है।

इति श्रीमधुसूदन शास्त्री की कृति नाट्य शास्त्र के छठे अध्याय की बालक्रीडा हिन्दी टीका समाप्त हुई।

---

## अथ सप्तमोऽध्यायः ।

**भावानिदानीं व्याख्यास्यामः । अत्राह—भावा इति कस्मात् । किं भवन्तीति भावाः, किं वा भावयन्तीति भावाः । उच्यते—वागङ्गसत्त्वोपेतान्काव्यार्थान्भावयन्तीति भावा इति ।**

### अभिनवभारती

स्थायी प्रबुद्धहृदये व्यभिचारिभूतः
कामाकुलासु जनतासु महानुभावः ।
अन्तर्विभावविषयो रसमात्रमूर्तिः
श्रीमान्प्रसन्नहृदयोऽस्तु मम त्रिनेत्रः ॥

### बालक्रीडा

(मूल) इस समय भावों की व्याख्या करेंगे। अर्थात् स्थायी भाव एवं व्यभिचारी भावों के लक्षण आदि का निर्देश करेंगे। इस विषय में कहते हैं कि भाव यह क्यों है: प्रश्न होता है कि भाव इस नाम करण का क्या अभिप्राय है। इन चित्तवृत्तियों की भाव यह संज्ञा क्यों है यहाँ का रहस्य यह है कि "भाव" यह शब्द भूधातु से घञ् प्रत्यय करने पर बनता है। भू धातु के तीन अर्थ हैं या तीन भूधातु हैं। जैसे भू सत्तायाम्, भू अवकल्कने, भू प्राप्तौ। इन तीनों में भू प्राप्तौ आत्मनेपदी है। उसके भवते भवेते भवन्ते एवं भावयते भावयेते भावयन्ते रूप बनते हैं। भवन्ति या भावयन्ति रूप नहीं बनते हैं। अतः अवशिष्ट दो हैं। उनमें से किस धातु से यह "भाव" पद बना है। क्योंकि भवन्ति या भावयन्ति ये रूप सत्ता अर्थ वाली एवं अवकल्कन अर्थ वाली धातु से बन सकते हैं। अतः उत्तर कहते हैं कि उच्यते। कहते हैं यहाँ "भाव" शब्द भूसत्तायां से नहीं बना है अपितु भू अवकल्कने से बना है। अवकल्कन का अर्थ है चिन्तन। चिन्तन ज्ञान रूप है अतः वाचिक आंगिक एवं सात्विक अभिनयों से उपेत सहित काव्यार्थों का सामाजिकों को ज्ञान जो करा देते हैं

अब सातवें अध्याय का आरम्भ करते हैं। प्रबुद्ध जनता। ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या। उमा कहहुँ मैं अनुभव अपना। सत हरिभजन जगत् सब सपना। इस तरह तत्व को समझकर निरन्तर भगवान् का स्मरण करने वाली जनता के हृदय में स्थायी स्थिर रूप से रहने वाले और कामाकुल "यद्यद्धि कुरुते जन्तुस्तत्तत्कामस्य चेष्टितम्" प्राणी जो कुछ भी करता है वह सब काम की चेष्टा है। अतः कामनाओं से आकुल व्यस्त (विभवगुणैः कुर्वंस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला यानी व्यस्ता) जनता के हृदय में व्यभिचारिभूत अर्थात् जब कभी कामनाओं की पूर्ति के लिए की गई आराधनाओं में जनता भगवान् को स्मरण करती है तब भगवान् हृदय में आते हैं और कामनाओं की पूर्ति हो जाने के बाद अन्य समय में भूल जाने पर भगवान् हृदय में नहीं आते हैं इस तरह अनियत रूप से हृदय में रहने वाले, महानुभाव महाशय महेच्छ (महाशयो महेच्छस्तु महानुभाव इत्यपि। यह शब्दरत्नावली है) विभावो विज्ञानार्थः। विभाव शब्द का अर्थ विज्ञान है। अतः अन्तर्विभाव का अर्थ है आन्तरिक विज्ञान का विषय अर्थात्

## अभिनवभारती

भावानिदानीमिति। नन्वध्यायान्त एवैतदासूत्रितमिति किमनेन पुनरुक्तेन। 'भावाश्चापि कथं प्रोक्ताः' (ना. शा. ६-३) इत्यत्रैव प्रश्ने कृते पुनरिहाध्याये 'किं भवन्ति' इत्यादि च किमर्थमुच्यते।

अत्र केचिदाहुः—'भावाश्चापि' इत्यध्यायादौ 'भावानामपि लक्षणम्' इत्यध्यायान्ते च विभावादीनां सर्वेषां साधारण्येन प्रश्नप्रतिज्ञादि। अधुना तु विभावादिषु वक्तव्येषु प्रथमं तावत्प्राधान्याच्चित्तवृत्तिरूपाः स्थायिव्यभिचारिणो लक्षणीया इति तद्विषयैवेयं प्रतिज्ञा प्रश्नश्च।

वयं तु ब्रूमः—भावशब्देन तावच्चित्तवृत्तिविशेषा एव विवक्षिताः। तथा च 'एकोनपञ्चाशता भावैः' इत्यादौ तानेवोपसंहरिष्यति। तेषां तु योग्यतावशाद्यथायोगं स्थायिसंचारिविभावानुभावरूपता संभवति। ये त्वेते ऋतुमाल्यादयो विभावा बाह्याश्च बाष्पप्रभृतयोऽनुभावा एकान्तजडस्वभावाः ते न भावशब्दव्यदेश्याः।

## बालक्रीडा

अन्तर्मुखी अतः शुद्ध चित्तवृत्तिवाले पुरुष का बोध्य। रसमात्रमूर्ति केवलानन्द स्वरूप। मात्र शब्द केवल का पर्याय है। श्रुति कहती है कि "रसो वै सः रसं ह्येवायं लब्ध्वा आनन्दी भवति" वही रस है अतः रस को प्राप्त कर यह प्राणी आनन्दी होता है। जैसे दोष को प्राप्त करने वाला दोषी होता है। वैसे ही आनन्द को प्राप्त करने वाला आनन्दी होता है। यदि रस आनन्द रूप नहीं हो तो उसको प्राप्त करने वाला आनन्दी कैसे हो सकता है किन्तु आनन्दी होता है। अतः रस आनन्द स्वरूप है फलतः रसमात्रमूर्ति यानी केवलानन्दमूर्ति। श्रीमान् शोभासम्पन्न विभवसम्पन्न, त्रिणेत्र अग्नि सूर्य एवं चन्द्ररूप तीन नयन वाले भगवान् मेरे ऊपर हृदय से अकृत्रिम भाव से प्रसन्न होवें। यहाँ भगवान् की स्तुति के बहाने विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है इस सूत्र की व्याख्या कर दी है।

भावों की अब व्याख्या करेंगे। प्रश्न—"अतः ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि भावानामपि लक्षणम्। इस अध्याय के अन्त के श्लोक में आप यह सूचना दे चुके हैं कि अब इसके बाद भावों के लक्षण को कहूँगा। अब फिर भावों की व्याख्या करेंगे इसके कहने का क्या आशय है। और "भावाश्चापि कथं प्रोक्ताः" यहाँ पर भी भावों के बारे में प्रश्न कर चुके हैं। तब इस प्रचलित अध्याय में "किं भवन्ति" इत्यादि क्यों कहते हैं किस लिए कहते हैं।

उत्तर। इस पर कोई ऐसा कहते हैं कि "भावाश्चापि" यह अध्याय के आरम्भ में और भावानामपि लक्षणम् यह अध्याय के अन्त में विभाव अनुभाव आदि सबके सम्बन्ध में प्रश्न एवं प्रतिज्ञा आदि हो चुके हैं। अब तो विभाव आदि के विषय में कहना है। अतः प्रधानता की दृष्टि से प्रथम स्थायी एवं व्यभिचारी रूप चित्त वृत्तियों का लक्षण करना चाहिए इसलिए उन्हीं के विषय में यह प्रतिज्ञा है एवं प्रश्न भी है। हम तो कहते हैं कि भाव शब्द से चित्तवृत्ति विशेष ही, विवक्षित है। इसीलिए एकोनपंचाशत् भाव हैं इत्यादि स्थल में उन्हींका उपसंहार भी करेंगे। किन्तु उन भावों का रूप यथायोग माने योग्यता के बदौलत

## अभिनवभारती

ननु रससंविस्वभावे निमज्जनादत एवोन्मज्जनाच्च तेऽपि संविदात्मकाः। एवं तर्हि विश्वमेव भावमयं स्यादुपचारात् विज्ञानवादाश्रयाद्वेत्यभिनयधर्म्यादीनां पृथक्त्वानुपपत्तिः। तस्मात्स्थायिव्यभिचारिसात्त्विका एव भावाः। विभावानुभावानां च प्रासङ्गिकं लक्षणम्। एतच्च वक्ष्यामः।

यत्त पौनरुक्त्यं चोदितं तदसत्। तथा हि— रसाध्यायप्रारम्भे चोदितमङ्गमध्ये भावा अनुद्दिष्टा एव कथं तत्र तत्रोदीरिता इति। तन्निराकरणार्थमाह—भावानिति। यतोऽतीताध्यायान्ते भावानां लक्षणं रसलक्षणमेव अत इदानीमपि गतचोद्यांशकेऽवसरे भावान्वक्ष्यामो रसानामङ्गमध्ये पठितत्वादिति।

ननु चित्तवृत्त्यात्मान एव चेद्भावास्तर्हि तेषु व्युत्पत्तिद्वयमपि संभाव्यते। तथा हि 'भवतिः' रतिभूतप्रादुर्भावे। प्रकर्षगतिश्च पुनरभिधानात्तेन येन तरतमपूर्वतयैव

## बालक्रीड़ा

(मूल) स्थायी, संचारी, विभाव एवं अनुभाव हैं। जो तो बाहरी ऋतु माल्यादि उद्दीपन विभाव हैं और एकान्त जड़स्वभाव वाले आंसू वगैरह हैं वे भाव शब्द से कहने के लायक नहीं हैं।

प्रश्न—संवित् चैतन्य एवं आनन्द स्वभाववाले रस में निमज्जन अत एव उन्मज्जन करने के कारण वे ऋतुमाल्यादि एवं बाष्पप्रभृति भी संवित् एवं आनन्द स्वरूप हैं। इस तरह उपचार से अथवा विज्ञान वादी बौद्ध के मत का आश्रयण करने से तो विश्व ही भाव मय हो जायगा। तब तो अभिनयों का तथा लोकधर्मी एवं नाट्य धर्मी इतिवृत्त का पृथक् कहना अनुपपन्न हो जायगा। उत्तर। इसलिये ८ स्थायी ३३ व्यभिचारी एवं रोमांचादि आठ सात्विक ये ४९ ही भाव हैं। विभाव और अनुभाव तो भाव नहीं हैं उनका लक्षण कथन प्रासंगिक है। इस तथ्य को आगे कहेंगे।

और जो पुनरुक्ति का कुचोद्य किया वह असत् है। जैसे रसाध्याय के प्रारम्भ में आपने कहा था कि नाट्य के अंगों के मध्य में भावों का उद्देश नामसे कीर्तन ही नहीं किया है किन्तु फिर भी आपने वहां वहां बार २ उनको क्यों कहा। उसका निराकरण करने के लिए कहते हैं कि भावों को। जब कि अतीत अध्याय के अन्त में जो भावों का लक्षण है वह रस का ही लक्षण है अतः अब भी गत चोद्य अंश के अवसर पर भावों को कहेंगे क्योंकि नाट्य के अंगों के मध्य में रसों का पाठ किया है।

यदि चित्तवृत्तिरूप ही ये भाव हैं तब तो इन में दो व्युत्पत्तियों की संभावना है। जैसे "भवति" यह पद रतिभूत रतिसदृश वस्तुओं हासादि स्थायियों, निर्वेदादि व्यभिचारियों एवं रोमाञ्चादि सात्विकों के प्रादुर्भाव के अर्थ में है। (यहाँ भूतशब्द उपमा (सादृश्य) के अर्थ में है। "यत्तर्हि तद्भिन्नेष्वभिन्नं छिन्नेष्वच्छिन्नं सामान्यभूतं स शब्दः॥ इस भाष्य के "सामान्यभूतम्" पद के अन्तर्गत भूतशब्द के विषय में प्रदीपकारने लिखा है कि भूतशब्द उपमार्थ। यथा पितृभूतः यह उदाहरण भी दिया है। भूप्राप्तौ धातु से णिजभावपक्ष में क्त प्रत्यय का रूप है।)

## अभिनवभारती

प्रादुर्भवति न तु क्षणं व्यवतिष्ठते। तेभ्यो भावाश्चित्तवृत्त्यात्मानोऽनुभावज्ञानस्य परिमितकालभावित्वात्। यदि वा भावयन्ति आस्वादनं कुर्वन्ति हृदयं व्याप्नुवन्तीति। तत्व्य व्युत्पत्तिद्वयसंभावनात्कथं भवन्ति' इति पक्षमनाशङ्क्यैव 'किं वा ते भावयन्ति' इति प्रश्नोऽयुक्त इत्यभिप्रायेणानुद्भिन्नमर्थं प्रश्नस्योद्भेदयन् प्रश्नार्थमेवानुभाषते—किं भवन्तीत्यादि। भवन्ति भावयन्ति वा। भावयन्तीति च किमेतत्कुर्वन्ति व्याप्नुवन्ति वा। तत्र च द्वयेऽपि किं कर्म।

एवं प्रश्नार्थमनुभाष्योत्तरमाह—वागङ्गसत्त्वोपेतानित्यादि। कोः कवतेर्वा कवनीयं काव्यम्। तत्र च पदार्थवाक्यार्थौ रसेष्वेव पर्यवस्यत इत्यसाधारण्यात्प्राधान्याच्च काव्यस्यार्थाः रसाः। अर्थ्यन्ते प्राधान्येनेत्यर्थाः। न त्वर्थशब्दोऽभिधेयवाची। स्वशब्दानभिधेयत्वं हि रसादीनां ध्वनिकारादिभिर्दर्शितम्। तच्च मदीयादेव तद्विवरणात्सहृदयालोकलोचनादवधारणीयम्। इह तु यथावसरं वक्ष्यत एव।

एवं काव्यार्थान् रसान् भावयन्ति कुर्वते। स्थायिव्यभिचारिकलापेनैव ह्यास्वाद्योऽलौकिकार्थो निर्वर्तते। पूर्वं हि स्थाय्यादिकमवगच्छन्ति ततः सर्वसाधा-

## बालक्रीड़ा

प्रादुर्भाव के माने प्रकर्ष गति है। और प्रकर्ष गति का कारण है पुनः कथन। इसलिए जिससे तरतमपूर्वता से यानी न्यूनाधिक भाव से गति का प्रकर्ष हो और क्षणभर भी स्थिति शील न हो उन से ही चित्तवृत्तिरूप भाव होते हैं। अनुभावों से नहीं क्योंकि अनुभाव गुण या क्रियारूप है उनका समय परिमित है। यह एक व्युत्पत्ति दिखाई।

यदि वा भावयन्ति अर्थात् आस्वादन करते हैं हृदय में व्याप्त होते हैं या हृदय को व्याप्त करते हैं। ऐसी दो व्युत्पत्तियों की संभावना से "भवन्ति" इस पक्ष की आशंका किये बिना ही क्या वे भावित करते हैं ऐसा प्रश्न क्यों किया। अतः यह प्रश्न अयुक्त है इस अभिप्राय से प्रश्न के अनुद्भिन्न अर्थ का उद्भेदन करते हुए प्रश्न के आशय को ही कहते हैं। "किं भवन्ति" इत्यादि। भवन्ति भावयन्ति वा। और भावयन्ति क्या यह इसको करते हैं या इसको व्याप्त करते हैं।। उन दोनों जगहों में कर्म क्या है। अर्थात् फल क्या है।

इस तरह प्रश्न के अर्थ को कहकर उत्तर कहते हैं कि "वाणी अंग एवं सत्त्व से उपेत" इत्यादि। कु धातु से या कव धातु से कवनीय काव्य बना है। उस काव्य में पदार्थ एवं वाक्यार्थ रस में ही पर्यवसन्न होते हैं इस असाधारणता एवं प्रधानता के कारण काव्य का अर्थ रस है। अर्थ शब्द का प्रतिपाद्य जो प्रधानरूप से अभ्यर्थनीय है वे अर्थ हैं। यह नहीं है कि, अर्थ शब्द अभिधेय का पर्याय वाची है। क्योंकि रस आदि पदार्थ अपने शब्दों से अभिधेय नहीं होते हैं इस बात को ध्वनिकार आदि ने समझा दिया है। इस सिद्धान्त को मेरे बनाये हुए ध्वन्यालोक के विवरण सहृदयालोक लोचन से अवधारण करें। यहाँ तो अवसर आने पर कहेंगे।

अतः काव्य के अर्थ रसों को भावयन्ति अर्थात् करते हैं। स्थायी एवं व्यभिचारी कलाप से ही आस्वाद्य अलौकिक अर्थ निष्पन्न होता है। पहले स्थायी वगैरह को समझते हैं

णिजन्त भू इति धातोः करणे घञ् । तथा च भावो वासना कृतमित्यनर्थान्तरम् । लोकेऽपि च प्रसिद्धम् । अहो ह्यनेन गन्धेन रसेन वा सर्वमेव भावितमिति । तच्च व्याप्त्यर्थम् । श्लोकाश्चात्र—

## अभिनवभारती

रणतयाऽऽस्वादयन्ति । तेन पूर्वावगमगोचरीभूतः सन्नुत्तरभूमिकाभागिन आस्वाद्यस्य भावको निष्पादक उच्यते । तेन भावयन्तीति करणे दर्शयति वागङ्गेति । वागादयस्तत्कर्मसु वर्तन्ते । तेन वर्णनात्मना वाचिकेन संनिवेशवलनादिनाङ्गिकेनान्तर्बहिरात्मना सात्त्विकेन करणभूतेनोपेतान् सम्बद्धान् ।

करणं हि कर्मणि कर्तरि च यद्यपि संबध्यते तथापीहास्य प्राधान्यात्संबन्धदृशि करणत्वमेव दर्शयितुं तृतीयया निर्दिश्यते वागङ्गमुखरागेणेति । अत्र आहार्यं तु यद्यपि नृत्यकलाध्रुवापात्रयोरन्तरङ्गं तथापि तदनन्तरचित्तवृत्त्यवगतौ वाचिकादीनामेवान्तरङ्गता । तथा हि काव्यादपि रसास्वादो भवतीत्युक्तम् । तत्र च न पूर्णताऽऽहार्यस्य । तेनास्य नोपादानम् ।

## बालक्रीडा

(मूल) वे चित्तवृत्तियाँ भाव हैं। इसको स्पष्ट करते हैं कि णिजन्त भूधातु से करणाधिकरण-योश्च सूत्र से करण अर्थ में घञ् प्रत्यय से भाव रूप हुआ है। इसलिए भाव वासना एवं कृत इनका एक ही अर्थ है। लोक में भी प्रसिद्ध है। अहो इस गन्ध से अथवा रस से सभी कुछ द्रव्य देश एवं काल भावित है। यहाँ भावितम् इसमें भाव शब्द से इतच् प्रत्यय किया है। उसका अर्थ है भावना जिसमें दे दी गई है। अतः यह भावित व्याप्ति के अर्थ वाला

फिर सर्वसाधारण रूप से आस्वादन करते हैं। इससे पूर्वज्ञान का विषय होकर उत्तर भूमिका को प्राप्त करने वाले आस्वाद्य के भावक को निष्पादक कहते हैं। इसलिए भावयन्ति की व्युत्पत्ति को करण में दिखाते हैं। 'वागङ्ग' इति। यहाँ वागादि शब्द, वाणी के कर्म अंग के कर्म, एवं सत्त्व के कर्म में प्रयुक्त हैं। अतः करण भूत वर्णनात्मा वाचिक, संनिवेश एवं वलन आदि आंगिक, अन्तर्बहिः स्वरूप सात्त्विक से उपेत सम्बद्ध को। यद्यपि क्रियतेऽनेन जिससे करते हैं इस व्युत्पत्ति के अनुसार करण का अर्थ है साधन है। जिसका कर्म और कर्ता से सम्बन्ध है तथापि यहाँ इसकी प्रधानता है अतः सम्बन्ध के विचार में करणत्व को दिखाने के लिए तृतीया से निर्देश करते हैं। वाणी अंग एवं मुखराग से। यहाँ आहार्य यद्यपि नृत्यकला के ध्रुवा एवं पात्रों में अन्तरंग है तथापि ध्रुवा एवं पात्रों के अनन्तर चित्त-वृत्तियों के समझने में वाचिक अभिनय ही अन्तरंग है। इसीलिए वाचिक स्वरूप काव्य से भी रसका आस्वाद होता है ऐसा कहा। यहाँ आहार्य की पूर्णता नहीं है अतः आहार्य का यहाँ उपादान नहीं किया।

## अभिनवभारती

एतदुक्तं भवति—चित्तवृत्तय एवालौकिकाः वाचिकाद्यभिनयप्रक्रियारूढतया स्वात्मानं लौकिकदशायामनास्वाद्यमास्वाद्यं कुर्वन्तीत्यतस्ता एव भावाः। भवतिर्हि ण्यन्तः प्रकृतं करोत्यर्थमाहेति दर्शयति—णिजन्त भू इतीति। चकार उच्चारणार्थः। णिचः संबन्धेन इकारप्रत्यये सति भूधातोः करोत्यर्थे वश् वर्तते। एतदेवोपसंहरति—भाव इति अनर्थान्तरमिति। एकोऽर्थ इति यावत्।

नन्वास्वाद्यान्तरान्तर्भाव्ये वाचिकादौ किं करणमितिकर्तव्यतांशे वक्तव्यमित्याशङ्क्य तन्त्रेण व्युत्पत्त्यन्तरं दर्शयन् तमाह—लोकेऽपि चेति। न केवलं भाव इति कृतमिति लोके प्रसिद्धं यावद्व्याप्तमित्यपि। एतदपि चेत्यनेनोक्तम्। सर्वमित्येतद्गन्धरसमपि।

ननु तत्रापि कृतमित्येवार्थोऽस्त्वित्याशङ्क्याह—तच्च व्याप्त्यर्थमिति। न हि कस्तूरिकागन्धेन वस्त्रं तद्गन्धं क्रियते। गुणस्यासंक्रान्तेः। न च तत्सदृशगुणान्तरोत्पत्तिः। अयावद्द्रव्यभावित्वाद्गन्धादीनाम्। वस्त्रादौ च विनाशप्रतिपत्तेः। केवलं कस्तूरिकागन्ध एव तावद् द्रव्यदेशकालाक्रमणस्वभावो वस्त्रादिकेऽपि तथा प्रतिपत्तिमाधत्ते। तद्व्याप्तेऽपि। त एव हि वाचिकाद्या अभिनयाः प्रमुखदशायां देशकाल-

## बालक्रीडा

(मूल) हैं। इस विषय में श्लोक है जो अर्थ विभाव से निष्पादित होकर अनुभावों से वाचिक आंगिक एवं सात्त्विक अभिनय किये जाते हैं वे भाव हैं। यहाँ अभिनव भारती कार ने लिखा है

यहाँ का आशय यह है कि लौकिक दशा में अनास्वाद्य भी ये चित्तवृत्तियाँ ही वाचिकादि अभिनयों की प्रक्रिया में आरूढ होने से अलौकिक हुई अपने स्वरूप को आस्वाद्य कर देती हैं अतः वे चित्तवृत्तियां भाव हैं। णिच् प्रत्ययान्त भवति प्रकृत में करोत्यर्थ को कहता है इस बात को दिखाते हैं णिजन्त भू इति। यहां णिच् का चकार उच्चारण के लिए है। णिच् के सम्बन्ध से सनाद्यन्ता धातवः से धातु संज्ञा को प्राप्त इकारप्रत्ययान्त भूधातु करोति के अर्थ में वर्त्तमान है। इसी का उपसंहार करते हैं कि—भावितम्। "अनर्थान्तरम् पद का अर्थ है भाव वासना एवं कृत इन शब्दों का एक ही अर्थ है भिन्न २ अर्थ नहीं है। जहां अन्य आस्वाद्यों से वाचिक आदि अभिनय अन्तर्भावित किये जाते हैं उस वाचिकादि में इतिकर्तव्यतांश के विषय में किस करण को कहना चाहिए ऐसी आशंका करके तंत्र से दूसरी व्युत्पत्ति दिखाते हुए भाव पदार्थ को कहते हैं कि लोक में भी। केवल भाव यह कृतम् इस रूप में लोक में प्रसिद्ध नहीं है अपितु व्याप्त है यह भी लोक में प्रसिद्ध है इस अर्थ को "अपि च" इसने कहा। "सर्वम्" का अर्थ है कि उग्र गन्ध या रस अनुग्र गन्ध या रस भी व्याप्त हो जाते हैं या दब जाते हैं।

जब णिजन्त भू धातु को करोत्यर्थक मानते हैं तब भावित वासित अर्थों को नहीं कहकर कृतम् यही अर्थ उस धातु का माना जाय ऐसी आशंका करके उत्तर कहते हैं कि उसका अर्थ है व्याप्ति यानी फैल जाना। कस्तूरी के गन्ध से वस्त्र को कस्तूरी गन्ध वाला

**विभावेनाहृतो योऽर्थो ह्यनुभावैस्तु गम्यते ।**
**वागङ्गसत्त्वाभिनयैः स भाव इति संज्ञितः ॥१॥**

### अभिनवभारती

विशेषगतत्वेन यद्यपि भान्ति तथापि नटस्य निर्गुणत्वात्, रामादेरपरमार्थसत्त्वात्, भ्रान्तिज्ञानाभावाच्च नियततां विजहतः साधारणीभावमनुप्राप्ताः सामाजिकजनमपि मृगमदामोददिशा व्याप्नुवन्ति स्वचित्तवृत्तिव्यापनाद्वारेण। तेन भावयन्ति सामाजिकात्मानमिति भावाः।

अथ व्युत्पत्त्यन्तरमपि दर्शयितुं प्राक्तनीं च व्युत्पत्तिं संग्रहीतुमाह—श्लोका अत्रेति। विभावो विषयः। तेन यः आहृतो निष्पादितः। तेन विभावापेक्षया भाव्यते क्रियत इति भावः। अनुभावानेभ्यो निरूपयति—वागङ्गेति।

### बालक्रीडा

(मूल) कि (अनुभावानेभ्यो निरूपयति) एभ्यः यह चतुर्थी विभक्ति का रूप है अतः इनके लिए अनुभावों का निरूपण करते हैं—वागङ्गेति। अतः वाचिकादि अनुभाव हैं। सर्वत्र षष्ठ अध्याय में रस प्रकरण में लिखा है कि (अनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः) अनुभावों से अभिनय करना चाहिए। इन सब ग्रन्थों को देख समझ कर विभावेनाहृतः श्लोक का उक्त अनुवाद किया है ॥१॥

नहीं करते हैं क्योंकि गुण की संक्रान्ति नहीं होती है और न कस्तूरी के गन्ध के जैसा गन्ध भी उस वस्त्र में पैदा होता है। गंधादि गुण यावद्द्रव्यभावी नहीं है अर्थात् जब तक वस्त्र रहेगा तब तक गन्ध उसमें बनी रहेगी यह बात नहीं है वस्त्रादि में गन्ध का विनाश जाना गया है। अतः केवल द्रव्य देश काल एवं चैतन्य को आक्रान्त करने वाले स्वभाव से युक्त कस्तूरी का गन्ध ही वस्त्रादिक में वैसी गन्धमयी प्रतिपत्ति कर देता है उसी तरह प्रकृत में भी समझना चाहिए। वे ही वाचिकादि अभिनय प्रमुख दशा में देश विशेष एवं काल विशेष को प्राप्त हुए यद्यपि मालूम पड़ते हैं तथापि नट कस्तूरी की तरह गुण विशिष्ट भी नहीं है जो अपने गुण से द्रव्य देश एवं काल को व्याप्त कर लेवे। न नट में रामादि की परमार्थ सत्ता ही है और न उत्तर कालीन बाध के अभाव में भ्रान्ति ज्ञान ही है अतः वे अभिनय नियतता को छोड़ देते हैं और साधारणी भाव को प्राप्त होते हैं फिर अपने स्वभाव चित्तवृत्ति को व्याप्त करके कस्तूरी के गन्ध की तरह सामाजिक जन को व्याप्त कर लेते हैं इसलिए सामाजिकों की आत्मा चित्त को भावित करते हैं अतः भाव हैं।

अब अन्य व्युत्पत्ति को दिखाने के लिए और प्राक्तनी व्युत्पत्ति का संग्रह करने के लिए कहते हैं कि इस विषय में श्लोक भी हैं।

विभाव माने विषय। विभाव से विषय से आहृत निष्पादित किया गया है। इसलिए विभाव की अपेक्षा से किये जाते हैं अतः भाव हैं। इनके लिए अनुभावों का निरूपण करते हैं। वाक् अंग इति।

वागङ्गमुखरागेण सत्त्वेनाभिनयेन च ।
कवेरन्तर्गतं भावं भावयन्भाव उच्यते ॥ २ ॥

## अभिनवभारती

अन्ये तु वागङ्गसत्त्वाद्यभिनया येषामिति तद्गुणसंविज्ञानेन बहुव्रीहिणा स्वाभिनयसहिता व्यभिचारिणो गृहीताः । तैरिति व्यभिचारिभिश्च भाव्यते मिश्रीक्रियत इति व्यभिचारिणामपि च व्यभिचारिणो भवन्ति । यथा निर्वेदस्य चिन्ता, श्रमस्य निर्वेद इत्यादि निरूपयन्ति । तदासत् । स्थायिनो हि व्यभिचारिता भवति । न तु व्यभिचारिणां स्थायिता । एवं हि सति तदास्वादे रसान्तरमपि स्यात् । यत्रापि व्यभिचारिणि व्यभिचार्यन्तरं सम्भाव्यते । तद्यथा–पुरूरवस उन्मादेऽपि तर्कचिन्तादि तत्रापि रतिस्थायिभावस्यैव व्यभिचार्यन्तरयोगः । स केवलममात्यस्थानीयेनोन्मादेन कृतोपरागः । एतच्च 'यथा नरेन्द्र' ( ना. शा. ७-१० ) इत्यत्र वक्ष्यामः ॥१॥

एवं लोकानुसारेण कविनटशिक्षोपयोगिना व्युत्पत्त्यन्तरमभिधाय सामाजिकाभिप्रायेण यो व्युत्पत्तिद्वयनिरूपितोऽर्थः तत्संग्रहाय श्लोकद्वयमाह—वागङ्गमुखरागेणेति । वागङ्गमुखरागात्मनाऽभिनयेन सत्त्वलक्षणेन चाभिनयेन करणेन कवेः वर्णनानिपुणस्य यः साधारणः अन्तर्गतोऽनादिप्राक्तनसंस्कारप्रतिभानमयो न तु

## बालक्रीडा

(मूल) वाचिक आंगिक मुखराग एवं सात्विक अभिनय के द्वारा कवि के हृदय गत आशय का ज्ञान करा देने वाले को भाव कहते हैं ॥२॥

अन्य तो वाणी अंग एवं सत्त्व आदि अभिनय जिनके हैं ऐसे तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि से अपने अपने अभिनयों के सहित व्यभिचारियों का ग्रहण किया जाता है। "वागङ्ग सत्त्वाद्यभिनया येषा तैः" इसमें उक्त तैः पद का अर्थ है व्यभिचारिभिः । अतः उन व्यभिचारियों से भावन मिश्रण किये जाते हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि व्यभिचारियों के भी व्यभिचारी होते हैं। जैसे निर्वेद रूप व्यभिचारी का चिन्ता व्यभिचारी भाव है। और श्रम का निर्वेद है इत्यादि निरूपण करते हैं। यह सब असत् है। स्थायी व्यभिचारी हो जाता है। किन्तु यह बात नहीं है कि व्यभिचारी भी स्थायी हो जाय। अगर ऐसा माना जायगा तो उनके आस्वाद में रसान्तर भी हो जायगा। और जहाँ कहीं भी व्यभिचारी में व्यभिचार्यन्तर की संभावना करते हैं जैसे पुरुरवा को उन्माद की दशा में भी तर्क चिन्ता आदि हुए थे। वहाँ पर भी रति स्थायी भाव के ही साथ व्यभिचार्यन्तर का योग है। वहाँ केवल अमात्य स्थानीय अर्थात् सहकारी उन्माद के साथ उसने उपराग किया है सम्बन्ध किया है। इस बात को आगे "यथा नरेन्द्र" इस दसवीं कारिका में कहेंगे।

इस प्रकार कवि एवं नट की शिक्षा के उपयोगी लोक पद्धति के अनुसार व्युत्पत्यन्तर को कह कर सामाजिकों के अभिप्राय से जो दो व्युत्पत्तियों के द्वारा अर्थ का निरूपण किया था उसके संग्रह के लिए दो श्लोकों को कहते हैं—वागङ्गमुखरागेण इति। वागभिनय यानी

नानाभिनयसंबद्धान्भावयन्ति रसानिमान् ।
यस्मात्तस्मादमी भावा विज्ञेया नाट्ययोक्तृभिः ॥ ३ ॥

अभिनवभारती

लौकिकविषयजो रागस्तमेव देशकालादिभेदाभावात्सर्वसाधारणीभावेन भावयन् आस्वादयोग्यीकुर्वन् भावश्चित्तवृत्तिलक्षण एवोच्यते । सत्त्वं चित्तैकाग्र्यं तज्जनितं च कृतकं बाष्पादि व्यभिचारि परातिशयप्राप्त्यवस्थात्मकं चेति यथायोगं मन्तव्यम् तदन्तर्भूतोऽपि वैवर्ण्यात्मा मुखरागः प्राधान्यात्पुनरुक्तः । यद्वक्ष्यति—

'शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तः कृतोऽप्यभिनयः शुभः ।
मुखरागविहीनस्तु नैव शोभान्वितो भवेत् ॥' (ना. शा. ८-१६५) इति ।

अथेतिकर्तव्यतां निरूपयितुं सङ्ग्रहश्लोकमाह नानाभिनयेति । रसनयोग्यान् चित्तवृत्तिविशेषान् भावयन्ति गमयन्ति बोधयन्ति बुद्धिविषयान् प्रापयन्ति ।

बालक्रीड़ा

(मूल) क्योंकि नाना प्रकार के अभिनयों से सम्बद्ध अर्थात् नाना अभिनयों के सहित रसों का (इमान् यह भी कर्म है) इन सामाजिकों को (भावयन्ति) बोध करा देते हैं। इसलिए नाट्य के प्रयोक्ता लोग इन्हें भाव समझें ॥३॥

वाचिक अभिनय । यहाँ वागेव वाचिकम् यह समास नही है किन्तु वाचा निर्वृत्तं वाचिकम् है । नट लोग स्टेज पर रंगमंच पर रामादि के बोल को जो बोलते हैं वही बोलने का अभिनय वाचिक है । अंगाभिनय माने अंगों से निर्वृत्त आंगिक अभिनय । मुखरागात्मक अभिनय मुख में पाउडर लगाना एवं मुखवैवर्ण्यात्मिक अभिनय एवं सत्वलक्षण यानी सत्व से निर्वृत्त सात्विक अभिनय न कि सत्त्व रूप अभिनय । सात्विक अभिनय के अन्तर्गत वैवर्ण्यात्मिक मुखराग अभिनय आ जाता है किन्तु मुख में पाउडर लगाना सात्विक भावों के अन्तर्गत नहीं है । यद्यपि आहार्यिक अभिनयों में यह आ जाता है फिर क्यों लिखा । इसका अभिप्राय यही हो सकता है आहार्यिक अभिनयों का यहाँ प्रकृत में मूल में उल्लेख नहीं किया है और मुखराग आवश्यक था अतः पृथक् उल्लेख किया है । ये अभिनय करण हैं साधन हैं । इस उक्त प्रत्येक अभिनय के द्वारा वर्णना निपुण कवि का जो साधारण, अन्तर्गत, अनादि प्राक्तन वासना संस्कार एवं प्रतिभा स्वरूप लौकिक विषयों से नही पैदा होने वाला राग है उसी राग को एवं देश काल आदि भेदों के अभाव के कारण सर्वसाधारण रूप से भावन आस्वाद के योग्य करता हुआ भाव चित्तवृत्ति लक्षण ही कहलाता है । सत्व का अर्थ है चित्त की एकाग्रता और उससे जनित अतएव कृतक बाष्प आदि पर अतिशय की प्राप्ति करा देने वाली अवस्था वाले व्यभिचारियों को योग्यता के अनुसार समझना चाहिए । इन अवस्थाओं के अन्तर्गत होने पर भी वैवर्ण्यात्मा मुख राग को प्रधानता के कारण पुनः कहा । जैसा कि कहेंगे । शाखा यानी विभिन्न अंग एवं उपांगों के द्वारा किया गया भी शुभ अभिनय मुखराग के बिना शोभा नहीं देता है ।

अथ विभाव इति कस्मात्। उच्यते—विभावो विज्ञानार्थः। विभावः कारणं निमित्तं हेतुरिति पर्यायाः। विभाव्यन्तेऽनेन वागङ्गसत्त्वाभिनया इत्यतो विभावः। यथा विभावितं विज्ञातमित्यनर्थान्तरम्।

अत्र श्लोकः—

बहवोऽर्था विभाव्यन्ते वागङ्गाभिनयाश्रयाः।
अनेन यस्मात्तेनायं विभाव इति संज्ञितः ॥४॥

### अभिनवभारती

इमान् सामाजिकान्। भावयतिर्बुद्ध्यर्थकत्वाद् द्विकर्मकः। अभिनयसहितानित्यभिनया अपि बुद्धिगोचरं नीयन्ते। इयमेव चासौ अधिवासनात्मा भावना तथा तथा रसान् रसनयोग्यान्निजेन योग्येन रूपेण भावयति यथा निर्वेदोपरक्ता रतिरौत्सुक्योपरक्तेति तथा रसानलौकिकास्वादविषयान् स्थायिनोऽधिवासयति। लौकिकरतिवासनानुविद्धो हि श्रृङ्गाररस इत्यादि ॥ ३ ॥

विभावेनाहृत इत्युक्तम्—तत्र यद्यपि प्रकरणाच्चित्तवृत्त्युद्भवहेतुर्विषयो विभावशब्दस्यार्थ इति ज्ञातम्। तथापि तत्र प्रवृत्तिनिमित्तं जिज्ञासमानः तदेव प्रश्नयति—

### बालक्रीडा

(मूल) प्रश्न-विभाव यह कैसे। अर्थात् किसको विभाव कहते हैं। उत्तर। विभाव का अर्थ है विज्ञान। विभाव कारण निमित्त एवं हेतु ये पर्याय वाचक शब्द हैं। वाचिक आंगिक एवं सात्विक अभिनय इससे जाने जाते हैं अतः इसका नाम विभाव है। अर्थात् इन उक्त अभिनयों का बोधक विभाव है। अतः विभावित एवं विज्ञात दोनों में अर्थ का भेद नहीं है। दोनों का एक ही अर्थ है। इस विषय का प्रतिपादक श्लोक है—

(मूल) जबकि वाचिकादि अभिनयों के आश्रय करने वाले बहुत से अर्थ इससे जाने जाते हैं अर्थात् बहुत अर्थों का ज्ञान इससे हो जाता है इस लिए इसकी विभाव यह संज्ञा है ॥४॥

अब इतिकर्त्तव्यता का निरूपण करने के लिए संग्रह श्लोक को कहते हैं नाना अभिनय इति। नाना अभिनयों के सम्बन्ध से आस्वादन के योग्य चित्तवृत्तियों को इन सामाजिकों के भावगम्य बोध के योग्य बुद्धि के विषय करा देते हैं। यहाँ भावयति बुद्ध्यर्थक होने से द्विकर्मक है। मूल श्लोक में कहे हुए अभिनयसम्बद्धान् का अर्थ करते हैं अभिनयसहितान् यानी अभिनयों के सहित। ऐसा कहने का भाव है कि अभिनय भी बुद्धि के विषय किये जाते हैं। यही वह अधिवासनारूप भावना उस २ प्रकार से रस यानी रसनयोग्यों को अपने योग्य रूप से भावित करा देती है जिससे निर्वेद से उपरक्त रति औत्सुक्य से उपरक्त मालूम पड़ने लगती है। तथा रस यानी अलौकिक आस्वादन के विषय स्थायियों को अधिवासित कर देती है। लौकिक रति की वासना से अनुविद्ध ही शृंगार रस है इत्यादि।

अथानुभाव इति कस्मात्। उच्यते—अनुभाव्यतेऽनेन वागङ्गसत्त्वकृतोऽभिनय इति। अत्र श्लोकः—

वागङ्गाभिनयेनेह यतस्त्वर्थोऽनुभाव्यते।
शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तस्त्वनुभावस्ततः स्मृतः ॥५॥

## अभिनवभारती

विभाव इतीति। कस्मात्। ऋतुमाल्यादयोऽत्र विभावशब्देन किमिति व्यपदिष्टा इति भावः।

अत्रोत्तरं विभाव्यन्त इत्यादि। वागादयोऽभिनया येषां स्थायिव्यभिचारिणां ते वागाद्यभिनयसहिता विभाव्यन्ते विशिष्टतया ज्ञायन्ते यैस्ते विभावाः। अभिनयानामनेकहेतुजत्वम्। तद्यथा हर्षादिभ्यो हासः। घर्मधूमरोगादिभ्यो बाष्पः। तद्बाष्पात्कि प्रतीयताम्। विभावात्तु झटित्येव निश्चयः। अत एव

अतः परमभिनवभारती न मिलति।

## मधुसूदनी

विशेषरूपेण भाव्यते ज्ञायते स्थायी अनेन इति विभावो ललनोद्यानादिः। विशेषरूपत्व फलिष्यतो रसास्वादस्य रसानुभवस्य अंकुरं प्रादुर्भावयितुं योग्यतायाः सामर्थ्यस्य भावनं प्रापणम्।

## बालक्रीडा

प्रथम श्लोक म "विभाव से आहरण किया हुआ" ऐसा कहा है। उसमें यद्यपि प्रकरण से चित्तवृत्तियों के उद्भव का हेतु विषय विभाव शब्द का अर्थ है यह समझा गया है। तथापि विभाव शब्दार्थ के विषय में जिज्ञासा करते हुए उसी के बारे में प्रश्न करते हैं। विभाव इतीति। क्यों। यानी यहाँ इस प्रकरण में ऋतुमाल्य आदि को विभाव शब्द से क्यों कहा। यह कस्मात् का भाव है। इस विषय में उत्तर देते हैं विभाव्यन्ते इत्यादि। जिन स्थायी एवं व्यभिचारियों के सम्बन्धी वागादि अभिनय हैं उन स्थायी एवं व्यभिचारियों को वागादि अभिनयों के साथ जिनसे विभावित यानी विशिष्ट रूप से जाने गये वे विभाव हैं। अभिनय अनेक हेतुओं से उत्पन्न होते हैं। जैसे हर्ष आदि से हास पैदा होता है।

घाम धूआँ एवं रोग आदि से आंसू पैदा होते हैं। तब केवल बाष्प शब्द के प्रयोग कर देने से क्या समझें। विभाव से तो झटिति निश्चय हो जाता है अत एव कहा कि वाचिक आंगिक एवं सात्विक अभिनयों को जिससे जाने वह विभाव है।

यहाँ तक अभिनव भारती मिल पाई है। गुरु जी के एवं हमारे बहुत प्रयत्न करने पर भी मूल प्रति इससे अधिक नहीं मिली।

इस प्रकार श्रीमधुसूदन शास्त्री की कृति बालक्रीडा अभिनव भारती का हिन्दी अनुवाद सम्पूर्ण हुआ।

एवं ते विभावानुभावसंयुक्ता भावा इति व्याख्याताः। अतो ह्येषां भावानां सिद्धिर्भवति। तस्मादेषां भावानां विभावानुभावसंयुक्तानां लक्षणनिदर्शनान्यभिव्याख्यास्यामः। तत्र विभावानुभावौ लोकप्रसिद्धौ। लोकस्वभावानुगतत्वाच्च तयोर्लक्षणं नोच्यतेऽतिप्रसङ्गनिवृत्त्यर्थम्। भवति चात्र श्लोकः—

लोकस्वभावसंसिद्धा लोकयात्रानुगामिनः।
अनुभावा विभावाश्च ज्ञेयास्त्वभिनये बुधैः ॥६॥

तत्राष्टौ भावाः स्थायिनः। त्रयस्त्रिंशद्व्यभिचारिणः। अष्टौ सात्त्विका इति भेदाः। एवमेते काव्यरसाभिव्यक्तिहेतव एकोनपञ्चाशद्भावाः प्रत्यवगन्तव्याः। एभ्यश्च सामान्यगुणयोगेन रसा निष्पद्यन्ते। अत्र श्लोकः—

### बालक्रीडा

(मूल) प्रश्न—अनुभाव यह क्यों है। इसकी अनुभाव यह संज्ञा क्यों है। उत्तर। इससे वाणी अंग एवं सत्त्व से किये गये अभिनयों का अनुभव करते हैं अतः इसका अनुभाव यह नाम है। यहाँ एक श्लोक है। यहां नाट्य में जिससे वाचिकादि अभिनयों के द्वारा नाना प्रकार के अंग एवं उपांगों से सम्बद्ध अर्थ का सामाजिक लोग अनुभव करते हैं अतः यह अनुभाव कहा गया है ॥५॥

(मूल)इस प्रकार ये भाव विभाव एवं अनुभावों से संयुक्त हैं ऐसी व्याख्या हो गई। इन विभाव एवं अनुभावों से इन भावों की सिद्धि होती है। इस लिए विभाव एवं अनुभावों से संयुक्त इन भावों के लक्षण एवं निदर्शनों की पूर्ण व्याख्या करेंगे। उनमें विभाव एवं अनुभाव लोक में प्रसिद्ध हैं। अतः लोक के स्वभाव का अनुगमन करने के कारण उन दोनों के लक्षणों को नहीं कहते हैं। क्योंकि लक्षण का निर्माण अव्याप्ति अतिव्याप्ति एवं असम्भव का निरास करने के लिए किया जाता है वह निरास लोक स्वभाव के अनुगमन से हो जाता है अतः अतिप्रसंगादि की निवृत्ति के लिए लक्षण को नहीं कहते हैं। इस प्रसंग में एक श्लोक भी है—

(मूल) विद्वान् लोग लोक के स्वभाव के अनुसार सिद्ध और लोक यात्रा का अनुगमन करने वाले कारणों और कार्यों को अभिनय के संदर्भ में विभाव एव अनुभाव समझें ॥६॥

(मूल) इस तरह आठ स्थायी भाव हैं। तैंतीस व्यभिचारी हैं और आठ सात्त्विक हैं। ये भावों के भेद हैं। इन ४९ उनञ्चास भावों को काव्यसम्बन्धी रस की अभिव्यक्ति के हेतु समझना चाहिए। इन्हीं भावों से सामान्य गुणों के साथ योग अर्थात् सभी सहृदयों के हृदय के साथ संम्वाद होने पर रस निष्पन्न होते हैं। इस विषय में एक श्लोक है।

योऽर्थो हृदयसंवादी तस्य भावो रसोद्भवः ।
शरीरं व्याप्यते तेन शुष्कं काष्ठमिवाग्निना ॥७॥

अत्राह—यदि काव्यार्थसंश्रितैर्विभावानुभावव्यञ्जितैरेकोनपञ्चाशद्भावैः सामान्यगुणयोगेनाभिनिष्पद्यन्ते रसास्तत्कथं स्थायिन एव भावा रसत्वमाप्नुवन्ति । उच्यते—यथा हि समानलक्षणास्तुल्यपाणिपादोदरशरीराः समानाङ्गप्रत्यङ्गा अपि पुरुषाः कुलशीलविद्याकर्मशिल्पविचक्षणत्वाद्राजत्वमाप्नुवन्ति तत्रैव चान्येऽल्पबुद्धयस्तेषामेवानुचरा भवन्ति तथा विभावानुभावव्यभिचारिणः स्थायिभावानुपाश्रिता भवन्ति इत्याश्रयत्वात्स्वामिभूताः स्थायिनो भावाः । तत्स्थानीयपुरुषगुणभूता अन्ये भावाः । तत्र स्थायिभावा रसत्वमाप्नुवन्ति । परिजनभूता व्यभिचारिणो भावास्तान्गुणतया श्रयन्ते । अत्राह-को दृष्टान्त इति । यथा नरेन्द्रो बहुजनपरिवारोऽपि स एव नाम लभते नान्यः सुमहानपि पुरुषः तथा विभावानुभावव्यभिचारिपरिवृतः स्थायी भावो रसनाम लभते । भवति चात्र श्लोकः—

## बालक्रीडा

(मूल) जो अर्थ हृदय के साथ सम्वाद करता है अर्थात् सभी सहृदयों को जो अर्थ समान रूप से सन्तुलित रूप से प्रतिभात होता है उस अर्थ के भाव उद्गम से रस का उद्भव होता है । जैसे अग्नि से शुष्क काष्ठ व्याप्त हो जाता है उसी तरह उस भाव से शरीर व्याप्त हो जाता है ॥७॥

प्रश्न—इस सन्दर्भ में कहते हैं कि यदि काव्य के अर्थ विभाव एवं अनुभावों से संश्रित व्यंजित एकोन पंचाशद्भावों से सामान्य गुणों के योग के द्वारा रस निष्पन्न होते हैं तब स्थायी भाव ही क्यों रसत्व को प्राप्त करते हैं अन्य क्यों नहीं । उत्तर । कहते हैं कि जैसे समान लक्षणों वाले अर्थात् वेष भूषा वय एवं अवस्था जिनके समान हैं ऐसे, तथा समान अंग एवं उपांग वाले अर्थात् हाथ पैर पेट एवं शरीर जिनके तुल्य हैं ऐसे भी पुरुष कुल शील विद्या, कर्म, आचरण एवं शिल्प के विषय में विचक्षण होने के कारण राजा बन जाते हैं और उन्हीं में से जो कुल एवं शील आदि में अल्प हैं एवं अल्प बुद्धि हैं वे उन्हीं के अनचर हो जाते हैं उसी तरह विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी स्थायी भावों के आश्रित हैं अधीन हैं । अतः आश्रय होने के कारण स्थायी भाव स्वामी बने हुए हैं । इन अनुचर स्थानीय पुरुषों की तरह गुणभूत अन्य भाव गुण अप्रधान बनकर उन स्थायियों को आश्रय बनाते हैं । फलतः स्थायी भाव रसत्व को प्राप्त करते हैं और व्यभिचारी भाव परिजन बन जाते हैं ।

यथा नराणां नृपतिः शिष्याणां च यथा गुरुः ।
एवं हि सर्वभावानां भावः स्थायी महानिह ॥८॥

लक्षणं खलु पूर्वमभिहितमेषां रससंज्ञकानाम् । इदानीं भावसामान्यलक्षणमभिधास्यामः । तत्र स्थायिभावान्वक्ष्याम :—

रतिर्नाम आमोदात्मको भावः । स च ऋतुमाल्यानुलेपनाभरणप्रियजनवरभोजनभवनानुभवनाप्रातिकूल्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तामभिनयेत्स्मितवदनमधुरकथनभ्रूक्षेपकटाक्षादिभिरनुभावैः । अत्र श्लोकः—

इष्टार्थविषयप्राप्त्या रतिरित्युपजायते ।
सौम्यत्वादभिनेया सा वाङ्माधुर्याङ्गचेष्टितैः ॥९॥

हासो नाम विनोदात्मको भावः । स च परचेष्टानुकरणकुहकासम्बद्धप्रलापपौरोभाग्यमौर्ख्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तमभिनयेत्पूर्वोक्तैर्हसितादिभिरनुभावैः । भवति चात्र श्लोकः—

बालक्रीडा

(मूल) इस सन्दर्भ में प्रश्न करते हैं कि कौन दृष्टान्त है। जहाँ ऐसे गुण प्रधान भाव को देखा हूँ वैसा अन्त निर्णय कहाँ है । उत्तर । जैसे नरेन्द्र बहुजन परिवार वाला होता हुआ भी वह राजा ही नाम को पाता है दूसरा परिजन पुरुष कितना भी बड़ा क्यों न हो । उसी तरह विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारियों से परिवृत हुआ ही स्थायी भाव रस नाम को रस संज्ञा को पाता है । इस प्रसंग में एक श्लोक है—

(मूल) जैसे मनुष्यों में राजा, शिष्यों में गुरु महान् होता है उसी तरह सम्पूर्ण भावों में स्थायी भाव महान् है ॥८॥

(मूल) रस संज्ञा को प्राप्त करने वाले इन स्थायियों के लक्षणों को पहले कह चुके हैं। अब भाव सामान्य के लक्षण को कहेंगे उनमें स्थायी भावों को कहेंगे ।

(मूल) रति एक आमोदात्मक भाव है। वह ऋतु वसन्तादि, एवं वसन्तादि ऋतूद्भव पुष्पों की बनी हुई मालाएँ, सुगन्धित अनुलेपन, आभरण, प्रियजन उत्तम भोजन उत्तम भवन का अनुभवन उपभोग, एवं अप्रतिकूलता अर्थात् विरोधी भाव का दुष्ट व्यक्ति का दूषित पदार्थ का अभाव आदि विभावों से पैदा होता है । स्मितवदन मधुरकथन, भ्रूक्षेप, कटाक्ष वीक्षण आदि अनुभावों से उसका अभिनय करे इस सन्दर्भ में श्लोक है—

(मूल) इष्ट अर्थ के विषय की प्राप्ति से रति पैदा होती है । वह रति सौम्य होती है अतः मधुर वाणी एवं अंग की मधुर चेष्टाओं के द्वारा सौम्य भाव से उसका अभिनय करना चाहिए ।

हास एक विनोदात्मक भाव है । वह दूसरे की चेष्टा के अनुकरण करने, कुहक यानी गर्दन एवं बगल बगल के छूने, असम्बद्ध बकने, पौरोभाग्य (दोषैकदृक् पुरोभागी यह

परचेष्टानुकरणाद्धासः समुपजायते।
स्मितहासातिहसितैरभिनेयः स पण्डितैः ॥१०॥

३ शोको नाम—दुःखप्रदो भावः। स च इष्टजनवियोगविभवनाशवधबन्धदुःखानुभवनादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्याश्रुपातपरिदेवितविलपितवैवर्ण्यस्वरभेदस्रस्तगात्रताभूमिपतनसस्वनरुदिताक्रन्दितदीर्घनिःश्वसितजडतोन्मादमोहमरणादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः।

रुदितमत्र त्रिविधम्—आनन्दजमार्तिजमीर्ष्यासमुद्भवं चेति। भवन्ति चात्रार्याः—

आनन्देर्ष्यार्तिकृतं त्रिविधं रुदितं सदा बुधैर्ज्ञेयम्।
तस्य त्वभिनययोगान्विभावगतितः प्रवक्ष्यामि ॥११॥

हर्षोत्फुल्लकपोलं सानुस्मरणादपाङ्गविसृताश्रम्।
रोमाञ्चगात्रमनिभृतमानन्दसमुद्भवं भवति ॥१२॥

## बालक्रीडा

अमर है) अर्थात् बुराइयों के खोजने एवं मूर्खता आदि विभावों से पैदा होता है। पूर्व छठे अध्याय में कहे हुए हसित आदि अनुभावों से उसका अभिनय करना चाहिए। इस सम्बन्ध में एक श्लोक है—

(मूल) दूसरे की चेष्टा का अनुकरण करने से हास पैदा होता है। पण्डितों को उसका अभिनय स्मित हसित अतिहसित आदि से करना चाहिए ॥१०॥

(मूल) शोक एक दुःखप्रद भाव है। वह इष्टजन के वियोग, विभव नाश, वध, बन्ध एवं दुख के अनुभव आदि विभावों से पैदा होता है। उसका अभिनय अश्रुपात, परिदेवन, गुणों को कहते हुए रोदन, विलाप फूट २ कर रोना, वैवर्ण्य, स्वरभेद, शरीर की शिथिलता, भूमिपतन, चिल्ला २ कर रोना, आक्रन्दन, दीर्घनिःश्वास, जड़ता, उन्माद, मोह, एवं मरण आदि अनुभावों से करना चाहिए। रोदन तीन प्रकार का होता है। एक आनन्द से दूसरा पीड़ा से तीसरा ईर्ष्या से। इस विषय में पांच आर्याएं हैं—

(मूल) आनन्द ईर्ष्या एवं आर्ति पीड़ा के कारण तीन प्रकार के रोदन को बुध लोग जानें। उसके अभिनय को विभाव की गति के अनुसार कहूंगा ॥११॥

(मूल) आनन्द से होने वाले रोदन में कपोल हर्ष से उत्फुल्ल हो जाते हैं। आनन्दमयी कथा या वस्तु के स्मरण से अपांग कटाक्ष से आंसु गिरने लग जाते हैं। शरीर में रोएं खड़े हो जाते हैं और अनिभृत स्पष्ट चेष्टाएं होती हैं ॥१२॥

पर्याप्तविमुक्तास्रं सस्वनमस्वस्थगात्रगतिचेष्टम् ।
भूमिनिपातनिवर्तितविलपितमित्यार्तिजं भवति ॥१३॥
प्रस्फुरितौष्ठकपोलं सशिरःकम्पं तथा सनिःश्वासम् ।
भ्रुकुटीकटाक्षकुटिलं स्त्रीणामीर्ष्याकृतं भवति ॥१४॥
स्त्रीनीचप्रकृतिष्वेष शोको व्यसनसम्भवः ।
धैर्येणोत्तममध्यानां नीचानां रुदितेन च ॥१५॥

क्रोधो नाम—अनिष्टकारी भावः स च प्रज्वलनात्मकः आधर्षणाक्रोशकलहविवादप्रतिकूलादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । अस्य विकृष्टनासापुटोद्वृत्तनयनसन्दष्टोष्ठपुटगण्डस्फुरणादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

रिपुजो गुरुजश्चैव प्रणयिप्रभवस्तथा ।
भृत्यजः कृतकश्चेति क्रोधः पञ्चविधः स्मृतः ॥१६॥

अत्रार्या भवन्ति—

भ्रुकुटीकुटिलोत्कटमुखः सन्दष्टोष्ठः स्पृशन्करेण करम् ।
क्रुद्धः स्वभुजप्रेक्षी शत्रौ निर्यन्त्रणं रुष्येत् ॥१७॥

### बालक्रीडा

(मूल) आर्ति किसी तरह की वेदना से उत्पन्न रोदन में आसुओं की झड़ी लग जाती है। सस्वन रोदन होता है। गात्र अस्वस्थ, गति विकल और चेष्टाएँ अस्त व्यस्त हो जाती हैं। भूमि में पतन लोटपोट एवं विलाप होने लगते हैं ॥१३॥

(मूल) ईर्ष्या के कारण होने वाले स्त्रियों के रोदन में ओष्ठ एवं कपोल फड़कने, शिर हिलने एवं श्वास प्रश्वास होने लगते हैं। और भौहें टेढ़ी एवं कटाक्ष तिरछे हो जाते हैं ॥१४॥

(मूल) स्त्री एवं नीच पुरुषों में यह शोक किसी व्यसन से उत्पन्न होता है। उत्तम एवं मध्यम पुरुषों के शोक का अभिनय धैर्य को लिए हुए होता है और स्त्री एवं नीचों के शोक का अभिनय रोदन से होता है ॥१५॥

(मूल) क्रोध एक अनिष्टकारी प्रज्वलन रूप भाव है। यह किसी विशेष स्त्री के आकर्षण अपहरण या उसके साथ बलात्कार करने, आक्रोश गाली देने, कलह, विवाद एवं प्रतिकूल आचरण आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसका अभिनय नासापुटों के खींचने एवं आखों के तरेरने, ओठों के चबाने एवं गालों के फड़काने आदि अनुभवों से करना चाहिए।

(मूल) क्रोध पांच प्रकार का होता है। रिपुओं पर रिपु का, १ गुरुओं पर शिष्य आदि का और गुरुओं का अपने शिष्य एवं पुत्रों पर, २ प्रणयी का प्रणयी पर, ३ मालिक का भृत्य के ऊपर ४ एवं बनावटी ५ ॥१६॥

किञ्चिदवाङ्मुखदृष्टिः सास्रस्वेदापमार्जनपरश्च ।
अव्यक्तोल्बणचेष्टो गुरौ विनययन्त्रितो रुष्येत् ॥१८॥
अल्पतरप्रविचारो विकिरन्नश्रूण्यपाङ्गविक्षेपैः ।
सभ्रुकुटीस्फुरितोष्ठः प्रणयोपगतां प्रियां रुष्येत् ॥ १९ ॥
अथ परिजने तु रोषस्तर्जननिर्भर्त्सनाक्षिविस्तारैः ।
विप्रेक्षणैश्च विविधैरभिनेयः क्रूरतारहितः ॥२०॥
कारणमवेक्षमाणः प्रायेणायासलिङ्गसंयुक्तः ।
उभयरसान्तरचारी कार्यः कृतको भवति कोपः ॥२१॥

उत्साहो नाम—उत्कर्षकारी उत्तमो भावः उत्तमप्रकृतिनिष्ठः । स चाविषादशक्तित्यागादिभिर्विभावैरुत्पद्यते । तस्य धैर्यशौर्यवैशारद्यादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः । अत्र श्लोकः—

### बालक्रीडा

(मूल) इस प्रसंग में आर्याएं हैं—शत्रुओं के ऊपर शत्रुओं का कोप निर्यन्त्र होना चाहिए। जिसमें क्रुद्ध की भौंहें टेढी और मुख विकट हो जाता है। वह ओठों को चबाने लगता है। हाथ से हाथ को मींजता है और बार २ अपनी भुजाओं के तरफ ताकता है ॥१७॥

(मूल) गुरुओं के ऊपर विनय से नियन्त्रित कोप को करना चाहिए। जिसका अभिनय दृष्टि को अवाङ् मुख नीचे की ओर कर के करना चाहिए। आखों से आसुओं का, शरीर से पसीने का अपमार्जन करते हुए अव्यक्त एवं अनुद्धत चेष्टाओं से करना चाहिए ।१८।

(मूल) प्रणयिनी प्रिया के ऊपर प्रणय को लिए हुए कोप का अभिनय करना चाहिए। (प्रणयोपगतं यथा स्यात्तथा रुष्येत् । इति वा) इसमें प्रणयी की गति रुक जाती है। अपांग के विक्षेपों के साथ आंसुओं की धारा बहती है और भौंहें टेढ़ी एवं ओठ फड़कने लगते हैं ॥१९॥

(मूल) परिजन के ऊपर कोप का अभिनय क्रूरता रहित करना चाहिए। इसमें डांट, डपट, आंखों का तरेरना एवं नाना प्रकार के विरोधी भावों से ताकना होता है ॥२०॥

(मूल) कृत्रिम कोप का अभिनय होता है। जिसमें कोप करने के लिए कारण की खोज होती है। अधिकतर प्रयास के चिन्हों को बनाया जाता है और दो प्रकार के रसों के बीच में युग्म रस के मध्य की अवस्था में अभिनेता सञ्चरण करता है ॥२१॥

(मूल) उत्साह एक उत्कर्ष करने वाला उत्तम भाव होता है। वह उत्तम स्वभाव के पुरुषों में रहता है और अविषाद दुःखाभाव अनिर्वेद, शक्ति एवं त्याग आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय धैर्य शौर्य एवं वैशारद्य चातुर्य आदि अनुभवों से करना चाहिए। इस सम्बन्ध में एक श्लोक है—

'असम्मोहादिभिर्व्यक्तो व्यवसायनयात्मकः ।
उत्साहस्त्वभिनेयः स्यादप्रमादोत्थितादिभिः ॥२२॥
गुरुराजापराधेन रौद्राणां चापि दर्शनात् ।
श्रवणादपि घोराणां भयं मोहेन जायते ॥२३॥

६ भयं नाम—अधरात्मको भावः स्त्रीनीचप्रकृतिकः । स च गुरुराजापराधश्वापदशून्यागाराटवीपर्वतगहनस्थानगजाहिदर्शन-निर्भर्त्सनकान्तारदुर्दिननिशान्धकारोलूकनक्तञ्चराराव श्रवणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्य प्रकम्पितकरचरणहृदयकम्पनस्तम्भमुखशोषजिह्वापरिलेहनस्वेदवेपथुत्रासपरित्राणान्वेषणधावनोत्क्रुष्टादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः । अत्र श्लोकाः—

गात्रकम्पनवित्रासैर्वक्त्रशोषणसम्भ्रमैः ।
विस्फारितेक्षणैः कार्यमभिनेयक्रियागुणैः ॥२४॥
सत्त्ववित्रासनोद्भूतं भयमुत्पद्यते नृणाम् ।
स्रस्ताङ्गाक्षिनिमेषैस्तदभिनेयं तु नर्तकैः ॥२५॥

बालक्रीड़ा

(मूल) असम्मोह मोह के अभाव ज्ञान आदि से उत्साह व्यक्त होता है। यह व्यवसाय चेष्टा स्वरूप एवं नयमय है। इसका अभिनय अप्रमादोत्थितादि अर्थात् सावधानी से उद्योग करने आदि से करना चाहिए ॥२२॥

(मूल) गुरु एवं राजा के विषय में किये गये अपराध, रौद्र पदार्थ के दर्शन, एवं घोर शब्दों के श्रवण से मोह के कारण भय पैदा होता है ॥२३॥

(मूल) भय एक ओछा भाव है। यह बालक स्त्री एवं नीच प्रकृति में रहता है। वह गुरु एवं राजा के साथ किये गये अपराध। श्वापद क्रूर हिंसक शून्य गृह, जंगल, पर्वत, गहनस्थान, गज एवं सर्पों के देखने। निर्भर्त्सन डांट डपट, दुर्दिन एवं निशा का अन्धकार, उल्लू एवं राक्षसों के आराव के श्रवण आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय हाथ एवं पैरों के काँपने, हृदय की धड़कन, शरीर का स्तम्भन, मुख तालुओं के शोषण, जिह्वा से ओठ के चाटने, स्वेद, वेपथु, त्रास, परित्राण के लिए अन्वेषण, एवं उस अन्वेषण के लिए धावन, एवं उत्क्रोश आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस सन्दर्भ में श्लोक हैं—

(मूल) गात्र के कम्पन, वित्रास मुँह एवं तालु के सूखने, घबराहट, आँखों के फाड़ने आदि क्रिया एवं गुणों से इसका अभिनय करना चाहिए ॥२४॥

(मूल) जो सत्त्व अदृश्य भूत के द्वारा वित्रासन से उद्भूत होने वाला भय मनुष्यों को होता है। नर्तकों को उसका अभिनय गात्र की शिथिलता एवं अक्षिनिमेष से करना चाहिए ॥२५॥

**अत्रार्या भवति—**

**करचरणहृदयकम्पैर्मुखशोषणवदनलेहनस्तम्भैः ।**
**सम्भ्रान्तवदनवेपथुसन्त्रासकृतैरभिनयोऽस्य ॥२६॥**

**जुगुप्सा नाम—घृणात्मको भावः स्त्रीनीचप्रकृतिकः । सा चाहृद्यदर्शनश्रवणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्याः सर्वाङ्गसङ्कोचनिष्ठीवनमुखविकूणनहृल्लेखादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।**

**भवति चात्र श्लोकः—**

**नासाप्रच्छादनेनेह गात्रसङ्कोचनेन च ।**
**उद्वेजनैः सहृल्लेखैर्जुगुप्सामभिनिर्दिशेत् ॥२७॥**

**विस्मयो नाम हृदयोल्लासकक्षेपको भावः । स च—मायेन्द्रजालमानुषकर्मातिशयचित्रपुस्तशिल्पविद्यातिशयादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्य नयनविस्तारानिमेषप्रेक्षितभ्रूक्षेपरोमहर्षणशिरःकम्पसाधुवादादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।**

**भवति चात्र श्लोकः—**

**कर्मातिशयनिर्वृत्तो विस्मयो हर्षसम्भवः ।**
**सिद्धिस्थाने त्वसौ साध्यः प्रहर्षपुलकादिभिः ॥२८॥**

बालक्रीड़ा

(मूल) यहाँ एक आर्या है। हाथ पैर एवं हृदय के कम्पन, मुख शोषण ओष्ठ का लेहन, स्तम्भन, संभ्रमके साथ कथन, वेपथु एवं सन्त्रास के द्वारा इसका अभिनय करना चाहिए ॥२६॥

(मूल) जुगुप्सा एक घृणित भाव है। जो स्त्री एवं नीच प्रकृति में रहता है। वह अहृद्य वस्तु के दर्शन एवं श्रवण आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय सर्वांग संकोच, निष्ठीवन, मुख विकूणन एवं उल्लेखन आदि अनुभावों से करना चाहिए।

(मूल) इस सन्दर्भ में एक श्लोक है– नासिका के ढाँपने, गात्र के सिकोड़ने एवं हृदय के उल्लेखन के साथ उद्वेजन के द्वारा जुगुप्सा का अभिनय करना चाहिए ॥२७॥

(मूल) विस्मय एक हृदय का उल्लासक एवं क्षेपक भाव है। वह माया एवं इन्द्रजाल के द्वारा मानुष कर्म में अतिशय, चित्र, पुस्त, शिल्प एवं विद्या के अतिशय आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय आँखों को फाड़ने निर्निमेष वीक्षण टकटकी लगाकर देखने भ्रूक्षेप, रोम हर्षण, शिरः कम्पन एवं साधुवाद आदि अनुभावों से करना चाहिए। यहाँ एक श्लोक है।

(मूल) कर्म के अतिशय से निर्वृत्त होने वाला यह विस्मय हर्ष से पैदा होता है।

एवमेते स्थायिनो भावा रससंज्ञाः प्रत्यवगन्तव्याः ।

व्यभिचारिण इदानीं व्याख्यास्यामः । अत्राह—व्यभिचारिण इति कस्मात् । उच्यते—वि अभि इत्येतावुपसर्गौ । चर इति गत्यर्थो धातुः । विविधमाभिमुख्येन रसेषु चरन्तीति व्यभिचारिणः । वागङ्गसत्त्वोपेताः प्रयोगे रसान्नयन्तीति व्यभिचारिणः। अत्राह—कथं नयन्तीति । उच्यते—लोकसिद्धान्त एषः—यथा सूर्य इदं दिनं नक्षत्रं वा नयतीति । न च तेन बाहुभ्यां स्कन्धेन वा नीयते । किं तु लोकप्रसिद्धमेतत् यथेदं सूर्यो नक्षत्रं दिनं वा नयतीति । एवमेते व्यभिचारिण इत्यवगन्तव्याः । तानिह सङ्ग्रहाभिहितांस्त्रयस्त्रिंशद्व्यभिचारिणो भावान् वर्णयिष्यामः ।

तत्र निर्वेदो नाम—दारिद्र्यव्याध्यवमानाधिक्षेपाकुष्टक्रोधताडनेष्टजनवियोगतत्त्वज्ञानादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते स्त्रीनीचकुसत्त्वानाम् । रुदितनिःश्वसितोच्छ्वसितसम्प्रधारणादिभिरनुभावैस्तमभिनयेत् ।

बाल्यक्रीड़ा

इसका अभिनय प्रहर्ष से होने वाले रोमाञ्च आदि से सिद्धि सफलता के स्थान में करना चाहिए । इस प्रकार बतलाये हुए स्थायी भावों की रस संज्ञा जाननी चाहिए ॥२८॥

(मूल) अब व्यभिचारियों की व्याख्या करेंगे। प्रश्न—यहाँ पर कहते हैं कि व्यभिचारी यह क्यों । कौन हेतु है जो इनका नाम व्यभिचारी है । उत्तर । कहते हैं । वि और अभि ये दो उपसर्ग हैं । चर यह गत्यर्थक धातु है । नाना प्रकार से अभिमुख अनुकूल होकर रसों में जो सञ्चार करते हैं वे व्यभिचारी हैं । जो वाणी अंग एवं सत्व से युक्त होकर प्रयोग में रसों का वहन करते हैं उनको ले जाते हैं । अतः ये व्यभिचारी हैं । प्रश्न—यहाँ कहते हैं कि वे रसों को कैसे ले जाते हैं । क्योंकि सावयव पदार्थ को ले जाया जाता है जैसे बकरी को ले जाता है गाय को ले जाता है । अथवा वहन करता है यानी ढोता है जैसे कन्धे पर माल ढोता है सग्गड़ पर माल ढोता है । उत्तर । कहते हैं कि यह लोक का सिद्धान्त है कि जैसे सूर्य इस दिन या नक्षत्र को ले जाता है । क्या वह उसको बाहुओं से उठाकर या कन्धों पर लादकर ले जाता है । नहीं । किन्तु लोक में यह प्रसिद्ध है कि सूर्य, दिन या नक्षत्र को ले जाता है । अतः जैसे यह इनको ले जाता है वही स्थिति इन व्यभिचारियों की समझो । अब यहाँ संग्रह में कहे हुए उन तैंतीस व्यभिचारी भावों का वर्णन करेंगे ।

उनमें निर्वेद एक दुःखविशेष भाव है, दारिद्र्य, अवमान, अधिक्षेप, आक्रोश, क्रोध, ताडन, इष्टजन वियोग एवं तत्त्वज्ञान आदि विभावों से स्त्रियों एवं नीच प्रकृतियों में पैदा होता है । इसका अभिनय रुदित निःश्वास उच्छ्वास एवं संप्रधारण (निश्चय) अनुभावों से करना चाहिए ।

अत्र श्लोकः—

दारिद्र्येष्टवियोगाद्यैः निर्वेदो नाम जायते ।
सम्प्रधारणनिःश्वासैस्तस्य त्वभिनयो भवेत् ॥२९॥

अत्रानुवंश्ये आर्ये भवतः—

इष्टजनविप्रयोगाद्दारिद्र्याद् व्याधितस्तथा दुःखात् ।
ऋद्धिं परस्य दृष्ट्वा निर्वेदो नाम सम्भवति ॥३०॥
बाष्पपरिप्लुतनयनः पुनश्च निःश्वासदीनमुखनेत्रः ।
योगीव ध्यानपरो भवति हि निर्वेदवान् पुरुषः ॥३१॥

२ ग्लानिर्नाम—वान्तविरिक्तव्याधितपोनियमोपवासमनस्तापातिशयमदनमद्यसेवनातिव्यायामाध्वगमनक्षुत्पिपासानिद्राच्छेदादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्याः क्षामवाक्यनयनकपोलोदरमन्दपदोत्क्षेपणवेपनानुत्साहतनुगात्रवैवर्ण्यस्वरभेदादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

अत्रार्ये भवतः—

वान्तविरिक्तव्याधिषु तपसा जरसा च जायते ग्लानिः ।
कार्श्येन साभिनेया मन्दभ्रमणेन कम्पेन ॥३२॥

## बालक्रीडा

(मूल) यहाँ एक श्लोक है—दारिद्र्य एवं इष्ट वियोग आदि से निर्वेद पैदा होता है। और सम्प्रधारण एवं निःश्वास आदि से इसका अभिनय होता है ॥२९॥ इसकी अनुवंश्य दो आर्याएँ हैं—

(मूल) इष्टजन के वियोग, दारिद्र्य व्याधि एवं दुखों से तथा दूसरे की ऋद्धि को देखकर निर्वेद होता है ॥३०॥

(मूल) निर्वेदवान् पुरुष वह होता है जिसके नयन आँसुओं से परिप्लुत भरे हुए रहें और जिसके मुख से निःश्वास निकलते रहें जो मुख एवं नेत्रों की परिस्थिति से दीन प्रतीत होता हो तथा योगी की तरह ध्यान में तत्पर हो ॥३१॥

(मूल) ग्लानि नामक भाव है जो वमन, विरेचन, व्याधि, तप, नियम, उपवास मानसिक ताप, अतिशय रति का सेवन, अतिशय मदिरा का पान, अतिव्यायाम, ऊर्ध्वगमन, भूख, प्यास एवं निद्रा नहीं आना आदि विभावों से पैदा होता है। उसका अभिनय क्षाम वाक्य यानी क्षीण आवाज क्षीण अविकसित नयन, क्षीण मलिन कपोल, क्षीण चिपका हुआ उदर, मन्द २ पदों का उत्क्षेपण शनैः २ चलने, काँपने, उत्साह नहीं होना, तनु क्षीण गात्र, वैवर्ण्य एवं स्वरभेद आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस विषय में दो आर्याएँ हैं—

गद्गदैः क्षामक्षामैर्नेत्रविकारैश्च दीनसञ्चारैः ।
श्लथभावेनाङ्गानां मुहुर्मुहुर्निर्दिशेद् ग्लानिम् ॥३३॥

शङ्का नाम—सन्देहात्मिका स्त्रीनीचप्रभवा । चौर्याभिग्रहणनृपापराधपापकर्मकरणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्या मुहुर्मुहुरवलोकनावकुण्ठनमुखशोषणजिह्वापरिलेहनमुखवैवर्ण्यस्वरभेदवेपथुशुष्कोष्ठकण्ठायाससाधर्म्यादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

चौर्यादिजनिता शङ्का प्रायः कार्या भयानके ।
प्रियव्यलीकजनिता तथा शृङ्गारिणी मता ॥३४॥

अत्राकारसंवरणमपि केचिदिच्छन्ति । तच कुशलैरुपाधिभिरिङ्गितैश्चोपलक्ष्यम् ।

अत्रार्ये भवतः—

द्विविधा शङ्का कार्या ह्यात्मसमुत्था च परसमुत्था च ।
या तत्रात्मसमुत्था सा ज्ञेया दृष्टिचेष्टाभिः ॥३५॥

बालक्रीड़ा

(मूल) वमन, विरेचन व्याधि तप एवं जीर्णता से ग्लानि पैदा होती है । कृशता, मन्दगति एवं कम्पन से उसका अभिनय करना चाहिए ॥३२॥

(मूल) क्षाम क्षाम अत्यन्त क्षीण आवाज, दीनता से विकृत नेत्रों के द्वारा इधर-उधर ताकने एवं अंगों की अत्यधिक शिथिलता से ग्लानि का निर्देश करे ॥३३॥

(मूल) शंका नामक भाव सन्देहात्मक है । यह स्त्रियों एवं नीचों में रहता है । इसकी उत्पत्ति चोरी में पकड़े जाने, राजा का अपराध राजद्रोह करने एवं पाप कर्म करने आदि विभावों से उत्पन्न होती है । उसका अभिनय बार २ इधर उधर देखने, मुँह को ढांपने तालुओं के सूखने, जीभ से ओष्ठ के चाटने, वैवर्ण्य, स्वरभेद, ओष्ठ के सूखने एवं बोलने के समय कण्ठ में आयास जैसे होने आदि अनुभावों से करना चाहिए ।

(मूल) चोरी आदि कारणों से होने वाली शंका का अभिनय प्रायः भयानक रस में होता है । और प्रिय के व्यलीक करने से होने वाली शंका का अभिनय शृंगार रस में माना गया है ॥३४॥

(मूल) इसमें कोई आचार्य आकार का संवरण भी चाहते हैं । उसको कुशल वर्णक उपाधियों एवं इंगितों से समझें । इस विषय में दो आर्याएँ हैं—

(मूल) प्रयोग में दो प्रकार की शंका को करना चाहिए । एक अपने में पैदा होने वाली दूसरी दूसरे में । उनमें आत्मसमुत्थ शंका को दृष्टि एवं चेष्टाओं से जानना चाहिए ॥३५॥

किञ्चित्प्रवेपिताङ्गस्त्वधोमुखो वीक्षते च पार्श्वानि।
गुरुसज्जमानजिह्वः श्यामास्यः शङ्कितः पुरुषः ॥३६॥

असूया नाम—नानापराधहेतुको भावः। सा च परैश्वर्यसौभाग्यमेधाविद्यालीलादिषु द्वेषदर्शनादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्याश्च परिषदि दोषप्रख्यापनगुणोपघातेर्ष्याचक्षुःप्रदानाधोमुखभ्रुकुटीक्रियावज्ञानकुत्सनादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः।
अत्रार्ये भवतः—

परसौभाग्येश्वरतामेधालीलासमुच्छ्रयान्दृष्ट्वा।
उत्पद्यते ह्यसूया कृतापराधो भवेद्यश्च ॥३७॥
भ्रुकुटिकुटिलोत्कटमुखैः सेर्ष्या क्रोधपरिवृत्तनेत्रैश्च।
गुणनाशनविद्वेषैस्तत्राभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥३८॥

मदो नाम—मद्योपयोगादुत्पद्यते। स च त्रिविधः पञ्चविधभावश्च।

बालक्रीड़ा

(मूल) शंकित पुरुष वह होता है जिसके अंग काँपते हैं जो नीचे की ओर मुख करके अगल बगल झांकता है। जिसका मुंह काला पड़ जाता है और जिह्वा पर कोई बड़ा भारी भार जैसा पड़ जाता है जिससे अपनी बात कह नहीं सकता है ॥३६॥

(मूल) असूया नाना अपराधों का कारण एक भाव है जो दूसरों के ऐश्वर्य, सौभाग्य, मेधा विद्या एवं लीला आदि में द्वेष दर्शनादि विभावों से पैदा होता है। उसका अभिनय सभा में दोषों का प्रख्यापन करने और गुणों का उपघात करने अर्थात् गुणों को छिपाने एवं उनका दोष बतलाने, ईर्ष्या से ताकने, मुंह को नीचा करने, भौंहों को चढ़ाने, अवज्ञान तुच्छ समझने एवं कुकथन गाली देने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसके बारे में दो आर्याएँ हैं—

(मूल) अपराध करने वाले के सौभाग्य ऐश्वर्य मेधा लीला एवं उन्नति को देखकर असूया पैदा होती है ॥३७॥

(मूल) उसका अभिनय, भौंहों का कुटिलता से क्षेपण, मुख का विकट करण, ईर्ष्या करते हुए क्रोध से नेत्रों के परिवर्तन, गुणों का नाश यानी निन्दा एवं विद्वेष आदि अनुभावों से करना चाहिए ॥३८॥

(मूल) मद मदिरा के पीने से उत्पन्न होता है। वह तीन प्रकार का है और उसके अनुभाव पाँच प्रकार के हैं। जैसा कि संगीत रत्नाकर कार ने लिखा है—

मद्यपानं विभावोऽथानुभावाः पंच यत्र च। शयनं हसनं गानं रोदनं पद्योक्तयः।

मद मद्यपान विभाव से उत्पन्न होता है और शयनादि पाँच प्रकार के अनुभावों से उसका अभिनय किया जाता है। इस विषय में ९ आर्याएँ है।

अत्रार्या भवन्ति—

ज्ञेयस्तु मदस्त्रिविधस्तरुणो मध्यस्तथावकृष्टश्च ।
करणं पञ्चविधं स्यात्तस्याभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥३९॥
कश्चिन्मत्तो गायति रोदिति कश्चित्तथा हसति कश्चित् ।
परुषवचनाभिधायी कश्चित्कश्चित्तथा स्वपिति ॥४०॥
उत्तमसत्त्वः शेते हसति च गायति च मध्यमप्रकृतिः ।
परुषवचनाभिधायी रोदित्यपि चाधमप्रकृतिः ॥४१॥
स्मितवचनमधुरागो हृष्टतनुः किञ्चिदाकुलितवाक्यः ।
सुकुमाराविद्धगतिस्तरुणमदस्तूत्तमप्रकृतिः ॥४२॥
स्खलिताघूर्णितनयनः स्रस्तव्याकुलितबाहुविक्षेपः ।
कुटिलव्याविद्धगतिर्मध्यमदो मध्यमप्रकृतिः ॥४३॥
नष्टस्मृतिर्हतगतिश्छर्दितहिक्ककफैः सुबीभत्सः ।
गुरुसज्जमानजिह्वो निष्ठीवति चाधमप्रकृतिः ॥४४॥

बालक्रीड़ा

(मूल) मद को तीन प्रकार का जानना चाहिए। ताजा (तरुण) बीच का मध्य एवं बासी (अपकृष्ट)। पाँच इसके कारण हैं अर्थात् क्रियायें हैं जिनसे इनका अभिनय करना चाहिए ॥३९॥

(मूल) इस मद में मत्त हुआ कोई गाता है कोई रोता है कोई हँसता है कोई कठोर वाक्य बोलता है गाली देता है तथा कोई सोता है ॥४०॥

(मूल) इसमें उत्तम पुरुष सोता है। मध्यम प्रकृति हँसता है और गाता है। और अधमप्रकृति गाली देता है तथा रोता भी है ॥४१॥

(मूल) उत्तम प्रकृति को जब तरुण मद होता है तब वह स्मित मुस्कान करके वचन कहता है, राग उसका मधुर होता है उसके शरीर में रोयें उठे हुए रहते हैं वाक्य कुछ आकुलित होते हैं ठहर २ कर निकलते हैं उसकी गति चाल सुकुमार एवं आविद्ध लड़खड़ाती हुई होती है ॥४२॥

(मूल) मध्यमप्रकृति को मध्यमद होता है तब उसके नयन स्खलित झेंपते हुए एवं आघूर्णित घूरते हुए होते हैं। स्रस्त शिथिल एवं व्याकुलित अस्त व्यस्त बाहुओं को वह इधर उधर फेंकता है। उसकी गति चाल टेढ़ी एवं व्याविद्ध लड़खड़ाती हुई है ॥४३॥

(मूल) अधम प्रकृति को अवकृष्ट मद होता है तब उसकी स्मृति नष्ट हो जाती है। गति चाल रुक जाती है। उसको कफ एवं हिचकी आने लगती है। वह वमन करता है। जिससे वह अत्यन्त बीभत्स स्वरूप वाला हो जाता है। और उसकी जिह्वा भारी एवं शक्त हो जाती है ॥४४॥

रङ्गे पिबतः कार्या मदवृद्धिर्नाट्ययोगमासाद्य ।
कार्यो मदक्षयो वै यः खलु पीत्वा प्रविष्टः स्यात् ॥४५॥
सन्त्रासाच्छोकाद्वा भयात्प्रहर्षाच्च कारणोपगतात् ।
उत्क्रम्यापि हि कार्यो मदप्रणाशः क्रमात्तज्ज्ञैः ॥४६॥
एभिर्भावविशेषैर्मदो द्रुतं सम्प्रणाशमुपयाति ।
अभ्युदयसुखैर्वाक्यैर्यथैव शोकः क्षयं याति ॥४७॥

श्रमो नाम—अध्वव्यायामसेवनादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्य गात्रपरिमर्दनसंवाहनिःश्वसितविजृम्भितमन्दपदोत्प्रेक्षणनयनवदनविकूणनसीत्करादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

अत्रार्या—

नृत्ताध्वव्यायामान्नरस्य सञ्जायते श्रमो नाम ।
निःश्वासखेदगमनैस्तस्याभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥४८॥

आलस्यं नाम—खेदव्याधिगर्भस्वभावश्रमसौहित्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते स्त्रीनीचानाम् । तदभिनयेत्सर्वकर्मानभिलाषशयनासननिद्रातन्द्रीसेवनादिभिरनुभावैः ।

## बालक्रीडा

(मूल) जो रंग मंच पर मदिरा पीता है उसकी नाट्य के सम्बन्ध से मदवृद्धि को दिखाना चाहिए और जो तो मदिरा का पान कर के रंग स्थली में प्रवेश करता है उसका मदक्षय वहाँ दिखाना चाहिए ॥४५॥

(मूल) जानकार लोगों को (उत्क्रम्य उद्यम्य) उद्योग कर के डर से शोक से भय से हर्ष से या अन्य किन्हीं कारणों से मद का प्रणाश दिखाना चाहिए ॥४६॥

(मूल) इन बतलाये हुए विशिष्ट भावों से मद शीघ्र ही उस तरह नाश को प्राप्त होता है। जैसे अभ्युदयकारी एवं सुखमय वाक्यों से शोक क्षीण हो जाता है ॥४७॥

(मूल) श्रम थकावट, मार्ग चलने एवं व्यायाम सेवन आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय गात्र के परिमर्दन अंगों के तोड़ने, संवाहन (दबाने) निःश्वास (हाँफी के चढ़ने) जँभाई लेने शनैः २ चलने, नयन एवं मुख के विकूणन सिकोड़ने एवं सीत्कार आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस सम्बन्ध में एक आर्या है—

नाँचने, मार्ग में चलने एवं व्यायाम करने से मनुष्य को श्रम (थकावट) हो जाती है। निःश्वास एवं सखेद गमन से उसका अभिनय करना चाहिए ॥४८॥

अत्रार्या—

आलस्यं त्वभिनेयं खेदोपगतं स्वभावजं चापि ।
आहारवर्जितानामारम्भाणामनारम्भात् ॥४९॥

८ दैन्यं नाम—दौर्गत्यमनस्तापादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्याधृतिशिरोरोगगात्रगौरवान्यमनस्कतामृजापरिवर्जनादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

अत्रार्या—

चिन्तौत्सुक्यसमुत्था दुःखाद्या भवति दीनता पुंसाम् ।
सर्वमृजापरिहारैर्विविधोऽभिनयो भवेत्तस्य ॥५०॥

९ चिन्ता नाम—ऐश्वर्यभ्रंशेष्टद्रव्यापहारदारिद्र्यादिभिर्विभावैरुत्पद्यते । तामभिनयेन्निःश्वसितोच्छ्वसितसन्तापध्यानाधोमुखचिन्तनतनुकार्श्यादिभिरनुभावैः ।

### बालक्रीडा

(मूल) आलस्य खेद, व्याधि, गर्भ, स्वभाव, (अलसाये रहने की प्रकृति) थकावट एवं सौहित्य (सौहित्यं तर्पणं तृप्तिः अमर कोष है) तृप्ति आदि विभावों से निम्न वर्ग के लोगों में समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय सभी कर्मों में अनभिलाष अरुचि, शयन लेटे रहने बैठने, निद्रा सोने एवं तन्द्रा निःसहुता नयनिमीलन आदि अनुभावों से अभिनय करना चाहिए।

(मूल) यहीं एक आर्या है—किसी खेद से प्राप्त या स्वभाव से उत्पन्न आलस्य का अभिनय आहार को छोड़ कर आरम्भणीय सभी कर्तव्यों के आरम्भ को नहीं करने से करना चाहिए ॥४९॥

(मूल) दैन्य दुर्गति एवं मनस्ताप आदि विभावों से समुत्पन्न होता है उसका अभिनय अधृति, शिरोरोग, गात्र गौरव अन्य मनस्कता, शरीर एवं इन्द्रियों की मृजा शुद्धि के परिवर्जन अर्थात् नहीं करने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस प्रसंग में एक आर्या है—

(मूल) चिन्ता उत्सुकता एवं दुःख से पुरुषों को दीनता होती है। उसका विविध अभिनय सब तरह की शुद्धि के नहीं करन से करना चाहिए ॥५०॥

(मूल) चिन्ता, ऐश्वर्य के भ्रंश, इष्ट द्रव्य के अपहरण एवं दारिद्र्य आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय निःश्वास, उच्छ्वास, सन्ताप, अपध्यान (बुरा चिन्तन) नीचे मुँह किये हुए चिन्तन करने एवं शरीर कृशता आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस सन्दर्भ में दो आर्याएँ हैं।

अत्रार्ये भवतः—

> ऐश्वर्यभ्रंशेष्टद्रव्यक्षयजा बहुप्रकारा तु।
> हृदयवितर्कोपगता नृणां चिन्ता समुद्भवति ॥५१॥
> सोच्छ्वासैर्निःश्वसितैः सन्तापैश्चैव हृदयशून्यतया।
> अभिनेतव्या चिन्ता मृजाविहीनैरधृत्या च ॥५२॥

९० मोहो नाम—दैवोपघातव्यसनाभिघातव्याधिभयावेगपूर्ववैरानुस्मरणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्य निश्चैतन्यभ्रमणपतनाघूर्णनादर्शनादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। अत्र श्लोकस्तावदार्या च—

> अस्थाने तस्करान्दृष्ट्वा त्रासनैर्विविधैरपि।
> तत्प्रतीकारशून्यस्य मोहः समुपजायते ॥५३॥
> व्यसनाभिघातभयपूर्ववैरसंस्मरणरोगजो मोहः।
> सर्वेन्द्रियसम्मोहात्तस्याभिनयः प्रयोक्तव्यः ॥५४॥

९१ स्मृतिर्नाम—सुखदुःखकृतानां भावानामनुस्मरणम्। सा च स्वास्थ्यरात्रिजघन्यभागनिद्राच्छेदसमानदर्शनोदाहरणचिन्ता-

बालक्रीडा

(मूल) ऐश्वर्य भ्रंश एवं इष्ट द्रव्य के क्षय से पैदा होने वाली मनुष्यों की चिन्ता मन के वितर्कों से उपगत हुई बहुत प्रकार से समुद्भूत होती है ॥५१॥

(मूल) उछ्वास निःश्वास सन्ताप, हृदय की शून्यता, शुद्धि का परित्याग एवं अधैर्य से चिन्ता का अभिनय करना चाहिए ॥५२॥

(मूल) मोह दैव के उपघात, यानी आकस्मिक दुर्घटना, व्यसन विपत्ति में फँसने, व्याधि, भय, आवेग एवं पूर्व वैर के अनुस्मरण आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय निश्चैतन्य मूर्च्छा, भ्रमण (सिर का घूमना) पतन, आघूर्णन (चक्कर खाना) एवं व्यक्ति को नहीं पहिचानने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस विषय में एक श्लोक और आर्या है—

(मूल) अस्थान में अनवसर में या जिस जगह में चोरों की संभावना नहीं करनी चाहिए उस जगह में चोरों को देखकर और अन्य विविध त्रासों से भी उनके प्रतीकार करने में असमर्थ मनुष्य को मोह समुत्पन्न होता है ॥५३॥

(मूल) विपत्ति में फँसने, चोट लगने, भय, पूर्व वैर के याद आने एवं रोग आदि से मोह उत्पन्न होता है। उसका अभिनय सम्पूर्ण इन्द्रियों के व्यापारों को विरत कर के करना चाहिए ॥५४॥

भ्यासादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तामभिनयेच्छिरःकम्पनावलोकनभ्रूसमुन्नमनादिभिरनुभावैः । अत्रार्ये भवतः—

सुखदुःखमतिक्रान्तं तथा मतिविभावितं यथावृत्तम् ।
चिरविस्मृतं स्मरति यः स्मृतिमानिति वेदितव्योऽसौ ॥५५॥
स्वास्थ्याभ्याससमुत्था श्रुतिदर्शनसम्भवा स्मृतिर्निपुणैः ।
शिरउद्वाहनकम्पैर्भ्रूक्षेपैश्चाभिनेतव्या ॥५६॥

१२ धृतिर्नाम—शौर्यविज्ञानश्रुतिविभवशौचाचारगुरुभक्त्यधिकमनोरथार्थलाभक्रीडादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तामभिनयेत्प्राप्तानां विषयाणामुपभोगादप्राप्तातीतोपहतविनष्टानामननुशोचनादिभिरनुभावैः ।

अत्रार्ये भवतः—

विज्ञानशौचविभवश्रुतिशक्तिसमुद्भवा धृतिः सद्भिः ।
भयशोकविषादाद्यै रहिता तु सदा प्रयोक्तव्या ॥५७॥
प्राप्तानामुपभोगः शब्दरसस्पर्शरूपगन्धानाम् ।
अप्राप्तैश्च न शोको यस्यां हि भवेद् धृतिः सा तु ॥५८॥

बालक्रीड़ा

(मूल) स्मृति सुखद एवं दुःखद भावों का अनुस्मरण है। यह स्वास्थ्य, रात्रि के जघन्य भाग में निद्रा के टूटने, समान वस्तु के देखने कहने चिन्तन एवं अभ्यास आदि विभावों से समुत्पन्न होती है। उसका अभिनय सिर के हिलाने, देखने एवं भौंहों के समुन्नमन आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसमें दो आर्याएँ होती है—

(मूल) जो पुरुष बीते हुए जो कि चिर काल से भूल में थे उन सुखों एवं दुःखों को मति से समझ कर जस का तस याद कर लेता है उसे स्मृतिमान् समझना चाहिए ॥५५॥

(मूल) स्वास्थ्य अभ्यास तथा देखने एवं सुनने से स्मृति पैदा होती है। उसका अभिनय कुशल लोग सिर के हिलने एवं सिर के ऊपर को उठाने एवं भौंहों के संचालन आदि अनुभावों से करें ॥५६॥

(मूल) धृति शौर्य, विज्ञान श्रुति (शास्त्र) विभव (ऐश्वर्य) शौचाचार, गुरुभक्ति मनोरथ से अधिक अर्थ के लाभ एवं क्रीडा आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय प्राप्त विषयों के उपभोग अप्राप्त अतीत उपहृत एवं विनष्ट विषयों के अनुशोचन नहीं करने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस प्रसंग में दो आर्यायें है—

(मूल) विज्ञान, शौच, विभव, श्रुति एवं शक्ति से समुद्भूत धृति का अभिनय सज्जन लोग भय शोक एवं विषाद से रहित अनुभावों से सदा करें ॥५७॥

१३ व्रीडा नाम—अकार्यकरणात्मिका। सा च गुरुव्यतिक्रमणावज्ञानप्रतिज्ञातानिर्वहणपश्चात्तापादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तां निगूढवदनाधोमुखविचिन्तनोर्वीलिखनवस्त्राङ्गुलीयकस्पर्शननखनिकृन्तनादिभिरनुभावैरभिनयेत्।

अत्रार्ये भवतः—

किञ्चिदकार्यं कुर्वन्नेवं यो दृश्यते शुचिभिरन्यैः।
पश्चात्तापेन युतो व्रीडित इति वेदितव्योऽसौ ॥५९॥
लज्जानिगूढवदनो भूमिं विलिखन्नखांश्च विनिकृन्तन्।
वस्त्राङ्गुलीयकानां संस्पर्शं व्रीडितः कुर्यात् ॥६०॥

१४ चपलता नाम—रागद्वेषमात्सर्यामर्षेर्ष्याप्रतिकूलादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्याश्च वाक्पारुष्यनिर्भर्त्सनवधबन्धसम्प्रहारताडनादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः।

अत्रार्या भवति—

अविमृश्य तु यः कार्यं पुरुषो वधताडनं समारभते।
अविनिश्चितकारित्वात्स तु खलु चपलो बुधैर्ज्ञेयः ॥६१॥

बालक्रीड़ा

(मूल) जिसमें प्राप्त किये हुए शब्द रस रूप स्पर्श एवं गन्ध का उपभोग हो और अप्राप्त के विषय में शोक नहीं हो वह धृति है ॥५८॥

(मूल) व्रीडा अकर्तव्य के करने से होती है। उसकी उत्पत्ति गुरुओं की आज्ञा का व्यतिक्रमण एवं अवज्ञा, प्रतिज्ञात का अनिर्वाह एवं पश्चात्ताप आदि विभावों से होती है। उसका अभिनय मुंह को छिपाने, मुंह को नीचा कर के चिन्तन करने, धरती पर लिखने, वस्त्र एवं अगूठी के छूने एवं नख निकृन्तन आदि अनुभावों से करना चाहिए।

(मूल) शुचि निष्कलंक अन्य पुरुषों के द्वारा इस प्रकार अकर्तव्य करता हुआ जो देखा जाता है और उस अकर्तव्य के कारण पश्चात्ताप से युत होता है उसे व्रीडित समझना चाहिए ॥५९॥

(मूल) लज्जा मुख को छिपाकर भूमि का विलेखन, नखों का निकृन्तन तथा वस्त्र एवं अंगुलीयक के स्पर्श करते हुए उस व्रीडित पुरुष का अभिनय करे।

(मूल) चपलता राग, द्वेष, मात्सर्य, अमर्ष, ईर्ष्या, एवं प्रतिकूल विभावों से समुत्पन्न होती है। उसका अभिनय वाणी की कठोरता, डाँट डपट, वध, बन्ध सम्प्रहार एवं ताडन आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस विषय पर एक आर्या है—

हर्षो नाम—मनोरथलाभेष्टजनसमागममनःपरितोषदेवगुरुराजभर्तृप्रसादभोजनाच्छादनलाभोपभोगादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तमभिनयेन्नयनवदनप्रसादप्रियभाषणालिङ्गनकण्टकितपुलकिताम्रस्वेदादिभिरनुभावैः।

अत्रार्ये भवतः—

अप्राप्ये प्राप्ये वा लब्धेऽर्थे प्रियसमागमे वाऽपि।
हृदयमनोरथलाभे हर्षः सञ्जायते पुंसाम् ॥६२॥
नयनवदनप्रसादप्रियभाषालिङ्गनैश्च रोमाञ्चैः।
ललितैश्चाङ्गविकारैः स्वेदाद्यैरभिनयस्तस्य ॥६३॥

आवेगो नाम—उत्पातवातवर्षाग्निकुञ्जरोद्भ्रमणप्रियाप्रियश्रवणप्रकृतिव्यसनाभिघातादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तत्रोत्पातकृतो नाम विद्युदुल्कानिर्घातप्रपतनचन्द्रसूर्योपरागकेतुदर्शनकृतः। तमभिनयेत्सर्वाङ्गस्रस्ततावैमनस्यमुखवैवर्ण्यविषादविस्म-

### बालक्रीड़ा

(मूल) जो पुरुष विना विचार किये वध एवं ताडन आदि कार्य को आरम्भ करता है अविनिश्चित कार्य को करने के कारण बुध लोग उसको चपल समझें ॥६१॥

(मूल) हर्ष मनोरथ के लाभ, इष्ट जन के समागम, मन के परितोष, तथा देव गुरु राजा एवं मालिक के प्रसाद, भोजन एवं वस्त्र का लाभ तथा उपभोग आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय नेत्र एवं मुख की प्रसन्नता, प्रिय भाषण, आलिंगन, पुलक, अश्रु एवं स्वेद आदि अनुभावों से करना चाहिए।

(मूल) अप्राप्य तथा प्राप्य अर्थ के उपलब्ध होने पर एवं प्रिय के समागम पर और हृदय की कामना के पूर्ण होने पर पुरुषों को हर्ष होता है ॥६२॥

(मूल) उसका अभिनय नयन और मुख की प्रसन्नता, प्रियभाषण, आलिंगन, रोमाञ्च ललित अंगविकार एवं स्वेद आदि से होता ह ॥६३॥

(मूल) आवेग उत्पात, वात, वर्षा, अग्नि, कुञ्जरोद्भ्रमण, प्रियश्रवण, अप्रियश्रवण, एवं प्रकृतिव्यसनाभिघात आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उनमें उत्पात से होने वाला आवेग बिजली का विद्योत, उल्काओं का पतन, चन्द्रग्रहण, सूर्यग्रहण एवं पुच्छलतारे के देखने से होता है। उसका अभिनय सर्वांग की शिथिलता, वैमनस्य, मुखवैवर्ण्य विषाद एवं विस्मय आदि से करना चाहिए। वात कृत आवेग का अवगुण्ठन (घूंघट) अक्षिपरिमार्जन, कपड़ों के बटोरने एवं त्वरित गमन से अभिनय होता है। वृष्टिकृत आवेग का अभिनय सर्वांग के सिकोड़ने इधर उधर दौड़ने एवं आच्छादित स्थान के आश्रयण के अन्वेषण आदि से होता है।

यादिभिः। यानकृतं पुनरवगुण्ठनाक्षिपरिमार्जनवस्त्रसङ्ग्रहनत्वरितगमनादिभिः। वर्षकृतं पुनः सर्वाङ्गसम्पिण्डनप्रधावनच्छन्नाश्रयमार्गणादिभिः। अग्निकृतं तु धूमाकुलनेत्रताऽङ्गसङ्कोचनविधूननातिक्रान्तापक्रान्तादिभिः। कुञ्जरोद्भ्रमणकृतं नाम त्वरितापसर्पणचञ्चलगमनभयस्तम्भवेपथुपश्चादवलोकनविस्मयादिभिः। प्रियश्रवणकृतं नामाभ्युत्थानालिङ्गनवस्त्राभरणप्रदानाश्रुपुलकितादिभिः। अप्रियश्रवणकृतं नाम भूमिपतनविषमविवर्तनपरिधावनविलापनाक्रन्दनादिभिः। प्रकृतिव्यसनाभिघातजं तु सहसापसर्पणशस्त्रचर्मवर्मधारणगजतुरगरथारोहणसम्प्रधारणादिभिः।

एवमष्टविकल्पोऽयमावेगः सम्भ्रमात्मकः।
स्थैर्येणोत्तममध्यानां नीचानां चापसर्पणैः ॥६४॥

अत्रार्ये भवतः—

अप्रियनिवेदनाद्वा सहसा ह्यवधारितारिवचनस्य।
शस्त्राक्षेपात् त्रासादावेगो नाम सम्भवति ॥६५॥

### बालक्रीडा

अग्निकृत आवेग का अभिनय धूम से नेत्रों की आकुलता, अंगों के संकोचन, विधूनन, अतिक्रमण एवं आक्रमण आदि से होता है। हाथी के इधर उधर घूमने से उत्पन्न आवेग का अभिनय शीघ्रता से भागकर निकलने, तेज चलने, भय, स्तम्भ, वेपथु, पीछे की ओर ताकने एवं विस्मय आदि से होता है। प्रिय कथा के प्रिय वार्ता के सुनने से उत्पन्न आवेग का अभिनय अभ्युत्थान, आलिंगन, वस्त्र एवं आभरण का प्रदान अश्रु एवं पुलक आदि से होता है। अप्रियश्रवणकृत आवेग का अभिनय भूमि में पतन, विषमस्थल में लोट पोट करने, परिधावन, विलाप एवं चीत्कार के साथ रोदन आदि से किया जाता है। प्रकृति जनता को जो व्यसनाभिघात उससे जन्य आवेग का अभिनय अकस्मात् वहाँ से निकल भागने, शस्त्र, चर्म एवं कवच के धारण गज तुरग एवं रथ के ऊपर आरोहण एवं संप्रधारण आदि से करना चाहिए।

(मूल) इस प्रकार से आठ भेदों वाला यह सम्भ्रमात्मक आवेग है। उत्तम एवं मध्यम पुरुषों के आवेग का स्थिरता से और नीचों के आवेग का अपसर्पण से अभिनय किया जाता है। इस विषय में दो आर्याएँ हैं—

(मूल) सहसा अकस्मात् शत्रु के वचन को सुनकर अवधारण निश्चय करने वाले व्यक्ति को किसी के द्वारा अप्रिय के निवेदन, शस्त्र के द्वारा आक्रमण, एवं त्रास से आवेग होता है ॥६५॥

अप्रियनिवेदनाद्यो विषादभावाश्रयोऽनुभावोऽस्य ।
सहसारिदर्शनाद्वेत्प्रहरणपरिघट्टनैः कार्यः ॥६६॥

जडता नाम—सर्वकार्याप्रतिपत्तिः । इष्टानिष्टश्रवणदर्शनव्याध्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तामभिनयेदप्रतिकथनाभिभाषणतूष्णीम्भावाप्रतिभाऽनिमेषनिरीक्षणपरवशत्वादिभिरनुभावैः ।

अत्रार्या भवति—

इष्टं वाऽनिष्टं वा सुखदुःखे वा न वेत्ति यो मोहात् ।
तूष्णीकः परवशगो भवति स जडसंज्ञितः पुरुषः ॥६७॥

गर्वो नाम—ऐश्वर्यकुलरूपयौवनविद्याबलधनलाभादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्यासूयावज्ञाधर्षणानुत्तरदानासम्भाषणाङ्गावलोकनविभ्रमाहसनवाक्पारुष्यगुरुव्यतिक्रमणाधिक्षेपवचनविच्छेदादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

अत्रार्या भवति—

विद्यावाप्ते रूपादैश्वर्यादथ धनागमाद्वापि ।
गर्वः खलु नीचानां, दृष्ट्यङ्गविकारणैः कार्यः ॥६८॥

बालक्रीड़ा

(मूल) किसी के द्वारा अप्रिय समाचार के निवेदन, सहसा अरिदर्शन एवं आयुधों के संघर्ष से होनेवाले आवेग का अभिनय विषाद भाव के आश्रयण से करना चाहिए ॥६६॥

(मूल) जडता सभी प्रकार के कर्तव्यों को नहीं समझना है। इसकी उत्पत्ति इष्ट प्रिय के विषय में अनिष्ट का श्रवण या दर्शन एवं व्याधि आदि विभावों से होती है। इसका अभिनय कुछ नहीं कहने, बात चीत नहीं करने, चुप रहने, प्रतिभाशून्य हो जाने, एकटक देखने एवं परवश हो जाने आदि अनुभावों से करना चाहिए।

इस प्रसंग में एक आर्या है।

(मूल) जो व्यक्ति अपनी जडता से इष्ट, अनिष्ट सुख एवं दुःख को नहीं समझता है। नितान्त चुप रहता है एवं पराये के वश में चला जाता है उस पुरुष की जड संज्ञा है ॥६७॥

(मूल) गर्व नामक भाव ऐश्वर्य कुल रूप यौवन विद्या बल एवं धन लाभ आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय असूया अवज्ञा, धर्षण (दबादेना) उत्तर नहीं देने, बातचीत नहीं करने, अपने अंगों के देखने, विभ्रम (शृंगार की चेष्टायें) करने, मजाक करने, कटु वचन कहने, बड़ों की आज्ञा का उल्लंघन, अधिक्षेप (तिरस्कार) एवं वचन विच्छेद यानी बात काट देने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस प्रसंग में एक आर्या है—

विषादो नाम—कार्यानिस्तरणदैवव्यापत्तिसमुत्थः । तमभिनयेत्सहायान्वेषणोपायचिन्तनोत्साहविघातवैमनस्यनिःश्वसितादिभिरनुभावैरुत्तममध्यमानाम् । अधमानां तु विपरिधावनालोकनमुखशोषणसृक्कपरिलेहनानिद्रानिःश्वसितध्यानादिभिरनुभावैः। अत्रार्याश्लोकौ—

> कार्यानिस्तरणाद्वा चौर्याभिग्रहणराजदोषाद्वा ।
> दैवादर्थविपत्तेर्भवति विषादः सदा पुंसाम् ॥६९॥
> वैचित्त्योपायचिन्ताभ्यां कार्यं उत्तममध्ययोः ।
> निद्रानिःश्वसितध्यानैरधमानां तु योजयेत् ॥७०॥

औत्सुक्यं नाम—इष्टजनवियोगानुस्मरणोद्यानदर्शनादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्य दीर्घनिःश्वसिताधोमुखविचिन्तननिद्रातन्द्रीशयनाभिलाषादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः ।

### बालक्रीडा

(मूल) विद्या की प्राप्ति, रूप, ऐश्वर्य एवं धनागम से नीचों को ओछे व्यक्तियों को गर्व होता है। उसका अभिनय दृष्टि एवं अंगों के विकृतिकरण से करना चाहिए ॥६८॥

(मूल) विषाद का उत्थान उपाय करने पर भी अपने कार्य से कर्तव्य से छुटकारा नहीं पाने से। क्या किया जाय इसका पूरा होना या पूरा करना मुश्किल हो गया है इससे निस्तार नहीं पा रहे हैं इत्यादि से या दैव कृत आपत्ति से होता है। सहायकों का खोजने, उपाय के चिन्तन, उत्साह के विघात, वैमनस्य, एवं निःश्वास आदि अनुभावों से उत्तम एवं मध्यम पुरुषों के विषाद का अभिनय करना चाहिए। अधमों के विषाद का अभिनय इतस्ततो धावन, इधर उधर ताकने, मुखशोषण, गलाफे को चाटने, निद्रा, निःश्वास एवं ध्यान आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस सन्दर्भ में आर्या एवं श्लोक है। कार्य से छुटकारा नहीं पाने कार्य के सिद्ध नहीं होने चोरी में पकड़े जाने राजद्रोह राजापराध, दैव का कोप एवं घाटा लग जाने से पुरुषों को सदा विषाद होता है ॥६९॥

(मूल) इनमें उत्तम एवं मध्यम पुरुषों के विषाद का अभिनय वैचित्त्य विमनस्कता एवं उपाय के चिन्तन अनुभावों से करना चाहिए। और अधमों के विषाद का अभिनय निद्रा निःश्वास एवं ध्यान आदि अनुभावों से करना चाहिए ॥७०॥

(मूल) औत्सुक्य इष्ट जन के वियोग, वियुक्त इष्टजन का अनुस्मरण एवं उद्यान दर्शन आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय दीर्घ निःश्वास नीचे की तरफ मुँह कर के चिन्तन करने, निद्रा, तन्द्रा सर्वांग शिथिलता एवं शयनाभिलाष आदि अनुभावों से करना चाहिए। यहाँ एक आर्या है—

अत्रार्या भवति—

> इष्टजनस्य वियोगादौत्सुक्यं जायते ह्यनुस्मृत्या ।
> चिन्तानिन्द्रातन्द्रीगात्रगुरुत्वैरभिनयोऽस्य ॥७१॥

निद्रा नाम—दौर्बल्यश्रमक्लममदालस्यचिन्ताऽत्याहारस्वभावादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तामभिनयेद्वदनगौरवशरीरप्रतिलोलननेत्रघूर्णनगात्रमोटनविजृम्भणमान्द्योच्छ्वसितसन्नगात्रताऽक्षिनिमीलनादिभिरनुभावैः ।

अत्रार्ये भवतः—

> आलस्याद्दौर्बल्यात्क्लमाच्छ्रमाच्चिन्तनात्स्वभावाच्च ।
> रात्रौ जागरणादपि निद्रा पुरुषस्य सम्भवति ॥७२॥
> तां मुखगौरवगात्रप्रतिलोलननयनमीलनजडत्वैः ।
> जृम्भणगात्रविमर्दैरनुभावैरभिनयेत्प्राज्ञः ॥७३॥

अपस्मारो नाम—देवयक्षनागब्रह्मराक्षसभूतप्रेतपिशाचग्रहणानुस्मरणोच्छिष्टशून्यागारसेवनाशुचिकालान्तरापरिपतनव्याध्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्य स्फुरितनिःश्वसितोत्कम्पित-

### बालक्रीड़ा

(मूल) इष्ट जन के वियोग एवं वियुक्त की अनुस्मृति से औत्सुक्य पैदा होता है। उसका अभिनय चिन्ता निद्रा तन्द्रा (सर्वांग शैथिल्य एवं तज्जनित कार्याक्षमता) एवं गात्र के भारीपन आदि अनुभावों से किया जाता है।

(मूल) निद्रा नामक भाव, दुर्बलता, श्रम, थकावट, (क्लम) मद आलस्य, चिन्ता, अतिभोजन एवं स्वभाव आदि विभावों से समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय मुंह के लटकाने (वदन गौरव) शरीर के हिलने, नेत्र घूर्णन, गात्र के टूटने जंभाई के आने या लेने, मन्दता शिथिलता उच्छ्वास शरीर के शिथिल होने एवं आँखों के मींचने आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसके बारे में दो आर्याएँ हैं—

(मूल) आलस्य, दौर्बल्य, क्लम, श्रम, चिन्ता, स्वभाव एवं रात्रि जागरण से व्यक्ति को निद्रा आती है। उसका अभिनय बुद्धिमान् लोग मुंह के लटकाने (मुखगौरव) गात्र के हिलने नयन-निमीलन, जडता, जँभाई लेना एवं गात्र के टूटने आदि अनुभावों से करें।

(मूल) अपस्मार दैव, यक्ष, नाग, ब्रह्मराक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच के पकड़ लेने या उनके अनुस्मरण, उच्छिष्ट सेवन, शून्यागार में रहने या जाने, अशुचि अवस्था में कालान्तर का परिपतन अर्थात् चिर काल तक अशुचि अवस्था में रहन एवं व्याधि आदि विभावों से

धावनपतनस्वेदस्तम्भनवदनफेनजिह्वापरिलेहनादिभिरनुभावैरभि-
नयः प्रयोक्तव्यः।

अत्रार्ये भवतः—

भूतपिशाचग्रहणानुस्मरणोच्छिष्टशून्यगृहगमनात्।
कालान्तरातिपातादशुचेश्च भवत्यपस्मारः ॥७४॥
सहसा भूमौ पतनं प्रवेपनं वदनफेनमोक्षश्च।
निःसंज्ञस्योत्थानं रूपाण्येतान्यपस्मारे ॥७५॥

सुप्तं नाम–निद्रासमुत्थम्। तच्च निद्राभिभवेन्द्रियोपरमण विषयोपगमनमोहनक्षितिनलशयनप्रसारणानुकर्षणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तदुच्छ्वसितसन्नगात्राक्षिनिमीलनसर्वेन्द्रिय—सम्मोहनोत्स्वप्नायितादिभिरनुभावैरभिनयेत्।

अत्रार्ये भवतः—

निद्राभिभवेन्द्रियोपरमणमोहनैर्भवेत्सुप्तम्।
अक्षिनिमीलोच्छ्वसनैः स्वप्नायितजल्पितैः कार्यः ॥७६॥

बालक्रीडा

समुत्पन्न होता है। उसका अभिनय स्फुरित यानि स्पन्दन, निःश्वास उत्कम्पन, धावन, भूमि पतन, स्वेद, स्तम्भ मुखफेन एवं जिह्वापरिलेहन आदि अनुभावों से करना चाहिए। इसमें दो आर्याएँ हैं—

(मूल) भूत पिशाचों के द्वारा पकड़ लेना, उनका स्मरण करना, उच्छिष्ट रहना शून्य गृह में गमन करना एवं अशुचि अवस्था में कालान्तर का अतिपात यानी चिर काल तक अशुचि अवस्था में रहना आदि अपस्मार का कारण वर्ग है ॥७४॥

(मूल) सहसा भूमि पर गिरना, काँपना, वदन से फेन का गिरना, एवं संज्ञा शून्य खड़ा होना आदि अपस्मार का स्वरूप है ॥७५॥

(मूल) सुप्त भाव निद्रा के आने पर ही होता है उसकी उत्पत्ति निद्रा के दबाव पड़न से या इन्द्रियों के उपरत होने एवं विषयों के द्वारा मोहन करने पर, क्षिति तल पर शयन प्रसारण एवं अनुकर्षण आदि विभावों से होती है। उसका अभिनय उच्छ्वास गात्रों के सन्न होने, अक्षि निमीलन, सम्पूर्ण इन्द्रियों के सम्मोहन यानी व्यापार के उपरत होने, एवं उत्स्वप्नायित होन आदि अनुभावों से करना चाहिए। इस विषय में आर्याएँ हैं।

(मूल) निद्रा के द्वारा अभिभवन, इन्द्रियों के उपरमण एवं मोहन से सुप्त होता है। उसके कार्य अक्षिनिमीलन, उच्छ्वास, स्वप्न देखना एवं स्वप्न में बड़बड़ाना है ॥७६॥

सोच्छ्वासैर्निःश्वासैर्मन्दाक्षिनिमीलनेन निश्चेष्टः ।
सर्वेन्द्रियसम्मोहात्सुप्तं स्वप्नैश्च युञ्जीत ॥७७॥

विबोधो नाम—आहारपरिणामनिद्राच्छेदस्पर्शस्वप्नान्ततीव्रशब्दश्रवणादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तमभिनयेज्जृम्भणाक्षिपरिमर्दनशयनमोक्षणादिभिरनुभावैः ।

अत्रार्या भवति—

आहारविपरिणामाच्छब्दस्पर्शादिभिश्च सम्भूतः ।
प्रतिबोधस्त्वभिनेयो जृम्भणवदनाक्षिपरिमर्दैः ॥७८॥

अमर्षो नाम–विद्यैश्वर्यशौर्यबलाधिकैरधिक्षिप्तस्यावमानितस्य वा समुत्पद्यते । तमभिनयोच्छिरःकम्पनप्रस्वेदनाधोमुखचिन्तनध्यानाध्यवसायोपायसहायान्वेषणादिभिरनुभावैः ।

अत्र श्लोकौ—

आक्षिप्तानां सभामध्ये विद्याशौर्यबलाधिकैः ।
नृणामुत्साहसंयोगादमर्षो नाम जायते ॥७९॥

बालक्रीड़ा

(मूल) श्वास प्रश्वास, मन्द २ अक्षिनिमीलन करते २ निश्चेष्ट हो जाने, सम्पूर्ण इन्द्रियों के व्यापार के रुक जाने एवं स्वप्नों से उस सुप्त का प्रयोग करना चाहिए ॥७७॥

(मूल) विबोध नामक भाव आहार के परिणाम, निद्रा के टूटने, स्वप्न के अन्त में स्पर्श या तीव्र शब्द के स्वतः होने या करने या सुनने आदि विभावों से समुत्पन्न होता है उसका अभिनय करने में जँभाई लेना आँखों का मलना एवं खटिया का परित्याग करना आदि अनुभावों से होता है । इसमें आर्या है

(मूल) आहार का विपरिणाम एवं शब्द स्पर्श आदि से सम्भूत विबोध का अभिनय जृम्भण एवं वदन तथा आँखों के मलने से करना चाहिए ॥७८॥

(मूल) अमर्ष भाव विद्या ऐश्वर्य शौर्य एवं बल में अधिक पुरुषों के द्वारा अधिक्षिप्त या अवमानित किये जाने पर उत्पन्न होता है । उसका अभिनय शिरः कम्पन प्रस्वेदन, अधोमुख चिन्तन, ध्यान, अध्यवसाय, उपाय एवं सहायकों के अन्वेषण आदि अनुभावों से करना चाहिए ।

यहाँ दो श्लोक हैं—

(मूल) विद्या शौर्य एवं बल म अधिक पुरुषों के द्वारा सभा के मध्य में आक्षिप्त पुरुषों को उत्साह के संयोग से अमर्ष पैदा होता है ।७९।

उत्साहाध्यवसायाभ्यामधोमुखविचिन्तनैः ।
शिरः प्रकम्पस्वेदाद्यैस्तं प्रयुञ्जीत पण्डितः ॥८०॥

२६ अवहित्थं नाम—आकारप्रच्छादनात्मकम् । तच्च लज्जा-भयापजयगौरवजैह्म्यादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते । तस्यान्यथा-कथनावलोकितकथाभङ्गकृतकधैर्यादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयो-क्तव्यः ।

अत्र श्लोको भवति—

धार्ष्ट्यजैह्म्यादि सम्भूतमवहित्थं भयात्मकम् ।
तच्चागणनया कार्यं नातीवोत्तरभाषणात् ॥८१॥

२७ उग्रता नाम—चौर्याभिग्रहणनृपापराधासत्प्रलापादि-भिर्विभावैः समुत्पद्यते । तां च वधबन्धनताडननिर्भर्त्सनादिभि-रनुभावैरभिनयेत् ।

अत्रार्या भवति—

चौर्याभिग्रहणवशान्नृपापराधादथोग्रता भवति ।
वधबन्धताडनादिभिरनुभावैरभिनयस्तस्याः ॥८२॥

## बालक्रीडा

(मूल) पण्डित लोग उसको उत्साह अध्यवसाय अधोमुख चिन्तन, शिरः प्रकम्प एवं प्रस्वेद आदि से प्रयुक्त करें ॥८०॥

(मूल) अवहित्थ भाव आकार को छिपाना है। उसकी उत्पत्ति लज्जा भय अप जय, गौरव कुटिलता एवं धाष्टर्य आदि विभावों से होती है। उसके अभिनय का प्रयोग अन्यथा कथन, अन्यथा अवलोकन, कथा के भंग, एवं कृत्रिम धैर्य आदि अनुभावों से करना चाहिए ।

(मूल) यहाँ एक श्लोक है। धृष्टता कुटिलता एवं भय आदि से अवहित्थ पैदा होता है। उसका अभिनय किसी की परवाह नहीं करने एवं उत्तर के अधिक नहीं देने आदि अनुभावों से करना चाहिए ॥८१॥

(मूल) उग्रता नामक भाव चोरी में पकड़ जाने राजापराध एवं असत्प्रलाप करने आदि विभावों से उत्पन्न होता है। इसका वध बन्ध ताडन एवं निर्भर्त्सन आदि अनुभावों से दिखाना चाहिए। इस पर एक आर्या है—

(मूल) चोरी में पकड़े जाने एवं नृप के अपराध करने से उग्रता पैदा होती है। उसका अभिनय वध बन्ध एवं ताडन आदि अनुभावों से करना चाहिए ॥८२॥

मतिर्नाम—नानाशास्त्रविचिन्तनोहापोहादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तामभिनयेच्छिष्योपदेशार्थविकल्पनसंशयच्छेदादिभिरनुभावैः।

भवति चात्र श्लोकः—

नानाशास्त्रार्थबोधेन मतिः संजायते नृणाम्।
शिष्योपदेशार्थकृतस्तस्यास्त्वभिनयो भवेत् ॥८३॥

व्याधिर्नाम—वातपित्तकफसन्निपातप्रभवः। तस्याः ज्वरादयो विशेषाः। ज्वरस्तु द्विविधः सशीतः सदाहश्च। तत्र सशीतो नाम—प्रवेपितसर्वाङ्गोत्कम्पननिकुञ्चनाग्न्यभिलाषरोमाञ्चहनुवलननासाविकूणनमुखशोषणपरिदेवितादिभिरनुभावैरभिनेयः। सदाहो नाम—विक्षिप्ताङ्गकरचरणभूम्यभिलाषानुलेपनशीताभिलाषपरिदेवनमुखशोषोत्क्रुष्टादिभिरनुभावैः। ये चान्ये व्याधयस्तेऽपि खलु मुखविकूणनगात्रस्तम्भस्रस्ताक्षिनिमीलननिःश्वसनस्तनितोत्क्रुष्टवेपनादिभिरनुभावैरभिनेयाः।

बालक्रीडा

(मूल) मति नामक भाव नाना शास्त्रों के चिन्तन एवं ऊह माने शंका अपोह माने समाधान आदि विभावों से पैदा होता है। उसका अभिनय शिष्यों को उपदेश देने के लिए विकल्प करने एवं संशयों के छेदन करने से करें।

इस विषय में एक श्लोक है—

(मूल) नाना शास्त्रार्थों के जानने से मनुष्यों को मति पैदा होती है। उसका अभिनय शिष्यों को उपदेश देने के लिए विकल्प आदि करने से करना चाहिए।

(मूल) व्याधि वात पित्त एवं कफ के सन्निपात से होती है। ज्वरादि उसके विशेष भेद हैं। ज्वर दो प्रकार का होता है एक सशीत दूसरा सदाह। उनमें सशीत ज्वर का अभिनय कभी अंग विशेष के कम्पन, कभी सर्वांग के कम्पन, अंगों के सिकोड़ने आग के तापने की इच्छा, रोयें खड़े होने, हनु के वलन, नासिका के विकूणन, मुखशोषण एवं रोने से करना चाहिए।

(मूल) सदाह ज्वर का अभिनय सर्वांग के या हाथ पैर के पटकने, भूमिपर लेटने की अभिलाषा, ठंढे लेप की अभिलाषा, रोदन, मुख के सूखने एवं चिल्लाने (उत्क्रोश) आदि अनुभावों से करना चाहिए।

अत्र श्लोको भवति—

समासतस्तु व्याधीनां कर्तव्योऽभिनयो बुधैः ।
स्रस्ताङ्गगात्रविक्षेपैस्तथा मुखविकूणनैः ॥८४॥

उन्मादो नाम—इष्टजनवियोगविभवनाशाभिघातवातपित्तश्लेष्मप्रकोपादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। तमनिमित्तहसितरुदितोत्क्रुष्टासम्बद्धप्रलापशयितोपविष्टोत्थितप्रधावितनृत्तगीतपठितभस्मपांस्ववधूलनतृणत्रोटननिर्माल्यकुचेलचीरघटकपालशरावाभरणधारणोपभोगैरनेकैश्चानवस्थितैश्चेष्टानुकरणादिभिरनुभावैरभिनयेत् ।

अत्रार्ये भवतः—

इष्टजनविभवनाशादभिघाताद्वातपित्तकफकोपात् ।
विविधाच्चित्तविकारादुन्मादो नाम सम्भवति ॥८५॥
अनिमित्तरुदितहसितोपविष्टगीतप्रधावितोत्क्रुष्टैः ।
अन्यैश्च विकारकृतैरुन्मादं सम्प्रयुञ्जीत ॥८६॥

मरणं नाम—व्याधिजमभिघातश्च। तत्र यदान्त्रयकृच्छूलदोषवैषम्यगण्डपिटकज्वरविषूचिकादिभिरुत्पद्यते तद्व्याधिप्रभ-



इस विषय में एक श्लोक है—

(मूल) विद्वान् लोग संक्षेप में सभी व्याधियों का अभिनय अंगों की शिथिलता, इतस्ततः अंगों के विक्षेपण, एवं मुख नासा विकूणन आदि से करना चाहिए।

(मूल) उन्माद, इष्ट जन के वियोग, विभाव नाश, चोट लगने, वात पित्त एवं श्लेष्मा के प्रकोप आदि विभावों से उत्पन्न होता है। उसका अभिनय बिना कारण के हँसने, रोने, चिल्लाने, असम्बद्ध प्रलाप करने, सोने, बैठने, उठने, इधर उधर दौड़ने, नाचने, गाने, पढ़ने, तथा भस्म एवं धूलि के अवधूलन करने, तृण के तोड़ने, शिव निर्माल्य, गन्दे कपड़े, चिथड़े (फटे कपड़ों के टुकड़े) श्मशान घट के कपाल टूटे शरावें के खण्डों को आभरण के रूप में धारण एवं उपभोग करने, तथा और भी अनेक प्रकार की अनवस्थित चेष्टाओं के अनुकरण करने आदि अनुभवों से करना चाहिए। इस सन्दर्भ में दो आर्याएँ हैं। इष्टजन एवं विभव के नाश, चोट लगने वात पित एवं कफ के प्रकोप, एवं विविध चित्त विकारों से उन्माद पैदा होता है।८५।

(मूल) अनिमित्त रोदन हसित, उपवेशन, गायन, प्रधावन उत्क्रोशन तथा अन्य विकारों से उन्माद का प्रयोग करे॥८६॥

वम् । अभिघातजन्तु शस्त्राहिदंशविषपानश्वापदगजतुरगरथपशुयानपातविनाशप्रभवम् । एतयोरभिनयविशेषान्वक्ष्यामः— तत्र व्याधिजं विषण्णगात्राव्यायताङ्गविचेष्टितनयननिमीलितहिक्कोर्ध्वश्वासोपेतपरिजनानवेक्षिताव्यक्ताक्षरकथनादिभिरनुभावैरभिनयेत् ।

अत्र श्लोको भवति—

व्याधीनामेकभावो हि मरणाभिनयः स्मृतः ।
विषण्णगात्रैर्निश्चेष्टैरिन्द्रियैश्च विवर्जितः ॥८७॥

अभिघातजे तु नानाप्रकारा अभिनयविशेषा शस्त्रक्षताहिदष्टविषपीतगजादिपतितश्वापदहताः । यथा तत्र शस्त्रक्षते तावत्सहसा भूमिपतनवेपनस्फुरणादिभिरभिनयः प्रयोक्तव्यः । अहिदष्टविषपीतयोर्विषवेगा यथा—कार्श्यवेपथुविदाहहिक्काफेनस्कन्धभङ्गजडतामरणानीत्यष्टौ ।

### बालक्रीडा

(मूल) मरण व्याधि एवं चोट के लगने से होता है। वह जब आंत्र यकृत् किसी प्रकार के शूल, दोषों की विषमता, गण्डपिटक (गाल पर फोड़ा होने) ज्वर एवं विसूचिका (हैजा) आदि से होता है तब व्याधि से उत्पन्न हुआ माना जाता है। और चोट के लगने से जब वह होता है तब शस्त्र (हाथ में लिए हुए आयुध) अस्त्र (फेंके जाने वाले आयुध) अहिदंश, विषपान श्वापद (हिंसक जन्तु) हाथी घोड़े एवं अन्य पशुओं पर चढ़ने, तथा रथ यान से पतन और विनाश उसमें कारण है।

(मूल) इन दोनों के अभिनयों की विशेषताओं को कहेंगे। उनमें व्याधि से होने वाले मरण का अभिनय विषण्णगात्रता (व्यायत माने दीर्घता) अंगों की अव्यायतता सिकुड़न, विचेष्टित यानी विविध चेष्टा या विकृत चेष्टा, नयन निमीलन, हिचकी, ऊर्ध्व श्वास, (उपेत) पास में आये हुए (परितः) चारों तरफ बैठे हुए जनों को नहीं पहिचानने, जो समझ में नहीं आ सके ऐसे अक्षरों के कथन आदि अनुभावों से करे।

इस पर एक श्लोक है—व्याधियों के अनुध्यान से मरने का अभिनय एक ही प्रकार का होता है। उसमें गात्र विषण्ण अवसन्न अत एव चेष्टा शून्य हो जाते हैं और मृत व्यक्ति इन्द्रियों से विवर्जित रहित हो जाता है। चोट के लगने से होने वाले मरण में तो नाना प्रकार के अभिनय विशेष शस्त्र से घाव का लगना, साँप से काटे जाना, जहर का पीना, हाथी घोड़े से गिरना, हिंसक जन्तुओं के द्वारा मारे जाना, वगैरह वगैरह होते हैं। उनमें शस्त्र से घाव लगने पर जैसे सहसा भूमि पर पतन, वेपन, एवं स्फुरण मन्द २ स्पन्दन आदि का अभिनय करना चाहिए। साँप के द्वारा काटे जाने एवं विष के पान में विष का वेग होता

अत्र श्लोकौ भवतः—

काश्यं तु प्रथमे वेगे द्वितीये वेपथु ँवेत् ।
दाहं तृतीये हिक्कां च चतुर्थे सम्प्रयोजयेत् ॥८८॥
फेनञ्च पञ्चमे कुर्यात्षष्ठे स्कन्धस्य भञ्जनम् ।
जडतां सप्तमे कुर्यादष्टमे मरणं तथा ॥८९॥

अत्रार्या भवति—

श्वापदगजतुरगरथोद्भवं तु पशुयानपतनजं वाऽपि ।
शस्त्रक्षतवत्कुर्यादनवेक्षितगात्रसञ्चारम् ॥९०॥
इत्येवं मरणं ज्ञेयं नानावस्थान्तरात्मकम् ।
प्रयोक्तव्यं बुधैः सम्यग्यथाभावाङ्गचेष्टितैः ॥९१॥

त्रासो नाम—विद्युदुल्काशनिपातनिर्घाताम्बुधरमहासत्त्वपशुरवादिभिर्विभावैरुत्पद्यते । तमभिनयेत्संक्षिप्ताङ्गोत्कम्पनवेपथुस्तम्भरोमाञ्चगद्गदप्रलापादिभिरनुभावैः ।

बालक्रीडा

हृ जैसे, कृशता, वेपथु कंपकंपी चढ़ जाना, जलन होना हिचकी आना मुख में फेन आना ग्रीवा का भग्न हो जाना ज्ञान से शून्य, एवं मरना ये आठ विष के वर्ग हैं ।

(मूल) इस प्रसंग में दो श्लोक हैं—

प्रथम वेग में कृशता, द्वितीय वेग में वेपथु, तृतीय में दाह, चौथे में हिक्का का प्रयोग करे ॥८८॥ पंचम में फेन, षष्ठ में स्कन्ध का भञ्जन, सप्तम में जडता और अष्टम में मरण का प्रयोग करे ॥८९॥

(मूल) यहाँ एक आर्या है—

श्वापद, हाथी घोड़े एवं रथ से होने वाले तथा पशुयान से गिरने पर होने वाले मरण का अभिनय शस्त्रक्षत से होने वाले मरण की तरह दिखाना चाहिए । इस अवस्था में वह मृत व्यक्ति देखने में और गात्र के संचार करने में असमर्थ होता है ॥९०॥

(मूल) इस तरह नाना अवस्था वाले मरण को जानना चाहिए । और विद्वान् लोग उसका भावों के अनुसार अंगों की चेष्टाओं से प्रयोग करें ॥९१॥

(मूल) त्रास नामक भाव बिजली की कड़क या ज्वाला एवं अशनि के निपात । (विद्युत् एवं अशनि दोनों पर्याय हैं अतः बिजली की कड़क एवं अशनिका निपात लिया है) निर्घात कोई जबर्दस्त भीषण आघात, मेघ, एवं महाभीषण जंगली पशुओं के रव आदि विभावों से उत्पन्न होता है । उसका अभिनय अंगों के सिकोड़ने एवं काँपने तथा साधारण काँपने, रोयें खड़े करने एवं गद्गद प्रलाप करने आदि अनुभावों से करना चाहिए ।

अत्र श्लोको भवति—

महाभैरवनादाद्यैस्त्रासः समुपजायते ।
त्रस्ताङ्गाक्षिनिमेषैश्च तस्य त्वभिनयो भवेत् ॥६२॥

वितर्को नाम—सन्देहविमर्शविप्रतिपत्त्यादिभिर्विभावैरुत्पद्यते । तमभिनयेद्विविधविचारितप्रश्नसम्प्रधारणमन्त्रसंगूहनादिभिरनुभावैः ।

अत्र श्लोको भवति—

विचारणादिसम्भूतः सन्देहातिशयात्मकः ।
वितर्कः सोऽभिनेयस्तु शिरोभ्रूक्षेपकम्पनैः ॥६३॥

एवमेते त्रयस्त्रिंशद्व्यभिचारिणो भावा देशकालावस्थानुरूप्येणात्मगतपरगतमध्यस्था उत्तममध्यमाधमैः स्त्रीपुंसैः स्वप्रयोगवशादुपपाद्या इति ।

त्रयस्त्रिंशदिमे भावा विज्ञेया व्यभिचारिणः ।
सात्त्विकांस्तु पुनर्भावान्प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वशः ॥६४॥

बालक्रीड़ा

यहाँ पर एक श्लोक है—

(मूल) महा भयंकर शब्द से त्रास होता है और उसका अभिनय गात्र की शिथिलता एवं आँखों के टिमटिमाने से होता है ।

(मूल) वितर्क नामक भाव सन्देह विमर्श एवं विप्रतिपत्ति (विरोधोद्भावन) आदि विभावों से उत्पन्न होता है । उसका अभिनय विविध विचार, प्रश्न, सम्प्रधारण एवं मंत्र संगूहन आदि अनुभावों से किया जाना चाहिए । यहाँ एक श्लोक है ।

(मूल) विचार आदि से सम्भूत अतिशय सन्देह स्वरूप वितर्क होता है उसका अभिनय शिरः कम्पन एवं भ्रूक्षेप से करना चाहिए । ६३ ॥

(मूल) इस प्रकार के इन तेंतीस व्यभिचारी भावों का देश काल एवं अवस्था के अनुरूप अपने में दूसरे में एवं उदासीन तृतीय व्यक्ति में उत्तम मध्यम एवं अधम पुरुष के प्रयोग के अनुसार उपपादन करे ।

(मूल) इन तेंतीस व्यभिचारी भावों को समझें । अब क्रमशः सात्त्विक भावों को कहूँगा । यहाँ पर प्रश्न होता है कि क्या और भावों का सत्त्व के बिना अभिनय किया जाता है जो इनको आप सात्त्विक कहते हैं । उत्तर । कहते हैं कि मनः प्रभव मन से उत्पन्न होने वाले भाव को सत्त्व कहते हैं । और वह सत्त्व मन के समाहित (एकाग्र) होने पर होता है, क्योंकि मन की समाधि (चित्त की एकाग्रता) होने पर ~~होता है।~~ सत्त्व

अत्राह—किमन्ये भावाः सत्त्वेन विनाऽभिनीयन्ते यस्मादुच्यन्ते एते सात्त्विका इति।

अत्रोच्यते—

इह हि सत्त्वं नाम मनःप्रभवम्। तच समाहितमनस्त्वादुच्यते। मनसः समाधौ सत्त्वनिष्पत्तिर्भवति। तस्य च योऽसौ स्वभावो रोमाञ्चाश्रुवैवर्ण्यादिलक्षणो यथाभावोपगतः स न शक्योऽन्यमनसा कर्तुमिति। लोकस्वभावानुकरणत्वाच नाट्यस्य सत्त्वमीप्सितम्। को दृष्टान्तः—इह हि नाट्यधर्मीप्रवृत्ताः सुखदुःखकृता भावास्तथा सत्त्वविशुद्धाः कार्याः यथा सरूपा भवन्ति। तत्र दुःखं नाम रोदनात्मकं तत्कथमदुःखितेन सुखं च प्रहर्षात्मकमसुखितेन वाभिनेयम्। एतदेवास्य सत्त्वं यत् दुःखितेन सुखितेन वाऽश्रुरोमाञ्चौ दर्शयितव्यौ इति कृत्वा सात्त्विका भावा इत्यभिव्याख्याताः।

त इमे—

स्तम्भः स्वेदोऽथ रोमाञ्चः स्वरभेदोऽथ वेपथुः।
वैवर्ण्यमश्रु प्रलय इत्यष्टौ सात्त्विका मताः ॥९५॥

बालक्रीड़ा

की निष्पत्ति होती है। उसका जो भावों के अनुसार प्राप्त होने वाला रोमांच अश्रु एवं वैवर्ण्य रूप स्वभाव है उसका प्रयोग अन्य मनस्कता की अवस्था में कभी नहीं किया जा सकता है। क्योंकि लोक के स्वभाव का अनुकरण किया जाता है अतः नाट्य में सत्त्व इष्ट है। इस आपके कथन में कौन दृष्टान्त है—अर्थात् ऐसी परिस्थिति कहाँ देखी गई है उसका अन्त निर्णय कहाँ है। उत्तर। यहाँ अभिनय में नाट्य की धर्मी इतिकर्त्तव्यता में प्रवृत्त अभिनेताओं को सुख एवं दुःख से होने वाले भावों को ऐसे सत्त्वविशुद्धि से करने चाहिए जैसे वे समान रूप वाले होवें यानी मालूम पड़ें। उनमें दुःख एक रोदनात्मक भाव है उसका अभिनय अदुःखित पुरुष कैसे कर सकता है। और सुख एक प्रहर्षात्मक भाव है उसका अभिनय असुखित व्यक्ति कैसे कर सकता है। उस भाव से भावित होने पर ही उस भाव का अभिनय किया जाता है। इसलिए भाव एवं भावप्रयोक्ता को समान रूप वाला होना आवश्यक है। इसका सत्त्व यही है कि सुखी होकर या दुःखी होकर अश्रु एवं रोमाञ्चों को रंगमंच पर दिखाना चाहिए। इस तरह सात्विक भावों की व्याख्या कर दी गई या हो गई। वे सात्विकभाव ये हैं।

(मूल) स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, स्वरभेद, वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु एवं प्रलय ये आठ सात्त्विक भाव हैं। ९५ ॥

अत्रार्याः । तत्र—

क्रोधभयहर्षलज्जादुःखश्रमरोगतापघातेभ्यः ।
व्यायामक्लमघर्मैः स्वेदः सम्पीडनाच्चैव ॥९६॥
हर्षभयशोकविस्मयविषादरोषादिसम्भवः स्तम्भः ।
शीतभयहर्षरोषस्पर्शजरारोगजः कम्पः ॥९७॥
आनन्दामर्षाभ्यां धूमाञ्जनजृम्भणाद्भयाच्छोकात् ।
अनिमेषप्रेक्षणतः शीताद्रोगाद्भवेदश्रु ॥९८॥
शीतक्रोधभयश्रमरोगक्लमतापजं च वैवर्ण्यम् ।
स्पर्शभयशीतहर्षात् क्रोधाद्रोगाच्च रोमाञ्चः ॥९९॥
स्वरभेदो भयहर्षक्रोधजरारौक्ष्यरोगमदजनितः ।
श्रममूर्छामदनिद्राभिघातमोहादिभिः प्रलयः ॥१००॥
एवमेते बुधैर्ज्ञेया भावा ह्यष्टौ तु सात्त्विकाः ।
कर्म चैषां प्रवक्ष्यामि रसभावानुभावकम् ॥१०१॥
निःसंज्ञो निष्प्रकम्पश्च स्थितः शून्यजडाकृतिः ।
स्कन्नगात्रतया चैव स्तम्भं त्वभिनयेद्बुधः ॥१०२॥

बालक्रीड़ा

(मूल) क्रोध, भय, हर्ष, लज्जा, दुःख, श्रम, रोग, उपघात, व्यायाम, क्लम घाम एवं सम्पीडन से स्वेद होता है । ९६ ॥

(मूल) तथा हर्ष, भय, शोक, विस्मय, विषाद एवं रोष आदि से स्तम्भ होता है । शीत, भय, हर्ष, रोष, स्पर्श जरा एवं रोग से कम्प होता है । ९७ ॥

(मूल) आनन्द, अमर्ष, धूम, अंजन, जृंभण, भय, शोक, टकटकी लगाकर देखने अनिमेष प्रेक्षण, शीत एवं रोग से अश्रु होता है । ९८ ॥

(मूल) शीत, क्रोध, भय, श्रम, रोग, क्लम, एवं ताप से वैवर्ण्य होता है । शीत स्पर्श भय हर्ष क्रोध एवं रोग से रोमाञ्च होता है । ९९ ॥

(मूल) भय हर्ष क्रोध जरा रूक्षता रोग एवं मद से स्वरभेद होता है । श्रम मूर्छा मद से निद्रा । अभिघात एवं मोह से प्रलय होता है । १०० ॥

(मूल) इस प्रकार विद्वान् लोग इन आठ सात्त्विक भावों को समझें । अब इनके रस एवं भावों को अनुभव कराने वाले कर्म को कहूँगा । १०१ ॥

(मूल) विद्वानों को स्तम्भ का अभिनय निःसंज्ञता, निष्प्रकम्पता एवं स्कन्नगात्रता के द्वारा शून्य एवं जड आकार में स्थित होकर करना चाहिए । १०२ ॥

व्यजनग्रहणाच्चापि स्वेदापनयनेन च ।
स्वेदस्याभिनयो योज्यस्तथा वाताभिलाषतः ॥१०३॥
मुहुः कण्टकितत्वेन तथोल्लुकसनेन च ।
पुलकेन च रोमाञ्चं गात्रस्पर्शेन दर्शयेत् ॥१०४॥
स्वरभेदोऽभिनेतव्यो भिन्नगद्गदनिस्वनैः ।
वेपनात्स्फुरणात्कम्पाद्वेपथुं सम्प्रदर्शयेत् ॥१०५॥
मुखवर्णपरावृत्त्या नाडीपीडनयोगतः ।
वैवर्ण्यमभिनेतव्यं प्रयत्नात्तद्धि दुष्करम् ॥१०६॥
वाष्पाम्बुप्लुतनेत्रत्वान्नेत्रसम्मार्जनेन च ।
मुहुरश्रुकणापातैरस्त्रं त्वभिनयेद्बुधः ॥१०७॥
निश्चेष्टो निष्प्रकम्पत्वादव्यक्तश्वसितादपि ।
महीनिपातनाच्चापि प्रलयाभिनयो भवेत् ॥१०८॥
एकोनपञ्चाशदिमे यथाव-
ज्झावास्त्ववस्था गदिता मयेह ।
भूयश्च ये यत्र रसे नियोज्या-
स्तान् श्रोतुमर्हन्ति च विप्रमुख्याः ? ॥१०९॥

बालक्रीडा

(मूल) स्वेद के अभिनय की योजना को स्वेद के अपनयन एवं वायु की अभिलाषा से व्यजन को ग्रहण करके करना चाहिए। १०३।

(मूल) रोमाञ्च का बारंबार रोयें को खड़ा करके तथा उल्लुकसन गात्र का उल्लसन करके और स्पर्शजनित पुलक से अभिनय करें। १०४ ॥

(मूल) आवाज को भिन्न एवं गद्‌गद करके स्वरभेद का अभिनय करे। वेपन कँपकँपी, स्पन्दन, (स्फुरण) एवं शरीर के हिलाने से वेपथु का प्रदर्शन करे। १०५ ॥

(मूल) नाड़ियों के दबाव के कारण मुख के रंग को बदल कर वैवर्ण्य का अभिनय करे। यह वैवर्ण्य प्रयत्न से भी दुष्कर है। अर्थात् प्रयत्न कर के भी इसको करना मुश्किल है ॥१०६॥

(मूल) अश्रुजल से नेत्रों को प्लुत कर देने भर देने से बार-बार नयनों के पोंछने से एवं बार-बार आँसुओं के गिराने से आँसुओं का अभिनय बुधजन करें। १०७ ॥

(मूल) एकदम चेष्टा रहित होकर पृथ्वी पर गिर कर बिना हिले डुले अव्यक्त-श्वास से प्रलय का अभिनय करें ॥ १०८ ॥

(मूल) यहाँ इस प्रकरण में या इस सातवें अध्याय में मैंने योग्यता के अनुसार तीन

[ अत्र श्लोकाः—

शङ्काव्याधिस्तथा ग्लानिश्चिन्तासूया भयं तथा ।
विस्मयश्च वितर्कश्च स्तम्भश्चपलता तथा ॥११०॥
रोमाञ्चहर्षौ निद्रा च तथोन्मादमदावपि ।
स्वेदश्चैवावहित्थं च प्रलयो वेपथुस्तथा ॥१११॥
विषादश्रमनिर्वेदा गर्वावेगौ धृतिः स्मृतिः ।
मतिर्मोहो विबोधश्च सुप्तमौत्सुक्यमार्जवम् ॥११२॥
क्रोधामर्षौ च हासश्च शोकोऽपस्मार एव च ।
दैन्यं च मरणं चैव रतिरुत्साहसंयुता ॥११३॥
त्रासवैवर्ण्यरुदितैः स्वरभेदः शमोऽपि च ।
जडता च तथा सप्त चत्वारिंशत्प्रकीर्तिताः ॥११४॥
आलस्यौग्र्यजुगुप्साख्यैरेवं भावैस्तु वर्जिताः ।
उद्भावयन्ति शृङ्गारं सर्वे भावाः स्वसंज्ञया ॥११५॥
यथाऽवसरमेते हि स्थायिसञ्चारिसत्त्वजाः ।
उद्दीपयन्ति शृङ्गारं रसमासाद्य संज्ञितम् ॥११६॥
ग्लानिः शङ्का ह्यसूया च श्रमश्चपलता तथा ।
सुप्तं निद्रावहित्थं च हास्ये भावाः प्रकीर्तिताः ॥११७॥

बालक्रीडा

अवस्था वाले एकोन पंचाशत् ४९ भावों को कहा है। अब हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों! जिस रस में जिनका नियोग करना है उसे आप लोगों को सुनना चाहिए। १०९॥ यहाँ पर श्लोक हैं–

(मूल) शंका व्याधि ग्लानि, चिन्ता असूया भय, विस्मय वितर्क स्तम्भ, चपलता, रोमाञ्च हर्ष निद्रा उन्माद मद स्वेद अवहित्थ प्रलय वेपथु विषाद श्रम निर्वेद गर्व आवेग धृति स्मृति मति मोह विबोध सुप्त औत्सुक्य, आर्जव, क्रोध अमर्ष हास शोक अपस्मार दैन्य मरण रति उत्साह त्रास वैवर्ण्य रोना, स्वरभेद शम जडता इन सैंतालीस भावों को कहा है। ११०।११४॥

(मूल) ये ऊपर गिनाये हुए सभी भाव आलस्य उग्रता एवं जुगुप्सा को छोड़कर अपनी संज्ञा के अनुसार शृंगार का उद्भावन करते हैं। ११५॥

(मूल) अवसर के अनुसार ये स्थायी संचारी एवं सात्त्विक भाव शृंगार संज्ञक रस का उद्दीपन करते हैं। ११६॥

(मूल) ग्लानि शंका असूया श्रम चपलता सुप्त निद्रा अवहित्थ ये भाव हास्य में कहे गये हैं। ११७॥

निर्वेदश्चैव चिन्ता च दैन्यं ग्लान्यस्रमेव च ।
जडता मरणं चैव व्याधिश्च करुणे स्मृताः ॥११८॥
गर्वोऽसूया मदोत्साहावावेगोऽमर्ष एव च ।
क्रोधश्चपलतोग्र्यं च विज्ञेया रौद्रसम्भवाः ॥११९॥
असम्मोहस्तथोत्साह आवेगो हर्ष एव च ।
मतिश्चैव तथोग्रत्वममर्षो मद एव च ॥१२०॥
रोमाञ्चः स्वरभेदश्च क्रोधोऽसूया धृतिस्तथा ।
गर्वश्चैव वितर्कश्च वीरे भावा भवन्ति हि ॥१२१॥
स्वेदश्च वेपथुश्चैव रोमाञ्चो गद्गदस्तथा ।
त्रासश्च मरणञ्चैव वैवर्ण्यं च भयानके ॥१२२॥
अपस्मारस्तथोन्मादो विषादो मद एव च ।
मृत्युर्व्याधिर्भयं चैव भावा बीभत्ससंश्रयाः ॥१२३॥
स्तम्भः स्वेदश्च मोहश्च रोमाञ्चो विस्मयस्तथा ।
आवेगो जडता हर्षो मूर्च्छा चैवाद्भुताश्रयाः ॥१२४॥
ये त्वेते सात्विका भावा नानाभिनयसंश्रिताः ।
रसेष्वेतेषु सर्वे ते ज्ञेया नाट्यप्रयोक्तृभिः ॥१२५॥

बालक्रीडा

(मूल) निर्वेद चिन्ता दैन्य ग्लानि अश्रु जड़ता मरण और व्याधि ये भाव करुण में माने गये हैं । ११८ ॥

(मूल) गर्व असूया मद उत्साह आवेग अमर्ष क्रोध चपलता एवं उग्रता इन भावों का रौद्र रस में सम्भव है । ११९ ॥

(मूल) असम्मोह उत्साह आवेग हर्ष मति उग्रता अमर्ष मद रोमाञ्च स्वरभेद क्रोध असूया धृति गर्व एवं वितर्क ये भाव वीर रस में होते हैं । १२० ॥

(मूल) स्वेद वेपथु रोमाञ्च, गद्गदिका, त्रास, मरण एवं वैवर्ण्य ये भाव भयानक रस में होते हैं । १२१ ॥

(मूल) अपस्मार उन्माद विषाद मद मृत्यु व्याधि तथा भय ये भाव बीभत्स रस में आश्रय पाते हैं । स्तम्भ, स्वेद मोह रोमाञ्च विस्मय आवेग जड़ता हर्ष एवं मूर्छा इन भावों का अद्भुत रस आश्रय है । १२४ ॥

(मूल) नाना अभिनयों का आश्रय करने वाले ये जो सात्विक भाव हैं । वे सब इन उक्त रसों में होते हैं । ऐसा नाट्य के प्रयोक्ताओं को अभिनय करने वालों को समझना चाहिए । १२५ ॥

न ह्येकरसजं काव्यं किञ्चिदस्ति प्रयोगतः ।
भावो वापि रसो वापि प्रवृत्तिर्वृत्तिरेव च ॥१२६॥
बहूनां समवेतानां रूपं यस्य भवेद्बहु ।
स मन्तव्यो रसः स्थायी शेषाः संचारिणो मताः ॥१२७॥
दीपयन्तः प्रवर्तन्ते ये पुनः स्थायिनं रसम् ।
ते न संचारिणो ज्ञेयास्ते हि स्थायित्वमागताः ॥१२८॥
विभावानुभावयुतो ह्यङ्गवस्तुसमाश्रयः ।
संचारिभिस्तु संयुक्तः स्थाय्येव तु रसो भवेत् ॥१२९॥
स्थायी सत्त्वातिरेकेण प्रयोक्तव्यः प्रयोक्तृभिः ।
सञ्चार्याकारमात्रेण स्थायी यस्मादवस्थितः ॥१३०॥
ये त्वेते सात्त्विका भावा नानाभिनययोजिताः ।
रसेष्वेतेषु सर्वेषु ते ज्ञेया नाट्यकोविदैः ॥१३१॥
न ह्येकरसजं काव्यं नैकभावैकवृत्तिकम् ।
विमर्दे रागमायाति प्रयुक्तं हि प्रयत्नतः ॥१३२॥

## बालक्रीड़ा

(मूल) ऐसा कोई काव्य नहीं है जो एक ही रस से सम्पन्न होता है। अतः प्रयोग के अनुसार उसमें भाव रस वृत्ति एवं प्रवृत्ति का विन्यास करें ॥१२६॥

(मूल) एक जगह समवेत होने वालों में जिसका रूप बहुत होता है उसको रस का स्थायी मानना चाहिए। बाकी सब संचारी माने गये हैं ॥१२७॥

(मूल) जो स्थायी रस को दीप्त करते हुए प्रवृत्त होते हैं उनको संचारी नहीं समझना चाहिए और वे स्थायित्व को प्राप्त हो गये ॥१२८॥

(मूल) अंगभूत वस्तुओं का समाश्रयण करने वाला स्थायी ही विभाव अनुभाव एवं संचारियों से संयुक्त हुआ रस बनता है ॥१२९॥

(मूल) अभिनेता लोग सत्व के अतिरेक से स्थायी का प्रयोग करें। क्योंकि स्थायी ही संचारी के आकार से अवस्थित है ॥१३०॥

(मूल) नाना अभिनयों से संयुक्त किये गये जो ये सात्विक भाव हैं उनको नाट्य के कोविद लोग इन रसों में उपयोग करने के योग्य समझें ॥१३१॥

(मूल) क्योंकि न एक रस न एक भाव तथा न एक वृत्ति या प्रवृत्ति से काव्य सम्पन्न होता है। अतः विमर्द में (संघर्ष में समूह में) प्रयत्न से प्रयुक्त किये गये भाव रस प्रवृत्ति एवं वृत्ति राग को प्राप्त करते हैं। यानी आनन्द दायक होते ह ॥१३२॥

भावा वाऽपि रसा वाऽपि प्रवृत्तिर्वृत्तिरेव वा ।
बीभत्साद्भुतशान्तानां त्रैविध्यं नात्र कथ्यते ॥१३३॥
षण्णां रसानां त्रैविध्यं नानाभावरसान्वितम् ।
सत्त्वप्रयोजितो ह्यर्थः प्रयोगोऽत्र विराजते ॥
विदित्वा हि विराजन्ते लोके चित्रं हि दुर्लभम् ॥१३४॥
नानाभावार्थसंपन्नाः स्थायिसत्त्वाभिचारिणः ।
पुष्पावकीर्णाः कर्तव्याः काव्येषु हि रसा बुधैः ॥१३५॥

मधुसूदनी

काव्येषु हि रसान् बुधैरिति । तत्र सिद्धिर्वीरो रसो यथा मन्त्रिमिते हिन्दू-विश्वविद्यालयाख्ये दृश्ये काव्ये । हिन्दू विश्वविद्यालयमेकाङ्कि रूपकम्

श्यामं शुचिं स्वकुलदैवतमिद्धदीप्त्या
प्रोद्योतयन्तमखिलान् समुपासकान् स्वान्
संत्रास्य किल्बिषसमूहं महो महेशं
वन्दे जगन्नटनसूत्रधरं गुरुं स्वम् ।

नान्द्यन्ते ।

सूत्रधारः । मारिषः सुविहितं रङ्गमङ्गलम् । श्रूयताम् । हिन्दूविश्वविद्यालयीय स्वर्णजयन्तीमहोत्सवावसरेऽस्मिन्नन्तरराष्ट्रीयस्वराष्ट्रीयभिन्नभूमिनिवासिनो जनाः समायन् । समेषामेषां साक्षात्कारो विशेषतश्च वर्त्तमानकुलपतेः डाक्टर त्रिगुण सेनस्य सुषेणस्य सान्निध्यं सुरगवीसमुपासकानां काशिवासिनामस्माकमकस्मादजनि सुधाकादम्बिनीकदम्बसम्बन्धः । किमनल्पजल्पनया निःशेषमहोदयानां रसामभ्या-स्महे—यो हि—

त्यागी धर्मधनः सदाशययुतो विद्वत्प्रियः कीर्तिमान् ।
सन्मार्गानुगवः शुभो दृढमतिर्मानी व्रती नीतिमान् ।

बालक्रीडा

(मूल) बीभत्स अद्भुत एवं शान्तों का त्रैविध्य यहाँ नहीं कहा है । अवशिष्ट छ रसों को नाना भाव एवं रस के समन्वय से तीन प्रकार का कहा है ॥१३३॥

(मूल) जिसमें सत्व के द्वारा अर्थ का प्रयोग होता है वही अभिनय (प्रयोग) यहाँ अच्छा मालूम देता है । समझ कर प्रयोग करने वाले विराजमान होते हैं । यानी उनकी समाज में प्रतिष्ठा होती है । क्योंकि चित्र प्रयोग लोक में दुर्लभ है ॥१३४॥

(मूल) नाना प्रकार के भाव आशय मूलक अर्थों से सम्पन्न एवं स्थायी सात्त्विक एवं व्यभिचारियों से अनुस्यूत रसों का काव्य में बुध लोग माला में पिरोये हुए पुष्पों के सदृश या रंगमंच पर बिखेरे हुए पुष्पों की तरह उपयोग करें ॥१३५॥

मधुसूदनी

शौर्यौदार्यविवेकयुक् प्रथित हिन्दूविश्वविद्यालये ।
डाक्टरसेन महाशयस्त्रिगुणसी बी० खी० पदे राजते ।

अभिरूपभूयसीयं परिषत् समादिशति यदद्य हिन्दूविश्वविद्यालयमेकाङ्किरूपकमभिनयनीयमिति । यत्र हि

शिष्येभ्यः सकलां कलां भणितिषु प्रौढिं परां शिक्षयन्
सत्कुर्वन् पदसम्पदः परिचयं चिन्वन् ध्वनेर्ध्वनि ।
संधत्ते मधुसूदनः कृतिवरो वाचस्पतित्वं ध्रुव
नाट्यं दृश्यगुणोदयं वितनितुं स्वर्णे जयन्तीमहे ।

ततोऽत्र समनन्तरकरणीयं समाश्रयन्तु भरताः ।

मारिषः–भाव !

यामिमां सदभिरूपभूयसीं पारिषदजनतां निषेवितुम् ।
प्रेरितोऽहमधुना भवादृशा मोमुदीमि परिचर्ययानया ।
तस्मादेवमत्र भावुकानभ्यर्थये ।

(श्रुतिमाभिनीय)

मारिषः । अये अभ्यर्थनासंलग्नेन ध्वनिरिवानुभूयते । किमेतत् ।

(नेपथ्ये)

एनीबिसेण्ट ! मिथिलेश ! शिवप्रसाद !
शृण्वन्तु भो मम मनस्युदितं विचारम् ।
कं कं प्रकारमनुधार्य कथं नु किं वा
विद्यालयस्य सुविधानमिहाशु कुर्याम् ।

सूत्रधारः–आं ज्ञातम् ।

एनीबिसेण्टमिथिलेश शिवप्रसादैः
सार्कं विचारसरणीं प्रयतो महार्थाम् ।
विद्यालयस्य सुविधार्थमितः समेति
श्रीमानयं मदनमोहन मालवीयः ।

तत आवां गच्छावः । (इति निष्क्रान्तौ) ततः प्रविशति एनीबिसेण्टादिभिः समेतः महामना मदनमोहनमालवीयः ।

महामनाः—राजन् मिथिलेशः !

बालक्रीड़ा

श्री काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए महामना की क्रियाशीलता के प्रदर्शक इस हिन्दू विश्वविद्यालय' नामक एकाङ्की रूपक में सर्वप्रथम मङ्गल श्लोक पढ़ने के बाद सूत्रधार रङ्गमञ्च पर प्रवेश करता है और अपने सहयोगी अभिनेता से कहता है कि मारिष :

मधुसूदनी

तं विश्वविद्यालयमादिहिन्दुं प्रवर्त्तते स्थापयितुं ममेच्छा।
यस्योदयो राष्ट्रहिताय भावी तदर्थमाराधयतां स्वदेशः।

मिथिलेशः-भगवन् मालवीय !

संस्थाप्य विद्यालयमत्र हिन्दूमानस्य संवर्द्धनहेतुमीदृशम्
करिष्यति स्वस्ति निजस्य जातेर्देशस्य राष्ट्रस्य च सभ्यतायै।

महामनाः-राजन्! मिथिलेश! नाविदितमेतत् केषामपि। यदद्य अभितो जना क्लेशनिमग्नाः। बुभुक्षया क्षीणकायाः श्वसितुमपि निःसहा दरीदृश्यन्ते। यतः कुतोऽपि कोऽपि बर्बरः समायाति तर्जयत्यस्मान् ह्रेपयति च। यवनाः समायाताः। आङ्ग्लाः सम्पतिताः। सर्वं राष्ट्रमाकुलीकृतम्। संस्काराः समे लुप्ताः। भ्रातरो भ्रातॄन्, पितरः पुत्रान्, पुत्राः पितॄन्, प्रमदाः स्वपतीन् पतयः प्रमदाः, शिष्याः गुरून्, गुरवः शिष्यान् भर्त्सयन्तस्तर्जयन्तः समवलोक्यन्ते। कापि मर्यादा नास्ति। हा हन्त! किमिदम्। वेदाः क्रन्दन्ति कोऽस्मानुद्धरिष्यति रक्षतास्मान्। स्मृतयः समाक्रोशन्ति प्रणिधत्त साम्प्रतम्। सदाचारः विकलविकलः सन् निष्प्राणिति। शिष्टता अभिष्टतां गता। यस्य यो हि प्रियः स तथैव स्वेच्छं विहरति। यथेच्छं भुङ्क्ते। नास्ति कोऽपि कस्यापि नियामकः।

मिथिलेशो रमेश्वरसिंहः-भगवन्! मालवीय! सर्वे धर्मा राजधर्मे प्रविष्टाः। राजा च असौ म्लेच्छः।

ये ये धर्माः नैकधा शाश्वतास्ते
राज्ञो धर्मस्याश्रयेण प्रवृद्धाः।
काले काले भिन्नधर्माः समन्तान्।
तस्माद्विद्वन्! राजधर्मः प्रधानम्।

महामनाः-राजन्! मिथिलेश! नहि नहि!

इमामुर्वीं नार्जयद्विक्रमेण
लोके कश्चिद्राजराजः कदापि।
चातुर्वर्ण्यं, तस्य धर्माः पवित्राः
सर्वे न स्युर्ब्राह्मणानां विनाशात्।

तस्माद् ब्राह्मण्यं सुरक्षणीयम्। प्रधाने हि कृतो यत्नः, स्वाङ्गानुप्राणनकारी भवतीति प्रथितम्। एभिरेव ब्राह्मणैर्धनलिप्सां विहाय राज्यलोलुपत्वं तिरस्कृत्य इन्द्रियाणां विषयास्वादमोहं हापयित्वा साङ्गा सरहस्या वेदाः स्वात्मनि संधारिताः। तेषां रक्षा सर्वतः प्रथमं विधेया। वैदिकस्य हि धर्मस्य लुप्तप्रायत्वे एवैमां कष्टात् कष्टतरां शोचनीयां दशामापन्नं राष्ट्रम्। अतः परं किं शोचनीयं लज्जास्पदं वा स्यात् पुरा यस्य हि भारतस्य स्वप्रसूताग्रजन्मनः सकाशात् जगत्यां विश्वे मानवाः स्व स्व चरित्रविषये शिक्षां भवितुमिच्छन्ति स्म इति एवं मानवताधायकशिक्षाविषये निरतिशया प्रसिद्धिरासीत्। यत्र हि भारते नालन्दा विक्रमशिला तक्षशिला नदिया-

धारप्रभृतयः कियन्तो विश्वविद्यालया आसन्। तस्य भारतस्य इमे बाला लन्दन-बर्लिनपेरिसान् बाह्यान् प्रदेशान् शिक्षां ग्रहीतुं संश्रयन्ते । तस्माद्

अज्ञानध्वान्तराशेः प्रतिदिनमयतामाशुनाशं जनानां
वेदानां रक्षणार्थं सु`दृढकवितत[1] विश्वविद्यालयं तम् ।
संस्थाप्यैव प्रसिद्ध्येत् मम हृदयगतो भाववर्गः समन्तात् ।
किं वा कुर्यां तदर्थं धननयनकृते स्वाशयः काङ्क्षनीयः ।
भाषाधर्मादिभेदैर्यवनतदितरैश्छिन्नभिन्नां स्वकीयां ।
हिन्दूजातिं ग्रथित्वा तत[2] इतिकृतिभिः स्वाभिमानः सुशिक्ष्यः ।
जातेर्देशस्य राष्ट्रस्य च विकसनं सभ्यतायाः प्रसारः ।
दुःखानां संवृतिः स्यात्तत इह जगति प्रेम विश्वास आस्ताम् ।
मिथिलेशः-भगवन् ! मालवीय !
संस्थापनं विश्वविद्यालयस्य महोपकाराय सतां नु भूयात् ।
स्वान्तं नितान्तं परितुष्यतीह तदर्थमाराधयते धनाढ्यान् ।
द्वाःस्थः-आगत्य निवेदयति एष काशिराजः भवन्तं दिदृक्षते ।

महामना मालवीयः सादरं प्रवेशय । राजन् मिथिलेश ! अविलम्बः संकल्प-सिद्धेर्मूलम् ।

(इत इतो महाराज) ततः प्रविशति काशिराजः श्रीप्रभुनारायणसिंहदेवः ।

महामना मालवीयः । (पुरतो गत्वा) स्वागतं महाराजस्य व्याहरामः । विराजन्तेतराम् ।

काशिराजः (उपविश्य) भगवन् ! मालवीय ! श्रीमतो मिथिलेशस्य रमेश्वर-सिंहस्य मुखात् भवतां हिन्दू विश्वविद्यालयतिष्ठापयिषां श्रुत्वा त्वरया समये समये ।
महामनाः-राजन् ! भवादृशामेव सहयोगबलेन इयं सुसम्पन्ना स्यादित्याशासे ।

काशिराजः-भगवन् !

आज्ञापय ज्ञातविशेष ! मह्यं मदीयसाध्यं नु किमस्ति तेऽत्र ।
निवदये तत्प्रकृतं समस्तं, विद्धीह सिद्धं, न हि मे विलम्बः ।

महामनाः-राजन् ! विश्वविद्यालयस्थापनार्थं भूमेः समधिकाऽऽवश्यकता ।

काशिराजः-भगवन् मालवीय !

अनुग्रहोऽयं भवता विधीयते; मदीयभूमिः सुकृते कृते ते ।
गृहाण सर्वां स्वविदोऽनुरूपां न मेऽत्र कश्चित्प्रतिषेधभावः ।

(इति भूमेर्निर्देशप्रतिग्रहौ भवतः) ततः मालवीयमिथिलेशकाशिराजा एनीबिसेण्टशिवप्रसादगुप्तौ च समेताः परस्परं परामृशन्ति ।

शिवप्रसादः-तात !

---

[1] सुदृढकं विततं, सुदृढैः कविभिस्ततं च श्लेषः ।

[2] ततस्तस्यै अत्र सार्वविभक्तिकस्तसिः ।

मधुसूदनी

आबालवृद्धवनितादिकसर्वलोकान्
स्वप्रीणयत् प्रथितमेतदुदारवृत्तम् ।
ग्रामे पुरे नरवरेषु नरेषु नार्यां
विद्यालयस्य समभून्महतीह चर्चा ।

महेला एनीबिसेन्ट:-ऋषिप्रवर मालवीय ! अयं कमच्छास्थः सेण्ट्रल हिन्दूकालेजः श्रीमते समर्पये । एतदनुषक्तं हिन्दूविश्वविद्यालययोजनासहितं कोषादिकं यत्किमप्यस्ति तदनुमन्यताम् ।

महामना:-तथास्तु भवति । (तया समर्प्यमाणानि इष्टिमेतानि पत्राणि महामना मालवीयो गृह्णाति ।

मिथिलेश:-महामनस्विन् ! मालवीय ! ममाप्येका योजना हिन्दूविश्वविद्यालयं स्थापयितुमस्ति । तां भवते समर्पये । इदमेकलक्षात्मकं धनं च ।

महामना:राजन् ! अस्तु श्रीः । (मिथिलेशेन समर्प्यमाणानि इष्टिमेतानि पत्राणि एकलक्षमुद्राणां चेकं च स्वीकरोति ।

मिथिलेश:-भगवन् ! मालवीय ! एका हिन्दूविश्वविद्यालयसमितिर्निर्माणीया । तत्र एको मन्त्री सभापतिश्च अन्ये बहवः सदस्या भवन्तु ।

एनीबिसेन्टमहेला-महर्षे ! आवश्यकमेतत् ।

काशिराज:-अहं प्रस्तावमेतमनुमोदये ।

शिवप्रसाद:-अहमेनं समर्थये ।

( तस्मिन्नेवावसरे द्वास्थ आगत्य निवेदयति ) द्वास्थ:-भर्त्तः ! सर सुन्दरलाल-महोदयः बाबूगंगाप्रसादवर्मा च समायातौ ।

(इत इतो महानुभावौ) सर्वे समुत्तिष्ठन्ति । मालवीयः अग्रसरो भूत्वा स्वागतं भवतो व्याहरामः, स्वर्णिलेयं बेला । महतामिङ्गितमपि महते कल्याणाय किमुत चेष्टितम् । समागच्छताम् । उपविशताम् । इति सर्वे समुपविशन्ति ।

महामनाः परिचयं ददाति । अयं मिथिलेशः । अयं काशिराजः । इय मेनीबिसेण्ट महिला । अयं शिवप्रसादगुप्तः । इमे सरसुन्दरमहोदया मम आदरणीय मित्राणि । अयं मम बालसखा बाबूगंगाप्रसाद वर्मा । इदानीं हिन्दूविश्वविद्यालय-

बालक्रीड़ा

इस स्वर्ण जयन्ती महोत्सव के सुअवसर पर विभिन्न देशों से आए हुए संस्कृत प्रणयी विज्ञजन विशेषकर वर्तमान कुलपति श्री डा० त्रिगुण सेन महानुभाव की आज्ञा से आचार्य श्री मधुसूदन शास्त्री (अध्यक्ष, साहित्य विभाग, डीन, फेकल्टी आफ दि ओरियण्टल लर्निंग का० हि० वि०) द्वारा प्रणीत "हिन्दू विश्व-विद्यालय" नामक एकांकी रूपक का अभिनय होने जा रहा है। इसलिए पात्रों को सावधान होकर अपने अभिनय के लिए तैयार रहना चाहिए।

## मधुसूदनी

समितेर्निर्माणं प्रस्तुतं वर्त्तते। तत्र मदीया प्रार्थना। भगवन्! सरसुन्दरलालशर्मन्! भवानस्याः समितेर्मन्त्रिपदमनुगृह्णातु।

सर्वे! वयमिमां प्रार्थनामनुमोदामहे। बाबू गंगाप्रसादश्च। अहमेनां समर्थये। सर सुन्दरलालः-पूर्वं निवेदयत कीदृशी व्यवस्था किं करणीयम्। किं सम्पन्नम्। म० मालवीयः-पूर्वं वृत्तं सर्वं निवेदयते। एतज्जातमिति पत्रं च दर्शयते।

सर सुन्दरलालः-अहो महत्सौभाग्यम्। मया मन्त्रिपदमङ्गीक्रियते। अथ च एकलक्षमुद्राणां चेकं च समर्प्यते।

सर्वे साश्चर्याः समनुगृह्णन्तो हर्षवर्षप्रकर्षनिमग्ना समभूवन् (शिवप्रसादः तत्सव पत्रारूढं करोति)

मिथिलेशः-भगवन्! साम्प्रतमस्या हिन्दूविश्वविद्यालयसमितेः राजसत्वं विधेयम्। अथ च विश्वविद्यालयस्य शिलान्यासाय वर्त्तमानवायसरायो लार्डहार्डिङ्गः प्रार्थनीयः। स यदि स्वीकुर्यात्तदि तत्करकमलाभ्यामेव अस्य स्थापनासमारोहः सम्पादनीयः।

सर्वेवयमनुमनुमहे।

बाबू गंगाप्रसाद वर्मा-भगवन् मालवीयः! भवान् मिथिलेशश्च उभौ दिल्लीनगरे प्रतिष्ठताम् वायसरायश्चानुकूलयताम्।

म० मालवीयः। अस्तु श्रीः। (सर्वे निष्क्रान्ताः। तावुभावपि दिल्ली नगरं प्रापतुः। वायसरायभवनं तत्र तेषां वार्तालापः) समनुकूल्य च वायसरायं समागच्छतः। ततः समतिकक्षे सर्वे समवायन्ते।

मालवीयः (तत्रत्यं वृत्तान्तं समितिं समक्षमुपस्थापयति) आवाभ्यां सोऽनुकूलितः। माघे शुक्ले प्रतिपदि तिथौ शुक्रवारे द्वासप्तत्युत्तरैकोनविंशतितमे १९७२ सम्वत्सरे तदनुसारं ४ फेब्रुअरि मासे १९१६ ईशवीये मध्याह्ने द्वादशवादनसमये शिलान्यासं कर्त्तुमङ्गयकरोत्।

## बालक्रीड़ा

सहयोगी अभिनेता ने सहर्ष इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। इतने में उसे नेपथ्य से कोई शब्द सुनाई देता है जिससे सूत्रधार यह समझ जाता है कि महामना मदन मोहन मालवीय जी अपने सहयोगी श्री शिव प्रसाद गुप्त, श्रीमती एनी बेसेन्ट तथा महाराजा दरभंगा नरेश से हिन्दू विश्व विद्यालय की स्थापना के सम्बन्ध में विचार कर रहे हैं।

इसके बाद अपने सहयोगियों के साथ परामर्श करते हुए महामना जी यथा निर्दिष्ट भूमिका में प्रवेश करते हैं।

महामनाजी हि० वि० वि० की स्थापना की आवश्यकता और उद्देश्य बतलाते हैं तथा उपस्थित जनों को इस सत्कार्य में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उसी

## मधुसूदनी

सर्वे। अस्तु श्रीः। सुन्दरमतिसुन्दरम्।

बाबू गंगा प्रसादः-भो मन्त्रिप्रवर ! महोत्सवसमारोहाय प्रयतताम्। सर्वान् भारतीयान् महाराजान्, धनिकान्, विदुषः, प्रतिष्ठितान् नागरिकानाकारयतु। विदेशे च निमन्त्रणपत्रं प्रहिणोतु। समाचारपत्रेषु जनतासु प्रचारमवश्यमनुतिष्ठतु। सरसुन्दरलालः अयमनुष्ठीयते समितेरादेशः।

ततः सर्वे विद्वांसः महाराजा धनिका प्रतिष्ठिता नागरिकाः विदेशतः प्रतिनिधयः। नानाजनताश्च समाहूताः। संघीभूताश्च। वायसरायो लार्ड हार्डिङ्गः समायातः। लार्ड हार्डिङ्गः वेदघोषे प्रवृत्ते शिलान्यासं करोति। सर्वे पश्यन्ति। शिलान्यासोत्तरम्।

लार्ड हार्डिङ्गः-भगवन् मालवीय ! किन्ते भूयः प्रियं करवै। अथापि भरतवाक्यम्—

## बालक्रीड़ा

समय मिथिला नरेश धन संग्रह के लिए महामना जी को अपना पूर्ण सहयोग देने का वचन देते हैं।

उसी समय द्वारपाल श्री काशिराज के आगमन की सूचना देता है और अनुज्ञा पाकर उन्हें प्रवेश कराता है।

काशीनरेश श्री प्रभुनारायण सिंह जी भी महामना को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हैं और उनकी इच्छानुसार विश्वविद्यालय के लिए उपयुक्त भूमि का प्रदान करते हैं। इसके बाद श्रीमती एनीबेसेन्ट हिन्दू विश्वविद्यालय सम्बन्धी अपनी योजना एवं कमच्छा स्थित अपने हिन्दू कोलेज को मालवीय जी के करकमलों में अर्पण करती हैं।

इसी समय मिथिलेश श्री रमेश्वर सिंह बहादुर भी अपनी हिन्दू विश्वविद्यालय सम्बन्धी योजना और एक लक्ष मुद्राओं का चेक महामना को अर्पित करते हैं।

इसके बाद उपस्थित सज्जनों की परामर्श गोष्ठी में मिथिलेश हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस नाम की एक समिति के निर्माण का प्रस्ताव रखते हैं। तदनुसार विचार हो रहा है कि तब तक द्वारपाल, सर सुन्दरलाल एवं गंगा प्रसाद वर्मा के आने की, सूचना देता है। उनके आने पर मालवीय जी के प्रस्ताव के अनुसार एवं काशीराज आदि के समर्थन पर सर सुन्दरलाल जी समिति के मन्त्री मनोनीत किये जाते हैं।

उसके बाद मिथिलेश ने प्रस्ताव किया कि इस संस्था का रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है एवं इसकी स्थापना के लिए वर्तमान वाइसराय लार्ड हार्डिंग से अनुरोध किया जाय कि वे इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास का कष्ट करें।

तदुपरान्त बाबू गंगा प्रसाद वर्मा ने श्री मालवीय जी तथा श्री मिथिलाधिपति दोनों से प्रार्थना की कि आपलोग दिल्ली जाकर वाइसराय से शिलान्यास करने के लिए अनुरोध करें।

**एवं रसाश्च भावाश्च व्यवस्था नाटके स्मृताः ।**
**य एवमेताञ्जानाति स गच्छेत्सिद्धिमुत्तमाम् ॥१३६॥**

इति श्रीभरतीये नाट्यशास्त्रे भावव्यञ्जको नाम सप्तमोऽध्यायः ॥

## मधुसूदनी

बिन्दुः सुखं वेदनमत्र कुर्यात्, शिष्यः सुधैर्दुर्यमथानुविन्देत् ।
जनः सदाचाररतो भवेत्तत्सद्भारतं भारतमाशु भूयात् ।

इति मरुमण्डलधराधीशचक्रचर्चितपदपाथोजानां सर्वतन्त्रस्वतन्त्राणां पद-वाक्यप्रमाणत्रिसरिदवगाहननिर्मलमतीनां पण्डितप्रकाण्डमहामहोपाध्याय श्रीरामजी लाल शास्त्रिणां तनुजनुषा साहित्यार्णवकर्णधारेण राजस्थानकेसरिणा प्राच्यशाखा-प्रमुखेन साहित्याचार्येण श्री मधुसूदन शास्त्रिणा विरचितायां भरतनाट्यशास्त्रस्य विवृतौ मधुसूदन्यां सप्तमोऽध्यायः ।

## बालक्रीडा

(मूल) इस प्रकार नाटक में तीन अवस्था वाले रसों एवं भावों को माना है। जो विद्वान् इनको जानता है वह उत्तम सिद्धि को प्राप्त करता है ॥१३६॥

इसके बाद वे दोनों दिल्ली जाते हैं और वाइसराय से शिलान्यास की प्रार्थना कर उनकी सहमति प्राप्त करते हैं। तदनुसार माघ शुक्ल प्रतिपद् शुक्रवार संवत् १९७२ ४ फरवरी १९१६ को शिलान्यास होता है, एवं भरत के मंगलमय वाक्य के साथ रूपक सम्पूर्ण होता है।

इति श्रीमधुसूदन शास्त्री की कृति नाट्यशास्त्र के सप्तम अध्याय की हिन्दी टीका बालक्रीडा सम्पूर्ण हुई।